पृष्ठ १—८३० ['अ' से 'घ' तक] शब्द २८७७१

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी बृहत् कोश]

[प्रथम खण्ड]

कर्ता

सीतारांम लाळस

व्युत्पत्ति आदि द्वारा—परिष्कारक

पं. नित्यानन्द शास्त्री दाधीच

[आशुकवि, कविभूषण, व्याकरण, साहित्य, कोशादि तीर्थ, श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् महाकाव्य आदि के प्रणेता]

प्रकाशक

राजस्थानी शोध संस्थान

जोधपुर [राजस्थान]

Cost Rupees Fifty. First Published in the year 1962.
Rajasthani Sodh Sansthan, Jodhpur.

समर्पण

जिन्होंने अपनी महती कृपा से
इस अकिंचन के जीवन में ज्ञानार्जन की जिज्ञासा जागृत कर
साहित्य अध्ययन की ओर आकृष्ट किया
उन
परम वन्दनीय पूज्य नानाजी
कविवर श्री सादूळदांनजी बोगसा, सरवड़ी (मारवाड़)
तथा
जिन्होंने कोश-निर्माण की अनुपम प्रेरणा प्रदान कर
प्रस्तुत कोश-निर्माण के पथ पर अग्रसर किया
उन
राजस्थानी के अनन्य सेवी, विद्यानुरागी
पं० हरिनारायणजी पुरोहित, बी. ए., विद्याभूषण, जयपुर
की
पावन स्मृति में
सादर समर्पित

जेथ नदी जळ बहळ, तेथ थळ विमळ उलट्टै ।
तिमर घोर अंधार, तेथ रवि किरण प्रगट्टै ।
राव करीजै रंक, रंक सिर छत्र धरीजै ।
'अलू' तास विसवास, आस कीजे सिभरीजै ।
चख लहै अंध पंगू चलण, मूनी सिद्धायत वयण ।
तो कियां (करत) कहा न ह्वै क्रिसन, नारायण पंकज नयण ।। १

महात्मा अलूनाथ

Jaipur, Rajasthan

सन्देश

त्याग और बलिदान से ओतप्रोत राजस्थान का इतिहास जितना उज्ज्वल है उतना ही उज्ज्वल, समृद्ध और ओजस्वी यहाँ का साहित्य है। प्राचीन डिंगल गीत, कविराजा सूरजमल का वंशभाष्कर, राठौड़ पृथ्वीराज की वेलि क्रिष्ण रुक्मणिरी, ईसरदासजी के कुण्डलिये, ढोला मारू रा दूहा, मीराँ बाई के पद, संतों की वाणियाँ तथा लोगों के कण्ठों में सुरक्षित विशाल लोक-साहित्य किसी भी प्रान्तीय भाषा के उच्चस्तरीय साहित्य के समकक्ष रखा जा सकता है। परन्तु इस भाषा का कोई व्याकरण और कोश न होने के कारण इस साहित्य का उचित मूल्यांकन तथा प्रचार भारत के अन्य प्रान्तों में नहीं हो पाया।

यह देख कर बड़ा हर्ष होता है कि श्री सीताराम लाळस ने पहले व्याकरण प्रकाशित कर और अब वृहद् राजस्थानी शब्द कोश का निर्माण कर इस अभाव की पूर्ति करदी है और इसका प्रथम खण्ड प्रकाशित होने जा रहा है। अब देश के विद्वान् राजस्थानी साहित्य का सही मूल्यांकन कर सकेंगे, ऐसी मेरी धारणा है।

श्री सीताराम लाळस एक साधारण अध्यापक हैं और उनके सीधे-सादे वेश तथा सरल स्वभाव को देख कर किसी भी व्यक्ति के लिए उनकी प्रकांड विद्वता और भाषा-शास्त्र में असाधारण गति का अंदाज लगाना कठिन हो जाता है। पर एक अवसर पर राजस्थानी शोध संस्थान के कार्यालय में जब मैंने कोश के कई एक अंशों की व्याख्या उनसे सुनी तो मैं उनकी विशाल जानकारी और असाधारण विद्वता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका।

राजस्थानी भाषा के इस कोश में विद्वान् सम्पादक ने अपनी ३० वर्ष की निरन्तर साधना के फलस्वरूप विस्तार के साथ राजस्थानी शब्दों के विभिन्न अर्थ, व्युत्पत्ति तथा जो अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं उससे कोश की उपयोगिता और भी बढ़ गई है। इस कार्य के महत्व को समझ कर ही राजस्थान सरकार ने तथा भारत सरकार ने इसके प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता भी दी है।

मैं इस उपयोगी ग्रन्थ के सम्पादन के लिए श्री सीताराम लाळस को तथा सुन्दर प्रकाशन के लिए राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर व उसके प्रबन्धकों को हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी राजस्थानी शोध संस्थान इस प्रकार के सुन्दर प्रकाशन कर राजस्थानी साहित्य की अमूल्य सेवा करता रहेगा।

१९-३-६२

[signature]

प्रबन्धकारिणी समिति की ओर से

राजस्थानी भाषा के एक सर्वांगीण कोश की कमी राजस्थान के विद्वान् और गण्यमान्य व्यक्ति कई वर्षों से अनुभव कर रहे थे। जहां तक मेरा ख्याल है आज से कोई ३०-३५ वर्ष पहले भूतपूर्व जोधपुर राज्य के दीवान सर सुखदेव ने एक राजस्थानी कोश बनवाने का प्रयत्न किया था। कोश-निर्माण सम्बन्धी अन्य जो भी प्रयास समय-समय पर हुए उनका विस्तृत वर्णन कोशकर्ता ने अपने निवेदन में किया है। मेरे मित्र स्वर्गीय ठाकुर भवानीसिंहजी, पोकरण, ने भी इस विषय में कई बार मेरे से चर्चा की। उनकी भी इस कार्य में बड़ी रुचि थी। इस वृहत् राजस्थानी शब्द-कोश का कार्य श्री सीतारामजी लाळस लगभग ३० वर्षों से कर रहे हैं। जिस लगन और निष्ठा से उन्होंने यह कार्य किया है वह वास्तव में सराहनीय है।

इतना बड़ा कार्य अकेले व्यक्ति से होना संभव नहीं था अतः कई व्यक्तियों ने समय-समय पर किसी न किसी रूप में उन्हें सहयोग दिया, जिसका जिक्र उन्होंने स्वयं किया है। कोश के लिए शब्द जब काफी संख्या में शामिल कर लिए गए और उन्हें अक्षर-क्रम से जमाया गया तो उनके सामने यह प्रश्न आया कि इस कार्य को पूर्ण रूप देकर प्रकाशित करवाया जाय।

राजस्थानी शोध संस्थान के संचालक श्री नारायणसिंह भाटी ने प्रबन्धकारिणी समिति के सामने यह प्रस्ताव रखा कि उक्त ग्रन्थ का प्रकाशन कार्य संस्थान अपने हाथ में लेलें। प्रबन्धकारिणी समिति ने इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य समझ कर सहर्ष स्वीकार किया। कोश को उदाहरण, मुहावरे, व्युत्पत्ति, आवश्यक टिप्पणियां आदि से सर्वांगीण रूप देने के लिए कोशकर्ता को एक विस्तृत योजना दी गई और उस योजना के अनुसार राजस्थानी का वृहद् कोश बनाने हेतु समिति ने अर्थ आदि की आवश्यक व्यवस्था भी की। इस प्रकार की योजना के अनुसार लगभग चार वर्ष तक निरंतर कार्य चलते रहने पर कोश का प्रथम भाग तैयार हुआ है। शेष तीन भागों पर अभी कार्य चल रहा है। यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस वृहत् कोश का प्रथम भाग एक बड़ी साहित्य-साधना के पश्चात् जनता के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।

जनतंत्र में जनवाणी का बड़ा महत्व होता है। राजस्थानी यहां की जनता की मातृभाषा है। पर हमारा दुर्भाग्य है कि भारतवर्ष की अन्य भाषाओं की तरह राजस्थानी को संविधान में स्थान प्राप्त नहीं हो सका। पर यहां की जनता के हृदय में राजस्थानी का स्थान है और राजस्थान के नवयुवक विद्वानों ने भी इसके महत्व को समझ कर ही इस ओर पूर्ण अभिरुचि प्रकट की है।

राजस्थान सरकार ने भी 'प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान' जैसी महत्वपूर्ण संस्था कायम कर राजस्थानी व अन्य भाषाओं के ग्रंथों को सुरक्षित करने तथा विद्वानों के लिए उन्हें उपलब्ध कराने का अत्यन्त उपयोगी व सराहनीय कार्य किया है। राजस्थानी शब्द कोश इन ग्रथों को समझने में तथा नये लेखकों को प्रोत्साहित करने में अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। एक तरह से देखा जाय तो राजस्थानी शब्द कोश समय की माँग है। आज जब विकेन्द्रीकरण द्वारा शासन सत्ता ग्राम जनता के हाथों में चली गई है तो यह आवश्यक है कि ग्राम जनता की भाषा को भी उचित महत्व दिया जाय और उसका अपना कोश व नया साहित्य बने जो यहाँ की जनता की भावनाओं का सही माध्यम हो। प्रस्तुत ग्रंथ को देख कर हमारे देश के बड़े विद्वानों ने इसकी प्रशंसा की है। अतः यह विद्वत्-वर्ग तथा जनता दोनों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा, ऐसी आशा है। राजस्थान सरकार व भारत सरकार ने इस ग्रन्थ के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहयोग दे कर संस्थान के कार्य को और भी सुलभ बना दिया जिसके लिए संस्थान उनका अत्यंत आभारी है।

झालावाड़ नरेश श्रीमान् हरिश्चन्द्रजी तथा कर्नल ठा० श्यामसिंहजी ने जो विशेष आर्थिक सहायता दी है, उसके लिए भी मैं प्रबन्धकारिणी समिति की ओर से उनका आभार स्वीकार करता हूँ।

असली कार्य तो इस कोश के सम्पादक श्री सीतारामजी लाळस व शोध संस्थान के संचालक श्री नारायणसिंहजी भाटी का है जिनके अथक प्रयत्न से ग्रन्थ का प्रकाशन इस रूप में सम्भव हो सका है। राजस्थानी साहित्य की जो सेवा इन्होंने की है उसका आभार आने वाली पीढ़ियाँ भी मानेंगी।

कोश का कार्य किस विद्वत्तापूर्ण ढंग से किया गया है उसके सम्बन्ध में कुछ कहने का अधिकारी मैं नहीं हूँ, क्योंकि यह तो विद्वानों के ही कहने की बात है। पर मुझे यह आशा है कि यह कोश राजस्थानी साहित्य की बहुत बड़ी कमी को पूरा करके राजस्थान की जनता की बहुत बड़ी सेवा करेगा और हमारी जो यह अभिलाषा है कि राजस्थानी भाषा को संविधान में मान्यता प्राप्त हो, उसे फलीभूत करने में भी यह अत्यन्त सहायक सिद्ध होगा।

भैरूंसिंह (खेजड़ला)
अध्यक्ष
प्रबंधकारिणी समिति
चौपासनी शिक्षा समिति, जोधपुर

वसंत पंचमी
सं० २०१८
जोधपुर

संचालकीय वक्तव्य

आधुनिक भारतीय भाषाओं में राजस्थानी भाषा का भी महत्वपूर्ण स्थान है। पर इस भाषा के साहित्य के प्रकाशन की समुचित व्यवस्था न होने के कारण तथा कोश व व्याकरण के अभाव में इसे वह महत्व नहीं मिल पाया जिसकी वह अधिकारिणी थी। इस प्रान्त के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक विशेषताओं को सर्वप्रथम विश्व के सामने आधुनिक ढंग से प्रकट करने का श्रेय कर्नल टॉड को है जिन्होंने न केवल यहाँ के इतिहास पर ही प्रकाश डाला वरन् यहाँ की साहित्यिक निधि तथा महत्वपूर्ण साहित्यकारों तथा कवियों की ओजस्विनी वाणी की भी यथास्थान प्रशंसा भी की। परन्तु यहाँ की भाषा पर भारतीय भाषाओं का सर्वेक्षण करते समय सर्वप्रथम वैज्ञानिक ढंग से विचार सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने किया। हालांकि कुछ और विदेशी विद्वानों ने भी इस बीच छोटे-बड़े प्रयत्न इस भाषा पर प्रकाश डालने के लिए किये पर उन सब में ग्रियर्सन का कार्य ही अधिक महत्वपूर्ण था। उन्होंने अपने सर्वे की जिल्द संख्या ९ में गुजराती और राजस्थानी भाषाओं को पृथक करते हुए प्रत्येक भाषा की व्याकरण सम्बन्धी विशेषताओं तथा बोलियों आदि पर बहुत उपयोगी कार्य किया और उन्हीं की सहायता से दूसरे इटली के विद्वान् डॉ० तैस्सीतोरी को राजस्थानी भाषा तथा साहित्य पर कार्य करने का अवसर मिला। उनका कार्यकाल १९१४ से १९१९ तक ही रहा पर इस काल में वे बहुत महत्वपूर्ण कार्य कर गये। हस्तलिखित ग्रन्थों के सर्वेक्षण तथा 'वेलि क्रिसन रुकमणिरी' जैसे महत्वपूर्ण ग्रन्थों के सुन्दर सम्पादन के साथ-साथ उन्होंने पुरानी राजस्थानी का व्याकरण भी लिखा तथा गुजराती और राजस्थानी के अलग-अलग अस्तित्व प्राप्त करने की सीमा रेखा पर बड़ी बारीकी तथा नपे-तुले ढंग से विचार किया। उनका यह कार्य केवल राजस्थानी व गुजराती भाषा के अध्ययन के लिए ही उपयोगी नहीं है वरन् अन्य सम्बन्धित भारतीय भाषाओं के लिए भी कई प्रकार से बड़े महत्व का है। यदि वे कुछ समय और जीवित रहते तो शायद राजस्थानी के लिए बहुत-सा उपयोगी कार्य कर जाते पर ऐसा न हो सका। उनके उस कार्य को किसी ने भी आगे नहीं बढ़ाया।

कुछ वर्षों बाद यहीं के विद्वानों ने कुछेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन कर लोगों में राजस्थानी के प्रति रुचि उत्पन्न की, उनमें श्री रामकरण आसोपा, जोधपुर, श्री सूर्यकरण पारीक, बीकानेर तथा पुरोहितजी श्री हरिनारायणजी, जयपुर का नाम उल्लेखनीय है। यह जितना भी कार्य हुआ इससे भाषा-विज्ञान के विद्वानों के हृदय में राजस्थानी के लिए बड़ी जिज्ञासा उत्पन्न हुई जिसके फलस्वरूप प्रसिद्ध भारतीय भाषाविद् श्री सुनीतिकुमार चटर्जी ने उदयपुर साहित्य संस्थान के तत्वावधान में राजस्थानी भाषा पर महत्वपूर्ण भाषण दिए, जो राजस्थानी की प्राचीनता और अन्य भारतीय भाषाओं से उसके सम्बन्ध पर अच्छा प्रकाश डालते हैं।

इधर स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् इस भाषा के प्राचीन गौरव को सुरक्षित रखने और प्रकाश में लाने के लिए कई योग्य व्यक्ति तत्पर हुए, कितने ही प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन विभिन्न संस्थाओं द्वारा हाथ में लिया गया और आधुनिक राजस्थानी में नए पद्य तथा गद्य के लेखक भी समय की मांग के अनुकूल रचनाएँ प्रस्तुत करने लगे। राजस्थान की जनता ने अपनी मातृभाषा में अपने ही हृदय के उद्‌गारों को व्यक्त होते देख उसका समुचित आदर भी किया। और भारत के अनेक निष्पक्ष विद्वानों ने ऐसे प्रयत्नों की हृदय से प्रशंसा भी की। पर इस भाषा का व्याकरण और शब्द कोश जब तक किसी उपयुक्त विद्वान् की साधना के फलस्वरूप सामने नहीं आया तब तक कई लोगों को राजस्थानी को एक स्वतंत्र तथा सशक्त भाषा के रूप में स्वीकार करने में बड़ी आपत्ति थी। सौभाग्य से राजस्थान की इस समस्या को पूर्ण करने वाला व्यक्ति उसे मिल गया। श्री सीताराम लाळस ने ७-८ वर्ष पहले अपना व्याकरण प्रकाशित करवाया था जिसकी प्रशंसा भाषा विज्ञान के सभी विद्वानों ने की और लगभग ३० वर्ष

असाध्य परिश्रम के फलस्वरूप उनका 'राजस्थानी सबद स' चार भागों में प्रकाशित हो रहा है। इसका पहला ग आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

पूरे कोश में करीब सवा लाख शब्दों को उनके हिन्दी र्थ और उदाहरणों तथा मुहावरों आदि सहित प्रकाशित या जा रहा है। यह कोश कितना विद्वतापूर्ण और उपयोगी यह तो विद्वानों के समझने और कहने की बात है, पर तना अवश्य कहा जा सकता है कि श्री सीतारामजी का यह यत्न राजस्थानी भाषा के लिए ही नहीं वरन् राष्ट्र भाषा न्दी और उससे सम्बन्धित अन्य भारतीय भाषाओं के लिए ी अत्यन्त उपयोगी और ऐतिहासिक महत्व का है।

कोश-निर्माण का कार्य श्री सीतारामजी ने सन् १९३२ में डित हरिनारायणजी विद्याभूषण की प्रेरणा से प्रारंभ किया ा और तब से वे निरन्तर इस पर कार्य करते रहे। इतने ड़े कार्य के लिए आर्थिक सहायता की बड़ी आवश्यकता थी ो उन्हें समय-समय पर साहित्य-प्रेमी सज्जनों से मिलती रही। पर कर्नल ठा० श्यामसिंहजी ने इस कार्य के महत्व को समझ कर विशेष आर्थिक सहायता का प्रबन्ध किया जिसके फलस्वरूप बहुत बड़ी संख्या में शब्दों तथा उदाहरणों का संकलन संभव हो सका। इसके पश्चात् राजस्थानी शोध संस्थान की प्रबन्धकारिणी समिति ने इस कार्य को संस्थान के अन्तर्गत ले लिया। अभी तक प्रेस कॉपी बनने तथा कोश को पूर्णता प्रदान करने में काफी काम शेष था, वह काम विस्तृत योजना के अनुसार संस्थान के तत्वावधान में श्री सीतारामजी करते रहे। कर्नल ठा० श्यामसिंहजी की भी आर्थिक सहायता संस्थान को इस कार्य में मिलती रही। इतने बड़े ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए बहुत बड़ी धन-राशि की आवश्यकता थी। अतः झालावाड़ नरेश श्रीमान् हरिश्चन्द्रजी ने पहले-पहल पांच हजार रुपये की राशि इस कार्य के लिए प्रदान की और कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। तत्पश्चात् राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री श्री मोहनलालजी सुखाड़िया तथा केन्द्रीय सरकार के विज्ञान अनुसंधान व सांस्कृतिक मंत्री श्री हुमायूं कबीर को यह कार्य दिखाने का अवसर संस्थान की प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री भैरूंसिंहजी खेजड़ला M. L. A. व मंत्री श्री विजयसिंहजी सिरियारी M. P. के प्रयत्नों के फलस्वरूप मिला और उसी वर्ष राजस्थान सरकार से ६४७०) रु० की तथा भारत सरकार से १७०००) रु० की आर्थिक सहायता कोश के प्रकाशनार्थ प्राप्त हुई। तथा दूसरे वर्ष राजस्थान सरकार ने ७५३०) रु० की सहायता और दी जिसके लिए उपरोक्त दोनों महानुभावों का मैं हृदय से आभार स्वीकार करता हूं। सरकारी सहायता शीघ्रातिशीघ्र दिलवाने में राजस्थान शिक्षा मंत्रालय के सचिव श्री विष्णुदत्तजी शर्मा I. A. S., वित्त विभाग के उपसचिव श्री विनोदचन्द्रजी पांडे I.A. S. तथा श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता I. A. S., संचालक, शिक्षा विभाग और केन्द्रीय सरकार के डॉ० रोजेरियो संयुक्त शिक्षा सलाहकार तथा डॉ० रघुवीरसिंहजी, सीतामऊ M. P. का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिए भी मैं संस्थान की ओर से उनका आभार प्रकट करता हूं।

जैसा कि बड़े कामों में प्रायः हुआ करता है, इस कोश के प्रकाशन में भी हमें अजीब तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिनका हमें अनुमान नहीं था। उन कठिनाइयों के फलस्वरूप प्राप्त अनुभव भी एक धरोहर है। पर इन कठिनाइयों को दूर करने का श्रेय ठा० भैरूंसिंहजी खेजड़ला तथा विजयसिंहजी सिरियारी के अतिरिक्त कर्नल ठा० श्यामसिंहजी, श्री गोवर्द्धनसिंहजी I.A.S. तथा राजा साहिब देवीसिंहजी भाद्राजून को है जिन्होंने इस कार्य के राष्ट्रीय महत्व को समझते हुए हर कठिनाई में मेरी पूरी सहायता की अन्यथा शायद इस कोश का यह प्रथम खण्ड अब तक प्रकाशित नहीं हो पाता।

अंत में मैं उन सभी महानुभावों का आभार प्रदर्शित करना आवश्यक समझता हूं जिन्होंने परोक्ष या अपरोक्ष रूप में इस कार्य को पूर्णता प्रदान करने में सहयोग दिया है या जिन्होंने हमें इस क्षेत्र में विशेष प्रकार के अनुभव प्राप्त करने का अवसर दिया है।

नारायणसिंह भाटी
संचालक
राजस्थानी शोध-संस्थान, जोधपुर

निवेदन

राजस्थानी भाषा एवं साहित्य अत्यन्त सम्पन्न होते हुए भी आधुनिक ढंग से निर्मित कोश का इसमें सर्वथा अभाव ही रहा है। यद्यपि डिंगल में रचे गये नाम माला कोश, अनेकार्थी कोश तथा एकाक्षरी कोश अल्प संख्या में उपलब्ध अवश्य हैं परन्तु साहित्य के अध्ययन में इनकी उपादेयता प्रायः नहीं के बराबर है। प्रस्तुत कोश का निर्माण राजस्थानी साहित्य में इसी अभाव की पूर्ति करने का एक प्रयास मात्र है। अन्य भाषाओं में निर्मित अधिकांश कोश अपने पूर्ववर्ती कोशों पर ही आधारित होते हैं परन्तु राजस्थानी में कोश-रचना की अपनी परम्परा से पृथक इस प्रकार के कोश निर्माण के पथ में प्रथम चरण ही है। वस्तुतः कोश-सम्पादन का कार्य सब प्रकार के साहित्यिक कार्यों से बहुत ही कठिन परिश्रम एवं व्ययसाध्य है। अतः मुझे प्रायः उन सभी कठिनाइयों से गुजरना पड़ा है जो किसी भाषा के प्रथम कोश के निर्माण के समय आती हैं।

प्रस्तुत कोश राजस्थानी में आधुनिक ढंग का सर्व प्रथम कोश होने के कारण कुछ निश्चित सिद्धान्तों का निर्धारण आवश्यक था। सब से बड़ी समस्या शब्द-संग्रह की थी। जीवित और प्रचलित भाषाओं में नित्य नए शब्द बनते रहते हैं तथा नित्य नया साहित्य भी प्रकाशित होता रहता है। अतः पुरानी पुस्तकों के साथ ही नवीन पुस्तकों में से भी शब्द-संग्रह करना आवश्यक था। यह कार्य जितना आवश्यक था उससे कहीं अधिक दुरूह भी था। पुरानी पुस्तकों में अधिकांश हस्तलिखित ग्रंथ थे। शब्दों के बीच अवकाश या स्थान देने की परिपाटी उस युग में नहीं के समान थी। लिपिकर्ताओं के अज्ञान से पुस्तकों के बहुत से शब्दों में परिवर्तन हो गया था। जीर्णशीर्ण अवस्था में मिलने वाले ये अधिकांश ग्रंथ अपूर्णावस्था में थे। किन्हीं के कुछ पृष्ठ ही गायब थे तो किन्हीं प्रतियों में शब्दों के शुद्ध रूपों का पता तक नहीं चलता था। ऐसी स्थिति में शब्दों के अर्थ-ग्रहण की समस्या बड़ी विकट थी। जो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी थीं उनमें भी अधिकांश का प्रकाशन उच्च स्तर का न हो सका। पुराने ढंग से छपी हुई बहुत सी पुस्तकों में भी आठ-आठ और दस-दस शब्द और यहाँ तक कि पूरे चरण और पूरी पंक्तियाँ एक साथ छपी हुई मिलती हैं। शब्दों के रूपों में विभिन्नता का पाया जाना तो साधारण सी बात है। प्रकाशित पुस्तकों में ऐसी पुस्तकें अल्प संख्या में ही प्राप्त होती हैं जिनमें फुटनोट में पाठान्तर की व्यवस्था की गई है। शब्द वर्तनी के दृष्टि-कोण से कई पुस्तकों का सम्पादन भी दोषपूर्ण हुआ है। ऐसी अवस्था में शब्द-चयन कार्य बहुत ही कठिन हो गया। इसके विपरीत जिन प्रकाशित पुस्तकों का प्रकाशन एवं सम्पादन सुन्दर ढंग से हुआ है उनकी टीकायें, शब्दानुक्रमणिकायें, कठिन शब्दों के अर्थ हमारे बहुत ही सहायक हुए हैं।

सभी प्रकार की पुस्तकों में से शब्द-चयन स्वयं मेरे द्वारा ही हुआ है। प्रकाशित पुस्तकों को तो मैंने एक बार पढ़ कर लिए जाने वाले शब्दों को रेखांकित कर दिया और लेखकों ने उन शब्दों की स्लिपें (चिटें) तैयार करलीं। हस्तलिखित ग्रंथों के शब्दों की स्लिपें (चिटें) लेखकों के पास बैठ कर मैंने स्वयं ने तैयार कराईं। इसके अतिरिक्त सुदूर देहाती गाँवों में घूम-घूम कर लोहारों, सुनारों, खातियों, चमारों, तेलियों, गूजरों, कहारों, जुलाहों, धुनियों, गाड़ीवानों, कसारों, कुश्तीबाजों, सिकलीगरों, सिलावटों, महाजनों, बजाजों, पंसारियों, दलालों, महावतों, जुआरियों, सईसों आदि से सम्बन्धित शब्द भी एक-त्रित करने का प्रयत्न किया गया। पशु-पक्षी तथा अन्य जीव-जन्तु आदि से सम्बन्धित शब्द भी लिए गये। इतिहास, भूगोल, गणित, दर्शन शास्त्र, खगोल शास्त्र, शकुन शास्त्र, ज्योतिष, विज्ञान, वास्तु विद्या, शालिहोत्र, कृषि, राजनीति, युद्ध, अर्थ-शास्त्र, काम विज्ञान, धर्म शास्त्र, नीति शास्त्र, वैद्यक आदि से संबंधित वे सभी शब्द लेने का भी प्रयास किया गया है जिनका राजस्थानी साहित्य व भाषा में प्रयोग हुआ है अथवा जिनका यहाँ के जन-जीवन में प्रचलन है। गृहस्थी के पदार्थों, पकवानों, मिठाइयों, विवाह आदि की रस्मों, तरका-रियों, फल-फूलों, पेड़-पौधों, पहिनने के आभूषणों, वस्त्रों,

अनाजों, वरतनों, देवी-देवताओं, योगासनों आदि के नामों एवं पारिभाषिक शब्द भी लेने के लिए सम्बन्धित व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया गया है। विभिन्न विषयों के अनेक शब्दों के अर्थ एवं परिभाषा में जहाँ भी तनिक शंका हुई, वहाँ विषय-सम्बन्धित विद्वज्जनों से बिना किसी हिचकिचाहट के सम्पर्क स्थापित कर शब्दों का अर्थ या परिभाषा ज्ञात की गई।

राजस्थान में युद्ध एक प्रिय विषय रहा है, अतः युद्ध में प्रयुक्त होने वाले अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र यहाँ पाये जाते हैं। विभिन्न शस्त्रागारों में जाकर प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों को देख कर उनकी वास्तविक परिभाषा इस कोश में दी गई है। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक व्यक्तियों की जीवनियाँ, प्राचीन स्थानों एवं त्यौहारों का वर्णन भी यथा स्थान पर संक्षिप्त रूप में दे दिया गया है जो व्यक्ति विशेष अथवा घटना विशेष की पूरी जानकारी देने में सहायक ही सिद्ध होगा। शब्दार्थ के साथ साथ व्यापक रूप में प्रयुक्त होने वाले मुहावरों तथा कहावतों को भी यथा स्थान देने का प्रयत्न किया गया है। इतने पर भी मैं यह कहने का साहस नहीं कर सकता कि राजस्थान में प्रचलित अथवा राजस्थानी साहित्य में प्रयुक्त सभी शब्दों का समावेश इस कोश में हो गया है। यद्यपि वैसे ही किसी भाषा के समस्त शब्दों का संग्रह एक महान् कठिन कार्य है तथापि किसी जीवित भाषा में शब्दों का आगम निरंतर होता ही रहता है। कोश अधिकतम पूर्णता प्राप्त कर सके, इसी उद्देश्य से मेरी ओर से, प्रेस में पृष्ठों के छापे जाने के समय तक मिलने वाले नवीन शब्दों को कोश में अंकित करने का प्रयास चलता ही रहा। प्राचीन राजस्थानी में कुछ ऐसे अटपटे शब्दों का प्रयोग मिलता है जिनका प्रयोग बाद के साहित्य में नहीं हुआ और न होने की भविष्य में आशा ही है। कई बार तो ऐसे शब्द अपने मूल अर्थ से भिन्न अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। कई कोशकारों के मत से इस प्रकार के शब्दों को कोश में स्थान नहीं देना चाहिए।[1] तथापि प्राचीन राजस्थानी के अध्ययन एवं उसे ठीक तरह समझने के उद्देश्य से ही ऐसे शब्दों को इस कोश में स्थान दिया गया है। जीवित भाषा होने के फलस्वरूप स्थानिक प्रभावों के कारण इसमें अनेक प्रकार के परिवर्तन एवं रूपान्तर होते रहते हैं तथा नए-नए शब्द मिलते रहते हैं। इस कोश में कुछ ऐसे विदेशी शब्दों को भी स्थान दे दिया है जो साहित्य एवं लोक-व्यवहार में रूढ़िग्रस्त हो चुके हैं और हमारे व्याकरण के नियमों से अनुशासित होते हैं। ऐसे शब्दों के आगे कोष्टक में उनके शुद्ध मूल रूप भी प्रस्तुत कर दिए गये हैं।

शब्दों की प्रामाणिकता एवं अर्थ की स्पष्टता का ध्यान रखने के फलस्वरूप शब्दों के साथ उदाहरण भी देने का निश्चय किया गया था। किन्तु यह निश्चय करना वस्तुतः एक कठिन कार्य था कि किन-किन शब्दों के उदाहरण दिए जायें और किन-किन शब्दों के उदाहरण छोड़ दिये जायें। इस सम्बन्ध में कोई निश्चित सीमा रेखा नहीं खींची जा सकती। शब्दों के कम प्रयोग एवं कम प्रचलन के कारण तो उनके उदाहरण दिये ही गए हैं परन्तु अनेक शब्दों के ठीक उपयोग को बताने के लिए भी उनके उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं। साथ-साथ ऐसे शब्दों के भी उदाहरण दे दिए गए हैं जिनके सम्बन्ध में हमारे दृष्टिकोण से किसी प्रकार की आपत्ति या आशंका हुई है। दिए गए उदाहरणों के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि कहीं-कहीं वे लम्बे हो गए हैं। शब्द-कोश का एक उद्देश्य उसे उपयोग में लेने वालों की जिज्ञासा पूरा करना भी है अतः उदाहरण में उतनी ही पंक्तियाँ दी गई हैं जिनसे सम्बन्धित शब्द का अर्थ स्पष्ट हो जाय, फिर वह केवल एक वाक्य के रूप में है अथवा उसका विस्तार चार-पांच पंक्तियों में हो गया है। कुछ शब्दों के अर्थ विशेष की पुष्टि के लिए यद्यपि उदाहरण में गीतों की एक दो पंक्तियाँ दी गई हैं परन्तु केवल उन पंक्तियों से अर्थ स्पष्ट नहीं होता। कारण यह है कि शब्द के उस विशेष अर्थ का सम्बन्ध पूरे गीत से होता है। राजस्थानी के डिंगल गीतों में यह परम्परा है कि उनमें शब्द की पुनरावृत्ति नहीं होती किन्तु अर्थ-चमत्कार के लिए पूर्व के द्वाले के शब्द या शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग होता है। अतः इस प्रकार के शब्द का अर्थ गीत के पूर्व के द्वालों से सम्बन्धित होता है। उदाहरण के लिए **असत** शब्द में अर्थ संख्या ७ **शत्रु, दुश्मन** दिया हुआ है और अर्थ की पुष्टि के लिए **सूजा हरौ असतां सालै, हालै मन मांनिए** हुए उदाहरण दिया हुआ है। यहां यह **असतां** शब्द इस गीत के पूर्व के द्वाले **दोखियां तणी घणी धर दाबै, फाबै जुध जुध**

[1] देखो 'कोश कला'—रामचन्द्र वर्मा, पृ० २८, २९।

करण फतै के दोखियां शब्द के लिए ही प्रयुक्त हुआ है जिसका अर्थ भी शत्रु ही है। अतः कोश का उपयोग करने वाले सज्जन जहाँ ऐसी शंका का अनुभव करें वहाँ गम्भीरता-पूर्वक विचार करें।

मूल एवं मुख्य शब्द के साथ पर्यायवाची शब्द भी दिए गए हैं। राजस्थानी में किसी-किसी शब्द के अनेकों पर्यायवाची शब्द मिलते हैं, अतएव किसी शब्द के साथ इस प्रकार के पर्यायवाची शब्दों की संख्या कुछ अधिक हो जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इसे राजस्थानी की विशेषता समझ कर स्वीकार कर लेना ही उचित है। इन पर्यायवाची शब्दों को यथास्थान अक्षर-क्रम से भी ले लिया गया है। बहुत से शब्द ऐसे भी होते हैं जिनके योग से अथवा जिनके आगे अन्य शब्द लग कर और अन्य शब्द भी बनते हैं। जैसे **गज से गजानन, गजकांन, गजगति, गजधड़, गजपति, गजपत, गजपाळ, गजबंध** आदि ऐसे शब्दों को अलग-अलग यथा स्थान अक्षर क्रम में तो लिया ही गया है परन्तु इनको उन शब्दों के साथ भी लिया गया है जिनके योग से या जिनके साथ लग कर वे बने होते हैं। पर्यायवाची एवं यौगिक शब्दों के अतिरिक्त मुख्य शब्द के साथ रूप भेद, अल्पार्थ, महत्त्ववाची एवं विलोम शब्द तथा क्रिया प्रयोग आदि भी यथा स्थान अक्षर क्रम से दिए गए हैं।

मोटे तौर पर प्रथम खंड के प्रकाशित होने तक कुल मिला कर ८००००० (आठ लाख) के लगभग स्लिपें (चिटें) तैयार की गईं। लगभग ३०० राजस्थानी पुस्तकों से शब्द इकट्ठे किये गये। पांच हजार के लगभग फुटकर राजस्थानी डिंगल गीतों से भी शब्द संग्रह किया गया। कोश की पूर्णता चार खंडों में होगी और जहाँ तक अनुमान किया जाता है इन चारों खडों की पृष्ठ संख्या लगभग ३५०० के होगी। शब्द संख्या को अधिक से अधिक बताने में आजकल के कोश निर्माताओं में एक प्रकार की होड़-सी लग रही है। किसी भी प्रकार से शब्दों की संख्या अधिक बताई जा सकती है परन्तु यह निश्चित है कि जहाँ कोश की पृष्ठ संख्या तो कम होती है और शब्द संख्या अधिक बताई जाती है; ऐसे कोशों में शब्दों के अर्थ अधिक विस्तृत एवं स्पष्ट रूप से नहीं मिल सकते। इनमें अर्थों का स्थान कोरी शब्द संख्या ही घेरे रखती है। चूंकि अधिकतर शब्द-कोशों की शब्द संख्या के उल्लेख का उद्देश्य प्रचार मात्र होता है, अतः ये शब्द संख्यायें बहुत भ्रामक और प्रायः निरर्थक होती हैं। किसी विद्वान का यह कथन पूर्ण सत्य है कि शब्द संख्या का महत्त्व तो तभी माना जायगा जब कि गृहीत शब्दों के अर्थों का विवेचन और व्याख्या भी समुचित रूप से हो। यदि ऐसा नहीं है तो शब्द संख्या वह धोखे की आड़ है जिसकी ओट में ग्राहकों का भली भांति शिकार होता रहता है। ऐसी अवस्था में कोश की शब्द संख्या बताना बड़ा जोखिम का काम है और वह भी उस समय जब कि कोश के चार खंडों में से केवल एक खंड ही प्रकाशित हुआ हो एवं बाद के खंडों के पृष्ठों के प्रेस में जाने तक नित्य नए-नए शब्दों का समावेश हो जाता हो। फिर भी अक्षर-क्रम से तैयार किए गए रजिस्टरों से अनुमान लगाये जाने पर प्रस्तुत कोश में कुल शब्द संख्या १२५००० (एक लाख पच्चीस हजार) के लगभग ठहरती है। इस संख्या में न्यूनाधिकता होना संभव है।

देवनागरी लिपि में प्रकाशित कोशों के शब्द-क्रम में भी विभिन्नता पाई जाती है। प्राचीन वस्तु एवं विषय-वर्ग की परम्परा को छोड़ दिया जाय तब भी आधुनिक ढंग से प्रकाशित कोश में भी समानता नहीं पाई जाती है। प्रायः बड़े-बड़े विद्वान अपने-अपने विचारों और सिद्धान्तों के अनुसार क्रम में कई प्रकार के छोटे-मोटे अंतर स्थिर कर लेते हैं और उन्हीं के अनुसार अपने कोश का निर्माण करते हैं। अनुस्वारों के सम्बन्ध में अधिकांश कोशकारों ने अनुस्वार-प्रधान प्रणाली को ही अपनाया है। देवनागरी वर्णमाला में अनुस्वार का स्थान स्वरों के अंत में है अतः कई शब्द कोशों में इसी को ध्यान में रख कर अनुस्वार को स्थान दिया गया है। राजस्थानी में अनुनासिक के रूप में पंचम् वर्ण यथा ङ, ञ, ण, न एवं म का उपयोग नहीं होता है। भाषा में अनुस्वार के व्यापक रूप को देखते हुए उसे वर्ण के आरम्भ में ही लिखने का निश्चय किया गया। इसके अतिरिक्त अनुस्वार और चंद्रबिंदु के प्रयोग की भी बड़ी समस्या थी। इन दोनों का प्रयोग किया जाता है किन्तु दोनों के युक्त प्रयोग के कारण कोई निश्चित सीमा-रेखा खींचना अत्यन्त कठिन है कि कौनसा प्रयोग चंद्र बिन्दु का है और कौनसा अनुस्वार का। राजस्थानी कवियों ने आवश्यकता होने पर ध्वनि कम या अधिक शक्तिशाली करने

के लिए इसमें बहुत स्वतन्त्रता बरती है। कोश आरम्भ करने के पहिले इस सम्बन्ध में निश्चित स्थिर करना अत्यन्त आवश्यक था अतः हमने इन दोनों के स्थान पर एक मात्र अनुस्वार लेना ही निश्चित किया और उसे वर्ण के आरंभ में ही स्थान दिया गया।

राजस्थानी में कुछ विशेष ध्वनियों को प्रकट करने के लिए कुछ विशेष वर्ण हैं यथा **ल़ या ल या व़, स़** आदि। साधारणतया **ल़ और ल** का क्रम कुछ जटिल है। नीचे बिंदी वाले शब्दों को पहिले लेने की परिपाटी रखी गई है। इस नियम से **आळ** शब्द पहिले होगा तथा **आल** शब्द बाद में। सम्पूर्ण कोश में प्रायः इसी नियम का पालन किया जा रहा है किन्तु इस नियम का कठोरता से पालन करने पर यह अनुभव हुआ कि सम्बन्धित शब्द दूर-दूर पड़ जाते हैं और जिज्ञासु पाठकों को निराशा होती है। इन दोनों में उच्चारण-भेद को स्वीकार करते हुए भी पाठकों को जटिलता एवं दुरूहता से बचाने के लिए क्रम में दोनों के मध्य कोई विशेषता नहीं बरती गई, किन्तु समान शब्दों में इसका कुछ ध्यान अवश्य रखा गया है जिसके अनुसार **अकल, गल, आल** आदि शब्द **अकळ, गळ,** और **आळ** आदि के तत्काल बाद में ही लिए गये हैं। इसके अतिरिक्त बहुत प्रयत्न करने पर भी सम्बन्धित प्रेस व़ एवं स़ के टाइप की व्यवस्था नहीं कर सका, अतः व़ और स़ से सम्बन्धित शब्द व और स के ही अन्तर्गत दे दिए गये हैं। द्वितीय खण्ड में व़ और स़ की भी व्यवस्था हो सकेगी, ऐसी पूर्ण आशा है।

इस प्रणाली के आधार पर राजस्थानी कोश-निर्माण का प्रथम प्रयास होने के कारण शब्दों की व्युत्पत्ति का कार्य अत्यन्त कठिन था। शब्द की ठीक व्युत्पत्ति के अभाव में उसके सही अर्थ या उसकी आत्मा तक पहुँचना बहुत कठिन होता है। किसी वस्तु का वास्तविक रूप तो उसके आधार द्वारा ही प्रकट होता है। अतः शब्दों की उचित व्युत्पत्तियों के अभाव में कोश प्रायः अपूर्ण ही रह जाता है। प्रस्तुत कोश में शब्दों की व्युत्पत्ति देने में हम जो समर्थ हुए हैं, उस सम्बन्ध में स्वर्गीय विद्यानुरागी पं० नित्यानन्दजी शास्त्री, चाँद बावड़ी, जोधपुर का सहयोग चिरस्मरणीय रहेगा। राजस्थानी का मूल उद्गम संस्कृत से सम्बन्धित है। शास्त्रीजी संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित थे। संस्कृत के अनेक ग्रंथ (कोश, व्याकरणादि) उन्हें कण्ठस्थ थे। शब्दों की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में उनकी प्रतिभा अद्‌भुत थी। उन्होंने कोश के सब शब्दों को सुन कर उनकी सही व्युत्पत्तियाँ बताईं एवं अशुद्ध व्युत्पत्तियों को शुद्ध किया। इस कार्य में यदि आपका सहयोग नहीं मिलता तो निस्संदेह व्युत्पत्तियों की दृष्टि से यह कोश अधूरा ही रह जाता। (परम) पूजनीय होने के नाते उनके प्रति आभार प्रदर्शित करना या धन्यवाद अर्पण करना उनकी प्रतिभा के समक्ष निरी तुच्छता ही होगी। अतः मैं तो यही कहूँगा कि उनके शुभाशीर्वाद ने सदैव मेरा पथ प्रशस्त किया है। इसके लिए मैं उनका सदैव ऋणी हूँ। यथासम्भव प्रत्येक शब्द के साथ व्युत्पत्ति देने का प्रयत्न किया गया है। मूल शब्द से वर्तमान शब्द के स्वरूप तक का विकास भी आवश्यकतानुसार दिया गया है। यथाः— **आई** सं०, **आर्या** प्रा०, **अज्जा** अप०, **आजी** रा०, **आई**, आयी अर्थात् दुर्गा। इसी प्रकार **कोसीस**— सं० **कपि शीर्षक,** प्रा० **कवि सीसग,** अप० **कवसोस,** रा० **कोसीस** अर्थात् किले या गढ़ की दीवार में थोड़ी-थोड़ी दूर पर त्रिकोणाकार स्थान या कंगूरा अथवा शिखर। कुछ शब्दों के साथ उनका सन्धि-विच्छेद एवं समास का स्पष्टीकरण भी कर दिया गया है जिससे जिज्ञासुओं को अर्थ समझने में सुगमता होगी और साथ ही साथ उनके ज्ञान की वृद्धि में भी यह सहायक होगा। जैसे— **ओखधीस**— सं० **औषधि+ईष** अर्थात् **चंद्रमा। इंदरावर**— सं० **इंदिरा+वर** अर्थात् **लक्ष्मीपति, विष्णु।** कहीं-कहीं आवश्यकतानुसार धातुओं को उपसर्गों अथवा प्रत्ययों से पृथक कर के भी दर्शाया गया है। यथा—**आसन्न = आ+सद्+क्त**। कुछ शब्द ऐसे भी हैं जो अपने भिन्न-भिन्न अर्थों में चार-चार और छः-छः भिन्न-भिन्न मूलों से निकले हैं। उदाहरण के लिए **असत्** शब्द अपने विभिन्न अर्थों में— सं० **असत्,** सं० **असत्वर,** सं० **अस्त,** सं० **असत्य,** सं० **असत्व,** सं० **अस्थि** आदि से विकृत हुआ है। शब्द की व्युत्पत्ति देते समय शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थों पर अधिक ध्यान दिया गया है। इन सब का श्रेय पं० नित्यानन्दजी शास्त्री को ही है। उनके प्रयास से ही ऐसे अनेक शब्दों की व्युत्पत्तियाँ देना सम्भव हो सका है जो यद्यपि दुर्लभ नहीं तो दुरूह अवश्य ही थीं। उदाहरणार्थ **छोकरौ** एवं **डोकरौ** शब्दों की व्युत्पत्तियाँ उन्होंने संस्कृत के **शोकहर** एवं **दीप्तिकर** से मानी है। यह वस्तुतः उनकी गहरी

पैठ एवं अनोखी सूझ का ही प्रमाण है। इतना सब कुछ होने पर भी यह तो नहीं कहा जा सकता कि कोश में दी गई सब व्युत्पत्तियाँ अपने में पूर्ण हैं। उनमें मतभेद हो सकता है। इसके अतिरिक्त भाषा विज्ञान का भी निरन्तर विकास होता जा रहा है। भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा नित नवीन सिद्धान्तों की स्थापना की जा रही है। ऐसी स्थिति में आज जो सत्य मानी जाने वाली व्युत्पत्ति कल गलत सिद्ध हो जाय तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। विकासोन्मुख अवस्था का स्वागत करना ही चाहिए।

कोश में अर्थों का महत्व सबसे अधिक है। कोश का मुख्य उपयोग अर्थ, परिभाषा या व्याख्या जानने के लिए ही किया जाता है। अन्य उपयोग प्राय: गौण होते हैं, अत: इस बात का ध्यान रखने का विशेष प्रयत्न किया गया है कि शब्दों के अर्थ या उनकी व्याख्या ठीक प्रकार से स्पष्ट हो जाय, सहज में बोधगम्य हो जाय एवं अर्थ देखने में पूर्ण सुविधा हो, इसी दृष्टि से शब्द के विभिन्न अर्थों को अलग-अलग वर्गों में बाँट दिया गया है और पार्थक्य प्रकट करने के लिए उनके साथ संख्यासूचक अंक भी दे दिए गये हैं। आवश्यकता होने पर अर्थ स्पष्ट करने के उद्देश्य से शब्द के साथ कुछ विशेष विवरण भी प्रस्तुत किया गया है जो उस शब्द के सम्बन्ध में अतिरिक्त जानकारी देने में सहायक होगा। अर्थ देने के लिए प्राय: पर्याय एवं व्याख्या दोनों विधियाँ अपनाई गई हैं। जहाँ 'अनंग', 'मार', 'मदन' आदि के आगे केवल कामदेव ही लिखना पर्याप्त समझा गया है वहाँ कुछ शब्दों की पूरी व्याख्या भी दी गई है। प्रयत्न यह किया गया है कि जो परिभाषाएँ दी जायें वे जटिलताओं से मुक्त तथा दुरूहताओं से रहित हों, जिससे वे साधारण पाठकों को भी भली प्रकार बोधगम्य हो सकें। शब्दों के साथ जो क्रिया प्रयोग, मुहावरे, कहावतें, रूप-भेद, अल्पार्थ, महत्त्ववाची आदि शब्द हैं वे सब उन्हीं अर्थों के तुरन्त बाद ही दिए गए हैं जिनसे कि वे सम्बन्धित हैं। अर्थ और व्याख्या मुख्य या अधिक प्रचलित शब्द के साथ देकर उस शब्द के अन्य रूपभेदों के सम्मुख उस शब्द का निर्देश कर दिया गया है। यदि इस शब्द का निर्देशन शब्द के किसी अर्थ विशेष से ही संबंध है तो उस निर्देश के आगे संबंधित अर्थ का संख्यासूचक अंक भी दे दिया गया है। इस प्रकार के स्पष्टीकरण से, आशा है कि पाठक एवं जिज्ञासु जन सहज ही में आशय समझ लेंगे और तुरन्त अभीष्ट अर्थ तक पहुँच जायेंगे।

प्रस्तुत कोश के निर्माण की एक लम्बी कहानी है। जब से राजस्थानी साहित्य से मेरा परिचय हुआ तभी से एक सर्वाङ्ग, पूर्ण और बृहत् कोश का अभाव मुझे खटकता रहता था। मैंने अपनी जिज्ञासा, यद्यपि वह मेरा दुस्साहस ही था, राजस्थानी के अनन्य सेवी पुरोहित श्री हरिनारायणजी के समक्ष प्रकट की। इस पर उन्होंने कोश सम्बन्धी कुछ राजस्थानी पुस्तकें मेरे पास भेजीं। पुस्तकों के सम्बन्ध में मैंने पुन: उन्हें अपनी अल्प मति के अनुसार कुछ सूचना दी। इसके प्रत्युत्तर में मुझे दिनांक ६-४-३२ को उनका लिखा हुआ पत्र मिला। कहना न होगा कि यही पत्र इस कोश के निर्माण की सम्पूर्ण शक्ति अपने में समेट कर लाया था। यही पत्र इस कोश के निर्माण का मुख्य प्रेरणा-स्रोत था। पत्र के भावों ने हृदय पर प्रभाव जमाया, एक नवीन प्रेरणा मिली, पथ प्रशस्त हुआ। इससे यद्यपि राजस्थानी भाषा के बृहत् कोश का सूत्रपात भले ही न हुआ हो परन्तु कोश-निर्माण का विचार तो दृढ़ एवं निश्चित रूप से हो ही गया। उन्हीं दिनों में मैंने 'सूरज-प्रकाश' आदि कुछ हस्तलिखित ग्रंथों से शब्द छांट कर उनकी एक लम्बी सूची बना कर पुरोहित श्री हरिनारायणजी के पास प्रेषित की। उन्होंने उस सूची को पसन्द नहीं किया किन्तु साथ में प्रकाशित अथवा अप्रकाशित ग्रंथों से शब्द छांटने के तरीके के सम्बन्ध में अपने सुझाव भेज दिए। उन्हीं सुझावों के अनुसार नए सिरे से शब्द संग्रह का कार्य आरंभ कर दिया। पहला प्रयास होने एवं समयाभाव के कारण इसकी गति अति धीमी रही। कुछ सज्जन ऐसे भी थे जो शब्द देखने के बहाने स्लिपें ले जाते और लाख कहने पर भी वापिस लौटाने का नाम तक नहीं लेते। ऐसी अवस्था में इस प्रकार की स्लिपों को फिर से तैयार करना पड़ा। ऐसे विशाल कार्य में इस प्रकार की छोटी-बड़ी कठिनाइयाँ तो आती ही हैं। पुरोहित श्री हरिनारायणजी की इस सम्बन्ध में कुछ विशेष कृपा रही। कोश के शब्द-संग्रह की प्रगति से मैं उन्हें निरन्तर सूचित करता रहता था। कई बार दो-दो मास तक मैं जयपुर में इसी कार्य हेतु रहा और दिन में निरन्तर उनके पास जाता

था। उनके निर्देशन में विभिन्न ग्रंथों से शब्द-चयन कर अनेक स्लिपें बनाईं। वस्तुतः मुझे कहने में संकोच नहीं है कि अगर श्री पुरोहितजी महाराज की कृपा एवं सहयोग मुझे प्राप्त नहीं होता तो मेरा इस कोश-निर्माण के पथ पर कदम रखना नितांत असम्भव था। उन्होंने मुझे यह विश्वास भी दिलाया था कि वे मेरे द्वारा तैयार किए गए कोश को नागरी प्रचारिणी सभा काशी द्वारा प्रकाशित होने वाली 'बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तक-माला' के अन्तर्गत प्रकाशित कराने का प्रयत्न करेंगे। दैव को यह स्वीकार नहीं था। संवत् २००२ में पुरोहितजी का स्वर्गवास हो गया। कोश के निर्माण की प्रगति में यह एक जबरदस्त व्याघात था। फिर भी उनकी इच्छा के अनुसार कोश-निर्माण का कार्य निरन्तर चलाए रखने का प्रयत्न किया। इस थोड़ी सी अवधि में कोश निर्माण के लिए मुझे जो अनुपम प्रेरणा व अमूल्य निर्देशन पुरोहित श्री हरिनारायणजी द्वारा प्राप्त हुए हैं, इसके लिए मैं उनका चिर ऋणी हूँ।

व्यावहारिक दृष्टि से यह सत्य है कि कोरे परिश्रम एवं लगन से कोश जैसा कार्य तब तक पूर्ण नहीं हो सकता जब तक कि इसके लिए पर्याप्त आर्थिक सहयोग उपलब्ध नहीं हो। इसकी प्रगति में आर्थिक समस्या एक मुख्य बाधा थी। साधारण अध्यापकीय पद पर कार्य करते हुए स्वयं मेरे ही द्वारा कोश के सम्पूर्ण व्यय-भार को वहन करने की कल्पना भी आकाश कुसुमवत् थी। आर्थिक अभाव के कारण कार्य में अवरोध उपस्थित हुआ ही। इसी समय ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) की कृपा मुझे वरदान सिद्ध हुई। मैंने उनसे कोश सम्बन्धी आर्थिक समस्या के सम्बन्ध में कुछ चर्चा की जिसके फलस्वरूप उन्होंने अपने पास से रुपये देकर इस समस्या को हल कर दिया। उनका इस प्रकार का सहयोग कोश के आरम्भ होने के समय से लेकर आज तक समान रूप से प्राप्त हो रहा है। यह उन्हीं के सफल प्रयासों का फल है कि कोश आज इस रूप में प्रकाशित हो सका है। साहित्य-प्रकाशन में आपकी ऐसी सुच्ची लगन और सद्भावना निश्चय ही आपकी महान उदारता एवं सौजन्य का परिचायक है। मैं हृदय से आपका कृतज्ञ हूँ।

कोश निर्माण के सम्बन्ध में मोतीसर शाखा के एक कबीरपंथी साधु श्री पन्नारामजी का सहयोग भी मैं नहीं भूल सकता। उनका राजस्थानी के सम्बन्ध में अद्भुत ज्ञान था। 'रघुनाथ रूपक', 'रघुवरजस प्रकास', 'लखपत पिंगळ' आदि ग्रंथ उनको कंठस्थ थे। सैकड़ों ही गीत उन्हें मौखिक रूप से याद थे। सात-आठ बार मैंने उनका चातुर्मास भी करवाया। चातुर्मास के समय जो भी अतिरिक्त समय मिलता उस समय डिंगल गीतों के अर्थ एवं शब्द व्याख्या के सम्बन्ध में उनसे विचार-विमर्श होता रहता था। उनके द्वारा मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है, इसके लिए मैं उनका पूर्ण आभारी हूँ।

शब्द संग्रह के लिए स्लिपें बनाने का कार्य अब विकास पा रहा था। मेरे अकेले के प्रयत्न अब इस कार्य के लिए पर्याप्त नहीं थे। अतः स्लिपें बनाने के लिए कुछ कर्मचारियों की नियुक्ति भी आवश्यक थी। इसके लिए विशेष आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी। इस समय आर्थिक सहयोग की व्यवस्था कराने में श्री उदयराजजी उज्ज्वल का विशेष हाथ रहा है। साहित्य में, वह भी विशेषकर राजस्थानी साहित्य में आपकी विशेष अभिरुचि रही है। साहित्य-सेवा की भावना से ही आपने इस कार्य में अपना यह सहयोग दिया है। आपने तत्कालीन पोकरण ठाकुर स्व० श्री भवानीसिंहजी से आर्थिक सहयोग के लिये अनुरोध किया जिसके फलस्वरूप उनसे २४७५)रु. कोश कार्य के लिए प्राप्त हुए। श्री भवानीसिंहजी की उदारता तथा श्री उदयराजजी उज्ज्वल की सौजन्यता एवं सहृदयता के लिये अपना आभार प्रकट करता हूँ।

इसी समय श्रीमान् ठाकुर गोरधनसिंहजी के सद्प्रयत्नों के फलस्वरूप नीमाज ठाकुर श्री उम्मेदसिंहजी से भी इसी कार्य के लिये लगभग २२००) की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इस प्रकार निरन्तर सहयोग मिलते रहने से स्लिपें बनने के कार्य में अच्छी गति उत्पन्न हो गई। इस समय तक विभिन्न शब्दों की चार लाख के लगभग स्लिपें तैयार हो चुकी थीं। शब्द संग्रह का कार्य प्रायः ठीक चल ही रहा था परन्तु यह आर्थिक सहयोग कालान्तर में परिस्थितिवश रुक जाने के कारण फिर से कोश कार्य में व्यवधान आ गया। ऐसी भी स्थिति आ गई कि यह कार्य एक बारगी तो बंद ही हो गया।

इसी समय मुझे पता लगा कि शार्दूल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर ने भी राजस्थानी भाषा का एक बृहद् कोश

बनाने का निश्चय किया है। इस सम्बन्ध में ऐसा सुना गया कि वे श्री रामकरण ग्रासोपा द्वारा संकलित एवं ग्रक्षर क्रम में व्यवस्थित लगभग चालीस हजार शब्द प्राप्त कर चुके हैं। यह एक बहुत बड़ी प्राप्ति थी। मेरा उद्देश्य तो केवल इतना ही था कि राजस्थानी भाषा में सर्वाङ्गपूर्ण शब्द कोश का जो ग्रभाव है उसकी पूर्ति हो जाय। स्वयं उसका श्रेय प्राप्त करने का मेरा लेश मात्र भी विचार नहीं था। ग्रतः जब मुझे यह ज्ञात हुग्रा कि शार्दूल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर कोश निर्माण करने का विचार कर रहा है तो मैंने ग्रपनी कोश सम्बन्धी सारी संचित सामग्री, जो उस समय बहुत मात्रा में संग्रहीत थी, इन्स्टीट्यूट, बीकानेर को देने का निश्चय कर लिया ग्रौर इसी उद्देश्य से मैंने ग्रपने द्वारा संग्रहीत शब्दों में से धीरे-धीरे कुल ६३००० (तिरेसठ हजार) शब्द मय ग्रर्थ एवं उदाहरण के उनके पास भेज दिए ग्रौर इसके साथ में यह भी निश्चय किया कि ग्रावश्यकता होने पर उसे सब प्रकार की सहायता भी दी जाय किन्तु विधाता को संभवतः यह भी स्वीकार न था। काफी समय तक राह देखने पर भी शार्दूल राजस्थानी इन्स्टीट्यूट, बीकानेर, कोश के प्रकाशन का कोई विशेष प्रबंध नहीं कर सका। तब मैंने स्वयं ही इस ग्रोर पुनः प्रयास ग्रारंभ किया। यद्यपि ग्रार्थिक समस्या तो दुर्गम पर्वत की भांति मेरे समक्ष ग्रडिग खड़ी थी तथापि कुछ साहस बटोर कर फिर ग्रागे कदम रखा ग्रौर ठाकुर गोरधनसिंहजी के समक्ष बिना किसी हिचकिचाहट के इसी समस्या को एक बार फिर रख दिया। उदारमना ठाकुर साहब ने कोश-प्रकाशन के प्रति पूर्ण सहानुभूति बताते हुए ग्रार्थिक सहयोग देने का विश्वास दिलाया। शब्द संग्रह के लिए ग्रन्य स्लिपें बनाने, बनी हुई स्लिपों को काट कर क्रमवार व्यवस्थित करने एवं उन्हें ग्रक्षर-क्रम से रजिस्टरों में लिखने ग्रादि के कार्य ग्रार्थिक दृष्टि से ग्रत्यन्त व्यय-साध्य थे किन्तु श्री गोरधनसिंहजी की कृपा से यह समस्या हल हो ही गई। ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी के बारबार नामोल्लेख के कारण कुछ सज्जनों को पुनरुक्ति का ग्रनुभव हो सकता है परन्तु यह सत्य ही है कि उन्हीं के सद्-प्रयत्नों के फलस्वरूप इस कोश का निर्माण हो पाया है। श्रेयांसि बहु विघ्नानि' के ग्रनुसार इस बड़े कार्य में भी समय-समय पर ग्रनेक विघ्न उपस्थित हुए पर उनके प्रयत्नों से धीरे-धीरे सभी विघ्न दूर होते गये। ग्रापके व्यक्तिगत सम्पर्क एवं पारस्परिक सम्बन्धों के ग्राधार पर ही श्रीमान ठाकुर कर्न[illegible] श्री श्यामसिंहजी ने स्लिपें कटवाने, उन्हें क्रमवार जमाने ए[illegible] रजिस्टरों में ग्रक्षर क्रम से ग्रंकित कराने ग्रादि का सभी व्य[illegible] देना स्वीकार किया।

कोश निर्माण के कार्य में कर्नल श्री श्यामसिंहजी का ज[illegible] ग्रत्युत्तम सहयोग प्राप्त हुग्रा है, वह राजस्थानी साहित्य [illegible] साथ सदैव स्मरणीय रहेगा। वास्तव में ग्राज के इस युग [illegible] कर्नल श्री श्यामसिंहजी जैसे साहित्य-प्रेमी सज्जन विरले ह[illegible] मिलते हैं। संभवतः यह कहा जाय तो कोई ग्रत्युक्ति न होग[illegible] कि ग्रगर उनका सहयोग प्राप्त नहीं हुग्रा होता तो शायद कोश भी नहीं होता। जिस समय से ग्रापका सहयोग प्राप्त हुग्रा [illegible] उस समय से लेकर ग्रद्यावधि उनकी रुचि इस कोश में वैस[illegible] ही चली ग्रा रही है। उनकी महती कृपा के कारण ग्रागे हमने किसी भी प्रकार की ग्रार्थिक कठिनाई ग्रनुभव नहीं की। जब जब भी ग्रर्थ-व्यवस्था की ग्रावश्यकता हुई, ग्रापने मुक्तहस्त होक[illegible] ग्रपना सहयोग दिया। लगातार प्रति माह ग्रावश्यकतानुसा[illegible] निश्चित रूप से ग्रार्थिक सहायता प्रदान करना साधारण कार्य नहीं है। गंगा की ग्रविरल धारा के समान उनके द्वारा प्रदत्त सहायता ग्रजस्र बनी रही है। स्लिपों के द्वारा सम्पूर्ण कोश की प्रथम प्रतिलिपि ग्रापकी ही ग्रार्थिक सहायता से की जा सकी। ग्रार्थिक सहायता के ग्रतिरिक्त ग्रापके द्वारा प्राप्त ग्रन्य सहयोग भी उल्लेखनीय है। कोश के लिए विभिन्न विषयों पर पुस्तकों की ग्रत्यन्त ग्रावश्यकता थी। इतनी बड़ी संख्या में पुस्तकें खरीदना मेरे लिए संभव नहीं था। कुछ पुस्तकें तो ग्रत्यन्त दुर्लभ भी थीं तथा कुछ ग्रधिक कीमती भी थीं। इस कठिनाई का ज्ञान होते ही श्रीमान् कर्नल साहब ने ग्रपना निजी पुस्तकालय हमारे लिए उपलब्ध कर दिया। ग्रापका यह पुस्तकालय बहुत ही विशाल है। उसमें विभिन्न विषयों की ग्रनेक पुस्तकों का सुन्दर संग्रह है। राजस्थान मे ऐसे पुस्तकालय बहुत ही कम हैं। उनके समस्त पुस्तकालय से हमने पूरा-पूरा लाभ उठाया है। ग्रावश्यकता होने पर नैपाली कोश, 'पाइग्र-सद्द-महण्णवो' जैसी कीमती पुस्तकें भी मंगवा कर हमें दीं। जब भी हमें किसी वस्तु की ग्रावश्यकता हुई उन्होंने उसकी तुरन्त ही व्यवस्था कर दी। बड़े-बड़े समाजो-पयोगी कार्य ऐसे ही उदार, दानी एवं विद्वान महानुभावों [illegible]

बल पर ही सम्पन्न होते हैं। मैं कर्नल श्री श्यामसिंहजी के उपकारों से अनुगृहीत हूँ। उनके लिए आभार प्रदर्शित करने का साहस तो मैं नहीं कर सकता क्योंकि यह सब उन्हीं की कृपा का प्रसाद है।

कर्नल श्री श्यामसिंहजी के द्वारा आर्थिक सहयोग की पूर्ण सुविधा प्राप्त होने पर कोश सम्बन्धी कार्य अधिक गति एवं व्यवस्थित रूप में होने लगा। सभी स्लिपों को अक्षर क्रम से व्यवस्थित कर प्रत्येक वर्ण के पृथक-पृथक रजिस्टर में उनको अंकित करने का कार्य आरम्भ हुआ। साथ ही साथ मुझे जैसे-जैसे नवीन हस्तलिखित ग्रंथ एवं प्रकाशित पुस्तकें या संस्करण प्राप्त होते रहे, उनसे मैं नवीन स्लिपें बनाने का कार्य निरन्तर करता रहा। शब्दों को सम्मिलित करने का कार्य जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि कोश के पृष्ठ प्रेस में छपने हेतु जाने के समय तक होता रहा है। इतना सब कुछ होने पर भी संभव है कि बहुत से शब्द रह गये हों। ऐसे छूटे हुए एवं नवीन उपलब्ध होने वाले शब्द कोश के चारों खण्डों के प्रकाशित होने के बाद परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित करने का प्रयत्न किया जायगा।

इस प्रकार कार्य करते हुए सभी संग्रहीत शब्दों को अक्षर-क्रम से रजिस्टरों में लिख लेने से कोश का एक अच्छा ढाँचा तैयार हो गया। अब प्रेस में सामग्री देने के लिए प्रेस कापी तैयार करने की समस्या सामने थी। यह भी एक विकट समस्या थी। प्रेस कापी के लिए रजिस्टरों में तैयार किये गये कोश के ढांचे में क्रिया प्रयोग, मुहावरे, कहावतें, रूप भेद, अल्पार्थ सूचक शब्द एवं महत्त्ववाची शब्दों का समावेश करना अत्यन्त आवश्यक था। प्रेस कापी बनाने के साथ ही साथ नए प्रकाशित ग्रंथों से शब्द छांट कर स्लिपें बनाना तथा उन्हें भी प्रेस कापी में सम्मिलित करना आवश्यक था। इस सभी कार्य के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना अत्यन्त जरूरी था। इसके साथ ही अब छपाई-व्यय, जिसकी अधिकता का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है, सामने था। इतना अधिक व्यय भार एक व्यक्ति द्वारा ही वहन किया जाना दूभर नहीं तो कठिन अवश्य ही है। अतः कोश हितैषी महानुभावों की सम्मति से कोश प्रकाशन का कार्य शिक्षा समिति चौपासनी, जोधपुर के नियंत्रण में इस शर्त पर दे दिया गया कि शिक्षा समिति अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले राजस्थानी शोध-संस्थान के अंतर्गत इसे प्रकाशित करा दे। शोध-संस्थान के अंतर्गत इस कोश-निर्माण के कार्य की सम्पन्नता के लिए शिक्षा समिति ने प्रान्तीय एवं केन्द्रीय सरकारों से प्रान्तीय भाषाओं के उत्थान के निमित्त प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता प्राप्त की। इसका श्रेय शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री भैरूंसिंहजी खेजड़ला, सदस्य, विधान सभा तथा मंत्री श्री कुंवर विजयसिंहजी सिरयारी, सदस्य, राज्य सभा, को ही है। राजकीय सहायता प्राप्त करने के लिए कुछ अंशों में व्यक्तिगत अनुदान भी आवश्यक था, अतः इसी अवसर पर झालावाड़ नरेश श्री हरिश्चन्द्रजी ने ५०००) रु० का अनुदान देकर इस कार्य को सुगम बना दिया। इसके साथ ही साथ राजा साहब ने कोश कार्य के लिए भविष्य में भी आर्थिक सहयोग देते रहने का पूर्ण आश्वासन दिया। उनकी इस परम उदारता के लिए मैं उनका आभारी हूँ।

राजकीय सहयोग प्राप्त होने पर शोध-संस्थान के अंतर्गत कोश प्रकाशन का कार्य सुचारु रूप से होने लगा। इस सुन्दर व्यवस्था का श्रेय राजस्थानी शोध-संस्थान के संचालक श्री नारायणसिंह भाटी, एम. ए., एल-एल. बी. जो राजस्थानी के एक श्रेष्ठ कवि भी हैं, को है। आपके द्वारा मुझे जो सहयोग प्राप्त हुआ वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। कोश प्रकाशन का कार्य जब से आपने अपने नियंत्रण में लिया तभी से इस कार्य की सम्पन्नता में सतत प्रयत्नशील हैं। कोश निर्माण के प्रति आपने अपनी अभिन्न रुचि प्रकट कर अपना अपूर्व साहित्य प्रेम प्रकट किया है। कोश कार्य के लिए राजकीय सहायता प्राप्त करने के लिए आपको अनेकों बार बाहर भी जाना पड़ा, जिसमें आपने समय-असमय व सुविधा-असुविधा का कोई ध्यान न रखते हुए अपने महत्वपूर्ण कार्य को भी एक तरफ रखते हुए कोश के प्रति तत्परता बतलाई। कोश की भूमिका में 'राजस्थानी भाषा का विवेचन' एवं 'साहित्य परिचय' के प्रकरणों के लिखने में भी आपने पूर्ण सहयोग दिया है। आपके साहचर्य्य का मैंने पूर्ण लाभ उठाया है और इसीलिए आपको बार-बार कष्ट भी देता रहा। आपकी सहृदयता एवं सहयोग के लिए मैं आपको अन्तःकरण से धन्यवाद देता हूँ।

माननीय श्री मोहनलाल सुखाड़िया, मुख्य मंत्री, राजस्थान सरकार, की इस राजस्थानी कोश पर विशेष कृपा दृष्टि रही है। सर्वप्रथम दिनांक ११-११-५६ को उच्चतर विद्यालय, चौपासनी, जोधपुर के प्रांगण में जब अखिल राजस्थान एन. सी. सी. शिविर (कन्या वर्ग) के विसर्जन समारोह की अध्यक्षता करने पधारे थे तब अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रम होते हुए भी आपने कोश के लिए कुछ समय निकाल कर शोध-संस्थान के कार्यालय में पूर्ण रूप से कोश का अवलोकन किया। कोश निर्माण की प्रणाली एवं उस समय तक के प्रकाशित शब्दों के अर्थों से, जो उदाहरण, मुहावरों, कहावतों आदि से पुष्ट थे, अत्यन्त प्रभावित हुए। राजस्थानी भाषा में इस नवीन प्रयास की प्रशंसा करते हुए वे मुझे उसी दिन (११-११-५६) को उदयपुर ले गए। वहाँ मेरी भेंट श्री हुमायूं कबीर, केन्द्रीय मन्त्री, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं सांस्कृतिक मंत्रणालय, जो उस समय औषधालय के उद्घाटनार्थ पधारे हुए थे, से कराई। इन दोनों महानुभावों ने राज्य की ओर से आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की जिसके लिए मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ। मुख्य मंत्री महोदय ने कोश के लिए अपना शुभ संदेश भेजा है, जिसके लिए भी मैं कृतज्ञ हूँ।

शिक्षा समिति के आधीन शोध-संस्थान के नियंत्रण में कोश प्रकाशन की उत्तम व्यवस्था करने एवं केन्द्रीय तथा राजकीय या राज्यीय आर्थिक सहायता प्राप्त कराने में जो सहयोग चौपासनी शिक्षा समितिके अध्यक्ष एवं राजस्थान विधान सभा के सदस्य ठाकुर श्री भैरूंसिंहजी खेजड़ला तथा शिक्षा समिति के मंत्री सिरियारी कुंवर श्री विजयसिंहजी, सदस्य राज्य सभा, का प्राप्त हुआ है वह किसी भी स्थिति में विस्मृत नहीं किया जा सकता। इन्हीं महानुभावों के सद्प्रयत्नों एवं कोश के प्रति पूर्ण सहानुभूति होने के कारण ही कोश इस स्वरूप में प्रकाशित होने में समर्थ हो सका है। मुख्य मंत्री श्री मोहनलालजी सुखाड़िया को कोश देखने के लिए शोध-संस्थान, चौपासनी के कार्यालय में लाना तथा कोश कार्य से परिचित कराना आदि सभी का श्रेय इन्हीं दोनों महानुभावों को है। आपके जिस सहयोग ने मुझे अपना कार्य सम्पन्न करने के लिए उत्साहित किया है उसके लिए मैं इन दोनों महानुभावों तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों का हृदय से कृतज्ञ हूँ।

कोश निर्माण जैसे विशाल एवं दीर्घकालीन कार्य अधिकाधिक सहृदय विद्वज्जनों का सहयोग अपेक्षित ही था कोश के माध्यम से ही मुझे अनेक महानुभावों के दर्शनों व सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इनमें पद्मश्री जिनविजयजी मुनि पुरातत्त्वाचार्य, सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर; श्री विष्णुदत्तजी शर्मा, प्रधानाचार्य प्रशासकीय प्रशिक्षण विद्यालय, जोधपुर; श्री विष्णुदत्तजी शर्मा सचिव, शिक्षा सचिवालय, राजस्थान; श्री लक्ष्मीनारायणजी जोशी, सदस्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग; श्री भगवलशरण उपाध्याय, सम्पादक, हिन्दी विश्वकोश; डॉ० मोतीलाल मेनारिया, संचालक, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर; डॉ० रोजेरियो, संयुक्त शिक्षा सलाहकार, केन्द्रीय सरकार दिल्ली; डॉ०. कन्हैयालाल सहल, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, बिड़ला आर्ट्स कॉलेज, पिलानी; श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ, महामहोपाध्याय जोधपुर; डा० रघुवीरसिंह, महाराज कुमार सीतामऊ; डॉ. बी एल. रावत; श्री जगन्नाथसिंह मेहता, संचालक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान; श्री सुधीन्द्रकुमार, उपसंचालक शिक्षा विभाग, जोधपुर; श्री जनार्दनराय नागर, अध्यक्ष साहित्य अकादमी, उदयपुर; श्री शिवशंकरजी, जिलाधीश जोधपुर; श्री गोपालनारायणजी बोहरा, एम. ए., उप संचालक, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर; श्री शा गोवर्द्धनलालजी काबरा; श्री अगरचन्दजी नाहटा; श्री आर पी. श्रीवास्तव, रेक्टर, चोपासनी इन्स्टीट्यूट, श्री गणपतिचन्द्रजी भण्डारी, प्राध्यापक, महाराज कुमार कॉलेज, जोधपुर; सत्त ठाकुर तणुराव, जैसलमेर; कर्नल श्री थोंकलसिंह मांमड़ोली व महन्त श्री लादूरामजी विशेष उल्लेखनीय हैं। इन सभी महानुभावों ने मेरे कोश को बहुत निकट से देखा है और समय समय पर अपने अमूल्य सुझाव देते हुए मेरी कोश-प्रणाली की सराहना भी की है। इनके जिस सहयोग से मुझे बल प्राप्त हुआ है और जिसके फलस्वरूप मैं अपने इस कार्य को सुगमता पूर्वक सम्पन्न करने में कुछ भी समर्थ हुआ हूँ उसके लिए इन सभी विज्ञ जनों के प्रति आभारी हूँ।

इसके अतिरिक्त अनेक सज्जनों से समय-समय पर आवश्यकतानुसार मेरा सम्पर्क रहा है जिनमें श्री शक्तिसिंहजी (मंडला) अधीक्षक, पुरातत्त्व अजायबघर एवं विभाग

श्री दुर्गालाल माथुर, क्यूरेटर, अजायबघर, जोधपुर; श्री रावत सारस्वत, सम्पादक, मरुवाणी; रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत; श्री पुरुषोत्तमलाल मेनारिया; श्री आनन्दीलालजी शास्त्री; श्री कोमल कोठारी, सचिव, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर; श्री विजयदान देथा, कवि श्री रेवतदानजी 'कल्पित'; वकील श्री अचलसिंहजी भाटी; श्री धोंकलसिंहजी, वाइस प्रिन्सीपल, चौपासनी, विद्यालय; श्री सत्यप्रकाश जोशी, एम. ए., जोधपुर; श्री तेजसिंहजी, शोध सहायक, राजस्थानी शोध संस्थान; लेफ्टीनेंट श्री रेवतसिंहजी भाटी; श्री चन्द्रसिंहजी जोधा; जोधसिंहजी उज्ज्वल, बीकानेर; श्री चंद्रसिंहजी बीका; श्री अक्षयचन्द्र शर्मा, बीकानेर आदि ने भिन्न-भिन्न क्षेत्र में अपना सहयोग दिया है। इसके लिये ये सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

यह तो पहिले ही कहा जा चुका है कि कोश प्रकाशन का कार्य राजस्थानी शोध-संस्थान, चौपासनी, जोधपुर के सुपुर्द कर दिया गया था। कोश प्रकाशन की समुचित व्यवस्था के लिये शिक्षा समिति, चौपासनी ने एक पृथक उपसमिति का निर्माण किया, जिसके अध्यक्ष पद का भार भाद्राजून राजा साहिब श्री देवीसिंहजी को सौंपा गया। यह मेरे लिए अत्यन्त सौभाग्य की बात हुई। राजा साहिब ने जिस सच्ची लगन से कोश कार्य की सम्पन्नता में अपना सहयोग दिया है उसके लिए मैं उनका चिर कृतज्ञ हूँ।

जैसा कि पूर्व विवरण से स्पष्ट है कि कोश निर्माण का कार्य कोई अल्पावधि का कार्य नहीं है और न ही किसी एक व्यक्ति की शक्ति का ही है। कोश का कार्य पर्याप्त अवधि तक चलता रहा है जिसमें कई व्यक्तियों ने वेतन पर कार्य करते हुए कोश कार्य के प्रति तत्परता एवं सुरुचि का परिचय दिया। श्री सुकनमलजी माथुर, एम. ए., बी. एड. ने कोश का कार्य बहुत लम्बे समय तक किया। उनकी कर्मठता एवं लगन के कारण उन्हें इस कार्य का काफी अनुभव हो गया जिससे आगे चल कर कोश की विशेषताओं का बारीकी के साथ निर्वाह करने में भी उनका सहयोग मिला और कार्य शीघ्रता से आगे बढ़ गया। इस कार्यावधि में उनके द्वारा किए गए सुन्दर कार्य, उनकी समय की पाबन्दी एवं कार्य के प्रति जागरूकता निश्चय ही सराहनीय है।

श्री मोहनलालजी पुरोहित, बी. ए., बी. एड., साहित्य-रत्न ने भी काफी अर्से तक कोश कार्यालय में तथा अन्यत्र रहते हुए भी कोश सम्बन्धी कार्य किया। कोश सम्बन्धी बहुत से कृषि संबंधी शब्दों का संकलन भी उनके द्वारा किया गया तथा उन शब्दों की परिभाषा भी आप ही ने बनाई। इनकी लगन, गहरी सूझ एवं सार ग्रहण करने की शक्ति वस्तुतः प्रशंसनीय है। हिन्दी साहित्य में विशेष रुचि होने के कारण लेखन कार्य में इनकी ओर से विशेष सहयोग मिला है। ये परिश्रमी व्यक्ति हैं और बड़ी लगन के साथ कोश कार्य कर रहे हैं।

कोश कार्य करते हुए श्री भँवरलालजी कछवाहा ने भी थोड़े से समय में कोश की कार्य-प्रणाली को बड़ी खूबी के साथ समझा है और बड़े ही परिश्रम तथा रुचि के साथ कार्य कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त श्री शक्तिदानजी कविया, एम. ए. ने भी कुछ समय तक कोश सम्बन्धी कार्य किया, ये राजस्थानी के अच्छे कवि भी हैं। मेरे अनुज श्री जैतदान लाळस ने बाहर भ्रमण कर ग्रामीण शब्दों, राजस्थान के देहाती क्षेत्रों में प्रचलित मुहावरे, लोकोक्तियाँ आदि के संग्रह करने में मेरी पर्याप्त सहायता की। कोश का कार्य करने वाले अन्य कार्यकर्ताओं में श्री सुमेरमलजी लोढ़ा, श्री हेमसिंहजी चौहान, श्री भागचन्द्रजी बोहरा, श्री बख्तावरदानजी वणसूर, श्री सांवळदानजी रतनू तथा श्री दौलतसिंहजी भी धन्यवाद के पात्र हैं। इन सभी कार्यकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य एवं सफल जीवन की कामना करता हूँ।

यह मेरा सौभाग्य ही था कि कोश प्रकाशन का कार्य साधना प्रेस, जोधपुर जैसे योग्य एवं व्यवस्थित प्रेस द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रेस के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक के ही प्रयत्नों का फल है कि यह राजस्थानी शब्द कोश इस रूप में आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा सका है। श्री पारीकजी ने सही एवं शुद्ध रूप देने, प्रूफ संशोधन करने एवं उत्तम प्रकाशन करने के लिए जो अथक परिश्रम किया है उसके लिए वे वस्तुतः धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्त में मैं उन सभी सज्जनों एवं सहयोगी बन्धुओं का आभार स्मरण किये बिना नहीं रह सकता, जिनसे परोक्ष या अपरोक्ष रूप में मुझे कोश निर्माण एवं इसकी सम्पन्नता में यथाविधि सहयोग प्राप्त होता रहा है। कदाचन् विस्मृति के

प्रभाव से सहयोगी जन का नामोल्लेख नहीं हो पाया है तो उसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ।

यथेष्ट सावधानी रखने पर भी जो कुछ मानव-स्वभाव-सुलभ त्रुटियां या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से सादर विनम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा करता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि भविष्य में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो सके। जो विद्वान मेरे भ्रम प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से मुझे सूचित करेंगे उनका मैं चिर-कृतज्ञ रहूंगा।

यदि मेरी इस कृति से राजस्थानी साहित्य के उन्नयन में कुछ भी सहयोग पहुंचा तो मैं अपने इस दीर्घकालीन परिश्रम को सफल समझूंगा।

—सीताराम लालस

बसन्त पंचमी
सं० २०१८ विक्रम

राजस्थानी भाषा का विवेचन

भाषा मनुष्य के विकास का सब से महत्वपूर्ण साधन है। इसके द्वारा मानव का समाज से संपर्क स्थापित होता है। भाषा के द्वारा जहां बालक दूसरों के भावों को जानता है, वहां अपने भाव भी वह दूसरों के समक्ष व्यक्त करता है। भावों को व्यक्त करने से इच्छाओं की पूर्ति के साथ मानव में विचार करने की भी शक्ति आती है तथा उसे अपनी सामर्थ्य का ज्ञान होता है। तुलसी के 'गिरा अरथ जल बीचि सम, कहिअत भिन्न-न-भिन्न'[1] के अनुसार भाषा और विचार एक ही तथ्य के दो पहलू हैं। किसी भी व्यक्ति के बौद्धिक विकास को उसके भाषा-ज्ञान तथा उसके शब्दों की संख्या से भले प्रकार जाना जा सकता है। भाषा के माध्यम से ही मानव ने अपना सांस्कृतिक एवं भौतिक विकास किया है, किन्तु इसके साथ यह भी सत्य है कि मानव के विकास के साथ भाषा का भी विकास होता है। इस दृष्टि से दोनों का विकास अन्योन्याश्रित है।

मनुष्य की भाषा उसकी सृष्टि के आरम्भ से, अविरल गति से, प्रवाह रूप में चली आ रही है। नदी के वेग के समान ही उसकी भाषा का वेग भी अनियंत्रित होता है। भाषा में अनेकरूपता का यही मूल कारण है। यह नहीं कहा जा सकता कि यह अनेकरूपता कितनी पुरानी है। समय-समय पर इसी अनेकरूपता को संयत एवं टकसाली रूप देने का बार-बार प्रयत्न किया जाता रहा। किसी भाषा के इस सुसंगठित रूप को प्रस्तुत करने में उस भाषा का व्याकरण और कोश प्रधान साधन हैं। इनके अभाव में कोई भाषा रूपवती भिखारिन की भाँति कभी आदरणीय नहीं हो सकती। खेद है कि राजस्थानी में इनका अभाव रहा है।

लगभग सत्तर वर्ष पहिले जोधपुर के पंडित रामकरण आसोपा ने 'मारवाड़ी भाषा रौ व्याकरण' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया था। सन् १९१४ में तैस्सीतोरी का प्रयत्न भी इस ओर विशेष सराहनीय रहा किन्तु परिवर्तित परिस्थितियों, प्रतीकों और प्रतिमाओं के कारण नयी राजस्थानी के साथ इनका सामञ्जस्य अपूर्ण रहा। आठ-नौ वर्ष पहिले मैंने भी 'राजस्थानी व्याकरण' के नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की थी। किन्तु ये सब प्रयत्न आरंभिक अवस्था के अनुरूप ही माने जा सकते हैं। शब्दकोश-निर्माण का प्रयत्न इस ओर अधिक किया गया। नाममालाओं आदि के रूप में एक शब्द के अनेकों पर्यायवाची शब्दों के कोश राजस्थानी में भी प्राप्य हैं। डिंगळ नांममाळा, नागराज डिंगळ कोश, हमीर नांम माळा, अवधांन माळा, नांम माळा, मुरारीदानजी का डिंगळ कोश, अनेकार्थी कोश, एकाक्षरी कोश[1] आदि कितने ही कोश इस सम्बन्ध में गिनाये जा सकते हैं। आधुनिक कोशों के समान इनकी उपादेयता चाहे न मानी जाय परन्तु इनके महत्व से इन्कार नहीं किया जा सकता। प्रायः ये कोश छंदोबद्ध हैं। संभव है पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित करने के उद्देश्य से ही इनका लयात्मक एवं तुकात्मक रूप प्रस्तुत किया गया हो। राजस्थानी भाषा एवं साहित्य के संबंध में शोध कार्यों के लिये इनकी उपयोगिता निर्विवाद है। वैज्ञानिक ढंग से राजस्थानी भाषा के विकास को समझने के लिए ये एक महत्त्वपूर्ण साधन हैं। लिपिकर्ताओं की कृपा एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था के कारण किन्हीं-किन्हीं स्थलों पर इनकी उपादेयता संदिग्ध हो सकती है[2], तथापि कई कोश निसंदेह प्रामाणिक हैं। हमीरदांन रतनू की 'हमीर नांममाळा' की प्रामाणिकता

[1] रामचरितमानस—बालकाण्ड, दो० १८

[1] इनमें से कुछ कोशों का संग्रह 'परंपरा' में 'डिंगल कोश' के नाम से राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी, जोधपुर, द्वारा प्रकाशित हो चुका है।

[2] जैसे इसी 'डिंगल कोश' में प्रकाशित 'हमीर-नांम-माळा' पृष्ठ ८३ में 'द्रिव्य' के पर्याय रूप में 'श्रवरै' और 'आइतेयक' शब्द दिये गए हैं, यह लिपिकर्ताओं की भूल का परिणाम है। शुद्ध रूप में ये 'स्वः' (देखो 'संस्कृतकोश'), रै—दोनों अलग-अलग होंगे तथा 'आइतेयक' के स्थान पर 'स्वापतेय' होगा (मि०—अमरकोश—२/९०) इसी प्रकार की अन्य भूलें देखी जा सकती हैं।

असंदिग्ध है। यह राजस्थानी के समस्त प्राचीन कोशों में सब से अधिक प्रचलित एवं प्रसिद्ध है। इन सभी कोशों में प्रायः एक शब्द के अनेक पर्याय दिये गये हैं। कविराजा मुरारिदान के डिंगळ कोश एवं उदयराम बारहठ की 'अवधान माळा' को छोड़ कर प्रायः सभी कोश अत्यन्त छोटे एवं अपूर्ण हैं। ये सभी संस्कृत के 'अमरकोश' के ढंग पर निर्मित हुए हैं। यह अवश्य है कि आधुनिक रचना-शैली, वर्ण और मात्रानुक्रम, शब्दार्थ एवं उनकी विवेचनात्मक व्याख्या एवं व्युत्पत्ति आदि के अभाव में आधुनिक ढंग से निर्मित कोशों के समान इनसे लाभ नहीं उठाया जा सकता।

उपरोक्त असुविधा के कारण ही विद्वानों ने इसके लिये विषय-विभाग-मार्ग के स्थान पर अक्षर-क्रम-युक्त शब्द-क्रम वाले मार्ग को अधिक उपयुक्त एवं वैज्ञानिक समझा। इस प्रकार कोश जनसाधारण के लिए बोधगम्य एवं सुगम हो गया। आधुनिक समय में प्रायः सभी कोश, चाहे वे किसी स्तर या प्रकार के हों, अक्षर-क्रम और शब्द-क्रम से ही बनते हैं। महत्वपूर्ण ग्रंथों के साथ भी प्रतीकानुक्रमणिका, विषयानुक्रमणिका, शब्दानुक्रमणिका आदि अनुक्रमणिकाएँ समाविष्ट रहती हैं। इससे विषय, शब्द, प्रतीक आदि का उल्लेख एवं विवरण ढूंढ़ने में पाठकों को अत्यन्त सुगमता रहती है। किन्तु इन अक्षर-क्रम और शब्दक्रमानुरूप कोशों के निर्माण में प्राचीन कोशों का महत्त्व भी उल्लेखनीय है। प्रायः सभी मौलिक कोशकारों ने इन्हीं को अपना आधार मान कर नये रूप-रंग में नये आधुनिक कोशों का निर्माण किया है।

राजस्थानी में इस प्रणाली पर आधारित कोशों के निर्माण का प्रयास प्रायः नहीं के बराबर हुआ। पंडित रामकरण आसोपा ने इस ओर समुचित प्रयत्न कर लगभग साठ हजार शब्दों का अक्षर-शब्द-क्रम के अनुसार संकलन किया था, किन्तु वे अपने प्रयास को पूरा न कर सके। शार्दूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर, ने भी कुछ वर्षों पहले इसके निर्माण की घोषणा की थी। वस्तुतः कोश-निर्माण का कार्य किसी एक व्यक्ति-विशेष के सामर्थ्य की बात ही नहीं है। सामूहिक प्रयत्न इसमें आवश्यक है। सम्भव है सर्वप्रथम प्रकाशित कोश में कुछ त्रुटियां रह जायें किन्तु यह निश्चय ही भविष्य में कोश-निर्माण के पथ को प्रशस्त अवश्य करेगा।

विस्तार-क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थानी का अपना एक विशेष महत्त्व है। मालवे सहित राजस्थान के विशाल भू-भाग पर राजस्थानी फैली हुई है। सन् १९३१ ई० में राजस्थानी बोलने वालों की संख्या एक करोड़ चालीस लाख आंकी गई थी,[1] जिसमें भीली भाषा बोलने वालों की संख्या सम्मिलित नहीं है। अगर इसे भी सम्मिलित कर लिया जाय तो राजस्थानी भाषियों की संख्या एक करोड़ साठ लाख तक पहुँच जाती है।

सत्रहवीं शताब्दी तक के साहित्य के आधार पर राजस्थानी को अत्यन्त समृद्ध भाषा माना जा सकता है। आज भी इस भाषा के सैकड़ों ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में उन लोगों के पास बंदी हैं जो उनका मूल्यांकन नहीं कर सकते।

भारत की अन्य प्रांतीय भाषाओं की तरह राजस्थानी की भी अपनी कुछ विशिष्ट विशेषताएं हैं। ग्रियर्सन ने राजस्थानी बोलियों का वर्गीकरण इस प्रकार किया है[2]—

१. **पश्चिमी राजस्थानी**—इसमें मारवाड़ी, थली, बीकानेरी, बागड़ी, शेखावाटी, मेवाड़ी, खैराड़ी, गोडवाड़ी और देवड़ावाटी सम्मिलित हैं।

२ **उत्तर पूर्वी राजस्थानी**—अहीरवाटी और मेवाती।

३. **ढूंढाड़ी**—इसे मध्यपूर्वी राजस्थानी भी कहा जाता है, जिसमें तोरावाटी, जयपुरी, काठैड़ी, राजावाटी, अजमेरी, किशनगढ़ी, शाहपुरी एवं हाड़ौती सम्मिलित हैं।

४. **मालवी या दक्षिण-पूर्वी-राजस्थानी**—इसमें रांगड़ी और सोंडवाडी हैं।

५. **दक्षिणी राजस्थानी**—निमाड़ी।

अगर भीली को भी राजस्थानी के अन्तर्गत माना जाय तो इनकी संख्या छः हो जायगी। ग्रियर्सन ने यद्यपि इसे राजस्थानी से अलग माना है[3] तथापि व्याकरण एवं भाषा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसे अलग नहीं माना जा सकता। इन सब बोलियों पर अपने पड़ौस में बोली जाने वाली भाषाओं एवं बोलियों का पर्याप्त प्रभाव पड़ा है। इस संबंध में राजस्थानी वर्ग की भाषाओं एवं बोलियों का यह चित्र[4] उल्लेखनीय है—

[1] राजस्थानी भाषा—सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृष्ठ ५

[2] Linguistic Survey of India Vol. IX Part II, Page 2-3

[3] Linguistic Survey of India, Vol. IX, Part II, Page 1

[4] Elements of the science of Language by Taraporewala के पृष्ठ २६५ पर दियेगये चित्र (Table XX) का हिन्दी अनुवाद

रेखता (दिल्ली, लखनऊ)
उर्दू
साहित्यिक
दखनी (हैदराबाद)
उच्च हिन्दी (बनारस)
पश्चिमी हिन्दी
बोलचाल की हिन्दोस्तानी (पंजाबी)
बांगरू (राजस्थानी)
मध्यदेशीय बोलियां
ब्रजभाषा (राजस्थानी)
कन्नोजी (पूर्वी हिन्दी)
बुन्देली (राजस्थानी)
मारवाड़ी
थली (मारवाड़ी)
मेवाड़ी
शुद्ध आन्तरिक
केन्द्रीय
जयपुरी
हाड़ौती (पश्चिमी हिन्दी)
राजस्थानी
उत्तर पूर्वी
मेवाती
अहीरवाटी
आन्तरिक भारतीय आर्यभाषा (ii) केन्द्रीय
राजस्थानी समुदाय
मालवी
रांगड़ी
निम्बारी
लम्भानी (बनजारी)
वन्य भाषाएँ (Forest Dialects)
भीली बोलियां
भीली
सियालगिरी (बंगाल)
बावरी (पंजाब)
खानदेशी
साहित्यिक
बम्बई (पारसी)
गुजराती (दक्षिण)
अध्यारोपित बाह्य
अहमदाबाद (हिन्दू)
बम्बई (मिश्रित)
अहमदाबाद
बोलचाल की भाषाएँ
सूरत
उत्तर गुजरात की बोलियां
काठियावाड़ी
पंजाबी (पश्चिम)
अमृतसर
डोगरी

भारतीय आर्य भाषाओं का विधिवत् इतिहास हमें प्रामाणिक रूप से उपलब्ध नहीं है, तथापि इसकी साधारण रूपरेखा ऋग्वेद से आज तक उपलब्ध है। कुछ विद्वानों ने अनार्य भाषाओं को छोड़ कर संसार भर की परिष्कृत भाषाओं का उद्‌गम वैदिक भाषा को माना है।[1] इस संबंध में इस मत के समर्थक विद्वानों ने शब्दों के कई प्रमाण देकर एक भाषा का दूसरी भाषा से संबंध बताने का प्रयत्न किया है। कुछ विद्वानों ने भारतीय-योरोपीय भाषाओं की मूल भाषा के रूप में उर्सप्राख (Ursprache) नामक एक नई भाषा की कल्पना की है।[2] भाषाविज्ञान के क्षेत्र में शोध की गति इतनी तीव्र है कि नित्य नये सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जा रहा है एवं नई भाषाओं पर प्रकाश पड़ता जा रहा है। भारतीय आर्य भाषाओं के संबंध में डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का निम्नलिखित वर्गीकरण उल्लेखनीय है[3]—

[1] श्री किशोरसिंह बार्हस्पत्य ने झालरपाटन से प्रकाशित 'सौरभ' अक्तूबर १९२० के एक लेख में निम्नलिखित चित्र प्रकाशित किया है।
[2] Elements of Science of Language–by Taraporewala, Page 21
[3] The Origin and Development of the Bengali Language–Part I, by S. K. Chatterji, Page 6

भारत ईरानी
भारतीय आर्य (प्राचीन वैदिक बोली)
दाक्षिणात्य
महाराष्ट्री
महाराष्ट्री अपभ्रंश
मराठी तथा कोंकणी
प्राच्य
मागधी
मागधी अपभ्रंश
पूर्वी मागधी
—असमिया
—बंगला
—उड़िया
पश्चिमी मागधी
—मैथिली
—मगही
—भोजपुरी
अर्द्ध मागधी
अर्द्ध मागधी अपभ्रंश
—अवधी
—बघेली
—छत्तीसगढ़ी
मध्यदेशीय
शौरसेनी
शौरसेनी अपभ्रंश
पश्चिमी हिन्दी
—बुन्देली
—कन्नोजी
—ब्रजभाषा
—बाँगरू
—हिन्दोस्तानी या नागरी हिन्दी जिससे आधुनिक हिन्दी का निर्माण हुआ
प्रतीच्य (दक्षिण पश्चिम)
लाटी, शौरसेनी, आभीरी तथा अवन्ती आदि किन्तु शौरसेनी से विशेष प्रभावित
नागर अपभ्रंश
राजस्थानी
—मालवी तथा निमाड़ी
—मेवाती, गूजरी
—जयपुरी, हाड़ोती
—पश्चिमी
—मारवाड़ी
—गुजराती
उत्तर की पहाड़ी भाषायें जो मूलतः खस अथवा दर्द थीं किन्तु जो प्राकृत युग में राजपूताने की बोलियों से प्रभावित हुई।
खस अपभ्रंश
पहाड़ी भाषाएँ
—पूर्वी (खसकुरा या नेपाली)
—मध्य (गढ़वाली, कुमायूंनी)
—पश्चिमी (चमेआली, कुल्लुई आदि)
उदीच्य
केकय मद्र टक्क आदि
शौरसेनी से प्रभावित
—पूर्वी पंजाबी
—पश्चिमी-पंजाबी या लहंदा
व्राचड़ अपभ्रंश
—सिन्धी

गुजराती एवं राजस्थानी को सोलहवीं शताब्दी तक एक ही भाषा माना गया है,[1] यद्यपि सौ वर्ष पहिले से ही इनमें साधारण विभेद आरम्भ हो गया था। नरसिंह मेहता का जन्म सन् १४१३ ई० में हुआ था। इनके द्वारा लिखित गीत आधुनिक गुजराती के अधिक निकट हैं, किन्तु गेय रूप में होने के कारण इतने वर्षों में इसकी भाषा में अन्तर हो जाना स्वाभाविक है। सन् १४५६ में रचित 'कांन्हडदे प्रबन्ध' की समान भाषा के रूप में ही संभवतया नरसिंह मेहता ने रचना की होगी। 'कांन्हडदे प्रबन्ध' का रचयिता 'पद्मनाभ' नरसिंह मेहता का समकालीन था। सोलहवीं शताब्दी में ये दोनों भाषायें अपने अलग-अलग रूपों में विकसित हुईं।[2]

जैसा कि ऊपर लिख आये हैं, राजस्थानी प्रधान पांच शाखाओं में विभक्त है। प्रत्येक शाखा की स्वयं की अपनी कुछ विशेषतायें हैं। पश्चिमी राजस्थानी के कुछ क्षेत्रों में **इकार** तथा **उकार** के स्थान पर **अकार** करने की प्रवृत्ति अधिक है, यथा—**हाजर, मनख, मालम, वराजौ** आदि। वर्तमान काल में इसमें जहां **है** का प्रयोग होता है वहां भूतकाल के लिये **हौ** या **हा** का प्रयोग होता है, यथा—**चालै है** (वर्तमान काल), **चालता हा** (भूतकाल)।[3] मेवाड़ी में **सकार** के स्थान पर **हकार** करने की प्रवृत्ति अधिक है। हम आगे विवेचन करेंगे कि राजस्थानी में **स** और **स़** के उच्चारण में कुछ भेद है जो साधारणतया अन्य भाषी विद्वानों के लिये कुछ कठिनता उत्पन्न कर देता है। मेवाड़ी **स** के स्थान पर **स़** या **ह** का प्रयोग अधिक होता है; किन्तु इसका यह परिवर्तन शब्द के प्रथम अक्षर तक ही सीमित रहता है। पश्चिमी राजस्थानी में प्रायः **बकार** के स्थान पर **वकार** करने की भी प्रवृत्ति है, यथा—**वात, वार**।

उत्तर-पूर्वी राजस्थानी में भी पश्चिमी राजस्थानी की तरह भूतकाल के लिए **हौ** का प्रयोग होता है। पश्चिमी राजस्थानी में संबंधकारक के लिए **रौ रा री** का प्रयोग होता है किन्तु पूर्वी राजस्थानी में **को का की** का प्रयोग अधिक है। अल्प प्राण का प्रयोग भी उत्तर-पूर्वी राजस्थानी की अपनी विशेषता है।[1]

पश्चिमी राजस्थानी के अन्तर्गत हमने मारवाड़ी, थली, बीकानेरी, बागड़ी, शेखावाटी, मेवाड़ी, खैराड़ी, गोड़वाड़ी आदि को भी गिना है। इन सब में आपस में कुछ विभेद हैं। बागड़ी में **चकार** और **छकार** का **स़कार** हो जाता है, जैसे—**स़ोर** (चोर), **स़ांनी** (छांनी) आदि। इसमें **सकार** का **हकार** भी होता है। किन्तु ऐसी अवस्था में **ह** की ध्वनि अत्यन्त निर्बल होकर **स** के निकट चली जाती है, यथा—**होनौ** (**सोनौ**)। गोड़वाड़ी में भी **सकार** को **हकार** में परिवर्तित करने की प्रवृत्ति प्रचलित है, यथा—**सिनांन** को **हिनांन** अथवा **स़िनांन**। इसमें **ड़** को भी **र** में परिवर्तित कर दिया जाता है, यथा—**कीरी** (**कीड़ी**) = चिउँटी। उसमें बागड़ी के समान ही **चकार** और **छकार** का भी **स़कार** हो जाता है, जैसे—**पस़ै** (पछै), **स़ोरी** (छोरी) आदि।

जहां पश्चिमी राजस्थानी में **वकार** करने की प्रवृत्ति है वहां ढूंढाड़ी में **वकार** के स्थान पर **बकार** करने की प्रवृत्ति प्रचलित है, यथा—**बात, बेंम, बचन** आदि। इसमें **आबौ, जाबौ, खाबौ** आदि रूप का प्रचार है। वर्तमान काल में **छै**, भूत काल में **छौ** तथा भविष्य काल में **ला** का प्रयोग होता है।[2] प्राचीन काल में **छै** का प्रयोग लिखित गद्य साहित्य में सर्वत्र पाया जाता है। मुंहणोत नैणसी की ख्यात एवं बाँकीदास की ख्यात इसके उदाहरण हैं, किन्तु आधुनिक समय में इसका प्रयोग केवल ढूंढाड़ी एवं उसके आसपास के क्षेत्र तक ही सीमित रह गया है। **इकार** तथा **उकार** का भी ढूंढाड़ी में **अकार** हो जाता है।

क्षेत्र-भेद की दृष्टि से राजस्थानी में विभिन्न विशेषताएँ पायी जाती हैं। ढूंढाड़ी और पश्चिमी राजस्थानी (मारवाड़ी) को ही हम शुद्ध राजस्थानी का रूप मान सकते हैं। अधिकांश साहित्य-सामग्री इसी में उपलब्ध है।[3] पूर्वी राजस्थानी ब्रज भाषा से प्रभावित है जबकि पश्चिमी राजस्थानी गुजराती से

---

[1] राजस्थानी भाषा—डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृष्ठ ४५ व ४६

[2] 'Gujrati must have differentiated from old western Rajasthani in the sixteenth century into a separate language'—Dr. S. K. Chatterji, Origin & Development of Bengali Language, Vol. I, Page 9

[3] Linguistic Survey of India, Vol. IX, Part, II Page 20.

---

[1] Linguistic Survey of India, Vol. IX, Part II, Page 43-51

[2] – वही – Page 41

[3] "The only dialect of Rajasthani which has a considerable recognized literature is Marwari"—Linguistic Survey of India, Vol. IX, Part II, Page 3.

साम्य रखती है। मोटे तौर पर यह देखा जाय तो मालूम होगा कि प्राय: विभिन्न संस्कृतियों का राजस्थान के रास्ते ही भारत के विभिन्न भागों में प्रसार हुआ है। अत: यह स्पष्ट रेखा द्वारा विभाजित नहीं किया जा सकता कि विभिन्न संस्कृतियों ने कब-कब और किस-किस रूप में यहां पर प्रभाव डाला। एक तरह से यह उन सब प्रभावों का सम्मिलित रूप है।

कुछ शब्दों के प्रयोग तो वास्तव में आश्चर्य में डाल देते हैं। राजस्थानी में कुछ ऐसे विशेष शब्द भी हैं जो वेदों में प्रयुक्त हुए हैं किन्तु उनका प्रयोग इतर भाषाओं में साधारणत: नहीं पाया जाता। उदाहरण के लिए कुछ शब्द इस प्रकार हैं—

१ **गिरिआरक** = सुमेरु पर्वत ('आरक' स्वर्ण के लिए प्रयुक्त हुआ है।)

२ **प्राचीन वरहिस** = इंद्र।

३ **दलम** = इंद्र।

४ **तविख** (तविष) = स्वर्ग।

ऐसे कई उदाहरण दिये जा सकते हैं। सीधे वेदों के बाद राजस्थानी में इन शब्दों का प्रयोग वस्तुत: राजस्थानी साहित्यकारों के विशाल अध्ययन एवं पांडित्य का परिचायक है। कुछ साहित्यकारों ने संस्कृत से सम्बन्ध दर्शाने के लिए कुछ शब्दों की विभिन्न व्युत्पत्तियां बताई हैं पर वे संदिग्ध हैं। वैसे भी प्रत्येक शब्द को बलात् खींच कर संस्कृत से संबंधित करने की प्रवृत्ति, जो आधुनिक युग में खूब प्रचलित है, उचित नहीं कही जा सकती। शब्दों को अपने स्वयं के स्वाभाविक रूप में ही ग्रहण करना वांछनीय है।

रूपभेद भी राजस्थानी की अपनी विशेषता है। एक ही शब्द के कई रूप यहां मिलते हैं, यथा—भूमि के लिए **भोम, भुमि, भुंहडी, भुंई, भंय, भुंवि**; पृथ्वी के लिए **प्रथी, प्रथवी, प्रथमी, पोहोवी, पुहमी** आदि। कुछ कवियों ने शब्दों के रूपभेदों को विशेष स्तर पर ही प्रयोग करने की सतर्कता बरती है, किन्तु कुछ अन्य कवियों ने स्वरों को दीर्घ ह्रस्व करने, शब्दों को तोड़ फोड़ कर नये अटपटे अर्थ में प्रयोग करने, अपनी इच्छानुसार स्वरों को उलट पुलट करने आदि में बहुत ही स्वतंत्रता से काम लिया है। यह संभव हो सकता है कि इस श्रेणी के कवियों ने अपभ्रंश की परम्परा के प्रभाव से ही ऐसे प्रयोग किये हों।[1]

जहां राजस्थानी की कई रचनाओं का स्तर बहुत ऊंचा है वहां राजस्थानी से अनभिज्ञ लेखकों, कवियों एवं संपादकों ने राजस्थानी को बहुत अटपटे शब्द दिये हैं। उदाहरण के लिए हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से प्रकाशित 'मीरां पदावली' में मीरां के एक प्रसिद्ध पद की पहली पंक्ति इस प्रकार दी है—

'बसो मेरे **णेणण** में नंदलाल'

राजस्थानी में **न** एवं **ण** दोनों का प्रयोग होता है और दोनों का अपना विशिष्ट स्थान है। प्राय: इतर भाषा-भाषियों ने यह मान लिया है कि राजस्थानी में **न** के स्थान पर सर्वत्र **ण** और **ल** के स्थान पर ळ का प्रयोग ही होता है।[2] संभव है अपभ्रंश के प्रयोगों के कारण इन्होंने राजस्थानी के सम्बन्ध में भी ऐसी ही धारणा बनाली हो। प्राकृत, मागधी आदि भाषाओं में जिन शब्दों में लगातार आने वाले दो **नकार** हों, वहां कहीं पूर्व **नकार** एवं कहीं उत्तर **नकार णकार** हो जाता है यथा—**नैण, णैन** (नैन), **नाणा, णाना** (नाना) आदि। राजस्थानी में यह प्रणाली प्रयुक्त नहीं होती। यहां शब्द के आरंभ में **ण** का प्रयोग नहीं पाया जाता। अपभ्रंश आदि भाषाओं में उपरोक्त प्रयोगों के कारण ही इतर भाषा-भाषियों द्वारा संपादित राजस्थानी के ग्रंथों में इस प्रकार की भूलें प्राय: पायी जाती हैं। कुछ उदाहरणों से दोनों के प्रयोग से अर्थ की विभिन्नता स्पष्ट हो जाएगी—

कांन = कर्ण	**कांण** = तराजू के पलड़ों में संतुलन की विषमता, मर्यादा आदि।
नांनौ = मातामह	**नांणौ** = रुपया-पैसा।
मन = जी, हृदय	**मण** = एक तौल परिमाण।

---

[1] इस सम्बन्ध में देखिये—'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण'—मू० ले० रिचर्ड पिशल, अनु०—डा० हेमचन्द्र जोशी, पृष्ठ ५९, पारा २८ का अंतिम अंश।

[2] देखिये—'मीरांबाई की पदावली' संपादक—परशुराम चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा प्रकाशित—भूमिका, पृष्ठ ६२ व ६३ पर दी गई टिप्पणियां (सातवां संस्करण)।

पांन = पत्ता | **पांण** = कलप, धार, बाढ़, बल, हाथ आदि ।
जांन = बारात | **जांण** = जानने की क्रिया ।
बोलौ = बोलिये ! | **बोलौ** = बधिर ।
पालौ = झाड़ी विशेष का पत्ता । | **पालौ** = पैदल ।
काल = कल | **काल** = यम, मृत्यु ।
कालौ = पागल | **कालौ** = काला, श्याम वर्ण ।

हम ऊपर राजस्थानी में शब्दों के रूप-भेद की चर्चा कर रहे थे । रूप-भेद होने के कई कारण हैं । भाषा-विज्ञान के अनुसार भी ध्वनि-परिवर्तन के कई कारण होते हैं, यथा–वाक्यंत्र अथवा श्रवणयंत्र की विभिन्नता, अनुकरण की अपूर्णता, अज्ञानता, भ्रमपूर्ण उत्पत्ति, बोलने में शीघ्रता, मुख-सुख, भावुकता, बना कर बोलना, विभाषा का प्रभाव, भौगोलिक प्रभाव, सामाजिक प्रभाव, लिखने के कारण, संक्षिप्त करने की प्रवृत्ति, बलहीन व्यञ्जन का आधिक्य, स्वाभाविक विकास, मात्रा या तुक, सादृश्य, स्वराघात आदि । ध्वनि-परिवर्तन में इनमें से कोई न कोई कारण अवश्य होता है । इन सब पर सूक्ष्म रूप से विस्तृत प्रकाश डालने का हमारा मंतव्य नहीं है तथापि राजस्थानी भाषा की वैज्ञानिक दृष्टि से विवेचना करने के लिये इनकी थोड़ी जानकारी विषयान्तर न होगी ।

मोटे तौर पर प्रायः प्रयत्न-लाघव के कारण भी कई शब्दों का निर्माण हो जाता है । असाधारण लंबाई को न संभाल सकने के कारण लोग सुविधा के लिए उसे छोटा कर देते हैं । उदाहरण के लिए **जयरांमजी की** का **जैरांमजी**, **चाय** का **चा** **छाछ** का **छा** एवं **साहब** का **सा** हो गया है ।

अनुकरण के कारण भी कई नये शब्दों का प्रयोग हुआ है यथा—**कँवर, भँवर, चँवर, टँवर** आदि । मात्रा या तुक मिलाने के लिए भी कुछ सिद्ध कवियों को छोड़ कर प्रायः अन्य कवि लोग ध्वनि में मनमाना परिवर्तन कर देते हैं । राजस्थानी के कुछ कविगण तो इसके लिये विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं । यथा—

सत्थ = साथ
किम्मत = कीमत
मुनी = मुनि
कव, कवी (कवि) आदि ।

पाद-पूर्ति के लिये प्रायः **ह, क,** स आदि का प्रयोग भी साधारण बात है । वेदों एवं संस्कृत में भी **ह** पाद-पूर्ति के रूप में प्रचुर मात्रा में आया है ।[1] उसी परंपरा के कारण राजस्थानी के काव्य-ग्रंथों में इसके कई उदाहरण मिल जायेंगे । अपभ्रंश की प्राचीन पद्धति के अनुसार भी शब्दों को कोमलकांत पदावली में परिवर्तित करने की इच्छा के कारण कुछ कवियों ने अकार को उकार में परिवर्तित कर दिया, यथा— **कमळु** (कमल), **चपळु** (चपल) आदि ।[2]

स्वराघात के कारण भी राजस्थानी में ध्वनि-परिवर्तन हुआ है । ऊंचे सुर देने के लिये हमें मुंह फैलाना पड़ता है, अतः संवृत स्वरों का कभी-कभी विवृत में परिवर्तन हो जाता है । इस प्रकार **इ** का **ए** और **उ** का **ओ** हो जाना साधारण बात है । यथा—

कुष्ठ = कोढ़ ।
कुक्षि = कोख आदि ।

अधिकतर ध्वनि-परिवर्तन प्रायः भाषा के प्रवाह में स्वयमेव हो जाते हैं । उनके लिए किसी विशेष अवस्था या परिस्थिति की आवश्यकता नहीं होती । भाषा विज्ञान ने इन्हें स्वयंभू (unconditional, spontaneous or incontact) कहते हैं । ये कई प्रकार से हो जाते हैं । बोलने में शीघ्रता या स्वराघात के प्रभाव से कुछ ध्वनियों का लोप संभव है । ऐसी ध्वनियों में आदि स्वर लोप के उदाहरण बहुत मिलते हैं ।

(i) **अमीर** = **मीर**
(ii) **अनाज** = **नाज**
(iii) **अकाल** = **काल**

स्वरों के अतिरिक्त व्यंजन-लोप के भी उदाहरण मिलते हैं, यथा—

---

[1] (क) बाल्मीकि रामायण में भी पाद-पूर्ति के लिए '**ह**' का प्रयोग प्रचुर मात्रा में मिलता है, यथा—

शबर्या पूजितः सम्यग्रामों दशरथात्मजः ।
पम्पा तीरे हनुमता संगतो वानरेणह ।।

बाल्मीकि रामायण
बालकांड, प्रथम सर्ग श्लोक ५८

(ख) अमरकोश में भी इसका उल्लेख है–'तु हि च स्म ह वै पादपूरणे 'इत्यमरः' । बाल्मीकि रामायण के बाद संस्कृत ग्रंथों में प्रायः इस प्रकार के प्रयोग नहीं मिलते ।

आदि व्यञ्जन लोप—

(i) **स्थाली = थाली**

(ii) **श्मशान = मसांण**

(iii) **स्थान = थांन**

(iv) **स्तम्भ = थंभ**

मध्य व्यञ्जन लोप—

(i) **सूची = सूई**

(ii) **कोकिल = कोइल**

(iii) **घरद्वार = घरबार**

(iv) **कायस्थ = कायथ**

(v) **कारतिक = कातिक**

अंत व्यञ्जन लोप—

(i) **सत्य = सत**

(ii) **निम्ब = नीम**

(iii) **जीव = जी**

इसके अतिरिक्त जब एक ही व्यञ्जन दो बार पास-पास आ जाता है तो प्रयत्न-लाघव के कारण दो के स्थान पर केवल एक ही व्यञ्जन प्रयोग में आने लगता है, यथा—

(i) **बाप-पड़ौ = बापड़ौ**

(ii) **नाक-कटौ = नकटौ**

प्राकृत एवं अपभ्रंश का प्रभाव भी राजस्थानी पर पर्याप्त रूप से पड़ा है।[1] प्राचीन राजस्थानी में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं—

(i) **वचन = बअ्रण**

(ii) **सागर = साअ्रर, सायर**

(iii) **संदेश = संदेसउ**

(iv) **नगर = नयर**

जहां बोलने में शीघ्रता के कारण किसी ध्वनि का लोप होता है वहां सुगमता के लिए नई ध्वनियों का भी प्रवेश हो जाता है। इसका प्रधान कारण उच्चारण की सुविधा है। इसके भी दो भेद होते हैं, यथा—

आदिस्वरागम—प्रायः ऊष्म ध्वनियों के आरंभ में ही यह प्रवृत्ति अधिक पायी जाती है।

(i) **स्नान = असनांन**

(ii) **स्तुति = असतूती**

(iii) **सवार = असवार**

(iv) **वारना = अवारणौ**

मध्यस्वरागम—

(i) **भ्रम = भरम**

(ii) **जन्म = जनम**

(iii) **स्वाद = सवाद**

विपर्यय भी ध्वनि-परिवर्तन का एक कारण है। असावधानी के कारण ही प्रायः इस प्रकार का ध्वनि-परिवर्तन होता है। यथा—

(i) **जानवर = जनावर, जिनावर**

(ii) **तमगा = तुगमौ**

(iii) **ब्राह्मण = बांम्हण**

(iv) **नारिकेल = नाळेर**

(v) **डूबणौ = बूडणौ**

रेफ[1] के कारण भी राजस्थानी में ध्वनि-परिवर्तन हो जाता है। रेफ के विषय में आधुनिक राजस्थानी में कोई विशेष नियम नहीं है। आधुनिक संपादकों ने अपने द्वारा संपादित ग्रंथों में रेफ का प्रयोग किया है। यह शोधकर्त्ताओं का कार्य है कि वे प्राचीन मूल प्रतियों (जो स्वयं रचयिताओं द्वारा लिपिबद्ध हो) से वर्तमान प्रतियों को मिला कर शोध करें। जहां तक हमारा प्रश्न है, हमने राजस्थानी में रेफ को नहीं माना है। प्राकृत एवं अपभ्रंश में रेफ का प्रयोग नहीं मिलता। संभव है वही परंपरा राजस्थानी ने ग्रहण करली हो। रेफ के लोप के कारण कई ध्वनि-परिवर्तनों के उदाहरण इस प्रकार मिलते हैं,[2] यथा—

---

[1] इसी प्रभाव के कारण ह्रस्व को दीर्घ करने के लिए कविता में प्रायः अनुस्वार अथवा वर्ण द्वित्व का प्रयोग कर दिया जाता है, यथा—कनक > कनंक, कटक > कटक्क, अमर > अम्मर आदि।

[1] रेफ से हमारा तात्पर्य 'र' के उस रूप से है जो अन्य अक्षर के पहले आने पर उसके मस्तक पर रहता है, यथा—हर्ष, सर्प आदि।

[2] (क) राजस्थानी भाषा और साहित्य—डा० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ ४०

(ख) ऐसा प्रायः स्वरभक्ति (Anaptyxis) के कारण होता है। देखो Elements of the Science of Language—by Taraporewala, Para 130 (d). Pp. 163-164.

(i) **कर्म = करम**
(ii) **दुर्गा = दुरगा**
(iii) **धर्म = धम्म, धरम**
(iv) **चर्म = चरम, चांम**

कुछ व्यञ्जन यथा **प, व, म, थ** आदि उच्चारण में स्वर के समीप होने के कारण स्वर में परिवृत होकर फिर अपने पहले के व्यंजन में मिल जाते हैं। इस प्रकार का परिवर्तन कई बार तो इतना विषम हो जाता है कि नयी ध्वनि मूल ध्वनि से नितांत साम्यरहित प्रतीत होने लगती है, यथा—

पुत्र = पुत्त = उत्त = वत[1]
शत = सअ = सव = सउ = सौ
नयन = नइन = नैन = नैण

राजस्थानी में प्रत्येक स्वर का अनुनासिक रूप भी पाया जाता है। इस भाषा में अनुनासिकता की अपनी कुछ विशेषताएँ हैं। चूंकि अनुनासिक ध्वनि ही हमारे लिए स्वाभाविक एवं सरल है अतः अनजाने ही उसका विकास स्वतः हो गया है। वास्तव में अनुनासिक एवं निरनुनासिक दोनों स्वर भिन्न-भिन्न हैं। अनुनासिक स्वरों के उच्चारण में स्थान वही रहता है किन्तु साथ ही कोमल तालु और कौवा नीचे झुक आता है जिससे मुख द्वारा निकलने के अतिरिक्त हवा का कुछ भाग नासिका विवर में गूंज कर निकलता है, इस कारण स्वरों में अनुनासिकता आ जाती है। कई स्थानों पर अनजाने ही अनुनासिकता का विकास हो गया है, यथा—

(i) **कूप = कूँआ**
(ii) **अश्रु = आँसू**
(iii) **उष्ट्र = ऊंट**
(iv) **पुच्छ = पूंछ**
(v) **अक्षि = आंख**

[1] The उत्त becomes वत by prati-samprasarana in these cases. I do not believe that पुत्र-पुत्त becomes वुत्त and thus वत्त; for in the case of गुहिलोत the steps are पुत्त-उत्त, (not पुत्त, वुत्त, उत्त)"
—Gujrati Language and Literature, Vol. I
—by N. B. Divatia, Pp. 146, Foot-note No. 24

राजस्थानी में अगर सबसे अधिक मतभेद किसी पर है तो वह अनुनासिक समस्या पर ही है। भाषा विज्ञान के अनुसार अनुनासिकता आना स्वाभाविक है। भाषा के स्वाभाविक विकास में ऐसा हो जाता है। संभवतया इसका मुख्य कारण मुख-सुख है।

राजस्थानी में उन सभी दो अक्षर वाले शब्दों में जिसमें पहला अक्षर **आ** स्वर से युक्त हो तथा दूसरा अक्षर अनुनासिक हो तो अनुनासिक के पूर्व अक्षर पर अनुस्वार लगता है। क्रियाओं के सम्बन्ध में यह नियम उनके धातु पर ही लागू होता है। धातु क्रिया के उस अंश को कहते हैं जो उसके समस्त रूपान्तरों में पाया जाता है। उदाहरणार्थ **चालणौ, चालियौ, चालेला, चालतौ** आदि समस्त रूपों में **चाल** अंश समान रूप से मिलता है, अतः **चाल** इन क्रिया-रूपों की धातु मानी जाती है जो संस्कृत के 'चल्' धातु से बनी है। कुछ विद्वानों के मतानुसार धातु की धारणा वैयाकरणों की उपज है एवं यह भाषा का स्वाभाविक अंग नहीं है।[1] प्रायः क्रिया के—**णौ** से युक्त साधारण रूप से—**णौ** हटा देने पर राजस्थानी धातु निकल आती है जैसे—**खाणौ, जांणणौ, देखणौ** में क्रमशः **खा, जांण, देख** धातु है। क्रिया के ऐसे धातु भी अगर दो अक्षर-युक्त हों एवं पहला अक्षर **आ** स्वर से युक्त हो तथा दूसरा अक्षर अनुनासिक हो तो अनुनासिक के पूर्व अक्षर पर अनुस्वार लग जाता है। अतः यह नियम साधारण तथा क्रिया-धातु वाले सभी शब्दों पर लागू होता है[2] —

साधारण—(i) **आम् = आंम**
(ii) **राम = रांम**
(iii) **काम = कांम**
(iv) **दान = दांन**

१ हिन्दी भाषा का इतिहास—धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ २६०
२ (क) भाषा विज्ञान— भोलानाथ तिवारी, पृष्ठ २०९—
"आज भी कुछ शब्दों में अनुनासिकता आ रही है, यद्यपि लिखने में अभी हमने उन्हें स्वीकार नहीं किया है—
आम = आंम　काम = कांम　हनूमान = हँनूमाँन
राम = रांम　नाम = नांम　महाराज = मँहाराज"
(ख) हिन्दी भाषा का इतिहास—धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ १४० भी द्रष्टव्य है।

क्रियाएँ—

क्रिया	राज. धातु	राजस्थानी रूप
जानना	**जांण**	**जांणणौ**
मानना	**मांण**	**मांणणौ**
तानना	**तांण**	**तांणणौ**
नमाना	**नांम**	**नांमणौ**

(अर्थ झुकाना एवं उंडेलना)

जिन क्रियाओं के धातु दो अक्षरयुक्त नहीं हैं अथवा प्रथम अक्षर **आ** की मात्रायुक्त एवं दूसरा अनुनासिक नहीं है तो ऐसी क्रियाओं में अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता—

क्रिया	राज. धातु	राजस्थानी रूप
आना	**आ**	**आणौ**
खाना	**खा**	**खाणौ**
चलना	**चाल**	**चालणौ**
मारना	**मार**	**मारणौ**
देखना	**देख**	**देखणौ** आदि

इसके अतिरिक्त दो से अधिक अक्षरों वाले कुछ शब्दों में भी अनुनासिकता प्रवेश करती जा रही है —

(i) **अमानत = अमांनत**
(ii) **खयानत = खयांनत**
(iii) **आनन = आंणण**
(iv) **बादाम = बादांम**
(v) **सामंत = सांमंत**
(vi) **प्राघुण = पांमणौ** आदि ।

किन्तु इसी श्रेणी के कुछ शब्द ऐसे भी हैं जो अनुनासिक नहीं होते, यथा—

(i) **करामात = करामात**
(ii) **आनंद = आणंद**
(iii) **कयामत = कयामत** आदि ।

वास्तव में इस सम्बन्ध में कोई निश्चित सीमा रेखा निर्धारित नहीं की जा सकती कि दो से अधिक अक्षरों वाले अमुक शब्दों में अनुस्वार लगेगा और अमुक में नहीं। यह प्रमुखतया उच्चारित की जाने वाली ध्वनि पर ही निर्भर है। इस ध्वनि की खोज किसी अन्य भाषा के प्रभाव से बच कर अथवा उसका आवरण हटा कर शुद्ध राजस्थानी की गहराई में पैठ कर ही की जा सकती है।

भाषा का वैज्ञानिक एवं स्वाभाविक रूप वह है जो बोलने की ध्वनि के अनुसार ही लिपिबद्ध हो। भाषा-विज्ञान ने यह मान लिया है कि यह ध्वनि स्वाभाविक है और आधुनिक भाषाओं में वह आ भी रही है। अतः उसके आगमन को स्वाभाविक मान कर उसे ग्रहण कर लेना उचित एवं वैज्ञानिक होगा। हिन्दी आदि कुछ अन्य भाषाओं में भी अब अनुनासिकता का प्रवेश हो रहा है। चाहे विद्वान अभी उसे लिखने में स्वीकार करने की स्थिति में न हों),[1] किन्तु राजस्थानी में इसका प्रवेश सोलहवीं शताब्दी से पहले ही हो चुका था। उस काल की प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में इसका प्रयोग देखा जा सकता है। जो विद्वान इसे स्वीकार करने के पक्ष में नहीं हैं वे संभवतया भाषा के स्वाभाविक प्रवाह एवं विकास को अवरुद्ध करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

भारत की विभिन्न बोलियों में भी अनुनासिकता की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।[2] वर्तमान बोलियां ही भविष्य में साहित्यिक भाषा का आधार बनती हैं। अतः इस विकास को दबाने की अपेक्षा इसे स्वाभाविक रूप में ग्रहण कर लेना ही युक्तिसंगत है। अतएव इसी प्रणाली को हमने कोश में स्वीकार किया है।

कुछ लोगों के कथनानुसार राजस्थानी में सबसे अधिक तोड़-मोड़ नामों में हुई है, चाहे वे किसी मनुष्य के नाम हों अथवा किसी स्थान विशेष के। किन्हीं स्थानीय नामों का ब्यौरेवार अध्ययन करने के लिये स्थानीय जातियों की भाषा, प्रसार और तत्कालीन रहन-सहन की जानकारी अत्यावश्यक है। मुंडारी, द्रविड़, आर्य एवं म्लेच्छ परिवार की भाषाओं ने स्थान-नामों की रचना में महत्वपूर्ण भाग अदा किया है।[3] परिवर्तित साहित्यिक विशेषताओं ने इन नामों पर पर्याप्त प्रभाव डाला है। संस्कृत शब्दों को जिन प्राकृत एवं अपभ्रंश की साहित्यिक विशेषताओं में से गुजरना पड़ा उनका उन

---

[1] भाषा-विज्ञान—भोलानाथ तिवारी, पृष्ठ २०६।

[2] धीरेन्द्र वर्मा ने 'हिन्दी भाषा का इतिहास' पृष्ठ १०६ में इस प्रकार के अनुनासिक स्वरों की छोटी सी तालिका दी है।

[3] पाणिनिकालीन भारतवर्ष—वासुदेवशरण अग्रवाल, पृष्ठ १८०।

नामों पर भी प्रभाव आवश्यक था। नामों के रूपभेद का मोटे रूप से मुख्य कारण यही है,[१] यथा—

चित्तौर—चतरंग, चत्रंग, चत्रंगद, चत्रकोटगढ़, चत्रगढ़, चात्रंग, चात्रक, चितावर, चित्रकूट, चित्रकौर, चीतगढ़, चीतदुरंग आदि।

नामों में एक प्रकार की जातीय और वैयक्तिक सुरुचि, आस्था और संस्कृति की छाप पाई जाती है। चरक[२] ने नामों को दो प्रकार से विभक्त किया है—नाक्षत्रिक नाम एवं आभिप्रायिक नाम। वह नाम जो किसी नक्षत्र में हुए जन्म के अनुसार रक्खा जाता है, नाक्षत्रिक नाम कहलाता है। आभिप्रायिक नामों में कोई अभिप्राय निहित रहता है। अधिकांश नाम प्रायः आभिप्रायिक ही पाये जाते हैं। ऋग्वेद काल एवं उसके उपरांत पिता से प्राप्त होने वाले पैतृक नाम को जोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ती गई। राजस्थान की शासकीय एवं उससे सम्बन्धित अन्य जातियों में यह प्रवृत्ति पर्याप्त रूप से परिलक्षित होती है, यथा—**रामसिंह जोधावत, नाथूराम खड़गावत** आदि। पाणिनि ने अपने अष्टाध्यायी में इसका विस्तार के साथ उल्लेख किया है। गोत्र एवं उपगोत्रीय नामों के अतिरिक्त स्थानवाची नाम भी राजस्थान में प्रचलित हैं। स्वयं के रहने अथवा पूर्वजों के रहने से - दोनों प्रकार से स्थानवाची नामों का निर्माण हो जाता है। किसी स्थान से हटने पर भी उस व्यक्ति की सन्तानें उस स्थान के नाम को जारी रखती हैं, यथा—**गोविंदलाल जयपुरिया, धनराज मेड़तिया** आदि। किसी स्थान की शासक जाति भी कालांतर में उस स्थान से सम्बन्धित स्थानवाची नाम ग्रहण कर लेती है। प्राचीन समय में सांभर पर चौहानों का राज्य रहा था, उसी कारण चौहानों को आज भी **सांभरिया** कह देते हैं।

राजस्थान में नामों के सम्बन्ध में कुछ ऐसी विशेषतायें हैं जो आधुनिक समय में प्रायः अन्य स्थानों में नहीं मिलतीं। विवाहोपरांत स्त्री प्रायः अपने पति का गोत्र ही नाम के साथ लिखती है। कायस्थ जाति की सक्सेना लड़की का विवाह किसी माथुर के साथ होने पर वह श्रीमती कमला माथुर के नाम से ही पुकारी जाती है। राजस्थान में कहीं-कहीं इससे विपरीत प्रथा मिलती है। यहाँ की कई शासकीय जातियों में लड़की विवाहोपरांत भी अपना गोत्र एक इकाई के रूप में कायम रख लेती है, यथा—**कूंपावतजी** आदि। गोत्र के साथ जी लगाने से उस गोत्र की स्त्री का बोध होता है जिस गोत्र से वह आई है। यही कारण है कि अन्य प्रान्तों की तरह गोत्र के साथ **जी** लगा कर पुकारने या लिखने की प्रथा राजस्थान में नहीं है। किसी राणावत गोत्र के पुरुष को राणावतजी कह कर पुकारना यहाँ अशिष्टता है। यहाँ जी वर्ण ने भी नामों में एक नवीनता उत्पन्न करदी है।[१]

नामों के प्रायः दो भाग होते हैं, यथा—पूर्वपद एवं उत्तरपद, यथा – **रायमल्ल**। वैदिक काल में नाम बह्वच (बहुत अच् वाले) होते थे जो पूर्वपद एवं उत्तरपद के मेल से बने होते थे।[२] कालांतर में उत्तरपद या पूर्वपद को लोप करके नामों को छोटा करके बोलने या लिखने की प्रथा चल पड़ी। राजस्थानी के कवियों ने इसका खूब लाभ उठाया। एक नाम के दोनों पदों को उलटने, किसी पद को लुप्त करने तथा रूपांतरित करने में वे अग्रणी रहे हैं। इस नई परंपरा ने एक प्रथा का रूप धारण कर लिया है, यथा रायमल्ल के विभिन्न प्रचलित रूपभेद हैं—**राय, मल्लराय, मल्ल, रायमल, रायम** आदि। नामों को छोटा करने में प्यारवाचक या निंदावाचक अल्पार्थों ने भी बहुत योग दिया है जिनका वर्णन हम आगे अल्पार्थ शब्दों का विवेचन करते समय करेंगे।

धर्म, देवी-देवताओं एवं पशु-पक्षियों का भी मनुष्यों के नामकरण पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। देवताओं के नाम, मनुष्यों के नामों में इस प्रकार घुल-मिल जाते हैं और पुरातत्त्व की सामग्री की तरह बच रहते हैं। **सिंह** शब्द का भारतीय एवं विशेष कर राजस्थानी नामों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है।

---

१ राठौड़—राठवड़, राठउड़, राठोड़, राइठोड़, रट्ठवड़, रट्ठउड़, राठौहड़, राउठउड़।
चौहान—चाहवांण, चाहमांण, चहुआंण, चहुवांण, चवांण, चुहांण, चोहांण, चोहान।

२ देखो–चरक, शरीर-स्थान, अ० ८। ५१

---

१ प्राचीन काल में भी एक जनपद में उत्पन्न राजकुमारियाँ या स्त्रियाँ विवाह के बाद जब दूसरे जनपद में जाती थीं तो पतिगृह में वे अपने जनपदीय नाम से ही पुकारी जाती थीं। इससे स्त्रियों की सामाजिक प्रतिष्ठा और गौरवात्मक स्थिति का संकेत मिलता है, यथा—माद्री, कुंती, गांधारी आदि।

२ अष्टाध्यायी : पाणिनि—५/३/७८

राजस्थानी नामों के उत्तरपद के रूप में **सिंह** शब्द को जो स्थान मिला है वह संभवतया किसी अन्य शब्द को नहीं मिला।

कुछ व्यक्ति विशेष के नाम अत्यधिक महत्व पाने पर कालान्तर में विशेषण का रूप धारण कर लेते हैं। प्रसिद्ध **बाघ**[1] नाम क्षत्रिय ने उत्पन्न **बगड़ावतों** की वीरता के कारण प्रायः राजस्थान में काम निकालने वाले वीर, साहसी पुरुषों को **बघड़ावत** विशेषण से संबोधित किया जाता है। बुवाल के राजा ईहड़देव चालुक्य की पुत्री **जयमती**[2] अत्यन्त दुश्चरित्रा हुई। पति के वृद्ध होने के कारण उसने राव भोज के साथ रहना चाहा और बाद में उनकी ही मृत्यु का कारण बनी। इसी के आधार पर आज भी दुश्चरित्रा स्त्री को दुत्कारते समय **जा ! ए रांड जैमती !** कह कर फटकारा जाता है। इन उदाहरणों से यह मान लेना उचित न होगा कि जिस व्यक्ति के लिये ये विशेषण रूप प्रयोग किये जांय- उनमें उस विशेष नामधारी व्यक्ति के गुणों का संन्निहित होना आवश्यक है। कालान्तर में नाम के साथ संयुक्त गुण अलग हो जाते हैं और वे किसी दूसरे ही अर्थ में प्रयुक्त होने लगते हैं। अफलातून एक प्रसिद्ध दार्शनिक था, किन्तु आज राजस्थान में किसी जबरदस्त व प्रबल व्यक्ति को भी **बड़ौ अफलातून** आदमी है, कह दिया जाता है। यद्यपि दर्शन के साथ उस व्यक्ति का किंचित् मात्र भी सम्बन्ध नहीं होता। प्राचीन कुक्कुटध्वज नामक राजा के कारण **खख्खड़धज**, प्रसिद्ध धनवंतरि वैद्य के कारण **धन्तरजी** आदि विशेषण प्रचलित हो गये हैं। अंग्रेजी शासनकाल के गवर्नर जनरल का लॉर्ड विशेषण **लाटसाहब** व्यंग्य रूप में आज भी प्रयुक्त किया जाता है। ये सब नाम विशेषण रूप में होकर सर्वसाधारण में प्रयुक्त होने लगे हैं।

प्रत्येक शब्द का अपना कुछ विशेष इतिहास होता है, उसकी निश्चित पृष्ठभूमि होती है। एक भाषा के शब्द दूसरी भाषा में बिल्कुल विभिन्न अर्थ में प्रयुक्त हो जाते हैं, यद्यपि तत्सम रूप के कारण उनका लगाव पुरानी भाषा से भी सम्बंधित रहता है। इस सम्बन्ध में कई रूप प्रचलित हैं, यथा—अर्थ-संकोच, अर्थ-विस्तार, अर्थ-परिवर्तन आदि। पूर्व संस्कृत में **सर्प** शब्द समस्त रेंगने वाले जंतुओं के लिए प्रयुक्त होता था किन्तु अर्थ-संकोच के कारण आज वह केवल **साँप** के लिए प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार **संध्या** शब्द जो सबेरे, शाम (प्रातः संध्या, सायं संध्या) दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता था, भ्रम के कारण अब केवल शाम के अर्थ में ही प्रयुक्त होता है। अर्थ-परिवर्तन के कारण भी कुछ शब्द भाषा बदलते समय अर्थ भी बदल लेते हैं। अरबी भाषा में **हैफ** शब्द अफसोस, दुख एवं अत्याचार के अर्थ में आता है किन्तु इसी भाषा से राजस्थानी में आने पर यही **हैफ (हैप)** शब्द आश्चर्य एवं विस्मय का अर्थ देता है। फारसी भाषा में **खसफोस** विशेषण रूप में 'घास से ढका हुआ' या 'घास से आच्छादित' के अर्थ

---

१ बाघ नामक क्षत्रिय के विषय में प्रसिद्ध है कि उसने अपने निवास-स्थान गोठण की पच्चीस भिन्न-भिन्न जाति की कन्याओं के साथ जंगल में गंधर्व विवाह कर लिया था। बात प्रकट होने पर कन्याओं के माता-पिताओं ने भी इनका विवाह बाघ के साथ कर दिया। विवाह के समय ग्राम का पुरोहित (गुरु) ने विवाह के पहले बाघ से यह प्रण करा लिया कि विवाह की दक्षिणा में एक कन्या जो सबसे सुन्दरी होगी, उसको उसे देना होगा। अतः गुरु की इच्छानुसार अत्यन्त सुंदरी मेघवाल (बलाई) जाति की कन्या का विवाह गुरू के साथ कर दिया गया। इसकी संतान गुरड़ा नामक नई स्वतंत्र जाति के रूप में प्रसिद्ध हुई। शेष चौबीस कन्याओं के जो चौबीस पुत्र उत्पन्न हुए वे अपने पिता के नाम पर 'बघड़ावत' कहलाये। ये चौबीसों भाई अपने समय के प्रसिद्ध वीर और दानी हुए। वदान्यता में इनकी साम्यता कर्ण से की जाती है और ये लोग प्रातःस्मरणीय माने गये हैं।

(सौरभ, भाग १, खंड २, मार्च सन् १९२१, पृष्ठ १७ की टिप्पणी)

२ यह बुवाल के राजा ईहड़देव चालुक्य की पुत्री थी। इसका विवाह राण भणाय के वृद्ध राजा बाघराज पड़िहार से हुआ था। बाघ के चौबीस पुत्रों की वीरता के प्रभाव से वृद्ध राजा ने बघड़ावतों के साथ भ्रातृ-भाव स्थापित कर लिया था। बघड़ावतों में एक भोज भी था जिसने इतना धन लुटाया कि चारों ओर उसकी कीर्ति फैल गई थी। अपने पति को वृद्ध एवं भोज को सुन्दर एवं युवा देख कर उन्हें पति रूप में ग्रहण करने के विचार से भोज के पास संदेश भेजा। भोज ने उचित मौका देख कर बाघराज की अनुपस्थिति में डाका डाल कर जयमति को उड़ा लिया। इस पर बाघराज ने एक बड़ी सेना लेकर भोज पर चढ़ाई करदी। इधर जयमती भी भोज से शीघ्र ऊब गई और मन ही मन पछताने लगी। अतः उसने भोज एवं उसके भाइयों को मरवाने के उद्देश्य से बाघराज से लड़ने को खूब प्रोत्साहित किया। सब भाई एक-एक कर के बाघराज की सेना द्वारा मार डाले गये। इसी दुश्चरित्र एवं कपट भाव के कारण जयमती को कालान्तर में अत्यन्त हेय दृष्टि से देखा जाने लगा।

(सौरभ, भाग १, खंड २, मार्च सन् १९२१, पृष्ठ १८ की टिप्पणी)

में प्रयुक्त होता है किन्तु राजस्थानी में यह संज्ञा रूप में आच्छादन या पाटन के लिये आता है। कई बार तो एक ही भाषा के शब्दों में अर्थ-परिवर्तन हो जाया करता है।[1] स्थान विशेष से सम्बंधित बहुत से नाम भी कालान्तर में सार्वदेशिक बन जाते हैं। पुराने सिंध प्रान्त में अच्छा घोड़ा व नमक मिलने के कारण वहाँ के घोड़ों को **सैंधव** कहते हैं किन्तु कालान्तर में यही नाम प्रायः नमक एवं घोड़े का पर्याय ही बन गया।[2] कई बार नये आये शब्द पुराने शब्दों को दबा देते हैं। इस प्रकार पुराने शब्दों का प्रचलन कम होता जाता है। नये **लैम्प** एवं **लालटेन** ने प्राचीन **दीपक** एवं **दीवौ** का प्रयोग बहुत कम कर दिया है। अरबी, फारसी, इरानी, तुर्की, पुर्तगाली आदि भाषा के अनेक शब्दों ने ग्रामस्तर तक की बोलचाल की भाषा में घर कर लिया है, यथा—**सा'ब, जवाब, जलसौ, अरज, तमाकू, अलमारी,** इत्यादि।

सादृश्य का प्रभाव भी जोड़ी के शब्दों मे बहुधा दिखाई देता है। स्वर्ग-नरक राजस्थानी में इसी सादृश्य के प्रभाव के कारण **सरग-नरग** हो गये। व्यर्थ की पंडिताई की अहमन्यता में पड़ कर कुछ लोग सादृश्य के स्थान के अशुद्ध प्रयोग कर बैठते हैं।[3] राजस्थानी के **सराप** (शाप) को वे **श्राप** लिख कर संस्कृत से निकटता एवं पंडिताई का दम भरते हैं। इसी प्रकार **जबाब** को **जवाब, रवाज** को **रिवाज, जिगर** को **ज़िगर, कागज** को **काग़ज** आदि कहने एवं लिखने वालों की कमी नहीं है। अन्य भाषा में प्रयुक्त होने पर शब्द भी कुछ मर्यादित होकर नयी भाषा के नियमों एवं व्याकरण के साँचे में ढल जाते हैं।

ध्वनि-विकास एवं ध्वनि-परिवर्तन की गति बहुत ही मंद होती है। संस्कृत का 'अग्नि' आज **आग** हो गया है, किन्तु इसे इस रूप में आने में कितनी शताब्दियां लगी होंगी? इसके बीच में **अग्गी, अग्गि, आगि** आदि रूप भी आये होंगे। इसके अतिरिक्त **ई** का ह्रस्व **इ** और उससे फिर लोप हो जाना भी कम समय का द्योतक नहीं है। यदि **ई** की काल-मात्रा ४० इकाई रही हो तो उसको शून्य तक पहुँचने में कई सौ वर्ष लगे होंगे। ध्वनि-विकास तो मनुष्य समुदाय में अनजाने ही अपने-आप हुआ करता है। किसी भाषा-वैज्ञानिक द्वारा भाषा-विज्ञान के अध्ययन के समय ही इस परिवर्तन का पता चलता है।

संस्कृत की कुछ परंपरायें राजस्थानी में भी उसी रूप में मिलती हैं। संस्कृत के कुछ शब्दों के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति होने पर भी अर्थ प्रायः वही रहता है, यथा - **चल = चंचल**। इसी प्रकार राजस्थानी में भी कुछ शब्द बन गये हैं—**छेड़णौ = छंछेड़णौ; छोरापण = छिछोरापण** आदि।

ध्वनि-विकास के इस प्रकरण में राजस्थानी की कुछ अन्य ध्वनि-विकास-विशेषताएँ उल्लेखनीय हैं।

आद्य या मध्य अक्षरों में, उसके पूर्व या पश्चात् दीर्घ-स्वर वाला कोई अक्षर हो तो राजस्थानी में **अ** का **इ** हो जाता है, यथा-सं०-**कपाट**, अप०-**कवांड**, रा०-**किंवाड़**, अ० **सलांम**, रा० **सिलांम**। इसी प्रकार **उ, ऊ, प, फ, ब, भ** और **म** ओष्ठय वर्णों के पूर्व या पश्चात् **अ** आने पर वह प्रायः 'उ' का रूप धारण कर लेता है। यथा सं०-**प्रहर**, अप०-**पहर**, रा० **पुहर**, सं० **पल**, रा० **पुल**। दो या दो से अधिक अकारयुक्त व्यञ्जन एक दूसरे के बाद आने पर **अ** प्रायः फैल कर **अइ** हो जाता है, यथा-**करइतु = करतु**; कहीं पर यह **ऐ** भी हो जाता है, यथा—सं०-**सहस्र**, रा०-**सैंस**। कहीं-कहीं पर **इ** दुर्बल होकर **अ** हो जाता है, यथा—**इन्द्र = अंद्र, इला = अला**; तथा कहीं-कहीं पर **उ** दुर्बल होकर **अ** हो जाता है, यथा—**उलूक = अलूक**। प्राकृत एवं अपभ्रंश के **अई** का भी केवल **इ** के रूप में सरलीकरण हो गया, यथा—सं० **करोति**, अप० **करइ**, रा० **करि**। इस सरलीकरण के साथ ही व्याकरण की दृष्टि से भी निर्मित रूप पूर्वकालिक हो गया है। तत्सम रूपों के तद्भव रूपों में परिवर्तित होने के

---

[1] इस सम्बन्ध में निम्नलिखित उदाहरण द्रष्टव्य है—

"The word असुर meant originally the Deity (lit, the Lord of Life, असू), but later on it was misunderstood and the initial अ- was taken to be the negative prefix and a new word सुर was coined to mean "god" and असुर came to have the meaning 'demon'.

—Elements of Science of Language
by Taraporewala, Pp. 102.

[2] —वही—पृष्ठ १०५

[3] सामान्य भाषा विज्ञान—बाबूराम सक्सेना, पृष्ठ ६७

साथ ही व्याकरण की दृष्टि से रूप बदलने की विवेचना हम पीछे कर चुके हैं।

बलाघात एवं भावातिरेक का भी भाषा-परिवर्तन पर बहुत प्रभाव पड़ता है, यद्यपि इसके मूल में भी सुविधाजनक प्रयत्न-लाघव ही होता है। शब्दों के प्रयत्न-लाघव के साथ भाव-संबंधी प्रयत्न-लाघव भी कार्य करता है। कुछ मनुष्य वास्तविक स्थिति को तुच्छ समझ कर एवं कुछ कम कर के आंकते हैं। अल्पार्थ शब्दों की उत्पत्ति का यही कारण है। प्रेम, स्नेह, ईर्ष्या, द्वेष आदि मनोविकार भी ऊनवाचक शब्दों की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। ऊनवाची शब्दों का विभाजन निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है—

प्रत्येक को तुच्छ समझ कर एवं कुछ कम कर के आंकने की एवं अहंभाव की रक्षा करने की प्रवृत्ति ही शुद्ध तुच्छता-द्योतक ऊनतावाचक शब्दों की उत्पत्ति का कारण बनती है। अचेतन मन की इस अहंभाव की तुष्टि के अतिरिक्त किसी अन्य मनोविकार या भाव की अभिव्यक्ति इसमें नहीं होती। पाणिनी-काल में भी इस प्रकार के प्रयोग प्रचलित थे। पाणिनि ने इस सम्बन्ध में अपने व्याकरण के सूत्र ५। ३। ८०; ५। ३। ८१; ५।३।८६; में इनका उल्लेख किया है। प्रस्तुत कोश में इस प्रकार के समस्त अल्पार्थों को संबंधित शब्द के साथ देने का प्रयत्न किया गया है, यथा—**घोड़ौ = घोड़लौ, घोड़ियौ; गधौ = गधेड़ौ, गधेड़ियौ** आदि।[1]

भावातिरेक के कारण भी भाषा में परिवर्तन होता है, यद्यपि इसके मूल में भी सुविधाजनक 'प्रयत्न-लाघव' कार्य करता है। दुलार की आंतरिक भावना कई बार हमारे द्वारा उच्चारित शब्दों में भी झाँकने लगती है। बच्चों के पग को दुलार में हम कई बार **पगलिया** कह बैठते हैं। **कमलेश** नामक शिशु को हम प्यार में **कमियौ** कह बैठते हैं।[1] **बाँह** का **बँहिया, मुख** का **मुखड़ौ** रूप मोहक मोहन के अतिशय प्रेम का ही द्योतक हो सकता है। प्रेमातिरेक के कारण मनुष्य अपने स्निग्धजनों के नाम कुछ-कुछ बिगाड़ कर बोलने लगता है। जहाँ प्रेमातिरेक के कारण शब्दों के उच्चारण में कुछ अंतर आ जाता है, वहाँ गुस्से में प्रायः नाम और शब्द भी बिगड़ जाया करते हैं। कुछ विषयों या व्यक्तियों के प्रति हमारे मन में घृणा के स्थायी भाव (Sentiments) नहीं होते किन्तु उनके प्रति कभी क्रोध आने पर हम शब्दों को बिगाड़ डालते हैं, यथा—**कालूराम** का **कालूड़ौ**।

कुछ व्यक्तियों के प्रति हमारे आंतरिक मन में क्रोध अथवा घृणा के स्थायी भाव (Sentiments) होते हैं। तब हमारा अचेतन मस्तिष्क (Unconcious-mind) उस घृणा एवं क्रोध को शब्दों के बिगड़े हुए रूप में प्रस्तुत कर प्रकट भी कर देता है, यथा—**साधु = साधुड़ौ**। इस आधार पर बिगड़े उच्चारण के शब्दों अथवा विषय के प्रति उच्चारणकर्ता के हृदय में तनिक भी श्रद्धा नहीं होती। इस प्रकार विभिन्न मनोविकार शब्दों के भाषा-वैज्ञानिक पहलू की दृष्टि से काफी प्रभावशाली सिद्ध होते हैं।

जहां अपने अहंभाव के कारण अथवा अन्य किसी मनोविकार के कारण ऊनतावाची शब्दों की उत्पत्ति होती है वहां दूसरे का महत्व कुछ अधिक प्रकट करने के लिये महत्ववाची शब्दों का प्रयोग भी पाया जाता है। यह वास्तविक वस्तु को कुछ अधिक बढ़ा-चढ़ा कर (चाहे वह आकार में हो अथवा भाव में) प्रस्तुत करने के प्रयत्न के कारण होता है। ऐसे शब्दों के रूप, औकारांत अथवा अकारांत ही होते हैं। मूल रूप के अकारांत, औकारांत शब्द अपने महत्ववाची रूप में अकारांत हो जाते हैं, यथा— **गधौ = गधेड़, घोड़ौ = घोड़** आदि।

राजस्थानी भाषा के स्वरों की कुछ अपनी विशेषताएँ हैं। कई स्वरों के उच्चारण में वैशिष्ठ्य है। विशेष रूप में इनको स्पष्ट करने के लिये प्रत्येक का अपने अलग रूप में स्पष्ट करने का प्रयत्न वांछनीय होगा।

अ—यह ह्रस्व अर्द्धविवृत मध्य स्वर है। जैसा कि हम

---

[1] कई बार इस सम्बन्ध में 'की' का प्रयोग भी हो जाता है, यथा—नाथी = नथकी।

[1] ली का प्रयोग—चिड़कली, धीवड़ली।

पहले विवेचन कर चुके हैं। कुछ शब्दों **में अ स्वर** लुप्त हो गया है,[1] यथा—**अनाज = नाज, अकाल = काल**

यह कहीं मध्य में लोप होता है तथा कहीं अंत में। लुप्त होने के साथ ही विभिन्न दूसरे स्थलों में इसका आगम भी हो जाता है। रेफ वाले प्रायः समस्त शब्दों में **अ** का आगम होता है, यथा—**धर्म = धरम, कर्म = करम** । किन्तु कुछ स्थलों में **अ** शुद्ध रूप में प्रवेश पा गया है, यथा—**जंबुअदीप**, **दुअट्ठ** आदि। **अ** का **आ** के स्वर में परिवर्तन भी यदा-कदा हो जाता है, यथा—**महेस = माहेस, उदयपुर = उदयापुर, समरथ = समराथ** आदि। कहीं-कहीं **अ** के स्थान पर **इ** का प्रयोग हो जाता है, यथा—**जग = जिग, कलोल = किलोल** आदि। **अ** के **उ** में परिवर्तन के भी कई उदाहरण प्राप्त हैं, यथा—**श्मशान—मसांण > मुसांण, अज्ज > अज्जु, वायस > वायसु आदि। अ का य** में परिवर्तन—

रतन > रतन > रअण > रयण ।

आ—यह दीर्घविवृत्त पश्च संयुक्त स्वर है। **आदोत = दोत, आडंबर = डंबर** आदि शब्दों में **आ** का लोप हुआ है तथापि—**रण = आरांण** आदि शब्दों में **आ** का आगम हुआ है। कई बार अंतिम अक्षर **आ** के स्थान पर **अ** का ही प्रयोग हो जाता है, यथा—**सीता = सीत, लंका = लंक** । स्त्रीत्व-निर्देशक टा (आ बन्त) प्रत्यय से सिद्ध हुए शब्दों का अंतिम आकार प्रायः अकार में परिणत हो जाता है,[2] जैसे—**गंगा = गंग, सीता = सीत, सीय, माला = माल, धारा = धार** आदि। शब्द के आदि **में भी आ** का कई बार **अ** में परिवर्तन हो जाता है, यथा—**राजपूत = रजपूत, आग्या = अग्या** ।

ओ, औ—ये अर्द्धसंवृत, दीर्घ, पश्च, स्वर हैं। शब्दों के अंत में **अय** के प्रयोग पर **औ** का परिवर्तन धीरे-धीरे स्थान ले लेता है, यथा—**समय = समो, अजय = अजौ** । राजस्थान में प्रायः **ओ** और **औ** के प्रयोग के सम्बन्ध में अत्यधिक मतभेद चला आ रहा है। प्रायः लोगों ने अधिकतर इस सम्बन्ध में स्वच्छंदता ही बरती है। अन्य भाषाओं में अधिकतर शब्द मर्यादित हो जाने के कारण इन दोनों स्वरों के मध्य एक निश्चित सीमा-रेखा निश्चित हो गई है। प्राचीन प्रतियों में इनका स्वतंत्र अमर्यादित प्रयोग मिलता है किन्तु संभव है, वह लिपिकर्ताओं की कृपा का फल हो। इस सम्बन्ध में विशेष गवेषणा की आवश्यकता है। यह निश्चित है कि राजस्थानी में प्रायः सभी **ओकारांत** शब्दों के अन्त में **औ** का प्रयोग ही होता है, यथा—**घोड़ौ, गधौ, म्हारौ, प्यारौ** आदि। समस्त क्रियाओं में भी यही परिपाटी है, यथा—**करणौ, मरणौ, कटणौ, खाणौ, जांणणौ, मांनणौ** आदि। प्रायः अधिकतर लेखकों ने क्रियाओं के अंत में **औ** का ही प्रयोग किया किन्तु अन्य के विषय में काफी भिन्नता मिलती है। यह तो हमें मानना पड़ेगा कि राजस्थानी भाषा की प्रवृत्ति **औ** की ओर अधिक झुकाव प्रकट करती जा रही है। वैसे भी हिन्दी के समस्त आकारांत शब्द राजस्थानी में औकारांत ही पुकारे जाते हैं, यथा—**गधा = गधौ, घोड़ा = घोड़ौ** ।

बलाघात के कारण हम किसी विशेष अक्षर पर अधिक प्राणशक्ति व्यय कर देते हैं, उसका परिणाम हमें दो रूपों में मिलता है। अंतिमाक्षर पर बलाघात के कारण ही प्रायः अंतिमाक्षर के रूप में **औ** के प्रयोग की बहुलता मिलती है। दूसरा परिणाम यह भी होता है कि किसी अक्षर विशेष पर अधिक प्राणशक्ति खर्च कर देने पर आसपास के अक्षर कमजोर पड़ जाते हैं तथा कभी-कभी इसी कमजोरी के कारण वे गायब भी हो जाते हैं, यथा—**समय = समयौ = समौ** । किन्तु अंतिमाक्षर के रूप में समस्त शब्दों के पीछे **ओ** के स्थान पर **औ** का प्रयोग कठोरता से लागू नहीं किया जा सकता। ओकारान्त वाले शब्दों में यह कठिनाई अधिक बढ़ जाती है। **ओ** और **औ** के द्वारा वे भिन्न अर्थ देते हैं, यथा—**सो—सौ, रो—रौ, जो—जौ** आदि। तब भी इन थोड़े से शब्दों को अपवाद मान लिया जाय तो ओकारांत समस्त शब्दों के अंत में **औ** का प्रयोग प्रायः सब जगह किया जा सकता है।

उ— यह संवृत्त ह्रस्व पश्च स्वर है। प्राचीन एवं मध्यकालीन राजस्थानी ग्रंथों में इसके प्रयोग के प्रचुर

---

[1] स्वर या व्यञ्जन लोप अथवा आगम, एवं परिवर्तित शब्दों के रूप देने का यह अर्थ नहीं है कि इस प्रकार के परिवर्तन इस श्रेणी में आने वाले प्रत्येक शब्द में आवश्यक रूप से होते ही हों। उनका ऐसा परिवर्तन संभव है। कई बार इस प्रकार के परिवर्तित नये रूप एवं पूर्व अपरिवर्तित रूप दोनों भाषा में प्रयुक्त होते रहते हैं।

[2] कुछ पुल्लिग शब्दों में भी ऐसा परिवर्तन होता है, जैसे—पिता = पित, दाता = दात आदि।

उदाहरण पाये जाते हैं, यथा- **सउदागर, संदेसड़उ, सासरउ, कियउ** आदि। कालांतर में इसी **अउ** ने **औ** का रूप ले लिया[1], यथा- **सौदागर, संदेसड़ौ, सासरौ, कियौ** आदि। **उ** के बाद ही महाप्राण अक्षरों के आगम से बलाघात के कारण वह अक्षर विशेष महत्व पा लेता है और धीरे-धीरे **उ** लुप्त हो जाता है, यथा- **उदधि-दधि, उपानह-पनही**। कई बार **उ अ** में परिवर्तित हो जाता है। इसका कारण भी सहज-प्रयत्न एवं प्रयत्नलाघव ही कहा जायेगा, यथा- **साधु = साध, मधुर = मधरौ, कुमार = कंवर** आदि। राजस्थानी भाषा की यह एक विशेष प्रवृत्ति है।

ऊ- यह संवृत्त, दीर्घ, पश्च, स्वर है। मात्रापूर्ति के लिये यह कवियों का विशेष रूप से सहायक रहा है। कविता में इसी के कारण **तंतु = तंतू, उठणौ = ऊठणौ, उगणौ = ऊगणौ** आदि का प्रयोग बहुत मिलता है। सुगमता के लिये ह्रस्व को दीर्घ में परिवर्तन कर देना उनके लिये सहज है। यह प्रवृत्ति प्राय: सभी भाषाओं में पायी जाती है। बलाघात के कारण बोलचाल में भी कुछ लोग प्राय: **उ** के स्थान पर **ऊ** का प्रयोग करते हैं।

इ, ई- ये संवृत अग्रस्वर हैं। इनके प्रयोग से राजस्थानी में शब्दों के कुछ विशेष रूपों का निर्माण हो गया है, यथा- **करइ, रहइ, संदेसड़इ** आदि। इसके अतिरिक्त **घरि, दिसि** आदि के रूप भी प्रचलित हैं। प्राय: कई स्थानों पर **अ ई** के रूप में परिवर्तित हो जाता है, यथा— **चमकणौ = चिमकणौ**। इसके अतिरिक्त **इ** स्वयं कई बार **अ** में परिवर्तित हो जाता है, यथा— **हरि = हर, कवि = कव, उदधि = उदध, रीति = रीत** आदि। प्राय: लिपिकर्ताओं के कारण अथवा अज्ञानावस्था से दोनों ह्रस्व एवं दीर्घ रूप प्रचलित हो गये हैं। यथा **लिपि = लिपी मुनि = मुनी, कवि = कवी** आदि। **इ** का **ए** में भी परिवर्तन होता है, यथा—**हिमालय = हेमालौ**। कई शब्दों में **इ** का आगम हो जाता है, यथा- **स्त्री = इस्तरी, स्कूल = इस्कूल, स्टेशन = इस्टेसण**।

राजस्थानी में **ऋ, ॠ, ऌ, ॡ** आदि नहीं हैं। **ऋ** का **रि** के रूप में ही प्रयोग किया जाता है, यथा—**ऋषि = रिसी, रिखी, ऋतु = रितु** आदि। इसी प्रकार **मृग** को **म्रग, पृथ्वी** को **प्रथ्वी** आदि लिखा जाता है। ये प्रयोग दो रूपों में प्रचलित हैं—

१ **मृग = म्रग, म्रिग**
२ **पृथ्वी = प्रथमी, प्रिथमी**
३ **दृग = द्रग, द्रिग**
४ **वृथा = व्रथा, व्रिथा**

कुछ शब्द ऐसे भी हैं जिनमें **ऋ अ** में परिवर्तित हो जाता है—

१ **कृष्ण = कन्ह**
२ **कृसानु = कसण**
३ **तृण = तण**

ऋ का **आ** में परिवर्तन—

१ **शृंखला = सांकल**
२ **कृष्ण = कांन्ह**
३ **मृत्तिका = माटी**

ऋ का **इ** में परिवर्तन—

१ **हृदय = हियौ**
२ **शृगाल = सियालियौ**
३ **शृंगार = सिंणगार**

ऋ का **ई** में परिवर्तन—

१ **गृद्ध = गीध**
२ **घृत = घी**
३ **शृंग = सींग**

ऋ का **उ** में परिवर्तन—

पृथ्वी = पुहमी

ऋ का **ऊ** में परिवर्तन—

१ **वृद्ध = बूढ़ौ**
२ **मृत = मूवौ**
३ **वृक्ष = रूंख**

ऋ का **ए** में परिवर्तन—

कृपाण = केवांण
धृष्ट = धेटौ
दृश् = देखणौ
मृत्तिका = मेट

---

[1] Gujarati Language and Literature, Vol. I by N. B. Divatia, Page 189

ए, ऐ- ये अर्द्धसंवृत्त अग्रस्वर हैं। इनके प्रयोग में कवियों ने प्रायः स्वच्छंदता बरती है। कवियों ने अगर कुछ कृपणता की हो तब भी लिपिकर्ताओं ने इन पर प्रचुर कृपा की है। **घरे = घरै, करे = करै** आदि रूप अनायास ही मिल जाते हैं। कई बार इनका प्रयोग बहुत ही लघु उच्चारण में प्रयुक्त होता है। निम्नलिखित उदाहरणों में **ए** का लघु उच्चारण हुआ है—

कद रे मिळउँली सज्जना, लाँबी बांह पसार—ढो.मा.

निम्नलिखित उदाहरणों में **ऐ** का लघु उच्चारण हुआ है—

१ पंथी एक संदेसड़उ, लग ढोलइ **पैंहचाइ**—ढो.मा.

२ बरती मो बारी(ह), **सोवै** क जागै सांवरा।

—रांमनाथ कवियौ

प्रायः **य** का ऐ में परिवर्तन हो गया है—

१ **अजय = अजै**
२ **जयपुर = जैंपुर**
३ **हयवर = हैंवर**
४ **उदय = उदै**

ऐ का ए में परिवर्तन—

१ **तैल = तेल**
२ **शैवाल = सेंवाल**

विभिन्न स्वरों की विवेचना करने के बाद व्यञ्जनों की विवेचना करना समीचीन होगा।

कवर्ग- यह कंठ्यवर्ग है जिसके अंतर्गत **क, ख, ग,** और **घ** आते हैं। राजस्थानी भाषा के व्यञ्जनों की कुछ अपनी विशेषतायें हैं। कई स्थानों पर **क** राजस्थानी में लुप्त हो गया है—

१ **मस्तक = माथौ**
२ **कार्तिक = काती**
३ **अचानक = अचांण**

कुछ स्थानों में **आ** का आगम हो जाता है—

१ **कंचुकी = कांचली**
२ **कल (कल्य) = काल**

क्रियाओं में कई स्थानों पर **क** प्रायः द्वित्व हो जाता है।[1] किन्तु यह प्रवृत्ति साधारणतया कविताओं में ही अधिक पायी जाती है—

१ **चमकणौ = चमक्कणौ**
२ **सरकणौ = सरक्कणौ**
३ **खणंकणौ = खणंक्कणौ**

क्रियाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य शब्दों में भी **क** कई बार द्वित्व हो जाता है, यथा-

१ **हक = हक्क**
२ **कटक = कटक्क**

क को **य** में परिवर्तन करने की प्रवृत्ति राजस्थानी में पायी जाती है—

१ **दिनकर = दिणयर**
२ **सकल = सयळ**

क का महाप्राण **ख** है। अतः कई स्थानों पर **क** महाप्राण होकर **ख** हो जाता है—

१ **रुकमिणी = रुखमिणी**
२ **किंसुक = किंसुख**

इसके विरुद्ध कई बार महाप्राण **ख** अल्पप्राण होकर **क** बन जाता है—

१ **भीख = भीक**
२ **भूख = भूक**
३ **खाखरौ = खाकरौ**
४ **खाख = खाक**

स्वयं महाप्राण **ख** भी कई स्थानों पर द्वित्व हो जाता है—

१ **चक्षु = चख = चक्ख**
२ **अक्षर = आखर = अक्खर**
३ **चखणौ = चक्खणौ**

अल्पप्राण **क** के समान महाप्राण **ख** का भी **ह** में परिवर्तन हो जाता है—

१ **रेख = रेह**
२ **मुख = मुह**

---

[1] प्राकृत भाषाओं में भी इस प्रकार के द्वित्व की परम्परा है। देखो- 'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण'—आर० पिशल (जर्मन भाषा में) पारा २९५ से ३०० तक।

३ सखि = सहि
४ शिखर = सिहरां

ख का **ढ** में परिवर्तन—

खंडहर = ढंढेर

कवर्ग के अंतर्गत **ग** स्वयं अल्पप्राण व्यञ्जन है। **क** अघोष वर्ण है जबकि **ग** घोष वर्ण है। कई बार **ग** अघोष वर्ण में परिवर्तित हो जाता है—

१ नाबालिग = नाबालक
२ गाजबीज = काजबीज

इसी प्रकार अघोष वर्ण भी घोष वर्ण में परिवर्तित हो जाता है—

१ उपकार = उपगार
२ सेवक = सेवग
३ शोक = सोग
४ काक = काग

क के समान **ग** भी **य** में परिवर्तित हो जाता है, यथा—

१ सागर = सायर
२ गगन = गयण
३ नगर = नयर

जिस प्रकार **क** का महाप्राण **ख** है ठीक उसी प्रकार **ग** का महाप्राण **घ** है। **घ** भी निम्नलिखित उदाहरणों में अल्पप्राण हो गया है—

१ मेघनाद = मेगनाद
२ अरघ = अरग

निम्नलिखित उदाहरणों में **घ ह** हो गया है—

१ मेघ = मेह
२ दीरघ = दीह

चवर्ग– यह तालव्य वर्ग है, जिसके अंतर्गत **च, छ, ज** एवं **झ** आते हैं। इनमें **च** और **ज** अल्पप्राण तथा **छ** और **झ** महाप्राण वर्ण हैं। **च** अघोष और **ज** घोष वर्ण है।

निम्नलिखित उदाहरणों में वर्ण द्वित्व हो जाते हैं—

च– १ फच्चर
२ टुच्चौ

ज– १ अज्ज
२ कज्ज
३ कमधज्ज

झ– १ तुझ्झ
२ मुझ्झ
३ जूझ्झणौ

च का महाप्राण में परिवर्तन—

१ पश्चात् = पछै
२ पश्चिम = पिछम

छ का अल्पप्राण में परिवर्तन—

छछुंदर = चकचुंदर

ज का महाप्राण में परिवर्तन—

१ जहाज = झाझ
२ जहर = झैर

झ का अल्पप्राण में परिवर्तन—

१ संध्या = संझ्या = संज्या
२ मध्यरात्रि = मझरात = मजरात

च का **ज** में परिवर्तन—

१ पंच = पंज
२ आलोच्य = आलोज

च का **य** में परिवर्तन—

१ बचन = बयण
२ लोचन = लोयण

छ का **स** में परिवर्तन—

१ पछै = पस्सै
२ पश्चाताप = पछतावौ = पसतावौ

च का **स** में परिवर्तन—

चबूतरौ = सबूतरौ

छ और **च** के **स** में परिवर्तन की प्रवृत्ति राजस्थान के प्रायः कुछ ही भागों में पायी जाती है जिसका विवेचन हम राजस्थान की प्रमुख बोलियों का विवेचन करते समय कर चुके हैं।

ज का **द** में परिवर्तन—

१ कागज = कागद
२ गुजरणौ = गुदरणौ
३ मुजफर = मुदफर

४ हौज = हौद

ज का ल में परिवर्तन

कागज = कागळ

ज का य में परिवर्तन—

१ गज = गय

२ भुजंग = भयंग

३ राजकुमारी = रायकुंवरी

टवर्ग— यह मूर्धन्य वर्ग है। इसके अंतर्गत ट, ठ, ड, ढ, ण आते हैं। इनमें ट और ड अल्पप्राण तथा ठ और ढ महाप्राण हैं। ट का महाप्राण ठ है तथा ड का महाप्राण ढ है।

इनमें ट और ड के द्वित्व बहुत प्रचलित हैं, यथा—

ट का— १ अरट्ट
२ गरट्ट
३ बट्ट

ड का— १ लड्डु
२ हड्डु
३ तिड्डु

ट का महाप्राण में परिवर्तन—

१ दृष्टि = द्रस्टि = दीठ

२ वृष्ठि = व्रस्टि = वूठौ

ड का महाप्राण में परिवर्तन —

१ खंडहर = खंढेर = ढंढेर

राजस्थानी में ट का ड में परिवर्तन होने की विशेषता है, यथा —

१ घोटक = घोडउ = घोड़ौ

२ कोटि = कोडि = कोड़

इस सम्बन्ध में यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि ड और ड़ के अमर्यादित प्रयोगों ने प्रायः गलतफहमियाँ उत्पन्न करदी हैं। भाषा के अधिकतर विद्यार्थी इनके मध्य अवस्थित अंतर से परिचित नहीं होते। हों भी कैसे—अन्येतर भाषाओं में मिलने वाले समस्त कोशों में, जिनमें अकारादि क्रम से शब्द अंकित रहते हैं ड एवं ड़ को एक ही वर्ण मान कर टवर्ग के अंतर्गत ही अकारादि क्रम से उपस्थित किया गया है। दोनों के प्रयोग शब्दों में काफी मात्रा में अंतर उत्पन्न कर देते हैं—

१ कोड = उमंग, उत्साह

कोड़ = करोड़, कोटि

२ मोड = संन्यासी

मौड़ = दूल्हे का शिरोभूषण

इन अंतरों को दृष्टिगत रखते हुए यह अवश्य मानना पड़ेगा कि इनको अकारादि क्रम से एक ड के अंतर्गत रखना उचित नहीं कहा जा सकता। ड़ और ढ़ का उच्चारण जीभ का अग्र भाग उलट कर मूर्द्धा पर लगाने से होता है। इस उच्चारण को द्विस्पृष्ट कहते हैं। वैदिक भाषा में दो स्वरों के बीच में आने वाले ड् ढ् का उच्चारण ल् ल्ह् होता था। पाली में भी यह विशेषता पाई जाती है किन्तु संस्कृत में यह परिवर्तन नहीं होता था। मध्यकाल में संभवतया किसी समय स्वर के बीच में आने वाले ड् ढ् का उच्चारण ड़ ढ़ के समान होने लगा हो। ड़ और ढ़ से कोई शब्द आरंभ नहीं होता। कवर्ग के अंतिमाक्षर ङ के स्थान पर साधारण जन ड़ का उच्चारण करने लगे। आज भी चटसाल में पढ़ते बच्चे क, ख, ग, घ, ड़ के उच्चारण से कवर्ग को याद करते हैं। अंतिमाक्षर अनुनासिक रूप ङ का कवर्ग में उच्चारण की दृष्टि से एक प्रकार से राजस्थानी में लोप हो गया है। प्राचीन सब प्रतियों में ङ ही मिलता है किन्तु इसी ङ का कालांतर में ड़ के रूप में परिवर्तन हो गया। किन्तु कवर्ग के अंतिमाक्षर के रूप में ङ के स्थान पर ड़ के उच्चारण की परंपरा को हमने मान कर उसी का परिपालन करने की चेष्टा की है। यद्यपि यह कंठ्य न हो कर मूर्धन्य ही है तथापि उपरोक्त परंपरा के कारण हमने भी ड़ को अकारादि क्रम में घ के बाद ही स्थान दिया है। पाठकगण राजस्थानी की इस विशेषता को कोश-अवलोकन के समय ध्यान में रक्खें तो वे अधिक सुविधा के साथ शब्दों को ढूंढ़ सकेंगे।

ट और ठ के संयुक्त रूप भी राजस्थानी में मिलते हैं—

१ पुट्ठौ

२ कट्ठौ

३ चिट्ठी

ड और ड़ के उपरोक्त विवेचन पर दृष्टि डालते समय यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि राजस्थान में ट कई स्थानों में ड़ में परिवर्तित हो गया है।

१ कपाट = कपाडि, किवाड़, कवाड़

२ भट = भड = भड़

३ कटि = कड़

तवर्ग– यह दंत्य वर्ग है। इसके अंतर्गत त थ द ध और अनुनासिक न है। इसमें त और द अल्पप्राण हैं जिसके महाप्राण क्रमशः थ और ध[1] हैं। त अघोष तथा द घोष वर्ण है।

द्वित्व रूप त– १ गत्त २ असपत्त

थ– १ कथ्थ २ सथ्थ

द– १ मरद्द २ भद्द ३ हद्द

ध– १ सुध्ध २ गिध्ध

न– १ मन्न २ रतन्न ३ जतन्न

त का विभिन्न वर्णों में परिवर्तन हो जाता है, यथा–

त का द में– १ विपत्ति = विपदा

२ आपत्ति = आपद

त का च में– १ सत्य = सच

२ मीति = मीच

त का मूर्धन्य ट में– १ कर्तन = काटणौ

२ उदवर्तन = उबटन

३ निवर्तन = निबटणौ

त का य में– १ गत = गय

२ सत = सय

त का ब में– १ सुजात = सुजाब

त का व में– १ प्रभात = पोहोव

२ घात = घाव

त का अपने महाप्राण थ में– १ कंत = कथ

२ भरत = भरथ

३ अस्तभन = आथुणौ

त का क में परिवर्तन– सौत = सौक

इनके अतिरिक्त कुछ स्थानों पर त का लोप हो जाता है, यथा–

१ कदाचित = कदाच् = कदास

२ उत्साह = उछाह

[1] बहुत से विद्वानों ने ध के नीचे बिंदी मान कर एक नयी ध्वनि निश्चित की है। पं० रामकर्ण आसोपा ने भी ध के नीचे बिंदी को स्वीकार किया है। देखो 'मारवाड़ी री पैली पोथी।'

३ शीतल = सीलौ

इसी प्रकार थ भी अपने अल्पप्राण त में परिवर्तित हो जाता है—

१ हाथ = हात

२ अवस्था = औसता

थ का मूर्धन्य ठ में परिवर्तन—

स्थान = ठांण = ठांव

थ का ह में परिवर्तन—

१ नाथ = नाह

२ गाथा = गाहा

३ गूथ = गूह

४ कथना = कहना

द का लोप– १ नदी = नई

२ द्वार = वार

३ एकादश = ग्यारा

द का अपने महाप्राण ध में परिवर्तन—

द्रंग = ध्रंग, ध्रंगड़ौ

द का न में परिवर्तन—

१ चंदन = चन्नण

२ संदेस = संनेस

३ चांद = चांन

द का ज में परिवर्तन—

१ अद्य = आज

२ श्वापद = सावज (सिंह)

द का ड में परिवर्तन—

१ दाव = डाव

२ दंड = डंड

३ दर्दुर = डेडरौ

द का त में परिवर्तन—

१ मस्जिद = मसीद = मसीत

२ सुफेद = सुपेद = सुपेत

३ मदद = मदत

द का य में परिवर्तन—

१ मदन = मयण

२ मदकल = मयगल

३ पाद = पाय

द का व में परिवर्तन –

१ पाद = पाव

२ स्वाद = साव

ध का अल्पप्राण द में परिवर्तन —

१ समाधि = समाद

२ अश्वमेध = असमेद

३ श्रद्धा = सरदा

४ श्राद्ध = सराद

५ लोध्र = लोद

ध का झ में परिवर्तन —

१ संध्या = संझ्या, सांझ

२ बंध्या = बांझ

३ मध्य = मझ्झ

ध का मूर्धन्य ढ में परिवर्तन —

१ संनद्ध = सनढ

२ वृद्ध = बूढौ

३ धोक = ढोक

ध का ह में परिवर्तन —

१ जलधर = जलहर

२ विषधर = विखहर

३ रुधिर = रुहिर

न का ल में परिवर्तन —

१ जन्म = जनम = जलम

२ नंबर = लंबर

न का ड़ में परिवतन —

१ हनुमान = हड़ूमांन

२ रणमल्ल = रिनमल्ल, रिड़मल्ल

न का ड में परिवर्तन —

कनेर = कंडेर

न का व में परिवर्तन —

उन्माद = उवमाद

न का मूर्धन्य ण में परिवर्तन —

१ योनि = जूण

२ जन = जण

तवर्ग के वर्णों का मूर्धन्य वर्णों में परिवर्तन एक निश्चित क्रम से होता है। त का ट में, थ का ठ में, द का ड में, ध का ढ में तथा न का ण में होता है। इस क्रम में उलटफेर नहीं होता। इस प्रकार दंत्य वर्णों का मूर्धन्य वर्णों में कुछ क्रमिक परिवर्तनशील समानता है। उच्चारण में सूक्ष्म निकटता का भाव है।

पवर्ग — यह ओष्ठ वर्ग है। इसके अंतर्गत प, फ, ब, भ और म हैं। इनमें प और ब अल्पप्राण हैं जिनके महाप्राण क्रमशः फ और भ हैं। प अघोष एवं ब घोष वर्ण है।

द्वित्व रूपों के उदाहरण —

प का = अप्प, बप्प, जप्प

फ का = बफ्फ

ब का = अकब्बर, सरब्ब, अब्ब

भ का = अम्भ, नम्भ, गरम्भ

म का = करम्म, सरम्म, धरम्म

प प्रायः कुछ शब्दों में महाप्राण हो जाता है, यथा—

१ दोपहर = दोफार

२ वाष्प = बाफ

३ परशु = फरसौ

इसी प्रकार महाप्राण फ भी कुछ शब्दों में अल्पप्राण प में परिवर्तित हो जाता है —

१ सफेद = सुपेत

२ अफसोस = अपसोस

ब का अपने महाप्राण भ में परिवतन —

बहुत = भोत

भ का अल्पप्राण ब में परिवर्तन —

१ सोभा = सोबा

२ अभ्र = आभौ, आबौ

३ गरभ = ग्याब

इनके अतिरिक्त पवर्ग के वर्ण कुछ अन्य वर्गों में भी परिवर्तित हो जाते हैं। परिवर्तित वर्णों के अनुसार प्रत्येक अक्षर का अलग-अलग उदाहरण दिया जाना समीचीन होगा —

प का व में परिवर्तन —

१ नूपुर = नेवर

२ कपाट = किंवाड़
३ गोपाल = गुवाल्
४ अपर = अवर
५ अंतःपुर = अंतेवर
६ कृपाण = केवांण

उ तथा अ के साथ प का ओ में परिवर्तन—
१ अपयश = ओदस
२ सपत्नी = सौत
३ कपर्दिका = कोडी
४ उपाख्यान = ओखांण

फ का ह् में परिवर्तन[1]
१ मुक्ताफल = मोताहल्
२ सफल = सहल
३ अफल = अहर

ब का लोप–
१ कदम्ब = कदम
२ शब्द = साद
३ चौबीस = चौईस

ब का प में परिवर्तन- -
१ खूबसूरत = कपसूरत
२ जब्त = जपत
३ गंधर्व = गंधरब = गंद्रप

ब का म में परिवर्तन–-
१ प्रबोध = परमोद
२ संबंध = सनमन

राजस्थानी में प्रायः बहुलता से ब, व का स्थानीय बन जाता है। व को ब बनाने व उच्चारण करने की ओर राजस्थानी की प्रवृत्ति अधिक है।
१ वंशी = बंसी
२ वट = बट
३ वार = बार
४ वपु = बपु

५ वाम = बांम
६ वचन = बचन

भ का म में परिवर्तन–
१ उपालम्भ = ओळभौ = ओलमौ
२ सौरभ = सौरम
३ स्तंभ = थांम, थंभ

भ का लोप–
१ कुम्भकरण = कूमकरण
२ कुसुम्भ = कसुम, कसूमल

भ का ह् में परिवर्तन–
१ सुरभि = सुरही
२ लाभ = लाह्
३ करभ = करह्
४ सुभट = सुहट = सुहड़

म का व में परिवर्तन–[1]
१ ग्राम = गांव
२ भीम = भींव
३ कुमार = कंवर
४ चामर = चंवर
५ सीमा = सींव

म का ब में परिवर्तन–
१ उत्तमांग = उतबंग
२ आम्र = आंबौ

म का न में परिवर्तन–
१ सम्मान = सनमान
२ सम्बंध = सनमंद
३ सम्मुख = सनमुख

म के महाप्राण के रूप में म्ह का प्रयोग कई शब्दों में होता है, यथा–
१ महाराज = म्हाराज
२ मैं = म्हैं
३ मेरा = म्हारौ

---

[1] हेमचंद्र सिद्धहेमचंद्र १।२३६ में अनुमति देता है कि फ के स्थान पर प्राकृत में भ और ह दोनों रखे जा सकते हैं। देखो–पिशेल का व्याकरण, पारा १६२।

[1] अपभ्रंश में भी यह विशेषता पाई जाती है। देखिये–हिन्दी साहित्य का वृहत्त इतिहास, प्रथम भाग, सं० राजबली पांडे, पृष्ठ ३२१।

र–यह अल्पप्राणं घोष वर्त्स्य लुंठित ध्वनि है। निम्न-लिखित शब्दों में र का लोप हो जात है–

१ **प्रेम = पेम**
२ **श्रावण = सांवण**
३ **प्रण = पण**
४ **शीर्ष = सीस**
५ **ध्रुव = धु**
६ **भाद्रपद = भादवौ**
७ **सहस्र = सहस**

र का आगम–

१ **शाप = सराप**
२ **सजल् = सरजल्**
३ **सिखर = सिरहर**

र का परिवर्तन ड़ में बहुलता के साथ होता है, यथा–

१ **विरुद = बिड़द**
२ **अर्बुद = अड़ब**
३ **परवा = पड़वौ**

र का ल् में परिवर्तन–

१ **दारिद्रय = दालद**
२ **हरिद्रा = हलदी**

रेफ की विवेचना हम पीछे कर चुके हैं, अतः इसकी पुनरावृत्ति यहाँ उचित न होगी।

ल– यह अल्पप्राण घोष वर्त्स्य पार्श्विक ध्वनि है।

ल का द्वित्व– **सल्लणौ, गल्ल, पीयल्ल आदि।**

[1]ल का ल् में परिवर्तन–

१ **माला = माल्ा**
२ **धूलि = धूल्**
३ **शूल = सूल्**

ल का र में परिवर्तन

किल = किर

ल् का ड़ में परिवर्तन

धूलि = धूड़

ल का लोप–

१ **फाल्गुण = फागुण, फागण**
२ **म्लेच्छ = मेछ**

ल का न में परिवर्तन–

ललाट = लिलाड़ = निलाड़

ल का महाप्राण ल्ह में–

१ **लाश = ल्हास**
२ **कल = काल = काल्हि**

राजस्थानी में ल के अतिरिक्त ल् की ध्वनि भी होती है। इस सम्बन्ध में डा० चाटुर्ज्या लिखते हैं[1] कि 'पुरानी राजस्थानी में सिर्फ ल ही लिखा जाता था पर ल् का उच्चारण भाषा में था। इसके पक्ष में युक्ति है। अभी तक पूर्वी पंजाबी की गुरुमुखी लिपि में जैसा हम देखते हैं ल् के लिये वर्ण नहीं है, पर ल् ध्वनि पंजाबी भाषा में सुनाई देती है।' संस्कृत तथा अन्य भाषाओं में ल् की ध्वनि नहीं है। वेदों में इसका प्रयोग हुआ है। उसके बाद इसका प्रयोग प्राकृत[2] राजस्थानी एवं मराठी में ही हुआ है।[3] ल और ल् के ध्वनि एवं अर्थभेद के विषय में हम विवेचन कर चुके हैं। ल वर्त्स्य ध्वनि है एवं ल् मूर्धन्य ध्वनि है। किसी शब्द के प्रथम अक्षर के रूप में ल् का प्रयोग नहीं होता। यह उत्तरवर्ती अक्षरों के रूप में ही शब्द में स्थान पाता है।

व–यह दंतोष्ठ्य घोष संघर्षी ध्वनि है। राजस्थानी में व के नीचे बिंदी लगा कर व् लिखने की प्रथा है। साधारणतया व और व् में कोई भेद नहीं किया जाता। श्री नरोत्तम स्वामी ने व को अंग्रेजी के W और व् को V के समान उच्चरित मान कर ध्वनि में अन्तर स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है।[4]

---

[1] हम पहले उल्लेख कर चुके हैं कि भाषा-प्रवाह में परिवर्तित नये रूप एवं पूर्व अपरिवर्तित रूप दोनों प्रयुक्त होते हैं। किन्तु इस परिवर्तन में ऐसी बात नहीं है। यद्यपि इन रूपों में ल का परिवर्तन ळ में हुआ है किन्तु राजस्थानी में ये नये परिवर्तित रूप ही प्रयुक्त होते हैं। राजस्थानी में ल और ळ के प्रयोग निश्चित हैं उनमें परस्पर परिवर्तन नहीं होता।

[1] राजस्थानी भाषा : डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृष्ठ १३

[2] प्राकृत भाषाओं का व्याकरण–मूल ले० रिचर्ड पिशल, अनुवादक–डा० हेमचन्द्र जोशी (हिन्दी में) पृष्ठ संख्या ३४८, ३४९

[3] Gujarati Language and Literature, Vol. II. by N.B. Divatia, Pages 70-71

[4] 'राजस्थान रा दूहा' भाग १ में राजस्थानी वर्णमाला लिखते हुए श्री नरोत्तम स्वामी ने एक नोट दिया है–
'राजस्थानी लिपि में संस्कृत व (w) व् से और राजस्थानी व् (v) व से लिखा जाता है।'

श्री मेनारिया ने भी इस मत का समर्थन किया है।[1] डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या व और व़ की दो ध्वनियां स्वीकार नहीं करते।[2] डा० ग्रियर्सन ने इन ध्वनियों में भेद माना है।[3] उनके अनुसार व़ की वास्तविक ध्वनि अंग्रेजी के न तो w में है और न v में। यथार्थ में यह इन दोनों के बीच की ध्वनि है। डा० ग्रियर्सन के अनुसार भारत में v का उच्चारण शुद्ध ओष्ठ्य[4] है किन्तु राजस्थानी में अनेक शब्द ऐसे हैं जहां व का यह शुद्ध ओष्ठ्य उच्चारण नहीं है। डा० ग्रियर्सन का यह मत सही मालूम होता है। व और व़ की ध्वनि में अन्तर अवश्य है। डा० नरोत्तमदास ने जो व़ को अंग्रेजी v के समान उच्चारित माना है, वह संभवतया इस आधार पर माना है कि ये दोनों दंतोष्ठ्य हैं। इनमें ऊपर के दांत नीचे के होठों का तनिक सा स्पर्श करते हैं एवं स्पर्श करने के पश्चात् अलग होते ही मुंह की अवरुद्ध वायु निकल कर ध्वनि उत्पन्न कर देती है। व में दांत होठों के नजदीक जरूर जाते हैं किन्तु होठों का स्पर्श नहीं करते। नजदीक जाते हुए ही वे वायु निकालते रहते हैं। इसमें वायु अवरुद्ध नहीं होती। इस दृष्टि से व और व़ में अन्तर है। व़ और अंग्रेजी के v में भी इतना अन्तर है कि व़ में होठों की अवस्था विवृत्त होती है तथा v में उनकी अवस्था विवृत्त नहीं होती।

वास्तव में प्रत्येक भाषा की अपनी कुछ विशेष ध्वनियाँ होती हैं, अन्य किसी भाषा की ध्वनि विशेष से उसकी तुलना नहीं की जा सकती।

दोनों के मध्य के इस भेद को जानना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि व के स्थान पर व़ और व़ के स्थान पर व का

'वीर सतसई' का संपादन करते हुए संपादकों ने श्री नरोत्तम स्वामी के पत्र का हवाला देते हुए भूमिका में लिखा है—

'मेनारियाजी का लिखना सर्वांश में ठीक नहीं, भ्रमपूर्ण है। आजकल लोग हिन्दी तथा ब्रज के प्रभाव से व को प्राय: ब से लिख देते हैं, यह अशुद्ध है। बीकानेर नहीं किन्तु वीकानेर लिखना चाहिए। टैसिटोरी ने सर्वत्र Viko लिखा है। Biko नहीं। रोमन में व को v से तथा व़ को w से लिखा जाना चाहिए।'

उपरोक्त दोनों उल्लेखों में अन्तर है। हमने पहले उल्लेख के अनुसार ही स्वामीजी का मत मान लिया है। राजस्थानी भाषा और साहित्य में डा० हीरालाल माहेश्वरी ने भी पृष्ठ ४१ में इसी मत का समर्थन किया है।

[1] व का उच्चारण डिंगल में दो तरह से होता है, एक संस्कृत व अथवा अंग्रेजी w की तरह और दूसरा अंग्रेजी v की तरह। उच्चारण का यह अन्तर बतलाने के लिए लिखने में एक व तो वैसा ही रहने दिया जाता है पर दूसरे के नीचे बिन्दी लगादी जाती है।

—राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृष्ठ ३२

[2] देखिए 'वीर सतसई' की भूमिका, पृष्ठ १०६—डा० सहल द्वारा संपादित।

[3] हिन्दी में व का उच्चारण दंतोष्ठ्य माना जाता है।

[4] "I take this opportunity of explaining the pronunciation of the letter व; sometimes transliterated w, and sometimes v. In western Hindi and in the languages further to the east this letter almost invariably becomes b. Thus 'wadan', a face becomes 'badan', and 'vichar' consideration becomes बिचार. In Rajasthan we first come upon the custom prevalent in Western India of giving this letter its proper sound. In the मराठी section of the survey it is regularly transliterated v, but this does not indicate its exact pronunciation. In English the letter v is formed by pressing the upper teeth on the lower lip. It is thus a denti-labial. This sound, so far as I am aware, does not occur in any Indo-European language. In India v is a pure labial, and is formed by letting the breath issue, not between the teeth and the lip, but between the two lips. An experiment will show the correct sound at once.

It is something between that of an English w and that of an English v. This sound naturally varies slightly according to the vowel which follows it. Before long or short a, u, o, ai, or an it is nearer the sound of w, while before long or short i or e it is nearer that of v. This sound will be naturally uttered under the influence of the following vowel, so long as the consonent w or v is pronounced as a pure labial and not as a denti-labial. In transliterating Rajasthani I *represent* the w sound by w and the v sound by v, but it must be remembered that the English sound of v is never intended. Thus I write Marwari not Marvari because the v is followed by a but Malvi not Malwi because v is followed by i"

—Linguistic Survey of India, Vol. IX p. 5. Grierson.

प्रयोग होने से शब्द का अर्थ बिल्कुल पलट जाता है। निम्न-लिखित उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जायगी—

१ **वार** = दिन, प्रहार **व़ार** = सहायतार्थ पीछा करना
२ **वीर** = बहादुर **व़ीर** = रवानगी
३ **वात** = वायु **व़ात** = कहानी

इस ध्वनि-भेद के ज्ञान के पूर्ण अभाव में ही प्रायः साधारण जन प्रत्येक व के नीचे बिंदी लगा कर लिख देते हैं।

व का द्वित्व—
१ **हैव्वर**
२ **गैव्वर**

व का म में परिवर्तन—
१ **रावण = रांमण**
२ **हयवर = हैमर**
३ **विवाह = बिमाह**
४ **यादव = जादम**

व का लोप—
१ **लवण = लूण**
२ **यादव = जादू**
३ **पांडव = पांडू**
४ **भव = भौ**
५ **दंडवत = डंडौत, दंडौत**

व का महाप्राण व्ह का प्रयोग—
१ **व्हालौ**
२ **व्हैम**

व का ब में परिवर्तन—
१ **वाम = बांम**
२ **वंसी = बंसी**

व के महाप्राण के रूप में भी **व़** का प्रयोग किया जाता है। उच्चारण की दृष्टि से **व़** पर्वग के वर्ण **ब** के नजदीक है **व** शुद्ध ओष्ठ्य है। कुछ विद्वानों का कथन है कि **व़** शब्द के आरम्भ में प्रायः नहीं आता[1], किन्तु कई शब्द ऐसे मिलते हैं जिनमें व़ शब्द के पहले आया है यथा—

१ **व़ाकारणौ**
२ **व़ात**
३ **व़ादल** आदि।

यह बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि अभी तक **व** और **व़** का तुलनात्मक वैज्ञानिक अध्ययन नहीं किया जा सका है। भाषा विज्ञान के विद्यार्थियों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

य— यह तालव्य घोष अर्द्धस्वर है। ल एवं **व** के प्रयोग में विभिन्नता को देख कर राजस्थानी में कुछ लोग **य** के नीचे बिंदी का लगाते हैं[1], किन्तु उच्चारण की दृष्टि से उसका कोई विशेष महत्व नहीं है। इस बिंदी से **य** और **य़** में उच्चारण विभिन्नता प्रकट नहीं होती। संस्कृत की भांति **य** का द्वित्व प्रयोग राजस्थानी में नहीं होता—

१ **सूर्य्य = सूरय**
२ **मोर्य्य = मोरी**

य की ओर झुकाव के कारण कई शब्दों में **य** का आगम हो गया है यथा—

१ **राठौड़ = रायठौड़**
२ **रथ = रयत्थ**
३ **अकथ्थ = अकथ्य**
४ **शाबास = स्याबास**
५ **लज्जा = लज्या**
६ **मनसा = मनस्या**

य का लोप—
१ **पुण्य = पुन**
२ **वैश्य = वैत**
३ **आदित्य = आदीत**
४ **ज्योति = जोत**
५ **मनुष्य = मिनख**
६ **मध्य = मझ**
७ **नियम = नेम**

---

[1] श्री कन्हैयालाल सहल, श्री पतराम गौड़ तथा श्री ईश्वरदान आसिया द्वारा संयुक्त रूप से संपादित कविराजा सूर्यमल्ल की 'वीर सतसई' की भूमिका पृष्ठ १०९ में लिखा है—
व़ अन्तस्थ व्यंजन semi vowel है, जैसे स्व़ामी, हुव़ौ, स्व़र, सेव़ग, साव़। व संघर्षी व्यंजन है जैसे वन, वासदे, वासग। व ब्रजभाषा में ब बन जाता है, पर व़ ब नहीं बन सकता। व़ शब्द के आरम्भ में प्रायः नहीं आता।

[1] शोध पत्रिका भाग ४ अंक ३ मार्च ५३ में प्रकाशित एक लेख 'राजस्थानी में ध्वनि परिवर्तन का पारा ८९ का अंतिम अंश।

८ नीयत = नीत

य का **इ** में परिवर्तन–

१ मयण = मइण

२ नारायण = नरायण, नराइण

इ का **य** में परिवर्तन–

१ रमाइन = रमायण

२ कोइल = कोयल

३ कोइक = कोयक

य का **ऐ** में परिवर्तन–

१ अजय = अजै

२ भय = भै

३ अभय = अभै

४ जय = जै

५ नयन = नैण

राजस्थानी में **य** को **ज** में परिवर्तन करने की प्रवृत्ति की ओर अधिक झुकाव होता जा रहा हैं[1]। अनेक शब्दों में **य** **ज** में परिवर्तित हो गया है। यथा–

१ योगी = जोगी

२ युग = जुग

३ यज्ञ = जग्य

४ युक्ति = जुगत

५ यात्रा = जातरा

य का **व** में परिवर्तन–

१ न्याय = न्याव

२ वायु = वाव

३ आयुध = आवध

४ आयु = आव

उपाय = उपाव

श, ष, स राजस्थानी में इन तीनों के स्थान पर केवल एक दन्त्य 'स' का ही प्रयोग होता है।[1] **'श'** के लिए सदैव **'स'** प्रयुक्त होता है।

१ शमा = समा

२ शाम = सांम

३ श्याम = स्यांम

४ आशा = आसा

५ शय्या = सेज

किन्तु **'ष'** के लिए **'स'** एवं **'ख'** दोनों वर्ण प्रयुक्त होते हैं–

१ दोष = दोख, दोस

२ वर्षा = वरखा, वरसा

३ पाषाण = पाखांण, पाखांन पासांण, पासांन

४ तृषा = तिरस, तिरख

'स' का लोप

१ स्नेह = नेह

२ स्थिर = थिर

३ स्थापना = थापना

४ सहेली = हेली

---

[1] (क) 'पुरानी राजस्थानी' मू० ले० डा० एल० पी० तेस्सितोरी अनु० नामवरसिंह पारा २२।

'ज कभी-कभी य में बदल जाता है। अनेक स्थानों पर इस परिवर्तन का आभास-मात्र होता है, क्योंकि लिखने में ज और य प्रायः एक दूसरे के स्थान पर व्यवहृत हो जाते हैं और इसमें कोई संदेह नहीं कि वे बहुत कुछ एक ही प्रकार से उच्चरित होते थे, अर्थात् ज की तरह। लेकिन कुछ अन्य स्थानों पर ऐसा प्रतीत होता है कि ज का दुर्बल होकर य हो जाना वास्तविक है, अर्थात स्वरों के बीच ज व्यंजन की शक्ति खो देता है और जैन-प्राकृत की य श्रुति की तरह Euphonic तत्व के रूप में प्रयुक्त होता है।

(ख) श्री मोतीलाल मेनारिया ने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' पृष्ठ ३३ पर लिखा है—

'डिंगल में य का उच्चारण य और ज दोनों तरह से होता है। जब य किसी शब्द का पहला अक्षर होता है तब इसका उच्चारण प्रायः ज किया जाता है और ज ही लिखा जाता है। परन्तु जब य शब्द के पहले अक्षर के बाद आता है तब यह ज्यों का त्यों य बोला और लिखा जाता है। जैसे (क) जुध (युद्ध), जोधा (योद्धा), जात्रा (यात्रा), जमराज (यमराज)। (ख) न्याय, ख्यात, रायजादा, माया, शयन, बयण, गुणियण।

किन्तु मेनारिया का यह मत उचित नहीं मालूम होता। शय्या आदि में य प्रथम अक्षर न होने पर भी ज हो जाता है यथा–सेज गुणियण को गुणिजण भी कहते हैं

[1] 'प्राचीन भारती के कई एक वर्णों का भी प्राकृत में सर्वथा अभाव हो गया है, जैसे ऋ, ॠ, लृ, ॡ, ऐ, औ, य, श, ष तथा विसर्ग।' प्राकृत प्रवेशिका मू० ले० ए० सी० नूल्नर अनु० बनारसीदास जैन पृष्ठ ११ "श् ष् स्-इन तीनों के स्थान में दन्त्य स हो जाता है।" वही पृष्ट-१६ पारा क,

श का लोप

१ **आश्चर्य = अचरज**

२ **निश्चित = नचीत**

ष का लोप

१ **शुष्क = सूखौ**

२ **वाष्प = भाप**

३ **मुष्टि = मूठ**

४ **दुष्काल = दुकाळ**

स का ह में परिवर्तन

१ **केसरी = केहरी**

२ **दिवस = दिवह**

३ **जैसलमेर = जेहलमेर**

ष का ह में परिवर्तन

१ **पौष = पोह**

२ **पुण्य = पुहप**

३ **पुष्कर = पुहकर**

४ **कोष = कोह**

श का छ में परिवर्तन

१ **शकट = छकड़ौ**

२ **शोकहर = छोकरौ**

३ **शोभा = छोभा**

ल, ळ, व, व़ के समान **स** के नीचे भी बिंदी लगाई जाती है। दोनों के उच्चारण में भेद है।

स़ की ध्वनि महाप्राण है। इससे **स** पर जोर देकर उच्चारण किया जाता है अतः स का उच्चारण **ह** के निकट चला जाता है यथा **स़ोरौ, स़ाथी** आदि। पश्चिमी राजस्थान में **स** के स्थान पर **स़** का उच्चारण एक आम बात है। लिखित साहित्य में केवल **स** का ही प्रयोग होता है।

राजस्थानी में यद्यपि **श** का प्रयोग नहीं होता तथापि प्राचीन परिपाटी के अनुकरण से प्रारम्भिक ज्ञान कराते समय बालकों को **श, ष, स** का ज्ञान कराया जाता था।

स का छ में परिवर्तन—

१ **वत्स = वाछौ**

२ **उत्साह = उछाह**

३ **मत्सर = मछर**

४ **तुलसी, तुलछी, तुलछां**

ह—यह काकल्य घोष, संघर्षी ध्वनि है। जितनी इस अक्षर ने राजस्थानी कवियों की सहायता की, तुलनात्मक दृष्टि से उतनी सहायता अन्य किसी अक्षर द्वारा उन्हें प्राप्त नहीं हुई। अन्य भाषाओं में भी इसके उदाहरण प्रचुर रूप से प्राप्य हैं जिसकी विवेचना हम पीछे कर चुके हैं। पादपूर्ति के लिए ह का प्रयोग राजस्थानी कवियों ने भी स्वतंत्र रूप से किया है—

१ **घोड़ौ = घोड़ांह**

२ **नेड़ौ = नेड़ांह**

३ **ढोलौ = ढोलांह**

४ **मोड़ = मोड़ांह**

५ **मच्छी = मच्छीह**

शब्दों के अंत में प्रयुक्त होने के अतिरिक्त **ह** का आगम शब्दों के मध्य भी हुआ है—

१ **अंबर = अंबहर**

२ **समर = समहर**

३ **डाल = डाहल**

४ **एक = हेक**

५ **एकठा = हेकठा**

६ **अब = हव**

अन्य प्रकार से ह का आगम

१ **लाश = ल्हास**

२ **रईस = रहीस**

३ **लसकर = ल्हसकर**

अपभ्रंश प्रयोगों के प्रभाव में आकर कुछ क्रियाओं में भी ह का प्रयोग होने लगा है।

१ **देना = दिण्णउ = दीन्हौ**

२ **मेलणौ = मेल्हणौ**

३ **उल्लसइ = उल्हसइ**

ह का लोप

१ **ब्रह्मा = बिरमा, बरम**

२ **सहस्र = सैंस**

३ **ब्राह्मण = बांमण**

४ **दरगाह = दरगा**

५ आलीजाह = आलीजौ
६ उगाही = उगाई
७ सिपाही = सिपाई

ह का ऐ में परिवर्तन–
१ नहर = नै'र
२ कहर = कै'र
३ जहर = जै'र, झै'र
४ सहर = सै'र

ह का घ में परिवर्तन–
१ सिंह = सिंघ
२ सिंहासन = सिंघासण
३ दाह = दाघ, दाग

ह का य में परिवर्तन–
१ साहब = सायब
२ दहेज = दायजौ

ह का व में परिवर्तन–
१ सेहरौ = सेवरौ
२ विवाह = व्याव
३ मोहनी = मोवनी

राजस्थानी में विसर्ग का प्रयोग नहीं होता। विसर्गरहित शब्द ही प्रयुक्त किये जाते हैं, यथा—दुःख = दुख।

क्ष का प्रयोग राजस्थानी में संस्कृत शब्दों के तत्सम रूपों में होता है, यद्यपि उसमें भी परिवर्तन की ओर झुकाव अधिक है, यथा–

१ क्षेत्र = खेत
२ क्षार = खार
३ राक्षस = राकस
४ लक्षण = लक्खण = लच्छण

इन दोनों रूपों का प्रयोग राजस्थानी में होता है। ज्ञ का प्रयोग राजस्थानी में नहीं होता। इसकी ध्वनि को ग्य में फैला कर उपस्थित किया जाता है, यथा–

१ संज्ञा = संग्या
२ यज्ञ = जग्य, जिग
३ सर्वज्ञ = सरवग्य
४ अज्ञान = अग्यांन
५ आज्ञा = आग्या

ज्ञ का ज में परिवर्तन–
१ अज्ञान = अजांण
२ प्रतिज्ञा = पैज

ज्ञ का ण में परिवर्तन–
१ राज्ञी = रांणी
२ आज्ञा = आंण (णा)

ज्ञ का न में परिवर्तन–
१ अभिज्ञान = अहनांण
२ साभिज्ञान = सहनांण
३ संज्ञानी = सैनांणी

राजस्थानी में सावर्ण्य प्रवृत्ति की विशेषता विशेष रूप से उल्लेखनीय है[१]—

१ रिक्त = रित्तौ
२ चक्र = चक्कौ
३ कार्य = कज्ज
४ हस्त = हत्थ
५ मत्सर = मच्छर
६ मध्य = मज्झ

संस्कृत भाषा के विसर्ग ध्वनि के समान अरबी एवं फारसी भाषा की जिह्वामूलीय ध्वनियाँ भी राजस्थानी में साधारण हो जाती हैं—

१ ग़रीब = गरीब
२ बुख़ार = बुखार
३ बाज़ = बाज
४ साफ़ = साफ

शब्दों को संक्षिप्त करने एवं अक्षर को लुप्त करने की प्रवृत्ति राजस्थानी में है। ऐसे स्थलों पर सम्बन्धकारक चिन्ह (Apostrophe) का भी प्रयोग किया जाता है। अधिकतर स, ष, श, ह आदि अक्षरों का ही इस प्रकार लोप होता है। अधिक खोजबीन करने पर कुछ दूसरे अक्षरों के उदाहरण भी

---

[१] शोध पत्रिका, भाग ४, अंक ३, मार्च ५३ में प्रकाशित मनोहर शर्मा का एक लेख—'राजस्थानी में ध्वनि-परिवर्तन' का पारा ९३।

प्राप्त हो सकते हैं, तथापि तुलनात्मक दृष्टि से उनका प्रयोग बहुत कम होता है।

स का लोप–

१ **ससुराल = सासरौ, सा'रौ**

२ **स्थूल = थू'ल**

३ **स्कंध = कां'धौ**

ष का लोप–

१ **कुष्ठ = को'ढ**

२ **कृष्ण = का'नौ**

३ **कोष्ठक = को'ठौ**

ह का लोप–

१ **पौष = पौह, पौ'**

२ **चाह = चा'**

३ **फूहड़ = फू'ड़**

इन अक्षरों की विलुप्तावस्था में (') चिन्ह का प्रयोग अत्यन्त आवश्यक है। इसके अभाव में अर्थभेद के कारण असंगति उत्पन्न हो जाती है। दोनों के अर्थभेद के उदाहरणों से यह बात अच्छी तरह स्पष्ट हो जायगी, यथा–

१ **चा' = इच्छा**
चा = चाय

२ **चै'रौ = चेहरा**
चेरौ = दास, सेवक

३ **ना'र = नाहर, सिंह, बाघ**
नार = नारी, स्त्री

इस प्रकार (') के चिन्ह के अभाव में अर्थ कई बार बिल्कुल बदल जाता है। इसके प्रयोग का अधिक झुकाव वर्तमान काल में ही अधिक देखा जाता है। संभव है यह आंग्ल भाषा के प्रभाव का कारण हो।

भाषा विज्ञान के अंतर्गत ध्वनिलोप (Haplology) के नियमानुसार एक ही प्रकार की दो ध्वनियों के आसपास आने पर उच्चारण सौकर्य के लिये एक प्रायः लुप्त हो जाता है, जिसका उल्लेख हम इस निबन्ध के आरम्भ में व्यञ्जनलोप के उदाहरण देते समय कर चुके हैं (देखो—पृष्ठ १३)।

अन्य भाषाओं के समान राजस्थानी में भी प्रतिध्वनित अथवा अनुकरणमूलक शब्दों का खूब व्यवहार होता है। प्रतिध्वनित रूप में मुख्य शब्द के किंचित् अंशों को ही दुहराया जाता है। इस अंश का स्वतः कुछ अर्थ नहीं होता किन्तु मूल शब्द के साथ यह 'इत्यादि' का अर्थ देता है, यथा—**रोटी-वोटी, भात-वात** आदि। प्रायः ये शब्द मूल शब्द के आद्य अक्षर के व्यंजन-ध्वनि के स्थान पर **व** बिठा देकर बनते हैं।[1]

कुछ शब्द गहराई एवं घनत्व उत्पन्न करने के लिए शब्दों के साथ प्रयुक्त होते हैं। इनका उद्देश्य शब्द का अर्थ कुछ अधिक स्पष्ट कर गहराई तक पहुँचाने का होता है—

यथा—१ **फीकौ** = फीका
फीकौ थूक = बिल्कुल फीका, थूक के समान फीका

२ **धोलौ** = सफेद
धोलौ बग = बगुले के समान सफेद, नितान्त श्वेत

३ **लंबौ** = लम्बा
लंबौ लड़ंग = पंक्ति के समान लम्बा, बहुत लम्बा

४ **डीगौ** = ऊँचा, लम्बा
डीगौ डांग = बहुत लम्बा (ऊँचाई में व्यक्ति के लिए)

उपरोक्त शब्दों के साथ आने वाले शब्दों में कुछ अर्थ निहित है। किन्तु, कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं जिनको मूल शब्दों से अलग कर देने पर उन शब्दों का कोई विशेष अर्थ नहीं निकलता, वे केवल शब्दों के साथ रह कर ही अर्थ में वैचित्र्य उत्पन्न करते हैं, यथा—

१ **धोलौ** = सफेद
धोलौ धट = बिल्कुल सफेद
धोलौ फट = ,, ,,

२ **सीधौ सड़ाग** = बिल्कुल सीधा
सीधौ सणंक = ,, ,,

३ **लीलौ** = नीला
लीलो चैर = गहरा नीला

इसके अतिरिक्त व्यवहार में समान अर्थ वाले शब्दों को भी कहीं-कहीं साथ-साथ उपस्थित कर दिया जाता है। अलग-अलग रूप में वे दोनों समान अर्थ देते हैं, एवं सम्मिलित रूप से भी उनका अर्थ वही रहता है, उसमें परिवर्तन नहीं होता। इनका वर्गीकरण इस प्रकार से किया जा सकता है—

[1] राजस्थानी भाषा—डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृष्ठ ५२।

१. अनुकार शब्द—
 पूछ-ताछ, देख-भाल
२. अनुचर शब्द—
 कपड़ा-लत्ता, दिन-दहाड़ौ, कांम-काज
३. सहचर या अनुवाद शब्द—
 साग-सब्जी, पहाड़-परवत, नदी-नाला, व्याव-सादी
४. विकार शब्द—
 गोभी-गाभी, गाबा-गूबौ

कुछ शब्द अर्थ में भिन्नता रखते हुए भी रोजाना के सहचर्य के कारण साथ-साथ आ जाते हैं। इन्हें प्रतिचर शब्द कहते हैं, यथा—

दिन-रात, राजा-वजीर आदि।

वर्ण-विपर्यय की विवेचना हम पहले कर चुके हैं। उसके आधार पर कुछ शब्द परस्पर आदान-प्रदान कर संतुलन ठीक बनाये रखते हुए भी रूप में परिवर्तन कर लेते हैं—

यथा— **जंघा = जांघ**
 संझा = सांझ

राजस्थानी नामों के सम्बन्ध में विवेचना करते हुए उनके रूप-भेद आदि की विशेषताओं का वर्णन किया जा चुका है, किन्तु कुछ इस प्रकार की जटिलताएँ हैं, जिसके कारण भाषा कई स्थलों पर बड़ी दुरूह हो गई है। ऐसे शब्दों का प्रयोग, जिनके कई अर्थ हो सकते हैं, किसी विशेष एक अर्थ में प्रयुक्त किया जाय, वह भी लाक्षणिक रूप से, तब उनका अर्थ बड़ा अस्पष्ट-सा हो जाता है। ऐसे प्रसंगों में पूरी कविता या प्रसंग के ज्ञान बिना चलती हुई गाड़ी रुक जाती है। एक दो उदाहरणों द्वारा यह बात अच्छी तरह स्पष्ट हो सकेगी। प्रिथीराज राठौड़ ने अपनी वेलि में रुक्म के लिए **सोनानांमी** प्रयुक्त किया है। **सोनानांमी** का अर्थ रुक्म नहीं होता। सोने (स्वर्ण) के बहुत से पर्यायवाची शब्द होते हैं, उनमें एक शब्द रुक्म भी होता है। इसी को आधार मान कर उन्होंने वेलि में रुक्म के लिए **सोनानांमी**[1] प्रयुक्त किया है। कितनी जटिलता है। कुछ कविगण इससे भी आगे बढ़ गये हैं। प्राचीन गीतों में सीसोदिया भीमसिंह के लिए कई स्थलों पर **पांडवनांमी**[1] प्रयुक्त किया गया है। **पांडवनांमी** का अर्थ किया गया है 'पांडव के नाम वाला'। पांडव पाँच थे। किस पांडु पुत्र के नाम का आधार मान कर अर्थ किया गया है यह तब तक स्पष्ट नहीं होता जब तक कि प्रसंगानुसार पूर्व ज्ञान प्राप्त नहीं कर लिया जाता। इस प्रकार ऊँट के लिए **सिसुनांमी**, महेशदास के लिए **भूतेसनांमी**[2], राव गांगा के लिए **ससमाथ**[3] आदि शब्दों का प्रयोग देखने को मिलता है।[4]

---

[1] निराउध कियौ तदि **सोनानांमी**, केस उतारि विरूप कियौ।
छिणियै जीवि जु जीव छंडियौ, हरि हरिणाखी पेखि हियौ॥
—वेलि क्रिसन रुकमणी री, राठौड़ प्रथीराज

---

[1] गोळा तीर आछूटै गोळा, दोळा आलम तणा दळ।
पड़ दड़अड़ चड़यड़ चहुंपासै, खूमांणौ लूंबिया खळ॥
पातल हरा ऊपरा पड़भव, खळ खूटा तूटा खड़ग।
पांडवनांमी नीठ पाड़ियो, लग ऊगमण आथमण लग।
—गीत भीमसिंह सीसोदिया रौ : रच०—खेमराज दधवाड़िया।
(ना० प्र० प०, भाग १ के पृष्ठ १६० से बाबू रामनारायण दूगड़ के एक लेख से उद्धृत)

[2] घावां बाणासां तिलक्कां धू सांबलां गंगाजळां घोख,
बील पत्रां कटारां अखत्रां गोळी बांण।
सोर धुवां झाळां दीपमाळां गोळां फणां सेस,
पूजै यूं सतारा दळां माहेस पीठांण॥ १
हरी हरा रट्टां चहूं तरफ्फां असीस होत,
नमै सट्टी सट्टां धार खत्रीवट्टां नेम।
पड़ै पावां सार झट्टां हजारां अगुट्टां पेस,
अच्चै **भूतेसनांमी** मरहट्टा येम॥ २
—गीत आसोप ठाकुर महेसदासजी रौ : रच०—उमेदराम सांदू

[3] हुवै मुहमेज दळ सबळ मंगळ हुवै।
जुबै जोधार जुब सार जाय जाडौ॥
लोजते साथ भारथ 'गंग' लसतां।
आवीयौ 'जैत' **ससमाथ** आडौ॥
—राव गांगैजी रौ गीत (ठाकुर जैतसी री वात

[4] हिन्दी भाषा में भी इस प्रकार के प्रयोग पाये जाते हैं, यद्यपि राजस्थानी की अपेक्षा उनमें जटिलताएँ कम हैं—
१ रामचरित मानस में एक स्थान पर ऐसा प्रयोग मिलता है—
'विप्र श्राप तें दूनउ भाई, तामस असुर देह तिन्ह पाई।
कनककसिपु अरु हाटक लोचन, जगत विदित सुरपति मद मोचन॥
—बालकांड १२१/३

इसमें हिरण्यकशिपु के लिए 'कनककसिपु' तथा हिरण्याक्ष के लिए 'हाटकलोचन' का प्रयोग द्रष्टव्य है। सोने के पर्यायवाची शब्दों में हिरण्य, कनक तथा हाटक तीनों हैं, अतः हिरण्य के लिए 'कनक

कुछ शब्दों का उच्चारण राजस्थानी में कुछ विशेष प्रकार का होता है। अंग्रेजी के Hot (हॉट) एवं Call (कॉल) के समान ही इनका उच्चारण होता है। ऐसे उच्चारणों के लिए किसी अलग चिह्न द्वारा चिह्नित न होने के कारण बहुत से शब्दों के दोनों उच्चारण प्रचलित हो गए हैं, यथा–

कांम शब्द का उच्चारण

(१) **कांम**

(२) **कॉम**

राजस्थानी व्याकरण

संज्ञा–राजस्थानी में व्यञ्जनान्त अन्त्य स्वर[1] अधिकतर निम्नलिखित मिलते हैं—

आ–वांमा, रमा आदि।

इ–कवि, रवि आदि।

ई–सगती, मुगती, माळी, दही, रोही आदि।

उ–भानु।

ऊ–भालू, चक्कू, डाकू आदि।

ए–

ऐ–नेपै, रावळै।

औ–घोड़ौ, लड़कौ, बेटौ, कोठौ, माटौ इत्यादि।

अन्त्य व्यञ्जन साधारणतः निम्नलिखित हैं—

क–नाक, चाक, चमक, लटक आदि।

ख–राख, पंख, आंख, परख आदि।

ग–साग, आग, रोग, चंग आदि।

घ–बाघ, जांघ, ऊंघ आदि।

ड़–बाड़, नाड़, पीड़, मोड़ आदि।

च–आंच, नाच, काच, मच आदि।

छ–छाछ पांछ आदि।

ज–राज, काज, लाज आदि।

झ–सांझ, बांझ आदि।

ट–घाट, दाट, पेट, ईंट, ऊंट आदि।

ठ–ओठ, सेठ, मठ आदि।

ड–सांड, लाड आदि।

ढ़–कोढ़, बाढ़ आदि।

ण–मांण, कांण, बांण आदि।

त–मात, पित, रेत, पोत आदि।

थ–हाथ, थोथ, नथ आदि।

द–दाद, तूंद, मोद, नाद आदि।

ध–कांध, दूध।

न–कांन, मन, तन आदि।

प–पाप, चेप, सांप, कप आदि।

फ–बाफ, बरफ, सूंफ आदि।

ब–अरब, गरब, आब आदि।

भ–लाभ, गरभ, नभ, आभ आदि।

म–कांम, नांम, बिदांम, दम आदि।

य–हाय, राय आदि।

र–हार, खुर, अमचूर आदि।

ल–काल, रेल आदि।

ल़–काळ, दाळ, साळ आदि।

व–गांव, घाव आदि।

व़–वाव़।

स–हूंस, बांस, ओस, उसांस आदि।

ह–उछाह, कलह आदि।

लिङ्ग–स्वाभाविक रूप से पुरुष, स्त्री एवं नपुंसक ये तीन वर्ग प्रकृति में मिलते हैं। इसी कारण प्रायः कई भाषाओं में

एवं हाटक' का प्रयोग कर दिया गया है। (प्रथीराज राठौड़ द्वारा रचित वेलि क्रिसन रुकमणी री' में दोहा १३४ में प्रयुक्त 'सोना-नांमी' से इस प्रयोग को मिलाइये।

२ संस्कृत के 'द्विरेफ' शब्द की उत्पत्ति में भी यही प्रवृत्ति कार्य कर रही है। द्विरेफ का अर्थ है दो रेफ वाला, अर्थात् जिसमें दो रेफ हों। चूंकि भ्रमर शब्द में दो रेफ हैं अतः 'द्विरेफ' भी भ्रमर का पर्याय बन गया। इस प्रकार के शब्दों को Irony कहते हैं। देखिये— Elements of Science of Language, by Taraporewala, Page 98-99, Para 79.

[1] राजस्थानी में व्यंजनांत (हलंत) शब्दों की अंतिम व्यंजन ध्वनि या तो लुप्त हो जाती है या अ जोड़ कर अकारांत बनायी जाती है, यथा—मन (मनस्), जग (जगत्) आदि। अपभ्रंश में भी यही परंपरा मिलती है, देखो—हिन्दी साहित्य का वृहत इतिहास, प्रथम भाग; सं०—राजबली पांडे, पृ. ३२२।

इन तीनों का प्रयोग हुआ है। प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी, मराठी एवं गुजराती—इन तीन भाषाओं में ये तीनों लिङ्ग पाये जाते रहे हैं। प्राचीन राजस्थानी के बाद निरंतर दो ही लिङ्ग मानने की ओर राजस्थानी में झुकाव रहा। आज प्रायः पु० एवं० स्त्री० इन दो ही लिङ्गों का प्रयोग होता है।[1] स्थान-भेद के कारण विभिन्न बोलियों में कुछ लिङ्ग-भेद मिलते हैं। **स्नांन** को पु० माना गया है, किन्तु जैसलमेर की ओर स्थानीय रूप में इसे स्त्री० माना गया है। परन्तु प्रामाणिक रूप से शब्दों का **मानकीकरण** Standard प्रायः स्थिर है।

आधुनिक रूप में राजस्थानी में नपुंसक लिग नहीं है। किन्तु प्रकृत्यनुसारी पु० एवं नपुं० लिङ्ग का थोड़ा-सा भेद कर्मकारक के परसर्ग **नै** प्रयोग में अवश्य दृष्टिगत होता है, यथा—

१ माळी **नै** बुलावौ।
२ घोड़ी **नै** खोलदौ।
३ बळीतौ लाऔ।

अन्य परसर्गों में लिङ्ग विकार होता है किन्तु **नै** नपुं० के समान दोनों लिङ्गों में समान रूप प्रयुक्त होता है।

प्रायः राजस्थानी में तद्भव शब्दों का लिङ्ग वही है जो तत्सम रूपों का है। तत्सम रूपों से उन तद्भव रूपों तक आते-आते कुछ घिसा-पिटी इस प्रकार की हो गई है कि अन्य भाषा-भाषियों के लिए राजस्थानी को लिङ्ग समस्या कुछ दुरूह-सी हो गई है। यह दुरूहता केवल राजस्थानी में ही नहीं है अपितु हिन्दी तथा कुछ अन्य आर्य भाषाओं में भी वैसी ही है, यथा—

पु०	स्त्री०
हिसाब	**किताब**
ब्याल	**वेल**
सूत	**लूट**
दाग	**आग**

साधारण जन के लिए यह दुरूह है कि जब **हिसाब** पुंलिग है तो **किताब** स्त्री० क्यों है? **मकान** शब्द पु० है, जबकि **दुकांन** व **कबांन** शब्द स्त्री० है। इससे जन-साधारण की धारणा कुछ इस प्रकार की बनती है कि यह लिङ्ग-विधान नितांत अनियमित है। मेरी 'राजस्थांनी व्याकरण' में मैंने इस लिङ्ग-विधान की विवेचना एवं व्याख्या करने का प्रयत्न अवश्य किया है तथापि उसी क्रम में आने वाले विभिन्न-लिंगी शब्दों को अपवाद माना गया है। तब भी लिङ्ग-विधान के विकास-क्रम की कुछ अधिक सूक्ष्म एवं सरलतर व्याख्या की आवश्यकता है। यह समस्या उस समय और भी जटिल हो जाती है जबकि तत्सम रूपों का लिङ्ग तद्भव रूपों में परिवर्तित रूप में प्रचलित हो जाता है, यथा—

संस्कृत	राजस्थानी	
अग्नि (पु०)	**आग** (स्त्री०)	[प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में **अगि** पु० में प्रयुक्त हुआ है।]
देवता (स्त्री०)	**देवता** (पु०)	[इन्द्रिय-पराजय-शतक का बालावबोध–८३।]

तत्सम रूपों के नपुंसक लिङ्ग के बारे में यह माना गया है कि वे पु० एवं स्त्री० में बँट गए हैं। अतः इस बँटवारे में सम्बन्धित भाषाओं ने स्वतंत्र विचार द्वारा लिङ्ग निश्चित किए हैं। इस प्रस्तुत कोश में भी प्रामाणिक लिङ्ग रूपों को ही प्रस्तुत किया गया है। प्रचलित पु० शब्दों के साथ ही उनके स्त्री० रूप दे दिए गए हैं। अलग स्त्री० रूप उन्हीं शब्दों के दिए गए हैं जिनका पु० रूप बहुत कम प्रयुक्त होता है। अतः प्रचलित शब्दों के स्त्री० शब्दों को उनके पु० रूपों में ही खोजने का प्रयत्न करना चाहिये।[1]

---

[1] लिंग sex पर आधारित न होकर व्याकरण पर आधारित है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित उद्धरण उल्लेखनीय है—

"The gender is not based on sex distinctions, but as in the Semitic and Indo-European families it is "grammatical". Perhaps it would be more correct to say that nouns are divided into two classes, which answer more or less to our masculine and feminine genders. As a general rule the big and strong things are 'masculine' and the weak and small things are feminine."

—Elements of Science of Language, by Taraporewala, Page 358, Para 240 (iii)

[1] कुछ प्राणीवाचक शब्द सदैव पु० रूप में ही प्रयुक्त होते हैं, यथा—बाबहियौ, माछर, कागलौ आदि तथा कुछ सदैव स्त्री० रूप में ही प्रयुक्त होते हैं, यथा—कोयल, मैना, चील, उदेई, चुड़ैल आदि।

वचन— संस्कृत में एकवचन, द्विवचन एवं बहुवचन तीनों का प्रयोग होता था। मध्य भारतीय आर्य भाषा काल के प्रारम्भ में ही द्विवचन लुप्त हो गया।[1] इसी उत्तराधिकार के फलस्वरूप आधुनिक आर्य भाषाओं में केवल दो ही वचन होते हैं—एकवचन एवं बहुवचन। आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के प्रारम्भिक काल तक प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का पु० प्रथमा, बहुवचन का प्रत्यय **आ** अपभ्रंश की पदांत ह्रस्व-स्वर लोप की प्रवृत्ति के कारण समाप्त हो गया।[2] यथा— सं० एकवचन पुत्र, बहुवचन पुत्राः। राजस्थानी में यह प्रवृत्ति विसर्ग लोप के साथ कुछ उलटफेर से अब भी प्रचलित है। यहां **अकारांत** एकवचन शब्दों का बहुवचन अंत्य-स्वर के बदले **आं** करने से बनता है, यथा—

	एकवचन	बहुवचन
पु०	नर	नरां
	खेत	खेतां
	कायर	कायरां
स्त्री०	रात	रातां
	चील	चीलां

इकारांत एवं **ईकारांत** एकवचन शब्दों के बहुवचन रूप में **यां** लगाया जाता है—

	एकवचन	बहुवचन
पु०	कवि	कवियां
	तेली	तेल्यां, तेलियां
स्त्री०	मूरती	मूरत्यां, मूरतियां
	रोटी	रोट्यां, रोटियां
	घोड़ी	घोड़्यां, घोड़ियां

औकारांत शब्दों के बहुवचन रूप **आकारांत** हो जाते हैं, यथा—

	एकवचन	बहुवचन
पु०	घोड़ौ	घोड़ा
	भालौ	भाला
	पोतौ	पोता

राजस्थानी में प्रायः **औकारांत** शब्द स्त्रीलिंग नहीं होते। लिंग परिवर्तन में उनका रूप **ईकारांत** अथवा **अकारांत** हो जाता है। अपवादस्वरूप एक अक्षरिक जो स्त्रीलिंग **औकारांत** शब्द मिलते हैं उनका बहुवचन रूप **वां** लगने से होता है, यथा—

पौ एक व० का **पौवां** बहु० व०

गौ एक व० का **गौवां** बहु० व०

आकारांत एवं **ऊकारांत** शब्दों में भी **वां** लगाकर उनका बहुवचन रूप बनाया जाता है, यथा—

एकवचन	बहुवचन
मा	मावां
लू	लूवां
बहू	बहुवां

उपरोक्त रूपों के अतिरिक्त कुछ शब्दों की सहायता से भी बहुवचन प्रकट किया जाता है। प्रायः ये शब्द-समूह का बोध कराते हैं। इस प्रकार के शब्दों का योग होने पर कारक परसर्ग संज्ञा पद के साथ न लग कर इन्हीं शब्दों के बाद लगते हैं। इस प्रकार के कुछ शब्द ये हैं **लोग, सब, सैंग** (अथवा इनके रू०भे०) **गण** आदि। उदाहरणस्वरूप निम्न-लिखित प्रयोग द्रष्टव्य हैं **राजा लोग, कवि लोगां सूं, सैंग तारां, सैंग जणा** आदि।

जैसलमेर आदि स्थानों में स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन रूप **एकारांत** होते हैं, यथा—

एकवचन	बहुवचन
रोटी	रोटैं
सती	सतैं
ओल	ओलैं

एकवचन एवं बहुवचन तथा इनके कारक प्रत्ययों की विवेचना करने का यहाँ हमारा उद्देश्य नहीं है। यह कार्य वैयाकरणों एवं व्याकरण का है। प्रस्तुत कोश में एकवचन शब्दों को ही उपस्थित किया गया है। व्याकरण के नियमानुसार उनका बहुवचन रूप स्वयमेव समझ लेने का प्रयत्न अधिक उचित होगा। अपवादस्वरूप कुछ शब्द अपने बहु-वचन रूप में ही प्रयुक्त होते हैं। उनका एकवचन प्रायः होता ही नहीं, अगर होता है तब भी वह अत्यन्त महत्वहीन होता

---

[1] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, प्रथम भाग–सं० राजबली पांडे, पृ० २६६।

[2] हिन्दी भाषा का उद्‌गम और विकास–उदयनारायण तिवाड़ी, पृ० ४३४।

है। वे सदा बहुवचन रूप में ही सार्थक होते हैं, यथा— **परियां**[1], **कंपा (चिम्रां), म्राखा** म्रादि।

इस प्रकार के शब्दों को सोल्लेख उपस्थित किया गया है। फिर भी मोटे रूप से हमने कोश को कोश ही बनाये रखना वांछनीय समझा है, उसे व्याकरण बनाने का उद्देश्य हमारा कदापि नहीं है। प्रत्येक भाषा के अपने स्वयं के व्याकरण सम्बन्धी कुछ नियम होते हैं। जब कोई भाषा अन्य भाषाओं से किन्हीं शब्दों को ग्रहण करती है तब उन शब्दों को वह भाषा अपने व्याकरण के ढाँचे के अनुकूल ढाल लेती है। राजस्थानी में भी विदेशी शब्दों को स्वदेशी रूप में बहुवचनान्त बना लिया जाता है, यथा–

विदेशी एकवचन शब्द	स्वदेशी बहुवचनान्त रूप
स्टेशन, स्टेसन	**स्टेसनां**
मोटर	**मोटरां**
टिकट	**टिकटां**

कारक– भारत की प्राचीन भाषाओं तथा योरोपीय भाषाओं में संज्ञाओं का सम्बन्ध उपसर्गों (Preposition) द्वारा प्रकट कर दिया जाता था। इनके अतिरिक्त अरबी-फारसी आदि भाषाओं में भी उपसर्गों की सहायता से कारक प्रकट किये जाते हैं। किन्तु भारतीय भाषाओं में प्राचीन काल से ही कुछ परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगा था। इस परिवर्तन के अनुसार उपसर्ग क्रियाओं के साथ जुड़ने लगे और संज्ञाओं के कारक सम्बन्ध नियमित करने का इनका कार्य समाप्त हो चला। इस काल के उपरांत शब्दों के प्रातिपदिक रूप में विभक्ति-प्रत्यय लगा कर भिन्न-भिन्न कारक रूप निष्पन्न किये जाते रहे। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा, यथा–संस्कृतादि में छः कारक (संस्कृत में सम्बन्ध एवं संबोधनकारक का समावेश नहीं था। राजस्थानी में इन दोनों को मिला कर कारक संख्या आठ मानी जाती है) माने गये और प्रत्येक कारक का एकवचन, द्विवचन एवं बहुवचन का रूप अलग-अलग विभक्ति प्रत्ययों के योग से बनता था। इस दृष्टि से प्रत्येक शब्द के सामान्य रूप से चौबीस रूप होते थे। शब्दों के कारक रूपों में समीकरण की प्रवृत्ति के प्रसार के साथ ही प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं में शब्द रूपों की बहुलता निरंतर कम होती गई एवं केवल पांच-छः रूप ही शेष रह गये। अपभ्रंश काल में तो शब्द-रूपों के अनुसार कारकों के केवल तीन ही वर्ग शेष बच रहे।

ध्वनि-परिवर्तन के कारणवश विभक्ति प्रत्ययों के मूल रूप की अस्पष्टता अपभ्रंश काल तक इस अवस्था में पहुँच गई कि कारक प्रकट करने के लिये सहायक शब्दों का प्रयोग आवश्यक माना जाने लगा। आगे चल कर विभक्ति प्रत्ययों में और भी कमी हो गई। केवल कर्ता बहुवचन, करणकारक, सम्बन्ध बहुवचन और अधिकरण एकवचन के विभक्ति प्रत्यय ही जिस किसी रूप में शेष बच पाये, किन्तु उनमें समानता न रही।

राजस्थानी में कारकों के निर्विभक्तिक और सविभक्तिक रूप दोनों देखने को मिलते हैं। विभक्ति चिन्ह इस भाषा में अन्य भाषाओं की अपेक्षा कुछ अधिक एवं अनेक रूपों में मिलते हैं, यथा–

कारक	विभक्तियां	विभक्ति चिन्ह
करता	प्रथमा विभक्ति	×
करम	द्वितीया विभक्ति	**नै, नूं, नां, को, कूं।**
करण	तृतीया विभक्ति	**सूं, ऊँतौ, ती, सेती, सात, हूंत, हूंता, सां, सै, संथो।**
संप्रदान	चतुर्थी विभक्ति	**रै, कै, बेंई, बैई, लिये, आंटा, माटै, आंटै, वासते, कारण, सारू, तांईं।**
अपादान	पंचमी विभक्ति	**तृतीया विभक्ति के समान।**
सम्बन्ध	षष्ठी विभक्ति	**रा, री, रै, रौ, का, की, के, को, चो, चा, च, ची, तणौ, तणी[1], तण।**
अधिकरण	सप्तमी विभक्ति	**मैं, में, मांय, परे, पै, माथै, ऊपरै, तांईं, तक, खनै,**

---

[1] पूर्वजों के अर्थ में।

[1] 'तरण' का प्रयोग हेमचंद्र के दोहों में षष्ठी वाले रूपों के साथ भी मिलता है। बाद में जाकर इन्हीं से राजस्थानी में तरणा-तरणी का विकास हुआ है—देखिये—'हिन्दी का वृहत् इतिहास', प्रथम भाग, सं० राजबली पांडे, पृ० ३२६।

(मेरे द्वारा लिखित 'राजस्थांनी व्याकरण, पृष्ठ ३८)

कनै, नखै, नकै, खंडे, खूंडे,
गोडै, दीहा, पां, दीसा, वळ,
वलाकौ, पाहै, पास, पासै,
पागती, पसवाडै, पा'ड़ै
पासड़ै ।

सम्बोधन . अष्टमी विभक्ति हे, हो, अरे, ओ ।

राजस्थानी में विभक्तिसहित बहुवचन बनाने के कुछ विशेष नियम हैं। यह व्याकरण का विषय होने के कारण उसका विस्तारपूर्वक उल्लेख यहाँ संभव नहीं है, तथापि कुछ विशिष्ट विशेषताओं से परिचित कराना विषयान्तर न होगा।

बहुवचन बनाने में अकारांत विकारी शब्द आंकारांत तथा आकारांत विकारी शब्द आंकारांत या वांकारांत हो जाते हैं, यथा–

एकवचन	बहुवचन
घर	घरां (नै)
वात	वातां (सूं)
खेत	खेतां (में)
राजा	राजाआं, राजावां (नै)
पिता	पिताआं, पितावां (नै)

इकारांत तथा ईकारांत शब्दों को बहुवचन बनाने के लिये इकारांत शब्दों में यां जोड़ा जाता है एवं ईकारांत शब्दों में ई को ह्रस्व कर यां जोड़ दिया जाता है –

एकवचन	बहुवचन
कवि	कवियां
टोपी	टोपियां
घोड़ी	घोड़ियां

उकारांत तथा ऊकारांत शब्दों को बहुवचन बनाने के लिये उकारांत शब्दों में आं अथवा वां जोड़ दिया जाता है एवं ऊकारांत शब्दों में ऊ को ह्रस्व कर आं या वां जोड़ा जाता है—

एकवचन	बहुवचन
साधु	साधुआं, साधुवां
चरू	चरुवां

एकारांत शब्दों को बहुवचन बनाने के लिये आंकारांत एवं हांकारांत बनाया जाता है, यथा–

एकवचन	बहुवचन
मे	मेआं, मेहां
खे	खेआं, खेहां

ऐकारांत शब्द दोनों वचनों में समान रूप से प्रयुक्त होते हैं—

एकवचन	बहुवचन
रावळै	रावळै (पु०)
कलै	कलै (स्त्री०)

औकारांत शब्दों का बहुवचन आकारांत करने पर हो जाता है, यथा–

एकवचन	बहुवचन
दादौ	दादां, दादा
छोकरौ	छोकरां, छोकरा

कुछ विशिष्ट परसर्गों का विवेचन करना इस दृष्टिकोण से उचित होगा–

नै– इस परसर्ग का व्यवहार राजस्थानी की एक प्रमुख विशेषता है। कुछ अन्य भाषाओं में भी इसका व्यवहार परसर्ग के रूप में होता है। प्रायः इसके स्थान पर यदा-कदा नूं, कूं, को, नां आदि भी प्रयुक्त होते हैं

१ घोड़ां नै मारौ।
२ घोड़ां नूं मारौ।
३ घोड़ां कूं मारौ।
४ घोड़ां को मारौ आदि।

जो अप्राणीवाचक शब्द हो, उसके साथ साधारणतया नै का प्रयोग नहीं किया जाता, यथा–

१ कपड़ा खोल दौ।
२ घास काटौ।
३ नळ खोल दौ।

किन्तु जोश, क्रोध, गर्वोक्ति, उद्देश्य-विधेय, निश्चयात्मक भावों आदि में नै लगाना आवश्यक है अन्यथा भाव विशेष अस्पष्ट रहेगा एवं साधारण भाव ही प्रकट होगा।

इस नै परसर्ग की व्युत्पत्ति के विषय में विद्वानों में काफी मतभेद है। प्रायः इसका सम्बन्ध प्राचीन भारतीय आर्य भाषा की करण-कारक एकवचन की विभक्ति एन से जोड़ते हैं एवं वर्ण-

व्यत्यय से **एन** का **ने** में परिणत होने का अनुमान करते हैं, किन्तु यह मत ठोस प्रमाणों पर आधारित नहीं माना जाता। डा० चाटुर्ज्या इस परसर्ग की व्युत्पत्ति सं० शब्द **कर्ण** से मानते हैं। उनके अनुसार इस परसर्ग का प्राचीन रूप **कनै** था। राजस्थानी में आधुनिक काल में भी यह शब्द 'समीप' के अर्थ में प्रयुक्त होता है, यथा-म्हारै **कनै** आव (मेरे पास आ)। सं० **कर्ण** मध्य भारतीय आर्य भाषा काल में **कन्न** एवं अपभ्रंश में इसका अधिकरण रूप **कन्नहि** बनता है, जिसमें **क** तथा **ह** के लोप से **नइ** और गुण द्वारा **नै** रूप निष्पन्न हुआ। संस्कृत **कर्ण** का शब्दार्थ कान होते हुए भी यह सामीप्य का बोधक है। अतः राजस्थानी में भी यह संज्ञा एवं क्रिया के मध्य संबंध स्थापित करने में प्रयुक्त होता रहा है।[1]

हम ऊपर लिख चुके हैं कि **को** राजस्थानी में **नै** परसर्ग के स्थानापन्न रूप में प्रयुक्त होता है, यथा-

रांम **नै** रोटी घालौ।
रांम **को** रोटी घालौ।

अन्य भाषाओं में इन परसर्गों के प्रयोग से अर्थान्तर हो जाता है, यथा-

रांम **ने** रोटी खाई।
रांम **को** रोटी डालिये।

राजस्थानी में इस प्रकार का विभेद नहीं है।

निम्नलिखित उदाहरणों से परसर्गों की व्याख्या अधिक स्पष्ट हो जायगी—

१ करम-

(i) रथ थंभि सारथी विप्र छंडि रथ, औ पुर हरि बोलिया इम।
आयौ कहि, कहि नांम अम्हीणौ, जा सुख दे स्यांमा **नै**
जिम।।—वेलि. ६६

(ii) आजूणउ घन दीहड़उ, साहिब **कउ** मुख दिट्ठ।
माथा भार उळथ्थियउ, आँख्यां अमी पयट्ठ।।
—ढो.मा. ५३१

(iii) राजा रांणी **नूं** कहइ, बात विचारउ जोइ।
आज विवाहइ द्यां दीकरी, हांसउ हसिली लोइ।।
- ढो.मा. ७

२. करण-

(i) चकडोळ लगै इणि भांति **सुं** चाली,
मति **तैं** वाखांणण न मूं।
सखी समूह मांहि इम स्यांमा,
सीळ आवरित लाज **सूं**।।—वेलि. १०३

(ii) गावह दाध्यउ दग्ग **करि**, सासू कहइ वचन्न।
करहउ ए कूड़इ मनइ, खोड़उ करइ यतन्न।।
—ढो.मा. ३३५

३. सम्प्रदान-

(i) तदि नृप पग वंदि मुनि तणा, कोधज छिमा कराय।
साथ दिया लछमण सहित, रछ्या **कजि** रघुराय।।
—सू.प्र., पृष्ठ २६

(ii) रोहड़ **छळि** राजा रतन।—वचनिका रतनसिंघजी री

(iii) सीख रतन कीधी **स्रगि सारू**।—वचनिका रतनसिंघजी री

४. अपादान-

(i) इंद्र मांगै जिन **कनै** (**सूं**) दक्षिणा।—अज्ञात

(ii) नदी हेम **थी** ले चली जांणि नीर।
—वचनिका रतनसिंघजी री

(iii) चीतारंती चुगतियां कुंभी रोयहियांह।
दूरां **हुंता** तउ पलइ, जऊ न मेल्हहियांह।।
—ढो.मा. २०३

५. सम्बन्ध-

(i) करहा कहि **कासूं** करां, जो ए हुई जकाह।
नरवर **केरा** माणसां, **कारै** कहिस्यां जाह।।
—ढो.मा. ४४५

(ii) साहिब आया, हे सखी, कज्जा सहु सरियांह।
पूनिम-**केरे** चंद ज्यूं, दिसि च्यारे फळियांह।।
—ढो.मा. ५२८

(iii) साल्ह चलंतइ परठिया, आंगण वीखड़ियांह।
कूवा-**केरी** कुहड़ि ज्यूं, हियड़इ हुइ रहियांह।।
—ढो.मा. ३६७

(iv) सखी अमीणां कंत **रौ**, औ इक बड़ौ सुभाव।
गळियारां ढीलौ फिरै, हाकां वागां राव।।
—हा.भा. १७

(v) सिंघ सरस रायसिंघ **रै** रहियौ झूझै रांम।
आड़ौ सरवहियौ अछै कळह तणौ घरि कांम।।
—हा.भा. ३६

---

[1] हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास—डॉ० उदयनारायण तिवारी, पृष्ठ ४४०-४४१।
राजस्थानी में सामीप्य के बोधक इस प्रकार के अनेक अंगवाची शब्द मिलते हैं = गोडै, नखै, पाहड़ै आदि।

(vi) विढंतौ जमौ बिसकन्या बाग्वांगियौ।
परणती कंथ चौ मुरड़ पहचागियौ ॥—हा. झा. २५

(vi) कांम संग्राम चो हांम जुध कांमणी।
घणा नर जोवती भोमि आई घणी ॥—हा.झा. २२

(vii) जिण दीध जनम, जगि, मुखि दे जीहा,
क्रिसन जु पोखण भरण करै।
कहण तणौ तिणि तणौ कीरतन,
स्रम कीधां विणु केम सरै ॥—वेलि. ७

(viii) ग्रहै अंग्रावळि उड़ि चली ग्रोभणी।
श्रिहूँ भुयण रही वात सोहड़ां तणी ॥—हा.झा. ४७

(ix) संहितासु तणं पुत्र अक्रसासु(स)।
अक्रसासु तणं पुत्र जवनासु ॥—सू.प्र पृष्ठ ११

(x) फिरि फिरि झटका जै सहै हाका बाजंतांह।
त्यां घरि हंदी बंदड़ी घरणी कापुरसांह ॥
—हा.झा. ३८

७. अधिकरण—

(i) कुंदणपुर हूंता वसां कुंदणपुरि,
कागळ दीधौ एम कहि।
राज लगै मेल्हियौ रुखमणी,
समाचार इणि मांहि सहि ॥—वेलि. ५६

(ii) सींगण कांइ न सिरजियां, प्रीतम हाथ करंत।
काठी साहंत मूठि-मां, कोडी कासी संत ॥
—ढो.मा. ४१६

(iii) मारू लंक दुइ अंगुळां, वर नितंब उर मंस।
मलहपइ मांझ सहेलियां, मांन सरोवर हंस ॥
—ढो.मा. ४६१

(iv) वपु नीलवसन मझि इम वखांण।
जगमगत घटा मझि छटा जांण ॥
—सू.प्र., पृष्ठ १५

(v) सींगाळी अवखल्लणी, जिण कुळ हेक न थाय।
जास पुराणी वाड़ जिम, जिण जिण मत्थै पाय ॥
—हा.झा. ३२

(vi) घणा मझ घातियां भार झालै घणौ।
बहुत अवगुण कियां थोड़हौ बोलणौ ॥
—हा.झा. १५

(vii) मधि त्रेता जुग चैत्रमास, सकंति-मेखि सरि।
करक लगन पख सुकळ, वरा पुन्नवसु नखित्र धुरि ॥
सू.प्र., पृष्ठ २०

(viii) रमै हसै नरिंदरं, मझार राज मिंदरं।
करै उछाह सुक्रिया, पचास सातरौ प्रिया ॥
सू.प्र., पृष्ठ २२

(ix) अणी चढ़ि खेति जसवंत सूं आहुड़ी।
पिय नखै पौढ़सी नहीं पणिहारड़ी ॥—हा.झा. ३१

परसर्गोंरहित कारक विभक्तियों के उदाहरण—

१. कर्त्ता—

(i) सीखावि सखी राखी आखै सुजि, रांगी पूछै रुखमणी।
आज कहौ तौ आप जाइ आवूं, अंब जात्र अंबिका तणी ॥
—वेलि. ७६

(ii) तरै बांण बांदे गयौ देखि तासं।
सुरांराज झल्ले न हल्ले सरासं ॥—सू.प्र., पृष्ठ २८

२. करम—

(i) दुगटा रचिगौ दाव, ओवब (को) नागी देवता।
अब तौ वेगा आव, साय करण नै सांवरा ॥
द्रौ पृ. ५०

(ii) हलै हेक राई न को स्रम्म होतां।
जती जीव चालै न ज्यूं बांम (को) जोतां ॥
स.प्र., पृष्ठ २८

३. करण—

(i) सांवण आयउ साहिबा, पगइ (से) विलंबी गार।
अच्छ (से) विलंबी वेलड़ियां, नरा (से) विलंबी नार ॥
—ढो.मा. २६६

४. सम्प्रदान—

(i) हंसां (के लिये) नग हरनूं लुचा, दांत किरातां (के लिए) दीध।
—बां.दा.

(ii) प्रिव माळवणी परहरे, हालयउ पुंगळ (के लिये)देस।
ढोला म्हां बिच मोकळा, वासा घणा वसेस ॥
—ढो.मा.

५. अपादान—

(i) कुमकुमै मंजण करि धोत वसत धरि,
चिहुरे (से) जळ लागौ चुवण।—वेलि. ८१

(ii) ऊनमियउ उत्तर दिसइं, गाज्यउ गुहरि गंभीर।
मारवणी प्रिय संभरयउ, नयणे (से) वूठउ नीर ॥
—ढो.मा. १८

६. सम्बन्ध—

(i) केवियां (के) दळ तंडळ जेणि किया।
दन सांसण लक्ख गजेन्द्र दिया ॥
—वचनिका रतनसिंघजी री

(ii) छुटै अम्रताधार अप्पार छंदं ।
चवै वंस (का) वाखांण बे भांण चंदं ।।—सू.प्र. २८

(iii) इंद्रां (का) वाहण नासिका, तासु तणइ उणिहार ।
तस भख हूवउ प्राहुणउ, तिणि सिणगार उतार ।।
—ढो.मा. ५८०

(iv) पछैं जमी आकास, पवन पांणी, चंद सूरज नूं प्रणांम करि आरोगी (क) दोळी परिक्रमा दीन्ही ।
—वचनिका रतनसिंघजी री

७. अधिकरण–

(i) रचे चिंतामणी सु हार, कठि (में) रंक कीजियै ।
पलं पलं विलोकि पुत्र, जेण भांति जीजियै ।।
—सू.प्र., पृष्ठ २५

(ii) सखिए, साहिब आविया, जांहकी हूंति चाइ ।
हियडउ हेमांगिर भयउ, तन पंजरे (में) न माइ ।।
—ढो.मा.

(iii) चंचळां (पर) चढ़ि महा सरवर री पाळि आइ ऊभी रही—
—वचनिका रतनसिंघजी री

८. सम्बोधन–

(i) सखिए साहिब ! आविया, मन चाहंदी मोइ ।
वाड़ी हुवा वधांमणा, सज्जण मिळिया सोइ ।।
—ढो.मा. ५३२

(ii) रजस्वळा नारीह ! कथा गोप किणसूं कहूं ।
समझौ हरि सारीह, (म्हारी) सरम मरम री सांवरा ।।
—द्रो०पु० ४७

प्रस्तुत कोश में मूल शब्दों को ही स्थान दिया गया है । शब्दों के अर्थ के प्रमाण में दिये जाने वाले उदाहरणों में कहीं-कहीं उसी शब्द का परिवर्तित रूप लिख दिया गया है, किन्तु वे मूल शब्दों की भूमि को अधिक स्पष्ट करते हैं । विकारी शब्दों के उपरोक्त उदाहरणों में शब्दों के परिवर्तित एवं मूल रूप का सम्बन्ध पूर्णतया स्पष्ट हो जाएगा ।

सर्वनाम—

वैदिक तथा पाणिनिकालीन संस्कृत के विभिन्न सर्वनामों का स्थिरीकरण पर्याप्त रूप से हो चुका था । किन्तु कालांतर में प्राकृत, अपभ्रंश एवं राजस्थानी आदि आधुनिक आर्य-भाषाओं तक आते-आते सर्वनाम के इन रूपों में काफी परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगा । राजस्थानी में भी विकल्प से सर्वनामों के अनेक रूप उपलब्ध हैं, किन्तु उन सभी को कतिपय मूल रूपों के अन्तर्गत लाया जा सकता है ।

समय के बीतने के साथ ही संज्ञापदों की भाँति सर्वनामों के विकारी रूपों का भी लोप होता गया । प्राचीन काल की आर्य भाषा संस्कृत में उत्तम एवं मध्यम पुरुष-में लिंग-भेद न था, केवल अन्यपुरुष के लिए इसका समावेश था, परन्तु समय की प्रगति के साथ ही इसका भी लोप हो गया । अगर वास्तव में देखा जाय तो राजस्थानी आदि आधुनिक भाषाओं के अंतर्गत सम्बन्धकारक के रूप विशेष्य के अनुसार होने के कारण वे विशेषण होते हैं, यथा—

(i) **मारी** घोड़ी
(ii) **मारौ** घोड़ौ

सर्वनाम के कई भेद बताये जाते हैं । डॉ० उदयनारायण ने नौ भेदों का उल्लेख किया है[१], किन्तु राजस्थानी में प्रायः सात प्रकार के भेद माने गये हैं[२] :—

१ पुरुषवाचक
२ निजवाचक
३ निश्चयवाचक
४ अनिश्चयवाचक
५ सम्बन्धवाचक
६ आदरसूचक
७ प्रश्नवाचक

[१] हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास—डॉ० उदयनारायण तिवारी ने पृष्ठ ४६० पर निम्न लिखित नौ भेदों का उल्लेख किया है—

१. व्यक्तिवाचक या पुरुषवाचक (Personal)
२. उल्लेखसूचक (Demonstrative)
(क) प्रत्यक्ष-उल्लेख-सूचक (Near Demonstrative)
(ख) परोक्ष या दूरत्व उल्लेखसूचक (Remote Demonstrative)
३. साकल्यवाचक (Inclusive)
४. सम्बन्धवाचक (Relative)
५. पारस्परिक सम्बन्धवाचक (Co-relative)
६. प्रश्नसूचक (Interrogative)
७. अनिश्चयसूचक (Indefinite)
८. आत्मवाचक (Reflexive)
९. पारस्परिक (Reciprocal)

[२] राजस्थानी व्याकरण—मेरे द्वारा लिखित—पृ० ६८ से ७१

इनका विस्तार से उल्लेख 'राजस्थानी व्याकरण' में किया जा चुका है। यहाँ संक्षिप्त विवेचन ही पर्याप्त होगा।

[क] उत्तमपुरुष—राजस्थानी में इसके निम्नलिखित रूप मिलते हैं।

	एकवचन	बहुवचन
अविकारी—	हूं, मूं, म्हैं	म्हे, म्हां, अमे, अमां
कर्म—	म्हू, मो, मो	म्हां
सम्बन्ध—	म्हारौ, म्हाअजौ	म्हांअली, म्हांअजो, मांणी
	स्त्री० म्हारी	मांणी

अविकारी मूं, म्हैं की उत्पत्ति[1] संस्कृत **मया**+**एन** से हुई है। प्राकृत के करणकारक में **मया—मए**, राजस्थानी में **म्हैं** रूप मिलता है। अपभ्रंश में इसके **मैं** तथा **मइं** रूप हैं। इसी **मइं** से मूं राजस्थानी रूप बना है। अनुनासिक होने का कारण वस्तुतः एन है। प्रायः सभी बोलियों एवं आर्य-भाषाओं में यह अनुनासिकता वर्तमान है।

बहुवचन रूप **अमे, अमां** की उत्पत्ति भी वैदिक **अस्मे** से ही हुई है। प्राकृत में **अस्में** का रूप **आम्हे** बना। इससे **आम्हि** बनता हुआ राजस्थानी में **अमें** या **अमां** रूप बहुवचन में मिलता है।[2]

संस्कृत के **अहकम्** का संक्षिप्त रूप अप० **हउँ** से राजस्थानी में **हूँ** हो गया। आधुनिक गुजराती में भी हुं का काफी प्रचलन है. यद्यपि यहाँ **अउँ** से ऊ के सबल रूप की अपेक्षा उँ वाले दुर्बल रूपों की प्रबल प्रवृत्ति है, तथापि आधुनिक राजस्थानी में **हूँ** रूप सुरक्षित है।

सम्बन्ध विकारी रूप **मुझ, मझ** की उत्पत्ति भी संस्कृत के **मह्यम** से हुई है। सं० **मह्यम** से प्राकृत में तथा अप० में **मज्झु** तथा राजस्थानी में **मुझ** या **मझ** होता है। गुजराती में इसी का रूप **मज** मिलता है। पुरानी राजस्थानी में अपवाद-स्वरूप **मेरउ** और **मोरउ** रूप भी मिलते हैं। ये दोनों रूप पूर्वी प्रदेश की ओर संकेत करते हैं और ब्रज तथा बुन्देली के विकारी रूप **मो, मे** के सदृश हैं। इन्हीं का बिगड़ कर आधुनिक राजस्थानी में **म्हारौ** या **मा'रौ** बन गये हैं।

आधुनिक राजस्थानी में **आंपांणं** या **आपांणौ** रूप भी मिलता है। प्रायः इसका प्रयोग उत्तमपुरुष सर्वनाम के ऐसे बहुवचन में होता है, जिसमें सम्बोधित व्यक्ति भी वक्ता द्वारा अपने में सम्मिलित कर लिया जाता है। प्राचीन राजस्थानी की पांडुलिपियों में यह **आंप, आंपे** रूपों में कर्ता के लिए तथा **आपां** रूप में सम्बन्ध विकारी के लिए आया है। इस द्वितीय रूप का सम्बन्ध स्पष्टतः अपभ्रंश के **अप्पांह, अप्पहं** से है और संस्कृत के **आत्मन्** से उत्पन्न हैं। आधुनिक राजस्थानी में इसका प्रयोग अविकारी कारकों के लिए भी ग्रहण किया गया है।

[ख] मध्यमपुरुष—

	एकवचन	बहुवचन
अविकारी—	तूं, तूंह, थूं	तैं, थैं, थां
कर्म—	तइँ तुभे	तुम्ह, तुम्हां, थां
तिर्यक या विकारी—	तुभ	तुम्ह
सम्बन्ध (पु०)—	थांरौ	थांकौ, थांणौ
(स्त्री०)	थांरी	थांकी, थांणी

मध्यमपुरुष के रूप भी एकदम उत्तमपुरुष के समानान्तर ही मिलते हैं। वैदिक **तु-अम** में **तूं** या **थूं** की उत्पत्ति निहित है। वैदिक **तु-अम** से संस्कृत **त्वम्** या **त्वकम्**; प्राकृत **तू**, अपभ्रंश **तुहूं** उससे राजस्थानी रूप **तूं**, तउं मिलते हैं। इसी **तूं** का महाप्राण **थूं** भी प्रचलित हो गया। संस्कृत के **युष्मद** (**युष्मे**) प्रा० **तुम्हें** होता हुआ राजस्थानी में **तुम्ह, तुम्हां** या **थां** हो गया।

प्राचीन पांडुलिपियों में **तइं** का प्रयोग कर्म में भी हुआ है। यह **मइं** के समान ही विकारी रूप हो गया है—

सं० **त्वयां**, प्रा० **तइं**, **तइं**, राज० **तइं लिं, तिइं** (कां.दे.प्र.)

सम्बन्ध विकारी तुभ की उत्पत्ति भी संस्कृत के **तुभ्यम** एवं अपभ्रंश के **तुज्भु** से हुई है। आधुनिक राजस्थानी का **थारौ** भी **तोरउ** रूप से बना है—

[1] संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान् स्व. पं. श्री नित्यानन्दजी शास्त्री ने इसकी उत्पत्ति संस्कृत-अस्मद् (अहम्) से मानी है। परवर्ती दोनों अक्षरों के वर्ण-विपर्यय और आदिम अकार के लोप से 'म्हैं' रूप होना माना है।

[2] अपभ्रंश में भी सर्वनाम रूपों में अस्मत् शब्द के प्रथमा एक वचन में 'हउं', 'मइ-मइं' रूप देखे जाते हैं। बहुवचन में अम्हें, अम्हइ— हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास, प्रथम भाग—स० राजबली पांडे पृष्ठ, ३२४

सं० **तुहकार्य**, अप० **तुहारउ, ताहरउ, तोरउ**। इसका अधिकरण रूप **ताहरइ** बनता है।[1]

बहुवचन रूप **तुम्हे, तुम्हि, तम्हे, तम्हि, तुहे** आदि प्राचीन राजस्थानी में प्रयुक्त हुए हैं। ये सब अपभ्रंश के **तुम्हें** एवं संस्कृत के **तुष्मे** से बने हैं।[2] आधुनिक राजस्थानी में अविकारी कारक के लिये **तमे, थे** (प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में तुहे), विकारी के लिये **तमां, थां** जो प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी के **तुम्हां** का परिवर्तित रूप है और सम्बन्धी-सम्बन्ध के लिये **तमांरौ या थांरौ (थारौ)** होता है।

विशेषण रूप होने के सम्बन्ध में डा० तैस्सितोरी ने अपने एक लेख Notes on the Grammar of the old western Rajasthani with special refernce to Apabhreamsa and Gujarati and Marwari'[3] में लिखा है—'सर्वनाम के जो रूप क्रिया विशेषण हो गये हैं, मुख्यत: उनके थोड़े से अपवादों को छोड़ कर ठेठ सर्वनाम विशेषण की तरह भी प्रयुक्त होते हैं और ठीक इसके विपरीत अधिकांश सार्वनामिक विशेषण स्वतंत्र सर्वनामों का भी कार्य करते हैं। मेरी राय में ऐसे ही भ्रम के कारण संभवत: अपभ्रंश **एह** (सं० **एष**) के सादृश्य पर **जेह, तेह, केह** जैसे रूप जो मूलत: सार्वनामिक विशेषण हैं, ठेठ सर्वनाम के क्षेत्र में आ गये।

(ग) अन्य पुरुष–

प्रत्यक्ष उल्लेख सूचक–

	एक व०	बहु व०
अविकारी –	**ओ**	**ए**
तिर्यक –	**इण**	**इन्हां**

परोक्ष उल्लेख सूचक–

	एक व०	बहु व०
अविकारी –	**वौ**	**वे**
तिर्यक –	**उण**	**उणां**

व्युत्पत्ति–

सं० **असौ**; पा० **असु**; प्रा० **असौ, ओह**; रा० **ओ**।
सं० **एते**; प्रा० **एए, एये** (य श्रुति से); अप० **एह**; रा० **ए**।

सं० **अमुष्याम्> अमुनाम> अउणं >उण्ह > उण**

निजवाचक—

प्राय: इस सर्वनाम के अंतर्गत **आप, आपण, आपणप, आपोप** आदि रूप मिलते हैं जो अपभ्रंश के **अप्प** या **अप्पण** से होते हुए मूल रूप में आर्य भाषा संस्कृत के **आत्मन्** से उत्पन्न हुए हैं। **आप** अथवा **आपण** प्रकृति विशेषण की तरह (संबंधी सम्बन्ध कारक की रचना में) और सर्वनाम की तरह (उत्तम पुरुष सर्वनाम, बहुवचन के स्थानापन्न रूप में) दोनों प्रकार से प्रयुक्त होते हैं। इस सर्वनाम की रूप-रचना निम्नलिखित ढंग से की गई है—

	एक व०	बहु व०
कर्ता–	**आप**	**आंप, आंपे, आपण**
सम्बन्ध विकारी–	**आपणपा**	**आंपां, आपां**
सम्बन्धी-सम्बन्ध–	**आपणपइँ**	**आपणउ**
अधिकरण–	**आपणपइँ**	**आपणइँ**

प्राय: परसर्गों के मेल से अविकारी शब्द **आप** प्रत्येक विभक्ति में प्रयुक्त हो जाता है।

निश्चयवाचक–

प्राचीन राजस्थानी में **ए** और **आ** प्रकृति के दो समूहों में विभक्त हैं। आधुनिक राजस्थानी में **ओ** रूप और मिलता है। इनके अर्थ में कोई विशेष अंतर नहीं है, यद्यपि **आ** और **ओ** से निश्चय की कुछ गहरी मात्रा का बोध उत्पन्न होता है।[1]

---

[1] यह उत्पत्ति भी डा० तैस्सितोरी द्वारा मानी गई है। (देखो—पुरानी राजस्थानी, पारा ८७)। तैस्सितोरी ने अपना मत संभवतया पिशैल के व्याकरण के आधार पर स्थिर किया है। (देखो—प्राकृत भाषाओं का व्याकरण—मू० ले० रिचर्ड पिशल, अनु० हेमचन्द्र जोशी, पारा ४२२)। कुछ विद्वानों के अनुसार इसकी व्युत्पत्ति 'त्वाम' अथवा 'युष्मद' से मानी जा सकती है।

[2] इस लेख का अनुवाद 'पुरानी राजस्थानी' के नाम से नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, द्वारा प्रकाशित हो चुका है। इसका अनुवाद डॉ० नामवरसिंह द्वारा किया गया है।

[3] यह उत्पत्ति डॉ० एल० पी० तैस्सितोरी द्वारा दी गई है। (देखो—पुरानी राजस्थानी—मू० ले० तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पारा ८६) तैस्सितोरी का यह मत ठीक नहीं मालूम होता। संभवतया यह सं० ते (तेरा) से बना है।

[1] आधुनिक समय में **आ** स्त्री० एवं **ओ** पु० रूप में प्रयुक्त होता है। **ए** का प्रयोग दोनों के समान रूप से बहुवचन रूप में होता है।

कारक	प्राचीन पश्चिमी राज०		आधुनिक राज०	
	एक व०	बहु व०	एक व०	बहु व०
कर्ता–	एह, ए, आ	ए	वो, औ	वे, औ
करण	एण्इँ, एणी, इणी	एणे	उण, उवै	उणां, उआं, उवां
संबंध विकारी–	एह, ए	ईयां, एह	उण, उवै	उणां, वणां, उवां

प्राचीन राजस्थानी में आ वाले रूपों का उदाहरण बहुवचन में नहीं मिलता। वहाँ ए, एह रूप उभयलिंग है। ए रूप का एकवचन वाला अर्थ आधुनिक राजस्थानी में लुप्त हो चुका है। आधुनिक गुजराती में ए और आ को सामान्यतः सभी कारकों, वचनों और लिंगों में अपनाया गया है। प्राचीन रूप एण्इँ आधुनिक राजस्थानी में इणि हो गया।

अनिश्चयवाचक–

इस सर्वनाम का रूप प्रायः प्रश्नवाचक सर्वनाम के समान ही होता है। मुख्यतया केवल एक अंतर यह होता है कि अनिश्चयवाचक सर्वनाम में जोर देने के लिये अंत में ही का अर्थबोधक एक शब्द और जोड़ दिया जाता है।

निश्चयवाचक सर्वनाम के रूपों में एवं इसके रूपों में कुछ समानता है—

कारक	प्राचीन राजस्थानी		आधुनिक राजस्थानी	
	एक व०	बहु व०	एक व०	बहु व०
कर्म–	जो, जु	जे, जेअ	जिकौ, जकौ	जिकै, जकां
	सो, सोय	जेह, ते, तेअ	जिण, जै	जिणां, जां
		तेह	ज्यों	ज्यां
करण–				
	जेणइँ, जीणइँ	जेहे, जीए	जिकण, जकण,	जकां, जिकां
	जिणइ	जेउणोइँ	जणी, जीं	जणां, त्यां
	तेणइँ, तीणइँ	तेहे, तीए	तिण	तिणां
	तिणि, तेणीयइँ	तेणं, तीणं		
		तेउणोइँ		
सम्बन्ध अविकारी–				
	जास, जस	जेह, जीह	जकण, जीण	जका, जणां
	जसु,	जेहँ, जे	जै	जां
	तास, तस	तेह, तीह		
	तसु, तह	तेहँ, ते		
	तेह	तीयाँ		

आधुनिक राजस्थानी में रूपों की सीमा कुछ अधिक व्यापक है जिनमें से कुछ प्रमुख ये हैं—**जो, सो** और **जिकौ, तिकौ**, सामान्य कारक एकवचन के लिये, तथा बहुवचन और विकारी एकवचन के लिये **जिण, तिण** (प्राचीन राजस्थानी में **जिणि, तिणि**) तथा विकारी बहुवचन के लिये **ज्यां, त्यां** (प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में **जीआं, तीआं**) **जिकौ-तिकौ** के समान संयुक्त रूप सम्बन्धवाचक तथा नित्यसम्बन्धी सर्वनाम रूपों के साथ अनिश्चयवाचक **को** के संयोग से बनते हैं। आधुनिक राजस्थानी में इनके रूप सभी कारकों में किसी सामान्य सर्वनाम की तरह ही मिलते हैं, यथा—

एकवचन सामान्य–**जिकौ, जिकां**। कर्तृ–**जिकण, जिकइ**।

,, विकारी–**जिकण**।

बहुवचन सामान्य–**जिका, जिकइ**। कर्तृ–**जिका**।

,, विकारी–**जिकां**।

आदरसूचक–

आदरवाची सर्वनाम राजस्थानी में एक विशेष रूप में प्रयुक्त होते हैं। हिन्दी या अन्य भाषाओं में संस्कृत **आत्मन्** से निकला हुआ **आप** शब्द प्रचलित है।[1] राजस्थानी में भी **आप** शब्द का प्रचलन है। राजस्थानी में कुछ ऐसे शब्द भी प्रचलित हैं जिनका अर्थ कुछ विशिष्ट व्यक्तियों से ही सम्बन्धित होता है किन्तु आदर के लिये सर्वसाधारण में भी किसी सामान्य व्यक्ति के लिये वे सर्वनाम रूप में प्रयुक्त हो जाते हैं। उदाहरण के लिये **रावळौ** (सं० **राजकुल** से उत्पन्न) शब्द राजा या किसी ठाकुर के निवास-स्थान का अर्थ देता है। प्रायः राजा या ठाकुर के लिये ही कहा जाता है **रावळै सूं कठै बिराजै ?** यही शब्द जन-साधारण में **आप** के अर्थ में प्रचलित होकर आदरसूचक बन गया है। इस प्रकार के शब्द जो प्रमुख रूप से **राज, रावलं, आप, पींडा, डीलां** आदि हैं, बहुधा बहुवचन में भी इसी प्रकार प्रयुक्त होते हैं।

[1] 'आप' शब्द की व्युत्पत्ति दो प्रकार से होती है। जब यह निजवाचक में स्वय के लिये प्रयुक्त होता है तब उसकी उत्पत्ति 'आत्मन्' से मानी जा सकती है, किन्तु जब 'आप' किसी दूसरे के लिये आदरसूचक रूप में प्रयुक्त होता है, तो उसकी उत्पत्ति सं० 'आप्त' से ही मानी जायगी।

प्रश्नवाचक-

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता-	**कुंण, कूंण, कवण** **को, का, किण**	**कुण, किणां**
कर्म-	**किणनै, किण, किणि,** **केण, कवण, कीनै**	**कीनै, कणां नै**
सम्बन्ध-	**कींरा, किणरा** **कुण्ह**	**किणांरा**

व्युत्पत्ति-सं० **कः पुनः> कपुण> कवुण** (इससे राजस्थानी का **कवण** रूप बना है।) **>कउण >कुंण** ।

इन उपरोक्त प्रकार के सर्वनामों के अतिरिक्त परिमाण, गुण और स्थान के अनुसार सार्वनामिक विशेषण भी होते हैं। सर्वनामों के उपरोक्त रूपों में प्रस्तुत कोश में मूल सार्वनामिक रूपों को तो स्थान दिया ही है, यथासंभव विभक्तिरहित प्रयुक्त होने वाले परिवर्तन रूपों को भी स्थान देने का प्रयत्न किया गया है।

परिमाणवाचक सार्वनामिक विशेषण भो तीन वर्गों में विभाजित किये गये हैं--

(अ)—

प्राचीन राजस्थानी	आधुनिक राजस्थानी
एतउ, जेतउ, तेतउ **केतउ**	**इत्ता, जित्ता, कित्ता**

ये संस्कृत के **अयत्त्व** और **ययत्त्य** से उत्पन्न माने गये हैं।[1] कुछ लोगों ने इनकी उत्पत्ति **इयत्**. **यत्वत्** तथा **तत्वत्** से मानी है।

(आ)—

प्राचीन राजस्थानी	आधुनिक राजस्थानी
एतलउ, जेतलउ	**इत्तौ, कित्तौ**
तेतलउ, केतलउ	**किता**

इनकी उत्पत्ति अप० **एत्तुलउ**. **जेत्तुउल** आदि से मानी जाती है।

(इ)—

प्राचीन राजस्थानी	आधुनिक राजस्थानी
एवडउ, जेवडउ, तेवडउ	**अवडौ**
केवडउ	**इडौ, किडौ**

सं० **अयवड्क, ययवड्क**[1] तथा अप० **एवडउ जेवडउ** इत्यादि से उपरोक्त रूपों की उत्पत्ति हुई है।

मोटी दृष्टि से परिमाणवाचक सार्वनामिक विशेषण के उपरोक्त रूप आर्य भाषा संस्कृत के **इयत्, यावत्, तावत्** एवं **कियत्** के पर्याय हैं। इनके द्वारा किसी सबल विशेषण के समान रचना होती है।

गुणवाचक सार्वनामिक विशेषण भी पाँच वर्गों में विभाजित किये गये हैं—

(अ) प्राचीन राजस्थानी में इनके **इसउ, असउ, जिसउ, तिसउ, किसउ, इसिउ, असिउ, जिसिउ, तिसिउ, किसिउ, इस्यउ, जिस्यउ, तिस्यउ, किस्यउ** आदि रूप मिलते हैं जो अपभ्रंश भाषा के **अइसउ, जइसउ, तइसउ, कइसउ** से होते हुए संस्कृत के **यादृश, तादृश** से निकले हैं। इन रूपों में से **किसउ** तथा इसके रूपभेद **किसिउ** एवं **किस्यउ** सामान्यतः प्रश्नवाचक और अनिश्चयवाचक सामान्य सर्वनामों के लिये प्रयुक्त होते हैं। आधुनिक राजस्थानी में उपरोक्त इन्हीं रूपों से निःसृत इनके रूप-भेद यथा-**इसौ, जिसौ, तिसौ, किसौ** आदि प्रयुक्त होते हैं जिनमें **किसौ** प्रश्नवाचक एवं अनिश्चयवाचक सामान्य सर्वनामों के लिये प्रयुक्त होता है।

(आ) दूसरे वर्गभेद के अन्तर्गत प्राचीन राजस्थानी के **एहउ, जेहउ, तेहउ, केहउ** आदि रूप आते हैं। आधुनिक राजस्थानी में इनका प्रयोग अल्प मात्रा में ही होता है तथापि कुछ सुधरे रूप में ये **एहौ, जेहौ, केहौ** आदि रूपों में प्रयुक्त होते हैं। जहाँ कहीं भी ये विशेषण की तरह प्रयुक्त होते हैं इनमें लिंग, वचन और कारक के अनुसार रूपविकार होता है।

(इ) यह प्रायः केवल प्राचीन राजस्थानी में ही मिलता है। आधुनिक राजस्थानी में इनके ये रूप लुप्तप्राय हो गये हैं। इनके इस पुरानेपन पर अपभ्रंश की छाप स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। पुरानी राजस्थानी में **एहवउ, जेहवउ, तेहवउ,** **केहवउ** तथा इनके रूप भेद **एव्हउ, जेव्हउ, तेव्हउ,**

[1] देखो 'पुरानी राजस्थानी' पारा ९३ (i) तथा पिशेल का प्राकृत व्याकरण, पारा १५३। स्व० पं० नित्यानंदजी शास्त्री इनकी उत्पत्ति सं० इयत्, यावत् तथा कियत् से मानते हैं।

[1] स्व० पं० नित्यानंदजी शास्त्री के अनुसार यहाँ सं० अयवर्त एवं ययवर्त होना चाहिये।

केव्हउ मिलते हैं। आधुनिक गुजराती में इसके समक्ष **ऐवौ, जेवौ** रूप प्राप्य हैं।

(उ) उपरोक्त रूपों के रूपभेदों के अनुरूप ही प्राचीन राजस्थानी में **एहवडउ, जेहवडउ, तेहवडउ, केहवडउ** भी मिलते हैं। इनके ये रूप लुप्त-प्राय हैं। केवल तैस्सितोरी ने अपने राजस्थानी भाषा सम्बन्धी एक लेख में उल्लेख करते हुए लिखा है[1] कि 'जहाँ तक मुझे मालूम है, अपादान **हवडाँ, हिवडाँ, (एहवडाँ)** और अधिकरण **हवडइ (एहवडइ)**, जो कि क्रियाविशेषण की तरह प्रयुक्त हुआ है, अधिकरण क्रियाविशेषण के अतिरिक्त इसका प्रयोग कहीं नहीं मिलता।'

(ए) आधुनिक राजस्थानी में **एडौ, जेडौ, तेडौ** एवं **केड़ौ**, जिनका प्राचीन राजस्थानी में **एहडउ, जेहडउ, तेहडउ, केहडउ** रूप मिलते हैं, प्रयुक्त होते हैं।

इन उपरोक्त पाँचों वर्गों के ये रूप जब विशेषण के समान प्रयुक्त होते हैं तो अर्थ की दृष्टि से ये संस्कृत के **ईदृशः, यादृशः** के समकक्ष होते हैं।

स्थानकवाचक सार्वनामिक विशेषण के रूपों में आधुनिक राजस्थानी में क्षेत्रीय रूप से कुछ स्थानों में **एथ, जेथ, तेथ, केथ** (प्राचीन राजस्थानी रूप **एथउ** या **अथउ, जेथउ, तेथउ, केथउ**) प्रयुक्त होते हैं। अपभ्रंश भाषा में इन्हीं स्थान-वाचक सार्वनामिक विशेषणों के लिए इस प्रकार के रूप नहीं मिलते, किन्तु स्थानवाचक सार्वनामिक क्रियाविशेषण रूप **एत्थु, जेत्थु, तेत्थु, केत्थु** का हेमचंद्र[2] ने प्रयोग किया है। प्राचीन राजस्थानी एवं आधुनिक राजस्थानी के प्रयोगों द्वारा यह स्पष्ट हो जायगा—

प्रा० रा० **केथउँ करचू त्रिसूल** (कां.दे.प्र. १०२)
आ० रा० **बै केथ गया ?** (क्षेत्रीय)

कुछ सर्वनाम क्रियाविशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं अतः उन्हें सार्वनामिक क्रिया विशेषण का नाम दिया गया है। अपादान रूप में **इहाँ (ईहां रू०भे०) अहाँ, जिहाँ, तिहाँ, किहाँ** आदि रूप मिलते हैं जो अपभ्रंश के **एअहाँ, आअहाँ, जहाँ, तहाँ, कहाँ** एवं प्राकृत के **एअम्हा, आअम्हा, जम्हा, तम्हा, कम्हा,** से होते हुए संस्कृत-**एतस्मात्, अयस्मात्, अदस्मात्**[1], **यस्मात्, तस्मात्, कस्मात्** रूपों से निःसृत हुए हैं। कुछ ग्रंथों में इनके संक्षिप्त रूप **जाँ, ताँ, काँ** का प्रयोग हुआ है। इनमें **जाँ, ताँ,** रूप तो प्रायः पर्यन्त अर्थ में प्रयुक्त होते हैं जो अर्थ में संस्कृत के **यावत्, तावत्** के समान है। अधिकरण क्रिया विशेषण रूप में **एहीं, अहीं, जहीं, तहीं, कहीं** प्रयुक्त होते हैं। अपभ्रंश रूप **एअहिं, आअहिं, जहिं, तहिं, कहिं** प्राकृत रूप **एअम्हि, आअम्हि, जम्हि, तम्हि, कम्हि** एवं संस्कृत रूप **एतस्मिन्, अदस्मिन्** या **अयस्मिन्, यस्मिन्, तस्मिन्, कस्मिन्** से इनकी व्युत्पत्ति मानी जा सकती है।[2]

अव्यय क्रिया विशेषण के रूप में **इम, जिम, किम, तिम** का प्रयोग होता है। कविता में **ऐम, जेम** इत्यादि का भी प्रयोग मिलता है।

विशेषण—

प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में विशेषण पदों के रूपों में भी अपने विशेष्य पदों के अनुसार परिवर्तन होता था एवं मध्य भारतीय आर्यभाषा काल में भी यह प्रणाली बहुत कुछ सुरक्षित रही। आधुनिक राजस्थानी में भी विशेषणों की रूप-रचना संज्ञा शब्दों की तरह ही होती है और ये अपने विशेष्य के लिंग, वचन, कारक के अनुसार होते हैं। स्त्री लिंग के रूप इसके अपवाद कहे जा सकते हैं, ये वचन और कारक संबंधी विशेषता से रहित होते हैं। प्रायः स्त्री लिंग विशेषण इकारान्त होते हैं, यथा—

उर चौड़ी कड़ पातळी, झीणी पांसळियांह।
कै मिळसी हर पूजियां, हीमाळै गळियांह॥

विशेषणों का प्रयोग जब क्रिया विशेषण की तरह होता है तो उनकी वाक्य-रचना दो प्रकार की हो जाती है—एक तो वे जो नपुंसक एक वचन में रहते हुए सभी कारकों में अपरिवर्तित रहते हैं; दूसरे वे जो किसी समानाधिकरण विशेषण की तरह लिङ्ग, वचन और कारक के अनुसार रूप-रचना करते हैं।

सर्वनामों के रूप एवं उन पर आधारित गुणवाचक तथा

[1] पुरानी राजस्थानी, मू० ले० एल. पी. तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पृष्ठ १२० अथवा पारा ६४

[2] सिद्ध हेमचंद्र, ४–४०५

[1] संदिग्ध

[2] पुरानी राजस्थानी, मू० ले०–एल. पी. तैस्सितोरी, अनु०–नामवरसिंह, पारा ९८, पृष्ठ १२४

परिमाणवाचक विशेषण निम्नलिखित चित्र से भली प्रकार समझे जा सकेंगे—

सर्वनाम	रूप	गुणवाचक विशेषण	परिमाणवाचक विशेषण
ग्रौ, यौ	**ग्रण, ग्रणी,**	**ऐड़ौ, इसौ**	**इतौ, इतरौ**
	इ, इं, इण	**इस्यौ, ऐसौ**	**इतरोई, इडौ**
	इयै		
ग्रौ, ऊ, बौ	**उण, उणी, वण**	**वेड़ौ, ऊड़ौ**	**उतौ, उतरौ, उतरोई**
वौ, एवौ	**वणी, विणी**	**विसौ(विस्यौ)**	**वतौ, वतरौ**
	वण, बिण, बिणी	**वैसो, बिसौ**	**वतरोई, वितौ,**
	बीं, वीं, उवै,		**वितरौ, वितरोई**
			वितौ, बितौ, बितरोई
तिकौ	**तण, तिण**	**तैड़ौ, तिसौ**	**तितौ, तितरौ, तितरोई**
		तैसौ	**तिडौ**
जिकौ	**जण, जिण**	**जैड़ौ, जिसौ**	**जितौ, जितरौ**
	जी	**जिस्यौ**	**जितरोई, जिडौ**
कुण	**कण, किण**	**कैड़ौ**	**कितौ, कितरौ, कितरोई**
			किडौ ।

तुलनात्मक विशेषण रूपों का प्रयोग राजस्थानी में जिस वस्तु से तुलना की जाती है वह अपादान कारक में होती है। इस प्रक्रिया में विशेषण अपरिवर्तित रहते हैं। प्राचीन राजस्थानी में अपादान परसर्ग मुख्यतया ये प्रयुक्त होते थे—

पाहिं-पाहंति और **थकी, थी**[1] ।

आधुनिक रूप में तुलनात्मक विशेषणस्वरूप प्रायः **सूं**, **करतां** आदि का प्रयोग होता है, यथा—

आ किताब उण **सूं** चोखी है।
रांम इण **करतां** चोखौ टाबर है।

गणनावाचक संख्याओं का प्रयोग प्रायः अविकारी रूप में ही होता है, केवल करण कारक में उनके अंत में **ए** प्रत्यय लगता है। राजस्थानी में उनके विकारी रूपों का भी प्रयोग मिलता है, यथा—

चौसठ– साठ और चार के योग के बराबर।

चौसठमौं– जो क्रम में तिरेसठ के बाद पड़ता हो।

चौसठेक–चौसठ के लगभग।

चौसठौ–६४ वाँ वर्ष।

चौसठे, चौसठी–६४ वें वर्ष में।

[1] देखो—पुरानी राजस्थानी, तैस्सितोरी, पारा ७६, अनु० नामवरसिंह

प्रस्तुत कोश में प्रायः गणनावाचक संख्याओं के उपरोक्त समस्त रूपों को देने का प्रयत्न किया गया है। कुछ रूप तो राजस्थानी की अपनी विशेषता हैं, जैसे—**चारेक, पांचेक, सातेक, बीसेक, पचासेक** आदि। इस प्रकार के समस्त रूपों में गणनावाचक संख्या के साथ **एक** जुड़ा है, यथा—

चार+एक=चारेक
पांच+एक=पांचेक
सात+एक=सातेक

यह **एक** लगभग का अर्थ उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त **मौं** शब्द का रूप भी क्रमानुसार मिलने वाले स्थान का अर्थ देता है। अन्य अर्थ मुख्य भाषाओं के इसी समान रूप के साथ रखने से यह अर्थ स्पष्ट हो जायगा—

संस्कृत	हिन्दी	राजस्थानी
षष्ठ	**छठां, छठवां**	**छठौ**
द्वादश	**बारहवां**	**बारमौं**
द्वितीय	**दूसरा**	**दूजौ, बीजौ, दूसरौ**

अंतिम उदाहरण **मौं** रूप का नहीं है। गुणवाचक प्रथम चार संख्याओं में **मौं** नहीं लग कर उनका रूप इस प्रकार होता है—**पै'लौ, दूजौ, तीजौ, चोथौ**। इनके अतिरिक्त सब में **मौं** लग कर क्रमानुसार मिलने वाले स्थान का अर्थ उत्पन्न करता है। केवल छः का विकारी रूप **छठौ** ही होता है।

इनकी व्युत्पत्ति इस प्रकार मानी जा सकती है—

सं० **मः** [यथा सं० **पञ्चमः**] **वं>मः मौं**। किन्तु प्रथम चार संख्याओं में जिनमें कि **मौं** नहीं लगता, उनकी व्युत्पत्ति इस प्रकार से की जायगी—

पै'लौ– सं० **प्रथम** अप० **पढ़म+इल्ल, पढ़िल्ल, पहिल**
दूजौ– सं० **द्वितीय** अप० रा० **दूजौ, बीजौ**
तीजौ–सं० **तृतीय** अप० **तीज, तीजौ**
चोथौ–सं० **चतुर्थ** अप० **चउत्थ, चोथौ**

गुणात्मक संख्यावाचक विशेषण में भी राजस्थानी में **दूना, तिया, चौका** आदि प्रयुक्त होते हैं। चटसाल में आज भी बालक बोलते हुए दिखाई देते हैं—

१ एक **एकम्** एक
२ दो **दूणी** चार
३ तीन **तिया** नौ
४ चार **चौक** सोळै, सोळ

५ पांच पंजा पच्चीस
६ छै छक्का छत्तीस
७ सातौ साती गुणपचा
८ आठौ आठौ चौसठ
९ नमे नमे इक्यासी
१० दाहे दाहे सौ

इस प्रकार के विशेषणों का साधारणतः गणित के पहाड़ों में ही प्रयोग होता है। समूहवाचक संख्याओं (Collective Numerals) के भी कुछ रूपों का प्रयोग राजस्थानी में होता हैं।

जोड़ौ, जोड़ी	(सं० **युत या युतक**)	दो का समूह
चौक	(सं० **चतुष्क**)	चार का समूह
सैकड़ौ	(सं० **शत**)	सौ का समूह
लख, लखो	(सं० **लक्ष**)	लाख का समूह यथा नवलखी हार
सतसई	(सं० **सप्त+शत+ई**)	सात सौ का समूह

उपरोक्त समूह रूपों के अतिरिक्त गंजीफे के खेल में विभिन्न इकाइयों के पत्तों को भी **इक्कौ, दूग्गी, तिग्गी, चौकी, पंजी, छक्की, सत्ती, अट्ठी, नैली, दैली** अथवा पुल्लिग रूप **इक्कौ** (इसके पश्चात्) **पंजौ, छक्कौ, सत्तौ, अट्ठौ, नैलौ** एवं **दैलौ** कहते हैं। इनकी व्युत्पत्ति का ठीक-ठीक पता नहीं चलता तथापि इनके द्वित्व-व्यंजनों की स्थिति से इन पर पंजाबी अथवा प्राचीन नागर अपभ्रंश का प्रभाव लक्षित होता है।

समानुपाती संख्यावाचक विशेषण के अंतर्गत साधारणतया संख्याओं में **गुणा** [सं० **गुण** (+ **क**), प्रा० **गुणअ**] के योग से समानुपाती संख्यावाचक पद बनाये जाते हैं। इनके योग से गणनात्मक संख्यावाचक शब्द के रूप में थोड़ा परिवर्तन हो जाता है, यथा—**दुगणौ, दूणौ** (= **दो**+**गुना**, **द्वि**+**गुणक**), **तिगणौ-तिगुणौ, चौगणौ-चौगुणौ, पंचगुणौ** अथवा **पांचगुणौ** आदि।

भिन्नात्मक संख्यावाचक विशेषण (Fractional Numerals) भी राजस्थानी में विभिन्न रूपों में मिलते हैं। सभी आर्य-भाषाओं में ये मिलते हैं। आधुनिक राजस्थानी में इनके रूप इस प्रकार हैं—

$\frac{1}{4}$ **पाव** [सं० **पाद**, अप० **पाअ**]
$\frac{3}{4}$ **पूण** [सं० पाद- पादोन<पाउण <पूण]
$\frac{1}{2}$ **आदौ, आधो, अद्धौ** [सं० **अर्द्धक**- **अद्धअ**]
$1\frac{1}{4}$ **सवा** [सं० **सपाद<सवाअ**]
$1\frac{1}{2}$ **डोड, डोढ** [**द्वि अर्द्ध (क)**<**डि-अड्ढ**]
$2\frac{1}{2}$ **अडाई, अढाई, ढाई** [**अर्द्ध-तृतीय (क)**-**अड्ढइअ**][1]

इसके अतिरिक्त गणित के पहाड़े रूप में $3\frac{1}{2}$ को **हूंटा** $4\frac{1}{2}$ गुणा को **ढंचा**, $6\frac{1}{4}$ गुणा को **सिटिया** कहते हैं। इनकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में कुछ स्पष्टतया ज्ञात नहीं हो सका है।

तिर्यक रूप में $\frac{1}{2}$ का प्रयोग **साढ़े** के अर्थ में प्रायः सभी संख्यावाचक गणनाओं में (एक एवं दो को छोड़कर) होता है। सं० **सार्द्ध**, प्रा० **सड्ढ** से साढ़े रूप की व्युत्पत्ति[2] मानी जा सकती है।

बिंदी अथवा शून्य को संख्यात्मक गणनाओं में राजस्थानी में अशुभ माना गया है। व्यापारी अपने आंकड़ों में, तौल में तथा अन्य साधारण जनता भी १०० के स्थान पर १०१ लिखना अधिक ठीक समझती है। अगर बीच की शून्य भी हट सके तो अति उत्तम। इस दृष्टि से १११ की संख्या शुभ संख्या मानी जाती है। शून्य का शाब्दिक अर्थ भी कुछ नहीं होता है। सामान्य जन इस अर्थ को पसंद नहीं करता। अतः शून्य को बोलचाल में शून्य न कह कर 'शुभ' कहते हैं। शून्य को अशुभ कब से माना गया एवं क्यों माना गया, इस सम्बन्ध में क्रमबद्ध विवेचना हमें उपलब्ध नहीं है, तथापि सम्भवतया शून्य का अर्थ रिक्त एवं कुछ नहीं के कारण ही अशुभ माना गया है। जन-साधारण की यह इच्छा होती है कि उसका घर भरा रहे, वह स्वयं, उसका खेत आदि सब हरे-भरे रहें, ऐसी अवस्था में शून्य को वह शुभ रूप में किस प्रकार से स्वीकार कर सकता था ?

गणना में अपेक्षाकृत कमजोर व्यक्ति ऋणात्मक संख्यावाचक विशेषणों का प्रयोग करते हैं। इसके लिए फारसी भाषा का **कम** शब्द ही राजस्थानी में प्रचलित हो गया है। यथा—**एक कम सौ। तीन कम चार बीसी।**

---

[1] कुछ विद्वानों ने इसकी उत्पत्ति सं०—सार्द्ध+द्वय से मानी है।
[2] स्व० पं० नित्यानंदजी शास्त्री इसकी उत्पत्ति सं०—अर्द्धाञ्च से मानते हैं जिसका अर्थ है—अर्द्ध को लिये हुए।

निश्चित भाव प्रकट करने के लिए गणनात्मक संख्यावाचक शब्दों में **ऊ** प्रत्यय लगा कर उन्हें निश्चित बना देते हैं। इस प्रकार **ऊ** प्रत्यय **ही** के समान निश्चयात्मक अर्थ देता है, यथा—

चारूं, च्यारूं = चारों ही
दोनूं, दोन्यूं = दोनों ही
सातूं = सातों ही

दहाई के बाद की संख्याओं के साथ **ऊ** के स्थान पर सीधे **ही** का भी प्रयोग मिलता है, यथा—

१ **बारूं** = बारह ही
बारै ही = बारह ही
२ **अठारूं ही** = अठारह ही
अठारै ही = अठारह ही

दो एवं तीन की संख्याओं के साथ केवल **नूं** ही लगता है— **दोनूं, तीनूं**।

इन्हीं संख्याओं को **आं** प्रत्यय के प्रयोग से कई बार अनिश्चयात्मक भी बना दिया जाता है, यथा—

पचासां, हजारां, सैंकड़ां, लाखां।

दो संख्यावाचक शब्दों के योग से भी अनिश्चय व्यक्त किया जाता है— **बीस-तीस, बारै-तेरै, हजार-बारै सौ** आदि।

प्रस्तुत कोश में संख्यावाचक गणनाओं के समस्त रूपों को देना संभव नहीं था, अतः किसी संख्या के केवल निम्नलिखित रूप देना ही संभव हो सका—

बत्तीस– तीस एवं दो के योग के बराबर
बत्तीसमौं– जो क्रम में इकत्तीस के बाद पड़ता हो
बत्तीसेक– बत्तीस के लगभग
बत्तीसौ– बत्तीस का वर्ष।

अन्य रूप व्याकरण के अनुसार स्वयमेव निर्मित हो जाते हैं जिनका उल्लेख करना उचित न होगा।

विशेषण की तुलनात्मक श्रेणियों में आधुनिक राजस्थानी में **सूं** का प्रयोग अधिक होता है, जिसका उल्लेख यथास्थान हम ऊपर कर चुके हैं। **तमवन्त** विशेषण (Superlative) का भाव विशेषण पद के पूर्व **सब सूं, सब में** अथवा **सब सूं बढ़ कर** इत्यादि अपादान अथवा अधिकरण परसर्ग युक्त पद जोड़ कर प्रकट किया जाता है, यथा—

१ राम **सब सूं** छोटौ टाबर है।
२ वो **सब में** हुसियार है।
३ खेलण में तौ **सब सूं बढ़ कर** है।

इनके अतिरिक्त समानता एवं सादृश्य का भाव प्रकट करने के लिए संज्ञा अथवा सर्वनाम पदों के साथ **सरीखौ, जेड़ौ, सा** आदि पद जोड़ दिये जाते हैं। इनमें भी रूप-विकार होते हैं—

१ इरै **सरीखौ** आदमी
२ सीता **सरीखी** लुगाइयां

सरीखा शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के सदृक्ष शब्द से माना जाती है। राजस्थानी में इस शब्द के कई रूप-भेदों का प्रयोग हुआ है। इन सभी रूप-भेदों को कोश में स्थान दिया गया है।

अतिशय एवं आधिक्य के लिए विशेषण पद के साथ **सा** का प्रयोग होता है, यथा—

बोत सा छोरा आज छुट्टी माथै हैं।

इसके अतिरिक्त सार्वनामिक विशेषणों का उल्लेख सर्वनामों के साथ किया जा चुका है। गणनात्मक संख्यावाचक समस्त विशेषणों के अविकारी रूपों की व्युत्पत्ति कोश में शब्द के साथ ही प्रस्तुत करदी गई है।

क्रिया– प्राचीन भारतीय आर्य भाषा काल के आरंभ में धातु-प्रक्रिया अत्यन्त जटिल थी एवं कालान्तर में इसमें सरलता की ओर अग्रसर होने की प्रवृत्ति परिलक्षित होती रही। विभिन्न गणों की धातुओं के रूपों में समानता आने का कारण सरलीकरण की इसी प्रवृत्ति का फल था। इसका प्रभाव यह हुआ कि गण-विभाग धीरे-धीरे घटता गया और अपभ्रंश काल तक समाप्त ही हो गया। इसके अनन्तर प्रायः सभी धातुओं के रूप भ्वादिगण के समान निर्मित होने लगे। कालान्तर में आत्मनेपद-परस्मैपद के भेद को दूर करने के साथ ही द्विवचन भी समाप्त हो गया।[1] कालों एवं प्रकारों के विभिन्न रूपों की संख्या भी घट गई। प्राचीन काल की अपेक्षा नवीन अपभ्रंश काल तक इस प्रकार धातु प्रक्रिया बहुत सरल हो गई, क्योंकि भाषा के नौसिखियों के लिये उस जटिलतर प्रवृत्ति का निर्वाह करना सहज रूप में बोधगम्य न था।

[1] हिन्दी भाषा का उद्‌गम और विकास, डॉ. उदयनारायण तिवारी, पृष्ठ ४७७।

211423

मध्य-भारतीय भाषा काल में तिङन्त रूपों के स्थान पर कृदन्त रूपों का व्यवहार अधिक प्रचलित हो चुका था। सरलता के गुण के कारण इनका प्रचार शीघ्रता से हुआ। धातु रूपों को सीमित कर दिया गया और इन्हीं सीमित धातु रूपों से ही सभी कालों एवं प्रकारों का अर्थ द्योतन कराने के लिये नये-नये उपाय काम में लाये जाने लगे।

धीरे-धीरे भाषा अपने स्वाभाविक विकास की ओर निरन्तर बढ़ने लगी। प्राचीन जटिलता तो मध्य-भारतीय भाषाकाल में ही समाप्त हो चुकी थी। संयुक्त क्रियाओं का प्रचलन तीव्र गति से होने लगा। आधुनिक भाषाओं के लिये डॉ॰ सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने क्रियाओं को मोटे तौर से दो रूपों में वर्गीकृत किया है। राजस्थानी की क्रियाओं को भी इन दो रूपों की दृष्टि से देखा जा सकता है, यथा–

(१) सिद्ध धातुएँ (Primary Roots) मूल रूप से सुरक्षित धातुयें जिनके अन्तर्गत निम्नलिखित रूप माने जा सकते हैं—

खा(णौ) = [सं॰ **खाद्**, प्रा॰ **खाअ**]
गूंथ(णौ) = [सं॰ **ग्रंथ**, पा॰ **गुम्फ्**, प्रा॰ **गुन्थ्**]
जांण(णौ) = [सं॰ **ज्ञा**, प्रा॰ **जाण**, **जाणेइ**]

(२) साधित धातुएँ (Secondary Roots)—वे धातुएँ जो मूल रूप में सुरक्षित नहीं हैं एवं किसी प्रत्यय के संयोग से जिनका निर्माण हुआ है, यथा–

घिसवाणौ, घिसाणौ = [सं॰ **घृष्** धातु के साथ **वा** या **आ** प्रेरणार्थक प्रत्यय के संयोग से]।
लिखवाणौ, लिखाणौ = [सं॰ **लिख** धातु के साथ **वा** या **आ** प्रेरणार्थक प्रत्यय के संयोग से] आदि।

डॉ॰ उदयनारायण तिवारी ने उपरोक्त भेदों को निम्नलिखित शीर्षकों में विभक्त किया है[१]--

१ सिद्ध धातुएँ–
(i) संस्कृत से आई हुई तद्भव सिद्ध धातुएँ—
(क) साधारण धातुएँ (ख) उपसर्गयुक्त धातुएँ।
(ii) संस्कृत णिजन्त से आई हुई सिद्ध धातुएँ।
(iii) संस्कृत से पुनः व्यवहृत तत्सम एवं अर्धतत्सम सिद्ध धातुएँ।
(iv) संदिग्ध व्युत्पत्ति वाली देशी धातुएँ।

२ साधित धातुएँ–
(i) आकारांत णिजन्त (प्रेरणार्थक)
(ii) नाम धातु–
(क) तद्भव–
(i) प्राचीन (उत्तराधिकार सूत्र में प्राप्त)
(ii) नवीन।
(ख) तत्सम।
(ग) विदेशी।
(iii) मिश्रित अथवा संयुक्त एवं प्रत्यययुक्त (तद्भव)
(iv) ध्वन्यात्मक अथवा अनुकार ध्वनिज धातुएँ।
(v) संदिग्ध व्युत्पत्ति की धातुएँ।

उपरोक्त वर्गीकरण उन्होंने हिन्दी भाषा के उद्गम और विकास की विवेचना (पृष्ठ ४७८-४७९) के अंतर्गत किया है, किन्तु क्रिया-पदों की दृष्टि से यह वर्गीकरण राजस्थानी में भी इसी प्रकार लागू हो सकता है। निम्नलिखित उदाहरणों से यह बात अच्छी तरह स्पष्ट हो जायगी—

१ सिद्ध धातुएँ–
(i) संस्कृत से आई हुई तद्भव सिद्ध धातुएँ।
(क) साधारण धातुएँ–**कर(णौ)** [सं॰ **कृ**]
मांज(णौ) [सं॰ **मृज**, अप॰ **मज्ज**)
टूट(णौ) [सं॰ **त्रुट्**, अप॰ **टुट्ट**]
(ख) उपसर्गयुक्त धातुएँ–
उजड़णौ [सं॰ **उत्+जट्**, प्रा॰ **उज्जाडेइ**]
उतरणौ [सं॰ **उत् तृ**, प्रा॰ **उत्तरइ**]

कुछ धातुओं के आने के साथ ही नयी भाषा में उनका अर्थ भी बदल जाता है। संस्कृत के तत्सम् रूप के कर्मवाच्य रूप नयी भाषाओं में कई बार कर्तृवाच्य रूप हो जाता है, यथा–

सं॰ **तप्यते** = तपाया जाता है—कर्मवाच्य

[१] हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास—डॉ॰ उदयनारायण तिवारी, पृष्ठ ४७८-४७९।

अप० **तप्पइ** = स्वयं को तपाता है—कर्तृवाच्य

रा० **तपै** = तपता है—कर्तृवाच्य

उपरोक्त राजस्थानी शब्द **तपै** संस्कृत के **तप्यते** से ही निःसृत हुआ है, परन्तु अर्थ में परिवर्तन होकर वह कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य हो गया।

(ii) संस्कृत णिजन्त से आई हुई सिद्ध धातुएँ संस्कृत की कुछ णिजन्त धातुओं में अंतर्निहित प्रेरणार्थक भाव लुप्त होकर केवल साधारण सकर्मक भाव रह गया है एवं प्रेरणार्थक भाव-स्वरूप कुछ नये स्वरूप निर्मित हो गये हैं, यथा–

राजस्थानी में **मरणौ** अकर्मक है, जिसका सकर्मक रूप **मारणौ** है। **मारणौ** सकर्मक रूप की उत्पत्ति संस्कृत के णिजन्त **मारयति** से हुई है। संस्कृत के इस णिजन्त धातु में प्रेरणार्थक रूप निहित है, किन्तु राजस्थानी में **मारणौ** केवल सकर्मक रूप है तथा उसका प्रेरणार्थक रूप राजस्थानी में **मरावणौ** होगा। इस प्रकार के कई उदाहरण दिये जा सकते हैं यथा–

उखाड़(णौ)–सं० **उत्खाटयति**; **बाल(णौ)** सं० **ज्वालयति**, **तपा(णौ)**–सं० **तापयति**, **हार(णौ)**–सं० **हारयति** आदि।

(iii) संस्कृत से पुनः व्यवहृत तत्सम् तथा अर्द्ध तत्सम् धातुएँ– संस्कृत भाषा के पश्चात् जब लोक भाषाओं ने साहित्यिक स्थान ग्रहण करना आरंभ किया, तब वे संस्कृत से पूर्ण रूप से प्रभावित थीं। बहुत से संस्कृत शब्दों को उसी तत्सम रूप में नयी भाषाओं में प्रयोग किया जाने लगा, परन्तु निरन्तर परिवर्तित परिस्थितियों में उत्पन्न, बाद में आने वाली लोक भाषाओं में इन्हीं रूपों का अर्द्धतत्सम् रूपों में परिवर्तन कर लिया गया। इनका प्रभाव क्रियापदों पर पड़ना आवश्यक था। अतः इन बदलते हुए अर्द्ध तत्सम् रूपों के क्रिया पद भी नये-नये प्रयुक्त होने लगे, यथा–

(i) **अरप (सं० अर्प) अरपणौ, अरपण करणौ।**

(ii) **गरज (सं० गर्ज) गरजणौ, गरजण करणौ।**

(iii) **रच (सं० रच्) रचणौ, रचना करणौ।**

इनके साथ ही कुछ अन्य ऐसी धातुयें भी आधुनिक राजस्थानी में प्रयुक्त होती हैं जिनके तत्सम् रूप संस्कृत से आये प्रतीत नहीं होते। संभव है ये क्षेत्र विशेष की ही उपज हों एवं कालान्तर में साहित्य में इनका प्रयोग होने लग गया हो, यथा—

टोक(णौ), ठोक(णौ), डपट(णौ), लड़(णौ) इत्यादि।

२ साधित धातुएँ—

(i) आकारांत णिजन्त (प्रेरणार्थक)—ऊपर संस्कृत णिजन्त से आई हुई सिद्ध धातुओं के सिलसिले में हम यह उल्लेख कर चुके हैं कि संस्कृत की कुछ णिजन्त धातुओं में अंतर्निहित प्रेरणार्थक भाव लुप्त होकर केवल सकर्मक भाव रह गया है। राजस्थानी में इस भाव की पूर्ति **वा** प्रत्यय के प्रयोग से की जाती है, यथा–

अकर्मक	सकर्मक	प्रेरणार्थक
मरणौ	**मारणौ**	**मरवाणौ**
चढ़णौ	**चाढ़णौ**	**चढ़वाणौ**

इस नये प्रेरणार्थक रूप में परिवर्तन के समय एकाक्षरीय (Monosyllabic) दीर्घ स्वरयुक्त धातुओं का दीर्घ स्वर पलट कर ह्रस्व हो जाता है, यथा–

१ **घूमणौ—घुमवाणौ**

२ **चालणौ—चलवाणौ**

३ **पीणौ, पीवणौ—पिलवाणौ, पिवाड़णौ**

४ **सूणौ—सुलवाणौ, सुवाड़णौ**

किन्तु **ओ, औ** दीर्घस्वर युक्त धातुओं में परिवर्तन नहीं होता, वे अपने मूल रूप में ही रहती हैं—

१ **दौड़णौ, दौड़वाणौ**

२ **कोरणौ, कोरवाणौ, कोराड़णौ, कोरवावणौ**

ए प्रायः **इ** में परिवर्तन हो जाता है, तथापि कहीं-कहीं वही रूप प्रचलित रहता है, यथा—

देखणौ—देखवाणौ, दिखवाणौ

चेडणौ, चेढणौ—चेढवाणौ, चिढवाणौ

(ii) **नाम धातु**– नाम धातु बनाने की प्रथा अत्यन्त प्राचीन है। संज्ञापद अथवा क्रियामूलक विशेषण को क्रियापद के लिए धातु रूप में प्रयुक्त करने पर नाम धातु कहते हैं। मुख्यतया ये चार रूपों में मिलते हैं। प्रथम वे जिन्हें उत्तराधिकार सूत्र में प्राप्त कर लिया गया है, यथा—

सं० **पिष्ट**, प्रा० **पिट्टइ**, रा० **पीटणौ**

इनके अतिरिक्त राजस्थानी में **णौ** प्रत्यय लगा कर बहुत सी नयी नाम धातुओं का निर्माण कर लिया है, यथा—

सं० दुःख, अप० दुक्ख, रा० दूखणौ

सं० मूत्र, प्रा० मुत्त, रा० मूतणौ

प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में **अव** प्रत्यय का प्रयोग होता था। तैस्सितोरी ने भी इसका उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि ये नामधातु या तो सीधे संज्ञा या विशेषण के साथ क्रिया जोड़ने से बनते हैं अथवा प्रेरणार्थक प्रत्यय **अव** (**आव** कभी नहीं) जोड़ने से। ये दोनों तरीके प्राकृत और अपभ्रंश में भी प्रचलित थे। डा० तैस्सितोरी ने इस सम्बन्ध में कुछ उदाहरण भी दिये हैं[1]—

(i) संज्ञा या विशेषण से सीधे बनी नामबोधक क्रियाएँ-

आणंदिउ<**आणंद**<सं० **आनन्द**

जन्म्यउ<सं० **जन्मन्**

जीतइ, जीपइ <भूतकृदन्त **जीत** <अप० **जित्त**- < सं० **जित**।

(ii) संज्ञा या विशेषण में **अव** प्रत्यय जोड़ कर बनी हुई नामबोधक क्रियाएँ—

भोगवइ< सं० **भोग**

साचवइ<अप० **सच्चवइ**< सं० **सत्यापयति**

गोपावइ< सं० **गोपयति**

विदेशी संपर्क के साथ राजस्थानी में कई विदेशी शब्दों का प्रवेश हो गया है। विदेशियों के सम्पर्क से जब हम कोई नई विद्या, कला, खेल, फ़ैशन आदि सीखते हैं तब उस सम्बंध के विदेशी शब्द अनायास ही हमारी भाषा में प्रवेश पा जाते हैं। प्रायः कोई भी जीवित भाषा यथासंभव इन नये शब्दों को अपने ध्वनि-नियमों के साँचे में ढाल लेती है। राजस्थानी में भी अनेक विदेशी संज्ञा तथा विशेषण शब्दों के साथ ई जोड़ कर नाम धातुओं का निर्माण कर लिया गया है, यथा—

(i) फा० **शर्म** रा० **सरमा(णौ)**

जहाँ राजस्थानी ने अनेक विदेशी शब्दों को अपने ध्वनि-नियम में ढाल लिया है वहाँ कई शब्दों एवं नामधातुओं को ज्यों का त्यों अपने भीतर उतार लिया है। ऐसा प्रायः संस्कृत भाषा के सम्बन्ध में ही हुआ है, क्योंकि राजस्थानी मूल रूप में संस्कृत से सम्बन्धित ही मानी गई है, यद्यपि मध्यकाल में वह कितनी ही सीढ़ियाँ पार कर चुकी है, यथा—

सं०	राज०
भज्	**भज(णौ)**
आकुल	**अकुला(णौ)**
आलाप	**आलाप(णौ)**

(iii) मिश्रित अथवा संयुक्त एवं प्रत्यययुक्त (तद्भव)—

इनको हम दो रूपों में विभक्त कर सकते हैं (i) मिश्रित एवं संयुक्त, तथा (ii) प्रत्यययुक्त।

पहली श्रेणी में वे संयुक्त विशेष धातुएं आती हैं जो धातुओं से पूर्व कृदन्त, क्रिया जातविशेष्य अथवा संज्ञा पद जोड़ कर बन जाते हैं, यथा **जावण देणौ, बांट लेणौ, चढ़ बंठणौ** आदि। प्रस्तुत कोश में इन संयुक्त धातुओं के क्रियात्मक रूप ही दिए गए हैं, यथा—**जावणौ, बांटणौ, चढ़णौ** आदि। दूसरी श्रेणी में वे क्रियायें हैं जो राजस्थानी प्रत्यय के संयोग से बनी हैं। एक दो प्रत्ययों के उदाहरण से इन प्रत्ययगुक्त क्रियाओं का रूप स्पष्ट हो जायगा, यथा—

(१) **क** प्रत्ययगुक्त—

छिटकणौ – [सं० **सृज**, रा० **छिड़** | **क** | **णौ**]

चूकणौ – [सं० **च्युत**, रा० **चू** | **क** | **णौ**]

अटकणौ – [सं० **अट्ट**, रा० **अट** | **क** | **णौ**]

(२) **ड़** प्रत्यययुक्त—

थापड़णौ – सं० **स्थाप**+**ड़** | **णौ**]

वधाड़णौ – सं० **वृधु** | रा० **ड़** | **णौ**]

पछाड़णौ–[सं० **पश्चात्** | प्रा० **पच्छा** | **ड़**,रा० **पछाड़** | **णौ**]

(vi) ध्वन्यात्मक अथवा अनुकार ध्वनिज धातुएँ—

इस प्रकार की ध्वन्यात्मक या अनुकरणात्मक **धातुएँ** प्रायः सभी आर्य भाषाओं में मिलती हैं। अनुकरणात्मक **शब्दों** पर अलग से प्रकरण लिखा जा सकता है। प्रायः हर ध्वनि **अपना** एक विशेष प्रकार का अनुकरणात्मक शब्द **उत्पन्न करती है** और राजस्थानी भाषा अपना प्रसिद्ध **णौ** लगा कर उन्हें **क्रिया** रूप दे देती है। प्राचीन भाषाओं (यथा संस्कृत आदि) में इनके अनुकरणात्मक रूप अत्यन्त अल्प मात्रा में मिलते हैं, अतः संस्कृत के वैय्याकरणों ने इस प्रकार की धातुओं को देशी

---

[1] पुरानी राजस्थानी–मू०ले०–एल०पी० तैस्सितोरी; अनु० नामवरसिंह, पारा १४२।

के अंतर्गत ही मान लिया है, फिर भी झङ्कार, गुञ्जन आदि शब्द संस्कृत में मिलते हैं। राजस्थानी में इस प्रकार की ध्वन्यात्मक अथवा अनुकार ध्वनित धातुयें कई रूपों में पाई जाती हैं, यथा—**धमकणौ, झणझणाणौ, थरथरणौ खटखटाणौ** आदि।

(v) संदिग्ध व्युपत्ति वाली धातुएँ—राजस्थानी में कुछ इस प्रकार की धातुएँ मिलती हैं जिनको व्युत्पत्ति बड़ी ही संदिग्ध है। वे न तो मूल रूप में संस्कृत से सम्बन्धित जान पड़ती हैं और न वे साधित धातुयें ही मानी जा सकती हैं। उनके प्राचीन रूपों को भी तत्कालीन वैय्याकरणों द्वारा देशी नाम दिया गया है। आज के युग में जबकि भाषा-विज्ञान बहुत उन्नति कर चुका है, इस प्रकार की धातुओं का सम्बन्ध खोजना अत्यन्त आवश्यक है। श्री उदयनारायण तिवारी ने अपनी हिन्दी भाषा का उद्‌गम और विकास में इस सम्बन्ध में कूद(णौ) धातु का उदाहरण दिया है।[1] उन्होंने लिखा है कि यद्यपि संस्कृत कोशों में एक धातु कूर्द् भी है और उससे कूद(णौ) का सम्बन्ध स्पष्ट है परन्तु कूर्द् धातु संस्कृत में बहुत बाद में अपनाई गई जान पड़ती है और बहुत संभव है कि तत्कालीन कथ्य भाषा (प्राकृत) से संस्कृत ने इसको ग्रहण किया हो। तमिळ भाषा में कूर्द् की सरूप एवं समानार्थक धातु मिलती है। इससे क्या यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि यह धातु प्राचीन भारतीय आर्य-भाषा में तमिळ से ली गई ? श्री तिवाड़ी का यह तर्क उचित भी हो सकता है एवं संस्कृत के कुछ विद्वान इससे मतभेद भी रख सकते हैं, तथापि मोटे रूप में इतना तो अवश्य मानना पड़ेगा कि कतिपय धातुओं के तत्सम रूपों के सम्बन्ध में संदेह अवश्य है एवं प्रामाणिक रूप से उन्हें किसी अन्य प्राचीन आर्य भाषा से सम्बन्धित नहीं किया जा सकता। इस दृष्टि से निम्न-लिखित धातुओं की गणना इस सम्बन्ध में की जा सकती है—

टहुक(णौ), झौंक(णौ), चौंक(णौ) आदि।

धातुओं का यह प्रकरण पूर्ण होने से पहले कुछ क्रिया विशेष्यपदों (Verbal Nouns) की जानकारी कर लेनी भी आवश्यक है। प्राचीन आर्य भाषा संस्कृत में यह आवश्यक समझा जाता था कि शब्दों के रूप चलाते समय उनके मूल रूप धातुओं में विभक्ति प्रत्ययों का संयोग किया जाय। कालान्तर में ध्वन्यात्मक परिवर्तन होते रहने के कारण कर्ता के एकवचन में प्रायः शब्द के मूल रूप ही रह गये। प्रायः सभी दूसरी भाषाओं में यह परिवर्तन मिलता है। राजस्थानी में ऐसे रूपों का अभाव नहीं है। इस प्रकार के शब्द प्रायः कर्ता या कर्मकारक में अकेले या समानार्थक धातु पदों के संयोग से प्रयुक्त किये जाते हैं। इनका प्रयोग संयुक्त क्रियाओं की रचनाओं में होता है। ऐसे शब्दों के कुछ उदाहरण निम्न-लिखित रूप से उल्लेखनीय हैं—

१ संपादक **काट-छांट** करनै कविता अखबार में छापी।
२ दो चार आदमियां री **धर-पकड़** होवतां सभा रा लोग भाग छूटा।
३ छोटा-छोटा छोरां नै पुलिस वाळां **डांट-डपट** करनै छोड़ देवै।

अकर्मक एवं सकर्मक रूप—

ऐसा माना गया है कि सिद्ध धातुओं के रूप प्रायः अकर्मक होते हैं। उनके द्वारा साधित धातुयें सकर्मक रूप धारण कर लेती हैं। किन्तु कई साधित धातुओं के भी अकर्मक रूप मिलते हैं, यथा—

बैठ(णौ) नाच(णौ)
खेल(णौ) (कूदणौ) आदि।

अकर्मक क्रियाओं को सकर्मक रूप देने के लिये उनमें **आ** जोड़ दिया जाता है, यथा—

अकर्मक रूप	सकर्मक रूप
कटणौ	**काटणौ**
मरणौ	**मारणौ**

सकर्मक क्रिया में जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, कर्म निहित रहता है अतः अन्य भाषाओं के समान राजस्थानी में भी इनके बाद परसर्ग **नै**[1] नहीं आता, किन्तु यह केवल अप्राणीवाचक संज्ञा शब्दों के विषय में ही लागू होता है, यथा—**गेंद फेंकौ, कपड़ा धोवौ, रोटी खावौ** आदि। जहाँ प्राणी-

[1] देखो पारा ३७४।

[1] इसने, **नै** परसर्ग की उत्पत्ति आदि के विषय में इसी प्रस्तावना के संज्ञा प्रकरण में कारकों की विवेचना करते समय प्रकाश डाला जा चुका है। देखिये पृष्ठ ३६, ३७।

वाचक संज्ञा पदों का व्यवहार होता है वहाँ सामान्यतया **नै** परसर्ग का प्रयोग पाया जाता है, यथा–

उण घोड़ा **नै** देखौ।
रांम **नै** मारौ, आदि।

किन्तु जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, जोश, क्रोध, गर्वोक्ति, उद्देश्य-विधेय, निश्चयात्मक भावों में **नै** लगाना आवश्यक है, चाहे सम्बन्धित शब्द प्राणीवाचक हो अथवा अप्राणीवाचक।

इस परसर्ग **नै** का प्रयोग वास्तव में बड़ा महत्वपूर्ण है। कर्म की इस विभक्ति का लोप होने से उसका निश्चय करना कठिन हो जाता है तथा भूतकालिक कृदंतीय रूप भी उसे प्रकट करने में असमर्थ रहता है।

राजस्थानी में अकर्मक से सकर्मक रूप बनाने में विभिन्न प्रत्ययों का प्रयोग होता है, यथा—

१ **आव** प्रत्यय से—

अकर्मक	सकर्मक
जागणौ	**जगावणौ**
मिलणौ	**मिलावणौ**

२ **आड़** प्रत्यय से—

अकर्मक	सकर्मक
जीवणौ	**जीवाड़णौ**
नाचणौ	**नचाड़णौ**
खेलणौ	**खेलाड़णौ**

३ धातु के उपांत्य स्वर में परिवर्तन—

अकर्मक	सकर्मक
उतरणौ	**उतारणौ**
चढ़णौ	**चाढ़णौ**
बलणौ	**बालणौ**

४ धातु बदल कर—

अकर्मक	सकर्मक
जाणौ	**भेजणौ**
टूटणौ	**तोड़णौ**

५ बिना परिवर्तन के—

अकर्मक	सकर्मक
खड़णौ = मरना	**खड़णौ** = हाँकना
गमणौ = खोना, गायब होना (नाश होना)	**गमणौ** = नाश करना, व्यतीत करना

६ अपवादस्वरूप कुछ अन्य रूप—

अकर्मक	सकर्मक
जागणौ	**जागवणौ**
वहणौ	**वाहवणौ**

साधारणतः सभी धातुओं के रूप समान रूप से समान आधार पर निष्पन्न होते हैं, किन्तु कुछ धातुएँ ऐसी हैं जिनके भूतकालिक कृदन्त तथा उससे बनने वाले कालों के रूप कुछ भिन्न होते हैं। यद्यपि भिन्नता कोई विशेष नहीं है, केवल धातु का रूप कुछ परिवर्तित अवस्था में होता है। मुख्य - मुख्य धातुयें ये हैं—

हो(णौ) हुणौ– हुवौ, हुइ, होई, हौ
कर(णौ)– कियौ, की, कीदौ, कीधौ, कीन्हौ, कीनौ
दे(णौ)– दियौ, दीदौ, दीधौ, दीन्हौ, दीनौ
ले(णौ)– लियौ, लीदौ, लीधौ, लीन्हौ, लीनौ
पी(णौ)– पीयौ, पीदौ, पीधौ, पीनौ

लिंग, वचन, पुरुष, प्रकार, वाच्य कालादि का प्रभाव धातुओं पर पड़ता है। प्राचीन आर्य भाषा संस्कृत में भी कृदन्त रूपों में लिंग भेद मिलता है, यथा—

स गतः = वह गया
सा गता: = वह गयी

राजस्थानी में भी यही प्रणाली पाई जाती है जो संभवतया संस्कृत के प्रभाव के कारण है। अतः यहाँ भी धातु रूपों में लिंग भेद होता है, यथा—

वौ गयौ = वह गया
वा गई = वह गयी

परम्परा रूप में संस्कृत से प्राप्त आज्ञात्मक रूप भी (Imperative) राजस्थानी में मिलते हैं। प्राचीन ग्रन्थों में इनका उल्लेख विभिन्न प्रकार से हुआ है। राजस्थानी में इनके ये रूप इस प्रकार हैं—

आधुनिक राजस्थानी	प्राचीन राजस्थानी
उत्तम पुरुष—	
एक वचन–**चालूं**, **करूं**	**बोलज्यूं**, **चलउ**
बहु वचन–**चालां**, **करां**	**बोलज्यां**, **चलउं**

प्राय: इस प्रयोग में रूप **उकारान्त** होते हैं। प्राचीन राजस्थानी पर अपभ्रंश के प्रभाव के कारण कई रूपों में अपभ्रंश एवं पुरानी राजस्थानी में अत्यधिक भेद नहीं हैं।

मध्यम पुरुष[1]—

एक वचन–	**चल, कर, मर चाल**	**आणज्यौ, करौ, चालि चालौ**
बहु वचन–	**चालौ, करौ, मरौ चलौ**	**आणज्यां, करां**

अन्य पुरुष—

एक वचन–	**चालियौ, करै लिखावै, करावै पेखीजै**	**पुरज्यौ यछै, आवइ हुवइ, भमइ, सुणै मांडइ, रहियौ, बोलिजइ**
बहु वचन–	**चालिया**	

राजस्थानी में क्रिया प्रयोगों की कुछ विशेषताएँ—

आदरसूचक[2] प्रयोग राजस्थानी में प्राय: बहुवचन में ही किये जाते हैं, यथा—**आप अरोगिया, वे सिधाया**। अन्य भाषाओं की अपेक्षा राजस्थानी में आदरसूचक एवं मांगलिक प्रयोग के सम्बन्ध में कुछ विशेषताएँ हैं। आधुनिक हिन्दी में प्राकृत एवं अपभ्रंश के प्रयोग **किज्जइ, दिज्जइ** आदि रूपों का परिवर्तित रूप **कीजिए, दीजिए** आदि है। प्राचीन राजस्थानी में भी अपभ्रंश के प्रभावस्वरूप **किज्जइ, दिज्जइ** आदि रूपों का प्रयोग हुआ है। आधुनिक राजस्थानी में प्राय: मुख्य-मुख्य क्रियाओं के आदरसूचक रूप कुछ विशेष प्रकार के निर्मित हो गये हैं।

निम्नलिखित उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जायगी[3]—

तू **खाव** = तुम खाओ
थे **जीमौ** = तुम खाओ
आप **अरोगौ** = आप खाइये

[1] राजस्थानी के मध्यम पुरुष के कई रूप संस्कृत के मध्यम पुरुषों के धातुओं के समान ही होते हैं, यथा—**पढ़, जा, लिख** आदि।

[2] प्राय: पश्चिमी राजस्थानी में आदरसूचक संज्ञा शब्दों के अगाड़ी **जी** नहीं लगाया जाता है वहां पर संबंधित क्रिया प्रयोग बहुवचन का रूप देकर आदरसूचक भाव व्यक्त किया जाता है—ज्यूं राव चूंडौ बूढ़ा हुआ। राव जोधौ बायाजी री जात पधारिया। देखो परम्परा—ऐतिहासिक बातां, पृ. १८, ३५।

[3] निम्न रूपों के अतिरिक्त सम्माननीय पुरुषों के लिए क्रिया के प्रेरणार्थक रूपों का प्रयोग किया जाता है, यथा—**आप अरोगावै, आप पोढ़ावै**।

उपरोक्त तीन पदों का आधार समान धातु नहीं है। **खाणो** संस्कृत के **खादन** से बना है, **जीमणौ** संस्कृत **जेमन** से तथा **अरोगणौ** क्षेत्रीय मेवाड़ी उपज है। **अरोगणौ** क्षेत्रीय उपज होने पर भी कालांतर में समस्त राजस्थान में व्यवहृत होने लगा। तीनों का समान अर्थ है तथापि आदरसूचक शब्दों के प्रयोग की दृष्टि से इन तीनों के प्रयोगों में अंतर है। **खाणौ** साधारण अर्थ में; **जीमणौ** अपेक्षाकृत शिष्ट अर्थ में एवं **अरोगणौ** आदरसूचक अर्थ में प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार का एक और प्रयोग दृष्टव्य है—

वो **जावै** = वह जाता है।
वे **पधारै** = वे जाते हैं या वे आते हैं।
आप **सिधावै** = आप जाते हैं।

जाणौ- [सं० **यान**], **पधारणौ** [सं० **पद्धारण**] **सिधाणौ** [सं० **साधय**]

पधारणौ शब्द की उत्पत्ति **पद्धारण** शब्द से मानी गई है। यह द्विअर्थक शब्द है। दोनों ही अर्थ परस्पर विरोधी हैं।

राजस्थानी में **पधारणो** शुभागमन एवं आदरसहित विदा दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता है।

अमांगलिक भाव के कारण प्राय: कई बार विरोधी अर्थ में क्रियाओं का प्रयोग होता है। इसके मूल में प्राय: यह भाव निहित है कि अशुभ सोचने, अशुभ कहने या अशुभ देखने से संभवतया अशुभ घटित हो जाता है। अत: वे क्रियायें जिनमें किसी प्रकार का अशुभ भाव अंतर्निहित होता है, नहीं बोली जाती है। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जायगी—पड़ौस में आटा मांगने एक स्त्री पड़ौसिन के यहाँ गई। पड़ौसिन के यहाँ भी आटा न था, अत: उसने कहा—**म्हारै तौ आटौ वधै**। राजस्थानी में **वधै** शब्द अधिक है के अर्थ में प्रयुक्त होता है। पड़ौसिन ने यह नहीं कहा—कि हमारे यहाँ आटा नहीं है। 'नहीं है' अर्थ अशुभ है। भगवान सब कुछ देता है। भरा-पूरा घर है, अत: 'नहीं है' न कह कर, 'अधिक है' के अर्थ वाले शब्द का पड़ौसिन प्रयोग करती है। उसी प्रकार **आडौ ढकणौ** के स्थान पर **आडौ मंगल करणौ** कहा जाता है। इस प्रकार के कई उदाहरण दिए जाते हैं। कोश में इस प्रकार के शब्दों का वास्तविक अर्थ ही दिया गया है। **वधै** या **वधणौ** का अर्थ कोश में 'बढ़ना' या 'अधिक होना' ही

होगा। 'कम होना' अर्थ वहाँ नहीं मिलेगा। वास्तव में 'कम है' के अशुभ अर्थ से बचने के लिए ही तो उसके विरोधी अर्थ का प्रयोग किया जाता है[1]।

कर्तृवाचक संज्ञा—

(i) कर्तृवाचक संज्ञा एवं विशेषता—राजस्थानी में समस्त क्रियाओं से कर्तृवाचक संज्ञा[2] बनती है। क्रिया के धातु में **अणहार** के संयोग से यह रूप बनता है, यथा-

क्रिया	कर्तृवाचक संज्ञा
करणौ = करना	**करणहार** = करने वाला व्यक्ति
मरणौ = मरना	**मरणहार** = मरने वाला व्यक्ति
पाळणौ = पालन करना	**पाळणहार** = पालन करने वाला

इस प्रकार के प्रयोग ब्रज, अवधी आदि भाषाओं में भी प्रचलित हैं। तुलसी ने अपने मानस में इनका प्रयोग किया है।[3] इनका स्त्री लिङ्ग रूप **हारी** होता है। रूप भेद से इसका **हारि** एवं **हारी** दोनों रूपों में प्रयोग होता हैं। अपभ्रंश में भी इस प्रकार के प्रयोगों का प्रचलन था, यथा-**पालकहार**। **क** का लोप होने से यही राजस्थानी में **पालणहार** हो गया।

तैस्सितोरी ने पुरानी राजस्थानी के सम्बन्ध में **व** श्रुति का भी इस सम्बन्ध में उल्लेख किया है।[4] उन्होंने **अणावालौ** और **अवावालौ** का उदाहरण दिया है। प्रथम की उत्पत्ति **अणउँ** एवं द्वितीय की **अवउँ** क्रियार्थक संज्ञा से मानी है।

विशेषण के रूप में **इयौ** प्रत्यय से प्रायः सभी क्रियाओं के रूप बनते हैं—

क्रिया	कर्तृवाचक विशेषण
करणौ = करना	**करणियौ** = करने वाला
मरणौ = मरना	**मरणियौ** = मरने वाला
पालणौ = पालन करना	**पालणियौ** = पालने वाला

इस प्रकार के प्रयोग केवल राजस्थानी में ही पाये जाते हैं। अन्य भाषाओं में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते। प्रस्तुत कोश में समस्त क्रियाओं के इस प्रकार के रूप नहीं दिये गये हैं। सब के रूप देकर व्यर्थ में कोश के पृष्ठ बढ़ाने का कोई अर्थ न था, अतः मुख्य-मुख्य प्रचलित क्रियाओं के ये रूप सम्बन्धित क्रिया के साथ ही दे दिये गये हैं। जिन क्रियाओं के साथ ये रूप नहीं दिये गये हैं, पाठक स्वयं ऐसे रूपों का निर्माण कर सकते हैं।

वाच्य—

कर्मवाच्य रूप -

धातु में **ई** अथवा **ईज** (**य**) जोड़ने से यह रूप बनता है। प्राचीन भाषाओं में भी धातु में प्रत्यय के संयोग से कर्मवाच्य रूप प्रकट किया जाता था। संस्कृत के धातु के साथ **य** जोड़ कर कर्मवाच्य का रूप बनाया जाता था। प्राकृत एवं अपभ्रंश में **इज्ज** या **ईज** रूप मिलता है। वहाँ **ई** प्रत्यय का कोई उदाहरण उपलब्ध नहीं है। सिद्ध हेमचन्द्र ने (सं० **प्राप्यते**) **पाविअइ** का प्रयोग किया है। कुछ विद्वानों ने इस **ई** प्रत्यय का सम्बन्ध शौरसेनी तथा मागधी के **ई** से जोड़ा है तथा कुछ के मत से **इ** (**य**) प्रत्यय **इज्ज** (**ईज**) से निकला है और इसलिये शौरसेनी तथा मागधी के **ई** प्रत्यय से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। किन्तु इस **ई** का सम्बन्ध संस्कृत के **य** से अवश्य है।[1] ध्वनि-परिवर्तन पर विचार करते समय हम देख चुके हैं कि राजस्थानी में **य** का **ज** में परिवर्तन एक आम बात है। इस दृष्टि से **ईज** का प्रयोग भी इसी प्रकार से प्रचलित हुआ है, फिर भी **ई** स्वयं में **य** की ध्वनि संनिहित है। **ईजइ** एवं **ईयइ** दोनों के रूप अत्यन्त समान हैं। दूसरे रूप **ईयइ** में **य** का लोप होकर द्वित्व के स्थान पर केवल ह्रस्व **इ** का रह जाना भी असंभव नहीं है। आधुनिक राजस्थानी में इस प्रकार **ई**, **ईज**, **इ** इन तीनों का प्रयोग कर्मवाच्य रूपों के लिये होता है। यह केवल सकर्मक क्रियाओं का ही रूप होता है।

---

[1] अप्रिय को प्रिय रूप देने की प्रवृत्ति का ही यह रूप है जिसे Euphemism कहते हैं।

[2] व्याकरण में इन्हें कर्तृवाचक संज्ञा ही कहा गया है तथापि इनका प्रयोग विशेषण रूप में ही होता है अतः प्रस्तुत कोश में इनको विशेषण ही माना गया है।

[3] उ०—नाथ संभु धनु भंजनिहारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा।
—बालकांड, २७०।१—रामचरितमानस

[4] पुरानी राजस्थानी, पारा १३५।

[1] यण का इक हो जाता है जो संप्रसारण कहलाता है। **य व र ल** के स्थान में क्रमशः **इ उ ऋ लृ** होता है। (इग्यणः संप्रसारणम्) सिद्धान्तकौमुदी, सूत्र १/१/४५।

वर्तमान कर्मवाच्य–

प्राचीन राजस्थानी में **ईजइ, ईयइ (ईग्रइ)** एवं **ईइ** का प्रयोग कर्मवाच्य रूप बनाने में किया जाता था, यथा–

(i) **ईजइ** के उदाहरण–
कीजइ [सं० **क्रियते**, अप० **कीज्जइ**]
कहीजइ [सं० **कथ्यते**, अप० **कहिज्जइ**]

(ii) **आजई** या **अजई** से–
खाजइ [सं० **खाद्यते**, अप० **खज्जइ**]
नीपजई [सं० **निष्पद्यते**, अप० **णिप्पज्जइ**]

(iii) **(ईग्रइ), ईयइ** से–
करीयइ [सं० **क्रियते**, अप० **करिज्जइ, करीजइ**]
जोईग्रइ [सं० **द्योत्यते**, अप० **जोइज्जइ**]

(iv) ईइ से–
करीइ [अन्य रूप **करी(य)इ** > **करीजइ**]
जाणीइ
धरीइ

आधुनिक राजस्थानी में केवल **ईज, इज्ज** एवं **ईयइ** का ही प्रयोग साधारणतः होता है–

(i) **ईज**–
काटणौ कर्म वा० रूप–**काटीजणौ**।
मारणौ कर्म वा० रूप–**मारीजणौ**।

(ii) **ईयइ**–
छोडणौ **छंडयइ**।

इनके अतिरिक्त केवल **ई** प्रत्यय से कुछ विशेष कर्म-वाच्य रूप भी होते हैं। इनमें **औकारान्त** रूप न रह कर **ई** प्रत्यय से केवल **ईकारान्त** ही होते हैं। किन्तु इस प्रकार के रूपों के प्रयोग क्वचित् ही होते हैं अथवा क्षेत्र विशेष में ही सीमित रहते हैं, यथा –

(i) **खाणौ** क्रिया का कर्मवाच्य रूप **खाणी**।
उ०–म्हांसूं **खाणी** को आवै नी—मुझसे खाया नहीं जाता।

(ii) **जोवणौ** क्रिया का कर्मवाच्य रूप **जोवणी**।
उ०–म्हांसूं **जोवणी** को आवै नी—मुझसे देखा नहीं जाता।

तैस्सितोरी ने प्राचीन राजस्थानी में कर्मवाच्य रूपों के प्रयोगों के सम्बन्ध में लिखा है[1]—'जितनी पांडुलिपियाँ मैंने देखी हैं उनमें हमें वर्तमान कर्मवाच्य के केवल अन्य पुरुष के एकवचन और बहुवचन रूप ही प्राप्त हुए हैं। इनमें से एक-वचन के रूप अधिक प्रचलित हैं और इनका प्रयोग विविध अर्थों में होता है और प्रायः सभी पुरुषों के स्थान पर ये भाववाच्य में भी प्रयुक्त होते हैं।' यह मत कहाँ तक तर्क-सम्मत है, यह विचारणीय एवं शोध का विषय है। प्राचीन राजस्थानी एवं आधुनिक गुजराती में इस प्रकार के उदाहरण पाये जाते हैं किन्तु आधुनिक राजस्थानी में इनका प्रयोग स्वल्प ही है।

भूतकालिक कर्मवाच्य –

साधारण **कर्तृवाच्य** रूपों के समान वर्तमान कर्मवाच्य रूपों में—**इयौ** प्रत्यय से ही उनका भूतकालिक रूप बनाया जाता है—

वर्तमान कर्म वा०	भूतकालिक कर्म० वा०
करीजणौ	**करीजियौ**
काटीजणौ	**काटीजियौ**
मारीजणौ	**मारीजियौ**

लिङ्ग के प्रभाव से इनके रूपों में भी परिवर्तन हो जाता है। उपरोक्त रूप पुल्लिंग है। स्त्री लिङ्ग रूपों में **यौ** का लोप होकर रूप **ईकारांत** होता है, यथा–

वर्तमान कम वा०	भूतकालिक कर्म वा०	
	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
लीरीजणौ	**लीरीजियौ**	**लीरीजी**
खवीजणौ	**खवीजियौ**	**खवीजी**

गोड़वाड़ आदि क्षेत्रों में इस भूतकालिक कर्मवाच्य के रूप इस प्रकार मिलते हैं–

क्रिया	भूतकालिक कर्मवाच्य
लिखणौ	**लिखांणौ**
पढ़णौ	**पढ़ांणौ**
खाणौ	**खावाणौ** आदि।

[1] पुरानी राजस्थानी, डा० एल० पी० तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पारा १३७ का अंश।

भविष्यत् कर्मवाच्य—

भविष्यत् कर्मवाच्य के रूप पुरानी राजस्थानी एवं आधुनिक राजस्थानी में कुछ भिन्न प्रकार से होते हैं। पुरानी राजस्थानी पर अपभ्रंश का पर्याप्त प्रभाव है। उसके कुछ रूप निम्नलिखित प्रकार से निष्पन्न होते हैं—

(i) इज वाले—

कीजसी = किया जायगा
जाइजसी = जाया जायगा
लीजिस्यइ = लिया जायगा

(ii) इ वाले

कहीस्यइ, कहीसिइ = कहा जायगा
बोलिसिइँ = बोला जायगा
परावीसिउ = पराभूत होंगे
मरीसिइ = मरेगा
पांमीस्यइँ = पायेंगे

आधुनिक राजस्थानी में भी रूप प्रायः **सी** लग कर ही बनते हैं—

वर्तमान कर्मवाच्य	भविष्यत्कालिक कर्मवाच्य
लीरीजणौ	**लीरीजसी**
करीजणौ	**करीजसी**
खवीजणौ	**खवीजसी**

भाववाच्य—

सकर्मक क्रियाओं के रूप कर्मवाच्य तथा अकर्मक क्रियाओं के रूप **भाववाच्य** होते हैं। कर्मवाच्य एवं भाववाच्य के रूपों में कोई विशेष भेद नहीं होता। एक ही प्रकार से दोनों के रूप बनते हैं। केवल अकर्मक एवं सकर्मक के भेद से ही भाववाच्य एवं कर्मवाच्य रूप बनते हैं, यथा—

(अ) वर्तमानकाल—

क्रिया	वाच्य
मरणौ (अकर्मक)	**मरीजणौ** (भाववाच्य)
मराणौ (सकर्मक)	**मराईजणौ** (कर्मवाच्य)
कटणौ (अकर्मक)	**कटीजणौ** (भाववाच्य)
कटाणौ (सकर्मक)	**कटाईजणौ** (कर्मवाच्य)
काटणौ (सकर्मक)	**काटीजणौ** (कर्मवाच्य)

(आ) भूतकालिक—

क्रिया	वाच्य	
	वर्तमानकाल	भूतकाल
पड़णौ (अ०रू०)	**पड़ीजणौ**	**पड़ीजियौ** (भाव० वा०)
काटणौ (स०रू०)	**काटीजणौ**	**काटीजियौ** (कर्म० वा०)

(इ) भविष्यकालिक—

क्रिया	वर्तमानकाल	भविष्यकाल
जावणौ	**जावीजणौ**	**जावीजसी**
बैठणौ	**बैठीजणौ**	**बैठीजसी**

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भाववाच्य एवं कर्मवाच्य दोनों में परिवर्तन करने या रूप बनाने की प्रणाली का कुछ एक ही प्रकार का ढंग है।

तैस्सितोरी ने अपने लेख में विधिमूलक कर्मवाच्य (Potential Passive) का भी उल्लेख किया है[1]। डॉ० हॉर्नले ने भी अपनी 'गौडियन ग्रामर' में इस सम्बन्ध में युक्तियां एवं उदाहरण प्रस्तुत किये हैं[2]। कर्मवाच्य धातु में **आ** जोड़ने से बनने वाले विधिमूलक कर्मवाच्य के कई उदाहरण प्राचीन राजस्थानी में मिलते हैं। इस कर्मवाच्य की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि सामान्यतः इसमें विधि (Potential) का अर्थ निहित रहता है, परन्तु कालान्तर में इस विशिष्ट अर्थ का धीरे-धीरे लोप होता गया। आधुनिक गुजराती में इसका प्रयोग सामान्यतः कर्मवाच्य के अर्थ में होता है। प्राचीन राजस्थानी में इस विधिमूलक कर्मवाच्य (Potential Passive) के निम्नलिखित उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं।

वर्तमान—

(i) **सरव पाप-मल-थकी मुकाइँ** = (वे) सर्व पाप मल से मुक्त हो सकते हैं।

(ii) **तुम्हौ अभक्ष्य-मांहि कहिवाय** = तुम अभक्ष्य में कहे जा सकते हो।

भविष्यत—

नरक रूपी या वैस्वानर मांहि पचाइसि = नरक रूपी वैश्वानर में पकाए जाओगे।

---

[1] पुरानी राजस्थानी, पृष्ठ १८४, पारा १४०

[2] 'गौडियन ग्रामर' पारा ४८४

आधुनिक राजस्थानी में इनका प्रयोग निम्नलिखित रूपों में होता है—

वर्तमान—

सब पापां सूं मुक्त होवीजै

भविष्य—

रोटी तवा माथै पकावीजसी

राजस्थानी में भविष्य आज्ञार्थक में **जे जै**, या **जौ** का प्रयोग होता है, यथा—

पत्र **लिखजं** = पत्र लिखना

औखध **खाइजौ** = औषधि खाना

धान **खरीदजै** – धान खरीदना

इन **जे**, **जै**, **जौ** की उत्पत्ति संस्कृत के **ण्यत्(यत्)** प्रत्यय से हुई है।

प्रेरणार्थक—

संस्कृत के मूल स्वर को दीर्घ करके प्रेरणार्थक बनाने की परिपाटी रही है। राजस्थानी में भी इस प्रकार के कई उदाहरण मिलते हैं। यहाँ भी स्वर को दीर्घ करके प्रेरणार्थक रूप कई क्रियाओं का बनाया जाता है। सामान्यतः ऐसे रूपों को आजकल सकर्मक ही माना गया है। प्रस्तुत कोश में भी ऐसे रूप व्याकरण की दृष्टि से सकर्मक के अंतर्गत ही रक्खे गये हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ऐसा अनुभव होता है कि उनमें प्रेरणार्थक भाव अंतर्निहित है। ऐसे रूप अकर्मक क्रियाओं से बनते हैं।

अकर्मक क्रिया	सकर्मक क्रिया (प्रेरणार्थक रूप)	
	प्राचीन राजस्थानी	आधुनिक राजस्थानी
उतरणौ	**ऊतारइ**	**ऊतारणौ**
मरणौ	**मारइ**	**मारणौ**
मिळणौ	**मेळइ**	**मिळाणौ**

इसके अतिरिक्त राजस्थानी में **आव** प्रत्यय जोड़ कर भी प्रेरणार्थक रूप बनाये जाते हैं। यह **आव** प्रत्यय की उत्पत्ति संभवतया संस्कृत के **आ-पय** से हुई है। सं० का **'आ-पय'** अपभ्रंश में **आव, आवे** के रूप में प्रयुक्त हुआ है। प्राकृत में **आपय** को प्रत्यय के रूप में स्वीकार किया जाकर इसका प्रयोग सामान्यतः प्रेरणार्थक रूप बनाने में किया जाता था। ऐसा देखा गया है कि राजस्थानी में प्रेरणार्थक रूप इस प्रत्यय द्वारा बनाते समय मूल दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाया करता है, किन्तु यह नियम सदैव लागू नहीं होता। **आव प्रत्यय से बने** निम्नलिखित रूपों के उदाहरण दिये जा सकते हैं—

क्रिया	प्रेरणार्थक
काटणौ (स० रू०)	**कटावणौ**
मारणौ (स० रू०)	**मरावणौ**
आंणणौ	**अणावणौ** या **आंणावणौ**

प्राय: कई बार इस **आव** प्रत्यय का मूल स्वर ह्रस्व होकर **अव** के रूप में प्रयुक्त होने लगता है, यथा—

क्रिया	प्रेरणार्थक
मेलणौ	**मेलवणौ**
सीखणौ	**सीखवणौ**

इस प्रकार के रूपों का प्राकृत में भी हेमचंद्र ने प्रयोग किया है—**पट्ठवइ** (सिद्ध ४।३७), **मेलवइ** (सिद्ध ४।२८) **सोसवइ** (सिद्ध ३।१५०)। अतः यह केवल राजस्थानी की अपनी विशेषता नहीं है। इसे परम्परा के रूप में प्राकृत एवं अपभ्रंश से राजस्थानी में प्राप्त किया गया है। इस प्रकार **अव** प्रत्यय से बने रूप आधुनिक राजस्थानी में कम, परन्तु प्राचीन राजस्थानी में प्रचुरता से मिलते हैं। तैस्सितोरी ने भी इसका उल्लेख किया है। कठिनाई यह है कि इस **अव** प्रत्यय का प्रयोग राजस्थानी में अपभ्रंश की तरह नाम धातु बनाने के लिए भी प्रयोग किया जाता है, यथा—

सं० **भोग**		रा० **भोगवइ**
सं० **सत्यापयति**	अप० **सच्चवइ**	रा० **साचवइ**
सं० **चिन्तयति**		रा० **चींतवइ**

इस प्रकार के रूपों से कई बार यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि **अवइ** वाला यह रूप प्रेरणार्थक है अथवा नाम धातु-निर्मित क्रियापद।

इसके अतिरिक्त **आड़** प्रत्यय के संयोग से भी राजस्थानी में प्रेरणार्थक रूप निष्पन्न हुए हैं। इस प्रत्यय का अस्तित्व प्राकृत में भी मिल जाता है। सिद्ध हेमचंद्र जैन सूरि ने अपने प्राकृत व्याकरण ४।३० में इसका उल्लेख किया है। इस प्रकार **व** के स्थान पर **ड** स्वार्थिक अथवा श्रुति तत्व के रूप में आया है। प्राचीन राजस्थानी में यह **आड** था किन्तु आधुनिक राजस्थानी में इसका प्रयोग **आड़** के रूप में हुआ है। **ड**

वर्ण के सम्बन्ध में विवेचना करते समय हम यह स्पष्ट कर चुके हैं कि प्राचीन राजस्थानी में ड का प्रयोग था। प्राचीन अपभ्रंश एवं प्राकृत में भी केवल ड ही था। इसी के प्रभाव के कारण पुरानी राजस्थानी में भी ड ही रहा, किन्तु आधुनिक राजस्थानी में यही ड़ के रूप में प्रयुक्त होने लगा, यथा–

क्रिया	प्रेरणार्थक	
	प्राचीन राज०	आधुनिक राज०
लगाणौ	**लगाडणौ**	**लगाड़णौ**
काटणौ	**कटाडणौ**	**कटाड़णौ**
देखणौ	**देखाडणौ**	**देखाड़णौ**
बांधणौ	**बंधाडणौ**	**बंधाड़णौ**

इस **आड़** प्रत्यय से कालान्तर में **आर** एवं **आल** दो प्रत्यय और प्रयोग में आने लगे। इन दोनों का प्रयोग प्राचीन राजस्थानी में तो बहुतायत से हुआ है परन्तु आधुनिक राजस्थानी में इनका प्रयोग बहुत कम मिलता है।

क्रिया	प्रेरणार्थक	
	प्राचीन राज०	आधुनिक राज०
घटाणौ	**घटारणौ (घटारइ)**	**घटारणौ**
दिवाणौ	**दिवारणौ (दिवारइ)**	**दिरावणौ**

आल प्रत्यय के रूप—

दिखाणौ	**दिखालणौ (दिखालइ)**	**दिखालणौ**
बिठाणौ	**बेठालणौ**	**बैठालणौ**

वर्णों के स्थानान्तरण से कुछ क्रियाओं के रूप नये रूप में निर्मित हो जाते हैं। उदाहरण के लिए **देणौ** क्रिया का प्रेरणार्थक रूप **दिवाणौ** है। **आर** प्रत्यय के संयोग से इसका **दिवारणौ** रूप भी बनता है किन्तु इस **दिवारणौ** रूप का प्रयोग आधुनिक साहित्य में नहीं होता। **र** के स्थानान्तरण से इसका **दिरावणौ** रूप ही पूरी तरह प्रचलित हो गया है। किन्तु मूल रूप में यह **आर** प्रत्यय का ही उदाहरण है। इस प्रकार **लेणौ** क्रिया का प्रेरणार्थक रूप **लेवाणौ** या **लेवारणौ** है। इस **आर** प्रत्यय वाले **लेरावणौ** रूप में भी **र** का स्थानान्तरण होकर **लेरावणौ** या **लिरावणौ** रूप ही मुख्यतया प्रचलित हो गया है। राजस्थानी में ये रूप विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

आड़ एवं **आर** प्रत्यय से निर्मित होने वाले रूपों का उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं। कालान्तर में इन दोनों प्रत्ययों का परस्पर प्रभाव के कारण संयुक्त रूप **अवाड़** या **अवाड** तथा **अवार** प्रयुक्त होने लगा। इन्हें हमें दुहरी प्रेरणार्थक क्रियायें कह सकते हैं, यथा—

क्रिया	प्राचीन राज०	आधुनिक राज०
कहणौ	**कहवारइ**	**कहवाड़णौ**
मेलणौ	**मेलवाडइ**	**मेलवाड़णौ**

ऊपर हम **र** के स्थान पर स्थानान्तरण के विषय में लिख चुके हैं। **आव** और **आर** का संयुक्त रूप **अवार** है, जो **दिवारणौ, लिवारणौ** में प्रयुक्त होता है। इसी **अवार** का रूप **र** के स्थानान्तरण के कारण **अराव** हो गया। इस सम्बन्ध में मतभेद हो सकते हैं। डॉ. तैस्सितोरी ने भी इसी मत का प्रतिपादन किया है। उनके अनुसार धातु के अन्त्यस्वर तथा प्रत्यय के आद्य **अ** के बीच आई हुई **व** श्रुति तथा प्रत्यय गत **व** के पास रहने से जो उच्चारण सम्बन्धी कठिनाई उत्पन्न हो सकती थी उसे दूर करने के लिए **र** का स्थानान्तरण कर दिया गया है। इस प्रकार **दि-व्-अवार-अ इ** हुई, फिर **र** के वर्ण-विपर्यय द्वारा **दि-व-अराव अइ**[1]। डॉ० तैस्सितोरी के इस मत से पूर्ण सहमति कई विद्वानों की न हो सके किन्तु उनका यह मत विचारणीय अवश्य है।

धातु के स्वर में परिवर्तन करके भी प्रेरणार्थक रूपों का निर्माण होता है—

पीवणौ–क्रि०स० **पावणौ**–क्रि०प्रे०रू०

कुछ स्थानों में अथवा कुछ व्यक्तियों के प्रति आदरसूचक भाव के निमित्त प्रेरणार्थक क्रियाओं का प्रयोग कर दिया जाता है, किन्तु वे प्राय: अपने मूल में आज्ञार्थक ही रहती है।

रावळ आरोगावौ(वै) - आप आरोगिए

रावळ पोढ़ावौ(वै) – आप शयन कीजिए

ल, र एवं **व** के संयोग से बनने वाले कुछ प्रेरणार्थक रूप विचारणीय हैं—

धातु	प्रेरणार्थक	प्रेरणार्थक
	पहला रूप	दूसरा रूप
दा (देणौ)	**दिराणौ**	**दिलवाणौ, दिवाणौ**

---

[1] पुरानी राजस्थानी—मूल ले० तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पारा १४१।

मर (मरणौ) **मराणौ** **मरवाणौ, मरवाड़णौ**
ला[1] (लेणौ) **लिराणौ** **लिरवाणौ, लिवाणौ**

आव प्रत्यय वाले प्रायः ये दोनों रूप प्रेरणार्थक क्रियाओं के रूप में मिलते हैं—

क्रिया	प्रेरणार्थक
करणौ	**कराणौ, करावणौ, करावावणौ**
करणौ	**करवाणौ, करवावणौ**
पढ़णौ	**पढ़वाणौ, पढ़वावणौ**

उपरोक्त समस्त प्रेरणार्थक रूप अपनी मूल क्रियाओं से सम्बन्धित हैं। अतः इस कोश में उन्हें स्वतन्त्र स्थान नहीं दिया गया है। प्रचलित क्रिया रूपों के साथ ही उनके द्वारा निर्मित अन्य रूप यथास्थान दे दिए गए हैं। किन्तु कुछ क्रियाओं के साथ में इस प्रकार के रूपों को स्थान दे दिया गया है तथा कुछ के साथ नहीं दिया गया। पाठकगण भ्रम में न पड़ जायँ, अतः स्पष्टीकरण आवश्यक है। प्रायः सभी प्रचलित एवं साधारण व्यवहार में काम आने वाली क्रियाओं के समस्त रूप उनके साथ ही दे दिए गए हैं, किन्तु कुछ क्रियाओं का प्रयोग अत्यन्त सीमित रूप में होता है, या तो वे साहित्य में भी बहुत ही कम स्थानों में प्रयुक्त हुई हैं या साधारण बोल-चाल के व्यवहार में काम में नहीं लाई जातीं। अतः इनके बनने वाले रूपों को कोश में स्थान नहीं दिया गया। इसके अतिरिक्त कुछ क्रियायें बहुत प्रचलित हैं, किन्तु उनके द्वारा बनने वाले रूप साधारणतः कार्य में नहीं आते। इस प्रकार की क्रियाओं के रूप नहीं दिए गए हैं। प्रायः समस्त क्रियाओं के येन-केन-प्रकारेण कुछ न कुछ रूप अवश्य होते हैं। अगर पाठकों को ऐसी क्रिया के रूपों की आवश्यकता अनुभव हो जिनके कि रूप इस कोश में नहीं लिखे गए हैं तो वे स्वयं इस भूमिका के आधार पर अथवा तत्संबंधित व्याकरण के नियमों के आधार पर उनके रूपों का निर्माण कर प्रयोग में ला सकते हैं। कोश व्याकरण का स्थान नहीं ले सकता। इस प्रकार के स्थानों में व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है। पाठकों को कोश का अवलोकन करते समय इन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

[1] जिस प्रकार दा = देना होता है, उसी प्रकार ला = लेना मान लिया गया है। दान–आदान जैसा सहयोग है, वैसा ही देना–लेना का सहयोग है। यह सादृश्य के प्रभाव के कारण है, ऐसा स्व. पं० नित्यानन्दजी शास्त्री का मत है।

कृदन्त—

राजस्थानी में भी अन्य भाषाओं की तरह कृदन्तों का व्यवहार होता है।

वर्तमानकालिक कृदंत—इसका निर्माण धातु के अंत में **तां** लगाने से बनता है। प्राकृत के प्रभाव से **तौ** भी इस कृदंत के बनाने में प्रयुक्त होता है। **ड़ौ** राजस्थानी की अपनी विशेषता है। इस प्रकार **तां, तौ, तोड़ौ**—तीनों के संयोग से वर्तमानकालिक कृदंतों का निर्माण होता है। इस **तां** की व्युत्पत्ति संस्कृत वर्तमानकालिक कृदंत के अंत (शतृ-प्रत्ययांत)[1] वाले रूपों से मानी गई है। लिङ्ग के कारण इसके रूपों में भी विकार होता है, यथा—

सं० कृ क्रिया—करणौ करना
वर्तमानकालिक कृदन्त—**करतां**— करते हुए (पु०)
करती— करती हुई (स्त्री०)
करतौ— करता हुआ (पु०)
करती— करती हुई (स्त्री०)
करतोड़ौ—करता हुआ (पु०)
करतोड़ी—करती हुई (स्त्री०)

राजस्थानी साहित्य में इन कृदंतों का प्रयोग स्थान-स्थान पर हुआ हैं, यथा—

वह मुगलां बिरदैत, खागै **खंडरतौ** खलां
—वचनिका रतनसिंघजी री।

प्राचीन राजस्थानी में इसके रूप आंशिक रूप से अपभ्रंश एवं प्राकृत से प्रभावित हैं, यथा—

पु० एकवचन—**वूठैतौ, चलंतउ, चडंदउ**
पु० बहुवचन—**मनगमता, जावता, नीगमतांह, उसारंता, भमंता**
स्त्री० —**विललंती, चाहंदी, देखती, वलती**

आधुनिक राजस्थानी में **तौ** एवं **तोड़ौ** केवल एकवचन के रूप में ही प्रयुक्त होता है। वर्तमानकालिक कृदन्त का यह एकवचनांत रूप है।

[1] पं० नित्यानन्दजी शास्त्री के मत के अनुसार—'शानच्-प्रत्ययांत' होना चाहिए।

उपरोक्त तीनों प्रत्यय, यथा—**तां, तौ, तोड़ौ**—इस कृदंत में प्रयुक्त होते हैं, तथापि इनके बीच सूक्ष्म रूप से कुछ अंतर विद्यमान है। **तौ, तोड़ौ** एकवचन के साथ ही सामान्य वर्तमान-काल का बोध कराते हैं, किन्तु **तां** प्रत्यय से निश्चयार्थ तत्काल का बोध होता है। सामान्यतया **तां** इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है और तात्कालिक कृदन्त के नाम से पुकारा जाता है। तात्कालिक कृदन्त रूप वर्तमानकालिक कृदन्त विकृत रूप में ही **इज, ईज, हिज, हीज, ज, पांण** आदि लगा कर बनता है, यथा—

दवाई देवतां **पांण** सास निकळ गियौ।

सिफारिस **लगावतां** ही **नौकरी** मिळगी।

किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि तात्कालिक कृदन्त में केवल **'तां'** प्रत्यय का ही प्रयोग होता है। इसकी पहचान तो केवल **ही, पांण, ईज** आदि का प्रयोग है। **'तौ'** का भी तात्कालिक कृदन्त अव्यय के रूप में कभी-कभी प्रयोग होता है, प्रायः यह सदा एकवचन रूप के प्रयोग तक ही सीमित रहता है, यथा—

चोर चोरी **करतौ ही** पकड़ीज गियौ।

इस प्रकार तात्कालिक कृदंत का अलग अस्तित्व न होकर यह वर्तमानकालिक कृदन्त का ही विकारी रूप है। इससे मुख्य क्रिया के साथ होने वाले कार्य की समाप्ति का बोध होता है। तात्कालिक कृदन्त और मुख्य क्रिया का उद्देश्य बहुधा एक ही रहता है पर कभी-कभी तात्कालिक कृदन्त का उद्देश्य भिन्न रहता है और यदि वह प्राणीवाचक हो तो संबंधकारक में आता है, यथा—

दिन **निकलतां पांण** चोर भाग गिया।

आपरै **आवतां ही** झगड़ौ ठंडौ पड़ गियौ।

ड़ौ का प्रयोग राजस्थानी की विशेषता है। वर्तमान-कालिक कृदन्त के साथ इसके संयोग से वर्तमानकालिक कृदन्त विशेषण बन जाता है, यथा—

चलतोड़ी गाडी में मत बैठौ।

उड़तोड़ी चिड़ियां नै भाटा मत बावौ।

यह विशेषण विशेष्य लिङ्ग, वचन के अनुसार बदलता है। अपूर्ण क्रिया द्योतक कृदन्त भी वर्तमानकालिक कृदन्त का विकृत रूप मात्र है, यथा—उनैं कांम **करतां** देर होइगी।

भूतकालिक कृदन्त—

यह धातु के अंत में प्रायः **इयौ** या **यौ** जोड़ने से बनता है। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत के भूतकालिक कर्मवाच्य कृदन्त के **त, इत** (क्त प्रत्ययान्त) वाले रूपों से मानी जाती है।[1] इसके रूप भी प्राकृत के समान ही होते हैं—

सं० **चलितः**　　प्रा० **चलिअौ**,　　रा० **चालियौ**
सं० **कृतः**　　प्रा० **करियौ**,　　रा० **करियौ**

ड़ौ के जोड़ने से भूतकालिक कृदन्त विशेषण का रूप बन जाता है। भूतकालिक कृदन्त विशेषण बनाने के नियमों का विस्तारपूर्वक उल्लेख करना व्याकरण का कार्य है। अकर्मक क्रिया से बना हुआ भूतकालिक कृदन्त विशेषण कर्त्तृवाच्य और सकर्मक क्रिया से बना हुआ कर्मवाच्य होता है, यथा—

अकर्मक—

ऊगियोड़ी घास काट दियौ।

आयोड़ौ माल बारै मती फेंकौ।

सकर्मक—

तपायोड़ी चाँदी चमकदार हुवै।

निम्नलिखित उदाहरणों से भूतकालिक कृदन्त विशेषणों के रूप अधिक स्पष्ट हो जायेंगे—

बचियोड़ी रोटियां कुत्तां नै नांख दौ।

फंसियोड़ी मिनकी खतरनाक हुवै।

लिङ्ग एवं वचन के अनुसार ये विशेषण भी विशेष्य के अनुसार रूप बदलते हैं। प्रस्तुत कोश में इस प्रकार के भूत-कालिक कृदन्त विशेषणों को यथास्थान उपस्थित किया गया है।

पुरानी राजस्थानी में भी भूत कृदन्तों का प्रयोग अपभ्रंश से प्रभावित था। श्री तैस्सितोरी ने पुरानी राजस्थानी के भूत कृदन्तों को प्रत्यय एवं व्युत्पत्ति के अनुसार पाँच समूहों में रक्खा है[2]—

(१) **इउ (यु), (इअउ) यउ** अंत वाले भूत कृदन्त राज-स्थानी भूत कृदन्तों में इनका प्रयोग सबसे अधिक था, यथा—

करउ = कर्-इउ

कहउ = कह्-इउ

---

[1] हिन्दी भाषा का इतिहास, धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ २९५, पारा ३१०

[2] पुरानी राजस्थानी, पारा १२६

ध्याउ = ध्या-यउ

हु-यउ

(२) **आंणउ** अंत वाले भूत कृदन्त—इनका प्रयोग प्रमुखतया कर्मवाच्य के अर्थ में ही होता है। सिंधी भाषा के अंदर भी इस प्रकार के **उभाणौ, उभ्काणौ, खाणौ** आदि रूप मिलते हैं। इनकी उत्पत्ति **आमणु** वाली कर्मवाच्य की क्रियाओं से है। पुरानी राजस्थानी में निम्नलिखित उदाहरण मिलते हैं—

क्रियांणउ = खरीदा

छेतरांणउ = धोखा खाया हुआ

मूकांणउ = मुक्त

रंगांणउ = रंगा हुआ

बिलखांणी (स्त्री०) = विलखाई हुई

(३) **धउ** अंत वाले भूत कृदन्त—इसके रूप बहुत ही सीमित मात्रा में प्रयुक्त होते हैं यथा—

कीधउ = किया	**खाधउ** = खाया
दीधउ = दिया	**पीधउ** = पिया
बीधउ = भयभीत	**लीधउ** = लिया

इन छः उदाहरणों के अतिरिक्त और कोई उदाहरण इस प्रकार के प्रयोग के उपलब्ध नहीं है।[1] आधुनिक राजस्थानी में भी इन्हीं छः के आधार पर निम्नलिखित रूप प्रचलित हैं—

सं० **कृत**	**करइ**	से संबद्ध	**कीधउ**	से आधुनिक	राजस्थानी	में	**कीधौ**
सं० **खादित**	**खाइ**	,, ,,	**खाधउ**	,,	,,	,,	, **खाधौ**
सं० **दत्त**	**दिइ**	,, ,,	**दीधउ**	,,	,,	,,	,, **दीधौ**
सं० **पीत**	**पीइ**	,, ,,	**पीधउ**	,,	,,	,,	,, **पीधौ**
सं० **विद्ध**	**बीहइ**	,, ,,	**बीधउ**	,,	,,	,,	,, **बीधौ**
सं० **लात**	**लिइ**	,, ,,	**लीधउ**	,,	,,	,,	,, **लीधौ**

आधुनिक राजस्थानी में भी इन छः प्रयोगों के अतिरिक्त अन्य प्रयोग नहीं मिलते। ये क्रियाओं के भूतकालिक प्रयोग हैं। भाषा-विज्ञान से सम्बन्धित लोगों के लिये इस प्रकार के रूप अध्ययन के विषय हैं। इनकी संतोषप्रद व्याख्या आज तक प्रायः उपलब्ध नहीं हुई है। तैस्सितोरी ने इस सम्बन्ध में कुछ निष्कर्ष पर पहुँचने का प्रयत्न किया है। उन्होंने लिखा है कि "**धउ** का उत्पत्ति **न्हउ** में **द** श्रुति के समावेश द्वारा हुई है। यह प्रक्रिया अपभ्रंश के अति परिचित शब्द **पण्णरइ** (<सं० **पञ्चदश**) के परिवर्तन से बहुत कुछ मिलती-जुलती है जो प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में **पनर** हो गया। प्रोफेसर पिशेल ने दिखलाया है कि प्राकृत भूत कृदन्त **दिण्ण दिद्‌न** से निकला है और दूसरी ओर इस प्रमाण का अभाव नहीं है कि संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत में भूत कृदन्त प्रत्यय **न** का प्रचलन अधिक है। **न** प्रत्यय वाले ये आनुमानित रूप **कृण-न** >**कृण्ण**; **खाद्-न** >**खान्न**; **दिद्‌ न** >**दिन्न**, **पिप्-न**, **बिभ-न**, **लिन-न** ही है जिनसे प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी के भूत कृदंत के **ध(उ)** वाले रूपों का इतिहास जाना जा सकता है। मध्यवर्ती अवस्थाएँ (**कः** स्वार्थे के साथ) ये हैं— अप०—**किण्णउ, खण्णउ, दिण्णउ, पिण्णउ, बिण्हउ, लिण्णउ,** (**लिण्हउ**)।'[1] इनमें अपभ्रंश का मूर्धन्य द्वित्त्व **ण** सरलीकृत होकर प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में दन्त्य **न** हो गया, यथा— **कीन्हउ, खान्हउ, दीन्हउ, पीन्हउ, बीन्हउ, लीन्हउ**। इसके पश्चात् **न्** के स्थान पर **द्** श्रुति का समावेश हो जाने से **कीधउ, खाधउ, दीधउ, बीधउ, लीधउ** रूप बनते हैं। **अउ** आधुनिक राजस्थानी में **औ** में रूपान्तरित हो गया है। अतः आधुनिक राजस्थानी में इनके **कीधौ, खाधौ, दीधौ, पीधौ, बीधौ, लीधौ** आदि रूप मिलते हैं। इन छः के अतिरिक्त और कोई रूप आधुनिक राजस्थानी में नहीं मिलता। **लाधौ** (प्राप्त) का सम्बन्ध सं० के **लब्ध** से है। इस **धउ** का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

(४) व्यञ्जनान्त धातुओं से निर्मित **त** या **न** वाले मूल संस्कृत कृदन्तों से उत्पन्न भूत कृदन्त—इन यौगिक रूप के दोनों तत्वों में से एक धातु का अंतिम व्यञ्जन है और दूसरा संस्कृत प्रत्यय है। अपभ्रंश में इन दोनों का सारूप्य होकर प्राचीन राजस्थानी में सरलीकरण हो गया[2], यथा—

कंठ्य—

सं० **भग्नक**, अप० **भग्गउ**, प्रा० रा० **भागउ**, आ० रा० **भागो**।

---

[1] 'रीधौ' शब्द भी राजस्थानी में मिलता है, किन्तु इसकी गणना इस प्रकार के शब्दों के अंतर्गत नहीं की जा सकती। 'रीझणौ' में 'झ' का परिवर्तन 'ध' में होने से 'रीधणौ' बन गया। 'रीधौ' इसीका भूतकालिक कृदन्त है।

[1] पुरानी राजस्थानी, पृ० १६२।

[2] पुरानी राजस्थानी, एल. पी. तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पृष्ठ १६३।

सं० लग्नक, अप० लग्गउ, प्रा० रा० लागउ, आ० रा० लागौ।

मूर्धन्य—

सं० छुट्, प्रा० छुट्ट, अप० छुट्टउ, प्रा० रा० छूटउ आ० रा० छूटौ।

सं० दृष्टक, अप० दिट्ठउ, प्रा० रा० दीठउ, आ० रा० दीठौ।

सं० रुष्टक, अप० रुट्ठउ, प्रा० रा० रूठउ, आ० रा० रूठौ।

दन्त्य—

सं० जितकः, अप० जित्तउ, प्रा० रा० जीतउ, आ० रा० जीतौ।

सं० प्रभूतक[1], अप० पहुत्तउ, प्रा० रा० पहुतउ, पुहुतउ आ० रा० पहुतौ, पो'तौ

सं० लब्धकः, अप० लद्धउ, प्रा० रा० लाधउ, आ० रा० लाधौ।

सं० बद्धकः, अप० बद्धउ, प्रा० रा० बाधउ, आ० रा० बाधौ।

सं० सिद्धकः, अप० सिद्धउ, प्रा० रा० सीधउ, आ० रा० सीधौ।

(५) **अलउ, इलउ** वाले भूत कृदन्त—इनका प्रयोग बहुत ही थोड़ी मात्रा में मिलता है। वह भी प्राचीन राजस्थानी की पांडुलिपियों तक सीमित है। आधुनिक राजस्थानी में इनके रूप नहीं मिलते। प्राचीन राजस्थानी में कुछ रूप ये हैं—

सुणिल्ला = सुना, **धुणिल्ला** = धुना हुआ।

समस्त भूत कृदन्त लिंग, वचन एवं कारक के अनुसार विकारग्रस्त होते हैं।

भूत-कृदन्त के प्रयोगों एवं भूतकालिक कृदन्त विशेषण के रूप के बारे में ऊपर व्याख्या की जा चुकी है, फिर भी थोड़े से उदाहरण इस सम्बन्ध में और दिये जाने उचित होंगे, यथा-

(i) कर्तृ प्रयोग—**हूँ बोलियौ**—मैं बोला।

मनैं कुण लायौ—मुझे कौन लाया ?

(ii) कर्मणि प्रयोग—

तारौ दीठौ—तारा दृष्टिगत हुआ।

मैं दांन दीधौ—मैंने दान दिया।

(iii) भावे प्रयोग—

म्हैं हस्यौ—मैं हँसा।

पूर्ण क्रिया द्योतक कृदन्त भी भूतकालिक कृदन्त का विकृत रूप है, यथा—

विनै गयां डोल दिन होय गया।

भूतकालिक कृदन्त के विकारी रूप इस प्रकार हैं—

पु० एक०	**अउ**	**लागउ, वूठउ, विलखउ**
	यउ	**आयउ**
	इयउ	**कूटियउ, ऊमाहियउ**
पु० बहु० व०	**आ**	**विलक्खा, अविठा, सूका**
	या	**पिया**
	इया	**भरिया**
स्त्री० एक व०	**ई**	**वियापी, मांगी-तांगी**
बहु०	**इयाँ**	**सामुहियाँ, उपराठियाँ**

पूर्वकालिक कृदन्त—

यह अविकृत धातु के रूप में रहता है या धातु के अंत में कर या नै लगा कर बनता है, यथा—

पांच बजीया **सोकर** उठीयौ.........(i)

मार **नै** रुपिया खोस लिया.........(ii)

संस्कृत में यह कृदन्त **त्वा** और **य** लगा कर बनता है। क्रिया के पहले उपसर्ग आने पर ही संस्कृत में **य** लगता था किन्तु प्राकृत में यह भेद भुला दिया गया और उपसर्ग न रहने पर भी सं० **य** से सम्बन्ध रखने वाले रूपों का व्यवहार प्रचलित हो गया।

प्राकृत में संस्कृत के **त्वां** के स्थान पर **ऊण** का प्रयोग होने लगा। राजस्थानी में यही **ऊण** आगे जाकर **नै** हो गया। श्री एस० सी० वूल्लर ने अपनी प्राकृत प्रवेशिका में **क्त्वा, ल्यप्** प्रत्ययान्त या पूर्वकालिक क्रिया के सम्बन्ध में इस प्रकार लिखा है[1]—

शौ० **पुच्छिअ**, महा० **पुच्छिऊण**, अमा० **पुच्छित्ता** या **पुच्छित्तूण**। शौ० माग० **कदुअ** = **कृत्वा**, **गदुअ** = **गत्वा**।[1] कभी शौ० छंद में—**ऊण-दूण** प्रत्यय होते हैं। जैसे—**पेक्खिऊण**।

---

[1] प्र+'भू० = प्राप्तौ'क्तः।

[1] प्राकृत प्रवेशिका—मू० ले० ए. सी. वूल्लर, अनु० बनारसीदास जैन, पारा १२२, पृष्ठ ६६।

गद्य में **इअ** प्रत्यय ही होता है। माग० में अधिक प्रयोग **ऊण** प्रत्यय का है जैसे—**हऊण, गन्तूण, हसिऊण, काऊण।**

राजस्थानी में **नै** का सम्बन्ध इसी **ऊण** से है। मराठी में यह **ऊण** अभी तक प्रयुक्त होता है।

प्राचीन राजस्थानी में पूर्वकालिक कृदन्तों के रूप दो प्रकार से बनाये जाते थे –

(i) धातु में—**एवि** प्रत्यय जोड़ कर इसकी उत्पत्ति संस्कृत की सप्तमी **त्वी** से हुई है, यथा—

भणेवि, धरेवि, पणमेवि, जोडेवि।

इन रूपों का राजस्थानी में बहुत ही कम व्यवहार हुआ है, जो कुछ हुआ है वह भी कविता तक सीमित रहा है। इस पर अपभ्रंश काल का प्रभाव स्पष्टतः लक्षित होता है।

(ii) धातु में **ई** प्रत्यय जोड़ कर, यथा—

नमी, विस्तारी, वउलावी, लेई, जाई।

कई बार कवियों ने पादपूर्ति आदि के लिए ई के बाद **अ** का आगम कर दिया है, यथा—

मारीअ, छाँडीअ, वरीअ।

इसके अतिरिक्त गद्य और पद्य दोनों में पूर्वकालिक **ई** को जोरदार बनाने के लिए प्रायः उसके बाद स्वार्थिक **नइ** परसर्ग[1] जोड़ दिया जाता है, यथा—

करी-नइ, बाँची-नइ, थई-नई, भोगवी-नई।

अंत्य **ई** के आगम की उत्पत्ति के विषय में काफी मतभेद हैं। श्री उदयनारायण ने[2] इन **इ** प्रत्ययांत रूपों की उत्पत्ति संस्कृत **दृक्ष्य** से मध्यभारतीय आर्य भाषा में **देक्खिअ** तथा आधुनिक रूप में **देखि** परिवर्तन क्रम से मानी है।

डा० तैस्सितोरी ने इस सम्बन्ध में काफी छान-बीन की है। स० **य** से अपभ्रंश **इ** से राजस्थानी पूर्वकालिक कृदन्त की **ई** धारणा को उन्होंने भ्रममूलक ठहराया है। उनके अनुसार अपभ्रंश के भावे सप्तमी कृदन्तों से प्राचीन राजस्थानी के **ई** वाले पूर्वकालिक कृदन्त उत्पन्न हुए हैं जिनमें **इ-इ** संकुचित होकर **ई** हो गया जैसा कि **ई** वाले तृतीया रूपों में हुआ है। इस तरह **करि-इ** (**करिउ** का सप्तमी रूप) से पूर्वकालिक कृदन्त **करी** उत्पन्न हुआ है[1]।

आधुनिक राजस्थानी में इन **ई** अन्त्य का प्रयोग कम होता है। प्रायः धातुओं के साथ **कर** या **नै** को जोड़ कर ही पूर्वकालिक कृदन्तों का प्रयोग किया जाता है। जहाँ **ई** का प्रयोग होता है वहाँ **नै** या **कर** का प्रयोग नहीं होता, यथा—

खेत **सींचि** आयौ ......(i)
खेत **सींचनै** आयौ.........(ii)
खेत **सींच नै** आयौ.........(iii)

उपरोक्त उदाहरणों में प्रथम **ई** अन्त्य का उदाहरण है। दूसरे में **नै** का प्रयोग हुआ है एवं तीसरे में **नै** लुप्त है। आधुनिक राजस्थानी में प्रायः दूसरे व तीसरे प्रकार के प्रयोग ही अधिक मिलते हैं। व्यवहार में आते-आते इस **इकार** का लोप होने लगा किन्तु अंत्य **इ** के लुप्त हो जाने से क्रिया के धातु वाले रूप और इस कृदन्त के रूप में कुछ भी भेद नहीं रह गया। अतः ऊपर से **कर, नै** आदि शब्द जोड़े जाने लगे। इस **कर** की उत्पत्ति प्रा० **करिअ** से मानी गई है।

काल—

व्याकरण में काल तीन माने गए हैं—वर्तमान, भूत एवं भविष्य। वर्तमान राजस्थानी की काल-रचना-प्रणाली प्राचीन आर्य भाषा संस्कृत की पद्धति से बहुत दूर चली गई। संस्कृत में धातु के तीन रूप किये जाते थे—**लङ्, लिट्** एवं **लुङ लकार** में, यथा—(स) **अगच्छत्**, (स) **जगाम**, (स) **अगमत्**। किन्तु मध्य काल में धातु के भूतकालिक कृदन्त रूप से ही भूत काल प्रकट किया जाकर ये तीनों रूप छोड़े जाने लगे। इन तीनों रूपों के बदले प्राकृत ने संस्कृत भाषा के कृदन्तीय रूप (**स**) **गतः** अपनाया। यह **गतः** मध्य काल में **गअ, गय** था एवं राजस्थानी में **गयौ** रूप में प्रयुक्त होने लगा। संस्कृत का वर्तमानकालिक कृदन्त रूप भी राजस्थानी में इसी प्रकार आया[2]। सं० **चलन्त** (**चलत्+शतृ प्रत्यय-अन्त**) से राजस्थानी में **चालतौ** बना। इन कृदन्तीय रूपों के अतिरिक्त

---

[1] मिलाओ—प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पिशैल, पारा ५८१।
[2] आधुनिक राजस्थानी में 'नै' इसी 'नइ' परसर्ग से निष्पन्न हुआ प्रतीत होता है।

[1] पुरानी राजस्थानी—डॉ० तैस्सितोरी, अनु० नामवरसिंह, पारा १३१ का कुछ अंश।
[2] मि० उपरोक्त प्रस्तावना का पृष्ठ ६३।

संस्कृत के वर्तमान निर्देशक प्रकार के रूप भी राजस्थानी में आ गये, यथा—

संस्कृत **चलति**, मध्यभाषाकाल **चलइ**, राजस्थानी **चालै** । संस्कृत भाषा से प्राप्त ये तीन रूप (एक तिङ्न्त एवं दो कृदन्त), हिन्दी धातुओं के विविध रूपों के आधार हैं और इनमें सहायक क्रियाओं के योग से राजस्थानी में काल-रचना-प्रणाली का विकास हुआ है ।

निश्चयार्थ, आज्ञार्थ तथा संभावनार्थ इन तीन मुख्य अर्थों तथा व्यापार की सामान्यता, पूर्णता तथा अपूर्णता को ध्यान में रख कर समस्त राजस्थानी कालों की संख्या सोलह मानी जा सकती है, यथा—

१ साधारण अथवा मूलकाल

(१) भूत निश्चयार्थ — **वौ चालियौ ।**
(२) भविष्य ,, — **वौ चालसी ।**
(३) वर्तमान संभावनार्थ — **अगर वौ चालै ।**
(४) भूत संभावनार्थ — **अगर वौ चालतौ ।**
(५) वर्तमान आज्ञार्थ — **थूं चाल ।**
(६) भविष्य आज्ञार्थ — **थे चालजौ ।**

२ संयुक्त काल

वर्तमानकालिक कृदन्त+सहायक क्रिया

(७) वर्तमान अपूर्ण निश्चयार्थ — **वौ चालै है ।**
(८) भूत ,, ,, — **वौ चालतौ हौ ।**
(९) भविष्य ,, ,, — **वौ चालतौ व्हैला**
(१०) वर्तमान ,, संभावनार्थ — **अगर वौ चालतौ व्है**
(११) भूत ,, ,, — **अगर वौ चालतौ होतौ ।**

३ भूतकालिक कृदन्त+सहायक क्रिया

(१२) वर्तमान पूर्ण निश्चयार्थ — **वौ चालियौ है ।**
(१३) भूत ,, ,, **वौ चालियौ हौ ।**
(१४) भविष्य ,, ,, **वौ चालियौ व्हैला**
(१५) वर्तमान ,, संभावनार्थ **अगर वौ चालियौ व्है ।**
(१६) भूत ,, ,, **अगर वौ चालियौ होतौ ।**

डा० धीरेन्द्र वर्मा ने ऐतिहासिक कालों को तीन वर्गों में विभाजित किया है[1]—

१. संस्कृत कालों के अवशेष काल—इस वर्ग के अंतर्गत वर्तमान संभावनार्थ और आज्ञा आते हैं ।

२. संस्कृत कृदन्तों से बने काल—इस वर्ग के अंतर्गत भूत निश्चयार्थ, भूत संभावनार्थ तथा भविष्य आज्ञा आते हैं ।

३. आधुनिक संयुक्तकाल—इस श्रेणी में कृदन्त तथा सहायक क्रिया के संयोग से आधुनिक काल में बने समस्त अन्य काल आते हैं ।

राजस्थानी काल-रचना की दृष्टि से इन पर अलग-अलग विचार करना समीचीन होगा ।

१ संस्कृत कालों के अवशेष[2]

डा० ग्रियर्सन ने 'जर्नल ऑफ दी एशियाटिक सोसाइटी बंगाल' १८९६ में 'रेडिकल एण्ड पार्टिसिपियल टेन्सेज' नामक लेख में इन कालों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया है । उन्होंने अपने लेख में हिन्दी के वर्तमान संभावनार्थ एवं आज्ञा पर विचार कर तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत किया है । राजस्थानी के सम्बंध में भी उसका उपयोग किया जा सकता है—

		संस्कृत	प्राकृत	अपभ्रंश	राजस्थानी
एक वचन	(१)	**चलामि**	**चलामि**	**चलउ**	**चालूं**
	(२)	**चलसि**	**चलसि**	**चलहि, चलइ**	**चालै**
	(३)	**चलसि**	**चलइ**	**चलहि, चलइ**	**चालै**
बहुवचन	(१)	**चलामः**	**चलामौ**	**चलहुं**	**चालां**
	(२)	**चलथ**	**चलह**	**चलहु**	**चालौ**
	(३)	**चलन्ति**	**चलन्ति**	**चलहिं**	**चालै**

डा० ग्रियर्सन ने जो तुलनात्मक कोष्ठक प्रस्तुत किया है वह विचारणीय है । मध्यम पुरुष के रूपों के विकास में कोई विशेष कठिनाई नहीं मालूम पड़ती किन्तु उत्तम पुरुष के सम्बन्ध में उपरोक्त विवेचना संदिग्ध है । इस पुरुष के एक-वचन के बारे में श्री उदयनारायण तिवारी ने इस प्रकार की

---

[1] हिन्दी भाषा का इतिहास—डा० धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ २९९, पारा ३१६ ।

[2] ग्रियर्सन, रैडिकल एण्ड पार्टिसिपियल टेन्सेज, जर्नल ऑव दि एशियाटिक सोसायटी ऑवबेंगाल, १८९६,पृ० ३५२, ३५५ ।

व्युत्पत्ति प्रकट की है[1]—प्रा० भा० आर्य भाषा—**चलामः**, प्रा० **चलामु, चलाउँ**, अप० **चलउँ**, राजस्थानी **चालूं**। यह अधिक संभव है कि **चलामि** के **इकार** के लोप हो जाने और म के अनुस्वार में परिवर्तित हो जाने से यह रूप बना होगा। बीम्स ने भी अपनी ग्रैमर (भाग ३) में इस मत का समर्थन किया है। इसी प्रकार इसके बहुवचन रूप **चालां** की उत्पत्ति भी सस्कृत **चलामि**, म० भा० आ० भा० **चलाइँ** से हुई होगी।

डा० ग्रियर्सन ने आज्ञा के रूपों का भी सम्बन्ध संस्कृत के वर्तमान काल के रूपों से ही माना है किन्तु बीम्स ने अपनी ग्रैमर में इनका सम्बन्ध संस्कृत के आज्ञा-रूपों से मान लिया है। बीम्स का मत भ्रामक मालूम होता है। संस्कृत, प्राकृत एवं राजस्थानी इन तीनों के आज्ञा-रूपों को बराबर देने से यह स्पष्ट हो जायगा—

	सं०	प्रा०	रा०
एक वचन—	**चलानि**	**चलमु**	**चालूं**
	चल	**चलसु, चलाहि**	**चाल**
	चलतु	**चलदु, चलउ**	**चाले**
बहु वचन—	**चलाम**	**चलामौ**	**चालां**
	चलत	**चलह, चलध**	**चालौ**
	चलंतु	**चलंतु**	**चाले**

उपरोक्त कोष्ठक में मध्यम पुरुष एकवचन को छोड़ कर आज्ञार्थ के अन्य राजस्थानी रूप वर्तमान संभावनार्थ के ही समान है। पाली और प्राकृत में भी आज्ञा और संभाव्य भविष्यत् के रूपों का इस तरह का हेलमेल पाया जाता है।

राजस्थानी में भविष्य निश्चयार्थ में **ल** का संयोग होता है, यथा—

वौ जावेला, वौ करैला, थूं करैला, मूं करूंला।

राजस्थानी में सामान्य वर्तमान में अन्य भाषाओं के समान ही क्रिया रूपों का व्यवहार होता है। अन्य भाषाओं में (यथा-हिन्दी) सामान्य वर्तमान में लिङ्ग भेद से विकार होता है, यथा—

वह खाती है—स्त्री०
वह खाता है—पु०

किन्तु राजस्थानी में लिङ्ग भेद से कोई विकार नहीं होता। दोनों लिंगों में वह सामान्य रूप में व्यवहृत होते हैं—

	एक व०	बहु० व०	प्राचीन राज०
उत्तम पुरुष—	**खाऊं हूँ, खावूंछूं**	**खावा हां**	एक०व० **खाऊँ, खावउँ**
	खावां हां, खाऊं छूं	**खावां छां**	**दिउ**
	खावूं छूं		बहु०—**देवां, द्यां**
मध्यम पुरुष—	**थूं खावै छै**	**थे खावौ छौ**	**गाजइ, चुट्टइ**
	थूं खावै है	**थे खावौ हौ**	**खावइ**
अन्य पुरुष—	**(वां) वौ खावे है**	**वे खावे है**	**खांवरा, जांणइ**
	(वां) वौ खावै छै	**वे खांवे छै**	**जायइ, दियइ आदि**

पूर्ण वर्तमान—

	एक व०	बहु व०
उत्तम पु०—	**म्हैं खायौ है (छै)**	**म्हे खाया हैं (छै)**
	म्हैं खादौ है (छै)	**म्हे खादा है (छै)**
मध्यम पु०—	**(थूं) तूं खायौ है (छै)**	**थे खायौ है (छै)**
	(थूं) तूं खादौ है (छै)	**थे खादौ है (छै)**
अन्य पु०—	**उण खायौ है (छै)**	**उणां खायौ है (छै)**
	उण खादौ है (छै)	**उणां खादौ है (छै)**

संभाव्य वर्तमान—

	एक व०	बहु व०
उत्तम पु०—	**म्हैं सायत खाऊँ (खांवूं)**	**म्हैं सायत खावां**
मध्यम पु०—	**थूं (तूं) सायत खावै है**	**थे सायत खावौ हौ (छौ)**
अन्य पु०—	**वौ सायत खावै है (छै)**	**वे सायत खावै है (छै)**

संदिग्ध वर्तमान—

उत्तम पु०—	**म्हैं खावतौ होऊंला**	**म्हे खावता होआंला**
मध्यम पु०—	**थूं (तूं) खावतौ होवेला**	**थे खावता होवौला**
अन्य पु०—	**वौ खावतौ होवैला**	**वे खावता होवैला**

लिङ्ग भेद से संदिग्ध वर्तमान में विकार उत्पन्न होने से **खावतौ** का **खावती** हो जाता है। वर्तमानकालिक कृदन्त (जिनकी विवेचना हम पहले कर चुके हैं) एवं सहायक क्रिया के संयोग से संदिग्ध वर्तमान का रूप बनता है।

---

[1] हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास—डा० उदयनारायण तिवारी, पृष्ठ ४६६, पारा ३९३।

हेतु हेतु मद् वर्तमान—

उत्तम पु०— **म्हैं खाऊं तौ, म्हनै भी दौ** **म्हे खावां तौ**

मध्यम पु०— **थूं (तूं) खावै तौ** **थे खावौ तौ**

अन्य पु०— **वौ खावै तौ** **वे खावै तौ**

राजस्थानी साहित्य में इन वर्तमान कालों के रूप विभिन्न रूपों में प्रयुक्त हुए हैं। प्राचीन एवं आधुनिक राजस्थानी की कुछ फुटकर कविता-पंक्तियों के उद्धरण से यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकेगा—

१. बाज कुमैत विसासतौ, धीमैं बेग धपाय।
बाभी तोरण बींद तिम, जोवौ देवर जाय॥—वी.स. १३४

२. ईखौ घर घर ऊतरै, चूड़ा भूखण चीर।
दया न मांनै दोयणां, बाई! थांरौ बीर॥—वी.स. १३६

३. मारू-लंक दुइ अंगुळां, वर नितंब उर मंस।
मल्हपइ मांझ सहेलियां, मानसरोवर हंस॥—ढो.मा. ४६१

४. पुहपवती लता न परस पमूँके, देतौ अंग आलिंगन दांन।
मतवाळौ पय ठाइ न मंडै, पवन वमन करतौ मधुपांन॥
—वेलि २६२

५. सखी अमीणा कंत रौ, औ इक बडौ सुभाव।
गळियारां ढीलौ फिरै, हाकां वागां राव॥—हा.झा. १७

भूतकाल—

सामान्य भूतकाल और भूतकालिक कृदन्त के रूप प्राय: एक समान ही होते हैं। भूतकालिक कृदन्तों की विवेचना करते समय इस प्रकार के रूपों का उल्लेख कर चुके हैं, अत: सामान्य भूत के रूप में अपनी पुनरावृत्ति करना उचित न होगा। सामान्य भूतकाल में लिंग भेद से विकार होता है, यथा—

	एक वचन		बहुवचन	
	पु०	स्त्री०	पु०	स्त्री
उत्तम पु०—	**म्हैं आयौ**	**म्हें आई**	**म्हे आया**	**म्हे आई म्हे आयै**
मध्यम पु०—	**थूं आयौ**	**थूं आई**	**थे आया, थे आई,**	**थे आयै**
अन्य पु०—	**वौ आयौ**	**वा आई**	**वे आया, वे आई,**	**वे आयै**

धउ अंत वाले रूपों का प्रयोग राजस्थानी में विशेष प्रकार से होता है। भूतकालिक कृदन्तों के **धउ** अंत वाले रूपों यथा- **कीधौ, खाधौ, दीधौ, पीधौ, लीधौ** की विवेचना पहले की जा चुकी है। सामान्य भूत में भी उन्हीं रूपों का प्रयोग किया जाता है। प्रस्तुत कोश में इन रूपों को स्थान दिया गया हैं। साधारणतया क्रियाओं के भूतकाल कोश में नहीं दिये गये तथापि इन रूपों की राजस्थानी विशेषता, जो किसी अन्य भाषा में नहीं मिलती, के कारण ही कोश में इनका उल्लेख किया गया है एवं उनके स्त्री लिंग रूप भी साथ में कोष्ठक में दे दिये गये हैं।

अपूरण भूतकाल—

	एक वचन	बहुवचन
उत्तम पु०—	**म्है आवतौ हौ (तौ, थौ, हंतौ, हुंतौ, हतौ छौ)**	**म्हे आवता हा (ता, था, हंता, हुंता, हता)**
मध्यम पु०—	**थू आवतौ हौ (छौ)**	**थे आवता हा (छा)**
अन्य पु०—	**वौ आवतौ हौ (छौ)**	**वे आवै हा**

पूरण भूतकाल—

उत्तम पु०—	**म्हैं आयौ हौ (छौ, तौ, थौ, हंतौ, हुतौ, हतौ)**	**म्हे आया हा (छा, ता, था, हंता, हुता, हता)**
मध्यम पु०—	**थूं आयौ हौ (छौ, तौ, थौ, हंतौ, हुतौ, हतौ)**	**थे आया हा (छा, ता, था, हंता, हता, हुतौ)**
अन्य पु०—	**वौ आयौ हौ (छौ, तौ, थौ, हंतौ, हुतौ, हतौ)**	**वे आया हा (छा, ता, था, हता हुता, हतौ)**

संभाव्य भूत—

उत्तम पु०—	**(सायत) म्हैं आयौ होऊं (वा)**	**म्हे आया होवां**
मध्यम पु०—	**थूं आयौ होवै**	**थे आया होवौ**
अन्य पु०—	**वौ आयौ होवै**	**वे आया होवै**

संदिग्ध भूत—

	एक व०	बहु व०
उत्तम पु०—	**म्हैं आयौ (आवतौ) होऊलां**	**म्हे आया (आवता) होवाला**
मध्यम पु०—	**थूं आयौ (आवतौ) होवैला**	**थे आया (आवता) होवोला**
अन्य पु०—	**वौ आयौ (आवतौ) होवैला**	**वेआया (आवता) होवैला**

हेतु-हेतु मद् भूत—

उत्तम पु०— **म्है आवतौ** **म्हे आवता**

म्हैं आयौ (आवतौ) म्हे आया (आवता)
होतौ (होवतौ) होता (होवता)

मध्यम पु०–थूं आवतौ थे आवता
थूं आयौ (आवतौ) थेआया (आवता) होता
होतौ (होवतौ) (होवता)

अन्य पु०–वौ आवतौ वे आवता
वौ आयौ (आवतौ) वे आया (आवता) होता
होतौ (होवतौ) (होवता)

भूतकालिक प्रयोगों के कुछ कविता पंक्तियों के उदाहरण–

१. सेल घमोड़ा किम सह्या, किम सहिया गज दंत ।
कठिन पयोहर लागतां, कसमसतौ तूं कंत ॥
कंत सूं ओळंबौ दियौ इम कांमणी ।
ऐण घट आज रा केम सहिया अणी ॥—हा.झा. १६

२. ऊलंबे सिर हथ्थड़ा, चाहूंदी रस-लुध्ध ।
विरह-महाघण ऊमटचउ, थाह निहाळइ मुध्ध ।—ढो.मा. १५

३. भड़ घोड़ा महंगा थिया, एकण झाट उडंत ।
भड़ घोड़ां रा भांमणा, जेथ जुड़ीजै कंत ॥—वी.स. २०

४. गंडा मारि वेसारिया नीठि गज्जं ।
रुप्रामाळ फेरै करै झाडि रज्जं ॥
तियां चोपड़ै तेल सिंदूर तन्नं ।
वयंडा वणावै घणूं स्यांम व्रन्नं ॥
नाड़ी भिड़ियां अंग लग्गा निहंगं ।
जटा जूट संनाह जे कोड जंग ॥
कसे पाखरां चांमरां जूह काळा ।
बणे जांणि पाहाड़ हेमंग वाळा ॥—वचनिका ५८ (२, ३, ४, ५)

भविष्यत्काल–

भविष्यकालिक रूपों में राजस्थानी में **ल** एवं **स** का प्रयोग प्रचुरता के साथ होता है । इन दो वर्णों के संयोग से ही भविष्यत्काल के रूप निर्मित होते हैं । संस्कृत के भविष्यत्-कालिक **स्य** प्रत्यय का प्राकृत परिवर्तन **स्स** में होता है । इसी से **करिष्यति** आदि का राजस्थानी रूप **करीस** आदि बनता है ।

सामान्य भविष्यत्–

	एक वचन	बहु वचन
उत्तम पु०–	म्हैं जाऊंला, म्हैं जाऊंलौ, म्हैं जाऊं	म्हे जावांला, म्हे जावां
मध्यम पु०–	थूं जावैला, थूं जावैलौ, थूं जाई	थे जावोला, थे जावौ
अन्य पु०–	वौ जावैला, वौ जावैलौ, वौ जाई	वे जावैला, वे जाई

दूसरा रूप **स** का अथवा रूपान्तरित **ह** का संयोग–

	एक व०	बहु व०
उत्तम पु०–	म्हैं जासूं, हूं जाही हूं जासौ, हूं जाईस हूं जाईह, म्हैं जास्यूं हूं जाऊं, हूं जाहूं	म्हे, जासां, म्हे जास्यां म्हे जाहां, म्हे जास्यां
मध्यम पु०–	थूं जाईह, थूं जाईस थूं जासी थूं जाही	थे जाहौ, थे जासौ थे जास्यौ
अन्य पु०–	औ (वौ) जासी औ (वौ) जास्यै, औ (वौ) जाही	औ (वे) जासी औ (वे) जास्यै औ (वे) जाही औ (वे) जाई

इनके अतिरिक्त कुछ लोग **गा, गी, गो** के संयोग से भी इन रूपों का निर्माण करते हैं, किन्तु उनका प्रयोग बहुत ही सीमित मात्रा में होता है ।

संभाव्य भविष्यत्काल–

उत्तम पु०–
एक व०– **सायत मैं जाऊं ।**
बहु व०– **सायत म्हे जावां (जाहां) ।**

मध्यम पु० –
एक व०– **सायत थूं जावै ।**
बहु व०– **सायत थे आवौ (औ) ।**

अन्य पु०–
एक व०– **सायत वौ जावै ।**
बहु व०– **सायत वे जावै (ऐ)**

आज्ञार्थक रूपों में **जा, जाजे, जाए, जावजै** आदि रूप केवल मध्यम पुरुष में होते हैं ।

हेतु-हेतु मद भविष्यत्–

	एक वचन	बहुवचन
उत्तम पु०-	**आवैला तौ म्हैं जाऊंला**	**म्है आवांला तौ**
मध्यम पु०-	**थूं आवैला तौ**	**थे आवोला तौ**
अन्य पु०-	**वौ आवैला तौ**	**वे आवैला तौ**

भूतकाल एवं भविष्यकाल के समस्त रूपों में लिंग भेद के कारण रूपों में विकार होकर पुल्लिग रूप **औकारांत** अथवा **आकारांत** से बदल कर **ईकारांत** बन जाते हैं। किन्तु वर्तमान काल में इस प्रकार के रूपों का परिवर्तन साधारणतया नहीं होता।

भविष्यकालिक प्रयोगों के कुछ कविता प्रयोग उदाहरण—

१. केहरि केस भमंग मणि, सरणाई सुहडांह।
सती पयोहर क्रपण धन, **पड़सी** हाथ मुवांह।।
मुवांहिज **पड़ैसी** हाथ तौ भमंग मणि।
गहड़ सरणाइयां ताहरै गैंडसणि।।—हा.झा. १२

२. राढ़ि म करि इक तरफ रहि, आगै पीछै आव।
जोइ दिली फिरि **जाइस्यां**, परसि असप्पति पाव।।—वचनिका ४१

३. जेताइ दीसां धरण गगन मां, तेताई उठ **जासी**।
तीरथ बरतां ग्यांन कथंता, कहा लियां करवत **कासी**।।
यौ देही री गरब ना करणा, माटी मां मिळ **जासी**।
यौ संसार चहर री बाजी, सांझ पड़यां उठ **जासी**।।
कहा भयां थां भगवा पहरयां, घर तज लयां संन्यासी।
जोगी होयां जुगत ना जांणी, उलट जनम फिर **आसी**।।
—मीरां

४. समळी और निसंक भख, अंबक राह म जाह।
पण धण रौ किम **पेखही**, नयण बिणट्ठा नाह।।—वी.स. १७

५. कंत भलां घर आविया, **पहरीजे** मो बेस।
अब धण लाजी चूड़ियां, भव दूजै **भेटेस**।।—वी.स. ८१

६. नारायण रा नांम सूं, लोक मरत जो लाज।
बूडैला बुध बायरा, जळ बिच छोड जहाज।।—ह.र. ३६

राजस्थानी में प्राय: क्रिया के अंत में **अ, इ, र, एवि, नै, ह** आदि प्रत्ययों के संयोग से पूर्वकालिक क्रियायें भी बनाई जाती हैं, यथा—

पालिअ = पालन कर **ठांनि** = ठान कर।
जायर = जाकर **प्रणमेवि** = प्रणाम कर।

मूल धातु के आगे **नै, र, अर, अन, न, इनै, ने, ए, ऐन, कै** प्रत्यय जोड़ कर भी बनते हैं। यह, तथा पूर्वकालिक कृदन्त एक ही हैं जिनका विवेचन हम कृदन्तों के सिलसिले में पहले ही कर चुके हैं।

उत्तरकालिक क्रिया (क्रियार्थक क्रिया) के प्रयोगों में प्रत्यय रहित अवस्था में रूप प्राय: **अकारांत** एवं **आकारांत** ही होते हैं, यथा—

म्हैं पढ़ण आयौ हूं = मैं पढ़ने के लिये आया हूँ।
थूं खेलवा जावै है = तुम खेलने के लिये जाते हो।
वा खेलण आई है = वह खेलने के लिये आई है।
वौ मिळण आयौ है = वह मिलने के लिये आया है।

इनके अतिरिक्त मूल धातु के साथ विभिन्न प्रत्ययों के संयोग से भी उत्तरकालिक क्रिया के रूप बनते हैं। उदाहरण के रूप में **लिख** धातु के उदाहरण से ये रूप पूर्णतया स्पष्ट हो जायेंगे—

धातु— **लिख** = **लिखण, लिखण नै, लिखण नें, लिखण नां, लिखण नूं, लिखबा, लिखवा, लिखण आंटै, लिखवा आंटै, लिखबा आंटै, लिखण वासतै, लिखण सारू, लिखबा बेई, लिखवा बेई, लिखबा तांई, लिखण आंटा।**

उपरोक्त विवेचन से क्रिया के सब रूप पूर्णतया स्पष्ट हो गये होंगे। कोश में इस प्रकार से निर्मित सब रूपों का मूल क्रिया के साथ उल्लेख करना न तो आवश्यक ही है एवं न उचित ही। किसी क्रिया के प्रत्येक रूप एवं उसके निर्माण-नियमों का विवेचन करना व्याकरण का कार्य है। इस प्रस्तावना में मोटे तौर से इनके उल्लेख का केवल इतना ही अर्थ है कि पाठक कोश में मूल क्रिया देख कर उसके साथ ही दिये गये अन्य क्रिया रूपों को हृदयंगम कर सकें एवं आवश्यकतानुसार उनका उपयोग कर सके। किसी क्रिया के विकारी रूप को ढूँढ़ने वाला पाठक निराश ही होगा जबकि इस भूमिका की टिप्पणियों द्वारा उसे यह ज्ञात हो जायेगा कि यह विकृत रूप किस क्रिया का है। मूल क्रिया ज्ञात होने पर वह कोश में उसे आसानी से ढूँढ़ सकेगा। मूल क्रियाओं के साथ उससे संबंधित मुख्य-मुख्य रूप प्रस्तुत कोश में दे दिये गये हैं। जो क्रियायें बहुत कम प्रयोग में आती हैं अथवा उससे बनने वाले रूप कुछ अटपटे हैं या कम व्यवहृत होते हैं, ऐसी मूल क्रिया के साथ अन्य रूप नहीं दिये गये। आवश्यकता होने पर पाठक

स्वयं व्याकरण के नियमानुसार उनके रूपों का निर्माण कर उपयोग करने को स्वतंत्र हैं। कुछ प्रचलित क्रियाओं के साथ विभिन्न रूप दिये गये हैं। कृदन्तों, सहायक क्रियाओं आदि का समावेश उनमें किया गया है। मूल क्रिया एवं उसका सकर्मक रूप, यदि कोई हो तो, एवं भूतकालिक कृदन्त विशेषण मूल स्थान पर दिये गये हैं। एक उदाहरण इस संबंध में पर्याप्त होगा–

करणौ, करबौ-क्रि०स०—**कार्य को संपादित करना।**
करणहार, हारौ (**हारी**), **करणियौ**—वि०।
करवाणौ. करवाबौ, करवावणौ, करवावबौ।
कराणौ, कराबौ, करावणौ, करावबौ—प्रे०रू०।
करिश्रोड़ौ, करियोड़ौ, करचोड़ौ—भू०का०कृ०।
करीजणौ, करीजबौ—कर्म वा०।

इनमें सकर्मक रूप एवं भूतकालिक कृदन्त को इस प्रकार मूल संबंधित क्रिया के साथ दिये जाने के अतिरिक्त उन्हें अलग से भी अपने क्रमिक स्थान पर प्रस्तुत किया गया है। संबंधित क्रिया के साथ भूतकालिक कृदन्त के तीनों रूपों का उल्लेख है, यथा– **करिश्रोड़ौ, करियोड़ौ, करचोड़ौ**; किन्तु अलग से क्रमश: दिये जाने पर उनका केवल **करियोड़ौ** रूप ही दिया गया है। शेष दो रूप संबंधित क्रिया के साथ ही दे देना पर्याप्त समझा गया है। प्रत्येक भूतकालिक कृदन्त के संबंध में यही परिपाटी प्रस्तुत कोश में अपनाई गई है। अलग से दिये गये भूतकालिक कृदन्त के साथ उनका स्त्रीलिंग रूप भी दे दिया गया है। पूर्वी राजस्थानी में क्रियान्त **णौ** के स्थान पर **बौ** का प्रयोग किया जाता है अत: प्रत्येक क्रिया एवं उसका रूप, जिनके अंत में **णौ** है, वह दूसरे **बौ** अंत के रूप में भी हर जगह प्रस्तुत कर दिया गया है। वस्तुत: दोनों एक ही हैं किन्तु क्षेत्र-भेद के प्रयोग से इन दोनों को स्थान देना आवश्यक समझा गया। हम पहले उल्लेख कर चुके हैं कि कुछ क्रियायें ऐसी हैं जिनका प्रयोग अकर्मक एवं सकर्मक दोनों रूपों में होता है, यथा– **खड़णौ** = मरना (अ०क्रि०), **खणड़ौ** = हाँकना (स०क्रि०) इस प्रकार की क्रियाओं का अगर अकर्मक अर्थ पहले दिया गया है तो व्याकरण के कॉलम में क्रि०अ०स० अर्थात् पहले क्रिया अकर्मक लिखा गया है एवं सकर्मक बाद में लिखा गया है। किन्तु अगर सकर्मक अर्थ पहले लिखा गया है तो व्यवस्था इसके विपरीत होगी एवं व्याकरण के खाने में क्रि०स०अ० लिखा गया है। भूतकालिक कृदन्त विशेषण के अतिरिक्त अन्य कृदन्तीय रूप मूल क्रिया के साथ क्रिया रूपों में नहीं दिये गये हैं। इस प्रस्तावना के अध्ययन से पाठक स्वयं उनका रूप-निर्माण कर प्रयोग कर सकते हैं।

संज्ञा एवं विशेषण शब्दों के साथ कुछ के क्रिया प्रयोग भी दिये गये हैं जिससे पाठकों को उनके साथ प्रयुक्त होने वाली क्रियाओं अथवा सहायक क्रियाओं का ज्ञान हो जायगा।

क्रिया के इस प्रकरण के समाप्त होने से पहले सहायक क्रियाओं, द्वैत क्रिया-पदों, संयुक्त क्रिया-पदों आदि का उल्लेख करना विषयान्तर न होगा।

सहायक क्रियाओं की रचना प्रमुखत: संस्कृत धातु **भू** (प्राचीन राजस्थानी **होवउँ**, आधुनिक राजस्थानी **होणौं**) और **अस** (प्राचीन राजस्थानी **अछवउँ**) से हुई है। निषेधवाचक रूप **नथी** ही अस धातु से बना है। सामान्य वर्तमानकाल में प्राय: **होवै** का (प्राचीन राजस्थानी में **हुइ** तथा काव्यगत रूप **होइ, होय** का) प्रयोग होता है जो अपभ्रंश के **होइ**, प्रा० **हवइ**[1] सं० **भवति** से नि:सृत हुआ है। आधुनिक राजस्थानी में **होवै** के रूप भेद **हुवइ** एवं **व्है** भी प्रचलित है। तैस्सितोरी के मतानुसार ये दोनों रूप **व** श्रुति के समावेश से बने हैं।[2] बहुवचन के लिये प्राचीन राजस्थानी में **हुइँ, हुइ, होइँ, होइ, हुवइ** आदि रूप भी मिलते हैं। आधुनिक राजस्थानी में एक वचन में उत्तम पुरुष के लिये **हूँ**, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुष के लिये (तू या वह) **है** का प्रयोग है। सं०–**अस्म, अस्मि** से मध्यकालीन भाषाओं में **अम्हि** तथा वर्तमानकाल में **हूँ** हो गया। **हैं** रूप संस्कृत के **अस्ति**, प्रा०–**अत्थि, अहि** से निकला है। प्राचीन राजस्थानी में **हूतउँ** सामान्य रूप से व्यवहृत होता था। यह सं०–**भवन्तकः**, अप०–**होन्तउ** से स्पष्टत: निकला है।

भूतकाल में प्राय: **हौ, छौ, थौ** का प्रयोग (स्त्री लिंग रूप में **ही, छी, थी**) एक वचन में एवं **हां, छै, छा, था** का प्रयोग वहुवचन में किया जाता है। **हौ** की व्युत्पत्ति इस प्रकार मानी

[1] प्राकृत भाषाओं का व्याकरण—ले० रिचार्ड पिशेल—अनु० डॉ० हेमचंद्र जोशी, पारा ४७५।

[2] पुरानी राजस्थानी, पृष्ठ १३९।

जा सकती है, सं० असन्त-अहन्त, हंतौ-हतौ त का लोप होकर हौ। प्राचीन राजस्थानी में सामान्य रूप हुउ, (अप० हुअउ, सं० भूतक), हूअउ, हूयउ, हऊउ और हुयउ मिलते हैं। मूल स्वर ऊ प्रायः ह्रस्व हो जाता है जबकि उसके बाद आने वाला पदान्त स्वर दीर्घ हो जैसे–हुई (स्त्री०) हुआ (पु० बहु०) इत्यादि।

निषेधवाचक रूप नथी का प्रयोग भी राजस्थानी में पाया जाता है। यह सं० नास्ति, प्रा० णत्थि, अप० नाथि से निकल नथी हो गया है। इसका प्रयोग सहायक एवं मुख्य दोनों अर्थों में होता है। लिंग एवं वचन भेद से इसमें विकार उत्पन्न नहीं होता। प्राकृत में अत्थि तथा णत्थि का प्रयोग भी इसी रूप में एकवचन और बहुवचन सभी पुरुषों के साथ होता है। राजस्थानी कविताओं में नथी का प्रयोग प्रचुरता के साथ हुआ है, यथा–

> कंत लखीजै दोहि कुळ, नथी फिरंती छांह।
> मुड़ियां मिळसी गींदवौ, वळै न धरा री बांह॥
>
> —वी. स.

जब नथी का प्रयोग सहायक क्रिया के कार्य के लिये होता है तो प्राचीन राजस्थानी में वर्तमानकाल की रचना करने के लिये यह वर्तमान कृदन्तों के साथ जुड़ता है, यथा–

नथी कही तां = नहीं कहा जाता।

अथवा, फिर परोक्ष भूत की रचना के लिये भूतकृदन्त के साथ जुड़ता है, यथा–

हउँ बाहरइ नथी नीसरी = मैं बाहर नहीं निकली।

वर्तमानकाल में सहायक क्रिया के लिये पूर्वी राजस्थानी में प्रायः छै का प्रयोग किया जाता है। लिंग भेद के कारण इस काल के एकवचन के अंतर्गत इसमें विकार नहीं होता, केवल उत्तम पुरुष के एकवचन में इसका रूप छूं (म्हैं आऊं छूं) पाया जाता है अन्यथा यह विकार रहित ही रहता है, यथा–

एक वचन– तूं आवै छै = तू आता है।
वौ आवै छै = वह आता है।
स्त्री०– तू आवै छै = तू आती है।
वा आवै छै = वह आती है।

बहुवचन में अन्य पुरुष एवं मध्यम पुरुष के प्रयोग में छै तथा छौ का प्रयोग भी होता है, यथा–

बहुवचन पु०–
थे आवौ छौ = तुम आते हो।
वे आवै छै = वे आते हैं।
स्त्री०–थां आवौ छौ = तुम आती हो।
वे आवै छै = वे आती हैं।

उत्तम पुरुष के बहुवचन में इसका रूप छां होता है, यथा– म्हे आवां छां।

प्रायः मुख्य क्रिया के रूप के साथ ही इस सहायक क्रिया छै का रूप निर्धारित होता है। एकारान्त होने पर छै, ईकारांत होने पर छी, आकारांत में छां तथा ओकारांत में छौ रूप ग्रहण कर लेता है।

प्राचीन राजस्थानी में भी इसके सामान्य वर्तमान में प्रायः इस प्रकार के रूप पाये जाते हैं –

	उत्तम पु०	मध्यम पु०	अन्य
एकवचन–	छउं, छूं	अछइ, छइ	अछइ, छइ
बहुवचन–	छूं	अछउ, छउ	अछइ, छइ, छि

छै का भविष्यकालीन रूप नहीं होता। संस्कृत के भू द्वारा सब कालों के रूप बनते हैं किन्तु अस का भविष्यत् रूप नहीं होता। छै की उत्पत्ति अस् धातु से ही हुई है, अतः छै का भी भविष्यकालीन रूप नहीं होता। पाणिनि का सूत्र श्नसोर-ल्लोपः (६।४।१११) यह होने अर्थ वाले अस् धातु के अकार का लोप कर डालता है। इसी आधार पर सत् का छतौ, छै, छौ, छा रूप अपभ्रष्ट होकर दिखाई पड़ते हैं। भविष्यत् में तो पाणिनि अस् को भू कर भविष्यति बनाता है, जो भाषा में होगा के स्थान पर प्रयुक्त होता है।[1]

डॉ० तैस्सितोरी ने छै या छूं संबंधी ये सब रूप अछवउं क्रिया से माने हैं। पिशैल ने अपने प्राकृत व्याकरण में[2] इसकी उत्पत्ति सं० ऋच्छति एवं अप० अच्छइ से मानी है। अछइ का प्रयोग एवं अ के लोप से छइ का प्रयोग इसीसे निःसृत हुआ है। प्राचीन राजस्थानी में वर्तमान कृदन्त छतउ सं०

[1] यह स्व० पंडित नित्यानन्द शास्त्री का मत है।

[2] पिशैल का प्राकृत व्याकरण, पारा ५७, ४८०

ऋच्छन्तकः, अप०-**अच्छन्तउ** से निकल कर बना है।[1] डॉ० तैस्सितोरी का यह मत[2] हमें उचित नहीं मालूम देता।

संभाव्य अतीत में सहायक क्रियाओं के रूप इस प्रकार मिलते हैं—

	उत्तम पु०	मध्यम पु०	अन्य पु०
एकवचन—	**मैं होतौ**	**तू होतौ**	**वो होतौ**
बहुवचन—	**आपां (या म्हां) होता**	**थे होता**	**वे होता**

होतौ रूप प्राकृत के **होन्तो** का रूप भेद है। प्राकृत का **होन्तो** सं० के **भवन्** से निकला है। **होता, होतौ** का ही विकारी रूप है।[3]

भविष्यत्काल में मध्यमपुरुष में **होइसि, हुएसि, हुइसिइ, होसि** आदि रूप, अप०-**होएस्सहि** या **होस्सहि** एवं संस्कृत के भविष्यसि से निकले हैं। अन्य पुरुष के एकवचन में **हुसइ, हुसिइ, हुसि, हुस्यइँ, होसिइ, होस्यइँ, हसिइ** आदि रूप मिलते हैं। इनकी उत्पत्ति अपभ्रंश **होसइ** (सिद्ध हेम० ४।३८८) एवं **भोष्यति** (भविष्यति) से मानी गई है।[4]

संभाव्य भविष्यत् के रूप इस प्रकार होते हैं—

	उत्तम पु०	मध्यम पु०	अन्य पु०
एकवचन	**मैं होऊँला**	**तू होवैला**	**वौ होवैला (हौलां)**
बहुवचन	**म्हां होवालां (हौलां)**	**थे होवोला**	**व्है होवैला (हौलां)**

द्वैत क्रिया पद—

कार्य की निरन्तरता, महत्व एवं पुनः करने के भाव जिनमें तात्कालिक किये जाने वाले कार्य का भाव निहित रहता है, प्रकट करने के लिये प्रायः कृदन्तीय रूपों को द्वित्व कर दिया जाता है, **यथा**—

(i) चील **उडती-उडती** नीचे पड़गी।

(ii) **भागतां-भागतां** ठोकर लागगी।

(iii) का'णी **सुणतां-सुणतां** नींद आयगी।

इसके अतिरिक्त पूर्वकालिक क्रिया के द्वित्व में **नै** परसर्ग को बाद में जोड़ देते हैं, यथा—

(i) **नाच-नाच नै** राजी कियौ।

(ii) **पढ़-पढ़ नै** हुसियार होइ गियौ।

पाणिनि ने भी 'नित्यवीप्सयोः' ८।१।४ (वीप्सा) के अर्थ में द्वैत क्रियापदों के बारे में **भुक्त्वा-भुक्त्वा** आदि के रूप में विधान किया है। इस दृष्टि से इनके प्रयोग की परिपाटी अति प्राचीन मानी जा सकती है।

कई बार समानार्थ में अथवा इसी के समान विभिन्न अर्थ में कुछ धातु पदों को युग्म रूपों में प्रयुक्त करते हैं, यथा—

(i) वौ चार आखर **लिख-पढ़** नै रौब गांठै।

(ii) **देख-सुण** नै कांम करणौ चाहिजै।

(iii) **कूट-पीस** नै कप्पड़छांण कर लियौ।

इस प्रकार के **प्रयोग संभवतया प्राचीन आर्य-भाषाओं में नहीं प्राप्त होते**। ये बाद की आधुनिक उपज मालूम होते हैं।

अन्य आधुनिक भाषाओं के समान आधुनिक राजस्थानी में भी पारस्परिक क्रिया-विनिमय प्रकट करने के लिये, क्रिया विशेष्य पदों के 'द्विरुक्त' रूप प्रयुक्त होते हैं। इस प्रकार के युग्म पदों में पहला पद **आकारांत** तथा दूसरा पद **ईकारांत** कर दिया जाता है, यथा—

(i) टाबरां नै घणी **मारा-मारी** मत करजौ।

(ii) **देखा-देखी** टाबर बिगड़ै।

उपरोक्त द्वैत क्रिया पदों में एक ही क्रिया की पुनरावृत्ति हुई है किन्तु कभी-कभी अन्य समानार्थक क्रियाओं का भी युग्म बना कर प्रयोग कर दिया जाता है—

छीना-झपटी नी करणी चाहिजै।

संयुक्त क्रिया पद (Compound verbs)—

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं में जो काम प्रत्यय आदि लगा कर लिया जाता था वह काम अब बहुत कुछ संयुक्त क्रियाओं से होता है। अन्य आधुनिक भाषाओं के समान राजस्थानी भाषा में भी संयुक्त क्रियाओं का प्रयोग प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्राचीन भाषाओं, जैसे ग्रीक, लैटिन, संस्कृत आदि में क्रिया पदों में उपसर्ग लगा कर नवीन भावों का प्रकाशन होता था। योरोप की कई आधुनिक भाषाओं में

---

[1] पुरानी राजस्थानी—मू०ले० डॉ० एल० पी० तैस्सितोरी, अनु० नामवर सिंह, पारा ११४

[2] श्री N. B. Divatia ने भी तैस्सितोरी का यह मत नहीं माना है। देखिये Gujarati Language and Literature, Vol. 1, Page 248 to 264

[3] हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास—डॉ० उदयनारायण तिवारी, पारा ४०५

[4] पुरानी राजस्थानी, मू. ले. डॉ. एल. पी. तैस्सितोरी, अनु० नामवर-सिंह, पारा ११४

कालान्तर में इसका अभाव होता गया। आधुनिक भारतीय भाषाओं में इसकी क्षतिपूर्ति संयुक्त क्रियाओं के प्रयोग से की गई। इन संयुक्त क्रिया पदों का रूप अत्यन्त आधुनिक होने के कारण इनका ऐतिहासिक रूप से विवेचन करना सम्भव नहीं है। द्रविड़ भाषाओं में भी संयुक्त क्रियाओं का बहुत प्रयोग होता है किन्तु आधुनिक उत्तर भारत की भाषाओं में उसके प्रभाव के कारण ही संयुक्त क्रिया पदों का प्रयोग होने लगा हो, यह कहना संदिग्ध है। केलॉग ने अपनी ग्रैमर में संयुक्त क्रियाओं का विस्तार से वर्गीकरण किया है। आधुनिक भाषाओं में क्रिया पदों के साथ संज्ञा, क्रियामूलक-विशेष्य अथवा कृदन्तीय पदों के संयोग के कारण एक विशेष प्रकार का मुहावरेदार प्रयोग बन जाता है। इन दो संयुक्त पदों में से क्रिया पद वास्तव में सहायक रूप में ही होता है तथा वह संज्ञा एवं क्रियामूलक विशेषण या विशेष्य (Participle तथा verble Nouns) की विशेषता द्योतित करता है।

संयुक्त क्रियाओं का प्रयोग प्राचीन काल से ही चला आ रहा है, ऐसा डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी ने उदाहरण देकर सिद्ध करने का प्रयत्न[१] किया है।

केलॉग ने संयुक्त क्रियाओं को पाँच वर्गों में बाँटा है[२]--(१) पूर्वकालिक कृदन्त पद-युक्त; (२) आकारान्त क्रिया-मूलक विशेष्य पद-युक्त; (३) असमापिका पद-युक्त; (४) वर्तमानकालिक तथा भूतकालिक कृदन्तयुक्त; (५) विशेष्य अथवा विशेषण पद-युक्त।

१. पूर्वकालिक कृदन्त पद-युक्त—

(i) भृशार्थक (Intensives), यथा— **फेंक देणौ, खा जाणौ, पी लेणौ, गिर पड़णौ** आदि।

(ii) शक्यताबोधक (Potentials)— ये पूर्वकालिक कृदंत के साथ **सक(णौ)** के संयोग से बनते हैं, यथा— **पढ़ सकणौ, देख सकणौ** आदि।

(iii) पूर्णताबोधक (Completives)— ये पूर्वकालिक कृदंत रूप एवं **चुक(णौ)** क्रिया के साथ निष्पन्न होते हैं, यथा— **खा चुकणौ, कर चुकणौ** आदि।

२. आकारान्त क्रिया-मूलक विशेष्य पदयुक्त—

(i) पौनः पुन्यार्थक (Frequentatives)— क्रियामूलक विशेष्य पद जो आकारान्त हो उसके साथ **कर(णौ)** क्रिया के संयोग से बनते हैं, यथा— **जाया करणौ, खाया करणौ, सोया करणौ** आदि।

(ii) इच्छार्थक (Desiderative)— ये **चाह(णौ)** धातु के संयोग से बनते हैं, यथा— वो **बोलणौ चावै। वा लड़णौ चावै, वौ पढ़णौ चावै।**[३]

३. असमापिका पद युक्त—

(i) आरम्भिकता-बोधक (Inceptives)— यह असमापिका पद के विकारी रूप के साथ **लग(णौ)** धातु के संयोग से बनते हैं, यथा— **खावण लागणौ, पढ़ण लागणौ** आदि।

(ii) अनुमतिबोधक (Permissive)— यह असमापिका पद के विकारी रूप के साथ **दे (णौ)** क्रिया लगा कर बनते हैं, यथा— **जावण देणौ, सोवण देणौ, पढ़ण देणौ** आदि।

(iii) सामर्थ्यबोधक (Acquisitives)— **पा(णौ)** या **पा(वणौ)** को असमापिका-पद के विकारी रूप के साथ जोड़ कर बनाया जाता है, यथा— **करण पावै** आदि।

४. वर्तमानकालिक तथा भूतकालिक कृदन्तयुक्त

(i) निरन्तरता-बोधक (Continuatives) यह वर्तमान-कालिक कृदन्त के साथ **रै(णौ)** के जोडने से बनता है, यथा— **करतौ रैवै, पढ़तौ रै'वै, सोवतौ रै'वै** आदि। भूतकालिक कृदंत के संयोग से भी इनका निर्माण होता है, यथा— **दूध पीया करौ।**

(ii) प्रगतिबोधक (Progressives)— वर्तमानकालिक कृदन्त के साथ **जा(णौ)** क्रिया के योग से यह रूप बनता है यथा— **पढ़तौ जाणौ, खेलतौ जाणौ, नदी उतरती जावै** आदि।

(iii) गत्यर्थक (Statical)— यह वर्तमानकालिक कृदन्त के साथ गतिबोधक क्रिया के जोड़ने से बनता है, यथा— वो **गावतौ चालै, रोवतौ दोड़ै** आदि।

(५) विशेष्य अथवा विशेषण-पद-युक्त— वाक्य विशेष

---

[१] बैंगाली लेंग्वेज—डा० चाटुर्ज्या, पारा ७७८

[२] हिन्दी ग्रामर—कैलॉग, पृ० २५८

[३] **पूर्वी राजस्थान में ये रूप निम्न प्रकार से भी बनते हैं—वो बोलणी चावै, वा लड़णी चावै, वो पढ़णी चावै।**

या विशेषण पदों के साथ **कर(णौ), हो(णौ), ले(णौ), दे(णौ)** आदि धातुओं के जोड़ने से बनते हैं, यथा– **काम करणौ, मोज करणी, सुख देणौ** आदि।

क्रिया सम्बन्धी इस प्रकरण को समाप्त करने से पहले कुछ ऐसी विशेषताओं की ओर इंगित कर देना चाहते हैं जो प्राय: किसी अन्य भाषा में नहीं मिलतीं।

राजस्थानी में कुछ क्रियायें केवल भाववाच्य ही होती हैं। उनका अकर्मक एवं सकर्मक रूप नहीं बनता। वे अपने भाववाच्य रूप में ही प्रयुक्त होती हैं, यथा—

१. **तुहींजणौ** (सं० **तुभ्यते**) पशुओं में मादा का गर्भस्राव होना।

२. **गड़ीजणौ**—भैंस का गर्भवती होना।

३. **आंबाईजणौ, आंबीजणौ**– १. अधिक शारीरिक कार्य करने या अधिक चलने से शरीर का ऐंठा जाना। २. नींबू, आम, अमचूर आदि खट्टे पदार्थों के खाने से दांतों का खट्टा होना।

४. **फोगराईजणौ, फोगरीजणौ**– अधिक पानी के प्रभाव से

५. **कालरीजणौ** फूल जाना, अथवा कालर नामक कीड़ा लगने से मिट्टी, पत्थर आदि की बनी दीवार व वस्तुओं पर से पपड़ी उतरना।

६. **फाताईजणौ, फातीजणौ**– व्याकुल होना, घबड़ाना।

राजस्थानी के ये प्रयोग बड़े स्वाभाविक एवं स्वतंत्र हैं। सम्भवतया इस प्रकार के सूक्ष्म भाव स्पष्ट करने वाले प्रयोग अन्य भाषाओं में कम मिलते हैं। प्रस्तुत कोश में इस प्रकार के भाववाच्य रूपों को मूल क्रिया के समान ही स्थान दे दिया गया है एवं पाठकों को असुविधा से बचाने के लिये इनको प्राय: अकर्मक रूप मान लेने की प्रवृत्ति अपनाई गई है। किन्तु वास्तव में ये भाववाच्य रूप ही हैं, इनके सकर्मक एवं अकर्मक रूपों का निर्माण होता ही नहीं। भूतकालिक कृदन्त विशेषण रूप अवश्य ही इनसे निर्मित होते हैं यथा–**तुहीजियोड़ी, आंबाईजियोड़ौ, आंबीजियोड़ौ, फोगरीजियोड़ौ, कालरीजियोड़ौ, फातीजियोड़ौ** आदि। इनके स्त्री लिंग प्रयोग भी शब्द के साथ ही उपस्थित कर दिये गये हैं किन्तु ये इन भाववाच्य रूपों के ही भूतकालिक कृदन्त विशेषण हैं। रूप-भेद के अनुसार इनके कई भेद होते हैं, यथा—

कुईजणौ
कुयीजणौ
कुहीजणौ } (सं० **कुथ्-पूती-भावे**)–सड़ना, खमीर उठना।

इस प्रकार के रूपभेद वाले प्रयोगों में प्रमुख रूप से प्रयुक्त होने वाले रूप को मुख्य स्थान देकर बाकी को उसी के साथ रूप भेद में दे दिया गया है।

राजस्थानी भाषा की कुछ क्रियायें उसी रूप में संज्ञा अर्थ में भी प्रयुक्त होती हैं। इस प्रकार के प्रयोग में अर्थ बदल जाता है किन्तु मूल भाव के अनुसार दोनों में थोड़ा बहुत सादृश्य रहता है, यथा–

खुरचणौ– क्रि०स० कुरेदना, खुरचना।

खुरचणौ– सं०पु० कुरेदने या खुरचने का लोहे या पीतल का बना एक उपकरण।

कसणौ– क्रि० स० बजबूत बांधना, कसौटी पर कसना आदि।

कसणौ– सं० पु० रगड़ कर परीक्षा करने का काला पत्थर, कंचुकी बांधने की डोरी, कवच का हुक आदि।

उपरोक्त उदाहरणों के उन क्रियाओं के रूप स्पष्ट हैं जो संज्ञा अर्थों में भी उसी रूप में प्रयुक्त होती हैं। संज्ञा के अतिरिक्त कुछ क्रियायें विशेषण अर्थों में भी प्रयुक्त होती हैं, यथा–

भुसणौ– क्रि० अ०–भौंकना।

भुसणौ– वि०–भौंकने वाला।

व्हेणौ– क्रि०–अ० चलना।

व्हेणौ – वि०–चलने में दक्ष, चलने वाला।

विशेषण अर्थों में कोई क्रिया उसी समय प्रयुक्त होती है जब क्रिया के करने में दक्षता या अधिकता का भाव निहित हो, जैसे—

कुत्तौ **भुसै** है— कुत्ता भौंकता है।

कुत्तौ **भुसणौ** है— यह कुत्ता (बहुत) भौंकने वाला है।

इस प्रकार के विशेषण प्रयोगों में लिङ्ग एवं वचन-भेद से शब्दों में विकार होता है।

कुछ क्रियायें तीनों अर्थों में (यथा- क्रिया, संज्ञा एवं विशेषण) प्रयुक्त होती हैं। इस प्रकार का एक उदाहरण यहां पर्याप्त होगा।

१. सुबै बिदांम रौ सीरौ **खाणौ** जोइजै—प्रातःकाल बिदाम का हलुवा खाना चाहिये।

२. **खाणौ** पुरस नै बेगौ लावौ—भोजन शीघ्र परोस कर लाइये।

३. औ कुत्तौ **खाणौ** है—यह कुत्ता काटने वाला है अथवा इस कुत्ते के काटने का स्वभाव है।

उपरोक्त इन तीनों उदाहरणों में **खाणौ** शब्द अलग-अलग अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। पहले उदाहरणों में क्रिया, दूसरे में संज्ञा एवं तीसरे में विशेषण अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

क्षेत्र भेद के अनुसार पूर्वी राजस्थान आदि स्थानों पर क्रियान्त में **णौ** के स्थान पर **बौ** का प्रचलन है यथा- **करबौ, दौड़बौ, खाबौ** आदि। सभी क्रियाओं के साथ क्रियान्त में **णौ** रूपों के साथ **बौ** रूप भी दिये गये हैं। ये केवल क्षेत्र भेद का प्रभाव है, किन्तु इस प्रकार के प्रयोगों से अर्थ-विस्तार संकुचित हो गया है। **णौ** क्रियान्त वाली कुछ क्रियाओं का संज्ञा या विशेषण अथवा दोनों रूपों में प्रयुक्त होना सम्भव है परन्तु **बौ** क्रियान्त वाली क्रियायें सामान्यतया इस प्रकार के विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त नहीं होतीं। ऊपर के उदाहरणों में **खुरचणौ** एवं **कसणौ** क्रिया एवं संज्ञा दोनों अर्थों में प्रयुक्त हुए हैं, किन्तु **खुरचबौ** एवं **कसबौ** केवल क्रिया अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं। संज्ञा अर्थ में इस प्रकार के रूप नहीं मिलते। यही प्रभाव क्रियाओं के विशेषण प्रयोगों पर भी पड़ता है। **खाणौ** शब्द कभी-कभी संज्ञा एवं विशेषण अर्थों में भी प्रयुक्त हो जाता है, किन्तु **खाबौ** का प्रयोग केवल क्रिया अर्थ में ही होता है। कभी-कभी इसे विशेषण रूप में प्रयुक्त कर देते हैं यथा- **कुत्तौ बडौ खाबौ है**—कुत्ता काटने वाला है आदि। किन्तु यह **णौ** क्रियान्त वाले रूपों के प्रभाव के कारण है। सामान्यतया **बौ** क्रियान्त वाले रूपों का प्रयोग क्रिया अर्थ के अतिरिक्त नहीं किया जाता, अतः प्रस्तुत कोश में जहाँ क्रिया शब्दों में **णौ** एवं **बौ** क्रियान्त वाले दोनों रूप दे दिये गये हैं वहाँ इन क्रियाओं से बनने वाले संज्ञा एवं विशेषण अर्थ वाले शब्दों के केवल **णौ** अंत वाले रूप ही दिये गये हैं। **बौ** क्रियांत वाले कुछ शब्द दोनों अर्थों (यथा क्रिया व संज्ञा) में प्रयुक्त होते हैं, यथा—

करबौ- क्रि० स० (सं० कृ) करना।

करबौ- सं० पु० (सं० करम्भ) दले हुए अनाज को पका कर छाछ के मिश्रण से बनाया जाने वाला एक प्रकार का पेय पदार्थ।

ऐसे प्रयोगों के मूल तत्सम आधार अलग-अलग होने के कारण हमारी उपरोक्त संभावनाओं में नहीं आते। इस प्रकार का प्रयोग संयोगिक है। क्रिया एवं संज्ञा अर्थो में कोई सामञ्जस्य नहीं। अतः यह मान लिया गया है कि **बौ** क्रियांत वाले शब्द केवल क्रिया सम्बन्धी अर्थ ही देते हैं जब कि **णौ** क्रियान्त वाले कुछ शब्द क्रिया के अतिरिक्त संज्ञा एवं विशेषण अर्थ भी देते हैं।

कुछ क्रियाओं का प्रचलन आरम्भ के स्वर को ह्रस्व से दीर्घ करके भी उसी अर्थ में हो गया है। इस प्रचलन से उनके अर्थ में कोई भिन्नता उत्पन्न नहीं होती, यथा—

अजमाणौ, आजमाणौ।	**जगणौ, जागणौ।**
रखणौ, राखणौ।	**थकणौ, थाकणौ।**
पकणौ, पाकणौ।	**चखणौ, चाखणौ।**
भगणौ, भागणौ।	आदि।

किन्तु यह परिवर्तन प्रायः उन्हीं क्रियाओं में सम्भव है जिनके आरम्भ में दोनों स्वर ह्रस्व हों। अगर प्रथम ह्रस्व है एवं उसके बाद पड़ने वाला वर्ण **अ** स्वर के अतिरिक्त किसी अन्य स्वर से प्रभावित है तो ऐसा परिवर्तन प्रायः सम्भव नहीं है। अपवादस्वरूप कुछ ऐसे शब्द भी मिल जाते हैं जिनमें प्रथम स्वर के बाद पड़ने वाला दूसरा स्वर ह्रस्व से दीर्घ होता है, यथा—

उमहणौ, उमाहणौ

किन्तु इनमें भी प्रथम दोनों वर्णों में **अ** स्वर होना आवश्यक है। दूसरे स्वर से प्रभावित वर्णों में परिवर्तन इस प्रकार नहीं होता।

ध्वनि के सम्बन्ध में विवेचना करते समय हम लिख आए हैं कि क्रोधादि मनोविकारों के कारण हम शब्दों को प्रायः

बिगाड़ कर बोलते हैं। क्रियाओं में भी इन मनोविकारों का प्रभाव स्पष्टतः लक्षित होता है। कुछ क्रियाओं के प्रयोगों से यह बात स्पष्ट हो जायगी—

(i) रोटी **गिटणी**

(ii) लाडू **घसकाणी** आदि

रोटी प्रायः स्वभाव से ही भूख मिटाने के लिये खाई जाती है। उससे खाने वाले की आत्मा भी सन्तुष्ट होती है। बलात् खाने या खिलाने से खाने वाले के आत्म-सन्तोष से कोई सम्बन्ध नहीं रहता। अतः प्रायः क्रोधादि में इनका प्रयोग बिगड़ कर असम्बन्धित क्रियाओं के साथ जुड़ जाता है। दवाई की गोली के लिये ही सामान्यतया **गिटणौ** का प्रयोग होता है किन्तु क्रोध के प्रभाव से प्रायः लोग रोटी **गिटलै** भी कह देते हैं। इस प्रकार के प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मनोभावों से प्रभावित होते हैं। (**अठी आ**—इधर आ) को क्रोध में लोग **अठी बल** (इधर जल) भी उच्चारित कर देते हैं। ऐसे प्रयोगों को बोलने वाले व्यक्ति के मनोविकारों के आधार पर ही देखना चाहिये।

क्रिया विशेषण—

प्राचीन एवं मध्यकालीन आर्य भाषाओं, यथा-संस्कृत, पालि, प्राकृत आदि में नाम तथा सर्वनाम शब्दों के परे तद्धति के कतिपय प्रत्यय लगाने से अव्यय बन जाते हैं। प्राचीन भाषाओं के अंतर्गत प्राप्त यह विशेषता आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में भी पूर्णतया सुरक्षित है। आधुनिक क्रिया विशेषणों की उत्पत्ति प्रायः संस्कृत संज्ञाओं अथवा सर्वनामों से हुई है। अर्थ की दृष्टि से ये कालवाचक, स्थानवाचक, दिशावाचक तथा रीतिवाचक इन चार मुख्य वर्गों में विभक्त किये जाते हैं। डा० तैस्सितोरी ने[1] इन्हें करणमूलक, अधिकरणमूलक, विशेषणमूलक एवं अव्ययमूलक नाम से विभाजित किया है। वे करणमूलक के अंतर्गत रीति का बोध कराने वाले क्रियाविशेषणों को एवं अधिकरणमूलक के अंतर्गत काल एवं स्थान के बोधक क्रिया विशेषणों को रखते हैं। उनके लिखे अनुसार विशेषणमूलक क्रिया विशेषण से परिमाण या मात्रा का अथवा रीति की भावना में संशोधन का बोध होता है और अव्ययमूलक विशेषण (एक निश्चित उद्गम स्रोत न होने के कारण) कोई एक निश्चित अर्थ व्यक्त नहीं करते। निषेधवाचक क्रिया विशेषणों की गणना भी उन्होंने अव्ययमूलक विशेषण के अंतर्गत ही की है।

१ सर्वनाममूलक क्रिया विशेषण

(i) कालवाचक—इसका प्रयोग प्रायः **ब** के संयोग से होता है, यथा - **अब, जब, तब, कब** आदि। राजस्थानी में इनका प्रयोग **जद**; **तद, कद** आदि रूपों में **द** लगा कर भी किया जाता है। **ब** वाले रूपों की उत्पत्ति डा० चटर्जी ने वैदिक **एव**, **एवा**, सं० **एवं**, प्रा० **एव्वं**, **एब्बं** से तथा बीम्स ने अपनी व्याकरण में सं० **वेला** से मानी है। राजस्थानी के **द** रूपों वाले शब्दों **जद, तद, कद** आदि की उत्पत्ति संस्कृत के **यदा, तदा, कदा** आदि से स्पष्ट ही है।

ही के संयोग से (अब+ही) **अभी** (तब+ही) **कभी** (कब+ही) **कभी**, (कद+ही) **कदी** आदि रूप भी प्रचलित हो गये हैं।

(ii) स्थानकवाचक—इनके रूप राजस्थानी में **थ** या **ठ** के संयोग से बनते हैं, यथा—**अठै, बठै**, **तठै, कठै** आदि या **ऐथ, ओथ, केथ** आदि। इनका सम्बन्ध संस्कृत के **अत्र**, **यत्र**, **तत्र**, **कुत्र** आदि से जोड़ा जा सकता है।

(iii) रीतिवाचक—इनके रूप **यूं**, के संयोग से बनते हैं यथा—**ज्यूं**, **त्यूं**, **क्यूं** आदि। इन रूपों की उत्पत्ति अत्यन्त संदिग्ध है। डा० चटर्जी ने इनकी उत्पत्ति अप० के **जेंव, तेंव केंव, जेबं, तेवं, केवं** आदि से बताई है तथा केलॉग ने अपनी व्याकरण में इस प्रकार के शब्दों की उत्पत्ति सं० **इत्थं, कथं** आदि से मानी है। बीम्स ने इनका सम्बन्ध सं० **मत्** प्रा० **मन्तो** से मानी है, यद्यपि संस्कृत भाषा में इस प्रत्यय से बने हुए रूप अर्थ की दृष्टि से परिमाणवाचक होते हैं। इस प्रकार इन शब्दों की व्युत्पत्ति का विवेचन अत्यन्त संदिग्ध है।

(२) संज्ञामूलक, क्रियामूलक एवं अन्य क्रिया विशेषण—

(i) कालवाचक—इसके अंतर्गत **आज, काल, परसूं**, **तरसूं**, **सुबै, तड़कै, तुरत, झट, अचांणक** आदि शब्दों के प्रयोग आते हैं। **आज** सं० के **अद्य** से, **काल** सं० **कल्य**, अप० **कल्ले** से,

---

[1] पुरानी राजस्थानी—अनु० नामवरसिंह, पारा ६६

परसूं सं० **परश्व,** = आने वाला दूसरा दिन (तैस्सितोरी के अनुसार सं० **परमके**) से, **तरसों** सं० **त्रि+श्वस्** से, **तुरत** सं० **त्वरितम्** से, **झट** सं० **झटति** से निकले हैं। प्राचीन राजस्थानी में इन रूपों का प्रयोग प्रायः ई के संयोग से होता था, यथा– **कालिह्, कालि, दीहइ, परमइँ,** प्रभातइ, रातइ, **विहांणइ, सांझइ** आदि।

(ii) स्थानवाचक—इसमें भीतर, **बाहर, आगै, पीछै** आदि रूपों का प्रयोग होता है। भीतर का संबंध सं० **अभ्यंतर, बाहिर** का सं० **बहिः, आगै** का सं० **अग्रके, पीछे** का सं० **पश्चके** या **पश्चिले** से जोड़ा जाता है। राजस्थानी में **मांयनै** भी भीतर के लिये प्रयुक्त होता है। प्राचीन राजस्थानी में **आगइ, आगलि, पाछइ, पाछलि** आदि रूपों का खूब प्रचलन था। तैस्सितोरी ने इन स्थानवाचक एवं कालवाचक क्रिया-विशेषणों को अधिकरण मूलक क्रिया-विशेषण कहा है।[1]

(iii) रीतिवाचक—तैस्सितोरी ने इनको करणमूलक[2] कहा है। उसके अनुसार इनका उपयोग प्रायः रीतिवाचक क्रिया-विशेषण के रूप में होता है जैसा कि संस्कृत और प्राकृत में भी होता है। प्राचीन राजस्थानी में निम्नलिखित प्रकार के रूप प्रचलित थे—

आडइँ = आर-पार, **कस्टइँ** = कठिनाई से, **जोडिलइ** = संयुक्त रूप से, **दोहिलइँ** = कठिनाई से, **निश्चइँ** (सं० **निश्चयेन** = निश्चयपूर्वक, **प्राहइँ** = **प्राहिइँ** (सं० **प्रायकेण,** अप० **प्राअएँ**) = प्रायः, **मउडइँ** (सं० **मृदुटकेन,** अप० **मउडएँ**) = देर से, **रूडइ** (सं० **रूपटकेन,** अप० **रूअडएँ**) = भली-भांति, **वेगि** (स० **वेगेन**) = वेगपूर्वक, **संक्षेपइकरी** (सं० **संक्षेपेण**) = संक्षेप में, **सहजि** (सं० **सहजेन**) –स्वभावतः आदि। तैस्सितोरी ने विशेषणमूलक क्रिया विशेषणों का एक और भेद माना है। इनका निर्माण एकदम नपुंसक लिङ्ग एकवचन विशेषणों के द्वारा किया जाता है। यह विधि आधुनिक सभी भारतीय भाषाओं में प्रचलित है तथापि गुजराती, मराठी, सिंधी भाषाओं में ही इसका स्वरूप स्पष्ट रूप से लक्षित होता है क्योंकि नपुंसक लिङ्ग इन्हीं भाषाओं में सुरक्षित रह गया है।

[1] पुरानी राजस्थानी, पारा ९९

[2] –वही–

क्रिया विशेषण की यही शाखा आधुनिक राजस्थानी में सब से अधिक विवादास्पद हो गई है। सब वैय्याकरणों में क्रिया-विशेषण अव्यय के शब्दों को विकाररहित माना है तथा वे सदा सब प्रकार के प्रयोगों में एक रूप में ही रहते हैं किन्तु राजस्थानी में इन विशेषणमूलक क्रिया विशेषणों के शब्दों में विकार उत्पन्न हो जाता है, यथा–

हिन्दी भाषा–पु० एक व०– वह **धीमे-धीमे** चलता है।
स्त्री० एक व०– वह **धीमे-धीमे** चलती है।
पु० बहु० व०– वे **धीमे-धीमे** चलते हैं।

राजस्थानी भाषा–पु० एक व०– वौ **धीमे-धीमे** चालै।
स्त्री० एक व०– वा **धीमी-धीमी** चालै।
पु० बहु व०– वे **धीमा-धीमा** चालै।

इस प्रकार वचन एवं लिङ्ग के प्रभाव से इनमें विकार उत्पन्न हो जाता है। एक और उदाहरण से यह बात अधिक स्पष्ट हो जायगी—

पु० एकवचन– वो **बेगौ** आयौ।
स्त्री० एकवचन– वा **बेगी** आई।
पु० बहुवचन– वे **बेगा** आया।
स्त्री० बहुवचन– वे **बेगी** आई।

राजस्थानी की इसी विशेषता के कारण इस शाखा के अंतर्गत आने वाले क्रिया विशेषण रूपों में लिङ्ग-भेद एवं वचन-भेद से विकार होना मान लिया गया है। यद्यपि उद्देश्य-विधेय के अनुसार ये एक प्रकार के विशेषण ही हैं तथापि इनका प्रयोग क्रिया विशेषण के तौर-तरीकों पर हो गया। प्राचीन राजस्थानी में प्रायः ऐसा विकार नहीं पाया जाता, यथा–

घणुं = घना। उ०—घणुं दौडउ या सोषइ मनि घणऊँ।
थोडुं = थोड़ा।
पहिलूं = पहले।
जोई नीचुं जणणी-नइ-कहइ।

जिनमें ये नपुंसक एकवचन में रहते हुए सभी कारकों में अपरिवर्तित रहते हैं उनको तो तैस्सितोरी ने विशेषणात्मक क्रिया विशेषण एवं जो किसी समानाधिकरण विशेषण की

तरह लिंग वचन और कारक के अनुसार रूप-रचना करते हैं उनको क्रियाविशेषणात्मक विशेषण नाम से लिखा है।[1]

सर्वनाम के अंतर्गत स्थानवाचक क्रिया-विशेषणों के रूप में **उरौ** = इधर, यहाँ; **परौ** = उधर, वहाँ; दूर आदि के प्रयोग लिंग एवं वचन के प्रभाव से विकारग्रस्त होते हैं, यथा–

उरौ = इधर (पास) आ—पु० ।
उरी आव = इधर (पास) आ—स्त्री० ।
उरा आवौ = इधर (पास) आइये ।—पु० बहु व० ।

ऐसे प्रयोग प्रायः अन्य भाषाओं में नहीं मिलते। अतः अन्य भाषा-वैय्याकरण इन क्रियाविशेषणों के विकारग्रस्त भेदों पर नाक-भौं सिकोड़ें तो कोई आश्चर्य न होगा। प्रस्तुत कोश में इस विकारग्रस्त श्रेणी में आने वाले क्रियाविशेषणों में लिंग भेद देकर ही उपस्थित किया गया है। अतः ऐसे रूपों पर आपत्ति करने वाले महानुभावों को राजस्थानी की इस विशेषता को ध्यान में रखना चाहिये।

अव्ययमूलक क्रियाविशेषण—इस श्रेणी के अंतर्गत वे क्रियाविशेषण आते हैं जो किसी सिद्ध शब्द से उत्पन्न नहीं हुए हैं, यथा–

अजी = अब तक ।
अतिहिं = अत्यन्त ।
नहीं, नइँ ।
मत =

अवधारण अथवा जोर देने के लिये शब्दों के अंत में जोड़े जाने वाले निपात **इ, जि (ज) ही** हैं। **इ** संस्कृत **अपि** से एवं **जि (ज)** संस्कृत **एव** से उत्पन्न हुआ है, यथा–

सघलउ-इ वंसु = संपूर्ण ही वंश ।
आज-इ लगइ = आज तक ।
हूँ करेसि-जि = मैं करूँगा ही ।
सात-ज = सात ही ।
एक-इ-जि = एक ही ।

[1] पुरानी राजस्थानी, पारा ७८ और १०२।

अगर शब्द के साथ कोई परसर्ग होता है तो यह निपात शब्द एवं परसर्ग के बीच में आ जाता है, यथा–

गुरुआ-इ न = गुरुओं को भी ।

ही निपात का प्रयोग प्रायः प्राचीन राजस्थानी में कम हुआ, किन्तु आधुनिक राजस्थानी में इसका प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ है—

ईणि हि-जि-कारणि = इसी कारण में से ।
तिम-ही-ज = इसी प्रकार ।

परिमाणवाचक क्रिया विशेषणों के अन्तर्गत **ज्यादा, बोत, कम, कुल** आदि प्रयुक्त होते हैं।

जब सर्वनाम-सम्बन्धी अव्यय को दुहरा दिया है तथा अन्य अव्ययों से संयुक्त कर दिया जाता है तो प्रायः उनका अर्थ परिवर्तित होता है, यथा– **जब-जब** के साथ **तब-तब** और **जठै-जठै** के साथ **तठै-तठै** आदि।

अनिश्चितता का भाव उत्पन्न करने के लिए संबंधवाची अव्यय का अनिश्चयवाची अव्यय के साथ संयोग कर दिया जाता है, यथा—**जद-कदी, जठै-कठी** आदि भी कभी अनिश्चितता प्रकट करने के लिए एक दो अव्ययों के मध्य **न** का प्रयोग कर दिया जाता है, यथा–**कदी न कदी, कठै न कठै** आदि।

निम्नलिखित प्रकार के पदों का भी प्रयोग प्रायः राजस्थानी में अव्यय की भांति होता है, यथा—**नाच कर, मिल कर, जांण कर** आदि। पूर्वकालिक क्रिया से सम्बन्धित होने के कारण ये पूर्वकालिक क्रियाविशेषण कहे जा सकते हैं। इनका विवेचन हम पीछे कर चुके हैं। ऐसे पदों को कोश में स्थान देना उचित नहीं समझा गया क्योंकि इस प्रकार के पदों का निर्माण व्याकरण के निश्चित नियमों के आधार पर होता है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित व्याकरण को जानकारी आवश्यक है। अतः ऐसे रूपों को छोड़ कर शेष समस्त क्रियाविशेषणों के रूपों को उनके रूप भेदों सहित प्रस्तुत कोश में स्थान दिया गया है। जहां उनमें लिङ्ग-भेद का विकार भी दिया गया है वहां पाठकों को विशेषणात्मक क्रियाविशेषणों के संबंध में दी गई टिप्पणी को ध्यान में रखना चाहिए।

राजस्थानी साहित्य का परिचय

आर्यावर्त के विशाल भू-खंड में राजस्थान का विशिष्ठ ऐतिहासिक महत्त्व है। शताब्दियों से यहाँ के लोगों ने भारतीय संस्कृति, कला और साहित्य को अक्षुण्ण योग-दान दिया है जिसके महत्त्व पर आने वाली पीढ़ियाँ भी गर्व का अनुभव करती रहेंगी। यहाँ का बहुत प्राचीन इतिहास अभी अंधकार में है, पर जहाँ तक हमारे इतिहासकार पहुँचे हैं उनके लिखे इतिहासों को देखने से पता चलता है कि यहाँ के लोगों ने अपनी स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा के लिए जो निरन्तर संघर्ष, तप और त्याग का जीवन व्यतीत किया है, उसके दर्शन अन्यथा दुर्लभ हैं।

इसी संघर्षमय जीवन में उन्होंने अपने सांस्कृतिक आदर्शों की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग ही नहीं किया, उस संस्कृति को अपनी कलात्मक रचनाओं के माध्यम से अक्षुण्ण बना देने के लिए भी बहुत कड़ी साधना, मौलिक सूझ-बूझ और अमरता को वरण करने की अमिट लालसा का परिचय दिया है।

राजस्थान का प्राचीन कलात्मक वैभव सर्व-विख्यात है। यहाँ के विशाल एवं सुदृढ़ दुर्ग, जैन व अजैन मंदिर, भव्य राजप्रासाद, सती-स्मारक, समाधि-स्थान आदि वास्तु कला के अद्भुत नमूने हैं। इन राजप्रासादों और दुर्गों की बुलंदी आज भी उस समय के जीवन की बुलंदगी का संदेश दे रही है। इसी तरह यहाँ की मूर्ति कला में उस काल के कलाकारों की सौन्दर्यानुभूति ही सुरक्षित नहीं है, शताब्दियों से चली आ रही धार्मिक निष्ठा को कला के माध्यम से व्यंजित कर भारतीय संस्कृति की एकता और अखंडता का भी परिचय दिया है।

चित्रकला में राजपूत कलम के अगणित चित्र विभिन्न शैलियों में चित्रित किये गए। मुगल शली से प्रभावित होने पर भी वैष्णव धर्म-भावना को राधा कृष्ण की लीलाओं के रूप में चित्रित कर नैसर्गिक प्रेम भावना को मौलिक अभिव्यक्ति देने में यहाँ के कलाकारों ने कोई कसर नहीं रखी। जीवन के ऐश्वर्य, विलास और प्रणय को चित्रित करने वाले कलाकारों ने विभिन्न रंगों और आकृतियों के माध्यम से जो भावानुभूति की बारीकियों का चित्रण किया है, उसकी विलक्षणता और सौन्दर्यानुभूति को भावोद्रेक से रंजित कर देने वाली क्षमता को कौन अस्वीकार कर सकता है? इन अमूल्य चित्रों के पीछे उन्हें चित्रित करने वाले कलाकारों की प्रेरणा और उनके आश्रयदाताओं की परिष्कृत रुचि हमारे कल्पना लोक को आज भी अभिभूत कर देती है।

संगीत के क्षेत्र में भी यह प्रांत पिछड़ा हुआ नहीं रहा। यहाँ के शासकों ने संगीत को प्रश्रय तो दिया ही परन्तु कई एक ने स्वयं संगीत की साधना कर इस विषय के ग्रंथों का निर्माण भी किया। राणा कुंभा का संगीतराज इसका प्रमाण है। राजस्थान के मध्ययुगीन भक्त कवियों ने विभिन्न राग-रागिनियों में हजारों पदों की रचना कर संगीत के माध्यम से ही उन्हें अपने-अपने इष्ट देवता को अर्पण किया है। मुगल सल्तनत का पतन हो जाने पर तो बहुत से प्रसिद्ध गायकों व नृत्यकारों को राजस्थान के शासकों ने ही प्रश्रय दिया था। यहाँ की मांड रागिनी (?) और अनेकानेक धुनें (तानें) आज भी यहाँ के लोकगीतों में सुरक्षित हैं। संगीत की विरल साधना के प्रतीक स्वरूप राग-रागिनियों के कितने ही सुन्दर व चित्ताकर्षक चित्रों का निर्माण यहाँ हुआ है।

विभिन्न कलाओं को प्रश्रय देने वाली इस भूमि का प्राचीन साहित्यिक गौरव भी किसी प्रान्तीय भाषा के साहित्यिक गौरव से कम नहीं है। जिस परिमाण में यहाँ साहित्य सृजन हुआ है उसका सतांश भी अभी प्रकाश में नहीं आया। अनगिनत हस्तलिखित ग्रन्थों में वह अमूल्य सामग्री ज्ञात-अज्ञात स्थानों पर बिखरी पड़ी है। काव्य, दर्शन, ज्योतिष, शालिहोत्र, संगीत, वेदांत, दर्शन, वैद्यक, गणित, शकुन आदि से सम्बन्ध रखने वाले मौलिक ग्रन्थों के अतिरिक्त कितने ही संस्कृत, प्राकृत, फारसी आदि के प्राचीन ग्रन्थों के अनुवाद व टीकाओं का निर्माण यहाँ हुआ है।

इतना ही नहीं, यहाँ के शासकों ने प्राचीन संस्कृत साहित्य की रक्षा की ओर भी समय-समय पर ध्यान दिया है।

औरंगजेब के समय में जब धार्मिक असहिष्णुता के कारण संस्कृत के धार्मिक ग्रन्थों को क्षति पहुँचाई जाने लगी तो बीकानेर के तत्कालीन महाराजा अनूपसिंहजी ने कितने ही महत्त्वपूर्ण ग्रंथों को सुदूर दक्षिण से मंगवा कर अपने यहाँ सुरक्षित रखा जो आज भी अनूप संस्कृत लाइब्रेरी बीकानेर में विद्यमान हैं। इसके अतिरिक्त अन्य शासकों ने भी अपने संग्रहालयों में संग्रहीत कर कितने ही ग्रन्थों को कालकवलित होने से बचाया।[1] जैन यतियों ने अपने सतत् प्रयत्नों से बहुत बड़ी साहित्यिक निधि को मंदिरों और उपाश्रयों आदि में सुरक्षित रखा। कितने ही ठाकुरों तथा जागीरदारों ने भी इस दिशा में महत्व-पूर्ण कार्य किया। ये सभी प्रयत्न यहाँ के लोगों के प्रगाढ़ साहित्य-प्रेम के परिचायक हैं।

जिस सामाजिक ऊहापोह और राजनैतिक तथा साम्प्र-दायिक उथल-पुथल के बीच यहाँ साहित्य सृजन हुआ है, इतिहास इसका साक्षी है। काल-क्रम की पृष्ट-भूमि के साथ आगे हम उसका उल्लेख यथास्थान करेंगे।

सम्पूर्ण प्राचीन राजस्थानी साहित्य को ४ मुख्य भागों में विभाजित किया जा सकता है। इस दृष्टि से संक्षेप में यहाँ कुछ विचार उनकी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

(१) जैन साहित्य
(२) चारण साहित्य[2]
(३) भक्ति साहित्य
(४) लोक साहित्य

जैन साहित्य अधिकांश में जैन यतियों और उनके अनु-गामी श्रावकों द्वारा लिखा गया है। उसमें उनके धार्मिक नियमों और आदर्शों का कई प्रकार से गद्य तथा पद्य में वर्णन है। यह साहित्य बहुत बड़े परिमाण में लिखा गया है और प्रारम्भिक राजस्थानी साहित्य की तो वह बड़ी धरोहर है। जैन साधुओं ने धार्मिक साहित्य का ही निर्माण किया है पर अन्य अच्छे साहित्य के संग्रह और सुरक्षा में संकीर्णता नहीं बरती। इस ओर हम पहले ही संकेत कर आये है। अतः उनकी राजस्थानी साहित्य को बहुत बड़ी देन है पर उनका यह साहित्य जैन धर्म से सम्बन्धित होने के कारण जैन धर्माव-लंबियों तक ही सीमित रहा। वह समूचे समाज की वस्तु न बन सका। जो मध्ययुगीन सन्तों की धार्मिक वाणियों तथा तुलसी-कृत रामायण आदि का समूचे उत्तरी भारत में प्रचार-प्रसार हुआ और सूर, तुलसी, मीरा, कबीर, दादू आदि के पद जन-जन के कंठहार बन गए वैसी स्थिति जैन साहित्य की नहीं बन सकी। वह साहित्य जन-जन का साहित्य न बन सका और न समाज के बहुत बड़े क्षेत्र को ही उतना प्रभावित कर सका।

चारण शैली में साहित्य का निर्माण चारणों के अतिरिक्त राजपूत, मोतीसर, भोजक ब्राह्मण, ओसवाल आदि अनेक जाति के लोगों ने किया है पर चारणों की इसे विशेष देन है। चारण जाति का शासक वर्ग के साथ विशेष सम्बन्ध रहा है। वे मध्य-कालीन राजपूत संस्कृति के प्रेरक स्रोत रहे हैं। संघर्ष के युग में उन्होंने अपने आश्रयदाताओं को कभी अपने कर्त्तव्य से च्युत नहीं होने दिया। उन्होंने तत्कालीन शासकों को ऐश्वर्य और विलासी जीवन से दूर ही नहीं रखा अपितु निरन्तर संघर्ष कर देश और धर्म की रक्षा करने के लिए प्राणोत्सर्ग कर देने की प्रेरणा देना ही अपने जीवन का ध्येय माना है। मौका पड़ने पर वे स्वयं रण भूमि में उपस्थित होकर वीरों को उत्सा-हित करने तथा स्वयं युद्ध करने में पीछे नहीं रहे हैं। आज उनके द्वारा किए गए युद्ध-वर्णन भले ही अतिशयोक्तिपूर्ण लगें पर यवनों द्वारा आतंकित समाज की सुरक्षा के लिए उन कवियों ने अपने योद्धाओं के समक्ष शत्रुओं की सेना रूपी कुंवरी (कुमारी) कन्या को वरण करने की मधुर कल्पना रख कर मौत के विकराल स्वरूप को जो तुच्छ रूप दिया है वह तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार अत्यन्त आवश्यक था। मनुष्य सभी कुछ आदर्श जीवन के लिए करता है और उस आदर्श की रक्षा के लिए सहज ही मृत्यु का आलिंगन करने वाले व्यक्ति के यशोगान में कौनसी उपमा अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकती है? इसका अनुभव सहानुभूतिपूर्वक इस साहित्य का अध्ययन करने पर ही हो सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि उनका साहित्य अत्यन्त प्राणवान और जीवन्त साहित्य है। उसमें जीवन की जो ऊर्जस्विता दृष्टिगोचर होती है वह

---

[1] सरस्वती भंडार उदयपुर, पोथीखाना जयपुर, अलवर का राजकीय संग्रह, जैसलमेर जैन संग्रहालय, जोधपुर का पुस्तक प्रकाश आदि।

[2] चारण-साहित्य से तात्पर्य यहां चारण शैली में लिखे गए साहित्य से है।

अन्यथा दुर्लभ है। इस प्रकार के साहित्य की रचना करने वाले कवियों की शासक वर्ग और समाज में बड़ी प्रतिष्ठा थी। शासक उन्हें जागीर देकर सम्मानित करते थे। राज दरबार में उन्हें उचित आसन मिलता था और समाज उन्हें आदर की दृष्टि से देखता था। शासकों पर कई बार जब कि आपत्ति आ जाती तो वे उनकी पूरी सहायता करते थे।[१] उन्हें दी गई जागीर 'सांसण' के नाम से पुकारी जाती थी। क्योंकि उस जागीर पर पूरा अधिकार चारण का ही होता था। यहां तक कि राज्यद्रोह करने वाला व्यक्ति भी 'सांसण' में शरण चला जाता तो उसे कोई दखल नहीं देता था। चारणों को इतना सम्मान मिलता था, इसके उपरांत भी वे शासकों को खरी-खरी सुनाने में भी कभी नहीं चूकते थे। युद्ध में वीर गति प्राप्त करने वाले की जहां वे प्रशंसा करते थे वहां युद्ध से भाग जाने वाले की निंदा करने में भी कसर नहीं रखते। सच तो यह है कि वे वीरता के उपासक थे और किसी भी वीर के वीरतापूर्वक कार्य की प्रशंसा किए बिना उनका मन नहीं मानता था, चाहे वह व्यक्ति उनका परिचित हो अथवा नहीं। यही कारण है कि उनके द्वारा रचा गया अधिकांश साहित्य वीररसात्मक है और उस समय में उस साहित्य का बड़ा ही सामाजिक महत्त्व रहा है।

राजस्थान में भक्ति साहित्य भी बहुत बड़े परिमाण में लिखा गया है। संत कवियों की वाणियां आज भी समाज में प्रचलित हैं। उत्तरी भारत की संत परम्परा से प्रभावित होने पर भी यहां की संत परम्परा में तथा भक्ति साहित्य में एक विशेषता यह है कि उनका झुकाव अधिकतया निर्गुण भक्ति की ओर रहा है। यहां के कवियों ने यहां की भाषा में नवीन उपमाओं और उत्प्रेक्षाओं आदि के माध्यम से अपने भावों की अभिव्यक्ति को एक नवीन रूप दिया है जो बड़ा ही प्रभावोत्पादक और सरस है।

किसी भी देश या प्रान्त का लोक साहित्य वहां के जन-जीवन से निसृत स्वाभाविक भावोद्रेक को व्यक्त करता है। राजस्थान की वीर प्रसविनी भूमि में जहां हजारों कवियों ने अपनी काव्य-कला के माध्यम से राजस्थानी साहित्य की सेवा की है वहां कितने ही अज्ञात जन कवियों ने अपनी सरल और सरस वाणी में अपने लौकिक अनुभवों को जन साधारण की निधि बना दिया है। लोक-गीत, पवाड़े, लोक कथायें, कहावतें मुहावरे आदि राजस्थानी लोक साहित्य के अमूल्य रत्न हैं। लोक साहित्य जितने बड़े परिमाण में यहां सुरक्षित है उतना शायद भारत की किसी अन्य भाषा में उपलब्ध नहीं होगा। राजस्थानी लोक गीतों की विविधता और सरसता तो सर्वविख्यात है। राजस्थान की संस्कृति को समझने के लिए भी उनसे बढ़ कर अन्य कोई उपयोगी साधन शायद ही सुलभ होगा। क्योंकि यहां के जन-जीवन की सर्वांगीण निश्छल अभिव्यक्ति इसी साहित्य में सुरक्षित मिलती है। युगों-युगों से यह साहित्य जनता का मनोरंजन ही नहीं करता रहा है परन्तु इसने उन्हें व्यावहारिक जीवन दर्शन भी दिया है। राजस्थानी साहित्य को प्राणवान बनाने का और भाषा को नवीन रूप प्रदान करने का बहुमूल्य कार्य भी अज्ञात रूप से इसी साहित्य ने किया है।

इतने विशाल और विविधतापूर्ण राजस्थानी साहित्य की महानता को विद्वान सही रूप में तभी समझ पायेंगे जब वह सम्पूर्ण साहित्य सुलभ हो जायेगा। कोश-निर्माण के दौरान में मुझे इस साहित्य की कितनी ही हस्तलिखित प्रतियाँ देखने का और उनकी खूबियों पर विचार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अतः इस साहित्य के महत्व पर विचार करते समय कई बार प्रसिद्ध अंग्रेजी आलोचक मेथ्यू अरनॉल्ड की पंक्तियां याद आ जाती हैं जिनमें वह इंगलैण्ड की महानता उसके बहुत बड़े साम्राज्यवाद अथवा सैनिक शक्ति और असाधारण राजनीतिज्ञों की वजह से नहीं पर अंग्रेजी साहित्य की महानता की वजह से मानता है।[१] क्या राजस्थानी का इतना महान् साहित्य हमारे देश की महानता का प्रतीक नहीं है? सभी भारतीय भाषाओं का साहित्य अपने-अपने ढंग का निराला है पर राजस्थानी साहित्य की कुछ अपनी ऐसी विशेषतायें हैं जो अन्य भाषाओं के साहित्य में देखने में नहीं आतीं। विश्व कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने भी मुक्त हृदय से इस विशेषता को स्वीकार

---

[१] राव चूंडा अपने पिता वीरम की मृत्यु के उपरांत बचपन में आल्हा बारहठ के घर पर ही बड़ा हुआ था।

[१] 'And by nothing is England so glorious as by her poetry. Mathew Arnold. Preface to the 'Poems of Wordsworth'.

किया है—'भक्ति रस का काव्य तो भारतवर्ष के प्रत्येक साहित्य में किसी न किसी कोटि का पाया जाता है। राधाकृष्ण को लेकर हर एक प्रांत ने मंद व उच्च कोटि का साहित्य पैदा किया है, लेकिन राजस्थान ने अपने रक्त से जो साहित्य निर्माण किया है उसकी जोड़ का साहित्य नहीं मिलता।'[1] राजस्थानी साहित्य के महत्त्व के सम्बन्ध में इससे अधिक और क्या कहा जाय ?

राजस्थान का यह प्राचीन साहित्य डिंगल तथा पिंगल दो भाषाओं में प्राप्त होता है। कई विद्वानों ने पिंगल को डिंगल की ही एक शैली मान लेने की भूल की है। पर वास्तव में पिंगल डिंगल से भिन्न भाषा है जो ब्रज का ही एक स्वरूप है। कविराजा बांकीदास[2] एवं सूर्यमल्ल मीसण ने भी इन दोनों भाषाओं का अस्तित्व स्वीकार किया है। इस सम्बन्ध में डॉ. एल. पी. तैस्सितोरी ने एक स्थान पर लिखा है—

'It is well known that there are two languages used by the bards of Rajputana in their poetical compositions and they are called 'Dingala' and 'Pingala'. These are not mere 'styles' of poetry as held by Mahamahopadhyaya Har Prasad Shastri, but two distinct languages, the former being the local Bhasha of Rajputana and the letter Braja Bhasha, more or less vitiated under the influence of the former.'[3]

इसके अतिरिक्त सर जार्ज ग्रियर्सन ने भी इस सम्बन्ध में अपना निश्चित मत प्रस्तुत किया है—

'Marwari has an old literature about which hardly any thing is known. The writers some times composed in Marwari and some times in Brij Bhasa. In the former case, the language was called 'Dingala' and in the latter 'Pingala'[४].

डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने उदयपुर में दिए गए अपने एक भाषण में कहा था कि 'गुजरात और मारवाड़ के जैन आचार्य और पंडितों के द्वारा सौराष्ट्र अपभ्रंश से उद्भूत पुरानी पश्चिमी राजस्थानी में साहित्य का सृजन होने लगा पर साथ ही साथ शौरसेनी अपभ्रंश साहित्यिक भाषा, पूर्व से बदलती गई, इसका एक नवीनतम या अर्वाचीन रूप 'पिंगल' नाम से राजस्थान और मालवा के कवियों में पूर्णतया गृहीत हुआ। पिंगल का एक साहित्य बन गया। पिंगल को शौरसेनी अपभ्रंश साहित्यिक भाषा और मध्यकालीन ब्रज भाषा, इन दोनों के बीच की भाषा कहा जा सकता है। ब्रज भाषा प्रतिष्ठित हो जाने के बाद पिंगल के साथ साथ ब्रज भाषा ने भी राजस्थानी भाषाओं में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना लिया। समग्र राजस्थान ब्रज भाषा के लिए अपना क्षेत्र हो गया। ब्रज भाषा के कुछ श्रेष्ठ कवि राजस्थानी भाषी ही थे। फिर राजपूताने के भाट और चारणों ने 'पिंगल' की अनुकारी एक नई कवि भाषा मारवाड़ी के आधार पर बनाई जो 'डींगल' या 'डिंगल' नाम से अब परिचित है।'[1]

डॉ० चाटुर्ज्या ने जहां पिंगल के अनुकरण पर डिंगल नाम का प्रादुर्भाव होना माना है वहाँ डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने डिंगल के अनुकरण पर पिंगल नामकरण का अनुमान किया है।[2] वास्तव में पिंगल और डिंगल दो भिन्न भाषायें हैं।[3] पिंगल का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है[४] और डिंगल का गुर्जरी अपभ्रंश से।[५] देखा जाय तो डिंगल काव्य पिंगल की अपेक्षा अधिक प्राचीन है। जब ब्रज भाषा की उत्पत्ति हुई तो उसका तत्कालीन प्रभाव राजस्थान के पूर्वी प्रदेश पर भी पड़ा। शुद्ध डिंगल तथा ब्रज भाषा से प्रभावित डिंगल में अंतर स्पष्ट करने के लिए संभवतः दोनों का नामकरण हुआ हो। यह तो सर्वविदित है कि ब्रज भाषा के पहले से ही

---

१ डि. वी., हि. सा. स. प्रयाग, संवत् २००३, पृ० ६८

२ डिंगलियां मिलियां करै, पिंगल तणौ प्रकास।
ससक्रति व्है कपट सज, पिंगळ पढ़ियां पास।—बां. दा. ग्रं० भाग २

३ Journal of the Asiatic Society of Bengal, Vol. X No. 10 PP. 375

४ Linguistic Survey of India, Vol. IX, Part II, Page 19.

१- राजस्थानी भाषा : डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृष्ठ ६५

२ हिन्दी साहित्य : डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ ६७

३ राजस्थानी भाषा और साहित्य : डा० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ ७

४ (क) Linguistic Survey of India, Grierson, Pt. I, Page 126
(ख) राजस्थानी भाषा : डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, पृ० ६४

५ (क) अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के ३३ वें अधिवेशन का विवरण—कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी, पृष्ठ ९।
(ख) राजस्थान का पिंगल साहित्य तथा राजस्थानी भाषा और साहित्य—श्री मोतीलाल मेनारिया।

राजस्थानी में काव्य-रचना होती थी। अतः यह कहना उचित नहीं होगा कि पिंगल के आधार पर ही डिंगल का नामकरण-संस्कार किया गया। इस सम्बन्ध में डॉ० रामकुमार वर्मा का यह मत उचित मालूम देता है कि—'उचित तो यह ज्ञात होता है कि 'डिंगल' के आधार पर ही 'पिङ्गल' शब्द का उपयोग किया होगा। इस कथन की सार्थकता इससे भी ज्ञात होती है कि पिङ्गल का तात्पर्य छंदशास्त्र से है। ब्रज भाषा न तो छंदशास्त्र ही है और न उसमें रचित काव्य छंदशास्त्र के नियमों के निरूपण के लिए ही है। अतएव 'पिङ्गल' शब्द ब्रज भाषा काव्य के लिए एक प्रकार से उपयुक्त ही माना जाना चाहिए। हां यह अवश्य है कि ब्रज भाषा काव्य में छंदशास्त्र पर अपेक्षाकृत अधिक ध्यान दिया गया है और सम्भवतः यही कारण है कि उसका नाम पिङ्गल रखा गया है।'[1]

यहां हम प्राचीन राजस्थानी को डिंगल के नाम से अभिहित कर रहे हैं। कुछ विद्वानों का यह भी भ्रम है कि शायद राजस्थान में पिङ्गल साहित्य का निर्माण परिमाण में डिंगल से भी अधिक हुआ है, पर यह मान्यता भी निराधार है, जैसे कि हम पहिले कह आये हैं कि डिंगल का अधिकांश साहित्य अभी प्रकाश में नहीं आया है और बहुत सा लिपिबद्ध भी नहीं हुआ है, इसीलिए शायद ऐसी भ्रामक धारणा बन गई है।

राजस्थानी साहित्य के इस विवेचन के पश्चात् अब हम उसके विकास-क्रम पर विचार करते हैं। राजस्थानी **भाषा विवेचन** के प्रकरण में हम यह स्पष्ट कर आये हैं कि राजस्थानी का निकास अपभ्रंश भाषा से हुआ है। अतः अपभ्रंश की अन्तिम अवस्था ही राजस्थानी का आदिकाल अथवा प्रारम्भिक काल माना जाता है। राजस्थानी का प्राचीन नाम मरु भाषा है। सर्व प्रथम मरु भाषा का नाम हमें मारवाड़ राज्य के जालोर ग्राम में रचे गए जैन मुनि उद्योतन सूरि के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'कुवलय माला' में मिलता है। इस ग्रन्थ की रचना विक्रम संवत् ८३५ में हुई थी। इसमें तत्कालीन १८ भाषाओं का उल्लेख है जिसमें मरु भाषा का नाम भी है। यथा—

'अप्पा-तुप्पा', भणिरे अह पेच्छइ मारुए तत्तो
'न उरे भल्लउं' भणिरे अह पेच्छइ गुज्जरे अवरे
'अम्हं काउं तुम्हं' भणि रे अह पेच्छइ लाडे
'भाइ य इ भइणी तुब्भे' भणि रे अह मालवे दिट्ठे।
(कुवलयमाला)

इससे यह प्रकट हो ही जाता है कि राजस्थानी साहित्य का निर्माण लगभग नवीं शताब्दी में होने लग गया था। इस समय की मुख्य भाषा अपभ्रंश थी और अधिकांश साहित्य की रचना इसी भाषा में हो रही थी, अतः ऐसे समय में नव विकसित भाषा में निर्मित होने वाला साहित्य इसके प्रभाव से अछूता कैसे रह सकता था। यही कारण है कि यद्यपि राजस्थानी साहित्य का निर्माण नवीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही आरम्भ हो गया था, फिर भी ११ वीं शताब्दी तक हमें बहुत ही कम साहित्य उपलब्ध होता है। यह सब कुछ होते हुए भी यह तो निश्चित है कि राजस्थानी अपने प्रारम्भिक काल में राजस्थान की ही नहीं वरन् उसके आसपास के बहुत बड़े भू-खंड की भाषा रही है। गुजराती भाषा के मर्मज्ञ एवं विद्वान स्वर्गीय झवेरचंद मेघाणी ने भी अपने शब्दों में इसे स्वीकार किया है।

'अपनी मातृ भाषा का नाम था—राजस्थानी! मेड़ता की मीरां इसी में पदों की रचना करती और गाया करती थी। इन पदों को सौराष्ट्र की सीमा तक के मनुष्य गाते तथा अपना कर के मानते थे। चारण का दूहा राजस्थान की किसी सीमा में से राजस्थानी भाषा में अवतरित होता तथा कुछ वेश बदल कर काठियावाड़ में भी घर-घराऊ बन जाता। नरसी मेहता गिरनार की तलहटी में प्रभु पदों की रचना करता और ये पद यात्रियों के कण्ठों पर सवार होकर जोधपुर, उदयपुर पहुँच जाया करते थे। इस जमाने का पर्दा उठा कर यदि आप आगे बढ़ेंगे तो आपको कच्छ, काठियावाड़ से लेकर प्रयाग पर्यन्त के भूखंड पर फैली हुई एक भाषा दृष्टिगोचर होगी ''। इस व्यापक बोलचाल की भाषा का नाम—राजस्थानी। इसी की पुत्रियाँ फिर ब्रजभाषा, गुजराती और आधुनिक राजस्थानी का नाम धारण कर स्वतंत्र भाषायें बनीं।' अतः राजस्थानी भाषा में रचित साहित्य एक विस्तृत भू-भाग का साहित्य था।

किसी भी साहित्य के क्रमिक विकास का अध्ययन सुविधापूर्वक एवं समुचित रूप से तभी हो सकता है जब कि वह

[1] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, भाग १, डा० रामकुमार वर्मा, पृ० १३९–१४०

वैज्ञानिक रूप से उचित कालों में विभाजित हो। इसी दृष्टि-कोण से अनेक विद्वान साहित्यकारों ने अपने-अपने मतानुसार राजस्थानी साहित्य को भी भिन्न-भिन्न कालों में विभाजित किया है। उनमें से अनेक विद्वानों का काल-विभाजन पूर्ण वैज्ञानिक एवं तर्कयुक्त है।

जैसा कि हम प्रारम्भ में लिख चुके हैं कि राजस्थानी की नींव नवीं शताब्दी में स्थापित हो चुकी थी इसलिए राजस्थानी साहित्य के प्राचीन काल का आरम्भ हम नवीं शताब्दी के आरम्भ से ही मानते हैं। डा० एल. पी. तैस्सितोरी ने प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी का अपभ्रंश से अंतिम रूप से सम्बन्ध-विच्छेद कर लेने का समय तेरहवीं शताब्दी के आसपास निश्चित किया है। स्पष्ट तो यह है कि पन्द्रहवीं शताब्दी के आरम्भ तक डिंगल भाषा अपभ्रंश के प्रभाव से पूर्ण रूप से मुक्त न हो पाई थी। अतः पन्द्रहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक के साहित्य को प्रारंभिक काल के अंतर्गत रखना अधिक वैज्ञानिक है। लगभग इस काल के पश्चात् डिंगल एक स्वतंत्र एवं सुगठित भाषा के रूप में विकसित हुई। इसके पश्चात् का काल मध्य-काल माना जा सकता है। इस काल में रचित प्रचुर एवं विशिष्ट साहित्य ने ही राजस्थानी को पूर्ण विकसित रूप प्रदान किया और इसे उन्नति के शिखर पर बैठाने वाले अधिकांश कवि भी इसी काल में हुए। इस काल में पाई जाने वाली साहित्यिक विशेषतायें निरन्तर रूप से महा कवि सूर्यमल्ल मीसण की रच-नाओं के पूर्व के समय तक मिलती रही है। अतः महाकवि सूर्य-मल्ल के समय से ही राजस्थानी का आधुनिक युग माना जा सकता है। इस सम्पूर्ण विवेचन के अनुसार हम अपने दृष्टिकोण से राज-स्थानी साहित्य को निम्न प्रकार से कालबद्ध कर सकते हैं—

१. आदिकाल   वि० सं० ८०० से सं० १४६०
२. मध्यकाल   वि० सं० १४६० से सं० १९००
३. आधुनिक काल वि० सं० १९०० से वर्तमान काल तक

वस्तुतः काल-विभाजन किसी काल विशेष की समाप्ति और दूसरे काल के आरम्भ होने के समय के मध्य कोई निश्चित सीमा रेखा नहीं है। अतः हमें यह नहीं मान लेना चाहिए कि काल की समाप्ति के पश्चात् उस काल की शैली व परम्परा में आगे कोई रचना नहीं होती। आरंभिक काल की भी कुछ विशेषतायें ऐसी हैं जो मध्यकाल की रचनाओं में भी पाई जाती हैं। इसके अतिरिक्त आधुनिक काल के भी अनेकानेक कवि मध्यकालीन ऐतिहासिक परंपरा का अनुसरण करते आ रहे हैं। अतः उपरोक्त सीमा रेखायें परिवर्तन के आरंभ की ही सूचक मानी जा सकती हैं। अब हम ऊपर दर्शाये हुए तीनों कालों को पृथक-पृथक लेकर उनमें रचे जाने वाले साहित्य पर प्रकाश डालेंगे।

पाठकों की सुविधा के लिए यहाँ काल-विभाजन के साथ केवल पद्यात्मक रचनाओं का ही वर्णन किया जा रहा है। गद्य साहित्य एवं लोक साहित्य का पृथक पृथक शीर्षकों के अंतर्गत अलग से विवेचन प्रस्तुत करेंगे।

आदिकाल विक्रम संवत् ८०० से १४६०

नवीं शताब्दी से पूर्व प्राचीन राजस्थानी के प्रारंभिक साहित्य की क्या दशा रही होगी इसकी कल्पना करने के लिए इतिहास में कोई सामग्री नहीं मिलती। यद्यपि यह तो माना जाता है कि अपभ्रंश से अन्य भाषाओं के उद्गम के समय अपभ्रंश के साथ-साथ उनमें भी साहित्यिक रचनायें अवश्य हुई हैं परन्तु प्रामाणिक सामग्री के अभाव में बहुत प्राचीन साहित्य के विषय में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। पूर्व वर्णित मुनि उद्योतन सूरि रचित 'कुवलय माला' जिसका, काल सं० ८३५ है, से हमें राजस्थानी का परिचय मरु भाषा के नाम से मिलता है। यद्यपि यह ग्रन्थ राजस्थानी की रचना तो नहीं फिर भी इसमें राजस्थानी में वर्णित चर्चरी द्वारा हमें तत्कालीन राजस्थानी के स्वरूप की झलक अवश्य मिलती है। उदाहरण के लिए उक्त ग्रंथ का एक पद यहाँ उद्धृत किया जाता है—

उ. – कमिगा-कमळ-दळ लोयगा-चल रे, हंस ओ।
पीगा-पिहुल-थगा-कडियल भार किलत ओ॥
तागा-चलिर वळियावळि-कळयळ-सद्द ओ।
रास यम्मि जइ लब्भइ जुबइ-सत्थ ओ॥

इससे यह तो पता चलता है कि राजस्थानी साहित्य का निर्माण नवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से ही आरम्भ हो चुका था परन्तु इसके बाद १० वीं शताब्दी के अन्त तक कोई प्रामाणिक लिपिनिष्ठ रचना प्राप्त नहीं होती। इसके अनेक कारण हैं। ऐसा माना जाता है कि राजस्थानी का अति प्राचीन तथा प्रारंभिक साहित्य अधिकांश में श्रुतिनिष्ठ साहित्य ही था। श्री किशोरसिंह बारहठ ने आरंभिक काल के साहित्य के

सम्बन्ध में लिखा है कि चारण जाति के मरु देश में आने के पूर्व अर्थात् विक्रम की नवीं शताब्दी के आसपास उसके क्षेत्र में केवल एक नायक जाति ही ऐसी जाति थी जो अपने प्रारंभिक साहित्य को परम्परा से कंठस्थ करती हुई सुरक्षित रखे हुए थी। नायक लोग अपने पूर्वजों से सुन सुन कर जो पंवाड़चा, गीत आदि कंठस्थ किया करते थे या नए रचा करते थे उन्हीं को गांवों में जाकर रात्रि के समय चौपाल, या गांव के मध्य के खुले स्थान में एकत्रित जन-समूह के बीच रावणहत्थे (एक प्रकार का तन्त्री वाद्य विशेष) पर गाते और उनका अर्थ श्रोताओं को समझाया करते। इसी समय उन्होंने एक और जाति का भी अस्तित्व स्वीकार किया है, वह है जोगी या नाथ जाति जिसने प्राचीन श्रुतिनिष्ठ साहित्य की सुरक्षा में अपना योगदान दिया है।[1]

पंवाड़चों तथा गीतों का साहित्य भी अधिक प्राचीन तथा श्रुतिनिष्ठ होने के कारण उनके रचयिताओं की पिछली संतान उसे ठीक रूप में याद न रख सकी। अनेक प्रक्षिप्त अंशों का समावेश होने के साथ साथ कुछ चरितनायकों की जीवन-कथाओं के साथ अप्रासंगिक व चमत्कारिक बातें भी जोड़ दी गईं। अपनी प्राचीन थाती को इस प्रकार लुप्त होते देख कर संभव है उस समय के लोगों में इस साहित्य की रक्षा की इच्छा अवश्य उत्पन्न हुई होगी। इसी के फलस्वरूप चित्रलिपि का प्रयोग किया गया। अपने चरितनायकों का पूर्ण जीवन-चरित चित्रों के रूप में अंकित किया जाने लगा। इन चित्रों का उन घटनाओं तथा कथाओं के साथ सम्बन्ध रहता था जो नायक आदि जाति के लोगों द्वारा रावणहत्थे पर मौखिक रूप से गाई जाती थी। इस चित्रलिपि के कारण चरित-नायकों के जीवन में अप्रासंगिक एवं चमत्कारिक घटनाओं का प्रवेश तो रुक गया किन्तु गाई जाने वाली भाषा में परिवर्तन तब भी होता गया। चित्र चित्रित होने के कारण स्थिर रहे परन्तु गीत गेय रूप में ही आने वाली पीढ़ियों को हस्तांतरित होने से उनकी मूल रचना में कितना अंश प्रामाणिक है और कितना प्रक्षिप्त, इसका पता लगाना अत्यन्त कठिन हो गया। राजस्थानी में इन चित्रों के आधार पर गाये जाने वाले गीतों को 'फड़ें' कहते हैं जो पट का अपभ्रंश है। आज भी राजस्थान के सुदूर गांवों में यदाकदा इन पंवाड़चों एवं फड़ों का आनन्द लिया जाता है।

लगभग नवीं शताब्दी के अन्तिम काल में एक ऐसी घटना हुई जिससे राजस्थानी साहित्य में एक नए युग का सूत्रपात हुआ। जिस समय राजस्थान में राजस्थानी की उपरोक्त दशा थी, ठीक उसी समय सिन्ध में वहां की तत्कालीन भाषा को वहां के चारण नवजीवन प्रदान कर रहे थे। सिन्ध के प्राचीन वीरों का यशोगान एवं वीरों का चरित्र-वर्णन उनकी कविताओं में स्पष्टतः लक्षित होता था। उस समय के सूमरा क्षत्रियों के अत्याचारों से वहां की जनता व्याकुल हो उठी। इसी समय सिन्ध में आवड़देवी का पिता मामड़ सकुटुम्ब आकर बस गया। ये कुल सात बहिनें थीं। सिंध के तत्कालीन राजा ने इनके सौन्दर्य-वर्णन पर लुभायमान होकर इन सातों बहिनों को अपने अधिकार में करने का प्रयत्न किया। ऐसी अवस्था में आवड़ देवी ने अपने अनुयायी समस्त चारणों को सिन्ध देश छोड़ कर राजस्थान की ओर जाने का निर्देश दिया और साथ में स्वयं भी सिन्ध छोड़ कर राजस्थान में आ बसी। आये हुए चारण कवियों ने यहां की लोक भाषाओं का प्रयोग धीरे-धीरे अपने साहित्य में किया। इस घटना से राजस्थानी साहित्य को एक नया मोड़ प्राप्त हुआ।

जिस समय राजस्थानी साहित्य में यह नवीन प्रवाह आया उस समय यहां की राजनैतिक परिस्थिति भी पूर्ण विचित्र थी जिसका प्रभाव तत्कालीन साहित्य पर स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। सोलंकी, पंवार, कछवाह, परिहार, तोमर, गहलोत, चौहान और यादव (भाटी) उस समय यहां शासन कर रहे थे। शासक वर्ग में परस्पर घोर संघर्ष चल रहा था। शासकीय स्थिति पूर्ण अनिश्चित थी। ऐसी स्थिति के मध्य प्रथम तो विशिष्ट साहित्य का सृजन होना संदिग्ध ही है, फिर भी यदि कुछ हो पाया तो वह आश्रयदाताओं को रणभूमि में उत्साहित करने के निमित्त फुटकर रचनायें ही थीं अथवा उनके मनोरंजनार्थ कोई प्रेम काव्य आदि। यही कारण है कि इस काल के प्राप्त ग्रंथों में जैन साहित्य को छोड़ कर, जो कि अधिकांश में अपने धर्म से ही सम्बन्धित है, अन्य सभी ग्रंथ प्रेम काव्य ही हैं। राज्याश्रय के

---

[1] सौरभ पत्रिका, भाग १, संख्या १, पृ० ५७, डिंगल भाषा और उसका साहित्य।—किशोरसिंह बारहठ

कारण उनकी कुल रचनाओं के लिखित एवं प्रामाणिक रूप राज्य के संग्रहालयों में सुरक्षित रहे। किन्तु ये इतने थोड़े हैं कि तत्कालीन राजस्थानी साहित्य के सम्बन्ध में पूर्ण एवं स्पष्ट दृष्टिकोण उपस्थित नहीं करते। इसके अतिरिक्त जन-साधारण के मन में अपने वीर चरितनायकों के प्रति अपार श्रद्धा थी। इसका मुख्य कारण यह था कि ये ही वीर लोग संकट के समय जन साधारण के जीवन धन की रक्षा करते। जन जीवन की रक्षार्थ वे अपने प्राणों की आहुति देने के लिए सदैव तत्पर रहते। अतः ऐसे वीरों की प्रशंसा में बनाई गई कवितायें शीघ्र ही प्रचलित हो जाया करतीं और श्रुतिनिष्ठ साहित्य के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रहती थीं। उस काल में साहित्य को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति बहुत कम थी। यही कारण है कि आदि काल का लिपिनिष्ठ साहित्य बहुत ही कम मात्रा में प्राप्त होता है।

प्राचीन राजस्थानी साहित्य में जो कुछ भी लिखित एवं प्रामाणिक साहित्य प्राप्त हुआ है उसमें जैनाचार्यों का साहित्य भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जैन-साहित्य की रचना संस्कृत काल से होती आयी है और यही कारण है कि प्राकृत और अपभ्रंश में भी जैन-साहित्य हमें प्रचुर मात्रा में प्राप्त होता है। इसका मुख्य कारण यही रहा है कि जैन मुनि तथा उनके श्रावकगण सदैव से ही अपने इस धार्मिक साहित्य की सुरक्षा के प्रति सचेष्ट एवं जागरूक रहते आये हैं। राजस्थानी में भी जो कुछ आदिकालीन जैन एवं जैनेतर साहित्य हमें मिलता है वह भी इनकी साहित्य सुरक्षा के प्रति इस प्रवृत्ति का ही परिणाम है। जिनालयों, जैन-भण्डारों, उपाश्रयों आदि में प्राप्त राजस्थानी साहित्य की प्राचीनतम प्रतियां इसका सही प्रमाण हैं। राजस्थानी के प्रारम्भिक काल में रचित जैन मुनियों की अनेक धार्मिक रचनायें प्राप्त होती हैं परन्तु यह काल अनेक देशी भाषाओं का जन्म-काल होने के कारण उन भाषाओं के विद्वानों ने तत्कालीन रचनाओं को अपनी भाषा की प्रारम्भिक रचनायें मान लिया है। फिर भी उस समय राजस्थान में रहने वाले जैन मुनियों तथा अन्य सिद्धों व नाथों द्वारा जो भी रचनाएँ हुईं वे प्रामाणिक रूप से राजस्थानी रचनायें ही मानी जा सकती हैं। इस प्रारंभिक काल की अनेक रचनायें उपलब्ध हैं परंतु कहीं पर वे अपने रचनाकारों के सम्बन्ध में मौन साधे हुए हैं तो कहीं अपना रचनाकाल प्रकट करने में पूर्ण असमर्थ। साहित्य की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में शोध-कार्य अनेक वर्षों से हो रहा है और इसी के फलस्वरूप अन्धकार के गर्त में डूबे हुए अतुल साहित्य में से उसका कुछ भाग प्रकाश में आया है। अब हम इस काल के प्राप्त महत्वपूर्ण साहित्य को क्रमशः उनके संवतोल्लेख के अनुसार प्रस्तुत करेंगे।

खुम्माणरासौ—

राजस्थानी साहित्य में प्रारम्भ से ही प्रथम काव्य-ग्रन्थ के रूप में 'खुमाणरासौ' का उल्लेख किया जाता रहा है।[1] आज इसकी प्राप्त प्रतियों के आधार पर इसके रचनाकाल में अनेक विद्वानों को पूर्ण सन्देह है। इस काव्य-ग्रंथ में चित्तौड़ के महाराणा प्रतापसिंह तक का वर्णन दिया गया है। इससे यह प्रकट होता है कि यह ग्रन्थ समय-समय पर नई सामग्री प्राप्त करने के कारण अपने वास्तविक रूप से सर्वथा भिन्न हो गया है। एक स्थान पर इसके रचयिता का नाम दलपत-विजय लिखा गया है। कुछ लोगों के मतानुसार ये जैन साधु थे।[2] कर्नल टॉड ने अपने इतिहास में चित्तौड़ के रावळ खुम्माण का उल्लेख किया है। उन्होंने अपने इतिहास में लिखा है कि काल भोज (बप्पा) के पश्चात् खुम्माण गद्दी पर बैठा। इतिहास में इस खुम्माण का नाम बहुत प्रसिद्ध है। इसके शासनकाल में ही बगदाद के खलीफा अलमांसू ने चित्तौड़ पर चढ़ाई की। कर्नल टॉड द्वारा यह वर्णन खुम्माणरासो के आधार पर ही किया गया प्रतीत होता है। सम्भवतः कर्नल टॉड को इस विषय में भ्रान्ति हो गई। काल भोज (बप्पा) से लेकर तीसरे खुम्माण तक वंशावली इस प्रकार मानी गई है।[3] कालभोज (बप्पा) > खुम्माण > मत्रट, भर्तृभट्ट .सिंह,

---

[1] हिन्दी साहित्य का इतिहास—लेखक रामचन्द्र शुक्ल, सातवां संस्करण, संवत् २००८, पृष्ठ ३३।

[2] 'ये (दलपत) तपागच्छीय जैन साधु शान्तिविजयजी के शिष्य थे। इनका असली नाम दलपत था किन्तु दीक्षा के बाद बदल कर दौलत-विजय रख लिया गया था। विद्वानों ने इनका मेवाड़ के रावळ खुंमाण द्वितीय (सं० ८७०) का समकालीन होना अनुमानित किया है, जो गलत है। वास्तव में इनका रचनाकाल सं० १७३० और सं० १७६० के मध्य में है। राजस्थानी भाषा और साहित्य—लेखक मोतीलाल मेनारिया। पृष्ठ ८२।

[3] वीर विनोद, प्रथम भाग, कविराजा श्यामलदास, पृष्ठ २६७ से २७२ तक।

खुम्माण (द्वितीय) महायक, खुम्माण (तृतीय)। इस प्रकार स्पष्ट है कि खुम्माण तीन हुए हैं। कर्नल टॉड ने इन तीनों को एक ही मान लिया है। लेकिन इन तीनों का शासनकाल इतिहासकार इस प्रकार मानते हैं।

खुम्माण (प्रथम) वि.सं. ८१० से ८३५।
खुम्माण (द्वितीय) वि.सं. ८७० से ९०० तक।
खुम्माण (तृतीय) वि.सं. ९६५ से ९९० तक।

अब्बासिया वंश के अलमामूं का समय भी वि.सं. ८७० से ८९० तक माना जाता है। इसी समय वह खलीफा रहा। यदि कोई लड़ाई अलमामूं के साथ खुम्माण की हुई होगी तो वह दूसरे खुम्माण के समय में ही हुई होगी। अतः यह अनुमान किया जा सकता है कि 'खुम्माणरासौ' की रचना भी इसी काल में हुई।[1]

यह सब कुछ होते हुए भी मूल रचना के वास्तविक स्वरूप के अभाव में उसके रचनाकाल के सम्बन्ध में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इस रचना में महाराणा प्रताप तक का वर्णन होने के कारण कई विद्वान इसे १७वीं शताब्दी ही की रचना मानते हैं। इसके साथ यह भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि दलपति विजय इसका वास्तविक रचयिता था अथवा इसके प्रक्षिप्त अंश का।[2] इस प्रकार खुम्माणरासौ को प्रामाणिक रूप से प्रथम काव्य-ग्रन्थ स्वीकार नहीं किया जा सकता।

'ढोला मारू रा दूहा'—सं. १०००

राजस्थानी के श्रेष्ठ प्रणय-काव्य 'ढोला मारू रा दूहा' का रचनाकाल श्री मोतीलाल मेनारिया ने वि.सं. १००० के आसपास का अनुमान किया है।[3] ढोला मारू एक लोक-काव्य के रूप में प्रसिद्धि पा चुका है। ऐसे जन-प्रिय लोक-काव्यों की जो अवस्था होती है, उसकी विवेचना हम पहले कर चुके हैं।

[1] हिन्दी साहित्य का इतिहास—ले० रामचन्द्र शुक्ल, सातवां संस्करण, सं० २००८, पृ० ३३ के आधार पर।

[2] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास—सं० राजबली पांडेय, प्रथम भाग, पृष्ठ सं० ३७६।

[3] राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा—ले० मोतीलाल मेनारिया, परिशिष्ट—पृष्ठ २१९।

संभव है सर्वप्रथम इसकी रचना किसी सुयोग्य कवि ने की हो तथापि वर्तमान रूप में जो ढोला मारू की प्रतियाँ उपलब्ध हैं वे कालान्तर में अन्य लोगों द्वारा जोड़े गये प्रक्षिप्त अंश सहित ही मिलती हैं। काव्य की कथा ऐतिहासिक है तदपि पूर्ण ऐतिहासिक शोध के अभाव में यह निश्चित करना अत्यन्त कठिन है कि उसमें ऐतिहासिकता का अंश कितना है। कछवाह राजपूतों की ख्यातों के अनुसार यह कहा जा सकता है कि नल और ढोला ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। काव्य में ढोला को नरवर के चौहान राजा नल का पुत्र बताया गया है किन्तु इतिहास के आधार पर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि नरवर में चौहानों का राज्य कभी नहीं रहा। ओझाजी ने लिखा है[1] कि कछवाह वंश की ख्यातों में नल और ढोला का जो स्पष्ट वृत्तान्त मिलता है तथा ढोला को मारवणी का पति कहा है वह वस्तुतः सत्य है। अतः यह तो निसंदेह कहा जा सकता है कि ढोला कछवाह वंश का क्षत्रिय था। कछवाह वंश की ख्यातों में इसका समय संवत् १००० के आसपास दिया गया है। अगर ढोला के शासनकाल में ही 'ढोला मारू' की रचना की गई हो तो इसका रचनाकाल संवत् १००० के आसपास माना जा सकता है।

श्री हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इन दोहों का सबसे पुराना रूप ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी का माना है।[2] डॉ० भोलाशंकर व्यास ने इसका रचनाकाल विक्रम की १३वीं-१४वीं शती माना है।[3] १२वीं या १३वीं शती को इसका रचनाकाल मानने वाले इसकी रचना ढोला के तीन सौ वर्ष बाद हुई मानते हैं। सिद्ध हेमचन्द्र ने अपनी अपभ्रंश व्याकरण में दो तीन बार 'ढोल्ला' शब्द का प्रयोग किया है।[4] वहाँ यह तीनों बार नायक

[1] टॉड राजस्थान—संपादक, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृष्ठ ३७१, टिप्पणी संख्या ५९।

[2] हिन्दी साहित्य का आदिकाल—डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ ९।

[3] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास—प्रथम भाग, खंड २, अध्याय ४, पृष्ठ ४०४।

[4] ढोल्ला सामला धरण चम्पा-वण्णी।
णाइ सुवण्णरेह कस-वट्टइ दिण्णी॥ ८।४।३३०।१
ढोल्ला मइँ तुहुँ वारिया मा कुरु दीहा माणु।
निद्दए गमिही रत्तड़ी दडवड होइ विहाणु॥८।४।३३०।२
ढोल्ला एँह परिहासडी अइ भण-भण कवणहिं देसि।
हउँ झिज्जउँ तउ केहिं पिअ तुहुँ पुणु अन्नहि रेसि॥८।४।४२५।१
—अपभ्रंश व्याकरण—आचार्य हेमचंद्र

के अर्थ में आया है। हेमचंद्र का जन्म संवत् ११४५ और मृत्यु संवत् १२२९ में मानी गई है।[1] श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई ने भी इसका समर्थन किया है।[2] इससे यह तो स्पष्ट है कि उस समय ढोला के सम्बन्ध में जनसाधारण में काफी जानकारी प्रचलित होगी। जिस प्रकार राधा-कृष्ण ऐतिहासिक एवं वास्तविक व्यक्ति होते हुए भी कालान्तर में काव्य में समस्त कविता के नायक-नायिका के रूप में रूढ हो गये, ठीक उसी प्रकार ढोले का नाम भी तत्कालीन कविताओं में नायक के रूप में प्रयुक्त किया जाने लगा हो। आधुनिक राजस्थानी के लोक-गीतों में 'ढोला' का प्रयोग नायक, पति, वीर आदि के लिये प्रचुरता के साथ पाया जाता है।[3] इससे यह सहज में ही अनुमान किया जा सकता है कि हेमचंद्र के समय तक ढोला के सम्बन्ध में दोहे जनसाधारण में इतने प्रचलित हो गये होंगे कि उस समय के कवियों ने उसके नाम का नायक के रूप में किसी भी कविता में प्रयोग करना आरम्भ कर दिया हो। जनसाधारण में दोहों के ऐसे प्रचलन के लिये सौ-डेढ़ सौ वर्ष का समय कुछ अधिक नहीं। अगर हेमचंद्र का समय संवत् ११४५-१२२९ माना गया है तो ढोला मारू के इन दोहों का निर्माणकाल संवत् १००० सहज ही माना जा सकता है। इस प्रकार के उदाहरणों में भाषा-विज्ञान के अनुसार अर्थ-विस्तार प्रायः हो जाया करता है। राजस्थानी भाषा की विवेचना करते समय ऐसे उदाहरण हम प्रस्तुत कर चुके हैं।

भाषा की दृष्टि से वर्तमान समय में प्रचलित ढोला मारू के दोहे इतने प्राचीन नहीं मालूम होते। वस्तुतः लोक-काव्य और अन्य साहित्यिक रचनाओं में काफी अंतर होता है। किसी साहित्यिक ग्रन्थ के निर्माण में कुछ न कुछ साहित्यिक कला का होना अत्यन्त आवश्यक समझा जाता है। लोक-गीतों की रचना-व्यवस्था इसके ठीक विपरीत होती है। लोक-गीतों का निर्माता यदि कोई हो सकता है तो देश विशेष की प्राचीन-कालीन परिस्थिति और साधारण जनता की सामूहिक रागात्मक अभिरुचि ही हो सकती है। गेय गीतों को मौखिक रूप में आने वाली पीढ़ियों में हस्तान्तरित करने की परंपरा बहुत ही प्राचीन समय से प्रचलित रही है। अतः वह तत्कालीन जनता की साधारण अभिरुचि से प्रेरणा पाती रहती है। नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित ढोला मारू की भूमिका में इस सम्बन्ध में एक स्थान पर लिखा है[1], 'यह काव्य मौखिक परंपरा के प्राचीन काव्य-युग की एक विशेष कृति है और सभव है कि तत्कालीन जनता की साधारण अभिरुचि को ध्यान में रख कर उससे प्रेरित होकर किसी प्रतिभासंपन्न कवि ने जनता के प्रीत्यर्थ उसी के मनोभावों को वर्तमान काव्य-रूप में बद्ध कर उसके समक्ष उपस्थित कर दिया हो और जनता ने बड़ी प्रसन्नता से इसे अपनी ही सामूहिक कृति मान कर कंठस्थ किया हो। ऐसी दशा में व्यक्ति विशेष कवि होने पर भी उसके व्यक्तित्व का सामूहिक अभिरुचि के प्रबल प्रवाह में लुप्त प्राय हो जाना संभव है। अतएव हमारा अनुमान है कि व्यक्ति विशेष का इसके बनाने में कुशल हाथ स्पष्टतः दृष्टिगोचर होते हुए भी सामूहिक मनोभावों की एकता और सहानुभूति एकत्रित होने के कारण कवि का व्यक्तित्व समूह में लुप्त हो गया है। और अंत में मौखिक परम्परा से चला आता हुआ यह काव्य हमको किसी व्यक्ति विशेष कवि की कृति के रूप में नहीं मिला बल्कि जनता के काव्य के रूप में उपलब्ध हुआ है।'

कुछ विद्वानों ने 'कल्लोल' नामक एक कवि को ही इसका

---

[1] कुमारपालचरित : Introduction, Page, XXIII-XXV, (१९३६)

[2] जैन गुर्जर कविओ, प्रथम भाग, 'जूनी गुजराती भाषानों संक्षिप्त इतिहास' : श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई, पृष्ठ ११३।

[3] (i) गोरी छाई छै जी रूप, ढोला, धीरां-धीरां आव।

(ii) सावण खेती, भँवरजी, थे करी जी, हाँजी ढोला, भादूड़े करग्यो छो निनांण। सीट्टाँ रो रुत छाया, भँवरजी, परदेस में जी, ओ जी म्हांरा घण कमाऊ उमराव, थांरी प्यारी ने पलक न आवड़े जी।

(iii) गोरी तो भीजै, ढोला, गोखड़े, आलीजो भीजै जी फौजाँ माँय। अब घर आयजा, आसा थारी लग रही हो जी।

(iv) दूधां ने सींचावौ ढोलाजी रौ नीबूंड़ौ ओ राज।
—ढोला मारू रा दूहा, सं० रामसिंह तथा नरोत्तमदास, पृष्ठ संख्या ३९८।

[1] 'ढोला मारू रा दूहा'—भूमिका, पृष्ठ ३६।

रचयिता माना है।[1] जोधपुर के सिवाना नामक ग्राम में एक जैन यति के पास से प्राप्त प्रति में इसके रचयिता का नाम लूणकरण खिड़िया लिखा है। खेद की बात है कि संवत् १५०० के पहले की लिखी कोई प्रति अभी तक उपलब्ध नहीं हुई है। वैसे तो 'ढोला मारू रा दूहा' की बहुत-सी हस्तलिखित प्रतियाँ राजस्थान के पुस्तक भंडारों में मिलती हैं किन्तु वे अधिक पुरानी नहीं हैं। असली काव्य तो संभवतया सब का सब दूहों में ही लिखा गया होगा, परन्तु कालान्तर में दूहों की यह शृङ्खला छिन्न-भिन्न हो गई। संवत् १६१८ के लगभग जैसलमेर के एक जन यति कुशललाभ ने तत्कालीन महाराव के आदेशानुसार 'ढोला मारू' के विभिन्न दोहों को इकट्ठा किया और इस छिन्न-भिन्न कथा-सूत्र को मिलाने के लिए कुछ चौपाइयाँ बनाई। इन चौपाइयों को दूहों के बीच में रख कर कुशललाभ ने पूरे कथा-सूत्र को ठीक कर दिया। अभी तक उपलब्ध प्रतियों में यही प्रति सबसे पुरानी मानी गई है। श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने इन दोहों का निर्माण-काल संवत् १५०० वि० के लगभग माना है।[2]

जेठवे रा सोरठा—११००

राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा के परिशिष्ट में श्री मेनारिया ने 'जेठवे रा सोरठा' का निर्माणकाल सं० ११०० के लगभग दिया है।[3] इनके साहित्यिक महत्व को छोड़ कर पहले इन पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विचार कर लेना आवश्यक है। श्री मेनारियाजी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति ने इन दोहों की रचना इतनी प्राचीन नहीं मानी है। प्रायः प्रत्येक सोरठे के अंत में जेठवा या मेहउत शब्द आया है। स्वर्गीय श्री झवेरचंद मेघाणी ने जेठवे के गुजराती सोरठों का संकलन किया था। इसी प्रसंग में एक स्थान पर उन्होंने लिखा है—"यह कथा श्री जगजीवन पाठक ने सन् १९१५ में 'गुजराती' के दीपावली अंक में लिखी थी तथा 'मकरध्वजवंशी महीपमाला' पुस्तक में भी लिखी है। इसमें सम्पादक ताळाजा के 'एलमवाला' का प्रसंग (सात हुकाळी, मंत्रेभहरण आदि: देखो रसधार, १ : पृष्ठ १८८) मेहजी के साथ जोड़ते हैं। इसके पश्चात् यह प्रसंग बरड़ा पर्वत पर नहीं परन्तु दूर ठांगा पर्वत पर घटित मानते हैं। मेहजी को श्री पाठक १४४ वीं पीढ़ी में रखते हैं परन्तु उनका वर्ष व संवत् नहीं बताते। उनके द्वारा बाद के १४७ वें राजा को १२ वीं शताब्दी में रखने के अंदाज से मेहजी का समय दूसरी या तीसरी शताब्दी के भीतर किया जा सकता है। परन्तु वे स्वयं दूसरे एक मेहजी को (१५२) संवत १२३५ के अन्तर्गत लेते हैं। ऊजळी वाले मेहजी यह तो नहीं हो सकते। कथा के दोहे १०००-१५०० वर्ष प्राचीन तो प्रतीत नहीं होते। घटना होने के पश्चात् १००-२०० वर्षों में इसका काव्य-साहित्य रचा गया होगा। यदि इस प्रकार गणना करें तो मेह-उजळी के दोहे संवत् १४००-१५०० तक प्राचीन होने की कल्पना अनुकूल प्रतीत होती है। तो फिर इस कथा के नायक का १५२वां मेहजी होने की संभावना अधिक स्वीकार करने योग्य प्रतीत होती है।" इसके अतिरिक्त इन सोरठों की भाषा भी नवीन है। कालान्तर में जेठवे के नाम पर विभिन्न कवियों द्वारा रचे गये सोरठे भी इसमें सम्मिलित होते गये। उदाहरण के लिए निम्नलिखित दो सोरठे मथानिया-निवासी श्री जैतदान बारहठ द्वारा संवत् १९७४-७५ में लिखे गये थे, किन्तु बाद में वे 'जेठवे के सोरठे' के नाम से प्रसिद्ध हो गये—

> डहक्यौ डंफर देख, वादळ थोथौ नीर विन,
> हाथ न आई हेक, जळ री बूंद न जेठवा।
> दरसण हुआ न देव, भेव बिहूणा भटकिया,
> सूना मिंदर सेव, जलम गमायौ जेठवा।

उपरोक्त दोहे जेठवे के नाम से परम्परा के 'जेठवे रा सोरठा' नामक अंक में प्रकाशित हो चुके हैं। अतः इन दोहों का ठीक रचनाकाल निश्चित् करना अत्यन्त कठिन है। जो सोरठे पुराने कहे जाते हैं वे भी साहित्यिक दृष्टि से पन्द्रहवीं

---

[1] (क) राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ २०१।
(ख) राजस्थानी भाषा और साहित्य : श्री मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ १०१।
(ग) हिन्दी काव्य-धारा में प्रेम-प्रवाह : श्री परशुराम चतुर्वेदी, पृष्ठ २६।
(घ) प्राचीन राजस्थानी साहित्य, भाग ६, सं० गोवर्धन शर्मा, पृष्ठ ८३-८५।

[2] 'ढोला मारू रा दूहा'—प्रकाशक, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, डॉ० ओझा द्वारा लिखित प्रवचन, पृष्ठ ७।

[3] राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा : पं० मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ २१६।

सोलहवीं शताब्दी के प्रतीत होते हैं—चाहे इनका ऐतिहासिक आधार कितना ही पुराना क्यों न हो।

'ढोला मारू रा दूहा' तथा 'जेठवे रा सोरठा' इन दोनों लौकिक प्रेम-काव्यों में ऐतिहासिक तथ्य गौण ही है। डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने ठीक ही कहा है[1] कि "वस्तुतः इस देश में इतिहास को ठीक आधुनिक अर्थ में कभी नहीं लिया गया। बराबर ही ऐतिहासिक व्यक्ति को पौराणिक या काल्पनिक कथानायक बनाने की प्रवृत्ति रही है।······कर्मफल की अनिवार्यता में, दुर्भाग्य और सौभाग्य की अद्भुत शक्ति में और मनुष्य के अपूर्व शक्तिभंडार होने में दृढ़ विश्वास ने इस देश के ऐतिहासिक तथ्यों को सदा काल्पनिक रंग में रंगा है। यही कारण है कि जब ऐतिहासिक व्यक्तियों का भी चरित्र लिखा जाने लगा तब भी इतिहास का कार्य नहीं हुआ। अन्त तक ये रचनायें काव्य ही बन सकीं, इतिहास नहीं।"

बीसलदेव रासौ[2]—

प्राचीनता की दृष्टि से बीसलदेव रासौ का अत्यधिक महत्व है। साहित्यिक दृष्टि से इसका मूल्य कितना ही नगण्य क्यों न हो किन्तु प्राचीनता उसकी एक ऐसी विशेषता है जिसके कारण इसके अध्ययन-अध्यापन की ओर कई विद्वानों का ध्यान गया है। अगर देखा जाय तो यही ग्रन्थ राजस्थानी का प्राचीनतम प्रामाणिक ग्रन्थ है। किसी भी प्राचीन ग्रन्थ का अपने शुद्ध रूप में मिलना संभव नहीं है और फिर एक ऐसे ग्रन्थ का जो सैकड़ों वर्षों तक गाया जाता रहा हो, शुद्ध प्राचीन रूप में मिलना सर्वथा असंभव है। अतः इसी को आधार मान कर कुछ विद्वानों ने समस्त प्राचीन ग्रंथों को आधुनिक सिद्ध करने में ही अपनी अधिकांश शक्ति खर्च करदी है। 'बीसलदेव रासौ' के बारे में डॉ० उदयनारायण तिवारी लिखते हैं[3]—"वास्तव में नरपति न तो इतिहासज्ञ था और न कोई बड़ा कवि ही। किसी सुनेसुनाये आख्यान के आधार पर लोगों को प्रसन्न करने के लिए उसने कुछ बेतुकी तुकबंदी कर के काव्य का एक ढांचा—येन-केन-प्रकारेण खड़ा कर दिया, जिस पर उसके पश्चात् के कवियों ने भी नमक-मिर्च लगाया। इस प्रकार एक साधारण कवि के मिथ्या-बहुल-काव्य को लेकर जिसका असली रूप भी इस समय सुरक्षित नहीं, इतनी ऐतिहासिक ऊहापोह करनी ही व्यर्थ है।" श्री मेनारिया ने इस संबंध में एक नई कल्पना की है। उन्होंने 'नरपति नाल्ह' का सम्बन्ध 'नरपति' नामक एक गुजराती कवि से जोड़ दिया है।[1] इन दोनों को वे एक ही कवि मानते हैं एवं इनका रचनाकाल संवत् १५४५-१५६० के आसपास माना है। डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने भी श्री मेनारिया के मत का समर्थन किया है।[2]

'बीसलदेव रासौ' को प्राचीनतम मानने के लिये इसके निर्माणकाल की विवेचना अत्यन्त आवश्यक है। नरपति नाल्ह ने अपनी पुस्तक की रचना-तिथि निम्नलिखित प्रकार से दी है।

> बारह सै बहोत्तरां हां मंझारि।
> जेठ बदी नवमी बुधवारि॥
> 'नाल्ह' रसायण आरंभई।
> सारदा तूठि ब्रह्म कुमारी॥[3]

इसी के आधार पर बीसलदेव रासौ की रचना-तिथि मिश्र बंधुओं ने[4] संवत् १३५४, लाला सीताराम ने १२७२ तथा सत्यजीवन वर्मा ने[5] १२१२ माना है। श्री रामचंद्र शुक्ल ने भी वर्माजी के मत का अनुमोदन किया है।[6] मिश्र बंधुओं ने अपनी 'विनोद' में लिखा है-"चंद और जल्हण के पीछे संवत् १३५४ में नरपति नाल्ह कवि ने बीसलदेव रासौ नामक ग्रंथ बनाया। इसमें चार खंड हैं और उनमें बीसलदेव का वर्णन है। नरपति नाल्ह ने इसका समय १२२० लिखा है, पर जो तिथि उन्होंने बुधवार को ग्रंथ-निर्माण की लिखी है

---

[1] हिन्दी साहित्य का आदिकाल : डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ ७१।

[2] इसका विशुद्ध राजस्थानी रूप 'वीसलदे रासौ' है।

[3] 'वीर काव्य'—ले० डॉ० उदयनारायण तिवारी, पृष्ठ २०८।

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य—ले० पं० मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ ८८-८९।

[2] हिन्दी साहित्य : डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ ५२।

[3] बीसलदेव रासौ : सं० सत्यजीवन वर्मा—काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित, प्रथम सर्ग, ४।

[4] मिश्रबंधु विनोद।

[5] नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित 'बीसलदेव रासौ' की भूमिका, पृष्ठ ५।

[6] हिन्दी साहित्य का इतिहास—रामचंद्र शुक्ल (सातवाँ संस्करण) पृष्ठ ३४।

वह १२२० संवत् में बुधवार को नहीं पड़ती परन्तु १२२० शाके बुधवार को पड़ती है। इससे सिद्ध होता है कि यह रासौ १२२० शाके में बना।" विक्रम संवत् और शक संवत् में लगभग १३४ वर्ष का अंतर है अतः उन्होंने ग्रंथ का रचनाकाल संवत् १३५४ मान लिया। मिश्र बंधुओं की इस विवेचना का आधार बाबू श्यामसुंदरदास की एक रिपोर्ट[1] है जिसमें उन्होंने लिखा था कि—The author of this chronicle is Narpati Natha and he gives the date of the composition of the book as samvat 1220. This is not vikram samvat.' किन्तु गौरीशंकर हीराचंद ओझा की मान्यता के अनुसार राजपूताने में पहले शक संवत् प्रचलित नहीं था।[2] यहाँ के लोग विक्रम संवत् का ही प्रयोग करते थे, अतः शक संवत् की कल्पना उचित प्रतीत नहीं होती। इसके अतिरिक्त 'बहोत्तरां' का अर्थ 'बीस' मान कर इसका रचनाकाल १२२० मानना भी ठीक नहीं है। 'मिश्र बंधु विनोद' में एक दामों नामक कवि का विवरण आता है। उसने 'लक्ष्मणसेन-पद्मावती' की कहानी लिखी थी। उसने अपने ग्रंथ में कहानी का रचनाकाल इस प्रकार दिया है—

संवत् पदरइ सोलोत्तरां मझार, ज्येष्ठ वदी नौमी बुधवार।
सप्त तारिका नक्षत्र दृढ़ जान, वीर कथा रस करू बखान॥

मिश्र बंधुओं ने इस सोलोत्तराँ का अर्थ सं० १५१६ लिखा है। तत्पश्चात् एक 'हरराज' नामक अन्य कवि का वर्णन है, जिसने राजस्थानी में 'ढोला मारू बानी' चौपइयों में लिखी थी। उसमें भी कहानी का रचनाकाल 'संवत् सोलह सै सत्तोतरइ' दिया है। मिश्र बंधुओं ने यहाँ भी इसका अर्थ १६०७ किया है, १६७७ नहीं। आश्चर्य तो यह है कि वे 'पंदरइ सोलोत्तराँ' को तो १५१६ और 'सोलह सै सत्तोतरइ' को १६०७ मान लेते हैं किन्तु 'बारह सै बहोत्तराँ' को १२१२ न मान कर १२२० मानते हैं। वस्तुतः 'बहोत्तर' 'द्वादशोत्तर' का रूपान्तर मात्र है। डॉ० माताप्रसाद गुप्त 'बीसलदेव रासौ' को संवत् १४०० में रचा हुआ मानते हैं।[3] इस सम्बन्ध में उनका तर्क यह है कि जिन स्थानों के नाम 'बीसलदेव रासौ' में आते हैं, उनमें से कोई भी सं० १४०० के बाद का नहीं प्रमाणित हुआ है।'

श्री सत्यजीवन वर्मा एवं श्री रामचंद्र शुक्ल ने 'बीसलदेव रासौ' का रचनाकाल संवत् १२१२ माना है।[1] इसका कुछ ऐतिहासिक आधार भी है। 'बीसलदेव रासौ' में सर्वत्र क्रिया का प्रयोग वर्तमान काल में किया गया है। इससे प्रतीत होता है कि कवि बीसलदेव का समकालीन था। दिल्ली की प्रसिद्ध फिरोजशाह की लाट पर संवत् १२२० (विक्रमी), वैशाख शुक्ला १५ का खुदा हुआ एक लेख मिलता है।[2] उसके द्वारा यह पता चलता है कि बीसलदेव संवत् १२१०-१२२० तक अजमेर का शासक था।

'बड़ा उपाश्रय' बीकानेर में 'बीसलदेव रासौ' की एक और प्रति कुछ दिन पहले मिली थी।[3] इसमें 'बारह सै बहोत्तरां मंझारि' के स्थान पर ग्रंथ का रचनाकाल इस प्रकार लिखा है—

संवत सहस तिहतरइ जाणि,
नाल्ह कवीसर सरसीय वाणि।

इसके अनुसार 'बीसलदेव रासौ' का रचनाकाल संवत् १०७३ ठहरता है। डॉ० रामकुमार वर्मा ने भी इसी मत की पुष्टि करते हुए संवत् १०७३ को ही उचित ठहराया है।[4] उन्होंने अपने इतिहास में लिखा है[5]—गौरीशंकर हीराचंदजी

---

[1] हिन्दी हस्तलिखित पुस्तकों की रिपोर्ट, सन् १९०० ।

[2] काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित बीसलदेव रासो की भूमिका, पृष्ठ ६ में दिये गये डॉ० ओझा के पत्र का उल्लेख ।

[3] 'बीसलदेव रास'—सं० डॉ० माताप्रसाद गुप्त एवं श्री अगरचन्द नाहटा, हिन्दी परिषद, विश्वविद्यालय प्रयाग द्वारा प्रकाशित, भूमिका ५८ ।

---

[1] 'बीसलदेव रासो' सं० सत्यजीवन वर्मा, काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित, भूमिका, पृष्ठ ६ ।

[2] आविन्ध्यादाहिमाद्रे विरचितविजयस्तीर्थयात्रा प्रसंगा-
दुद्ग्रीवेषु प्रहर्ता नृपतिषु विनमत्कन्धरेषु प्रयत्नः ।
आर्यावर्तं यथार्थं पुनरपि कृतवान्म्लेच्छविच्छेद नाभि-
र्देवः शाकंभरीन्द्रो जगति विजयते वीसलः क्षोणिपालः ।
ब्रूते सम्प्रति चाहुबाणतिलकः शाकंभरी भूपति-
श्रीमान विग्रहराज एष विजयी सन्तानजानात्मनः ।
अस्माभिः करंदव्याधापि हिमवद्विन्ध्यान्तरालंभुवः
शेष स्वीकरणीयमस्तु भवतामुद्वेगशून्य -मनः ॥

[3] नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग १४, अंक १, पृष्ठ ९९

[4] हिन्दी का आलोचनात्मक इतिहास, प्रथम खंड, डॉ० रामकुमार वर्मा, पृष्ठ १४७ ।

[5] वही, पृष्ठ १४७ ।

ओझा के अनुसार बीसलदेव का समय संवत् १०३० से १०५६ माना गया है।[1]......यदि गौरीशंकर हीराचंद ओझा के अनुसार बीसलदेव का काल संवत् १०३० से १०५६ मान लिया जाय तो बीसलदेव रासौ की रचना १५६ वर्ष बाद होती है। ऐसी स्थिति में लेखक का वर्तमान काल में लिखना समीचीन नहीं जान पड़ता। अतएव या तो बीसलदेव काल जो वीसेंट स्मिथ और गौरीशंकर हीराचंद ओझा द्वारा निर्धारित किया गया है, उसे अशुद्ध मानना चाहिये, अथवा बीसलदेव रासौ में वर्णित इस 'बारह सै बहोत्तरां हां मंझारि' वाली तिथि को।" इस प्रकार ग्रंथ के रचनाकाल की तिथि संवत् १२१२ को गलत ठहराते हुए उन्होंने संवत् १०७३ को ही ठीक माना है।

वीसेन्ट ए० स्मिथ ने अपने इतिहास में लिखा है—
'Jaipal, who was again defeated in November 1001, by Sultan Mahmud, committed suicide and, was succeeded by his son Anandpal, who like his father joined a confederacy of the Hindu powers under the supreme command of Vishal Dev, the Chauhan Rajah of Ajmer.'

इस प्रकार डॉ० वर्मा द्वारा यह लिखा जाना कि या तो बीसलदेव काल जो वीसेंट स्मिथ और गौरीशंकर हीराचंद ओझा द्वारा निर्धारित किया गया है, उसे अशुद्ध मानना चाहिये अथवा रासौ में वर्णित इस 'बारह सै बहोत्तरां मंझारि' वाली तिथि को, ठीक नहीं जान पड़ता। सांभर एवं अजमेर की चौहान परंपरा में चार बीसलदेव हुए हैं। बीसलदेव विग्रहराज द्वितीय का समय संवत् १०३० से १०५६ तक माना जाता है। बीसलदेव विग्रहराज तृतीय का काल १११२-१११६ के आसपास तथा बीसलदेव विग्रहराज चतुर्थ का राज्यकाल संवत् १२१०-१२२० के आसपास होना अनुमानित किया गया है। संवत् १०७३ में ग्रंथ रचना के विचार के समर्थक इस ग्रंथ के नायक बीसलदेव को विग्रहराज द्वितीय मानते हैं एवं संवत् १२१२ के समर्थक विग्रहराज चतुर्थ।

बीसलदेव रासौ में उल्लिखित ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर इन तिथियों का विवेचन करना अत्यन्त आवश्यक है। यह पहला ग्रंथ है जिसका रचना-काल शोध द्वारा ठीक निर्धारित किया जा सकता है।

संवत् १०७३ के पक्ष में कई तर्क दिये जाते हैं। बीसलदेव का विवाह भोज की कन्या राजमती के साथ होना लिखा है। राजा भोज के समय के सम्बन्ध में वीसेंट ए० स्मिथ लिखते हैं[1]—

"Munja's nephew, the famous Bhoja ascended the throne of Dhar in those days the capital of Malwa, about 1018 A. D. and reigned gloriously for more than forty years."

इस दृष्टि से राजा भोज बीसलदेव विग्रहराज द्वितीय का समकालीन ही सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में बीसलदेव का राजा भोज की पुत्री से विवाह होना संभव है। अगर संवत् १२१२ को रचना-काल माना जाय तो यह निश्चित है कि 'बीसलदेव रासौ' घटना-काल के काफी बाद में लिखा गया होगा, किन्तु जैसा कि हम लिख चुके हैं, रासौ की भाषा में वर्तमान-काल का इस ढंग से प्रयोग किया गया है कि कवि को नायक का समकालीन मानना ही होगा। अतः अगर 'बीसलदेव रासौ' के नायक को विग्रहराज चतुर्थ मान लिया जाय तो एक प्रश्न यह उपस्थित होता है कि राजा भोज की पुत्री के साथ विवाह किस प्रकार संभव है। धार में उस समय कोई भोज नामक राजा नहीं था। बीसलदेव के एक परमारवंशीय रानी तो अवश्य थी, क्योंकि उसका वर्णन पृथ्वीराज रासौ में भी आता है।[2] हो सकता है राजा भोज के पश्चात् उस वंश ने यह उपाधि प्राप्त करली हो जिससे आगे होने वाले परमार-वंशी सरदार व राजा का भोज उपाधिसूचक नाम रहा हो। नरपति नाल्ह ने अपने रासौ में असली नाम न देकर केवल उपाधिसूचक नाम ही दे दिया हो। किन्तु परमार वंशी कन्या के लिए जो शब्द प्रयुक्त हुए हैं, उनके द्वारा यह भ्रम हो जाता है कि राजा भोज का नाम कहीं पीछे से मिलाया हुआ न हो, जैसे—'जन्मी गौरी तू जैसलमेर' 'गोरड़ी जैसलमेर की'। धार के परमार इधर राजपूताने में भी फैले हुए थे अतः राजमती का उनमें से किसी सरदार की कन्या होना भी संभव है।

[1] हिन्दी टाड राजस्थान, प्रथम खंड, पृष्ठ ३५८।

[1] "Early History of India."—V. A. Smith, page 393.

[2] देखो भूमिका H. Search Report, 1900

इस सम्बन्ध में एक और मत का उल्लेख आवश्यक है। डॉ० गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने लिखा है[1]—"बीसलदेव रासौ नामक हिन्दी काव्य में मालवे के राजा भोज की पुत्री राजमती का विवाह चौहान राजा बीसलदेव (विग्रहराज तीसरे) के साथ होना लिखा है और अजमेर के चौहान राजा सोमेश्वर के समय के (वि० सं० १२२६) बीजोल्यां (मेवाड़) के चट्टान पर खुदे हुये इस बड़े शिलालेख में बीसल की रानी का नाम राजदेवी मिलता है। राजमती और राजदेवी एक ही राजपुत्री के नाम होने चाहियें, परन्तु भोज ने सांभर के चौहान राजा वीर्यराम को मारा था। ऐसी दशा में भोज की पुत्री राजमती का विवाह बीसलदेव के साथ होना सम्भव नहीं। उदयादित्य ने चौहानों से मेल कर लिया था अतएव सम्भव है कि यदि बीसलदेव रासौ के उक्त कथन में सत्यता हो तो राजमती उदयादित्य की पुत्री या बहिन हो सकती है।" अवंती के राजा भोज ने सांभर के चौहान राजा वीर्यराम को मारा था, ऐसा उल्लेख पृथ्वीराजविजय में भी है।[2] वीर्यराम विग्रहराज तृतीय का ताऊ था अतः बीसलदेव विग्रहराज तृतीय और परमारवंशी राजा भोज में परस्पर वैमनस्य पैदा हो गया था। ऐसी दशा में राजा भोज का बीसलदेव तृतीय के साथ अपनी पुत्री का विवाह करना सम्भव नहीं जान पड़ता। किन्तु श्री रामबहोरी शुक्ल और भगीरथ मिश्र ने इसका समाधान इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि[3] "यह तो निश्चित ही है कि भोज-वीर्यराम युद्ध के बाद मालवा और शाकंभरी के राजाओं में सुलह हो गई थी। क्या यह सम्भव नहीं कि वीर्यराम के भतीजे बीसलदेव तीसरे की वीरता से मुग्ध होकर भोज ने अपनी लड़की उसे ब्याह दी हो और इसी सम्बन्ध के कारण बीसलदेव ने उदयादित्य को सहायता दी हो। तब यह कहना होगा कि नरपति ने बीसलदेव चौथे के राज्य-काल में सं० १२१२ वि० (११५५ ई०) में बीसलदेव रासौ की रचना की परन्तु उसमें जो कहानी दी वह बीसलदेव तीसरे की थी।"

बीसलदेव रासौ में बीसलदेव की यात्रा का वर्णन इतने स्पष्ट शब्दों में किया गया है कि धार के राजा के सिवाय अन्य किसी के साथ सम्बन्ध की कल्पना करना ही उचित नहीं जंचता। बीसलदेव अजमेर से रवाना होता हुआ चित्तौड़ होकर धार पहुँचता है। यात्रा के स्थानों का वर्णन भी स्पष्ट है। अतः यह आवश्यक है कि बीसलदेव राजा भोज का समकालीन हो। सं० १०७३ वि० मानने से ऐसा संभव है।

रासौ में लिखा है कि शादी के पश्चात् बीसलदेव तीर्थ-यात्रा के प्रसंग में उड़ीसा गया था तथा उड़ीसा जाने के पहले भी सात वर्ष बाहर रहा था। मुहणौत नैणसी की ख्यात का अनुवाद व सम्पादन करते हुए श्री रामनारायण दूगड़ ने एक टिप्पणी में लिखा है[1] कि "बीसलदेव दूसरे ने नरबदा तक देश विजय किया, गुजरात के प्रथम सोलंकी राजा मूलराज को कंथाकोट में भगाया, अणहिलवाड़े के पास बीसलपुर का नगर बसाया और भड़ौंच में आसापूरा देवी का मन्दिर बनवाया। सोलंकी राजा मूलराज के साथ युद्ध करने के कारण बीसलदेव साल-डेढ़ साल बाहर रहा था, तथा बीसलपुर नामक नगर बसाया था।" श्री ओझाजी भी इसका समर्थन करते हुए लिखते हैं[2]—"मूलराज को इस प्रकार उत्तर में आगे बढ़ता देख कर सांभर के राजा विग्रहराज (बीसलदेव दूसरे) ने उस पर चढ़ाई कर दी जिससे मूलराज अपनी राजधानी छोड़ कर कंथादुर्ग (कंथाकोट का किला : कच्छ राज्य) में भाग गया। विग्रहराज साल भर तक गुजरात में रहा और उसको जर्जर करके लौटा।"

सम्भव है कवि ने साल-डेढ़ साल को सात वर्ष की अवधि में परिणत कर दिया हो तथा नरबदा व पूर्व के देश जीतने के

---

[1] राजपूताने का इतिहास, Vol. I—गौरीशंकर हीराचंद ओझा (दूसरा परिवर्द्धित संस्करण, पृष्ठ २१६।

[2] वीर्यरामसुतस्तस्य वीर्येण स्यात्स्मरोपमः।
यदि प्रसन्नया दृष्टया न दृश्यते पिनाकिना ॥ ६५
अगम्यो यो नरेन्द्राणां सुधादीधितिसुन्दर।
जघ्ने यशश्चयो यश्च भोजेना वन्ति भूभुजा ॥ ६७
पृथ्वीराजविजय, सर्ग ५।

[3] हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास, लेखक—रामबहोरी शुक्ल और भगीरथ मिश्र, पृष्ठ ९३।

[1] मुहणौत नैणसी की ख्यात (प्रथम भाग), (हिन्दी अनुवाद), सं०, रामनारायण दूगड़, पृष्ठ १९९ की फुट-नोट में दी गई टिप्पणी।

[2] राजपूताने का इतिहास, Vol. I., ले० गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृष्ठ २४०।

लिये कुछ वर्ष उसे बाहर बिताने पड़े हों और नरपति नाल्ह ने उस अवधि को बारह वर्ष लिख डाला हो।

उपरोक्त सब दृष्टियों से संवत् १०७३ की तिथि ही अधिक प्रमाणित मालूम देती है। किन्तु इस सम्बन्ध में एक शंका और होती है। विग्रहराज द्वितीय सांभर का शासक था, जैसा कि स्व० गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने भी अपने इतिहास में स्पष्ट किया है।[1] प्रस्तुत रासौ का नायक अजमेर का शासक था—

'गढ़ अजमेरां को चाल्यौ राव।'
'गढ़ अजमेरां गम करऊ।'
'गढ़ अजमेरां पहुतां जाई।'

अजमेर नगर अर्णोराज के पिता अजयदेव (अजयराज) द्वारा बसाया गया था। श्री ओझाजी ने भी पृथ्वीराज प्रथम (सं० ११६२ वि०) के पुत्र अजयदेव को अजमेर बसाने वाला कहा है। श्री रामनारायण दूगड़ भी इसका समर्थन करते हैं।[2] अजयदेव का समय सं० ११७० वि० के आसपास का माना जाता है। इस दृष्टि से बीसलदेव विग्रहराज द्वितीय (जो लगभग एक सौ वर्ष पहिले हो चुका था) का अजमेर का शासक होना संभव नहीं है।

अपने विवाह के पश्चात् जब बीसलदेव धार से अजमेर लौटता है तो उसे आनासागर मार्ग में मिलता है।

दीठउ आनासागर समंद तणी बहार।
हंस गवणी म्रग लोचणी नारि॥
एक भरइ बीजी कलिख करइ।
तीजी धरी पावजे ठंडा नीर॥
चौथी घनसागर जूं धूलई।
ईसी हो समंद अजमेर को वीर॥[3]

आनासागर झील को बनाने वाले अर्णोराज बीसलदेव विग्रहराज चतुर्थ के पिता थे। ओझाजी ने भी इसी मत की पुष्टि[4] की है।

बाबू श्यामसुंदरदास इसे अनार्पण देवी के नाम पर बना हुआ मानते हैं।[1] बाबू साहब बीसलदेव रासौ में वर्णित आनासागर और अर्णोराज द्वारा बनाये गये आनासागर में भेद करते हैं, किन्तु वह एक ही है जो अजमेर से कुछ दूरी पर है। विग्रहराज चतुर्थ बीसलदेव जब विवाह कर के लौटा होगा तो इस सागर की शोभा नवीन रही होगी तथा उसके पिता की कीर्ति-स्मरण के लिये कवि ने इसका वर्णन किया हो। ऐसी अवस्था में विग्रहराज द्वितीय व तृतीय को (जो अर्णोराज से डेढ़ सौ वर्ष पहले हो चुके थे) शादी के पश्चात् आनासागर मिलना असंभव-सा हो जाता है।

उपरोक्त दो विरोधाभासी ऐतिहासिक तथ्यों के कारण बीसलदेव रासौ का रचनाकाल निश्चित् रूप से तय किया जाना कुछ कठिन-सा है। इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि यह सैकड़ों वर्षों तक गाया जाता रहा। गेय रूप में होने के कारण किसी गायक ने उस समय परिस्थितियों के अनुसार अगर उसमें थोड़ा बहुत परिवर्तन कर लिया हो तो आश्चर्य नहीं। जो विरोधाभासी ऐतिहासिक तथ्य मिलते हैं, उनका यही कारण जान पड़ता है। वास्तव में संवत् १०७३ की तिथि ही निश्चित् रूप से जान पड़ती है। बीसलदेव तथा धार का राजा भोज पँवार दोनों ग्यारहवीं शताब्दी में सं० १००० और १०७३ के बीच में थे। राजा भोज का राज्यासीन होने का समय संवत् १०५५ माना जाता है। किन्तु जिस समय राजा भोज गद्दी पर बैठा उस समय उसकी आयु केवल नौ वर्ष की थी। अतः राजमती का भोज की पुत्री न होकर बहिन होना ही अधिक उचित मालूम पड़ता है। रासौ के अनुसार कवि बीसलदेव का समकालीन ही मालूम देता है। अगर बीसलदेव विग्रहराज द्वितीय का स्वर्गवास सं० १०५६ में मान लिया जाय तो बीसलदेव रासौ का रचनाकाल उसके

---

[1] राजपूताने का इतिहास, Vol. I, ले० गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृष्ठ २४०।

[2] मुहणोत नैणसी की ख्यात (प्रथम भाग), हिन्दी अनुवाद—सं० रामनारायण दूगड़, पृष्ठ १६६ की फुटनोट में दी गई टिप्पणी।

[3] बीसलदेव रासौ—सं० सत्यजीवन वर्मा, ना०प्र०स०, प्रथम सर्ग, पृष्ठ २७, छंद ७५।

[4] 'अजयदेव के पुत्र अर्णोराज (आना) के समय मुसलमानों की सेना फिर इधर आई, पुष्कर को नष्ट कर अजमेर की तरफ बढ़ी और पुष्कर की घाटी उल्लंघन कर आनासागर के स्थान तक आ पहुँची, जहाँ अर्णोराज ने उसका संहार कर विजय प्राप्त की। यहाँ मुसलमानों का रक्त गिरा था अतएव इस भूमि को अपवित्र जान जल से इसकी शुद्धि करने के लिये उसने यहाँ आनासागर तालाब बनवाया। राजपूताने का इतिहास, Vol. I., पृष्ठ ३०५।

[1] नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग ५, पृष्ठ १४१।

सत्रह वर्ष बाद होता है। १७ वर्ष का समय इतना लंबा नहीं जो बीसलदेव और भोज जैसे प्रसिद्ध राजाओं की स्मृति को भुला दे और उनके सम्बन्ध में कवि को कल्पना का आश्रय लेना पड़े। अजमेर एवं आनासागर सम्बन्धी वर्णन गायकों ने बीसलदेव विग्रहराज चतुर्थ के समय तथा उसके भी बाद संभवतया सम्मिलित कर लिये हों।

बीसलदेव रासौ की भाषा भी आरंभिक राजस्थानी का उदाहरण है। कई सौ वर्षों तक मौखिक रूप में रहने पर कई स्थल वस्तुतः बदल गये हैं किन्तु अंतस्थल में अभी वही प्राचीनता का ढांचा वर्तमान है। इसमें कुछ फारसी शब्द भी प्रयुक्त हुए हैं जैसे—महल, इनाम, नेजा, चाबुक आदि। ये शब्द बाद में मिलाये गये प्रतीत होते हैं। किन्तु यह भी संभव है कि नरपति नाल्ह ने स्वयं भी इनका प्रयोग किया हो, क्योंकि उस समय मुसलमानों का भारत में प्रवेश हो गया था। बीसलदेव के सरदारों में एक मुसलमान सरदार भी था जैसा कि नरपति नाल्ह ने रासौ में लिखा है—

चढ़ि चाल्यौ छै मीर कबीर।
खुद कार तुह्म टुकेटुक धीर ॥ १–४३
महल पलांण्यो ताज दीन।
खुरसांणी चढ़ी चाल्यो गोड ॥ १–४१

मुसलमानों के सम्पर्क में आकर अगर नरपति नाल्ह ने कुछ फारसी शब्दों को ग्रहण कर लिया हो तो कोई आश्चर्य नहीं। प्राकृत एवं अपभ्रंश की छाप इस काव्य में पूरी तरह स्पष्ट है। यह ग्रंथ उस समय रचा गया जब कि साहित्यिक विद्वानों की भाषा प्राकृत व अपभ्रंश थी। उस समय बोल-चाल की भाषा में नरपति नाल्ह ने काव्य-रचना कर वास्तव में बड़े साहस का कार्य किया। कहीं-कहीं मेलन, चितह, रणि, आपिजइ, इणीविधि, ईसउ, नायर, पसाऊ, पयोहर आदि प्राकृत शब्द भी आ गए जिनका प्रयोग अपभ्रंश काल के पीछे तक भी होता रहा।

बीसलदेव रासौ में कारक दो प्रकार से व्यक्त हुए हैं। कुछ में तो विभक्तियों का प्रयोग है, कुछ में कारक चिन्ह लगे हैं। इस प्रकार भाषा में संयोगात्मक और वियोगात्मक दोनों अवस्थायें प्राप्त हैं। वर्तमान काल भी इसमें दो प्रकार से व्यक्त हुए हैं। एक तो 'छइ' वा 'हइ' मूल क्रिया में लगा कर तथा दूसरे मूल क्रिया में परिवर्तन कर के। भाषा यद्यपि काफी नवीन रूप में हो गई है किन्तु प्राचीन रूप भी पूर्णतया नष्ट नहीं हुआ। प्रायः संज्ञायें, कारक आदि प्राचीन रूप में मिलते हैं। विसनपुरी, म्हारउ, मिलिग्र, पणमिग्र, अछइ, वे, राखइ, जेणि इत्यादि अपभ्रंश के ठीक पश्चात् की लोक-भाषा के प्रयोग हैं। ऐसे प्रयोगों की संख्या काफी अधिक है। कई ऐसे प्रयोग भी मिलते हैं जो सोलहवीं शताब्दी की भाषा के रूप कहे जा सकते हैं। जैसे—'बेटी राजा भोज की' में 'की' और 'उलिगाणा गुण वरणिता' में 'वरणिता' का प्रयोग। किन्तु ऐसे शब्द बहुत कम हैं। इस तनिक से शब्द-साम्य पर इसे सत्रहवीं शताब्दी का रचित जाली ग्रंथ कह देना उचित नहीं। भाषा की परीक्षा उसके शब्दों से न होकर व्याकरण से होती है। 'बीसलदेव रासौ' की भाषा को व्याकरण की कसौटी पर कसने से पता चलता है कि उसमें अपभ्रंश के नियमों का विशेष पालन हुआ है। इस सम्बन्ध में दो उदाहरणों से यह बात अधिक स्पष्ट हो जायेगी—

कसमीरां पाटणह मंझारि। सारदा तुठि ब्रह्मकुमारि ॥
'नाल्ह रसायण नर भणइ। हियडइ हरषि गायण कइ भाइ ॥
खेला मेल्ह्या मांडली। बहस सभा मांहि मोहेउ छइ राइ ॥
—खंड १, छंद ६।

नाल्ह बषाणइ छइ नगरी जू धार।
जिहां बसइ राजा भोज पंवार।
असीय सइहस सजे करि मैमत्ता।
पंच क्षोहण जे कर मिलइ निरिंदा ॥
कर जोड़े 'नरपति' कहइ।
विसनपुरी जाणे वसइही गोव्यंद ॥—खंड १, छंद १२

ग्रंथ के रचयिता के विषय में भी नाम के अतिरिक्त अन्य जानकारी बहुत ही कम है। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि सोलहवीं शताब्दी के गुजरात के 'नरपति' और 'बीसलदेव रासौ' के रचयिता नरपति नाल्ह एक व्यक्ति नहीं हैं। श्री मोतीलाल मेनारिया की एक होने की धारणा[1] का खंडन करते हुए श्री माताप्रसाद गुप्त ने लिखा है[2]—"गुजरात के

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य, ले० पं० मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ ८८-८९।

[2] 'बीसलदेव रास', सं० डॉ० माताप्रसाद गुप्त तथा श्री अगरचन्द नाहटा, प्रकाशक : हिन्दी परिषद्, विश्वविद्यालय प्रयाग, भूमिका, पृष्ठ ६०।

'नरपति' ने अपने को कहीं 'नाल्ह' नहीं कहा जबकि 'बीसलदेव रासौ' का रचयिता अपने को 'नाल्ह' कहता है। फिर जो पंक्तियाँ तुलना के लिए दोनों कवियों से दी गई हैं, उनमें चार तो इस संस्करण में प्रक्षिप्त माने गए छंदों की हैं, और शेष तीन पंक्तियों में जो साम्य है वह साधारण है। इस प्रकार का साम्य देखा जावे तो मध्य युग के किन्हीं भी दो कवियों की रचनाओं में मिल सकता है। फिर 'बीसलदेव रासौ' में न जैन नमस्क्रिया है और न कोई अन्य बात मिलती है जिससे इसका लेखक जैन प्रमाणित होता हो। केवल आंशिक नाम-साम्य के आधार पर इस रचना को सोलहवीं-सत्रहवीं शती के किसी जैन लेखक की कृति मानना तटस्थ बुद्धि से सम्भव नहीं ज्ञात होता है।"

कवि की जाति भी विवादास्पद है। आचार्य शुक्ल ने इसे भाट माना है।[1] श्री अगरचन्द नाहटा इसे ब्राह्मण (सेवग) मानते हैं।[2]

बीसलदेव रासौ की रचना के बाद से ही राजस्थानी भाषा शनैः शनैः अपभ्रंश से दूर होकर अपना स्वतन्त्र रूप ग्रहण करने लगी। ११वीं शताब्दी से लेकर आदि काल के अन्तिम समय, अर्थात् लगभग पन्द्रहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक प्राचीन राजस्थानी के जैन कवियों के अनेक प्रामाणिक ग्रंथ हमें प्राप्त हैं परन्तु इस अवधि की जैनेतर स्वतन्त्र रचनायें प्रायः अनुपलब्ध ही हैं। ढोला मारू रा दूहा, जेठवा रा दूहा और बीसलदेव रासौ जो ११वीं शताब्दी की ही रचनायें मानी गई हैं, को छोड़ कर १५वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक कोई अन्य जैनेतर स्वतन्त्र ग्रंथ प्राप्त नहीं होता। इसका अभिप्राय यह नहीं कि इस काल में कोई जैनेतर रचना हुई ही नहीं। साहित्य की सुरक्षा के प्रति शिथिलता एवं उदासीनता के कारण ही तत्कालीन रचनायें अपना स्थायित्व नहीं रख सकीं। उस समय की रचनाओं के अनेक फुटकर पद इन्हीं शताब्दियों में जैन मुनियों द्वारा रचित प्रभावकचरित्र, प्रबन्धकोश, प्रबन्ध चिन्तामणि, उपदेशतरंगिणी, पंचशती कोश आदि ग्रंथों में उद्धृत मिलते हैं। यहां हम तेरहवीं शताब्दी तक की जैनेतर रचनाओं के प्राप्त फुटकर पदों को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत कर आगे प्रामाणिक जैन साहित्य का शताब्दी अनुसार उल्लेख करेंगे। जैनेतर फुटकर पद जो भी पञ्चशती आदि ग्रंथों में उद्धृत मिलते हैं प्रायः चारणों, भाटों तथा ब्राह्मणों आदि की ही रचनायें हैं।

१. उदाहरण प्रभावकचरित्र—

१. अग्गु हुल्लीय फुल्लं म तोडहु मन आरामा म मोडहु।
मण कुसुमहिं अच्चि निरंजणु, हिण्डह काइं वणेण वणु।
२. नवि मारिअइ नवि चोरिअइ, परदारह संगु निवारिअइ।
थोवाह वि थोवं दाइअइ, तउ सग्गि टुगुटुगु जाइअइ।
(पुरातनादि सूरिचरित्रम् में संगृहीत)

२. झूणा चारण

जीव जगन्तां नग गउ, धधवन्तां गइ गम्मि।
हुं जाणुं कुड बहुली, [illegible]

(उपदेशतरंगिणि)

३ रामचन्द्र चारण

काइं मंगी निभंतडी, [illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

(पुरातनाचार्यप्रबन्ध)

४ बागण चारण

कुमरवर ! कुमर विहार, एता काइं करावियां।
ताहं कु करिसइ सार, जोप न आवइं मग्गं पाणी॥

(पुरातनाचार्यप्रबन्ध)

५ आमभट्ट

रे रसणइ [illegible] मारइ,
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible] जिम,
जे [illegible] तिम।

(उपदेशतरंगिणी)

६ उदयसिंह चारण

सुन्दर सर अणुराय पुनि, जल पीवइ नयणांहि।
उदयसिंघहिं कहुं [illegible] नयणांहि॥

(प्रबन्धचिन्तामणि)

७ मुंजराजप्रबन्ध—

वेस अम्हारी सीख, कीजइ धणणिअइ नहीं।
तूं बालंती भीख, इणि मंत्रिहिं हुरयइ नहीं॥

[1] हिन्दी साहित्य का इतिहास—रामचन्द्र शुक्ल, सातवां संस्करण, पृष्ठ ३७।

[2] राजस्थानी, भाग ३, अंक ३ में प्रकाशित नाहटाजी का एक लेख।

सामी मुहतंउ वीनवइ, ए छेहलउ जुहार ।
अम्ह आइसु हिव सीमि तुह, पडतउं देखूं छारु ।।
जा मति पच्छइ सम्पज्जइ, सा मति पहिली होइ ।
मुंज भणइ मुणालवइ, विघन न वेढ़इ कोइ ।।
(प्रबन्धचिन्तामणि)

८. संवत् ११९९ के आसपास श्री विजयसिंह ने सांचोर के दहियों का राज्य छीन लिया था। उस समय के जिस पद का उल्लेख मुहणौत नैणसी ने अपनी ख्यात में किया है वह निम्न है—

धरा धूंण धकचाळ कीध दहिया दल्लवहै ।
सवदी सवळां साल प्राण मेवास पहै ।।
आल्हणासुत विजयसी वंस आसराव प्रागवड़ ।
खाग त्याग सत्रवाट सरण विजय पंजर सोहड़ ।।
चहुआंण राव चौरंग अचल नरांनाह अणभंग नर ।
धूमेर सेन ज्यां लग अचळ तांम राज सांचोरधर ।।

जिनवल्लभ सूरि—

११वीं शताब्दी तक राजस्थान में रचित अपभ्रंश काव्य के प्रकाश में आगे चल कर तेरहवीं शताब्दी में अनेक जैन मुनियों ने राजस्थानी में भी रचना की है। उन्हीं की रचनाओं के आधार पर इस शताब्दी तक राजस्थानी को गुजराती तथा अपभ्रंश से मुक्त होना माना जाता है। जैन साहित्य में प्रथम ग्रंथ हमें जैनाचार्य जिनवल्लभ सूरि रचित 'वृद्ध नवकार' प्राप्त होता है। सूरिजी का देहान्त संवत् ११६७ में माना जाता है। अतः यह निश्चित है कि 'वृद्ध नवकार' की रचना भी संवत् ११६७ के पहिले ही की गई होगी।[1] इस ग्रंथ की भाषा के उदाहरण के लिए एक पद प्रस्तुत किया जाता है—

उ०—चित्रा वेली काज किसै देसांतर लंघउ ।
रयण रासि कारण किसै सायर उल्लंघउ ।।
चवदह पूरव सार युगे एक नवकार ।
सयल काज महि पल सरै दुत्तर तरै संसार ।।

वज्रसेन सूरि—

इसके बाद प्राप्त होने वाली रचनाओं में वज्रसेन सूरि रचित 'भरतेश्वर-बाहुबलिघोर' रचनाकाल वि.सं. १२२५ और शालिभद्र सूरि रचित 'भरतेश्वर बाहुबलि रास' वि.सं. १२४१ प्राचीन राजस्थानी की प्राचीनतम रचनायें हैं। इन ग्रंथों की भाषा के उदाहरण-स्वरूप दो पद यहां उद्धृत हैं—

धर डोलइ खलभलइ सेनु, दिणियरु छाइजइ ।
भरहेसरु चालियउ कटकि, कसु ऊपमु दीजइ ।।
तंति सुणे विणु बाहू बलिण, सीवह गय गुड़िया ।
रिण रहसिहि चउरंग दलिहि, बेऊ पासा जुडिया ।।
(बाहुबलि घोर)

कंधगल केकाण, कवी करडइं कडियाल।
रण गाइं रवि रण वखर सखर घण घाघरीयाला,
सींचाण वरि सरइं, फिरइं सेलइं फोकारइं
ऊडइं आडइं अंगि रंगि, असवार विचारइं ।
(बाहुबलि रास)

इनके अतिरिक्त तेरहवीं शताब्दी की अन्य अनेक उल्लेखनीय जैन रचनायें हैं। स्थानाभाव के कारण प्रत्येक ग्रंथ का पूर्ण परिचय एवं उसकी भाषा का उदाहरण देने में असमर्थ से हैं। फिर भी पाठकों की सुविधा के लिए प्राप्त प्रामाणिक ग्रंथों के नाम, उनके रचनाकार एवं रचनाकाल यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं—

मुनि शालिभद्र सूरि कृत—बुद्धिरास, वि.सं. १२४१।

कवि आसिगु कृत—जीवदयारास, चन्दनबाला, वि.सं. १२५७।

धर्म (धम्म) मुनि कृत—जम्बूस्वामी, वि.सं. १२६६।

मुनि जिनपति सूरि कृत—जिनपति सूरि बधावण गीत, वि.सं. १२३२।

विजयसेन सूरि कृत—रेंवतगिरि रास, वि.सं. १२८७।

पल्हण कवि कृत—आबूरास, नेमिनाथ बारहमासा, वि.सं. १२८९।

जिनभद्र सूरि रचित—वस्तुपाल तेजपाल प्रबन्धावली, वि.सं. १२९०।

सुमतिगणि रचित—नेमिरास तथा गजधर सार्धशतक वृहद्वृत्ति, वि.सं. १२९५।

अभयदेव सूरि रचित—जयंतविजय, वि.सं. १२८५।

इनके अतिरिक्त शान्तिनाथ रास, महावीरजन्माभिषेक, श्री वासुपूज्य बोलिका चाचरी, शान्तिनाथ बोली, रसविलास, गयसुकुमाल रास आदि भी इसी शताब्दी की रचनायें मानी जाती हैं। इस काल की भाषा के उदाहरण के लिए मुख्य ग्रंथों के कुछ पद यहां उद्धृत किये जाते हैं—

के नर सालि दालि भुंजंता, घिय घलहलु मज्झे विलहंता ।
के नर भूखा दूखियइं, दीसहिं परघरि कम्मु करंता ।
जीवता विमुया गणिय, अच्छहिं बाहिरि भूमि रुलंता ।
—जीवदयारास सं० १२५७।

२—अगुरा अंजरा अंबिलीय अंबाडय अंकुल्लु ।
उंबरु अंबरु आमलीय, अगरु असोय अहल्लु ।।
वेयलु वंजलु बडल वडो, वेडस वरण विडंग ।
वासंती वीरिणि विरह, वंसियाली वण वंग ।।
सींसमि सिबलि सिरसमि, सिंधुवारि सिरखंड ।
सरलसार साहार सय, सागु सिगु सिणदंड ।।
(रैंवतगिरि रास वि.सं. १२८७)

३—विसय सुक्खु कहिं नरय दुवारु, कहि अनंत सुहु संजम भारु ।
भलउ बुरउ जाणत विचारइ, कग्गिणि कारणि कोडि कुहारइ ।
(नेमिरास वि.सं. १२९५)

४—कासमीर मुख मंडण देवी वाएसरि पाल्हणु पणमेवी ।
पदमावतिय चक्केसरि नमिउं, अंबिक देवी हउ वीनवउं ।।
चरिउ पयासउ नेमि जिण केरउं, कपीतु गुण धम्म निवासो ।
जिम राइमइ वीओगु भओ, 'बारहमास' पयासउ रासौ ।।
(नेमिनाथ बारहमासा वि.सं. १२८९)

तेरहवीं शताब्दी की साहित्यिक परम्परा चौदहवीं शताब्दी के ग्रंथों में भी परिलक्षित है। इस शताब्दी की प्राप्त स्वतंत्र रचनाओं में अधिकांश जैन मुनियों के ही ग्रंथ प्राप्त हैं। प्राप्त ग्रंथों का उल्लेख कर हम नीचे इस काल की भाषा के उदाहरणस्वरूप विख्यात ग्रंथों के पद उद्धृत करेंगे।

चौदहवीं शताब्दी की रचनायें—

अभयतिलक गणि कृत—महावीर रास, वि.सं. १३०७।

लक्ष्मीतिलक उपाध्याय कृत—बुद्धचरित्र, श्रावकधर्म प्रकरण वृहतवृत्ति, वि.सं. १३११।

आणंद सूरि एवं प्रेम सूरि रचित—

द्वादश भाषा (ढ़ाल) निबद्ध तीर्थ माला स्तवन, वि.सं. १३२३।

मुनि राजतिलक रचित शालीभद्र रास, वि.सं. १३३२।

कवि सोममूर्ति कृत—१ जिनेश्वर सूरि दीक्षा विवाह वर्णन रास, सं. १३३१।

कवि सोममूर्ति कृत—२ जिनप्रबोध सूरि चर्चरी, वि.सं. १३३२।

कवि हेमभूषण मणि कृत जिनचंद्रसूरि चर्चरी, वि.सं. १३४१।

मुनि मेरुतुङ्गाचार्य कृत प्रबन्ध चिन्तामणि संग्रह, सं० १३६१।

श्रावक कवि वस्तिम रचित वीस विरह मान रास, सं० १३६२।

गुणाकार सूरि रचित श्रावक विधि रास, सं० १३७१।

अंबदेव सूरि कृत समरा रास, सं० १३७१।

मुनि धर्मकलश कृत जिनकुशल सूरि पट्टाभिषेक रास, सं० १३७७।

जिनप्रभ सूरि रचित पद्मावती चौपई, वि.सं. १३८५।

इनके अतिरिक्त कवि छल्हु कृत क्षेत्रपाल, द्विपदिका, कवि सारमूर्ति कृत 'पद्मसूरि पट्टाभिषेक रास', जिनपद्म सूरि रचित स्थूलिभद्र फाग, पउम रचित शालीभद्र काव्य, सोलणु कृत चर्चरिका आदि भी इसी शताब्दी की रचनायें हैं।

चौदहवीं शताब्दी के ग्रंथों में प्रयुक्त राजस्थानी भाषा—

तसु उवरि भवणु उत्तंग वर तोरणं,
मंडलिय राय आएसि अइ सोहणं ।
सुहोणा भुवण पालिण करावियं,
जगधरह साहु कुलिकलस चडावियं ।
हेम धय दंड कलसो तहिं कारिउ,
पहु जिणेसर सुगुरु पासि पयठाविउ ।
विक्कमे वरिस तेरहइ सत्तरुत्तरे,
सेय वयसाह दसमीई सुहवासरे ।
(महावीर रास)

'संत जिणेसर' वर भुयणि, मांडिउ नंदि सुवेह ।
वरिसहिं भविय दाणजलि, जिम गयणंगणि मेह ।
ताहि अगयारिय नीपजइ, भाणनलि पजलंति ।।
तउ संवेगहि निम्मियउ, हथलेवउ सुमहंति ।
(जिनेश्वर सूरि दीक्षाविवाहवर्णन रास)

वाजिय संख असंख नादि काहिल दुडुदुड़िया,
घोड़े चडइ सल्लार सार, राउत सींगडिया ।
तउ देवालउ जोत्रि वेगि, घाघरिखु भमकइ,
सम विसम नवि गणइ कोइ नवि वारिउ थक्कइ ।।
सिजवाळा धर धड़हड़इ वहिणि वहुवेंगि ।
धरणि धड़क्कइ रजु ऊडए, नवि सूभइ मागो ।
हय हींसइ आरसइ करह वेगि वहइ वइल्ल,
साद किया थाहरइ अवरु नवि देई बुल्ल ।
(समरा रास)

बंभ.नारि तुह पय भापंति, सुरकुमरोवम पुत्त लहंति ।
निंदू नंदण जणइ चिराउ, दूहव पावइ वल्लह राउ ।।

चिंतियफल चिंतामणि मंति तुज्भ पसायिं फलइ नियंतु।
अणुग्गहु नर पिक्खेवि, सिज्भइ सोलह विज्जाएवि ।।
(पद्मावती चौपई)

सीमळ कोमल सुरहि वाय जिम जिम वायंते।
माणमडफ्फर माणणिय तिम तिम नाचंते ।।
जिम जिम जलभर भरिय मेह गयणंगणि मिलिया।
तिम-तिम कामी तणा नयण नीरिहि भलहलिया ।।
भोस मेहारव भर उलटिय, जिम जिम नाचइ मोर।
तिम-तिम माणिणि खळभळइ, साहीता जिम चोर ।।
(स्थूलीभद्र फाग)

चौदहवीं शताब्दी के पश्चात् पन्द्रहवीं शताब्दी के मध्य तक की उल्लेखनीय रचनायें निम्नलिखित हैं। ग्रन्थों की नामावली के पश्चात् भाषा के उदाहरणस्वरूप कुछ पद उद्धृत किए जा रहे हैं।—

राजेश्वर सूरि कृत प्रबन्ध कोश, नेमिनाथ फागु, वि.सं. १४०५।

कवि हलराज कृत स्थूलिभद्र फाग, वि.सं. १४०६।

मुनि शालिभद्र सूरि कृत पांच पांडव रास, वि.सं. १४१०।

मुनि विनयप्रभसूरि कृत गौतमस्वामी रास, वि.सं. १४१२।

जैन मुनि ज्ञानकलश रचित जिनोदय सूरि पट्टाभिषेक रास, वि.सं. १४१५।

श्रावक विद्धणु रचित ज्ञानपंचमी चौपई, वि.सं. १४२३। मेरुनंदण गणि कृत जिनोदयसूरि गच्छनायक विवाहलु, वि.सं. १४३२।

देवप्रभ गणि कृत कुमारपाल रास।

कवि चंपा कृत देवसुन्दर रास, वि.सं. १४४५।

साधु हंस कृत शालिभद्र रास, वि.सं. १४५५।

१—वंकुडियालीय भुंहुडियहं, भरि भुवणु भमाडइ।
लाडी लोयण लह कुडलइ सुर सग्गह पाडइ ।।
किरि सिसि बिंब कपोल, कन्नहिंडोल फुरंता।
नासा वंसा गरुड चंचु दाड़िम फल दंता ।।
अहर पवाल तिरेह कंठु राजलसर रूडउ।
जाणु वीणु रणरणइं, जाणु कोइल टहकडलउ ।।
(नेमिनाथ फागु)

२—जिम सहकारिहिं कोयल टहकउ जिम कुसुमह वनि परिमल बहकउ
जिम चंदनि सोगंध विधि, जिम गंगाजलु लहरिहिं लहकइ,
जिम कणयाचलु तेजिहिं भलकइ,
तिम गोयम सोभाग निधि ।।
(गौतम स्वामी रास)

३—इक्कु जगि जुग पवरु अवरु निय दिक्ख गुरु
थुणिसुं हउं तेण निय मइ बलेण।
सुरभि किरि कंचणं दुद्ध सक्कर घणं
संखु किरि भरीउ गंगा जलेण ।।
अत्थि गूजरधरा' सुंदरी सुंदरे,
उरवरे रयण हारोवमाणं।
लच्छि केलिहरं नयरु 'पल्हणपुरं',
सुरपुरं जेम सिद्धामिहांण ।।
(जिनोदय सूरी गच्छनायक वीवाहलु)

आदि काल की इस अंतिम अवधि में जैन ग्रंथों के साथ-साथ कुछ उल्लेखनीय जैनेतर रचनाओं का भी निर्माण हुआ है। प्रामाणिक रचनाओं के रूप में प्राप्त होने के कारण आदि-काल के साहित्य में इन जैनेतर रचनाओं का अपना विशेष महत्व है। इन रचनाओं में सर्वप्रथम 'बारूजी सौदा' के फुट-कर गीतों का उल्लेख मिलता है। ये उदयपुर के महाराणा हम्मीर के समकालीन थे। इस दृष्टि से इनका रचनाकाल संवत् १४०८ से १४२१ के बीच माना जा सकता है। वैसे इनका लिखा हुआ कोई ग्रंथ स्वतंत्र रूप में तो नहीं मिलता लेकिन कुछ फुटकर गीत यत्र-तत्र मिल जाते हैं जो उस काल की साहित्यिक विधाओं को समझने में सहायक होते हैं। उदाहरण-स्वरूप उनका लिखा एक गीत यहां उद्धृत किया जाता है—

ऐळा चितौड़ा सहै घर आसी, हूँ थारा दोखियां हरूं।
जणणी इसौ कहूँ नह जायौ, कहवै देवी बीज करूं ।। १
रावळ बापा जसौ रायगुर, रीभ खीभ सुरपंत री रूंस।
दस सहंसां जेहो नह दूजौ, सकती करैं गळा रा सूंस ।। २
मन साचै भाखै महमाया, रमणा सहती बात रसाळ।
सरज्यौ लै अड़सी सुत सरखो, पकड़े लाऊं नाग पयाळ ।। ३
आलम कलम नवै खंड एळा, कैलपुरारि मींढ किसौ।
देवी कहै सुण्यौ नह दूजौ, अवर ठिकांणै भूप इसौ ।। ४

प्राचीन राजस्थानी साहित्य, भाग ६[1] में असाइत नामक एक कवि का और उल्लेख किया गया है। इन्होंने वि. संवत् १४२७ में 'हंसाउली' काव्य की रचना की। 'हंसाउली' मुख्यतः एक प्रेम - काव्य है जो चार खण्डों में विभक्त है तथा ४४० कड़ियों में लिखा हुआ है। सम्पूर्ण काव्य चौपाइयों में रचा

[1] उदयपुर साहित्य संस्थान।

गया है किन्तु बीच-बीच में दोहों का भी प्रयोग किया गया है। इस ग्रन्थ के निर्माण के पूर्व ही एक जैन कवि विनयभद्र 'हंसवच्छ' काव्य चौपाइयों में लिख चुका था। उसमें भी इसी प्रेम-कथा का वर्णन है। कवि असाइत ने उसी प्रेम-गाथा को अपने 'हंसाउली' में नवीन रूप में प्रस्तुत किया। इनकी कविता पर जैन कवियों की शैली व परम्परा की पूर्ण छाप दृष्टिगोचर होती है। 'हंसाउली' की भाषा निम्न उद्धरण से देखी जा सकती है—

> विवध फूल फल निव नैवेद्य, वीणा वस गाइ गुण भेद।
> सोइ जि परवरी पंचसि नारि, दीठी कुंयरि मंत्रि मढि बारि।।
> यथु देवी तब बुद्धि निधांन, हाकि मुनि केसर प्रधांन।
> नरहत्या ति किधी धणी मुझ मढ़ि मर हेसि पापिणी।।
> हंसाउली सबद जव सुणी, जांण्यु देवि कुपी मुझ भणी।
> कर जोडीनि ऊभी रहि गत, पूरब भव वीतक कहि।।

श्रीधर व्यास द्वारा रचित 'रणमल छन्द' नामक रचना भी इस काल की एक प्रामाणिक रचना मानी जा चुकी है। उक्त कवि के सम्बन्ध में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, फिर भी इनकी रचना ऐतिहासिक दृष्टि से पूर्ण प्रामाणिक है। 'रणमल छंद' सत्तर छंद का एक वीर काव्य है जिसमें पाटण के तत्कालीन सूबेदार मुजफ्फरशाह और ईडर के वीर राठौड़ नरेश रणमल्ल के युद्ध का सजीव चित्रण है। इस युद्ध का समय अनेक विद्वानों ने ई. सन् १३९७ माना है। इसके सम्बन्ध में इतिहासज्ञों का भिन्न-भिन्न मत है, फिर भी गुजरात के प्रसिद्ध विद्वान के. ह. ध्रुव ने सन् १३९७ को ही स्वीकार किया है।[1] इस दृष्टि से इस ग्रन्थ का रचनाकाल वि. सं. १४५४ के आस-पास ही ठहरता है। इसकी भाषा के उदाहरण हेतु एक पद नीचे प्रस्तुत किया जाता है—

> गोरी दल गाहवि दिट्ठ दहुदि्सि गढ़ि मढ़ि गिरिगह्वरि गडियं।
> हणहणि हवकन्तउ हुं हुं हय हय हुंकारवि हयमरि चडियं।।
> धडहडतउ धडि कमधज्ज धरातळि धसि धगडायण धूंसधरइ।
> ईडरवइ पंडर वेस रसु रणि रांमायण रणमल्ल करइ।।

इसी समय कवि जाखौ मणिहार भी हो चुके हैं जिन्होंने लगभग संवत् १४५३ में बोलचाल की राजस्थानी में 'हरिचंद पुराण' नामक धार्मिक ग्रन्थ की रचना की। उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन के आधार पर यह स्पष्ट है कि आदिकालीन राजस्थानी साहित्य हमारे समक्ष मुख्यतः दो रूप में आता है—जैनेतर साहित्य एवं जैन साहित्य। इस काल की प्राप्त सभी रचनाओं में जैनेतर साहित्य की अपेक्षा जैन साहित्य अधिक मात्रा में उपलब्ध है और वह पूर्ण प्रामाणिक भी है। इस प्रारंभिक साहित्य के कई ग्रन्थों की प्रामाणिकता को लेकर भिन्न-भिन्न साहित्य-विशेषज्ञों तथा इतिहासकारों ने यद्यपि अपनी मत-भिन्नता प्रकट की है, फिर भी इन रचनाओं को उन्होंने प्रामाणिक रूप से आदिकालीन रचनायें ही स्वीकार किया है। दोनों ही प्रकार की रचनाओं के उल्लेख के समान यथास्थान पर दिये गए पदों के उदाहरण तत्कालीन राजस्थानी भाषा पर प्रकाश ही नहीं डालते परन्तु भाषा के निजी अस्तित्व का प्रमाण भी प्रस्तुत करते हैं। निष्पक्ष दृष्टिकोण से यह तो मानना ही होगा कि इस काल की रचनाएं हमारी अमूल्य निधि रही हैं। हिन्दी व राजस्थानी इसी विधि के द्वारा ही अपनी मां अपभ्रंश से सम्बन्ध स्थापित करती हैं। इन रचनाओं में वास्तव में हम प्राचीनता के दर्शन करते हैं, चाहे वे पूर्ण न होकर आंशिक ही हों। ये रचनाएं उस मिली-जुली अवस्था की प्रतिनिधि हैं जब राजस्थानी अपभ्रंश से पृथक स्वतंत्र सत्ता ग्रहण करने का प्रयत्न कर रही थी। इस दृष्टि से इन रचनाओं का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

आदिकालीन राजस्थानी साहित्य के वर्णन के समय अनेक विद्वानों का प्रायः यही मत उल्लिखित मिलता है कि यह साहित्य वीररस-प्रधान है। हिन्दी साहित्य के इतिहास के लेखकों ने तो राजस्थानी की इन्हीं प्रारम्भिक रचनाओं के नाम उल्लेख कर उसे वीरगाथा-काल नाम भी दे दिया है, जब कि राजस्थानी साहित्य में पन्द्रहवीं शताब्दि के प्रारम्भ तक वीर-रस का कोई ग्रंथ उपलब्ध भी नहीं होता। परन्तु वास्तव में ऐसी बात नहीं है। विद्वानों का यह मत पूर्ण भ्रमात्मक ही प्रतीत होता है। इस काल की उल्लेखित रचनाओं में एक भी स्वतंत्र रचना ऐसी नहीं है जिसे हम वीररस-प्रधान कह सकते हैं। प्राप्त रचनायें मुख्यतः प्रेम-काव्य होने के कारण शृंगारिक हैं। अन्य या तो धार्मिक ग्रन्थ होने के कारण उपदेशात्मक हैं या फिर वस्तु-वर्णन-प्रधान। यह सत्य तो अवश्य है कि इस काल में राजनैतिक स्थिति संघर्षपूर्ण थी। राजपूत शासक

---

[1] प्राचीन गुर्जर काव्य—के. ह. ध्रुव. प्रस्तावना, पृष्ठ ३।

युद्ध के लिए सदैव ही तत्पर रहते थे। अनेक राजपूत वीरों ने युद्ध के मैदान में अपने अद्भुत शौर्य का परिचय भी दिया परन्तु उनकी वीर-प्रशंसा तथा युद्ध-वर्णन का तत्कालीन कोई ग्रन्थ नहीं मिलता। अतः इस सम्बन्ध में तत्कालीन लिपिनिष्ठ रचनाओं के अभाव में इस समय के साहित्य को वीररसप्रधान बताना असंगत ही है। हो सकता है; उस समय वीर-चरित-नायकों की वीर-प्रशंसा में श्रुतिनिष्ठ साहित्य प्रचलित हो।

डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपने 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' में आचार्य शुक्ल के हिन्दी के आदिकाल को वीर-गाथा काल बताने के मत का खण्डन करते हुए बताया कि शुक्लजी द्वारा जिन १२ ग्रंथों के आधार पर इस काल को वीर गाथा काल नाम दिया गया है उनमें से कई रचनायें तो बाद की निकलती हैं और कुछेक के सम्बन्ध में यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि उनका मूल रूप क्या था।[1] खुमाण रासौ बहुत पीछे की रचना निकलती है तो पृथ्वीराज रासौ के मूल रूप का पता नहीं चलता, बीसलदे रासौ कोई वीर रस-प्रधान रचना नहीं है। अतः उन्होंने भी मिश्रबंधुओं द्वारा दिये गये नाम—आदिकाल के ही पक्ष में अपना मत दिया है।

साहित्य-विशेषज्ञ एवं विद्वद्जन आदिकालीन रचनाओं के सम्बन्ध में निरन्तर रूप से अनुसन्धान एवं साहित्य शोध-कार्य करते आ रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप राजस्थानी के प्राचीनतम साहित्य का दिग्दर्शन सम्भव हो सका है। प्राचीन राजस्थानी की अनेक रचनायें आज भी अज्ञानता के अंधकार में लुप्त हैं। जन-साधारण की अशिक्षा के कारण और प्राचीन साहित्य के महत्व की अनभिज्ञता के कारण कई प्राचीन मौलिक ग्रन्थ व ग्रन्थों की प्रतियां सुदूर गांवों में विनाश को प्राप्त हो रही हैं। इसके अतिरिक्त प्राप्त रचनाओं में से भी कुछेक काल-प्रमाण के अभाव में विवादग्रस्त पड़ी हुई हैं। ऐसी स्थिति में अप्राप्त रचनाओं की खोज एवं प्राप्त साहित्य के सम्बन्ध में शोधकार्य अत्यन्त आवश्यक रूप से अपेक्षित है। इस प्रकार का कार्य न केवल साहित्य की अभिवृद्धि ही करेगा अपितु उसकी प्रामाणिकता को और अधिक पुष्टि प्रदान करता हुआ हमारी अपनी प्राचीन संस्कृति की सुरक्षा करने में भी सहयोगी सिद्ध होगा।

[1] हिन्दी साहित्य का आदिकाल—डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी, प्रथम व्याख्यान, पृ० ११

मध्यकाल—वि. सं. १४६० से १६०० तक

आदिकालीन राजस्थानी साहित्य की ऐतिहासिक पृष्ठ-भूमि में हम यह बता आए हैं कि लगभग विक्रम की तेरहवीं शताब्दी तक राजपूताने के प्रत्येक विभाग पर राजपूती राज्य की स्थापना हो चुकी थी। देश में होने वाले बाह्य आक्रमणों एवं राजपूत राजाओं के पारस्परिक युद्धों के कारण तत्कालीन राजनैतिक स्थिति पूर्ण अनिश्चित थी। आगे चल कर मध्य-युग में विदेशी सत्ताधारियों के राज्य-विस्तार के लोभ एवं राजपूतों के पारस्परिक वैमनस्य तथा फूट के कारण यह स्थिति अधिकाधिक संघर्षपूर्ण बनती गई। उत्तर-पश्चिम से आने वाले मुसलमान आक्रमणकारियों ने देश की कमजोरी से लाभ उठा कर उत्तरी भारत में अपनी सत्ता कायम कर दी। जब दिल्ली की बादशाहत से उन्हें सन्तोष नहीं हुआ तो वे राज-पूताने के राज्यों को भी अपने अधिकार में करने के लिए प्रयत्न करने लगे। इसके लिए उन्हें अनेक युद्ध करने पड़े। वीर राज-पूत लोग, विदेशी सत्ता तो दूर रही, उस समय अपने पड़ौसी राजपूत राजा की अधीनता भी स्वीकार करने के लिए कभी तैयार नहीं थे। अतः उन आक्रमणों का कोई परिणाम नहीं निकला। तुगलक वंश की कमजोरी के समय राजपूत राजाओं ने उन सभी राज्यों को पुनः प्राप्त कर लिया जिन्हें मुसलमानों ने हस्तगत कर लिया था।

मध्य युग में यद्यपि दिल्ली में मुस्लिम सल्तनत कायम हो चुकी थी, फिर भी बाह्य आक्रमणों का अंत नहीं हुआ था। वि० सं० १४५५ (ई० सन् १३९८) में अमीर तैमूर ने हिन्दुस्तान पर चढ़ाई कर दिल्ली को फतह किया, उसे लूटा और वहाँ मारकाट की। इन बाह्य आक्रमणों एवं आंतरिक युद्धों के कारण तुगलक शासक बिल्कुल कमजोर हो गए और सैयदों ने उनसे राज्य छीन लिया। ये कुछ ही वर्ष रह पाये थे कि लोदी पठानों ने इनसे बादशाहत छीन ली। इस वंश के बादशाहों ने भी राजपूत राजाओं पर अनेक आक्रमण किये परन्तु यहां के शासको ने सभी आक्रमणों का सदैव ही वीरता के साथ प्रतिरोध किया। जिसके फलस्वरूप दिल्ली में कोई स्थायी सल्तनत कायम न हो सकी और निरन्तर आक्रमणों के कारण इन मुस्लिम शासकों की शक्ति क्षीण हो गई और अवसर का

लाभ उठा कर अनेक क्षेत्रीय शासकों ने अपनी स्वाधीन रियासतें कायम करदीं। इन रियासतों में भी एकता का परम अभाव था। इनमें पारस्परिक द्वेष एवं फूट की वृद्धि होती गई जिसके कारण इसकी शक्ति का भी ह्रास हो गया।

ऐसी स्थिति में मुगल सरदार बाबर ने हिन्दुस्तान में आकर अपनी सल्तनत कायम करने का प्रयत्न किया। यद्यपि स्वतंत्रता-प्रेमी मेवाड़ राज्य के वीर शासक राणा सांगा ने खानवा के युद्ध (वि० सं० १५८४) में बाबर से लड़ते समय अद्भुत वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दिया तथापि दुर्भाग्यवश विजय बाबर के ही हाथ रही। इस पराजय के कुछ ही दिनों बाद राणा सांगा की मृत्यु हो गई जिसके कारण समूचे भारतवर्ष की स्वाधीनता ही अंधकार में विलीन हो गई। इस समय देश में कोई ऐसी एक दृढ़ सत्ता न रह गई थी जो विदेशी सत्ता को देश से निकाल बाहर करती। इसके फलस्वरूप मुगल सल्तनत की नींव ही भारत में अधिक गहरी जमती गई। हुमायू की मृत्यु तक तो कुछ उथल-पुथल अवश्य होती रही और उसमें कई विघ्न उत्पन्न हुए, परन्तु हुमायू की मृत्यु के बाद अकबर जब गद्दी पर बैठा तो उसने अपने शासन को दृढ़ करने के लिए हिन्दुओं को प्रसन्न रखने व राजपूत राजाओं के साथ मेल-जोल बढ़ाने की नीति को अपनाया। वह राजपूतों की वीरता से परिचित हो चुका था। इस समय राजपूताने में कुल ११ राज्य थे[1], जिनमें मेवाड़ (उदयपुर) और जोधपुर राज्य मुख्य थे। अकबर ने सर्व प्रथम आंबेर के राजा भारमल कछवाहा को कुछ प्रलोभन देकर अपनी ओर मिला लिया। परन्तु इसके साथ ही वह राजपूताने की मुख्य शक्ति मेवाड़ को भी अपने अधीन करने के लिए पूर्ण उत्सुक था। इसी उद्देश्य से उसने वि० सं० १६२४ में महाराणा उदयसिंह पर चढ़ाई की। महाराणा इस युद्ध में हार अवश्य गए परन्तु उन्होंने अधीनता स्वीकार नहीं की। चित्तौड़ का किला छोड़ने के उपरान्त भी वे युद्ध करते ही रहे। महाराणा उदयसिंह के देहांत के बाद महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता के व्रत को कामय रखा। उन्होंने यवनों के विरुद्ध जिस वीरता का परिचय दिया वह विश्व-विदित है। इसी प्रकार मुगल सल्तनत के अन्तिम काल तक स्वाधीनता-प्रेमी राजपूत समय-समय पर अपनी मर्यादा एवं हिन्दुत्व की रक्षा के लिए निरन्तर युद्ध करते हुए अपनी वीरता का परिचय देते रहे। औरंगजेब ने जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह की मृत्यु के बाद जोधपुर को खालसे कर लिया और मेवाड़ के राणा से अप्रसन्न होने के कारण उस पर चढ़ाई करदी। उसके बाद बहादुरशाह ने महाराजा जयसिंह से आमेर छीन लिया था परन्तु मुगल सल्तनत का पतन होते देख जोधपुर के महाराजा अजीतसिंह व आमेर के राजा जयसिंह ने महाराणा अमरसिंह द्वितीय की सहायता से अपने अपने राज्यों पर पुनः अधिकार कर लिया। इस अवसर पर महाराजा अजीतसिंह को राज्याधिकार प्राप्त कराने में उनके सामंत वीर राठौड़ दुर्गादास ने पूर्ण सहयोग देकर सच्ची स्वामी-भक्ति का परिचय दिया।

मुगल सल्तनत के पतन के समय जब मरहठों की शक्ति बढ़ती जा रही थी तब यहां के शासकों को तो उनका भी प्रतिरोध करना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप मरहठों तथा राजपूतों में भी निरन्तर संघर्ष चलता ही रहा।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि यह काल भयंकर युद्ध एवं संघर्ष का युग रहा। इस संघर्ष में विशेषतः राजपूताने के वीरों ने जो अतुल शौर्य का परिचय दिया वह कहीं अन्यत्र दृष्टिगोचर नहीं होता। 'अपनी मर्यादा और मातृभूमि की रक्षा के लिए युद्ध भूमि में हँसते-हँसते प्राणों की आहुति दे देना ही इनके जीवन की विशेषता थी। यही कारण है कि इस संघर्ष काल में वीरता, साहस और बलिदान का परिचय देने वाले योद्धाओं की अनेकों गाथाओं से राजस्थानी साहित्य का भंडार भरा हुआ है। ऐसे शूरवीर नायकों की कीर्तिगाथायें इस समय के साहित्य की मुख्य धरोहर हैं।

इस अमर साहित्य का सृजन करने वाले कवि प्रायः राज्याश्रित होते थे। राज्याश्रित होने पर उनका उद्देश्य राजा की प्रशंसा करना ही नहीं होता था। वे जहाँ भी वीरता और मानवीय गुणों का परिचय पाते, अपनी काव्य-प्रतिभा के माध्यम से उन गुणों को जन साधारण तक पहुँचाते, चाहे वर्णन साधारण योद्धा के सम्बन्ध में हो, चाहे किसी बड़े शासक के सम्बन्ध में। कविवर दुरसा आढ़ा ने जनता एवं स्थानीय शासक के मध्य भी सम्मान प्राप्त किया और प्रताप की प्रशंसा

---

[1] उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, जोधपुर, बीकानेर, आंबेर, बूंदी, सिरोही, करौली और जैसलमेर।

में 'विरुद छिहृतरी' लिख कर बादशाह अकबर. के दरबार तक में अधिक ख्याति पाई ।

दूसरा उदाहरण .कविराजा बांकीदासजी का भी है। ये जोधपुर के महाराजा मानसिंह के राजकवि थे पर जब खांडप के एक साधारण व्यक्ति लाधा सोलंकी ने भीषण दुष्काल के समय अपने क्षेत्र की प्रजा की यथाशक्ति सहायता की और आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बहुत से प्रयत्न किए तब कवि ने उसके सुकृत्यों की प्रशंसा में भी गीत कह कर उसे अमर कर दिया।[1] इस काल के कवियों की अपनी निजी विशेषता थी। ये केवल सरस्वती के उपासक ही नहीं होते थे पर रणचण्डी का आह्वान भी समय पड़ने पर स्वीकारते थे। रणस्थल में उपस्थित हो अपनी ओजस्वी वाणी द्वारा वीरों में जोश की उमंगें भरते तथा आप स्वयं भी हाथ में तलवार ले अपने नायक का साथ देते। वीरों की प्रशंसा में कर्नल टाड ने जहां अपने ये विचार व्यक्त किए हैं कि......... There is not a petty State in Rajasthan that has not had its Thermopylae and scarcely a city that has not produced its Leonidas' वहां इस प्रसंग में प्रो. नरोत्तमदास स्वामी ने उचित ही लिखा है कि 'कर्नल टाड यह लिखते समय इतना और लिखना भूल गए थे कि थर्मापोली से रण-क्षेत्र तैयार करने वाले वीर सैनिक कवियों से भी राजस्थान का साधारण से साधारण गांव भी खाली नहीं रहा है।' -राजपूत लोग अपने धर्म एवं स्वतंत्रता की रक्षा के लिए रणोन्मत्त होकर सहर्ष मृत्यु को गले लगाते और उनकी स्त्रियां और बच्चे मर्यादा की रक्षा के लिए अपने आपको अग्नि देवी की गोद में समर्पित करते। कवि लोग प्रत्येक परिस्थिति में साथ रहते। इसलिए प्रत्यक्ष दृश्यानुभूति होने के कारण उनकी लेखनी ऐसे वीरों के उज्ज्वल चरित्र की अभिव्यक्ति के लिए बरबस ही फूट पड़ती।

इन कवियों की रचना में आज लोगों को भले ही अतिशयोक्ति लगे परन्तु जिन वीरों की अद्भुत वीरता एवं बलिदान ने शत्रुओं को भी मुक्त कंठ से प्रशंसा करने के लिए बाध्य कर दिया और वे ऐसे वीरों की प्रशंसा करते अघाये नहीं, वे सच्चे देश भक्त वास्तव में ही प्रातःस्मरणीय हैं। चित्तौड़ दुर्ग की रक्षा के लिए अकबर की विशाल सेना के विरुद्ध युद्ध करते हुए वीर शिरोमणि जयमल मेड़तिया और वीरवर पत्ता सीसोदिया ने जिस अद्भुत वीरता, प्रगाढ़ देश-प्रेम और सच्ची स्वामी-भक्ति के दर्शन कराये उसकी अकबर जैसा समृद्धिशाली बादशाह भी अपने सच्चे हृदय से सराहना किये बिना न रह सका। वीरों ने अपने चमत्कारों द्वारा अपनी प्रतिष्ठा उसके हृदय पर अमिट रूप से अंकित करदी। बादशाह ने इन वीरों की केवल अपने मुख से ही प्रशंसा नहीं की अपितु युग्म वीर जयमल और पत्ता की वीरता को चिरस्थायी एवं चिरस्मरणीय करने के लिए दोनों वीरों की पाषाण की गजारूढ़ दीर्घ प्रतिमायें बनवा कर आगरे में अपने शाही किले के प्रधान द्वार पर बड़ी प्रतिष्ठा के साथ स्थापित करादी।[1]

मूर्ति-स्थापन के साथ यह भी प्रसिद्ध है कि बादशाह अकबर ने इन दोनों मूर्तियों पर उन वीरों की प्रशंसा की याद में निम्नलिखित दोहा भी खुदवा दिया था—

जयमल बड़तां जीवणं, पत्तौ बायें पास।
हिन्दू चढ़िया हाथियां, अडियौ जस आकास॥

जहां प्रतिपक्षी द्वारा वीरों की कीर्ति एवं यश की रक्षा के लिए इतनी चेष्टा की जाय वहाँ लेखनी द्वारा ऐसे वीरों के लिए जो कुछ भी लिखा जाय वह बहुत थोड़ा है।

वीरों की क़ीर्ति-रक्षार्थ यशगान करने वाले कवि स्वयं भी वीर होते और उन्हें वीरता का सच्चा अनुभव भी होता था। इसीलिए उनके द्वारा रचित साहित्य में हमें वीरत्व की जीवन्त झांकी के दर्शन होते हैं। इस कथन की पुष्टि में अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

---

[1] झरहरियौ आभ न कूमांडे झड़, विखमां जग परहरियौ वाव।
जो उगणतरौ थरहरियौ जग में, चाळक न परहरियौ चाव॥ १
अंन बिन लोक चहूं चक ओड़ै, गया माळवे छोडे गेह।
दोवां नाडकां छेह दिखायौ, 'आसावत' दरियाव अछेह॥ २
मानव बिकै पाव अंन माट, दुरभिख जग में ताव दियौ।
अंन रांधै कोरे नह ऊतर, लाधे हद सो भाग लियौ॥ ३
भेटे कोय गयौ नंह भूखौ, परजाची कीधी प्रतिपाळ।
खोटे समय उणांतरे खांडप, सोलंकी दरसियौ सुकाळ॥ ४
—बांकीदास ग्रन्थावली, भाग ३, भूमिका

[1] बर्नियर्स ट्रेवल्स इन दी मुगल एम्पायर, कान्स्टेबल और स्मिथ कृत, पष्ठ २५६-५७।

खानवा के युद्ध में महाराणा संग्रामसिंह जब घायल हो गए तो उनके सैनिक लोग उन्हें उठा कर ले आये। मूर्च्छा खुलने पर राणा उदासीन हुए और अपने आपको अंग भंग देख राणा के पद के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया। उसी समय कवि जमणाजी अपने एक ही गीत द्वारा उनमें उत्साह की उमंग भर देते हैं और इस गीत से प्रभावित होकर सांगा ने राणा पद को पुनः स्वीकार कर लिया।

गीत—सतबार जरासंध आगळ स्री रंग, विमहा टीकम दीध वग।
मेलि घात मारे मधुसूदन, असुर घात नांखे अळग ॥ १

पारथ हेकरसां हथणापुर, हटियौ त्रिया पडंतां हाथ।
देख जका दुरजोधण कीधी, पछै तका कीधी कांइ पाथ ॥ २

इकरां रांमतणी तिय रांवण, मंद हरेगौ दहकमळ।
टीकम सोहि ज पथर तारिया, जगनायक ऊपरा जळ ॥ ३

एक राड भव मांह अवत्थी, ओरस आणै केम उर।
'माल' तणा केवा कज मांगा, सांगा तू सालै असुर ॥ ४

राजपूताने के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीरता, त्याग एवं बलिदान से कौन परिचित नहीं है। अकबर जैसे सम्राट ने भी महाराणा प्रताप की वीरता का लोहा माना और प्रमुख शत्रु होते हुए भी उसकी सदैव प्रशंसा की। राणा ने अपना समस्त जीवन युद्ध में ही व्यतीत किया। राणा के प्रति तत्कालीन कवि सूरायच टापरिया का कहा हुआ गीत कायर के हृदय में भी उत्साह की लहर उत्पन्न कर देता है—

गीत—वरियाम विडंग न लहै वेसांमी, खग सावरत रण पैसै खाप।
अकबर साह न छाडै आरंभ, पांण न छाडै रांण प्रताप ॥ १

बे अतलोकि नगींद बराबर, पेखे पदम हाथ लहै परै।
मेले जोगणिपुरौ महादळ, केळपुरौ उखेळ करै ॥ २

प्रभणै किरण पेखि कीळापति, देखै मीढ़ण तणौ दुह राव।
नंद-हमाऊं रीस न नामै, सीस न नामै 'सिघ' सुजाव ॥ ३

सूरज-चंद तांम समासै, खरै आव वाजियौ खरौ।
हेकां सिर खीटै बाबर हर, हेकां अमट 'संग्राम' हरौ ॥ ४

मध्यकालीन राजपूत राजा लोग जहाँ अपनी शूरवीरता के लिए प्रसिद्ध हो चुके हैं वहाँ दानशीलता एवं त्याग में भी वे अपना प्रतिद्वन्द्वी नहीं रखते। वीरों के प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं वीरता के अद्भुत कार्य-कलापों की प्रेरणा से जिस प्रकार वीर-काव्यों की रचना हुई है, उसी प्रकार दानवीरों की दान-वीरता भी इन कवियों की कविता में उद्भूत हुई है। अपने आश्रित कवियों को उनकी सुन्दर रचनाओं पर करोड़ पसाव और लाख पसाव देने की परम्परा सर्वविदित है। इस प्रकार के दान और पुरस्कार में भी परस्पर प्रतिस्पर्धा की भावना रहती और दान देने में अपना नाम उच्च रखने के लिए एक दूसरे से बढ़ कर दान दे दिया करते। कवि शंकर बारहठ की कविता पर प्रसन्न होकर बीकानेर महाराजा रायसिंह ने उसे सवाकोड़ का पुरस्कार प्रदान किया। इसकी सूचना जब जयपुर के महाराजा मानसिंह को उसकी रानी, जो महाराजा रायसिंह की लड़की थी, द्वारा मिली तो उन्होंने प्रातः ही ६ श्रेष्ठ कवियों को बुला कर ६ करोड़ पसाव का पुरस्कार दे दिया।[1] इस प्रकार की पुरस्कार व्यवस्था से राजा लोग अपने आश्रित कवियों को सम्मानित कर साहित्य-सृजन के लिए प्रोत्साहित करते तथा साहित्य के प्रति अपना अटूट प्रेम भी प्रगट करते। मध्यकालीन कवियों को निरन्तर रूप से साहित्य रचना के लिए इस प्रकार का प्रोत्साहन मिलने के कारण भी इस काल में राजस्थानी का अतुल भंडार उपलब्ध होता है।

विक्रम की सत्रहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध अर्थात् अकबर के शासन-काल के आरम्भ होने तक भारत में मुगल राज्य की नींव सुदृढ़ हो चुकी थी और निरन्तर युद्ध एवं मुगलों के प्रभुत्व ने राजपूत राजाओं की शक्ति को जर्जर कर दिया था। ऐसी स्थिति में भी वीरता के उपासक राजपूत अब भी अपने धर्म एवं हिन्दुत्व की रक्षार्थ अवसर पड़ने पर प्राणों की बाजी लगाने से चूकते नहीं थे। इस्लाम का आतंक देशव्यापी हो गया था। राजस्थान के सुदूर गांवों में भी हिन्दू जाति की साधारण जनता को धर्म के नाम पर बहुत बुरी तरह से कष्ट दिया जा रहा था। गायों को लूट कर ले जाना, मन्दिरों को नष्ट करना,

[1] पांळ पात हरपाळ[1], प्रथम प्रभता कर थप्पे।
दळ में दासो[2] नरू[3] सहोड़ घण हेत समप्पे।
ईसर[4] किमनो[5] अरघ, बड़ी प्रभता बाधाई
भाई डूंगर[6] भणे, क्रीत लख मुखां कहाई।
अई अई 'मांन' उनमान पहों, हात धनो-धन धन हियौ।
सुरज घड़ीक चढ़ता समौ, दे छ कोड़ दातण कियौ ॥
—वीरविनोद, भाग २, कविराजा श्यामलदास, पृ० १२८५

लूट-मार करना आदि दिन प्रति दिन की घटनायें थीं। ऐसे संकट काल में उस जनता के वीर नायक प्रायः ये ही वीर राजपूत उनकी रक्षार्थ सामने आते और आततायियों के अन्याय का अन्तिम श्वास तक प्रतिरोध करते। ऐसे धर्मवीरों के चरित्र-वर्णन एवं उनके बलिदान की प्रशंसा के लिए तत्कालीन कवियों की लेखनी मौन कैसे रह सकती थी। इसीलिये धर्मवीरों के बलिदान की अनेक गाथायें मध्ययुगीन राजस्थानी साहित्य में हमें उपलब्ध होती हैं। गायों की रक्षा करते समय मर मिटने वाले के प्रति रचा हुआ कवि का निम्न गीत कितना हृदयस्पर्शी है।

गीत—मिळ भायां मतौ कियौ मा जायां
दळ बळ सज आयां दुरत।
गायां गीयां जीवीयां कुण गत
गायां वांसै मुआं गत ॥ १
सजीयां खाग 'प्रीयाग' समोभ्रम।
साची कहै बंधतां सार।
वित जावै ऊभा वाहरुआं,
लांणत वां वाहरुआं लार। २
'बदरै' 'अने'करी वातां बे मुख
सुरां दैणौ मरण……।
धन धारियां लाज की धणियां,
धणीयां ऊभौ जाय धण ॥ ३
अरजा देव प्रथी परमाणै……
ओजो मांटीपणौ अई।
भारत कट पड़ीयां बे भायां,
गायां घट खूंदती गई ॥ ४

इसी प्रकार धर्म रक्षा में रत अनेक बहादुरों ने स्थान-स्थान पर मंदिरों, देवरों की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी है। एक वीर राठौड़ मेड़ता के मंदिर की रक्षा करते करते काम आगया, जिसके सम्बन्ध में कहा हुआ गीत बरबस ही हमारी भावनाओं को झकझोर देता है।

झिरमिर झिरमिर मेवा बरसै, मोरां छती छाई।
कुळ में छै तौ आव 'सुजांणा', फौज देवरै आई ॥

गीत—आया दळ असुर देवरां ऊपर
कूरम कमधज एम कहै।
ढहियां सीस देवळ ढहसी,
ढह्यां देवाळौ सीस ढहै ॥ १
'माल' हरौ 'गोपाल' हरौ मंढ
अडिया दुहूं खागां अगाअंग,
उतमंग साथ उतरसीं अंडौ
अंडा साथ पड़ै उतमंग ॥ २
'स्यांम' सुतन 'पातळ' सुत सभिया,
निज भगतां बांध्यौ हर नेह।
देही साथ समायां देवळ,
देवळ साथ समायां देह ॥ ३
कुरम खंडेले कमंध मेड़ते,
मरण तणौ बांध्यौ सिर मोड़।
'सूजा' जिसौ नहीं कोइ सेखौ,
'राजड़' जिसौ नहीं राठौड़ ॥ ४

जहां राजपूत वीरों ने अपनी वीरता, बलिदान और दानशीलता आदि का अपूर्व परिचय देकर साहित्य-सृजन के लिए तत्कालीन कवियों को प्रेरित किया, वहां इनकी वीर स्त्रियों ने भी किसी प्रकार की कसर न रखी। जैसे वीर राजपूत पुरुष वैसी ही उनकी वीर नारियां। पुरुषों की भांति इन्हें भी प्राणों का मोह लेश मात्र भी नहीं था। जिस प्रकार कायर कहलाने की अपेक्षा वीर राजपूत मर जाना अधिक पसंद करते थे, उसी प्रकार राजपूत वीरांगनायें किसी कायर की मां, बहन या पत्नी कहलाना अपने लिए महान लज्जा की बात समझती थीं। युद्ध के समय मातायें अपने वीर पुत्रों, पत्नियां सुभट पतियों तथा बहिनें बहादुर भाइयों को सहर्ष अपने हाथ से तिलक कर लड़ने के लिए विदा देने में अपना अहोभाग्य समझती थीं। विदाई के अवसर पर उनके द्वारा प्रकट किये जाने वाले हृदयोद्गार वस्तुतः उनके वीर हृदय का परिचय देते हैं। युद्ध में जाने वाले वीर से माता यही कहती कि पुत्र ! तूने मेरे स्तन का पान किया है अतः युद्ध में मेरे दूध को कलंकित न करना। बहिन यह कह कर विदा देती कि, मेरे वीर (भ्राता) यह चुनड़ी तूने अपने हाथ से मुझ पर ओढ़ाई है अतः इस चुनड़ी को अपने नाम से लज्जित न करना, और पत्नी यह कह कर शकुन मनाती कि आर्य पुत्र ! यह अहिवात (चूड़ौ) मैं तुम्हारे नाम का धारण किए हुए हूं अतः इसे तुम किसी तरह से कलंकित न होने देना। अवसर पड़ने पर वे नारियां स्वयं भी रणचण्डी का रूप धारण कर शत्रुओं का संहार करने के लिए युद्ध-भूमि में आ उतरतीं और आवश्यकता होने पर अपनी मर्यादा की रक्षा के लिए हँसते-हँसते जौहर की ज्वाला को भी

वरण करतीं। राजस्थानी साहित्य इसके अनेक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राजस्थानी साहित्यकारों ने इन वीरांगनाओं के उज्ज्वल चरित्र को बड़े ही आदर और श्रद्धा के साथ अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है। नारी के जिन विभिन्न रूपों का उन्होंने दर्शन किया, उसका अपने साहित्य में दिग्दर्शन कराया है। शक्ति रूप में उसकी पूजा की है, माँ के रूप में उसकी वंदना की है, वीरांगना के रूप में उसका सम्मान किया है। जयसिंह कछवाहा की पुत्री किसनावती अपने पुत्रों की रक्षा हेतु शक्ति रूप धारण कर युद्ध में शत्रुओं का संहार करती है; उसका वर्णन तत्कालीन कवि गोरधन बोगसे ने किया है जिसमें नारी की वीरता पर देवता तक न्यौछावर हुए हैं।

गीत—भारथ मझि मिळे दूसरौ भारथ, रथ ठांमियौ जोवण ग्रहराज
उमया ईस उभै आहुड़िया, किसनावती तणौ सिर काज ।।
क्रत सूरति पेखे कछवाही, हुवौ पदम हुथ विमुह हुथ ।
आदमियां उतवंग लै आदम, संकति रूप कहियौ सकत ।।
अमुख-अमुख चर नारद औसर, त्रिपति पांच मिळि पांचतत ।
हूँ सर तिरपति सुज जांण हरि, त्रिसगति त्रिहूँ रति तिरपत ।।
रुद्र-वरणी जंपै, सांभळि रुद्र, आज लगै तैं लिया अनेक ।
जैसिंघ-धूय तणौ धू जोतां, अंबर भर मो जुड़ियौ एक ।।
हरि-दरगाह न्याय गा हाले, ब्रह्म वांटियो करे विचार ।
सतरमौ सिणगार सिवा सिव सिर आधै पूरौ सिणगार

(राजस्थानी वीर गीत, गीत ११७)

इसी प्रकार वीर पत्नी का स्वरूप हमें कवि ईसरदास कृत 'हालां झालां रा कुंडलिया' में हाला जसवंतसिंहजी (जसा जी) की पत्नी द्वारा पति को कहे हुए शब्दों में मिलता है। हलवद नरेश झाला रायसिंह, हाला जसवन्तसिंह पर चढ़ाई कर उसके नगर ध्रोल में आ पहुँचे तब हाला ठाकुर की पत्नी उन्हें युद्ध के लिए तत्पर करती है—

उठि ऊढ़ंगा बोलणा, कांमणि आखै कंत ।
औ हल्ला तो ऊपरां, हूंकळ कळळ हुवंत ।।
हूंकळ सींधवौ वीर कळ हळ हुवै ।
वरण कजि अपछरां सूरिमां वह बुवै ।।
त्रिजड़-हथ मयंद जुध गयंद घड़ तोड़णा ।
उठि हर धवळ सुत अढ़ंगा बोलणा ।।

(हालां झालां रा कुंडळिया, पृ० ६)

मध्य युग में स्त्री समाज में सती प्रथा का विशेष महत्व था। प्राचीन काल से चली आ रही इस प्रथा को इस युग में बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। प्रारम्भ में पति की मृत्यु के पश्चात् अनुसरण या सहगमन करना ही स्त्रियों का जीवनादर्श था। पति के साथ चितारोहण करती हुई नारी को यह दृढ़ विश्वास होता था कि उसके सती होने के बाद उसे अमर लोक में अमर सौभाग्य मिलेगा। आगे चल कर प्रचलित होने वाली जौहर प्रथा भी इसी का विकसित रूप है। मध्यकाल में युद्धों की अधिकता थी। युद्ध में वीर राजाओं, सामंतों तथा सैनिकों का काम आ जाना ही जब निश्चित सा प्रतीत होता तो उसके पूर्व ही उनकी वीर स्त्रियां महलों आदि में चिता की तैयारी कर उसमें अपने प्राणों की बलि दे देतीं। उनका यह तेजोमय आदर्श बहुत ऊंचा था। इसकी झलक मध्यकाल की रचनाओं में स्थान-स्थान पर मिलती है। किशनगढ़ के महाराजा बहादुरसिंह ने अखां नामक वीरांगना के सती होने पर जो गीत कहा उसे उदाहरणार्थ यहां प्रस्तुत किया जाता है—

गीत—लगी लाय प्रत रोम धकतीरथी धोम लख,
बोम अंतरीक बहती बताई ।
जळ पाखां चाढ़ती सकळ जग जोव ज्यो,
अनळ झळ पड़गवा 'अखां' आई ।। १
बर सबद रांम रांमेत मुख बोलती,
तोलती देह सत बरत तावै ।
दुनी कौतक कहै भमी वा देख ज्यो,
उक्रमी गयण मग क्रमी आवै ।। २
आरखत बदन 'अजबेस' बाली उमंग,
मछर छळ छोड उर अग्राळी मीच ।
कीच कुळ उकासण कंथ आसण करै,
बैठगी विखम झळ हुतासण बीच ।। ३
रूप दाहे दवन अंगारा……
मन भवन अगन जस हूंत मंडगी ।
कुळ उतंग डोर आवागवन भंग कर,
चंग पवन संग जिम सुरंग चडगी ।। ४

इसी प्रकार जोधपुर के महाराजा मालदेव की रानी उमा भटियाणी अपने मान के कारण आजीवन महाराजा से रूठी रही और अपने ननिहाल में रह कर ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया, परन्तु अन्त में महाराजा की मृत्यु के समाचार सुनते ही वहाँ से आकर उनके साथ सती हो गई। इसी का वर्णन तत्कालीन कवि आसा बारहठ ने बड़े ही प्रभावोत्पादक ढंग से किया है—

कवित्त—हंस गमरा राव रमरा, निरम्मळ सारंग नेरा़ी ।
इम्रत बैरा सब जांरा, बदन चन्दा ग्रह बेरा़ी ।
पतबरता पदमरा़ी, सील सुन्दर सतवन्ती ।
लछरा महा लच्छिमी, जिसी गंगा पारबत्ती ।
बड सती माल चाढ़त बड़म, जीव ग्रंग करती जुवा ।
झेलती झाळ ग्राठूं दिसा, हार कण्ठ जू जू हुग्रा ॥[1]

निस्सन्देह मध्ययुग में राजपूताने के वीर राजाग्रों ने ग्रपूर्व देश-प्रेम ग्रौर ग्रद्भुत वीरता का परिचय दिया। राजाग्रों के ग्राश्रित कवियों ने ग्रपनी ग्रोजस्विनी एवं शक्ति-शालिनी वाणी में उनकी वीरता का यशोगान किया है ग्रौर उनकी प्रशंसा में ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने इनके इस उज्ज्वल पक्ष का चित्रण करने में ग्रतिशयोक्ति का भी सहारा लिया है परन्तु यह भी सत्य है कि उनके ग्रन्य जीवन पक्षों पर भी वे मौन नहीं रहे। जहाँ कहीं कवियों ने वीरों तथा ग्रपने ग्राश्रयदाताग्रों की कायरता देखी है, उनमें झूठा गर्व पाया है, वहीं ग्रपनी उसी प्रभावशाली वाणी में तीक्ष्ण फटकार के साथ उनकी भर्त्सना की है। इनके साहित्य में कायरों की हीनता ग्रौर राजाग्रों के मिथ्याभिमान का चित्रण भी स्पष्ट रूप से मिलता है। हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप को पराजित कर जयपुर नरेश मानसिंह उदयपुर पहुँचे ग्रौर वहाँ पिछोले के तालाब में ग्रपने घोड़े को पानी पिलाने लगे। घोड़ा पानी पी रहा था, उसी समय वे गर्व से बोले, 'बेटा नीला ! तुम तृप्त होकर पानी पिग्रो। या तो इस पिछोले में मंडोवर के राव जोधा राठौड़ ने ही राणा के बल को चूर्ण कर ग्रपने घोड़े को पानी पिलाया या ग्राज मैं महाराणा प्रताप के गर्व को खण्डित कर तुझे इस पिछोले में पानी पिला रहा हूँ।' इसी समय जयपुर निवासी जगावत शाखा का बारहठ 'किसना' भी जो मानसिंह का ग्राश्रित कवि होने के कारण उस युद्ध में शामिल था, मानसिंह के घोड़े के साथ-साथ ग्रपने घोड़े को भी पानी पिला रहा था। वह मानसिंह के थोथे गर्व के शब्दों को सहन नहीं कर सका ग्रौर तत्काल ही मानसिंह को निम्नलिखित उपालम्भसूचक दोहा कह सुनाया।

'मांना' मन ग्रंजसो मती, ग्रकबर बळ ग्रायाह ।
'जोधै' जंगम ग्रापरा पांरां बळ पायाह ॥[2]

एक समय बीकानेर के महाराजा दलपतसिंह ने जहांगीर बादशाह की फौज के साथ युद्ध किया, तब उसी के राठौड़ साथियों ने उसे धोखा देकर बादशाह की फौज से मिल कर उसे कैद करा दिया। महाराजा को कैद कराने के बाद जब सभी राठौड़ ग्रपने राज्य की ग्रोर पुनः लौटे तब कवि इसे सहन न कर सका ग्रौर उसने ग्रपनी ग्रोजस्वी वाणी में उन्हें स्पष्ट कह सुनाया—

फिट बीकां फिट कांधळां फिट जंगळ धर लेडां ।
'दळपत' हुड ज्यूं बांधियौ, भाज गई भेड़ां ॥[1]

मारवाड़ के महाराजा जसवंतसिंह प्रथम ने बादशाह शाहजहाँ की शाही सेना को लेकर ग्रौरंगजेब के विरुद्ध धरमत (उज्जैन) में युद्ध किया। युद्ध में विपरीत परिस्थितियों के कारण हार निश्चित समझ महाराजा के मंत्रियों ने उन्हें युद्ध से लौट कर मारवाड़ पहुंच जाने के लिए बाध्य कर दिया। युद्ध में सेना का भार रतलाम के राजा रतनसिंह ने संभाल लिया ग्रौर महाराजा जसवंतसिंह मारवाड़ चले ग्राये। उनके युद्ध से लौटने पर उनकी रानी ने तो किले के द्वार बंद करवाये ही पर कवियों ने भी उन्हें कायर राजपूत होने के ग्रनेक उपालम्भ दिए। बारहठ नरहरदास कवि का ऐसा ही गीत हम उदाहरण के लिए यहाँ प्रस्तुत करते हैं जो निस्सन्देह कायर की रगों में भी वीरता की भावना भरने में पूर्ण समर्थ है।

गीत—महा मंडियौ जाग उज्जैरा खागां मधै
रुदन बिलखावती रही रोती ।
हेळवी 'ग्रमर' री हीय करती हरख
'जसा' ग्रपछर रही बाट जोती ॥
किया काचा 'ग्रमर' 'सूरहर' कळोधर
डरत गत न पीधौ फूल दारू ।
बडा री भोळवी हूर ग्रावी वररा
मेलती गई नीसास मारू ॥
पाटवी हेळवी बेगमै पैलकै
तैं समै ग्रैलकै लीध टाळा ।
पागती 'दलौ' नै 'रतन' परराीजतै
बाट जोती रही 'गजन' वाळा ॥

[1] राजस्थान के ऐतिहासिक प्रवाद, पृ० ११०-१११
[2] चाररा ग्रखबार, सम्पादक : किशोरसिंह बारहठ, पृ० २५४
[1] विविध संग्रह, संकलनकर्ता : ठाकुर भूरसिंह, मलसीसर, पृ० १५२।

ज तौ वीवाह री बाट जोती जगत
रूक बळ ग्रासियौ गियौ राजा ।
मराड़ी जांन घर ग्रावियौ मांडवै
तेल चढ़ती रही ग्रछर ताजा ।।

इसी प्रकार एक बार उदयपुर का महाराणा राजसिंह औरंगजेब से मिलने के विचार से दिल्ली की ओर रवाना हुआ। मेवाड़ की परम्परा में यह बात अपमानजनक थी। अतः तभी जीलिया चारणवास का कवि कमाजी (कम्मा) जो पंगु था, उस मार्ग में एक टीबे पर बैठ गया। महाराणा की सवारी जब उसके सामने होकर निकल रही थी तब उसने अपना निम्न छप्पय १०-१५ बार पढ़ कर सुना दिया। छप्पय को सुनते ही महाराणा को मेवाड़ के गौरव का भान हुआ और उन्होंने अपनी सवारी वहीं से उदयपुर की ओर मोड़ ली। उन्होंने समझ लिया कि दिल्ली जाकर बादशाह से मिलना मेवाड़ को नीचा दिखाना है। कवि का छप्पय वस्तुतः एक सारगर्भित व्यंगोक्ति है।

छप्पय—ग्रजे सूर झळहळै, ग्रजे प्राजळै हुतासण ।
ग्रजे गंग खळहळै, ग्रजे साबत इंद्रासण ।
ग्रजे धरणि ग्रहमंड, ग्रजे फल फूल धरत्ती ।
ग्रजे नाथ गोरक्ख, ग्रजे ग्रह मात सकत्ती ।
ग्राजू हीलोहल धू ग्रटळ, बेद धरम बांणारसी ।
पतसाह हूंत चीतोड़पत, रांण मिळै किम 'राजसी' ।।

यद्यपि इस प्रकार की उपालम्भोक्तियों तथा व्यंगोक्तियों का दुष्परिणाम इन आश्रित कवियों को भुगतना पड़ता था, फिर भी जहां सच्चे वीर की मुक्त-कंठ से प्रशंसा करने में उद्यत रहते वहां कायरता एवं हीनता [illegible] चित्रण करने में भी वे नहीं चूकते। इन कवियों की रचना चाहे वीर राजपूत में देश और धर्म की रक्षा के लिए मर मिटने वाली ओजस्विनी शक्ति प्रदान करने तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए हो अथवा कायर एवं मिथ्याभिमानी को लज्जित कर व्यंग तथा उपालम्भ के प्रभाव से उसकी रगों में सच्चा राजपूती जोश उत्पन्न करने के लिए हो, सदैव ही सद्भावना से उद्भूत होती। इतना ही नहीं, इस काल के कवियों की कविता में देश-प्रेम की सच्ची भावना स्पष्ट रूप से लक्षित होती है। अनेक प्रसिद्ध ऐतिहासिक घटनायें इसका प्रमाण हैं।

माधोजी सिंधिया ने राजपूतों का दमन करने की भावना से जोधपुर राज्य को अपने अधीन करने के लिए फ्रांसीसी डी. बोइने की अध्यक्षता में वि. सं. १८४७ में अपनी एक सेना भेजी। जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के पास भी अनेक वीर सरदार थे जिन पर उनको विश्वास ही नहीं, पूर्ण गर्व भी था। इस अवसर पर महाराजा ने अपने वीर सरदार महेशदास के प्रति जो कुछ भावना प्रकट की वह उसकी वीरता का अच्छा प्रमाण है।[1] परन्तु यही वीर जब कि राठौड़ों की सेना मराठों से मेड़ता के पास मुकाबला कर रही थी तब महाराजा को लेकर कुछ अन्य सरदारों के साथ लौट कर आ गए, तब कवि तो मौन कैसे रह सकता था। उसने युद्ध से लौट आने वाले वीर सरदारों को देश-रक्षा हित चेतावनी देने के लिए तीक्ष्ण व्यंगोक्ति सुना ही दी—

ग्राप भलाई ग्राविया, सुवस वसावौ देस ।
जंबक ए क्यूं जीविया, 'ग्रासौ', 'किसनौ', 'महेस' ।

यह व्यंगोक्ति महेशदास के हृदय पर तीर सी लगी। वह उलटे पैर रण-स्थल में लौट गया और वहीं राज्य-रक्षा हित बहादुरी के साथ लड़ते हुए अपने प्राणों की बलि दे दी। कवि उसकी अद्भुत वीरता की सराहना किए बिना नहीं रह सका।

ग्रासांणी ग्रंजस करै, ग्रंजसै मुरधर देस ।
दल दिखणी रै ऊपरै, बणियौ बींद महेस ।।
म्हैरा कहै सुण मेड़ता, सांची साख भरेस ।
कुण भिड़सी कुण भागसी, देखै जसी कहेस ।।
पग जड़िया पाताळ सूं, ग्रड़िया भुज ग्रमरेस ।
तन झड़िया तरवारियां, मुड़िया नहीं माहेस ।।

केवल सराहना तक ही उनकी कविता सीमित नहीं रही, अवसर आने पर सत्यता प्रकट करने के लिए स्पष्टोक्ति का भी प्रयोग किया। महेशदास के मरने पर उसका परिवार रक्षा हेतु देशनोक पहुंच गया। इधर आसोप ठिकाना सूना देख गच्छीपुरे के ठाकुर जगरामसिंह ने महाराजा के साथ सांठ-गांठ कर उसका पट्टा अपने नाम करा लिया। कवि को ज्ञात होने पर उसने दरबार में ही यह कह सुनाया—

मरज्यौ मती महेस ज्यूं, राड़ बिचै पग रोप ।
झगड़ा में भाग्यौ जगौ, उण पायौ ग्रासोप ।।

---

[1] दिखणी ग्रायौ सज दळां, पृथी भरावण पेस ।
कूंपा तो बिन कुण करै, म्हारी मदत महेस ।।
सुख महलां नह सोवणौ, भार न झल्ले सेस ।
तो ऊभां दळपत तणां, मुरधर जाय महेस ।।

इस पर जोधपुर के महाराजा ने महेशदास के पुत्र को बुला कर पुनः आसोप का ठिकाणा उसके नाम कर दिया।[1]

ऐतिहासिक घटनाओं के आधार प यह बात प्रसिद्ध है कि राजपूताने के वीर राजपूत अपनी मर्यादा की रक्षा के लिए शत्रुओं से लोहा लेने में पूर्ण प्रबल थे। परन्तु इसके साथ ही उनमें एक बहुत बड़ी कमजोरी भी थी, और वह थी उनकी पारस्परिक प्रतिद्वन्द्विता की दृढ़ भावना। इसी भावना ने उनकी अदम्य शक्ति का ह्रास कर दिया जिससे वे अत्यन्त बलशाली एवं वीर होते हुए भी अपनी स्वतंत्रता कायम रखने में सफल न हो सके। छोटा से छोटा शासक भी अपनी निजी स्वतंत्रता चाहता था। कोई भी राजा किसी अन्य राजा की अधीनता स्वीकार करना नहीं चाहता था। इसके साथ ही अपने बाहुबल के प्रभाव से अपने राज्य का विस्तार तथा अपनी वीरता की मान्यता भी चाहता था। इसी कारण इन राज्यों में भी परस्पर अनेक युद्ध हुए। जोधपुर और बीकानेर के राजा यद्यपि परस्पर भाई थे, फिर भी इन्होंने अनेक युद्ध किए। इसी प्रकार जयपुर जोधपुर व जयपुर बीकानेर के बीच भी युद्ध होते रहे। इस द्वेष की भावना के कारण कई बार वे राष्ट्रीय हितों को भी तिलांजली दे दिया करते थे, यद्यपि इसके अपवाद भी अनेक थे, तथापि कुछेक राजपूतों में इस पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता की अति हो चुकी थी।

इस सम्पूर्ण राजनैतिक विवेचना के आधार पर यह मानना ही होगा कि मध्यकाल में राजस्थान विषम परिस्थितियों का अनुभव कर रहा था। ऐसी परिस्थितियों में अंकुरित, पोषित एवं संवर्धित होने के कारण इस काल का राजस्थानी साहित्य प्रधानतया वीररसात्मक ही रहा है। आगे यथास्थान इस काल के वीर साहित्य का संवत् अनुसार उल्लेख करेंगे।

जिस समय राजस्थान में सच्ची वीरता के दर्शन हो रहे थे और यहाँ के कविजन अपनी ओजस्विनी वाणी द्वारा वीरों में देश-प्रेम की भावना का उद्घोष कर अपनी लेखनी द्वारा उज्ज्वल चरित्रों का निर्माण कर रहे थे, उसी समय भारतीय जन-जीवन एक नवीन लहर का प्रभाव अनुभव कर रहा था। दक्षिण में प्रस्फुटित एवं विकसित होने वाली भक्ति-भावना जो बहुत पहिले से धीरे-धीरे उत्तरी भारत में आ रही थी, राजनैतिक परिवर्तनों एवं अनुकूल वातावरण के कारण व्यापक रूप से प्रसारित होने लगी। लगभग पन्द्रहवीं शताब्दी तक आते-आते उसका रूप काफी व्यापक हो चुका था। भक्ति की इस धारा ने उत्तरी भारत को, जो इस समय तक बाह्य आक्रमणों एवं अनेक युद्धों की विभीषिका से पूर्ण आतंकित हो चुका था, धर्म के क्षेत्र में भक्ति की ओर आकृष्ट किया। भारत में इस भक्ति-भावना के आविर्भाव के सम्बन्ध में डा. रामकुमार वर्मा ने लिखा है कि 'यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि भक्ति का जन-व्यापी प्रभाव दक्षिण के अलवार[1] गायकों से ही ईसा की छठवीं शताब्दी में आरम्भ हो चुका था।'[2] प्रारम्भ में इसका प्रभाव दक्षिण में रहा परन्तु इस अविरल स्रोत का प्रवाह सीमित कैसे रह सकता था। अतः धीरे-धीरे परिस्थिति अनुकूल परिवर्तनों के साथ विस्तृत क्षेत्र में व्यापक होता ही गया। प्रारम्भिक स्थिति में गीतों की लोकप्रियता के कारण भक्ति का रागात्मक रूप ही अधिक प्रिय रहा, परन्तु आठवीं शताब्दी में शंकराचार्य ने 'अहं ब्रह्मास्मि' कह कर अद्वैतवाद का सिद्धान्त प्रतिपादित किया। इसके प्रभाव से वैष्णव भक्ति में कुछ काल के लिए अवरोध अवश्य आ गया परन्तु इसके बाद ही श्री रामानुजाचार्य, श्री माध्वाचार्य, श्री निम्बार्काचार्य तथा श्री वल्लभाचार्य ने अपने-अपने संशोधन के साथ क्रमानुसार विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, द्वैत और शुद्धाद्वैत सिन्द्धातों का प्रतिपादन कर वैष्णवों के चार संप्रदायों की स्थापना की। रामानन्द ने रामानुजाचार्य के भक्ति सिद्धान्तों का उत्तर भारत में अधिकाधिक प्रचार किया। इस भक्ति धारा के उचित प्रभाव के फलस्वरूप ही विदेशी धर्मों के विरुद्ध भारतीय हिन्दू धर्म स्थिर रह सका।

स्वामी रामानन्द, भक्त नामदेव तथा संत ज्ञानेश्वर आदि के पर्यटन एवं धार्मिक प्रचारों से दक्षिण की भक्ति लहर लगभग पन्द्रहवीं शताब्दी तक उत्तरी भारत में व्यापक रूप से प्रवाहित हो चुकी थी। ऐसे समय में राजस्थान भी इसके प्रभाव से अछूता कैसे रह सकता था। दक्षिण का प्रारंभिक

[1] जोधपुर राज्य का इतिहास, भाग २, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृष्ठ ७५३ का फुट नोट।

[1] हिन्दी साहित्य कोश में 'आलवार' जाति बताया गया है।

[2] हिन्दी साहित्य, द्वितीय खण्ड, धीरेन्द्र वर्मा तथा व्रजेश्वर वर्मा, पृ. १९०।

संत सम्प्रदाय जो तेरहवीं शताब्दी में महाराष्ट्र में विट्ठल सम्प्रदाय के रूप में रहा, वह धीरे-धीरे उत्तर भारत में आता हुआ पन्द्रहवीं शताब्दी में निर्गुण सम्प्रदाय के रूप में प्रचारित हुआ। इस निर्गुण सम्प्रदाय ही का प्रभाव राजस्थानी संतों पर पड़ा। यह लहर यहाँ स्वामी रामानन्द की शिष्य परम्परा के साथ प्रविष्ट हुई। इसके पूर्व यहां भारत के अन्य क्षेत्रों की भांति नाथ अथवा सिद्ध सम्प्रदाय का ही प्राधान्य रहा। इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक मत्स्येंद्रनाथ माने जाते हैं, जिनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं। गोरखनाथ के सम्बन्ध में आज भी राजस्थान में बहुत से चमत्कारपूर्ण किस्से-कहानियां प्रचलित हैं। राजस्थान में नाथ जोगी संप्रदाय का प्रभाव काफी समय तक बना रहा। मारवाड़ राज्य में तो महाराजा मानसिंह के समय में राजकीय कागज-पत्रों, आज्ञाओं आदि के शिरो भाग पर जालंधरनाथजी का नाम भी लिखा जाने लगा। इसके अलावा अनेक स्थानों पर नाथों के मठ स्थापित हो चुके थे।

नाथ जोगी संप्रदाय के अन्तर्गत संत कवियों ने 'वांणियों' तथा 'सब्दी' का निर्माण किया। इनमें से जिसने भी किसी पद का निर्माण किया, उस पद को उसने अपने गुरु के नाम से ही प्रचारित किया। अधिकतर पद नाथ संप्रदाय के चमत्कारिक सिद्धों के नाम से ही बनाये गए हैं अतः यह पता लगाना अत्यंत कठिन है कि उनमें से कितने पद वास्तव में उनके गुरुओं द्वारा निर्मित हैं और कितने शिष्यों द्वारा। इसी संदिग्धता एवं उलझन के कारण इन नाथ सतों के साहित्यिक कृत्यों का ठीक ऐतिहासिक स्थान निर्धारित करना अत्यन्त कठिन है। इस सम्बन्ध में डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी लिखते हैं—'गोरखनाथ के नाम पर जो पद मिले हैं वे कितने पुराने हैं, यह कहना कठिन है। इन पदों में से कई दादूदयाल के नाम पर, कई कबीर के नाम पर और कई नानकदेव के नाम पर पाये गए हैं। कुछ पद लोकोक्ति का रूप धारण कर गए हैं, कुछ ने जोगीड़ों का रूप लिया है और कुछ लोक में अनुभवसिद्ध ज्ञान के रूप में चल पड़े हैं। इन पदों में यद्यपि योगियों के लिए ही उपदेश हैं, अतएव उनमें भी उसी प्रकार की साधनामूलक बातें पाई जाती हैं जो इस प्रकार की रचनाओं का मुख्य प्रतिपादन है।[1]

इस प्रकार की संदिग्धताओं के कारण ही इन नाथ-जोगी सम्प्रदाय के अधिकतर संतों की रचनाओं का राजस्थानी के ऐतिहासिक काल-निर्धारण में उचित स्थान देना संभव नहीं है। नाथ साहित्य के उदाहरण के लिए 'चरपट' नामक नाथ संत की रचना दी जा सकती है। इनका पूर्व का नाम श्री चरकानंद नाथ था। ये कहीं गोरखनाथ के और कहीं बालानाथके शिष्य कहे गए हैं। इनकी कविताओं का एक उदाहरण डॉ. मोहनसिंह ने उद्धृत किया है, वह इस प्रकार है—

सुधु फटकि मनु गिग्रानि रता। चरपट प्रगिवै सिध मता।
बाहिरि उलटि भवन नहिं जाऊ, काहे कारणि कांननि का चीरा खाउ।
बिभूति न लगाओ जिउतरि उतरि जाइ, खर जिउ धूरि लेटै मेरी बलाई।
सेली न बांधौ लेबौ ना भ्रिगानी, ओढउं ना खिथा जो होइ पुरानी।
पत्र न पूजौ उड़ा न उठावौ, कुते की निआई मांगने न जाऔ।
बासी करि के भुगति न खाओ, रिधिआ देखि सिंगी न बजाओ।
दुआरि दुआरे धूआ न पाओ, भेखि का जोगी न कहावो।

आतिमा का जोगी चरपट नाउ[1]

श्री रामकुमार वर्मा ने 'चरपट' के नाम से कविता का उदाहरण जो प्रस्तुत किया है वह निम्न है—

इक लाल पटा इक सेत पटा, इक तिलक जनेऊ लमक लटा।
जब लहीं अलटी प्राण घटा, तब चरपट भूले पेट नटा।
जब आवैगी काल घटा, तब छोड़ि जाइगे लटा पटा।
सुणि सिखवंती सुणि पतवंती, इस जग महि कैसे रहणां।
अंखी देखन कंणी सुनणा, मुख सों कछू न कहणां।
बकते आगे स्रोता होइ रहु, थौक आगै मस कीना।
गुरु आगे चेला होइबौ, एहा बात परबीना॥
मन महि रहना भेद न कहना बोलिबौ अम्रत बानी।
अगला अगन होइबा औधू, आप होइबो पांनी॥[2]

मेरे अपने संग्रह में 'चरपट' के नाम से एक 'सब्दी' संगृहीत है, उसकी भाषा का उदाहरण इस प्रकार है—

घिस घिस गई नाक की डांडी, अहार की कोथली नरग की कूंडी।
मन का वासा अजब तमासा, चस चस का हारत गुंजा।
गंधबी गंधजार विजारा, चरपट चाला मांत जुहारी॥ १
चांम की कोथली, चांम का सूथा, ताकी सरीत करी जग मूया।
देवैगे धूप मांनी मांन जाता, कोई गुरु मुख एक ही चेल्या।
'चरपट' कहै सुनौ हो अंदो, कांमण संग न कीजै॥ २

---

[1] नाथ सम्प्रदाय, डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ १८२

[1] पंजाब विश्वविद्यालय पुस्तकालय की ३७४ संख्या की हस्तलिखित प्रति से उद्धृत।

[2] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, प्रथम खण्ड, पृष्ठ ११६।

उपरोक्त तीन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि चरपट के नाम से जिन कविताओं का उल्लेख किया जाता है उनकी भाषा में कितना अंतर है। तब यह सहज ही अनुमान किया जा सकता है कि इन नाथ जोगी सम्प्रदाय के संतों के नाम जो 'सब्दियां' मिलती हैं वे उनके नाम से बाद में उनके शिष्यों द्वारा लिखी गई हों। प्रामाणिकता के अभाव में उनका महत्व न्यून रह जाता है। अतः इस प्रकार के उदाहरणों की विवेचना इस निबन्ध में उपयोगी सिद्ध नहीं होगी।

नाथ सम्प्रदाय अपने काल का एक मुख्य सम्प्रदाय था और इसके नाथों तथा सिद्धों की हठ तथा योग-क्रियाओं का अपना विशेष महत्व था। परन्तु इनकी यह योग मार्ग की साधना इनके शिष्यों तक ही सीमित रह गई। धार्मिक दृष्टि से गोपनीय एवं कष्टसाध्य होने के कारण जन-साधारण को अपनी ओर आकृष्ट न कर सकी। यह साधना किसी भी प्रकार से लोक-जीवन की आध्यात्मिक निष्ठा तथा भक्ति-भावना से उत्प्रेरित करने में समर्थ न हो सकी। समय की गति के साथ इसका भी विकास होता रहा और कालान्तर में जो संत सम्प्रदाय हमारे समक्ष आया वह इसी का विकसित रूप था। यद्यपि संत सम्प्रदाय इसके विकास की एक स्वतंत्र कड़ी थी और योग का अभ्यास इसकी साधना का अंग बना, तथापि इस युग में उत्तर भारत में व्यापक रूप से प्रवाहित होने वाली भक्ति-धारा भी इस संप्रदाय की साधना का अंग बन गई।[१]

राजस्थान में भक्ति धारा के व्यापक प्रवाह का श्रेय संत सम्प्रदाय को ही है। उत्तर भारत में स्वामी रामानन्द द्वारा प्रतिपादित एवं प्रचारित धार्मिक सिद्धान्तों का प्रभाव यहां के संतों पर भी पड़ा और इसी के परिणामस्वरूप उनकी शिष्य परम्परा यहां आरम्भ हो गई। संतों ने अवश्य ही अपनी निर्गुण वाणी द्वारा जन-साधारण में भक्ति-धारा बहाई परन्तु इस क्षेत्र में यहां के सिद्ध पुरुषों का जो हाथ रहा वह भुलाया नहीं जा सकता। आलोच्य काल के पूर्व इन सिद्ध पुरुषों ने ही अपने आत्मबल के प्रभाव से राजस्थान के लोक जीवन में भक्ति-भावना एवं आध्यात्मिक निष्ठा की प्रथम किरण जागृत की। इन सिद्ध पुरुषों में यहां के पांच पीर के नाम से प्रसिद्ध पांच वीर पुरुष हो चुके हैं जिनके नाम—(१) पाबूजी राठौड़ (२) रामदेवजी तंवर (३) हड़बूजी सांखला (४) मेहाजी मांगलिया और गोगाजी चौहान। ये सिद्ध पुरुष नाथों की भांति योगमार्गी नहीं थे, अपितु दृढ़ हिन्दू वीर थे। सम्भवतः मुसलमानों के प्रभाव से इनके साथ पीर शब्द जुड़ गया है। इनकी प्रसिद्धि में यह दोहा प्रचलित है—

> पाबू हड़भू रांमदे, मांगलिया मेहा।
> पांचूं पीर पधारज्यौ, गोगा दे जेहा॥

इन वीरों ने जन-साधारण के कष्टों को समझा और उनसे छुटकारा दिलाने के लिए पूर्ण प्रयत्न किया। यही नहीं, उनकी जीवन-रक्षा एवं धर्म-रक्षा के लिए समय आने पर उन्होंने अपने प्राणों की बलि भी दे दी। इसीलिए समाज में इनके प्रति अटूट श्रद्धा जागृत हो चुकी थी। ऐसे ही सिद्ध पुरुषों में मारवाड़ के राठौड़ राव सलखाजी के पुत्र मल्लीनाथजी तथा उनकी पत्नी रूपांदे का भी नाम लिया जा सकता है। इसी श्रेणी में जाखड़ जाट वीर तेजा को भी नहीं भुलाया जा सकता। इनकी मान्यता धीरे-धीरे राजस्थान के बाहर भी होने लगी। इनके नाम पर लोग 'जम्मे' लगाने लगे। जनता में इनके प्रति श्रद्धा इतनी बढ़ गई कि स्थान-स्थान पर इनके 'देवरे' बन गए। यही वह समय था जब कि स्वामी रामानन्द की भक्ति संबन्धी विचारधारा यहां पनप रही थी। स्वामी कृष्णदास पयहारी के राजस्थान में आने के पश्चात् काफी संत उनकी शिष्य परम्परा में आ गए और भक्ति-धारा को प्रबल बनाने लगे।

राजस्थान में संतों ने निर्गुण पक्ष को लेकर ही अपनी वाणियों की रचना की है। यद्यपि जन-साधारण में सगुणोपासना प्रचलित थी और लोग मन्दिरों आदि में देव-दर्शन और पूजा आदि करने में विश्वास रखते थे, तथापि भक्ति-सम्बन्धी जो भी रचनायें हुईं, निर्गुणोपासना की ही हुईं। इस युग में केवल मीरां को छोड़ सगुण भक्ति सम्बन्धी किसी अन्य भक्त कवि की रचनायें प्राप्त नहीं होतीं। संत लोग मुख्यतः स्वानुभूति की अभिव्यक्ति एवं आत्म-ज्ञान की प्रेरणा हेतु वाणियों की रचना करते और उन्हें सत्संग में गाते। इन्होंने सदैव जीवन के जटिल प्रश्नों पर व्यावहारिक रूप से विचार किया है और वाणियों के सहारे अपनी भावाभिव्यक्ति द्वारा

---

[१] हिन्दी साहित्य, द्वितीय खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, व्रजेश्वर वर्मा; संत काव्य, डॉ. रामकुमार वर्मा, पृ. २०७।

जन-जीवन में आत्मज्ञान का प्रतिबोध कराया है। संत लोग सत्संग-प्रेमी होने के कारण पर्यटन भी अधिक करते थे, इसी कारण उनकी रचनाओं में समीपवर्ती बोलियों तथा भाषाओं का प्रभाव पाया जाना स्वाभाविक ही है। इस युग के संतों की वाणियां ग्रंथों के रूप में उपलब्ध हैं। हम संवत्क्रम से यथा-स्थान इनका उल्लेख करेंगे।

संतों के अतिरिक्त इस काल के अन्य राजस्थानी कवियों ने भी भक्ति साहित्य की रचना कर साहित्य-वृद्धि में योगदान देकर अपनी भक्ति का परिचय दिया है। इन कवियों में प्रमुखतया चारण एवं जैन कवि ही हैं। अनेक साहित्यकार यह कह कर राजस्थानी भक्ति साहित्य की महत्ता कम कर देते हैं कि इस युग में वातावरण की अनुकूलता के अभाव में डिंगल काव्य-निर्माता भक्ति साहित्य का निर्माण नहीं कर सके। डॉ. जगदीशप्रसाद श्रीवास्तव का उनके शोध प्रबन्ध 'डिंगल साहित्य'[1] में यह मत कि मध्य युग में राजनैतिक अव्यवस्था एवं संघर्षमय वातावरण में कवियों का भक्ति रस की कविता सुनाना बेवक्त की शहनाई होता, उचित प्रतीत नहीं होता। साहित्य राजाओं का न होकर जनसाधारण का होता है। तत्कालीन अनेक आश्रित कवियों की भक्ति सम्बन्धी रचनायें स्वत: इनके मत के विरोध में अपना प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। इन कवियों ने डिंगल के वीर काव्यों की रचना के साथ-साथ ही भक्ति सम्बन्धी रचनायें की हैं। उदाहरण के लिए प्रसिद्ध कवि ईसरदास को ही लें। ये कई राजाओं के पास रहे और इन्होंने 'हालां झालां रा कुंडळिया' नामक वीर ग्रंथ की रचना की। इसके अतिरिक्त इनके अनेक वीर गीत भी प्राप्त होते हैं। वीर रस की रचना के साथ इनके भक्ति रस के भी ग्रंथ उपलब्ध हैं जिनके नाम—१. हरिरस, २. छोटा हरि-रस, ३. बाल लीला, ४. गुण भागवत हंस, ५. गरुड़पुराण, ६. गुणआगम, ७. निंदास्तुति, ८. रसकैलास, ९. वैराट, १०. देवियांण आदि हैं। हरिरस की प्रसिद्धि में कवि केसोदास गाडण का कहा हुआ दोहा यहाँ देना पर्याप्त होगा —

जग प्राजळतौ जांण, अघ दावानळ ऊपरां।
रचियौ 'रोहड़' रांण, समंद 'हरी रस' सूरवत ॥

[1] देखो—पृष्ठ १८७

कवि जग्गा खिड़िया अपनी वीर रस की रचना 'रतन महेशदासोत री वचनिका' के लिए प्रसिद्ध है ही, परन्तु इन्होंने शान्त रस की भी रचना की है, जिसके लगभग १४० छप्पय कवित्त हमें प्राप्त हुए हैं। उदाहरण के लिए उनका एक छप्पय कवित्त यहां प्रस्तुत है—

जिके जपै हरि जाप, जिके वैकुंठ सिधावै।
जिके जपै हरि जाप, उदर फिर कदे न आवै॥
जिके जपै हरि जाप, जियां मन गांसी भग्गै।
जिके जपै हरि जाप, जियां जम लत्त न लग्गै॥
क्रमबंध पाप जावै कटे, उर परम्म अरतां अगा।
एतौ प्रताप हरि जाप रौ, जाप ज जनि भूलै जगा॥

प्रसिद्ध अल्लूजी कविया को ही लीजिये। ये भी चारण कवि थे जो इस काल में शांत रस की रचना के लिए प्रसिद्ध हो चुके हैं। इन्होंने रामावतार एवं कृष्णावतार सम्बन्धी रच-नायें की हैं। इनकी भक्ति-भावना निम्न उदाहरण से स्पष्ट हो जाती है। इनके रचे हुए १६० भक्ति सम्बन्धी छप्पय कवित्त मिलते हैं।

कवित्त— जेथ नदी जळ बहळ, तेथ थळ विमळ उलट्टै।
तिमिर घोर अंधार, तेथ रविकरण प्रगट्टै॥
राव करीजे रंक, रंक ले सिर छत्र धरीजे।
'अलू' तास विसवास आस कीजै सुभरीजे॥
चख लिए अंध पंगु चलण मुनि सिद्धायत वयण।
तो करत कहा न हुवै नारायण पंकज नयण।

भक्ति रस की रचना के साथ-साथ इन्होंने भी वीर रस में कई गीत कहे हैं।[1] इनके अतिरिक्त भी अनेक चारण कवि हुए हैं जिन्होंने इस काल में शान्त रस की रचना कर भक्ति साहित्य की महिमा बढ़ाई है।[2] संवत् क्रम से जहां इस युग के

[1] **गीत सूरजमल हाडा रौ—**
अळआंणे पगे अंगि उघाड़ै, विणि हथियारां वस्त्र विणि,
जेसाहरौ दिग्रंबर जाणै, जातौ दीठौ घणे जणि
वटुऔ तेग कटारी वीटी, छाटी रई उपरै स्वाद।
मुड़तौ आखड़तौ सूरजमल, विण पैठौ छांडै खिग्रवाद॥
मछरीकै आये सूरिजमल्ल, भुजि उडै न कियौ भाराथ।
हाके न मिळियौ हाथुकै, ह लियौ डंड लगाड़े हाथ॥

[2] चौमुख[1] चौरा[2] चंड[3] जगत ईस्वर[4] गुन जानें।
करमानंद[5] और कोल्ह[6] अलू[7] अक्षर परवानें।
माधौ[8] मथुरा[9] मध्य साधु जीवानंद[10] सीवा[11]।

कवियों का उल्लेख किया जायगा वहाँ अन्य कवियों तथा उनके ग्रंथों का भी उल्लेख करेंगे।

इस प्रकार हम देखते हैं कि इस मध्यकाल में कवियों की ओजस्विनी वाणी में वीर रस का स्रोत बहा है वहां संतों एवं भक्त कवियों द्वारा भक्ति रस की भी धारा प्रवाहित हुई है। इन दोनों धाराओं के साथ आदिकालीन शृंगारिक धारा भी नियमित रूप से बहती चली आई है। उसमें किसी प्रकार का विक्षेप नहीं आया। मध्ययुग में वीर, भक्ति और शृंगार की निरन्तर प्रवाहित होने वाली इस त्रिवेणी के प्रभाव से ही श्रेष्ठ एवं प्रचुर साहित्य उपलब्ध हुआ है।

आदिकाल की भांति मध्यकाल में भी साहित्य-रचना में जैन विद्वानों का प्रचुर मात्रा में सहयोग रहा है। श्री अगरचन्द नाहटा ने अपने एक लेख में लिखा है कि 'राजस्थानी साहित्य का निर्माण सबसे अधिक चारणों ने किया है, यह माना जाता है। पर, वास्तव में जैन विद्वानों ने गद्य और पद्य में जितने बड़े साहित्य का निर्माण किया है उसकी तुलना में चारण कवियों की रचनायें परिमाण में आधी भी नहीं होंगीं। मेरे ख्याल से १० लाख से भी अधिक श्लोक परिमाण वाला राजस्थानी साहित्य केवल जैन विद्वानों द्वारा रचित ही है। तीन-चार कवि तो ऐसे हो गये हैं जिनमें से एक-एक व्यक्ति ने लाख श्लोक से भी अधिक परिमाण की रचना की है।' वास्तव में राजस्थानी साहित्य बहुत अंशों में जैन विद्वानों का ऋणी है। इस काल की भी इनकी अनेक रचनायें उपलब्ध हैं। इन विद्वानों ने साहित्य-रचना के साथ-साथ पूर्व रचित साहित्य को सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था की। अपनी तथा अन्य कवियों की रचनाओं की प्रतिलिपियां भी उन्होंने खूब कीं। उनके सद्-प्रयत्नों के परिणामस्वरूप ही आज जैन भंडारों में राजस्थानी साहित्य के अनेक अमूल्य ग्रंथ उपलब्ध हैं। जैन विद्वानों ने धार्मिक रचनाओं के अतिरिक्त अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर भी अपनी लेखनी चलाई है। उनके धार्मिक ग्रंथों का भी साहित्यिक दृष्टि से मूल्यांकन करना आवश्यक है। कोरे धार्मिक ग्रंथ कह कर उनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। जैन विद्वानों की प्रवृत्ति संकीर्ण कभी नहीं रही। अतः उनकी धार्मिक रचनाओं को साहित्य में विवेच्य योग्य न मानने की भावना उचित प्रतीत नहीं होती। इस काल की महत्वपूर्ण रचनाओं का उल्लेख संवत् क्रम में यथास्थान किया जायेगा।

कालक्रम से समस्त साहित्य की विवेचना के पूर्व इस युग में साहित्य की बहुलता के कारण पद्य एवं गद्य में जो विविध रूपता प्रकट हुई उसकी व्याख्या को स्थान देना कुछ सीमा तक उचित ही होगा। आदिकाल की विवेचना में जैसा कि हम बता आये हैं कि राजस्थानी साहित्य का प्रारम्भिक रूप श्रुति-निष्ठ साहित्य के रूप में ही था। प्रारम्भिक काल में इसी का उपयोग अधिक था। दसवीं ग्यारहवीं शताब्दी में इसके साथ-साथ लिपिबद्ध साहित्य भी प्राप्त होने लगा। मध्यकाल में लिपिबद्ध साहित्य का विकास अधिकाधिक हुआ। लिपिनिष्ठ साहित्य की प्रचुरता एवं विविधता के कारण ही मध्यकाल राजस्थानी साहित्य का स्वर्ण युग कहलाता है। श्रुतिनिष्ठ साहित्य भी यथाविधि अपने क्षेत्र में चलता रहा। दोनों ही प्रकार के साहित्य के विभिन्न अंगों को, जो इस काल में प्रचलित हो चुके थे, सूची के रूप में यहां प्रस्तुत करते हैं—

(१) **श्रुतिनिष्ठ साहित्य—**

१. पंवाड़चा
२. पड़ें (फड़ें)—यथा पाबूजी री पड़, बगड़ावतां री पड़ आदि।
३. कहानियां
४. वातें
५. लोक गीत
६. चरजा
६. भजन (हरजस)

(२) **लिपिनिष्ठ या लिखित साहित्य—**

१. गीत (फुटकर)[१]

ऊदा[१२] नारायनदास[१३] नाम मांडन[१४] तन ग्रीवा।
चौरासी रूपक चतुर चवत बांनी जूजुवा।
चरन सरन चारन भगत हरि गायक एता हुवा।

(नाभादास)

[१] 'गीत' डिंगल साहित्य की विशिष्ट देन है, जिसका जोड़ अन्य भारतीय आर्य भाषाओं, हिन्दी, पंजाबी, गुजराती, सिंधी आदि में नहीं मिलता। गीत एक प्रकार की छोटी सी कविता है जिसमें प्रायः चार दोहले होते हैं। ये गीत गाने की चीज नहीं हैं। एक लय विशेष से, ऊंचे स्वर में इनका पाठ किया जाता है। ध्यान रखने की बात है कि पिंगल के पद-साहित्य और डिंगल के गीत-साहित्य में

(३) ऐतिहासिक काव्यः—

(i) पद्य—

१. चरितनायकों के नाम पर—

(क) रास– रायमल रासौ, रतन रासौ, रांणा रासौ आदि ।

(ख) प्रकास– राजप्रकास, सूरजप्रकास, भीमप्रकास आदि ।

(ग) विलास– राजविलास, जगविलास, रतनविलास आदि ।

(घ) रूपक– रघुनाथरूपक, राजरूपक, रतनरूपक, महाराज गजसिंहजी रौ रूपक आदि ।

(ङ) वचनिका– अचळदास खीची री वचनिका, राठौड़ रतनसिंह महेसदासोत री वचनिका आदि ।

(च) वेल (वेलि)– राजकुमार अनोपसिंहजी री वेल, राजा रायसिंहजी री वेल, रूपांदे री वेल आदि ।

२. छंदों के आधार पर—

(क) नीसांणी– नीसांणी वीरमांण री, गोगैजी चहुवांण री नीसांणी, आंबेर रा महाराज प्रताप-सिंघजी री नीसांणी आदि ।

(ख) झूलणा– सोढ़ां रा गुण झूलणा, राजा गजसिंघ रा झूलणा, अमरसिंहजी रा झूलणा आदि ।

(ग) झमाल– बीदावत करमसेण हिमतसिंघोत री झमाल, आदि ।

(घ) गीत– सीधलां रा गीत, पंवारां रा गीत, जाड़ेचां रा गीत आदि ।

(ङ) कुंडळिया– हालां झालां रा कुंडळिया, सगरांमदास रा कुंडळिया आदि ।

(च) कवित्त (छप्पय)– महाराज अभैसिंहजी रा कवित्त, पंवार अखैराज रा कवित्त, राठौड़ रतनसी रा कवित्त, महाराज गजसिंहजी रा निरवांण रा कवित्त ।

(छ) दूहा (सोरठा)– पाबूजी रा दूहा, राव अमरसिंहजी रा दूहा, लाखै फूलांणी रा दूहा आदि ।

(ii) गद्य—

(क) ख्यात– सीसोदियां री ख्यात, राठौड़ां री ख्यात, कछवाहां री ख्यात, मुहणोत नैणसी री ख्यात आदि ।

(ख) वात– रांणै उदैसिंह री वात, हाडै सूरजमल री वात, राव बीकैजी री वात, जैसलमेर री वात आदि ।

(ग) विगत– गैहलोतां री चौबीस साखां री विगत, कछवाहां सेखावतां री विगत, जोधपुर-बीकानेर टीकायतां री विगत आदि आदि ।

(घ) पीढ़ी– ईडर रा धणी राठौड़ां री पीढ़ियां, हमीरोत भाटियां री पीढ़ियां ।

(ङ) वंसावळी– राठौड़ां री वंसावळी, राजपूतां री वंसा-वळी, जैसलमेर भाटी महारावळ री वंसा-वळी आदि ।

(iii) प्रकीर्ण काव्य—

(क) देश-भक्ति, देशों का नैसर्गिक वर्णन ।

(ख) अश्व-प्रशंसा ।

(ग) उष्ट्र-प्रशंसा ।

(घ) शस्त्र-प्रशंसा ।

(ङ) शृंगार रस की प्रकीर्ण कवितायें

(च) सिलोका (ब्राह्मणीय)

(iv) अनुवाद-टीकाएँ, रूपान्तर आदि—

(i) धार्मिक ग्रंथों का– भागवत का अनुवाद, गीता का अनुवाद आदि ।

(ii) अन्य ग्रन्थों का अनुवाद– नीति मंजरी आदि ।

(v) शास्त्रीय साहित्य—

(i) धर्म शास्त्र

(ii) ज्योतिष शास्त्र

समानता नहीं है । गीतों में इतिहास की अलभ्य और अक्षय सामग्री भरी पड़ी है । ऐसा कोई भी वीर, जुझार या त्यागी पुरुष नहीं हुआ होगा जिस पर एक-आध गीत न बने हों । जिन पुरुषों और घटनाओं को इतिहास ने भुला दिया है, उनकी स्मृति को गीतों ने ही सुरक्षित रखा है ।' राजस्थानी भाषा और साहित्य—डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ ७२

(iii) शकुन शास्त्र
(iv) शालिहोत्र
(v) वृष्टि विज्ञान
(vi) तत्वज्ञान
(vii) नीति शास्त्र
(viii) आयुर्वेद शास्त्र
(ix) कोक सार

राजस्थानी साहित्य के सम्बन्ध में उपरोक्त वर्गीकरण अपने में पूर्ण नहीं है, फिर भी इससे राजस्थानी साहित्य की एक दृष्टि में झलक तो अवश्य ही मिल जाती है। उपर्युक्त समस्त विवेचन के पश्चात् अब हम मध्यकालीन पद्य साहित्य का संवत्-क्रम से शताब्दी अनुसार वर्णन करेंगे।

मध्यकाल के आरम्भ में वीररसात्मक काव्यों में शुद्ध डिंगल का प्रयोग होने लगा था। इसके साथ-साथ भाषा का संगठन भी कुछ अधिक उच्च स्तर प्राप्त करता जा रहा था। किन्तु जैन साहित्य में उस समय भी प्राकृत एवं संस्कृत का प्रभाव कुछ-कुछ दृष्टिगोचर हो रहा था।

जयशेखर सूरि– सर्व प्रथम संवत् १४६२ में जयशेखरसूरि कृत त्रिभुवनदीपकप्रबन्ध, नेमिनाथ फागु तथा अर्बुदाचल-वीनती रचनायें प्राप्त होती हैं।

हीरानंद सूरि– संवत् १४८५ में पींपलगच्छ के हीरानंद सूरि ने 'वस्तुपाल तेजपाल' नामक ग्रन्थ की रचना की। इसी समय के उनके लिखे हुए 'विद्याविलास पवाड़ा' के उदाहरण से उस समय की भाषा का ज्ञान हो सकता है—

> तिणि पुरि निवसइं सेठि धनावह धम्मी नइ धनवंत।
> पदम सिरी तस घरणी भणीइ सहि जिइं अति गुणवंत॥
> तस घरि नंदन च्यारि निरूपम पहिलउ धुरि घनसार।
> बीजउ बंधव बहु गुण बोलइ बुद्धिवंत गुण लार॥
> त्रीजु मूरति वंत (गुण) सागर, सागर जेस गंभीर।
> चउथउ बंधव सुणि धन सागर समर ससाहस धीर॥

उपरोक्त कविता में संस्कृत और प्राकृत के तत्सम और तद्भव शब्दों को लेने की प्रवृत्ति स्पष्टतः लक्षित होती है।

यह परिपाटी चारण साहित्य में, जो इस काल में प्रचुर मात्रा में प्राप्त है, नजर नहीं आती। उनके द्वारा सुसंगठित डिंगल भाषा के प्रयोग के कारण ही इस समय से काल-विभाजन किया गया है।

सिवदास गाडण– संवत् १४८५ में ही चारण कवि सिवदास रचित वीर काव्य 'अचळदास खीची री वचनिका' प्राप्त होती है। चारण कवियों की रचना में प्रथम ग्रन्थ होने तथा मध्य-काल का प्रथम वीररसात्मक ग्रन्थ होने के कारण इसका महत्व बहुत अधिक है। मालवा के बादशाहों की तवारिख में लिखा है कि सन् १४२३ ई. (संवत् १४८०) में हुशंग गोरी ने चढ़ाई कर के गागरौण को फतह किया था। डॉ. तैस्सितोरी ने इस ग्रन्थ की रचना को इस युद्ध की समकालीन रचना बतलाया है।[1] ग्रन्थ की भाषा सुगठित स्वतंत्र राजस्थानी का उदाहरण है।

> सातलसोम हमीर कन्ह, जिम जौहर जालिय।
> चढ़िय खेति चहवांण, आदि कुळवट्ट उजाळिय॥
> मुगत चिहुर सिरि मंडि, वपि कंठि तुळसी वासी।
> भोजाउति भुजबळहिं, करिहि करिमर कळासी॥
> गढ़ि खंडि पड़ंति गागुरणि, दिढ़ राखे सुरितांण दळ।
> संसारि नांव आतम सरिग, अचळि बेवि कीधा अचळ॥

बादर ढाढ़ी– इसी शताब्दी में ढाढ़ी जाति के कवियों का भी अच्छा सहयोग रहा। डॉ. रामकुमार वर्मा ने ढाढ़ियों की कविता को चारणों की कविता से भी पुराना माना है।[2] ढाढ़ियों की फुटकर कवितायें तो बहुत मिलती हैं परन्तु पूर्ण ग्रन्थ के रूप में १५ वीं शताब्दी का बादर ढाढ़ी द्वारा रचित 'वीरमायण' नामक ग्रन्थ मिलता है। इसमें राव वीरमजी राठौड़ का शौर्य-वर्णन है। राजा वीरमजी का शासन काल संवत् १४३५ का माना जाता है।[3] बादर ढाढ़ी राव वीरमजी के आश्रय में ही था। श्री ओझाजी के अनुसार

---

[1] A descriptive catalouge of Bardic and Historical mss. Pt. 1, Bikaner State, Fasc. I, Page 41।

[2] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, प्रथम-खण्ड, पृष्ठ १७३

[3] 'It is an anonymous Dhadi composition of the 15th Century. It deals with the Chivalry of Rao Biramji Rathore, who reigned C.V.S. 1435 (A.D. 1378) The Rao was the patron of the poet.' A Descriptive Catalogue, Pt. 1, एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता, पृष्ठ ३।

वीरमदेव की मृत्यु संवत् १४४० में हुई थी।[१] इसके रचना-काल में काफी मतभेद है। स्वयं श्री मेनारिया ने भी परस्पर विरोधी विचार प्रकट किए हैं। एक स्थान पर उन्होंने इसका रचना काल संवत् १४४० लिखा है[२] तथा दूसरे स्थान पर लिखते हैं—'परन्तु जैसा कि कुछ लोग मान बैठे हैं, यह वीरमजी की समकालीन रचना नहीं है। कोई अठारहवीं शताब्दी के मध्य में यह रची गई है।'[३] ग्रंथ का आधार ऐतिहासिक है जिसकी पुष्टि ऐतिहासिक ग्रंथों से हो जाती है। इसमें राव वीरम के द्वितीय पुत्र चूंडा के विवाह तथा दहेज में मंडोर-प्राप्ति का उल्लेख है।[४] ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार मंडोर पर चूंडा का अधिकार संवत् १४५१ में हुआ था।[५] ग्रन्थ में राव वीरम के पुत्र गोगे का जोइयों के साथ किए गए युद्ध का वर्णन भी है।[६] श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ के अनुसार गोगा का जन्म संवत् १४३५ तथा स्वर्गवास संवत् १४५९-६० में हुआ था।[७] अतः ग्रन्थ की रचना संवत् १४६० के पश्चात् ही किसी समय हुई होगी। ग्रंथ में स्वयं कवि ने अपनी ओर से कहीं पर भी रचना काल नहीं लिखा है। यह ग्रंथ पन्द्रहवीं शताब्दी की रचना अवश्य है परन्तु यह श्रुतिनिष्ठ साहित्य के रूप में ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होता रहा, अतः भाषा में परिवर्तन होना स्वाभाविक ही है। प्रतिलिपियाँ जो भी प्राप्त हैं वे बहुत समय पश्चात् की हैं अतः उनकी भाषा के आधार पर इस रचना का काल निर्धारित नहीं किया जा सकता। डॉ० माहेश्वरी ने इसका रचना-काल संवत् १५०० के लगभग माना है।[८] कुछ लोगों ने भ्रमवश वीरमायण के रचयिता का नाम रामचंद्र लिख दिया है[१] जो ठीक नहीं है, क्योंकि स्वयं कवि ने ग्रंथ में अपना नाम बादर ढाढ़ी ही बताया है—

> सामां वीरम सारका विण ऊभा कीला।
> बादर ढाढ़ी बोलीयौ, नीसांणी गला॥[२]

इसकी प्राचीनता के सम्बन्ध में एक बात और उल्लेखनीय है कि इसी काल में लिखी जाने वाली राठौड़ों की ख्यातों में 'वीरमायण' के अनेक दोहों तथा उक्तियों का प्रयोग हुआ है। जिन्होंने आगे चल कर कहावतों का रूप ले लिया।[३] इन ख्यातों की रचना के सम्बन्ध में अनेक इतिहासकारों ने यह मान लिया है कि ख्यातों का लिखा जाना लगभग अकबर के शासन-काल में प्रारम्भ हो चुका था। पूर्वकाल से मौखिक रूप में हस्तांतरित होने के कारण ही यह प्रयोग सम्भव हो सका है।

ग्रंथ की भाषा ओज-गुण-सम्पन्न बोलचाल की राजस्थानी है—

> दिल्ली सूं चढ़ीया दुजल, गोरी सुरतांणा।
> बाज छतीसूं ई बाजतां, नांबत नीसांणा।
> मांडळ सूं महमंद चढ़ै, खांमंद खुरसांणा।
> सातूं लोपी सायरां, जळ पाजा जांणा।
> इण विध महमंद आवियौ, कीधा घमसांणा।
> हजरत बे भेळा हुआ, पूरब पिछमांणा।
> घर बेहूं मोटा बहत, छोटा रहमांणा।
> खोज गमाड़ण खूनीयों, जोड़े जमरांणा।
> रीस करै ज्यों रोळवे, बोले महरांणा।

चानण खिड़ियौ—चानण खिड़ियौ राव रणमल का समकालीन कवि था। संवत् १४९५ का इनका गीत उपलब्ध है। कवि ने जिस भाषा का प्रयोग किया है उसके उदाहरण के लिए एक गीत यहाँ दिया जाता है—

> अपूरब वात सांभळी ओही, रिम चूके अित दिन रयण।
> सूतें तैंहिज काढ़ी सुजड़ी, जागत काढ़ै घणा जण॥
> चूक हुवे केइक चीतारै, वाहै केइ वहंतै वाढ़ि।
> पोढ़िया रयण जेम प्रतमाळी, कद ही कोइ न सकियौ काढ़ि॥

---

[१] जोधपुर राज्य का इतिहास, भाग १, 'राव वीरम' शीर्षक के अंतर्गत।

[२] (क) राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा—डॉ. मोतीलाल मेनारिया, प्रथम संस्करण, परिशिष्ट के अंतर्गत, पृष्ठ २२१।
(ख) डिंगल में वीर-रस—डॉ. मोतीलाल मेनारिया, भूमिका, पृष्ठ ३६।

[३] राजस्थानी भाषा और साहित्य—डॉ. मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ १७०

[४] देखो 'वीरमायण', नीसांणी ९९।

[५] 'मारवाड़ का इतिहास' श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ—प्रथम भाग, पृष्ठ ६१ पर फुटनोट में दी गई टिप्पणी।

[६] देखो 'वीरमायण', नीसांणी १०१।

[७] 'मारवाड़ का इतिहास' श्री विश्वेश्वर नाथ रेऊ—प्रथम भाग, पृष्ठ ५६-५७ पर फुटनोट में दी गई टिप्पणी।

[८] राजस्थानी भाषा और साहित्य—डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ ७६।

---

[१] मारवाड़ का मूल इतिहास—ले० पं. श्री रामकरण आसोपा, पृष्ठ ८७।

[२] देखो—'वीरमायण', नीसांणी ८०।

[३] क. हमारे संग्रह में 'राठौड़ों की ख्यात'।
उ०— तेरे तूंगा भांजिया माले सलखांणी।
ख. मारवाड़ का संक्षिप्त इतिहास, पं० श्री रामकरण आसोपा, पृष्ठ ८३।

अंत परजाई चूक अहाड़ा, अम हळि हुवै हुवौ ऊखेळ ।
रिणमल जेथ कियौ रायांगुर, मेळ जूज अर जमदढ़ मेळ ।
अे अखियात, सळखहर ओपम, अगै न सूझी सुर असुर ।
कर सूतै मेलियौ कटारी, अणी सु काढ़ी प्रिसण-उर ।

मध्यकाल के इस आरम्भिक समय में ऊपर वर्णित कवियों के अतिरिक्त अन्य कवियों की रचनायें भी प्राप्त हैं। स्थानाभाव के कारण केवल उनका नामोल्लेख ही कर पा रहे हैं।

(कवि भीम—सदयवत्सचरित, सं० १४६६, गुणवन्त—वसन्त विलास, मांडण, सिद्धचक्र श्रीपाल रास, संवत् १४९८, मेहाकवि—रणकपुर स्तवन, तीर्थमाला स्तवन, संवत् १४९९, सोमसुन्दर सूरि—नेमिनाथ नवरस फाग, संवत् १४९९, बारहठ दूदो, मेहौ बारहठ, आल्हौ बारहठ, धरमौ कवियौ, खिड़ियौ लूणकरण आदि)

पसाइत—सोलहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में लिखी हुई गाडण पसाइत की ये दोनों रचनायें ग्रंथ के रूप में उपलब्ध हैं। दोनों रचनायें अनूप संस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर की हस्तलिखित प्रति में प्राप्त हैं।[1] 'राव रिणमल रौ रूपक' में मारवाड़ के राव रणमल की कीर्ति और राणा कुम्भा द्वारा उनकी मृत्यु का वर्णन है। राव रणमल के सम्बन्ध में इनकी अन्य फुटकर रचनायें भी प्राप्त हैं जिनमें रणमल द्वारा जैसलमेर के भाटियों से अपने पिता राव चूंडा की मृत्यु का बदला लेने का वर्णन है। 'गुण जोधायण' में जोधाजी के राज्य-प्रसार तथा बहलोलखाँ के साथ युद्ध करने का वर्णन है। इन घटनाओं के आधार पर ही डॉ० माहेश्वरी ने पसाइत का रचनाकाल संवत् १४८० से १५३१ माना है।[2] कवि पसाइत ने जिस भाषा का प्रयोग किया है वह गुण जोधायण के प्रस्तुत उदाहरण में देखिये—

वळी प्रबत लंघीयौ चडे पाखरीयें घोड़े,
जाए दीन्हा घाव, कोट चीत्रोड़ किमाड़े,
बोल ढोल बोलियौ, त्यार स्रमणे उत सुणीया,
कूंभनेर नारियां ग्रभ पेटां हूँ छणीया,
चीतोड़ तणे चूंडाहरा किमाड़े परजाळीये,
जोहार जाय 'जोधै' कियौ, राव रिणमल पालीय ।

[1] प्रति नं० १३६ ।
[2] राजस्थानी साहित्य—डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृष्ठ ८८ ।

इनकी फुटकर रचनाओं में (१) 'कवित्त राव रिणमल चूंडै रै वैर में भाटियाँ नै मारिया तैं समै रा, (२) 'कवित्त राव रिणमल नागौर रै धणी पेरोज नै मारिया तैं समै रा' तथा (३) 'कवित रांणै मोकल मुआं री खबर आयां रा' प्रसिद्ध है। इन फुटकर रचनाओं में भी राजस्थानी का स्वतंत्र रूप से प्रयोग हुआ है। राणा मोकल की मृत्यु का बदला लेने की रणमल की भावना इस उदाहरण में देखते ही बनती है—

जेय चडै आकास तांम आयास उतारूं,
जे पसै पाताळ काढ़ पायाळा मारूं,
जेथ जाय तेथ जाय खित खेलूं खत्र साचौ,
जऐ किम जीवतौ अति ओगारी चाचौ,
बावन वीर वीरमहर कोय जु जुध मंडे कया,
मालवै वीर मोकळ तणा रिणमल लई प्रतंग्या ॥

जयसागर—इसी प्रकार पन्द्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी के संधिकाल में महोपाध्याय जयसागर जैन कवि हो चुके हैं जिन्होंने राजस्थानी में अनेक रचनायें रच कर साहित्य की अभिवृद्धि की है। इनकी 'जिनकुशलसूरि सप्ततिका' राजस्थानी की विशिष्ट रचना है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा रचित लगभग ३० ग्रंथ उपलब्ध हैं। ग्रंथों के आधार पर ही उनका रचना-काल संवत् १४८० से १५१५ माना जाता है। सर्वसाधारण में प्रिय 'वीरप्रभु वीनती' का एक उदाहरण देखिए—

नयण नाभि सलूणिय रूयडी, तपइ भाल प्रभाजळ कूयड़ी ।
सुघट होठ हियउं तिम मोकळउं, जिण तणउं अथवा सहुयइ भलउं ।
तिसउ कंठ तिसा कर जांणिवा, तिसिया रख तिसा नख पल्लवा ।
पग तिसाहु तिसि पुणि आंगुळी, सलहियइ प्रभु बिंब किसउंवळी ।

देपाल—इसी समय के प्रसिद्ध कवि देपाल भी हैं जो नरसी मेहता के समकालीन माने जाते हैं। इनके द्वारा रचित छोटी-मोटी १४ रचनायें प्राप्त हैं जिनका रचना काल सं० १५०१ से १५३४ है। इनकी 'जंबू स्वामी' पंचभव वर्णन चौपई का एक उदाहरण देखिये—

घन घन जे गुरु लहइ सुसाध
आराधी भव टाळइ व्याध
वचन सुणी तस सेवा करइ
भव सायर ते दुत्तर तरइ ।
मरण मइगळ जीव नर, जन्म कूपि निविडंति ।
च्यारिक खाय भुयंगमंह, अज गिरि नर गहवंति ॥

पद्मनाभ—उत्तरकालीन अपभ्रंश से विकसित होती हुई पुरानी पश्चिमी राजस्थानी डिंगल के मध्यकालीन ग्रंथों में पूर्ण स्वतंत्र राजस्थानी के रूप में प्रयुक्त होने लग गई थी। इसका प्रमाण हमें पन्द्रहवीं शताब्दी के अन्तिम काल में लिखी जाने वाली रचनाओं से ही मिल जाता है। इसकी भाषा का सुन्दर उदाहरण हमें इस शताब्दी की रचना 'कान्हड़दे प्रबन्ध' में मिलती है। इस ग्रन्थ की रचना जालोर के चौहान अखैराज के आश्रित वीसनगरा नागर ब्राह्मण 'पद्मनाभ' ने संवत् १५१२ में की थी, जिसमें जालोर के अधिपति सोनगरा शाखा के चौहान कान्हड़दे के साथ अलाउद्दीन खिलजी के हुए युद्धों का वर्णन है। कहा जाता है कि जब अल्लाउद्दीन खिलजी सोमनाथ पर आक्रमण कर महादेव की मूर्ति उठा लाया तो कान्हड़दे ने उसे हटा कर धर्म की मर्यादा की रक्षा की और शिवलिंग को मकराने गांव में मन्दिर बनवा कर स्थापित किया। मुहणौत नैणसी की ख्यात में भी इस घटना का उल्लेख है।[1] कान्हड़दे का तेजस्वी रूप इस ग्रंथ में स्थल-स्थल पर झलकता है। इतिहास की दृष्टि से यह एक श्रेष्ठ रचना है। ऐतिहासिक घटनाओं का विवरण जो हमें इसमें मिलता है वह भी सही है।

साहित्यिक दृष्टि से अवलोकन करने पर प्रतीत होता है कि यह श्रेष्ठ रचना प्राचीन होते हुए भी प्रसादगुणयुक्त प्रवाहपूर्ण शैली में लिखी गई है। कवि की यह ओजपूर्ण एवं वीररसात्मक रचना है। सहायक के रूप में शृंगार और करुणरस भी यथास्थान मिलते हैं। ग्रंथ में दो पात्रों—कान्हड़दे तथा अल्लाउद्दीन की पुत्री फिरोजा का विशिष्ट चित्रण हुआ है। भाषा की दृष्टि से भी इस काव्य का विशिष्ट महत्व है। डॉ० तैस्सितोरी ने इसे इस दृष्टि से समुचित महत्त्व दिया है। गुजराती विद्वान श्री के. बी. व्यास ने अपनी भूमिका में इसके महत्व को निम्न प्रकार प्रकट किया है[2] —

'The Kanhadade Prabandha' is perhaps the most valuable treasure in old Gujrati or old Western Rajasthani as it is called by Dr. Tessitory. It is an epic of a glorious age and thereis nothing to compare with it either in old or modern Gujrati. It can easily stand in comparison with the celebrated 'Prithviraja Raso' in old Hindi. There are various reasons why the Kanhadade Prabandha has attained this unique position. In the first place it is a text of supreme importance for a study of the development of the Gujrati language. Composed as early as V.S. 1512; it represents an important landmark in the evolution of the Gujrati language. It embodies a stage when Gujrati and Rajasthani were just beginning to evolve their distinctive characteristics from the common source the post Apabhramsa. While the morphology and the general character of the language are unmistakably Gujrati, its phonology reveals several Rajasthani traits.'

डॉ० माताप्रसाद ने लिखा है[1]—'राजस्थानी ही नहीं हिन्दी के भी प्रारंभिक युग के ग्रंथों में कदाचित् ही कोई ग्रंथ ऐसा माना जा सकता है जिसकी रचना-तिथि इतनी निश्चित हो। रचना के महत्त्व के अनुसार ही ग्रन्थ का पाठ भी अपने मूल रूप में प्राय: सुरक्षित है और अपने युग की भाषा के अध्ययन के लिए एक दृढ़ आधार प्रस्तुत करता है। इसकी भाषा निम्न उदाहरण में देखिये—

उ०—रणि राउत वावरइ कटारी, लोह कटांकडि ऊडइ।
तुरक तणा पाखरीया तेजी, ते तरूआरे गूडइ॥
माल तणी परि बाथे आवइ, प्रांणइ विलगइ झूंटइ।
गुडदा पाटू दोट वजावइ, भिडइ प्रहारे मोटइ॥
ऊपरिया पूंतार विछूटइ, भूतलि भाजइ पाउ।
वाढ़ी सूंढ़ि ढोलीइ ढांचा, धरणि वलइ नीहाउ॥
भाजइ कंध पडइ रिण माथां, धगड तणां धडधाइ।
मांहो-मांहि मारेवा लागा, विगति किसी न कहाइ॥

ऋषिवर्द्धन सूरि—जैन कवि ऋषिवर्द्धन सूरि द्वारा चित्तौड़ में रचित नलदमयंती रास के सोलहवीं शताब्दी के आरम्भ का एक प्रसिद्ध राजस्थानी ग्रंथ है। इसका रचना काल

---

[1] मुहणौत नैणसी की ख्यात—प्रथम भाग, सं० : पं. रामकरण आसोपा, पृ० २६१।

[2] 'कान्हड़दे प्रबन्ध'—सं. : प्रो० कांतिलाल बलदेवराम व्यास, राजस्थान पुरातत्त्व मंदिर से प्रकाशित, प्रस्तावना १।

[1] आलोचना, भाग १४, पृष्ठ ६४।

सं० १५१२ है। इसी समय की कवि की अन्य 'जिनेन्द्रातिशय पंचाशिका' भी है। जिस सरल राजस्थानी का कवि ने अपने ग्रंथ में प्रयोग किया है उसे नलदवदंती के निम्न उदाहरण में देखा जा सकता है—

मणिमय कुंडळ राखड़ी सखि मांणिक मोतीहर।
तिलक निगोदर खीटुली सखि कांठलु मेखळा सार।
कंचण कंकण मूंदड़ी सखि चूड़ी चूनड़ी चारु।
तीयली नेत्र पटलडी सखि नेउर रुणझुणकार।

दामो[1]—कवि दामो कृत 'लखमसेन पदमावती चौपई' एक प्रेम-काव्य है जो अभी तक अप्रकाशित है।[2] ग्रंथ में स्वयं ग्रंथकार द्वारा वर्णित तिथि के अनुसार इसका रचना काल संवत् १५१६ जेठ वदि नवमी है।

संवत् पनरइ सोळोत्तर तर, मझारि जेठ बदी ःवमी बुधवार।

इस ग्रंथ में गढ़ सामौर के राजा हंसराय की पुत्री पदमावती तथा लखनौती के राजा लखमसेन के परस्पर प्रणय तथा विवाह का वर्णन विशुद्ध राजस्थानी में बड़े ही रोचक ढंग से किया गया है। कवि का भाव पक्ष प्रबल होने के कारण रचना में सजीवता आ गई है। इसके साथ ही प्रसादगुणयुक्त प्रवाहमयी सरल एवं सरस भाषा ने इसके महत्व को द्विगुणित कर दिया है। भाषा का प्रवाह निम्न उदाहरण में देखिये—

पर दुखइं ते दुखीयां, पर सुख हरख करंत।
पर कजइ सुदा सुहड, ते विरळा नर हुंत॥
पर दुखइं सुख उपजइ, पर सुख दुख करंत।
पर कजइ कायर पुरस, घरि घरि वार फिरंत॥
सीह सीचाणौ सापुरिस, पडि पडि उठंति।
गय गडर कुच कापुरिस, पड़ै न वलि उठंति॥

कवि **भांडउ**—व्यास जाति के कवि भांडउ ने ग्रंथ 'हमीरायण' की रचना वि. सं. १५३८ में की। इस ग्रंथ का नाम 'राय हमीर देव चौपाई' भी मिलता है। इस ग्रंथ में रणथंभोर के प्रसिद्ध वीर चौहान हम्मीरदेव की शरणागत रक्षा और उनके पराक्रम का सुन्दर वर्णन है। रचना पर जैन शैली का प्रभाव स्पष्ट लक्षित है। ग्रंथ की भाषा के उदाहरण हेतु कुछ अंश यहाँ उद्धृत हैं—

न परणाऊं ड करी, न आपौ देऊं मीर।
हाथी गढ़ आपउ नहीं, इसउ कहई हमीर॥
तूं सरीखा सुरतांण सूं, करई विग्रह निसी-दीस।
हमीर देव कथउ इसउ, तब इव नांमे सीस॥

जांभोजी—जैसा कि हम पहिले कह आये हैं कि इस काल के आरम्भ के साथ ही राजस्थान में भक्ति-भावना की लहर प्रवाहित हो चुकी थी और उसके प्रभाव से संत लोग भक्ति-सम्बन्धी रचनायें भी करने लग गये थे। अतः इस प्रकार की रचना में जांभोजी द्वारा रचित 'जम्भसार' ग्रंथ प्राप्त होता है। ये पंवार राजपूत थे और इनका जन्म संवत् १५०८ में नागौर परगने के पीपासर गांव में हुआ था। इन्होंने विश्नोई सम्प्रदाय की स्थापना की और संवत् १५४२ में उपदेश देना आरम्भ किया। जम्भसार का रचना काल भी यही माना जाता है। जांभोजी ने 'वांणियों' तथा 'सबदों' द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों पर जन-समुदाय को उपदेश दिये। उनके एक 'सबद' का उदाहरण यहां देखिये—

कांयरें मुरखा तैं जनम गमायो, भूंय भारी ले भारूं।
जा दिन तेरे होम न जाप न तपः न किया।
गरू न चीन्हों पंथ न पायौ, अहल गई जमबारूं।
ताती बेळा ताव न जाग्यौ, ठाढ़ी बेळा ठारूं।
बिंबै वेळा विस्णु न जंप्यौ, तातैं बहुत भई कसवारूं॥
खरी न खाटी देह बिणाठी, थिर न पावणा पारूं॥
अह निस आव घटकती जावै, तेरा स्वास सभी कसवारूं॥
जा जन मंत्र विस्णु नहिं जंप्यौ, ते नर कुबरण काळू॥

सिद्ध जसनाथ—ये जांभोजी के ही समकालीन थे जिन्होंने अपने प्रभाव से जसनाथी सम्प्रदाय की स्थापना की। ये कातरियासर (बीकानेर) के हमीरजी जांणी जाट और उनकी पत्नी रूपांदे के पोष्य पुत्र थे। इनके विषय में यह प्रसिद्ध है कि हमीरजी को ये एक तालाब के पास पड़े मिले। संवत् १५५१ आश्विन शुक्ला सप्तमी को इन्हें ज्ञान प्राप्ति हुई। इसके पश्चात् इन्होंने अपनी 'वाणी' द्वारा ज्ञानोपदेश देना आरम्भ किया। इनकी 'वाणी' के विषय प्राणी मात्र पर दया, पशु-हिंसा का विरोध, जीव ब्रह्म की एकता, संसार की नश्वरता आदि हैं। इन्होंने अपने जीवन में चमत्कारी प्रमाण देकर जन साधारण को जीव, दया तथा ज्ञान मार्ग के प्रति आकर्षित किया। इनके द्वारा चलाया हुआ जसनाथी सम्प्रदाय का सीधा सम्बन्ध नाथ सम्प्रदाय से है, परन्तु वैष्णवी भक्ति-

---

[1] डॉ हीरालाल माहेश्वरी के शोध प्रबन्ध राजस्थानी साहित्य से साभार।
[2] ग्रंथ की संवत् १६६९ की लिखी हुई हस्तलिखित प्रति श्री अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर में है।

धारा को भी इन्होंने अपनी साधना का अंग माना है। जसनाथजी ने अपनी 'वांणी' में जन-साधारण में प्रचलित बोलचाल की राजस्थानी का ही प्रयोग किया है, जो निम्न उदाहरण में देखा जा सकता है।

> कांई रै पिरांणी खोज नै खोजै, खाख हुवै भुस खेहा।
> काची काया गळ गळ जासी कूं कूं बरणी देहा।
> हाडां ऊपर पून ढुळैली, घणहर बरसै मेहा।
> माटी में माटी मिळ जासी, भसम उडै हुय खेहा।
> हुय भूतळा खाख उड़ावै, करणी रा फळ ऐहा।
> घड़ी घड़ी बाइन्दा बाजैं, रच्या न रहसी छेहा।
> गावां गाडर सै'रां सूअर, खाड खिणै हुय सेहा।
> किये किरत नै जोय पिरांणी, दोस न दीज्यौ देवा।

धर्मसमुद्र गणि—जैन कवियों की परम्परा में सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में खरतरगच्छीय धर्मसमुद्र गणि का नाम भी प्रसिद्ध है। इनकी रचनाओं के अनुसार इनका रचना काल संवत् १५६७ से १५६० है। इनके ग्रंथों में 'सुमित्रकुमार रास' 'कुलध्वजकुमार रास', 'रात्रिभोजन रास' और 'शकुन्तला रास' आदि प्रसिद्ध हैं। 'शकुन्तला रास' छोटी रचना है परन्तु राजस्थानी में शकुन्तला पर प्रथम पद्य-बद्ध रचना[1] होने के कारण इसका अपना महत्व है। विषय पौराणिक होते हुए भी जैन कवि की रचना होने के कारण यह जैन धर्म से प्रभावित है। कवि की भाषा के उदाहरण हेतु 'शकुंतला रास' का पद यहां प्रस्तुत किया जाता है।

> राय अन्याय तणउ रखवाल
> पाल पृथ्वी तणउ सहू कहइ ए।
> ए निरधार ऊपरि हथियार
> भार सोभा केही लहइ इए।

गणपति—कायस्थ नरसा के पुत्र कवि गणपति ने माधवानल कामकन्दला प्रबन्ध की रचना संवत् १५७४ में की।[2] राजस्थान में माधवानल कामकन्दला की प्रेम-कथा बहुत प्रचलित है। इसी प्रणय-कथा के आधार पर यह श्रृंगारिक रचना हुई है। महा-काव्य की शैली में लगभग २५०० दोहों (दोग्धक) में यह कथा कही गई है। इसी आधार पर डॉ० रामकुमार वर्मा ने इसी ग्रंथ का नाम 'माधवानल प्रबन्ध दोग्धक' दिया है।[1] इस रचना में विप्रलंभ तथा संयोग दोनों ही प्रकार के श्रृंगार का पूर्ण परिपाक हुआ है। इसके अतिरिक्त बारहमासा वर्णन विशेष आकर्षित करने वाले विषय हैं। कवि ने राजस्थानी और गुजराती घरों में प्रत्येक ऋतु में जो-जो सुख-सामग्रियाँ उपलब्ध होती हैं उनका अच्छा चित्रण किया है। ग्रंथ की भाषा भी सरल एवं प्रसादगुणयुक्त है। उदाहरण के लिए फाल्गुन मास का वर्णन देखिये—

> फागुण-केरां फणगरां, फिरि फिरि गाई फाग।
> चंग वजावइ चंग परि, आलवइ पंचम राग॥
> केलि कुसुंभा केरडां, केसर सुर-तरु सोय।
> माधव कीजइ छांटणां, अमर आश्चर्यइं जोइ।
> पीली कीधी पाघड़ी, फूलडीए रंग रोळ।
> अन्यौ अन्यि छांटणा, चटकु लागु चोळ॥

गोरा—कवि गोरा बीकानेर के राव जैतसी के समकालीन थे। इनके लिखे कुछ कवित्त प्रसिद्ध हैं। 'राव लूणकरण रा कवित्त' में राव लूणकरण के युद्ध और उनकी मृत्यु का ओजपूर्ण वर्णन है। यह युद्ध संवत् १५८३ में नारनौल के समीप मुसलमानों के साथ हुआ था। इसी प्रकार 'राव जैतसी रा कवित्त' में जैतसी की हुमायूं के भाई कामरान पर विजय का वर्णन है। यह युद्ध सं० १५९१ में हुआ था। इन कवित्तों की रचना कवि ने उसी समय की थी। भाषा का स्वरूप इस उदाहरण में देखिये—

> अहि मिसि फन फुंकरइ पवन मिसि सत्रु संघारइ
> सिंह जेम उट्ठवै हाकि हनुमत जिम मारइ
> वयरी सउं बळ ग्रहइ गहवि गढ़ कोट उपाडइ
> जे अन्याव अंगवै तिनिहि सपतं ग्रहि तडइं
> कमज राइ लूंण क्रंमत न महि मंडालि जसु संभळयौ।
> जयतसी राव 'गोरउ' भणंइ मुगळ तणउं दळ निर्दळयौ।

बीठू सूजो—संवत् १५९१ से १५९८ के बीच बीठू शाखा के सूजा नामक चारण ने 'राउ जैतसी रौ छंद' नामक एक ग्रंथ की रचना की थी। इस ग्रंथ में बीकानेर नरेश राव जैतसी का बाबर के द्वितीय पुत्र कामरान के साथ हुए युद्ध का सुन्दर वर्णन है। प्रारम्भ में जैतसी की वंशावली देते हुए

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य—डॉ० हीरालाल माहेश्वरी पृष्ठ २५३
[2] गायकवाड़ ओरियन्टल सिरीज, Vol. XCIII, संपादक—मजूमदार।

[1] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—डॉ० रामकुमार वर्मा, पृष्ठ १७९।

कवि ने इसके पूर्वजों की प्रशंसा भी की है। ऐतिहासिक दृष्टि से ग्रंथ का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उस समय का इतिहास अधिकतर मुसलमानों ने लिखा है और जैतसी एवं कामरान के बीच होने वाले युद्ध के विषय में वे मौन साध गये हैं। संभव है कामरान की पराजय के कारण ही उन्होंने ऐसा किया हो। सूजाजी ने इस युद्ध का विस्तारपूर्वक वर्णन कर राजस्थान ही नहीं अपितु भारत के इतिहास की कड़ी को कायम रक्खा है। डॉ० तैस्सितोरी ने इस सम्बन्ध में लिखा है[1]—

> 'The fact that the Mohammadan historians do not even mention this unfortunate adventure of the son of Babar, only enhances the value of the poem, which may thus claim the credit of filling a small gap in the history of India.'

इसका परिणाम यह हुआ है कि रचना के मूल कथानक में युद्ध के वातावरण का प्राधान्य हो गया है। चारणों की जिस परम्परा का पहले उल्लेख किया गया है उसी परम्परा के अन्तर्गत यह ग्रंथ रचा गया है। भाषा के उदाहरण से यह बात पूर्ण रूप से स्पष्ट हो जायगी—

> राठउड़ां पाखइ अउर गइ, लोक किय मूगुले पाइ लाइ।
> छत्रा पति हेक अम्मली छत्त, गिर मेर प्रमाणइ तास गत्त।
> कुरसांगी खाफर खेड़ खत्ति, पारंभ कियउ उतराध पत्ति।
> लाहउरि सेन सम्मिळइ लक्ख, पाखरिजइ तेजी सूध पक्ख।
> सम्मिळइ साहि आलम समांन, खिड़ि संतरि बहत्तरी मिळइ खांन।
> काळवा कुही करड़ा कियाह, हांसला हरे वीनइ हलाह।
> रोभड़ा महूड़ा पीत रंग, तोरकी केवि ताजो तुरंग।
> डूंगरी मसक्की वेसि दीय, अइराक ततारी आरबीय।
> खुरसांणी मकुरांणी खहंग, पतिसाह तणा छूटइ पवंग।

इस उदाहरण से मालूम होता है कि दीर्घकाल से मुसलमानों के साथ सम्पर्क होने के कारण उनकी बोली तथा भाषा का प्रभाव राजस्थानी पर पड़ा। इसी कारण अरबी फारसी तक के तद्भव शब्दों का प्रयोग राजस्थानी में खुले रूप से होने लगा। देशी शब्दों का विस्तृत प्रयोग इसमें बराबर होता रहा है जो वीर-रस की कविताओं में प्रायः अनिवार्य रूप से पाये जाते रहे हैं। इसके साथ-साथ धीरे-धीरे ध्वन्यात्मक तथा वर्णनात्मक विशेषताओं का भी प्रवेश इसमें होता गया। अनुप्रास एवं उपमा की ओर भी कवियों का ध्यान आकर्षित हुआ।

मीरां बाई—इसी शताब्दी के अन्तिम चरण में वैष्णव भक्ति धारा से प्रभावित कृष्ण-भक्ति में लगी हुई मीरां बाई ने अपने हृदय के भावों की अभिव्यक्ति के लिए जिन पदों को गाया है वे ही इस साहित्य की अमूल्य निधि बन गये हैं। भक्ति रस के अनेकानेक पदों की रचना के कारण ही राजस्थानी साहित्य के विकास की कहानी में मीरां बाई का प्रमुख स्थान है। मीरां बाई का जन्म संवत् १५५५ के लगभग जोधपुर राज्य में मेड़ता परगने के कुड़की ग्राम में मेड़ते के राठौड़ राव दूदाजी के चतुर्थ पुत्र रत्नसिंह के यहां हुआ था।[1] इनकी माता का बाल्यावस्था में देहान्त होने के कारण ये अपने दादा राव दूदाजी के पास ही रहती थी। उन्नीस वर्ष की अवस्था में इनका विवाह मेवाड़ के महाराणा संग्रामसिंह (सं० १५६५-८४) के ज्येष्ठ पुत्र भोजराज के साथ हुआ था। दुर्भाग्यवश विवाह के तीन वर्ष बाद ही मीरां बाई विधवा हो गई। ऐसी अवस्था में भी उनके हृदय पर एक सच्ची राजपूत रमणी के साहस एवं निष्ठा की गहरी छाप प्रकट हो रही थी। बाल्यकाल से ही कृष्ण के प्रति पूर्ण अनुरक्त होने के कारण इस समय उनकी निष्ठा और भी अधिक दृढ़ हो गई। पतिदेव का वियोग होते ही अपने सारे लौकिक सम्बन्धों के बन्धन से मुक्त होकर वे अपने इष्टदेव की आराधना में लवलीन हो गई। थोड़े ही समय बाद पिता एवं श्वसुर की मृत्यु के कारण विरक्ति की भावना और तीव्र हुई और वे लोक-लज्जा का परित्याग कर साधु-संतों के सत्संग में आने लगीं। भगवद्दर्शन हेतु मन्दिरों में पहुंचती और वहाँ प्रेमावेश में आकर कृष्ण की मूर्ति के समक्ष नाचने तथा गाने लगतीं।

मीरां बाई की भक्ति का आदर्श ऊंचा था। उनके 'परमभाव' का निर्वाह किसी साधारण भक्त के वश की

---

[1] छंद राउ जइतसी रउ, वीठू सूजइ रउ कहियउ—सं० डॉ० तैस्सितोरी, Introduction, Page 1.

[1] मीरां की जन्मतिथि के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है पर हमें उपरोक्त संवत् कई कारणों से उचित प्रतीत होता है। स्थानाभाव के कारण उन सभी मतभेदों पर हम अपना मंतव्य यहां प्रकट नहीं कर रहे हैं। —सं०

बात नहीं। जो कुछ भी उन्होंने कहा, वह उनकी आंतरिक अनुभूति की तीव्रता के कारण रागमय होकर गीत के रूप में ही प्रकट हुआ। समय-समय पर दी जाने वाली यातनाओं के कारण उपस्थित होने वाली बाधाओं एवं कठिनाइयों ने उन्हें निरुत्साही करने के बजाय और भी अधिक शक्ति प्रदान की। मीरां बाई को उनके समय की राजनैतिक तथा धार्मिक स्थिति ने अपने मार्ग पर अग्रसर होने के लिए पूर्ण साथ दिया। एक तरफ जोगी और नाथ सम्प्रदाय अपनी अलख को लोक-जीवन में मिश्रित कर रहा था तो दूसरी ओर कबीर की निर्गुण वाणी राजस्थानी क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी थी। इस सब के साथ-साथ सगुण भक्ति की धारा व्यापक रूप से प्रवाहित हो रही थी। ऐसे ही समय में यहाँ ईसरदास, जांभोजी, सिद्ध जसनाथ, केसोदास गाडण आदि महात्माओं ने सगुण-निर्गुण की बहती हुई धाराओं में अपना महान् योग दिया। मीरां का प्रादुर्भाव भी इसी वातावरण में हुआ था। युद्ध की रण-भेरी के बीच उन्होंने निर्गुण वाणी को सुना और जोगियों को अलख जगाते देखा और दूसरी ओर कृष्ण के रूप-सागर की असीम छबि को निहार कर भाव-विभोर हो गईं। उन्होंने दोनों मार्गों का अनुकरण किया और अनुभूति को शान्त-रस में प्रवाहित किया। उन्होंने स्वानुभूति की अभिव्यक्ति के लिए अनेकानेक पद विभिन्न राग-रागनियों में गाये।

मीरां बाई के पदों की संख्या कई हजार बताई जाती है, किन्तु उनके सभी पद आज उपलब्ध नहीं हैं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने 'मीरां बाई की पदावली' के नाम से लगभग २०० पदों का संग्रह प्रकाशित कराया था। जयपुर के स्व० पुरोहित श्री हरिनारायणजी ने लगभग एक हजार पदों का संग्रह किया था। उन पदों को अब राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान प्रकाशित करवा रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि मीरां बाई के पदों की भाषा एक ही प्रकार की नहीं है। बहुत से ऐसे पद हैं जो ठेठ राजस्थानी कहे जा सकते हैं किन्तु कुछ पर गुजराती एवं ब्रज-भाषा का भी पूर्ण प्रभाव है। कहीं-कहीं पंजाबी, खड़ी बोली एवं पूरबी तक का न्यूनाधिक सम्मिश्रण है। मीरां बाई के बहुत से पदों के विषय में यह कहा जा सकना अत्यन्त कठिन है कि जिस रूप में वे पाये जाते हैं, ठीक उसी रूप में रचे भी गये होंगे। इन्होंने मेड़ता, मेवाड़, द्वारिका, वृन्दावन आदि अनेक स्थानों पर निवास किया था, अतः उन स्थानों की बोलियां तथा भाषाओं का प्रभाव इनके पदों पर पड़ना स्वाभाविक था। इसके अतिरिक्त पदों की भाषा सीधी-सादी, सरल एवं जनसाधारण की चलती भाषा होने के कारण सर्वसाधारण ने उन्हें अपना लिया। लोकप्रिय एवं गेय होने के कारण ही वे अधिकाधिक प्रचलित होते गये और स्थान तथा समयानुसार उन पर भिन्न-भिन्न भाषाओं का प्रभाव स्वभावतः पड़ता गया।

मीरां के पदों में जो रस है, प्रेमानुभूति की जो करुणा-मयी कसक है वह किसी अन्य भक्त कवि में नहीं आ पाई है। गहरे भावों की उत्तम अभिव्यंजना के कारण ही इनकी कविता जन-जन के गले का हार बन सकी है। उदाहरण-स्वरूप इनका एक प्रसिद्ध पद यहाँ उद्धृत करते हैं।

> स्यांम मिळण री घणौ उमावौ, नित उठ जोऊं बाटड़ियाँ।
> दरस बिना मोहि कछु न सुहावै, जक न पड़त है अँखड़ियाँ।
> तळफत-तळफत बहु दिन बीता, पड़ी बिरह की पासड़ियाँ।
> अब तो बेगि दया करि साहिब, मैं तो तुमरी दासड़ियाँ।
> नैण दुखी दरसण कूं तरसै, नाभि न बैठे सांसड़ियाँ।
> रात दिवस यह आरति मेरे, कब हरि राखे पासड़ियाँ।
> लागी लगनि छूटण की नाहीं, अब क्यूं कीजै आंटड़ियाँ।
> मीरां के प्रभु कब रे मिलोगे, पूरो मन की आसड़ियाँ।

सोलहवीं शताब्दी के कुछ और भी कवि हैं जिन्होंने फुटकर गीतों, दोहों तथा अन्य रचनाओं द्वारा साहित्य में अपना योगदान दिया है। कुछ प्रसिद्ध कवियों के नाम उनके रचनाकाल के साथ दिये जा रहे हैं -

वीठू सूरो सं० १५१५-१५२५, मुनि मतिशेखर सं० १५१४-३७। लालूजी महड़ू सं० १५६१-८३, गहजगमुद्र सं० १५७०-१६००। कवि जमणाजी सं० १५८०-९०, विनयसुन्दर सं० १५८३-१६१४, राजशील सं० १५६३-१५९४, हरिरांम केसरिया (रचनाकाल अनिश्चित) आदि आदि।

राजस्थानी साहित्य के ऐतिहासिक कालक्रम में सत्रहवीं शताब्दी का विशिष्ट महत्व है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं कि समस्त राजस्थानी साहित्य में से सत्रहवीं शताब्दी का साहित्य पृथक् कर दिया जाय तो पीछे के साहित्य का महत्व

साधारण रह जाता है। इस शताब्दी में प्रचुर मात्रा में ही रचना नहीं हुई, अपितु विशिष्ट एवं विषद ग्रंथों का निर्माण भी इसी शताब्दी में हुआ। साहित्य के सभी अंगों से परिपूर्ण इस शताब्दी की उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं ने ही इस काल को राजस्थानी साहित्य का स्वर्णयुग कहलाने का अवसर प्रदान किया है। इस शताब्दी के प्रमुख कवियों की संवत्-क्रम से हम यहाँ चर्चा कर रहे हैं।

आसौ बारहठ—कवि आसाजी बारहठ जोधपुर राज्य के भाद्रेस गाँव के रहने वाले थे। इनके पिता का नाम गीधा था। ये राव मालदेव के कृपा-पात्र होने के कारण इन्हीं के पास रहते थे। इनके विषय में यह बात बहुत प्रसिद्ध है कि जब मालदेवजी ने अपनी रूठी रानी भटियाणी उमादे को मनाने के लिए इनके भतीजे ईसरदास को अजमेर भेजा था तब आसाजी भी उनके साथ गये। ईसरदास अनेक कठिनाइयों के बाद रानी को मना कर ला रहे थे कि मार्ग में कोसाना गाँव के पास (जो जोधपुर से लगभग ३० मील ही दूर रह जाता है) आसाजी ने रानी को यह दोहा कह सुनाया—

> मांण रखै तौ पीव तज, पीव रखै तज मांण।
> दो-दो गयंद न बंध ही, हेकै खंभू ठांण।।

इसका भावार्थ समझ कर रानी वहीं से जैसलमेर लौट गई और मालदेव के जीवनपर्यन्त जोधपुर नहीं आई। आसाजी भी कुछ समय पश्चात् जैसलमेर चले गये और वहाँ से चल कर कोटड़ा के सरदार बाघा के पास रहने लगे। यह भी कहा जाता है कि जैसलमेर के रावल ने भारमली नामक दासी को, जो बाघा के पास रहती थी, अपने यहाँ लाने के लिए कोटड़ा भेजा था। कोटड़ा में बाघा और भारमली के प्रेमपूर्ण व्यवहार से प्रसन्न होकर वे वहीं रहने लग गये। एक बार आमोद-प्रमोद के समय इनके मुंह से यह दोहा निकल गया—

> जहां तरवर तहां मोरिया, जहां सायर तहां हंस।
> जहां 'बाघा' तहां भारमली, जहां दारू तहां मंस।

इस पर बाघा ने आसाजी को भारमली कभी नहीं मांगने के लिए वचन-वद्ध कर दिया। यहाँ रहते हुए बाघा के प्रति इनका प्रेम प्रगाढ़ होता गया। उसकी मृत्यु पर इन्होंने बड़े मार्मिक दोहे कहे हैं। ये दोहे आज भी हृदय को छुए बिना नहीं रहते—

> बाघा हाले बेग, दुःख साले 'दूदा' हरा,
> आठूं पहर उदेग, जातौ देगौ जैतवत।
> हाठां पड़ी हड़ताळ, हमें मद सूंगा हुआ,
> कूके घणा कलाळ, बिकरौ भागौ बाघजी।

अपने जीवन के शेष क्षणों में वे बाघा को कभी भूल नहीं पाये। पिछले समय में ये अमरकोट के तत्कालीन राणा के पास भी रहे। उन्होंने बाघा को भुलाने के लिए बहुत प्रयत्न किए परन्तु विफल रहे। राणा ने एक बार आठ पहर तक बाघा का नाम न लेने के लिए आसाजी से कहा और भांति-भांति के आमोद-प्रमोद में मग्न रखा परन्तु भोर होने के पूर्व ही जब मुर्गे ने बांग दी तो अनायास ही इनके मुख से निकल पड़ा—

> कूकड़ क्यूं कुरळावियौ, ढळती मांझल जोग।
> कै थनै मिनड़ी झांपियौ, कै बाघा तणौ विजोग।।

सुबह होते-होते राणाजी आसाजी को तालाब पर स्नान के लिए ले गये। नहाने के बाद तालाब से बाहर निकलने पर कवि भूल से राणाजी के कपड़े पहिनने लगे तो राणा ने कहा ये तो मेरे कपड़े हैं। इस पर उन्हें पुनः बाघा की स्मृति हो आई और उन्होंने यह दोहा राणा को कह सुनाया—

> की कह की कह की कहूं, की कह करूं बखांण।
> थारौ म्हारौ न कियौ, अे बाघा अहनांण।।

इन्होंने फुटकर रचनाओं के साथ कुछ ग्रंथों की भी रचना की है जिनमें प्राप्त ग्रंथों में 'राउ चन्द्रसेण रा रूपक', 'रावळ माला सलखावत रौ गुण', 'गुण निरंजन प्रांग' प्रसिद्ध हैं। फुटकर रचनाओं में 'बाघजी रा दूहा', 'उमादे भटियांणी रा कवित्त' आदि प्रचलित हैं। इनकी भाषा का उदाहरण उमादे के सती होने पर कहे हुए इस कवित्त में देखा जा सकता है—

> भंवर ब्रह परजाळ जंघा रंभातर।
> कनक पयोधर कुम्भ, राख कीया चढ़ि जमहर।
> चंपकळी निरमळी, भखै झाळा दावानळ।
> बांहां नाळ मुणाळ, कंठ होमे सानूजळ।
> बिधु बदन केस कोमळ तवां, दहवे जेम सहस्स फण।
> बाळिया सती 'ऊमा' बिनै, अधर बिंब दाड़म दसण।।

कुशललाभ— ये खरतरगच्छीय वाचक अभयधर्म के शिष्य थे। इन्होंने अपनी समस्त रचनायें राजस्थानी भाषा में ही की हैं। अपने समय के श्रेष्ठ कवियों में इनकी गणना थी। इनकी प्रौढ़ कृतियाँ ही इसका प्रमाण हैं। इनके द्वारा रचे गये ग्रंथों के अनुसार इनका रचनाकाल इस शताब्दी का प्रथम चरण ही है। संवत् १६१६ में इन्होंने लोक-कथानक पर 'माधवानल चौपाई' काव्य की सुन्दर रचना की। राजस्थानी साहित्य की महत्त्वपूर्ण कृति 'ढोला मारू' जो एक सरस प्रेम-काव्य है, के बिखरे हुए दोहों को एकत्र कर कवि ने अपनी ओर से कथासूत्र को जोड़ने के लिए चौपाइयाँ मिला कर उसे पूर्ण किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने 'तेजसार रास' (सं० १६२४), 'अगड़दत्त रास' (सं० १६२५), 'दुर्गा सप्तसी', 'जिनपालित जिनरक्षित संधि', 'भवानी छंद' आदि कई ग्रन्थों की रचना की। 'ढोला-मारवण री चोपई' में इनकी भाषा का स्वरूप निम्न उदाहरण में देखा जा सकता है—.

> गोधूळिक वेळा जब हूई, जोवा जांन पधारी जूई।
> तब पिंगळ तेड़ी सुभ वार, परिणाव्यउ करि मंगळच्यारि।
> निरखवउ नयणे पिंगळराय, राजाइ तसु आव्यउँ दाय।
> रूपवंत नइँ सुंदर देह, सोढी-मनि निरखतां सनेह।
> सोळह वरसे परण्यउँ राउ, अति सुकमाळ असंभय काय।
> बारह वरस-तणी देवड़ी, लोक कहइ ए जोड़ी जुड़ी।
> एक कहइ तूठउ करतार, पांम्यउ तिणि पिंगळ भरतार।

मालदेव—ये राजस्थान में भटनेर (हनुमानगढ़) के रहने वाले थे। इनकी रचनाओं में इनका संक्षिप्त नाम 'माल' ही मिलता है। इनकी कृतियों के आधार पर इनका रचनाकाल सं० १६१२-१६२० के आसपास ही प्रतीत होता है। अपनी रचनाओं की लोकप्रियता एवं परवर्ती कवियों के उल्लेखों के आधार पर यह स्पष्ट है कि अपने समय में ये एक प्रसिद्ध कवि थे। इन्होंने लगभग २५ ग्रंथों की रचना की जिनमें से 'मनभमरा गीत', 'महावीर पारणा', 'माल शिक्षा चौपाई', 'शील बावनी' आदि तो अपनी निजी विशेषताओं के कारण श्रद्धालु भक्तों के हृदय की हार बनी हुई हैं। इनके अतिरिक्त भी 'पुरंदर चौपाई', 'पद्मावती पद्मश्री रास', 'राजुल नेमिनाथ धमाल', 'भोजप्रबंध मृगांक पद्मावती रास' तथा अन्य फुटकर गीत आदि भी अधिक विख्यात हैं। 'पुरंदर चौपाई' का एक उदाहरण नीचे प्रस्तुत किया जाता है—

> अति प्रीतम जउं वीछड़इ, तउ ही न मरणौ जाइ।
> हीयड़ा सांबर सींग ज्युं, दिन दिन नीठुर थाइ।।
> पांणी तणइ वियोग, कादम ज्युं फाटइ हीयउ।
> इम जौ मांणस होइ, साचउ नेह तौ जाणिजइ।।
> अइ वाल्हां वियोग, पांणी पापिण नीसरइ।
> साचउ नेह ते जोइ, जइ लोयण लोहू वहइ।।

बारहठ ईसरदास—राजस्थानी साहित्य के इस स्वर्णिम-काल में बारहठ ईसरदास का विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है। कवि ईसरदास ने चारण परम्परानुसार केवल वीररसात्मक रचनायें ही नहीं कीं अपितु राजस्थानी साहित्य में भक्ति रस की अनुपम रचना देकर अपने एक भक्त होने का परिचय भी दिया है। इनकी लेखनी से वीर रस और भक्ति रस की दोनों ही धारायें समान रूप से प्रवाहित हुई हैं। कवि एवं भक्त ईसरदास का जन्म संवत् १५९५ में माना जाता है। ऐतिहासिक आधार तथा उनकी जन्मपत्री इसी बात की पुष्टि करते हैं।[१] अपने जीवनकाल में इन्होंने निम्नलिखित ग्रन्थों की रचना की—

१-हरिरस, २-छोटा हरिरस, ३-गुण भागवत हंस, ४-गरुड़ पुरांण, ५-बाळलीला, ६-निंदा-स्तुति, ७-देवियांण, ८-गुण आगम, ९-गुण वैराट, १०-सभापर्व, ११-रास-कैळास, १२-हालां झालां रा कुण्डळिया और १३-दांण लीला।

उनकी इन रचनाओं में 'हरिरस' और 'हालां झालां रा कुंडळिया' इनकी सर्वोत्कृष्ट रचनायें हैं। 'हरिरस' शान्त रस का ईश्वर भक्ति का ग्रन्थ है जिसमें अटूट तन्मयता, अगाध प्रेम एवं दृढ़ विश्वास भरा पड़ा है। ईश्वर के अनेक नामों की महिमा, उसके प्रति कवि का प्रेम, दीन जनों का कारुणिक प्रकार आदि सभी बातों का 'हरिरस' में सुन्दर समन्वय हुआ है। कवि ने कर्म, उपासना तथा ज्ञान तीनों विषयों का उल्लेख विषद विवेचना के साथ किया है। पूर्ण अध्ययन से इस ग्रंथ में श्रीमद्भागवत का संक्षिप्त सार मिल जाता है। भक्ति रस का ग्रंथ होने के कारण यह राजस्थान तथा गुजरात के लोगों का दैनिक पाठ करने का ग्रंथ बन गया है। हरि-भक्तों में जैसा 'हरिरस' का प्रचार यहाँ हुआ वैसा किसी

[१] 'हरिरस' (राजस्थान रिसर्च सोसायटी, कलकत्ता)।

अन्य रचना का नहीं। ग्रंथ में यत्र-तत्र सगुण तथा निर्गुण दोनों रूपों की मिली-जुली झलक भी दृष्टिगोचर होती है।

निरगुण नाथ नमौ जिय नाथ, सबंगत देव नमौ ससिमाथ।
नमौ तो नमौ तो लीला नांम सोहं अवतार नमौ स्रीरांम।।
निरंजण नाथ परम्म नृवांण, किसन्न महाघण-रूप कल्यांण।
सबग्गुण देव अतीत संसार, बिभू अति गुज्झ परम्म बिचार।।

अब उनकी भक्ति के उदाहरण के लिए निम्न कवित्त देखिये—

जनम-पीड़ जगदीस, ईस अवतार म आंणे।
छळ-बळ करि-छोडवण, जनम आपण कर जांणे।
भणे नांम हूँ भणिस, जोति जगती जगदीसै।
क्रपा साधना करण, तवन कोडूं तेतीसै।
द्रगदेव दिनंकर ससि दुवै, त्रिग्गुण नाथ तारण-तरण।
'ईसरो' कहै असरण-सरण, किसूं तूझ कारण करण।।

'हरि रस' में भाषा की विविधता पायी जाती है। कहीं संस्कृत के तत्सम एवं तद्भव शब्दों की बहुलता है तो कहीं फारसी शब्दों तथा साधारण बोलचाल के शब्दों का भी प्रयोग पाया जाता है। जहाँ ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है वहाँ भाषा अत्यन्त सरल एवं चलती हो गई है।

अवगुण मोरा बापजी, बगस गरीब निवाज।
जो कुळ पूत कपूत व्है, तो ही पिता कुळ लाज।।
म्हैं तौ कुछ करता नहीं, करता है करतार।
देखौ करता क्या करे, रख बंदा इतबार।।
रांम भरोसे ऊकळैं, आदण ईसरदास।
ऊकळता में और दै, बंदा रख बीसास।।

कवि ईसरदास का दूसरा प्रसिद्ध ग्रंथ 'हालां झालां रा कुंडलिया' है। यह वीर-रस-प्रधान काव्य है। श्री मोतीलाल मेनारिया द्वारा उदयपुर से प्रकाशित ग्रंथ में ५० कुंडलिया दिए गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि स्व० पुरोहित श्री हरिनारायणजी के संग्रह में ६३ कुंडलिया संग्रहीत थे। ये कुंडलिया स्फुट रूप में ही मिलते हैं तथा इन छंदों में क्रमबद्धता का अभाव है। प्रत्येक कुंडळिया अपने आप में पूर्ण है। 'हालां झालां रा कुंडळिया' का वर्ण्य-विषय हलवद (वर्तमान नाम ध्रांगध्रा) के अधिपति झाला रायसिंह ध्रोल राज्य के ठाकुर हाला जसवन्तसिंह (जसाजी) जो कि उनके निकट सम्बन्धी भी थे[1], के बीच होने वाले युद्ध से सम्बन्धित है। राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ वीररसात्मक कृतियों में इस ग्रंथ का स्थान है। कवि ने ओजस्विनी भाषा का प्रयोग कर इसे वीररस की एक सजीव कृति बना दिया है। कवि ने इसमें झड़-उलट कुंडळिया का प्रयोग किया है जिससे रचना में और भी सार्थकता आ गई है। ग्रंथ की भाषा क्लिष्ट न होकर पूर्ण प्रसादगुणयुक्त है। मौलिक भावों की अभिव्यंजना के लिए सुन्दर शब्दावली का चयन कवि की अपनी निजि विशेषता है। शब्दों का विषयानुकूल प्रयोग एवं उनकी विशिष्ट ध्वन्यात्मकता से बरबस ही ओज फड़क उठता है। वीर-रस का रूप वास्तविक नीचे दिए गए उदाहरण में देखा जा सकता है—

एकौ लाखाँ आंग में सीह कहीजै सोय।
सूरा जेथी रोड़ियै कळहळ तेथी होय।।
कळळ हूंकळ अवसि खेति सूरा करै।
धीरपै सुहड़ रिण चलण धीरा धरै।।
आगि व्रजागि जसवंत अकळावणौ।
खाग बळि एकलौ लाख दळ खावणौ।। (८)

इस ग्रंथ में अधिकांश पद्यों को ईसरदास ने स्त्री के मुंह से कहलवाया है। वीर जसाजी की राणी अपने पति, अपनी सखी आदि के समक्ष अपने वीर-भाव प्रकट करती है। कवि की इस अभिव्यक्ति में बड़ी स्वाभाविकता एवं सरसता आ गई है। इससे समस्त रचना भाव-सौन्दर्य से अभिभूत हो गई है—

ऊठि अचूंका बोलणा, नारि पयंपै नाह।
घोड़ां पाखर घमघमी, सींधू राग हुवाह।।
हुवौ अति सींधवौ राग बागी हकां।
थाट आया पिसण घाट लागै थकां।।
अखाडां जीति खग अरि घड़ा खोलणा।
ऊठि हरधवळ सुत अचूंका बोलणा।। ४

ग्रंथों के अतिरिक्त कवि द्वारा रचे हुए कुछ फुटकर गीत भी मिलते हैं। गीतों की भाषा प्राचीन चारण काव्य-परंपरा का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत करती है—

रंग रातौ चीत कवट-हर राजा, अवरां हूंतौ ऊतरीयौ।
तो मुख दीठै लाख-तियागी 'विजा' जगत सहु वीसरीयौ।। १
'विजमल' तुझ दीठै वीसरिया, सयळतणा भूपति सिगळेय।
दूजा तीह भज्जे किम डूंगर, निरख्यौ ज्यां सुरगिरि नयणेह।। २
अनिजळ तीह थियै किम आरति, जमण-गंग-तट वसिया जाइ।
दीठै तूझ पछै 'दूदावत', दूजा सुपह न आवै दाइ।। ३

---

[1] झाला रायसिंह जसाजी के भानजे थे।

बीठू मेहा—कवि ईसरदास की भांति वीर रस की सुन्दर रचना देने वालों में कवि बीठू मेहा का नाम भुलाया नहीं जा सकता। इनकी रचनाओं में 'पाबूजी रा छंद', 'गोगाजी रा रसावला' तथा कर्मसी और सांवलदास के प्रति कहे हुए कवित्त बहुत प्रसिद्ध हैं। 'पाबूजी रा छंद' की हस्तलिखित प्रति का विवरण डॉ० तैस्सितोरी ने दिया है[1] जो अनूप संस्कृत लाइब्रेरी बीकानेर में सुरक्षित है। इस प्रति में इसके रचनाकाल तथा लिपिकाल का कहीं उल्लेख नहीं मिलता, फिर भी इसके साथ ही अन्य रचना 'जैंतसी रौ पाधड़ी छंद, लिखा हुआ है जिसका लिपिकाल सं० १६७२ लिखा हुआ है।[2] दोनों ही रचनायें एक ही हाथ की लिखी होने के कारण 'पाबूजी रा छंद' का लिपिकाल सं० १६७२ के बाद ही माना जा सकता है। इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि बीठू की यह रचना संवत् १६७२ के पूर्व ही प्रसिद्ध हो चुकी होगी। बीठू मेहा के जोधपुर के कूंपा मेहराजोत पर लिखे हुए फुटकर गीत भी प्राप्त होते हैं। कूंपा मेहराजोत संवत् १६०० में जोधपुर की ओर से शेरशाह के विरुद्ध लड़ कर काम आया था।[3] इस दृष्टि से बीठू मेहा का रचनाकाल सत्रहवीं शताब्दी का प्रथम चरण ही माना जा सकता है।

'गोगाजी रा रसावला' भी फुटकर छन्दों की रचना है जिसमें गोगाजी चौहान का युद्ध, उनकी वीरता तथा गायों की रक्षार्थ किए गए आत्म-त्याग का विषद वर्णन है। वीर-रस के फुटकर कवित्तों में बागड़ के करमसी और सांवलदास चौहान की वीरता पर कहे हुए कवित्त बहुत प्रसिद्ध हैं। ये दोनों वीर डूंगरपुर के महारावळ आसकरण (सं० १६०६-३७) की ओर से महाराणा उदयसिंह की सेना के विरुद्ध लड़ कर काम आये।[4] वीठू के ये कवित्त वीररस के सजीव उदाहरण हैं जिसकी झलक निम्न उद्धरण में देखी जा सकती है—

> डहरिए डक्क डहक्क, हक्क होए हलकारां।
> वाजे धक्क झड़क्क, लंक त्रूटे झूझारां।
> डरे कूंत खरड़क्क सार झाबक्क सबक्कां।
> फोफर फटिय मुबक्क, रकत ऊबके खळक्कां।
> वर वंक वधे चहुवांण वंस, विढ़ण वंक आंकह चलै।
> सामळै सुहड़ सौ खंड किय, खळां सरै सारण खळै॥

रामा सांदू—ये मेवाड़ के राणा उदयसिंह के समकालीन थे।[1] इन्होंने महाराणा की प्रशंसा में १५ वेलिया छंदों में 'वेलि राणा उदयसिंघरी' की संवत् १६२८ के आसपास रचना की। इसके अतिरिक्त इन्होंने फुटकर गीतों की भी रचना की है। उदाहरण के लिए एक गीत यहाँ दिया जा रहा है।

> गीत—दळ पैलां अकळ उलटा देखै,
> खळ मैंगळ प्रजाळण खाग,
> धूहड़ खत सूरत घड़हड़ियौ,
> 'ईसर' तिकर पराळी आग॥ १
> माहव तणौ महाबळ मिळियौ
> घणा जूंझार वधै घण घाय॥
> पंडवेसां पटहथां प्रजाळण
> लांप तणै गंज लागी लाय॥ २
> आडै घाय बाजियौ 'ईसर'
> खळ मैंगळ जाळण खुरसांण
> आग अंगारै लाग उडियौ
> उजवाळै झाळां असमांण॥ ३
> 'माधव' हरौ अछरां वरमाळै
> सुजड़ उजाळै लेरे साख
> 'ईसर' दावानळ उभमियौ
> रिम लाकड़ घड़ बाळै राख॥ ४

अखौ भाणावत ये रोहड़िया शाखा के चारण थे और जोधपुर के राजा मालदेव के कृपा-पात्र भाना बारहट के पुत्र थे। बाल्यकाल में ही माता-पिता की मृत्यु के कारण इनका पालन-पोषण मालदेव की झाली रानी स्वरूपदे ने अपने पुत्र उदयसिंह और चन्द्रसेन के साथ किया। बड़े होने पर भी ये उदयसिंह के साथ ही रहते थे। कारणवश, उदयसिंह ने चारणों के गाँव छीन लिए थे। इसके विरुद्ध संवत् १६४३ में आउआ ठिकाने में चारणों ने धरना दिया। उदयसिंह ने अखा को उनसे सुलह करने के लिए भेजा परन्तु अखाजी सुलह

---

[1] Descriptive Catalogue, Sec. II, Pt. 1, Page 8-9.

[2] संवत् १६७२ वर्षे शाके १५ माह मासे शुक्ल पक्षे त्रितीयां तिथौ गुरुवासरै......।

[3] मारवाड़ का इतिहास, प्रथम भाग, वि० रेउ०, पृ० १२८-१३१।

[4] डूंगरपुर राज्य का इतिहास : गौ० ही० ओझा, पृ० ८९-९०।

[1] नैणसी की ख्यात, भाग १, पृ० १११।

करने के बजाय स्वयं घरने में शामिल हो गए और वहीं उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए।

अखाजी डिंगल के कवि थे। द्वारकादास दधवाड़िया ने अपने ग्रन्थ 'दवावैत' में अपने से पूर्व के कवियों का वर्णन किया है, उसमें अक्खाजी का भी उल्लेख कवि के रूप में किया है। इन्होंने वेलिया छंद में 'वेलि देईदास जैतावत री' नामक ग्रंथ की रचना की। इस वेलि में २३ दोहलों में देवीदास जैतावत के युद्ध एवं वीरता का वर्णन है। संवत् १६१६ में देवीदास ने जालोर को अपने अधिकार में कर लिया और बदनोर से जयमल को भी निकाल दिया। ये अकबर से शाही सेना की सहायता लेकर मेड़ता पर चढ़ आये। यहीं देवीदास ने उनसे युद्ध किया और वहीं वीरगति को प्राप्त हुआ। कवि की रचना इस घटना की सम-सामयिक ही जान पड़ती है। अतः इसका रचनाकाल संवत् १६२० के आसपास ही माना जा सकता है। इस वेलि से एक पद नीचे उदाहरण-स्वरूप दिया जाता है—

मिळि जमलि रांण कल्यांण मेड़तै,
घणंजू वैहता बिरद घण।
बळ छाडियौ तुहारै बोले,
त्रिहुं ठाकुरे जैततण॥ ११

अखाजी वैसे किसी ग्रंथ आदि की रचना के लिए प्रसिद्ध नहीं हैं परन्तु फुटकर गीतों की रचना के लिए राजस्थानी साहित्य-जगत में इनकी प्रसिद्धि अधिक है। गीत बड़े ही सुन्दर हैं जिनकी भाषा शैली बड़ी प्रसादगुणयुक्त है। इनके द्वारा लिखे गए एक गीत का उदाहरण देखिये—

ताकंती फिरै हिंदवां तुरकां
जुड़ै न भरता भांत जुई।
मरण तुहारे चंद मछर गुर
अकबर फौज सचीत हुई॥ १
कसै न जूसण राग कलासै,
विलखी फिरै न पूछै बात।
एकण कमंध मरण उतरिया,
असपत फौज तणै अह बात॥ २
रचै न जूसण टोप राखड़ी,
हिए न कांचू जिरह न हार।
'गंगा' हरा मरण गहलांणी,
सारी फौज तणा सिणगार॥ ३
मांणण हार 'माल' तण मूम्रौ,
सजती जै ऊपर सिणगार।
साह घड़ा राठौड़ सरीखा,
भव दूजै पांमिस भरतार॥ ४

अल्लू कविया—ये जाति के कविया गोत्र के चारण थे और जोधपुर के राजा मालदेव के समकालीन थे। इनका जन्म सिणला ग्राम में हेमराज कविया के घर संवत् १५६० में हुआ।[1] इनका रचनाकाल संवत् १६२० के लगभग माना जा सकता है। इनका रचा हुआ कोई भी ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। सम्भव है इन्होंने कोई ग्रंथ लिखा ही न हो, फिर भी इनके कुछ फुटकर छप्पय एवं गीत मिलते हैं जिनकी विशेष प्रसिद्धि है। इनकी कविता को पढ़ कर किसी ने ठीक ही कहा है—

कविते अलू दूहे करमाणंद, पात ईसर विद्या चौ पूर।
छंदे 'मेहौ' झूलणे 'मालौ', सूर पदे गीते हर सूर॥

इनकी कविताओं से कोई ठोस ऐतिहासिक सामग्री प्राप्त नहीं होती परन्तु सभी कवितायें सरस, हृदयग्राही एवं भक्ति-रस से परिपूर्ण अवश्य हैं—

गोप नार चित हरण, प्रेम लच्छण समप्पण
कुंज विहारी करण रास ब्रन्दावन रच्चण
गोवरधन ऊधरण ग्राह मारण गज तारण
जुरासिंधु सिसपाळ भिड़ै भू-भार उतारण
जमलोक दरस्सण परहरण भौ भग्गौ जीवण मरण
ओ मंत्र भलौ निस दिन 'अलू' सिमर नाथ असरण सरण॥

इन्होंने जोधपुर के राव मालदेव की विभिन्न विजयों के वर्णन हेतु कुछ कवित्तों की रचना की है जिनमें से अनूप संस्कृत लाइब्रेरी बीकानेर की हस्तलिखित प्रति[2] में ४ कवित्त मिलते हैं। इन कवित्तों में वीर-रस की झलक दिखाई देती है। इनके बून्दी के हाडा सूरजमल पर लिखे गीत भी प्राप्त हैं जो कवि के भाव पक्ष को स्पष्ट करने में सहायक हैं।

गोरधन बोगसौ—कवि गोरधन बोगसौ गोत्र के चारण, मेवाड़ राज्य के निवासी थे। ये महाराणा प्रताप के

---

[1] परम्परा, भाग १२, सिद्धभक्त कवि अलूनाथ कविया : श्री सौभाग्यसिंह शेखावत, पृ० ५५।

[2] प्रति नं० ६६।

समकालीन थे अतः इनका रचनाकाल संवत् १६३३ के आस-पास माना जाता है। ये अपने वीररसपूर्ण फुटकर गीतों के लिए ही अधिक प्रसिद्ध हैं। इनके ओजपूर्ण गीत पाठकों के हृदय में उत्साह का संचार करने से पूर्ण समर्थ हैं। भाषा सरस एवं मंजी हुई है। गीतों में जथा और उक्तियों का निर्वाह भली प्रकार से हुआ है।

हल्दी घाटी के युद्ध में कवि स्वयं महाराणा प्रताप के साथ थे। अतः अपने गीतों में हल्दी घाटी के युद्ध एवं राणा प्रताप के शौर्य एवं पराक्रम का आंखों देखा वर्णन करने से उनमें सजीवता आ गई है। गीत के पढ़ते ही सारा दृश्य आंखों के समक्ष उपस्थित हो जाता है। इसी युद्ध के वर्णन का एक गीत देखिये—

> गयंद 'मांन' रै मुहर ऊभौ हुतौ दुरदगत,
> सिलह पोसां तणा जूथ साथै।
> तद बही रूक अणचूक 'पातळ' तणी,
> मुगळ बहलोल खाँ तणै माथै ॥ १
> तणै भ्रम 'ऊद' असवार चेटक तणै,
> घणौ मगरूर बहरार घटकी।
> आचरै जोर मिरजातणीं आछटी,
> भाचरै चाचरै बीज भटकी ॥ २
> सूरतन रीझतां भीजतां सैलगुर
> पहां अन दीजतां कदम पाछै।
> दांत चढ़तां जवन सीस पछटी दुजड़
> तांत साबण ज्युहीं गई ताछै ॥ ३
> वीर अवसांण केवांण ऊजबक बहे,
> रांण हथवाह दुय राह रटियौ।
> कट झिलम सीस बगतर बरंग अंग कटे,
> कटे पाखर सुरंग तुरंग कटियौ ॥ ४

सूरा टापरिया—ये टापरिया शाखा के चारण थे। ये भी महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज राठौड़ के समकालीन थे। दिल्ली में अनायास ही इनकी मुलाकात पृथ्वीराज से हो गई थी। पृथ्वीराज ने इनका खूब सम्मान किया और इन्हें बादशाह अकबर के दरबार में ले गये, वहाँ सूरा ने निम्न-लिखित सोरठा कहा—

> अकबरिया इण वार, मर रे मैंगळ हर धणी।
> सोयळौ सह संसार, दोयळौ कोई देखां नहीं ॥

अकबर ने इसका अर्थ शीघ्र समझ लिया और सूरा से अपनी मृत्यु की कामना करने का सोरठा फिर से सुनाने को कहा। तब शीघ्र ही सूरा ने उसे पलट कर इस प्रकार कहा—

> अकबरिया इण वार, म मरे मैंगळ हर धणी।
> सोयळौ सह संसार, दोयळौ कोई देखां नहीं ॥

इस पर बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ और उसने सूरा की इच्छापूर्ति की।

सूरा निस्सन्देह श्रेष्ठ कवि था। वह सत्यवादी एवं वीरता का उपासक होने के साथ-साथ सच्चा राष्ट्र भक्त भी था। इसकी कविता में राष्ट्रीय भावना स्पष्ट रूप से झलकती है। महाराणा प्रताप के प्रति कहे हुए सोरठे वीररस के सुन्दर उदाहरण हैं—

> मांझी मोह मराट, 'पातल' रांण प्रवाड़ मल।
> दुजड़ां किय दह वाट, दळ मैंगळ दांणव तणा ॥
> चंपौ चीतोड़ाह, पोरस तणौ प्रतापसी।
> सोरभ अकबर साह, अलियळ आभड़ियौ नहीं ॥
> अेही भुजे अरीत, तसलीमज हिंदू तुरक।
> माथै निकर मजीत, परसाद कै प्रतापसी ॥
> चौकी चीतोड़ाह, 'पातल' पंडवेसां तणी।
> रहचेबा रांणाह, आयौ पण आयौ नहीं ॥

सूरा के फुटकर गीत भी अनेक प्राप्त हैं जो उसकी काव्य-प्रतिभा के सच्चे प्रमाण हैं। गीतों की भाषा ओजपूर्ण है। शब्द-चयन पूर्ण विषयानुकूल है जो बरबस ही पाठकों में उत्साह की उमंग पैदा कर देता है। एक गीत का उदाहरण देखिये—

> आलापै राग गारड़ू अकबर,
> दै पैंतीस असट कुळ दाव।
> रांण सेस बसुधा कथ राखण,
> राग न पांतरियौ अहराव ॥
> मिणधर छत्रधर अवर गेल मन,
> ताइधर रजधर 'सींघतण'।
> पूंगी दळ पतसाह पेरतां,
> फेरै कमळ न सहसफण ॥
> गढ़ गढ़ राफ मेटे गह,
> रैण खत्रीध्रम लाज अरेस।
> पंडर बेस नाद अण पीणग,
> सेस न आयौ पतौ नरेस ॥

आया ऊन भूपत आवाहण,
भुजंगे भुजंग तजे बळ भंग।
रहियौ रांण खत्रीध्रम राखण,
सेत उरंग कळोधर 'संग'॥

हीर कलश—राजस्थानी के जैन कवि हीर कलश खरतरगच्छ की सागरचन्द्र सूरि शाखा के विद्वान थे। जीवनकाल के अधिकांश भाग में ये बीकानेर तथा जोधपुर राज्य में ही रहे अतः इनका जन्म इन दोनों राज्यों में होना सम्भव है, जो वि० सं० १५६५ में हुआ था। कवि ने बहुत संख्या में रचनायें लिखी हैं जिनका रचनाकाल सं० १६१५ से ५७ है। इस प्रकार इन्होंने लगभग ४२ वर्ष तक साहित्य-साधना में रत रह कर कई श्रेष्ठ रचनाओं का निर्माण किया।

श्री अगरचन्द नाहटा ने कवि के ३० ग्रंथों का संवत् क्रम से नामोल्लेख किया है।[1] इनकी अन्तिम रचना 'हीयाली' सं० १६५७ नागौर के निकटवर्ती 'डेह' नामक स्थान पर रची हुई मिलती है। कवि का स्वर्गवास इसी स्थान पर होने का अनुमान लगाया जाता है। इनकी रचना 'मोती कपासिया संवाद' का एक उदाहरण देखिये—

मोती–कहि मोती सुणि कांकड़ा, मइ तइ केहौ साथ।
हूं सावहुं कंचण सरिस, तइ खळ कूकस बाथ॥
मइ सुर नरवर भेटीया, कीधां जिहां सिंगार।
तइ भेटीया गोधण वळद, जिहां कीधा आहार॥

कपासिया–ऊतर दीयइ कपासीयउ, अम्ह आहार जोइ।
गायां गोरस नीपजइ, वळदे करसण होइ॥
गोधण जदि वांटउ न हुइ, तदि वरतइ कंतार।
धांन वडइ तत्र वेचीयइ, सोवन मोती हार॥

कनक सोम—इसी समय के अन्य जैन कवि कनक सोम की रचनायें भी राजस्थानी साहित्य में उल्लेखनीय हैं। ये खरतरगच्छ के अमर माणिक्य के शिष्य थे। डॉ० माहेश्वरी ने इनके ग्रंथों की सूची में १२ नाम गिनाये हैं।[2] ग्रन्थों में संवतोल्लेख के अनुसार इनका रचनाकाल भी १६२५ से १६५५ तक के लगभग ठहरता है। इनकी प्रसिद्ध रचना 'आषाढ़ भूति चौपाई' का उदाहरण देखिये—

नट ए पुत्री सीखवी, ए मुनिवरनि मोहउ रे।
हाव भाव विभ्रम करी, काम दुधा घरि दोहउ रे।
भुवन सुंदर जय सुन्दरी, मुनि मोहन वर नारी रे।
जन मन रंजन अवतरी, गोरी रति अनुकारी रे।
कुंच विच हार विण्यउ इस्यउ, गिरि विचि गंग प्रवाहा रे।
नाभि मंडळ सागर संगरइ, जांनु कि तीरथ लाहा रे॥

रंगरेलौ बीठू—इनके जन्मकाल के सम्बन्ध में विशेष पता नहीं चलता। इतना अवश्य प्रचलित है कि ये जैसलमेर के रावल हरराज और बीकानेर के राजा रायसिंह के समकालीन थे। इनका जन्म जैसलमेर राज्य के सांगड़ ग्राम में हुआ था, परन्तु बचपन में ही कच्छभुज चले गए और वहीं विद्याध्ययन किया। इसके पश्चात् वे देशाटन के लिए निकल पड़े और विभिन्न नगरों एवं देशों में घूमते हुए उनका वर्णन अपनी कविता में करने लगे। इनकी कवितायें व्यंग के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। ये घूमते हुए अपने देश जैसलमेर आ पहुँचे और यहीं पर जैसलमेर का वर्णन अपनी व्यंगपूर्ण भाषा में किया और यहाँ के रावल को सुना दिया। रावल ने इसे दूषित समझ बीठू को कैद कर लिया। बीकानेर के राजा रायसिंह अपना विवाह करने जैसलमेर पहुँचे तब इनको छुड़ा कर साथ ले आये। यहाँ इन्होंने रायसिंह की प्रशंसा में कुछ फुटकर गीतों की रचना कीं। एक समय राजा के कहने पर कवि ने रानी के समक्ष जैसलमेर का वर्णन सुनाया। वह व्यंगपूर्ण होने के कारण रानी को कटु लगा, इससे उसने नौकरों द्वारा रात्रि में बीठू को पलंग सहित कूए में पटकवा दिया। भाग्य से वे वहाँ बच गये और निकल कर भीनमाल चले गये जहाँ से जालोर का बिहारी पठान अपने साथ ले गया। इनकी रचना के उदाहरण देखिये—

राठौड़ महाराजा रायसिंह कल्याणमलोत रौ गीत—

पाताळ तठै बळि रहण न पाऊं, रिध मांडे स्रग करण रहै।
मो त्रितलोक राइसिंघ मारै, कठै रहूं हरि दळिद्र कहै॥ १
विरोचंद-सुत अहिपुर वारै, रवि-सुत तणौ अमरपुर राज।
निधि- दातार कलाउत नरपुर, अनंत रौर-गति केहि आज॥ २

---

[1] शोध पत्रिका, भाग ७, अंक ४ : राजस्थानी भाषा के एक बड़े कवि हीरकलश।

[2] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृ० २६५–२६६।

रयण-दियण पाताळ न राखै, कनक-ग्रवण रूधौ कविळास ।
महि-पुड़ि गज-दातार ज मारै, विसन कसै पुड़ि मांडूं वास ।। ३
नाग ग्रमर नर भुवण निरखतां, हेक ठौड़ छै, कहै हरि ।
घर ग्रर नांन्हा सिंघ घातिया, कुरिंद तठै जाइ वास करि ।। ४

ऊमर कोट—

पद्मण पांणी जावत प्रात, रुळंती ग्रावत ग्राधी रात ।
बिलक्खा टाबर जोवे बाट, धिनौ धर धाट धिनौ धर धाट ।।
ग्ररोगै नीर गधां सर ग्रांण, सराप संदेस धरां सोढ़ांण ।
कविसर पारख ठोठ न कोय, हसती भेस बराबर होय ।।
परख्या ऊन बरोबर पाट, धिनौ धर धाट धिनौ धर धाट ।।

दूदा ग्रासिया—राजस्थानी साहित्य में इस समय चारण परम्परा की बहुलता थी। समस्त राजस्थान में यह लहर व्यापक रूप से व्याप्त थी। ग्रन्य चारण कवियों की भाँति इसी समय दूदा ग्रासिया भी प्रसिद्ध कवि हो चुका है। ये ग्रासिया गोत्र के चारण सिरोही राज्य के निवासी थे। इनका रचना-काल संवत् १६३३ से १६४४ के लगभग माना जाता है। सिरोही के राव सुरताण ने इन्हें सीवाणा के राठौड़ कल्ला के पास भेजा था। यहाँ पर इन्होंने राठौड़ कल्ला की वीरता की प्रशंसा में ग्रनेक कुंडलिया तथा फुटकर गीत लिखे। इनके रचे कुंडलियों की संख्या १४० के लगभग कही जाती है, यद्यपि ग्रभी तक केवल २० कुंडलिये ही उपलब्ध हैं। दूदाजी के गीत निसन्देह सुन्दर रचनायें हैं। भाषा ग्रौर भाव दोनों ही इनकी काव्य-प्रतिभा के द्योतक हैं। उदाहरण के लिए इनका निम्न गीत देखिये—

सवीयांण 'कल्यांण' तणै ग्रत सीधौ, ग्रगै भेटिया ग्रसत ग्रग्यांन ।
ग्राजस ग्राभड़ छौत उतरीयौ, स्रोण गंगोदक हुग्रौ सनांन ।। १
सर नांमियौ गंगाजळ स्रोणी, सत सीधौ 'कल्यांण' सकाज ।
ग्रसती पोहां तणौ ग्राभड़ियौ, ग्रनड़ प्रवीत हुग्रौ तिण ग्राज ।। २
'मोल' हर गढ़ सीस मरंतै, मंजन गाळिया मिले मळ ।
'लाखावटे' तुहाळौ लोई, जांणै लधियौ गंगजळ ।। ३
पांणी स्रोण सीस-पांणीजै, सत सीधौ कल्यांण सपोत ।
मोटा ग्रनड़ तणै सिर मरतै, 'छाडा' हरै उतारी छौत ।। ४

माला सांदू—माला सांदू बीकानेर के राजा रायसिंहजी के समकालीन थे। इनके जीवन का ग्रधिकांश भाग रायसिंहजी के साथ ही व्यतीत हुग्रा प्रतीत होता है। 'दयाळदास की ख्यात' से पता चलता है कि इन्होंने रायसिंह से दो बार पुरस्कार प्राप्त किया था।[1] ग्रोझाजी के ग्रनुसार संवत् १६२७ में ग्रकबर के नागौर ग्राने पर बीकानेर के राव कल्याणसिंह ग्रपने पुत्र रायसिंह के साथ उससे मिले। संवत् १६३० में कल्याणमल का देहान्त हुग्रा।[2] इसी समय गुजरात विजय पर जोधपुर का राज्य ग्रकबर ने रायसिंह को दिया। 'दयाळदास की ख्यात' के ग्रनुसार संवत् १६४९ में रायसिंह ने जैसलमेर के रावळ हरराज की पुत्री से विवाह किया।[3] कवि की राय-सिंहजी के सम्बन्ध की लिखी रचना व ग्रन्य रचनाग्रों के ग्राधार पर इनका रचनाकाल सं० १६३० से १६६० माना जा सकता है। इनके लिखे तीन ग्रंथ मिलते हैं -

(१) झूलणा महाराज रायसिंघजी रा।
(२) झूलणा दीवांण श्री प्रतापसिंघजी रा।
(३) झूलणा ग्रकबर पातसाहजी रा।

उपर्युक्त तीनों ही रचनायें झूलणा छन्द में हैं, जिनमें कवि ने ग्रपने समय के तीन ऐतिहासिक प्रसिद्ध वीरों, ग्रकबर प्रताप ग्रौर रायसिंह के पराक्रमों का वर्णन किया है। रचनायें घटनाग्रों की सम-सामयिक जान पड़ती हैं जिससे उनमें वास्तविकता ग्रा गई है। हल्दी घाटी के युद्ध-वर्णन में इनकी भाषा पूर्ण ग्रोजस्विनी हो गई है ग्रौर इसमें कवि की राष्ट्रीय भावना स्पष्ट रूप से झलकती दिखाई देती है। उदाहरण के लिए एक पद नीचे देखिये—

जोगण खप्पर मांडीय पळ रत ग्रघाई
नाळां गोळा पूरीया की सोर सजाई
सोर पलीता गड़ड़ीया हथनाळ हवाई
धर पड़सादे परबतां फिर गैंण गजाई
सिर चढ़ीतौ सीसोदीयौ सोहीयौ सेलारां
ग्राळूफै ग्रंत्रावळी वणीयौ तिण वारां ।।

---

[1] क. गांव एक भदोरो नागौर रौ मालै सांदू नूं दीनौ। ख. हाथी एक मालै सांदू नूं। (ख्यात, भाग २, पृ. ११८, १२५)

[2] बीकानेर राज्य का इतिहास : गौरीशंकर हीराचंद ग्रोझा, पृ. १६३ का फुटनोट।

[3] दयाळदास री ख्यात, भाग २, पृ. १२३।

रिड़ै रगत्र सगत्र पत्र भरीया कर भारां,
खाळ ज वहै'ड हिगळ का पड़नाळ पयारां।
लट छूटा तूटा कमळ घट फूटा धारां,
जांरा क मट उपटीया विच हट रंगारां।

इन भूलणाओं के अतिरिक्त कवि के कई फुटकर गीत और कवित्त मिलते हैं। गीतों की भाषा भी पूर्ण प्रवाहमयी तथा ओजगुण-सम्पन्न है। भाव पक्ष प्रबल होने के कारण गीत बड़े ही आकर्षक हो पाये हैं। राव जोधा के पुत्र करमसी के प्रति कहे एक गीत के दो दोहले यहाँ उदाहरण में देखिये—

राखत जो नहीं 'कमौ' रिण रहचै।
धाय मिळे रिण असुर घड़।
तो जड़ जंगळ जात जैता।
ज्यूं जैतायरा ही जात जड़॥ १
पोह धमोरौ अनै द्रोणपुर।
पैह मेड़तौ जांगळू पैह।
काडत जड़ां सहत किलमायण।
'करमट' जो नह करत कळैह॥ २

हेमरत्न सूरि—ये पद्मराज गणि के शिष्य थे।[1] सत्रहवीं शताब्दी के जैन कवियों में इनका नाम भी उल्लेखनीय है। इनकी निम्नलिखित रचनायें है—

१–महिपाळ चौपाई, २–अमर कुमार चौपाई, ३–सीता चरित्र, ४–गोरा बादळ पदमनी चौपाई।

उपरोक्त प्रमुख रचनाओं के अतिरिक्त अन्य अनेक फुटकर रचनायें भी हैं। ग्रंथों में प्रयुक्त भाषा शुद्ध राजस्थानी है। इनकी 'गोरा बादल पदमनी री चौपाई' वीररस की अनूठी रचना है। शृंगार रस का प्रयोग भी गौण रूप से इसमें हुआ है। गोरा बादल की वीरता एवं पद्मनी के शील का कवि ने बहुत सुन्दर ढंग से वर्णन किया है। कवि के वीररस का उदाहरण देखिये—

धड़ ऊपरि धड़ ऊथलि पड़इ, ग्रहि करवाळ मूंड विरणु भिड़इ।
रण चाचरि नाचइ रजपूत, पाड़इ पड़इ किहाडइ भूत।
नवि चीतारइ घर सुख साथ, वाहइ बहकिं छछोहा हाथ।
रे! रे! मुगळ आंधा ढ़ोर, इम कहि वाहइ खग अघोर।
पदमिण साटइ ले करवाळ, किहां दिल्लीसर धन संभाळि॥

[1] जै॰गु॰क॰, ततीय भाग, पृ॰ ६८०।

बारहठ शंकर—इस शताब्दी के पूर्वार्द्ध के कवियों में बारहठ शंकर भी उल्लेखनीय कवि हैं। ये रोहड़िया शाखा के चारण थे और बीकानेर के प्रसिद्ध राजा रायसिंहजी के ही समकालीन थे। रायसिंहजी द्वारा संवत् १६५१ में कवि को सवा करोड़ का दान देना सर्वप्रसिद्ध है।[1] संवत् १६४३ में जोधपुर के राजा उदयसिंह के समय राज्य के चारणों ने आउआ गाँव में धरना दिया तब उसमें ये भी थे किन्तु किसी कारण-वश उस धरने को छोड़ कर चले ग। कहाये जाता है कि इनकी पत्नो पद्मा जो माला सांदू की बहिन थी, इन्हें छोड़ कर चली गई और आजीवन रायसिंह के भाई अमरसिंह को अपना धर्म भाई बना कर उसी के पास रह गई।

कवि शंकर बारहठ की 'दातार सूर रौ संवाद' प्रसिद्ध रचना है।[2] इसकी हस्तलिखित प्रतियाँ अनूप संस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर में विद्यमान है। इस रचना में, जैसा कि इसका नाम है, दानवीर और शूरवीर पुरुषों के संवाद हैं। इस परस्पर वार्तालाप में प्रत्येक एक दूसरे से श्रेष्ठ होने का दावा करता है। अन्त में रायसिंहजी अपनी विशेष युक्ति देकर दानी को श्रेष्ठ बता कर उनका न्याय करते हैं। इस रचना के अतिरिक्त कवि के अन्य फ़ुटकर गीत भी बहुत मिलते हैं। गीतों की भाषा साधारण होते हुए भी वे बड़े प्रभावपूर्ण प्रतीत होते हैं। उदाहरण के लिए निम्न गीत देखिये—

अकळ थाट असमांण अर ऊपरै आंणिया,
दूहरी कुंजरै ढाल ढळकांणियां।
सिखर भुरजां चढ़ी सखी साहवांणियां,
रायसिंघ संपेखै नंद गिररांणियां॥
कळहळै बगतरां टोप री भरहरी,
घमघमै घूघरां पाखरां छरहरी।
कोट कमसीस पैह निजर सांमी करी,
'कला' सुत पेखियौ कोड राय करी॥
धूपटै धरा पुर जोध हरसै बणी,
वेहद राज ऊजळी सिह माथै बणी।
तुरी आफाळतां विख अरबद तणी,
मारवौ राव साराहियौ पदमणी॥

[1] दयाळदास री ख्यात, भाग २, पृ॰ १२६-१२७।

[2] Descriptive Catalogue Sec. II, Pt. I, Page 14 : Tessitori.

पूजवै 'सिध' पाहाड़ सिर पोगरां,
कमंध असफेरिया अचळ रा कांगरां।
हुवै हैकंप तिण वार 'वीजड़' हरां,
वीनवै अभै मांगत त्रिय नै वरां ॥

पद्मा सांदू—राजस्थान की स्त्री कवियों में पद्मा का नाम भी महत्वपूर्ण है। यह ऊपर वर्णित कवि बारहठ शंकर की पत्नी और प्रसिद्ध कवि माला सांदू की बहिन थी। इसने अपने भाई माला से ही शिक्षा पाई थी। इसका रचनाकाल संवत् १६४० के आसपास ही माना जाता है। सं० १६४३ में जोधपुर राज्य के चारणों द्वारा आउआ गांव में दिये जाने वाले धरने में से शंकर बारहठ के लौट आने पर यह उनसे रुष्ट होकर राजा रायसिंह के भाई अमरसिंह के पास चली आई और उसके अन्तःपुर में रहते हुए कविता करने लगी। अमरसिंह के विद्रोही हो जाने के कारण संवत् १६५४ में अकबर ने अपने सेनापति अरबखां को इन्हें पकड़ने के लिए भेजा। अमरसिंह अफीम ज्यादा खाते थे, अतः इन्हें जगाना आसान कार्य न था। इस पर पद्मा ने नीचे उदाहरण में दिये गये गीत द्वारा उसे जगा कर युद्ध के लिए प्रेरित किया। अमरसिंह इसी युद्ध में मारे गये। इनका पृथक कोई ग्रंथ तो नहीं मिलता परन्तु फुटकर गीत प्राप्त हैं जो निसन्देह सुन्दर हैं—

सहर लूटतौ सरब नित देस करतौ सरद,
कहर नर प्रगट कीधी कमाई।
उज्यागर झाल खग 'जैतहर' आभरण,
'अमर' अकबर तणी फौज आई ॥ १
वीकहर साहिधर मार करतौ वसू,
अभंग अरिव्रंद तो सीस आया।
लाग गयणाग खग तोल भुज लंकाळा,
जाग हो जाग कलियांण—जाया ॥ २
गोळ भर सबळ नर प्रगट अर-गाहण,
अरबखां आवियौ लाग असमांण।
निवारौ नींद कमधज अबै निडर नर,
प्रगट हुव 'जैतहर' दाखवौ पांण ॥ ३
जुड़े जमरांण घमसांण मातौ जठै,
साज तुरकांण भड़ बीज समरौ।
आपरी जिका थह न दी भड़ अवर नै,
आपरी जिके थह रहचौ 'अमरौ' ॥ ४

दुरसा आढ़ा—मध्यकाल में साहित्य की विभिन्न धारायें भिन्न-भिन्न कवियों द्वारा पूर्ण रूप से पोषित हुई है। ऐतिहासिक परिस्थितियों के अनुकूल देश के लिए बलि होने वाले, स्वतन्त्रता के उपासक एवं धर्म-रक्षक वीरों के प्रति उनके यशोगान एवं वीर प्रशंसा में इस काल के कवियों ने अपनी लेखनी चलाने में कोई कसर उठा न रखी। ऐसे कवियों की कविताओं में देश एवं मर्यादा की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वालों के प्रति श्रद्धा एवं सहानुभूति स्पष्ट रूप से झलकती है। उनकी कविताओं में राष्ट्रीय भावना की धारा अविरल रूप से बही है। इस युग के वीर शिरोमणि, राजस्थान के सूर्य राणा प्रताप का यशोगान जितना उनके समकालीन कवियों ने किया है वह अन्यत्र दुर्लभ ही है। ऐसे कवियों में दुरसा आढ़ा का नाम अग्रगण्य है। काव्य-चमत्कार एवं भाषा-सौष्ठव की दृष्टि से इनकी तुलना इनके समकालीन कवि पृथ्वीराज राठौड़ से भले ही न की जा सके तथापि प्राचीन परंपरागत डिंगल में गीत-रचना की दृष्टि से इनका महत्व कम नहीं है।

दुरसा आढ़ा गोत्र के चारण मेहाजी के पुत्र थे। इनका जन्म संवत् १५९२ में जोधपुर राज्य के अन्तर्गत धूंदला गांव में हुआ था। इनकी माता का नाम धन्नीबाई था जो बोगसा गोविन्द की बहिन थी। अत्यधिक निर्धनता के कारण दुरसा के जन्म के पूर्व ही इनके पिता मेहाजी ने सन्यास ग्रहण कर लिया था। इनकी माता ने बड़ी कठिनाइयों का सामना करते हुए इनका पालन-पोषण किया। बाल्यकाल में ही बगड़ी के ठाकुर प्रतापसिंह सूंडा इन्हें एक किसान के पास से ले गये और पालन-पोषण करते हुए इनकी शिक्षा आदि का प्रबन्ध किया। दुरसा ने ठाकुर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए यह दोहा कहा—

माथै मावीतांह, जनम तणौ क्यावर जितौ।
सूंडौ सुध पाताह, पाळणहार प्रतापसी ॥

काव्य-रचना के स्वरूप दुरसा को अपने जीवन में धन, यश एवं सम्मान बहुत प्राप्त हुआ। कहा जाता है कि जोधपुर पर अधिकार के समय बीकानेर के राजा रायसिंह ने इनको चार गांव, एक करोड़ का पुरस्कार और एक हाथी प्रदान किये थे।[1] इन्होंने बादशाह अकबर तथा सिरोही के राव

[1] दयाळदास री ख्यात, भाग २, पृ० ११८।

सुरताण से भी एक-एक करोड़ का पुरस्कार प्राप्त किया था।[1] इस प्रकार हम देखते हैं कि दुरसा अपने काल के अत्यन्त लोकप्रिय कवि थे। इनके लिखे हुए तीन ग्रंथ बतलाये जाते हैं—

(१) विरुद छहत्तरी (२) किरतार बावनी, और (३) श्री कुमार अजाजी नी भूचर मोरी नी गजगत। अन्तिम दो ग्रंथों को इनके रचे मानने का कोई निश्चित प्रमाण प्राप्त नहीं हुआ है। 'विरुद छिहत्तरी' वास्तव में इनकी एक अनोखी रचना है। इसमें कवि ने महाराणा प्रताप की प्रशंसा मुक्त कंठ से की है। यह ७६ दोहों का ग्रंथ है। ये दोहे पृथ्वीराज द्वारा रचित दोहों से किसी रूप में कम नहीं हैं। यही कारण है कि कुछ दोहों में इतनी समानता आ गई है कि लोग भ्रम से दुरसा आढ़ा के दोहों को भी पृथ्वीराज द्वारा रचा गया मान लेते हैं। उदाहरण के लिए देखिये—

अकबर समंद अथाह, सूरापण भरियौ सजळ।
मेवाड़ौ तिण मांह, पोयण फूल प्रतापसी॥
—पृथ्वीराज

अकबर गमंद अथाह, तिहँ डूबा हिन्दू तुरक।
मेवाड़ौ तिण मांह, पोयण फूल प्रतापसी॥
—दुरसा आढ़ा

अकबर एकण बार, दागल की सारी दुनी।
अणदागल असवार, रहियौ रांण प्रतापसी॥
—पृथ्वीराज

अकबरिये इक बार, दागल की सारी दुनी।
अणदागल असवार, एकज राण प्रतापसी॥
—दुरसा आढ़ा

अकबर बादशाह के दरबार में दुरसा को बहुत सम्मान प्राप्त हुआ था। यहां उनकी प्रतिष्ठा बहुत अधिक थी। इतना सब कुछ होते हुए भी उन्होंने अकबर की प्रशंसा में अपनी लेखनी कभी नहीं चलाई। अकबर के समक्ष भी वे सदैव राणा प्रताप की ही प्रशंसा करते थे। इससे कवि की आन्तरिक राष्ट्रीय भावना का स्पष्ट पता चलता है। महाराणा प्रताप की मृत्यु का समाचार जब बादशाह ने सुना तो उनकी आंखें भर आईं और एक लम्बी निश्वास छोड़ी। इस पर दुरसा उनके हृदय के भाव को समझ गये और शीघ्र ही निम्न कवित्त सुनाया—

अस लेगौ अण दाग, पाघ लेगौ अणनांमी
गौ आडा गवड़ाय, जिको बहतौ धुर वांमी
नवरोजे नंह गयौ, न गौ आतसां नवल्ली
न गौ झरोखां हेठ, जेथ दुनियांण दहल्ली
गहलोत रांण जीती गयौ, दसण मूंद रसणा डसी।
नीसास मूक भरिया नयण, तो मृत साह 'प्रतापसी'॥

कवि के कवित्त में अपने भावों का सच्चा प्रतिबिम्ब देख बादशाह प्रसन्न हुये।

राजस्थानी साहित्य में दुरसा का स्थान बहुत ऊंचा है। इन्होंने अपने ग्रंथों के अतिरिक्त फुटकर रचना भी बहुत की है। ईश-कृपा से इन्होंने दीर्घायु प्राप्त की अतः अनुमान लगाया जा सकता है कि अपने जीवनकाल में इन्होंने प्रचुर मात्रा में साहित्य रचना की। फुटकर रचनाओं में इनके—१–राउ श्री सुरतांण रा कवित्त, २–झूलणा रावत मेघा रा, ३–दूहा सोळंकी वीरमदेजी रा, ४–गीत राजि श्री रोहितासजी रौ, तथा ५–झूलणा राव श्री अमरसिंघजी गजसिंघोत रा आदि बहुत प्रसिद्ध हैं। दुरसाजी हिन्दू-धर्म, हिन्दू-जाति और हिन्दू-संस्कृति के अनन्य उपासक थे। अपनी कविता में उन्होंने तत्कालीन हिन्दू समाज की विपन्नावस्था और अकबर की कूटनीति का बड़ा ही सजीव, वीर-दर्पपूर्ण एवं चुभता हुआ वर्णन किया है।[1] इनकी भाषा प्रसादगुणयुक्त होने के साथ-साथ ओजपूर्ण एवं प्रभावमयी है जो पाठकों के हृदय पर अपनी छाप छोड़े बिना नहीं रहती। फुटकर रचना के एक गीत का उदाहरण देखिये—

सामौ आवियौ सुरसाथ सहेतौ, ऊंच बहा ऊदांणा।
अकबर साह सरस अणमिळियां, रांम कहै मिळ रांणा॥ १
प्रम गुर कहै पधारौ 'पातल', प्राझा करण प्रवाड़ा।
हेवै सरस अणमिळिया हींदू, मोसूं मिळ मेवाड़ा॥ २
एकंकार ज रहियौ अळगौ, अकबर सरस अनैसौ।
विसन भणै रुद्र ब्रह्म बिचाळै, बीजा 'सांगण' बैसौ॥ ३

निस्सन्देह दुरसाजी अपने समय के बहुत ऊंचे कवि थे। डिंगल भाषा को ऐसे कवियों पर गर्व है।

पृथ्वीराज राठौड़—मध्यकाल में राजस्थानी साहित्य जब अपने उच्च शिखर पर था और दुरसा आढ़ा जैसे कवि अपनी

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० मोतीलाल मेनारिया, पृ० १३७, १३६।

[1] डिंगल में वीररस, पृ० ५१।

रचनाओं से उसका पोषण कर रहे थे, उसी समय साहित्य क्षेत्र में एक ऐसे व्यक्ति का अवतरण हुआ जिसने अपूर्व साहित्य की रचना कर केवल साहित्य को ही नहीं अपितु राजस्थानी भाषा को भी उन्नति के उच्चतम शिखर पर पहुंचाने में अमूल्य सहयोग दिया। ये व्यक्ति थे, बीकानेर नरेश राव कल्याणमल के पुत्र एवं राव जैतसी के पौत्र श्री पृथ्वीराज राठौड़। इनका जन्म संवत् १६०६ में हुआ था। ये उच्च कोटि के कवि एवं योद्धा होने के साथ-साथ पूरे भगवद्भक्त भी थे। इस समय में उत्तरी भारत में व्याप्त भक्ति-लहर से ये भी पूर्ण प्रभावित थे और इसी कारण इनकी रचनाओं में इनकी भक्ति-भावना की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। भक्त कवि नाभादास ने अपनी भक्तमाल में इनका भी गुण-गान किया है।[1]

अपनी विशिष्ट विद्वत्ता एवं उच्च कोटि की रचनाओं के कारण राजस्थानी साहित्य के सर्वोत्कृष्ट कवियों में इनका स्थान है। इनके लिखे पांच ग्रंथ मिलते हैं—

१—वेलि क्रिसन रुकमणी री।
२—दसम भागवत रा दूहा।
३—गंगा लहरी।
४—वसदे रावउत, और
५—दसरथ रावउत।

अंतिम चारों रचनायें शांतरस के भक्ति सम्बन्धी छंदों से परिपूर्ण हैं। 'दसम भागवत रा दूहा' में कृष्ण भक्ति सम्बन्धी १८४ दोहे हैं। 'दशरथ रावउत' में श्री रामचन्द्रजी की स्तुति में ५० के लगभग दोहे हैं। 'वासदे रावउत' में श्री कृष्ण का गुणानुवाद किया गया है तथा 'गंगा लहरी' में गंगा की महिमा का वर्णन करते हुए ८० के लगभग दोहे हैं।

प्रथम रचना 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' पृथ्वीराज की काव्यमयी प्रतिभा की सर्वोत्कृष्ट रचना है। इसके रचनाकाल के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। एक मत के अनुसार इसकी रचना संवत् १६३७ में हुई।[1] इसके समर्थक डॉ० तैस्सितोरी[2], सूर्यकरण पारीक[3], रामकुमार वर्मा[4] प्रभृति विद्वान हैं। दूसरा मत डॉ० मोतीलाल मेनारिया का है। इन्होंने सरस्वती भंडार, उदयपुर से प्राप्त वेलि की तीन हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर इसका रचनाकाल संवत् १६४४ माना है।[5] श्री मेनारिया का अनुमान है कि संवत् १६३७ 'वेलि' को आरम्भ करने का समय है तथा इसका समाप्ति काल १६४४ ही है। यह ग्रंथ डिंगल साहित्य के प्रसिद्ध छंद वेलियौ गीत में लिखा हुआ ३०५ दोहालों का एक खण्ड काव्य है। यह ग्रंथ साहित्य जगत में कितनी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है, इसका अनुमान दुरसा आढ़ा नामक सम-सामयिक कवि के निम्न छंद से ही लगा सकते हैं, जिसने 'वेलि' को 'पांचवां वेद' कह कर पुकारा है—

रुकमणि गुण लखण रूप गुण रचावण,
'वेलि' तासु कुण करै वखांण।
पांचमौ वेद भाख्यौ पीथळ,
पुणियौ उगणीसमौ पुरांण॥

'वेलि' की कथा का बीज रूप आश्रय श्रीमद्भागवत-पुराण, दशम स्कन्ध के अन्तर्गत अध्याय ५२, ५३, ५४ व ५५ से ग्रहण किया गया है। यह बात स्वयं कवि ने ग्रंथ के छन्द

---

[1] सवैया गीत श्लोक, वेलि दोहा गुण नव रस।
पिंगळ काव्य प्रमांण, विविध विधि गायौ हरजस॥
परिदुख विदुख सलाघ्य, वचन रसना जु उच्चारै।
अरथ विंचित्रन मोल, सबै सागर उद्धारै॥
रुकमणी लता बरणण अनुप, वगीस वदन कल्याण सुव।
नरदेव उभै भासा निपुन, प्रथीराज कविराज हुव॥

---

[1] हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयाग से प्रकाशित 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' पृ० २७२, दो० ३०५।
वरसि अचळ गुण अंग ससी संवति, तवियौ जस करि श्री भरतार।
करि श्रवणे दिन रात कंठ करि, पामै स्री फळ भगति अपार॥

[2] 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता, Introduction, Page IX.

[3] 'वेलि' (हिन्दुस्तानी एकेडेमी) भूमिका, पृ० ९७, ९९।

[4] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० ११२ (प्रथम संस्करण)

[5] क. सोळह सै संबत चमाळै वरसै, सोम तीज वैसाख सुदि। (सं० १७०१ की प्रति)
ख. सोळह सै संवत चमाळै वरखै सोमतीज वैसाख समंधि। (सं० १७२८ की प्रति)
ग. सोळह सै संवत चमाळीसै वरसै, सोम तीज वैसाख सुदि। (सं० १७९५ की प्रति)

२६१ में सुन्दर रूपक का उदहारण प्रस्तुत करते हुए स्वीकृत की है—

> वल्ली तसु बीज भागवत वायौ,
> महि थांणौ प्रथुदास मुख ।
> मूल ताल जड़ अरथ मंडहे,
> सुथिर करणि चढ़ि छांह सुख ॥ २६१

कथा-विस्तार में श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह, उनकी रति-क्रिड़ा और अन्त में प्रद्युम्न के जन्म का वर्णन किया गया है। साथ ही साथ रुक्मिणी का नख-शिख-रूप-वर्णन, षट्-ऋतुवर्णन आदि का भी हुआ है, यद्यपि इसका कथा के साथ कोई विशेष सम्बन्ध नहीं है। कथानक केवल बीज रूप में ही ग्रहण किया गया है। काव्य-सौष्ठव व वर्णन-शैली पूर्णतया मौलिक है। जिस समय तुलसीदासजी अपने 'रामचरित मानस' की रचना द्वारा वैष्णव भक्ति के प्रचार में संलग्न थे उसी समय राजपूताने में प्रवाहित होने वाली भक्तिधारा में पृथ्वी-राज ने यह श्रृंगार रस को अनूठा ग्रंथ लिखा। वीररसात्मक काव्य की प्रचुरता के कारण कुछ लोगों की ऐसी धारणा हो गई थी कि राजस्थानी भाषा तो वीररसात्मक काव्य के लिए ही उपयुक्त है तथा श्रृंगार की श्रेष्ठ कविताओं की रचना इस भाषा में नहीं की जा सकती। 'वेलि' की रचना ने यह भ्रम पूर्ण रूप से निवारण कर दिया। भक्ति की भावना के साथ श्रृंगार की रसीली साधना भी है। ग्रंथ में १५ से २४ तक के दोहलों में उच्च श्रृंगार-प्रधान भावमयी उक्तियां भरी पड़ी हैं जिनसे कवि की श्रेष्ठ कल्पना, गहन सूझ एवं मनन का स्पष्ट पता चलता है। कवि ने देवी रुक्मिणी के यौवना-गमन एवं वयसंधि का जिस विलक्षण दक्षता से वर्णन किया है उससे कवि की उच्च काव्य-प्रतिभा को स्वीकार करने में कोई सन्देह नहीं रह जाता। जिस विधि से कवि ने अपनी वर्णन-शैली के माध्यम से मानव-विज्ञान एवं दर्शनशास्त्र का सामंजस्य उपस्थित किया है वह किसी भी पाठक के हृदय पर अपनी अमिट छाप छोड़े बिना नहीं रह सकता। वयसंधि का अनुपम श्रृंगारिक वर्णन देखिये—

> पहिलौ मुख राग प्रगट थ्यौ प्राची
> अरुण कि अरुणोद अम्बर ।
> पेखे करि जागिया पयोहर
> सञ्झा वंदण रिखेसर ॥ १६

इसी प्रकार यौवन प्रकट करने वाले अंगों के उभार के सम्बन्ध में जो कवि की सूझ है वह देखते ही बनती है। यह अद्भुत श्रृंगारिक उक्ति पाठकों के हृदय को छूए बिना नहीं रहती—

> आगळि पित मात रमंती अंगणि
> कांम विरांम छिपाड़ण काज ।
> लाजवती अंगि एह लाज विधि
> लाज करंती आवै लाज ॥ १८

इस प्रकार भक्ति के उस युग में रीति का यह मनोरंजक और सरस वर्णन राजस्थानी साहित्य की अनोखी वस्तु है। इस सबका श्रेय राठौड़ पृथ्वीराज को ही है।

वेलि का ढांचा प्राचीन राजस्थानी का ही है, किन्तु मध्यकाल की प्रचलित विशेषतायें भी इसमें मिलती हैं। देखा जाय तो वेलि की अक्षरी सर्वथा माध्यमिक राजस्थानी की सी ही है। इतना अवश्य है कि इसकी रचना तत्कालीन बोलचाल की भाषा में न की जाकर साहित्यिक डिंगल में ही की गई है। शब्दों का तोड़-फोड़ करने की जो परम्परा मध्य-काल में रचित राजस्थानी के साहित्यिक ग्रंथों में मिलती है वह 'वेलि' में बहुत कम दृष्टिगोचर होती है। इसी विशेषता के कारण यह श्रृंगारिक-काव्य डिंगल भाषा पर कर्णकटुता, कठोरता तथा कांतगुणहीनता आदि के लगाये जाने वाले आरोपों को सर्वथा मिथ्या सिद्ध करने में सफल हो सका है। इस सम्बन्ध में वेलि का संपादन करते हुए श्री रामसिंह तथा श्री सूर्यकरण पारीक ने लिखा है—'वेलि जैसे डिंगल के सर्वो-त्तम श्रृंगार ग्रंथ को रखते हुए यह विश्वास करते हैं कि इस ग्रंथ रत्न के उच्चतम भाषा-सौन्दर्य, शब्द-सौष्ठव, छंद-माधुर्य, विविध अलंकृति और अर्थगौरव से मुग्ध होकर सहृदय पाठक न केवल डिंगल भाषा सम्बन्धी काठिन्य एवं श्रुति-कटुत्व के ही भावों को सदा के लिए विस्मृत कर देंगे वरन् यह जान कर कि डिंगल में भी संस्कृत, परिमार्जित हिन्दी तथा अन्यान्य उन्नत प्रान्तीय भाषाओं के समान समस्त काव्य गुणों को धारण करने की पूर्ण क्षमता है, अत्यन्त संतुष्ट होंगे।[1]

वस्तुतः वेलि की भाषा सौन्दर्ययुक्त होने के साथ-साथ पूर्ण प्रवाहमयी है। कवि द्वारा विषयानुकूल शब्द-चयन ने

---

[1] वेलि क्रिसन रुकमणी री : सं० ठाकुर रामसिंह तथा पं० सूर्यकरण पारीक, हिन्दुस्तान एकेडेमी, प्रयाग से प्रकाशित—भूमिका पृष्ठ १०६

ग्रंथ की सरसता एवं स्वाभाविकता को द्विगुणित कर दिया है। स्वाभाविकता के साथ-साथ कविता की संगीतमयी मधुरिमा ने ग्रंथ को सर्वोच्च स्थान पर लाने में पूर्ण सहयोग दिया है। इसकी एक विशेषता यह और है कि यह शृंगारिक काव्य है पर इसकी आत्मा में आध्यात्मिक संदेश निहित है। इसका मूल संदेश भक्तिमय है और वह अवश्य ही साधारण जीवन-निर्वाह के लिए एक आदर्श स्थापित करता है। परन्तु जिस उच्च शृंगारिक आवरण में अपनी गहन आध्यात्मिकता प्रस्तुत की वह जन साधारण के लिए बोधगम्य न हो सकी। यही कारण है कि पृथ्वीराज अपने समसामयिक रामभक्त कवि तुलसी की भांति लोक शिक्षा के लिए भक्ति का आदर्श रखने में असमर्थ रहे। कवि की विद्वत्ता एवं अनुभव-दक्षता के सम्बन्ध में किंचित मात्र भी सन्देह नहीं है। उनका यह ग्रंथ ही इस बात का सही प्रमाण है। स्वयं कवि ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि ग्रंथ की गहनता एवं उसका अर्थ ज्ञान प्राप्त करने के लिए पाठक को भी विविध शास्त्रों के मर्म का ज्ञाता होना अत्यन्त आवश्यक है। सत्य तो यह है कि कवि के व्यक्तित्व को समझने पर ही उनकी इस गहन काव्य-चातुरी और विशिष्ट अभिव्यक्ति को हृदयंगम किया जा सकता है। पृथ्वीराज के व्यक्तित्व के विषय में कर्नल टॉड ने लिखा है—

'Pirthi Raj was one of the most gallant chieftains of the age, and like the Troubadour princes of the west could grace a cause with the soul inspiring effusions of the muse, as well as aid it with his sword; nay in an assembly of the bards of Rajasthan the palm of merit was unanimously awarded to the Rathore cavalier ?'

वास्तव में जो व्यक्ति समस्त भारत की शक्तियों को नतमस्तक करने वाले मुगल साम्राज्य की शक्ति के अधीनस्थ रहते हुए भी अपने देश की स्वतंत्रता की कामना प्रकट कर सके उसके शौर्य्य के आदर्श की सहज ही में कल्पना की जा सकती है। वे राजपूत थे और साहस और उत्साह का मूल्य पहचानते थे। महाराणा प्रताप को लिखे गये पत्र के विशिष्ट ऐतिहासिक महत्व से लोग आज भी भली भांति परिचित हैं।

निस्सन्देह 'वेलि' समस्त काव्य-गुणों की पूर्णता प्राप्त कर एक अत्यन्त प्रौढ़ कलाकृति हो गई है। ग्रंथ में कला पक्ष एवं भाव पक्ष का जो सुन्दर सामंजस्य उपस्थित हुआ है वह अन्यत्र सुलभ नहीं। वर्ण्य-विषयानुकूल नादसौन्दर्ययुक्त शब्द-चयन, एवं प्रसंगानुकूल भाषा में लोच 'वेलि' की अपनी निजी विशेषता है। कवि का प्रकृति-वर्णन जो षट्-ऋतु वर्णन के रूप में हुआ है, परंपरानुगत और पिष्टपेषित नहीं है। कवि ने राजस्थान के ऋतु-परिवर्तनों को बड़ी सूक्ष्म दृष्टि से देख कर उन्हें हूबहू उतारने का सफल प्रयास किया है। वैसे तो कवि ने साधारणतः सभी ऋतुओं के वर्णन में अपनी मौलिक प्रतिभा का परिचय दिया है तथापि इनकी ये सब कल्पनायें इनके अपरिचित वस्तु ज्ञान भंडार एवं निजी सांसारिक अनुभवों पर आश्रित हैं।

'वेलि' की भाषा के लालित्य एवं सहज प्रवाह में अलंकारों का विशेष हाथ है। शब्दालंकार एवं अर्थालंकार दोनों का ही स्वाभाविक रूप से प्रचुर प्रयोग हुआ है। अर्थालंकारों में उपमा, रूपक एवं उत्प्रेक्षा का अधिकाधिक प्रयोग हुआ है। कवि की उपमाओं के सम्बन्ध में डॉ० मेनारिया का कथन है कि 'वे अपनी उपमाओं में न केवल उपमेय उपमान का साधर्म्य कथन करते हैं प्रत्युत दोनों के आसपास के पूरे वातावरण को ही शब्दों में ला उतारते हैं जिससे भाव सजीव होकर जगमगाने लगता है।'[२] यथा—

संग सखी सीळ कुळ वेस समांणी, पेखि कळी पदिमणी परि।
राजति राजकुंअरि राय अंगणि, उडियण बीरज अंबहरि॥

वस्तुतः वेलि अपने काल की प्रौढ़तम रचना है। इसमें राजस्थानी साहित्य की परम्परानुगत प्रेम, भक्ति एवं वीर रस की त्रिवेणी के दर्शन होते हैं। राजस्थानी की पूर्व प्रचलित प्रमुख काव्यधाराओं की समष्टि पूर्णरूपेण हो पाई है। कवि की इस अनुपम कृति के विषय में डा० तैस्सीतोरी ठीक ही लिखते हैं—

'The Veli....is one of the most fulgent gams in the rich mine of the Rajasthani literature...is one of the most perfect productions of the Dingala literature, a marvel of poetical ingenuity,

[१] 'Annals of Mewar' Chapter XI, Page 273 of Routledge's edition.

[२] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० मोतीलाल मेनारिया पृ० १२५

in which like in the Taj of Agra, elaborateness of detail is combined with simplicity of conception and exquisitness of feeling is glorified in immaculateness of form [1]

पृथ्वीराज की कविता-शैली के व्यापक प्रभाव ने न केवल राजस्थानी साहित्य के महत्त्व की अभिवृद्धि ही की अपितु इसने पिंगल पर डिंगल की श्रेष्ठता भी स्थापित कर दी। पृथ्वीराज यदि चाहते तो इस ग्रंथ की रचना पिंगल में भी कर सकते थे। ब्रज भाषा माधुर्यगुण से ओतप्रोत है, किन्तु ओजगुण की उसमें कमी है। डिंगल इस कमी की पूर्ति करती है। बिना ओजगुण के वेलि में वह बल, वह उल्लास, वह लावण्य और वह तेज नहीं होता जिसके दर्शन आज हमें इस ग्रंथ में स्थल-स्थल पर होते हैं। इस मत का प्रतिपादन करते हुए डॉ० तैस्सितोरी लिखते हैं—

'It is certain that had Prithiraj chosen to compose his Veli in emasculated Pingala, he would have given us a very different composition, not superior in musicality, and considerably inferior in naivete. But fortunately for us, he preferred to compose in the literary bhasa of his native land, the Dingala of the *bards*[2]'.

डिंगल ग्रंथों के अतिरिक्त महाराजा पृथ्वीराज ने अनेक फुटकर गीत एवं दोहे भी लिखे हैं। गीत-रचना में उन्होंने चारण परम्परा का ही अनुकरण किया है। महाराणा प्रताप ने जीते-जी अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। उनकी प्रशंसा में लिखा पृथ्वीराज का प्रसिद्ध गीत आज भी जन-साधारण में खूब प्रचलित है। उदाहरण के लिए उसे ही हम यहाँ उद्धृत करते हैं[3]—

नर जेथि निमांणा नीलजी नारी
अकबर गाहक वट अवट
आवै तिणि हाटै 'ऊदावत'
वेचै किम रजपूत वट ॥ १

रोजाइतां तणै नउरोजै
जेथि मुसीजै जणो-जण
चौहटि तिणि आवै चीतोड़ौ
'पतौ' न खरचे खत्रीपण ॥ २
पड़पंच दीठ वध लाज न व्यापति
खोटौ लाभ कुलाभ खरौ
रज्ज वेचिवा नायौ 'रांणौ'
हाटि मीर 'हमीर' हरौ ॥ ३
पिंड आपरै दाखि पुरसातण
रह अणियाळ तणै बळ रांणै
खत्र वैचियौ जठै वड खत्रिए
खत्र राखियौ जठै खुम्मांणि ॥ ४
जासी हाट वात रहिसी जगि
अक्बर ठगि जासी एकार
रहि राखियौ खत्री ध्रम रांणै
सगळौ ई वरतै संसार ॥ ५

इनकी लेखनी में ही ओज नहीं बल्कि रचना के आधार पर इनके हृदय की दृढ़ता एवं ओजस्विता स्पष्ट प्रकट होती है। इनके वीर रस में जहाँ अनुपम ओज की छवि है वहाँ शान्त रस में विरक्ति भाव के दर्शन होते हैं। शान्त रस के एक गीत का कुछ अंश देखिये—

सुखरास रमंता पास सहेली
दास खवास मौकळा दांम
न लियौ नांम पखै नारायण
'कलिया' उठ चलिया बेकांम ॥ १
माया पास रही मुळकंती
सजि सुंदरि कीधां सिणगार
बहु परिवार कुटंब चौ बाधौ
हरि बिन गयौ जमारौ हार ॥ २
हास हसंता रह्या धौळहर
सुखमै राजत जे सिणगार
लाखां धणी पयाणै लांबै
जातां नह भेजिया जुहार ॥ ३

× ×

केसर चनण चरचतौ काया
भणहणता ऊपर भ्रमर
रजियौ राख तणै पूगरणै
घणा मुसांणां बीच घर।

---

[1] वेलि क्रिसन रुकमणी री—सम्पादक डॉ० एल. पी. तैस्सितोरी, भूमिका, पृ० १।

[2] वेलि क्रिसन रुकमणी री—सं. डॉ० तैस्सितोरी, भूमिका, पृ० १२।

[3] वही, पृ० ४।

खाटी सौ दाटी घर खोदे
साथ न चाली हेक सिळी
पवन ज जाय पवन बिच पैठौ
माटी माटी मांहि मिळी ॥

लक्खोजी—ये रोहड़िया शाखा के चारण मारवाड़ राज्य के अन्तर्गत साकड़े परगने के नानणियाई ग्राम के निवासी थे। ये बादशाह अकबर के कृपापात्रों में थे। ऐसा कहा जाता है कि अकबर ने इन्हें मथुरा के पास अन्तर्वेद में साढे तीन लाख की जागीर दी और मथुरा में रहने के लिए हवेली प्रदान की। बादशाह ने उन्हें 'वरण पतसाह' अर्थात् चारणों के बादशाह की उपाधि भी दी थी जिसके प्रमाण में यह दोहा है—

अकबर मुंह सूं आखियौ, रूड़ौ कहै दोहूं राह,
मैं पतसाह दुन्यानपत, लखा बरण पतसाह।

'दयाळदास की ख्यात' में बीकानेर नरेश रायसिंह द्वारा इन्हें एक करोड़ पसाव और दो हाथी देने का उल्लेख मिलता है।[1] इनके नाम के दो पट्टे मिलते हैं। एक पट्टा संवत् १६५८ और दूसरा सं० १६७२ का है। इनसे इनका बादशाह अकबर के समय से लेकर जहांगीर के समय तक विद्यमान रहने का पता चलता है। इनका लिखा एक ग्रंथ 'पाबू रासौ' मिलता है। इसके अतिरिक्त इन्होंने अन्य फुटकर गीतों की रचना के साथ राठौड़ पृथ्वीराज की 'वेलि' पर टीका भी लिखी थी। 'पाबू रासौ' दोहा छंद में रचित एक चरित्र काव्य है जिसमें पाबूजी राठौड़ के जीवन-चरित्र का वर्णन है। इनका रचा एक गीत जैमळ मेड़तिया की प्रशंसा में मिला है।

गीत—

गज रूप चढ़ण अंग रहण असंभगति, पहप कमळ दैसोत पगि,
जिम जगदीसर पूजतौ 'जैमल' जैमल तिम पूजिजै जगी ॥
गज आरोह वद वद गढ़पति, चौसरा धरि बंदे चलण,
'वीर' तणौ अरचतौ विसंभर, तिम अरचीजै आपतण।
मोटा पहु आराध करै महि, मोटे गढ लीजतै मुम्रौ,
जगि हरि भगत तुहाळौ 'जैमल', हरि सारीख प्रताप हुम्रौ।
रथि हाथ रूक समरथ रे खगि, महिपति पग तिस अेक मण,
प्रम कमधज जिण वडम पूजतौ, आप वडिम सूजि आचरण ॥

[1] दयाळदास री ख्यात, भाग २, पृ० १०५, ११८, १२४।

इस शताब्दी में एक ओर जहाँ कवि लोग राजा-महाराजाओं के यशोगान, उनका देश-प्रेम और वीरता की प्रशंसा में अपनी ओजस्विनी वाणी द्वारा प्रचुर मात्रा में वीर-रस की रचना कर रहे थे, वहाँ दूसरी ओर भक्ति के प्रभाव से भक्त कवि लोग शान्तरस की अधिकाधिक रचना कर साहित्य की अभिवृद्धि कर रहे थे। इन भक्त कवियों में केसोदास गाडण, माधोदास दधवाड़िया, सायांजी झूला आदि का नाम उल्लेखनीय है। यहाँ संवत्-क्रम के अनुसार इन्हीं के साहित्य का परिचय दे रहे हैं।

केसोदास गाडण—ये गाडण शाखा के चारण थे। इनका जन्म जोधपुर राज्यान्तर्गत गाडणों की बासनी में सदामल के घर संवत् १६१० में हुआ था। डॉ० मोतीलाल मेनारिया ने इन्हें सोजत परगने के चिड़िया नामक गांव का निवासी बताया है[1] जो अशुद्ध है। इनके विषय में यह बात प्रसिद्ध है कि ये गृहस्थ होते हुए भी सदैव साधुओं की भांति गेरुआं वस्त्र पहिनते थे। इस विषय में और इनकी प्रशंसा में 'वेलि क्रिसन रुकमणी' के रचयिता राठौड़ पृथ्वीराज ने निम्न दोहा कहा था—

'केसौ' गोरखनाथ कवि, चेलौ कियौ चकार।
सिध रूपी रहता सबद, गाडण गुण भंडार ॥

केसोदास महात्मा ईसरदास के समकालीन ही थे। ईसरदास की प्रशंसा में इन्होंने निम्न दोहा कहा है—

जग प्राजळतौ जांण, अघ दावानळ ऊपरां।
रचियौ रोहड़ रांण, समंद हरी रस सूरवत ॥

कहा जाता है कि इसके बदले में ईसरदास ने भी उनकी रचना की प्रशंसा निम्न दोहा कह कर की—

नीसांणंद नीसांण, 'केसव' परमारथ कियौ।
पोह स्वारथ परमांण, सो बीसोतर बरण सिर ॥

केसोदास जोधपुर के महाराजा गजसिंहजी के कृपा-पात्र थे।। इसके अनुसार इनका रचनाकाल लगभग १६४० के पश्चात् ही माना जा सकता है। संवत् १६६७ में इनका देहान्त हो गया था। इनकी रची हुई निम्नलिखित रचनायें कही जाती हैं—

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० म तीलाल मेनारिया, पृ० ११६।

१–गुणरूपक बंध, २–राव अमरसिंहजी रा दूहा, ३–नीसांणी विवेक वारता, ४–गजगुण चरित और अन्य फुटकर दोहे, गीत आदि।

इन ग्रंथों में 'गुणरूपक' सबसे बड़ा ग्रंथ है। ग्रंथ का विषय वही है जो हेम कवि ने अपने ग्रन्थ 'भाखा चरित्र' का रक्खा है। विषय समान होते हुए भी 'गुणरूपक' हेम कवि के ग्रन्थ से विस्तार में कहीं अधिक है। महाराजा गजसिंह ने मुगल बादशाह जहांगीर की ओर से शाहजादा खुर्रम के विरुद्ध युद्ध किया था। यह युद्ध संवत् १६८१ में हुआ था और कवि ने अपना ग्रन्थ भी सं० १६८१ में सम्पूर्ण किया जैसा कि 'गुणरूपक' के अंतिम कवित्त में लिखा है—

सोळह सै संमत हुओ, जोगणपुर चाळौ
समै एकासियै मास काती बडाळौ
पूनम थावर वार सरद रितु है पळट्टी
वीर खेत पूरब्ब रितु हेमंत प्रगट्टी।
सुरतांण खुरम भागौ, भिड़े चाड़ चिकरथा चक्कवै।
गजसिंह प्रवाड़ौ खाट्टियौ, गिळे भीम चित्तौड़वै।

इसी ग्रंथ पर प्रसन्न होकर महाराजा गजसिंह ने इनको एक लाख पसाव का पुरस्कार दिया था। दोहा, कवित्त, गाहा, अड़ल, मथाणा इत्यादि मिला कर कुल एक हजार छन्द इस ग्रन्थ में हैं। उदाहरण के लिए निम्न छंद देखिये—

गरजंति धनख गुणबांण बणण घण,
आग अकारण उडवियं।
गज थाटां गहण गणण गयणंगण,
सोक सणण भरपूर थियं।
धड़हड़ि धक धोम वळिक खग धड़ि धड़ि,
रावत वड़ि वड़ि रोस चडै।
गड़ि गड़ि नीसांण गयण किरि गड़िअड़,
खांडा खड़ि खड़ि खाट खड़ै॥

'नीसांणी विवेक वारता' इनकी शान्त रस की रचना है जिसमें वेदान्त का वर्णन है। यह ३३ नीसांणी छंद[१] का ग्रन्थ है। कवि की आस्था परब्रह्म में प्रकट होती है। परब्रह्म की स्तुति की एक नीसांणी देखिये—

फूलां मझे वासना तिल तेल वलाया,
वेसन्नर लकड़ी पाखांण जिम लोह लुकाया,
थण मझे जिम खीर सीर ऊदरत कहाया,
आठां अंगां मझ लै तत पांचे कहाया,
गोरस चोपड़ एकठा दोय हेक देखाया,
सूरिज घांम संजोईया जिम आग उनाया,
जिम चेतन मनख वन मंझ मन मंडे माया,
आदर खांणी अध भुजां जिम बीज बंधाया,
कांसा मझे गेबका जिम सबद सुणाया,
पांणी हुंबे प्रतीबिंब जिम दरपण छाया,
दैवां देतां अहि नरां एह ग्यांन दढ़ाया,
विण खोज्यां पाया नहीं खोज्या जिहां पाया।

माधोदास दधवाड़िया—केसोदास गाडण के समकालीन भक्त कवियों में माधोदास दधवाड़िया का नाम भी बड़े आदर के साथ लिया जाता है। इनका जन्म जोधपुर राज्य के बलूंदा ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम चूंडाजी था। इनका जन्मकाल निश्चित तो नहीं है पर कई विद्वानजन अपनी अटकल से सं० १६१० और १६१५ के मध्य किसी समय मानते हैं। जोधपुर नरेश सूरसिंहजी इनके आश्रयदाता थे। पृथ्वीराज राठौड़ से भी इनका अच्छा परिचय था। 'वेलि' को सुन कर ये बड़े खुश हुए और मुक्त कंठ से पृथ्वीराज की इस रचना की प्रशंसा की। इस पर पृथ्वीराज ने भी इनकी प्रशंसा में निम्न दोहा कहा—

चूंडे चत्रभुज सेवियौ, ततफळ लागौ तास।
चारण जीवौ चार जुग, मरौ न माधौदास॥

इनका रचनाकाल सत्रहवीं शताब्दी का तृतीय चरण ही माना जा सकता है। मिश्र-बन्धुओं ने इनका कविताकाल सं० १६६४ माना है।[१] ऐसा कहा जाता है कि इनके जीवन के अन्तिम काल में मुसलमान लोग इनकी गायें चुरा कर ले गये। इनको पता लगने पर अपने पुत्र को साथ लेकर उनका पीछा किया और उनसे युद्ध किया। इसी युद्ध में सं० १६९० में उनका स्वर्गवास हुआ।

---

[१] छंद में प्रायः चार पंक्ति होती हैं परन्तु नीसांणी छन्द में जहां तक तुकबन्दी मिलती है वहां तक एक ही नीसांणी रहती है। पंक्तियों की सीमा-रेखा से यह छन्द मुक्त है। तुक के अनुसार पंक्तियों की कमी व अधिकता हो सकती है।

[१] मिश्रबन्धु विनोद : प्रथम भाग, पृ० ३७६।

माधोदास उच्च कोटि के कवि एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे अतः इनकी रचना शान्तरस से ओतप्रोत है। इनके रचे हुए तीन ग्रन्थ प्राप्त हैं। १–रामरासौ, २–भासा दसम-स्कंध, और ३–गजमोख।

रामरासौ इनका सबसे प्रसिद्ध ग्रंथ है जो सोलह सौ से अधिक छंदों का एक वृहत् ग्रन्थ है। इसमें राम कथा का विविध छंदों में विस्तार के साथ वर्णन किया है। इसमें साहित्यिक डिंगल एवं बोलचाल की राजस्थानी का सुन्दर मिश्रण है। इसी के प्रभाव से ग्रंथ की भाषा सरस एवं प्रवाह-मय हो पाई है। सीता-हरण के पश्चात् सूनी कुटिया के द्वार पर राम का विलाप-वर्णन देखिये—

लखमंण सूना झूपड़ा, सीता चोर पइठ।
घर घण दीसौ नाह विण, घण विण नाह म दिठ।
तरि तरि पेखि न कलपतरू, सर सर हंस म सोझि।
कुसळ न लखमंण जांनकी, नडि नडि विहड न खोजि।
भंणि भंणि सीत सुभांम, वंन वंन खिण खिण विचरतां।
व्यापै रांम विरांम, जळ तोछै थळ माछ जिम।

'गजमोख' नीसांणी छंदों में लिखी गई छोटी रचना है। महाभारत की 'गज-ग्राह' कथा के आधार पर इसकी रचना की गई है। इसके अतिरिक्त कवि के अन्य फुटकर गीत भी मिलते हैं।

सायांजी झूला—भक्त कवियों में सायांजी झूला का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इनका जन्म संवत् १६३२ में और मृत्यु १७०३ में हुई। ये ईडर नरेश राव कल्याणमल के आश्रित थे। सायांजी श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त थे। अपनी समस्त कविता इन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में लिखी है जो भक्तिरस से परिपूर्ण है। इनकी भाषा परिमार्जित एवं प्रभावोत्पादक है। कहीं-कहीं पर गुजराती का प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है। सायांजी स्वयं काठियावाड़ी थे अतः उनकी कविताओं में गुजराती का पुट होना संभव ही है।

इनके लिखे दो ग्रंथ मिलते हैं—१–रुषमणीहरण तथा २–नागदमण। दोनों ही ग्रंथ कृष्णभक्ति सम्बन्धी हैं। 'रुषमणी-हरण' में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी का हरण एवं उन दोनों के विवाह की कथा का वर्णन है। यह ४३६ छंदों का एक प्रसिद्ध ग्रंथ है। इसके सम्बन्ध में अकबर का यह कथन है कि पृथ्वीराज की वेलि को सायांजी के 'हरणिया' चर गये, बहुत प्रचलित है। वास्तव में ऐसी बात नहीं है, पृथ्वीराज की 'वेलि' सर्वश्रेष्ठ काव्यकृति है और 'रुषमणी हरण' एक साधारण श्रेणी का वर्णनात्मक ग्रंथ। इन दोनों की तुलना करना ही अनुचित है।

सायांजी का दूसरा ग्रंथ 'नागदमण' है। इसमें १२७ भुजंगप्रयात, ४ दोहे तथा एक छप्पय कुल मिला कर १३२ छंद हैं। ग्रंथ में विषयों के वर्णन की शैली जो कवि ने अपनाई है उससे इसकी विशेषता अधिक बढ़ गई है। कवि ने कृष्ण की बाललीला-वर्णन, नागणी के साथ संवाद तथा कालिया-मर्दन का सजीव चित्रण उपस्थित किया है। ग्रन्थ की भाषा प्रसाद-गुणयुक्त तो है ही तथापि विषयानुकूल वात्सल्य, माधुर्य, ओज, भय, विस्मय आदि भावों की सुन्दर अभिव्यक्ति के कारण उसमें विशेष रस प्रवाहित हो गया है। कवि के दोनों ही ग्रन्थों के उदाहरण यहाँ नीचे दिए जाते हैं—

रुखमणी हरण—

स्रीक्रसन भेटबा देवळ दिस संचरी।
पाखती पूज रै साज बहु परवरी।
मेघमाळा जही सोमरथ सारखी।
पींजरै अंबरै गरद री पालखी॥

दुलहणी पाखती हालियौ हेम दळ।
मयंक खड़िया मले जांण तारा-मंडळ।
आव ऊभा सया काज संकेत रा।
देहळी ओळंगी भीतरै दहरा॥

वींटियौ आव चक्रवेध बहुंवै वळं।
देहरा सहित सिसपाळ बाळं दळं।
गैदळां हैदळां पैदळां गूंथणी।
चालतौ कोट चौफेर लीधौ चुणी॥

नागदमण—

कृष्ण कालिय नाग का मर्दन कर उसके फणों पर सवार होकर व्रजवासियों को दर्शन देते हैं, इसका वर्णन देखिये—

उबारे घणां आप आपे अरच्चे
चुवे चंदणं कासमीरी चरच्चे
अही नाथियौ पोयणी नाळ आणे
असवार आपे हुवे अप्पलांणे॥ १२१
काळी मारियौ कम्मळांमार कांने
पड्यौ आय पाताळ सुं आप पांने

अस्सवार काळी तणौ कांन आयौ
विन्नीधं विधी व्रज्ज नारी वधायौ ॥ १२२

हेम सामोर—कवि हेम, सामोर शाखा के चारण, बीकानेर राज्यान्तर्गत सीथल गाँव के निवासी थे। ये जोधपुर के महाराजा गजसिंह के कृपा-पात्र थे। संस्कृत, प्राकृत, फारसी के विद्वान होने के कारण इनका विशेष सम्मान था। इनका रचनाकाल संवत् १६८५ के आसपास माना जा सकता है। इनका लिखा हुआ 'गुण भाखा चरित्र' नामक एक ग्रन्थ मिलता है जिसमें महाराजा गजसिंहजी का चरित्र वर्णित है। इसी ग्रन्थ के युद्ध-वर्णन का एक उदाहरण देखिये—

वहै ऊजळा वीजळा सार वज्जै।
भड़ां अंधळां कंधळां कंध भज्जै।
डळां हड्डुळां गुड्डुलां टूट उड्डै।
वड़ां अत्तुळां सातळां नीर बुड्डै ॥ १
चळां रत्तळां वाहळां स्रोण चल्लै।
भुकै कम्मळां सम्मळां भुक्ख भल्लै।
रुळां अंतुळां तंतुळां घाव रूकां।
हुळां साबळां स्रोण भब्भक्क हूकां ॥ २

इस काल में संत कबीर के उपदेशों का जनता पर अच्छा प्रभाव पड़ रहा था। कबीर पंथ की सफलता से प्रभावित होकर राजस्थान में भी कुछ उसी प्रकार के पंथों की नींव पड़ी, जिनमें दादू पंथ, चरणदासी पंथ आदि प्रमुख हैं। संत-साहित्य के सम्बन्ध में पर्याप्त लिखा जा चुका है। इसी संत-परम्परा में जो कवि हुए उनमें से कुछ संत तो ऐसे भी हुए जिनका भाव-प्रदर्शन के साथ-साथ काव्य-चमत्कार एवं भाषा-लालित्य पर भी अधिकार था। कला पक्ष की दृष्टि से भी उनकी कविता उच्च कोटि की होती थी, किन्तु ऐसे संत कवियों की संख्या अधिक नहीं थी। अधिकतर संत कवियों ने जो कुछ लिखा उनमें अपने धर्म-सिद्धांतों के प्रचार तथा प्रसार की भावना अधिक थी, साहित्य-सौन्दर्य उनमें उतना नहीं है।

दादूदयाल—संत कवियों में दादूदयाल का स्थान बहुत ऊंचा है। संवत् १६३१ में इन्होंने ब्रह्म-संप्रदाय की स्थापना की, जिसका कार्य वे मृत्युपर्यंन्त अविच्छिन्न रूप से चलाते रहे। ये कबीर के समकालीन नहीं थे, किन्तु इनकी रचनाओं पर कबीर का प्रभाव स्पष्टतः लक्षित होता है। महात्मा दादूदयाल के जन्म एवं जन्म-स्थान के सम्बन्ध में कोई निश्चित प्रमाण नहीं है। अनेक विद्वानों के मतानुसार ये संवत् १६०१ में अहमदाबाद नगर के ब्राह्मण लोदीराम को साबरमती में बहते हुए एक शिशु के रूप में प्राप्त हुए थे। उन्होंने ही इनका पालन-पोषण किया। इनके प्रारम्भिक जीवन के संबंध में विशेष वृत्तान्त उपलब्ध नहीं है।

दादू की भाषा मुख्यतः राजस्थानी है। कहीं-कहीं गुजराती और पश्चिमी हिन्दी का तथा बहुत ही कम पंजाबी का मिश्रण पाया जाता है।[1] दादूजी ने अपने भावों तथा सिद्धांतों को वाणियों के रूप में ही प्रकट किया है जिनमें इनकी आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति प्रतीत होती है। दादूदयाल की वाणियों का संकलन एवं संग्रह इनके शिष्यों ने किया है। वाणियों की सरलता ही इनकी अपनी विशेषता है। इनकी वाणी का निम्न उदाहरण देखिये—

जीवां मांहै जीव रहै, ऐसा माया मोह।
सांईं सूधा सब गया, 'दादू' नहीं अंदोह ॥ १
दादू इण संसार सां, निमख न कीजौ नेह।
जांमण मरण आवटण, छिन-छिन दाझै देह ॥ २
आपै मरै आपकूं यह जीव विचारा।
साहिब राखणहार है, सो हितू हमारा ॥ ३
मरिबै की सब ऊपजै, जीबै की कछु नांहि।
जीवै की जांणै नहीं, मरबै की मन मांहि ॥ ४
दादू नीका नांव है, तीन लोक ततसार।
रात दिवस रटिबौ करै, रे! मन इहै विचार ॥ ५
दादू सब जग निरधना, धनवंता नहिं कोइ।
सो धनवंता जांणिए, जाके रांम पदारथ होइ ॥ ६

रज्जबजी—महात्मा दादू की शिष्य-परम्परा में रज्जबजी नाम के प्रसिद्ध संत हुए हैं। ये दादू के प्रधान शिष्यों में थे। रज्जबजी की साखियाँ जनसाधारण में बहुत प्रचलित हो चुकी हैं और उनकी वाणी को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इनके रचे दो ग्रंथ प्राप्त हैं—१–'बांणी' जिसमें साखी और अनेक पद हैं. और २–'सर्वंगी' जिसमें अपनी वाणी के साथ पूर्वकालीन महात्माओं के वचन संगृहीत हैं। अपने निजी ज्ञान एवं अनुभव के कारण उनकी वाणी में विशेष प्रभाव छलक आया है।

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० हीरालाल माहेश्वरी, पृ. २८४।

रज्जबजी का जन्म सांगानेर में एक सैनिक पठान के घर हुआ था। इनका जन्म-संवत् कहीं लिखा नहीं मिलता। साधुजनों में प्रचलित मत से वे १२२ वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके थे। उनकी मृत्यु सं० १७४६ के लगभग मानी जाती है इसके अनुसार उनका जन्मकाल सं० १६२४ ठहरता है।[1] ऐसा कहा जाता है कि रज्जबजी जब विवाह के लिए जा रहे थे तब आमेर में दूल्हे के वेश में ही दादूजी से मिले और वहीं उनके शिष्य बन कर वैराग्य ले लिया। यहां सन्त सत्संग के प्रभाव से उनके ज्ञान की अभिवृद्धि हुई और धीरे-धीरे वे अपनी वाणी भी सुनाने लगे। इस समय उनके भी शिष्य हो गये जो सावधानीपूर्वक इनकी वाणियों को लिखते रहते। उनकी ज्ञान-पिपासा अत्यन्त प्रबल थी और इसकी शांति के लिए वे सतत् प्रयत्नशील रहते। धीरे-धीरे इनका अनुभव बढ़ता ही चला गया और वे दादूजी के प्रिय एवं प्रधान शिष्यों में हो गये। वे अपने गुरु के अनन्य भक्त थे एवं अपने गुरु में अटूट श्रद्धा रखते थे। एक बार दादूजी रज्जबजी के 'अस्थल' पर सांगानेर पधारे तब उन्होंने अपने गुरु की बड़े प्रेम और भक्तिभाव से सेवा की। इस प्रसंग में उन्होंने कुछ छंद और पद भी कहे हैं। गुरु-भक्ति का उदाहरण देखिये—

रज्जब रजा खुदाय की, पाया दादू पीर।
कुल मंजिल महरम किया, दिल नांही दिलगीर॥
देख्या पारस परसतां, लोहे लाभ सुलीन।
रज्जब गुर दादू मिळत, सो गति हमसों लीन॥
गुर दादू का हाथ सिर, हिरदे त्रिभुवन नाथ।
रज्जब डरिए कौन सों, मिळिया सांईं साथ॥

रज्जबजी की भाषा साधारण राजस्थानी की बोलचाल की भाषा है। इस सरल भाषा में उन्होंने अपने गम्भीर ज्ञान एवं उच्च अनुभव को ऐसे सुन्दर ढंग से व्यक्त किया है कि जिज्ञासुओं को उनकी उक्तियों में रत्न भरे मिलते हैं। दृष्टान्तों के प्रयोग से रचना का भाव-वैचित्र्य और भी बढ़ गया है और 'वांणी' प्रभावपूर्ण बन गई है। रज्जबजी के जीवनकाल में ही उनके अनेक भक्त शिष्य बन गये जिन्होंने अपनी वाणियाँ रच कर अपने गुरु रज्जबजी को भेंट कर दी। अब यहाँ रज्जबजी की रचना का उदाहरण देखिये—

[1] 'राजस्थान' वर्ष १, संख्या २, महात्मा रज्जबजी, पुरोहित श्री हरिनारायण, पृ० ६८-६९।

संतो मगन भयौ मन मेरौ।
अहनिस सदा एक रस लागा, दियौ दरीबै डेरौ॥
कुळ मरजाद मैंड सब भागी, बैठा भाठी नेरौ।
जाति पांति कछु समझौं नाहीं, किसकूं करै परैरा॥
रस की प्यास आस नहिं औरों, इहि मत किया बसेरा।
ल्याव-ल्याव याही लै लागी, पीवें फूल घनेरा॥
सो रस मांग्या मिळै न काहू, सिर साटै बहुतेरा।
जन रज्जब तन मन दै लीया, होय धणी का चेरा॥

×

रज्जब सांचा सूर कौ, बेरी करै बखांण।
साध सराहै सो सती, जती जोखता जांण॥
रजब पराये बाग में, दाख तोर कर खाहि।
अपणू कछू न बीगरै, असाही सही न जाहि॥
रज्जब पारस परसतैं, मिटिगौ लोह बिकार।
तीन बात तौ रहि गई, बांक धार अरु मार॥
रज्जब ऐसा मन करौ, जैसा पहिली था।
जांणें रस्सा मूंज का, लाध्या ही न था॥
सरज्यौ आवै अरस सूं, बूठां करै सुकाळ।
अण सरज्यौ रज्जब कहै, खादौ देत उखाल॥
भली कहत मांनत बुरी, यह परकृति है नीच।
रज्जब कोठी गार की, ज्यूं धोवे ज्यूं कीच॥

हरिदास—इनके भी प्रारम्भिक जीवन के विषय में प्रामाणिक रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं है। अन्य प्राचीन संतों की भांति इनका जीवन चरित्र भी जनश्रुति के आधार पर ही ज्ञात है। कोई इन्हें बीदा राठौड़ और कोई जाट बतलाते हैं। कुछ भी हो, इतना अवश्य है कि ये एक उच्च कोटि के संत और सहृदय कवि थे। अनुमानतः ये सत्रहवीं शताब्दी के मध्य में ही हुए हैं। इनके मृत्युकाल के सम्बन्ध में भी विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत हैं। कुछ मृत्यु-संवत् १७००[1] मानते हैं तो किन्हीं ने अपने मतानुसार सं० १५९५[2] और सं० १६००[3] भी दिया है।

इनके विषय में यह प्रसिद्ध है कि इनकी भक्ति-साधना

[1] 'श्री हरिपुरुषजी की वांणी' में वर्णित हरिदास का संक्षिप्त जीवन-चरित्र—साधु देवदास : जोधपुर सं० १९८८।

[2] मरु भारती, वर्ष ४, अंक १, अप्रेल १९५६।
पंद्रह सौ पचांणवें, सुद फागण छठ जांण,
बीसा सो वपु राख के, पहुंचे पद निर्वांण।

[3] वही : संवत सोळह सै सईकै, हरि पुरुस गये धांम हरि कै।

से इनकी ख्याति डीडवाणे के आसपास के क्षेत्रों में फैल गई थी और वहीं पर इनके कई शिष्य भी हो गए थे। हरिदास ने अपने जीवनकाल में निरंजन निराकार की उपासना कर एक नवीन सम्प्रदाय का प्रचलन किया जो आगे चल कर निरंजनी सम्प्रदाय कहलाया। डीडवाने के निकट ही गाढ़ा नामक गांव इनका प्रमुख स्थान है जहाँ प्रति वर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में १ से १२ तक मेला लगता है।

हरिदासजी ने भले ही निरंजन निराकार की उपासना के आधार पर नवीन मत का प्रतिपादन कर एक नए सम्प्रदाय को जन्म दिया हो परन्तु उनकी रचना-शैली और भक्ति-साधना के आधार पर उन्हें निर्गुणमार्गी संतों की परम्परा से पृथक नहीं माना जा सकता। इनकी रचना ज्ञान, भक्ति और वैराग्य से सराबोर है। इन पर कबीर का प्रभाव स्पष्ट रूप से झलकता है। इसी के फलस्वरूप इनकी रचना में साम्प्रदायिक कट्टरता की घोर भर्त्सना मिलती है। विषय-निरूपण का ढंग इनका अपना निजी है जो सुन्दर भाषा के प्रयोग के कारण अत्यन्त चित्ताकर्षक बन पड़ा है। इनकी रचना का उदाहरण देखिये—

स्याह लाल जरदा सफेद, गिरिवर सुत हाथि हजूरि।
लोह पलटि कंचन करे, सोतो पारस कहूं दूरि ।।
हीरा की सोभा कहां, सोतो चोर ले जाय।
वो हीरा कोइ और है, उलटि चोर कूं खाय ।।
मन मरजी वा तन समंद, उलटा गोता खाय।
हीरा ले न्यारा रह्या, खरा जळ न सुहाय ।।
(शब्द परीक्षा योग से)

मन पंखिया मैं तू जांण्यौ रे भाई।
उलटै खेलि परम निधि पोई ।।
अगम अगाहि अंतरि अविनासी।
मन निहचळ काया तन कासी।
अवरण वरण करम नहिं काया।
सूछिम ब्रछ सूं सीतळ छाया ।।
जन हरिदास निरभै भै नांही।
(म्हारौ) प्रांण बसै हरि तरवर मांही ।।

समयसुन्दर—सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अपनी अनूठी साहित्यिक रचनाओं के कारण विशेष ख्याति प्राप्त करने वालों में जैन कवि समयसुन्दर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इनका जन्म जोधपुर राज्यान्तर्गत सांचोर ग्राम में हुआ था जो कवि स्वयं द्वारा लिखित 'सीताराम चतुष्पदी' के खण्ड ६ ढाल तीसरी के अन्तिम पद से प्रकट होता है—

'मुझ जनम स्री सांचोर मांहि,
तिहां च्यार मासि रह्या उछाहि।

इनका जन्म-समय अज्ञात है तथापि अनेक विद्वानों ने अनुमानतः सं० १६२० माना है।[१] आपने सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से मृत्युपर्यन्त लगभग ५० वर्ष तक निरन्तर साहित्य की सेवा करते हुए विशाल साहित्य का निर्माण किया।

कवि समयसुन्दर अपनी भावुकता और औदार्य के कारण ही कवि थे। ये अपने समय में अपनी विशालहृदयता के कारण अत्यधिक प्रसिद्ध थे। संवत् १६८७ में गुर्जर देश में होने वाले भयंकर दुष्काल ने इनके जीवन को और भी कारुणिक और दयनीय स्वरूप प्रदान किया। कविवर इस प्रकार सर्वतोमुखी प्रतिभा को धारण करने वाले एक उद्भट विद्वान थे। साहित्य-चर्चा करने वाले उत्कृष्ट वाचक के साथ-साथ ये श्रेष्ठ कवि भी थे। इन्होंने अपनी लेखनी से अनेकार्थी साहित्य, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, पादपूर्ति साहित्य, सैद्धान्तिक और भाषात्मक गेय साहित्य की मौलिक रचनायें और टीकायें ग्रंथित कर जो भारतीय वाङ्मय की सेवा की है, वह वस्तुतः अनुपमेय है।[२] इनके द्वारा रचित अपार साहित्य के कारण यह स्पष्ट ही है कि ये अपने समय के अत्यन्त प्रख्यात कवि और प्रौढ़ विद्वान थे। कविवर की 'पुण्य छत्तीसी' का उदाहरण देखिये—

पुण्य तणा फळ परतिख देखौ, करौ पुण्य सहु कोय जी।
पुण्य करंतां पाप पुळावे, जीव सुखी जग होय जी।
अभयदांन सुपात्र अनोपम, वळि अनुकंपा दांन जी।
साधु स्रावक धर्म तीरथ यात्रा, सील धर्म तप ध्यांन जी ।।

---

[१] समयसुन्दर-कृत 'कुसुमांजली' : सम्पादक अगरचन्द नाहटा, भंवरलाल नाहटा, में महोपाध्याय विन.सागर द्वारा लिखित कविवर का जीवन चरित्र, पृ० २ का फुट नोट।

[२] समयसुन्दर कृत 'कुसुमाञ्जली' : सम्पादक, अगरचन्द नाहटा, भंवरलाल नाहटा, में महोपाध्याय विनयसागर द्वारा लिखित कविवर का जीवन चरित्र, पृ० ५०-६०।

इनके 'बारह मासा' वर्णन का कुछ अंश नीचे दिया जाता है—

सखि आयउ स्रांवण मास, पिउ नहीं मांहरइ पासि।
कंत बिना हुं करतार, कीधी किसा भणी नारि ॥
भाद्रवइ वरसइ मेह, विरहणी धूजइ देह।
गयउ नेमि गढ़ गिरनारि, निरवही न सकी नारि ॥
आंसू अमी झरइ चंद, संयोगिनी सुखकंद।
निरमळ थया सर नीर, नेमि बिना हुं दिलगीर ॥
कातियइ कामिनी टोळ, रमइ रासड़इ रंग रोळि।
हुं घरि बइसी रहि एथि, मन माहरउ पिउ जेथि ॥

कल्याणदास मेहड़ू—ये डिंगल के कवि जाडा मेहडू के पुत्र थे और जोधपुर के महाराजा गजसिंह के कृपा-पात्रों में थे। इनका रचनाकाल संवत् १६८५ के लगभग था। ये असाधारण गुण-सम्पन्न प्रतिभावान व्यक्ति थे। ये वीरता के उपासक थे अतः इनकी रचना अधिकतर वीर पुरुषों और वीर जातियों की प्रशंसा में ही लिखी हुई मिलती है। भाषा पूर्ण मजी हुई और भाव उच्च कोटि के हैं। इनके सुन्दर गीतों और इनकी असाधारण काव्य-प्रतिभा के कारण ही महाराजा गजसिंह ने इनको लाखपसाव प्रदान किया था।[1]

बूंदी के वीर हाडा राव रतनसिंह पर लिखी हुई 'राव रतन री वेलि' इनकी प्रसिद्ध रचना है।[2] इस खण्ड काव्य में कवि ने रतनसिंह के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए इनके पूवर्जों की वीरता का भी उल्लेख किया है। इस काव्य में कुल तीन षट्पदियां और १२१ छंद हैं। काव्य में वर्णित भिन्न-भिन्न विषय उचित उपमाओं के प्रयोग से आकर्षक हो गये हैं। यद्यपि रचना एक लघु काव्य ही है पर कवि की प्रतिभा बताने में पूर्ण सफल व समर्थ है। वेलि का उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है—

वाछंट औझटा कटक घट वढ़ीया, दुजड़े ऊलट पुलट दूवौ।
मेह रयण घाइ झड़ वट मंडीयो, हेवैं काळ सुकाळ हूवौ ॥ ८१
रड़वड़ीया रूंड मूंड राइजादां, धड़ वेरूंड गुड़ीया धार।
मांणिक डंड प्रचंडां माथै, मेह रयण वूठौ झड़ मार ॥ ८२

---

[1] वीर विनोद : श्यामलदास, द्वितीय भाग, पृ० ८२०।

[2] शोध पत्रिका, दिसम्बर १९६० : कल्याणदास मेहड़ू री कही 'राव रतन री वेलि' : श्री सौभाग्यसिंह शेखावत।

वीठू सुन्दरदास—इस शताब्दी के अन्तिम दशक में प्राप्त होने वाली रचनाओं में वीठू सुन्दरदास की रचनायें उल्लेखनीय हैं। कवि सुन्दरदास वीठू शाखा के चारण थे और इतिहास-प्रसिद्ध जोधपुराधिपति महाराजा गजसिंह के पुत्र अमरसिंह के आश्रित थे। इनका रचनाकाल संवत् १६९४ के आसपास माना जा सकता है। ये बड़े स्वामीभक्त थे और इसी के कारण वे अमरसिंह के विशेष कृपा-पात्रों में थे। एक बार अपने स्वामी के प्राण बचाने पर इन्हें झोरड़ा नामक ग्राम पुरस्कार में प्राप्त हुआ था जिसके विषय में निम्न दोहा व छप्पय प्रसिद्ध है—

आय चोर अमरेस री, फाड़ी तम्बू कनात।
सिर तोड़यौ समसेर सूं, हद सुंदर रौ हात ॥

छप्पय—

पट्ट पर सूं उत्तराध, कोस दस गांव कहीजै।
इम कह्यौ 'अमरेस', दवागिरां लिख दीजै ॥
झास गांव झोरड़ौ, भळै परगने भदांणौ।
तांबा पत्र तांम हुवौ, सांसण हिंदवांणौ।
केकांण रीझ मोतीकड़ां, जग परसिध जस वासणौ,
'अमरेस' दियौ सांसण अचळ, सुकवि सुंदरदास नै ॥

बादशाह शाहजहाँ की भरी सभा में अमरसिंह ने एक कटार से एक ही वार में सलावत खाँ को मारा था। उस समय सुन्दरदास भी उनके साथ थे और उनकी प्रशंसा में अनेक कवित्त बनाये। एक छंद उदाहरण के लिए देखिये—

सिंध करणाटक रुस रोम सोम बलख बीच,
ऐसे विसरांणी कांनी कांनी घबरांणी है।
दूजा 'गजेस' जीत जाहिर विदेस देस,
चहुं कांनी छांनी नहीं हरख हिंदवांणी है।
पातसाही कहां क्या उथाप थाप तेरे हाथ,
सात सर पार फतह सरसांणी है।
कहै कवि सुंदरदास, राव अमरेस आज,
ऐसे अदल्ली हूंत दिल्ली दहलांणी है ॥

इसके अतिरिक्त इनके अनेक फुटकर गीत भी हमारे संग्रह में प्राप्त हैं। उनमें से अमरसिंहजी का एक गीत यहाँ दिया जाता है—

अडर खेड़ेचे मध ऊसर धर ऊपरा,
भिड़ण जंग निडरता बीया 'बाघा'।

हारिया घणा अड़ हसम पतसाह रा,
भिड़िया भड़ धके सोई धके भागा ॥ १
जोधहर तोय कर तेग जग जाहरां,
थाहरा दळा थिर विजै थावै ।
साबळां खळां वप सलोहा साझिया,
जंगां जुड़ निलोहा नाह जावै ॥ २
अडर नर भोक रै अमर आपायता,
विचळ हुए असुर घर सोर बरते ।
नीसा भर सेझ सुख अोझके नींद में,
डरे इम साह नित तोय डरते ॥ ३
जवन मन हार हिंदवांण धजराज कौ,
पूज कुण रीझ कज खाग पांणे ।
परा गिर वार सूं जार······पति,
जोस अंग ऊफणे जगत जांणे ॥ ४
सेख हर पठांणां मुगळ हर सय्यद्दां,
भेचके निसा दिन फिकर भरिया ।
खळां वप घाविया खास अंब खास में,
'अमर' कज इसी विध अमर करिया ॥ ५

सत्रहवीं शताब्दी के अन्तर्गत उल्लिखित कवियों के अतिरिक्त और भी अनेक कवि हैं जो अपनी फुटकर रचनाओं यथा—गीत, दोहे, कवित्त आदि के लिए प्रसिद्ध हैं। ऐसे कवियों की रचना में विशेष ग्रंथ तो प्राप्त नहीं होते परन्तु उनकी फुटकर रचनाओं का कोई पार नहीं है। केवल सत्रहवीं शताब्दी के ही फुटकर कवि इतने हैं कि उन सभी के नाम गिनाना प्राय: कठिन सा ही है, फिर भी कुछ प्रसिद्ध कवियों के नाम नीचे दिए जा रहे हैं।

सादूळ (सं० १६००-१०), सांखला करमसी रुणेचा (सं० १६१०), रतना खाती (सं० १६१७), दयासागर (सं० १६१७), रावळ हरराज (१६१८), रांमा सांदू (सं० १६-२८), किसनौजी भादौ (सं० १६३०-३४), देवौ (सं० १६३२) पीथोजी आसियौ (सं० १६३३), उपाध्याय गुणविनय (सं० १६१३-७६), रतनू देवराज (सं० १६३५), सिंढ़ायच गैपौ (सं १६३५), गरीबदास (सं० १६३२-३५), जाडा महडू (सं० १६३५), दल्लौ आसियौ (सं० १६४०), बखनाजी (सं० १६४०), बाजिदजी (सं० १६५०), गरीबदास (सं० १६-३२ से ६०), चम्पा दे (सं० १६५०), महाराणा प्रतापसिंह (सं० १६३२-१६५३), महाराजा रायसिंह (सं० १६२८ से १६६८), सेवारांम (सं० १६५६-६०), हरनाथ (सं० १६६०), हरपाळ (सं० १६६०), नरूजी (सं० १६६०), किसनदास (सं० १६६०), राजसिंह (सं० १६६०), डूंगरसिंह (सं० १६६२), सेवादास (सं० १६६०), नेतौ (सं० १६६२), हरखौ (सं० १६६५), महारांणा अमरसिंह (सं० १६५३-७३), महाराजा मांनसिंह (सं० १६५६ - १६७१), आसौ सिंढ़ायच), (सं० १६६५) किसनौ आढ़ौ (१६७०), रूपसिंह लाळस (सं०१६७०), परशुरांमदेव (सं० १६७७), आसियौ भोपत (सं० १६८०), कवि मांन (सं० १६७३-८०), चुतरौ मोतीसर (सं० १६८५), भोजग मनोहर (सं० १६६०), खेतसिंह (सं० १६६०), माधौदास गाडण (सं० १६६५, हरिदास भाट (सं० १७००)।

अठारहवीं शताब्दी

नरहरिदास—ये रोहड़िया शाखा के चारण लक्खाजी के पुत्र थे। इनका जन्म संवत् १६०० के उत्तरार्द्ध में हुआ था। अठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भिक काल के भक्त कवियों में इनका नाम उल्लेखनीय है। इनका ब्रज भाषा का लिखा 'अवतार चरित्र' का प्रसिद्ध ग्रंथ है। इसके अतिरिक्त इनकी राजस्थानी की मुक्तक रचनायें भी उपलब्ध हैं। 'अमरसिंहजी रा दूहा' और अनेक फुटकर गीत इनकी काव्य-प्रतिभा का प्रमाण देने में पूर्ण समर्थ हैं। इनकी भाषा माधुर्यगुणयुक्त सरस एवं सरल है। इनका एक गीत देखिये—

कुतब गोस अबदाळ सूफी अनै कळंदर,
पीरजादा मिळै सांझ परभात ।
कांन 'अवरंग' रा भरै इक राह कज,
वरै नह पड़ै जसवंत छतै बात ॥ १
मोलवी कराड़ै अरज काजी मुला,
पोड़जै देव हर दलां कर पेळ ।
मेछवांछै जिकौ हिंद इकलीम मझ,
खड़ौ राजा जिसूं वर्णै नह खेल ॥ २
अरथ कर नवा फुरकांण री आयतां,
लियां कर साह रै कांन लागै ।
कहै मख दूम जग हेक मजहब करौ,
······························· ॥

गोविन्दजी—ये रोहड़िया शाखा के चारण और मेवाड़ राज्य के निवासी थे। महाराणा जगतसिंह के समकालीन

होने के कारण इनका रचनाकाल संवत् १७०० के आसपास ठहरता है। इनका स्वतंत्र ग्रंथ तो नहीं मिलता परंतु वीर-रस से परिपूर्ण अनेक फुटकर गीत उपलब्ध हैं। गीतों में प्रयुक्त वीररस की उक्तियां सीधी हृदय को स्पर्श करती हैं। वर्णन में सजीवता है। सुन्दर शब्द-चयन के कारण भाषा-सौष्ठव देखते ही बनता है। महाराणा जगतसिंह के पराक्रम की प्रशंसा में लिखा एक गीत देखिये—

अवर देस देसां तणां लार कर एकठा,
रैसिया मुगळां दीध राये।
हेक सिर नावियौ नहीं 'सांगाहरै',
'जगै' पतसाह रै द्वार जाये ।। १

झाड़ पाहाड़ मेवाड़ रा झाटके,
जूंझ रूपी हुवौ खाग झाले।
मुगळां न गो दिल्लीस थांणा मिळण,
हिंदवांणां तणौ छात हाले ।। २

रांण रजपूत बट तणौ छळ राखियौ,
साह सूं नांखियौ तोड़ सांधौ।
कमरबंध छोड़ कर जोड डंडवत करण,
'करण' रै नांमियौ नहीं कांधौ ।। ३

'जगतसी' 'अमरसी' 'उदैसी' जेहवौ,
छातपत केम कुळ राह छाडै।
रांण सीसोदियौ टेक झालै रहै,
एक पतसाह सूं कंध आडै ।। ४

जयसोम—कवि जयसोम के निश्चित जन्मकाल का पता नहीं लगता, फिर भी सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ही इनका पैदा होना माना जाता है। ये तपागच्छीय जैन साधु विजयदेव के शिष्य जससोम के शिष्य थे। अपनी रचना के अन्त में उन्होंने गुरु-वन्दना करते हुए स्वयं लिखा है—

तप गच्छपति विजयदेव मुनीसर कवि जससोम गुणधरिआरे,
तास सीस जयसोम नमई···जे समरस गुण भरिआरे।

इन्होंने धर्म ग्रन्थ के ६ भागों की गद्य में टीकायें भी लिखी हैं जिनसे इनकी शास्त्रविज्ञता एवं विद्वत्ता का पता चलता है। इनका प्रसिद्ध ग्रंथ 'बारह भावना वेलि', जिसकी रचना संवत् १७०३ में हुई थी, राजस्थानी साहित्य में अधिक ख्याति प्राप्त कर चुका है। रचनाकाल के सम्बन्ध में स्वयं कवि ने दृष्टि-कूट शैली में लिखा है—

भोजन नभ गुण (१७०३) वरस सुचि, सित तेरस कुंजवार,
भगत हेतु भावन भणी, जेसलमेर मझार।

कवि की शान्तरस की यह रचना साधारण बोलचाल की भाषा में ही लिखी गई है। कवि इसी भाषा के आधार पर अपनी बात जन-मानस में उतारना चाहता है। जैसलमेर में कृति का निर्माण होने के कारण स्थल-स्थल पर स्थानीय झलक दृष्टिगोचर होती है, फिर भी सरल राजस्थानी का रूप सर्वत्र हो रहा है। कवि का अलंकारों की ओर ध्यान तो नहीं रहा तथापि कहीं-कहीं शब्दालंकारों तथा अर्थालंकारों का प्रयोग हुआ है, उनसे कवि की सुन्दर भावाभिव्यक्ति का पता चलता है। रचना का एक उदाहरण देखिये—

सुभ मांनस मांनस करी, ध्यांन अम्रत रस रोळ।
नवदळ स्री नवकार पद, करि कमळासन कोळ ।।
पातक पंक परवाळि नइ, करि संवरनि पाळि।
परमहंस पदवी भजै, छोड़ी सकळ जंजाळि ।।

जगा खिड़िया—राजस्थानी साहित्य के मध्यकाल में प्राचीन परंपरागत चारण शैली में रचे गये ग्रंथों में 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघजी री, जगा खिड़िया री कही' प्रमुख है। इसके रचयिता जगाजी खिड़िया गोत्र के चारण थे। इनके विषय में बहुत कम विदित है। इन्होंने अपनी वचनिका में अपने जीवन-चरित्र तथा वंश-परम्परा आदि के सम्बन्ध में कोई विवरण नहीं दिया। निम्न पंक्तियों से केवल उनके नाम का पता चलता है—

जोड़ि भणौ खिड़ियौ 'जगौ', रासौ रतन रसाळ।
सूरा पूरा सांभळौ, भड़ मोटा भूपाळ ।। २६५

राजस्थानी के विशिष्ट ज्ञाता एवं काव्य-जिज्ञासु डॉ० तैस्सितोरी ने कवि के जीवन वृत्त को पाने का विशेष प्रयत्न किया। जगा के वंशजों से तो कोई उपयुक्त सामग्री न मिल सकी, फिर भी उन्होंने अपने अथक प्रयत्नों से कवि के बारे में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त की।

जगाजी रतलाम के वीरवर रतनसिंह के दरबारी कवि थे। उक्त ग्रंथ में इन्हीं रतनसिंह का वर्णन बड़ी ओजस्वी भाषा में किया गया है। राजा रतनसिंह जोधपुर के राठौड़ राजा जसवंतसिंह की ओर से शाहजादा औरंगजेब के विरुद्ध लड़ कर वीरगति को प्राप्त हुये। यह घटना वि. सं. १७१५ में हुई थी। कवि ने इसी घटना का उल्लेख अपनी वचनिका

में किया है। कुछ विद्वानों के मतानुसार ये स्वयं घटनास्थल पर उपस्थित थे और उन्होंने रतनसिंह की वीरता का आंखों देखा हाल अपनी वचनिका में लिखा है। इस प्रकार इस ग्रंथ का रचनाकाल भी संवत् १७१५ के आसपास ही माना जा सकता है।

वचनिका वीररस-प्रधान ग्रंथ है जिसमें गद्य एवं पद्य दोनों का ही प्रयोग हुआ है। भाषा की ओजस्विता से स्पष्ट है कि कवि ने अपनी रचना के लिए सोलहवीं शताब्दी से चली आ रही वीररसात्मक काव्य भाषा का ही अनुकरण किया है। ग्रंथ की भाषा पूर्ण प्रौढ़ है। किस रस में, किस प्रसंग में और कैसी परिस्थिति में भाषा का प्रयोग एवं किस प्रकार की वाक्य-रचना का प्रयोग किया जाय, इस बात का कवि को पूरा ज्ञान था। विषयानुकूल शब्द-चयन एवं प्रसंगानुकूल भावाभिव्यक्ति के कारण कृति बड़ी उत्कृष्ट हो गई है। भाषा पर कवि का पूर्ण अधिकार प्रतीत होता है। युद्ध के विकट प्रसंग का एक शब्द-चित्र देखिये—

भड़ां धड़ भंजि हुवै बि बि भग्ग,
खड़क्खड़ ढ़ल्ल झड़ज्झड़ खग्ग ।।
कड़क्कड़ वाजि धड़ां किरमाळ ।
बड़ब्बड़ भाजि पड़ंत बंगाळ ।।
दड़ब्बड़ मुण्ड रड़ब्बड़ दीस,
अड़ब्बड़ लेत चड़च्चड़ ईस ।।
अंत्रां खग झाट निराट अळग्ग ।
पड़ै बि बि जंघ पड़ै झड़ि पग्ग ।।

वचनिका में अनेक छंदों तथा गद्य-बंधों का प्रयोग किया गया है। त्रोटक, भुजंगी, गाथा, मौक्तिक-दांम, दूहा, बड़ा दूहा, कवित्त, चंद्रायणौ, हणूफाळ गाहा, चौसर और दुमेल आदि के प्रयोग से उन्होंने अपने पाण्डित्य का अच्छा प्रदर्शन किया है। कवि की उच्च काव्य-प्रतिभा के फलस्वरूप यह ग्रंथ कथा-प्रवाह की दृष्टि से, शब्द-चयन की दृष्टि से और रस-वर्णन की दृष्टि से उच्च कोटि की रचना हो गया है।

यह तो सत्य ही है कि चारण काव्य-परम्परा में वीररस का प्राधान्य रहता आया है, किन्तु उत्तम कवि प्रसंगवश समस्त रसों का वर्णन किया करते थे। जगा खिड़िया ने भी अपनी वचनिका में वीररस के साथ-साथ अन्य रसों का भी प्रयोग किया है।

तिण वार त्रिया रतनेस तणी विधि साहस सोळ सिंगार वणी।
पग हाथ मलूक ज पंकजयं, गुणि छत्तिय गत्ति विन्है गजयं।
कटि सिंघ नितंब जंघा कदळी, चित नित्त वित्त मराळ चली।
तन रंभह खंभ कनंक तिसी, ओपै सिरि नागेंद्र वेणि इसी।
वनिता मुख पूनिम चंद वणी, भ्रिग भ्रूह चखां भ्रिग रूप भणी।

जगा खिड़िया जहाँ वीर और शृंगार रस के अच्छे कवि थे वहाँ ये ईश्वर के भी परम भक्त थे। वीर-रस की रचना के साथ-साथ ईश्वर-भक्ति सम्बन्धी हृदयस्पर्शी कविता का सृजन भी इन्होंने अपनी लेखनी से किया है। भक्ति सम्बन्धी शांत-रस से ओतप्रोत उनके सभी छप्पय केवल गंभीर, भावयुक्त एवं चमत्कारपूर्ण ही नहीं अपितु उनकी आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति करने में भी पूर्ण समर्थ हैं। भक्तिरस का एक छप्पय देखिये—

पत राखे द्रोपदी, प्रभू विरदां प्रतपाळे।
ब्रह्म पत्त राहवी वेद च्यारे ही गावाळे।
पत राखे पडवां, अंब कर मांझि उपाये।
गजपत पत राहवे, अनंत खगपत चढ़ आये।
करणां निधांन जगियौ कहै, बहुनांमी वह बूझि इण।
कळजुग इसा मांहे किसन, राखे पत राधा रमण।।

धर्मवर्द्धन—कविवर धर्मवर्द्धन के जन्म-संवत् तथा माता-पिता के सम्बन्ध में कोई विवरण ज्ञात नहीं है परंतु इनकी लिखी 'श्रेणिक चौपई' से इनका जन्म-संवत् १७०० निर्धारित होता है—

वयु लघु में उगणीस में वरसे, कीधी जोड कहावै।
आयौ सरस वचन को इण में, सो सद्गुरू सुपसायें री।[1]

इस चौपई की रचना संवत् १७१९ में चन्देरीपुर में हुई थी।[2] १९ वर्ष की अल्पायु में ही आपने काव्य की रचना कर अपनी कवित्व-शक्ति एवं कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया। अपने जीवन काल में आपने प्रचुर मात्रा में साहित्यिक रचनायें की जिनसे आपका राजस्थानी, हिन्दी-गुजराती मिश्रित लोक-भाषा एवं संस्कृत भाषा पर पूर्णाधिकार स्पष्ट प्रकट होता है। आपकी लिखी हुई रचनाओं के आधार पर आपका रचना-काल संवत् १७१९ से संवत् १७७३ ठहरता है। आपकी सभी

[1] राजस्थान, भाद्रपद १९९३, वर्ष २, संख्या २, राजस्थानी साहित्य और जैन कवि धर्मवर्द्धन : श्री अगरचन्द, नाहटा पृ० ३।

[2] 'सतरसै उगणीसे वरखे चंदेरीपुर चावै।'

रचनायें बड़ी उत्तम, प्रौढ़ एवं मनोहारिणी हैं। उनमें कई स्थलों पर आपके असाधारण पांडित्य, विलक्षण व्यक्तित्व एवं श्रेष्ठ प्रतिभा का परिचय मिलता है। इसी असाधारण व्यक्तित्व एवं काव्य-प्रतिभा के कारण अपने जीवनकाल में ही आपने बहुत अधिक ख्याति प्राप्त करली थी। बीकानेर के महाराजा अनूपसिंह, सुजाणसिंह; जैसलमेर के रावल अमरसिंह, जोधपुर नरेश जसवंतसिंह, वीर शिवाजी और राठौड़ दुर्गादास आदि से आपका काफी अच्छा परिचय था। संवत् १७४० में जिन-चन्द्र सूरि ने आपको उपाध्याय के पद से सुशोभित किया। ८० वर्ष की दीर्घायु प्राप्त कर संवत् १७८०-८१ में आप परलोकगामी हुये। आपकी राजस्थानी रचना का उदाहरण देखिये—

शीत ऋतु वर्णन—

ठंड सबळी पड़े हाथ पग ठाठरे,
बायरौ ऊपरां सबळ बाजै।
माल साहिब तिके मौज मांणे मही,
भूखियइ लोक रा हाड भाजै।
किड़किड़ै दांतां री पांत सी सी करै,
धूम मुख ऊखमा तणा धखिया॥
दरब सुं गरब सौ जांणि गुजें दरक,
दरब हीणा सबै लोक दुखिया।

सुस्त्री वर्णन—

सुकुळीणी सुंदरी मिठबोली मतिवंती
चित चोखे अति चतुर जीह जीकार जयंती।
दातारणि दीपती पुण्य करती परकासू।
हस्तमुखी चित हरणि सेवि संतोखे सासू।
सुकुळीणा सील राखे सुजस, गहै लाज निज गेह नी।
'धरमसी' जेण कीधी धरम, तिण गुणवंत पांमी गेहिनी॥

किसोरदास—ये मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के आश्रित कवि थे। इनका रचनाकाल संवत् १७१६ के लगभग माना जा सकता है। अपनी जाति के सम्बन्ध में इन्होंने स्व-रचित ग्रन्थ 'राजप्रकास' में लिखते हुए अपने आपको राव बताया है—

रांणौ प्रतपै राजसी, धर गिर पांटउ धोर।
राज प्रकासित नांम गहि, कहि कहि राव किसोर॥

अपने आश्रयदाता की प्रशंसा में लिखा इनका एक ग्रन्थ 'राजप्रकास' प्राप्त है। इस ग्रंथ में प्रारम्भ के ५६ छंदों में महाराणा राजसिंह के पूर्वजों का संक्षिप्त वर्णन है और उसके बाद महाराणा राजसिंह के वैभव, विलास एवं शौर्य्य तथा पराक्रम का वर्णन किया हुआ है। प्रस्तुत ग्रंथ में दोहा, कवित्त, मोतीदाम आदि विविध छंदों को मिला कर कुल १३२ पद्य हैं। ग्रन्थ की भाषा शुद्ध साहित्यिक डिंगल भाषा है। विषयानुकूल उचित शब्दावली के प्रयोग से कृति सुन्दर बन पड़ी है। नीचे इसका एक उदाहरण देखिये—

कवि धनि कीय करतार बार राजसी बिराजै।
सर गिरवर संचरी छत्रधारी क्रीत छाजै।
चंद दुहींद नरींद तेज सीतळ प्रघतारी।
सतजुग त्रेता हूंत बार द्वापर हू भारी।
अंक गिरह तेगि आईस अणी जांम न सातां जांणीओ।
राजसी रांण अविचळ रहौ राव किसोर वखांणीओ॥

'राजप्रकास' तो कवि की उच्च कोटि की साहित्यिक कृति है ही परन्तु इसके अतिरिक्त इनके फुटकर गीत भी मिलते हैं। गीतों में चारण शैली का निर्वाह पूर्ण रूप से हुआ है।

लधराज[1] —ये जोधपुर राज्यान्तर्गत सोजत नगर के निवासी थे। इनके पिता कोचर, मुहता मंत्रीश्वर महेश थे जो महाराजा जसवंतसिंहजी के अत्यन्त विश्वासपात्र मंत्री थे। कवि ने अपनी रचनाओं में कहीं लधिया, लधो, लधमल, लधराज आदि लिख कर अपना नाम प्रकट किया है। 'देव विलास' में अपना परिचय देते हुए स्वयं कवि ने लिखा है—

महिप राव 'चूंड' रै, तपे नागौर तखत्ते।
'कोचर' पुत्र सपुत्र, हुवौ राव जोध वखत्ते।
'दूजण' 'सांगौ' 'नरौ' 'आधौ' 'तपमाल' गुरधर।
तिण घर 'वैरीसाल', वीरंग-हीगल सागर।

×

तिण वंस लधराज, सुद्धमती सुद्ध आदर।
तिण मोटौ गुण एक, वरो सोभित निरंतर॥
करै सेव च बंध, हुई परसख सगत्ती।
तिण कारण तेण नूं, सिफौ मांनै छत्रपत्ती॥

[1] मरु-भारती, जनवरी-फरवरी ५४ में लिखित श्री अगरचन्द नाहटा के लेख, 'महाराजा जसवन्तसिंह के मंत्री लधराज और उनके ग्रन्थ' से साभार।

अन्य रचनाओं में भी अपने पिता का नाम, जन्म-स्थान आदि के विषय में इन्होंने उल्लेख किया है। यथा 'महादेव निसाणी' में—

कर भासा 'लधराज', पिता 'माहेस' मंत्रीस्वर,
सोजत वास सुवास, सेव चामुंड निरंतर।

संवत् १७०८ से सं० १७३० तक की लिखी आपकी रचनायें प्राप्त हुई हैं, जिनकी सूची निम्न है—

१–कालिकाजी रा दूहा, सं० १७०८, २–पाबूजी रा दूहा, सं० १७०६, ३–प्रबोधमाला, ४–देव विलास, सं० १७१३, ५–लधमलसतक दूहा, सं० १७२३, ६–रुक्मांगद चरित, सं० १७२३। इनके अतिरिक्त 'सीख बत्तीसी' 'भजन पच्चीसी' 'महादेवजी री निसांणी' 'गणेसजी री निसांणी' आदि के साथ-साथ कुछ गुटके भी उपलब्ध हैं। कवि ने साधारण बोलचाल की राजस्थानी भाषा में ही काव्य-रचना की है। इन्हें संस्कृत का ज्ञान नहीं था। संस्कृत के आधार पर बनाये गये ग्रंथ इन्होंने दूसरे विद्वानों से सुन कर ही बनाये हैं। कवि ने स्वयं अपनी रचना में सोजत के श्रीमालो पंडित रामेश्वर का नामोल्लेख किया है। यहाँ नीचे हम उनके 'देवविलास' का एक उदाहरण दे रहे हैं—

जोधांणे 'जसराज' त्रिप, तप दूजौ 'जैचंद'।
उठी दिली लग आगरै, हद ईस दीसी समंद।
प्रभ दीधौ महाराज पद, रीझे साहजहांन।
पीछै 'औरंग' मांन अत, महिपत न को समांन।
मिश्री तिण 'लधमालियौ', साचौ सगत भगत्त।
रहे भजन भगवंत रत जे जांणंत जगत्त।

गिरधर आसियौ--कवि गिरधर मेवाड़ निवासी आसिया शाखा के चारण थे। इनका लिखा हुआ ग्रंथ 'सगतसिंघ रासौ' प्राप्त हुआ है, जिसमें वीर शिरोमणि महाराजा प्रताप के छोटे भाई शक्तिसिंह के जीवन-चरित्र का विवरण दिया गया है। यह लगभग ५०० छंदों का ग्रंथ है जिसमें दोहा, भुजंगी, कवित्त आदि मुख्यतः प्रयुक्त हुए हैं। उक्त 'रासौ' की भाषा साहित्यिक डिंगल होने के कारण रचना प्रौढ़ हो पाई है। 'सगतसिंघ रासौ' की भाषा का उदाहरण देखिये—

'ऊदळ' रांणौ एक दिन, सभ पूछियौ स कोह,
अणी सिरै कर आहणौ, हूं सारै हूं सोइ।।
मेंगळ मैंगळ सारिखौ, सीह सारिखौ सीह,
सगतौ 'उदियासिंघ' तण, अंग पित जिसौ अबीह।

चख रत्तै मुख रत्तड़ौ, वैस जिहिं कुळ वग्ग,
सगतै जमदड़्ढां सिरै, आफाळियौ करग्ग।।

उक्त ग्रंथ के अतिरिक्त कवि के फुटकर गीत भी उपलब्ध हैं जिनमें वीर व शृंगार रस की बहुलता स्पष्ट झलकती है।

जोगीदास—ये जाति के चारण थे और प्रतापगढ़ नरेश महारावत हरिसिंह के आश्रित कवि थे। इनका रचनाकाल संवत् १७२१ के लगभग है। कवि का लिखा एक ग्रंथ 'हरि पिंगल प्रबन्ध' उपलब्ध है जिसमें कवि ने स्वयं रचनाकाल संवत् १७२१ दिया है—

संवत् सतर इकवीस में, कातिक सुभ पख चंद,
हरि पिंगळ हरिअंद जस, वणियौ खीर समंद।

हिन्दी एवं डिंगल के मुख्य-मुख्य छंदों के लक्षणों की उदाहरण सहित विवेचना की है। समस्त ग्रन्थ तीन भागों में विभक्त है जिसमें प्रत्येक भाग को एक परिच्छेद का रूप दिया गया है। अन्तिम परिच्छेद के अधिकांश भाग में कवि ने अपने आश्रयदाता महारावत हरिसिंह के वंश-गौरव का विस्तृत विवरण दिया है। भाषा, कविता, विषय आदि सभी दृष्टि से 'हरि पिंगळ प्रबन्ध' एक सफल रचना है। इसका उदाहरण देखिये—

जां लग रवि ससि अचळ, अचळ जां सेस धरत्ती।
जां वेळावळ अचळ अचळ जां केल सकत्ती।
बभ संभ जां अचळ अचळ जां मेर गिरव्वर।
इद धूम्र जां अचळ अचळ जां भरण विसंभर।
चहुं वेद धरम्म जां लग अचळ, जाय व्यास वांणी विमळ।
'जसराज' नंद जग मध्य लै, हरिअसिंघ तां लग अचळ।

उपाध्याय लाभवर्द्धन—ये खरतरगच्छ की क्षेम शाखा के मुनि शान्तिहर्ष के शिष्य थ। इनका जन्म-नाम लाला या लालचन्द था। संवत् १७१३ में सिरोही के आचार्य जिनचन्द्र सूरि ने इन्हें जैन मुनि की दीक्षा दी और इनका दीक्षा-नाम लाभवर्द्धन रखा। अपने समय के जैन कवियों में ये राजस्थानी के श्रेष्ठ कवि हो चुके हैं। इनकी सबसे पहली रचना 'विक्रम ९०० कन्या चौपाई' है जो संवत् १७२३ में जोधपुर राज्यान्तर्गत जयतारण ग्राम में रची गई थी। ग्रंथ की समाप्ति के लिए स्वयं कवि ने लिखा है[1] —

---

[1] जैन गुर्जर कवियौ, भाग २, पृ० २१२।

परसाद तिरा सदगुरु तरगौं, एकी चौपई सार
ढाळ सतावीसमी भली, सुरगंतां हर्स अपार
सतरै सै तेवीस में, नभ मास सुद्धि पख
तिहां ए संपूरण थइ, तिथे तेरस बुधवार
ग्रांम स्री जयतारण सरस लहीई, नगरी सुथिर सुखकार।

इसके बाद से लेकर संवत् १७७० तक की आपकी अनेक रचनायें उपलब्ध् हैं जिनकी सूची नीचे दी जाती है।

लीलावती रास सं० १७२८, विक्रम पंच दंड चौपाई सं० १६३३, धर्मबुद्धि पापबुद्धि रास स० १६४२, निसांणी महाराजा अजीतसिंहजी री सं० १७६३, पांडव चरित्र चौपाई सं० १७६७, शकुन दीपिका चौपाई सं० १७७० आदि।

इनके अतिरिक्त इनकी फुटकर रचनायें भी अनेक हैं। आपने अपना सारा जीवनकाल राजस्थान में ही बिताया और वृद्धावस्था तक रचनाओं का निर्माण करते रहे। आपकी भाषा लोक-भाषा-मिश्रित साहित्यिक डिंगल है। लीलावती का एक उदाहरण देखिये—

मेरी देहु लाला चूनड़ी ग्रे जात कही ईक ढाळ रे,
जे चतुर हुसी सो समझसी, लाभवरधन वचन रसाळ रे।

×

ढुळावे हो गजसिंघ रौ छावौ महिल में, ग्रेह देसी में ग्रेह,
पूरीय बीजी हो ढळ कही, इगी लालचंद ससनेह।

कुंभकरण—रतनरासौकार कवि कुंभकरण का जन्म-नाम दलपत था। इनका जन्म नागोर के समीप भदोरा गांव में कवि माला सांदू के पुत्र ईसरदास के घर में हुआ था। इनके जन्मकाल के सम्बन्ध में कोई निश्चित संवत् ज्ञात नहीं है, फिर भी रतनरासौ के पढ़ने से यह ज्ञात होता है कि ये रतलाम नरेश रतनसिंह के पुत्र रामसिंह और उसके पुत्र शिवसिंह के समय विद्यमान थे। कवि के रच हुए दो ग्रंथ १ 'रतन रासौ' और २ 'जयचन्द रासौ' उपलब्ध हैं। 'रतन रासौ' तो महाराजकुमार रघुवीरसिंह और श्री काशीराम शर्मा के सद्प्रयत्नों से बहुत शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है। 'जयचन्द रासौ' की हस्तलिखित प्रति पाली जिले के मिरगेसर ग्राम में भोमदानजी सांदू के पास निजी सम्पत्ति के रूप में सुरक्षित है। 'रतन रासौ' के अनुसार कवि का रचनाकाल लगभग १७३२ के लगभग ठहरता है।[1] शिवसिंह का शासनकाल सं० १७४० से सं० १७५२ है। 'रतन रासौ' की रचना इससमय से कुछ पूर्व रामसिंह के शासनकाल के अन्तिम समय में हुई थी। कवि के अनुसार इस रचना की समाप्ति में बारह वर्ष लगे, अतः इसका रचनाकाल संवत् १७३२ ही समीचीन जान पड़ता है।

कवि की भाषा प्रौढ़ और संयत है। ग्रंथ में विविध प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ है। 'रतन रासौ' का एक उदाहरण यहां देखिये—

लाज खितेति कुंकुम चढांग
सिव भवत रतन रासौ पढ़ाय
रासौ अगाध सिव कर रतन, कुंभकरन कवि-इंद्र
कित स्रंगार राम इच्छाक छत्र, ग्रक सिध आनंद
चित चमत्कार सस्फुट वचन, ग्रस्त्र सस्त्र चतुर्थ ध्रति
'सिवरतनसिंघ' रासो सरस, ग्रस विधांन सुन नरि नृपति।

वीर दुरगादास की प्रशंसा में कुंभकरण कृत दो गीत--

(१)

अबळघाट खट भाट दहवाट करत्तौ प्रसग
भिड़तां निसाट चर थाट भागौ
'दुरग' दिली जाय र दरकार जुध देखिया
लार संकर वहे प्यार लागौ। १
भीमड़ा तणै तट विकट घट भांजतौ
भोम भाराथ सिवनाथ भोळा
जोयवा खड़ा संकर सकत्त जेहड़ा
दोवड़ा तेवड़ा जूथ दोळा। २
पेखता फिरंता फिरे हूरां परी
खिले नारद सकत्त वीर खेळा
अवलियां लिए पैकंबरां अंबरां
महत है आसुरां सुरां मेळा। ३
वीभरै तरैं केई मीर वजरै विकर,
तणछ खग फरहरै वीर ताळी
वहर धर रिणोही वीर हाका करै
अजेहीं भीमड़ा तीर वाळी। ४

(२)

ईळा ऊकटै काट है थाट भळै अभग
अकळ दोय वात संसार आखै

---

[1] 'रतन रासौ' के रचयिता का वंश-परिचय--काशीराम शर्मा, राजस्थान भारती, भा० ३, अं० ३-४।

राह हिंदू तणी साह 'औरंग' रुकै,
राह हिंदूआं तणी 'दुरग' राखै । १
खेध चढिया धरा वेध बिहूँ खड़खड़ै
सुध्रम राखण कुळां जुगां सारूं
अजादा वेद री खूंद मेटण मतै
अजादा वेद री गह्यां मारूं । २
पटक रहिया घँगू कटकता असपती
मुरधरा काज अर धरा मारी
पालटै तखत पण धरम नँह पालटै
धरम री सरम करणोत धारी । ३
देवड़ां कूरमां अने हाडां दुगम
चमक चीतोड़पत दीध चांटी
'नींब' हर कमधजां चाळ बांधत नहीं
मुखां कलमा पढत घणा मांटी । ४

मान जती—कवि मान विजयगच्छीय जैन यति थे। इनके यति होने का उल्लेख कविराजा बांकीदास के 'वात संग्रह' में आया हुआ है—"मांनजी जती राज विलास नांमरूपक रांणा राजसिंह रौ वणायौ"[1] इसके अनुसार कवि मान ने 'राज विलास' ग्रंथ की रचना की। इनका रचनाकाल सं० १७३० से १७४० है। 'राज विलास' उच्च साहित्यिक डिंगल की एक वीररस-प्रधान सुन्दर कृति है। कवि ने इस ग्रंथ में अपने समय के मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के जीवन-इतिहास का सुन्दर वर्णन किया है। महाराणा राजसिंह ने औरंगजेब के बढ़ते हुए अत्याचारों का बड़ी बहादुरी के साथ विरोध किया और संकटापन्न अवस्था में हिन्दू धर्म की रक्षा की। राणा का यही जीवन-वृत्त उक्त ग्रंथ में १८ विलासों में विभक्त किया गया है। कवि का राणा के समसामयिक होने के कारण ग्रंथ में वास्तविक घटनाओं का उल्लेख हुआ है। सही घटनाओं के समावेश के कारण साहित्यिक महत्त्व के साथ इसका ऐतिहासिक महत्व भी बहुत बढ़ गया है। औरंगजेब के विरुद्ध राणा की चढ़ाई का उदाहरण देखिये—

रांण चढ़े राजेस सहस पण बीस तुरग सजि
घुरत निसांननि घोख रवि सुढकिय हय खुर रजि
मयंगळ दळ मय मत्त घटा उट्ठी कि स्यांम घन
पयदळ सहस पचीस सज्ज सायुध सूरं तन
रथ जंत्रि सहस सस्त्रहि भरिय, कर हां गिनति परंत किहिं
जग मज्झ कवन जननी जन्यौ, जंग आइ जितै सुजिहिं।

वृन्द—महाकवि वृन्द का पूरा नाम वृन्दावनदास था किन्तु 'रचना कलाप: में कवि ने उसे वृन्द ही रखा। ये शाकद्वीपीय ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम रूपसी था जो बीकानेर राज्य के रहने वाले थे किन्तु सोलहवीं शताब्दी में वे जोधपुर राज्य के मेड़ता गांव में आकर बस गये। यहीं पर प्रौढ़ावस्था में इनके घर संवत् १७०० के आश्विन शुक्ला प्रतिपदा, गुरुवार को वृन्द का जन्म हुआ। इन्होंने अपने बाल्यकाल में काशी जाकर वहां के तारा नामक पंडित से साहित्य, वेदान्त आदि अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त किया। काशी से लौटने पर मेड़ते में इनका बहुत सम्मान हुआ। जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह ने भी इनको कुछ भूमि देकर इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। धीरे-धीरे ये बादशाह औरंगजेब के दरबार में भी पहुंच गये। वहां इनकी अधिक प्रशंसा हुई।

संवत् १७३८ में किशनगढ़ के महाराजा मानसिंह ने इन्हें सम्मानित किया और संवत् १७६४ में यहीं के महाराजा राजसिंह ने अपने यहां बसा लिया।[1] कवि ने अपना शेष जीवन यहीं बिताया और अन्त में संवत् १७८० में यहीं पर उनका स्वर्गवास हो गया।

कवि वृन्द डिंगल व हिन्दी दोनों में ही कविता करते थे। हिन्दी साहित्य में भी इनके अनेक काव्य-ग्रंथ उच्च स्थान प्राप्त कर चुके हैं। डिंगल में लिखा 'वचनिका-स्थान' इनका बहुत ही ख्याति-प्राप्त ग्रंथ है। कवि ने संवत् १७६४[2] में इस ग्रंथ की रचना की जिसमें संवत् १७१५ में शाहजहाँ के पुत्रों—दारा, शुजा, मुराद और औरंगजेब के बीच दिल्ली की बादशाहत के लिए धौलपुर के पास सामूगढ़[3] में हुए युद्ध का वर्णन है। इस युद्ध में किशनगढ़ के महाराजा रूपसिंह ने दारा का पक्ष लेकर औरंगजेब के साथ बड़ी वीरता के साथ युद्ध किया। इस युद्ध में उन्होंने अपना जो अपूर्व पराक्रम दिखाया उसी का कवि ने 'वचनिका' में सजीव चित्रण किया है। जैसी अद्भुत वीरता राजा ने दिखाई वैसी ही वीरतापूर्ण भाषा में

[1] बांकीदास की ख्यात : पं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ० ९७।

[1] 'रघुनाथरूपक गीतां रौ' में पुरोहित हरिनारायणजी द्वारा लिखित भूमिका, पृष्ठ ४।
[2] डॉ० मोतीलाल मेनारिया ने इसका रचनाकाल सं० १७६२ माना है।
[3] औरंगजेब नामा : यदुनाथ सरकार, अनुवादक नाथूराम प्रेमी, पृष्ठ ८६।

कवि ने उक्त रचना की है। वीर रस की मौलिक एवं ओजपूर्ण रचना वास्तव में पढ़ते ही बनती है।

वृन्द कवि के वंशज श्री जियालालजी ने 'रघुनाथ रूपक' की टीका के अन्त में महाकवि वृन्द की डिंगल कविता के कुछ गीतों को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया है। उसी में से त्रिकुट-बंध गीत हम यहां नीचे दे रहे हैं।[1] कवि की ओजपूर्ण भाषा देखिये—

दळ दिखण मिळ दिल्ली दळां, वध वेध खेद दुहूं बळां।
धर लियण घूपट दियण धस मस, रूक रथ राजांन।
'अवरंग' संगर आहुरे, फव फौज गज धज फरहरे।
धर फसर हैवर धूज धर, मद भरर कुंजर सिर चमर।
नर निजर नाहर डर निडर, तन पहर बगतर छिलम छर।
हर समर हस वर कस कमर, धर सरध सर धर कर सिफर।
बद कँवर बीरत बांन।।

एक अन्य गीत के दो दोहले और देखिये—

मच्चै दिली रा चकत दिली दिसां धमच्चकां मच्चै,
संभाळै कायरां धरां सूरां चढ़ै सोह।
धवै नाळां भड़ा भड़ी धड़ा धड़ी धूजे धरा,
छूटै बांणां गोळी रांमचंगिया छछोह।। १
तड़ा तड़ी तठै बगतरां तणी तूटै कड़ी,
धमां धमी ऊठै घणां सेलां रा घमोड़।
झड़ा झड़ी जठै तरवारियां थी पड़ै झींक,
रमैं खगां महाराजा 'राजसिंह' राठौड़।। २

महाराजा अजीतसिंह—अजीतसिंहजी का जन्म संवत् १७३५ चैत्र कृष्णा चतुर्थी को हुआ था। इनके पिता जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंहजी भी संस्कृत, ब्रजभाषा और डिंगल भाषा के बड़े अच्छे विद्वान थे। महाराजा का देहान्त अजीतसिंह के जन्म के कुछ दिनों पहले ही हो गया था। महाराजा के देहान्त होने पर वीर दुर्गादास, जो उनके विश्वस्त अनुचरों में थे, अजीतसिंह को काबुल से मारवाड़ ले आये और वयस्क होने तक इन्हें छिपा कर रखते हुए इनका पालन-पोषण किया। वयस्क होने पर ये मारवाड़ के अधिपति घोषित कर दिये गये। इसके पश्चात् इनका अधिकांश समय युद्धों में ही बीता। अन्त में संवत् १७८१ में ये अपने जनानखाने में सोते हुए अपने पुत्र बख्तसिंह द्वारा मार डाले गये।[1]

महाराजा अजीतसिंह वीर, साहसी और स्वाभिमानी नरेश होने के साथ विद्वान और अच्छे कवि भी थे। उनके रचे निम्न ग्रंथ हैं जिनकी हस्तलिखित प्रतियां पुस्तक प्रकाश, जोधपुर में विद्यमान है।

(१) गुण सागर (२) गज उद्धार (३) दुर्गापाठ भासा (४) निर्वाण दूहा। इनके अतिरिक्त इन्होंने अनेक फुटकर दूहे तथा गीत भी लिखे हैं जो अपनी सरलता एवं सरसता के लिए प्रसिद्ध हैं। इनकी कविता की भाषा प्रसाद-गुणमयी साधारण बोलचाल की भाषा है। प्रवाहमयी होने के कारण इसमें विशेष आकर्षण है। 'गज उद्धार' में गज की करुण पुकार का एक उदाहरण देखिये—

उंडै जळ में ले चल्यौ, गज कुं चिकटौ ग्राह।
तब ततकार संभारीयौ, राधा नागर नाह।।
जिण सांई पैदा कियौ, सो मो पास सदाय।
अलख अपंपर ईसवर, सो क्यूं अळगौ थाय।
जळ आयौ गज पीठ पर, डर उपज्यौ मन मांहि।
ग्राह राह वैरी भयौ, जळ उडै ले जांहि।

लोक-भाषा का प्रयोग इनकी द्वारिका यात्रा के सम्बन्ध में लिखे फुटकर दोहों में देखिये—

और सबै आंणंद हुऔ, एक बात नह चाह।
कीलयांणौ राजण तणौ, मुवौ द्वारिका मांह।।
सिरदारैं साथे हुती, नारी परतग दोय।
टाली भूली रह गई, साथ गई नह कोय।।
ईते मरगे गाह में, मांणस तीन हजार।
ऊंट तुरंगम बैल री, कर कुण सकै सुमार।।

कीर्तिसुन्दर—जैन विद्वानों ने स्व-रचनाओं के अतिरिक्त अनेक संग्रहों का भी निर्माण कर साहित्य की सतत् सेवा की

[1] इस सम्बन्ध में श्री जियालालजी ने 'रघुनाथरूपक' की टीका के अंत में एक नोट दिया है—"हमारे प्रपिता 'वृन्द सतसई' के कर्ता कवि वृन्दजी भी डिंगल कविता करते थे, जिनका बनाया हुआ यह 'त्रिकुट-बंध' गीत कृष्णगढ़ महाराजा श्री राजसिंहजी का 'सुलतांनी जंग' अर्थात् आजमशाह और मुअज्जम में युद्ध हुआ, इसका भाव है, और जैसा कि ऊपर दरसाया गया है—इस युद्ध का वृन्दजी ने 'सत्यरूपक' ग्रंथ बनाया। यह युद्ध ध लपुर के 'जाजुवा' नामक मैदान में संवत् १७६४ में हुआ।"

[1] जोधपुर राज्य का इतिहास : गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृष्ठ ६००।

हैं। इन संग्रहों में 'कथा संग्रह' आदि ग्रंथ मिलते हैं। ऐसे ही एक कथा संग्रह 'वाग्विलास' का निर्माण करने वाले जैन मुनि कीर्तिसुन्दर थे। कीर्तिसुन्दर राजस्थान के प्रसिद्ध कवि-वर महोपाध्याय के शिष्य थे। 'वाग्विलास' में कथा सम्बन्धी कुछ संस्कृत श्लोकों के साथ राजस्थानी गद्य-पद्य में अनेक सुन्दर कथा प्रसंग दिये हुये हैं। इसके अतिरिक्त कवि के निम्न ग्रंथ भी प्राप्त हैं --

१--माकड़रास, २--अभय कुमारादि, ३--ज्ञान छत्तीसी, ४--कौतुक पच्चीसी, ५--साधुरास, ६--चौबोली चौपाई, ७--अवंति सुकुमार चौढ़ाळिया आदि। 'वाग्विलास' ग्रंथ के अन्त में उसका निर्माणकाल आदि नहीं दिया हुआ है। परन्तु अन्य ग्रंथों को देखने से उसका रचनाकाल संवत् १७५० से १७६५ के मध्य ठहरता है। विनोदपूर्ण रचना 'मांकड़रासौ' का उदाहरण देखिये--

बोलंता मांहो मैं बजरैं, निम्रांमो हिव आयौ नजरै।
सौड़ मांहै आवैं सळवळतौ, वळै पलक में पूठा वळतौ।।
नेठ पकड़तां हाथै नावै, जोतां हीज कठै ही जावैं।
फेरंता कर केइक फिसिया, घर में केइक कुसळे घुसिया।।
बाहर घालि वळै केइ वळिया, 'मांकरण' हिवै घरण हिज मिळिया।
पीवैं लोही केइक पूठै, ऊंघांणो सो भड़की ऊठैं।।

द्वारकावास--ये दधवाड़िया गोत्र के चारण और भक्ति रस के प्रसिद्ध ग्रंथ 'रांमरासौ' के रचयिता प्रसिद्ध कवि माधौ-दास दधवाड़िया के पुत्र थे। ये अपने समय के जोधपुर नरेश अजीतसिंहजी के कृपापात्र थे और उनकी फौज में मुसाहिब के पद पर आसीन थे। इस समय उनकी प्रतिष्ठा बहुत थी। पिता की भांति इनमें भी काव्य-शक्ति प्रस्फुटित हुई और आगे चल कर डिंगल में सुन्दर रचनायें कर राजस्थानी के श्रेष्ठ कवियों में स्थान प्राप्त किया। इन्होंने महाराजा अजीतसिंहजी के जीवनकाल में ही संवत् १७७२ में 'महाराजा अजीतसिंह री दवावैत' नामक ग्रन्थ की रचना की जिसमें महाराजा के शौर्य, पराक्रम और वैभव का विशिष्ट वर्णन है। इसकी समाप्ति पर रचनाकाल के सम्बन्ध में स्वयं कवि ने लिखा है--

दवावैत द्वादस हुआ, तीन कवित दोय गाह।
सतरे संवत् बहोतरे, कवि द्वारे कहियाह।।

इसी ग्रंथ पर प्रसन्न होकर अजीतसिंहजी ने इन्हें जयतारण परगने का बासनी गांव प्रदान किया। इनकी भाषा सरल एवं आकर्षक है। सर्वत्र प्रसाद गुण ही छाया हुआ है। भाषा का उदाहरण यहाँ देखिये--

इनके खेहां के डंबर, उनके बद्दल के आडंबर।
इनके नोबत के टंकारे, उनके गाज घनघोरे।
इनके भालों का भाव, उनके बीज के सळाव।
इनके पंचरगे वाने, उनके इंद्रधनक ताने।
इनके हस्तियां के हलके, उनके एरावत तुलके।
इनके खेत स्वेत दंत, उनके जेही बुक पंत।

उपरोक्त ग्रन्थ के अतिरिक्त कवि के अनेक फुटकर गीत भी पाये जाते हैं। गीतों की रचना साधारण है। भाषा बोल-चाल की सरल भाषा है। महाराजा अभयसिंह के सम्बन्ध में कहा हुआ एक गीत देखिये--

सोहे सांमळी घड सुघड़ सहेली,
वांछंती वर समर वहेली।
चौरंग सीलहै फाड़ कुच चौळी,
वाजंद्रे 'अभमाल' विरोळी।। १
सार सिंगार छतीसूं सज्जै,
ओप टोप पगूं घट आंब्रजै।
विचित्र घड़ा इरण वैर विलूंधै,
रिरण करण-करण कीधी रस रूळूंघै।। २
नेवर पाखर रोळ नचंती,
संग 'सिर विलंद' तरणौ सोभंती।
रोळी 'अजरण' तरणौ रंग रमरणी,
गहु खोसाड़ गई गय गमरणी।। ३
ओप टोप गूंघट तोड़ावै,
माड हाड भागा मचकावै।
'गजन' हरा आगै रण गहली,
चतुरंगरण हा हा कर चल्ली।। ४
लड़खड़ती पड़ती लालरती,
मेल मांरण सिर 'संबर' मरती।
गी 'अभमल' अगै पड़ गळियां,
मरमट मूंक मरद्दां मिळियां।। ५
जैत जुअर बडो जुध जीपै,
दळ गुजरात अमल धर दीपै।
गूड मलार राग सुर गवरणी,
पेस करी 'द्वारै' पालवरणी।। ६

हमीरदान रतनू--मध्यकालीन राजस्थानी साहित्य में अपनी विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण रचनाओं के कारण हमीरदान रतनू का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये रतनू शाखा के चारण थे और जोधपुर राज्यान्तर्गत घड़ोई ग्राम के निवासी

थे। बचपन से ही ये कच्छभुज में रहते थे। ये कच्छभुज के महाराव श्री देशलजी प्रथम (सं० १७७४ से सं० १८०८) के महाराज कुमार लखपतजी के कृपापात्र थे। अपनी रचना में कवि ने अपना स्वयं का परिचय देते हुए अपने आश्रयदाता के सम्बन्ध में भी लिखा है—

मुरधर देस सिवाना नगर मध्य
उतन घड़ोई प्रसिद्ध अमीर।
चारण 'रतनू' कवियण चावौ,
हरि रौ चाकर नांम 'हमीर'॥
जाड़ेचा सूरज राव जळवट,
भुज भूपत लखपत कुळ भांण।
त्रिय ग्रंथ कीध अजाची तिण रै,
जोतिखि पिंगळ नांम सब जांण॥

इनके प्रसिद्ध डिंगल कोश 'हमीर नांममाळा' की रचना संवत् १७७४ में हुई थी अतः इनके काव्य-सृजन का काल भी इसी के आसपास माना जाना चाहिए। इनके रचे लगभग १७५ ग्रंथ बताये जाते हैं जिनमें निम्नलिखित ग्रन्थ मुख्य हैं—

१—लखपत पिंगळ, २—पिंगळ प्रकास, ३—हमीर नांममाळा ४—जदवंस वंसावळि, ५—देसळजी री वचनिका, ६—जोतिस जड़ाव, ७—ब्रह्माण्ड पुरांण, ८—भागवत दर्पण, ९—चाणक्य नीति, १०—भरतरी सतक, ११—महाभारत रौ अनुवाद छोटौ व बड़ौ।

ये राजस्थानी के उच्च कोटि के विद्वान और श्रेष्ठ कवि थे। खेद है कि राजस्थानी साहित्य के इतिहास सम्बन्धी अब तक के प्रकाशित ग्रन्थों में इनको समुचित स्थान प्रदान नहीं किया गया। इनके ग्रंथों में 'लखपत पिंगळ' तथा 'पिंगळ प्रकास' दोनों ही छंद-शास्त्र के सुन्दर ग्रंथ हैं। 'लखपत पिंगळ' कवि का सबसे अधिक प्रसिद्ध ग्रंथ है जिसका निर्माण संवत् १७९६ में हुआ था—

संवत सत्तर छिनुओ, पणा तस वरस पटंतर।
तिथि उतम सातिम्म, वार उतिम गुरू वासर।
माह मास व्रतमांन, अरक बैठौ उत्तराइणि।
सुकळ पख्य रिति सिसिर महा सुभ जोग सिरोमणि।
विसतार गाह माझा वरण सुजि पसाउ सर सतिरौ।
कहियौ 'हमीर' चित चोज करि पिंगळ गुण लखपति रौ॥

ग्रन्थ की भाषा सरल और प्रवाहयुक्त है। कवि ने इसमें छंदों एवं गाहों के लक्षण देकर सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। वस्तुतः यह छंदों का श्रेष्ठ ग्रन्थ है। छंद शास्त्र का ही इनका दूसरा ग्रंथ 'पिंगळ प्रकास' है जो 'लखपत पिंगळ' से पहिले समाप्त कर लिया गया था। ग्रंथ के अन्त में कवि ने इसका रचनाकाल दिया है—

संवत सतरह अड़सठै, माह सीत रित मास।
जिहड़ौ जोड़ै जांणीयौ, एहड़ौ कीओ अभ्यास।
सुणतां पुणतां सीखतां, अधक होइ आणंद।
कहीयौ ग्रंथ हमीर कवि, गुण ग्राहग गोविंद।

'अचळदास खीची री वचनिका' व 'रतनसिंघ री वचनिका' की भांति हमीरजी ने भी अपने आश्रयदाता की प्रशंसा में 'देसलजी री वचनिका' की रचना की। यह पूर्ववर्ती वचनिकाओं की भांति गद्यबद्ध रचना न होकर डिंगल पद्य में ही हैं। ऐतिहासिक काव्य होने के कारण इसका भी अधिक महत्त्व है। इसमें संवत् १७८५ की होलिका के समय सरबुलन्द व कच्छ के महाराव देशल के बीच घोर युद्ध हुआ जिसमें देशल ने विजय प्राप्त की, इसी का ओजस्वी भाषा में सुन्दर वर्णन है। भाषा का प्रवाह देखते ही बनता है। निम्न उदाहरण में शब्द-चयन का चमत्कार देखिये —

भळाभळ कूंत खिवे अदभूत, धौळै दिन वेढ़ करै अविधूत।
हुए असुरांण घणां खळ हांण, सांमी दस नांम रचै घमसांण॥
लथोबथ लोह झपेट लपेट, खसै दळ मूंगळ आवळ खेट।
नागा करिवा वर खाग निनाग, कटै धड़ बेहड़ पग्ग करग्ग॥
कड़ाकड़ जूट विछूट कटक्क, तड़ातड़ि त्रूट भिम्रां मसतक्क।
धमंचक चोट अणीं पड़ि धार, तड़फ्फड़ मीर फड़फ्फड़ तार॥

ग्रंथों के अतिरिक्त कवि के अनेक फुटकर गीत भी उपलब्ध हैं जिनकी भाषा बड़ी सरस एवं चलती हुई है।

वीरभांण—अठारहवीं शताब्दी में राजस्थानी की श्रेष्ठ रचनाएँ प्रदान करने वालों में कवि वीरभांण का नाम भी अग्रगण्य है। ये भी जोधपुर राज्य के घड़ोई ग्राम के रहने वाले रतनू शाखा के चारण थे और हमीर रतनू के ही समसामयिक थे।[1] इन्होंने डिंगल के ख्यातिप्राप्त प्रसिद्ध ग्रंथ 'राजरूपक' की रचना कर साहित्य की ही अमूल्य सेवा नहीं की अपितु इतिहास को भी एक अमूल्य देन दी है। ग्रन्थ में तिथि अनुसार अनेक ऐतिहासिक घटनाओं पर विशद वर्णन होने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्त्व भी बहुत अधिक है। इस ग्रंथ

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य, डा० मोतीलाल मेनारिया, पृष्ठ १७८

में जोधपुर के महाराजा अभयसिंह और गुजरात के सूबेदार सर बुलन्दखां के बीच अहमदाबाद पर हुए युद्ध (सं. १७८७) का वर्णन है। इस युद्ध में कवि वीरभांण स्वयं महाराजा अभयसिंह के साथ थे अतः उन्होंने अपने इस ग्रन्थ में अहमदाबाद के युद्ध का अपनी आंखों देखा वर्णन किया है। इस ग्रंथ से उस समय की राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। अहमदाबाद के युद्ध के अतिरिक्त कवि ने उक्त ग्रन्थ में महाराजा जसवंतसिंह और महाराजा अजीतसिंह की जीवन घटनाओं के ठीक-ठीक संवत् और स्थान-स्थान पर काम आने वाले वीरों व सामंतों के नाम भी दिए हैं। इसके अनुसार यह स्पष्ट है कि कवि घटनाओं के समय उनके साथ उपस्थित अवश्य ही रहा होगा। डा० मोतीलाल ने इनका जन्म संवत् १७४५ बताया है[1] जो इस तथ्य से उचित प्रतीत नहीं होता। इनका जन्म अवश्य ही महाराजा जसवंतसिंह के अन्तिम काल के निकट ही हुआ समीचीन जान पड़ता है।

ग्रंथ की भाषा सरल होते हुए भी पूर्ण साहित्यिक डिंगल है। पूरा ग्रंथ ४६ प्रकाशों में विभक्त है। निम्न पंक्तियों में कवि की भाषा देखिये—

> परम अंस रवि वंस, अवर दुरवंस अभायौ।
> हूंस वंस अवतंस, पूंस परताप सवायौ।
> तेज पुंज आजांनबाहु, मुख कंज सकोमळ।
> मंजु कांम समरूप अंज गज बंध महाबळ।
> अणकोट कोट ऊथापणौ, आयां थापण ओटरां।
> पेखियौ सांम चढ़ती प्रभा, सांमंतां नवकोटरां॥

करणीदान—जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के अहमदाबाद के युद्ध का वर्णन करने वालों में कवि वीरभांण के साथ ही महाकवि करणीदान का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये कविया शाखा के चारण मेवाड़ राज्य के शूलवाड़ा ग्राम के निवासी थे। ये जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के आश्रित कवि थे। 'सूरज प्रकास' जैसे प्रसिद्ध ग्रन्थ की रचना संवत् १७८७ में समाप्त करने के कारण इनका रचनाकाल संवत् १७८७ के आसपास ही ठहरता है। ऐसा कहा जाता है कि महाराजा अभयसिंह ने अहमदाबाद के युद्ध में जाने से पूर्व अपने तीन मुख्य कवियों को युद्ध का वर्णन करने की आज्ञा दी थी, जिनमें कविराजा करणीदान, वीरभांण रतनू तथा बखता खिड़िया थे। वीरभांण ने पूर्वोक्त 'राजरूपक' ग्रन्थ की रचना की। बखता खिड़िया ने १६५ छप्पय कवित्तों में युद्ध का वर्णन किया, परंतु कविराजा करणीदान ने अपने ग्रन्थ 'सूरज प्रकास' में महाराजा के सर बुलन्दखां के साथ हुए युद्ध के वर्णन का उद्देश्य लेकर इनके पूर्वजों का भी इतिहास दिया है। इस ग्रंथ में अहमदाबाद के युद्ध का वर्णन अधिक विस्तार के साथ किया गया है।

'सूरज प्रकास' 'राजरूपक' की भांति महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रन्थ तो है ही परन्तु वह साहित्य की दृष्टि से भी अधिक महत्त्वशाली है। करणीदानजी भी वीरभांण की तरह युद्ध में महाराजा के साथ उपस्थित थे, इसीलिए युद्ध का आंखों देखा वर्णन बड़ा सजीव बन पड़ा है। ग्रंथ के प्रारम्भ में महाराजा अभयसिंहजी के पूर्वजों का संक्षिप्त वर्णन है जिसमें सर्व प्रथम सूर्य वंश की वंशावली और उसके साथ रामायण की कथा लिखी है। रामायण की कथा के पश्चात् राम के पुत्र कुश से लेकर राजा पुंज तक की वंशावली देकर राजा जयचंद से अजीतसिंहजी तक के राजाओं का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है।

ग्रन्थ की रचना में कवि को एक वर्ष की अवधि लगी जिसका उल्लेख कवि ने स्वयं ग्रन्थ के अन्त में किया है—

> सत्रै से समत सत्यासियै, विजयदसमी सनि जीत।
> वदि कातिग गुण वरणियौ, दसमी वार अदीत।
> वणियौ ग्रुण इक वरस विचि, उकति अरथ अणपार।
> छंद अनुस्टप करिउ जन, सत पंच सात हजार।
> 'अभा' तणी सुभ नजर अति, वधि छक सुकवि विधांन।
> कुरबदांन लहियौ अधिक, कहियौ करणीदांन॥

'सूरज प्रकास' वस्तुतः डिंगल भाषा का एक उच्च कोटि का ग्रंथ है। ग्रंथ के अध्ययन से पता चलता है कि कविराजा का राजस्थानी भाषा पर तो पूर्ण अधिकार था ही परन्तु इसके साथ-साथ उन्हें अरबी, फारसी व सस्कृत का भी उत्तम ज्ञान था। उक्त ग्रन्थ में कवि ने पात्रों के चरित्र-चित्रण और वस्तु-वर्णन में अपनी अद्भुत काव्य शक्ति का परिचय दिया है। अलंकार एवं रस-विधान भी यथोचित है। इस ग्रंथ में सभी रसों का समावेश है पर करुण रस किसी स्थान पर नहीं

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य : डॉ० मोतीलाल मेनारिया, पृ० १७८।

मिलता। सम्भवतः वीर रस की इस श्रेष्ठ रचना में करुण रस को सम्मिलित करना कवि को अभीष्ट न था। भाषा का प्रवाह एवं चमत्कार निम्न उदाहरण में देखिये—

सुणि 'रांमौ' सबळ रौ, एम बोलियौ अडी खंभ।
विड़ंग ओरि दळ 'विलंद' जवन खग हणू रूप जम।
घण झेलूं खग घाव, सांम निज कांम सुधारूं।
सिर समपूं संकर नूं, रंभ चौसरि गळ धारूं।
जग तणी मोह माया तजूं, जिम गोपीचंद भरथरी।
चढ़ि रथां अमरपुर मझि चढूं, अमर कीत आपरी॥

कवि ने इसी विस्तृत ग्रन्थ का सारांश लेकर 'विरद-संणगार' नामक छोटा ग्रंथ तैयार किया और महाराजा को दरबार में सुनाया। महाराजा इसे सुन कर बहुत अधिक प्रभावित हुए और कवि को अधिकाधिक सम्मान प्रदान किया। इस ग्रन्थ के अतिरिक्त 'जतीरासा' तथा 'अभय भूषण' इनके दो उत्तम ग्रंथ और मिलते हैं। 'अभय भूषण' का एक सवैया देखिये—

ऐ न घटा तन आंन सजे भट, ऐ न छटा चमके छहरारी।
गाज न बाजत दुंदुभि ऐ, बक पंत नहीं गज दंत निहारी॥
ऐ न मयूर जु बोलत हैं, बिरदावत मंगन के गन भारी।
ऐ नहिं पावस काळ अली, 'अभमाल' 'अजावत' की असवारी॥

ग्रंथों के अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर करणीदानजी के लिखे अनेक गीत भी मिलते हैं जिनमें इनका कवित्व स्पष्ट रूप से झलकता है।

खेतसी सांदू—ये जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के आश्रित थे और कविराजा करणीदान और वीरभांण की भांति ये भी अहमदाबाद के युद्ध में महाराजा के साथ थे। ये सांदू शाखा के चारण और नाथूसिंह सांदू के पुत्र थे। डा० मोतीलाल मेनारिया ने भी इन्हें सांदू बतलाया है। परंतु श्री अगरचंद नाहटा ने अपने लेख 'भाषा भारत की ऐतिहासिक प्रशस्ति'[१] में एक प्रति का उल्लेख कर 'खेतसी' का 'गढ़वी खिड़िया' होना लिखा है। खेतसी के रचित प्रसिद्ध ग्रंथ 'भाषा भारत' की उदयपुर वाली प्रति में इनका सांदू होना ही लिखा है और कविराजा करणीदान के 'सूरज प्रकास' से भी यही बात पुष्ट होती है—

सुतण 'नाथ' 'खेतसी', वदै सांदू खग वाहण।
'वखतौ' खिड़ियौ वदै, रचूं 'अमरा' जैही रण॥

[१] राजस्थान भारती : सादूं ल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीटयूट बीकानेर, अंक १-२, वर्ष ६।

कवि ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'भाषा भारत' में महाभारत का राजस्थानी में सुन्दर पद्यानुवाद किया है। इसका रचनाकाल संवत् १७९० के आसपास माना जाता है। ग्रन्थ की समाप्ति सं० १७९० में हुई। इसका उल्लेख कवि ने स्वयं अपने ग्रंथ में किया है—

सतरमै सांमंत वरस नेउवै वसेखण।
कवि सुर वरखे करी कथ भारथ संपूरण।
वेसाखह वदि विवध तिथ एकम आलोकत।
भोमवार निरधार निरत रित राव स चाहत।
उतरांण भांण वरनन अगम दिस दिखण विचारि उर।
कवि 'सीह' परम महिम कही कुर पंडव क्रम जुत दुकर।

कवि का पूरा नाम खेतसिंह था परंतु कविता में इन्होंने अपने नाम के अन्तिम दो अक्षरों का ही प्रयोग किया है। 'भाषा भारत' डिंगल की श्रेष्ठ रचनाओं में से है। इसकी भाषा पूर्ण साहित्यिक डिंगल एवं प्रौढ़ है। इसमें मोतीदांम, हनूफाळ, दूहा, कवित्त, चौपाई आदि अनेक छन्दों का प्रयोग किया गया है। इसकी भाषा के उदाहरण के लिए निम्न कवित्त देखिये—

तर भेळप सुख मिळत, निसा भेळप तप नाहिन।
जळ भेळप मळ घटत, सतह पुरखां चित चाहिन।
पंडित भेळप प्रगट, मनह हरिनांम पियासै।
गुणीयां भेळप गुणी, बिमळ बुद्धि अधग बिकासै।
महिमा समंद जादव निमळ, देखत अन आणंदीयौ।
कथी सीह हठी भेळप करे, भाखा दस पारह भयौ॥

पीरदांन लालस—ये लाळस गोत्र के चारण जोधपुर राजयन्तर्गत शेरगढ़ परगने में जुड़िया गांव के रहने वाले थे। इनके जन्मकाल एवं माता-पिता के सम्बन्ध में कोई विशेष विवरण ज्ञात नहीं है। ये एक भक्त थे। इनके भक्ति सम्बन्धी ग्रंथों की प्रति हमारे संग्रह में है जिसके अन्त में स्वयं पीरदांन लाळस के हाथ का सांझ्या झूला रचित एक गीत लिखा हुआ है जिसमें उसका लेखनकाल संवत् १७९२ लिखा है। इससे संवत् १७९२ में उनका जीवित होना प्रकट होता है। इनका रचनाकाल भी इसी संवत् के आसपास माना जा सकता है। इनके ग्रन्थों का एक संग्रह 'पीरदांन लाळस ग्रन्थावली' के नाम से बहुत शीघ्र ही सादूं ल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट, बीकानेर, प्रकाशित कर रहा है। कवि ने साधारण बोलचाल में ही शान्तरस की सुन्दर रचना की है। निम्न उदाहरण में इनकी भक्ति-भावना के साथ कविता-शैली देखिए—

अला तूझ उवारण जयौ जगदीस जुरारी
नरहर गुरु हरनाथ निमौ निकळंक विजारी ।
कन्हैया कांन्हुआ निमौ निकळंक नरसेर
ग्वाळ निमौ ग्वाळिया, साच साथै सारंगधर ।
राजि नां किसी परि रीझवां, राज वडा राधारमण
'पीरियौ' तूझ दाखै प्रभु, मूझ निवाजै महमहंण ॥

(अलख आराध)

अठारहवीं शताब्दी में भी इतने अधिक कवि हुए हैं कि सब का क्रम से परिचय देना सम्भव नहीं होता अतः अब हम इस शताब्दी के शेष कवियों का उनके रचनाकाल के साथ नामोल्लेख मात्र कर रहे हैं। इस शताब्दी के अन्य कविगण—खेतसी लाळस (सं० १७००), किसनो आढ़ौ दुरसावत (सं० १७०२), खीमराज दधवाड़िया (सं० १७०५), हरिदास सिंढ़ायच (सं० १७०५), बल्लू महडू (सं० १७०५), महेसदास आढ़ौ (सं० १७१०), डूंगरसी (सं० १७१०), महाराजा करणसिंह (सं० १७१५-२६), आसकरण (सं० १७१५), पीरदांन आसिया (सं० १७१५), जिनसमुद्र सूरि (सं० १७२०), मतिसुंदर (सं० १७२४), हेमराज (सं० १७२६), मोहनलाल (सं० १७२६), कुसळधीर (सं० १७२७), मथेरन उदयचंद (सं० १७३१-६५), मथेरन जोगीदास (सं० १७३१-६२), रुगौ मूथौ (सं० १७४०-५०), वीर दुर्गादास (सं० १७४०-६०), नाथौ सांदू (१७४५-६०), ईस्वरदास (सं० १७६४), कम्मा नाई (सं० १७७०), वख्ताजी खिड़िया (सं० १७८०-८५), कुसाळचंद्र काळा (सं० १७८१), नैणसी (सं० १७८६), वरजूबाई (सं० १७८७-९०), भाखसी लाळस (सं० १७८८), जोधराज (सं० १७८५), टोडरमल (सं० १७९७)।

काल-निर्धारण के समय हम यह निश्चयपूर्वक कह आये हैं कि राजस्थानी साहित्य की मध्यकालीन परम्परा लगभग १९ वीं शताब्दी की समाप्ति तक निरन्तर रूप से पाई जाती है। यद्यपि इस शताब्दी के उत्तरार्द्ध में साहित्य के वर्ण्य विषय एवं शैली में कुछ नवीनता के दर्शन हो जाते हैं, फिर भी मध्यकालीन विशेषतायें तो इस शताब्दी की समाप्ति के बाद तक भी पूर्ण रूप से मिलती हैं। अब हम यहाँ मध्यकाल की इस अन्तिम (उन्नीसवीं) शताब्दी के कवियों व उनके द्वारा रचित रचनाओं का परिचय देंगे।

पहाड़खाँ आढ़ा—ये आढ़ा शाखा के चारण, जोधपुर राज्य के पांचेटिया ग्राम के निवासी थे और जोधपुर के महाराजा विजयसिंह और बखतसिंह के समकालीन थे। इन्होंने अपना अधिकांश समय रियां ठाकुर शेरसिंहजी के पास रह कर ही बिताया। इन्होंने बादर ढ़ाढ़ी के प्रसिद्ध ग्रंथ वीरमायण की घटना के आधार पर 'गोगादे रूपक'[1] काव्य ग्रन्थ की रचना की। ग्रन्थ में कवि द्वारा रचनाकाल आदि कहीं भी दर्शाया नहीं गया है फिर भी अन्य तथ्यों के आधार पर कवि का रचनाकाल संवत् १८०५ से १८१० तक माना जा सकता है। उक्त ग्रन्थ में राव वीरमदे के पुत्र गोगादे और जोहियो के नेता दला के मध्य हुए युद्ध का वर्णन है। गोगादे ने अपने पिता वीरमदे की मृत्यु का बदला लेने के अभिप्राय से ही दला से युद्ध किया था। इस ग्रन्थ में मोतीदाम और त्रोटक छंदों का ही प्रयोग हुआ है। ग्रन्थ की भाषा साहित्यिक है, शब्द-सौष्ठव देखते ही बनता है। निम्न उदाहरण देखिये—

उडै रज डंभर व्योम अथाह, मिळै निस जांणक भाद्रव माह।
दलै कद वीरम हूंतायदाय, उगंतां सूर वित लियौय आय।
घुबै पड़ रोस अरारक धाक, हुबो-हुब होय चहूंबळ हाक।
ढंमंकय वाहर बाहर ढोल, खेगां जड जीण दुबागाय खोल।

उक्त ग्रंथ के अतिरिक्त भिन्न-भिन्न अवसर पर पहाड़खाँ के अनेक फुटकर गीत लिखे हुए प्राप्त हैं। गीतों की भाषा में ओज एवं लावण्य है। आउवे के ठाकुर कुशलसिंह और कवि के आश्रयदाता शेरसिंह के मध्य जोधपुर राज्य के विषय को लेकर परस्पर द्वन्द युद्ध हुआ। इस युद्ध में दोनों ही वीर वीरगति को प्राप्त हुए। इस सम्बन्ध में कवि ने एक सुन्दर गीत लिखा है। इसका प्रथम एवं अन्तिम दो द्वाले देखिये—

वडा बोलतौ बोल, बातां घणी बणातौ,
जोम छक जणातौ टसक जाभी।
'सदारौ' अग्राजै 'सेर' ऊभौ समर,
'मधारा' हरारा आव माझी॥ १
×
सता रा दिली आंबेर चीतोड़ सूं,
विढण कुण कुंवारी घड़ा वरसी।
...विचै तांम अधरात रौ,
कांम पड़सी तरै याद करसी॥ २१

---

[1] राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा प्रकाशित हो चुका है।

जूझ रौ भार बिहूँवां भलौ झलियौ,
निज बचन तोल साचां निभायौ।
'हरारौ' सती संग सतीपुर हालियौ,
मालियौ 'सेर' प्रम जोत मांहै ॥ २२

बहादुरसिंह—बहादुरसिंह राठौड़ राजपूत थे। ये किशनगढ़ राज्य के संस्थापक महाराजा कृष्णसिंह के वंश में महाराजा राजसिंह के पुत्र थे। हिन्दी के श्रेष्ठ भक्त कवियों में अपना नाम रखवाने वाले कवि नागरीदास (सांवतसिंह) इन्हीं के बड़े भाई थे। राजसिंह की मृत्यु (सं० १८०५) पर बादशाह अहमदशाह ने सांवतसिंह को किशनगढ़ का राजा घोषित कर दिया। परंतु सांवतसिंह इस समय दिल्ली में था अतः उसकी अनुपस्थिति में बहादुरसिंह स्वयं किशनगढ़ का राजा बन गये। इन्होंने अपनी बहादुरी और चतुराई से ३३ वर्ष तक अर्थात् सं० १८०५ से सं० १८३८ वि० तक राज्य किया।

महाराजा को डिंगल भाषा से प्रेम था। वे स्वयं डिंगल में कविता किया करते थे। इनकी लिखी 'रावत प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ हरीसिंघोत री वात' जो एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक वार्ता है, उपलब्ध है। डॉ० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने भी अपने राजपूताने के इतिहास में इसका उल्लेख किया है।[1]

उक्त वात में देवलिया रावत हरीसिंह के पुत्र प्रतापगढ़ के संस्थापक रावत प्रतापसिंह तथा इनके अनुज म्होकमसिंह का वीरतापूर्ण चरित्र-चित्रण है। रावत प्रतापसिंह का प्रतापगढ़ का शासनकाल संवत् १७३० से १७६४ माना जाता है।[2] बहादुरसिंह इनके परवर्ती काल में हुये, अतः स्पष्ट है कि ये उनकी वीरता से प्रभावित थे।

'रावत प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ हरीसिंघोत री वात' वीरचरित नायकों की विलक्षण वीरता पर आधारित एक वर्णनात्मक कथा है। वार्ता में सर्वप्रथम प्रतापसिंह का श्रेष्ठ शासक के रूप में चित्रण है। इसके पश्चात् म्होकमसिंह की वीरतापूर्ण घटनाओं का वर्णन होने के कारण वार्ता में वीर रस का परिपाक पूर्ण रूप से हुआ है। कवि ने ओजस्वी भाषा में धाराप्रवाह के रूप में अनेक गीत, दूहे और कवित्त लिख दिए हैं। भाषा की प्रौढ़ता एवं सुन्दर शब्द-सौष्ठव के कारण वीर घटनाओं का चित्रण बड़ा सजीव बन पड़ा है। सम्पूर्ण रचना गद्य पद्य दोनों में ही है। इसके एक कवित्त का उदाहरण देखिए- -

बजै झाट बीजळां, काटि पड़ कंध बिछूटै।
तड़िछ उठ घट तठै, जोंम धक हूता जूटै।
अमोसमा आछटै, छोह उपटै छछोहा।
मिटै घटै नह मरट, लहै चहै गळ लोहा।
अवनाड़ बीर साहस अधिक, दूहूं तरफां छक दाखवै।
धड़ भिड़ै देख पड़ियां धरा, वाह वाह सिर आखवै ॥

महाराजा बहादुरसिंह ने इस 'वात' के अतिरिक्त कुछ फुटकर गीतों की रचना भी की है। गीतों की भाषा मंजी हुई है। इनमें भी ओज गुण की प्रधानता है।

ब्रह्मदास ब्रह्मदास के जन्म का नाम बिसनदांन (विष्णुदान था)। इन्होंने जोधपुर राज्य के माड़वा नामक ग्राम में बीठू शाखा के चारण जगा के घर में जन्म लिया था। इनके जन्मकाल के सम्बन्ध में कोई विशेष विवरण ज्ञात नहीं है। इन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत पालन किया और आगे चल कर दादूपंथी साधु बन गये। इनके गुरु का नाम हरिनाथजी था। साधु होने के पश्चात् इन्होंने अपना समय हरि-भजन व शास्त्र-श्रवण में ही व्यतीत किया। ये राजस्थानी के अच्छे कवि भी थे। अपनी भक्ति-भावना को इन्होंने अपनी भगतमाला में सुन्दर ढंग से अभिव्यक्त किया है। इनका जोधपुर के महाराजा विजयसिंहजी के राज्यकाल में विद्यमान होना पाया जाता है। इसी के अनुसार इनका रचनाकाल सं० १८१६ के आसपास ठहरता है। इनके भक्ति सम्बन्धी दोहे देखिये—

ऊचरतां सुख ऊपजै, सुणतां आवै स्वाद।
कहियौ दांणव कोप कर, हर पर हर पहलाद ॥
संतां सायक तूं सदा, दुसटां खायक देव।
केसव तो वरणन करूं, भल गुरु दीनौ भेव।

इनके भक्ति सम्बन्धी एक गीत में अनूठी सूझ देखिये—

कहै मानवी देव अणभेव चिरतां सकळ,
जांण कुण सकै गोपाळजी कौ।
ऊधरे संत महिमा करे ऊजळी,
निंद्या कर तिरे सिसपाळ नीकौ ॥ १

×

---

[1] प्रतापगढ़ राज्य का इतिहास, डॉ० गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पृ० १६५ और १८५ के फुट नोट में।

[2] वही—पृष्ठ १७७-१८८।

दुवध दातार अपार जगदीस री,
भलांई वेद गावै भलाई।
दूध पाय'र तिरी जसोदा देवकी,
पय विख पूतना मोख पाई ॥
भाग जागै कहै किसी ही भांत सूं,
दांमोदर मांय चित राख दीधां।
रुकमणी आदि तौ पतिवरत सूं ऊधरी,
कूबड़ी आदि विभचार कीधां।
×
कहै ब्रह्मदास जगदीस महाराज री,
गत अगत सेस माहेस गावै।
रिझावै जिकै पदन्याव पावै परम,
परम पद खिजावै जिकेई पावै ॥

ओपाजी आढ़ा—ये सिरोही राज्य के पेशुआ नामक गांव में उत्पन्न हुए थे। इनके पिता का नाम बखता आढ़ा था। इनके जीवन की मुख्य घटनाओं, जन्म-मरण के संवतों के विषय में कुछ भी ज्ञात नहीं है। इतना अवश्य है कि ये जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के दरबारी कवि थे और महाराजा मानसिंह के समय तक विद्यमान रहे। इसी के आधार पर इनका रचनाकाल वि० सं० १८४० से १८७५ तक माना जाता है। इनका लिखा स्वतंत्र ग्रंथ तो कोई प्राप्त नहीं, किन्तु इनके लिखे फुटकर डिंगल गीत बहुत प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। इनके गीतों में बड़ी सरसता और कमनीयता है। भाव अनुभवगम्य और मर्मस्पर्शी हैं। गीत शान्त रस से ओतप्रोत एवं उपदेशात्मक होते हुए भी अधिक जनप्रिय हैं। इनके एक गीत का उदाहरण यहाँ देखिये—

जोबन कारमौ रे ! विहांणै वह जासी,
आदर भजन-तणौ अभियास।
प्रांणिया ! कदे न आवै पाछौ,
वळे न बीजौ बागड़ वास ॥ १
होय सनाथ जनम मत हारब,
नाथ समर त्रयलोक नरेस।
नांम लियण जोयां मिळसी नह,
बीस कोड़ देतां लघु वेस ॥ २
सूनै गांव म फाड़व साड़ी,
गाफल हिरदै राख गिनांन।
'ओपा' ऐ दिन कदै फिर आसी,
भजसी भळै कदे भगवांन ॥ ३
परसरांम भज नाख अम्रितफळ,
जनम सफळ हुय जासी।
पाछौ वळै अमोलक पंछी,
इण तरवर कद आसी ॥ ४

ओपाजी एक भक्त कवि थे। इनकी भक्ति दास भाव की थी। हिन्दी के कवियों की भांति इनकी भक्ति के प्रधान विषय ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, मानव जीवन की क्षण-भंगुरता, काल की सबलता, सांसारिक वैभव की अनित्यता आदि थे। कवि के गीतों में इनकी मौलिकता स्पष्ट रूप से झलकती है।

हुकमीचंद खिड़िया—राजस्थानी साहित्य में गीत रचना की परम्परा अति प्राचीन है। राजस्थानी के अनेक कवियों ने अपने डिंगल गीतों द्वारा ही इस साहित्य को समृद्धशाली बनाने में पूरा-पूरा सहयोग दिया है। हुकमीचंद खिड़िया भी एक ऐसे कवि हो गये हैं जिनके गीत श्रेष्ठ कोटि के कहे जा सकते हैं। उनके गीतों की श्रेष्ठता सर्वमान्य ही रही है, इसीलिये किसी कवि ने कहा है—

सरूप कवित्त नरहरि छप्पय, सूरजमल के छन्द।
गहरी झमक गणेस री, रूपक हुकमीचंद ॥

हुकमीचन्द जयपुर राज्य के निवासी थे। ये जोधपुर के महाराजा विजयसिंह और शाहपुरा के राव उम्मेदसिंह के समकालीन माने जाते हैं। इन्होंने अपने समकालीन राजाओं पर अनेक गीतों की रचना की और प्रायः सभी से सम्मान के रूप में जागीर प्राप्त की। ये गीत रचने में ही विशेष निपुण थे इसीलिए गीतों के अतिरिक्त इनकी कोई स्वतंत्र रचना नहीं मिलती। एक रचना 'जयपुर के महाराजा प्रतापसिंहजी री झमाल' अवश्य है परन्तु 'झमाल' एक बड़ा गीत होने के कारण यह भी गीतों की श्रेणी में ही आ जाता है। इनके गीत मुख्यतः वीर-रस प्रधान ही हैं। मौलिक उपमाओं और उत्प्रेक्षाओं के साथ-साथ गीतों में भाषा अत्यन्त प्रौढ़ एवं ओजपूर्ण है। इनके एक प्रसिद्ध गीत के कुछ द्वाले नीचे उद्धृत किये जाते हैं। यह गीत शाहपुरा के राजा उम्मेदसिंह की वीरता की प्रशंसा में कहा गया है। उम्मेदसिंह ने मेवाड़ की रक्षा के लिए मरहठा सरदार माधोजी सिंधिया से उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर घनघोर युद्ध किया था। यह युद्ध संवत् १८२५ में हुआ था।[1] कवि

[1] वीर विनोद, भाग २, कविराजा श्यामलदास, पृष्ठ १५५६।

स्वयं इस युद्ध में उपस्थित थे। अतः इन्होंने राजा उम्मेदसिंह की अद्भुत वीरता का आंखों देखा वर्णन अपने इस गीत में किया है। इस युद्ध की तिथि के अनुसार ही कवि का रचना-काल संवत् १८२५ के आसपास ठहरता है। गीत का उदाहरण देखिये—

कड़ी बागतां वरम्मां पीठ पनागां उघड़ी केत,
मागां काळ घड़ी देत पैंडा आसमेद।
छड़ाळां अभागां लागां ऊडी आसमांन छायौ,
ऊपड़ी बाजंदां बागां यूं आयौ 'ऊमेद'।। १
कोपी-उढ़ा फुणी झाट मोडतौ कमट्टां कंध,
पव्वैराट सिंध भीछोड़तौ भोमपाट।
थंभ जंगां बोम बांट जोड़तौ रातंगा थाट,
तोड़तौ मातंगां घाट रोड़तौ आंवाट।। २
बाथ रौ बज्रंगी मोड़ चितोड़नाथ रौ बंधू,
काळी चक हात रौ आरोध लीधां क्रोध।
दुस्सासेण माथ क्रतांत रोध धायौ दूठ,
जेठी पाराथ रौ किना भारात रौ जोध।। ३

पाट-धणी धारा धांम वंस मंत्र कांम पूगी,
खाग धारां ऊगौ अत्यु भांण सो अखेद।
बदीतौ बचाड़ पाठ नेकी धाड़ धाड़ा बीर,
अेकी राड़ जीतौ आठ प्रवाड़ा 'उमेद'।। २२
कोड़ सवा जांमै काळनांमै चाढ़ै हेक कोड़,
माहा रुद्र धांमै न को पांमै अेही मीच।
बीच अेक नरां लोक आयौ तूं 'उम्मेद' बीर,
बीर अेक तूं ही गौ अम्मरां लोकां बीच।। २३

कृपाराम—ये जोधपुर राज्य में मेड़ता परगने के जसूरी नामक गाँव के निवासी खिड़िया शाखा के चारण थे। इनके पिता का नाम जगाराम था। ये बड़े होने पर सीकर चले गये और वहीं रावराजा लक्ष्मणसिंह के पास रहने लगे, जिन्होंने इनके काम से प्रभावित होकर 'लछीपुर' और 'ढांणी' जो आज कृपाराम की 'ढांणी' के नाम से प्रसिद्ध है, गांव प्रदान किये। काव्य-जगत में ये अपने सोरठों और दोहों की रचना के लिए अधिक ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। इन्होंने अपने सेवक 'राजिया' को सम्बोधित कर सोरठे व दोहे कहे थे। सम्भवतया सेवक की सेवा एवं स्वामीभक्ति से प्रसन्न होकर उसके नाम को अमरता प्रदान करने के लिए ही कवि ने इन सोरठों की रचना की हो। इनके ये दोहे 'राजिया के सोरठे' के नाम से जनसाधारण में अधिक प्रचलित हैं। साहित्य जगत में आज जो कृपाराम की प्रसिद्धि है वह इन्हीं सोरठों की लोकप्रियता के कारण है।

इन सोरठों की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सरलता, सहजता एवं बोधगम्यता है। शीघ्र बोधगम्य होने के कारण ही ये सहज ही पाठकों के हृदय में अपना स्थान बना लेते हैं। कवि ने स्वयं जीवन के चौराहे पर खड़े होकर विभिन्न समस्याओं को देखा, परखा एवं उन पर विचार किया। तत्पश्चात् उनका निचोड़ एवं निष्कर्ष इन सोरठों के रूप में सर्वसाधारण के सामने प्रस्तुत किया है। सरलता और सादगी ही इनका सबसे बड़ा सौन्दर्य है। सोरठों में इतनी सजीवता है कि ये इतने प्राचीन होते हुए भी आज नवीन प्रतीत होते हैं। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा कि इनका प्रत्येक सोरठा सांसारिक अनुभव का भंडार है, काव्य-दक्षता का प्रतीक है। निम्न दोहों में कवि की विशेषता देखिये—

हिम्मत कीमत होय, बिन हिम्मत कीमत नहीं।
करे न आदर कोय, रद कागद ज्यूं राजिया।।
नरां नखत परवांण, ज्यां ऊभां संकै जगत।
भोजन तपै न भांण, रांवण मरतां राजिया।।
लह पूजा गुण लार, नह आडंबर सूं निपट।
सिव वंदे संसार, राख लगायां राजिया।।
सांचौ मित्र सचेत, कहौ, कांम न करै किसौ।
हर अरजण रै हेत, रथ कर हांक्यौ राजिया।।
मळयागिर मँझार, हर कोइ तरु चंदण हुवै।
संगत लह सुधार, रूँखां नै ही राजिया।।
पुत्र गया परवार, सज्जन-साथ छुटया जदै।
दुरजण-जण री लार, रोता फिरवै राजिया।।
मुख ऊपर मीठास, घट मांहीं खोटा घड़ै।
इसड़ां सूं इखळास, राखीजै नहि राजिया।।
मिळियां अत मनवार, वीछड़ियां भाखै बुरी।
लांणत दे ज्यां लार, रजी उडावौ राजिया।।

कृपाराम के लिखे ये सोरठे जनसाधारण में इतने अधिक प्रचलित हुए कि बहुत से अन्य कवि भी राजिया के नाम से सोरठों का निर्माण करने का लोभ संवरण नहीं कर सके हैं। इससे राजिये के वास्तविक सोरठों में कुछ प्रक्षिप्त अंश भी सम्मिलित हो गये हैं। उदाहरण हेतु निम्न सोरठा श्री फतहकरण उज्ज्वल का बनाया हुआ है परन्तु कई लोग भ्रमवश इसे कृपाराम का सोरठा ही समझते हैं—

मिनखां घणां न मांन, मांन रहे हेकण मनां ।
जीतौ जुध जापांन, रूस तणै बळ राजिया ।।

सोरठों के अतिरिक्त कवि का लिखा एक ग्रन्थ 'चाळक नेची माता' भी उपलब्ध है जो एक नाटक ग्रन्थ है। इसकी भाषा प्रौढ़ एवं परिमार्जित है। कवि द्वारा किया गया प्रकृति वर्णन भी स्वाभाविक एवं सजीव है। प्रातःकाल का वर्णन देखिये—

मिळत ग्रोक निस चरण, कोकनद मधुप कोक जिम ।
सुमन बास दिन कर प्रकास, छुटत ग्रकास तिम ।।
इधि ग्रमांम झल्लरी दमांम, विधि विधि नह बज्जत ।
सिव झिली कोसिक सिगाळ, सुर नाहिन सज्जत ।।

दयालदास— रामस्नेही साधुओं ने भी राजस्थानी साहित्य में अपना योगदान दिया है। रामस्नेही साधु और उनके अनुयायी निर्गुण परमेश्वर को राम के नाम से मानते हैं। इन साधुओं में रामचरणजी, हरिरामदासजी, दरियावजी आदि उल्लेखनीय हैं। राजस्थानी साहित्य में दयाळदासजी का नाम इनकी रचनाओं के लिये विशेष महत्व का है। ये भक्त कवि रामदासजी के पुत्र थे। इनका जन्म संवत् १८१६ में हुआ था। पिता की भांति इन्होंने भी अपनी भक्ति सम्बन्धी रचनाओं द्वारा अपनी भक्ति एवं काव्य-शक्ति का परिचय दिया। इनका रचा हुआ 'करुणा सागर' बहुत प्रसिद्ध ग्रन्थ है। रामस्नेही सम्प्रदाय के अनुयायियों में इसका विशेष आदर है। 'करुणा सागर' के अतिरिक्त इनके रचे हुए भक्ति सम्बन्धी अनेक फुटकर पद भी प्राप्त हैं जिनमें निर्गुण भक्ति की अविरल धारा बही है। इनकी भक्ति-भावना निम्न पद में देखें—

सजनी म्हारी रांम सभा वलिहारी ए ।
रांम सनेही परचै हरिजन चरण कमळ बळिहारी ए ।
तन मन धन निछरावळ करसां ग्रठ सिधि नव निधि सारी ए ।
रचना ब्रहमंड सजूं संजीवन ग्ररपूं वार हजारी ए ।
सत गुरु सें मैं उरण नहीं जिण दिया रांम-धन भारी ए ।
द्याल बाळ नित लेऊं बलैया निभज्यौ टेक हमारी ए ।

मनसारांम (मंछ कवि)—मध्यकालीन साहित्य में केवल रसाप्लावित वीर एवं श्रृंगारिक रचनायें ही नहीं हुईं अपितु इस काल में कई उच्च कोटि के रीति ग्रंथकारों ने उत्तम रीति ग्रंथों का निर्माण कर साहित्य को अमूल्य निधि अर्पित की है। इस काल के रीति ग्रंथकारों में मनसाराम उर्फ मंछ कवि का नाम उल्लेखनीय है। इनका जन्म जोधपुर नगर के शाकद्वीपी ब्राह्मण बखशीरामजी के घर संवत् १८२७ वि० में हुआ। बाल्यावस्था में इन्होंने विद्या अपने चाचा हाथीराम के पास ही ग्रहण की। ये जोधपुर के महाराजा मानसिंह, जो स्वयं काव्य-प्रेमी थे, के ही समकालीन थे। इन्होंने अपनी सुन्दर रचनाओं के फलस्वरूप महाराजा से बहुत अधिक सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त किया।

इन्होंने श्री रामचन्द्र का यश-वर्णन करते हुए रीति ग्रंथ 'रघुनाथ रूपक गीतां रौ' का निर्माण किया। यह ग्रंथ छंद-शास्त्र का उत्तम ग्रंथ होते हुए भी राम-यश वर्णन के लिए अधिक प्रसिद्ध है। सभी वर्णन राजस्थानी के प्रसिद्ध छंद 'गीत' में ही किया गया है। इसी विशेषता के कारण कवि ने ग्रंथ का नाम भी 'रघुनाथरूपक गीतां रौ' रक्खा—

इण ग्रंथ मो रघुनाथ गुण ग्रत भेद कविता भाखियौ ।
इण हीज कारण नांम ग्रौ 'रघुनाथ रूपक' राखियौ ।।[1]

इसी ग्रंथ में कवि ने अपने काव्य-चातुर्य से डिंगल भाषा की कविता की रीतियां, छंद-भेद, छंद-लक्षण, अलंकार, गुण-दोष आदि का समावेश कर दिया है। यद्यपि कवि की यह एक ही रचना है परन्तु इसने कवि को अमर कर दिया है। ग्रंथ की भाषा अत्यंत प्रौढ़ एवं पूर्ण परिमार्जित साहित्यिक डिंगल भाषा है। ग्रंथ में प्रसाद गुण अधिक होने और भाषा-प्रवाह होने के कारण काव्य की दृष्टि से भी यह सुन्दर बन पड़ा है। सम्भवतः आज इसकी व्यापक प्रसिद्धि का भी यही कारण हो। इनके सम-सामयिक कवि उत्तमचंद भंडारी ने इनके विषय में जो कविता कही उससे कवि की उस समय की प्रतिष्ठा का पता लगता है—

ग्राछौ कीध इसोह, रस ले साहित सिंधु रौ ।
जग सह पियण जिसोह, रूपक रांम पयोध रुख ।।
मनसांरांम प्रबंध मझ, राखे मनसारांम ।
कियौ भलौ हिज कांम कवि, कियौ भलौ हिज कांम ।

'रघुनाथ रूपक गीतां रौ' के सम्बन्ध में डॉ० ग्रियर्सन ने इंपीरियल गजेटियर की दूसरी जिल्द के ११ वें

---

[1] नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'रघुनाथ रूपक गीतां रौ' पृ० २८४।

अध्याय में जो अपने विचार प्रकट किये हैं उससे कवि की इस कृति के महत्व का पता चलता है—

"....The most admired Dingala work is the 'Raghunath Roopak' of Mansa Ram, written at the commencement of the nineteenth century. It is a prosody with copious original examples, so arranged that they give a continuous history of Ram."

ग्रन्थ के अध्ययन से ज्ञात होता है कि कवि ने अपनी रचना के लिए सोलहवीं शताब्दी से चली आ रही भाषा का ही अनुकरण किया है। ग्रन्थ में कला पक्ष एवं भाव पक्ष दोनों ही बहुत सुन्दर बन पड़े हैं। परंपरागत डिंगल की विशेषतायें यत्र-तत्र खूब झलकती हैं। ग्रन्थ का एक गीत देखिये—

गीत जात सपंख रौ

अंगां ऊसंसे सवायौ तायौ सुणौं वैण रांणवाळा,
बडाळां छोह में छायौ चखां चोळ व्रन्न ।
कळसां अघायौ लेण रटक्कां सजोर काथैं,
कटक्कां रांम रै माथै आयौ कुंभक्रन्न ॥ १
अछेहौ बदन्नां वांणी बोलतौ पुलस्त अंसी,
क्रोधाळ असूळ तसां तोलतौ करूर ।
मिळे मूंछ भूहारां डोलतौ आकारीठ महां,
गरीठ दोयणां हिया छोलतौ गरूर ॥ २
उमंगे रढ़ाळा छूटे सोहड़ां काकुस्थवाळा,
अताळा सजूटे तेण सांमूहां अडील ।
हुवै चुरा पव्वै कीसा विछूटे उडल्ला हूंत,
फूटै काच सीसा जांणे कुंभाथळां फील ॥ ३
लचै चीलहारांव सीस हजारूं ढ़ाळवा लागा,
दिगीस ठाळवा लागा दिसावा दुझाल ।
लेवा मुंड सुरांगणा भूतेस चालवा लगा,
खंचे रथां दिवेसां भाळवा लागा ख्याल ॥ ४

बांकीदास—परंपरागत चारण शैली एवं प्राचीन डिंगल भाषा के रचनाकारों में कविराजा बांकीदास का नाम अग्रगण्य है। इनका जन्म जोधपुर राज्यान्तर्गत पचपद्रा परगने के भांडियावास ग्राम में संवत् १८३८ वि० में हुआ था। ये आशिया शाखा के चारण फतहसिंह के पुत्र थे। बाल्यावस्था में अपने गाँव में ही कुछ शिक्षा ग्रहण कर ये जोधपुर आ गये जहाँ रायपुर के ठाकुर अर्जुनसिंह ने इनकी शिक्षा की व्यवस्था की। यहाँ पर इन्होंने काव्य, व्याकरण, इतिहास आदि विभिन्न विषयों का अध्ययन किया और अवधि समाप्त होने पर रायपुर चले गये।

संवत् १८६० में जब ये पुनः जोधपुर आये तो यहाँ इनकी मुलाकात आयसजी देवनाथजी, जो जोधपुर के तत्कालीन महाराजा मानसिंह के गुरु थे, और विद्या के परम रसिक और गुणग्राही थे, से हुई। देवनाथजी बांकीदास की अद्भुत काव्य-शक्ति से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें महाराजा मानसिंह के पास भेज दिया। महाराजा मानसिंह स्वयं काव्य-प्रेमी एवं विद्वान् थे। वे बांकीदास की कविता से बड़े प्रसन्न हुए और इन्हें अपना काव्य-गुरु बना लिया। कालान्तर में महाराजा ने इन्हें कविराजा की उपाधि, पांव में सोना, लाख पसाव आदि देकर खूब सम्मानित किया और इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। महाराजा ने अपने गुरु-शिष्य के सम्बन्ध को सूचित करने के अभिप्राय से कागजों पर लगाने की मोहर (जो आज तक कविराजा के वंशजों के पास सुरक्षित है) रखने की आज्ञा दी जिस पर निम्न बरवै जाति का छंद खुदा हुआ है—

श्रीमान् मान धरणि पति, बहु गुन रास ।
जिण भाषा गुरु कीनौ बांकीदास ॥

कविराजा डिंगल भाषा के पूर्ण विद्वान् और आशु कवि थे। इनकी स्मरणशक्ति भी अपूर्व थी। इन्होंने भिन्न-भिन्न विषयों पर कविता की है। विषयगत शब्द-चयन भी अनूठा है। कवि ने अपनी रचना में मुख्य छंद दोहा, सोरठा तथा गीत आदि का प्रयोग बड़ी कुशलता के साथ किया है। काव्य की भाषा अत्यन्त प्रौढ़, परिमार्जित एवं प्रसादगुणयुक्त है। अलंकारों के प्रयोग से उसमें विशेष लोच, लावण्य एवं आकर्षण आ गया है। भाषा की सरलता का उदाहरण देखिये—

सादूळौ लाजै ससां, घात करण घिरतांह ।
कूंभाथळ खाय चौ-नल, गज मोती खिरतांह ॥
मरणौ लाजम मांमलै, धार अणी चढ़ धाप ।
पड़णौ सांकळ पींजरै, सिंहां बडौ सराप ॥
पग पग कांटा पाथरै, वादीलौ वनराव ।
होणौ ज्यूं त्यूं होवसी, दिये न हीणौ दाव ॥
सादूळौ वन साहिबौ, खाटे पग पग खून ।
कायरड़ा इण कांम नूं, जंबक कहै जबून ॥

कविराजा की वीररसात्मक उक्तियां, जो अत्यन्त प्रभावोत्पादक एवं कलात्मक हैं, देखते ही बनती हैं—

सूतौ थाहर नींद सुख, सादूलौ बळवंत ।
वन कांठै मारग बहै, पग पग होल पड़ंत ॥
घाल घणां घर पातळा, आयौ थह में आप ।
सूतौ नाहर नींद सुख, पोहरौ दिये प्रताप ॥

कविराजा ने अपने जीवनकाल में अनेक ग्रंथों की रचना की। इनके ग्रंथों के आधार पर इनका रचनाकाल संवत् १८६० से सं० १८६० है। इनके रचे निम्नलिखित ग्रंथ उपलब्ध हैं—

१–सूर-छतीसी, २–सीह-छतीसी, ३–वीर-विनोद, ४–धवळ-पचीसी, ५–दातार-बावनी, ६–नीति-मंजरी, ७–सुपह-छतीसी, ८–वैसक-वारता, ९–मावड़िया-मिजाज, १०–कृपण-दरपण, ११–मोह-मरदन, १२–चुगल-मुख-चपेटिका, १३–वेस-वारता, १४–कुकवि-बतीसी, १५–विदुर-बतीसी, १६–भुरजाळ-भूसण, १७–गंगालहरी, १८–जेहल जस-जड़ाव, १९–कायर-बावनी, २०–भमाल नखसिख, २१–सुजस छतीसी, २२–संतोस बावनी, २३–सिद्धराव छतीसी, २४–वचन विवेक पच्चीसी, २५–कृपण पच्चीसी, २६–हमरोट छत्तीसी, २७–स्फुट संग्रह, २८–कृस्णचंद्र-चंद्रिका, २९–विरह चंद्रिका, ३०–चमत्कार चंद्रिका, ३१–मांनजसो मंडन, ३२–चंद्रदूसण दरपण, ३३–वैसाख वारता संग्रह, ३४–स्त्री दरबारी कविता, ३५–रस तथा अलंकार ग्रंथ, ३६–व्रत्तरत्नाकर भासा व्याख्या, ३७–महाभारत छंदोऽनुवाद, ३८–गीत वा छंदां रौ संग्रह, ३९–ऐतिहासिक वारता संग्रह, ४०–अंतरलापिका, ४१–थळवट पच्चीसी ।

इन ग्रंथों के अतिरिक्त कविराजा ने अनेक फुटकर गीतों की भी रचना की जो पूर्ण रूप से काव्य-कला-कलित, भावापन्न एवं स्फूर्तिवर्द्धक हैं । इनकी रचना प्राचीन परम्परागत वीररसात्मक डिंगल के आधार पर ही हुई है ।

रांमदांन लालस—ये जोधपुर राज्य के निवासी फतहदान के पुत्र थे । इनका जन्म संवत् १८१८ में हुआ था । जोधपुर के महाराजा मानसिंह ने इनकी कविता से प्रभावित होकर इन्हें तोळेसर नामक गांव प्रदान किया था। यह घटना सं० १८६५ की है । इसी तिथि के अनुसार इनका रचनाकाल संवत् १८६५ के आसपास ही माना जाता है । संवत् १८८२ में इनका देहान्त हो गया ।

इनके रचित तीन ग्रंथ हैं—१. भीम प्रकास, २. करणी-रूपक, ३. खीचियों का इतिहास ।

'भीम प्रकास' में महाराणा भीमसिंह के वैभव-वर्णन के साथ कुछ मेवाड़ का इतिहास भी वर्णित है । इसमें कुल १७५ छंद हैं। कहीं-कहीं बीच में गद्यबद्ध वर्णन भी मिलता है । इसकी भाषा कुछ इस प्रकार की है—

असंक सेन आरंभ बोल नकीब बळोवळ ।
गहरां थाट गैमरां चपळ हैमरां चळोवळ ।
भाल तेज भळहळै ढ़ळै बिहुंवै पख चम्मर ।
दिन दूलह दीवांण ए चढ़ियौ छक ऊपर ।
तिण वार आप दरियाव तट विडंग छंडि जगपति बियौ ।
दीवांण 'भीम' गणगौर दिन एम रांण आरंभियौ ॥

दूसरे ग्रन्थ 'करणी रूपक' में करणी देवी का चरित्र एवं इतिहास वर्णित है और 'खीचियों के इतिहास' में खीची शाखा के चौहानों का क्रमबद्ध इतिहास लिखा है। ग्रंथों में शुद्ध डिंगल भाषा का प्रयोग हुआ है ।

महाराजा मांनसिंह—ये जोधपुर के महाराजा थे। इनका जन्म संवत् १८३९ में हुआ था और २१ वर्ष की अवस्था में (सं० १८६०) जोधपुर की राज्यगद्दी पर बैठे। ये स्वयं एक अच्छे विद्वान और काव्य-रचना में प्रवीण कवि थे। कविता-प्रेमी एवं सरस्वती-उपासक होने के कारण इन्होंने अपने राज्य-काल में काव्य-कला को विशेष प्रोत्साहन दिया । इन्होंने भागवत की मारवाड़ी भाषा में सुन्दर टीका की है । इसके अतिरिक्त मौलिक ग्रंथों की रचना भी की है। ये डिंगल तथा पिंगल दोनों ही भाषाओं में रचना करते थे। नाथ सम्प्रदाय के प्रति अधिक श्रद्धा होने के कारण इनकी रचनाओं में इसी सम्प्रदाय की महिमा को अधिक स्थान दिया गया है ।

राजस्थानी की उपलब्ध रचनाओं में उनकी काव्य-कला एवं भाव-मौलिकता वस्तुतः सराहनीय है। महाराणा भीमसिंहजी की प्रशंसा में लिखा यह गीत उदाहरण के लिए देखिये—

हेमगर जसा डुंगरां, नदियां नद रोकियौ नहीं ।
सुसबद तूझ तणौ सिसोदा, मावै नह दुनियांण मही ॥ १
है नभ जितै अहिमकर हिमकर, नरपुर अतै रहण री नीम ।
महत सुजस विसतार न मावै, भरतखंड मझ रांणा भीम ॥ २

गुण में जण जण कंठ गवीजै, नरमळ ज्यूं नरभर में नीर ।
जग मांझळ वसतार घणै जस, हुवो अमावड़ दुवा हमीर ।। ३
अड़सी सुत कीरत दिन ऊगै, परसण घण जोजन पारंभ ।
एक खंड की हुए अमावड़, अन खंडां मावणो असंभ ।। ४

महाराजा मानसिंह केवल कवि ही न थे, अपितु कवियों एवं विद्वानों का पर्याप्त आदर करते थे। इन्होंने अपने दरबार में एक बार सत्ताईस कवियों को एक-एक हाथी एवं लाख पसाव प्रदान किया था। साहित्य से विशेष प्रेम होने के कारण इन्होंने अपने किले में 'पुस्तक प्रकास' नामक पुस्तकालय की स्थापना की। इसमें १६७८ संस्कृत पुस्तकों तथा १७०० राजस्थानी एवं हिन्दी की हस्तलिखित प्रतियों का बड़ा सुन्दर संग्रह है। कविता के साथ इन्हें चित्रकला का भी विशेष शौक था। अपने 'पुस्तक प्रकास' में इन्होंने विविध चित्रों का संग्रह करवा कर तत्कालीन कला एवं संस्कृति को सुरक्षित रखा। संवत् १९०० वि० में इनका देहान्त हो गया।

सांईदीनजी—सांईदीनजी, जो अपने छोटे नाम 'दीनजी' के नाम से भी प्रसिद्ध हैं, उदयपुर राज्य के कैलाशपुरी ग्राम के निवासी थे। इनके जन्म एवं मृत्यु के संवत् का ठीक-ठीक पता नहीं लगता। ये जाति के लुहार बताये जाते हैं। अपने जन्मस्थान के बारे में दीनजी स्वयं एक स्थान पर लिखते हैं—

'गुरु स्थान गिरनार, हौं उदैपुर देस एकलिंग वासी ।'

दीनजी एक चमत्कारिक सिद्ध हो चुके हैं। मेवाड़ के महाराणा भीमसिंहजी इन्हें बहुत मानते थे। सिद्ध पुरुष होने के साथ-साथ ये एक प्रतिभावान कवि भी थे। पढ़े-लिखे विशेष न होने के कारण इनकी रचना साधारण बोलचाल की राजस्थानी में ही है। आध्यात्मिक चिन्तन ही इनका विषय था, अतः इनकी कविता में ब्रह्म का ही वर्णन है जो रहस्यवाद से परिपूर्ण है। इनका रचनाकाल सं० १८६० के आसपास ही माना जाता है। ब्रह्म या अध्यात्म सम्बन्धी इनके रचे हुए छंद 'सांईदीन के रेखते' के नाम से प्रसिद्ध हैं। एक 'रेखते' में इनके विचार देखिये—

दीन देख संसार विचार किया, संसार तो रैन का सपना है।
जांण बूज जंजाळ में कौन पड़ै, तेहुं काळ की भाळ में तपना है।
देख प्यारे हुसियार रैं'णा, इस जुग में कोई न अपणा है।
सांईदीन कहै मन मांन मेरा, जुग जुग जीवां तोही खपणा है।

नवलदांन लालस—ये जोधपुर राज्य में शेरगढ़ परगने के जुडिया ग्राम के निवासी थे। इनके पिता का नाम रिवदान था। बाल्यावस्था में ही इनके माता-पिता का देहान्त हो जाने के कारण इनका पालन-पोषण पाटोदी ठाकुर के यहाँ हुआ। ऊपर वर्णित सिद्ध 'सांईदीन' पाटोदी ठाकुर के पास आया-जाया करते थे अतः ठाकुर ने नवलदान को शिक्षा ग्रहण करने हेतु सांईदीन के सुपुर्द कर दिया। अतः इन्होंने अपनी शिक्षा सांईदीन से ही प्राप्त की। तत्कालीन आहोर का ठाकुर अनाड़सिंह सांईदीन का परम भक्त था और वह प्रायः सांईदीन को अपने यहीं रखता। सांईदीन ने नवलदान की मेधा-शक्ति एवं काव्य-रुचि से प्रभावित होकर उन्हें आहोर ठाकुर के पास ही रख दिया। जोधपुर के महाराजा भीमसिंह ने मान-सिंह के विरुद्ध जो इस समय जालोर के किले में था अपनी सेना भेजी। मानसिंह के सभी हितैषी उसकी सहायता के लिए जालोर पहुंचे। इस समय नवलदान भी आहोर ठाकुर के साथ मानसिंह के पास गये। वहाँ अपनी कविता से इन्होंने अच्छा सम्मान प्राप्त किया। मानसिंह के जोधपुर की गद्दी पर आसीन होने पर ये भी जोधपुर आ गये और यहीं रहने लगे। 'आबू वर्णन' इनकी राजस्थानी की सुन्दर कृति है। महाराजा ने इन्हें भी एक हाथी और लाख पसाव प्रदान किया था। इसके अतिरिक्त संवत् १८७४ में नरवा नामक ग्राम भी प्रदान किया। आबू वर्णन में से एक 'रोमकंद' छंद देखिये—

बोहो फूल हुबास जहूड़िये डंबर, ताज कदम सरोह तठै।
सावत्रीये थाय चंपेलिए साटै, जाय खिजूरिये केळ जठै।
केवड़ा अहवेल कणेर अणकळ कंज समूलीये पार किसो।
अनड़ां सिरताज वणै गिर आबूये, जांण धराज सुमेर जिसो।।

उदयरांम—कवि उदयराम जोधपुर राज्य के थबूकड़ा गांव के निवासी थे। जोधपुर के काव्य-प्रेमी महाराजा मानसिंह के समय में ही ये विद्यमान थे। महाराजा ने जिन सत्ताईस कवियों को एक-एक हाथी और लाख पसाव प्रदान किया था उनमें ये भी सम्मिलित थे।[1] इनका अधिक समय कच्छभुज के राजा भारमल तथा उनके पुत्र देसल द्वितीय के पास व्यतीत

[1] हमारे संग्रह में महाराजा मानसिंह के समय के इन कवियों का एक चित्र सुरक्षित है।

हुआ। इसीलिए इन्होंने अपनी प्रसिद्ध रचना 'कविकुळ-बोध' में इन दोनों की प्रशंसा की है।

'कविकुळ-बोध' कवि की एक महत्त्वपूर्ण कृति है। छन्द-शास्त्र का यह उत्तम ग्रन्थ है। इसमें गीतों का वर्णन और उनके भेद और जथायें आदि का वर्णन विशिष्ट प्रकार एवं वैज्ञानिक रूप से किया हुआ है। डिंगल गीतों के प्रसिद्ध ग्रंथ 'रघुनाथ रूपक' में केवल ७२ जाति के गीतों का वर्णन है परन्तु 'कविकुळ-बोध' में कवि ने ८४ प्रकार के गीतों का उल्लेख किया है।

इसमें काव्य में प्रयुक्त होने वाले नौ रसों पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। रस-व्याख्या के अन्तर्गत कवि ने विभावों तथा अनुभावों का भी सुन्दर ढंग से विवेचन किया है। रसों में आने वाले दोषों को भी उदाहरण सहित प्रस्तुत करने का कवि ने सफल प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त कवि ने उक्त ग्रंथ में 'उकतों' तथा जथाओं का विवरण देकर डिंगल-पिंगल के महत्त्व को प्रकट किया है। समस्त ग्रंथ १० तरंगों में विभक्त है। छन्द-शास्त्र सम्बन्धी तरंगों के पश्चात् अस्त्र-शस्त्रों का वर्णन देकर कवि ने अवधानमाळा, एकाक्षरी कोश तथा अनेकार्थी कोश देकर अपने पूर्ण एवं दृढ़ भाषा-अधिकार का परिचय दिया है।

ग्रंथ की भाषा विशुद्ध साहित्यिक डिंगल है जो तत्सम शब्दों की प्रचुरता लिए हुए है। सस्कृत शब्दों की अधिकता होते हुए भी सुन्दर शब्द-चयन एवं भाषा में प्रवाह होने के कारण भाव बोधगम्य है। ग्रन्थ का एक गीत उदाहरण के लिए यहां प्रस्तुत किया जाता है—

सस सुं निस, निस सुं सस सोभा,
सस निस सुं द्वय गयण सुणाय।
वारज जळ जळ सुं दुत वारज,
जळ वारज सर प्रभा सुणायं ॥ १
वनता वर वर सुं दुत वनता,
वर वनता प्रभता घर बार।
कंकण नग नग सुं दुत कंकण,
नग कंकण दुत कण निहार ॥ २
गुणियण ग्रंथ ग्रंथ दुत गुणियण,
गुणियण ग्रंथ प्रभा जग ग्यांन।
नृप सुं निपुण निपुण सुं नृपता,
नृप कब सुं दुत छमा निदांन ॥

'देसळ' कुळ कुळ सुं दुत देसळ,
कुळ देसळ जस काछ प्रकास।
भाव प्रकास जथा गुण भारी।
उदैरांम जस कियौ उजास ॥

किसना आढ़ा—पूर्व के पृष्ठों में हमने इस शताब्दी में रचे जाने वाले श्रेष्ठ रीति ग्रंथों में 'रघुनाथरूपक गीतां रौ' तथा 'कविकुळ-बोध' आदि का उल्लेख कर साहित्य के उत्थान एवं विकास में इनके महत्त्व को प्रकट किया है। इसी श्रृंखला में कवि 'किसना आढ़ा' अपनी श्रेष्ठ कृति 'रघुवरजस प्रकास' द्वारा एक कड़ी और जोड़ने में सफल होते हैं। कवि किसना आढ़ा राजस्थानी के प्रसिद्ध कवि दुरसाजी के वंशजों में थे। इनके पिता का नाम दूल्हजी था, जिनके छः पुत्रों में से ये तीसरे पुत्र थे। 'रघुवरजस प्रकास' में कवि ने अपना वंश-परिचय दिया है—

दुरसा घर किसनेस, किसन घर सुकवि महेसर।
सुत महेस खुंमाण, खांन साहिब सुत जिण घर ॥
साहिब घर पनसाह, पना सुत दूल्ह सुकव पुण।
दूल्ह घरे षट पुत्र, दांन जस किसन बुधोमण ॥
सारूप चमन मुरधर उतन, परगट नगर पांचेटियौ।
चारण जात आढ़ा विगत, किसन सुकवि पिंगळ कियौ ॥

किसना आढ़ा का रचनाकाल संवत् १८८० के आस-पास है। ये मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह के आश्रित कवि थे। इनके रचे दो ग्रंथ उपलब्ध हैं—१. 'भीम विलास' और २. 'रघुवरजस प्रकास'। 'भीम विलास' महाराणा भीमसिंह की आज्ञा से सं० १८७६ में लिखा गया था जिसमें उक्त महाराणा का जीवन-वृत्त है। 'रघुवरजस प्रकास' राजस्थानी भाषा का छंद-रचना का उत्कृष्ट लाक्षणिक ग्रंथ है। इस ग्रंथ में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी व राजस्थानी के छंदों का मौलिक रचना में विषद विवेचन है। छंद-रचना के नियमों व लक्षणों का वर्णन सरल, प्रवाहमय एवं प्रसादगुणयुक्त भाषा में होने के कारण यह एक सफल रचना बन पड़ी है। छंदों के वर्णन में कवि ने अपनी रामभक्ति का पूर्ण परिचय दिया है। राम-गुणगान ही कवि का मुख्य ध्येय था, अतः छंद-रचना के लक्षणों के साथ-साथ रामगुण-वर्णन करते हुए कवि ने एक पंथ दो काज की कहावत को पूर्ण रूप से चरितार्थ किया है। मनसा-राम कृत 'रघुनाथ रूपक' में रामकथा रामायण की भांति

क्रमबद्ध चलती है। परन्तु किसनाजी ने अपने उक्त ग्रंथ में मुक्तक रूप से राम-महिमा का वर्णन किया है। छंद लक्षण जैसे अरुचिकर विषय को कवि ने अति सरस बना कर रख दिया है।

पूर्वोल्लिखित अन्य छन्द शास्त्र सम्बन्धी रचनाओं— पिंगळ प्रकास, लखपत पिंगळ, हरि पिंगळ रघुनाथ रूपक, कविकुळ-बोध आदि में इतना विस्तारपूर्वक वर्णन नहीं हुआ है जितना आलोच्य ग्रंथ 'रघुवरजस प्रकास' में मिलता है। इसमें कवि ने ९१ गीतों का वर्णन किया है। केवल गीतों का ही नहीं, गीतों के विभिन्न अंगों का वर्णन भी बड़े सुन्दर एवं विस्तृत ढंग से किया गया है। वस्तुतः यह ग्रंथ कवि की उच्च काव्य-प्रतिभा का पूर्ण परिचायक है।

इस ग्रंथ की एक विशेषता यह है कि इसमें चित्र काव्य का भी उल्लेख मिलता है। संस्कृत व ब्रज भाषा में चित्र काव्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है, परन्तु अद्यावधि डिंगल गीतों के प्राप्त लाक्षणिक ग्रन्थों में चित्र काव्य सम्बन्धी विवरण नहीं मिलता। 'रघुवरजस प्रकास' में एक 'जाळीबंध वेलियौ सांणोर गीत' का चित्र-काव्य के रूप में उदाहरण मिलता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि मध्यकालीन राजस्थानी साहित्य के गीतों में चित्र-काव्य की रचना प्रारम्भ हो गई थी।

सम्पूर्ण ग्रंथ में प्रसाद गुण का पूर्ण रूप से निर्वाह हुआ है। भाषा की सरलता के कारण ही समस्त ग्रंथ में प्रवाह एक सा रहा है। गीतों में प्रयुक्त 'वयण सगाई' से उनमें विशेष आकर्षण उत्पन्न हो गया है। ग्रंथ का एक गीत देखिये—

गीत 'पंखाळौ'

दसरथ नृप नंदण हर दुख दाळद, मिटण फंद जांमण मरण।
कर आणंद वद नित 'किसना', चंद रांम वाळा चरण॥
दीनानाथ अभै पद दांनंख, भांनख अंतक समर भर।
मांनख जनम सफळ कर मांगण, धांनख धर पद सीसधर॥
सुरसर सुजळ नृमळ संजोगी, दळ मळ अघ ओघी दुख दंद।
साफ कमळ पद रांम असोगी, मन अलियळ भोगी मकरंद॥

उपरोक्त दोनों ग्रंथों के अतिरिक्त कवि की अनेक फुटकर कवितायें तथा गीत भी प्राप्त हैं। इनकी काव्य-शक्ति पर प्रसन्न होकर महाराणा भीमसिंह ने इनको सीसोदा गाँव प्रदान किया था।

रायसिंह सांदू—जिस प्रकार कवि कृपाराम के सोरठे 'राजिया के सोरठे' के नाम से राजस्थानी साहित्य में प्रसिद्धि पा चुके हैं, उसी प्रकार रायसिंह सांदू के 'मोतिया के दूहे' भी अधिक ख्याति-प्राप्त हैं। रायसिंह सांदू का जन्म जोधपुर राज्य के बाली परगने में मिरगेसर ग्राम में संवत् १८५० में हुआ था। ये परम ईश्वर-भक्त थे। इनकी रचना में इनकी सात्विक भक्ति स्पष्ट रूप से झलकती है।

ये एक बार उदयपुर राज्य के रूपनगर ठिकाने के ठाकुर नवलसिंह के पास गये। वहीं ये अस्वस्थ हो गये। ठाकुर ने मोतिया नामक सेवक को इनकी सेवा में नियुक्त कर दिया। मोतियाँ सेवक ने इनकी सेवा, जब तक वे पूर्ण स्वस्थ नहीं हो गये, जी-जान से की। रायसिंह उसके सेवा-भाव से अत्यधिक प्रभावित हुए और उसके प्रति उसी समय निम्न दोहे कहे—

जगपत दीधौ जोय, रूपनगर 'नवलेस' रै,
किणी ठिकांणै कोय, मींढ़ न किंकर मोतिया॥ १
केइ केइ मोती कीध, तकलीणा घर घर तिके।
अधके तोल अबींद, माधव घड़ियौ मोतिया॥ २

इसके बाद इसी मोतिया को सम्बोधित कर इन्होंने अनेक दोहे कहे, जो अपनी सरलता एवं सरसता के कारण जन-जन में प्रचलित हो गये। इन दोहों में वर्णित अन्योक्ति विशेष रूप से आकर्षित करती है। इनका रचनाकाल उन्नीसवीं शताब्दी का अन्तिम चरण ही माना जा सकता है। संवत् १९१८ में इनका देहावसान हो गया। इनके कुछ दोहे देखिये—

सारै दुख सहियौ, नवग्रह बांधे नाखिया,
रांमण नां रहियौ, माथा दस ही मोतिया।
नागौ गयौ निरधार, लागौ रहियौ न तेण रै,
लेगौ वीसल लार, माया सांसौ मोतिया।
कासूं काज करेह, सिंधुर बाधा सांकळां,
भगवत पेट भरेह, मण नित चहिए मोतिया।
भटकै कर कर भेख, घर घर अलख जगावतां,
दुनियां रा ठग देख, मळसी पनिया मोतिया।

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्य कवि

उम्मेदरांम (सं० १८०९), देवीदास खिड़िया (सं० १८०७ से १५), अमरसिंह (सं० १८१७), नंदलाल (सं० १८२५), मोतीचंद (सं० १८३६-४५), अरजुनजी बारहट (सं० १८४२), उम्मेदसिंह सांदू (सं० १८४७), चंडीदास (सं० १८४९-६०

उदयचंद भंडारी (सं० १८६०), हाथीरांम कल्ला (सं० १८६०), मुनि गुणचंद (सं० १८७०), नागजी (सं० १८७०-७८), भोपाळदांन सांदू (सं० १८८०), उदयचंद यति (सं० १८८०)

उपरोक्त फुटकर कवियों के अतिरिक्त इस शताब्दी में और भी कुछ प्रसिद्ध कवि हुए हैं जिनका ठीक-ठीक संवत्-काल ज्ञात नहीं होता। ऐसे ही कवि महाराजा मानसिंह के रचनाकाल (सं० १८६०-१९००) के समय अपनी रचनाओं के कारण प्रसिद्ध थे जिनकी सूची निम्न है—

कुसळजी रतनू, गुमांनजी, पनजी आढ़ा, बुधजी आसिया, सुरतौ बोगसौ, महादांन महड़ू, मोतीरांम, लक्ष्मीनारायण सेवक, तिलोक सेवक, दौलतरांम सेवक, संतोकीरांम, मनोहर-दास, बखसीरांम, गाडूरांम सेवक, ताराचंद, रिझावर आदि-आदि।

राजस्थानी साहित्य का मध्ययुग वस्तुतः इस साहित्य के उत्थान का युग था। पूर्व के पृष्ठों में इस युग के प्रदत्त साहित्य के परिचय से यह स्पष्ट हो ही गया कि जिस प्रचुर मात्रा एवं विविधता में इस काल में साहित्य का निर्माण हुआ वह अन्य किसी काल में न हो सका। ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, लौकिक आदि विभिन्न शाखाओं में ओजयुक्त वीर-रस, लावण्य एवं माधुर्ययुक्त शृंगार रस, निष्ठायुक्त भक्ति-रस के साथ-साथ छन्द-शास्त्र के लाक्षणिक ग्रंथ एवं अनेकानेक प्रबन्ध-काव्य, मुक्तक-काव्य, फुटकर गीत, लोक साहित्य आदि का सृजन हुआ। साहित्य के इस महत्वपूर्ण युग का सूत्रपात उस समय से होता है जब कि पन्द्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में राजस्थानी भाषा में कुछ-कुछ प्रौढ़ता के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। यही भाषा इस युग में आगे चल कर उच्च काव्य प्रतिभासम्पन्न कवियों एवं साहित्यकारों की लेखनी से पूर्ण परिमार्जित होकर युग के समूचे साहित्य में धाराप्रवाह के रूप में बही है।

कवि की रचना काल-प्रसूत होती है और उसमें तत्का-लीन समाज की संस्कृति का वास्तविक प्रतिबिम्ब झलकता है। इस काल के साहित्य का सर्वांगीण रूप से अध्ययन करने पर यह सत्य उतरता है। मध्यकाल के पूर्वार्द्ध में वीर-रस-प्रधान साहित्य की अधिक रचना हुई। इसमें केवल उस समय की ऐतिहासिक घटनाओं का ही साहित्यिक वर्णन नहीं अपितु जनजीवन की वास्तविक स्थिति एवं तत्कालीन चरित-नायकों के उज्ज्वल चरित्र का प्राणवान चित्रण मिलता है। ये वीर-रसात्मक रचनायें ही इस तथ्य का प्रमाण हैं कि राजस्थानी वीर-रस वर्णन के लिये अत्यन्त उपयुक्त भाषा है। निस्सन्देह कान्हड़दे प्रबन्ध, राउ जैतसी रौ छंद, हालां झालां रा कुण्ड-ळिया, झूलणा दीवांण प्रतापसिंहजी रा, कुंडळिया कल्ला रायमलोत रा, वचनिका राठौड़ रतनसिंह महेसदासोत री आदि ग्रंथ तथा अखौ भाणावत, गोरधनजी बोगसौ, सूरायच टापरिया, महाराजा प्रथ्वीराज, दुरसा आढ़ा प्रभृति कवियों के गीत तथा फुटकर रचनायें वीर-रस के बोलते हुए प्रमाण हैं।

परवर्ती काल में भी वीररस की श्रेष्ठ रचनायें होती रहीं परन्तु आलोच्य काल के मध्य भाग में ही साहित्यकारों का ध्यान साहित्य की विभिन्न विधाओं की ओर आकृष्ट हो गया था। इसी के फलस्वरूप धीरे-धीरे इसी काल में साहित्य के विविध विषयों पर भी श्रेष्ठ ग्रंथ रचे गये। उत्तर भारत में व्याप्त एवं विवर्द्धित संत साहित्य की धारा ने राजस्थानी संतों को भी प्रभावित किया और जंभसागर, सिद्धनाथ री वांणी, हरि रस, मीरां पदावली, विवेक वारता री नीसांणी, रुक्मणी हरण, हरिपुरुष री वांणी, रांमरासौ आदि भक्ति की भिन्न धाराओं से सम्बन्धित श्रेष्ठ ग्रंथ एवं अलूनाथ, जग्गा खिड़िया, सांयाजी झूला, ओपा आढ़ा, ईसरदास प्रभृति भिन्न-भिन्न भक्त कवियों के उत्तम छप्पय कवित्त, गीत आदि जनसाधारण के मध्य आये। इन संतों एवं भक्त कवियों ने अपनी वाणी, पदों एवं अन्य प्रकार की रचना के लिए अत्यन्त सरस एवं सरल राजस्थानी का प्रयोग किया। इससे अनेक भक्तों की वाणी एवं पद जन-जन के कंठ-हार हो गये और शताब्दियां गुजर जाने के बाद भी धरोहर के रूप में जन-समुदाय के बीच सुरक्षित चले आ रहे हैं।

इस काल में रची जाने वाली श्रेष्ठ रचनाओं के कारण ही राजस्थानी साहित्य अपने विकास की चरम सीमा को पहुँच रहा था। प्रारंभिक काल में यद्यपि कुछ प्रणय-कथायें शृंगार रस के साहित्य के रूप में हमारे समक्ष आईं तथापि इस काल की शृंगारिक रचना पृथ्वीराज राठौड़ कृत 'किसन रुक्मणी री वेली' एक अनुपम कृति ही नहीं, इस काल का

गौरव भी है। ऐसी ही रचनाओं से भाषा को पूर्ण प्रौढ़ता प्राप्त हुई। इस समय तक भाषा को जो उच्चस्तरीय रूप प्राप्त हुआ उसका निर्वाह इस काल के अन्तिम समय तक पूर्ण रूप से होता रहा। भाषा को यह स्वरूप देने में इस काल के रीति ग्रंथकारों का हाथ भी महत्वपूर्ण रहा है। श्रेष्ठ रीति ग्रंथकारों ने छंद-शास्त्र सम्बन्धी उच्च कोटि की रचनायें प्रस्तुत कर साहित्य को अमूल्य निधि भेंट की है। पिंगळ सिरोमणी, पिंगळ प्रकास, लखपत पिंगळ, हरि पिंगळ, रघुनाथ रूपक गीतां रौ, रघुवरजस प्रकास, कविकुळ बोध आदि लाक्षणिक ग्रंथों में गीतों, छंदों, रसों, जथाओं, उकतों, अलंकारों आदि की जो सुन्दर विवेचना हुई है वह अन्यत्र दुर्लभ है। प्रत्येक ग्रंथ अपने आप में एक पूर्ण एवं मौलिक रचना है।

राजस्थानी जैन साधुओं, मुनियों तथा श्रावकों ने भी विविध प्रकार की रचनाओं का निर्माण कर मध्यकालीन साहित्य के विकास में अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इन्होंने केवल अपनी धर्म-सम्बन्धी रचनायें ही न कीं परन्तु इनके प्राप्त ग्रन्थों में छन्द ग्रन्थ, कोश, अलंकार और शृंगार सम्बन्धी ग्रंथ भी उपलब्ध हैं। इनकी रचनाओं में शांत रस की जिस अखंड धारा के दर्शन हुए हैं वह अन्यत्र सुलभ नहीं। युग की मांग के अनुसार अनेक जैन कवियों ने अपनी रचनाओं द्वारा जन-जीवन में आध्यात्मिक भक्ति एवं वैराग्य का प्रेरणा-स्रोत बहा कर उन्हें विलास की ओर से हटा कर धर्माभिमुख किया है। जैन कवियों की कुछ रचनायें तो साहित्य का प्राण बन चुकी हैं। अनेक जैन कवियों ने साहित्य-निर्माण के साथ-साथ प्राचीन ग्रंथों की राजस्थानी में टीकायें कर जैनेतर साहित्य का प्रचार किया और अपने भंडारों में सुन्दर संग्रह किया। वस्तुतः जैन संतों एवं कवियों का हमारे साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है। इनके साहित्य का अध्ययन कर मूल्यांकन करने से निश्चित ही राजस्थानी साहित्य का महत्व बढ़ेगा।

साहित्य कभी किसी जाति विशेप या समाज विशेष का नहीं होता। इसका अधिकार और इसका प्रभाव सार्वभौम होता है। मध्ययुगीन साहित्य की यही विशेपता है। बड़े से बड़े महाराजा से लेकर साधारण से साधारण व्यक्ति की रचनायें इस काल में प्राप्त होती हैं। इस युग में जहाँ एक ओर काव्य-प्रेमी एवं विज्ञ महाराजाओं ने स्वयं काव्य-रचना कर और अपने काल के कवियों को विविध प्रकार से प्रतिष्ठित कर साहित्य-सृजन को प्रोत्साहन दिया, वहाँ जन-साधारण के बीच सरल से सरल व्यक्ति ने अपनी काव्य-शक्ति द्वारा अपने भावों को रचनाबद्ध कर उन्हें जन-जन के गले का हार बना दिया।

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि मध्यकाल राजस्थानी साहित्य के इतिहास में न केवल अपनी बहुसंख्यक रचनाओं तथा विभिन्न साहित्यिक विधाओं की दृष्टि से ही महत्त्वपूर्ण है वरन् काव्य-कला की सर्वांगीण उत्कृष्टता का श्रेय भी इसी काल को है। उत्कृष्ट काव्य-रचनाओं पर स्थानाभाव के कारण संक्षेप में ही प्रकाश डाला जा सका है, पर आशा है इनके साहित्यिक महत्व का अनुमान पाठकों को इस विवेचन से अवश्य हो जायगा।

आधुनिक काल—(वि०सं० १९०० से वर्तमान काल तक)

साहित्य में कालजनित परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन अवश्य आता है परन्तु इसकी गति अति धीमी होती है। प्रारम्भ में परिस्थितियों का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ता है जिससे सामाजिक गतिविधियों में परिवर्तन उपस्थित होता है। यही प्रभाव शनैः शनैः साहित्यकारों के साहित्य में प्रतिबिम्बित होता है। यह भी सत्य है कि समाज सदैव एक ही परिस्थिति में नहीं रहता। संसार की गतिशीलता के साथ-साथ सामाजिक परिस्थितियाँ भी स्वयं परिवर्तनशील हैं। मध्यकाल के संघर्षपूर्ण वातावरण में जीवन की अनिश्चितता बढ़ गई और संघर्ष अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया। इसके प्रभाव से आदिकालीन साहित्यिक परम्परा धीरे-धीरे लुप्त होती नजर आई और मध्यकाल के अर्द्ध भाग तक इसी परिवर्तन का प्रभाव उस समय के साहित्य पर पूर्ण रूप से छा गया। मध्यकाल का संघर्ष भी स्थिर न रह सका। आगे चल कर राजनैतिक परिवर्तनों के कारण सामाजिक, धार्मिक आदि विभिन्न परिवर्तन होते रहे और उनका स्वरूप उस समय रचे जाने वाले साहित्य में दृष्टिगोचर होने लगा। यही कारण है कि राजस्थानी साहित्य में मध्यकाल की रचनाओं में जिस वीरता के दर्शन होते हैं और जो भक्तियुक्त शान्त रस का प्रवाह मीरां, ईसरदास, केसवदास गाडण, दादूदयाल और हरिपुरुष की शैली में मिलता है वह कालान्तर में नहीं है।

अतः स्पष्ट है कि साहित्य में भी शैली विशेष के प्रवाह का समय होता है जो पूर्णरूपेण समाज की तत्कालीन परिस्थितियों और आवश्यकताओं पर ही आधारित होता है।

१९ वीं शताब्दी के अंतिम काल में समूचे भारतवर्ष में बहुत बड़ा राजनैतिक परिवर्तन आया। मुगल सल्तनत के पतन के पश्चात् ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत के विशाल भू-खंड पर यहाँ की डावांडोल परिस्थितियों से लाभ उठा कर कब्जा कर लिया था। इतना ही नहीं, वे अपने अधिकार को साम, दाम दंड, भेद आदि कई प्रकार की नीतियों का सहारा लेकर और भी दृढ़ बनाने में लगे हुए थे। अंग्रेज जनरलों ने भारतीय सेनाओं के बल-बूते पर ही भारत को दासता की शृंखलाओं में जकड़ लिया। राजस्थान मरहठों के आक्रमणों से बहुत कमजोर हो चुका था और यहां के शासकों की आपसी फूट ने भी उनकी शक्ति को जर्जरित कर दिया था। अतः अंग्रेजों ने अपनी कूटनीति के बल पर यहां के शासकों की परिस्थितियों से पूरा लाभ उठाया और उनके साथ सन्धि आदि कर के अपने अधीन कर लिया। मरहठों से मुकाबिला करने का वायदा भी अंग्रेजों ने उनके साथ किया। इतना होते हुए भी राज्य-सत्ता में उनका हस्तक्षेप सहज ही में हो गया हो ऐसी बात न थी। संघर्ष ही जिनका जीवनोद्देश्य रहा हो वह जाति एकाएक समर्पण कर दे, ऐसा संभव नहीं था। अतः कई एक शासकों व बहादुर व्यक्तियों ने अवसर पड़ने पर विदेशी सत्ता का वीरतापूर्वक मुकाबिला किया। ऐसे वीरों में बूंदी के बलवंतसिंह हाड़ा का संघर्ष इतिहास में सदा अमर रहेगा। इसी तरह भरतपुर के शासक रणजीतसिंह ने लॉर्ड लेक के साथ जो दृढ़ता के साथ युद्ध किया वह भी उल्लेखनीय है। पर अंग्रेजों ने इस प्रकार के संघर्षों के बावजूद भी यहाँ की नाजुक परिस्थितियों से पूरा लाभ उठाया और राजस्थान की राज्य-सत्ता पर अपना प्रभुत्व कायम कर लिया।

भारतवर्ष में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के प्रभाव से अंग्रेजी सत्ता कायम हो जाने पर भी भारतवासियों में स्वतंत्रता की आग जो अब भी चिंगारी के रूप में शेष थी वही चेतना का झोंका पाकर चमक उठी। परिणामस्वरूप २० वीं शताब्दी के प्रारम्भ में वि० सं० १९१४ (सन् १८५७) में स्वतन्त्रता संग्राम की देशव्यापी आग भभक उठी। इस स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और तांतिया टोपे जैसे स्वतंत्रता-प्रेमी वीरों ने किया। उसका प्रभाव राजस्थान पर भी पड़ा। आउवा ठाकुर खुशहालसिंह तथा गूलर के ठाकुर बिशनसिंह मेड़तिया ने अंग्रेजों की खिलाफत करने में कोई कसर उठा न रखी और कोटा आदि स्थानों पर भी अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ने का पूरा प्रयत्न किया गया। पर अंग्रेजों ने देश की आपसी फूट से लाभ उठाकर शीघ्र से शीघ्र इस बढ़ती हुई अग्नि को दबा दिया और इसके तुरन्त बाद ही ब्रिटेन की सम्राज्ञी विक्टोरिया ने भारत को अंग्रेजी साम्राज्य का अंग घोषित कर दिया। इसके पश्चात् समस्त भारतवर्ष पर अंग्रेजी सत्ता दृढ़ता से कायम हो गई। राजस्थान में भी उनका रेजीडेण्ट रहने लगा और सन्धिपत्र के अनुसार राजस्थान के राज्यों में अंग्रेजों की हुकूमत का हस्तक्षेप होने लगा।

अंग्रेज अपनी राज्य-सत्ता कायम रखने के लिए यहां की राजकीय शक्ति को ही अपने अधिकार में नहीं रखना चाहते थे। इनकी दृष्टि और समझ बड़ी गहरी थी इसलिए इन्होंने अपनी संस्कृति का प्रभाव भी यहाँ की संस्कृति पर डालना प्रारंभ किया और यहां के लोगों के लिए ऐसी शिक्षा-प्रणाली की व्यवस्था की जो उनके वफादार नौकर और अंग्रेजी संस्कृति के प्रशंसक पैदा कर सके। राजस्थान के शासकों को तो उन्होंने राजनैतिक विषमताओं से निश्चिन्त ही नहीं किया वरन् अपनी संस्कृति में उन्हें रंगने की भी पूरी चेष्टा की और इसमें वे सफल भी हुए। अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना के पीछे भी इसी उद्देश्य का रहस्य छिपा हुआ था। शासक वर्ग के पीछे-पीछे यहाँ के बड़े-बड़े जागीरदार और धनी लोग भी उसी पथ का अनुकरण करने लगे। संघर्ष का समय समाप्त हो चुका था अतः शासक वर्ग तथा धनी वर्ग ऐश-आराम में लीन हो गया और साथ ही साथ अपनी संस्कृति तथा देश-प्रेम को भुलाता गया। शासक वर्ग का जो अपनी प्रजा के साथ निकट संबंध था उसमें भी धीरे-धीरे शिथिलता आती गई और दुराव होता गया। अंग्रेज अपनी कानूनी व्यवस्था में बड़े पटु थे। उन्होंने कानून एवं अपनी कूटनीति के माध्यम से हर मनुष्य की मिल्कियत तथा उसके माली अधिकारों को सुरक्षित करने की उत्तम व्यवस्था की और सरकारें आपसी सम्बन्धों पर नहीं वरन् कानून के बल पर चलने लगीं।

सैकड़ों वर्षों से चारण कवियों का जो सम्बन्ध शासक वर्ग के साथ तथा अन्य लोगों के साथ बना हुआ था वह एकाएक शिथिल हो गया। इसके दो मुख्य कारण थे। एक तो यह कि अब वह संघर्ष का समय न रह गया था जिसमें कि वे अपने वीरों को देश और धर्म की रक्षा के लिए ललकारते और दूसरा यह कि अंग्रेजों ने अपनी गंभीर कूटनीति के आधार पर शासक वर्ग को इस तरह अपनी संस्कृति में जकड़ लिया था कि उनके पास काव्य आदि सुनने की फुर्सत नहीं रह गई थी और न वे उसकी आवश्यकता ही महसूस कर सकते थे। ऐसी स्थिति में चारण कवियों ने भी अपना रुख बदल दिया। अब उनका न तो पहिले का सा सम्मान ही रह गया था और इस नये परिवर्तन में उन्हें काव्य-कला के बल पर न कोई आर्थिक लाभ ही होता था। चारणों के अतिरिक्त राजपूत, मोतीसर, भोजक ब्राह्मण आदि अन्य जातियाँ भी डिंगल काव्य के सृजन में सैकड़ों वर्षों से अपना योग देती आई थीं पर इस प्रकार के सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन के कारण उनमें भी अन्तर आ गया था। राजस्थानी साहित्य में चारण-काव्य की परम्परा इस प्रकार यहां आते-आते शिथिल हो गई। बूंदी के कविराजा सूर्यमल २० वीं शताब्दी के प्रारंभ में अंतिम महान् कवि हुए। वे जैसे उत्तम कवि थे वैसे उद्भट विद्वान भी। उनकी कविता में मध्यकालीन डिंगल का गौरव एक बार पुनः अपनी उत्कर्षता पर आ गया। 'वंश भास्कर' के अतिरिक्त उनकी 'वीर सतसई' डिंगल-काव्य का उत्कृष्ट नमूना है। संवत् १९१४ के स्वतंत्रता संग्राम के समय अवसर की अनुकूलता देख राजस्थान के शासकों व वीरों को उनकी प्राचीन वीरता एवं गौरव का स्मरण दिलाने हेतु ही उन्होंने वीर शैली में इस रचना द्वारा राजस्थान की वीरता को ललकारा था। 'वीर सतसई' के दोहे मध्यकालीन साहित्यिक परम्परा से प्रभावित हैं, फिर भी उनमें युग की नवीनता झलकती है। कवि की ललकार रोम-रोम में उत्साह उत्पन्न करने में पूर्ण समर्थ है—

मूंछ न तोड़ी कोट में, कढ़ियां छोडे काळ।
काळां घर चेजो करं, मूसा पण मूंछाळ॥
इकडंकी गिण अेक री, भूलै कुळ साभाव।
सूरां आळस एस में, अकज गुमाई आव॥
तन दुरंग अर जीव तन, कढ़णौ मरणौ हेक।
जीव बिणट्ठां जे कढ़ो, नांम रहीजै नेक॥

जिण बन भूल न जावता, गैंद, गवय, गिड़राज।
तिण बन जंबुक ताखड़ा ऊधम मंडै आज॥

कविराजा सूर्यमल के पश्चात् डिंगल-काव्य-परम्परा अधिकाधिक शिथिल होती ही गई, परन्तु बारहठ केसरीसिंह की रचना में यह अन्तिम लौ एकबारगी अपनी समस्त शक्ति ग्रहण कर क्षण भर के लिए प्रज्वलित होकर सदैव के लिए लुप्त हो गई। भारत के वायसराय लॉर्ड कर्जन ने दिल्ली में दरबार आयोजित करने के लिये भारत के समस्त नरेशों को फरमान भेजा। उदयपुर के महाराणा फतहसिंह भी दरबार में सम्मिलित होने के लिए रवाना हो गये। प्राचीन परम्परा एवं मर्यादा के प्रेमी ठाकुर केसरीसिंह बारहठ को यह मेवाड़ की आन के विरुद्ध लगा। उन्होंने तत्काल ही महाराणा को मेवाड़ के गौरव की स्मृति दिलाने हेतु 'चेतावणी रौ चूंगट्यौ' नामक एक दोहों का संग्रह पत्र के रूप में लिख भेजा।[1] उनकी

[1] पग पग भम्या पहाड़, धरा छांड राख्यौ धरम।
(ईसूं) महाराणा' र मेवाड़, हिरदे बसिया हिन्द रैं॥ १
घण घलिया घमसांण (तोई) रांण सदा रहिया निडर।
(अब) पेखंतां फुरमांण, हलचल किम फतमल हुवै॥ २
गिरद गजां घमसांण, नहचें धर माई नहीं।
(ऊ) मावै किम महारांण, गज दो सै रा गिरद में॥ ३
ओरां ने आसांण, हाकां हरवळ हालणौ।
(पण) किम हाले कुळ रांण, (जिण) हरवळ गाहां हंकिया॥ ४
नरियंद सह नजरांण, झुक करसी सरसी जिकां।
(पण) पसरेलौ किम पांण, पांण छतां थारौ 'फता'॥ ५
सिर झुकिया सह साह, सींहासण जिण सांम्हने।
(अब) रळणौ पंगत राह, फाबे किम तोने 'फता'॥ ६
सकळ चढ़ावें सीस, दांन धरम जिणरौ दियौ।
सो खिताब बख्सीस, लेवण किम ललचावसी॥ ७
देखेला हिंदवांण, निज सूरज दिस नेह सूं।
पण तारा परमांण, निरख निसांसा न्हांकसी॥ ८
देखे अंजस दीह, मुळकेलौ मन ही मनां।
दंभी गढ़ दिल्लीह, सीस नमंतां सीसवद॥ ९
अंतबेर आखीह, 'पातल' जो बातां पहल।
(वे) रांण! सह राखीह, जिणरी साखी सिर जटा॥ १०
कठिन जमांनौ कोल, बांधे नर हीमत बिना।
(यो) बीरां हंदौ बोल, 'पातल' 'सांगे' पेखियौ॥ ११
अब लग सारां आस, रांण रीत कुळ राखसी।
रहौ साहि सुखरास, एकलिंग प्रभु आपरै॥ १२
मांन मोद सीसोद! राजनीत बळ राखणौ।
(ई) गवरमिंट री गोद, फळ मीठा दीठा फता॥ १३

यह रचना केवल १३ दोहों की है परन्तु इसमें प्राचीन काव्य-परम्परा की आत्मा बोलती है। इसका प्रभाव सीधा महाराणा के हृदय पर हुआ। महाराणा वायसराय के दरबार में सम्मिलित न हुए। इस प्रकार वे अपनी परम्परागत मर्यादा को निभाने में समर्थ हुए। इसीलिए राजस्थानी साहित्य में इन दोहों का ऐतिहासिक महत्त्व है।

जिस समय अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा के माध्यम से अंग्रेज अपनी भाषा का प्रचार यहाँ कर रहे थे उसी समय उत्तरी भारत में भारतेन्दु ने हिन्दी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाया। खड़ी बोली में गद्य रचना होती थी पर पद्य के लिए अभी तक ब्रज का ही प्रयोग होता था। ब्रज-काव्य की रचना राजस्थान में बहुत पहिले से ही भक्ति-काव्य के रूप में होती आई थी। यहीं वृन्द जैसे भक्त कवि ने सुन्दर भक्ति की रचनायें और बिहारी ने रीतिकाल में 'बिहारी सतसई' जैसी अलंकृत कलाकृति ब्रज को भेंट की थी। अतः इस समय में आकर यहां के कवि ब्रज की ओर फिर आकृष्ट हुए और इसके माध्यम से भी काव्य-रचना करना पांडित्य का एक प्रमाण माना जाने लगा। सूर्यमल जैसे डिंगल आदि अनेकों भाषाओं के प्रकांड पंडित ने भी अपने 'वंश भास्कर' में ब्रज अथवा पिंगल का बहुत प्रयोग किया है। ऐसी स्थिति में डिंगल में काव्य-रचना अधिक परिमाण में नहीं हो सकी। उत्तरी भारत में धीरे-धीरे हिन्दी का प्रचार बढ़ता ही गया और राजस्थान में भी शिक्षा-दीक्षा का माध्यम इसी भाषा को बनाया गया। इस कार्य में उत्तर प्रदेश से आये हुए अध्यापकों का भी काफी हाथ रहा। यह सब कुछ होने के बावजूद भी हिन्दी अथवा ब्रज भाषा यहां की मातृभाषा राजस्थानी का स्थान नहीं ले सकी। शहरों के नागरिकों और छोटे से शिक्षित वर्ग तक ही हिन्दी का पठन-पाठन सीमित रहा। आजादी के पश्चात् ज्योंही भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण की नवीन लहर उठी, सभी लोग अपनी-अपनी भाषा और उसके अतीत गौरव की ओर पूर्ण ध्यान देने लगे। राजस्थान के डिंगल साहित्य के अभ्युत्थान के अभिप्राय से प्राचीन साहित्य की खोज की ओर विशेष ध्यान दिया जाने लगा और अनेक प्राचीन ग्रंथों का सम्पादन तथा प्रकाशन किया जाने लगा जिससे इस भाषा की अभिव्यक्ति-क्षमता और अन्य कई साहित्यिक विशेषताओं से विद्वान प्रभावित हुए और यहाँ के नवीन लेखकों को राजस्थानी भाषा के माध्यम से साहित्य-सृजन करने की प्रेरणा भी मिली। आजादी के संघर्ष के दौरान में भी कई बार राजस्थानी में क्रांति के स्वर सुनाई पड़ते थे पर अब व्यवस्थित रूप से राजस्थानी में लेखन-कार्य प्रारम्भ हुआ और अनेक संस्थायें और लेखक इस ओर गतिशील हैं।

यहाँ हम आधुनिक काल के कुछ विशिष्ट कवियों का परिचय देकर अन्य कवियों की नामावली प्रस्तुत कर रहे हैं।

रामनाथ कविया—राजस्थानी साहित्य में दोहा शैली में रचना करने की परम्परा में रामनाथ कविया का नाम उल्लेखनीय है। इनका जन्म सं० १८६५ में 'चोखां का बास' (सीकर) में हुआ था। इनके द्वारा लिखे गए 'द्रोपदी-विनय' सम्बन्धी सोरठे बहुत ही प्रसिद्ध हैं जो 'द्रोपदी-विनय' अथवा 'करुण बहत्तरी' के नाम से प्रकाशित भी हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा समय-समय पर फुटकर दोहे व सोरठे भी कहे गये हैं क्योंकि इनकी यह विशेषता थी कि ये पात्र को प्रत्यक्ष देख कर तत्काल अपने भाव व्यक्त कर देते थे। इनका रचनाकाल बीसवीं सदी का प्रारम्भ ही माना जा सकता है। इनकी काव्य-शैली निम्न उदाहरण में देखिये—

> व्यास बिगाड़्यौ वंस, कौरव निपज्या जेण कुळ।
> असली ह्वेता अंस, सरम न लेता सांवरा॥
> सासू मंत्रज साज, पूत जण्या जे पार का।
> ज्यांरी पारख आज, साची हुँगी सांवरा॥
> मो मन पड़ियौ मोच, आव कह्या आयौ नहीं।
> साड़ी रौ नहं सोच, सोच विरद रौ सांवरा॥

सती नारी के आक्रोश की अच्छी व्यञ्जना इन सोरठों द्वारा हुई है। भाषा अत्यन्त सरल एवं प्रवाहमय है।

सूर्यमल्ल मिश्रण—इस परिवर्तन काल के सर्वोत्कृष्ट कवि सूर्यमल्ल मीसण (मिश्रण) हुए हैं। इनका जन्म बूंदी में वि० सं० १८७२ कार्तिक कृष्णा प्रतिपदा को चंडीदानजी के घर में हुआ था।[1] चंडीदानजी स्वयं एक अच्छे कवि थे। राजस्थानी साहित्य में उनके भी अनेक ग्रंथ प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। माता-पिता का प्रभाव सूर्यमल्ल पर पर्याप्त रहा और इसी कारण वे अपने जीवन में एक सफल कवि ही नहीं अपितु

---

[1] वीर सतसई, सम्पादक: श्री कन्हैयालाल सहल, भूमिका पृ० १२।

महाकविराजा की उपाधि से प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। इनकी सर्वोत्कृष्टता का प्रमाण इनका साहित्य तो है ही, फिर भी इनके विषय में विद्वानों द्वारा दी गई सम्मतियों का यहाँ उल्लेख करना अनुपयुक्त न होगा। रघुवीरसिंह के शब्दों में 'साहित्य के क्षेत्र में महाकवि सूर्यमल का एकछत्र शासन था।' मोतीलाल मेनारिया के मतानुसार 'परिवर्तनकाल में सबसे बड़े कवि बूंदी के सूर्यमल हुए जिनको चारण लोग अपनी जाति का सर्वश्रेष्ठ कवि मानते हैं।' डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी के विचारानुसार 'सूर्यमल अपने काव्य और कविता को Lay of the last Minstrel. बना गये और वे स्वयं बने Last of the Giants.'[१]

राजस्थानी भाषा के कवि तो अनेक हुए हैं किन्तु सूर्यमल्ल के समान विद्वान कदाचित् ही कोई हुआ हो। साधारणत: उस काल के समस्त कवि कुछ न कुछ कम-अधिक विद्वान हुआ ही करते थे तथापि ज्ञान की दृष्टि से सूर्यमल वास्तव में सूर्य ही थे। छंद-शास्त्र, धर्म-शास्त्र, अर्थ-शास्त्र, काम-शास्त्र ज्योतिष-शास्त्र, शब्द-शास्त्र आदि अनेक शास्त्रों में ज्ञान होना ही इनकी बहुज्ञता का द्योतक था। इतने विषयों में जानकारी रखने वाला अन्य कवि शायद ही राजस्थानी साहित्य के इतिहास में मिल सके। राजस्थानी के लिए यह गौरव की बात है कि सूर्यमल्ल जैसे विद्वानों ने इसे गौरवान्वित किया।

सूर्यमल्लजी के लिखे दो ग्रंथ बहुत प्रसिद्ध हैं। एक 'वंश भास्कर' एवं दूसरा 'वीर सतसई'। 'वंश भास्कर' एक बहुत बड़ा गद्य-पद्य-बद्ध ऐतिहासिक ग्रंथ है जो चार जिल्दों में प्रकाशित हो चुका है। 'वंश भास्कर' के एक टीकाकार श्री कृष्णसिंह ने इन्हें सच्चा इतिहास-लेखक लिखा है। कविराजा श्यामलदास ने भी अपने 'वीर विनोद' में 'खुद बूंदी के एक बड़े मौतबर सत्यवक्ता कवि चारण' से सम्बोधित किया है। इतिहास की दृष्टि से 'वंश भास्कर' कितना सही है, इस विषय में विद्वानों में मतभेद है। डॉ० गौरीशंकर हीराचद ओझा ने लिखा है 'सूर्यमल्ल ने वंश भास्कर नामक विस्तृत पद्यात्मक ग्रन्थ लिखा जिसमें दिए हुए चौहानों तथा हाडों के इतिहास का गद्यात्मक सारांश बूंदी के पंडित गंगासहाय ने 'वंश प्रकाश' नाम से प्रसिद्ध किया है, वही बूंदी का इतिहास माना जाता है। सूर्यमल्ल एक अच्छा कवि था परन्तु इतिहासवेत्ता न होने से उसने उक्त पुस्तक में प्राचीन इतिहास भाटों की ख्यातों से ही लिया है। उसमें सैकड़ों कृत्रिम पीढ़ियां भरदी हैं और वि०सं० १५८४ (ई० सन् १५२७) तक के सब संवत् तथा ऐतिहासिक घटनाएँ बहुधा कृत्रिम लिखी हैं। उस समय तक का इतिहास लिखने में विशेष खोज की हो, ऐसा पाया नहीं जाता। कवि का लक्ष्य कविता की ओर ही रहा, प्राचीन इतिहास को विशुद्धि की ओर नहीं।'[१]

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इस ग्रन्थ का स्थान चाहे जो हो परन्तु यह तो निश्चित रूप से सत्य है कि यह साहित्य की एक उत्कृष्ट कृति है। कवि ने अपने ज्ञान के आधार पर वंश-भास्कर में संस्कृत, प्राकृत तथा मरुदेशीय आदि विभिन्न भाषाओं का भिन्न-भिन्न स्थानों पर प्रयोग किया है। इन भाषाओं के सामंजस्य के प्रभाव से कहीं-कहीं भाषा जटिल भी हो गई है।

> कटिल्ल कणिकावल्ली भय छुदावल्ली भये।
> अरि ठ के अपष्ठ वृंद लोम कंद उभये।।
> बनै अरी पलास कांन अंद नाग वल्लरी।
> कलेज पीलु पणिका कसेस तोर इक्करी।।

मिश्र-बन्धुओं ने लिखा है कि सूर्यमल्ल के वंश भास्कर द्वारा हमारे यहाँ कथा-विभाग की अच्छी पूर्ति हुई है। इनका कविता-चमत्कार अच्छी श्रेणी का है। ग्रन्थ से कवि का पांडित्य भली भांति प्रदर्शित होता है। इससे इनकी सत्य-प्रियता का पूरा प्रमाण मिलता है। भाषा राजपूतानी, बुंदेलखंडी और प्राकृत मिश्रित है।

इनका दूसरा ग्रंथ 'वीर सतसई' इस युग का सर्वश्रेष्ठ वीर-रसात्मक ग्रन्थ है। यह समस्त ग्रन्थ सरल एवं प्रसादगुण-युक्त प्रवाहमय राजस्थानी में रचा गया है। लोकप्रियता की दृष्टि से सूर्यमल्ल की 'वीर सतसई' को सर्वाधिक महत्त्व प्राप्त है। संकीर्ण भावों से परे सार्वजनीन भावों का चित्रण 'वीर सतसई' की एक अद्वितीय विशेषता है। इसमें कवि का

[१] डिंगल साहित्य, डॉ० जगदीशप्रसाद श्रीवास्तव, भूमिका पृ० ५६।

[१] राजपूताने का इतिहास—ले० गौरीशंकर हीराचंद ओझा, द्वितीय भाग, पृ० ५५८।

पांडित्य नहीं प्रकट होता। इसमें कोई कलाबाजी नहीं अपितु कला है। इस संबंध में डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने लिखा है—'मेरे विचार में 'वंश भास्कर' जैसा वृहत् ग्रंथ भविष्य में जनता के लिए नहीं रहेगा, पर 'वीर सतसई' के दोहे राजस्थानी का अस्तित्व जब तक रहेगा तब तक अमर रहेंगे। इस दोहा-पुस्तिका में राजस्थानियों की साहित्यिक रुचि विराजती है।'

सूर्यमल्ल अपने युग के प्रतिनिधि कवि थे और वह समय देश का महान संक्रमण काल था। विदेशी सत्ता का प्रभुत्व अधिकाधिक बढ़ता जा रहा था। उस समय ऐसी शक्ति का अभाव अनुभव किया जा रहा था जो अपनी प्रेरणा से बिखरी हुई राजपूत शक्ति को एक सूत्र में बांध कर विदेशियों के विरुद्ध मोर्चा लेने के लिए खड़ी कर दे। युग-प्रतिनिधि कवि इस ओर प्रयत्न करने का बीड़ा न उठाते तो वे संभवत: अपने कर्तव्य से च्युत होते। 'सतसई' के दोहों में जागरण का यही महामंत्र फूंका गया है। आरम्भ में ही कवि ने संकेत किया है—

बीकम बरसां बीतियौ, गणचौ चंद गुणीस।
बिसहर तिथ गुरु जेठ बदि, समय पलट्टी सीस।

'सतसई' में राजपूती वीरत्व का गुणगान अवश्य है किन्तु काव्य-चातुर्य के कारण कहीं भी किसी जाति विशेष की ओर स्पष्ट संकेत नहीं किया गया है। अत: स्पष्टत: 'सतसई' में वर्णित भावनायें एवं वीर चेष्टायें किसी भी आदर्श वीर की चेष्टायें व भावनायें मानी जा सकती हैं। देश के युवक, युवतियों में मरण की सार्थकता का अमोघ मंत्र फूंक-फूंक कर कवि ने देश-रक्षा के निमित्त उत्सर्ग होने का आव्हान किया था। इन दोहों में मर-मिटने की उत्कट भावना है, हृदय को वीरत्व से उद्वेलित करने की अतुल शक्ति है।

'सतसई' की भाषा आधुनिक है। प्राचीन शास्त्रीय डिंगल के स्थान पर इसमें बोलचाल की भाषा का ही अधिकतर प्रयोग हुआ है। 'सतसई' की लोकप्रियता का संभवत: यही कारण है। कहीं-कहीं प्राचीन डिंगल के अनुरूप विभक्ति-प्रयोग हुआ है किन्तु वहाँ भी सीधे-सादे शब्दों में कवि ने बोलचाल की भाषा में बहुत कुछ कह दिया है—

आज घरे सासू कहै, हरख अचांणक काय।
बहू बळेवा हूलसै, पूत मरेबा जाय॥

देख सहेली मो धणी, अजकौ बाग उठाय।
मद प्यालां जिम एकलौ, फौजां पीवत जाय॥
धीरा-धीरा ठाकुरां, जमी न भागी जाय।
धणियां पग लूंबी धरा, अबक्की ही धर आय॥

इस सरल भाषा में कवि ने अपने ग्रंथ में अद्भुत वीरत्व का चित्रण किया है। वीरत्व का परिचय पराक्रम, साहस, धैर्य, स्फूर्ति, उदात्त भावना, सहिष्णुता आदि से ही मिलता है। अत: वीर के चरित्र-चित्रण में कवि ने उसकी बाह्य-आंतरिक मनोवृत्तियों तथा कार्य-कलाप का सुन्दर वर्णन कर अपनी सूक्ष्म निरीक्षण की अद्भुत शक्ति का परिचय दिया है। 'सतसई' के दोहों में योद्धा के बाह्य-जगत की क्रियों एवं वृत्ति के साथ उसकी आंतरिक वृत्तिका जो सुन्दर सम्मिश्रण है वह अन्यत्र सुलभ नहीं। उदाहरणस्वरूप कुछ दोहे देखिये—

जिम-जिम कायर थरहरै, तिम-तिम फैले नूर।
जिम-जिम बगतर ऊबड़ै, तिम-तिम फूलै सूर॥
सांम्है भालै फूटतौ, पूग उपाड़ै दंत।
हूं बळिहारी जेठ री, हाथी हाथ करंत॥
कंकांणी चंपै चरण, गीधांणी सिर गाह।
मो बिण सूतौ सेज री रीत न छंडै नाह॥

उल्लिखित ग्रंथों के अतिरिक्त कविराजा सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा लिखे गए फुटकर गीत भी बड़ी मात्रा में मिलते हैं। प्राचीन चारण शैली के आधार पर ही उन्होंने गीतों की रचना की है। उनका रचा हुआ निम्न गीत देखिये—

दगौ बिचारै फेरियौ अंगरेजां लोगां चौगड़द्दौ,
तासा बंबी झड़ंदा, तेड़ियौ नाग ताय।
भाळ घांचौ फेरियौ खैह री हूंत छायौ भांण,
बांघलौ केहरी 'चैन' घेरियौ बलाय॥ १
माचै खाग झाटां राचै तंवाई छ खंडां माथै,
रत्रां आट पाटां नदी बहाई रोसाग।
पाथ थाटां जंग रूपी कुबांणा नवाई पांणा,
सत्राटां बेढ़ियौ थाटां, सवाई 'सौभाग'॥ २
सुणै घोर तासां आसमांण लागियौ सीस,
सत्रां धू 'चैन' रौ खाग बागियौ समूल।
कोपै 'हण' आसुरां विभाड़वा आगियौ किनां,
सिंधुर पाड़बा सूतौ जागियौ सादूळ॥ ३
देखतां एहबौ जंग धड़क्कै आगरौ दिल्ली,
बंबी जैत माग रा रड़क्कै बारंबार।
झड़क्कै खाग रा बाढ़ भड़क्कै कायरां झुंड,
हमल्लां नाग रा माथा रड़क्कै हजार॥ ४

इस महाकवि का निधन वि० सं० १९२५ को हुआ। इनके देहान्त पर पूर्व-उल्लिखित रामनाथ कविया द्वारा कहे गए मर्मस्पर्शी मरसियों में कितनी सत्यता है—

मिळतां कासी मांह, कवि पिंडतां सोभा करी।
चरचा देवां चाहि, सुरग बुलायौ 'सूजड़ौ' ॥ १
निज छळती गुण नाव, मीसण 'छौ' खेवट मुवै।
अब के हकण उपाव, सुकवी मरतां 'सूजड़ा' ॥ २
करती अब कविराज, मीसण नित थारौ मना।
सुरसत दुचित समाज, सुकवी मरतां 'सूजड़ा' ॥ ३
मुवै गरुड़ खग मौड़, मेर पहाड़ां मांन जै।
मीसण कविंदा मौड़, सुरग पहूंतौ 'सूजड़ौ' ॥ ४
थई अत्यु थारीह, कुण मेटै करतार सूं।
खतम लगी खारीह, सुणता कांनां 'सूजड़ा' ॥ ५
जिण सूं ऊजळ जात, दिस-दिस सारै दीसती।
रैणव थारी रात, सुकवि न जनम्यो 'सूजड़ा' ॥ ६

स्वरूपदास—ये देथा शाखा के चारण मिश्रीदान के पुत्र थे। इनके पूर्वज ऊमरकोट के रहने वाले थे परन्तु सराइयों द्वारा लूट-खसोट के कारण इनके पिता अपने भाई परमानन्द को साथ लेकर अजमेर राज्य के बड़ली गांव में आ गये और वहीं रहने लगे। स्वरूपदास के बचपन का नाम शंकरदान था। इन्होंने अपनी शिक्षा अपने चाचा परमानन्द से ही ग्रहण की। वेदान्त के प्रभाव से इनके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया। अतः शिक्षा की समाप्ति के बाद देवलिये ग्राम में एक दादू-पंथी साधू के पास जाकर स्वयं दादू-पंथी साधू बन गए। इससे इनके चाचा को बड़ी निराशा हुई। इसी पर क्षोभ प्रकट करते हुए उन्होंने स्वरूपदास को एक पत्र में लिखा—

कीधौ थौ की कौल, कह पाछौ कासूं कियौ।
बेटा थारा बोल, सालै निस दिन 'संकरा' ॥

स्वरूपदास का मालवे में बहुत सम्मान था। यहाँ पर ये प्रायः 'अन्नदाता' के नाम से ही पुकारे जाते थे। एक बार रतलाम के राजा बलवंतसिंह ने मरते समय इनको निम्न दोहा कहा—

थारी चरणां धांम, बळवंत रै चितयौं बदे।
सेवग रौ सतरांम, अनदाता छै अबे ॥

इस पर स्वरूपदास ने निम्न उत्तर दिया—

मांणक हूंत अमोल, अंत तणौ सतरांम यह।
'बळवंत' थारा बोल, खारा निस दिन खटकसी।

ये डिंगल, पिंगल एवं संस्कृत आदि भाषाओं के विद्वान थे। हिन्दू धर्म-शास्त्रों का भी इनको अच्छा ज्ञान था। राजस्थानी के साथ ब्रज भाषा में भी इनकी अनेक रचनाएं उपलब्ध हैं। इनका 'पांडव यशेन्दु चंद्रिका' एक सफल काव्य है। यद्यपि ग्रंथ ब्रज भाषा का है तथापि स्थान-स्थान पर राजस्थानी में भी वर्णन मिलता है।

डिंगल के प्रसिद्ध कवि सूर्यमल्ल मिश्रण इनके समकालीन थे और इनके प्रति बड़ी श्रद्धा और सम्मान का भाव रखते थे। कई विद्वान तो इन्हें सूर्यमल्ल का गुरु भी मानते हैं। संवत् १९२० में ये स्वर्गलोक सिधारे। रतलाम नरेश बलवंतसिंह की मृत्यु पर इनका राजस्थानी में कहा हुआ मरसिया उदाहरण के लिए प्रस्तुत है—

केई अलापता राग पात कीरति गावता केई,
सुणावत केई विप्र सभा में सलोक।
भलौ भाई कळ तौने आवतां न लागी भेला।
प्रथीनाथ 'बळूंतेस' जावतां प्रलोक ॥
थंड देख रंकां तणा उछाळब द्रव्यां थेली,
सुद्रसां भाळबा रोर गाळब सहीप,
फीलां सीस चढौ मारू प्रजा ने पाळबा फेरू,
माळबा देस में पाछा पधारौ महीप ॥

×

छुटौ चखां नीर सतरांम रै करंता चेला,
'सरूप' गुरु की छाती उभेळ समंद।
जांमी आज छोड़ मोने अकेला कठीने जाबौ,
कोयला विरंगा हेला दे रही कंबंध ॥

सम्मानबाई—आधुनिक काल के कवियों के अन्तर्गत सम्मानबाई का नाम भी उल्लेखनीय है। ये प्रसिद्ध कवि रामनाथ कविया की सुपुत्री थीं। स्त्री कवियों में इनका स्थान बहुत ऊंचा है। ये ईश्वर की अनन्य भक्त थीं। इन्होंने अपना समस्त जीवन हरि-स्मरण में ही व्यतीत किया। हरि-भक्ति में इन्हें पति-सहयोग भी पूर्ण रूप से मिला। इसी से प्रभावित होकर इन्होंने 'पति सतक' की रचना की जिसमें अपने पति के गुणों की प्रशंसा की है। इनकी दूसरी रचना 'क्रस्ण बाळ लीला' है जिसमें इनके भक्ति सम्बन्धी बड़े अनूठे पद हैं। इनकी भाषा में तत्कालीन परिवर्तनों का प्रभाव स्पष्ट रूप से लक्षित होता है। 'सोळौ' इनकी राजस्थानी की अनुपम कृति है। इसी का एक उदाहरण देखिये—

रांम बनूं छै रूपाळौ, बनाजी नै नैण नजर भर न्हाळौ।
कसूंबल पाग कैसरिया जांमूं, तुररा किळंगी वाळौ।
नैण सलूण झौंकत ड्योढ़ौ, बिच अण अणियाळौ।
वय किसोर सरब भांति सुहावै, सहज सलूणौ काळौ।
करत मरोड़ मधुर पग धरत, चलत मनौ मन मतवाळौ।
वंकोई चालै टेढ़ोई झौंकै, लुळि-लुळि बनि दिस न्हाळौ।
कहत 'समांन' कवर दसरथ रौ, वींद बडौ चिरताळौ।
दसरथ सुवन अयोध्या का राजा, कंवर कौसल्या वाळौ।
भूप उदार तिलक रघुकुळ कौ, चहुं पुर कौ उजियाळौ॥

गणेशपुरी—इस परिवर्तन-काल में सूर्यमल्ल की प्रेरणा से प्रेरित होने वाले कवियों में गणेशपुरी का नाम भी उल्लेखनीय है। इनका जन्म संवत् १८८३ में जोधपुर राज्य के अन्तर्गत 'चारणवास' गांव में हुआ था। ये पदमजी रोहड़िया चारण के पुत्र थे। बचपन से ही डिंगल भाषा के प्रति इनकी रुचि अधिक थी। यह बात प्रचलित है कि एक बार 'जसवंत जसौ भूषण' के रचयिता कविवर मुरारीदानजी से इनका अलंकारों पर शास्त्रार्थ हुआ था। गणेशपुरी भी पंडित थे, परन्तु अपने क्षेत्र में मुरारीदानजी का प्रभाव होने के कारण लोगों ने मुरारीदानजी का ही पक्ष लेकर गणेशपुरी को पराजित घोषित कर दिया। इससे उनके हृदय पर बड़ी ठेस पहुंची और इन्होंने सन्यास धारण कर लिया और इसके बाद काशी में १० वर्ष तक रह कर विद्याध्ययन किया। काशी से लौटने पर कविराजा सूर्यमल्ल के पास कुछ समय तक रहे। इसके पश्चात् ये जोधपुर आये और मुरारीदानजी से शास्त्रार्थ करने को कहा परन्तु मुरारीदानजी ने सन्यासियों से शास्त्रार्थ न करने की बात कह कर उसे टाल दिया।

गणेशपुरी एक सुयोग्य साहित्य-सेवी और काव्य-कुशल व्यक्ति थे। इनके रचे हुए तीन ग्रंथ प्राप्त हैं।

१—वीर विनोद, २—जीवन मूल और ३—मारू महरांण।

'मारू महरांण' 'काव्य प्रकाश' और 'साहित्य-दर्पण' के ढंग पर लिखा गया राजस्थानी का विशाल लाक्षणिक ग्रंथ है। इनकी कवितायें एवं गीत प्राचीन परंपरागत डिंगल का अच्छा नमूना हैं। आधुनिक काल में होते हुए भी इनकी कविता पर वर्तमान दृष्टिकोण की छाप नहीं है। भावों की स्पष्टता एवं शब्द-सौष्ठव इनकी कविता का विशेष गुण है, किन्तु आधुनिक काल में भी उसी प्राचीन परंपरागत भाषा व शैली में होने के कारण इनकी कविता जन-साधारण के हृदय को स्पर्श नहीं कर सकी। केवल काव्य-प्रेमियों के सम्मुख काव्य-कला का सुन्दर नमूना बन कर रह गई। इनके रचे एक गीत का उदाहरण देखिये—

गीत

सिव सादत सीस फूल रा सहजां, देख मठोड़ां सला दबै।
'वाघ' सुतन रघुवर जस वातां, फतैपेच रै फैल फबै॥ १
'दूदा' सरब जगत नैं दीठां, ठहरै दांन मांन मन ठीक।
कळवछ सिवी नरेस करणसा, करण फूल कीमत कोड़ीक॥ २
पर दुख काटण तणा प्रवाड़ां, जांणै जीवण जुवा-जुवा।
वीर उभै बाजूबंध विधरा, हातम विक्रम नूपत हुवा॥ ३
कटक जेमल फतमल व्हा कंकण, चंद लखौ हत फूल सचौ:
जगत सुपह द्रढ़ भगत तणौ जस, ओपै अमळ आरसी···॥ ४
भाऊ नृप सिवराज भुजाळा, हद गज रा गज देवणहार।
'मांन' भूप 'बळवंत' महाराजा, हुवा हमेल अनै चंद्रहार॥ ५
लंगर अवर लाज रा लंगर, नळ धीरज धरन नूपर वीर।
मारू तूं मो मत महळी रै, हुवौ तेवटौ हेल-हमीर॥ ६

शिवबख्श पाल्हावत—शिवबख्श का जन्म जयपुर राज्यान्तर्गत हणोतिया ग्राम में वि० सं० १८९९ में हुआ था। ये पाल्हावत शाखा के चारण रामसुख के पुत्र थे और प्रसिद्ध कवि रामनाथजी कविया के दोहित्र थे। बाल्यकाल में ही पितृविहीन होने के कारण ये अपने ननिहाल अलवर आ गए। इनके नाना स्वयं काव्य-प्रेमी थें, अतः उनका प्रभाव शिवबख्श पर भीं पड़ा। ये भी नाना का अनुकरण कर कविता करने लगे और शीघ्र ही डिंगल के ज्ञाता हो गये।

प्रारम्भ में ये थाणा के ठाकुर हनुमंतसिंह के कृपापात्र थे। यहाँ ठाकुर के लड़के मंगलसिंह से इनकी गाढ़ी मैत्री थी। मंगलसिंह अलवर के महाराजा शिवदानसिंह द्वारा गोद ले लिए गए और कुछ समय बाद ही शिवदानसिंह की मृत्यु के पश्चात् वे अलवर के महाराजा बन गये। शिवबख्शजी भी थाणा से अलवर आ गये और यहीं काव्य-रचना करने लगे। कुछ समय पश्चात् महाराजा से अनबन होने के कारण य अलवर त्याग कर वृन्दावन चले गये और वहीं रह कर इन्होंने 'वृन्दावन शतक' की रचना की।

महाराजा मंगलसिंह की मृत्यु के पश्चात् ये वृन्दावन से अपने गाँव आये। यहीं पर इन्होंने 'झमाळ अलवर सड्रितु

वर्णन' ग्रंथ रचा। उपरोक्त ग्रंथों के अतिरिक्त इनके दो ग्रंथ 'झमाळ जूनिया' और 'तवारीख अलवर' और मिलते हैं। 'सड्रितु वर्णन' में नायिका-भेद पर भी इन्होंने कुछ लिखा है किन्तु प्रकृति-वर्णन सजीव एवं स्वाभाविक है। वर्षा के बाद धरा की मनोहर छवि निम्न उदाहरण में देखिये—

हरिया तरु गिरवर हुवा, पांघरिया बन पात।
सर तालर भरिया सुजळ, बसुधा सबज बनात।।
बसुधा सबज बनात बिछायत ज्यौं बर्णी।
जिलह ओस कंरण जोति कि नां हीरा कर्णी।।
इंद बधू अरणपार क बसुधा बिथरी।
मनु तूटी मरिण माळ, मदन महिपत्त री।।

वीर-रस-वर्णन तो प्रायः चारणों की पैतृक सम्पत्ति है। शिवबख्श का वीर-रस-वर्णन भी अनूठा है। इन्होंने वीर वचन शिकार के पशु सूअर, सिंह आदि से ही कहलाये हैं। सिंह द्वारा कायर के प्रति कहे वीर वचन निम्न उदाहरण में देखें—

इसा बचन सुणि ऊठियौ, अंग मौड़ै असळाक।
बाघ कहै सुण बाघरणी, तजणौ खेत तलाक।।
तजणौ खेत तलाक, कहाऊं केहरी।
सहौ गरज नहिं सीस, क माथै मेहरी।।
मरण तणौ भय मांनि, भोमि तजि भागवै।
बाघ जनम बेकाज, लाज कुळ लागवै।।

यद्यपि अलवर नरेश से इनका सम्बन्ध विच्छिन्न हो गया था परन्तु थाणा ठाकुर से आपका सम्बन्ध पूर्ववत् ही बना रहा। संवत् १९५६ में थाणा ठाकुर साहब की अलवर स्थित हवेली में ही इनका देहान्त हो गया।

राव बख्तावर—राव बख्तावर का जन्म संवत् १८७० में उदयपुर राज्यान्तर्गत बसी ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम सुखराम था जो बसी के ठाकुर अर्जुनसिंह के पूर्ण कृपा-पात्र थे। राव बख्तावर का जन्म-नाम मोडजी था। इनके बाल्य-काल में पिता की मृत्यु हो जाने के कारण बसी के ठाकुर अर्जुनसिंह ने इन्हें पुत्रवत् समझ सभी प्रकार से सुयोग्य बनाया। संवत् १९०९ में गांव के पारस्परिक झगड़े के सम्बन्ध में ये उदयपुर में आये। यहां इनकी भेंट महाराणा स्वरूपसिंह से हुई। महाराणा ने इनकी कविता तथा वाक्य-चातुरी से प्रसन्न होकर वेतन पर अपने पास रख लिया और कालान्तर में मिहारी तथा डांगरो ग्राम प्रदान कर इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। इन्हीं महाराणा ने मोडजी से इनका नाम बख्तावरजी रखा। महाराणा की आज्ञा से इन्होंने 'स्वरूप यस प्रकास' ग्रन्थ की रचना की जिसमें अन्योक्ति कवित्तों की बाहुल्यता है। महाराणा स्वरूपसिंह के बाद भी तीन महा-राणाओं के समय में इनकी प्रतिष्ठा पूर्ववत् बनी रही। संवत् १९५१ में इनका देहावसान हो गया।

अपने काल में होने वाले सभी महाराणाओं की प्रशंसा में इन्होंने ग्रंथ लिखे। इनके लिखे निम्न ११ ग्रंथ हैं[१]—

१–स्वरूप यस प्रकास, २–सम्भू यस प्रकास, ३–सज्जन यस प्रकास, ४–फतह यस प्रकास, ५–गज्जन चित्र-चंद्रिका, ६–केहर प्रकास, ७–रसोत्पत्ति, ८–संचारणव, ९–अन्योक्ति प्रकास, १०–रागनियां री पुस्तक, ११–सांमंत प्रकास।

इन ग्रंथों में 'केहर प्रकास' सबसे बड़ा और श्रेष्ठ ग्रंथ है, जो ग्रंथकर्ता के प्रपौत्र कवि राव मोहन द्वारा ही सम्पादित हो चुका है। 'केहर प्रकास' में केसरीसिंह और उनकी प्रेयसी कमल प्रसन्न के प्रणय का वर्णन है। इसमें १४८६ छंद हैं। भाषा आधुनिक बोलचाल की राजस्थानी है। वर्णन बड़ा ही रोचक और कलापूर्ण है। इसी ग्रंथ के मिलन प्रकरण का एक उदाहरण देखिये--

उसै कंवर झंकियौ असांइ सदन बागर सूत।
कंवळ दसी झांकर कही, आ कुण गजब अभूत।।

कंवळ जिकरण पुळ कंवर री, सुरत झंकरण फिर सार।
झंके मुड़े फिर आ झंके, लिलचावण ले लार।।

झंक्यौ कंवर जद झोक सूं, सांगे अतरे साद।
कहियौ ओ पाल्यौ कियौ, अमे घड़ी दिन आध।।
कंवर गयौ पाल्यौ कहत, लगन कंवळ री लाय।
कंवळ हुई अंदर कुळफ, बीज सनेह बुहाय।।

ऊमरदांन लालस—राजस्थानी काव्य की नवीन धारा में विशिष्ट योगदान देने वालों में कविवर ऊमरदांन लाळस का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इन्होंने तत्कालीन परि-स्थितियों का सरस राजस्थानी में अनुपम चित्र प्रस्तुत कर राजस्थानी साहित्य जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। ये एक जन्म-सिद्ध कवि थे और इनमें प्रायः वे सभी गुण विद्यमान थे जो एक प्रतिभाशाली कवि में होने चाहिएं। इस

[१] 'केहर प्रकास' सं० कवि रावमोहन, ग्रन्थकर्ता का परिचय, पृ० ३-४।

समय तक प्रायः समस्त राष्ट्र में सुधारवाद की एक प्रबल लहर प्रवाहित हो चुकी थी। भिन्न-भिन्न भाषाओं में अनेक सुधारवादी रचनायें ही जन-जीवन के समक्ष प्रस्तुत की जा रही थीं। कविवर ऊमरदान भी इसी नवीन विचारधारा के व्यक्ति थे। इन्होंने भी समयानुसार परिस्थिति को समझाते हुए समाज-सुधार की विवेचना सरस राजस्थानी में की। आपका जन्म संवत् १९०८ में जोधपुर राज्यान्तर्गत फलोदी तहसील के ढाढ़ रवाळा ग्राम में हुआ था। इनके पिता बख्शी-रामजी संस्कृत एवं राजस्थानी के अच्छे विद्वान थे। ऊमर-दानजी की प्रारम्भिक शिक्षा घर पर इन्हीं के पास हुई थी। माता-पिता का सुख इनके भाग्य में नहीं था, अतः दुर्भाग्यवश बाल्यकाल में ही ये अपने पारिवारिक सुख से वंचित हो गये। इसके बाद ये रामस्नेही साधुओं के सम्पर्क में आ गये और अन्त में संवत् १९३६ में जोधपुर में मोती चौक रामद्वारा के साधु के शिष्य हो गये। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित दोहा प्रसिद्ध है—

> ऊमर मत उगणीस में, बरस छतीसै बीच।
> फागण अथवा फरवरी, निरख्या सतगुरु नीच॥

इस दोहे में सत्गुरु के साथ नीच शब्द का प्रयोग महत्व-पूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह दोहा ऊमरदानजी द्वारा बाद में लिखा गया होगा। 'ऊमर-काव्य' में भी यह दोहा 'संत-असंत सार' के साथ ही लिखा हुआ है। संवत् १९४० में जब ऋषि दयानन्द मारवाड़ में आये तब उनसे प्रभावित होकर श्री ऊमरदान ने साधु सम्प्रदाय छोड़ दिया और गार्हस्थ्य जीवन प्रारम्भ कर दिया। स्वामी दयानन्द के प्रभाव से ये कट्टर आर्यसमाजी हो गये और इसी कारण जहाँ भी इन्होंने तनिक अवगुण अथवा बुराई देखी उसी ओर कस-कस कर व्यंग-बाण मारने में तनिक भी संकोच नहीं किया। इस प्रकार की इनकी रचना कुछ लोगों द्वारा सभ्य रुचि के प्रति-कूल समझी गई, परन्तु ऊमरदानजी को इसकी तनिक भी परवाह नहीं थी। व्यक्ति विशेष या समुदाय विशेष इनके प्रति कैसे विचार रखता है, इस ओर इनका तनिक भी ध्यान न था। अपने स्वयं के सम्बन्ध में, इसी प्रसंग में, इन्होंने लिखा है—

> **जोगी कहौ भव भोगी कहौ,**
> **रजयोगी कहौ कौ केसेई हैं।**
> न्यायी कहौ अन्यायी कहौ,
> कुकसाई कहौ जग जैसेइ हैं।
> मीत कहौ वो अमीत कहौ,
> ज्युं पलीत कहौ तन तैसेइ हैं।
> ऊत कहौ अवधूत कहौ,
> लो कपूत कहौ, हम हैं सोई हैं॥

इन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी कवितायें लिखी हैं। 'संत कसौटी' को छोड़ कर प्रायः इनकी सभी फुटकर कवि-ताओं का संग्रह 'ऊमर-काव्य' के नाम से प्रकाशित हो चुका है। सुधारवादी दृष्टिकोण होने के कारण आपकी कविताओं के प्रसंग भी तत्कालीन समाज में प्रचलित दोष एवं कुरीतियों से ही सम्बन्धित हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति ये पूर्ण विरुद्ध थे। अतः स्थल-स्थल पर इनकी कविता में बुराइयों का स्पष्ट वर्णन मिलता है। रामस्नेही साधुओं की भी इन्होंने निःसंकोच निन्दा की है। संत शब्द को बदनाम करने वाले असंतों की भी खूब खबर ली है—

> गुरु आप अज्ञांनी जुगत न जांणी,
> चेला मुक्त चहंदा है।
> करणी रा काचा साध न साचा,
> बाचा बहोत बकंदा है।
> अंधे कौ अंधा घर के कंधा
> चल कर पार चहंदा है।
> नगटा निरदावे जमपुर जावे,
> खररर खाड खपिंदा है।

कविवर ऊमरदान की रचना यद्यपि साधारण बोलचाल की राजस्थानी में है, फिर भी उसमें अनेक संस्कृत शब्दों का प्रयोग हुआ है। इससे उनके संस्कृत भाषा के ज्ञान का भी परिचय मिलता है। इनकी समस्त रचनाओं में चलती भाषा का अधिक प्रयोग होने के कारण प्रायः सभी रचनायें साधारण जन-जीवन के बीच अधिक प्रसिद्ध हो गई हैं। कवि ने सरल एवं सरस भाषा में बड़ा ही सजीव वर्णन किया है। संवत् १९५६ में मारवाड़ में भयंकर दुर्भिक्ष पड़ा। जन-जीवन की दशा बड़ी दयनीय हो गई। इन्हीं सभी विषम परिस्थितियों एवं जन-जीवन की हीन दशा का बड़ा ही मार्मिक एवं सजीव वर्णन कवि ने 'छपना री छोरा रौळ' नामक रचना में किया है। काव्य के पठन मात्र से आँखों के समक्ष चित्र सा उपस्थित हो जाता है। अकाल के दुष्प्रभाव से हुई ग्रहिणियों की दुर्दशा का कारुणिक चित्रण देखते ही बनता है—

आती ओलरण नें अंबक दळ आयौ,
छाती छोलरण नें छपनौ छित छायौ ।
जावक पावक जिम रंडातक जीवै,
सातां ठोड़ां सूं चंडातक सीवै ।
आधी उगळांची कांचळियां आधी,
बिलियें चूंडी बिन चीथरियां बाधी ।।
सोनूं रूपौ तन पोठी सुपनैं में,
छल्ले बींटी बिन दीठी छपनैं में ।
काजळ टीकी बिन फीकी द्रग कोरां,
सधवा बिधवा बिच बिवरो नहिं सोरां ।
महला मुरधर री तरसै अन तांईं,
तीजै पोरां तक बीजै दिन तांईं ।
नांखै नीसासा आसा अड़ियोड़ी,
पांमर पुरुखां रै पांनैं पड़ियोड़ी ।
ऊजळ मळ संकुळ पीठी उबटांणी,
'करडै लो' साथे अैरण कूटांणी ।
कळियां कूंला री कादै में कळगी,
विखहर संगत सूं पीपळियां बळगी ।

महाराज चतुरसिंह—भक्त-कवि महाराज चतुरसिंह का जन्म मेवाड़ के राजघराने में करजाळी की हवेली, उदयपुर में संवत् १९३६ में हुआ था। इनके पिता महाराज सूरतसिंह करजाळी जागीर के स्वामी और मेवाड़ के महाराणा फतहसिंह के भाई थे। महाराज चतुरसिंह अपने पिता के चार पुत्रों में सबसे छोटे थे। इनकी रुचि बचपन से ही आध्यात्मिकता की ओर झुकी हुई थी। अध्ययन की ओर इनका झुकाव विशेष था। विभिन्न भाषाओं के धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए इन्होंने संस्कृत, गुजराती, मराठी, अंग्रेजी तथा उर्दू आदि अन्य भाषाओं का भी अच्छा अभ्यास कर लिया था।

आपका विवाह अठारह वर्ष की आयु में हुआ था। इनके दो कन्यायें भी हुईं। परन्तु दस वर्ष बाद ही इनकी धर्मपत्नी का देहान्त हो गया। इससे इनकी विरक्ति और भी बढ़ गई और इसके बाद इन्होंने अपना अधिक समय योगाभ्यास, ईश-भजन, शास्त्राध्ययन तथा पुस्तकें लिखने में ही बिताया। आपने अनेक पुस्तकों की रचना की जिनमें से कई प्रकाशित हो चुकी हैं। ये ईश्वर के अनन्य उपासक और भक्त-कवि थे। मीरां के बाद मेवाड़ में यही इतने लोकप्रिय भक्त-कवि हो गए हैं। आपने राजस्थानी और ब्रज भाषा दोनों में ही कविता की है। इनकी भाषा सरल बोलचाल की भाषा ही है जो अत्यन्त मधुर एवं भावपूर्ण है। इन्होंने जो कुछ लिखा वह स्वयं की आत्मानुभूति के आधार पर ही लिखा है। इसलिए इनकी रचना मौलिक बन पड़ी है। इनकी रचनाओं में १-भगवद्‌गीता की गंगाजळी टीका, २-परमारथ विचार, ३-योग सूत्र की टीका, ४-मांनव मित्र रांमचरित्र वारता, ५-दुरगा सप्तसती वारता, ६-अलख पचीसी वारता, ७-चतुर चिंतामणि, ८-महिम्न-स्तोत्र आदि की सुन्दर रचनायें हैं।

जहां मीरां अपने आराध्यदेव की सेविका (चाकर) बनने की हार्दिक कामना करती है वहां महाराज चतुरसिंह अपने आपको अपने उपास्यदेव की चाकरी में ही रत मानते हैं। इस भाव को उन्होंने कितनी सरल अभिव्यक्ति से प्रकट किया है—

म्हें तौ छांजी चाकर वांका, म्हें तौ ठेठ जनम जनम का,
बाज राज लीला रे म्हें तौ, सदा पागड़े लागां ।

मौलिकतापूर्ण एवं भावमयी होने के साथ-साथ इनकी रचना सदुपदेशों से भी ओतप्रोत है जो मानव जीवन को उच्चादर्शों के दर्शन कराती है। ऐसे ही भावमय पद का एक उदाहरण देखिये—

रे मन छन ही में उठ जांणौ ।
ईं रौ नी है ठोड ठिकांणौ, अरे मन छन ही में उठ जाणौ ।
साथै कंईं न लायौ पैली, नी साथै अब आंणौ ।
वी वी आय मळेगा आगे, जी जी करम कमांणौ ।। १
सौ सौ जतन करे ईं तन रा, आखर नीं आपांणौ ।
करणौ व्है सो झटपट कर लै, पछे पड़ै पछतांणौ ।। २
दो दन रा जीवा रे खातर, क्यूं अतरौ ग्ंठांणौ ।
हाथां में तौ कईं न आयौ, वातां में बेकांणौ ।। ३
कणी सीम पे गांम वसावै, कणी नीम कमठांणौ ।
ई तौ पवन पुरुख रा मेळा, 'चातुर' भेद पछांणौ ।। ४

सामन्ती घर में जन्म लेकर और विलास के ह्रास में अपना पालन-पोषण पाकर भी इन्होंने सदैव सरल एवं सात्विक जीवन व्यतीत किया। घर पर रहते हुए जब इन्हें अपने अध्ययन एवं आध्यात्मिक चिन्तन में बाधा प्रतीत हुई तो इन्होंने घर भी छोड़ दिया और उदयपुर से १६ मील की दूरी पर नउबा ग्राम के पास एक स्थान पर कुटिया बना कर रहने लगे। यहीं संवत् १९९६ में अपनी जीवन-लीला समाप्त की।

उपरोक्त वर्णित कवियों के अतिरिक्त आधुनिक काल में अनेकों कवियों ने भी अपनी विभिन्न रचनायें प्रस्तुत कर राजस्थानी साहित्य को जीवन-दान देने में अपना सहयोग दिया। आज भी अनेक कवि इस ओर सतत् प्रयत्नशील हैं। विषय-विस्तार-भय से नीचे इन कवियों के नाम मात्र देकर ही संतोष करना पड़ रहा है—

चंडीदांन (कोटा), प्रतापकुंवरी बाई (जाखण, जोधपुर), गोपाळ कविया (चोखां का बास, शेखावाटी), मुरारिदांन (बूंदी), गुलाबजी (बूंदी), बिड़दसिंह (अलवर), केसरीसिंह (सोन्याणा, उदयपुर), मुरारिदांन आसिया (जोधपुर), अम्रतलाल माथुर (कुचेरा, जोधपुर), गणेसदांन (जोधपुर), महादांन (पारलू, जोधपुर), जैतदांन (मथानिया, जोधपुर), किसोरदांन (लोळावस, जोधपुर), जुगतीदांन (बोरूंदा, जोधपुर), सेवादास (जोधपुर), पुरोहित केसरीसिंह (तिंवरी, जोधपुर), पाबूदांन आसिया (भांडियावास, जोधपुर), मोडजी आसिया (भांडियावास, जोधपुर), राघूदांन सांदू (मिरगेसर, जोधपुर), चिमनदांन रतनू (बिंडलिया, जोधपुर), फतहकरण (ऊजळां, जोधपुर), क्रस्णसिंह सोदा (शाहपुरा), मोडजी महियारिया (उदयपुर), बालाबक्स पाल्हावत (हणूतिया, जयपुर), बळवंतसिंह रोहड़िया (माहुद, अलवर), रामनाथ रतनू (किशनगढ़), मुरारीदांन (आंगदोस, जोधपुर), लिखमीदांन बारहठ (आंगदोस, जोधपुर), कांनीदांन (देशनोक, बीकानेर), हिंगळाजदांन कविया (सेवापुरा, जयपुर), नाथूदांन बारहठ (शेरगढ़, जोधपुर), सेरजी बारहठ (भाखरी, जोधपुर), भगवांनजी रतनू (लालपुरा, जोधपुर) भावनादास साधु (जोधपुर), किसोरसिह वार्हस्यपत्य (शाहपुरा), धूड़जी मोतीसर (जुडिया, जोधपुर), पन्नारांमजी (जोधपुर), प्रभुदांन (भांडियावास जोधपुर), चौथमलजी जैन साधु।

नाथूदांन (उदयपुर), राव मोहनसिंह (उदयपुर), नैनूरांम संस्करता (बीकानेर), मुरारिदांन कविया (जयपुर), अक्षयसिंह रतनू (जयपुर), देवकरण बारहठ (इन्दोकली, जोधपुर), कन्हैयालाल सेठिया (बीकानेर), रेवतदान (मथानिया, जोधपुर), गजानन (रतनगढ़, बीकानेर), चन्द्रसिंह बीका (बिरकाळी, बीकानेर), उदयराज उज्जळ (ऊजळां, जोधपुर), नारायणसिंह भाटी (माळूंगा, जोधपुर), मनोहर शर्मा (जयपुर), मेघराज मुकुल (बीकानेर), लक्ष्मणसिंह रसवन्त (जाळसू, जोधपुर), कल्यांणसिंह राजावत (चितावा, नागौर), रेंवतसिंह भाटी (नरवर, किशनगढ़), भीम पांडिया (बीकानेर), सोहनलालजी तेरापंथी, प्रभुदांन (मथानिया, जोधपुर), किसोर कल्पनाकांत (रतनगढ़, बीकानेर), क्रस्णगोपाळ कल्ला (मेड़ता, जोधपुर), गणपति स्वांमी (पिलाणी, जयपुर), गणेसीलाल व्यास (जोधपुर), गंगारांम पथिक (बीकानेर), चंडीदान सांदू (हिलोड़ी, नागौर), भरत व्यास (चुरू, बीकानेर), मरुधर म्रदुल (जोधपुर), माधव शर्मा (चुरू, बीकानेर), राज श्री 'साधना' (कोटा), रामदेव आचार्य (बीकानेर), रावत 'सारस्वत' (चूरू, बीकानेर), विस्वनाथ शर्मा 'विमलेश' (झुंझुनू, जयपुर), सक्तिदांन कविया (बिराही, जोधपुर), सोभागसिंह सेखावत (भगतपुरा, सीकर), रामसिंघ सोलंकी (उदयपुर), हणूंतसिंह देवड़ा (राणीवाड़ा, जालोर)।

राजस्थांनी गद्य साहित्य

विद्वानों ने प्राचीन एवम् आधुनिक भाषाओं के अध्ययन में राजस्थानी को भी पर्याप्त महत्व दिया है, किन्तु उनका यह आधार राजस्थानी की काव्यगत विशेषताओं तक ही सीमित रहा। गद्य की दृष्टि से भी राजस्थानी एक समृद्ध भाषा है; इस तथ्य की ओर सम्भवतया उनका ध्यान ही नहीं गया। राजस्थान के विद्वानों ने भी इसे प्रकाश में लाने का कोई विशेष प्रयास नहीं किया। यहां के अधिकांश आधुनिक विद्वानों ने भी सम्भवतः भाषायी एकता को पुष्ट करने की दृष्टि से अथवा किन्हीं अन्य कारणों से प्रायः हिन्दी भाषा में ही गद्य निर्माण किया है। इसका परिणाम राजस्थानी के लिए अत्यन्त हानिकर सिद्ध हुआ है। तत्कालीन राजभाषा आयोग ने अपने प्रतिवेदन में राजस्थानी को स्वतंत्र प्रांतीय भाषा के रूप में स्वीकार नहीं किया, यद्यपि इस प्रतिवेदन के पहले बड़े-बड़े भाषाविद् राजस्थानी को एक स्वतंत्र भाषा के रूप में स्वीकार कर चुके हैं।

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया' में राजस्थानी को एक पृथक साहित्यिक भाषा के रूप में स्वीकार किया है। डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या[1] तथा डॉ० एल. पी. तैस्सितोरी ने भी इसे केवल बोलियों का समूह न मान कर हिन्दी से स्वतन्त्र एवं भारतीय आर्य-भाषाओं के परिवार की एक समृद्ध भाषा माना है।

हमारा उद्देश्य इस विवाद में पड़ने का नहीं। तथापि यह निस्संदेह सत्य है कि राजस्थानी में विपुल काव्य-निधि के अतिरिक्त गद्य साहित्य की परम्परा भी बहुत प्राचीन एवम् समृद्ध रही है।

इसके समुचित प्रकाशन एवम् अध्ययन के अभाव में ही प्राय: लोगों की इस प्रकार की धारणा-सी बन गई है कि राजस्थानी में गद्य साहित्य नगण्य अथवा गौण है। आधुनिक युग में राजस्थानी गद्य की स्थिति बड़ी चिंतनीय रही है, इसे राजस्थानी साहित्य की सेवा करने वाले लेखकों ने भी अनुभव किया है। यद्यपि इस स्थिति में अब बहुत अन्तर आ चुका है, कई व्याकरण प्रकाशित हो चुके हैं, कोश का निर्माण भी हो चुका है, राजस्थान निवासी अपनी भाषा की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक हैं, राजस्थानी की सूक्ष्म बारीकियों का अनुसंधान किया जा रहा है, एवम् उस पर शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत किए जा रहे हैं, और आधुनिक लेखक भी इसी भाषा में कहानी, उपन्यास आदि लिख रहे हैं।

जो लोग राजस्थानी के सम्बन्ध में यह भ्रामक धारणा रखते हैं कि राजस्थानी का अर्थ विभिन्न बोलियों का समूह मात्र है तथा उसमें गद्य का एकस्तरीय रूप नहीं है, उनकी यह धारणा प्राचीन राजस्थानी गद्य (ख्यात, बातें) का अध्ययन करने पर अवश्य मिट जानी चाहिये। मुहणौत नैणसी जालोर का निवासी था, कविराजा बांकीदास जोधपुर के रहने वाले थे, दयाळदास ने अपनी ख्यात बीकानेर में बैठ कर लिखी थी और कविराजा सूर्यमल बून्दी के निवासी थे, किन्तु इनके लिखे गद्य में विशेष अन्तर नहीं है। राजस्थानी भाषा की एकरूपता का इससे बढ़ कर अन्य कौनसा प्रमाण हो सकता है।

आज के साहित्य में गद्य की प्रधानता है, किन्तु प्राचीन साहित्य में गद्य का ऐसा प्रचलन नहीं था। राजस्थानी में गद्य का प्राचीन रूप मिलता है, किन्तु यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वह साहित्य का उतना प्रभावशाली वाहन नहीं रहा जितना कि पद्य।

राजस्थानी गद्य के विकास पर दृष्टि डालते समय हम विषय-क्रम (यथा-ख्यात, बात आदि) का वर्गानुसार उल्लेख न कर के कालक्रमानुसार ही विकास-क्रम का विवेचन करेंगे।

चौदहवीं शताब्दी से राजस्थानी गद्य-रचना की परम्परा स्पष्ट रूप से देखने में आती है। गद्य लिखने की परम्परा इससे भी प्राचीन अवश्य थी पर उसके उदाहरण बहुत अल्प मिलते हैं।[1] चौदहवीं शताब्दी के प्राचीनतम गद्य के दो उदाहरण हमें उपलब्ध हैं। पहला उदाहरण एक गोरखपंथी गद्य ग्रंथ में मिलता है। हिन्दी साहित्य के सभी इतिहासकारों ने गोरखपंथी की रचना के रूप में निम्नलिखित अवतरण उद्धृत किया है

> 'श्री गुरु परमानन्द तिनको दडवंत है। हैं कैसे परमानन्द आनन्द स्वरूप हैं सरीर जिन्हि को। जिन्ही के नित्य गायै तैं सरीर चेतन्नि अरु आनन्दमय होतु हैं। मैं जु हौं गोरिख सो मछंदरनाथ को दडवंत करत हौं। हैं कैसे वे मछंदरनाथ। आत्मा ज्योति निस्चल है अन्त:करन जिनिको अरु मूल द्वार तैं छह चक्र जिनि नाकी तरह

[1] 'वस्तुत: भाषा-शास्त्र की दृष्टि से विचार किया जाय तो राजस्थानी, कोसली या अवधी, भोजपुरी या मैथिली आदि बोलियां नहीं, भाषायें ही हैं।'—राज भाषा आयोग का प्रतिवेदन, पृ० २३८।

[1] शिलालेख, ताम्रपत्र आदि के रूप में कहीं-कहीं प्राचीन राजस्थानी गद्य के नमूने आज भी उपलब्ध होते हैं। यहां एक १३वीं शताब्दी का शिलालेख प्रस्तुत कर रहे हैं जो बीकानेर के नाथूसर गांव में उपलब्ध हुआ है।

प्रलेख का मूल पाठ—

पंक्ति—१—समत १२८० बेरखे मती माह सुद्ध २ राग—
,, २—ड कुसलो गारधनत काम यायो छै गा धनैस—
,, ३—सर माह. रगड़ कुसलो रणधीर त झुझार
,, ४—हवा छै पाता अरषीयो रै बैरे महे कम या -
,, ५—या भटी कस(ल) संघ अखराज तरै म
,, ६—ह डऊ ॥ काम यया छ।

—'वरदा' पृष्ठ ३, वर्ष ४, अंक ३

जानै। अरु जुग काल कल्प इनिकी रचना तत्व जिनि गायौ। सुगंध कौ समुद्र तिनि कौ मेरी दंडवत। स्वामी, तुमै तौ सत्गुरु अम्है तौ सिख सब्द एक पूछिबौ, दया करि कहिबौ मनि न करिबौ रोस।'

उपरोक्त अवतरण में 'पूछिबौ' 'कहिबौ' 'करिबौ' आदि के प्रयोगों के कारण इसके रचयिता को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने राजस्थान का निवासी माना है।[१] पूर्वी राजस्थान में आज भी क्रियाओं के अंत में 'बौ' लगाने की प्रथा है। किन्तु इन्हीं प्रयोगों को देख कर कुछ बंगाली विद्वानों ने अनुमान किया है कि इसकी भाषा पर पूर्वी बंगाल की भाषा का प्रभाव पड़ा है। नाथपंथी साधक प्राय: देशाटन करते रहते थे। अत: उनकी भाषा पर अनेक स्थानों की भाषाओं का प्रभाव पड़ना सम्भव है। अधिकतर विद्वानों ने उपरोक्त अवतरण को ब्रजभाषा का नमूना माना है। वास्तव में यह ब्रजभाषा का ही उदाहरण है। प्राचीन राजस्थानी में वाक्यों का संगठन इस ढंग का नहीं मिलता।

चौदहवीं शताब्दी का एक और गद्य का उदाहरण श्री मोतीलाल मेनारिया ने प्राचीन राजस्थानी गद्य के नमूने के रूप में अपनी 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' नामक पुस्तक में उद्धृत किया है—

'ज्ञानाचारि पुस्तकं पुस्तिका संपुट संपुटिका टीपणां कबली उतरी ठवणी पाठा दोरी प्रभृति ज्ञानोपकरण अवज्ञा, अकालि पठन अतिचार विपरीत कथनु उत्सूत्र प्ररूपणु अश्रद्धधांन—प्रभृतिकु आलोयहु।'—आराधना[२] (संवत् १३३०)

श्री संग्रामसिंह द्वारा रचित 'बाल शिक्षा व्याकरण' में भी राजस्थानी गद्य के उदाहरण पाये जाते हैं। इस ग्रंथ का रचनाकाल संवत् १३३६ है। यद्यपि यह संस्कृत व्याकरण का ग्रंथ है तथापि समझाने के लिए इसमें राजस्थानी गद्य के शब्द-समूह का प्रयोग किया गया है।

पद्य की तरह राजस्थानी गद्य के भी प्रारंभिक विकास में जैन विद्वानों का विशेष हाथ रहा है। संवत् १४११ के गद्य का एक उदाहरण एक जैन आचार्य द्वारा लिखा मिलता है। इसे राजस्थानी गद्य के नमूने के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

ग्रामि एक अति दरिद्रता करी दुक्खित डोकरी एक हूंती। हूंसउ इसइ नामि तेहनउ दीकिरउ एकु हुंतउ। सु आजिविका कारणि ग्राम लोक तणा वाछरू चारतउ। अनेरइ दिनि संध्या समइ उद्यान-वन हूंतउ वाछरू ले आवतउ हूंतउ सु सपि डसिउ, मूर्च्छा आवी; तिहाईजि महाविखवेग संगनु हूंतउ हेठउ ढलिउ। जिम कास्तु निस्चेस्टु हुयइ तिम थाई मही पीठि पड़िउ। किणिहि एकि ग्राम माहि आवी करि डोकरि आगइ कहिउ—ताहरउ दीकिरउ सरपि डसिउ। बाहिरि अचेतनु थाई पड़िउ छइ।' तरुणप्रभाचार्य[१] संवत् (१४११)

पन्द्रहवीं शताब्दी में राजस्थानी गद्य में दो प्रकार की लिपि का प्रयोग होता था। पहले प्रकार में महाजनी लिखावट होने से मात्राओं आदि का बहुत कम प्रयोग किया जाता था। राव चूंडा के समय का (वि० सं० १४७८) एक ताम्र-पत्र बड़ली ग्राम में प्राप्त हुआ है। इसमें तत्कालीन महाजनी लिखावट का प्रयोग किया गया है—

श्री राव चूंडाजी रो दत बड़ली गांव।
प्रोयत सादा नै दीधौ संवत् १४ व...
रस आठंतरो काती सुद पूनम रै।
दिन बार सूरज पुस्करजी माथै।
पुण्यारथ कीदौ महाराज चूंडाजी।
दुवौ तेवीस हजार वीगा जमीनी।
म समेत ईस्वर प्रीतये
गांवं दीधौ हिंन्दू नै गऊ मुसलमां
सूर माताजी चामुंडाजी सूं बेमुख
आल-औलाद अणारी कीई गोती पोतौ।
ईस्वर सूं बेमुख प्रोयत सादा बै।[२]

---

[१] हिंदी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचन्द्र शुक्ल।

[२] प्राचीन गुजराती गद्य-संदर्भ—मुनि जिनविजय, पृष्ठ २१८-२१९।

[१] 'षडावश्यक बालावबोध'—रचयिता खरतरगच्छाचार्य तरुणप्रभ सूरि, संवत् १४११।

[२] मारवाड़ का इतिहास, प्रथम भाग, लेखक—विश्वेश्वरनाथ रेऊ, पृष्ठ ६५ से उद्धृत।

दूसरे प्रकार की लिपि काफी साफ-सुथरी और स्पष्ट होती थी।

शैली की दृष्टि से भी यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि आगे जाकर गद्य की दो प्रमुख शैलियाँ बन गई थीं—जैन शैली तथा चारण शैली। इस समय का एक विशिष्ट ग्रंथ 'प्रथीचंद चरित' अपर नाम 'वाग्विलास' जैनाचार्य माणक्य-सुन्दर सूरि द्वारा रचा हुआ मिलता है। इसका रचनाकाल संवत् १४७८ है। इसमें वर्णन बड़ा सजीव, कथात्मक एवं महत्वपूर्ण है। लोक-भाषा में वर्णनों का ऐसा सुन्दर संदर्भ ग्रंथ सम्भवतः अन्य नहीं है। इसमें पृथ्वीचन्द्र के चरित्र की अपेक्षा वाग्विलास रूप-चमत्कारिक वर्णनों की ही प्रधानता के कारण रचयिता ने ही सार्थक नाम 'वाग्विलास' स्वयं रखा है। ग्रन्थ प्रायः तुकान्त गद्य में लिखा गया है, जिसे पढ़ते समय काव्य-का सा आनन्द प्राप्त होता है। उस समय में ऐसे ग्रंथ का निर्माण वास्तव में राजस्थानी गद्य साहित्य की समृद्धि का महत्वपूर्ण उदाहरण है। ग्रन्थ की भाषा भी अपेक्षाकृत परि-मार्जित एवं सुन्दर है। उदाहरण के रूप में एक-दो वर्णन देखिये—

मरहट्ठ देस वरणण—

> 'जिण देसि ग्राम अत्यन्त अभिराम। भलां नगर जिहां न मागीयइ कर। दुर्ग जिस्यां हुई स्वर्ग। धान्य न निपजइ सामान्य। आगर, सोना, रूपा तणा सागर। जेइ देस माहि नदी बहीइं, लोक सुषइं निर्वहइ। इसिउ देस पुण्य तणउ निवेश गरुअउ प्रदेश। तिणि देस पइठाणपुर पाटण वर्तइं, जिहां अन्याय न वर्तइं। जीणइ नगरि कउसीसे करी सदाकार पाषलि पोढ़उ प्राकार, उदार प्रतोली द्वार। पाताल भणी धाई, महाकाय षाइ, समुद्र जेहनु भाई। जे लिइ केलास पर्वत सिउंवाद, इस्या सर्वंग्य देव तणा प्रासाद। करइ उल्लास, लक्षेस्वरी कोटिध्वज तणा आवास। आणंदइ मन, गरुडं राजभवन। उपरि उदंड सुवर्णमय दंड, ध्वजपट लह-लहई प्रचंड।'

वास्तव में राजस्थानी साहित्य की उत्पत्ति और विकास में जैन धर्म का बहुत हाथ रहा है। विकासोन्मुख राजस्थान का प्राचीन रूप हमें उस समय के जैन आचार्यों की भाषा में मिलता है। इस पर विशेष कर नागर अपभ्रंश का अधिक प्रभाव है। वाग्विलास के सात-आठ साल बाद ही संवत् १४८५ में हीरानंद सूरि द्वारा लिखा गया 'वस्तुपाल तेजपाल रास' नामक ग्रन्थ की भाषा से यह स्पष्ट हो जाएगा -

> 'इसउ एक श्री सत्रुंजय तणउ विचारु महिमा नउ भण्डरु मंत्रीस्वर मन माहि जाणी उलसरंग आणी। यात्रा उपरि उद्यम कीधउ, पुण्य प्रसादन नउ मनोरथ सिधउ।'

इस समय की भाषा के 'कीधउ' (कीधौ) 'सिधउ' आदि रूप विशेष रूप से दृष्टव्य हैं। 'उ' का प्रयोग प्रायः शब्दांत में प्रचुरता के साथ मिलता है।

इस समय में अनेक जैनेतर (चारण शैली) रचनाओं का भी निर्माण हुआ है। संवत् १४८५ में रची गई 'अचळदास खीची री वचनिका' इनमें प्रमुख है। इसके रचनाकाल के विषय में विद्वानों में मतभेद है। श्री अगरचंद नाहटा एवं श्री मोतीलाल मेनारिया ने इसे पंद्रहवीं शताब्दी का ग्रंथ माना है। श्री मेनारिया ने इसका रचनाकाल स्पष्ट रूप से १४८५ ही दिया है।[1] परंतु डॉ० रामकुमार वर्मा ने संवत् १६१५ माना है।[2] हमारे दृष्टिकोण से इस ग्रंथ की रचना संभवतः पंद्रहवीं शताब्दी में हुई है। डॉ० तैस्सितोरी का मत भी इसी का समर्थन करता है।[3] इसका रचयिता शिवदास चारण कवि था। उसने इस ग्रंथ में गागरौन के खीची शासक अचळदास की उस वीरता का वर्णन किया है जो उन्होंने मांडल के पातिशाह के साथ युद्ध में दिखलाई थी। उस युद्ध में अचळ-दास वीरगति को प्राप्त हुए। शिवदास ने यह सब आंखों-देखा वर्णन किया है। ग्रंथ में पद्य के साथ-साथ वात रूप गद्य भी पाया जाता है। यह गद्य सर्वत्र तुकांत नहीं है। उस काल की रचना का यह अच्छा उदाहरण है।

> 'तितरइ वात कहतां वार लागइ। अस्त्री जन सहस चाळीस कउ संघाट आइ संप्राप्ती हुवइ छइ। बाळी-भोळी अबळा-प्रउढ़ा

---

[1] राजस्थानी भाषा और साहित्य—पं० मोतीलाल मेनारिया, पृ० १००।

[2] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—डॉ० रामकुमार वर्मा, तृतीय संस्करण, पृष्ठ १७८।

[3] A descriptive Catalogue of Bardic and Historical Mss. Pt. J. Bikaner State, Fasc. 1., P. 401.

सोडस-वारखी-राणी रवताणी बहदा-बहदी ही आपणा देवर जेठ भरतार का सत देखती फिरइ छइ।'

इसके अतिरिक्त इस ग्रंथ में तुकांत गद्य का भी उदाहरण मिलता है जो काव्य का सा आनन्द देता है—

'पगि पगि पउलि हस्ती की गज घटा, ती ऊपरि सात-सात सइ धनक-घर सांवठा। सात-सात श्रोलि पाइक की बइठी, सात-सात श्रोलि पाइक की उठी। खेडा उडरण मुद फरफरी चुहुंच की ठांइ ठांइ ठररी इसी एक त्यापट उडि चत्र दिसी पडी, तिण वाजि तकड निनादि घर आकास चडहडी। बाप बाप हो! थारा आरंभ पारंभ लागि गढ़ लेयण हार किना। बाप बाप हो! थारा सत तेज अहंकार, राइ द्रुग राखणहार।'

संवत् १५१२ में 'कान्हडदे प्रबंध' की रचना हुई। इसमें भी पद्य के बीच-बीच में कहीं-कहीं गद्य मिलता है—

'वाघवालिया च्यारि च्यारि विलगा छइ। किरि जाणीइ आकासि तणा गमन करसि। अथवा पाताल तणां पाणी प्रगटावसि। ते घोड़ा गगोद कि स्नांन कराव्या तेह तणि सिरि श्री कमलि पूजा कीधी। तेह तणि पूठि बावनो चंदन तणा हाथी दीधा। तेह तणि पूठि पंच वर्ण पाखर ढाळी। किसी पखर—रण-पखर, जीणपखर, ग्रुडिपखर, लोहपखर, कातलीयालीपखर।'

उस समय की साहित्यिक भाषा एवं बोलचाल की अथवा ताम्रपत्रों की भाषा में पर्याप्त अंतर दृष्टिगोचर होता है। संवत् १५१६ में जोधपुर के महाराजा राव जोधाजी ने श्रीपति के पुत्र रिषभदेव को, जो जाति का सारस्वत ब्राह्मण था और जिसका अवट्ंक ल्होड़ ओझा था, पुरोहितपन का ताम्रपत्र कर दिया था। उस ताम्रपत्र से उस काल की भाषा पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है—

'महारावजी श्री जोधाजी वचनायते तथा कनोज सूं सेवग लूंब रिसी जातऐ सारसुत ओजो ल्होड़ सेवा लेनै आयौ सु राठौड़ वंस रा सेवग ऐ है। ठेठु कदीम सूं मुलगायां रौ सेवगपणौ इणारौ है। पहरी वंस रै माताजी श्री आदपंखणीजी चक्रेश्वरीजी पछै राव श्री धूहड़जी नूं वर दीधौ नै नाग रा रूप सूं दरसण दीधौ तरै नागणेचियां कहांणी सु धूहड़जी रो तांबापत्र ओझा रिषभदेव श्रीपत रा बेटा कनै थौ सु वाचनै मैं ही तांबापत्र कर दीधो। इण मुजब राठौड़ वंस रो सवगपणे रो लवाजमो जाया परणियो नेग दापो राजलोक रावळै करै सु वरत वडुलियो सरबेत रणां रो नेग है नै राठौड़ वंस गोतमस गोत्र अकरूर साखा री लार इतरा जणा छै। पीरीत सेवड़ ओजा सेवग लोड मथरेण रुदर देवा। सो देस परदेस मांहरी आल ओलाद पीढी दर पीढी ओजा रिषभदेव री।'[1]

मुसलमानी शासन के कारण अरबी-फारसी के भी कई शब्द बोलचाल की भाषा में प्रवेश पा गये हैं। उपरोक्त ताम्र-पत्र में भी कदीम, लवाजमौ, आल-औलाद आदि शब्दों का प्रयोग विशेष रूप से दृष्टव्य है।

श्री मेनारिया ने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' में संवत् १५३२ के लगभग लिखे गये एक ताम्रपत्र का उल्लेख किया है—

'धरती वीघा तीन सै सुर प्रब में उदक आधाट श्री रामार अरपण कर देवाणी सो अणी जमी रौ हांसल भोग डंड वराड लागत वलगत् कुडा नवाण रुख वरख आंबा महुड़ा मेर को खड़म सरब सुदी थारा बेटा पोना सपुत कपुत खायां पायां जायेला।'[2]

जैन धर्म के उद्धारक भगवान महावीर ने लोक-भाषा में अपने प्रवचन किये और परवर्ती जैनाचार्यों ने भी लोक-भाषा का सदा आदर किया और उसमें निरन्तर साहित्य-निर्माण करते रहे। अतएव लोक-भाषा के क्रमिक विकास के अध्ययन की सामग्री केवल जैन साहित्य में ही सुरक्षित है। जैन आचार्यों ने लोक-भाषा में केवल रचनाएँ ही नहीं कीं, अपितु उन रचनाओं को सुरक्षित रखने का भी महान् प्रयत्न किया। जैन भंडारों में से बहुत-से ऐसे ग्रन्थ उपलब्ध हुए जिनकी प्रतियां अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं होतीं।

जैन भण्डारों से उपलब्ध सोलहवीं शताब्दी में रची गई दो-तीन रचनाओं का उल्लेख करना यहां अनुचित न होगा। जैसलमेर के जैन भण्डार से १६वीं शताब्दी के आरम्भ में लिखा गया एक विशिष्ट वर्णनात्मक ग्रन्थ अपूर्ण रूप में प्राप्त हुआ है, जिससे तत्कालीन भाषा पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। इनमें से कुछ वर्णन तो संस्कृत में हैं किन्तु अधिकांश वर्णन राजस्थानी में ही लिखा गया है।

---

[1] मारवाड़ का संक्षिप्त इतिहास—ले० रामकरण आसोपा, पृ. १८५ से उद्धृत।

[2] राजस्थानी भाषा और साहित्य—पं० मोतीलाल मेनारिया, पृ. २७४।

रसवति वरणन —

'उपलइ मालि प्रसन्नइ कालि। भला मंडप निपाया, पोयणी नै पांनै छाया। केसर कुंकम ना छड़ा दीधा। मोती ना चौक पूरया। ऊपरि पंचबरणा चंद्रवा बांध्या, अनेक रूपे आछी परियछीना रंग साध्या। फूलां ना पगर भरया, अगर ना गंध संचरया। थांन गादी चातुरि चाकला, बइसण हारा बइठा पाताळा। सारवा घाट मेलाव्या आगलि पाट। ऊंची आडणी, झलकती कुंडली। ऊपरि मेलाव्या सुविसाळ थाळ, वाटा, वांटली सुवरणमई कचौळी। रूपा नी सीप ढूकी, इसी भांत मूकी।'

इस काल में तुकांत गद्य वाले और विशिष्ट वर्णनात्मक गद्य ग्रन्थ राजस्थान में निरन्तर बनते रहे हैं। राजस्थानी की इस परम्परा पर संस्कृत के काव्यकार बाण की रचना में भाषा की चित्रोपमता, लय-समन्वित विचारों की नूतन परम्परा तथा अलंकरणप्रियता अधिक है। दंडी की भाषा शिष्ट, स्निग्ध एवं शान्त है। पद-विन्यास की प्रौढ़ता अनूठी लाक्षणिकता, सजीव मूर्तिमता का समावेश, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि का मनोरम प्रयोग आदि विशेषताएँ दण्डी के साहित्य में बहुलता से मिलती हैं। राजस्थानी गद्य-काव्यों में भी अलंकरणप्रियता अधिक है। संस्कृत में ऐसे गद्य के लिए जिसमें अनुप्रासों और समासों की अधिकता हो एवं जिसमें पद्य का सा आनन्द आवे, वृतगंधी का उल्लेख किया गया है। गद्य की भाषा हमारे जीवन के अधिक समीप है, अत: अत्यधिक भावुक हृदय कवि-जन, जिन्हें छन्दों की कृत्रिमता प्रिय नहीं है, इसी के माध्यम से अपने भावों को व्यक्त करते हैं, किन्तु उस समय के साहित्य पर पड़ा हुआ पद्य का विशाल प्रभाव, उन्हें पद्य के समीप रहने की ही प्रेरणा देता था। अत: गद्य होते हुए भी उनके पढ़ने और सुनने में पद्य के समान आनन्द या रस प्राप्त होता है। ऐसे गद्य-काव्यों का यह निष्कर्ष निकालना ठीक न होगा कि पद्यबद्ध रचना के क्षेत्र में असफल होने पर ही कविगण गद्य का आश्रय लेते हैं। पद्यबद्ध रचना के क्षेत्र में पूर्ण सफल व्यक्ति ही गद्य-काव्य-क्षेत्र में उतर सकते हैं। गद्य की स्वाभाविकता ने जहां लेखकों को गद्य लिखने के लिए प्रोत्साहित किया वहां पद्य की एक लय, एक ध्वनि, एक आश्रय की सत्ता का भी उन्होंने उपयोग किया। यह वह समय कहा जा सकता है जब कि गद्य पद्य से अलग होने का प्रयत्न कर रहा था किन्तु पद्य के प्रभाव से पूर्ण रूप से मुक्त अभी तक न हो सका था। सम्भवत: गद्य-काव्यों की इतनी प्राचीन परम्परा आधुनिक समय में प्रचलित अन्य भाषाओं में नहीं मिलती।

सोलहवीं शताब्दी के उत्तरकाल में निर्मित दो और पद्यानुकारी कृतियों का उल्लेख हम यहां कर रहे हैं। ये दोनों राजस्थानी साहित्य-भाग २, में प्रकाशित हो चुकी हैं।[1] जैसा कि हम लिख चुके हैं, ये रचनाएँ गद्य में होने पर भी पद्यात्मक शैली से प्रभावित हैं—

१. 'पहिलउ दामा पुरोहित तणी नगरी श्री तिमरी आविया, पइसा रा मोटइ मंडाण कराविया, जांगी ढोल झालरि संखि वादित्र बजाविया, बिहुं पासे पटकूल तणा नेजा लहकाविया, पगि पगि खेला नचाविया, तणिआ तोरण बंधाविया। गीत गान कीधा पून काळस सूहव सिरि दीधा; भला मंगळीक कीधा। घरि-घरि गूडि ऊछळी, श्री संघ तणी पूगी रळी। दाहौ तरसौ वरसां तणी कांण भागी, पुण्य तणी वेली वधिवा लागी। सरव ·····का भेळउ हुयउ। अभंग जोड़ी वडा बंधव श्री सूजा सहित राउल सातल वणावितउ सोभइ।'

२. 'भिळिया ओसवाळ, श्रीमाळ, ढिलीवाळ, खंडेलवाळ, गुजराती, मेवाती, जैसलमेरा, अजमेरा, भटनेर, सिंधू, बहुतेरा, गोडवाड़ा, मेवाड़ा, मारुआड़ा, महेवेचा, कोटड़ेचा, पाटणेचा, मांडया सोवन पाट, धवळिया मंदिर हाट, फूल बिखेरया वाट, एकन हुवा महाजन-तणा थाट, ढमक्या ढोल-निसाण, ऊमटिया खरतर नां खुरसांण, ऊछव करइ जिणराज ठाकुर सुजाण। वाजिवा लागा तूर, ऊपना आणंद पूर, भट्ट थट्ट लहइं कूर कपूर, याचक आपइ आसीस लहइं बोल बंभीस, न करइ लगाइ रीस, पूगी मनइ जगीस, पूत काळस ले नारी आवइ, धवळ मंगळ गावइ, मोतिए गुरुइ वधावइ, ऊपरि अति बहुमूल, उतारइ सोवन फूल, उछाळइ चावळ, फूआ वेंळाउळ, जाणिवा लागा राउळ, जिसा गयणि गाजइ बादळ, तिसा रळी रळी रणकइ मादळ, चउपट चउसाळ वाजइ ताळ कंसाळ।'

[1] ये दोनों रचनाएँ संवत् १५४८ एवम् १५६६ के मध्य में रची गई हैं। पहली रचना में जैसलमेर के राव सातल का परिचय दिया गया है एवम् दूसरी रचना में खरतरगच्छाचार्य श्री शान्तिसागर सूरिजी के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालने के साथ ही तत्कालीन जोधपुर नरेश की वीरता एवम् उदारता का उल्लेख है।

धीरे-धीरे गद्य का विभिन्न रूपों में विस्तार होने लग गया था। आवश्यकतानुसार विभिन्न विचार-प्रवाह के रूप में गद्य का प्रयोग किया जाने लगा। इस प्रकार सोलहवीं शताब्दी में विभिन्न रूपों में गद्य-लेखन आरंभ हो चुका था। वात, ख्यात, पीढ़ी, वंसावली, टीका, वचनिका, हाल, पट्टा, बही, शिलालेख, खत आदि के माध्यम से समाज के संघर्ष-पूर्ण तत्वों, सौन्दर्य-भावनाओं, सृजनात्मक प्रवृत्तियों तथा अन्य कितने ही कार्य-व्यापारों का सुन्दर चित्रण हुआ है। इन विभिन्न विषयों के संबंध में मुन्शी देवीप्रसाद ने 'चांद' (मारवाड़ी अंक) नवम्बर १९२९ में 'भाट और चारणों का हिन्दी भाषा सम्बन्धी काम' नामक एक लेख में लिखा था—

"ये लोग पद्य को 'कविता' और गद्य को 'वारता' कहते हैं। 'वारता' ग्रंथ 'वचनका' 'वात' और 'ख्यात' कहलाते हैं। 'वचनका' और 'ख्यात' इतिहास के और 'वात' किस्से-कहानी के ग्रंथ हैं। इनमें गद्य और पद्य दोनों प्रकार की कविताएँ हैं। 'वचनका' और 'ख्यात' में बनावट का भेद होता है। 'वचनका' में तुकबंदी होती है, 'ख्यात' में नहीं होती पर उसकी इबारत सीधीसादी होती है।'

समृद्धता की दृष्टि से राजस्थानी का वात साहित्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। राजस्थान में कहानी लिखने की परम्परा बहुत प्राचीन समय से चली आ रही है। संपूर्ण वात साहित्य के प्रकाश में न आने के कारण अधिकांश विद्वान वातों की विशिष्ट विशेषताओं के संबंध में अनभिज्ञ ही रहे। यही कारण है कि अधिकतर विद्वानों ने इन बातों का विषय (रईसों, नवाबों आदि के अवकाश के क्षणों में मनोरंजन हेतु) प्रेम एवं अतिरंजित एवं आकस्मिक घटनाओं से परिपूर्ण ही माना है। डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'हिन्दी साहित्य' नामक पुस्तक में राजस्थानी गद्य साहित्य के विषय में लिखा है—'ब्रजभाषा की भाँति ही राजस्थानी में ख्यात, वात और वार्ताओं का साहित्य थोड़ा-बहुत बनता रहा। मुगल दरबार में 'किस्सागोई' नाम की एक विशेष प्रकार की कला का जन्म हो चुका था। मुगल काल के अंतिम दिनों में तो 'किस्सा-गोई' या 'दास्तानगोई' एक पेशे का रूप धारण कर चुकी थी। किस्सा-गो लोग अवकाश के क्षणों में बादशाहों, नवाबों और अन्य रईसों का मनोरंजन किया करते थे। इन कहानियों का प्रधान विषय प्रेम हुआ करता था और अतिरंजित एवं आकस्मिक घटनाओं से वर्ण्य-विषय को आकर्षक बनाने की चेष्टा भी होती थी। राजपूत दरबारों में भी इनका थोड़ा-बहुत अनुकरण होने लगा, इसी कारण राजस्थानी भाषा में भी 'किस्सागोई' का साहित्य बनता रहा। परन्तु जिस प्रकार राजपूत कला मुगल कला से प्रभावित होकर भी भीतर से संपूर्ण रूप से भारतीय बनी रही, उसी प्रकार यह आख्यान साहित्य भी संपूर्ण रूप में भारतीय ही बना रहा।'

इस सम्बन्ध में एक बात विशेष उल्लेखनीय है कि राजस्थानी वात साहित्य पर मुगल काल में प्रचलित किस्सागोई का असर भले ही पड़ा हो किन्तु राजस्थानी में वात साहित्य सम्बन्धी रचनाएँ मुगलों के भारत में आने से पहले ही निर्मित होती रही हैं। अतः राजस्थान की कहानी कहने और लिखने का विचार नितान्त मौलिक है। 'वात' शब्द भी कहानी का उपयुक्त पर्याय नहीं है। 'वात' शब्द में कहानी के अन्तर्गत वर्णित की जाने वाली सम्पूर्ण रोचकता, कहने वाले की विज्ञता और सुनने वाले के जिज्ञासापूर्ण आग्रह का एक मिश्रित भाव-सृजन निहित है। विषय की दृष्टि से भी राजस्थानी वार्ताओं का प्रेम, वीर, हास्य एवं शान्त रस के अन्तर्गत वर्गीकरण किया जा सकता है। श्री रावत सारस्वत ने विभिन्न दृष्टियों से 'वातों' का जो वर्गीकरण किया है[1] वह राजस्थानी वात साहित्य को पूर्णरूपेण समझने में सहायक होगा।

१—कथानक की दृष्टि से—

(क) ऐतिहासिक—राव रिणमल री वात, पाबूजी री वात, कानड़दे री वात, नापै सांखळे री वात, राव अमरसिंहजी री वात आदि।

(ख) अर्द्ध ऐतिहासिक— गोगैजी री वात, सयणी चारणी री वात, जोगराज चारण री वात, राजा मांनधाता री वात, पीरोजसाह पातिसाह री वात, मूमल री वात आदि।

---

[1] राजस्थान भारती, वर्ष ३, जुलाई १९५१।

(ग) काल्पनिक– वात ठग री बेटी री, पदमकळा री वात, फोगसी एवाळ री वात, कोड़ीधज री वात, चंदण मळयागिरि री वात आदि।

(घ) पौरांणिक– सोमवती अमावस री कथा, बुधास्टमी व्रत कथा, राजा नळ री वात, दुआरका महातम री वात, रांमनवमी री कथा आदि।

२–विषय की दृष्टि से—

(क) प्रेम– सोरठ री वात, ऊमादे भटियांणी री वात, ढोला मरवण री वात, वींझरै अहीर री वात, रांणै खेतै री वात, सोना री वात आदि।

(ख) वीर– जगदे पँवार री वात, सोनिगरै मालदे री वात, राव चूंडै री वात, डाढाळै सूर री वात, राजा प्रथीराज चौहांन री वात, गौड़ गोपाळदास री वात आदि।

(ग) हास्य– च्यार मूरखां री वात, गोदावरी नदी रै जोगी री वात, मांमै भांणजै री वात, राजा भोज और खापरियै चोर री वात, बीरबळ री वात आदि।

(घ) शान्त– राजा भोज री पनरमी विद्या री वात, भांडण गांम रै पीर री वात, रांमदास वैरावत री आखड़ियां, रांमदे तुंवर री वात आदि।

३–भाषा के प्रभाव की दृष्टि से—

(क) राजस्थांनी– नागौर रै मामले री वात, सूरां अर सतवादियां री वात, सांईं री पलक में खलक बसै तैं री वात, राजा भीम सूं जुध कियौ तैं री वात आदि।

(ख) उर्दू मिश्रित– कुतबदी साहिजादै री वात, देहली री वात, लुकमांन हकीम की आपणै बेटे कूं नसीहत आदि।

(ग) ब्रजभाषा मिश्रित– नासिकेत री कथा, पूरणमासी री कथा आदि।

(घ) गुजराती मिश्रित– अंजना सती री वात।

४- रचना प्रकार की दृष्टि से—

(क) गद्यात्मक– सूरिजमल हाडै री वात, राजा करणसिंहजी री कंवरी री वात आदि।

(ख) गद्य पद्यात्मक– रतना हमीर री वात, नागजी नागमती री वात, पना वीरमदे री वात आदि।

(ग) पद्यात्मक– विद्याविळास चौपई, नळ दमयंती चौपई, सनिस्चरजो री कथा, ढोला मारवणी चौपई आदि।

५–शैली की दृष्टि से—

(क) घटनात्मक– पातिसाह औरंगजेब री हकीकत, जैपुर में सैव वैस्णवां रौ झगड़ौ हुयौ तैंरौ हाल आदि।

(ख) वर्णनात्मक– खीची गंगेव नींबावत रौ बेपारौ, लूणसाह री वात रौ वखांण आदि।

(ग) विचारात्मक– माघ पिंडत, राजा भोज, डोकरी री वात, जसनाथ जाट री वात।

६–उद्देश्य की दृष्टि से—

(क) व्यक्ति चित्रण– हरराज रै नैणां री वात, हरदास ऊहड़ री वात, ऊदै उगणावत री वात, महाराजा पदमसिंह री वात आदि।

(ख) समूह दर्शन– भायलां री वात, बूंदेलां री वात, सांचौर रै चहुवांणां री वात, गढ़ बांधव रै धणियां री वात।

(ग) समय व स्थान विशेष का वर्णन– राव बीकै बीकानेर बसायौ तैं समै री वात, रांणै उदैसिंह उदयपुर बसायौ तैं समै री वात, अणहलवाड़ा पाटण री वात आदि।

उपरोक्त वर्गीकरण के साथ इस बात का भी ध्यान रखना आवश्यक है कि राजस्थानी वात-साहित्य इतना विस्तृत तथा विविधतापूर्ण है कि उसका पूर्ण वैज्ञानिक वर्गीकरण करना साधारण रूप में सम्भव नहीं है।

"राजस्थानी साहित्य में मोटे तौर पर दो प्रकार की बातें मिलती हैं। एक तो वे बातें जिनका लिपिबद्ध स्वरूप बन गया है और जिनकी भाषा-शैली में स्थायी रूपगत विशिष्टता प्रकट होती है। दूसरे वर्ग के अन्तर्गत वे बातें आती हैं जिनका कोई एक शैलीगत रूप लिपिबद्ध नहीं हो सका, किन्तु वे अभी तक लोगों की जबान पर ही हैं। इस दूसरे प्रकार की बातों को लोक-कथाओं के नाम से भी पुकारा जाता है।"[1]

राजस्थानी लोक-कथाओं की दृष्टि से भी बहुत समृद्ध है। राजस्थान के भूतकालीन इतिहास की गौरव कथायें आदि विविध रसों से परिपूर्ण होकर लोककथाओं के रूप में प्रचलित

---

[1] परम्परा–राजस्थानी वात संग्रह, भूमिका, पृष्ठ १२।

हो गई हैं। ग्राम-ग्राम में इन लोक-कथाओं की समृद्ध स्मृतियाँ और रसात्मक श्रुतियाँ प्रचलित हैं और नाना जनों के स्मरण और कण्ठ में रम रही हैं। स्थानीय प्रभावों के कारण उनमें अधिक विभेद पाया जाता है और लिपिबद्ध बातों में जहाँ घटनाओं का एक रूढ़ रूप परिपाटी से चला आ रहा है वहाँ इन वातों (लोक-कथाओं) में परिवर्तन के लिए सदैव गुंजाइश रहती है। वातों की रचना-प्रणाली पर विचार करने से यह बात स्पष्ट हो जायगी।

यद्यपि राजस्थानी की प्राचीन वातों में आधुनिक साहित्य की कहानियों में मिलने वाला सूक्ष्म तत्वों का चित्रण, पात्रों का वैज्ञानिक चरित्र-लेखन तथा कहानी लेखक के विस्तृत अध्ययन की सारगर्भित मार्मिक उक्तियों आदि का अस्तित्व आदि नहीं मिलता तथापि राजस्थानी वातों की अपनी एक विशिष्ट शैली है।

घटना-बाहुल्य राजस्थानी वातों की प्रमुख विशेषता है। इनमें पाठकों को मन्त्रमुग्ध करने की अपूर्व क्षमता है। बीच-बीच में जहाँ भी अवसर प्राप्त होता है वहीं प्रकृति की अनुपम छटा, नगर की विशालता एवं सम्पन्नता, दुर्ग की अभेद्यता, युद्ध की भयंकरता, वीरों का रण-कौशल, हाथी-घोड़ों के लक्षण, अस्त्र-शस्त्रों की विशेषताएँ, नायिका का सौन्दर्य, उसके श्रृंगारिक उपकरणों आदि का बड़ा सुन्दर वर्णन किया गया है। ये वर्णन इतने सजीव एवं मार्मिक हैं कि पाठकों के कल्पना पटल पर सजीव चित्र उपस्थित कर देते हैं। वात कहने वाले या लिखने वालों की दृष्टि इतनी पैनी हो गई है कि वे अत्यंत सूक्ष्म तत्वों का निर्देश करना भी नहीं भूले हैं। उदाहरण के रूप में जहाँ मृगया का वर्णन हो रहा है वहाँ एक-एक क्षण के परिवर्तन के सुन्दर चित्र हैं। किसी सरस विषय को वे और भी मनोरंजक बना देते थे। कुछ रचनाएँ तो ऐसी हैं जिनमें शताब्दियों का इतिवृत्त ठूंस दिया गया है एवं उनका लिपिबद्ध रूप सैकड़ों पृष्ठों में जाकर समाप्त होता है। किन्तु कुछ रचनाओं में थोड़े से समय में घटित होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं का भी अत्यन्त विशद वर्णन है: सोलहवीं शताब्दी में[1] रची गई 'खीची गंगेव नींबावत रौ दो-पहरौ' इसका सुन्दर उदाहरण है। इसमें खीची-वंशीय नींबा के पुत्र गंगेव की एवं उनके साथियों की एक दिन की दिनचर्या का वर्णन है जिसमें दुपहर का वर्णन प्रधान है। छोटे-छोटे वाक्यों की सुन्दर योजना के कारण गंभीर भावों की आलोचना तथा सूक्ष्म तत्वों का चित्रण बड़ा सुन्दर बन पड़ा है। इसी वात का एक उदाहरण देखिये—

> 'तठा उपरायंत मोदियां नै हुकम हुवौ छै। भूंजाई सारू सारी ही वसत सीधौ मीठांण वेसवार सरब लेय राती-नाडी चाल-ज्यौ, म्है सिकार रम उण नाडी आवां छां। सू मोदी भोई तो पाधरा नाडी रै मारग वहीर हुवा छै। आप रमणै'र मारग भाखरां नै खुडां रै मारग चालिया छै। घोड़ां रा पोडां सूं जमी गूंज रही छै। खेह री डोरी आकास नै जाय लागी छै। घूघरमाळ घोड़ां री वाज रही छै। हींस कळळ होफ हुयनै रही छै। वहलियां रा घूघरां जंगां रौ झमकार हुयनै रह्यौ छै। वहलां रा वांस पइयां रौ खड़बड़ाट हुयनै रह्यौ छै। होकारा हुयनै रह्या छै। सहनायां में मलार राग हुयनै रह्यौ छै। निसांण मुंहडै आगै फरहरनै रह्या छै। नकीब, चोपदार नजर दौलत। सू सूरज री किरण नै वरछियां री एकै किरण हुयनै रही छै। इसौ समीयौ वणनै रह्यौ छै।'

वर्णन परंपरागत होते हुए भी इसकी सरसता में कमी नहीं आ पाई है। व्यक्ति-चित्रण भी इन वातों में बड़े सुन्दर ढंग से उपस्थित किया जाता है। इसी 'खीची गंगेव नींबावत रौ बेपारौ' नामक वात में खीची गंगेव के व्यक्तित्व का रेखा-चित्र देखिये—

> 'तठा उपरांयत गंगेव नींबावत बाहर पधारै छै, सू किण भांत रौ छै? ऊगतौ सूरज, पावासर रौ हांस, कुंवरांपत कुंवर, जळहर जबाध भोगी भंवर, कसतूरियौ म्रिघ, लांघियौ सिंघ, सीळ गंगेव, दुरजोधन अहमेव, जुजठळ ज्यू साच, दुरवासा वाच, ग्यांन रौ गोरख, सहदेव ज्यूं सारी वात समरथ, अरजुन ज्यूं बांण, करण ज्यूं दांन पांण, वत्तीस आखड़ी रौ निवाहणहार, वैरियां विभाड़णहार, पर-भोम पंचायण, घण दियण, जस लियण, कळायरौ मोर, सूंधै भीनै गात, केसरिया पोसाख कियां, पांच हथियारां बाधां आंण घोड़ै असवार हुवै छै।'

प्राय: सभी वातों में तत्कालीन समाज की परिस्थितियों का सुंदर चित्रण मिलता है। इन वातों से मध्यकालीन राजस्थान के बहुत बड़े समाज के सामाजिक एवं राजनैतिक वातावरण, आमोद-प्रमोद, रूढ़ि-निर्वाह, जीवन सिद्धान्तों आदि पर प्रकाश पड़ता है। वर्णनों की सजीवता, औत्सुक्य का

---

[1] राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग १, प्रकाशक— राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मंदिर में प्रकाशित अगरचंद नाहटा का एक लेख, पृ० २४ के आधार पर।

निर्वाह, लयात्मक भाषा में काव्य का सा आनंद और सामाजिक सत्य की अभिव्यक्ति आदि के कारण सैकड़ों वर्षों से ये बातें राजस्थान के लोगों को अत्यन्त प्रिय रही हैं।

सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक राजस्थानी का गद्य साहित्य काफी उन्नति कर चुका था। सुसंगठित भाषा में उपमाओं, दृष्टान्तों और उत्प्रेक्षाओं एवं अतिशयोक्तियों का अत्यन्त सुन्दर प्रयोग होने लगा था। रूढ़ उपमानों के अतिरिक्त अन्य कितने ही नये मौलिक उपमानों का भी प्रयोग हुआ है। पद्य के समान गद्य में भी नख-शिख वर्णन राजस्थानी वातों में पाया जाता है। सोलहवीं शताब्दी[1] का ही इस संबंध में गद्य का एक और उदाहरण देखिये—

> 'तठा उपरांति करि नै राजां न सिलामति नख सिख मूधौ सिणगार वखांणीजै छै। वासिगां सारीखी पहपवेण ऊपरि सीसफूल मोतिआं रौ वणाव वणी नै रहियौ छै। पूनिमचंद सो मुख सोळै कळा संपूरण विराजिओ छै। तिलक बीज्र बिंदी झिख नै रही छै। कबांण ज्यां बाकी भ्राहां भमर विलसी विराज नै रहिया छै। त्रिघ नैणां त्रिवां भलकां ज्यों जळवालिआं टोए अणिओळो काजळ ठांतियौ छै सू आसी नासिका बीच बेसर बणी, उजळै पाणी नरमदा मोती प्रोआ सू लटकि नै रहिआ छै। बिचै लाल मणी झळक रही छै।'
>
> —राजांन राउतरौ वात-वणाव।

राजस्थानी वातों की यह परम्परा आधुनिक काल तक निर्बाध गति से चली आ रही है। सोलहवीं शताब्दी के बाद भी साहित्यिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत सी सुन्दर बातें लिखी गईं, जिनका हम आगे यथास्थान उल्लेख करेंगे।

वात साहित्य के अतिरिक्त उस समय 'वंसावळी' या 'पीढ़ियावळी' भी लिखी जाती रही, जिनका साहित्य की अपेक्षा इतिहास की दृष्टि से अधिक महत्व है। वंसावळी या पीढ़ियावळी में पीढ़ियाँ दी जाती हैं, जिनके साथ में व्यक्तियों का संक्षिप्त या विस्तृत परिचय भी प्रायः रहता है। विविध जातियों की वंशावलियाँ भाट, मथेरण आदि जाति के व्यक्तियों द्वारा लिखी जाती रही है। बीकानेर के जैन संग्रहालयों में इस प्रकार की लिखी गई वंशावलियाँ प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध होती हैं। 'बच्छागत वंसावळी, राठोड़ वंस री विगत आदि वंशावळियाँ तो इतिहास की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। विविध राज्यों की लिखी हुई अधिकांश पीढ़ियावलियाँ आधुनिक समय में उपलब्ध नहीं हैं। जो मिलती हैं उनसे ही राजस्थान के इतिहास पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

संवत् १६०० के लगभग की लिखी गई 'राठौड़ों की वंशावळी' से उस समय की भाषा एवं वंशावलियाँ लिखने के ढंग की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

> 'पछै मुलतान री फौजां नै दिली री फौजां ले नै राउ चूंडै उपर नागौर आयो। राउ चूंडो नागोर मारिया पछै केल्हण अपूठो आयो।'—राठौड़ां री वंसावळी (सं० १६००)

पन्द्रहवीं शताब्दी के 'बालावबोध' लिखने की परंपरा भी अभी तक जैन लेखकों में चली आ रही थी। बालक भी सरलता से समझ सकें. इस तरह की टीका को 'बालावबोध' कहा गया है।[1] संवत १६०० की लिखी गई 'मुनिपति चरित्र बालावबोध' की एक प्रति हमारे देखने में आई है। भाषा की दृष्टि से यह ग्रन्थ काफी महत्वपूर्ण है। इसकी भाषा का एक उदाहरण देखिये—

साकत (साकेत) नगर चंद्रावतंसक राजा। तहनइ (तेहनइ) बि भार्या। एक सुदर्शना। बीजी पद्मावती। सुदर्शना ना बि पुत्र। सागरचंद्र। मणिचंद्र। पद्मावती ना बि पुत्र। गुणचंद्र। बालाचंद्र। चंद्रावतंसक राजा इंदीवउ दखी। (देखी) अभिग्रह लीधउ। जां ए दीवउ बलि सिइ तांमइ का सगन पाखिउ। दासिइं च्यारइ पुहर दीवउ सींचिउ। राजानउं सयर ालाही (लोही) भरिउं। मूरछा आवी। आकुल हुउ। मरी ादवालां कि गिाराज परीघउ मिलिउ। (मरी देव लोकि गिरोज परीघउ मिलिउ')

इस समय की बोलचाल की भाषा में अरबी-फारसी का प्रयोग बढ़ता जा रहा था। शासन-कार्यों में भी फारसीमिश्रित राजस्थानी का प्रयोग होता है। बारहठ लक्खा द्वारा

---

[1] राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग १, प्रकाशक—राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मंदिर—में प्रकाशित श्री अगरचंद नाहटा का एक लेख, पृष्ठ ३४ के आधार पर।

[1] परंपरा, भाग ६-१० 'नीतिप्रकास' में प्रकाशित श्री अगरचंद नाहटा का एक लेख— 'राजस्थानी भाषा में अनुवाद की परम्परा', पृष्ठ १७२।

संवत् १६४२ में कुलगुरु गंगारामजी को बादशाह अकबर की ओर से दिये गये ताम्रपत्र की भाषा के उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जायेगी—

परवाना

लीखावतां बारहठजी श्री लखोजी समसत चारण वरण वीसजात्रा सीरदारां सूं श्री जेमाताजी की बाचज्यो अठे तषत आगरा श्रीपातसाजी श्री १०८ श्री अकबर साहजी रा हजुरात दरीषांना माहीं भाट चारणां रा कुळ री नंदीक कीधी जण वषत समसत राजेसुर हाजर था वां का सेवागीर वी हाजर था जकां सुण अर मो सु समंचार कह्या जद सब पंचां री सला सु कुलगुरु गंगारामजी प्रगणै जेसलमेर गांव जाजीयां का जकाने अरज लीष अठे बुलाया गुर पधारया श्री पातसाहजी नी रुबकारी में चारण उत्पत्ती सास्त्र सिवरहस्य सुणायौ पंडतां कबूल कीधो जण पर भाट झुटा पडया गुरां चारण वंस री पुषत राखी नीवाजस सारां बुतासु सीवाय बंदगी कीधी ओर मारा बुता माफक हाती लाष पसाव प्रथक दीधो गांव की अेवज बावन हजार बीगा जमी ऊजेण के प्रगने दीधी जकण रो तांबापत्र श्री पातसाहजी का नांव को कराय दीधो अण सवाय आगा सुं चारण वरण समसत पचां कुल गुरु गंगारामजी का बाप दादा ने व्याव हुअे जकण में कुल दापा रा रुपीया १७॥) ओर त्याग परट हुवे जीण मां मोतीसरां को नांवो बंधे जीण सु दुणौ नांवो कुल गुरु गंगाराम का बेटा पोना पायां जासी संमत १६४२ रा मती माहा सूद ५ दसकत पंचोली पन्ना-लाल हुकम बारठजी का सु लीखी तखत आगरा समसत पंचां की सलाह सू आपांणी यां गुरां सू अधीकता दुजौ नहीं छै।[1]

परवर्ती काल में राजस्थानी गद्य में साधारणतः दो प्रकार की पुस्तकें लिखी गईं—कुछ स्वतंत्र ग्रंथ तथा कुछ साहित्यिक ग्रंथ की टीकाएँ, अनुवाद आदि, स्वतंत्र ग्रंथों के अन्तर्गत इस समय में रचा गया 'दलपत विळास' का उल्लेख आवश्यक है। इसकी रचना रायसिंहजी के समय में संवत् १६२१ से १६६८ के बीच किसी समय हुई थी[2] क्योंकि इसमें संवत् १६३२ तक की घटनाओं का उल्लेख मिलता है। इस ग्रन्थ की भाषा का एक उदाहरण देखिये—

'एक अमरै कल्याणमलोत पातिसाही साढि ली हुती। ताहरां कुंवर श्री दळपतजी नूं राजाजी कहाड़ि मेल्हियो जु ऐ सांढि घेराए। अर इणनूं काढे परहा धरती महा अमरै नूं। ताहरां इसड़ै सै टांणै कुंवर श्री दळपतिजी बीकानेर थी चढि अर इयां सांमहा पधारिया। आंबासर महा करि, सोहवै महा करि सिंधू पधारिया। सिंधू अोथ खबरि पाई जु एथि तो नैड़ा सा नहीं। ताहरां सिंधू हूता कूच करि अर बाढसरि पधारिया। अोथि राघवदास रा आदमी खोसाखूंदी करता हुता सु कुंवर श्री दळपतजी झलाड़िया।'

दूसरे प्रकार के ग्रन्थ अनुवाद एवं टीका के रूप में मिलते हैं। अनेक साहित्यिक ग्रंथ (जिसमें अधिकतर काव्य ग्रंथ ही होते थे) जो साधारण जन के लिये सहज रूप में बोधगम्य नहीं होते थे, उनकी उस समय में प्रचलित सरल गद्य में टीका प्रस्तुत की जाती थी जिससे जन-साधारण भी उन काव्य-ग्रंथों का रसास्वादन कर सकें। राजस्थानी अनुवादों की विविध शैलियां पाई जाती हैं। वे अनुवाद या टीकाएँ जो जैन ग्रंथों या जैन विद्वानों के किये हुए हैं, उन्हें प्रधानतया 'टब्बा', 'बालावबोध' और 'वार्तिक' के नाम से ही संबोधित किया गया है। 'टब्बा' संक्षिप्त शब्दानुवाद का द्योतक है। अनुवाद अनेक प्रकार के पाये जाते हैं जिनमें शब्दानुवाद, छायानुवाद प्रधान रूप से उल्लेखनीय हैं। विस्तृत विवेचन को टीकाओं की संज्ञा मिल जाती है। इस काल में अनेक ग्रंथों की टीकायें लिखी गईं। प्रथीराज की 'वेलि' पर लिखी गई आठ-दस टीकायें मिलती हैं, उनमें प्राचीनतम रूप में उपलब्ध टीका का उदाहरण हम यहां दे रहे हैं जो संभवतः संवत् १६८३ का है—

'बलि को बंधणहार। सब ही बात सामरथ। श्री क्रसण रुखमणीजी बांह पकड़ि रथ उपरि बैसाणी। तबै बाहर वाहर हुई। कहण लागा जु कोई होय सु दौड़िज्यौ। हरणाखी कहतां रुकमणीजी हरि कहतां क्रसण हरि ले गयौ।'

—वेलि क्रिसण रुखमणी री टीका (संवत् १६८३)

इन टीकाओं के अतिरिक्त दूसरी भाषाओं के ग्रंथों का भी राजस्थानी में अनुवाद किया गया। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि प्राचीन भाषाओं में रचित ग्रंथों को समझना जब जन-साधारण के लिए अत्यन्त कठिन हो गया तब प्रचलित भाषा में उनके अनुवाद की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। यद्यपि प्रारम्भ में अधिकांश अनुवाद जैन आचार्यों द्वारा किए हुए ही मिलते हैं तथापि जैनेतर अनुवाद भी बाद में

---

[1] नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग १, संवत् १९७७ में प्रकाशित 'चारणों और भाटों का झगड़ा' नामक लेख, पृ० १३१-१३४ से उद्धृत।

[2] राजस्थान भारती, भाग २, अंक १, जुलाई १९४८, पृ० ५१।

सैकड़ों की संख्या में उपलब्ध होते हैं। इनमें 'भागवत दसम स्कंध भासा', 'महाभारत भासा', 'गरुड़ पुरांण भासा' आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

मुस्लिम संस्कृति एवं साहित्य के प्रसार के कारण फारसी भाषा के भी अनेक ग्रंथों का अनुवाद राजस्थानी में किया जाने लगा। उन्नीसवीं शताब्दी तक तो यह परंपरा बहुत ही बढ़ गई थी।

टीकाओं एवं अनुवादों के अतिरिक्त सत्रहवीं शताब्दी के परवर्ती काल तक गद्य काव्य का रूप भी काफी निखर चुका था। भाषा में लालित्य की मात्रा कुछ अधिक दृष्टिगोचर होने लगी थी। वर्णन बड़े सुन्दर होते थे। सत्रहवीं शताब्दी में लिखित एक वर्णनात्मक ग्रन्थ में विरहिणी का वर्णन देखिये—

> 'हारु त्रोड़ती, वलय मोड़ती। आभरण भांजती, वस्त्र गांजती। किंकणी कलाप छोड़ती, मस्तक फोड़ती। वक्षस्थल ताड़ती, कंचउ फाड़ती। केश कलाप रोलावती, प्रथ्वी तलि लोटती। आंसूकरी कंचुक सींचती, डोडली दृष्टि मींचती। दीन वचन बोलती, सखीजन अपमानती। थोड़इ पांणी माछळी जिम तालोचलि जाती, सोक विकल जाती, सोक विकल थाती। क्षणि जोयइ, क्षणि रोयइ। क्षणि हसइ, क्षणि रूसइ। क्षणि आक्रंदइ, क्षणि निंदइ। क्षणि मूझइ, क्षणि बूझइ। तेह तनु संतापइ चंदणु। कमळनाल पुण मेलइ जाल। चंद्रकांति ज्वलइ, पुस्प सय्या बलइ। हार भावइ अंगारु, कदलीहर, मानइ जमहर, जे जल सीकर ते उद्वेग कर। जउ सीतलोपचार, ते करइ विकार। इणि परि प्रज्वलित, स्नेह पटल, विरहानल नीपजइ।'[1]

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है कि सत्रहवीं शताब्दी तक मुगलकालीन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं का प्रभाव राजस्थान की भाषाओं एवं बोलियों पर भी पर्याप्त रूप से पड़ने लगा था। उस समय की वे वार्तायें अथवा लोक-कथायें जो बोलचाल की भाषा में लिखी जाती रहीं, उनमें अरबी-फारसी के शब्द निस्संकोच रखे गये हैं। ये कथाएँ साहित्यिक निपुणता या चमत्कार की दृष्टि से नहीं लिखी गईं। सत्रहवीं शताब्दी की लिखित 'कुतबदीन साहिजादै री वारता' का एक उद्धरण देखिये—

> 'एक दिवस पीरोजसाह का उमराव दांनसमंद की बेटी साहिबां खुलावती थी, ढ़ढ़णी खुस्याल भई महरबांन हुई कर कहण लागी—'अरे साहिबां तुझ कूं उपगार करूंगी इहै खूब ममां क्या उपगार करैगी उपगार करती है हमारै वडां बुढ़ कै नांम लेती है।'

साधारणतः लोक-कथाओं का निर्माण जन-साधारण के लिये ही किया जाता था, अतः उन कथाओं की रचना प्रायः बोल-चाल की भाषा में ही की जाती थी। अरबी-फारसी शब्दों का प्रचलन बोलचाल की भाषा में निरन्तर बढ़ता ही जा रहा था। लेखक प्रायः अरबी-फारसी के अच्छे जानकार भी होते थे। अतः बाद की 'वातों' में अरबी-फारसी का प्रयोग बड़ा सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। 'वातों' में इन शब्दों के प्रचुर प्रयोग का दूसरा कारण इन लोक-कथाओं का कई वर्षों तक लिपिबद्ध नहीं होना भी है। लिपिबद्ध न होने से इनका स्वरूप स्थिर न रह सका और कालान्तर में इनकी भाषा अरबी-फारसी शब्दों से प्रभावित होती गई और जब इनको लिपिबद्ध किया गया तब तक ये शब्द इन वातों में अपनी जड़ जमा चुके थे। 'वात' के लेखकों ने जहाँ मुसलमानी पात्रों का वर्णन एवं कथानक प्रस्तुत किया है वहाँ उसके अनुरूप अरबी-फारसी के शब्दों का प्रयोग भी किया है जिससे वर्णन में अत्यंत स्वाभाविकता बनी रहती है—

> 'नबाब मुहीम सर कर पदमपुरे सूं पाव कोसे'क गांव थो उणमें आ उतरियो थो। इतरै उण बखत रा ढोल नगारा बाजिया जिका सुण'र पूछी—आज भाई के पुरे में ढोल नगारे जो बाजे है सो किसी की सादी है या कोई कुंवर पैदा हुवा है या किन्ही उपर फतह हासिल की है? सो जाय सताब खबर लेय आवो। जणां आदमी खबर नुं गयो। आदमी तुरत आय सारी खबर सुणाई।
>
> —महाराजा श्री पदमसिंह री बात

प्राचीन राजस्थानी का गद्य अनेक रूपों में मिलता है। वातें, लोक-कथायें, वंशावलियाँ आदि का उल्लेख हम कर चुके हैं। संवत् १७१५ में एक और प्रमुख 'वचनिका' का निर्माण हुआ। इसके पहले शिवदास चारण द्वारा 'अचळदास खीची री वचनिका' लिखी जा चुकी थी जिसका उल्लेख हम यथास्थान कर चुके हैं। उसी परंपरा में जग्गा खिड़िया ने 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघ जी री महेसदासोत री' की रचना

---

[1] राजस्थान साहित्य संग्रह, भाग १, प्रकाशक: राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मंदिर, जोधपुर में प्रकाशित अगरचंद नाहटा के एक लेख के पृ० २२ पर दिया गया उद्धरण।

कि किन्तु शिवदास के निर्दिष्ट मार्ग पर चल कर भी जग्गा साहित्यिक दृष्टि से उससे आगे निकल गया। भाषा की दृष्टि से इसका रूप शिवदास की वचनिका से अधिक सुधरा हुआ है। इसमें गद्य-पद्य दोनों का प्रयोग बड़े सुंदर ढंग से किया गया है। प्रबंध काव्यों में पद्य के साथ ही साथ गद्य के प्रयोग की परंपरा भी राजस्थानी साहित्य में काफी समय से चली आ रही है। संभवतः यह प्रणाली संस्कृत के चम्पू ग्रन्थों से ली गई है। इस प्रकार के गद्य ग्रन्थों में ये गद्य खंड विभिन्न नामों से मिलते हैं, यथा—वचनिका, वारता दवाबैत आदि।

१–वारता—औरंगसा पातसा आसुर अवतार। तपस्या के तेज पुंज एक से विसतार। भाप का विहाई सा प्रताप का निदांन। मारतंड आगे जिसी जोतसी जिहांन।—राजरूपक (सं० १७८७)

२–दवाबैत—ऐसा गढ जोधांण और सहर का दरसाव जिसके चौतरफ कौं बागीचूं का डंबर और दरियाऊं का वणाव। पहिले बागीचूं की सोभा कहिके दिखाया पीछे दरियाऊं की तारीफ जिसके गुन गाया। सो कैसे कहि दिखाया जळ निवांणूं का निवास रतिराज का वास। गुलजार के रस नें हौजूं का वणाव। इंद्रलोक सा उदोत अवासूं का दरसाव।—सूरजप्रकास (सं० १७८७)

'वचनिका' ग्रन्थ में एक-एक चरित्रनायक का विवरण और यश-वर्णन रहता है। 'रघुनाथ रूपक' इत्यादि छंद-शास्त्रीय ग्रंथों में गीतों आदि का विवेचन करने के साथ वार्ता, वचनिका, दवावैत आदि गद्य रूपों के भी लक्षण उदाहरण सहित दिए हैं। उसमें गद्य के दो भेद माने हैं—दवाबैत और वचनिका। इन दोनों के भी दो दो भेद किये गये हैं—दवाबैत के शुद्धबंध और गद्यबंध तथा वचनिका के पद्यबंध और गद्यबंध। मंछ कवि द्वारा लिखे गये दवाबैत की व्याख्या करते हुए उसके टीकाकार श्री महताबचंदजी खारैड़ ने लिखा है—"दवाबैत कोई छंद नहीं है, जिसमें मात्राओं वर्णों अथवा गणों का विचार हो। यह अंत्यानुप्रास रूप गद्य जाल है। अंत्यानुप्रास, मध्यानुप्रास और किसी प्रकार का सानुप्रास या यमक लिया हुआ गद्य का प्रकार है। यह संस्कृत, प्राकृत, फारसी, उर्दू और हिन्दी भाषा में भी अनेक कवियों और ग्रंथकारों द्वारा प्रयोग में लाया हुआ मालूम देता है। आधुनिक लल्लूलालजी के 'प्रेमसागर' आदि ग्रंथों में तथा उर्दू के 'बहारवेख़िजा', 'नोवतन' आदि ग्रंथों में तथा फारसी के ग्रंथों में देखा जाता है। यह दवाबैत दो प्रकार की होती है—एक शुद्धबंध अर्थात् पद्यबंध जिसमें अनुप्रास मिलाया जाता है और दूसरी गद्यबंध जिसमें अनुप्रास नहीं मिलाते हैं।

इस सम्बन्ध में श्री अगरचन्द नाहटा द्वारा अपने एक लेख में दी गई टिप्पणी भी उल्लेखनीय है[१]—"रघुनाथरूपक में वचनिका और दवाबैत के जो भेद बताये गये हैं, उनके नामों में थोड़ा उलटफेर हो गया है, गद्यबद्ध को पद्यबद्ध और पद्यबद्ध को गद्यबद्ध कह दिया गया है। टीकाकार ने जो टिप्पणियाँ दी हैं वे भी भ्रांतिपूर्ण हैं। शुद्ध विवेचन इस प्रकार है—वचनिका के दो भेद होते हैं—(क) पद्यबध (या पदबद्ध), जिसमें मात्राओं का नियम होता है। इसके दो भेद होते हैं—१. जिसमें आठ-आठ मात्राओं के तुक-युक्त गद्य खंड हों और २. जिसमें बीस-बीस मात्राओं के तुक-युक्त गद्य खंड हों। (ख) गद्यबद्ध, जिसमें मात्राओं का नियम नहीं होता। इसके भी दो भेद होते हैं—३ वारता (कहीं-कहीं तुकान्त गद्य के लिये भी वात, वार्ता या वार्तिक नाम का प्रयोग देखा जाता है) या साधारण गद्य ४. तुक युक्त गद्य। दवाबैत के भी इसी प्रकार दो भेद होते हैं—१. पद्यबद्ध (या पदबद्ध) इसमें चौबीस-चौबीस मात्राओं के तुकयुक्त गद्य खंड होते हैं; २ गद्यबद्ध—इसमें तुकयुक्त गद्य खंड होते हैं, मात्राओं का नियम नहीं होता। दवाबैत और वचनिका में क्या अन्तर है, यह अभी तक समझ में नहीं आ पाया है। वचनिका के चतुर्थ भेद और दवाबैत के द्वितीय भेद में कोई अन्तर नहीं दीख पड़ता। उपलब्ध दवाबैतों की भाषा राजस्थानी से प्रभावित खड़ी बोली हिंदी है जबकि वचनिकाओं की राजस्थानी।"

संवत् १७१५ में रची गई 'राठौड़ रतनसिंघजी महेसदासौत री वचनिका' इस दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण रचना है। चारण कवियों और काव्य-रसिकों में वचनिका का अत्यधिक मान और सत्कार रहा है। यह एक प्रबंध काव्य है। उस काल के अन्य ग्रंथों के समान वचनिका में भी विदेशी (अरबी-फारसी) शब्दों का प्रयोग हुआ है किन्तु उनकी संख्या बहुत ही कम है। डिंगल के कुछ विशिष्ट ध्वन्यानुकरण-मूलक शब्द

[१] राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग १, प्रकाशक : राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मंदिर, जोधपुर, में प्रकाशित 'राजस्थानी गद्य काव्य की परम्परा' नामक श्री अगरचन्दजी नाहटा द्वारा लिखे गये एक लेख में दिये गये फुट नोट के आधार पर।

भी काफी मात्रा में पाये जाते हैं। यथा— गड़गड़, हड़बड़, धड़ड़ि, खाटरखड़ि, भ्रहभ्रह, चड़च्चड़, भाटभड़ि, धड़धड़, कणकण, कळळ, सळस्सळि, टळट्टळि खड़क्खड़ आदि। संस्कृत-मूलक कुछ शब्द तत्सम रूप में भी आये हैं। इस ग्रंथ का एक अतुकांत गद्य का उदाहरण देखिये—

> 'इणि भांति सूं च्यारि रांणी त्रिण्ह खवासि द्रव्य नाळेर उछालि वळण चाली। चंचळां चढि महा सरवर री पाळि आइ ऊभी रही। किसड़ी ही'क दीसै। जिसड़ौ कीरतियां रौ भूंबकौ। कैं मोतियां री लड़ी। पवंगां सूं उतरि महा प्रवीत ठौडि ईसर गौरिज्या पूजी। कर जोड़ि कहण लागी। जुग जुग औ ही'ज धणी देज्यौ। न मांगां वात दूजी। पछै जमी आकास पवन पाणी। चंद सूरज नूं। प्रणाम करि। आरोगी ढोळी परिक्रमा दीन्ही। पछै आप रैं पूत परिवार नै छेहली सीख मति आसीस दीन्ही।'
>
> —वचनिका राठौड़ रतनसिंघजी री (सं० १७१५)

वात और वचनिका के अतिरिक्त राजस्थानी गद्य साहित्य के विकास में ख्यातों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। साहित्यिक दृष्टि के अतिरिक्त ऐतिहासिक दृष्टि से भी इन ख्यातों का महत्व बहुत अधिक है। राजस्थानी में 'ख्यात' शब्द प्राय: इतिहास के पर्याय रूप में ही प्रयुक्त होता रहा है। 'ख्यात' संस्कृत के 'ख्याति' शब्द का रूपान्तर मात्र है।[1] अठारहवीं शताब्दी में कई ख्यातें लिखी गईं। वैसे क्रमबद्ध इतिहास लिखने की परंपरा प्राचीन भारत में नहीं मिलती, किन्तु मुगलकाल में लिखी गई फारसी तवारीखों के प्रभाव के कारण लोक-भाषाओं में इतिहास लिखने का प्रयत्न किया गया। सम्राट अकबर को इतिहास से बड़ा प्रेम था। उसने अपने समय में इतिहास लेखन को बहुत महत्व दिया। अब्बुल फजल द्वारा 'अकबर नामा' एवं 'आइने अकबरी', अब्दुल कादिर बदऊनी कृत 'तारीखे बदऊनी' निजामुद्दीन द्वारा 'तबकाते अकबरी' आदि प्रसिद्ध ऐतिहासिक ग्रंथ इसी समय लिखे गये। स्थानीय राजाओं ने भी इतिहास-लेखन के महत्व को समझा एवं इसके लिखाने की आवश्यकता अनुभव करने लगे। सम्राट ने भी राजपूत राजाओं को इसके लिये प्रेरित किया। इसके बाद प्राय: प्रत्येक राजपूत राजा के समय में नियमपूर्वक ख्यातें लिखी जाती रहीं। राजस्थानी का प्राचीनतम ख्यात साहित्य प्राय: इसी समय से मिलना आरंभ होता है। वास्तविक एवं प्रामाणिक गद्य साहित्य का उदाहरण इन्हीं ख्यातों में मिलता है। ये ख्यातें विभिन्न लोगों द्वारा लिखी जाती रहीं। कुछ ख्यातें तो राज्य की ओर से नियुक्त ख्यात-लेखकों द्वारा लिखी गईं। इन ख्यातों में अपने स्वामी के प्रति प्रशंसायें ही अधिक हैं, आलोचनायें कम। इस दृष्टि से इनका साहित्यिक मूल्य चाहे कितना ही क्यों न हो, ऐतिहासिक मूल्य अवश्य कुछ कम हो जाता है। इन राजकीय ख्यात-लेखकों के अतिरिक्त कुछ व्यक्तियों ने स्वतंत्र रूप से भी ख्यातें लिखीं। इतिहास की दृष्टि से ये ख्यातें ही अधिक प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण हैं। इनमें नैणसी, दयाळदास व बाँकीदास के नाम प्रमुख रूप से लिये जा सकते हैं।

ख्यातें प्राय: दो ढंग से लिखी जाती रहीं। एक तो वे जो लगातार इतिहास के रूप में लिखी गईं एवं जिनमें साधारणतया क्रम-भंग नहीं होता। इसके अंतर्गत 'दयाळदास री ख्यात' मानी जा सकती है। दूसरे प्रकार की वे ख्यातें हैं जिनमें क्रमबद्ध इतिहास के स्थान पर क्रमरहित फुटकर बातें पाई जाती हैं। कुछ बातें उनमें बड़ी भी होती हैं एवं कुछ बातें नितांत छोटी एक डेढ़ लाइन में ही समाप्त होने वाली होती हैं। अगर इन बातों को क्रम से लगा दिया जाय तो भी इनसे कोई शृंखलाबद्ध इतिहास नहीं बनता। दूसरी श्रेणी के अंतर्गत 'बाँकीदास की ख्यात' की गणना की जा सकती है।

आधुनिक समय में लिखे गये मुगलकालीन इतिहास प्राय: मुसलमानी तवारीखों को आधार मान कर ही लिखे गये हैं, अत: ये इतिहास बहुत कुछ अधूरे, भ्रमात्मक एवं एकपक्षीय ही कहे जा सकते हैं। राजस्थानी ख्यातों से सहायता लेकर इन भूलों एवं अधूरेपन को दूर किया जा सकता है, किन्तु अद्यावधि इनका उपयोग नाम मात्र के लिये ही हुआ है। संभवत: इसका प्रमुख कारण इन ख्यातों का शीघ्र प्रकाशित न होना भी हो।

---

[1] नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग १, में प्रकाशित 'विविध विषयों' के अंतर्गत 'चारण' पर विचार प्रकट करते हुए श्री चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने मुरारि कवि के नाम से श्लोक दिया है---

> चर्चाभिश्चारणानां क्षिति रमण, परां प्राप्य संमोदलीलां।
> मा कीर्तेः सौविदल्ला नवगणय कवि प्रात वाणी विलासान्॥
> गीतं ख्यातं न नाम्ना किमपि रघुपतेरद्य यावत्प्रसादा।
> द्वाल्मीकेरेव धात्रीं धवलयति यशोमुद्रया रामभद्रः॥

इसमें 'ख्यात' शब्द का प्रयोग है, अत: ऐसा माना जा सकता है कि 'ख्यात' शुद्ध तत्सम शब्द है।

ख्यात-लेखकों को विभिन्न विषयक सामग्री खोजने तथा उसे उचित रूप में उपस्थित करने के लिये अथक परिश्रम करना पड़ा है, किन्तु खेद है कि उनके इस कठोर परिश्रम का अभी तक उचित मूल्याङ्कन नहीं किया गया।

ख्यातों में गद्य एवं पद्य दोनों का प्रयोग किया गया है तथापि पद्य की मात्रा बहुत ही कम है। ख्यात-साहित्य की इस परंपरा में मुँहणौत नैणसी द्वारा संवत् १७१९ में लिखी ख्यात बहुत महत्वपूर्ण है। नैणसी की ख्यात में बातें बहुत बड़ी-बड़ी हैं जो कई पृष्ठों तक चलती हैं। अगर इन बातों को क्रम से व्यवस्थित कर दिया जाय तो उनसे क्रमवार इतिहास बन जाता है।

'मुंहणोत नैणसी की ख्यात' राजस्थानी गद्य की अत्यन्त प्रौढ़ और उत्कृष्ट रचना कही जा सकती है। इस ख्यात के गद्य का एक नमूना देखिये—

'माछळां रा मगरा सूं उतर नै सहर छै। दीवांण रा मोहल पीछोळा री पाळ ऊपर छै। मोहलां थी आथवण नूं तळाव लगतौ सहर छै। कोस दो रै फेरै छै। सहर री एक कांनी माछळा रौ मगरौ छै। एकण कांनी खरक दिस सिसरवा रौ मगरौ छै। तळाव घणौ भरीजै तरै पांणी मगरै तांई जाय छै। तळाव में पांणी माछळा रा मगरा रौ, सीसरवा रा मगरा रौ घणौ आवै छै। तळाव निपट वडौ छै। मांहे मगरमछ रहै छै। तळाव ऊंडौ घणौ छै। ते तळाव री मोरी छूटै छै। तिण थी घणी धरती दोळौ फिरै छै। तिणरौ घणौ हासल हुवै छै।'

राजपूताने के इतिहास में कई जगह जहां प्राचीन शोध से प्राप्त सामग्री इतिहास की पूर्ति नहीं कर सकती, वहाँ नैणसी की ख्यात ही कुछ-कुछ सहारा देती है। इतिहास की दृष्टि से यह एक अपूर्व संग्रह है।

कालक्रम की दृष्टि से अठारहवीं शताब्दी के परवर्ती काल में ख्यात साहित्य के अतिरिक्त परंपरागत गद्य-काव्य के भी कुछ उदाहरण मिलते हैं। इनमें 'सभाशृंगार' नामक ग्रंथ की एक प्रति संवत् १७६२ की मिली है। यद्यपि सोलहवीं शताब्दी में गुजराती राजस्थानी से अलग हो चुकी थी तथापि इस पर गुजराती का थोड़ा बहुत प्रभाव मालूम देता है। इस ग्रंथ का वर्षाकाल का एक वर्णन देखिये—

'बरखाकाल हुउ, वहितौ रहिउ कुयउ, वावि पाणी भरता रया। बादल उनया। मेघ तणा पाणी वहै, पंथी गांमइ जाता रहै। पूरव नौ वाजइ वाय लोक सहु हरखित थाय। आकास कड़हड़ै, खाळ खड़हड़ै। पंखी तड़फड़इ, वडा मांणस लड़थड़इ, काठ सड़इ, हाळी हळ खड़इ। आपणा भरि कादम फेड़इ, बीजा काज मेड़इ। पार पार न लीइं, साध विहार न करीइं। अनेक जीव नीपजै, विविध धान्य ऊपजै। लोकनी आस पूजै, गाय भैंस दूजै।'

इस समय की दवाबैत के रूप में लिखी गद्य रचनायें भी मिलती हैं। उदाहरण के लिये मालीदास भाट द्वारा रचित 'नरसिंहदास गौड़ की दवाबैत' का एक उदाहरण देखिये—

'रंग छहरते हैं। कपड़े पहरते हैं तोसक सील्यावता है। हजूरी पावता है। चढ़ते उतरते पाव दे सलांम करांवदे है। जरबफत पाटता है। अंबर फटते हैं। सभा बिराजती है। कीरत राजते हैं। घोड़े फिरते हैं। पायक अड़ते हैं। गुणीजण राग घटता है। वह वखत वणता है। सोभा बणती है। श्री दीवांण पधारते हैं। दुसमण को जारते हैं। देसौं दूर डरते हैं। साहौ काम सरते हैं। कवीसुर बोलते हैं। भरणा खोलते हैं। काम का सूरत। जेतला दिहाडा तेतला प्रवाडा। जग जेठराज नरसिंह जेत, कवि मालीदास कहै दबावैत।'

इस दवाबैत के अतिरिक्त संवत् १७७२ में बनाई गई कुछ और दवाबैत भी मिलती हैं जिनमें रामविजय उपाध्याय द्वारा रचित जैनाचार्य जिनसुखसूरिजी की दवाबैत तथा जिनलाभसूरि दवाबैत प्रमुख है। इस काल का दवाबैत-साहित्य बहुधा जैन-आचार्यों द्वारा ही रचा गया है।

इस काल में संस्कृत गद्य ग्रंथों के कुछ अनुवाद भी किये गये। संवत् १७७३ में लिपिबद्ध 'बैताळ पच्चीसी' की भाषा का उदाहरण देखिये—

वार्त्ता—तीयें विस्वनाथ रौ दरसन कर बैठौ इतरइ एक नाइका वहिल हूं ऊतरि स्नांन करि पूजा करि चाली। तितरइ एक वर दीठौ कवर नुं कवरी यह दीठौ मांहोमाहि निभर मिली कांम रा बांण लागा उन्मादन सोखण, संदीपन, मोहन, तापन ए पांच बांण कांम रा नाइका रा हीया मांहि चुभीया तरै कुळ री मरयादा छोडि लाज दूर करि सील कनार इधरि समस्या करि संकेत स्थान कह्या—एक कमळ हाथ मांहे लीयौं हुंतौ माथइ लगाइ पछै कांने लगायौ, कांनां थी दांते लगायौ, दांतां थी पगे लगायौ, पगां थी हीयइ धरि चालती हुई, वांसइ राजा पुत्र विरह करि पीड़ित हुइउ तरइ प्रधांन...'

संवत् १८०० के बाद गद्य साहित्य का विस्तार द्रुत गति से हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी में ऐसे बहुत से लेखक हुए जिन्होंने

उत्कृष्ट कोटि का गद्य साहित्य लिखा। शैली की विविधता की दृष्टि से भी इस काल का विशेष महत्व है।

संवत् १८०० के गद्य का एक उदाहरण श्री मेनारिया ने राजस्थानी भाषा और साहित्य में दिया है—

'पछै बामण सोदौ ले नै तळाव उपर रोटी करवा बैठौ। जठे तळाव री तीर एक मीडक आयौ। आवे न बांभण थी कही। देवता तोहे तौ में अठे कदी नहीं देख्यौ। तू कठे जाय है। जदी बांमण कहै। हूँ उजीण रहौ छूँ नै गयाजी जांऊ छूँ।'

भाषा की दृष्टि से यह उदाहरण उन्नीसवीं शताब्दी के परवर्ती काल का मालूम होता है। संवत् १८०० तक गद्य साहित्य में इतनी आधुनिकता नहीं आने पाई थी।

कविराजा बाँकीदास द्वारा संवत् १८६० में लिखी गई ख्यात राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मंदिर से प्रकाशित हो चुकी है। इसमें छोटी-छोटी फुटकर बातों का संग्रह है। लगभग २७७६ बातें इसमें संग्रहीत हैं। राजपूताने के समस्त राज्यों एवं मुगल बादशाहों के इतिहास सम्बन्धी अनेक फुटकर नोट इसमें भरे पड़े हैं। ख्यात की भाषा का एक उदाहरण दृष्टव्य है—

'अकबर री मा मक्का वगेरै मका-सरीफ ज्यांरी ज्यारत करण गयी। पातसाह मिरजा सरफुद्दीन नुं साथै मेलियौ। अेक पीर बिलायत में जिण री ज्यारत सुहागवती करै, विधवा न करै। ज्यारत करण वास्तै विधवा अन्य पुरख सूं अवध करि निका पढ़ लै। उण पीर री ज्यारत करण नूं अकबर री मा मिरजा सरफुद्दीन साथ निका पढ़ी। दिली अकबर री मा पाछी आयी। जद आ वात सुणी अकबर फुरमायो—आगै तौ सरफुद्दीन हमारा चाकर रहा, अब हमारा बाबा है।'

उन्नीसवीं शताब्दी का वात साहित्य के विकास की दृष्टि से काफी महत्व है। इस शताब्दी के आरंभकाल (संवत् १८१२) में लिपिबद्ध 'श्री ढोलामारूजी री वारता' नामक एक ग्रन्थ जोधपुर के 'पुस्तक प्रकाश' में वर्तमान है। ग्रन्थ प्रायः दोहों-सोरठों में ही लिखा गया है किन्तु बीच-बीच में कुछ फुटकर गद्य भी दिया गया है--

'जण गांम ऐवाळ रहँतौ हुतौ अण गांम ऐक लुगाई रौ नांम मांरूणी हुंती। ऐवाळ जांणीयो वा मारू। ऐवाळ कहण लागो मारू तो माहरा साथ मांह छै। काले म्हारी छाळ चारती हुंती।'

'ढोला मारू री वात' की एक और लिपिबद्ध प्रतिलिपि संवत् १८७२ की मिलती है। इस काल के गद्य का क्रमशः विकास समझने में इसका उदाहरण भी सहायक होगा—

'पिंगळ राजा सांवतसी देवड़ा नै आदमी मेल कहायौ—अबै थै आणौ करौ। तद सांवतसी घणौ ही विचारियौ पण बात बांध कोई बैसे नहीं। कुंवरि नै ऊभणौ दे मेली जे। तद ऊंठ, घोड़ा, रथ, सेजवाळ, खवास, पासवांन, साथे हुवा सो उदैचद खमै नहीं। वाट रोक्या छै। अनरथ होय, माल जाय। तरै सांवत सी आदमी ने कह्यौ—जै मारग विखम छै। आप छांनै परधांन मेलो तौ आणौ करां। कुंवरि नै घरे पहुंचायां पछै सारी बात सोरी छै। इतरौ कहि आदमी नै सीख दीधी।'

उपरोक्त दोनों उदाहरणों की तुलना से यह स्पष्ट है कि जहां पहले उदाहरण में प्राचीनता की छाप स्पष्ट है वहाँ पिछले उदाहरण में भाषा आधुनिकता की ओर बढ़ती हुई दिखाई देती है। 'रहंतौ हुतौ' 'चारती हुंती' आदि प्रयोग आधुनिक वातों में नहीं मिलते, अगर मिलते भी हैं तो उनकी संख्या नगण्य है। अरबी-फारसी के शब्दों का प्रयोग प्रायः बढ़ता जा रहा था। संभवतः इसका कारण यह था कि उस समय राजस्थान के अधिकतर रजवाड़ों का शासन-संबंधी कार्य प्रायः फारसी के माध्यम से ही संपन्न होता था।

जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है कि इस शताब्दी में वात रचनाओं में विविध शैलियों का प्रयोग किया गया। प्रतीकात्मक शैली में लिखी गई 'डाढ़ाळा सूर की वात' इस सम्बन्ध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस वात में वीरोचित कार्यों का आरोपण एक सूअर परिवार पर किया गया है। 'डाढ़ाळा सूर' की वीरता अपने युग की वीर भावना के अनुकूल एवं अनुरूप है। किन्तु जहाँ किसी ऐतिहासिक कथा में 'वीरता' पात्रों एवं घटनाक्रम में निहित रहती है, वहां इस वात में 'वीरता' को अमूर्त तत्व के रूप में ही ग्रहण किया जा सकता है। संभवतः प्रतीकात्मक शैली में लिखी गई यह पहली रचना है, इस कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। सूअर की व्यवहारगत और स्वभावजन्य परिस्थितियों के आधार पर मानवोचित वीरभाव की अभिव्यंजना जैसी सुन्दर इस वात में बन पड़ी है, वैसी संभवतया अन्य किसी प्रकाशित वात में नहीं पायी जाती। किसी ने इस वात के सम्बन्ध में ठीक ही लिखा है कि 'प्रतीक के ही कारण

'पीछै आलमगीरजी हाथी सूं उतरिया, अरु फौज मांय फिरै है। आप रा काम आया तथा घायलां नूं देखै है। आपरी तरफ रां नू उठावै है, पाटा बांध जाबतौ करावै है, तथा डोलियां मैं घालै है, वा साह सूजै री तरफ रां नूं मारै है। अरु बूंदी रा राव राजा सत्रसालजी घावांपूर हुवा पड़िया है। जिसै आलमगीरजी गया। सूं मूहड़ै ऊपर हाथ फेरियौ। अरु पांणी पायौ। सावचेत कर अमल दियौ। तद चेतौ हुवौ, पछै आलमगीरजी फुरमायौ जो रावजी अरज करौ।'

दवाबैत, वचनिका आदि के रूप में बीसवीं शताब्दी में बहुत कम लिखा गया। दवाबैत, वचनिका, वारता आदि प्राचीन राजस्थानी की शैली रही है। आरंभिक काल में कुछ कवियों ने इनमें रचनायें कीं, किन्तु वे अधिक प्रसिद्धि प्राप्त न कर सकीं। इनमें गोपाळदास कविया रचित 'शिखर वंसोत्पत्ति वारतिक' (संवत् १९२६) तथा 'लावारासा' और कविराव बख्तावर द्वारा रचित 'केहर प्रकास' (संवत् १९३६) की गणना की जा सकती है। ये तीनों ऐतिहासिक ग्रंथ हैं। इनकी भाषा प्राचीन परंपरागत राजस्थानी का अनुकरण करती सी मालूम होती है, यथा—

'स्यांम ताज कफनी कमंडल में नीर। डाटी सुपेत सेख सुवरण सरीर॥ मोकल राव आतौ देखि माथा कौं नवायौ, सांई स्यां भुरांनी सेख नामी पंथ पायौ। जंगल में चरे छी सो अब्याई झोटी आई, मोकल का कनां सू सेख चीपी में दुहाई।'

—शिखर-वंशोत्पत्ति

'पुत्री जिणरै कंवलप्रसण रूप री निधांन। सुकेसिया सूं सवाई साव रंभा रे समान। साहित्य शृंगार काव्य जबानी पर कहे। रमाताल परिजंत संगीत में रहे। वीणांधर सहजांई गावे किण भांत। तराज पर नहं आवे नारद वीणां री तांत। जिणने सुण्यां कोकिला मयूर लाज भाग जावे। कुरंग औ भमंग वन पाताल सुं आवै।'

'सुघड़ जठे बोली या नवेली सहज सारे ही सिधावज्यौ। पण बाग वन सरोवर कदे भी मत जावज्यौ। जावेला बाग तो पिक सुक अली उड़ जावसी ने बिंबफल श्रीफल अनाड़ सेवां जो सुखावसी, जावेला जो वन तो खंजन कपोत चोंघ चूरेला।'

—केहर-प्रकाश

इन सबको श्लोक की तरह मात्राओं आदि के प्रतिबंध से रहित गद्य ही समझना चाहिये। आधुनिक काल में इस प्रकार की रचनाओं का निर्माण नहीं होता।

उपरोक्त लिखे गये गद्य के विकास-क्रम पर दृष्टि डालते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि प्राचीन राजस्थानी में जहां कहीं भी गद्य का उपयोग हुआ, वहाँ वह वैज्ञानिक या विचारात्मक रूप में न होकर सीधेसादे कथात्मक रूप में हुआ। उस काल के गद्य के लिये सीधी एवं सरल शैली ही उपयुक्त समझी जाती थी क्योंकि तब तक उसके सामने गहन एवं सूक्ष्म विचारों की अभिव्यक्ति का अवसर ही उपस्थित न हुआ था। संभवत्या इसी कारणवश भाषा में अंतर्निहित व्यञ्जना शक्ति भी पूर्ण रूप से प्रदर्शित न हो सकी थी। किन्तु भारतीयों की चिन्तन-शक्ति पर जब से पाश्चात्य योरोपीय विचारधारा का प्रभाव पड़ा तब से भाषा के विकास के लिये भी एक नये युग का सूत्रपात हो गया। एक बंगाली लेखक द्वारा सूत्र रूप में कहा गया यह ठीक ही मालूम देता है कि 'अंग्रेजी के साथ-साथ भारत में गद्य का आविर्भाव हुआ, कविता की जगह तर्क ने ले ली।' इसमें कुछ अतिशयोक्ति हो सकती है, किन्तु यह तो मानना पड़ेगा कि गद्य के आधुनिकीकरण में पाश्चात्य शिक्षा का बहुत कुछ हाथ रहा है।

भारत के पराधीनताकाल में जो राष्ट्रीयता की लहर उठी उसके कारण स्वातंत्र्य प्राप्ति के लिये देश की एकता पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा। 'एक भाषा, एक राष्ट्र' की आवश्यकता को कुछ लोगों ने महसूस किया। जातीय एवं प्रांतीय बंधन तोड़ कर लोग राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाने लगे। संभवत: इसी कारणवश बीसवीं शताब्दी में राजस्थानी में गद्य-निर्माण एक तरह से अवरुद्ध हो गया। राजस्थान में हिन्दी गद्य का निर्माण एवं विकास होने लगा। कविराजा श्यामलदास, शिवचंद्र भरतिया, मुन्शी देवीप्रसाद, पं० लज्जाराम, पं० रामकर्ण, पुरोहित हरिनारायण, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, पं० सूर्य्यकरण प्रभृति कई विद्वान हिन्दी के अच्छे गद्य-लेखक हो गये हैं। इनमें से शिवचंद्र भरतिया एवं पं० रामकर्ण ने राजस्थानी में भी गद्य लिखा किन्तु हिन्दी गद्य के मुकाबले इसकी मात्रा अत्यन्त अल्प रही। शिवचंद्र भरतिया ने तो राजस्थानी में तीन नाटकों का भी निर्माण किया। राजस्थानी गद्य के इतिहास में संभवत: नाटक रचना पहली बार इनके द्वारा ही हुई है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राजस्थानी के साहित्यकारों का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ है। अब राजस्थानी गद्य

साहित्य के पुनर्निर्माण का प्रयत्न चारों ओर से हो रहा है। यह शुभ लक्षण है। भारतीय आर्य भाषा के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान ज्यूल ब्लॉक (Jwes Bloch) ने एक स्थान पर कहा था कि 'भारतीय आर्य भाषाओं के समक्ष जब आधुनिक शिक्षण-व्यवस्था की सार्वजनीन स्वीकृति के फलस्वरूप वैज्ञानिक विषयों की अभिव्यक्ति का प्रश्न उपस्थित हुआ तब एक कठिन समस्या खड़ी हो गई, क्योंकि देशी भाषायें तब तक ऐसे विषयों के पूर्णतया प्रकाशन के लिये संपूर्ण रूप से समृद्ध माध्यम न बन सकी थीं और उपयुक्त वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दावली की कमी के साथ-साथ अधिकांश भाषाओं का लड़खड़ाता सा एवं अनिश्चित गद्य-विन्यास भी इस असामर्थ्य का कारण था।' इसके साथ ही डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का यह कथन नितांत सत्य है कि 'यदि नव्य भारतीय आर्य भाषाओं में एक सरल और शक्तिशाली गद्य शैली का आविर्भाव शीघ्र ही हो गया होता तो भारतीय चिन्तन के पुनर्निर्माण में बड़ी भारी सहायता मिलती और उनको लेकर भारतीय मानसिक जागृति का उदय भी कितना ही पहले हो गया होता।' राजस्थान एवं राजस्थानी गद्य के लिये भी ये कथन अक्षरशः सही उतरते हैं। फिर भी आधुनिक काल में किये जा रहे प्रयत्नों को देखते हुए यह सहज ही कहा जा सकता है कि राजस्थानी गद्य साहित्य का भविष्य उज्वल है।

राजस्थानी लोक-साहित्य

राजस्थानी भाषा और तत्सम्बन्धी साहित्य के विवेचन के उपरान्त राजस्थानी लोक-साहित्य का भी संक्षिप्त विवेचन राजस्थानी संस्कृति एवं साहित्य के पूर्ण परिचय में सहायक सिद्ध होगा। हम यह बता आये हैं कि राजस्थानी साहित्य अत्यंत समृद्ध तथा विविधतापूर्ण है, परंतु यहाँ का लोक-साहित्य भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। उसकी अपनी मौलिक विशेषतायें हैं जिसके अध्ययन के बिना राजस्थानी भाषा के साहित्य का सम्पूर्ण चित्र हम प्रस्तुत नहीं कर सकते। इस लोक-साहित्य की महत्ता स्वीकार करते हुये श्री नारायणसिंह भाटी लिखते हैं 'कि मरुभूमि के सौरभ की जो ताजगी आज भी इस लोक-साहित्य में है वह न बड़े-बड़े प्रबंध-काव्यों के अलंकृत छंदों में और न इतिहास तथा ख्यातों की जिल्दों में ही ढूंढ़ने से मिल सकती है। यहां का लोक-साहित्य जन-जीवन से सिंचित उस कुसुम के समान है जिसका रंग समय के आतप से आज तक नहीं मुर्झाया, न जिसके सौरभ में ही कोई कमी आई है। यह लोक साहित्य मरुभूमि के निवासियों की रागात्मक प्रवृत्तियों का वह कोश है जो लिपिबद्ध न होने पर भी सांस्कृतिक इतिहास की वास्तविकता को बड़ी खूबी के साथ अपने में संजोये हुए है।'[१] 'लोक' की वास्तविक संस्कृति उसके कंठस्थ साहित्य में निहित होती है। अतः 'लोक' शब्द की व्याख्या के अभाव में लोक-साहित्य का ज्ञान सर्वथा अपूर्ण है। यह 'लोक' शब्द अत्यन्त प्राचीन है जिसका प्रयोग वैदिक काल से निरन्तर रूप में होता चला आ रहा है। वेद, उपनिषद्, गीता आदि सभी में इसकी व्याख्या हुई है।[२] डॉ. वासुदेवशरण के शब्दों में 'लोक' हमारे जीवन का महा-समुद्र है; उसमें भूत, भविष्य, वर्तमान सभी कुछ संचित रहता है। 'लोक' राष्ट्र का अमर स्वरूप है; 'लोक' कृत्स्न-ज्ञान और सम्पूर्ण अध्ययन में सब शास्त्रों का पर्यवसान है। अर्वाचीन मानव के लिए 'लोक' सर्वोच्च प्रजापति है। लोक, लोक की धात्री सर्व भूतमाता, प्रथिवि और लोक का व्यक्त रूप मानव यही हमारे नए जीवन का अध्यात्म शास्त्र है। इसका कल्याण हमारी मुक्ति का द्वार और निर्माण का नवीन रूप है। लोक-पृथिवी-मानव, इसी त्रिलोकी में जीवन का कल्याणतम रूप है।'[३] स्पष्ट है कि 'लोक' भू-भाग पर व्याप्त साधारण जन-समाज है, जिसे आज हम संस्कृति की संज्ञा देते हैं वह 'लोक' से भिन्न नहीं है। भारतीय समाज में नागरिक एवं ग्रामीण दो भिन्न संस्कृतियों का उल्लेख किया जाता है परन्तु 'लोक' दोनों ही संस्कृतियों में

---

[१] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडस भाग—(राजस्थानी लोक-साहित्य) पृ० ४२७।

[२] (i) वही—प्रस्तावना, डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय, पृ० १–२।
(ii) भारतीय लोक-साहित्य : डॉ० श्याम परमार, पृ० ९–१०

[३] सम्मेलन पत्रिका (लोक संस्कृति विशेषांक) सं० २०१० में पृ० ६५ पर प्रकाशित 'लोक का प्रत्यक्ष दर्शन' नामक लेख से।

विद्यमान है। डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने परिष्कृत एवं संस्कृत लोगों के प्रभाव से दूर अकृत्रिम जीवन के अभ्यस्त लोगों को ही लोक की संज्ञा दी है।

उन्होंने लिखा है—'लोक' शब्द का अर्थ 'जान-पद' या 'ग्राम्य' नहीं है बल्कि नगरों और गांवों में फैली हुई वह समूची जनता है जिनके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियां नहीं हैं। ये लोग नगर में परिष्कृत, रुचि-संपन्न तथा सुसंस्कृत समझे जाने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक सरल और अकृत्रिम जीवन के अभ्यस्त होते हैं और परिष्कृत रुचि वाले लोगों की समूची विलासिता और सुकुमारता को जीवित रखने के लिए जो भी वस्तुएँ आवश्यक होती हैं उनको उत्पन्न करते हैं।[1] इससे स्पष्ट है कि इस भू-भाग पर रहने वाला वह जन-समुदाय जो सुसंस्कृत तथा सुसभ्य प्रभावों से बाहर रह कर अपनी पुरातन सभ्यता को प्रवहमान करता हुआ जीवन-निर्वाह करता है 'लोक' कहलाता है। इन्हीं लोगों का साहित्य 'लोक-साहित्य' कहा जाता है। यह साहित्य प्राय: मौखिक होता है जिसकी भाषा बोलचाल की भाषा ही होती है। यह श्रुतिनिष्ठ अवस्था में परम्परागत रूप से चला आता है। 'आधुनिक साहित्य का नवीन प्रवृत्तियों में 'लोक' का प्रयोग गीत, वार्ता, कथा, संगीत, साहित्य आदि से मुक्त हो कर साधारण जन-समाज, जिसमें पूर्व संचित परम्परायें, भावनायें, विश्वास और आदर्श सुरक्षित हैं तथा जिसमें भाषा और साहित्यगत सामग्री ही नहीं अपितु अनेक विषयों के अनगढ़ किन्तु ठोस रत्न छिपे हैं, के अर्थ में होता है।'[2] स्पष्टत: 'लोक' शब्द हमारी व्यापक एवं प्राचीन परम्पराओं की सुरक्षित निधि एवं अर्वाचीन संस्कृति के विकास का प्रतीक है।

प्राचीन भारतीय साहित्य से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि इस देश में वैदिक काल से ही लोक-जीवन में संस्कृति की दो पृथक धाराओं का प्रवाह होता रहा है—(i) शिष्ट संस्कृति, एवं (ii) लोक संस्कृति। शिष्ट संस्कृति से अभिप्राय उस परिष्कृत एव सुसभ्य वर्ग की संस्कृति से है जो अपने बौद्धिक विकास के उच्चतम शिखर पर पहुंचा हुआ था और

[1] डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी : 'जनपद' वर्ष १, अंक १, पृ० ६५।

[2] भारतीय लोक-साहित्य—श्याम परमार, पृ० ११।

अपनी ज्ञान-प्रतिभा के कारण समाज का नेतृत्व कर रहा था। लोक-संस्कृति से अभिप्राय उस साधारण जन-समाज की संस्कृति से है जो अपने जीवन की प्रेरणा 'लोक' से ही प्राप्त करती थी। जिसका बौद्धिक विकास सामान्य धरातल पर ही था। इन दोनों संस्कृतियों के सम्बन्ध में डॉ० बलदेव उपाध्याय का यह कथन उल्लेखनीय है कि लोक-संस्कृति शिष्ट-संस्कृति की सहायक होती है। किसी देश के धार्मिक विश्वासों, अनुष्ठानों तथा क्रिया-कलापों के पूर्ण परिचय के लिए दोनों संस्कृतियों में परस्पर सहयोग अपेक्षित रहता है। इस दृष्टि से अथर्ववेद, ऋगवेद का पूरक है। ये दोनों संहितायें दो विभिन्न संस्कृतियों के स्वरूप की परिचायिकाएँ हैं। अथर्ववेद लोक-संस्कृति का परिचायक है तो ऋगवेद शिष्ट संस्कृति का। अथर्ववेद के विषयों का धरातल सामान्य जन-जीवन है तो ऋगवेद का विशिष्ट जन-जीवन है।[1]

हमारी भारतीय संस्कृति सम्पूर्णत: इस देश की साधारण जनता पर आधारित है जो यहाँ के गांवों, वनों एवं पर्वतों पर निवास करती है। उसमें भारतीय लोक-जीवन का आदर्श है। लोक-संस्कृति प्रकृति की गोद में पलती है। जन-साधारण के आचार-विचारों में वह प्रतिबिम्बित होती है। लोक-संस्कृति की श्रेष्ठता से समाज को बल एवं प्रेरणा प्राप्त होती है। 'लोक-संस्कृति वस्तुत: आदिम मानव की मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति है; वह चाहे दर्शन, धर्म, विज्ञान, तथा औषधि के क्षेत्र में हुई हो, अथवा सामाजिक संगठन तथा अनुष्ठानों में, अथवा विशेषत: इतिहास, काव्य और साहित्य के उपेक्षाकृत बौद्धिक प्रदेश में सम्पन्न हुई हो।'[2] लोक-संस्कृति को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है[3]—

१. लोक-विश्वास और अंध-परम्पराएँ।
२. रीति-रिवाज तथा प्रथाएँ।
३. लोक साहित्य।

[1] काशी विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित 'समाज' वर्ष ४, अंक ३ (१९५८) पृष्ठ ४४६।

[2] (i) ए हैंड बुक आव फोक लोर—सोफिया बर्न।
(ii) ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन—डॉ. सत्येन्द्र, पृ. ४-५।

[3] सोफिया बर्न द्वारा 'ए हैंड बुक आव फोक लोर' में दिए गए वर्गीकरण पर आधारित।

लोक-साहित्य लोक-संस्कृति का ही एक अंग है, उसका एक अंश है। हम जो कुछ सोचते हैं, करते हैं, गाते हैं, रोते हैं उन सबका प्रतिबिम्ब हमारे लोक-साहित्य में मिलता है। डॉ० सत्येन्द्र के अनुसार 'लोक साहित्य में पिछड़ी जातियों में प्रचलित अथवा अपेक्षाकृत समुन्नत जातियों के असंस्कृत समुदायों में अवशिष्ट विश्वास, रीति-रिवाज, कहानियाँ, गीत तथा कहावतें आती हैं। प्रकृति के चेतन तथा जड़ जगत के सम्बन्ध में, भूत-प्रेतों की दुनिया तथा उनके साथ मनुष्यों के सम्बन्धों के विषय में जादू, टोना, सम्मोहन, वशीकरण, ताबीज, भाग्य, शकुन, रोग तथा मृत्यु के सम्बन्ध में आदिम तथा असभ्य विश्वास इसके क्षेत्र में आते हैं। और भी इसमें विवाह, उत्तराधिकार, बाल्यकाल तथा प्रौढ़ जीवन के रीति-रिवाज तथा अनुष्ठान और त्यौहार, युद्ध, आखेट, मत्स्य व्यवसाय, पशुपालन आदि विषयों के भी रीतिरिवाज और अनुष्ठान इसमें आते हैं तथा धर्म-गाथायें, अवदान (लीजेण्ड), लोक कहानियां, गीत, साके (बैलेड) किंवदन्तियां, पहेलियां तथा लोरियां भी इसके विषय हैं।'[1] इससे स्पष्ट है कि लोक-साहित्य के अंतर्गत स्त्रियों, पुरुषों एवं बच्चों का संपूर्ण गद्य तथा पद्य वाङ्मय आ जाता है। जीवन के विभिन्न बंटवारों के अवसर पर गाये जाने वाले गीत, ऋतु-परिवर्तन तथा खेतों की बोआई, निराई आदि के समय हृदय में उमड़ती हुई भावनाओं का पद्यमय लययुक्त प्रकटीकरण, प्रेम-व्यापार में कोमल भावनाओं की सरस अभिव्यक्ति, वृद्ध दादियों, नानियों, माताओं तथा बुजुर्गों द्वारा कही जाने वाली कहानियां एवं छोटी-छोटी कथायें जन-साधारण के अनुरंजन के लिए खेले गये सांग या नाटक, अपने दैनिक जीवन में जन-जन द्वारा प्रयुक्त कहावतें एवं मुहावरे, छोटे-छोटे बच्चों द्वारा खेल-खेल में गाई जाने वाली लययुक्त तुकबंदियां सभी कुछ लोक साहित्य के अंतर्गत आते हैं। इस दृष्टि से लोक-साहित्य का क्षेत्र अत्यन्त ही विस्तृत एवं व्यापक हो जाता है।

प्राचीन काल में जब कि मनुष्य पूर्णतया प्राकृतिक जीवन व्यतीत करता था, वह आडम्बर तथा कृत्रिमता से कोसों दूर था। वह सरल, सहज एवं स्वाभाविक वृत्ति का प्राणी था। उस समय भी उसका अपना साहित्य था जो स्वाभाविकता, स्वच्छंदता तथा सरलता से पूर्ण पगा हुआ था। वह आधुनिक साहित्य की भांति कथाओं के अनेक प्रकार के शिल्प-विधान तथा अलंकारों के भार से दबा हुआ न था। वह साहित्य उतना ही स्वाभाविक था जितना जंगल में खिलने वाला फूल, उतना ही स्वच्छंद था जितना आकाश में विचरने वाली चिड़ियां, उतना ही सरल तथा पवित्र जितनी गंगा की निर्मल धारा। उस साहित्य का अवशिष्ट तथा सुरक्षित अंश ही आज हमें लोक-साहित्य के रूप में उपलब्ध होता है।[1]

डॉ० श्याम परमार ने लोक-साहित्य का विस्तार निम्नलिखित रूप से प्रस्तुत किया है[2]—

यह सम्पूर्ण साहित्य प्रायः मौखिक होता है, अतः अनेक विद्वानों के मतानुसार इसे 'साहित्य' की संज्ञा न देकर वाङ्मय ही कहा जा सकता है। लोक-साहित्य न किसी व्यक्ति विशेष द्वारा ही निर्मित होता है और न किसी व्यक्ति विशेष की निधि होता है। उसके पीछे अटूट परम्परा होती है जो समाज से अविच्छिन्न होती है। उसकी अभिव्यक्ति सामूहिक होती है। लोक की मानसिक सम्पन्नता एवं समाज की आत्मा को अभिव्यक्त करने वाली मौखिक अभिव्यक्तियां ही लोक-साहित्य की निधि हैं। डॉ० उपाध्याय के शब्दों में 'सभ्यता के प्रभाव से दूर रहने वाली अपनी सहजावस्था में वर्तमान जो निरक्षर

[1] ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन—डॉ० सत्येन्द्र, पृ० ४-५।

[1] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास–षोडश भाग, प्रस्तावना पृष्ठ १५।

[2] भारतीय लोक साहित्य–डॉ० श्याम परमार, पृष्ठ २१।

जनता है, उसकी आशा-निराशा, हर्ष-विषाद, जीवन-मरण, लाभ-हानि, सुख-दुख आदि की अभिव्यंजना जिस साहित्य में प्राप्त होती है, उसी को लोक-साहित्य कहते हैं।' इस प्रकार लोक-साहित्य जनता का वह साहित्य है जो जनता द्वारा जनता के लिए लिखा गया हो।[1] वस्तुतः सर्व-साधारण जनता जो कुछ सोचती है, जिन भावों की अनुभूति करती है उसी की अपने विविध कार्य-कलापों में नानाविध रूप से अभिव्यक्ति इस साहित्य में उपलब्ध होती है। हम मोटे रूप से उपलब्ध होने वाले समूचे लोक-साहित्य को मुख्यतः निम्न पाँच भागों में विभक्त कर सकते हैं—

१. लोक गीत
२. लोक गाथा
३. लोक कथा
४. लोक नाट्य
५. लोक सुभाषित

लोक-साहित्य के अध्ययन की सुविधा हेतु हम उपरोक्त पाँचों विभागों का क्रमशः विवेचन करने का प्रयास करेंगे।

लोक गीत—किसी भी जाति या प्रांत के लोक गीत वहां की जनता की औसत रागात्मक प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी सहज संगीतात्मक उर्मियों में वहां का जीवन-सागर तरंगित होता हुआ प्रतीत होता है। प्रारम्भ में मानव के उल्लसित मन से मधुर संगीत-लहरी के साथ जो भाव फूट पड़े होंगे वही उसके गीत हो गए। तभी से लेकर आज तक मनुष्य निरन्तर रूप से उल्लसित जीवन के आह्लाद को प्रकट करने, सुख की अनुभूति करने तथा जीवन में बढ़ती हुई विषाद-रेखा को क्षीण करने, दुख-दर्द को भुलाने, अपना समय सुहावना बनाने आदि के लिए अपने हृदयगत भावों को ऐसे ही गीतों की लड़ियों में संजो कर अभिव्यक्त करता आया है। राजस्थान इस दृष्टि से बहुत धनी है। 'जीवन के हर महत्त्व-पूर्ण कार्य में गीत का स्थान है। बच्चा गर्भ में होता है तभी से गीत गाये जाते हैं। जन्म की खुशी गीतों में ही व्यक्त होती है। बच्चा बीमार होता है तो गीतों के माध्यम से ही देवता मनाये जाते हैं और अनेक संस्कार गीतों के बिना संभव कहां हैं। विरह के क्षणों में व्यथित हृदय का बोझ इन्हीं गीतों में उँडेल कर हलका करते हैं। मरण के पश्चात् गंगा माता की अभ्यर्थना तक में गीतों के बिना काम नहीं चल सकता। कहने का तात्पर्य यह कि पूरा जीवन ही गीतमय है। जीवन के हर मार्मिक क्षण का स्पंदन इन गीतों की रागिनियों में मुखरित हो उठा है।'[1]

विभिन्न साहित्यकारों ने इन लोक गीतों का वर्गीकरण अपने-अपने दृष्टिकोण से किया है। कुछ विद्वानों के अनुसार किये गए निम्न पांच भेद वैज्ञानिक एवं उचित प्रतीत होते हैं—

(i) संस्कार सम्बन्धी गीत—

क— जन्म सम्बन्धी संस्कारों के गीत।

१ सीमंतोन्नयन के गीत, २ प्रसव सम्बन्धी गीत, ३ चरुवा गीत, ४ नामकरण, अन्नप्राश, झडूले तथा कर्ण-छेदन के गीत, ५ पलने के गीत।

ख— उपनयन तथा विद्यारम्भ संस्कारों के गीत।

ग— विवाह संस्कार के गीत।

१ सामान्य गीत, २ कन्या पक्ष के गीत, ३ वर पक्ष के गीत, ४ भांवरी पड़ने के गीत, ५ सम्धियों के गीत, ६ बना, ७ द्विरागमन के गीत।

घ— मृत्यु सम्बन्धी गीत।

(ii) व्यवसाय सम्बन्धी गीत—

क— जीविका सम्बन्धी गीत।

१ नृत्य तथा नाट्य गीत, २ रातीजगा, कथा गीत, पौराणिक भजन, हरजस आदि, ३ पवाड़ा तथा अन्य विविध।

ख— व्यवसाय करते समय श्रम-परिहार निमित्त गाये के गीत।

१ कृषि सम्बन्धी, ऊँटवालों के, चरवाहों के, २ कुआ चलाने के बारेती गीत, कुए पर पानी भरने वालियों के गीत, ३ चक्की और चरखे के गीत,

[1] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास—षोडश भाग, पृ० १६।

[1] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, राजस्थानी लोक साहित्य—नारायणसिंह भाटी, पृष्ठ ४३६।

४ अन्य व्यवसाय, मजदूरी आदि करने वालों के गीत।

(iii) आवसरिक गीत—

क— ऋतु सम्बन्धी गीत।

ख— मेले, त्यौहारों और व्रत सम्बन्धी गीत।

१ होली के, गवर के, घुड़ले के तथा आखातीज, श्रावणी तीज, कजली तीज आदि के गीत, २ कार्तिक और माघ स्नान के गीत।

ग— देवी देवताओं के गीत।

१ देव चरित तथा देवी चरित, २ पौराणिक और सिद्ध पुरुषों के गीत, ३ सतियों और पितरों के गीत।

घ— आस्था और भजन आदि के गीत।

१ भजन, हरजस, सबद, संतवाणी, २ तीर्थयात्रा-सम्बन्धी गीत।

(iv) पारिवारिक गीत—

क— शृंगार रस के गीत।

१ प्रोषित पतिका स्वकीया—काछबियौ, रांणौ, पिणियारी, कुरजां, झीणी कैसर, ओळूं, मोरली आदि, २ उत्कंठिता स्वकीया—जलौ, बिलालौ आदि, ३ संयोगिता स्वकीया—कूकड़लौ, दारूड़ौ आदि, ४ वियोग पक्ष के गीत।

ख— भाई, बहन, ननद, भावज आदि सम्बन्धों के गीत।

ग— दाम्पत्य जीवन के गीत।

घ— भोज्य पदार्थों के गीत।

(v) फुटकर—

क— देश सम्बन्धी—जोधांणौ, बीकांणौ, उदियांणौ।

ख— ऐतिहासिक—नथमलजी, दूदा मेड़तिया, अमरसिंह राठौड़, पाबू धांधल, हुड़िया कौ नन्द जी।

ग— बाल गीत।

घ— विविध—मूमल, मधकर, दिवलौ, ऊंट, सूवटौ, कूओ, नींबड़ी, केवड़ौ।

लोक गीतों में विभिन्न रसों की अभिव्यक्ति बड़े सुन्दर ढंग से हुई है। राजस्थानी के काछबियौ, पिणिहारी आदि गीत शृंगार के अच्छे उदाहरण हैं। निहालदे नामक लोक गीत में करुण रस की निष्पत्ति हुई है। ओळूं एवं कुरजां आदि गीतों में करुण रस का प्रबल प्रवाह प्रवाहित होता है। पुत्री की बिदाई का अवसर वस्तुतः बड़ा ही दुखदायी होता है। परिवार के आम्र-वन की मधुर कोयल माता-पिता, भाई बहिनों का प्यार छोड़ कर पति के साथ ससुराल के लिये विदा होती है तो गीत गाने वाले एवं सुनने वाले अनायास ही अश्रु विगलित हो उठते हैं। ऐसे गीत बड़े ही करुणापूर्ण तथा हृदय-विदारक होते हैं। 'आऊवा' संबंधी लोक गीतों में वीर रस का परिपाक हुआ है। लोक-देवी-देवताओं संबंधी गीत शांत रस के अच्छे उदाहरण हैं। इसी दृष्टि से विभिन्न रसों की अभिव्यक्ति करने वाले गीतों को रसानुभूति की प्रणाली के अंतर्गत रक्खा गया है।

लोक-जीवन का प्रकृति के प्रति वैयक्तिक नहीं, सामूहिक संबंध रहता है। अतः लोकगीतों में प्रकृति का चित्रण सामूहिक भावना का ही प्रतीक होता है। प्रकृति उनकी साहित्यिक अनुभूतियों को उभारती है। बरसाती बादलों को देख कर लोक जीवन में सामूहिक प्रतिक्रिया होती है। अतः खेती के समय बादलों की घन-घटाओं को देख कर उनका मन उल्लसित हो उठता है। ऐसे समय में गाये गये गीत ऋतु-संबंधी गीतों के अंतर्गत रक्खे जा सकते हैं। कृषि-कर्म, ऋतु-परिवर्तन, देव पूजा, प्रकृति पूजा, पशु पूजा, और वीर पूजा से संबंधित अनेक उत्सव त्यौहारों के रूप में भी मनाये जाते हैं। गणगौर, घुड़लौ, लोटियौ का गीत, होली, लूअर आदि गीत ऐसी ही जन-भावनाओं को प्रदर्शित करते हैं। प्रायः ये सब जन-कल्याण की मांगलिक भावना पर आधारित होते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्रतों के अवसर पर भी स्त्रियों द्वारा गीत गाये जाते हैं। इन गीतों को 'ऋतुओं तथा व्रतों के क्रम' के अंतर्गत रक्खा जा सकता है।

कुछ लोक गीत परंपरा से गाने वाली जातियाँ घर-घर जाकर त्यौहारों के अवसर पर या यों ही मनोरंजन के लिये सुनाया करती हैं। जाति या पेशेवर इन गायकों की गायन-शैली में और परिवार की गायन-शैली में काफी अंतर होता है। इन जातियों के गानों में केवल लोककला के ही तत्व समाहित नहीं होते अपितु शास्त्रीयता का भी पूरा पुट रहता है, फिर भी इन्हें लोकगीतों की श्रेणी में ही गिना जाना चाहिये, क्योंकि

उनमें अभिव्यक्त भावों का रूप, औसत सामाजिक व्यक्ति की चेतना का अंश है। ढोली, ढाढ़ी, मिरासी, मांगणियार, फदाळी, कलावत, लंगा आदि अनेक जातियाँ इस प्रकार के गीतों के गाने का व्यवसाय करती हैं, यद्यपि आधुनिक समय में यह जातिगत व्यवसाय निरन्तर कम होता जा रहा है।

लोक-जीवन में श्रम का भी महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन के अनेक कार्यों में मनुष्य को श्रम करना पड़ता है। श्रम करते समय परिश्रमजन्य क्लांति को दूर करने के लिये गीतों का आश्रय लिया जाता है। खेती या अन्य श्रम संबंधी सामूहिक आयोजनों में काम की निमग्नता के बीच सामूहिक ध्वनियों के रूप में कविता के बोल स्वयमेव मुखरित हो उठते हैं। राजस्थानी में 'भणतें' बहुत प्रसिद्ध हैं। मानव-श्रम के साथ मानव-गीत संगीत का मधुर मिश्रण अनोखा है। कुँओं से पानी खींचते समय, हल जोतते समय और ऊँटों की लम्बी कतार तथा बैलों की बाळद के लम्बा रास्ता तय करते समय जो गीत गाये जाते हैं उनमें मानव श्रम एवं मानव का हृदय दोनों मिल कर गाते हैं। ऐसे गीतों को श्रम-सम्बन्धी गीतों के अंतर्गत रखा जा सकता है।

लोक गीतों का यह वर्गीकरण अंतिम नहीं है। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, विभिन्न लेखकों ने लोक गीतों का वर्गीकरण अपने-अपने दृष्टिकोण से किया है। श्री रामनरेश त्रिपाठी ने[1] ११ श्रेणियों में और श्री सूर्यकरण पारीक ने[2] २६ श्रेणियों म लोक गीतों का विभाजन किया है। डा० कृष्णदेव उपाध्याय ने 'हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास' षोडश भाग, की प्रस्तावना में लोक गीतों के श्रणी-विभाजन का एक वृक्ष प्रस्तुत किया है।[3] अपने इस वर्गीकरण के लिए उनका मत है कि यह वर्गीकरण वैज्ञानिक है क्योंकि लोक गीतों की समस्त विधाएँ इसमें अंतर्भुक्त हो जाती हैं। इस देश के किसी भी प्रदेश के लोक गीतों के भेद तथा प्रभेद रक्खे जा सकते हैं।

संभवतया उनका यह वर्गीकरण ब्रज, मैथिल, भोजपुरी आदि उत्तरप्रदेशीय लोक गीतों को दृष्टिगत रख कर किया गया है। राजस्थानी लोक गीतों की दृष्टि से यह वर्गीकरण भी अधूरा ही कहा जायगा। लोक गीतों की दृष्टि से राजस्थानी बहुत समृद्ध भाषा है। उपरोक्त वर्गीकरण में यद्यपि अधिकांश राजस्थानी गीतों का समावेश हो जाता है, तथापि कुछ गीत ऐसे हैं जिनका उल्लेख इस वर्गीकरण में नहीं किया गया है। ऋतु-संबंधी वर्गीकरण में 'सियाळौ', 'सांवण' आदि अन्य ऋतुओं के गीत भी राजस्थान में बहुत लोकप्रिय हैं। व्रत सम्बन्धी गीतों में तीज, गणगौर, करवाचौथ आदि के गीतों का समावेश इसमें नहीं किया गया है। राजस्थान में अहीर, दुसाधों, चमारों, कहारों, धोबियों आदि के कोई विशेष गीत प्रचलित नहीं हैं। यहाँ लोक गीतों को गाने वाली कुछ पेशेवर जातियाँ हैं जिनका उल्लेख पहले किया जा चुका है। श्रम-संबंधी गीत राजस्थान में 'भणत' के नाम से प्रसिद्ध हैं। फिर भी अन्य वर्गीकरणों की अपेक्षा उपरोक्त वर्गीकरण अधिक वैज्ञानिक है। अत: अब हम इन्हीं वर्णित पाँचों विभागों की क्रमश: विवेचना प्रचलित एवं प्रसिद्ध लोक गीतों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए करेंगे।

१—संस्कार सम्बन्धी गीत

भारतीय लोक-जीवन जन्म से मृत्यु तक विभिन्न कालों में विभाजित है। इन कालों के लिये विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया है। हर संस्कार के साथ संगीत की मधुर स्वर-लहरियाँ हमारे साथ चलती हैं। गर्भाधान से लेकर मृत्यु तक षोडश संस्कारों का विधान किया गया है, तथापि इनमें पुत्र-जन्म, जनेऊ, विवाह, गौना, मृत्यु आदि प्रधान संस्कार माने जाते हैं।

(१) पुत्र-जन्म—इसके अंतर्गत गर्भाधान, गर्भिणी की शरीर-यष्टि, प्रसव-पीड़ा, दोहद, छठी आदि से सम्बन्धित गीत आते हैं। किसी नव-विवाहिता वधू के प्रथम बार गर्भाधान होना अत्यन्त मंगलमय माना जाता है। गर्भाधान से सम्बन्धित गीतों में गर्भवती स्त्री के शरीर में होने वाले (नौ मास तक) परिवर्तनों का बड़ा वैज्ञानिक वर्णन होता है। गर्भवती स्त्री जिन अभिलषित वस्तुओं को खाने की इच्छा करती है, उनका भी बड़ा रोचक वर्णन राजस्थानी गीतों में पाया जाता है—

> पै'लौ मास उलरियौ ए जच्चा वें रौ आळसियें मन जाय
> दूजौ ए मास उलरियौ ए जच्चा वेंरौ थूंकतड़े मन जाय ए
> अलबेली ए जच्चा चांदी रे प्याले केसर पावसां ॥ टेक

---

[1] 'कविता कौमुदी' – पं० रामनरेश त्रिपाठी, भाग ५, पृष्ठ ४५।

[2] 'राजस्थानी लोकगीत' – श्री सूर्यकरण पारीक, पृष्ठ २२-२५।

[3] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृ. ५५-५६।

नखराळी ए जच्चा पांनां रे बरक चढ़ावसां
तीजौ मास उलरियौ ए जच्चा नींबूड़े मन जाय
चौथौ मास उलरियौ ए जच्चा लाडूड़े मन जाय ए।। अल०।

राजस्थानी में 'दोहद' के गीतों की यह परम्परा नवीन नहीं है। संस्कृत के प्रसिद्ध कवि कालिदास ने भी सुदक्षिणा के दोहद का बड़ा सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया है।[1] प्रायः सभी प्रदेशों के लोक गीतों में दोहद का रोचक वर्णन मिलता है। राजस्थान में गर्भवती की इच्छा-पूर्ति कराना बड़ा महत्वपूर्ण एवं पुण्य कार्य माना जाता है। गर्भावस्था के आठवें मास में स्त्रियाँ 'अजमौ' गाती हैं। नववधू गर्भवती है, पति कार्यवश परदेश जा रहा है। पति की अनुपस्थिति में अजवाइण आदि की व्यवस्था कौन करेगा ? क्या होगा ?

थेइज ओ केसरिया सायब गांव सिधाया ओळगणी,
सिधाया ओ अजमौ कुण मोलावे ओ राज !
थेइज ओ मांनेतण रांणी हालरियौ जिणजौ,
धैनडियौ जिणजौ ओ अजमौ म्हारा भाबोसा मोलावे ओ राज !

पुत्र-जन्म से सम्बन्धित गीतों को दो भागों में बाँटा जा सकता है– (क) जन्म से पूर्व के गीत, एवं (ख) जन्म के बाद के गीत। पुत्र-जन्म से संबंधित उपरोक्त गीत जन्म से पूर्व के गीत कहे जा सकते हैं। पुत्र-जन्म का उत्सव सबसे मंगलमय उत्सव माना जाता है, अतः जन्मोत्सव बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में पुत्र-जन्म से संबंधित अनेकों गीत प्रचलित हैं। जन्म से पूर्व प्रसव-वेदना से पत्नी व्याकुल हो रही है। पति बाहर चौपड़ खेलने में मस्त है। पत्नी पति को दाई बुलाने के लिये सूचना देना चाहती है। क्या कहे ? कैसे कहे ?—

ओ राजा सार रमता पीव थें पासा दूर धरौ वे हां
ओ राजा सार धरौ चित्रसाळ पासा रंग मे'ल धरौ वे हां
ओ राजा जाजम देवौ उठाय साथीड़ां ने सीख देवौ वे हां
ा म्हारी सदा सवागण नार थांरे कांईं हयौ वे हां
ओ राजा लाज सरम री बात पियाजी ने कांईं केवूं वे हां
ए गोरी थारौ म्हारौ जिवड़ौ एक दोनूं बिच कोण सुणे वे हां
ओ राजा धसमस दूखै पेट कमर में चीस चले वे हां
ओ राजा होय घुड़ले असवार दाईजी ने लेण चालौ वे हां...

राजस्थान में पुत्र के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। किन्तु पुत्री का जन्म अधिक अच्छा नहीं माना जाता। पुत्रवती स्त्री का आदर अधिक होता है। लोक गीतों में इसकी झलक अनायास ही मिल जाती है। मोढ़े पर बैठे हुए पति-पत्नी बातें कर रहे हैं। पत्नी पूछ रही है कि अगर मेरे लड़की हुई तो तुम मेरा प्यार किस प्रकार करोगे ?—

जी ओ घण मुढलै पिव पालिगै
तौ दोय जणां ए मतौ उपाड़ियौ
जी पिया जै म्हारै जलमेगी धीय
तौ किसड़ा लाड लडावस्यौ जी
जी गोरी जै थांरे जलमेगी धीय
तौ खाट पिछोकड़ै घलावस्यां जी
लाडू खारे लूण का जी
पड़दौ दां काळी कांमळी जी
मुख सें कदेय नीं बोलस्यां जी
ए म्हे सिधारांगा चाकरी जी
थांने भेजां थांरे बाप के जी ।।

पुत्र-जन्म के बाद कुछ दिनों तक लगातार गीत गाये जाते हैं। इस सम्बन्ध में अनेकों गीत प्रचलित हैं। जन्म के छठे दिन विशेष रूप से उत्सव मनाया जाता है। उस दिन सन्तानोत्सव से सम्बन्धित गीत गाये जाते हैं। विभिन्न लोक गीतों के संग्रहों में इस समय गाये जाने वाले कई गीत प्रकाशित हो चुके हैं।

जन्मोत्सव पर प्रसूता स्त्री को पीली चूनर ओढ़ाते हैं। इसे 'पीळौ ओढ़ाना' कहते हैं। राजस्थान में 'पीळौ' सौभाग्यवती एवं पुत्रवती स्त्री का मांगलिक परिधान है। बड़ी-बूढ़ी स्त्रियाँ नववधुओं एवं बहुओं को 'पीळा ओढ़ने' का आशीर्वाद देती हैं। लोक गीतों में भी इस पीळी चूनर की सुंदरता का वर्णन किया गया है—

उदयपुर से तौ सायबा पीळौ मंगाओ जी
तौ नांनी-सी बंधण बंधाओ गाढ़ा मारूजी !
पीळा तौ पल्ला साहेबा बंधण बंधावौ जी
तौ अदबिच चांद छपावौ गाढ़ा मारूजी !
पीळौ तौ ओढ़ म्हारी जच्चा पोढ़ेजी
बड़ी तौ सराही सहर सराही गाढ़ा मारूजी !

---

[1] न मे ह्रिया शंसति किञ्चिदीप्सितं
स्पृहावती वस्तुषु केषु मागधी।
इति स्म पृच्छत्यनुवेलमादृतः
प्रिया सखीमुत्तरकोशलेश्वरः ।। रघुवंश—३।५

पीळौ तौ ओढ़ म्हारी जच्चा महल पधारी जी
तौ कोई हे सपूती निजर लगाई गाढ़ा मारूजी !...

इसी प्रसंग में 'लोरी' सम्बन्धी लोक गीतों की विवेचना भी अप्रासंगिक न होगी। राजस्थानी लोक गीतों में 'लोरी' का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। माता पालने में ही वीर-लोरियाँ सुना कर शिशु में शौर्य व बलिदान के संस्कारों का बीजारोपण करती है।[1] आसपास की प्रकृति, पशु-पक्षी, वनस्पति आदि से प्रथम बार परिचय कराती है—

गीगा ने खिलायी ए चिड़कली
गीगा ने खिलायी ऐ !
गीगा रोवै च्याऊं म्याऊं
गीगा ने हँसायी, ए चिड़कली, गीगा ने खिलायी ऐ !
पगां अक बांधूं घूघरणा थारै
गळ मोतीड़ा रौ हार, ए चिड़कली, गीगा ने खिलायी ऐ...

इस सम्बन्ध में 'गाडूलौ' नामक लोक गीत भी राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध है। स्नेहमयी माता खाती से कह रही है कि मेरे पुत्र के लिये एक सुन्दर-सा गाडूला (गाड़ी—जिसके सहारे बच्चे चलना सीखते हैं) बना कर लाओ—

सुण सुण रे खाती रा बेटा, गाडूलौ घड ल्याय।
गाडूलौ घड़ ल्याव, म्हारै गीगा के मन भाय।
आंम कौ गाडूलौ घड़ ल्याव, चाँदी का पात चढ़ाय।
सोने की, खाती रा बेटा, कील ठोकाय।
सुण सुण रे खाती रा बेटा, गाडूलौ घड़ ल्याय।...

(ii) उपनयन संस्कार—

इसे 'जनेऊ' कह कर भी पुकारते हैं। 'जनेऊ' शब्द यज्ञोपवीत का अपभ्रंश रूप है। मनु ने द्विजों के लिये यज्ञोपवीत आवश्यक माना है। अन्य जातियों के लिये भी विभिन्न आयु तथा विभिन्न अवसर पर यज्ञोपवीत धारण करने का विधान है। जनेऊ के गीतों में उन विधि-विधानों का उल्लेख पाया जाता है जो संस्कार में पाये जाते हैं। यज्ञोपवीत संस्कार' के समय यज्ञोपवीत धारण करने वाला पूजा-विधान के पश्चात् अपने निकट सम्बन्धियों से भीख मांगने की रस्म पूरी करता है। उसी समय स्त्रियों द्वारा गाया जाने वाला गीत देखिये—

गळे जनेऊ लाडा पाटके री डोरी
भिक्षा पुरसे बहू सुरजजी री गोरी
गळे जनेऊ लाडा पाटके री डोरी
भिक्षा पुरसे बहू ब्रह्माजी री गोरी
गळे जनेऊ लाडा पाटके री डोरी
भिक्षा पुरसे बहू ब्रह्माजी री गोरी
गळे जनेऊ लाडा पाटके री डोरी
भिक्षा पुरसे बहू महादेवजी री गोरी
गळे जनेऊ लाडा पाटके री डोरी
भिक्षा पुरसे बहू...सुखदे गोरी ॥

(iii) विवाह—

विवाह संपूर्ण मानव जाति का एक पवित्र एवं प्रधान संस्कार माना जाता है। विभिन्न देशों में विवाह के भिन्न-भिन्न तरीके प्रचलित हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार राजस्थान में 'चँवरी' में वर-वधू द्वारा अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करना (भाँवरे पड़ना) विवाह का सबसे मुख्य कार्य है।

राजस्थान में मंगलकारक देवता के रूप में गणेशजी का स्मरण किया जाता है अतः प्रत्येक मंगल कार्य के आरंभ में विनायक (गणपति) का आह्वान किया जाता है। विवाह-सम्बन्धी समस्त संस्कारों के पहले विनायकजी के गीत गाये जाते हैं। इस सम्बन्ध में क्षेत्र-भेद की दृष्टि से राजस्थान में अनेकों गीत प्रचलित हैं, किन्तु सभी में सकल सिद्धि और मंगलदायक विनायक का स्मरण किया जाता है जिससे समस्त संस्कार बिना किसी विघ्न-बाधा के कुशलपूर्वक संपन्न हो सकें, क्योंकि श्री विनायक को 'विघ्नहरण एवं मंगलकरण' माना जाता रहा है—

गढ़ रणत भंवर सूं आवौ विनायक
करौ नी अणचींती विड़दड़ी।
विड़द-विनायक दोनूंजी आया
आय तौ उतरिया हरिये बाग में।
ढूंढ़त ढूंढ़त नगरी जी ढूंढ़ी
कोई, घर तौ बतावौ लाडले रे बाप रौ।
ऊँची सी मेडी, लाल किंवाड़ी
केळ झबरकै लाडले रे बारणें।

---

[1] मि०—इला न देणी आपणी, हालरियै हुलराय।
पूत सिखावै पालणैं, मरण बड़ाई माय ॥—सूर्यमल मिश्रण

प'लौ तौ वासौ सरवर वसियौ
सरवर भरियौ ठंडे नीर सूं ।
भरियौ तौ सरवर लेवै रे हिलोळा
नीर भरै पणिहारियाँ ।
दूजौ तौ वासौ वाड़्यां जी वसियौ
वाड़्यां तौ छायी फळ फूलां सूं ।
अगणौ तौ वासौ ग्वाड़ां जी वसियौ
ग्वाड़ां तौ भरी धोळी धेनां सूं...!

विवाह के अधिकतर गीत वर एवं कन्या दोनों पक्षों में समान रूप से गाये जाते हैं। विनायक-पूजा के पश्चात् प्रति दिन रात्रि में वर की प्रशंसा में गीत गाये जाते हैं। ऐसे गीतों को 'बनड़े' कहते हैं। कहीं-कहीं बोली-परिवर्तन के कारण इन्हें सांभी के गीत भी कहते हैं। राजस्थानी में 'बनड़े' का अर्थ 'दूल्हा' होता है। इन गीतों में वधू की ओर से वर से अनेक प्रकार की प्रार्थनायें की जाती हैं—बारात कैसी हो ? बराती कैसे हों ?—

सिरदार बनांजी हस्ती थे लाइजौ हे कजळी देस रा
उमराव बनांजी घुड़ला थे लाइजौ हे खुरसांणी देस रा
सिरदार बनांजी सेवरिये झबूके ओ आभा बीजळी
उमराव बनांजी सोनौ थे लाइजौ हे लंकागढ़ देस रौ
उमराव बनांजी रूपौ थे लाइजौ हे ऊजळपुर देस रौ···

विवाह के अवसर पर अनेक प्रकार के रीति-रस्म होते हैं। वर-वधू के तेल चढ़ाना, उबटन करना इनमें प्रमुख है। 'उबटन' को राजस्थानी में 'पीठी' कहते हैं। सोलह श्रृंगारों में उबटन का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इससे शरीर की एवं मुख की कान्ति बढ़ कर रंग निखरने लगता है। विवाह के अवसर पर राजस्थान में 'पीठी' का आम रिवाज है। वर या कन्या के 'पीठी' करते समय स्त्रियाँ गीत गाया करती हैं—

गहूँ ए चिणां रौ ऊबटणौ, मांय चमेली रौ तेल
अब लाडौ बैठ्यौ ऊबटणे ॥ १
आओ म्हारी दाद्यां निरखलौ, आओ म्हारी मांयां निरखल्यौ
थां निरख्यां सुख होय, अब लाडौ बैठ्यौ ऊबटणे ॥ २
तो कर लाडा उबटणो, थारा ऊबटणा में बास घणी
थारी दादयां संजोयौ ऊबटणौ,थारी मांयां संजोयौ ऊबटणौ ॥ ३
कोई तेल फुलेल चम्पेल घणी, चम्पा री कळियां सुगंध घणी
लाडा रा मन में खांत घणी ॥ ४

गीतों में हास्य का पुट देने या वर के साथ विनोद करने का अवसर प्रायः स्त्रियाँ निकाल ही लिया करती हैं। ऐसी दशा में किसी गीत के साथ दो चार पंक्तियाँ वे अपनी ओर से भी जोड़ दिया करती हैं, यद्यपि विनोद के सिवाय उनका कोई विशेष महत्व नहीं होता—

चंपळै री चोसठ कळियां ए,
वनौ पूरै वनी री रळियां ए।
वनड़े रे हाथ पतासा ए,
वनौ करै वनी सूं तमासा ए।
वनड़े रे हाथ में डोरी ए,
वनड़े सूं वनड़ी गोरी ए।
वनड़े रे हाथ में कूंची ए,
वनड़े सूं वनड़ी ऊँची ए।

राजस्थान के विवाह संबंधी लोक गीतों में 'वनड़ौ', 'वनौ' 'लाडौ' आदि शब्द वर के लिये एवं 'वनड़ी', 'वनी', 'लाडी' आदि शब्द वधू के लिये प्रयुक्त होते हैं। प्रत्येक रस्म के लिये अनेकों गीत मिलते हैं, किन्तु प्रायः भाव उनमें एकसा ही पाया जाता है। बरात के चढ़ते समय दूल्हा घोड़े पर चढ़ता है, उस समय भी गीत गाये जाते हैं—

घोड़ी बाँधौ अगर रे रूँख, चंनण रे रूँख
मोड़ दरवाजे चंपे री दोय कळियाँ बे
घोड़ी चढ़सी वसदेवजी रौ नंद, पून्यौ रौ चंद
हीराँ रौ हार, मथराजी रौ वासी बे
धन धन हो गोरा स्रीक्रस्न केसरिया कँवर
थाँरै सेवरौ बँधावाँ बे
ठाकुर आया, ठाकुर केळ करै किललोळ करै
थाँरै बाबेजी री डोढ़ी बे
धन-धन ए बहू वसदेव री
केसरिया कँवर जिण स्रीक्रस्ण जायौ बे ।

इसी प्रसंग में इन गीतों की एक मुख्य विशेषता का उल्लेख कर देना आवश्यक है। राजस्थान में इन संस्कार-संबंधी सभी गीतों को स्त्रियाँ ही गाती हैं। गाने में पुरुषों का भाग नहीं होता।

बारात जब वधू के द्वार पर पहुँच जाती है तो वर 'तोरण' का अभिवादन करता है। इस अवसर पर दूल्हा तलवार एवं वृक्ष की टहनी से तोरण को स्पर्श करता है। विवाह के निमित्त औपचारिक रूप से आने का वर का यह प्रथम अवसर होता है, अतः

'कांमण' द्वारा वधू उसी समय वर को वश में करने का प्रयत्न करती है। आरंभ में ही किया गया प्रयत्न अधिक फलदायक होता है। 'कांमण' शब्द संस्कृत के 'कार्मण' का ही अपभ्रंश रूप है। कार्मण का अर्थ है—'जादू-टोना या वशीकरण'। इस अवसर पर 'कांमण' गीत गाने का अभिप्राय दूल्हे पर वशीकरण करना होता है। इसीलिए 'कांमण गीतों' के साथ साथ कुछ 'कांमण' क्रियायें भी की जाती हैं। संभवतया यहाँ प्रेम के जादू से मतलब है। 'कांमण' विभिन्न तरीकों से किया जाता है। कुछ जातियों में 'तोरण' स्पर्श करते समय वर के ऊपर वधू द्वारा मंत्रित 'कपासिया' आदि वस्तुयें फेंकी जाती हैं। वर के मित्र हाथ में ढाल लेकर उन वस्तुओं से 'वर' की रक्षा करते हैं जिससे 'वर' वधू के वशीभूत होने से बच जाय। इस समय स्त्रियाँ भी गाने लगती हैं—

तोरण में आया राईवर, थरहर कंप्या राज
बूझाँ सिरदार बनी ने, कांमण कुण करया छै राज
म्हे नहिं जांणां, म्हाँ रा खाती कांमणगारा राज
खाती को नेग चुकास्यां; कांमण ढीला छोडौ राज
छोड्यां न छूटै, राईवर, करड़ा घुळया छै, राज...

इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि "प्रकृतिस्वरूपा स्त्री प्रेम की आदि-शक्ति है। वह अपने प्रेम से पुरुष को वशीभूत कर लेती है। यही प्रेम का 'वशीकरण' है—जादू है। इसी को 'कांमण' कहा है, जिसके आतंक से पुरुष राईवर थर-थर कांपने लगता है। फिर यौवन की प्रथम आभा से स्त्री में एक और शक्ति का प्रकाश होता है, जिसके आगे पुरुष का पुरुषत्व मोम होकर पिघल जाता है। प्रेम और वशीकरण जितना ही ज्यादा प्रभावशाली हो, 'कांमण' जितना ही ज्यादा घुले उतना ही अच्छा।"[1]

इस प्रकार विवाह के छोटे-मोटे प्रायः सभी रीति-रस्मों पर स्त्रियाँ गीत गाया करती हैं। इस संबंध में विभिन्न लोक-गीतों के संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं। इन रीति-रस्मों के अतिरिक्त विवाह संबंधी कुछ साधारण गीत भी प्रचलित हैं। कन्या अपने पिता से निवेदन करती है कि देश के बजाय भले ही मुझे परदेश में देना पर 'वर' मेरी जोड़ी का देना। वर न काला हो, न गोरा हो, न लम्बा हो, न ठिंगना हो—

काची दाख हेठे बनड़ी पांन चाबै, फूल सूँघै
करै ए बाबेजी सूँ वीनती
बाबाजी, देस देता परदेस दीज्यौ
म्हाँरी जोड़ी रौ वर हेरज्यौ
काळौ मत हेरौ, बाबाजी, कुळ ने लजावै
गोरौ मत हेरौ, बाबाजी, अंग पसीजै
लाँबौ मत हेरौ, बाबा, साँगर चूँटै
ओछौ मत हेरौ, बाबा बावन्यूँ बतावै।
ऐसौ वर हेरौ, कासी रौ बासी
बाई रे मन भासी, हसती चढ़ आसी
हँस खेल, ऐ बाबेजी री प्यारी बनड़ी
हेरयौ ए फूल गुलाब रौ।

वर के प्रति कन्या की यह इच्छा कितनी स्वाभाविक है। आज कितने माता-पिता अपनी कन्या की इच्छा को ध्यान में रख कर उसका विवाह करते हैं?

राजस्थान में 'चँवरी' में साधारणतया सात भाँवरे पड़ने की प्रथा नहीं है। इस समय यहां चार भाँवरे ही पड़ते हैं तथा प्रत्येक भाँवर (फेरा) के साथ स्त्रियाँ गा उठती हैं—

पँ'लो फेरो ले म्हारी लाडो बाई दादोसा ने लाडली
दूजो फेरो ले म्हारी लाडो बाई बाबोसा ने लाडली
अगणो फेरो ले म्हारी लाडो बाई वीरोसा ने लाडली
चोथो फेरो लियो म्हारी लाडो होइए पराई ए
हळवां हळवां चाल म्हारी लाडो हँसेला सहेलियाँ।

विवाह के अवसर पर 'भात' या माहेरा भरना' राजस्थान की एक महत्वपूर्ण प्रथा है। घर पर पुत्र या पुत्री का विवाह निश्चित होने पर बहन अपने भाई तथा माता-पिता को निमंत्रण देने के लिए स्वयं अपने पति के साथ पीहर जाती है। भाई बहिन का निमंत्रण स्वीकार कर विवाह-संस्कार के दिन अपने कुटुम्बी जनों को साथ लेकर अपनी बहिन के घर पहुँचता है और वहाँ अपनी शक्ति के अनुसार बहिन और बहिन के परिवार को पहरावनी देता है। इस अवसर पर वह कुछ नकद द्रव्य भी सहायता के रूप में देता है। भाई के न होने पर निकट सम्बन्धी ही माहेरा भरता है। विवाह-संस्कार के दिन प्रत्येक बहिन अपने भाई की तीव्र उत्कण्ठा के साथ प्रतीक्षा करती है। 'माहेरा' लेकर भाई के आने का समाचार

[1] 'राजस्थान के लोक गीत' – प्रथम भाग, संपादक–ठाकुर रामसिंह, सूर्यकरण पारीक, नरोत्तमदास स्वामी। पृष्ठ १४६ में दिया गया 'कांमण' गीत का भावार्थ एवं टिप्पणी।

सुन लेती है तो वह अपने आपको बडी भाग्यशालिनी समझती है। विशेष प्रसन्नता के कारण प्रेमाश्रु रोके नहीं रुकते। माहेरा भरने के समय इसी सम्बन्ध के गीत गाये जाते हैं। विवाह के अवसर पर बहिन अपने भाई की प्रतीक्षा में कितनी उत्सुकता दिखाती है और भाई के आ जाने पर भाई के हाथ से चूनड़ी ओढ़ने की इच्छा कितने उल्लसित मन से प्रकट करती है, वह निम्न गीत में देखिये—

उड वायसड़ा म्हारा, पीयर जा, नूंत पियर रा भातवी जे।

×

झीणी-झीणी, रे वीरा, उडै छै खेह, वादळ दीसै धूंधळा जे।
बळदां री, रे वीरा, वाजी छै टाळ, गाड चरखता म्हे सुण्या जे।
म्हारे वीरेजी रा चमक्या छै सेल, भावजां रा चमक्या चूड़ळा जे।

×

भारत रे वीरा भावज ने ओढ़ाय, म्हांने घणा मोलां री चूनड़ी जे।
सुसराजी ने, वीरा, थिरमौ ओढ़ाय, सासूजी ने साड़ी सांपड़ जे।
म्हारा जेठां ने, वीरा, साल दुसाल, देवरां ने पिचरंग मोळिया जे।
म्हारी नणद ने दिखणी रौ चीर, देराण्यां-जेठाण्यां ने पीळा पोमचा जे॥

(iv) गौना—'गौना' शब्द संस्कृत के 'गमन' का विकृत रूप है। प्रायः बड़ी आयु में विवाह होने पर कन्या को विवाह के दूसरे दिन ही विदा कर दिया जाता है किन्तु छोटी आयु में विवाह होने पर जब तक कन्या युवा नहीं हो जाती, उसे ससुराल नहीं भेजा जाता। कुछ जातियों में तो 'गौने' की प्रथा-सी हो गई है। उनमें कन्या चाहे जितनी बड़ी या छोटी हो—विवाह के कुछ अवसर बाद ही उसे ससुराल भेजा जाता है। विवाह के समान इसे भी धूमधाम से मनाया जाता है। राजस्थान में इसे 'मुकलावा' भी कहते हैं।

कन्या की विदाई का दृश्य वस्तुतः बड़ा करुणामय होता है। इतने वर्षों तक पाली-पोसी कन्या को अपने से अलग करना साधारण जन के लिये बड़ा ही कठिन होता है, फिर भी इस कार्य को तो उसे संपादित करना ही होता है। समाज का नियम ऐसा ही है। ऐसे समय गाये गये गीतों को राजस्थानी में 'ओळूं' कहते हैं। 'ओळूं' का शाब्दिक अर्थ है 'याद', यद्यपि 'याद' शब्द पूरा तरह से 'ओळूं' के भावों को प्रदर्शित नहीं करता। इन गीतों के भाव इतने करुण होते हैं कि सुन कर हृदय थाम कर आँसू रोकना कठिन हो जाता है। स्त्रियाँ गाती हुई प्रेम-विह्वल हो जाती हैं और उनकी आँखों से अश्रुओं की झड़ी लग जाती है। पुरुषों की आँखें भी छलछला आती हैं, क्योंकि गाने वाली स्त्रियों की सिसकियाँ, गीत के शब्द और संगीत को और भी हृदयस्पर्शी बना देती हैं और सुनने वाले भी अश्रुविगलित हो उठते हैं—

म्हे थाँ ने पूछां म्हारी धीवड़ी
म्हे थाँ ने पूछाँ म्हारी बाळकी
इतरौ बाबैजी रौ लाड, छोड'र बाई सिध चाल्या ?
म्हे रमती बाबोसा री पोळ
म्हे रमती बाबोसा री पोळ
आयौ सगेजी रौ सूवटौ, गायड़मल ले चाल्यौ।
म्हे थाँ ने पूछां म्हाँरी धीवड़ी
इतरौ माऊजी रौ लाड छोड'र बाई सिध चाल्या··· ?

कई गीतों में कन्या की उपमा कोयल से दी जाती है। कोयल वसन्त की दूतिका है। कोयल के छोड़ जाने पर उपवन का वसन्त नहीं रहता। लाड़-प्यार से पाली हुई कन्या के पति-गृह चले जाने पर माता-पिता का घर सूना हो जाता है और समस्त वातावरण विषादमय हो जाता है। विवाहोपरान्त कन्या की विदाई के समय सखी-सहेलियाँ उदास हो रही हैं, क्योंकि उनके उपवन की कोकिला अब विदा ले रही है। सभी उस समय सजल नेत्र हो जाते हैं और विदा होती हुई कन्या को सम्बोधित कर गद्‌गद् कण्ठ से कहते हैं—मेरे उपवन की कोकिला, तू यह उपवन छोड़ कहाँ चली ?

वनखंड री ए कोयल, वनखंड छोड कठै चाली ?
थारी आळे दीवाळे गुडियाँ धरी
वनखंड की ए कोयल, वनखंड छोड कठे चाली ?
थारी साथ सहेल्यां उणमणी
वनखड री ए कोयल, वनखंड छोड कठै चाली ?
थारी माऊजी थारे विन उणमणा
थारी छोटी बैनड़ रोवै अकेलड़ी
वनखंड री ए कोयल, वनखंड छोड कठै चाली ?
थारौ वीरौ सा फिरै छै उदास
विलखत थारी भावजड़ी
वनखंड री ए कोयल, वनखंड छोड कठे चाली ?···

२—व्यवसाय सम्बन्धी गीत

(i) श्रम गीत— राजस्थान एक शुष्क प्रदेश होने के कारण यहाँ का जीवन बड़ा कठोर है। यहाँ के लोगों को

अपनी जीविका के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। कृषि ही यहाँ का मुख्य व्यवसाय होने के कारण यहाँ का 'लोक' सदैव से ही परिश्रम में पलता आया है। श्रम के साथ मानव-गीत-संगीत का साहचर्य अनोखा है। कठोर परिश्रम की अथक थकान को संगीत की मधुर लहरियाँ क्षण भर में दूर कर देती हैं। गीतों की स्वर-लहरी के साथ श्रमिक अपने अंगों के परिचालन को एक कर देता है और उसी आनन्द में बिना थकान महसूस किए लम्बे समय तक कार्य में जुटा रहता है। इसी अभिप्राय से खेतों में हल चलाते हुए, कुओं से पानी खींचते हुए, फसल को काटते हुए और उसी प्रकार श्रम का अन्य कार्य करते हुए लोग अपने गीतों की मधुर ध्वनि से ही अपने समय को रंगीन और सुखमय बनाते हैं। गीत की मधुर ध्वनि में वे अपने श्रम के कष्टों को भूल कर कार्य में लवलीन हो जाते हैं। राजस्थान में एक विशेष लय के साथ ही श्रमगीत गाये जाते हैं। ऐसे गीतों को यहाँ 'भणतें' कहते हैं। इन भणतों की संख्या राजस्थानी लोक साहित्य में बहुत ही कम है। जो कुछ है उसो को घुमा-फिरा कर श्रम के विभिन्न अवसरों पर गाया जाता है। नीचे दी गई एक भणत का एक उदाहरण देखिये—

रांमयौ भणालौ रे भाई !
सांवण रा सरड़ाटा ओ भाई !
भादरवै रा लो'र ओ भाई !
सांवण पैं'ली तीज ओ भाई !
सहियां राखी तीज ओ भाई !
सहियां हींडौ हींडै ओ भाई !
सींगाटी रा साठ ओ भाई !
पूठै रा पचास ओ भाई !
बूंदी री बंदूक ओ भाई !
सीरोही तरवार ओ भाई !
गेंडासाही ढाल ओ भाई !

×

पुरुषों की भांति स्त्रियाँ भी श्रम के समय अपने गीतों द्वारा अपने श्रम को सरल बना देती हैं। घर तथा कृषि में अनेक प्रकार के कार्यों को करने के लिये श्रम में जुट जाती हैं। चरखा कातते समय उनके द्वारा गाया जाने वाला गीत देखिये—

चाल रे चरखला, हाल रे चरखला !
कातण वाळी छैल छबीली बैठी पीढ़ौ ढाळ।
म्हीं म्हीं पूणी कातै, लाम्बौ काढ़े तार
चाल रे चरखला, हाल रे चरखला !

गीत की स्वर-लहरी के साथ चरखे का तकुआ घूमता रहता है और स्त्रियाँ पूणी पर पूणी कातती जाती हैं, अघाने का नाम तक नहीं।

श्रम-गीत की राग, श्रमिक एकाकी हो या सामूहिक रूप में, दोनों ही परिस्थितियों में अलापी जाती है, श्रम को हल्का बनाने के लिए। भणतें निश्चित रूप से श्रम के समय ही गाई जाती हैं परन्तु इनके अतिरिक्त श्रृंगारिक, धार्मिक या ऋतु-सम्बन्धी गीत भी श्रमिक लोग अपने मन को बहलाने के लिए गा उठते हैं। इसी प्रकार स्त्रियाँ श्रम के समय भजन या हरजस भी गाती हैं, या फिर अपनी वय के अनुसार श्रृंगारिक, ऋतु-सम्बन्धी तथा प्रेम-सम्बन्धी गीत भी गा लेती हैं।

(ii) जीविका सम्बन्धी गीत—राजस्थान के कुछ लोक-गीत यहाँ के क्वचित लोगों की जीविका के साधन बन चुके हैं। यहाँ की कुछ विशेष जातियों के लोग, जिनका व्यवसाय ही लोक गीत गाना है, वे अपने यजमानों के यहां भिन्न-भिन्न अवसरों, उत्सवों या आयोजनों पर या एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते हुए जन-समुदाय के समक्ष गीत गा कर अपनी जीविका उपार्जित करते हैं। ऐसे गीतों में धार्मिक, श्रृंगारिक और ऐतिहासिक गीतों का विशेष स्थान है। अवसर की उपयुक्तता के अनुसार ये लोग वैसे ही गीत गाते हैं। श्रृंगारिक गीतों में दाम्पत्य जीवन के संयोग एवं वियोग-श्रृंगार सम्बन्धी या लोक समाज में प्रचलित प्रणय-कथा सम्बन्धी गीत ही अधिक गाये जाते हैं जिनमें जलौ, काजळियौ, मूमल, कसूंबौ, मधकर, काछबियौ, नागजी, आभल खींवजी रा गीत, बाघौ-भारमली रा गीत, ढोला मारू रा गीत आदि प्रसिद्ध हैं। धार्मिक गीतों में भक्ति-सम्बन्धी हरजस, भजन तथा भक्त चरित्र के साथ पाबूजी रा गीत, बगड़ावतां रा गीत, रामदेवजी रा गीत, तेजाजी रा गीत भी गाये जाते हैं। इन गीतों में धार्मिक महत्व के साथ ऐतिहासिक घटनायें भी सम्बन्धित हैं। इसी प्रकार इन गाने वाली जातियों के ऐतिहासिक गीतों में डूंगजी जवारजी, दूदौ मेड़तियौ, अमरसिंह राठौड़, रतन रांणौ,

जोरजी आदि गीत प्रसिद्ध हैं। ऐसे गीतों के उदाहरण विषय-सम्बन्धी वर्गों में भी दिये गये हैं। यहाँ गाने वाली जातियों द्वारा गाया जाने वाला प्रसिद्ध 'मूमल' गीत प्रस्तुत करते हैं—

काळी रे काळी काजळिये री रेखड़ी रे
हाँ जी रे, काळोड़ी कांठळ में चमकै बीजळी
म्हांरी वरलाळे री मूमल हालै नी ए आलीजे रे देस।
न्हायौ मूमल माथियौ रे मेट सूं
हां जी रे, कड़ियां तौ राळ्या मूमल केसड़ा
म्हारी जग मीठी मूमल, हालै नी ए आलीजे रे देस।
सीसड़लौ मूमल रौ सरूप नारेळ ज्यूं
हां जी रे, केसड़ला माड़ेची रा वासग नाग ज्यूं
म्हांरी जग वाळी ए मूमल, हालै नी ए अमरांणे रे देस।
नाकड़लौ मूमल रौ खांडइये री धार ज्यूं
हाँ जी रे, दाँतड़ला ऊजळ-दंती रा दाड़म बीज ज्यूं
म्हांरी हरियाळी ए मूमल, हालै नी ए रसीले रे देस।
पेटड़लौ मूमल रौ पींपळिये रे पांन ज्यूं
हाँ जी रे, हिवड़लौ मूमल रौ सांचे ढाळियौ
म्हांरी हरियाली ए मूमल, हालै नी ए अमरांणे रे देस।
जाँघड़ली मूमल री देवळिये रे थंभ ज्यूं
हां जी रे, साथळड़ी सपीठी पींडी पातळी
म्हांरी मोड़ेची मूमल हालै नी ए आलीजे रे देस।
जाग्री रे मूमल इये लोद्रवांणे रे देस में
हां जी रे, मांणी रे मूमल ने रांणे महंदरे
म्हांरी जेसांणे री मूमल, हाले नी ए अमरांणे रे देस।

राजस्थान में मुख्यतया गाने वाली जातियां—ढोली, ढाढ़ी, मिरासी, मांगणियार, फदाळी, कलावत और कव्वाल, लंगा, पातर, कंचनी, नट आदि हैं। इन जातियों के लोग प्रायः किसी वाद्य-यन्त्र की धुन के साथ लोक गीतों को गा कर ही अपनी जीविका प्राप्त करते हैं। इन लोगों के द्वारा गाये जाने वाले गीतों में कुछ विशेष गीत विशेष जाति से ही सम्बन्ध रखते हैं। ढोली माताजी की रात जगाते हैं। लंगा जाति के लोग सुबह लाखा फूलांणी, बाधा कोटड़ा, दोपहर को 'सारंग' और संध्या को 'श्याम कल्याण' गाते हैं। इसी प्रकार का इनमें विधान है। थोरी, भील या नायक—पाबूजी, गोगाजी आदि के गीत गाते हैं। फदाळी लोग मुसलमानों के धार्मिक उत्सवों के समय हरे व लाल झंडे लेकर गाते हुए जलूस निकालते हैं। पीर और मीर आदि की आराधना के लिए जाते समय भी मुसलमान इनको गाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

३—आवसरिक गीत

(i) ऋतु संबंधी गीत—विभिन्न ऋतुयें मनुष्य के आस-पास उल्लासमय वातावरण का सजन करती हैं। वसंत एवं वर्षा ऋतु इनमें मुख्य है। वर्षा ऋतु में भी सावन का महीना लोक गीतों का प्रमुख विषय रहा है। उमड़ते-घुमड़ते बादल, उनमें चमकती बिजली, चारों ओर फैली हुई हरियाली अनायास ही मन मोह लेती हैं। गृहस्थ के सब सदस्य कृषि-कार्य में उल्लास एवं हर्ष के साथ लगे रहते हैं—

झिरमिर-झिरमिर मेहूड़ौ वरसै, बादळियौ घररावै ए !
जेठजी तौ म्हांरा बोझा काटै
परण्यौ हळियौ बावै ए !
झिरमिर-झिरमिर मेहूड़ौ वरसै, बादळियौ घररावै ए !
देवर म्हांरौ करै अळसौटी
जेठांणी रोटी ल्यावै ए !
झिरमिर-झिरमिर मेहूड़ौ वरसै, बादळियौ घररावै ए !
बाळकियौ भतीजौ म्हारौ रेवड़ चरावै
नणदल गायां घेरै ए !
झिरमिर-झिरमिर मेहूड़ौ वरसै, बादळियौ घररावै ए...!

हे पपीहा ! तेरे बोलने का समय यही है। जेठ का महीना बीत गया है। लूएँ बंद हो गई हैं। आषाढ़ भी उतर गया है। सावन लग चुका है। काली घटाओं से आकाश आच्छादित हो रहा है। रे पपीहा, यही अवसर तेरे बोलने का है। लोक गीतों में इन भावों का बडा सुन्दर चित्रण मिलता है—

रुत आई रै पपइया थारै बोलण री रुत आई रै
जेठ मास री लूवां रै बीती, अब सुरंगी रुत आई
रुत आई रै पपइया थारै बोलण री रुत आई।
असाढ़ उतरियौ, सांवण लाग्यौ, काळी घटा घिर आई
रुत आई रै पपइया थारै बोलण री रुत आई।
कदेयक झोला चलै सूरियौ, धीमी-धीमी पुरवाई
रुत आई रै पपइया, थारै बोलण री, रुत आई'''।

श्रावण मास के तीज सम्बन्धी गीत (कजली) भी इसी के अंतर्गत आते हैं। इनमें शृंगार रस के उभय पक्ष—संयोग तथा वियोग की झांकी देखने को मिलती है। तीज के अवसर पर किसी पेड़ की डाल पर रस्सियों का झूला डाल कर लड़कियां झूला झूलती हैं। मद-मंद बहते समीर एवं पृथ्वी से उठती हुई सोंधी-सी सुगंध चारों ओर फैली हरियाली के बीच झूला झूलने का आनंद तो अवर्णनीय है। ऐसे समय प्रत्येक

कन्या का मन झूला झूलने का करता है। लड़की अपनी माँ से कहती है—ए माँ ! चंपा के बाग में झूला डाल दो, नवेली तीज आ गई। मेरी सहेलियों के अपने घर में हिंडोले हैं परन्तु मेरे नहीं है। में आज झूला झूलने गई तो मुझको किसी ने नहीं झुलाया—

ए मा, चंपा वाग में हींडौ घला दे
तीज नुहेली आई।
ए मा, और सहेल्याँ रे घर रौ हींडौ
म्हारे हींडौ नांहीं।
ए मा, हींडे हींडण गयी आज मैं
कोइयन हींडै हिंडाई
सारी सहेल्याँ मैं सूं मुख ज मोड़्यौ
बिनां हींडयाँ ही आई।
ए मा, चंपा वाग में हींडौ घला दे
तीज नुहेली आई !

वर्षा के पश्चात् शीत ऋतु आई। सर्दी के कारण शरीर का अंग-प्रत्यंग काँप रहा है। राजस्थानी के 'सियाळौ' नामक लोक गीत में इसका बड़ा सुन्दर वर्णन किया गया है—

कस्या रे नगर सूं आयौ रे सियाळौ
तो घर कूंणी जी रे जाइयौ भंवर जी
यो जाड़ौ सेलीवाळा ने लागै
थार नगर सूं आयौ रे सियाळौ
तो घर रावजी रे जाइयौ भंवरजी
यो जाड़ौ सेलीवाळा ने लागै
सोना री सगड़ी जड़ाऊ रा दूदया
तोई म्हारौ जाडौ नहीं जाइयौ भंवर जी !

शीत के बाद वसंत ऋतु का पदार्पण होता है। वसंत का सब से मुख्य एवं प्रिय त्यौहार है होली। प्रायः सभी लोग इसे बड़े उत्साह एवं उल्लास से मनाते हैं। होली एवं फाल्गुन का यह उल्लास एक स्थान पर ही सीमित नहीं है, सार्वत्रिक है। फाल्गुन मास में राजस्थान के किसी भी कोने में आपको 'चंग' की ध्वनि सुनाई पड़ेगी। फाल्गुन के गीत स्त्री एवं पुरुष दोनों में प्रचलित हैं। दोनों समान रूप से गाते हैं। गीत भी दोनों के अलग-अलग होते हैं। स्त्रियों द्वारा गाये जाने वाले गीत पुरुषों से भिन्न होते हैं।

होली के अवसर पर 'लूं'र' एवं 'घूमर' का राजस्थानी लड़कियों में बहुत प्रचलन है। 'होळी के समय बालिकाएँ और स्त्रियाँ, गहनों और वस्त्रों से सज-धज कर, मिल-जुल कर, गाती-बजाती, खेलती-कूदती और नाचती हैं। 'लू'र' एक नाच का नाम है जिसमें स्त्रियाँ हाथ बाँध कर (मिला कर) चक्राकार नाचती हैं। इसको 'लूंबर' अथवा 'घूमर' भी कहते हैं। कहीं-कहीं पर डंडो की ताल 'डांडिया' पर भी नाच होता है। गुजरात में इस प्रकार के नृत्य का अधिक प्रचार है, जैसे 'गरबा'। ऐसे गीतों में गंभीर और सूक्ष्म भावों अथवा कथानकों के स्थान पर खुला और सादा सार्वजनिक आल्हाद का व्यापक भाव रहता है। कल्पना की उड़ानों की यहां आवश्यकता नहीं होती। इस खुलेपन, सादगी और सार्वजनिक उदार भावना की काव्य-जगत में कितनी कमी है, सच्ची प्राकृतिक कविता के रसिक ही जानते हैं।'[1]

'लू'र' एवं 'घूमर' के साथ गाये जाने वाले अनेकों गीत राजस्थान में प्रचलित हैं। एक गीत देखिये —

होळी आई, ए सहेल्यां मिल खेलां लू'र। होळी आई ए !
कोई-कोई ओढ़यां झीणी-झीणी चूनड़,
कोई-कोई ओढ़यां दिखणी चीर। होळी आई ए !
होळी आई, ए सहेल्यां, मिल खेलां लू'र। होळी आई ए !
कोई-कोई पहरयां रिमझिम बिछिया,
कोई-कोई पहरयां पायलड़ी। होळी आई ए !
होळी आई, ए सहेल्यां, मिल खेलां लू'र। होळी आई ए !...

होली के गीतों में उल्लास तथा आनंद की अभिव्यक्ति हुई है। इनमें मस्ती का भाव पाया जाता है। 'फाग खेलना' या 'गेर रमना' राजस्थान में होली के अवसर पर एक मुख्य मस्तीभरा कार्य है। राजस्थान में इन 'फाग खेलने' से सम्बन्धित गीत भी काफी प्रचलित हैं, किन्तु ऐसा मालूम होता है कि इन पर 'ब्रज की होली' का प्रभाव है। गोरे-गोरे बदन पर रंग की पिचकारी डालने से नायिका पूरी भीग गई है। घूँघट एवं वस्त्र सारे शरीर से चिपक गये हैं, कंचुकी का रंग कच्चा होने से बिखर गया है, ये सब भाव सूर द्वारा व्यक्त पदों में भी मिल जाते हैं। ब्रज के लोक गीतों में ऐसे भाव

[1] 'राजस्थान के लोक गीत'—प्रथम भाग, संपादक : ठाकुर रामसिंह, सूर्यकरण पारीक, नरोत्तमदास स्वामी, पृ० ९९-१०० में दिया गया गीत का भावार्थ एवं टिप्पणी।

आज भी पाये जाते हैं। राजस्थानी का ऐसा ही एक लोक गीत इस प्रकार है—

> माथा में मैंमद हद के बिराजे तौ रखड़ी की छिब न्यारी जी
> म्हांरा भिलता जोबन पर किण डारी
> पिचकारी जी म्हें तौ सगळी भींज गई, किण डारी
> ज्यां डारी ज्यां ने मोहे बतावौ नींतर द्योंगी मैं गाळी जी
> म्हारा गोरा सा बदन पर किण डारी
> बूजी-सा का जाया, बाई-सा का बीरा
> तोरा जांन डारी पिचकारी जी मैं तौ सगळी भींज गई
> ऐसी डारी कानां ने कुंडळ, हद के बिराजे तौ भुटणां की छिब न्यारी जी ।...

लोक गीतों में 'बारहमासी' गीतों का भी अपना स्थान है। इन गीतों में प्रायः विप्रलम्भ शृंगार ही अधिक पाया जाता है। किसी विरहिणी नायिका के 'बारह मासों' में अनुभूत वियोगजन्य दुःखों का वर्णन इसमें रहता है। इनके नैसर्गिक सौन्दर्य के सामने कीट्स के हल्के पैर, गहरे नील रंग की बनफशा-सी आँखें, काढे हुए बाल, मुलायम पतले हाथ, श्वेत कंठ और मलाईदार वक्ष-प्रदेश वाली नायिका भी फीकी पड़ जाती है।[1] इन लोक गीतों का प्राकृतिक सौन्दर्य वस्तुतः प्रभावशाली है। इन 'बारहमासी' लोक गीतों का आरंभ विभिन्न समय में होता है। इनके गाने का कोई निश्चित नियम नहीं है। कुछ गीत आषाढ़ या श्रावण मास से आरम्भ होते हैं तो कुछ गीत चैत्र से। इस सम्बन्ध में कोई शास्त्रीय नियम भी नहीं है। डॉ॰ रघुवंश के अनुसार इनके आरम्भ करने की तीन प्रमुख रीतियाँ हैं—'एक में वर्णन चैत्र से आरम्भ होता है, दूसरी में आषाढ़ से और तीसरी में अवसर के अनुसार।'[2] राजस्थानी में 'बारहमासे' प्रायः पावस ऋतु से ही आरम्भ होते हैं।

राजस्थानी के अतिरिक्त हिन्दी, ब्रज, अवधी, बुंदेलखंडी आदि में बारहमासे' की यह परंपरा खूब प्रचलित है। सुप्रसिद्ध प्रेममार्गी कवि जायसी ने भी नागमती के विरह का वर्णन 'बारहमासा' के माध्यम से किया है।[3] दूसरी भाषाओं की अपेक्षा राजस्थानी में इन 'बारहमासों' का प्रचलन कुछ कम है। यह भी संभव है कि ब्रज के प्रभाव से ही राजस्थानी लोक गीतों में 'बारहमासे' आये हों।. राजस्थानी लोक गीतों के सभी संग्रह में मिला कर भी एक या दो से अधिक 'बारहमासे' नहीं मिलते।

[1] 'मैथिली लोक गीत'—रामइकबालसिंह 'राकेस' पृ॰ ३६०।

[2] 'प्रकृति और हिन्दी काव्य'—डॉ॰ रघुवंश, पृ॰ ४०२।

[3] 'पद्मावत'—मलिक मुहम्मद जायसी, नागमती, वियोग खंड।

इन 'बारहमासी' गीतों में प्रत्येक मास का वर्णन क्रम से किया जाता है। हर मास की रूपरेखा संक्षेप में दी जाती है, किन्तु इस बात का अवश्य ध्यान रक्खा जाता है कि जिन उपकरणों से ऋतु-वर्णन की योजना की जाती है वे प्रचलित और सर्वानुभूत हों। विरहिणी उन्हीं को लेकर अपने प्रवासी प्रियतम को स्मरण करती है। इसी प्रकार ऋतुओं पर मानवी भावों का पूर्ण आरोप होता है।[1]

राजस्थानी 'बारहमासा' का एक उदाहरण देखिये जिसमें पावस से वसंत ऋतु तक का अत्यन्त मार्मिक वर्णन हुआ है—

> भादू बरखा भुक रही, घटा चढ़ी नभ जोर
> कोयल कूक सुणावती, बोले दादुर मोर
> ए जी सिरकार पपैओ पिव पिव सब्द सुणावे मेरे प्रांण !
> चमचम चमके बीजुली, टप टप बरसे मेह
> भर भादूं बिलखत तजी, भलौ निभायौ नेह
> जी सिरदार चतर चौमासे में घर आवौ ओजी मेरे प्रांण !
> आसोजां में सीप ज्यौं, प्यारी करती आस
> पिव पिव करती घण कहे, प्रीतम आए न पास
> जी उमराव इंद्रजी ओलर ओलर आवे ओजी मेरे प्रांण !
> करूं कड़ाई चाव से, तेरी दुरगा मांय
> आसोजां में आय के, जो प्रियतम मिळ जाय
> जी महारांणी थारे सुवरण छत्र चढाऊं मेरे प्रांण !
> कातिक छाती कर कठिन, पिया बसे जा दूर
> लालच के बस होय के, बिलखत छोडी दूर
> जी उमराव थण थारी ऊभी काग उडावे मेरे प्रांण !...

(ii) त्यौहार एवं पर्व सम्बन्धी गीत—

हमारे त्यौहार और पर्वों के तो लोक गीत प्राण हैं। गणगौर का त्यौहार राजस्थान में बड़े ठाट से मनाया जाता है। 'गौरी' को कन्या-जीवन का आदर्श माना गया है।- चूंकि उपयुक्त पति की प्राप्ति के लिए 'गौरी' ने कठिन व्रत किया था, अतः उपयुक्त पति की प्राप्ति के लिये कन्याएँ भी गौरी

[1] 'भारतीय लोक-साहित्य'—डॉ॰ श्याम परमार, पृ॰ १११।

की पूजा एवं व्रत करती हैं। इसमें काष्ठ या मिट्टी से बनी गौरी की मूर्ति की पूजा की जाती है। चैत्र शुक्ला तृतीया अथवा चतुर्थी को मेले के दिन 'गौरी' की सवारी किसी जलाशय पर ले जाई जाती है। लोक गीतों की मधुर झंकार के साथ सारा वातावरण हर्ष एवं आनन्द से परिपूर्ण हो जाता है—

हे गवरल, रूड़ौ है नजारौ तीखौ है नैणाँ रौ
गढाँ हे कोटाँ सूं गवरल ऊतरी
हो जी, बैंरे हाथ कँवळ केरौ फूल
हे गवरल, रूड़ौ है नजारौ तीखौ है नैणाँ रौ।
सीस हे नाळेराँ गवरल सारियौ
हो जी, बैंरी वेणी छै वासग नाग
हे गवरल, रूड़ौ हे नजारौ तीखौ है नैणाँ रौ।
भँवारे हो भँवरौ गवरल हे फिरै
होजी, बैंरी लिलवट आँगळ च्यार
हे गवरल, रूड़ौ है नजारौ तीखौ है नैणां रौ···।

उपयुक्त पति पाने के लिए कन्यायें गौरी का व्रत रखती हैं। लोक गीतों में उनकी यह भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उदाहरणस्वरूप एक लोक गीत देखिये जिसमें गौरी से प्रार्थना की गई है कि मुझे—मेड़ी पर बैठ कर मद पीने वाला, सुन्दर घुड़सवार, टेढ़ी पगड़ी बांधने वाला तथा मंद-मंद चाल चलने वाला सुन्दर सा वर देना। किन्तु—चूल्हे का चाँद, हँडिया का अमीर, नौ थाल भर कर राबड़ी पी जाने वाला, सोलह रोटियां खा जाने वाला पेटू वर मत देना—

मेड़ी बैठ्यौ मद पीवै ओ, लीला केरौ असवार
खाँगी बाँधै पागड़ी ए, मधरी चालै चाल
कड़ मोड़ घोड़े चढै ए, चाल निरखतौ जाय
ओ वर देयी, माता गोरल ए, म्हे थाँ ने पूजण आय।
चूल्हे केरौ चाँद ए, हाँडी कौ हमीर
नौ थाळाँ पीवै रावड़ौ ए, सोळा रोटी खाय
बो वर टाळी माता गोरल ए, म्हे थां ने पूजण आय!

गौरी-पूजन करने वाली कन्यायें 'घुड़ला' भी घुमाती हैं। 'घुड़ला' एक छोटा सा छिद्रों वाला घड़ा होता है जिसमें दीपक जलता रहता है। इस घुड़ले को सिर पर रख कर स्त्रियां गीत गाती हैं। इन गीतों के पीछे एक ऐतिहासिक सन्दर्भ भी है। गौरी-पूजन को जाती हुई कन्याओं को 'घुड़ले खां' नामक यवन ने अपहरण करने की चेष्टा की थी। जोधपुर नरेश सातळजी ने घुड़लेखाँ को मार कर उन कन्याओं का उद्धार किया था, उसी की स्मृतिस्वरूप तीरों द्वारा छिदे हुए सिर के रूप में मिट्टी का छिद्रों वाला घड़ा लेकर गीत गाती हुई लड़कियां घूमती हैं—

घुड़लौ घूमेला जी घूमेला, घुड़ले रे बांधौ सूत
घुड़लौ घूमेला, सवागण बाहरे आय। घुड़लौ घूमे०
प्रतापजी रे जायौ पूत, घुड़लौ घूमेला जी घूमेला
सवागण बारे आय, घुड़लौ घूमेला जी घूमेला
तेल बळे घी लाव, घुड़लौ घूमेला जी घूमेला
मोत्यां रा आखा लाव, घुड़लौ घूमेला जी घूमेला।

वसंत ऋतु में आने वाला चैत्र मास युवकों एवं युवतियों के लिये मस्ती का संदेश लेकर आता है। चैत्र मास में अनेक त्यौहार मनाये जाते हैं। 'गणगौर' एवं 'घुड़ले' का वर्णन हम ऊपर कर चुके हैं। इसी मास में 'लोटियौं' का मेला भी भरता है। कुमारियाँ व विवाहिता स्त्रियाँ रिक्त कलश (लोटे) लेकर किसी सरोवर अथवा कुएँ पर जाती हैं। वहाँ जल देवता की पूजा करती हैं तथा जल से भरे हुए कलश लेकर वापिस लौटती हैं। उस अवसर पर निम्नलिखित गीत गाया जाता है—

ढळ बादळ बिच चमके जी तारा
सांज समैं पिव लागै जी प्यारा
कांई रे जबाब करूं रसिया!
जाब करूँली, जबाब करूंली
आलीजे री सेजां में रींझ रहूंली
कांई रे मिजाज करूं रसिया। १
मांथा रौ रस मैंमद लीवौ
मैंमद रौ रस राजींदे लीयौ
कांई रे गुमांन करूं रसिया
कांई रे मिजाज करूं रसिया
हां रे मद-छकिया सेजां में रींझ रहूंली
कांई रे जबाब करूं रसिया। २

प्रत्येक मास में कोई न कोई पर्व आकर हमारी धार्मिक भावनाओं को जागृत किया करता है। विभिन्न पर्वों, उत्सवों, व्रतों आदि के अवसर पर प्रायः स्त्रियाँ मिट्टी के छोटे से कूंडे में गेहूँ या जौ बो देती हैं। इनके बढ़े हुए अंकुरों को 'जँवारा' कहते हैं। गौरी-पूजन तथा दुर्गा-पूजा के समय तो प्रायः 'जँवारों' की भी पूजा की जाती है। इन जँवारों से सम्बन्धित

लोक गीत भी राजस्थान में प्रचलित हैं। ऊँचे टीले पर लह-लहाते हुए हरे-हरे 'जँवारे' हैं, नीचे हरिण जौ चर रहे हैं। गौरी कहती है—हे ब्रह्मा जी के पुत्र ईसर जी, इन वन के हरिणों को हटाओ तो! ईसर जी उत्तर देते हैं—हे मेरी सुन्दर गौरी, मैं क्यों हटाऊँ, मेरी बहन सुभद्रा तो ससुराल में है। पत्नी के प्रति यह विनोदपूर्ण संकेत है कि यदि उसको अपने 'जँवारों' को मृगों से बचाना है तो वह अपने भाई को क्यों नहीं बुला लेती। पति भाई का काम क्यों करे?[1]

ऊँचे मगरे ए जी म्हाँरा हरिया जँवारा
लुळिया जँवारा, नीचे मिरगा जव चरै
मिरगा घेरौ नी, ब्रह्मांजी रा ईसरजी
घेरौ नीं वन रा मिरगला!
म्हें क्यूँ घेराँ, ए म्हाँरी गवर साँवळड़ी
गवर पातळड़ी, बाई म्हाँरी सोदरा सासरै
मिरगा घेरौ नी, वंसदेवजीं रा स्रीकिसनजी
घेरौ जी वन रा मिरगला!
म्हें क्यूँ घेराँ, ए म्हाँरी रुकमण साँवळड़ी
रुकमण पातळड़ी, बाई म्हाँरी सोदरा सासरै।

(iii) देवी-देवताओं सम्बन्धी गीत—

भारतीय संस्कृति के आधार पर यह स्पष्ट है कि यहाँ का नारी जीवन धार्मिक वृत्ति से सदैव ओत-प्रोत रहा है, इसीलिए स्त्रियों को धर्म एवं संस्कृति की रक्षिका कहा गया है। भारत में व्याप्त संत-परंपरा का प्रभाव स्त्रियों पर भी स्पष्ट रूप से लक्षित होता है। नारी भावुक-हृदया होती है, अतः धार्मिक बातों का प्रभाव उस पर बहुत शीघ्र और अधिक होता है। राजस्थान के लोक-जीवन में भी धर्म का सब से अधिक प्रभाव है। आज के वैज्ञानिक युग में भी यहां का जन-जीवन धर्माभि-मुख है। धार्मिक परम्परा को निरन्तर रखने में यहां की स्त्रियों का भी महत्त्वपूर्ण हाथ रहा है। स्त्रियों के धर्म-संबंधी हार्दिक उद्गार उनके गीतों के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्ता-न्तरित होते रहे हैं। भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं, जिनके प्रति जन-साधारण की थोड़ा-बहुत भी श्रद्धा रही है, के गीत आज भी परम्परा के रूप से गाये जाते हैं। इन गीतों में यहां के लोक की धार्मिक वृत्ति का बोध होता है।

राजस्थान में भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं की मान्यता है। इनमें माताजी, भैरूंजी, बालाजी, सेडळ माता आदि अनेक लोक गीतों में प्रसिद्ध हैं। स्त्री-समाज में इनसे सम्बन्धित अनेक गीत प्रचलित हैं। उदाहरण के लिए बालाजी अर्थात हनुमानजी का एक गीत देखिये—

कुण चिणायौ, ओ बाला जी, थांरौ देवरौ जी?
कुण दिरायी गज-नींव?
बाबा बजरंग जी रौ बंगळौ हद वण्यौ।
राजाजी चिणायौ म्हारौ देवरौ
सेवगां दिरायी गज-नींव
बाबा बजरंग जी रौ बंगळौ हद वण्यौ।
+
वाग विधूंस्या लंका दळमळी
सारचा राजा रामचंद्र का कांम
बाबा बजरंग जी रौ बंगळौ हद वण्यौ।
धन माता अंजनी की कूख
उण जायौ हणवंत पूत
बाबा बजरंग जी रौ बंगळौ हद वण्यौ।

देवी-देवताओं के गीतों के सम्बन्ध में यहां रात्रि-जागरण का भी बहुत प्रचार है। इसे 'रातिजगा' कहते हैं। अनेक मांगलिक अवसरों तथा 'पुत्र-जन्म', 'विवाह' 'तीर्थयात्रा का प्रीति-भोज' 'व्रत आदि का उजवणा' आदि आवश्यक रूप से इसका आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त 'सती की मनौती' या किसी देव या देवी विशेष के लिए तिथि निश्चित कर रात्रि-जागरण का आयोजन किया जाता है। रात्रि-जागरण में पूर्ण रात्रि भर देवी-देवताओं सम्बन्धी गीत गाते हुए जगते रहने के कारण इसे 'रातिजगा' कहते हैं। साधा-रणतः 'रातिजगा' का आयोजन स्त्रियों द्वारा ही किया जाता है, फिर भी शनिवार, मंगलवार या अन्य किसी दिन अथवा ग्रहण, अमावस्या, पूर्णिमा आदि के अवसर पर उस दिन के इष्टदेव के नाम पर पुरुष भी किसी मंदिर में या घर पर ही एकत्रित होकर रात्रि-जागरण करते हैं।

कई बार लोग रामदेवजी, गोगाजी, भैरूंजी, माताजी आदि के जागरण अपने-अपने इष्टदेव के अनुसार करवाते

---

[1] 'राजस्थान के लोक गीत'—प्रथम भाग, सं० ठा० रामसिंह एम० ए०, सूर्यकरण पारीक एवं नरोत्तमदास स्वामी, पृ० ४७ पर दिये गये 'जँवारा' गीत का भावार्थ।

हैं। रामदेवजी का जागरण करने को 'कांमड़' आते हैं। ऐसे जागरण को 'जमौ' कहते हैं। यह भांबियों द्वारा ही किया जाता है। 'माताजी' के भोपे माताजी की रात जगाते हैं। 'गोगाजी' की रात उनके भक्त 'गोगानवमी' को जगाते हैं। इन 'रातिजगों' में प्रायः सगुण एवं निर्गुण दोनों ही प्रकार की भक्ति के पद और भजन गाये जाते हैं।

प्रायः सभी प्रकार के रात्रि-जागरणों में सर्वप्रथम गणेशजी की स्तुति की जाती है—

गौरी कौ नंद गणेस मनावां
हिड़दै में सारद माई, रै'जी...
निवन करां म्हारै गुरां पीरां नै
गुरु म्हांनैं ग्यांन बताई
मेरे दिल का दाग परै कर भाई, रै जी...!

गणेशजी की स्तुति के बाद अपने इष्टदेव या देवी-संबंधी गीत गाये जाते हैं। कुछ जातियों में 'पितर' को भी मान्यता दी जाती है। शुभ अवसरों पर यथा—पुत्र-जन्म, विवाह, तीर्थयात्रा या कोई लाभ-प्राप्ति पर 'पितरेस्वर' के निमित्त भी रात्रि-जागरण किया जाता है। यह केवल स्त्रियों द्वारा ही किया जाता है एवं कुछ चुने हुए गीत ही गाये जाते हैं जो 'पितरों' से सम्बन्धित होते हैं। कुछ स्त्रियां इस प्रकार के गीत गाने का व्यवसाय ही किया करती हैं। कुछ पारिश्रमिक पर इन्हें रात्रि-जागरण के लिये बुला लिया जाता है।

गंगा-यात्रा के बाद किए गए रात्रि-जागरण में अधिकतर गंगाजी-संबंधी ही गीत गाये जाते हैं। इसी प्रकार हनुमानजी, रामदेवजी, पाबूजी, गोगाजी, भैरूंजी, माताजी आदि के निमित्त किए गये जागरण में इन्हीं देवताओं से सम्बन्धित गीत अधिकतर गाते हैं। अन्य भजन भी गाये जा सकते हैं किन्तु आरम्भ उन विशिष्ट गीतों से ही किया जाता है।

रात्रि-जागरण के समाप्त होने पर ब्राह्म मुहूर्त्त में प्रभातियां गाई जाती हैं। प्रभात के समय जब जागने का समय होता है, तब यह गाया जाता है। इस सम्बन्ध में भी अनेक गीत प्रचलित हैं। ऐसे ही एक गीत का उदाहरण देखिये—

अंबर जाग्या देवी-देवता
धरती जाग्यौ वासग नाग
झालर तौ बाजी राजा रांम की।
मंडप में काळी माता जाग्या
पुरी में जगनाथ बाबौ जाग्या
बंगळै में हणुमांन बाबौ जाग्या
परींडे में पितर देवता जाग्या
मिंदर में सती माता जाग्या
मठ में भैरूं बाबौ जाग्या
पा'ड़ां में बदरीनाथ जाग्या
परबत में मालकेत जाग्या
जांके पीठ वसै सकराय
झालर तौ बाजी राजा रांम की।

रात्रि-जागरण के अतिरिक्त साधारण समय में भी देवी-देवताओं के गीत गाये जाते हैं। आदिम अवस्था में मानव का विश्वास था कि देवी-देवताओं के मनाने से प्राकृतिक बाधायें एवं रोग आदि से मुक्ति मिल जाती है। यही भाव थोड़े बहुत प्रभाव से अभी तक चला आ रहा है। चेचक की बिमारी को आधुनिक युग में खतम-सा ही कर दिया गया है तथापि आज भी स्त्रियों का विश्वास है कि शीतलादेवी की प्रार्थना करने से उसे शांत किया जा सकता है। चेचक की इस देवी के प्रति उसने अपनी पुत्र-भावना प्रगट कर के उसे माता के रूप में ग्रहण किया है और सामूहिक भाव से एक निश्चित वार तथा तिथि मुकर्रर कर के इसे त्यौहार के रूप में सामाजिक मान्यता प्रदान की है। बच्चे को माता (शीतला) निर्विघ्न निकल जाय, इसके लिये मां सेडळ माता (शीतला देवी) की अनेक बलइयाँ लेती हैं[1]—

जद म्हांरी माता तूठण लागी
बाजर को सो बीज, बला ल्यूं सेडळ माता ए !
जद म्हांरी माता भरणै लागी
मक्कै को सो बीज, बला ल्यूं सेडळ माता ए !
जद म्हांरी माता मांन लियौ ए
सोयो सारी रात, बला ल्यूं सेडळ माता ए !
भरिये कूंडाळै धोकसी जी
नांनड़ियं री माय, बला ल्यूं सेडळ माता ए !

इस प्रकार अनेक देवी-देवताओं-सम्बन्धित गीत राजस्थान में प्रचलित हैं।

---

[1] परम्परा—वर्ष १, अंक १, अप्रैल १९५६, पृष्ठ १३२।

(iv) व्रत तथा उपासना सम्बन्धी गीत—

भारतीय शास्त्रों का ऐसा विश्वास है कि व्रतोद्यापन, स्नान, देव-दर्शन आदि पुण्य कार्य स्त्रियों को अवश्य करते रहना चाहिए। इससे उन्हें योग्य एवं मनचाहे पति तथा श्रेष्ठ घरबार मिलते हैं। तुलसी-व्रत का भी इस दृष्टि से बड़ा महत्व है। यद्यपि तुलसी वृक्ष का पूजन प्रायः सभी स्त्रियों द्वारा किया जाता है, तथापि कुमारी कन्याएँ तथा नवविवाहिता वधुएँ इसका विशेष रूप से व्रत रखती हैं। यह व्रत कार्तिक मास में किया जाता है। प्रति वर्ष कार्तिक शुक्ला एकादशी को समस्त भारत में तुलसी-शालिग्राम विवाह-समारोह भी मनाया जाता है। इस विवाह के सम्बन्ध में राजस्थान में अनेकों कथाएँ प्रचलित हैं। एक लोक गीत में शालिग्राम के प्रति तुलसी के विवाह की इच्छा प्रकट की गई है—

चाँद तौ बाबुल घट बढ़ ऊगै तौ—
सूरजजी रै किरणां घणेरी हो रांम !
ईसर तौ सोळा दिन आवै तौ—
सिवजी कै जटा ए घणेरी हो रांम !
विरमा बाबाजी वेद पढ़ावै तौ—
विनायक कै सूंड बडेरी हो रांम।
किसन बाबाजी गायां चरावै तौ—
ए बर म्हांनै ना भावै हो रांम !
म्हांनै म्हारो साळगरांम बर हेरौ तौ—
बै म्हारी ओड़ निभावै हो रांम !

राजस्थानी लोक गीतों में तुलसी वृक्ष का पीपल एवं वट-वृक्ष से भी अधिक महत्व माना गया है। आस्तिक नर-नारी प्रातःकाल स्नान के बाद तुलसी के दर्शन करना एवं तुलसी-पत्र लेना अपना परम धर्म समझते हैं। कार्तिक मास में हर शाम को बाला बालिकाएँ तुलसी के वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा करती हैं एवं दीपक जलाती हैं। सात्विक जीवन व्यतीत करने वाली कन्या को ही सुन्दर एवं श्रेष्ठ पति प्राप्त होता है, इसकी झलक अनायास ही लोक-गीतों में मिल जाती है। तुलसी कहती है कि हे बहनों—

चैतां में ए भैणां गौरल पूजी तौ
निरणी ऊठ संवारी हो रांम !
वैसाखां ए भैणां बड़ पीपळ सींच्या तौ—
स्यौ पर लोटौ ढाळयौ हो रांम !
जेठां में ए भैणां जेठुड़ा घाल्या तौ—
बिन मांग्यौ पांणी पायौ हो रांम !
पगल्यां सूं ए भैणां पग ना धोयौ तौ—
दिवलै सूं दिवलौ न जोयौ हो रांम !
आलौ ए भैणां पीपळ न काट्यौ तौ—
बैठी गउ न सताई हो रांम !
भूखा बिपर न ठाया ए भैणां तौ
कुंवरी कन्या न मारी हो रांम !
अतणां तौ ए भैणां जप तप कीन्या तौ—
जद ए किसन वर पायो हो रांम !

कार्तिक मास में अनेक प्रकार के व्रत करने का विधान है। शास्त्रों में कार्तिक मास की पवित्रता के वर्णन के साथ ही स्नान का भी विशेष महात्म्य बताया है।[1] कहा जाता है कि ब्रह्मचर्यपूर्वक नियमित स्नान करने से बड़ा फल होता है। धार्मिक पर्व और त्यौहार मनाने में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियाँ विशेष उत्साह रखती हैं।[2] यद्यपि शास्त्रों में स्त्री एवं पुरुष वर्ग, दोनों के लिये ही कार्तिक स्नान की समान विधि निर्दिष्ट है, तथापि पुरुष तो कोई विरला ही चार घड़ी के तड़के उठ कर विधि के अनुसार स्नान करने का कष्ट करता होगा। शरद् पूर्णिमा से कार्तिक स्नान आरंभ किया जाता है। प्रति दिन ब्राह्म मुहूर्त्त में विभिन्न गीतों के साथ कार्तिक स्नान किया जाता है—

सात सयां रै झूमखै राधा न्हांवण चाली ओ रांम !
आडा किसन जी फिर गया, थांनै जांण न देस्यां ओ रांम !
थारा जी बरज्या न रैवां, म्हारी सास खिनाया ओ रांम !
खोल्या जी स्याळू स्यावटा, राधा जळ में पधारी ओ रांम !
लीन्या किसन जी कापड़ा, जाय कदम चढ़ बैठ्या ओ रांम !
देद्यो किसन जी कापड़ा, लज्जा राखो म्हारी ओ रांम !
थांरा जी कपड़ा जद देवां जळ सें होज्याओ न्यारा ओ रांम !
जळ सें न्यारा ना होवां, थें पुरुख म्हे नारी ओ रांम !...

---

[1] न कार्तिकसमो मासो न काशी सदृशी पुरी।
न प्रयागसमं तीर्थं न देवः केशवात्परः
प्रातः स्नानं नरो यो वै कार्तिके श्री हरिप्रिये।
करोति सर्वतीर्थेषु यत्स्नात्वा तत्फलं लभेत् ॥
कार्तिकं सकलं मासं नित्यस्नायी जितेन्द्रियः।
जपन् हविष्यभुक् शान्तः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥

[2] कार्तिक स्नान के राजस्थानी महिला लोक गीत—पं० झाबरमल शर्मा, मरु भारती, वर्ष ६, अंक १, पृष्ठ २४।

स्नान के अनन्तर वे पथवारी के चारों ओर एक साथ बैठ जाती हैं और वहां उनके गीतिमय स्तोत्रों की धारा प्रवाहित होती है—

पथवारी तूं पथ की ए रांणी, बाट चढ़ी जस देय
जस की माय कंवळ की रांणी, नारायण सें हेत
हेत बडौ क करतार बडौ म्हांरौ पिता बडौ संसार
ऊगंतै सूरज मिळें चकवा मिळें चकवी—
गऊ बंधन छोडदयौ
थारी करी सेवा स्यांमसुंदर राधा प्यारी किसन प्यारी !

इसके अतिरिक्त वट-पूजा, करवाचौथ, बछ-बारस, ऊब-छठ आदि अनेक व्रतों से सम्बन्धित लोक गीत राजस्थान में प्रचलित हैं।

४—पारिवारिक गीत

राजस्थान में पारिवारिक जीवन से संबंधित लोक गीत भी अनेकों प्रचलित हैं। इन लोक गीतों में पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अतुलनीय एवं अनोखा साहित्य रचा गया। यह वस्तुतः सत्य है कि लोक गीत की एक-एक बहू के चित्रण पर रीतिकाल की सौ-सौ मुग्धाएँ, खण्डिताएँ और धीराएँ निछावर की जा सकती हैं, क्योंकि ये निरालंकार होने पर भी प्राणमयी हैं और वे अलंकारों से लदी हुई होकर भी निष्प्राण हैं। ये अपने जीवन के लिए किसी शास्त्र विशेष की मुखापेक्षी नहीं हैं और अपने आप में परिपूर्ण हैं।[1] लोक गीतों के मुख्य विषयों में पति-पत्नी का कोमलतम और स्नेहपूर्ण सम्बन्ध भी है। राजस्थानी का प्रसिद्ध लोक गीत 'पणिहारी' इसी एकनिष्ठ प्रेम का सुन्दर उदाहरण है।

विवाह के पश्चात् सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाने के लिए पति को नौकरी पर जाना पड़ता है। अगर नौकरी नहीं भी हो तब भी पत्नी से अलग होने का कोई न कोई अवसर तो आता ही है। राजस्थानी लोक गीतों में तो ऐसे अनेकों गीत मिल जाते हैं जिनमें पत्नी अपने पति को किसी प्रकार कुछ देर रोकने के लिए मिन्नतें करती है। 'एक थंभियौ महल' एवं 'कसूंबौ' आदि लोक गीत दाम्पत्य जीवन के संयोग पक्ष की मधुरिमा को व्यक्त करते हैं। पत्नी अपने पति का नौकरी पर जाने से रोकना चाहती है किन्तु लाख मना करने पर भी पति कर्तव्य-पालन के लिए चला जाता है। ऐसे भी लोक गीत मिलते हैं जिनमें पत्नी अपने पति से निवेदन करती है कि तुम नौकरी कहीं पास में ही कर लो जिससे शाम होते ही घर लौट आया करो। तुम्हें किसने यह बात सुझाई ? नौकरी पर जाने की सीख तुम्हें किसने दी ? जिन साथियों ने तुम्हें ऐसी सीख दी उन पर बिजली गिरे, उन्हें काला साँप डसे। प्रश्नोत्तर का यह एक सुन्दर गीत है—

नैंड़ी तौ नैंड़ी करजौ पिया चाकरी जी
सांझ पड़्यां घर आय, जावौ गोरी रा बालमा जी !
कुण तौ चाळा थांने चाळिया जी, कुण थांने दीवी सीख
अब घर आय जावौ गोरी रा बालमा जी !
साथीड़ा चाळा गोरी चाळिया जी, रावजी दीवी म्हांने सीख
अब घर आय जावौ गोरी रा बालमा जी !
साथीड़ां पै पड़जौ ढोला बीजळी जी, रावजी नै खाज्यौ काळौ सांप
अब घर आय जावौ आसा थांरी लग रही जी !......

अपने वैवाहिक जीवन में एकनिष्ठता के लिए स्त्री-पुरुष में परस्पर आकर्षण बनाये रखना होता है। अतः विवाह के आरंभ के दिनों में स्त्री के सौन्दर्य एवं पुरुष की पौरुष शक्ति का भी महत्व है। लोक गीतों में इन दोनों सुन्दरताओं का वर्णन हुआ है। 'रैणांदे' और 'मूमल' नामक लोक गीतों में स्त्री-सौन्दर्य का अत्यन्त सुंदर वर्णन है। पति-पत्नी के एकनिष्ठ प्रेम का भी लोक गीतों में पर्याप्त वर्णन रहता है। उदाहरण के लिए एक लोक गीत देखिये जिसमें प्रेयसी अपने प्रिय से उपवन में आकर मिलने की प्रार्थना कर रही है। पपीहे की पुकार मिलनोत्कण्ठा को तीव्र कर रही है किन्तु प्रिय पूर्व विवाहित है। उसमें स्वकीया के प्रति निष्ठा है—

भँवर म्हारे बागां आजौ जी
बागां फिरूं अकेली, पपैयौ बोल्यौ जी !
सुंदर गोरी किस विध आवां जी
म्हांकी परणी करै लड़ाई, पपैयौ बोल्यौ जी !
भंवर थांकी परणी मरज्यौ जी
बागां फिरूं अकेली पपैयौ बोल्यौ जी
सुंदर गोरी के थेंई मरज्यौ जी
म्हांकी परणी वंस वधावै, पपैयौ बोल्यौ जी !
म्हांकी परणी पूत खिलावै, पपैयौ बोल्यौ जी !

लोक गीतों में मुख्यतया स्त्री को ही केन्द्र समझ कर

[1] पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी।

उसको पीहर की परिस्थितियों में तथा ससुराल की परिस्थितियों में रखा गया है, जिससे कि सभी पारिवारिक सम्बन्धों पर लोक गीतों की मान्यताएँ स्पष्ट हो सकें। ससुराल में जहाँ वधू, भावज, माता, देवराणी, जेठाणी आदि के अनेक रिश्तेदारों के रूप में रहना पड़ता है, वहाँ पीहर में वह पुत्री, बहिन, नणद, भाणजी आदि के रूप में होती है। इन सम्वन्धों के पीछे समाज के विकास का तथा आर्थिक, नैतिक एवं वैधानिक मान्यताओं व धारणाओं का जाल-सा बिछा रहता है। पीहर तथा ससुराल दोनों से सम्बन्धित अनेक गीत राजस्थान में मिलते हैं। उदाहरण के लिए 'घूघरी' नामक लोक गीत को लिया जा सकता है। एक स्त्री के बच्चा हुआ। उसके घर 'घूघरी' बना कर बाँटी गई। नाई ने जली हुई पेंदी की घूघरी उसकी नणद के यहाँ भी भेज दी। स्त्री को मालूम होने पर वह पति से जिद करने लगी कि नणद के यहाँ भेजी गई घूघरी लौटा लाओ। तंग आकर बेचारा भाई अपनी बहिन के ससुराल घूघरी लौटा लाने के लिए गया। सीधे सरल भाई ने कह दिया—'हे प्यारी बहिन, तुम्हारी भाभी ओछे घर की लड़की है। वह तुमसे घूघरी वापिस माँगती है।' बहिन को भी अपने भाई की प्रतिष्ठा का ख्याल है। घूघरी बच्चे खा चुके थे, अतः उसने सोने की घूघरी बनाई और उस पर चाँदी के बड़े-बड़े दाने रक्खे और भाई को देने पीहर गई और शिष्ट व्यंग कसा—

> नीसर भावज बाहर आव
> थारी पाछी ल्याया घूघरी, जी म्हांरा राज
> लींनौ भावज पल्लौ ए पसार
> कोई गज कौ काढ़चौ घूंघटौ, जी म्हांरा राज
> जे म्हे होता निरधणियां घर नार
> थारी किस विध ल्याता घूघरी, जी म्हांरा राज
> थारी किस विध ल्याता घूघरी, जी म्हांरा राज

भाई-बहिन के मधुर प्रेम-संबंधी चित्र भी राजस्थानी लोक गीतों में उपलब्ध होते हैं। बड़ी बहिन एवं छोटे भाई के प्रेम एवं विनोद का एक सुदर उदाहरण देखिये—

> मोरिया वागाँ वागाँ जाय नै
> काची कुळियाँ लायी रे, धन मोरिया
> काची नै कुळियाँ रा गजरा गुंथाया, रे धन मोरिया
> गजरा गुंथाय नै नवराँ बाई-सा' रै मेली, रे धन मोरिया
> बाई-सा' बड़ा है, म्हाँरा गजरा पाछा मेलै रे धन मोरिया
> गजरा गुंथाय नै सोदरा बाई-सा' मेली, रे धन मोरिया
> बाई-सा' बड़ा है, म्हाँरा गजरा पाछा मेलै, रे धन मोरिया !

राजस्थान का एक प्रसिद्ध गीत है 'कुरजाँ'। इस गीत को विरहिणी नायिका अपने प्रियतम के लिए भी गाती है और इसी गीत के भाव बदल कर बहिन अपने भाई की प्रतीक्षा में भी गाती है। गीत के भाव इतने सबल, सशक्त और मनोहर हैं कि पीहर की याद में किसी भी बालिका के सहजात मन का सहज अनुभव किया जा सकता है।[1]

परिवार के कार्यों की अभिव्यक्ति भी इन लोक गीतों में बहुत ही सुन्दर ढंग से हुई है। राजस्थान में कृषि ही जीविका का रूप प्रमुख साधन है। परिवार के सभी सदस्य, चाहे पुरुष हो अथवा स्त्री, चाहे पुत्री हो अथवा वधू, छोटा हो या बड़ा, सभी कृषि-कार्य में उत्साह से अपना हाथ बँटाते हैं। कोई हल चलाता है तो कोई 'वोभा' काटता है, कोई कुआ चलाता है तो कोई फसल काटता है, कोई घर के मवेशी चराता है तो कोई भोजन ही लाता है। अनेक गीतों में इन्हीं कार्यों की अभिव्यक्ति हुई है। पुत्री द्वारा गाया जाने वाला एक लोक गीत देखिये—

> आयौ आयौ सांवण भादवौ
> कोई, काळी घटा घिर आय, आज म्हांरी बदळी बरसैगी
> म्हां रौ वीरोजी वीजै बाजरौ
> म्हां रा भाभीजी काटै फोग, आज म्हांरी वदळी वरसैगी
> म्हां रा काकोजी चरावै टोड़िया
> म्हां रा माऊजी लावै छकियार, आज म्हांरी वदळी वरसैगी

वधू अपनी सास के साथ-साथ खेत में अपने कार्य पर जाती है। धरा के स्वतंत्र प्रांगण में वह भी उल्लसित मन से गा उठती है—

> सासू बहू म्हे चली खेत नै
> लीनी गंडासी हाथ, बणायी झूंपड़ी
> सासूजी तौ पूळा काटचा
> कोई म्हे काटचा सर ए पचास, बणायी झूंपड़ी
> म्हारे परण्यै छायी तिरणी
> म्हारे देवरियै गूंथ्यौ पाल, बणायी झूंपड़ी
> सासू बहुवां मिळ गारौ तौ ढोळचौ
> कोई लीप्यौ-लोप्यौ सारौ पाल, बणायी झूंपड़ी
> आ झूंपड़ी म्हांरौ माळियौ
> स कोई आ झूंपड़ी म्हांरौ मै'ल, बणायी झूंपड़ी।

---

[1] परंपरा—वर्ष १, अंक १, अप्रेल १९५६, पृष्ठ ११७।

ग्राम्य-जीवन से सम्बन्धित कुछ ऐसे लोक गीत भी पाये जाते हैं जिनमें किसी आभूषण अथवा घरेलू उपकरण की प्रशंसा की गई हो। 'गोरबंध' एवं इंढ़ांणी' ऐसे ही लोक गीत हैं। 'गोरबंध' ऊँट के गले का एक आभूषण होता है। यह गीत उसी आभूषण का रूप चित्रण करता है—

खारा रे समंदां सूं कोडा मंगाया
जूने गढ़ गूंथाया रे, म्हारौ गोरबंद लूंबाळौ !
असी रे कोडां में तू उजळा
हडबी काच बिड़ाया रे, म्हारौ गोरबंद लूंबाळौ !
असी रे लड़ां रौ म्हारी गोरबंधियौ नै
पची लड़ां री लूंबां रे, म्हारौ गोरबंद लूंबाळौ !
जोधांणां सूं रेसम मंगायौ
गोरबंधियौ गूंथायौ रे, म्हारौ गोरबंद लूंबाळौ !

इसी प्रकार 'इंढ़ांणी' नामक लोक गीत में 'इंढ़ांणी' (पानी लाने के लिए सूत, मूँज अथवा नारियल की जट का बना एक उपकरण जिसे स्त्रियाँ सिर पर रख कर उस पर पानी का घड़ा रख कर लाती हैं) की प्रशंसा की गई है

म्हारी सवा पाव की ईंढूंणी
म्हारौ सवा तार कौ सूत, गमगी ईंढूंणी !
म्हारी माऊजी वणायी ईंढूंणी
म्हारी मामीजी कात्यौ सूत, गमगी ईंढूंणी !
मोतीड़ा जड़ी म्हारी ईंढूंणी
कोई हीरा जड़चौ म्हारौ सूत, गमगी ईंढूंणी !
म्हारी सवा लाख री ईंढूंणी
म्हारौ सवा लाख रौ सूत, गमगी ईंढूंणी !
और वणास्यां ईंढूंणी
म्हे और कतास्यां सूत, गमगी ईंढूंणी !

५—विविध गीत

राजस्थानी के अंतर्गत कुछ गीत ऐसे भी मिलते हैं जिनका अंतर्भाव उपर्युक्त श्रेणी-विभाजन में नहीं होता। "लोक गीत के स्वर दूर से आते हैं। जाने ये स्वर कहाँ से फूट पड़ते हैं। युग-युग की पीड़ा-वेदना, युग-युग की हर्ष-श्री, रीति-नीति, प्रथा-गाथा, अचूक, सहज रूढ़िवार्त्ता, भौगोलिक एवं वातावरण-निर्मित संस्कृत परम्परायें सभी इन स्वरों में अपने नाम-धाम अथवा अंश आदि का परिचय देती प्रतीत होती हैं।"[1]

(i) ऐतिहासिक गीत—राजस्थान में व्यावसायिक गायकों द्वारा गाये जाने वाले अनेकों गीत प्रचलित हैं। इन गीतों को प्रायः व्यावसायिक गायक ही गाते हैं। 'रतन रांणौ' ऐसा ही एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक लोक गीत है। 'रतन' ऊमर कोट का एक सोढ़ा राजपूत था। किसी अंग्रेज की हत्या के अपराध में उसे तत्कालीन पोलिटिकल ऐजेन्ट द्वारा फाँसी दिलवादी गई थी। गीत बड़ा करुणापूर्ण है जिसमें सोढ़ा 'रतन रांणा' की पत्नी अपने मृत पति की याद कर रही है। यह एक प्रकार का मरसिया ही है—

म्हारा रतन रांणा, एकर तौ अमरांणे घोड़ौ फेर !
भटिग्रल ऊभी छाजइये री छांह, हो जी हो
आंसूड़ा ढळकावे कायर मोर ज्यूं रे
म्हारा रतन रांणा एकर सूं अमरांणे घोड़ौ फेर
अमरांणे में घोर अंधार, हां रे म्हांरा सोढ़ा रांणा
अमरांणे में हो घोर अंधार. हो जी हो
विलखण नै लागै रे मैं'ल माळिया हो
म्हारा रतन रांणा, एकर तौ अमरांणे पाछौ आव !

राजस्थानी लोक गीतों में प्राचीन इतिहास प्रतिबिम्बित होता है। सन् १८५७ के प्रथम स्वातंत्रय संग्राम में राजस्थान ने भी अपना योग-दान दिया। तत्कालीन लोक गीत सहस्रों नर-नारियों द्वारा गाये जाकर उस स्वातंत्र्य-संग्राम एवं बलिदान हुए वीरों का जयघोष करते रहते हैं। 'आऊवा' के ठाकुर खुशालसिंहजी इन सब में अग्रगण्य थे। 'आऊवा' ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। आऊवे के साथ युद्ध में पॉलिटिकल एजेन्ट कैप्टेन मैशन मारा गया। लोक गीतों में इस भावना का सुन्दर चित्रण हुआ है—

ढोल वाजै थाळी वाजै भेळौ वाजै बांकियौ
अजंट ने मार नै दरवाजे न्हांकियौ
जूझै आऊवौ !
हे ओ जूझै आऊवौ
आऊवौ मुलकां मे चावौ ओ के
जूझै आऊवौ !

निरन्तर आठ महिनों तक खुशालसिंहजी ने अंग्रेजों से मोर्चा लिया। मारवाड़ के आसोप, गूलर, लांबिया, बाजवास, आलनियावास, भिवाळिया, बांता और मेवाड़ के सलूम्बर, रूपनगर, लसानी आदि जागीरदारों ने भी आऊवे का साथ

[1] देवेन्द्र सत्यार्थी।

दिया। लोक गीतों में भी इस संगठन के लिए दी जाने वाली प्रेरणा का भाव मिलता है—

> आऊवौ ने आसोप धणियां मोतीड़ां री माळा रे
> अरे न्हांकी कूंचियां तुड़ावौ ताळा रे, झगड़ौ आदरियौ
> वा'—वा' झगड़ौ आदरियौ टोळी रै टीकायत माथै
> चढ़ नै आया हो, झगड़ौ आदरियौ।
> आऊवे वाळा बाग में बाबलिये वाळी घेरौ रे
> माथै फौजां आई नै अंगरेज भेळी रे
> भायां सांमल रीज्यौ वा'वा' भायां सांमल रीज्यौ
> ठाकर नै ठिकांणौ छूटै रे के भायां सांमल रीज्यौ
> एक तौ नगारौ धणियां रातेनाडे बाजे ओ
> दूजोड़ौ नगारौ धणियां ठेठ बाजे ओ
> के झंडौ रोपियौ, वा'वा' झंडौ रोपियौ
> गोरां रा माथा कंवरां लीधौ ओ के झंडा रोपियौ......

लोक गीतों में तत्कालीन समाज की राजनैतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों का सुन्दर चित्रण मिलता है। अंग्रेजों की कूटनीति का लोक गीतों ने पर्दाफाश किया है। अंग्रेज ने इस देश को क्या दिया? भाइयों में फूट डाली, (यह फूट डालो और शासन करो की नीति की ओर संकेत करता है) बेगार की प्रथा आरम्भ की एवं आर्थिक दृष्टि से देश को निर्बल बना दिया। भारत के अतीत की समृद्धि और सुख-सम्पन्नता विलीन हो गई। दरिद्रता यहां तक बढ़ गई कि अनेक भारतीय रोटी-रोटी को मुहताज हो गये। अंग्रेजों ने जो यहाँ पर अपनी कूटनीति चलाई उसकी लोक-भावना में स्पष्ट अभिव्यंजना हुई है—

> मोडकी मगरी रौ पांणी ढाळौं ढाळ ढळियौ रे
> आबू थारै पा'ड़ां में अंगरेज बड़ियौ रे
> काळी टोपी रौ देस में छांवणियां नाखे रे, काळी टोपी रौ
> देस में अंगरेज आयौ कांई-कांई लायौ रे
> फूट नांखी भायां में बेगार लायौ रे
> काळी टोपी रौ, वा'वा' काळी टोपी रौ।
> घोड़ा रोवै घास नै टाबरिया रोवै दांणा नै
> बुरजां में ठकुरांण्यां रोवै जांमण जाया नै
> के रोळौ वापरियौ, वा' वा' रोळौ वापरियौ
> देस में अंगरेज आयौ रे, के रोळौ वापरियौ!

राजस्थान के निवासियों में अंग्रेज-सत्ता के खिलाफ असंतोष एवं उत्पीड़न था, अतः वे हृदय से अंग्रेजी सत्ता से मुक्ति की कामना करते थे। 'गोरा हट जा' ऐसा ही लोक-गीत है।

समय आने पर जन-जीवन की रक्षा करने तथा धर्म की रक्षा करने के लिए जिन-जिन वीरों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है वे भी यहां के लोक गीतों में प्रसिद्ध हो चुके हैं। अनेक वीरों के प्रति यहां के लोक-जीवन में विशेष आस्था और श्रद्धा होने के कारण उन्हें धार्मिक महत्त्व प्राप्त हो गया है। ऐसे वीरों में पाबूजी, गोगाजी, रामदेवजी, तेजाजी आदि प्रसिद्ध हैं जिनके गीत आज भी लोक-जीवन में विशेष सम्मान के साथ गाये जाते हैं। इन गीतों का धार्मिक महत्त्व के साथ-साथ ऐतिहासिक पृष्ठ-भूमि भी है। इनके अतिरिक्त अनेक ऐतिहासिक घटनायें तथा उनसे सम्बन्धित व्यक्ति भी लोक गीतों में गाये जाते हैं। गायों की रक्षा करने में अपना बलिदान देने वाले प्रसिद्ध गोगाजी का एक लोक गीत देखिये—

> गिगन-भवन सूं कुरजां उतरी, कांई यक लाई वात ओ
> कुण-कुण ठाकर झूझिया, कुण-कुण आया है कांम ओ
> गोगौ नै धरमी बेई जूझिया, गोगौ आयौ है कांम ओ
> आठम रै दिन जूझिया, नमैं लीधौ अवतार ओ
> दसम रै चिणावूं धरमी रे देवरौ, चवदस जातीड़ौ जाय ओ
> बांधौ गोगाजी री धरमी राखड़ी, आठम री नव गांठ ओ
> तूठै गोगोजी सांवण रमती तीजण्यां, ज्यांरौ अमर अहिवात ओ।
> तूठै गोगोजी बूढ़ा ठाढ़ा डोकरां, तूठै भल मोटियारां ओ
> गाय गवाड़ै सीखै सांभळै, जिण री गोगोजी पूरै छै आस ओ।

(ii) बाल गीत—

राजस्थानी लोक गीतों का क्षेत्र बड़ा विस्तृत है। जीवन के प्रत्येक पहलू पर लोक गीत मिलते हैं। बालक-बालिकाओं-संबंधी अनेकों गीत राजस्थानी में विद्यमान हैं। स्वर, ताल और लय के अतिरिक्त उनकी एक विशेषता है और वह उनकी मनोवैज्ञानिकता। बाल-मनोविज्ञान का उनमें सर्वत्र निर्वाह हुआ है।[1]

खेल ही खेल में रात हो जाने के कारण भाई अपनी छोटी बहिन से कह रहा है कि—"बहिन, शीघ्र चल, देख आकाश में चांद चढ़ आया है, किरतियां ढल रही हैं, जल्दी चल

---

[1] राजस्थानी लोक गीत—संग्रहकर्त्ता—श्री जगदीशसिंह गहलोत, सं० रामप्रसाद दाधीच, पृ० १३७।

अन्यथा माताजी मारेंगी, बाबाजी गालियां देंगे, तब बड़ा भाई मना करेगा और कहेगा कि बहिन को गालियां मत दो, वह तो परदेसिन है, कुछ दिनों बाद जँवाई ले जायगा।" गीत का काव्य-सौन्दर्य भी दृष्टव्य है—

चाँद चढ़चौ गिगनार
किरत्यां ढळ रहियाँ जी ढळ रहियाँ
अब बाई घरे पधार
माऊजी मारैला जी मारैला
कोई बाबोसा दैला गाळ
वडोड़ौ वीरौ वरजैला जी वरजैला
मत दौ म्हांरी बाई नै गाळ
बाई म्हारी परदेसण जी परदेसण
आ आज उडै परभात
तड़कले उड ज्यासी जी उड ज्यासी
सांवणिये रा दिनड़ा चार
जँवाईड़ौ ले ज्यासी जी ले ज्यासी !

वर्षा काल में उमड़ते मेघों को देख कर छोटे-छोटे बालक और बालिकायें गा उठते हैं—

मेह बाबा आजा
घी ने रोटी खाजा !
आयौ बाबौ परदेसी
अबै जमांनौ कर देसी !
ढाकणी में ढोकळौ
मेह बाबौ मोकळौ !

इसी प्रकार अनेकों तुकबंदियां मिलती हैं। कुछ तो केवल शिशुओं को बहलाने के लिये ही निर्माण की गई जान पडती हैं -

कान्या मान्या कुर्रर
जाऊँ जोधपुर्रर
लाऊँ कबूतर्रर
ऊडाय देऊँ फर्रर

(iii) अन्य गीत—

लोक गीत लोक-हृदय के उद्‌गार हैं, जिन पर समाज की छाप स्पष्ट रूप से लक्षित होती है। इनका क्षेत्र जीवन के विस्तार के साथ सम्बन्धित है। आदि काल से ही मानव अपने जीवन की जिन-जिन गतिविधियों में जीवनानुभूति करता आया है उसका एक-एक क्षण और विविध कार्य-कलापों का एक-एक अंग इन लोक गीतों में अभिव्यक्त हुआ है। समाज की आत्मा के परिचायक, इन लोक गीतों को वर्गों की सीमा-रेखा में बांधना, उनके विस्तार और उनकी महत्ता को कम करना है। हमने अध्ययन की सुविधा के दृष्टिकोण से उपरोक्त विवेचन में लोक गीतों को कुछ वर्गों में विभक्त कर उनका संक्षिप्त परिचय देने का प्रयास किया है। परन्तु यह निर्विवाद सत्य है कि हम राजस्थान के लोक गीतों को इस रेखा में बांध ही नहीं सकते। कुछ लोक गीत तो निश्चयपूर्वक वर्णित वर्गों के अनुसार सम्बन्धित अवसरों पर ही गाये जाते हैं परन्तु बहुत से गीत किसी विशेष अवसर या वर्ग से सम्बन्धित होते हुए भी भिन्न-भिन्न समय पर भी गाये जाते हैं। जनेऊ संस्कार के समय प्रायः सभी गीत विवाह संस्कार के ही गाये जाते हैं। विशेष ऋतु-सम्बन्धी, पर्व-सम्बन्धी या शृंगारिक गीत श्रम के समय, मेलों आदि में तथा गाने का व्यवसाय करने वाले लोगों द्वारा किसी उत्सव या आयोजन विशेष के समय भी गाये जाते हैं। कुछ ऐसे भी गीत हैं जिनका व्यापक प्रयोग होने के कारण किसी वर्ग की सीमा में नहीं बँधते। जीवन में रस घोलने, वातावरण को उल्लासमय बनाने, दुख-दर्द को भुलाने, शृंगार के दोनों ही पक्षों को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न जड़ पदार्थों, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों को ही अपने गीतों का विषय बना लिया है। इनमें कांगसियौ, गाडूलौ, दिवलौ, नींबड़ली, नींबूड़ौ, बड़लौ, मरवौ, केवड़ौ, तथा सूवटौ, पपिऔ, हिरणी आदि बहुत प्रचलित गीत हैं। इसी प्रकार अनेक ग्राम्य-गीत यथा—खीचड़ौ, हाळी, ऊंट, कूवौ, विणजारौ आदि गीतों की मधुर स्वर-लहरी भी बहुधा सुनाई पड़ती ही रहती है।

खीचड़ौ गीत में अकृत्रिम जीवन एवं सरल भावों की अभिव्यक्ति श्रोताओं को आकर्षित किए बिना नहीं रहती—

म्हारौ मीठौ लागै खीचड़ौ
म्हारौ चोखौ लागै खीचड़ौ
छुळक्यौ-छांटचौ बाजरौ
म्हे दळी ए मूंगां की दाळ, मीठौ खीचड़ौ
ऊंखळ घाल्यौ बाजरौ
म्हे छल्ले घाली दाळ, मीठौ खीचड़ौ
म्हे नानूं कूटचौ बाजरौ
म्हे मीठी छांटी दाळ, मीठौ खीचड़ौ

खदबद सीजै बाजरो
कोई लथ-पथ सीजै दाळ, मीठो खीचड़ो
दूध-खीचड़ो खाबा बैठ्या
कोई तरसै म्हांरी जाड़, मीठो खीचड़ो

४—राजस्थानी लोक गाथा

राजस्थानी लोक साहित्य में लोक गाथाओं का भी महत्त्व-पूर्ण स्थान है। लोक गाथा अंग्रेजी शब्द Ballad का रूपान्तर मात्र है। Ballad की उत्पत्ति लैटिन शब्द Ballure से मानी जाती है, जिसका मूल अर्थ नाचना होता है। रोबर्ट ग्रेब्स के मतानुसार बैलेड में संगीत और नृत्य दोनों की प्रधानता रहती है।[१] डॉ० मरे ने अपने अंग्रेजी शब्द कोश में स्फूर्ति-दायक या उत्तेजनापूर्वक वह कविता जिसमें कोई लोकप्रिय आख्यान सजीव रीति से वर्णित हो, को बैलेड कहा है।[२] संसार की प्रायः सभी भाषाओं में लोक गाथायें किसी न किसी रूप में अवश्य वर्तमान हैं। राजस्थानी के लिए लोक गाथा किंचित् नया शब्द है। प्रायः अंग्रेजी शब्द Ballad का रूपान्तर लोक गीत ही किया जाता है। ढोला मारू के विद्वान संपादकों ने भी प्रस्तावना में 'लोक गीत' शब्द का ही प्रयोग किया है।[3] अगर सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो 'लोक गीत' एवं 'लोक गाथा' दोनों में बड़ा अन्तर है। डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने Ballad के लिए 'लोक गाथा' का प्रयोग किया है।[४] वस्तुतः यह रूपान्तर अधिक वैज्ञानिक है। उन्होंने लोक गीतों एवं लोक गाथाओं में मोटे तौर से दो भेद बताये हैं।[१] (१) स्वरूपगत भेद, एवं (२) विषयगत भेद।

[१] "It is connected with the word 'Belle' and originally ment a song for refrain intended as accompany-ment to dancing but later covered any song in which a group or people socially joined"—Robert Grabs, The English Ballad (Preface).

[२] "A simple spirited poem in short stanzas in which some popular story is graphically told"—New English Dictionary. 'बैलेड' शब्द का अर्थ।

[3] ढोला मारू रा दूहा—सं० रामसिंह, सूर्यकरण पारीक, एवं नरोत्तमदास स्वामी—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित—प्रस्तावना, पृष्ठ ४१।

[४] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, पष्ठ ७३।

लोक गीत प्रायः छोटे होते हैं तथा लोक गाथायें लम्बी होती हैं। यद्यपि कुछ लोक गीत भी लम्बे होते हैं तथापि लोक गाथाओं की लम्बाई से उनकी तुलना नहीं की जा सकती। राजस्थानी का 'ढोला-मारू' नामक काव्य एक लोक गाथा ही है। अंग्रेजी भाषा की प्रसिद्ध 'दी जेस्ट आव् रोबिनहुड' नामक लोक गाथा हजारों पंक्तियों में समाप्त होती है।

विस्तार के अतिरिक्त लोक गीत एवं लोक गाथा में विषय-गत अन्तर भी निहित रहता है। लोक गीतों में जीवन की विभिन्न अनुभूतियों का प्रकाशन होता है। विभिन्न संस्कारों, विभिन्न ऋतुओं, उत्सवों, पर्वों एवं त्यौहारों पर अनेक प्रकार के लोक गीत गाये जाते हैं। लोक गाथाओं में इन विषयों का मुख्य रूप से समावेश नहीं होता। उनमें प्रेम का पुट होते हुए भी प्रायः युद्ध, वीरता, साहस, रहस्य और रोमांच आदि का पुट अधिक मिलता है। इन गाथाओं में चित्रित नायक प्रायः लोकत्राता या लोकरक्षक के रूप में सामने आता है। लोक गीत एवं लोक गाथाओं के उपरोक्त भेद के कारण दोनों को एक ही श्रेणी में रखना उचित नहीं है।

लोक गाथाओं की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ विद्वान इनकी रचना किसी समुदाय के द्वारा हुई मानते हैं, किन्तु कुछ विद्वान इन्हें किसी व्यक्ति विशेष की रचना स्वीकार करते हैं। इस सम्बन्ध में डॉ० ग्रिम का समु-दायवादी, श्लेगल का व्यक्तिवादी, स्टेंथल का जातिवादी, चाइल्ड का व्यक्तित्वहीन व्यक्तिवादी, आदि अनेक सिद्धान्त प्रचलित हैं। भारतीय विद्वान डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने अपना एक अलग मत 'समन्वयवाद' नाम से प्रस्तुत किया है।[२]

प्रसिद्ध कहानी लखक जेम्स ग्रिम के अनुसार लोक गाथाओं

[१] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास—षोडश भाग, प्रस्तावना—ले० डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ ७४।

[२] वही—पृष्ठ ७७।

का रचयिता जन-समुदाय (Das Volksdichter) ही हैं,[१] क्योंकि लोक गीतों एवं लोक गाथाओं में जन-समुदाय की आत्मा संपूर्ण रूप में प्रकाशित होती है। उनके अनुसार लोक गाथाओं की रचना किसी विशिष्ट या प्रसिद्ध कवि के द्वारा नहीं होती अपितु इनकी रचना स्वतः होती है और उसका प्रचार भी जन-साधारण में स्वतः ही हो जाता है।[२] डॉ० गूमर ने भी इसका प्रतिपादन करते हुए कहा है कि लोक गाथा जनता के द्वारा जनता के लिए जनता की कविता है।[३] देखा जाय तो जन-समुदाय का काव्य-निर्माता होना कोई असंभाव्य बात नहीं है। किन्तु इसके साथ यह भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि सभी लोक गाथाओं की रचना जन-समुदाय द्वारा ही हुई होगी। 'ढोला मारू' के विद्वान सम्पादकों ने भी 'समुदायवादी' सिद्धान्त को मान्यता दी है।[४]

इस सिद्धान्त के विरुद्ध कुछ बिद्वानों का कथन है कि किसी कविता या गाथा का रचयिता कोई न कोई व्यक्ति अवश्य होता है। डॉ० स्टेंथल के मतानुसार किसी जाति (Race) के समस्त व्यक्ति मिल कर लोक गाथाओं का निर्माण करते हैं। स्टेंथल का यह मत व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता क्योंकि किसी छोटी जाति के सम्बन्ध में तो यह मत समीचीन

[१] "He (Grim) maintained that the poetry of the people 'sings itself'; it has no individual poet behind it and is the product of the whole folk"—Old English Ballads—Gummer, भूमिका Page 49-50

[२] "Epic Poetry, He (Grim) says, is not produced by particular Rend recognized poets but rather springs up and spreads along time among the people themselves, in the mouth of the people"—Old English Ballads—Gummer, भूमिका, Page 51.

[३] "The Poetry of the People, by the People, for the People"—Old English Ballads—Gummer.

[४] ढोला मारू रा दूहां—सं० रामसिंह, सूर्यकरण पारीक एवं नरोत्तमदास स्वामी—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित—प्रस्तावना, पृष्ठ ४६।

हो सकता है किन्तु किसी बड़े देश की बड़ी जाति के सम्बन्ध में यह मत नितांत अव्यवहार्य है। डॉ० उपाध्याय के अनुसार 'समस्त जाति' लोक गाथाओं का निर्माण करती है, उतनी ही हास्यास्पद है जितनी 'समग्र जाति' शासन करती है, उक्ति।[१] जिस प्रकार शासन का संचालन कुछ चुने हुए व्यक्तियों द्वारा होता है उसी प्रकार लोक गाथाओं की रचना कुछ विशिष्ट लोक कवियों का ही कार्य है। प्रो० चाइल्ड ने व्यक्तिवाद का समर्थन करते हुए उसमें इतना-सा और जोड़ दिया है कि उसमें लेखक के व्यक्तित्व का कुछ विशेष महत्व नहीं होता।[२] इस सम्बन्ध में यह सम्भव प्रतीत होता है कि समय-समय पर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में गाये जाने के कारण उनमें परिवर्तन एवं परिवर्द्धन होते रहने से मूल लेखक का व्यक्तित्व नष्ट या तिरोहित हो जाता हो। प्रो० चाइल्ड लोक गाथाओं को किसी व्यक्ति विशेष द्वारा रचित स्वीकार तो करते हैं किन्तु वे लेखक के व्यक्तित्व को कोई महत्व प्रदान नहीं करते। 'समन्वयवाद' के नाम से डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने अपना नया मत प्रस्तुत किया है।[३] उनके मतानुसार सभी सिद्धान्तों में कुछ न कुछ सत्य का अंश विद्यमान है। सभी सिद्धान्त कारणीभूत हैं एवं इन सभी का सहयोग इन गाथाओं के निर्माण में उपलब्ध होता है।[४]

लोक गाथाओं में अनेक विशेषताएँ होती हैं। इनमें मुख्य-

[१] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना—ले० डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय, पृष्ठ ८१, ८२।

[२] "Though they (ballads) do not write themselves as Villiam Grim has said, though a man and not a people has composed them, still the author counts for nothing, and it is not by mere accident but with best region that they have come down to us anonimous"—Jhonson 'Encyclopaedia' 1893 A.D.

[३] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ ८४।

[४] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ ८५।

मुख्य विशेषताओं को प्राय: दस भागों में विभक्त किया जाता है[1]—

(१) रचयिता का अज्ञात होना
(२) प्रामाणिक मूल पाठ का अभाव
(३) संगीत और नृत्य का अभिन्न साहचर्य
(४) स्थानीयता का प्रचुर पुट
(५) मौखिक परम्परा
(६) उपदेशात्मक प्रवृत्ति का अभाव
(७) अलंकृत शैली की अविद्यमानता
(८) कवि के व्यक्तित्व की अप्रधानता
(९) लम्बे कथानक की मुख्यता
(१०) टेक पदों की पुनरावृत्ति

इन विशेषताओं की विवेचना करने से पहले यह समझ लेना आवश्यक है कि लोक गीतों एवं लोक गाथाओं में कोई स्थूल अंतर नहीं है। इतना अवश्य है कि लोक गीत आकार में छोटे होते हैं और उनमें कथानक का सर्वथा अभाव रहता है। लोक गीत सकांगी होते हैं। उनमें प्राय: विषयवस्तु का गीतिमय वर्णन होता है। गीतात्मकता ही इनकी प्रधान विशेषता है। लोक गाथा—लोक गीतों का ही दूसरा रूप है। लोक गाथायें गेय अवश्य हैं परन्तु ये आकार में दीर्घ होती हैं और विस्तृत कथानक ही इनकी मुख्य विशेषता है। लोक गीतों व गाथाओं में परस्पर निकट सम्बन्ध होने के कारण उपरोक्त विशेषताओं में से अधिकांश लोक गीतों में भी प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं।

यद्यपि लोक गीत एवं लोक गाथायें किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा ही रची जाती हैं तथापि कालान्तर में उसके रचयिता का नाम लोगों को ज्ञात नहीं रहता। राजस्थानी में प्रचलित किसी भी लोक गाथा के रचयिता का नाम आज तक मालूम नहीं हो सका। कुछ लोक गाथाओं का रचयिता कोई व्यक्ति न होकर समुदाय होता है, अत: ऐसी अवस्था में वह रचना सारे समुदाय की कृति ही कही जा सकती है।

लोक साहित्य कंठस्थ साहित्य होने के कारण लोक गीतों की भांति लोक गाथायें भी मौखिक रूप से ही आगे की पीढ़ी में हस्तान्तरित होती रही हैं। इसीलिए लोक गाथाओं का मूल पाठ भी प्रामागिक रूप से उपलब्ध नहीं होता। समय-समय पर भाषा में होने वाले परिवर्तनों का भी लोक गाथाओं पर प्रभाव पडता है। इसके साथ ही स्थान-दूरी के कारण जनवाणी में कुछ अन्तर होने के कारण भी प्रचलित गाथाओं में परिवर्तन आ जाता है। मूल रूप के अभाव में इनका सम्पादन भी एक कठिन समस्या है। वैसे इनका महत्त्व मौखिक रूप में ही अधिक है। लिपिबद्ध होने से इनका विकास एवं वृद्धि अवरुद्ध हो जाती है। राजस्थान के वीर पुरुषों के अद्भुत पराक्रम की अनेकों गाथाओं को स्थायित्व देने का श्रेय यहां के भीलों, नायकों, थोरियों तथा जोगियों को प्राप्त है। बगड़ावतों, गोगाजी चौहान, दूल्हौ धाड़वी आदि की वीर गाथाओं को यहां के लोक गायकों ने ही कालकलवित होने से बचाया है। वास्तव में इन गाथाओं ने ही अपनी मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखा है। सत्य भी यही है कि लोक गाथा तभी तक सुरक्षित रहती है जब तक उसकी परम्परा मौखिक होती है। डॉ० सिवजिक का कथन है कि 'यदि आपने किसी लोक गाथा को लिपिबद्ध कर लिया तो यह निश्चित रूप से समझ लीजिये कि आपने उसकी हत्या में सहायता पहुंचाई है।"[1] प्रो० गूमर के अनुसार भी लोक गीतों व लोक गाथाओं की सच्ची कसौटी मौखिक परम्परा ही है।[2]

लोक गाथाओं में संगीत एवं नृत्य का अभिन्न साहचर्य्य निहित रहता है। गांवों में 'पाबूजी की पड़' कई रातों तक लगातार गाई जाती रहती है। गायक 'पड़' को गाने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार नृत्य भी करता है। इसी प्रकार राजस्थान में होली पर्व पर 'लूर' एवं 'घूमर' नामक नृत्य के

---

[1] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ ८७।

[1] "In the act of writing each one (ballad) down, you must remember that you are helping to kill that ballad..... It lives only while it remains what the french with a charming confusion of ideas call oral literature"—Frank Cizvik—The Ballad, Page 39.

[2] "These are the cardinal virtues of the ballad, with respect to its conditions critics unite in regarding oral transmission as its chief valuable test"—Old English Ballad—Gummar, Page 29.

साथ-अनेक गाथायें गाई जाती हैं। इन लोक गाथाओं में लोक गीतों की भांति स्थानीयता का प्रचुर पुट रहता है। स्थानीय वातावरण, रहन-सहन, रीति-रिवाज, खान-पान, आचार-विचार, प्रकृति-वर्णन आदि का इनमें सजीव चित्रण रहता है। उदाहरण के लिए 'पाबूजी रा पवाड़ा' में उनकी वेश-भूषा का वर्णन देखिये—

> सिर तौ बांध्यौ छै ठाकर हरियौ रूमाल
> कोई अंगरखौ पैरयौ रै भुरजाळ लांबी बांह को।
> धोती तौ बांधी छै पाबू लाल कणी की खास
> कोई लांबै तौ कूंटां री पहरी छै बंकै मोचड़ी।

इसी प्रकार 'ढोला मारू' नामक लोक गाथा में भी जगह-जगह पर स्थानीयता का पुट दीख पड़ता है। मालवा देश सजल है, अतः वहां की मालवणी 'मरु देश' के प्रति अनिच्छा प्रकट करती हुई कहती है कि ऐसे देश को जला दूं जहां पानी के लिए ही आधी रात को प्रिय का साथ त्यागना पड़ता है—

> बाळउं बाबा देसड़उ, पांणी संदी ताति।
> पांणी केरइ कारणइ, प्री छंडइ अधराति॥
> बाबा, म देइस मारुवाँ, वर कूंआरि रहेस।
> हाथि कचोळउ सिरि घड़उ, सींचंती य मरेस॥
> मारू, थांकइ देसड़इ, एक न भाजइ रिड्ड।
> ऊचाळउक अवरखणउ, कइ फाकउ कइ तिड्ड॥
> जिण भुइ पन्नग पीमणा, कमर कँटाळा रूँख।
> आके फोगे छांहड़ी, हूँछाँ भांजइ भूख॥

यह 'मरु देश' के ठेठ देहाती जीवन का सजीव चित्रण है। यह ऐसा सूक्ष्म निदर्शन है कि राजस्थान देश की आत्मा का चित्र स्पष्ट रूप से उभर आता है।

'लोक गीत' एवं 'लोक गाथाओं' का प्रयोग विशेषतः जन-जीवन में मनोरंजन की दृष्टि से ही किया जाता रहा है। लोक गाथायें 'लोक' के आमोद-प्रमोद का एक साधन बनी हुई हैं। जन-साधारण को उपदेश देने का सहारा इन गाथाओं से नही लिया गया है। यही कारण है कि उपदेशात्मक प्रवृत्ति का इनमें सर्वथा अभाव है। मनोरंजन एवं आमोद-प्रमोद हेतु लोक गाथाओं की अभिव्यक्ति होने के कारण इनकी वर्णन-शैली भी अत्यन्त सरल और सीधी होती है। जन-साधारण में व्याप्त बोली ही इन गाथाओं की भाषा है। चूंकि इनको जनता की कविता (Poetry of the people) कहा जाता है, अतः इनमें अलंकार-विधान तथा कृत्रिम साहित्यिक विधानों का सर्वथा अभाव रहता है। यदि कहीं कोई अलंकार या अन्य साहित्यिक गुण दृष्टिगोचर हो तो उसे अनायासपूर्वक संन्निवेश ही समझना चाहिए। वस्तुतः कथावस्तु एवं भावों का सरल वर्णन ही लोक गीतों एवं लोक गाथाओं की विशेषता है। लोक गीतों एवं लोक गाथाओं की एक बड़ी विशेषता यह है कि इनमें रचिताओं के व्यक्तित्व का अभाव पाया जाता है। सिजविक तो व्यक्तित्वहीनता को ही लोक गाथा का सर्वश्रेष्ठ गुण मानता है।[१] लोक गाथा कहने वाले का उस कथा में कोई विशेष भाग नहीं होता। गाथाओं का रचयिता या गायक इनमें न तो अपने निजी विचार ही व्यक्त करता है, न किसी वस्तु की आलोचना ही। प्रधान कथावस्तु की अभिव्यजना मात्र ही लोक गाथा के रचयिता तथा गायक का सिद्धान्त होता है।

यह तो हम पहिले ही बता आये हैं कि लोक गीत एवं लोक गाथाओं में संगीत का अभिन्न साहचर्य्य है, परंतु इसमें भी विशेष आकर्षण एवं कर्णप्रियता लाने के लिए टेक पदों की पुनरावृत्ति की जाती है। लोक गाथा में पद के चरण विशेष के साथ टेक पदों की आवृत्ति नियमित होती है। इन पदों का उद्देश्य लोक गीतों को जीवन प्रदान कर श्रोताओं के हृदय-पटल पर अमिट प्रभाव उत्पन्न करना होता है। श्रोतागण स्वयं आनन्दित होकर गायक के साथ-साथ टेक पदों को गाने लग जाते हैं। इसी के आधार पर सिजविक का यह मत है कि टेक पद लोक गाथाओं की वह विशेषता है जिससे पता चलता है कि ये गीत सामूहिक रूप से पहले गाये जाते थे।[२] वर्तमान काल में समवेत स्वर से गीत गाने की प्रवृत्ति इसी परम्परा को सूचित करती है।

---

[१] "The first and the foremost quality of the ballad in any language is not its personality but its impersonality. There can be disagreement about"—The Ballad—Frenck Civizik, Page 11.

[२] "The refrain is another peculiarity of the popular ballad that establishes its derivation from the chorus song."—Civizic—The Ballad, Page 27.

२ लोक गाथाओं का वर्गीकरण—

भिन्न-भिन्न विद्वानों ने लोक गाथाओं का वर्गीकरण अपने-अपने दृष्टिकोण से विभिन्न रूपों में किया है। कहीं इनका वर्गीकरण आकार की दृष्टि से मिलता है तो कहीं विषय की दृष्टि से। आकार की दृष्टि से लोक गाथायें 'लघु' एवं 'वृहत्' दो रूप में प्राप्त होती हैं। लोक साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान प्रो. गूमर ने लोक गाथाओं का वर्गीकरण निम्न छ: रूपों में किया है—

(१) प्राचीनतम गाथायें (ओल्डेस्ट बैलेड्स)
(२) कौटुंबिक गाथायें (बैलेड्स ऑव किनशिप)
(३) शोकपूर्ण एवं अलौकिक गाथायें (कोरोनेच एण्ड बैलेड्स ऑव दी सुपर नेचुरल)
(४) निजंधरी गाथायें (लीजेंडरी बैलेड्स)
(५) सीमांत गाथायें (बार्डर बैलेड्स)
(६) आरण्यक गाथायें (ग्रीनवुड बैलेड्स)

'ढोला मारू' के विद्वान सम्पादकों ने लोक गाथाओं के मुख्य रूप से चार विभाग किये हैं।[1]

(१) परंपरागत लोक गाथायें (Traditional ballads)
(२) चारणी लोक गाथायें (Minstrel ballads)
(३) विकृत लोक गाथायें (Broadside ballads)
(४) साहित्यिक लोक गाथायें (Literary ballads)

डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने लोक गाथाओं का वर्गीकरण विषय की दृष्टि से किया है। गाथाओं के भिन्न-भिन्न विषयों के आधार पर उनका यह विभाजन समुचित प्रतीत होता है। उन्होंने लोक गाथाओं को निम्न तीन भागों में विभाजित किया है—

(१) प्रेम कथात्मक गाथायें (Love ballads)
(२) वीर कथात्मक गाथायें (Heroic ballads)
(३) रोमांच कथात्मक गाथायें (Romantic ballads)

भारतीय परिस्थितियों एवं राजस्थानी लोक गाथाओं को दृष्टिगत रखते हुए डॉ० उपाध्याय द्वारा किया गया वर्गीकरण ही उचित कहा जा सकता है। 'ढोला मारू' के सम्पादकों का वर्गीकरण स्वरूपगत किया गया है। राजस्थानी लोक गाथाओं को हम विषयगत वर्गीकरण के आधार पर ही ठीक स्पष्ट कर सकते हैं। डॉ० उपाध्याय के विषयगत वर्गीकरण के अनुसार सर्व प्रथम प्रेम कथात्मक गाथायें आती हैं। इन गाथाओं में उल्लिखित प्रेम साधारण परिस्थितियों में उत्पन्न नहीं होता। राजस्थानी की 'ढोला मारू' नामक लोक गाथा इसी के अंतर्गत मानी जा सकती है। इसमें मुख्यत: ढोला एवं मारवणी का प्रेम वर्णित है एवं अन्य सभी प्रासंगिक वृत्तांतों का सहायक के रूप में प्रवाह हुआ है। प्रेम गाथाओं में हीररांझा, बींजा सोरठ, पन्ना वीरमदे आदि प्रसिद्ध हैं।

दूसरे प्रकार की वे वीर रसात्मक लोक गाथायें हैं जिनमें किसी वीर के साहसपूर्ण और शौर्यसंपन्न कार्य का वर्णन रहता है। राजस्थान के लोक साहित्य के अंतर्गत गाये जाने वाले विभिन्न वीर पुरुषों से संबंधित 'पँवाड़े' इसी कोटि में रखे जा सकते हैं। इनमें प्राय: उन लोगों का यश-गान होता है जिन्होंने लोक कल्याण तथा वचन-निर्वाह के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यद्यपि ऐसे अनेक वीरों का यशगान साहित्यिक कृतियों में नहीं किया गया, तथापि जन-साधारण ने मौखिक रूप से गाई जाने वाली लोक गाथाओं के द्वारा उनके यश को सुरक्षित रखा। इन पँवाड़ों में राजस्थान के धार्मिक, राजनैतिक तथा सांस्कृतिक आदर्शों का प्रतिबिम्ब मिलता है। पाबूजी का पँवाड़ा, नानड़िया का पँवाड़ा, गोगादे चहुआंण का पँवाड़ा, डूंगजी जवारजी री पड़ आदि लोक गाथायें ऐसी ही वीर रसात्मक गाथायें हैं। इस प्रकार की लोक गाथाओं के द्वारा राजस्थान का लोक हृदय इन वीरों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

तीसरे प्रकार की रोमांचकथात्मक गाथायें हैं। इनमें प्राय: असाधारण एवं अलौकिकता का वर्णन रहता है। पढ़ते-पढ़ते या सुनते-सुनते सहसा रोमांच हो उठता है। इनमें जादू द्वारा तोता या मैना बना देना, बकरा बना देना आदि अनेक असामान्य घटनायें निहित रहती हैं। 'निहालदे सुलतान' संबंधी लोक गाथा ऐसी एक लोक गाथा है।

खेद है कि राजस्थानी लोक गीतों पर काफी कुछ लिखा जाने के बावजूद लोक साहित्य का यह अंग लोक साहित्यकारों की लेखनी से अछूता रह गया है।

---

[1] ढोला मारू रा दूहा—सं० रामसिंह, सूर्यकरण पारीक, नरोत्तमदास स्वामी।

३ लोक कथाएँ—

लोक साहित्य के अन्तर्गत लोक कथाओं का स्थान भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इन कथाओं में प्राचीन लोक संस्कृति अभिनिहित है। राजस्थानी साहित्य में इन लोक कथाओं की संख्या अनन्त है। यद्यपि इनका कोई पूर्ण संग्रह प्रकाशित करने का प्रयास प्रकाश में नहीं आया है तथापि मरु भारती, वरदा आदि शोध-पत्रिकाओं में यत्र-तत्र ये लोक कथाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। लोक कथाओं की दृष्टि से राजस्थानी बहुत ही समृद्ध है। कहा जाता है कि जिस प्रकार आदि काव्य का जन्म इस देश में हुआ, उसी प्रकार संसार की सब से प्राचीन कथाओं के निर्माण का श्रेय भी इस पुण्य-भूमि भारत को ही है। लोक कथाओं की यह परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। वैदिक संहिताओं में भी इन कथाओं के बीज उपलब्ध हैं। उसके पश्चात् ब्राह्मण ग्रंथों और उपनिषदों में भी अनेक कथाएँ उल्लिखित हैं। संस्कृत का 'पंचतंत्र' तो लोक कथाओं का प्रसिद्ध संग्रह है।

राजस्थानी में लोक कथाओं के लिए ही प्रायः 'बातां' शब्द का प्रयोग कर दिया जाता है, किन्तु 'लोक कथा' एवं 'बात' में स्पष्ट अन्तर पाया जाता है। आधुनिक समय में प्रचलित कहानी एवं लघु कथा में जो अन्तर है वही साधारणतया 'बात' तथा 'लोक कथा' में माना जाना चाहिए। विभिन्न मूल अभिप्रायों को लेकर लोक कथाएँ चलती हैं। अगर इन मूल अभिप्रायों को अलग से छाँटा जाय तो इनकी संख्या सैकड़ों तक पहुँचेगी। डॉ० कन्हैयालाल सहल ने 'मरु भारती' में लोक कथाओं के कुछ मूल अभिप्रायों के सम्बन्ध में विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किये हैं।

यद्यपि सीधे तौर पर ये लोक कथाएँ जनसाधारण को उपदेश देने के लिए नहीं लिखी गईं, तथापि उनकी रचना में शिक्षा देने की मूल भावना निहित रहती है। प्राचीन पौराणिक एवं परियों की कथाएँ एवं लघु कथाएँ अनजाने में ही हमें शिक्षा प्रदान कर देती हैं।

"राजस्थानी कथाओं के पात्र प्रायः वर्ग प्रतिनिधि होते हैं। इन पात्रों में 'ब्राह्मण' विद्वान और ज्ञानवान होता है, परन्तु हाजिरजबाब नहीं। 'राजपूत' वीर योद्धा के रूप में चित्रित किया गया है जो अपनी प्रतिज्ञा अथवा उद्देश्य के लिए सर्वस्व बलिदान कर देता है। वह सीधे और सत्य मार्ग को अपनाता है, चाहे उसे हानि ही क्यों न उठानी पड़े। व्यापारी-वर्ग को 'बनिये' के रूप में वर्णित किया गया है जो प्रत्युत्पन्नमति है और आर्थिक विषयों में सदा चौकन्ना रहता है। किसान को 'जाट' के रूप में चित्रित किया गया है, जो सीधा-सादा लगता है परन्तु व्यावहारिक ज्ञान काफी रखता है। 'मियां' (मुसलमान) उस समय के शासक वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। वह अपने को चतुर प्रमाणित करने के लिए कुछ बुद्धि-प्रदर्शन करता है परन्तु मुंह की खाता है। शिल्पी वर्ग का निरूपण 'कुम्भकार' में किया गया है जो अधिक होशियार तो नहीं, पर उसका सद्भाग्य उसे पार कर देता है। इस प्रकार के पात्रों से लोक कथाओं का ताना-बाना बुना हुआ होता है। अधिकतर ये कथाएँ वीरता और बुद्धि से पूर्ण कार्यों का दिग्दर्शन कराती हैं। कुछ कथाएँ राजाओं और राजपूतों के वीर कृत्यों से परिपूर्ण हैं तथा कुछ में सदुपदेश दिये गये हैं। कुछ में हँसी और हाजिरजवाबी दिखलाई गयी है। बुद्धि-द्वन्द्व में जाट की विजय और बेचारे मियाँ की पराजय।"[1]

डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने लोक कथाओं का वर्गीकरण छः प्रकार से किया है[2]—

१—नीति कथा
२—व्रत कथा
३—प्रेम कथा
४—मनोरंजक कथा
५—दंत कथा
६—पौराणिक कथा

लोक साहित्य के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली अधिकतर लोक कथायें प्रायः नीति-कथायें ही होती हैं। यद्यपि इनका मुख्य उद्देश्य नीति-कथन ही होता है, तथापि यह प्रत्यक्ष रूप में न होकर परोक्ष रूप से ही सम्पादित होता है। भारतीय जीवन धर्म से अनुप्राणित होने के कारण यहाँ स्त्रियों द्वारा विभिन्न व्रतों के किये जाने का विधान है। प्रायः प्रत्येक व्रत के दिन कोई न कोई कथा कही जाती है, जिसमें उस व्रत को करने

---

[1] मरु भारती, वर्ष ६, अंक १, अप्रैल १६६१, पृष्ठ २ से उद्धृत।

[2] हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ ११३-११४।

वालों को ला -प्राप्ति होने का प्राय: वर्णन रहता है। प्रेम-कथाओं के अन्तर्गत वे लोक कथायें आती हैं जिनमें बहिन के प्रति भाई का प्रेम, माता के प्रति पुत्र का प्रेम अथवा पुत्र के प्रति माता का प्रेम एवं दाम्पत्य प्रेम का वर्णन रहता है। दाम्पत्य प्रेम सम्बन्धी इन लोक कथाओं में बड़े पवित्र प्रेम की झाँकी मिलती है। काम-वासना की उसमें गन्ध तक नहीं रहती। बालकों को कही जाने वाली कथायें (यथा परियों की कथा, चिड़ा-चिड़ी की कथा) मनोरंजक कथाओं के अन्तर्गत आती हैं। इनका उद्देश्य केवल बालकों का मनोरंजन करना होता है। परम्परा से आती हुई कथायें दन्तकथायें कहलाती हैं यथा पाबूजी री कथा, केसरिया कंवरजी री कथा आदि। पौराणिक कथायें भी राजस्थानी लोक साहित्य में प्रचुरता के साथ मिलती हैं। गणेसजी री कथा, पारबती री कथा आदि ऐसी ही लोक कथायें हैं।

प्राय: सभी लोक कथाओं में निम्नलिखित विशेषतायें प्रचुरता के साथ मिलती हैं—

(१) प्रेम का अभिन्न पुट
(२) अश्लील शृंगार का अभाव
(३) मानव की मूल वृत्तियों से निरंतर साहचर्य
(४) मंगल कामना की भावना
(५) सुखांतता
(६) रहस्य, रोमांच एवं अलौकिकता की प्रधानता
(७) उत्सुकता की भावना
(८) वर्णन की स्वाभाविकता

धार्मिक एवं अंधविश्वासों का भी प्रभाव इन लोक कथाओं पर स्पष्ट रूप से लक्षित होता है। एक छोटी-सी राजस्थानी लोक कथा में 'भाग्यवाद' का प्रभाव देखिये—

"एक आदमी या बात सुण राखी ही क दिन भर में आदमी रै मुंह सैं नीकळचोड़ी एक बात जरूर सांची होवै। वीं कै पां और क्यूंई हो कोयनी, एक पीतळ री टोकणी ही सो बीं नें लेकर बैठग्यौ अर टोकणी नैं कैवै लाग्यौ क होज्या सोनै की, होज्या सोनै की। कहतां-कहतां आखतौ होग्यौ जद झाळ मरतौ बोल्यौ क सोनै की नईं होवै तौ लोह की ई होज्या। ज टोकणी झट लोह की होगी। करमहीण की चोखी बात सांची कोनी होवै, न्याऊ बात झट सांची हो ज्यावै।"

राजस्थानी लोक कथाओं का अपना विशेष महत्व है। यह बात अवश्य ध्यान देने योग्य है कि दूर-दूर जातियों के फैलने, बसने और सम्पर्क स्थापित करने से कथाएँ एक स्थान पर नहीं रह सकीं। अनेक राज्यों में फैली लोक कथाओं में बहुत सी समानताएँ मिलती हैं। जातक कथाओं, प्राचीन वेदों के आख्यान, कथा सरित सागर, वैताळ पचीसी, हितोपदेश आदि से संबंधित कथायें अनेक भाषाओं में अपने बिगड़े रूप में उपलब्ध हो जाती हैं। वस्तुत: भारत के अनेक राज्यों में एक ही कथा अपने विभिन्न रूपों में कैसे टिकी रहती है, इसका अध्ययन करना बड़ा मनोरंजक कार्य है।

लोक नाट्य—

आधुनिक समय में प्रचलित नाटकों का बीज भी प्राचीन लोक नाट्यों में निहित है। राजस्थान में प्राचीन समय से ही लोक नाट्य का प्रचलन था, चाहे उसका स्वरूप कुछ भिन्न रहा हो। राजस्थान में प्रचलित 'कठपुतली' का खेल वस्तुत: बहुत पुराना है। प्राय: चारपाई खड़ी कर के आगे के भाग में रंगीन वस्त्र से बना परदा टांग दिया जाता है, जिसके आगे सूत्रधार पुतलियां उतार कर राजपूती वीरता को प्रगट करने वाली अथवा अन्य किसी घटना का संचालन करता है। इसके साथ ही कोई व्यक्ति उससे संबंधित घटना का वर्णन करता रहता है।

विवाह के अवसर पर अनेक जातियों में स्त्रियां बारात बिदा हो जाने पर स्वांग का अभिनय करती हैं। एक स्त्री पुरुष-वेश धारण कर 'वर' बनती है एवं दूसरी स्त्री 'वधू' बनती है, फिर विवाह के प्राय: सभी रीति-रस्मों का अभिनय किया जाता है। बहुत सी जातियों में इसे 'टूंटियौ नाचणौ' कहते हैं। मनोरंजन के अतिरिक्त इसका कोई विशेष उद्देश्य नहीं है। इससे यह तो स्पष्ट है कि लोक जीवन से लोक नाट्यों का घनिष्ठ संबंध है।

'ख्याल' भी राजस्थान का एक लोक नाट्य है। इसके लिये साधारण मंच तैयार किया जाता है जो प्राय: चारों ओर से खुला होता है। इस पर पौराणिक तथा धार्मिक कथाओं के अतिरिक्त जनश्रुति पर अथवा ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित कथाओं को अभिनीत किया जाता है। इसमें स्त्री पात्रों का अभिनय भी पुरुषों द्वारा ही किया जाता है। राज-

स्थान में विभिन्न स्थानों पर खेले जाने वाले ख्यालों में गोपीचन्द, भरथरी, चन्द्र मलयागिरी, रूप बसन्त, राठौड़ अमरसिंह आदि के ख्याल बहुत प्रसिद्ध हैं।

इसके अतिरिक्त समस्त भारत में खेली जाने वाली रामलीला एवं रासलीला भी एक प्रकार के लोक नाट्य हैं। दूसरे प्रान्तों की अपेक्षा इनका अभिनय राजस्थान में कम होता है। ठेठ राजस्थानी व्यक्ति प्रायः रासलीला नहीं करते।

राजस्थान में प्रचलित उपरोक्त लोक नाट्यों की विशेषताओं की ओर दृष्टिपात करना अप्रासंगिक न होगा। इन लोक नाट्यों में प्रायः वे ही कथायें होती हैं जिनका यहां के जन-जीवन में बहुत प्रचलन होता है। प्रायः ऐतिहासिक कथा-वस्तुओं में धार्मिक मान्यताओं का अनायास ही प्रवेश हो जाता है। संगीत एवं नाटक का चोली-दामन का साथ है। यह संगीत गांवों में प्रायः ढोलक, सारंगी या रावणहत्थे की सहायता से चलता है। इन लोक नाट्यों में नाटकीय तत्वों की ओर प्रायः ध्यान नहीं दिया जाता। जो कुछ नाटकीयता इनमें पायी जाती है वह स्वाभाविक एवं अनायास आई हुई ही समझ लेना चाहिये। लोक नाट्यों में राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न बोलियों में प्रचलित है। लोक भाषा ही लोक नाट्यों का प्राण है। अपने ज्ञान के अनुसार इन लोक नाट्यों में वेश-भूषा का पर्याप्त ध्यान रखा जाता है। साधनों के अभाव में यद्यपि उनके वेश-भूषा संबंधी प्रयत्न अपूर्ण ही रहते हैं। साहित्यिक नाटकों की तरह इन नाटकों में विदूषक का भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। विदूषक की वेश-भूषा, उसके हाव-भाव और कहने का ढंग सभी कुछ प्रायः हास्योत्पादक होते हैं।

आधुनिक सिनेमा एवं नाटकों ने इन लोक नाट्यों को बहुत हानि पहुँचाई है। आजकल इनका खेला जाना निरंतर कम होता जा रहा है। शहरों में इन्हें हेय दृष्टि से भी देखा जाने लगा है। सस्ते सिनेमाओं के कारण इन लोक नाट्यों में कई जगह अश्लीलता भी आ गई है। संगठित रूपों से इन लोक नाट्यों के विकास का प्रयत्न करना आवश्यक है। इन्हीं में राजस्थान की आत्मा बसती है।

लोक सुभाषित—

सुन्दर ढंग का कथन या वह उक्ति जिसमें चमत्कार हो सुभाषित कहलाती है। जन-साधारण अपने परम्परागत संचित ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर अपने दैनिक व्यवहार में स्वाभाविक रूप से इसी प्रकार की अनेक उक्तियों का प्रयोग करता आया है। इस प्रकार के लोक साहित्य की सामग्री को हम निम्न तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं—

(१) लोकोक्ति
(२) मुहावरे
(३) पहेलियाँ

(i) लोकोक्ति—लोक साहित्य में लोकोक्तियों का महत्वपूर्ण स्थान है। संसार के सभी देशों और जातियों में कहावतों का महत्वपूर्ण स्थान है। वस्तुतः लोकोक्ति जनता-जनार्दन की उक्ति है। साहित्य की दृष्टि से भी कहावतों का महत्व कुछ कम नहीं है। कहावतें भाषा का शृंगार हैं। लोकोक्ति एक संक्षिप्त व चुभता हुआ जीवन का सुंदर सूत्र है जो जनता की जिव्हा पर निवास करता है तथा जो व्यावहारिक जीवन के निरीक्षण, शाश्वतिक अनुभूति या जीवन के सच्चे नियम को प्रकाशित करता है। इस प्रकार लोकोक्तियों में मानव जीवन के विभिन्न क्षत्रों की अनुभूति पुंजीभूत रूप में उपलब्ध होती है।[१] डॉ० वासुदेवशरण के शब्दों में लोकोक्तियां मानवी ज्ञान के घनीभूत रत्न हैं, जिन्हें बुद्धि और अनुभव की किरणों से फूटने वाली ज्योति प्राप्त होती है।

लोकोक्तियों का प्रयोग अत्यन्त प्राचीनकाल से होता आया है। लोकोक्ति के लिये संस्कृत में भी सुभाषित या सूक्ति शब्द का प्रयोग हुआ है।[२] विभिन्न योरोपीय एवं भारतीय भाषाओं में लोकोक्तियों के संग्रह एवं संपादन का बड़ा सुंदर कार्य हुआ है। राजस्थानी में 'राजस्थानी कहावतें, एक अध्ययन' नामक डॉ० सहल का शोध-प्रबन्ध प्रकाशित हो चुका है। इसमें राजस्थानी कहावतों का पूर्ण एवं वैज्ञानिक

---

[१] हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ १३४।

[२] सुभाषितेन गीतेन, युवतीनां च लीलया।
मनो न रमते यस्य, स योगी अथवा पशुः॥

विवेचन प्रस्तुत किया गया है।[1] विभिन्न विषयों से सम्बन्धित कहावतों का इसमें विषयानुसार वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है। राजस्थानी कहावतों के सम्बन्ध में पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिये यह पुस्तक प्रर्याप्त है।

राजस्थान में लोक जीवन का कोई भी अंग ऐसा नहीं रहा जिसके सम्बन्ध में लोकोक्ति का प्रयोग न होता हो। मनोरंजन, प्रहसन, शोक, दुःख, व्यंग, श्रम, भोजन, पर्व आदि जीवन के सभी क्षेत्रों में लोकोक्तियों का प्रयोग होता है। इन लोकोक्तियों की स्वाभाविकता, इनका गूढ़ार्थ और इनमें पाया जाने वाला चमत्कार ही इनकी विशेषता है। राजस्थानी लोकोक्तियों का उदाहरण देखिये—

१—कागा कुत्ता कुमांणसां, तीन्यूं एक निकास।
ज्यां ज्यां सेरचां नीसरै, त्यां त्यां करै बिणास।।

अर्थ—कौवे, कुत्ते, और दुर्जन तीनों समान ही स्वभाव के होते हैं; ये जिस मार्ग से निकलते हैं वहीं विनाश करते हैं।

२—म्हारी हुती नै म्हैं ही ल्याई,
बैन हुती नै सौक कहाई,
सांमी बैठी सुरमौ सारै,
मांखी नहीं मुळकौ मारै।

अर्थ—स्त्री के सन्तान न होने के कारण पति दूसरा विवाह करने के लिए तैयार हो गया तब पत्नी ने उचित समझ कर अपनी छोटी बहिन का ही विवाह अपने पति से करवा दिया। सोचा था कि दोनों बहिनें प्रेम से रहेंगी परन्तु वह तो उसके लिए शूल बन गई। युवा एवं सुन्दर होने के कारण पति की अधिक मानेता हो गई और श्रृंगार में व्यस्त रहने लगी। छोटी बहिन के सभी कार्य बड़ी को व्यंग लगने लगे। इसी प्रकार कोई अपने ही व्यक्ति का भला चाहने के लिये उसे अपने साथ रखता है और जब वह उसी के लिए बाधक हो जाता है तब यह उक्ति कही जाती है।

३—माथा माथै वीटोरौ (मथारी) और कै' म्हनै तंबू में आवण दौ।

अर्थ—शिर पर तो कांटों का गट्ठर और कहता है मुझे शामियाने में प्रवेश करने दो। अपनी हस्ती, योग्यता और स्थिति के बाहर बात करने पर यह उक्ति उस आदमी के प्रति कही जाती है।

[1] भारती साहित्य मंदिर, फव्वारा, दिल्ली से प्रकाशित।

मुहावरा—

मुहावरा का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितनी भाषा की उत्पत्ति। संस्कृत साहित्य में इसका प्रयोग प्रचुरता के साथ मिलता है। श्री रामनरेश त्रिपाठी ने मुहावरों की परिभाषा करते हुए लिखा है कि मुहावरा किसी भाषा अथवा बोली में प्रयुक्त होने वाला वह वाक्य-खंड है जो अपनी उपस्थिति से समस्त वाक्य को सबल, सतेज, रोचक और चुस्त बना देता है। संसार में मनुष्य ने अपने लोक-व्यवहार में जिन-जिन वस्तुओं और विचारों को बड़े कौतूहल से देखा है, समझा है, तथा बार-बार उनका अनुभव किया है उनको उसने शब्दों में बांध दिया है। वे ही मुहावरे कहलाते हैं।[1]

लोक जीवन में अनेक मुहावरे प्रचलित हैं। इन मुहावरों में जनता के जीवन की झाँकी देखने को मिलती है। मुहावरों की विशेषता बतलाते हुए डॉ० उपाध्याय कहते हैं।[1]—"मुहावरे की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह किसी वाक्य का अंगीभूत होकर रहता है। जैसे 'आग लगाना' एक मुहावरा है। परन्तु इसकी कोई स्वतंत्र सत्ता नहीं है। जब तक इसका किसी वाक्य में प्रयोग नहीं होता तब तक इससे किसी अर्थ की व्यंजना नहीं हो सकती। मुहावरा अपने मूल रूप में ही सदा प्रयुक्त होता है। यदि मूल मुहावरों के स्थान पर उसके पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया जाय तो उसकी अभि-व्यंजना शक्ति नष्ट हो जाती है।[2]"

लोक संस्कृति का स्पष्ट चित्रण इन मुहावरों में मिलता है अतः इनके वैज्ञानिक अध्ययन की अत्यन्त आवश्यकता है। यद्यपि राजस्थानी की विभिन्न पत्रिकाओं में मुहावरों के अनेक छोटे-मोटे संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, तथापि इस सम्बन्ध में पूर्ण एवं संगठित प्रयत्न की आवश्यकता है। राजस्थानी शब्द-कोश में सम्बन्धित शब्दों के साथ आवश्यक जानकारी के लिये प्रचलित मुहावरे प्रस्तुत कर दिये गये हैं।

पहेलियाँ—

यह संस्कृत के प्रहेलिका शब्द का रूपान्तर मात्र है। पहेलियों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन हैं। संस्कृत साहित्य

[1] पं० रामनरेश त्रिपाठी, त्रिपथगा, अंक ६ (मार्च १९५६), पृष्ठ ३०।
[2] हिन्दी साहित्य का बृहत्त इतिहास, षोडश भाग, प्रस्तावना पृष्ठ १४२।

में प्रहेलिकायें प्रचुर मात्रा में मिलती है। आज भी गाँवों में अवकाश के क्षणों में पहेलिया बालकों, बूढ़ों और नौजवानों सभी के लिए मनोरंजन का उत्कृष्ट साधन हैं। स्त्रियाँ भी उन्हें अपना अस्त्र समझती हैं। ससुराल में जामाता की परीक्षा लेने के लिये स्त्रियाँ पहेलियों की झड़ी लगा देती हैं। डॉ० सत्येन्द्र के अनुसार 'लोक मानस इसके द्वारा अर्थ-गौरव की रक्षा करता है और मनोरंजन प्राप्त करता है। यह बुद्धि-परीक्षा का साधन है। भाव से इसका सम्बन्ध नहीं होता, प्रकृत को गोप्य करने की चेष्टा रहती है, बुद्धि-कौशल पर निर्भर करती है।'[1]

पहेलियों के अनेक भेद किये गये हैं जिसमें निम्नलिखित मुख्य हैं—

(१) खेती सम्बन्धी
(२) भोज्य पदार्थ सम्बन्धी
(३) घरेलू वस्तु सम्बन्धी
(४) जीव सम्बन्धी
(५) प्रकृति सम्बन्धी
(६) शरीर सम्बन्धी
(७) प्रकीर्ण

राजस्थानी लोक जीवन में इन पहेलियों का भी विशेष स्थान है। अवकाश के क्षणों में अपने मनोरंजनार्थ लोग इनका प्रयोग भी करते हैं। लोक जीवन में पहेलियों को बुद्धि के माप का एक साधन माना है। इन पहेलियों में कुछ तो इस प्रकार की हैं कि उनमें केवल प्रश्न ही किया गया है और इनका उत्तर बुद्धि के प्रयोग द्वारा बाहर से देना पड़ता है। अन्य प्रकार की पहेलियों में प्रश्न के साथ-साथ उत्तर भी श्लेषालंकार में दिया हुआ होता है। बुद्धि से विचार कर उसी में से उत्तर निकाला जाता है। राजस्थानी पहेलियों के उदाहरण देखिये—

१ चांर खूणां री बावड़ी, भरी झखोळा खाय।
हाथी घोड़ा डूब ग्या, पिणियारी खाली जाय॥

—काच

२ एक भंडार नौ लख तारा, जिण में बैठ्या दो बिणजारा।
अन खावै न पाणी पीवै, दुनिया देख देख कर जीवै॥

—चांद, सूरज

३ नारी पुरख न आदरै, तसकर बांधो जाय।
तेजी ताजणो खमै, कह चेला किण दाय॥

—गुरुजी तेज नहीं

इन पहेलियों के अतिरिक्त राजस्थानी लोक साहित्य में 'भूंगररासौ' और प्रचलित है। पहेलियों में तो प्रश्न एवं उत्तर दोनों सार्थक होते हैं किन्तु 'भूंगररासौ' में बे-सिरपैर, ऊटपटाँग एवं असंबद्ध बातें ही कही जाती हैं, जिनका उद्देश्य जनता का विशुद्ध मनोरंजन करना ही होता है। इन निरर्थक तुकबंदियों को सुन कर गंभीर प्रकृति के मनुष्यों के होठों पर भी मुस्कराहट खेल जाती है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में ऐसी ही उक्तियों को 'ढकोसला' कहते हैं।

'भूंगररासौ' के उदाहरण देखिये—

१ भाकर माथूं गीडो पड़ियौ, मैं जांण्यौ वडबोर।
हाथ में ले'र चाखियौ, वाह रे ऊना खीच॥

२ ऊबौ ऊंट मींगणां करे, तड़ तड़ वाजै ताली।
लाव पड़ोसण कवाड़ियौ, डोरा घालूं राली॥

३ रबड़क भैंस पींपळ चढ़ी, गिड़क तोड़ायी नाथ।
डागळा माथा ऊं डूंम पडियौ, भागौ गांव भांभी रौ
साथळ माऊं हाथ॥

उपरोक्त विवेचन राजस्थानी लोक साहित्य की एक छोटी-सी झाँकी प्रस्तुत करने में सहायक होगा। लोक गीत एवं लोकोक्तियों को छोड़ दिया जाय तो राजस्थानी में लोक-साहित्य से सम्बन्धित बहुत कम सामग्री का प्रकाशन एवं समुचित सम्पादन हो पाया है। अतः इस सम्बन्ध में विशेष प्रयत्नों की आवश्यकता है। इसी के द्वारा प्राचीन राजस्थान की लोक-संस्कृति पर कुछ प्रकाश पड़ सकेगा।

—सीताराम लाळस

---

[1] 'ब्रज- लोक साहित्य का अध्ययन', डॉ० सत्येन्द्र, पृष्ठ ५२०।

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
अं०	अंग्रेजी	
अ०	अरबी	
अक०	अकर्मक	
अक० रू०	अकर्मक रूप	
अनु०	अनुकरण	
अनेक०, अनेका०	अनेकार्थी कोश	श्री उदयरांम बारहठ (गूंगा)
अप०	अपभ्रंश	
अमरत	अमरतसार	श्री महाराजा प्रतापसिंह (जयपुर)
अ० मा०	अवधांनमाळा	श्री उदयरांम बारहठ (गूंगा)
अ० रू०	अकर्मक रूप	
अल्प०, अल्पा०	अल्पार्थ	
अव्य०	अव्यय	
इब०	इबरानी	
उ०	उदाहरण	
उप०	उपसर्ग	
उभ० लिं०	उभयलिंग	
ऊ० का०	ऊमर-काव्य	श्री ऊमरदांन लाळस
एका०	एकाक्षरी नांम माळा	श्री वीरभांण रतनू, श्री उदयरांम बारहठ (गूंगा)
क० कु० बो०	कवि कुळ बोध	श्री उदयरांम बारहठ (गूंगा)
क० च०	करणी-चरित्र	ठा० किशोरसिंह वार्हस्पत्य
कर्म वा०, कर्म वा० रू०	कर्म वाच्य रूप	
कहा०	कहावतें	
कां० दे० प्र०	कान्हडदे प्रबन्ध	श्री पद्मनाभ
क्रि०	क्रिया	
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक	
क्रि प्र०	क्रिया प्रयोग	
क्रि० प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक	
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण	
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक	
क्व०, क्व० प्र०	क्वचित् प्रयोग	
क्षेत्र०	क्षेत्रीय प्रयोग	
ग० मो०	गजमोख	श्री हरसूर बारहठ
गी० रां०	गीत रांमायण	श्री अमृतलाल माथुर (कुचेरा निवासी)
गु०	गुजराती	

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
गु० रू० बं०	गुण रूपक बंध	श्री केसोदास गाडण
गोर०	गोरादि	
गो० रू०	गोगादे रूपक	श्री पाहड़ खां आढौ
ची०	चीनी	
चेत मांनखा	चेत मांनखा	श्री रेवतदांन कल्पित
चौबोली	चौबोली	संपादक डॉ० कन्हैयालाल सहल
ज० खि०	जग्गा खिड़िया रा कवित्त	श्री जग्गौ खिड़ियौ
जा०	जापानी	
ज्यो०	ज्योतिष	
डिं०	डिंगल	
डिं० को०	डिंगल कोश	कविराजा मुरारिदांन (बूंदी)
डिं० नां० मा०	डिंगल नांम माळा	श्री हरराज (कवि)
ढो० मा०	ढोला मारू[1]	संपादक श्री रामसिंह, श्री सूर्यकरण पारीक, नरोत्तमदास स्वामी
तु०	तुर्की	
द० दा०	दयाळदास री ख्यात	श्री दयाळदास सिंढ़ायच
दसदेव	दसदेव	श्री नानूराम संस्कर्ता
द० वि०	दलपत विलास	सम्पादक श्री रावत सारस्वत
दुर्गादास	दुर्गादास	श्री नारायणसिंह भाटी
दे०	देखो	
देवि०, देवी०	श्री देवियांण	श्री ईसरदास बारहठ
द्रौ० पु०	द्रोपदी पुकार	श्री रामनाथ कवियौ
नां० मा०	नांम-माळा	अज्ञात
ना डिं० को०	नागराज डिंगल कोस	श्री नागराज पिंगळ
ना० द०	नागदमण	श्री सांइया झूला
नी० प्र०	नीति प्रकाश	श्री सगरांम सिंह मुहणोत
नैणसी	मुहणोत नैणसी री ख्यात	सम्पादक, महामहोपाध्याय पं० रामकरण आसोपा
पं०	पंजाबी	
पर्याय०	पर्यायवाची शब्द	
पा०	पाली	
पा० प्र०	पाबू प्रकास	कवि श्री मोडजी आसियौ
पिं० प्र०	पिंगळ प्रकास	श्री हमीर दांन रतनूं
पु०	पुल्लिग	
पुर्त्त०	पुर्त्तगाली	
पृष०	पृषोदरादि	
पे० रू०	पेमसिंह रूपक	श्री प्रतापदांन गाडण

[1] इसके अतिरिक्त हमने 'ढोला मारू' की भिन्न-भिन्न लेखकों द्वारा लिखित हस्तलिखित बातों की प्रतियों में से शब्द लिये हैं, उनका भी संकेत-चिन्ह 'ढो० मा०' ही रखा गया है।

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
प्र०, प्रत्यय	प्रत्यय	
प्रा०	प्राकृत	
प्रा० प्र०	प्राचीन प्रयोग	
प्रा० रू०	प्राचीन रूप	
प्रे०	प्रेरणार्थक	
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप	
फा०	फारसी	
फ्रां०	फ्रांसीसी	
बहु०	बहुवचन	
बाँ० दा०	बाँकीदास ग्रंथावली, भाग १,२,३	श्री बाँकीदास
बाँ० दा० ख्या०	बाँकीदास री ख्यात	श्री बाँकीदास
बी० दे०	बीसळदे रासौ	श्री बीसळदे
भ० मा०	भगतमाळ	श्री ब्रह्मदास दादूपंथी
भाव०	भाव वाचक	
भाव वा०, भाव वा० रू०	भाव वाच्य रूप	
भू०	भूतकाल	
भू० का० कृ०	भूतकालिक कृदन्त	
भू० का० प्र०	भूतकालिक प्रयोग	
भ्रं० पु०	भृंगी पुरांण	श्री हरदास
म०	मराठी	
मह०, महत्त्व०	महत्त्ववाची शब्द	
मा०	मागधी	
मा० म०	मारवाड़ मरदुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी श्री देवीप्रसाद
मि०	मिलाग्रो	
मीरां	मीराँबाई	
मुहा०	मुहावरे	
मेघ०	मेघदूत	श्री नारायणसिंह भाटी
मे० म०	मेहाई महिमा	श्री हिंगळाजदांन कवियौ
यू०	यूनानी	
यौ०	यौगिक	
र० ज० प्र०	रघुवर जस प्रकास	श्री किसनौ आढ़ौ
र० रा०	रसराज अंक, परम्परा	सम्पादक : श्री नारायणसिंह भाटी
र० रू०	रघुनाथ रूपक गीतां रौ	श्री मनछारांम (मंछ कवि)
र० हमीर०	रतना हमीर री वारता	महाराजा श्री मांनसिंह, जोधपुर
रांमकथा	श्रीरांमचंद्रजी से संबंधित कथा	
रा०	राजस्थांनी	
रा० ज० रासौ	राउ जैतसी रौ रासौ	अज्ञात
रा० ज० सी०	राउ जैतसी रौ छंद	श्री वीठू सूजौ नगराजोत
रा० दू०	राजस्थानी दूहा	सम्पादक : श्री नरोत्तमदास स्वामी
रा० प्र०	राजस्थांनी प्रत्यय	

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
रां० रा०	रांमरासौ	श्री माधौदास दधवाड़ियौ
रा० रू०	राजरूपक	श्री वीर भांण रतनू
रा० वं० वि०	राठौड़ वंस री विगत	अज्ञात
रा० सा० सं०	राजस्थानी साहित्य संग्रह,भाग १	सम्पादक : श्री नरोत्तमदास स्वामी
रू० भे०	रूप भेद	
ल० पिं०	लखपत पिंगळ	श्री हमीरदांन रतनूं
ला० रा०	लावारासा	श्री गोपाळदांन कवियौ
लू	लू	कुं० चंद्रसिंह बीकौ
लै०	लैटिन	
लो० गी०	राजस्थांनी लोक गीत	
वं० भा०	वंश भास्कर	श्री सूरजमल्ल मीसण
व०	वर्तमान काल	
व० ा० कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त	
वचनिका	वचनिका रतनसिंह महेसदासोत री	श्री जग्गौ खिड़ियौ
वरसगांठ	वरसगांठ	श्री मुरलीधर व्यास
बादळी	बादळी	कुं० चन्द्रसिंह बीकौ
वि०	विशेषण	
विलो०	विलोम	
वि० वि०	विशेष विवरण	
वि० स०	विड़द सिणगार	कविराजा श्री करणीदांन कवियौ
वी० दे०	वीसळदे रासौ	श्री वीसळदे
वी० मा०	वीरमायण	श्री बहादर ढाढ़ी
वी० स०	वीर सतसई	श्री सूरजमल्ल मीसण
वी० स० टी०	वीर सतसई टीका	श्री किसोरदांन बारहठ
वेलि.	वेलि क्रिसन रुकमणी री	महाराजा श्री प्रिथीराज राठौड़
वेलि टी०	वेलि क्रिसन रुकमणी री टीका	अज्ञात
व्या०	व्याकरण	
शक०	शकंदादि	
शा० हो०	शालि होत्र	अज्ञात
शि० वं०	शिखर वंशोत्पत्ति	श्री गोपाळ कवियौ
शि० सु० रू०	शिवदांन सुजस रूपक	श्री लालदांन बारहठ
सं०	संस्कृत	
सं० उ०	संज्ञा उभयलिंग	
सं० पु०	संज्ञा पुल्लिंग	
सं० स्त्री०	संज्ञा स्त्रीलिंग	
स०	सकर्मक	
स० रू०	सकर्मक रूप	
सर्व०	सर्वनाम	
सांझ	सांझ	श्री नारायणसिंह भाटी
सू० प्र०	सूरजप्रकास	कविराजा श्री करणीदांन कवियौ
स्त्री०	स्त्रीलिंग	
स्पे०	स्पेनिश	
श्री हरि पु०	श्री हरिपुरुषजी	
ह० नां०, ह० नां० मा०	हमीर नांम माळा	श्री हमीरदांन रतनू
ह० पु० वा०	श्री हरिपुरुषजी की बांणी	श्री हरिपुरुषजी
हं० प्र०	हंस प्रबोध	ठा० श्री हमीरसिंहजी राठौड़
ह० र०	हरिरस	श्री ईसरदास बारहठ
हा० झा०	हालां झालां रा कुंडळिया	श्री ईसरदास बारहठ

* [यह संकेत इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल कविता में प्रयुक्त हुआ है]

राजस्थांनी सबद-कोस

राजस्थांनी सबद-कोस

अ

अ–संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश व राजस्थानी [वर्णमाला] तथा देवनागरी लिपि का प्रथम अक्षर या स्वर है जिसका उच्चारण कंठ से होता है। बिना इसके व्यंजनों का स्वतंत्र रूप से उच्चारण नहीं हो सकता।

अं—सानुस्वार अ। सं०पु०—१ कमल. २ पूर्ण ब्रह्म. ३ शत्रु. ४ दुःख. ५ भक्ति. ६ श्रीकृष्ण (एका.)
वि०—१ विरक्त. २ श्रेष्ठ (एका.)

अंक–सं०पु० [सं०] १ होनहार, प्रारब्ध, भाग्य. २ चिन्ह, निशान, बैल आदि को दागने का चिन्ह. ३ दाग, धब्बा. ४ अक्षर. ५ गोद. (यौ०–अंकायत) ६ शरीर, अंग. ७ संख्या का चिन्ह ० से ९ तक. ८ पाप. ९ लिखावट. १० अपराध. ११ दुःख. १२ अध्याय नाटक का एक अंश. १३ एहसान। उ०—**अंक** करे जोधांण उदैपुर आस्रय देर झेलिया आतुर।—वं.भा. १४ जन्मांतर. १५ नौ की संख्या*।

अंकआड*–वि०—देखो 'आडे अंक'।

अंककार–वि० [सं०] अंकों का हिसाब करने वाला, गणितज्ञ।

अंकगणित–सं०स्त्री० [सं०] वह विद्या जिसके द्वारा संख्याओं की मीमांसा की जाय, संख्याओं का हिसाब।

अंकड़ी–सं०स्त्री० [सं० अक्षि] १ आँख। [सं० अंकुर] २ टेढ़ी नोक, कँटिया वृक्षों से फल-पत्ते आदि तोड़ने का बाँस का लम्बा डंडा जिसके सिर पर लोहे का हँसिया लगा हुआ होता है, तीर का टेढ़ा फल।

अंकड़ौ–सं०पु० [सं०अंक+ड़ौ–रा०प्र०] १ अक्षर. २ प्रारब्ध, भाग्य*। उ०—कांमपताका काय उदै जे **अंकड़ा**, राजस तजि चित रोंस क सोक्याँ संकड़ा।—बां.दा. (अल्पा.)

अंकज–सं०पु० [सं०] वह जो अंक से उत्पन्न हो।

अंकणौ, अंकबौ–क्रि०स०—देखो 'आंकणौ'।

अंकधारण–सं०पु०यौ [सं० अंक+धारण] तप्त मुद्रा से चिन्ह करना, दगान, शंख चक्र आदि का चिन्ह।
क्रि०प्र०—करणौ।

अंकधारी–वि० [सं० अंकधारिन्] (स्त्री० अंकधारण) १ देव विशेष के नाम की तप्त मुद्रा धारण करने वाला. २ साँड, बैल या घोड़ा आदि जिसके पैर पर तप्त लोहे की त्रिशूल, शंख आदि के आकृति की छाप हो।

अंकपळई, अकपळाई–सं०स्त्री०[सं० अंकपल्लव] अंकों को अक्षरों के स्थान पर रख कर उनके समुदाय से वाक्य के समान अर्थ निकालने की एक प्रकार की विद्या विशेष।

अंकपाळी–सं०स्त्री० [सं० अंकपाली] १ धाय. २ मा, माता।
वि०—पालित कन्या।

अंकम–सं०पु० [सं० अंक] गोद, क्रोड़।

अंकमाळ–सं०पु० [सं० अंकमाल] १ आलिङ्गन, गले लगाना. २ अंक में माला की तरह धारण करना।

अंकरास–सं०पु०—समय, अवसर, मौका।

अंकवार–सं०पु० [सं० अंकमाल] १ काँख. २ गोद।

अंकवाळी–वि०—असीम, अधिक, बेहद। उ०—काळी नाचियौ ऊपरे नित्त काळी, वळी रंभ नाटारँभे **अंकवाळी**—ना.द.।

अंकविद्या–सं०स्त्री० यौ० [सं० अंक+विद्या] अंकगणित।

अंकस्थ–वि० [सं० अंक+स्थित] १ गोद में बैठा हुआ. २ गोद लिया हुआ, दत्तक—वं.भा.।

अंकहूंतलेखाळ–सं०पु० यौ० [सं० अंक+हूंत–रा०प्र०+सं०लेख+पाल] मंत्री, दीवान—(डि.नां.मा.)

अंका–सं०पु० [सं० आकाश] आकाश, आसमान। (यौ०–अंकागाडी)

अंकाई–सं० स्त्री०—१ कूंत, अटकल, वस्तु संख्या मूल्य या परिमाण का अनुमान या अंदाजा. २ खलिहान में (फसल में) काश्तकार और जागीरदार के हिस्से का ठहराव या अनुमान।
क्रि०प्र०—करणी-होणी।

अंकागाडी–सं०स्त्री० [सं० आकाश+रा० गाडी] हवाईजहाज, वायुयान।

अंकाणौ, अंकाबौ–क्रि०स० [सं० अंकन] १ अंकाना. २ मूल्य निर्धारित करवाना. ३ तौल कराना. ४ अंकित कराना, दाग लगवाना।
अंकाणहार-हारौ (हारी), अंकाणियौ, अंकावणियौ–वि०—अंकित कराने वाला। **अंकायोड़ौ, अंकावियोड़ौ**–भू०का०कृ०—अंकित कराया हुआ। **अंकावणौ, अंकावबौ**–अंकणौ का प्रे०रू० तथा अंकाणौ का रू०भे०। **अंकिओड़ौ, अंकियोड़ौ, अंक्योड़ौ**–भू०का०कृ०। **अंकीजणौ, अंकीजबौ**–भाव वा.।

अंकायत–वि० [सं० अंक+आयत–रा०प्र०] दत्तक, गोद लिया हुआ।
सं०पु०—दत्तक पुत्र।

अंकाळौ–सं०पु०—१ आक की सूखी लकड़ी के उपर का पतला छिलका जिसको बँटकर रस्सी बनाई जाती है. [सं०अंक+आळौ–रा०प्र०] २ गोद वाला।

अंकावणौ, अंकावबौ–क्रि०स० (अंकणौ का प्रे०रू०) देखो 'अंकाणौ'।

अंकास–सं०पु० [सं० आकाश] गगन, आसमान, आकाश।

अंकित–वि० [सं०] १ चिन्हित, निशान किया हुआ. २ वर्णित. ३ लिखित, चित्रित।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

अंकियोड़ौ–वि० (अंकणौ का भू०का०कृ०) [सं० अंकित, प्रा० अंकिअ, अप० अंकिओ+ड़ौ–रा०प्र० अंकियोड़ौ, अंक्योड़ौ] (स्त्री० अंकियोड़ी) अंकित।

अंकुड़ी–सं०स्त्री०—१ हुक, कँटिया. २ झुकी हुई छड़. ३ बाँस के डंडे के छोर पर लगा हुआ हँसिया।
यौ०—अंकुड़ीदार।

अंकुड़ीदार–सं०स्त्री०—१ कँटिया लगा हुआ, हुक लगा हुआ. २ गड़ारी।

अंकुड़ौ–सं०पु० [सं० अंकुर] लोहे का टेढ़ा काँटा जो बाँस के लम्बे डंडे में लगाया जाता है (इसके द्वारा वृक्षों की पत्तियाँ तोड़कर पशुओं को खाने के लिये डाली जाती हैं)

अंकुर–सं०पु० [सं०] १ डाभ, कल्ला, कनखा, कोंपल. २ अंखुआ नवोद्भव, प्ररोह।
क्रि०प्र०—आणौ-उगणौ-जमणौ-निकळणौ-फूटणौ-फेंकणौ-फोड़णौ-लाणौ-लेणौ।
३ नोक. ४ कली. ५ जख्म भरते समय उत्पन्न होने वाले माँस के छोटे लाल-लाल दाने।

अंकुरणौ, अंकुरबौ–क्रि०अ० [सं०अंकुर] १ अंकुर निकलना (रा.रू.) २ ध्वनि करना, बजना। उ०—यों नेउर पग अंकुरे यों मक्कुन आया।—वं.भा.

अंकुरित–वि० [सं०] १ जिसमें अंकुर हो गया हो. २ (अंकुर) फूटा हुआ या निकला हुआ।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

अंकुरितजौवणा–वि०स्त्री० [सं० अंकुरित+यौवना] नवयौवना, जिसके यौवन चिन्ह (यथा–कुच) स्पष्ट रूप से उभर आये हों।

अंकुरियोड़ौ–वि० [सं० अंकुरित, प्रा० अंकुरिअ, अप० अंकुरिओ+ड़ौ रा०प्र०] (स्त्री० अंकुरियोड़ी) जिसमें अंकुर हो गया हो, अंकुरित।

अंकुस–सं०पु० [सं० अंकुश] १ हाथी के हाँकने का छोटा भाला या काँटा (अंकुसड़ौ, अंकुसियौ—अल्पा०)
यौ०—अंकुसग्रह, अंकुसधारी।
क्रि०प्र०—मारणौ-लगाणौ।
२ प्रतिबंध, दबाव, रोक. ३ भय, डर.
क्रि०प्र०—राखणौ-छोडणौ।
४ एक सामुद्रिक चिन्ह।
क्रि०प्र०—देखणौ।

अंकुसग्रह–सं०पु० [सं० अंकुश+ग्रह] फीलवान, महावत।

अंकुसदुरधर–सं०पु० [सं० अंकुशदुर्धर] उन्मत्त या मतवाला हाथी।

अंकुसदंतौ–सं०पु० [सं० अंकुश+दंत या दंती] वह हाथी जिसका एक दाँत सीधा और दूसरा नीचे को झुका हो।

अंकुसधारी–सं०पु० [सं० अंकुश+धारिन्] महावत।

अंकुसमुख–सं०पु०— रथ (डि.नां.मा.)

अंकुसी–सं०स्त्री० (अंकुश का अल्पा०) १ टेढ़ी कील, कँटिया, हुक. २ डर।

अंकूर–सं०पु० [सं० अंकुर] १ अंकुर, कोंपल. २ अंक, लेख।

अंकोड़–सं०पु०– १ मुँह पर मुड़ा हुआ लकड़ी का टुकड़ा. २ रहँट के अन्दर लगा हुआ लकड़ी का वह मोटा डंडा जिसके ऊपरी सिरे पर नीचे के छेद में रहँट का 'ऊबड़ियौ' (देखो-ऊबड़ियौ) घूमता रहता है। रहँट के घूमने वाले चक्र के बीच वाले लकड़ी के स्तम्भ के ऊपरी सिरे को अपने स्थान पर स्थिर रखने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला उपकरण. ३ देखो 'अंकोड़ियौ'. ४ देखो 'अंकुड़ौ'।

अंकोड़ियौ–सं०पु०—१ कपाट बंद करने की चिटकनी या अर्गला. २ देखो 'अंकुड़ौ' (अल्पा०) ३ ऊँट या बकरी के बालों के कातने के उपकरण में फँसाई गई एक प्रकार की तकली जो लोहे या लकड़ी की बनी होती है।

अंकोड़ौ–सं०पु०—१ देखो 'अंकुड़ौ'. २ देखो 'अंकोड़' (१)

अंकोट–सं०पु०—देखो 'अंकोल' (अमरत)

अंकोल–सं०पु०—प्रायः सारे भारत में पहाड़ी जमीन पर पाया जाने वाला शरीफ के वृक्ष से मिलता-जुलता एक प्रकार का वृक्ष (अमरत)

अंकौ–सं०पु० [सं० अंक] भवितव्यता, होनी।
मुहा०—इण सूं आगै अंकौ है—भावी प्रबल है।

अंख–सं०स्त्री [सं० अक्षि, रा० आंख] आंख, नेत्र।

अंखड़ी–सं०स्त्री० [सं० अक्षि+ड़ी–रा०प्र०] आंख, नेत्र (अल्पा०)

अंखफोड़–सं०स्त्री०— एक प्रकार की लता विशेष (क्षेत्रीय)

अंखमींच–वि०पु०—(वह व्यक्ति) जिसे अपनी एक आंख कुछ मींच कर देखने की आदत हो।

अंखमींचणी–सं०स्त्री०—देखो 'आंखमींचणी'।

अंखि–सं०स्त्री० [सं० अक्षि] आँख, नेत्र। उ० नीने वेग में अंखि तारा न मावै, गजाँ डांग लागाँ बयानै गमावै। वं.भा.

अंखियां–सं०स्त्री० [सं० अक्षि+यां रा०प्र०, ब०व०] आंखें, नेत्र।

अंखी–सं०स्त्री०—देखो 'अंखी'।

अंग–सं०पु० [सं०] १ देह, शरीर. २ अवयव।
क्रि०प्र०—मोड़णौ-लागणौ।
३ अंश, खंड, भाग, हिस्सा, टुकड़ा. ४ भेद, भांति. ५ उपाय. ६ पक्ष, तरफ. ७ अनुकूल, सहायक, मित्र. ८ प्रकृति, स्वभाव, आदत. ९ मन. १० छः की संख्या* ११ आठ की संख्या सूचक* १२ वेद के छः अंग. १३ सेना के चार अंग (देखो-'चतुरंगणी'). १४ पार्श्व, बगल. १५ राजनीति के सात अंग. १६ कार्य करने

का साधन. १७ बंगाल का प्राचीन नाम. १८ बिहार व उड़ीसा की सीमा के प्रदेश का एक प्राचीन नाम।
वि०—प्रिय।

अंगउधार–सं०पु०—बिना किसी वस्तु के रेहन रक्खे अथवा बिना किसी लिखापढ़ी के दिया या लिया गया ऋण।
क्रि०प्र०—देणौ-लेणौ।

अंगखंभ–सं०पु० [सं० अंग+स्तम्भ] हाथी (ना.डिं.को.)

अंगगथ–सं०पु०—कामदेव (अ.मा.)

अंगड़–सं०पु०—अग्नि, आग, अंगारा।

अंगड़ाई–सं०स्त्री०—१ आलस्य या जम्भाई के साथ अंगों को तानना या फैलाना. २ देह टूटना. ३ करवट बदलना।
क्रि०प्र०—लेणी।

अंगड़ाणौ, अंगड़ाबौ–क्रि०अ० [सं० अंगअटन] आलस्य या जम्भाई के साथ अंगों को तानना या फैलाना, देह तोड़ना।

अंगड़ाओड़ौ, अंगड़ायोड़ौ–भू०का०कृ०—अंगड़ाई लिया हुआ।

अंगड़ावणौ, अंगड़ावबौ–क्रि०अ०—'अंगड़ाणौ' का रू०भे०।

अंगचालन–सं०पु० [सं० अंग+चल] अंगों का संचालन, अंगों को चलाना या हिलाना।

अंगज–सं०पु० [सं०] (स्त्री० अंगजा) १ पुत्र, लड़का. (वं.भा.) २ बाल, रोम. ३ पसीना. ४ कामक्रोध आदि विकार. ५ कामदेव. ६ मद. ७ रोग, ८ जूं. ९ 'हाव' 'भाव' और 'हेला' नामक स्त्रियों के यौवन सम्बन्धी सात्विक विकार (सा.)
वि०—शरीर से उत्पन्न।

अंगजा, अंगजाई–सं०स्त्री०—बेटी, पुत्री। उ०—प्रथ्वीराज नूं आपरै अंतहपुर आणि वेद मंत्रां रा विधानपूरबक **अंगजा** इच्छणी परिणाय दीधी।—वं.भा.

अंगठ–सं०पु०—बैलगाड़ी में थाटे (मुख्य चौड़ा तख्ता) के नीचे लगाया हुआ वह चौड़ा तख्ता जो घोड़े के खुर की आकृति का होता है।

अंगण–सं०पु० [सं०] आँगन, चौक, सहन।

अंगणाई–सं०पु० [सं० आंगन] आँगन, सहन।

अंगणा–सं०स्त्री० [सं० अंगना] १ सुन्दर देह वाली स्त्री. २ उत्तर दिग्वर्ती हाथी, सार्वभौम की हथिनी।

अंगणि–सं०स्त्री० [सं० अंगण, सं० अंगना] १ देखो 'अंगण'. २ देखो 'अंगणा' (१)

अंगत्रांण–सं०पु० [सं० अंग+त्राण] १ शरीर-रक्षक. २ अंगरखा, कुरता. ३ कवच।

अंगद–सं०पु० [सं०] १ बाहु का एक आभूषण. २ बालि वानर का पुत्र (रामचरित). ३ नूपुर।

अंगदवार–सं०पु० [सं० अंग+द्वार] १ शरीर के द्वार, यथा—नाक, कान, मुख या मल-मूत्र मार्ग. २ नौ की संख्या*

अंगदांन–सं०पु० [सं०] १ पीठ दिखाना, युद्ध से पीछे भागना. २ तनु-दान, संभोग (स्त्री के लिए)
क्रि०प्र०—करणौ।

अंगदार–वि०—अपने स्वभाव या प्रकृति के विरुद्ध आचरण को सहन न करने वाला।

अंगदियौ, अंगदीयौ–सं०पु० [सं० अंगदीया] कारूपथ नामक देश की नगरी जो लक्ष्मण के पुत्र अंगद को मिली थी (रामकथा)

अंगद्वार–सं०पु०—देखो 'अंगदवार'।

अंगधारी–वि० [सं० अंग+धारिन] शरीरधारी प्राणी।

अंगन–सं०पु० [सं० आंगन] आँगन, चौक।

अंगना–सं०स्त्री० [सं०] १ स्त्री (रू.भे.-अंगणा) उ०—नायक रै विदेश गमण आपरी **अंगना** रै समांन राजपुत्रियाँ भी कुळ रा धरम रै अनुसार पावक रा प्रवेस बिनाँ ही उणाही बिदेस मैं बसण री चाढ़ लागी।—वं.भा. २ गाय (अ.मा.)

अंगनि–सं०स्त्री० [सं० अग्नि] अग्नि, आग। उ०—तिके सती **अंगनि** सनाँन करि नै सरग भोग रा सुख मांणै छै।—रा.सा.स.

अंगनिबांण–सं०पु० [सं० अग्नि+बाण] आग की ज्वाला प्रकटाने वाला बाण, अग्निबाण।

अंगन्यास–सं०पु० [सं०] मंत्र पढ़ते हुए किसी अंग का स्पर्श करना (तंत्र शा.)

अंगपाळ–सं०पु० [सं० अंगपालक] १ अंग-रक्षक, शरीर-रक्षक. २ अंग देश का राजा।

अंगफूटणी–सं०स्त्री०—शरीर में होने वाला एक प्रकार का दर्द विशेष (अमरत)

अंगबळ–सं०पु०—घी, घृत (अ.मा.)

अंगबूत–सं०पु०—(युद्ध में शस्त्रों द्वारा होने वाले) शरीर के टुकड़े।

अंगभंग–सं०पु०यौ० [सं०] १ अवयव का टूटना या नाश होना. २ शरीर के अंग की हानि. ३ स्त्रियों की वशीभूत या मोहित करने की चेष्टा।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

अंगभंगी–सं०स्त्री० [सं०] स्त्रियों की वशीभूत या मोहित करने की शारीरिक क्रिया या चेष्टा।
क्रि०प्र०—करणी।
वि०—टूटे अंग वाला, अपाहिज।

अंगभाव–सं०पु० [सं०] संगीत या नृत्य में आँखें, भृकुटि, हाथ-पैर आदि अंगों से किया जाने वाला मनोविकारों का प्रकाशन।

अंगभू–सं०पु०—स्वामी कार्तिकेय, षड़ानन।

अंगभूत–वि० [सं०] अन्तर्गत, भीतरी।
सं०पु०—१ वंशज. २ पुत्र, बेटा।

अंगमणौ, अंगमबौ–क्रि०स०—अधिकार मे करना। उ०—ऊजड़ दसपुर **अंगमूं** बळे तिकाँरै बैर, निज घर थे जावौ न तौ, खांन बिचारौ खैर।—वं.भा.

अंगमरद–सं०पु० [सं० अंगमर्द] देखो 'अंगमरदण' ।

अंगमरदण–सं०पु० [सं० अंगमर्द] १ हड्डियों का फटना, हड्डियों में दर्द होना (रोग)
क्रि०प्र०—होणौ ।
२ हाथ-पैर दबाने वाला नौकर ।
सं०स्त्री०—३ मालिश ।
क्रि०प्र०—करणौ ।

अंगमाठ–वि०—बलिष्ट, बलवान, दृढ़, मजबूत । उ०—लोह लाठ अंगमाठ लियां लड़ंगा भड़ लारां–भमाल ।—महादांन महडू

अंगया–सं०स्त्री०—देखो 'अंगिया' ।

अंगरक्षा–सं०स्त्री० [सं० अंग+रक्षा] शरीर की रक्षा ।

अंगरख–सं०पु० [सं० अंग+रक्षक] अंगरक्षक, शरीररक्षक ।

अंगरखि, अंगरखी–सं०स्त्री० [सं० अंगरक्षिका] एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र विशेष जो शरीर पर पहिनने के काम में आता है जिसमें बंध या बटन लगे रहते हैं ।

अंगरखौ–सं०पु० [सं० अंग+रक्षक] एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र विशेष जो शरीर पर पहिनने के काम में आता है जिसमें बंध या बटन लगे हुए होते हैं । अंगा, अचकन ।

अंग-रखौ–वि०—अदने स्वभाव का (व्यक्ति)

अंगरख्या–सं०स्त्री० [सं० अंग+रक्षा] शरीर की रक्षा ।

अंगरण–सं०पु०—शरीर ढकने का वस्त्र ।
यौ०—अंगरण-पंगरण ।

अंगरळी–सं०स्त्री० [सं० अंग=अवयव+रा० रळी=उमंग] १ आनन्द. मौज. २ संभोग ।

अंगरस–सं०पु० [सं०] १ किसी पत्ती या फली का कूट कर निकाला हुआ रस (वैद्यक) स्वरस. २ संभोग, सुरति ।

अंगरह–सं०पु०—वह अखाड़ा जहाँ व्यायाम आदि किया जाय ।

अंगराग–सं०पु० [सं०] १ केसर, कस्तूरी, कपूर आदि सुगंधित द्रव्यों से युक्त चन्दन का शरीर में किया जाने वाला लेप, उबटन. २ वस्त्र और आभूषण. ३ स्त्रियों द्वारा विभिन्न प्रकार से किया जाने वाला शरीर के पाँच अंगों का शृंगार, यथा–माँग में सिंदूर, माथे में रोली, गाल पर तिल की रचना, केसर का लेप और हाथ-पैरों में मेंहदी या महावर. ४ मुंह में लगाने की एक प्रकार की देसी सुगंधित बुकनी ।

अंगराज–सं०पु० [सं० अंग+राज] १ अंग देश का राजा. २ दानवीर कर्ण । (अ.मा.; ह.नां.मा.)

अंगरिख्या–सं०पु०—देखो 'अंगरख्या' ।

अंगरी–सं०पु०—कवच ।

अंगरू–सं०पु०—पुत्र, लड़का ।

अंगरेज–सं०पु० [पुर्त० इंग्लेज] १ इंग्लैंड का निवासी. २ आंग्ल जाति ।

अंगरेजड़ी–सं०स्त्री० —देखो 'अंगरेजी' (अल्पा.)

अंगरेजड़ौ, अंगरेजियौ, अंगरेजौ–सं०पु० [पुर्त० इंग्लेज] इंग्लैंड देश का निवासी (अल्पा.)

अंगरेजी–सं०स्त्री०—इंग्लैंड निवासियों की भाषा, अंग्रेजी ।
वि०—अंग्रेजों का, अंग्रेजों संबंधी. विलायती ।

अंगरेळ–सं०स्त्री०—अगरबत्ती, सुगंधित पदार्थों से बनी जलाने की एक प्रकार की बत्ती ।

अंगरौ–सं०पु० [सं० अंगार] १ जलता या दहकता हुआ कोयला, चिनगारी. २ बैल के पैर का एक रोग ।

अंगळ–सं०स्त्री० [सं० अंगुली] १ उँगली, अंगुली. २ हाथी की सूंड का अग्र भाग. ३ [सं० अंगुल] आठ जौ की लंबाई का नाप ।

अंगळज–वि०—मूर्ख, अज्ञानी, अपठित । (ह.नां.मा.)

अंग-लीलंग–सं०पु०— हँस (अ.मा.)

अंगलेज–सं०पु० [पुर्त० इंग्लेज] देखो 'अंगरेज' ।

अंगलेडौ–सं०पु०— उँगली या अंगूठे के ऊपर होने वाला विषैला फोड़ा । (क्षेत्रीय)

अंगवट–सं०पु०—स्वभाव, प्रकृति, शरीर का स्वाभाविक गुण ।

अंगवारौ–सं०पु०—किसानों द्वारा कृषि-कार्य में एक दूसरे को पारस्परिक दी जाने वाली शारीरिक सहायता का एक रूप जिसमें आवश्यकता होने पर एक कृषक दूसरे कृषक का कार्य करने चला जाता है तथा उसके बदले उस कृषक के यहाँ भी आवश्यकता पड़ने पर कार्य करने के लिए वह पहुँच जाता है । इसमें मजदूरी नहीं देनी पड़ती ।
पर्याय०—पिंडवड़ी–हाडवड़ी ।

अंगविकृति, अंगविक्रती, अंगविक्रिति–सं०स्त्री० [सं० अंग+विकृति] अपस्मार, मृगीरोग, मूर्च्छा, पक्षाघात, अंगों का टेढ़ा-मेढ़ा होना ।

अंगविक्षेप, अंगविखेप–सं०पु० [सं० अंगविक्षेप] अंगों का मटकाना चमकाना, नृत्य, नर्तन में कलाबाजी ।

अंगविद्या–सं०स्त्री० [सं०] सामुद्रिक शास्त्र ।

अंगवोट–सं०पु०—शरीर का गठन, ढाँचा, काठी, देह की उठान ।

अंगसंग–सं०पु०—१ स्पर्श. २ संभोग ।

अंगसंपेख–सं०पु० [सं० अंग संप्रेक्ष] अंग देश का एक नाम (प्राचीन)

अंगसंसकार–सं०पु० यौ० [सं० अंग+संस्कार] स्वभाव, प्रकृति ।

अंगसी–सं०स्त्री० [सं० अंकुश] १ हल का फल. २ स्वर्णकारों की बंकनाल जिससे दीपक की लौ को फूंक कर छोटे व बारीक जोड़ जोड़े जाते हैं ।

अंगहीण–सं०पु० [सं० अंगहीन] १ अंगरहित. २ कामदेव ।
वि०—१ वह जिसका अंग खंडित हो ।
२ अधूरा, जो सर्वांग-पूर्ण न हो ।

अंगहोमा–सं०स्त्री०—अपने शरीर को अग्नि में होममे वाली स्त्री, सती ।

अंगांगी (भाव)–सं०पु० [सं० अंगाङ्गी] अवयवों का पारस्परिक संबंध, अंश का पूर्ण के साथ संबंध ।

अंगा–सं०पु० [सं० अंग] देखो 'अंग'।

अंगाठी–सं०स्त्री०—वह गाय जिसके थनों में ग्रंथी हो। वि०वि० देखो 'अंगारी' (२,३)

अंगार–सं०पु० [सं०] १ अंगारा, जलता या दहकता हुआ कोयला, चिनगारी, निर्धूम या धुआँरहित आग।
सं०स्त्री०—२ अंगीठी।

अंगारक–सं०पु० [सं०] १ सूर्य (अ.मा.) २ मंगलग्रह (अ.मा.)

अंगारपुसप, अंगारपुसब–सं०पु० [सं० अंगार+पुष्प] १ अंगारे के समान लाल एक प्रकार का फूल, अंगारपुष्प. २ इंगुदी या हिंगोट का वृक्ष।

अंगारमण, अंगारमणी–सं०पु० [सं० अंगारमणि] लाल मणि, सूंगा।

अंगारमति–सं०स्त्री० [सं०] कर्ण की स्त्री।

अंगारवली–सं०स्त्री० [सं० अंगार-बल्ली] गुँजा, घुंघची, चिरमटी।

अंगारी–सं०स्त्री० [सं०] १ चिनगारी. [रा०] २ गायों के थनों में होने वाला एक प्रकार का रोग विशेष जिसमें स्तन का दूध बंद हो जाता है. ३ इस रोग से पीड़ित गाय।

अंगारौ–सं०पु०—देखो 'अंगार' (१)

अंगि–सं०—देखो 'अंगी'।

अंगिका–सं०स्त्री० [सं०] अंगिया, चोली, कंचुकी, स्त्रियों के पहनने की कुर्ती।

अंगिया–सं०स्त्री० [सं० अंगिका] १ अंगिका, चोली, कंचुकी।
सं०पु०—२ 'जामा' नामक पुरुषों के पहनने का अधोवस्त्र। वि०वि० देखो जामौ'।

अंगियौ–सं०पु० [सं० अंगा] अगरखा।

अंगिरस–सं०पु० [सं०] देखो 'अंगिरा' (अ.मा.)

अंगिरा–सं०पु० [सं० अंगिरस] १ दस प्रजापतियों में से एक प्राचीन ऋषि. २ बृहस्पति. ३ तारा. ४ ब्रह्मा के मानस पुत्र जो धर्मशास्त्र के प्रवर्तक ऋषियों में से हैं—'अंगिरा संहिता' इनका ग्रंथ है। ज्योतिष के ये आचार्य थे। देवगुरु बृहस्पति इनके पुत्र हैं।

अंगी–सं०पु० [सं० अंग+ई] १ शरीर, तन. २ नाटक का प्रधान नायक. ३ शरीरधारी।
सं०स्त्री०— ४ आग, अग्नि।

अंगीकरणौ, अंगीकरबौ–क्रि०स०—१ स्वीकार करना. २ ग्रहण करना (कां.दे.प्र.)

अंगीकार–सं०पु० [सं०] स्वीकार, मंजूर, ग्रहण (वं.भा.)
क्रि०प्र०—करणौ।

अंगीक्रत–वि० [सं० अंगीकृत] मंजूर, स्वीकृत, अपनाया हुआ (वं.भा.)

अंगीक्रति–सं०स्त्री० [सं०] स्वीकृति, मंजूरी।

अंगिखट–सं०पु० [सं० षट्+अंग] वेद के छ अंग (डिं.को.)

अंगीठ–सं०पु० [सं० अग्निस्था, अग्निष्ठा प्रा० अंग्गिठा] १ अंगारा।
सं०स्त्री०·२ अग्नि. ३ भोजन पकाने के लिए आग रखने का चूल्हा, अंगीठी।
वि०—अग्नि के समान लाल।

अंगीठी–सं०स्त्री० [सं० अग्निस्था, प्रा० अग्गिठा] आग जलाने का पात्र, भोजन पकाने के लिए आग रखने का चूल्हा। उ०—मीरां रौ प्रभु गिरधर नागर, दुरजन जळौ जा **अंगीठी**।—मीरां

अंगीठौ–सं०पु० [सं० अग्निस्था-अग्निष्ठा, प्रा० अग्गिठा] अंगारा, अग्निकण। (अंगिठड़ौ, अंगीठियौ—अल्पा.)

अंगीरस–सं०पु०—देखो 'अंगिरा'।

अंगीरौ–सं०पु० [सं० अंगार] अग्निकण, अंगार, चिनगारी।

अंगीलौ–सं०पु०—बुनने के निमित्त क्रमबद्ध किए हुए लम्बे सीधे सूत (तांणी) को बांधने का खूंटा या मेख।
वि०—अपने स्वभाव या प्रकृति के विरुद्ध आचरण को सहन न करने वाला। (पर्याय०—अंगदार)

अंगुछि–सं०स्त्री० [सं० अंग+प्रोक्षक] १ तौलिया, शरीर पोंछने का वस्त्र, गमछा. २ उत्तरीय, उपवस्त्र. (अंगोछियौ—अल्पा.)

अंगुठी–सं०स्त्री० [सं० अंगुष्ठ] पैर के अनवट के स्थान पर पहिना जाने वाला काँसे को ढाल कर बनाया हुआ गहना।

अंगुरी–सं०स्त्री०—अंगूरों द्वारा बनाई गई शराब।
वि०—अंगूरों के समान हरे रंग वाला।

अंगुळ–सं०पु० [सं० अंगुली] १ उँगली. २ हाथी की सूंड के आगे का भाग. ३ आठ जौ के बराबर लम्बाई का एक नाप. ४ ग्रास या बारहवाँ भाग (ज्योतिष, सूर्यग्रहण में)।

अंगुळी–सं०स्त्री० [सं०] १ उँगली. २ हाथी की सूंड का अग्र भाग।

अंगुळीत्रांण–सं०पु० [सं० अंगुलित्राण] प्राचीन समय में बाण चलाते समय पहिनने के काम आने वाला गोह के चमड़े का बना हुआ एक प्रकार का दस्ताना।

अंगुसट, अंगुस्ट–सं०पु० [सं० अगुष्ठ] अंगूठा, हाथ या पैर की मोटी अंगुली।

अंगुस्ठासण–सं०पु० [सं० अंगुष्ठासन] योग के चौरासी आसनों में से एक—इसमें घुटने से दोनों पाँव मोड़ कर, एडियों को जंघा के निम्न भाग से लगा कर पंजे के ऊपर शरीर का समस्त भार देकर बैठा जाता है।
एक पाँव को पंजे पर बोझ देकर दूसरे पाँव को जिसके पंजे पर बैठे उसके घूटग पर चढ़ाकर बैठने से इसके दो भेद होते हैं।—दक्षिण तथा वांम अंगुस्ठासण।

अंगूठी–सं०स्त्री०—१ मुद्रिका, मुँदरी, छल्ला. २ देखो 'अंगुठी'. ३ सीने के समय दर्जियों के उँगली में पहिनने की लोहे या पीतल की टोपी, आरसी।

अंगूठौ–सं०पु० [सं० अंगुष्ठ] अंगूठा, हाथ या पैर की मोटी उँगली।

अंगूर–सं०पु० [फा०] रसीला और मीठा एक प्रकार का छोटा नरम फल जिसे सुखा कर प्रायः किशमिश, दाख या मुनक्का आदि भी बनाया जाता है। इसकी लता होती है।

कहा०—भवेई अंगूर खाटा है—आसानी से प्राप्त न होने वाली वस्तु की निंदा कर उपेक्षा करने पर कहा जाता है।

अंगूरी–वि० [फा० अंगूर+ई] अंगूर के रंग के समान हल्का हरा।

अंगे-अंगेई–क्रि०वि०—१ बिल्कुल, नितांत, कतई. २ वास्तव में।

अंगेजणौ, अंगेजबौ–क्रि०स० [सं० अंग=शरीर+रा०=हिलना, काँपना +णौ] मंजूर करना, ग्रहण करना, स्वीकार करना।

अंगेजणहार-हारौ (हारी), अंगेजणियौ।

वि०—स्वीकार करने वाला। **अंगेजियोड़ौ**–भू०का०कृ०—स्वीकृत।

अंगेठी–सं०स्त्री०—देखो 'अंगीठी'।

अंगोअंग, अंगोअंगि–वि०—१ पूर्ण. २ ठीक।

क्रि०वि० [सं० अंग+प्रति+अंग] अंग-प्रत्यंग, संपूर्ण अंग, पूर्णरूपेण।

सं०पु०—किसी बात को पूर्णरूप से समझने का भाव।

अंगोछ–सं०पु०—देखो 'अंगोछौ'।

अंगोछी–सं०स्त्री०—१ छोटा तौलिया. २ उत्तरीय।

अंगोछौ–सं०पु० [सं० अंग+प्रोक्षण] १ तौलिया, शरीर पोंछने का वस्त्र, गमछा. २ उत्तरीय, उपवस्त्र। (अंगोछियौ–अल्पा.)

अंगोठी–सं०स्त्री०—देखो 'अंगूठी'।

अंगोटौ–सं०पु० [सं० अंगुष्ट] अंगूठा।

अंगोळइणौ, अंगोळईबौ–क्रि०स० [प्रा०रू०] स्नान करना (ढो.मा.)

अंगोळणौ, अंगोळबौ–क्रि०स०—स्नान करना, नहाना।

स्नान कराना, नहलवाना।

अंगोळिया–सं०स्त्री०—नाइयों का एक भेद।

अंगोळियौ–सं०पु०—१ स्नानघर. २ पेशाबघर. ३ 'अंगोलिया' शाखा का नाई।

अंगोळी–सं०स्त्री०—१ स्नान।

अंग्रेज–सं०पु० [पुर्त्त० इंग्लेज] देखो 'अंगरेज'।

अंघड–सं०पु० [सं० अंघ्रि] छोटी जाति की स्त्रियों के पैर के अंगूठे में पहिनने का जेवर विशेष।

अंघियौ–सं०पु०—नेकरनुमा पहिनने का वस्त्र, जांघिया।

अंघ्रप–सं०पु० [सं० अंघ्रिप] वृक्ष (अ.मा.)

अंघ्रि, अंघ्री–सं०पु० [सं० अंघ्रि] १ पैर, चरण. २ चौथा भाग. ३ वृक्ष, वृक्षों की जड़ (अ.मा.)

अंघ्रीयस–सं०पु० [सं० अंघ्रि] पैर, चरण।

उ०—**अंघ्रीयस** खंभ किरि थंभ ऊप, अनि भूप कोप बंधण अनूप।
—रा.रू.

अंचंभ–सं०पु०—१ देखो 'अचंभौ'।

क्रि०वि०—अकस्मात्, अचानक।

अंचळ–सं०पु० [सं० अंचल] १ वस्त्र या साड़ी का सामने रहने वाला छोर, पल्ला, आँचल. २ सीमा का समीपवर्ती भाग. ३ किनारा, तट. ४ वस्त्र।

अंचळबंध–सं०पु० [सं० अंचल+बंधन] गठजोड़ा, वर-वधु के वस्त्रों के छोरों को मिलाकर बाँधना।

अंचळा–सं०स्त्री०—गठजोड़ा, ग्रंथिबंधन।

उ०—छंडि चौरी हथळेवै छूटै, मन बंधे **अंचळा** मिसि—वेलि.

अंचळौ–सं०पु० [सं० अंचल] एक वस्त्र विशेष जिसे प्रायः साधु या संन्यासी शरीर पर डाले रहते हैं, जो ढीला और बिना आस्तीन या बाँहों के कुर्ते के समान होता है।

अंचित–वि० [सं० अंचित] पूजित, पूजा हुआ, आराधित (वं.भा.)

अंच्या–सं०स्त्री० [सं० इच्छा] इच्छा, कामना, चाह।

अंछर–सं०पु० [सं० अक्षर] १ अक्षर. २ जादू-टोना।

सं०स्त्री० [सं० अप्सरा] ३ अप्सरा।

अंछाबाळौ–वि० [सं० इच्छा+वाळौ–रा०प्र०] इच्छुक, इच्छान्वित।

अंछ्या–सं०स्त्री० [सं० इच्छा] अभिलाषा, इच्छा।

अंछ्या संपत–सं०पु०—कुबेर (अ.मा.)

अंजण–सं०पु० [सं० अंजन] १ सुरमा. २ काजल।

क्रि०प्र०—घालणौ-डालणौ-लगाणौ।

३ लेप।

क्रि०प्र०—करणौ-लगाणौ।

४ रात्रि. ५ एक दिग्गज. (वं.भा.) ६ एक वृक्ष. ७ एक पर्वत. ८ कद्रू से उत्पन्न होने वाले एक सर्प का नाम. ९ माया. १० काला या सुरमई रंग। [अं०–इंजिन] ११ रेल गाड़ी का इंजिन।

वि०—नेत्रों में काजल डालने वाला।

अंजणकेस–सं०पु० [सं० अंजनकेश] दीपक, दिया।

अंजणकेसी–सं०स्त्री० [सं० अंजनकेशी] अंजन के तुल्य श्याम केश वाली स्त्री।

अंजणसळाक, अंजणसळाका–सं०स्त्री० [सं० अंजनशलाका] वह सलाई जिससे सुरमा लगाया जाता हो।

अंजणा–सं०स्त्री० [सं० अंजना] हनुमानजी की माता और केशरी नामक वानर की स्त्री।

अंजणी–सं०स्त्री० [सं० अंजनी] १ देखो 'अंजणा'. २ गुहांजनी।

अंजणेव–सं०पु०—अंजनी पुत्र हनुमान।

अंजणौ, अंजबौ–क्रि०स०—अंजन लगाना, नेत्रों में काजल डालना।

अंजन–सं०पु०—देखो 'अंजण' (रू.भे.)

अंजनकंवार–सं०पु० [सं० अंजना+कुमार] अंजनी पुत्र हनुमान।

अंजना–सं०स्त्री०—देखो 'अंजणा'।

अंजनानंदन–सं०पु० [सं०] अंजनी पुत्र, हनुमान।

अंजनामिका–सं० स्त्री०—नेत्रों का एक प्रकार का रोग विशेष।

अंजनी–सं०स्त्री० [सं०] १ हनुमान की माता और केशरी नामक वानर की स्त्री। सं०पु० [रा०] २ एक प्रकार का घोड़े में होने वाला अशुभ चिन्ह. ३ एक प्रकार का अशुभ घोड़ा (शा.हो.)

अंजनीज–सं०पु०—अंजनी के पुत्र हनुमान।

अंजरूत–सं०पु०—गोंद (अमरत)

अंजळ–सं०पु०—१ देखो 'अंजळी'. २ अन्न-जल, दाना-पानी।
कहा०—अंजळ बड़ौ बळवंत है, काळ बड़ौ सिकारी है–भावी प्रबल है, होनहार अवश्य होता है, मनुष्य की इच्छा का कोई मूल्य नहीं।

अंजळिपुट–सं०पु० [सं०] दोनों हथेलियों को मिला कर बनाया हुआ संपुट।

अंजळी–सं०स्त्री० [सं० अंजलि] १ दोनों हथेलियों को मिला कर संपुट करना, हथेलियों से बना हुआ गड्ढ़ा।
क्रि०प्र०—देणी-भरणी।
२ अंजली में आने वाला परिमाण उतना अनाज या वस्तु जिससे एक अंजली भर जाय, प्रस्थ. ३ हथेलियों से निकला हुआ दान या दान का अन्न।

अंजळीउपेत–वि०—करबद्ध (वं.भा.)

अंजळीगत–वि०यौ० [सं० अंजलि+गत्] अंजली या हाथ में आया हुआ, प्राप्त।

अंजळीबंध–वि० [सं० अंजलि+बद्ध] करबद्ध, हाथ जोड़े हुए।

अंजस–सं०पु०—१ अभिमान, गर्व. २ खुशी, प्रसन्नता।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

अंजसणौ, अंजसबौ–क्रि०स०—गर्व करना, अभिमान करना।

अंजाम–सं०पु० [फा०अंजाम] १ अंत, परिणाम, फल. २ समाप्ति, पूर्ति।
क्रि०प्र०—होणौ।

अंजार–सं०पु०—एक तीर्थ-स्थान विशेष।

अंजीर–सं०पु० [फा०] गूलर के समान फल वाला एक वृक्ष तथा उसका फल जिसकी गिनती मेवों के अन्तर्गत होती है और पुष्टिकर माना जाता है।

अंजील–सं०स्त्री० [यू० इंजील] ईसाइयों की धर्म पुस्तक।

अंजुरणौ, अंजुरबौ–क्रि०अ०—अंकुरित होना।

अंजूळी–सं०स्त्री०—देखो 'अंजळी'।

अंट–सं०पु०—१ लेख, भाग्य लेख। उ०—विधाता **अंट** लिखिया बड़ा, भूपत "मानौ" भाग में।—चैनजी वणसूर. २ अधिकार (में), कब्जे (में). ३ धोती की कमर के ऊपर की लपेट. ४ पेंच, गाँठ. ५ शरारत, बदमाशी. ६ कलम का चाकू से निकाला हुआ वह नुकीला भाग जिससे लिखने का कार्य होता है. ७ इसके द्वारा लिखी गई लिखावट. ८ कड़ी (कवच)। उ०—सब सूर सनाहत्ति **अंट** जड़ी, हय हींस नगारन ठौर पड़ी।—लावारासा

अंट-संट–सं०पु०—१ व्यर्थ का प्रलाप. २ बेतरतीब, अस्तव्यस्त।

अंटाणौ, अंटाबौ–क्रि०स०—धोखा देकर या छल से किसी का धन या वस्तु छीन लेना।
अंटाणहार-हारौ (हारी), अंटाणियौ, अंबावणियौ–वि०—**धोखा देकर** या छल से किसी का धन या वस्तु छीनने वाला।
अंटाओड़ौ-अंटायोड़ौ-अंटावियोड़ौ–भू०का०कृ०—छल से प्राप्त किया हुआ।
अंटावणौ, अंटावबौ–अंटाणौ का रू.भे.।

अंटायोड़ौ–भू०का०कृ०—धोखा या भूल से प्राप्त किया हुआ। (स्त्री० अंटायोड़ी)

अंटावणौ, अंटावबौ–क्रि०स०—देखो 'अंटाणौ'।

अंटी–सं०स्त्री० [सं० अंड या अष्ठि, प्रा० अट्ठि] १ उँगलियों के बीच की जगह. २ कमर पर रहने वाली धोती की लपेट या मंडलाकार ऐंठन जिसमें कभी-कभी लोग रुपया-पैसा रखते हैं।
क्रि०प्र०—देणी-मारणी-लगाणी।
कहा०—धन अंटे विद्या कंठै—धन वही काम आयेगा जो अपनी अंटी में है तथा विद्या वही काम आयेगी जो स्वयं के कंठों में स्थित है।
३ शरारत, बदमाशी. ४ तर्जनी या अंगूठे के पास की उँगली के ऊपर मध्यमा या बीच की उँगली चढ़ाकर बनाई गई एक मुद्रा (बालक). ५ भागते या चलते हुए पीछे से किसी के पैर में पैर द्वारा मारी गई टक्कर, लत्ती. ६ सूत या रेशम की गुंडी. ७ सूत लपेटने की लकड़ी. ८ विरोध, बिगाड़, लड़ाई।

अंड–सं०पु० [सं०] १ अंडकोश. २ ब्रह्मांड. ३ सुवृत्त* (डि.को.) ४ कस्तूरी, मृगनाभि. ५ वह कलश जो शिखर पर रक्खा जाता हो. ६ मकानों की छाजन. ७ कामदेव. ८ कोश।

अंडकटाह–सं०पु०यौ० [सं० अंड+कटाह] ब्रह्मांड, विश्व।

अंडकोस–सं०पु० [सं० अंडकोश] फोता, वृषण, अंड।
पर्याय०—पोतवाळ फोता, अंडोळिया, आँड।

अंडज–सं०पु० [सं०] जीवों की वह जाति जो अंडों से उत्पन्न होती है, यथा—पक्षी, सर्प, मछली, गोह, गिरगिट आदि।

अंडजजळआधार–सं०स्त्री०—मछली। (अ.मा.)

अंडज्ज–सं०पु०—देखो 'अंडज'।

अंडबंड–सं०पु०—ऊटपटाँग या व्यर्थ का प्रलाप, बे सिर-पैर का बकना।
क्रि०प्र०—के'णौ-बकणौ।
वि०—अस्त-व्यस्त, इधर-उधर का, असंबद्ध।

अंडबृधी, अंडव्रद्धि, अंधव्रधी–सं०स्त्री० [सं० अंडवृद्धि] एक प्रकार का रोग विशेष जिसमें अंडकोश बढ़ जाते हैं।

अंडाकार, अंडाक्रती–वि० [अंड+आकार या अंड+आकृति] अंडे की आकृति का, अंडे की शक्ल का।

अंडियौ–सं०पु० [सं० अंड] १ अंडकोश. २ अंडकोशधारी।

अंडी–सं०स्त्री० [सं० एरण्ड] १ एरण्ड का वृक्ष. २ रेंडी, रेंडी के फल का बीज. ३ एक प्रकार का रेशमी वस्त्र।

अंडौ–सं०पु० [सं० अंड] १ अंडज जन्तुओं (मादा) के गर्भाशय से उत्पन्न वह गोल पिंड जिसमें पीछे से बच्चे निकलते हैं।
क्रि०प्र०—देणौ-निकळणौ-फूटणौ।
२ शरीर, देह, पिंड।

अंढ़ौ–सं०पु०—दिन का तीसरा पहर।

अंणद–सं०पु० [सं० आनन्द] हर्ष, खुशी, प्रसन्नता।

अंणहार–सं०स्त्री०—सूरत, शक्ल, आकृति ।
उ०—इण भांति री कांमणी त्यांरा उरस्थळ पाकी नारंगीयां सारीखी **अंणहार** पाके वरन कोमळ कठोर कुच अंसू भींड़िआं थकां रहै ।
—रा.सा.सं.

अंणियाळ–सं०पु० [सं० अणी=नोक] भाला—देखो 'अणियाळ' ।

अंणि–सं०स्त्री० [सं० अनीक] १ फौज. २ बल. ३ नोक. ४ मान, प्रतिष्ठा । (यौ०—अंणीपांणी)

अंत–सं०पु० [सं०] १ समाप्ति, पूर्ति, इति, अवसान. २ अंतकाल, मौत, मृत्यु ।
क्रि०प्र०—आंणौ-करणौ-होणौ ।
कहा०—अंत चोखौ तौ सब चोखौ—जिसने अंतिम समय शांति से व्यतीत किया उसने सब कुछ पा लिया. ३ शेष या अंतिम भाग. ४ छोर, सीमा, हद. ५ परिणाम, नतीजा ।
कहा०—अंत खुदा बैर है—हद से अधिक कोई काम अच्छा नहीं या अति सर्वत्र वर्जयेत् ।
६ प्रलय, नाश । [सं० अंतर] ७ अन्तःकरण, हृदय. [रा०] ८ यम, (अ.मा.). ९ आँत, अन्त्र* । उ०—गीध कळेजौ चील्ह उर, कंका **अंत** विलाय । तौ भी सौ धक कंत री, मूछां भूंह मिळाय ।—वी.स.
वि०—१ निकृष्ट, नीच । उ०—खांण चार खोहण धरा, जाया जिण दिन जंत, कीधा किण पाखै करम, उत्तम मद्धम **अंत** ।—ह.र.
२ असीम, अपार ।
क्रि०वि०—अन्त में, निदान ।

अंतआखर–सं०पु० [सं० अन्त्याक्षर] शब्द, पद या वर्णमाला का आखिरी वर्ण ।

अंतक–सं०पु० [सं०] १ अन्त या नाश करने वाला. २ यमराज, यम (अ.मा.) ३ शिव, रुद्र. ४ सन्निपात ज्वर का एक भेद. ५ मृत्यु
उ०—जिहिं बळतैं बुंदी बहुरि चउ देस गुमाया, सौ हुलकर तेरौ कहां अब **अंतक** आया ।—वं.भा.

अंतकर–सं०पु० [सं० अंतक] १ अन्त या नाश करने वाला. २ यमराज (डिं.को.). ३ शिव, रुद्र ।

अंतकरण–सं०पु० [सं० अन्तःकरण] हृदय, मन, अन्तःकरण ।

अंतकरता–सं०पु० [सं० अंत+कर्त्ता] देखो 'अंतकर' ।

अंतकरम–सं०पु० [सं० अंत+कर्म] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत्यु के बाद किया जाने वाला क्रिया-कर्म, मृतक संस्कार ।

अंतकराऐ–सं०पु० [सं० अंतक+राज] यमराज । उ०—केस जरा धोबण करे, धोळा अत ही धोय । **अंतकराऐ** ऐंचतां, हात न मैला होय
—बां.दा.

अंतकलोक–सं०पु० [सं० अंतक+लोक] यमलोक ।

अंतकापुर, अंतकापुरी–सं०स्त्री०—१ एक तीर्थस्थान. २ यमलोक, यमपुरी ।

अंतकार, अंतकारक–सं०पु०—अन्त या संहार करने वाला, यमराज ।

अंतकारी–सं०पु० [सं० अन्तक] १ अन्त करने वाला, संहारक ।
सं०स्त्री०—२ अन्त्येष्टि क्रिया ।

अंतकाळ–सं०पु० [सं० अन्त+काल] मृत्यु का समय, मौत, अवसानकाल ।

अंतकिरिया–सं०स्त्री० [सं० अन्त+क्रिया] १ अन्त्येष्टि क्रिया, अन्त करने की क्रिया ।
सं०पु०—२ यमराज, संहारक ।

अंतकुटिल–वि०—कपटी, धोखेबाज, कुटिल ।

अंतक्रत, अंतक्रित–सं०पु० [सं० अन्त+कृत] १ अन्त करने वाला, संहारक. २ यमराज ।

अंतग–सं०पु०—१ पारंगत, निपुण । [सं० अन्तक] २ यमराज. ३ मारने वाला ।

अंतगति–सं०स्त्री० [सं० अन्त+गति] १ अन्तिम दशा, अन्तर्गति, २ मौत ।

अंतज–सं०पु० [सं० अन्त्यज] १ शूद्र, नीच कुल का व्यक्ति. २ अछूत, नीच. ३ अन्तिम अक्षर या वर्ण. [सं० अन्त्र] ४ आँत ।
उ०—कोड़ां **अंतज** कढिया, पिंड थाकौ आपांण ।
वि० [सं० अन्त्यज] अन्तका, अन्तिम (अक्षर या वर्ण के लिए)
उ०—वांका चौथा वरग मैं, अन्तज आखर एक । उणनूं अळगौ राख ही, नर बुधवंता नेक ।—बां.दा.

अंतजथा–सं०स्त्री०—डिंगल गीत-रचना का नियम विशेष जिसमें मुख्य वर्णन, आदि के द्वाले से आरंभ होकर क्रमशः अंत के द्वाले में स्पष्ट हो जाता है ।

अंतड़ी–सं०स्त्री० [सं० अंत्र] आँत ।

अंतत–सं०पु०—यमराज (अ.मा.)

अंतनि–सं०पु० [सं० अंत्र+नि] आँत ।

अंतपर–सं०पु० [सं० अन्तःपुर] जनाना, भीतरी भाग, रनिवास ।

अंतपाळ–सं०पु० [सं० अंतपाल] १ द्वारपाल, संतरी, दरबान. २ सीमांत, प्रहरी. ३ प्रतिहार ।

अंतपुर–सं०पु० [सं० अन्तःपुर] जनाना, भीतरी भाग, रनिवास ।

अंतपुळ–सं०पु० [सं० अंत=अंतिम+रा० पुळ=क्षण, समय] अंतिम समय, अंतकाल ।

अंतवरण–सं०पु० [सं० अन्त्यज+वर्ण] शूद्र, अन्तिम वर्ण ।

अंतमेळ–सं०पु०—वह दोहा छंद जिसके प्रथम व चतुर्थ पद के प्रत्येक पद में ग्यारह मात्रायें तथा दूसरे व तीसरे पद के प्रत्येक पद में तेरह मात्रायें होती है । इसे 'वडौ दूहौ' भी कहते हैं । इसमें तुक प्रथम एवं चतुर्थ पद के अन्त में मिलता है ।

अंतरंग–वि० [सं०] १ भीतर का. २ 'बहिरंग' का विपरीत, मानसिक. ३ अभिन्न, घनिष्ठ (मित्र)
सं०पु०—दिली दोस्त, घनिष्ठ मित्र ।
क्रि०वि०—बीच में ।
उ०—आवैं जितनैं **अंतरंग** इम दिवस गुमाया ।—वं.भा.

अंतरंगाधार–सं०पु० [सं० अन्तर्गांधार] संगीत का विकृत स्वर जो तीसरे स्वर के अन्तर्गत है।

अंतरंगी–वि०—अभिन्न, घनिष्ट, दिली।

अंतर–सं०पु० [सं०] १ भेद, फर्क, अलगाव, विभिन्नता।

क्रि०प्र०—करणौ-देणौ-पड़णौ-होणौ।

कहा०—मिनखां मिनखां अंतर, केई हीरा केई पत्थर—मनुष्यों में अच्छे व बुरे दोनों होते हैं।

२ मध्यम की दूरी, फासिला, अवकाश. ३ दो घटनाओं के बीच का काल. ४ ओट, आड़, व्यवधान।

क्रि०प्र०—करणौ-लाधणौ-पड़णौ।

५ समय. ६ परदा. ७ छिद्र, छेद, रंध्र (वं.भा.) [अ० इत्र] ८ इत्र। [सं० अंतस] ९ हृदय, अंतःकरण। उ०—जिकौ दोही पिता पुत्रां रौ मिळाप सुणि अंतर में एक जांणि तुरकां रौ तोम त्रासियौ—वं.भा. [सं०अंतःपुर] १० अंतःपुर, रनिवास (ना.डि.को.) [सं० अंत्र] आँत. [रा०] ११ पानी, जल।

वि०—अन्तर्धान, गायब।

क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

क्रि०वि०—अन्दर, भीतर, बीच में। उ०—डंकि निसीथ रुक्ख चढ़ि डाकी, अंतर दुरग गयौ एकाकी।—वं.भा.

अंतरअयण–सं०पु० [सं० अंतर+अयन] १ एक देशविशेष. २ तीर्थों की परिक्रमा।

अंतरख–सं०पु० [सं० अतरिक्ष] देखो 'अंतरिख'।

अंतरगत–वि० [सं० अन्तर+गत] १ भीतरी, अन्तर्भूत. २ गुप्त. ३ सम्मिलित. ४ अन्तःकरण स्थित।

अंतरगति–सं०स्त्री० [सं० अन्तर+गति] मन का भाव, चित्तवृत्ति, भावना, इच्छा।

अंतरगिरा–सं०स्त्री०—अन्तःकरण की ध्वनि, मन की आवाज।

अंतरग्यांन–सं०पु० [सं० अन्तर्ज्ञान] भीतरी ज्ञान, आत्मज्ञान।

अंतरघट–सं०पु० [सं० अन्तर्घट] अन्तःकरण, हृदय, मन।

अंतरचकर, अंतरचक्र–सं०पु० [सं० अन्तर+चक्र] १ दिग्विभागों में पक्षियों के शब्द श्रवण कर शुभाशुभ फल कहने की विद्या (शकुन शा.) २ तंत्रशास्त्रानुसार शरीर के आंतरिक मूलाधारादि कमलाकार छः चक्र।

अंतरछाळ–सं०स्त्री० [सं० अन्तर+चाल] वृक्ष के ऊपर की छाल के भीतर की कोमल छाल या झिल्ली।

अंतरजांमी–सं०पु० [सं० अन्तर्यामी] वह जो हरएक के मन की बात जानता है, ईश्वर।

अंतरदवार–सं०पु०यौ० [सं० अन्तर+द्वार] १ गुप्तद्वार. २ खिड़की।

अंतरदस–सं०स्त्री०यौ० [सं० अन्तर+दिशा] दो दिशाओं के मध्य की दिशा, कोण, विदिशा।

अंतरदसा–सं०स्त्री०यौ० [सं० अन्तर+दशा] १ मन की अवस्था. २ ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल का विधान।

अंतरदांन–सं०पु० [फा० इत्रदान] इत्र रखने का पात्र।

अंतरदाह–सं०स्त्री० [सं० अन्तर्दाह] भीतरी जलन (एक प्रकार का रोग)

अंतरदिसा–सं०स्त्री०यौ० [सं० अन्तर+दिशा] दो दिशाओं के मध्य की दिशा, कोण, विदिशा।

अंतरद्रस्टी, अंतरद्रस्ठी–सं०स्त्री० [सं० अन्तर्दृष्टि] १ अन्तर्ज्ञान, प्रज्ञा. २ आत्मचिंतन।

अंतरधांन, अंतरध्यांन–सं०पु० [सं० अन्तर्द्धान] १ लोप, अदर्शन, तिरोधान, अदृष्ट. २ गुप्त।

क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

वि०—अलक्ष, अदृश्य, अन्तर्हित, लुप्त।

क्रि वि०—१ दूर. २ अलग, पृथक्, विलग. ३ भीतर, अन्दर।

अंतरपट–सं०पु० [सं०] १ परदा, आड़, ओट. २ वह वस्त्र या परदा जो विवाह-मंडप में मृत्यु की आहुति के समय अग्नि और वर-कन्या के मध्य में डाला जाय. ३ छिपाव, दुराव. ४ कपड़ा लपेटने की वह विधि या क्रिया जो धातु या औषधि को फूंकने के प्रथम उसको संपुट कर गीली मिट्टी का लेप करते हुए की जाय; कपड़ कोट. कपड़ मिट्टी।

क्रि०प्र०—करणौ।

अंतरपुरख, अंतरपुरस–सं०पु० [सं० अंतर+पुरुष] १ आत्मा. २ ईश्वर, अन्तर्यामी।

अंतरपुरी–सं०स्त्री०—स्वर्ग।

अंतरबंध–सं०पु०—आत्मज्ञान, आत्मा की पहिचान, अध्यात्म ज्ञान।

अंतरबळी–वि०—जिसमें आत्मिक बल अधिक हो।

अंतरबेर–सं०स्त्री०—अंतिम समय, मृत्युकाल।

अंतरभाव–सं०पु० [सं० अन्तर+भाव] १ अन्तर्गत होना, मध्य में प्राप्ति. २ नाश. ३ तिरोभाव, विलीनता, छिपाव. ४ प्रयोजन, आशय।

अंतरभावणा–सं०स्त्री०—१ ध्यान. चिंता, सोच. २ गुणनफलान्तर से संख्याओं को सही करना (ज्यो.)

अंतरभूत–वि० [सं० अंतर्भूत] अन्तर्गत।

सं०पु०—१ जीवात्मा, प्राण. २ मध्यगत।

अंतरभेद–सं०पु०—देखो 'अंतरवेद'।

अंतरमुख–वि० [सं० अंतर्मुख] १ जिसका मुख भीतर की ओर हो।

सं०पु०—वह फोड़ा जिसका मुख या छिद्र भीतर की ओर हो।

क्रि०वि०—भीतर की ओर प्रवृत्त।

अंतरयांमी–सं०पु०—देखो 'अंतरजांमी'।

अंतररत–सं०स्त्री०—देखो 'अंतररति'।

अंतररति–सं०स्त्री० [सं०] कामशास्त्र के अनुसार स्त्री-प्रसंग के सात प्रकार के प्रमुख आसन, यथा—स्थिति, तियक, सम्मुख, अध, ऊर्ध्व और उत्तान।

अंतरलापिका–सं०स्त्री० [सं० अन्तर्लापिका] वह पहेली जिसका उत्तर उसीके शब्दों या अक्षरों से निकलता हो।

अंतरलीण–वि०—[सं० अन्तर्लीन] १ जो मन में ही मग्न हो, आत्म-विलीन. २ भीतर ही छिपा हुआ।

अंतरविकार–सं०पु० [सं० अन्तर्विकार] शरीर के भूख, प्यास आदि धर्म।

अंतरवेग–सं०पु० [सं० अन्तर्वेग] भीतर का वेग, यथा–छींक, पसीना आदि।

अंतरवेद–सं०पु० [सं० अन्तर्वेद] गंगा-यमुना के बीच में स्थित मथुरा के आसपास के प्रदेश का प्राचीन नाम जो यज्ञों की वेदियों के लिए प्रसिद्ध था।

अंतरवेदी–सं०पु० [सं० अन्तर्वेदी] 'अन्तरवेद' का निवासी।

अंतरवेर–सं०स्त्री०—देखो 'अंतरबेर'।

अंतरसंचारी–सं०पु० [सं०] प्रधान और स्थिर मनोविकारों में से किसी की सहायता व पुष्टि करके रस की सिद्धि के लिए मनुष्य के हृदय में बीच-बीच में आने वाले अस्थिर मनोविकार।

अंतरसंपाड़ौ, अंतरसनांन–सं०पु० [सं० अंतर+स्नान] वह स्नान जो यज्ञ-समाप्ति पर किया जाय, अवभृथ स्नान।

अंतरातमा–सं०स्त्री० [सं०अन्तरात्मा] १ जीवात्मा. २ अंतःकरण. ३ ब्रह्म.

अंतराय–सं०पु० [सं०] १ विघ्न, बाधा. २ ज्ञान का बाधक. ३ योग सिद्धि के नौ विघ्न।

सं०स्त्री०—४ भेद, भिन्नता। उ०—ऊँचनीच **अंतराय**, कीरत कीधी किरतबां, मिनख जमारै मांय, रहे भलाई राजिया। ५ समय, अवधि। उ०—सामंतां रौ वेग कंठीरव भेलियौ जिण **अंतराय** में चालुक्यराज सावधांन थियौ।—वं.भा.

अंतरायांम–सं०पु० [सं० अन्तरायाम] एक प्रकार का वात रोग जिससे मनुष्य के नेत्र, हिचकी और पसली जकड़ जाती है और मुख से लार टपकती रहती है, शरीर भीतर की ओर कमान जैसा मुड़ जाता है। (अमरत)

अंतराळ–सं०पु० [सं० अंतराल] १ घेरा, मंडल. २ घिरा हुआ स्थान. ३ मध्म, बीच. ४ आकाश (डिं.को.) [सं० अंत्र] ५ आँत।

अंतरावळ–सं०पु० [सं० अंत्र+अवलि] आँत, अंत्र।

अंतरि–क्रि०वि०—भीतर, अन्दर, में।

अंतरिक, अंतरिकख, अंतरिक्ष, अंतरिख, अंतरिच्छ, अंतरिछ–सं०पु० [सं० अंतरिक्ष] १ ग्रहों या तारों के बीच का शून्य स्थान, आकाश, आसमान. २ स्वर्ग लोक. ३ एक केतु. ४ एक प्रसिद्ध योगेश्वर. [रा०] ५ ऊँचा स्थान, झूला। उ०—रस दायिनी सुंदरी रमतां, सेज **अंतरिख** भूमि सम।—वेलि.

वि०—१ अंतर्धान, लुप्त. २ गुप्त, अप्रकट।

उ०—हरिणाखी कंठ **अंतरिख** हूंती, बिंबरूप प्रगटी बहिरि।—वेलि.

अंतरित–वि० [सं०] १ भीतर किया या रक्खा हुआ. २ अन्तर्धान. ३ ढका हुआ।

अंतरी–क्रि०वि०—दूर।

अंतरीक, अंतरीख–सं०पु० [सं० अंतरिक्ष] देखो 'अंतरिख'।

अंतरीज–सं०पु० [सं० अंतःकरण] अंतःकरण, हृदय। उ०—राखै तौ नांम जिके **अंतरीज**, बळै धख त्यांह न मारै बीज।—ह.र.

अंतरीप–सं०पु० [सं०] १ द्वीप, टापू. २ समुद्र मे दूर तक गया हुआ पृथ्वी का नुकीला भाग।

अंतरीय–सं०पु० [सं०] वह वस्त्र जो साड़ी के नीचे पहना जाय, अधोवस्त्र।

अंतरू–सं०पु० [सं० इत्र] इत्र, अतर।

अंतरे–क्रि वि०—देखो 'अंतरै' (रू.भे.)

अंतरेवौ–सं०पु०—लहँगे या घाघरे के अधिक नीचा हो जाने के कारण कुछ ऊंचा करने के उद्देश्य से की जाने वाली एक प्रकार की सिलाई या टाँका जो लहँगे का कपड़ा इस तरह मोड़ कर लगाया जाता है कि दूर से दिखाई नहीं पड़ता।

अंतरै–क्रि०वि० [सं० अंतर] १ बाद में। उ०—वहि मिळी घड़ी जाइ घणा वाँछता, घण दीहाँ **अंतरै** धरि।—वेलि. २ मध्य में, बीच में। उ०—आयौ अंस खेड़ि अरि सेन **अंतरै**, प्रथिमी गति आकास पथ।—वेलि. ३ दूर, अन्तर पर. ४ अगाड़ी।

अंतरैतंत–सं०पु —अंत समय।

अंतरौ–सं०पु० [सं० अंतरा] १ किसी गीत या गायन का स्थायी टेक के अतिरिक्त अन्य पद या चरण. २ वह ज्वर जो एक दिन के अंतर से आता हो. ३ भेद, फर्क। उ०—हंस बगला हाल सूं जिम **अंतरौ** जगाय।—बां.दा. ४ दूरी. ५ बिछोह, वियोग।

अंतविदारण–सं०पु० [सं०] सूर्य या चन्द्र ग्रहण के दस प्रकार के मोक्षों में से एक।

अंतस–सं०पु० [सं० अंतस्] अन्तःकरण, हृदय, चित्त, मन।

अंतसमय, अंतसमै, अंतसमौ–सं०पु० [सं० अंत+समय] अन्तिम समय, मृत्यु काल।

अंतस्थ–वि० [सं०] भीतरी, अन्दर की ओर स्थित।

अंतहकरण, अँतहकरण–सं०पु० [सं० अन्तःकरण] १ हृदय, अन्तरात्मा, मन। उ०—इण रीति सोमेस्वर री पाटरांणी कमळा बीसळदेव रा बर रै अनुसार आपरा **अँतहकरण** रौ आसय सफळ कीधौ।—वं.भा. २ विवेक, नैतिक बुद्धि।

अंतहपुर, अंतहपुरि, अंतहपुरी–सं०पु० [सं० अन्तःपुर] जनाना, भीतरी भाग, रनिवास।

अंताखरी–सं०पु० [सं० अंत्याक्षरी] १ वह दूसरा पद्य या छंद जो पहले कहे हुए श्लोक या छंद (पद्य) के अंतिमाक्षर से आरम्भ हो. २ उक्त रीति के अनुसार किया गया पद्य-पाठ।

अंतानुप्रास–सं०पु० [सं० अंत्यानुप्रास] तुकांत, तुकबन्दी।

अंताळ, अंतावळ–सं०स्त्री०—शीघ्रता, जल्दबाजी।

क्रि०प्र०—करणी-होणी (मि० उतावळ)

अंति–क्रि०वि० [सं० अंत] अन्त में, आखिर में। उ०—कोकिल निसुर

प्रसेद ओसकरण, सुरति अंति मुख जिम सुत्री ।—वेलि.

अंतिक–क्रि०वि०—समीप, निकट । उ०—दुरग्गपुर रौ प्रतिनिधि इणारा अग्रज इंद्रसाळ रै **अंतिक** आलोचि उर द्रंग दीधौ ।—वं.भा.

अंतिम–वि० [सं०] १ सबसे पीछे का या बाद का, आखिरी ।
यौ०—अंतिम जात्रा ।
२ सबसे बढ़ कर ।

अंतिमजातरा, अंतिमयातरा, अंतिमयात्रा–सं०स्त्री० [सं० अंतिमयात्रा] मृत्यु, महाप्रस्थान, मरण ।

अंतेउर, अंतेउरी–सं०पु० [सं० अंतःपुर] १ रनिवास, अंतःपुर, जनानखाना ।
सं०स्त्री० [रा०] २ अंतःपुर में निवास करने वाली स्त्री, रानी, ठकुरानी । उ०—धन धन जीवौ धणी, धनौ 'कुसियाळ' **अंतेउर** ।
—अरजुनजी बारहठ

अंतबेर–सं०पु० [सं० अंतिम+बेला] १ अंतिम समय, मृत्युकाल ।
[सं० अंतःपुर] २ देखो 'अंतेउर' (१)

अंतेवर, अंतेवरि–सं०पु० [सं० अंतःपुर] देखो 'अंतेउर' ।

अंतेवासी–सं०पु० [सं०] गुरु के समीप रहने वाला विद्यार्थी ।

अंतेस्टी–सं०स्त्री० [सं० अंत्येष्टी] शव-दाह से सपिंडन तक का कृत्य, मृतक कर्म, अंतिम संस्कार ।

अंतैपुर–सं०पु० [अंतःपुर] देखो 'अंतहपुर' ।

अंत्यज–सं०पु० [सं०] अंतिम वर्ण में उत्पन्न व्यक्ति, शूद्र ।
वि०—१ आततायी । उ०—इसड़ा अनरथ रा करणहार अंत्यज पुळियार होई जीवता रहि जावै ।—वं.भा. २ नीच ।

अंत्यविपुला–सं०स्त्री० [सं०] आर्याछंद का एक भेद विशेष जिसे अंत्यविपुला-महाचपला, अंत्यविपुला-जघनचपला या अंत्यविपुला-मुखचपला भी कहते हैं ।

अंत्याक्षरी–सं०पु० [सं०] देखो 'अंताखरी' ।

अंत्यानुप्रास, अंत्यानुपरास–सं०पु० [सं० अंत्यानुप्रास] १ किसी पद्य के चरणों में अंतिम अक्षरों का मेल, तुकांत. २ शब्दालंकार के अंतर्गत एक प्रकार का भेद विशेष ।

अंत्येस्टी–सं०स्त्री० [सं० अंत्येष्टि] देखो 'अंतेस्टी' ।
यौ०—अंत्येष्टी संस्कार ।

अंत्र–सं०पु० [सं०] आँत ।

अंत्रजांमी–सं०पु०—अन्तःकरण की प्रवृत्तियों को जानने वाला ।
(स्त्री०—अंत्रजांमण रू.भे.—अंतरजांमी)

अंत्रवधी–सं०स्त्री० [सं० अंत्र+वृद्धि] आँत उतरने का एक रोग विशेष (अमरत)

अंत्राळ–सं०पु० [सं० अंत्र] आँत, अंत्र ।

अंत्राळजी–सं०स्त्री० [सं० अंत्रालजी] प्रायः वात और कफ के प्रकोप से होने वाली पीब से भरी एक प्रकार की गोल फुंसी (वैद्यक; अमरत)

अंत्रावळि, अंत्रावळी–सं०स्त्री० [सं० अंत्रावलि] अंत्र, आँत ।

अंत्रावाळ, अंत्रि–सं०स्त्री० [सं० अंत्र+अवलि] आँत, अंत्र ।

अंद–सं०पु०—पाप, पातक, दोष ।

अंद, अंदक–सं०पु० [सं० अंदु, अंदुक] हाथी का पैर बाँधने का रस्सा ।
—वं.भा.

अंदऔ–सं०पु० [सं० अंदुक] हाथी के पैर में डालने का काँटेदार यन्त्र (रू०भे०—अंदुक) —वं.भा.

अंदक–सं०पु० [सं० अंधक] देखो 'अंधक' ।

अंदर–सं०पु० [सं० इंद्र] इन्द्र (डिं.को.)
क्रि०वि० [फा०] भीतर ।

अंदरी–वि० [फा०] भीतरी, अन्दर का ।
सं०स्त्री० [सं० इन्द्रिय] इन्द्रिय ।

अंदरूणी, अंदरूनी–वि० [फा० अंदरूनी] भीतरी, अन्दर का ।

अंदलोक–सं०पु० [सं० इन्द्र+लोक] सुरलोक, स्वर्ग, देवलोक ।

अंदाज–सं०पु० [फा०] १ अटकल, अनुमान. २ नाप-जोख. ३ ढंग, ढब. ४ मटक, हाव, चेष्टा ।
क्रि०प्र०—करणौ-लगाणौ-होणौ ।

अंदाजन–क्रि०वि० [फा०] अनुमान से, लगभग, करीब ।

अंदाजौ–सं०पु० [फा० अंदाज] अटकल, अनुमान, तखमीना ।

अंदाता–सं०पु० [सं० अन्न+दातृ] अन्न देने वाला, अन्नदाता ।

अंदियारौ–सं०पु० [सं० अंधकार, प्रा० अंधआर, अप० अंधार] अंधेरा । अंधियारा ।

अंदु–सं०पु० [सं० इंदु] १ चंद्रमा. २ देखो 'अंदओ'. ३ देखो 'अंदुक' ।

अंदुओ–सं०पु० [सं० अंदुक] देखो 'अंदओ' ।

अंदुक–सं०पु० [सं०] १ देखो 'अंदऔ'. २ स्त्रियों के पैरों में पहनने का एक आभूषण विशेष, पायजेब ।

अंदेस, अंदेसौ–सं०पु० [फा० अंदेशा] १ आशंका, भय. २ संशय, संदेह. ३ अनुमान. ४ सोच, चिंता, असमंजस. ५ आगा-पीछा ।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ ।

अंदोळणौ, अंदोळबौ–क्रि०स०—आंदोलित करना, विलोड़ित करना, इधर-उधर करना । **अंदोळिओड़ौ, अंदोळियोड़ौ, अंदोळ्योड़ौ**–भू०का०कृ०—आंदोलित किया हुआ, विलोड़ित । **अंदोळीजणौ, अंदोळीजबौ**—कर्म वा० रू०—आंदोलित किया जाना । भाव वा०रू०—आंदोलित हुआ जाना ।

अंद्र–सं०पु० [सं० इंद्र] इंद्र, पुरन्दर, सुरपति—(डिं.को.)

अंद्रजीत–सं०पु० [सं० इन्द्रजीत] इन्द्र को जीतने वाला, मेघनाद ।

अंद्रससत्र–सं०पु० [सं० इन्द्र+शस्त्र] इन्द्र का एक शस्त्र, वज्र ।

अंद्रासण–सं०पु० [सं० इन्द्रासन] १ इन्द्र का आसन. २ ऐरावत हाथी ।

अंद्री–सं०स्त्री० [सं० इन्द्रिय] इन्द्रिय, इन्द्री ।

अंध–वि० [सं०] १ नेत्रहीन, अन्धा. २ अज्ञानी, मूर्ख, अविवेकी. ३ अचेत, असावधान. ४ उन्मत्त, मत्त, मतवाला ।
सं०पु०—१ नेत्रविहीन प्राणी, अंधा, सूरदास. २ जल. ३ अन्ध-

कार. ४ एक मुनि. ५ कवियों के पथ के विरुद्ध चलने का काव्य सम्बन्धी दोष. ६ शिकारी, बहेलिया. ७ दक्षिण का एक प्रान्त आंध्र. ८ डिंगल-गीतों में उक्तियों के रूप के बिगड़ने से होने वाला साहित्यिक दोष—(र.रू.)

अंधक-सं०पु० [सं०] १ नेत्रहीन मनुष्य, अन्धा. २ कश्यप और दिति का पुत्र एक दैत्य।

अंधकरप, अंधकरिप-सं०पु० [सं० अंधक+रिपु] अंधक नामक दैत्य के शत्रु, महादेव।

अंधकरिम-सं०पु० [सं० अंधक+रिप] अंधक नामक दैत्य के शत्रु महादेव।

अंधकार-सं०पु० [सं०] १ अंधेरा. २ पाताल (डिं नां.मा.) ३ शंकर (अ.मा.)

अंधकारी-सं०स्त्री० [सं०] एक रागिनी (संगीत)

अंधकाळ-सं०पु० [सं० अंध+काल] अंधेरे के समय।

अंधकूप-सं०पु० [सं० अंध+कूप] १ वह कुंआ जो सूखा हो व घास-फूस से ढका हो. २ एक नरक का नाम।

अंधखोपड़ी-सं०उ०लिं०—बुद्धिरहित मस्तिष्क वाला, मूर्ख, नासमझ।

अंधड़-सं०स्त्री० [सं० अंध+ड़-रा०प्र०] १ गर्द मिली हुई तीव्र झोंकेदार वायु, वेगयुक्त हवा. २ आँधी, तूफान।

अंधता-सं०स्त्री० [सं०] १ अंधापन, दृष्टिहीनता. २ नेत्रों का एक रोग विशेष (अमरत)

अंधतामिस्त्र-सं०पु० [सं०] इक्कीस नरकों के अंतर्गत घने अंधकार वाला नरक।

अंधताइत्त-सं०पु० [सं० अंधक+दैत्य] अंधकासुर नामक दैत्य।

अंधधुंध-सं०स्त्री० [सं० अंध+रा०-धुंध] १ अन्याय. २ गड़बड़ी. ३ धींगाधींगी।
क्रि०वि०—१ अंधाधुंध, विचाररहित. २ अधिकता से।

अंधन-सं०पु०—अंधा, नेत्रहीन।

अंधपरंपरा-सं०स्त्री० [सं० अंध+परंपरा] बिना किसी विचार के पुरानी चाल का अनुकरण, भेड़ियाधसान।

अंधपूतना-सं०स्त्री०—बालकों का एक रोग विशेष।

अंधबाई-सं०स्त्री [सं० अंध+वायु] १ अंधावत, एक रोग. २ आँधी, तूफान।

अंध-भाव-सं०पु०—अंधापन।

अंधळ-वि० [सं० अंध+ळ-रा०प्र०] अन्धा, नेत्रहीन।

अंधळौ-वि० [सं० अंधळी] अन्धा।

अंधविसवास-सं०पु० यौ० [सं० अंधविश्वास] बिना विचार किए हुए किसी बात में विश्वास कर निश्चय करना, विवेकशून्य धारणा।

अंधसुत-सं०पु०—१ अन्धे का पुत्र. २ धृतराष्ट्र के पुत्र, यथा–दुर्योधन, दुःशासन आदि।

अंधातमस-सं०पु० [सं० अंधतामिस्र] अंधकार, अंधेरा। (डि.को.)

अंधाधुंध-क्रि०वि०—१ बेतहाशा. २ बिना विचारे. ३ अधिकता से।

अंधाबाळ-वि०—लोभी, लालची।

अंधायतर-सं०पु०—वेग (अ.मा.)

अंधार-सं०पु० [सं० अंधकार] अंधार, तिमिर।

अंधारक-सं०पु० [सं०] अंधेरा, तिमिर।

अंधारखातौ-सं०पु० यौ०—देखो 'अंधेरखातौ'।

अंधारव-सं०पु० [सं० अंधकार] गहन अंधकार, गहरा अंधकार।

अंधारी-सं०स्त्री० [सं० अंधकार+ई-रा०प्र०] १ अन्धड़, आँधी. २ कृष्ण पक्ष की अंधेरी रात्रि. ३ अन्धेरा. ४ मूर्छा. ५ हाथी के कुम्भस्थल का आवरण। उ०—इभ कुम्भ **अंधारी** कुच सु कंचुकी, लावन्न संभु कामक कळह।—वेलि.
वि०—अन्धियारी।
कहा०—अंधारी रात में मूंग काळा—अन्धेरे में सब कुछ एकाकार हो जाता है।

अंधारु, अंधारूं, अंधारू-सं०पु० [सं० अन्धकार] अन्धकार, अन्धेरा।

अंधारौ-सं०पु० [सं० अन्धकार] १ अन्धकार, अंधेरा।
क्रि०प्र०—करणौ-पड़णौ-होणौ।
कहा०—अंधारै में किसौ कांन में कवौ जावै—स्वभाव, आदत अथवा प्रकृतिजन्य कार्य अन्धेरे में भी किए जा सकते हैं। उनके लिए रोशनी की आवश्यकता नहीं होती।
२ धुंधलापन।

अंधारोपख-सं०पु० [स० अंधार+पक्ष] कृष्णपक्ष (चंद्रमास)

अंधाहुली-सं०स्त्री०—एक प्रकार का पौधा, अर्कपुष्पी, सूर्यमाली।

अंधियार-सं०पु० [सं० अंधकार, प्रा० अंधआर, अप० अंधयार] अंधेरा, अंधकार।

अंधियारणौ, अंधियारबौ-क्रि०स० [सं० अंधकार] अंधेरा करना।
अंधियारणहार-हारौ (हारी), अंधियारणियौ-वि०—अंधेरा करने वाला।
अंधियारिओड़ौ, अंधियारियोड़ौ, अंधियारयोड़ौ-वि०—अंधकार किया हुआ। **अंधियारीजणौ, अंधियारीजबौ**-भाव वा०रू०—अंधेरा होना।

अंधियारियोड़ौ-भू०का०कृ०—अन्धकार किया हुआ।

अंधियारी-सं०स्त्री० [सं० अंधकार+ई-रा०प्र०] अंधेरा, अंधकार।
वि०—१ प्रकाशरहित. २ कृष्णपक्ष की, कृष्णपक्ष संबंधी।

अंधियारौ-सं०पु० [सं० अंधकार] देखो 'अंधियार'। उ०—बिन पिया जोत मंदिर **अंधियारौ** दीपक दाय न आवै।—मीरां

अंधियारोपख-सं०पु० [सं० अंधकार+पक्ष] कृष्णपक्ष।

अंधियावणौ-वि० [सं० अंधकार] अंधकारपूर्ण, अंधकारयुक्त।

अंधीझाड़-सं०पु०—एक प्रकार की घास जो औषधि के प्रयोग में आती है।

अंधेर-सं०पु० [सं० अंधकार] १ अन्याय. २ उपद्रव. ३ गड़बड़ी. ४ कुप्रबन्ध. ५ अंधाधुंध।

कहा०—अंधेर नगरी अणबूझ राजा, टकै सेर भाजी और टकै सेर खाजा—बड़ा भारी अन्याय, अराजकता, जहाँ भले-बुरे सब के साथ एकसा बर्ताव हो।

अंधेरखातौ–सं०पु० [सं० अंधकार+फा०खातो] १ गड़बड़ हिसाब-किताब, व्यतिक्रम. २ अन्यथाचार, कुप्रबन्ध. ३ अविचार. अन्याय।

अंधेरी–सं०स्त्री० [सं० अंधकार+ई–रा०प्र०] १ अंधकार, तम. २ अंधेरी रात्रि. ३ आँधी, अँधड़।
वि०—१ अंधकारयुक्त. २ अंधकार के समान।

अंधेरौ–सं०पु० [सं० अंधकार] देखो 'अंधारौ'।

अंधौ–स०पु० [सं० अंध] देखो 'आंधौ'।

अंधौदरपण–सं०पु० [सं० अंध+दर्पण] धुंधला दर्पण।

अंधौधुंध–क्रि०वि०—देखो 'अंधाधुंध'।

अंध्यार–सं०पु० [सं० अंधकार] अंधेरा, अंधकार।

अंध्यारौ–वि० [सं० अंधकार] अंधकारयुक्त।
सं०पु० (स्त्री० अंध्यारी) अंधेरा।

अंध्र–सं०पु० [सं०] १ दक्षिण का एक प्रान्त, आन्ध्र. २ शिकारी (अ.मा.)

अंन–सं०पु० [सं० अन्न] अनाज, अन्न।
अव्यय [रा०] और।
वि० [रा०] अन्य।

अंनदाता, अंनदातार–सं०पु० [सं० अन्न+दातृ] १ अन्न दान करने वाला. २ पोषक, प्रतिपालक. ३ मालिक, स्वामी।

अंनपूरणा–सं०स्त्री० [सं० अन्नपूर्णा] १ अन्न की अधिष्ठात्री देवी. २ दुर्गा का एक नाम. ३ काशीश्वरी, विश्वेश्वरी. ४ चारण कुलोत्पन्न बरबड़ी देवी का एक नाम।

अंनार–सं०स्त्री० [फा० अनार] दाड़िम नामक फल तथा उसका वृक्ष-विशेष।

अंब–सं०पु० [सं०] १ शिव, महादेव (ना.डि.को.) [सं० अंबक] २ नेत्र, नयन, [सं० अंबुधि] ३ समुद्र (अ.मा) [सं० अंबु] ४ जल। उ०—नैण नीरज में **अंब** बहे रे गंगा बहि जाती।—मीरां ५ चंद्रमा [सं० अंबुद] ६ बादल [सं० आम्र] ७ आम का वृक्ष या उसका फल। उ०—मारगि मारगि **अंब** मौरिया, अंबि अंबि कोकिल आलाप।—वेलि. [सं० अंबर] ८ आकाश. ९ वस्त्र।
सं०स्त्री० [सं० अंबा] १० उमा, पार्वती। उ०—**अंब** हुकम गई अंब अराधण, सुख-सागर दरसायौ हे माय।—गीत रां.। ११ दुर्गा. १२ धरती. १३ शक्ति. १४ माता, जननी। उ०—आज कहौ तौ आप जाइ आवूं, **अंब** जात्र अंबिका तणी।—वेलि. [सं० अंबु] १५ कांति।

अंबक–सं०पु० [सं०] आंख, नेत्र। उ०—समळी और निसंक भख, **अंबक** राह म जाह।—वी.स.

अंबकास–सं०पु० [अ० आमखास] देखो 'अंबखास'।

अंबकेसर, अंबकेस्वर–सं०पु० [सं० अंबिकेश्वर] महादेव का एक नाम।

अंबखास–सं०पु० [अ० आमखास] महलों के भीतर का वह भाग जहाँ राजा या बादशाह बैठते थे।

अंबज–सं०पु० [रा०] १ श्वेत रक्त वर्ण* (डि.को.) [सं० अंबुज] २ कमल।

अंबध, अंबधि–सं०पु० [सं० अंबुधि] समुद्र, सागर। (अ.मा.; डि. नां.मा.)

अंबनयर–सं०पु०—जयपुर से छः मील दूर आमेर नामक कस्बा (प्राचीन)

अंबनिध–सं०पु० [सं० अंबु+निधि] समुद्र, सागर।

अंबपुर–सं०पु०—देखो 'अंबनयर'।

अंबर–सं०पु० [सं०] १ वस्त्र, कपड़ा, पट। उ०—धरती पड़्यौ ढिगास **अंबर अंबर** सूं अड़चौ, आयौ पूरण आस सही बजाजी सांवरौ।—रांमनाथ कवियौ २ आकाश, आसमान।
कहा०—१ अंबर दूझै भूत कमावै, आकासी धन आपे आवै—सब काम मुफ्त में होकर बिना प्रयास अर्थ-प्राप्ति होती है. २ कपास. ३ एक प्रकार का इत्र. ४ आमेर नगर. ५ अमृत. ६ उत्तरी भारत का एक प्राचीन प्रदेश. ७ बादल, मेघ [सं० आम्र] ८ आम का फल तथा उसका वृक्ष। उ०—'**अंबर** मोरीजै छै। कूंपळां फूटीजै छै। वणराई मंजरी छै।—रा.सा. सं.

अंबरचर–वि० [अंबर+चर] आकाश में विचरण करने वाला, नभचर।

अंबरडंबर–सं०पु० [सं० अंबर+डंबर] १ सूर्यास्त का समय. २ संध्या की लालिमा।

अंबरबेलि–सं०स्त्री० [सं०] देखो 'अमरबेल'।

अंबरमणि–सं०पु० [सं० अंबर+मणि] सूर्य्य।

अंबररस–सं०पु० [सं० आम्ररस] आमों का रस।

अंबरसरीखौ–सं०पु० [सं० अंबर=आकाश रा० सरीखौ=समान] एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

अंबराळ–सं०पु०—आकाश, आसमान (डि.नां. मा.)

अंबरीक, अंबरीख, अंबरीस–सं०पु० [सं० अंबरीष] १ सूर्य. २ सूर्य-वंशी एक पौराणिक राजा. ३ भाड़।

अंबरीसक–सं०पु० [सं० अंबरीसक] भाड़।

अंबवेळा–सं०पु० [सं० अंबु+वेला] समुद्र, सागर।

अंबवौ–सं०पु०—देखो 'अंबुवौ'।

अंबस्ट–सं०पु० [सं० अंबष्ठ] कायस्थों का एक भेद।

अंबस्टा–सं०स्त्री० [सं० अंबष्ठा] मालती (अ.मा.)

अंबहर–सं पु० [सं० अंबु+धर] १ इन्द्र. २ बादल. ३ समुद्र (अ मा.) [सं० अंबु+हरति] ४ सूर्य. ५ अगनि [सं० अंबर] ६ आकाश।

अंबहरि–सं०पु० [सं० अंबर] आकाश। उ०—राजति राजकुंअरि राय अंगण, उडीयण वीरज **अंबहरि**।—वेलि.

अंबा–सं०स्त्री० [सं०] १ माता, जननी. २ पार्वती. ३ देवी, दुर्गा. ४ काशी नरेश की बड़ी कन्या जिसे भीष्मपितामह अपने भाई विचित्रवीर्य्य के लिए हर लाए थे और वह भीष्म से बदला लेने के लिए बाद में शिखंडी के रूप में उत्पन्न होकर भीष्म की मत्यु का कारण हुई. ५ ग्राम (अ.मा.) ६ शीतला रोग की अधिष्ठात्री एक देवी विशेष। वि. वि. देखो 'सीतळा'।

अंबाड़ी–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का पौधा जिसकी छाल के रेशे से रस्सियाँ बुनी जाती हैं। [अ० अमारी] २ हाथी की पीठ पर रक्खा जाने वाला हौदा।

अंबाजी–सं०स्त्री०—१ देखो 'अंबा' (१, २, ३,) २ दाँता राज्य की कुल-देवी।

अंबानैर–सं०पु०—देखो 'अंबवयर'।

अंबापौहण–सं०पु० [सं० अंबा=शीतलादेवी+रा० पौहण=सवारी] गधा (अ.मा.)

अंबाय–सं०स्त्री० [सं० अंबा] दाँता राज्य की आराध्य देवी 'अंबा'।

अंबार–सं०पु० [फा०] १ ढेर, समूह, पुंज। उ०—आखै कवि ईसर तेज **अंबार**।—ह.र.

क्रि०वि० [रा०] अभी, अब।

अंबारत, अंबारथ–सं०स्त्री [अ० इमारत] बड़ा और पक्का मकान, विशाल भवन। उ०—मिल गया 'पाल' 'बूढ़ौ' मुगत मोखतणी **अंबारतां**।—पा.प्र.

अंबारी–सं०स्त्री०—देखो 'अंबाड़ी'।

अंबारोह–सं०पु० [सं० अंबोरुह] कमल, पंकज।

अंबालिका–सं०स्त्री० [सं०] १ माता, माँ. २ मालती लता. ३ काशी-राज की सबसे छोटी कन्या जिसे भीष्मपितामह अपने भाई विचित्र-वीर्य्य के लिए हर लाये थे और राजा पांडु के पीछे यह अपनी सास सत्यवती के साथ वन में चली गई थी।

अंबि–सं०स्त्री० [सं० अंबा] १ माता, जननी. २ दुर्गा. ३ धरती. ४ शक्ति. ५ उमा, पार्वती।

अंबिका–सं०स्त्री० [सं०] १ माता, जननी. २ देवी, दुर्गा, भगवती. ३ पार्वती. ४ जैनियों की एक देवी. ५ काशीराज की मध्यमा कन्या जिसे भीष्मपितामह अपने भाई विचित्रवीर्य्य के लिए हर लाए थे। यह धृतराष्ट्र की माता थी।

अंबिकालय–सं०पु० [सं० अंबिका+आलय] अंबिका देवी का मंदिर।

अंबिकावन–सं०पु० [सं० अंबिकावन] पुराण प्रसिद्ध इलाबूत खंड जहाँ जाने से पुरुष स्त्री हो जाते थे।

अंबु–सं०पु० [सं० अम्बु] १ पानी, जल. २ चार की संख्या*. ३ जन्म-कुण्डली के बारह स्थानों में से चतुर्थ स्थान।

सं०स्त्री०—४ कांति।

अंबुआळ–वि० [सं० अंबु=कांति] कांतिवान, तेजस्वी।

सं०पु० [रा०] वीर पाबू राठौड़ का एक नाम। उ०—भुजाळ **अंबुआळ** फेर भीच चंद्रभांण नै।—पा.प्र.

अंबुऔ–वि०—देखो 'अंबुवौ'।

अंबुज–सं०पु० [सं०] १ वह जो जल से उत्पन्न हो. २ कमल. ३ बेंत. ४ शंख. ५ घोंघा. ६ ब्रह्मा. ७ वज्र. ८ एक सामुद्रिक चिन्ह।

अंबुजसुत–सं०पु०यौ० [सं० अंबुज+सुत] कमल से उत्पन्न, ब्रह्मा।

अंबुजा–सं०स्त्री० [सं०] एक रागिनी विशेष (संगीत)

अंबुजात–सं०पु० [सं०] कमल।

अंबुजासण, अंबुजासन–सं०पु० यौ० [सं० अंबुज+आसन] जिसका कमल पर आसन हो, ब्रह्मा।

अंबुद–सं०पु० [सं०] जल देने वाला, बादल, मेघ।

अंबुधर–सं०पु० [सं०] १ पानी को धारण करने वाला, बादल. २ इंद्र।

अंबुधि–सं०पु० [सं०] सागर, समुद्र। उ०—**अंबुधि** सात कहावत हे क्षिति, खोण को सिंधु नयौ कद सूझयौ।—पदमसिंह री बात

अंबुनाथ–सं०पु० [सं०] समुद्र सागर।

अंबुनिधि–सं०पु० [सं०] १ बादल, मेघ. २ समुद्र।

अंबुप–सं०पु० [सं०] १ समुद्र, वरुण. शतभिषा नक्षत्र।

अंबुपत, अंबुपति, अंबुपती–सं०पु० [सं० अंबुपति] समुद्र, सागर।

अंबुवाह–सं०पु० [सं० अंबु+बाह] बादल।

अंबरासी–सं०पु० [सं० अंबु+राशि] समुद्र, सागर।

अंबुवाह–सं०पु०—देखो 'अंबुवाह'।

अंबुवौ–वि०पु०—गहरे खाकी रंग का सा।

सं०पु०—एक रंग विशेष जो गहरे खाकी रंग का सा होता है।

अंबुसायी–सं०पु० [सं० अंबुशायी] १ विष्णु. २ जल. ३ चार की संख्या*. ४ असुर. ५ पितर।

अंबू–सं०पु० [सं० अंबु] देखो 'अंबु' (अल्पा०–अंबूड़ौ—रू.भे.)

उ०—आस धरंदा आज सौ, मिळियौ जोग दिखाय। हम भूखे तुझ नेह के, **अंबूड़ा** ज चराय।—जलाल बूबना री बात

अंबूवाळ–सं०पु०—देखो 'अंबुआळ'।

अंबोद–सं०पु० [सं० अंबुद] बादल, मेघ।

अंभ–सं०पु० [सं० अंभस्] १ जल, पानी. २ लग्न से चतुर्थ राशि. ३ चार की संख्या*. ४ देव. ५ असुर. ६ राशि. ७ पितर. ८ बादल।

अंभनिधि–सं०पु० [सं० अभ+निधि] सागर, समुद्र।

अंभोज–सं०पु० [सं०] १ कमल. २ चंद्रमा. ३ मोती।

अंभोद–सं०पु० [सं०] बादल, मेघ।

अंभोनिधि–सं०पु० [सं०] समुद्र, सागर।

अंभोरासि–सं०पु० [सं० अंभोराशि] समुद्र, सागर।

अंभोरुह, अंभोरू, अंभोरूह–[सं० अंभोरुह] कमल।

अंभोसह–सं०पु०—कमल।

अंमणीमांण–सं०पु०—देखो 'अमलीमांण' (ल.पिं.)

अंम्रत–सं०पु० [सं० अमृत] १ दूध (अ.मा.) २ जल. ३ अमृत ४ दो दीर्घ के बीच लघु सहित पाँच मात्राओं का नाम ऽ।ऽ (डिं.को.)

अंम्हां–सर्व०—हम।

अंवर–सं०पु० [सं० अंबर] वस्त्र (अ.मा.)

अंवळउ, अंवळऊ–वि० [प्रा०रू०] १ उलटा. २ टेढ़ा. प्रसवकाल में बच्चे का टेढ़ा होकर जन्म स्थान पर आना. ४ दुखी, व्यथित।
उ०—सज्जण चाल्या हे सखी, पड़हउ वाज्यउ द्रंग।
काँही रळी वधाँमणाँ, काँही अंवळउ अंग।—ढो.मा.

अंवळाई–सं०स्त्री०—१ चक्कर, वक्र मार्ग, घूम. २ वक्रता, टेढ़ापन. ३ कुटिलता।

अंवळौ–वि०पु०—विरुद्ध, टेढ़ा। उ०—खिमत करै जिम खांन, वीरम जिम अंवळौ वहै।—गो.रू.
कहा०—१ अँवळौ आडौ बैठणौ—खुद संकट में पड़ कर भी किसी की सहायता करना। २ जे सांई संवळौ होय तौ अंवळा होय अनेक—अगर ईश्वर अपनी सहायता पर है तो सब विरुद्ध हों तब भी क्या हो सकता है।

अंवार–सं०स्त्री०—१ देरी, बिलम्ब. २ अवसर. ३ झड़बेरी के कटे हुए झाड़ों के समूह का गोलाकार रखने का ढंग।

अंवारणौ–सं०पु०—१ 'अंवारणौ' क्रिया का भाव या क्रिया. २ वह पदार्थ जिसके द्वारा यह क्रिया संपादित की जाय।

अंवारणौ, अंवारबौ–क्रि०स०—प्रेत-बाधा या रोग-शांति के हेतु किसी व्यक्ति के शरीर के चारों ओर कोई पदार्थ घुमा कर किसी को दान में देना अथवा फेंक देना।
अंवारणहार-हारौ (हारी), अंवारणियौ—वि०।
अंवारीजणौ, अंवारीजबौ—भाव वा.।
अंवारियोड़ौ-अंवारीयोड़ौ—भू.का.कृ.।

अंवारियां, अंवारियें–सं०पु०—एक प्रकार का प्रचलित विश्वास जिसके अनुसार एक व्यक्ति इस क्रिया को करने पर एकांत में जाकर सो जाता है तथा मृत हो जाता है। एक अथवा अधिक दिन के पश्चात् उसकी आत्मा विभिन्न लोकों मे घूम कर उसके मृत शरीर में वापस प्रवेश कर जाती है तब वह पुनर्जीवित होकर अन्य लोगों को अपने विभिन्न लोकों के अनुभव सुनाता है। कई लोग इसे मिथ्या अंध-विश्वास या ढोंग भी मानते हैं।
क्रि०प्र०—जाणौ।

अंवारियोड़ौ, अंवारीयोड़ौ, अंवारचोड़ौ–भू०का०कृ०—वह व्यक्ति जिस पर 'अंवारणौ' की क्रिया संपादित की गई हो अथवा वह पदार्थ जिसके द्वारा यह क्रिया की गई हो। (स्त्री० अंवारियोड़ी)

अंविस्ट–सं०पु०—देखो 'अंबस्ट'।

अंवेर–सं०स्त्री०—हिफाजत, निगरानी।

अंस–सं०पु० [सं०अंश] १ भाग, हिस्सा, विभाग. २ भाज्य-अंक. ३ वह अंक जो कि भिन्न की लकीर के ऊपर हो (गणित) ४ भाग. (गणित). ५ सोलहवाँ भाग (कला). ६ वृत्त की परिधि का ३६०वाँ हिस्सा (रेखागणित). ७ लाभ का हिस्सा. ८ बारह आदित्यों में से एक. ९ कंधा। उ०—धीरँ मेर रा खड्ग प्रहार सूं कन्ह महर रौ अंस पंसुळी सूधौ झड़ियौ।—वं.भा. १० किरण, रश्मि. ११ वंशज. १२ वीर्य. १३ शक्ति. १४ अक्षांस (भूगोल)

अंसकूट–सं०पु० [सं०] कूबड़, ककुद।

अंसधारी–वि० [सं० अंश+धारिन्] १ देवशक्ति से युक्त. २ अवतारी. ३ हिस्सेदार. ४ वीर, बहादुर. ५ वंशज।

अंसावतार–सं०पु० [सं० अंश+अवतार] परमात्मा का वह अवतार जो पूर्णावतार न हो किन्तु जिसमें उसकी शक्ति का कुछ अंश हो।

अंसी–वि० [सं० अंशिन] देखो 'अंसधारी'।

अंसु–सं०पु० [सं० अंशु] १ किरण, प्रभा (अ.मा.) २ लेशमात्र, भाग. ३ सूर्य्य. ४ तेज, दीप्ति, ज्योति [सं० अश्रु] ५ आँसू।
उ०—प्राजळ चख वेगम अंसुपात, जमना जळ काजळ वहत जात।
—वि.सं.

अंसुक–सं०पु० [सं० अंशुक] १ पतला या महीन वस्त्र. २ रेशमी कपड़ा।

अंसुधर–सं०पु० [सं० अंशुधर] १ रश्मिधारी, सूर्य. २ अग्नि. ३ चन्द्रमा. ४ दीपक. ५ देवता. ६ ब्रह्मा. ७ प्रतापी या वीर पुरुष. ८ वंशज।

अंसुपात–सं०पु० [सं० अश्रुपात] आँसू गिराना, रोना, अश्रुपात।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

अंसुमांण, अंसुमांन–सं०पु० [सं० अंशुमान] १ सूर्य. २ चन्द्रमा. २ सागर के पौत्र और असमंजस के पुत्र अयोध्या के एक सूर्यवंशी राजा।

अंसुमाळी–सं०पु० [सं० अंशुमाली] १ सूर्य. २ चन्द्रमा. ३ अग्नि. ४ दीपक. ५ देवता।

अंसुवन–सं०पु० [सं० अश्रु] आँसू, अश्रु। उ०—इक बिरहणि हम ऐसी देखी अंसुवन की माळा पोवै।—मीरां

अंसू–सं०पु०—देखो 'अंसु'।

अंसूपती–सं०पु० [सं० अंशु+पति] सूर्य्य।

अंह–सं०पु० [सं० अंहस्] १ बाधा. २ दुःख ३ व्याकुलता. ४ अपमान. ५ पाप (डिं.को.)
सर्व०—मैं।
अनु०—खाँसने की ध्वनि।

अंहति–सं०स्त्री० [सं०] १ दान. २ त्याग. ३ पीड़ा।

अ–उप०—शब्द के पूर्व आकर यह विपरीत या निषेधादि, समान या विशेष का अर्थ सूचित करता है; जैसे–अभागी, अधरम, असवार, अप्रबळ, असमर।
सं०पु०—१ महादेव. २ ब्रह्मा. ३ कृष्ण. ४ सूर्य्य. ५ चंद्रमा. ६ पवन. ७ प्राण. ८ आनन्द. ९ काल. १० विष्णु।

सं०स्त्री०—११ लक्ष्मी. १२ शिखा. १३ प्रजा (एका.)

अइ–अव्यय [सं० अयि] १ हे, अरे (संबोधनार्थ या विस्मय में) २ 'ओ' शब्द का बहुवचन (प्रा.रू.)

अइयौ–अव्यय [सं० अयि] हे, अरे (संबोधनार्थ या विस्मय अर्थ में)

अइराक, अइराकि–सं०पु०—ईराक देश में उत्पन्न घोड़ा. २ ईराक देशोत्पन्न। देखो 'एराक'।

अइहइ–क्रि०वि० [प्रा.रू.] ऐसा, ऐसी। उ०—अग-नयणी, अगपति मुखी, अग मद तिलक लिलाट। अग-रिपु कटि सुंदर वणी, मारू अइहइ घाट।—ढो.मा.

अईं, अईंज–क्रि०वि०—१ व्यर्थ, फिजूल. २ ऐसे ही।

अई–अव्यय [सं० अयि] १ हे, अरे (संबोधनार्थ या विस्मय अर्थ में) (रू.भे. अइ) २ वाह-वाह सूचक शब्द।

अईभाग–सं०पु०—अहोभाग्य।

अईयौ–अव्यय [सं० अयि] हे, अरे (संबोधनार्थ या विस्मय अर्थ में) उ०—**अइयौ** अकबरिया तेज तिहारी तुरकड़ा।

अउ–सर्व०—१ 'ओ' का प्राचीन रूप 'वह'। उ०—सारीखी जोड़ी जुड़ी, आ नारी **अउ** नाह।—ढो.मा. २ यह। उ०—रांणी राजा सूं कहइ, कीजइ **अउ** विमांह।—ढो.मा.

अउगुण–सं०पु० [सं० अवगुण] १ दोष. २ बुराई. ३ अवगुण।

अउभकई–क्रि०वि० [प्रा.रू.] अचानक, अकस्मात। उ०—सउदागर राजा तिहाँ बइठा मंदिर मंझ, मारू दीठी **अउभकइ,** जांणि खिवी घण संझ।—ढो.मा.

अउभणई, अउभणउ—किसी अंगीकृत व्रत की समाप्ति पर किया जाने वाला उत्सव अथवा भोज। इसके पश्चात् उस व्रत को निरन्तर रखने की आवश्यकता नहीं होती (प्रा.रू.—मि० उभमणौ)

अउत–वि० [सं० अपुत्रक, प्रा० अउतअ] १ पुत्रहीन, निसंतान। [सं० अयुक्त] २ अयुक्त, अनुचित। उ०—**अउत** होइ घरि छोड़ां हो राय।—वी.दे.

अउथि, अउथी–क्रि०वि०—वहाँ, उस जगह। उ०—ईडर की धर अळगउँ जइ तूँ कहइ तु जांह। **अउथि** घड़ाऊँ आभरण, माल्हवणी मेलाँह।—ढो.मा.

अउब–वि० [सं० अद्भुत] अद्भुत। उ०—भिड़ियौ 'मालौ' **अउब** भत, रौदाँ सगत रही न। किळ तेरै तूंगा किया, त्रजड़ां तेरै तीन।—बां.दा. यौ०—अउबभत।

अउबगति, अउबगत्ति, अउबभत–सं०स्त्री०—अद्भुत गति। क्रि०वि०—अद्भुत रीति से।

अउर–क्रि०वि० [सं० अपर] और, अन्य। सं०पु० [सं० उर] हृदय।

अउळगउँ, अउळगऊँ–क्रि०वि० [प्रा.रू.] १ दूर, अति दूर। उ०—ईडर की धर **अउळगउँ**, जइ तूँ कहइ तु जांह। अउथि घड़ाऊँ आभरण, माल्हवणी मेलाँह।—ढो.मा. २ अलग।

अउळगण–सं०पु० [प्रा.रू.] प्रवास। उ०—ईडर की धर **अउळगण,** हूँ तउ जांणण देसि। धरि बइठाई आभरण, मोल मुहंगा लेसि। —ढो.मा.

अउसर–सं०पु० [सं० अवसर] १ समय. २ अवसर, मौका।

अऊंनम–सं०पु०—ॐ नमः, प्रणव मंत्र।

अऊँळी–वि०स्त्री०—विरुद्ध, उलटा। उ०—प्री पूठइ असतरी परजळइ, परिण नारी पूठि पुरख नवि बळइ। आ तें मांडी **अऊँळी** रीति, बात न बेड़सइ ढोला चीति।—ढो.मा.

अऊंळौ–वि०पु०—विरुद्ध, उलटा (स्त्री० अऊंळी)

अऊग्राहणौ, अऊग्राहबौ–क्रि०स०—१ बदला लेना. २ वसूल करना, उगाहना। उ०—गाहिया पिसण घणा वैर **अऊग्राहिया**।—द.दा.

अऊत–वि० [सं० अपुत्रक, प्रा० अउतअ] १ निःसंतान. २ कुपुत्र। उ०—कूड़ा निलज कपूत, हियाफूट ढांढ़ा असल, इसड़ा पूत **अऊत,** रांड जणै क्यूं राजिया। ३ बेवकूफ. ४ उजड्ड।

अऊती–वि०स्त्री० [सं० अपुत्रक, प्रा०अउतअ] निःसंतान, निपूती।

अऊब–वि०— देखो 'अउब'।

अओड़ौ–सं०पु०—१ टोकने का भाव. २ झिड़की, दुत्कार। (मि० ओड़ौ)

अकंटक–वि० [सं०] १ निर्विघ्न, बेखटके, बाधारहित. २ जिसका कोई विरोधी न हो, शत्रुहीन।

अकंपण–वि० [सं० अ+कंपन] कंपनरहित, दृढ़, स्थिर। सं०पु०—एक राक्षस जिसने खर के वध का वृत्तांत रावण से कहा था।

अक–सं०पु० [सं०] १ पाप. २ दुःख. ३ पीड़ा।

अकखड़पण, अकखड़पणौ–सं०पु०—देखो 'अक्खड़पणौ'।

अकखणौ, अकखबौ–क्रि०स०—कहना।

अकड़–सं०स्त्री०—१ ऐंठ, तनाव, मरोड़. २ बंध. ३ घमंड, अहंकार, ४ ढिठाई. ५ हठ, जिद. ६ बाँकापन. ७ लड़ना।

अकड़णौ, अकड़बौ–क्रि०अ०—१ सूखने के कारण सिकुड़ जाना. २ टेढ़ा हो जाना. ३ कड़ा पड़ जाना. ४ ऐंठना, मरोड़ना. ५ सर्दी से ठिठुरना. ६ सुन्न होना. ७ शरीर को तानना. क्रि०स०—८ अभिमान करना, शेखी बघारना. ९ हठ करना. १० अड़ जाना. ११ गुस्सा दिखाना. १२ रौब दिखाना या धमकी देना।

अकड़णहार-हारौ (हारी), अकड़णियौ–वि०—अकड़ने वाला।

अकड़ाई–(स्त्री०)

अकड़िओड़ौ, अकड़ियोड़ौ, अकड़्योड़ौ–भू०का०कृ०—अकड़ा हुआ। यौ०—अकड़बाज, अकड़-मकड़।

अकड़बाई–सं०स्त्री०यौ०—१ वायु के प्रकुपित होने से शरीर के अकड़ जाने का एक प्रकार का वात रोग. २ देह की नसों का पीड़ा के साथ खिंचना या तनना, ऐंठन।

अकड़बाज–वि०—शेखीबाज, घमंडी।

अकड़बाजी–सं०स्त्री०—१ ऐंठ, शेखी. २ घमंड, गर्व।

अकड़-मकड़-सं०स्त्री०—१ ऐंठ. २ गर्व।
अकड़ाई-सं०स्त्री०—१ गर्व, अभिमान. २ अकड़ने की क्रिया, ऐंठन।
अकड़ाळ-वि०—जबरदस्त।
अकड़ाव-सं०पु०—ऐंठन, खिंचाव।
अकड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—अकड़ा हुआ (स्त्री० अकड़ियोड़ी)
अकडू-वि० उ०लिं०—१ अभिमानी. २ अकड़ने वाला, अकड़बाज।
अकड़ूबाज—देखो 'अकड़बाज'।
अकड़ैत-वि०—१ अकड़बाज, अकड़. २ बलवान।
अकड़ौ—देखो 'अकडौ'।
अकच-वि० [सं० अ+कच] बिना बाल का, रोमरहित।
सं०पु०—जैन साधु।
अकच्छ-वि० [सं० अ+कच्छ या कक्ष] १ नंगा, नग्न. २ व्यभिचारी, लम्पट।
अकज-वि०—१ खराब. २ व्यर्थ। उ०—इकडंकी गिरण एकरी, भूले कुळ साभाव। सूरां आळस ऐस में, **अकज** गुमाई आव।—वी.स.
सं०पु० [अ+कार्य] १ नाश. २ हानि।
अकजौ, अकज्ज-वि०—१ व्यर्थ, निकम्मा. २ कायर, डरपोक।
उ०—सूर वागा सभै, रौद्र हिंदू रजै। सोभणी सकजै, अमेळां **अकजै**।—रा रू.
सं०पु० [अ+कार्य] १ अकाज. २ बिगाड़. ३ बुरा कार्य।
अकठ-सं०स्त्री०—वह गाय या भैंस जिसका दूध आसानी से निकलता हो।
अकडोडियौ-सं०पु०—आक या मदार का फूल जो प्रायः शिव-पूजा में प्रयोग किया जाता है।
अकढ़-सं०पु०—बिना गर्म किया हुआ दूध।
अकढ़ियौ, अकढ़ियोड़ौ-सं०पु०—बिना गर्म किया हुआ दूध।
अकण, अकणी-सं०स्त्री०—गेहूँ की वे बालें जिनमें गेहूँ का बीज न पनपा हो, बिना कण या अनाज का।
अकतार-सं०पु० [सं० इख्तियार] १ अधिकार, काबू, प्रभुत्व, स्वत्व. २ अधिकार क्षेत्र. ३ शक्ति, सामर्थ्य।
अकत्थ, अकथ-वि० [सं० अ+कथ्] १ न कहने योग्य. २ कथन-शक्ति से परे या बाहर। उ०—अगम अगाध तू अगला अगवांणी, तू अवगत अनाथनाथ तू **अकथ** कहांणी।—केसवदास गाडण
३ जो न कहा जा सके, अवर्णनीय। उ०—**अकथ** कहांणी प्रेम री, किण सूं कही न जाय।—ढो.मा.
अकथकथ-वि०—अकथनीय।
अकथा-सं०स्त्री० [सं०] कुकथा, अपभाषा।
अकथियोड़ौ-भू०का०कृ०—नहीं कहा हुआ (स्त्री० अकथियोड़ी)
अकथ्थ, अकथ्य—देखो 'अकथ'। उ०—पंथ असेंदौ पूगणौ, अळगौ घणौ **अकथ्थ**।—बां दा.
अकनकंवार-सं०स्त्री०—१ आजीवन या कुछ काल तक कौमार्य व्रत धारण करने का भाव।
वि०—देखो 'अकनकंवारौ'।
अकनकंवारौ, अकनकुंवारौ-वि०—आजीवन कौमार्य व्रत धारण करने वाला, जिसने स्त्री-प्रसंग न किया हो (स्त्री० अकनकुंवारी)
अकपट-सं०पु० [सं० अ+कपट] कपटहीन, सरल, सीधा, छलहीन।
अकबक-सं०पु०—१ व्यर्थ बकवक, असंबद्ध प्रलाप. २ धड़क, खटका. ३ चतुराई।
वि०—१ अंडबंड. २ भौचक्क। उ०—बिरुदाळि बंदिन बित्थरे, अति बेग सम्मुह उप्परे, बजि कटक दमनक रचक धमचक, अटक दक तक मुलक **अकबक**, अछक छक भट ललक।—वं.भा. ३ निस्तब्ध. ४ घबराया हुआ।
अकबक्कणौ, अकबक्कबौ-क्रि०अ०—व्याकुल होना। उ०—भोगी भोग न झिलि सकें भूमि **अकबक्कै**।—वं.भा.
अकबरी-सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का प्राचीन सोने का सिक्का. २ एक प्रकार की मिठाई।
अकबार-सं०पु० [अ० अख़बार] समाचार-पत्र, खबर का कागज।
अकबाल-सं०पु० [सं० इकबाल] देखो 'इकबाल'।
अकयथ्थ-वि० [प्रा०रू०] अकारथ, व्यर्थ। उ०—वालिभ गरथ वसी-करण, बीजा सहु **अकयथ्थ**। जिए चडचा दळ उत्तरइ, तरुणि पसारइ हथ्थ।—ढो.मा.
अकर-वि० [सं०] १ न करने योग्य. २ कठिन. ३ जबरदस्त. ४ भयंकर. ५ बिना हाथ का. ६ बिना कर या महसूल का, कर मुक्त।
अकरण-सं०पु० [सं०] १ इंद्रियों से रहित, परमात्मा. २ कर्म का फलरहित होना. ३ न करने योग्य कार्य, बुरा या आपत्तिजनक कार्य. ४ पाप [सं० अ+कर्ण] ५ बहिरा. ६ साँप।
वि० [अ०+कारण] १ बिना कारण का. २ असंभाव्य. ३ अघटनीय।
अकरणकरण-सं०पु०—ईश्वर, परमात्मा।
अकरतौ-वि० [अ+कर्ता] १ कर्म न करने वाला, अकर्मण्य. २ जो कर्मों से निर्लिप्त हो, कर्म से पृथक।
अकरब-सं०पु० [अ०] एक प्रकार का घोड़ा जिसके मुँह पर सफेद बाल होते हैं और उक्त सफेद बालों के बीच-बीच में दूसरे रंग के भी बाल होते हैं; ऐसा घोड़ा अशुभ माना गया है (शा.हो.)
अकरम-सं०पु० [सं० अ+कर्म] १ न करने योग्य कार्य. २ बुरा काम. ३ पाप, अपराध. ४ अधर्म।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।
वि०—१ बेकार, कामरहित [सं० अ+क्रम] २ बिना क्रम के, क्रमहीन, उलटा-पुलटा।
अकरमक-सं०पु० [सं० अकर्मक] व्याकरण के अनुसार क्रिया के दो मुख्य भेदों में से एक भेद जिसमें कर्म की आवश्यकता नहीं होती और कर्त्ता तक ही क्रिया का कार्य समाप्त हो जाता है।

अकरमणय-वि० [सं० अकर्मण्य] १ आलसी. २ कुछ काम न करने वाला, निकम्मा, निठल्ला. ३ काम करने के अयोग्य. ४ पापी, दुष्कर्मी।

अकरम संन्यास-सं०पु०यौ० [सं० अक्रम+संन्यास] क्रम से न लिया गया संन्यास।

अकरमी-सं०पु० [सं० अकर्म्मिन्] १ बुरा काम करने वाला. २ पापी, दुष्कर्मी. ३ अपराधी। (स्त्री०—अकरमण)।

अकरम्म—देखो 'अकरम'।

अकरांइजणौ, अकरांइजबौ-क्रि०अ०—पथरीले मार्ग में चलने से पैरों का अकड़ना।

अकरांइजियोड़ौ—भू०का०कृ०।

अकरांइजियोड़ौ-वि०—पथरीले मार्ग में चलने से अकड़ा हुआ (पैर)। (स्त्री०—अकरांइजियोड़ी)

अकराळ-वि०—१ भयंकर, भयावह, विकराल. २ कठोर. [सं० अ+कराल] ३ जो भयंकर या भयावह न हो।

अकरिता—देखो 'अकरतौ'।

अकरुण-सं०पु० [सं० अ+करुण] करुणारहित, निर्दयी, निष्ठुर, क्रूर।

अकरूर, अकरूरि-सं०पु० [सं० अक्रूर] श्वफल्क और गान्दिनी के पुत्र एक यादव जो श्रीकृष्ण के चाचा थे।

अकरेलणौ, अकरेलबौ-क्रि०स०—१ खोद कर कोई गड़ी हुई वस्तु निकालना. २ खोदना। उ०—खेतां काढ़ै खाल, जोड़ कर ऊंट अलांणां, कसियां सूं **अकरेल**, नैण जळ भरा निनांणां।—दसदेव.

अकळंक-वि० [सं० अकलंक] १ निष्कलंक. २ दोषहीन, निर्दोष।

अकळंकता-सं०स्त्री० [सं० अकलंकता] निर्दोषता, कलंकहीनता।

अकळ-वि० [सं० अकल] १ अपार, असीम। उ०—अजन प्रांण तप **अकळ**, देख खुरसांण दहल्ले।—रा.रू. २ अगम्य। उ०—**अकळ** अजन्म अलेख अप्रंप्रम क्रम मम कटै तूझ कथतां क्रम।—ह.र.
३ वीर, समर्थ। उ०—दोळा त्रीस हजार दळ, **अकळ** अजो नरपत्त।
—रा.रू.
४ संपूर्ण, अखिल। उ०—**अकळ** तुहिं ज कै कोइ अवर, बोहौ नांमी बूझब्ब।—ह.र. ५ व्याकुलतारहित, दोषरहित। उ०—ज्यांरै धोरी बेगड़ौ, ज्यांरा सींग बधंत। औ जूपै जिण रथ **अकळ**, सोही रण सोहंत।—बां.दा. ६ व्याकुल, बेचैन, घबराया हुआ।
सं०पु०—१ ईश्वर (नां.मा.) २ शिव (अ.मा.)

अकल-सं०स्त्री० [अ० अक्ल] बुद्धि, समझ, ज्ञान।
पर्याय०—ग्यांन, धी, बुद्धि, मति, समझ।
क्रि०प्र०—आणी, गमाणी, जाणी, देणी, रे'णी, होणी।
मुहा०—अकल खरच करणी—समझ से काम लेना. २ अकल घास चरण नै जावणी—बुद्धि का अभाव. ३ अकल चकराणी—हैरान होना. ४ अकल देणी—समझाना. ५ अकल दौड़ाणी—सोच-विचार करना, गौर करना. ६ अकल भांग खाणी—मूर्खता का काम करना. ७ अकल माथै भाटा पड़णा—बुद्धि भ्रष्ट होना. ८ अकल मारी जाणी—बुद्धि भ्रष्ट होना. ९ अकल रौ अजीरण होणौ—बेवकूफ होना. १० अकल रौ दुसमण—बेवकूफ, मूर्ख. ११ अकल रौ पूतळौ—मूर्ख (व्यंग्य) १२ अकल रौ पूरौ (व्यंग्य) मूर्ख. १३ अकल सूं भारियां (बोझियां) मरै है—बेवकूफ होना।
कहा०—१ अकल उधारी ना मिळै, हेत न हाट बिकाय—बुद्धि उधार नहीं मिलती, वह अपनी ही काम देती है तथा प्रेम बाजार में पैसे से प्राप्त नहीं किया जा सकता। २ अकल ऊमर ऊपर नहीं है—बुद्धि का आयु से संबंध नहीं है अर्थात् कम आयु वाला व्यक्ति भी बुद्धिमान हो सकता है. ३ अकल तौ अड़नै ई कौ निकळी नी—नितांत बेवकूफ. ४ अकल बड़ी'क भाग—बुद्धि भाग्य से बड़ी है.
५ अकल बड़ी'क (कै) भैंस—भैंस से बुद्धि बड़ी है. ६ अकल रै लारै डांग (लट्ठ) ले'र दौड़णौ—बुद्धिमानी की बात न सुनना व मूर्खता का काम करना. ७ अकल रौ अजीरण—आवश्यकता से अधिक बुद्धि होना (व्यंग्य) मूर्ख होना. ८ अकल सरीरां ऊपजै दियी न आवै सीख—अकल अपनेआप आती है, सिखाने से नहीं आती. ९ अकल सरीरां ऊपजै दीया आवै (लागै) डांम—बुद्धि सिखाई हुई नहीं आती, दिये तो डांम (देखो डांम) लगते हैं.
१० अकल सूं खुदा पिछाणीजै—बुद्धि से परमात्मा प्राप्त होता है अर्थात् बुद्धि से बड़ी से बड़ी समस्या समझी जा सकती है. ११ अकल हीयै ऊपजै दीयां लागै (आवै) डांम—बुद्धि सिखाई हुई नहीं आती; दिये हुए तो डांम (देखो डांम) लगते हैं. १२ आप री अकल नै घोड़ा ई नहीं नावड़ै (पूगै)—बहुत बुद्धिमान होना. १३ एक मण अकल सौ मण इलम—विद्या की अपेक्षा बुद्धि बड़ी है. १४ नकल में अकल री जरूरत है—बिना बुद्धि के नकल में भी काम नहीं चल सकता. १५ मूरख री अकल माथै में होवै—मूर्ख को पीटने पर ही बुद्धि आती है. १६ लुगायां में अकल व्है तौ जांन में क्योंनी ले जावै—अगर स्त्रियों में भी बुद्धि होती तो उन्हें बारात में ही साथ क्यों न ले जाते अर्थात् स्त्रियों में बुद्धि नहीं होती. १७ सूतौ खावै हिंगतौ गावै उण में अकल कदे नी आवै—जो आदमी सोता हुआ खाता है तथा शौच जाते गाता रहता है वह सदा मूर्ख होता है।
(रू०भे०—अक्कल, अक्कलि, अक्खल, अकलि, अकिल)
यौ०—अकलदार, अकलनधांन, अकलमंद, अकलवांन (अकलड़ी-अल्पा.)

अकलकरौ-सं०पु० [सं० आकरकरभ, अ० अक़रक़रहा] प्राय: उत्तर अल्जीरिया में होने वाला एक प्रकार का पौधा विशेष जिसकी जड़ें पुष्ट होती हैं। यह कामोद्दीपक औषधि है। इससे मुंह में जीभ पर चुनचुनाहट होकर थूक अधिक आता है (अमरत)

अकळकुमारी-सं०स्त्री०—पृथ्वी, धरती (नां.मा.)

अकलखरौ, अकलखुरौ—देखो 'अकलकरौ'।

अकळगति-सं०स्त्री० [सं० अकल+गति] वह अवस्था या गति जिसका ज्ञान मनुष्य न लगा सके।

अकलदाड, अकलदाढ़-सं०पु० [सं० अक्ल+सं० दंष्ट्रा] मनुष्य के वयस्क

पर बत्तीस दाँतों के अतिरिक्त निकलने वाला दाँत।

अकलदार–वि० [अ० अक्ल+फा० दार] बुद्धिमान, समझदार।

अकलनधांन–वि० [अ० अक्ल+सं० निधांन] १ बुद्धिमान, पंडित. २ चतुर।

अकळबकळ–वि०—१ व्याकुल, घबराया हुआ. २ अव्यवस्थित. ३ अस्तव्यस्त. ४ बेढंगा, अंटसंट. ५ बहुत. ६ मर्यादा से बाहर।

अकलमंद–वि० [अ० अक्ल+फा० मंद] १ बुद्धिमान, समझदार. २ चतुर।

कहा०—अकलमंद नै इसारौ घणौ—बुद्धिमान व्यक्ति थोड़े से इशारे से ही सब बात समझ लेता है।

अकलमदी–सं०स्त्री० [अ० अक्ल+फा० मंद+ई–रा०प्र०] बुद्धिमानी, समझदारी।

अकलमस–वि० [सं० अ+कल्मष] निष्पाप।

अकळ-वकळ—देखो 'अकळवकळ'।

अकलवांन–वि० [अ० अक्ल+वांन–रा०प्र०] बुद्धिमान।

अकळविकळ—देखो 'अकळवकळ'।

अकळा–सं०स्त्री—बिजली (नां.मा.)

अकळाणौ, अकळाबौ–क्रि०अ०—घबराना, व्याकुल होना। उ०—चुभै कपोळां आय भांमण जद अकळावै। नख बधतोड़ै हाथ सांवळी लट सिरकावै।—मेघ०

अकळायोड़ौ–भू०का०कृ०—व्याकुल।

अकळावणौ, अकळावबौ–प्रे०रू०—तथा क्रिया 'अकळाणौ' का रू.भे.

अकलाळौ–वि० [अ० अक्ल+आळौ–रा०प्र०] बुद्धिमान, दूरदर्शी। उ०—जद पाछौ कह्यौ 'जसू' आगम अकलाळै।—वी.मां.

अकलि–सं०स्त्री० [अ० अक्ल] अक्ल, बुद्धि। देखो 'अकल'।

अकलीम–सं०पु० [अ० अक्लीम] १ देश. २ बादशाहत, राज्य। उ०—साह तणा खूनी सबळ, आय बचै डण ठौड़। औ सातूं अकलीम में, चावौ गढ़ चीतौड़।—बां.दा.

अकळीस–सं०पु० [सं० अकल+ईश] १ विष्णु. २ निराकार, परमात्मा. ३ शिव।

अकळीसट–वि० [सं० अक्लिष्ट] सुगम, सहज, आसान।

अकळेस–वि० [सं० अ+क्लेश] क्लेशरहित, सुखी। सं०पु० [सं० अकल+ईश] देखो 'अखलेस'।

अकळेस्र, अकळेसुर, अकळेस्वर–सं०पु० [सं० अखिलेश्वर] १ देखो 'अखळेस' २ श्रीकृष्ण (अ.मा.)

अकल्पत-वि० [अ+कल्पित] कल्पनारहित, सच्चा।

अकल्यांण–सं०पु० [सं० अ+कल्याण] अमंगल, अशुभ, बुरा, अशुकन।

अकवानंद–सं०पु०—भीम (अ.मा.)

अकस–सं०पु० [अ०] १ डाह, द्वेष। उ०—कविराजा सूं मंदकवि, अकस करै अविचार। अब जग करता सूं अकस, करसी घट करतार। —बां.दा.

२ बैर, विरोध, शत्रुता। उ०—राव करी तहिसौं अकसै, फिर भाज गयौ रण भीम न आयौ।—बां.दा. [फा० अक्स] ३ छाया. ४ प्रतिबिंब. ५ तसवीर, चित्र।

सं०पु० [सं० आकाश] ६ आकाश, व्योम। उ०—सकसे का जैतवार अकसे का वाई।—रा.रू.

क्रि०वि०—१ सगर्व से, ऐंठ के साथ। उ०—अबदळखां चढ़ियौ अकस, कस बडफर केवांण।—रा.रू.

अकसणौ, अकसबौ—१ ईर्ष्या करना. २ कोप करना।

अकसमात–क्रि०वि० [सं० अकस्मात्] १ अकस्मात्, सहसा यकायक, अनायास. २ संयोगवश।

अकसर–क्रि०वि० [अ०] प्राय:, बहुधा, अधिकतर।

अकसीर–सं०स्त्री० [अ० अक्सीर] किसी धातु को सोना या चाँदी का बना देने वाला रस या धातु, रसायन, कीमिया. २ सब रोगों को नष्ट करने वाली दवा।

वि०—अव्यर्थ, अचूक, अमोघ।

अकसौ–सं०पु० [अ० अकस] ईर्ष्या। उ०—छळ न वळै सौ अकसौ छोडै, इरांनी नह कौ बळ ओडै।—रा.रू.

अकस्मात—देखो 'अकसमात्'।

अकस्स–सं०पु० [अ० अकस] देखो 'अकस'। उ०—चढ़ियौ गढ़ तरवार गहि, ऊहड़ धारि अकस्स।—रा.रू.

अकस्सण–वि० [अ० अकस] १ कोप करने वाला. २ ईर्ष्या करने वाला।

अकस्सणौ, अकस्सबौ–क्रि०अ०—१ कोप करना। उ०—इंदावत सिवदांन अकस्सै, प्रसण गिळण भुज गयण परस्सै।—रा.रू. २ ईर्ष्या करना (रू.भे.—'अकसणौ, अकसबौ')

अकह—देखो 'अकथ'।

अकहौ–क्रि०वि०—विना कहा। उ०—न कदेई अकहौ कियौ। —पलक दरियाव री बात

अकांपा–वि० [सं० अ+कंपित] १ न काँपने वाला, कंपनरहित. २ जितेन्द्रिय।

अकांम–क्रि०वि०—व्यर्थ, बिना कारण, बिना मतलब। उ०—कर मत सुपियारी कंवर, काली कळह अकांम।—पा प्र.

सं०पु० [सं० अकाम] १ कार्य-हानि, नुकसान. २ विघ्न, बिगाड़. ३ नाश, ध्वंस। उ०—औ मेळू अवरां तणौ, असुरां करण अकांम। —रा.रू.

४ इच्छारहित, कामनारहित। उ०—अनांम अकांम अवास अवेस, आदेस आदेस आदेस आदेस।

अकांमी–वि० [सं० अ+कामिन्] १ कामनारहित, निस्पृह. २ कामरहित, जितेन्द्रिय. ३ व्यर्थ, बेकाम, निकम्मा।

अकाज–सं०पु० [सं० अ+कार्य] १ कार्य-हानि, नुकसान. २ विघ्न. ३ बिगाड़. ४ बुरा कार्य। उ०—औसर मांय अकाज, सांमौ बोल्यां सांपजै। करणौ जे सिध काज, रोस न कीजै राजिया। ३ मृत्यु.

४ दुख, कष्ट, आपत्ति ।

क्रि०वि०—व्यर्थ, निष्प्रयोजन ।

अकाजी-वि०—कार्य हानि करने वाला, बाधक ।

अकाथ-वि०—१ अकारण, वृथा । [सं० अकथ] २ अकथ अकथनीय ।

अकाय-वि० [सं० अ+काय] १ काया या देहरहित, जन्म न लेने वाला, निराकार ।

सं०पु०—१ ईश्वर. २ कामदेव. ३ शक्ति, बल ।

अकार-सं०पु० [सं०] १ 'अ' वर्ण [सं० आकार] २ आकृति, स्वरूप, मूर्ति. ३ निशान ।

वि० [सं० अ=नहीं+रा० कार=कार्य] १ बेकार, बेकाम ।

[सं० अ=नहीं+कार=मर्यादा] २ मर्यादारहित ।

अकारज—देखो 'अकाज' ।

अकारण-वि० [सं० अ+कारण] १ बिना कारण, हेतुरहित ।

उ०—मेछ **अकारण** आप मुरादौ, संग अजीम वळे सहिजादौ ।

२ स्वयंभू । —रा.रू.

क्रि०वि०—व्यर्थ, बेसबब ।

अकारणीक, अकारनीक-वि० [सं० अ+कारण+ईक-रा०प्र०] देखो 'अकारण' । उ०—**अकारनीक** आप नांहि कारनीक हौ क्रतू ।—ऊ.का.

अकारथ-वि० [सं० अकार्य्यार्थ, प्रा० अकारियत्थ] बेकार, व्यर्थ, फिजूल निष्प्रयोजन ।

क्रि०प्र०—करणौ, जाणौ, समाणौ, होणौ ।

अकारी-सं०स्त्री०—१ काश्तकारों का कुए पर बैलों को बारी-बारी से जोतने का एक निर्धारित समय ।

वि०—१ देखो 'अकारौ' ।

२ बुरी, खराब. ३ दर्द करने वाली ।

उ०—सू मब जेठ कळाधर सारी, आयौ रवि ज्यौं किरण **अकारी** ।

—रा.रू.

अकारो, अकारौ-वि० (स्त्री० अकारी) १ तीव्र, तेज. २ कड़ा. ३ जबरदस्त, बलवान, महातेजस्वी । उ०—उदै भड़ मेलिया **अकारा**, नीसरिया खळ छोड नकारा ।—रा.रू.

वि०—भयंकर । उ०—कळु काळ आवसी, पवन वाजसी **अकारौ** । सर नांडा सूखसी, धणी पलटसी धरा रौ ।—पहाड़ खां आढ़ौ

अकाळ-वि० [सं० अकाल] अनुपयुक्त अवसर, बुरा समय, असमय ।

सं०पु०—१ मौत, मृत्यु. २ दुर्भिक्ष, दुष्काल. ३ घाटा, कमी ।

क्रि०प्र०—आणौ, पड़णौ, होणौ ।

अकाळकी-सं०स्त्री०—बिजली (ह.नां.)

अकाळकुसम-सं०पु० [सं० अकाल+कुसुम] बिना ठीक समय या बे-ऋतु फूलने वाला फूल ।

अकाळजळद-सं०पु० [सं० अकाल+जलद] असमय के बादल ।

अकाळणी-सं०स्त्री०—काली सर्पिणी । उ०—खणंकि खाग खग्गए, **अकाळणी** उमंगए ।—रा.रू.

अकाळपुरस, अकाळपुरुस-सं०पु० [सं० अकाल+पुरुष] सिक्खों के ग्रंथ में ईश्वर का एक नाम ।

अकाळपुसप, अकाळपुस्प-सं०पु० [सं० अ+काल+पुष्प] अकाल-कुसुम ।

अकाळमांत-सं०स्त्री० [सं० अकाल+मृत्यु] असमय की मृत्यु, असामयिक मृत्यु ।

अकाळमूरत-सं०पु० [सं० अकाल+मूर्ति] नित्य या अविनाशी पुरुष, ईश्वर ।

अकाळमौत, अकाळम्रतु—देखो 'अकाळमांत' ।

अकाळव्रस्टी, अकाळव्रस्ठी-सं०स्त्री० [सं० अकाल+वृष्टि] कुसमय की वर्षा, असमय की वर्षा ।

अकाळी-सं०पु० [सं० अकाल+ई] १ एक चक्र के साथ सिर पर काली पगड़ी वाले एक प्रकार के नानकपंथी साधु. २ नानक संप्रदाय की एक शाखा विशेष जो गुरु गोविंदसिंहजी को मानते हैं ।

वि०—१ भयंकर, भीषण, कराल, विकट. २ जो श्याम वर्ण का न हो, उज्ज्वल, सफेद ।

अकास-सं०पु० [सं० आकाश] आकाश, आसमान । उ०—छत्रे **अकास** एम ओछायौ, घण आयौ किरि वरण घण ।—वेलि.

कहा०—अकास सूं पड़ी तौ खजूर में अटकी—एक विपत्ति से निकल कर दूसरी विपत्ति में पड़ना. २ अकास सूं पड़ी धरती झाली कोनी—भारी विपत्ति में पँड़ना; ऐसी विपत्ति में पड़ना जिससे बचना संभव न हो ।

यौ०—१ अकासबांणी. २ अकासीबिरत ।

अकासबांणी-सं०स्त्री० [सं० आकाशवाणी] देववाणी ।

देखो 'आकासवाणी' ।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

अकासबेल-सं०स्त्री० [सं० आकाश+बेलि] अमरबेल ।

अकासि, अकासी-सं०स्त्री० [सं० आकाश+ई] १ आकाश से संबंध रखने वाली २ चील ।

सं०पु०—३ बादल (नां.मा.) [सं० आकाश] ४ आकाश ।

उ०—पानी पवन और धूर **अकासि** ।—वी.दे.

वि०—१ आकाश से संबंध रखने वाली. २ ईश्वरीय.

३ अनिश्चित (आय)

अकासीबिरत-सं०स्त्री० [सं० आकाश+ई+वृत्ति] देखो 'आकासी-बिरत' ।

अकिंचन, अकिंचनक-वि० [सं० अकिंचन] १ निर्धन, कंगाल, दीन. २ कर्मशून्य. ३ असमर्थ. ४ तुच्छ ।

अकिल—देखो 'अकल' ।

अकिलज्योति-सं०स्त्री० [सं० अखिल+ज्योति] अखिल ज्योति ।

अकिलदाढ़—देखो 'अकलदाड' ।

अकीक-सं०पु० [फा० अकीक़] एक प्रकार का लाल पत्थर विशेष ।

अकीध, अकीधौ-क्रि०भू०का० [सं० अ+कृ] (स्त्री० अकीधी) 'करना'

का निषेधात्मक भूतकालिक रूप, नहीं किया (बहु० अकीधा)
उ०—जिम सिणगार **अकीधं** सोहति, प्री आगमि जांणियै प्रिया।
—वेलि.

अकीनी–वि० [अ० यकीनी] १ विश्वासी. २ निश्चित।

अकीयारथ–वि०—व्यर्थ, निष्फल। देखो 'अक्यारथ'।

अकीरत, अकीरति, अकीरती–सं०स्त्री० [सं० अकीर्ति] अयश, अपयश, बदनामी।

अकीरतिकर, अकीरतीकर–वि० [सं० अकीर्तिकर] अपयशकारी, अयशस्कर।

अकीरत्त–सं०स्त्री० [सं० अकीर्ति] देखो 'अकीरत'।

अकुंठ–वि० [सं०] १ तीक्ष्ण, पैना. २ खुला हुआ. ३ तीव्र. ४ खरा, चोखा, उत्तम।

अकुंठत–वि० [सं० अकुंठित] जो कुंठित न हो, पैना।

अकुपार–सं०पु० [सं० अकूपार] सागर, समुद्र (ह.नां., डि.को.)

अकुळ–वि० [सं० अ+कुल] १ जिसके कुल में कोई न हो, परिवारहीन. २ नीच कुल का, कुलहीन, अकुलीन।

अकुळणी–वि०स्त्री०—व्यभिचारिणी, अकुलीन। उ०—नट ज्यौं नाचता, कुळचता, **अकुळणी** नेंण ज्यों ऊछाछळा आपरी छाआं सूं डरपता।
—रा.सा.सं.

अकुळणौ, अकुळबौ, अकुळाणौ, अकुळाबौ–क्रि०अ० [सं० आकुलन] व्याकुल होना, घबराना। उ०—आ सुणतां थाणैं **अकळायौ**. नूरमली जोधांणै आयौ।—रा.रू.

अकुळाणियौ–वि०—व्याकुल होने वाला।

अकुळावणौ, अकुळावबौ–'अकुळाणौ' का रू.भे.।

अकुळीजणौ, अकुळीजबौ–अपने आप व्याकुल होना—भाव. वा.।

अकुळीजियोड़ौ–भू०का०कृ० व्याकुलित।

अकुळावणौ, अकुळावबौ—देखो 'अकुळाणौ'।—व्याकुलित

कहा०—१ अठे कांई मकिया खावण नै पदारिया हौ—यहाँ आराम के लिए नहीं आये, कुछ काम कीजिए। २ अठे कांई धरने भूल गया हौ?—बार-बार यहाँ क्यों आते हो, क्या यहाँ कोई वस्तु रख कर भूल गए हो? ३ अठे कांई टक्का भांगण नै है—यहाँ पैसा खर्च करने की बात मत करो। ४ अठे कांई लोबौ लेवण ने पदारिया—यहाँ किस लाभ की आशा से आए हो? यहाँ लाभ की आशा करना व्यर्थ है। ५ अठे किसा नागा नाचै है?—यहाँ कौनसा असभ्य कार्य हो रहा है? ६ अठे किसी बांदरी ब्याई है—यहाँ कोई अद्भुत कार्य थोड़े ही हो रहा है। ७ अठे किसा सोनय्या नीपजै—यहाँ सोने के सिक्के पैदा नहीं होते, यहाँ कोई विशेष लाभ नहीं है। ८ अठे किसौ रुळि रौ जोड है?—देखो कहा० ११। ९ अठे किसौ नाथी रौ बाड़ौ है—यहाँ कौनसा चकला समझ रखा है। १० अठे किसौ नांनांणौ है? यहाँ कौनसा तुम्हारा ननिहाल है जो तुम कुछ भी करने या खाने-पीने के लिए स्वतन्त्र हो? ११ अठे किसौ रुळि रौ जोड देखियौ—यहाँ कौनसा बिना मालिक का लावारिस माल देखा है, जो लेने का प्रयत्न कर रहे हो। १२ अठे की हेमांणी (गाडियोड़ी) गाडी है? यहाँ क्या सोने का खजाना गड़ा है? १३ अठें कीं आँना तूटै है—इस व्यक्ति में कुछ विशेष सार नहीं है। १४ अठे जोईजै जका उठै जोईजै—भले आदमियों की चाह लोक-परलोक में सर्वत्र होती है।

अठे–क्रि०वि०—यहाँ, इस जगह पर (देखो 'अटे' रू.भे.)

अठेल, अठेलमौ–वि०—१ बलवान, जोरावर। उ०—जोगी जटा थटा हूँत खूटौ वीरभद्र जांणै। असी रीत आंण जूटौ नौ हत्थौ **अठेल**।

—अज्ञात

२ वह जो पीछे न हटे, वीर, अविचलनीय, दृढ़। उ०—लेबा आयौ छाक जके पाछौ भाग लागौ, ऊभौ जेत-खंभ हुआं (थकां) संभरी **अठेल**—कोठारिया रावत जोधसिंह रौ गीत। ३ बहुत, अधिक। उ०—ऊगै जिम दूणा अमल, लीजै आज **अठेल**। मरजाणी रा खेल में, घरजाणी रा खेल—वी.स.। ४ यथेष्ट।

अठै—क्रि०वि०—देखो 'अटे'। उ०—**अठै** रहतां करतां बरस एक हुवौ ताहरां बचौ एक पाळियौ—चौबोली।

अठैइज–क्रि०वि०—यहीं (निश्चयार्थ सूचक)

अठोको–वि०—मजबूत, दृढ़, शक्तिशाली। उ०—तेजवंत **अठोका** तुरँग तास, झट दौड़ गुण ग्रह कुरंग जास—शि.सु.रू.।

अठोठ–वि० [रा०–अ+ठोठ] १ विद्वान. २ पढ़ा-लिखा।

अठोतर–वि०—देखो 'अठंतर'।

अठोतरमौ–वि०—अठहत्तरवाँ।

अठोतरसौ–वि०—एक सौ आठ, १०८ ।

अठोतरी–वि०—एक सौ आठ ।

सं०स्त्री०—१ एक सौ आठ की संख्या. २ एक सौ आठ मणियों वाली जपने की माला ।

अठोर, अठोरिय, अठोरी–वि०—१ मजबूत, दृढ़. २ तीव्र, तेज ।
उ०—कळ पांण **अठोरिय** धोफ करै, जिणवार बळांराय तौर जड़ै—पा.प्र. ।

अट्ठी–सं०स्त्री०—एक रंग की आठ बूंटियों वाला ताश का पत्ता ।

अट्ठौ–सं०पु०—डिंगल का एक वर्ण छंद (गीत) विशेष जिसमें प्रथम चार चरण अरध नाराच छंद (देखो 'अरध नाराच') के तथा अंत में एक दोहा होता है—र.ज.प्र. ।

अडंगाबाज–वि०—१ पाखंडी, आडंबर रचने वाला, असंत्यवादी. २ रुकावट डालने वाला, विघ्न उत्पन्न करने वाला [सं० अडंगाबाजी]

अडंगी, अडंगौ–सं०पु०—१ विघ्न, रुकावट, अवरोध, अड़चन. २ हस्तक्षेप. ३ पाखंड, ढकोसला. ४ स्वार्थसिद्धि की युक्ति ।
वि०—न झुकने वाला, न मानने वाला, अनम्र ।

अडंड–वि० [सं० अदंड] १ जिस पर किसी का दंड न लगे. २ निर्भय, अदंड । उ०—दिली रा नायबां डंडै **अडंडां** लगाड़ै डंड—अजीतसिंह रौ गीत । ३ देखो 'अदंड' ।
सं०पु०—घोड़ा । उ०—सीस रै भूतेस सत्रां, रीस रै वेढाक-रंगी । 'ईसरै' ओरियावार तीसरी **अडंड**—ईसरदास खिड़िया रौ गीत ।

अडंडणीय–वि० [सं० अदंडनीय] जो दंड पाने योग्य न हो अदंड्य ।

अडंडा-डंड–सं०पु०—जिसको दंड देने की सामर्थ्य किसी में न हो उसे भी दंड देने वाला व्यक्ति, महान वीर ।

अडंबर–सं०पु०—देखो 'आडंबर' । उ०—मेह **अडंबर** मंडती, रज अंबर ढकै—वं.भा. ।

अडकारणौ, अडकारबौ–क्रि०स०—१ मारना, संहार करना. २ हजम करना, खा जाना । उ०—दिती सुत सुंभ निसुंभ बिदारि । कई रतबीज गई **अडकारि**—मे.म. ।

अडकारणियौ–वि०—मारने वाला, हजम करने वाला ।

अडकारिओड़ौ-अडकारियोड़ौ-अडकारयोड़ौ–भू०का०कृ०— मारा हुआ, हजम किया हुआ ।

अडग–वि० [अ+डिग] न डिगने वाला, अटल, अचल, अडिग ।
उ०—अजोध्यानाथ दसमाथ रावण **अडग**, महा बे ओर भाराथ मातौ —र.रू.

अडगपण, अडगपणौ–सं०पु०—[अ+डिग+पण-पणौ-रा०प्र०] नहीं डिगने का भाव, अचलत्व, स्थिरता । उ०—विकळ मन हुवै नह समर वस परदुख कापण **अडगपण**—पा.प्र. ।

अडगी–वि०—१ भिड़न्त करने वाला, टक्कर लेने वाला ।
२ नहीं डिगने वाला, अडिग ।

अडपणौ, अडपबौ–क्रि०अ०—१ जिद्द करना । उ०—राव सांसण लेवण रीसांणौ, राखण काज **अडपियौ** रांणौ—दुरसौ आढ़ौ ।
२ साहस करना ।

अडपेंच–सं०पु०—पगड़ी की पड़ी लपेट । उ०—पाघ रा पेच चौकड़ी च्यार खोल···पछै च्यार **अडपेंच** देय पेच लेता—पदमसिंह री बात ।

अडबंध–सं०पु०—१ कटिबंध. २ कोपीन बाँधने की रस्सी ।

अडब–सं०स्त्री० [अ० अदब] इज्जत, मान मर्यादा ।

अडर–वि० [रा० अ+डर] निडर, निर्भय, वीर । उ०—उभै नर बराबर पाथ रूपी **अडर**—पहाड़ खाँ ।

अडरपण, अडरपणौ–सं०पु० [अ+डर+पण, पणौ-रा.प्र.] निर्भयता, निडरता, वीरता ।

अडल–सं०पु०—जहाँ लघु दीर्घ का कोई नियम न हो, ऐसा १६ मात्रा का एक मात्रिक छंद विशेष (छंद-शास्त्र)

अडवांणी–सं०स्त्री०—१ सिंचाई की एक क्रिया । किसी तालाब या नहर से पानी लाकर किसी गहरे गड्ढे में डाला जाता है तथा फिर उस गड्ढे के पानी द्वारा सिंचाई की जाती है. २ वह भूमि जहाँ इस क्रिया से सिंचाई की जाय ।

अडवाळणौ, अडवाळबौ–क्रि०स०—अधिकार में करना । उ०—अधपत उदक धरा, **अडवाळै**, रोहड़ ग्वाळ थकौ रुखवाळै—दुरसौ आढ़ौ ।

अडवाळिओड़ौ-अडवाळियोड़ौ-अडवाळ्योड़ौ–भू०का०कृ० ।

अडवाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—अधिकार में किया हुआ, अधिकृत (स्त्री० अडवाळियोड़ी)

अडवाळोत–सं०पु०—राठौड़ राव रिड़मलजी के पुत्र अडवाळजी के वंशज राठौड़ों की एक शाखा अथवा इस शाखा का व्यक्ति ।

अडांण–सं०पु०—१ मकान बनाते समय उस पर पत्थर आदि चढ़ाने के लिए काष्ठादि के लट्ठों को बाँधकर बनाया जाने वाला ढलुवाँ रास्ता. २ दीवार या छत आदि को गिरने से रोकने वाली लकड़ी, अडांन ।

अडांणू, अडांणौ–सं०पु०—गिरवी रक्खी हुई वस्तु ।
उ०—थोड़ी-थोड़ी कर'र पांच सौ गज जमी **अडाणै** मेलीजगी जद घर वाळां नै दोरी लागी—वरसगाँठ ।

अडाई–वि० [सं० सार्द्ध+द्वितीय] ढाई, दो और आधे के योग के बराबर ।
सं०स्त्री०—ढाई की संख्या ।

अडायटौ–सं०पु०—ओढ़ने का सूती वस्त्र विशेष ।

अडारगर, अडारगिर–सं०पु०—देखो 'अढ़ारगिर' ।

अडारणौ, अडारबौ–क्रि०स०—देखो 'अडकारणौ' ।

अडारौ–सं०पु०—अन्न न पचने से उत्पन्न विकार, अजीर्ण, अपच ।

अडावौ–सं०पु०—देखो 'अड़वौ' (क्षेत्रीय)

अडाह–सं०स्त्री० [सं० अ+दाह] ईर्ष्यारहित भाव, प्रेम, स्नेह ।

अडिग–वि०—[अ+डिग] न डिगने वाला, स्थिर, निश्चल, अटल । (रू.भे.-अडग)

अडिगासण, अडिगासन–वि० [सं० अडिग+आसन] दृढ़ आसन ।
उ०—**अडिगासन** आसण अहेस्वर से, मद नाद अमद्य महेस्वर से ।
—ऊ.का.

अडिल, अडिल्ला–सं०पु०—सोलह मात्राओं का एक मात्रिक छंद विशेष जिसमें जगण गण का निषेध है (पिंगलप्रकाश)

अडींग–वि०—जबरदस्त, बलवान । उ०—उतारै हदफां भ्रमां असंखी **अडींग**, तारीफ जाहरां प्रथी वाहरै धानंखी तसां—दुरसौ आढ़ौ ।

अडीक–सं०स्त्री०—राह, प्रतीक्षा, इंतजार ।

अडीकणौ, अडीकबौ–क्रि०स०—राह देखना, इंतजार करना, प्रतीक्षा करना । उ०—आठूं पो'र **अडीकतां** बीतै दिन ज्यूं मास । दरसण दे अब वादळी, मत मुरधर ने तास—वादळी ।

अडीकणियौ–वि०—प्रतीक्षा करने वाला ।

अडीकिअोड़ौ-अडीकियोड़ौ-अडीक्योड़ौ–भू०का०कृ०—राह देखा हुआ ।

अडीकाणौ-अडीकाबौ—अडीकणौ का प्रे०रू० ।

कहा०—अडीकतां को आवै नी—ऐसा विश्वास है कि जिसकी प्रतीक्षा की जाती है वह शीघ्र नहीं आता ।

अडीठ–वि० [सं० अदृष्ट, प्रा० अदिट्ठ] १अ दृष्ट, जो दिखाई न पड़े २ लुप्त. ३ छिपा हुआ ।

सं०पु०—प्रायः गरदन और पीठ के जोड़ पर होने वाला एक प्रकार का जहरीला भयंकर फोड़ा विशेष । इसका विष शरीर के भीतर ही भीतर अति शीघ्रता से फैलने लगता है । यह रक्त-विकार के कारण उत्पन्न होता है एवं (कई लोगों के विचार से) असाध्य माना जाता है।

अडीनै–क्रि०वि०—यहाँ (रू.भे. अठीनै)

अडीरळ–वि०—१ बहादुर, वीर, निर्भय. २ भयंकर, भयावह । उ०—जुध समै **अडीरळ** रूप जजराट रा खाट रा बाघ कुण फेट खावै
—गुलजी आढ़ौ

अडील, अडीलौ–वि०—१ बिना शरीर का. २ न डिगने वाला, दृढ़ । उ०—उमंगे रढ़ाळा छूटे सोहड़ां काकुस्थवाळा, अताळा सजूटे तेण सामूहां **अडील**—र.रू. ।

अडूर–वि०—१ निडर, निर्भय, निशंक । उ०—आरंभ कुंभ सुत खित **अडूर**—रा.रू. । २ बहुत, अधिक ।

अडेल–वि०—१ निडर. २ बहुत. ३ अड़ियल. ४ जबरदस्त, योद्धा । उ०—मरदां **अडेल** आंम्हां-सांम्हां मुहाँ मांडीस—हुक्मीचन्द खिड़ियौ । ५ सुस्त ।

अडोल–वि०—१ न हिलने वाला, स्थिर, अटल । उ०—वीकौ गाजी-साह तण, वाह **अडोळ** कमंध—रा.रू. । २ स्तब्ध ।

सं०पु०—१ बिना गढ़ा हुआ पत्थर. २ पहाड़ (अ.मा.) ३ वह ऊँट जिस पर चारजामा न कसा गया हो ।

अडोळणौ, अडोळबौ–क्रि०अ०—१ भ्रमण करना ।

क्रि०स०—२ मारना. ३ भक्षण करना । उ०—डाकण भखै न बाघ **अडोळै**—अज्ञात ।

अडोळिअोड़ौ-अडोळियोड़ौ-अडोळयोड़ौ–भू०का०कृ० ।

अडोळियोड़ौ–भू०का०कृ०—भ्रमण किया हुआ (स्त्री० अडोळियोड़ी)

सं०पु०—१ बिना साफ की गई खुरदरी लकड़ी. २ वह ऊँट जिस पर चारजामा न कसा हुआ हो, किन्तु बैठने के लिए वैसे ही टाट आदि का टुकड़ा डाल दिया गया हो ।

अडोळौ–वि०—१ देखो 'अडोळ' (स्त्री० अडोळी) २ आभूषणहीन उ०—पिण कंवर जगदेव नै **अडोळौ** दीठौ जद गहणा बगसिया ।
—जगदेव पँवार री बात

अडौळ–वि०—१ भद्दा, कुरूप, बेढ़ंगा. २ वीर, धैर्य्यवान. ३ देखो 'अडोळ' ।

अड्डर–वि०—देखो 'अडर' (रू.भे.)

अड्डौ–सं०पु०—१ ठहरने की जगह. २ मिलने या इकट्ठे होने का स्थान. ३ धूर्तों का मिल कर बैठने का स्थान. ४ दुराचारिणी या वेश्याओं के रहने का स्थान. ५ वह स्थान जहाँ पर पुरुष अथवा स्त्रियाँ कुकर्म हेतु आते हों, चकला. ६ बुरे अथवा कानून विरुद्ध कार्य करने वाले व्यक्तियों का उस कार्य के लिए मिलने का स्थान ।

अढंगांण–वि०—विकट, जबरदस्त, दुर्गम । उ०—गंजै दुरंग **अढंगांण** मेवासा बंका गिरंद—हुक्मीचन्द खिड़ियौ ।

अढंगी–सं०पु०—१ कामदेव. (डि.को.) २ देखो 'अढंगौ' ।

अढंगौ–वि० (स्त्री० अढंगी) १ अद्भुत, अनोखा, विचित्र. २ भयंकर। उ०—लाखां तणा पटायत लड़िया, चूंडा झाला चंगा । एकण भूप उमेद ऊपरा, असमर बगा **अढंगा**—उम्मेदसिंह साहपुरा रौ गीत ।

सं०पु०—कामदेव ।

अढ़ढ़ढ़–अव्य० [अनु०] खेद, क्लेश, शोक या आश्चर्यसूचक शब्द ।

अढ़तालीसौ–सं०पु०—अड़तालीसवाँ वर्ष ।

अढ़तियौ–सं०पु०—आढ़त करने वाला, दलाल ।

अढ़तौ–वि०—१ समान, बराबर. २ विशेष ।

अढ़र–वि०—१ मजबूत, दृढ़. २ सुन्दर ।

अढ़रह–वि०—अठारह ।

अढ़ळक–वि०—उदार, दातार । उ०—बोलियौ विसनर सांभळौ बारठां वात थे कही सौ निपट वारू, चीत **अढ़ळक** सौ अठे ही चाहीजै मंगायौ पोतरौ म्हे राव मारु—अमरसिंह रौ गीत ।

अढ़वौ–वि०—१ विशेष. २ अद्भुत. ३ अधिक (रू.भे. अढ़तौ)

अढ़हर-वरण—देखो 'वरण-अढ़ार' ।

अढ़ाइटौ–सं०पु०—देखो 'अडायटौ' ।

अढ़ाई–वि०—देखो 'अडाई' ।

अढायौ–सं०पु०—ढाई गुणा का पहाड़ा (गणित)

अढ़ार–वि०—१ बहुत, अधिक. २ अठारह । उ०—धरी दधि पाज पहाड़ाँ धार, पदम्म **अढ़ार** उतारे पार—ह.र. । ३ देखो 'अडारगिर' उ०—आबूधर धूजै गिर **अढ़ार**—वि.सं. ।

अढ़ारगर, अढ़ारगिर–सं०पु०—१ अष्टादशभार युक्त वनस्पति वाला पर्वत. २ आबू पर्वत का एक नाम. ३ चौहान वंशीय राजपूतों की उपाधि। उ०—'उदाहरा' ज तू उधरियौ। गुणां प्रसाद **अढ़ारगिर**। —दुरसौ आढ़ौ

अढ़ार-कबांण–सं०पु०—देखो 'अढ़ारटंकी'। उ०—गुणभार **अढ़ार-कबांण** ग्रहै—गो.रू.।

अढ़ारटंक, अढ़ारटंकी–सं०पु०—(वह धनुष) जिसका नाप अठारह टंकी हो (डिं.को.)। वि०वि० देखो 'टंकी'। उ०—कसीस **अढ़ारटंकां** ऊधड़ी परीर कंकां, भड़ी बीर बंकां सीस असंकां भूसांण। —बारहठ दुरगादत्त

अढ़ारदांनी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का सीधा खड़ा दीपक जिसके आस-पास दीपक रखने के लिए भी कई स्थान होते हैं।

अढ़ारभार–सं०पु०—देखो 'अठारभार'। उ०—**अढ़ारभार** वनस्पति झुक नै रही छै—रा.सा.सं.।

अढ़ारवन्न–सं०पु०—१ चारण, कवि। उ०—वाचई सुजस्स **अढ़ारवन्न** —रा.ज.सी.

अढ़ारह-भार–सं०पु०—देखो 'अठारभार'।

अढ़ारियौ–वि०—लुच्चा, लफंगा (बाजारू)

अढ़ारे, अढ़ारै–वि० [सं० अष्टादश, अप० अट्ठारह] अठारह।
सं०पु०—अठारह की संख्या।

अढ़ीठ–वि०—दृढ़, मजबूत।

अढुओत–सं०पु०—गहलोत वंश के क्षत्रियों की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति (नैंणसी)

अणं–सं०पु० [सं० अणु] देखो 'अणु'। उ०—**अणं** तें व्याणूं तें अहदळ विभू तें अति विभू—ऊ.का.।

अणंक–सं०पु०—गर्व, अभिमान। उ०—वैर हर **अणंक** तज सणंक सूधा वहै—बद्रीदास खिड़ियौ।

अणंकळ–वि०—१ निष्कलंक, कलंकरहित, दोषरहित। उ०—एक देस औछाड़, इसा अनेक **अणंकळ**—रा.रू.। २ शुभ्र, पवित्र. ३ जबरदस्त, बलवान, निडर, वीर। उ०—दळपति उदिश्रासिंघ माल गंगेव महाबळ, बाघा सूजा जोध, कमंध रिणमाल **अणंकळ**—वचनिका। ४ स्वाधीन, स्वतंत्र। उ०—मगरै पहली अटक महाबळ, आद रांम सामंत **अणंकळ**—रा.रू.। ५ अपार।

अणंजर–सं०पु०—ईश्वर (ग.मो.)

अणंडर–वि०—निडर, निर्भीक (रू.भे.–'अडर')

अणंत–वि० [सं० अनन्त] अनन्त, अपार। उ०—कूदां जळ अंतर नांडरचौ थे एक बाहु **अणंत**—मीरां।

अणंतचौदस–सं०स्त्री० [सं० अनंतचतुर्दशी] भाद्रपद शुक्ला चतुर्दशी। इस दिन बहुत से लोग प्रायः व्रत रखते हैं एवं बाहु पर चौदह गांठें लगा हुआ सूत का अर्चित गंडा बाँधते हैं।

अणंद–सं०पु० [सं० आनन्द] १ आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता. २ मीसण गोत्र का ईश्वर भक्त चारण कवि।

अणंदह–सं०पु० [सं० आनन्द] आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता। उ०—पाय सिंघ गळ अड़े, चक्र झळहळे चउदह; मळे क्रोड तेतीस, उदौ सुरियंद **अणंदह**—ना.द.।

अण–क्रि०वि०—बिना, बगैर।
वि०—अन्य, दूसरा।
उप०—राजस्थानी उपसर्ग जो शब्दों के पूर्व लग कर अधिक या निषेध का अर्थ प्रकट करता है।
सर्व०—१ यह. २ इस। उ०—जण गांम ऐवाळ रैंहतौ हुतौ **अण** गांम ऐक लुगाई रौ नांम मांरूणी हुंतौ—ढो.मा.

अणअंजन–सं०पु०—ईश्वर (ग.मो.)

अणअपराध–वि० [सं० अन्+अपराध] निर्दोष, निरपराध।

अणअवसर, अणअसवर–सं०पु० [सं० अन्+अवसर] १ फुरसत का न होना, अवकाश का अभाव. २ बेमौका, कुसमय। उ०—पण रण पटैत भोज भाई करि भेळा, **अणअवसर** इम आइ खेलि दीर्घी डर खेळा। —वं.भा.

अणआंमय–वि० [सं० अनामय] रोगहीन, स्वस्थ. २ निर्दोष, दोष-रहित। उ०—नमौ **अणआंमय** जोत अखंड—ह.र.।
सं०पु०—निरोगता, कुशलक्षेम।

अणइच्छा–सं०स्त्री० [सं० अनिच्छा] १ इच्छा या अभिलाषा का अभाव, अनिच्छा. २ अरुचि।

अणउदम–सं०पु० [सं० अनुद्यम] बेकारी, ठालापन। उ०—उद्यम करौ अनेक अथवा **अणउदम** रहौ। होसी नहचे हेक, रांम करै सो राजिया। —किरपारांम

अणउदमी–वि०—बेकार, ठाला।

अणउद्योग–सं०पु० [सं० अनुद्योग] उद्योग या परिश्रम का अभाव।

अणउद्योगी–वि० [सं० अन्+उद्योगी] उद्योग न करने वाला, परिश्रम न करने वाला।

अणउपयुक्त–वि० [सं० अनुपयुक्त] १ उपभोग या व्यवहार में न लाया हुआ, बिना इस्तेमाल किया हुआ. २ अयोग्य. ३ असंगत, अनुचित।

अणउपयुक्तता–सं०स्त्री० [सं० अनुपयुक्त+ता–रा०प्र०] अनुपयुक्तता, अयोग्यता।

अणउपयोगता–सं०स्त्री० [सं० अनुपयोगिता] १ अयोग्यता. २ निर-र्थकता. ३ बेकारी।

अणउपयोगी–वि० [सं० अनुपयोगी] बेकाम, बेकार, व्यर्थ का, फजूल।

अणऊधम–सं०पु०—देखो 'अणउदम'।

अणक–वि०—१ कुत्सित, निंदित. २ अधम, नीच।

अणकचोट–सं०पु०—गुस्सा।

अणकढ़, अणकढ़िओड़ौ, अणकढ़ियोड़ौ, अणकढ़्योड़ौ–वि०—बिना गर्म किया हुआ (दूध)।

अणकमाऊ–वि०—निठल्ला, निकम्मा, बेकार, कुछ भी आमदनी नहीं करने वाला

कहा०—कमाऊ पूत आवै डरतौ, अणकमाऊ आवै लड़तौ—कमाऊ को घर की चिन्ता बनी रहती है जब कि न कमाने वाले को कलह से ही मतलब होता है।

अणकळ–वि०—१ वीर, योद्धा। उ०—है गै दळ हल्लिया मिळै **अणकळ** अनिमंधी।—रा.रू. २ निर्दोष, बेऐब, जिस पर किसी प्रकार का कलंक नहीं हो, शुभ्र। उ०—केहरि सरगि पहूतौ **अणकळ** करनहरौ अखियात करि।—गीत चौहांण नाहरखांन किसनदासोत रौ ३ अपार, बहुत। उ०—कप कही रचना सकल **अणकळ** चित भ्रम मिट जाय निसचळ।—र.रू. [सं० अन्+रा० कल=चैन] ४ बेचैन। क्रि०वि०—बिना विचारे। उ०—आयौ दळ अजमाल रै, मन **अणकळ** कळं मूळ—रा.रू.

अणकळळ–सं०पु०—१ विष्णु. २ महादेव. ३ देखो 'अणकळ'।

अणकांणी, अणकांनी–क्रि०वि० [रा० अण=इस+कांनी=तरफ] इस तरफ।

अणकारी–वि०—१ जबरदस्त. २ तीक्ष्ण. ३ अनहोनी, अलौकिक। उ०—विसतरी बात सारी विसव **अणकारी** उतपात सी।—रा.रू. सं०पु० [सं० अनुकारी] १ नकलची, अनुकरण करने वाला. २ आज्ञाकारी।

अणकीलौ–वि०—१ शीघ्र चिढ़ने वाला. २ शीघ्र नाराज होने वाला. ३ द्वेष रखने वाला।
सं०पु०—मारवाड़ राज्यांतर्गत सिवाना कस्बा के किले का एक नाम (रू.भे. अणकिलौ)

अणकूंत–वि०—बिना आँका हुआ, बिना जाँचा हुआ। उ०—खळ गुळ **अणकूंताय** हेक भाव कर आदरै, ते नगरी हूंताय रोही आछी राजिया —किरपारांम।

अणख–सं०पु०—१ क्रोध, कोप, रिस. २ दुःख, खिन्नता. ३ ग्लानि. ४ ईर्ष्या, द्वेष, डाह. ५ झुंझलाहट।

अणखड़–वि०—बिना जोता हुआ खेत या भूमि।

अणखणाट–सं०पु०—१ क्रोध, नाराजगी. २ उदासीनता. ३ झुंझलाहट।

अणखणौ, अणखबौ–क्रि०स० [सं० अनक्ष, प्रा० अनक्ख+रा०णौ] १ डाह करना, द्वेष करना, ईर्ष्या करना. २ टोकना. ३ चिढ़ना. ४ तिरस्कार करना, झिड़कना। उ०—विरहण काय **अणखजै**, मारू हूंदौ देस।—ढो.मा. ५ थोड़े-थोड़े नुकसान पर डाँटना।
अणखणहार-हारौ (हारी) अणखणियौ–वि०—टोकने वाला।
अणखचोड़ौ–भू०का०कृ०—अणखाणौ–प्रे.रू.
अणखीजणौ–कर्म.वा.।

अणखरब–वि०—अपार, असीम, बहुत। उ०—**अणखरब** कळह तर कहै दुज अंकठा।—बाँ.दा.

अणखलौ–सं०पु०—मारवाड़ के सिवाना नामक कस्बे में स्थित एक किले का नाम (द.दा.) (रू.भे. अणकीलो, अणकिलौ)

अणखांमणौ–वि०—देखो 'अणखावणौ'।

अणखादी, अणखाधी–क्रि०वि०—बिना किसी कारण के, अकारण। उ०—खळ **अणखाधी** मेह मौ पित काकौ मारियां। उणनै आधी देह करसूं दह कटारियां।—पा.प्र.

अणखावण, अणखावणौ–वि०—१ असुहावना, अप्रिय। उ०—आ सही, सिरोही आबू ले, वौ बात करी **अणखावण** री, पण रीत निभास्यां बडकां री, बैरी रौ घाव सरावण री।—कन्हैयालाल सेठिया २ उदासीन, खिन्नचित्त, दुःखी।

अणखी–वि०—क्रोधी, कुपित, गुस्सावर।

अणखीलीयौ–वि०—स्वतंत्र, बधनरहित।

अणखीलौ–वि०—देखो 'अणकीलौ'।

अणखूट, अणखूटइ, अणखूटी–वि० [सं० अन्+रा० खूट] अपार, बहुत। उ०—रावत बट रांणाह, पिंड **अणखूट** प्रतापसी।—दुरसौ आढ़ौ क्रि०वि०—१ बेमौत, अकाल (मृत्यु)। उ०—माधव भणइ करण जा नांसी कांई मरण **अणखूटइ**।—कां.दे.प्र. २ अकस्मात्. ३ बिना टूटे। उ०—कौ लाहै लोभियां मौत चाहै **अणखूटी**, कमण पांण पाकड़ै बीज असमांण बिछूटी।—रा.रू.

अणगंज–सं०पु०—१ वह जो किसी से जीता न जा सके. २ कामदेव (ह.नां.) ३ वीर, विजयी।

अणगंम–वि०—अगम्य, जो समझ में नहीं आवे। उ०—एक कहै आप रै, कियौ मन स्वारथ कज्जै। एक कहै **अणगंम**, रीत अणप्रीत सु रज्जै —रा.रू.

अणगणती–वि० [सं० अगणित] अगणित, असंख्य, अपार, जिसे गिना न जा सके।

अणगणिया, अणगणत–वि० [सं० अगणित] अगणित, असंख्य, अपार।

अणगम–क्रि०वि०—अचानक, एकबारगी, सहसा, अकस्मात्। उ०—असुरांण दळ सिर असंख **अणगम**, विसख घण जिम बरसिया। —रा.रू.
वि० [सं० अगम्य] अगम्य।

अणगम्य–वि० [रा० अण+सं० गम्य] १ जहाँ कोई न जा सके, अगम, कठिन, गहन. २ जो साधारणतया समझ में न आवे।

अणगळ–वि०—बिना छना हुआ। उ०—**अणगळ** पांणी में पड़ै प्रभातै ही जाय, मारै जीव असंख ही, पाछै रोटी खाय।—सगरांमदास

अणगा–सं०स्त्री०—भाटी वंश की एक शाखा।

अणगारौ–सं०पु० [स० अन्+अगार] १ साधु. २ त्यागी। उ०—अै तौ जिन कल्पी अल्पी **अणगारा**, थीवर कल्पी जन नांखै थुथकारा।—ऊ.का.

अणगाळ–वि०—वीर, योद्धा। उ०—वहतां पंथ विचाळ, सूतौ तर दीधा सबद। गोगा दे **अणगाळ**, जड़ काढ़ै खिण जोइयां।—गो.रू.

अणगिण, अणगिणत, अणगिणती–वि० [सं० अगणित] अगणित, अपार, बेहद। उ०—चुभांणा उरसां **अणगिण** तीर, मिरगलै लागौ नीं इक बांण।—सांझ

अणगेम–वि०—पापरहित। उ०—सारगत साहरै धार भुजबळ सुपह, इंगळ वै कूंतरै अणी **अणगेम**।—किसोरदांन बारहठ

अणगौ–सं०पु०—श्रावण शुक्ला चतुर्दशी को आयोजित एक नागव्रत जिस दिन स्त्रियाँ नागपूजन के उपरांत घृत शर्करा मिश्रित बाजरी के आटे के मोदक और भिगोये हुए मोठों का सेवन करती हैं। (श्रीमाली ब्राह्मण)

अणघड़ी–क्रि०वि० [रा० इण=इसी+घड़ी] इसी समय, ठीक इसी समय।

वि०स्त्री० [रा० अण+घड़] बिना गढ़ा हुआ।

अणचर–सं०पु० [सं० अचर] जड़ या जंगम वस्तु या पदार्थ। उ०—औ तौ दया तणौ दरियाव, औ तौ चर **अणचर** रौ चाव।—गी.रां.

अणचळ–वि० [सं० अचल] देखो 'अचळ'। उ०—इम मांणिक्यराज सुत अस्टम क्रस्णराज संगर **अणचळ**।—वं.भा.

अणचायौ, अणचाह–वि०—१ इच्छा के विरुद्ध, नापसंद. २ अनिष्टकर।

अणचाहत–वि०—जो प्रेम न करे, न चाहने वाला। उ०—हाय दई कैसी करी, **अणचाहत** के संग। दीपक मन भावै नहीं, जळ जळ जात पतंग।—अज्ञात।

अणचाहौ–वि० —देखो 'अणचायौ'।

अणचिंत, अणचिंतवियौ, अणचिंतव्यौ, अणचिंत्यौ, अणचींत–क्रि०वि०—अकस्मात्, अचानक (रू.भे. अचिंत) उ०—१ हुरम रहै वस हिंदवां मैं जाऊं **अणचींत**। कतल कबीला जौ करै तौ बस नाहिं प्रतीत।—रा.रू. २ हिव किव ढोलौ नीपजै, देवतणौ परभाव। लेख मिळै **अणचिंतव्यौ,** जांण म जांणै भाव।—ढो.मा.

अणचींता–वि० [सं० अचिंत्य] अविचारित, अचिंतित।

क्रि०वि०—अचानक, अकस्मात्।

अणचींतियौ–क्रि०वि०—अचानक, अकस्मात्। उ०—आवै केइक चींतिया **अणचींतिया** अनेक। वळै सलब्भा होय सब, उर अदतारां छेक।—बाँ.दा.

अणचींती, अणचींतौ, अणचींत्यौ–क्रि०वि० [सं० अचिंत्य] १ बिना विचारा हुआ. २ अकस्मात्, अचानक। उ०—आई खबर जरां **अणचींती,** विहाग्यिां मैं करड़ी बीती।—रा.रू.

अणचूक–वि० अचूक, नहीं चूकने वाला। उ०—तद बही रूक **अणचूक** पातल तणी, मुगल बहलोलखां तणै माथै।—गोरधन बोगसौ।

अणचूकरौ–क्रि०वि०—अकस्मात्, अचानक।

वि०—अमोघ।

अणचेत–वि० [सं० अन्+चेत] बेहोश, अचेत, मूर्छित। उ०—पड़ चा कई आसण जीण उपेत, चडच्या असवार पड्या **अणचेत**।—मे.म.

अणच्चळ–वि० [सं० अचल] अचल, अटल। उ०—कहिम बीस ब्रहमंड गाट छेडै है कागळ। कहिम सपत पाताळ चलै जाय हूंत **अणच्चळ**। (रू.भे. अणचळ) —आसियौ करमसी खींबोसूरोत

अणछक–क्रि०वि०—अकस्मात्।

वि०—वैभवरहित।

अणछांणियौ, अणछांण्यौ–वि०—बिना छना हुआ।

अणछांनै–वि०—मशहूर, प्रसिद्ध।

अणछेह–वि० [सं० अन्+रा० छेह] अपार, अत्यन्त। उ०—इक कहै चीटी एह, छित लखौ सुख **अणछेह**।—रा.रू.

अणछेहड़ौ–वि० [रा० अण=नहीं+छेहड़ौ=किनारा] अपार, अत्यंत। उ०—गावै नवला गीत, बँदै बड वेहड़ां। मोहरां वरसै मेह छकै **अणछेहड़ां**।—रा.रू.

अणजांण–वि०—१ बिना जाना-पहचाना हुआ, अज्ञात। उ०—खिण एक धरती अंबर बीच, अमूंजै सूनौपण **अणजांण**।—सांझ २ भोला-भाला, नासमझ। उ०—कागद आखर गाळिया, कांइक थई कुबांण। कै पंथी भीना बूहा, लिखणहार **अणजांण**।—ढो.मा. ३ अनभिज्ञ, अपरिचित। उ०—जिकूं हेक भगवाट न जांणै, हेकै नाकारै **अणजांण**।—ईसरदास बारहठ।

क्रि०वि०—अकस्मात्।

सं०स्त्री०—नासमझी, अज्ञानावस्था।

अणजांणिउ–वि० [प्रा०रू०] अनजान, अपरिचित (कां.दे.प्र.)

अणजांणियौ अणजांण्यौ–वि०—अपरिचित।

अणजाचक–वि० [सं० अयाचक] याचना न करने वाला, न माँगने वाला, सन्तुष्ट, सम्पन्न।

अणजाची–वि० [सं० अयाची] जिसे माँगने की आवश्यकता न हो, संपन्न, धनी।

अणजीत–वि० [सं० अजित] अपराजित, विजयी। उ०—हठि चढ़ै पूठि असि पूठि जोधाहरै। जुतै गढ़ सनढ़ **अणजीत** जीता।—अज्ञात

अणजीमियौ–वि०—बिना भोजन किया हुआ, भूखा।

अणजुगती–सं०स्त्री० [सं० अयुक्ति] १ युक्ति का अभाव, मेल न मिलना, अप्रवृत्ति। उ०—खूँद गधेड़ा खाय, पैलां री वाड़ी पड़ै। आ **अणजुगती** आय, रड़कै चित में राजिया।—किरपारांम

वि०—अनुचित, अयोग्य, अनुपयुक्त। उ०—कही न मांनै काय, जुगती **अणजुगती** जगत। स्यांणां में सुख पाय, रहणौ चुप हुय राजिया।—किरपारांम

अणजेज–क्रि०वि० [सं० अन्+रा० जेज=विलंब] अविलंब, शीघ्र।

अणडड–वि० [सं० अदंड] १ अदंडनीय, जिसको कोई दंड न दे सके। २ जिसे दंड देना अपराध समझा जाता है।

अणडंडांडंड, अणडंडाडंड–वि०—जिसको कोई दंड न दे सके उसको भी दंड देने वाला व्यक्ति, अत्यन्त पराक्रमी।

अणडग–वि० [सं० अडिग] नहीं डिगने वाला, अडिग, अचल।

अणडर–वि०—निडर, निर्भय, निशंक। उ०—अमर राखण सुजस आखर डंबर लसकर पासि **अणडर**।—ल.पिं

अणडीठ–वि०—बिना देखा हुआ।

अणडूरम–वि०—निर्भय, निडर ।

अणडोल, अणडोलक–वि०—न हिलने वाला, स्थिर, अटल ।
उ०—अड़ण **अणडोल** जाटां पत आवियौ, तोल खग कपाटां खोल ताळा ।—बाँ.दा.

अणडुर–वि०—निर्भय, निडर । उ०—थई सु ओप थेघए, मिळै समुद्र मेघए । उभै दिसा **अणडुर**, तुरंग कीध आतुरं ।—रा.रू.

अणढंक, अणढकियौ, अणढ़कियोड़ौ–वि०—बिना ढका हुआ, ढक्कनरहित, खुला ।

अणत–सं०पु० [सं० अनन्त] १ खुदाई किये हुए ताँबे के तार पर सोने का चद्दर चढ़ाकर बनाया हुआ भुजा पर धारण करने का आभूषण. २ बाहु पर बाँधने का चौदह गाँठें लगा हुआ सूत का अर्चित गंडा । ३ विष्णु. ४ शेषनाग. ५ लक्ष्मण. ६ बलराम ।
वि० [सं० अनत] १ सीधा, जो झुका हुआ न हो. २ अविनाशी, अशेष ।
क्रि०वि० [सं० अन्यत्र] दूसरे किसी स्थान पर, और कहीं, अन्यत्र ।

अणतगोर–सं०पु०—स्वरभेद (संगीत शास्त्र)

अणतचवदस–सं०स्त्री०—देखो 'अणंतचौदस' ।

अणतमूळ–सं०पु० [सं० अनंतमूल] जंगली चमेली, एक औषधि का नाम ।

अणतविजय–सं०पु० [सं० अनंतविजय] युधिष्ठिर के शंख का नाम ।

अणताघ–वि०—अथाह, अपार, बहुत [रू.भे.-अणाथाघ, अणाथाह)

अणतियौ–सं०पु०—अनन्तचतुर्दशी का व्रत रखने एवं बाहु पर अर्चित अनन्त धारण करने वाला व्यक्ति ।

अणती–सं०स्त्री०—गाड़ी की नाभि के ऊपर मध्य में लगाया जाने वाला लोहे का कड़ा या छल्ला ।

अणतोल–वि०—१ शक्तिशाली, बलवान । उ०—चढ़े तिह बाज 'सिवो' **अणतोल**, बकै सब तांम जयौ जस बोल ।—शि.सु.रू. [सं०अन्+तौल] २ बहुत, अपरिमित. ३ जिसे तौला न जा सके. ४ वह जो तौला न गया हो ।

अणतोलौ–वि० (स्त्री० अणतोली) देखो 'अणतोल' । उ०—लखै रांम सुलिखमण बाळक, तेज रिखी **अणतोली** ।—र.रू.

अणथग, अणथाग–वि०—अथाह, बेहद, बहुत । उ०—परघळ घल पांणीह, भूपत हौद भरावियौ । जळ **अणथग** जांणीह कतरौही ऊंडौ कहूँ ।—पा.प्र.
सं०पु०—सागर, समुद्र (डि.नां.मा.)

अणथागड़ौ–वि०—जिसका कोई थाह न ले सके, वीर ।

अणथाह–वि०—देखो 'अथाह' ।
सं०पु०—सागर, समुद्र (ना.डि.को.)

अणथिर–वि० [सं० अस्थिर] चलायमान, चंचल, क्षणभंगुर ।

अणद–सं०पु०—देखो 'अणंद' (रू.भे.)

अणदगियौ–वि०—दागरहित, निष्कलंक, निष्पाप । उ०—**अणदगियै** तुरी ऊजळै असमर, चाकर होवण न डिगियौ चीत । सारा ही हिंदूसथांन तणौ सिर, 'पातल' नै 'चंद्रसेण' प्रवीत ।—दुरसौ आढ़ौ

अणदरिद्र–वि०—धनवान, धनी ।

अणदव–वि०—बिना जला हुआ ।

अणदाग, अणदागल–वि०—दागरहित, निष्कलंक । उ०—अकबरिये इक बार, दागल की सारी दुनी । **अणदागल** असवार, रहियौ रांण प्रतापसी ।—दुरसौ आढ़ौ. २ निष्पाप, पवित्र ।

अणदाद–वि०—१ अपार, अथाह, असीम. २ असंख्य । उ०—अरि जाळंधर आवियौ, मिळिया खळ **अणदाद** ।—रा.रू.

अणदायतण–सं०स्त्री०—आनन्द मीसण चारण नामक कवि की पुत्री देवल, जो देवी का अवतार कही जाती है ।

अणदिट्ठौ–वि०—१ अदृश्य. २ बिना देखा हुआ । उ०—सखिए सज्जण वल्लहा, जइ **अणदिट्ठा** तोइ । खिण-खिण अंतर संभरइ, नहीं विसारइ सोइ ।—ढो.मा.

अणदी–सं०स्त्री०—कुयें के मोट के रस्से के छोर के साथ जुड़ा हुआ लकड़ी का वह खंड जिसमें कीली डाल कर रस्से को जूये के साथ जोड़ा जाता है ।

अणदीठ–वि०—देखो 'अडीठ' । उ०—दुहाड़त सेर हल्या रणधीठ, देव्याँ कर चक्र चल्या **अणदीठ** ।—मे.म.

अणदीठचकर–सं०पु० [सं० अदृश्य+चक्कर] अदृश्य, आपत्ति, ऐसा भयंकर कष्ट जिसके आने के पूर्व कोई चिन्ह न दिखाई दे ।
(रू.भे. अदीठचकर, अधीठचकर)

अणदीठौ–वि० [सं० अदृष्ट] अदृष्ट, जो दिखाई न दे (स्त्री० अणदीठी)
उ०—ऐंठे चूंठे नै मीठौ कर आंणै । दीठौ **अणदीठौ** दीठां कर जांणै ।—ऊ.का.

अणदीध–वि०—नहीं दिया हुआ ।

अणदेह, अणदेही–सं०पु०—शरीररहित, निराकार । उ०—नमौ **अणदेही** व्यापक अनंत ।—ह.र.

अणदोस–सं०पु० [सं० अन्+दोष] दोष का अभाव ।
वि०—निष्कलंक, निर्दोष, दोषरहित, निरपराध । उ०—रहै रोस रै जोस **अणदोस** रूठा ।—रा.रू.

अणद्रोहौ–वि०—१ कभी द्रोह न करने वाला. २ जिसका कोई शत्रु न हो ।

अणधार–वि०—किसी की परवाह न करने वाला । उ०—धारण प्रवीण **अणधार** धीर ।—रा.रू.

अणधिकार–सं०पु० [सं० अनधिकार] अधिकारहीन, अधिकार का अभाव ।

अणधिकारचेस्टा–सं०स्त्री० [सं० अनधिकार+चेष्टा] अधिकारहीन इरादा या चेष्टा, बिना अधिकार मिले ही किया जाने वाला कोई कार्य ।

अणधिकारी–वि० [सं० अनधिकारिन्] १ जिसे अधिकार न हो, स्वत्वहीन. २ अयोग्य, अपात्र, कुपात्र ।

अणधीर–वि० [सं० अधीर] देखो 'अधीर' । उ०—सफीखांन पतसाह सूं, अरज लिखी **अणधीर** । दुरगा भग्गा जंग मैं, लग्गा लोह सरीर ।—रा.रू.

अणधीरज–सं०स्त्री० [सं० अधैर्य्य] अधैर्य्य, धैर्य का अभाव, व्याकुलता, घबड़ाहट ।

अणध्याय–सं०पु० [सं० अनध्याय] छुट्टी का दिन ।

अणनथौ–वि०—१ जिसके नाक में नाथ न हो. २ स्वतंत्र, अंकुश-रहित ।

अणनमियौ–वि०—१ अनम्र. २ हठी, जिद्दी. ३ न झुकने वाला ।

अणनांमी–वि०—न नमने वाला, वीर । उ०—अकबर हूंत रहचौ **अणनांमी**, सुरताणां बांधियां सारीख ।—दुरसौ आढ़ौ ।

अणनाथ–वि०—१ बिना मालिक या स्वामी का । उ०—नाथ अमी **अणनाथ**, किम कीधी होसी किसूं ।—पा.प्र. २ निराश्रित, लावारिस, असहाय ।

अणनींद–वि०—नींद न लेने वाला ।

अणनीतौ–वि०— अनीतिवाला, अन्यायी ।

अणनुनासिक–वि० [सं० अन्+अनुनासिक] मुंह तथा नाक से न बोले जाने वाले (अक्षर), जो अनुनासिक न हों ।

अणपंखी–वि० [सं० अन्+पक्ष] वह जिसका कोई पक्ष नहीं लेता हो । उ०—**अणपंखियां** आधार, सार लेण दुखियां तणी । इळ ऊपर इक बार, आजे फतमल आहड़ा ।—कविराव मोहनसिंह

अणपटां–वि०—जिसके पास जागीरी न हो । उ०—पटां री लाज सहु कोइ आवै प्रथम, **अणपटां** धरा रै काज आया ।—जगौ सांदू

अणपढ़, अणपढ़ियौ–वि०—१ अपढ़, बिना पढ़ा. २ मूर्ख, अशिक्षित, निरक्षर ।

अणपांण–वि०—अत्यधिक शक्तिशाली, बलवान । उ०—**अणपांण** अधीर लड़ै असत्रां, सबळां तन पांण लड़ै ससत्रां ।—पा.प्र.

अणपार–वि० [सं० अपार] १ अपार, असीम । उ०—वयण बूझण जपै जाचण सुजस, जण-जण पण रखण **अणपार** ।—ल.पि. २ असंख्य, अगणित । उ०—**अणपारां** वेढ़ हिंदुआं असुरां, कळ वारां खेत कियौ । खगधारां वाहण खेड़ेचौ, गज भारां ऊपरा गयौ ।—अज्ञात
सं०पु०—सांख्य शास्त्रानुसार वह तुष्टि जो धनोपार्जन के परिश्रम और निंद्रा से छुटकारा पाने पर होती है ।

अणपीणग–वि०यौ०—नहीं पीने वाला । उ०—गढ़-गढ़ राफ-राफ मेटे गह, रेण खत्रीध्रम लाज अरेस । पंडरबेस नाद **अणपीणग**, सेस न आयौ पतौ नरेस ।—गोरधन बोगसौ

अणफट–वि०—जो फटे नहीं, जो साधारण चोट से भी नहीं फटे । उ०—दसरावै दसरावै दीजै **अणफट** खत मांमलौ असाध ।
सं०पु०—अश्लील शब्द । —पदमसिंहजी रौ गीत

अणफेर–वि०—न फिरने वाली, न मुड़ने वाली, न हारने वाली । उ०—फेरा लेतै फिर अफिर, फेरी घड़ **अणफेर** । सीह तणी हरधवळ सुत, गहमाती गहडेर ।—हा.झा.

अणबंछत–वि०—देखो 'अणवंछक' । उ०—साखा बियौ मयंक पह सुभ्रम, मन **अणबंछत** तूझ मण ।—महारांणा कुंभा रौ गीत

अणबंध–वि०—अपार, बहुत । उ०—ऊतरती बातां करै, औरां री **अणबंध** । निज मुख पांणी ऊतरै, ईखै नँह मद अंध ।—बाँ.दा. ।

अणबंधव–वि० [सं अबंधु] बंधुरहित, मित्रहीन । उ०—'पाळह' पीरां पीर 'पाळ' **अणबंधवां** बंधव ।—पा.प्र.

अणबण, अणबणाय–सं०स्त्री०—अनबन, बिगाड़, विरोध, झगड़ा, झंझट, द्रोह (ह.नां.)

अणबींद, अणबींध–वि०—देखो 'अविंध' ।

अणबीह–वि०—निडर, निर्भय (डि.नां.मा.)
सं०पु०—राजा, नृप (डि.को.)

अणबूझ–क्रि०वि०—बिना किसी से सलाह लिए ।
वि०—१ किसी से सलाह न लेने वाला, नासमझ. २ वह जिसे पूछने की आवश्यकता न हो. ३ वह जिसके लिए पूछने की आवश्यकता न हो ।

अणबूझियोड़ौ, अणबूझ्यौ–वि०—बिना पूछा हुआ ।
(स्त्री० अणबूझियोड़ी)

अणबूढ–वि०—जो बूढ़ा न हो, जवान, युवा ।

अणबेध–वि०— बिना छेद किया हुआ, बिना बिंधा हुआ ।

अणबोल, अणबोलियौ, अणबोलौ–वि० (स्त्री० अणबोली) १ मौन, न बोलने वाला चुप, गूंगा । उ०—इतरी सांभळ नादर **अणबोलियौ** गयौ ।—जलाल बूबना री बात २ जो अपना सुख-दुख वाणी द्वारा प्रकट न कर सके । उ०—मैंनत मजदूरी मासक घण मोला । बिलखा बिगताळ आसक **अणबोला** ।—ऊ.का.

अणब्याहौ–वि०—अविवाहित, कुंआरा (स्त्री० अणब्याही)

अणभंग, अणभंगी, अणभंगौ–वि० [सं० अन्+भंग] १ अखंड, पूर्ण. २ न मिटने वाला. ३ जिसका क्रम न टूटे. ४ वीर, बहादुर, अटल । उ०—अजर अमर **अणभंग** बजर आयुध बजरंगी ।—र.रू.
सं०पु०—१ सिंह, शेर (ना.डि.को.) २ गरुड़ (अ.मा.)

अणभग–वि०—नहीं भागने वाला, बहादुर, वीर ।

अणभजियौ–वि०—जिसका ईश्वरभक्ति में विश्वास न हो । उ०—**अणभजिया** भजिया तणी, दीखै प्रतख दुसाल ।—र.रू.

अणभणियौ–वि०—अपढ़, अशिक्षित, मूर्ख ।
कहा०—अणभणिया घोड़े चढ़ै भणिया माँगै भीख—अनपढ़ घोड़े पर चढ़ते हैं जबकि पढ़े हुए भीख माँगते फिरते हैं । यह सब प्रारब्ध का खेल है । प्रायः यह कहावत अपढ़ व्यक्ति कहते हैं ।

अणभल, अणभलौ–सं०पु० [सं० अन्+रा० भलौ] १ बुराई. २ अहित, हानि ।

अणभाखी–वि०—बिना कही हुई ।

अणभाय, अणभावतो, अणभावतौ, अणभावियौ–वि०—अनचाहा, अप्रिय, अरुचिकर । उ०—भावियौ भगत चे देत **अणभावियौ** ।
—ब्रह्मदास दादूपंथी

अणभिग, अणभिग्य–वि० [सं० अनभिज्ञ] १ अनाड़ी, मूर्ख. २ अपरिचित, अनजान ।

अणभिग्यता–सं०स्त्री० [सं० अनभिज्ञता] १ नादानी, मूर्खता, अनाड़ीपन. २ अनजानपन।

अणभेद–वि० [सं० अभेद] देखो 'अभेद'।

अणभेदी–वि० [सं० अभेद+ई] भेद न जानने वाला।

अणभेव, अणभै, अणभैव–वि०—१ प्रत्युत्पन्न, चमत्कारपूर्ण मानसिक उपज। उ०—जागै गोरख जोग तंत घट घट मंझाह। आतम **अणभै** ब्रह्म ग्यांन मधुरा अमीयाँह—केसोदास। २ निडर, निर्भय. ३ विचित्र। उ०—दुविध दातार **अणभैव** जगदीस री भलाई वदै गावै भलाई। दूध पाय'र तिरी जसोदा देवकी, पाय विख पूतना मोख पाई—ब्रह्मदास दादूपंथी।
सं०पु०—१ चमत्कारपूर्ण मानसिक उपज।
क्रि०प्र०—उपजणौ।
२ निर्भय व्यक्ति।
कहा०—अणभै रा नगारा घुरै—निर्भय व्यक्ति का सब जगह डंका बजता है।

अणमण, अणमणौ–वि०—१ उदास, खिन्न, सुस्त, अन्यमनस्क। उ०—**अणमणौ** करिया टेपा कांन, चोवटै ऊभौ हेकल सांड—सांझ। २ जिसको मनों में भी न तौला जा सके, अपार।

अणमांनैतण, अणमांनैती–सं०स्त्री०—वह स्त्री जिसका प्रियतम या पति उससे प्रेम न करता हो। उ०—जद राव रै रांणी बाघेली **अणमांनैती** तिण कह्यौ।—बाँ दा.

अणमा–सं०स्त्री० [सं० अणिमा] १ अति सूक्ष्म परिमाण. २ आठ सिद्धियों के अन्तर्गत प्रथम सिद्धि जिसमें योगी लोग अणु के समान सूक्ष्म शरीर धारण कर लेते हैं तथा दिखाई नहीं देते। (ह.नां.)

अणमाप, अणमापी, अणमापै–वि०—१ जिसके परिमाण का अनुमान न हो. २ अपरिमित, असीम, अपार। उ०—रिणमाल जोध उण वार रां बळ **अणमाप** भुअब्बळां।—रा.रू.

अणमायौ–वि०पु०—अप्रमांण, नहीं समाने वाले। उ०—अै थांणै कांणाणै आया, मेवासियां उवर **अणमाया**।—रा.रू.

अणमाव, अणमावतौ–वि०—अधिक, बहुत, अपार। उ०—लाल सु चुप अग्रज लखै, ऊफणियौ **अणमाव**।—वं.भा.

अणमिणि–वि०—जो बहुत भारी हो, वजनी (द.दा.)

अणमिळणूं अणमिळणौ—सं०पु०—न मिलने का भाव, मिलने का अभाव। उ०—**अणमिळणूं** मौ हुऔ एम तौ, मिटसी किम मोजाँ महारांण।—बाँ.दा.

अणमिळियां–क्रि०वि०—नहीं मिलने पर, बगैर मिले। उ०—मेछां वदन जोस **अणमिळियां**, पाळै जांण कमळ परजळियां।—रा.रू.
कहा०—अणमिळियां रा त्यागी रांड मरयां वैरागी—न मिलने पर त्यागी, स्त्री के मर जाने पर वैरागी—आजकल के साधु-सन्यासियों पर व्यंग।

अणमींत–वि०—अपार, असीम। उ०—व्रक्षां डाळी भांत भंतीली, फूल महक **अणमींतरी**।—दसदेव

अणमल–वि०—१ मिलावट का, विशुद्ध, खालिस. २ बेमेल, असंबद्ध, बेतुका, असंगत।

अणमोत–क्रि०वि०—बेमौत, अकाल (मृत्यु) उ०—क्यूं सारंग थारौ कंवर, महि **अणमोत** मरैह।—पा.प्र.

अणमोल, अणमोलौ–वि०—१ अमूल्य. २ मूल्यवान, बहुमूल्य. ३ सुंदर, उत्तम।

अणमौत–क्रि०वि०—बेमौत (रू.भे. अणमोत)

अणयुगतूं–वि० (प्रा०रू०) अनहोनी, असंभव। उ०—पुण्यइ **अणयुगतूं** संभवइ, रांमि राक्षस हणीया सवइ।—कां.दे.प्र.

अणरता–वि०—१ बिना रंगा हुआ, सादा. २ जिसने कभी प्रेम नहीं किया हो।

अणराई–सं०स्त्री०—देखो 'अणराय'।

अणरागी–वि०—माया-मोह से रहित, वैरागी। उ०—क्यूं करौ मोत रौ सोच किया सतगुरु **अणरागी**।—सगरांमदास

अणराय–सं०स्त्री०—याद, स्मृति। उ०—कांई करै **अणराय**, कांई मन पछतावौ करै, रहणहार थिर थाइ, जाणहार जावै 'जसा'।—जसराज

अणरुचि–सं०स्त्री० [सं० अरुचि] १ घृणा, नफरत. २ अरुचि, अनिच्छा।

अणरूप–वि०—१ रूपरहित, निराकार. २ कुरूप, भद्दा, बदसूरत।

अणरेस, अणरेह, अणरेहौ–वि०—१ अजय. २ विजयी. [सं० अन्+रेखा] ३ अपार, अत्यधिक। उ०—हेक प्रांण दुय देह, प्रीत **अणरेह** परसपर।—र.रू. ४ रेखारहित, निराकार। उ०—नमौ! **अणरेह** अनेह अनंत।—ह.र. ५ निष्कलंक। उ०—**अणरेह** अथग दूजौ अचळ मोटम दिढ़ गिरमेर री। निज समंद दुइंद चंद नहीं समवड़ साहिब सेर री।—पहाड़खाँ आढ़ौ। ६ पराजय, हार।

अणलेख, अणलेखे–वि०—१ 'अगोचर, अदृश्य, अलख. २ अपार, बहुत.

अणवंछक, अणवंछकौ–सं०पु०—दुश्मन, शत्रु (अ.मा., ह.नां.)
वि०—नहीं चाहने वाला (रू.भे. अणवंछत[

अणवट–सं०पु०—एक प्रकार का चाँदी का छल्ला जिसको स्त्रियां पैर के अंगूठे में पहनती हैं, अनवट। उ०—बींछिया घूघरा रांमनारायण ना **अणवट** अंतरजामी रे।—मीराँ

अणवणत–सं०स्त्री०—अनबन, बिगाड़, वैमनस्य, विरोध, मनमुटाव। उ०—तिण नै रावत मेघ क्युंहीक **अणवणत** हुई; तरै उणनूं मेघ कहाड़ियौ।—नैणसी

अणवर–सं०उ०लि० [सं० अनुवर] विवाह के अवसर पर दूल्हे के साथ रहने वाला पुरुष अथवा दुल्हिन के साथ रहने वाली स्त्री। उ०—बेली सहि बिरदैत, जेठी गोवरधन जिसा, करनाजळ **अणवर** कन्है वड जांनी वांनैत।—वचनिका

अणवांसी–सं०स्त्री० [सं० अणंश] विस्वाँसी का बीसवाँ भाग, एक बिस्वे का एक बटे चारसौवाँ भाग।

अणवारीयाँ–क्रि०वि०—इस समय, अभी।

अणविद्या–सं०स्त्री०—ज्ञान का अभाव, अज्ञान, देखो 'अविद्या'।

अणविलोयौ–वि०—बिना मथा हुआ (दही)

कहा०—साधां रै कंई सवाद, माई अणविलोया ई घाल—अगर छाछ न हो तो दही डाल दो, साधुओं के स्वाद कैसा ? इच्छा न दिखाते हुए अप्रत्यक्ष रूप से अच्छी वस्तु की माँग करने पर।

अणवींदौ–सं०पु०—विवाह के समय दूल्हे के साथ रहने वाला अविवाहित सहचर (श्रीमाली ब्राह्मण)

अणवीह–वि०—देखो 'अणबीह'।

अणवोर–सं०उ०लिं०—देखो 'अणवर'—१ (श्रीमाली ब्राह्मण)

अणसंक–वि०—१ निडर, निर्भय. २ निशंक, संदेहरहित।

उ०—सोनंग दुरग **अणसंक** सो, संक न कांई संभरे।—रा.रू.

सं०पु०—गरुड़ (रू.भे. अणसंख)

अणसंकण–वि०—१ निर्भय। उ०—**अणसंकण** जुध आरँभे, कूंपा कांकण हत्थ।—रा.रू. २ निःशंक, निर्द्वन्द्व. ३ रक्षित।

(रू.भे. अणसंक)।

अणसंका–वि०—देखो 'अणसंकण'।

सं०स्त्री०—आशंका, भय, डर।

अणसंकौ–वि०—देखो 'अणसंक'।

अणसंख–वि० [सं० असंख्य] अगणित, असंख्य, अपार।

सं०पु०—गरुड़ (अ.मा.) (रू.भे. अणसंक)

अणसंभ, अणसंभव–वि० [सं० असंभव] जो संभव न हो, अनहोना, असंगत।

अणसजण–सं०पु० [सं० अ+सज्जन] दुर्जन, दुष्टजन, खल।

उ०—सजण **अणसजण** हुआ ओह अळथा भार। विरह महासि ऊलटे कंत न कीधी सार।—ढो.मा.

अणसमज, अणसमझ–वि०—मूर्ख।

सं०स्त्री०—मूर्खता।

अणसहणी,अणसहणौ–वि० [सं० असहनीय] असह्य, न सहने योग्य।

अणसहियौ–वि० [सं० असहन] जो सहन न करे, असहिष्णु।

सं०पु०—शत्रु, वैरी।

अणसाधु–वि०—असाधु, जो साधु या सज्जन न हो। उ०—सांई साधु तारिया **अणसाधु** बोया।—केसोदास गाडण।

अणसार–वि० [सं० असार] साररहित, तत्वःशून्य, निःसार, शून्य।

उ०—सार तथा **अणसार**, थेटू गळ बंधियौ थकौ। बड़ां सरम चौ भार, राळचां सरै न राजिया।—किरपारांम

अणसुणियौ,अणसुणी,अणसुणौ–वि०—बिना सुना हुआ, अनसुना, अश्रुत।

अणसुभ, अणसुभ–सं०पु० [सं० अशुभ] १ अमंगल, अकल्याण, अहित. २ पाप. ३ अपराध।

वि०—अशुभ, अमंगलकारी। उ०—वनड़ौ परणीजण 'पाळ' वंए। देयवी **अणसुभ** सगून दये।—पा.प्र.

अणसूत–वि०—१ शैतान, बदमाश. २ जबरदस्त।

अणसूया–सं०स्त्री० [सं० अनसूया] ईर्ष्या न करना. २ नुकताचीनी न करना. ३ अत्रिमुनि की पत्नी. ४ शकुन्तला की एक सखी।

अणसोम–वि० [सं० असौम्य] १ असौम्य, अप्रिय, भद्दा, बदसूरत. २ क्रूर, भयंकर। उ०—**अणसोम** गुणां कोपे 'अभौ' करण मांम किलवायणां।—रा.रू.

अणहद–सं०पु० [सं०] १ देखो 'अनाहत'.

वि०—बहुत, अधिक, अपार। उ०—धण मो बीजौ जीव एकली चकवी सिरखी। वीछंतां भरतार जांणजे **अणहद** बिलखी।—मेघ.

अणहदनाद–सं०पु० [सं० अनाहतनाद] देखो 'अनाहत' (३)।

अणहलपुरौ–सं०पु०—गुजरात का एक प्राचीन नगर।

अणहार–सं०पु०—१ वह व्रत जिसमें कुछ न खाया जाय, उपवास, लंघन।

सं०स्त्री०—२ जय, विजय।

अणहारि, अणहारी–सं०पु०—१ लक्षण, चिन्ह। उ०—नगण तगण दुइ लुघ, निरखि आखर दस अवधारि। रूप आठसौ आठ रौ, अगर छंद **अणहारि**।—ल.पिं. २ सूरत।

वि०—समान। उ०—तठा उपरांति करि नै राजांन सिलामति पचास टांक चिलेरीखा **अणहारी** कबांण रा धोकारा वाजि नै रहिआ छै।—रा.सा.सं.।

अणहाल–सं०पु०—बेहाल। उ०—ईस तणी **अणहाल** विजोगण सेज सवंती।—मेघ.

अणहित–सं०पु० [सं० अहित] बुराई, अकल्याण।

वि०—१ शत्रु, वैरी, विरोधी. २ हानिकारक, अनुपकारी।

अणहितू–वि०—अशुभ चाहने वाला, शत्रु।

अणहिलवाड़ौ–सं०पु०—गुजरात का एक प्राचीन प्रान्त, अन्हिलवाड़ा (ढो.मा.)

अणहुंती, अणहुंत–सं०स्त्री०—अनहोनी। उ०—दुरजण केरा बोलड़ा, मत पांतरजौ कोय। **अणहूंती** हूंती कहै, सगळी सांच न होय।

—ढो.मा.

वि०—१ अलौकिक. २ असंभव।

कहा०—अणहूंत भाटे सूंही काठी—असंभव कार्य या बात के लिए।

अणहूंते, अणहूंतौ–सं०पु० (स्त्री० अणहूंती) १ अनहोनी (मि० अणहूंती) २ अन्याय।

वि०—१ असंभव. २ चंचल, नटखट, शैतान. ३ अवांछनीय।

उ०—खिण एक धरती अंबर बीच, अमूंजै सूनोपण अणजांण। घुळै ज्यूं **अणहूंतौ** अवसाद, फिरंता मन मूंगा दिन मांन।

—सांझ

क्रि०वि०—बिना कारण, अकारण। उ०—तरै खवास कह्यौ **अणहूंतौ** किण रौ नांम कहूँ।—वीरमदे सोनगरा री बात।

अणहूणी, अणहोणी–सं०स्त्री०—१ अनहोनी, न होने वाली, असंभव।

कहा०—अणहोणी होवै नहीं, होणी हौ सौ होय—प्रारब्ध पर किसी का वश नहीं चलता । २ अलौकिक ।

सं०स्त्री०—१ अलौकिक घटना. २ असंभव बात ।

अणहोती—सं०स्त्री०—देखो 'अणहोणी' । उ०—रैता गोपाळ बस गांवां दो च्यारि । सारी **अणहोती** बात सैता बिचारि ।—शि.वं.

अणह्वैती—सं०स्त्री०—अनहोनी । उ०—**अणह्वैती** व्है आज, हुई न आगै होण री । कैरव करै अकाज, आज पितामह ईखता ।—रांमनाथ कवियौ

अणागम—सं०पु० [सं० अनागम] १ आगमन का अभाव, न आना. २ अज्ञान, ज्ञान का अभाव ।

अणाणौ, अणाबौ—क्रि०स०—देखो 'अणावणौ' ।

अणाद—वि० [सं० अनादि] जिसका आदि न हो, अनादि ।

अणादर—सं०पु० [सं० अनादर] १ निरादर, अवज्ञा, अपमान, तिरस्कार २ पराजय ।

अणाय—सं०स्त्री०—याद, स्मृति ।

अणाळ—वि०—झूठ, असत्य (अ.मा.)

अणावड़ौ, अणावणौ—सं०पु०—स्मृति, याद, बच्चों का अपने प्रिय संबंधी को याद करने का भाव ।

अणावणौ, अणावबौ—क्रि०स०—मंगाना, कार्य कराना । उ०—नेवळाँ रा पाट **अणावौ**, जेठ बैठा औ दसरथजी रा सीय ।—लो.गी.

अणावणहार-हारौ (हारी), अणावणियौ—वि०—मंगाने वाला, कार्य कराने वाला ।

अणाविओड़ौ-अणावियोड़ौ-अणाव्योड़ौ—भू०का०कृ०—मंगाया हुआ, कार्य कराया हुआ ।

अणाणौ, अणाबौ—क्रि० (रू.भे.)

अणावौ—सं०पु०—बुलावा ।

अणास—सं०स्त्री०—कठिनाई ।

अणि—सं०स्त्री० [सं०] १ नोक, धार. २ सीमा, किनारा. ३ फौज, सेना. उ०—डांखियौ सेर साजी **अणि** डाकरै ।—जवानजी आढौ

सं०पु०—४ भाला ।

सर्व०—इस, यह ।

अणिआळी—सं०स्त्री०—कटार । उ०—**अणिआळी** अणबीह, पंचहजारी पाड़तौ—वचनिका ।

अणिपांणी—सं०स्त्री०—साहस, वीरता ।

अणिमा—सं०स्त्री० [सं०] १ अति सूक्ष्म परिमाण. २ आठ सिद्धियों में से प्रथम जिससे योगी लोग अणु के समान सूक्ष्म शरीर धारण कर लेते हैं (डिं.को.)

अणिमादिक—सं०स्त्री०—अणिमा आदि आठ सिद्धियाँ—१ अणिमा. २ गरिमा. ३ महिमा. ४ लघिमा. ५ प्राप्ति. ६ प्राकाम्य. ७ ईशित्व. ८ वशित्व ।

अणिय—सं०पु०—कानों का अग्र भाग । उ०—वृत्ति कांन सतीखण **अणिय** वंक—रा.रू. ।

अणियांभंमर, अणियाँभंवर—सं०पु०—१ सेनापति. २ योद्धा ।

उ०—भेजे इम **अणियाँभंवर**, जेठी कँवर जनेस । बंसी हूँ चढ़ियौ बळे धन चय देण धनेस ।—वं.भा. ३ शौकीन व्यक्ति. ४ मस्ताना व्यक्ति ।

अणियार—वि०—नुकीला, पैना ।

सं०स्त्री०—सूरत, शक्ल, आकृति ।

अणियाळ—सं०पु०—१ ऊँट (डिं.नां.मा.) । २ भाला । उ०—पेखे आपतणा पुरसोतम, रह **अणियाळ** तणै बलरांम ।—पृथ्वीराज राठौड़

अणियाळा—सं०पु०—नेत्र, नयन । उ०—फूलां रा चौस पैहरियां थकां टोय **अणियाळां** काजळ ठांसिया थकां ।—रा.सा.सं.

अणियाळी, अणियाळीह—वि०—१ नोकदार, तीखा, तीक्ष्ण, पैना । उ०—आँखड़ियां **अणियाळियाँ** काजळ रेख कियाँह । बीभळियां भावंदियाँ, लाज सनेह लियाँह ।—बाँ.दा.

२ मान-मर्यादा को निभाने वाली (पु० अणियाळौ)

सं०स्त्री०—१ कटार (डिं.को.) २ टिटहरी ।

अणियाळौ—वि० (स्त्री० अणियाळी) १ नोकदार, तीखा, तीक्ष्ण, पैना । उ०—लागौ लोचण लाह, **अणियाळा** अळता तणौ । सरसूं सेर थयाह, जोड़ी तोसूं जेठवा । २ मान-मर्यादा को निभाने वाला ।

सं०पु०—१ ऊँट (डिं.नां.मा.) २ भाला । उ०—बगतरां रा तवा फोड़-फोड़ पूठी परा **अणियाळा** अणी नीसरै ।—रा.सा.सं.

अणियौ—सं०पु०—तराजू का पलड़ा ।

अणिहारौ—सं०पु०—सूरत, शक्ल, आकृति (रू.भे. उणिहारो)

अणी—सं०स्त्री०—१ भाले की नोक । उ०—नर कायर आंणै नहीं, लूण लिहाज लगार । धोळै दिन छोड़ै धणी, **अणी** मिलै उण बार ।—बाँ.दा. २ सिरा, नोंक । उ०—खेलबौ पसंद कीनौ बाहणी **अणी** को तैं।
—ऊ.का.

[सं० अनीक] ३ फौज, सेना, हरावल । उ०—झालौ सिंहदेव तौ प्रथम **अणी** में हीं लोह छक होय प्रांणां रा पोखण ।—वं.भा.

४ सीमा. ५ पत्थर की खुदाई करने का औजार विशेष. ६ खंड, विभाग, दल । उ०—कीधा दोय **अणी** कमधज्जां ।—रा.रू.

७ धुरी. ८ शिखर. [रा०] ९ भाला, बरछा ।

वि०—अग्रगण्य, आगे रहने वाला । उ०—बगा सिंधवौ नाद कटकां **अणी** बीरबर ।—रणसी सीसोदिया रौ गीत

सर्व०—यह, इस ।

अणीआळौ—सं०पु०—देखो 'अणियाळौ' । उ०—तळचां सूखड़ा तोलइ मांन, नागरवेलि **अणीआळां** पांन ।—कां.दे.प्र.

सं०पु०—भाला । (रू.भे. अणियाळौ)

अणीक—सं०पु० [सं० अनीक] १ फौज, सेना. २ झुंड, दल. ३ युद्ध ।

वि०—बुरा, खराब ।

अणीके—सर्व०—इस (क्षेत्रीय)

अणीखा—वि०—१ जिसके सामने देखा न जा सके. २ भयानक ।

अणीपति—सं०पु० [सं० अनीक+पति] सेनापति ।

अणीपांणी–सं०स्त्री०—१ मान, मर्यादा, प्रतिष्ठा। उ०—चाकरी अव्वल तरह करै, आछी तरह करै। कनै का लोग नूं **अणीपांणी** सूं आछी तरह राखै।—राठौड़ अमरसिंघ री बात २ साहस, शक्ति, सामर्थ्य।

अणीभमर, अणीमल–सं०पु०—योद्धा, वीर (डिं.नां.मा.)

अणीमेळ–सं०पु०—भाले आदि की नोकों के परस्पर मिलने का भाव। उ०—मुरचाँ रा मुकामला मंडाया छै, **अणीमेळ** हुआ छै। रायजादा भाला भळकि नै रहीआ छै।—रा.सा.सं.

अणीयाळ–सं०स्त्री०—१ कटारी। उ०—तोल **अणीयाळ** जळ बोळ चखतां तणां, रोध हिल्लोळिया दईव राये।—नरहरदास बारहठ।

सं०पु०—२ भाला (रू.भे. अणियाळ)

अणीयाळो, अणीयाळौ–वि०—देखो 'अणियाळौ' (रू.भे.)

उ०– अंगोअंगि पटे **अणीयाळे** प्राणइ पाखर फोड़इ।—कांदे.प्र.

अणीसमराथ–वि०—१ सामर्थ्यशाली. २ मददगार. ३ युद्ध में कुशल।

अणुंताई–सं०स्त्री०—१ बदमाशी, शैतानी, शरारत. २ अन्याय।

अणु–सं०पु० [सं०] १ परमाणु से बड़ा तथा द्वयणुक से छोटा, कण, टुकड़ा. २ रजकण. ३ संगीत के अनुसार तीन ताल के काल का चतुर्थांश समय, एक मुहूर्त्त का ५४६७५००० वाँ भाग।

वि०—१ बहुत छोटा, जो कठिनता से दिखाई दे, सूक्ष्म. २ थोड़ा, कम (रू.भे. अणूं)

अणुनासिक–वि०—वे अक्षर जो मुँह और नाक से उच्चारण किये जायें यथा—ञ, ण, न, म, अनुनासिक।

अणुपातक–सं०पु० [सं० अनुपातक] चोरी, झूठ बोलना, पर-स्त्रीगमन आदि का पाप जो ब्रह्महत्या के समान समझा जाता है।

अणुबंध–सं०पु० [सं० अनुबंध] १ बंधन, लगाव. २ आरम्भ, अनुसरण, होने वाला शुभाशुभ. ३ वात, पित्त, कफ में से जो प्रधान हो. ४ दो पक्षों में कोई कार्य करने के लिए होने वाला ठहराव या समझौता. ५ वस्तुओं, जीवों, अंगों आदि में अनिवार्य रूप से होने वाला पारस्परिक संबन्ध. ६ किसी विषय की सब बातों का विवेचन।

अणुमा–सं०स्त्री०—बिजली।

अणुराव–सं०पु० [सं० अनुकरण] १ नकल, अनुकरण।

उ०—ए सारस कहिजइ पसू, पंखी केरा राव। उवै बोल्या सर ऊपरइ, थाँ कीधी **अणुराव**।—ढो.मा. २ पीछे होने वाला शब्द।

अणुवाद–सं०पु० [सं०] १ दर्शनशास्त्र के अंतर्गत एक सिद्धान्त जिसमें जीव या आत्मा को अणु माना गया हो. २ वह शास्त्र जिसमें पदार्थों के अणु नित्य माने गये हों, वैशेषिक दर्शन।

अणुवादी–वि० [सं०] अणुवाद में विश्वास करने वाला।

सं०पु०—वल्लभाचार्य्य का अनुयायी वैष्णव।

अणुवीक्षण–सं०पु०—एक यन्त्र जिसके द्वारा सूक्ष्म पदार्थ देखे जा सकते हैं।

अणुहांणौ–वि० (स्त्री० अणुहांणी) नंगे पैर, जूतेरहित।

अणुहार, अणुहारौ–सं०पु० (स्त्री० अणुहारि, अणुहारी) सूरत, शक्ल। उ०—ताहरां हरदांन बोलियौ—ऊभारौ सरीर तौ आपां हाथां फूंकियौ पण **अणुहारौ** तौ सागी छै।—पलक दरियाव री बात

वि०—समान, तुल्य, बराबर। उ०—अगर तणै **अणुहार**, पीड़ातां परमळ करै। ते सज्जन संसार, जोया पर जुड़िया नहीं।—ढो.मा.

अणूं–वि०—देखो 'अणु'। उ०—महा **अणूं** बचनीय जिकाँ री माधुरी। दै पिय, रसणाँ दाखि रती ही नाँ दुरी।—बाँ.दा.

सं०पु०—देखो 'अणु'।

अणूंत–सं०स्त्री०—१ असंभव कार्य, न होने वाला काम।

कहा०—अणूंत भाटै सूं ई काठी है—असंभव कार्य करना बड़ा कठिन है। (रू.भे. अणहूंत) २ शैतानी, बदमाशी. ३ घर में कुछ भी न होने की दशा।

सं०पु०—४ शैतान व्यक्ति।

कहा०—अणूंत रै वायोड़ी कौ ऊगै नी—अन्याय का अच्छा प्रतिफल नहीं मिलता।

वि०—बहुत, अधिक। उ०—उतरचा सूत **अणूंत** मूंत रेल न माया।—ऊ.का.

अणूंतौ–वि० (स्त्री० अणूंती) १ बदमाश. २ अन्यायी, नालायक. ३ चंचल. ४ बुरा. ५ बहुत, अधिक।

अणू–वि०—तनिक (अ.मा.)

सं०पु०—देखो 'अणु' (रू.भे.) उ०—मुकुंद लहै कुण तोरा अम्म **अणू** मझ राखै कोटि आलम्म।—ह.र.

अणूतौ–वि०—देखो 'अणूंतो' (रू.भे.)

कहा०—अणूतौ घास उकरड़चाँ ऊगै—व्यर्थ की वस्तु पर।

अणूहांणौ–वि०—नंगे पैर। उ०— एक मांदा एक न सकइ ऊठी, एक **अणूहांणा** ऊघाड़ा। दांणा पांच लहइ नवि खावा, एक तणइ पाए लोहड़ां।—कां.दे.प्र.

अणूहार, अणूहारौ–सं०पु०—सूरत-शक्ल। उ०— सारीखै **अणूहारै** सारौ मुलक भरियौ छै।—पलक दरियाव री बात

अणै–सं०पु०—रथ (डिं.नां.मा.)

अणेती–वि०—असंभव (रू.भे. अणहूंत, अणहूंती)

अणेवर–सं०स्त्री०—वह स्त्री जो दुल्हिन के साथ उसके ससुराल जाय।

अणेसौ–सं०पु०—१ अभावावस्था में होने वाला दुःख या कष्ट, वियोग-जनित दुःख. २ शोक, दुःख. ३ बल, साहस. ४ आशंका, संशय। उ०—देस विदेसां ना जावां म्हारौ **अणेसा** भारी।—मीरां ५ संभावना (रू.भे. अनेस) ६ ईर्ष्या, डाह। उ०—तरै धरती रौ वेध, राज रा **अणेसा** ऊपरां नागोर दोलतियाखांन पातिसाही करै।—जैतसी ऊदावत री बात

अणे–अव्यय—और।

अणोआई, अणोई–सं०स्त्री०—श्वासरोग, दमा (रू.भे. अणोहाई)

अणोखौ–वि० (स्त्री० अणोखी) अद्भुत, अनोखा, अनुपम।

अणोटपोल–सं०पु०—स्त्रियों के पैर का आभूषण विशेष (रा सा.सं.)
अणोर–सं०पु०—विवाह में वर या वधू के सदा साथ रहने वाला उसका छोटा व कुंआरा भाई (पुष्करणा ब्राह्मण)
अणोहाई–सं०स्त्री०—श्वासरोग, दमा (रू.भे. अणोआई, अणोई)
अतंक–सं०पु०—१ आतंक. २ कष्ट।
अतंग–वि०—पारंगत, निपुण, पूरा जानकार।
अतंत–वि० [सं० अत्यंत] अत्यन्त, अधिक, बहुत ज्यादा।
अतंद्र–वि० [सं० अतंद्रिक] १ आलस्यरहित, चंचल। उ०—सहर अवंती जिण समय, चारुदत्त द्विजचंद्र। क्रम पढ़ियौ विद्या कळा, दुरबिध भाव **अतंद्र**—वं.भा.। २ विकल, व्याकुल।
अत–वि० [सं० अति] बहुत, अधिक, अतिशय। उ०—**अत** परमळ पसर पसरिया आँबा, सुक पिक बोलै सुखद सराग—बाँ दा.।
सं०स्त्री० [सं० अति] १ अधिकता. २ शीघ्रता, जल्दी।
सं०पु०—३ ईश्वर, परब्रह्म। (ह.र.)
उप —शब्दों के पहले लगने वाला एक उपसर्ग जिससे अधिक के अर्थ का बोध होता है।
क्रि·वि० [सं० अत्र] यहाँ, इस स्थान पर।
अतएव–क्रि०वि० [सं] इसलिए, इस कारण।
अतखंभ–सं०पु [सं० अंतरिक्ष+स्तम्भ] भाला (डिं.नां.मा.)
अतग, अतगी–वि० [सं० उत्तुंग] ऊँचा। उ०—**अगत** झाळ औराळ जगि विकराळ मांझि तेज जिण—भगवांनजी रतनू।
अतट, अतड–सं०पु०—१ पर्वत का शिखर, चोटी. २ टीला।
अतण–सं०पु० [सं० अ+तन] १ बिना देह का व्यक्ति. २ कामदेव. ३ परब्रह्म।
वि०—बिना देह का।
अतताई–वि० [सं० आततायी] आततायी, दुष्ट, क्रूर, अत्याचारी।
उ०—तपसी रौ रूप धरे **अतताई,** अडंग कुटी गइ सीत उठाई —र.रू.
अतदगुण–सं०पु [सं० अतद्गुण] एक प्रकार का अर्थालंकार जिसमें एक पदार्थ का किसी ऐसे दूसरे पदार्थ के गुणों को न ग्रहण करना दिखाया जाय जिसके कि वह अत्यंत समीप न हो।
अतन, अतनौ–वि०—निर्बल, कमजोर, पुंसत्वहीन। उ०—मद मेटि कियौ **अतनौ** मरद जद मैं तोनें जांणियौ—ऊ.का.।
सं०पु०—१ कामदेव (अ.मा.) २ देखो 'अतण'।
अतपराक्रम–सं०पु० [सं० अति+पराक्रम] बड़ा प्रताप, बड़ा तेज, पराक्रम
अतप्रसंग–सं०पु० [सं० अति+प्रसंग] १ अत्यंत मेल. २ अति विस्तार. ३ व्यभिचार।
अतप्रांण–वि० [सं० अति+प्राण] देखो 'अतिप्रांण'।
अतमभवन–सं०पु०—ब्रह्मा, विधाता (डिं.नां.मा.)
अतरंग–वि०—तरंगरहित, शांत।
सं०पु०—शांत समुद्र।

अतर–वि० [सं० अति] बहुत, अधिक।
सं०पु० [सं० इत्र] १ फूलों की सुगन्धि का सार, निर्यास. २ सागर, समुद्र (अ.मा.)
अतरदांन–सं०पु० [अ० इत्र+फा० दान] इत्र रखने का पात्र।
अतराज–सं०पु० [अ० एतराज] १ विरोध, आपत्ति. २ संदेह।
अतरिख–सं०पु० [सं० अंतरिक्ष] आकाश।
अतरूज–सं०स्त्री०—देखो 'अतळूज'।
अतरे ,अतरै–क्रि०वि०—१ इतने में। उ०—**अतरै** मिरजौ आवियौ, गह छावियौ निराट—रा.रू.। २ इसके बाद. ३ अभी तक, अब तक, इसी अवसर में।
अतरौ–वि० (स्त्री० अतरी) इतना। उ०—रोटी चरखो रांम, **अतरौ** मुतलब आपरौ, की डोकरियां कांम, राज कथा सूं राजिया—किरपारांम (बहु० अतरा)
अतरोक, अतरोयक–वि०—इतना ही, इतना सा।
अतरौ–वि०—इतना अधिक (रू.भे. अतरो)
अतळ–सं०पु०—सात पातालों के अंतर्गत दूसरा पाताल (पौराणिक)
वि०—१ तळरहित, बिना पेंदी का [सं० अतुल] २ अतुल, अत्यधिक।
अतळबळ–वि० [सं० अतिबल] अत्यधिक शक्तिशाली।
अतळस–सं०स्त्री० [अ०] एक प्रकार का रेशमी वस्त्र जो बहुत नरम होता है। उ०—साल सूतरू चिकन शुभ, **अतळस** जरकस आंण। तो तट दी लाखै तराँ, पहरांमणी पुरांण—बाँ.दा.।
अतळसी–सं०पु०—१ ख्वाजासरों का एक भेद विशेष जो पुरुषाकार को अंडकोश सहित जड़ से ही काट डालते हैं। इनको संदली भी कहते हैं. २ देखो 'अतळस'।
अतळस्स–सं०स्त्री०—देखो 'अतळस'। उ०—दर परदे जरदोज, सयन **अतळस्सां** मुखमल—ला.रा.।
अतळा–वि०—सुंदर (नेत्रों की बनावट और सुंदरता के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द)। उ०—लोयण **अतळा** जेह—र. हमीरवार्त्ता।
सं०स्त्री०—पृथ्वी। उ०—चले चक पत्त चळदळ भांति, तळातळ ज्यों **अतळा** विचळाति—ला.रा.।
अतळाग–सं०स्त्री०—याद, स्मरण (डिं.को.)
अतळीबळ, अतळीबळि–वि० [सं० अतुल+बल] अत्यधिक बलवान, शक्तिशाली (डिं.को.)
अतळूज–सं०स्त्री०—श्वास नली में यकायक जल या अन्न के अंश के चले जाने से होने वाली खरखराहट या सुनसुनी।
अतळौ–वि०—१ आधारशून्य. २ बुरा, निकृष्ट। उ०—अपने आसरिये **अतळौ** दिन ऊगौ, पीहर सासरिये पतळौ पुन्य पूगौ।
—ऊ.का.
अतवाद–सं०पु०—देखो 'अतिवाद'।
अतवादी–वि०—देखो 'अतिवादी'।

अतवार–सं०पु०—१ इतवार, रविवार। [फा० एतबार] २ भरोसा, विश्वास।
वि० [रा०] अपार, बेहद। उ०—**अतवार** वहै आपै अनंत, सह विदु हुय जावै सगा—जग्गौ खिड़ियौ।
अतवेध–सं०पु०—युद्ध, समर।
अतस, अतसय–वि० [सं० अतिशय] अपार, अत्यंत (अ.मा.)
सं०पु०—१ आत्मा. २ अस्त्र. ३ वायु ४ वल्कल वस्त्र।
अतसौर–सं०पु० [सं० अति+फा० शोर] अत्यधिक आवाज व शोरगुल।
अतरह–सं०पु०—समुद्र, सागर (डिं.नां.मा.)
अता–सर्व०—इतने, इतना। उ०—रजपूत महारज क्रीत रता, उणबार चढ़े सरदार **अता**—शि.सु.रू.।
अताई–वि०—अत्यधिक।
सं०पु० [सं० आततायी] १ आततायी, दुष्ट. २ अन्यायी।
अताक–वि०—गुप्त (अ.मा.)
अताग–वि०—१ न त्यागने वाला. २ अथाह।
अतागै–क्रि०वि०—जल्द, शीघ्र। उ०—आयौ नाग सूं झूझ लेवा **अतागौ**।
—ना.द.
अतात–वि० [सं० अ+तात] अनाथ, निराश्रित।
सं०पु०—परब्रह्म (ह.र.)
अतार–सं०पु०—१ दवाओं को बेचने वाला, पंसारी. २ अत्तार।
३ देखो 'अतारां'।
अतारां–सं०पु०—१ मुसलमान. २ आततायी, दुष्ट। उ०—मिरजौ तिण वारां मीर करारां साथि **अतारां** करि सारां—रा.रू.।
क्रि०वि०—इतने में।
अतारी–वि०—तेज, चंचल, शीघ्रगामी। उ०—तुरँग खेड़िया भांत **अतारी**। गुरड़ जांण चढ़ियौ गिरधारी—रा.रू.।
अतारू–वि०—जो तैरना नहीं जानता हो। उ०—बे हरि भजै **अतारू** बोलै, ते अब भागीरथी म तूँ—वेलि.।
अतारो, अतारौ–वि०—अधिक, बहुत। उ०—तुरंगां वणौ तेज अंगां **अतारौ**—रा.रू.।
अताळ–वि०—१ बहुत, अति, अत्यन्त. २ तेज, भयंकर।
उ०—'अभमाल' क्रोध देखे **अताळ**, महमंद साह दिये मुक्तमाळ।
—वि.सं.
अताळौ–वि० (स्त्री० अताळी) १ उतावला, जल्दबाज. २ आतुर. ३ बलवान, जोशीला. ४ मजबूत, दृढ़। उ०—'रूपमल' घोड़ असवार 'उमेद' हर अरांनी जोड़ वागां **अताळी**—अज्ञात।
५ तेज, तीक्ष्ण. ६ भयंकर। उ०—एक दाळी झड़ै नराताळी अघट, नदी वूही कराळी रुधिर वाळी निपट। वीर ताळी वजै अताळी रिण विकट नचै काळी सहत कमाळी जांण नट—किसनजी आढ़ौ।
क्रि०वि०—शीघ्रता से। उ०—उमंगे रढ़ाळा छूटे सोहड़ां काकुस्थवाळा, **अताळा** सजूटे तेण सामूहां अडील—र.रू.।

अति–वि०—बहुत, अधिक।
सं०स्त्री०—अधिकता, ज्यादती।
अतिकम, अतिकमण–सं०पु०—देखो 'अतिक्रम'।
अतिकांतभावनीय–सं०पु०—योगदर्शन के अंतर्गत चार प्रकार के योगियों में से एक योगी, वैराग्यसंपन्न योगी।
अतिकाय–वि० [सं० अति+काय] १ स्थूलकाय, मोटा. २ बलवान।
सं०पु०—रावण का वह पुत्र जिसको लक्ष्मण ने मारा था।
अतिक्रम–सं०पु० [सं०] १ नियम या मर्यादा का उल्लंघन, विपरीत व्यवहार, अन्यथाचरण। उ०—सौ राजकुमार रा आसय मैं तुलै तौ कन्या काळ रौ **अतिक्रम** जांणि अठै ही विवाह करूँ—वं.भा.।
२ अपमान. ३ पार होना, लाँघना। उ०—**अतिक्रम** विक्रम त्रिक्रम आस्य, अछेक अनेकन अंक उपास्य—ऊ.का.।
अतिक्रांत–वि० [सं० अति+कांति] १ चमकीला, अत्यंत कांतिबान।
उ०—किता सस्त्र **अतिक्रांत** जड़ित पन्ना सोन्नन्नां—रा.रू.।
[सं०] २ सीमा से बाहर गया हुआ, बीता हुआ।
अतिगंज–सं०पु०—ज्योतिष शास्त्र के २७ योगों में से एक योग।
(ज्योतिष बाळबोध)
अतिगति–सं०स्त्री०—१ अन्याय, अत्याचार। उ०—सदाई सबळा राजा निबळा राजा नै झालता आया छै, बंद मांहे सदाई राखता आया, पिण तौ ठाकुर ज्यूं कोई **अतिगति** मांडै नहीं।
—कहवाट सरवहिया री बात
२ उत्तम गति, मोक्ष।
वि० [सं० अतिगत] बहुत, अधिक।
अतिचार–सं०पु० [सं०] १ किसी ग्रह का बिना किसी राशि का भोगकाल समाप्त किये दूसरी राशि में चले जाना. २ विघात, व्यतिक्रम (जैन). ३ ग्रहों की शीघ्र चाल।
अतिचारी–वि० [सं०] १ अन्यथाचारी. २ अति करने वाला।
अतिचाह–वि० [सं० अति+चाह] उत्सुक, इच्छुक, उत्कंठित। (डिं.को.)
अतितीव्र–सं०पु०—संगीत में वह स्वर जो तीव्र से भी कुछ अधिक ऊँचा हो।
अतिथि–सं०पु० [सं०] १ मेहमान, अनिश्चित, आगंतुक. २ वह संन्यासी जो एक स्थान पर एक रात्रि से अधिक न ठहरे।
अतिथिपूजा–सं०स्त्री० [सं० अतिथि+पूजा] संन्यासी या महात्मा की सेवा।
अतिदरप–वि० [सं० अति+दर्प] घमंडी, अभिमानी (वं.भा.)
अतिदेव–सं०पु०—१ बड़ा देवता. २ शिव. ३ विष्णु।
अतिपराक्रम–सं०पु० [सं०] बड़ा प्रताप, बड़ा तेज, शौर्य्य।
अतिपांन–सं०पु० [सं० अतिपान] बहुत पीना, पीने का व्यसन।
अतिपात–सं०पु० [सं०] अव्यवस्था, गड़बड़ी।
अतिपातक–सं०पु० [सं०] धर्मशास्त्र में वर्णित नौ पातकों में बड़ा पातक—माता, बेटी या पतोहू के साथ गमन करने वाला पुरुष अथवा पिता, पुत्र व दामाद के साथ गमन करने वाली स्त्री।

अतिप्रसंग–सं०पु० [सं०] अत्यन्त मेल, देखो 'अतप्रसंग'।

अतिप्रांण–वि० [सं० अतिप्राण] बलवान, शक्तिशाली, अत्यंत शक्तिशाली। (रू.भे. 'अतप्रांण') उ०—बाळे'सा इणविधि बर विबेक, **अतिप्रांण** हुवा भूपति अनेक—वं.भा.।

अतिबरवै–सं०पु०—एक मात्रिक छंद विशेष जिसमें प्रथम व तृतीय चरण में १२ मात्राऐं तथा दूसरे चौथे चरण में नौ मात्राऐं होती हैं। विषम पदों के अंत में जगण नहीं होता तथा सम पदों के अंत का वर्ण लघु होता है।

अतिबरसण–सं०स्त्री० [सं० अति+वर्षण] अतिवृष्टि, अत्यन्त वर्षा (डिं.को.)

अतिबळ–वि० [सं० अतिबल] अत्यधिक बलवान, शक्तिशाली, महावीर। सं०पु०—एक राक्षस।

अतिबळा–सं०स्त्री० [सं० अतिबला] १ प्राचीन काल की एक प्रकार की युद्ध विद्या जिसके प्रभाव से श्रम और प्यास, भूख आदि बाधाओं का भय नहीं रहता। उ०—विद्या विलास **अतिबळा** रिख पढ़ाई रांम। —रांमरासौ

२ ककई नामक पौधा।

अतिमुसळ–सं०पु० [सं०] यदि किसी नक्षत्र में मंगल अस्त हो और उसके सत्रहवें नक्षत्र व १८ वें नक्षत्र से अनुवक्र हो तो इस वक्र को अतिमुसळ कहते हैं—फलित ज्योतिष के अनुसार इससे चोर और शस्त्र का भय रहता है तथा अनावृष्टि होती है।

अतिमूत्र–सं०पु० [सं०] अधिक मूत्र उतरने का एक प्रकार का रोग विशेष जिससे रोगी कमजोर हो जाता है (वैद्यक)

अतियोग–सं पु० [सं०] किसी मिश्रित औषधि में किसी द्रव्य का नियत मात्रा से अधिक मिल जाना।

अतिरंग–सं०पु०—१ अत्यन्त आनन्द, अत्यन्त प्रसन्नता। उ०—अति प्रगट रस थुड़ डाळ अदभुज(त) गाय **अतिरंग** आदरे—रा.रू.।

२ अंतरंग, घनिष्ठ। उ०—सेज पधारी राव की, **अतिरंग** स्वामी सुं मीली राति—वी.दे.।

अतिरंजन–सं०पु० [सं०] १ बढ़ा-चढ़ा कर कहने का ढंग, अत्युक्ति. २ अत्यन्त प्रसन्नता।

अतिरथी–सं०पु० [सं०] वह जो रथ पर चढ़ कर अकेला बहुत से लोगों से लड़े, महारथी, रणकुशल।

अतिरय–सं०पु०— तीव्र वेग। उ०—बिसमय प्रळय मय भय समय निर-दय उदय रवि नयनिळय **अतिरय** अजय खयकर अखय—वं.भा.।

अतिरिक्त–क्रि०वि० [सं०] सिवाय, अलावा।

वि०—१ शेष, बचा हुआ. २ अलग।

अतिरेक–सं०पु० [सं० अति+रिच्+घ ञ्] आधिक्य, अतिशय।

अतिळीवर, अतिळीवरळ–वि० [सं० अतुल्य+बल] वीर, योद्धा, शक्ति-शाली।

अतिवाद–सं०पु० [सं०] १ डींग, शेखी. २ खरी बात, सच्ची बात. ३ कटूक्ति।

अतिवादक, अतीवादी–सं०पु० [सं०] १ सत्यवक्ता. २ कटुवादी. ३ डींग मारने वाला।

अतिव्रस्टी–सं०स्त्री० [सं० अतिवृष्टि] अत्यधिक वर्षा।

अतिसय–वि० [सं० अतिशय] बहुत, ज्यादा, अत्यधिक। उ०—आसाढ़ जांणि डंडूळ, **अतिसय** गयण चढ़ि गैतूळ—रा.रू.।

अतिसयपांन–सं०पु० [सं० अतिशयपान] अत्यन्त मद्यपान, मद्याहार। (मि० अतिपांन)

अतिसयोकती–सं०स्त्री० [सं० अतिशय+उक्ति] भेद में अभेद तथा असंबंध में संबंध दिखलाते हुए किसी वस्तु को बहुत बढ़ा कर प्रकट करने का एक प्रकार का अलंकार अथवा जहाँ प्रस्तुत की अत्यन्त प्रशंसा के लिए अतिशय अर्थात् लोक सीमा का उल्लंघन करके कोई बात कही गई हो।

अतिसामान्य–सं०पु० [सं० अति+सामान्य] बहुत ही साधारण, मामूली बात।

अतिसार–सं०पु० [सं०] १ पेट का रोग विशेष जिसमें रक्त मिश्रित आँव के अथवा पतले किन्तु अधिक दस्त आते हैं।

वि० [रा०] अतिशय, बहुत। उ०—माह मास सी पड़चौ **अतिसार**, जळ-थळ-महीयळ सहू कीया छार—वी.दे.।

अतिसै–वि० [सं० अतिशय] अतिशय, बहुत, अधिक (रू.भे. अतिसय)

अतिहसित–सं०स्त्री० [सं० अति+हसित] अट्टहास, जोर की हँसी।

अतींद्रय–वि० [सं० अतीन्द्रिय] अगोचर, अप्रत्यक्ष, अव्यक्त।

अती–सर्व०—इतनी। उ०—कहि **अती** बात सारी कथा, तवी राव सेखा तणी—मे.म.।

वि० [सं० अति] बहुत, अधिक (रू.भे. अति)

अतीचपळ–वि० [अति+चपल] अधीर, चलायमान।

अतीत–वि० [सं०] १ बीता हुआ, भूत, गत, पुराना। उ०—बिछोड़ै रुद्र कपाळ ब्रहम्म, कियौ सुकदेव **अतीत** करम्म—ह.र.।

२ निर्लेप, विरक्त। उ०—सबगुण देव **अतीत** संसार, बिभू अति गुज्झ परम्म बिचार—ह.र.। ३ दरिद्र, कंगाल. ४ पृथक, अलग।

क्रि०वि०—परे, बाहर। उ०—नमौ धक पंख सहोवर धज्ज, गुणादि **अतीत** लखण्ण-अग्रज्ज—ह.र.।

सं०पु० [सं० अतिथि] १ विरक्त साधु, वीतराग, सन्यासी।

उ०—इतरै देवींदास बोलियौ—**अतीतां** क्यों खड़ा छौ? कासूँ देखां भीखी नै मारग लागौ—पलक दरियाव री बात।

२ अतिथि. ३ परब्रह्म. ४ संगीत में सम से दो मात्राओं के उपरांत आने वाला स्थान. ५ तबले के किसी बोल या टुकड़े की सम से आधी वा एक मात्रा के पहले समाप्ति. ६ दसनामी संन्यासियों का एक नाम।

अतीतकाळ–सं०पु०यौ० [सं०] बीता हुआ समय, प्राचीन काल।

अतीत्य, अतीथ–सं०पु० [सं० अतिथि] १ अभ्यागत, मेहमान. २ संन्यासी, विरक्त साधु, गृहत्यागी. ३ जैन साधु. ४ गरीब व्यक्ति।

अतीव्रस्टी–सं०स्त्री० [सं० अतिवृष्टि] अत्यन्त वर्षा, अतिवृष्टि ।

अतीर–सं०पु०—समुद्र, सागर (ह.नां., अ.मा.)

अतीव–वि०यौ० [सं० अति+इव] अधिक, अतिशय अत्यन्त ।
उ०—तथा **अतीव** नम्रता करी सु नम्र में तुझैं—ऊ.का. ।

अतीस–सं०पु० [सं०] हिमालय के अंचल में होने वाला पौधा जो औषधि के काम में आता है—अमरत ।

अतीसय–वि०—देखो 'अतिसय' (रू.भे.)

अतीसीळ–सं०पु०—हाथी हस्ती (डिं.नां.मा.)

अतु–वि० [सं० अत्यन्त] अत्यन्त, बहुत, अधिक, अतिशय ।

अतुर–वि० [सं० आतुर] व्याकुल, व्यग्र, घबड़ाया हुआ, उद्विग्न, दुखी ।
क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी । उ०—आच नित जनक नृप लिखे कागद **अतुर**—र.रू. ।

अतुराई–सं०स्त्री० [सं० आतुर] उतावलापन, जल्दबाजी ।

अतुळ–वि० [सं० अतुल] १ जो तौला या कूंता न जा सके, असीम, अपार, बहुत, अधिक. [सं० अतुल्य] २ अनुपम । उ०—एक नंदाणा जाति रा हळखड़ रजपूत री पुत्री नूं बळ में **अतुळ** जांणि प्रसभपूरवक परणियौ ।
—वं.भा.
३ जबरदस्त ।

अतुळनीय–वि० [सं० अतुलनीय] १ अपरिमित, अपार. २ अनुपम, बेजोड़ ।

अतुळबळ–वि० [सं० अतुल+बल] अत्यधिक शक्तिशाली, समर्थ ।
उ०—ग्रह तै सत डोर जगा छत्रियां ग्रुर, बोह मोजां विध **अतुळबळ** ।
—महारांणा जगतसिंह रौ गीत

अतुळित–वि० [सं०] १ बिना तौला हुआ, अपरिमित, अपार, असंख्य २ अनुपम, अद्वितीय, बेजोड़ ।

अतुळी–वि० [सं० अतुल्य] १ अनुपम, अद्वितीय. २ असमान ।

अतुळीबळ–वि० [सं० अतुल्य+बल] अत्यन्त शक्तिशाली ।
उ०—**अतुळीबळ** झाड़ै असराँ रौ, खागां मार गमाड़ै खोज—र.रू. ।

अतुळय–वि० [सं० अतुल्य] १ अनुपम, अद्वितीय. २ असमान, असदृश ।

अतू–वि०—अत्यन्त, बहुत अधिक, अतिशय ।
सं०पु०—कर्ज के खाते जमा की जाने वाली रकम ।

अतूठौ–वि० (सं० अ+तुष्ट) अप्रसन्न । उ०—समांणी जसूं नागरांणी सुणायौ, अरूठौ **अतूठौ** भले काज आयौ—ना.द. ।

अतूळ–वि० [सं० अतुल्य] अतुल्य, अनुपम, अद्वितीय ।

अतेज–वि० [सं० अ+तेज] १ तेजहीन, निस्तेज, मंद, मलिन. २ अंधकारयुक्त ।

अतेरु–वि०—जो तैरना न जानता हो ।
सं०पु०—सागर, समुद्र (डिं.नां.मा.)

अतै–क्रि०वि०—तब तक, इतने में । उ०—अपछराँ चडी रथ्थाँ **अतै** चंडधाँ नोहथ्थाँ चडी—मे.म. ।

अतोट–सं०पु०—१ जो शीघ्र प्रसन्न न हो. २ वज्र (नां.मा.)

अतोर–वि०—न टूटने वाला, पुष्ट, दृढ़, अभंग ।

अतोल, अतौल–वि० [सं० अतोल] १ जो तौला या कूंता न जा सके, अपरिमित, अपार । उ०—हव लड़य कइक दिन हुय हरोल, इळ पती फौज रौ बळ **अतोल**—पे.रू. । २ जो तौला हुआ न हो ।
सं०पु०—पहाड़, पर्वत (अ.मा.)

अतोली, अतोलौ–वि० [सं० अतुल] बहुत (रू.भे. अतोल)
उ०—सांवण का दिनां में साल वरसा छी **अतोली**, सारां ही दिनां में इंद्र आंख्यां भी न खोलीं—शि.वं. ।

अत्त–सं०स्त्री० [सं० अति] अधिकता ।

अत्तर–सं०पु० [फा० इत्र] इत्र, पुष्पसार । उ०—वर्णे केसरां **अत्तरां** बोह वागां, प्रभा चंद्र मोहै भड़ां व्रंद पागां—रा.रू. ।

अत्ता–सर्व०—इतने (रू.भे. 'अता')

अत्तार–सं०पु० [अ०] १ इत्र बेचने वाला, गंधी. २ यूनानी औषधियां बनाने तथा बेचने वाला ।

अत्ति, अत्ती–वि० [सं० अति] बहुत, अधिक ।
सर्व० [रा०] इतनी ।
सं०पु० [सं० अति] अत्याचार ।

अत्तीत–सं०पु०—देखो 'अतीत, अतीथ' (रू.भे.)

अत्तीव–वि० [सं० अतीव] देखो 'अतीव' । उ०—अवरंगी **अत्तीव** आपरंगी अगनीतौ—रा.रू. ।

अत्तू–सं०पु०— कर्ज के पेटे खाते की अवधि व्यतीत होने के पूर्व जमा की जाने वाली रकम (रू.भे. अतू)

अत्तोतायौ–वि० (स्त्री० अत्तोताई) १ आततायी. २ छिछले स्वभाव का. ३ उतावला ।
कहा०—१ अत्तोताई बेटौ जायौ नाळ पैं'ली नाक कटायौ—उतावले स्वभाव की स्त्री के पुत्र जन्मा तो अपनी आतुरता के कारण नाल के स्थान पर नाक काट डाली. २ अत्तोताई रौ मांटी आवै दोपारै रौ दीयौ जगावै—पति के आने पर उससे शीघ्र मिलने को आतुर उतावली स्त्री दुपहरी में ही सांझ समझ कर दिया जला देती है । उतावली स्त्रियों के लिये ।

अत्थ–सं०पु० [सं० अर्थ] देखो 'अथ' । उ०—मंगळ री जणणी मही, अदतारां री **अत्थ**—बाँ.दा. ।
क्रि०वि०—अब । उ०— हेम सेत मंझार न को हिव **अत्थ** न रावह, इत्थ चवत्थौ राव हुवत जंपियै सरोवह—लल्ल भाट ।

अत्थड़ी–सं०पु० [सं० अर्थ] देखो 'अरथ' । उ०—ऊधम हत्थां **अत्थड़ी**, कांनां सुण निज कीत—बाँ.दा. ।

अत्यंत–वि० [सं०] अतिशय, अधिक, बहुत ।

अत्यंतागामी–वि० [सं०] शीघ्रगामी ।

अत्यंताभाव–सं०पु० [सं०] १ किसी वस्तु का पूर्णतया अभाव, सत्ता का पूर्ण रूप से न होना. २ वैशेषिक के मतानुसार पाँच अभावों में से चौथा ।

अत्यंतिक–वि० [सं०] बहुत, अधिक।

अत्यत्कस्ट–वि० [सं० अति+उत्कृष्ट] अत्युत्तम, अतिश्रेष्ठ, बहुत बढ़िया।

अत्याकार–सं०पु० [सं०] हार, पराजय (डिं.को.)

अत्याग–सं०पु० [सं० अ+त्याग] ग्रहण, स्वीकार।

अत्यागी–वि० [सं० अ+त्यागिन्] १ अवगुणों को न त्यागने वाला, दुर्व्यसनी. २ न त्यागने वाला।

अत्याचार–सं०पु० [सं०] १ सदाचार का उल्टा, आचार का अतिक्रमण, अन्याय, विरुद्धाचरण. २ ज्यादती. ३ आडंबर, ढकोसला।

अत्याचारी–वि० [सं०] अत्याचार करने वाला, अन्यायी, धर्मध्वज।

अत्यानंदा–सं०स्त्री०—वह योनि जो अधिक मैथुन से भी संतुष्ट नहीं होती तथा जिससे स्त्री बंध्या हो जाती है। वैद्यक में इसे एक रोग कहा गया है।

अत्यावस्यक–वि०यौ० [सं० अत्यन्त+आवश्यक] जो बहुत ही जरूरी हो।

अत्युक्त–वि० [सं०] बहुत बढ़ा चढ़ा कर कहा हुआ।

अत्युक्ति, अत्युक्ती–सं०स्त्री० [सं० अत्युक्ति] वास्तविकता से बहुत बढ़ा चढ़ा कर वर्णन करने की एक रीति।

अत्युतकंठा–सं०स्त्री० [सं०] १ चिन्ता, मनस्ताप. २ उच्चाभिलाषा।

अत्र–क्रि०वि० [सं०] यहाँ, इस स्थान पर। उ०—चहुँधा चरित्र वैस्णवे विचित्र, त्रैलोक तत्र, वह मिलत **अत्र**—ऊ.का.।

अत्रपत, अत्रपती–वि० [सं० अतृप्त] असन्तुष्ट, भूखा, अतृप्त।
सं०स्त्री० [सं० अतृप्ति] चित्त की अशांति, असंतोष, अतृप्ति।

अत्रय–सं०पु०—देखो 'अत्रि'। उ०—पिरभू किता बासर पाय, **अत्रय** तणै आश्रम आय—र.रू.।

अत्रसण–वि०—निर्लोभी।

अत्रस्त–वि० [सं० अ+त्रस्त] भयरहित निडर।

अत्रस्थ–वि० [सं०] यहाँ का, यहाँ रहने वाला।

अत्रि–सं०पु० [सं०] १ सप्तऋषियों में से एक जो ब्रह्मा के पुत्र माने जाते हैं. २ एक तारा जो सप्तऋषिमंडल में है।

अत्रिगुण–वि० [सं०] सत, रज और तम नामक तीनों गुणों से पृथक, त्रिगुणातीत।

अत्रिज–सं०पु० [सं०] अत्रि मुनि के पुत्र—१ चन्द्रमा, २ दत्तात्रेय, ३ दुर्वासा।

अत्रिजात–सं०पु०यौ० [सं०] १ चंद्रमा. २ देखो 'अत्रिज'।

अत्रिप्रिया–सं०स्त्री० [सं०] अत्रि ऋषि की पत्नी—अनसूया।

अथ–सं०पु० [सं० अर्थ] १ शब्द का अभिप्राय. २ अभिप्राय, मतलब, प्रयोजन. ३ काम, इष्ट. ४ हेतु, निमित्त. ५ धन, संपत्ति। उ०—भर बत्थाँ **अथ** काढ़जै, मंदिर जळतै माँय—ह.र. (रू.भे. अरथ) ६ शब्द, स्पर्श, रस, रूप एवं गंध इंद्रियों के पाँच विषय [सं०] ७ एक मंगलसूचक शब्द जिससे प्राचीन काल में लोग किसी ग्रंथ वा लेख का आरम्भ करते थे। उ०—**अथ** ओंमकार, अक्षर उचार, निस दिवस नांम रट रांम-रांम—ऊ.का.।
अव्यय०—१ अब, इस समय. २ अनन्तर. ३ आरम्भ में।

अथइणौ, अथइबौ–क्रि०अ० (प्रा०रू०) [सं० अस्त] अस्त होना।

अथऊ–सं०पु०—सूर्यास्त होने के पहिले किया गया भोजन (जैन)

अथक–वि०—१ न थकने वाला, अश्रांत, परिश्रमी. २ बहुत, अधिक।

अथग–वि०—१ देखो 'अथाह'। उ०—अंग घुन, व्यंग रस घाट कवता **अथग**—क.कु.बो.। २ देखो 'अथक'।
सं०पु०—१ हाथी (ना.डिं.को.) २ समुद्र, सागर (अ.मा.)

अथगणौ, अथगबौ–क्रि०अ०—रुकना (सूर्य)। उ०—**अथगियौ** भांण मधुकराहर ऊपरा धोम दुहुवां इसौ वाद धिखियौ—अज्ञात।

अथगूं–वि०—अथाह, अपार (रू.भे. 'अथग')

अथग्ग–वि०—देखो 'अथग' (रू.भे.)

अथड़ाणौ, अथड़ाबौ–क्रि०अ०—१ लड़खड़ाना. २ टकराना, भिड़ना।
अथड़ाणहार-हारौ (हारी), अथड़ाणियौ–वि०—भिड़ने वाला।
अथड़िओड़ौ, अथड़ियोड़ौ, अथड़्योड़ौ–भू०का०कृ०।
अथड़ीजणौ—भाव.वा.।

अथड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—लड़खड़ाया हुआ, टकराया हुआ।
(स्त्री० अथड़ियोड़ी)

अथमणौ–सं०स्त्री० [सं० अस्तमन] पश्चिम दिशा।

अथमणौ, अथमबौ–क्रि०अ० [सं० अस्त] १ अस्त होना, डूबना, लुप्त होना. २ नष्ट होना, चला जाना।
अथमणहार-हारौ-(हारी), अथमणियौ–वि०—अस्त होने वाला।
अथमावणौ—'अथमणौ' का स०रू०—अस्त कराना।
अथमायोड़ौ, अथमिओड़ौ, अथमियोड़ौ, अथम्योड़ौ–भू०का०कृ० अस्त हुआ हुआ।
अथमावियोड़ौ—भू०का०कृ०।
(विलोम—उगमणौ, उगमबौ)

अथमावणौ, अथमावबौ–क्रि०अ०—देखो 'अथमणौ'।
क्रि०स०—१ अस्त करना. २ नष्ट करना।
(क्रि० 'अथमणौ' का स.रू.)

अथमियोड़ौ–वि०—अस्त (स्त्री० अथमियोड़ी)

अथर–वि० [सं० अस्थिर] १ अस्थिर। उ०—आ माया काया **अथर** रिध घणा छाया रीत—अज्ञात २ अधीर, चंचल।

अथरव–सं०पु० [सं० अथर्व] १ एक वेद का नाम, अथर्ववेद. २ अथर्ववेद का एक मन्त्र।

अथरवण–सं०पु० [सं० अथर्वन] १ देखो 'अथरव'। २ शिव, महादेव।

अथरवणी–सं०पु० [सं० अथर्वनी] पुरोहित, कर्मकांडी, यज्ञ करने वाला।

अथरबवेद, अथरववेद–सं०पु० [सं० अथर्ववेद] ब्रह्मा के उत्तरमुख से निकलने वाला चार वेदों के अंतर्गत चौथा वेद जिसकी नौ शाखायें

हैं। इन शाखाओं में से आजकल शौनकीय मिलती हैं, जिसमें २० काण्ड, १११ अनुवाक, ७३१ सूक्त तथा ४७९३ मंत्र हैं। धनुर्वेद इसका उपवेद है। (डिं.को.)

अथरवसिर–सं०पु० [सं० अथर्वशिर] तैत्तरेय शाखा के समय यज्ञ की वेदी बनाने के लिए काम में लायी जाने वाली ईंट।

अथरवसिरा–सं०स्त्री० [सं० अथर्वशिरा] वेद की एक ऋचा का नाम।

अथरूज–सं०स्त्री०—श्वासनली में एकाएक जल या अन्न के अंश के चले जाने से होने वाली खरखराहट या सुनसुनी। (रू.भे. अतळूज)

अथळ–सं०पु०—किसान को लगान पर जोतने के निमित्त दी जाने वाली भूमि।

अथळस–सं०पु०—१ ऋतुमती घोड़ी के पास ले जाते समय घोड़े की कामाग्नि उत्तेजित करने के उद्देश्य से उसके लिङ्ग को सहलाने की क्रिया. २ हस्तमैथुन।

अथळूज–सं०स्त्री०—देखो 'अतळूज' (रू.भे.)

अथवा–अव्यय [सं०] या, वा, किंवा। एक वियोजक अव्यय।

उ०—जंतु भखै **अथवा** जळै, कै पड़ियौ रह जाय। किल भिसटा भसमी क्रमी, इण नर तन सूं थाय—बाँ.दा.।

अथहा–वि०—अथाह, अपार। उ०—काळ गिरंद **अथहां** कळोधर, प्रतपाळा बंधव महाराज—उम्मेदसिंह सीसोदिया री गीत।

अथांणुं, अथांणौ–सं०पु०—अचार (अमरत)

अथांमणौ, अथांमबौ–क्रि०अ० [सं० अस्तमन] १ अस्त होना।

उ०—तिमिर मिटै पावक तुटै पाबू भांण प्रकाश। अइयौ 'चंद्र' अथामियां अइयां चंद उजास—पा.प्र.। २ मरना।

अथांमणहार-हारौ-(हारी), अथांमणियौ–वि०—अस्त होने या मरने वाला।

अथमणौ, अथमबौ—(रू.भे.)

अथाई–सं०स्त्री० [सं० स्थायी] १ सभा, बैठक. २ देखो 'हताई'।

अथाग, अथागौ, अथाघ, अथाब–वि०—बहुत, अधिक, अपार।

उ०—१ रोज सिकारां खेलणौ, देखै वाग तड़ाग, हूंकळ दळ गज हैवरां, अमरख नरां **अथाग**—रा.रू.।

२ असुरांण उठी अब्दुल नवाब, हिंदवांण अठी तपबळ **अथाब**। —शि.सु.रू.

अथार–सं०स्त्री०—योनि, भग।

अथाल–वि०—१ अथाह, अपार, अपरिमित, विरुद्ध. २ बढ़िया।

उ०—ईखै अस सुद्रब चीज **अथाल** 'मालावत' लोभ धरै जगमाल। —गो.रू.

अथाह–वि०—१ जिसकी थाह न हो, अगाध, बहुत गहरा. २ जिसका कोई पार न पा सके, अपरिमित। उ०—जांणिक उलटइ समंद **अथाह**—वी.दे.। ३ गंभीर, गूढ़, कठिन।

सं०पु०—१ जलाशय. २ गहराई. ३ गड्ढा. ४ सागर, समुद्र।

अथि, अथी–सं०पु० [सं० अर्थ] १ संपत्ति, धन, द्रव्य। उ०—असमर समर **अथी** ऊधमणौ, मनडै अणै नथी अहमेव—जसजी आढ़ौ। २ धनाढ्य, धनी।

अथिर–वि० [सं० अस्थिर] अस्थिर, नाशवान, चलायमान, चल, जंगम।

उ०—**अथिर** आदि मंडांण न को दीसै थिरताई, काळ ग्रास संसार ग्रास जीवणै न काई—रा.रू.

अथूळ–वि०—१ स्थूल. [सं० अ+स्थूल] २ जो स्थूल न हो।

अथोग–वि०—अथाह, अपार। उ०—पाळो पड़ै **अथोग**, झड़ै लासूड़ा नीचै—दसदेव।

अदंक–सं०पु० [सं० आतंक] भय, डर, आतंक।

अदंग–वि० [सं० अदग्ध] १ बेदाग, शुद्ध, निर्दोष. २ बहुत घबराया हुआ. ३ अत्यधिक आश्चर्यान्वित।

अदंड–वि० [सं०] १ जो दंड के योग्य न हो अथवा जिसे दंड न दिया जा सके, अदंडनीय. २ जिस पर किसी प्रकार का कर न लगे, कर-रहित. ३ निर्भय।

सं०स्त्री०—बिना मालगुजारी की अथवा माफी की भूमि।

अदंडनीय, अदंडमांन, अदंड्य–वि० [सं०] १ जो दंड पाने के योग्य न हो. २ दंड से मुक्त. ३ करमुक्त. ४ निर्भय।

अदंत–वि० [सं०] १ बिना दाँत का, जिसके दाँत न निकले हों. २ दुध-मुहाँ. ३ अति वृद्ध जिसके दाँत न हों. ४ बिना युवावस्थासूचक दाँतों वाला ऊँट।

सं०पु०—वह ऊँट जिसके युवावस्थासूचक दाँत न निकले हों।

अदंतर–वि० [सं० अर्द्ध+अंतर] ऊँचा, मध्य में।

अदंतिका–सं०स्त्री०—एक देवी का नाम—बाँ.दा. ख्यात।

अदंद–वि० [सं० अद्वन्द्व] निर्द्वन्द्व. बाधारहित, शांत।

अदंभ–वि० [सं० अ+दंभ] बिना किसी आडंबर के, सच्चा, निश्छल, स्वाभाविक, स्वच्छ, शुद्ध।

सं०पु०—शिव।

अदंस–वि० [सं० अ+दंश] जो दंशा न गया हो, बिना काटा हुआ, घावरहित।

अद–सं०पु० [सं०] १ भोजन, आहार. (डिं.को.) २ प्रतिष्ठा।

अदकर–वि०—१ प्रौढ़, अधेड़. २ अर्धभाग का, आधा।

अदकालौ–वि०—बेसमझ।

अदक्ष–वि० [सं० अ+दक्ष] जो चतुर न हो, जो निपुण न हो।

अदखड़–वि०—देखो 'अदकर' (रू.भे.)

अदखिण–वि० [सं० अर्द्ध+क्षण] थोड़ा समय, अल्पकाल।

अदग–वि०—१ बेदाग, निष्कलंक, शुद्ध। उ०—दिन जीतगौ संसार देखतां रण जीतगौ सिंधवै राग, दाग **अदग** खग त्याग देवड़ौ, देवड़ौ गयौ अदागै दाग—जाडोजी महडू। २ निरपराध. ३ अछूता. ४ अस्पष्ट. ५ बचा हुआ।

अदगध–वि० [सं० अ+दग्ध] १ जो दुखी न हो, सुखी. २ जो दग्ध या जला न हो।

अदगावळो, अदगावळौ–वि०पु० (स्त्री० अदगावळी) १ अंगविहीन, विकृत अंग वाला. २ निकम्मा. ३ नपुंसक।

अदगेलो, अदगेलौ–वि० (स्त्री० अदगेली) १ पागल. २ मूर्ख।

अदठ–वि०—कृपण, कंजूस। उ०—इळ अणबूठै कसौ अंबहर, अनड़ **अदठ** नै उहवै आय—महारांणा लाखा रौ गीत।

अदत–वि०—कृपण, कंजूस। उ०—**अदता** टांणा ऊपरै, नांणां खरचै नाँहि—बाँ.दा.।

अदतार, अदतारौ–वि०—कृपण, कंजूस (मि. अदत)
उ०—आवै केइक चीतिया, अणचीतिया अनेक। वळै सलभ्भा होय सब, उर **अदतारां** छेक—बाँ.दा.।

अदती–सं०स्त्री० [सं० अदिति] १ प्रकृति. २ पृथ्वी. ३ दक्ष प्रजापति की कन्या जो देवताओं की माता है. ४ अंतरिक्ष. ५ माता-पिता।
सं०पु० [सं० आदित्य] ६ अदिति के पुत्र यथा सूर्य, इन्द्र, वामन, वसु और हिरण्यकश्यपु।

अदतीपूत, अदतीसुत–सं०पु० [सं० अदिति+पुत्र] अदिति के पुत्र—१ हिरण्यकश्यपु, २ देवता, ३ सूर्य (डिं.को.)

अदतेव–सं०पु०—देवता, सुर (अ.मा.)

अदतो–वि०—कृपण, कंजूस (मि. 'अदत' रू.भे.)

अदत्त–वि० [सं०] १ न दिया हुआ, असमर्पित, अप्रतिपादित. २ वह वस्तु जिसके दिये जाने पर भी लेने वाले को लेने और रखने का अधिकार न हो (स्मृति). ३ कृपण, कंजूस। उ०—ऊंमर लग ऊधार री, बांण न छोड़ै बत्त। जोर फिरावै जाचकां ऊधारियौ **अदत्त**।
—बाँ.दा.

अदत्तदांन—सं०पु०—बिना दी हुई वस्तु का ग्रहण, अपहरण, चोरी।

अदत्तू–वि०—कृपण, कंजूस (रू.भे. अदत)

अदन–सं०पु० [सं० अद्+भक्षणे] १ भक्षण, भोजन, जेवनार, आहार, खाना. [सं० अ+दिन] २ बुरा समय, कुदिन, आपत्तिकाल।
उ०—करि बेड़े बरबाद, बाद बारूद उडाये। हम तुम जुट्टे तदन, **अदन** अहिमति उर छाये—ला.रा.। [अ०] ३ अरब के किनारे पर एक बंदरगाह व नगर, जहाँ ईश्वर ने आदम को रक्खा था। यह स्वर्ग का उपवन भी माना जाता है।
वि०—हतभाग्य। उ०—तिके पातां भड़ां **अदन** मुरधर तणै, पाट रा थंभ रिण वाट पड़िया—पहाड़खाँ आढ़ौ।

अदनबदन–क्रि०वि०—इधर, उधर (लो.गी.)

अदनासियौ–वि०—१ दुखी, खिन्न चित्त. २ दुष्ट. ३ शत्रु।

अदनीचीज–वि०—छोटी व तुच्छ वस्तु (डिं.को.)

अदनो, अदनोह–वि० [अ० अदना] (स्त्री० अदनी) १ तुच्छ, साधारण। उ०—दोलत आंणै दूर सूं, अंग बणै **अदनाह**। बड़ा प्रपंची बांणिया, बाघ गऊ बदनाह—बाँ.दा.। २ क्षुद्र, नीच। उ०—बडा पुरुख री बांण **अदना** रो आदर करै, ओछां रा एलांण त्रुभता बोलै चकरिया—मोहनलाल साह।

अदन्न–सं०पु० [सं० अदिन] बुरा दिन, कुदिन, आपत्तिकाल (रू.भे. अदन)
उ०—मो काके पतरौ मरण, औ किम थयौ **अदन्न**। रिप किण कारण राज नै जींद दियौ जामन्न—पा.प्र.।

अदपत, अदपति, अदपती–सं०पु० [सं० अधिपति] देखो 'अधिपति'।
उ०—१ जगत रो 'मोकम' जिसौ ओठम कुळ **अदपत**।
—किसनजी दधवाड़ियौ
२ अमर तेतीस कोड़तणौ **अदपती** मदपती डोळ झूलै मुरारी।
—श्री किसन भगवांन रौ गीत

अदफर–सं०पु०—१ पहाड़ के मध्य का हिस्सा (मि. 'अधफर' रू. भे.) २ बालू रेत के टीबे के मध्य का हिस्सा।
[सं० अधर] ३ अधर. ४ अंतरिक्ष. ५ बीच, मध्य।
क्रि०वि०—१ बीच में. २ आधी दूरी पर।

अदब–सं०पु० [अ०] १ शिष्टाचार, कायदा. २ आदर-सम्मान, मान, प्रतिष्ठा. ३ लिहाज।

अदबदाकर–क्रि०वि०—१ हठ करके. २ अवश्य।

अदबिच–क्रि०वि०—बीच में, मध्य में।

अदबिचलो, अदबिचलौ–वि०—बीच का, मध्य का। उ०—नां नारी नां नाह, **अदबिचला** दीसै अपत। कारज सरै न काय, रांडोल्यां सूं राजिया।
—किरपारांम

अदबी–वि०—अदब-कायदा संबंधी।

अदबै–क्रि०वि०—संभवतया, अपेक्षाकृत (द.दा.)

अदब्भुत–वि० [सं० अद्भुत] अद्भुत, विलक्षण, विचित्र।
(रू.भे. अदभुत)

अदभुज–सं०पु० [सं० उद्भिज] वृक्ष, पेड़ (अ.मा.)
वि० [सं० अद्भुत] अद्भुत, विचित्र (रू.भे. अदभुत) उ०—अति प्रगट रस थुड़ डाळ **अदभुज** गाय अतिरंग आदरे—रा.रू.।

अदभुत, अदभूत–वि० [सं० अद्भुत] १ अद्भुत, विलक्षण, विचित्र, अनोखा। उ०—दान सरीखौ दूसरौ औखद नह **अदभूत**। हेक थकौ सारा हरै, महारोग मजबूत—बाँ.दा.। २ सुंदर (अ.मा.)
३ विस्मय, आश्चर्य. ४ काव्य के नौ रसों के अंतर्गत एक रस विशेष जिसमें अनिवार्य विस्मय की पुष्टता होती है। इसका आलंबन अलौकिक पदार्थ, उद्दीपन, उसके गुणों का वर्णन तथा अनुभाव संभ्रमादिक है।

अदभुतता–सं०स्त्री० [सं० अद्भुतता] विचित्रता, अनोखापन।

अदभुतालय–सं०पु० [सं० अद्भुतालय] अजायबघर।

अदभ्र–वि०—बहुत, अधिक, अपार।

अदम–वि० [सं०] १ दमनरहित, इन्द्रिय-निग्रह न करने का भाव। [रा०] २ स्वतंत्र, स्वाधीन। [सं० अदम्य] ३ जिसका दमन न हो सके, प्रचंड, प्रबल। उ०—**अदमां** दांमणौ छांन मांनांमणौ सचाड़ै।
—बखतौ खिड़ियौ

अदमपैरवी-सं०स्त्री० [फा०] किसी मुकदमे में आवश्यक कार्यवाही न करने का भाव ।

अदमसबूत-सं०पु० [फा०] प्रमाणाभाव, सबूत का अभाव ।

अदमहाजरी-सं०स्त्री० [फा०] अनुपस्थिति ।

अदमु-वि० [सं० अदम्य] १ देखो 'अदम्य' [रा०] २ छोटा, तुच्छ. ३ नीच ।

अदमोलौ-वि०यौ० [सं० अर्द्ध+मूल्य] आधे मोल का ।

अदम्य-वि० [सं०] जिसका दमन न हो सके, प्रचंड, प्रबल ।

अदय-वि० [सं०] दयारहित, निर्दय, निष्ठुर ।

अदरंग-सं०पु०—घोड़े का एक रोग विशेष जिसके कारण से घोड़े का आधा अंग नष्ट हो जाता है । (शा.हो.)

अदर-सं०पु० [सं० अधर] १ देखो 'अधर'. [रा०] २ तीर, बाण (अ.मा.)

अदरक-सं०पु० [सं० आर्द्रक, फा० अदरक] एक प्रकार का पौधा विशेष जिसकी तीक्ष्ण और चरपरी जड़ मसाले और दवा के काम आती है ।

अदरकी-सं०स्त्री० [सं० आर्द्रक] वह टिकिया जो सोंठ और गुड़ मिला कर बनाई गई हो ।

अदरतियौ-सं०पु०—देखो 'अदरातियौ' ।

अदरस-वि० [सं० अदृश्य] अदृश्य, लुप्त, गायब, ओझल । उ०—अरस लगि पड़ि निहस ऊधस, सूर **अदरस** धूम सपरस—रा.रू. । (मि० 'अदरसणि')

अदरसण-सं०पु० [सं० अदर्शन] १ अविद्यमानता, असाक्षात्. २ लोप. ३ विनाश ।

क्रि०प्र०—करणौ-होणौ ।

अदरसणि-वि० [सं० अदृश्य] अदृश्य, लुप्त । उ०—ऊजळ **अदरसणि** निसि उजुयाळी, घणूं किसूं वाखांण घणौ—वेलि. ।

अदरसणीय-वि० [सं० अ+दर्शनीय] १ जो दर्शन या देखने के योग्य न हो. २ बुरा, कुरूप, भद्दा ।

अदरांणौ-वि०—न अधिक पुराना और न नया (स्त्री० अदरांणी)

अदरा-सं०पु० [सं० आर्द्रा] आर्द्रा नामक एक नक्षत्र ।

अदरातियौ-सं०पु०—१ दामाद को अर्ध रात्रि में दूसरी बार खिलाया जाने वाला भोजन. २ किसी व्रत की पहली रात्रि को अर्धरात्रि के बाद किया जाने वाला भोजन (विशेषकर भाद्रपद शुक्ला तीज के पहले द्वितीया की रात्रि को व्रत करने वाली स्त्रियों द्वारा किया जाने वाला भोजन). ३ वह व्यक्ति जो कुऐं द्वारा सींची जाने वाली कृषि भूमि पर पिछली रात्रि में कृषि सम्बन्धी कार्य करता हो ।

अदल-सं०पु० [अ०] न्याय, इन्साफ । उ०—राजा रांम री रसणांण, आलम **अदल** वरती आंण—र.रू. ।

वि०—१ बढ़िया । उ०—**अदल** लियौ बदळौ नकू राखी उधारी । —बाँ.दा. २ मुख्य. ३ न्यायशील । उ०—सूरां तैं सूरा महापूरां से **अदल** । —रा.रू.

अदळद-वि० [सं० अ+दरिद्र] दारिद्रय-रहित, धनवान । उ०—विप्र **अदळद** कीधा दुख वारे—रा.रू. ।

अदल-नसाफ-सं०पु०यौ० (अ० अदल+इंसाफ) अदल, इंसाफ, न्याय । उ०—सबळा पकड़ै जड़ै सांकळां, निबळां कीजै **अदल-नसाफ** । —जवानजी आढ़ौ

अदळबदळ-क्रि०वि० [अनु०] उलटफेर, हेरफेर, परिवर्तन ।

अदळिद्र-वि०—देखो 'अदळद' । उ०—**अदळिद्र** किया आसाउवां अभैसाह अजमाल रै—रा.रू. ।

अदळियापातसा-सं०पु०—देखो 'अदळीपातसा' ।

अदळी-वि० [सं० अ+दल] १ बिना पत्तों का. २ बिना सेना का ।

अदली, अदलीपातसा-सं०पु०—१ मस्त. २ ब्रह्मज्ञानी । उ०—अलख **अदलीपातसा**, कुण तौ जैवड़ा—केसोदास । [अ० अदली] ३ न्यायी ।

अदल्ल-सं०पु० देखो 'अदल' ।

अदव, अदवौ-वि०—१ कृपण, कंजूस । उ०—ऊंबांजळबळ कायरां, बिदरां कुळ बिवहार । नहीं दवां निरधूमतां, ज्यूं **अदवां** उपगार । —बाँ.दा.

२ बिना जला, अदग्ध ।

अदसेर-वि०—आधा सेर ।

अदसेरैक-वि०—आधा सेर के लगभग ।

अदस्टांण-सं०पु० [सं० अधिष्ठान] अधिष्ठान, नगर (अ.मा.)

अदांत-वि०—देखो 'अदंत' ।

अदांन-वि०—१ कंजूस, कृपण [सं० अ+फा० दाना] २ अनजान, नादान, नासमझ ।

अदांव-सं०पु० [अ० अ+दाँव] १ बुरा दाँव. २ असमंजस, कठिनाई ।

अदा-वि० [अ०] बेबाक, चुकता ।

सं०स्त्री०—१ हाव-भाव, नखरा. २ ढंग, तर्ज ।

अदाग, अदागी-वि०—१ बेदाग, साफ, निर्दोष, पवित्र, निष्कलंक । उ०—दिन जीतगौ संसार देखतां रण जीतगौ सिंधवै राग, दाग अदग खग त्याग देवड़ौ देवड़ौ गयौ **अदागे** दाग—जाडोजी महड़ू ।

२ संकेत चिन्ह रहित (पशु) । उ०—पमंग **अदाग** सुजस पड़ियागळ अकबर दळ रहियौ अगण । कळंक विना कुंभेण कळोधर, वाघ कळोधर कळंक विण—दुरसौ आढ़ौ ।

अदात, अदाता, अदातार-वि० [सं० अदाता] कृपण, कंजूस । (मि० अदत, अदतार)

अदाप-वि० [सं० अ+दर्प] दर्पहीन, निरभिमानी । उ०—वडां बडौ अभिमांन बिन, दांन महांन **अदाप** । महा ब्रीर मन नाँहि मद, तो धिन-धिन परताप—जैतदांन बारहठ ।

अदाब-सं०पु० [सं० अदब] देखो 'अदब' । उ०—आसीस नेक कहि कहि **अदाब**, सिरपाव साह बगसे सिताब—वि.सं. ।

अदाबद, अदाबदी–सं०स्त्री०—१ होड़, ईर्ष्या। उ०—तिण दावै सीसोदियां हाडां रै वैर पड़ियौ घणा दिन **अदाबद** वुही। घणौ वैर धुखियौ—नैणसी। २ तर्क-वितर्क. ३ वैमनस्य, शत्रुता।

अदायगी–सं०स्त्री० [अ०] बेबाकी, चुकता।

अदाळत–सं०स्त्री० [अ० अदालत] १ न्यायालय, कचहरी. २ न्यायाधीश। यौ० [अदा+लत] ३ हाव-भाव दिखाने की टेव या आदत।

अदाळतदीवांणी–सं०स्त्री० [अ० दीवानी+अदालत] संपत्ति या स्वत्व संबंधी मामलों के निर्णय की कचहरी।

अदाळतफौजदारी–सं०स्त्री० [अ० अदालत+फा०फौजदारी] भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराधों के मामलों के निर्णय की कचहरी।

अदाळत माल–सं०स्त्री० [अ०] लगान या मालगुजारी संबंधी मामलों का निर्णय करने वाली कचहरी।

अदाळति, अदाळती–वि० [अ० अदालत] न्यायालय संबंधी, अदालत सम्बन्धी।

अदाव–सं०पु०—कंजूस, कृपण, सूम। उ०—छत्र धारी बेहुँ दातार सोभाग प्रथी सीस छायौ, धुधड़ै **अदावां** मांण हटायौ धैधींग।
—जवांनजी आढ़ौ

अदावत–सं०स्त्री० [अ०] शत्रुता, दुश्मनी, वैर, विरोध।

अदावती–वि० [अ० अदावत] शत्रु, विरोधी, द्वेषी।
सं०स्त्री०—शत्रुता, दुश्मनी।

अदावदी–सं०स्त्री०—देखो 'अदाबदी' (रू.भे.)

अदावांन, अदावौ–वि०—१ नखरा करने वाला. २ कृपण, कंजूस।

अदाह–सं०स्त्री० [अ० अदा] १ हाव, भाव, नखरा. [सं० अ+दाह] २ दाह या जलनरहित।

अदिठ–वि०—अदृष्ट।
सं०पु०—ईश्वर।

अदिति–सं०स्त्री० [सं०] १ प्रकृति. २ पृथ्वी. ३ दक्ष प्रजापति की कन्या और कश्यप की पत्नी जो देवताओं की माता है—इन्हीं से वामन भगवान भी उत्पन्न हुए थे।

अदितिनंदन, अदितिसुत–सं०पु० यौ० [सं०] १ देवता. २ सूर्य।

अदिन–सं०पु० [सं०] बुरा दिन, संकटकाल, अभाग्य, बुरा समय।

अदिपुरख–सं०पु० [सं० आदि+पुरुष] आदिपुरुष, परमेश्वर।

अदियण–वि०—कृपण, कंजूस। उ०—**अदियण** दयण तणा जग इधका, वडा बोलवे किया वस—सांवळ बीठू।

अदिव्य–वि० [सं०] १ लौकिक, साधारण. २ बुरा।
सं०पु०—तीन प्रकार के नायकों में से एक, लौकिक नायक।

अदिव्या–सं०स्त्री० [सं०] तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक, लौकिक नायिका।

अदिस–वि०—दिशारहित।

अदिस्ट–वि० [सं० अदृष्ट] अदृष्ट, लुप्त।

अदिस्टी–वि०—१ अदूरदर्शी, मूर्ख. २ अभागा. ३ दृष्टिहीन।
सं०स्त्री०—१ बुरी दृष्टि. २ अंधापन. ३ अदूरदर्शिता।

अदीठ–वि० [सं० अदृष्ट, प्रा० अदिट्ठ] अदृष्ट, गुप्त, ओझल।
सं०पु०—१ मिटने या नाश होने का भाव। उ०—दीरघ पीठ भयंकर देतां धीठ गरळ घुमै अन घाव। रौर **अदीठ** हुवै प्रजळै रिम, रीझ गरीठ अवै भुज राव—क.कु.बो.। २ देखो 'अडीठ'।

अदीठ चकर–सं०पु०—दैवी प्रकोप, किस्मत का चक्कर। उ०—बेहुए जळ पीवै सीह बाकरी, पण नह दाखै जबरपणौ। वहै **अदीठ चकर** अणवारां, तो वाळा परताप तणौ—जवांनजी आढ़ौ।

अदीठि, अदीठी–सं०स्त्री० [सं० अ+दृष्टि] १ बुरी दृष्टि. २ अंधापन. ३ अदृष्टि।

अदीठौ–वि० [सं० अदृष्ट, प्रा० अदिट्ठ] अदृष्ट, लुप्त, ओझल।

अदीत–वि०—न दिया जाने वाला। उ०—अलीत **अदीत** अरीत अराह, असीत अभीत अगीत अगाह—ह.र.।
सं०पु०—१ देवता. २ इंद्र. ३ वामन. ४ वसु. ५ अदिति के पुत्र एक मुनि. [सं० आदित्य] ६ सूर्य। उ०—उर नभ जितै न ऊगमै औ संतोख **अदीत**। नर तिसना किसना निसा, मिटै इतै नँह मीत—बाँ.दा.।
(यौ० अदीतवार)

अदीतवार–सं०पु० [सं० आदित्यवार] शनिवार के पश्चात् पड़ने वाला दिन। (मि० अदीत–६)
कहा०—१ आज साँप खायां अदीतवार कद आवै—समय या आवश्यकता पड़ने पर वस्तु न मिले तो बाद में उसकी प्राप्ति व्यर्थ है. २ साँप खाया नै अदीतवार कद आवै—अधिक पीड़ा या कष्ट में धैर्य्य धारण करना बहुत कठिन है।

अदीति–सं०स्त्री० [सं० अदिति] १ दक्ष प्रजापति की अदिति नामक कन्या. २ प्रकृति. ३ पृथ्वी। (मि० अदिति–रू.भे.)

अदीतिनंदण, अदीतिसुत, अदीतीसुत–सं०पु०यौ० [सं० अदितिसुत] १ देवता (नां.मा.) २ सूर्य।

अदीन–वि० [सं० अ+दीन] १ धनवान, संपन्न। उ०—देख काळ दीन कौं **अदीन** कौ डरचौ। नांम ही गरीब के निवाज कौ धरचौ—ऊ.का.। [अ० अ+दीन] २ नास्तिक. ३ अनम्र, उग्र, अविनीत।

अदीयण–वि०—न देने वाला, कृपण, कजूस।

अदीस्टै, अदीस्ठे–वि० [सं० अधिष्ठित] अधिष्ठित। उ०—कूंकूं भरीय कचोळड़ी, बाघन-सेज **अदीस्ठे** जाई—वी.दे.।

अदीह–सं०पु० [सं० अ+दिवस] रात दिन का न होना।
वि० [सं० अदीर्घ] जो लंबा न हो, छोटा।

अदुंद–वि० [सं० अद्वन्द्व, प्रा० अद्दुन्द] १ द्वन्द्वरहित, निर्द्वंद्व, बाधारहित. २ शांत. ३ निश्चित. ४ अद्वितीय, बेजोड़. ५ कलहरहित, युद्धरहित। उ०—यी वरखा रित बौळवी, वीती सरद **अदुंद**
—रा.रू.

अदुखति–वि० [सं० अदूषित] १ निर्दोष, शुद्ध। उ०—दिव्य कास्ट

खट जाति **अदूखति**, अगर कपूर घिरत जुत आहुति—रा.रू.। २ स्वतन्त्र।

अदुखन–वि० [सं० अदुषण] पवित्र, दोषरहित।

अदुतिय–वि० [सं० अद्वितीय] अद्वितीय, बेजोड़।

अदूंद–वि०—देखो 'अदुंद'

अदूर–क्रि०वि० [सं०] जो दूर न हो, निकट, पास, समीप।

अदूरदरसी–वि० [सं० अदूरदर्शी] दूर तक न सोचने वाला, स्थूल बुद्धि वाला, जो दूरंदेश न हो।

अदूरदरसीता–सं०स्त्री० [सं० अदूरदर्शिता] नासमझी, अदूरदर्शिता।

अदूसण–वि० [सं० अदूषण] निर्दोष, दोपरहित, शुद्ध, निष्पाप।

अदेख, अदेखी–वि०—१ जो देखा न गया हो. २ न देखने वाला. ३ छिपा हुआ. ४ अदृश्य, गुप्त. ५ ईर्ष्यालु।

अदेयदांन–सं०पु० [सं० अदेय+दान] अयोग्य व्यक्ति को दिया गया दान, अपात्र को दान।

अदेव–वि०—कृपण, कंजूस। उ०—मदमसत उड़ावै रेत करता मकर **अदेवां** तेथ घर दसत आवै—तिलोकजी बारहठ।

सं०पु०—१ मनुष्य। उ०—धड़ ऊपर सिर धारियौ जोध भलौ 'जगदेव', काट कंकाळी अप्पियौ, कीधौ देव **अदेव**—बाँ.दा.। २ मुसलमान. ३ वायु. ४ असुर, राक्षस (नां.मा.) ५ शिव, महादेव (क.कु.बो.)

अदेवाळ–वि०—१ नहीं देने वाला. २ कृपण, कंजूस। उ०—**अदेवाळां** दाझै छाती सांभळै कीरती हाका—अज्ञात।

अदेस–सं०पु०—१ अन्य देश, दूसरा देश, परदेश।

[सं० आदेश] २ आज्ञा, आदेश. ३ प्रणाम, दंडवत (साधु)।

अदेह–वि० [सं० अ+देह] १ बिना देह का, शरीररहित.

[रा०] २ नहीं देने वाला, कृपण, कंजूस।

सं०पु०—१ निषेधसूचक शब्द, नहीं। उ०—दाता सरबस दांन दे, ऊतर एक **अदेह**—बाँ.दा.। [सं० अ+देह] २ परब्रह्म. ३ कामदेव।

अदोख–वि० [सं० अदोष] १ निर्दोष, निष्कलंक. २ निरपराध. ३ निर्विकार।

सं०स्त्री०—अग्नि आग (ना.डिं.को.)

अदोखी–वि० [सं० अ+दोष] १ निर्दोष, निरपराध. २ मित्र।

अदोड़ी–सं०स्त्री०—मरे हुए गाय या बैल का साफ-सुथरा किया हुआ आधा चमड़ा।

अदोत–सं०पु० [सं० उद्योत] १ प्रकाश. २ उन्नति, वृद्धि. ३ कांति, शोभा। उ०—धावै जळधरीपाव जोत रा धारणा धारै, वैरियां वतावै संज मौत रा बैताळ। जत्रां कत्रां सारां सारा डंभ तोतरा विलाय जावै, ताळै **अदोतरा** राजा घुरावै अंबाळ—मानसिंहजी रौ गीत।

वि०—१ प्रकाशित, दीप्त. २ शुभ्र, उत्तम। उ०—लीधां नांम नीठ नीठ अनेक जनमां लागां। अभै धांम पावै ठांम वैकूंट **अदोत**।

—दादूपंथिया रौ गीत

अदोरो–वि०—जो आराम से हो, आनंदित।

अदोळी–सं०स्त्री०—१ तेल, घी, दूध आदि लेने के लिए छोटी कटोरीनुमा लोह का बना एक उपकरण जिसके एक पतला लंबा ऊंचाई की ओर छड़ लगा रहता है जो पकड़ने के काम आता है। २ कृषि में रबी की फसल में किया जाने वाला आधा हिस्सा. ३ देखो 'अदोड़ी'।

अदोस–वि०—देखो 'अदोख' (नं. १)

अदोसी–वि०—देखो 'अदोखी' (नं० १)

अदोह–सं०पु०—१ दुःख. २ शोक. ३ सोच, चिन्ता। उ०—सुजांण बहोत **अदोह** कियौ—पलक दरियाव री बात। ४ पश्चाताप।

अद्दण–वि० [सं० अद्] खाने वाला (वं.भा.) उ०—'अजौ' हुवौ दक्खिणदळ **अद्दण**—वं.भा.।

अद्ध–वि० [सं० अर्ध] आधा, अर्ध। उ०—दिन जुध अत लग्गौ दुसह, अर भग्गौ निस **अद्ध**—रा.रू.।

अद्धरयण–सं०स्त्री० [सं० अर्द्ध+रजनी] अर्धरात्रि, आधी रात्रि। उ०—वनिता-पति विदेस गय, मंदिर-मझै **अद्धरयणी**। बाळा लिहइ भुयंगौ, कहि सुंदरि, कवण चुज्जेण—ढो.मा.।

अद्धिकारी–सं०पु० [सं० अधिकारी] १ अधिकारी, स्वत्वाधिकारी. २ उत्तराधिकारी।

अद्धियावणी–वि०—भयानक, भयंकर। उ०—उमड घटा **अद्धियावणी**, बीज छटा छिबवाह। विस जिसड़ी लागै बुरी, निस पावस विण नाह।

—र. हमीर

अद्धी–सं०स्त्री०—अर्धरात्रि। उ०—**अद्धी** के घरियार पैं चर पत्र लगाया—वं.भा.।

अद्धो–सं०पु० [सं० अर्द्ध] १ किसी वस्तु का आधामान. २ वह बोतल जो पूरी बोतल की आधी हो।

अद्धोरुक–सं०पु०—लहँगा। उ०—यो **अद्धोरुक** उल्लसे यां दस दिपाया। यों आहूत बिमांन के यां बाजि मँगाया—वं.भा.।

अद्य–क्रि०वि० [सं०] अब, आज, अभी।

अद्याप, अद्यावधि–क्रि०वि०—आज तक। उ०—अर बैताळ रा कीधा वाणी विलास नीतिसार प्रमुख ग्रंथ **अद्यावधि** चतुरां रा चित्त हरै।

—वं.भा.

अद्यूत–वि०—अद्वितीय। उ०—सोदागर मारवणी नै माहा **अद्यूत** देवंगना जिसी देखनै कह्यौ—ढो.मा.।

अद्र–सं०पु० [सं० अद्रि] १ पर्वत, पहाड़। उ०—महा बेग बहिया गनीम **अद्र** तणो माथै—तेजरांम आसियौ। २ सूर्य. ३ वृक्ष (नां.मा.)

अद्रक–सं०स्त्री० [सं०] देखो 'अदरक'।

अद्रकौ–सं०पु०—भय, डर, आतंक। उ०—दूठ मल सुणे उम्मेद थारा डंका, रिमां घर **अद्रका** पड़ै राजा—उम्मेदसिंह सीसोदिया रौ गीत।

अद्रजा–सं०स्त्री० [सं० अद्रिजा] १ गिरिजा, पार्वती (डिं.को.) २ गंगा।

अद्रनि–सं०पु० [सं० अद्रि] पर्वत, पहाड़ । उ०—किधौं कुळ **अद्रनि** इंद्र हकारी, किधौं कुळ कद्र निपै पनगारि—ला.रा. ।

अद्रमणी–वि०स्त्री० (पु० अद्रमणौ) १ भयानक, भयंकर, भीषण । उ०—गोड़ करती घणी ढाहती मीरजां, उलट सुज पलट वहती वधाई । असुर सुरग करै आज **अद्रमणी,** आवधां तणी एक नदी आई—महाराजा अभयसिंह रौ गीत । २ उदासीन ।

अद्रस्ट–वि० [सं० अदृष्ट] १ न देखा हुआ, अगोचर, अलक्ष. २ अंतर्द्धान, लुप्त ।
सं०पु०—१ भाग्य, किस्मत. २ अग्नि और जल आदि से उत्पन्न होने वाली आपत्ति. ३ दुर्भाग्य. ४ प्रकृतिजन्य उत्पात ।

अद्रस्टपुरख, अद्रष्टपुरस–सं०पु० [सं० अदृष्टपुरुष) १ किसी कार्य में स्वयंमेव कूद पड़ने वाला. २ बिना बनाए बनने वाला. ३ ईश्वर ।

अद्रस्टपूरब, अद्रस्टपूरव–वि० [सं० अदृष्टपूर्व] १ जो पहले न देखा गया हो. २ अद्‌भुत, विलक्षण. ३ धर्माधर्म की संज्ञा (नैयायिक), अदृष्ट आत्मा का धर्म (वैशेषिक), बुद्धि धर्म (सांख्य पातंजलि)

अद्रस्टफळ–सं०पु० [सं० अदृष्टफल] १ पूर्वकृत कर्मों के फल, यथा सुख, दुख आदि. २ अज्ञात परिणाम ।

अद्रस्टवाद–सं०पु० [सं० अदृष्टवाद] परलोकादि परोक्ष बातों का निरूपण करने वाला सिद्धांत ।

अद्रस्टवादी–सं०पु०—अदृष्टवाद को मानने वाला ।

अद्रस्टौ–सं०पु० [सं० अदृष्ट] जो देख न सके. २ देखो 'अदृष्ट' ।

अद्रस्य–वि० [सं० अदृश्य] १ जो दिखाई न दे, अलख. २ इन्द्रियों से जिसका ज्ञान न हो सके, अगोचर. ३ लुप्त, गायब ।

अद्राजणौ, अद्राजबौ–क्रि०अ०—नगाड़ा बजना । उ०—देखै जोम भाजै अरी **अद्राजै** दमांम—अज्ञात ।

अद्रि–सं०पु०—देखो 'अद्री' (वं.भा.)

अद्रिन–सं०पु० [सं० अद्रि] पहाड़, पर्वत (रू.भे. अद्रनि)
उ०—मुनि सिंधुनि तोय ततौ उछरै, डुलि दीरघ **अद्रिन** अंग भिरै —ला.रा. ।

अद्रियांमणी, अद्रियांमणौ–वि०—१ भयंकर, भयानक ।
(मि० अध्रियांमणौ रू.भे.) २ उदासीन ।

अद्रिस्ट–वि० [सं० अदृष्ट] देखो 'अद्रस्ट' (रा.रा.)

अद्री–सं०पु० [सं० अद्रि] १ पर्वत, पहाड़ (अ.मा.) २ वृक्ष (अ.मा.) ३ सूर्य ।

अद्रियांमणौ–वि० (स्त्री० अद्रीयांमणी) भयानक, भयावना ।
(मि० अध्रियांमणौ रू.भे.) उ०—सहर जोध सुहावणौ जोधांण 'मांन' लागै जकौ, आज घणू **अद्रीयांमणौ**—बुधजी आसियौ ।

अद्वितिय, अद्वितीय, अद्वीत–वि० [सं० अद्वितीय] १ जिसके समान दूसरा न हो, बेजोड़, अनुपम, विलक्षण, अतुल्य । उ०—१ जिसौ रांम पुर जनक दरसि अभिरांम **अद्वितिय**—रा.रू. । उ०—२ अभैशाह **अद्वीत** ईश्वर समांन । —रा.रू.
२ एकाकी, अकेला. ३ प्रधान, मुख्य ।

अद्वेत–वि०—देखो 'अद्वैत' ।

अद्वेतवाद–सं०पु०—देखो 'अद्वैतवाद' ।

अद्वेस–वि० [सं० अ+द्वेष] द्वेषरहित ।

अद्वैत–वि० [सं०] १ एकाकी, अकेला. २ अनुपम, बेजोड़ ।
सं०पु०—१ भेदरहित, द्वैतरहित. २ शंकराचार्य का मत जो वेदांत के आधार पर है और जिसके अनुसार जीव और ब्रह्म में भेद नहीं, दोनों एक हैं, संसार मिथ्या है, व ब्रह्म ही सत्य है. ३ ब्रह्म, सत्य ।

अद्वैतवाद–सं०पु०—देखो 'अद्वैत' (सं पु० २)

अधंतर–सं०पु०—आकाश, आसमान । उ०—गिरमेर ठेल देहूँ गुड़ाय, **अधंतर** डिगतौ लेउँ उठाय—शि.सु.रू. । २ सुमेरु पर्वत ।

अधंस–सं०पु० [सं० अध्वंस] ध्वंस या नाशरहित ।

अध–अव्यय [सं० अध] १ नीचे, तले, नीचे की ओर ।
वि० [सं० अर्द्ध, प्रा० अद्ध] १ 'आधा' शब्द का सूक्ष्म रूप, आधा. २ तुल्य या सम (भाग)
सं०पु०—तल, पाताल, नीचे की ओर की दिशा ।

अधआंनौ–सं०पु०—अधन्नी, दो पैसों के बराबर का सिक्का (पुराना)

अधक–वि० [सं० अधिक] अधिक, बहुत ।

अधकचरियौ, अधकचरौ–वि०पु० (स्त्री० अधकचरी) १ अधूरा. २ आधा कुटा, पिसा, दरदरा, आधा कुचला हुआ ।

अधकच्चौ–वि०—अधकच्चा, अपरिपक्व ।

अधकणौ, अधकबौ–क्रि०अ०—अधिक होना ।
अधकणियौ–वि० ।
अधकिओड़ौ, अधकियोड़ौ, अधक्योड़ौ–भू०का०कृ०—अधिक हुआ हुआ ।

अधकपाळी–सं०स्त्री०—आधे शिर का दर्द, इस रोग में शिर में केवल बायीं ओर अथवा दायीं ओर आधे भाग में बड़े जोर का दर्द रहता है । सूर्यावर्त्त ।

अधकमास–सं०पु०—देखो 'अधिकमास' ।

अधकर–सं०पु०—देखो 'अदकर' (रू.भे.)

अधकांणी–वि०—बहुत, अधिक । उ०—बाणी व्रिथा हुवै रै बीरा, चित **अधकांणी** चिंता—र.रू. ।

अधकाई–सं०स्त्री०—१ अधिकता, बाहुल्य । उ०—ज्याग हूँता **अधकाई** सवाई दिखाई जुधां, छांगिया रवते खळां बाजूजळां छेक, ताखा तणौ आखौ वंस आसती बचायौ तेण, आसुरांण जीवतौ न जाण पायौ एक—खीमराज बारहठ । २ महिमा, बड़प्पन ।

अधकायोड़ौ–भू०का०कृ०—अधिक हुआ हुआ (स्त्री० अधकायोड़ी)

अधकार–सं०पु० (सं० अधिकार) १ विशेषता. २ मान, प्रतिष्ठा. ३ देखो 'अधिकार' ।

अधकारी–सं०पु०—देखो 'अधिकारी' । उ०—**अधकारी** असुरां तणां, सुण धूजिया सरब्ब—रा.रू. ।

अधकारौ–सं०पु०—१ विशेषता. २ अधिकता. ३ मान, प्रतिष्ठा. ४ प्यार। उ०—सगळा मूंडौ मचकोळ'र कैता—बैन रौ **अधकारौ** इज घणौ माथै चाढ़ले—वरसगांठ।

अधकालौ–वि०—१ बेसमझ, मूर्ख. २ आधा पागल।

अधकाव–वि०—अधिक, ज्यादा। उ०—सुजड़ **अधकाव** जड़ कुरड़ परवाह सक, दूठ उमरड़ सत्रां होम देहा—करणीदांन कवियौ।

अधकावणौ, अधकावबौ–क्रि०स०—अधिक करना।

अधकि–सं०स्त्री०—अधिकता, विशेषता।

अधकी–वि०—देखो 'अधिक'।

अधको–वि०—विशेष, अधिक। उ०—हालियौ हंस साथै कियो 'हरा' रौ, इते सुत 'सदा' रौ वणौ **अधको**—पहाड़खां आढ़ौ।

अधकोड़ौ–वि०—अधिक, बहुत।

अधकोस–सं०पु०—एक मील, दूरी का एक माप।

अधकोसेक–वि०—एक मील के लगभग।

अधक्ष–सं०पु० [सं० अध्यक्ष] स्वामी, मालिक, नायक, सरदार, अधिष्ठाता। (देखो 'अध्यक्ष')

अधखड़–सं०पु०—देखो 'अदखड़'।

अधखण–सं०पु० [सं० अर्द्ध+क्षण] आधे क्षण का समय। वि०—अधेड़।

अधखरी–वि०—अर्द्धरात्रि सम्बन्धी। उ०—सुख सूं बाजी सदन में सायंकाळ विचाळ वीजी खीची रै बुरी **अधखरी** घड़ियाळ—पा.प्र.।

अधखायौ–वि०—आधा खाया हुआ, आधा पेट।

अधखिलौ–वि० (स्त्री० अधखिली) आधा खिला हुआ, अर्द्ध विकसित।

अधखुलौ–वि० (स्त्री० अधखुली) आधा खुला हुआ।

अधगति, अधगती–सं०स्त्री० [सं० अधोगति] पतन, अधोगति, दुर्दशा, दुर्गति, अवननि।

अधगावळौ–वि० (स्त्री० अधगावळी) देखो 'अदगावळौ'।

अधगेलौ–वि० (स्त्री० अधगेली) देखो 'अदगेलौ'।

अधचरौ–वि०—आधा चराया हुआ, आधा खाया हुआ (चौपाया)

अधड़चौ–सं०पु०—शत्रु, दुश्मन। उ०—भलौ रांण सगरांम इम **अधड़चौ** मुख भणै, दुजडहत दससहंस बोल दीधौ।
—महारांणा सांगा रौ गीत

अधधपत–सं०पु० [सं० उदधि] सागर, समुद्र।

अधनो, अधनौ–वि०—अयोग्य, छोटा। उ०—क्या करंता क्या करै, हस्ती मार गरद में धरै। सुख जाके सपने नहीं, ता **अधना** सिर छत्र धरै।
—पलक दरियाव री बात

अधन्नी–सं०स्त्री०—आधे आने का सिक्का (पुराना)

अधप–सं०पु०—१ भूखा सिंह। [सं० अधिप] २ पति, स्वामी, मालिक. ३ राजा. ४ प्रभु. ५ सरदार (अ.मा.)
वि०—अतृप्त। उ०—मांन तण तणौ खग **अधप** अण माप।
—अज्ञात

अधपई–सं०स्त्री०—देखो 'अधपाई'।

अधपत–सं०पु०—देखो 'अधिपति'। उ०—आया अन **अधपत** आह्वान, भोपत भोयंग हुआ बळ भंग। रहियौ रांण खत्री ध्रम राखण, स्वेत उरंग कळोधर संग—दूरसौ आढ़ौ।

अधपतण, अधपतन–सं०पु० [सं० अधःपतन] नीचे गिरना, अवनति, अधःपात, दुर्दशा, दुर्गति।

अधपति, अधपती, अधपत्त, अधपपत्ती–सं०पु०—देखो 'अधिपति' (डिं.को.)
उ०—आज रजपूत तणौ पंथ चूकिया **अधपति**, जुगां लग जिकी नह बात जासी—गोपालदांन खिड़ियौ।

अधपाई–सं०स्त्री०—एक सेर का आठवां भाग या उसके तौल की माप. २ छटांक का बाट (रू.भे. अधपई)

अधपात–सं०पु०—देखो 'अधपतन'।

अधप्पत–सं०पु०—देखो 'अधिपति'। उ०—दखै कर हाक सबै सिरदार, **अधप्पत** अग्र ग्रहौ असवार—पा.प्र.।

अधफर, अधफरौ–सं०पु०—देखो 'अदफर'। उ०—लोहरां लंगरां झाट लाग **अधफरां** गिरां तर झड़ै आग—वि.सं.।

अधबिच–क्रि०वि०—मध्य में, बीच में। उ०—आडौ समद अथाह, **अधबिच** में छोडी अठै कहौ जी कारण काह, जोगण करगौ जेठवा।

अधबिचलौ–वि०—बीच का, मध्य का (रू.भे. अदबिचलो)

अधबीच–क्रि०वि०—देखो 'अधबिच'।

अधबीठौ–वि०—१ अपूर्ण, कोई कार्य या वस्तु का पूर्ण न होना. २ पृथक, भिन्न। (स्त्री० अधबीठी) (रू.भे. 'अदबीठो')

अधबुध–वि० [सं० अर्द्ध+बुध=ज्ञान] अर्द्ध शिक्षित।

अधबूढ़–वि०—अधेड़, प्रौढ़।

अधभुत–वि०—देखो 'अदभुत' (रू.भे.)

अधम–वि० [सं०] १ नीच, निकृष्ट, बुरा। उ०—मोटां तणौ प्रसाद कहै महि, ऐठौ आतम सम **अधम**—वेलि.। २ पापी, दुष्ट।
उ०—धन दिवस आवण हुओ **अधमां** करण पावन काज—रा.रू.। ३ निंदित।
सं०पु०—वह घोड़ा जिसका आधा रंग उसके शेष आधे रंग से भिन्न हो (अशुभ)—शा.हो.

अधमई–सं०स्त्री०—नीचता, अधमता।

अधमउधारण–सं०पु० [सं०अधम+उद्धारण] १ पतितों का उद्धार करने वाला. २ विष्णु, ईश्वर (डिं.को.)

अधमता–सं०स्त्री० [सं०] अधम का भाव, नीचता, खोटाई, खोटापन, तुच्छता।

अधमरति–सं०स्त्री०—मतलब का प्रेम।

अधमरियौ, अधमरौ–वि०—अधमरा, मृतप्राय। उ०—**अधमरियां** प्रांण मती तड़फा, सूळी पर सेज चढ़ाती जा। चुंदड़ी रौ एक झपेटौ दै, ए लिछमी दीप बुझाती जा—रेवतदांन।

अधमा–सं०स्त्री०—१ नायक या नायिका को कड़ी व कटु बातें कह कर संदेशा पहुँचाने वाली दूती. २ प्रिय या हितकारी नायक के प्रति भी अहित या बुरा व्यवहार करने वाली स्त्री।
वि०स्त्री०—अधम, नीच (मि० 'अधम')

अधमाई–सं०स्त्री०—नीचता, अधमता।

अधमादूती–सं०स्त्री०—देखो 'अधमा' (१)

अधमाधम–वि० [सं०] बहुत नीच, अधम से अधम।

अधमींची–वि०—आधी मींची हुई (आँखें), अर्द्ध उन्मीलित।
उ०—छिली रहै जळ छाक मिळी आंख्यां **अधमींची**—ऊ.का.।

अधमुओ, अधमुवौ–वि०—अधमरा। उ०—जे भूंडण रै धकै चढ़ै सौ जमपुरी जावै, नै चील्हरां रै धकै चढ़ै जिका जखमी **अधमुवा** हुइ जावै—डाढ़ाळै सूर री बात।

अधमोलौ–वि०—देखो 'अदमोलौ'।

अधरंग–सं०पु०—देखो 'अदरंग'।

अधर–सं०पु० [सं०] १ नीचे का होठ (अ.मा.)
पर्याय०—ओट, ओठ, ओपवणत, ओस्ट, दांतबसन, मुखअग्र, मुखरूप, रदघर, रदछद, रदछदन, रदडसण, रदधर, रदनछद, रदनसदन, होट, होठ आदि।
२ बिना आधार का स्थान. ३ अंतरिक्ष. ४ अधस्थल. ५ जो पकड़ में न आवे।
स्त्री०—६ आग, अग्नि (ना.डिं.को.)
क्रि०वि०—बीच में, मध्य में।
वि०—लाल, रक्तवर्ण* (डिं.को.)

अधरक-सं०स्त्री०—देखो 'अदरक' (रू.भे.)

अधरज–सं०पु० [सं० अधर+रज) ओठों की ललाई।

अधरत-सं०स्त्री० [सं० अर्द्ध+रात्रि] निशीथ, मध्यरात्रि।
उ०—**अधरत** री उतपात, वावळ कांठळ सूं वणी। विलखै वदन वरात, आंण वाग मझ ऊतरी—पा.प्र.

अधरतियौ–सं०पु०—देखो 'अदरातियौ'।

अधरपांन–सं०पु० [सं० अधरपान] सात प्रकार की बाह्यरतियों के अंतर्गत एक रति, ओठों का चुम्बन।

अधरबंब–क्रि०वि०—न नीचे न ऊपर, न इधर न उधर. त्रिशंकु, अधर।
उ०—वे ऊंधा लटकै **अधरबंब,** नहिं झेलै अंबर नै धरती—रेवतदांन।

अधरबिंब–सं०पु०—बिंबफल के समान लाल ओठ।

अधरबुधी–वि० [सं० अधर+बुद्धि] नासमझ, मूर्ख।

अधरम–सं०पु० [सं० अधर्म] अधर्म, पाप, दुष्कर्म, धर्मविरुद्ध कार्य, अन्याय। उ०—सरम सांमध्रम हूँत सपग्गौ, **अधरम** हूँता रहै अलग्गौ—रा.रू.।

अधरमकाय–सं०पु० [सं० अधर्मास्तिकाय] १ पाप, अधर्म. २ द्रव्य के छः भेदों में से एक (जैनशास्त्र)

अधरमधु–सं०पु० [सं०] अधररस, अधरामृत।

अधरमाचार–सं०पु० [सं० अधर्म+आचार] दुष्कर्म, अधर्म, अधर्म का व्यवहार।

अधरमाचारी–वि० [सं० अधर्माचारी] नीच आचार वाला, दुष्कर्मी।

अधरमातमा–वि० [सं० अधर्मात्मा] पापी, दुराचारी, अन्यायी।

अधरमी–वि० [सं० अधर्मी] पापी, दोषी, दुराचारी, अधर्मी।

अधरस–सं०पु०—देखो 'अदरस'।

अधरसण–सं०पु०—देखो 'अदरसण'।

अधरांणौ–वि०—न नया और न पुराना (वस्त्र)

अधराज–सं०पु०—देखो 'अधिराज'। उ०—असंभ गजराज अधपति घड़ ऊपरा बरूथौ मयंद **अधराज** बखतौ—महाराज बखतसिंह रौ गीत।

अधराजियौ–सं०पु०—१ देखो 'अधिराज'। २ आधे हिस्से का स्वामी। उ०—राज थंभ दिली रा हुता **अधराजिया** दिली रा छळ बाजिया तोम दुजड़ां—नवाब खांनदौरा रौ गीत।
३ शासक कुल का बड़ा सरदार, बड़ा जागीरदार।
उ०—मंडोवर तणा **अधराजिया** मेड़ते बाजिया दहूँ धरती तणौ बेध—पहाड़खां आढ़ौ।

अधरात, अधराति–सं०स्त्री० [सं० अर्ध+रात्रि] निशीथ, अर्द्ध रात्रि।
उ०—बाळउँ बाबा देसड़उ, पांणी........। पांणी केरइ कारणइ प्री छंडइ **अधराति**—ढो.मा.।

अधरातियौ–सं०पु०—देखो 'अदरातियौ'।

अधराधर–सं०पु०—नीचे का होठ।

अधराम्रत–सं०पु०यौ० [सं० अधर+अमृत] अधरसुधा, ओठों का रस।

अधरैणी–सं०स्त्री० [सं० अर्द्ध+रजनी] अर्धरात्रि, निशीथ।
उ०—कमधज जीण करावियौ, **अधरैणी** रै ऊठ—पा.प्र.।

अधल–सं०पु०—मुक्ति, मोक्ष, स्वर्ग। उ०—वीरबळ रौ जीव तन रूप मांगियोड़ौ पड़दौ त्यज **अधल** पड़दा में दाखल हुवौ—बाँ.दा.।

अधलोक–सं०पु०—पाताल (अ.मा.)

अधव–सं०पु० [सं० अध्व] मार्ग, पथ, रास्ता।
सं०स्त्री० [सं० अ+धव] विधवा।

अधवर–सं०पु० [सं० अध्वर] यज्ञ (अ.मा.) (मि० अध्वर)

अधवसन–सं०पु०—१ अधोवस्त्र, नीचे का कपड़ा. २ साड़ी के नीचे पहनने का वस्त्र. ३ जांघिया (डिं.को.)

अधवा–सं०स्त्री० [सं० अ+धव+आ] १ विधवा। [सं० अध्वर] २ मार्ग, पथ, रास्ता (ह.नां.) (मि० 'अधव' रू.भे.)

अधवाचर–सं०पु०—भौंरा, भ्रमर (अ.मा.)

अधविच–क्रि०वि०—देखो 'अदबिच' (रू.भे.)

अधविचलौ–वि०—देखो 'अधबिचलौ'।

अधवीटौ, अधवीठौ, अधवीधौ–वि० (स्त्री० अधवीटी) अपूर्ण, असमाप्त। (रू.भे, अदबीठौ, अदबीटौ) उ०—रवि रथ रोक तमासै रीधौ, मिळ जोगण पीधौ रुद्र मोद। वदै महेस हार **अधवीधौ,** सिर कुटका कीधौ सीसोद—महादांन महड़ू।

अधसाय–सं०पु०—श्रीकृष्ण (अ.मा.)

अधसिरौ–सं०पु०—सूर्यवंशी त्रिशंकु नामक एक राजा, देखो 'त्रिसुंक'।

अधसेर–सं०पु०—आधा सेर का बाट।
वि०—आधा सेर।

अधसेरे'क–वि०—आधा सेर के लगभग।

अधसेरौ–सं०पु०—दो पाव का मान, आधे सेर का बाट।

अधांम–वि० [सं० अ+धाम] १ स्थानरहित. २ सर्वत्र मिलने वाला। उ०—आरांम अजांम अयांम अपक्ख, अठांम अगांम **अधांम** अलक्ख। —ह.र.
सं०पु०—परब्रह्म।

अधाक–सं०स्त्री—१ धाकरहित, आतंकविहीन।

अधाप–सं०पु० [सं० अधिप] राजा, नृप (अ.मा.)
वि०—अतृप्त। उ०—मोकळहरा **अधाप** मांमलां, पोरस धिनौ खत्री बट पांण—महाराणा सांगा रौ गीत।

अधायउ, अधायौ–वि० [सं० अ+धायौ रा०] १ अतृप्त, असंतुष्ट, भूखा। उ०—फतमाला पीथलल का, पीथल पारथ अंग। तत्ता ताए लोह सम, सदा **अधाया** जंग—रा.रू.। २ बिना दौड़ा हुआ।
सं०पु०—भूखा सिंह।

अधायोड़ौ–वि०—१ तृप्त (स्त्री० अधायोड़ी)। २ भूखा, अतृप्त।

अधार–सं०पु० [सं० आधार] १ तल, आधार. २ अवलंब, सहारा। उ०—चैत्र मासां चतुरंगी नारि। प्रीय विण जीवूं कवण **अधार**। —वी.दे.
३ नींव, बुनियाद. ४ बिना आधार का स्थान, आकाश. ५ व्याकरण में अधिकरण कारक. ६ आत्मबल. ७ उपाय, तरकीब। उ०—रांणी कह्यौ राजा रिखीस्वरां पासै पधारौ। रिखीस्वर कोई **अधार** करै—चौबोली।

अधारणौ, अधारबौ–क्रि०स०—१ धारण करना। उ०—अत असतुत धर परस **अधारै**, चले बिपिन तप चाहे—र.रू.। २ धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना. ३ उठाये रखना।
अधारणहार-हारौ (हारी), अधारणियौ–वि०।
अधारीजणौ-अधारीजबौ–कर्म० वा०।
अधारिओड़ौ-अधारियोड़ौ-अधारयोड़ौ–भू०का०कृ०।

अधारमिक–वि० [सं० अधार्मिक] १ पापी. २ दुष्ट. ३ नास्तिक. ४ धर्म से रहित।

अधारि–वि० [सं० आधार] देखो 'अधार'। उ०—तूं हिव पूगळ भणी पधारि, मारू जीवी मंत्र **अधारि**—ढो.मा.।

अधारियोड़ौ–भू०का०कृ०—धारण किया हुआ (स्त्री० अधारियोड़ी)

अधावणौ, अधावबौ–क्रि०अ०—१ दौड़ना. २ तृप्त होना।

अधावियोड़ौ–भू०का०कृ०—तृप्त (स्त्री० अधावियोड़ी)

अधि–उप० [सं०] शब्दों के पूर्व लगने वाला उपसर्ग जो ऊपर, ऊँचा आदि अर्थ ध्वनित करता है। इसका अपभ्रंश रूप राजस्थानी में अधपत, अधराज आदि में प्रयुक्त होता है।

अधिक, अधिकउ–वि० [सं० अधिक] १ बहुत, ज्यादा, विशेष। उ०—प्रीय सु **अधिकउ** प्रेम, रयणि दिवस रंगइ रमइ—ढो.मा.। २ अतिरिक्त, फालतू. ३ घना, गाढ़ा।

अधिकत–वि०—अधिक, विशेष। उ०—जथा आप कविता जथा, कीरत पता कमंध। उभय संग मिळ **अधिकत**, सुवरन जथा सुगंध। —जैतदांन बारहठ

अधिकतम–वि० [सं० अधिक+तम–प्रत्यय] अत्यन्त अधिक।

अधिकतर–वि० [सं० अधिक+तर–रा०प्र०] दूसरे की अपेक्षा अधिक, अति अधिक।
क्रि०वि०—प्रायः।

अधिकता–सं०स्त्री० [सं०] १ बहुतायत, विशेषता. २ बढ़ती, वृद्धि।

अधिकदंत, अधिकदंती, अधिकदंतौ–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा जो अशुभ माना जाता है (शा.हो.)

अधिकमास–सं०पु० [सं० अधिक+मास] प्रति तीसरे वर्ष होने वाला मास, मल मास, लौंद का महीना, शुक्ल प्रतिपदा से अमावस्या तक ऐसा काल जिसमें संक्रान्ति न पड़े।

अधिकरण–सं०पु० [सं०] १ कर्त्ता और कर्म द्वारा क्रिया का आधार, व्याकरण में सातवाँ कारक. २ पाँच अवयवों वाला वेदान्त के अनुसार वह प्रकरण जिसमें किसी सिद्धान्त पर विवेचना की जाय।

अधिकांस–सं०पु० [सं० अधिकांश] अधिक भाग।
क्रि०वि०—ज्यादातर, विशेषकर

अधिकाई–सं०स्त्री०—१ अधिकता। उ०—सिरै हूँत भड़ पंत सवाई, आदर अदब नीत **अधिकाई**—रा.रू.। २ महिमा, बड़प्पन। उ०—धन-धन वाजै धिया वंस री वधै वडाई। आज अगन नह जळूं किसूं कुळ री **अधिकाई**—पा.प्र.। ३ विशेषता. ४ अधिकार। उ०—परंतु आपरै रासि संचय करि सहायक नूं कण देण री **अधिकाई** मुणीजै—वं.भा.।

अधिकाधिक–वि० [सं०] अधिक से अधिक।

अधिकार–सं०पु० [सं० अधिक+कृ+घञ्] १ कार्यभार, आधिपत्य।
क्रि०प्र०—चलाणौ-देणौ-सूंपणौ।
२ हक, स्वत्व।
क्रि०प्र०—देणौ-राखणौ।
३ सामर्थ्य, शक्ति. ४ जानकारी. ५ योग्यता।
६ कब्जा, दावा, प्राप्ति।
क्रि०प्र०—करणौ-जमाणौ।
७ प्रकरण।

अधिकारी–सं०पु० [सं० अधिकारिन्] १ स्वामी, स्वत्वधारी, हकदार (वं.भा.) २ योग्यता या क्षमता रखने वाला, उपयुक्त व्यक्ति. ३ नाटक का वह पात्र जिसे रूपक का प्रधान फल प्राप्त हो. ४ पुजारी, पंडा, स्थान या मठाधीशों के उत्तराधिकारी।

अधिकावणौ, अधिकावबौ–क्रि०स० [सं० अधिक] अधिक करना।

उ०—झळक गया घननूं झुरै, हया दया कर हीए। वित अधिकावै वाणियौ, नांणौ लीए अलीए—बाँ.दा.।

अधिकाणौ-अधिकाबौ—(रू.भे.)

अधिकाविग्रोड़ौ-अधिकावियोड़ौ-अधिकाव्योड़ौ—भू०का०कृ०—अधिक किया हुआ।

अधिकि—वि० [सं० अधिक] अधिक (रू.भे.)

अधिको, अधिकौ—वि० [सं० अधिक] अधिक, बहुत (रू.भे)

उ०—ताहराँ पंचां कह्यौ ईंडा ल्यायौ तैंरौ अधिकौ हैंसौ—चौवोली।

अधिछिपत्र—वि०—तँगड़ाया हुआ (डिं.को.)

अधिटौ—सं०पु०—मध्य (रू.भे. आधेटौ)

क्रि०वि०—मध्य में, आधी दूरी पर।

अधिदेव, अधिदेवता—सं०पु० [सं०] (स्त्री० अधिदेवी) इष्टदेव, कुलदेव।

अधिदैव—वि० [सं०] दैविक, आकस्मिक।

अधिदैवत—सं०पु० [सं०] पदार्थ संबंधी विज्ञान विषय वा प्रकरण।

अधिनाथ—सं०पु० [सं०] सबका स्वामी, सरदार।

अधिनायक—सं०पु० [सं०] सरदार, मुखिया, प्रधान व्यक्ति।

अधिप—सं०पु० [सं०] १ स्वामी, मालिक. २ राजा। उ०—जग जाडा जूझार, अकबर पग चांपै अधिप। गौ राखण गुंजार, पिंड में रांण प्रतापसी—दुरसौ आढ़ौ। ३ सरदार. ४ प्रभु, ईश्वर (डिं.को.) (मि० अधिपति)

अधिपत, अधिपति—सं.पु० [सं०अधिपति] १ नायक, नेता, सरदार, मुखिया. २ मालिक, स्वामी, प्रभु, राजा। उ०—अधिपति काज करण चित उज्जळ। —रा.रू.

अधिमास—सं०पु०—देखो 'अधिकमास' (रू.भे.)

अधियांमण, अधियांमणी—वि०स्त्री०—१ नाशकारी, ध्वंसकारी, संहारक. २ भयंकर, भयावह। उ०—तांमस अधियांमण भूप तांम, रांमण जुध दीठा जांण रांम—वि.सं.।

अधियाळ—वि०—आधा, अर्द्ध। उ०—सौ अधियाळ सूंडाळ सांवठा, तैं दीधा 'कलियांण' तणा—महाराजा रायसिंह रौ गीत।

अधियावणो, अधियावणौ—वि०पु०—१ वीर. बहादुर। उ०—अठी कुळ उजाळण पाळ अधियावणौ, भुजाळैं झालियौ हाथ भालौ—गिरवरदांन. २ भयंकर।

अधियौ—सं०पु०—१ अर्द्धभाग, आधा हिस्सा. २ गाँव में आधी पट्टी की जमीदारी. ३ खेती की एक रीति जिसके अनुसार उपज का आधा तो खेत के मालिक को और आधा श्रम करने वाले को मिलता है। ऐसे ही गाय के बच्चों के मूल्य का आधा गाय के मालिक को और आधा उसे चराने तथा रखने वाले को दिया जाता है। ४ आधी पट्टी का मालिक, आधे का हिस्सेदार।

अधिरति—सं०स्त्री०—अर्द्धरात्रि, मध्यरात्रि।

अधिरथ—सं०पु० [सं०] १ रथ हाँकने वाला, सारथी. २ बड़ा रथ. ३ कर्ण के पिता का एक नाम।

अधिराज—सं०पु० [सं०] राजा। उ०—रांणनगर अधिराज हल्ल विक्कम आयौ हरिण—वं.भा.।

अधिरोहण—वि०पु०—१ चढ़ने वाला, सवार होने वाला. २ ऊपर उठने वाला।

सं०पु० [सं०] ऊपर चढ़ना या सवार होने का भाव।

अधिरोहणी, अधिरोहिणी—सं०स्त्री० [सं० अधिरोहिणी] सीढ़ी, निसैनी। उ०—प्रामार रै साथ अरबुदाचळ जाय तत्काळ ही अनेक अधिरोहिणी लगाय दुरग रै अंतर पूगा—वं.भा.।

अधिलोक—सं०पु० [सं०] संसार, ब्रह्मांड।

अधिवर—सं०पु० [सं० अध्वर] यज्ञ, होम (ह.नां.)

अधिवास—सं०पु० [सं०] १ रहने का स्थान, निवासस्थान. २ सुगंध, खुशबू।

अधिवासी—सं०पु० [सं० अधिवासिन्] १ निवासी, रहने वाला. २ बसने वाला।

अधिवेसन—सं०पु० [सं० अधिवेशन] सभा या जमाव।

अधिसथांन—सं०पु० [सं० अधिस्थान] शहर, नगर (ह.नां.)

अधिस्टाता, अधिस्ठाता—सं०पु० [सं० अधिष्ठाता] १ अध्यक्ष, मुखिया, प्रधान. २ ईश्वर. ३ रक्षक, पालन करने वाला (स्त्री० अधिस्ठात्री)

अधिस्टात्री, अधिस्ठात्री—सं०स्त्री० [सं० अधिष्ठात्री] १ मुखिया. प्रधान. २ रक्षिका, पालिका. ३ देवी, दुर्गा।

अधी—वि० [सं० अर्द्ध] आधा, आधी।

अधीठचकर—सं०पु०यौ० [सं०अदृष्ट+चक्कर] अदृश्य चक्र, दैवी प्रकोप, किस्मत का चक्कर, भाग्य का फेरा।

अधीत—वि० [सं०] पढ़ा हुआ, शिक्षित, पठित।

अधीन—वि० [सं०] देखो 'आधीन'।

अधीनता, अधीनत्ता—सं०स्त्री० [सं० अधीनता] देखो 'आधीनता'।

अधीर—वि० [सं०] १ घबड़ाया हुआ, जिसमें धैर्य न हो, उद्विग्न, व्याकुल, बेचैन। उ०—आइस दाखै सास अधीरां—रा.रू.। २ चंचल, आतुर, उतावला। उ०—बंदा बहोत अधीर है, तिल भर नहीं करार—ह.र.। ३ असंतोषी।

अधीरज—सं०स्त्री० [सं० अधैर्य्य] अधीरता, घबराहट, चंचलता।

वि०—चंचल (अ.मा.)

अधीरता—सं०स्त्री० [सं०] धैर्य्यविहीनता, घबराहट, उतावली, आतुरता, बेचैनी।

अधीरा—वि०स्त्री० [सं०] अधीर, धैर्य-रहित, चंचल, विकल, विह्वल। सं०स्त्री०—नायक में अन्य नारी विलास सूचक चिन्ह देख कर अधीर हो प्रत्यक्ष कोप करने वाली नायिका।

अधीरौ—सं०पु०—देखो 'अधीर'।

अधीस—सं०पु० [सं० अधीश] १ स्वामी। उ०—ले लच्छी मरहट्टरी, गूजर खंड अधीस। आय महालच्छी चरण, सींग नमायौ सीस। —बाँ.दा.

२ राजा. ३ अधीश्वर, चक्रवर्ती मंडलेश्वर. ४ अध्यक्ष ।

अधीसर–सं०पु० [सं० अधीश्वर] देखो 'अधीस' ।

अधुकंदौ–वि०—अग्नि की तरह धुकने वाला । उ०—किलैंब दगंधां **अधुकंदां**—रा.रू. ।

अधुना–क्रि०वि० [सं०] आजकल, इस समय ।

अधुर–सं०पु०—देखो 'अधर' । उ०—**अधुरां** डसणां सूं उदै, विमळ हास दुतिवंत—बाँ.दा. ।

अधूत–वि० [सं०] १ अकंपित, निर्भय, निडर. २ उचक्का. ३ सज्जन ।

अधूर–सं०पु० [सं० अधर] अधर, होंठ (रू.भे. अधुर)

उ०—ऊभा मोरळी नाद लीधै **अधूरै**, मारौ जागसीसांम वादै मधूरै । —ना.द.

अधूरौ–वि०—(स्त्री० अधूरी) अधूरा, अपूर्ण, आधा, खंडित ।

उ०—बोलै यां राजांन जौ आजांनबाहू पूरा । ऐसे परहंस वंस खमै सौ **अधूरा**—रा.रू. ।

सं०पु०—अपरिपक्व गर्भ का बच्चा जो अवधि के प्रथम ही जन्म लेकर मर गया हो ।

क्रि०प्र०—देणौ, नांखणौ, पड़णौ, होणौ ।

अधेड़–वि०—ढलती युवावस्था का, बुढ़ापे और जवानी के बीच की अवस्था वाला ।

अधेली–सं०स्त्री०—रुपये का आधा सिक्का, अठन्नी, नये पचास पैसे का सिक्का ।

अधेलौ–सं०पु०—१ आधे पैसे का सिक्का (पुराना). २ एक तोले के लगभग का तौल विशेष ।

अधौ–अव्यय [सं० अधः] नीचे, तले ।

सं०पु०—१ नरक. २ किसी वस्तु का आधा भाग, अद्धा. ३ पूरी बोतल के आधे नाप की बोतल. ४ आधे का पहाड़ा(गणित)

अधोक–सं०पु०—नमस्कार, प्रणाम ।

अधोक्षज, अधोखज–सं०पु० [सं० अधोक्षजः] १ जिसका स्वरूप इंद्रियों से प्रत्यक्ष नहीं हो । उ०—**अधोखज** अक्खर तुज्भ अभेव, दिनंकर चंद न जांणै देव—ह.र. । २ विष्णु. ३ कृष्ण (अ.मा.) ४ परब्रह्म ।

अधोगत–वि० [सं०] अवनत, पतित ।

सं०स्त्री०—देखो 'अधोगति' ।

अधोगति, अधोगती–सं०स्त्री० [सं० अधोगति] पतन, अवनति, दुर्गति, अधःपतन ।

क्रि०प्र०—करणी, हौणी ।

अधोगमण, अधोगमन–सं०पु० [सं० अधोगमन] पतन, नीचे जाना ।

अधोगांमी–वि०पु० [सं० अधोगामिन्] नीचे जाने वाला, अवनति या पतन की ओर जाने वाला ।

अधोड़ी–सं०स्त्री०—आधा चमड़ा, गाय या बैल का साफ किया हुआ आधा चमड़ा (रू.भे.–अदोड़ी)

अधोफर–सं०पु०—पहाड़ों के बीच का भाग, मध्य का भाग ।

देखो 'अदफर' । उ०—तॅबेरम कुंभ दुहाथळ तत्थ, आडागिरि मत्थ क हत्थ अगत्थ । प्ररोहत होफर खोफ अपार, **अधोफर** आभ डरै असवार—मे.म. ।

अधोभवण, अधोभुवन–सं०पु० [सं० अधोभुवन] पाताल, बलिराजा के रहने का स्थान (डिं.नां.मा.)

अधोमारग–सं०पु० [सं० अधोमार्ग] १ नीचे का रास्ता, सुरंग का मार्ग. २ गुदा ।

अधोमुख–वि० [सं०] नीचे मुँह किए हुए, औंधा, उल्टा ।

क्रि०वि०—औंधा, मुँह के बल ।

अधोवाय, अधोवायु–सं०पु० [सं० अधोवायु] अपान वायु, पाद, गुदा की वायु ।

अधौड़ी–सं०स्त्री०—देखो 'अधोड़ी' (रू.भे.)

अध्ध–वि०—देखो 'अद्ध' (रू.भे.)

अध्धे–वि० [सं० उर्ध्व] ऊपर । उ०—देवी अब्बळा सब्बळा वोम **अध्धे** । —देवि.

अध्धो—देखो 'अद्धो' ।

अध्य–क्रि०वि० [सं० अद्य] अब, आज, अभी ।

सं०पु०—आरम्भ, शुरू । उ०—अनिच्छ जीव **अध्यतें** हरीच्छ सौ बळीयसी—ऊ.का. ।

अध्यक्ष–सं०पु० [सं०] स्वामी, मालिक, नायक, सरदार, अधिष्ठाता ।

अध्यक्षर–क्रि०वि० [सं०] अक्षरशः, अक्षर-अक्षर ।

अध्ययन–सं०पु० [सं०] पठन-पाठन, पढ़ाई, पढ़ना, अभ्यास ।

अध्यवसाय–सं०पु० [सं०] १ सतत किया जाने वाला उद्योग या उपाय । परिश्रम, उत्साह. २ निश्चय, दृढ़तापूर्वक किसी काम में संलग्न. ३ उत्तम काम करने की उत्कंठा, कर्मदृढ़ता. ४ ज्ञान ।

उ०—जिण **अध्यवसाय** कीधाँ सब्दरूप संसार रा पदारथ प्रछन्न न रहै—वं.भा. ।

अध्यवसायी–वि० [सं० अध्यवसायिन्] अध्यवसाय करने वाला, परिश्रमी ।

अध्यांमण, अध्यांमणौ–वि०—१ भयानक, डरावना. २ घोर, उदास ।

अध्यातम–सं०स्त्री० [सं० अध्यात्म] १ आत्म विषयक ज्ञान, ज्ञानतत्व, ब्रह्मविचार । उ०—**अध्यातम** मरम विसतार बावन, अखर संसाश्रित प्राकृति विगति सूँभै—ल.पि. । २ आत्मा, मन एवं देह संबंधी दुःख ।

अध्यातमविद्या–सं०स्त्री० [सं० अध्यात्मविद्या] ब्रह्मविद्या, आत्मतत्व-विषयक शास्त्र ।

अध्यातमिक–वि० [सं० अध्यात्मिक] अध्यात्म संबंधी, आत्मा संबंधी ।

अध्यापक–सं०पु० [सं०] पढ़ाने वाला, शिक्षक ।

अध्यापकी–सं०स्त्री० [सं०] पढ़ाने का व्यवसाय ।

अध्यापण, अध्यापन–सं०पु० [सं० अध्यापन] अध्यापक का कार्य, शिक्षा-कार्य । उ०—माळव रै महीप व्याकरण रा **अध्यापन** में एक अब्द रौ अनध्याय मांनि पांणिनीय रौ प्रतिनिधि भट्टि नामक

काव्य बणाय पढ़ायौ—वं.भा. ।

अध्यापणौ, अध्यापबौ–क्रि०स०—अध्यापन का कार्य करना, पढ़ाना । वं.भा.

अध्यारोप–सं०पु० [सं०] १ एक के व्यापार को दूसरे में लगाना. २ वेदांत के अनुसार अन्य में अन्य वस्तु के अभाव या भ्रम की झूठी कल्पना. ३ एक के व्यापार को अन्य में लगाना (सांख्य)

अध्याहार–सं०पु० [सं०] १ तर्क-वितर्क, बहस. २ वह क्रिया जिसके द्वारा अस्पष्ट वाक्य को दूसरे शब्दों में स्पष्ट किया जाय ।

अध्येय–सं०पु० [सं० अध्ययन] अध्ययन, पठन-पाठन । उ०—कौ करत सरव **अध्येय** ग्रंथ, को लेत पार उतराद पंथ—ला.रा. ।

अध्रम–सं०पु० [सं० अधर्म] देखो 'अधरम' । उ०—**अध्रम** खळ ग्रोलंब, अक्रम कोटै ग्रालूजिस, जम दढ्ढ़ा मझ पड़िस, खोड़ माया खोसाड़िस । —जग्गौ खिड़ियौ

अध्रयांमणी, अध्रियांमण–वि०—डरावना, भयंकर । उ०—सूजहर मिळै **अध्रियांमण** साज सूं । जेत खंभ ग्राज रौ किला जेरै—अज्ञात ।

अध्रियांमणी–सं०स्त्री०—कटारी, कृपाण ।

वि०—भयंकर, भयावह । (रू.भे. अध्रयांमणी, अध्रियांम्हणी, अध्रीयांमण) ।

अध्रियांमणौ, अध्रियांम्हणौ, अध्रीमणौ–वि०—१ भयावना, डरावना । उ०—उकटे काट निराट **अध्रियांमणा**—पदमसिह री बात । २ वीर, बहादुर, पराक्रमी । उ०—लोड़िधर वीर वर पराई लावणा । ग्रापणी न दै भड़ जिकै **अध्रियांमणा**—हा.झा. ।

अध्रीयांमण, अध्रीयांवणौ, अध्रीयांवणौ–वि०—देखो 'अध्रियांमण' । उ०—सालुळै रौद रोळा सरु । धणी चाड **अध्रीयांवणा** । —बखतौ खिड़ियौ

अध्व–सं०पु० [सं०] १ मार्ग, रास्ता. [सं० अध्वर] २ यज्ञ । उ०—उण समय पाळा होय दो ही वीरां अजमेर मंडोवर रा सुहाग री लाज, रा लंगर धीसँता ग्रस्वमेध **अध्व** रा अवभ्रथ रौ तिरस्कार करता पैंड सांम्है ही लगाया—वं.भा. ।

अध्वग–सं०पु० [सं०] १ पथिक, राही, बटोही । उ०—तहँ नहिं तमांम घण सीत घांम । फळ फूल फार **अध्वग** उदार—ऊ.का. । २ ऊँट. ३ सूर्य. ४ खेचर.

अध्वर–सं०पु० [सं०] १ यज्ञ । उ०—दिया रण **अध्वर** में बळिदांन । २ वसुभेद. ३ सावधान ।

अध्वरयु–सं पु० [सं० अध्वर्यु] वह ब्राह्मण जो यज्ञ में यजुर्वेद का मंत्र पढ़े ।

अध्वासण, अध्वासन–सं०पु०—योग के चौरासी ग्रासनों के अंतर्गत एक ग्रासन जिसमें दोनों हाथ पाँव लंबे करके उलटा सोया जाता है ।

अन–अव्यय [सं० अन्] शब्दों के पहले लग कर अभाव या निषेध सूचित करने वाला उपसर्ग ।

अनंक–सं०पु०—चिन्हरहित, परब्रह्म । उ०—**अनंक** न संक न धंक न धीस, अबास न बास न ग्रास न ईस—ह.र. ।

अनंग–वि० [सं०] अंगरहित, बिना देह का ।

सं०पु०—१ ग्राकाश. २ कामदेव (ह.नां., अ.मा.) ३ वह घोड़ा जिसकी बाँयी बगल में भौंरी (चक्र) हो (अशुभ) —शा.हो.

अनंगक्रीड़ा–सं०स्त्री० [सं० अनङ्गक्रीड़ा] १ रति, संभोग, मैथुन. २ मुक्तक नामक विषम वृत्त का एक भेद (छंदशास्त्र)

अनंगवती–वि०स्त्री० [सं०] कामवती ।

अनंगसेखर–सं०पु० [सं० अनंगशेखर] बिना लघु गुरु के क्रम का दण्डक नामक वर्ण वृत्त का एक भेद विशेष जिसमें ३२ वर्ण होते हैं ।

अनंगसेना–सं०स्त्री० [सं०] राजा भर्तृहरि की पत्नी पिंगला का दूसरा नाम (वं.भा.)

अनंगह–सं०पु० [सं० अनंग] कामदेव (रू.भे.) उ०—संकर पवन सकत्ति, अवनि ध्रम लच्छि **अनंगह**—ह.र. ।

अनंगारि, अनंगारी–सं०पु०यौ० [सं० अनंगारि] कामदेव के शत्रु, महादेव, शिव ।

अनंगी–सं०पु० [सं०] १ कामदेव (डि.को.) २ ईश्वर ।

वि०—अंगरहित, बिना देह का ।

अनंजळ–सं०पु०यौ० [सं० अन्न+जल] अन्नजल (रू.भे.)

अनंजा–सं०स्त्री० [सं० अनुजा] छोटी बहिन ।

अनंत–वि० [सं० अन्+अंत] १ अंतर या पाररहित, असीम, बेहद । उ०—सोभंतु जंतु **अनंत** सुखमय सुखद संपति सारए—रा.रू. । २ अविनाशी. ३ अशेष ।

सं०पु०—१ विष्णु. २ शेषनाग. ३ लक्ष्मण. ४ बलराम. ५ ग्राकाश । (डि.नां. मा.) ६ बाहु का एक भूषण. ७ सूत्र का एक गंडा जिसे भादौं शुक्ला चतुर्दशी के व्रत के दिन बाहु पर बाँधते हैं. ८ अनन्तजित नामक जैनाचार्य. ९ शिव, महादेव (अ.मा.)

अनंति–क्रि०वि०—पीछे । उ०—चौथे मंगळ रांमचंद सुर तरणि श्री रांम ग्रागै क्रमि ग्रांणि **अनंति** सीता वांम सु अंग—रांमरासौ ।

अनंतकाय–सं०पु० [सं०] वे वनस्पतियाँ जिनके खाने का निषेध है (जैन)

अनंतगीर–सं०पु० [सं० अनन्तगीर] स्वरभेद (संगीत शास्त्र)

अनंतचतुरदसी, अनंतचवदस–सं०स्त्री०—देखो 'अणंतचौदस' ।

अनंतटंक–सं०पु० [सं०] मेघराग का पुत्र एक राग विशेष (संगीत) ।

अनंतदरसण, अनंतदरसन–सं०पु० [सं० अनंतदर्शन] सम्यक दर्शन, सब बातों का पूरा ज्ञान (जैन) ।

अनंतनाथ–सं०पु०—जैनों के चौदहवें तीर्थंकर ।

अनंतमूळ–सं०पु० [सं०] एक पौधा या बेल जो रक्त-शोधक होता है, ग्रौषधि विशेष ।

अनंतर–क्रि०वि० [सं०] १ पीछे, उपरांत, बाद । उ०—इण बात रै **अनंतर** कैमास भी सहोदर चामुंडराज समेत प्रस्थांन कियौ—वं.भा. । २ निरंतर, लगातार. ३ पास, समीप ।

अनंतवात–सं०पु० [सं०] शिर में भयंकर पीड़ा होने का एक प्रकार का शिर का रोग विशेष (वैद्यक) ।

अनंता–वि०स्त्री०—जिसका अंत या पारावार न हो।

सं०स्त्री०—१ पृथ्वी (नां.मा.) २ पार्वती. ३ अनंतमूल. ४ पीपल. ५ अनंत सूत्र।

अनंतापति, अनंतापती–सं०स्त्री०—१ भूमि, पृथ्वी (अ.मा.)

सं०पु०—२ राजा, नृप।

अनंद–सं०पु० [सं० आनन्द] १ आनन्द, सुख, आराम। उ०—छंद व्है सुछंद औ अनंद कौ कह्यौ—ऊ.का.। २ भोजन, खाना (ह.नां.)

सं०पु०—३ देखो 'आणंद' (छंदशास्त्र)

वि० [सं० अ+नंद] बिना पुत्र का।

अनंदी–वि० [सं० आनन्दी] आनन्दयुक्त। उ०—रिध सिध दोऊ बंदी रहैज संदी, सदा अनंदी गिर चाया—पा.प्र.।

अनंद्री–सं०पु०—देवता (अ.मा.)

अनंद्रीपित–सं०पु० [सं० इंद्रियपति] देखो 'अनिंद्रीपित'।

अन–अव्यय [सं० अन्] १ प्रायः स्वर से आरम्भ होने वाले शब्दों के पूर्व लग कर अभाव या निषेधसूचक भाव बतलाता है. २ और।

उ०—सहँस दोय महिसी अन सुरभी, कंचन करहां भरी कतार।

—बारूजी सौदा बारहठ

वि० [सं० अन्य] दूसरा, भिन्न, पराया, पृथक, अन्य। उ०—मिळिया दळ कमँधां अणमापै, अन सिरजौर गिणै नहिं आपै—रा.रू.।

सं०पु० [सं० अन्न] १ अन्न, अनाज, धान (डिं.को.)

उ०—इक चिंता मनमै घणी, नहीं ज पुत्र रतन, तिण पाखै लागै इसौ जांण अलूणौ अन—ढो.मा.।

सं०स्त्री०—देखो 'आंन'।

अनअवसर–सं०पु० [सं० अन्+अवसर] बेमौके, कुसमय, असमय।

उ०—अर जिसड़ी जांणौ जिसड़ी अवसर अनअवसर भी जिण ठांम राजा होय तिण ठांम ही आय कहै—वं.भा.।

अनइ–क्रि०वि०—और। उ०—भाई मेहर अनइ ठाठीया, चालइ काहर कमांणी—कां.दे.प्र.।

अनइच्छा–सं०स्त्री० [सं० अन्+इच्छा] १ अरुचि, इच्छा का अभाव. २ निष्प्रयोजन।

अनकार, अनकारौ–वि०—वीर, योद्धा। उ०—१ 'केहर' तणौ कहै अनकारां कळह न कीजै सुवप कटै।—दूदौ आसियौ।

उ०—२ कीरत एम कहै अनकारां, पत दूजौ नह सूरत पाक। ऊ 'जीवराज' फेर जुग आवै, पहरावै भूखण पोसाक।—सगतौजी सौदौ

अनकूट–सं०पु० [सं० अन्नकूट] एक पर्व दिवस जो प्रायः दिवाली के दूसरे दिन माना जाता है, इसमें विविध प्रकार के अन्नों के भोजन बनाते हैं और उनका भोग भगवान को लगा कर खाते हैं। यह कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा से पूर्णिमा तक किसी भी तिथि को मनाया जा सकता है।

अनकूळ–वि० [सं० अनुकूल] देखो 'अनुकूल'। उ०—जेहा मेहा जगत सूं मत बिरचौ सुख मूळ। जीवाड़ै सारौ जगत, औ अबिरच अनकूळ—बाँ.दा.।

अनकोट–सं०पु०—देखो 'अनकूट'।

अनख–सं०पु० [सं० अनक्ष, प्रा० अनक्ख] १ क्रोध, रोष, नाराजगी. २ दुःख, खिन्नता. ३ ईर्ष्या, डाह. ४ ग्लानि. ५ झंझट।

वि०—बिना खून या नख का।

अनग–सं०पु०—अचम्भा, आश्चर्य। उ०—गजारोही वाजी पदन हथ आजी गत लगै। अयोसा योसा जी अनग जिम वाजीगर अगै।

—ऊ.का.

अनगढ़–वि०—१ बिना गढ़ा हुआ. २ बेडौल, भद्दा. ३ बेतुका।

अनघ–वि० [सं० अन्+अघ] निष्पाप, निर्मल, पवित्र, पुण्यवान।

सं०पु०—पुण्य।

अनड़–वि० [सं० अदि बंधने। धातु। अन्दनं अन्दः भावे घञ्। न अन्दः अनन्दः=निर्बन्धन। अनन्दः=अनड़–राजस्थानी] १ अनम्र, उद्दंड. २ वीर, बलवान। उ०—ग्रामि संग्रामि झूंझार माल्हे गहड़। अरि घड़ा खेसवै आप न खिसै अनड़—हा.झा.। ३ किसी के सामने न झुकने वाला। उ०—अग्गै जिण कुळ अनड़ हुवौ चहुवांण हरीमणि रांणनगर अधिराज हल्ल, विक्कम आयौ हणि—वं.भा.।

४ बंधनरहित, स्वतन्त्र।

सं०पु०—१ किला, गढ़। उ०—अनड़ तजै धरती अर आया, मिरजै फिर मोरचा मँडाया—रा.रू.। २ पर्वत, पहाड़ (अ.मा.) ३ राजा. ४ हाथी. ५ वह जो बंधन में रहने का अभ्यस्त न हो यथा—वृषभ, सांड (वं.भा.) [रा०] ६ अनड़पक्षी (देखो 'अनड़पंख') उ०—ईंडा अनड़ तणाह, बिन माळै मेले बुआै। उर अर पांख बिनांह, जीवै किण विध जेठवा।

अनड़नड़–वि०—१ उद्दंड व्यक्तियों को भी झुकाने वाला. २ स्वभाव से ही स्वतंत्र प्रकृति वालों को भी बंधन में लाने की सामर्थ्य रखने वाला, पराक्रमी, वीर।

अनड़पंख, अनड़पंखेरू–सं०पु० [सं० अनलपक्ष] एक प्रकार की कल्पित चिड़िया जिसके विषय में कहा जाता है कि वह सदा आकाश में ही उड़ती रहती है और पृथ्वी पर नहीं आती। अपना अंडा आकाश से गिरा देती है किन्तु वह अंडा पृथ्वी पर गिरने से पूर्व ही फूट जाता है और बच्चा निकल कर आकाश में उड़ने लगता है। उ०—धर जहर देखिया गुरड़ धंख, पेखिया पटाझर अनड़पंख—वि.सं.।

अनड़पण, अनड़पणौ–सं०पु०—१ शौर्य्य, वीरता, बहादुरी। उ०—अर आपरा अनड़पणा रै अनुसार मंडोउर आपरी बिबाहिणि नूं देण रौ सुजस चोतरफ ही चलायौ—वं.भा.। २ उद्दंडता. ३ स्वतंत्रता, आजादी।

अनड़-पै-राज–सं०पु०—सुमेरु पर्वत। उ०—उरड़ घमचाळ होतां बणै आपरा, अनड़-पै-राज तस गुरड़ येहा—करणीदांन कवियौ।

अनड़ांनड़–वि०—देखो 'अनड़नड़'।

अनड़ी–सं०स्त्री०—अनाड़ीपन, मूर्खता। उ०—आडौ नवकोट रौ नाथ आयौ अडर। आंबेर रा करै मत वात अनड़ी। सेवरां बीच कोई

उपदरौ पावसौ, वैलसौ रात रा हाय बनड़ी ।
—महाराजा मांनसिंह रौ गीत

वि०—देखो 'अनाड़ी' ।

अनचार–सं०पु० [सं० अनाचार] १ अन्याय, अत्याचार. २ पापाचार, अनाचार । उ०—**अनचार** करंतौ देख एह भल मात 'करनला' लियौ भेव—रांमदांन लाळस ।

अनचाहत–वि०—जो प्रेम न करे, न चाहने वाला, निर्मोही ।

अनजळ–सं०पु०यौ० [सं० अन्न+जल] अन्न-जल । उ०—जिण रौ **अनजळ** खाय, खळ तिण सूं खोटी करै—किरपारांम ।

अनज्ज–वि० [सं० अनुज] देखो 'अनुज' ।

अनज्जबंस–सं०पु०—अनार्यवंश । उ०—कुकज्ज लज्जतौ करचौ **अनज्जबंस** अज्जकौ । लुलायु लज्ज भीतभज्ज लज्जनां निलज्जकौ ।
—ऊ.का.

अनडबांण–वि०—जिसे बंधन में रहने का अभ्यास न हो ।

सं०पु० [सं० अनड्वान्] बैल, सांड, वृषभ ।

अनडर–वि०—१ बलशाली, शक्तिशाली. २ निडर ।

अनडवांन–सं०पु० [सं० अनड्वान्] देखो 'अनडबांण' ।

अनडीठ–वि० [सं० अन्+दृष्ठ, प्रा० डिट्ठ] बिना देखा ।

अनडुह, अनडुहौ–सं०पु० [सं० अनुडुह्] बैल, वृषभ (डिं.नां.मा.)

अनढ़–सं०पु०—दुर्ग, किला, गढ़ । उ०—झाटक कोट हुवौ जूंझाऊ, रच भाराथ रढ़ाळौ । पड़ियां सीस पछै पालटसी, **अनढ़** पळोघी आळौ
—आवड़दांन लाळस

अनतंडा–वि०—विरुद्ध, विपक्ष का ।

अनत–वि० [सं०] १ जो झुका हुआ न हो, सीधा. २ बेहद. ३ बड़ा ।

क्रि०वि० [सं० अन्यत्र, प्रा० अन्नत्त] अन्यत्र, कहीं और ।

सं०पु० [सं० अनंत] १ शेषनाग. २ ईश्वर, परमेश्वर । उ०—बहियौ नहीं वे न तत बहिया, **अनत** कह्यौ तै ऊगरिया ।
—माहारांणा कुंभा रौ गीत

अनता–सं०स्त्री०—पृथ्वी, भूमि (ह.नां.)

अनत्थ–सं०पु० [सं० अनर्थ] १ देखो 'अनरथ' । देखो 'अनथ' ।

अनत्थांनत्थौ–देखो 'अनथांनथौ' ।

अनथ–सं०पु०—देखो 'अनरथ' ।

वि०—१ जिसके नाक में नाथ न हो. २ उद्दंड. ३ स्वतंत्र ।

अनथांनथौ–सं०पु०—१ अनाथों का नाथ, स्वामी, जिसकी कोई रक्षा करने वाला न हो उसकी रक्षा करने वाला. २ उद्दंड व्यक्ति को भी झुकाने की सामर्थ्य रखने वाला, वीर । उ०—सुज सांम ध्रमौ समरथौ रै, नव सहंसौ **अनथांनथौ**—किसनजी आढ़ौ । ३ ईश्वर ।

अनथू–सं०पु०—देखो 'अनथ' ।

अनदांन–सं०पु० [सं० अन्न+दान] अन्न या भोजन का दान ।

अनदाता–सं०पु० [सं० अन्नदाता] अन्नदान करने वाला, पोषक, प्रतिपालक, स्वामी । उ०—जिण नवलक्खी सिंध धर, दी दिन हेकै दांन । **अनदाता** उपमेय है, 'ऊनड़' है उपमांन—बाँ.दा. ।

अनदास–सं०पु० [सं० अन्नदास] पेट के लिए ही दास होने वाला, पेटू, खुदगर्ज ।

अनद्यतनभविस्य–सं०पु० [सं० अनद्यतनभविष्य] १ वह समय जो आने वाली आधी रात्रि के बाद आवे. २ व्याकरण के अन्तर्गत भविष्यकाल का एक भेद ।

अनद्यतनभूत–सं०पु० [सं०] १ बीती हुई आधी रात के पहिले का समय. २ व्याकरण के अन्तर्गत भूतकाल का एक भेद ।

अनधिकार–सं०पु० [सं०] १ अधिकार का अभाव बेबसी. २ अयोग्यता, अक्षमता ।

वि०—अधिकाररहित, अनुचित ।

अनधिकारचेस्टा–सं०स्त्री०यौ० [सं० अनधिकारचेष्टा] नाजायज या अनुचित चेष्टा ।

अनधिकारी–वि० [सं० अनधिकारिन्] जिसे अधिकार न हो, अयोग्य, अपात्र ।

अनध्याय–सं०पु० [सं०] वह दिन जिसमें शास्त्रानुसार पढ़ने-पढ़ाने का निषेध हो । उ०—माळव रै महीप व्याकरण रा अध्यापन में एक अब्द रौ **अनध्याय** मांनि पांणिनीय रौ प्रतिनिधि भट्टिनांमक काव्य वणाय पढ़ायौ—वं.भा. ।

अनन्नास–सं०पु०—राम बाँस की तरह का एक छोटा पौधा जिसके डंठलों के अंकुरों की गाँठें खट्टी-मीठी और खाने योग्य होती हैं ।

अनन्य–वि० [सं०] जो अन्य से संबंध न रक्खे, एकनिष्ठ, एक ही में लीन । उ०—अर **अनन्य** भक्ति रा प्रभाव करि जगदंबा रौ प्रसाद पाइ बारह बरस रा बय में पाछौ आइ फूंफा समुद्रसिंह नूं मारि आप रा पिता बिजैसूर रौ बैर लियौ ।—वं.भा.

अनन्यता–सं०स्त्री० [सं०] एकनिष्ठा, अन्य से संबंध रखने का अभाव ।

अनन्यपण, अनन्यपणौ–सं०पु०—देखो 'अनन्यता' ।

अनपच–सं०पु०—अजीर्ण, बदहजमी, अपच ।

अनपांणी–सं०पु० [सं० अन्न+रा० पांणी] देखो 'अन्नजळ' ।

उ०—आगै कमँवै आखियौ, सुण मछरीक मुकन्न । **अनपांणी** मन भावियां, पधरावियां अजन्न—रा.रू. ।

अनपूरण, अनपूरणा–सं०स्त्री० [सं० अन्नपूर्णा] १ अन्न की अधिष्ठात्री देवी । उ०—आठ सिद्ध नव निद्ध रही मौ पिता रसोड़ै, मौ कमळायत माय जिका **अनपूरण** जोड़ै—पा.प्र. । २ दुर्गा का एक रूप, काशीश्वरी, विश्वेश्वरी ।

अनबंधी–वि०—देखो 'अनमंध' ।

अनभै–सं०पु०—देखो 'अणभै' ।

अनमंद–सं०पु०—देखो 'अनमंध' । उ०—वाहतां तेग **अनमंदां** कंध विछुड़ै—जसवंतसिंहजी रौ गीत ।

अनमंध–वि०—अपार, बहुत, असंख्य । उ०—सितर खांन सकबंध, कटक **अनमंध** छिले कर । असपत हद सामंद, कीध ऊबंध प्रमेसर ।
—रा.रू.

सं०पु०—१ जिसको कोई बाँध नहीं सकता अर्थात जिसकी कोई समानता नहीं कर सकता, वीर। उ०—मुकन तणौ जोड़ै **अनमंधै** बोलै रांम मरण पण बंधै—रा.रू.। २ परमेश्वर, ईश्वर (द.दा.) ३ शत्रु, दुश्मन।

अनमंधौ, अनमंधौ–सं०पु०—देखो 'अनमंध'। उ०—सांवळ आद खांन सकबंधी, ऐ 'ऊदां' मिळिया **अनमंधी**।—रा.रू.

अनम–वि० [सं० अनम्र] १ उद्धत, बली. २ उद्दंड, धृष्ट. ३ नहीं झुकने वाला। उ०—झुक बहणौ नह जांणियौ, दोयण वय मुख दब्ब। पातल इंदा उरध पण, संधा **अनम** सरब्ब।—जैतदांन बारहठ

अनमख–सं०पु० [सं० अनमिष] समय (अ.मा.)

अनमद–वि०—मदरहित, अहंकारहीन, घमंड से रहित।

अनमांन–सं०पु०—देखो 'अनुमांन' (ल.पिं.)

अनमांनाम–वि०—उद्दंड व्यक्तियों को झुकाने की सामर्थ्य रखने वाला, वीर, शक्तिशाली। उ०—**अनमांनाम** उनत्थांनाथौ, बळवंत भरै गयण सूं बाथ।—कूंपा राठौड़ रौ गीत

अनमाई–सं०स्त्री०-अनम्रता। उ०—संथा साच तताई पगा री गाई गवै सारै, **अनमाई** राई तनां जणाई ओसाप।—पूरजी भादौ

अनमापौ–वि०—१ न मापा जाने योग्य. २ जो मापा न जा सके।

अनमिख–वि० [सं० अनिमेष] निमेषरहित, टकटकी के साथ। (रू.भे. 'अनमेख')

क्रि०वि०—१ एकटक, अपलक. २ निरंतर।

सं०पु०—१ देवता (नां.मा.) २ मछली (अ.मा.) ३ सर्प (डिं.को.)

अनमित, अनमिति–वि०—असंख्य, अपार। उ०—आरंभ काज गज आरुहै, **अनमित** सेन उलट्टियौ।—रा.रू.

अनमित्ती–वि०—१ अप्रमाण, अनिदर्शन। उ०—आवी फौज लखां **अनमित्ती**, जोवंतौ मारग जगपत्ती।—रा.रू. २ बहुत, अधिक।

अनमियौ, अनमी–वि०—१ अनम्र, उद्दंड. २ नहीं झुकने वाला, वीर। उ०—अकबर कनै अनेक, नम-नम नीसरिया नृपति, **अनमी** रहियौ एक, पहुवी रांण प्रतापसी।—दुरसौ आढ़ौ

अनमीखंध–वि०—जो अपना कंधा न झुकने दे, शक्तिशाली, बलवान। (मि. अनम्मीखंध रू.भे.)

अनमीपण, अनमीपणौ–सं०पु०—अनम्रता। उ०—पाट रछपाळ रिड़माल **अनमीपणौ**, गरट घोड़ां भड़ां खूर कीधां घणौ।—अज्ञात

अनमुखाद–सं०पु०—देवता (अ.मा.)

अनमुनी–सं०स्त्री [सं० उन्मुनी] हठयोग में अंग-विन्यास की मुद्रा विशेष।

अनमेख–सं०पु०—देखो 'अनमिख'। उ०—**अनमेख** द्रस्ट पेखंत छवि, मीन चंद्र प्रतिबिंब पर।—रा.रू.

अनमेळ–सं०पु०—शत्रु, वैरी। उ०—**अनमेळ** कढ्ढिय कोट तें, निजराज पद्धर थप्पियौ।—ला.रा.

अनम्म, अनम्मी–वि०—जो नम्र न हो, अविनयी, अनम्र, उद्दंड।

उ०—भूप **अनम्मी** भाळवा, घण रिपु करण संहार। ऐ कूरम इळ पर उभै, जनम्या डूंग जुहार।—डूंगजी जवारजी रा दूहा

अनम्मीखंध–वि०—देखो 'अनमीखंध'। उ०—पाथ ज्यूं **अनम्मीखंध** वंसनूं चाढ़ियौ पांणां, यूं पछै ऊमटां नाथ पोढ़ियौ आरांण।

—सूरजमल मीसण

अनम्र–वि० [सं० अ+नम्र] उद्दंड, ढीठ, धृष्ट, अविनीत।

अनय–सं०पु०—अनीति, अन्याय। उ०—अकबर दळ अप्रमांण, उदैनयर घेरै **अनय**। खागां बळ खूमांण, साहां दळण प्रतापसी।

—दुरसौ आढ़ौ

अनयास–क्रि०वि० [सं० अनायास] अनायास, अकस्मात, सहसा।

वि० [सं०अन्+आशा] आशारहित, निराश। उ०—**अनयास** होत मैवासपति, तुरक तोर तुट्टै तदन।—ला.रा.

अनरगळ–वि० [सं० अनर्गल] १ बेरोक, बेधड़क. २ व्यर्थ, अंडबंड। उ०—बधा वपु जाहिर पथ्य विवेक **अनरगळ** बाहिर भीतर एक।

—ऊ.का.

क्रि०वि०—अप्रतिहत, लगातार।

अनरत–सं०पु० [सं० अनृत] झूठ, असत्य (अ.मा.)

अनरत्थ, अनरथ–सं०पु० [सं० अनर्थ] १ अनर्थ, अनिष्ट, बिगाड़. २ उपद्रव। उ०—१ सूधी वाट कटक संग्रांम, **अनरथ** थास्यइ जाइमाँम।—ढो.मा. उ०—२ यह बत्त हुव **अनरत्थ** सी, सादूळ सिकुळतें जस्यौ।—ला.रा. ३ विरुद्ध अर्थ, उलटा मतलब, असत्य, झूठ। उ०—रहौ बीवरै रांमरस, **अनरथ** घणौ अलंत। याहिज है ध्रम आतमा, ऐ तीरथ, ऐ तंत।—बाँ.दा. ४ अधर्म से प्राप्त किया गया धन. ५ अन्याय, अत्याचार। उ०—कुमार कहियौ चोड़ै चढ़ि चालियां इसड़ा **अनरथ** रा करणहार अंत्यज पुळियार होइ जीवता रहि जावै।—वं.भा.

अनरथक–वि० [सं० अनर्थक] निरर्थक, अर्थरहित, व्यर्थ, निष्प्रयोजन।

अनरथकारी–वि०पु० [सं० अनर्थकारिन्] (स्त्री० अनरथकारणी) १ उलटा मतलब निकालने वाला। २ अनिष्टकारी, उपद्रवी, अनर्थ करने वाला।

अनरध–वि० [सं० अनिरुद्ध] १ जो रोका न गया हो, अबाध. २ बेरोक, जो रुका हुआ न हो।

सं०पु०—श्रीकृष्ण के पौत्र और प्रद्युम्न के पुत्र जिन्हें उषा ब्याही गई थी।

अनरस, अनरसा, अनरसो–सं०पु०—१ रसहीनता, शुष्कता, रुखाई. २ कोप. ३ मनोमालिन्य, फूट. ४ दुःख, खेद, रंज. ५ उदासी, विरसता [सं० अन्य+रस] ६ दूसरा रस। उ०—रहै विलंबै रांमरस, **अनरस** गिणै अलप्प।—ह.र.

अनरूप–वि०—१ कुरूप, भद्दा, बदसूरत. २ असदृश।

अनळ–सं०स्त्री० [सं० अनल] १ अग्नि, आग (अ.मा.) २ पित्त. ३ तीन की संख्या* [सं० अनिल] ४ वायु। उ०—**अनळ** बळ प्रबळ

बहतां अकळ अजावत, सखर उड़ पड़ै गजधज समेत।
—उम्मेदसिंह सीसोदिया रौ गीत

अनळकुंड–सं०पु० [सं०] अग्नि-कुंड। वि०वि० देखो 'अगनीकुंड'। उ०—वंस चहुवांण वखांण आंण सुरतांणां ऊपर। **अनळकुंड** उतपत्त मुद्रा की चाह महेसर।—मालौ आसियौ

अनळचूरण–सं०पु० [सं० अनल+चूर्ण] बारूद।

अनळपंख–सं०पु—देखो 'अनड़पंख'। उ०—कीड़ी नै कण पूरवै मण मैंगळ चारै। **अनळपंख** आकास कूं दिन चून दिराड़ै।
—केसोदास गाडण

अनळपंखचार–सं०पु०—हाथी (डिं.को.)

अनळपंखी–सं०पु०—देखो 'अनड़पंख'।

अनलप–वि० [सं० अनल्प] बहुत, अधिक।

अनळपुड़–सं०पु०—पहाड़, पर्वत। उ०—आयत इळा **अनळपुड़** आग्रत, समँद आयतां वळैज सात।—महारांणा लाखा रौ गीत

अनळमुख–वि० [सं०] जो अग्नि द्वारा पदार्थों को ले।
सं०पु०—१ ब्राह्मण. २ देवता।

अनळस–वि० [सं०] आलस्यरहित, परिश्रमी।

अनळा–सं०स्त्री० [सं०] १ कश्यप ऋषि की पत्नियों में से एक जो दक्ष प्रजापति की कन्या थी. २ माल्यवान नामक राक्षस की एक कन्या. [सं० अनल] ३ अग्नि, आग. [सं० अनिल] ४ हवा, वायु।

अनलायक–वि०—नालायक, अयोग्य, मूर्ख।

अनलूणी, अनलूणौ–वि०—देखो 'अलूणी' (रू.भे.)

अनल्प–वि० [सं०] देखो 'अनलप' (रू.भे.) उ०—अनंत आप हैं **अनल्प** आदि अंत अल्प में।—ऊ.का.

अनवय–सं०पु० [सं० अन्वय] १ वंश, कुल. २ वाक्य-रचना के नियमानुसार पद्यों के शब्दों को यथा-स्थान रखने का ढंग या क्रिया।

अनवाई–सं०स्त्री०—नहीं झुकने का भाव, अनम्रता।
वि०—नहीं नमने वाला।

अनवी–वि०—नहीं नमने वाला, वीर। उ०—**अनवी** धुरधर रै अदन, जोखमियौ घण जांण।—ऊ.का.। २ अनम्र।

अनवार–वि० [सं० अन्य] अन्य, दूसरा। उ०—महमा बढ़ि मयंक कुळ मंडण, पोह **अनवारां** प्रभत पढ़ो।—महारांणा उदैसिंघ रौ गीत

अनसन–सं०पु० [सं० अनशन] उपवास, निराहार व्रत।

अनसवर–वि० [सं० अनश्वर] १ नष्ट न होने वाला, अविनाशी, अटल. २ नित्य, सनातन।
सं०पु०—ईश्वर, परमात्मा।

अनसार–सं०पु०—भोजन (अ.मा.)

अनसूया, अनसोया–सं०स्त्री० [सं० अनसूया] १ दूसरों में दोष न देखने का भाव, ईर्ष्या का अभाव. २ दक्ष प्रजापति की कन्या तथा अत्रि मुनि की पत्नी. ३ शकुन्तला की एक सखी या सहेली।

अनस्व–सं०पु०—[सं० अनश्व] गधा। उ०—वामांग डक्कनिय पत्ति अस्व दक्खिन भुजांन हूंक्यौ **अनस्व**।—ला.रा.

अनस्वार–सं०पु० [सं० अनुस्वार] देखो 'अनुस्वार'।

अनहद, अनहद्द–वि०—अपार, असीम। उ०—त्रिरांगा सब्द सुणिया विहद्द। नीसांण तूर **अनहद्द** नद्द।—वि.सं.
सं०पु० [सं० अनाहत] अनाहत नाद। उ०—सुन मंडळ मध्य परम सुन, **अनहद** नीसांण। सबद बतावै एकठा तद होय कल्यांण।
—केसोदास गाडण

अनांम–वि० [सं० अनाम] बिना नाम का, अप्रसिद्ध, नामरहित।

अनांमा, अनांमिका–सं०स्त्री० [सं०अनामिका] मध्यमा के बाद की उंगली।
वि०—अप्रसिद्ध, बिना नाम का।

अनांमी–वि०—१ अप्रसिद्ध, बिना नाम का. २ अनोखा, अद्भुत।
उ०—साख तणा सूरज सगतावत, आंरी रीत **अनांमी**। ठाकर नांमी अवर ठिकांणा, नीबज राजा नांमी।—नीबज रौ गीत

अनाक–क्रि०वि०—अनाहक, नाहक, व्यर्थ। उ०—मनाक सौख्य छाक में मना **अनाक** व्है अटचौ।—ऊ.का. (रू.भे. अनाख)

अनाकर–वि०—निराकार, आकाररहित। उ०—**अनाकर** साकर आखर अंत, भलौ भव भाग भजे भगवंत।—ऊ.का.

अनाकांनी–सं०स्त्री०—अनसुनी करना, बहलाना, टालमटूल, आनाकानी।

अनागत–वि० [सं०] १ अनुपस्थित. २ होनहार, आगे आने वाला. ३ अज्ञात. ४ अनादि, अजन्मा. ५ अपूर्व, अद्भुत. ६ आगमन का अभाव।
सं०पु०—संगीत में लय एवं ताल की दृष्टि से मुख्य सम के पहिले ही सम दिखाना।

अनाग्रह–क्रि०वि०—बिना आग्रह के। उ०—**अनाग्रह** भुल्लित आंन उपाय, प्रफुल्लित ज्यूं पतनी-पति पाय।—ऊ.का.

अनाघात–वि० [सं०] १ आघात या चोट से रहित. २ बिना कारण, अकारण।

अनाड़–सं०पु०—पर्वत, पहाड़. २ वीर, योद्धा (रू.भे. अवनाड़) ३ राजा, नृप (द.दा.)

अनाड़वी–वि०—१ अनाड़ी. २ अनम्र, उद्दंड, अभिमानी. ३ वीर, योद्धा।

अनाड़ी–वि०—१ नासमझ, नादान, मूर्ख।
कहा०—अनाड़ियां रा गुरु अनाड़ी है—गुरु व शिष्य दोनों मूर्ख हैं।
२ अकुशल, अपटु, अनभ्यस्त. ३ जिसके शरीर में नाड़ी की गति मंद हो गई हो।

अनाड़ीपण, अनाड़ीपणौ–सं०पु०—१ मूर्खता, नासमझी. २ उद्दंडता ३ अदक्षता, अपटुता।

अनाड़ो, अनाड़ौ–वि०—जो बंधन में न आवे, वीर, योद्धा। देखो 'अनड़'

अनाचार–सं०पु० [सं०] १ दुराचार, कुरीति, अशुद्धाचार, पापाचार. २ अंधेर. ३ अत्याचार।

अनाचारता–सं०स्त्री० [सं० अनाचारिता] दुराचारिता, कुरीति, कुचाल, बुरा आचरण।

अनाज–सं०पु० [सं० अन्नाद] अन्न, धान्य, गल्ला।

अनातप–सं०पु० [सं०] धूप का अभाव।

वि० [सं०] ताप से रहित, शीतल।

अनातम–वि० [सं० अनात्म] आत्मारहित, जड़।

सं०पु०—आत्मा का विरोधी पदार्थ, अचित्, जड़। उ०—**अनातम** आतम ठेल उठेल।—रा.रू.।

अनाथ–वि० [सं०] १ स्वामीरहित, जिसके कोई पालन-पोषण करने वाला न हो, असहाय, अशरण। उ०—**अनाथ** साथ हाथ आथ अन्न पावतै नहीं।—ऊ.का. २ दीन, दुखी। उ०—अबै जु लाज नाथ हाथ 'ऊमरै' **अनाथ** की।—ऊ.का.

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

सं०पु०—वह बैल जिसके नाक में नाथ न डाली गई हो।

अनाथांनाथ–सं०पु०—अनाथों के सहायक, ईश्वर, विष्णु (ह.र.)

अनाथालय, अनाथास्रम–सं०पु० [सं० अनाथालय, अनाथाश्रम] दीन-दुखियों या असहायों के पालने-पोषने का स्थान, यतीमखाना, लावारिस बच्चों की रक्षा का स्थान।

अनाथी, अनाथौ–सं०पु०—नाक में बिना नाथ डाला हुआ बैल।

वि०—१ जिसके नाक में नाथ न डाली गई हो. २ उद्दंड. ३ बिना स्वामी का, अनाथ। उ०—**अनाथी** भ्रात आया अठै आतम जांणी आपसी, कमँध केइ लोह कंचन किया पारस भूप प्रतापसी।—अज्ञात (रू.भे. अनथ)

अनाद–वि०—देखो 'अनादि'। उ०—बित जिम बांटै तिम वधै, आ है रीत **अनाद**।—बाँ.दा.

अनाद जुगाद–देखो 'अनादि'।

अनाद जोगी–सं०पु०यौ० [सं० अनादि+योगी] महादेव, शिव।

उ०—जटाधारी जोगधारी **अनाद जोगी**, पाणां नमौ सींगी नाद पूरतां प्रकास।—महाराजा मांनसिंह

अनादर–सं०पु० [सं०] आदर का अभाव, अवज्ञा, अपमान, अवहेलना, तिरस्कार।

अनादरणीय–वि० [सं०] १ जो आदर के योग्य न हो. २ आदि-रहित, उत्पत्तिहीन।

अनादरणौ, अनादरबौ–क्रि०अ०—अनादर करना। उ०—अवाचि जांणु आदरचौ उदीचि कों **अनादरचौ**।—ऊ.का.

अनादि, अनादी–वि० [सं०] १ आदिरहित, उत्पत्तिहीन, स्वयंभू, नित्य (ब्रह्म). २ बहुत दिनों से जो शिष्ट परंपरा से चला आया हो, चिरकाल से (मि० 'अनाद') उ०—ऐ राठौड़ **अनादि** आदि असिवर अनिमंधी।—रा.रू.

अनाधार–वि०[सं०] आधाररहित, बेसहारा।

अनाप–सं०पु० [सं० अन्न+आप] अन्न-जल। उ०—खुधा त्रिखा पिड़त पुरख, तन त्यागत अतीव। अभवी कहू न **अनाप** दे, जे हीज अभवी जीव।—ऊ.का.

अनापसनाप–वि० [सं० अनाप्त] १ ऊटपटाँग, अंडबंड. २ अत्य-धिक, परिमाण से अधिक।

सं०पु०—निरर्थक प्रलाप।

अनापौ–वि०—बहुत, अधिक, अत्यधिक।

अनांमत–सं०स्त्री०—देखो 'अमानत' (रू.भे.)

अनांमय–वि० [सं० अनामय] रोगरहित, निरोग, तंदुरुस्त।

उ०—**अनांमय** अव्यय अक्षय आथ, निरामय निरभय नाथ अनाथ।—ऊ.का.

सं०पु०—निरोगता, स्वास्थ्य, कुशलक्षेम। उ०—अर **अनांमय** पूछण री व्याज करि पिता नूं बडा भाई समेत मारि साह होण री संकळप करि दिल्ली माथै आपरी चतुरंग चमू चलाई।—वं.भा.

अनायक–वि०—नायकरहित, रक्षकरहित, बिना स्वामी का।

अनायत–सं०स्त्री० [अ० इनायत] १ कृपा, दया, अनुग्रह, एहसान. २ दान. ३ बख्शीश (द.दा.)

अनायस–क्रि०वि०—देखो 'अनायास'।

अनायास–क्रि०वि० [सं०] १ बिना प्रयास, सहज. २ अकस्मात्, अचानक। उ०—करवाळ ढाळ दिस कर कयास, ओलंदे हैं नहिं **अनायास**।—ऊ.का.

अनार–सं०स्त्री० [फा०] एक प्रकार का वृक्ष तथा उसका फल जिसे दाड़िम भी कहते हैं।

अनारज–सं०पु० [सं० अनार्य] १ जो आर्य न हो, अनार्य. २ दस्यु या दास।

वि०—जो उत्तम या श्रेष्ठ न हो, नीच।

अनारदांणौ–सं०पु० [फा० अनारदाना] अनार नामक फल के सुखाये हुए दाने।

अनारी–वि०—१ देखो 'अनाड़ी'। उ०—उद्यम छोड़ रह्यौ अण उद्यम, आठूँ ही पहर **अनारी**। रोटी २ करतौ रोवै, मूढ़ महा झक मारी।—ऊ.का.

२ वह जिसके स्त्री न हो।

अनाळ–वि० [सं०अ+नाळ=मार्ग रा०] मार्गरहित, स्थानरहित, सर्वत्र।

उ०—अचाळ अरद्ध अनाळ अनेस, आदेस, आदेस आदेस आदेस।—ह.र.

अनाळसी–वि० [सं० अन्+आलस्य+ई–रा.प्र.] उद्योग करने वाला, उद्यमी। उ०—**अनाळसी** न आळसी न नाळसी निम्र्येको।—ऊ.का.

अनावस्यक–वि० [सं० अनावश्यक] जिसकी आवश्यकता न हो, गैर-जरूरी, अनुपयोगी।

अनावस्यकता–सं०स्त्री० [सं० अनावश्यकता] आवश्यकता का अभाव।

अनाव्रत–वि० [सं० अनावृत्त] जो ढँका न हो, खुला।

अनावस्टि, अनावस्टी–सं०स्त्री० [सं० अनावृष्टि] वर्षा का अभाव, जल-कष्ट।

अनाव्रित–वि०—देखो 'अनाव्रत' (रू.भे.)

अनाव्रिस्टी–सं०स्त्री०—देखो 'अनाव्रस्टि' (रू.भे.)

अनास–सं०पु०—१ एक प्रकार का वृक्ष तथा उसका फल विशेष। उ०—अखोड़ **अनास** किरंजी अनूप। सिरै खारक तीन विधी सरूप। —क.कु.बो.
२ देववृक्ष (अ.मा.) ३ वह जो वीर न हो, कायर व्यक्ति।

अनासती–वि०—१ दुःखमय, बुरा. २ कायर।
सं०स्त्री०—१ वह स्त्री जो सतीत्वहीन हो. २ कुसमय।

अनासगर–सं०पु०—देखो 'आनासागर' (रू.भे.)

अनासिक–वि० [सं० अ+नासिक] नकटा, नाकरहित।

अनास्था–सं०स्त्री० [सं० अन्+आस्था] १ अश्रद्धा. २ अनादर, अप्रतिष्ठा।

अनास्त्रम–वि० [सं०] १ आश्रयहीन. २ पतित. ३ बिना परिश्रम का।

अनास्त्रमी–वि० [सं० अनाश्रमी] गृहस्थ आदि आश्रमों से रहित, आश्रम-भ्रष्ट, पतित।

अनास्त्रय–वि० [सं० अनाश्रय] १ निराश्रय, निरवलंब. २ दीन, अनाथ।

अनास्त्रित–वि० [सं० अनाश्रित] १ निराश्रय, निरवलंब. २ अनाथ।

अनाह–सं०पु० [सं० आनाह] कब्ज रोग, अफारे का रोग (अमरत)
वि० [सं० अनाथ] बिना स्वामी का, दीन, दुखी।

अनाहक–क्रि०वि०—नाहक, व्यर्थ में। उ०—मौने आय **अनाहक** मारचौ सांम खूंन विण...।—र.रू.

अनाहत–वि० [सं०] आघातरहित, जो आहत न हुआ हो।
स०पु०—१ दोनों हाथों के अंगूठों से दोनों कानों के रन्ध्र बंद करने पर ध्यान करने से सुनाई पड़ने वाला शब्द (योग). २ योग के आठ कमल या चक्रों में से एक जिसका स्थान हृदय, ६००० जप, रंग लाल व पीला मिश्रित (मतांतर से कहीं श्वेत) और देवता रुद्र माने जाते हैं। इसके दलों की संख्या १२ तथा अक्षर क से ठ तक माने गये हैं। ३ किसी इष्ट, मंत्र या नाम की वह ध्वनि जो इन्द्रियों को अंतर्मुखी करने पर सुनाई दे। सिद्धि प्राप्त होने पर यह हर समय निरंतर सुनाई देती रहती है। निरंतर जाप अथवा ध्यान करने से इस स्थिति पर पहुँचा जा सकता है (योग)।

अनाहतनाद–सं०स्त्री०—प्रकृति में व्याप्त ध्वनि। देखो 'अनाहत'

अनाहद–सं०पु०—देखो 'अनहद'। उ०—जठे जम काळ जरा नहिं जोर, घुरै घट नाद **अनाहद** घोर।—ऊ.का.

अनाहदवांणी–सं०स्त्री० [सं० अनाहत+वाणी] १ आकाशवाणी, देववाणी. २ देखो 'अनाहत'–१, ३।

अनाहार–सं०पु० [सं०] भोजन का अभाव या त्याग।
वि०—१ निराहार, जिसने कुछ न खाया हो. २ (वह व्रत) जिसमें कुछ न खाया जाय. ३ विजयी।

अनाहारी–वि०—निराहार रहने वाला।

अनिंद–वि० [सं० अनिंद्य] १ जो निंदा के योग्य न हो, निर्दोष, उत्तम। २ जिसे नींद न आती हो।

अनिंदक–वि०—जो निंदा न करता हो।

अनिंदित–वि० [सं०] अगर्हित, उत्तम, प्रशस्त।

अनिंद्य–वि० [सं०] देखो 'अनिंद' (रू.भे.)

अनिंद्रा–सं०पु०—१ देवता (नां.मा.) २ नींद न आने का रोग विशेष।

अनिंद्रीपित–सं०पु०यौ० [सं० इंद्रियपति] मन (ह.नां.)

अनि–सर्व०—अन्य, दूसरा, भिन्न। उ०—(१) अस्व दुरद जेब अनेक, **अनि** छात ग्रह अनेक।—रा.रू. उ०—(२) चाप नमायौ रांमचंदि **अनि** दुनि भूप नमै दुरि।—रांमरासौ

अनिअनी–क्रि०वि०—भिन्न-भिन्न, अन्य, तरह-तरह। उ०—**अनिअनी** भोग भुगतै इळा, तवै सु सुख हाजर तियां।—ज.खि.

अनिआई–वि० [सं० अन्यायी] शैतान, बदमाश, अन्यायी।
उ०—'मोटल' सरखौ मारियौ जिण सकज जमाई। 'देउरो' घर डोबियौ इणहिज **अनिआई**।—वीरमायण

अनिकार–सं०पु०—वीर, योद्धा। उ०—ओढ़ण **अनिकारां** नरां हालां रा पण हाथ।—हा.झा.

अनिच्छ–सं०स्त्री०—१ इच्छा का अभाव (डिं.को.)
उ०—**अनिच्छ** जीव अचतैं हरीच्छ सौ बलीयसी।—ऊ.का.
वि०—अनिश्चित। उ०—स्वइच्छ सिच्छ सूर वे **अनिच्छ** ऊंघते नहीं। —ऊ.का.

अनिच्छा–सं०स्त्री०—इच्छा का अभाव।

अनित्य–वि० [सं०] १ वह जो खुद कार्य रूप हो तथा जिसका कारण कोई हो, अर्थात् जो सदैव एक सा न रहे, जैसे संसार। उ०—ए संसार **अनित्य** आदि सविकार उचारै।—रा.रू. २ जो स्वयं कारण रूप हो और कार्य रूप न हो, असत्य, झूठा। उ०—निरवांण नित्य अंतर **अनित्य**।—ऊ.का. ३ विनाशी, अस्थायी, नश्वर, नाशवान।

अनित्यता–सं०स्त्री० [सं०] नश्वरता, अस्थिरता।

अनित्यवाद–सं०पु० [सं०] प्रत्येक पदार्थ को क्षणिक और नश्वर मानने तथा किसी पदार्थ को शाश्वत और नित्य न मानने वाला सिद्धान्त।

अनित्यवादी–सं०पु०—१ अनित्यवाद के सिद्धान्त का समर्थक. २ इस सिद्धान्त के समर्थक एक प्रकार के बौद्ध।

अनिप–सं०पु० [सं०] सेनापति।

अनिपुण–वि० [सं०अ+निपुण] जो निपुण न हो, अपटु।

अनिपुणता–सं०स्त्री० [सं०] अपटुता, अदक्षता।

अनिबंध, अनिबंधी–वि०—स्वतंत्र, देखो 'अनमंध'।

अनिमंध—देखो 'अनमंध'। उ०—करि अवस देस कमंध, महि मेळ दळ **अनिमंध**।—रा.रू.

अनिमंधी–वि०—स्वतंत्र, वीर, देखो 'अनमंध'। उ०—आरहियौ ईखवा साह दरगह सकबंधी, है गै दळ हल्लिया मिळै अणकळ **अनिमंधी**। —रा.रू.

अनिमिख—देखो 'अनमिख' (रू.भे.)

अनिमित–वि०—निमित्त या हेतुरहित, निष्कारण, बिना निमित्त या कारण के।

अनिमिस, अनिमेख–वि० [सं अनिमेष] देखो 'अनमिख' (रू.भे.)

अनियत–वि० [सं०] १ जो नियत या निश्चित न हो, अनिश्चित. २ अस्थिर, अनित्य।

अनियम–सं०पु० [सं०] १ नियमाभाव, व्यतिक्रम. २ अनिश्चय।

अनियमित–वि० [सं०] नियमरहित, अव्यवस्थित, अनिश्चित, जो नियमानुकूल न हो।

अनियाई–वि० [सं० अन्यायी] अन्यायी, बदमाश, धूर्त्त। उ०—ईखै दुरयोधन **अनियाई** सकळ पांडवां चींत संभाई।—रा.रू.

अनियाऊ–सं०पु० [सं० अन्याय] अन्याय, अनीति, देखो 'अन्याय'।

अनियायी, अनियायीयौ–वि० [सं० अन्यायी] अन्यायी। उ०—आइयौ **अनियायीय** धर पुड़ किणी न धारतौ।—पा.प्र.

अनियाव–सं०पु० [सं० अन्याय] अन्याय, अत्याचार, देखो 'अन्याय' (रू.भे.)

अनिरणय–सं०पु० [सं० अनिर्णय] द्विविधा, संदेह, संशय, अनिश्चय, दो बातों में से किसी का भी निश्चय न होना।

अनिरत, अनिरित–सं०पु० [सं० अनृत्य] झूठ, असत्य (ह.नां.)

अनिरुद्ध, अनिरुध–वि० [सं०] बिना रुका हुआ, जो अवरुद्ध न हो।
सं०पु०—श्रीकृष्ण के पौत्र और प्रद्युम्न के पुत्र। ये उषा के पति थे। (वेलि.)

अनिरुध्ध–सं०पु० [सं० अनिरुद्ध] देखो 'अनिरुद्ध' (रू.भे.)

अनिळ–सं०स्त्री० [सं० अनिल] वायु, हवा, पवन। उ०—भाजि बळ खळ हुए खळभळ, चळ विचळ करि **अनिळ** दळ चळ।—रा.रू.

अनिळकुमार–सं०पु० [सं० अनिलकुमार] १ हनुमान. २ भीम।

अनिळसखा–सं०पु० [सं० अनल+सखा] वायु, हवा।

अनिळासी–सं०पु०यौ० [सं० अनिलाशिन्] १ सर्प. २ एक व्रत विशेष. ३ केवल वायु का सेवन करके रहने वाला प्राणी या तपस्वी।

अनिवारित–वि० [सं०] जो निवारण करने योग्य न हो, वारण न किया हुआ।

अनिस–क्रि०वि० [सं०] निरन्तर, लगातार। उ०—बट राज बंसधारी प्रबळ, लाग **अनिस** जस लेण री।—वं.भा.
वि० [सं०] रात्रि का अभाव, निशारहित।

अनिसचित–वि० [सं० अनिश्चित] जिसका निश्चय न हो, अनियत, अनिर्दिष्ट।

अनिस्ट–वि० [सं० अनिष्ट] अवांछित, जो इष्ट न हो।
सं०पु०—अमंगल, अहित, बुराई, हानि।

अनिस्टकर, अनिस्टकार, अनिस्टकारी–वि० [सं० अनिष्टकर] अपकारक, अहितकर, हानिकर।

अनिस्ठुर–वि० [सं० अनिष्ठुर] जो निर्दयी न हो, दयावान, सरलचित्त।

अनिस्ठा–वि०स्त्री [सं० अनिष्ट+आ] जो इष्ट न हो, अवांछित।

अनिहद–देखो 'अनहद'। उ०—त्रिभुवन सार अपार, पार **अनिहद** अथाह।
—केसोदास गाडण

अनींद–वि०—निद्रारहित, जिसको नींद न आती हो।

अनींद्र–सं०पु०—देवता (ह.नां.) देखो 'अनिंद्रा' (रू.भे.)

अनी–सं०स्त्री०—१ देखो 'अणी'. २ सेना, फौज (अ.मा.) ३ समय (अ.मा.)

अनीक–सं०पु० [सं०] १ सेना, फौज, समूह। उ०—तिकण रै साथ कछवाह जयसिंह गोड़ अनिरुद्धसिंह नवाब दलेलखांन तीन ही मुख्य सामंत दे'र आपरौ उद्धत **अनीक** दियौ।—वं.भा. २ युद्ध. ३ योद्धा। उ०—सनिद्धि सुभट समरन समींक। इक्कतें इक्क उद्धत **अनीक**।
—ऊ.का.
४ साथी भागी। उ०—जठे नरेस कह्यौ फौज रै और भोज रै साथ म्हांरा जावण में तौ पिता-पुत्रां रै दोही तरफ अपजस रौ **अनीक** है।
—वं.भा.
वि०—जो अच्छा न हो, बुरा।

अनीकनी–सं०स्त्री० [सं० अनीकिनी] १ सेना, फौज (ह.नां) २ अक्षौहिणी सेना का दशांश।

अनीच–वि०—किसी बात में जो कम न हो, ऊँचा, जो नीच न हो। उ०—नीचे किए नीचौं को **अनीचे** किए ऊंचौं कौ।—ऊ.का.

अनीठ–वि० [सं० अनिष्ट] १ जो इष्ट न हो, अप्रिय, बुरा. २ जो समाप्त न हो सके, अपार, बहुत।
क्रि०वि०—सरलता से, आसानी से।

अनीत, अनीतत, अनीति–सं०स्त्री० [सं० अनीति] १ अन्याय, बेइंसाफ, अंधेर। उ०—भाजगी सरब रीतां भली, हमै **अनीतां** हालसी। नर लोक इंद 'मांना' नृपत, सैणां दिन २ सालसी।—बुधजी आसियौ २ अत्याचार। उ०—विनीत नीतवांन जै **अनीत** बाधतै नहीं।
—ऊ.का.

अनीतौ–सं०पु०—१ अन्यायी. २ बदमाश। उ०—टाबर लाड सूं बडौ **अनीतौ**।—सूरे खींबे री बात। ३ दुराचारी। उ०—**अनीता** चालता जकै वदीता न आंणै कोई। दूठ सत्रां गोळ त्राड़ मचावै उमेद।—अज्ञात

अनीप–सं०पु०—सेनापति।

अनीम–वि० [सं० अनम्र] १ न झुकने वाला. २ वीर।

अनीयाव–सं०पु० [सं० अन्याय] देखो 'अन्याय'। उ०—आज हुवौ **अनीयाव** आज भ्रम पाजा फूटी।—बुधजी आसियौ

अनीलबाजी, अनीलवाजी–सं०पु०—१ जिसका घोड़ा श्वेत रंग का हो. २ अर्जुन।

अनीस–वि० [सं० अनीश] १ बिना मालिक या स्वामी का, **अनाथ.** २ असमर्थ, असहाय. ३ सर्वश्रेष्ठ।

सं०पु०—१ विष्णु. २ जीव. ३ माया. ४ सेनापति ।

अनीस्वर–वि० [सं० अनिश्वर] ईश्वर-भिन्न, नास्तिक ।
सं०पु०—देखो 'अनीस' ।

अनीह–वि० [सं०] १ इच्छा न रखने वाला, निर्लोभ, निष्काम. २ निश्चेष्ट, आलसी, बोदा ।
सं०पु०—समय, वक्त ।

अनुंधमी–वि०—देखो 'अन्युद्धमी' । उ०— करैं प्रळाप जाप कै त्रताप में **अनुंधमीं** ।—ऊ.का.

अनु–उपसर्ग—शब्दों के पूर्व लगने वाला एक उपसर्ग जो निम्नलिखित अर्थ देता है—पीछे, सह, सादृश्य, प्रत्येक, बारंबार, अनुसार, अधीन, समीप, आदि ।
अव्यय—हाँ, ठीक ।
क्रि०वि०—अब, आगे ।
(रू.भे.-अणु)

अनुकंपा–सं०स्त्री०—१ दया, कृपा, अनुग्रह । उ०—तिणसौं दस गुणौं सरीरसुख, दस गुणौं द्रविण दे दे'र वै भी सभ अवंती रै अधीस **अनुकंपा** में गहिया ।—वं.भा.
२ सहानुभूति, करुणा ।

अनुकथण–सं०पु० [सं० अनुकथन] १ वह कथन जो किसी के कहने के बाद कहा जाय. २ पारस्परिक वार्तालाप. ३ अनुकूल कथन. ४ पुनरुक्ति कथन ।

अनुकरण–सं०पु० [सं०] १ देखादेखी कार्य, नकल, प्रतिरूपकरण, अनुरूप या सदृशकरण. २ वह जो पीछे उत्पन्न हो या आवे ।
क्रि०प्र०—करणौ ।

अनुकरणीय–वि० [सं०] अनुकरण करने के योग्य ।

अनुकरता–सं०पु० [सं० अनुकर्त्ता] अनुकरण या नकल करने वाला ।

अनुकार–वि०—बराबर, उपमा, सदृश, तुल्य, समान (वं.भा.)
उ०—जरै दोही सामंतां रा अहंकार रै ऊफांण भद्रकाळी रा कटाक्ष रै **अनुकार** चंद्रहासां रा संपात छूटिया ।—वं.भा.
सं०पु०—देखो 'अनुकरण' ।

अनुकूळ–वि० [सं० अनुकूल] १ मुआफिक, अनुसार । उ०—रति **अनुकूळ** विलास घणां रळियामणाँ । भीसग दीसै इंद्र लिवूं हूँ भाँमणाँ ।
२ प्रसन्न. ३ तरफदार । —बाँ.दा.
सं०पु०—वह नायक जो एक ही विवाहिता स्त्री में अनुरक्त हो ।

अनुकूळता–सं०स्त्री० [सं० अनुकूलता] पक्षपात, तरफदारी, विरुद्ध न होने का भाव. २ प्रसन्नता. ३ सहायता ।

अनुकूळा–सं०स्त्री०—एक प्रकार का छंद विशेष जिसमें प्रथम एक भगण, एक तगण और एक नगण के पश्चात् अन्त में दो गुरु होते हैं । (पिंगळ)

अनुकोस–सं०पु० [सं० अनुक्रोश] कृपा, दया (अ.मा.)

अनुक्रम–सं०पु० [सं०] १ क्रमानुसार, सिलसिला, परिपाटी ।
उ०—कही **अनुक्रम** सूं कथा, विच वाराह पुराण ।—बाँ.दा.
२ यथाक्रम, आनुपूर्वी । उ०—रवि किरण **अनुक्रम** रेख, वाधंत तेज विसेख ।—रा.रू.

अनुक्रमणिका, अनुक्रमणीका–सं०स्त्री० [सं० अनुक्रमणिका] १ क्रम, सिलसिला. २ सूची, फेहरिस्त, तालिका ।

अनुक्रमणौ, अनुक्रमबौ–क्रि०अ० [सं० अनुक्रम] अनुक्रम से होना, क्रमवार होना । उ०—जग सीत प्रगटत पंथ चख जग अगनि दिसि असि **अनुक्रमे** ।—रा.रू.

अनुक्रमि–क्रि०वि०—अनुक्रम से । उ०—दिन रात सम तुल रासि दिन-कर सरकि **अनुक्रमि** सरवरी ।—रा.रू.
सं०पु०—देखो 'अनुक्रम' ।

अनुग–वि० [सं०] १ अनुयायी, अनुगामी. २ अनुकूल, मुआफिक ।
सं०पु०—१ सेवक, दास, अनुचर (अ.मा.) (ह.नां.)
उ०—अर प्रभात हुवाँ केड़ै गरभवती पत्नी आपरा **अनुगांनूं** काठाँ चाढण रौ निदेस दे'र धणी रा अंचळ हूँ अंचळ जोड़ियौ ।—वं.भा.
२ पीछे चलने वाला । उ०—असुभ चले कौ **अनुग** मूतरौ भाई मोटौ ।—ऊ.का.

अनुगत–सं०पु० [सं०] १ सेवक, अनुचर, नौकर । उ०—अग्रज रा आदेस रै अनुसार अब भावी रा भरोसा मैं भ्रम देखि प्राचीरापति सुजासाह ४०/२ रै नूँ तजि आपरै देस आइ **अनुगत** भाव दिखाइ संभर सिरोमणि सत्रुसाळ रा पगां मैं प्रणांम कीधौ ।—वं.भा.
२ गीत के साथ धीरे २ ताल वाद्य का वादन (संगीत)

अनुगमण–सं०पु० [सं० अनुगमन] १ पीछे चलना, अनुसरण, समान आचरण. २ स्त्री का सती होना, सहगमन ।

अनुगांमी–वि० [सं० अनुगामी] पीछे चलने वाला, अनुगमन करने वाला, अनुयायी, सहकारी, अनुवर्त्ती । उ०—सब इण रा **अनुगांमी** रै । ब्रह्मा विस्णु महेस्वर इणनै नित ही कहै नमांमि रै ।—गी.रां.

अनुग्या, अग्गिनुया–सं०स्त्री० [सं० अनुज्ञा] आज्ञा, हुक्म ।
उ०—निकांम ग्रांम भांम कौ **अनुग्गिया** भजै नहीं ।—ऊ.का.

अनुग्रह–सं०पु० [सं०] १ कृपा, दया, अनिष्ट-निवारण, करुणा. २ प्रसन्नता ।

अनुग्राहक–वि० [सं०] अनुग्रह करने वाला, कृपालु, दयालु, उपकारी ।

अनुचर–सं०पु० [सं०] १ दास, नौकर, सेवक । उ०—तथापि साहस रै साथ असूया रै **अनुचर** आपरौ ही आदेस प्रबळ मांनियौ ।—वं.भा.
२ अनुयायी, अनुगामी ।

अनुचित–वि० [सं०] जो उचित न हो, नामुनासिब, बुरा, अयोग्य, नीतिविरुद्ध ।

अनुज–वि० [सं०] (स्त्री० अनुजा) पीछे उत्पन्न होने वाला ।
सं०पु०—छोटा भाई (ह.नां.)

अनुजीवी–वि० [सं०] १ पराधीन. २ आश्रित ।
सं०पु०—दास, सेवक, नौकर ।

अनुज्ज–सं०पु० (स्त्री० अनुज्जा) देखो 'अनुज' (रू.भे.)

अनुताप–सं०पु० [सं०] १ तपन, दाह, जलन. २ दुःख, रंज. ३ अफसोस, पछतावा। उ०—रजपूती पाताळ मैं गई जिणरौ **अनुताप** आप रै बदळै ओरानूं आवै।—वं.भा.

अनुद्यमी–वि० [सं०] आलसी, उद्यमरहित।

अनुद्रुत–सं०पु० [सं०] संगीत के अनुसार ताल का एक भेद विशेष।

अनुधावण, अनुधावन–सं०पु० [सं० अनुधावन] १ अनुसरण, अनुकरण, नकल. २ अनुसंधान।

अनुनय–सं०पु० [सं०] विनय, विनती, प्रार्थना, विनम्रकथन।

अनुप–वि० [सं०] अनुपम, अतुल्य।

अनुपकारी–वि० [सं०] अहितकारी, अनुपकारक।

अनुपम–वि० [सं०] अनोखा, बेजोड़, अतुल्य, उपमारहित।

अनुपमता–सं०स्त्री० [सं०] अनुपम होना, बेजोड़पन।

अनुपयुक्त–वि० [सं० अन्+उपयुक्त] जो उपयुक्त न हो, अयोग्य, असंगत, अनुचित।

अनुपांन–सं०पु० [सं० अनुपान] औषधि के साथ या ऊपर से खाई जाने वाली वस्तु।

अनुपात–सं०पु० [सं०] तीन दी हुई संख्या के द्वारा चौथी संख्या को जानने की एक त्रैराशिक क्रिया (गणित)

अनुपातक–सं०पु० [सं०] बड़ा भारी पाप, ब्रह्महत्या के समान माने जाने वाले पाप।

अनुपादक–सं०पु० [सं०] आकाश से भी सूक्ष्म एक प्रकार का तत्व (तंत्र)

अनुप्रास–सं०पु० [सं०] एक प्रकार का शब्दालंकार विशेष जिसमें किसी पद का एक ही अक्षर बारबार आता है, वर्णावृत्ति–इसमें स्वरसाम्य होना आवश्यक नहीं अपितु केवल वर्ण-समानता ही मुख्य है।

अनुबंध–सं०पु० [सं०] १ बंधन, लगाव. २ व्याकरण के अनुसार वह इत्संज्ञक सांकेतिक वर्ण जो प्रत्यय का लोप होने वाला हो और जो गुण-वृद्धि आदि के लिये उपयोगी हो! ३ देखो 'अणुबंध'।

अनुभय, अनुभव–सं०पु० [सं० अनुभव] १ वह ज्ञान जो साक्षात करने से प्राप्त हो, परीक्षा से प्राप्त ज्ञान, तजरबा। उ०—सिव सक्ति सीम, **अनुभव** असीम, सिद्धान्त सार, नित निराकार।—ऊ.का.

२ समझ, ज्ञान।

अनुभवणौ, अनुभवबौ–क्रि०अ०—अनुभव करना।

अनुभवी–वि० [सं० अनुभविन्] जिसे अनुभव हो, तजरबाकार, जानकार।

अनुभाव–सं०पु० [सं०] १ महिमा, बड़ाई. २ काव्य में रस के अंतर्गत एक अंग जिससे रस का बोध होता हो।

अनुभावी–वि० [सं० अनुभाविन्] देखो 'अनुभवी'।

अनुभूत–वि० [सं०] १ जिसका अनुभव या साक्षात ज्ञान हो चुका हो. २ परीक्षित, निश्चित। उ०—अर अगया रौ संवाद **अनुभूत** करि फौज में पाछा पधारण रौ निदेस लगायौ।—वं.भा.

अनुभूति–सं०स्त्री० [सं०] अनुभव, परिज्ञान, बोध।

अनुमत, अनुमति–सं०स्त्री० [सं० अनुमति] १ आज्ञा, हुक्म, सम्मति. २ वह पूर्णिमा जिसमें चंद्रमा पूर्ण कलायुक्त न हो अर्थात् वह पूर्णिमा जिस दिन चतुर्दशी का योग हो।

अनुमरण–सं०पु० [सं०] सहमरण, सती होना, एक साथ मरना।

अनुमांन–सं०पु० [सं० अनुमान] १ अटकल, अंदाजा. २ न्याय के चार प्रमाण भेदों में से एक, तर्क, हेतु के द्वारा निर्णय, विचार, कल्पना। देखो 'अनुमिति' (२)।

क्रि०वि०—अनुसार। उ०—तिहां परमेश्वर कौ गुणानुवाद आपणि मति के सारै स्रम कीधा विण केम सरै। बुद्धि कै **अनुमांन** कह्यौ चाहिजै।—वेलि.टी.

अनुमित–वि० [सं०] अनुमानित, अंदाजा किया हुआ।

अनुमिति–सं०स्त्री० [सं०] १ अनुमति, आज्ञा, स्वीकृति।

[सं० अनुमान] २ नवीन न्याय के अन्तर्गत प्रमाण के चार भेदों में से एक जिससे प्रत्यक्ष साधन के द्वारा अप्रत्यक्ष अर्थात् किसी अन्य वस्तु का अनुमान किया जाय. ३ अनुमान, अंदाजा। उ०—मरजाद सर सर सरिति **अनुमिति** छूटि जात अछेहयं।—रा.रू.

अनुमोदक–वि०—अनुमोदन करने वाला, समर्थक।

अनुमोदन–सं०पु० [सं०] १ प्रसन्नता का प्रकाशन. २ समर्थन, प्रसन्नता-पूर्वक स्वीकृति। उ०—कोधौ दुल्लह कंवर मिरा छकियै अनुमोदन।—वं.भा.

अनुमोदित–वि० [सं०] जिसका अनुमोदन कर दिया गया हो, समर्थित। उ०—मोरां **अनुमोदित** लोरां लड़ लागी, नीझर नवनीरद भमनां भव भागी।—ऊ.का.

अनुयायी–वि० [सं०] अनुगामी, अनुकरण करने वाला, पीछे चलने वाला।

सं०पु०—१ सेवक, अनुचर. २ शिष्य, अनुवर्ती।

अनुयोजन–सं०पु० [सं०] पूछने की क्रिया, जिज्ञासा, प्रश्न (डिं.को.)

अनुरंजण–सं०पु० [सं०] १ अनुराग, प्रीति. २ मनोरंजन।

अनुरक्त, अनुरत, अनुरति–वि०—अनुरागयुक्त, आसक्त, लीन, रत।

अनुराग–सं०पु० [सं०] १ आसक्ति, प्रेम, प्यार, मोह. २ रति, संभोग. ३ प्रशंसा. ४ हल्की लालिमा।

अनुरागी–वि० [सं० अनुरागिन्] (स्त्री० अनुरागणी) अनुराग रखने वाला, प्रेमी, अनुरक्त। उ०—रे जाया! धन थारी बुध-लाल. रांम **अनुरागणी** के हा।—मी.रां.

अनुराग्य–सं०पु०—देखो 'अनुराग'। उ०—अभ्यासी वैराग्य प्रनत **अनुराग्य** व्रत्ति बधें।—ऊ.का.

अनुराधा–सं०स्त्री०—सत्ताईस नक्षत्रों के अंतर्गत सत्रहवाँ नक्षत्र जिसमे सात तारे होते हैं।

अनुरूप–वि० [सं०] १ सदृश, समान रूप का, एक सा. २ उपयुक्त. ३ अनुकूल।

अनुरूपक–सं०पु० [सं०] सदृश वस्तु, प्रतिमूर्ति।

अनुरूपता–सं०स्त्री० [सं०] १ समानता. २ अनुकूलता।

अनुरोध–सं०पु० [सं०] १ रुकावट, बाधा. २ प्रेरणा, उत्तेजना. ३ विनयपूर्वक आग्रह।

अनुलोम–सं०पु० [सं०] १ ऊँचे से नीचे आने का काम. २ उतार का सिलसिला. ३ स्वरों का क्रमशः उतार (संगीत), अवरोहण।
वि०—सीधा, क्रम से, अविलोम, यथाक्रम।

अनुलोमज–सं०पु० [सं०] उच्चवर्ण के किसी पुरुष का अपने से नीचे वर्ण की स्त्री के विवाह से उत्पन्न संतान।

अनुलोमनी–सं०स्त्री० [सं० अनुलोमन] कब्जियत को दूर करने वाली रेचक या दस्तावर दवा।

अनुलोम विवाह–सं०पु०—उच्च वर्ण के किसी पुरुष का अपने से नीचे वर्ण की स्त्री से किया जाने वाला विवाह।

अनुवाचन–सं०पु० [सं०] विधि के अनुसार यज्ञों में किया जाने वाला मंत्रों का पाठ।

अनुवाद–सं०पु० [सं०] १ पुनरुक्ति, दोहराना. २ भाषांतर, उल्था, तर्जुमा. ३ वाक्य का वह भेद जिसमें कही हुई बात का फिर-फिर कथन हो (न्याय)

अनुवादक–सं०पु० [सं०] अनुवाद करने वाला, भाषान्तरकार।

अनुवादित–वि० [सं०] अनुवाद किया हुआ।

अनुवादी–वि० [सं०] संगीत के अंतर्गत स्वर का एक भेद विशेष जिसकी किसी राग में जरूरत न हो तथा प्रयोग करने से राग अशुद्ध हो जाय।

अनुवासन–सं०पु० [सं० अनुवाशन] १ वस्त्र आदि को सुगंधित रखने का भाव. २ पिचकारी द्वारा किसी तरल औषधि को शरीर में पहुँचाने की क्रिया (सुश्रुत)

अनुसंधान–सं०पु० [सं०] खोज, अन्वेषण।

अनुसयाना–सं०स्त्री० [सं० अनुशयाना] प्रिय के मिलने के स्थान के नष्ट हो जाने से दुःखी नायिका, परकीया नायिका का एक भेद विशेष।

अनुसर, अनुसरण–सं०पु० [सं०] १ पीछे चलना. २ अनुकरण, नकल। उ०—ओ हिज नेह निभावण हारौ, इण ही नै **अनुसर** लै पागलणी।—गी.रां.

अनुसरणौ, अनुसरबौ–क्रि०अ० [सं० अनुसरण] पीछे चलना, अनुसरण करना। उ०—रवि मकरराासि निवास राजत उतर मगहर **अनुसरे**।
—रा.रू.

अनुसरणहार, हारौ (हारी), अनुसरणियौ–वि०—अनुसरण करने वाला।

अनुसरवाणौ–प्रे०रू०। **अनुसराणौ, अनुसराबौ**–स.रू.

अनुसरिओड़ौ-अनुसरियोड़ौ-अनुसरयोड़ौ–भू०का०कृ०।

अनुसराणौ, अनुसराबौ–क्रि०स० [सं० अनुसरण] पीछा कराना, अनुसरण कराना।

अनुसराणियौ–वि०—अनुसरण कराने वाला।

अनुसरीजणौ, अनुसरीजबौ–भा०वाच्य०—पीछे चला जाना।

अनुसरीजिओडौ, अनुसरीजियोडौ–भू०का०कृ०—पीछे चला गया हुआ।

अनुसरियोड़ौ–भू०का०कृ०—अनुसरण किया हुआ।
(स्त्री० अनुसरियोड़ी)

अनुसवार–सं०पु० [सं० अनुस्वार] वह अनुनासिक वर्ण या स्वर जो स्वर के पीछे उच्चरित होता हो, स्वर के ऊपर की बिन्दी।

अनुसार–क्रि०वि० [सं० अनु+सृ+घञ्] अनुकूल, सदृश, समान, मुआफिक, अनुरूप। उ०—मत **अनुसारें** मंछ कह, रचूं गीत कविराज।—र.रू.

अनुसासक–सं०पु० [सं० अनुशासक] १ आज्ञा देने वाला. २ शिक्षक. हकूमत करने वाला।

अनुसासण, अनुसासन–सं०पु० [सं० अनुशासन] १ आज्ञा, आदेश. २ शिक्षा, उपदेश।

अनुसीलन–सं०पु० [सं० अनुशीलन] १ चिंतन, मनन. २ अभ्यास।

अनुस्टप–सं०पु० [सं० अनुष्टुप्] आठ वर्ण के पद वाला एक प्रकार का वर्ण वृत्त विशेष जिसके चारों पदों में पाँचवा वर्ण लघु और छठा वर्ण गुरु हो। सम पदों में सातवाँ वर्ण भी लघु होता है। अन्य वर्णों के लिए कोई विशेष नियम नहीं है। (र.ज.प्र.)

अनुस्टांन–सं०पु० [सं० अनुष्ठान] किसी कार्य-सिद्धि के निमित्त देव विशेष या ग्रह की की जाने वाली पूजा।

अनुस्टुप–सं०पु०—देखो 'अनुस्टप'।

अनुस्ठांन–सं०पु० [सं० अनुष्ठान] देखो 'अनुस्टांन'।

अनुहार–वि० [सं०] १ सदृश, तुल्य, समान। उ०—ध्रुव जित तित टामंक ध्वनि, हुव इत हित **अनुहार**।—वं.भा.
सं०स्त्री०—२ आकृति, शक्ल।

अनूंतौ–वि० (स्त्री० अनूंती) १ बहुत. २ शैतान, बदमाश. ३ अन्यायी।

अनूकंपा–सं०स्त्री० [सं० अनुकंपा] देखो 'अनुकंपा'।

अनूग्रह–सं०पु० [सं० अनुग्रह] देखो 'अनुग्रह'। उ०—बांकैदास जांणियौ विध विध राज **अनूग्रह** जंगळराय।—बाँ.दा.

अनूठापण, अनूठापणौ–सं०पु०—१ विचित्रता, विलक्षणता, अनोखापन, २ सुंदरता. ३ स्वच्छंता।

अनूठौ–वि० [सं० अनुत्थ, प्रा० अनुट्ठ] (स्त्री० अनूठी) १ अनोखा, विचित्र. २ बढ़िया, अच्छा।

अनूढ़–वि०—कुँआरा, अविवाहित। उ०—जिणनूं **अनूढ़** सुणि प्रहत जंग 'अभ्रलदै' कीधौ भस्म अंग।—वं.भा.

अनूढ़ा–सं०स्त्री० [सं०] किसी पुरुष से प्रेम रखने वाली अविवाहिता स्त्री, एक प्रकार की नायिका (वं.भा.)

अनूढ़ागामी–सं०पु० [सं०] व्यभिचारी, लंपट, वेश्यागामी, अविवाहिता स्त्रियों से व्यभिचार करने वाला।

अनूतौ–वि० (स्त्री० अनूती) देखो 'अनूंतौ' (रू.भे.)

अनूप–वि० [सं०] १ सुंदर, मनोहर। उ०—'लांबै' सर पांणी भरै गौरी गात अनूप, ज्यां आगै पांणी भरै रंभ अलौकिक रूप। —बां.दा.
२ अद्वितीय, अनुपम। उ०—अलख अजोनी आतमा, अचळ अनूप अनंत, तू मारै तारै तुही, भले भले भगवंत। —ऊ.का.
३ बढ़िया, अच्छा। उ०—यां आद विखै चांपा अनूप, भुज गयण धरै पण वयण भूप।—रा.रू.
सं०पु० [सं०] १ जल-प्लावित या सजल प्रांत। [सं० अनुपज] २ उपज का अभाव, फसल का मारा जाना [रा०] ३ डिंगल के चौरासी छंदों में से एक छंद विशेष (क.कु.बो.) ४ ग्यारह वर्णों का एक प्रकार का वर्णिक छंद विशेष जिसमें तीन यगण होते हैं और अंत में लघु गुरु होता है। (ल.पिं.)

अनूपजथा–सं०स्त्री० [सं० अनूप+जथा–रा०] राजस्थानी गीत (छंद) रचना का एक नियम विशेष जिसमें गीत (छंद) की गति अर्थ व ज्ञान में अद्भुत हो एवं जिसका वर्णन निपुण उक्ति से किया जाय। (क.कु.बो.)

अनूपतर–सं०पु०—आम (अ.मा.)

अनूपम–वि० [सं०] अद्वितीय, बेजोड़, निरुपम। उ०—रूप अनूपम मारुवी, सुगुणी नयण सुचंग।—ढो.मा.

अनूपां, अनूपे, अनूपौ–वि०—अनुपम, अद्भुत। उ०—इकां एक वाधू अनूपे अनूपां।—रा.रू.

अनूरौ–वि० (सं० अ+फा० नूर) तेजहीन, कांतिहीन।

अनै–अव्यय—और। उ०—पैदळ, घोड़ा, ऊंट अनै कफ, मंडचौ जुध मेदांनी।—ऊ.का.
सं०पु०—आदेश, हुक्म, आज्ञा।

अनेक–वि० [सं०] एक से अधिक, बहुत, अगणित।

अनेकता–सं०स्त्री० [सं०] १ भेद, विभेद, विरोध, मताधिक्य. २ अधिकता, बहुलता।

अनेकप–सं०पु० [सं०] हाथी (ह.नां., डिं.को.)

अनेकलोचन–सं०पु० [सं०] इंद्र।

अनेकांत–वि० [सं०] १ चंचल. २ जो एकांत न हो।

अनेकांतवाद–सं०पु० [सं०] जैनदर्शन, आर्हतदर्शन।

अनेकारथ–वि०यौ० [सं० अनेक+अर्थ] जिसके बहुत से अर्थ हों।

अनेकारथी–सं०पु०—वह कोश जिसमें एक शब्द के अनेक अर्थ दिये गये हों।

अनेकी–सं०स्त्री० [सं० अ+फा० नेकी] १ बुराई. २ अपकार. ३ अन्याय।

अनेकै–वि० [सं० अनेक] अनेक, बहुत। उ०—अनेकै अनोपै गजै रूप ऐसौ।—रा.रू.

अनेड़–वि०—१ निकम्मा. २ टेढ़ा. ३ खराब, बुरा. ४ उद्दंड।

अनेत–वि० [सं० नेति] अंतहीन, नेति। उ०—वहै नेत नेति अनेति बखांणै।—भ्रंगीपुरांण

अनेम–वि० [सं० अ+नियम] नियमरहित, बेकायदा।

अनेर–सर्व०—अन्य, दूसरा। उ०—अकबर उर मैं साल अहाड़ौ, ओयणै सेवग भूप अनेर।—पीथोजी आसियौ

अनेरी–वि०—अन्य, दूसरी। उ०—रत्तड़ियां वहि जाइ, सुणतां सज्जण वत्तड़ी, 'जसा' सु नावै दाइ, कथा अनेरी चित्त मैं।—जसराज

अनेरण–वि०—नहीं झुकने वाला, अजेय।

अनेरौ–सर्व०—अन्य, दूसरा, अपर (मि. अनेर)
(बहु०–अनेरां) उ०—भाप करै सर सूभर भरिया, धरती रूप अनेरां धरिया।—आसौ बारहठ

अनेस–सं०पु० [सं० अ+स्नेह] १ स्नेहरहित. २ घररहित।
उ०—अचाळ अरद्ध अनाळ अनेस, आदेस, आदेस, आदेस, आदेस। —ह.र.
वि०—अनेक। उ०—मीरां रै प्रभु स्यांम मिळण विण जीवनि जनम अनेस।—मीरां

अनेसी–सं०स्त्री०—खोटी बात, बुरी बात। उ०—करि आज हिंदूनि ऐसी अनेसी, तिहारे रही राज कै पाज कैसी।—ला.रा.

अनेसौ–सं०पु०—संदेह, शक (रू.भे. अणेसौ)
उ०—पव्वनौ नचंदौ दंडदौ प्रवेसं, अठे ऐहरा गम्मएही अनेसौ। —ना.द.
वि०—देखो 'अनैसौ'।

अनेह–सं०पु० [सं० अ+स्नेह] १ प्रेम या स्नेह का अभाव।
उ०—पण तज देह अवेह पधारौ एह अनेह अभावां।—ऊ.का.
२ विरक्ति। उ०—नमौ अणरेह अनेह अनंत।—ह.र.
३ समय, काल (मि० अनेहा) उ०—चहुआंण कन्न कहियौ 'सातूं ही भायां रौ बैर वाळण रा संकळप होय तौ इण संग्राम सवाय वळै किसड़ौ अनेह आवै छै।—वं.भा.

अनेहा–सं०पु० [सं०] समय, काल, अवसर (डिं.को.)

अनेही–सं०पु० [सं० अ+स्नेहिन्] वैर रखने वाला, द्वेषी।

अनै–सं०पु० [सं० अनय] अनीति, अन्याय।
अव्यय—१ फिर, पुनः. २ और। उ०—पुरातन प्रीत जिसी हरि पथ। राजा लोमंज अनै दसरथ।—रांमरासौ

अनैस–सं०पु०—देखो 'अनेस'।

अनैसी–वि०—१ अद्भुत, अतुल्य। उ०—साहसूं अवाकी थकै नव साहसां आप बळ भुजा कीन्ही अनैसी।—द्वारकादास दधवाड़ियौ।
२ असमान, बेजोड़। उ०—ऊंबां लूंबां हूंत अनैसी, तर भड़ वळी वहीरां तैसी।—रा.रू. ३ अप्रिय, खराब।
सं०स्त्री०—बुरी बात, देखो 'अनेसी'।

अनैसौ–क्रि०वि०—दूर, अपरिचित। उ०—एकंकार ज रहियौ अळगौ, अकबर सरस अनैसौ।—दुरसौ आढ़ौ।
सं०पु०—१ दुःख. २ शक, संदेह।
वि० [सं० अ+स्नेह] १ परवाह न करने वाला, लापरवाह।

उ०—तेजौ मुकन महाबळ तैसा, अरिदळ भांजण प्रांण अनैसा।
—रा.रू.

२ निशंक. ३ बुरा, अप्रिय।

अनोअन, अनोअन्न–सर्व० [सं० अन्योन्य] परस्पर, आपस मे एक दूसरे से।
उ०—१ **अनोअन** माँय तुहाळा अंस, हमें न संताय छतौ थयौ हंस।
—ह.र.

उ०—२ खगे अंग तूटै **अनोअन्न** खूटे।—रा.रू.

सं०पु०—एक प्रकार का अलंकार विशेष जिसमें दो वस्तुओं का किसी क्रिया या गुण एक दूसरे के कारण उत्पन्न होना कहा जाय।

अनोकह–सं०पु० [सं० अनोकहः] १ अपना स्थान न छोड़ने वाला, स्थावर. २ वृक्ष, पेड़ (ह.नां.)

अनोकी–वि०—देखो 'अनोखो' का स्त्री० (रू.भे. 'अनोखी')

अनोकुह–सं०पु० [सं० अनोकहः] वृक्ष. पेड़ (ह.नां.)

अनोख–वि०—देखो 'अनोखो'।

अनोखापण, अनोखापणौ–सं०पु०—१ अनूठापन, निरालापन, विचित्रता. २ सुन्दरता।

अनोखो, अनोखौ–वि० (स्त्री० अनोखी) १ अनूठा, निराला, विलक्षण।
उ०—स्रम थोड़ै बोह नफौ सांपजै, बीसर मती **अनोखी** बात—बाँ.दा.
२ सुंदर।

कहा०—अनोखै हाथ कटोरा आया पांणी पी-पी आफरिया—अनोखे व्यक्ति को कहीं से कटोरा मिल गया तो बस लगा पानी पीने और पेट फूल आया—मूर्ख अथवा तुच्छ व्यक्ति के लिए, जो कोई नई चीज मिलने पर साधारण वस्तु अथवा अधिकार की प्राप्ति पर इतराने लगता है।

अनोड़–वि०—न रुकने वाला, वीर, योद्धा। उ०—मछरीक 'फतौ' गज घड़ मरोड़, 'अजबेस' लाल पातल **अनोड़**।—रा.रू.

अनोप–वि० [सं० अनुपम] देखो 'अनुपम'। उ०—अगम्भ अछेह उदार **अनोप** अप्रम्म अथाह अगम्म अलोप।—ह.र.

अनोपम–वि०—देखो 'अनुपम'। उ०—चौसट कळा री जांण, बुध-निधांन, अगनयणी इसी **अनोपम** अस्त्री होय तौ म्हांनै परणीजण री खांत छै।—ढो.मा.

अनोपमता–सं०स्त्री० [सं० अनुपमता] अनोखापन, अनुपमता, चमत्कार-युक्त कार्य।

अन्न–सं०पु० [सं०] १ अनाज, धान, खाद्य पदार्थ, पका हुआ अन्न।
कहा०—१ अन्न खावै जिसी डकार आवै—जैसा अन्न खाता है वैसी ही डकार आती है। २ अन्न खावै जिसौ मन्न होवै—भोजन का प्रभाव मन पर अवश्य पड़ता है। ३ अन्न खावै जिसी नीयत हुवै—जैसा अन्न खाया जाता है वैसी ही बुद्धि होती है। ४ अन्न जी रा बाजा नै अन्न जी रा ही गाजा—संसार में सब अन्न की ही माया है, सब अन्न के पीछे दौड़ते हैं। ५ अन्न ज्यांरा पुन्न—पुण्य उसी को प्राप्त होता है जिसका अन्न होता है। ६ अन्न मुक्ता घी जुक्ता—अनाज के अनुपात से घी खाना चाहिए। ७ म्हारे बाप नै अन्न मत मिळजौ, म्हनै बळीता नै मेल देवेला—काम करने के बजाय भूखों मर जाना अच्छा है—आलसी व्यक्ति पर प्रायः कही जाती है। ८ अन्न री तौ आखौ ही कोनी, कड़ाव हलावण री बातां करै—अन्न का तो दाना ही नहीं है और बातें बड़ी-बड़ी करता है—व्यर्थ में बड़ी-बड़ी गप्पें मारना।

(रू.भे. अन)

यौ०—अन्नकूट, अन्नछेत्र, अन्नजळ, अन्नपांणी।

अन्नकूट–सं०पु० यौ० [सं०] देखो 'अनकूट'।

अन्नछेत्र–सं०पु०यौ० [सं० अन्नक्षेत्र] देखो 'अन्नसत्र'।

अन्नजळ–सं०पु० यौ० [सं०] देखो 'अनजळ'।
क्रि०प्र०—करणौ, छोड़णौ, होणौ।

अन्नजी, अन्नजीबाजी–सं०पु०—अनाज, अन्न (व्यंग)

अन्नड़–देखो 'अनड़'।

अन्नणचन्नण–सं०पु० [सं० इंधन+चन्दन] चंदन का ईंधन।
उ०—**अन्नणचन्नण** चिता चिणाई, नारेळां में दाग। आरबार फिर जाट लोटियै, लांपौ दियौ लगाय।—डूंगजी जवारजी री पड़

अन्नथा–क्रि०वि० [सं० अन्यथा] देखो 'अन्यथा'।

अन्नदांन–सं०पु०यौ० [सं० अन्नदान] देखो 'अनदांन'।

अन्नदाता–सं०पु०यौ० [सं०] देखो 'अनदाता'।

अन्नदास–सं०पु०यौ० [सं०] देखो 'अनदास'।

अन्नपांणी–सं०पु०यौ० [सं० अन्न+रा० पांणी] अन्नजल, दानापानी, आबोदाना।

अन्नपूरण, अन्नपूरणा–सं०स्त्री० [सं० अन्नपूर्णा] १ देखो 'अनपूरणा'.
२ श्री वरवड़ी देवी का दूसरा नाम।

अन्नप्रतग्या, अन्नप्रतन्या–सं०स्त्री० [सं० अन्न+प्रतिज्ञा] भोजन न करने की प्रतिज्ञा। उ०—बतइ भणइ पहिला घाउ ले सूं, **अन्नप्रतन्या** लीधी।—कां.दे.प्र.।

अन्नप्रासन–सं०पु०यौ० [सं० अन्नप्राशन] पहिलेपहल बच्चों को अन्न चटाने का एक संस्कार विशेष।

अन्नमयकोस–सं०पु०यौ० [सं० अन्नमयकोश] अन्न से निर्मित त्वचा से लेकर वीर्य्य तक का समुदाय। पंचकोशों में से प्रथम (वेदांत)

अन्नल, अन्नला–सं०स्त्री०—देखो 'अनल'। उ०—देवी **अन्नला** रूप आकास भम्मै, देवी मानवां रूप म्रतलोक रम्मै।—देवि.

अन्नसत्र–सं०पु०यौ० [सं०] भूखों को भोजन देने का स्थान।

अन्नसन–सं०पु० [सं० अनशन] देखो 'अनसन'।

अन्नाद–वि० [सं० अनादि] देखो 'अनादि'। उ०—देवी आद **अन्नाद** ओंकार वाणी।—देवि.

अन्नाहत–सं०पु०—देखो 'अनाहत'। उ०—उअंकार **अन्नाहत** अक्खर, सिद्धि बुद्धि दै सारद गुणेसर।—रा.जे.सी.

अन्निबंध–वि०—देखो 'अनमंद'।

अन्नेक–वि०—देखो 'अनेक'। उ०—एक देस औछाड़, इसा **अन्नेक** अणंकळ।—रा.रू.

अन्य–वि० [सं०] दूसरा, और, भिन्न, गैर, पराया।

अन्यक्रीत–वि० [सं०] दूसरे का खरीदा हुआ।

अन्यत्र–वि० [सं०] दूसरी जगह।

अन्यथा–वि० [सं०] विपरीत, उलटा, विरुद्ध, असत्य।

सं०पु०—विपर्यय, झूठ।

अव्यय—नहीं तो।

अन्यन–वि०—देखो 'अनन्य'।

अन्यपुरुस–सं०पु० [सं० अन्यपुरुष] १ पुरुषवाची सर्वनाम का तीसरा भेद (व्याकरण). २ दूसरा व्यक्ति।

अन्याई–वि० [सं० अन्यायी] अन्याय या अत्याचार करने वाला। उ०—पातसाह अणथाह कोप जळ थाह न काई, रतन रूप सुरधरम गिळण हटियौ **अन्याई**।—रा.रू.

अन्याय–सं०पु० [सं०] १ न्यायविरुद्ध आचरण. २ अनीति, जुल्म, अत्याचार. ३ बेइंसाफी।

अन्यायी–वि० [सं० अन्यायिन्] अन्याय करने वाला, अत्याचारी, जालिम।

अन्याव–सं०पु० [सं० अन्याय] देखो 'अन्याय'। उ०—तमायची रै सहर में, एक बड़ौ **अन्याव**। चंगौ माडू मारियौ, पूछै नहीं नियाव।

—जलाल बूबना री बात

अन्युद्यमी–वि०यौ०—१ दूसरे का उद्यम करने वाला (मि० पैल) २ उद्यम न करने वाला (मि० अनुंद्यमी)

अन्योक्ति–सं०स्त्री० [सं०] वह कथन जिसका अर्थ कही गई वस्तु के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं पर घटाया जाय। कई आचार्यो ने इसे अलंकार भी कहा है।

अन्योन्य–सर्व० [सं०] परस्पर, आपस में।

अन्योन्याभाव–सं०पु०यौ० [सं०] वह भाव जिसके अंतर्गत एक वस्तु दूसरी वस्तु नहीं हो सकती।

अन्योन्याश्रय–सं०पु०यौ० [सं०] १ एक दूसरे का परस्पर सहारा. २ सापेक्ष ज्ञान (न्याय)

अन्वय–सं०पु० [सं०] १ परस्पर संबंध. २ संयोग, मेल. ३ कार्य-कारण का संबंध. ४ कविता के शब्दों को गद्य रचना के नियमानुसार यथा स्थान रखने का कार्य।

अन्वेसक–वि० [सं० अन्वेषक] अन्वेषण या खोज करने वाला।

अन्वेसण–सं०पु० [सं० अन्वेषण] अनुसंधान, खोज, तलाश।

अन्हायतर–सं०स्त्री०—शीघ्रता (ह.नां. पाठांतर)

अपंग–वि०—१ अंगहीन. २ लंगड़ा, लूला। उ०—**अपंग** पंग अंध जिम बैठ जांणतै नहीं।—ऊ.का. ३ अशक्त, असमर्थ, असहाय, बेबस। उ०—'तगत' कौ कियौ तंग 'सज्जन' कौ अत्यु संग, कोटापती कौ **अपंग** 'ऊमर' उचारू मैं।—ऊ.का. ४ देखो 'उपंगी' (१)।

अपंथ–सं०पु० [सं० अपथ] १ पथविहीन. २ कुमार्ग, कुपथ। उ०—अघ **अपंथ** मेट निज पंथ इण उजळै, भूमंडळ तणा हालै सकळ भूप।

—उम्मेदसिंह सीसोदिया रौ गीत

३ विकट मार्ग, बीहड़ रास्ता।

अपंपर–वि०—अत्यधिक, अगणित, अपार, बहुत। उ०—धणर एक धारणा पारपरमोद **अपंपर**।—पा.प्र.

सं०पु० [अपरंपार] १ अनंत. २ विष्णु, ईश्वर, जगदीश्वर।

अप–उप० [सं०] शब्दों के पहले लगने वाला एक उपसर्ग जो उलटा या विरुद्ध का अर्थ देता है।

सर्व०—आप, अपने। उ०—खरौ जिगरिया खांन जिकौ उत्तर **अप** जोरै, पूरब सादित प्रगट तकौ ऊव ज निज तोरै।—रा.रू.

सं०पु० [सं० आप] पानी, जल (ह.नां.)

अपअप्प, अपआप–सर्व०—अपनेआप, स्वयं। उ०—त्रेपन तुड़ कछवाह-कुळ, मिळे आनि **अपअप्प**।—ला.रा.

अपइण–सर्व०—अपना। उ०—पंच सहेली मिळी धन साथ। चीरी म्हेली धन **अपइण** हाथ।—वी.दे.

अपकंठ–सं०पु०—बालक (अ.मा.)

अपक–सं०पु० [रा०] जल, पानी।

अपकज–क्रि०वि०—अपने लिए।

अपकरण–सं०पु०—दुराचार, अनिष्ट कार्य।

अलिकेंदु–सं०पु० [सं० अलिक+इंदु] महादेव, शिव । उ०—**अलिकेंदु** बिंदु अदेव मरदण वारिधी विस जारणं ।—ला.रा.

अलिप–वि० [सं० अलिप्त] अलिप्त, निर्लेप ।

अलिपद*–वि०—छः ।

अलियळ–सं०पु०—१ समुद्र, सागर (ना.डिं.को.) उ०—आचां **अलियळ** विरद उदार ।—क.कु.बो.
२ भ्रमर, भौंरा । उ०—**अलियळ** सहज सुबास बस, रहै निकट दिन रात ।—बां.दा.
सं०स्त्री०—३ अग्नि, आग (ना.डिं.को.)

अलियार–सं०पु०—योद्धा (अड़ियल)
वि०—मस्त ।

अलियावळि–सं०स्त्री०यौ० [सं० अलि+अवलि] भौंरों की पंक्ति ।
उ०—झर लागि सुगंध मनौ झपटी, **अलियावळि** अंगन की लपटी । —ला.रा.

अळियौ–वि०—१ चंचल, नटखट, शरारती । उ०—मा बाजण नै बळियौ मूंढौ, औ **अळियौ** सुत जाई नै ।—ऊ.का.
कहा०—१ अळियौ सांप काटै नीं तौई फूंफाड़ा करै—शरारती सर्प को काटने का अवसर नहीं मिलने पर भी वह फुंफकारा करना नहीं छोड़ता । २ सबसूं अळियौ नै नांम सैणौ—व्यक्ति का नाम प्रकृति या स्वभाव के विपरीत होने पर ।
२ व्यर्थ, बेकार । उ०—औ उमराव म्हांरौ जोबन **अळियौ** जावै म्हांरा राज उमरावजी हौ रसिया ।—लो.गी.
३ खराब । उ०—इत्यादिक मोथी आदति रा **अळिया**, थोथी थळवट रा थळिया बेथळिया ।—ऊ.का.
सं०पु०—१ खेत के अंदर उत्पन्न होने वाला घास ।
उ०—ऊगौ **अळियौ** घास अणूंतौ, आथूणै भरेत ।
२ वह नाज जिसमें कंकड़, पत्थर आदि हों. ३ केंचुआ. ४ फोड़ा, फुंसी । देखो 'अरियौ'

अलियौ, अलियौभंवर–वि०यौ०—शौकीन । उ० —भीमाजळ **अलियौ**

भंवर महलां रंग मांणेह ।—महादांन महड़ू

अली–सं०पु० [सं० अलि] १ देखो 'अलि' ।

सं०स्त्री० [सं० आलि सं०] २ सखी-सहेली । उ०—हरि हिवड़ै रौ हार **अली** हे म्हांरौ प्रांणां रौ प्रांण आधार ।—मी.रां.

सं०पु० [अ०] ३ मुहम्मद साहब के चचेरे भाई [रा०] ४ बैल ।

उ०—तुली ढाल रूड़ी घली काळ ओपां, **अली** जोट जूड़ी हली ज्वाल तोपां, कहे एम दीठां प्रळै नेम कोपां ।—वं.भा.

अलीक–वि० [सं०] १ मिथ्या, झूठ, मर्यादारहित (अ.मा., डि.को.) २ अप्रतिष्ठित. ३ अप्रिय ।

सं०पु० [सं० अ+लीक] १ कुमार्ग. २ अमर्यादा ।

अलीण–वि० [सं० अ+लीन] १ अग्राह्य । उ०—मादक **अलीण** मेलै न मुख वांरा लेऊं वारणा ।—ऊ.का. २ अनुपयुक्त. ३ नाजायज, अनुचित ।

अलीत–वि०—न लिया जाने वाला, अलिप्त । उ०—**अलीत** अदीत अरीत अराह, असीत अभीत अगीत अगाह ।—ह.र.

अलीन–वि०—देखो 'अलीण' ।

अलीप्रभ–वि०—श्याम (ह.नां.)

अलीबंध–सं०पु०—पीठ पर ढाल बाँधने के बंधन जो वक्षस्थल से जकड़े जाते थे । उ०—तठा उपरांति करि नें राजांन सिलामति अतरा मांहै ढालां रा **अलीबंध** छूटै छै ।—रा.सा.सं.

अलीमन–सं०पु०—यवन, मुगल । उ०—**अलीमन** मूर रौ वंस कीधौ असत, रेस टीपू विजै गंबट रुड़िया ।—बां.दा.

अलीयळ–सं०पु० [सं० अलि] भौंरा (रू.भे. अलियळ)

उ०—पूजै पग बिम्मळ वेद पुरांण, **अलीयळ** नाथ लिये अघ्रांण ।
—ह.र.

अलील–सं०पु०—सागर, समुद्र (ना.डि.को.)

अलीलौ–सं०पु०—जो लीला या क्रीड़ारहित हो, ईश्वर ।

उ०—**अलीलौ** लील करंत आदेस ।—ह.र.

वि०—वह जो हरा न हो, सूखा ।

अळुजाड़–सं०पु०—देखो 'अळुझाड़' । उ०—सळुझाय खळां **अळुजाड़** सुणौ, तद आवण मौ परधांन तणौ ।—पा.प्र.

अळुज्झ–वि०—१ उलझा हुआ. २ व्यापक, फैला हुआ ।

उ०—अछै सब मांहि ज आप **अळुज्झ** । गोविंद तुह्मीणौ लीधौ गुज्झ ।—ह.र.

अळुझाड़, अळुझाड़ौ–सं०पु०—१ बिखरा हुआ सामान, बिना सुलझा हुआ सामान, अव्यवस्थित सामग्री. २ विघ्न, बाधा. ३ गुत्थी, उलझन ।

अळुवावणौ, अळुवावबौ–क्रि०अ०—निद्रायुक्त होना, आकुल ।

उ०—आलस अंग अपार नयन निद्रा **अळुवाया** ।—अज्ञात

अळूंजाड़ौ–सं०पु०—देखो 'अळुझाड़ौ'

अलूक–सं०पु० [सं० उलूक] उल्लू नामक पक्षी (अ.मा.)

वि०—क्रूर (डि.को.)

अलूकी–सं०स्त्री० [सं० उलूपी] मछली (ह.नां.)

अळूज–सं०स्त्री०—उलझन ।

अळूजणौ, अळूजबौ–क्रि०अ०—उलझन में फँसना, देखो 'अळूझणौ'

अळूजाणौ, अळूजाबौ–क्रि०स०—देखो 'अळूझाणौ' ।

अळूझणौ, अळूझबौ–क्रि०अ०—१ उलझना, फँसना । उ०—ओझक ऐंळी में आवेस **अळूझै** सीळी रेळी में चीसळियां सूझै ।—ऊ.का. २ भिड़ना, लड़ना. ३ अटकना ।

अळूझणहार-हारौ (हारी), अळूझणियौ–वि०—उलझने वाला ।

अळूझाणौ, अळूझाबौ, अळूझावणौ, अळूझावबौ—स०रू०

अळूझिओड़ौ, अळूझियोड़ौ, अळूझयोड़ौ–भू०का०कृ०—उलझा हुआ ।

अळूझीजणौ, अळूझीजबौ—भाव वा०

अळूझाड़, अळूझाड़ौ–सं०पु०—देखो 'अळुझाड़' ।

अळूझाणौ, अळूझाबौ–क्रि०स०—१ उलझाना, फँसाना. २ भिड़ाना, लड़ाना. ३ अटकाना ।

अळूझाणहार-हारौ (हारी), अळूझाणियौ–वि०—उलझाने वाला ।

अळूझायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

अळूझावणौ, अळूझावबौ—रू०भे० ।

अळूझायोड़ौ–भू०का०कृ०—उलझाया हुआ । (स्त्री० अळूझायोड़ी)

अळूझावणौ, अळूझावबौ–क्रि०स०—देखो 'अळूझाणौ' (रू.भे.)

अळूझियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उलझा हुआ, फँसा हुआ. २ भिड़ा हुआ. ३ अटका हुआ । (स्त्री० अळूझियोड़ी)

अलूणौ–वि० [सं० अलवण] (स्त्री० अलूणी) १ अलौना, नमकरहित, फीका । उ०—तिण पाखै लागै इसौ, जांणि **अलूणौ** अन्न ।—ढो.मा.

कहा०—अलूणी सिला कुण चाटै—बिना लाभ की आशा के कौन काम करे ।

[सं० अ+लावण्य] २ लावण्यरहित, कांतिहीन, फीका ।

उ०—पिया बिना मेरी सेज **अलूणी**, जागत रैण बिहावै ।—मीरां

[सं०अ+लून्=छेदन] ३ बिना छेदा हुआ, बिना काटी हुई (ऊन-भेड़)

अळूधणौ, अळूधबौ–क्रि०अ०—फंदे में फँसना, उलझना । उ०—हारि जीति भरको पड़ी, तहां **अळूधा** जीव ।—ह.पु.वा.

अलूधणहार-हारौ (हारी), अलूधणियौ–वि०—फंदे में फँसने वाला ।

अळूधाणौ, अळूधाबौ—स०रू० ।

अळूधाणौ, अळूधाबौ–क्रि०स०—फंदे में फँसाना ।

अळूधियोड़ौ–भू०का०कृ०—फंदे में फंसा हुआ ।
(स्त्री० अळूधियोड़ी)

अलूप–वि० [सं० लुप्त] लुप्त, लोप, छिपा हुआ ।

अलूल-जलूल–क्रि०वि० [अनु०] ऊटपटाँग, अंडबंड, अंटसंट ।

अलेख–वि० [सं० अ+लिख्] १ जिसके सम्बन्ध में कोई भावना या विचार न हो सके, दुर्बोध, अज्ञेय । उ०—उमा तौ पार अगम्म **अलेख**, लखम्मी तूझ न जाणै लेख ।—ह.र. [सं० अलेख्य] २ जो लिखने के योग्य न हो. ३ अगणित, अपार, असंख्य. ४ अदृश्य, जिसे देखना सहज न हो ।

संपु०—१ बुरा लेख. २ ईश्वर। उ०—खपै काळा दाग सूं अलेख वाळा लेख।—हणूदानजी कवियौ। ३ संन्यासियों द्वारा भिक्षार्थ उच्चारण किया जाने वाला शब्द। उ०—पीछै रांवण आय कर अलेख जगाया।—केसोदास गाडण

अलेखां–वि० (बहु०) [सं० अलेख] १ असंख्य, अगणित।
उ०—जांणू अजकौ मेघ जावतां कारज म्हांरै। परबतियां फूलाळ अलेखां आडा थारै।—मेघ० २ व्यर्थ।

अलेखी–वि०—१ अंधेर करने वाला, अन्यायी. २ असंख्य, अगणित।

अलेखै–वि० (बहु०) [सं० अलेख] १ देखो 'अलेखां' (रू.भे.)
२ व्यर्थ। उ०—देवी तौ दरसण विनां हे! जनम अलेखै जाय।
—गी.रां.

अलेप–वि० [सं०] १ निर्लिप्त, अलिप्त. २ निर्दूषण, निर्दोष।
उ०—पहली छंद प्रबंध में लघु गुरु दगध अलेप।—र.रू.

अळेवण–संपु० [सं० आलेपन] १ सामग्री, सामान. २ वैभव. ३ शरीर की बनावट. ४ ढंग।

अलेह–वि०—लेन-देनरहित, विरक्त। उ०—अलेह अदेह अनेह अनांम, अरेह अछेह अग्रेह अगांम।—ह.र.

अलैया–संस्त्री०—एक राग विशेष (संगीत)

अलोईजणौ, अलोईजबौ–क्रि०अ०— देखो 'अलोवीजणौ, अलोवीजबौ'।

अलोक–वि० [सं० अलोक्य] १ जो इस लोक से संबंध न रक्खे, अपूर्व, अनोखा. २ अद्भुत, विचित्र, जो देखने में न आवे।
उ०—जड़ावरी लड़ी दांवणी झूंटणा झूंवरा अलोक वण रह्या छै।
—रा.सा.सं.
[सं० अ+लोक] ३ निर्जन।
संपु०—१ पातालादिलोक. [सं० आलोकक] २ प्रकाश, प्रभा, कांति, दीप्ति, प्रभा।

अलोकिक–वि०—देखो 'अलौकिक'। उ०—की हीरा कणियांह अलोकिक कांतरी। पूछै कौ कथ कुंदकळी रै पांतरी।—बांदा.

अलोच–संपु० [सं० आलोच] विचार।

अलोज–वि०—स्वस्थ। उ०—अजै सिव आद्र पांण अलोज। हुतौ ज हुतौ ज हुतौ ज।—ह.र.

अलोणौ, अलोबौ–क्रि०स०—देखो 'अलोवणौ'

अलोप–वि० [सं० आलुप्त] लुप्त, अंतर्धान, अदृश्य।
उ०—तद रंभा बोली–अवै म्हांरौ मुजरौ छै, हूँ जावूं छूं, म्हांरी वात कांने कांने हुई म्हैं आपसूं कोल कीन्हौ थौ। रावजी घणा ही नो'रा किया पिण अलोप हुई नै जाती कहियौ...।
—वीरमदे सोनगरा री वात
[सं० अलुप्त] २ प्रकट, जो लुप्त न हो।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।
संपु० ईश्वर, परब्रह्म। उ०—अगम्भ अछेह उदार अलोप, अप्रम्म अथाह अगम्म अलोप।—ह.र.

अलोम–वि० [सं०] लोमरहित, निर्लोम, बालरहित।
उ०—जंघ अलोम अनूप जुग, नाजुक पणै निवात।—बां.दा.

अलोय–वि० [सं० अ+लोचन] १ नेत्ररहित, बिना आँख का. [सं० अलोक] २ अनुचित।

अलोळ–वि० [सं० अलोल] १ अचंचल, स्थिर, दृढ़।
उ०—गज मंगळ गज खूब गुमांनी, वैरीसाल अलोळ सुवांनी।
—रा.रू.
२ युवा, जवान। उ०—लका धजर अलोळ बजरमणि मोल विचोती।—मे.म.

अलोवणौ, अलोवबौ–क्रि०स० [सं० आलेपन] मिलाना, मिश्रित करना।
अलोवणहार-हारौ (हारी), **अलोवणियौ**–वि०—मिलाने वाला।
अलोविओड़ौ, अलोवियोड़ौ, अलोव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
अलोवीजणौ, अलोवीजबौ–कर्म वा०—मिश्रित हुआ जाना।

अलोवियोड़ौ–भू०का०कृ०—मिश्रण किया हुआ, मिश्रित।
(स्त्री० अलोवियोड़ी)

अलोवीजयोड़ौ, अलोवीजीयोड़ौ–भू०का०कृ०—मिश्रित, मिलाया हुआ।
(स्त्री० अलोवीजीयोड़ी)

अलोह–वि०—१ बिना शस्त्र के घाव या चोट खाया हुआ. २ बिना शस्त्र वाला।

अलोहित–संपु० [सं० आलोहित] लाल कमल।

अलौकिक–वि० [सं०] १ जो इस लोक से सम्बन्ध न रक्खे, लोकोत्तर।
उ०—अलौकिक लौकिक सार असार हरिजन जांणत जांणणहार।
—ऊ.का.
२ अनोखा, अद्भुत, अपूर्व। उ०—करग मसळै उरज तोड़ै अंगियां कसां, चित चलै अलौकिक करै चाळौ।—बां.दा.
३ अमानुषी, दैवी, दिव्य।

अल्प, अल्पक–वि० [सं० अल्प] थोड़ा, कम, न्यून, छोटा।

अल्पग्य–वि० [सं० अल्पज्ञ] कम बुद्धि वाला, नासमझ।

अल्पग्यता–संस्त्री० [सं० अल्पज्ञता] नासमझी, ज्ञान की कमी।

अल्पजीवी–वि०यौ० [सं० अल्पजीविन्] थोड़ा जीने वाला, अल्पायु।

अल्पता–संस्त्री० [सं०] कमी, न्यूनता, छोटापन।

अल्पप्रांण–संपु०यौ० [सं० अल्पप्राण] वर्णमाला का वह वर्ण जिसके उच्चारण में प्राणवायु का अल्प व्यवहार हो।

अल्पायु–वि०यौ० [सं०] जिसकी आयु थोड़ी हो।

अल्पी–वि० [सं० अल्प] देखो 'अल्प'।

अल्यंग–संपु० [सं० आलिंगन] आलिंगन। उ०—रहि गोरी अल्यंग नू लेहि। पल्यंग बइसइ नवि पांन नू लेहि।—वी.दे.

अल्ल–संपु० [सं० आल] देखो 'अल'।

अल्लमगल्लम–क्रि०वि० [अनु०] अनापशनाप, अंडबंड, अंटसंट।
संपु०—व्यर्थ की बकवाद।

अल्लांम–वि० [अ० अल्लामा] देखो 'अलांम'।

अल्ला–सं०पु० [अ०] ईश्वर, खुदा। उ०—मालिक नहीं खालिक मुसलमीन, **अल्लाह** है रब्बल आलमीन।—ऊ.का.
कहा०—१ अल्ला-अल्ला खैर सल्ला—खैर जो हुआ सो अच्छा। २ अल्ला री मां रौ चाळीसौ—अल्ला की माँ का चालीसवाँ दिन, बेइंतजामी कार्य के लिए कहा जाता है। ३ मियां साब रोवौ क्यूँ, कै अल्ला मुख ऐसाइज किया—कुरूपता भी ईश्वरीय देन है।
४ राम सूं चोदू अल्ला ई कोयनी—अमुक व्यक्ति भी आपसे कम नहीं है या अमुक व्यक्ति भी अमुक से कम नहीं है।

अल्लाह–सं०पु०—देखो 'अल्ला'। उ०—**अल्लाह** मुहम्मद सिर उठाय, मगरिब मक्के मन्नत मनाय।—ऊ.का.

अल्लील–सं०पु०—एक बड़े जल-कुंड का नाम जो हिंगलाज देवी के मंदिर के पास है।

अल्लू–सं०पु० [सं० उलूक] उल्लू, उलूक।

अल्हड़–वि० [सं० अल=बहुत+लल=चाह] मनमौजी, उद्धत [रा०] २ अनगढ़।

अल्हड़पण, अल्हड़पणौ–सं०पु०—१ बेपरवाही. २ लड़कपन, भोलापन. ३ उजडडपन, अनाड़ीपन।

अल्हड़बल्हड़–वि० [अनु०] अंटसंट, अंडबंड।

अवंकौ–वि० [सं० अ+वंक] १ सीधा, सरल, वंकरहित। २ निधड़क, वीर।

अवंत, अवंति, अवंतिका, अवंती–सं०स्त्री० [सं० अवंती] मालव प्रदेश की प्राचीन ऐतिहासिक राजधानी जो क्षिप्रा नदी के तट पर है, उज्जैन, उज्जयिनी (यह सात प्रधान पुरियों में से एक है।—प्राचीन)

अव–उप० [सं०] एक उपसर्ग जो प्रायः निश्चय, अनादर, ईषत्, नीचाई, व्याप्ति आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है।

अवअत्त–वि० [सं० अव्यक्त] देखो 'अव्यक्त' (रू.भे.)
उ०—नमौ **अवअत्त** भगत्त अछेह, नमौ सतरुघ्न भरत्त सनेह।—ह.र.

अवकर–सं०पु० [सं०] कचरा, कूड़ा-करकट।

अवकार–सं०पु० [सं० अविकार] वह जिसमें कोई विकार न हो, ईश्वर।
उ०—अजर **अवकार** अज अभर अंगी।—क.कु.बो.

अवकास–सं०पु० [सं० अव+काश+अल्] १ अवसर, समय।
उ०—श्रीमनूं प्रांण बचावण रै काज अभीस्ट आगार जावण रौ **अवकास** दियौ।—वं.भा.
२ सुभीता, छुट्टी का समय, विश्राम काल, खाली वक्त. ३ आकाश, शून्य स्थान।
सं०स्त्री०—४ दूरी, फासिला।

अवकीरण–वि० [सं० अवकीर्ण] १ फैलाया या छितराया हुआ. २ ध्वस्त, नष्ट।

अवकीरणी–वि० [सं] वृत्त तोड़ने वाला।

अवक्कीबांणरौ–वि० [सं० अवाच्यवचन] नहीं कहने योग्य वचन कहने वाला। उ०—बीफरिया बबरैल **अवक्कीबांणरा**। बंधव धूहड़ वीर धणी जोधांण रा।—सर प्रताप री झमाळ

अवक्तव्य–वि० [सं०] १ जो कहने योग्य न हो, निषिद्ध. २ झूठ।

अवक्र–वि० [सं० अ+वक्र] सीधा, जो टेढ़ा न हो। उ०—विवक्रि वक्र व्है **अवक्र** चक्र चेंठते बहें।—ऊ.का.

अवखळणौ–सं०पु० [सं० अपस्खलन] देखो 'औखळणौ'

अवखांण, अवखांणौ–सं०पु० [सं० उपख्यान] कहावत, लोकोक्ति।
उ०—जिण दीन्हा सौ उबरिया आदू **अवखांणा**।—केसोदास गाडण

अवखाळणौ–वि०—प्रसिद्ध, बहादुर (रू.भे. अवखळणौ)

अवगत–वि० [सं०] १ विदित, ज्ञात, जाना हुआ, परिचित।
उ०—तू **अवगत** अनाथनाथ तू अकथ कहांणी।—केसोदास गाडण
२ नीचे गया हुआ, गिरा हुआ. ३ जो न जाना जा सके। देखो 'अवगति'। ४ विचित्र।
सं०पु०—१ विष्णु. २ ईश्वर (ह.नां.)। उ०—निंदा नेता री भव भव में भूंडी, बिद्या बेता बिण **अवगत** गत ऊंडी।—ऊ.का.
३ वेग (अ.मा.) ४ लीला, रचना। उ०—रांण राजड़ जिसा मरै वरसां हुय सतर, देखौ **अवगत** देव, हुए थारा दिन इतरा।
—अरजुणजी बारहठ

अवगति–सं०स्त्री० [सं०] १ बुद्धि, धारणा, समझ, ज्ञान, बोध।
[सं० अपगति] २ बुरी दशा, बुरी गति। उ०—ईस असपति किसी उन्नति, करै **अवगति** जिकूं सिर क्रति।—रा.रू.
सं०पु० [सं० अवगति] ३ जिसकी गति का पार न पा सके, ईश्वर।
उ०—पादाकांती पदकांती विन पावै आरचावरती जन अन विन अकुळावै वह तौ अखळेस्वर **अवगति** अनदाता तत सत जग-पाळक जग भाळक त्राता।—ऊ.का.
४ विचित्र, अद्भुत। उ०—देही देवळ चिणणहार **अवगति** चेजारा, आपौ मझे देवता आपौ पूजा रा।—केसोदास गाडण

अवगत्त–वि०—१ देखो 'अवगत' २ देखो 'अवगति'
उ०—पढ़ नांम रिदै करता पुरस, 'जगा' एक **अवगत्त** जग।—ज.खि.

अवगन–सं०पु० [सं० अपगुन] निर्गुण, ईश्वर। उ०—सास्वत स्वरूप **अवगन** अनूप भव गगन भूरि सब साक्षी सूरि।—ऊ.का.

अवगाढ़–सं०पु० [सं०] युद्ध, समर। उ०—'अमर' **अवगाढ़** जमदाढ़ जम आछटै।—नरहरदास बारहठ
वि०—१ बलवान, वीर, बहादुर। उ०—सोळै सै इक्काणवै सुद पूनम आसाढ़, देवलोक ऊदौ गयौ, गंग हरौ **अवगाढ़**।—बां.दा.
[सं० अव+गाह+क्त] २ निमज्जित. ३ छिपा हुआ. ४ घना, निविड़, गाढ़ा।

अवगात–वि०—निष्कलंक. २ बेदाग। (मि० अबगात)

अवगाळ–सं०पु० [सं० उद्गार] १ ताना, व्यङ्ग. २ कलक, दोष।
उ०—आ मोटी **अवगाळ**, मारू धर रहती मुदै। 'केहरिया' करनाळ, जो न जुड़त 'जै साह' सूं। ३ शर्म, लज्जा. ४ निंदा।

अवगाह–सं०पु०—१ हाथी का ललाट. २ स्नान (मि० अवगाहण)

३ युद्ध। उ०—सुर नर साह **अवगाह** सारां सिरै, घात तौ घांण घमसांण घेरै। रौद दळ भाड़तौ पाड़तौ खाग रिम, डांण भर गयौ सुरतांण डेरै —पतौजी बारहठ ४ गहरा स्थान, संकट का स्थान. ५ कठिनाई, कठिनता।

अवगाहण, अवगाहन—सं०पु० [सं० अवगाहन] १ स्नान, निमज्जन. २ जल में पैठ कर नहाना, विलोड़न, डुबकी, गोता।
उ०—जळ **अवगाहन** जीवणौ दूर हुआं अति दीन। नूं गंगा तौ जळ तणौ, मौं कद करसी मीन।—बां.दा.
३ खोज, छानबीन. ४ लीन होकर विचार करना. ५ ग्रहण करने की क्रिया का भाव। उ०—एक पंथ त्रिण काज अठै इळ. जिण **अवगाहण** भाग जगै।—बां.दा. ५ अथाह जल, गहरा स्थान, जिसके तल का पता न हो।

अवगाहणौ, अवगाहबौ—क्रि०अ० [सं० अवगाहन] १ पैठ कर जल में नहाना, निमज्जन करना, स्नान करना। उ०—अड़सट धांम पहल **अवगाहे** 'पीठवौ' गौ समियां न पछै।—पीठवौ २ छानबीन करना. विचलित करना. ३ हलचल मचाना, मारना, चलाना।
उ०—सेद विलंद परि बीड़ौ साहौ, गुज्जर धर आसुर **अवगाहौ**। —रा.रू.
४ देखना, सोचना, विचारना. ५ पार करना। उ०—चित मिळवा री चाहि, रात दिवस अळजौ रहै। आऊं भुंइ **अवगाहि**, जाणूं सयण कन्है 'जसा'।—जसराज
अवगाहणहार-हारौ (हारी), अवगाहणियौ—अवगाहन करने वाला।
अवगाहिग्रोड़ौ, अवगाहियोड़ौ, अवगाह्योड़ौ—भू०का०कृ०—अवगाहन किया हुआ।

अवगहियोड़ौ—भू०का०कृ०—अवगाहन किया हुआ।
(स्त्री० अवगाहियोड़ी)

अवगुंठन—सं०पु० [सं०] १ घूंघट, पर्दा. २ ढकना, छिपाना।

अवगुण—सं०पु० [सं०] दोष, ऐब, बुराई, दुर्गुण। उ०—गुण अवगुण जिण गांव, सुणै न कोई सांभळै। उण नगरी विच नांव, रोही आछी राजिया।—किरपारांम
कहा०—अवगुण तौ कागलौ देखै—दुष्ट व्यक्ति की दृष्टि हमेशा दूसरों के अवगुणों पर पड़ती है।

अवगुणी—वि० [सं० अवगुण+ई] दुर्गुणी, बुरा, सदोष, कुकर्मी।
उ०—काफर साहां **अवगुणी**, गौ आंणी करतुत्त।—रा.रू.

अवग्या—स०स्त्री० [सं० अवज्ञा] १ अपमान, अनादर, तिरस्कार। २ उपेक्षा, अवहेलना। उ०—घट घट घण नांमी स्वांमी सूराई, अंतरजांमी हुय ओळज नह आई, इतरी **अवग्या** ईस्वर क्यूं आंणी, बूढ़ी हुयग्यौ कै प्रग्या विसरांणी।—ऊ.का.
३ पराजय, हार. ४ एक प्रकार का अलंकार जिसमें एक वस्तु के गुण-दोष से दूसरी वस्तु के गुण-दोष न प्राप्त होना सूचित किया जाय।

अवघट—वि० [सं० अव+घट्ट=घाट] १ विकट, दुर्गम, कठिन. २ ऊंचा-नीचा, उवड़-खाबड़. ३ टूटा-फूटा।

अवड़ौ—सं०पु०—देखो 'अवोड़ौ' (रू.भे.)

अवचळ—वि०—देखो 'अविचळ'। उ०—**अवचळ** मंडप करै आगाहट, सुर जिम थापै कवेसुर।—दुरसौ आढ़ौ

अवचार—सं०पु० [सं० आचार] १ आचार, व्यवहार, चालचलन। उ०—मचै **अवचार** 'धूकळ' जगत मचायौ, वचायौ 'मांन' हरचंद वारौ।—बारहठ त्रिलोकजी २ देखो 'अविचार' (रू.भे.)

अवचीत—वि०—अचिंतित।
क्रि०वि०—अचानक, अकस्मात्।

अवच्छेद—सं०पु० [सं०] १ अलगाव, भेद. २ अवधारण, निश्चय. ३ परिच्छेद।

अवच्छेदक—वि० [सं०] १ छेदने वाला. २ अवधारक, निश्चय करने वाला।

अवछन—वि० [सं० अवच्छिन्न] १ अलग किया हुआ, पृथक. २ सीमा-बद्ध, अवधिसहित. ३ विशेषणयुक्त. [सं० अवच्छन्न] ४ गुप्त। उ०—संभ घोर अंधकार कळिराज छायौ सत, जोर सत कियौ **अवछन** गवन जास।—उमेदसिंह सीसौदिया रौ गीत

अवछर—सं०स्त्री०—देखो 'अपछरा'। उ०—अमरांणौ पर ऊपनी **अवछर** मौ ऊर आंण।—पा.प्र.

अवछळ—वि० [सं० अविचल] १ अटल, अविचल। उ०—सदा जोड़ी थांरी **अवछळ** होय, अमल्यां पर ऊभी दो जणी।—लो.गी.
[रा०] २ कपट-रहित, छल-रहित।

अवछाड़—सं०पु० [सं० अवच्छाद] १ रक्षक। उ०—नगांपत कूरमां-नाथ चलतां नगां, खगांपत हुऔ **अवछाड़** खूमांण। —अनूपरांम कवियौ
२ किसी खाद्य-पदार्थ पर कपड़े आदि का ढक्कन डालना।

अवछाह—सं०पु० [सं० उत्साह] उत्साह। उ०—जिण वार नृप जै-साह. छति (बि) निरखि धरि **अवछाह**।—रा.रू.

अवजाती—सं०पु० [सं० अपजात] शत्रु, वैरी (ह.नां.)

अवजासणौ, अवजासबौ—क्रि०अ० [सं० उद्भाष] प्रकाशित होना, प्रकाश देना।
क्रि०स०—प्रकाशित करना।
अवजासिग्रोड़ौ-अवजासियोड़ौ-अवजास्योड़ौ—भू०का०कृ०—प्रकाशित।

अवजासियोड़ौ—भू०का०कृ० [सं० उद्भाषित] प्रकाशित।
(स्त्री० अवजासियोड़ी)

अवजीत—सं०पु० [सं० अपजाति] शत्रु (अ.मा.)
(रू.भे. अवजाती)

अवज्ज—सं०स्त्री० [फा० आवाज] आवाज, ध्वनि, शोर, बोली।
उ०—**अवज्ज** बुज्ज के अरें सु बुज्ज बुज्ज बेरला।—ऊ.का.

अवज्भड़, अवभड़—सं०पु०—तलवार का तिरछा प्रहार या ऐसे प्रहार से

होने वाला निशान। उ०—अवज्झड़ त्रिज्झड़ भड्ड असंध, कटै कर कांपर काळिज कंध।—वचनिका

अवझाड़–सं०पु०—प्रहार, चोट, तलवार का तिरछा प्रहार।

उ०—बिजड़ **अवझाड़** खळ पाड़ जमदाढ़ वख, विढै अवसांण कीधौ वडाळौ।—गोरधन गाडण

अवझाड़णौ, अवझाड़बौ–क्रि०स०—तिरछा प्रहार करना, मारना, काटना।

अवटंक–सं०पु० [सं०] १ देखो 'उपटंक'। २ ब्राह्मणों का उपगोत्र। उ०—श्रीमाळी ब्राह्मण ज्यांरा चवदै गोत्र चौरासी **अवटंक** है।

—बां.दा.

अवट–वि० [सं० अवाट] १ बिना रास्ते, बे-रास्ते। उ०—रजवट रूप अैसै हट घर जोधपुरै, भज्जहि **अवट** अरी कपट बिसारकै।

—जैतदांन बारहठ

[सं० अबंट] २ जो बाँटा न जा सके, जिसके हिस्से न किए जा सकें। उ०—अलख भंडारा **अवट** है, किस वंट न हुंदा।—केसोदास गाडण

सं०पु० [सं०] १ पाताल (डिं.नां.मा.)

२ आयु. उम्र। उ०—खोयौ म्हैं घर में **अवट**, कायर जंबुक कांम, सीहां केहा देसड़ा, जेथ रहै सौ धांम।—वी.स.

३ छिद्र, नटवृत्ति से जीवन बिताने वाला. ४ गर्व, गरूर.

[सं०] ५ गड्ढ़ा, गढ़हा। उ०—मिळि थट पुरट छटपट कुघट घट परि **अवट** कट कट कपट तट अति झपट रन अट उब्बट बट—वं.भा.

६ तृण आदि से आच्छादित करके बनाया हुआ हाथियों को फँसाने का गड्ढ़ा. ७ कुमार्ग. ८ वापिस मुड़ने का भाव या क्रिया। उ०—मांडवै 'पाल' काळ सूरजमल थौभै राघव जसै थट, घट भांजवातणी वट घायै वमुहा पावां ची **अवट**।

—सूरजमल चांपावत रौ गीत

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी। उ०—मद विद्या धन मांन, ओछा सौ उकळै **अवट**। आधण रै उनमांन, रैवै विरळा राजिया।

—किरपारांम

अवटणौ, अवटबौ–क्रि०स०—१ युद्ध करना।

क्रि०अ०—२ घूमना, फिरना, चक्कर लगाना।

अवटणहार-हारौ (हारी), **अवटणियौ**—युद्ध करने वाला, घूमने वाला।

अवठावणौ, अवठावबौ–क्रि०स०—पराजित करना, हराना।

उ०—पर चंड-चंड कर होम पाठ, **अवठाय** दिया पतसाह आठ।

—वि.सं.

अवठौ–सं०पु०—कड़ुआ, कटु उपालंभ, कटु शब्दों का दिया गया उत्तर। उ०—माता ऐ, **अवठा** सा बोल न बोल, पगां तौ पड़ैली जी सासू नणद कै।—लो.गी.

अवड–वि०—देखो 'अवढ़', देखो 'अवडौ'

अवडी, अवडीह–वि०—इतनी। उ०—जोड़ण वित अनजात में अकल नहीं **अवडीह**, वित नित जोड़ै वांणियौ, कर कवडी कवडीह।—बां.दा.

अवडो, अवडौ–सर्व०—१ ऐसा। उ०—**अवडौ** सायर नही उंडवण।

—किसनौ आढ़ौ

२ इतना। उ०—**अवडौ** मेर न ऊचपण।—किसनौ आढ़ौ

वि०—१ बहुत बड़ा। उ०—**अवडां** गजां भजां आराबां जूह हुह गै जूह जुआ होद नबाब रोद हेकारू हीलौ हळ गरकाब हुआ।

—महेसदास आढ़ौ

२ भयंकर, जबरदस्त। उ०—**अवडौ** भार सहै सिर ऊपर वहतां खम झाटां बौछाड़, व्रज जिम राख दिली दळवांसै पड़ियौ चंद तणौ पहाड़। ३ विचित्र, अनोखा।

अवढ़–सं०पु०—वह (पौधा, घास आदि) जो काटा नहीं गया हो। (मि० अवढ़ियौ)

अवढ़ियौ–वि०—बिना काटा हुआ (घास व पत्ते आदि)

उ०—खेतां पालौ कटै, **अवढ़ियौ** ऊभौ खोड़ां, वाड़ां लामा वधै, खेजड़ा सूं जुड़ जोड़ा।—दसदेव

अवढ़ी–वि०—१ भयंकर, भयावह, कठिन। उ०—विखमी **अवढ़ी** जाइगा री चाकरी करस्यूं।—जगदेव पंवार री वात

२ संकटमय. ३ असहनीय।

अवणासी–वि० [सं० अविनाशिन्] देखो 'अवणासी'।

उ०—**अवणासी** अवगत अविकारी, असरणसरण रांम अवतारी।

—रा.रू.

अवणि, अवणी–सं०स्त्री० [सं० अवनि] पृथ्वी, भूमि, धरा (रू.भे.)

अवतंस–सं०पु० [सं०] १ भूषण, अलंकार. २ शिरोभूषण, टीका, सिरपेंच. ३ श्रेष्ठ व्यक्ति। उ०—बच्छळ कुळ बळभद्र नृप बळू प्रवाचक बंस। अंडर हुवा नृप ए उभय, इतर कुळां **अवतंस**—वं.भा.

४ दूल्हा. ५ सबसे उत्तम हार. ६ मुकट।

अवतमस–सं०पु० [सं०] अंधेरा (नां.मा., अ.मा.)

अवतरण–सं०पु० [सं०] १ उतरना, पार होना. २ जन्म ग्रहण करना। उ०—आप कळा सम **अवतरण**, मतौ कियौ महाराज।

—रा रू.

३ अवरोहण. ४ नमूना. ५ नकल, प्रतिकृति. ६ प्रादुर्भाव।

अवतरणी–सं स्त्री० [सं० अवतरणिका] १ ग्रन्थ की प्रस्तावना के लिए लिखी जाने वाली भूमिका, उपोद्घात. २ परिपाटी।

अवतरणौ, अवतरबौ–क्रि०अ० [सं० अवतरण] १ प्रकट होना, उत्पन्न होना, जन्म लेना। उ०—धज बंध 'सेर' रियां धणी, एक वेर फिर **अवतरै**।—पहाड़खां आढ़ौ. २ प्रकाशित होना. ३ अवतार लेना।

अवतरणहार-हारौ (हारी), अवतरणियौ–वि०—प्रकट होने वाला।

अवतरिओड़ौ-अवतरियोड़ौ-अवतरयोड़ौ–भू०का०कृ०—अवतरित।

अवतारणौ, अवतारबौ—स०रू०

अवतारियोड़ौ–भू०का०कृ०—उत्पन्न किया हुआ।

अवतरि–सं०पु०—देखो 'अवतार'।

अवतरियोड़ौ–भू०का०कृ०—अवतरित (स्त्री० अवतरियोड़ी)

अवतार–सं०पु० [सं०] १ नीचे आना, उतरना. २ जन्म. ३ ईश्वर या किसी देवता का मनुष्यादि सांसारिक प्राणियों का शरीर धारण कर संसार में आना। धर्मस्थापन के उद्देश्य से ऐसे २४ बार अवतार लिया गया जिनमें प्रमुख दस अवतार ये हैं—मत्स्य, कच्छप, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, रामचन्द्र, श्रीकृष्ण, बुद्ध और कल्कि। इनके अतिरिक्त निम्नलिखित चौदह और माने जाते हैं—ब्रह्मा, नारद, नरनारायण, कपिल, दत्तात्रेय, यज्ञ, ऋषभ, पृथु, धन्वन्तरि, मोहिनी, वेदव्यास, बलराम, हंस और हयग्रीव। इस प्रकार कुल चौबीस अवतार माने गए हैं. ४ दस की संख्या* ५ चौबीस की संख्या*।

अवतारणौ, अवतारबौ–क्रि०स० [सं० अवतारण] उत्पन्न करना, रचना करना।

अवतारी–वि० [सं०] १ अवतार ग्रहण करने वाला. २ अलौकिक, दिव्य शक्तिसंपन्न। उ०—कर दर कूच अजन अहंकारी, आयौ धरि दिल्ली **अवतारी**।—रा.रू.

अवतोका–सं०स्त्री० [सं०] स्त्री या गौ जिसका किसी विशेष कारणवश गर्भ-पात हो गया हो। उ०—इक नहीं आक्रांता कांतातुर आडी, डाई **अवतोका** सोकाकुळ डाडी।—ऊ.का.

अवत्थी–सं०स्त्री० [सं० अपस्थान] पराजय, हार। उ०—एक राड़ भव मांह **अवत्थी** ओरस आंणौ केम उर।—जमणोजी बारहठ

अवथरि–क्रि०वि० [सं० उद्+तरस्] तीव्र वेग से। उ०—अह सुरतांण आवियउ **अवथरि** करन तणा ऊठिय गज केसरि।—रा.ज.सी.

अवदंस–सं०पु० [सं० उपदंस] मद्यपान के तत्काल पश्चात् अच्छी लगने वाली नमकीन व चरपरी वस्तु, गजक।

अवदांन–सं०पु० [सं० अवदान] १ अच्छा कार्य, शुद्ध आचरण. २ खंडन, तोड़ना. ३ त्याग, उत्सर्ग [सं० अपदान] ४ कुत्सितदान ५ वध, मार डालना।

अवदात–वि० [सं०] १ शुक्ल वर्ण, गौर। उ०—गोमती जळ करी गात, दिव चत्र वरण **अवदात**।—रा.रू. २ शुभ्र, उज्वल, निर्मल (अ.मा.) उ०—धिन मात पिता कुळ जात धिन, सत **अवदात** महासती।—रा.रू. ३ शुद्ध उ०—केहर रा नख रंध्र सूं, गज मोतियां निपात। सूरत कीरत वेल रा, बीज ववै **अवदात**।
—बां.दा.

४ पवित्र, विमल, उज्वल। उ०—अत सीतळ **अवदात**, संकर मन भावै सदा, वांका सांची वात, सुरसरी जळ राकेस सम।—बां.दा.

५ पीत, पीला।

सं०पु०—१ हंस. २ लखपत पिंगल के अनुसार प्रत्येक चरण में २३ मात्रा का एक मात्रिक छंद विशेष।

सं०स्त्री०—३ श्रेष्ठता। उ०—इण ही सूं **अवदात**, कहणी सोच विचार कर। बे मोसर री बात, रुड़ी न लागै राजिया।—किरपारांम

अवदातचळ–सं०पु० [सं० अवदात+चल=पक्ष] हंस (अ.मा.)

अवदारक–वि०—विदारण या विभाग करने वाला।

अवदारण–सं०पु० [सं०] विदारण करना, विभाग करना।

अवदाळ–वि०—उदार, महान (मुसल०)। उ०—खित साल खळां, तम माळ तिसौ, भ्रम ढाल धरा **अवदाळ** इसौ।—क.कु.बो. (मि० अबदाळ-रू.भे.)

अवदिसा–सं०स्त्री० [सं० विदिशा] १ दिशा. २ विरुद्ध दिशा। उ०—देवी निरझरै दरवरै नगै नेसै, देवी दिसै **अवदिसै** देसै विदेसै।
—देवि.

३ दो दिशाओं के बीच का कोना. ४ भेलसा नामक एक प्राचीन शहर।

अवदीक–सं०पु०—युद्ध (ह.नां.)

अवदीत–वि०—देखो 'अवदात'।

अवदोह–सं०पु०—दूध, दुग्ध, दोहन।

अवद्द–सं०पु०—भ्रू, भौंह। उ०—आंखड़ियां रतनाळियां, मूंछ **अवद्दां** फेर।—नैणसी री ख्यात

अवद्ध–वि० [सं०] बंधनरहित, अनियंत्रित, स्वच्छंद।

अवद्या–सं०स्त्री० [सं० अविद्या] देखो 'अविद्या'। उ०—इत्याद **अवद्या** दुख अकळ सकळ विरोधी सुरधरम।—क.कु.बो.

अवध–सं०पु०—१ एक प्राचीन प्रांत। इसकी राजधानी अयोध्या थी। [सं० आयुध] २ अस्त्र-शस्त्र। उ०—तिण में रुड़ा रजपूत तिकै सरग रा उतावळा वैकूंठां लोड़ाऊ **अवधां** विरदां रा वहणहार।
—डाढ़ाळा सूर री बात

सं०स्त्री० [सं० अवधि] ३ अवधि। उ०—आविया उमड़ घणस्यांम बीती **अवध**। आविया नहीं घणस्यांम आली।—बां.दा.

४ अयोध्या नगर। उ०—एड़ी **अवध** उजाड़ मती, सियावर ने तू वन म्हां निकाळ मती।—गी.रां.

क्रि०वि०—अल्प समय के लिए, कुछ काल के लिए।

उ०—ज्यारत करण वासतै विधवा अन्य पुरख सूं **अवध** करि निकाह पढ़लै।—बां.दा.

अवधईस–सं०पु०—अवधेश, श्रीरामचंद्र (डिं.को.)

अवधधिराज–सं०पु०—अयोध्यापति, श्रीरामचंद्र।

अवधनरेस–सं०पु० [सं० अवध+नरेश] १ अवध के महाराजा दशरथ. २ श्रीरामचंद्र।

अवधपति, अवधपती–सं०पु० [सं० अयोध्यापति] १ राजा दशरथ। उ०—कांई **अवधपती** रै घर अवतार लियौ हो राज—गी.रां.

अवधपुर, अवधपुरी–सं०पु०—देखो 'अजोध्या'।

अवधांन–सं०पु० [सं० अवधान] १ मनोयोग, चित्त का लगना, चित्त की वृत्तियों का निरोध कर चित्त को एक ओर लगाना। उ०—चौसट **अवधांन** तणी चतुराई, बोलण माहराजां बिरद।
—बां.दा.

२ समाधि. ३ सावधानी, चौकसी [सं० आधान] २ गर्भ, पेट. [सं० अभिधान] ५ नाम। उ०—संख्या भेद समांन सूं विध अनेक **अवधांन,** पिंगळ मत विदवांन पढ़ ग्यांन जथा यण ग्यांन।
—क.कु.बो.

अवधा–सं०पु० [सं० अभिधा] नाम। उ०—धुर द्वाळै **अवधा** धरै गुण थांणौ गणगीत, अन क्रम गुण दूहा उकत आद जथा इण रीत।
—क.कु.बो.

अवधार–सं०पु० [सं० अवधारण] १ सहायक, रक्षक. २ निश्चय, शंकारहित निर्णय।

अवधारण–सं०पु० [सं०] निश्चय, विचारपूर्वक निर्धारण या निर्णय।

अवधारणौ, अवधारबौ–क्रि०अ० [सं० अवधारण] १ धारण करना ग्रहण करना। उ०—परम सनेही परम प्रीय **अवधारौ** अरदास, महलें आवौ मोहनां साहिब पूरण आस।—ढो.मा.

२ मानना, स्वीकार करना। उ०—वचन **अवधारउ** असपतिराइ, जै जै वीतुं लसकर मांहि।—कां.दे.प्र. ३ पूजना, नमस्कार करना. उ०—बेकर जोड़ी करी वीनती, आसापुरी **अवधारि**।—कां.दे.प्र.

४ विचार करना, निश्चय करना। उ०—राउळ एक **अवधारउ** वात, सेजवालि गढ़ कीधउ घात।—कां.दे.प्र. ५ सहायता करना, रक्षा करना।

अवधारणहार-हारौ (हारी), अवधारणियौ–वि०—अवधारण करने वाला।

अवधारिओड़ौ, अवधारियोड़ौ, अवधारयोड़ौ–भू०का०कृ०।

अवधारियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ धारण किया हुआ. २ निश्चय किया हुआ. ३ अवधारण किया हुआ। (स्त्री० अवधारियोड़ी)

अवधि–सं०स्त्री० [सं०] १ समय, मियाद, निर्धारित समय।
उ०—कुंअरी भणइ **अवधि** मइं कही, तिणि दिनि गढ़ भेळासइ सही।
—कां.दे.प्र.

२ अंत समय, अंतिमकाल. ३ सीमा, हद।
अव्यय [सं०] तक, पर्यन्त, लौं।

अवधिग्यांन, अवधिदरसण–सं०पु० [सं०] १ सीमित, अपार ज्ञान।
२ वह ज्ञान जिससे आत्मा का भी ज्ञान हो तथा जिसके द्वारा पृथ्वी, जल, अग्नि, पवन, अंधकार और छाया आदि से व्यवहित द्रव्यों का भी प्रत्यक्ष हो (जैन)

अवधिमांन–सं०पु०—सागर, सिन्धु।

अवधी–सं०स्त्री० [सं० अयोध्या] १ अयोध्यापुरी। उ०—जांणक **अवधी** अरथी, रांम रायंगण।—रा.रू.
[सं० अवधि] २ देखो 'अवधि'।
अव्यय—तक, पर्यन्त, लौं।

अवधीच–सं०पु० [सं० औदीच्य] ब्राह्मणों के कुल विशेष (गुजरात के सोलंकी राजा मूलराज ने रुद्र महान नामक बड़ा शिव-मंदिर बनवाया और उसकी प्रतिष्ठा के समय उत्तरी भारत से ब्राह्मणों को बुलाकर उनको वहीं रक्खा। उनकी संतान औदीच्य ब्राह्मण कहलाई। यह मंदिर सं० ९९९ से १०५२ वि० में बनाया गया था।

अवधीरणा–सं०स्त्री० [सं०] तिरस्कार, अवज्ञा।

अवधू–सं०पु०—देखो 'अवधूत' उ०—**अवधू** जोगी जुगतै न्यारा, पद निरबांण निरंतर बैण।—ह.पु.वा.

अवधूत–सं०पु० [सं०] (स्त्री० अवधूतण) १ योगी, संन्यासी।
उ०—निसचर म्हैं जांण्यौ **अवधूत** हैं; रांवण तूं तौ निकळ्यौ धूत।
—गी.रां.

२ (तन्मतानुयायी) साधु विशेष, वर्ण और आश्रमोचित धर्मों को छोड़ कर केवल आत्मा को ही देखने वाले योगी अवधूत कहलाते हैं, यती।
वि०—१ कंपित, कंपायमान. २ उदासीन।

अवधूतांणी–सं०स्त्री०—दशनामी संन्यासियों में स्त्री साधु।

अवधेस–सं०पु० [सं० अवध+ईश] १ अवधपति, दशरथ.
२ श्रीरामचंद्र।

अवधेसर–सं०पु० [सं० अवधेश्वर] श्रीरामचंद्र (डिं.को.)

अवध्धौ, अवध्य–वि० [सं० अवध्य] १ बिना आहत किया हुआ, अवध्य।
उ०—चढ़ें सिंघ चामुंड, कमळ हूंकारव कध्धौ, डरौ चरंतौ देख, असुर भागियौ **अवध्धौ**।—देवि. २ वध के अयोग्य, न मारने लायक।

अवध्वंस–सं०पु० [सं०] १ परित्याग, छोड़ना. २ निंदा. ३ चूर-चूर करना. ४ संहार, नाश।

अवन–सं०स्त्री० [सं० अवनि] पृथ्वी, भूमि (अ.मा.)—रू.भे.
उ०—सिव **अवन** कन्या हूंत संभव अगनि जोति अनोप ए, सुभ द्रस्ट भूप निहारि प्रज सहि अघट किरि सुख ओप ए।—रा.रू.

अवनत–वि० [सं०] १ झुका हुआ, गिरा हुआ, पतित. २ नम्र, विनीत. ३ दुर्दशाग्रस्त।

अवनति, अवनती–सं०स्त्री० [सं० अवनति] १ घटती, न्यूनता, कमी.
२ अधोगति, पतन, हीन दशा. ३ दुर्दशा, दुर्गति।

अवनाड़–वि०—योद्धा, वीर, बलवान, जबरदस्त, देखो 'अनड़'।
उ०—सीमाड़ थयौ **अवनाड़** सिध अध मठौ ऊंधां चला।—पा.प्र.

अवनि, अवनी–सं०स्त्री० [सं०] पृथ्वी, धरा (डिं.नां.मा.)
उ०—**अवनी** आंदोळण ओळा ओसरिया, पिड़ि भिड़ि प्लासी पै गोळा जिम गिरिया।—ऊ.का.

अवनी-अमर–सं०पु० [सं० अवनि+अमर] ब्राह्मण, भूदेव।

अवनीता–वि० [सं० अ+विनीता] कुलटा।

अवनीनाथ–सं०पु० [सं० अवनि+नाथ] पृथ्वीपति, राजा।

अवनीप, अवनीपक–सं०पु० [सं०] राजा, नृप।
उ०—रुद्रदत्त जिण निरत पुत्र जणिया कुळदीपक। सात जिके रणसूर प्रथम ईस्वर **अवनीपक**।—वं.भा.

अवनीस, अवनेस–सं०पु० [सं० अवनी+ईश] राजा, नृप।
उ०—१ नमौ करनल्ल बळू अवनीस, तोक्यां कर पत्र ससत्र छतीस। —मे.म.
उ०—२ हुवा देस भैंचक्क हुवा अवनेस भयंकर।—रा.रू.
अवन्न, अवन्नि–सं०स्त्री० [सं० अवनि] अवनि, पृथ्वी (रू.भे.)
उ०—१ अग जातै भायौ मनै, आयौ पोस अवन्न।—रा.रू
उ०—२ कीरत 'अजन' कमंध री, अति विसतरी अवन्नि।—रा.रू.
अवप–सं०पु० [सं० अवपु] अनंग, कामदेव (ह.नां.)
अवपाटिक–सं०पु० [सं०] पुरुष का लिंगेन्द्रिय संबंधी रोग विशेष। (अमरत)
अवपात–सं०पु० [सं०] १ तृणादि से आच्छादित किया हुआ हाथियों को फँसाने का गड्ढ़ा. २ पतन, अधःपतन।
अवबाहुक–सं०पु०—एक रोग विशेष जिससे हाथ की संचालन शक्ति रुक जाती है। (अमरत)
अवबेल–सं०स्त्री०—देखो 'अववेल'
अवबोध–सं०पु० [सं०] १ जागना. २ बोध, ज्ञान।
अवभामिनी–सं०स्त्री०—ऊपर की त्वचा (अमरत)
अवभ्रथ–सं०पु० [सं० अवभृथ] १ मुख्य यज्ञ के समाप्त होने पर किए जाने वाले शेष कर्म जिनका विधान है. २ यज्ञांत स्नान। उ०—अस्वमेध अध्वर रा अवभ्रथ रौ तिरस्कार करता पैंड साम्हैं ही लगाया। —वं.भा.
अवमतिथि–सं०स्त्री०यौ० [सं०] वह तिथि जिसका क्षय होगया हो।
अवमरद–सं०पु० [सं० अवमर्द] लड़ाई, युद्ध।
उ०—पहिली चंडासिराज प्रथ्वीराज १ रौ छोटौ पुत्र सामंतसिंघ २ दिल्ली रा अवमरद हूँ बाळक थकौ कढ़ियौ जिकण नूं पातसाह कुतबुद्दीन मेवात देस रौ कितो'क प्रांत दीधौ। —वं.भा.
अवमरदग्रहण–सं०पु०—सूर्य या चंद्रग्रहण का एक भेद।
अवमांन–सं०पु० [सं० अपमान] निरादर, तिरस्कार, अपमान (रू.भे.)
अवमांनना–सं०स्त्री० [सं० अवमानना] अनादर, अपमान।
अवयदिव–सं०पु० [सं०] (वह स्वर्ग जहां अवस्था नहीं बदलती) स्वर्ग (नां.मा.)
अवयव–सं०पु० [सं०] १ अंश, भाग, हिस्सा. २ शरीर का अंग, देहांग. ३ तर्कपूर्ण वाक्य का एक अंश या भेद (न्याय)
अवरंग, अवरंगी–वि०—बादशाह औरंगजेब का एक नाम।
उ०—अवरंगी अतीव आपरंगी अणनीतौ, कियौ भंग लड़ि कुणे जंग जुड़ि बावन जीतौ।—रा.रू.
२ बदसूरत, कुरूप. ३ उदासीन, खिन्न चित्त।
अवर–वि० [सं० अपर] १ अन्य, दूसरा। उ०—जसवंत गुरड़ न उड्डही ताळी त्रजड़ तणेह। हाकलियां ढूला हुवै पंछी अवर पुणेह। —हा.झा.
२ अधम, नीच, मंद, अश्रेष्ठ [सं० अबल] ३ निर्बल।
अव्यय [सं०] १ और। उ०—जग ईख स्वाद पी ऊख रस जिम अवर चार अनारयं।—रा.रू. २ अगला।
अवरइ–क्रि०वि०—अन्य की, दूसरों की, औरों की। उ०—सभई भमइ अवरइ नांम, कहइ अवर मुझ अवरे कांम।—ढो.मा.
अवरकज, अवरज–सं०पु० [सं० अवरज] १ छोटा भाई (अ.मा..ह.नां.) २ शूद्र, नीच।
अवरण–वि० [सं० अवर्ण] १ वर्णरहित. २ बदरंगा।
३ अवर्णनीय। उ०—वैराट रूप अवरण वरण त्रसकत तंत त्रेगुवा। —अज्ञात
४ जिसका कोई रंग न हो। उ०—रत्त न पीत न स्वेत स्यांम अवरण ऊंकारा।—केसोदास गाडण
अवरणवरण–सं०पु०—ईश्वर, ब्रह्म।
अवरणी–वि० [सं० अवर्णनीय] जिसका वर्णन न किया जा सके, अवर्णनीय। उ०—मीढ़ जग परचा उदार, आप करतार अवरणी। —करणीरूपक
अवरती–सं०स्त्री० [सं० अर्वती] घोड़ी। उ०—आपरा अनेक प्रत्युपकार चींताइ आवरत प्रमुख अनेक अनुकरण रा नाच करती अवरती नूं विश्राम रौ बोल दे'र जोइये।—वं.भा.
अवरळ–वि० [सं० अविरल] १ मिला हुआ, अपृथक. २ अभिन्न, घना, सघन. ३ उज्वल, निर्मल।
क्रि०वि०—लगातार, धाराप्रवाह। उ०—सकळ सुरांसुर सामिणी, सुण माता सरसत्त। विनय करे नैं वीनबूं, मूझ दौ अवरळ मत्त। —ढो.मा.
अवरसणउ, अवरसणौ–सं०पु० [सं० अवर्षण] अवर्षा, अनावृष्टि, दुष्काल
उ०—१ मारू थांकइ देसड़इ, एक न भाजइ रिड्ड, ऊंचाळउ क अवरसणउ, कइ फाकउ कइ तिड्ड।—ढो.मा.
पाठांतर। उ०—२ मारवाड़ के देस मैं, एक न जावै पीड़। कबही हुवै अवरसणौ, कबही फाका तीड।—ढो.मा.
अवराधन–सं०पु० [सं० आराधन] उपासना, पूजा (रू.भे.)
अवराधो–वि० [सं० आराधनी] उपासक, पूजक।
अवरापण, अवरापणौ–सं०पु०—परायापन, दूसरे या अन्य का होने का भाव।
अवरी–सं०स्त्री० [सं० अ+वर+ई] १ कुमारी, अविवाहिता.
२ बिना युद्ध किए हुए सुसज्जित सेना। उ०—घरण निज धांम सलता विकट निज धरण, जोध अवरी वरण करण कण जोट पताखण प्रसण मडता मगज गळ पड़ै, चल पड़ै नाव गजबी गरंद चोट।—अज्ञात ३ एक नागकन्या-विशेष. ४ अप्सरा।
उ०—तरण रथ थिकत घण वहै खागां अतर, अडर कर कर मरै वरण अवरी। पड़ै धड़ गजांणण, कहै इम पंचाणण गजांणण कढै विण सोझ गवरी।—पीथौ सांदू

अवरुद्ध–वि० [सं०] १ रुंधा हुआ, रुका हुआ. २ आच्छादित. ३ गुप्त।

अवरेख–सं०स्त्री० [सं० अवलेख] १ लेख, लकीर. २ प्रतिज्ञा. ३ विचार, ध्यान, निश्चय। उ०—प्रसन करै नवकोटपती नूं, ईहग कुण एहो **अवरेख**।—बां.दा.

अवरेखणौ, अवरेखबौ–क्रि०स०—१ देखना, अवलोकन करना। उ०—सूळी देवै सहज देय दै फांसी देखौ मिरघी नकवै मांहि उभय अंतर **अवरेखौ**।—ऊ.का. २ सोचना, विचार करना। उ०—रीत सबै नृप नीतरी, उरधारी **अवरेख**।—रा.रू. ३ लिखना. ४ अनुमान करना।

अवरेखणहार-हारौ (हारी), अवरेखणियौ—देखने या सोचने वाला. **अवरेखिओड़ौ, अवरेखियोड़ौ, अवरेखयोड़ौ**—भू०का०कृ०।

अवरेखियोड़ौ–वि०—सोचा या देखा हुआ। (स्त्री० अवरेखियोड़ी)

अवरेण–सर्व० [सं० अपर+एण–रा०प्र०] अन्य, दूसरा। उ०—बेटा जायां कवण गुण अवगुण कवण धियेण, जां ऊभां घर आपणी गंजीजै **अवरेण**।—अज्ञात

अवरेब–सं०पु० [सं० अव=विरुद्ध+रेब=गति] १ कपड़े की तिरछी काट. २ पेंच, उलझन।

अवरोध–सं०पु० [सं०] १ रुकावट, रोक, अड़चन (डिं.को.) २ अन्त:पुर, रनिवास (डिं.को.) ३ घेर लेना, घेरा. ४ अनुरोध।

अवरोधक–वि० [सं०] अवरोध उत्पन्न करने वाला, रोकने वाला।

अवरोधन–सं०पु० [सं०] १ रोकना. २ छेकना. ३ घेरना. ४ अंत:पुर, रनिवास (वं.भा.)

अवरोपण–सं०पु० [सं०] उखाड़ना।

अवरोसो, अवरोसौ–सं०पु० [रा० अ+भरोसा] अविश्वास, शक।

अवरोह–सं०पु० [सं०] १ उतार, गिराव, पतन, अवनति. २ सीढ़ी, सोपान, जीना. ३ स्वरों का नीचे से क्रम:—नि,ध,प,म,ग,रे, सा (संगीत)

अवरोही–सं०पु० [सं० अवरोहिन्] वह स्वर जिसमें पहले षड़ज का उच्चारण हो।

अवलंब, अवलंबण, अवलंबन–सं०पु० [सं०] १ आश्रय, सहारा, सहायता। उ०—अर भमर का भार सूं वल्ली की लता धरती पड़ै। केलिका पेड़ को **अवलंब** लहि।—वेलि. टी. २ आधार।

क्रि०प्र०—करणौ-लेणौ-होणौ।

३ पाँच प्रकार के कफ में से एक (अमरत)

अवलंबणौ, अवलंबबौ–क्रि०अ० [सं० अवलंबन] अवलंबन करना, आश्रय या सहारा लेना।

अवलंबत–सं०पु० [सं० अविलंबित] वेग (अ.मा.) वि० [सं० अवलंबित] देखो 'अवलंबित'।

अवलंबित–वि० [सं०] १ आश्रित, निर्भर. २ सहारे पर स्थिर, टिका हुआ, आधारित. ३ किसी बात के होने पर निश्चित किया हुआ।

अवलंबी–वि० [सं० अवलंबिन्] १ स्वतंत्र, आज़ाद. २ सहारा व आश्रय देने या लेने वाला।

अवल–वि० [अ० अव्वल] १ प्रथम, उत्तम, श्रेष्ठ. २ पहला। क्रि०वि०—आदि में, आरम्भ में। उ०—अपजस छावै आंण **अवल** अवसांण न आवै।—ऊ.का.

अवलग्न–वि० [सं०] लगा हुआ या मिला हुआ, संबंधित।

अवळणौ, अवळबौ–क्रि०अ०—वापस मुड़ना। उ०—बाया बळण **अवळणा** बाया, गोविंद गोविंद साड गह।—महाराणा कुंभा रौ गीत

अवळा–सं०स्त्री० [सं० अबला] १ नारी, स्त्री, अबला। उ०—प्रेमि प्रसंगै वातां करइ, **अवळा** प्रति ढोलउ हम कहइ।—ढो.मा. २ देखो 'अबळा'। उ०—**अवळा** असत्री नै लियां घणी भोंय अहीर तूं आयौ छै।—वेलि. टी.

अवळाई–सं०स्त्री०—वक्रता, टेढ़ापन।

अवलाक–सं०स्त्री० [सं० अभिलाष] देखो 'अभिलासा'।

अवलाद–सं०पु० [फा० औलाद] वंशज, संतान, औलाद (रू.भे.)

अवलिओ, अवलियौ–वि०—१ महान. २ उदार। सं०पु०—महात्मा. सिद्ध पुरुष। उ०—आया संत **अवलिया** बडा-बडा दरवेस।—वी.मा.

अवलियापातसा, अवलियोपुरख, अवलियोपुरस–सं०पु०यौ०—१ ब्रह्मज्ञानी, पूर्ण ब्रह्म. २ सिद्ध पुरुष, महात्मा. ३ मस्त, मस्ताना।

अवळी–वि०—१ उल्टी, विरुद्ध, औंधी. २ विचित्र, अद्भुत। उ०—'ओपा' रांमतणी गत **अवळी** विणसै दिल्ली'र दखण वधै। —ओपौ आढ़ौ

३ सुंदर. ४ सीधी।

सं०पु०—१ एक प्रकार का लम्बा टहनियोंदार पौधा।

सं०स्त्री०—२ पंक्ति, पांति। उ०—नभ देव विमांनन की **अवळी**, उडि गिद्धनि के गन संग चली।—ला.रा. २ समूह, झुंड।

अवळीमांण–देखो 'अमलीमांण' (रू.भे.) उ०—महवेचा विखौ करतां 'मधकर' मच्छर तणा गढ़ **अवळीमांण**।—माधोसिंह महेचा रौ गीत।

अवलुंचन–सं०पु०—छेदना, काटना, उखाड़ना, नोचना।

अवलुंचित–वि० [सं०] कटा हुआ या छेदा हुआ।

अवळूड़ी–सं०स्त्री०—याद, स्मरण, स्मृति (अल्पार्थ, प्यार) उ०—**अवळूड़ी** लगाय गयौ म्हारा वालम।—लो.गी.

अवलेप–सं०पु० [सं० अवलेपन] १ लगाना, लेपन करना, पोतना. २ लगाई जाने वाली वस्तु, लेप।

अवलेपन–सं०पु० [सं०] उबटन, लेप।

अवलेह–सं०पु० [सं०] १ जो न अधिक पतली न अधिक गाढ़ी हो, लेई. २ चटनी, माजून, औषधियों की चटनी।

अवळै–क्रि०वि०—ओट में, आड़ में, शरण में। उ०—ऊतारिय ओडिय तौ **अवळै**। वतवीर हमै तोय हूंत वळै।—पा.प्र.

अवलोकन–सं०पु० [सं०] १ देखरेख, देखभाल, दृष्टिपात, देखना। (डिं.को.) २ जाँच-पड़ताल।

अवळौ–वि०—विरुद्ध, शत्रु, कष्ट देने वाला। उ०—सांई जो सँवळौ हुवै, (तौ) **अवळा** हुवौ अनेक।—ह्.र.। दुष्ट, घमण्डी।
सं०पु०—१ प्रसव के समय बच्चे का टेढ़ा या तिरछा हो जाना। २ गिरवी रक्खा हुआ माल।

अवल्ल–वि०—देखो 'अवल'। उ०—चंपा मांणै निर चढ़ै, आंबा भखै **अवल्ल**।—डाढ़ाळा सूर री बात।

अवबेल–सं०स्त्री०—सहायता। उ०—सभै सूर असुरांण दळ पूर आयौ सिखर, किणी नह बियै **अवबेल** कीजै।—राव जैतसी रौ गीत

अवस–वि० [सं० अवश] १ विवश, लाचार. २ पराधीन. ३ अवाच्य, असमर्थ. [सं० अ+वश] ४ जो वश में न किया जा सके।
क्रि०वि० [सं० अवश्य] १ अवश्य, निसंदेह, निश्चित, जरूर।
उ०—आ काठां चढ़सी **अवस**, धरणीधर दे धोक। सठ मन मानै सुधरसी, पातर मूं परलोक।—बां.दा.

अवसता–सं०स्त्री० [सं० अवस्था] १ अवस्था, हालत, दशा. २ समय, काल, परिस्थिति. ३ आयु, उम्र।

अवसर–सं०पु० [सं०] १ समय, मौका। उ०—इण **अवसर** मत आळसै ईसर आखै एम।—ह्.र. २ अवकाश, विश्राम, विराम, फुरसत. ३ प्रस्ताव. ४ मंत्र विशेष, वर्षण. ५ बार. दफा।
उ०—कै **अवसर** तोपां सिर काछी, असह ठेलि कीधी रण आछी।
—वं.भा.

अवसरप–सं०पु० [सं० अपसर्प] गुप्त दूत (डिं.को.)

अवसरपिणी–सं०स्त्री० [सं० अवसर्पिणी] जैन शास्त्र के अनुसार गिराव का समय, अवरोह।

अवसरवाद–सं०पु० [सं० अवसर+वाद] मौका देख कर कार्य करने का भाव।

अवसरवादी–सं०पु० [सं० अवसर+वादी] मौका देख कर कार्य करने वाला।

अवसरि–सं०पु० [सं० अवसर] देखो 'अवसर' (प्रा.रू.)
उ०—तिणि **अवसरि** बोल्यउ सुरतांण, सुकन बोल ताहरउ प्रमांण।
—कां.दे.प्र.

अवसांण–सं०पु०—१ अवसर, मौका, समय। उ०—उण ठांम आय **अवसांण** पाय, आसुर अभीत तिण हरी सीत।—र.रू.
[सं० अवसान] २ विराम, ठहराव, समाप्ति. ३ अंत, सीमा. ४ मरण, मृत्यु. ५ सायंकाल. ६ होशहवास, संज्ञा, चेतनता।
उ०—पछै फेर असवारां मांही आई सौ **अवसांण** खता कर दिया।
—डाढ़ाळा सूर री बात
[अ० अहसान] ७ ऐहसान। उ०—समझणहार सजांण, नर औसर चूकै नहीं। औसर रौ **अवसांण**, रहै घणां दिन राजिया—किरपारांम
८ युद्ध। उ०—गिरवांण बीमांण केकांण कटै, जमरांण 'गोगौ' **अवसांण** जुटै।—गो.रू.

अवसांणसद, अवसांणसध, अवसांणसिद्ध, अवसांणसिध्ध, अवसांणसुध–सं०पु० [सं० अवसान+सिद्ध] १ अवसर या समय पर कार्य सिद्ध करने वाला या काम आने वाला। उ०—**अवसांणसिद्ध** रहमांण अंम। बाखांण करूं नृप भांण बंस।—वि.सं. २ युद्ध में विजयी वीर। उ०—जुध करि पिरिआं जेम सादाउत **अवसांणसिध**।—वचनिका
३ युद्ध में वीर गति प्राप्त करने वाला। उ०—१ हेकला कमंध सिर महाभारत हुवौ धव करै चत्र पहर फूल धारां। सुरग दिस कुंजरां नरां **अवसांणसिध**, हालियौ वाह कर वहणहारां।—राजसी बारहठ
उ०—२ भोळिआं ऊपड़िआ छै। जिकै **अवसांणसुध** खत्री छै, तांहरी अरोगी धिखै छै।—रा.स.सं.

अवसांणौ–सं०पु०—देखो 'अवसांण'। उ०—सौ लद्धौ **अवसांणौ**, सद्धौ धीर वीर चतुरेस।—रा.रू.

अवसांन–सं०पु०—१ देखो 'अवसांण' (रू.भे.) २ भोजन (अ.मा.) ३ युद्ध (मि० अवसांण)

अवसाऊ–वि० [सं० आवश्यकीय] जरूरी, आवश्यकीय, अवश्य।
क्रि०वि०—१ अवश्य. २ अकस्मात्।

अवसाद, अवसादन–सं०पु० [सं०] १ नाश, क्षय. २ दीनता. ३ विषाद, दुख, थकावट। उ०—घुळै ज्यूं अगाहूं तौ **अवसाद**, फिरंतां मन मूंगा दिन-मांन।—सांझ

अवसाप–सं०पु०—१ बल, सामर्थ्य. २ वदान्यता, उदारपन।
उ०—सरण साधार **अवसाप** रा यंद सम।—दुरगादत्त बारहठ
३ यश, कीर्ति। उ०—बीजां वर्णै नहीं ए बातां सर सातां पूगौ **अवसाप**। हेम तणौ भूखण वड हाथां बगसै नूं पातां...।
—उमेदसिंह सीसोदिया रौ गीत
४ देखो 'ओसाप'।

अवसायिता–सं०स्त्री०—अष्ट सिद्धियों में से एक सिद्धि (डिं.को.)

अवसि–क्रि०वि० [सं० अवश्य] अवश्य, जरूर, निसंदेह।
उ०—संदेसे ही घर भरंयउ, कइ अंगणि कइ वार। **अवसि** ज लग्गा दीहड़ा, सेई गिणइ गंवार।—ढो.मा.

अवसिस्ट–वि० [सं० अवशिष्ट] शेष, बचा हुआ।

अवसी–क्रि०वि०—देखो 'अवसि' (रू.भे.)
उ०—आधाइक मालण सूं आनै **अवसी** भेळा हुआ नहीं।—बां.दा.

अवसेख–क्रि०वि०—अवश्यमेव।
वि० [सं० अवशेष] बचा हुआ।

अवसेचण–सं०पु० [सं०] १ सींचना, पानी देना. २ पसीना निकलना।

अवसेस–सं०पु० [सं० अवशेष] १ अन्त, शेष, बाकी, समाप्ति।
[सं० अभिषेक] २ अभिषेक, तिलक।
वि०—१ बचा हुआ। उ०—अर **अवसेस** सारा ही सामंत आमारराज सळख रै साथ अरबुदाचळ रै ऊपर चलाया।—वं.भा.
२ धर्मरहित. ३ भेदक. ४ तुल्य, समान।

अवस्कंद–सं०पु० [सं०] सेना की ठहरने की जगह, शिविर, डेरा।

अवस्ता–सं०स्त्री०—१ पारसियों की धार्मिक पुस्तक, जिंद अवस्था. २ देखो 'अवस्था' (रू.भे.)

अवस्था—सं०स्त्री० [सं०] १ दशा, हालत, वेदांत के अनुसार चार अवस्थाऐं—जागृत, स्वप्न, सुषप्ति और तुरीय.
२ आयु, उम्र। उ०—सैसव कहतां बाळक **अवस्था**।—वेलि.टी. स्मृति के अनुसार जीवन की आठ अवस्थाऐं—कौमार, पौगंड, किशोर, यौवन, बाल, तरुण, वृद्ध और वर्षीयांन. ३ चार की संख्या*

अवस्य—क्रि०वि० [सं० अवश्य] अवश्य, निसंदेह, निश्चित, सर्वथा-संभव।

अवस्स—क्रि०वि० [सं० अवश्य] देखो 'अवस्य'। उ०—आरी जीत **अवस्स** धरम पख धारियौ।—किसोरदांन बारहठ।
वि०—देखो 'अवस' (१, २) उ०—अजन विखौ आरंभियौ, पुर घरकिया **अवस्स**।—रा.रू.

अवस्सांण—सं०पु० [सं० अवसान] देखो 'अवसांण'।

अवहरण—वि० [सं० अपहरण] हरने वाला, दूर करने वाला।

अवहार—सं०पु०—१ बंधन। उ०—तण **अवहार** बेवळां तोड़ै, गोरी सेन अचेत गियौ।—उडणा प्रथीराज रौ गीत। २ नाका, मगर।

अवहित्था, अवहिथा—सं०स्त्री० [सं० अवहित्था] भय, गौरव लज्जादि के कारण हर्षादि के आकार को छिपाने की क्रिया का नाम। साहित्य में जो व्यभिचारी व संचारी भावों के अंतर्गत माना जाता है।
उ०—१ उनमाद अंसुआ ग्लान अंग **अवहिथा** जडता ध्रत अंग।
—क.कु.बो.
२ गूघूं ज्यूं घर में घुसौ प्रीतम क्यूं परभात। लागां चंदण लेप सूं दरै न नख दरसात।—क.कु.बो.

अवहेलण, अवहेलन, अवहेलना—सं०पु० [सं० अवहेलना] अवज्ञा, तिरस्कार, अपमान।

अवांतर—सं०पु० [सं०] मध्य, भीतर।

अवांरियां, अवांरियै—सं०पु०—देखो 'अंवारियां'।
उ०—थंब'नरसिंघ थायौ खीच करमां कौ खायौ, **अवांरियां** पधार आयौ बात बोल बोदां की।—ऊ.का.
क्रि०प्र०—जाणौ।

अवांस—सं०पु० [सं० आवास] प्रासाद, महल।
उ०—आवी **अवांसई** सांचरी। हीयड़इ हरीख मन रंग अपार।
—वी.दे.

अवाई—सं०स्त्री०—१ शब्द या ध्वनि, संदेश, खबर। उ०—अर आतंक री **अवाई** सूं जठी तठी रा गढ़ां रा कवांडां रै माथै।—वं.भा.
२ आगमन, आना. ३ गहरी जुताई।

अवाक, अवाकि, अवाकौ—वि० [सं० अ+वच्+णिच मतांतर घञ गौ०] १ चुप, मौन. २ स्तम्भित, चकित। उ०—धूहड़िया खग धाक, तौ वाळी तखतेस तण। वैरी हुवै **अवाक**, पिड़ गज बोह प्रतापसी।
—किसोरदांन बारहठ
[रा०] ३ बहादुर, बलवान. ४ अप्रमाणिक। उ०—न तौ क्रपाळ बेद वाक्य कौ **अवाकौ** कीजिये।—ऊ.का.
सं०पु०—१ शत्रु, वैरी। उ०—साहसूं **अवाकौ** थकै नव साहसां, आपबळ भुजां कीन्ही अनैसी।—द्वारकादास दधवाड़ियौ

अवाड़—सं०पु०—चोरों के पदचिन्हों के खोज के निमित्त चक्कर देने का भाव या विचार।

अवाड़ी, अवाड़ू—सं०पु०—१ वैद्य, चिकित्सक. २ चोर के पदचिन्हों की जाँच के लिए चक्कर देने वाला।

अवाड़ौ—सं०पु०—१ कुऐं के पास पशुओं के जल पीने का बना स्थान। २ देखो 'ऊवाड़ौ'।

अवाचक—सं०पु०—काव्य का एक दोष। उ०—ईछतै अरथ न कहै **अवाचक** सौ संदग्ध रहै संदेह।—बां.दा.

अवाचा—वि०—किसी वादा या वचन का रद्द होना। उ०—औ नीलौ रूंख छै, जै छै मास तांई ना'यौ तौ तैं कहियौ न म्हैं सुणियौ, म्हैं कहियौ न तैं सुणियौ, वाचा **अवाचा** छै।—बात सयणी चारणी री

अवाचि, अवाची—सं०स्त्री० [सं०] दक्षिण दिशा। उ०—कह्यौ स्वकूच प्राचि कौ प्रतीचि पंथ तू परचौ। **अवाचि** जांण आदरचौ उदीचि कौ अनादरचौ।—ऊ.का.

अवाच्य—वि० [सं०] १ अकथ्य, जो कहा न जा सके। उ०—मनबुध अमांन पहुँचै न प्रांन, वाचक न वाच्य वह पद अवाच्य—ऊ.का.)
२ अनिंदित. ३ विशुद्ध. ४ मौनी, चुप. ५ जिससे बातचीत करना उचित न हो, नीच, अधम।
सं०पु०—[सं० अ०+वाच्य] कुवाच्य, गाली।

अवाज—सं०स्त्री० [फा० आवाज] शब्द, आवाज, ध्वनि, बोली।
क्रि०प्र०—आणी-करणी-देणी-पड़णी-मारणी-होणी।

अवाडू—वि०—विपरीत, विलोम, उल्टा, विरुद्ध। उ०—पांखड़ियां ई किउं नहीं, दैव **अवाडू** ज्यांह। चकवी कइ हइ पंखड़ी, रयणि न मेळउ त्याह।—ढो.मा.

अवाडौ—वि०—१ बुरा. २ द्वेष रखने वाला।

अवात—वि० [सं० अ+वात] जहाँ वायु न लगे, वातशून्य।

अवादौ—सं०पु०—समय की मयाद, अवधि। उ०—पछै पातसाहजी आपरा हजूरी लोग दिनां री **अवादौ** बोलनै जाळोर मेलिया वे अठै आय...।—नैणसी

अवाप—सं०पु० [सं० आवापक] करभूषण, कंकण (डिं.को.)

अवार—सं०स्त्री०—१ विलम्ब, देर, बेर। उ०—बळ दंध मार बयण बांणासुर आये दिन न कीध **अवार**, वडा वडा गा तोरण वांदे नवल वना अहंकार निवार।—ओपौ आढ़ौ [रा० अ+वार=विलंब] २ शीघ्रता. [रा०] ३ कंटीले झड़बेरी के बिना पत्तों के सूखे डंठलों का गेंडुरीनुमा ढेर।

अवारू—क्रि०वि०—अविलम्ब, अभी। उ०—तिकौ सिद्धराव जैसिंघ नै खबर हुई, काई चांवड़ी सूं मालजादी दगौ कियौ थौ, तिकौ रातै लालू नै मारियौ, **अवारू** पांच आदमी मारिया, माळिया रा किंवाड़ जड़ बैठी छै।—जगदेव पंवार री बात

अवाळ–सं०पु०—१ रहँट के कंगूरेदार दोनों चक्रों को आपस में मिलाने की क्रिया। रहँट पर घूमने वाले दोनों चक्र के सिरे जो एक दूसरे में फंसकर लाठ को घुमाते हैं। (रू.भे.–उग्राळ). २ नदी के जल-प्रवाह के साथ आने वाला कूड़ा-करकट जो दोनों तटों पर पड़ा रह जाता है।

अवाळौ–सं०पु०—१ देखो 'अवाड़ौ' (रू.भे.)
२ देखो 'ऊवाड़ौ' (रू.भे.)

अवास–सं०पु० [सं० आवास] १ वास, घर, निवासस्थान, भवन।
उ०—पोळ प्रवाह करै पग पूजन, बड़ा **अवास** छोळ द्रव बेग। सिंधुर सात दोय दस सांसण, नाग द्रहै दीधा इम नेग।
—बारूजी सौदा
[सं० आभास] २ चमक-दमक। उ०—वरखा रितु लागी आभा झरहरै वीजां **अवास** करै।—रा.सा.सं. [सं० उपवास] ३ व्रत, उपवास, लंघन।
वि० [सं० अ+वास] १ निवासस्थानरहित. २ गंधरहित।
उ०—अनांम अकांम **अवांस** अवेस आदेस आदेस आदेस आदेस।—ह.र.

अवास्य–सं०पु० [सं० आवास] वास, घर, निवासस्थान।
उ०—राई **अवास्यां** संचरचौ, सेज पधारचौ सांभरचौ राव—वी.दे.

अवाह–सं०पु० [सं० अबाध] १ जिस पर प्रहार न हो सके।
उ०—या दोळी अजमेर रै अकबर चमू अपार। औरंगसाह सनाह कर, थयौ **अवाह** प्रहार।—रा.रू.
२ भट्टी, ईटों आदि से बना बड़ा चूल्हा। उ०—अति कळमळै प्रांण आपांणै। जळै **अवाह** छादियौ जांणै।—रा.रू. ३ कुम्हार के बर्तन पकाने का स्थान, आवां. ४ योगिनी का खप्पर।
उ०—खपिया जठै अठारै खोयण, आधी रहिया तेण **अवाह**। चोसट खपर पूरिया चुळवळ, हेकण कमंध तणै हथवाह।
—प्रिथीराज जैतावत रौ गीत

अवाहण–सं०पु० [सं० आह्वान] आह्वान, बुलावा। उ०—आया अन भूपत **अवाहण** भुजंगे भुजंग तजे बळभंग।—महारांणा प्रताप रौ गीत

अंविद, अंविध–वि०—छिद्रहीन, बिना छेदा हुआ (अमरत)
उ०—मउ सहसे एकोतरै, सिरि मोतीहरि सुध्ध। नदी निवासउ उत्तरइ, आणूं एक **अंविध**।—ढो.मा.

अवि–सं०पु० [सं०] १ बकरा. २ भेड़।

अविअट, अविअट्ट, अविअट्ठ, अविआट–सं०पु०—[सं० अट्ट=अतिक्रमण हिंसनयो: अभि+अट्ट=अविअट्ट] १ युद्ध। उ०—काळै अजुआळौ किऔ, आवि दळां **अविअट्ट**।—वचनिका २ वीर, योद्धा।
उ०—समराट, पतिपाट, **अविआट** खत्रवाट साची—पि.प्र. ३ झुंड, समूह, दल। उ०—वीजळां झाट **अविआट** भांजण विढै।
—अनोपसिंह मांदू
सं०स्त्री०—४ तलवार, कृपाण। उ०—गोगा वीरम वैर कज्ज यूं वाही **अविअट**—वी.मा.
वि० [सं० अविकट] ललित, मनोहर। उ०—कलीआंण सोरठ कनड़ौ बज परज कालंग बहुंगड़ौ, अघड नट थट करत **अविअट** चपट चटपट बाज चट चट।—मुरादास बारहठ

अविकळ–वि० [सं० अविकल] १ ज्यों का त्यों, बिना परिवर्तन या हेर-फेर के. २ पूर्ण, पूरा. ३ निश्चल, शांत. [रा०] ४ व्याकुल, घबराया हुआ. ५ वीर, बहादुर।

अविकार–वि० [सं०] १ निर्विकार, विकाररहित. २ परिवर्तनरहित, अविकल. ३ अविनाशी, जन्ममरणादि से रहित।
सं०पु० [सं०] १ विकाराभाव. २ ईश्वर, ब्रह्म।

अविकारी–वि० [सं० अविकारिन्] १ जिसमें विकार या परिवर्तन न हो, निर्विकार, विकारशून्य। उ०—जेहल ताळ खड़ीए व्है तरवर लाकड़ होय। हरम ढहे ढूंढा हुवै जस **अविकारी** जोय।—बां.दा.
यौ०—अविकारी सब्द (व्याकरण)।
म०पु०—सदैव एक सा रहने वाला, ईश्वर, ब्रह्म। उ०—अलख निरंजण अज **अविकारी**, व्याप रह्या सब जग मांही।—गी.रां.

अविगत–वि० [सं०] जिसकी गति का पता न चल सके, जो नष्ट नहीं हो, नित्य।
सं०पु०—ईश्वर (ह.नां.) उ०—१ मांणै मांणै पाव महेसर पगां तणी दै सेव प्रमेसर। **अविगत** नाथ पूरजै आसा। उ०—जगत कहै दसरथ रौ जायौ, **अविगत** थारौ नांम अजायौ।—पीरदांन लाळस

अविगति–सं०पु०—ईश्वर (नां.मा.)

अविग्रह–वि० [सं० अ+विग्रह] निराकार, जो स्पष्ट रूप से न जाना जा सके।

अविचळ–वि० [सं०] १ अचल, अटल, अमर। उ०—और देवी राठा-सण छै, तिणरी तूं घणी सेवा करजै। राज ताहरौ **अविचळ** रहसी।—नैणसी ३ स्थिर। उ०—जळ भूप प्रिस्ट धारे जुगळ वामै धू **अविचळ** वणै।—रा.रू. [सं० अ+विचल] ३ निडर, धीर, दृढ़, वीर।

अविचार–सं०पु० [सं०] १ विचार का अभाव, अविवेक. २ अन्याय।

अविचारित–वि० [सं०] बिना विचारा हुआ।

अविचारी–वि० [सं० अविचारिन्] अविवेकी, अज्ञानी।

अविच्छिन्न–वि० [सं०] अविच्छेद, अटूट, लगातार, अभंग।

अविच्छेद–वि० [सं०] अटूट, लगातार।

अविच्चळ–वि०—देखो 'अविचळ' (रू.भे.) उ०—ऊजळा चउंर ढळकइ अबीह, सिरि छत्र **अविच्चळ** जइतसीह।—रा.ज.सी.

अविढ़ौ–वि०—१ दुर्गम, टेढ़ा-मेढ़ा. २ बांकुरा, वीर (मि० अबीढ़ौ)

अविणास–सं०पु० [सं० अविनाश] १ विनाश का अभाव, अक्षय, नाश-रहित. २ ईश्वर, परब्रह्म।

अविणासी–वि० [सं० अविनाशी] जिसका नाश न हो, अनाशवान, अनिश्वर, अक्षय, नित्य, शाश्वत। उ०—अगम अगोचर अलख अचळ **अविणासी** ईस्वर।—रा.रू.

सं०पु०—१ ईश्वर, ब्रह्म, परमात्मा. २ शिव। उ०—तेगां दळ वादळ तड़िता‍सी, वरखा सी सर सोक वज। एकरा पगवांणौ **अविणासी** कासीवासी कमळ कज।—दुरजणसाल भाटी रौ गीत।

अवितंस–सं०पु० [सं० अवतंस] १ भूषण, अलंकार. २ शिरोभूषण, टीका, मुकुट, शिरपेंच. ३ दूल्हा. ४ श्रेष्ठ व्यक्ति। उ०—यळा पुड़ न्याय वजै **अवितंस**। वडौ पौहचाळ सिधांरोइ वंस।—पा.प्र.
वि०—निष्कलंक, (निर्बंधन) उ०—मुखड़ौ पूनम रौ मयंक ऊगतड़ौ **अवितंस**।—पा.प्र.

अविदित–वि० [सं०] अज्ञात, गुप्त, अप्रकट।

अविदिया–सं०स्त्री० [सं० अविद्या] देखो 'अविद्या'

अविदुसी–वि०— [सं० अविदुषी] मूर्खा, अनपढ़ी।

अविद्या–सं०स्त्री० [सं०] १ विपरीत ज्ञान. २ मिथ्या ज्ञान, अज्ञान। ३ मोहमाया का एक रूप या भेद (दर्शन). ४ मूर्खता. ५ कर्मकांड. ६ प्रकृति।
वि०—जड़, अचेतन।

अविद्वांन–वि० [सं० अविद्वान] जो विद्वान न हो, मूर्ख।

अविध–सं०पु० [सं० अवधि] अंत, हद, सीमा, पराकाष्ठा।
उ०—खंगारोत तूझ धिन खत्रवट, आखे जगि हुई **अविध**।
—सक्तावत विट्ठलदास रौ गीत

अविधांन, अविधा–सं०पु० [सं० अभिधान] नाम। उ०—तौ पद **अविधांन** प्रवाड़ा सूरत अरविंद इडग तंत इधकार।—रा.रू.

अविधूत–वि० [सं० अवधूत] देखो 'अवधूत' (रू.भे.)
उ०—गोदड़ कांनफाड़ जोगी जंगम सोफी संन्यासी **अविधूत** पंचागनी रा झूलणहार अलमसत फकीर जिके संसार नू भागा थका फिरै।—रा.सा.सं.

अविन–सं०स्त्री० [सं० अवनि] देखो 'अवनि' (रू.भे.)

अविनय–सं०पु० [सं०] विनय का अभाव, उद्दंडता।

अविनस्वर–वि० [सं० अविनश्वर] जो नष्ट न हो, चिरस्थायी।

अविनास–सं०पु० [सं० अविनाश] विनाश का अभाव, अक्षय।

अविनासी–वि० [सं०] देखो 'अविणासी' (रू.भे.)
उ०—निरालंब निरलेप, अनंत ईसर **अविनासी**।—ह.र.

अविनीत–वि० [सं०] जो विनीत न हो, दुष्ट, ढीठ।

अविपित्तक–सं०पु० [सं०] अम्ल पित्त के रोग में दिया जाने वाला एक चूर्ण।

अविबुध–सं०पु० [सं०] असुर, राक्षस, दैत्य।

अविभक्त–वि० [सं०] अभिन्न, मिला हुआ, संयुक्त।

अविम्रस्य-विधेयंस–सं०पु० [सं० अविमृश्यविधेयांश] साहित्य का एक दोष जहाँ विधेय अंश का विमर्श न हो। उ०—बिध उलटी **अविम्रस्य-विधेयंस**, अरथ कस्ट सौं कस्ट अधेय।—बां.दा.

अवियाट–वि०—देखो 'अविग्राट' (रू.भे.)
उ०—खूरम खांन दराब खीसिया, त्रहासिया त्रांबाट। **अवियाट** दूजा वळ अचळा थोभियौ गज थाट।—जैता महियारिया रौ गीत

अविरथा–क्रि०वि० [रा० अ+सं० वृथा] वृथा, फजूल।
उ०—निरंजन भजि तजि आंन सगाई, (तूं) क्यूं जन्म **अविरथा** खोवै।—ह.पु.वा.

अविरळ–क्रि०वि० [सं०] १ मिला हुआ, अपृथक, अभिन्न. २ घना, सघन, निविड़. ३ निरंतर, लगातार। उ०—विनय करी नैछी निवूं, द्यौ मुझ **अविरळ** मत्त।—ढो.मा.

अविरांम–वि० [सं० अविराम] बिना विश्राम के, बिना ठहराव के, निरंतर, लगातार।

अविरुद्ध–वि० [सं०] जो विरुद्ध या खिलाफ न हो, स्पष्ट।
उ०—कुवचन मुख कहणौ नहीं, सुवचन कहणौ सुद्ध, वचन विवेक पचीसिका इम आखै **अविरुद्ध**।—बां.दा.

अविरोध–सं०स्त्री० [सं०] १ समानता, साम्य, सादृश्य. २ मैत्री, मेल, एकता, प्रीति. ३ विरोधाभाव, अनुकूलता।

अविरोधी–वि० [सं० अविरोधिन्] जो विरोधी न हो, अनुकूल।

अविलंबत–क्रि०वि० [सं० अविलम्बित] शीघ्र, तुरन्त, बिना देरी के (ह.नां.)

अविळ–क्रि०वि०—१ अविलंब (पिं.प्र.)
वि०—टेढ़ा, तिरछा।

अविवाहित–वि०उ०लिं० [सं०] कुँआरा, जिसका विवाह न हुआ हो।

अविवेक–सं०पु० [सं०] विवेकाभाव, अविचार, अज्ञान, नासमझी, नादानी। उ०—बचन नृपति **अविवेक**, सुण छोड़े सैणां मिनख। अपत हुवां तर एक, रहे न पंछी राजिया।—किरपारांम
२ अन्याय।

अविवेकता–सं०स्त्री० [सं०] विवेक न होने का भाव, अज्ञानता।

अविवेकी–वि० [सं० अविवेकिन्] अज्ञानी, अविचारी, मूढ़, अन्यायी।

अविसेख–सं०पु० [सं० अभिषेक] अभिषेक, तिलक।
(रू.भे. अभिसेख]

अविस्वास–सं०पु० [सं० अविश्वास] विश्वास का अभाव।

अविस्वासी–वि० [सं० अविश्वासिन्] १ जिसका कोई विश्वास न करे, जिस पर विश्वास न किया जाय. २ जो किसी पर विश्वास न करे।

अविह–वि०—निडर, निर्भय, देखो 'अत्रीह'।

अविहड़–वि० [सं० अ+विघट] १ दृढ़, मजबूत. २ अखंड, अटूट।
उ०—थे पहचउ हिव पूगळ-भणी, तउ **अविहड़** होइ प्रीति आपणी।
—ढो.मा.
वि०—ऐसा। उ०—म्हैं तौ **अविहड़** आदरी, जिहां लगें जीवन देह।
—ढो.मा.

अवींद–वि० [सं० अविध] १ बिना छेद का। देखो अविंध'— (रू.भे.)
२ पूर्ण।

अवी–सं०पु० [सं० अवि] भेड़ा

अवीअट–देखो 'अविअट' (रू.भे.)

अवीचि–सं०पु० [सं०] एक नरक का नाम (पौराणिक)

अवीदात–वि०—देखो 'अवदात' (ह.नां.—रू.भे.)

अवीदौ–वि०—१ दुर्गम. २ टेढ़ा, तिरछा. ३ वाँकुरा।

अवीघाट–देखो 'अविघाट' (रू.भे.)

अवीहड़–देखो 'अविहड़' (रू.भे.) उ०—रांणी इम रूड़ी परै, धरती **अवीहड़** प्रीत।—ढो.मा.

अवूठणौ–क्रि०अ० [सं० अवृष्ट, प्रा० अवुट्ठ] अवर्षण होना, वर्षा न होना। उ०—**अवूठेइ** इंद्र घटै त्रिण अन्न।—रांमरासौ

अवेखणौ, अवेखबौ, अवेखिणौ, अवेखिबौ–क्रि०स० [सं० अवेक्षण] देखना, ध्यान लगाना। उ०—पूगै जे हरथांन सांभ रै पैलां बादळ, रहे **अवेखण** अरक होवतौ आंख्यां ओझल।—मेघ.

अवेखणहार-हारौ (हारी), अवेखणियौ—देखने वाला।

अवेखिओड़ौ, अवेखियोड़ौ, अवेख्योड़ौ—भू०का०कृ०।

अवेखियोड़ौ–भू०का०कृ० [सं० अवेक्षित] देखा हुआ (स्त्री० अवेखियोड़ी)

अवेड़ी–वि०—१ प्रतिकूल. २ एकान्त (द.दा.)

अवेर–सं०स्त्री० [सं०] १ देरी, विलम्ब. [रा०] २ सम्हालने की क्रिया, ध्यान रखने का भाव।

मुहा०—हाथ री अवेर बत्ती है—स्वयं के द्वारा देख-सम्हाल करना सदैव अच्छा होता है।

अवेरणौ, अवेरबौ–क्रि०स० [सं० अवेरण] १ किसी कार्य को सुचारु रूप से करना. २ संभालना. ३ समेटना। उ०—मालिक रा माथा रौ उसीसौ हुवौ आपरौ बामेतर बाहू **अवेरियौ**।—वं.भा.

अवेरणहार, हारौ (हारी) अवेरणियौ–संभालने या समेटने वाला।

अवेराणौ-अवेराबौ, अवेरावणौ-अवेरावबौ–क्रि० प्रे०रू०।

अवेरिओड़ौ-अवेरियोड़ौ-अवेरचोड़ौ-भू०का०कृ०।

अवेरीजणौ-अवेरीजबौ–कर्म वा०—संभाला या समेटा जाना।

अवेरीजिओड़ौ-अवेरीजियोड़ौ-अवेरीज्योड़ौ–भू०का०कृ०—संभाला या समेटा गया हुआ।

अवेराणौ, अवेराबौ–क्रि०प्रे०रू०—१ सम्हलाना. २ समेटाना. ३ सँवारने का काम कराना।

अवेराणहार, हारौ (हारी) अवेराणियौ–वि०—सम्हलाने या समेटाने वाला।

अवेरावणौ-अवेरावबौ–रू०भे०।

अवेराविओड़ौ-अवेरावियोड़ौ-अवेराव्योड़ौ–भू०का०कृ०—समेटा, सम्हलाया या सँवारा हुआ।

अवेरायोड़ौ–भू०का०कृ०—सम्हलाया या समेटाया हुआ। (स्त्री० अवेरायोड़ी)

अवेरावणौ, अवेरावबौ–क्रि०प्रे०रू०—देखो 'अवेराणौ' (रू.भे.)

अवेरियोड़ौ–भू०का०कृ०—समेटा, सम्हाला या सँवारा हुआ। (स्त्री० अवेरियोड़ी)

अवेरो, अवेरौ–सं०पु०—१ कार्य को पूर्ण करने का भाव. २ सम्हालने, समेटने या सँवारने की क्रिया का भाव।

क्रि०वि० [अ+वेर] बेवक्त। उ०—इम परखे राजा आंबेरौ, आवै हित घर वेर **अवेरौ**।—रा.रू.

यौ०—वेर-अवेर।

अवेळौ–वि० [सं० अवेला] देर, विलम्ब।

कहा०—१ आथमियां पछै **अवेळौ** कैड़ौ, खोसियां पछै डर कैड़ौ। सूर्यास्त के पश्चात देर कैसी। लुट जाने के पश्चात भय कैसा। २ आप मरियां पछै अवेळौ नई नै खोयां पछै भौ नई—अपनी मृत्यु के बाद अथवा संपत्ति के लुट जाने पर किसकी चिंता की जाय। ३ सवेळी पणियार नै अवेळौ मेह—समय पर पानी भरने वाली पनिहारिन तथा रात्रि का मेह सदैव उत्तम होता है।

अवेव–सं०पु०—भेद, रहस्य। उ०—दीठौ तौ ही गत्ति न जांणां देव, अनंत तुह्यीणा कोटि **अवेव**।—ह.र.

वि०—निर्बल, दुर्बल, कमजोर।

अवेस–वि० [सं० अ+वेश] १ वेशरहित. [सं० अ+वयस] २ आयु-रहित, अनादि। उ०—अनांम अकांम अवास **अवेस**।—ह.र.

सं०पु० [सं० आवेश] जोश, आवेश।

अवै–सर्व०—उस। उ०—इसौ कहि बीड़ौ लीधौ, **अवै** पोठ भरियौ नै भांति-भांति री चीजां लीधी।—कहवाट सरवहिया री बात

क्रि०वि०—अब। उ०—तद रंभा बोली, **अवै** म्हांरौ मुजरौ छै, हूं जाऊं छूं।—वीरमदे सोनगरा री बात

अवैतनिक–वि० [सं० अ+वेतन] जो विना वेतन काम करे।

अवोड़ौ–सं०पु० [सं० अवहेल] सम्मान किये जाने योग्य व्यक्ति को उसकी बात का दिया जाने वाला कड़ुवा उत्तर, कटूक्ति।

अवोचण–सं०पु० [सं० अवंचन] पर्दानशीन स्त्रियों के पर्दा के निमित्त यात्रा में सिर पर ओढ़ने का श्वेत वस्त्र (मि० मुकनौ)

अव्यक्त–वि० [सं०] १ जो व्यक्त न हो, अगोचर, अप्रत्यक्ष, अदृष्ट. उ०—नमौ **अव्यक्त** नमौ सरवेस।—ह.र. २ अज्ञात. ३ अनिर्वचनीय, अकथनीय. ४ अस्पष्ट. ५ जिसमें रूप गुण आदि न हों. ६ अप्रकाशित।

सं०पु० [सं०] १ विष्णु. २ कामदेव. ३ शिव. ४ प्रकृति (सांख्य). ५ आत्मा, परमात्मा. ६ क्रियारहित ब्रह्म, जीव, सूक्ष्म शरीर।

अव्यय–वि० [सं०] १ सदा एक सा रहने वाला, जिसमें विकार उत्पन्न न हो। २ नित्य, आद्यंतहीन, अनश्वर। उ०—अनामय **अव्यय** अक्षय आथ।—ऊ.का. ३ प्रवाह रूप से नित्य रहने वाला। उ०—ओगण मेटणहार, अमोलख ओखद इणमें। गूंद गणौ गुणकार, **अव्यय** सक्ति है जिणमें।—दसदेव

४ सदैव एक ही या समान रूप से प्रयुक्त होने वाले वे शब्द जिनके रूप, लिंग, वचन और कारकों के प्रभाव से बदलते नहीं हैं (व्याकरण)

अव्ययीभाव-सं०पु०यौ० [सं०] समास का एक भेद (व्याकरण)

अव्यवस्थित-वि० [सं०] १ शास्त्रमर्यादारहित. २ चंचल, अस्थिर. ३ असंगठित, व्यवस्थारहित।

अव्यापी-सं०पु० [सं० अव्यापिन्] जो सब जगह व्याप्त न हो।

अव्रत-सं०पु० [सं०] १ व्रत का अभाव. २ जैन मतानुसार व्रत का त्याग।

वि०— जिसका व्रत नष्ट हो गया हो।

अव्रद्ध-वि० [सं० अ+वृद्ध] (स्त्री० अव्रद्धा) युवा, जवान।

अव्वतार-सं०पु०—देखो 'अवतार'।

अव्वतारी-सं०पु०—अवतार लेने वाला।

अव्वनी-सं०स्त्री०—देखो 'अवनी' (रू भे.)

अव्वर-वि० [सं० अपर] दूसरा, अन्य। उ०—द्दढ़ नेम वचन मुख देखियां उर कंपावण **अव्वरां**।—रा.रू. २ देखो 'अवर'। (रू.भे) सं०पु० [सं० अंबर] आकाश।

अव्वल-वि०—देखो 'अवल'। उ०—अमरसिंह निराठ, सारी बात में **अव्वल**।—अमरसिंह री बात

असंक-वि० [सं० अशंक] १ निर्भय, शंकारहित। उ०—सुर नर नाग नमै सह कोय। करै सह संक **असंक** न कोय।—रांमरासौ

[सं० असंख्य] २ असंख्य, बहुत, अत्यधिक। उ०—धर कांम काज मन क्रोध धंक, भड़ हुवा घाव रमण **असंक**।—शि.सु.रू.

सं०पु०—१ युधिष्ठिर (ह.नां.). २ आतंक, भय (अ.मा.)

असंक, असंका-सं०स्त्री० [सं० अशंका] शंका न होना, संदेहविहीनता। उ०—१ अैठठां दिकपाळ न सम **असंक**।—ऊ.का. उ०—२ सुण रांणी सीत **असंका** नै, बन मेले लिखमण बंका नै। धारे खळ पाछै धंकानै, लेगौ गह सीता लंका नै।—र.रू.

असंकित-वि० [सं० अशंकित] १ निर्भय, निडर. २ शंकारहित. [सं० असंख्य] ३ असंख्य, बहुत।

असंकी, असंकौ-वि०—निडर, निर्भय। उ०—भुजनाथ खळां सिर पारथ भारथ, आडा जीत **असंकौ**।—क.कु बो.

असंख, असंखी, असंखे, असंख्य, असंख्यात-वि० [सं० असंख्य] जिसकी गिनती न की जा सके, अगणित, अपार। उ०—१ **असंख** चत्रकोट रा सुणे दळ आवतां तरां अजमेर रा जड़णा ताळा।

—कांन पंचोळी रौ गीत

उ०—२ नमौ जग आदि पुरक्ख जगीस, नमौ अवतार **असंखै** ईस।

—ह.र.

३ **असंख्या** तूझ तणा अवतार।—ह.र.

असंग-वि० [सं०] १ निर्लिप्त, अलग, किसी से सम्बंध या वास्ता न रखने वाला। उ०—उपत्ति-खपत्ति-प्रकत्ति-**असंग**, राजीवलोचन्न जांणै धुवरंग।—ह.र. २ एकाकी, अकेला। [रा०] ३ जबरदस्त बलवान। (मि० असंगौ) उ०—**असंगां** भमांड वाळां खगाटां असंभ।—महाराजा रणसी रौ गीत

[सं० असंख्य] ४ असंख्य, अपार।

सं०पु० [सं० अ+संग] १ बुरा संग, कुसंग. २ वृक्ष, पेड़ (अ.मा.)

असंगति-सं०स्त्री० [सं०] असम्बन्ध, बेसिलसिलापन।

असंगौ-वि०—संग या साथ की परवाह न करने वाला, जबरदस्त, बलवान। उ०—जायल नृप **असंगां** उर झालण, अौ सारंग सुतवंस उजाळण।—पा.प्र.

असंजोग-सं०पु० [सं० असंयोग] १ अनमेल, भिन्नता, पृथकत्व. २ अनायास, बेमौका, संयोगरहित।

असंत-वि० [सं०] खल, दुष्ट, असाधु, नीच, दुर्जन।

असंतुस्ट-वि० [सं० असंतुष्ट] १ जो संतुष्ट न हो, अतृप्त. २ अप्रसन्न।

असंतुस्टि, असंतुस्टी-सं०स्त्री० [सं० असंतुष्टि] १ सन्तोष का अभाव, अतृप्ति. २ अप्रसन्नता।

वि०— [सं० असंतुष्ठ+ई] असंतुष्ठ रहने वाला।

असंतोस-सं०पु० [सं० असंतोष] १ संतोष का अभाव, अतृप्ति. २ अप्रसन्नता।

असंतोसी-वि० [सं० असंतोषिन्] जिसे सन्तोष न हो, असंतुष्ट।

असंध-सं०पु० [सं० आसन्नद्ध कवच। उ०—मुरड़क्क, मुड़क्क **असंध** मुड़ै, जुधपाळ अनै जिंदराव जुड़ै।—पा.प्र.

वि०—[सं० अ+संधि] बिना संधि या जोड़ का। उ०—तिके एक दिन वीरमदे नै निजर आया। थाळ **असंध** कोई दीसै नहीं।

—वीरमदे सोनगरा री बात

[सं० असंधिक] २ अपूर्व, अद्वितीय। उ०—अवज्झड़ त्रिज्झड़ भड्ड **असंध**, कटै कर कोपर काळिज कंध।—वचनिका

असंधौ-वि० [सं० असंधि] अनजान, अपरिचित। उ०—गूंद लाडू ले'र वीन वण, कर घमंड फुरती घणी। जाय **असंधै** ग्रांम गवाड़ै, परण पधारै वीनणी।—दसदेव

असंप-सं०पु० [रा० अ+संप=मेल] विरोध, शत्रुता, स्नेहाभाव। उ०—वयण सकंप **असंप** विध, दीठां नावै दाय। किर पंखी वस पींजरै, छूटण करै उपाय।—रा.रू.

असंपड़-वि० [सं० असंपुट] १ असंभव। उ०—संसार **असंपड़** संपड़ै 'जगा' नांम जगदीस रौ।—ज.खि.

[रा० अ+संपाडौ=स्नान] २ बिना स्नान किया हुआ।

असंभ-वि० [सं० असंभव] १ जो संभव न हो, नामुमकिन। उ०—एक खंड की हुवै अमावड़, अन खंडां मावणौ **असंभ**।

—महाराजा मांनसिंह

[सं० अ+संभाति=संभव=असुहावना] २ भयंकर, भयावह। उ०—आड रोपी वज्जंद भीक वागौ **असंभ**, लीक टोप पटक पंथ लागौ।—भरतपुर रौ गीत

[सं० अ+संभ+भृ=ड्=संभ=असंभृ=असंभ] ३ बहुत, अपार। उ०—**असंभ** ऊपटै क्रोध जळ साहपुर नद अटक।

—महाराजा रणसी रौ गीत

[सं० असंभव] ४ अजन्मा, अज, स्वयंभू। उ०—आदि अनादि असंभ आप मुद्रा ऊपाए, ओंकार अप्पार पार प्रम ही नहिं पाए।
—मालौ आसियौ

[सं० असंभव] ५ वीर, बहादुर। उ०—असमांनि जइत उठियउ असंभ थिड़तइ संसारि दे आभि थंभ।—रा.ज.सी.

६ अद्वितीय। उ०—इहै वर राजा तूझ असंभ, थियै चत्र पुत्र उभै कुळ थंभ।—रांमरासौ

सं०पु० [रा०] १ युद्ध। उ०—असंगां भमाड वाळां खगाटां असंभ।
—महाराजा रणसी रौ गीत

२ जन्म व उत्पत्ति से रहित। उ०—नमौ रुसि तापस रूप रिखंभ, नमौ अवतार उदार असंभ।—ह.र. [सं० असंभव] ३ देखो 'असंभव'।

असंभम, असंभव–वि० [सं० असंभव] जो संभव न हो, नामुमकिन। उ०—नाहर मलिक ऊसरिउ पाछउ हूई असंभम वात।—कां.दे.प्र.

सं०पु०—एक प्रकार का अलंकार विशेष जिसमें किसी पदार्थ की असंभवता बतलाई जाती है।

असंभावना–सं०स्त्री० [सं०] १ संभावना का अभाव, अनहोनापन। उ०—सो असंभावना है समत्थ, बद कांड भरत ब्रह्मांड बत्थ।
—ऊ.का.

२ एक प्रकार का अलंकार विशेष।

असंभाव्य–वि० [सं०] १ न कहने योग्य, जिसका उच्चारण करना अनुचित हो, बुरा. २ जिसकी संभावना न हो।

असंभै–वि० [सं० असंभव] असंभव, नामुमकिन।

असंम–वि०—रागरहित (ह.र.)

असंसय–वि० [सं० असंशय] संशयरहित, निर्विवाद, यथार्थ।

असंसारी–वि० [सं०] १ विरक्त. २ अलौकिक।

अस–वि० [सं० ईदृश] १ ऐसा, इस प्रकार का। उ०—अस अप्रबळ भवस कळप तरु आयस जीवन गयौ समेत जड़।—रिवदांन महड़ू

२ तुल्य, समान।

क्रि०वि०—इस तरह, इस भाँति, ऐसे। उ०—तिरगे हम ज्यूं तस और तिरे, फिरगे हम ज्यूं अस ओर फिरे।—ऊ.का.

सं०पु० [सं० अश्व] १ घोड़ा, अश्व। उ०—लाखां दे तोपां जूट लार, कुंजर अस बगसे खग कटार।—वि.सं. २ सात की संख्या*।

असइ–सं०स्त्री० [सं० अ+सती] कुलटा, व्यभिचारिणी।
उ०—वाणिजां वधू गौ वाछ असइ विट चोर चकव विप्र तीरथ वेळ।—वेलि.

असकंदर–सं०पु०—यूनान का एक बादशाह, सिकंदर। (वि०वि०—देखो 'सिकंदर') (रू.भे.—इसकंदर)
उ०—असकंदर जे आवही सुलेमांन दळ साज; तौ पी नह सूंपां तुनै अकबर कांहू आज।—बां.दा.

असकत–वि० [सं० अशक्त] १ अशक्त, अक्षम, असमर्थ, निर्बल।

असकरणौ–सं०पु० [सं० असि+करण] लोहे का एक खुरदरा व दानेदार दो अंगुल चौड़ा और जौ भर मोटा एक औजार जिससे तलवार के म्यान के भीतर की लकड़ी साफ की जाती है।

असकाज–सं०पु०—भाला, बरछा (ना.डि.को.)

असकुन–सं०पु० [सं० अशकुन] बुरा शकुन या लक्षण।

असक्त–वि० [सं० अशक्त] निर्बल, कमजोर।

असक्ति–सं०स्त्री० [सं० अ+शक्ति] निर्बलता, कमजोरी।

असखपणौ–सं०पु०—धनुष से तीर चलाने की क्रिया या काम।
उ०—जैसें वाउ थंभै तौ मेह वरसै त्यां अठै असखपणौ दूरि हुऔ।
—वेलि. टी.

असखेल–सं०पु० [सं० हसखेल] हँसी, मजाक, दिल्लगी। उ०—तैसूं थे इसी बात क्यूं कही छौ। बेटौ म्हांरौ छै। वांणियौ असखेल करै छै।—पलक दरियाव री बात

असगंध–सं०पु० [सं० अश्वगंधा] गर्म प्रदेशों में होने वाली एक सीधी. भाड़ी।

असगुन–सं०पु०—देखो 'असकुन' (अमरत)

असगौ–वि०—१ जिससे संबंध या रिश्ता न हो. २ संबंध या रिश्ता न रखने वाला।

असग्गौ–वि०—देखो 'असगौ' (रू.भे.)
सं०पु०—शत्रु।

असड़ो, असड़ौ–वि० [सं० ईदृश] ऐसा (स्त्री० असड़ी)
उ०—अंग असळाक मोड़तौ आयौ दुल्हावन असड़ौ दरसायौ।
—वरजू बाई

असज्जन–वि० [सं०] जो सज्जन न हो, खल, दुष्ट।

असज्य–वि० [सं० असह्य] जो सहन न किया जा सके, असह्य।
उ०—सहियौ नँह जैसिंघदे, सज्य असज्य प्रताप।—बां.दा.

असटंग–वि० [सं० अष्टांग] देखो 'असटांग'।

असटंगी–वि०—आठ अंगों या अवयवों वाला।

असट–वि० [सं० अष्ट] आठ। उ०—कोस असट डेरा किया, प्रगट त्रिवेणी पार।—रा.रू.
सं०पु०—आठ की संख्या।

असटकुळ, असटकुळी–सं०पु० [सं० अष्टकुल] सर्पों के माने जाने वाले आठ कुल—शेष, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्‌म, महापद्‌म, शंक, और कुलिक (पुराण)

असटपद–सं०पु० [सं० अष्टापद] १ स्वर्ण, सोना (अ.मा.) २ सिंह (मि० अष्टपात)

असटपदी–सं०स्त्री० [सं० अष्टपदी] १ आठ पदों या चरणों का गीत या छंद. २ मकड़ी।

असटपात–सं०पु० [सं० अष्टपाद] १ शरभ, शार्दूल. २ मकड़ी (ह.नां)

असटपौ'र–सं०पु० [सं० अष्टप्रहर] अष्ट प्रहर, आठ पहर।

असटमी–सं०स्त्री० [सं० अष्टमी] शुक्ल या कृष्ण पक्ष की आठवीं तिथि।

उ०—उंच दिवस **असटमी** आद पख भाद्रव आयां।—रा.रू.

असटांग–सं०पु० [सं० अष्टांग] १ अष्टांग—योग की क्रिया के निम्नलिखित आठ भेद—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि. २ आयुर्वेद के माने जाने वाले आठ विभाग—शल्य, शालाक्य, कायचिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्य, अगद तंत्र, रसायनतंत्र और बाजीकरण. ३ शरीर के आठ अंग—जानु, पाँव, हाथ, उर, शिर, वचन, दृष्टि और बुद्धि जिनसे प्रणाम करने का विधान है।

असटापद–सं०पु० [सं० अष्टापद] १ स्वर्ण, सोना। उ०—झड़प पाट झणणाट ओज जरदोज अछेरा। धव पैंडां कळधूत, कळस **असटापद** केरा।—मे.म. २ धतूरा. ३ सिंह (ह.नां.). ४ कृमि. ५ मकड़ी।

असटाविधांन–सं०पु० [सं० अष्ट+विधान] १ काव्य चमत्कार संबंधी आठ बातें. २ एक ही समय में एक साथ आठ भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्य कर सकने की सामर्थ्य।

असटाविधांनी–सं०पु० [सं० अष्ट+विधान+ई] वह व्यक्ति जो एक ही समय में आठ भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्य एक साथ कर सकने में समर्थ हो।

असण–सं०पु० [सं० अशन] १ भोजन, आहार (मि० असन)
उ०—आप करै सोही **असण**, इस्ट भोग अवसेस, इम पूपी जुग करि उठै, प्रभु रै कीधी पेस।—वं.भा.
२ चित्रक, भिलावाँ (डिं.को.). ३ तीर, बाण।
उ०—तूटै **असण** धसण तरवारां, झोक छड़ाळां दिए झळ।
—नाथौ सांदू
४ सवार। उ०—घण वहण लोहण सघण घण, हुय गजण कण-कण **असण** हण।—र.रू. ५ टेक, जिद्द, आग्रह. ६ गडढ़ा.
[सं० अशनि] ७ वज्र। उ०—पड़ै गोळा **असण** उभै कोसां पला।—मेघजी महड़ू

असणी–सं०स्त्री० [सं० अशनि] विद्युत, वज्र, इंद्रास्त्र। उ०—**असणी** जांणक इंद्र रौ पड़ै सीस पाहाड़।—किसोरदांन बारहठ

असत, असत्त–वि० [सं० असत्] १ मिथ्या, झूठ। उ०—विड री **असत** विजौ थियौ वांसै, वाजै हाक थई विकरोळ।—नैणसी
२ असाधु, अन्यायी, अधर्मी। उ०—सवियांण 'कल्यांण' तणौ व्रत सीधौ, अगै भेटियां **असत** अग्यांन।—दूदौ आसियौ
[सं० असत्वर] ३ कायर, डरपोक। उ०—उदम **असत** गया उलंडै, लाज बंधण पग लागौ लीह।—रावत रत्नसिंह चूंडावत रौ गीत
[सं० अश्वेत] ४ काला, श्याम। उ०—**असत** भमर सम आपियां बोम ब्रहारां बंक।—पा.प्र. [सं० अस्त] ५ छिपा हुआ, तिरोहित, अदृष्ट. ६ नष्ट. ७ खराब, बुरा। उ०—खत्रवट घट हुआं समै वळ खातां, पग पग थातां **असत** पुळ। जोतां राव जवांन ऊजळौ, कसना रावत तणौ कुळ।—जसजी आढ़ौ
सं०पु० [सं० असत्य] १ झूठ, असत्य, मिथ्या। उ०—सत पोखण सोखण **असत**, उदित हरी हर आप।—जैतदांन बारहठ
क्रि प्र०—केणौ-बोलणौ।
[सं० असत्व] २ जड़, प्रकृति [सं० अस्त] ३ लोप, सूर्यास्त, अवसान. ४ नाश, विध्वंस. ५ सत का अभाव, देखो 'सत'।
[सं० अस्थि] ६ हड्डी, अस्थि। उ०—खग गिलत गूंदा तत अखत, वण **असत** परवत मेरवत।—रा.रू. [रा०] ७ शत्रु, दुश्मन।
उ०—सूजा हरौ **असतां** सालै, हालै मन मांनिए हुए—नाथौ सांदू

असतर–सं०पु० [सं० अस्=क्षेपणे, अस्त्र] १ वह हथियार जो फेंक कर चलाया जाय जैसे—बाण आदि. २ शत्रु के फेंके हुए हथियार को रोकने वाला उपकरण जैसे—ढाल. ३ मंत्र द्वारा चलाए जाने वाले हथियार. ४ चिकित्सकों के चीर-फाड़ करने वाले औजार [सं० अश्वतर] ५ खच्चर।

असतरी–सं०स्त्री [सं० स्त्री] १ महिला, नारी। उ०—लेखै **असतरी** प्रभु लूड सारंग सरलिया।—र.रू. २ पत्नी. ३ इस्त्री।

असतळ–सं०पु० [सं० स्थल] १ संन्यासियों के रहने का स्थान।
उ०—पूरब में मकसूदाबाद चंद्रकांणै गांमावतां रा वडा **असतळ** है।—बां.दा. २ मैदान।

असताचळ–सं०पु० [सं० अस्ताचल] वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे जाकर सूर्य अस्त या छिप जाता है। उ०—थळ कज्जळ सरजीव कना **असताचळ** अग्रज। कना सेव कारणै देव सुत आया दिग्गज।
—रा.रू.

असति, असती–वि० [सं० अ+सती] १ जो सती न हो, कुलटा. २ क्षीण, कमजोर। उ०—अभनमापाळ भुरजाळ यम ऊचरै, भांमणा लेहूं मूछाळ भूरा। असतियां चाढ़ियां कळा **असती** हुवै, सूर चढ़िया कळा हुवै सूरां।—अज्ञात. [सं असत+ई] २ अधर्मी, पापी, दुराचारी। उ०—चढ़ियौ कुळजुग पूर चढंतां, घणा **असती** जाचतां घणां। मुख भेटतां समां मेवाड़ा, टळियौ पातक डील तणौ।
—महारांणा प्रताप रौ गीत
३ कायर, डरपोक, अशक्त। उ०—१ भूलगौ गसती भोम आगे वे **असती** भागौ।—अज्ञात
उ०—२ यूं करतां आया दळ आघा, पड़ भागा **असती** कर पेच।
—अभैसिंह चिमनसिंह चांपावत रौ गीत
४ काला, श्याम* (नां.मा.)
सं०पु० [सं० असत्य] १ मिथ्या, झूठ (ह.नां.)
[सं० असत] २ विधर्मी, यवन। उ०—सूर नांमियौ गंगाजळ स्रोणी, सत सीधौ 'कल्यांण' सकाज। **असती** पोहां तणै आभड़ियौ, अनड़ प्रवीत हुऔ तिण आज।—दूदौ आसियौ

असतुंड–सं०पु० [सं० अश्व+तुंड] घोड़े की नाक। उ०—कटै **असतुंड** दुखंड कपाळ, रुकै ढ़क (ल) हूंत न कुंत कराळ।—रा.रू.

असतूत, असतूति, असतूती–सं०स्त्री० [सं० स्तुति] १ स्तवन, यशोगान, कीर्ति, कीर्तन (अ.मा.) प्रशंसा, प्रशस्ति, बड़ाई (डिं.को.)

२ विनती, प्रार्थना, स्तुति । उ०—१ राजा इसी **असतूती** करी छै ।
—पलक दरियाव री वात

उ०—२ व्रहमा विसन महेस सेस **असतूत** करंदै ।—केसोदास गाडण

असतोत्र–सं०पु० [सं० अस्तोत्र] १ गुण, कर्म और समावादी से स्तुति करना. २ किसी देवता का छंदोवद्ध स्वरूप कथन या गुण कीर्तन, स्तुति, स्तवन । उ०—प्रसन्न करण निज किरणपति सत **असतोत्र** उचार ।—सूरज असतूत

असतौ–सं०पु०—निर्लेप । उ०—भूपर भालाळाह हेक तूंह **असतौ** हुवौ ।
—पा.प्र.

असत्कार–सं०पु० [सं०] अपमान, तिरस्कार, निरादर ।

असत्य–वि० [सं०] मिथ्या, झूठ ।

असत्यता–सं०स्त्री० [सं०] झूठाई, मिथ्यापन ।

असत्यवाद–सं०पु० [सं०] झूठ बोलना ।

असत्यवादी–वि० [सं०] झूठ बोलने वाला, झूठा ।

असत्र–सं०पु० [सं० अस्त्र] १ अस्त्र, हथियार । उ०—सोह ससत्र **असत्र** तुटा सकाज, कई माह मल जुद्ध करण काज ।—शि.सु.रू.
[रा०] २ सूअर (अ.मा.)
वि० [सं० अ+शस्त्र] १ निशस्त्र, निहत्था । उ०—अणपांण अधीर लड़ै **असत्रां** । सबळां तन पांण लड़ौ ससत्रां ।—पा.प्र.
[सं० अ+शत्रु] २ जो शत्रु न हो, मित्र ।

असत्र-ससत्र–सं०पु०यौ० [सं० अस्त्र+शस्त्र] अस्त्र-शस्त्र, हथियार । देखो 'असत्र' (१)

असत्री–सं०स्त्री० [सं० स्त्री] १ स्त्री, महिला, नारी ।
उ०—सूतौ धारै सांत सांभळ **असत्री** रा सबद ।—पा.प्र.
२ पत्नी, जोरू । उ०—अंग री **असत्री** अंग रौ भरतार पाईजै छै ।
—रा.सा.सं.

असथन–सं०पु०—अस्थि, मज्जा (डिं.को.)

असथळ–सं०पु० [सं० स्थल] देखो 'असतळ' (रू.भे.)

असथांन–सं०पु० [सं० स्थान] स्थान । उ०—उनमनि **असथांन** इसौ दाता, अवर नांही अभै आपैदांन ।—ह.पु.वा.

असथी–सं०स्त्री० [सं० अस्थि] अस्थि, हड्डी ।

असथीपंजर–सं०पु०यौ० [सं० अस्थि+पंजर] हड्डियों का ढाँचा, कंकाल (डिं.को.)

असदगति–सं०स्त्री०यौ० [सं० असद्गति] अधोगति ।

असद–वि० [सं०] दुष्ट, नीच । उ०—**असद** गुरु सद्गुरु लच्छण ईख ।
—ऊ.का.

असन–सं०पु० [सं० अशनि] देखो 'असण' (अ.मा.)
उ०—उर तरुणि सुख धनवंत जण अति **असन** गरम अनेक ए ।
—रा.रू.

असनांन–सं०पु० [सं० स्नान] स्नान, नहाना । उ०—सफरा **असनांन** खाग धारां, उतरा रवि क्रम क्रम असमेद ।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

असनि–सं०पु० [सं० अशनि] १ वज्र, विद्युत (डिं.को.)
उ०—मनहु बूंद बस बात, **असनि** असमांन विछुट्टिय ।—ला.रा.
२ देखो 'असणि' ३ ओला । उ०—तोप-सव्द घनघोर तुपक भख **असनि** वरक्खिय ।—ला.रा. ४ अंत गुरु की चार मात्रा का नाम (डिं.को.)

असनिकुमार–सं०पु० [सं० अश्विनीकुमार] देवताओं के वैद्य माने जाने वाले सूर्य के दो पुत्र जो त्वष्ठा की पुत्री प्रभा नाम की स्त्री से उत्पन्न हुए थे । उ०—**असनिकुमार** अगनि वन आखौ, देवनाथ महि वांमण दाखौ ।—रा.रू.

असनी–सं०पु०—१ देखो 'असणि' (अ.मा.) [सं० अश्विनी]
२ सत्ताइस नक्षत्रों में से एक (नां.मा.)

असनेह–सं०पु० [सं० अस्नेह] १ शत्रुता, दुश्मनी, स्नेह का अभाव ।
उ०—१ जुड़वा रण पाबुअ जींद जुआ । हट लाग सगा **असनेह** हुआ ।
—पा.प्र.
२ अळगौ ही उर मैं बसै नींद न आवणदेह । ससि वदनी रौ साहिबौ कै दोयण **असनेह** ।—बां.दा.

असन्न–वि० [सं० आसीन] आसीन, बैठा हुआ । उ०—आडवळै आघौ फरइ, एवड़ माँहि **असन्न** । तिण अजांण ढोलइ तणइ, मूरख भागइ मन्न ।—ढो.मा.
सं०पु० [सं० अशन] आहार, भोजन । उ०—नारायण भजियौ नहीं, भजिया अवर भजन्न, ज्यां तजियौ मांनव जनम, सभिया तन्न **असन्न** ।
—ह.र.

असन्नु–सं०पु० [सं० अशन] १ भोजन (मि० असन, असण-रू.भे.)
सं०पु० [सं० अ+सज्जन=असज्जन, अप० असयण=असन्नु] असुर, राक्षस । उ०—दुस्टी **असन्नु** वेद छिन्नु बहु रुदन्नू अज्ज ए—करुणासागर

असप–सं०पु० [सं० अश्मन्] १ प्रस्तर, पत्थर (अ.मा.)
[सं० अश्व] २ घोड़ा [सं० अश्व+पति] ३ देखो 'असपति' (१२)

असपत–सं०पु० [सं० अश्वपति] देखो 'असपति' (१, २)

असपति, असपती–सं०पु० [सं० अश्व+पति] १ घोड़े का स्वामी, रिसालदार. २ बादशाह । उ०—उण वक्त खबर गुजरात आय । **असपती** अमल दीन्हौ उठाय ।—वि.सं. ३ आसपास में लघु व मध्य में गुरु की चार मात्रा का नाम ।S। (डिं.को.)

असपतिराइ, असपतिराय, असपतिरावि, असपतीराइ, असपतीराय–सं०पु० बादशाह । उ०—बोल न मांन्यउ **असपतिराइ**, गढ़ जाळहुर भणी दळ जाइ ।—कां.दे.प्र.

असपत्त, असपत्ति, असपत्ती–सं०पु०—देखो 'असपति' (१, २)
उ०—उर झुकमा **असपत्त** सूं, तुकमा लेवण त्यार । पाछा करण प्रताप ज्यूं, वेढ़ नृपत वैपार ।—किसोरदांन बारहठ

असपथ–सं०पु० [सं० अश्वत्थ] पीपल (ह.नां., पाठांतर)

असपरा–सं०पु०—१ देवता (अ.मा.)
सं०स्त्री० [सं० अप्सरा] २ अप्सरा, स्वर्ग की वेश्या ।

असप्पति–सं०पु०—देखो 'असपति'. (१, २) उ०—दोउ मयमंत सुजांण सेज दिसि वाहुड़इ । जांणै धरती-काज **असप्पति** आहुड़इ ।
—ढो.मा.

असबभ्भ–वि० [रा० असमभ्भ] १ अज्ञानी, मूर्ख । उ०—म्हूँ अयांण **असबभ्भ** इसौ ।—पीरदांन लाळस २ देखो 'असमभ्भ'

असबाब–सं०पु० [अ०] सामान, सामग्री, चीज, वस्तु प्रयोजनीय पदार्थ ।

असभ्य–वि० [सं०] अशिष्ट, गंवार, उद्दंड । उ०—अहो अलभ्य उद्धमे **असभ्य** सभ्य अन्यते ।—ऊ.का.

असमंजत–सं०पु० [सं० असमंजस] बड़े उद्धत अत्याचारी स्वभाव का एक सूर्यवंशी राजा जो पिता के द्वारा त्यक्त होने पर भी वही राज्य का उत्तराधिकारी हुआ और कालांतर में बड़ा प्रसिद्ध हुआ । प्रसिद्ध राजा अंशुमान के यह पिता थे ।—रांमरासौ

असमंजस–सं०पु० [सं० असमंजस] पशोपेश, हिचकिचाहट, आगा-पीछा, दुविधा । देखो 'असमंजत' ।

असमंद्र–क्रि०वि० [सं० आ+समुद्र] समुद्रपर्यंत ।

असम–सं०स्त्री० [सं० अ+शम] १ अग्नि, आग (ना.डिं.को.)
सं०पु०—२ लुब्धता. ३ अशांति [सं०] ४ एक प्रकार का अलंकार विशेष जिसमें उपमान का मिलना असंभव कहा जाय ।
वि० [सं०] १ जो समान न हो, विषम. २ उबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा ।

असमभ्भ–वि०—मूर्ख । उ०—हण विसधर बचौ, आग बुझाय अंगार ! पिसण मार सत पिसण रौ, **असमभ्भ** लियौ उबार ।—बां.दा.
सं०स्त्री०—अज्ञानता, मूर्खता । उ०—परमेस्वरजी निमित्त धरम पुन करौ । घणौ सोच करणौ तौ **असमभ्भ** रौ कांम छै ।
—पलक दरियाव री बात

असमत्थ–वि० [सं० असमर्थ] अयोग्य, अशक्त, दुर्बल, सामर्थ्यहीन ।
उ०—मुनि घालै तप जोग बळ, सरग कपाटां हत्थ । वे ही क्रपण कपाट नूं, ऊघाडण **असमत्थ** ।—बां.दा. ।

असमनेत्र–वि०यौ० [सं० असम+नेत्र] जिसके नेत्र विषम हों ।
सं०पु०—महादेव, शिव ।

असमय–सं०पु० [सं० अ+समय] विपत्तिकाल, कुसमय ।
वि०—सिद्धांतहीन, प्रतिज्ञाहीन ।

असमर–सं०स्त्री० [रा० अ+सं० समर] तलवार, खड्ग (अ.मा.)

असमरथ–वि० [सं० असमर्थ] अयोग्य, अशक्त, दुर्बल, सामर्थ्यहीन ।

असमवांण–सं०पु० [सं० असम+बाण] कामदेव ।

असमसर–सं०पु० [सं० असमशर] कामदेव ।

असमांण–सं०पु० [फा० आसमान] आसमान, आकाश । उ०—जमी **असमांण** न आंण न जांण, न लोकालोक न खांण न जांण—ह.र.
वि० [सं० अ+समान] जो समान न हो ।

असमांणक–सं०पु० [फा० आसमान] १ आसमान. २ स्वर्ग ।

असमांणि, असमांणी–वि०—१ आसमान जैसा. २ आसमान संबंधी, आकाशीय, दैवी । उ०—१ पाया सिधां परम तत, फतै **असमांणी** ।
—केसोदास गाडण
उ०—२ महाराज री **असमांनी** फतेह हुई ।—बां.दा.
सं०पु०—१ आसमान । उ०—वीरमदे चडियउ भंडरि लगि, लेखावि अस्सी असमांण लग्गि ।—रा.ज.सी. २ नीला रंग ।
क्रि०वि०—आकस्मिक, अचानक ।

असमांन–सं०पु०—देखो 'असमांण' उ०—बे बे कबांण भूथांण बंध, **असमांन** छिबत रोसांण अंध ।—वि.सं.

असमांनी–सं०स्त्री०—१ देखो 'असमांणी' २ आकाश के रंग से मिलते जुलते रंग का घोड़ा (शा.हो.)

असमाथ–वि० [सं० असमर्थ] असमर्थ, विवश ।

असमाध–सं०स्त्री० [सं० असमाधि] १ बिमारी, रोग. २ कष्ट, पीड़ा.
उ०—वडा जैसिंघजी रै मास दोय **असमाध** रही, पक्षाघात हुवौ ।
—बां.दा.
३ उपद्रव, कलह । उ०—घोडी आंण समाध **असमाध** उपाई ।
४ युद्ध । —वी.मा.

असमाधणौ, असमाधबौ–क्रि०अ० [सं० असमाधि] मरना ।
उ०—पछै रांणौ रायमल **असमाधियौ**, तरै जिसौ लायक नहीं, रजपूत राजी नहीं ।—नैणसी
असमाधणहार-हारौ (हारी), असमाधणियौ–वि०—मरने वाला ।

असमाधि, असमाधी–सं०स्त्री०—१ पीड़ा, दुख, कष्ट (अ.मा.)
२ बिमारी, रोग (ह.नां.) (मि० असमाध—रू.भे.)

असमाप्त–वि० [सं०] अपूर्ण, अधूरा ।

असमाप्ति–सं०स्त्री० [सं०] अपूर्णता, अधूरापन ।

असमाव्रत–वि० [सं० असमावर्त] जिसका समावर्त्तन संस्कार न हुआ हो.

असमाहित–सं०स्त्री० [सं०] चित्त की अस्थिरता ।
वि०—चंचल ।

असमेद, असमेध–सं०पु० [सं० अश्वमेध] १ देखो 'अस्वमेध'.
२ एक प्रकार का घोड़ा विशेष जिसका श्वेत रंग हो अथवा अगला एक पैर श्वेत हो तथा दोनों कान श्याम रंग के हों । आंखें बड़ी बडी तथा आंखों में लाल रेखा हो । मतांतर से केवल काले कानों वाला घोड़ा भी असमेध कहलाता है । (शुभ—शा.हो.)

असम्मर, असम्मी–सं०पु०—तलवार, खड्ग (डिं.को.)
(रू.भे.—असमर)

असयांनौ–वि० [सं० अ+सज्ञान] छल व चतुराई से रहित, सीधा-सादा ।

असर–सं०पु० [अ०] १ प्रभाव, दबाव [सं० असुर] २ असुर, राक्षस.
३ यवन, मुसलमान । उ०—अतुळीबळ भाड़ै **असरां** रौ, खागां मार गमाड़ै खोज ।—र.रू. [सं० असृज] ४ रुधिर, खून ।
उ०—**असर** घड़तोड़ ओहाळ मुंह ऊतरै, नदी नदियां मिळै रातड़ौ नीर ।—महारांणा रायमल्ल रौ गीत

वि० [सं० अ+शर] शररहित, बिना बाण के।

असरचौ–सं०पु०—तकरार, झगड़ा, टंटा। उ०—जितरै आपस में **असरचौ** हुवौ। आपस में बोलणै लागा। ताहरां खींवै काढ़ि कटारी नै वाही।—चौबोली

असरण–वि० [सं० अशरण] निराश्रय, निरावलंब, अनाथ, जिसे कहीं शरण न हो। (यौ० असरण-सरण)

उ०—१ त्रिभुवन-तारण-तरण, सरण-**असरण** साधारण।—ह.र.

२ **असरण** सरण कह्यां गिरधारी, पतित उधारण पाज।—मीरां

असरण-सरण–वि०यौ० [सं० अशरण-शरण] निराश्रय व अनाथों को शरण देने वाला। उ०—परमेस्वर अणपार परम पूरण परमातम। श्रीपति **असरण-सरण** तरण-तारण त्रिगुणातम।—रा.रू.

सं०पु०—ईश्वर।

असरधा–सं०स्त्री० [रा०] १ कमजोरी। उ०—अै पंच तौ समाज री गरीबी अर **असरधा** ऊपर नहीं देय'र।—वरसगांठ

[सं० अश्रद्धा] २ अश्रद्धा, श्रद्धा का अभाव।

असरफी–सं०स्त्री० [फा० अशरफी] १ सोने का एक सिक्का, स्वर्ण-मुद्रा, मोहर।

सं०पु० [रा०] २ पीले रंग का एक फूल।

असरम, असरम्म–वि० [रा० अ+फा० शर्म] बेशर्म, बेहया।

असरांण–सं०पु०—१ असुर. २ यवन, मुसलमान [सं० असुर+राट्] ३ बादशाह।

असराफ–वि० [अ० अशराफ] शरीफ, भद्र, सज्जन। उ०—जुंगूं कै जैतवार सिपाह बुलाए। दौ पक्खी विरदेत **असराफों** के जाए।—रा.रू.

असरायळ–वि०—शक्तिशाली, जोरावर (द.दा.)

(रू०भे०–अजरायळ, असराळ)

असरार–सं०पु० [सं० असुरारि] देवता (अ.मा)

असराळ [सं० आशरारु] देखो 'अस्सराळ' (रू०भे०) उ०—काळ दुकाळ संभाळ करै करुणा के सागर, झाळ **असराळ** त्रिकाळ टरै हरि जासु क्रपा कर।—करुणासागर

असल–वि० [अ०] १ वास्तविक, जो झूठा या बनावटी न हो।

उ०—कूड़ा निलज कपूत, हियाफूट ढांढ़ा **असल**।—किरपारांम

२ खरा, सच्चा, बिना मिलावट का, खालिस. ३ कुलीन।

सं०पु०—१ जड़, मूल, बुनियाद. २ मूलधन।

असलस–सं०पु० [सं० आलस्य] आलस्य। उ०—सखी **असलस** लावइ मौं स्रावण मास।—वी.दे.

असळ-सळ–सं०स्त्री०—सेना के घोड़ों द्वारा चलने व दौड़ने पर उत्पन्न ध्वनि। उ०—ग्रीध्र हळवळ समर गळळ पळ मळगरां **असळ-सळ** वळोवळ कळळ हुकळ तुरा। महादांन महड़ू

असळाक, असळाख, असळाग–सं०पु० [सं० आलस्य] आलस्य, सुस्ती, शिथिलता, अनुत्साह। उ०—१ अंग छागी **असळाख** लाखां मांख्यां मुख लागी।—ऊ.का. उ०—२ अंग **असळाक** मोड़तौ आयौ, दुल्हावत असड़ौ दरसायौ।—वरजूबाई

उ०—३ उडै नहिं **असळाग** मांखियां बैठे मूंडे।—ऊ.का.

असलियत–सं०स्त्री० [अ०] १ वास्तविकता. २ बुनियाद. ३ सार, तत्व।

असली–वि० [अ० असल] सच्चा, खरा, बिना मिलावट का, शुद्ध, अकृत्रिम।

कहा०—१ असली गुण कूं ना तजै, गुण कूं तजै गुलांम—असली गुण को नहीं त्यागता, वर्णशंकर गुण को त्याग देता है।

असलीजदा–कुलीन, श्रेष्ठ। उ०—उत्तिम मद्धिम गुलांम कुण, कुण **असलीजदा**।—केसोदास गाडण

असलीन–वि० [अ० असल] १ देखो 'असली' [सं० अश्लील] २ अश्लील, भद्दा, असभ्य।

असलीयत–सं०स्त्री० [सं० असलियत] देखो 'असलियत' (रू.भे.)

असलील–वि० [सं० अश्लील] भद्दा, असभ्य, अशिष्ट।

असलेखा–सं०स्त्री० [सं० अश्लेषा] सत्ताइस नक्षत्रों में से एक (नां.मा.)

कहा०—१ असलेखा बूठा बैदां घरै वधांमणा—अगर अश्लेषा नक्षत्र में वर्षा हो तो वैद्यों के घर बधाई के बाजे बजेंगे और रोग खूब फलेगा. २ असलेखा साव देसा—अश्लेषा नक्षत्र में सर्वत्र वर्षा होती है।

असल्ली–वि० [अ० असल] देखो 'असली' उ०—ऊंधे पाघड़े काळ रूपी **असल्ली** बोलै पारसी ऐरसी गल्लवल्ली।—वचनिका

असव–सं०पु० [सं० अश्व] घोड़ा, घोटक, तुरंग (ना.डिं.को.)

असवत–सं०स्त्री० [सं० अश्वत्थ] पीपल (अ.मा.)

असवनी–सं०स्त्री० [सं० अश्विनी] एक नक्षत्र विशेष का नाम।

असवां–सं०पु० [सं० अश्रु] आंसू। उ०—**असवां** जळ सींच सींच प्रेम बेल बूयां। दध मथ घ्रत काढ़ लयां डार दया छूयां।—मीरां

असवांन–सं०पु० [फा० आसमान] आसमान (द.दा.)

असवार–सं०पु० [फा०] १ सवार, चढ़ना। उ०—अरुणानुज **असवार** कर छाया ज्यां सिर करै।—बां.दा. २ अश्वारोही. ३ चढ़ाई करना। उ०—पछै सीहोजी खोड ऊपर **असवार** हुआ, गेहलां नूं मारिया नै खोड लीनी—रा. वं.वि.।

असवारगी–सं०स्त्री०—१ फैलने का भाव. २ सवारी।

असवारी–सं०स्त्री० [फा० सवारी] देखो 'सवारी'। उ०—**असवारी** कजि आणियौ ऊपरि लूंण उतारि।—रा.रू.

असवेत–वि० [सं० अ+श्वेत] जो श्वेत न हो, काला।

असव्वार–सं०पु० [फा० असवार] देखो 'असवार'। उ०—जै जैकार जीहा हरीरांम जप्पै, **असव्वार** हूआं मूंछां पांणि अप्पै।—वचनिका

अससाळा–सं०स्त्री० [सं० अश्व+शाला] घोड़ों के रखने का स्थान, अस्तबल, तबेला।

असह–वि० [सं० असह्य] असह्य, दुस्सह, न सहन किया जा सकने वाला। उ०—घूणै सिर पकड़ै धरा, **असह** सहै जे आर। वोहलिया विरदावियां, गरज सरै न तार।—बां.दा.

सं०पु० [सं०] १ शत्रु, दुश्मन (मि०–असहण) उ०—**असहां** दस देस पेसकस आंणै।—क.कु.बो. २ यवन, मुसलमान.

३ हृदय [सं० अश्व] ४ घोड़ा [रा०] ५ आग, अग्नि, (अ.मा.) ६ पीड़ा (अ.मा.)

असहण–सं०पु० [सं० असहन] शत्रु, रिपु (अ मा.)

असहत–सं०पु०—१ शत्रु, असुर। उ०—मरू मरू करतौ सदा **असहतां** मारतौ।—प्रतापसिंह उदावत रौ गीत २ यवन, मुसलमान।

असहन–सं०पु०—देखो 'असहण'।

वि० [सं० असह्य] असह्य, दुस्सह।

असहनसील–वि० [सं० असहनशील] असहिष्णु, जो सहन न कर सके।

असहनसीलता–सं०स्त्री० [सं० असहनशीलता] सहनशक्ति का अभाव, असहिष्णुता।

असहाय–सं०पु० [सं०] जिसका कोई सहायक न हो, जिसे कोई सहारा न हो, निःसहाय, निराश्रय, अनाथ।

असहायौ–सं०पु०—देखो 'असहाय' (रू.भे.)

असहिस्णु–वि० [सं० असहिष्णु] जो सहन न कर सके. असहनशील।

असहिस्णुता–सं०स्त्री० [सं० असहिष्णु+ता] सहन न कर सकने का भाव, असहनशीलता।

असहींस–सं०स्त्री० [सं० अश्व+रा० हींस] घोड़े की हिनहिनाहट। उ०—बखत रा बखतरां चीरणी, **असहींस** आभड़ै करणपटां।

—दुरगादास

असही–वि० [सं०असह्य] १ असह्य, दुस्सह। उ०—समन पराया खेत में दाख तोड़ खर खाय। हांणी कुछ होवै नहीं, **असही** सही न जाय।

—समन

सं०पु०—शत्रु, वैरी।

असांच–वि० [सं० असत्य] असत्य, झूठ।

असांजन–सर्व०—हमारा। उ०—भजि निरंजन भरम भंजन, हरि **असांजन** नाथ।—ह.पु.वा.

असांत–वि० [सं० अशांत] जो शांत न हो अस्थिर।

असांति–सं०स्त्री० [सं० अशांति] १ चंचलता, अस्थिरता. २ असंतोष।

असांमरथ–वि०—असमर्थ। उ०—जौ ऐसौ **असांमरथ** छै तौ बेसि रहै।

—वेलि. टी.

असांमांन्य–वि० [सं०] असाधारण, जो सामान्य न हो।

असांयत–सं०स्त्री० [सं० अशांति] १ अशांति, चंचलता।

उ०—थें करी **असांयत** आसरा! थिर सांयत थापवा सारू।

—दुरगादास

२ असंतोष।

असाइच–सं०पु०—चौहानों की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

असाई–वि०—अशिष्ट, बेहूदा, बदतमीज।

असाउळि–सं०पु० (प्रा०रू०) [सं० अश्वाली] १ सेना. २ अश्वारोही सेना। उ०—भणी कटक ऊपड्यां **असाउळि** गढ़ मांहि मेल्हिउं थांणउ।—कां.दे.प्र.

असाकल–सं०पु० [सं० अशाकल्य] अखंड। उ०—वयाळ सियाळ उनाळ वयाकुळ वारि वरसाळ खुधाळ सयूं। वनाळ विचाळ गिराळ **असाकळ** ज्वाळ मयाळ सखाळ लयूं।—करुणासागर

असाक्षी–सं०पु० [सं० असाक्षिन] जिसकी गवाही धर्मशास्त्रानुसार मान्य न हो।

असाड–सं०पु० [सं० आषाढ़] देखो 'असाढ़' (रू.भे.)

असाडी–सं०स्त्री०—देखो 'असाढ़ी'।

असाडौ–सं०पु०—देखो 'असाढ़'।

असाढ़–सं०पु० [सं० आषाढ़] वर्षा ऋतु का प्रथम मास तथा ज्येष्ठ के बाद का महिना (डि.को.)

कहा०—सौ मेळां री एक असाढ़—जो बैल सौ मेलों में नहीं बिकता वह आषाढ़ मास में आसानी से बिक जाता है। आषाढ़ मास में बैल का महत्व बढ़ जाता है।

असाढ़ी–वि०स्त्री०—१ आषाढ़ का, आषाढ़ सम्बन्धी।

सं०स्त्री०—१ आषाढ़ में बोई जाने वाली फसल, खरीफ. २ आषाढ़ मास की पूर्णिमा. ३ आषाढ़ मास की तिथि।

असाढ़ी नम–स०स्त्री०यौ०—आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी, सूर्यनवमी।

असाडौ, असाढ़ौ–सं०पु०—देखो असाढ़' (रू.भे.) उ०—आदर आवियौ रै भर मास **असाढ़ौ** पावस झीक पड़ांणी।—आबू रौ गीत

असात–सं०पु० [सं० अशात] १ अपयश कुयश. २ दुख।

असाद–वि० [सं० असाध्य] असाध्य (रू.भे.)

असादु–वि० [सं० असाधु] १ दुष्ट, दुर्जन. २ अविनीत, अशिष्ट, असज्जन।

असाद्धि–वि० [सं० असाध्य] असाध्य। उ०—घायल **असाद्धि** डोले न घुम्मि, सांनीन स्रोनतें रंगभूम्मि।—ला.रा.

असाध–वि०—१ असाधु, असज्जन, बुरा, दुष्ट। उ०—सांई साध ज तारिया **असाधां** बोया।—केसोदास गाडण

२ [सं० असाधीयस्] प्रचंडकाय। उ०—अमोलक उजळगात **असाध** सझौ हव साखत वेग समाध।—गो.रू. [सं० असाध्य] ३ असाध्य, दुष्कर, कठिन। उ०—पुणजै मूध अखरोट पिण, औ दस दोस **असाध**।—र.रू.

वि०—असंभव। उ०—सुणै जद गैहर ढोल समाध। आई तद माथै खून असाध—गो.रू.

असाधारण–वि०—जो साधारण न हो (द.दा.)

असाधि–वि० [सं०असाध्य] असाध्य। उ०—उत्तर आज स उत्तरइ, वाजइ लहर **असाधि**।—ढो मा.
असाधु–वि० [सं०] दुष्ट, खल, बुरा, असज्जन।
असाधुता–सं स्त्री० [सं०] अशिष्टता, दुष्टता, खोटाई, नीचता।
असाध्य–वि० [सं०] १ कठिन, न आरोग्य होने योग्य। उ०—जांण **असाध्य** व्याध जगदंबा, अंबा बांसै आई।—मे.म. २ जो साधा या सिद्ध न किया जा सके, दुष्कर। उ०—जटाधर बचै दैंत जळाय, विमोहै रूप **असाध्य** बणाय।—ह.र. ३ कठोर, तेज। उ०—दूहूं ओर तोप दगी कराळ, जंगी **असाध्य** मनु जेठ ज्वाळ।—ला.रा.
असायच–सं०पु०—गहलोत वंश की एक शाखा या उस शाखा का व्यक्ति।
असार–वि० [सं०] १ साररहित, निःसार, तत्वरहित। उ०—'ऊमरा' **असार** मांहि सार का धरचौ। रांम नांम सार है **असार** सौ सरचौ।—ऊ.का. २ तुच्छ. ३ बेमतलब [अ० आसार] ४ दीवार की चौड़ाई. ५ चिन्ह, लक्षण।
असारता–सं०स्त्री० [सं०] निस्सारता, तुच्छता।
असारौ–सं०पु० [फा० इशारा] इशारा, संकेत।
असालत–सं०स्त्री० [अ०] कुलीनता, सचाई।
असालतन–क्रि०वि० [अ० असालतन] स्वयं रूप में, खुद में।
असाळियौ, असाळयू–सं०पु० [सं० अहालिम] चंद्रसूर, हाली।
असावधांन–वि० [सं० असावधान] जो सावधान न हो, जो सचेत न हो, गाफिल, बेखबर। उ०—सदीव सत्य सावधांन, सावधांन की सुनूं। गुमांन ग्यांन गरहणां, **असावधांन** की गुनूं।—ऊ.का.
असावधांनता, असावधांनी–सं०स्त्री० [सं० असावधानी] बेपरवाही, असावधानी, सतर्कता का अभाव।
असावरी–सं०स्त्री० [सं० आशावरी] १ भैरव राग की स्त्री एक रागिनी (संगीत). २ एक प्रकार का धूप।
असास–वि०—स्वासरहित। उ०—अगात **असास** अबात अबेस—ह.र. सं०स्त्री० [सं० आशिष] आशीर्वाद। उ०—तिसै देवै आरोग नै **असास** कीधौ थौ।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात
असाह–वि० [रा० अ+फा०शाह] १ निर्धन, कंगाल। उ०—साह व्हें **असाह** चाह दाह तें सह्यौ।—ऊ.का. २ ऐसा। सं०पु०—वायु, पवन (अ.मा.)
असि–सं०पु० [सं० अश्व] १ अश्व, घोड़ा। उ०—अगसाखा **असि** अगा पवन उडांण डांण झापंदा पाळि हरि पिलि पगा दादुरिया नैव कुदंति।—रांमरासौ
सं०स्त्री० [सं०] २ तलवार, खड्‌ग (डिं.को.)
वि० [सं० अ+श्वेत] १ काला, श्याम* (डिं.को.)
[सं० ईदृश) २ ऐसा।
असिक्षित–वि० [सं० अशिक्षित] अनपढ़, उजड्ड, अनाड़ी।
असित–वि० [सं०] १ काला, श्यामवर्ण। उ०—स्यांम ताज कफनी **असित**, सुवरण जिसौ सरीर।—शि.वं. २ दुष्ट, बुरा, कुटिल। सं०पु० [रा०] कृष्ण पक्ष। उ०—सुचि नवमी कुज **असित** मांन वसु चउ तेरह मत।—वं.भा.
असितांग–वि०यौ० [सं० असित+अंग] काले रंग का, श्याम वर्ण का।
असिता–वि०—देखो 'असित'।
सं०स्त्री०—यमुना नदी।
असिद्ध–वि० [सं०]. १ जो सिद्ध न हो. २ व्यर्थ, अप्रमाणित।
असिद्धि–सं०स्त्री० [स०] १ अप्राप्ति. २ कच्चापन. ३ अपूर्णता।
असिधावक–वि० [सं० असि+धावक] तलवार को साफ करने वाला, सिकलीगर। उ०—**असिधावक** आविया, सस्त्र मांजिया सताबी।—मे.म.
असिधावण–सं०पु०—तलवार की धार तेज करने वाला, सिकलीगर। उ०—**असिधावण** तौ पीव पर, वारी वार अनेक। रण झाटकतां कंत रै, लागै झाटक न एक।—वी.स.
असिनी–सं०स्त्री० [सं० अश्विनी] १ घोड़ी. २ एक नक्षत्र विशेष, अश्विनी।
असिपति, असिपत्ति–सं०पु० [सं० अश्वपति] देखो 'असपति' (१, २) उ०—**असिपत्ति** सेन सउं खेलि आळि। दाढ़ाळ जेम आंख्यउं दिखाळि।—रा.ज.सी.
असिबर–सं०स्त्री०—तलवार (मि० असिमर रू.भे.) उ०—सोहत धणियां सीस मिळै **असिबर** फणियां मुख।—वं.भा.
असिमर, असिमरि–सं०स्त्री० [सं० असि] तलवार, खड्‌ग। उ०—१ इम कहै महेस वडै प्रब आये, गहि **असिमर** दाखिये गहि।—सांखला महेस कल्याणमलौत रौ गीत २ आहणिय अंकि **असिमरि** उलाळि पहटिया बिया गमिया पयाळि।—रा.ज.सी.
असिमेध–सं०पु० [सं० अश्वमेध] देखो 'अस्वमेध'।
असिम्म–वि०—देखो 'असीम' (रू.भे.) उ०—धुनंति सोर घोर तें **असिम्म** अग्गि उच्छरैं।—ऊ.का.
असिम्मर–सं०स्त्री० [सं० असि] तलवार, खड्‌ग। उ०—आहवि वाहि वहाड़ि **असिम्मर**, महाराज ले जाज्यौ मधुकर।—वचनिका
असिय–सं०पु० [सं० अश्व] घोड़ा।
सं०स्त्री०—अस्सी की संख्या।
वि०—अस्सी।
असियौ–सं०पु०—अस्सीवां वर्ष।
असिव–सं०पु० [सं० अशिव] अमंगल, अशुभ।
असिवर–सं०स्त्री०—१ तलवार। उ०—पहली **असिवर** पाछटै, अरियां लोह विछोड़, पाछै अजका भूप रा, दळ भड़ पूगै दौड़।—वी.स. सं०पु० [सं० असि+वर] २ वीर, बहादुर, योद्धा। उ०—अै राठौड़ अनादि आदि **असिवर** अनिमंधी।—रा.रू.
असिसेत–सं०पु० [सं० असिसेतु] गरुड़।

असिस्ट–वि० [सं० अशिष्ट] असभ्य, अभद्र, उजड्ड, गंवार ।
असिस्टता–सं·स्त्री० [सं० अशिष्टता] बेहूदगी, अभद्रता, उजड्डपन ।
असिहत्थ–वि० [सं० असि+हस्त] योद्धा, खड्गधारी ।
उ०—गयलां में गंभीर नृप हुवौ अनड़ **असिहत्थ** ।—वं.भा.
असी–सं०स्त्री० [सं० अश्विनी] १ घोड़ी । उ०—हरणनांखां पाबू **असी** सजकर सांकेलाह ।—पा.प्र. २ काशी के दक्षिण की एक नदी ।
क्रि०वि०—ऐसी । उ०—संग्रामां संभावै वीज जुळां कसां आय सांमै, रेण अेक थोड़ा नांमै थावै **असी** रीत ।
—नवलजी लाळस
वि० [सं० अशीति, प्रा० असीइ, अप० असी] सत्तर और दस का योग, अस्सी ।
सं०स्त्री०—अस्सी की संख्या, ८० ।
कहा०—असी री आवंद चौरासी रौ खर्च—आमदनी से खर्च अधिक अच्छा नहीं होता ।
असी'क–वि० [सं० अशीति+क] अस्सी के लगभग ।
असीख–वि० [सं० अ+शिक्षा] अपठित ।
सं०स्त्री०—बिना सीखी हुई बात ।
असीगणौ, असीगबौ–क्रि०अ० [सं० आसंग] देखो 'आसींगणौ' (रू.भे.)
असीत–वि० [सं० अ+शीत] शीतरहित, गर्म, तेज । उ०—**असीत** अभीत अगीत अगाह ।—ह.र.
असीम–वि० [सं०] सीमारहित, बेहद, अपरिमित, अनंत, अपार ।
उ०—सिव सक्ति सीम अनुभव **असीम**, सिद्धांत सार नित निराकार ।—ऊ.का.
असीमौं–वि०—अस्सीवां, ८० वां ।
असीय–वि०—देखो 'असिय' (रू.भे)
असील–वि० [सं० अशील] १ शीलरहित । उ०—सुभावां सयानां जे **असील** सील सुळझावै ।—चंडीदांन मीसण [अ० अशील] २ खरा, सच्चा. ३ सुशील, ऊंचे वंश का ।
सं०पु० [सं० असिल] १ योद्धा. २ एक प्रकार का शस्त्र ।
उ०—सेर बच्चा कराबीणी खंजर कटार, सिरोही **असील** तेग बाहें असवार ।—शि.वं.
असीव्रख–सं०पु०—पीपल का वृक्ष (नां.मा.)
असीस–सं०स्त्री० [सं० आशिष] १ आशीर्वाद । उ०—देरांणीजी ने **असीस** कहीज्यौ, अे उड़ती कूंजरियां ।—लो.गी.
क्रि०प्र०—देणी-लेणी । [सं० असि] २ गदा ।
उ०—ओडंडी **असीस** तोक लांगड़ौ कपीस आयौ, कोडंडी कसीस तोक आयौ गुड़ाकेस ।—हुकमीचंद खिड़ियौ
वि०—बिना शिर का ।
असीसणौ, असीसबौ–क्रि०स० [सं० आशिष] १ आशीर्वाद देना.
क्रि०प्र०—२ उफान आना ।
असीसणहार-हारौ (हारी)—आशीर्वाद देने वाला, जोशीला ।
असीसयोड़ौ-असीसियोड़ौ–भू०का०कृ०—आशीर्वाद दिया हुआ ।
असीसियोड़ौ–भू०का०कृ०—आशीर्वाद दिया हुआ ।
(स्त्री० असीसियोड़ी)
असु–सं०पु० [सं० अश्व] १ घोड़ा (वं.भा.)
[सं० असुः] २ प्राणवायु, जीवन, प्राण । उ०—उण दळिद द्विज रै अरथ वणि दासी विणु मोल । उलटौ निज धन अप्पियौ करि अधीन **असु** कोल ।—वं.भा.
असुक–सं०पु० [सं० असृज] रक्त (अ.मा.)
असुकन–सं०पु० [सं० अशकुन] बुरा शकुन, बुरा लक्षण, अपशकुन ।
असुख–सं०पु० [सं०] सुखाभाव, दुख, वेदना ।
असुगुन–सं०पु०—देखो 'असुकन' (रू.भे.)
असुचि, असुची–वि० [सं० अशुचि] अपवित्र, मैला, गंदा, मलिन ।
उ०—**असुचि** मंत्र दिल्लीस उपायौ, बारि पटकि गोपळ बिगड़ायौ ।
—वं.भा.
असुद्ध–वि० [सं० अशुद्ध] १ अपवित्र. २ असंस्कृत ३ गलत, जो सही न हो ।
असुद्धता, असुद्धि–सं०स्त्री० [सं० अशुद्धि] १ अपवित्रता, गंदगी. २ गलती ।
असुध–सं०पु०—बालक (अ.मा.)
वि० [सं० अशुद्ध] अपवित्र ।
असुन–सं०पु० [सं० श्वान] श्वान, कुत्ता (अ.मा.)
असुबिधा–सं०स्त्री० [सं० असुविधा] अड़चन, कठिनाई, दिक्कत ।
असुभ–सं०पु० [सं० अशुभ] १ अमंगल, अहित. २ पाप (अ.मा.) ३ अपराध ।
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ ।
वि०—बुरा, खराब, अमंगलकारी ।
असुभकारियौ, असुभकारी–वि०—अशुभकारी ।
सं०पु०—बनिया, वणिक ।
उ०—उठै वरखा विखै **असुभकारिया** कहतां वांणिया जिकै दुकाळ हुवौ चाहै धांन संचौ करै यौ जांणै दुकाळ पड़ै तौ अन्न रौ घणौ द्रव्य उपजै ।—वेलि. टी.
असुभभंवर–सं०पु०—वह घोड़ा जिसका सब रंग श्याम (भँवर) हो, यह अशुभ माना गया है । (शा.हो.)
असुर–सं पु० [सं०] १ दैत्य, राक्षस (अ.मा., डिं.को.) २ नीच वृत्ति का पुरुष. ३ बादल. ४ राहु. ५ विधर्मी, मुसलमान । उ०—आगै इण गढ वासतै, समर हुओ जग साख । सात लाख हिंदू मुवा, **असुर** अठारै लाख ।—बां.दा.
[सं०] ६ नैऋत्य, आठ दिक्पालों में से एक दिक्पाल (डिं.को.)
सं०पु० [सं० अ+स्वर] स्वराभाव, बुरा स्वर ।
वि०—काला, श्यामवर्ण* (डिं.को.)
सं०स्त्री० [सं० असु=विश्राम, र=देने वाली] ७ रात्रि ।

असुरगुरु–सं०पु० [सं०] असुरों के गुरु, शुक्राचार्य ।

असुरपत, असुरपति–सं०पु० [सं० असुर+पति] १ राक्षसपति, दानवेन्द्र. २ रावण. ३ कंस. ४ हिरण्यकश्यप [रा०] ५ यवन-बादशाह ।

असुरपिरोहित–सं०पु० [सं० असुर+पुरोहित] दैत्यगुरु, शुक्र ।
उ०—**असुरपिरोहित** सुत ग्रह आयौ, दिन चढ़तै सुत लाभ दिखायौ। —रा.रू.

असुरलोक–सं०पु०—राक्षसों का लोक । उ०—सु राज किसउ विराजै छै, नागलोक का राजा सिरहर, नरलोक, देवलोक, **असुरलोक**, सब हौ तइ अधिक सोभति छै ।—वेलि. टी.

असुरवहण–वि०—असुरों का संहार करने वाला ।
सं०पु०—१ श्रीकृष्ण. २ विष्णु. ३ श्रीरामचन्द्र ।

असुरसेन–सं०पु० [सं०] एक राक्षस ।

असुरांड–सं०पु० [सं० असुर] असुर, राक्षस । उ०—हूल **असुरांड** पड़ भूल सुध मांण हट, फिरैं चित्त डूल जिम चाक फेरा ।—र.रू.

असुरांण, असुरांमण, असुरांयण, असुराइण–सं०पु० [स्त्री० असुरांणी] १ मुसलमान, यवन । उ०—१ मदझरां डांण नीसांण मौज । फरहरां बांण **असुरांण** फौज ।—वि.सं. उ०—२ हिन्दू **असुराइण** लड़सी ।—वचनिका
२ असुर, राक्षस । उ०—हुवै **असुरांण** तणा हलकार, पुणै जमदग्गन मुक्ख पुकार ।—ह.र. ३ यवन-बादशाह ।

असुराई–सं०पु० [सं० असुर+राज] १ असुर व यवन-बादशाह ।
उ०—ससमथ जरदि न संमवइ, **असुराई** थट्टि न माइ ।—रा.ज.सी.
सं०स्त्री०—२ खोटाई, शरारत ।

असुरायण–सं०पु०—यवन, बादशाह । उ०—**असुरायण** विप्र ग्रहा अहयूं पड़ दादोय जूंज कटै पहयूं ।—पा.प्र.

असुरारि, असुरारी–सं०पु० [सं० असुरारि] १ देवता. २ विष्णु, हरि. ३ लक्ष्मण (नां.मा.)

असुरी–सं०पु० [सं० असुर] १ यवन, मुसलमान । उ०—रायां राउ ऊपरि **असुरी** राइ ।—रा.ज.सी.
सं०स्त्री०—२ राक्षसी (एकाक्षरी) ३ राई, सरसों जैसा एक तिलहन ।

असुरेसुर–सं०पु० [सं० असुरेश्वर] १ दैत्याधिपति, दानवेन्द्र. २ यवन, बादशाह । उ०—आदर कियौ मिळै **असुरेसुर** दियौ नांम नृप तेग बहादुर ।—रा.रू.

असुहर–सं०पु० [सं० असु+हर] शत्रु, रिपु, वैरी (डिं.को.)

असुहाई–सं०स्त्री० [सं० अशोभित] बुरी बात, मन के विपरीत बात ।
उ०—अत लड़तां प्रगटी **असुहाई**, दोय बेटी पकड़ी दरसाई ।—रा.रू.
वि०—असुहावनी, दुःसह । उ०—ऊपर तिण बसंत रित भाई, सीत वितीत हुई **असुहाई** ।—रा.रू.

असुहाणौ–वि० [सं० अशोभन] १ अप्रिय, दुखद. २ अरुचिकर ।

असुहाणौ, असुहाबौ–क्रि०स०—न सुहाना, अरुचिकर होना ।

असुहायोड़ौ–भू०का०कृ०—अप्रिय, असुहावना (स्त्री० असुहायोड़ी)

असुहावणौ, असुहावबौ–क्रि०स०—देखो 'असुहाणौ' ।

असुहावियोड़ौ–भू०का०कृ०—अप्रिय, असुहावना (स्त्री० असुहावियोड़ी)

असुहावत, असुहावतो, असुहावतौ–वि०—१ अप्रिय, दुखद. २ मन को प्रिय न लगने वाला, असुहावना । उ०—संक साह संपणै वयण न भणै **असुहावत** ।—रा.रू.

असू–सं०स्त्री० [सं० अंशु] १ किरण, प्रभा, रश्मि । [सं० असु] २ देखो 'असु' (रू.भे.)

असूक–सं०पु० [सं० अंशुक] १ वस्त्र. २ शृंगार (ह.नां., पाठांतर)

असूया–सं०स्त्री० [सं०] १ दूसरे के गुण में दोष लगाना. २ ईर्ष्या, डाह । उ०—तथापि साहस रै साथ **असूया** रै अनुचर आपरौही आदेस प्रबळ मांणिया !—वं.भा. ३ निंदावाद. ४ औद्धित्य के कारण दूसरे के गुण स्मृद्धि को सहन न करने का एक प्रकार का संचारी भाव (साहित्य)

असूर–सं०पु० [सं० अशूर] जो शूर न हो, कायर । उ०—सिखर तैं धरती रहइ नीम्या, अंधला ! **असूर** ! असती ! अचेती—वी.दे.

असूल–सं०पु०—देखो 'उसूल' (रू.भे.)

असेंदौ, असेंधौ–वि० [सं० अ+संद्धि] अपरिचित, अजनबी ।
उ०—तिण सू सूराचंद रै गोखै चौताळै **असेंधा** असवार देखै तरै पूछण रौ गाढ़ घणौ करै ।—जैतसी ऊदावत री बात

असेख–वि० [सं० अशेष] १ पूरा, समूचा. २ सब, समस्त.
३ अधिक, बहुत । उ०—पिण भावी अति प्रबळ सकळ बस प्रांण **असेखां** ।—रा.रू. ४ जो शेष न रहे ।

असेत–वि० [सं० अश्वेत] जो श्वेत न हो, काला, श्याम ।
उ०—अरत्त अपीत **असेत** असेस ।—ह.र.

असेयौ–वि० [सं० असह्य] असह्य ।
सं०पु०—शत्रु, वैरी ।

असेर–सं०पु० [सं० अश्रेणिक] किल', गढ़ । उ०—अच्छरां वधावै राग रंगां, गावै मोद अंगां । अढ़ंगा उबारै, हक्कां प्रभती **असेर** । —बुधसिंह सिढ़ायच

असेवतौ, असेवौ–वि०—गहरा, अगाध ।

असेस–वि० [सं० अशेष] देखो 'असेख' । उ०—१ बारलौ **असेस** सोध बोध तैं करचौ ।—ऊ.का.
उ०—२ कूड़ कपट मन केळवी, आया नळवर देस । नळवर कुंअर भेटस्यां, मन में चिंता **असेस** ।—ढो.मा.

असैं–क्रि०वि०—ऐसे । उ०—**असै** राव सेखै अमरसर का राज पाया । —शि.वं.

असैंदौ–वि०—अपरिचित । देखो 'असैंदौ'
कहा०—सैंदौ मसांण असैंदौ निवांण—परिचित श्मशान में (भूत-प्रेत का) तथा अपरिचित जलाशय में (फिसलने व डूबने का) सदा भय रहता है ।

असै–सं०स्त्री० [सं० अ=नहीं+सै=मदद] असाध्वी, असती, कुलटा। उ०—जग गळि लागी रहै **असै** जिमि, सहै न दूखरण जेम सई।
—वेलि.

असौ–वि०—तैसा, ऐसा। उ०—**असा** चाळहा विनां तनै भूरा अभंग आळगै नहीं भाराथ आळा।—हुकमीचंद खिड़ियौ
सं०पु०—सोने या चांदी का मढ़ा हुआ वह डंडा जो राजा महाराजाओं की सवारी के अगाड़ी आदमी लेकर चलता है। देखो 'आसौ'।

असोक–वि० [सं० अशोक] १ शोकरहित, दुखशून्य.
२ लाल* (डि.को.)
सं०पु०—१ आम की तरह लंबी-लंबी तथा लहरदार पत्तियों वाला एक पेड़. २ पारद. ३ ईसा के २५७ वर्ष पूर्व एक मौर्यवंशी राजा जो चंद्रगुप्त मौर्य्य का पौत्र था।

असोकवाटिका–सं०स्त्री०यौ० [सं० अशोक+वाटिका] रावण का एक प्रसिद्ध बगीचा जिसमें सीताजी को रक्खा गया था। (रा.रा.)

असोगी–वि० [सं० अशोक] शोकरहित।

असोज–सं०पु० [सं० आश्विन] आश्विन मास।

असोभ–वि० [सं० अशोभा] शोभारहित, कुरूप, बुरा, अनगढ़, भद्दा। उ०—सुभ सोभत पंकत हीर सिरै, क्रति नौ ससि हस्ति **असोभ** करै।—रा.रू.

असोभता–वि०—शोभारहित। देखो 'असोभ' (रू.भे.)
सं०स्त्री० [सं० अ+शोभा] शोभारहित होने का भाव, भद्दापन।
उ०—अब उतार **असोभता** धरै सोभता अंग।—पा.प्र.

असोम–वि० [सं० असौम्य] १ गर्म. २ बुरा. ३ भयसूचक।
सं०पु०—देखो 'असोमजंत्र' (२) उ०—मुनि जंत्र पांणि **असोमं** बजायौ, ललक्कारी किलक्कारी आयौ।—ला.रा.

असोमजंत्र–सं०पु० [सं० असौम्य यंत्र] १ बंदूक, तोप. २ नारद मुनि की वीणा जिसे वे प्रायः युद्ध में बजाते हैं। उ०—**असोमजंत्र** लै मुनी, अलापि बीर की धुनी।—ला.रा.

अस्टंग—देखो 'असटांग' (रू.भे.)

अस्ट–वि० [सं० अष्ट] आठ।
सं०पु०—आठ की संख्या।

अस्टक–सं०पु० [सं० अष्टक] आठ वस्तुओं का संग्रह।

अस्टकमळ–सं०पु० [सं० अष्टकमल] मूलाधार से ललाट तक के आठ कमल (हठयोग)—मूलाधार, विशुद्ध, मणिपूरक, स्वाधिष्ठान, अनाहत, आज्ञाचक्र, सहस्राचक्र और सुरतिकमल।

अस्टकुळ–सं०पु० [सं० अष्टकुल] देखो 'असटकुळ'।

अस्टकुळी–सं०पु० [सं० अष्टकुली] १ जो साँपों के आठ कुलों में से किसी में उत्पन्न हुआ हो। [रा०] २ पर्वत। (नां.मा.)

अस्टकोण–सं०पु० [सं० अष्टकोण] आठ कोण वाला क्षेत्र।
वि०—आठ कोने वाला।

अस्टताळ–सं०पु० [सं० अष्टताल] संगीत में ताल के आठ प्रकार—आड़, दोज, ज्योति, चंद्रशेखर, गंजन, पंचताल, रूपल और समताल।

अस्टदळ–सं०पु० [सं० अष्टदल] आठ पत्तों का कमल।

अस्टदिस–सं०स्त्री० [सं० अष्ट+दिशा] आठों दिशायें।

अस्टद्रव्य–सं०पु० [सं० अष्टद्रव्य] हवन में काम आने वाले आठ द्रव्य—अश्वत्थ, गूलर, पाकर, वट, तिल, सरसों पायस और घी।

अस्टधातु–सं०पु० [सं० अष्टधातु] आठ धातुयें—सोना, चाँदी, ताँबा, रांगा, जस्ता, सीसा, लोहा और पारा।

अस्टपदी–सं०स्त्री० [सं० अष्टपदी] १ मकड़ी (रू.भे. असटपदी)
२ आठ पदों का समूह।

अस्टभुजा–सं०स्त्री० [सं० अष्टभुजा] दुर्गा, जिसके आठ भुजायें मानी जाती हैं।

अस्टमंगळ–सं०पु० [सं० अष्टमंगल] १ आठ मांगलिक द्रव्य या पदार्थ—सिंह, वृष, नाग, कलश, पंखा, वैजयन्ति, भेरी और दीपक.
२ देखो 'अस्टमंगळीक'।

अस्टमंगळताळ–सं०पु० [सं० अस्टमंगलताल] बाइस मात्राओं की ताल (संगीत)।

अस्टमंगळीक–सं०पु०—१ वह घोड़ा जिसके निम्नलिखित आठ स्थानों के बाल शुभ्र हों—छाती, चारों पैर, खुर, पूंछ, मुख और पीठ।
(शा.हो.)
२ वह घोड़ा जिसके चारों पैर सफेद हों शिर में तिलक हो, पूंछ सफेद हो, कालिमामय वृषण (अंडकोश) हों, छाती सफेद हो और भिन्न रंग की हो (शुभ)—शा.हो. [सं० अष्टमंगल] ३ देखो 'अस्टमंगळ'

अस्टमी–सं०स्त्री० [सं० अष्टमी] शुक्ल या कृष्ण पक्ष की आठवीं तिथि।

अस्टमूरती–सं०पु० [सं० अष्टमूर्ति] १ शिव की आठ मूर्त्तियां—क्षिति, जल, वायु, तेज, आकाश, यजमान, अर्क और चंद्र। (क.कु.बो., अ.मा.)
२ शिव का एक नाम। उ०—**अस्टमूरती** खंड सुत अज कंक प्रमथाधिप कपरदी।—क.कु.बो.

अस्टवरग–सं०पु० [सं० अष्टवर्ग] आठ औषधियों का समाहार।

अस्टवळी–क्रि०वि०—आठों दिशाओं में। उ०—वणि हीर जगामगि **अस्टवळी** महले किर दीपक माळ मिळी।—रा.रू.

अस्टसाठ–वि०—देखो 'अड़सट' (रू.भे.)

अस्टसिद्धि, अस्टसिधि–सं०स्त्री० [सं० अष्टसिद्धि] योग की आठ सिद्धियाँ यथा—अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशित्व, वशित्व। (ह.नां.)

अस्टांग–सं०पु० [सं० अष्टांग] देखो 'असटांग'।

अस्टांग जोग–सं०पु०यौ० [सं० अष्टांग+योग] योग के आठ अंग।
देखो 'असटांग' (१)

अस्टांना–सं०पु० [सं० अष्टाना] कायस्थों का एक भेद विशेष, कायस्थों की बारह उप जातियों के अंतर्गत एक उपजाति, अष्टाना।

अस्टाक्षर, अस्टाखर–सं०पु० [सं० अष्टाक्षर] आठ अक्षरों का मंत्र, "ॐ नमो नारायणाय' (र.ज.प्र.)

अस्टाध्यायी–सं०स्त्री० [सं० अष्टाध्यायी] आठ अध्यायों वाला पाणिनीय व्याकरण का प्रधान ग्रंथ।

अस्टापद–सं०पु० [सं० अष्टापद] १ देखो 'असटापद'। (अ.मा.)
वि०—१ पीला, पीत *। (डिं.को.) २ सफेदी लिए हुए पीला* (डिं.को.) ३ आदि गुरु की चार मात्रा का नाम ऽ।। (डिं.को.)

अस्टावक्र–सं०पु०यौ० [सं० अष्टावक्र] १ टेढ़े-मेढ़े अंगों वाला व्यक्ति. २ एक ऋषि (प्राचीन)

अस्टावधांन–देखो 'असटाविधांन' (२)

अस्टावसेस–सं०पु० [सं० अष्टावशेष] आठवां हिस्सा (अमरत)

अस्टीलौ–सं०पु० [सं० अष्टीला] एक प्रकार का रोग विशेष (अमरत)

अस्त–सं०स्त्री० [सं० अस्थि] १ हड्डी, अस्थि. [सं० अस्त] २ पतन. ३ अवसान. ४ लोप, अदर्शन. ५ अधिकता।
वि०—१ छिपा हुआ, तिरोहित, अंतर्हित. २ डूबा हुवा (सूर्य चंद्र आदि)

अस्तबळ–सं०पु० [अ० अस्तबल] घुड़साल।

अस्तमननक्षत्र–सं०पु० [सं०] जिस नक्षत्र पर कोई ग्रह अस्त हो, वह नक्षत्र उस ग्रह का अस्तमननक्षत्र कहलाता है।

अस्तमित–सं०पु०—अस्त होने की क्रिया या भाव। उ०—सूरज **अस्तमित** हुऔ घरां कै विखै गहमहाट होइ रह्यौ छै।—वेलि. टी.

अस्तमुख–सं०पु०—कुत्ता, श्वान। (अ.मा.)

अस्तर–सं०पु० [फा०] १ नीचे या भीतर की तह, नीचे व ऊपर रख कर बीच में सिला हुआ कपड़ा. २ बारीक साड़ी के नीचे पहनने का स्त्रियों का अंतरपट।

अस्तरी–सं०स्त्री०—देखो 'असतरी'।

अस्तव्यस्त–वि०यौ० [सं०] तितर-बितर, अव्यवस्थित, छिन्न-भिन्न।

अस्तस्वू–सं०पु०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा। (शा.हो.)

अस्ति–सं०स्त्री० [सं०] भाव, सत्ता, विद्यमानता।

अस्तिकेतुसंग्या–सं०पु० [सं० अस्तिकेतु संज्ञा] पश्चिम भाग में उदय होकर उत्तर भाग में फैलने वाला केतु (ज्यो०)।

अस्तु–अव्यय [सं०] १ खैर, अच्छा. २ चाहे जो हो. ३ ऐसा ही हो.

अस्तुति–सं०स्त्री० [सं० स्तुति] देखो 'असतूती'। उ०—**अस्तुति** कर सब देव सिधाया, जग में जय जय धुन छाई।—गी.रां.

अस्तेय–सं०पु० [सं०] योग के नियम नामक एक अंग का तीसरा भेद।

अस्त्र–सं०पु० [सं०] देखो 'असतर'।

अस्त्रकार–सं०पु० [सं०] हथियार बनाने वाला।

अस्त्रचिकित्सा–सं०स्त्री०यौ० [सं०] चीर-फाड़ द्वारा की जाने वाली चिकित्सा।

अस्त्रवेद–सं०पु०यौ० [सं०] अस्त्र बनाने एवं उसके प्रयोग करने के ढंग का शास्त्र।

अस्त्रसाळा–सं०स्त्री०यौ० [सं० अस्त्रशाला] अस्त्र-शस्त्रों के रखने का स्थान।

अस्त्रिय, अस्त्री, अस्त्रीय–सं०स्त्री०—देखो 'असतरी'।
उ०—१ एक **अस्त्रिय** छइ रतन संसार।—वी.दे.
२ अयरापति चढ़ि चाल्यौ राय, ली **अस्त्री** अरधंग वइसाय।
—वी.दे.
३ **अस्त्रीय** चरित्र उलिखई ही गंवार।—वी.दे.

अस्थळ, अस्थळि–सं०पु० [सं० अ+स्थल] १ बुरा स्थान, बुरी जगह, कुठौर. उ०—अग्यांन **अस्थळि** पाँच रस बसि मोह महल में मनसौवै।—ह.पु.वा. २ दादूपंथी संन्यासियों के रहने का स्थान।

अस्थांनस्थनपद–सं०पु०—काव्य का एक दोष। उ०—कहिणा जोग अरथ पण नहि कह, **अस्थांनस्थनपद** निज ओक।—बां.दा.
क्रि०वि०—अनुचित स्थान में।

अस्थाई–वि० [सं० अस्थायी] जो स्थायी न हो, अस्थिर।

अस्थिकुंड–सं०पु०यौ० [सं० अस्थि+कुंड] एक नरक का नाम जिसमें हड्डियाँ भरी हुई हैं (पौराणिक)।

अस्थिर–वि० [सं०] जो स्थिर न हो, चलायमान।

अस्थिरा–वि स्त्री० [सं० अस्थिर] चंचला, जो स्थिर न रहे।
सं०स्त्री०—लक्ष्मी। उ०—अवर ग्रहे **अस्थिरा** इंदिरा, रांमा हरि-वल्लभा रमा।—वेलि.

अस्थि-संचय–सं०पु०यौ० [सं०] अंत्येष्टि के बाद का वह संस्कार जिसमें जली हुई हड्डियां एकत्रित की जाती हैं।

अस्बाब–सं०पु० [फा० असबाब] देखो 'असबाब'।

अस्मरी–सं०स्त्री० [सं० अश्मरी] मूत्रेन्द्रिय का एक रोग विशेष, पथरी (अमरत)।

अस्मिता–सं स्त्री० [सं०] योग के अनुसार पाँच प्रकार के क्लेशों में से एक।

अस्र–सं०पु० [सं० असृज] रक्त, रुधिर। उ०—असस्र **अस्र** घस्रघस्र बिस्र पीवतौ बह्यौ।—ऊ.का.

अस्रांनिका–सं०पु० [सं० अश्रमिक] बलभद्र (अ.मा.)

अस्रु–सं०पु० [सं० अस्रु] देखो 'आंसू'।

अस्रुत–वि० [सं० अश्रुत] बिना सुनी हुई, अनसुनी। उ०—अदिठ **अस्रुत** किम कहणौ आवै, सुख तें जांणणहार सुजि।—वेलि.

अस्रुपात–सं०पु०यौ० [सं० अश्रुपात] आँसू गिराना, रुदन।

अस्रुपीवणी–सं०स्त्री०यौ० [सं० असृज+रा०पीवणी] जोंक।

अस्ली–वि० [अ० असल] देखो 'असली'।

अस्लील–वि० [सं० अश्लील] देखो 'असलील'।
उ०—पूरण रण निररथक व्है पद, लै **अस्लील** समझ विध लोग।
—बां.दा.

अस्लीलता–सं०स्त्री० [सं० अश्लीलता] १ फूहड़पन, भद्दापन. २ घृणा. ३ लज्जा, लज्जास्पदता. ४ असभ्य सूचक बातों या शब्दों का काव्य में प्रयुक्त करने का दोष विशेष, यह शब्दगत दोष है।

अस्लेस–सं०स्त्री० [सं० अश्लेष] सत्ताइस नक्षत्रों के अंतर्गत एक नक्षत्र।

अस्व–सं०पु० [सं० अश्व] १ घोड़ा, अश्व (डिं.को.) २ हाथ, उ०—निज सिध गोरखनाथ **अस्व** दिया मौ पर उभै ।—पा.प्र.
वि०—सात*

अस्वक्रांता–सं०स्त्री० [सं० अश्वक्रांता] संगीत में एक मूर्च्छना ।

अस्वत्थ–सं०पु० [सं० अश्वत्थ] पीपल का पेड़ ।

अस्वत्थांमा–सं०पु० [सं० अश्वत्थामा] द्रोणाचार्य का पुत्र जिसने जन्म लेते ही उच्चैःश्रवा नामक घोड़े के समान शब्द किया था ।

अस्वनी–सं०स्त्री० [सं० अश्विनी] १ सत्ताईस नक्षत्रों के अंतर्गत अश्विनी नामक एक नक्षत्र (नां.मा) २ घोड़ी ।

अस्वनीकुमार–सं०पु० [सं० अश्विनीकुमार] १ अश्विनीकुमार जो देवताओं के वैद्य माने जाते हैं । (कां.दे.प्र.) २ एक प्रकार का घोड़ा जिसके कपोल पर दो भौंरी होती हैं । (शुभ)—शा.हो.

अस्वनीतात–सं०पु०यौ० [सं० अश्विनी+तात] सूर्य (नां.मा.)

अस्वपति–सं०पु० [सं० अश्व+पति] १ घुड़सवार. २ घोड़े का मालिक (शा.हो.) ३ बादशाह. ४ अश्विनीकुमार का नाम ।

अस्वप्न–सं०पु० [सं० अस्वप्न] सुर, देवता (डिं.को.)

अस्वबंध–सं०पु० [सं० अश्वबंध] घोड़े के चित्र में लिखा जाने वाला चित्र काव्य ।

अस्वमुख–सं०पु० [सं० अश्वमुख] किन्नर (डिं.नां.)

अस्वमेध–सं पु० [सं० अश्वमेध] १ षड़ज स्वर को छोड़ कर शेष छः स्वरों की एक प्रकार की तान. २ प्राचीन समय में चक्रवर्ती राजा द्वारा किया जाने वाला एक प्रकार का बड़ा यज्ञ जिसमें घोड़े के मस्तक पर जय पत्र बाँध कर स्वेच्छा से घूमने को छोड़ दिया जाता था । जो उसे पकड़ता था उससे युद्ध कर उसे हरा कर घोड़े को ले आते और उसे मार कर उसकी चर्बी से हवन करते थे ।

अस्वरूढ़–सं०पु०—रथ (डिं.नां.मा.)

अस्ववळ–सं०स्त्री०—अश्वशाला, घुड़साल (एकाक्षरी)

अस्वविद्या–सं०स्त्री०यौ० [सं० अश्व+विद्या] घोड़ा चलाने व उस पर सवारी करने तथा उसे परखने की विद्या ।

अस्वस्थ–वि० [सं०] बीमार, रोगी ।

अस्वा–सं०स्त्री० [सं० अश्व] १ घोड़ी । (ह नां)
सं०पु०—२ घोड़ा, अश्व ।

अस्वार–सं०पु० [फा० असवार] देखो 'असवार' ।

अस्वारोहण–सं०पु०यौ० [सं० अश्वारोहण] घोड़े की सवारी ।

अस्वारोही–सं०पु०यौ० [सं० अश्वारोही] घुड़सवार ।

अस्वास्थ्य–सं०पु० [सं०] बीमारी, रोग ।

अस्विनी–सं०स्त्री० [सं० अश्विनी] देखो 'अस्वनी' ।

अस्विनीकुमार–सं०पु० [सं० अश्विनीकुमार] सूर्य के दो पुत्र जो त्वष्टा की पुत्री प्रभा के गर्भ से उत्पन्न हुए थे । ये देवताओं के वैद्य हैं ।

अस्वीकार–सं०पु० [सं०] इन्कार, नामंजूरी ।

अस्वीकुमार–सं०पु० [सं० अश्विनीकुमार] देखो 'अश्विनीकुमार' (अ.मा.)

अस्वीकृत–वि० [सं० अस्वीकृत] जो अस्वीकार कर दिया गया हो ।

अस्स–सं०पु० [सं० अश्व] १ अश्व, घोड़ा (डिं.को.)
२ देखो 'अस' (रू.भे.)

अस्सर–सं०पु०—देखो 'असर' (रू.भे.)

अस्सराळ–वि० [सं० आशरारु] १ भयंकर. २ शक्तिशाली ।
उ०—असपत्ति तणइ दळि **अस्सराळ**, काबिली केवि धारा कराळ ।
—रा.ज.सी.
३ घातक (रू.भे. असराळ, अजराइल)
क्रि०वि०—अविच्छिन्न, निरंतर ।

अस्सली–वि० [अ० असल] देखो 'असली' (रू.भे.)

अस्सराळू–वि०—देखो 'अस्सराळ' । उ०—आवां न झाळू **अस्सराळू** बीच बाळू मिन्न ए । राख्या दयाळू अग्गयाळू अरि काळू हन्न ए ।
—करुणासागर

अस्सांड–सर्व०—हमारे, मेरे । उ०—तरै कागड़ै कह्यौ, तुस्सांडै जीव नै चैन रख, **अस्सांडा** लेख है त्यूं व्हैंगा ।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात

अस्सि–सं०पु० [सं० अश्व] घोड़ा । उ०—आरुहिय **अस्सि** आउधि अपाल ।—रा.ज.सी.
वि०—अस्सी (रू.भे.)

अस्सी–वि० [सं० अशीति, प्रा० असीइ अप. असी] सत्तर और दस के योग के समान ।
सं०पु०—८०, अस्सी की संख्या ।

अस्सुरांण–देखो 'असुरांण' (रू.भे.)

अहं–सर्व० [सं० अहम्] मैं । उ०—किसन व्यास जे देव कवि, बालमीक सुखदेव । अन कवि गुरु सिख **अहं**, भाव छंद गुण भेव ।—रांमरासौ
सं०पु० [रा०] १ पाप, दुष्कर्म, अपराध. २ विघ्न, बाधा. ३ दुःख. ४ अभिमान, घमंड । उ०—कहै दास सगरांम **अहं** भूंडी रै भाई ।—सगरांमदास

अहंकार, अहंकारज–सं पु० [सं०] १ घमंड, मैं हूँ या मैं करता हूँ ऐसी भावना. अहंकृति (अ.मा.)

अहंकारण, अहंकारणी–वि०स्त्री०—अहंकार करने वाली (स्त्री) ।
उ०—आप रहण रिण बात उबारण, उदर ऊपनी मत **अहंकारण** ।
—गो.रू.

अहंकारतन–सं०पु०—जूंझार योद्धा (अ.मा.)

अहंकारी–वि० [सं० अहंकारिन्] (स्त्री० अहंकारण) अहंकार करने वाला, घमण्डी । उ०—तद **अहंकारी** कोपियौ, कुंभैण जगाया ।
—केसोदास गाडण
सं०पु०—वीर, योद्धा (ह.नां.)

अहंकृत, अहंकृति–सं०पु० [सं० अहंकृति] अहंकार, घमंड ।

अहंचौ–सं०पु०—आश्चर्य, अचम्भा ।

अहंड–वि० [सं० अहिंड्] लंगड़ा । उ०—सांड सबळ तुहाळै नांम 'जालम' सुपह । पंथ सारंग बहै **अहंड** पावां ।
—झाला जालमसिंह री गीत

अहंता–सं०स्त्री० [सं०] १ अहंकार, घमंड ।

अहंवाद–सं०पु० [सं०] डींग, शेखी, लंबी-लंबी बातें करना ।

अहंसी–देखो 'आहंसी' । उ०—**अहंसी** उजाळा वीर छ्‌ना वाघ मंधि आळा, काळा तूझ वाळा मांनां किसी रीत काळ ।—हुकमीचंद खिड़ियौ

अह–सं०पु० [सं० अहन्] १ दिन (डिं.को.) उ०—अह छट्ठ विहायां सातम आयां सूर अछायां दरसायां ।—रा.रू.
[सं० अह=दीप्तौ] २ विष्णु [सं० अहि] ३ सूर्य.
४ सांप, सर्प. [सं० अहिराज] ५ शेषनाग । उ०—**अह** माथै रांग आभ लग ऊंचौ, नव खंडे जस झालर नाद ।—दुरसौ आढ़ौ
[सं० अहि] ६ राहु. ७ वृत्तासुर. ८ हाथी.
सं०स्त्री०—६ वेणी, चोटी ।
अव्यय [सं० अहह] आश्चर्य, खेद या क्लेशादि को सूचित करने वाला शब्द, अरे, हे ! उ०—पिंड बियां वण गरढ़ पण, हुवण पराक्रम हांण । पण वय वधन प्रतापसी, **अह** वण घण आपांण ।
—जैतदांन बारहठ
सर्व०—यह । उ०—जा रुखमणी छै सु लिखमी । तूं अह मगाई वरजि मां ।—वेलि. टी.

अहक–सं०पु० [सं० ईहा] इच्छा, आकांक्षा ।

अहकर–सं०पु० [सं० अहन्+कर] सूर्य, भानु ।

अहकांम–सं०पु०—नियम, हुक्म ।

अहकार–सं०पु०—देखो 'अहंकार' (ह.नां.)

अहड़स–सं०पु०—वैमनस्य, मत्सरता । उ०—च्यारांई भायां आंटी करी, **अहड़स** हुई, तरै वीच मांणसे फिरनै कह्यौ ।—नैणसी

अहड़ो, अहड़ौ–क्रि०वि० (स्त्री० अहड़ी) ऐसा । उ०—बांचै हर हर बांण कनक न रांचै कांमणी, जोगी **अहड़ा** जांण, मन सै जीता मोतिया ।—रायसिंह सांदू
सं०पु०—देखो 'अउड़ौ' ।

अहचळ–सं०पु० [सं० अहि+चल] शेषनाग (रू.भे.)
वि०—१ अचल. २ निश्चल ।

अहछ्‌नौ–वि०—चंचल । उ०—अलल जैता **अहछ्‌ना** थंभ पाव जंग थाट चाट गजगीर सचूना ।—महादांन महड़ू

अहटाणौ, अहटाबौ–क्रि०अ० [सं०] पता लगना, आहट लगना ।

अहड–सं०पु० [सं० आखेट] शिकार ।

अहण–सं०पु०—राठौड़ वंश की एक उप शाखा अथवा इस उप शाखा का व्यक्ति ।

अहत्थ, अहथ–सं०पु० [सं० अहित] बुरा काम, अनर्थ । उ०—सांझ पड़ी नह आवियौ, कोय'क हुयौ **अहथ** । सर चूके पाराध ज्यां, मूंध मरोड़ै हत्थ ।—ढो.मा.

अहद–सं०पु० [अ०] प्रतिज्ञा, वादा, संकल्प ।

अहददार–सं०पु० [फा०] राज्य की ओर से कर का ठेका दिया जाने का मुसलमानी राज्य का एक अफसर ।

अहदनांमौ–सं०पु० [सं० अहदनामा] इकरारनामा, प्रतिज्ञा-पत्र ।

अहदी–वि० [अ०] १ आलसी. २ अकर्मण्य, निठल्ला ।
उ०—बादसाह चाकरी वदळै **अहदी** मेलिया सो भली तरह जापतौ करावता ।—पदमसिंहजी री बात ३ दृढ़प्रतिज्ञा ।
सं०पु०—४ बादशाह का वह सेवक जो बादशाह की आज्ञा से किसी को लेने जाता है और साथ लेकर दरबार में उपस्थित होता है । (रू.भे. ऐदी) उ०—**अहदी** डेरिन पै अधम आय, दुख देत खुदौखुद लगत दाय ।—ऊ.का.

अहदेव–सं०पु० [सं० अहिदेव] १ शेषनाग । उ०—रटै **अहदेव** गणां रिखराज करै सिध संकर कीरत काज । [सं० अहन्+देव] २ सूर्य ।

अहनांण–सं०पु०—चिन्ह, निशान, संकेत । उ०—भीम गदा जुध भिड़ण का, जिम आर सुजांणौ । कर ओड्व करवाळ मैं 'अभमन' **अहनांणै** ।
—मोडजी आसियौ

अहनाथ–सं०पु० [सं० अहि+नाथ] १ शेष नाग. [सं० अहन्+नाथ] २ सूर्य ।

अहनायतर–सं०स्त्री०—शीघ्रता, जल्दी । (ह.नां.)

अहनिस, अहनिसा, अहनिसि–अव्यय [सं० अहर्निशि] दिन-रात, सदा, नित्य । (रू.भे. अहरनिस, अहोनस, अहोनिसि)

अहपंखाळ, अहपंखाळौ–सं०पु०—उड़ने वाला सांप, पंखधारी सर्प ।

अहपर–सं०पु०—देखो 'अहपुर' (रू.भे.) । उ०—वीरोचंद सुत **अहपर** वारौ, रवसुत तणौ अमरपुर राज । निध दातार 'कलावत' नरपुर, अनंत रोर कही गत आज ।—दुरसौ आढ़ौ

अहपव–सं०पु० [सं० अहिपति] शेष नाग ।

अहपुर–सं०पु० [सं० अहिपुर, अहिपुरी] १ नागौर का एक नाम ।
२ नागपुर नगर का एक नाम. ३ पाताल लोक. ४ नाग लोक.
५ दिल्ली नगर का नाम. ६ हस्तिनापुर का एक नाम ।

अहफीण, अहफीन–सं०पु०—अफीम । उ०—**अहफीण** गळै नित मोद अंध, चवरै चढ़ आवत 'पाल' सिंध ।—पा.प्र.

अहफेण–सं०पु० [सं० अहि+फेण] १ सर्प के मुख की लार. २ अफीम ।

अहबेणी, अहबैणी–सं०स्त्री० [सं० अहि+वेणी] सांप के समान वेणी रखने वाली स्त्री ।

अहबेल–सं०स्त्री० [सं० अहिबलि] नागवलि, नागलता ।
उ०—केवड़ा **अहबेल** कणेर अणकळ, कंज समूळिए पार किसौ ।
—नवलजी लाळस

अहमक–वि० [अ०] बेवकूफ, मूर्ख ।

अहमकर, अहिमकर–सं०पु० [सं० अहिमकर] सूर्य, सूरज ।
उ०—है नभ जितै **अहिमकर** हिमकर, नरपुर अतै रहण री नीम ।
महत सुजस विसतार न मावै, भरतखंड मझ रांणा 'भीम' ।
—महाराजा मांनसिंह

अहमण–सं०पु० [सं० अहर्मणि] सूर्य ।

अहमह–सर्व० [सं० अहमस्मि] मैं । उ०—मह मह सुगंध चिक्कस

मळण, जीतण तप **अहमह** जुई ।—वं.भा.

अहमात—सं०स्त्री०—देवी, शक्ति । उ०—अजे धरणि अहमंड, अजे फळ-फूल धरत्ती । अजे नाथ गोरक्ख, अजे **अहमात** सकत्ती ।

—महाराजा राजसिंह छप्पय

अहमुसल्यौ—सं०पु०—एक प्रकार का अशुभ रंग का घोड़ा । (शा.हो.)

अहमेव—सं०पु० [सं०] अभिमान, घमंड । उ०—दखै गोरख देव कर जप तप सीधा किता । मन पोरस **अहमेव** तूं सिध भरड़ा तूं हिज तूं ।

—पा.प्र.

अहर—सं०पु० [सं० अधर] १ अधर, नीचे का होठ । उ०—सुंदरि सोवन वरण तसु, **अहर** अलत्ता रंगि । केसर लंकी खीण कटि, कोमळ नेत्र कुरंगि ।—ढो.मा. २ राठौड़ों के प्रसिद्ध १३ वंशों में से एक ।

वि० [सं० अफल] १ व्यर्थ, फिजूल, निष्फल । उ०—ऐहळा जाय उपाय, आछोड़ी करण **अहर** । दुस्ट किणी ही दाय, राजी हुवै न राजिया ।—किरपारांम २ असमर्थ, बेकाम । उ०—कोपियै छाकियै चहर भड़ **अहर** करि । फुरळतै पिसण घड़ फेरवी अफिर फिरि ।—हा.झा. [सं० अपर] ३ दूसरा, अन्य । [सं० अधर] ४ नीच ।

क्रि०वि० [सं० अहन्] दिन ।

अहर-अळग—सं०पु०—छप्पय छंद का एक भेद विशेष, जिसके पढ़ने में होठ परस्पर नहीं मिलते, अतः वे वर्ण जिनके उच्चारण में परस्पर होठ मिलते है इसमें प्रयुक्त नहीं होते ।—र.ज.प्र.

अहरण, अहरणि—सं०पु०—१ लोहे का वह चौकोर टुकड़ा जिस पर लुहार गर्म लोहा रख कर पीटता है । उ०—१ **अहरण** ठमकौ म्हे सुण्यौ, लोहौ घड़े लुहार । घड़जै घसजै वऱपड़ा, तौ काजै हथियार ।

—डाढ़ाळा सूर री बात

उ०—२ **अहरणि** घण बिचि हीरा गहरे, चोट फटक परि बैठे ।

—ह.पु.वा.

[सं० अर्णव] २ समुद्र, सागर । उ०—सरदार सुतन **अहरण** समर, राज लाज राखे रहचौ । कोड़ी'क नग 'सेरौ' कमंध, गांठ हूंत छूटे गयौ ।—पहाड़खां आढ़ौ

अहरनिस—क्रि०वि० [सं० अहर्निश] रातदिन, सदा, नित्य ।

उ०—बुरा पसू बच जाय **अहरनिस** खाय न आखू ।—ऊ.का.

अहरांण—सं०पु० [सं० अहिराट] १ शेषनाग. २ सर्प ।

उ०—फाड़ै फूंक न सझै फुण, पसरै औ अहकपती नौ । सीक चढ़ै न सांमहियां, राव गरुड़ आगै **अहरांण** ।—मालौ सांदू

अहरांह—सं०पु०(बहु०) [सं० अधर] अधर, नीचे का होठ (रू.भे.)

उ०—आज फरूकइ अंखियां, नाभि भुजा **अहरांह** । सही ज घोड़ा सज्जणां, साम्हां किया धरांह ।—ढो.मा.

अहराउ, अहराज, अहराव—सं०पु० [सं० अहि+राट्] १ शेषनाग, वासुकी । उ०—आलापै राग गारडू अकबर, दे पैंतीस असट कुळ दाव । रांणै सेस वसुधा ध्रम राखण, राग न पांतरियौ **अहराव** ।

—दुरसौ आढ़ौ

२ सूर्य. ३ राठौड़ वंश की १३ प्रमुख शाखाओं में एक ।

अहरू—सं०पु० [सं० अहिरूप] सांप, सर्प । उ०—**अहरू** विख घोळंतां पछै जांणै पग लागौ । सोर गंज ऊपरा किना खीरौ धर भग्गौ ।

—बखतौ खिड़ियौ

अहळ, अहळउ—वि० [सं० अफल] व्यर्थ, बेकार, निरर्थक ।

उ०—१ काछपाका निकळंक जती पर नार न जोवै । जोह **अहळ** नह जाय कळह नह जीव लुकोवै ।—पा.प्र.

क्रि०वि०—योंही, व्यर्थ में । उ०—नर नारी सूं क्यूं जळइ, नर सूं नारि जळंत । साल्हकुंवर जोगी कहइ, **अहळउ** केम मरंत ।—ढो.मा.

अहलकार—सं०पु० [फा०] कर्मचारी, कारिंदा । उ०—जिस बखत मीरखांन **अहलकार** दिल मालीक बुलवाये ।—ला.रा.

अहलणौ, अहलबौ—क्रि०अ०—हिलना, कांपना ।

अहलमद—सं०पु० [फा०] मुकदमों की मिसलों को रजिस्टर में दर्ज करने वाला अदालत का कर्मचारी ।

अहलांण—सं०पु० [सं० संज्ञान=सेनाण] निशान, चिन्ह (रू.भे. अहनांण)

उ०— जांणता जसा **अहलांण** आया नजर, उदैभांण चहुवांण आळा ।

—रावत जोधसिंह रौ गीत

अहला—सं०स्त्री०—देखो 'अहिल्या' (रू.भे.) उ०—पद परस **अहला** ऊधरी ।—र.रू

अहलाद—सं०पु० [सं० आल्हाद] प्रसन्नता, खुशी ।

वि०—प्रसन्न । उ०—आये साध भये **अहलाद**, जिनके नहीं विखे रसवाद ।—ह.पु.वा.

अहळो, अहळौ—(स्त्री० अहळी) देखो 'अहळ' (रू.भे.)

अहलोक, अहलोक—सं०पु०—१ इहलोक, संसार । उ०—**अहलोक** तणौ उण वेर में, छार जेम मुख छंडियौ ।—अरजुनजी बारहठ

[यौ० सं० अहिलोक] २ नागलोक ।

अहल्या—सं०स्त्री० [सं०] देखो 'अहिल्या' ।

अहव—सं०पु० [सं० आहव] युद्ध । (मि० अहवि)

अहवात—सं०पु०—स्त्री का सौभाग्य, स्त्रियों का सुहाग (मि० अहिवात)

उ०—आप कुसळ चाहौ अधप, अरु धण रौ **अहवात** । हेक 'अजा' गजगाह रै, रहौ लूंब दिन-रात ।—रांमलाल आसियौ

अहवांनियौ—वि०—१ श्याम वर्ण, काला. २ अभिनंदनीय ।

उ०—मल्हांवण फौज विसकांमणी मानियौ । इसौ दीठौ न कौ वींद **अहवांनियौ** ।—हा.झा.

सं०पु०—योद्धा, वीर ।

अहवारियै—देखो 'अंवारियै' । उ०—ताहरां देवीदास कह्यौ—थे यूं कहजौ—**अहवारियै** गया हुता उठै मिळिया था ।

—पलक दरियाव री बात

अहवारी—सं०स्त्री०—देखो 'असवारी' (रू.भे.)

अहवाळ–सं०पु०—१ चिन्ह, निशान, लक्षण (अमरत) [अ०] २ वृत्तांत कथा, चरित्र, 'हाल' का बहु०। उ०—रांणा रतनसेन रौ नै पदमावती रौ **अहवाळ** फारसी में करायौ—दारा सिकोह। नांम किताब रौ रतनसेन-पदमावती।—बां.दा.

अहवास–सं०पु० [सं० आवास] आवास, मकान, भवन।
उ०—**अहवास** है व्योम अदंतर रौ। उड घांण रह्यौ यक अंतर रौ।
—पा.प्र.

अहवि–सं०पु० [सं० आहव] युद्ध (रू.भे. अहव)
उ०—कसन नहं लगौ सिंघ कळोधर। **अहवि** घाव मनाड़ि इसौ।
—गोपाळदास चूंडावत रौ गीत

अहवौ–वि०—ऐसा। उ०—मरुधर देस रै विखै सगळा ही सहरां प्रसिद्ध पुंगळ नांमे **अहवौ** नगर।—ढो.मा.

अहसकर–सं०पु० [सं० अहस्कर] सूर्य्य (अ.मा.)

अहसांन–सं०पु० [अ० अहसान] किसी के साथ भलाई करना, उपकार, अनुग्रह कृतज्ञता।

अहसांन-मंद–वि० [अ० अहसानमंद] कृतज्ञ, अनुग्रहीत।

अहह–अव्यय [सं०] आश्चर्य, खेद, क्लेश या शोकसूचक एक शब्द, अरे, हाय। उ०—**अहह** सोचै न अति दुरव्यसन दुसह उर।
—ऊ.का.

अहा–अव्यय [सं० अहह] १ आह्लाद और प्रसन्नतासूचक एक शब्द. २ हे! अरे! हाय! शोकसूचक शब्द।

अहाड़ा–सं०पु०—सीसोदिया वंश की एक शाखा.

अहाड़ौ–सं०पु०—१ एक प्राचीन नगर का नाम जहाँ पर गहलोत वंश का राज्य था. २ गहलोत वंश का क्षत्रिय।

अहातौ–सं०पु० [अ० अहाता] १ घेरा, अहाता. २ प्राकार, चहारदीवारी.

अहार–सं०पु० [सं० आहार] भोजन, आहार। उ०—अेकल करण **अहार**, दंतावळ ज्यां दूसरा। पळ भर पाळणहार, प्रगटघौ सिंघ प्रतापसी।—फतहकरण ऊजळ।

अहारणौ, अहारबौ–क्रि०स०—१ आचमन करना। उ०—'मांन' गुना जारिया, जिता नृप केहौ जारै। अगसत विनां उदध, अवर रिख कवण **अहारै**।—बुधजी आसियौ. २ आहार करना।
उ०—**अहारै** दुरदां हौदां डकारै घरा रै आंटै सात्रवां वकारै मारै नाहरां सीसोद।—पहाड़खां आढ़ौ

अहारी–सं०पु० [सं० आहारिन] आहार करने वाला, भोजन करने वाला।
उ०—भूखा मांस **अहारी** भाखै, विलखै रंग उचारै वांणी।
—सुखजी खिड़ियौ

अहिंकारि, अहिंकारी–सं०पु० [सं० अहंकार] अहंकार, अभिमान।
उ०—वणवीर चढिय तेवहि व्रहासि। **अहिंकारि** थंभ आडइ अयासि।—रा.ज.सी.
वि०—अहंकारी, अभिमानी।

अहिंसक–वि० [सं०] जो हिंसा न करे, जिससे किसी को पीड़ा न पहुँचे।

अहिंसा–सं०स्त्री० [सं०] किसी को दुःख न देना, किसी जीव को न सताने या न मारने का भाव।

अहिंस्र–वि० [सं०] जो हिंसा न करे, अहिंसक।

अहि–सं०पु० [सं०] १ साँप, सर्प। उ०—**अहिभूखन** बिजया भखी, जय जय जय त्रिपुरारि।—ला.रा. २ शेषनाग।
उ०—फणां काळा सफेद असबाज नासा फड़ड़ लिए पंखड़ा, फड़ अमंख लूंदा।—पहाड़खां आढ़ौ
३ सूर्य (अ.मा.) ४ राहु. ५ वृत्तासुर. ६ खल, वंचक. ७ इक्कीस अक्षरों के वृत्तों का एक भेद. ८ मात्रिक गणों के अंतर्गत ठगण अर्थात् छः मात्राओं के समूह का छठा भेद ।ऽऽ। (डिं.को.)
सं०स्त्री० ९ पृथ्वी. १० आठ की संख्या*
वि०—कुटिल (डिं.को.)

अहिकर–सं०पु० [सं० अहन्+कर] सूर्य (अ.मा.)

अहिक्षेत्र–सं०पु०—दक्षिण पांचाल की राजधानी।

अहिगण–सं०पु०यौ० [सं०] १ पाँच मात्राओं के गण, ठगण का सातवां भेद का नाम. २ सर्पगण. ३ विष्णु (डिं.नां.मा.). ४ डिंगल के वेलिये सांणोर गीत का एक नाम।

अहिगणवंद–सं०पु०—विष्णु (डिं.नां.मा.)

अहिगतजथा–सं०स्त्री०यौ०—डिंगल गीतों (छंदों) की रचना का नियम या रीति विशेष जिसमें सर्प की चाल के अनुसार वर्णन हो।

अहिगति–सं०स्त्री०यौ० [सं०] साँप की चाल, टेढ़ी-मेढ़ी चाल।

अहिगाह–सं०पु०—गरुड़ (अ.मा.)

अहिग्राव–सं०पु०—शिव, महादेव (नां.मा.)

अहिग्रीव–सं०पु० [सं०] शंकर (अ.मा.)

अहिच्छत्र–सं०पु०यौ० [सं०] १ देखो 'अहिक्षेत्र'. २ नागौर का एक नाम।

अहित–वि० [सं०] १ शत्रु, वैरी (अ.मा.) २ हानिकारक।
सं०पु० [सं०] १ बुराई, अकल्याण. २ हानि. ३ शत्रुता।

अहितू–वि०—अहित चाहने वाला।

अहिधर–सं०पु० [सं०] शंकर, महादेव।

अहिधरण–सं०पु०यौ० [सं० अहि+धारण] १ शंकर. २ शेषनाग।

अहिनांण, अहिनांणहु, अहिनांणी–सं०पु० [सं० अभिज्ञान] चिन्ह, निशान।
उ०—सहिए साहिब आविस्यइ, मौ मन हुई सुजांण। आगम वाधाऊ हुया, अंग-तणा **अहिनांण**।—ढो.मा.
क्रि०वि०—संकेत से।

अहिनाथ, अहिनाह–सं०पु० [सं० अहि+नाथ] शेषनाग।

अहिनिस, अहिनिसि–क्रि०वि० [सं० अहर्निश] रात-दिन, निरंतर, हर समय। उ०—भल सोहड अर हास भल, भली राज गति रीत। राजलोक रांणी भली, पाळै **अहिनिस** प्रीत।—ढो.मा.

अहिपत, अहिपति–सं०पु०यौ० [सं० अहर्पति] १ सूर्य (अ.मा.) [सं० अहिपति] २ शेषनाग।

अहिपिय–सं०पु० [सं० अहि+प्रिय] चंदन (अ.मा.)

अहिपुर, अहिपुरउ,अहिपुराह, अहिपुरी, अहिप्पुर–सं०पु०—१ पाताल-लोक. २ नागलोक. ३ नागपुर का एक नाम. ४ नागौर नगर का नाम. ५ बादशाह।

उ०—**अहिपुरै** समापिय तुरी अत्थ।—रा.ज सी.

६ दिल्ली का एक नाम. ७ हस्तिनापुर।

अहिप्रिय, अहिप्रियक–सं०पु०यौ० [सं० अहि+प्रिय] चंदन (नां.मा.)

अहिफीण, अहिफेण–सं०पु०यौ० [सं० अहिफेन] १ सर्प के मुख की लार या फेन. २ अफीम (डिं.को.)

अहिबंध–सं०पु०—डिंगल का एक वर्ण छंद (गीत)।—र.ज.प्र.

अहिबांण–सं०स्त्री०—घोड़ों की एक जाति विशेष (कां.दे.प्र.)

अहिबेल–सं०स्त्री० [सं० अहिवल्ली] नाग बेली। उ०—ऐसी विधि ले कीजियै, मित्रां सूं मन मेळ। सरसै सरस विरसै विरस, ज्यूं पत्तौ **अहिबेल**।—जलाल बूबना री बात

अहिभख–सं०पु० [सं० अहिभुक्] १ मोर, मयूर (डिं.को.) २ गरुड़ (डिं.को.) [सं० अहिभक्ष्य] ३ चूहा. ४ वायु (अ.मा.)

अहिमंत्री–सं०पु० [सं० अहि+मंत्री] १ मंत्रवादी. २ गारुड़ी।

उ०—नेकूं पुत्र भतीज सम, जग **अहिमंत्री** जेम।—रा.रू.

अहिमकर–सं०पु० [सं०] दिनेश, सूर्य (क.कु.बो.)

उ०—मूंछां भूंहां मिळै, छिळै बीरा रस छोळां। बाज **अहिमकर** बाज, डकर हिमकर अग डोलां।—मे.म.

अहिमति–सं०पु०—घमंड, अभिमान, दर्प। उ०—करि बेड़े बरबाद वाद बारूद उड़ाए। हम तुम जुट्टे तदन, अदन **अहिमति** उर छाये। —ला.रा.

अहिमन–सं०पु०—चंदन (नां.मा.)

अहिमाळी–सं०पु०—शिव।

अहिमिण–सं०पु०यौ० [सं० अहिमणि] सर्प की मणि, एक प्रकार का नग (अ.मा.)

अहिमुख, अहिमुखौ–सं०पु०यौ० [सं० अहिमुख] १ एक प्रकार का घोड़ा जिसके मुख की आकृति सर्प के मुख सी होती है (अशुभ)—शा.हो. २ मतांतर से एक प्रकार का घोड़ा जो अपनी जिव्हा बाहर निकाले हुए ही रहता है (अशुभ)—शा.हो.

अहिमेध–सं०पु० [सं०] सर्पयज्ञ।

अहिमेव–सं०पु० [सं० अहमेव] अभिमान, अहंकार (एकाक्षरी)

अहिर–सं०पु०—देखो 'अहीर'। [सं० अधर] २ अधर, नीचे का होठ। उ०—सज्जन मिळिया हे सखी, कासूं भगत करेस। **अहिरां अहिरां** पयोहरां, रमतां आड न देस।—ढो.मा.

अहिरघ–वि०—अहितुल्य। उ०—ललयांगी धन कूंवळी, **अहिरघ** बाळा निरमळ दंत।—वी.दे.

अहिरण–सं०स्त्री०—देखो 'एरण' (रू.भे.) उ०—घण **अहिरण** घण घाउ साम्है चाचरि सात्रवां।—वचनिका

अहिरबुधन–सं०पु० [सं० अहिर्बुध्न] ग्यारह रुद्रों के अन्तर्गत एक रुद्र।

अहिरांणी–सं०स्त्री—१ सर्पिणी. २ शेषनाग की स्त्री।

अहिरांवण–सं०पु० [सं० अहि+रावण] रावण का एक साथी, पाताल-लोक का राजा जिसने राम और लक्ष्मण को बड़ा कष्ट दिया था। अंत में यह श्रीराम के द्वारा मारुति की सहायता से मारा गया था।

अहिराट–सं०पु० [सं० अहि+राट्] शेषनाग। उ०—धमै तोपां जिसूं **अहिराट** रा सिनांण धूजै, रोक जंगां लेखौ ही ओघाट रा रकत। —राचोदास सांदू

अहिराव–सं०पु०—१ सर्प. २ लक्ष्मण जो शेषनाग के अवतार माने जाते हैं। उ०—सीता मुणै हरि मौ संग ग्रह दिस अनुसरे, रीता जाय उप **अहिराव** सगळा कथ ररे।—र.रू.

अहिरिप–सं०पु० [सं० अहि+रिपु] गरुड़ (नां.मा.)

अहिळ–वि० [सं० अ+फल] व्यर्थ। उ०—जोबन दरब न खट्टिया, ज्यां परदेसां जाय। गमिया यूंही दीहड़ा, **अहिळ** जमारौ माय। —अज्ञात

अहिलिआ–सं०स्त्री० [सं० अहल्या] गौतम ऋषि की पत्नी का नाम।

उ०—इंद्र गोतम **अहिलिआ** अलज चरित्र अनंत, रांम सुणि ए राजरिख पाप सराप परसंग।—रांमरासौ

अहिलोक–सं०पु० [सं०] १ पाताल. २ नागलोक।

अहिलोळ–सं०पु०—सागर, समुद्र (ना.डिं.को.)

अहिल्या–सं०स्त्री० [सं० अहल्या] गौतम ऋषि की पत्नी, गौतमी।

वि०वि०—इनके सौन्दर्य पर मुग्ध होकर इन्द्र ने चन्द्रमा को मुर्गा बना कर और गौतम को प्रातःकाल हो जाने का भ्रम करा स्नान-ध्यान को भिजवा आप गौतम के रूप में आकर इनके चरित्र को दूषित किया था। गौतम को यह रहस्य योगध्यान में ज्ञात हो जाने पर इन्हें शाप दिया। कौशिक की आज्ञा से राम ने इनका आतिथ्य स्वीकार करके इन्हें पवित्र किया और तब ये गौतम को प्राप्त हो सकीं। तुलसीकृत रामायण में शाप से इनका पत्थर होना और राम-पद स्पर्श से फिर स्त्री होकर गौतम को प्राप्त होना लिखा है।

अहिवर–सं०पु० [सं०] ५ गुरु और ३८ लघु कुल ४८ मात्राओं का दोहे का एक भेद विशेष (र.ज.प्र.)

अहिवल्ली–सं०स्त्री० [सं० अहिबल्ली] नागवल्ली की लता।

अहिवात–सं०पु० [सं० आधिपत्य, प्रा० आहिवत् = अहिवात] देखो 'अहवात'। उ०—तूठं गोगोजी सांवण रमती तीजण्यां, ज्यांरौ अमर **अहिवात** औ।—लो.गी.

अहिवेल–सं०स्त्री० [सं० अहिबल्ली] नागरबेल, नागवल्ली।

अहीं, अहींज–क्रि०वि०—व्यर्थ।

अही–सं०पु० [सं० अहि] १ सांप [सं० अहन्] २ दिन। (ह.नां.) [रा०] ३ टगण की छः मात्राओं के छठे भेद का नाम।ऽऽ। (डिं.को.) वि०—ऐसा।

अहीगण–सं०पु०—छंद शास्त्र में ठगण का एक भेद जिसमें मात्रा क्रम ऽ।। होता है। (डिं.को.)

अहीणौ–सं०पु० [सं० अधेनुक] दूध देने वाले मवेशी का अभाव ।
अहीत–सं०पु० [सं० अहित] देखो 'अहित' (ह.नां.)
अहीनाथ–सं०पु०यौ० [सं० अहि+नाथ] शेषनाग (पिं.प्र.)
अहीनार, अहीनारि, अहीनारी–सं०स्त्री०यौ० [सं० अहि+नारी] १ नागवंश की स्त्री. २ सर्पिणी. ३ शेषनाग की स्त्री ।
उ०—**अहीनारि** जंपे लही मोल उंची, प्रभू रे पहूँचे लट्टके प्रहूँची । —ना.द.
अहीमुख–सं०पु०—वह घोड़ा जिसका मुँह सर्प के मुँह की आकृति का हो। यह अशुभ माना गया है ।—शा.हो. (मि० अहिमुख)
अहीयांह–सर्व०—इन । उ०—जज़ाल हंदा हाथड़ा, न जोगा **अहीयांह** । सार पछंटण बैरियां, का रमावण सहियांह ।—जलाल बूबना री बात
अहीर–सं०पु० [सं० आभीर] १ दूध दही आदि का रोजगार करने व गाय-भैंस रखने वाली एक जाति विशेष. २ इस जाति का व्यक्ति। (स्त्री० अहीरण, अहीरणी) पर्याय०—गोप, ग्वाला ।
३ एक मात्रिक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में ग्यारह मात्रायें होती हैं किन्तु अंत में जगण होता है ।
अहीराजा, अहीराव–सं०पु० [सं० अहि+राट्] शेषनाग, नागराज ।
उ०—**अहीराव** नै दावड़ा एह आड़ा, गुणां वेद जोतां कही क्रोड़ गाड़ा ।—ना.द.
अहीरी–सं०स्त्री० [सं० आभीर+ई] अहीर की स्त्री, गोपिका, ग्वालिन
उ०—इसा हर धकै चढ़ इसी कुण **अहीरी**, अंगूठौ दिखावै घरां आवै ।—बां.दा.
अहीरीयौ–सं०पु०—१ देखो 'अहीर'। २ श्रीकृष्ण (अल्पा०)
अहीवलभ, अहीवल्लभ–सं०पु०यौ० [सं० अहि+वल्लभ] १ हवा, वायु (ह.नां.) २ चंदन ।
अहीस–सं०पु० [सं० अहि+ईश] शेषनाग ।
अहीसुता–सं०स्त्री०यौ० [सं० अहि+सुता] नागकन्या ।
अहुटणौ, अहुटबौ–क्रि०अ०—१ हटना, दूर होना, अलग होना.
२ वापस लौटना । उ०—**अहुटै** दवळउजीर पंह, जियत रहै जे आय ।—ला.रा.
अहुटाणौ, अहुटाबौ–क्रि०स०—हटाना, दूर करना, भगाना ।
अहुठ–वि० [सं० अध्युष्ठ] तीन और आधा ।
अहुड़णौ, अहुड़बौ–क्रि०स०—भिड़ना, लड़ना । देखो 'आहुड़णौ'
अहुणी–वि०—अनहोनी, असंभव ।
अहुरमज्द–सं०पु०—पारसियों के अनुसार ईश्वर का एक नाम ।
अहूं–सर्व० [सं० अहम्] मैं ।
अहूत–वि० [सं० अपुत्र, प्रा० अपुतअ, अप० अउतअ] निःसंतान ।
उ०—बेटा जायां की गुण जे गर होय कपूत 'अळसी' घर लालर न हुती अळसी जात **अहूत** ।—अज्ञात
अहेड़इ–सं०पु० [सं० आखेट] शिकार । उ०—राइ **अहेड़इ** चालियौ, उड़ीय खेह नइ सूझई भांण ।—वी.दे.

अहेड़ी–सं०पु०—शिकारी । उ०—निरजळा करती एकादसी, एक **अहेड़ी** वनह मंझारी ।—वी.दे.
अहेड़ौ, अहेड़ौ–क्रि०वि०—ऐसा, ऐसे । उ०—लुकाइ वचाळै प्रभूलंक लागे, **अहेड़ा** सुणां साखराकेथ आगे ।—ना.द.
अहेज–क्रि०वि०—१ इसी समय. २ स्नेह छोड़ कर ।
अहेत–सं०पु०—१ शत्रु. २ अहितू. ३ अस्नेह, स्नेहाभाव ।
अहेतु–वि० [सं०] १ बिना कारण का, निमित्तरहित. २ व्यर्थ, अकारण [रा० अ+हितू] ३ शत्रु, दुश्मन।
अहेर–सं०पु० [सं० आखेट] १ शिकार, मृगया (रू.भे. अहेड़) २ वह जन्तु जिसका शिकार किया जाय ।
अहेरी–सं०पु० [सं० अहेर] शिकारी, आखेटक, व्याध । (रू.भे.-अहेड़ी)
अहेवौ–क्रि०वि०—ऐसे ।
वि०—ऐसा ।
अहेस–सं०पु० [सं० अहीश] १ शेषनाग. २ लक्ष्मण का एक नाम ।
उ०—अत हेत **अहेस** सुकंठ अनै, करुणानिध श्री रघुवीर कनै । —र.रू.
[सं० अथ+ईश] गजानन, गणेश । उ०—सूंडाडंड **अहेस** राग रीझै ससमोसर, वणि सिंदुर चित्रवेस धार मदवेस पड़ै धर ।—सू.प्र.
अहेसुर, अहेस्वर–सं०पु० [सं० अहि+ईश्वर] १ शेषनाग ।
उ०—अडिगासण आस **अहेस्वर** से, मद नाद अमद्य महेस्वर से । —ऊ.का.
[सं० अहन्+ईश्वर] २ सूर्य ।
अहो, अहौ–अव्यय [सं०] संबोधकसूचक या विस्मय, हर्ष, करुणा, खेद, प्रशंसा आदि मनोविकारों का द्योतक शब्द । उ०—१ चिर सार यही सब प्यार चहौ, उपकार बिनां नहिं पार **अहौ** ।—ऊ.का.
उ०—२ **अहौ** जग तात सुणौ बंभ एवं दियौ दह कंध जु तैं वर देव । —रांमरासौ
अहोड़ौ–सं०पु०—१ टोकने का भाव, झिड़की. २ किसी सम्मान-योग्य व्यक्ति को उसके द्वारा कही गई कोई बात का दिया जाने वाला कटु उत्तर ।
अहोणो, अहोणौ–वि०—१ अयोग्य । उ०—काज **अहोणौ** ही करै, एह प्रक्रत खळ अंग । रांमण पठियौ रांम दिस, कर सोव्रनौ कुरंग । —बां.दा.
२ न होने वाला, असंभव । उ०—वैरी कड़ळै 'वांकला' करै **अहोणौ** काज, रांम तार गिरवर रची, पांणी ऊपर पाज ।—बां.दा.
अहोनस, अहोनिस, अहोनिसि–क्रि०वि० [सं० अहर्निश] दिन-रात, सदा, नित्य । उ०—१ **अहोनिस** कागभुसुंड आराध, पढ़ै तौ नांम सदा प्रहलाद ।—ह.र. उ०—२ अरक अगनि मिसि धूप आरती नियतणु वारै **अहोनिसि** ।—वेलि.
अहोभाग–सं०पु० [सं० अहोभाग्य] सौभाग्य, धन्य-भाग्य ।

अहोरात, अहोरात्र–क्रि०वि० [सं० अहन्+रात्रि] रात-दिन, सदा, नित्य।

अहौनस, अहौनिस–क्रि०वि०—देखो 'अहोनस'। (रू.भे.)

अह्म–सर्व० [सं० अहं] हम, मैं। उ०—१ तू एकज प्रब्ध थया तुम्ह अह्म।—ह.र. उ०—२ आगइ अह्म वरांसउ वीतउ, हिवड़ां छळ नवि छांडूं।—कां.दे.प्र.

अह्मीणो, अह्मीणौ–सर्व० [स्त्री० अह्मीणी] हमारा, मेरा।
उ०—भगतां भूधर भांजण भीड़, पालीजै देव अह्मीणी पीड़—ह.र.

आ

आ—वर्णमाला का द्वितीय अक्षर तथा स्वर जो अ का दीर्घ या वृद्धि रूप है।

आं, आँ–सर्व०—इन। उ०—घट मार दंड घंटा घुरै ठीक कळ'जौ ठारती, उतारै कोई'क सेवक इसा आं संतां री आरती।—ऊ.का.
सं०पु० [अनु०] रोने का शब्द।

आंइणी–सं०स्त्री०—वह गाय अथवा भैंस जो कुछ समय तक दूध न देती हो।

आंइणौ–सं०पु०—देखो 'अहीणौ'।

आंऊ–सं०पु०—अहंकार, गर्व (द.दा.)

आंक–सं०पु० [सं० अंक] १ भाग्य. २ चिन्ह, निशान, बैल आदि को दागने का चिन्ह. ३ अक्षर. ४ संख्या का चिन्ह ० से ९ तक. ५ लिखावट. ६ प्रतीक। उ०—अमरसिंह निराठ सारी बात में अव्वल, बडौ देसोत, मांटीपणे रौ आंक।—राठौड़ अमरसिंह री बात

आंकड़ौ–सं०पु० [सं० अंक+ड़ौ रा० प्र०] १ आय-व्यय का लेख पत्र। २ लोहे का एक प्रकार का टेढ़ा कांटा जो उन बड़ी तराजुओं के बीच लगाया जाता है जिनसे लकड़ी आदि तौलते हैं. ३ भाला. ४ चंद्राकार आकृति का शस्त्र या तीर का अगला भाग।
उ०—खगां झट आंकड़ा उरस लागां खहै, बांकड़ा अगै घर सणंक सूधा बहै।—महादांन महड़ू [सं० आंख+ढक] ५ कोल्हू के बैल की आँखों पर बाँधा जाने वाला उपकरण।

आंकणौ–वि०—अंकित करने वाला। उ०—वडी आंकणौ वार जांगै विचार।—ल.पिं.

आंकणौ, आंकबौ–क्रि०स० [सं० अंकन] अंकित करना. २ दागना. ३ चिन्ह लगाना. ४ नाप-तौल के लिए अनुमान लगाना, कूंतना। ५ जाँचना, परखना. ६ ठहराना, निश्चित करना।
आंकणहार-हारौ (हारी), आंकणियौ–वि०—अंकन करने वाला।
आंकाणौ, आंकाबौ—प्रे०रू०।
आंकिओड़ौ, आंकियोड़ौ, आंकयोड़ौ–भू०का०कृ०—अंकित।
आंकीजणौ, आंकीजबौ–कर्म वा०—चिन्ह लगाया जाना, हिसाब कराया जाना।
आंकीजियोड़ौ—भू०का०कृ०—अंकित किया गया हुआ।

आंकल–सं०पु० [सं० अंकल] १ चिन्हित सांड, भैंसा अथवा बिना बधिया किया हुआ घोड़ा. २ मृत व्यक्ति की याद में दाग कर छोड़ा हुआ बैल।
वि०—१ व्यभिचारी. २ वीर, साहसी। उ०—एकल्ल मल्ल दुझल्ल आंकल, कहि कळहि अकळ।—ल पिं.

आंकलणौ, आंकलबौ–क्रि०स० [सं० अंकल+णौ रा०प्र०] १ चिन्ह लगाना, अंकित करना. २ दागना।
आंकलणियौ–वि०—चिन्ह लगाने या दागने वाला।
आंकलिओड़ौ, आंकलियोड़ौ, आंकल्योड़ौ–भू०का०कृ०—अंकित, दागा हुआ।

आंकलियोड़ौ–भू०का०कृ० [सं० अंकित] चिन्हित, दागा हुआ। (स्त्री० आंकलियोड़ी)

आंकवणौ–क्रि०स०—देखो 'आंकणौ'। उ०—गज बाधा वहै उपगार खत्री गुर, वदन वहै खग आंकविया। तौ ऊवारिया वडफरां ओटां, कोटां पावणहार किया।—भैरूंदास खिड़ियौ

आंकस–सं०पु० [सं० अंकुश] १ अंकुश, डर, भय, शंका. २ हाथी का अंकुश. ३ प्रतिबंध, दबाव, रोक. ४ एक प्रकार का शस्त्र।

आंकाणौ, आंकाबौ–क्रि०स०—१ चिन्ह लगवाना. २ दगवाना. ३ हिसाब लगवाना।
आंकावणौ, आंकावबौ—रू०भे०।
आंकायोड़ौ—अंकित कराया हुआ।

आंकायोड़ौ–भू०का०कृ०—अंकित कराया हुआ, दगवाया हुआ। (स्त्री० आंकायोड़ी)

आंकियोड़ौ–भू०का०कृ० [सं० अंकितः] १ चिन्हित. २ दागा हुआ. ३ अंकित. ४ हिसाब किया हुआ। (स्त्री० आंकियोड़ी)

आंकुस–सं०पु० [सं० अंकुश] १ देखो 'आंकस'। २ 'रघुवर जस प्रकाश' के अनुसार तीन लघु मात्राओं के समूह का नाम।

आंकूर–सं०पु० [सं० अंकूर] १ जखम का भरना. २ अंकुर। उ०—सूंमपणौ पातक छटौ, अपजस तर आंकूर। कारण इण बीकम करण, इण सूं रहिया दूर।—बां.दा.

आंकेल–सं०पु० [सं० अंकलः] वीर। उ०—राघोदेव सुधां सोळा भागे सात रोळौ कीधा। ओळौ लीधा जसौ बाघ ऊबरे आंकेल।
—चांवडदांन महड़ू

आंकोड़ियौ–सं०पु०—देखो 'अंकोड़'। उ०—जद श्री जी आंकोड़िया सूं वृक्ष री डाळ नमायी।—बां.दा.

आंकोर–सं०पु०—देखो 'आंकूर'।

आंकौ-सं०पु०—होनी, भवितव्यता।

उ०—१ अजै लग चारणां वधण **आंकौ**।—सं.भं.

२ पुर जोधांण उदैपुर, जैपुर पह थांरा खूटा परियांण। **आंकै**, गई आवसी आंकै 'बाके' 'आसल' किया बखांण।

—गीत चेतावणी रौ—वां.दा.

कहा०—उण रै घिरण रौ **आंकौ** नहीं आयौ—अभी उसके अच्छे दिन नहीं आये हैं।

आंख-सं०स्त्री० [सं० अक्षि, प्रा० अक्खि] १ रूप, वर्ण, विस्तार, आकारादि को देखने या अनुभव कराने वाली प्राणियों के शरीर की एक इन्द्रिय, नयन, लोचन।

पर्याय०—अंबक, अंबुक, आंखि, कटाक्ष, कांमधीठ, कायाजळ, कायालज, गो, चक्षु, चख, चरस, चांमणी, जगभाळण, जोत, जोय, दिग, दीठि, देखण, द्रग, द्रठा, द्रस्टि, नजर, नयण, निजर, निजरि, निरख, निरम्मळ, नेत्र, नैण, नैत्र, मनरंजन, मींट, मोहन, रतन, रार, रूपग्रह, रोहज, लोचण, लोचन, लोयण, विभळ, विलोचण।

क्रि०प्र०—आवणी-काढ़णी-खटकणी-घालणी-जावणी-नाचणी-फाटणी-फुरकणी-फूटणी-बळणी-मारणी-मींचणी-लागणी।

मुहा०—१ आंख आगे आवणौ—सम्मुख आना. २ आंख आवणी—आँख में दर्द तथा लाली आदि होना. ३ आंख उठणी—आँख दुखना. ४ आंख उठावणी—आँखें अच्छी तरह खोलकर सामने देखना, नुकसान पहुँचाने के ख्याल से देखना. ५ आंख कड़कणी—क्रोध करना, आंख में तेज दर्द होना. ६ आंख कांन खुला राखणां—होशियार रहना. ७ आंख-कांन नाचणौ—इतराना. ८ आंख खावणौ—आँखों को बुरा लगना. ९ आंख खुलणी—होशियार होना, स्थिति को समझना, आराम होना, नींद टूटना. १० आंख खोलणी—ख्याल करना, चेत करा देना, होश करा देना. ११ आंख गमावणी—अंधा होना. १२ आंख गुडाक जिसी हुवणी—आंख में दर्द के कारण सूजन आना. १३ आंख चढ़ाणी—गुस्सा करना. १४ आंख चलावणी—इशारा करना, नखरे करना. १५ आंख चिरमी आळी दाई—छोटी आँख. १६ आंख चींयै दाई—चिपचिपी व छोटी आँख. १७ आंख चुराणी—धोखा देना, बात करने में लजाना, चुपके से निकल जाना, छिपना. १८ आंख चूकणी—जरा सा लापरवाह होना या न देखना। १९ आंख छिपाणी—कतरा कर जाना, शर्माना, आमने-सामने न देखना, सामने न होना. २० आंख जमणी—नजर स्थिर होना. २१ आंख जांणै डभडोळा—बड़ी आँखें. २२ आंख जावणी—अंधा होना, दृष्टिरहित होना. २३ आंख जोड़णी—प्रेम करना, चार आँख करना. २४ आंख झपकणी—नींद आना. २५ आंख झुकणी—आँख नीची होना, शर्मा जाना. २६ आंख ठंडी करणी—किसी के दर्शन से तृप्ति करना. २७ आंख ठंडी होवणी—किसी के दर्शन से तृप्ति होना. २८ आंख ठरणी—देखो 'आंख ठंडी होवणी'. २९ आंख ठैरणी—नजर का स्थिर होना. ३० आंख डबडबाणी—आँखों में आँसू आ जाना. ३१ आंख डाकी आळी दाई—आँखें बड़ी होना. ३२ आंख तरसणी—किसी वस्तु को देखने की इच्छा होना. ३३ आंख दिखावणी—क्रोध करना, बिगड़ना. ३४ आंख देखतां—जानबूझकर. ३५ आंख दौड़ाणी—हर तरफ दूर दूर तक देखना. ३६ आंख नहीं उठणी—घमंड के कारण बात नहीं करना, शर्म से आँखें गड़ जाना, आँखों से न देखा जाना. ३७ आंख नहीं खोलणी—घमंड के कारण किसी ओर देखने का भी कष्ट न करना, बेहोश रहना, जरा भी ध्यान न देना. ३८ आंख नहीं टमकारणी—अपलक. ३९ आंख नहीं ठैरणी—एकटक न देखा जाना, किसी चीज का अत्यन्त चमकीला या अत्यन्त सुंदर होना. ४० आंख नहीं भींजणी—आँसू नहीं आना. ४१ आंख निकाळणी—गुस्से से देखना, आँख फोड़ना, अचरज करना. ४२ आंख नीची होणी—लज्जा पैदा होना, संकोच आदि के कारण बराबर न देख सकना. ४३ आंख न्हांखणी—आँखें डालना, कुदृष्टि फेंकना. ४४ आंख पसारणी—दूर तक देखना, किसी के स्वागत के लिये तैयार रहना. ४५ आंख पितर रौ नाडौ—चिपचिपी व आँसूभरी आँख. ४६ आंख पीछांणणी—संकेत समझना. ४७ आंख फड़कणी—भला या बुरा शकुन होना. ४८ आंख फाड़णी—घूर कर देखना, आश्चर्य से देखना, रास्ता देखना, बाट जोहना. ४९ आंख फाड़ नै देखणौ—देखो 'आंख फाड़णी'. ५० आंख फाटणी—आश्चर्य-चकित होना. ५१ आंख फिरणी—गुस्सा हो जाना, दृष्टि बदल जाना. ५२ आंख फूटणी—दिखाई न देना. ५३ आंख फेरणी—ध्यान न देना, मैत्री खतम करना. ५४ आंख फोड़णी—किसी की प्रतीक्षा करने में कष्ट उठाना, आँख की रोशनी खराब करना, अंधा कर देना. ५५ आंख फोरणी—देखो 'आंख फोड़णी' और 'आंख फेरणी'. ५६ आंख बंद करणी—बेहोश हो जाना, मरना. ५७ आंख बंद होवणी—मर जाना, बेहोश होना, ध्यान न देना. ५८ आंख बचाणी—छिपना. ५९ आंख बदळणी—सहानुभूति न रहना, विरुद्ध हो जाना. ६० आंख बिछावणी—आदर से स्वागत करना. ६१ आंख बळणी—देखो 'आंखियां बळणी'. ६२ आंख बैठणी—आँख के डेले का भीतर चला जाना. ६३ आंख भरीजणी—आँखों में आँसू आना. ६४ आंख भरनै देखणौ—दृष्टि गड़ाकर देखना. ६५ आंख मटकाणी—नाज व नखरे करना, आँख से इशारा करना. ६६ आंख माथै चढ़णी—दृष्टि पर आना. प्रेम तथा विश्वास होना. ६७ आंख माथै बिठाणौ—बहुत आवभगत या इज्जत करना. ६८ आंख माथै राखणौ—आदर और आराम से रखना. ६९ आंख मारणी—डराना, इशारा करना, प्रेम जताना, इशारे से मना करना. ७० आंख मिळावणी—आँख लड़ाना, प्रेम करना, आमने सामने खड़ा होना. ७१ आंख मीचणी—ध्यान न देना, मर जाना. ७२ आंख मींचीजणी—मर जाना, नीद

आना. ७३ आंख में काजळ घालणौ—शृंगार करना. ७४ आंख में छनीछर बळै—अशुभ दृष्टि होना. ७५ आंख में पांणी नहीं होणौ—लज्जाहीन होना, आँखों का अश्रुरहित होना. ७६ आंख में फूलौ पड़णौ-पड़णौ—आँख का एक रोग विशेष होना जिसके कारण दिखाई नहीं देता. ७७ आंख में खटाई आवणी—खटरास उत्पन्न होना, वैमनस्य होना. ७८ आंख में मिरचां घातणी—चालबाजी से हानि करना, धोखा देना. ७९ आंख में मैल आवणौ—दिल खट्टा होना या करना. ८० आंख में लूण घातणौ (नांखणौ)—चालबाजी से हानि करना, धोखा देना अथवा करना. ८१ आंख में राखणौ—बड़े यत्नपूर्वक रखना. ८२ आंख मौड़णी—देखो 'आंख फेरणी'. ८३ आंख राखणी—ख्याल रखना, मुहब्बत रखना. ८४ आंख राती करणी—गुस्सा करना. ८५ आंख री पूतळी कर'र राखणौ—बड़े यत्नपूर्वक दुलारसहित रखना. ८६ आंख रै नीचे आवणौ—ध्यान या दृष्टि में आना. ८७ आंख रौ काजळ—बहुत प्यारा. ८८ आंख रौ तारौ—बहुत प्यारा. ८९ आंख लागणी—नींद आना, प्रेम होना. ९० आंख लड़णी—मुहब्बत होना. ९१ आंख लड़ाणी—नजर मिलाना, मुहब्बत करना. ९२ आंख लजाणी—लज्जित होना. ९३ आंख ललचाणी—देखने को जी चाहना. ९४ आंख लाल करणी—गुस्सा करना. ९५ आंख लाल चुट्ट करणी—अत्यन्त क्रोधित होना. ९६ आंख लाल होवणी—क्रोधित होना. ९७ आंख लुकावणी—देखो 'आंख चुराणी'. ९८ आंख बतावणी—डराना, भय दिखाना. ९९ आंख बदळणी—देखो 'आंख बदळणी' १०० आंख सीधी होणी—घमंड छोड़ना, मेल करना. १०१ आंख सूं आंख मिळणी—इशारा होना, मुहब्बत होना. १०२ आंख सूं आंख मिळावणी—इशारा करना, मुहब्बत करना. १०३ आंख सूं आंख लड़णी—मुहब्बत होना. १०४ आंख सूं आंख लड़ाणी—मुहब्बत करना. १०५ आंख सूं आंधौ करणौ—दृष्टिहीन करना. १०६ आंख सेंकणी—देखने का सुख लूटना. १०७ आंख होवणी—जानकारी होना. १०८ आंखियां आवणी—देखो 'आंख आवणी'. १०९ आंखियां उठणी—देखो 'आंख उठणी'. ११० आंखियां कठै ही नै दिल कठै ही—अपने प्रेमी के ध्यान में लीन रहना, ध्यान न देना. १११ आंखियां काढ़णी—गुस्से से देखना. ११२ आंखियां खुलणी—देखो 'आंख खुलणी'. ११३ आंखियां खोलणी—देखो 'आंख खोलणी'. ११४ आंखियां खोवणी—अंधा होना. ११५ आंखियां गमावणी—अंधा होना. ११६ आंखियां गुद्दी लारै आवणी—मूर्ख होना, दिखाई न देना. ११७ आंखियां गुद्दी लारै होवणी—मूर्ख होना, दिखाई न देना. ११८ आंखियां घालणी—आँखें डालना, कुदृष्टि फेंकना. ११९ आंखियां चढ़णी—गुस्सा करना, गर्व से ऐंठना. १२० आंखियां चरख चढ़णी—गुस्सा करना, गर्व से ऐंठना. १२१ आंखियां चार होणी—आँख से आँख मिलना, प्रेम होना. १२२ आंखियां चार करणी—प्रेम करना.

१२३ आंखियां टेढ़ी करणी—गुस्सा करना. १२४ आंखियां ठंडी होणी (ठरणी)—देखो 'आंख ठरणी'. १२५ आंखियां ठारणी—किसी के दर्शन से तृप्ति करना. १२६ आंखियां तपणी—किसी की राह देखते थक जाना. १२७ आंखियां तरसणी—देखने के लिये लालायित होना. १२८ आंखियां दिखावणी—डराना, धमकाना. १२९ आंखियां दूखणी—बुरा लगना, किसी चीज को देखकर कष्ट होना. १३० आंखियां देखतां—सामने, जान-बूझकर. १३१ आंखियां नचावणी—इशारा या नखरे करना, इतराना. १३२ आंखियां नाचणी—इशारा या नखरे होना. १३३ आंखियां नीची करणी—लज्जित होना, संकोच आदि के कारण बराबर न देखना. १३४ आंखियां नीची होवणी—देखो 'आंख नीची होणी'. १३५ आंखियां फरूकणी—शुभ या अशुभ शकुन होना. १३६ आंखियां फाटणी—आश्चर्यचकित होना. १३७ आंखियां फाड़णी—देखो 'आंख फाड़णी'. १३८ आंखियां फिरणी—देखो 'आंख फिरणी'. १३९ आंखियां फूटणी—देखो 'आंख फूटणी'. १४० आंखियां फेरणी—देखो 'आंख फेरणी'. १४१ आंखियां फोड़णी—देखो 'आंख फोड़णी'. १४२ आंखियां बळणी—डाह पैदा होना, कष्ट होना, क्रोधित होना. १४३ आंखियां भरणी—आँखों में आँसू आना. १४४ आंखिया भरीजणी—आँखें अश्रुपूर्ण होना. १४५ आंखियां भीजणी—आँखें अश्रुपूर्ण होना. १४६ आंखियां मारणी—देखो 'आंख मारणी'. १४७ आंखियां मींचणी—देखो 'आंख मींचणी'. १४८ आंखियां मींच'र अंधारौ करणौ—बिना अधिक सोच-विचार किये कोई कार्य करना, बिना अधिक हानि लाभ के बारे में सोचे काम करना. १४९ आंखियां मींचीजणी—देखो 'आंख मींचीजणी'. १५० आंखियां में आवणौ या खटकणौ—दृष्टि में आना, ईर्ष्या का कारण बनना. १५१ आंखियां में घालणौ—अत्यन्त दुलार या प्रेम से रखना. १५२ आंखियां में घात'र राखणौ—बड़े दुलार या प्रेम से रखना. १५३ आंखियां में घात्यौ नहीं रड़कणौ—बहुत प्रिय, किसी को बुरा मालूम न होना. १५४ आंखियां में चुभणौ—बुरा मालूम होना, ईर्ष्या का कारण बनना, पसंद आना. १५५ आंखियां में ठैरणौ—नजर स्थिर होना, पसंद आना. १५६ आंखियां में डर न होणौ—तनिक भी लाज या डर न होना. १५७ आंखियां में धूल घातणी (नांखणी)—चालबाजी से हानि करनी, धोखा देना. १५८ आंखियां में पांणी भरणौ—रोना, आँसू लाना. १५९ आंखियां में पांणी भरीजणौ—आँसू आना. १६० आंखियां में रड़कणौ—बुरा मालूम होना, ईर्ष्या का कारण बनना. १६१ आंखियां में राखणौ—अत्यन्त प्रेम से रखना. १६२ आंखियां में रात काढ़णी—रात भर जागते रहना. १६३ आंखियां री सरम राखणी—लोगों की दृष्टि से लज्जा महसूस करना. १६४ आंखियां री सोगन—यदि झूठ बोलूं तो आँखें फूट जांय. १६५ आंखियां रै आगै आवणौ—दृष्टिगोचर होना, सामने

आना. १६६ आंखियां रै आगै इंधारौ होणौ—संसार सूना दिखाई पड़ना, कमजोरी या अधिक कष्ट के कारण साधारण बेहोशी आ जाना. १६७ आंखियां रै आगै चांनणौ होणौ—आँखों से स्पष्ट दिखाई देना, न दिखाई देना. १६८ आंखियां रै आगै तारा छूटणां—कमजोरी या शिथिलता के कारण अत्यंत थकावट महसूस करना. १६९ आंखियां रै आगै नाचणौ—देखो 'आंखियां रै आगै फिरणौ'. १७० आंखियां रै आगै फिरणौ—हर समय याद रहना. १७१ आंखिया रै आगै राखणौ—हर समय साथ या सामने रखना. १७२ आंखियां रोऊं रोऊं करणी—रोनी सूरत होनी. १७३ आंखियां रौ पांणी जावणौ—बेशर्म होना, बेहया होना. १७४ आंखियां रौ रौ नै सुजावणी—अधिक रोना, रो रो कर आँखों को फुलाना. १७५ आंखियां लाल-पीळी करणी—अधिक नाराज होना. १७६ आंखियां लालपीळी होणी—अधिक नाराज होना. १७७ आंखियां वरसणी—आँखों से खूब आँसू वहना. १७८ आंखियां विछावणी—अधिक आदर-सत्कार करना. १७९ आंखियां सूं आघौ—दूर होना. १८० आंखियां सूं कांम करणौ—इशारों से ही काम चला लेना. १८१ भर आंख देखणौ—पूरी तरह से आँख खोल कर किसी की ओर ताकना।

कहा०—१ आंख तणै फरूकड़ै क्या जांणू क्या होय—पलक भर में न जाने क्या हो सकता है. २ आंख-कांन में च्यार आंगळ रौ आंतरौ है—सुनी और देखी बात में बहुत फर्क होता है। कान से सुनी बात की अपेक्षा आँख से देखी बात अधिक विश्वास के योग्य होती है. ३ आंख फूटी, पीड़ मिटी—हानि हुई पर कष्ट गया अच्छी वस्तु कष्टदायक हो तो उसका जाना ही अच्छा. ४ आंख में पड़चौ तुस, औ ही लाधौ मिस—काम के समय साधारण सा बहाना मिल जाय तो उसी को लेकर टालमटोल करना. ५ आंख रै परमांण तौ फूलौ पड़ै ही कोनी—आंख के प्रमाण फूला नहीं पड़ता, बिल्कुल मनचाही बात नहीं होती. ६ आंखियां किसी ग्रुद्दी लारै है—मूर्ख है, दिखाई नहीं देता. ७ आंखियां देखी परसरांम कदै न झूठी होय—परसराम कहता है कि आँखों देखी बात कभी झूठ नहीं होती. ८ न आंखियां देखै न कुत्तौ भूंकै—न आँखों से देखै न कुत्ता भौंके. ९ आंखियां मींच'र अंधारौ करै जकेरौ कोई कांई करै—जो जान-बूझ कर बात को टाले उसका कोई उपाय नहीं हो सकता.

१० आंखियां मींची'र अंधारौ हुयौ—देखरेख हटी कि काम चौपट हुआ, मरने के बाद कुछ नहीं, मरने के बाद काम बिगड़ गया. १२ आंखियां रौ आंधौ नांम नैणसुख—जब नाम के अनुसार गुण न हो. १३ आपरी आंखियां चांनणौ है—अब आपके द्वारा ही रास्ता दिखाया जायगा, सबकुछ आप पर निर्भर है. १४ काजळ सूं कांई आंख भारी है—भारी भरकम शरीर को छोटी व तुच्छ वस्तु का बोझ मालूम नहीं होता. १५ मोटी आंख फूटण नै, नै घणा हेत तूटण नै—अत्यधिक प्रेम टूटता भी अवश्य है।

रू०भे०—अंख-अक्ख-आंखि।

अल्पा०—आंखड़ली, आंखड़िय, आंखड़ी।

महत्ता०—आंखड़।

२ नजर, दृष्टि।

आंखड़ली-सं०स्त्री०—१ आँख, नेत्र (अल्पा० प्यार)

आंखड़िय-सं०स्त्री०—नेत्र, नयन (अल्पा०)

आंखड़ी-सं०स्त्री०—नेत्र, नयन (अल्पा०)

(बहु०—आंखड़ियां, आंख्यां)

उ०—जौ जौ झांवड़ियां जाती जतनाळी, रौ रौ **आंखड़ियां** राती रतनाळी।—ऊ.का.

आंखड़ौ-सं०पु० [आंख+ढक] कोल्हू में जोता जाते समय बैल की आँख के ऊपर लगाया जाने वाला ढक्कन।

आंखफूटणी-सं०स्त्री०—एक प्रकार की लता विशेष तथा उसका फल.

आंखमींचणी-सं०स्त्री०यौ०—आँख-मिचौनी का खेल।

वि०वि०—एक लड़का अपनी आँखें बंद कर लेता है और अन्य लड़के छिप जाते हैं तब वह लड़का बंद आँखों से ही किसी खिलाड़ी को पकड़ने या छूने का प्रयत्न करता है। जिस लड़के को छू लिया जाता है, वह अपनी आँख बंद कर वापस खेल आरम्भ करता है।

आंखरातंबर-सं०पु०—ऊँट (ना.डि.को.)

आंखांलाल-सं०स्त्री०—कमेड़ी, पंडुकी।

आंखि, आंखी-सं०स्त्री० [सं०अक्षि] नेत्र, नयन। उ०—**आंखि** तरच्छी ईखतां जीता समधां जांण।—बां.दा.

आंग-सं०पु० [सं० अंग] शरीर, अंग। उ०—उघाड़ी धरती छै सु तौ जांणै गोरा **आंग** हुऔ।—वेलि.टी.

आंगण, आंगणई, आंगणउ-सं०पु० [सं० अंगण] १ घर के भीतर का सहन, चौक। उ०—१ बैरण रसणां बस त्रसणां तनताई, आभा **आंगण** री अंत मांगण आई।—ऊ.का. उ०—२ साधन नळ प्यंगळ हुई ओकई **आंगणई** सूकई चंपकी माळ।—बी.दे.

२ गुनाह, अपराध, कसूर।

आंगणारीडावड़ी-सं०स्त्री०—दासी, सेविका, परिचारिका।

आंगणियौ-सं०पु०—आँगन, चौक (अल्पा०) उ०—ऊभी **आँगणियै** बोळूड़ी आवै। गदगद मुरळी सुर ओळूड़ी गावै।—ऊ.का.

आंगणि-सं०पु० [सं० अंगण] आंगन। उ०—राजकुआंरि राय **आंगणि** कै विखै सखी विचि सोभा पावै छै।—वेलि. टी.

आंगणौ-सं०पु० [सं० अंगण] घर के भीतर का आंगन, चौक।

पर्याय०—अंगण, अंगन, आंगणू, अजिर।

कहा०—मांगणौ नै कोई तांगणौ, मोटौ मांचौ आंगणौ—प्रकृति द्वारा दी हुई वस्तुओं से ही संतोष करना।

आंगणौ, आंगबौ-क्रि०अ० [सं० अंगीकृत] १ स्वीकार करना।

उ०—खमा करण भगवांन नै, आंगी भूप उम्मेद।

—उदयराज ऊजळ

२ मन में विचार करना।

आंगनियौ–सं०पु०—स्त्रियों के कान की ऊपरी पट्टी में धारण करने का सोने या चाँदी का गहना ।

आंगम–सं०पु०—साहस, बल, उत्साह । उ०—उद्दम **आंगम** आखड़ी, ताप निडरता तंत। गाज मलफ एता गुणां, सीहां काज सरंत ।
—बां.दा.

आंगमण–सं०स्त्री०—हिम्मत, शक्ति, पराक्रम । उ०—तौ **आंगमण** नमौ सांगातण, रढ़ रांवण मेवाड़ां रांण ।—महारांणा उदयसिंह रौ गीत

२ अधिकार, कब्जा । उ०—कळह अदभूत जंगी वगौ काळ रौ, **आंगमण** लाल रौ नकूं आयौ ।—गोपाळदास दधवाड़ियौ

वि०—दबाने वाला । उ०—एकौ लक्खां **आंगमण**, सक्खां तेरह सूर ।—किसोरदांन बारहठ

आंगमणी–सं०स्त्री०—अधिकार, मातहती, अधीनता ।

आंगमणौ, आंगमबौ–क्रि०अ० [सं० अभ्युपगमन] १ निश्चय करना ।

उ०—आवी काळ आखरी मुवौ राजंद मंडोवर सांभलै वात उमा सती जादव **आंगमियौ** जळण ।—आसोजी बारहठ

२ साहस करना । उ०—भाइयां काज सिर **आंगमै** भारथां, भलाई कहाड़ै जिकै भाई ।—बुधजी आसियौ

३ सहन करना, बरदाश्त करना । उ०—करड़ौ कुच नूं भाखता, पड़वा हूंदी चोळ । अब फूलां जिम **आंगमै**, सेलां री घमरोळ ।
—वी.स.

क्रि०स०—साध्य समझना, गालिब होना । उ०—वादीला वनराव रै जितै कळायां जोर । इतै न कौ खळ **आंगमै**, देवै लांबी डोर ।
—बां.दा.

५ पराजित करना, दबाना. ६ अंगीकार करना, स्वीकार करना ।

उ०—अड़सठ तीरथ किसूं **आंगमौ** दोरौ पंथ फळ लाधै दूरी देखौ रै ! चहुआंण दिखाळै हरि-पुर सत्र-घड़ परै हजूरी ।
—सादूळसिंह चौहांण रौ गीत

७ विचार करना. ८ अधिकार में करना । उ०—अठी रमजांन बेग पंजाब रौ बिजय करि महमूद नूं निरवळ निहारी पाछौ जाइ आरयावरत्त नूं **आंगमण** रै काज तैमूर नूं अटक नदी रै वार आंणियौ ।—वं.भा.

आंगमणहार-हारौ (हारी), आंगमणियौ–वि०—अधिकार में करने वाला, पराजित करने वाला ।

आंगमिओड़ौ, आंगमियोड़ौ, आंगम्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

आंगळ–सं०पु० [सं० अंगुल] १ आठ जव की इतनी लम्बाई, अंगुली की मोटाई का माप । उ०—जितै जसौ पह जीवियौ, थिर रहिया सुर थांण । **आंगळ** ही अवरंग सूं, पड़ियौ नह पाखांण ।—बां.दा.

२ अंगुली (अल्पा०—आंगळड़ी) [सं० आंग्ल] आंग्ल भाषा, अंग्रेजी भाषा ।

आंगळड़ी–सं०स्त्री० [सं० अंगुल] उँगली (अल्पा०) उ०—संदेसा मति मोकळउ. प्रीतम तूं आवेस । **आंगळड़ी** ही गळ गई, नयण न बांचण देस ।—ढो.मा.

आंगळी–सं०स्त्री० [सं० अंगुली] १ उँगली (पैर अथवा हाथ की)

पर्याय०—अंगळी, करपलव ,करसाख. करसाखा ।

कहा०—१ आंगळियां पुन लेणौ—अपने पास से बिना कुछ भी खर्च किए दूसरे का उपकार करने का यश लेना. २ आंगळी करणी (घालणी)—व्यर्थ का कष्ट देना, किसी कार्य के बीच में निरर्थक हस्तक्षेप करना. ३ आंगळी पकड़ता पूंचौ पकड़ै—थोड़ा सा सहारा मिलते ही गले पड़ जाता है थोड़ा सा सिल-सिला जमते ही पूरा काम बना लेता है. ४ आंगळी पकड़'र पूंचौ पकड़णौ—धीरे धीरे काम का सिल-सिला जमाना चाहिए, किसी से काम निकालना हो तो उसे धीरे-धीरे वश में करना चाहिए. ५ आंगळी सूं छोरा करणा—बिना उचित उपकरणों या साधनों के इच्छित वस्तु प्राप्त करना (असंभव). ६ आंगळी सूं बेटा कौ व्है नी—कोई कार्य उससे संबंधित उचित उपकरण या वस्तु से ही किया जा सकता है. ७ आंगळी सूज नै हाळ कितीक व्है—कोई वस्तु अपने अनुपात या सीमा में ही अधिक से अधिक बढ़ सकती है. ८ ऊबी आंगळी घी को निकळै नी—सीधी अंगुली से घी नहीं निकलता, कोई कार्य कराने के लिए सीधेपन से काम नहीं बनता. ९ कंई आपरी आंगळी किचरीजी—क्या मेरे कार्य से आपको कोई कष्ट हुआ. १० गुळ डळियां, घी आंगळियां—डली डली करते गुड़ और उँगली-उँगली खाते घी शीघ्र समाप्त हो जाता है, थोड़े थोड़े निरन्तर व्यय से अधिक से अधिक वस्तु भी समाप्त हो सकती है. ११ हाथां पगां री आंगळियां भी सरीखी कौ हुवै नी—सब आदमी एक समान नहीं होते, सब वस्तुयें बराबर नहीं होती, समान वितरण में भी थोड़ा-बहुत फर्क रह ही जाता है ।

२ हाथी की सूंड का अग्रिम भाग ।

आंगळीफल–सं०पु० [सं० अंगुली+घर] पुनर्विवाह के पश्चात् पति-घर जाने पर अपने पहले पति द्वारा उत्पन्न साथ ले जाई गई संतान ।

आंगळीरोपेखौ–सं०पु०यौ० [सं अंगुलि+पर्व] अंगुलियों की गाँठों के बीच का भाग ।

आंगवण–सं०स्त्री०—गर्व, घमंड । उ०—इसड़ी **आंगवण** मन मांहे धरै सु रांणा रा आदमी वीच फिरिया ।—नैणसी

आंगवणी, आंगवांणी–सं०स्त्री०—वश, अधिकार, कब्जा, प्रभाव ।

आंगस–सं०पु० [सं० अंकुश] १ डर, भय. २ मर्यादा ।

उ०—औ हसती मरौ न मांने **आंगस** राजा मरौ स चूके रीत ।
—अज्ञात

आंगिमिणि–सं०पु०—अधिकार, कब्जा । उ०—**आंगिमिणि** न आव अनंत रै हरि पातिग सां हारियौ ।—पीरदांन लाळस

आंगिरस–सं०पु०—देखो 'अंगीरस' ।

आंगी–सं०स्त्री०—१ अंगिया, चोली, कंचुकी ।

कहा०—आंगी में से बेस काडणौ—अनहोना, असंभव काम करना ।

२ चुननदार घेरे का पुरुषों का एक पहनावा। उ०—पछै एक दिन राघवदे दरबार आवतौ थौ, पैहरण नूं **आंगी** हुती।—नैणसी

आंगीठ–सं०पु० [सं० अग्निष्टा, प्रा० अग्गीठा] अंगारा। उ०—तरण तप जळण **आंगीठ** रा सरोतर, सत्रां रण रीठ रा खगां सालै।
—तिलोकजी बारहठ

आंगीरस–सं०पु०—देखो 'अंगीरस'।

आंगुळ–सं०पु०—देखो 'अंगुळ'।

आंगुठौ–सं०पु० [सं० अंगुष्ठ] अंगूठा। उ०—हथळेवौ क्रस्णजी **आंगुठा** सहित पकड़चौ।—वेलि. टी.

आंगुळी, आंगूळी–सं०स्त्री०—उँगली। उ०—१ **आंगुळी** गीणतां दिन गया, काग उडावतां दूखइ छइ बांह।—वी.दे. उ०—२ उलीगाणां की गोरड़ी, म्हां की **आंगूळी** देखतां गिळजे वांह।—वी.दे.

आंगौ–सं०पु०—१ स्वभाव, प्रकृति. २ कवच, बख्तर. ३ शरीर. ४ काम या कार्यक्षेत्र में हिस्सा (कृषि)

आंच–सं०स्त्री० [सं० अर्चिष्] १ संकट, आफत, कष्ट। उ०—सांम धरम धर सांच, चाकर जेही चालसी। ऊंनी ज्यांनै **आंच**, रती न आवै राजिया।—किरपारांम २ आग, आग की लौ. ३ ताप, गरमी। उ०—नींद न आवै बिरह सतावे, प्रेम की **आंच** ढुळावै।
—मीरां

४ तेज, प्रताप. ५ चोट, प्रहार। उ०—मिट जोत प्रभाकर भंख-मणी, तन **आंच** लगी गुलियल्लतणी।—पा.प्र. ६ हानि। उ०—धणी थकां दौड़ता, लूट केई धन लाता, परवत भाड़ां वैस खोस केई नर खाता। मांन जकां महाराज **आंच** न दीधी आवा, गुना करै बगसीस खोस दांघा धन खावा।—बुधजी आसियौ

७ क्रोध. ८ भय, डर. ९ ढालों को रखने का ढंग अथवा वह स्थान जहाँ ढालें रखी जांय। उ०—इण भांति री कटारी बीड़ी वटवै समेत ए जदी पगां सूं लपेट नै उग्रांहीज ढालां री **आंचां** मां राखीजै छै।—रा.सा.सं.

वि०—किंचित्, थोड़ा। उ०—पति गंध्रप है पांच, धरतां पग धूजै धरा। आवै लाज न **आंच**, धर नख सूं कुचरै धवळ।
—रांमनाथ कवियौ

आंचभ–सं०पु० [सं० आश्चर्य] आश्चर्य, ताज्जुब।

आंचळ–सं०पु० [सं० अंचल] १ धोती दुपट्टे आदि के दोनों छोरों का एक भाग या कोना, पल्ला. २ सामने छाती पर रहने वाला स्त्रियों की साड़ी या ओढ़नी का छोर या पल्ला।

पर्याय०—अंचल, छेहड़ौ, पल्लौ, पटोली।

३ साधुओं का अंचला. ४ स्तन, उरोज। उ०—पुणै जोगणपुरी गुजरी पारखौ, गुडर गोखे चढ़ी गयण छायौ। बीबीयां **आंचळां** छोड़िया बाळकां, ईख सुरतांण गढ़ 'माल' आयौ।—अज्ञात

आंचळणौ, आंचळबौ–क्रि०स० [सं० अंचलित] आच्छादित करना। उ०—पाबासर जळ पीय, पोयण हेम खिलावै। एरावत मुख **आंचळतौ** घण नेह जतावै।—मेघ०

आंचळी–सं०स्त्री०—आँचल। उ०—**आंचळी** गैहती बइसाड़ी छइ आंण, हंसि गळलाइ नई भांजिय कांण।—वी.दे.

आंचविहणौ, आंचविहबौ–क्रि०अ०—आचमन करना।

आंचातांणौ–वि०—ऐंचाताना, जिसकी पुतली देखने में दूसरी ओर को खिचती है। (स्त्री०—आंचातांणी)

आंचौ–सं०पु०—शीघ्रता।

आंजणी–सं०स्त्री०—आँख की पलकों पर होने वाली फुन्सी, गुहांजणी।

आंजणौ–सं०पु०—दहेज, यौतुक (जाट)

आंजणौ, आंजबौ–क्रि०स०—१ आँख में अंजन लगाना। उ०—ले पग धूड़ मधूर मन मांजू, औ तौ **अंजण** म्हांरा नयणां में आंजू।
—मी.रां.

२ साफ करना।

आंजणहार-हारौ (हारी), आंजणियौ–वि०—आँखों में अंजन लगाने वाला।

आंजळी–सं०स्त्री०—देखो 'अंजली'।

आंजस–सं०पु०—१ देखो 'अंजस'। २ गर्व, घमंड। उ०—कळजुग चलै न कार, अकबर मन **आंजस** युहीं।—दुरसौ आढ़ौ

आंजसणौ, आंजसबौ–क्रि०स०—गर्व करना।

आंजियोड़ौ–वि०—अंजन किया हुआ। (स्त्री० आंजियोड़ी)

आंजुळी–सं०स्त्री० [सं० अंजलि] देखो 'अंजळि'। उ०—**आंजुळी** पितर पोखिय उदक्कि।—रा.ज.सी.

आंट–सं०स्त्री०—१ हथेली में तर्जनी और अंगूठे के बीच का स्थान. २ शत्रुता, वैमनस्य, दुश्मनी। उ०—कोई आज पाछै **आंट** राखै बैर गावै। सौ ही खांप दोनां सूं निराळौ होय जावै।—शि.वं.

३ हठ, जिद्द। उ०—कुमार प्रथीराज दुरमन होय काका री गरहा प्रकट करी और कन्ह बी मूछां विहाय आप री हवेली जाय पाछौ सभा आवण री **आंट** धरी।—वं.भा ४ कपट। उ०—अंग में राखै **आंट** करमां री पासी करै। जटा वधायां भांट महासिध होवै न मोतिया।—रायसिंह सांदू ५ लिखावट, अक्षर, अंक। उ०—मन जांणै पीऊ मिसरी, छाछ सोवनी मिळै नह छांट। वळिया सौ पाछा कुण वाळै उण घर री लेखण रा **आंट**—ओपौ आढ़ौ।

६ गिरह, ऐंठन. ७ प्रतिज्ञा, संकल्प. ८ दाँव, वश. ९ बगतर की कड़ी. १० मोड़, घुमाव. ११ बाँकुरापन, वीरता।

उ०—पड़ै अमावड़ ओद छतरधर फिरंग पालटै, **आंट** धर क्रोध भुज गयण अड़िया।—कोठारिया रावत जोधसिंह रौ गीत

१२ घमंड, गर्व। उ०—भांजै चौक हरोलां अणि रा उतोळियां भालां धकै तणौ मेलियां जणी री रीत धूत। रही **आंट** कणी री जींवार सिद्धांराज राखी, साजी बाजी नवां कोटां धणी री सबूत।
—नवलजी लाळस

१३ देखो 'अंटी'।

आंटड़ी–सं०स्त्री०—वैर, शत्रुता (अल्पा०)
उ०—लागी लगनि छूटण की नाहीं, अब क्यूं कीजै **आंटड़ियां**।

आंटण–सं०पु० [सं० अट्टन] १ गाँठ, ग्रंथि। २ पैर अथवा हाथ की अंगुलियों में अधिक कार्य या एक वस्तु के अधिक संघर्ष से पड़ने वाली ग्रन्थी जहाँ की चमड़ी कठोर एवं सुन्न होजाती है। उ०—रात-दिन तरवार कनै रहण सूं हाथ में तरवार री मूठ रा **आंटण** पड़ गया है।—वी.स.टी.

आंटरोकोट–सं०पु०—मान व गर्व का रक्षक, वीर, बहादुर। उ०—**आंटरा-कोट** मन-मोट मेरू अचळ। सूर तन ताप दे सीत सवायौ।
—जयसिंह राठौड़ रौ गीत

आंटल–वि०—१ शत्रु, द्वेषी. २ नीच, दुष्ट।

आंट-सांट–सं०पु०—साजिश, मेल-जोल, गुप्त अभिसंधि।

आंटा–क्रि०वि०—लिए, निमित्त।

आंटादार–वि०—१ घुमावदार, वक्र. २ लपेटदार, साफे को बाँधने का एक ढंग विशेष. ३ वीर, बहादुर।

आंटायत, आंटायतौ–वि०यौ० [आंट+आयत] दुश्मन, शत्रु।
उ०—वंटायत आवधां झाट खामंद बचा। दोयणां **आंटायत** खाग दूजौ।—राव रतनसिंह रौ गीत

आंटियौ–सं०पु०—कवच को जोड़ने की कड़ी।

आंटी–वि०—वक्र, टेढ़ी, मुड़ी हुई।
कहा०—१ आंटी टूटी गवां री रोटी—यद्यपि रोटी आँटी-टेढ़ी है पर गेहूँ की है. २ कुत्त की पूंछ दस वरस जमीं में राखी, निकाळी तौ फेर आंटी'र आंटी. ३ कुत्त री पूंछ सदा आंटी री आंटी—जिस आदमी की बुरी आदत किसी प्रकार न छूटे।
सं०स्त्री० [सं० अंड] १ ईर्ष्या, वैर, शत्रुता। उ०—तिण रै च्यार बेटा, लायक सारीखै माथै, च्यारांई भायां **आंटी** करी, अहड़स हुई तरै वीच मांणसे फिरनै कह्यौ "सिंघासण छत्र वीच मेलौ, च्यांरे ही भाई सिंघासण री पाखती दैसौ।—नैणसी २ कुश्ती का एक पेंच विशेष। उ०—उलझन, फंदा। उ०—मूरख कूं समझाइये औगुण करि बूझे रे, आपा की **आंटी** पड़ी सति साच न सूझे रे।—ह.पु.वा.

आंटीपण, आंटीपणौ–सं०पु०—१ शक्ति। उ०—पैलां कटक्कां भाराथां मेलै पमंगां उछांटीपणै, बंका **आंटीपणै** गंजै अगंजां असेस।
—रांमकरण महडू

२ शत्रुता, डाह। उ०—कुरमांनाथ जंगां धार **आंटीपणै**, सांमी फौजां फांटीपणै हरांमी सधीग।—महादांन महड़ू

आंटीलौ–वि०—१ गर्वयुक्त, अभिमानी। उ०—अनमी **आंटीला** थळिया थळ वाळा, विपदा बांटीला वळिया बळ वाळा।—ऊ.का.
२ मान-मर्यादा पर दृढ़ रहने वाला। उ०—बोलै बोल जिसा अतुळीबळ, निरवा है रजवट री नीम। की अचरज **आंटीला** 'केहर', कूंपां आहिज रीत कदीम।—बां.दा. ३ शत्रुओं से बदला लेने वाला, जबरदस्त। उ०—**आंटीला** ऊठ सतारा वाळा, तौ ऊपर बागा त्रंबाळा।—वरजूबाई

आंटे–क्रि०वि०—लिए वास्ते, निमित्त, हेतु।

आंटेल–वि०—१ घमंडी। उ०—छिलै छाकिया छछोहा छूटा छोगाळा छबीला छैल। **आंटेल** सछोहा जिलै जाकिया अमीर।—र. हमीर

आंटै–क्रि०वि०—लिए, कारण, निमित्त। उ०—उठयौ दिली हूँ ओरंगसाह ऐक राह तणै **आंटै**।—महारांणा जयसिंह रौ गीत

आंटौ–सं०पु० [सं० अट्ट] १ बदला। उ०—लागगौ लार लूंठौ लियण **आंटौ** कोइक आगलौ।—ऊ.का.
क्रि०प्र०—काढ़णौ-लेणौ।
२ शत्रुता, वैर।
उ०—**आंटौ** सासू आप रौ, सौ लेबौ कुळसार। जायौ बरजौ जगत रा, आंटा लियण उधार।—वी.स. ३ लपेट।
क्रि०प्र०—देणौ-लगाणौ।
४ युद्ध। उ०—वीरमदेव चारण
रावजी कने मेलियौ धरती रौ **आंटौ** छै पण राज मोटा छौ।
—रा.वं.वी.
वि०—१ जैसा का तैसा. २ टेढ़ा, घुमावदार, वक्र।
क्रि०प्र०—करणौ-देणौ-पड़णौ-होणौ।

आंटौ-अंवळौ–वि०यौ०—१ टेढ़ा-तिरछा. २ दुःखी, कष्टमय।
कहा०—**आंटौ-अंवळौ** होय नै भी कांम करणौ—काम अवश्य करना चाहिए, चाहे कितना ही कष्ट क्यों न उठाना पड़े।

आंटौ-टूंटौ, आंटौ-टेडौ–वि०—टेढ़ा-मेढ़ा, तिरछा. २ जीर्ण-शीर्ण।

आंठ-गांठ–वि०—१ पूर्ण, पूरा. २ सब तरह से बढ़िया।
उ०—**आंठ-गांठ** छिब अगा।

आंठू–सं०पु०—१ ऊंट, घोड़े अथवा बैल के अगले पैर व छाती के जोड़ का स्थान। २ साहस, हिम्मत। उ०—गिरावै जिकै **आंठू** आं पांणि गज्जं।—वचनिका

आंठेब, आंठेव–सं०पु०—सहायक, रक्षक। उ०—छोगौ भूपै हरां सारां मेवाड़ां **आंठेब** छत्री आपा उपेहरां धाड़ा दूसरौ उमेद।
—रांमकरण महड़ू

आंड–सं०पु० [सं० अंड] अंडकोश।

आंडळ–वि०—१ बड़े अंडकोश वाला. २ बड़ा आलसी व सुस्त जो अपने काम को बड़ी कठिनाई से करता हो।

आंडिया–सं०पु०बहु० [सं० अण्ड] अंडकोश।

आंडू–वि० [सं० अण्ड] अंडकोशयुक्त, जो बधिया न हो।

आंढू–सं०पु०—काले रंग का करील का फल जो उपयोग में नहीं लिया जाना है और प्रायः कठोर होता है।

आंण–सं०स्त्री०—१ शपथ, सौगंद। उ०—सांच कही सगरांम थे साहिबजी री **आंण**। रांमभजन बिन नरपसु खोड़ीला री खांण।
—सगरांमदास
२ घोषणा, दुहाई। उ०—बूंदी अजे रावराजा भावसिंघजी री **आंण** कहीजै।—बां.दा. ख्या. ३ आज्ञा। उ०—अडर मूळ डर न धारै कंस री **आंण** रौ, पिता माता तणौ डर न पछै।—बां.दा.

४ हकूमत। उ०—जोबन छत्र ऊंचाइया। इगि कंत ! काया मांहि फेरी छइ **आंण**।—वी.दे. [सं० अधुना] ५ वर्तमान का वर्ष, चालू वर्ष. ६ वायु।

वि०—१ दूसरा, और, अन्य।

कहा०—घर का जोगी जोगिया आंण गांव का सिद्ध—घर के योगी जोगिये कहलाते हैं, बाहर गांव के जोगी भी सिद्ध कहे जाते हैं। अति परिचय से अवज्ञा होती है।

२ इस, यह।

आंण-डांण–सं०स्त्री०—१ दुहाई. २ शपथ, सौगंध।

आंणण–सं०पु० [सं० आनन] मुख, मुंह, चेहरा। उ०—अफर सत्रां **आंणण** नर अवरां, दीठां त्यांव ज लागौ दोख।—तेजसी खिड़ियौ

आंणण-पंच–सं०पु० [सं० आनन+पंच] सिंह (ना.डिं.को.)

आंणणौ, आंणबौ–क्रि०स० [सं० आनयन] १ लाना। उ०—सहिए फिरि समझावियउ, सुहिणइ दोस न कोइ। सउ जोयण साहिब वसइ, **आंण** मिळावइ तोइ।—ढो.मा.

आंणणहार-हारौ (हारी), **आंणणियौ**—लाने वाला।

कहा०—आंणै नीं मांनै नीं नै हूं लाडै री भुवा—बिना बूझे या माने जबरदस्ती मध्यस्थ बन जाना।

आंणदवाई, आंणदांण, आंणदुआई, आंणदुवाई–सं०स्त्री०—दुहाई।

उ०—जिण री प्रथ्वी ऊपर **आंणदांण** फिरै।—नैणसी

आंण-मांण–सं०पु०—इज्जत, मान।

आंणा–सं०स्त्री० [सं० आज्ञा] हुक्म, आदेश, आज्ञा। उ०—प्रामार जैतकुमर जनक री **आंणा** रै अनुसार इच्छणी रै एवज उरवसी देण आयौ।—वं.भा.

आंणांणौ, आंणांबौ–क्रि०स० [सं० आ+नी धातु] मंगवाना।

आंणवावणौ, आंणवावबौ—प्रे०रू०।

आंणियोड़ौ–भू०का०कृ०—लाया हुआ। (स्त्री० आंणियोड़ी)

आंणीजणौ, आंणीजबौ–क्रि०स०कर्म वा०—लाया जाना।

उ०—अत जतनां माथै ऊपाड़ै, रंभा दौळी थकी रहै। आस कसी जैंरी **आंणीजै**, वैरी छोरा पास वहै।—ओपौ आढ़ौ

आंणीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—लाया गया हुआ।

(स्त्री० आंणीजियोड़ी)

आंणेराव–वि०—१ लाने वाला। उ०—लूटौ सामांन भंडारां आरपारी डांणेराव लागौ। सोभा **आंणेराव** खूटौ खजांना सचूंप।

—महादांन महड़ू

आंणौ–सं०पु०—१ मायके से बहू को अथवा सुसराल से बेटी को लाने का भाव. २ गौना, विवाह के बाद की एक रस्म जिसमें वरवधू को प्रथम बार अपने घर लाता है। उ०—**आंणा** लेवण नैं ऐ धूला आया, दरसण देवण नै मोभी मुळकाया।—ऊ.का.

आंणौ-एढ़ौ, आंणौ-टांणौ–सं०पु०—१ मांगलिक दिन. २ उत्सव या विवाहादि अवसर. ३ देखो 'टांणौ'।

आंणौ-मुकलावौ–सं०पु०—गौना, द्विरागमन।

आंत, अंतड़, आंतड़ी, आंतड़ौ–सं०स्त्री० [सं० अंत्र] शरीर का मल या व्यर्थ पदार्थ बाहर निकलने के लिए बनी प्राणियों के पेट के भीतर की लम्बी नली जो गुदा तक रहती है, अंत्र।

उ०—१ **आंत** औज भेजी असत, नैण नळी भख नेह। आंमिख नर नांखै उदर, आंणै हरख अछेह।—क.कु.बो.

उ०—२ **आंतड़ा** तास पहरे उवर, दूर कियौ दुख दास रौ। राखजै नेक आलम रटै, एक उणी रौ आसरौ।—र.रू.

उ०—३ कुढ़ कुढ़ काया नै माया बिन मोसै, रोती कड़ियां दे **आंतड़ियां** रोसै।—ऊ.का.

(अल्पा०–आंतड़ी, आंतड़ौ) (महत्त०–आंतड़)

(बहु०–आंतड़ियां)

पर्याय०—अंत, अंतड़ा, अंत्रावळ।

आंतर–सं०पु० [सं० अंत्र] १ आंत, अंत्र। उ०—ढालां ढालांतर सांतर ढळियोड़ा, बैठा निरांतर **आंतर** बळियोड़ा।—ऊ.का.

[सं० अंतर] २ फासिला, दूरी. ३ अन्तर, भेद।

क्रि०वि०—१ बीच, मध्य. २ अंतर, भीतर।

उ०—रोगी **आंतर** बैद बसत है, बैद ही ओखद जांणै हौ।—मीरां

३ दूर। उ०—भोज कुंवर मुकळावी राय। **आंतर** वासौ दीयौ तिणि ठाय।—वी.दे.

आंतरउ–सं०पु० [सं० अंतर] १ दूरी. २ अंतर, फासला।

उ०—मारू त्रिहूं वरसां **आंतरउ**, आवौ ज्यंउ कीजइ नातरउ।

—ढो.मा.

आंतरगढ़ी, आंतरगूंथ, आंतरगेढ़ी–सं०पु०—आमिषहारी व्यक्तियों द्वारा सेंक कर खाये जाने के लिए उनके द्वारा गूंथी जाने वाली पशुओं की आंतें।

आंतराळ–सं०पु०—आंत।

आंतरियौ–सं०पु०—आंत, अंत्र. २ मध्य, बीच।

आंतरी–सं०स्त्री०—आंत, अंत्र। उ०—रमेस री **आंतरचां** आसीस दैण लागी।—वरस गांठ

आंतरे, आंतरै–क्रि०वि० [सं० अंतर] दूर। उ०—विसुद्ध सुद्ध संथ तैं **आंतरै** नहीं।—ऊ.का.

आंतरौ–सं०पु० [सं० अंतर] १ दूरी, फासिला। उ०—महाराज मांन मुरधरार माथै, चमू फिरंगी नांह चढ़ै। रै ! जांणै सूरजवाळौ रथ, कासी सू **आंतरै** कढ़ै।—नाथूरांम लाळस

[सं० अंत्र+औ–रा०प्र०] २ अंत्र, आंत। उ०—जठै चावड़ी नूं सुपनौ आयौ जे म्हांरौ पेट फाटौ छै **आंतरां** झाड़ झाड़ हुय गया छै।

—रा.वं.वि.

३ विलम्ब, देरी। उ०—एक घड़ी **आंतरौ** दोरम सोई दिखातौ।

—पहाड़खां आढ़ौ

आंतारौ–सं०पु०—१ दूरी, फासिला, अंतर।

सं०स्त्री० [सं० अंत्र] २ आंत, अंत्र ।

आंतिरौ–सं०पु०—दूरी, फासिला, अंतर । उ०—बीस पैंड दोनां का घोड़ा बीच लागैं । दोनूं हांकि थाक्या पणि **आंतिरा** न भागै ।
—शि.वं.

आंती–क्रि०वि०—तंग, हैरान ।
क्रि०प्र०—आंणौ-करणौ-होणौ ।
सं०स्त्री०—कष्ट, आपत्ति ।

आंतेरौ–सं०पु०—एक प्रकार का कांटेदार लाल वृक्ष जिसके पत्ते भी लाल होते हैं । इन पत्तों के बांधने से अंग की सूजन कम होती है ।

आंतेलौ–सं०पु० [सं० अंतरिल] किसी वाहन पर (ऊँट, घोड़ा, गधा, भैंसा आदि) लादे हुए बोझ का एक तरफ अधिक भार के कारण झुक जाना, असंतुलन । (मि०–हूर)

आंथण–सं०पु०—सायंकाल । उ०—च्यार सेर गेहूं रौ आटौ परभात रा, **आंथण** री दस सेर चांवळां री खीचड़ी ।—सूरे खींवे री बात

आंदळघोटौ–सं०पु०—देखो 'आंधळघोटौ' ।

आंदळियौ–सं०पु०—अंधा (अल्पा०)

आंदलौ–वि०—देखो 'आंधलौ' (अल्पा०)

आंदाउली–सं०स्त्री०—देखो 'आंधाउली' ।

आंदाझाड़ौ–सं०पु०—देखो 'आंधाझाड़ौ' ।

आंदाहोली–सं०स्त्री०—१ अर्कपुष्पी, सूर्यमुखी ।
२ देखो 'आंधाउली' ।

आंदी–सं०स्त्री०—देखो 'आंधी' ।

आंदीआरसी–सं०स्त्री०—देखो 'आंधीआरसी' ।

आंदीखोपड़ी–सं०स्त्री०—देखो 'आंधीखोपड़ी' ।

आंदीझाड़ौ–सं०पु०—देखो 'आंधीझाड़ौ' ।

आंदीडंडूळ, आंदीडंबर–सं०पु०—देखो 'आंधीडंडूळ' ।

आंदीबाई–सं०स्त्री०—देखो 'आंधीबाई' ।

आंदोळण, आंदोलन–सं०पु० [सं० आंदोलन] बार-बार हिलना-डोलना, हलचल, उथल-पुथल करने वाला प्रयत्न, धूमधाम । उ०—अवनी **आंदोळन** ओळा ओसरिया । पिड़िभिड़ि प्लासी पै गोळा जिम गिरिया ।—ऊ.का.

आंदोवाळौ–सं०पु०—एक प्रकार का नहरुआ रोग जिसका कीड़ा बाहर नहीं निकलता है ।

आंदौ–वि०—देखो 'आंधौ' । (स्त्री० 'आंदी')

आंदौकाच–सं०पु०—देखो 'आंधौकांच' ।

आंदौकूऔ–सं०पु०—देखो 'आंधौकूऔ' ।

आंदयारी–सं०स्त्री०—देखो 'आंध्यारी' ।

आंधयावणी–वि०—अंधेरी ।

आंधरौ, आंधल–वि०—अंधा (अल्प०) उ०—राज काज रीत नीत बूझतौ रह्यौ । वाट **आंधरै** की यार सूझतौ बह्यौ ।—ऊ.का.

आंधळघोटौ–सं०पु०—एक प्रकार का खेल जिसमें एक व्यक्ति कपड़े द्वारा अपनी आँखें बंद कर दूसरों को पकड़ने का प्रयत्न करता है । अन्य खिलाड़ी आवाज के द्वारा अपनी उपस्थित दिशा की सूचना देते रहते हैं । प्रायः यह खेल अक्षय तृतीया पर लड़कियों द्वारा खेला जाता है ।

आंधळियौ–सं०पु०—अंधा (अल्पा०) उ०—मैया रे दुवारे **आंधळिया** पुकारे ले'र नयण घर जाय मेरी काळी मैया ।—लो.गी.

आंधळौ–वि०—अंधा, नेत्रहीन (अल्पा०) उ०—निंदा करसे नरक कुंड मां जासे थासे **आंधळा** अपंग रै ।—मीरां

आंधाउली–सं०स्त्री०—एक प्रकार का वनों में होने वाला क्षुप जिसकी डंडी कुछ लाल, पत्ते लंबे, गोल व रोमयुक्त और फल आसमानी रंग का नीचे की ओर होता है । लटजीरा, चिचड़ा (अमरत)

आंधाझाड़ौ–सं०पु०—एक प्रकार का पौधा विशेष जिसे अपामार्ग भी कहते हैं ।

आंधाहोली–सं०स्त्री०—अर्कपुष्पी, सूर्यमुखी (अमरत)

आंधी–सं०स्त्री०—प्रखर वायु जिसमें उड़ने वाली धूलि या गर्द से चारों ओर अंधेरा छा जाता है, तूफान, झंझावात ।
पर्याय०—अंधारी, भंकड़, डूंज, बावळ ।
कहा०—१ आंधी पछै मेह आवै—आँधी के साथ वर्षा आती है, कन्या के बाद पुत्र होता है. २ आंधी रांड मेहां री पाली रेवै—राजस्थान में आँधियाँ बड़े जोर से चलती हैं और घंटों चलती रहती हैं, पीछे मेह प्रायः आता है और मेह के आने पर ही वे दबती है, प्रकृति-निरीक्षण का अनुभव, दुष्ट व्यक्ति सभी की बात नहीं सुनते, जो उनसे जबरदस्त होता है उसीके मना करने पर बुरे काम से विरत होते हैं. ३ आंधी साथै मेह आया ही करै—आँधी के साथ वर्षा आया ही करती है. ४ आंधी में मोर चालै ज्यूं किंया चालै—आँधी में मोर चलता है वैसे डगमगाता हुआ कैसे चलता है ?
वि०—'आंधौ' शब्द का स्त्री लिंग, देखो 'आंधौ' ।

आंधीआरसी–सं०स्त्री०—धुंधला दर्पण जिसमें प्रतिबिंब स्पष्ट न दिखाई देता हो ।

आंधीखोपड़ी–सं०स्त्री०—बुद्धिरहित, मूर्ख, नासमझ, भोंदू ।

आंधीझाड़ौ–सं०पु०—अपा मार्ग ।

आंधीडंडूळ, आंधीडंबेर–सं०पु०—आँधी, तूफान, झंझावात ।

आंधीबाई–सं०स्त्री०—१ नेत्रहीन स्त्री २ एक रोग विशेष ।

आंधौ–सं०पु० [सं० अंध] (स्त्री० आंधी) वह प्राणी जिसकी आँखों में ज्योति न हो, बिना आँख का जीव ।
वि०—१ दृष्टिरहित, बिना आँख का. २ विवेकरहित, अज्ञानी जिसे भले-बुरे का विचार न हो ।
पर्याय०—अंध, आंधलौ, दस्टीहीण, सूरदास ।
क्रि०प्र०—करणौ-बणणौ-बणाणौ-होणौ ।
मुहा०—१ आंधौ दीयौ—धुंधले प्रकाश का दीपक. २ आंधौ बणणौ—आगा-पीछा कुछ न देखना, जानबूझ कर किसी के अन्याय

या गलती को न देखना. ३ आंधौ बणाणौ—धोखा देना, मूर्ख बनाना. ४ आंधौ होणौ—बेफिक्र होना, सामने की चीज का भी ध्यान न रखना. ५ आंधौ राज—ऐसा शासन या राज्य जहाँ अंधेर हो।

कहा०—१ आंधां री माख्यां रांम ही उडावै—निःसहाय व्यक्ति की सहायता भगवान ही करते हैं. २ आंधी ना देखै पितरां रा मूंढ़ा—अंधी पितरों का मुंह नहीं देख पाती, ऐसी जगह ले जाना जहां अपना कोई परिचित न हो. ३ आंधी पीसै कुत्ता खाय—अंधी पीसती है और कुत्ते खाते हैं—जहाँ अंधाधुंधी चलती हो। जब कोई व्यक्ति अपने लाभ या उपार्जित धन या संपत्ति की ठीक-ठीक व्यवस्था न करे और दूसरे लोग उसको उड़ावें. ४ आंधै आगै रोवै, नैण गमावै—जो सुने नहीं उससे आजिजी करना। जो समझे नहीं उसको अपना गुण बताना. ५ आंधै आगै रोवौ, भलां ही नैण गमावौ—देखो 'आंधै आगै रोवै, नैण गमावै.' ६ आंधी रौ जागण—अंधी स्त्री अगर जगती भी रहे तो भी उसका जागरण व्यर्थ होता है, वह पहरा नहीं दे सकती, अव्यवस्था व अंधाधुंधी चलने पर. ७ आंधै कुत्ते रै खोळण भी खीर—अंधा या विवेकहीन व्यक्ति बुरी वस्तु को भी अच्छी समझता है व उसे दुख या असंतोष नहीं होता. ८ आंधै नै कांई जोईजै ? दो आंखियां—अन्धे को क्या चाहिए, परमवांछित वस्तु की प्राप्ति पर. ९ आंधै नै काच देखावणौ है—गुणों को न समझने वाले व्यक्ति के आगे गुणों का प्रदर्शन करना व्यर्थ है. १० आंधै रौ तंदूरौ रांमदेवजी बजावै—निःसहाय की सहायता भगवान करते हैं. ११ आंधौ जांणै आंधै री बलाय जांणै—अंधा जाने, अंधे की बला जाने—किसी बात की कुछ भी परवाह न करने पर. १२ आंधौ नूंतै दोय जिमावै—जो अंधे को जिमाता है उसे दो को भोजन कराना पड़ता है—एक अंधा, दूसरा अंधे को लाने वाला। व्यर्थ की परेशानी मोल लेने पर. १३ आंधौ नै अजांण बराबर हुवै—अंधा व अविवेकी व्यक्ति अनजान व्यक्ति के समान होते हैं। अगर इनसे कोई भूल भी हो जाय तो विशेष ध्यान नहीं देना चाहिए. १४ आंधा नै आंधौ नहीं कैंणौ—अंधे को अंधा नहीं कह कर सूरदास कहना चाहिए, अंधा कहने से उसे दूना कष्ट होता है. १५ आंधौ भींत है कै भचीड़ौ खायां ठा पड़ै—मूर्ख आदमी समझाने से नहीं समझता ठोकर खाने पर ही समझता है. १६ आंधा में कांणा राव—गुणहीन मनुष्यों में थोड़े गुण वाला मनुष्य भी बड़ा समझा जाता है. १७ आंधौ वांटै सीरणी घर-घरां नै देय—अंधा देवता का प्रसाद बांटता है तो घर के व्यक्तियों को ही देता है। स्वार्थी के लिए जो सब चीजें अपने ही आदमियों को दे. १८ आंधा नै हीया फूटोड़ौ मिळणौ—जैसे को तैसा मिलना।

अल्पा०—आंधलियौ, आंधलौ, आंधियौ।

(महत्त०-अंध, आंधल। आदरसूचक-सूरदास)

३ जिसमें कुछ न दिखाई दे, धुंधला।

(यौ०-आंधौ काच, आंधौ कूऔ) (रू०भे०-अंध, आंदौ)

आंधौकाच-सं०पु०—धुंधला दर्पण जिसमें प्रतिबिंब स्पष्ट न दिखाई देता हो।

आंधौकूऔ-सं०पु० [सं० अंधकूप] सूखा कुआ।

आंध्यारी-सं०स्त्री०—अंधकार, अंधेरा (अमरत)

आंध्र-सं०पु०—दक्षिण भारत का एक प्रांत।

आंन-सं०पु०—१ मर्यादा. २ शान।

मुहा०—आंन री किरची—गर्वयुक्त, बड़ी शान रखने वाला।

३ अदब, लिहाज. ४ टेक, इज्जत।

वि०—अन्य, दूसरा। उ०—सुरपुरी अजोध्या दुवि समांन, एहवी पुरी त्रीजी न आंन।—रांमरासौ

आंनक-सं०पु० [सं०] १ डंका, नगाड़ा. २ भेरी, दुंदुभी.

३ गरजता हुआ बादल।

आंनद्ध, आंनध-सं०पु०—१ नगारा ढोल, मृदंग। उ०—घटा भद्द ज्यों नद्द आंनद्ध घोरै। धुबै ताळ कंसाळ सांगीत घोरै।—मे.म.

वि०—कसा हुआ, मढ़ा हुआ, बद्ध, मिलित।

आंनन-सं०पु० [सं० आनन] मुख, चेहरा, बदन। उ०—आंनन रांम रांम सुण आंणै, अंतर आंणै रांम उर।—महारांणा कुंभा रौ गीत

आंनन-पांच-सं०पु०—सिंह, पंचानन (ना. डि. को.)

आंनबांन-सं०स्त्री०—सजधज, ठसक, तड़क-भड़क।

आंनर-सं०पु० [अं० ऑनर] सम्मान, प्रतिष्ठा।

आंनरेरी-वि०—केवल प्रतिष्ठा के उद्देश्य से बिना वेतन काम करने वाला, अवैतनिक।

आंनाकांनी-क्रि०वि० [सं० अनाकर्णन] टालमटूल, सुनी-अनसुनी करना, न ध्यान देना, हीलाहवाला, आगापीछा।

आंनाड़-सं०पु०—१ किला, गढ़. २ वीर, योद्धा। उ०—सुत कल्यांण साह भुज सुजड़ां, अर समहर जीपै आंनाड़। चुगती चोळ हुई चांचाळौ पसरी, चोळ ज हुआ पाहाड़।—संकर बारहठ ३ देखो 'अनड़'।

आंनादेस-सं०पु० [सं० अन्य देश] अन्य देश, दूर। उ०—आयी कोई देर लगाई, कोई आंनादेसर गयौ हौ कांई ?—वरसगांठ

आंनासागर-सं०पु०—चौहान अर्णोराज का बनवाया हुआ अजमेर के समीप एक आनासागर नामक तालाब।

आंनी-सं०स्त्री०—देखो 'आंनौ'।

आंनीकांनी-क्रि०वि०—इधर-उधर, सब जगह। उ०—कही ही छांनी कांन में, मांनी नहीं महाराज। बांणी पड़ी बिबेक में, आंनीकांनी आज।—ऊ.का.

आंनूं-सर्व०—इनको।

सं०पु०—देखो 'आंनौ'।

आंनूपूरवी-वि० [सं० आनुपूर्वी] क्रमानुसार, एक के बाद दूसरा, क्रमानुगत, अनुक्रम।

आंनेक-वि०—अनेक, कई। उ०—पांण बुध अनावत तणै जस पायणी,

येम बग़ा वायग़ी तेज **आंनेक** । मीर भख डायग़ी अंबखासांमही, यसी वरदायग़ी कटारी एक ।—करग़ीदांन कवियौ
सर्व०—इनको । उ०—**आंनै** पंथ जातां एक गोलै रोक लीनां। आगै आंगि सारां कै ढकेळा नांख दीनां ।—शि.वं.

आंनौ–सं०पु० [सं० आग़क] १ रुपये के सोलहवें भाग का एक सिक्का. २ सेर का सोलहवाँ भाग, एक छटांक ।

आंप–सर्व०—अपने । उ०—लोक **आंप** मांहि परस्पर बात कहग़ लागा ।—वेलि. टी.

आंपणौ–सर्व०पु० (स्त्री०–आंपग़ी) अपना । उ०—इसौ ही कोई **आंपणी** परघै रै मांहीं छै ।—सूरे खींवे री बात

आंपां–सर्व० [बहु०] अपन, हम ।

आंपांणौ–(स्त्री० आंपांग़ी) सर्व०—अपना ।

आंपारौ–सर्व०—अपना ।

आंपे, आंपै–सर्व०—१ अपन, हम. २ अपने-आप ।

आंब–सं०पु० [सं० आम्र] १ आम, आम्र. [सं० अंबक] २ नेत्र, नयन ।

आंबउ–सं०पु० [सं० आम्र] आम, आम्र । उ०—ढाढ़ी एक संदेसड़उ, कहि ढोला समझाई । जोबग़ **आंबउ** फळि रह्यउ, साख न खाग्रउ आई ।—ढो.मा.

आंबखास–सं०पु० [अ० आमखास] महलों के भीतर का वह भाग जहाँ बादशाह वा राजा बैठ कर सलाह-मशविरा करते थे ।
उ०—तद हुवौ घाल जळ मांन त्रास, खूंद्राळम वाळौ **आंबखास** ।
—वि.सं.

आंबर–सं०पु० [सं० अंबर] आकाश, गगन ।

आंबलवांणी, आंबलवांणौ–सं०स्त्री०पु० [सं० अम्लिका+पानीय] देखो 'आंमलवांग़ी, आंमलवांग़ौ' ।

आंबली–सं०स्त्री० [सं० अम्लिका] १ इमली तथा उसका वृक्ष. २ देववृक्ष (अ. मा.)

आंबांण–सं०पु०—जयपुर से छः मील दूर आमेर नामक कस्बा।

आंबाड़ी–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का पौधा जिसकी पतली टहनियों की रस्सी बनाते हैं । इसके बीज चिकने होते हैं तथा मवेशियों को खिलाए जाते हैं. २ हाथी पर कसा जाने वाला चारजामा ।

आंबानेर–सं०पु०—जयपुर से छः मील दूर आमेर नामक एक कस्बा ।

आंबाहळद, आंबाहळदी–सं०स्त्री०—कपूरहल्दी जो दवाई के रूप में प्रयोग में लाई जाती है ।

आंबीजणौ, आंबीजबौ–क्रि०अ०—१ अधिक शारीरिक कार्य करने या अधिक चलने से शरीर का ऐंठा जाना (अमरत)
[सं० अम्लित] २ नींबू, आम, अमचूर, इमली आदि खट्टे पदार्थों के खाने से दाँतों का खट्टा हो जाना ।

आंबीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ वह जिसका शरीर अधिक शारीरिक कार्य करने या अधिक चलने से ऐंठ गया हो. २ वह जिसके दाँत नींबू, आम, अमचूर, इमली आदि । खट्टे पदार्थों के खाने से खट्टे हो गये हों ।

आंबीहळद–सं०पु०—देखो 'आंबाहळदी' ।

आंबेर–सं०पु०—१ जयपुर से छः मील दूर एक कस्बा जो प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थान है. २ एक प्रकार की बंदूक ।

आंबौ–सं०पु० [सं० आम्र] १ आम, आम्र (अ.मा.)
कहा०—१ खावै आंबा नौ हुइ जावै लांबा—अधिक आम खाने से मनुष्य रोगी होता है. २ निंबोळी खाई जिग़नै कंई ठा कै आंबौ कैड़ौ होवै—घटिया वस्तु पाने वाला बढ़िया वस्तु का अनुभव कैसे कर सकता है ।
२ पुत्री को विदा देते समय गाया जाने वाला एक गीत ।

आंम–सं०पु० [सं० आम्र] १ एक प्रसिद्ध रसीला, मीठा और परम स्वादिष्ट फल तथा उसका वृक्ष रसाल ।
कहा०—१ आंम खावग़ सूं कांम कै रूंख गिग़ग़ सूं—आम खाने से काम या पेड़ गिनने से २ आंम खावग़ा कै रूंख गिग़ग़ा—आम खाने या रूँख गिनने ? व्यर्थ की बातों में मगजपच्ची न करके सीधे अपना मतलब पूरा करना या जो चीज सामने आवे उससे लाभ उठाना चाहिए. ३ आंम फळै नीचौ तुलै, ऐरंड फळै इतराय—आम फलता है तो नीचे की ओर झुकता है, एरंड फलता है तो इतराता है (फैलता है।) ४ आंम फळै नीचौ लुळै ऐरंड अकासां जाय—आम फलता है तो नीचे झुकता है, ऐरंड आकाश की ओर जाता है । बड़ा आदमी संपत्ति या प्रभुता पाकर नम्र होता है और तुच्छ व्यक्ति इतराने लगता है ।
(रू०भे०–आंबौ) [सं० आम] २ आमाशय रोग. ३ खाए हुए अन्न के कच्चा रहने से अपचकृत सफेद तथा लसीला मल, आँव.
वि० [सं०] १ कच्चा, अपक्व. [अ०] २ साधारग़, मामूली. [अ०] ३ प्रचलित, प्रसिद्ध ।

आंमखांनौ–सं०पु० [सं० आमखास] दरबारआम, वह राज-सभा जिसमें सब आदमी जा सकें ।

आंमखास–सं०पु०—देखो आंबखास' ।

आंमटी–सं०स्त्री०—डर, आतंक, भय । उ०—अदावां बिसर विग़ लगे नह **आंमटी** तुरी वग़ चांमटी नवै ताता ।—अज्ञात

आंमडणौ, आंमडबौ–क्रि०अ०—मिटना, नष्ट होना । उ०—खड़हड़ै इंद्र कालंतरै पड़ै रुद्र ब्रह्मा पड़ै । रूपक्क नांम रायसिंघ री तौहीं जरा न **आंमड़ै** ।—नैग़सी
आंमडणहार-हारौ (हारी), आंमडणियौ–वि०—नष्ट होने वाला ।
आंमडिग्रोड़ौ-आंमडियोड़ौ-आंमडयोड़ौ–भू०का०कृ०—नष्ट, मिटा हुआ.
आंमडीजणौ, आंमडीजबौ—मिटा जाना, नष्ट किया जाना ।
आमडीजियोड़ौ—मिटाया गया हुआ ।

आंमडियोड़ौ–भू०का०कृ०—नष्ट, मिटा हुआ ।
(स्त्री०–आंमडियोड़ी)

आंमणदूमण–वि०—खिन्न-चित्त, उदासीन। उ०—सौ राव **आंमणदूमण** अमूझियौ ही ऊभौ छै।—डाढ़ाळा सूर री बात (स्त्री० आंमणदूमणी)

आंमणदूमणा–सं०स्त्री०—उदासीनता। उ०—साहिब हंसउ न बोलिया मुझसूं रीसज आज। अंतरि **आंमणदूमणा**, किसउ ज इवडउ काज। —ढो.मा.

आंमणदूमणौ–वि०—देखो 'आंमणदूमण'।

आंमणाय–सं०पु० [सं० आम्नाय] देखो 'आंमनाय'।

आंमद–सं०स्त्री० [फा० आमद] १ आना, आगमन. २ आय, आमदनी।

आंमदरफत–सं०पु० [फा० आमदरफ्त] आना-जाना, आवागमन।

आंमदांनी–सं०स्त्री० [फा० आमदनी] आय, प्राप्ति, आने वाला धन।

आंमना, आंमनाय–सं०स्त्री० [सं० आम्नाय] १ इच्छा, चाह।
उ०—सत वीस वरण चारण विख्यात, नर नकौ **आंमना** निज सनाथ।—पा.प्र. २ प्रण, प्रतिज्ञा. [सं० आम्नाय] ३ वेद, श्रुति (डि.को.) ४ अभ्यास, परंपरा (डि.को.)
५ श्रीमाली ब्राह्मणों का किसी प्रदेश से संबंधित संघ।

आंमने-सांमने–क्रि वि० [अनु०] परस्पर एक दूसरे के सामने, प्रत्यक्ष।

आंमनौ–सं०पु०—कोप, वैमनस्य। उ०—हूं सूंडौ राजपूत छूं, सेखा सूजावत रै वास वसूं छूं नै म्हारा धणी सूं **आंमनौ** कर दांणी-पांणी अठै लायौ छै।—जैतसी ऊदावत री बात

आंमनौ-सांमनौ–सं०पु० [अनु०] मुकाबला।

आंममारग–सं०पु० [फा० आम+सं० मार्ग] राजपथ, सार्वजनिक रास्ता।

आंमय–सं०पु० [सं० आमय] १ रोग, बिमारी, पीड़ा, व्याधि।
उ०—१ पहली कियां उपाय, दव दुसमण **आंमय** दटै। प्रचंड हुवां वस वाव, रोभा घालै राजिया।—किरपारांम
उ०—२ रोम रोम **आंमय** रहै, पग पग संकट पूर। दुनियां सूं नजदीक दुख, दुनियां सूं सुख दूर।—बां.दा.
२ आघात. चोट (ह.नां.)
सर्व०—इसमें।

आंमरख, आंमरस–सं०पु० [सं० आम्र+रस] आमरस, आमों का रस, अमावट। [सं० आमर्ष] दुःख, क्रोध।

आंमरसतौ, आंमरासतौ–सं०पु०—राजपथ, सार्वजनिक रास्ता।

आंमल–सं०पु०—१ भाला. २ राज्यकर्मचारी. [फा० अमला] ३ छोटी फौज।

आंमलकी–सं०पु० [सं० आमलकी] छोटी जाति का आँवला, आंवली।

आंमलपित्त–सं०पु० [सं० अम्लपित्त] एक रोग विशेष जिसमें जो कुछ भोजन किया जाता है, पित्त के दोष से खट्टा हो जाता है।

आंमलवांणी, आंमलवांणौ–सं०स्त्री०पु० [सं० अम्लिका+पानीय] इमली को भिगो कर निचोड़ा गया पानी जिसमें गुड़ अथवा शक्कर मिला कर मीठा भी बनाया जाता है।

आंमलिय–सं०पु०—जोश, आवेश। उ०—ऊठिया कोपि **आंमलिय** अंग, आकासि अड़ाविय उत्तिमंग।—रा.ज.सी.

आंमली–सं०स्त्री० [सं० अम्लिका] १ इमली, एक बड़ा वृक्ष जिसके लंबे फल खट्टे होते हैं और खटाई के काम में आते हैं. २ इसी वृक्ष के फल।

आंमळी–वि०—निर्मल, विमल। उ०—आवी सब रत **आंमळी**, त्रिया करइ सिणगार। जिका हिया न फाटही, दूर गया भरतार।—ढो.मा.

आंमलेट–सं०पु० [अं०] मुर्गी के अंडे के अन्दर के पदार्थ को प्याज, मिर्च व घी आदि के साथ तवे पर बनाया गया एक खाद्य पदार्थ।

आंमवात–सं०पु० [सं०] एक प्रकार का रोग विशेष।

आंमसांमहा–क्रि०वि०—आमने-सामने।

आंमसूळ–सं०पु० [सं० आमशूल] एक प्रकार का रोग विशेष जिसमें आँव के कारण पेट में मरोड़े होने लगते हैं।

आंमहौ-सांमहौ–क्रि०वि०—आमने-सामने, सम्मुख।

आंमजीरण–सं०पु० [सं० आमाजीर्ण] एक प्रकार का अजीर्ण रोग। (अमरत)

आंमास–सं०पु० [सं० आवास] १ निवास, घर, आवास, महल।
उ०—रत्तं चक्ख सहासं, **आंमासं** पासि रमणीयं।—रा.रू.
२ आकाश। उ०—गैमर गोरी राय, तिण आंमास अड़ाविया।
३ आमखास। —नैणसी

आंमासय–सं०पु० [सं० आमाशय] किये हुए भोजन के पदार्थ एकत्रित होने व पचने की पेट के अंदर की थैली, आमस्थली।

आंमासांमाह–क्रि०वि०—देखो 'आंमसांमहा' (रू.भे.)

आंमिक्ख, आंमिख–सं०स्त्री० [सं० आमिष] माँस, गोश्त।
उ०—कुसूमल छोळ भरै नड खड्ड, करद्दम **आंमिख** हड्ड कवड्ड।
—मे.म.

आंमिखचर, आंमिखहार–सं०पु०—माँसाहारी।

आंमिल–सं०पु० [अ०] हाकिम, अधिकारी। उ०—**आंमिल** अमली रा नयण जुड़चा रह्या अठ जांम। अमल थकां उघड़चा नहीं, अब उघड़े केहि कांम।

आंमीणौ–सर्व० [सं० अस्माकम्] देखो 'अम्हीणौ' (रू.भे)
उ०—सगत तणा हुकमी सुपह, व्रन रा ओठंम वीर। यळ ऊपर रह जौ अमर 'पाल' **आंमीणा** पीर।—पा.प्र.

आंमी-सांमी–क्रि०वि०—देखो 'आंमसांमहा'।

आंमी हळदी–सं०स्त्री०—देखो 'आंबाहळदी'।

आंमुख–सं०पु० [सं०] १ नाटचशास्त्र के अंतर्गत नाटक की प्रस्तावना। [सं० आमिष] २ माँस।

आंमू–सं०पु०—आम। उ०—**आंमू** तौ पाक्या नींबू रस भरधा, दूजौ वधावौ जी भंवरजी रा सहर में।—लो.गी.

आंमेर–सं०स्त्री०—जयपुर से छः मील दूर एक प्राचीन ऐतिहासिक कस्बा।

आंमोद–सं०पु० [सं० आमोद] १ आनंद, हर्ष, खुशी. २ दिल-बहलाव. ३ सौरभ, गंध।

आंमोद-प्रमोद–सं०पु० [सं० आमोद-प्रमोद] १ भोग-विलास. २ हंसी-खुशी।

आंम्नाय–सं०पु०—१ वेद-पाठ. २ वेद।

आंम्रकूट, आंम्रकूटगिरि–सं०पु०—एक पर्वत का नाम। उ०—बरखंतौ अग्गमाप बुझावै दावानळ नै। **आंम्रकूटगिरि** आप हरखसी मीत मिळण नै।—मेघ.

आंम्रयग्रास–सं०स्त्री०—अग्नि, ज्वाला (डिं.को.)

आंम्लपित, आंम्लपित्त–सं०पु० [सं० अम्लपित्त] एक रोग विशेष जिसमें जो कुछ भोजन किया जाता है पित्त के प्रकोप से खट्टा हो जाता है।

आंम्ही-सांम्ही आंम्हौ-सांमा, आंम्हौ-सांम्हौ–क्रि०वि०—आमने-सामने, एक दूसरे के सम्मुख, मुकाबले में।

आंयणी–वि०स्त्री०—वह गाय या भैंस जिसने दूध देना बंद कर दिया हो।

आंर–सं०पु० [सं० अश्रु] आंसू, अश्रु, नेत्रजल। उ०—साई दे दे सज्जना, रातइ इंणि परि रून्न। उरि ऊपरि **आंर** ढळइ, जांणि प्रवाळी चून।—ढो.मा.

आंरै–सर्व०—इनके। उ०—थेटू घर संवर ऊंडा सर थागै। **आंरै** माळागर मूंढ़ा रै आगै।—ऊ.का.

आंरौ–वि०—दूसरा, अन्य।
सर्व०—इनका।

आंव–सं०पु० [सं० आम] खाये हुए अन्न के कच्चा रहने से अपचकृत सफेद तथा लसीला मल।

आंवण–सं०पु० [सं० आमिक्षा] १ दूध से दही जमाने के निमित्त दूध में डाला जाने वाला खट्टा पदार्थ. २ लोहे की सामी जो बैलगाड़ी के चक्के के उस छेद के मुंह पर लगाई जाती है जिसमें से होकर धुरी का डंडा जाता है—मुहंदी।

आंवरत–सं०पु०—१ युद्ध में सैन्य-दल का मंडलाकार घेरा. २ युद्ध उ०—**आंवरत** फेरि संघारि झुंझारि अरि।—हा.झा.

आंवळ–सं०स्त्री० [सं० उल्व] १ वह झिल्ली जिसमें गर्भ का बालक लिपटा होता है. २ वह झाड़ीनुमा पौधा जिसके फूल पीले रंग के होते हैं. यह चमड़ा सींजाने के काम आता है।
वि०—सीधी, सरल।

आंवळणौ, आंवळबौ–क्रि०स० [सं० आमोटन] १ मरोड़ना. २ बट देना।
आंवळणहार-हारौ (हारी), आंवळणियौ–वि०—मरोड़ने वाला।

आंवळनाळ–सं०स्त्री० [सं० उल्व] जरायु, जर।

आंवळा–सं०पु०—१ स्त्रियों के पैरों में धारण किया जाने वाला जेवर विशेष. २ घोड़ी के पैर में पहनाने का जेवर. ३ गाड़ी के पहियों को खाल से बाँधते समय नेह के चारों ओर लगाए जाने वाले लकड़ी के छोटे डंडे।

आंवळाइग्यारस–सं०स्त्री० [सं० आमलक+एकादशी] फाल्गुण मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी।

आंवळाझूल–वि०—सुसज्जित, पूर्ण शृंगारयुक्त।
सं०पु०—सुसज्जित योद्धा। उ०—**आंवळाझूल** रावत पड़ै आविढ़ा, विढ़ा संग सांवळा सात वीसी।—गिरवरदांन सांदू

आंवळानवमी–सं०स्त्री०—कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी।

आंवळासार, आंवळासारगंधक–सं०पु०—खूब साफ किया हुआ वह गंधक जो पारदर्शक हो गया हो।

आंवळियोड़ौ–भू०का०कृ०—मरोड़ा हुआ।
(स्त्री० आंवळियोड़ी)

आंवळी–सं०स्त्री०—१ देखो 'आंवण' (२)
२ गुदा की नली (अमरत)

आंवळीइग्यारस–सं०स्त्री०—फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी।

आंवळीजणौ, आंवळीजबौ–क्रि० भाव वा०—१ मरोड़ा जाना.
२ मन ही मन कुढ़ा जाना।

आंवळीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—मरोड़ा गया हुआ, मन ही मन कुढ़ा हुआ।
(स्त्री० आंवळीजियोड़ी)

आंवळौ–वि०—टेढ़ा, बाँका।
सं०पु०—१ पैरों में पहिनने का एक जेवर विशेष.
[सं० आमलक, प्रा० आमलओ] २ एक फल जो औषधि के काम आता है आंवला तथा इसका वृक्ष।

आंवां, आंवा–सं०स्त्री०—कुम्हारों का वह गड्ढा जहाँ वे मिट्टी के बर्तन पकाते हैं।

आंसढ़ियौ–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा विशेष जिसकी आँख फरकने पर आँख के पास की भौंरी भी फरकती है। (अशुभ)—शा.हो.

आंसू–सं०पु० [सं० अश्रु] करुणा, शोक या प्रेम आदि के कारण नेत्रों से निकलने वाला जल। उ०—**आंसू** अरु काजळ मिळि त्यांही मसि हुई तासुं कागळ लिखै छं।—वेलि. टी.
क्रि०प्र०— आणौ-गिरणौ-ढळकाणौ-नांखणौ-पीवणौ-पूछणौ-बवावणौ-भरणौ-लाणौ-सुखाणौ।
कहा०—१ आठ-आठ आंसू रोवणौ—बहुत रोना. २ पौर मरी सासू नै ऐस आया आंसू—किसी कार्य की प्रतिक्रिया नियत समय के बहुत बाद में होने पर।

आंसूड़ो, आंसूड़ौ–सं०पु०—आँसू, अश्रु (अल्पा०)
(स्त्री आंसूड़ी) उ०—मुख भीज्यौ अंगिया चूयी, चुयचुय टपकी जाय। **आंसूड़ां** री धार तनेयक डट जाए।—लो.गी.

आंसूढ़ाग–सं०स्त्री०—घोड़े के नेत्रों के नीचे की भौंरी (चक्र) जो अशुभ मानी गई। (शा.हो.)

आंहां–अव्यय—नहीं, जीभ हिलाने के श्रम से बचने के लिए किसी प्रश्न का नकारात्मक उत्तर देते समय बोला जाने वाला शब्द।

आंहीणौ–सं०पु०—देखो—'अहीणौ'

आ–अव्यय—शब्दों के आदि में आने वाला उपसर्ग जो अभिविधि, अवधि, पर्यंत, सब प्रकार, न्यून और विपरीत का अर्थ देता है।

सं०पु०—१ शिव. २ कल्प वृक्ष. ३ परिश्रम. ४ स्तुति. ५ घोड़ा. ६ हाथी. ७ चंद्रमा. ८ चाणक्य. ९ धाम. १० नेत्र. ११ ब्रह्मा. १२ पितामह।

सं०स्त्री०—१३ लक्ष्मी। (एका०-क.कु.बो.)

वि०—१ श्वेत. २ बड़ा या महान।

सर्व० स्त्री०—यह।

क्रि०वि०—१ और. २ इसको, इस बात को।

आग्ररौ–सं०पु० [सं० आश्रम] कच्चा घास-फूस का मकान।

आइंदा–सं०पु०—[फा० आइन्द या आयंद] भविष्य काल, आने वाला समय।

वि०—आगंतुक, आने वाला।

क्रि०वि०—आगे, भविष्य में।

आइ–सर्व०—यह।

आइइता–क्रि०वि०—१ इत्यादि, आदि. २ इसी प्रकार। उ०—**आइइता** कूंपा सह आया, सांमधरम खित करम सवाया।—रा.रू.

आइड़ौ–सं०पु०—वर्णमाला का 'अ' स्वर।

आइठांण–सं०पु० [सं० अधिष्ठान, प्रा० अहिट्ठाण, रा० आइठांण] १ पैर अथवा हाथ की अंगुलियों में अधिक कार्य या एक ही वस्तु के अधिक संघर्ष से पड़ने वाली ग्रंथी जहाँ की चमड़ी कठोर एवं सुन्न हो जाती है।

उ०—छाळा पड़ग्या सूड़ करतां, हाथां **आइठांण**। कम्मर हुयगी बेवड़ी, जी करतां निदांण।—रेवतदांन

२ चिन्ह, संकेत। उ०—सांईणौ सालै नहीं, सालै **आइठांण**।

आइणौ–सं०पु० [फा० आइना] १ शीशा, दर्पण. २ दूध का अभाव. (मि० आंहीणौ)

आइयळ–सं स्त्री० [सं० आर्या, प्रा० अज्जा आजा आजी, रा० आई] १ देवी, शक्ति. २ आवड़ देवी का एक नाम. ३ करणी देवी। ४ दुर्गा।

आइयौ–अव्यय० [सं० अयि] अय, अरे, हे। उ०—पाटौधर धर पौढ़ियौ **आइयौ** लेख अलेख।—ऊ.का.

आइस–सं०स्त्री० [सं० आदेश] १ आज्ञा, आदेश। उ०—राउळ कान्हड़ **आइस** दियउ, गढ़ अंबेरि मालदे गयउ।—कां.दे.प्र.

सं०पु० [सं० आदेशी] २ संन्यासी, फकीर। उ०—**आइस** देखि सगळां आदेस कीयौ, पिण किण ही ऊळख्यौ नहीं।

—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात

सं०स्त्री० [सं० आशा] ३ आशा।

आइसा–सं०स्त्री० [सं० आदेश] १ आज्ञा, आदेश. २ आयु।

आइसु–सं०स्त्री०—देखो 'आइस'।

आईंदड़ौ–सं०पु०—एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी पतली टहनियों से रेहंट की माला बनती है। इसके तने पर पपड़ी आती है।

आईंरौ–सं०पु० [सं० आश्रम] सोने व सामान रखने का मकान।

आई–सं०स्त्री० [स० आर्या, प्रा० अज्जा, अप० आजी, रा० आई, आयी] १ देवी, दुर्गा, शक्ति. २ करणी देवी का एक नाम, आवड़ देवी का नाम देखो 'आवड़' ३ एक देवी विशेष। यह बीका डाबी की पुत्री थी। इसका असली नाम जीजी बाई था जो पीछे से आईजी हो गया। अत्यन्त सुंदरी होने के कारण माँडू के बादशाह ने इससे विवाह करना चाहा, किंतु इसने स्वीकार न किया। यह रैदास भगत की शिष्या थी। अपने पिता के साथ मालवे से मारवाड़ में आई और बीलाड़ा नामक ग्राम में अपना स्थान मुकर्रर किया। आज भी बीलाड़े में इसकी गादी और जलने वाली अखंड ज्योति के दर्शन करने हजारों लोग आते हैं। यहाँ का पुजारी दीवान कहलाता है। आजकल लगभग ५ या ६ लाख व्यक्ति इसके अनुयायी हैं जो आई पंथी या डोरावंद पुकारे जाते हैं। इसके संबंध में कई चमत्कारपूर्ण किंवदंतियां प्रचलित हैं. ४ शृंखला, साँकल. ५ बच्चों को दूध पिलाने तथा उनकी रक्षा करने वाली स्त्री, धाय, उपमाता।

सर्व०—यही, यह।

आईइता–क्रि०वि०—देखो 'आइइता'।

आईड़, आईड़ी, आईड़ौ–सं०पु० [सं० आखेटक] १ आर्द्रा नक्षत्र. २ भील. ३ शिकारी. ४ एक देशी खेल।

आईज–सर्व०—यहीं। उ०—उणांरी हमार तौ **आईज** इच्छा छै।

—सूरे खींवे री बात

आईजणौ, आईजबौ–क्रि०अ०—आया जाना।

आईजी–सं०स्त्री० (महत्व०) देखो 'आई'।

आईठांण–सं०पु०—देखो 'आइठांण'।

आईनाथ–सं०स्त्री०—देखो 'आई' (३)

आईनौ–सं०पु० [फा० आईना] दर्पण, शीशा।

आईपंथ–सं०पु०यौ०—आई देवी द्वारा चलाया हुआ पंथ विशेष, देखो 'आई' (३)

आईपंथी–सं०पु०—आई पंथ का अनुयायी।

आईयौ–अव्यय [सं० अयि] सम्बोधनसूचक शब्द, हे! अरे!

आईरौ–सं०पु० [सं० आश्रम] घासफूस की कच्ची कुटिया या मकान।

आईवाळौ–सं०पु०—देखो 'आहीवाळौ'।

आईस–सं०स्त्री०—देखो 'आइस'। उ०—**आईस** दीधौ बीसळराई, प्रोहित मोकळाव्यौ तीणी ठाई।—बी.दे.

आउंस–सं०पु०—एक प्रकार का अंग्रेजी मान जो दो प्रकार का होता है। ठोस वस्तुओं को तौलने में १२ आउंस का एक पौंड और द्रव वस्तुओं को मापने में १६ ड्राम एक औंस होता है।

आउ–सं०स्त्री० [सं० आयु] जीवन, उम्र।

आउखी–वि०—पूर्ण, पूरी, अखंड। उ०—पारसी रा बोलणहार, **आउखी** ढाढ़ी राखाणहार, बालि बाधि कोडी रा मारणहार।

—रा.सा.सं.

आउगाळ–सं०पु०—१ वर्षा ऋतु का आरम्भ या आगमन।

उ०—वरसाळा आग जमी मिट ग्रीखम ज्वाळा खाळा नाळा खळक

हुले नद पूरह बहाळा **आउगाळ** उमंड मंडे बारह मेघमाळा ।
—पहाड़ खां आढ़ौ
२ सत्ताइस नक्षत्रों के अन्तर्गत इक्कीसवाँ नक्षत्र उत्तरासाढ़ा ।

आउगो, आउगौ–वि०—पूरा, पूर्ण, अखंड (पिं.प्र.)
उ०—सारी धर भोगवि दिन साजा, रिण **आउगौ** मूझ दे राजा ।
—वचनिका

आउट–वि० [अं०] खेल में हारा हुआ या बहिर्भूत ।

आउदौ–वि० (स्त्री० आउदी) देखो 'आसूधौ' ।

आउध–सं०पु० [सं० आयुध] शस्त्रास्त्र, हथियार । उ०—इतर सत्रु आयुधिक अट्ठ जुज्झे गाहि **आउध** ।—वं.भा.

आउधि–वि०—ताजा । उ०—आरुहिय अस्ति **आउधि** अयाळ मुगल्लां मळेवा 'जइतमाल' ।—रा.ज.सी.
सं०पु०—१ युद्ध. [सं० आयुध] २ अस्त्र-शस्त्र ।

आउधिक, आउधीक–वि० [सं० आयुध+ईक रा० प्र०] शस्त्र धारण करने वाला योद्धा । उ०—जरै बिजैसूर भी भावी नूं दोस दे'र आपरा **आउधीक** पूंतारि साम्हों ही आयौ ।—वं.भा.
आउधौ वि० (स्त्री० आउधी) देखो 'आसूधौ'

आउरदा–सं०स्त्री० [सं० आयुस] आयु । उ०—ज्यों ज्यों राति घटै छै सु जांणे **आउरदा** घटै छै ।—वेलि. टी.

आऊंखांण–सं०पु०—१ पुराने समय में चमड़े पर लिया जाने वाला सरकारी कर. २ मवेशी का पूरा चमड़ा ।

आऊ–सं०स्त्री० [सं० आयु] आयु, उम्र, वयस । उ०—अर आपरी **आऊ** रै बळ ऊबरिया अंगनूं कंवाड़ पणा मैं गाढ़ौ करण कलंब रूप कांटां मैं जड़ियौ ।—वं.भा.

आऊठांण–सं०पु०—देखो 'आइठांण' । उ०—जठै तारागढ़ हुवौ जिण अद्रि पर चामुंडा तीन ही देवियां रा स्थांन सरणीस्वर, सिव कौ मंदिर, एक छोटौ तड़ाग, जैतसागर एक, ए सात ही मुख **आऊठांण** पाया ।—वं भा.

आएड़ी–सं०पु०—१ आर्द्रा नक्षत्र का एक नाम ।
सं०पु० [सं० आखेटक] २ शिकारी, आखेटक ।

आकंप–सं०पु०—भय, घबराहट । उ०—वधै पूर हैलूर फौजां सवाई, प्रथी भूप **आकंप** साकंप पाई ।—रा.रू.
(यौ०—आकंप-साकंप)

आकंपणौ, आकंपबौ–क्रि०अ०—कंपित होना, कंपकंपाना ।

आकंपियोड़ौ–भू०का०कृ०—कंपकँपाया हुआ, कंपित ।
(स्त्री० आकंपियोड़ी)

आक–सं०पु० [सं० अर्क, प्रा० अक्क] १ मंदार ।
क्रि०प्र०—चढ़णौ-देणौ-पावणौ-लागणौ ।
मुहा०—आक पावणौ—तंग करना, कष्ट देना ।
कहा०—१ आक धतूरा नींबड़ा–यांनै सींचौ घी सूं, ज्यांरा पड़्या सुभाव जासी जीव सूं—दुष्ट आदमी का कितना ही भला कीजिए किन्तु वह अपनी दुष्टता नहीं छोड़ता. २ आक में आंबौ नीपज्यौ—नीच कुल में अच्छा पुरुष पैदा हुआ, दुष्ट के सज्जन पुत्र जन्मा, असम्भव बात हुई. ३ आक रौ कीड़ौ आक सूं राजी—प्रत्येक मनुष्य अपनी ही परिस्थिति को पसन्द करता है. ४ आळी चांमड़ी आक पावै—बहुत अधिक कष्ट देना. ५ मरतां मरतां ई आक पावै—अंत समय तक कष्ट देना. ६ मरतौ मरतौ ई आक पावै—मरते मरते भी दूसरों को कष्ट देना ।
(रू०भे० आकड़ौ, अक्क) (अल्पा० आकड़ियौ)
(महत्त० आकड़) [रा०] २ बैलगाड़ी मे थाटे (मुख्य चौड़ा तख्ता) के नीचे लगाया हुआ वह चौड़ा तख्ता जो घोड़े के खुर की आकृति का होता है ।
(मि० अंगठ)

आकड़–सं०पु०—आक, मंदार ।

आकड़ा-काकड़ा–सं०पु०—छोटे बच्चों का रोग विशेष जिसमें शीतला के समान फफोले होते हैं । (क्षेत्रीय) (मि० अचबड़ा)

आकड़ियौ–सं०पु०—१ गेहुँओं की फसल में होने वाली एक प्रकार की घास. २ आक का छोटा पौधा (अल्पा०)

आकड़ौ–सं०पु०—आक, मंदार, देखो 'आक' (१)
मुहा०—१ आकड़ा रै लागणौ—सर्वजनों को सहज ही किसी दुर्लभ वस्तु की प्राप्ति होने पर. २ आकड़ौ सींचणौ—उपयोग रहित व बेकार वस्तु या स्थान पर व्यय करना, निरर्थक परिश्रम करना ।

आकडोडियौ–सं०पु०—मंदार के फूल जो महादेवजी को चढ़ाए जाते हैं.

आकबत–सं०पु० [अ० आकिवत] १ परलोक. २ मृत्यु के बाद की अवस्था ।

आकबाक–वि०—देखो 'आकवाक' (रू.भे.)

आकर–सं०पु० [सं] १ खान, खदान । उ०—जग जंपत हम्मीर जिहिं कहि **आकर** गुनकेर ।—वं.भा. २ झुंड, समूह. ३ खजाना. ४ भेद, किस्म, जाति. ५ तेज । उ०—ऊटां लीजइ **आकरा,** चालौय चतुरास्या सांमहां जांन ।—वी.दे. ६ तलवार चलाने का एक भेद ।

आकरखण–सं०पु० [सं आकर्षण] कामदेव के पांच बाणों में से एक ।

आकरखणौ, आकरखबौ–क्रि०स० [सं० आकर्षण] आकर्षित करना, खींचना । उ०—जैसे प्रऊढा नाइका नाइक कौं **आकरखै** मोड़ा छांडै ।—वेलि. टी.

आकरग्यांन–सं०पु० [सं० आकरज्ञान] चौसठ कलाओं के अंतर्गत एक कला, खानों की कला ।

आकरणांत–क्रि०वि०—कान तक । उ०—तेहे घोड़े किस्या किस्या खित्री चडीया । पंचवीस वरस ऊपहरा । **आकरणांत** मूंछ, नाभि-प्रमांण कूच ।—कां.दे.प्र.

आकरती–सं०स्त्री० [सं० आकृति] देखो 'आकृती' ।

आकरस–सं०पु० [सं० आकर्ष] खिंचाव।

आकरसक–वि० [सं० आकर्षक] आकर्षण करने वाला।

आकरसण–सं०पु० [सं० आकर्षण] १ एक वस्तु का दूसरी वस्तु को अपनी शक्ति या प्रेरणा से पास लाया जाने का भाव, खिंचाव. २ कामदेव के पाँच बाणों में से एक।

आकरसणक्रीड़ा–सं०स्त्री० [सं० आकर्षणक्रीड़ा] चौसठ कलाओं के अंतर्गत पासा आदि फेंकने की एक कला।

आकरी–सं०स्त्री० [सं० आकर] खान खोदने का काम।
वि०—देखो 'आकरौ'। उ०—कै या बोल की **आकरी**? कौणे दुख देवर! उळग जाई।—वी.दे.

आकरीरित, आकरीरुत–सं०पु०—ग्रीष्म ऋतु।

आकरौ–वि० (स्त्री० आकरी) १ बहुत, अत्यधिक।
उ०—सुरतांण साल भ्रंता सबद उर ते चिंता **आकरी**।—रा.रू.
२ अमूल्य. ३ खरा. ४ चोखा, श्रेष्ट. ५ कठोर, क्रूर, भयंकर! उ०—ए दिव छइ पीउ! **आकरा**। इण दिव थी सुर नर हुआ छार।—वी.दे.
कहा०—आकरै देव नै सै (सब) कोई नमै—क्रूर देवता को सब कोई नमस्कार करते हैं। बलवान से सभी डरते हैं।
६ हठी, जिद्दी. ७ बहादुर. ८ तेज। उ०—चोथौ रेढ़ौ फिरियौ सौ इसौ **आकरौ** आय फौज सूं भिळियौ सौ सागी कुंअर कन्हां गयौ।
—डाढ़ाळै सूर री बात

आकळ–वि० [सं० आकुल] व्याकुल, बेचैन। उ०—पेखीजै घण **आकळ** देवत नीराजणती। दुरबळ मौ उणियार विजोगण चित्र संवरती।
—मेघ०

आकलकरौ–सं०पु० [सं० आकारकरभ] अकरकरा (अमरत)

आकळणौ, आकळबौ–क्रि०स० [सं० आकुल] १ दुखित होना, व्याकुल होना (मि० आकळ) २ युद्ध करना। उ०—अणी जटवाड़ वीरांतणी **आकळै**, विवध तीरां तणी मची वरखा।—बां.दा.
आकळणहार-हारौ (हारी), आकळणियौ–वि०—व्याकुल, युद्ध करने वाला, वीर।

आकवाक–वि०—हक्का-बक्का। उ०—काचां **आकवाक** साचां कटाधार छाजै करां ऊधरां कळकै भैरू छाक लेता।—अज्ञात
क्रि०प्र०—करणौ-होणौ।

आकसमात–क्रि०वि०—देखो 'अकसमात'।

आकांक्षा–सं०स्त्री० [सं०] १ अभिलाषा, इच्छा. २ जैनियों का एक अतिचार।

आकांक्षी–वि० [सं० आकांक्षिन्] इच्छुक, आकांक्षा करने वाला।

आकाडकळ–वि०—क्रोध में अपनी मर्यादा छोड़ देने वाला।
उ०—कटक चख चोळ घणबोल **आकाडकळ**, चोळ रंग चाढ़ एलम अचूंडौ। आडबारांछिलत खळां सिर आवियौ, चवै जुधवार जमरांण चूंडौ।—बदरीदास खिड़ियौ

आकाय–सं०स्त्री० [सं०] १ साहस, हिम्मत। उ०—गढ़वां री ली गाय, अप्रछन खीचो आयनै। 'बूढ़ौ' तज **आकाय** मिळ बैठौ 'जींदौ' मई।
—पा.प्र.
[सं०] २ शक्ति, बल। उ०—अई तुझ **आकाय** 'वखतेस' छत्रधर अभंग।—प्रथीराज सांदू. [सं०] ३ वीरता, शौर्य। उ०—अडर झोक **आकाय** रिण टला रा दियण अत।—महाराजा मानसिंह
वि० [सं०] १ वीर, बहादुर। उ०—घाय खळ सबळ दळ आभ माथा घसै। ओह **आकाय** 'माधव' कठी ऊससे।
—माधोसिंह साहपुरा रौ गीत
[सं०] २ भीमकाय, प्रबल शरीरधारी, जबरदस्त। उ०—छपी वडवा अगन लाय सौ छोकरौ डोकरौ बडौ **आकाय** डाकी।—फतेसिंह बारहठ

आकार–सं०पु० [सं०] १ स्वरूप, आकृति, सूरत। उ०—अति अदभुत सुंदर **आकार** तैं परणैवा हरख अपार।—ढो.मा.
[सं०] २ 'आ' अक्षर [सं०] ३ आह्वान, बुलावा (डिं.को.)
[सं०] ४ पाताल (ना.डिं.को.)

आकारग्यांन–सं०पु० [सं० आकार ज्ञान] चौसठ कलाओं के अंतर्गत खान विद्या की एक कला।

आकारणौ, आकारबौ–क्रि०स० [सं०] बुलाना।
आकारणहार-हारौ (हारी), आकारणियौ—बुलाने वाला।
आकारिओड़ौ-आकारियोड़ौ-आकारयोड़ौ—बुलाया हुआ।

आकारांत–सं०पु० [सं०] वह वर्ण जो अन्त में 'आ' स्वर सहित हो।

आकारा–सं०पु० [सं० आकार] आकृति, आकार, ढांचा।
उ०—दिन एकण पड़ जायगा धरिया **आकारा**।—केसोदास गाडण

आकारीठ–सं०पु० [सं० अखंड+अरिष्ठ, प्रा० आखारिट्ठ] १ युद्ध, संग्राम, लड़ाई। उ०—खुटा पराथी अनथां दीहां उरा थी ऊबेड़ खंभ। कपोळां बराथी छुटा मदा काळा कीट। जभ्र दूत तणा साथी तूटा वज्र गैण जेम, रांण वाळा वेहु हाथी जुटा **आकारीठ**।
—महादांन मेहड़ू
२ शस्त्र-प्रहार या शस्त्र-प्रहार की ध्वनि। उ०—गोकळ जगौ गरीठ करि बिहुँ बाजू 'केसउत' 'माल' हरै जुध मांडियौ रूकै **आकारीठ**।—वचनिका (मि०—आकारीठौ)
वि०—१ अत्यन्त तीक्ष्ण स्वभाव वाला. २ जबरदस्त, बलवान।
उ०—मिळै मूंछ भूहारां डोलतौ **आकारीठ** महां, गरीठ दोयणां हिया छोलतौ गरूर।—र.रू.

आकारियोड़ौ–भू०का०कृ०—बुलाया हुआ (स्त्री० आकारियोड़ी)

आकारीठौ–सं०पु०—१ महाघोर संग्राम, घमासान युद्ध।
(मि० आकारीठ) २. महाघोर शस्त्रों का प्रहार। उ०—निस गळती भूंवियौ नत्रीठौ रूक तणौ मच **आकारीठौ**।—रा.रू.
आकारौ–सं०पु०—देखो 'आकारा' (रू.भे.)

आकाळकी–सं०स्त्री० [सं० आकालिका] बिजली (अ.मा.)

आकास–सं०पु० [सं० आकाश] १ शून्य, आसमान, जहाँ वायु के अति-

रिक्त कुछ न हो, इसकी गणना पंचभूतों के अंतर्गत मानी जाती है। पर्याय०—अंतरीक, अंतरीख. अंबर, अनंत, अभ, असमांन, आभ, आभौ, आयास, उडपथ, खगपथ, गंगापथ, गगन, गयण, गैण, गैणाग, ग्रहनेम, नभ, निहंग, पथछाया, पवनमग, पुहकर, पौल, पौहकर, विसनपथ, बोम, मेघ, मेघपथ, वयद, विसनपद, वोम, सुन्य।

मुहा०—१ आकास खुलणौ—बदली न रहना. २ आकास छूणौ—गगनचुंबी होना, बहुत बढ़ कर बातें करना. ३ आकास पाताळ एक करणौ—कोई प्रयत्न न उठा रखना, बढ़-बढ़ कर बातें करना. ४ आकास पाताळ रौ फरक होणौ—बहुत बड़ा अन्तर होना. ५ आकास रा तारा तोड़णा—असंभव कार्य कर डालना. ६ आकास सूं बातां करणी—बहुत ऊँचा होना, बहुत बढ़-बढ़ कर बातें करना।

कहा०—१ आकास विना थांबै खड़ौ है—ईश्वर के कृत्य महान हैं, सत्य पर ही सब कुछ आधारित है। (रू.भे. अकास)

यौ०—आकासगंगा, आकासचारी, आकासनदी, आकासबेल, आकासबांणी, आकासमंडळ, आकासमुखी, आकासलोचण, आकासवांणी, आकासवेल, आकासव्रत्ति।

२ अभ्रक. ३ सूर्य, भानु। उ०—नमौ अरनाद **आकास** अनाद, नमौ कासब सुत क्रोध कीयंत।—सूरज असतोत्र

आकासगंगा–सं०स्त्री० [सं० आकाश गंगा] आकाश में उत्तर से दक्षिण तक फैला हुआ लम्बे रास्ते नुमा छोटे-छोटे तारों का समूह जो प्रायः अंधेरी रात्रि में स्पष्ट दिखाई देता है।

आकासचारी–वि० [सं० आकाशचारी] आकाश में विचरण करने वाला, आकाशगामी।

आकासनदी–सं०स्त्री० [सं० आकाश नदी] देखो 'आकासगंगा'।

आकासबांणी–सं०स्त्री० [सं० आकाशवाणी] आकाश से देवता लोगों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, आकासवाणी, देववाणी।

आकासबेल–सं०स्त्री० [सं० आकाशवल्लि] अमरबेल नामक लता।

आकासमंडळ–सं०पु० [सं० आकाशमंडल] नभमंडल, खगोल।

आकासमुखी–सं०पु० [सं० आकाशमुखी] आकाश की ओर मुँह करके तप करने वाले एक प्रकार के साधु विशेष।

आकासलोचन–सं०पु० [सं० आकाशलोचन] ग्रहों की गति या स्थिति देखने का स्थान।

आकासवांणी–सं०स्त्री०—देखो 'आकासबांणी'।

आकासवेल–सं०स्त्री०—देखो 'आकासबेल'।

आकासव्रत्ति–सं०स्त्री [सं० आकाशवृत्ति] ऐसी आमदनी जो बंधी न हो, अनिश्चित आय।

आकासी–सं०स्त्री० [सं० आकाश+ई रा० प्र०] धूप आदि से बचने के लिए तानी जाने वाली चाँदनी।

वि० [सं० आकाशीय] १ आकाश से संबंध रखने वाली. २ ईश्वरीय, दैवी। उ०—इण माटी में सौ सौ पीढ़ी, मरगी भूखी प्यासी। भाग भरोसे रहचौ बावळा, प्रीत करी **आकासी**।—रेवतदांन

सं०पु०—बादल, मेघ।

आकासीविरत–सं०स्त्री०—देखो 'आकासव्रत्ति'।

आकींद–क्रि०वि० [अ० यकीन] विश्वास।

आकीन–सं०पु० [अ० यकीन] विश्वास, एतबार।

आकीनदार–सं०पु०—विश्वासपात्र।

आकुरित–वि० [सं० अंकुरित] उत्पन्न, अंकुरित, अंकुर निकला हुआ।

आकुळ–वि० [सं०] १ व्यग्र, उद्विग्न, विकल. २ व्याकुल, क्षुब्ध।

आकुळणौ, आकुळबौ–क्रि०अ० [सं० आकुलित] १ घबराना, व्याकुल होना. २ मिलना, सम्मिलित होना, अपने कुल में मिलना। उ०—पुळियौ पच्चीसौ चोतीसौ चुळियौ। अढ़ताळीसौ भी अंतर **आकुळियौ**।—ऊ.का.

आकुळता–सं०स्त्री०—व्याकुलता, घबराहट, व्यग्रता।

आकुळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ व्याकुल, घबराया हुआ. २ अपने कुल में सम्मिलित।

आकुळी–वि० [सं० आकुल] १ विकल, व्याकुल। उ०—वात सहू ढोलई सांभळी, माळवणी हुई **आकुळी**।—ढो.मा. २ उतावली।

आकुळेव–वि० [सं० आकुलित] घबराया हुआ, व्याकुल।

आकूत–सं०स्त्री० [सं०] १ अंदर का आशय. २ बुद्धि।

आकूती–सं०स्त्री० [सं०] स्वायंभुव मनु की तीन कन्याओं में से एक।

आकूर–सं०पु०—अंकुर।

आकेलौ–वि०—एकाकी, अकेला।

आक्रंद, आक्रंदन–सं०पु० [सं०] रोना, चिल्लाना, रुदन, पुकार।

आक्रत, आक्रति, आक्रती–सं०स्त्री० [सं० आकृति] १ आकृति, बनावट, गठन, आकार, रूप। उ०—१ दूध नीर मिळ दोय, एक जिसी **आक्रत** हुवै।—किरपारांम उ०—२ भली **आक्रति** भाळ, धणी वणियां थुथकारै।—दसदेव २ मुख, चेहरा. ३ मुख का भाव, चेष्टा।

आक्रम–सं०पु० [सं०] पराक्रम, शूरता।

आक्रमण–सं०पु० [सं०] हमला बलात् किया गया सीमाल्लोघन।

आक्रांत–वि० [सं०] १ जिस पर आक्रमण हो. २ घिरा हुआ, आवृत्त. उ०—इक नहिं **आक्रांत** क्रांतातुर आडी, डाई अवतोक सोकाकुळ डाडी।—ऊ.का. ३ वशीभूत, पराजित।

आक्रित, आक्रिति, आक्रित्ती–सं०स्त्री०—देखो 'आक्रति'।

आक्षेप–सं०पु० [सं०] १ आरोप, दोष लगाना. २ कटूक्ति, व्यंग्य, ताना।

आक्षेपक–वि० [सं०] आक्षेप करने वाला।

आक्सिजन–सं०पु०—रूप, रस, गंधरहित एक गैस या सूक्ष्म वायु।

आखंडळ–सं०पु० [सं०] इन्द्र, सुरेश (डि.को., अ.मा.)

वि०—सम्पूर्ण।

आखंडळी–सं०पु० [सं० आखंडल+ई] इंद्र (ना.डि.को.)

सं०स्त्री० [सं० आखंडल+ई] इंद्राणी।

क्रि०वि०—अगाड़ी, आगे।

आखड़णौ, आखड़बौ–क्रि०अ० [सं० आस्खलन] १ ठोकर खाना।
कहा०—१ आखड़ियां चेतौ हुवै—ठोकर खाने पर चेत होता है, हानि उठाने पर आदमी सावधान होता है. २ आखड़िया जिसा पड़िया कोनी—ठोकर खायी वैसे गिरे नहीं, जैसी संभावना थी वैसी हानि नहीं हुई, जैसी संभावना थी वैसी बात नहीं हुई। ३ आखड़िया पण पड़िया नहीं—ठोकर खाने पर भी गिरा नहीं—कारण या संकट तो आया किंतु अधिक हानि नहीं हुई।
२ स्खलित होना, गिरना। उ०—प्रिसणां साथ कासळी पड़ियौ आंगम लखां हुओ **आखड़ियौ**।—रा.रू.

आखड़ां–सं०स्त्री०—उदासीनता। उ०—साजां सोळ सिंगार, सोणा रौ राखड़ां। सांवळिया सूं प्रीत, औरां सूं **आखड़ां**।—मीरां

आखड़ियोड़ौ–भू०का०कृ० [सं० आस्खलित] ठोकर खाया हुआ।
(स्त्री० आखड़ियोड़ी)

आखड़ी–सं०स्त्री० [सं० अस्खलित] १ प्रण, प्रतिज्ञा।
उ०—अंग न छूटै **आखड़ी**, सीहां सापुरसांह। आखड़ियां अळगी रहै, कुतरां कापुरसांह।—बां.दा.
कहा०—तीजी फाळ न बावड़ै, भागां लार न जाय। सिंघां आ इज आखड़ी, पर मारियौ न खाय।
२ विरुदाने की बातें, जोश दिलाने की बातें।
(बहु० आखड़ियां)

आखणक–सं०पु० [सं० आखनक=भूदार] सूअर (ह.नां, अ.मा.)

आखणौ, आखबौ–क्रि०स० [सं० आख्यान, प्रा० अक्खान, रा० आखणौ] कहना, बयान करना (डिं.को.)। उ०—जिन्हां दीहां चा सौ वरस ब्रह्मा जीवाई, उस भी ब्रह्मा **आखियौ**, कुछ ऊमर नाहीं।—केसोदास गाडण

आखत–सं०स्त्री० [सं० आख्यात] बयान, कथन। उ०—रहिया जतरा मास-जता दन हमै न रैवां। खमिया जम हीज खमौ केम **आखत** कर कैवां।—पा.प्र.
क्रि०वि०—तेजी से। उ०—**आखत** पग ऊठतां, ऊठ साखत पखराळी।—मे.म.

आखती-पाखती–क्रि०वि० [सं० आसन्न+पार्श्व] आस-पास, निकट।

आखतो, आखतौ–वि० [सं० अगतिक] १ इतना ऊबा हुआ कि धैर्य टूटने पर हो। उ०—ईस घणा जे **आखता**, तौ लीजै सिर तोड़। धड़ एकण धण रौ धणी, पड़सी बैर बहोड़।—वी.स.
२ दुखी। उ०—राजपूत सारा चावड़ां थी **आखता** हुय रह्या छै।—नैणसी
३ क्रुद्ध. ४ उतावला। उ०—सुख सेज दैण ढीलौ सदा अमल लैण नै **आखतौ**।—ऊ.का. [फा०आस्त:] ५ बधिया किया हुआ।
क्रि०वि०—शीघ्र, तेज।

आखर–सं०पु० [सं० अक्षर] अक्षर, वर्ण, हरुफ। देखो 'अक्खर'।
उ०—कपळा कवळी नै वारै पुचकारै, लाखर लाखर अै **आखर** मनमारै।—ऊ.का.
क्रि०वि० [फा० आखिर] आखिर, अंत में।
कहा०—आखर जात अहीर—आखिर तो अहीर जाति का है, आखिर तो मूर्ख बना रहा, आखिर तो नीच ही है। श्रीकृष्ण के लिए भक्तों का प्रेमपूर्ण ताना।

आखरवंत–क्रि०वि०—अंतिम समय। उ०—रसायण रा सोना री लाखां मोहरां अकबर पड़ाय ऐक ही ओरिया में राखी हुती, **आखरवंत** दांन सारू अकबर अकसमात मर गयौ। मोहरां धरी हीज रही!—बां.दा. ख्या.

आखरी–सं०स्त्री०—१ रात्रि में वह स्थान जहाँ पशु प्रायः विश्राम के लिए इकट्ठे हो जाते हैं। उ०—हिरणां झाली **आखरी** ताकै कूवा खेळ। तिस मरता थिगता फिरै, छूटचौ हिरण्यां मेळ।—वादळी
२ कुयें पर बैलों से पानी निकालने का निश्चित किया गया समय।
(रू०भे०—आखाड़ी, आखारी।
क्रि०वि०—अंतिम। (रू०भे०–आकरी)

आखळी–सं०स्त्री० [सं० आखनी] १ पत्थर रखने व बेचने का स्थान। [सं० आस्खलित] २ पथरीले रास्ते में गड्ढा।

आखवांन–सं०पु०—देखो 'आवखांन'।

आखांणौ–सं०पु० [सं० अक्षवट=अखाड़ौ] युद्ध।
उ०—उवेळण गंग वैर आखांणै, असमर कर राठौड़ अभोय।—द.दा.

आखा–वि० [सं० अक्षत] १ सब. २ देखो 'आखौ' (१)
सं०पु०—१ धान के वे दाने जो किसी मांगलिक व पवित्र अवसर या कार्य के निमित्त हों. २ ब्राह्मणों को भिक्षा में दिया जाने वाला अनाज. ३ अक्षय तृतीया।
कहा०—आखा रोहण बायरी राखी सरवन न होय, पोही मूळ न होय तौ, मही डूलती जोय—अगर अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र न हो, रक्षा बंधन पर श्रवण नक्षत्र न हो और पौष की पूर्णिमा को मूला नक्षत्र न हो तो संसार में विपत्तियाँ उत्पन्न होती हैं।

आखाई–वि०—सम्पूर्ण, अखंड।
सं०पु०—वह योद्धा जिसने अनेक युद्धों में विजय प्राप्त की हो।

आखाड़मल–सं०पु०—बलवान, ताकतवर, योद्धा। उ०—माकड़ा झाड़ **आखाड़मल**, चाढ़चां मसती चालिया।—मे.म.

आखाड़सिद्ध–वि०—वह योद्धा जिसने अनेक युद्धों में विजय प्राप्त की हो, योद्धा, वीर। उ०—सूर रौ तपै नरनाह **आखाड़सिद्ध**, धजवड़ां पांण गैणाग धारै।—अज्ञात

आखाड़, आखाड़ौ–सं०पु०—१ देखो 'अखाड़ौ'।
उ०—अब वसंत कै **आखाड़ौ** होत है।—वेलि. टी.
२ युद्ध, संग्राम। उ०—ऊगां दन समैं करै **आखाड़ा** चोरंग भुवन हसत अणचूक।—प्रथीराज

आखाढ़–सं०पु० [सं० आषाढ़] देखो 'असाढ़'।

आखाढ़सिद्ध–वि०—देखो 'आखाड़सिद्ध'। उ०—सम विखम अरंध सम

मिस्र गुण तोल वरण गण कळ त्रवध चत्र असी गीत डिंगल चवै सौ चारण **आखाढ़सिद्ध** ।—क.कु.बो.

आखाणक–सं०पु०—देखो 'आखणक' ।

आखातीज, आखात्रीज–सं०स्त्री० [सं० अक्षय तृतीया] वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया । यह राजस्थान का प्रसिद्ध त्यौहार है । (इस दिन को सतयुग का आरम्भ हुआ था, ऐसा कहा जाता है ।)

उ०—संबत सोळह सत्तोतरइ, **आखात्रीज** दिवस मन खरई ।—ढो.मा.

कहा०—१ आखातीज तिथक्कै दिन, गुरु होवै संजोत, तौ भाखै यौं भड्डळी, निपजै नाज बहोत—यदि अक्षय तृतीया गुरुवार को हो तो भड्डली कहती है कि बहुत अनाज पैदा होगा ।

कहा०—२ आखातीज दूज की रैण, जाय अचांणक जांचै सैण, कछक बिचे मांगी नट जाय, तौ जांणीजै काळ सुभाय । हंस कर देय नटै नहि कोय, माघा सही जमांनौ होय—यदि अक्षय तृतीया के पूर्व की द्वितीया के दिन कोई किसी से वस्तु मांगे और उसे वह मिल जाय तो जमाना अच्छा होगा और यदि वह मना कर दे तो अकाल के लक्षण समझना चाहिए ।

आखानवमी–सं०स्त्री० [सं० अक्षत+नवमी] कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी ।

आखामंडळ–सं०पु०—द्वारिका के पास का ओखामंडल नामक एक स्थान ।

आखारीठ—देखो 'आकारीठ' ।

आखिर–वि० [फा०] देखो 'आखीर' ।

आखिरकार–क्रि०वि० [फा०] देखो 'आखीरकार' ।

आखिरी–वि० [फा०] अंतिम, सबसे पिछला ।

आखी–वि० [सं० अक्षय, सं० अखिल] अखंड, पूर्ण, संपूर्ण, पूरी ।

उ०—**आखी** ऊमर आंरौ कस आयौ । छळबळ मुतळब कर बसकर छिटकायौ ।—ऊ.का.

कहा०—आधी छोड़ आखी नै धाय, ऐसा डूबै थाह न पाय—वर्तमान की थोड़ी प्राप्ति को छोड़ कर जो भविष्य की अधिक प्राप्ति के लिए दौड़ता है वह वर्तमान की आधी प्राप्ति से भी हाथ धो बैठता है ।

आखीअणी–वि०—१ अटल. २ सम्पूर्ण. ३ सर्वदा अग्रगण्य रहने वाला । उ०—**आखीअणी** रहै 'ऊदावत', साखी आलम कलम सुणौ ।
—दुरसौ आढ़ौ

आखीर–वि० [फा० आखिर] अंतिम, पिछला, पीछे का ।

सं०पु०—१ अंत, परिणाम, फल. २ समाप्ति ।

क्रि०वि०—अंत में, निदान, अंततोगत्वा ।

आखीरकार–क्रि०वि० [फा० आखिरकार] १ अंत में, निदान, खैर. २ अवश्य ।

आखु, आखू–सं०पु० [सं० आखु] १ मूसा, चूहा । उ०—सिवरात्री मैं सिव दरसण गयौ सुकेरौ । अवलोके **आखू** सिव जब हुऔ उजेरौ । २ सूअर. ३ चोर । —ऊ.का.

आखेट–सं०स्त्री० [सं०] अहेर, शिकार, मृगया । (रू०भे०–आखेठ)

आखेटक, आखेटी–सं०पु० [सं० आखेटिन्] शिकारी, अहेरी ।

आखेठ–सं०स्त्री०—देखो 'आखेट' ।

आखेप–सं०पु० [सं० आक्षेप] १ दोषारोपण, अपवाद या इल्जाम लगाना. २ कटूक्ति, ताना. ३ फेंकना, गिराना. [रा०] ४ ग्रंथ का अध्याय या खंड. ५ इच्छा करने का भाव । उ०—सुजस लैण **आखेप** न साजै ।—ऊ.दां. ६ परिश्रम, कोशिश, यत्न. ७ कटाक्ष । उ०—कामातुर **आखेप** करे ।—ऊ.दां.

आखैटक–सं०पु०—अहेरी, शिकारी ।

आखो, आखौ–वि० [सं० अखिल] पूरा, अखंड, अक्षय, समस्त । (स्त्री० आखी) उ०—सांसण खुड़द प्रगटिया सकती, **आखौ** जग दरसण आवै ।—मे.म.

सं०पु०—१ अक्षत, अन्न के दाने । (बहु० देखो 'आखां')
२ बिना बधिया किया हुआ बैल या घोड़ा, आंडू ।

आख्यांन–सं०पु० [सं० आख्यान] वर्णन, वृत्तांत, कथा, कहानी ।

आख्यात-वि० [सं०] १ प्रसिद्ध, विख्यात. २ कहा हुआ ।

आख्यानक–सं०पु० [सं०] देखो 'आख्यांन' ।

आगंतुक–वि० [सं०] आने वाला ।

सं०पु०—१ अतिथि. २ आने वाला व्यक्ति. ३ अचानक होने वाला रोग ।

आगंध–सं०पु० [सं० अश्वगंधा] देखो 'आसगंध' ।

आग–सं०स्त्री०—१ अग्नि, ज्वाला ।

पर्याय०—देखो 'अगनी' ।

क्रि०प्र०—करणी-जळाणी-देणी-निकाळणी-पड़णी-बरसणी-बाळणी-बुझणी-भड़कणी-लगणी ।

मुहा०—१ आगबबूळौ होणौ—अत्यन्त क्रोधित होना. २ आग बुझणी—लड़ाई झगड़ा शांत होना, भूख शांत होना. ३ आग भड़कणी—लड़ाई पैदा होना. ४ आग में घी या पूळौ नांखणौ—कष्ट पर कष्ट देना, किसी के क्रोध को और भड़काना. ५ आग में कूदणौ—आफत में पड़ना, जानबूझ कर आफत मोल लेना. ६ आग लगणी—डाह या कुढ़न होना, क्रोधित होना, हृदय के किसी उद्गार का उमड़ना, बरबाद होना. ७ आग लगाणी—उपद्रव मचाना, पेट में गर्मी पैदा करना, व्याकुल करना, त्याग देना, झगड़ा बढ़ा देना, चुगलखोरी करना, नष्ट-भ्रष्ट करना. ८ आग लगाय नै तमासौ देखणौ—झगड़ा पैदा करके अपना मनोरंजन करना या मौज लेना. ९ आग लगाय नै पांणी लावण नै दौड़णौ—झगड़ा पैदा करके फिर उसे शांत करने की कोशिश करना ।
२ ताप, जलन. ३ कामाग्नि । (रू०भे० अग्ग)

आगइ, आगई–क्रि०वि०—अगाड़ी । उ०—हूं किम चालूं एकलौ, **आगइ** गोरी तीजइ परांण ।—वी.दे.

आगकुंड–सं०पु०—यज्ञकुंड ।

आगड़–सं०स्त्री०—चूल्हे के आगे का वह आयताकार भाग जहाँ राख एकत्रित होती है।

आगड़दि, आगड़दी–क्रि०वि०—आगे, अगाड़ी। उ०—भागड़दि भूत जोगण गण भैरव, **आगड़दि** अमर अपछर गण आंग।—र.रू.

आगड़ै–क्रि०वि०—अगाड़ी, सम्मुख।

आगड़ौ–क्रि०वि०—दूर। उ०—अगाड़ी थूं जा **आगड़ौ** फीटा पड़ै फिटोळबा, एक न एक देखौ अबे आपस देवै ओळबा।—ऊ.का.
(क्रि० पद—आगड़ौ जा, आगड़ौ बळ)
सं०पु०—१ पानी सींचते समय चक्की (गिर्री) के ऊपर रस्सी द्वारा पड़ने वाला चिन्ह. २ अनुमान, अंदाजा।
कहा०—कांटी रै बोबिया रौ आगड़ां तक जोर—अगर कभी गोखरू (काँटी) पैर में चुभ भी जाय तो अपने छोटे काँटे की लंबाई से अधिक पैर में घुस कर नुकसान नहीं पहुँचा सकती, कोई व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही कार्य कर सकता है।
(मि० आंगळी सूज नै हाल कौ हूं नी)

आगजंतर, आगजंत्र–सं०पु० [सं० अग्नि+यंत्र] अग्नियंत्र, बंदूक, तोप.

आगझाळ, आगझाळा–सं०स्त्री० [सं० अग्नि+ज्वाला] १ अग्नि, ज्वाला. २ अग्नि की लपट।

आगण–सं०स्त्री० [सं० आग्रहायण] १ मार्गशीर्ष का महीना (डिं.को.) २ देखो 'आगड़'।

आगत–वि० [सं०] १ आया हुआ. प्राप्त. २ उपस्थित।
सं०पु०—वह फसल जो सबसे पहले बोई गई हो। (विलो० पाछत)

आगतरौ–सं०पु०—वह धान जो समय से कुछ पहले बोया हुआ हो। (विलो० पाछतरौ)

आगत-स्वागत–सं०पु०—देखो 'स्वागत'। उ०—तिहि भांति ब्राह्मण को **आगत-स्वागत** आतीथ ध्रम कीधौ।—वेलि. टी.

आगतौ–वि० (स्त्री० आगती) देखो 'आखतौ'।

आगन–सं०स्त्री० [सं० अग्नि] अग्नि।

आगना–सं०स्त्री० [सं० आज्ञा] १ आदेश, हुक्म (अ.मा.) २ आज्ञा, इजाजत।

आगनि–सं०स्त्री० [सं० अग्नि] अग्नि। उ०—इहां आसोज मिळिया थैं **आगनि** माहे जोति अधिक हुई छै।—वेलि. टी.

आगन्या–सं०स्त्री० [सं० आज्ञा] देखो 'आगना'।

आगबह–सं०पु० [सं० अग्निवह] धुंआ, धूम्र।

आगबोट–सं०पु० [सं० अग्नि+अं० बोट] भाप का जहाज अथवा नौका।

आगम–सं०पु० [सं०] १ आना, आगमन। उ०—सरसावै सारंगधर, मेले मारुत माय। भूप अवधचौ भरथ नूं, **आगम** कहियौ आय।—र.रू.
२ आमद, आमदनी, अर्थागम। उ०—चित सूं **आगम** चितवै, आ मजबूत उपाध, 'बंक' जुड़ै नंह वांछियौ, इण कारण व्है आध।—बां.दा.
३ भविष्य, आने वाला। उ०—जद पाछौ कहियौ जसु **आगम** अकलाळे, बूकण रौ घर बोड नै कंई राखै काळै।—वी.मा.
(मि० अग्गम)
यौ०—आगमग्यांन, आगमबुद्धि, आगमसोची।
कहा०—१ अत पित वाळौ आदमी, सोवै निंद्रा घोर, अणभणिया आगम कथै, रहै मेघ अति जोर—अधिक पित्त प्रकृति का व्यक्ति अगर अधिक एवं गहरी नींद सोता है तो (अपठित व्यक्तियों में यह प्रचलित है कि) वर्षा जोर की होगी. २ आगम सूझै सांडणी, दोड़ै थळां अपार, पग पटकै बैसे नहीं, जद मेह आवणहार—यदि ऊँटनी इधर-उधर दौड़ती फिरै, पैर पटके लेकिन बैठे नहीं तो वर्षा अवश्य आएगी. ३ बिगड़ै बासण चाक पर, मट्टी अधिक उभार, आरख आगम समझ कै, मेह कहै कुंभार—गीली मिट्टी के बर्तन चाक पर से नहीं उतरें किन्तु वहीं बिगड़ जावें तो कुम्हार कहता है कि वर्षा आई समझो. ४ ब्रक्षन फळ विपरीत जब, उलट-पुलट लागंत, पड़ै काळ भयभीत यौं, आगम लिखियौ मित—यदि वृक्षों पर फल-फूल एक दूसरे के विपरीत उलटे-सुलटे लगें या वे बिना ऋतु फलें तो भयंकर अकाल पड़ेगा।
४ भवितव्यता, होनी. ५ शास्त्र। उ०—सेस कूरम जितै समरम, इळा सुर ध्रम निगम **आगम**।—रा.रू. ६ प्रकृति और प्रत्यय के बीच होने वाले कार्य अर्थात् पद सिद्धि में आया हुआ वर्ण (व्याकरण) जैसे—समहर. ७ पुरुषों की बहत्तर कलाओं के अंतर्गत एक कला।
वि० [सं०] प्रथम, पहले। उ०—पाळ तणौ परचार, कीधौ **आगम** कांमरौ। वरसंतां घण वार, रुके न पांणी राजिया।—किरपारांम

आगमई–वि०—अग्नियुक्त, अग्निमय।

आगमग्यांनी, आगमजांण, आगमजांणी–सं०पु० [सं० आगमज्ञानी] भविष्य का ज्ञाता, होनहार या भविष्य जानने वाला।

आगमण, आगमणौ–सं०पु० [सं० आगमन] आना, आगमन। उ०—नस कियौ **आगमण** तेरे औरंग नये छिलते मल्लर पैंखे अछाया।—द.दा.

आगमवांणी–सं०स्त्री० [सं० अग्रिमवाणि] भविष्यवाणी।

आगमदिसट, आगमदिसटी–सं०स्त्री० [सं० अग्रिम दृष्टि] दूरदर्शिता।
वि० [सं० अग्रिम दृष्टि] दूरदर्शी।

आगमन–सं०पु० [सं०] आना। उ०—श्री क्रिसणदेव ब्राह्मण ने संहस्क्रत भाखा करि पूछै छै। तुम्हारौ **आगमन** क्यां हुऔ।—वेलि. टी.

आगमवक्ता–वि० [सं०] भविष्यवक्ता, ज्योतिषी।

आगमसोची–वि० [सं० अग्रिमसोची] दूरदर्शी, अग्रसोची।

आगमयूं–वि—आगत, आया हुआ। यत हूं कंवळूं गढ़ **आगमयूं**। कर कागद सूंप जुहार कियूं।—पा.प्र.

आगमि–वि० [सं० आगामी] देखो 'आगांमी'। उ०—ससिपाळ कै **आगमि** भाग्य गुदी पाछै जाय रह्यौ थौ सु क्रस्णजी रै आगमि मांग कै पेंडै होय।—वेलि. टी.

आगम्म—देखो 'आगम'।

आगर-सं०पु० [सं० आकर] १ खान, कोष, खजाना. २ घर, गृह. ३ समूह, पुंज। उ०—मांन वडापण मेर, मांन ऊंडापण सागर। मांन दुजोधन, मांन, गुण वदियौ **आगर**।—वुधजी आसियौ

आगरणी-सं०स्त्री०—छः मास का गर्भ होने के बाद गर्भवती स्त्री को साध पुराने (इच्छा पूर्ति) का दिन, जब ससुराल की तरफ से उत्सव मनाया जाकर पौष्टिक भोजन बनाया जाता है। सीमतोन्नयन। (रू.भे. आघरणी)। उ०—सातमें महिने में **आगरणी** हुई। नव महिना पूरा हुवा।—पलक दरियाव री बात

आगरबंध-सं०पु० (सं० आगलबंध] कंठमाला (अमरत)

आगराई-सं०पु०—आगरे का बना हुआ अफीम।

आगळ-क्रि०वि०—अगाड़ी, आगे, सम्मुख। उ०—१ पदमणी आगळि घालइ छइ वाई। **आगळ** वइसी जीमावीयउ।—वी.दे.

उ०—२ सौ मूरख संसार, कपट जिण **आगळ** करै।—किरपारांम

वि०—१ रक्षा करने वाला, रक्षक. २ विशेष, अधिक।

सं०स्त्री० [सं० अर्गला] १ अर्गला, रोक. २ देखो आगळौ (३)

आगळकूंची-सं०स्त्री०—अर्गला खोलने की एक प्रकार की चाबी जिसे कपाटों में बने एक छिद्र में डाल कर अन्दर की अर्गला खोली जा सकती है।

आगळखूंटौ-सं०पु०—बुनने के निमित्त क्रमबद्ध किए हुए लंबे सीधे सूत (तांणी) को बांधने का खूंटा।

आगलड़ौ-वि०—अगाड़ी का, आगे का। उ०—नागा नवळौ नेह, जिण तिण सूं कीजै नहीं, लीजै **आगलड़ा** रौ छेह, आपतणौ दीजै नहीं।

—ना. बात

आगळणौ, आगळबौ-क्रि०अ०—ऊँट का कूदना।

आगळतू-वि०—अधिक, आवश्यकता से अधिक।

आगळसींगौ-सं०पु०—वह बैल जिसके सींग आगे की तरफ झुके हुए हों (अशुभ)

आगळि-क्रि०वि०—सामने, आगे, सम्मुख, अगाड़ी। उ०—सादल पीथल जोड़ सवाया, **आगळि** धणी वणी कळि आया।—रा.रू.

आगळियार, आगळियाळ-वि०— अगुआ, अग्रगण्य, अग्रणी।

उ०—१ **आगळियार** रुघावत ईखौ, सुरतौ विरतै सिंघ सरीखौ।

—रा.रू.

उ०—२ दत मोटा दिये वंस रौ दीपग, रिमां पछाड़ै सुजस रतौ। औ रड़मालां तणौ आभरण, फौजां **आगळियाळ** फतौ।

—तेजसी खिड़ियौ

आगळिहार-वि०—देखो 'आगळियार'।

आगळी-सं०स्त्री० [सं० अर्गला] १ देखो आगळौ' (पु०)

२ पसली के दर्द पर लगाया जाने वाला एक प्रकार का लेप।

आगळीयाळ-वि०—देखो 'आगळियार'।

आगळू-वि०—१ अधिक. २ आवश्यकता से अधिक।

आगले, आगलै-वि०—अगले, पूर्व के, पहिले के।

क्रि०वि०—आगे, अगाड़ी।

आगळौ-सं०पु० (स्त्री० आगळी) चिटकनी, अर्गला।

वि०—१ विशेष, अधिक। उ०—ढोला आंमणदूमणौ, नख सूं खोदै भींत, हमकी कुण छै **आगळी**, बसी तुहाळै चीत।—ढो.मा.

कहा०—अेक अेक सूं आगळा ए पन्ना भुआ रा पूत—पन्ना बुआ के कुपुत्र एक एक से अधिक दुष्ट हैं, एक एक से बढ़ कर दुष्ट है। (बुरे व्यक्तियों के लिए)

२ अग्रणी, अग्रगण्य। उ०—थोड़ा बोलौ घण सहौ नहचै जो नेठाह, जौ परवाड़ा **आगळौ** मित्र करीजै नाह।—हा.झा.

क्रि०वि०—अगाड़ी। उ०—चौमासे बादळा जिहीं फौजां रा समूह चालै, **आगळी** गयद छाजै, अगाजै अपार।—अज्ञात

आगलो, आगलौ-सं०पु० (स्त्री० आगली) (बहु० आगला) १ अगाड़ी का, आगे का, अग्रभाग का। उ०—ऊलटिया सिर आगरै अबदुल्ला 'अजमाल'। आगै पौहतै **आगलौ** वारण खांन दुभाल।—रा.रू.

२ जो क्रम में वर्तमान के बाद पड़ता हो, दूसरा, अपर।

उ०—वायस वीजउ नांम तैं **आगलि** लल्लउ ठवइ। जइ तूं हुई सुजांण तउ तूं वहिलउ मोकळे।—ढो.मा.

कहा०—१ आगले घर से खोटी क्यूं व्हौ हौ—यहां क्यों व्यर्थ में समय नष्ट कर रहे हो, आगे जाने पर शायद कुछ प्राप्त हो सके. २ सांमी लारलै गांव कूटीजनै जावै नै आगलै गांव सिद्ध—पाखंडी एक स्थान पर सजा पाकर भी अपने अवगुणों को छिपा कर दूसरे स्थान पर आदर प्राप्त कर सकता है। जो व्यक्ति एक स्थान पर बुरा समझा जाता है वह दूसरे स्थान पर अच्छा समझा जा सकता है।

३ पूर्व जन्म का या पूर्व जन्म सम्बन्धी। उ०—कद मरै कुटिल औ काळ सूं कहे उडाऊं कागलौ। लागगौ लार लूंठौ लियण आंटौ कोइक **आगलौ**।—ऊ.का.

(यौ०—आगलौ भौ)

कहा०—१ आगला भौ रा बदळा किसा छूटै है ?—पूर्वजन्म में दूसरों को दुःख दिया है तो उसका बदला चुकाना ही पड़ता है. २ आगला भौ रा बदळा नहीं छूटै—देखो कहावत. (१) ३ आगला भौ रा बदळा है—पिछले जन्म के बदले (बदला लेने वाले) हैं। जब कोई सताता है तब ऐसा कहा जाता है। जब सन्तान होकर या सुयोग्य होकर माता-पिता के पहले मर जाती है तब भी कहा जाता है. ४ आगलै भोतर की मांगत चूकणौ—पूर्व जन्म की करणी का फल मिलना।

४ पहिले का, पूर्ववर्ती, प्रथम, पिछला।

कहा०—आगलौ पीसियौ खूट गियौ कंई—पहले का दुःख अथवा किसी बुरे काम का दिया हुआ दंड भूलने पर।

५ विगत समय का, पुराना। (यौ० आगलौ समौ, आगलौ लोग)

६ आगामी, आने वाला, भविष्य।

कहा०—आगली किणै ठा पड़ै है—भविष्य के सम्बन्ध में कौन कह सकता है।

७ अगाड़ी, सामने, सम्मुख। उ०—**आगळि** पित मात रमंती अंगनि कांम विरांम छिपाड़ण काज।—वेलि.

कहा०—सासू आगली बहू है—इसे कोई कार्य करने के लिए दूसरे से आज्ञा लेनी पड़ती है। कोई कार्य करने में पूरी तरह से स्वतन्त्र नहीं है।

आगवण—देखो 'आगमण'।

आगवौ–वि०—अगुआ, मुखिया। उ०—तठै **आगवौ** खाग हूं छाग तोड़ै, चंडी काळिका मात रै स्रोण चोड़ै।—मे.म.

आगस–सं०पु०—१ अग्नि, आग. २ दोष, अपराध। उ०—बहुरि साह जसवंत बुलायौ, इहिं **आगस** सौ प्हीत न आयौ।—वं.भा. ३ पाप।

आगस्त, आगस्ति–सं०पु० [सं० अगस्त्य] देखो 'अगसत्त'।

आगह–क्रि०वि०—पहिले, पूर्व। उ०—रतन छिपायौ क्यूं रहई, **आगह** बाचा कौ हीणौ छइ पूरव्यौ राइ।—वी.दे.

आगांमि, आगांमी–वि० [सं० आगामिन्] आने वाला, होनहार, भविष्य का या भविष्य संबंधी।

आगाऊ–वि०—अगाड़ी का, प्रथम।
सं०पु०—हरावल।

आगाड़ी–क्रि०वि०—देखो 'अगाड़ी'।

कहा०—फौज में पिछाड़ी भोज में आगाड़ी—कायर व्यक्ति के लिये प्रयुक्त।

आगाज–सं०पु० [सं० आग्नि=आग] १ क्रोध, रोष।

उ०—कहियउ तुम्हे माहरउ करउ, मारू मुझ कीजउ नातरउ। आपुं तउ हूं आधौराज, इणि परि घणा कीया **आगाज**।—ढो.मा.

सं०स्त्री० [सं० गर्जना] २ गर्जना, ध्वनि। उ०—किलकिल नाळि छूटी सू गोळां री **आगाज** सूं धरती धमकि नै रही छै।—रा.सा.सं.

आगापच्छौ–क्रि०वि०—देखो 'आगौ-पाछौ'।

आगार–सं०पु० [सं०] १ घर, मकान। उ०—अर आपरा सांमी चाळुक्यराज भीम नूं प्रांण वचावण रै काज अभीस्ट **आगार** जावण रौ अवकास दियौ।—वं.भा. २ स्थान, स्थल. ३ खजाना।

आगाळी–वि०—१ आगे का, अगला. २ अधिक, विशेष।

आगासि, आगासी–सं०पु० [सं० आकाश] आकाश। उ०—भेटचां पातिक जाइ नासि, धोती ऊगाइ **आगासि**। साजां त्रंबाळू छइ हाथि, सख्य भणंता जाइ साथि।—कां.दे.प्र.

आगाहट, आगाहठ–सं०पु० [सं० अघात्य] वह भूमि जो किसी (प्रायः चारण) के अधिकार में चिरकाल के लिये हो और जिसे राजसत्ता पृथक न कर सके। चारणों के जागीरी के गाँव। उ०—हजारां गयंद व्रव भिड़ज **आगाहटां** देसपत होड रां मांण दहिया—मांनसिंह रौ गीत

आगि–क्रि०वि०—१ अगाड़ी। उ०—त्रिणि फेरा लिधा तरणि **आगि** करि रघुनाथ।—रांमरासौ २ निकट, पास. ३ दूर।

सं०स्त्री० [सं० अग्नि] अग्नि, अनल। उ०—आग्या पांय अजीत री, लग्गा सूर धियागि। सिरि डेरां दळ सल्लळे, जळे प्रलै किरि **आगि**।
—रा.रू.

आगिअ–क्रि०वि०—अग्र, आगे।

आगिन्या–सं०स्त्री० [सं० आज्ञा] आज्ञा (ह.नां.)

आगिमि–वि०—आगामी, आगे। उ०—**आगिमि** एक दीह असवार, मूंकेस्यां परिणवा विचार।—ढो.मा.

आगियाकारी–वि० [सं० आज्ञाकारी] आज्ञा का पालन करने वाला, आज्ञाकारी।

आगियौ–सं०पु०—१ जुगनु। उ०—तेजाळ जागिया कमंध तोर, **आगिया** दवे भूपाळ ओर।—वि.सं. २ छोटे बच्चों का एक रोग जिसमें शिर आदि पर फोड़े-फुंसी होते हैं. ३ एक प्रकार का पशुओं का रोग. ४ एक प्रकार की तांत्रिक या मंत्र-क्रिया जिससे दूरस्थ या निकट स्थान पर अग्नि पैदा की जाती है।

आगिलौ–वि०—१ देखो 'आगलौ'. २ विशिष्ट.

आगी–क्रि०वि०—देखो 'आगौ' (स्त्री०)
वि०—ऋतुमती, रजस्वला (स्त्री०)

आगीनै–क्रि०वि०—अगाड़ी, सामने।

आगीपाछ, आगीपाछी–सं०स्त्री०—१ चुगली, निंदा. २ इधर की बात उधर और उधर की बात इधर कहने का भाव।

आगीवांण–वि०—अगुआ, नेता। उ०—अठीनै स्वयंसेवकां रै दळ रौ रांमलौ कप्तांन तौ वठीनै हरी अर रांमलै दोनां री वहुवां स्त्री स्वयंसेविकावां री **आगीवांण**।—वरसगांठ

आगूंच–क्रि०वि०—पहले से, पेशगी, पूर्व। उ०—थूं आई थेट वरा **आगूंच**, पळकती राखड़ियां भर थाळ।—सांझ

आगू–क्रि०वि०—१ पहले से, पेशगी, पूर्व। उ०—कहतौ थूं **आगू** कथन 'पाल' अमीणा पीर।—पा.प्र. २ अगाड़ी।

आगूकथ–सं०स्त्री०—भविष्यवाणी। उ०—अजन अगंजी गजन हर, गाहया वपन गिरांह। चवियौ भोपै भाकचंद, **आगूकथ** अवरांह।
—पा.प्र.

आगूतौ–क्रि०वि०—आगे, सामने।

आगूनै–क्रि०वि०—आगे वाला, अगला। उ०—कनै सूं मंगतवाड़ निकळी'र किणी कयौ—भाजौ-भाजौ, **आगूनै** चौक में चिणा वंटे है।
—वरसगांठ.

आगे–क्रि०वि०—देखो 'आगै'।

आगेड़ो–वि०—अधिक, विशेष।
उ०—पूत सपूती **आगेड़ी** बहू सांवत दे लियौ है मोलाय, म्हारे नवल वनड़े रा सेवरा।—लो.गी.

आगेटी–सं०स्त्री०—बाजरी या ज्वार के कच्चे भुट्टे सेंकने वाली अग्नि जो हल्की हल्की जलती होती है।

आगेवांण–वि०—देखो 'आगीवांण'।

आगै–क्रि०वि० [सं० अग्र, प्रा० अग्ग] १ और अधिक दूरी पर. २ सम्मुख, सामने. ३ जीते जी, जीवन काल में. ४ इसके पीछे, इसके बाद, अगाड़ी।

आथुड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'आथड़ियोड़ौ'।

आथुण–सं०पु० [सं० स्थान] १ स्थान. २ नगर. ३ घर।
उ०—मुख खड़भड़ै सहर तरसींग रा ऊजड़ै भाक **आथुण** अरडींग रा।—महादांन महड़ू
सं०स्त्री०—४ पश्चिम दिशा।

आथुस–सं०पु०—लोहा (अ.मा.)

आथूंण, आथूंणी–सं०स्त्री०—पश्चिम दिशा। उ०—१ सांझ री किरण ढळै **आथूंण**, वळी यूं पीळीजी पिणिहार।—सांझ
उ०—२ ऊगूणी **आथूंणी** दै छौळ, सुखावै आखै अंबर मांय।—सांझ
क्रि०वि०—पश्चिम की ओर।

आथूंणू–क्रि०वि०—पश्चिम की तरफ।
वि०—पश्चिम का, पश्चिम दिशा संबंधी।

आथूंणौ–सं०पु०—पश्चिम दिशा। (मि० आथूंण)

आथू–सं०पु०—वह व्यक्ति जो वर्ष भर कृषक का कुछ कार्य करने के बदले अनाज वा धन प्राप्त करता हो।

आथूण–सं०स्त्री०—पश्चिम दिशा (रू०भे०) (मि० आथूंण)

आथौमण–वि०—प्रयोजन वाला। उ०—सांमि धरम्मी सांमतण, सुणि पण गुणै सपूत। मिळिया तै **आथौमणा**, राव तणा रजपूत।
—रा.रू.

आदंत–वि० [सं० आदि+अंत] आद्यंत, आदि से अंत पर्यन्त।
उ०—गण त्रविध नह ग्यांन छंद **आदंत न** छांणै।—क.कु.बो.

आद–वि० [सं० आदि] १ प्रथम, पहला, शुरू का, आरम्भ का, मूल, अग्र, उत्पत्तिस्थान। उ०—आदि न कौ तौ बिण अनंत, आतम क्रम्म न **आद**।—ह.र. २ देखो 'आघ'।
सं०पु०—१ परमेश्वर।
सं०स्त्री०—२ आरम्भ, बुनियाद. [फा० याद] ३ याद, स्मरण।
उ०—अकबर कीना **आद**, हींदू नृप हाजर हुवा। मेदपाट मरजाद, पग लागौ न प्रतापसी।—दुरसौ आढ़ौ [रा०] ४ अदरख, अद्रक (मि० 'आदौ') ५ आर्द्रा नक्षत्र।
कहा०—पहली आद टपूकड़ै मासां पखां मेह—आर्द्रा नक्षत्र के आरंभ में बूंदें पड़ जांय तो महीने पंद्रह रोज में वर्षा हो।

आदक-क्रि०वि० [सं० आदिक] १ आदि, प्रथम, पहला, शुरू का।
उ०—अंबा इरण आदक और अनेक, हिचै रण हेकण हूँ बढ़ि हेक।
—मे.म.
२ नितांत।
सं०पु०—एक प्रकार का रोग।

आदक-बादक-अव्यय—इत्यादि।

आदकवि, आदकवी-सं०पु० [सं० आदिकवि] बाल्मीकि मुनि जिन्होंने सबसे प्रथम छंदोबद्ध काव्य को जन्म दिया था।

आदगौड़-सं०पु —भारद्वाज गौत्री ब्राह्मण जो बंगाल (गौड़) से प्रारंभ हुए।

आदजथा-सं०पु०—डिंगल गीतों (छंदों) की रचना का एक नियम विशेष जिसमें नायक का नाम गीत के प्रथम द्वाले में हो और तत्पश्चात् क्रमशः वर्णन हो।

आदजुगाद, आदजुगादि, आदजुगादी-क्रि०वि०—१ सृष्टि के आरम्भ से अंत तक। उ०—जोगी **आदजुगाद** ही दीहंदा डडा।
—केसोदास गाडण
२ परम्परा का। उ०—**आदजुगाद** अखाहर आगै, सार मरण घणघणौ सुख।—प्रथीराज जैतावत रौ गीत। ३ अति प्राचीन, अनादिकाल का।

आदण-सं०पु० [सं० आदहन=हिं० अदहन] १ उबलने के लिए रक्खा गया पानी, उबाल. २ आग पर चढ़ा हुआ वह गर्म पानी जिसमें दाल, चावल आदि पकाते हैं, अदहन। उ०—रांम भरोसे ऊकळै, **आदण** ईसरदास। ऊकळता में ओर ही, बंदा राख बिसास।
—ह.र.

आदत, आदति-सं०स्त्री० [अ०] १ स्वभाव, प्रकृति. २ अभ्यास, टेव। उ०—इत्यादिक मोथी **आदतिरा** अळिया। थोथी थळवट रा थळिया बेथळिया।—ऊ.का.

आदतिया, आदत्या-सं०पु०—देवता (अ.मा.)

आददे-क्रि०वि०—आदि, इत्यादि।

आदपंखणी, आदपंखणी-चक्रेस्वरी-सं०स्त्री०—राठौड़ों की कुलदेवी।

आद-पख, आदम-पख-सं०पु०यौ० [सं० आदिपक्ष] आरम्भ का पक्ष, कृष्ण-पक्ष। उ०—ऊंच दिवस असटमी **आदपख** भाद्रव आयां।—रा.रू.

आदपुरख-सं०पु० [सं० आदि पुरुष] १ विष्णु, परमेश्वर (डिं.को.) २ ब्रह्मा।

आदम-सं०पु० [अ०] १ मनुष्य जाति का सबसे प्रथम मनुष्य जिससे मानव सृष्टि चली, प्रथम प्रजापति जिनकी स्त्री का नाम हव्वा था—इन्हीं के कारण मनुष्य आदमी कहलाते हैं (इबरानी और अरबी मत) उ०—एक न चाहै और नूं, उभै दुखी व्है अंग। **आदम** नै इळवीस रौ, प्रगट विचार प्रसंग।—बां.दा. [रा०] २ महादेव।

आदमचस्म-सं०पु० [अ० आदम+फा० चश्म] एक प्रकार का घोड़ा विशेष जिसकी आंख की स्याही मनुष्य के आंख की स्याही के समान हो। (शा.हो.)

आदमण-सं०स्त्री०—आदमी का स्त्री लिंग, स्त्री, नारी।

आदमी-सं०पु०— [अ०] १ आदम की संतान, मनुष्य।
मुहा०—१ आदमी बणणौ—सभ्यता सीखना, बड़ा नामी या गुणी बनना. २ आदमी बणाणौ—आदमी कहाने योग्य बनाना, लायक, शिष्ट, सभ्य, गुणी बनाना. ३ आदमी होणौ—सच्चे अर्थ में मनुष्य बनना, बालिग होना, गुणी, सभ्य या शिष्ट होना।
कहा०—१ आदमी जोईजै रूंवाळौ, लुगाई जोईजै सूंवाळी—आदमी शरीर में रोम वाला होना चाहिए और स्त्री रोमों से हीन. २ आदमी रा भाग पत्तै नीचे है—आदमी का भाग पत्ते के नीचे है। जैसे पत्ता हिलता है वैसे ही मनुष्य का भाग्य परिवर्तित होता रहता है. ३ आदमी वाड़ में मूतता ही आया है—यह काम होता ही आया है कहाँ तक रोकोगे; पुरुष व्यभिचारी होते ही हैं. ४ आदमी है के घणचक्कर—आदमी है या घन-चक्कर; मूर्ख या नटखट के लिए. ५ कूवौ-कूवौ नई मिळै पण आदमी आदमी सौ वार मिळै—एक स्थान का कुआ दूसरे स्थान के कुए से नहीं मिल सकता किन्तु आदमी आपस में कभी न कभी अवश्य मिल जाते हैं; आदमी का काम आदमी से कभी न कभी अवश्य पड़ता है।
यौ०—आदमियत।
२ पति।

आदर-सं०पु० [सं०] सम्मान, सत्कार, प्रतिष्ठा, इज्जत, खातिर, आस्था, शिष्टाचार।

आदरणीय-वि० [सं०] आदर के योग्य, सम्मान करने के योग्य, मान्य, माननीय।

आदरणौ, आदरबौ-क्रि०स०—१ प्रारम्भ करना, आरम्भ करना।
उ०—मांयली तोपां तौ छूटै आडावळौ धूजै औ। आउवे रा नाथ तौ सुगाळी पूजै औ, झगड़ौ **आदरियौ**—झल्लै आउवौ।
—लो.गी.
कहा०—आदरचां अधूरा रहै, हर करै सौ होय—आदमी जो करना चाहता है वह नहीं होता; भगवान करते हैं वही होता है।
२ आदर देना, सत्कार करना। उ०—१ आपरा वयण हूँ थांणौ नह **आदरूं**। आदरूं वयण जो रांण वाळै।
—जयसिंह राठौड़ रौ गीत
उ०—२ इण कारण कीरत **आदरियौ**, दह सोतां मुसकळ औ देस।
—क्षत्रिय प्रशंसा
३ स्वीकार करना। उ०—१ कठण रीत रजपूत कुळ, खाग कमाई खाय। और कमाई **आदरै**, गोलौ झगड़ै गाय।—बां.दा.
४ महत्व देना। उ०—जगमें रवि सुत जनम दांन कंचन **आदरियौ**।
—अरजुणजी बारहठ

आदरणहार-हारौ (हारी), आदरणियौ-वि०—प्रारंभ करने वाला, आदर करने वाला।

आदरिओड़ौ-आदरियोड़ौ-आदरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

आदरभाव–सं०पु०—सम्मान, सत्कार, कदर, प्रतिष्ठा।

आदरवंत–वि०—१ आदर देने वाला, सत्कार करने वाला. २ आदर या सत्कार प्राप्त करने वाला।

आदरस–सं०पु० [सं० आदर्श] १ दर्पण, शीशा (अ.मा.)
उ०—इतरै एक आली ले आवी, आंनन आगळि **आदरस**।—वेलि.
२ अनुकरणीय, नमूना।

आदरा–सं०स्त्री० [सं० आर्द्रा] सत्ताईस नक्षत्रों के अंतर्गत एक नक्षत्र। कहा०—१ आदरा बाजै बाय झूंपड़ी झोला खाय—आर्द्रा नक्षत्र में वायु चले तो झोंपड़ी झोंका खाने लगती है. २ आदरा भरै खादरा पुनरवसु भरै तळाव—आर्द्रा नक्षत्र में अगर वर्षा हो तो वह थोड़ी होती है किन्तु पुनर्वसु नक्षत्र में वर्षा होती है तो वह काफी होती है जिससे तालाब आदि भर जाते हैं. ३ आदरा वरसै नईं, म्रिगसरा पून न जोय, तौ जांणीजै भड्डळी, वरसा बूंद न होय—अगर आर्द्रा नक्षत्र में वर्षा न हो, मृगशिरा नक्षत्र में पवन न चले तो निश्चय ही दुष्काल होगा. ४ क्रतिका कोरी गई, आदरा मेह न बूंद, तौ यूं जाणै भड्डळी, काळ मचावै दूंद—अगर कृत्तिका और आर्द्रा नक्षत्र में वर्षा की बूंद भी न पड़ी तो निश्चय ही दुष्काल का उपद्रव होगा.
५ रोयण तपै नै मिरगला बाजै, तौ आदरा अणचित्या गाजै—अगर रोहिणी नक्षत्र में कड़ाके की गर्मी पड़े, मृगशिरा नक्षत्र में तेज वायु चले तो आर्द्रा नक्षत्र में अवश्य ही वर्षा होगी।

आदरियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ प्रारम्भ किया हुआ. २ आदर किया हुआ। (स्त्री० आदरियोड़ी)

आदरियौ–सं०स्त्री० [सं० आर्द्रा] आर्द्रा नक्षत्र। देखो 'आदरा'। कहा०—एक आदरियौ हाथ लग जाय पछै तौ करसौ राजी—आर्द्रा नक्षत्र में एक बार भी वर्षा हो जाय तो कृषक प्रसन्न रहता है।

आदली–सं०स्त्री० [अ० अदल अथवा आदिल] न्याय, इन्साफ।
उ०—बहादुरी, सखावत, **आदली**–ऐ तीन गुण अवस्य पातसाह में चाहिजै।—बां.दा.

आदवराह–सं०पु० [सं० आदि+वाराह] १ शूकर, सूअर (ह.नां.)
२ वाराहवतार (अनेक०)

आदसगत–सं०स्त्री० [सं० आदि+शक्ति] आदि शक्ति, दुर्गा, महाकाली। उ०—**आदसगत** रीझियां, स्रोण कीधा तर व्याळा। रुद्र रीझिया उवर पहरै रुंडमाळा।—बखतौ खिड़ियौ

आदसचजुगाद–क्रि०वि०—परम्परा से।

आदांन–सं०पु० [सं० आदान] १ ग्रहण करना, लेना, स्वीकार करना। उ०—मेधा महंत, दीपत दिगंत। **आदांन** ओघ, अक्षय अमोघ।
—ऊ.का.

आदांन-प्रदांन–सं०पु०यौ०—लेना-देना, लेन-देन, त्याग-ग्रहण, परिवर्तन।

आदाब–सं०पु० [अ०] १ नियम, कायदा. २ लिहाज, इज्जत।
उ०—जिणथी आपरौ सिविर ऊंचा स्थळ पर होइ तौ कुपुत्र नूं **आदाब** राखण री सुद्धि रहै।—वं.भा.
३ नमस्कार, अभिवादन. ४ संयम. ५ ध्यान, ख्याल।

आदाबअरज–सं०पु०यौ० [अ० आदाब+अर्ज] नमस्कार, अभिवादन।
उ०—**आदाबअरज** उम्मेदवार, परवरिसि करहु परवरदिगार।
—ऊ.का.

आदासीसी–सं०स्त्री०—अर्द्धशिरोवेदना, आधे सिर में पीड़ा होना।

आदि–वि० [सं०] १ प्रथम, पहला, आरंभ का।
अव्यय–वगैरह, इत्यादि।
सं०पु०—१ उत्पत्ति स्थान, आरम्भ, बुनियाद, कारण, मूलकारण.
सं०स्त्री० [रा०] २ अदरख. ३ पृथ्वी (डि.नां.मा.)

आदिक–अव्यय—इत्यादि, वगैरह। उ०—अर झालां प्रमारां नूं प्रचारि सीसोदियां भी केयोली सींघोली, जावद, अठांणां बींझोळी **आदिक** देस दुरग दावि बेगम रै माथै तोपां रौ ताव धमायौ।—वं.भा.

आदिकवि–सं०पु० [सं०] १ वाल्मीकि ऋषि. २ शुक्राचार्य।

आदिकारण–सं०पु० [सं०] सृष्टि का मूल कारण।

आदिजुगाद–क्रि०वि०—आदि से, प्रारंभ से (पि.प्र.)

आदित–सं०पु० [सं० आदित्य] सूर्य्य (ह.नां.)

आदितपुत्र–सं०पु० [सं० अदिति+पुत्र] देवता (डि.नां.मा.)

आदिता–सं०पु० [सं० आदित्य] सूर्य। उ०—कोट अनंत परकास ज्यूं सिसहर **आदिता**।—केसोदास गाडण

आदित्त, आदित्य–सं०पु० [सं० आदित्य] १ सूर्य्य। उ०—मारुवणी मुंह वंन्न **आदित्त** हूँ उज्जळी।—ढो.मा. २ देवता, इन्द्र आदि.
३ भोजक जाति के व्यक्तियों के अनुसार शाकद्वीप के मग वर्ण के अंतर्गत एक जाति विशेष।

आदित्यवार–सं०पु०—रविवार।

आदिन–सं०पु०—बुरे दिन, संकटकाल, बुरा समय।

आदिपक्ख–सं०पु० [सं० आदि+पक्ष] आरम्भ का पक्ष, कृष्ण पक्ष।
उ०—**आदिपक्ख** अस्टमी मास नभ सुभ गुण मंडित।—रा.रू.

आदिपुरुक्ख, आदिपुरुस–सं०पु० [सं० आदिपुरुष] परमेश्वर।
उ०—ब्रह्म नमौ प्रथु-राजा **आदिपुरक्ख**।—ह.र.

आदिम–वि०—पहले का, पहला, प्राथमिक।

आदियासगत–सं०स्त्री० [सं० आद्यशक्ति] देवी, दुर्गा। उ०—**आदियासगत** हिंगळाज आप।—रामदांन लाळस

आदिरस–सं०पु० [सं० आदर्श] दर्पण, शीशा। उ०—बहु दिवसे प्री आवियउ, सझिया त्री सिणगार। निजरि दिखाई **आदिरस**, किम सिणगार उतार।—ढो.मा.

आदिल–वि०— [अ०] १ उदार. २ न्यायी। उ०—सेरसाह सांचौ, सीळवंत, **आदिल**, नेक, नीतवंत, खबरदार अवलियौ रैत रौ पीहर।
—बां.दा.ख्या.

आदिविपुला–सं०स्त्री० [सं०] प्रथमदल के प्रथम तीन गणों में अपूर्व पाद वाली आर्य्या, एक छंद विशेष।

आदिविपुळा-जघनचपळा–सं०स्त्री०—एक छंद विशेष। प्रथम पाद के

गणत्रय में अपूर्ण पाद वाली आर्य्या जिसके दूसरे दल में दूसरा और चौथा गण जगण हो ।

आदिसराध–सं०पु० [सं० आद्यश्राद्ध] मृत्योपरांत मृतक के पीछे ग्यारहवें दिन किए जाने वाले सोलह श्राद्धों में से पहला ।

आदी–वि० [अ०] अभ्यस्त ।

क्रि०वि० [सं० आदि] १ नितांत, बिल्कुल. २ इत्यादि ।

आदीत, आदीता, आदीतौ–सं०पु० [सं० आदित्य] १ सूर्य ।

उ०—**आदीता** हूँ ऊजळौ, मारवणी मुख ब्रन्न ।—ढो.मा.

२ अदीति के पुत्र–इंद्र आदि देवता (अ.मा.) ३ वामन. ४ वसु. ५ विश्वोदेवा ।

आदीपुरख–सं०पु०—देखो 'आदिपुरख' ।

आदीस्वर–सं०पु० [सं० आदीश्वर] १ जैनियों के प्रथम तीर्थङ्कर, ऋषभदेव । उ०—१ नांम नंद आणंदनिध, भरत जनम करतार । सिद्धाचळ दरसण सुखद, **आदीस्वर** नौकार ।—बां.दा.

उ०—२ भरत चक्रवर्ती आपरी हाथ री मूंदरी रा मांणक में **आदीस्वर** री प्रतिमा खुदायी ।—बां.दा. २ ईश्वर, आदिपुरुष ।

आदुपंथी–वि०—१ आदिकाल या परम्परा से एक ही राह पर चलने वाला. २ रूढ़िवादी । (रू०भे० आदूपंथी)

आदू–सं०पु० [सं० आदि] १ मूल, जड़, नींव. २ पूंजी ।

वि०—१ प्राचीन, आदि काल का, आदिम । उ०—धाट सुरंगी गोरियां, **आदू** कहवत एह । पदमणियां हमरोट व्है, राख म संसौ रेह ।
—बां.दा.

२ प्रथम, शुरू का. ३ अनादि । उ०—**आदू** तिवार में सुगन औ देख अमल बिन दोघड़ा ।—ऊ.का.

क्रि०वि०—१ आदि में, आरम्भ में । उ०—खसै तें साहि बिना कंध खेध, बचाड़िय देवां **आदू** बेध ।—ह.र. २ आदि, इत्यादि ।

आदूखण–वि०—निर्दोष, शुद्ध, स्वच्छ ।

आदूणौ–क्रि०वि०—परम्परा से ।

वि०—आदिकाल के पूर्व का, प्राचीन समय का ।

आदूनेत–सं०पु०—परम्परा से आती हुई नेत (देखो 'नेत')

आदूपंथी–वि०पु०—देखो 'आदुपंथी' । उ०—**आदूपंथी** खागवाहा भागांतठै ताक ओळी पठांणां सूं दादूपंथी वागा बरापूर ।
—दादूपंथी साधां रौ गीत

आदूपण, आदूपणौ–सं०पु०—शुरुआत, आदि ।

आदेण–सं०पु०—एक प्राचीन राजपूत वंश ।

आदेस–सं०पु० [सं० आदेश] १ आज्ञा, हुक्म (वं.भा.) २ उपदेश. ३ नमस्कार, प्रणाम । उ०—अकेह अप्रेह अखेह अखेस, **आदेस** आदेस आदेस आदेस ।—ह.र. ४ ज्योतिषशास्त्र में ग्रहों का फल. ५ एक अक्षर का दूसरे के स्थान पर आना, अक्षर परिवर्तन, प्रकृति और प्रत्यय को मिलाने वाले कार्य (व्याकरण)

आदेसणौ, आदेसबौ–क्रि०स०—१ नमस्कार करना, अभिवादन करना । उ०—प्रथीनाथ पाई फतै सदाई 'जैसाह' पांण, वैरी ताई **आदेसियौ** रूकवाह वाह ।—पहाड़ खां आढ़ौ २ आज्ञा देना ।

आदेसि–सं०स्त्री०—आज्ञा (मि० आदेस—रू.भे.) उ०—राउळ कान्ह तणइ **आदेसि**, पाडइ सोर तोरकइ देसि ।—कां.दे.प्र.

आदौ–वि० [सं० अर्द्ध] आधा, देखो 'आधौ' ।

यौ०—आदौ-दूदौ ।

सं०पु० [सं० अद्रक] अदरक, आद्रक ।

आदोत–सं०पु० [सं० आदित्य] १ सूर्य्य । उ०—जनम नींबाज पावै परम जोत रा, दखां **आदोत** रा चहन दमकै ।—अज्ञात २ प्रकाश ।

आदोदूदौ–वि०यौ०—आधे भाग के बराबर या लगभग ।

आदोफर–सं०पु०—१ पहाड़ के मध्य का भाग (मि० आधोफर) २ आकाश (अ.मा.)

आदोळौ–सं०पु०—माप लेने का एक उपकरण ।

आद्र–वि० [सं० आर्द्र] १ गीला. २ हरा ।

सं०पु०—आदिकाल । उ०—अजै सिव **आद्र** पांण आलोज, हुतौ ज हुतौ ज हुतौ ज हुतौ ज ।—ह.र.

आद्रकणौ, आद्रकबौ–क्रि०अ०—भयभीत होना, डरना । उ०—**आद्रक्के** आगरौ हुई दिल्ली हलचल्ले, जाट-वाट जूजुवा देस वैराट दहल्ले ।
—रा.रू.

आद्रकियोड़ौ–भू०का०कृ०—डरा हुआ, भयभीत, दहला हुआ ।

आद्रा–सं०स्त्री० [सं० आर्द्र] सत्ताईस नक्षत्रों के अंतर्गत छठवें नक्षत्र का नाम जो आषाढ़ के प्रारंभ में ही लगता है । देखो 'आदरा' उ०—इहि बीचि **आद्रा** बूठौ छै, सु भुंइ सहु आली कीधी छै ।
—वेलि. टी.

आधंतर आधंतरि, आधंधर–वि०—१ आकाश के मध्य. २ बीच का, मध्य का । उ०—ऊपाड़ियै तूट **आधंतर**, जण जण पूगौ जुवौ जुवौ ।
— दुरसौ आढ़ौ

सं०पु०—आकाश, आसमान । उ०—लागां वीर ताळी अछरां **आधंतरां** लूंबै ।—जवानजी आढ़ौ ।

क्रि०वि०—आकाश में, मध्य में, बहुत ऊंचे पर । उ०—गढ़ रै हूँ गिरनार ग्रहूं मूंनव्रत निरंतर भरूं झांप भैरव चढ़ं गिरनेर **आधंतर**।
—पहाड़खां आढ़ौ

आध–वि० [सं० अर्द्ध] दो बराबर भागों में से एक, आधा ।

सं०पु०—कृषकों के कार्य करने वाले व्यक्तियों को कृषक द्वारा उनकी सेवाओं के बदले बारह मास के लिए दिया जाने वाला अनाज या धन । (मि० आथ)

सं०स्त्री० [सं० आधि] मानसिक चिंता, मानसिक व्यथा, फिक्र ।

उ०—चित सूं आगम चितवै, आ मजबूत उपाध । 'बंक' जुड़ै नहीं वंछियौ, इण कारण व्है **आध** ।—बां.दा.

आधख–सं०पु०—प्रभुत्व, अधिकार ।

आधखड़–सं०पु०—अधेड़ ।

आधण–सं०पु० [सं० आदहन] देखो 'आदण' । उ०—मद विद्या धन मांन, ओछा सौ उकळै अवट । **आधण** रै उनमांन रैवे विरला राजिया ।—किरपारांम

आधपति, आधपती–सं०पु० [सं० अधिपति] अधिपति, राजा, नृप । उ०—**आधपति** धारियौ आलेख व्रद दूजै 'अजै', 'अभै' राज करै करी तारियौ आंबेर—हुकमीचंद खिड़ियौ

आधमी–सं०स्त्री०—खेती की एक रीति जिसके अनुसार उपज का आधा भाग तो खेत का स्वामी ले लेता है तथा आधा भाग कृषक (परिश्रम करने वाले के पास) बचा रहता है। पशु भी पालन-पोषण के निमित्त दिए जाते हैं। उनकी भी यही रीति है।
(मि० आधिपौ)

आधरत, आधरत्ति–सं०स्त्री० [सं० अर्द्धरात्रि] निशीथ, अर्द्धरात्रि । उ०—आरंभ रांम जइतसी अत्ति आवियउ मीर सिरि **आधरत्ति** ।
—रा.ज.सी.

आधरै–क्रि०वि०—धीरे, आहिस्ता । उ०—अमल कीयौ घोड़ा रौ तंग लीयौ **आधरै** आधरै आइ, फोज मेवाड़ री भेळी हुवौ ।—नैणसी

आधव्याध–सं०पु० [सं० आधि-व्याधि] मानसिक और शारीरिक पीड़ा।

आधांतर–देखो 'आधंतर' ।

आधांन–सं०पु० [सं० आधान] १ स्थापना, रखना. २ गिरवी या बंधक रखना. ३ गर्भाधान, गर्भ । उ०—खाय तडच्छा खांन, थारा भय सौ भारथा । असुरांणी **आधांन**, अवधि विहूणा ऊगळै ।
—ला.रा.

आधांनवती–सं०स्त्री० [सं०] गर्भवती ।

आधाईक–वि०—आधा, अर्द्ध, आधे के लगभग । उ०—कछ देस में कच्छी ओसवाळ कल्खसूरी किया, उबै हमैं **आधाईक** आंचळिया में वसै है आधाईक तपा में वसै है ।—बां दा. ख्या.

आधार–सं०पु० [सं०] १ आश्रय, सहारा, अवलंब । २ आलबाल, पात्र. ३ नींव, बुनियाद, मूलाधार. ४ आश्रय देने वाला, पालन करने वाला. ५ अधिकरणकारक (व्याकरण)

आधारणौ, आधारबौ–क्रि०स० [सं० आधार] १ लगाना (सती होने वाली स्त्रियों द्वारा सती होने के लिए जाते समय तोरण द्वार पर कुंकुम से भरकर अपने हाथ का चिन्ह लगाना । उ०—प्रथम सूरजपोळ, आच कुंकुम **आधारियौ** । २ सहारा या आधार देना, उठाना, उठाये हुए रखना । उ०—बेलियां बापू कारंतौ **आधारंतौ** भुजां आभ ।—देदौ सुरतांणोत बीठू

आधारा, आधारि–सं०पु० [सं० आधार] आधार, आश्रय । उ०—असमरा वारि **आधारि** दाढ़ां अगरि । बढ़ियौ गाढ़ फोजां विडांणी ।—रावत मांनसिंह सलूम्बर रौ गीत

आधारी–वि०—सहारे पर रहने वाला ।

आधासी, आधासीसी–सं०स्त्री० [सं० अर्द्ध+शीर्ष] आधे सिर की पीड़ा, अवकपाली । उ०—जान्हूं डैरू जोय विगत दुख भेद बतावौ । **आधासीसी** आंखि जुवर कुण सूळ जतावौ ।—ऊ.का.
सूर्यावर्त नाम का सिर का रोग ।

आधि–सं०स्त्री० [सं०] १ मानसिक व्यथा, चिन्ता, दुख (डिं को.) उ०—बुध व्याधिय **आधि** उपाधिय में, सुध लाधिय सुन्न समाधिय में ।—ऊ.का. २ देखो 'आदि' ।

आधिऔ–सं०पु० [सं० अर्द्ध] १ किसी विषय में आधा हिस्सा लेने वाला. २ युद्ध में आधा भाग लेने वाला, योद्धा ।

आधिदेव, आधिदैव, आधिदैविक–सं०पु० [सं० आधि+दैविक] देवता, यक्ष, भूत प्रेतादि द्वारा प्राप्त दुःख । सुश्रुत में सात प्रकार के दुःख गिनाए गए हैं उनमें से निम्न लिखित तीन इस वर्ग के अंतर्गत हैं— १ ओले व वर्षादि से उत्पन्न दुःख. २ दैव बल कृत (बिजली पड़ना). ३ स्वाभाव बल कृत (भूख प्यास) उ०—आधिभूतक **आधिदेव** अध्यातम, पिंड प्रभवति कफ वात पित्त ।—वेलि.

आधिपत्य–सं०पु० [सं०] अधिकार, स्वामीपन । उ०—आप रा अनुज विक्रम रै उज्जइणी रा **आधिपत्य** रौ अभिसेक करि राजा भत्रहरि दुरगम परवतां में निवास धारियौ ।—वं.भा.

आधिभूतक, आधिभूतग, आधिभौतिक–सं०पु० [सं० आधिभौतिक] व्याघ्र सर्पादि जीवधारियों द्वारा प्राप्त दुःख, सुश्रुत में रक्त, शुक्र दोष अथवा आहार-विहार से उत्पन्न व्याधियों को भी **आधिभौतिक** कहते हैं । उ०—**आधिभूतक** आधिदेव अध्यातम, पिंड प्रभवती कफ बात पित्त ।—वेलि.

आधियौ–सं०पु०—जायदाद का आधे हिस्से का हिस्सेदार । उ०—ऊदा धरती **आधिया** आहव आध सिवाय ।—रा.रू.

आधी–वि०—१ आधा, अर्द्ध (पु० आधौ) देखो 'आधौ' २ अपूर्ण ।
सं०स्त्री०—१ देखो 'आधि' । २ अर्द्ध रात्रि । उ०—आवै **आधी** रौ (ह) साबळ हथ सावळ सुणौ ।—पा.प्र.

आधीक–वि०—लगभग आधी ।

आधीन–वि० [सं०] १ आज्ञाकारी. २ वशीभूत. ३ स्वाधिकार युक्त. ४ आश्रित, दीन ।

आधीनता, आधीनी–सं०स्त्री०—१ वशवर्तित्व. २ नम्रता. ३ ताबेदारी. ४ आज्ञाकारिता. ५ अधीनता । उ०—चीतमरण रण चाय, अकबर **आधीनी** बिना । पराधीन दुख पाय, पुनि जीवै न प्रतापसी ।—दुरसौ आढ़ौ

आधीपौ–सं०पु०—खेती की एक रीति जिसके अनुसार उपज का आधा भाग तो खेत का स्वामी ले लेता है तथा आधा भाग कृषक (परिश्रम करने वाले के पास) बचा रहता है । पशु भी पालन-पोषण के निमित्त दिए जाते हैं उनकी भी यह रीति है ।

आधीरात–सं०स्त्री० [सं० अर्धरात्रि] जब रात का आधा भाग व्यतीत हो गया हो ।

आधुनिक—वि० [सं०] १ वर्तमान समय का, हाल का, आजकल का. २ नवीन, अभी का, नया। उ०—जिका **आधुनिक** पंडितां रै अवलंबन रूप समस्त विद्या समुद्र अनेक ग्रंथ वणाया।—वं.भा.

आधू—वि०—आधे हिस्से पर कार्य करने वाला।

आधूं-आध—देखो 'आधौआध'।

आधेअऊखै—सं०स्त्री०—आधी कीमत। उ०—क्यौं **आधेअऊखै** जमी गुमावै हौ ? कुंई सोच'र तौ काम किया करौ ?—वरस गांठ

आधेटौ—सं०पु०—किसी दूरी के बीच का स्थान, बीच, आधी दूरी। उ०—तिकै **आधेटै** पो'ता तठै दिन पोहर एक चढ़ियौ छै। जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

कहा०—जाट वाळी आधेटी—मूर्ख हिसाब।

आधेपै—सं०पु०—देखो 'आधीपौ'।

आधेय—सं०पु०—किसी आधार पर टिकी हुई वस्तु।

आधोआध, आधोआधि—सं०पु०—आधा भाग, बराबर का आधा हिस्सा, समान दो भागों में से एक भाग।

आधो'केक—वि०—लगभग आधा। उ०—किल्लौ राज सोभा धांम सारौ पारि पायौ, रैणी कोट खाई सैर **आधो'केक** आयौ।—शि.वं.

आधोड़ी—सं०स्त्री०—गाय या बैल का साफ किया हुआ आधा चमड़ा। उ०—लोह री मूठ लोह रातै नाळ री तरवार गळडवै रहती। **आधोड़ी** रौ गळडवौ रहतौ।—बां.दा.ख्या.

आधोफर, आधोफरइ, आधोफरौ—वि०—बीच, मध्य। उ०—१ अंबर रै **आधोफरै**, वणिया टूक विहग। उ०—२ उडै रज असमांण, **आधोफर** छायौ अरक।—गो.रू.

आधोफेर—सं०पु०—१ छज्जा। उ०—जळजाळ स्रवति जळ काजळ ऊजळ पीळा हेक राता पहल। **आधोफरै** मेघ ऊधसता, महाराज राजै महल।—वेलि. २ आकाश और पृथ्वी के बीच में, बहुत ऊंचे पर। उ०—गाडी नाळि गोळा चलै फौज गज्जं, धरा वोम **आधोफरै** ऊडि धज्जं।—वचनिका ३ ढालू जमीन, उपत्यिका। उ०—आडवळै **आधोफरइ**, एवड़ मांहि असन्न। तिण अजांण ढोलइ तणइ, मूरख भागइ मन्न।—ढो.मा.

आधोरण—सं०पु० [सं०] महावत। उ०—इण रीति दो ही गजां आप आपरा कलावां सूं **आधोरणां** नूं उडाय रोस मैं अंध होय समीप आवतां ही लोयण मिळाया।—वं.भा.

आधोळी—सं०स्त्री०—१ देखो 'आधोड़ी'. २ बढ़ई का लकड़ी की गोलाई देखने का एक औजार।

आधोसलै—क्रि०वि०—आर-पार, इस ओर से उस ओर तक। उ०—घणी तरवारियां रा वाढ़ ऊछळै छै। घणी बरछी **आधोसलै** नीसरी छै।—सूरे खींवे री बात

आधौ—वि० [सं० अर्द्ध, पा० अद्धो, प्रा० अद्ध] (स्त्री० आधी) किसी वस्तु के दो बराबर हिस्सों में से एक।

यौ०—आधीसीसी।

मुहा०—१ आधी वात कैं'णी—साफ न कहना, थोड़ा सा डांटना या कुछ कहना. २ आधे पेट रैं'णौ—तृप्त होकर न खाना. ३ आधौ आध—दो बराबर भागों में. ४ आधौ होणौ—दुबला होना.

कहा०—१ आधी छोडै आखी नै धावै एड़ौ डूबै थाह न पावै—वर्तमान की थोड़ी प्राप्ति को छोड़ कर जो भविष्य की अधिक प्राप्ति के लिए दौड़ता है वह वर्तमान की आधी प्राप्ति से हाथ धो बैठता है. २ आधी रोटी घर री भली—आधी रोटी घर की अच्छी है। पराधीन रह कर पेट भरने की अपेक्षा स्वाधीन रह कर किसी तरह से गुजारा करना अच्छा है। परदेश में खूब पेट भरे तो वहाँ के कष्टों को देखते हुए उसकी अपेक्षा अपने देश में रह कर साधारण गुजारा कर लेना अच्छा है। दूसरे के घर पेट भरता हो तो भी घर का आधा भोजन अच्छा, क्योंकि दूसरे के यहाँ अपमान होगा. ३ आधे माहे कांमळ वांहे—आधा माघ वीत जाने पर कंबल कंधे पर आ जाती है। आधे माघ के बीतने पर जाड़ा कम होने लगता है।

आधौआध, आधौआधि—क्रि०वि०—दो बराबर भागों में। उ०—दोनूं बंधवां कै भूमि **आधौआधि** वांटी। भादरसिंघजी सौं 'दोल' काढ़यौ बैर आंटौ।—शि.वं.

आध्मांन, आध्यमांन—सं०पु० [सं० अध्मान] एक प्रकार का वायु रोग, वायु से पेट फूलना, अफारा (अमरत)

आध्यात्मिक—वि० [सं०] आत्मा सम्बन्धी, जिससे आत्मा का संबंध हो।

आनंद—सं०पु० [सं० आनन्द] १ हर्ष, प्रसन्नता, खुशी, उल्लास।

क्रि०प्र०—करणौ-मनाणौ-लेणौ-होणौ।

मुहा०—आनंद रा ढोल बजावणा—प्रसन्नता मनाना, प्रसन्नता और मस्ती से जीवन बिताना।

२ फलित ज्योतिष का एक योग।

आनंदकंद—सं०पु०—१ आनन्द का मूल, ईश्वर. २ श्रीकृष्ण, गोपाल (अ.मा.)

आनंदता—वि०—आनन्द देने वाला।

सं०स्त्री०—प्रसन्नता।

आनंदबधाई—सं०स्त्री०—मंगल उत्सव।

आनंदभैरव—सं०पु० [सं०] ज्वारादि की चिकित्सा में काम आने वाला वैद्यक का एक रस विशेष।

आनंदभैरवी, आनंदभैरी—सं०स्त्री०—सब कोमल स्वरों वाली भैरव राग की रागिनी।

आनंदमंदिरासण—सं०पु०—योग के चौरासी आसनों के अंतर्गत एक आसन जिसमें दोनों पाँव की एडी पर दोनों कलाइयों को रख कर पंजे के ऊपर शरीर का बोझ डाल कर दोनों घुटनों को पृथ्वी पर लगाया जाता है और दाहिने हाथ से दाहिने पाँव की ओर बाँए हाथ से बाँए पाँव की एडी को पकड़ा जाता है।

आनंदी—वि०—प्रसन्न, खुश।

आप—सर्व० [सं० आत्मन, प्रा० अत्तणो] १ स्वयं, खुद (तीनों पुरुषों में)

२ तुम और वे के स्थान में आदरार्थक।
मुहा०—१ आपने भूलणौ—अपने को भूलना, होश में न रहना. २ आप सूं आप—अपने आप।
कहा०—आप आप की तांन में गध्धा भी मस्तांन—अपनी तान में गधा भी मस्त रहता है। अपनी मौज से क्या बड़े और क्या छोटे सभी मस्त रहते हैं. २ आप आप रा मीर-संस्कार (सँसकार) है—अपने अपने पूर्व संस्कार और हिस्सा है। अपने अपने भाग्य के अनुसार सुख दुःख मिलते हैं. ३ आप आप री करणी नै पार उतरणी—खुद के कार्यों के फल खुद को ही मिलता है, दूसरे उसे प्राप्त नहीं कर सकते. ४ आप आपरी करणी रै कांठै—अपनी अपनी करनी के निकट हैं; अपने अपने कर्मों के अनुसार फल भोगते हैं. ५ आप आप री खेंचौ'र ओढ़ौ—अपनी अपनी चादर खेंचो और ओढ़ो; अपनी अपनी फिक्र करो; अपना अपना काम देखो; अपनी अपनी करनी का फल भोगो. ६ आप आप री रोटी हेटै खीरा देवै—अपनी अपनी रोटी सेंकने के लिए सब अंगारे रखते हैं; अपना-अपना स्वार्थ-साधन करते हैं; सब अपनी अपनी रोजी बनाये रखने का यत्न करते है. ७ आप आप रै घर में सारा ही (सै) ठाकर—अपने-अपने घर सभी ठाकुर; अपने घर में प्रत्येक व्यक्ति राजा के समान होता है. ८ आप आप रै थांनै-मुकांनै भला—अपने अपने स्थान और मुकाम में ही भले; अपने स्थान पर सभी अच्छे लगते हैं; इतने दुष्ट हैं कि इनका अपने ही स्थान में रहना अच्छा है (बाहर निकलना अच्छा नहीं). ९ आप आपरै भाग रौ सब (सै) खावै—अपने अपने भाग्य का सब खाते हैं; जिसके भाग्य में जितना लिखा है उतना वह भोगता है; सब अपने नसीब का खाते हैं, कोई किसी को भी नहीं खिलाता. १० आप-आप रौ जी सगळां नै प्यारौ है—अपना-अपना जीव सबको प्यारा है, अपनी रक्षा की फिक्र सभी को है ११ आप कमाया कांमड़ा, किण नै दीजै दोस—अपने कमाये हुए काम हैं (अपने किये कामों का फल है), अब किसको दोष दें। जब अपने किये कर्मों का फल भोगना पड़ता है, तब कहा जाता है.
१२ आपकी (री) सौ लापसी, परायी सौ तुसकी—अपनी लपसी और पराई तुसकी होती है; अपनी खराब चीज भी अच्छी लगती है और दूसरे की अच्छी चीज भी खराब लगती है. १३ आप गुरांसा कांदा (बेंगण) खावै, दूजा नै परमोद (उपदेस) बतावै—गुरुजी स्वयं तो प्याज खाते हैं किन्तु दूसरों को प्याज न खाने का उपदेश देते हैं। जब कोई व्यक्ति स्वयं तो कोई काम करता है किन्तु दूसरों को वह काम बुरा बता कर न करने के लिए उपदेश देता है तब कही जाती है.
१४ आप जैड़ी परायी होवै है—अपने समान ही दूसरों को समझना; जिससे अपने को कष्ट पहुँचता है उससे दूसरे को कष्ट पहुँच सकता है.
१५ आप ठग्यां सुख ऊपजै, और ठग्यां दुख होय—स्वयं ठगाये जाने पर सुख होता है और दूसरे को ठगने से दुःख होता है। दूसरा हमें ठग लेता है तो हमें संतोष होता है कि हमने कोई बुरा काम तो नहीं किया। इससे आत्मा को शांति मिलती है किन्तु हम दूसरे को ठग लेते हैं तो हमारी ही आत्मा हमें धिक्कारती है जिससे हमें दुःख होता है.
१६ आप डूबंतां बांमण लै डूबै जजमांन—ब्राह्मण स्वयं तो डूबता ही है साथ ही यजमान को भी ले डूबता है। मूर्ख पुरोहित (ब्राह्मण) के लिए, आजकल के ब्राह्मणों पर व्यंग्य; जो व्यक्ति अपने साथ अपने से संबंध रखने वाले दूसरों को भी हानि कर बैठे उसके लिए.
१७ आप न जावै सासरै ओरां नै सिख (सीख) देय—स्वयं तो ससुराल जाती नहीं, दूसरों को जाने की शिक्षा देती है—जो दूसरों को उपदेश दे पर स्वयं व्यवहार न करे. १८ आप भला तौ जग (जुग) भला—भले को सब भले दिखते हैं; भले के साथ सब भलाई करते हैं. १९ आप मरतां बाप किणनै याद आवै—आप मर रहा हो तो बाप किसे याद आता है; स्वयं ही विपत्ती में पड़े हों तो दूसरों पर किसी का ध्यान नहीं जाता; पहले अपने-आपको बचाने की फिक्र होती है. २० आप मरियां पछै जुग प्रळै—अपने मरने के बाद चाहे प्रलय ही हो जाय; अपने मरने के बाद संसार में कुछ भी हो इससे हमें क्या लाभ; खुद के चले जाने के बाद पीछे लोग चाहे कुछ करें इससे अपने को कष्ट नहीं होता. २१ आप मरियां बिनां सरग कठै—खुद के मरे बिना स्वर्ग नहीं देखा जा सकता; स्वयं के द्वारा कार्य करने या कष्ट उठाने पर ही फल की प्राप्ति होती है. २२ आप मरियां सूं प्रळै है—देखो—'आप मरियां पछै जुग प्रळै'. २३ आप मरै (डूबै) जिण रै जग डूबौ—देखो—'आप मरियां पछै जुग प्रळै'. २४ आप मरचां जग परळै—देखो—'आप मरियां पछै जुग प्रळै'. २५ आप मरचां बिना सुरग कुण जाय—देखो—'आप मरियां बिना सरग कठै'. २६ आप मियां मंगता, बा'र खड़्या दरवेस—मियाँ स्वयं मंगते हैं और दरवाजे पर फकीर खड़ा है, धनहीन दानी के लिए; स्वयं धनहीन हों और दूसरा सहायता माँगने आवे तब. २७ आप मिळै सौ दूध बराबर, मांग मिळै सौ पांणी—जो स्वयं (बिना माँगे) मिले वह दूध के समान है और जो माँगने से मिले वह पानी के समान है, माँगने की निंदा. २८ आप मीयां मांगणा नै बाहर खड़ा दरवेस—देखो 'आप मियां मंगता, बा'र खड़्या दरवेस'. २९ आप रा कांटा तौ आप रै हीज भागै—खुद के बिछाये या डाले हुए काँटे खुद ही को चुभते हैं; अपनी करनी का फल खुद को ही भुगतना पड़ता है. ३० आपरा कीयोड़ा आप इज भोगसी—अपनी करनी का फल खुद को ही भुगतना पड़ता है. ३१ आपरा पादा नै बड़ा सवादा—आपका पाद (अपानवायु) भी बडा सुस्वादु है। जब कोई व्यक्ति किसी की खुशामद करता है तब कहा जाता है. ३२ आप री खाज हाथै भागै—अपनी खुजली अपने ही हाथों से मिटती है; बिना स्वयं काम किये काम पूरा नहीं होता. ३३ आपरी खा'र परायी तक्कै जाय हड़मांन बाबै रै (बजरंगबली रै) धक्कै—जो आदमी अपनी रोटी खाकर परायी को भी लेना चाहता है वह हनुमानजी के धक्के चढ़ता है; जो अपना हिस्सा पाने के बाद भी दूसरे की रोटी छीनना

चाहता है उसका नाश होता है. ३४ ग्रापरी गऊ हूं—ग्रापकी गैया हूँ, मैं गाय के समान सीधा-सादा गरीब हूँ, मेरी रक्षा करो; जब कोई व्यक्ति किसी के पास रक्षा या शरण की याचना करता है तब कही जाती है. ३५ ग्रापरी गरज गधै नै बाप कुवावै (बणावै)—ग्रपनी गरज गधे को बाप कहलवाती है। ग्रपना काम निकालने के लिए नीच ग्रादमी की भी खुशामद करनी पड़ती है; स्वार्थ-सिद्धि के लिए बुरा काम भी करना पड़ता है. ३६ ग्रापरी गळी में कुत्तौ ही सेर—ग्रपनी गली में कुत्ता भी शेर; ग्रपने स्थान पर तुच्छ व्यक्ति भी बलवान होता है. ३७ ग्रापरी जांघ (साथळ) उघाड़्यां ग्रापनै ही लाज—ग्रपनी जाँघ उघाड़ने से ग्रपनेग्राप को ही लाज लगती है। ग्रपने निकटस्थ संबंधियों की बुराई प्रकट करने से स्वयं ही लज्जित होना पड़ता है। (जब पुत्र ग्रादि बुरा काम कर बैठते हैं तब बाप ग्रादि का कथन) ३८ ग्रापरी डाडी रै लसरकौ पैं'ली देवै—डाढ़ी जलने पर सबसे पहले व्यक्ति खुद की दाढ़ी बुझाने पर ध्यान देता है; ग्रपना-ग्रपना मतलब सबसे पहले बनाते हैं; ग्रपने मतलब का सबसे ग्रधिक ध्यान रखते हैं. ३९ ग्रापरी गाय रौ घी सौ कोसां खाईजै—ग्रगर ग्राप किसी का स्वागत-सत्कार करते हैं तो वापस ग्रापका भी स्वागत-सत्कार होगा ४० ग्रापरी नरमाई (लायकी) पैले नै खावै—ग्रपनी नम्रता सामने वाले को खा जाती है; नरमाई से सामने वाला व्यक्ति भी पिघल जाता है। नम्रता के व्यवहार की प्रशंसा.

४१ ग्रापरी नींद सूवै ग्रापरी नींद जागै—ग्रपनी नींद सोता है ग्रपनी नींद जागता है (ग्रपनी इच्छानुसार सोता है ग्रौर इच्छानुसार जागता है) स्वाधीन व्यक्ति के लिये. ४२ ग्रापरी मा नै डाकण कुण कैवै—ग्रपनी माँ को डाइन कौन कहे; ग्रपनी बुराई कोई प्रकट नहीं करता; ग्रपने को कोई बुरा नहीं बताता. ४३ ग्रापरी मारी हलाल—ग्रपनी मारी (मुर्गी) हलाल; ग्रपना ही किया काम ठीक समझना; ग्रपना किया काम बुरा हो तो भी ठीक समझना.

४४ ग्रापरी लाज ग्रापरै हाथ में—ग्रपनी लाज ग्रपने हाथ में; ग्रपनी लज्जा की रक्षा मनुष्य स्वयं कर सकता है. ४५ ग्रापरी लापसी में सगळा घी घालै—ग्रपनी ग्रपनी लपसी में सब कोई घी डालते हैं; सब कोई ग्रपने स्वार्थ के वशीभूत होकर लाभ के लिए कार्य करते हैं. ४६ ग्रापरी लुळताई पैले नै खाय—देखो 'ग्रापरी नरमाई पैले नै खाय. ४७ ग्रापरी समज सूं हीज (बोझियां) मरै है— ग्रपनी बुद्धि के भार से खुद ही दबना; ग्रपनी बुद्धि का थोथा ग्रभिमान; मूर्ख व्यक्ति के लिए जो ग्रपने को बहुत बुद्धिमान कहता हो. ४८ ग्रापरै घर में ग्रौ हीज धोळौ जवारौ नीकळ्यौ—ग्रपने घर में यही सफेद जँवारा निकला; ग्रपने कुटुंब में यही प्रतापी या भाग्य वाला हुग्रा.

४९ ग्रापरै नाक माथै माखी कुण बैठण दे—ग्रपनी नाक पर मक्खी कोई नहीं बैठने देता; कोई व्यक्ति ऐसा काम नहीं करना चाहता कि जिससे उसको दूसरे लोगों के सामने नीचा देखना पड़े या लज्जा ग्रनुभव करनी पड़े. ५० ग्रापरै मूंडै री माखी तौ ग्राप सूं ही उडेला—ग्रपने मुँह पर बैठी मक्खी तो ग्रपने खुद के हाथों से ही उड़ाई जाती है; बिना स्वयं काम किये ग्रपना काम पूरा नहीं होता. ५१ ग्रापरै रूप रौ'र परायै धन रौ पार नहीं—ग्रपने रूप का ग्रौर पराये धन का पार नहीं दीख पड़ता, सबको ग्रपना रूप सबसे ज्यादा दीख पड़ता है ग्रौर इसी प्रकार दूसरे का धन सबसे ज्यादा दीख पड़ता है। सभी ग्रपने को सबसे सुन्दर ग्रौर दूसरों को सबसे धनवान समझते हैं.

५२ ग्रापरौ कायदौ ग्रापरै हाथ—ग्रपनी प्रतिष्ठा ग्रपने हाथ; ग्रपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करना मनुष्य के हाथ की बात है (ग्रच्छे काम करेगा तो प्रतिष्ठा रहेगी, बुरे काम करेगा तो नष्ट हो जायगी) नीच ग्रादमी से झगड़ा करने वाले के प्रति. ५३ ग्रापरौ घर नै हुंग हुंग नै भर—खुद का घर ही घर है चाहे जितना खराब कीजिये; ग्रपनी वस्तु को चाहे जितना खराब या गंदा करो कोई उलाहना देने नहीं ग्राता। ग्रपने घर एवं वस्तुग्रों को बहुत गंदा रखने वाले के प्रति.

५४ ग्रापरौ पेट (तौ) कुत्तौ ही भर लेवै—ग्रपना पेट तो कुत्ता भी भर लेता है। केवल पेट भर लेना कोई बड़ी बात नहीं; मनुष्य जीवन तभी सार्थक है जब परोपकार किया जाय या कोई महान कार्य किया जाय. ५५ ग्रापरौ बळद कवाड़ियै सूं नाथौ—खुद का ही बैल है इसे चाहे कुल्हाड़ी की सहायता से नाक में छेद करके नाथिये, ग्रगर हानि भी हुई तो उलाहना देने कोई नहीं ग्रायेगा। ग्रपनी वस्तु को चाहे जितना खराब या गंदा करो ग्रथवा चाहे जितनी हानि पहुँचाग्रो कोई उलाहना देने नहीं ग्राता. ५६ ग्रापरौ बाळियौ नै पैले रौ सुधारियौ—ग्रपना खुद का जलाया हुग्रा ग्रौर दूसरे द्वारा ग्रपना सुधारा हुग्रा बराबर है ग्रर्थात दूसरे के द्वारा किया कार्य चाहे वह भला ही हो परन्तु ग्रपने ग्रापका किया ग्रच्छा लगता है. ५७ ग्राप रौ बिगाड़्यौ नै परायौ सुधारियौ बराबर व्है है—खुद का कार्य बिगड़ने ग्रौर दूसरे का सुधरने पर बराबर संतोष होता है। खुद का कार्य बिगड़ने पर संतोष इसलिए होता है कि चलो इससे किसी दूसरे की हानि तो नहीं हुई ग्रौर दूसरे का कार्य सुधरने पर भी संतोष मिलता है। भले एवं परोपकारी व्यक्ति के लिये. ५८ ग्रापरौ ब्रह्म कैवे जींमें फरक नहीं पड़ै—ग्रात्मा की पुकार एवं मार्ग-दर्शन पर किसी प्रकार का ग्रंतर नहीं पड़ता; ग्रात्मा की ग्रावाज सदा सत्य होती है. ५९ ग्रापरौ माजनौ ग्रापरै हाथ—देखो 'ग्रापरौ कायदौ ग्रापरै हाथ'. ६० ग्रापरौ माथौ थोड़ौ ही फोड़ीजै—ग्रपने हाथों से ग्रपना सिर नहीं फोडा जा सकता; जान-बूझ कर ग्रपने हाथों कोई ग्रपनी हानि नहीं करता. ६१ ग्रापरौ सौ ग्रापरौ नै परायौ सौ परायौ—ग्रपनी वस्तु ग्रपनी एवं परायी वस्तु को परायी समझना; भोलेपन से ठगे जाकर न तो ग्रपनी वस्तु दूसरे को देना ग्रौर न पराई वस्तु लेने का प्रयत्न करना (नीति). ६२ ग्राप व्यासजी बैंगण खावै ग्रौरां नै परमोद बतावै—देखो 'ग्राप गुरुजी कांदा खावै दूजां नै परमोद बतावै'. ६३ ग्राप समांन बळ नहीं मेघ समांन जळ नहीं—ग्रपने समान बल नहीं, मेघ समान जल नहीं; सबसे बड़ा बल वही

जो अपने में हो क्योंकि समय पड़ने पर वही काम देता है, इसी प्रकार वर्षा का जल सर्वोत्तम होता है। स्वावलम्बन की प्रशंसा. ६४ आप सूं करै जकैरै बाप सूं टळणौ नहीं—जो अपने साथ दुष्टता करे उसके बाप के साथ भी (दुष्टता करने से) नहीं चूकना; कोई अपना बुरा करे तो उसका पूरा प्रत्युत्तर देना चाहिये. ६५ आप सूं जांठौ जम बराबर—अपने से शक्तिशाली व्यक्ति यम के समान होता है, उससे नहीं लड़ना चाहिये, हानि पहुँचाने की संभावना है. ६६ आप सूं व्है जिकौ कर लीजौ—आप जो कर सको कर लेना (ललकार) हमें उसकी परवाह नहीं है. ६७ आप ही रोटी लेय नै खाय लेवै ऐड़ौ गिनायत चाहीजै—ऐसा समधी होना चाहिए जो स्वयं ही भोजन परोस कर खा लेवे, दूसरे द्वारा परोसे जाने की राह न देखे; ऐसा समधी हो जो अपने स्वागत-सत्कार में अधिक कष्ट न दे।

यौ०—आपकरमी, आपघाती।

सं०पु० [सं०] जल, वारि।

आपकरमी–वि०—१ अपने भाग्य पर रहने वाला, भाग्यशाली।

आपगरजी–वि०—अपना स्वार्थ चाहने वाला, स्वार्थी।

आपगा–सं०स्त्री० [सं०] नदी, सरिता। उ०—**आपगां** दळण गीखम जळण आहौटी, विसे खटचलण कळिया कदमव्रंद।—बां.दा.

आपघात–सं०पु० [सं० आत्महत्या] अपने आपको मार डालना, आत्महत्या। उ०—**आपघात** आदरां इसौ मनड़ौ अकुळायौ।

—भगवांनजी रतनू

मुहा०—आप घात महा पाप—आत्महत्या भयंकर पाप है।

आपघाती–वि०—आत्महत्या करने वाला।

कहा०—आपघाती महापापी—आत्महत्या करने वाला सबसे बड़ा पापी माना जाता है।)

आपड़णौ, आपड़बौ–क्रि०स०—पकड़ना। उ०—अतरै मुकन कमंध **आपड़ियौ**, चंचळ सहित निजर खळ चडियौ।—रा.रू.

आपड़णहार-हारौ (हारी), आपड़णियौ–वि०—पकड़ने वाला।

आपड़ाणौ, आपड़ाबौ—क्रि०स०।

आपड़िओड़ौ, आपड़ियोड़ौ, आपड़चोड़ौ–भू०का०कृ०—पकड़ा हुआ।

आपड़ीजणौ, आपड़ीजबौ–भाव वा०—पकड़ा जाना।

आपड़ीजिओड़ौ, आपड़ीजियोड़ौ, आपड़ीज्योड़ौ—पकड़ा हुआ। (स्त्री०—आपड़ीजिओड़ी)

आपड़ाणौ, आपड़ाबौ–क्रि०स०—पकड़ाना। (मि० आपड़णौ)

आपड़ायोड़ौ–वि०—पकड़ा हुआ। (स्त्री० आपड़ायोड़ी)

आपड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—पकड़ा हुआ। (स्त्री० आपड़ियोड़ी)

आपड़ीजणौ, आपड़ीजबौ–क्रि०अ०—पकड़ा जाना।

आपच–सं०पु०—आत्महत्या। उ०—तरै जखड़ै कह्यौ, माजी सांच हीज फुरमावौ नहीं तौ **आपच** करिस्यूं।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात

आपचक–सं०स्त्री०—घबराहट। उ०—इसौ सांभळ नै सगळै साथ दोड़ मची। बाहिरला-माहिलां री कोई खबर पड़ै नहीं। **आपचक** लागी।

—जैतसी ऊदावत री बात

आपण–सं०स्त्री० [सं०] १ दुकान।

सं०पु० [सं० अर्पण] २ श्रद्धा और भक्तिपूर्वक किसी को दान देना.

सर्व० [सं० आत्मन] अपना, अपने। उ०—गह भरियौ गजराज, मह मालै **आपण** मतै। कूकरियां बेकाज, रुगड़ भुसै किम राजिया।

—किरपारांम

आपणउ–सर्व०—अपना। (प्रा०प्र०) उ०—कउआ दिऊं बधाइयां, प्रीतम मेलउ मुज्झ। काढ़ि कळेजउ **आपणउ**, भोजन दिऊंली तुज्झ।—ढो.मा.

आपणड़ौ–वि०पु०—अपने का। (स्त्री० आपणड़ी)

आपणपूं–सं०पु०—अपनापन, ममत्व। उ०—लेइ भेट कइ मिळवा आवै, कइ पुरुसारथ दाखै। कइ ताहरूं भलपण जांणीसिइ घर **आपणपूं** राखै।—कां.दे.प्र.

आपणा–सर्व०—अपना। उ०—**आपणा** मन स्यूं आलोच ब्राह्मण आलोचै लागौ।—वेलि. टी.

आपणाणौ, आपणाबौ, आपणावणौ, आपणावबौ–क्रि०स०—१ अपनाना. २ अधिकार में करना। उ०—जद रावळ 'मालौ' जैसलमेर **आपणावण** आपरी फौज मेली।—बां.दा.ख्या.

आपणि, आपणियां–सर्व०—अपनी। उ०—तिहौं परमेस्वर कौ गुणानुवाद **आपणि** मति कै सारै स्रम कीधा विण केम सरै।

—वेलि. टी.

आपणियौ–वि०—अर्पण करने वाला।

आपणी–सर्व०—अपनी। उ०—कवेसुर **आपणी** आपणी वारी दांन सनमांन पावै। स्री महाराज की कीरत उच्छब सूं गावै।—रा.रू.

आपणौ, आपबौ–क्रि०सं० [सं० अर्पण] १ देना। उ०—सूंप्या बागा सावटू, कोड़ीधज केकांण। आम्हां साम्हां आपिया, प्रीत चढै परिमांण।—कां.दे.प्र.

२ अर्पण करना. ३ हुक्म देना. ४ धारण करना।

उ०—**आपौपै** हूंतां अनंत, आप्यौ तैं अवतार। पाप धरम चा पाहरू, लाया जीवां लार।—ह.र.

आपणावणौ, आपणावबौ—स०रू०।

सर्व०—अपना। उ०—प्रांण जितै जग **आपणौ**, प्रांण जितै तन पाक। प्रांण प्रयांण कियां पछै, व्है नर नांम हलाक।—बां.दा.

आपत–क्रि०वि०—आपस में, परस्पर।

सं०स्त्री० [सं० आपत्ति] आपत्ति, कष्ट। उ०—संपत **आपत** सुख नै दुख जांणू ए माय।—गी. रां.

आपतहार, आपतहारी–सं०पु०—आपत्ति मिटाने वाला, संकटहरण।

उ०—खुदा-खेजड़ौ रूंख, जुदा भगवन अवतारी। मुरधर प्रगटचौ पीर, अकाळां **आपतहारी**।—दसदेव

आपताप–सं०पु० [फा० आफताब] सूर्य, सूरज। उ०—असा वीर ख्याल रा मंडांणी **आपताप** उठै, तठै रिमां सालरा 'सदांणी' वाळौ तोर।

—फतहरांम आसियौ

आपती–सर्व०—अपन, स्वयं। उ०—**आपती** सकौ वडा ठाकुर मन खांच रखद्या। कोई दरबार आवै न छै।—नैणसी

आपत्ति–सं०स्त्री०—१ दुःख, क्लेश. २ संकट, विपत्ति. ३ विघ्न, बाधा. ४ कष्टकाल. ५ दोषारोपण. ६ उज्र, ऐतराज।

आपथी-आप–सर्व०—अपनेआप। उ०—फलांणा दिन सोबत रा घोड़ा छूट नै **आपथी-आप** आवसी।—नैणसी

आपद–सं०स्त्री० [सं०] दुःख, संकट, विपत्ति।

आपदथित–वि० [सं० आपदाग्रस्त] आपत्ति में फँसा हुआ।

आपदत्त–सं०पु०—दत्तात्रेय मुनि का एक नाम। उ०—बांका वेद पुरांण बिच, सायद आछै सूत। सुख संतोख सराहियौ, **आपदत्त** अवधूत।—बां.दा.

वि०—अपना दिया हुआ, अपना प्रदत्त।

आपदा–सं०स्त्री० [सं०] दुःख, विपत्ति, क्लेश, आफत, कष्टकाल।

उ०—अब आपरै ऊपर महा संकट मांनि एक दीधौ तौ परमेस्वर दूजौ भी देसी ही परंतु **आपदा** में दिल्लीस भी इसौ व्याकुळ थियौ।—वं.भा.

आपद्धरम–सं०पु० [सं० आपद्धर्म] केवल आपत्काल में जिसका विधान हो।

आपनांमी–वि०—१ अपने नाम से प्रसिद्ध होने वाला। उ०—नवा कोटां नाथ रा सुभटां छोगा **आपनांमी**, बांमी-बंध लाखां पात आथरा बरीस।—गीत आउवा रौ

आपन्न–वि० [सं०] आपदग्रस्त, संकटापन्न, दुखी, पीड़ित।

आपपर–क्रि०वि०—आपस में, परस्पर। उ०—वसुदेव कुमार तणौ मुख विखै, पुणै सुणै जण **आपपर**।—वेलि.

आपबीच–क्रि०वि०—आपस में, परस्पर। उ०—सुबेउ उठि बैठा हुवा। ताहरां चिहुं **आपबीच** झगड़ौ हुवौ।—चौबोली

आपभांण–सं०पु०—पक्षी। उ०—गहर मतवंत कुंण मेह छांटां गिणै, भेदवे कवण नभ **आपभांणे**।—र.रू.

आपमणौ–वि०पु०—सतर्क, सचेत। उ०—'गूंजुए पर बोलत मोर घणा। मांझियां सह रैंजोइ **आपमणां**।—पा.प्र.

आपमलौ–वि० [सं० आत्ममल्ल] १ अपनी इच्छा से कार्य करने वाला. २ स्वतन्त्र। उ०—मलराउ जिहीं जगि **आपमला**, भुज पूजै साहिजहांन भला।—वचनिका

आपमाहै–क्रि०वि०—परस्पर, आपस में। उ०—केई एक दोइ मनुस्य **आपमांहै** वातां करै छै।—वेनि. टी.

आपमुरादी, आपमुरादौ–वि०—१ स्वयं अपनी इच्छा से कार्य करने वाला. २ आजाद. ३ स्वेच्छाचारी। उ०—जिण दिनां पूगळ रौ राव सुद्रसेण जगदेवोत **आपमुरादौ** हुवौ, अरु देस में पण फिसाद कियौ।—द.दा.

आपयोड़ौ–भू०का कृ० [सं० अर्पित] अर्पण किया हुआ। (स्त्री० आपयोड़ी)

आपरंगी–वि० [सं० आत्मरंगी] अपनी इच्छानुसार चलने वाला, मस्त. उ०—पेलै कवादी तिलंगां-बाड़ा जंगी राग धोरै पोख, महा जोम **आपरंगी** लीक सोवा मोड़।—बां.दा.

आपरूप–वि० [सं० आत्मरूप] मूर्तिमान, साक्षात् (केवल महापुरुषों के लिये)।

आपरौ–वि०—आपका। (स्त्री० आपरी) (बहु० आपरा)

आपस–सं०स्त्री०—१ परस्पर। उ०—'अमरा' नूं कहियौ उमरावां, सकतां चूंडां **आपस** भावां।—रा.रू. २ निज, संबंध, नाता. ३ भाईचार (जैसे–आपस रा लोग). ४ एक दूसरे का साथ. ५ अधिक परिश्रम करने का भाव।

आप-स्वारथी–वि०—केवल अपना स्वार्थ साधन करने वाला। उ०—**आप-स्वारथी** मरौ आदमी, सत छोड़ै सौ मरौ सती।
—अज्ञात

आपहनांमी, आपहमलो, आपहमलौ–वि०—१ स्वतन्त्र, आजाद. २ अपने नाम से ही प्रसिद्ध होने वाला. ३ प्रभावशाली।

आपां–सर्व०—अपन लोग। उ०—उवै आयसै ताहरां **आपां** देस।
—चौबोली

आपांण–सं०पु०—शक्ति, साहस, पराक्रम। उ०—जांणौ बाभी जेण गज, लटकंतौ नीसांण। तेथी और न संचरै, देवर रौ **आपांण**।
—वी.स.

अपनापन। उ०—कोई विरला सूरमा **आपांण** छिपाई। मिळ बैठा रहमांण सूं लव चेतन लाई।—केसोदास गाडण

वि०—उन्मत्त, मस्त। (मि० आपांन)

आपांणी–वि०—१ बलवान, शक्तिशाली, पराक्रमी। उ०—ओढ़ै भुज डिगतौ अंबर, अहड़ा **आपांणी**।—वी.मा. २ अपनी। देखो 'आपांणौ'।

आपांणौ–वि०—अपना। उ०—अंग अनंग गया **आपांण**, जुड़िया जिणि वसिया जठरि।—वेलि.

आपांन–वि०—उन्मत्त, मस्त। उ०—आसव छकि **आपांन** वणै जदुबंस जथा बस।—वं भा.

आपाउपेहर, आपाऊपेहरौ–वि०—१ अपने बल से अधिक कार्य करने वाला। उ०—छोगौ भूपैहर सारां मेवाड़ आठेब छत्री **आपाउपेहरा** घाड़ा दूसरा ऊमेद।—रांमकरण महड़ू. २ जोश-पूर्ण। उ०—अर प्रभात ही खीची १३ रा तोमर कपाट रै लागतां ही कुमार एकल असवार **आपाऊपेहरौ** आवतौ देखि आगंग में अग्गभावतौ जांणि गंगदेव हेलौ भी न देण पायौ।—वं भा.

आपापंथी–वि०—१ कुमार्गी, कुपंथी. २ स्वार्थी. ३ मनमानी करने वाला।

आपापणइ–सर्व०—अपने-अपने। उ०—सीखि मांगि मिळि गळि सुखि घणइ, पहुंता देसे **आपापणइ**।—ढो.मा.

आपापणौ–सर्व०—अपने। उ०—पद्मनाभ कवि इणि परि भणइ, आव्या

रायनगर आपणइ। बीजा छइ जै रांणा राय, **आपापणे** आवासै जाइ।—कां.दे.प्र.

आपाबळी–वि०—बलवान, शक्तिशाली।

आपायत, आपायतौ–वि० [सं० आप्यायित] बलवान, शक्तिशाली, साहसी, जबरदस्त। उ०—१ नोपती करै उमंगां धरै नायता, आज किण सिर कमर कसै **आपायता**।—महादांन महड़ू

उ०—२ भड़ सिरे अतवाळ भड़थाट आंणियां भमर। चढ़े **आपायता** सीस ढुळतां चमर।—अज्ञात

आपाळणौ, आपाळबौ–क्रि०स०अ०—१ टकराना. २ परिश्रम करना। उ०—तठा उपरांति करि नै राजांन सिलामति हमै राजांन कांमरा भूखिया, लांघणिया सीह ज्यौं **आपाळि** नै रहिया छै।

—रा.सा.सं.

आपित–सं०स्त्री० [सं० अप्पित] अग्नि, आग। (मि० अपत नं० २)

आपियोड़ौ—भू०का०कृ०—अर्पण किया हुआ, अर्पित।

(स्त्री० आपियोड़ी)

आपीजणौ, आपीजबौ–क्रि०स०—अर्पण किया जाना।

आपीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—अर्पण किया हुआ। (स्त्री० आपीजियोड़ी)

आपुपा–वि०स्त्री०—अपनेआप समस्त कार्य करने वाली अथवा कराने वाली। उ०—वकळा सकळा व्रजा, उपावण आप **आपुपा**।—देवि०

आपूआप, आपे, आपेज, आपै–सर्व०—अपनेआप, स्वतः।

उ०—१ मढ़ मैं **आपूंआप** विराजौ, भळहळ ऊगौ भांण।

—भादा राघवदास

२ जांणियौ कटारी सबळी लागी छै, **आपे** हेठौ पड़सी।

—नैणसी

३ नहीं तौ माय नहीं तौ बाप, **आपेज आपे** ज उपन्नौ आप।

—ह.र.

आपैटणकौ–वि०—१ वीर, योद्धा. २ साहसी।

(स्त्री० आपेटणकी)

आपो-आप–सर्व०—अपनेआप, स्वतः। उ०—अछै हरि तूं हीज **आपो-आप**, बूंझा हिव तूझ बियां नहि बाप।—ह.र.

आपोक्लिम–सं०पु० [यू० एपोक्लिमा] जन्मकुंडली के अंतर्गत तीसरा, छठा, नवां और बाहरवां स्थान।

आपोपरि–क्रि०वि०—परस्पर, आपस में। उ०—गमै गमै दीसइ अजू-याळां, म्लेछै छांडी छाक। **आपोपरि** असमुहीया ऊठइ, कटकि पड़ीउ बळकाक।—कां.दे.प्र.

आपोपै–सर्व०—अपनेआप। उ०—**आपोपै** हूंता सौ तूं आप, विसंभर भूत-सरब्ब बियाप।—ह.र.

आपौ–सं०पु०—१ स्वत्व। उ०—न जावै तिहारी बातां जुगां-जुग याद करै, **आपौ** बिजा 'कांन' थारौ जांणियौ जहांन।

—गीत रावत जोधसिह रौ

२ अपनापन, अपनी सत्ता। उ०—खोयौ आसुरी धरम **आपौ** विगोयौ तैं मीरखांन।—नवलजी लाळस. ३ आत्मा।

उ०—सांई हंदी सिर रजा चित सांई सरणा धू धरणा निरखणा **आपा** उधरणा।—केसोदास गाडण ४ ब्रह्म। उ०—**आपा** मझ देवता आपौ पूजारी।—केसोदास गाडण.

५ भरोसा, विश्वास. ६ घमंड, गर्व. ७ जोश। उ०—आठ दिसां तापौ अंगरेजौ हीमत छापौ खळां हणां, बापौ आज सांभियौ बीजा, तैं **आपौ** राइयां तणां।—गोपाळजी दधवाड़ियौ

८ होश-हवास। उ०—अबै छोरै **आपौ** संभ लियौ है।

९ शक्ति, बल। उ०—इसै चोट्ट लोह सूं ढ़ह पड़ियौ, **आपौ** नांख दियौ, ऊठ खड़ौ रहि।—पदमसिहजी री बात. १० अवतार।

उ०—अवधेस्वर श्री रांमचंद्र **आपौ** ईस्वर का।—दुरगादत्त बारहठ

आप्त–वि० [सं०] १ बड़ा। उ०—परिब्रह्म पूरण तत मग्न तूरण, परमात्म प्राप्त, वह पुरुष **आप्त**।—ऊ.का. २ प्राप्त. ३ कुशल, दक्ष. ४ किसी विषय को ठीक तरह से जानने वाला. ५ विश्वस्त।

सं०पु०—ऋषि।

आफत–सं०स्त्री० [अ०] १ आपत्ति, विपत्ति, मुसीबत। उ०—**आफत** मोटी नै खोटी पुळ आई। रोटी रोटी नै रैय्यत रोवाई।—ऊ.का.

२ दुःख, कष्ट।

आफताब–सं०पु० [फा०] सूर्य्य। उ०—हाजरचा नै जांन भोका, **आफताब** नै विमांन रोका। निमक की सरीती पै सिर दिया, हूर कै विमांन बैठि आसमांन कौ गया।—ला.रा.

आफताबी–सं०पु० [फा० आफताब] सूर्य्य।

वि०—सूर्य सम्बन्धी।

आफरणौ, आफरबौ–क्रि०अ० [सं० आस्फार=आध्मान] वायु से पेट फूलना, आफरा आना।

कहा०—अनोखै हाथ कटोरा आया पांणी पी पी आफरिया—अनोखे व्यक्ति को कहीं से कटोरा मिल गया तो बस लगा उससे पानी पर पानी पीने और पीते पीते पेट फूल गया। मूर्ख अथवा तुच्छ व्यक्ति के लिए जो कोई नई चीज मिलने पर, साधारण वस्तु अथवा अधिकार प्राप्ति पर इतराने लगता है।

आफरणहार, हारौ (हारी), आफरणियौ—जिसका वायु से पेट फूलता हो।

आफरिओड़ौ, आफरियोड़ौ, आफरयोड़ौ–भू०का०कृ०—वायु से पेट फूला हुआ।

आफरीजणौ, आफरीजबौ—आफरा आ जाना।

आफरियोड़ौ–भू०का०कृ०—वायु से पेट फूला हुआ, आफरा आया हुआ।

(स्त्री० आफरियोड़ी)

आफरीजणौ, आफरीजबौ–क्रि०अ०—वायु से पेट फूल जाना, आफरा आ जाना।

आफरीजिओड़ौ, आफरीजियोड़ौ, आफरीज्योड़ौ–भू०का०कृ०—आफरा आया हुआ। (स्त्री० आफरीजियोड़ी)

आफरीबाद, आफरीवाद–सं०पु०—धन्यवाद। उ०—सू मुकंद खांन नूं इण मारियौ अरु वडौ पराक्रम कियौ। तठै पातसाहजी श्री हाथां रूमाल सूं खेह झाटकी अरु फुरमायौ **आफरीबाद** है तुमारै तांई। —द.दा.

आफरौ–सं०पु० [सं० आस्फार] १ अजीर्ण या वायु से पेट फूलना, आफरा आना।

आफळणौ, आफळबौ–क्रि०स०अ० [सं० आस्फारण] १ परिश्रम करना. २ यत्न करना. ३ हैरान या तंग होना। उ०—असि पायगा रह्या **आफळता** मद-झर खळहळता मैमंत।—प्रिथीराज राठौड़

४ तड़फना। उ०—तन अखत रोड डोलै तिकै उर अंतर सूं **आफळै**। —ऊ.का.

५ टक्कर लेना, भिड़ना, लड़ना। उ०—१ मधाउत कज्जि रतन्न मुगत्ति, प्रिथि कजि **आफळिया** असपत्ति।—वचनिका

उ०—२ नह सादुळौ नीमजै, जुध जिण तिण सूं औ वाहरुआं **आफळै**, कुंजर हलकां काय।—बां.दा.

आफळणहार, हारौ (हारी)—परिश्रम या यत्न करने वाला, टक्कर लेने या भिड़ने वाला।

आफळिओड़ौ, आफळियोड़ौ, आफळयोड़ौ—भू०का०कृ०।

आफाळणौ, आफाळबौ–क्रि०स०।

आफाळीजणौ, आफाळीजबौ–क्रि० भाव वा०।

आफळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ परिश्रम किया हुआ. २ तंग, हैरान. ३ टक्कर लिया हुआ, भिड़ा हुआ (स्त्री० आफळियोड़ी)

आफाळणौ, आफाळबौ–क्रि०स०—१ अधिक परिश्रम कराना. २ भिड़ाना, दो पदार्थों की परस्पर टक्कर या आघात कराना. ३ तेज गति से घोड़ा चलाना। उ०—तूरी **आफाळतौ** पेख अरवद तणी, मारवौ राव साराहियौ पदमणी।—द.दा.

आफाळणहार, हारौ (हारी), आफाळणियौ–वि०—अधिक परिश्रम कराने वाला, भिड़ाने वाला।

आफाळिओड़ौ, आफाळियोड़ौ, आफाळयोड़ौ—अधिक परिश्रम कराया हुआ, भिड़ाया हुआ।

आफाळीजणौ, आफाळीजबौ–क्रि०भा०।

आफाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—अधिक परिश्रम कराया हुआ, भिड़ाया हुआ। (स्त्री० आफाळियोड़ी)

आफाळीजणौ, आफाळीजबौ–क्रि०भा०—अधिक परिश्रम कराया जाना, भिड़ाया जाना।

आफाळीजियोड़ौ—भिड़ाया गया हुआ, टकराया गया हुआ। (स्त्री० आफाळीजियोड़ी)

आफू–सं०पु०—अफीम। उ०—पातर हूंता प्रीत कर, **आफूडळां** अरोग। आखर पछताया अठै, लांणत दे दे लोग।—बां.दा.

आफूआफे, आफेई, आफै–सर्वं०—१ स्वयं, खुद. २ अपने आप, स्वत: उ०—१ हमें तोनूं नहीं कहस्यां। **आफे** अरज करस्यां। —राठौड़ अमरसिंह री बात

२ एक वीर स्त्री आपरा पती री वीरपणौ देख सत्रु ऊपर आवण री मतौ करै पण पग पाछा पड़ै है, छाती धड़कै है, धकै आवतां काळौ पीळौ दीसै छै। सांम्हां आवतौ कोई सुणै है तौ आंखियां भय री मारी **आफई** मींचीज जावै।—वी.स.टी.

आफ़ीबाद—देखो 'आफरीबाद'।

आबंद–सं०स्त्री०—आय, आमदनी।

कहा०—असी री आबंद, चौरासी रौ खरच—अस्सी की आमदनी चौरासी का खर्च। आमदनी से अधिक खर्च नहीं होना चाहिये।

आब–सं०पु०—१ आकाश. २ पानी, जल। उ०—'नीबै' तळौ निकाळयौ नेड़ौ, जिण रौ **आब** नांम रै जैड़ौ।—ऊ.का.

सं०स्त्री० [फा०] ३ चमक, आभा, कांति। उ०—ऊजळ जस मोती सौ म्हारौ इणरी **आब** उतार मती।—गी.रां.

४ शोभा, रौनक। उ०—करिय मीर भ्रकुटी कुटील, बोलै येह जुवाब। किय रजपूत हि रज्ज बिन, किय नवाब बिन **आब**—ला.रा.

५ प्रतिष्ठा, उत्कर्ष। उ०—१ कर घटाटोप चढ़ियौ किलम यूं कथ राखण **आब** री।—बखतौ खिड़ियौ

उ०—२ बूंदी रा फरमांण बिच इम लिखियौ आदाब। भूप 'सता' थारै भुजां, अब म्हांरै घर **आब**।—वं.भा.

कहा०—आब आब कर मर गया सिरहांणै रख्या पांणी—आब-आब करते हुए मर गये यद्यपि पानी सिरहाने के पास ही रक्खा था क्योंकि आस-पास के लोगों में 'आब' शब्द का अर्थ समझने वाला कोई न था और मियांजी 'पानी' कहना बुरा समझते थे क्योंकि वे फारसी पढ़े-लिखे थे। फारसी बोलने वालों पर व्यंग्य, जो घर में भी बाहरी भाषा का प्रयोग करते हैं (जैसे आजकल के शिक्षित) उनके लिए।

आबकार–सं०पु० [फा०] शराब बनाने या बेचने वाला, कलाल।

आबकारी–सं०स्त्री० [फा०] १ जहाँ शराब चुआई या बेची जाती है, शराबखाना. २ मादक वस्तुओं से सम्बन्ध रखने वाला महकमा।

आबखणौ, आबखबौ–क्रि०अ०—१ परिश्रम करना. २ युद्ध करना, टक्कर लेना (मि० आफळणौ)

आबखणहार, हारौ (हारी), आबखणियौ–वि०—परिश्रम करने वाला, टक्कर लेने वाला।

आबखाईजणौ, आबखाईजबौ–क्रि०भा०—परिश्रम अथवा युद्ध किया जाना।

आबखाईजियोड़ौ—भू०का०कृ०—परिश्रम किया गया हुआ।

आबखाणौ, आबखाबौ, आबखावणौ, आबखावबौ—क्रि०स०।

आबखाणौ, आबखाबौ, आबखावणौ, आबखावबौ–क्रि०स०—१ परिश्रम कराना. २ युद्ध कराना।

आबखियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ परिश्रम किया हुआ. २. युद्ध किया हुआ। (स्त्री० आबखियोड़ी)

आबखोरौ–सं०पु० [फा०] पानी पीने का पात्र।

आबदस्त–सं०पु० [फा०] मल त्याग के बाद गुदा को जल मे साफ करने की क्रिया।

आबदार–वि० [फा०] चमकीला, कांतिमान, द्युतिमान।

सं०पु०—पुरानी तोपों में सुंबा और पानी का पुचारा देने वाला आदमी।

आबदारखानौ–सं०पु० [फा० आब+खानो] पीने के जल का स्थान।

आबनूस–सं०पु० [फा०] प्राय: जंगलों में होने वाला एक प्रकार का पेड़। बहुत पुराना होने पर इसकी लकड़ी का हीर बहुत काला हो जाता है।

आबनूसी–वि० [फा०] १ आबनूस के समान काला. २ आबनूस की लकड़ी का।

आबपासी–सं०स्त्री [फा० आबपाशी] सिंचाई।

आबरी– वि०—प्रतिष्ठित, मानवाला।

आबरू–सं०उ०ली० [फा०] इज्जत, मान, बड़ाई, प्रतिष्ठा।

उ०—**आबरू** थावतौ वठै, पीवणौ सही छौ आक, जीवणौ नहीं छौ, धणी जावतां 'जसूंत'।—दलजो महड़ू

क्रि०प्र०—उतरणौ-राखणौ-होणौ।

(यौ०—आबरूदार) (वि० बेआबरू)

मुहा०—१ आबरू उतरणी—अप्रतिष्ठा होनी. २ आबरू उतारणी, अप्रतिष्ठा करनी, बेइज्जत कर देना. ३ आबरू खाक (धूल) में मिळणी—अपनी या दूसरे की इज्जत खराब होना. ४ आबरू मांथै पांणी फिरणौ—इज्जत खराब होना, प्रतिष्ठा में धक्का लगना. ५ आबरू मिट जाणी—इज्जत बरबाद हो जाना. ६ आबरू में फरक आणौ—इज्जत में धब्बा आना, प्रतिष्ठा में दाग लगना. ७ आबरू में बट्टौ लागणौ, लागबौ—प्रतिष्ठा में दाग लगना. ८ आबरू रै'णी—इज्जत रहना।

कहा०—आबरू उड़ियोड़ी मोती वाळी आब है—इज्जत उतरणी एवं मोती का पानी उतरना एक ही बात है। कांतिहीन होने पर मोती किसी काम का नहीं, इसी प्रकार अप्रितिष्ठित मनुष्य का कहीं आदर नहीं होता। एक बार अप्रतिष्ठा होने पर वापस इज्जत जमानी बड़ी कठिन होती है।

आबरूदार–वि०—इज्जत वाला, जिसकी प्रतिष्ठा हो, प्रतिष्ठित।

आबळ–सं०स्त्री० [सं० बल] शक्ति, बल, सामर्थ्य।

आबळबायरौ–वि० [आबळ+रा० बायरौ=हीन] अशक्त, कमजोर.

आबवेचा–सं०पु०—१ चौहान क्षत्रिय. २ आबू का निवासी।

आबहवा–सं०स्त्री० [फा०] सरदी, गर्मी स्वास्थ्य आदि के विचार से किसी देश की प्राकृतिक दशा, स्थिति या जलवायु।

मुहा०—आबहवा बिगड़णौ—जलवायु या वातावरण दूषित होना।

आबाद–वि० [फा०] १ बसा हुआ. २ प्रसन्न, कुशल-पूर्वक. ३ उपजाऊ, जोतने व बोने योग्य।

आबादी–सं०स्त्री० [फा०] १ बस्ती, जन-स्थान. २ जन-संख्या. ३ खेती की भूमि।

आबी–वि० [फा०] १ पीने का पानी संबंधी. २ हल्के रंग का, फीका. ३ पानी के रंग का, हल्का नीला या आसमानी।

सं०स्त्री०—१ चमक-दमक. २ तलवार का पानी।

आबू–सं०पु०—१ राजस्थान के पश्चिम में स्थित अरावली पहाड़ पर बसा एक नगर. २ अरावली पहाड़ का एक हिस्सा।

आबूग्रौ–वि०—आबू का, आबू संबंधी।

सं०पु०—१ आबू का अधिपति. २ देवड़ा चौहान।

आबूड़ौ–सं०पु०—देखो 'आबू'। उ०—राब पीथल वाळौ गिर रूड़ौ आबूड़ौ लागै असमांन।—आबू रौ गीत

आबूव–सं०पु० [सं० अर्बुद] १ आबू पहाड़. २ आबू पहाड़ के निवासी।

आबेरणौ, आबेरबौ—देखो 'अबेरणौ'।

आबौ–सं०पु० [सं० आभ] १ आकाश, आसमान. २ आना

क्रि०अ०—आना।

आबौजाबौ–सं०पु०—आना-जाना।

आभ–सं०स्त्री० [सं० आभा] १ शोभा, कांति, पानी, छवि।

उ०—काळी कांणी कोफी कांमण, अपणी परणी आछी। अबछर **आभ** अवर अरधंगा, पदमण धरियै पाछी।—ऊ.का.

[फा० आब] २ पानी (डि.को.)

सं०पु० [सं० अभ्र] ३ आकाश। (मि० आभौ) उ०—नांम गोविंद थयौ नमौ नंदराय नंद. अमंद जस गोरधन **आभ** अड़ियौ।—बां.दा.

आभइयौ–सं०पु० [सं० अभ्र] आकाश, आसमान। उ०—गीरैगांण मेरा मीठा, **आभइयौ** घरराइयौ। अब घर आज्यौ वीर म्हांरा, मेह खेतड़ा आइयौ।—लो.गी.

आभड़–सं०स्त्री०—अछूत के स्पर्श से लगने वाला कथित दोष, अशौच।

आभड़चेट, आभड़छेट, आभड़छोत–सं०स्त्री०—देखो 'आभड़'।

उ०—सवियांण कल्यांण तणै व्रत सीधौ, अगै भेटिया असत अग्यांन, आज सह **आभड़छोत** उतरियौ, स्रोण गंगोदक हुऔ सनांन।
—दूदौ आसियौ

आभड़णौ, आभड़बौ–क्रि०स०—१ छूना, स्पर्श करना। उ०—चंपौ चीतोड़ाह, पोरस तणौ प्रतापसी। सोरभ अकबर साह, अलियळ **आभड़ियौ** नहीं।—सूरायच टापस्यौ. २ अशौच लगना।

उ०—सर नांमियौ गंगाजळ स्रोणी, सत सीधौ कलियांण सकाज। असती पोहां तणौ **आभड़ियौ**, अनड़ प्रवीत हुऔ तण आज।
—दूदौ आसियौ

३ लिपटना। उ०—मन संतोष प्रकासवै, बन स्रीखंड विकास। आळस उरग न **आभड़ै**, तौ की कहणौ तास।—बां.दा. ४ भिड़ना टक्कर लेना। उ०—असहींस **आभड़ै** करण पटां, सोही संगीत सांचौ देश प्रेम चौ।—दुरगादास

आभड़णहार, हारौ (हारी), आभड़णियौ–वि०—स्पर्श करने या भिड़ने वाला।

आभड़ाणौ, आभड़ाबौ, आभड़ावणौ, आभड़ावबौ—क्रि०स०।
आभड़िओड़ौ, आभड़ियोड़ौ, आभड़ योड़ौ—भू०का०कृ०।

आभड़ाणौ, आभड़ाबौ-क्रि०स०—१ स्पर्श कराना. २ लिपटाना. ३ भिड़ाना। (आभड़ावणौ-रू०भे०)

आभड़ायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ स्पर्श कराया हुआ. २ भिड़ाया हुआ. ३ लिपटाया हुआ। (स्त्री० आभड़ायोड़ी)

आभड़ावणौ, आभड़ावबौ—देखो 'आभड़ाणौ'।

आभड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ स्पर्श किया हुआ. २ लिपटा हुआ. ३ भिड़ा हुआ। (स्त्री० आभड़ियोड़ी)

आभमंडळ-सं०पु० [सं० अभ्र=आकाश+मंडल] आकाश मंडल।

आभय-सं०पु०—१ बादल, मेघ। उ०—बीजुळियां चह्लावहळि, **आभय** आभय कोडि। कद रै मिळउंली सज्जणां,।कस कंचुकी छोडि।—ढो.मा. २ आकाश, आसमान।

आभरण, आभरणौ-सं०पु० [सं०] १ गहना, आभूषण। उ०—अंतर नीलंबर अबळ **आभरण**, अंगि अंगि नग नग उदित।—वेलि.

आभा-सं०स्त्री० [सं०] चमक-दमक, कांति, दीप्ति, झलक, छाया, शोभा, ज्योति, प्रकाश। उ०—१ जमना जा गंग मिळी, गंग जा मिळी समंदां। **आभा** भरिया इंद, साख पूरी रव चंदां।
—महाराणा जयसिंह रौ गीत

उ०—२ **आभा** कहतां सोभा सु तौ महल मांहे, अनेक अनेक रंग का चितराम छै।—वेलि. टी.। उ०—३ अउं नमसते चंडका चंद्र भाळ री नवीन **आभा**।—नवलजी लाळस। उ०—४ **आभा** आंगण री अन मांगण नै आई।—ऊ.का.

आभानरां-सं०स्त्री०—तलवार (अ.मा.)

आभार-सं०पु०—एहसान, उपकार।

आभारी-वि० [सं० आभारिन्] एहसान मानने वाला, उपकार मानने वाला।

आभास-सं०पु०—१ चमक-दमक, कांति, लावण्य। उ०—वणै चारु **आभास** वदनारविंद, उरै ऊपजै वेख रेखा अणंद।—रा.रू. २ प्रतिबिंब, छाया, झलक। उ०—जिकण समय कुमार रौ प्रताप अरक रै **आभास** ऊगौ।—वं.भा. ३ पता, संकेत, वह ज्ञान जिसमें सत्य की कुछ झलक मात्र हो। उ०—हुवौ 'पाल' **आभास** जंगी हिया में। पड़्यौ जूंझ आंटै भुजंगी प्रिया में।—पा.प्र.

आभि-सं०पु०—आकाश। उ०—असमांनि जइत उठियउ असम्भ, थिड़तइ संसारि दे **आभि** थंभ।—रा.ज.सी.

आभीर-सं०पु० [सं०] १ अहीर, ग्वाला. २ एक प्रकार का राग. ३ एक देश विशेष. ४ एक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में ११ मात्राएें और अंत में डगण गण का तृतीय भेद होता है।
(र.ज.प्र.)

आभीरनट-सं०पु० [सं०] नट और आभीर से मिल कर बनने वाला एक संकर राग।

आभीरी-सं०स्त्री० [सं०] ईस्वी दूसरी या तीसरी शताब्दी में उत्तर-पश्चिम में प्रचलित भारत की प्राचीन भाषा।

आभील-सं०पु० [सं०] दुःख, क्लेश, कष्ट।

आभीसेख-सं०पु० [सं० अभिषेक] अभिषेक, तिलक। देखो 'अभिसेख'

आभुकण-सं०पु० [सं० आभूषण] देखो 'आभूखण'।

आभूखण-सं०पु० [सं० आभूषण] १ गहना, आभूषण, जेवर—ये मुख्यतः १२ माने जाते हैं—नूपुर, किंकणी, चूड़ी, अँगूठी, कंकण, विजायठ, हार, कंठश्री, बेसर, बिरिया, टीका, सीसफूल (अ.मा.)
पर्याय०—आभरण, गहणौ, जेवर, ताबातीवौ, भूखण, सूत।
२ डिंगल के वेलिया सांणोर छंद का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ४६ लघु ९ गुरु कुल ६४ मात्रायें हों, अन्य द्वालों में ४६ लघु ८ गुरु कुल ६२ मात्रायें हों। (पि.प्र.)

आभूखत-वि० [सं० आभूषित] अलंकृत, सजा हुआ, सुसज्जित, सँवारा हुआ। उ०—**आभूखत** तन आभरण, जकै आवता भूल।—पा.प्र.

आभूसण-सं०पु०—देखो 'आभूखण' (१)

उछरंजण–सं०पु० [सं० उत्सर्जन] दान (ह.नां.)

उछरजण त्याग–सं०पु० [सं० उत्सर्जनत्याग] दातार (अ.मा.)

उछरणौ, उछरबौ–क्रि०अ०—१ जन्म लेना, उत्पन्न होना. २ उछलना, कूदना (रू.भे. ऊछरणौ) उ०—धरा धूम बित्थुरै, तोय **ऊछरै** सरोवर।—ला.रा. ३ पोषण पाना (रू.भे. ऊछरणौ, ऊछरबौ)

उ०—कनक कटोरां राखजे, भल सूरत भरियोह। क्यूं निबळौ व्है केहरी, उण पय **उछरियोह**।—बां.दा.

[सं० उत्सर्जन] ४ चरने के लिए मवेशियों का जंगल में जाना।

उछरणहार, हारौ (हारी), उछरणियौ–वि०।

उछराणौ, उछराबौ–स०रू०।

उछरिओड़ौ, उछरियोड़ौ, उछरयोड़ौ–भू०का०कृ०।

उछराणौ उछराबौ–क्रि०स०—पशुओं को चराने निमित्त जंगल में हांकना। उ०—नांसै मांह गमाय कर एवड़ **उछराया**।

—केसोदास गाडण

उछरियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ जन्म लिया हुआ, उत्पन्न. २ उछला हुआ. ३ पोषण पाया हुआ, पोषित. ४ चरने के निमित्त जंगल में मवेशी गया हुआ। (स्त्री० उछरियोड़ी)

उछरेळ–वि०—बलवान, जबरदस्त।

उछळंग–वि०—देखो 'उच्छृंखळ'। उ०—नाचै रंग पूतळी एक वावै तिण पर सुर **उछळंग** संख सबदह ऊलावै।—लल्ल भाट

उछळ–सं०स्त्री०—१ छलाँग, कुदान. २ लाभ वाला हिस्सा या भाग। वि०—बढ़िया, श्रेष्ठ। (यौ० उछळपांती)

उछळकूद–सं०स्त्री० [सं० उच्छलकूर्द] १ खेल-कूद. २ हलचल. ३ अधीरता, चंचलता. ४ गड़बड़ी।

उछळग–सं०पु०—उत्सव (मि० उच्छळग)

उछळणौ, उछळबौ–क्रि०अ० [सं० उच्छलन] १ वेग से ऊपर उठना और गिरना. २ झटके के साथ एक बारगी देह को इस प्रकार क्षण भर के लिए ऊपर उठा लेना जिससे पृथ्वी का लगाव छूट जाय. ३ कूदना. ४ अत्यंत प्रसन्न होना, खुशी से फूलना. ५ रेखा या चिन्ह का स्पष्ट दिखाई देना, उभड़ना. ६ जोश आना।

उछळणहार, हारौ (हारी), उछळणियौ–वि०—उछलने वाला।

उछळाणौ, उछळाबौ—स०रू०।

उछळिओड़ौ, उछळियोड़ौ, उछळयोड़ौ—भू०का०कृ०।

उछाळणौ, उछाळबौ—स०रू०। **उछवाळणौ, उछवाळबौ**—(रू.भे.)

उछळपांती–सं०स्त्री०—लाभ वाला हिस्सा, अधिक मात्रा वाला अंश।

उछळवाणौ, उछळवाबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—उछालने में प्रवृत्त करना।

उछळाणौ, उछळाबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—उछालने में प्रवृत्त करना।

उछळायोड़ौ–भू०का०कृ०—उछालने में प्रवृत्त किया हुआ। (स्त्री० उछळायोड़ी)

उछळियोड़ौ–भू०का०कृ०—उछला हुआ। (स्त्री० उछळियोड़ी)

उछव–सं०पु० [सं० उत्सव] उत्सव, जलसा। उ०—राजा भीखमक कै अनेक **उछव** होण लागा। अनेक बाजा बाजै छै।—वेलि. टी.

रू०भे०—उच्छब, उच्छव, उच्छरंग, उछवाह, उछाव, उछाह।

उछवाळणौ, उछवाळबौ–क्रि०स०—फेंकना, उछालना, पराजित करना। उ०—असंख दळ दिली रा भुजां **उछळावतौ**। समर भर भीम दीठौ सबांही घेर विच वारहौ मंडोवर घातियौ मंडोवर घेर आंबेर मांही—चुतरौ मोतीसर।

उछवाह–सं०पु० [सं० उत्सव] १ उत्सव, जलसा। २ उत्साह, उमंग। उ०—सज टोप सुभट सनाह, इम किये जुध **उछवाह**। घोड़ांस पाखर घाल, वप पीठ ढाल बिसाळ।—पे.रू.

उछांछळौ–वि०—चंचल, चपल।

उछांट–सं०स्त्री०—१ उत्कंठा, अभिलाषा. २ प्रबलता. ३ बल, शक्ति. ४ वमन, उल्टी।

उछांवळौ–वि०—१ उन्मत्त, मस्त. २ मग्न. ३ नटखट।

उछाजणौ, उछाजबौ–क्रि०स०—उछालना। उ०—बाजता घंट बिहूवै वळां, ऊरध सूंड **उछाजता**।—मे.म.

उछारक–सं०पु० [सं० उत्सारक] द्वारपाल, प्रतिहार (ह नां.)

उछाळ–सं०स्त्री० [सं० उच्छाल] १ अनायास ऊपर उठने की क्रिया, फलांग, चौकड़ी, कुदान. २ वह ऊँचाई जहाँ तक कोई वस्तु उछल सकती है. ३ वमन, उल्टी, कै. ४ पानी का छींटा. ५ किसी पुण्य या शुभ कार्य के निमित्त न्यौछावर करके फेंके हुए रुपये का दान जो विवाह में दूल्हे के आगे-आगे उछाला जाता है। शोक के अवसरों पर यह बिना न्यौछावर किये फेंका जाता है।

उछाळणौ, उछाळबौ–क्रि०स० [सं० उच्छालन] १ उछालना, ऊपर की ओर फेंकना।

कहा०—१ उछाळ भाटौ करम में क्यों लेवणौ। या भाटौ उछाळ नै करम में क्यूं लेवणौ—स्वयं पत्थर उछाल कर उसे अपने माथे क्यों लेना; स्वयं अपनी ओर से आफत सिर पर नहीं लेना चाहिये।

२ प्रकट करना, प्रकाशित करना।

उछाळणहार, हारौ (हारी), उछाळणियौ–वि०—उछालने वाला।

उछाळिग्रोड़ौ, उछाळियोड़ौ, उछाळयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

उछाळियोड़ौ—भू०का०कृ०—उछाला हुआ । (रू.भे. उछाळयोडौ) (स्त्री० उछाळियोड़ी)

उछाळौ—सं०पु०—१ उछालने की क्रिया या भाव । उ०—समदर देख्यौ सूरज कांनी, गरज्यौ तीर **उछाळौ** दै ।—रेवतदांन

२ इमारत की कुरसी. ३ जागीरदार या शासक पर. किसी कारण से नाराज होकर प्रजा का सामूहिक रूप से शासक के गाँव से पलायन करना व एक साथ मिल्कियत लेकर रवाना होना ।

कहा०—१ गांम तौ उछाळै ग्रायौ नै डूम कै म्हनै तिंवारी घाल्यौ—गाँव तो शासक से नाराज होकर जा रहा है किन्तु डूम कहता है कि मेरा त्यौहार का नेग देते जाओ; हम पर तो विपत्ति आई है किन्तु नीच व स्वार्थी व्यक्ति अपना स्वार्थ ही सबसे पहले देखते हैं. २ पाडा नै उछाळा में ई लाभ है—भैंस के पाडे को इस उछाले में लाभ है क्योंकि बँधे न होने से उसे दूध मिलता है; किसी की विपत्ति में किसी को लाभ भी हो सकता है ।

४ कमजोर व्यक्ति का क्रोध में पलायन. ५ जोश क्रोध.

६ वमन, कै, उल्टी. ७ जल या खाद्याभाव के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान को प्रयाण ।

उछाव, उछाह—सं०पु० [सं० उत्साह] १ उत्साह, उमंग ।

उ०—धमजग्र तोप **उछाह** की तंबूर अंबक बज्जयं ।—ला.रा.

२ हर्ष. ३ जोश । उ०- य्यौं सुनि राव **उछाह** के कर मुच्छ मिळाया ।—वं.भा. ४ उत्सव, जलसा, आनंदोत्सव ।

उ०—राजा प्रोहित तेड़ियउ, जांइ ढोलउ ल्याव । सखियां मारू नूं कहइ, हुवउ अणंद **उछाव** ।—ढो.मा.

५ जैन लोगों की रथ-यात्रा । ६ इच्छा, उत्कंठा ।

उछाही—वि०—१ उत्साही. २ आनन्द मनाने वाला ।

उछिस्ट—वि० [सं० उच्छिष्ट] भोजनावशिष्ट, जूठा ।

उछीरौ—सं०पु० [सं० असृक] खून, रक्त । उ०—कांना रा करारा खमें हथ्थ थारा **उछीरा** उधारा वहै वारवारा ।—ना.द.

उछेट—सं०पु०—सीना ।

उछेद—सं०पु० [सं० उच्छेद] खंडन, नाश ।

उछेर—सं०पु०—१ वंश, आल-औलाद, संतान. २ जंगल में मवेशियों के चरने जाने की क्रिया का भाव ।

उछेरणौ, उछेरबौ—क्रि०स०—चराने के निमित्त पशुओं को जंगल में हाँकना या ले जाना ।

उछेरियोड़ौ—भू०का०कृ०—चराने के उद्देश्य से जंगल में गये हुए (मवेशी) (स्त्री० उछेरियोड़ी)

उछ्रित—वि०—उच्च, ऊंचा । उ०—अर आगै देवराज रौ रचियौ आठ हात **उछ्रित**, आठ हात लंबायत, बत्तीस पूतळी सहित ।—वं.भा.

उजंक—वि०—१ निशंक, साहसी । उ०—नमौ सिसपाळ मनावण संक, जरासंध जीपण सेन **उजंक** ।—ह.र. २ उद्दंड ।

उजड़—वि०—देखो 'ऊजड़' ।

उजड़णौ, उजड़बौ—क्रि०अ०—१ उखड़ना. २ ध्वस्त होना, नष्ट होना ३ वीरान होना, जन-शून्य होना. ४ विखरना ।

उजड़णहार, हारौ (हारी), उजड़णियौ—उजड़ने वाला ।

उजड़वाणौ, उजड़वाबौ—प्रे०रू० ।

उजड़ाणौ, उजड़ाबौ—प्रे०रू० ।

उजड़िग्रोड़ौ, उजड़ियोड़ौ, उजड़योड़ौ—भू०का०कृ० ।

उजाड़णौ, उजाड़बौ—स०रू० ।

उजड़वाणौ, उजड़वाबौ—क्रि०स० (प्रे रू.)—किसी को उजाड़ने में प्रवृत्त करना ।

उजड़ियोड़ौ—भू०का०कृ०—उजड़ा हुआ । (स्त्री० उजड़ियोड़ी)

उजड़ौ—वि०—१ उजड़ा हुआ, वीरान. २ विनष्ट ।

उजड—वि० [सं० उज्जड] अप्रवीण, अदक्ष ।

उजड्ड—वि०—१ वज्र, मूर्ख. २ असभ्य, अशिष्ट. ३ उद्दंड, निरंकुश ।

उजड्डपण, उजड्डपणौ—सं०पु०—१ उद्दण्डता. २ असभ्यता, अशिष्टता ।

उजदार—सं०पु०—वजीर, मंत्री । उ०—प्रधांनां **उजदारां** विचार नै राजा सूं वीनती की—चौबोली

उजबक, उजबकी—सं०पु०—१ तातारियों की एक जाति (बां.दा.ख्या.) २ एक प्रकार की घास. ३ एक प्रकार का घोड़ा (रा.सा.सं.)

वि०—१ उजड्ड, बेवकूफ, मूर्ख, अनाड़ी । उ०—कमळ अरियां तणा घणा झटकां कटै । **उजबकां** दिसी जसवंत सी ऊलटै ।

२ उद्दण्ड, आततायी । —हा.झा.

क्रि०वि०—विचित्र ढंग से, अपूर्व ढंग से । उ०—वीर अवसांण केवांण **उजबक** वहै, रांण हथवाह दुय राह रटियौ ।

—गोरधन बोगसौ

उजबक्क, उजबक्की—वि०—देखो 'उजबक' । उ०—कर मुच्छनि घल्ले किलम, यम बुल्ले **उजबक्क** । स्यांम काज पितु के बयर, हदपै मरना हक्क ।—ला.रा.

सं०पु०—देखो 'उजबक' ।

उजमणौ—सं०पु० [सं० उद्यापन, प्रा० उज्जवण] किसी अंगीकृत व्रत की समाप्ति पर किया जाने वाला भोज अथवा उत्सव जिसके पश्चात् उस व्रत को निरन्तर रखने की आवश्यकता नहीं होती ।

उजमणौ, उजमबौ—क्रि०अ०—१ वर्षा का होना, वर्षा की छटा छाना जिसके कारण अत्यन्त शीत हो । उ०—उतर आज स **उजमी**, पाळौ पड़ै विहांण । भाजै गात्र कुमारिग्रां, देखै मुगळ पठांण ?—ढो.मा.

२ किसी अंगीकृत व्रत की समाप्ति पर भोज अथवा उत्सव करना, जिसके पश्चात् उस व्रत को निरन्तर रखने की आवश्यकता नहीं होती ।

उजमणहार, हारौ (हारी), उजमणियौ—वि० ।

उजमिग्रोड़ौ, उजमियोड़ौ, उजमयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

उजियोड़ौ—भू०का०कृ०—(वह अंगीकृत व्रत) जिसकी समाप्ति पर भोज

या उत्सव किया हुआ हो। (स्त्री० उजमियोड़ी)

उजयाळौ–सं०पु० [सं० उज्ज्वल] १ चाँदनी, चंद्रिका, उजियाली. २ प्रकाश, रोशनी (रू.भे. उजुयाळौ) (स्त्री० उजयाळी)

उजर–सं०पु०—१ विरोध, आपत्ति. २ विरुद्ध वक्तव्य, किसी बात के विरुद्ध सविनय कुछ कथन करना. ३ हक, स्वत्व, अधिकार, दावा।

उ०—हूं **उजर** करूं, रांणी वांसै साथ चाढ़ै, वे कठेही उतरिया होय तौ काई काबाइत होय।—नैणसी

उजरत–सं०पु०—अपने अधिकार के प्रति उज्र न करने के लिए लिया या दिया जाने वाला द्रव्य।

उजरदारी–सं०स्त्री० [फा० उज्रदारी] किसी ऐसे मामले में उज्र पेश करना जिसके विषय में निर्णय हो चुका हो अथवा निर्णय होने वाला हो।

उजळ–वि० [सं० उज्ज्वल] १ दीप्तिमान, प्रकाशमान. २ श्वेत, शुभ्र (नां.मा.) ३ स्वच्छ, निर्मल. ४ यशस्वी।

यौ०—उजळखाप, उजळजात, उजळदंती।

सं०स्त्री०—सरस्वती, शारदा (अ.मा.)

उजळणौ, उजळबौ–क्रि०अ० [सं० उज्ज्वल] उज्ज्वल होना, चमकना.

क्रि०स०—उज्ज्वल करना, साफ करना, चमकाना।

उजळणहार, हारौ (हारी), **उजळणियौ**–वि०—उज्ज्वल होने या करने वाला।

उजळवाणौ उजळवाबौ—प्रे०रू०। **उजळाणौ, उजळाबौ**—प्रे०रू०।

उजळावणौ, उजळावबौ—प्रे०रू०।

उजळिओड़ौ, उजळियोड़ौ, उजळ्योड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल किया हुआ।

उजळता–सं०स्त्री० [सं० उज्ज्वलता] उज्ज्वलता।

उ०—सु परिण आपणी **उजळता** करि आकास सौं मिळि गयौ है।
—वेलि. टी.

उजळमौ–वि०—सफेद, उज्ज्वल (शा हो.)

उजळवाणौ उजळवाबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—उज्ज्वल करवाना, साफ करवाना, चमकवाना।

उजळवायोड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल कराया हुआ, चमकाया हुआ। (स्त्री० उजळवायोड़ी)

उजळाई–सं०स्त्री० [सं० उज्ज्वलता] १ शौचादि से निवृत्त होकर गुदा द्वार को स्वच्छ करने की क्रिया, आबदस्त। उ०—तठै दिन ऊगै पोहर भींवाजी टेवटा लेवण नै गया। तठै **उजळाई** करण नै जळ सोझै।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात. २ उज्ज्वलता, चमक, सफेदी।

उजळाणौ, उजळाबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—उज्ज्वल कराना, चमकाना।

उजळाणहार, हारौ (हारी), **उजळाणियौ**–वि०—उज्ज्वल कराने वाला।

उजळायोड़ौ—भू०का०कृ०। **उजळावणौ, उजळावबौ**—रू.भे.।

उजळायोड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल कराया हुआ, चमकाया हुआ। (स्त्री० उजळायोड़ी)

उजळावणौ, उजळावबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—देखो 'उजळाणौ'।

उजळियोड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल हुआ हुआ, उज्ज्वल किया हुआ। (स्त्री० उजळियोड़ी)

उजळौ–वि० [सं० उज्ज्वल] १ श्वेत, सफेद।

कहा०—उजळौ उजळौ ही दूध कौ हुवैनी—उजला उजला सभी दूध नहीं होता; ऊपर से अच्छे दिखाई पड़ने वाले सभी पदार्थ वास्तव में अच्छे हों यह बात नहीं होती।

२ स्वच्छ, निर्मल।

कहा०—१ उजळा रांम रांम करणा—केवल ऊपरी मन से अभिवादन करना। मन में वास्तविक आदर या स्नेह न रखते हुए अभिवादन करना।

३ प्रकाशमान।

पर्याय०—अवदात, उजळ, धमळ, पंडर, पंडु, पिंड, विसद, सित, सिव, सुकल, सुचि, सुभ्र, स्वेत। (रू.भे. ऊजळौ)

उजळौ बग–वि०यौ० [सं० उज्ज्वल+बक] बुगले के समान श्वेत, अति उज्ज्वल।

उजळौ लोहड़ौ–सं०पु०—देखो 'ऊजळौ लोह'। उ०—पछै मांनसिंघ चांपां बाई नै उदैसिंघ री बैर गरभवंती नूं **ऊजळे लोहड़े** मारी।
—नैणसी

उजवणौ, उजवबौ—देखो 'उजमणौ'।

उजवळ, उजवाळ–वि०—देखो 'उजळ'। उ०—बित वरसाळ खटू रित वरसै, मौज राव **उजवाळ** मुख।—क.कु.बो.

उजवाळक–वि०—उज्ज्वल करने वाला। उ०—कमधां कुळ रा **उजवाळक** नै। विरदाबुंभ जोगिय बाळक नै।—पा प्र.

उजवाळणौ, उजवाळबौ, उजवाळिणौ, उजवाळिबौ–क्रि०स०—१ उज्ज्वल करना। उ०—कांन्ह हरी साकौ कियौ, **उजवाळियौ** उतन्न।
—रा.रू.

२ प्रकाशित करना. ३ चमकाना।

उजवाळणहार, हारौ (हारी), **उजवाळणियौ**—उज्ज्वल करने वाला।

उजवाळिओड़ौ, उजवाळियोड़ौ, उजवाळ्योड़ौ—भू०का०कृ०।

उजवाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल किया हुआ, प्रकाशित किया हुआ, चमकाया हुआ। (स्त्री० उजवाळियोड़ी)

उजवाळी–सं०स्त्री०—चाँदनी, ज्योत्सना।

वि०—१ उज्ज्वल, शुभ्र. २ शुक्ल पक्ष की, शुक्ल पक्ष सम्बन्धी।

उजवाळो, उजवाळौ–सं०पु०—१ उजाला, रोशनी, प्रकाश।

उ०—१ पंखौ घर में पवन सूं, बचै दीप दुतिवंत। दीप हूंत दरसंत, घर में **उजवाळौ** घणौ।—बां.दा.

उ०—२ 'धाळौ' जोगीदास रौ, **उजवाळौ** कुळ मत्त।—रा.रू.

२ तेज (अ.मा.)

वि०—१ श्रेष्ठ, उत्तम. २ उज्ज्वल करने वाला। उ०—ओठी हालै अगै, पीठ घूमर पमंगाळो। आस धांन रौ उतन, साख तेरै **उजवाळौ**।
—पा.प्र.

उजां–सं०पु०—साहस, हिम्मत, पुरुषार्थ।
वि०—साहसी, शक्तिशाली। उ०—**उजां** बहादुर नर अडर, सांम धरम दिल साफ।—चिमनदांन रतनूं

उजागर–वि० [सं० उज्जार] १ प्रकाशित, जगमगाता हुआ। उ०—रूप के **उजागर** मनोज मन मोहियत—शि.वं. २ प्रसिद्ध, विख्यात। उ०—थांन **उजागर** थापियौ, नाजर दौलतरांम।—रा.रू. ३ उज्ज्वल करने वाला, अपने नांम या वंश को प्रसिद्ध करने वाला। उ०—आयस पाय अवधपत आळौ, गौ लंका कपि वंस **उजागर**।—र.रू.
४ समर्थ, शक्तिशाली। उ०—कळजुग रै कीच कळै रथ कीरत, नारा दन बळ थाका नर। 'देमल' भूप दूसरा 'देसल', धमळ **उजागर** झाल धुर।—क.कु.बो.
वि०—उदार। उ०—सांमां भूप गुणां बुधसागर, मौज **उजागर** मेर मन। अचरज क्यूं रहिया गुण एता, त्रण साढ़ा कर भूप तन।
—क.कु.बो.
६ अद्भुत। उ०—एहवी **उजागर** पुरी एह, इक्ष्वाक वंस वावै अछेह।—रांमरासौ
सं०पु०—१ प्रकाश। उ०—मांणक कण हीर अमीर मोकळा। जरद नील मण जुवा जुवा। अवर न तूझ सरीखौ 'ऊदा', देस **उजागर** 'जगा' दुवा।—अज्ञात. २ सूर्य (नां.मा.)

उजाड़–सं०पु०—१ उजड़ा हुआ स्थान, निर्जन, वीरान। उ०—नग्री सोनमेनी पछै गांम नांही। महा कासटा घोर **उजाड़** मांही।—मे.म.
२ नुकसान, हानि (द.दा.)
वि०—१ ऊसर. २ निर्जन, वीरान. ३ ध्वस्त, गिरा-पड़ा, नष्ट-भ्रष्ट, बरबाद। उ०—उण दिनां में कछवाहा अर लाडखानी नागौर नूं **उजाड़** करै।—राठौड़ अमरसिंह री बात

उजाड़णौ, उजाड़बौ–क्रि०स०—१ वीरान करना, जनशून्य करना. उ०—तैं इम करड़ी तांण अंतक लोक **उजाड़ियौ**।—बां.दा.
२ ध्वस्त करना, नष्ट करना। उ०—जे थे रांम भवन सूं काढ़ सौ, तौ थे आणंद अवध **उजाड़सौ**।—गी.रां. ३ बिगाड़ना, चौपट करना. ४ तितर-बितर करना. ५ उधेड़ना।
उजाड़णहार, हारौ (हारी), उजाड़णियौ–वि०—उजाड़ने वाला।
उजाड़िओड़ौ, उजाड़ियोड़ौ, उजाड़्योड़ौ–भू०का०कृ०।

उजाड़पण, उजाड़पणौ–सं०पु०—उजाड़, बियाबान, वीरान, बिना रास्ते।

उजाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—उजाड़ा हुआ. (स्त्री० उजाड़ियोड़ी)

उजाथर–वि०—१ उजागर, प्रकाशमान. २ प्रसिद्ध. ३. वीर, बहादुर। उ०—चढ़िया हरि सुणि संकरखण चढिया, कटकबंध नह घणा किध। एक **उजाथर** कळहि एहवा, साथी सहु आखाढ़सिध।
—वेलि.
सं०स्त्री०—१ तलवार।
सं०पु०—२ भार, बोझा ३ संकट।

उजार–सं०स्त्री०—१ मऊ शहर के पास बहने वाली एक नदी (नैणसी) [सं० उज्ज्वल] २ प्रकाश, रोशनी (ह.नां.)

उजारौ–सं०पु० [सं० उज्ज्वल] उजाला, प्रकाश, रोशनी।
उ०—मधकर दयाळ का मौ साह भै न धारे, अंधकार जात जैसे भांण के **उजारे**।—रा.रू.

उजाळ–सं०पु०—१ उजाला या उज्ज्वल करने की क्रिया या भाव।
उ०—अखई अभंग जोधां **उजाळ**। जोधहर अवर रिण खळां ज्वाळ।
—रा.रू.
२ कीर्ति बढ़ाने वाला (ल.पिं.) ३ प्रकाशमान, प्रकाश, रोशनी।
उ०—बडाळ भुजाळ **उजाळ** विसन्न।—ह.र. ४ चरितार्थ.
५ हंस (अ.मा.)

उजाळउ–सं०पु०—प्रकाश। उ०—चउथ अंधारी (दि) नई मंगळवार, चंद **उजाळउ** घरि घरि वारि।—वी.दे.

उजाळक–वि०—उज्ज्वल करने वाला।

उजाळणौ–वि०—उज्ज्वल करने वाला। उ०—आहव सूरां आगळा, सुरतांणौ हटमल्ल। महियव रीत **उजाळणा**, अमर तणा पीथल्ल।
—रा.रू.

उजाळणौ, उजाळबौ–क्रि०स० [सं० उज्ज्वलन] १ उज्ज्वल करना, चमकाना। उ०—ऊंची रीत **उजाळणौ**, खीची सुंदरदास।—रा.रू.
२ प्रकाशित करना, जलाना. ३ नमकहलाल होना. ४ यश कमाना, कीर्तिवान करना।
उजाळणहार, हारौ (हारी), उजाळणियौ—उज्ज्वल करने वाला।
उजाळिओड़ौ, उजाळियोड़ौ, उजाळ्योड़ौ—भू०का०कृ०—उज्ज्वल करने वाला।

उजाळदांन–सं०पु०—रोशनदान।

उजाळियौ, उजाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उज्ज्वल किया हुआ।
२ प्रकाशित. ३ चमकाया हुआ। (स्त्री० उजाळियोड़ी)

उजाळी–सं०स्त्री०—घोड़े के आँखों पर डाली जाने वाली जाली।
वि०—१ प्रकाशमान. २ शुक्ल पक्ष का, शुक्ल पक्ष संबंधी।
उ०—बीज **उजाळी** कारतिक, अड़तीसै कुज वार। अचळ कथा राखी 'अजै', साखी कियौ संसार।—रा.रू.

उजाळौ–सं०पु०—१ रोशनी, प्रकाश, उजाला. २ अपने कुल और जाति में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति. ३ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)
वि०—उज्ज्वल करने वाला, प्रकाशमान।

उजाळोपख–सं०पु०—शुक्ल पक्ष।

उजास–सं०पु०—१ प्रकाश, रोशनी (यौ० उजासपख)
उ०—वरस तंयाळै चैत सुद पूनम परम **उजास**।—रा.रू.
२ कांति, दीप्ति (ह.नां.) ३ किरण (अ.मा.) ४ हंस (अ.मा.)
५ तेज (अ.मा.)

उजासड़ो, उजासड़ौ–सं०पु०—प्रकाश, रोशनी (अल्पा०)
उ०—मारू तू तौ मोहणी, सह सिणगार सपूर। महिलां मांहि **उजासड़ो**, जांण क ऊगौ सूर।—ढो.मा.

उजासणौ–सं०पु०—प्रकाश, रोशनी ।

उजासणौ, उजासबौ–क्रि०स०अ०—१ प्रकाशित करना, चमकाना. २ प्रकाशित होना, चमकना । उ०—घिरत का कुंभ सींचै होम ज्यां **उजासै** ।—रा.रू.

उजासणहार, हारौ (हारी), उजासणियौ–वि०—प्रकाशित करने या चमकने वाला ।

उजासिश्रोड़ौ, उजासियोड़ौ, उजास्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

उजासी–सं०स्त्री०—प्रकाश, रोशनी (अ.मा.)

उजियार–सं०पु०—उजाला, प्रकाश ।

उजियारौ, उजियाळौ–सं०पु० (स्त्री० उजियारी, उजिआळी) १ उजाला, प्रकाश । उ०—भूप उदार तिलक रघुकुळकौ चहुं पुर कौ **उजियाळौ** । —समांन बाई । २ चाँदनी, चंद्रिका.

वि०—कुल-कांतिवर्धक, रूप-गुणसम्पन्न ।

उजियाळौ-पाख–सं०पु०यौ० [सं० उज्ज्वल पक्ष] शुक्ल पक्ष ।

उ०—चैत महीनौ **उजियाळौ-पाख**, नव दिन बीज लुकाई राख ।

उजियास–सं०पु० [सं० उदय+आशा] प्रकाश, रोशनी । उ०—बीत चुकी अंधियारी रातां, आया दिन **उजियास** रा, मंडता जावै धरती माथै, पग-मंडणा इतिहास रा ।—रेवतदांन

उजीण, उजीणी–सं०स्त्री० [सं० उज्जयिनी] उज्जैन का एक नाम (अ.मा.) देखो 'उज्जयिनी' ।

उजीर–सं०पु० [अ० वजीर] १ मंत्री, दीवान । उ०—निजदळ छोड़ **उजीर**, नीसरचौ कायर परदळ कांनी ।—ऊ.का. २ शतरंज की एक गोटी (स्त्री० उजीरणी)

उजुआळ–वि० [सं० उज्ज्वल] उज्ज्वल करने वाला ।

उजुयाळौ–सं०पु० [स्त्री० उजुयाळी] १ रोशनी, प्रकाश, उजाला. २ चाँदनी । उ०—ऊजळ आदरसणि निसि **उजुयाळी**, घणूं किसूं वाखांण घणै ।—वेलि.

उजुर–सं०पु०—देखो 'उज्र' ।

उजूबा–सं०पु० [अ० अजूबा] चमकदार छींटों वाला बैंगनी रंग का एक पत्थर ।

उजेड़–वि०—बिगाड़ने वाला । उ०—एकलौ मुज्ज जांणै **उजेड़**, चढ़ आयौ खीची करे चेड़ ।—पा.प्र.

उजेड़णौ, उजेड़बौ—देखो 'उजाड़णौ' ।

उजेड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—उजाड़ा हुआ (स्त्री० उजेड़ियोड़ी)

उजेणी–सं०स्त्री० [सं० उज्जयिनी] उज्जैन नगर का प्राचीन नाम । देखो—'उज्जयिनी' ।

उजेर, उजेरा, उजेरौ–सं०पु०—उजाला, प्रकाश ।

वि०—प्रकाशयुक्त ।

उजेळणौ, उजेळबौ–क्रि०स०—देखो 'उजाळणौ' ।

उजेळियोड़ौ–भू०का०कृ०—उज्ज्वल किया हुआ, चमकाया हुआ । (स्त्री० उजेळियोड़ी)

उजेळौ–सं०पु० [सं० उज्ज्वल] प्रकाश, चाँदनी ।

उजैणी–सं०स्त्री० [सं० उज्जयिनी] उज्जैन का प्राचीन नाम । देखो 'उज्जयिनी'

उजौ–सं०पु०—हिम्मत, साहस ।

वि०—शक्तिशाली ।

उजोत–सं०पु०—प्रकाश ।

वि०—उज्ज्वल (ल.पिं.)

उज्जइणी, उज्जइणीपुर, उज्जयिनी–सं०स्त्री०—मालवा की प्राचीन राजधानी जो क्षिप्रा नदी के तट पर है (इसकी गणना सप्त पुरियों के अंतर्गत की जाती है (वं.भा.)

उज्जरौ–सं०पु०—एक जाति विशेष का घोड़ा । उ०—छत्रीस वरण तणा घोड़ा, किस्या-किस्या घोड़ा—**उज्जरा**, गह्वरा, कारा, तोरका, भारिजा । —कां.दे.प्र.

उज्जळ–क्रि०वि०—बहाव से उल्टी ओर, नदी के चढ़ाव की ओर ।

वि०—१ उज्ज्वल, सफेद, उजला, दीप्तिमान । उ०—**उज्जळ**दंता घोटड़ा, करहइ चढ़ियउ जाहि । तंइ घर मुंध कि नेहवी, जे कारणि सी खाहि ।—ढो.मा. [सं० उज्ज्वल] २ निर्मल, स्वच्छ. ३ पवित्र, शुद्ध ।

सं०पु०—शुक्ल पक्ष । उ०—सतरै संमत त्रिहोतरै, **उज्जळ** त्रीज प्रकास ।—रा.रू.

उज्जळता–सं०स्त्री० [सं० उज्ज्वलता] १ कांति, दीप्ति, चमक. २ सफेदी. ३ स्वच्छता, निर्मलता ।

उज्जळौ–वि० [सं० उज्ज्वल] (स्त्री० उज्जळी) उज्ज्वल, गौर वर्ण । उ०—मारुवणी मुहवरन आदित्ता हूं **उज्जळौ** ।—ढो.मा.

उज्जीण, उज्जेण, उज्जैण, उज्जैणि, उज्जैणी, उज्जैन, उज्जैनी–सं०स्त्री०—देखो 'उज्जयिनी' (वं.भा.)

उज्झड़–वि०—१ झक्की. २ मनमौजी. ३ उद्धत, मूर्ख ।

उज्झेल, उज्झेलत–सं०स्त्री०—तरंग लहर । उ०—तिलां तेल पोहप फुलेल, **उज्झेलत** सायर । अगनि काठ जोवन्न घट्ट, भगवट्ट सु कायर । —ह.र.

२ चमक, दमक । उ०—घण माळ जिसी वण फौज घटा, छिब सेल **उज्झेळ** सिळाव छटा ।—क.कु.बो.

उज्यागर–वि०—देखो 'उजागर' । उ०—**उज्यागर** भाल खग करणहर आभरण, 'अमर' अकबर तणी फौज आयी । —पदमां सांदू

उज्यास–सं०पु०—देखो 'उजास' ।

उज्र–सं०पु०—देखो 'उजर' । उ०—**उज्र** हौ जापै वौ ग्राहक गुजरगौ । —गणेस पुरी.

उज्रदारी–सं०स्त्री०—देखो 'उजरदारी' ।

उज्वळ–वि०—देखो 'उजळ' ।

उज्वळण–सं०पु०—१ प्रकाश, दीप्ति. २ जलना, ज्वाला का उर्ध्वगमन. ३ स्वच्छ करने का कार्य ।

उज्वळता–सं०स्त्री०—देखो 'उजळता'।
उज्वळा–वि०स्त्री०—निर्मल, शुभ्र, उज्ज्वल।
उज्वाळणौ, उज्वाळबौ—देखो 'उजवाळणौ'।
उज्वाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजवाळियोड़ौ'।
उभकणौ, उभकबौ–क्रि०अ०—१ उचकना, उछलना, कूदना. २ ऊपर उठना, उभड़ना. ३ चौंकना, चमकना। उ०—उर आसुर तायां सबद अभायां। **उभकै** पायां असुहायां।—रा.रू.
उभकणहार, हारौ (हारी), उभकणियौ–वि०—उचकने वाला, उभड़ने वाला, चौंकने वाला।
उभकिओड़ौ, उभकियोड़ौ, उभक्योड़ौ—भू०का०कृ०।
उभकियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उचका हुआ. २ ऊपर उठा हुआ. ३ चौंका हुआ। (स्त्री० उभकियोड़ी)
उभक्कणौ, उभक्कबौ–क्रि०अ०—देखो 'उभकणौ, उभकबौ'। उ०—काय **उभक्कै** के कटै भरि पाय भभक्कै।—वं.भा.
उभड़–वि०—१ उजाड़, निर्जन, वीरान. २ बिना मार्ग, राहरहित। (रू.भे. उजड़)
उभड़णौ, उभड़बौ–क्रि०अ०—देखो 'उजड़णौ'।
उभड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजड़ियोड़ौ'
उभटैल–वि० [सं० उद्भट] योद्धा, वीर। उ०—गैण उचीश्रवा भांण खंचायौ थटैल गीधां बंका रु जटैल पाठ बचायौ बीरांण। **उभटैल** पटा काळौ नचायौ चामंडा आळौ। पटैल बरूथां मारू मचायौ पीठांण। —हुकमीचंद खिड़ियौ
उभणौ–सं०पु० [सं० उपढोकन, अप० उवढ़ोयन] दहेज। उ०—आंणौ करौ तद सांवतसी घणौ ही विचारियौ पिण बात बंधकाई बैसै नहीं। कुमरी नै **उभणौ** दे मेलीजे।—ढो.मा.
उभबक–सं०पु०—देखो 'उजबक'।
उभमणौ–सं०पु०—देखो 'उजमणौ'।
उभळ–सं०स्त्री०—देखो 'उभेळ'। (रू.भे. उज्भेल)
उभळणौ, उभळबौ–क्रि०अ०—१ छलकना, पानी का किनारों के ऊपर होकर बहना। उ०—सेन थाट चलै हमेसां **उभळै** जांणै सात सिंधू।—गिरवरदान कवियौ
२ छिछोरापन करना. ३ आवेग में आना। उ०—ना **उभळणै** जोग, बाळका नृत कर खेलै। हिवड़ै सेवै चोट, कदे ना पाछी मेलै। —दसदेव
४ हद से अधिक होना, मर्यादा के बाहर होना। उ०—**उभळियौ** इनीयाव सुजळ इळ ऊपर, एकौ उदम फिरै नह आज। 'उदा' राव निभावौ आचां, जस जोड़ां वाळी हव ज्याज।—अज्ञात
५ पति को छोड़ कर अन्य पुरुष के साथ चले जाना। मि० 'उधळणौ'।
उभळणहार, हारौ (हारी), उभळणियौ–वि०।
उभळिओड़ौ, उभळियोड़ौ, उभळयोड़ौ—भू०का०कृ०।
उभळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ छलका हुआ. २ आवेग में आया हुआ. (स्त्री० उभळियोड़ी)
उभळौ–वि०—देखो 'उजळौ'।
उभळळ–सं०स्त्री०—तरंग, लहर।
उभवणौ, उभवबौ–क्रि०स०—देखो 'उजमणौ, उजमबौ'।
उभांकणौ, उभांकबौ–क्रि०स०—भांकना, ऊपर से भांकना, ऊपर सिर उठा कर देखना।
उभांकियोड़ौ–भू०का०कृ०—भांका हुआ। (स्त्री० उभांकियोड़ी)
उभाखो, उभाखौ–सं०पु०—उजाला, प्रकाश। उ०—नळ जद निरखी मारवी, जांणै बियौ मयंक। **उभाखौ** आनीर अळि, कोई नहीं कळंक। —ढो.मा.
उभाळ–सं०स्त्री० [सं० ज्वाला] ज्वाला, आग की लपट।
उभाळणौ, उभाळबौ–क्रि०स०—बहाना, छलकाना। उ०—मेघ अवेखत पांण चखां तूं नीर **उभाळे**। देख पराई पीड़ मयाळू हिया पिघाळे।—मेघ०
उभेल, उभैल–सं०स्त्री० [सं० उत+हेलनम्=उद्धेलनम्=उभेल] तरंग, लहर। उ०—दानां री **उभेळ** वीक भोज ओळै जाय दुरै, वसू सिंध कानां री कीरती हुई वाद।—चैनजी
वि०—१ अपार, अधिक। उ०—१ काकै कुंभवालै वैर काजा, सक्रजीत **उभेळ** साजा। कियण गौ खळ कुंभ काजा, जाग ताजा जोम। —र.रू.
उ०—२ चका बूह कूटै चढै, उडै सेल **उभेळ**। वीर फफूंडै वीस विध, खेंग हड़ूडै खेल।—क.कु.बो.
क्रि०वि०—पूर्ण जोश से। उ०—प्रहार सेल पिंजरै **उभेळ** खेंग पेलणी। सिलाव वेग जांण मेघ दांमणी सकेलणी।—रा.रू.
उभोळ–सं०स्त्री०—उछलने की क्रिया या भाव। उ०—बीजळ-मीट **उभोळ** पळकतौ जुगनू जांणै, इतरौ खीण उजास मेघला मौ घर आंणै।—मेघ०
उटज–सं०स्त्री० [सं०] कुटिया, भोंपड़ी, पर्णकुटी।
उटडया–सं०पु०—देखो 'ऊंटड़ौ'।
उटपटांग—देखो 'ऊटपटांग'।
उठंग–सं०पु० [सं० उत्तंभ] तकिया (अ.मा.)
उठंतरी—देखो 'उठांतरी'।
उठ–सं०पु० [सं० उष्ट्र] देखो 'ऊंट'। उ०—ताहरां साहूकार हूआ बडौ लवेस करि थाहेरैस करि वहिल **उठ** त्यार करि।—चौबोली
उठणौ, उठबौ–क्रि०अ० [सं० उत्थान] देखो 'ऊठणौ'।
उठलू–वि०—१ ऐक स्थान पर न रहने वाला. २ आवारा. ३ बेठौर-ठिकाने का।
उठवाणौ, उठवाबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—किसी से उठाने का काम कराना।
उठवायोड़ौ–भू०का०कृ०—उठवाया हुआ। (स्त्री० उठवायोड़ी)

उठांण–सं०स्त्री० [सं० उत्थान] १ उठाना, उठने की क्रिया. २ बाढ़, बढ़ने का ढंग, वृद्धि. ३ गति की आरंभिक दशा. ४ आरम्भ. ५ खर्च, व्यय।

उठांणौ–सं०पु०—मृत्यु के हेतु शांति के लिए किया जाने वाला एक संस्कार विशेष।

उठांतरी–सं०स्त्री०—१ उठाने की क्रिया का भाव. २ मौकूफ, खारिज, विसर्जित. ३ नाश. [सं० उत्थान्तरम्] ४ किसी जागीरदार की भूमि को राज्य द्वारा जब्त कर लिये जाने पर उस जागीरदार का प्रयत्न करके उस भूमि को वापस अपने अधिकार में लेने का तथा खालसा के आये हुए कर्मचारियों को हटाने के हेतु प्राप्त की हुई राजाज्ञा।

उठांमणी, उठांवणी–सं०स्त्री०—देखो 'उठावणी'।

उठाईगीर, उठाईगीरौ–वि०—आँख बचा कर चीजों को चुराने वाला, उचक्का, बदमाश, लुच्चा, ठग।

उठाउं–क्रि०वि०—वहाँ से, उधर से, उस ओर से।

उठाउ–वि०—उठाने वाला, उचक्का।

उठा–क्रि०वि०—उधर, वहाँ।

उठाक–वि०—१ उठाने वाला।

सं०पु०—शीघ्रतापूर्वक उठाने की क्रिया का भाव।

उठाड़णौ, उठाड़बौ–क्रि०स० [सं० उत्थापनम्] १ उठाना। देखो 'उठाणौ, उठाबौ'। २ जोश दिलाना. ३ जीवित करना।

उठाड़णहार, हारौ (हारी), उठाड़णियौ–वि०—उठाने वाला।

उठाड़िओड़ौ, उठाड़ियोड़ौ, उठाड़योड़ौ—भू०का०कृ०।

उठाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—उठाया हुआ, जोश दिलाया हुआ। (स्त्री० उठाड़ियोड़ी)

उठाणौ, उठाबौ–क्रि०स०—१ उठाना, खड़ा करना, खड़ी स्थिति में करना. २ नीचे से ऊपर करना। उ०—सर धनुख **उठाया** धणी धाया रघुबर।—गी.रां. ३ धारण करना, शिरोधार्य करना. ४ जगाना, सचेत या सावधान करना. ५ निकालना. ६ कुछ समय तक ऊपर ताने या लिये रहना. ७ उत्पन्न करना.

उ०—तरह-तरह री बात मन में **उठावै** छै, भांजै छै।

—सूरे खींवें री बात

८ बढ़ाना, उन्नत कर आगे बढ़ाना. ९ चढ़ाना. १० आरम्भ करना. ११ तैयार करना, उद्यत करना. १२ (इमारत) बनाने के लिये उत्तेजित या उत्साहित करना. १३ नियमित समय पर किसी दूकान या कार्यालय का बंद करना. १४ समाप्त करना, खतम करना, बंद करना. १५ दूर करना (किसी प्रथा या रीति आदि का उठाना). १६ खर्च करना, लगाना. १७ भाड़े या किराये पर देना. १८ भोग करना. १९ अनुभव करना.

२० (गंगाजल या कोई पुस्तक आदि) किसी वस्तु को हाथ में लेकर शपथ करना। उ०—तद मुरादसाह सूंस कोल कर दिल्ली आया, कुरांन **उठायौ**, आंण सांमळ हुवा।—पदमसिंह री बात

२१ उधार देना. २२ लगान पर (खेत आदि) देना. २३ जिम्मेदारी लेना. २४ सहना, बर्दाश्त करना. २५ स्वीकार करना. २६ प्राप्त करना. २७ खोलना (दरवाजा) उ०—दक्खिण रै द्वारपाळ महामूद सलख रा पत्र सुणतां ही अरर **उठाय** मांहि लीधा।

—वं.भा.

उठाणहार, हारौ (हारी), उठाणियौ—उठाने वाला।

उठणौ, उठबौ—अ.रू.।

उठावणौ, उठावबौ—रू.भे.।

उठाओड़ौ, उठायोड़ौ—भू०का०कृ०।

उठाव–सं०पु०—१ देखो 'उठांण' २ मिहराब के पाट के मध्य बिंदु और भुकाव के मध्य बिंदु का अंतर।

उठावण–देखो 'उठावणौ'।

उठावणी–सं०स्त्री०—१ जोश में तेजी के साथ लपकने की क्रिया, आक्रमण, हमला। उ०—म्हें सारा जाय दोळा फिरिया सौ तिण में सूअरां इसी **उठावणी** कर आय भिळिया सौ बंदूक तीर किंह रौ बहण नहीं दियौ।—डाढ़ाळा सूर री बात.

उठावणौ–सं०पु०—१ मृत्यु के पश्चात शांति हेतु किया जाने वाला एक संस्कार विशेष. २ अंतिम संस्कार के बारहवें दिन में बिछाई जाने वाली बिछायत (जिस पर श्रद्धांजलि हेतु विभिन्न आने वाले लोग बैठते हैं) को १२ दिन बाद उठाना।

उठावणौ, उठावबौ–क्रि०—देखो 'उठाणौ'।

उठावणहार, **हारौ** (हारी), **उठावणियौ**–वि०—उठाने वाला।

उठाणौ, उठाबौ—रू.भे.।

उठाविओड़ौ, **उठावियोड़ौ, उठाव्योड़ौ**—भू०का०कृ०।

उठावियोड़ौ-भू०का०कृ०—उठाया हुआ। (स्त्री० उठावियोड़ी)

उठावौ–वि०—१ जिसका कोई स्थान नियत न हो. २ जो उठाया जाता हो।

उठी–क्रि०वि०—उस तरफ, उस ओर, वहाँ।

उठे–क्रि०वि०—उधर, वहाँ, उस तरफ।

कहा०—१ उठे कियौ नांनांणौ हो—वहाँ क्या ननिहाल था? किसी ऐसे स्थान में जाने पर जहां पर सभ्यता एवं शिष्टता का ध्यान रखते हुए आचरण करना पड़े. २ उठे कियौ परसाद बंटतौ हौ—वहाँ क्या प्रसाद बँट रहा था? बिना लाभ के उद्देश्य से कहीं जाने पर।

उठेल–सं०पु०—फेंकने की क्रिया या भाव। उ०—समामम पेल धमाधम सेल, अनातम आतम ठेल **उठेल**।—रा.रू.

उठै–क्रि०वि०—वहाँ, उस ओर। उ०—**उठै** झाड़ कंडीर पाहाड़ ऐंडा। बणे मंथरां हालणौ पंथ बैंडा।—म.मे.

उडंकू–वि०—१ जो उड़ सके, उड़ने वाला. २ चलने-फिरने वाला, डोलने वाला।

उडंग, उडंड–सं०पु०—घोड़ा (डि.को.)
वि० [सं० अदंड्य] १ अदंडय. २ जबरदस्त।
उडंडांणी–सं०पु०—घोड़ा। उ०—पांणी पंथा काटीयांणा **उडंडांणी** चाक पींडा 'अड़सांणी' धार कीन्हा करांणी आरोह।
—महादांन महड़ू
उडंत–सं०पु०—कुश्ती का एक पेंच विशेष।
वि०—उड़ता हुआ।
उडंबर–सं०पु० [सं० उदुंबर] गूलर।
उडंबरी–सं०स्त्री० [सं० उडुम्बर] एक प्रकार का तार वाला बाजा।
उड–सं०पु० [सं० उडु] तारा, नक्षत्र (अ.मा.)
उडगण, उडगन, उडगांण–सं०पु०—१ नक्षत्रगण, तारागण (डि.को., ह.नां.)
उडगौ–वि०—उचक्का।
उडण–सं०स्त्री०—उड़ने की क्रिया। उ०—अह **उडण** लेवाक अहाड़ौ।
वि०—उड़ने वाला। —अज्ञात
उडणखटोलड़ौ, उडणखटोलणी, उडणखटोलौ–सं०पु०—उड़ने वाला खटोला. विमान। उ०—उठै एक रोही हंती तठै रोही मांहे एक सुथार घरवासीदार रहै सु **उडणखटोलणी** रौ हुनर जांणै।
—चौबोली
उडणछू–वि०—चंपत, गायब।
उडणौ–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)
उडणौ, उडबौ–क्रि०अ० [सं० उड्डयन] १ वायु में होकर चिड़िया आदि पक्षियों का एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना।
कहा०—१ उड़ी'र फुर्र—उड़ी और फर्र; गप्प हाँकना; उड़ती बात कहना। २ उडो ऐ चिड़ियां सावण आयौ—अब तो उड़ो चिड़ियों क्योंकि सावन आ गया है। अनुकूल परिस्थिति होने पर कही जाती है।
२ वायु में ऊपर आकाश में उठना. ३ वायु में फैलना, छितराना. ४ फहराना, फरफराना. ५ इधर-उधर हो जाना. ६ तेज चलना, भागना. ७ झटके के साथ अलग होना, कट कर दूर जा पड़ना। (रू.भे. 'ऊडणौ') उ०—हौकरै विचै हेकल बापू कारै पासां वेली सिरीहथां वाहै सार **उडै** सतां अंग।—जगौ सांदू। ८ उधड़ना. ९ अलग या पृथक होना. १० गायब होना, खो जाना।
उ०—चुगल अपूरब चीज है, जिणनूं लीधौ जांण। अवरां कांने लागही, **उडही** अवरां प्रांण।—बां.दा. ११ खर्च होना.
१२ भोग्य वस्तु का भोगा जाना, आमोद-प्रमोद की वस्तु का प्रयोग या व्यवहार होना. १३ रंग आदि का फीका पड़ना, धीमा पड़ना. १४ मार पड़ना, शस्त्र-प्रहार होना। उ०—घणौ लोह **उडियौ** राठोड़ नीठ पड़ियौ।—अमरसिंह री बात. १५ लगना.
१६ बातों में बहलाना, भुलावा देना, धोखा या चकमा देना.
१७ फलांग मारना, कूदना. १८ बारूद द्वारा मकान आदि का गिरना।

उडणहार, हारौ (हारी), उडणियौ–वि०—उड़ने वाला।
उडाणौ, उडाबौ—रू०भे०।
उडावणौ, उडावबौ–रू०भे०।
उडिओड़ौ, उडियोड़ौ, उड्योड़ौ—भू०का०कृ०।
वि०—उड़ने वाला। उ०—रांणा रायमल रौ बेटौ प्रथीराज **उडणौ** कहांणौ।—बां.दा.ख्या.
उडती बैठक–सं०स्त्री०—बैठने का एक भेद जिसमें दोनों पाँवों को समेट कर उठते-बैठते हुए आगे बढ़ना या पीछे हटना।
उडप–सं०पु०—१ नृत्य का एक भेद. २ नक्षत्रेश, चंद्र. ३ आकाश, नभ (ह.नां.)
सं०स्त्री० [सं० उडुप] ४ नौका, नाव।
उ०—धोवै नीर **उडप** पग धरजै, रज सिल उठी किसूं वनदार।
—र.रू.
उडपत, उडपति, उडपती–सं०पु० [सं० उडुपति] चंद्रमा, शशि।
(ह नां., अ.मा.)
उडपथ–सं०पु०—आकाश, व्योम (डि.को.)
उडमाळ–सं०पु०—तारे, सितारे, उडुगण।
उडराज–सं०पु०—चंद्रमा (अ.मा.)
उडळभरि, उडळभरी–सं०पु०—हाथी। उ०—**उडळभरि** पूजविया अंबर, भीम पहलका तणी भत।—मालौ सांदू
उडली–सं०स्त्री०—देखो 'उडेल'।
उडव–सं०पु० [सं० ओडव] रागों की एक जाति, वह राग जिसमें पाँच स्वर लगें और कोई दो स्वर न लगें।
उडांण, उडांन–सं०स्त्री० [सं० उड्डयन] १ उड़ने की क्रिया या भाव।
उ०—सखी भरोसौ नाह रौ, सूनौ सदन म जांण। फूल सुगंधी फौज में, आसी भंवर **उडांण**।—वी.स. २ छलांग, कुदान।
३ एक दौड़ में तय की जाने वाली दूरी. ४ कवि तर्क।
उडांणसी–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)
उडाऊ–वि०—१ उड़ने वाला. २ उड़ाने वाला. ३ अधिक व व्यर्थ व्यय करने वाला, अपव्ययी।
उडाक–वि०—१ उड़ने में निपुण, उड़ने वाला. २ देखो 'उडाऊ'।
उडाड़णौ, उडाड़बौ–क्रि०स०—१ उड़ाना। देखो 'उडाणौ'।
२ भगाना। उ०—उर कोप आंणे अप्रमांणे सिद्ध जांणे सद्दयं। आपै अखाड़ै गै **उडाड़े** रूक झाड़े रद्दयं।—रा.रू.
३ संहार करना, काटना। उ०—खिति पड़िऔ मोटौ खित्री, आधौ दळ **उडाड़ि**।—वचनिका
४ ध्वंस करना, नष्ट करना।
उडाड़णहार, हारौ (हारी), उडाड़णियौ—उड़ाने वाला।
उडाड़िओड़ौ, उडाड़ियोड़ौ, उडाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
उडाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उड़ाया हुआ. २ भगाया हुआ.
३ संहार किया हुआ। ४ ध्वंस किया हुआ। (स्त्री० उडाड़ियोड़ी)

उडाणय–वि०—उड़ते हुए। उ०—असंख जात पंखि बांण वेधजे **उडाणयं**।—रा.रू.

उडाणौ, उडाबौ–क्रि०स०—१ किसी उड़ने वाली वस्तु या पक्षी आदि को उड़ने में प्रवृत्त करना. २ वायु में ऊँचा उठाना. ३ हवा में छितराना या फैलाना. ४ झटके के साथ अलग करना, काट कर अलग फेंकना। उ०—सत्रु रौ सिर तौ चाचक **उडायौ**।—वं.भा. ५ हटाना, दूर करना. ६ गायब करना, चुराना. ७ हजम करना. ८ खाने-पीने की वस्तुओं को खूब खाना-पीना, भोग्य वस्तु को खूब भोगना, आमोद-प्रमोद की वस्तु का व्यवहार करना. ९ मारना, प्रहार करना. १० नष्ट या खर्च करना, बरबाद करना. ११ बात टालना, बातों में बहलाना. १२ चकमा देना, धोखा देना. १३ झूठ ही दोष लगाना. १४ निंदा करना, बुराई फैलाना. १५ वेग से दौड़ाना। उ०—अर केही बार बाजी नूं अठीरौ उठी **उडाय** बीच दीधौ।—वं.भा. १६ किसी विद्या या कला का उसके शिक्षक या आचार्य के न जानने पर सीख लेना. १७ गिराना, पटकना। उ०—इण रीति दौ ही गजां आप आपरा कलावां सूं आधोरणा नूं **उडाय** रोस में अंध होय समीप आवतां ही लोयण मिळाया।—वं.भा. १८ नाश करना, ध्वंश करना। उ०—अस खुरताळां गिरंद **उडावे**। सिंधू दाटण करज सही।—क.कु.बो.

उडाणहार, हारौ (हारी), उडाणियौ–वि०—उड़ाने वाला।

उडणौ, उडबौ—अ०रू०। **उडावणौ, उडावबौ**—रू०भे०।

उडायोड़ौ—भू०का०कृ०। **उडीजणौ, उडीजबौ**—भाव वा०।

उडायण–क्रि०वि०—द्रुत गति से घोड़े को दौड़ाना, घोड़े को हवा से बातें कराना।

उडायोड़ौ–भू०का०कृ०—उड़ाया हुआ। (स्त्री० उड़ायोड़ी)

कहा०—आं'री उडायोड़ी चिड़चां रूंखां पर ही कौ बैठे नी—इनकी उड़ाई हुई चिड़ियां पेड़ों पर नहीं बैठतीं, (आकाश में ही उड़ती रहती हैं, या उनमें पेड़ों पर बैठने की सामर्थ्य नहीं क्योंकि असली नहीं होतीं) इनकी बड़ी बड़ी बातें कभी पूरी नहीं होतीं; ये कोरी बड़ी-बड़ी बातें बनाते हैं, उन्हें पूरी नहीं करते, अत: इनके कथन का भरोसा मत करो।

उडाळणौ, उडाळबौ–क्रि०स०—१ देखो 'उडेलणौ'। २ (कपाट) बंद करना।

उडाळणहार, हारौ (हारी), उडाळणियौ–वि०—उडेलने वाला या (कपाट आदि) बंद करने वाला।

उडाळिओड़ौ, उडाळियोड़ौ, उडाळयोड़ौ—भू०का०कृ०।

उडाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—उडेला हुआ, कपाट आदि बंद किया हुआ। (स्त्री० उडाळियोड़ी)

उडावणौ, उडावबौ–क्रि०स०—देखो 'उडाणौ'।

उडावणहार, हारौ (हारी), उडावणियौ–(स्त्री० उडावणी) वि०–उड़ाने वाला।

उडाविओड़ौ, उडावियोड़ौ, उडाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

उडावियोड़ौ–भू०का०कृ०—उड़ाया हुआ। (स्त्री० उडावियोड़ी)

उडि–सं०पु०—१ पक्षी। उ०—**उडि** बेध अकास हुवै उड़ता, छिक जाय लुलाय पखाळ छता।—मे.म. २ देखो 'उडी'।

उडियण–सं०पु० [सं० उडुगण] तारे, नक्षत्र। उ०—पतिसाह सेन दीवी परिक्ख, **उडियण** किरि आवइ अंतरिक्ख।—रा.ज.सी.

उडियांण–सं०पु०—१ आकाश, आसमान। उ०—१ देवी थांण **उडियांण** समसांण ठांमै।—देवि० २ ओढ़ने का वस्त्र। उ०—२ कट **उडियांण** लियां डमरू कर भांग धतूरा भोगी, अरक फूल जळ धोम उपाजू, जय जय संकर जोगी।—क.कु.बो.

उडियोड़ौ–भू०का०कृ०—उड़ा हुआ। (स्त्री० उडियोड़ी)

कहा०—उडियोड़ी आबरू पाछी नहीं आवै—एक बार प्रतिष्ठा चली जाने पर वापस उसे प्राप्त करना बहुत कठिन है।

उडी–सं०स्त्री०—आकाश में उड़ने वाली, धूलि, रज। उ०—कड़ी बागतां बरम्मां पीठ पनागां ऊधड़ी केत, मागां काळ घड़ी देत पैंडा आसमेद। छड़ालां अभागां लागां **उडी** आसमांन छायौ, ऊपड़ी बाजंदां बागां यूं आयौ उमेद।—हुकमीचंद खिड़ियौ

उडीक–सं०स्त्री० [सं० उत्+ईक्षा=उदीक्षा] १ चिंता. २ इंतजार, प्रतीक्षा। उ०—सरब्बत चमूं जुरे परब्बतं सरं परे। **उडीक** मांनके पती, चढ्यौ न क्यौं जगत्पती।—ला.रा. ३ पूर्व और आग्नेय के मध्य की दिशा जो सूर्योदय के समय ही इस नाम से पुकारी जाती है।

उडीकणौ, उडीकबौ–क्रि०स० [सं० उदीक्षण] प्रतीक्षा करना, राह देखना। उ०—१ पिवजी बैठा ऐ माळवे, कोई घरां ऐ **उडीके** नार, मारूजी घर आवौ।—रा.लो.गी.

उ०—२ अवध **उडीके** जी मोरचां ज्यूं मेह नै।—गी.रां.

उडीकणहार, हारौ (हारी), उडीकणियौ—प्रतीक्षा करने वाला।

उडीकियोड़ौ—भू०का०कृ०।

उडीकाणौ, उडीकाबौ, उडीकावणौ, उडीकावबौ—स०रू०।

उडीकाणौ, उडीकाबौ, उडीकावणौ, उडीकावबौ–क्रि०स० (प्रे.रू.)—प्रतीक्षा कराना।

उडीकियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ प्रतीक्षा किया हुआ. २ प्रतीक्षित। (स्त्री० उडीकियोड़ी)

उडीनै–क्रि०वि०—वहाँ।

उडीयंद–सं०पु०—चंद्रमा (रा.रा.)

उडीयण–सं०पु०—तारे, नक्षत्र (रू.भे. उडियण) उ०—राजति राजकुंअरि राय अंगण, **उडीयण** वीरज अंब हरि।—वेलि.

उडीसौ–सं०पु०—भारत का पूर्व में बिहार के दक्षिण में स्थित एक प्रांत, उत्कल।

उडु–सं०पु० [सं०] १ तारा, नक्षत्र (मि० उडु) २ पक्षी। [सं० उदक] ३ जल, पानी (मि० उडुप २)

वि०—सफेद, श्वेत* (डिं.को.)

उडुप–सं०पु० [सं०] १ चंद्रमा (अनेकार्थ) २ नाव, डोंगी (अनेकार्थ) ३ बड़ा गरुड़. ४ पक्षी (अनेकार्थ) ५ तारा, नक्षत्र (अनेकार्थ) ६ नाव चलाने वाला, नाविक (अनेकार्थ)

उडुपत, उडुपति–सं०पु० [सं०] १ चंद्रमा (ह.नां.) २ प्रथम लघु फिर दो दीर्घ कुल पाँच मात्रा का नाम (।ऽऽ) (डिं.को.)

उडुपथ–सं०पु० [सं०] आकाश, गगन (अ.मा.)

उडुराज–सं०पु० [सं०] चंद्रमा ।

उडुस–सं०पु०—खटमल (डिं.को.)।

उडू–सं०पु० [सं० उडु] तारा, नक्षत्र (डिं.को.)

उडूपथ–सं०पु०—आकाश गगन (ह.नां.)

उडेल–सं०पु०—हल की हाल के पीछे से लगाई जाने वाली छोटी लकड़ी जिससे हाल निकले नहीं ।

उडेलणौ, उडेलबौ–क्रि०स०—१ ढालना, डालना, गिराना. २ रिक्त या खाली करना (तरल पदार्थ)

उडेलणहार, हारौ (हारी), उडेलणियौ–वि०—उडेलने वाला ।

उडेलिश्रोड़ौ, उडेलियोड़ौ, उडेल्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

उडल–सं०पु०—घास-फूस (क्षेत्रीय)

उडेलभरी–सं०पु०—हाथी । उ०—**उडेलभरी** पूजि अंबर, भीम पहल का तणी भत ।—मालौ सांदू

उडेलियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ ढाला या डाला हुआ, उँडेला हुआ. २ रिक्त या खाली किया हुआ (तरल पदार्थ) (स्त्री० उडेलियोड़ी)

उडं, उड़ं–क्रि०वि०—वैसे ।

उड्डणौ, उड्डबौ–क्रि०अ०—देखो 'उडणौ'। उ०—जसवंत गुरड़ न **उड्डही**, ताळी त्रजड़ तणेह । हाकलियां ढूला हुवै, पंछी अवर पुणेह ।
—हा.झा.

उड्डियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उड़ियोड़ौ' ।

उड्डीयन–सं०पु०—हठयोग की एक क्रिया । कहा जाता है कि इसके द्वारा योगी उड़ सकते हैं ।

उढंग–वि०—अति ऊँचा ।

उढंगी–वि०—बेढंगा, ऊँचे शरीर वाला ।

उढ–सं०उ०लिं०—नव-विवाहित पुरुष या कन्या (वं.भा.)

उढा–सं०स्त्री०—नव विवाहिता स्त्री, नव-युवती (वं.भा.)

उण–सर्व०—१ उस । उ०—कूट कटाड़ी दे छुरी **उणही** कर तिण तास ।—ढो.मा. २ वह ।

उणईसमौ–वि०—उन्नीसवां । उ०—मूळ बरण **उणईसमौ** इक्कबीस मय आंन ।—बां.दा.

उणगी–क्रि०वि०—उस ओर, उधर । उ०—इणगी **उणगी** जोवै, खबर-दारी करै ।—चौबोली

उणत–सं०स्त्री० [सं० ऊनत्व] १ कमी । उ०—माळी घड़ा हजार सदा सींचे जिम जांणौ, रुत आयां फळ होय सुण्यौ अगलौ ऊखांणौ । यूं जांण करी सेवा अठै मम **उणत** अजहू न मिटी तम, दोस नहीं 'अणदेस' तण नहचे बात नसीब री ।—साहेबोजी सुरतांणियौ २ याद, स्मृति. ३ अभिलाषा, इच्छा ।

उणमण–वि० [सं० उत्+मानस्] १ चिंतित, व्याकुल. २ उन्मन, उदासीन ।

उणमणियौ, उणमणौ–वि०पु० (स्त्री० उणमणी)—१ उदास, खिन्न चित्त. उ०—खांधां पर खड़िया मैला मांख्यां सूं । **उणमणियां** जोवै झरती आंख्यां सूं ।—ऊ.का. २ चिंतित, व्याकुल ।

उणमुखता–सं०स्त्री०—१ उदासीनता. २ दीनता, गरीबी । उ०—छपनूं गावै गळ नैणां जळ छावै । अपणीं **उणमुखता** सनमुख दरसावै ।—ऊ.का. ३ चिंता. ४ उत्सुकता ।

उणमुखौ–वि०—उदासीन, चिंतित । (स्त्री० उणमुखी)

उणरउ–सर्व०—उसका । उ०—**उणरउ** जोबन बहिगयउ तूं किउं जोबनवंत ।—ढो.मा.

उणहार–सं०पु०—देखो 'उणियार'। उ०—जवण हेक जेण री, आँख नाहर **उणहारै** ।—मे.म.

उणां–सर्व०ब०व०—उन । उ०—हां हे आली भला है **उणां** रा भाग ।
—गी. रां.

उणारत–सं०स्त्री०—१ कमी, अभाव । [सं० ऊनत्व] २ चाह, इच्छा । उ०—थांरौ भरतार तौ कने छै बीजी थांनै किण बात री **उणारत** छै ।
—ढो.मा.

उणि–सर्व०—१ उसी । उ०—जउ जीव्या तउ आविस्यां, मुया त **उणिहिज** देस ।—ढो.मा. २ उस । उ०—ज्यूं थारइ सांभर उगहइ । राजा **उणि** घरि उगहइ हीरा-खांन ।—वी.दे..

उणिज–सर्व०—१ उसी. २ वही ।

उणियांरी, उणियार–वि०—१ समान, बराबर, तुल्य । उ०—खत रिपिया लिख दे खेड़ेचा । अणलीधां लीधां **उणियार** ।
—द.दा.

२ अनुकूल. ३ उपयुक्त ।

सं०स्त्री०—शक्ल, सूरत । (मि० उणियारौ)

उणियारौ–सं०पु० [सं० अनुहार] १ सूरत, शक्ल, आकृति, मुखाकृति । उ०—आंख्यां **उणियारोह**, निपट नहीं न्यारौ हुवै, प्रीतम मौ प्यारोह, जोती फिरूं रे जेठवा ।—जेठवे रा सोरठा

कहा०—उणियारे उणियारे देस (मुलक) भरियौ है—समान हुलियों (वाले व्यक्तियों) से देश भरा है । एक ही आकार वाले अनेक व्यक्ति हो सकते हैं ।

२ समानता, सादृश्य ।

उणिहार, उणिहारौ–सं०पु० [सं० अनुहार] आकृति, सूरत, शक्ल । उ०—इहि जोड़ा **उणिहार**, जणणी फिर जाया नहीं । निकमी नाजुक नार, भुरती रैंगी जेठवा ।—जेठवे रा सोरठा

उणहि, उणहिज–सर्व०—उसी, वही ।

उणी–सर्व०—१ उस। उ०—राय आंगणि रांणी फिरई। **उणी** सोळहसइ रांणी कउ उतारचौ मांन।—वी.दे.
२ उसकी. ३ उसी।

उणीयार, उणीहार, उणीहारइ, उणीहारउ–सं०पु०—आकृति, शक्ल। देखो 'उणियार' (रू.भे.) उ०—१ सत्रां सिर वीरम वाहै सार, आजौ को काळ तणौ **उणीयार**।—गो.रू.
उ०—२ जोगी कहइ सुणि धरह-नरेस। विण **उणीहारउ** कहांउ लहेस।
वि०—समान, सदृश। उ०—हिव होसी काच की कांमळी। दीस भूलउ रे प्रभु **उणीहार**।—वी.दे.

उणौ–सं०पु०—अपरिपक्व गर्भ।
वि० [सं० ऊन] देखो 'ऊणौ'।

उणौ-पूणौ–वि०पु०—अपूर्ण।

उण्यारै–सं०पु०—देखो 'अंवारियां'।

उण्यारौ–सं०पु०—१ देखो 'उणियारौ'. २ देखो 'उण्यारै'।

उतंक–सं०पु० [सं० उत्तंक] १ वेद मुनि के शिष्य एक ऋषि. २ गौतम ऋषि के एक शिष्य।
वि० [सं० उत्तुंग] ऊँचा।

उतंग–वि० [सं० उत्तुंग] १ ऊँचा, बुलंद। उ०—घने **उतंग** अंग के मतंग घूमते नहीं।—ऊ.का. २ श्रेष्ठ।
सं०पु०—सूर्य्य (अ.मा.)

उतंगह–सं०पु०—घोड़ा (ना.डि.को.)

उत–उप० [सं०] एक उपसर्ग।
क्रि०वि०—१ वहीं. २ उधर, उस ओर। उ०—**उत** होम भूम विलोक आया, निडर राकस नीच।—र.रू.
सं०पु० [सं० पुत्र, प्रा० पुत्त] पुत्र, लड़का। उ०—मंडयौ नंदघर मेळ, ब्रज में बंटै बधावणा। तट जमना रै तीर, रमियौ वसुदेराव **उत**।—रांमनाथ कवियौ

उतकंठ, उतकंठा–सं०स्त्री० [सं० उत्कंठा] प्रबल इच्छा, तीव्र अभिलाषा। उ०—ढोल पधारचउ कूवा कंठ, पिंगळ मनि अधिक **उतकंठ**।
—ढो.मा.

उतकंठित–वि० [सं० उत्कंठित] उत्सुक, उत्कंठायुक्त।

उतकट–वि० [सं० उत्कट] १ तीव्र, विकट, उग्र. २ मत्त।

उतकळ–सं०पु० [सं० उत्कल] १ उड़ीसा प्रांत. २ उड़ीसा का प्रधान नगर, जगन्नाथपुरी।

उतकळिका, उतकळी–सं०स्त्री० [सं० उत्कलिका] १ उत्कंठा. २ तरंग, लहर (डि.को.) ३ फूल की कली (ह.नां.)

उतकष्ट–वि० [सं० उत्कृष्ट] उत्कृष्ट (अनेकार्थी)

उतकूं–क्रि०वि०—वहाँ।

उतणौ–वि०—उस मात्रा का, उतना।

उतथ्य–सं०पु० [सं०] १ अंगीरा के पुत्र एक मुनि विशेष. २ बृहस्पति के ज्येष्ठ सहोदर।

उतन, उतन्न–क्रि०वि०—उस तरफ, उस ओर।
सं०पु० [अ० वतन] वतन, जन्म-भूमि। उ०—पुन रा सदन वरण रा पाळक, देसल रतन **उतन** रा दीपक।—क.कु.बो.

उतपत, उतपती, उतपत्ती–सं०स्त्री० [सं० उत्पत्ति] उत्पत्ति, उद्भव, जन्म, पैदाइश। उ०—आद चहुवांण अनळकुंड री **उतपत**।
—नैणसी

उतपन, उतपन्न–सं०पु० [सं० उत्पन्न] उत्पत्ति, पैदाइश।
वि०—जन्मा हुआ, पैदा हुआ।

उतपनणौ, उतपनबौ, उतपन्नणौ, उतपन्नबौ–क्रि०अ०—उत्पन्न होना।
उ०—रसतर संधण लील राज बक बाळ विवन्नौ। तेण पाट तुड़तांण पछै अखई **उतपन्नौ**।—आसियौ मालौ
उतपन्नणहार, हारौ (हारी), उतपन्नणियौ–वि०—उत्पन्न होने वाला।

उतपळ–सं०पु० [सं० उत्पल] नील कमल, नील पद्म (ह.नां.)

उतपाणौ, उतपाबौ–क्रि०स०—उत्पन्न करना।

उतपात–सं०पु० [सं० उत्पात] १ उपद्रव, अशांति, हलचल, ऊधम। उ०—इन दिल्ली **उतपात**, बात विपरीत प्रगट्टै।—रा.रू.
२ आकस्मिक घटना. ३ आफत, दुःख (अ.मा.)
४ दंगा, शरारत. ५ दुष्टता।

उतपाती–वि०—१ उत्पाती, उपद्रवी। उ०—और वळै नाहर **उतपाती**, महा सजोर खगे मेवाती।—रा.रू. २ ऊधमी, शरारती।

उतपायोड़ौ–भू०का०कृ०—उत्पन्न किया हुआ। (स्त्री० उतपायोड़ी)

उतफुल–वि० [सं० उत्फुल्ल] विकसित, खिला हुआ, प्रफुल्लित (डि.को.)

उतबंग, उतमंग–सं०पु० [सं० उत्तम+अंग] शिर, मस्तक (ह.नां. अ.मा.)
उ०—खेह नांख हैवर खुरां, अनराजां **उतबंग**। अलहणपुर आयौ अडर, औ सिधराव अभंग।—बां.दा.

उतम–वि० [सं० उत्तम] १ श्रेष्ठ, उत्तम, भला. २ प्रधान।

उतमतर–सं०पु० [सं० उत्तम+तरु] चन्दन का वृक्ष (ह.नां.)

उतम-दसा–सं०पु० [सं० दशा+उत्तम] दीपक (अ.मा., ह.नां.)

उतम-रस–सं०पु०यौ०—दूध (ह.नां.)

उतमि–वि० [सं० उत्तम] देखो 'उत्तम'।

उतरंग–सं०पु०—मकान के दरवाजे के ऊपर या नीचे लगाया जाने वाला पत्थर।

उतर–सं०पु०—१ उत्तर, जवाब. २ बदला. ३ दक्षिण के सामने की वह दिशा जिस ओर ध्रुव तारा स्थित है। उ०—दखिणा निळ आवतौ **उतर** दिसि, सापराध पति जिम सरति।—वेलि.

उतरण–सं०स्त्री०—उतरन, पहिने हुए पुराने कपड़े, उतरा हुआ वस्त्र।
सं०पु०—उतरने का काम।

उतरणौ, उतरबौ–क्रि०अ० [सं० अवतरण] १ ऊँचे स्थान से संभल कर नीचे आना। उ०—देखी भाट दीयौ दीरघायु, रेवंत थी **उतरियौ** राय।—ढो.मा. २ ढलना, अवनति पर होना. ३ ऊपर से नीचे आना. ४ शरीर के किसी हड्डी या उसके किसी जोड़ का अपने

स्थान से हट जाना. ५ कांति या स्वर का फीका पड़ना। उ०—लोगां घणी ही पूछी पण कही कांई ही नहीं। उणरौ चेहरौ **उतर** गयौ।—पदमसिंह री बात. ६ घट जाना, कम होना (प्रायः जल का) ७ उग्र प्रभाव या उद्वेग का दूर होना. ८ वर्ष, मास या नक्षत्र विशेष का समाप्त होना। उ०—करता मांचा दे लांचा कूतरिया। **उतरता** आसाढ़ां मूंढ़ा ऊतरिया।—ऊ.का.
९ थोड़े-थोड़े अंश में बैठ कर किये जाने वाले काम का पूर्ण होना. १० पहिनने का उल्टा, शरीर से वस्त्रादि पृथक करना.
११ खराद या साँचे पर चढ़ाई जाकर बनाई जाने वाली वस्तु का तैयार होना. १२ भाव का कम होना या घटना. १३ डेरा करना, टिकना, बसना, ठहरना। उ०—छयण परैं तळाव आय **उतरियौ** छै।—सयणी री बात. १४ नकल होना, खिंचना, अंकित होना. १५ बच्चों का मरना. १६ भर आना, संचारित होना (दूध उतरणौ) १७ भभके में खिंच कर तैयार होना.
१८ सफाई के साथ करना. १९ उचड़ना, उधड़ना. २० धारण की हुई वस्तु का अलग होना. २१ तौल में पूरा ठहरना.
२२ किसी बाजे की कसन का ढीला होना जिससे उसका स्वर विकृत हो जाय. २३ जन्म लेना, अवतार लेना. २४ आदर या शकुन के लिए किसी वस्तु का शरीर या सिर के चारों ओर घुमाना. २५ वसूल होना. २६ एकत्रित होना. २७ पद से हट जाना. २८ जागीरी जब्त होना।
कहा०—उतरियौ गांव डूंमां ने दीजै—राज्य द्वारा छीना हुआ गांव याचकों को दो (डूम=ऐक नाचने-गाने वाली याचक जाति, दमामी) कोई जाने वाली चीज दान करे तब। २९ अप्रिय होना।
क्रि०स०—३० पार करना (रू.भे. ऊतरणौ) उ०—अटक असरांण रा कटक सब **ऊतरे**, रहे तटवार हिंदवांण राजा।—देदौ.
उतरणहार, हारौ (हारी), उतरणियौ—वि०—उतरने वाला।
उतराणौ, उतराबौ—प्रे०रू०। **उतारणौ, उतारबौ**—स०रू०।
उतरिओड़ौ, उतरियोड़ौ, उतरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

उतर-पडूतर—सं०पु० [सं० उत्तर-प्रत्युत्तर] उत्तर-प्रत्युत्तर।

उतरपती—सं०पु० [सं० उत्तर+पति] उत्तर दिशा का स्वामी कुबेर (ह.नां.)

उतराणौ, उतराबौ—क्रि०प्रे०रू०—उतरवाना, उतारने का काम कराना।
उतरणौ, उतरबौ—अ०रू०।
उतरवायोड़ौ—भू०का०कृ०।

उतरस—सं०पु०—कुबेर (अ.मा.)

उतरांण—सं०पु०—उत्तर दिशा, उतरायण। उ०—अड़ै बळ घटै दिखणांण दळ ज्यूं अरि। वडै **उतरांण** दिन विरद वधता।—क.कु.बो.

उतरा—सं०पु०—१ उत्तर दिशा. २ उत्तराषाढ़ा नक्षत्र।
सर्व०—उतने ही।

उतराई—सं०स्त्री०—१ ऊपर से नीचे आने की क्रिया. २ नदी के पार उतरने का कर या महसूल या मजदूरी (डिं.को.) ३ नीचे की ओर ढालू भूमि, ढाल।

उतराखाढ़ा—सं०स्त्री० [सं० उत्तराषाढ़ा] सत्ताइस नक्षत्रों में से एक नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा।

उतराणौ, उतराबौ—क्रि०प्रे०रू० [सं० अवतारण] १ उतरने का काम कराना. २ उतराने का काम कराना.
क्रि०अ० [सं० उत्तरण] ३ पानी के ऊपर तैरना, पानी की सतह पर आना. ४ उफान या उबाल आना. ५ देख पड़ना, प्रकट होना। ६ सर्वत्र दिखाई पड़ना. ७ घमंड करना।
उतराणहार, हारौ (हारी), उतराणियौ—उतराने वाला।
उतरायोड़ौ—भू०का०कृ०—उतराया हुआ।

उतराद—सं०स्त्री० [सं० उत्तर] उत्तर दिशा। [सं० उत्तराहि] उत्तर दिशा की ओर।

उतरादौ—वि० [सं० उत्तराहि] उत्तर दिशा का, उत्तर दिशा संबंधी। उ०—**उतरादे** पासे एक मोटौ वड़ छै सौ थे वड़ ऊपर चढ़ज्यौ।
—पलक दरियाव री बात

उतराध—देखो 'उतराद'। उ०—दिस दिक्खण खेड़िया पीठ **उतराध** विचारे।—रा.रू.
वि० [सं० उत्तरार्द्ध] पीछे का आधा भाग।

उतराधी—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (अश्व-चिंतामणि)
क्रि०वि० [सं० उत्तराहि] उत्तर दिशा की ओर।

उतराधू, उतराधौ—वि० [सं० उत्तराहि] देखो 'उतरादौ'।
उ०—जखड़ै सोचियौ, ब्याह तौ तीन छै तिके उगूणाऊ कै **उतराधा** छै नै माजी दखणाधू सासरौ कह्यौ, लिकौ किसी भांति।
—जखड़ा मुखड़ा भाटी री बात

उतराफाळगुणी, उतराफाळगुनी—सं०स्त्री०—सत्ताईस नक्षत्रों के अंतर्गत एक नक्षत्र विशेष (अ.मा.)

उतरायण—सं०पु० [सं० उत्तरायण] सूर्य के मकर रेखा से चल कर बराबर उत्तर की ओर बढ़ते रहने का छः मास का समय. २ देवताओं का दिन।

उतरायी—सं०स्त्री०—उतरना क्रिया या भाव, नाव आदि से उतारने या पार करने की मजदूरी (डिं.को.)

उतरारिव—सं०पु०—देखो 'उतरायण'।

उतराव—सं०पु०—उतार या ढालू भूमि।

उतरावणौ, उतरावबौ—क्रि०स०—देखो 'उतराणौ'।

उतरावियोड़ौ—भू०का०कृ०—उतराया हुआ। (स्त्री० उतरावियोड़ी)

उतरासण, उतरासणियौ—सं०पु०—मकान के द्वार पर छज्जे के नीचे लगाया जाने वाला सीधा व चौड़ा पत्थर जो प्रायः बाहर की ओर कुछ उठा हुआ होता है।

उतरासाडा—सं०स्त्री०—देखो 'उतराखाढ़ा'।

उतरियोड़ौ–भू०का०कृ०—उतरा हुआ। (स्त्री० उतरियोड़ी)

उतरेस–सं०पु० [सं० उत्तर+ईश] कुबेर (अ.मा.)

उतरो, उतरोक–वि०—उतना।

उतळ–सं०पु० [सं० उत्+तल = प्रतिष्टायां] उदारता का आध्याहार, उदारता की आकांक्षा। उ०—हर पंथ अघहर पंथ ग्रहै हुय, प्रभा हुवंती समोप्रवाह। एक हमीर बहै कांकरियो, आज तुहाळै उतळ तियाह।—महाराणा हमीरसिंह रौ गीत

उतबंग–सं०पु० [सं० उत्तमांग] देखो 'उतबंग'। उ०—भवसि घड़ा बळि भाळि, वांमण ज्यूं वीठळ वधै। उतबंग जाइ ब्रह्मंडि अडै़, पग सातमै पयाळि।—वचनिका

उतसरजन–सं०पु० [सं० उत्सर्जन] दान, उत्सर्ग (डि.को.)

उतसारक–सं०पु० [सं० उतसारक] प्रतिहार, द्वारपाल, चौबदार (डि.को.)

उतसाह–सं०पु० [सं० उत्साह] उत्साह।

उतसुक–वि० [सं० उत्सुक] उत्कंठित, अत्यन्त इच्छुक (डि.को.)

उतसूर–सं०पु० [सं० उत्सूर] संध्याकाल, शाम (डि.को.)

उतांन–वि० [सं० उत्तान] पीठ को पृथ्वी पर रख कर ऊपर सीधा (लेटना), चित।

उतांन-सहाय, उतांन-सहि, उतांन-सही–सं०पु० [सं० उतानशय] बालक (अ.मा., ह.नां.)

उतांनजात–सं०पु०—उत्तानपाद का पुत्र, ध्रुव।

उतांमळ, उतावळ–सं०स्त्री०—शीघ्रता, जल्दी।

क्रिoवि०—देखो 'उतावळी'। शीघ्र (ह.नां., अ.मा.)

उतांमळउ–वि०—उतावला, शीघ्रता करने वाला, जल्दबाज।

उ०—१ मारू मन चिंता धरइ, करहइ कंब लगाइ। करहउ उठ्यू उतांमळउ, साल्ह अचंभै थाइ। ढो मा.

उ०—२ देखतां पथिक उतांमळा दीठा।—वेलि.

उताग्रह–वि०—शीघ्रता करने वाला। उ०—रिण काज उताग्रह चाळ करा, धज वंध उठावसु मेर धरा।—शि.सु.रू.

उताप–सं०स्त्री० [सं० उत्ताप] १ पीड़ा (अ.मा.) २ देखो 'उतापौ'।

उतापौ–सं०पु० [सं० उत्ताप] १ ज्वर, बुखार. २ पीड़ा. ३ उष्णता, ताप।

उतायळ–वि०—आतुर, जल्दबाज।

उतायळी–सं०स्त्री०—शीघ्रता, जल्दबाजी।

उतार–सं०पु०—१. उतरने की क्रिया, क्रमशः नीचे की ओर प्रवृत्ति. २ उतरने योग्य स्थान. ३ किसी वस्तु की मोटाई या घेरे का क्रमशः कम होना. ४ घटाव, कमी. ५ नदी में चल कर पार करने योग्य स्थान. ६ समुद्र का भाटा. ७ ढालू भूमि, ढाल. ८ उतारन, त्यक्त. ९ उतरायल, उतारा, न्यौछावर, सदका. १० वह वस्तु या प्रयोग जिससे नशे या विष आदि का बल कम हो या दोष दूर हो. ११ नदी के बहाव की ओर. १२ अवनंति, पतन।

उतारण–वि०—१ उतारने वाला. २ मिटाने वाला। उ०—गोविंद दइत्त उतारण ग्रब्ब।—ह.र.

सं०स्त्री०—१ मंत्र तंत्र विद्या के अनुसार पानी को शिर के चारों ओर घुमाना. २ लकड़ी की दस्तकारी।

उतारणौ–वि—उतारने वाला। उ०—ओपै बाड़ी अमल री, बैरी रंग बिरंग, एकौ रंग उतारणौ, जेठ न दीठौ जंग।—वी.स.

उतारणौ, उतारबौ–क्रि०स०—१ ऊँचे स्थान से किसी नीचे स्थान में लाना. २ प्रतिकृति बनाना, (चित्रादि) खींचना, नकल करना. ३ लगी या चिपटी हुई वस्तु को अलग करना, उचाड़ना, उखाड़ना. ४ पहने हुए किसी वस्त्र को छोड़ना, पृथक करना. ५ ठहराना, टिकाना, डेरा देना, आश्रय दिलाना. ७ किसी वस्तु को मनुष्य के चारों चोर घुमा कर भूत-प्रेत की भेंट के रूप में चौराहे आदि पर रखना, उतारा करना. ७ निछावर करना, वारना. ८ वसूल करना. ९ किसी उग्र प्रभाव को दूर करना. १० पीना, घूंटना. ११ मशीन, खराद, साँचे आदि पर चढ़ा कर बनाई जाने वाली वस्तु को तैयार करना. १२ बाजे आदि की कसन को ढीला करना. १३ भभके से खींच कर तैयार करना या खौलते पानी में किसी वस्तु का सार निकालना. १४ निंदित या बदनाम करना, लोगों की नजरों से गिराना. १५ काटना, तोड़ना (फल-फूल आदि) १६ निगलना. १७ वजन में पूरा करना. १८ घी में सेंकना और निकालना (पूरी आदि) १९ उत्पन्न करना. २० हटाना, दूर करना। २१ पार ले जाना, नदी नाले के पार पहुँचाना। २२ राई नोन मिर्च इत्यादि को चारों ओर घुमा कर आग में डालना. २३ जागीरी जब्त करना. २४ पद से हटना. २५ धारण की हुई वस्तु या भाव को अलग करना।

उ०—मुरादसाह नूं पकड़, तखत बैठांण पछै जबेह करायौ, कुरांन रौ सूंस उतारियौ।—पदमसिंह री बात

उतारणहार, हारौ (हारी), उतारणियौ–वि०—उतारने वाला।

उतरणौ, उतरबौ—अ०रू०।

उतारिओड़ौ, उतारियोड़ौ, उतारचोड़ौ—भू०का०कृ०।

वि०—उतारने वाला।

उतारियोड़ौ–भू०का०कृ०—उतरा हुआ। (स्त्री० उतारियोड़ी)

उतारू–वि०—१ उद्यत, तैयार, तत्पर. २ उतरा हुआ. ३ उपयोग में लिया हुआ, उपयोग में आया हुआ। उ०—इसा करुणा रा वचन कहि धणी दीनता करी। स्त्री ठाकुरजी रै उतारू चंदण लगायौ।—पलक दरियाव री बात

उतारो, उतारौ–सं०पु०—१ किसी स्थान पर ठहरने, डेरा डालने या टिकने का कार्य। उ०—पहाड़ां रा मोरचा री मार सूं अळगौ उतारौ लियौ।—जगमाल मालावत री बात. २ ठहरने, डेरा डालने या टिकने का स्थान. ३ नदी का पार करना. ४ किसी

व्यक्ति के शरीर के चारों ओर कुछ खाने-पीने की सामग्री अथवा अन्य कोई वस्तु घुमा फिरा कर चौराहे आदि पर प्रेत-बाधा या रोग की शांति आदि के लिए रखना। देखो 'ऊतारौ'।
५ इस उतारे की सामग्री. ६ पुस्तक की नकल, प्रतिकृति.
७ सूची, फेहरिश्त। उ०—तद कही-'थे जावौ, गांवां रौ **उतारौ** कर सताब मेलज्यौ, तिण माफिक लोगां नूं पटौ मेल देस्यां।
राठौड़ अमरसिंह री बात

उताळ–क्रि०वि०—१ ऊंचा, जोर से (आवाज या बोलना). २ शीघ्र, जल्द।
सं०स्त्री०—शीघ्रता, त्वरा। उ०—बाभी देवर नीद बस, बोलीजै न **उताळ**। चगतां धावां चौंकसी जे सुणसी बंबाळ।—वी.स.

उताळै–क्रि०वि०—जल्दी, शीघ्र। उ०—आगै उर पीड़ियां **उताळै**, विचित्र बुलाया सैंभरवाळै।—रा.रू.

उताळो, उताळौ–वि०—१ आतुर. २ उतावला। उ०— सू लाहौर निबाब सचाळौ, आवै मगि इब रांम **उताळौ**।—रा.रू.

उतावणौ, उतावबौ–क्रि०स०—१ डालना. २ ग्रहण करना।

उतावळ–सं०स्त्री०—१ जल्दी, शीघ्रता, अधीरता.
क्रि०प्र०—करणी, होणी।
२ चंचलता (ह.नां.) ३ वेग (अ.मा.)
क्रि०वि०—जल्दी, शीघ्र।

उतावळि, उतावळी–सं०स्त्री०—१ जल्दी, शीघ्रता, जल्दबाजी (ह.नां.)
उ०—घणी **उतावळि** सउ परवरचउ, सोवनगिरि नेडउ संचरचउ।
—ढो.मा.
२ व्यग्रता, अधीरता. ३ चंचलता।
कहा०—१ उतावळो दो बार फिरै (दोड़ै)—उतावली में किये कार्य को दुबारा करना पड़ता है; जल्दबाजी में कोई काम ठीक नहीं होता और किये गये कार्य को वापस करना पड़ता है।
क्रि०प्र०—करणी, खाणी, पड़णी, होणी।

उतावळो, उतावळौ–वि० [सं० उद+त्वर] (स्त्री० उतावळी) १ जल्दी मचाने वाला, जल्दबाज। उ०—बहुता वहै जी **उतावळा** रे, वे तौ झटक बतावे छेह।—मीरां. २ व्यग्र, आतुर, चंचल, अधीर।
कहा०—१ उतावळां री देवळयां हुवै, धीरां रा गांव बसै—जल्दी करने वालों के पीछे देहरियां (स्मारक-पत्थर) बनती हैं,धैर्य्य रखने वालों के पीछे गांव बसते हैं; जल्दी करने से काम अधूरा होता है या ठीक नहीं होता; धीरज से काम अच्छा बनता है और स्थायी रहता है।
२ उतावळा सौ बावळा—जल्दबाज बावला होता है. ३ उतावळा सौ बावळा, धीरा सौ गंभीर—जल्दी में किया काम पागलपन जैसा होता है, धीरज का काम स्थायी रहता है. ४ उतावळौ सौ बार पाछौ आवै—जल्दबाज जल्दी के मारे प्रत्येक बार कोई न कोई चीज भूल जाने के कारण सौ बार वापिस आता है। जल्दबाजी की निंदा।
क्रि०वि०—शीघ्र। उ०—त्रिभुवन कहतां स्रीक्रसणजी खांति लागा, रथ घणौ **उतावळा** खेड़ै छै।—वेलि. टी.

उतावियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ डाला हुआ. २ ग्रहण किया हुआ। (स्त्री० उतावियोड़ी)

उतिम–सं०पु०—पाँच सगण और अंत में ह्रस्व वर्ण का एक छंद विशेष (ल.पिं.)

उतीम–वि० [सं० उत्तम] उत्तम। उ०—गढ़ अजमेरां **उतीम** ठाई। राज करइ बीसळ-दे-राई।—वी.दे.

उतीमरस–सं०पु० [सं० उत्तम+रस] दुग्ध, दूध (ह.नां.)

उतै–क्रि०वि०—वहाँ, उधर, उस ओर।
सं०स्त्री० [सं० उत्तर] उत्तर दिशा।

उतोलणौ, उतोलबौ–क्रि०स० [सं० उत्तोलन] १ तौलना. २ प्रहार हेतु शस्त्र उठाना। उ०—भांजै चोक हरोळां अणि रा **उतोलियां** भालां, धकै तणौ मेलियां जणी री रीस धूत।—नवलजी लाळस
उतोलणहार, हारौ (हारी), **उतोलणियौ**—वि०।
उतोलिओड़ौ, उतोलियोड़ौ, उतौल्यौड़ौ—भू०का०कृ०।

उतोलियोड़ौ–भू०का०कृ०—तोला हुआ. २ प्रहार के हेतु शस्त्र उठाया हुआ। (स्त्री० उतोलियोड़ी)

उतौ–वि०—उतना।

उतौक, उतौसौ–वि०—१ उतना सा. २ उतना।

उत्कंठा–सं०स्त्री० [सं०] बड़ी प्रबल इच्छा, बिना बिलंब के किसी काम के करने की अभिलाषा, एक प्रकार का संचारी भाव।

उत्कंठित–वि० [सं०] उत्कंठायुक्त, चाव से भरा हुआ।

उत्कंठिता–सं०स्त्री० [सं०] संकेत स्थान पर प्रिय के न आने या न मिलने पर तर्क-वितर्क करने वाली नायिका, उत्सुका।

उत्कट–वि० [सं०] तीव्र, विकट, उग्र।

उत्कटासण–सं०पु०—योग के चौरासी आसनों के अंतर्गत एक आसन विशेष। दोनों पावों के अंगूठों को भूमि पर लगा कर दोनों एडियों को ऊँची रखने और दोनों पांवों के पंजे पर शरीर का बोझ आवे इस चाल से कुरसी पर बैठे हुये, इस प्रकार झुक कर खड़े रहने से उत्कटासन होता है।

उत्करस–सं०पु० [सं० उत्कर्ष] १ बड़ाई, प्रशंसा. २ श्रेष्ठता, उत्तमता।
उ०—जठै मकुवांण कही जवनां रौ जाति स्वभाव आपरौ **उत्करस** जणावै।—वं.भा. ३ समृद्धि. ४ प्रभाव।

उत्करसता–सं०स्त्री०—१ देखो 'उत्करस' (१) (२) (३). २ प्रचुरता।

उत्कल–सं०पु०—उड़ीसा प्रांत का एक नाम।

उत्कळिका–सं०स्त्री० [सं०] देखो 'उतकळिका'।

उत्क्रमण–सं०पु० [सं०] १ क्रम का उल्लंघन. २ मृत्यु।

उत्क्रस्ट–वि० [सं० उत्कृष्ट] श्रेष्ठ, उत्तम, सर्वोत्तम।

किन्तु बकरी सब कुछ खा सकती है केवल कंकरों को छोड़ कर। उस व्यक्ति के लिए जो किसी बात से परहेज न करता हो ११ ऊंट तौ अरड़ावता हीज पलांणीजै (लादीजै)—मि० कहा० नं० (१) १२ ऊंट नै गुळ-पांणी सूं कांई हुवै ?—ऊँट को गुड़-पानी से क्या हो ? अधिक खाने वाले के लिये. १३ ऊंट नै ऊठतां ही ढांण नहीं घातणौ—ऊँट को उठते ही तेज नहीं चलाना। किसी काम के आरंभ में ही अधिक तेजी नहीं दिखाना क्योंकि यह तेजी बराबर नहीं रह सकती और बाद में काम ढीला पड़ने लगता है. १४ ऊंट फिटकड़ी दियां ही अरड़ावै, गुड दियां ही अरड़ावै—ऊँट फिटकड़ी देते भी अरड़ाता है और गुड़ देते भी अरड़ाता है। दुःख और सुख दोनों ही में असन्तुष्ट रहने वाले के लिये. १५ ऊंट मरै जद लंका सांमै जोवै—ऊँट मरता है तब लंका (लंकियौ) की ओर देखता है क्योंकि वह उसकी मातृ-भूमि है. १६ ऊंट री खोड़ ऊंट नै इज बोवै—१७ ऊंट री खोड़ ऊंट भुगतै—ऊँट की कमी या अवगुण स्वयं ऊँट को ही भुगतना पड़ता है क्योंकि ऊँट के दोष आदि का कुप्रभाव अन्य पशु घोड़ा, बैल, भैंस आदि के दोष की भाँति ऊँट के खरीददार या मालिक पर नहीं होता। खुद का किया हुआ खुद को ही भुगतना पड़ता है. १८ ऊंट री नस आंटी व्है तौ सीधौ देखियौ ही कंई—१९ ऊंट रै ऊंट तेरी कुणसी कळ सीधी—ऊँट की सब कलें या अंग टेढ़े-बाके ही होते हैं; सब प्रकार के अवगुणी मनुष्य के लिये. २० ऊंट री पीठ पर नहीं लदै सौ गळै में बंधै—जो ऊँट की पीठ पर नहीं लद सकता वह भार स्वयं सवार को उठाना पड़ता है। मातहत में कार्य करने वाले यदि कार्य नहीं करते तो स्वयं स्वामी को ही कार्य करना पड़ता है। ऊंट की पीठ पर लदने के बाद यदि कुछ शेष रह भी जाता है तो बेचारे के गले में ही बंधता है। गरीब को हर तरह से काम में लिया जाता है. २१ ऊंट रै गळवांणी सूं कांई हुवै—मि० कहा० नं० (१२) २२ ऊंट रै पेट में जीरा रौ बघार—ऊँट रै पेट में जीरै रौ बघार—ऊंट के पेट में जीरे का बघार, बहुत खाने वाले को थोड़ी चीज देना. २३ ऊंट रौ पाद जमी रौ न आसमांन रौ—ऊंट का पाद न जमीन का न आसमान का; जो किसी के काम का न हो उसके लिये; निकम्मे आदमी के अधूरे काम के लिये. २४ ऊंट लदण सूं गयौ तौ कांई पादण सूं ही गयौ ?—ऊंट लदने से गया तो क्या पादने से भी गया; पूर्ण अधिकार छिन गया तो क्या साधारण अधिकार भी न रह गया ? २५ ऊँट लांबौ तौ पूंछ छोटी—ऊंट लम्बा पूँछ छोटी; सब बातें मनचाही नहीं होतीं, कुछ कुछ कमी रह गई. २६ ऊंटां रै कुण छपरा छाया हा ?—ऊँटों के किसने छप्पर छाए थे अर्थात् वे तो खुले में ही रहते आये हैं; बिना वस्तु काम चलाने के लिये। (रू.भे. ऊंठ)

२ एक मारवाड़ी लोकगीत का नाम. ३ ओट, आड़, आश्रय।

उ०—ढालां री ऊंट देनै जीवतौ निलोहौ पकड़ि हजूर ले आवौ।

—वीरमदे सोनगरा री बात

ऊंटकंटाळी, ऊंटकंटाळउ, ऊंटकंटाळौ—सं०पु० [सं० उष्ट्रकंठ] एक कटारा नामक कँटीली झाड़ी जिसे ऊंट बड़े चाव से खाता है (अमरत)

ऊंटगाडी—सं०स्त्री—ऊँट द्वारा खींचा जाने वाला शकट या रथ।

ऊंटगाडीदलाली—सं०स्त्री०—एक प्रकार का सरकारी कर।

ऊंटड़ियामहादेव—सं०पु०—महादेव का एक तीर्थ-स्थान।

ऊंटड़ी—स०स्त्री०—मादा ऊँट (अल्पार्थ)

ऊंटड़ौ—सं०पु०—१ गाड़ी के अग्र भाग में नुकीले भाग के नीचे लगाया जाने वाला लकड़ी का वह उपकरण जो उस समय जमीन पर टिका रहता है जब गाड़ी जमीन पर बिना बैलों आदि के छोड़ दी जाती है. २ ऊँट (अल्पा०) (रू.भे. ऊँटड़चौ, ऊँटहड़ौ)

ऊंटफोग—सं०पु०—जल वृक्ष के सहारे पसरने वाला एक प्रकार का फोग। वि०वि०—देखो 'फोग' (क्षेत्रिय)

ऊंटादेवी—सं०स्त्री०—एक देवी विशेष जिसकी पूजा प्रायः पुष्करणा ब्राह्मण करते हैं।

ऊंठ—सं०पु०—देखो 'ऊंट'।

ऊंठफंटाळौ—सं०पु०—देखो 'ऊंटकंटाळौ'।

ऊंठड़ौ—वि०—देखो 'ऊंट', 'ऊंटड़ौ'।

ऊंठियौ—एक प्रकार का जाति विशेष का सिंह (अ.मा.)

ऊंठेड़—सं०पु०—गौड़वंशी क्षत्रियों की एक उपशाखा।

ऊंठै—वि०—ऊँची। उ०—जहां कहीं ऊंठै ची भुंइ छै तठै भुंइ उघाड़ी छै।—वेलि टी.

ऊंठौ—सं०पु० (स्त्री० ऊंठी) १ जूठन. २ तीन और आधे के योग की गुणनफल की क्रमागत सौ तक की गुणन-सूची।

वि०—जूठा, उच्छिष्ट। उ०—मैं तौ विजय में केवळ प्रमांण पावण रै काज या कीधी जिण थी ओर री ऊंठी कीरति रौ भोगणौ बीती होत्र बसुधेस्वर रा बंस नूं।—वं.भा.

ऊंठचामणी—सं०पु० [सं० उच्छिष्टास्थानं] मकान के बाहर ऐंठे बर्तन साफ करने का स्थान (क्षेत्रिय)

ऊंठचावड़ी—सं०स्त्री० [सं० उच्छिष्टत्तिका] व्यभिचारिणी स्त्री (क्षेत्रिय) उ०—क्यूं रे मोल्या उंठचावड़ा बूझवा वाळौ कुण छै रे तूं, म्हांकी खुसी होसे जैडे जावांगा हमेस।—ऊ.का. (पु० उंठचावड़ौ)

ऊंड—सं०स्त्री०—१ गहराई. २ वह नाली जो सिंचाई करने वाली मुख्य नाली से निकलती हो।

ऊंडळ—सं०स्त्री०—१ मोट (चरस) के ऊपर लगा हुआ लकड़ी का वह टुकड़ा जिससे रस्सा बाँधा जाता है।

वि० वि०—देखो 'कड़तू' नं० (२) २ बैलगाड़ी में नीचे लगाया जाने वाला लकड़ी का डंडा. ३ गोद। उ०—जोध वळै राजांन रौ, भळै खवां कुळ भार। आभ सभा है ऊंडळे, दीठे दळै कग़ार।

—रा.रू.

ऊंडवण, ऊंडांत, ऊंडांयण, ऊंडांयत, ऊडापण, ऊडापणौ—उ०लि०—गहराई. २ नीची भूमि। उ०—१ अवड़ौ सायर न ऊडवण अवड़ौ

मेर न ऊंचपण ।—किसनौ आढ़ौ ३ गम्भीरता । उ०—मांन वडापण मेर, मांन **ऊंडायण** सागर ।—बुधजी आसियौ

ऊंडाळकी, ऊंडाळकौ–सं०उ०लिं०—१ वह नीची भूमि जहाँ वर्षा के दिनों में पानी एकत्रित हो जाता हो। पानी सूखने पर वहाँ प्रायः खेती की जाती है।

वि०—गहरा।

ऊंडियण–वि०—१ गहरा, अथाह।

ऊंडौ–वि० (स्त्री० ऊंडी) १ गहरा। उ०—आगै आवतां एक खाळ बारह हाथ कौ चोड़ौ घणौ **ऊंडौ** आडै आयौ जठै कुमार दूदौ।—वं.भा. २ गम्भीर. ३ अगाध (डिं.को.)

सं०पु० —तहखाना।

ऊंडोड़ौ–वि०—जो गहरा व गंभीर हो। (स्त्री० ऊंडोड़ी)।

ऊंण–अव्यय [सं० अधुना, प्रा० अहुणा, पं० हुण, रा० आंण] इस वर्ष, वर्तमान वर्ष।

ऊंणत, ऊंणारत–सं०स्त्री०—अभाव, कमी (र.ज.प्र.) उ०—पहलै जलम भोगिया प्राछत, संगम करण न लीधौ स्वाद। पूरण हूंस एम भव पूरै, **ऊंणारत** वाळी उदमाद।

ऊंणौ–वि० (स्त्री० ऊंणी) १ प्राकृतिक जन्म अवधि से पूर्व जन्म लेकर मृत्युप्राप्त शिशु, अपूर्ण, अधूरा. २ छोटा बच्चा। उ०—**ऊंणां** ऊरणियां खरसणियां ओळै। डरड़ा नरड़ा बिण अरड़ा दे टोळै।
—ऊ.का.

ऊंताळ–सं०पु० [सं० उत्ताल] देखो 'उताळ'। उ०—आयौ घणौ **ऊंताळ**, सरिया दे हेला समां। वणठां हेक न वाळ, मिनड़ी जाया मोतिया।—रायसिंह

ऊंतावळ–सं०स्त्री०—देखो 'उतावळ' (रू.भे.)

ऊंतावळौ–वि०—देखो 'उतावळौ'।

ऊंतोळणौ–क्रि०स०—संहार करना, मारना। उ०—सुरांपती हेके वज्र रोळिया पहाड़ सारा, सारा खळां हेके **ऊंतोळिया** चांदसींघ।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

ऊंत्तावळ–सं०स्त्री०—देखो 'उतावळ'।

ऊंदर, ऊंदरियौ, ऊंदरौ–सं०पु० [सं० उंदुर] १ चूहा (अ.मा.)

कहा०—१ ऊंदरा थड़ियां करणौ—निर्धनता के लिये. २ (घर रा) ऊंदरा ही राजी व्है तौ कांम करणौ—घर का प्रत्येक प्राणी राजी हो तो काम करना. ३ ऊंदरे रै बिल में कौ घुसीजै नी. ४ ऊंदरे रौ बिल कौ जोईजै नी—तुम्हारी इच्छित वस्तु लाने के लिए चूहे के बिल में तो घुसा नहीं जा सकता या ढूंढ़ा नहीं जा सकता; अनुचित कार्य कराने के बारे में या असंभव वस्तु की प्राप्ति के लिये.

५ ऊंदरौ आप भी बिल में कौ मावै नी नै लारै भळै कांटा बांध लै—एक तो चूहा वैसे भी बिल में नहीं समाता और अपने साथ काँटे भी बाँध कर ले आता है; जहाँ स्वयं का भी प्रवेश कठिन हो वहाँ अपने साथ किसी और को ले जाना. ६ घर तौ घांचियां रा बळसी पण ऊंदरा ही सुख कांई पावसी—दूसरों को कष्ट में डालने वाला खुद भी सुखी नहीं रह सकता. ७ मिनी रै रोळ होवै अर ऊंदरां रा घर जावै—सशक्त व समर्थ व्यक्तियों की दिल्लगी में निर्बल को कष्ट उठाना पड़ता है।

२ ४६ लघु १ गुरु कुल ४७ वर्ण और ४८ मात्राओं का दोहा नामक छंद विशेष।

ऊंदरी–सं०स्त्री०—दाढ़ी मूंछें व शिर के बाल उड़ने का एक रोग विशेष (अमरत)

ऊंदिरा–सं०पु०—घोड़ों की एक जाति विशेष।

ऊंध–सं०स्त्री०—उत्तर और वायव्य के मध्य की दिशा जिस ओर सप्त ऋषि अस्त होते हैं।

ऊंधाड़कौ–वि०—उलटा काम करने वाला, विरुद्ध आचरण करने वाला.

ऊंधायलौ–सं०पु०—१ किसी मिट्टी आदि के पात्र में शकरकंद भर कर भूमि पर छोटे गडढ़े में उसे उलटा रख उस पर आग जला कर उन्हें पात्र के अंदर ही भाप से सेकने की क्रिया। यह क्रिया अधिकतर लोग रहट से पानी निकालने के पात्र डब्बू (घेड़) में अधिक करते हैं. २ वह बड़ा तवा जिसे बड़े चूल्हे पर उल्टा रख कर रोटियाँ सेकी जाती हैं। इस पर एक साथ कुछ अधिक रोटियाँ सेकी जा सकती हैं।

ऊंधौ–वि०—१ औंधा। उ०—त्यां ऊपरि जोगण्यां का पत्र **ऊंधा** पड़्या वह्या जाय छै।—वेलि. टी.

कहा०—ऊंधौ पड़्यौ अंबर चाटै—औंधे मुंह पड़ा है फिर भी आकाश छूने का प्रयत्न जारी है। असमर्थ होते हुए भी कठिन से कठिन कार्य करना; पराजित होते हुए भी विजय का लाभ लेना।

२ उलटा, विलोम। (स्त्री० ऊंधी)

ऊंधौ-चूंधौ–वि०—१ उलटा-पुलटा. २ अदल-बदल. ३ उलटा-सीधा। उ०—**ऊंधा-चूंधा** कर फेरा उळझावै, बनड़ी बनड़ी बर मनड़ी मुरझावै।—ऊ.का.

ऊंन–सं०पु० [सं० ऊर्ण] १ भेड़ के रोयें. [सं० ऊन]

२ स्त्रियों के लिए एक छोटी सी तलवार।

वि०—१ कम, थोड़ा, अल्प. २ छोटा।

ऊंनड़–सं०पु०—ऊंनड़ नाम का जामवंशीय (यादव) राजा जो अपने समय का महान दातार था और जिसने अपने राज्य (सिंध) के सात ही भाग दान में दे दिये थे।

ऊंनतभद्रा–सं०स्त्री०—दक्षिण की एक नदी, तुंगभद्रा।

ऊंनाळू–वि० [सं० उष्णकाल+ऊ रा० प्र०] उष्णकाल का, गर्मी की ऋतु संबंधी।

सं०पु०—रबी की फसल।

ऊंनाळो, ऊंनाळौ–सं०पु० [सं० उष्णकाल] ग्रीष्म ऋतु। उ०—विण गंगा नय वार कमण बाधै **ऊंनाळै**।—रा.रू.

ऊंनियौ–सं०पु०—भेड़ का जन्मजात छोटा बच्चा।

ऊंनी—वि०—१ ऊन का बना, ऊन का। उ०—राती कांनी री पोतड़ियां रूड़ी। **ऊंनी** लोवड़ियां बगलां में ऊड़ी।—ऊ.का. २ गर्म, उष्ण। उ०—सांम धरम धर सांच, चाकर जेही चालसी। **ऊंनी** ज्यांनै श्रांच, रती न श्रावै राजिया।—किरपारांम

सर्व०—उसकी।

क्रि०वि०—उस ओर।

ऊंनै, ऊंनै—सर्व०—उसको।

क्रि०वि०—१ इस ओर, इधर. २ उस ओर, उस तरफ। उ०—**ऊंनै** राव सेखा कौ सतेजौ लोग श्रायौ। ऊंनै खेल खूटयां तीर गोड़ां सांकड़ायौ।—शि.वं.

ऊंनौ—वि०—गर्म, उष्ण। उ०—संत दास री हुयगौ सूंनौ, श्रांतां पांणी पायौ **ऊंनौ**।—ऊ.का.

ऊंब—सं०पु०—वर्षा ऋतु के वे बादल जिनमें बहुत कम जल होता है तथा क्वचित ही बरसते हैं। इनकी गति पश्चिम से पूर्व की ओर तथा दक्षिण से उत्तर की ओर होती है। उ०—**ऊंबां** जळ बळ कायरां, बिदरां कुळ विवहार। नहीं दवां निरधूमतां, ज्यूं श्रदवां उपगार।—बां.दा.

ऊंबर—सं०पु०—१ एक प्रकार का वृक्ष या उसका फल. २ देखो 'उमराव'।

ऊंबरउ—सं०पु०—देखो 'उमराव'।

ऊंबरण—सं०पु०—सफेद तने का एक बड़ा वृक्ष जिसके फल तने व शाखाओं पर लगते हैं। फलों का श्राकार नीबू के समान होता है और स्वाद में मीठे होते हैं।

ऊंबरौ—सं०पु० [फा० उमराव] १ देखो 'उमराव'। उ०—श्रत सग्यांन ऊधरां सुमति **ऊंबरां** समापै।—रा.रू. २ जोती हुई जमीन में हल से खींची हुई लकीर।

कहा०—चोरां नै श्राडै ऊंबरै लौ कै साउकार किसौ ऊबै ऊंबरै श्रावसी—चोर को हल की श्राड़ी रेख पर भगाश्रो किन्तु साहूकार को कौनसी सीधी रेखा भागना होना; श्रगुश्रा श्रगर कोई टेढ़ा कार्य करता हो तो पीछे श्राने वालों को भी वैसा ही कष्ट उठाना पड़ेगा।

ऊंबां-लूंबां—सं०स्त्री०—वे फूंदे (धागों के गुच्छे) जो ऊंटों के बाजू में चारजामे में लटकाये जाते हैं। उ०—**ऊंबां-लूंबां** हूंत श्रनेसी, तर भड़ वळी वहीरां तैसी। श्रोपै पंथ कतारां ऐसी, जळधारां नदी सांवण जैसी।—रा.रू.

ऊंबी—सं०स्त्री०—गेहूं की बाल।

ऊंमच—सं०स्त्री०—तपन, गर्मी, ताप, उष्णता।

ऊंमट—सं०पु०—पँवार वंश की एक शाखा।

ऊंमर—सं०पु०—१ उमर या उमरसूमरा नामक एक जाति जिसने संवत् ११११ से १४०६ तक सिंध देश में राज्य किया (ढो.मा.) २ उदुंबर, एक फल विशेष।

ऊंमी—सं०स्त्री०—देखो 'ऊंबी' (डिं.को.)

ऊंळौ—वि०—उलटा। उ०—तीं पछै **ऊंळा** हाथ री श्रोभड़ सूं नाहरराज सिपाह वळी रौ सीस उड़ायौ।—वं.भा.

ऊंही—सर्व०—उसी। उ०—इण रीति मूढ़ स्रगाळ सिंह रा सहाय सूं गजराज नूं गुड़ाय श्रापरै ही श्रधीन जांणि **ऊंही** गजराज रौ लूम बिभाग में सिंह नूं देण चहै।—वं.भा.

ऊंहु, ऊंहू—श्रव्यय—निषेधसूचक शब्द, नहीं।

ऊ—सर्व०—१ वह। उ०—जगदंबा कहियौ चाहै जिसौ कष्ट करौ भावना सुद्ध न होय जरैं ऊ कस्ट मातंग रा न्हांण जिम व्रथा फळ बतावै।—वं.भा. २ उस।

सं०पु०—१ रक्षा. २ शिव. ३ ब्रह्मा. ४ मोक्ष. ५ चंद्रमा. ६ प्रधान. ७ पवन. ८ सूर्य. ९ पूर्ण निर्धनता, दारिद्रय. १० प्रेत. ११ श्रग्नि. १२ श्राकाश. १३ कुत्ता. १४ शेषनाग. १५ मुनि. १६ स्थल. १७ भाव।

वि०—१ मूर्ख. २ दातार. ३ सुखी. ४ व्यभिचारी. ५ लघु. (एका०)

श्रव्यय—करण एवं श्रपादान कारक का विभक्ति चिन्ह, से।

उ०—श्राप जिसा वीर रक्षक हुवा तौ श्रब म्हे ऊ प्रदेस लेण रौ संकळप तजियौ।—वं.भा.

ऊश्रर—सं०पु० [सं० उरस्] हृदय। उ०—वाह दे तुरां चढ़ राह न सकै वहण। 'विजावत' मांडियौ भाखरै बास। पाय तखत दिलीपुर नयर कीजै पहट। साह रै **ऊश्रर** मावै नहीं सास।—सुखजी खिड़ियौ

ऊश्रह—क्रि०वि०—स्पर्श करते हुए, छूते हुए। उ०—काछि काछि वन कीधी काया। ऊलमि श्रंब **ऊश्रहं** धर श्राया।—श्रासौ बारहठ

ऊश्रारणौ, ऊश्रारबौ—क्रि०स०—१ बचाना, रक्षा करना। उ०—श्रदल लियौ वदलौ नकूं, राखै उधारी, राव यम मारियौ जांणजै रांण। केहरी जड़ी 'कांधळ' ऊश्रर कटारी, चूक मझ **ऊश्रारी** श्रचड़ चउवांण। —हररांम श्रासियौ

२ न्यौछावर करना। उ०—लाखां द्रव **ऊश्रारै** उतारै लूण जड़ै लोहां।—पहाड़ खां श्राढ़ौ

ऊश्रारणहार, हारौ (हारी), ऊश्रारणियौ—वि०—बचाने या रक्षा करने वाला।

ऊश्रारिश्रोड़ौ, ऊश्रारियोड़ौ, ऊश्रारयोड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊश्रारियोड़ौ—भू०का०कृ०—बचाया या रक्षा किया हुश्रा। (स्त्री० ऊश्रारियोड़ी)

ऊईज—सर्व०—वही।

ऊएले—श्रव्यय—इधर के। उ० —धरकियौ श्रचळ हिंदू धरम **ऊएले** पह श्राज रा।—रा.रू.

ऊक—सं०पु०—बंदर (नां.मा.)

ऊकटणौ, ऊकटबौ, ऊकटिणौ, ऊकटिबौ—क्रि०स०—१ **श्रागे** बढ़ना। उ०—श्रनेक **ऊकटै** मिटै कटै तुटै सु श्रंग में।—**रा.रू.** २ कसिया जाना. ३ प्रहार हेतु शस्त्र उठाना। देखो 'उकटणौ' (रू.भे.) ४ सूख जाना। उ०—उत्तर श्राज स उत्तरउ, **ऊकटिया** सारेह।

बेलां बेलां परिहरइ, एकल्लां मारेह ।—ढो.मा. ५ उत्पन्न होना, बढ़ना। उ०—**ऊकटै** खार धरवेढ़ डिंगिया, सार फाटै गयरा मेळ सांधौ ।—अज्ञात

ऊकटणहार, हारौ (हारी), ऊकटणियौ—वि० ।

ऊकटिओड़ौ, ऊकटियोड़ौ, ऊकटयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

ऊकटियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ आगे बढ़ा हुआ. २ कसिया गया हुआ. ३ प्रहार हेतु शस्त्र उठाया हुआ. ४ सूखा हुआ. ५ उत्पन्न हुआ हुआ. ६ बढ़ा हुआ। (स्त्री० ऊकटियोड़ी)

ऊकठिणौ, ऊकठिबौ—क्रि०अ०—देखो 'उकढ़णौ, उकढ़बौ' (रू.भे.) उ०—उत्तर आज स वज्जियउ, **ऊकठियइ** केकांण। कांमिण कांम कमेड़ि ज्यउं, हइ लागउ सींचांण ।—ढो मा.

ऊकठियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'उकठियोड़ौ' । (स्त्री० ऊकठियोड़ी)

ऊकठौ—सं०पु०—ऊंट के चारजामे के साथ कसा जाने वाला चमड़े का फीता ।

ऊकडणौ, ऊकडबौ—क्रि०अ०—देखो 'उकढ़णौ' ।

ऊकडणहार हारौ (हारी), ऊकडणियौ—वि० ।

ऊकडिओड़ौ, ऊकडियोड़ौ, ऊकडयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

ऊकडियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'उकठियोड़ौ' । (स्त्री० ऊकडियोड़ी)

ऊकड़ो, ऊकड़ौ—वि०—देखो 'उकड़ू' । उ०—आधौ अंग अकास **ऊकड़ौ** गै जळ पीवै । तिण रौ करतां ध्यांन नीर जे थूं घण पीवै ।—मेघ.

ऊकढ़णौ, ऊकढ़बौ—देखो 'उकढ़णौ, उकढ़बौ' ।

ऊकढ़ियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'उकढ़ियोड़ौ' । (स्त्री० ऊकढ़ियोड़ी)

ऊकतौ—वि०—१ कहने वाला, वर्णन करने वाला, रचने वाला. २ देखो 'उकतौ' ।

ऊकरड़—सं०स्त्री०—जबरदस्ती घँसने का भाव । उ०—**ऊकरड़** एक एकां पड़ै ऊपरै, नगरि संभार सै कंत नाया ।—राव जैतसी रौ गीत

ऊकरड़ी—सं०स्त्री०—देखो 'उकरड़ी' (रू.भे.)

ऊकरड़ीखत—सं०पु०—गाँव का वह पंचायती खत जिसमें गांव के किसी सामूहिक कार्य के लिये खर्च व हिसाब लिखा जाता है ।

ऊकरड़ौ—सं०पु०—देखो 'उकरड़ी' (पु० महत्त्व०) । उ०—रे ढांढां करि छोहड़ी, करइ करहां री कांणि । **ऊकरड़े** डोका चुणे, सौ आप डंभायौ आंणि ।—ढो.मा.

ऊकळ—सं०पु०—देखो 'ऊखळी' ।

ऊकळणौ, ऊकळबौ—क्रि०अ०—देखो 'उकळणौ, उकळबौ' । उ०—रांम भरोसै **ऊकळै**, आदण ईसरदास । ऊकळता में औ रहै, राख बंदा बिसवास ।—ह.र.

मुहा०—ऊकळता बूकणौ—त्वरा करना, शीघ्रता करना ।

ऊकलणौ, ऊकलबौ—देखो 'उकलणौ, उकलबौ' ।

ऊकस—सं०पु०—उकसने की क्रिया या भाव । उ०—बिहुं थाट **ऊकस** बंधे बरकस, सरस जस कजि तरस साहस ।—रा.रू.

ऊकसणौ, ऊकसबौ—क्रि०अ०—देखो 'उकसणौ, उकसबौ' ।

उ०—चोटियाळी कूदं चौसठि चाचरि, धू ढळियै **ऊकसै** धड़ ।—वेलि.

ऊकसियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'उकसियोड़ौ' । (स्त्री० उकसियोड़ी)

ऊकाळणौ, ऊकाळबौ—क्रि०स०—देखो 'उकाळणौ, ऊकाळबौ' (रू.भे.)

ऊकाळियोड़ौ—वि०—देखो 'उकाळियोड़ौ' ।

ऊख—सं०पु० [सं० इक्षु] १ शर जाति की एक घास जिसके डठलों में मीठा रस रहता है जिससे गुड़ और चीनी आदि पदार्थ बनाये जाते हैं, गन्ना (डि.को.) उ०—वेळा सायर वसत, दारु मभि अगिनि दिखावत । हवसि मांभि पै होय, **ऊख** मधु रस उपजावत ।
—ईश्वरदास बारहठ
२ बन, जंगल (ह.नां.) ३ मादा पशुओं का स्तन । उ०—धेनूं चरतोड़ी धोरां खड़ धाती, ऊखां भरतोड़ी लोरां भड़ आती ।
—ऊ.का.

ऊखड़णौ, ऊखड़बौ—क्रि०अ०—देखो 'उखड़णौ, उखड़बौ' (रू.भे.) ।

ऊखड़ियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'उखड़ियोड़ौ' । (स्त्री० ऊखड़ियोड़ी)

ऊखणणौ, ऊखणबौ, ऊखणिणौ, ऊखणिबौ—देखो 'उखणणौ, उखणबौ' (रू.भे.)

ऊखणौ, ऊखबौ—क्रि.अ. सं०—१ उखड़ना । उ०—किलवां सोबा कंपिया, मिटी सलाह सताब । ज्यास विना जोधांण में, **ऊखे** सास नबाव । २ देखो 'उखणौ, उखबौ' । —रा.रू.

ऊखध, ऊखधी—सं०उ०लि ०[सं० औषधि] १ औषधि । उ०—नायण फूलमती नुं कही एक हूं **ऊखध** जाणां छां तैसुं तैनुं बोहोत सुख हुसी ।—चौबोली २ वनस्पती । उ०—पीळांणी धरां **ऊखधी** पाकी ।—वेलि.

ऊखमल—सं०पु०—१ युद्ध । उ०—गळ भरै न ग्रीधण गूढ़ गळां, अजमल रौ करै न **ऊखमलां** । अजमल रौ करसी ऊखमलां, गळ भरसी ग्रीधण गूद गळां ।—करणीदांन कवियौ २ योद्धा, वीर ।

ऊखरस—सं०पु०—गन्ने का रस । उ०—अदतारां घर **ऊख रस**, नंह कारण मिसठांण ।—बां.दा.

ऊखळ—सं०पु० [सं० उदूखल या ऊलूखल] पत्थर या लकड़ी का पथ्वी में गड़ा हुआ अलग पात्र जिसमें डाल कर भूसी वाले अनाजों की भूसी मूसल से कूट कर अलग करते हैं । उ०—हरै सदा नवनीत हद, पर घर दही सूं प्यार । बोलै **ऊखळ** बांधियौ, मधुरा बचन मुरार ।—क.कु.बो.
कहा०—ऊखळ में माथौ दियौ धमीड़ां री कांई डर—ओखली में सिर दिया तो अब चोट का क्या डर । साहसपूर्वक किसी कार्य को करने का विचार ही कर लिया है तो उपस्थित होने वाली बाधाओं या होने वाली क्षति का क्या भय ।

ऊखलणौ, ऊखलबौ—क्रि०अ०—देखो 'उखड़णौ' । उ०—कळपतरू **ऊखलि** पड़ै 'जसौ' महा ध जांम । माळां गाळां ठांम महि तिकौ न सूझै तांम ।—हा.भा.

ऊखळमेळौ—सं०पु०—१ युद्ध. २ उपद्रव, उत्पात । उ०—अधपती भीम कुमंत्री आंटै, विरड़ै तीजी वेळा । 'माधव' जिसा खिजाया माझी, मंडिया **ऊखळमेळा** ।—नवलजी लाळस

ऊखळी–सं०स्त्री०—१ देखो 'ऊखळ' २ चूल का पत्थर या लोहे की चूल।

ऊखांणौ–सं०पु०—कहावत, उक्ति। उ०—१ सुणीजे **ऊखांणौ** पुरांणौ सयांणी।—ना.द. उ०—२ गोलां सूं न सरै गरज, गोला जात जबून, **ऊखांणौ** सायद भरै, सौ गोलां घर सून।—बां.दा.

ऊखांखणौ–क्रि०अ०—कोप करना। उ०—ऊभौ दिली सीस **ऊखांखै** 'जगा' तणौ कसियां जरद। महलां तणा मरद अन महपत, मेवाड़ौ मरदां मरद।—जोगीदास कुंवारियौ

ऊखा–सं०स्त्री० [सं० उषा] १ सवेरा, अरुणोदय. २ बाणासुर की कन्या जो अनिरुद्ध को ब्याही गई थी (वेलि.)

ऊखाड़णौ, ऊखाड़बौ–क्रि०स०—देखो 'उखाड़णौ, उखाड़बौ'।

ऊखाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उखाड़ियोड़ौ'। (स्त्री० ऊखाड़ियोड़ी)

ऊखेड़णौ, ऊखेड़बौ, ऊखेड़िणौ, ऊखेड़िबौ–क्रि०स०—देखो 'उखाड़णौ' उ०—एकां मूळ **ऊखेड़िया**, हेकां किया निहाल।—रा.रू.

ऊखेड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उखेड़ियोड़ौ'। (स्त्री० 'उखेड़ियोड़ी')

ऊखेळ–सं०पु०—१ युद्ध, समर। उ०—अत दिन चूक रचै मेवाड़ां, यम हल हुऔ हुऔ **ऊखेळ**। रिड़मल तेथ कह्यौ रायां गुर, मन भुज बळां कटारी मेळ।—चांनण खिड़ियौ २ झगड़ा, उपद्रव।
उ०—दिल साजनां दुमेळ, नीच संग ओछी निजर, अति सबळां **ऊखेळ**, पैलां घर बांचै पिसण।—बां.दा.

ऊखेलणौ, ऊखेलबौ–क्रि०स०—देखो 'उखाड़णौ, उखाड़बौ'।
उ०—पुहपां मिसि एक एक मिसि पातां, खाड़िया द्रव मांडिया **ऊखेल**।—वेलि.

ऊखेलियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उखाड़ियोड़ौ'। (स्त्री० उखेलियोड़ी)

ऊखेलो, ऊखेलौ–सं०पु०—युद्ध, समर। उ०—भूप अजीत रहै मौ भेळौ, इण बळ टळै खळां **ऊखेलौ**।—रा.रू. देखो 'उखेलौ'

ऊखोवा–सं०पु०—राठौड़ वंस की एक उपशाखा।

ऊगड़णौ, ऊगड़बौ–क्रि०अ०—देखो 'ऊघड़णौ, ऊघड़बौ'।

ऊगड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'ऊघड़ियोड़ौ'।

ऊगट–सं०पु०—उबटन, सुगंधित लेप। उ०—सखिए **ऊगट** मांजिणउ, खिजमति करइ अनंत। मारू तन मंडप रच्यउ, मिळण सुहावा कंत। —ढो.मा.

ऊगटणौ, ऊगटबौ–क्रि०अ०—१ देखो 'उगटणौ'।
[सं० उत्कृष्ट] २ उत्कृष्टता करना। उ०—करतां बहु कागद मुकता कर, कव बोहरौ यह अरज करै। खूबी करां **ऊगटां** खावां, सदा सबळ धुर गरज सरै।—गोगादांन

ऊगटियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उगटियोड़ौ'। (स्त्री० ऊगटियोड़ी)

ऊगटो, ऊगठौ–सं०पु०—ऊँट या घोड़े के चारजामे के तंग कसने का चमड़े का चौड़ा फीता, रकाब बाँधने का चमड़े का फीता।

ऊगणौ, ऊगबौ–क्रि०अ०—१ उदय होना, निकलना, प्रकट होना।
उ०—सींगड़ियां **ऊगण समै**, बाछड़ुवां री बंक। खबर पड़ै धुर खैंचसी, औ तौ आडै अंक।—बां.दा.
कहा०—१ ऊगतां ही कौ तप्यौ नी जकौ आथमतां कांई तपसी—उगते ही नहीं तपा, वह अस्त होते क्या तपेगा; जो बचपन में ही प्रतापी नहीं हुआ वह बुढ़ापे में क्या होगा. २ ऊगतौ सूरज तपै—उगता हुआ सूर्य ही तपता है; बचपन में जो प्रतिभा दिखाते हैं वही प्रतिभावान होते हैं. ३ ऊगसी जकौ आथमसी—उगेगा वह अस्त होग; उन्नति के बाद अवनति आती ही है. ४ ऊगा सूर भागा भूर—सूर्य उदय हुआ और अंधेरा मिटा. ५ ऊगै सौ आथमे, जनमै सौ मर जाय—देखो 'ऊगसी जकौ आथमसी'. ६ ऊगौ'र पूगौ. ७ ऊगौ सोई पूगौ—उदय हुआ और अस्त को पहुँचा; शीतकाल के दिन के लिये।
२ अंकुरित होना, उपजना।
कहा०—ऊगतै धांन री पनोळ भी दीसै—उगते धान की पहिचान उसके अंकुरित पत्ते देखने से ही हो जाती है; होनहार के पहले से ही लक्षण मालूम हो जाते हैं।
३ नशा आना. ४ उत्पन्न होना।
ऊगणहार, हारौ (हारी), ऊगणियौ–वि०—उगने वाला।
ऊगाणौ, ऊगाबौ, ऊगावणौ, ऊगावबौ–स०रू०।
ऊगिओड़ौ, ऊगियोड़ौ, ऊग्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊगत–सं०स्त्री०—१ उदय होने की क्रिया या भाव. २ देखो 'उगत'।

ऊगम–सं०स्त्री०—देखो 'उगम'।

ऊगमण–सं०स्त्री०—१ उदय। उ०—१ **ऊगमण** भलो आदीत आळौ। —अज्ञात
उ०—२ 'पातल' हरा ऊपरा पराभव, खळ खूटा तूटा खड़ग। पंडवनांमी नीठ पाड़ियौ, लग **ऊगमण** नै आथमण लग।
२ पूर्व दिशा। —भीमसिंह सिसोदिया रौ गीत

ऊगमणियौ–वि०—उदय होने वाला, उगने वाला, पूर्व दिशा या पूर्व दिशा सम्बन्धी, पूर्व दिशा का निवासी।

ऊगमणौ–वि०—पूर्व दिशा सम्बन्धी।
सं०पु०—पूर्व दिशा।

ऊगमणौ, ऊगमबौ–क्रि०अ०—१ उगना, अंकुरित होना. २ उदय होना। उ०—१ उर नभ जितै न **ऊगमै**, औ संतोस अदीत। नर तिसना किसना निसा, मिटै इतै नह मींत।—बां.दा.
उ०—२ म्लेछां सरिसु भिड़िउ घण घाए, पड़िउ **ऊगमतइ** सूरि। —कां.दे प्र.
ऊगमणहार, हारौ (हारी) ऊगमणियौ–वि०—उगने वाला।
ऊगमिओड़ौ, ऊगमियोड़ौ, ऊगम्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊगरणौ, ऊगरबौ–देखो 'उगरणौ, उगरबौ'।

ऊगळ–सं०स्त्री०—देखो 'उगळ'।

ऊगळणौ, ऊगळबौ–देखो 'उगळणौ'। उ०—१ गुण गंध ग्रहित गिळि गरळ **ऊगळित**, पवण वाद ए उभय पख।—वेलि.

उ०—२ खांय तड़च्छा खांन, थारा भयसां भारथा। असुरांणी आधांन, अवधि बिहूणा ऊगळै।—ला.रा.

ऊगळियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उगळियोड़ौ'। (स्त्री० ऊगळियोड़ी)

ऊगवण–सं०पु०—पूर्व दिशा। उ०—बूंदी कोस ६५ तथा ७०, **ऊगवण** था क्यूंई डावे री दसोर दिसा हद।—नैणसी

ऊगवणौ, ऊगवबौ, ऊगव्वणौ–क्रि०स०अ०—१ देखो 'ऊगणौ'. २ सँवारना। उ०—करी सनांन **ऊगव्या** बाळ, कंठि धरी तुळसी नी माळ। —कां.दे.प्र.

ऊगवणहार, हारौ (हारी), ऊगवणियौ–वि०—उगने वाला, सँवारने वाला।

ऊगविओड़ौ, ऊगवियोड़ौ, ऊगव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊगारणौ, ऊगारबौ–क्रि०स०—बचाना, रक्षा करना। उ०—रही रही नइ लीधा घाउ, जीव **ऊगारचा** छांडी ठाउ।—कां.दे.प्र.

ऊगारणहार, हारौ (हारी), ऊगारणियौ–वि०—बचाने वाला।

ऊगारिओड़ौ, ऊगारियोड़ौ, ऊगारयोड़ौ–भू०का०कृ०—बचाया हुआ, रक्षित। (स्त्री० ऊगारियोड़ी)

ऊगाळणौ, ऊगाळबौ–क्रि०स०—देखो 'उगाळणौ, उगाळबौ'। उ०—नंत तणक्कइ पिउ पियइ, करहउ **ऊगाळेह**।—ढो.मा.

ऊगाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उगाळियोड़ौ' (स्त्री० ऊगाळियोड़ी)

ऊगूण, ऊगूणी, ऊगूणौ–सं०उ०लि०—१ पूर्व दिशा, सूर्योदय की दिशा. २ नवजात पौधे के पनपने के लक्षण।

वि०—पूर्व दिशा का, पूर्व दिशा सम्बन्धी।

ऊगेळ–सं०पु०—देखो 'उगेळ' (रू.भे.)

ऊगोड़ौ–भू०का०कृ० (स्त्री० ऊगोड़ी) देखो 'उगोड़ौ'।

ऊघड़–वि०—१ नग्न, खुला. २ स्पष्ट, खुलासा।

ऊघड़णौ, अघड़बौ–क्रि०अ०—देखो 'उघड़णौ, उघड़बौ'। उ०—ऐ बक मूनी ऊजळा, मीठा बोला मोर। पूछौ सफरी पनग नूं, **क्रत ऊघड़ै** कठोर।—बां.दा.

ऊघड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उघड़ियोड़ौ' (स्त्री० ऊघड़ियोड़ी)

ऊघसणौ, ऊघसबौ–क्रि०अ० [सं० उद्घर्षण] किसी वृक्ष या पत्थर आदि से पशु का शरीर घर्षण करना, रगड़ना, घिसटना।

ऊघसणहार, हारौ (हारी), ऊघसणियौ—वि०।

ऊघसिओड़ौ, ऊघसियोड़ौ, ऊगसयोड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊघाई—देखो 'उगाही' (रू.भे.)

ऊघाड़—देखो 'उगाड़' (रू.भे.)

ऊघाड़णौ–वि०—१ खोलने वाला. २ आवरणरहित करने वाला. ३ काटने वाला। उ०—ऊगै दिन अरियां कंमळ **ऊघाड़णौ**।—अज्ञात

ऊघाड़णौ, ऊघाड़बौ–क्रि०स० [सं० उद्घाटन] १ खोलना, आवरण हटाना, नग्न करना। उ०—मुनि घालै तप जोग बळ, सरग कपाटां हत्थ। वेही क्रपण कपाट नूं, **ऊघाड़ण** असमत्थ।—बां.दा. २ प्रकट करना. ३ भंडा फोड़ना।

ऊघाड़णहार, हारौ (हारी), ऊघाड़णियौ–वि०—उघाड़ने वाला।

ऊघाड़िओड़ौ, ऊघाड़ियोड़ौ, ऊघाड़्योड़ौ–भू०का०कृ०—उघाड़ा हुआ.

ऊघाड़ऊ, ऊघाड़ौ–वि०—१ नग्न, नंगा. २ खुला।

ऊघाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ आवरणरहित किया हुआ, उघाड़ा हुआ. २ प्रकट किया हुआ। (स्त्री० ऊघाड़ियोड़ी)

ऊड़दांबेगण–सं०स्त्री०—देखो 'उड़दावेगण' (रू.भे.)

ऊड़ी–वि०—१ ऐसी. २ वैसी। उ०—राती कांनी री पोतड़ियां रुड़ी, ऊनी लोवड़ियां बगलां में **ऊड़ी**।—ऊ.का. ३ समान, तुल्य।

ऊड़ीयंद–सं०पु० [सं० उडु+इंद] चंद्रमा।

ऊचड़णौ, ऊचड़बौ–क्रि०स०—ऊँचा फेंकना, उछालना। उ०—**ऊचड़िया** जु ते मरण प्रब 'ईसर' खळ खीजिये चढ़ावे खाग। गज दळ अेक धरण दिस गुड़िया, गज दळ अेक गया गैणाग।—ईसरदास मेड़तिया रौ गीत

ऊचरणौ, ऊचरबौ–क्रि०स० [सं० उच्चारण] कहना, उच्चारण करना (डि.को.)

उ०—वारवधू ही हरण वित, नेह जणावै नैण। यूं सिर लेवा **ऊचरै**, वैरी मीठा वैण।—बां.दा.

ऊचरणहार, हारौ (हारी), ऊचरणियौ–वि०—कहने या उच्चारण करने वाला।

ऊचारिओड़ौ, ऊचारियोड़ौ, ऊचारयोड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊचारियोड़ौ–भू०का०कृ०—कहा हुआ, उच्चरित। (स्त्री० ऊचरियोड़ी)

ऊचवहौ–वि०—देखो 'ऊंचवहौ'। उ०—**ऊचवहौ** राइसिंघ अंगोभ्रम, आखै राजकुमार इम। तूठा दाळिद जड़ां न तोड़ै, रूठा किम त्रोड़िसै रिम।—रूपसी लाळस

ऊचांर–वि०—१ बड़ा. २ ऊँचा, श्रेष्ठ। उ०—आतस अपार **ऊचांर** जस गैलाइत तक्कै गळी।—रा.रू.

ऊचाळउ, ऊचाळौ–सं०पु०—देखो 'उछाळौ' (३) उ०—मारू थांकइ देसड़इ, एक न भाजइ रिड्ड। **उचाळउ** क अवरसणउ, कइ फाकउ कइ तिड्ड।—ढो मा.

ऊचीस्रव, ऊचीस्रवा–सं०पु० [सं० उच्चैःश्रवा] १ इन्द्र (अ.मा.) (मि० ब्रधश्रवा) २ इन्द्र का घोड़ा (नां.मा., डि.को.) ३ सूर्य का घोड़ा। उ०—गैरा **ऊचीस्रवा** भांण खंचायौ अटैल अीधां। बंका रु जटैल पाठ पढायौ बीरांण। ऊझटैल पटा काळौ नचायौ चांमंडा आळौ। पटैल बरुथां मारू मचायौ पीठांण। —महेसदास कूंपावत रौ गीत

ऊचेडणौ, ऊचेडबौ–क्रि०स०—१ उखाड़ना, उखेलना। उ०—सिंधु परइ सउ जोअणे, नीची खिवइ निहल्ल। उर भेदंती सज्जणां, **ऊचेड़ंती** सल्ल।—ढो.मा. २ उभारना, ऊपर उठाना।

ऊचेड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उखाड़ा हुआ. २ उभारा हुआ। (स्त्री० ऊचेड़ियोड़ी)

ऊचैस्रव–सं०पु० [सं० उच्चैःश्रवा] १ इन्द्र का घोड़ा. २ देखो 'ऊचीस्रवा' (रू.भे.)

ऊच्छकणौ, ऊच्छकबौ–क्रि०अ०—देखो 'उचकणौ, उचकबौ'।
उ०—कळ चाळ खळां सिर **ऊच्छकियौ**, उरसां सुजांणे रा ऊतरियौ।
—गो.रू.

ऊच्छरणौ, ऊच्छरबौ–क्रि०स०—देखो 'उछरणौ, उछरबौ'।

ऊच्छरांवर–वि०—योद्धा, युद्ध में वीर गति को पाने वाला।

ऊच्छरियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उछरियोड़ौ'।
(स्त्री० ऊच्छरियोड़ी)

ऊच्छेरणौ, ऊच्छेरबौ–क्रि०स०—देखो 'उछेरणौ, उछेरबौ'।

ऊछजणौ, ऊछजबौ–क्रि०स०—प्रहार हेतु (शस्त्रादि) उठाना।
उ०—१ खग **ऊछजियै** अभंग सांखलौ, वदे कलावत वीर वर।
—महेसदास कल्यांणदासोत सांखला रौ गीत
उ०—२ छोह घणौ **ऊछज** छरा, केहर फाड़ै डाच। ऐरावत कुळ ऊपरा, मीच मंडीजै नाच।—बां.दा.

ऊछटणौ, ऊछटबौ–क्रि०अ०—उछल या कट कर दूर पड़ना।
उ०—जिण नूं नवनीत रा पिंड री उपमांन भूत भेजी **ऊछटी** तिकौ ऊपर ही झेलि भद्रकाळी लोहित रूप आसव रा चसक रै साथ साथ उपदंस करि पीधी।—वं.भा.

ऊछरणौ, ऊछरबौ–क्रि०स०—देखो 'उछरणौ उछरबौ'।
उ०—आगै गयां सिकार **ऊछरै**, औ भी नांखै तुरंग उपाड़ि। ऊठी बाग पागड़ौ उचकै, नीचौ पड़ै तुड़ावै नाक।—कपूत रौ गीत

ऊछरियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उछरियोड़ौ'। (स्त्री० ऊछरियोड़ी)

ऊछळणौ, ऊछळबौ–क्रि०अ० [सं० उच्छलन] देखो 'उछळणौ, उछळबौ'
उ०—वणी तरवारियां रा बाढ़ **ऊछळै** छै।—सूरे खींवे री बात

ऊछव–सं०पु०—देखो 'उछव'। उ०—पहिरावणी राजा करी। **ऊछव** गुडी भोज दुवारि।—वी.दे.

ऊछाछळ–वि०—चंचल, नटखट। उ०—भ्रिघ ज्यौं कूदता, नट ज्यौं नाचता, कुलचता, अकुळणी रै नैण ज्यौं **ऊछांछळा**, आपरी छाआं सूं डरपता।—रा.सा.सं.

ऊछाळौ–सं०पु०—देखो 'उछाळौ' (७) उ०—पिंगळ **ऊछाळौ** कियौ, आयौ पो'कर नीर। खड़ पांणी परघळ तिहां, हुवौ ज सुख सरीर।
—ढो मा.

ऊछाह–सं०पु०—देखो 'उछाह' (रू.भे.)

ऊछेर–सं०स्त्री०—संतति, संतान। उ०—कम हीमत कुळ काट, माझी मरण मलीण मत। कुळ **ऊछेर** कुबाट, पैलां घर वांछै पिसण।
—बां.दा.

ऊजड़–वि०—जनशून्य, निर्जन, उजाड़, वीरान। उ०—ऊंडा जळ सूकै अवस, नाळौ बन जळ जाय। चुगल तणां पगफेर सूं, वसती **ऊजड़** थाय।—बां.दा.
कहा०—ऊजड़ गांव में एरंडियौ ही रूंख—ऊजड़ गाँव में एरंड ही पेड़ गिना जाता है। विशेष योग्यता वाले व्यक्तियों के अभाव में थोड़ी योग्यता वाले भी आदर पाते हैं।

ऊजड़णौ, ऊजड़बौ–क्रि०अ०—देखो 'उजड़णौ, उजड़बौ'।
उ०—जाण्यउं राउ घणउ अम्है नडीउ, मारू देस घणु **ऊजड़िउ**।
—कां.दे प्र.

ऊजड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजड़ियोड़ौ'। (स्त्री० ऊजड़ियोड़ी)

ऊजड़ौ–वि० [सं० उज्जडन] देखो 'उजड़ौ'।

ऊजटैल–वि०—चंचल, तेज।

ऊजड–वि०—देखो 'उजड्ड'।

ऊजडपण, ऊजडपणौ–सं०पु०—देखो 'उजड्डपण'।

ऊजम–सं०पु० [सं० उद्यम] कार्य, प्रयत्न, उद्योग, प्रयास।

ऊजमणौ, ऊजमबौ–देखो 'उजमणौ, उजमबौ'।

ऊजमियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजमियोड़ौ'। (स्त्री० ऊजमियोड़ी)

ऊजळ–वि० [सं० उज्ज्वल] १ उज्ज्वल, सफेद। उ०—मारू मारू कळइयां, **ऊजळ** दंती नार।—ढो.मा. २ निर्मल, स्वच्छ. ३ पवित्र। सं०पु०—भाला।

ऊजळईपाख–सं०पु० [सं० उज्ज्वल+पक्ष] शुक्ल पक्ष।

ऊजळणौ,ऊजळबौ–क्रि०स०—१ उज्वल करना. उ०—पव्वै धारां पाअे मौत रळंगौ अमरां-पुरां, **ऊजळै** गौ गोत बूंदी समरां आथांण।
—दुर्गादत्त बारहठ
२ कीर्तिवान करना. ३ उद्धार करना।
क्रि०स०—४ देखो 'उजळणौ'।

ऊजळदांन–सं०पु० [सं० उज्ज्वल+दान] कमरों में ऊपर की ओर दीवारों में बने झरोखे, रोशनदान।

ऊजळाई–सं०स्त्री०—देखो 'उजळाई'।

ऊजळियौ–वि०—देखो 'ऊजळौ' (स्त्री० ऊजळी)

ऊजळीनदी–सं०स्त्री०—लूनी नदी का एक नाम।

ऊजळौ–वि० [सं० उज्ज्वल] देखो 'उजळौ' (स्त्री० ऊजळी)

ऊजळोलोह–सं०पु०—१ तलवार. २ तेज तलवार का ऐसा प्रहार कि तलवार के रक्त लगे ही नहीं। उ०—फोज रौ घेरौ राखि दोइ-हजार बीरां थी दहिया बळराज नूं सांम्हां झेलि **ऊजळोलोह** चलायौ।
—वं.भा.

ऊजवणौ, ऊजवबौ–देखो 'उजवणौ' (रू.भे.)

ऊजवाळौ–सं०पु०—उजियाला, प्रकाश, उजाला।

ऊजाड़णौ, ऊजाड़बौ–देखो 'उजाड़णौ, ऊजाड़बौ'।

ऊजाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजाड़ियोड़ौ' (स्त्री० ऊजाड़ियोड़ी)

ऊजाळगर–वि०—१ उज्वल करने वाला, चमकाने वाला. २ निष्कलंक करने वाला।

ऊजाळणौ, ऊजाळबौ–क्रि०स०—देखो 'उजाळणौ'।

ऊजाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उजाळियोड़ौ' (स्त्री० ऊजाळियोड़ी)

ऊजास—देखो 'उजास'।

ऊजासड़उ–वि०—१ उजाड़, निर्जन, सुनसान। उ०—थळ मथ्थइ **ऊजासड़उ**, थे इण केहइ रंग। धण लीजइ प्री मारिजड, छांडि विडांणउ संग।—ढो.मा.

ऊठतड़–सं०पु०—फुर्ती से उठने वाला, त्वरायुक्त काम करने वाला।

ऊठबैठ-सं०पु०—उठना, बैठना, संगति, साथ।

ऊठमणी, ऊठवणी–सं०स्त्री०—आक्रमण, हमला। उ०—पहिली तुरक तणी **ऊठवणी**, रणि वाउला विछूटा। घोड़े साट देई हींदूनी, फोज मांहि जइ फूटा।—कां.दे प्र.

ऊठांणौ, ऊठावण, ऊठावणौ–सं०पु०—१ मृत्यु के पश्चात् शांति हेतु किया जाने वाला एक संस्कार विशेष. २ अंतिम संस्कार के बारह दिन में बिछाई जाने वाली बिछायत (जिस पर श्रद्धांजलि हेतु विभिन्न आने वाले लोग बैठते हैं) को १२ दिन बाद उठाना।

ऊठियोड़ौ–भू०का०कृ०—उठा हुआ (स्त्री० ऊठियोड़ी)

ऊठी–सं०पु०—ऊँट पर सवार व्यक्ति। उ०—तरै **ऊठी** मुजरौ करि कागज हाथ दियौ नै अरज करिनै हाथ जोड़िनै कह्यौ।

—वीरमदे सोनगरा री बात

ऊडंगळ–सं०स्त्री०—तेज ध्वनि। उ०—रुड़ै कोस **ऊडंगळे** जोस राता, घटा जांणि आसाढ़ गाजै निघाता। मुखै बांधि खोलै किता रोस मत्ता, अनेके अने जोस दाखै उमंता।—रा.रू.

ऊडंड–सं०पु०—घोड़ा, अश्व (डिं.नां.मा.)

ऊडण–वि०—उडने वाला।

सं०पु०—वायुयान।

ऊडणखटोलड़ौ–सं०पु०—वायुयान, उड़नखटोला।

ऊडणभ्रमण–सं०पु०—एक रंग विशेष का घोड़ा।

ऊडणौ, ऊडबौ–क्रि०अ०—देखो 'उडणौ, उडबौ'।

ऊडवणौ, ऊडवबौ–क्रि०अ०—प्रहार करना। उ०—**ऊडवतौ** गुरिज गुरिज भुज आवहि, सत्र-धड़ जाजरतौ सनढ़।

—ईसरदास मेड़तिया रौ गीत

ऊढ़–सं०स्त्री०—१ देखो 'ऊढ़ा'।

सं०पु०—२ विवाहित पुरुष, दूल्हा. ३ विवाहित किन्तु पर-स्त्री से प्रेम करने वाला नायक।

ऊढ़णौ, ऊढ़बौ–क्रि०स०—देखो 'ओढ़णौ'। उ०—विणा अंकुर हुआं धरती नीली दीसै लागी सु मानो प्रथमी नीला वस्त्र **ऊढ़या** छै।

वेलि. टी.

ऊढ़ा–सं०स्त्री० [सं०] १ विवाहिता स्त्री, दुलहिन। उ०—बैरी बाड़े बासड़ौ, सदा खणंकै खाग। हेली कै दिन पाहुणौ, **ऊढ़ा** भाग सुहाग।

—वी.स.

२ विवाहिता किन्तु दूसरों के पति से प्रेम करने वाली नायिका।

ऊण–सर्व०—उस। उ०—वैरी तणा वखांण, सुण नह अंग छिपावसी। पेमां कियौ पमांण, औ जौ है **ऊण** औध री।—पा.प्र.

ऊणत–सं०स्त्री०—१ अभिलाषा, इच्छा। उ०—वीदग कुण मुंहगा कर वेठै, **ऊणत** नह मेटै नृप आंन।—जवांनजी आढ़ौ

२ अभाव, कमी, निर्धनता (पि.प्र.)

ऊणमनौ–वि० [सं० उन्मन] उदास, दुखित, खिन्न।

ऊणारत–सं०स्त्री०—देखो 'ऊणत' (१)

ऊणिया–सं०पु०—१ भाले की नोंक. २ हरावल।

ऊणियारौ, ऊणीयारौ–सं०पु०—१ आकृति, सूरत-शक्ल। उ०—पाड़ै पख प्रसण जीवां रौ पूठौ, ईखै जार वदन **ऊणीयार**। किसन कहै सत सूरत केहा, नर केही ताय केही नार।

—तेजसी खिड़ियौ

ऊणीयाळौ–सं०पु०—सूरत-शक्ल, आकृति।

ऊणीहार, ऊणीहारौ–सं०पु०—सूरत-शक्ल, आकृति।

ऊणौ–वि० (स्त्री० ऊणी) १ उदासीन, खिन्न। उ०—हिरदै **ऊणा** होत, सिर धूणा अकबर सदा। दिन दूणा टैंसोत, पूणा व्है न प्रतापसी। [सं० उष्ण] २ गर्म, उष्ण। —दुरसौ आढ़ा

अव्यय—का।

सं०पु०—देखो 'ऊंणौ'।

सर्व० (बहु० ऊणा) उसका। उ०—अर **ऊणां** रा बिबाहण रौ लोभी अंत्यज जांनूं एकठा बुलाइ सरवस ही मारूं।—वं.भा.

ऊतंग–वि० [सं० उत्तुङ्ग] बहुत ऊँचा, उत्तुङ्ग।

ऊत–वि० [सं० अपुत्र] १ निःसंतान, निपूता। उ०—भीम **ऊत** गयौ। भीम पछै कल्यांणमल हरराजोत जैसलमेर रावळ हुवौ।

२ मूर्ख, उजड्ड। —बां.दा.ख्या.

सं०पु०—निसंतान मर कर पिंडादि न पाने से भूत होने वाला।

ऊतक्रस्ट–वि० [सं० उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, पवित्र, उच्च।

ऊतक्रस्टता–सं०स्त्री० [सं० उत्कृष्ट+ता] उत्कृष्टता, श्रेष्ठता, पवित्रता, उच्चता।

ऊतक्रस्टौ–वि०—देखो 'ऊतक्रस्ट'।

ऊतर–सं०पु०—देखो 'उत्तर'।

ऊतरणौ, ऊतरबौ–क्रि०अ०—देखो 'उतरणौ, उतरबौ'। उ०—१ आगै सयणी जी मूंछाळो मालदेव रै **ऊतरिया**।—सयणी री बात

उ०—२ उमंग न अमंगळ मंगळ आठे, ईस न उतवंग उपगरियौ। 'सांमा' तणौ सरीर सिगलड़ौ, आवध धारां **ऊतरियौ**।

—ईसरदास बारहठ

ऊतळीबल–वि० [सं० अतुल्य+बल] अतुल्य बलशाली, वीर, पराक्रमी।

ऊतारणौ, ऊतारबौ–क्रि०स०—देखो 'उतारणौ'। उ०—राय अंगणि रांणी फिरइ। उणी सोळहसइ रांणी कउ **ऊतारचौ** मांन।—वी.दे.

ऊतारौ–सं०पु०—देखो 'उतारौ'। उ०—१ सांघे सीरोही तणी, नांमी लिखमावास। राजा **ऊतारौ** कियौ, परगह सहित प्रकास।—रा.रू.

उ०—२ **ऊतारौ** तिणनै दीयौ, कियौ पंचांग पसाव। वळि पूछै तिणि भाट नै, कहि कोई दाव उपाव।—ढो.मा.

ऊताळ–वि०—अधिक, अत्यधिक।

ऊतावळि–सं०स्त्री०—देखो 'उतावळी'। उ०—ऊमर **ऊतावळि** करे, पल्लांणिया पवंग। खुरसांणी सूधा खयंग, चढ़िया दळ चतुरंग।

—ढो.मा

ऊतावळौ—देखो 'उतावळौ' (रू.भे.)। उ०—आवै तू **ऊतावळौ**, पावै दास पुकार। धारण गिर ज्यूं थांमियौ, बारण तारण बार।
—र.ज.प्र.

ऊतिम–वि० [सं० उत्तम] उत्तम, श्रेष्ठ।

ऊतोलणौ, ऊतोलबौ—देखो 'उतोलणौ, उतोलबौ'
उ०—निहंग **ऊतोल** भड़ राड़ रा नेजायता, सदा ग्रड़पायता धाड़ सेरा।—अज्ञात

ऊतोलियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उतोलियोड़ौ'। (स्त्री० ऊतोलियोड़ी)

ऊतौल–वि०—अधिक, भरपूर (रू.भे. 'ऊताल')

ऊत्तर–सं०पु०—देखो 'उत्तर' (रू.भे.) उ०—जैसा हरौ भंगवाट न जांणौ, **ऊत्तर** करै न जांणै एक।—ईसरदास बारहठ

ऊथ–क्रि०वि०—वहाँ। उ०—तद रावळजी भालौ घड़ायौ—'एथ बैठा **ऊथ** वैरै द्यां'।—वीरमदे सोनगरा री बात

ऊथपणौ, ऊथपबौ–क्रि०स०—१ मिटाना, नष्ट करना। उ०—साहां **ऊथप** थप्पणौ, पह नरनाहां पत्त। राह दुहूं हद रक्खणौ, 'ग्रभैसाह' छत्रपत्त।—रा.रू. २ पराजित करना। उ०—दळ पैलां **ऊथपे** तेज ब्रह्मंहि उत्थपे, उत्तर दक्षिण पछिम पूरवता पांण पणप्पे।
—अज्ञात
३ उखाड़ना। उ०—वयण सगाई वेस, मिळ्यां सांच दोसण मिटै। किणयक समै कवेस, थपियौ सगपण **ऊथपै**।—र.रू.

ऊथपणहार, हारौ (हारी), ऊथपणियौ—वि०।

ऊथपिग्रोड़ौ, ऊथपियोड़ौ, ऊथप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊथपियोड़ौ–भू०का०कृ०—मिटाया हुग्रा, नष्ट, पराजित किया हुग्रा, उखाड़ा हुग्रा। (स्त्री० ऊथपियोड़ी)

ऊथळणौ, ऊथळबौ–क्रि०स०—उलटना, पलटना।
क्रि०ग्र०—देखो 'उथळणौ'। उ०—घोरां घोरां घर घूघळ घुरघाई। थळ थळ **ऊथळती** बळती बुरकाई।—ऊ.का.

ऊथल-पथल, ऊथल-पुथल, ऊथल-पूथल–सं०स्त्री०—देखो 'उथल-पुथल'। उ०—कूरमा बिहूं रण पूठ ग्रणफेर करि, रेण **ऊथल-पथल** हुती राखी।—पूरौ महियारियौ

ऊथापणौ, ऊथापबौ–क्रि०स०—देखो 'उथापणौ'। उ०—१ कइ ग्रम्हे माय बाप नवि मान्या, वेद वचन **ऊथाप्यां**।—कां.दे.प्र.
उ०—२ दिल्ली ईस जिसा नरां नूं फेर **ऊथाप** देणी। दीनानाथ 'मेणी' वीस करां नूं ग्रादेस।—नवलजी लाळस

ऊथापियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उथापियोड़ौ'। (स्त्री० ऊथापियोड़ी)

ऊथालणौ, ऊथालबौ–क्रि०स०—१ उथल-पुथल करना, उलटना, पलटना। उ०—सांम तणौ बळ सूरमा, रिमां गिणौ तिल रज्ज। **ऊथाले** 'ग्रजमाल' छळ, भाले प्रांण सकज्ज।—रा.रू.
२ पटकना, गिराना। उ०—दिखण **ऊथाल** जसराज जिसड़ा दुरस, प्रकासै लाल झंडा वरण पूर।—महाराजा मांनसिंह रौ गीत
३ मारना. ४ उखाड़ना।

ऊथालणहार, हारौ (हारी), ऊथालणियौ–वि०—उथल-पुथल करने वाला, उलटने वाला, पटकने या गिराने वाला, मारने वाला, उखाड़ने वाला।

ऊथालिग्रोड़ौ, ऊथालियोड़ौ, ऊथाल्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊथालियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उथल-पुथल किया हुग्रा, उलटा हुग्रा. २ पटका हुग्रा, गिराया हुग्रा. ३ मारा या उखाड़ा हुग्रा। (स्त्री० ऊथालियोड़ी)

ऊथि–क्रि०वि०—वहाँ।

ऊथेड़णौ, ऊथेड़बौ–क्रि०स०—गिराना, पटकना, मारना। उ०—वैरायां **ऊथेड़ण** 'वीकै' हेक रचे पह सबळ हियौ। ग्राये सीह तणी थह ऊपरि कुंजर चिहुं ग्रोडीर कियौ।—राव बीका रौ गीत

ऊथेलणौ, ऊथेलबौ—देखो 'ऊथालणौ, ऊथालबौ' (रू.भे.)
उ०—ग्रन जींद वदक उर छूरा मेल, ग्रर कियौ गुड़द ग्रणियां **ऊथेल**।—पा प्र.

ऊथेलणहार, हारौ (हारी), ऊथेलणियौ—वि०।

ऊथेलिग्रोड़ौ, ऊथेलियोड़ौ, ऊथेल्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊथेल्योड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'ऊथालियोड़ौ'। (स्त्री० ऊथेलियोड़ी)

ऊद–सं०पु०—१ देखो 'ऊदबिलाव' २ गाड़ी का वह मुख्य ग्रंग जिस पर समस्त गाड़ी का वजन ग्राधारित रहता है. ३ डोंडी पिटवाने की क्रिया, घोषणा (क्षेत्रिय)

ऊदक–सं०पु०—१ ग्रातंक। उ०—धूण जे दुरंग फौजां लड़ंग हिक धकां। ग्रसुरची धरा भझ पड़ै नत **ऊदकां**।
२ जल। —रावत सारंगदेव (द्वितीय) कांनोड़ रौ गीत

ऊदण—देखो 'ऊद' (२)

ऊदबिलाव–सं०पु०—नेवले से कुछ बड़ा एक जंतु जो जल ग्रौर स्थल दोनों में रहता है।

ऊदमाद—देखो 'उदमाद'। उ०—मिटै मोह **ऊदमाद**, मिटै ग्रासय ऊधमवळ।—पहाड़ खां ग्राढ़ौ

ऊदल–सं०पु०—महोबा नरेश परमाल के एक वीर सामंत।

ऊदळणौ, ऊदळबौ–क्रि०स० [सं० उद्धलनम्] माता-पिता की इच्छा के विपरीत वयस्क ग्रविवाहिता कन्या का या पति के विरुद्ध विवाहिता युवती का किसी पुरुष के साथ प्रेम-जाल में पड़ कर उसके साथ भागना या पलायन करना।
कहा०—१ ऊदळी रे लारै दायजौ—किसी युवती के पर पुरुष के साथ भाग जाने पर उसके घर वालों की ग्रोर से उसे पुनः लाने की कोशिश में या ग्रपनी मान-मर्यादा की रक्षार्थ किया जाने वाला खर्च। किसी हानिप्रद व्यय या ग्रनिच्छा के व्यय के पीछे ग्रौर किया जाने वाला खर्च. २ ऊदळी नै देस रळियामणौ—ग्रपने कुटुम्ब या पति को छोड़ पर-पुरुष के साथ प्रेम-जाल में पड़ कर उसके साथ भाग जाने वाली युवती को समस्त देश सुन्दर प्रतीत होता है। मर्यादाहीन व्यक्ति को किसी प्रतिबंध का भय नहीं।

ऊदळवाळी–वि०स्त्री०—वह सयानी अविवाहिता कन्या या विवाहिता युवती जो पर-पुरुष के प्रेम में पड़ कर उसके साथ भागने को तैयार हो जाती है।

कहा०—१ ऊदळवाळी रांड बळींडे सांप बतावै—माता-पिता की इच्छा के विपरीत कोई वयस्क अविवाहिता कन्या या विवाहिता युवती पति के विरुद्ध किसी एरे-गैरे के प्रेम में पड़ कर घर छोड़ भागने को उद्यत अपने घर के छज्जे में सांप ही बताती है अर्थात् भागने के लिए अनेक बहाने बना देती है। दुष्ट व्यक्ति एनकेन प्रकारेण अपने कार्य की सिद्धि के लिये धोखा देने को तैयार रहता है।

ऊदाळ, ऊदाळू–वि०—उद्योगी, परिश्रमी।

उ०—वाताळू रौ विगड़ै नै ऊदाळू रौ सुधरै—अज्ञात

ऊदावत–सं०पु०—देखो 'उदावत'।

ऊदेई–सं०स्त्री०—देखो 'उदई' (रू.भे.)

ऊदोत–सं०पु०—देखो 'उदोत' (रू.भे.)

ऊदोसू–सं०पु०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

ऊद्रमणौ–क्रि०अ०—दौड़ना, भागना। उ०—अळगी ही नैड़ी की **ऊद्रमते** देठाळौ हुऔ दळां दुह।—वेलि.

ऊधंगी–सं०स्त्री०—उत्पात या कलहप्रिय।

ऊध–सं०पु० [सं० ऊधस] १ मादा पशुओं के दूध देने का अवयव, थन। उ०—१ घां घां गुड़गी खा **ऊधां** री घेरी, विस में जुड़गी आ दूघां री बेरी।—ऊ.का.

उ०—२ लाडी लाखीणी धारां धूंधाती, पीवर **ऊधां** री पारां पय पाती।—ऊ.का. २ देखो 'ऊद' (२)

सर्व०—उस।

ऊधड़णौ, ऊधड़बौ–क्रि०अ०—१ देखो 'उधड़णौ, उधड़बौ'.

२ कटना, मरना। उ०—घम जगर मातौ धूधड़े, असमरां घड़चा **ऊधड़ै**।—अज्ञात

ऊधड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उधड़ियोड़ौ'। (स्त्री० ऊधड़ियोड़ी)

ऊधड़ौ–वि०पु० (स्त्री० ऊधड़ी) १ बहुत, अधिक. २ सब, पूर्ण. ३ ठेका (काम या रुपयों का)।

क्रि०वि०—बिना हिसाब, बिना भाव-तौल के।

कहा०—इतरा ऊधड़ा मत चालौ—बेकार खर्च करने वालों को दी जाने वाली सीख।

ऊधम–सं०पु०—१ उपद्रव, उत्पात शैतानी। उ०—केई रजपूत बंदूकां री चोटां करै छै, घणौ **ऊधम** हुय रह्यौ छै।—द.दा.

२ युद्ध, लड़ाई। उ०—व्रिण ग्रंठ रीठ उड़डै विखम, हम तम **ऊधम** हैमरां। सक फौज कीध रूकां सहित, जांण क लंका बंदरां।—रा.रू.

[सं० उद्यम] ३ परिश्रम, उद्योग। उ०—**ऊधम** करौ अनेक अथवा अण ऊधम रहौ। होसी नहचै हेक, रांम करै सौ राजिया।

—किरपारांम

ऊधमणौ–वि०—१ आमोद-प्रमोद या दानादि में धन खर्च करने वाला।

उ०—असमर समर अथी **ऊधमणौ**, मनड़ै अणै नथी अहमेव। वणै अथी साभाव 'जवाना', भागीरथी तणौ जळ भेव।

—जसजी आढ़ौ

ऊधमणौ, ऊधमबौ–क्रि०स० [सं० उर्धमनन] १ दान करना।

उ०—सती वळै जूझै सुभट, करै ग्रंथ कविराज। दाता माया **ऊधमै**, नांम उबारण काज।—बां.दा.

२ आमोद-प्रमोद हेतु खूब खर्च करना। उ०—जिकां भलां धन जोड़ियौ, **ऊधमियौ** निज आच। कीरत पौहरै करन रै, वीदग ऊठै वाच।—बां.दा. ३ शुभाशुभ कर्मों के फलों के लिए दान करना। उ०—उमगे दांन **ऊधमै** आचां, रांम रांम मुख हूंत रटै।—र.रू.

४ बहादुरी दिखाना। उ०—आप सरखा कमंध सेल मुंह **ऊधमै**, जोड़ चाहै खड़ग भीच जाकौ, 'पाल' रै ऊपरा काढियौ पागड़ौ, हचे जंगगपुरा करै हाकौ।—अज्ञात

ऊधमणहार, हारौ (हारी), ऊधमणियौ—वि०।

ऊधमा–सं०पु०—जलसा, मौज, आनंद।

ऊधमी–वि०—उधम करने वाला, उपद्रवी, उत्पाती।

ऊधरण, ऊधरणौ–वि०—१ उद्धार पाने वाला. २ उद्धार करने वाला। उ०—मरम तैं झालियौ मेटि पंडर मतौ, मछर तैं राखियौ तखत कुळ-मौड़। धन आंगी गमण 'गंग' कुळ **ऊधरण**, रोम कस सकस धन राव राठौड़।—राव चंद्रसेण राठौड़ रौ गीत

ऊधरणौ, ऊधरबौ–क्रि०अ०—१ देखो 'उधरणौ' २ उन्नत होना। उ०—नीची न्यातां रा ऊंचा **ऊधरिया**, ऊंची जातां रा नीचा ऊतरिया।—ऊ.का. ३ वीर गति प्राप्त होना।

उ०—असुरां रोळ चोळ व्रन अवध आवध, गहि आतम अरिया। आवध धम धरती ऊदावत, आवध धारै **ऊधरिया**।

—महाराणा प्रतापसिंह रौ गीत

ऊधरौ, ऊधरौ–वि०—१ ऊँचा, उत्तुंग। उ०—अई चीत गढ़ **ऊधरा**, सकळ गढां सिरताज। तूं जूनौ परणै नवी, असुरां री अफवाज।

—बां.दा.

२ उत्कट, उन्नत। उ०—आया बाला **ऊधरा**, भाला झाल अभंग। रण पब्बै 'तेजै' जिसा, करण फतै रण जंग।—रा.रू.

३ दानशील, दानी, उदार. ४ बड़ा, श्रेष्ठ. उ०—अरज मांन अजमाल स्वाल सुण कांन सबंधां, धरौ विखौ **ऊधरौ** करौ जिन ढाल कमंधां।—रा.रू. ५ सरल, सीधा, अनुकूल।

सं०पु०—मस्तिष्क ऊपर उठाये हुए चलने वाला बैल।

ऊधस–वि० [सं० उर्ध्व] ऊँचा, उर्ध्व, उच्च। उ०—अरस लगि पड़ि निहस **ऊधस**, सूर अदरस धूम सपरस।—रा.रू.

सं०पु० [सं० ऊधस्यं] १ दूध (अ.मा., डि.को.)

[सं०स्त्री०] २ सूखी खाँसी. देखो उधार (रू.भे.)

ऊधारियौ–सं०पु०—उधार लेने या देने वाला। उ०—ऊमर लग ऊधार री, बांण न छोडै बत्त। जोर फिरावै जाचकां. **ऊधारियौ** अदत्त।

—बां.दा.

ऊधूल–वि०—वीर, उदार। उ०—चउंडराउ दिय **ऊधूल** चाउ, राउत्त आप हे आप राउ।—रा.ज.सी.

ऊधौ–सं०पु० [सं० उद्धव] श्रीकृष्ण के एक सखा, उद्धव।
कहा०—१ ऊधौ का लेणा न माधौ का देणा- -स्वाधीन मनुष्य जिसे किसी का लेना-देना नहीं. २ ऊधौ का लेणा न माधौ का देणा मगन रहणा—किसी से कोई लेन-देन या व्यवहार नहीं रखने वाला बेपरवाह और सुखी रहता है।

ऊध्वनी–सं०स्त्री० [सं० उद्‌ध्वनि] ऊँची ध्वनि, तेज आवाज।
उ०—धिमिद्ध मिद्ध **ऊध्वनी** न सिंजनी सुनी नहीं।—ऊ.का.

ऊनंग–सं०पु०—नंगी। उ०—चढ़ ऊभा चंगां भीड़े अंगां आचे खग्गां **ऊनंगां**।—रा.रू.

ऊनंत–वि०—उन्नत, ऊँचा। उ०—बेटी राजाभोज की, **ऊनंत** पयोहर बाळी वेस।—वी.दे.

ऊन–सं०पु० [सं० उष्ण] १ जोश, आवेग, क्रोध. २ ज्वर, बुखार। सं०स्त्री०—३ भेड़-बकरी के बाल।
कहा०—लरड़ी माथै ऊन कुण भी कौ छोडै नी—जिस पर अधिकार होता है उससे लाभ उठाने में कोई नहीं चूकता; गरीब या शोषित से शासक अधिक कर आदि वसूल करते हैं।

ऊनअधोड़ी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का सरकारी कर जो भेड़ रखने वालों से ऊन व मरे हुए पशुओं के चमड़े पर वसूल किया जाता था।

ऊनकूळ–वि० [सं० अनुकल] मुताबिक, सहायक, दयालु।

ऊनड़–सं०पु०—१ राठौड़ों की एक उपशाखा. २ भाटी वंश की एक शाखा।

ऊनणौ, ऊनबौ, ऊनमणौ ऊनमबौ–क्रि०अ०—बादल, घटा आदि का उमड़ना। उ०—१ स्रावण मासि **ऊनया** दीसइ, जेहवा काळा मेह। गयवर ठाठ चालंता दीसइ, जोतां नावइ छेह।—कां.दे.प्र.
उ०—२ **ऊनमियउ** उत्तर दिसइं, गाज्यउ गुहिर गंभीर। मारवणी प्रिउ संभरयउ, नयणे वूठउ नीर।—ढो.मा.
उ०—३ चहुं दिसि जळहर **ऊनम्यौ**, चमकी बीजळियांह।—जसराज

ऊनमियोड़ौ–भू०का०कृ०—उमड़ा हुआ। (स्त्री० ऊनमियोड़ी)

ऊनमत–वि०—देखो 'उनमत'।

ऊनरौ–सं०पु०—देखो 'ऊंदरौ' (रू.भे.)

ऊनली–वि०—उधर की, उस ओर की।

ऊनवणौ, उनवबौ—देखो 'ऊनमणौ, ऊनमबौ' (रू.भे.)

ऊनवियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'ऊनमियोड़ौ'। (स्त्री० उनवियोड़ी)

ऊनांगी–वि०स्त्री०—देखो 'ऊनंग' (रू.भे.) उ०—जोम गाडा वाळी प्रळै काळा री **ऊनांगी** जठै। वागी हाडावाळी नराताळा री बांणास।
—दुरगादत्त बारहठ

ऊनांम–सं०पु०—वह खेत जहाँ वर्षा के पानी से गेहूँ व चने आदि होते हों।

ऊनागणौ, ऊनागबौ–क्रि०स०अ०—१ म्यान से तलवार निकालना।
उ०—खाग **ऊनागियां** खिवे माथे खळां, रांण रा दळां अगवांण नगराज।—राव धायभाई नगराज गूजर रौ गीत
२ नग्न होना, आवरणहीन होना।

ऊनागियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ म्यान से निकाली हुई (तलवार)
२ नग्न, आवरणहीन।

ऊनागौ–वि०पु० (स्त्री० ऊनागी) १ नग्न, आवरणहीन.
२ बदमाश।

ऊनाळ–सं०पु० [सं० उष्ण+काल] १ उष्णकाल, ग्रीष्म ऋतु।
उ०—आभूखणां हुई झलमां झायंती भांण **ऊनाळ** सी।
२ रबी की फसल। —जवांनजी आढ़ौ

ऊनाळू–वि०—देखो 'उनाळू' (रू.भे.)

ऊनाळौ–सं०पु० [सं० उष्ण+काल] ग्रीष्म ऋतु। उ०—औ ऊपर **ऊनाळौ** आयौ, दीन जनां दोरौ दरसायौ।—ऊ.का.

ऊनियौ–सं०पु० [सं० ऊर्ण] भेड़ का बच्चा, मेमना।

ऊनी–वि०—ऊन का बना, ऊनसम्बन्धी (रू.भे. ऊंनी)

ऊनोतरतातप–सं०पु०—क्रमशः प्रति दिन एक एक ग्रास भोजन घटाते जाने का जैनियों का एक व्रत।

ऊनौ–वि० [सं० उष्ण] गर्म, तपाया हुआ, उष्ण। उ०—उर जेज धरौ म करौ उरड़, **ऊनौ** तेज अगन्न रौ।—रा.रू. (रू.भे. 'ऊंनौ') (स्त्री० ऊनी)

ऊन्हा–क्रि०वि०—उस तरफ। उ०—जोधौ **ऊन्हा** 'जैतसी', लोह वहंतौ लागि। किलि व भूठौ किमिरियौ, उहौ व्है बळती आग।—रा.ज. रासौ

ऊन्हाळइ, ऊन्हाळउ–सं०पु० [सं० उष्णकाल] देखो 'उन्हाळ'।
उ०—कहिए माळवणी तणइ, रहियउ साल्ह विमास। **ऊन्हाळउ** ऊतारियउ, प्रगटयउ पावस मास।—ढो.मा.

ऊन्हाळागम–सं०पु० [उष्णकाल+आगम] ग्रीष्म ऋतु (डिं.को.)

ऊन्हाळौ, (ह)–सं०पु० [सं० उष्णकाल] १ उष्णकाल।
देखो 'उन्हाळौ'। उ०—'ऊदा' धरती अधिया, आहव आध सिवाय। चाळै वाधे सांम छळ, ज्यां **ऊन्हाळे** लाय।—रा.रू.
२ गर्मी का सूर्य।

ऊन्हौ–वि० [सं० उष्ण] गर्म, उष्ण। उ०—**ऊन्हां** डांभ दिवारिसी, डांभां थी मरि जाउं।—ढो.मा.

ऊप–वि० [सं० उपम अथवा उपमित] सदृश, समान। उ०—अंध्रीयस खंभ किरि थंभ **ऊप**, अनि भूप कोप बंधण अनूप।—रा.रू.
क्रि०वि०—ऊपर। उ०—सगत्तांणी सांगांणी सतारां हूंत आंणी सेना। तुरक्कांणी हिंदवांणी **ऊप** जैतसींग।
—ठाकुर जैतसिंह राठौड़ मेड़तिया रौ गीत

ऊपड़णौ, ऊपड़बौ–क्रि०अ०स०—१ उमड़ना। उ०—उत्तर आज स उत्तरइ, **ऊपड़िया** सी कोट। काय दहेसइ पोयणी, काय कुंवारा घोट।
—ढो.मा.

२ उन्मूलन होना. ३ उठना, उभरना, निशान पड़ना, सूजन होना. ४ वापस उठना, उठना। उ०—पूरा घावां **ऊपड़े**, जुध सिरदार जवन्न। 'कान्ह' हरी साकौ कियौ, उजवाळियौ उतन्न।—रा रू.
५ भार उठाना. ६ दौड़ना, तेज भागना। उ०—वागां **ऊपड़ै** विखमी वार वड़कै आकास धर। खरौ खेध वाजी खरा वहसै दुवाह।
—जगौ सांदू

७ व्यय होना, खर्च होना. ८ शब्दोच्चारण होना, बोलना।
उ०—ज्यांरी जीभ न **ऊपड़ै**, सेणां मांही सेत। वांरा कर किम ऊपड़ै, खळां फिरचां रणखेत।—बां.दा.

ऊपड़णहार, हारौ (हारी), ऊपड़णियौ—वि०।

ऊपड़ाणौ, ऊपड़ाबौ, ऊपड़ावणौ, ऊपड़ावबौ—स०रू०।

ऊपड़िग्रोड़ौ, ऊपड़ियोड़ौ, ऊपड़चोड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊपड़ियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ उमड़ा हुआ. २ उन्मूलित. ३ उठा या उभरा हुआ, सूजा हुआ. ४ वापस उठा हुआ. ५ भार उठाया हुआ. ६ दौड़ा हुआ. ७ खर्च किया हुआ ८ शब्दोच्चारण किया हुआ। (स्त्री० ऊपड़ियोड़ी)

ऊपजणौ, ऊपजबौ—[सं० उत्पद्यते, पा० उप्पज्जइ] देखो 'उपजणौ'।
उ०—परंतु मीणां रै ठाकुरपणौ रहियां तौ रजोगुण रा छक कौ न्हास **ऊपजियौ**।—वं.भा.

ऊपजस—सं०पु० [सं० अपयश] अपकीर्ति, निन्दा, अपयश (रू.भे. उपजस)

ऊपजाणौ,ऊपजाबौ—क्रि०स०—देखो 'उपजाणौ, उपजाबौ' (रू.भे.)

ऊपटणौ, ऊपटबौ—क्रि०अ०—१ देखो 'उपटणौ, उपटबौ'।
उ०—कुळ भ्रात मंत्री सुत कटे, उर क्रोध रांवण **ऊपटे**।—र.रू.
२ बढ़ना, वृद्धि होना। उ०—हटियौ बळ हिंदवांण, **ऊपटियौ** बळ आसुरां।—ला.रा.

ऊपटियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ बढ़ा हुआ, वृद्धि पाया हुआ.
२ देखो 'उपटियोड़ौ'। (स्त्री० ऊपटियोड़ी)

ऊपणणौ, ऊपणबौ—देखो 'ऊफणणौ, ऊफणबौ'।

ऊपणियोड़ौ—भू०का०कृ०—देखो 'ऊफणियोड़ौ'। (स्त्री० ऊपणियोड़ी)

ऊपनणौ, ऊपनबौ—क्रि०अ०स०—१ उत्पन्न होना, पैदा होना।
उ०—१ एक बरग में **ऊपना**, सूंम कहै इकसार। दोलत हरै दकारियौ, दोलत थंभ नकार।—बां.दा.
उ०—२ गजटलां गाहिजै छै, वीरा रस **ऊपनौ** छै।—रा.सा.सं.
२ उपार्जन करना, पैदा करना। उ०—घोड़ी बेची लाख लाख **ऊपना**, बैठा साहिबी कीजै छै।—चौबोली

ऊपनणहार, हारौ (हारी), ऊपनणियौ—वि०—उत्पन्न होने वाला, उत्पन्न करने वाला।

ऊपनिग्रोड़ौ, ऊपनियोड़ौ, ऊपन्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊपनियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ पैदा हुआ. २ पैदा किया हुआ, उपार्जित (स्त्री० ऊपनियोड़ी)

ऊपनो, ऊपनौ—सं०पु०—माल के विक्रय की आय।
वि० (स्त्री० ऊपनी) जन्म लेने वाला, उत्पन्न होने वाला।

ऊपर—क्रि०वि० [सं० उपरि] १ ऊँचाई पर या ऊंचे स्थान पर.
२ आकाश की ओर. ३ आधार या सहारे पर. ४ उच्च श्रेणी पर. ५ प्रकट में, देखने में।
कहा०—ऊपर माळा मांय कुदाळी—ऊपर से सज्जन भीतर हृदय में दुष्ट।
६ तट पर. ७ अतिरिक्त. ८ परे. ९ प्रतिकूल।
सं०स्त्री०—१ सहायता, मदद, रक्षा। उ०—सहि कूरम जैसाह सूं, मिळिया आय प्रथम। ऊपर देख अजीत री, आलम लेख नरम।
२ दया, कृपा, मेहरबानी। —रा.रू.
वि०—१ अधिक, ज्यादा। उ०—केई खोखर जागीरदार आदमी डेढ़ सौ सूं **ऊपर** कांम आया।—सूरे खींबे री बात
२ प्रथम, पहले।

ऊपरछूंटली, ऊपरछूंटौ—वि० उ०लिं०—ऊपर की, अतिरिक्त।

ऊपरट—वि०—विशेष, अधिक। उ०—राखण साथ भड़ां रवताळा, ऊपरट खग चाळा आचार।—माधोसिंह सीसादिया री गीत

ऊपरणी—सं०स्त्री०—१ पगड़ी के ऊपर बाँधी जाने वाली वस्त्र की कम चौड़ी पट्टी. २ आबू के पास का एक प्रदेश (नैणसी)

ऊपरतळै—क्रि०वि०—लगातार, एक के ऊपर एक।

ऊपरनेत, ऊपरनैत—सं०स्त्री०—वह भेंट या धन जो इष्ट-मित्र, संबंधी आदि के यहां शुभ या अशुभ कार्य में सम्मिलित होने का निमंत्रण पाकर उसके यहां भेजा जाता है उसे 'नैत' कहते हैं किन्तु इसके बदले में निमन्त्रणकर्त्ता के यहां मौका पड़ने पर अगर इससे कुछ अधिक धन या भेंट वापस भेजा जाता है तो वह अतिरिक्त धन 'ऊपर नैत' कहलाता है।

ऊपरळीपुळ, ऊपरळीरुत—सं०स्त्री०—१ वर्षा ऋतु. २ वर्षा ऋतु के पहले या बाद का समय. ३ दैनिक अवसर।

ऊपरलौ—वि० १ (स्त्री० ऊपरली) १ ऊपर का। उ०—नारी दास अनाथ, पण माथे चढ़ियां पछै। हिय **ऊपरलौ** हाथ, राळचौ न जावै राजिया।—किरपारांम
मुहा०—ऊपरलौ जांणौ—ईश्वर ही जानता है।
२ बलवान (अमरत)

ऊपरवट—सं०पु०—१ दोनों पक्षों में से एक पक्ष।
सं०स्त्री०—२ अधिकता।
क्रि०वि०—बढ़ कर।

ऊपरवाड़ी—सं०स्त्री०—देखो 'उपरमाड़ी'।

ऊपरवाड़ौ—सं०पु०—१ देखो 'उपरवाड़ौ' २ मकान आदि का पृष्ट भाग। उ०—**ऊपरवाड़े** हेलौ मारियौ थे जागौ महाजन लोग औ।
—लो.गा.

ऊपरसांपर—सं०स्त्री०—१ निगरानी. २ मदद, सहायता।

ऊपरांठौ—देखो 'उपरांठौ'।

ऊपराऊपरी–क्रि०वि०—लगातार, एक के ऊपर एक। उ०—आयी **ऊपर ऊपरा**, सुणी खबर सुरतांण। उर अकुळाय पटक्कियौ, सीस खुदाय कुरांण।—रा.रू.

ऊपरवाड़–वि०—बढ़िया, श्रेष्ठ।

ऊपरि, ऊपरी–वि०—१ ऊपर का, ऊपर। उ०—पगि पगि पउळि पउळि हस्ती की गज-घटा, ती **ऊपरि** सात-सात सइ धनक-धर सांवटा।—वचनिका अचळदास खीची. २ बाहरी, नुमाइशी, दिखावटी. ३ विदेशी, पराया।

सं०स्त्री०—मदद, सहायता। उ०—तुझ वीनवूं आदि योगिनी, पाछां कटक आंणि तूं अनी। हमीरराय नी परि आदरूं, नांम अम्हारउं **ऊपरि** करउं।—कां.दे.प्र.

ऊपरे, ऊपरै–क्रि०वि०—ऊपर, पर।

ऊपळी–सं०स्त्री०—१ बैलगाड़ी में मुख्य भाग चोड़े तख्ते के नीचे लगाये जाने वाले लकड़ी के बड़े दो डंडों में से एक जिस पर गाड़ी का चौड़ा तख्ता टिका हुआ रहता है. २ खाट में लगाया हुआ छोटे वाला डंडा. ३ स्थान विशेष का चौड़ा भाग (रू.भे.)

ऊपळौ–सं०पु०—किसी वस्तु या चारपाई की चौड़ाई वाली पाटी।

ऊपल्हांणौ–वि०—बिना जीन या चारजामा वाला ऊँट या घोड़ा।

उ०—चिहुँ गमे **ऊपल्हांणा** धाया, पातिसाह फुरमांणि। रांणा राय मलिक मुडोधा, खांन बोलावी आंणइ।—कां.दे.प्र.

ऊपहरौ–वि०—विशेष, अधिक। उ०—तेहे घोड़े किस्या किस्या खित्री चढिया। पंचवीस वरस **ऊपहारा**।—कां.दे.प्र.

ऊपांत–वि० [सं० उपांत्य] अंत वाले के समीप का, अन्तिम से पहिले का।

ऊपांततित्थी–सं०स्त्री०यौ० [सं० उपान्त्य तिथि] मास की अन्तिम तिथि से पहिले की तिथि चतुर्दशी, चौदस। उ०—तिके भादवी माह **ऊपांततित्थी**, पड़ै माय रै पाय प्रथीप प्रत्थी।—मे म.

ऊपांन–वि०—क्रुद्ध, कुपित। उ०—अर जद म्हाराजा **ऊपांन** हुई तद ए तीन्हे म्हारा छै।—चौबोली

ऊपाड़–सं०पु०—१ नाश. २ सृजन. ३ फोड़ा. ४ खर्च।

ऊपाड़णौ, ऊपाड़बौ—देखो 'उपाड़णौ, उपाड़बौ'।

उ०—वटपाड़ां धरपाड़ां वाळी, आभ जड़ां नांखै **ऊपाड़**। कोय न गांज सकै कनियांणी, झीझणियाळ तुहाळा झाड़।—बां.दा.

ऊपाड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उपाड़ियोड़ौ'। (स्त्री० ऊपाड़ियोड़ी)

ऊपाड़ौ—देखो 'उपाड़ौ' (रू.भे.)

ऊपाधिया–सं०पु०—एक ब्राह्मण जाति विशेष।

ऊपाव–सं०पु०—देखो 'उपाय'। उ०—वळि पूछै तिणि भाट नै, कहि कोई दाव **ऊपाव**।—ढो.मा.

ऊपावणौ, ऊपावबौ—देखो 'उपावणौ, उपावबौ'। उ०—बम्भीखण जण करण सबळ दैतां संघारण। नव्व नाथनिमधियण त्रिविध लोकां **ऊपावण**।—ज.खि.

ऊपावियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'उपावियोड़ौ'। (स्त्री० ऊपावियोड़ी)

ऊप्रवट—देखो 'उप्रवट' (रू भे.)

ऊफणणौ, ऊफणबौ–क्रि०अ० [सं० उत्फणन] १ उबलना, उफान आना, उबल उठना. २ अनाज को हवा में उछाल कर साफ करना, फेन देना। उ०—**ऊफणी** आडै छाज कठैक ? उरसां सुगनचिड़ी री पांख।—सांझ ३ उमड़ना। उ०—खणिया न होड नाडां खटै, **ऊफणिया** हाडां उदधि।—वं.भा. ४ जोश में आना. उ०—नथी रजोगुण ज्यां नरां, वां पूरौ न उफांण। वे भी सुणतां **ऊफणै**, पूरा वीर प्रमांण।—वी.स. ५ क्रोध करना।

उ०—अति अंबु कोपि कंवर **ऊफणियौ**, वरसाळू वाहळा करि।

—वेलि.

ऊफणणहार, हारौ (हारी), ऊफणणियौ—वि०।

ऊफणाणौ, ऊफणाबौ—क्रि०स० (प्रे रू.)

ऊफणिओड़ौ, ऊफणियोड़ौ, ऊफण्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊफणाणौ, ऊफणाबौ–क्रि०स० (प्रे०रू०) १ उफनने के लिए प्रेरित करना।

क्रि०अ०—२ अगाड़ी बढ़ना। उ०—नारवंकां देवा निगळि अग्गै **ऊफणाया**। इत नरउर नृप के सचिव चाळुक चंपाया।—वं.भा.

ऊफणियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ उबला हुआ, उफान आया हुआ. २ अनाज को हवा में उछाल कर साफ किया हुआ. ३ जोश में आया हुआ. ४ क्रोध किया हुआ। (स्त्री० ऊफणियोड़ी)

ऊफतणौ, ऊफतबौ–क्रि०अ०—तंग होना, हैरान होना, उकताना।

ऊफतणहार, हारौ (हारी), ऊफतणियौ—वि०।

ऊफतिओड़ौ, ऊफतियोड़ौ, ऊफत्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊफतियोड़ौ–भू०का०कृ०—तंग या हैरान हुआ। (स्त्री० ऊफतियोड़ी)

ऊफरांठउ–वि०—देखो 'उपरांठउ'। उ०—बांधव पुत्र कळत्र, धन यौवन जांणे माया जाळ। जिणि दिनि हुइ दैव **ऊफरांठउ**, तिणि दिनि सहूइ आळ।—कां.दे.प्र.

ऊबंध, ऊबंधी–वि० [सं० उद्बंधन] १ बंधनरहित, मर्यादा तोड़ने वाला, उदण्ड। उ०—१ सितर खांन सकबंध, कटक अनमंध छिलै कर। असपत हद सांमंद, कीध **ऊबंध** परमेसर।—रा.रू.

उ०—२ 'सूजे' घर 'बाघौ' सकबंधी, बांधे पाय किया **ऊबंधी**।

—रा रू.

२ अपार, असीम। उ०—लखि फौज तुंग लड़ंग **ऊबंध** किर दवि अंग।—रा.रू.

ऊबंबर, ऊबंबरी, ऊबंबरौ–वि०—१ देखो 'उबंबर, उबंबरौ'। २ शक्तिशाली, समर्थ। उ०—आच फरस ओपंत, विघन बन हत **ऊबंबर**।—र.ज.प्र. ३ ओजस्वी, कांतिवान।

ऊब–सं०स्त्री०—१ कुछ समय तक एक ही दशा में रहने से चित्त की खिन्नता, उचाट. २ उद्वेग, घबराहट, आकुलता. ३ देखो 'ऊंब' ४ लगातार न्यून मात्रा में बरसने वाले वे बादल

जिनकी गति पश्चिम से पूर्व की ओर अथवा दक्षिण से उतर की ओर होती है। उ०—ऊबां जळ नदियां लहर, बक पंगत भर बाथ। मोरां सोर ममोलियां, सांवण लायौ साथ।—अज्ञात
५ खड़ा रहने का ढंग।

ऊबकणौ, ऊबकबौ—क्रि०अ०—१ वमन करना. २ जोश करना. ३ ऊँचा होना (रू.भे. उबकणौ) उ०—महरा भी गहरा गुण भणै, सरै न थां विन एक छण। गांवां वाड़ां ऊबक देखौ, सदा प्रेम माइतपण।—वसदेव
४ उगलना (रू.भे. उब्बकणौ, उब्बकबौ) ५ उमड़ना, द्रव वस्तु का आधिक्य के कारण ऊपर उठना, उतरा कर बह चलना।
उ०—तूटै सिर धड़ तड़फड़ै, जळ तुच्छै मछ जांण। सेल दुसारां नीसरै, केतां सह केकांण। केतां सह केकाण अटै रत ऊबकै, घट अंतर कढ घाव हजारां हूबकै।—किसोरदांन बारहठ
ऊबकणहार, हारौ (हारी), ऊबकणियौ—वि०।
ऊबकिओड़ौ, ऊबकियोड़ौ, ऊबक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ऊबकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ वमन किया हुआ. २ जोश किया हुआ. ३ ऊँचा उठा हुआ. ४ उगला हुआ. ५ उमडा हुआ। (स्त्री० ऊबकियोड़ी)

ऊबकौ—सं०पु०—ओकाई, मिचली, वमन के पूर्व की अवस्था।

ऊबड़खाबड़—वि०—ऊँचा-नीचा, अटपटा, विषम।

ऊबड़णौ, ऊबड़बौ—क्रि०अ०—१ उखडना, खुलना। उ०—बगतार कड़ियां ऊबड़ै, लडै झड़ै खग लाय।—अज्ञात २ फूलना, फूलने से टूटना. उ०—जिके सूर ढीला जरद ऊबड़ ही आरांण। मूंछ अणी भूहां मिळै, मुंहगौ राखै मांण।—बां.दा. ३ उभरना ऊपर उठना।
उ०—जिम जिम कायर थरहरै, तिम तिम फैलै नूर। जिम जिम बगतर ऊबड़ै, तिम तिम फैलै सूर।—वी स.
४ फटना, दरार होना।
ऊबड़णहार, हारौ (हारी), ऊबड़णियौ—वि०।
ऊबड़िओड़ौ, ऊबड़ियोड़ौ, ऊबड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
ऊबड़ियौ—सं०पु०—रहट से पानी निकालने के लिए बैलों के घूमने के चक्र के मध्य में खड़ा किया जाने वाला लोह या काष्ठ का कुछ मोटा व मजबूत डंड जो कंगूरेदार चक्र के बीच में होकर निकलता है।

कहा०—**कदास** डाळी निंव जाय—कदाचित् डाली झुक जाय; संभव है सफलता मिल जाय; संभव है अच्छे दिन लौट आवें।

कदि—देखो 'कदि' (रू.भे.)

कदियक–क्रि०वि०—१ कब. २ कभी। उ०—मैंगळ ऐथी आव मत, बाघां केरी वाट। साप अंगूठा मेळ ज्यूं, **कदियक** हुसी कुघाट।- -बां.दा.

कदियाड़ै–क्रि०वि०यौ०—किस दिन, कब।

कदी–क्रि०वि०—१ कभी, किसी दिन। उ०—किसूं गणावै पीढ़ियां ख्यात सारी कहे, दुनी अब अब प्रगट सुजस दीधौ। **कदी** ही कियौ नह रूसणौ, कुचांमण सांमध्रम सदा कीधौ।—बां.दा. ख्यात

२ कब. उ०—बीजुळियां चहळावहळि, आभइ आभइ एक। **कदी** मिळूं उण साहिबा, कर काजळ की रेख।—ढो.मा.

कदीक–क्रि०वि०—कभी।

कदीकौ–वि०—कभी का।

कदीम–क्रि०वि० [अ० बहु० क़ुद्मा] प्राचीन काल से, परंपरा से, सदैव। उ०—यळ सारी यम ऊचरै, कमसळ औध **कदीम**। म्हां ऊभां इज म्हांह री, सारंग दाबै सीम।—पा.प्र.

वि०—पुराना, प्राचीन।

कदीमी–वि० [अ० कदीम] प्राचीन, परंपरा का, पुराना।

उ०—जणां सगळा अरज करी–सरकार हम तौ **कदीमी** नौकर हैं, ऐसा आज क्या हुवा ?—पदमसिंह री बात

कदीरौ–वि०—कभी का।

कदीसेक–क्रि०वि०—कभी, प्रायः, कभी-कभी।

कदू-सं०पु० [फा०] लौकी या घीया नामक तरकारी, कद्दू।

कदे, कदेइक, कदेई—देखो 'कदै' (रू.भे.) उ०—मारू सनमुख तेड़िया, दियण संदेसा कज्ज। कहउ **कदे** थे चालिस्यउ, कांइ विहांणइ अज्ज।—ढो.मा.

कदेईन–क्रि०वि०—कभी भी।

कदेक–क्रि०वि०—कब तक। उ०—**कदेक** सपनां मांय, सायधण आंण मिळांणी। धण लेतौ गळबत्थ, पसारूं उरसां पांणी।—मेघ.

कदेकण–क्रि०वि०—कभी।

कदेकरौ, कदेकौ–वि०—कभी का।

कदेय–क्रि०वि०—कभी। उ०—**कदेय** न आवै सायबौ म्हारौ कदेय न आवै बीर। मारौ ए रतना दासी कागलिया रै तीर।—लो.गी.

कदेरोई, कदेरौ–वि०—कभी का।

कदेव–सं०पु०—कृपण, कंजूस।

कदेहिक, कदेहीक–क्रि०वि०—कभी। उ०—तरै कैवाटजी कह्यौ, भांणेज, म्हांरौ देह, म्हारा रजपूत, ज्यांसूं जोर कर अमल करणौ किसी भारी बात छी, पिण **कदेहीक** वणसी जद कहिस्यां।

—कहवाट सरहविया री बात

कदै–क्रि०वि०—कभी। उ०—१ जनक सुता रै स्नांन जेथ रौ निरमळ पांणी। गहरी बिरछां-छांह जाय न **कदै** बखांणी।—मेघ.

उ०—२ **कदै** इणे पण म्हारौ कथन न लोपियौ। एक पलक म्हांसूं आघौ न रह्यौ।—पलक दरियाव री बात

कहा०—१ कदैई सुपनौ साचौ करणौ'क नहीं ?—कभी सपना सच्चा करना या नहीं। अनेक बार कहने पर काम न कर दिखलाने वाले के लिये। जब कोई अनेक बार कहने के बाद एक बार काम करदे। २ कदै गाडी चीलां पर तौ कदै खरबूजां में ही सही—अच्छे और बुरे समय आते ही रहते हैं। ३ कदै गाडी नाव पर तौ कदै नाव गाडी पर। कदै गाडी नाव में नै कदै नाव गाडे में—कभी गाड़ी नाव पर तो कभी नाव गाड़ी पर; जब विभिन्न परिस्थितियों के व्यक्ति परस्पर सहायता करें; दो भिन्न परिस्थितियों के व्यक्तियों का परस्पर भाग्य-परिवर्तन; कभी एक का दोष तो कभी दूसरे का। ४ कदै घी घणां, कदै मुट्ठी चिणा—कभी खूब घी से चकाचक माल और कभी केवल मुट्ठी भर चने; संसार में सभी दिन एक से नहीं होते; जो कुछ ईश्वर दे उसी से संतोष करना चाहिये। ५ कदै तौ मरिया न कदै सुरग गया—कब मरे और कब स्वर्ग गये; बिना करनी के केवल कथणी करने पर। ६ कदै दिन बडा, कदै रात बडी—कभी दिन बड़े और कभी रात बड़ी; समय सदा एक-सा नहीं रहता; कभी एक का दांव, कभी दूसरे का। ७ कदै न घोड़ा हींसिया कदै न खांच्या तंग, कदै न रांडचां (गांडू) रण चढ़चा, कदै न बाजी बंब—कायर और डरपोक आदि से सहायता की आशा न रखनी चाहिये। दान न मिलने पर कंजूस यजमान के लिये याचक जातियों के लोगों का कथन।

कदैई–क्रि०वि०—कभी।

कदैईसेक–क्रि०वि०— कभी-कभी।

कदैक–क्रि०वि०—कभी।

कदोकोई, कदोकौ–वि०—कभी का। उ०—कमंध जादवां वैर **कदोकौ**, ऊंचा सरै उजियाळै आय।—अज्ञात

कदौ–वि०—काला, श्याम, कृष्ण।

कद्दन–वि० [सं० कदन] कटा हुआ, नष्ट, ध्वस्त। उ०—गरद्दन **कद्दन** केक मुगल्ल। छटे खग बेख क मेख छगल्ल।—मे.म.

कद्रदांन–वि० [अ० कद्र+फा० दांन] गुणग्राहक (रू.भे. 'कदरदांन')

कद्रदांनी—देखो 'कदरदांनी' (रू.भे.)

कधरा–सं०स्त्री०—परिहार वंश की एक शाखा।

कधी–क्रि०वि०—कभी। उ०–कंत मचाड़ै नहं **कधी**, काचां रै घर कूक। मुड़ै विरोळै माझिवां, रोळै सोणित रूक।—वी.स.

कध्धौ–भू०का०प्र०—'करणौ' क्रिया का भू०का०प्र०, किया।

उ०—चढ़ै सिंघ चामूंड कमळ हूंकारव **कध्धौ**, डरौ चरंतौ देख असुर भागियौ अवध्धौ।—अज्ञात

कन–अव्यय—१ या, अथवा। उ०—भूपां मिण जेहौ भारांणी, लाखौ **कन** लाखौ फूलांणी।—क.कु.बो. २ ओर, तरफ।

सं०पु० [सं० कर्ण] १ कान. २ राजा कर्ण. ३ श्रीकृष्ण।
उ०—करतौ कहा न हुवै कन, नारायण पंकज नयण।—अलूदास

कनग्रज्ज, कनउज्ज, कनग्रोज—देखो 'कन्नौज'।

कनग्रोजौ—वि०—कन्नौज नगर का, कन्नौज नगर संबंधी (प्राय: यह राठौड़ क्षत्रियों के लिए प्रयुक्त होता है)

कनक—सं०पु०[सं०] १ स्वर्ण, सोना (ग्र.मा.) २ धतूरा (डिं.को.) ३ एक प्रकार का घोड़ा।—शा.हो. ४ छप्पय छंद का एक भेद जिसके अनुसार २१ गुरु और ११० लघु से १३१ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं (र.ज.प्र.) ५ एक वर्णिक छंद जिसमें एक रगण एवं एक जगण के क्रम से १४ वर्ण होते है तथा अंत में लघु होता है (ल.पिं.) ६ वेलिया सांणोर नामक छंद का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ४४ लघु व १० गुरु सहित ६४ मात्रायें होती हैं तथा शेष द्वालों में ४४ लघु ९ गुरु सहित कुल ६२ मात्रायें होती हैं (पिं.प्र.)
वि०—पीला, पीत* (डिं.को.)

कनककेसर—सं०पु० [यौ०] एक प्रकार का रंग विशेष का घोड़ा। (शा.हो.)

कनकगढ़—सं०पु०यौ०—१ जालोर का किला या गढ़. २ लंका।

कनकगिर—सं०पु०यौ० [सं० कैनक+गिरि] १ सुमेरु पर्वत (ग्र.मा., नां.मा.) २ जालोर का पर्वत (मि. 'कणियाचळ')

कनकपसाव—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा विशेष (शा.हो.)

कनकप्यार—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा हो.)

कनकबीज—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

कनकलता—सं०स्त्री०यौ० [सं० कनक+लता] स्वर्णलता नामक एक लता।

कनकवरीसण—सं०पु०यौ० [कनकवर्षण] सूर्य पुत्र कर्ण।
(मि० 'कनकव्रवण')

कनकवेलि, कनकवेली—सं०स्त्री०यौ०—स्वर्णलता नामक एक बेल।
उ०—रांमा अवतार नाम ताइ रुखमणि, मांन-सरोवर मेरुगिरि।
बाळकति करि हंस चौ बाळक, **कनकबेलि** बिहुं पांन किरि।
—वेलि.

कनकव्रवण—सं०पु०यौ०—सोने का दान करने वाला राजा कर्ण।
उ०—रयण दियण पाताळ न राखै, **कनक व्रवण** रूधौ कविळास।
महि-पुड़ि गज-दातार ज मारै, विसन किसै पुड़ि मांडूं वास।
—दुरसौ आढ़ौ

कनकाचळ—सं०पु०—१ सुमेरु पर्वत (ग्र.मा., नां.मा.) २ जालोर का पर्वत।

कनखळ—सं०पु०—१ हरिद्वार से तीन मील दूर एक तीर्थ स्थान.
२ कोलाहल, शोरगुल।

कनड़—सं०पु० [सं० कृष्ण] श्रीकृष्ण।

कनड़ी—सं०स्त्री०—एक राग विशेष (मीरां)

कनड़ौ—सं०पु०—१ वस्त्र का छोर. २ देखो 'कन्हड़ौ' (रू.भे.)
[सं० कर्ण] ३ कान।

कनन—वि० [सं०] जिसके केवल एक आँख हो, काना (डिं.को.)

कनपड़ी—सं०स्त्री०—कान और आँख के बीच का भाग, कनपटी।

कनपटौ—देखो 'कनफड़ौ'।

कनपट्टी, कनफड़ी—सं०स्त्री०—कान और आँख के बीच का भाग, कनपटी
उ०—फीका चैं'रा पड फीका द्रग फेरै, हाहा ऊंडा दिन भूडा भय हेरै।
किड़की कारायण **कनफड़ियां** कूटी, तिड़गी तारायण सौ पुरसां तूटी।
—ऊ.का.

कनफड़ौ—सं०पु०—१ कानों को छिदवा कर उनमें बिल्लौर की मुद्रा पहिनने वाले गोरखपंथी योगी। कनफटा साधु. २ देखो 'कनपट्टी'।

कनफूल—सं०पु० [सं० कर्णफूल] कर्णफूल के समान ही किन्तु उससे कुछ भिन्न बनावट का ललाट से कान तक का धारण करने का स्त्रियों का आभूषण।

कनबज्ज—सं०पु०—कन्नौज का एक पुराना नाम।

कनमूळ—सं०पु०—कान के पास होने वाली ग्रंथि (रोग)

कनलौ—वि०—पास का, निकट का। उ०—हुमायूं दिल्ली आय तखत बैठौ। कितौईक **कनलौ** देस जबत कियौ। सिकंदरसाह लाहौर रा पहाड़ां में पैठौ।—बां.दा. ख्यात

कनवज—सं०पु०—कन्नौज नगर का प्राचीन नाम।

कनवजियौ—सं०पु०—कन्नौज का, कन्नौज संबंधी, राठौड़वंशी क्षत्रिय।

कनवज्ज—सं०पु०—कन्नौज का प्राचीन नाम विशेष।

कनवत—सं०पु०—घोड़े के कान, घोड़े के कानों के रहने का ढंग।

कनसट—वि० [सं० कनिष्ट] छोटा।
सं०पु—छोटा भाई।

कनसळाई, कनसळौ—देखो 'कांनसळाई'।

कनसूरि, कनसूरौ—सं०पु०—कान के पास का हिस्सा, कनपटी।

कनस्ट—सं०पु० [सं० कनिष्ट] छोटा भाई (ग्र.मा.)

कनांत—देखो 'कनात'। उ०—जूंनी ले **कनांतां** तेल सींची आगि जाळी।
रूई राळ सारी तेल घी सौं सींचि राळी।—शि व.

कना—क्रि०वि०—१ पास, निकट (देखो 'कनै')। उ०—तिकै राजावां **कनां** सूं मूढ़ा सूं चुगावै नै चुगतौ जेज करै तौ लाबा पिरांणी।
[सं० किंवा] २ या, अथवा. —कहवाट सरवहिया री बात.
उ०—कोप रूद्र-माळ का विहंगां नाथ जूटौ **कना**, रूठौ गौरां माथै प्रळै काळ कौ सौ रूप।—गिरवरदांन कवियौ. ३ मानो।
उ०—मनु संजुति लोकेस, **कना** रवि हूंत प्रजापति। कै रघुवीर कुंवार, लियां अवधेस प्रभा जुति।—रा.रू.

कनाग्रण—सं०पु०—घोड़े के कान। उ०—प्रिसण ज्यौं मुख बांकौ कीआ थकां **कनाग्रण** मिळी आंजार सूं छिनाळ मुख वांकौ करि रही।
रा.सा.सं.

कनाई—सं०पु०—कन्हाई, श्रीकृष्ण। उ०—वधाई-वधाई जसोदा वधाई, करै मोरली नाद ठाढ़ौ **कनाई**।—ना.द.

कनात—सं०स्त्री [तु० क़नात] १ किसी जगह को घेर कर आड़ करने

वाला मोटे कपड़े का पाल, पर्दा करने का कपड़ा। उ०—धड़च कनातां धार सूं, गौ रहवास मभार। नूरमली लख ल्हासतै, मौर झली तलवार।—रा.रू. २ छोर, किनारा।

कनाथ—देखो 'कनात'। उ०—**कनाथां** पड़दां तांणीजै छै। चोहबचा मांहै जळ केळरा रंग तरंग मांणीजै छै।—रा.सा सं.

कनार—सं०स्त्री०—१ घोड़े का एक रोग विशेष जिसके कारण खाँसते समय नाक में से गाढ़ा या पतला श्लेष्मा निकलता है, घोड़े का जुकाम। (शा हो.) २ देखो 'किनार', या 'किनारी'।

कनारी—सं०स्त्री०—देखो 'किनारी' (रू.भे.) उ०—लाल चोभणै मांमा मोचा, लाल **कनारी** जोड़ौ। लाल पाघड़ी रातौ वागौ, रातै महियै चोड़ौ।—डूंगजी जवारजी री पड़

कनारौ—सं०पु० [फा० किनारा] १ तीर, तट (डिं.को.) २ छोर. ३ हाशिया।

कनिम्रांन—सं०पु०—छोटा भाई (ह.नां.)

कनियरसौ—सं०पु० [सं० अकनीयस्] ताँबा (अ.मा.)

कनियांण, कनियांणि, कनियांणी—स०स्त्री०—करनी देवी का एक नाम। उ०—मेलै फौज कामरां मिरजौ, ऊ जंगळधर आयौ। केवी तै भांजे **कनियांणी**, जैतराव जीतायौ।—बां'दा.

कनियांन—सं०पु०—छोटा भाई (ह.नां.)

कनिसट, कनिस्ट—सं०पु० [सं० कनिष्ट] छोटा भाई (ह.नां.)

कनी—सं०स्त्री०—१ देखो 'कणी'. २ सेना, फौज (अ.मा.) [सं०] ३ कन्या, पुत्री। उ०—काका अजय तणी **कनी** प्रभावती करिपेस बूंदी नृप बरसिंह अपणायौ नए एस।—वं.भा. [रा०] ४ हीरे का बहुत छोटा टुकड़ा।

कनिअस—सं०पु० [सं० अकनीयस्] ताम्र, ताँबा (ह.नां.)

कनीपाव—सं०पु० [सं० कृष्णपाद] नाथ संप्रदाय की काळबेलिया जाति के गुरु कृष्णपाद।

कनीयस—सं०पु०—ताँबा (ह.नां.)

कनीर—सं०पु०—कनेर का वृक्ष या उसका पुष्प (अमरत)

कनूर, कनूरौ—सं०पु० [सं० कर्ण] १ कर्ण, कान. २ कनपटी।

कनेठ—सं०पु० [सं० कनिष्ठ] अनुज छोटा भाई। उ०—की कह भ्रात **कनठ**! नांम रेखा की लहजै।—र.ज.प्र.

कनै—क्रि०वि० [सं० कर्ण] १ पास। उ०—वाघ विधूंसै वाह रां आरण छरा उपाड़। सील्याया सुणिया नहीं, वाघां **कनै** विगाड़।—बां.दा.

कहा०—कनै कौड़ी कोनी, नांव किरोड़ीमल—पास में तो कौड़ी ही नहीं और नाम करोड़ीमल; नाम के अनुसार गुण नहीं हो तो व्यंग में यह कहावत कही जाती है।

२ साथ, साथ में। उ०—असवार १५० विजै **कनै** था, रावत कनै तो साथ घणौ थौ पिण विजौ जीतौ।—नैणसी ३ निकट, समीप।

कनैयौ—सं०पु० [सं० कृष्ण] १ श्रीकृष्ण. २ एक प्रकार का छोटा पक्षी जो अपना घोंसला बड़े विशेष ढंग से बनाता है। यह प्रायः सायंकाल को झुंड बना कर आकाश में उड़ता है। उ०—जळहर ऊंचा आविया, बोल रह्या जळ काग। देण वधाई मेहरी, रह्या **कनैया** भाग।
—वादळी

कनोई—देखो 'कंदोई' (रू.भे.)

कनोजियौ, कनोजौ—सं०पु० (स्त्री० कनोजी) १ कान्यकुब्ज ब्राह्मण. २ राठौड़ क्षत्रिय।

वि०—कन्नोज का, कन्नोज संबंधी।

कनोती, कनौती—सं०स्त्री०—घोड़े के कान या कान की नोंक। उ०—बरचि दीप बेवड़ा, कळी केवड़ा **कनोती**। लंकी धजर अलोळ, बजरमणि मोल बिचोती।—मे.म.

कन्न—सं०पु० [सं० कर्ण] १ कान, कर्ण। उ०—वेसे विचित्र सिंदूर व्रन्न, कूंडी कपाळ के छाज **कन्न**।—रा.ज.सी. [सं० कृष्ण] २ श्रीकृष्ण [सं० कर्ण] ३ कुंतीपुत्र कर्ण। उ०—समासम पेल धमाधम सेल, अनातम आतम ठेल उठेल। अमाप तठै बळ खाग अजन्न, कनोज घणौ जु कळा जिम **कन्न**।—रा.रू.

कन्नि, कन्नी—सं०पु० [सं० कर्ण] कान, कर्ण। उ०—केसरि **कथिन्न** सांभळि **कन्नि**, वाउळि कि वन्नि लागउ वहन्नि।—रा.ज.सी.

कन्नोज—सं०पु०—उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध शहर (ऐतिहासिक) पर्याय०—कन्याकुब्ज, कानकुबज, पांडवनगर।

कनौजियौ—देखो 'कनोजियौ' (रू.भे.)

कनौती—देखो 'कनोती'।

कन्न—सं०पु० [सं० कर्ण] कान। उ०—करहा लंब कराड़िआ, बे बे अंगुळ **कन्न**। राति ज चीन्ही वेलड़ी, तिण लाखीणा पन्न।—ढो.मा.

कन्यका—१ देखो 'कन्या' (अ.मा.) (रू.भे.) उ०—कन्यका तरुण वड़ चमतकार। धर लियौ कठण पण हृदय धार।—पा.प्र.

२ पृथ्वी (अ.मा.)

कन्या—सं०स्त्री० [सं०] १ बेटी, पुत्री. २ लड़की, अविवाहिता स्त्री. अक्षतयोनि बालिका. ३ बारह राशियों के अंतर्गत एक राशि.

मुहा०—कन्यारासी होणौ—चौपट या निकम्मा होना।

४ पांच की संख्या. ५ दिशा (अ.मा.)

कन्याकाळ—सं०स्त्री० यौ०—१ कन्या का कुंआरा रहने तक का समय. २ रजोदर्शन से पूर्व की अवस्था। उ०—आपरा पुत्रां रौ संबंध कियौ चाहै सौ राजकुमार रा अ'सय में तुलै तौ कन्याकाळ रौ अतिक्रम जांणि अठै ही बिबाह करूं।—वं.भा. ३ कन्याओं का अभाव जिससे पुरुष अविवाहित रह जाय।

कन्याकुबज—सं०पु० [सं० कान्यकुब्ज] १ कन्नोज (डिं.को.) २ ब्राह्मणों की जाति विशेष, कनवजिया. ३ कान्यकुब्ज देश में वास करने वाला।

कन्यादांन—सं०पु०यौ० [सं० कन्यादान] १ विवाह में वर को कन्या देने की रस्म. २ इस अवसर पर कन्या को दिया जाने वाला दान या संकल्प। उ०—म्हांरै कन्यादांन रा कळ री चाह जांणि गमार अत्यंत ही आणंद मैं ऊफणिया न मावसी।—वं.भा.

कन्यावळ—सं०पु० [सं० कन्यावलि] कन्या के विवाह के दिन बड़े-बूढ़ों

द्वारा किया जाने वाला उपवास। रात्रि को पाणिग्रहण संस्कार के बाद ही भोजन किया जाता है। उ०—लाख जग्य राजसू लाख असमेध करीजै। लाख भार सोवना, लाख कन्यावळ लीजै।—अलूदास

कन्ह–सं०पु [सं० कृष्ण] १ श्रीकृष्ण। उ०—कन्ह आरती कन्ह आरती, मंढ़ हुवै नैयर द्वारामति।—ईसरदास बारहठ २ पृथ्वीराज का चाचा, एक सामंत (ऐतिहासिक) या, अथवा।

कन्हइ–क्रि०वि०—१ पास, नजदीक। उ०—मइं घोड़ा बेच्या घणा, रहियउ मास चियारी। राति दिबस ढोलई कन्हइ, रहतइ राजदुवारि।—ढो मा. २ अगाड़ी। उ०—सउदागर राजा कन्हइ, कहियउ एक विचारि—ढो.मा.

कन्हड़, कन्हड़ौ–सं०पु०—१ एक राग विशेष। उ०—कलंग परज कन्हड़ां, सुरांसंवाद सुग्घड़ां। निवास सात नाळियं, त्रिग्रांम मूळ ताळियं।—रा.रू. २ श्रीकृष्ण

कन्हर–सं०पु० [सं० कृष्ण] श्रीकृष्ण। उ०—कियौ मनु बाडव सिंधु प्रलोप, कियौ मनु कंस पै कन्हर कोप। भरी मनु सिंघ करीनि पै डग्ग, अरज्जन येम लग्यौ जुध मग्ग।—ला.रा.

कन्हा–क्रि०वि०—पास, निकट, नजदीक। उ०—दुरवेस कन्हा गरहावि देस। नमि कोट विची न रहिय नरेस।—रा.ज.सी.

कन्है–क्रि०वि०—समीप, निकट, पास। उ०—कमधां धणी हुकम नव कोटां, मिळिया सुपह कन्है पह मोटां।—रा.रू.

कन्हैयौ–सं०पु०—१ एक पक्षी विशेष। (रू.भे. 'कनैयौ') २ श्रीकृष्ण।

कप–सं०पु० [सं० कपि] १ बंदर, लंगूर (अ.मा) उ०—ले बनवास हराय महाछळ, कप हैज्जम अणपार कस।—र.रू.

[अं० कप] २ प्याला।

कपड़–सं०पु०—देखो 'कपड़ौ' (डि.को.) उ०—हुसनाकां तरकसां सूं मैंण कपड़ री खोळी उतारि लीधी छै। कबांणां चाक कीजै छै।

—रा.सा.सं.

कपड़कोट–सं०पु०यौ०—१ पहिनने के कपड़े या वस्त्र. २ खेमा, तंबू।

कपड़छांण–सं०पु०—किसी बारीक कुटे-पिसे चूर्ण को कपड़े से छानने की क्रिया या भाव, कपड़छन।

कपड़णौ, कपड़बौ–क्रि०स०—देखो 'पकड़णौ' (रू.भे.)

कपड़णहार, हारौ (हारी), कपड़णियौ–वि०—पकड़ने वाला।

कपड़ाणौ, कपड़ाबौ, कपड़ावणौ, कपड़ावबौ—रू०रू०।

कपड़िग्रोड़ौ, कपड़ियोड़ौ, कपड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कपड़ीजणौ, कपड़ीजबौ—कर्म वा०।

कपड़दार–सं०पु०—कपड़े सीने वाला दर्जी।

कपड़माटी, कपड़मिट्टी–सं०स्त्री०—औषधि व धातु फूंकने के लिए उस पर कपड़े से गीली मिट्टी लपेटने की क्रिया (अमरत)

कपड़-विदार–सं०पु०—दर्जी (डि.को.)

कपड़ा–सं०पु०—१ कपड़े का बहुवचन। देखो 'कपड़ौ'. २ रजस्वला स्त्री का दूषित रक्त. ३ रक्त-प्रदर नामक स्त्रियों का रोग विशेष।

क्रि०प्र०—'पड़णा'।

कपड़ाआयोड़ी–वि०स्त्री०—रजस्वला, ऋतुमती।

कपड़ाणौ, कपड़ाबौ–क्रि०स०—१ पकड़ाना। देखो 'पकड़णौ'. २ कपड़ा लपेट कर पलंग की पट्टी को पाये में फंसा कर मजबूत करना।

कपडारौकोठार–सं०पु०—राजा-महाराजाओं का वह विभाग जिसके अंतगर्त कपड़ों की देखभाल एवं उनका संग्रह रक्खा जाता था।

कपड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—पकड़ा हुआ (स्त्री० कपड़ियोड़ी)

कपड़ौ–सं०पु० [सं० कर्पट] १ वस्त्र, पट।

पर्याय०—अंबर कपड़, करपट, चीर, चैल, दुकूल, पट, पूंगरण, बसतर, वसण।

२ सिला हुआ वस्त्र, पोशाक।

क्रि०प्र०—उतारणौ, पैरणौ, फाटणौ, होणौ।

मुहा०—१ कपड़ा उतरवाणौ— सबकुछ ले लेना; बेइज्जत करना. कपड़ा उतारणा—कुछ भी न छोड़ना, सबकुछ ले लेना.

कहा०—१ कपड़ा सपेत'र घोड़ा कमेत—कपड़ा सफेद और घोड़ा कमेती रंग का उत्तम होता है. २ कपड़ा फाट गरीबी आई, जूती फाटी चाल गमाई—कपड़े फटे और गरीबी आई, जुती फटी और चाल बिगड़ी. ४ कपड़ो कै तूं म्हारी इज्जत राख हूं थारी राखूं—कपड़ा कहता है कि तुम मेरी इज्जत रक्खो, मैं तुम्हारी रक्खूंगा; कपड़ों को खूब सावधानी से रखना चाहिये क्योंकि ऐसा करने से कपड़े अच्छे रहते है और अच्छे कपड़ों से आदमी की इज्जत होती है।

यौ०—कपड़ा-लत्ता।

कपट–सं०पु० [सं० क+पट्+अल्] १ अपने इष्ट-साधन के हेतु हृदय की बात छिपाने की वृत्ति, छल, प्रतारण, दुराव, छिपाव।

२ धोखा।

पर्याय०—कूट, कूड़, कैतव, छदंभ, छंद, छदम, छळ छेतरण, ठग, तोत, दंभ, द्रोह, परवाद, मनद्रंद्द, विपद, विपदेस, ब्याज।

क्रि०प्र०—करणौ, राखणौ।

३ बहत्तर कलाओं के अंतगर्त एक कला।

कपटता–सं०स्त्री०—धूर्तता, छल, धोखा।

कपटी–वि०पु० (स्त्री० कपटण) छली, धोखेबाज, कुटिल (डि.को.)

पर्याय०—अनृजु, कुहक, जाळिक, धूरत, निकत, वंचक, सठ।

कपणियौ–सं०पु०—मिट्टी का बना कच्चा पात्र जिसे दीपक पर रख कर काजल बनाया जाता है।

कपणौ–वि०—देखो 'कप्पणौ'।

कपणौ, कपबौ–क्रि०अ०—१ कटना। उ०—किरमाळ झड़े तन त्रांण कपै, झळके किर दांमण मेघ वपै।—रा.रू. २ कम होना.

३ नाश होना, मिटना। उ०— धन मात पिता जिण वंस धर, कळुख तिकां दरसण कपै। कवि किसन कहै धन नर तिकै, जिके रसण रघुबर जपै।—र.ज.प्र. [सं० कंप] ४ कंपायमान होना.

क्रि०स०—५ नाश करना, मिटाना।

कपहार, हारौ (हारी), कपणियौ—वि० ।
कपाणौ, कपाबौ, कपावणौ, कपावबौ–क्रि०स०—प्रे०रू० ।
कपिओड़ौ, कपियोड़ौ, कप्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
कपीजणौ, कपीजबौ—कर्म वा० ।
कपतांन–सं०पु० [अं० कैप्टेन] देखो 'कप्तांन'। उ०—कायमखां कपतांन से करि बातें चब्बी, सेख इनायत खांन के भुज पलटण ढब्बी।
—ला.रा.
कपरदी, कपरदोस–सं०पु० [सं० कपर्दी और दोषकर्पर] शंकर, शिव (अ.मा., क.कु.बो.)
कपरौ–सं०पु०—१ नमक पैदा होने की भूमि. २ पानी के पड़ाव का स्थान ।
कपळ–सं०पु० [सं० कपिल] सांख्य शास्त्र के प्रवर्तक एक मुनि जिन्होंने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को भस्म कर दिया था। इनको विष्णु का पाँचवा अवतार भी माना जाता है।
वि०—पीला, पीत ।
कपळदेव, कपळमुनि—देखो 'कपळ'।
कपळरंग–सं०पु०यौ० [सं० कपिल+रंग] पीला रंग।
कपळा–सं०स्त्री० [सं० कपिला] १ काले रंग की सीधी गाय. २ सफेद, पीली या गौर वर्ण की गाय। उ०—**कपळा** कवळी नै बारै पुचकारै, लाखर लाखर ऐ आखर मन मारै।—ऊ.का.
३ गाय (ह.नां.)
कपसाथ–सं०पु०—बंदरों के साथ रहने वाले, श्रीराम (अ.मा.)
कपांण–सं०स्त्री० [सं० कृपाण] १ कृपाण, कटार. २ तलवार, खड्‌ग (ह.नां.)
कपाट–सं०पु० [सं०] १ पट, द्वार, किंवाड़, दरवाजे के पल्ले।
उ०—चंदण पाट **कपाट** ई चंदण, खुंभी पनां प्रवाळी खंभ।
—वेलि.
२ रक्षक। उ०—जठै संगर रौ भार आपरै माथै ओडि गुरजर धरा रौ **कपाट** होय आपरा बारह सै बांनैतां समेत काठी क्रस्णदेव चंद्रहासां रा चौड़ा बाढ़ चखावण रै काज प्रथ्वीराज रा बीरां रै थोभ लगाय लड़ियौ।—वं.भा.
कपाणौ, कपाबौ—देखो 'कपावणौ' (रू.भे.)
कपायौ–सं०पु० [सं० कर्पास] १ कपास का बीज जो दूध बढ़ाने के निमित्त मादा मवेशियों को खिलाते हैं. २ पैर के तलवे में होने वाला क्षत या रोग कष्टसाध्य माना जाता है. ३ मस्तिष्क के अंदर का सार भाग।
कपाळ–सं०पु० [सं० क+पाल्+अण] सिर के ऊपर का हिस्सा, मस्तक (डिं.को.)
मुहा०—१ कपाळक्रिया करणी—चिता के कुछ जल जाने पर सिर फोड़ कर एक क्रिया करना जिसमें कपाळ पर घी की धारा भी उँडेली जाती है. २ कपाळ खुलणौ—सिर फट जाना; भाग्य खुलना. ३ कपाळ फूटणौ—सिर फूट जाना; अभाग्य आना.
(यौ० कपाळक्रिया) २ ललाट, भाल. ३ भाग्य. ४ घड़े आदि के नीचे या ऊपर का भाग. ५ मिट्टी का भिक्षा-पात्र। उ०—अरण नेत कपोळ आंणण, भसम धूसर उरग भूषण। गणपति सुत देवतागण, करग जास कपाळ।—केसोदास गाडण
६ यज्ञों में देवताओं के लिये पुरोडाश पकाने का बर्तन।
कपाळकिरिया, कपाळक्रिया–सं०स्त्री—चिता के कुछ जल जाने पर सिर फोड़ कर की जाने वाली एक क्रिया जिसमें घी की धारा भी उंडेली जाती है।
कपाळभ्रत–सं०पु० [सं० कपालभृत] शिव, महादेव (अ.मा.)
कपाळिया–सं०पु०—राठौड़ वंश के क्षत्रियों की एक शाखा।
—बां.दा. ख्यात
कपाळियौ–सं०पु०—राठौड़ वंश की कपाळिया शाखा का व्यक्ति।
कपाळी–वि०पु०—जो हाथ में कपाल धारण करता है।
सं०पु०—शिव, महादेव (डिं.को.) उ०—सेल भचक्कै संकुळै, अति घाय उबक्कै, सीस कपाळी संग्रहै, काळी सु किलक्कै।—वं.भा.
२ देखो 'कपाळ' (पु०)
कपाळेस्वर–सं०पु० [सं० कपालेश्वर] मारवाड़ के चौहट्टन ग्राम में स्थित एक शिवलिंग।
कपालोंडी–सं०स्त्री०—ऊंट के सिर में होने वाली ग्रंथी का एक रोग विशेष।
कपावणौ, कपावबौ–क्रि०स०—१ कटाना।
कपावणहार, हारौ (हारी), कपावणियौ—वि० ।
कपणौ—क्रि०अ० ।
कपिओड़ौ, कपियोड़ौ, कप्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
कपावियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ कटाया हुआ (स्त्री० कपावियोड़ी)
कपास–सं०पु० [सं० कर्पास] १ एक पौधा जिसके डोडे से रूई निकलती है. २ इस पौधे से निकाली गई रूई जिसमें बिनौले भी होते हैं।
कहा०—१ कातियौ पींजियौ कपास हुयग्यौ—किया कराया सब बेकार चले जाने पर. २ पराये मांस सुई कपास सूं ई सोरी जावै—दूसरों को पीड़ा पहुंचाना सहज है किन्तु पीड़ा सहन करना कठिन है। ३ बिनौला।
कहा०—कुत्तौ कपास में कांई समझै—कुत्ते को कपास का क्या ज्ञान। जो जिस वस्तु का कभी उपयोग नहीं करता उसे उस विषय में पूर्ण ज्ञान नहीं होता। जो व्यक्ति किसी वस्तु का उपयोग नहीं करता उसके विषय में बातचीत करता है तब अन्य व्यक्ति उसके प्रति व्यंग में यह कहावत कहते हैं।
कपासिया–सं०पु०—देखो 'कपासियौ' (१)
कपासियारंग–सं०पु०—कपास के फूल के रंग से मिलता-जुलता रंग।
कपासियौ–सं०पु०—१ कपास के बीज, बिनौला (बहु० कपासिया)
२ मस्तिष्क के अंदर का सार भाग. ३ हाथ या पैर में बेर के आकार की होने वाली ग्रंथी या गाँठ विशेष।

उ०—अगै अप्रवांणी बजै खग्ग वांणी, **कबाड़ी** सकट्टां कटे जांण कट्टां ।—रा.रू. २ बेकाम रद्दी वस्तुओं का व्यापारी. ३ होशियार, निपुण. ४ प्रपंची. ५ चतुराई व कौशल से कुछ प्राप्त करने वाला ।

कबाड़ौ–सं०पु०—१ मकान या कृषि संबंधी काष्ठ की सामग्री. २ बेकार की रद्दी सामग्री. ३ होशियारी व धूर्तता का कार्य. ४ प्रपंच. ५ उपद्रव, गड़बड़ ।

कबाब–सं०पु०—सीखों पर भुना हुआ माँस । उ०—छळती हिक मूंगिण सराब छकै । भर धूंण पुलाब **कबाब** भखै ।—मे.म.

कबाबी–वि०—सींखों पर भून कर माँस बेचने या खाने वाला ।

कबाबौ–सं०पु०—देखो 'कबाब' । उ०—उभै दुंब आचरै एक करि कंब **कबाबे**, चंपै चंगुळ ग्रीव तजै दुर जीव सिताबे ।—रा.रू.

कबाय–सं०पु०—प्राचीन काल का एक प्रकार का कपड़ा विशेष (मा.म.)

कबि–सं०पु० [सं० कवि] १ काव्यकार, कवि. २ ब्रह्मा (डि.को.)

कबिका–सं०स्त्री० [सं०] लगाम । उ०—**कबिका** देत कुरंग गति छबिका छक छाया । रवि का मन रिझवाय कै पबिका जब पाया ।—वं.भा.

कबी–क्रि०वि०—कभी ।

सं०स्त्री० [सं०] १ लगाम । उ०—**कबी** लेह जे राचिया रेह कूदै, सजै डांण लंबा अगां मांण सूदै ।—वं.भा.

सं०पु०—२ कवि (रू.भे.)

कबीर–सं०पु०—एक प्रसिद्ध निर्गुणपंथी महात्मा जो जाति के जुलाहे माने जाते हैं ।

कबीरपंथ–सं०पु०—महात्मा कबीरदास द्वारा चलाया हुआ मत ।

कबीरपंथी—महात्मा कबीर के अनुयायी, कबीरपंथ को मानने वाला ।

कबीरी–सं०स्त्री०—उदरपूर्ति के लिये किया जाने वाला छोटा-मोटा कार्य, धंधा ।

कबीलौ–सं०पु०—१ कुल, वंश । उ०—**कबीले** रा आदमी चाळीस कांम आया ।—सूरे खींवे री बात. २ कुटुम्ब । उ०—म्हांरे **कबीले** रा सारा जांणै छै । सगाई कर परणाया छै सु संसार जांणै छै ।
—पलक दरियाव री बात

३ रनिवास की स्त्रियाँ रानी के सहित (रू.भे. 'कवीलौ')

४ एक प्रकार का गूलर से मिलता-जुलता वृक्ष ।

कबुडी–क्रि०वि०—कभी ।

कबुद–सं०पु०—शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

कबू–क्रि०वि०—कब ।

कबूड़ौ–सं०पु० [सं० कपोत] कबूतर (अल्पा.)

कबूठांण–सं०पु० [सं० कुंभिस्थान] हाथी को बाँधने का स्थान ।

कबूतर–सं०पु० [फा०] (स्त्री० कबूतरी) १ एक प्रसिद्ध निरामिष पक्षी, कपोत.

पर्याय०—आंखांलाल, कलरव, डैकड़, परेवड़ौ, पारावत, होलड़ ।

कहा०—**कबूतर** नै कूवौ ही दीसै—टेव पड़ जाने पर फिर मनुष्य वही काम करता है ।

२ कबूतर के रंग का घोड़ा ।

कबूतरखांनौ–सं०पु०—१ वह स्थान जहाँ कबूतर पाले जाते हों. २ अनाथआश्रम ।

कबूतरियाछींट–सं०स्त्री०—प्राय: स्त्रियों के लहंगा आदि बनाने के काम आने वाला एक प्रकार का कपड़ा विशेष ।

कबूल–वि० [अ० कुबूल] स्वीकार, अंगीकार, मंजूर । उ०—लुळ डाळी तर लोभ रै, झूलै रहिया झूल । देणौ दांन **कबूल** नहं, क्रपणां मरण कबूल ।—बां.दा.

कबूलणौ, कबूलबौ–क्रि०स०—स्वीकार करना, मंजूर करना, अंगीकार करना । उ०—पगे लगायौ नै चाकरी **कबूली** ।
—कहवाट सरवहिये री वात

कबूलणहार, हारौ (हारी), **कबूलणियौ**–वि०—स्वीकार करने वाला ।
कबूलिग्रोड़ौ, कबूलियोड़ौ, कबूल्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कबूलायत–सं०स्त्री०—कबूल करने की क्रिया, स्वीकृति । उ०—उहां छैलां री **कबूलायत** कर पाछौ हांसी रा पीरां रौ जारत करणे नूं आयौ ।
—सूरे खींवे री वात

कबूलियोड़ौ–भू०का०कृ०—स्वीकार किया हुआ ।
(स्त्री० कबूलियोड़ी)

कबूलौ–सं०स्त्री० [अ० कबूल] १ स्वीकृति. २ चावलों के साथ नमकीन मसाले तथा आलू, रतालू, माँस आदि डाल कर बनाया जाने वाला खाद्य-पदार्थ विशेष ।

कबोल–सं०पु० [सं० कु+बोल] कुवाक्य, दुर्वचन ।

क़ब्बर—देखो 'कबर' (रू.भे.)

कब्जौ–सं०पु० [अ० कब्जा] १ अधिकार, स्वत्व, कब्जा ।

मुहा०—कब्जौ ऊठणौ—अधिकार चला जाना, अधिकार न रहना ।
क्रि०प्र०—करणौ, राखणौ, गमाणौ, जाणौ, लेणौ, होणौ ।

२ मेहराब. ३ स्त्रियों के पहनने का ब्लाउज. [अ०] ४ मूठ दस्ता ।

मुहा०—कब्जा माथै हाथ धरणौ—तलवार पकड़ना, दूसरे को तलवार न निकालने देना ।

५ किंवाड़ या संदूक में जड़े जाने वाले लोहे या पीतल के दो चौखूंटे टुकड़े, पकड़ ।

कब्ब—देखो 'कव्य' । उ०—नमौ सेस सांयत नमौ हब **कब्ब** हुतासण ।
—ह.र.

कब्बरौ–वि०—चितकबरा ।

कमंडळ–सं०पु० [सं० कमंडलु] धातु, मिट्टी, तुमड़ी, दरियाई नारियल आदि का बना संन्यासियों का जल-पात्र ।

कमंद, कमंदज–सं०पु० [सं० कवंध] १ राठौड़ वंश के क्षत्रिय ।
(रू.भे. 'कमध्वज') उ०—जिण वंस मही सिध पाल जगा । चहुंआंण **कमंदज** आद सगा ।—पा.प्र.

२ एक राक्षस जिसको श्रीराम ने जीवित ही भूमि में गाड़ दिया था ।

कमंधज—१ देखो 'कबंध'। उ०—जुध जूंभ हुवौ, घड़ सीस जुग्रौ। हव पाल **कमंधज** रूप हुग्रौ।—पा.प्र. २ राठौड़ वंश के क्षत्रिय।

कम–वि०—थोड़ा, न्यून, अल्प।
सर्व०—१ कौन. २ किस।
क्रि०वि०—कैसे। उ०—मुरडाळा दीसै मुरझांणा, हरियौ डाळ रह्यौ कम हेक।—रघुनाथ भादासींगोत री गीत

कमअसल–वि० [फा० कम+असल] वर्णसंकर, दोगला।

कमक–सं०पु०—आभूषण (अ.मा.)

कमकमौ—देखो 'कुमकुमौ' (रू.भे.)
उ०—**कमकमौ** गुलाब तै कै पांणी तळाउ भरचौ छै।—वेलि. टी.

कमख–सं०पु० [सं० कल्मष, प्रा० कम्मख] पाप (अ.मा.)

कमखरची, कमखरचीलौ–वि०—कम खर्च करने वाला, मितव्ययी।

कमखाब–सं०पु० [फा०] एक प्रकार का रेशमी कपडा जिस पर बेल-बूटे हो।

कमचीरी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का धारदार शस्त्र जो तलवार से कुछ मिलता-जुलता होता है।

कमजोर–वि० [फा० कमज़ोर] अशक्त, दुर्बल, निर्बल। उ०—जां दिनां खंडेले भूप ऊदौ **कमजोर**। कासली ठिकांणै राव दीपां कौ तोर। —शि.वं.
कहा०—कमजोर गुस्सा ज्यादा, मार खांणे का इरादा—कमजोर को अधिक गुस्सा आता है और परिणामत: हानि उठाता है. २ कमजोर गुस्सौ घणौ, कमजोर नै गुस्सौ भारी—कमजोर को बहुत क्रोध आता है। कमजोर बात-बात में क्रोध करता है. ३, कमजोर री जोरू सगळां री भाभी—कमजोर व्यक्ति की स्त्री से सब मजाक करते हैं क्योंकि उससे कोई नहीं डरता; कमजोर को सब सताते हैं।

कमजोरी–सं०स्त्री० [फा० कमजोरी] निर्बलता, अशक्ति।

कमज्या–सं०स्त्री० [सं० कर्माजन] १ कर्म। उ०—पाप पुत्र रौ पूर अनादी चलियौ आवै, **कमज्या** जेड़ी करे भली भूंडी भुगतावै। —ऊ.का.
२ पूर्व जन्म कृत कार्य, प्रारब्ध। उ०—मूंछां सेडे मांय भरी चिपके भीनोड़ी, अगली कोई ऊघड़ी कठण **कमज्या** कीनोड़ी।—ऊ.का.

कमट्ठ, कमठ–सं०पु० [सं० कमठ] १ कच्छप, कछुआ (ह.नां.)
उ०—चहूं चक्क चळचळिय सेस चळचळिय सहस सिर। **कमठ** पीठ कळमळिय थहण दळमळिय सुचर थिर।—र.रू.
२ धनुष, कमान (मि० 'कमठौ') उ०—चढ़े सिंध के भावनग्री मुसल्ले, करां ले **कमट्ठे** बयं केक भुल्ले।—ला.रा. ३ एक दैत्य. ४ एक प्रकार का बाजा।

कमठांण, कमठांणौ–सं०पु० [सं० कुंभिस्थान] १ मकान आदि बनाने का बड़ा कार्य। उ०—असारांण राजेस **कमठांण** कीधा अकळ, कोड़ जुग लगां नह जाय कळिया। पाळ जोय हेम रा गरभ गळिया पहल, टाळ जोय समंद रा गरभ टळिया।—जोगीदास कवारियौ २ हाथी बांधने का स्थान. ३ शरीर का ढांचा, शरीर की बनावट।
उ०—एह विचारी आतमा पर हाथ विकांणा, भांजै गाफल हेक में काया **कमठांणा**।—केसोदास गाडण

कमठाक्रत-हरी–सं०पु०—विष्णु का कच्छपावतार। उ०—हित सूं **कमठाक्रत-हरी**, सेवै पुळक सरीर। वदन छिपावण देह बिच, ते मांगै तदबीर।—बां दा.

कमठाधररूप–सं०पु०—विष्णु का कच्छपावतार (ह.र.)

कमठाळ–सं०पु०—१ हाथी. २ धनुषधारी, योद्धा, वीर।
उ०—**कमठाळ** हटाळ डळां कळता। वह लावैय पीठ वसै वळता। —पा.प्र.
३ भील।

कमठाळय—देखो 'कमठाळ'। उ०—दुल्हे परणेचित बोध दिया, **कमठाळय** आप जुहार किया।—पा.प्र.

कमठासुर–सं०पु० [सं० कमठ] कच्छप (जिसकी पीठ पर भूमि का स्थित होना माना जाता है)

कमठी–सं०पु० [सं० कमठ] १ कच्छप, कूरम। उ०—मचकै फुणाटां चैल लचकै **कमठी** मौर।—अज्ञात २ छोटा धनुष।

कमठेस–सं०पु०—विष्णु का कच्छपावतार।

कमठौ–सं०पु० [सं० कमठ] १ धनुष. २ मकान आदि बनाने का कार्य।

कमण–सर्व०—कौन। उ०—राखियौ निजपुर राय, सुरराय जेण सुहाय। जग **कमण** फेरै जाब, कळ अकळ सेर नवाब।—रा.रू.
२ किस। उ०—१ आई आवौ ज्यूं व्रन बाहर आवीजै, देवी साद समरियां दीजै। बळ तज **कमण** पुकारूं बीजै, काछराम मौ ऊपर कीजै। —पिरथीराज राठौड़
उ०—२ राठवड़ उंरड़ दीसै ज जजर रूप रा, पांण केवांण धारै **कमण** ऊपरा।—अज्ञात
वि०—कितनी।

कमणीगर–सं०पु०—धनुष बनाने वाला।

कमणैत—देखो 'कमनैत'। उ०—छीदा छीदा आछा आछा **कमणैतां** रा हाथां सूं तीर सरणकै छै।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

कमत–सं०स्त्री० [सं० कुमति] कुमति, दुर्बुद्धि।

कमतर–सं०पु०—१ धंधा, कार्य, पेशा, व्यवसाय। उ०—आओ भाभी आधा आओ, अठे **कमतर** हुवौ चावौ।—र. हमीर २ सामग्री।

कमतरी–सं०पु०—धंधा करने वाला, मजदूर, काम करने वाला।
उ०—धमक धमक घण बजै हथोड़ा, **कमतरियां** रा बाजा। काची नींद भिचक मत जाजे, ऐ सपनां रा राजा।—रेवतदांन

कमती–वि०—कम, अल्प। उ०—अबै आपां-नै.कुण हीण समझ सकै है? अबै किणी सूं **कमती** कौ रैवां नीं।—वरसगांठ

कमदणी–सं०स्त्री० [सं० कुमुदिनी] रात्रि में खिलने वाला कमल, कमलिनी। उ०—पंथी एक संदेसड़इ, लग ढोलइ पैहचाइ। धण कंमळांणी **कमदणी**, सिसहर ऊगइ आइ।—ढो.मा.

कमद्धज, कमधज, कमधजियौ, कमधज्ज, कमधांणी, कमध्वज–सं०पु०—राठौड़वंशी क्षत्रिय। उ०—नरनाथ रमणि सनेम, परखंत **कमधज** प्रेम।—रा.रू.

कमन–वि० [सं०] १ विषयी, कामुक, कामी (डिं.को.) २ सुंदर, बढ़िया (अ.मा., ह.नां.)
सं०पु०—१ कामदेव (अ.मा., ह.नां.) २ ब्रह्मा (डिं.को.)

कमनसीब–वि० [फा०] हतभाग्य। उ०—अौर आपरा नौकर ऐसा कुरण **कमनसीब** छै जौ ऐसी बात सुरगनै पाछा रहै।
—पलक दरियाव री बात

कमनीय–वि० [सं०] सुंदर (अ.मा., ह.नां.)

कमनेत, कमनैत–वि० [फा० कमान+ऐत] तीर चलाने वाला, तीरंदाज, योद्धा। उ०—१ क्या अच्छे **कमनेत** थे तीरां सिर तुट्टै, फिर उसदे तूनीर तैं सब तीरनि खुट्टै।—ला रा. उ०—२ ढुंढ़ारै दळ ढाहिबे बळ अप्प बनाया। बे बे तुग्गस बंधि कै **कमनेत** कसाया।
—वं.भा.

कमबोलौ–वि०—कम बोलने वाला, मितभाषी।

कमभिख्यण–सं०पु० [सं० कर्मावीक्षरण या कर्माभीक्षरण] यम (अ.मा.)

कमर–सं०स्त्री० [फा०] १ पेट और पीठ के नीचे पेडू तथा चूतड़ के ऊपर का भाग, देह का मध्य भाग, कटि।
मुहा०—१ कमर कसरणी—प्रस्तुत होना, तैयार होना, दृढ़ निश्चय करना। २ कमर नै कस नै बांधरणी—दृढ़ निश्चय करना। ३ कमर खोलरणी—अपने दृढ़ निश्चय को बदलना, हिम्मत हारना, आराम करने लगना। ४ कमर झुकरणी—वृद्ध हो जाना, थक जाना। ५ कमर टूटरणी—उत्साहहीन होना, असहाय होना, भारी दुख पड़ना। ६ कमर ठोकरणी—हिम्मत बाँधना। ७ कमर तोड़रणी—सहारा छीन लेना, बहुत बड़ी विपत्ति में डालना। ८ कमर पकड़ नै ऊठरणी—बहुत निर्बल होना। ९ कमर पकड़ नै बैठरणी—विपत्ति-ग्रस्त होना, अति दुखी होना। १० कमर बांधरणी—काम के लिये तैयार होना। ११ कमर लचकरणी—कमर का लचकना, नखरे करना। १२ कमर सीधी करणी—आराम करना, कमर टेढ़ी कर या कमर झुका कर देर तक काम करने के बाद खड़ा होकर या बैठ कर कमर को आराम देना।
कहा०—कमर रौ मोल है तरवार रौ मोल्ल कोयनी—तलवार का कोई मूल्य नहीं किन्तु मूल्य उस तलवार को बांधने वाले व्यक्ति का है। अच्छी वस्तु भी कभी बुरे व्यक्ति के हाथ में पड़ कर बेकार हो जाती है। बेकार वस्तु के अच्छे हाथों में पड़ने पर उसका मूल्य या उपयोगिता बढ़ जाती है।

कमरकोह–सं०पु०—अफ्रीका का एक पर्वत जहाँ से नील नदी निकलती है (बां.दा. ख्यात)

कमरखोलाई–सं०स्त्री०यौ०—किसी हाकिम के द्वारा किसी गाँव में दौरा करते समय हाकिम के निजी खर्च के लिये जनता से वसूल किया जाने वाला एक प्रकार का प्राचीन कर विशेष।

कमरचाप–सं०स्त्री०यौ०—कमर तक ऊँची उठी हुई दीवार में लगाया जाने वाला चौड़ा पत्थर।

कमरदुकूळ–सं०पु०यौ० [सं० कमर+दुकूल] कटिबंधन, कमरबंद (डिं.को.)

कमरपटौ, कमरपट्टौ–सं०पु० [फा० कमर+सं० पेटिका] कमरबंध, कमरकस, पेटी।

कमरपेटी–सं०स्त्री०—कटि प्रदेश पर धाररण करने का कवच।

कमरबद—देखो 'कमरबंध' (रू.भे.)

कमरबंदौ–सं०पु०—१ देखो 'कमरबंध'. २ सिर पर बाँधने का बड़े अरज का साफा।

कमरबंध–सं०पु०—कटिबंधन, कमरकस, पेटी। उ०—केसरिया, बादळाई पारचौ, कबळ, बागा, कपडौ, **कमरबंध** पाग सब नूं बंधाई।—जलाल बूबना री बात

कमरबंधी–सं०स्त्री०—१ कटिबद्ध होने का भाव। उ०—फजर ताता भिड़ज झांफ खाथा फिरै, कंवर किरण ऊपरै **कमरबंधी** करै।
—जवांनजी आढ़ौ

कमरबंधौ–सं०पु०—१ देखो 'कमरबंध' (रू.भे.) २ सिर पर बाँधने का बड़े अरज का साफा।

कमरांसचोका–वि०—कटिबद्ध, तैयार।

कमरी–सं०पु०—१ वात रोग. २ ऊँट को होने वाला एक प्रकार का वात रोग जिससे ऊँट बड़ी कठिनता से उठता-बैठता है. ३ इस रोग से पीड़ित ऊँट।
सं०स्त्री० [फा०] ४ एक प्रकार की कुरती. ५ अंगरखी।

कमरौ–सं०पु० [लैटिन–कैमेरा] हवादार बैठक की कोठरी, कोठरी।

कमळ–सं०पु० [सं० कमल] १ जल का एक सुंदर फूल वाला पौधा तथा उसका फूल।
पर्याय०—अंबज, अंबुज, अरविंद, इंदीवर, उतपळ, कंज, कंवळ, कुवळय, कुसेसय, कोकनद, खरदंड, जळज, जळजनम, जळरूट, जळरूह, तांमरस, नळरणी, नाळीन, नीरज, पंकज, पंकेरूह, पदम, पुंडरीक, पोयरण, पोहकर, महोतपळ, राजीव, वारज, विसप्रसून, सतपत्र, सरसीरुह, सरोज, सारंग, सुधारस।
मुहा०—कमळ खिलरणौ—प्रसन्न होना।
२ कमल के आकार का पेट के दाहिनी ओर होने वाला एक माँस-पिंड. ३ ब्रह्मा. ४ शिव. ५ मस्तक (ह.नां.) उ०—**कमळ** अरियां तरगा घरणा झटकां कटै। उजबकां दिसी जसवंतसी ऊलटै।
—हा.झा.
६ जल (ह.नां.) ७ आकाश. ८ एक प्रकार का मृग. ९ राजस्थानी में योग और तंत्र के माने जाने वाले चक्र को कमल कहते हैं। ये संख्या में आठ होते हैं यद्यपि हिंदी-संस्कृत में ये छः माने जाते हैं। राजस्थानी में माने जाने वाले आठ कमल निम्नलिखित हैं—अनाहत, आग्याचक्र, ब्रह्मरंध्र, भंवरगुफा, मरिणपुर, मूळाधार, विसुद्ध, स्वाधीष्ठांन. १० डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जिसके प्रथम चररण में १६ मात्राएँ होती हैं। तत्पश्चात् दो चररण प्रत्येक १४ मात्राओं का होता है। अंतिम चतुर्थ चररण में दस मात्रायें होती

हैं. ११ छप्पय छंद का २६ वां भेद जिसमें ४२ गुरु ६८ लघु सहित ११० वर्ण या १५२ मात्राएं होती हैं (र.ज.प्र.) १२ प्रत्येक चरण में सत्रह मात्राओं का एक छंद विशेष (ल.पिं.) १३ डिंगल के वेलिया सांणोर छंद का भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में २४ लघु २० गुरु कुल ६४ मात्रायें होती हैं। इसी क्रम से दूसरे द्वालों में २४ लघु १६ गुरु कुल ६२ मात्रायें होती हैं (पिं.प्र.) १४ मछली (अनेकार्थी) १५ चंद्रमा (अनेकार्थी) १६ शंख (अनेकार्थी) १७ मोती. १८ समुद्र (ना.डिं.को.) १९ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)
सं०स्त्री०—२० पृथ्वी (मि० 'कमळि')
वि०पु० (स्त्री० कमळा) श्वेत* (डिं.को.) २ रक्त वर्ण, लाल* ३ कोमल (डिं.को.)

कमळकोसरौ—वि०—पीत, पीला* (डिं.को.)

कमळगट्टौ—सं०पु०—कमल के बीज, कमलगट्टा (अमरत)

कमळज—सं०पु०—ब्रह्मा (ह.नां.)

कमळजूण, कमळजोण, कमळोजणी, कमळजोनी—देखो 'कमलयोनि'।

कमळणी—सं०स्त्री० [सं० कमलिनी] १ कमल का फूल. २ छोटा कमल। उ०—जिम मधुकर नइ **कमळणी**, गंगासागर वेळ। लुबधा ढोलउ-मारुवी, कांम-कतूहळ केळ।—ढो.मा.

कमळतनभीतू—सं०पु०यौ० [सं० कमल+तन] १ चन्द्रमा (डिं.को.)

कमळदळ—सं०पु०—देखो 'कमल' (१०) उ०—काया मांही **कमळदळ**, तहां बसै भगवंत। जन हरिदास खेलै तहां, कोइ-कोइ विरळा संत।
—ह.पु.वा.

कमळनयण, कमळनियण—सं०पु०यौ० [सं० कमलनयन] १ जिसके कमल के समान आँखें हों. २ विष्णु (ह.नां.)

कमळपूजा—सं०स्त्री०—देवी को प्रसन्न करने के निमित्त अपना स्वयं का सिर काट कर अर्पण करने की क्रिया। उ०—म्हारा बाप रौ बैंर वळै गैचंद हाथ आवै तौ हूं **कमळपूजा** करनै स्री सचियायजी नूं माथौ चढ़ाऊं।—नैणसी
(रू.भे. 'कँवळपूजा')

कमळभव, कमळभू—सं०पु०—ब्रह्मा। उ०—१ क्रतध्वंसी विस्णूं **कमळभव** जिस्णू स्तुति करै।—मे.म. उ०—२ कमळनयण कमळाकर कमळा प्रांणेस कमळकर केसौ। तन कमळ भातेसं जे मुख चार कमळा **कमळभू** जंपै।—र.ज.प्र.

कमळयोनि—सं०पु०यौ० [सं०] ब्रह्मा। उ०—दोऊ दयत महादुख दीनौ, **कमळयोनि** तब सुमरन कीन्हौं।—मे.म.

कमळरंग—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

कमळविकास, कमळविकासण—सं०पु०यौ०—सूर्य जो कमल को विकसित करता है (ह.नां., क.कु.बो.)

कमळसनाळ—सं०स्त्री०यौ०—कमल की डंडी।

कमळसुतन—सं०पु० [सं० कमल+सुत] ब्रह्मा (डिं.को.)

कमळसुरंग—सं०पु०—रंग विशेष का घोड़ा। (शा.हो.)

कमळा—सं०स्त्री० [सं० कमला] १ लक्ष्मी. (अ.मा.) २ देवी, शक्ति. उ०—काळीका जग क्रतौ कंधरूढ़ा कौमारी। कमळा बाळा कळा पळा प्रमहंस पियारी।—मालौ आंसियौ. ३ धन-संपत्ति, ऐश्वर्य. ४ महामाया. ५ एक वर्णिक वृत्त. ६ एक नदी का नाम. ७ अंत गुरु की चार मात्रा का नाम ।।ऽ (डिं.को.) ८ वधू के छिक्की आने पर औरतों द्वारा बधावे के स्वरूप गाये जाने वाले गीत (पुष्करणा ब्रा.)

कमळाएकादशी—सं०स्त्री०यौ०—चैत्र शुक्ला एकादशी।

कमळाकंत—सं०पु०यौ० [सं०] १ श्रीकृष्ण. (अ.मा.) २ विष्णु ३ राजा

कमळाकर—सं०पु०—१ विष्णु। उ०—कमळनयण कमळाकर कमळा प्रांणेस कमळाकर केसौ—र.ज.प्र. २ छप्पय छंद का ४६ वां भेद जिसमें २५ गुरु और १०२ लघु से १२७ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं।

कमळाणौ, कमळाबौ—क्रि०अ०—कुम्हलाना, मुरझाना।

कमळाणहार, हारौ (हारी), कमळाणियौ—वि०—कुम्हलाने या मुरझाने वाला।

कमळायोड़ौ—भू०का०कृ०।

कमळीजणौ—भाव वा०।

कमळापत, कमळापति—सं०पु०यौ० [सं० कमला+पति] १ विष्णु. २ श्रीकृष्ण।

कमळावणौ, कमळावबौ—देखो 'कमळाणौ' (रू.भे.)

कमळासण, कमळासन—सं०पु०यौ० [सं० कमलासन] ब्रह्मा (डिं.को.)

कमळि—सं०स्त्री०—१ कमल. २ पृथ्वी। उ०—पीथल हरौ अभंग मोटै पह, छळ पह परियां तणै छळि। पग देसी 'मधकरौ' पयंपै, कमळां पाळटियै **कमळि**।—अज्ञात

कमळि-चख—सं०पु०यौ० [सं० कमल+चक्षु] १ जिसके नेत्र कमल के समान हों. २ विष्णु (पिं.प्र.)

कमळिणी, कमळिनी—सं०स्त्री०—१ कमल. २ छोटा कमल।
(मि० 'कमळणी'—रू.भे.)

कमळियौ—सं०पु० [सं० कामला] रक्त की कमी के कारण होने वाला एक रोग विशेष, कामला।

कमळीक—सं०पु०—नागों के नौ वंशों में से एक वंश या इस वंश का नाग (गजमोख)

कमळीजणौ, कमळीजबौ—क्रि० भाव वा०—कुम्हला जाना।

कमळौ—वि० [सं० कोमल] १ कोमल, मुलायम. २ देखो 'कंवळौ'।

कमसल—वि०यौ० [कम+असल] वर्णसंकर, दोगला।

कमसीस—सं०पु० [शीश+कम्] शिरस्त्राण, शिर का कवच।
उ०—कोटां कूटां अर **कमसीसां**, जुड़ै न 'चांदौ' जग्गीसां। जे जुड़सी चांदौ जग्गीसां, कोट न कूट न कमसीसां।
—चांदा मेड़तिया रौ गीत

कमहत—सं०पु०—बादल (अ.मा.)

कमांण—सं०पु० [फा० कमान] १ धनुष, कमान। उ०—वहिलउ आए

वल्लहा, नागर चतुर सुजांण। तुझ विण धण विलखी फिरइ, गुण बिन लाल **कमांण**।—ढो.मा. २ कमाई। उ०—बांका धीरज धरण सूं, व्है नहिं कुंजर हांण। की घर घर भटका करै, कूकर अधिक **कमांण**। —बां.दा.

३ मेहराब. [अं० कमाण्ड] ४ आज्ञा, आदेश. ५ फौजी नौकरी।

कमांणी–सं०स्त्री०—राजस्थान की एक प्राचीन जाति (कां.दे.प्र)

कमांन—देखो 'कमांण' (रू.भे.) उ०—दिली कौ नांम सुण **कमांन** कूं खांचै, मोरे फुरमांण हासी तैं वाचै।—रा.रू.

कमांमी–सं०पु० [अं० कमांडर] फौज का अफसर। उ०—फरासीस कोम कौ फिरंगी एक नांमी, जंगी हज्जार बीस फोज कौ **कमांमी**। —शि.वं.

कमा–सं०स्त्री०—करमसोत नामक राठौड़ों की शाखा।

कमाई–सं०स्त्री०—१ कमाने का कार्य, व्यवसाय. २ कमाया हुआ धन। उ०—करै **कमाई** कोय, दीपक ज्यूं सांमी दियै। जीमण सीरा जोय, मुलमुल पैरण मोतिया।—रायसिंह सांदू

वि०—उपार्जित। उ०—कठण रीत रजपूत कुळ, खाग **कमाई** खाय। और कमाई आदरै, गोलौ झगड़ै गाय।—बां.दा.

कमाऊ–वि०—कमाई करने वाला, उपार्जन करने वाला।

कहा०—१ **कमाऊ** पूत आवै डरतौ, अणकमाऊ आवै लड़तौ—कमाऊ बेटा डरता-डरता घर में आता है और न कमाने वाला लड़ता-लड़ता आता है। कमाऊ को घर की चिंता बनी रहती है कि कहीं पीछे से कुछ अनिष्ट न हो गया हो और अणकमाऊ को कलह से ही मतलब होता है। २ घणा खाऊ नै कम कमाऊ री नहीं बावड़ै—अधिक व्यय करने वाले व कम कमाने वाले मनुष्य को कष्ट उठाना पड़ता है।

कमागर–सं०स्त्री०—एक जाति विशेष जो शस्त्र बनाने का काम करती है।

कहा०—काकर कूट **कमागरां**, तसकर बेजारांह। ऊंट लदण कवेसरां, तोटौ छै घरांह—पत्थर का कार्य करने वाला, शस्त्र बनाने वाला, चोर, बुनकर, ऊँट पर लकड़ी बेचने या ऊँट को किराये फेरने वाला और कवि ये छः सदा निर्धन ही रहते हैं।

कमाड़–सं०पु० [सं० कपाट] १ कपाट (डिं.को.) २ रक्षक।

कमाणौ, कमाबौ–क्रि०स०—१ उपार्जन करना, रुपया कमाना।

कहा०—आप कमाया कांमड़ा किणनै दीजै दोस—अपने किये गये कार्यों के प्रति दूसरों को दोष देना व्यर्थ है। २ कमावै तौ वर नहीं तौ आघड़ौ मर—कमाता है तो पति है, नहीं तो दूर जाकर मर। स्त्री को कमाऊ पति ही अच्छा लगता है। ३ कमावै तौ वर, नहीं जणै माटी रौ ही ढळ—कमाता है तो पति है, नहीं तो मिट्टी का ढेला है। ४ कमावै धोती आळा खा ज्याय टोपी आळा—कमाते हैं धोती वाले, खा जाते हैं टोपी वाले। हिन्दुस्तानी कमाते हैं और उनका रुपया अंगरेज ले जाते हैं. २ सुधारना, काम लायक बनाना।

कहा०—गम्योड़ी खेती नै कमायोड़ी चाकरी बराबर—बिगड़ी हुई खेती और सुधरी हुई नौकरी दोनों बराबर हैं। नौकरी कितनी ही अच्छी तरह क्यों न की जाय लाभकारिणी नहीं होती।

३ कम कराना, घटाना। ४ माँस पकाने के लिये साफ-सुथरा करना। ५ सुधारना या काम के योग्य बनाना (चमड़ा)

कमाणहार, हारौ (हारी), कमाणियौ–वि०—कमाने वाला।

कमायोड़ौ—भू०का०कृ०।

कमावणौ, कमावबौ—रू०भे०।

कमायचौ–सं०पु०—एक प्रकार का वाद्य विशेष।

कमायी—देखो 'कमाई' (रू.भे.) उ०—औ धंधौ थे छोडौ भंवरजी और करांला कमायी।—लो.गी.

कमायोड़ौ–भू०का०कृ०—उपार्जित, कमाया हुआ। (स्त्री० कमायोड़ी) उ०—आयुस रौ किंही भरोसौ नहीं तौसूं कमायोड़ौ क्यूं गमावौ। —डाढ़ाळा सूर री वात

कमाळ–सं०पु० [अ०] १ परिपूर्णता, पूरापन, पर्याप्तता. २ निपुणता, कुशलता. ३ अद्भुत कर्म. ४ कारीगरी।

वि० –अद्भुत।

कमालालया–सं०पु०—विष्णु।

कमाळी–सं०पु०—१ मुसलमान, मुगल व्यक्ति. २ शिव, महादेव (डिं.को.) उ०—जुटै जद्दुरांण उभै अप्रमांण, हुई वीरहक्कं **कमाळी** किलक्कं। —रा.रू.

३ भैरव. ४ ठीकरा लेकर भीख मांगने वाला. ५ द्वार के ऊपर का काठ।

कमावणौ–वि० (स्त्री० कमावणी) कमाने वाला।

कमावणौ, कमावबौ—देखो 'कमाणौ' (रू.भे.) उ०—समझाऊं सौ बार, समज रौ घाटौ मांई। जगत **कमावण** जाय, मुरड़ बैठौ घर मांई।—ऊ.का.

कमी–सं०स्त्री० [फा० कम] १ न्यूनता. २ हानि, घाटा।

कमीज–सं०पु० [फा० कमीज] एक प्रकार का कुर्ता जो प्रायः लंबी बाहों का होता है।

कमीण–सं०पु०—१ कुछ जातियाँ विशेष अथवा इन जातियों के व्यक्ति जो कुछ विशेष संस्कारों जैसे विवाह, जन्म, मरण इत्यादि पर नेग के अधिकारी होते हैं और उसके बदले हमेशा नेग देने वाले व्यक्ति को अपनी सेवायें प्रदान करते हैं। (यौ० कमीण-कारू)

वि०—१ नीच, शूद्र. २ तुच्छ बुद्धि वाला।

कमीहण—देखो 'कमीण' (रू.भे.)

कमुद–सं०पु० [सं० कुमुदिनी] चंद्रमा को देख कर खिलने वाला कमल, कमोद। उ०—**कमुद**-जन बिकस सकुचै कमळ कंस कुंभ, भावकां चकोरां नयण भायौ।—बां.दा.

कमेड़ी–सं०स्त्री०—१ पंडुख जाति की एक चिड़िया जो सफेद कबूतर और पंडुख से उत्पन्न होती है। फाखता. २ पशुओं के सींग का एक रोग विशेष।

कमेड़ौ–सं०पु०—१ एक प्रकार का पौधा विशेष जिसके सफेद फूल आते हैं और जिसे ऊँट बड़े चाव से खाता है. २ नर पंडुक पक्षी. ३ चक्कर आना।

कमेत–सं०पु०—कमेत रंग का घोड़ा (शुभ)

कमेदूधारी–सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

कमेतपिलंग–सं०पु०यौ०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

कमेतसोनहरी–सं०पु०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

कमेतीय–सं०पु०—लाल रंग का घोड़ा।

कमेर–सं०पु० [सं० कुबेर] कुबेर। (ह नां.)

कमैत–देखो 'कमेत' (रू.भे.)

कमैरौ–सं०पु०—किसान के कृषि संबंधी कार्य करने वाला मजदूर या नौकर (क्षेत्रीय)

कमोद—१ देखो 'कुमुद'। उ०—तिण सहर री पाखती सलिता सरोवर कमोद जळ कमळ संजुगत विराजमांन दीसै छै।—वचनिका
सं०पु०—२ एक रंग विशेष का घोड़ा. ३ तेरहवीं बार उलट कर बनाया गया एक प्रकार का शराब (रा.सा.सं.) ४ एक प्रकार का बढ़िया चावल। उ०—तथा उपरांयत सीरौपुड़ी वर्णे छै। सोहिते सारु देवजी भी जोयजै छै। विरंजै सारु चोखा मंगायज छै। पुलाव सारु कमोद वीणीजै छै।—रा.स.सं.

कमोदण—देखो 'कमुद' (रू.भे.)

कमोदणहितू–सं०पु० [सं० कुमुदिनी+हितू] चंद्रमा (डिं.को.)

कमोदणि, कमोदणी, कमोदनी—१ देखो 'कमुद' (रू.भे.) २ चांदनी।

कमोदी–सं०पु० [सं० कुमुदिन्] चंद्रमा, चांद (ना.डिं.को.)

कम्मर–सं०स्त्री० [अ० कमर] कटि, कमर। उ०—इसी वह तेग सदा अगजीत, सजे नर कम्मर पेम सजीत।—पे.रू.

कम्मरसूत–सं०पु० [अ० कमर+सं० सूत्र] करधनी (डिं.को.) (मि० 'कणदोरौ')

कम्मल—देखो 'कमळ' (रू.भे., ह.नां.)

कम्मांण—देखो 'कमांण' (रू.भे.)

कम्मेड़ी–सं०स्त्री०—देखो 'कमेड़ी' (रू.भे., डिं.को)

कम्युनिजम–सं०पु०—एक सिद्धान्त जिसके अनुसार किसी संपत्ति आदि पर समष्टि का अधिकार हो, साम्यवाद।

कम्युनिस्ट–सं०पु०—किसी संपत्ति आदि पर समष्टि के अधिकार होने के सिद्धान्त का अनुयायी, साम्यवादी।

कय–सं०स्त्री०—कनपटी।

कयकांण–सं०पु०—घोड़ा, अश्व। मुड़े बिसनेस तजै भड़ मांण, कमंध जहांक गयौ **कयकांण**।—पे.रू.

कयर–सं०पु० [सं० करील] करील का वृक्ष। उ०—जिण भुइ पन्नग पीयणा, **कयर** कंटाळा रूंख। ओके फोगे छांहड़ी, हूंछां भांजइ भूख।—ढो.मा.

कयळास—देखो 'कैळास' (रू.भे.)

कयळी–सं०स्त्री [अ० काहिली] शराब पीने के पश्चात् उत्पन्न थकान, सुस्ती।

कयां–क्रि०वि०—क्यों, कैसे।

कयांहीक–वि० [सं० कीदृश] १ कैसा. २ कितने। उ०—जद स्त्रीजी बोलिया—**कयांहीक** दिनां फळ भुगतियौ। विण तौ प्रतापसिंघजी कह्यौ।—बां.दा. ख्यात

कयागरौ–वि०—आज्ञाकारी।

कयामत–सं०स्त्री० [अ०] १ मुसलमानों, ईसाइयों और यहूदियों के मत के अनुसार सृष्टि का वह अंतिम दिन जब सब मुर्दे उठ कर खड़े होंगे और ईश्वर के सामने उनके कर्मो का लेखा रखा जायगा. ३ प्रलय. ३ हलचल, खलबली।

कयास–सं०पु० [अ०] १ अनुमान. २ सोचविचार. ३ ध्यान। उ०—करवाळ ढाल दिस कर **कयास**, ओळ दे है नहिं अनायास।—ऊ.का.

कयाहिक–क्रि०वि०—कभी।

कयूंयेक–वि०—कुछ (अमरत)

कयौ–सर्व०—कौनसा।

करंक–सं०पु०—अस्थिपंजर। उ०—दादू हंस मोती चुगै, मानसरोवर न्हाय। फिर-फिर बैसे बापड़ा, काग **करंकां** आय।—दादूदयाळ

करंकउ–सं०पु० [अनु०] पशु के बोलने का शब्द या ध्वनि। उ०—सजि कसण करि लाज ग्रहि, चढ़ियउ साल्हकुमार। करह **करंकउ** स्रवण सुणि, निद्रा जागी नार।—ढो.मा.

करंकडइ, करंकडौ–सं०पु०—१ अस्थिपंजर। उ०—ढोला मिळिसि म वीसरिसि, नवि आविसि नालेसि। मारू-तणइ **करंकडइ**, वाइस ऊडावेसि।—ढो.मा. २ रीढ़ की हड्डी।

करंगळ–सं०पु०—कवच (मि० 'कग्गळ')

करंड–सं०पु० [सं०] १ बाँस की पिटारी (छबड़ा)। उ०—कंत न छेड़ ठाकुरां, काळौ जांण **करंड**। डण भोगी रा जहर थी, दूजौ की जमदंड।—वी.स.
(अल्पा० 'करंडियौ') २ लकडी की पिटारी जिसमें देवी की मूर्ति रक्खी जाती है। उ०—कनवज हूता **करंड** लाग हट 'पेथड़' लायौ। थप नागांणै थांन पाट पत इय वर पायौ।—पा.प्र.

करंडव–सं०पु० [सं० कारंडव] हंस या बतख की जाति का एक पक्षी। उ०—प्रगट्यौ वरस पंचोतरौ, मांवण सघण सराय। साह **करंडव** पंखि पर, दुमुखि रहे चख लाय।—रा.रू.

करंडियौ–सं०पु० [अल्पा०] १ देखो 'करंड'. २ मिठाई या फल आदि रखने की बाँस या घास की बनी पिटारी।

करंडी—देखो 'करंड' (रू.भे.)

करंद्रराज–सं०पु०यौ [सं० करि+इंद्र+राज] १ एरावत. २ हाथी, गजराज। उ०—दियै घूमै मचोळा मातंगां व्रंद व्रंद दोळा, वहंतां करंद्र राज दोळा भ्रंग व्रंद।—बां.दा.

करंबित–सं०पु० [सं० निकुरुम्बित] फूलों का ढेर, फूलों का गुच्छा। उ०—कबरी किरि गुंथित कुसुम करंबित, जमुरा फेरा पावन्न जग। —वेलि.

कर–सं०पु० [सं०] १ हाथ. (अनेकार्थी). [सं० करी] २ हाथी. (डिं.को.) [सं०] ३ हाथी की सूंड. (डिं.को.) ४ झरना. (डिं.को.) ५ किरण (अ.मा.ह.नां.) ६ कर, महसूल, लगान। उ०—दीजै तिहां डंक न दंड न दीजै, ग्रहणि म वरि तरु गांनगर। करग्राही परवरिया मधुकर, कुसुम गंध मकरंद कर।—वेलि. ७ विषयवासना (अनेकार्थी) ८ रहंट का लकड़ी का मोटा उपकरण जो चक्र के मध्य चक्र के ऊपरी हिस्से को रोकने में सहायक होता है।

अव्यय०—से। उ०—जब निजांममूळ नै हंसार की तरफ से बहुत सा लस्कर अेकठा किया अरु वडा किला कूं जोर दिया जिस कर सामांन बंधा हुवा।—द.दा.

करकंधू–सं०पु० [सं० कर्कंधु या कर्कंधू] बदरी वृक्ष या उसका फल। उ०—रघुवर भीली कर रे, बिलकुल सीताबर रे। रुचि करकंधू फळ रे, जमि हसि पीधौ जळ रे।—र.ज.प्र.

करक–सं०पु० [सं०] १ कमंडलु, करवा. २ दाड़िम, अनार. ३ मौलसिरी. ४ कचनार. ५ नारियल की खोपड़ी. ६ करील का वृक्ष. ७ पृथ्वी के विषुवत्‌रेखा के उत्तर या दक्षिण में २३½ अक्षांश पर निकलने वाली कल्पित रेखायें (भूगोल). ८ बारह राशियों के अंतर्गत एक राशि. ९ एक लग्न. १० दर्पण. ११ अग्नि. १२ केंकड़ा. [सं०] १३ वृष्टि के हिमपाषाण, ओला (नां.मा., डिं को.) १४ शक्ति, बल। उ०—कंथा करक न छोडिये, हिरण किसा घी खाय। आक बटूकै पवन भखै, घोड़ां आगळ जाय।—अज्ञात

[सं० सर्क] १५ श्वेत रंग का घोड़ा (डिं.को.) १६ खेत. १७ रह रह कर उठने वाली पीड़ा, चीस, दर्द. १८ खटक, खटकन. [सं० करंक] १९ सूखी हड्डी। उ०—कुत्ते दीठौ करक जरख दिस खर रुख खांची। ढोल पड़्यौ ढोर कागलां दीठौ कांची।—ऊ.का.

करकड़ौ–सं०पु०—१ रीढ़ की हड्डी. २ अस्थिपंजर। उ०—ढोला मिळीस ना वीसरै, सनां आवी सनेस, मारूतणै करकड़ौ, बाइस उडावेस।—ढो.मा.

करकट–सं०पु० [सं० कर्कट] १ केंकड़ा, गिरगिट (डिं.को.) २ कर्कराशि. ३ एक प्रकार का सारस. ४ लौकी, घीया. ५ कमल की मोटी जड़. ६ कूड़ा-करकट. ७ घास-फूस।

करकटणौ, करकटबौ–क्रि०अ०—कटना, मरना। उ०—घड़ी बिच्यारि घणउं दळ थोम्यउं, वीर वावरइ लोह। तुरक बचा मूंगळ करकटिया, ऊपरि पड़्या समोह।—कां.दे.प्र.

करकटजोग, करकटयोग–सं०पु०—फलित ज्योतिष के अंतर्गत एक योग जिसमें षष्ठी शनिवार को, सप्तमी शुक्रवार को, अष्टमी गुरुवार को, नवमी बुधवार को, दशमी मंगलवार को, एकादशी सोमवार को और द्वादशी रविवार को हो।

करकटिका, करकटी–सं०स्त्री०—ककड़ी (डिं.को.)

करकणौ, करकबौ–क्रि०अ०—१ कराहना, दर्द से चिल्लाना. २ फटना। उ०—वैदां मरम न जांणां री म्हारौ हिवड़ौ करकां जाय। मीरां व्याकुळ बिरहणी री, प्रभु दरसण दीन्यौ आय।—मीरां ३ कसकना, दर्द करना। उ०—पेच मुदचाड़ पर 'बादरौ' पिलाड़ी, कवर रै लीलाड़ी मांय करकै। हार गा बियां सु हिलै न हिलाड़ी, सिलाड़ी तौ विना नहीं सिरकै।—ऊ.का.

करकणहार, हारौ (हारी), करकणियौ—वि०।

करकाणौ, करकाबौ—स०रू०।

करकिओड़ौ, करकियोड़ौ, करक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

करकर–सं०स्त्री० [सं० कर्कर] १ समुद्री नमक. २ हड्डी (डिं.को.) ३ कंकर सहित महीन धूलि। उ०—कच्छीयौ करकर रच्छी रुळि जावै। तड़फै मच्छी तळ पच्छी पुळ जावै।—ऊ.का.

४ करीर का वृक्ष (डिं को.)

करकस–वि० [सं० कर्कश] १ कठोर, कड़ा (डिं.को.) २ क्रूर, तेज।

करकाळ–सं०पु०—सर्प, सांप।

करका*—सफेद, श्वेत (डिं.को.)

करकारू–सं पु०—कुम्हड़ा (डिं.को.)

करकियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ कराहा हुआ. २ फटा हुआ. ३ दर्द किया हुआ, कसक किया हुआ।

(स्त्री० करकियोड़ी)

करकोच–सं०पु० [सं० कर+कवच] हाथ का कवच, दस्ताना। उ०—फट्टं मुंडन फांक ज्यौं दारिम दरक्कै। कंध कफोणी कर कटै करकोच करक्कै।—वं.भा.

करक्कणौ—देखो 'करकणौ' (रू.भे.) उ०—कंध कफोणी कर कटै, करकोच करक्कै।—वं.भा.

करख–सं०पु० [सं० कर्ष] १ खिंचाव. २ हठ. ३ क्रोध. ४ एक तौल. ५ दुःख (डिं.को.)

करखणौ—देखो 'करसणौ' (रू.भे.)

करखधज–सं०पु०—दीपक (नां.मा)

करखिणौ–क्रि०स० [सं० कर्ष] खींचना। उ०—करखि प्रांण केवियां दसा अमरखि दुरवंछां। सुरिख बांण सासत्र जांण सुरं तारिख यंछां।—रा.रू.

करखिणहार, हारौ (हारी), **करखिणियौ**—वि०।

करखिओड़ौ, करखियोड़ौ, करख्योड़ौ—भू०का०कृ०।

करग–सं०पु०—१ हाथ, कर (ह.नां., अ.मा.) उ०—कांमणि करग सु बांण कांम रा, दो सु वरुणा तण किरि डोर।—वेलि. २ महसूल, कर. ३ कटारी. ४ तलवार।

करगसा–सं०स्त्री० [सं० कर्कशा] झगड़ालू, कलह-प्रिय।

कहा०—मरदां नै बोया जरदै, बळदां बोदी चार। घर नै बोयौ करगसा नै वरसप्रसवणी नार—मर्दों को तंबाकू ने डुबोया तथा घर

को कलहप्रिय या प्रति वर्ष प्रसव करने वाली स्त्री ने डुबोया । कलह-प्रिय स्त्री या प्रति वर्ष प्रसव करने वाली स्त्री घर का नाश कर देती है ।

करगि, करग्गा—देखो 'कर' (१) । उ०—१ गहड़ घड़-कांमणी करै पांणी-ग्रहण, **करगि** खग वाहतौ जुवा जूसण कसण ।—हा.झा.

उ०—२ पिंड प्रांण छूटसी नाड़ तूटसी **करग्गां**, धरा सेज धारसी करे सुख सेज अळग्गां ।—ज.खि.

करग्राही–वि०—कर (हाथ) ग्रहण करने वाला । उ०—दीजै तिहां डंक न दंड न दीजै, ग्रहणि म वरि तरु गांनगर । **करग्राही** परवरिया मधु-कर, कुसुम गंध मकरंद कर ।—वेलि.

करड़–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का घास विशेष जिसे घोड़े चाव से खाते हैं २ कटि, कमर । उ०—चौड़ी पीठ सांकड़ी छाती, **करड़** उघाड़ी लूंधा कांन ।—अज्ञात

वि०—मजबूत । उ०—नाह नीठि पड़िसी खेत मांझी निवड़ । गयंद पड़िसी गहर **करड़** घड़ भड़ गहड़ ।—हा.झा.

करड़कौ–सं०पु०—१ किसी कठोर वस्तु को या कंकर को दाँतों से चबाने से होने वाली आवाज. २ दाँतों से काटने की क्रिया या भाव. ३ इस प्रकार काटा हुआ स्थान ।

करड़दंतौ–वि०—कठोर दाँतों वाला । उ०—वांधलौ तजारौ सौ किण नूं जी पाकां पाकां वरीआंमां जोधारां **करड़दंतां**, अजराइळां खीबरां डांणां दूलोडा कीआं लोह घरड़ां लोहानां लोली लेतां काट रै ऊगरै है ।—रा.सा.सं.

करड़धज–वि०—१ जबरदस्त, बलवान, शक्तिवान । उ०—धकायौ रांण हूं मिळण बण **करड़धज**, भड़ां हड़वड़ उरड़ घाव भाळी । मिट गई किसनगढ़नाथ वाळी मुरड़, उरड़ लख साहपुर नाथ आळी ।

—अमरसिंघ सीसोदिया रौ गीत

२ ऐंठ कर चलने वाला, अभिमानी ।

करड़पटीलौ, करड़बटीलौ–वि०—चितकबरा । उ०—पतळी केळ कांमड़ी है, सरस सुवांणी डाळियां । छांट छोळ लै'रां लपेटां, **करड़-पटीली** बाळियां ।—दसदेव

करड़मरड़–सं०स्त्री० [अनु०] १ चूं चरमर की ध्वनि. २ रौब. ३ गर्व, अकड़ ।

करड़वाळ–सं०पु० दाढ़ी के वे बाल जो कुछ श्वेत तथा कुछ काले हों ।

करड़ांण–सं०स्त्री०—१ गर्व, अभिमान. २ कठोरता ।

करड़ाई–सं०स्त्री०—१ कटुत्व, कड़वापन. २ घमंड, अभिमान ।

करड़ाट–सं०स्त्री०—१ एक ध्वनि विशेष ।

सं०पु०—२ गर्व, घमंड. ३ कड़ापन ।

करड़ाणौ, करड़ाबौ–क्रि०अ०स०—१ अकड़ना, ऐंठना. २ दाँतों से काटना, कुचलना (रू.भे.)

करड़ापण, करड़ापणौ–सं०पु०—१ कठोरता. २ गर्व, अभिमान ।

करड़ावण–सं०स्त्री०—देखो 'करड़ापण' । उ०—पड़वै पोढ़तांह, **करड़ा-वण** सै कोई करै । धारां में धंसतांह, आंसू आवै ईलिया ।

—लाखणसी चारण

करड़ावणौ, करड़ावबौ–क्रि०अ०स०—१ अकड़ना, ऐंठना. २ दाँतों से काटना, कुचलना ।

करड़ीछाकां–अव्यय— रात्रि में १० या १०½ बजे का समय (क्षेत्रीय)

करडू–वि०—अनाज का वह दाना जो पकाने से अन्य दानों के साथ पूरी तरह पक न सके अथवा भिगोने से अन्य दानों के साथ भीग न सके ।

करड़ीमूठ–सं०स्त्री०—१ कृपणता, कंजूसी. २ कठोरता ।

वि०—कृपण, कंजूस ।

करड़ौ–वि०पु० [सं० कृड घनत्वे कर्त्तरि अच्=कर्ड = करड़ौ] १ कठोर । उ०—ऊजळ मळ संकुळ पीठी उबटांणी । **करड़ै** लौ साथै ऐरण कूटांणी ।—ऊ.का. २ कठिन । उ०—जोड़ै तांणौ जगत में, कर कर करड़ा काम । विवनौ जीवै वांणियौ, नांणा रौ सुण नांम ।—बां.दा. ३ भयंकर, संकटापन्न । उ०—वीसहत सहायक वणै करड़ी बगत । मावड़ी सदामद जोगमाया ।—नंदजी मोतीसर ३ गहन. ४ ठोस. ५ दृढ़, ६ रूखा, उग्र. ७ निष्ठुर. ८ क्लिष्ट, मुश्किल. ९ कसा हुआ, चुस्त ।

सं०पु०—१ एक प्रकार का घोड़ा विशेष जो अरबी और तुरकी जाति के जोड़ से उत्पन्न होता है । २ सुर्ख व सफेद रंग का घोड़ा ।

—बां.दा.ख्या.

३ एक प्रकार का सर्प । उ०—काळा पटां काबरां **करड़ां**, परड़ां टाळै गोगा पीर ।—आसौ गाडण ४ हाथ की उंगलियों से पकड़ा जाय उतना घास या वस्तु ।

करड़ौलकड़, करड़ौलक्कड़–वि०यौ०—१ लकड़ी के समान कड़ा. २ ऐंठा हुआ ।

करज–सं०पु० [सं०] १ नाखून, नख (ह.नां., अ.मा.)

[अ० कर्ज] २ उधार, ऋण, कर्ज । उ०—हरि हीरौ घर मांही भूलौ, **करज** बहोत सिर कीयौ ।—ह.पु.वा.

[सं०] ३ प्रकाश (नां.मा.)

करजड़ौ—देखो 'कर्ज' (अल्पा०)

करजदार–सं०पु० [फा० कर्जदार] जिसने कर्ज लिया हो, ऋणी ।

करजदारी–सं०स्त्री०—कर्ज लेने या देने का भाव, लेनदारी, ऋण । उ०—जमीदार हुय जमी करजदारी में कळगी ।—ऊ.का.

करजबांन–वि० [अ० कर्ज+फा० बान] कर्जदार, ऋणी ।

करजायत–सं०पु० [अ० कर्ज+रा० प्र० आयत] लेनदार, ऋण देने या लेने वाला ।

करजेरीरसम–सं०स्त्री०—एक प्रकार का सरकारी टैक्स ।

करजौ—देखो 'करज' । उ०—निस दिन निरभै नींद, सपने में आवै न सुख । दुनिया में नर दीन, **करजे** सूं हुवै किसनिया ।—अज्ञात

करझड़ी–सं०स्त्री०—क्रौंच पक्षी ।

करट–सं०पु० [सं०] १ कौआ (डि.को.) २ हाथी का कपोल (डिं.को.)

३ दुष्ट मनुष्य. ४ कट्टर नास्तिक।

करठाळ, करठाळग—सं०स्त्री०—१ तलवार (अ.मा.)

सं०पु०—२ भाला। उ०—१ धर खाबड़ बूढ़ोय राज धरै। **करठाळ** पबू धकचाळ करै।—पा.प्र. उ०—२ काळ लंकाळ **करठाळ** जड़ियौ कमंध, वहै विकराळ रगताळ वांई। भाळ छकडाळ चगताळ चुनाळ भिद ताळ गौ भाळ भर धरण तांई।—तेजसी खिड़ियौ

करडंड—सं०पु०—तीर (डि.नां.मा.)

करडांण—देखो 'करड़ांण'।

करडाई—देखो 'करड़ाई'।

करडाणौ, करडाबौ—देखो 'करड़ावणौ'।

करडापण, करडापणौ—देखो 'करड़ापण'।

करडावणौ, करडावबौ—देखो करड़ावणौ'।

करडावणहार, हारौ (हारी), **करडावणियौ**—वि०।

करडायोड़ौ—भू०का०कृ०।

करडू—देखो 'करड़ू' (रू.भे.)

करडौ—देखो 'करड़ौ' (रू.भे.)

करडौलकड़, करडौलक्कड़—देखो 'करड़ौ-लक्कड़' (रू.भे.)

करण—सं०पु० [सं०] १ हथियार. २ इंद्रिय. ३ देह (डि.को.) ४ क्रिया. ५ कार्य. ६ स्थान. ७ हेतु. ८ कायस्थों का एक भेद (मा.म.) [सं० कर्ण] ९ कान (अ.मा., डि.को.) १० कुन्ती के गर्भ से कुमारावस्था में उत्पन्न सूर्य्य का पुत्र।

पर्याय०—अंगराज, अरकज, करन, चंपाधिप, भांणसुतन, रविसुत, राधातनय, राधेय, सूततनय।

११ डिंगल कोष के अनुसार दो गुरु मात्रा का नाम ऽऽ.

१२ हाथ. १३ छप्पय छंद का एक भेद जिसमें ६७ गुरु १८ लघु से ८५ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं. १४ व्याकरण में तीसरा कारक. १५ ज्योतिष में तिथियों का एक विभाग. १६ धनुष। १७ गणित ज्योतिष की एक क्रिया. १८ सूर्य की रश्मि, किरण. १९ समूह (अ.मा.)

करणअस्त्र—सं०पु० [सं० कर्णास्त्र] धनुष (अ.मा.)

करणकंडू—सं०पु० [सं० कर्ण+कंडू] कान का एक रोग (अमरत)

कहा०—गायां चूंगे गांम री, सोच करै स्यारी। धांन धणी री ऊपड़ै, कळपै कोठारी।—जो पराये दुख दुबला होता है।

कळपणहार, हारौ (हारी), कळपणियौ—बिलखने या रोने वाला, कुढ़ने वाला, संकल्प करने वाला।

कळपाणौ, कळपाबौ, कळपावणौ, कळपावबौ—स०रू०।

कळपिअोड़ौ, कळपियोड़ौ, कळप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कळपीजणौ, कळपीजबौ—भाव वा०।

कलपणौ, कलपबौ–क्रि०अ० [सं० कल्पन] कल्पना करना।

कलपणहार, हारौ (हारी), कलपणियौ—वि०।

कलपिअोड़ौ, कलपियोड़ौ, कलप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कलपत–सं०पु०—दोष, कलंक।

कळपतर, कळपतरु, कळपतरू, कळपतरोवर, कळपद्रुम–सं०पु०यौ० [सं० कल्पतरु] कल्पवृक्ष (अ.मा.,नां.मा.) उ०—**कळपतरु** ऊखलि पड़ै, 'जसौ' महा धू जांम। माळां गाळां ठांम महि, तिको न सूझै तांम।
—हा.झा.

कलपना–सं०स्त्री० [सं० कल्पना] अध्यारोप, रचना, कल्पना, उद्भावना। उ०—१ ए बध्या सौ **कलपना** तिस आतम दधा।—केसोदास गाडण उ०—२ आसा त्रसना **कलपना** केतां आग लगाई।—केसोदास गाडण

कलपनी–सं०स्त्री० [सं०] कैंची, कतरनी (डिं.को.)

कलपबेलि—देखो 'कलपवेलि'।

कलपविरख–सं०पु०यौ० [सं० कल्पवृक्ष] कल्पवृक्ष (रू.भे.)

कलपवेलि–सं०स्त्री०यौ०—कल्पवृक्ष। उ०—कळि **कलपवेलि** वेळि कांमधेनुका, चिंतामणि सोमवल्लि चत्र।—वेलि.

कळपव्रक्ष, कळपव्रख, कळपविख, कळपविछ–सं०पु०यौ० [सं० कल्पवृक्ष] कल्पवृक्ष। उ०—१ आप जसा करतौ नह अंजसै, वेल अमै तू **कळपव्रख**।—संकर बारहठ। उ०—२ **कळपव्रक्ष** संतान पारिजाति हरिचंदण। तर मंदार दुवार, आंण ऊगा सुख अप्पण।—रा.रू.

पर्याय०—कलपतर, कलपद्रुम, द्रुमप्त, पत्रीस, पारजात, मंदार, सुखस्यायक, सुरतर, सुरसंपति, स्रगसुखदा, हरिचंदण।

कळपांत, कळपांतर–सं०पु०यौ० [सं० कल्पांत] प्रलय, युगांतकाल. ब्रह्मा का दिवसावसान। उ०—पुराण में **कळपांतर** मांनै, पूरब मीमांसा में होणहार मांनै, वेदान्त में ईस्वरेच्छा मांनै।—बां.दा.

कळपाणौ, कळपाबौ–क्रि०स० [सं० कल्पन] १ विलाप कराना, सताना, दुःख देना। उ०—१ निसचर ! तूं **कळपासी** जौ म्हने, रावण ! तूं कळ पासी नांय।—गी.रां. उ०—२ करसा **कळपाया** वरसा नहिं बूठी।—ऊ.का. २ कुढ़ाना. ३ संकल्प कराना।

कळपाणहार, हारौ (हारी), कळपाणियौ—वि० ।

कळपायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

कळपायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ सताया हुआ. २ कुढ़ाया हुआ ३ संकल्प कराया हुआ । (स्त्री० कळपायोड़ी)

कळपित—वि० [सं० कल्पित] जिसकी कल्पना की गई हो, मनगढंत, नकली ।

कळपियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ विलाप किया हुआ, सताया हुआ, दुखित. २ कुढ़ा हुआ. ३ संकल्पित ।
(स्त्री० कळपियोड़ी)

कळपीजणौ, कळपीजबौ—क्रि० भाव वा०—१ विलाप किया जाना, सताया जाना. ३ कुढ़ा जाना. ४ संकल्प किया जाना ।

कळबल्ली—वि०स्त्री०—करुणाजनक पुकार, कोलाहल । उ०—**कळबल्ली** बांणी कहै, भ्रमि भीरु भटक्कै । पाय अटक्कै पग्गड़ां, लागि लुत्थि लटक्कै ।—वं.भा:

कळबांणी—सं०स्त्री०—देखो 'कळवांणी' (रू.भे.)

कळबी—सं०पु०—एक जाति विशेष जिसके व्यक्ति प्रायः खेती करते हैं । (रा.रू., मा.म.)

कळब्रच्छ—सं०पु० [सं० कल्पवृक्ष] कल्पवृक्ष । उ०—**कळब्रच्छ** म्हाराज रा सेवकां कौ । बण्यौ राखीजै बूडसू भूप बांकौ ।—मे.म.

कळब्रच्छपता—सं०पु० [सं० कल्पवृक्षपिता] समुद्र (डिं.को.)

कलभ—सं०पु० [सं०] १ करभ, हाथी या ऊँट का बच्चा. २ हाथी (डिं.को.) ३ धतूरे का पेड़. ४ शीघ्रता (अनेका.) ५ आश्रय (अनेका) ६ शकुन (अनेका.) ७ पाप (अनेका.) ८ आकाश (अनेका.) ९ भादों मास (अनेका.)

कलम—सं०पु० स्त्री०—१ किसी पेड़-पौधे की वह टहनी जो कहीं अन्यत्र लगाने के लिये काटी जाय ।
मुहा०—कलम करणौ—काटना, छाँटना ।
२ लेखनी ।
मुहा०—१ कलम घिसणी—बराबर लिखते रहना. २ कलम चलणी—लिखना, अच्छा कलम होना जो ठीक लिखे. ३ कलम चलाणी—लिखना, तेज लिखना. ४ कलम तोड़णी—मार्मिक बात लिखना, ज्यादा लिखना. ५ कलम फेरणी—गलत लिखे हुए को काटना. ६ कलमबंद करणौ—नोट कर लेना, लिख लेना.
७ कलम में जोर होणौ—लिखने में प्रभाव होना. ८ कलम री जीभ—कलम का वह भाग जिससे लिखते हैं. ३ मान, प्रतिष्ठा.
४ कलमा पढ़ने वाला मुसलमान (डिं.को.) उ०—रंजै कर धूंकळ रवताळौ, अर हाथळ भंजै अलम । सजै जाय जठी सादूळौ, कुण गंजै हिंदू **कलम** ।—नवलजी लाळस. ५ सोने के आभूषणों में नगीना जड़ने के लिए स्थान बनाने का औजार. ६ रंग भरने की बालों की कूंची. ७ कान के ऊपर के कंनपटियों के पास के बाल ।

कलमकसाई—सं०पु०यौ० [अ०] लिख पढ़ कर या अपनी लेखनी द्वारा दूसरों को हानि पहुँचाने वाला ।

कलमख—सं०पु० [सं० कल्मष] १ पाप (ह.नां.) २ मैल. ३ नरक का एक भेद ।
वि०—१ पापी. २ मैला ।

कळमत—सं०पु०—युद्ध । उ०—वित देवळ वाळोह, लागू 'जींदौ' लेवसी । वीरौ मौ वाळोह, **कळमत (थ)** घणौ करावसी ।—पा.प्र.

कळमळणौ, कळमळबौ—क्रि०अ०—१ झुंझलाना. २ कुलबुलाना. ३ कराहना. ४ अपने अंगों को घुमाना ।

कळमस—सं०पु० [सं० कल्मष] १ देखो 'कलमख' (डिं.को.)
वि०—२ श्याम, काला, मैला । उ०—भूरा भाखर भीजिया, **कळमस** काळा स्याह । जांणै हाथी राज रा, छूटचा रोही मांह ।
—वादळी

कलमांछात—सं०पु०—बादशाह । उ०—देव ताळियां रांम जुध देखे, रजवट वरद बिनै रखपाळ । **कलमांछात** छात कूंपा रौ, छूटा पटां लड़ै छंछाळ ।—जग्गौ खिड़ियौ

कलमांण—१ देखो 'कलमौ' २ बादशाह. ३ मुसलमान (डिं.को.)

कलमायण—सं०पु०—मुसलमान । उ०—लोहां लोड़ बोड़ (छो) दळ लागा, सुर आवरत संभ्रमिया सार । काळै थाट तणै **कलमायण**, काळै वार अहार किया ।—महेसदास आढ़ौ

कळमास—वि० [सं० कल्माष] कबरा, श्यामवर्ण का (डिं.को.)

कलमी—सं०स्त्री०—१ श्याम रंग की घोड़ी । उ०—**कलमी** अस देवळ दैण कीयूं । लोवड़ी प्रतपाळ यूं वैण लियूं ।—पा प्र.
सं०पु०—२ एक प्रकार का आम जो काट कर खाया जाता है ।

कलमीसोरौ—सं०पु०—साफ किया हुआ शोरा जिसमें कलमें होती हैं । यह शोरा साधारण शोरे से अधिक साफ और तेज होता है ।

कलमुख—देखो 'कलमख' (अ.मा.)

कळमूळ—सं०पु० [सं० कलिमूल] १ सेना, फौज (ह.नां.)
२ कलह का मूल, झगड़े का मुख्य कारण, योद्धा । उ०—वात गरै विचित्रां तणै, मेड़तियौ सादूळ आयौ दळ अजमाल रै, मन अणकळ **कळमूळ** ।—रा.रू. ३ युद्ध का मुखिया, सेनापति । उ०—हाथां मछर केवांण हुबियां, सुरतांणां माथै यर सूळ । ऊसरां थाट काट आवटियौ, मंगळ जुध ठरियौ **कळमूळ** ।—केसोदास गाडण

कलमेपाक, कलमेपाख—सं०पु०—१ पवित्र कलमा. २ कलमा पढ़ कर पवित्र होने वाला (मुसल०)

कलमौ—सं०पु० [अ० कल्मः] १ वह वाक्य जो मुसलमान धर्म का मूल मंत्र है यथा—'ला इला लिल्लिल्लाह । मुहम्मद उर्रसूलिल्लाह ।' उ०—पठांण, सैद, मुगळ, उजबका मुसलमांन आकीनदार, त्रीस सीपारा रा पढ़णहार, पांच वखत निमाज रा करणहार, सुध **कलमे** रा पढ़णहार ।—रा.सा.सं.
२ कलमा पढ़ने वाला मुसलमान । उ०—घाल्या घण सघळां ही वक्ष घमोड़, (जांणै) **कलमा** मिळ ताज्यां में छाती कूटवै ।
—किसोरसिंह बारहठ

कलम्म—देखो 'कलम'।

कळयुग—देखो 'कलजुग'। उ०—प्रधांनां उजदारां विचार नै राजा सुं बीनती की। महाराज हिवै **कळयुग** आयौ।—चौबोली

कल-रव-सं०पु०—१ कपोत, कबूतर (डि.को.)
सं०स्त्री०—२ सुन्दर आवाज, कल-ध्वनि (डि.को.)
३ ऊसर भूमि।

कळळ-सं०स्त्री०—१ युद्ध का कोलाहल। उ०—ऊठि अढंगा बोलणा, कांमणि आखै कंत। ऐ हल्ला तौ ऊपरां, हूंकळ **कळळ** हुवंत।
—हा.झा.

(यौ० हूंकळ-कळळ) २ ध्वनि विशेष. ३ नक्कारा, युद्ध का बाजा. ४ घोड़ों के हिनहिनाहट की आवाज। उ०—१ हैदळ **कळळ** पायदळ हूंकळ, सीसोदै खड़तै संनढ़।
—महारांणा लाखा रौ गीत

उ०—२ घूघरमाळ घोड़ां री वाज रही छै, हींस **कळळ** होफ हुइनै रही छै।—रा सा सं.

कळळणौ कळळबौ-क्रि०अ०स०—१ सेना का कोलाहल होना। उ०—भड़ां भड़िज विलहीजइ भारी, काबिल **कळळइ** सेन कंधारी।—रा.ज.सी.
२ घोड़ों का हिनहिनाना, सेना का कोलाहल करना। उ०—हिन्दुआं तुरक्कां दुबिय हक्क, करिमाळ वाजि **कळळिय** कटक्क।—रा.ज.सी.

कळळस—देखो 'कळळ'। उ०—तीर अखत ढाल गज तोरण। चहूं दिस **कळळस** मंगळोचार। चवरी बडौ पेखियौ चखतै। 'करण' कळोधर राजकवार।—किसनजी आढ़ौ

कळळ-हूंकळ—देखो 'हूंकळकळळ' (रू.भे.)। उ०—**कळळ-हूंकळ** अवसि खेति सूरा करै। धीरपै सुहड़ रिण चलण धीरा धरै।
—हा झा.

कळळाट, कळळाटौ कळळाहट-सं०पु०—शोकसूचक ध्वनि, हाहाकार। उ०—१ गदगद बांणी द्रग पांणी गळळाटा। कंगला बंगलां में कीना **कळळाटा**—ऊ.का.। उ०—२ थिर आसोज बेद मग थाटौ, लंपट बाळि रावण **कुळ लाटौ**। भंवतां करम जोग पड़ भाटौ, काती में मचगौ **कळळाटौ**।—ऊ.का.। उ०—३ दुख वीचख ऊतर राव दियौ। **कळळाहट** चारण साद कियौ।—पा.प्र.

कळवकळ-वि०—घबराया हुआ, भयभीत। उ०—**कळवकळ** सबळ दळ भळळ साबळ करां, येळापत कीध जळ किसा खळ ऊपरां।
—महादांन महडू

कळवणौ, कळवबौ—देखो 'कलपणौ' (रू.भे.)

कलवर-सं०पु० [सं० कलेवर] शरीर।

कळवरी-सं०स्त्री०—रहंट के माल की दोनों लड़ों को समान दूरी पर रखने के लिये उनमें लगाई जाने वाली काष्ठ की पतली कीलियाँ। 'कलोरी' (रू.भे.)

कळवांणी-सं०स्त्री०—१ गंदा पानी. २ लोहे की किसी वस्तु को जल के अंदर कई बार घुमा कर मंत्रित किया हुआ जल, यह प्रायः रोग-मुक्ति के लिये पिलाया जाता है (टोटका). ३ जल पात्र में हाथ डाल कर पानी को गंदा करने की क्रिया।

कळवख, कळवच्छ, कळवछ-सं०पु० [सं० कल्पवृक्ष] कल्पवृक्ष (रू.भे.)

कळवच्छकेळी-सं०पु०—इन्द्र (ना.डि.को.)

कळस-सं०पु० [सं० कलश] १ घड़ा, गगरा, कुंभ। उ०—अति अंब मोर तोरण अजु अंबुज, कळी सु मंगळ **कळस** करि।—वेलि.
२ मंदिर, चैत्य आदि का शिखर जो प्रायः पीतल या पत्थर आदि का होता है. ३ चोटी, सिरा. ४ प्रधान अंग. ५ श्रेष्ठ व्यक्ति. ६ कोहल मुनि के मत से नृत्य की एक वर्तना. ७ काव्य या काव्य ग्रंथ की समाप्ति पर उपसंहार के ढंग पर रची हुई कविता या काव्य. ८ देवी का अर्चित जल जो भक्त लोग पान करते हैं. ९ प्रत्येक चरण में २० मात्रा का मात्रिक छंद विशेष (ल.पिं.)
१० डिंगल का एक छंद जिसके प्रथम द्वाले में २० लघु, २२ गुरु कुल ६४ मात्रायें होती हैं तथा इसी क्रम से शेष द्वालों में २० लघु और २१ गुरु कुल ६२ मात्रायें होती हैं (पिं प्र.) ११ सुवृत्त* (डि.को.)
१२ कुंभ राशि। उ०—रवि बैठौ **कळसि** थियौ पालट रितु, ठरे जु डहकियौ हेम ठंठ।—वेलि.

कळसभव-सं०स्त्री० [सं० कलशभव] घट से उत्पन्न कहे जाने वाले अगस्त्य ऋषि।

कळसाजांन-सं०स्त्री०—विवाह में कन्या पक्ष की ओर से दियो जाने वाला भोज विशेष जिसमें कलसे के जल द्वारा बरातियों को स्नान कराने के पश्चात भोजन कराया जाता था। आजकल यह प्रथा उठ सी गई है। (पुष्करणा ब्राह्मण)

कळसियौ-सं०पु०—१ लोटे के आकार का पानी पीने का छोटा जलपात्र २ बैलों की पीठ पर का उठा हुआ गोल भाग, ककुद. ३ तलवार की मूठ के ऊपर गोल आकृतियुक्त लगाया जाने वाला एक उपकरण।

कळसी-सं०स्त्री०—१ देखो 'कळसियौ'. २ आठ मन अनाज का एक माप. ३ मिट्टी का बना बड़ा जल-पात्र जिसमें करीब तीन कळस जल समा जाता है।

कळसौ-सं०पु०—१ देखो 'कळसियौ'. २ देखो 'कळस'।

कळहंस, कळहंसक-सं०पु०[सं० कलहंस] १ हंस। उ०—बनमय सदन वसंत अलोक वणाविया। गुण सुक पिक **कळहंस** मोरां गाविया।
—बां.दा.

२ राजहंस। उ०—**कळहंस** जांणगर मोर निरतकर, पवन ताळधर ताळ पत्र।—वेलि. ३ श्रेष्ठ राजा. क्षत्रियों की एक शाखा.
५ परमात्मा. ६ ब्रह्मा।
वि०—सुस्वर* (डि.को.)

कळहंत-सं०पु० [सं० कलि+हंत] युद्ध। उ०—किये नरूकन किलम भिड़ि, किते जुद्ध उन्मत्त। प्रथम 'मांन' 'जगतेस' की, कहूं केळि **कळहंत**।—ला.रा.

कळह–सं०पु० [सं० कलह] १ झगड़ा, लड़ाई, युद्ध (अ.मा.)
उ०—तास वरणागिये दीठि मन हतणौ । मलफियौ सांमहौ **कळह** बेढ़ीमणौ ।—हा.झा.
कहा०—१ कळह रौ मूळ—झगड़ालू व शरारती व्यक्ति के लिये । २ कळह सूं कळसा रौ पांणी जाय परौ—कलह की निंदा ।
२ विवाद. ३ रास्ता. ४ कपट, छल (ह.नां.)
वि०—५ काला, श्याम* (डि.को.)

कळहक्रित–सं०स्त्री० [सं० कलहकीर्ति] युद्ध-प्रशंसा, युद्ध की कीर्ति ।

कळहगुर–वि० [सं० कलह+गुरु] युद्ध-वीर, योद्धा । उ०—**कळहगुर** दांनगुर हालियौ 'कलावत', लाख ऊपर कवण वाग लेसी।
—दुरसौ आढ़ौ

कळहण, **कळहणि**–सं०पु० [सं० कलह+रा० प्र० ण, णि] १ देखो 'कळह' (अ.मा , डि.को.) उ०—१ मुहता प्रधांन धाम्रे मिळेय, कुरखेत कीध **कळहण** करेय ।—रा.ज.सी. उ०—२ सूजा जेम अभनमौ 'सुजौ', **कळहण** गजां कळेगौ । धड़ धजवड़ां भळेगौ, मनसा जोत मळेगौ ।—अज्ञात २ दलदल, कीचड़ ।

कळहप्री–वि० [सं० कलहप्रिय] जो कलहप्रिय हो ।
सं०पु०—नारद ।

कळहप्रेमा–सं०स्त्री०—युद्धप्रिया, महाकाली, रणपिशाचिनी ।
उ०—देवी खेचरी भूचरी भद्रखेमा, देवी पद्मणी सोभणी **कळहप्रेमा** ।
—देवि.

कळहबरीस–सं०पु० [सं० कलह+वर्षी] योद्धा । उ०—साहण समंद सेन सीसोदा, रांणां तोसूं राय रिम । अरथ बरीस करै सिर ऊपर, **कळहबरीस** न करै किम ।—महारांणा कुंभा रौ गीत

कळहळ—सं०पु०—कोलाहल, हलागुल्ला । उ०—१ छिन छिन वाट हेरता छाया, हुय **कळहळ** घोड़ा हींसाया ।—वरजूबाई उ०—२ आज नहीं 'जोरौ' घर ऊपरै, **कळहळ** कांकळ हुवै कठै ।
२ कलकल की ध्वनि । —जोरजी चांपावत रौ गीत

कळहळणौ, कळहळबौ–क्रि०अ०—१ कोलाहल करना । उ०—एही भली न करहला, **कळहळिया** कइकांण । का, प्री, रागां प्रांण करि, कांइ अचंती हांण ।—ढो.मा. २ चमकना, दमकना । उ०—**कळहणै** बगतरी टोपरी झरहरी, घमघमे घूघरां पाखरां छरहरी ।—द.दा.

कळहारी–सं०स्त्री०—एक विषैला पौधा जिसका प्रयोग औषधियों में किया जाता है (अमरत)

कळहि–सं०पु० [सं० कलह] युद्ध । उ०—एकणि हणे अनेक, किसना उत मातै **कळहि** ।—अज्ञात

कळहिळ–सं०पु० [सं० कटुहिल] शत्रु, दुश्मन । उ०—लखपति विरदाळ, **कळहिळ** काळ ।—ल.पिं.

कळहिवा–सं०पु०—योद्धा । उ०—वरहास खिड़इ ऊलळीवग्ग, **कळहिवा** क्रमइ कम्मांण क्रग ।—रा.ज.सी.

कळही—देखो 'कळसी' (रू.भे.)

कळहीणौ–वि०यौ० [सं० कला+हीन] अशक्त, कमजोर, दुर्बल ।
उ०—कांणो घूंघट में कळपै **कळहीणौ** ।—ऊ.का.

कलां–वि० [फा०] बड़ा (प्रायः गाँवों के नाम के साथ प्रयुक्त होता है ।)
उ०—खुड़द छोटा नूं कहै, **कलां** वडा नूं कहै ।—बां.दा.ख्यात

कलांतर–सं०पु०—ब्याज, रुपये का महसूल (डि.को.)

कलांम–सं०पु० [अ० कलाम] १ बातचीत, कथन । उ०—काबिल **कलांम** कहियत करीम, रहमांन इल्म रय्यत रहीम ।—ऊ.का.
२ वाक्य, वचन. ३ प्रतिज्ञा, वादा. ४ उज्र, एतराज ।

कळा–सं०स्त्री० [सं० कला] १ अंश, भाग. २ चंद्रमा का सोलहवाँ भाग : चंद्रमा की सोलह कलायें निम्नलिखित हैं—१ अम्रता (अमृता), २ मानदा, ३ तुस्ठि (तुष्ठि), ४ पुस्टि (पुष्टि), ५ प्रीति, ६ रति, ७ ज्योत्सना, ८ स्री (श्री) ९ पूरणा (पूर्णा), १० लज्जा, ११ स्वधा, १२ हंसवती, १३ रात्रि, १४ छाया, १५ वांमा (वामा) १६ आभा (कांति) अंतिम सात कलाओं के स्थान पर । कहीं-कहीं निम्नलिखित कलायें भी पायी जाती हैं—१० पूसा (पूषा) ११ ध्रति (धृति) १२ ससनी (शशनी) १३ चंद्रिका, १४ अंगदा, १५ पूर्णाम्रता और १६ कांति ।
३ सूर्य का बारहवाँ भाग । सूर्य के बारह नाम कहे जाते हैं । (वि०वि० देखो 'सूरज') जिनके तेज को कला कहते हैं ये भी बारह हैं—१ तपणी (तपिनी), २ तापणी (तापिनी), ३ बोधनी (बोधिनी), ४ संध्रिनी ५ कालंदी (कालिंदी), ६ सोसणी (शोषणी), ७ वेरणी, ८ आकरसणी (आकर्षणी), ९ वैसणावी (वैष्णवी), १० विस्णुविद्या (विष्णु विद्या), ११ ज्योत्सना, १२ हिरण्या । अंतिम नौ कलाओं के स्थान पर कहीं-कहीं पर निम्नलिखित कलायें भी मिलती हैं—४ धूम्रा, ५ मरीचि, ६ ज्वालिनी, ७ रुचि, ८ सुषुमा, ९ भोगदा, १० विस्वा (विश्वा), ११ धारिणी और १२ क्षमा ।
४ सामर्थ्य, शक्ति । उ०—अड़ाभीड़ वंकां भड़ां कोप ओपै, **कळा** जांणि त्यांरी न कौ प्रांण कोपै ।—रा.रू. ५ कामदेव (ह.नां.)
६ विभूति, तेज. ७ चंद्रमा (नां.मा.) ८ शोभा, छटा, प्रभा, कांति (ह.नां.) उ०—१ कलाहरौ चढ़ती **कळा**, जीपण जंग भाराथ । केहरी अटक न ऊतरै, साहजहां रै साथ ।—रा.रू.
उ०—२ विसवामित्र किसोर वय, अनंग रूप अपार । कहै जनक अदभुत **कळा**, कुण ए राजकुमार ।—रांमरासौ. ९ स्त्री का रज. १० शरीर की सात विशेष झिल्लियाँ जो माँस, रक्त, मेद, कफ, मूत्र, पित्त और वीर्य को अलग-अलग रखती हैं (चिकित्सा शास्त्र)
११ तीस काष्टा का समय का एक विभाग (ज्यो.) १२ राशि के तीसवें अंश का साठवाँ भाग (ज्यो.) १३ वृत्त का डिग्री १८०. वाँ भाग (ज्यो.) १४ कौतुक, लीला, खेल. १५ छल, धोखा, कपट.
१६ अग्नि-मंडल का एक भाग । अग्नि-मंडल के कुल दस भाग होते हैं । इसके दस भागों के नाम ये हैं—१ धूम्रा, २ अरचि (अर्चि) ३ उस्मा (उष्मा), ४ ज्वलिनी, ५ ज्वालिनी, ६ विस्फुलिंगिनी,

७ स्री (श्री), ८ सुरूपा, ९ कपिला और १० हव्यकव्यवहा।
१७ छंदशास्त्र में मात्रा (पिंगल) १८ मनुष्य के शरीर के सोलह आध्यात्मिक विभाग जो पांच ज्ञानेंद्रियाँ, पाँच कर्मेंद्रियाँ, पाँच प्राण और मन या बुद्धि से कहे जाते हैं. १९ तंत्र के अनुसार वर्ण या अक्षर. २० नटों की एक कसरत जिसमें वह सिर नीचे करके उलटता है.
(यौ० कळाबाजी)
२१ ढंग, युक्ति, करतब, चतुराई। उ०—चुप मत साधै वादळी, कह दे सागण वात। म्हैं लखली तेरी **कळा**, सैंण सिखाई घात।—वादळी
२२ किसी कार्य को उत्तम ढंग से करने का कौशल, हुनर, फन।
उ०—अमाप तठै बळ खाग 'अजन्न', कनौज घणौ जु **कळा** जिम 'क्रन्न'।—रा.रू.
वि०वि०—पुरुषों के विविध वैभवपूर्ण प्रतिभा-वैचित्र्य के प्रकार जिनकी संख्या ७२ मानी जाती है—१ लेखन, २ पठन, ३ गणित, ४ गीत, ५ नृत (नृत्य), ६ वाद्य, ७ व्याकरण, ८ काव्य, ९ छंद, १० अलंकार, ११ नाटक, १२ साटक, १३ नखच्छेद्य, १४ पत्रच्छद्य, १५ आयुधाभ्यास, १६ गजारोहण, १७ तुरगारोहण, १८ गजशिक्षा, १९ तुरगमशिक्षा, २० रत्नपरीक्षा, २१ पुरुस (पुरुष) लक्षण, २२ स्त्री लक्षण, २३ पसु लक्षण (पशु लक्षण), २४ मंत्रवाद, २५ यंत्र-तंत्रवाद, २६ रसवाद, २७ विसवाद (विषवाद), २८ गंधवाद, २९ विद्यानुवाद, ३० युद्धवाद, ३१ नियुद्धवाद, ३२ तरकवाद (तर्कवाद), ३३ संस्क्रत (संस्कृत), ३४ प्राक्रत (प्राकृत), ३५ उत्तर कला, ३६ प्रत्युत्तर कला, ३७ देस-भासा, ३८ कपट, ३९ वित्तग्यांन (वित्तज्ञान), ४० विग्यांन (विज्ञान), ४१ सिद्धांत, ४२ वेदांत, ४३ गारुड़, ४४ इन्द्रजाल, ४५ विनय, ४६ आचारिविद्या (आचार्य विद्या), ४७ आगम, ४८ दान, ४९ ध्यान, ५० पुराण, ५१ इतिहास, ५२ दरसन संस्कार (दर्शन संस्कार), ५३ खेचरी, ५४ अमरी, ५५ वाद, ५६ पातालसिद्धि, ५७ धूरत संबल (धूर्त शंबल), ५८ वृक्ष चिकित्सा, ५९ सरवकरणी (सर्वकरणी), ६० कास्ठघटन (काष्ठघटन), ६१ क्रत्रिम मणि करम (कृत्रिम मणि कर्म), ६२ वांणिज्य (वाणिज्य), ६३ वैस्य करम (वैश्य कर्म), ६४ चित्र करम (चित्र कर्म), ६५ पासांण करम (पषाण कर्म), ६६ नेपथ्य करम (नेपथ्य कर्म), ६७ धरम करम (धर्म कर्म), ६८ धातु करम (धातु कर्म), ६९ रसवती करम (रसवती कर्म), ७० हसित, ७१ प्रयोगोपाय, ७२ केवली विधि कला।
कामशास्त्र के अनुसार ६४ कलायें मानी गई हैं जो निम्नलिखित हैं। १ गीत, २ वाद्य, ३ नृत्य, ४ नाट्य, ५ आलेख्य, ६ विसेसकच्छेद्य, ७ तंडुलकुसुमवलिविकार, ८ पुस्पास्तरण (पुष्पास्तरण), ९ दसनवसनांगराग (दशनवसनांगराग), १० मणिभूमिका करम (मणिभूमिका कर्म, ११ सयन रचना (शयन रचना), १२ उदक वाद्य, १३ उदक घात, १४ चित्रयोग, १५ माल्यग्रंथविकल्प, १६ केसखरापीड़-योजन (केश-शेखरापीड-योजन), १७ नेपथ्य योग, १८ करण पत्र भंग (कर्ण पत्र भंग), १९ गंधयुक्त, २० भूसण भोजन (भूषण भोजन), २१ इंद्रजाल, २२ कौचुमार योग, २३ हस्तलाघव, २४ चित्र साकापूप भक्ष्य विकार क्रिया (चित्र शाकापूप भक्ष्य विकार क्रिया, २५ पांनकरसरागासव भोजन, २६ सूची करम (सूची कर्म), २७ सूत्र करम (सूत्र कर्म), २८ प्रहेलिका, २९ प्रतिमाला, ३० दुरवाचक योग (दुर्वाचक योग), ३१ पुस्तक वाचन, ३२ नाटिकाख्यायिका दरसण (नाटिकाख्यायिका दर्शन), ३३ काव्यसमस्यापूरति (काव्य-समस्यापूर्त्ति), ३४ पट्टिका-वेत्र-वाणविकल्प, ३५ तरक करम (तर्क कर्म), ३६ तक्षण, ३७ वास्तु, विद्या, ३८ रूप्यरत्नपरीक्षा, ३९ धातुवाद, ४० मणि राग ग्यांन (मणि राग ज्ञान), ४१ आकार ग्यांन (आकार ज्ञान), ४२ व्रक्षायुरवेद योग (वृक्षायुर्वेद योग), ४३ मेप-कुक्कुट-लावक-युद्धविद्या, ४४ सुक-सारिका-प्रळापण (शुक-सारिका-प्रलापन), ४५ उत्सादन, ४६ केसमारजन कौसळ (केसमार्जन कौशल) ४७ अक्षर मुस्टिका कथन (अक्षर मुष्टिका कथन), ४८ म्लेच्छित कला-विकल्प, ४९ देस भासा ग्यांन (देश भाषा ज्ञान), ५० पुस्प सकटिका निमित्त ग्यांन (पुष्प शकटिका निमित्त ज्ञान), ५१ यंत्र मात्रिका (यंत्र मातृका), ५२ धारण मात्रिका (धारण मातृका), ५३ संपाठ्य, ५४ मानसी काव्य-क्रिया, ५५ क्रियाविकल्प, ५६ छलितक योग, ५७ अभिधांन कोस छंदोग्यांन (अभिधान-कोष-छंदोज्ञान), ५८ वस्त्रगोपना, ५९ द्यूत विसेस (द्यूत विशेष), ६० आकरसण क्रीड़ा (आकर्षण क्रीड़ा), ६१ बाल क्रीड़ा करम (बाल क्रीड़ा कर्म), ६२ वैनायिकी विद्या-ग्यांन (वैनायिकी विद्या-ज्ञान), ६३ वैजयिकी विद्या-ग्यांन (वैजयिकी (विद्या-ज्ञान), ६४ वैतालिकी विद्या-ग्यांन (वैतालिकी विद्या-ज्ञान)।
यौ०—कळाकुसळ, कळावंत।
२३ बंदूक चलाने के प्रकार जो बारह माने गये हैं—१ पहले देख कर फिर 'माखी' मिला कर बंदूक का निशाना लगाना, २ दौड़ते हुए पर निशाना लगाना, ३ उछलते हुए पर निशाना लगाना, ४ रात्रि में निशाना लगाना, ५ तेज हवा में निशाना लगाना, ६ छिप कर लक्ष्यवेध करना, ७ शब्द पर निशाना लगाना, ८ नेत्र बंद कर निशाना लगाना, ९ दर्पण में देख कर निशाना लगाना, १० बंदूक को कंधे पर रख कर पीठ की ओर निशाना लगाना, ११ आकाश में फेंके हुए किसी पदार्थ को वापस भूमि पर गिरने से पहले निशाना लगाना, १२ दौड़ते हुए किसी ऐसे व्यक्ति पर निशाना लगाना जो स्वयं दौड़ रहा हो।
२४ कली। उ०—जाई सहर के राजा री कुंवरी पंचकळी नै मिल्यौ, चंपै री **कळा** सूं तुलती।—चौबोली. २५ दीपक की बत्ती (मि० 'कळेंधन') २६ दीपक (अ.मा.) २७ ब्याज (डि.को.)

कळाइण—सं०स्त्री०—काली मेघ की घटा। उ०—ऊपर बगला पावस बैठा छै सु किसाहेक सोहै छै, जांणै **कळाइण** कागोलड़ नाखती आवै छै।—रा.सा.सं.

कळाइणौ, कळाइबौ–क्रि०अ०—१ कोलाहल करना. २ जोर जोर से विलाप करना, रोना । उ०—मारू-मारू **कळाइयां**, उज्जळदंती नारि । हसनइ दे हुंकारड़उ, हिबड़उ फूटणहारि ।—ढो.मा.

कळाइणहार, हारौ (हारी), कळाइणियौ—वि० ।

कळाइग्रोड़ौ, कळाइयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

कळाइयोड़ौ–भू०का०कृ०—१ कोलाहल किया हुआ. २ जोर जोर से विलाप किया हुआ । (स्त्री० कलाइयोड़ी)

कलाइयौ–सं०पु०—न्योछावर ।

कळाई–सं०स्त्री [सं० कलाची] १ हाथ की कोहनी के नीचे का वह भाग जो हथेली के ठीक ऊपर होता है । मणिबंध, गट्टा ।

मुहा०—कळाई पकड़णी—१ पत्नी बनाना; किसी स्त्री का सतीत्व नष्ट करने के लिये उसका हाथ पकड़ना ।

३ कोठरी. ४ वह बड़ा आंगन जिसके चारों ओर कोठरियाँ हों ।

क्रि०वि० [रा०] तरह, प्रकार, भाँति । उ०—१ संध **कळाई** नयण सर, गुण पापेणि ताणेह । मारू मीर च बाव ज्यूं, नह चूके बांणेह ।—ढो.मा.

उ०—२ रूठियां धुंधळीनाथ **कळाई** ऊजळी रूकां, मारवाड़ां दिल्ली ने मिळाई धूड़ मांय ।—नवलजी लाळस

कळाकंद–सं०पु०यौ० [फा०] खोये और मिश्री की बनी बरफी, एक मिठाई ।

कलाक–सं०पु० [अं० क्लॉक] १ समय का विभाग ।

सं०स्त्री०—२ घड़ी ।

कळातरौ–सं०पु०—१ मकड़ी. २ देखो 'कातरौ' ।

कलाद–सं०पु० [सं०] स्वर्णकार (डिं.को.)

कळाधर–सं०पु० [सं० कलाधर] १ चंद्रमा. २ शिव. ३ कलावंत, कलाविद् ।

वि०—१ बलवान, शक्तिशाली. २ वंशज (मि. 'कळोधर')

कळाधारी–वि०—१ कलाविद्, कलावंत. २ शक्तिशाली (द.दा.) ३ वंशज ।

कळाधिप–सं०पु०—चंद्रमा । उ०—कळदार **कळाधिप** भेट किए, दिल सूं निज सीत प्रसाद दिए ।—ऊ.का.

कळानिध, कळानिधि, कळानिधी–सं०पु०—१ चंद्रमा (ह.नां.,अ.मा.) उ०—कित गयौ **कळानिधि** हिय कुमदणी हितकारी ।—ऊ.का.

२ कलाविद् ।

कलानूतमंडी–सं०पु०—मोर, मयूर (नां.मा.)

कळाप–सं०पु० [सं० कलाप] १ समूह, ढेर, झुंड (ह.नां., अ.मा.) २ मोर की पूंछ. ३ पयाल. ४ भुट्टा. ५ तीर, बाण. ६ कमरबंद, पेटी. ७ करधनी (डिं.को.) ८ चंद्रमा. ९ भौंरा, भ्रमर (नां.मा.) १० वेद की शाखा. ११ अर्द्धचंद्राकार एक प्रकार का अस्त्र. १२ भूषण (डिं.को.) १३ प्रपंच, प्रयत्न । उ०—हा हा दिये घरोघर हेला, पुरजण हिये प्रळापा । जिये जकै नहिं जियं जांण जग, किये अनेक **कळाप** ।—ऊ.का. १४ विलाप । उ०—अबही मेली हेकली, करही करइ **कळाप** । कहियउ लोपां सांमि-कउ, सुंदरि लहां सराप ।—ढो.मा. १५ तर्कश, तूणीर (अनेका.)

कलापक–सं०पु०—हाथी की गर्दन पर महावत के पैर रखने का रस्सा । (डिं.को.)

कळापाती–वि०—उत्पाती, नटखट. २ चंचल ।

कळापी–सं०पु० [सं० कलापिन्] मोर, मयूर (नां.मा., अ.मा.)

कलाबतू–सं०पु० [तु० कलाबतून] एक प्रकार का तार जो सोने चांदी आदि से मढ़ कर रेशम पर चढ़ा कर बटा जाय । उ०—लाहौर री पिसौरी घणी वनात मुखमल री लपेटी थकी, घणौ **कळाबतू** सूं गुंथी थकी पैंहरजै छै ।—रा.सा.सं.

कळाबाज–वि०—कला करने वाला, नट ।

कळाबाजी–सं०स्त्री०—नट-क्रिया, खेल कला ।

कलाबातू—देखो 'कलाबतू' (रू.भे.)

कलाबौ–सं०पु०—१ कपाट के ऊपर की चूल फँसाने का गड्ढा. २ देखो 'कुलावौ' ।

कलायखंज–सं०पु०—एक प्रकार का वात रोग जिसमें रोगी के संधि-स्थानों की नसें ढीली पड़ जाती हैं (अमरत)

कळाय, कळायण, कळायर—देखो 'कळाइण' (रू.भे.)

उ०—१ वत्तीस आखड़ी रौ निवाहणहार. वैरियां विभाड़णहार, परभोमपंचायण, घणदियण, जसलियण, **कळाय** रौ मोर सूंघै भीनै गात ।—रा.सा.सं. उ०—२ आज **कळायण** ऊमटी, छोडै खूब हलूस, सौ सौ कोसां बरससी, करसी काळ विधूंस ।—वादळी

कळायस–सं०पु० [सं० कालायस] देखो 'काळायस' (रू.भे.)

कलार–सं०स्त्री०—घास का संग्रह करने के उद्देश्य से किया गया लंबोतरा ऊँचा ढेर जिससे प्रायः काँटों या खपच्चियों आदि से ढँक दिया जाता है. २ देखो 'कलाळ' (रू.भे.) उ०—रंगकार तेलार बिनु, बिनु **कलार** दरवेस । सारबंध 'लाबे' असुर, पुर नहि करत प्रवेस ।—ला.रा. ३ एक प्रकार का वृक्ष विशेष (क.कु.बो.) ४ एक प्रकार का पुष्प (अ.मा.)

कलारी–सं०स्त्री०—जमीन को खोद कर समतल बनाने का एक उप-करण । देखो 'कराळी' (रू.भे.)

कलाळ–सं०पु०—१ एक जाति जो हिन्दुओं व मुसलमानों दोनों में पाई जाती है । इसके व्यक्ति प्रायः शराब बेचने का व्यवसाय करते हैं । २ इस जाति का व्यक्ति (डिं.को.)

कलाळी–सं०स्त्री०—१ कलाल जाति की स्त्री ।

कहा०—कलाळी रै घरै दूध पीवै तोई कैवै के दारू पीवै—नीच व्यक्ति की संगत से प्रायः भला व्यक्ति भी बुरा या नीच समझ लिया जाता है ।

[सं० कलवान] २ एक प्रकार का सुगंधित पौधा । यह उन स्थानों

पर होता है जहाँ वर्षा में गड्ढों में पानी भर जाता है (रा.सा.सं.) ३ एक मारवाड़ी लोकगीत । यह प्रायः दामाद के आने पर गाया जाता है। ४ शराब, मद्य (रा.सा.सं.)

कळालीक-सं०पु०—भ्रमर, भौंरा (अ.मा.)

कळावंत-सं०पु० [सं० कलावान] १ कलाकार. २ संगीतज्ञ, गवैया. ३ कलाबाज, नट।
वि०—कलाओं का ज्ञाता।

कलाव-सं०पु० [सं० कलापक, प्रा० कलावअ] १ हाथी की गरदन। उ०—बीर महावत बंदि, पीर पेगंबर पावां। ऊचकि बंदर एम, कूद बैठिया कलावां।—मे.म.। २ मोर का पंख फैलाना। उ०—सुरंगा मोरां किया कलाव, मायधण हिवड़ौ घूमर खाय।—सांभ

कळाव, कळावण-सं०स्त्री०—वह रेतीली भूमि जहां कोई पैर रखते ही अंदर धंसने लगता हो, दलदल।

कलावत-सं०पु०—१ देखो 'कलावंत'. २ देवड़ा वंश के क्षत्रियों की एक शाखा का व्यक्ति (बां दा. ख्यात)

कळावांन-वि० [सं० कलावान्] १ देखो 'कलावंत'. २ शक्तिशाली, समर्थ। उ०—विध करणी धिनधिन कळावांन।
—करणीरूपक

कलावौ—देखो 'कलाव'। उ०—सिंह रौ वार होतां ही इणरा कुंभी रै कलावै चामुंडराज रौ चंद्रहास झड़ियौ।—वं.भा.

कळास-वि०—समान, तुल्य।
सं०पु० [सं० कलास] कछुआ (अ.मा.)

कळासणौ, कळासबौ-क्रि०अ०स०—१ कुश्ती लड़ना, मल्लयुद्ध करना. २ मारना, संहार करना। उ०—पातल हरा निमौ पुरसातन, कळदळ सबळ कळासै।—नरसिंह आसियौ

कळाहीण-वि०—१ निर्बल, अशक्त. २ कलारहित।

कलिंग-सं०पु०—१ पुरुषों के सिर का आभूषण विशेष, कलंगी। उ०—कंवरजी री कलिंग एक नजर कीवी।—पलक दरियाव री बात २ एक प्रदेश का नाम. ३ एक पक्षी विशेष. ४ भ्रमर. ५ हिंदवानी नामक फल. ६ तरबूज।

कलिंगड़ा-सं०पु०—एक राग विशेष (संगीत)

कलिंद-सं०पु० [सं०] सूर्य। उ०—सांपड़ि खीरसमंद, दुरंग संबारिया। धारा फेण कलिंद, तनूंजा धारिया।—बां.दा.
(यौ० कलिंद-तनूजा) २ वह पहाड़ जहाँ से यमुना नदी निकलती है।

कलिंदा-सं०स्त्री० [सं० कलिंद+जा] यमुना नदी।
वि० [रा०] शीतल* (डिं.को.)

कळि-क्रि०वि०—१ लिये. २ भांति, तरह।
सं०पु० [सं० कला] १ छंदशास्त्र के अनुसार मात्रा का नाम. २ कला (पिं.प्र.) ३ कलह, युद्ध, लड़ाई (अ.मा.)। उ०—कळि टोडौ चाळुक बस कीधौ, लल्ला जवन मारि जिण लीधौ।—वं.भा. ४ कलियुग। उ०—रावां रावत धीरपौ, नाहीं भाजै जाव। करस्यूं साकौ एकलौ, राखूं कळि में नांव।—डाढ़ाळा सूर री बात ५ क्लेश, दुःख. ६ शिव. ७ पाप. ८ योद्धा, सूरमा (ह.नां.) ९ देखो 'कळो' (रू.भे.) १० टगण की छः मात्राओं के नवें भेद का नाम ऽऽ।। (डिं.को.) ११ बहेड़ा का वृक्ष (अ.मा.)
वि०—काला, श्याम* (डिं.को.)

कळिअळ-सं०पु०—१ करुण रव. २ मधुर ध्वनि। उ०—कुंझड़ियां कळिअळ कियउ, सुणी उ पंखइ'वाइ। ज्यांकी जोड़ी बीछड़ी, त्यां निसि नींद न आइ।—ढो.मा.

कळिकछ-सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा जिसका मुख तथा चारों पैर श्वेत तथा अन्य शरीर काले रंग का होता है (शा.हो.)

कळिकरणोत-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

कळिका-सं०स्त्री०—१ एक वर्णिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ८ लघु वर्ण और अंत में एक गुरु कुल नौ वर्ण होते हैं (पिं.प्र.) २ कली।

कळिकारक-सं०पु०—नारद मुनि (डिं.को.)
वि०—कलहप्रिय।

कळिचाळ, कळिचाळौ-वि०—योद्धा, बहादुर, वीर। उ०—वांकिम वींद मेड़ता वाळा, चक्रवति जतनि चढ़े कळिचाळा।—रा.रू.
सं०पु०—युद्ध।

कळिजुग—देखो 'कळजुग'। उ०—कळिजुग पाप ज अवतर्यौ, राजि के कारण विणसस लंक।—वी.दे.

कळिजुगि, कळिजुगी-सं०पु०—कलियुग। देखो 'कळजुग'। उ०—असतां भड़ां तखत इम आखै, कळिजुगि अमर न हूवौ कोइ।—अज्ञात
वि०—कलियुग का, कलियुग संबंधी।

कळिज्जणौ, कळिज्जबौ-क्रि०स०—पहिचानना। उ०—दीसइ विवहच-रीयं, जांणिज्जइ सयण दुज्जण सहावौ। अप्पांण च कळिज्जइ, हुंडिज्जइ तेण पुहवीए।—ढो.मा.

कळित-वि० [सं० कलित] १ सुंदर, मनोहर, विकसित।
[सं० कलत्र] २ स्त्री। उ०—पूत कळित परवार में, सकळ रहे उळझाय। सूवारथ का सब कौ सगा, अंति अकेला जाय।—ह.पु.वा. ३ कटि, कमर (अ.मा.)

कळित-कंठ-सं०पु० [सं० कलितकंठ] चातक (अ.मा.)

कळित्र-सं०स्त्री० [सं० कलत्र] १ पत्नी. २ स्त्री (ह.नां.) उ०—एकह पुत्र कळित्र मावोत्र कटवाड़ संबंधा।—केसोदास गाडण. २ कटि, कमर (ह.नां.)

कळिपंत-सं०पु० [सं० कल्पांत] देखो 'कळपांत'। उ०—जांणै कळिपंत काळ रौ समद उलटीओ छै।—रा.सा.सं.

कळिपतर-सं०पु० [सं० कल्पतरु] कल्पवृक्ष। उ०—ज्योति अति घरि-घरि जागी, इळी नीली अति अंब। केई ऊगा कळिपतर, अन निपिज्जे सै अंघि।—ग्या.च.

कळिद्रुम, कळिब्रख-सं०पु० [सं० कलिद्रुम, कलिवृक्ष] बेहड़ा (अ.मा.)

कळिम–सं०पु०—१ कलियुग. उ०—ससनेही सयणां तणां, **कळिमां** रहिया बोल ।—ढो.मा. २ पाप ।

कळमळणौ, कळमळबौ–क्रि०अ०—कंपायमान होना । उ०—कमठ पीठ **कळमळिय** थहरण दळमळिय सुचर थिर ।—र.रू.

कळियंक—देखो 'कळीयंक' (रू.भे.)

कळियळ–सं०पु०—१ कलरव. २ क्रौंच पक्षियों का कलरव । उ०—तिणि दिन जाए प्राहुणउ, **कळियळ** कुरफड़ियांह ।—ढो.मा.

कळियसी–वि०—कलियुग का, कलियुग संबंधी, कलियुगी । (मि० कळीयसी—रू.भे.)

कलियांण–सं०पु० [सं० कल्याण] १ विष्णु (डिं.को.) २ ईश्वर (डिं.को.) ३ कल्याण, मोक्ष (डिं.को.) [रा०] ४ एक घोड़ा विशेष । उ०—रायमहल दीयउ छइ **कलियांण**, भमर पलारांयौ देव हुइं ।—वी.दे. ५ एक राग विशेष. ६ जल, पानी ।

कळियार–सं०स्त्री० [सं० कलिचार] सेना (अ.मा.)

कळियुगि–सं०पु०—कलियुग । उ०—**कळियुगि** मांहि कांन्हा चहूआंण, तुं ते अलावदीन सुरतांण ।—कां दे.प्र.

वि०—कलियुग संबंधी, कलियुग का, कलियुगी ।

कळियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ फँसा या धँसा हुआ. २ सराबोर । ३ नष्ट. ४ लुप्त । (स्त्री० कळियोड़ी)

कळियौ–सं०पु०—'कळसौ' का अल्पार्थ, छोटा जल-पात्र ।

कळिरव–सं०स्त्री० [सं० कलरव] कलरव, मधुरव । उ०—एक भरइ बीजी **कळिरव** करइ, तीजी घरी पीवजे ठंडा नीर ।—वी.दे.

कळिराज–सं०पु०—कलियुग । उ०—संभ घोर अंधकार **कळिराज** छायौ सत, जोर सत कियौ अवछन गवन जास ।

—उम्मेदसिंह मीसोदिया रौ गीत

कलिळ–सं०पु०—पाप (ह.नां.)

कळिहण–सं०पु० [सं० कलह] युद्ध, कलह । उ०—कर सत्र ग्रहे डसण खळ **कळिहण**, काढ़ी अणियाळी कुळ-भांण ।—हरिसूर बारहठ

कळिहारी–वि०स्त्री० [सं० कलह+रा०प्र० हारी] कलहप्रिय, झगड़ालू । उ०—लूखौ भोजन भू सुवण, घर **कळिहारी** नार । चौथा फाटया कापड़ा, नरक निसांणी च्यार ।—अज्ञात

कळी–सं०स्त्री० [सं० कलिका] १ बिना खिला हुआ पुष्प, कलिका । उ०—१ कळी **कळी** कुसमां ऊडावै, बांण पाथ कळी ।—अज्ञात
उ०—२ संग सखी सीळ कुळ वेस समांणी, पेखि **कळी** पदिमणी परि ।—वेलि.

[सं० कलिता] २ पत्थर का फूंका हुआ भाग जो प्रायः दीवारें आदि पोतने के काम आता है । उ०—महि मंडळ भींतिड़ा क्रीत सूं मीढ़तां । **कळी** पालट हुवै जाहि केता ।—अज्ञात. ३ नाइयों का नाक के बाल उखाड़ने का एक उपकरण. ४ छबि, शोभा. ५ वृक्ष (अ.मा.) ६ गप्प । उ०—टाबर भाठौ नीर ढोवै, कर कलोळ मेलै **कळी** । खंखेड़ा थारी माटी सूं, राजी दुनियां दूबळी ।—दसदेव. ७ मिट्टी का बना बड़ा पात्र जो प्रायः गाड़ी पर लाद कर पानी लाने के काम आता है. ८ बीज. ९ बाल, केश. १० छंद में टगण का एक भेद ऽऽ।। (डिं.को.) ११ शिव. १२ युद्ध. १३ स्त्रियों के लहंगे का एक पाट या हिस्सा. उ०—चंपा चंपेली की चतुर, सोहै माळी साथ । केसर लंहगां की कळयां, हितू छैल के हाथ ।—अज्ञात
कहा०—जीजी नाचै, हूं ई नाचूं; जीजी रै तौ साढ़ा तीन सौ कळी रौ गागरौ नै थारै भुआजी भुरराट करै—अपनी अवस्था भूल कर सामर्थ्य से बाहर दूसरे की नकल करने का प्रयत्न करना ।
१४ कीर्ति. १५ प्रकाश. १६ छंद शास्त्र में मात्रा का नाम. १७ कला. १८ जस्त या रांगे का बना हुक्का ।
वि०—१ अनर्थ करने वाला. २ अद्भुत कार्य करने वाला. ३ काम-क्रोधादि-विकारग्रस्त. ४ काला, श्याम. ५ समान, सदृश. उ०—मुरधरी माता कुरळावै कुरजां **कळी** ।—उदयराज उज्ज्वल
क्रि०वि०—तरह, प्रकार, भाँति । उ०—काळ अगन अत **कळी** पिंड इक दिन पीघळसी ।—ऊ.का.

कली–सं०स्त्री०—१ चमक-दमक. २ वह लेप जो चमकाने या रंग चढ़ाने के लिये किसी वस्तु पर चढ़ाया जाय, कलई, जैसे—बर्तनों पर कली, काच पर कली ।

कळीकोठार–सं०पु० [सं० कलिता+कोष्ठागार] वह सरकारी महकमा जिसमें मकानों की मरम्मत व सफेदी का जमाखर्च रहता था ।

कळीजणौ, कळीजबौ–क्रि०भाव वा०—१ दलदल या कीचड़ में फँसा या सराबोर हुआ जाना. २ भीगे हुए द्विदलों का पीसा जाना. ३ नष्ट होना, नाश होना, लुप्त होना । उ०—जस देसंतर जावही, रूपंतर बळवंत । काळंतर न **कळीजणौ**, जेहा तूं जांणंत ।—बां.दा.

कळीजणहार, हारौ (हारी), कळीजणियौ—वि० ।

कळिजिग्रोड़ौ, कळिजियोड़ौ, कळिज्योड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'कळणौ' ।

कळीट–वि०—काला-कलूटा ।

कळीदार–वि—१ जिसमें कळी हो । देखो 'कळी' २ (स्त्रियों का वह लहँगा) जो पाट या हिस्सेवार काट कर सिलाई किया गया हो ।

कलीदार–वि०—जिसमें कलई की हुई हो ।

कळीयंक–सं०पु० [सं० कलंक] दोष, कलंक । उ०—कोप करै कीधा अर कण कण, 'नींबा' हरा निकळंक नरेस । **कळीयंक** सबद न लागौ कोई । असुरे सुरे कियौ आदेस ।—दुरगादास राठौड़ रौ गीत

कळीयसी—देखो 'कळियसी' (रू.भे.) । उ०—कवी प्रभाव कल्पना, कुजल्पना **कळीयसी** । अनिच्छ जीव अद्यतें हरीच्छ सौ बळीयसी ।

—ऊ.का.

कलीळ–सं०पु० [सं० कलिल] पाप (ह.नां.)

कलीलिया–सं०स्त्री०—१ पंवार वंश की एक शाखा ।

कलीव–सं०नपु० [सं० क्लीव] नपुंसक, हिंजड़ा (अनेका.)

कळूंदौ—देखो 'कळोंदरौ' ।

कळुग्रार–सं०पु०—कलियुग । उ०—ओदध **कळुग्रार** जंळनासत भरियौ जवरा ।—अज्ञात

कळुख–सं०पु० [सं० कलुष] १ कलंक, दोष (डि.नां.मा.) २ पाप (ह.नां., अ.मा.) ३ मलिनता ।

कळुजी–वि०—१ पापी. २ दुष्ट ।
सं०पु०—कलियुग ।

कलुल–सं०पु०—पाप (ह.नां.)

कळुस–सं०पु० [सं० कलुष] १ देखो 'कळुख' (रू.भे., डि.को.) २ गदला पानी (डि.को.)

कळुंजी–सं०पु० [सं० कालाजाजी] प्रायः दक्षिण भारत में होने वाला एक पौधा विशेष जो मसाले के महीन काले दाने की कलियों का होता है । स्याहजीरा ।

कळुंबौ–सं०पु० [सं० कुटुम्ब] कुटुम्ब, कबीला (मि० 'कड़ूंबौ' रू.भे.)

कळू–सं०पु० [सं० कलि] १ कलियुग । उ०—झोले पवन कळू झपटांणौ, धन संचण अभलाख धरै । सुजस लेण आखेपन साभै, कांमातुर आखेप करै ।—अज्ञात २ बुरा समय ।

कळूकाळ–सं०पु० [सं० कलि+काल] कलियुग ।

कलूरौ–सं०पु—एक घास विशेष ।

कळूस—देखो 'कळुख' (ह.नां., रू.भे.)

कळेधन–सं०पु० [सं०कला+इन्धन] दीपक (अ.मा.)

कळेज, कळेजउ–सं०पु० [सं० कलेजा] देखो 'काळजौ' । उ०—काय उताळी कंकणी, जे मद पीवण जेज । कंत समप्पै हेकलौ, कटकां ढाहि कळेज ।—वी.स. उ०—२ कउआ दिऊं बधाइयां, प्रीतम मेळइ मुज्झ । काढ़ि कळेजउ आपणउ, भोजन दिऊंली तुज्झ ।—ढो.मा.

कळेजी–सं०स्त्री०—१ कलेजा. २ कलेजे का माँस जो विशेष स्वादिष्ट व सुपाच्य माना जाता है ।

कळजौ—देखो 'काळजौ' । उ०—भरि पावस सयणां पखै, उलहरियौ जसराज । जांणू छूं ले जाइसी, काढ़ि कळेजौ आज ।—जसराज

कलेवड़ौ–सं०पु०—कलेवे का अल्पार्थ । देखो 'कलेवौ' । उ०—लुळी लुगायां भेळा करै, आखे साल कलेवड़ौ । बाळक बीजां साथ खोड़ी खै, मुरधर री मेवड़ौ ।—दसदेव

कलेवर–सं०पु० [सं०] १ शरीर, देह (अ.मा.) । उ०—कमळ समांन कलेवर कोमळ, कठण बाट बन री भारी ।—गी.रां.
२ आकृति, आकार ।

कलेवौ–सं०पु० [सं० कल्यवर्त, प्रा० कल्लवट्ट अथवा कल्यवाह] १ प्रातःकाल किया जाने वाला हल्का भोजन, जलपान, नाश्ता ।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ ।
२ यात्रा के लिये घर से चलते समय साथ में बांधा जाने वाला भोजन, पाथेय ।

कळेस–सं०पु० [सं० क्लेश] १ दुःख, वेदना । उ०—कजिया रौ मुंह काळौ, कजिया में नित नवौ कळेस ।—बां.दा. २ कलह, झगड़ा. ३ परिश्रम. (डि.को.)

कळै—देखो 'कळह' (रू.भे.)

कळैगारौ–वि०पु० (स्त्री० कळैगारी) [सं० कलहकार] कलहप्रिय, झगड़ालू ।

कलौंदरौ–सं०पु०—लोहे का एक उपकरण जो बैलगाड़ी के तख्ते के पीछे की ओर दोनों बाजू में नीचे लगा रहता है जिसके सहारे चक्र के बाहर की ओर धुरी के सहारे के लिये लगाई जाने वाली पैंजनी के सिरे को खींच कर बाँधा जाता है ।

कलोड़ौ–सं०पु० [सं० कलोढ़] छोटा बैल (मि० 'किलोड़ौ', 'किल्होड़ौ' रू.भे.) उ०—कमळ झाड़ै पड़ै न चालै कलौड़ा, छांड भाजै भरै जीव छेला । 'अजा' रा पूजीया भांड कांधौ अबै, बेगड़ा तांड तौ जिसी वेळा ।—हरनाथसिंह चांपावत रौ गीत

कळोधर–सं०पु०—१ कुल या वंश को धारण करने वाला, पुत्र (डि.को.) उ०—भालां तणौ पांणगौ भारी, कुंभ कळोधर ज तैं कियौ । तण अपहार वेवलां तोड़े, गोरी सेन अचेत गियौ ।
—उडणा प्रथीराज रौ गीत

कलोरी—देखो 'कलवरी' (रू.भे.)

कलोळ–सं०पु० [सं० कल्लोल] आमोद-प्रमोद क्रीड़ा, केलि ।
उ०—१ टाबर भाठौ नीर ढोवै, कर कलोळ मेलै कळी ।—दसदेव
उ०—२ अनेक भांत रा पसु पक्षी कलोळ करै छै ।
—डाढ़ाळा सूर री वात

कलोळिया–सं०स्त्री०—पँवार वंश की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

कळौंजी—देखो 'कळूंजी' (रू.भे., अमरत)

कलौ–सं०पु०—१ हाथों के सोने या चाँदी के गहने बनाने का एक औजार विशेष. २ फेफड़ा (डि.को.) ३ युद्ध (रू.भे. 'कळह')

कल्ड–सं०स्त्री—एक प्रकार की उत्तम घास जिसे घोड़े बड़े चाव से खाते हैं ।

कल्ड़ू–सं०पु०—१ रहंट की माल के सिरों को गूँथने के लिये काम में लाया जाने वाला लकड़ी का गुटका २ देखो 'करड़ू'

कल्पंत—देखो 'कळपांत' । उ०—किता तैं बार बिखै कल्पंत । बांधी ले संग प्रथी बळवंत ।—ह.र.

कल्प–सं०पु० [सं०] १ वेद का एक अंग जिसमें यज्ञादि करने का विधान है. २ वैद्यक के अनुसार रोग निवृत्ति की एक युक्ति. ३ एक प्रकार का नृत्य. ४ समय का एक विभाग। इसे ब्रह्मा के एक दिन के बराबर माना जाता है जो १४ मन्वंतर या ४३२०००००० वर्ष का होता है।

कल्पणौ, कल्पबौ—देखो 'कळपणौ' (रू.भे.) उ०—हरि सुख छांडि साहि सुख कोड़ी, कल्पत गया किता सिर कूटि ।—ह.पु.वा.

कल्पत–सं०पु०—१ द्वेष, वैर । उ०—खूंन कियां जांणै खलक, हाड बैर जौ होय । बणै सगाई वयण तौ, कल्पत रहै न कोय ।—र.रू.

कल्पण, कल्पना–सं०स्त्री० [सं० कल्पना] १ रचना, बनावट, मनगढ़ंत बात. २ इंद्रियों के सामने अनुपस्थित वस्तुओं के स्वरूप को उपस्थित करने की एक शक्ति ।

कल्पांत–सं०पु० [सं०] देखो 'कळपांत ।

कल्पित–सं०पु०—दुष्ट हाथी (डि.को.)

वि०—कल्पना किया हुआ।

कल्पी–वि० [सं०] १ कल्पना करने वाला. २ काव्यशास्त्र का रचयिता।

कल्मौ—देखो 'कलमौ' (रू.भे.) उ०—**कल्मां** नहि भरि है पांन कांन, मारेहु न व्है हैं मुसलमांन।—ऊ.का.

कल्यांण–सं०पु० [सं० कल्याण] १ मोक्ष। उ०—सबद बतावै हेकठा तब होय **कल्यांण**।—केसोदास गाडण २ एक प्रकार का छंद (ल.पिं.) ३ एक शुद्ध राग जो संपूर्ण जाति का होता है। यह श्री राग का सातवाँ पुत्र माना जाता है। उ०—भणंत स्री विनोदयं, **कल्यांण** केक मोदयं। खंभायची पटं गयं, वगेसरी विहंगयं।—रा.रू.

कल्यांण-कळस–सं०पु०यौ० [सं० कल्याणकलश] मांगलिक कलश (जैन)

कल्यांणकुंवर–सं०स्त्री०—पंवारवंशोत्पन्न एक देवी का नाम। (बां.दा. ख्यात)

कल्यांणी–सं०स्त्री० [सं० कल्याणी] सौभाग्यवती स्त्री, सधवा।

कल्यांणोत–सं०पु०—कछवाहा वंश की एक शाखा या व्यक्ति। (बां.दा. ख्यात)

कल्ल–सं०पु०—एक प्रकार का घास विशेष।

कल्लयांण–सं०पु० [सं० कल्याण] देखो 'कल्यांण'। उ०—पयंपै ईसर जोड़े पांण, क्रपा हिव मूझ करौ **कल्लयांण**।—ह र.

कल्लर–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का छोटा कीड़ा जो शकरकंद की फसल, मिट्टी के बर्तन और मिट्टी के बने अन्य पदार्थो को खराब या नष्ट कर देता है २ खट्टा और पतला छाछ मिला एक प्रकार का पेय पदार्थ। उ०—माहव सूम मिळाव मत, ऐड़ा घरां हिसाब। के हल्लर फल्लर करै, पावै **कल्लर** राब।—बां.दा. ३ युद्ध में बजाया जाने वाला बाजा विशेष (वं.भा.) उ०—त्रंब त्रहक्कै **कल्लरै** वर बंब बजाया, सहनाइन लग्गी ललक सिंधु सुणवाया।—वं.भा.

कल्लौ—देखो 'किलौ'।

कल्हण–सं०पु०—१ युद्ध (मि० 'कळहण' रू.भे.) २ संस्कृत का एक प्रसिद्ध प्राचीन पंडित।

कल्हार–सं०पु० १ पुष्प (ह.नां.) २ श्वेत कमल. ३ सुगंधित कमल।

कल्है–सं०पु० [सं० कलि] कलह, युद्ध (रू.भे.)

कल्होड़ौ–सं०पु०—छोटा बैल। उ०—इणि परि वांदिवा आव्या कुणही जौ तस्या वहिलई **कल्होड़ा** कुण ही पल्लांण्या आसण होड़ा। —रा.सा.सं.

कवंद–सं०पु० [सं० कवींद्र] कविराज, श्रेष्ठ कवि (अ.मा.) उ०—सरव **कवंद** सिहाय, हौ अड्डार वरणा। रावळ राजा रज्जिया, अन राजा राणां।—लूणकरण कवियौ

कवंध—देखो 'कबंध'।

कव–सं०पु० [सं० कवि] १ देखो 'कवि' (अ.मा.) २ वृहस्पति (अ.मा.) [सं०] ३ घोड़ा (अ.मा.)

कवक–सं०पु० [सं० कवल] १ ग्रास, निवाला. २ वादा, वचन। क्रि०वि०—१ कभी. २ कब. ३ कैसे।

कवच–सं०पु० [सं०] १ आवरण. २ छाल. ३ योद्धाओं के पहनने का लोहे की जाली का एक पहिनावा, जिरहबख्तर। उ०—इम कुंभ अंधारी कुच सु कंचुकी, **कवच** संभु कांम क कळह।—वेलि.

कवचदीप–सं०पु० [सं० क्रौंच-द्वीप] पुराणों के अनुसार पृथ्वी के सात बड़े खंडों में से एक, क्रौंच-द्वीप (रा.रू.)

कवजौ—देखो 'कबजौ' (रू.भे.)

कवडाळौ–वि० (स्त्री० कवडाळी) १ कपर्दिकाओं (कौड़ियों) से युक्त। उ०—ईंढ़ी **कवडाळी** माथे पर ओडी, छैली अलकावळ मुखड़ै पर छोडी। —ऊ.का.

२ उमंगयुक्त (मि. 'कोडाळौ' रू भे.)। उ०—सिर सेली वाळौ हीर जड़ चौ, मुख **कवडाळौ** रतन जड़चौ।—लो.गी.

सं०पु०—एक पक्षी विशेष।

कवडियौ–सं०पु०—कौडियों के आकार की छोटी-छोटी छितियों वाला सर्प विशेष।

कवडी–सं०स्त्री०—१ देखो 'कबड्डी' (रू.भे.) २ कौड़ी, कपर्दिका। उ०— प्रीतम-हूती बाहिरी, **कवडी** ही न लहांइ। जब देखूं घर आंगणइ लाखे मोल लहांइ।—ढो.मा.

कवडौ, कवड्डु–सं०पु०—१ कपर्दिका के रंग का घोड़ा विशेष (शा हो.) २ कौड़ी, कपर्दिका। उ०—कसूमल छोळ भरै नड खड्डु, करद्दम आमिख हड्ड **कवड्डु**।—मे.म.

कवड्डी—देखो 'कवडी'। उ०—एकइ वन्न वसंतड़ा, ए वड अंतर काय। सिंघ **कवड्डी** ना लहै, गयवर लाख विकाय।

—अचळदास खीची री वचनिका

कवण–सर्व०—कौन, क्या, प्रश्नवाचक सर्वनाम जिसके द्वारा अभिप्रेत व्यक्ति या वस्तु पूछी जाती है। उ०—१ कवि पार तूझ ईसर कहै, काळीका जांणै **कवण**।—देवि. उ०—२ कर जोड़ एम ईसर कहै, कर पूजा जांणै **कवण**।—ह.र.

कवत–सं०पु० [सं० कवित्त] दंडक के अंतर्गत ३१ अक्षरों का एक वृत्त (छंदशास्त्र)। उ०—रिझाइ गावै नृप **कवत** कर, केइ गावै करतार —पा.प्र.

कवता–सं०स्त्री० [सं० कविता] कविता।

कवरजा–सं०पु० [सं० कविराजा] कविराजा, श्रेष्ठ कवि।

कवररस–सं०पु० [सं० कमल-रस] हंस (अ.मा.)

कवरांगुर–सं०पु० [सं० कुमार+गुरु] १ प्रधान राजकुमार. २ राजकुमार का गुरु।

कवरांणी–सं०स्त्री०—राजकुमार की धर्मपत्नी।

कवरांपत, कवरांपति–सं०पु०—युवराज। उ०—यर दसूं दसा रा छोड भागै उतन, करै कुण समर फिरंगांण मांनै कथन। महाबळ आज रौ असौ घोळै मथन, 'रतन' **कवरांपति** कढ़ण चवदै रतन।

—जवांनजी आढ़ौ

कवराय, कवराज, कवराजा–सं०पु० [सं० कवि+राट्] कविराजा, श्रेष्ठ

कवि (अ.मा.) उ०—कांम पड़ै कढ़ कोट, आग जद व्है अमरावां। कांम पड़ै कायबां, आग जद व्है कवरावां।—वि.सं.

कवल—सं०पु०—१ वादा, प्रतिज्ञा, कौल, इकरार। उ०—म्हे तौ लीयौ **कवल** कराय हौ रघुनंदजी, अब देतां फाटे हीयौ हौ रघुवरजी।
—गी.रा.

२ कौर, ग्रास। उ०—नीला मौ पहली पड़ै, कीध उतावळ कांय। बाल्हा **कवलां** पाळियौ, पड़तौ मूझ पुगाय।—वी.स.

कवळ—सं०पु० [सं० कमल] १ कमल। उ०—मीरां के प्रभु गिरधर नागर, चरण ही **कवळ** रखाय।—मीरां २ सूअर (डिं.को.) (मि. कवळौ) ३ वराहावतार। उ०—आखा दखरण सुमेळ उखेलै, ताखा लियां सांमध्रम तीख। धरणी ज तूं फवियौ राखण धर, स्रीवर **कवळ** रदन सारीख।—किसनौ आढ़ौ ४ सफेद रंग का सूअर।

कवळधात—सं०पु० [सं० कमलधाता] सूर्य्य (अ.मा)

कवळापति—सं०पु० [सं० कमला+पति] विष्णु। उ०—ससिहर कै घरि सूर समावै उलटि, उलटि कवळ **कवळापति** पावै।—ह.पु.वा.

कवलास—सं०पु० [सं० कैलास] कैलास पर्वत (रा.रा.)

कवलियौ—सं०पु०—सोने चाँदी के आभूषणों पर खुदाई करने का स्वर्णकारों का एक औजार विशेष।

कवळी—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की गाय। यह शुभ मानी जाती है (ह.नां) उ०—कपळा **कवळी** ने बारै पुचकारै लाखर-लाखर ऐ आखर मन मारै।—ऊ.का. २ देखो 'कंवळी'।

कवळौ—सं०पु० १ देखो 'कंवळौ' २ बैल।
[सं० कोल] ३ सूअर। उ०—इण **कवळै** (वाराह) तूंड रै जोर हाथी पाड़िया, फेट दे घोड़ा सवार पाड़िया, डाढ़ां (दातड़ी) सूं सूरवीरां नै ओभाड़िया, भटकौ दे हेटा न्हांकिया।—वी.स.टी.
४ वीर, योद्धा, सूर। उ०—मांटीपणौ तुहाळौ 'माना', रहियौ घणूं घणा दिन रोस। कोस हेक मरवा जावै कुण, **कवळौ** गयौ हजारां कोस।—दुरसौ आढ़ौ
वि०—देखो 'कंवळौ'।
क्रि०वि०—पास, निकट।

कवल्सी—सं०पु० [सं० कैलास] कुबेर (ह नां.)

कवसळ—सं०स्त्री० [सं० कौशल्या] कौशल्या (रू.भे.)

कवसळेंद—सं०पु० [सं० कौशलेंद्र] श्री रामचन्द्र (र.ज.प्र.)

कवसल्या—सं०स्त्री० [सं० कौशल्या] दशरथ की पटरानी जो श्री रामचंद्र की माता थी (र.रू.)

कवांण, कवांन—सं०पु० [फा० कमान] १ धनुष। उ०—सुणतांई जोधारपुर चोगड़द तूटे, **कवांण** के चल्ले तें सायक से छूटे।—र.रू.
२ एक प्रकार का फैलने वाला कांटेदार पौधा (अमरत)

कवांरपाठौ—सं०पु०—एक प्रकार का क्षुप जो खारी रेतीली भूमि व नदी के किनारे पर अधिक होता है, घी-कुंवार

कवाड़—सं०पु० [सं०कपाट] कपाट (डिं.को.)

कवाड़पण, कवाड़पणौ—सं०पु०—रक्षकपन, रक्षा करने का भाव। उ०—अर आपरी आऊ रे बळ ऊबरिया अंग नूं **कवाड़पणा** में गाढ़ौ करण कलंब रूप कांटा में जड़ियौ।—वं.भा.

कवाड़ियौ—सं०पु० [सं० कुठार] १ छोटी कुल्हाड़ी (अल्पा.)
कहा०—१ इण कवाड़िया माथै ओई डांडौ—बुरे स्वभाव वाले समान व्यक्तियों के मिलने पर।
२ कीं तौ कवाड़ियौ भोंटौ और कीं धव चीकणौ—कुछ तो कुल्हाड़ा ही भोंटा है और कुछ कटने वाली लकड़ी भी चिकनी है अतः कट नहीं सकती। थोड़ी बहुत कमी दोनों ओर होने पर कही जाने वाली कहावत। ३ पग में कवाड़ियौ क्यों बावणौ—अपने हाथों अपनी हानि करना अच्छा नहीं।
२ छोटा कपाट (अल्पा०)

कवाड़ी—सं०स्त्री०—१ छोटी कुल्हाड़ी (अल्पा.) २ छोटा कपाट. ३ आडी व खड़ी लकड़ियों को जोड़ कर बनायी गयी रोक।

कवाड़ौ—सं०पु०—कुल्हाड़ी।

कवाज—सं०स्त्री [अ० कवायद] १ सेना का युद्धाभ्यास, लड़ने वाले सिपाहियों की युद्ध नियमों के अभ्यास की क्रिया, कवायद. २ नियम, कायदा।

कवाद—सं०पु०—१ देखो 'कवाज' (रू.भे.) बंकौ भाराथां पाराथ गाथ असत्रां जुगाद वेता, ससत्रां कवाद जेता धारियां सधीर।—क.कु.बो.
[सं० कवि] २ कवि.
[रा०] ३ सींग के टुकड़ों का बना धनुष या कमान। उ०—उस बिरयां मुलतांन खां मूंछां कर घल्लै। ऐंचि **कवादे** टंक तोलि जब्बू कहि बुल्ले।—ला.रा.

कवादु, कवादू—वि०—जिसे कवायद का अभ्यास हो। उ०—संथा वीर विद्या **कवादू** ससत्रां आभ लागा सूर। जवां दूजमथी जोम अथागा जरूर।
—दादूपंथीया रौ गीत

कवार—सं०पु० [सं० कुमार] १ कुमार। उ०—रिम वीर सहायत कौ रण रौ, अत दीह **कवार** लिछम्मण रौ।—पा.प्र.
[सं० कुंभकार] २ कुम्हार, कुंभकार।

कवारपाठौ—सं०पु०—घी-कुंआर (अमरत)

कवारी-घड़ा—देखो 'कंवारी-घड़ा' (रू.भे.)

कवारौ—वि०पु० [सं० कुमार (स्त्री० कवारी) अविवाहित।
(रू.भे. 'कंवारौ')

कविंद—सं०पु० [सं० कवि+इंद्र] काव्यकार, श्रेष्ठ कवि (पिं.प्र.)

कवि—सं०पु० [सं०] १ काव्यकार, कविता बनाने वाला।
कहा०—१ कबि, चतारौ, पारधी, नृप, वेस्या अर भट्ट यां से कपट न कीजिये, यांरा रच्या कपट्ट—कवि, चित्रकार, शिकारी, राजा, वेश्या और कथाभट्ट इनसे कभी कपट नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये स्वयं इतने कपटी होते हैं कि मानो कपट ही इनका रचा हुआ हो। २ जठै न पोंछै रवि उठै पोंछै कवि—जहां सूर्य भी नहीं पहुँचता वहाँ

कवि की कल्पना पहुँच जाती है। कवि की प्रशंसा के लिये।
२ वाल्मीकि (ग्र.मा.) ३ व्यासदेव. ४ सूर्य (डि.को.) ५ पंडित.
६ शुक्र, शुक्राचार्य (ग्र.मा.) ७ ब्रह्मा (रू.भे. 'कवि')

कविग्रण—सं०पु० [सं० कवि+जन] कवि, कविजन (रू.भे.)। उ०—ग्रणकळ विमळ कहै तवि **कविग्रण**, घण सत व्रतंत दंत महंत घण।—ल.पिं.

कविईलोळ—सं०पु०—डिंगल का एक गीत (छंद) जिसके प्रत्येक पद में १६ मात्रायें तथा ग्रंत में सगण होता है। बाद के दो तुक प्रथम दो तुकान्त के उलट-पलट शब्द होते हैं।

कवित—सं०पु०—१ देखो 'कविता'. २ छप्पय छंद का नाम. ३ इकतीस ग्रक्षरों का एक वृत्त। इसमें ८,८,८,७ के विराम से ३१ वर्ण होते हैं। ग्रंत में गुरु होता है। इसे मनहरन भी कहते हैं।
कहा०—कवित सोवै भाट नै, खेती सोवै जाट नै—जो जिसका कार्य हो वह उसी को शोभा देता है।

कविता—सं०स्त्री०—मनोविकारों पर प्रभाव डालने वाला रमणीय वर्णन, काव्य-रचना की शक्ति।
कहा०—कविता तौ कूवै पड़ी, चूल्है पड़ी चतुराई। 'रांघौ' चेतन यूं कहै, कमाई जिकौ खाई—कविता व चातुर्य्य सब बेकार है, मनुष्य का पेट पैसा कमाने से भरता है। कविता पर व्यंग।

कविताई—देखो 'कविता'

कविति—सं०पु०—१ देखो 'कवित'
सं०स्त्री०—२ देखो 'कविता'

कवियण—सं०पु० [सं० कविजन] कवि, कविजन (रू.भे.)
उ०—पायौ किण धनवंत पद, दामें डावड़ियांह। **कवियण** किण पायौ कुरब, मांगे मावड़ियांह।—बां.दा.

कविरजा, कविराज, कविराजा, कविराव—सं०पु० [सं० कवि+राट्] १ श्रेष्ठ कवि. २ राजा-महाराजाओं द्वारा चारण कवियों को दिया जाने वाला पद या उपाधि. ३ इस पद या उपाधि को पाने वाला कवि. ४ श्रेष्ठ वैद्य।

कविळास, कविळासि, कविळासी—सं०पु० [सं० कैलास] १ तिब्बत की सीमा में स्थित कैलाश पर्वत जो शिव का निवास-स्थान माना जाता है। उ०—१ माथै मुकट सोना तणौ, राजा इंद्र सभा मांहे **कविळास**।—बी.दे. उ०—२ **कविळास** सूं सिंघवाहणी चंडी सहित ईसर विखभ चढ़ि ग्राया।—वचनिका
२ कैलास पर्वत पर निवास करने वाला शिव. ३ कैलास पर्वत का स्वामी, कुबेर. (ह.नां.,नां.मा.)

कविळौ—देखो 'कवळौ' (रू.भे.)

कवींद, कवींद्र—सं०पु० [सं० कवींद्र] श्रेष्ठ कवि। उ०—नाहर तणौ ग्रगंजी नूभै नर, करै न समजत दूजा कोय। काज सुधारण सदा **कवींदां**, हाटक रा ग्रालंकृत होय।—नींबोळ सरूपसिंह रौ गीत

कवी—१ देखो 'कवि' (रू.भे.)
सं०स्त्री० [सं०] २ घोड़े की लगाम। उ०—धकेती **कवी** ग्रब्बतै ग्रब्भ वावै, विसाखा सुची रिच्छका खाव नावै।—वं.भा.

कवीग्रण—देखो 'कविग्रण' (रू.भे.)

कवीट—देखो 'कटूंबर' (ग्रमरत)

कवीयंद—सं०पु० [सं० कवींद्र] श्रेष्ठ कवि, कवींद्र। उ०—जिसा हाका मालम सोह जांणै, तू राखै **कवीयंदां** तीख।
—नींबोळ सरूपसिंह रौ गीत

कवीयण, कवीग्रंण—सं०पु०—देखो 'कवियण' (रू.भे.)। उ०—पनंग तणौ दूर कर पासौ, **कवीयण** 'ग्रासौ' एम कहै।—ग्रासौ गाडण

कवीलौ—सं०पु०—१ रनिवास की स्त्रियां। उ०—पदमसिंघजी रा कवीला वसी धणाले कूंपावतां रै गया।—बां.दा.ख्यात
२ देखो 'कबीलौ' (रू.भे.)

कवीसर—सं०पु० [सं० कवीश्वर] कवीश्वर, कविराज।

कवू—देखो 'कऊ' (रू.भे)

कवेरजा—सं०स्त्री०—दक्षिण की कावेरी नदी। उ०—कांठै नदी **कवेरजा**, खेमा खड़ा कियाह।—बां.दा.

कवेल—सं पु० [सं०केवल्य] श्रीकृष्ण (ग्र.मा.)

कवेळा—सं०स्त्री० [सं० कु+वेला] बुरा समय, कुसमय।

कवेळू—सं०पु०—खपरैल।

कवेळौ—सं०पु०—बुरा समय, कुसमय।

कवेस, कवेसर, कवेसुर—सं०पु० [सं० कवि+ईश, ईश्वर] कवींद्र, कविराज, श्रेष्ठ कवि (ग्र.मा.) उ०—पंगी काज **कवेसां** पमंगी करै पेस।
—ग्रज्ञात

कवौ—सं०पु०—कौर, ग्रास, निवाला।
क्रि०प्र०—देणौ, लेणौ।
कहा०—मूंडै ग्रायौ कवौ नईं गमावणौ—मुंह तक ग्राया हुग्रा कौर नहीं छोड़ना चाहिये। जो वस्तु मिलने को हो उसको छोड़ना उचित नहीं।

कव्यंद—सं०पु० [सं० कवीन्द्र] महाकवि, कवीन्द्र। उ०—वरवीरं छंद कह यम **कव्यंद**।—र.ज.प्र.

कव्य—सं०पु०—वह ग्रन्न जो पितरों के निमित्त दिया जावे।
उ०—द्विजन्म पाय हव्य **कव्य** हव्य वाट में दहे।—ऊ.का.

कव्वाल—सं०पु०—१ मुसलमानों में गाने-बजाने वाली एक जाति विशेष. २ कव्वाली गाने वाला।

कव्वाली—सं०स्त्री०—१ एक गीत जो प्रायः सूफियों की मजलिस में गाया जाता है. २ इस धुन में गाई जाने वाली कोई गजल। यह प्रायः समूह में गाई जाती है. ३ मुसलमान पीरों की स्मृति में गाये जाने वाले विशिष्ट पद्धति के सामूहिक गीत।

कस—सं०पु०—१ सार, निचोड़, तत्व। उ०—ग्राखी ऊमर ग्रांरौ कस ग्रायौ, छळ बळ मुतळब बस कर छिटकायौ।—ऊ.का.
क्रि०प्र०—काढ़णौ, खींचणौ, लेणौ।

२ किसी आर्द्र पदार्थ को पीस कर निकाला हुआ सार ।

क्रि०प्र०—काढ़णौ, खींचणौ ।

३ एक सुगंधित तृण विशेष, खस (रू.भे., डिं.को.) ४ प्रायः प्रातः-काल या सायंकाल होने वाले छोटे छोटे छितराये हुए बादल-खंड । उ०—हुवौ थिर समदर आभौ जांण । कसां में घुळै कसुंबल रंग । —सांभ

५ शक्ति. ताकत । उ०—जैमल धणी कस मांहे कहै 'मसालां' घणी करौ, मसालां हाथियां ऊपर भालनै चडौ ।—नैणसी

[सं० कसा] ६ चाबुक, कोड़ा ।

सं०स्त्री० [सं० कषः] ७ कसौटी. ८ कंचुकी बाँधने की डोरी। उ०—बीजुळियां चहळावहळि, आभय आभय कोडि । कद रे मिळऊंली सज्जनां, कस कंचूकी छोडि ।—ढो.मा.

वि०—थोड़ा, कम ।

कसक-सं०पु०—१ कासीस नामक धातु (डिं को) २ दर्द ।

कसकणौ, कसकबौ-क्रि०अ०—१ कसकना, दर्द करना । उ०—जग 'राजड़' अलंग सूं जडियौ पंजर, कसकै पंजर पसार । हाथ न लागौ जठै हाड़कौ, साज इलाज नहीं संसार ।—महारांणा राजसिंह रौ गीत

२ भागना. ३ खसकना ४ लचकना । उ०—बेतरफ भड़ वेढिंग रा जूटा हुंगांमी जंग रा, धसमसक धरणी कसकै कूरम, ससक नासा सेस ।—र.रू.

कसकणहार, हारौ (हारी), कसकणियौ—वि० ।

कसकाणौ, कसकाबौ—स०रू० ।

कसकिम्रोड़ौ, कसकियोड़ौ, कसक्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कसकत-सं०पु०—कसक, पीड़ा, चुभन ।

कसकाणौ, कसकाबौ-क्रि०स० ('कसकणौ' का स.रू.) १ कसकाना. २ भगाना. ३ खसकाना. ४ लचकाना ।

कसकाणहार, हारौ (हारी), कसकाणियौ—वि० ।

कसकायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

कसकावणौ, कसकावबौ—रू०भे० ।

कसट-सं०पु० [सं० कष्ट] १ कष्ट, पीड़ा (डिं.को.) २ संकट । उ०—कसट सहियौ जिकौ हाल मालुम कियौ, हाल कहियौ अतै व्हाल हुयगौ ।—मे म. ३ प्रसव-वेदना ।

कसटणौ, कसटबौ-क्रि०अ०—१ कष्ट से पीड़ित होना. २ प्रसव-पीड़ा से ग्रस्त होना ।

क्रि०स०—३ कष्ट देना ।

कसटणहार, हारौ (हारी), कसटणियौ—वि० ।

कसटिम्रोड़ौ, कसटियोड़ौ, कसट्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कसटि—देखो 'कसट' । उ०—पूजियै कसटि भंगि वनसपती, प्रसूतिका होळिका प्रब ।—वेलि.

कसटियोड़ी-भू०का०कृ०स्त्री० [सं० कस्टित] प्रसव-पीड़ा से ग्रस्त ।

कसटियोड़ौ-भू०का०कृ०—कष्ट से पीड़ित । (स्त्री० कसटियोड़ी)

कसण-सं०पु० [सं० कृशानु] १ आग, अग्नि, हुतासन । उ०—बिण रवि बोम कसण ज्योति विण, धाराहर विण जसी धर ।—अज्ञात २ कंचुकी का बंधन । उ०—नाग फणां का तड़कली, छोटि कसण पयोहर खींची ।—बी.दे. ३ बंधन, कसन । १ उ०—गहड़ घड़ कांमणी करै पांणी ग्रहण, करगि खग वाहतौ जुवा जूसण कसण ।—हा.भा. उ०—२ कांमणियां तणै तांणिये कसणै मोहै दूजां तणा मण(न), 'राजड़ा' रांण रहै रळियावत, कसियां जरदाळै कसण ।

—जोगीदास कवारियौ

कसणका, कसणक्क-सं०पु०—कवच । उ०—कसणक्क भणक्क बड़क्क कड़ा, पिंडवक्क थड़क्क दड़क्क पुड़ा ।—पा.प्र.

कसणा, कसणियौ—देखो 'कसण' (२, ३)

कसणी-सं०स्त्री०—१ रगड़ कर परीक्षा करने का काला पत्थर विशेष, कसौटी । उ०—जन हरिदास अहरणि घण कसणी, तब हरि हाथ पसारै ।—ह.पु.वा. २ कष्ट, तकलीफ. ३ ऊंट के चारजामे के ऊपर का बंधन (क्षेत्रीय) ४ बंध. ५ कंचुकी बाँधने की डोरी ।

कसणौ-सं०पु०—१ देखो 'कसणी' । उ०—कांमणियां तणै तांणियै कसणै । मोहै बीजां तणा मण (न) । 'राजड़' रांण रहै रळियावत, कसियां जरदाळै कसण ।—जोगीदास कवारियौ २ गरदन, सिर. ३ कवच का हुक ।

कसणौ, कसबौ-सं०पु०—वह रस्सी या फीता जिससे किसी वस्तु को कस कर बाँधते हैं । कसन, कसना । उ०—सजि कसणा करि लाज ग्रहि, चढ़ियउ साल्हकुमार ।—ढो.मा.

कसणौ, कसबौ-क्रि०स०—१ मजबूत बाँधना । उ०—कसिया जरद धणी धर कारण, जस रसिया रूकां जमरांण ।

—आंबेर प्रतापसिंह रौ गीत

२ कसौटी पर कसना, कसौटी पर लेना । उ०—घड़ अहरण रतन 'जसौ' घण घाम्रे, दोमभि कसे कसवटी दीध । सोव्रन जड़त जिसा नह सोभा, लोह लगा अंग सोभा लीध ।—रांमौ आसियौ

३ भींचना, दबाना. ४ कटिबद्ध होना, सन्नद्ध होना । उ०—काळ सकळ जग काटवा, कस ऊभौ केवांण ।—ह.र. ५ कसमसाहट करना । उ०—भांति भांति रा जाति जाति रा नाहर सांकळै जड़िया रहड़ुए गाडे बैठा कसता, कणणता, बूंबाड़ा करता वहै छै ।

—रा.सा सं.

६ धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना । उ०—करै पंच निवाज वाचै कुरांण कुलाधम्म रत्ता कसंता कबाणं ।—वचनिका ७ साज आदि रख कर सवारी तैयार करना. ८ पुरजों को मजबूती से बैठाना. ९ रस्सी, तार आदि के खिंचाव से तन कर तैयार होने वाले वाद्यों को चढ़ाना, बजाने के लिए तैयार करना ।

क्रि०अ०—१० कसैला होना, कसिया जाना. ११ बंधन के तनने से बंधी हुई वस्तु का अधिक दब जाना ।

कसणहार, हारौ (हारी), कसणियौ—वि० ।

कसाणौ, कसाबौ, कसावणौ, कसावबौ—स०रू० ।

कसिग्रोड़ौ, कसियोड़ौ, कस्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कसीजणौ, कसीजबौ—कर्म वा० भाव वा० ।

कसतूरियौ–वि०—१ कस्तूरी का, कस्तूरी संबंधी. २ कस्तूरां के रंग का ।

सं०पु०—कस्तूरी के रंग से मिलता-जुलता एक प्रकार का घोड़ा । —शा हो.

कसतूरियोम्रग, कसतूरियोम्रघ–सं०पु० [सं० कस्तूरीमृग] वह मृग जिसकी नाभि में कस्तूरी निकले ।

कस्तूरी–सं०स्त्री० [सं० कस्तूरी] एक प्रसिद्ध सुगंधित द्रव्य जो एक विशेष प्रकार के मृग की नाभि से निकलता है । मृगमद ।

कसन–सं०पु० [सं० कृष्ण] १ श्रीकृष्ण (डि.को.) २ विष्णु (डि.को.)
वि०— श्याम, काला* ।

कसनाग, कसनागर, कसनागरौ–सं०पु०—अफीम (डि.को.)

कसनावास–सं०पु० [सं० कृष्ण+वास] पीपल का पेड़ (डि.को.)

कसप–सं०पु० [सं०कश्यप] एक वैदिककालीन ऋषि जो महर्षि मरीचि के पुत्र और सृष्टि के पिता थे। दिति और अदिति इनकी स्त्रियाँ थीं। उ०—सुरपत रै अजन कसप रै सूरज, तमहर रै क्रन ऊंची तांण ।—मेघराज आढ़ौ

कसपतनु–सं०पु०यौ० [सं० कश्यप+तनु] गरुड़ (ना.डि.को.)

कसपरजवाळी–सं०स्त्री०—भूमि, पृथ्वी (डि.को.)

कसब–सं०पु०—पेशा, धंधा. २ व्यभिचार से पैसा कमाने का कार्य. ३ वेश्यावृत्ति ।

कसबन–सं०स्त्री०—वेश्यावृत्ति करने वाली स्त्री ।

कसबी–सं०स्त्री०—ऊँट पर चारजामा कसने के लिये पट्टा या मोटा फीता । उ०—ढोलउ करहउ सज कियउ, कसबी घात पलांण । सोवन-वांनी घूघरा, चालणरइ परियांण ।—ढो.मा.

कसबोई, कसबोय, कसबोह–सं०स्त्री० [फा० खुशबू] सुगंध (डि को.)
उ०—झुक-झुक गोडी लार झमक रमझोळ की, पटा छूट कसबोह भमर भणंकै परां ।—महादान महडू

कसबौ–सं०पु० [अ० कसबा] १ बड़ा गाँव, कस्बा । उ०—कसबा नोलगड कै तौ जमीं की सांकड़ाई, सम्रथसिंघजी का कैर कांकड़ की अड़ाई ।—शि.वं.
२ एक प्रकार का सरकारी लगान. ३ देखो 'कसबोय' (रू.भे.)

कसम–सं०पु० [अ०] १ शपथ, सौगंध ।
क्रि०प्र०—काढ़णी, खाणी, घालणी, देणी, लेणी ।
[अ० खसम] २ शौहर, पति ।

कसमल–सं०पु० [सं० कश्मल] पाप (ह.नां.)

कसमलप्रिय–सं०पु०यौ० [सं० कुसुम+प्रिय] भौंरा (ह.नां.,अ.मा.)

कसमसणौ, कसमसबौ–क्रि०अ०—१ हिचकिचाना. कसमसाहट करना, कुलबुलाहट करना । उ०—सेल घमोड़ा किम सह्या, किम सहिया गजदंत । कठिण पयोहर लागतां, कसमसतौ तू कंत ।—हा.झा.
२ किसी कार्य को करने में असमर्थता प्रकट करना. ३ उत्कंठित होना. ४ बेचैन होना, घबराना ५ दबना. ६ कंपायमान होना, कांपना ।

कसमसणहार, हारौ (हारी) कसमसणियौ—वि० ।

कसमसाणौ, कसमसाबौ—स०रू० ।

कसमसिग्रोड़ौ, कसमसियोड़ौ, कसमस्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कसमसाट–सं०पु०—१ हिचकिचाहट. २ कसमसाहट ।

कसमस्सणौ, कसमस्सबौ—१ देखो 'कसमसणौ' (रू.भे.)
उ०—कसमस्से कौ रंभ सेस नागिंद्र सलस्सलि । सात समंद गिर आठ, तांम धर मेरु टळट्टळि ।—वचनिका

कसमार–सं०पु०—किसी बंधन के दो सिरों को मिला कर बाँधने या कसने की अंकुसी, बकसुआ (मि० 'बक्कल' अं०)

उ०—तरवार तांणी **किचकिची** खाई, पण कांई सोच'र पाछौ बैठ गयौ।—वरसगांठ २ किसी वस्तु या पदार्थ (जिसमें घी की मात्रा कुछ ग्रधिक हो) के बार-बार सेवन के उपरांत या ग्रधिक सेवन से होने वाली ग्ररुचि।

किचरणौ, किचरबौ-क्रि०स०—रौंदना, कुचलना।
किचरणहार, हारौ (हारी), **किचरणियौ**—वि०।
किचराणौ, किचराबौ, किचरावणौ, किचरावबौ-स०रू०—प्रेरणार्थक प्रयोग।

किचरिग्रोड़ौ, किचरियोड़ौ, किचरचोड़ौ—भू०का०कृ० ।

किचरीजणौ, किचरीजबौ—कर्म वा० ।

कहा०—कंई आपरी आंगळी किचरीजी—क्यों आपको कोई पीड़ा पहुँची ?

किचरियोड़ौ–भू०का०कृ०—कुचला हुआ । (स्त्री० 'किचरियोड़ी')

किचळावणौ, किचळावबौ–क्रि०अ०—रद्द होना । उ०—कर कर हूं भांडा मासरण **किचळावै**, बाजै भूंभाड़ा बासरण बिचळावै ।—ऊ.का.

किटकड़ौ–सं०पु०—शिर, मस्तक, खोपड़ी (क्षेत्रीय) ।

किटकिट—देखो 'किचकिच' (रू.भे.)

किटिभ–सं०पु०—मत्कुरण (डिं.को.)

किट्टी–सं०स्त्री० [सं० किट्ट] कान का मैल (क्षेत्रीय)

किठड़ै–क्रि०वि०—कहाँ, किस जगह । उ०—**किठड़ै** सूं बीज मंगावियौ ए है के...भोळी किठड़े रे वाग लगावियौ ए ।—लो.गी.

किण–सर्व० [सं० किम्] १ किस । उ०—**किण** संग खेलूं होळी, पिया तज गये हैं अकेली ।—मीरां

कहा०—१ किण-किण रै मूंडै हाथ दे—दुनिया बहुत बड़ी है, कोई कुछ आलोचना करता है कोई कुछ, किसी को आलोचना करने से रोका नहीं जा सकता. २ किण री तेलण नै किण रौ पळौ—किस की तेलन और किस का टीपरा । विशेष कोई संबंध न होने पर. ३ किण री मा अजमौ खायौ है—कौन मेरे मुकाबले में आयगा अथवा मेरे मार्ग में बाधा उपस्थित करेगा, इतनी हिम्मत किसमें है. ४ किण रै ही छात चूवै, किण रै ही छपरौ चूवै—किसी की छत टपकती है तो किसी का छप्पर टपकता है; कुछ न कुछ कमजोरी प्रायः प्रत्येक मनुष्य में हो सकती है क्योंकि आखिर मनुष्य मनुष्य है. ६ किण रौ ही हाथ चालै नै किण रौ ही मूंडौ चालै—किसी का हाथ चलता है व किसी का मुँह चलता है; कोई मुँह से गालियाँ निकालता है तो किसी को पीटने का अभ्यास होता है. ६ किणी बात री मार खोटी—चुभते हुए शब्द अधिक तकलीफ देते हैं ।

२ किसने । उ०—कहौ तई करुणामै केसव, सीख दीध **किण** तुम्हां सूं ।—वेलि.

कहा०—किण पीळा चावळ दिया हा—किसने आपको निमंत्रण दिया था । बिना कहे या बिना निमंत्रण आने के बाद किसी प्रकार का झगड़ा हो जाने पर ।

३ कौन ।

सं०पु० [सं० किण] किसी वस्तु के लगने, चुभने व रगड़ पहुँचने का चिन्ह या निशान (मि० 'आईठांण') उ०—हथळेवै ही मूठ **किण**, हाथ विलग्गा माय । लाखां बातां हेकलौ, चूड़ौ मो न लजाय ।
—वी.स.

४ जखम ठीक होते समय आने वाला कठोर भाग (डिं.को.)

किणकती–सं०स्त्री०—करधनी ।

किणकौ–सं०पु०—१ करण, खंड, टुकड़ा. २ पतंग (रू.भे.) ३ शक्ति, बल ।

किणचणौ, किणचबौ, किणचावणौ, किणचावबौ–क्रि०अ०—रोनी सूरत लिए बार-बार चिढ़ना. २ कृपणता दिखाना. ३ पछतावा करना ।

किणजणौ, किणजबौ–क्रि०अ०—कब्ज या किसी अन्य कारण से मल न उतरने पर टट्टी जाते समय कुछ जोर लगाते हुए मुँह से टसक के समान आवाज निकलना ।

किणयक–सर्व०—१ किसी । उ०—बोहरौ **किणयक** मुगळ रौ, वरणक दिली मझ बास । दांम लिया उरण बोल दस, असपत औरंग पास ।

२ कोई । —बां.दा.

क्रि०वि०—कभी । उ०—वयण सगाई वेस, मिळ्यां सांच दोसन मिटै, **किणयक** समै कवेस, थपियौ सगपण ऊथपै ।—र.रू.

किणसारी—देखो 'कसारी' (रू.भे.)

किणहिक–क्रि०वि०—किसी प्रकार । उ०—सांवरिया हंस पड्यौ है फंद में, लाल म्हारा रै **किणहिक** भांति निकाळ ।—गी.रां.

किणहेक–सर्व०—किसी । उ०—गंगोदक री कावण भरिनै आणतौ हुतौ, सु **किणहेक** सहर वटाऊ थकौ ।—नैणसी

किणा–क्रि०वि०—किधर ।

किणारौ–सं०पु०—अनाज का बखार जो बाँस या लकड़ी की खपच्चियों से बनाया जाता है । इसे प्रायः ऊपर से लेप दिया जाता है ।

किणि–सर्व०—१ किस. २ कौन ।

किणियन–सर्व०—किसी ने ।

किणियाणी—देखो 'किनियांणी' (रू.भे.)

किणियौ–सं०पु०—१ मोट के सूंड की रस्सी से घूमने वाली चकरी की धुरी २ लोहे का कीला ।

किणी–सर्व०—देखो 'किरिण' (रू.भे.) उ०—हलोज **किणी** रै नंहं हली हली न किण रै हत्थ । मूरति मेहाई तणी, आई गयणे पत्थ ।
—करणीरूपक

किणीक–सर्व०—१ किस । उ०—कारण **किणीक** बोल, मारै काय आपण मरै ।—नैणसी २ कोई ।

क्रि०वि०—कभी ।

किणीयक–सर्व०—कोई । उ०—तिका हुई विसधी तरै, वसुधा हुआ बखांण । मूंडा आगळ 'माल' रै, **किणीयक** कीधी आंण। —वी.मा. (रू.भे. 'किरिणयक') ।

किणै–सर्व०—किस, किसको । उ०—**किणै** न दीठौ कांनचौ, सुण्यौ न लीला संध । आप बंधाणा ऊखळे, बीजा छोडण बंध ।—ना.द.

किणौ–सर्व०—किसका । उ०—लूटे साथ जांणै अमीढ्ढार लीधौ, **किणौ** वेणनादं सजीवन्न कीधौ ।—ना.द.

कित–क्रि०वि०—कहाँ, किधर । उ०—१ **कित** है बंबई उडिया कळकतौ, माढू मुरधरिया करियौ मिळ मत्तौ ।—ऊ.का.

उ०—२ कांई करूं **कित** जाऊं री सजनी नैण गुमाया रोय ।
—मीरां

वि०—कितने ।

कितएक–सर्व०—कितने ।

कितणा–वि०—कितने ।

कितनेक–वि०—कितने ही, बहुत ।

कितमक–सं०स्त्री० [फा० किस्मत] किस्मत, भाग्य । उ०—**कितमक** लीख्या सो भोगवी, विरा भोग्यां नहीं छूटसी पाप ।—वी.दे.

कितरउ–सर्व०—कितना । उ०—सु बूढ़ा हुआं कौ वेसास कौ मत करौ, देखौ माता पिता **कितरउ** चूकै छै ।—वेलि.

कितराइक–वि०—१ कुछ. २ कितने ही । उ०—पछे **कितराइक** दिन ने राखायच हालीयौ ।—रा.वं वि.

कितराई–वि०—कितने ही ।

कितराक, कितराहेक–वि०—कितने । उ०—यौ सुख दिन **कितराक** आगळी मजल ।—सगरांमदास

कितरी–वि०—देखो 'कितरौ' (स्त्री०)

कितरी'क–वि०—कितनी । उ०—रांमदासजी पूछियौ सांढ़ियां लारै **कितरी'क** छै ।—रा.सा.सं.

कितरे'क–वि०—कितना, कितने ।

कितरोइक, कितरो'क–वि०—कितना । उ०—खबर मंगाई जे उहांरै **कितरो'क** लोक कुरा कुरा कांम आयौ ।—सूरे खींवे री वात

कितरौ–वि० (स्त्री० कितरी) कितना ।

कितव–सं०पु० [सं०] १ छली, कपटी. २ दुष्ट. ३ जुआरी ।

कितां, किता–वि०—कितने । उ०—दे दे दरसरा दोड़, **किता** घर सूना कीना ।—ऊ.का.

किताइक, किताई, किताईक, किताएक, किता'क–वि०—कितने ही ।

उ०—१ टेक छीपा तरणी देख दुख टाळियौ, छांन बंधवाळियौ नकू छांना । वरतियौ मेटरा चिंता वांणियौ, **किता'क** करूं बाखांरा कांना ।—ब्रह्मदास दादूपंथी उ०—२ उत्तर में कुंतळपुर जठै राज कियौ **किताइक** पीढ़ी ।—बां.दा.

उ०—३ **किता'क** काळ पछै अठी बंबावदा रै नरेस हालू अनेक उपाय करि थाकौ ।—वं.भा.

किताब–सं०स्त्री० [अ०] १ पुस्तक ।

मुहा०—१ किताब चाटणी—प्रकांड विद्वान होना; किताब को बिल्कुल कंठस्थ करना. २ किताब रौ कीड़ौ—हर घड़ी पुस्तक पढ़ने वाला; केवल लिखी हुई बात जानने वाला ।

२ रजिस्टर. ३ बहीखाता. [अ० खिताब] ४ पदवी, खिलअत, उ०—फकीर कूं रीझै तौ नांमदार की **किताब** धरै ।—रा.रू.

किताबी–वि० [अ० किताब+रा०प्र०ई] पुस्तक का, पुस्तक संबंधी ।

मुहा०—१ किताबी कीड़ौ—हर घड़ी पुस्तक पढ़ने वाला, केवल लिखी हुई बात जानने वाला. २ किताबी ग्यांन—ऐसा ज्ञान जो प्रयोग, अनुभव या जीवन से न मिल कर किताबों से मिला हो ।

कितायक, किताहिक, किताहीक–वि०—कितने ही । उ०—पछै **किताहीक** वरसां 'माहोमांह' लड़ चांपा रै हाथ सजन रह्यौ ।—बां.दा ख्यात.

कितिइक, कितिक, कितियक–वि०—कितनी । उ०—गुर प्रताप हरि जाप, धरणी सेवग साधारे । मांनव **कितिइक** बात, तोय ऊपर गिर तारे ।—जग्गौ खिड़ियौ

किती–वि०—कितनी । उ०—सर सोय पड़े हुय हुंक भड़े, कळ सोर **किधी** जुध बोल किती ।—रा.रू.

कितीइक, कितीक, कितीयक–वि०—१ कितनी । उ०—१ केन कहतां कुणै मोकळ्यौ, **कितीक** दूर थें आयौ छै ।—वेलि. टी.

उ०—२ विसन्न निपाय **कितीइक** बार, ब्रहम्मा हाथ दियौ बौपार ।
—ह.र

उ०—३ अह नर सुर हाजर होय ऊभा, मह मांनव **कितीयक** मात ।
—ओपौ आढ़ौ

२ बहुत, कितने ही ।

कितूहळ— देखो 'कौतूहळ' (रू.भे.) उ०—मथुरा मांहि वरतिया मंगळ, घरा **कितूहळ** घरोघरि ।—ह.नां.

कितेएक, कितेक, कितेयक, कितरेक—१ देखो 'कितीइक' (रू.भे.)

२ कितने । उ०—तद हरैजी **कितेएक** एक सूं देसणोक आय नै स्री करणीजी रौ दरसरा कियौ ।—द.दा.

कितै कितैएक, कितैक–क्रि०वि०—कहाँ, किधर ।

वि०—कितने ।

कितौ–वि०—१ कितना । उ०—करण इक राह पतसाह खसियौ **कितौ**, प्रथी जोगरापुरी दाखवै पांरा ।—महाराज अनूपसिंह रौ गीत

२ कितने ही, बहुत ।

कितौइक–वि०—कितना ही । उ०—हुमायूं दिली आय तखत बैठौ । **कितौइक** कनलौ देस जबत कियौ ।—बां.दा.ख्यात.

कितौएक, कितौ'क, कितौयक–वि०—कितना । उ०—१ तुम जळी हम उड चलें, जीरगी **कितौ'क** काळ ।—अज्ञात

उ०—२ धवळचां री चाली ऊंतावळी, सहर वीकाणौ **कितौयक** दूर ।
—लो.गी.

कितौसोक–वि०—थोड़ा सा, कितना सा ।

कित्त—देखो 'कित' (रू.भे.)

कित्ती–सं०स्त्री० [सं० कीर्ति] कीर्ति, यश, बड़ाई ।

वि०—कितनी (रू.भे.)

कित्तौ–वि०—कितना (रू.भे.) देखो 'कितौ' ।

कित्तौएक, कित्तौक, कित्तौयक–वि०—देखो 'कितौक' (रू.भे.)

उ०—वातां हुणै रै बाद गोपाळ मीठास सूं पूछियौ-थारै माथै **कित्तौक** करजौ है ।—वरसगांठ

किथा–सर्व०—क्या । उ०—तज भरमल अरज कीवी जे आपनूं तौ इरा जीव सूं कांम छै, बीजा जीव म्हारै **किथा** करणा छै ।—कुंवरसी सांखला री वारता

क्रि०वि०—कहाँ ।

किथिए, किथियै, किथीय, किथीय–क्रि०वि०—कहाँ (क्षेत्रीय)

उ०—माय खट रे कमाय घर आविया, माय **किथीयें** सैणां री धीव ।—लो.गी.

किथे, किथौ–क्रि०वि०—कहाँ (क्षेत्रीय)

किदारा—देखो 'केदारा' (रू.भे.)

किधर–क्रि०वि०—किस ओर, किस तरफ, कहाँ ।

किधुं, किधूं, किधू–अव्यय—१ अथवा, या तो. २ मानो ।

उ०—मनु हंस का सा विलास, **किधुं** हरजू का हास, किधुं सरद पुंन्युं का सा उजास ।—रा.सा.सं.

किन–सर्व०—कौन, 'किस' का बहुवचन ।

क्रि०वि०—१ कहाँ. २ अथवा, या । उ०—दूरा नयर कि कोरण दीसै, धवळागिरि **किन** धवळ हर ।—वेलि.

किनक–सं०स्त्री०—पतंग (रू.भे.)

किनकौ–सं०पु० [सं० कणिक] १ छोटा दाना. २ अन्न या चावल का टूटा हुआ दाना. ३ कणमात्र वस्तु. ४ देखो 'किनक' ।

किनर—देखो 'किन्नर' (रू.भे.) (अ.मा.)

किनरपत, किनरपती–सं०पु० [सं० किन्नर+पति] कुबेर (अ.मा.)

किनरेस–सं०पु०—कुबेर (नां.मा.)

किनां, किना–क्रि०वि०—१ या, अथवा । उ०—संप्रति ए **किना**, **किना** ए सुहिणौ, आयौ कि हूं अमरावती ।—वेलि.

२ मानो । उ०—१ उठावै करां पोगरां दे उछाळा, **किनां** लागणा नाग पैनाग काळा ।—वं.भा. उ०—२ चाप नमायौ रांमचंदि, दुनि अन भूप नमे दुरि । प्रभू खांचियौ पिनाक, **किना** मन जांनकी ।

—रांमरासौ

सर्व०—१ क्या । उ०—संप्रति ए **किना**, किना ए सुहिणौ ।—वेलि.

२ किसका ।

किनारी–सं०स्त्री० [फा० किनारा] सुनहला या पतला गोटा जो कपड़ों के किनारे पर लगाया जाता है ।

किनारौ–सं०पु० [फा० किनारा] (स्त्री० किनारी) १ लंबाई के बल की कोर. २ नदी या जलाशय का तीर ।

पर्याय—कच्छ, कनारौ, कूल, तट, तीर, पुलिन, प्रतीर, रोधस ।

मुहा०—१ किनारौ करणौ—त्याग देना, अलग हो जाना.

२ किनारै करणौ—दूर करना. ३ किनारै लागणौ—पार होना, सफल होना ।

कहा०—नदी किनारै रूंखड़ां जद तद होय विणास—नदी के किनारे के वृक्ष कभी न कभी पानी द्वारा तट के काटे जाने के कारण अवश्य नष्ट होंगे; हानिकारक व्यक्ति के साथ रहने से कभी न कभी हानि अवश्य होती है ।

३ समान अथवा कम असमान लंबाई-चौड़ाई वाले पदार्थ के चारों ओर का वह भाग जहाँ से उसके प्रस्तार या फैलाव का अंत होता है. ४ कपड़े आदि में किनारे का वह भाग जो भिन्न रंग अथवा बनावट का होता है । हाशिया, बॉर्डर. ५ किसी ऐसी वस्तु का सिरा व छोर जिसमें चौड़ाई न हो, छोर. ६ पार्श्व, बगल ।

किनियांणी–सं०स्त्री०—श्री करनी देवी का एक नाम ।

किनिया—देखो 'कन्या' (रू.भे.)

कहा०—कूं कूं नै किनिया देणी—अत्यंत गरीबी के कारण केवल कुंकुम से सत्कार कर कन्या का पाणिग्रहण कर देना ।

किनियावळ—देखो 'कन्यावळ' (रू.भे.)

किनै–सर्व०—किसको ।

क्रि०वि० – किस तरफ ।

किन्नर–सं०पु०[सं०] १ घोड़े के समान मुख वाले एक देवता जो संगीत में अत्यंत कुशल होते हैं (डिं को.) उ०—कीचक बांसां मांझ पवनियौ मीठौ जंपै, **किन्नर**–भामां कंठ जीत रा गीत पयंपै ।—मेघ०

पर्याय०—अस्वमुखा किंपुरुख, तुरंगबदन ।

२ गाने-बजाने का व्यवसाय करने वाली एक जाति ।

किन्नरी–सं०स्त्री०—किन्नर देव जाति की स्त्री । उ०—लखी वरत सुरी अचरज लगी नार पन्नगी **किन्नरी** ।—रा.रू. ३ एक प्रकार का तंबूरा. ४ सारंगी ।

किन्ना–सं०स्त्री० [सं० कन्या] कन्या, पुत्री । उ०—अभय करैं रख ओटं करवै विवाह **किन्ना**, किन्ना व्याहे कोडलौ जु किन्याबळ लेवै ।

—र.रू.

अव्यय—या । उ०—काढ़ी दळा सी मंगळा प्रळै समंदां ऊजळी **किन्ना** । खळां धू अरुठी जञ्ज गे थंडां खाणास ।—तेजरांम आसियौ

किन्या–सं०स्त्री० [सं० कन्या] देखो 'कन्या' (रू.भे.) उ०—कोट एक जिग कियां कोट **किन्या** परणायां, कोट रिक्ख निमंत्रियां कोट दीनां विप्र गायां ।—जग्गौ खिड़ियौ

किन्याबळ—देखो 'कन्यावळ' (रू भे.) उ०—किन्ना व्याहे कोडलौ जु **किन्याबळ** लेवै ।—र.रू.

किन्यारास, किन्यारासी–सं०स्त्री० [सं० कन्या+राशि] १ बारह राशियों के अंतर्गत एक राशि ।

किन्यावळ—देखो 'कन्यावळ' (रू.भे.)

किप–सं०पु० [सं० कपि] देखो 'कपि' (रू.भे.) उ०—किप हड़मत विना समंद कुण कूदै ।—तेजसी खिड़ियौ

किपण—देखो 'कृपण' (रू.भे.)

किफायत–सं०स्त्री० [अ० क़िफायत] १ कमखर्ची, मितव्ययिता. २ बचत. ३ काफी या अलम् का भाव ।

किफायती–वि०—१ किफायत संबंधी, किफायत का. २ कम खर्च करने वाला, मितव्ययी ।

किबळई–सं०स्त्री० [अ० क़िबला] पश्चिम दिशा ।

किबळा–सं०पु० [अ० किबला] १ वह दिशा जिधर मुँह करके मुसलमान नमाज पढ़ते हैं, पश्चिम दिशा. २ मक्का नामक पवित्र स्थान (मुसल०) ३ पूज्य व्यक्ति. ४ पिता ।

किबलानुमा–सं०पु० [फा० क़िबलानुमा] पश्चिम दिशा को बताने वाला एक यंत्र (प्राचीन)

किबाड़ि–सं०स्त्री०—कपाट, किंवाड़। उ०—साधन ऊभी टेकि **किबाड़ि**, रतन-कुंडळ केसिर तिलक लीलाड़। —वी.दे.

किम–सर्व०—क्या।

क्रि०वि०—कैसे। उ०—मन सरिसौ धावतौ मूढ़मत, पहि **किम** पूजै पांगुळौ। —वेलि.

वि०—कौनसा।

किमकरि–क्रि०वि०—कैसे।

किमत्र–क्रि०वि०—कैसे। उ०—धरिया सु उतारै नव तन धारै, कवि ते वाखांणण **किमत्र**। —वेलि.

किमाड़–सं०पु० [सं० कपाट] कपाट, किंवाड़। उ०—कंठ जनोई पाटकी, रगत चंदन की पीळी **किमाड़**। —वी.दे.

किमाड़ी–सं०स्त्री० [सं० कपाट+रा०प्र०ई] दरवाजे पर बनी हुई काष्ट व तारों की एक छोटी फाटक जो प्रायः कुत्ते आदि जानवरों को घर में प्रवेश न होने देने के लिए बनाई जाती है।

किमि–क्रि०वि० [सं० किम्] कैसे, किस प्रकार। उ०—गयण मग आकुळी फिरै **किमि** ग्रीभणी। —हा.भा.

वि०—कम। उ०—कहां वीस कळ एक **किमि**, मेर पाय मरजाद।
—ल.पिं.

किमेर—देखो 'कुबेर' (रू.भे.)

किम्मत—देखो 'कीमत' (रू.भे.)

किम्हइ–क्रि०वि०—कैसे। उ०—ऊंचे हाथि धाहि पोकारइ, बोलावइ किरतार। आंणीवार **किम्हइ** ऊवेळइ, करइ अम्हारी सार।
—कां.दे.प्र.

कियंकर–सं०पु० [सं० किंकर] देखो 'किंकर' (रू.भे.)

उ०—त्रय ताप संताप दुखाप दुखंकर, पाप **कियंकर** लार लगा। जिय छाप कळाप बिलाप भयंकर, बाफ हुतंकर ग्रत्यु अगा।
—करुणासागर

कियां–क्रि०वि०—१ क्यों. २ कैसे। उ०—चौपदार अरज कीवी–ईसी बात सुण महाराज **कियां** बैसि रहै। —पलक दरियाव री वात

कहा०—१ आंधी में मोर चालै ज्यूं कियां चालै है—डगमगाते एवं लड़खड़ाते हुए चलने पर. २ कियां करै जांणै नातै आयोड़ी ढेढ़णी करै—निर्लज्ज नखरे करने पर। बार-बार हँसने पर (स्त्रियों के लिए) ३ कियां देखै जांणै कागलौ नींबोळी कांनी देखै—ललचाई हुई नजर से टकटकी लगा कर देखने वाले के प्रति (व्यंग्य). ४ कियां देखै जांणै गैली बजार कांनी देखै—अज्ञानवश आश्चर्य-चकित होने वाले पर व्यंग. ५ कियां नाचै जांणै हंसराज री घोड़ी नाचै—अति चंचल पर व्यंग. ६ कियां फिरै जांणै विगड़ियोड़ै व्याव में नाई फिरै—असफल प्रयत्न करने वाले पर व्यंग।

३ किधर।

किया–क्रि०वि०—१ देखो 'कियां' (रू.भे.) २ किधर, कहाँ।

कियारथ–वि०—१ कृतकृत्य, सफल मनोरथ, संतुष्ट.

उ०—स्री हरि नांम संभारि कांम अभिरांम **कियारथ**। —रा.रू.

२ कुशल, निपुण, होशियार।

कियारी–सं०स्त्री० [सं० केदार] क्यारी। उ०—बिमळ प्रवाह गंग गांम वासह, धणी **कियारी** कवत घणा।
—महारांणा हमीरसिंह री गीत

कियारौ–सं०पु० [सं० केदार] क्यारी, केदार।

कियावर—१ देखो 'किरियावर' (रू.भे.) उ०—१ वीरम भाई वंकड़ौ, ज्यूं बेटौ जगमाल। दत **कियावर** चावा दुनी, साहां उर रा साल। —वी.मा. उ०—बैठौ सूर तखत गजबंधी, सीम जिते सांमद्रां संधी। सार **कियावर** उरै सकोयी, क्रत सम विक्रम भोज न कोयी।
—रा.रू.

कियाह–सं०पु०—लाल रंग का घोड़ा (शा.हो.)

क्रि०वि०—कहाँ।

किये–क्रि०वि०—कहाँ।

कियोड़ौ–भू०का०कृ०—किया हुआ। (स्त्री० कियोड़ी)

कियौ–सं०पु०—१ कहने का कार्य. २ आदेश।

सर्व०—कौनसा।

किरंटी–सं०पु० [सं० किरीटी] १ इंद्र. २ अर्जुन।

किरंड–सं०पु० [सं० करंड] देखो 'करंड' (रू.भे.) उ०—तब कह्यौ 'करनला' बचन ताप, औ **किरंड** उठाय रे धरौ आप।
—रामदांन लाळस

किरंडी–सं०पु०—साँप, सर्प।

किर–अव्यय—मानो। उ०—ओपै आय अनंत बळ, सुतन चियारूं साथ। **किर** सिव ऊपर आवियौ, जाळंधर भाराथ। —रा.रू.

सं०पु०—१ निश्चय। उ०—जिम थारौ खूनी जिकौ, **किर** बळभद्र कबंध। अठै विवाहण आंणियौ, सरणै मैं बळ सिंध। —वं.भा.

[सं० किरि] २ सूअर, वराह (नां.मा.)

सं०स्त्री०—३ किरण (नां.मा.) ४ पृथ्वी, भूमि।

किरइ–सं०स्त्री०—काष्ठ की वह लकड़ी जो पानी खींचने व अरहट की माल या रस्से को जोड़ने के काम आती है।

किरक–सं०स्त्री०—१ दर्द. २ अस्थियों की पीड़ा।

किरकटौ–सं०पु०—गिरगिट। उ०—स्याह लाल पीळी मधि रेख, यहु मन करै **किरकटा** भेख। —ह.पु.वा.

किरकर–सं०स्त्री० [सं० कर्कर] देखो 'किरकिर' (१) उ०—**किरकर** भोजन कर जोजन जुळ जावै। घर घर निरमळ जळ बेकळ धुळ जावै। —ऊ.का.

किरकांट, किरकांटियौ, किरकांटचौ, किरकांठियौ, किरकांठौ–सं०पु०—गिरगिट (डिं.को.)

कहा०—किरकांटियौ बदले ज्यूं रंग बदळणौ—बार-बार रंग, स्वभाव या बर्ताव आदि बदलना, स्थिर होकर एक बात पर जमे नहीं रहना।

किरकिर–सं०स्त्री० [सं० कर्कर] महीनतम, धूलिकण। उ०—करणी में **किरकिर**, घरणी में घिर-घिर फिर-फिर सिर फोड़ंदा है।—ऊ.का.
कहा०—घणी सैंराप में किरकिर पड़ै—आवश्यकता से अधिक होशियारी से हानि की सम्भावना रहती है। अधिक होशियारी से हानि होने पर कही जाती है।

किरकिरौ–वि० (स्त्री० किरकिरी) कँकरीला, कँकड़दार जिसमें महीन व पतले कड़े रवे हों। उ०—थे उस्ताद किसौ पीसणौ उठाय लाया, मजौ **किरकिरौ** कर दियौ।—वरसगांठ
मुहा०—किरकिरौ होणौ—कार्य खराब हो जाना, मजा बिगड़ जाना।
सं०पु०—बड़े व मोटे लोहे में छेद करने का लोहारों का एक औजार।

किरकोळ–सं०स्त्री०—परचून व फुटकर सामान।

किरकौ–सं०पु०—१ टुकड़ा, खंड, कण। उ०—उडै पग हात **किरका** हुवै अंगरा, बहै रत जेम सांवण बहाळा।—र.रू.
२ शक्ति, बल, ताकत. ३ साहस उ०—आक बटूकै पवन भखै, तुरियां आगळ जाय। **किरकौ** भलौ रे कंथड़ा, हिरण किसा घी खाय।

किरखी–सं०स्त्री० [सं० कृषि] खेती, कृषि।

किरग–सं०पु० [सं० करटी] हाथी।

किरड़कांट–सं०पु०—गिरगिट (क्षेत्रीय)

किरड़णौ, किरड़बौ–क्रि०स०— दाँतों से काटना। उ०—रीसां बळतौ **किरड़** खायगौ, नैनौ रूप कियौ विकराळ।—रेवतदांन

किरड़ा–सं०स्त्री० [सं० क्रीड़ा] खेल, क्रीड़ा। उ०—**किरड़ा** कर रिमझोळ डोळ डाळयां रंग घोळै।—दसदेव

किरड़ियौ—देखो 'किरड़ौ'। उ०— जांणौ हीरा पनड़ा झड़ै, चोर रंग फोर **किरड़िया**।—दसदेव

किरड़ी–सं०पु०—१ गिरगिट. [सं० करटी] २ हाथी।

किरड़–सं०पु०—१ काष्ठ की वह कील जो रहट की पानी खींचने की माल या रस्से को जोड़ने के काम आती है. २ वे अन्न के दाने जो पकने पर भी कठोर बने रहते हैं।

किरड़ौ–सं०पु०—गिरगिट। उ०—**किरड़ा** कर रिमझोळ, डोल डोळयां रंग घोळै।—दसदेव (अल्पा० 'किरड़ियौ')

किरच–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की सीधी तलवार जो नोंक के बल सीधी भोंकी जाती है. २ नुकीला टुकड़ा या कण।
(यौ० किरच-किरच, खंड-खंड)

किरची–सं०स्त्री०—१ रेशम का लच्छा. २ लंबा टुकड़ा जो चौड़ाई में कम हो किन्तु लंबा काफी हो. ३ छोटा टुकड़ा या कण। उ०—तलवार मांणसां रै नीचै दबी, वींरौ म्यांन **किरची** किरची हो गयौ।—डाढ़ाळा सूर री वात
मुहा०—किरची-किरची होणौ—खंड-खंड होना।

किरचौ–सं०पु० (स्त्री० किरची) टुकड़ा, खंड, कण। उ०—पड़ै तौ काच री सीसी ज्यूं **किरचा** किरचा हुय जावै।—रा सा.सं.

किरट, किरठ–वि०—श्याम, काला (ह.नां., नां.मा., अ.मा.)

किरडू—देखो 'किरड़' (रू.भे.)

किरण–सं०स्त्री०—ज्योति की अति सूक्ष्म रेखायें जो प्रवाह के रूप में सूर्य, चंद्र, दीपक आदि प्रज्वलित पदार्थों से निकल कर फैलती हुई दिखाई पड़ती है, रोशनी की लकीर, प्रभा, रश्मि (डिं.को.)
पर्याय—अंसु, अरितिमर, उजास, कर, किर, गौ, छबि, जोति, जोतर, दीपति, दुति, प्रभा, भानु. भा, भास, मयूख, मरीचि, मरीचिका, रसम, रुच, वसू, विभा।

किरण-उजळ–सं०पु० [सं० किरण+उज्ज्वल] चाँद, चंद्र (ना.डिं.को.)

किरणकेतु–सं०पु० [सं०] सूर्य्य।

किरणझाळ–सं०पु०—तपता हुआ सूर्य। उ०—**किरणझाळ** झळहळै, अंब अंबर ओहासै। सपत दीप सारीख, वदन उद्योत विकासै।
—नैणसी

किरणपत, किरणपति, किरणपती–सं०पु० [सं० किरण+पति] सूर्य्य।
उ०—१ **किरणपत** आथवियौ कहै सुण सुद तरण।—द.दा.
उ०—२ **किरणपति** सुवासव वर गिरपत कहां एतला थोक देवां अमेळा।—जैसळमेर रौ गीत

किरणबाळ–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

किरणमाळी–सं०पु० [सं० किरणमाली] सूर्य।

किरणरूप–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

किरण-सेत–सं०पु० [सं० किरण श्वेत] चंद्र चाँद (ह.नां.)

किरणांपत, किरणांपति, किरणांपती, किरणांर–सं०पु० [सं० किरण+पति] सूर्य्य। उ०—१ दरसाव महासुर 'पाल' दियौ, **किरणांपत** जांण उद्योत कियौ।—पा.प्र. उ०—२ चले रत खाळ रणताळ दुंद माचियौ, खैंग **किरणांर** देखण समर खांचियौ।—र.रू.

किरणाळ–सं०पु०—१ योद्धा, वीर। उ०—सुकनी रा साद दलौ संभरै, **किरणाळ** सूतौ सुख नींद करै।—गो.रू.
[सं० किरण+आलु] २ सूर्य्य (रू. भे. 'किरणाळौ')
वि०—तेजस्वी। उ०—लिए रस जोधा जोम लंकाळ, कमधज काहुळिया **किरणाळ**।—गो.रू.

किरणालर–सं०पु०—सूर्य्य।

किरणाळौ–सं०पु०—सूर्य। उ०—सिंघ अजा सांमल सलल पीवै इकथाळा, तसकर दबै उलूक ज्यूं ऊगां **किरणाळा**।—र.रू.
वि०—तेज वाला, तेजस्वी। उ०—साथै जोधाहरौ सचाळौ, किरतावत 'सूजौ' **किरणाळौ**।—रा.रू.

किरणि–सं०स्त्री० [सं० किरण] देखो 'किरण'। उ०--पथिक वधू द्रिठि पंख पंखियां, कमळ पत्र सूरिज **किरणि**।—वेलि.

किरणियौ–सं०पु०—१ छाता. २ संकेत करने का उपकरण।
उ०—सो जठै ठाकुरसिंह झालौ **किरणिया** दियां ललकार करै छै।—डाढ़ाळा सूर री वात

३ राजा महाराजाओं की सवारी निकलते समय या गद्दी पर दरबार में बैठते समय उनके सेवक द्वारा उनके पीछे रखा जाने वाला एक बड़ा वृतालुकार पंखा जिसका घेरा व डंडा बड़ा होता है और उसके मध्य में सूर्य की प्रतिमा चित्रित या अंकित होती है (द.दा.)

किरणौ, किरबौ–क्रि॰अ॰—परिपक्व बाजरी के सिरटों के आपसी संघर्षण से बाजरी के दानों का निकल कर गिरना।

किरत–वि॰ [सं॰ कृत] कृत किया हुआ।

सं॰पु॰—१ नितंब के ऊपर का हिस्सा। उ॰—कट्टं किरत नितंब के जिम कच्छप जक्कें। कटि जंघा सत्थी कट्टै हत्थी हनि हक्कें। —वं.भा.

२ कार्य, काम. ३ जाल, प्रपंच। उ॰—कूड़ा घर रा कार, कूड़ा माया रा किरत। सार वसत संसार, वीठळ भजणौ वसतिया। —समेळजी बारहठ

किरतगुणी–वि॰ [सं॰ कृतघ्नी] किए हुए उपकार को न मानने वाला।

किरतब—देखो 'करतब' (रू.भे.) उ॰—ज्यांरा मोटा भाग जग, मोटा किरतब मन्न। यां हुंदी आसा करै, खैराती खट अन्न।—बां.दा.

किरतबी–वि॰—१ कर्तव्य करने वाला. २ छली, कपटी. ३ करतब संबंधी (देखो 'करतब')

किरतव्व—देखो 'करतब' (रू.भे.) उ॰—वीराध वीर हेलां हमीर, मधुकर सुतन्न किरतव्व क्रन्न।—वचनिका

किरतार—देखो 'करतार' (रू.भे.) उ॰—चंदा तौ किण खंडियउ, मौ खंडी किरतार। पूनिम पूरउ ऊगसी, आवंतइ अवतार।—ढो.मा.

किरतारथ–वि॰यौ॰ [सं॰ कृतार्थ] सफल, कृतार्थ। उ॰—उपकारी जीव रै दरसण सूं हिंदू आपनै किरतारथ हुया समझै।—वरसगांठ

किरति, किरतियां, किरती, किरतीयु–सं॰स्त्री॰ [सं॰ कृत्तिका] सत्ताईस नक्षत्रों में से तीसरा नक्षत्र। इस नक्षत्र में छः तारे हैं, कृत्तिकाएँ। उ॰—आभै ऊपर हंसै किरतियां मन बिलमावै बोरौ।—रेवतदान

कहा॰—किरती एक झबूकड़ौ, ओगण सह गळियाह—कृतिका नक्षत्र में अगर एक बार भी बिजली चमक जाय तो अकाल नहीं होगा।

किरतू–सं॰पु॰—काष्ठ की वह कील जो दो रस्सों को जोड़ने के निमित्त उनके बीच में डाली जाती है।

किरत्यां—देखो 'किरतियां'। उ॰—चांद चढ़यौ गिगनार सूरज किरत्यां ढळ रहियौ। महलां बैठी मोती पोती रात जगी री। —लो.गी.

किरन—देखो किरण' (रू.भे.)

किरनाळ–सं॰पु॰—सूर्य्य, भानु (डिं.को.) उ॰—नमौ दिवसेस विचार व्रहम्म, नमौ किरनाळ नमौ सुखरम्म।

किरपण–वि॰ [सं॰ कृपण] कृपण, कंजूस। उ॰—किरपण मरै न मूकै माया, काठौ करि राखै कसि काच।—ह पु.वा.

किरपांण, किरपांणी–सं॰स्त्री॰ [सं॰ कृपाण] तलवार, कृपाण।

वि॰—मजबूत, दृढ़।

किरपा–सं॰स्त्री॰ [सं॰ कृपा] कृपा, मेहरबानी, दया (ह.नां., रू.भे.)

उ॰—१ किरपा कर मोहिं दरसण दीज्यौ, सब तक सीर बिसारी। —मीरां

उ॰—२ म्हारा मारू नै जाय कीज्यौ, म्हां अबळा पर किरपा कीज्यौ।—लो.गी.

किरपाळ–वि॰ [सं॰ कृपालु] कृपालु, दयालु। उ॰—वांकौ एक न होवै बाळ, सुत चौ नांम लियां निसतारै, कर पर गिरधारै किरपाळ। —भगतमाळ

किरबांण, किरबांन–सं॰स्त्री॰ [सं॰ कृपाण] तलवार, कृपाण।

उ॰—'बीजबार' गढ़पति लखै, कर झल्ली किरबांन।—ला.रा.

(रू.भे. 'किरवांण')

किरम–सं॰पु॰ [सं॰ कृमि] कीट, कीड़ा (डिं.को.)

किरमची–वि॰—मटमैला लिये हुए करोंदिया रंग की। उ॰—अणथाग बेग केई भंवर अंग, रेसमी पोत किरमची रंग।—पे.रू.

सं॰पु॰—१ मटमैला लिये हुए करोंदिया रंग. २ स्याही लिये लाल रंग का घोड़ा।

किरमर–सं॰स्त्री॰—१ तलवार, कृपाण (ह.नां.)

उ॰—'कूंपा' किरमर झल्लियां, फतमल विजपालोत। हूंटै न जंगे सांम छळ, मिटै न मेछां मौत।—रा.रू. २ मुसलमान।

किरमाळ–सं॰स्त्री॰ [सं॰ करवाल:] १ तलवार (डिं.को.)

उ॰—कंथड़ा झालि किरमाळ केड़ौ करां। सार झड़ वरण सो सोक सैलां सरां।—हा.झा. २ सूर्य, भानु। उ॰—१ आंण किले मां ऊतरै, कमध 'पेम' किरमाळ। इतरै बागी आवतां, काळां री करताळ। —पे.रू.

उ॰—२ मह जैसे मेटैं तिमिर, रसम परस किरमाळ।—र.रू.

किरमाळौ–सं॰पु॰ [सं॰ कृतमाल] अमलताश (अमरत)

किरमिज–सं॰पु॰—१ एक प्रकार का रंग. २ किरिमदाने का चूर्ण. ३ किरमिजी रंग का घोड़ा (रू.भे. 'किरमची')

किरमिजी–वि॰ [सं॰ कृमिज] १ किरमिज के रंग का, मटमैलापन लिये हुए करोंदिया रंग का. २ चितकबरा।

किरमिर–सं॰पु॰ [सं॰ किर्मीर] १ भीम का एक नाम (ह.नां.)

मि. 'सबळ' (४)

[सं॰ किर्मीर:] २ एक राक्षस का नाम जिसको भीम ने मारा था।

किरम्माळा–सं॰स्त्री॰—तलवार। (मि॰ 'किरमाळ' रू.भे.)

किरळी–सं॰स्त्री॰—चीत्कार, चिल्लाहट। उ॰—इसौ कहि किरळी कीधी।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

किरळक्क–सं॰पु॰—किलकारी, आवाज।

किरळावणौ, किरळावबौ–क्रि॰अ॰—चिल्लाना। ऊभी नै किरळावै कायर मोर ज्यूं जी म्हारी नार।—लो.गी.

किरवांणी–सं॰स्त्री॰ [सं॰ कृपाण] तलवार, खग। उ॰—गोपीनाथ

ग्रनोप कोप वाहै किरवांणी। खासी नै सादूळ घड़ा चूरै चगथांणी।
—रा.रू.

किरसांण–सं०पु० [सं० कृषक] किसान, कृषक। उ०—वगत वटावा हेत, खेत किरसांणां तांई।—दसदेव

किरसांणी—देखो 'किरसांण'।

वि०—कृषक संबंधी, कृषक का।

उ०—**किरसांणी** धंधौ करतां री हाथी री सी साथळां।—दसदेव

किरांणौ–सं०पु० [सं० क्रयण] नमक, मसाले, हल्दी ग्रादि वे चीजें जो नित्य के व्यवहार में ग्राती ग्रौर पंसारियों के यहाँ मिलती हैं।

किरांत–सं०स्त्री० [सं० क्रांति] शोभा, प्रकाश।

किरांनी–सं०पु० [ग्रं० क्रिश्चियन] १ वह मनुष्य जिसके माता-पिता में से एक या दोनों ईसाई हों. २ ग्रंग्रेजी दफ्तर का क्लर्क।

किराड़–सं०पु०—१ वैश्य वर्ण या इस वर्ण का व्यक्ति, बनिया, बनिया का निंदासूचक शब्द। उ०—तीडां करसण सूंपियौ, बांनरड़ां नूं बाग। माल **कराड़ां** सूंपियौ, ज्यांरा फूटा भाग।—बां.दा.

२ नदी का किनारा, तट। उ०—मेह मथारै बरसियौ, नदी **किराड़ां** मार। घोड़ा हींस न भल्लिया, सीस किराड़ां मार।—बां.दा.

किराड़ी–सं०स्त्री०—पशुग्रों का एक चर्म रोग विशेष जिससे पशु के शरीर पर छोटी-छोटी ग्रंथियां हो जाती हैं। (शा.हो.)

किराड़ू–सं०पु०—१ बाड़मेर के पास का एक स्नान विशेष २ बाड़मेर प्रदेश का एक प्राचीन नाम।

किराड़ौ–सं०पु०—किनारा, कूल, तट (किसी जलाशय या नदी का)

किरात–सं०पु० [सं०] १ एक प्राचीन जंगली जाति, भील।

उ०—केहर हाथळ घाव कर, कुंजर ढिगलौ कीध। हंसां नग हर नूं तुचा, दांत **किरातां** दीध।—बां.दा. २ एक देश का प्राचीन नाम जो हिमालय के पूर्वीय भाग तथा उसके ग्रासपास में माना जाता था.

३ चिरायता।

किरातपत, किरातपति–सं०पु० [सं० किरातपति] शिव।

किरातारजुणीय–सं०पु० [सं० किरातार्जुनीय] भारवि कृत १८ सर्गों का एक महाकाव्य।

किरातासी–सं०पु० [सं० किरताशी] गरुड़।

किरातिणी–सं०स्त्री०—१ किरात जाति की स्त्री. २ जटामासी।

किराती–सं०स्त्री० [सं०] १ किरात जाति की स्त्री. २ दुर्गा.

३ स्वर्ग की गंगा. ४ चंवर डुलाने वाली स्त्री।

किरायणौ, किरायबौ–क्रि०ग्र०—१ चिल्लाना. २ कराहना. ३ रोनी सूरत लेकर बार-बार चिढ़ना।

किरायतौ–सं०पु०—प्याज के बीज जो काले रंग के महीन दानों के समान होते हैं तथा ग्राचार ग्रादि में काम ग्राते हैं (ग्रमरत)

किरायेदार–सं०पु०—वह जो किसी की कोई वस्तु भाड़े पर ले। कुछ दाम देकर किसी दूसरे की वस्तु कुछ काल तक काम में लाने वाला।

किरायौ–सं०पु० [ग्र० किराया] वह दाम जो दूसरे की कोई वस्तु काम में लाने के बदले में उस वस्तु के मालिक को दिया जाय, भाड़ा।

किरावर—देखो 'किरियावर' (रू.भे.)

किरावळ–सं०पु० [तु० करावल] १ लड़ाई का मैदान ठीक करने के लिये ग्राने जाने वाली फौज. २ बंदूक से शिकार करने वाला ग्रादमी।

किरि–ग्रव्यय—मानो। उ०—१ बाळकति **करि**, हंस चौ बाळक। कनक वेलि बिहुं पांन किरि।—वेलि. उ०—२ पतिसाह सेन दीवी परिक्ख, उडियण **किरि** ग्रावइ ग्रंतरिक्ख।—रा.ज.सी.

सं०स्त्री०—१ परहेज. २ तने का मध्यवर्ती कठोर भाग।

किरिच रौ गोळौ–सं०पु०—एक प्रकार का जहाजी गोला जिसके भीतर लोहे के टुकड़े, कीलें या छर्रे भरे रहते हैं।

किरिट्ठ, किरिठ–वि०—ग्रत्यंत काला। उ०—कुवरत्त केवि काळा किरिट्ठ, गड़दनी गोळ गांजा गिरिट्ठ।—रा.ज.सी.

किरिण–सं०स्त्री० [सं० किरण] रश्मि, किरण (ह.नां.)

किरियांणौ–सं०पु०—पौष्टिक पदार्थों का बना पाक, ग्रवलेह, लड्डू ग्रादि।

किरिया–सं०स्त्री० [सं० क्रिया] १ काम. २ कर्त्तव्य. ३ मृत व्यक्ति के उद्देश्य से श्राद्धादि कर्म। उ०—तीजै दिन तइयौ करि, फूल चुगाई गंगाजी में बहिर किया, **किरिया** कराई।

४ देखो—'क्रिया'। —पलक दरियाव री वात

किरियाकरम–सं०पु० [सं० क्रियाकर्म] ग्रंतिम संस्कार, दाहकर्म।

उ०—म्हारै खनै कंई रुग्घौ-चुग्घौ हौ जिकौ दादी रै ग्रौसर, बाप रै **किरियाकरम** ग्रर चूंदरी जिंदोग्रौ में लेखै लाग चुकौ हौ।—वरसगांठ

किरियावर–सं०पु० [सं० क्रिया+वर] १ एहसान. २ सोलह संस्कारों के ग्रंतर्गत विभिन्न संस्कार संबंधी महत्वपूर्ण कार्य।

(मि. 'काजकिरियावर')

उ०—हूं भगती हररीह, **किरियावर** वंका करै। घरवट जिण घररीह, बिगड़ै कदै न बसतिया।—समेळजी बारहठ

किरियावरौ–वि०—१ एहसान रखने वाला, या करने वाला।

यशस्वी, कीर्तिवान. ३ सोलह संस्कारों के ग्रंतर्गत विभिन्न संस्कार-संबंधी महत्वपूर्ण कार्य करने वाला (मि. 'काजकिरियावरौ')

किरिराज–सं०पु०—१ बड़ा हाथी. २ दस दिग्गजों में से ग्रंजन नामक दिग्गज।

किरी–सं०स्त्री०—१ तने का या काष्ठ का भीतर का ठोस भाग.

देखो 'किरि' (रू.भे.)

किरीट–सं०पु० [सं०] एक प्रकार का शिरोभूषण, मुकुट।

किरीटी–सं०पु० [सं० किरीट] १ मुकुट, किरीटी. उ०—**किरीटी** कुंडळ सोभै कांन।—ह.र. [सं० किरिटिन] २ इंद्र. ३ ग्रर्जुन (ह.नां.) ४ राजा. ५ वह जो किरीट (मुकुट) पहने हो. ६ मुर्गा। उ०—क्रीड़ाप्रिय पोकार **किरीटी**, जीवित प्रिय घड़ियाल जिम।—वेलि. ७ मोर, मयूर. ८ प्रत्येक चरण में ग्राठ भगण सहित २४ वर्णों का वर्णिक वृत विशेष (पि.प्र.)

किरूं–सं०पु०—१ हिन्दुवाणी का ढेर. २ मकान के छाजन के नीचे सहारे के लिये लगाई जाने वाली लकड़ी । उ०—पीनड़ी अर पळूंड ऊंखळी **किरूं** किवाड़ां, ऊभी कील उखाड़ भेरणा जबर जुवाड़ां ।
—दसदेव

किरोई—देखो 'करोई' (रू.भे.)

किरोड़–वि० [सं० कोटि] देखो 'करोड़' (रू.भे.)

किरोड़ी–सं०पु०—बादशाह या सरकार की ओर से मालगुजारी उगाहने वाला या वसूल करने वाला । उ०—विजैरांम कांम आयौ, सांभर रा **किरोड़ी** सूं वेढ़ हुई तठै···।—नैणसी
वि०—करोड़, कोटि । उ०—अब मोहबत कौण कांम की, गिरधर बिना हुं नगोड़ी । लोग कहै काळी कांमळी वाळौ, म्हारै तौ लाख **किरोड़ी** ।—मीरां

किरोध–सं०पु०—देखो 'क्रोध' (रू.भे.)

किरोळी–सं०स्त्री०—रहँट की माल में लगाई जाने वाली लकड़ी की छोटी-छोटी कीलियाँ ।

किरौ–सं०पु०—अंगारे व राख का मिश्रित ढेर ।

किलंका–सं०स्त्री—किलकारी, आवाज ।

किलंग–सं०पु०—१ विष्णु का चौबीसवाँ अवतार, कल्कि अवतार ।
उ०—किता तैं फेरा जीत **किलंग**, जुगोजुग क्रोध दइत्तां जंग ।—ह.र.
२ कलिंग देश का निवासी । उ०—सेन रिजमट असंख पलटणां तणै संग, भड़ तिलंग बंग **किलंग** तणा भिळिया ।—बां.दा.

किलंगदईत–सं०पु० [सं० कलिंगदैत्य] कलिंगदैत्य नामक राक्षस ।

किलंगी–सं०स्त्री०—१ एक शिरोभूषण, शिर का तुर्रा । उ०—ढोलाजी नै पिण कड़ा मोती जनेऊ **किलंगी** अमोलक वसतां दीधी ।—ढो.मा.
२ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

किलंगौ–सं०पु०—एक प्रकार का पुष्प विशेष । उ०—तठा उपरांयत माळी फूलां री छाबां आंण हाजर कीजै छै सु फूल किण भांत रा छै ? हजारा नौरंग तुररौ मेंहदी **किलंगौ** सोनजुही इसकपेचौ ।
—रा.सा.सं.

किलंब, किलंबि–सं०पु० [अ० कलमा] यवन, मुसलमान । उ०—१ अरज करै 'अगजीत' सूं, पेस धरै लख पाग । कांकांणी आए **किलंब**, वळिया पाए लाग ।—रा.रू. उ०—२ **किलंबी** छात सुख कियौ राति मुख गुज्जर चायौ, प्रात गजर वज्जियां फजर दीवांण बुलायौ ।—रा.रू.

किलंबांराइ, किलंवांराइ, किलंवांराय–सं०पु० [अ० कलमा+सं० राज] बादशाह, यवन-सम्राट (मि० 'किलंब')

किळ–अव्यय—१ निसंदेह, निश्चय ही, जरूर । उ०—जंतु भखै अथवा जळै, कै पड़ियौ रह जाय । **किळ** भिसटा भसमी क्रमी, इण नर तन सूं थाय ।—बां.दा. २ उसी प्रकार, वैसे ही । उ०—मेछां हुंदा मुलक में, जे मावड़ियौ जाय । महबूबां री मिसल में, **किळ** सरदार कहाय ।—बां.दा.

किलक–सं०स्त्री०—१ किलकने की क्रिया, हर्ष-ध्वनि । उ०—घुमड़ै कांठळ आय चडी घनघोर की, ललकां कोयल लार **किलकां** मोर की ।—म.दा.भ्रा. २ कलरव. ३ किलकारी. ४ कोलाहल ।

किलकणौ, किलकबौ–क्रि०अ०—१ किलकारी मारना, हर्षध्वनि करना, कलरव शब्द करना. २ किलोल करना, क्रीड़ा करना । उ०—चेली अरु चेला मांडै मेळा, कांम विकळ **किलकंदा** है ।—ऊ.का.

किलका–सं०स्त्री०—किलकारी ।

किलकार, किलकारी–सं०स्त्री०—१ वह गंभीर और अस्पष्ट स्वर जिसे लोग आनंद और उत्साह के समय मुँह से निकालते हैं ।
उ०—१ कळ में इव पातल कमंध, करै कांम **किलकार** । मन में आछौ समज लै, सब रोवौ संसार ।—ऊ.का. उ०—२ टुळकिया एवड़ धोरै ओट, सुणीजै **किलकारी** उण पार ।—सांझ २ चीख, चिल्लाहट. ३ किसी को जोर से पुकारने के लिये की जाने वाली आवाज ।

किलकारौ–सं०पु०—देखो 'किलकारी' (रू.भे.) उ०—हरकण छाई दिस चिळकारौ हरियौ, करसण करसणियां **किलकारौ** करियौ ।—ऊ.का.

किलकिंचित–सं०पु० [सं०] संयोग शृंगार के ११ हावों में से एक ।

किलकिलणौ, किलकिलबौ–क्रि०अ०—खिलखिलाना, हर्षध्वनि करना ।
उ०—भिलै वीर भैरव भार **किलकिलै** भवांनी ।—अज्ञात

किलकिला–सं०स्त्री०—१ किलकारी, हर्षध्वनि. २ इसी नाम की एक बड़ी तोप । उ०—राजांन सिलांमती **किलकिला** नाळी छूटी सु गोळां री अवाज सूं धरती धमकीनै रही छै ।—रा.सा.सं.
३ समुद्र का वह भाग जहाँ की लहरें भयंकर शब्द करती हैं ।
४ जलाशयों में मछलियों आदि पर झपट्टा मार कर आक्रमण करने वाली एक प्रकार की चिड़िया विशेष । उ०—१ ऊंडै द्रह **किलकिला** ज्यूं फूलधारां विचि उड़ि पड़ा ।—वचनिका उ०—२ निज धणी धरै जकौ आखर नीवटै, **किलकिला** जिसा अमराव जुड़सी कठै । जुध फिरंग जाचसी फेर फौजां जठै, ऊदहर 'मांन' नै याद आसी उठै ।
—सुरतांणसींघ ऊदावत रौ गीत

किलकिलाहट–सं०स्त्री०—१ खिलखिलाहट, हँसी. २ हर्षध्वनि ।

किलकिली–सं०स्त्री०—१ गुदगुदी । उ०—तेज घट अमीरां नगं वदळी तरह, छिली खत्रवट निरख हिंदुआं छात । कमधजां धणी चढ़ी भुजां **किलकिली**, हलचली दिली जमदढ़ दियौ हाथ ।
—बखतौ खिड़ियौ

किलकौ–सं०पु०—एक प्रकार का तीर, बाण विशेष (अ.मा.)
उ०—चंद्राकार आंकड़ा गिलोलबंध बांण चुगगा, ताता गजां **किलकौ** गयंदां गंजै तोर ।—क.कु.बो.

किलक्क—देखो 'किलक' (रू.भे.) उ०—हुई **किलक्क** वीर हक्क पै उच्चक हैमरै ।—रा.रू.

किलक्कणौ, किलक्कबौ–क्रि०अ०—देखो 'किलकणौ' (रू.भे.)
उ०—सेल भचक्कै संकुळै अति घाय उबक्कै, सीस कपाळी संग्रहै काळी सु **किलक्कै** ।—वं.भा.

किळचू-सं०पु०—एक प्रकार का पक्षी।

किलणौ, किलबौ—देखो 'कीलणौ'।

किलब, किलबांइण, किलम-सं०पु० [अ० कलमा] कलमा पढ़ने वाला। यवन। देखो 'कलमौ' उ०—१ **किलबां** सोबा कंपिया, मिटी सलाह सताब। ज्यास बिना जोधांण में, ऊखे सास नबाब।—रा.रू.

उ०—२ **किलबांइण** चंचळ कळा, वध सोच खड़भड़ आठ वळा।
—रा.रू.

उ०—३ खूम हुकम सिरदार खां, सोजत नयर सिहाय। **किलम** अमांमौ कमधजां, सांमौ वग्गौ आय।—रा.रू.

किलमांण-सं०पु०—१ कलमा पढ़ने वाला, यवन। उ०—**किलमांण** मीर हिक मन्न कीध, दइवांण पांण जम डाढ़ दीध।—वि.सं.

२ मुसलमान धर्म का धार्मिक मूल मंत्र।

किलमांणनाथ, किलमांणपत, किलमांणपति, किलमांणराय-सं०पु०—यवन-सम्राट। उ०—१ डेरा बाग मझ जाय दीध, **किलमांणनाथ** ने खबर कीध।—शि.सु.रू. उ०—२ **किलमांपत** भेटे कारीगर, कारी घाव निहाव कर।—महाराणा अमरसिंह रौ गीत

किलमांयण—देखो 'किलमांण' (रू.भे.) उ०—जुलफकार कर मेलियौ, आवै जौ अभिरांम। **किलमांयण** आगै कदे, छोडूं नह संग्रांम।—पा.प्र.

किलमी—देखो 'किलमांण' (रू.भे.) देखो 'किलम' (रू.भे.)

किलमीर-सं०पु०—मुसलमान, यवन। उ०—**किलमीर** मीर अमराव तांम, कीध सिलहत काज सांम।—शि.सु.रू.

किलम्म-सं०पु०—१ कलमा पढ़ने वाला, यवन, मुसलमान।
उ०—आबळी पढ़ै साफी इलम्म, काबळी गुसै भरिया **किलम्म**।
—वि सं.

२ कलमा। देखो 'कलमौ' (रू.भे.)

किललोळ-सं०स्त्री०—केलि, क्रीड़ा। उ०—ठाकुर आया, ठाकुर केळ करै, **किललोळ** करै।—लो.गी.

किलवांक-सं०पु०—काबुल देशोत्पन्न एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

किलवांण, किलवांणी-वि०स्त्री०—मुसलमानों की, यवनों की।
उ०—कमंधां घड़ा पूरै **किलवांणी**, पड़ियौ चाढ़ मुरद्धर पांणी।
—रा.रू.

किलवायण-सं०पु० [अ० कलमा+रा०प्र० आयण] देखो 'किलमांण' (रू.भे.)

किलविख-सं०पु० [सं० किल्विष] कल्मष, पाप (ह.नां.)

किलांण—१ देखो 'कल्यांण'। उ०—जप जीहा जगदीस, केसव क्रसण **किलांण** कह।—ह.र. २ बादल (नां.मा., अ.मा.)

किलांणी-सं०स्त्री० [सं० कल्यांणी] १ पार्वती. २ देवी, दुर्गा (क.कु.बो.)

किलादार—देखो 'किलेदार' (रू.भे.)

किलाबंदी-सं०स्त्री० [फा०] १ दुर्ग-निर्माण. २ व्यूह-रचना.
३ शतरंज के खेल में बादशाह को सुरक्षित घर में रखना।

किलावौ-सं०पु०—१ स्वर्णकारों का एक औजार. २ हाथी के गले में पड़ा हुआ रस्सा व बंधन जिसमें पैर फँसा कर महावत हाथी को चलने आदि का इशारा करता है।

किलास-सं०स्त्री०—कक्षा (रू.भे.) उ०—छोरौ गुलाब रौ फूल है अर अंगरेजी री तीजी **किलास** में भणै है।—वरसगांठ

किलि-अव्यय—निश्चय। उ०—जोधे ऊन्हा जैतसी, लोह वहंता लागि। **किलि** वे झूठौ किमिरियौ, ऊही वै बळती आगि।—रा.ज. रासौ

किलिच्चि, किलिच्छ-सं०पु०—१ असुर, मुसलमान। उ०—१ कमध्ध तणी धर कम्मर हीण। करेवा भंग **किलिच्चि** कुलीण।
—रा.ज. रासौ

उ०—२ नमट्टचौ भुज्ज खत्री निरवांण। कड़ब्ब्यौ कोप सझी केवांण। तणी धर बाहर ऊंची तांण। **किलिच्छा** केसरि भंजण कांण।
—रा ज. रासौ

किलियांण—देखो 'कल्यांण' (रू भे.)

किलिविख-सं०पु०—देखो 'किल्विख'।

किलेदार-सं०पु०—दुर्गाध्यक्ष, गढ़पति।

किलोड़ौ-सं०पु०—छोटा बैल (मि० 'किळोहड़ौ' रू.भे.)

किलोळ-सं०स्त्री० [सं० कल्लोल] १ कल्लौल, मौज, आनंद, आमोद-प्रमोद। उ०—गिर नीलम पसवाड़, **किलोळां** हेत सुवावै।—मेघ.

२ केलि, क्रीड़ा। उ०—१ लहरीस सीस हिलोळ, केमच्छ कच्छ **किलोळ**।—रा रू. ३ तरंग, हिलोर उ०—२ ढोल्यौ तौ डगमग करै जी वनां म्हारा तकियौ करै **किलोळ**।—लो.गी.

किलोहड़ौ-सं०पु०—छोटी आयु का बैल (रू.भे. 'लो'ड़ौ, कल्होड़ौ')
उ०—क्यूं नह धवळौ जोतियौ, तैं सांगड़ी गिंवार। काढ़ै जीभ **किलोहड़ा**, खंध न झालै भार।—बां.दा. (मि० 'नारकियौ')

किलौ-सं०पु० [अ० किलाऽ] लड़ाई के समय बचाव का एक सुदृढ़ स्थान, दुर्ग, गढ़ (ह.नां.)

पर्याय०—अरसाल, आसेर, कल्लौ, बरण, वप्र।

मुहा०—१ किलौ टूटणौ—कठिन काम आसान होना. बहुत कठिन काम होना. २ किलौ जीतणौ—बड़ा भारी काम करना, किसी कठिन कार्य या समस्या को हल कर लेना।

किलौड़न, किलौरन—देखो 'किलोहड़ौ' (रू.भे.) उ०—बंध **किलौरन** बंधन के बिधि, अंधन आरसि ओपत ऐसे।—ऊ.का.

किल्यांण—देखो 'कल्यांण' (रू.भे.) (ह.नां.)

किल्लणौ, किल्लबौ-क्रि०स० [सं० कील] १ देखो 'कीलणौ'.
उ०—कै दारुन अहि **किल्लि** काळबेलिन बसि कीन्हौ।—ला.रा.

२ देखो 'खीळणौ' (रू.भे.)

किल्लादार—देखो 'किलेदार' (रू.भे.) उ०—मोबतसिंघ नांमी राजवी का मैं कहा तौ, **किल्लादार** किल्ला 'सापरा' में रहा तौ।—शि.वं.

किल्लाहर-सं०पु०—पुष्प (ह.नां.)

किल्लेदार—देखो 'किलेदार' (रू.भे.)

किल्लौ—देखो 'किलौ' (रू.भे.) उ०—पाछौ आरि किल्ला की बुरज में कैद कीनां ।—शि.वं.

किव—क्रि०वि०—क्यों, किस कारण । उ०—आज उमाहउ मौ घणउ, ना जाणूं किव केण ।—ढो.मा.

सं०पु०—कवि, काव्यकार (डिं.को., रू.भे.)

किवळौ—अव्यय—केवल ।

सं०पु०—बिना मात्रा का व्यंजन । उ०—किवळौ पिच्छू कहैं लहू लघु अंक लहावै, गिणै छंद बस गुरू कवी लघुचार कहावै ।—र.रू.

किवांण—सं०स्त्री० [सं० कृपाण] खड्ग, तलवार । उ०—अठी सूं लोहांन आजांनबाहु किवांण झाड़ि बीर प्रतिहार रा । मतंगज रौ मस्तक करण ताळ हलावतौ तोड़ियौ ।—वं.भा.

किवाड़—देखो 'किंवाड़' (रू.भे., डिं.को.)

किवाड़ी—देखो 'किमाड़ी' (रू.भे.)

उ०—अब हम रांम भजन सुख पाया, कांम किवाड़ी जड़ी जतन सूं मोह मता मुरझाया ।—ह.पु.वा.

किस—सर्व०—विभक्ति लगने के पूर्व 'कौन' और 'क्या' का रूप ।

किसइ—वि०—कौनसा ।

क्रि०वि०—किस प्रकार ।

उ०—कागळ नहीं क मसि नहीं, नहीं क लेखणहार । संदेसा ही नाविया, जीवुं किसइ आधार ।—ढो.मा.

किसउ—वि०—१ कौनसा । उ०—अंतरि आंमणदूमणा, किसउ ज इवडउ काज ।—ढो.मा.

२ कैसा । उ०—हूं चालवूं बुद्धि आंपणी, जाळोरउ गढ़ नाखूं खणी । सूर ऊगंतई दीवड किसउ, सांम्हा गुरड़ भुयंगम किसउ ।
—कां.दे.प्र.

किसड़ी, किसड़ी'क—वि०—कैसी । उ०—भूंडण सारा समांचार पूछिया—जे डाढ़ाळा सो जायगा किसड़ीक छै ।—डाढ़ाळा सूर री वात

किसड़ै—वि०—१ कौनसा । उ०—तने किसड़े गढ़ रौ मारग वालौ लागै रै धन मोरिया ।—लो.गी.

वि०—२ कैसा ।

किसड़ौ—वि० (स्त्री० किसड़ी) १ कैसा । उ०—१ देखो आद अनाद सूं, राजी ह्वै स्रीरांम । संतां रा संसार में, किसड़ा सारै कांम ।
—भगतमाळ

उ०—२ राई बिना ए किसड़ौ रायतौ ।—लो.गी.

सर्व०—२ कौनसा ।

किसणौ—सं०पु०—कृष्ण (रू.भे., अल्पा.) उ०—पण भुरधर माखण ना मिळै, किसणै ओढ़चौ कांमळौ । अरज गरज विलखा करै, जद मुजरौ विरखां सांभळौ ।—दसदेव

किसत—सं०स्त्री० [फा० किश्त] देखो 'किस्त' । उ०—च्यार किसत कीधी चलू, दिक्खण हंदै राह ।—रा.रू.

किसतूरियौ म्रग—देखो 'कसतूरियौ म्रग' (रू.भे.)

किसतूरी, किसथूरी—सं०स्त्री० [सं० कस्तूरिका] एक सुगंधित द्रव्य जो एक प्रकार के मृग की नाभि से निकलता है, कस्तूरी ।

उ०—१ अंबजसुत नूं ओळभौ, दुखी हुए जग दीध । जांणी जिण री जीभ में, किसतूरी नंह कीध ।—बां.दा.

उ०—२ दळ चंपक जाय तुळछी दम्मा, कपूर किसथूरी कुमकुम्मा ।
—बारहठ ईसरदास

किसन—सं०पु० [सं० कृष्ण] १ श्रीकृष्ण (रू.भे.) उ०—विप्र सुदामा बार, कोड़ां धन लायौ किसन । वधण चीर विसतार, सरदा घटगी सांवरा ।—रांमनाथ कवियौ २ अर्जुन. ३ ईश्वर.

४ विष्णु (डिं.नां.मा.) ५ एक असुर जो इंद्र द्वारा मारा गया था. ६ कोयल. ७ कौआ ।

वि०—श्यामवर्ण, काला ।

किसनताळ, किसनताळू—सं०पु०—१ वह घोड़ा जिसका तालु काला हो (अशुभ) २ काले तालू वाला हाथी ।

किसन-वरण—सं०पु० [सं० कृष्ण वर्ण] श्याम, कृष्ण, काला (ह.नां.)

किसनहर—सं०पु०—वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला एक लोक गीत ।

किसना—सं०स्त्री० [सं० कृष्णा] १ कृष्णा नदी (रू.भे.) २ द्रौपदी. ३ दुर्गा, देवी ।

वि०—काली, श्याम । उ०—नर तिसना किसना निसा, मिटै इते नह मीत ।—बां.दा.

किसनागर—सं०पु० [सं० कृष्णाकार] अफीम (डिं.को.)

किसना-मिख—सं०पु० [सं० कृष्ण-मुख] लोह (ह.नां.)

किसनावत—सं०पु०—१ भाटी राजपूत वंश की एक शाखा (द.दा.)
२ इस शाखा का व्यक्ति ।

किसनियौ—देखो 'श्रीकृष्ण' (अल्पा०)

किसन्न—सं०पु० [सं० कृष्ण] श्रीकृष्ण । उ०—नव उच्छव नर नार, नवल स्रंगार वसन्नै । गीता में अग भास, कह्यौ मम रूप किसन्नै ।
—रा.रू.

किसब—सं०पु० [अ० कस्ब] १ वेश्यावृत्ति, व्यभिचार.

२ वह धन जो वेश्यावृत्ति या ऐसे ही अन्य कार्यों द्वारा प्राप्त किया जाय. ३ गुण प्रकट करने का भाव, व्यवसाय, धंधा ।

उ०—खिलवत हास खुसामदी, सुरका दुरकी संग । किसब लियां ए कुकवियां, माहव हूंता मांग ।—बां.दा.

किसबण, किसबन—सं०स्त्री०—१ कस्ब कमाने वाली, पतुरिया, वेश्या । उ०—बडा बडा किसमणियां रा तायफा लारै है, तिके राग रंग उचारै है ।—र. हमीर ३ व्यभिचारिणी स्त्री ।

किसमत—देखो 'किस्मत' । उ०—फोरी किसमत सूं पग पग फेरौ ।
—ऊ.का.

किसमिस—सं०स्त्री० [फा० किशमिश] सुखाया हुआ छोटा लंबा बेदाना अंगूर, दाख । उ०—आंब ईख किसमिस बिदांम, थाहर रसना लेर ।
—ह.पु.वा.

किसमिसी–वि० [फा० किशमिशी] १ किशमिश का. २ किशमिश के रंग का।
सं०पु०—१ देखो 'किसमिस'। उ०—पिस्तां सूं ना प्रेम, कोड काजू रौ कोनी। नोजा लागै निकांम, **किसमिसी** भावै कोनी। —दसदेव
२ एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

किसव—देखो 'किसब' (रू.भे.)

किसांक–वि०—कैसा।

किसांण–सं०पु० [सं० कृषाण, प्रा० किसान] कृषक, किसान।
उ०—घटत घटत सब यूं घटचा, ज्यूं **किसांण** का लोह।—ह.पु.वा.

किसांणन–वि०—काला, श्याम।

किसांणनर#–वि०—काला, कृष्ण वर्ण (डिं.को.)

किसांन—देखो 'किसांण' (रू.भे.)

किसाक, किसाकउ–वि०—१ कौनसा। उ०—लोभी ठाकुर आवि घरि, कांई करइ विदेसि। दिन-दिन जोवण तन खिसइ, लाभ **किसाकउ** लेसि।—ढो.मा. २ किसका।
क्रि०वि०—कैसे।

किसायक–वि०—किस प्रकार का। उ०—गज घेर **किसायक** घाव घलौ, हय न्हांक भीलां धड़ खूंध हल्लौ।—पा.प्र.

किसारी—देखो 'कसारी' (रू.भे.)

किसाहिक, किसाहीक, किसाहेक–क्रि०वि०—कैसे। उ०—१ ऊपर बगला पावस बैठा छै, सूं **किसाहिक** सोहै छै।—रा.सा.सं.
उ०—२ रेसम री वाग डोरां सूं आंण हाजर कीजै छै सो **किसाहेक** घोड़ा छै।—रा.सा.सं.

किसी, किसीक, किसीयक—देखो 'किसौ'। उ०—१ ग्याति किसी राजवियां ग्वाळां किसी, जाति कुळपांति **किसी**।—वेलि.
उ०—२ तरै एक 'छत्रु' नांवै दासी तिण दिल री लगन जांणी बात री धुन पिछांणी तिका छत्रु **किसीयक**।—र. हमीर

किसीस–सं०पु० [सं० कीश] हनुमान। उ०—करां जोड रूप कीस, सांम पाय नांम सीस। बांध चाळ महावीर, कूदियौ **किसीस**।—र.रू.

किसूं–सर्व०—क्या। उ०—**किसूं** सफीलां भुरज री, काहू बजर कपाट। कोटां नू निधड़क करै, रजपूतां रौ थाट।—बां.दा.
वि०—१ कैसा. २ कौनसा। उ०—की ईरां ऐराक की, **किसूं** केच मकरांण। पेत तुरंगा थाट जिम, बांका घाट बखांण।—बां. दा.
क्रि० वि०—किसी प्रकार, किसी तरह।

किसूक–सर्व०—कोई।

किसोइक, किसोईकौ, किसोक, किसोयक–वि०—१ कौनसा. २ किसका।

किसोर–वि० (स्त्री० किसोरी)[सं० किशोर] ग्यारह से पंद्रह वर्ष तक की अवस्था वाला या अवस्था से संबंधित। उ०—वय **किसोर** ऊतरै, जोर जोबन परगट्टै। अणमायौ अंब मैं ति, किरि रत्नाकर तट्टै। —रा.रू.
सं०पु०—१ ग्यारह से पंद्रह वर्ष तक की आयु का बालक. २ पुत्र, बेटा (यौ. नन्दकिसोर) ३ घोड़े का बच्चा (डिं.को.)
४ लखपत पिंगल के अनुसार प्रत्येक चरण में तीस मात्रा का एक मात्रिक छंद विशेष (ल.पिं.)

किसोरया–सं०पु०—१ एक पक्षी विशेष. २ एक जड़ी विशेष (अमरत)

किसोरस्यासिंघाड़–सं०पु०—एक प्रकार का सिंघाड़ा (अमरत)

किसौ–वि० (स्त्री० किसी) १ कौनसा, कौन। उ०—ताहरां राजा कहै छोड़ा मांहे **किसौ** गुण छै।—चौबोली
कहा०—१ किसी चोटी काटी है?—किसी के अधीन थोड़े ही हैं, कौनसे किसी के शिष्य हैं २ किसी थारी खीर खायी है—किसी का लिहाज तभी किया जा सकता है जब कालान्तर में उसने भी अपना उपकार किया हो. ३ किसी देवर माथै बेटो जिणी है—दूसरे के भरोसे कोई काम नहीं उठाया या रक्खा जाता.
४ किसी सांभर सूनी हुवै है—कौनसी कमी हुई जाती है.
५ किसी सिंधूड़ी सूनी हुवै है—कौनसी कम हुई जाती है. ६ किसौ चोरी रौ माल है—कौनसा चोरी का माल है; किसी वस्तु या माल के जायज मालिक होते हुए भी डरते रहने पर. ७ किसौ तमासौ है—हँसी-मजाक को छोड़ कर कार्य की गम्भीरता पर ध्यान देना चाहिए. ८ किसौ नानेरौ है—कौनसा ननिहाल है। किसी कार्य के सहज में ही बन जाने की मिथ्या आशा पर व्यंग्य।
२ किसको।
सर्व०—कैसा।
सं०पु० [अ० किस्स] देखो 'किस्सौ' (रू.भे.)

किसोंक–वि०—कैसा। उ०—देख सखी म्हारौ पती, **किसोक** अजकौ (चंचल) छै।—वी.स. टी.

किस्किंध, किस्किंधा–सं०स्त्री० [सं० किष्किंधा] १ मैसूर के आस-पास के देश का प्राचीन नाम.
सं०पु०—२ इस प्रदेश का पर्वत, किष्कंध. ३ रामायण का एक कांड।

किस्टांन, किस्टांण–सं०पु०—ईसाई मत का अनुयायी। उ०—बेटा भणग्या अंगरेजी र वण गया **किस्टांण**।—वरसगांठ

किस्त–सं०स्त्री० [अ०] १ पूरा ऋण एक साथ न देकर कुछ विभागों व खंडों में दिया जाने का एक ढंग. २ इस प्रकार चुकाया जाने का एक भाग. ३ ऋण के किसी भाग को चुकाने का निश्चित समय।
[फा० किश्त] १ पराजय, हार। उ०—इनकी फौज **किस्त** खा गई।—राठौड़ अमरसिंघ री वात २ शतरंज के खेल में बादशाह का किसी मोहरे के घात में पड़ना, शह।

किस्तबंदी–सं०स्त्री० [फा०] थोड़ा-थोड़ा करके रुपया देने का ढंग विशेष।

किस्तवार–सं०पु० [फा० किश्त+वार] पटवारियों का वह कागज जिसमें खेतों का नम्बर, रकबा आदि दर्ज रहता है।
क्रि०वि०—१ किस्त के ढंग से. २ हर किश्त पर, प्रत्येक किश्त पर।

किस्ती-सं०स्त्री० [फा० किश्ती] नाव, नौका।

कहा०—कागद री किस्ती किता दिन चलै—कागद की नाव भला कितने दिन चल सकती है। झूठी एवं बिना आधार की बात का स्थायी असर नहीं होता।

किस्तीनुमा-वि०—नौका के आकार का।

किस्म-सं०स्त्री० [अ० किस्म] १ प्रकार, भेद. २ तरह, भाँति. ३ ढंग, तर्ज, चाल।

किस्मत-सं०स्त्री० [अ०] प्रारब्ध, भाग्य, तकदीर।

मुहा०—१ किस्मत उलटणी—अभाग्य आना, कुअवसर आना, काम में सफलता न मिलना. २ किस्मत खुलणी, किस्मत चमकणी—नाम फैलना. ३ किस्मत जागणी, किस्मत दौड़णी—सुअवसर आना, भाग्य खुलना. ४ किस्मत पलटणी—भाग्य फिरना, भाग्य का अच्छे से बुरा या बुरे से अच्छा होना. ५ किस्मत फिरणी—देखो 'किस्मत पलटणी'. ६—किस्मत फूटणी—बुरा समय आना, अभागा होना. ७ किस्मत बिगड़णी—देखो 'किस्मत उलटणी'. ८ किस्मत में लिखियोड़ौ पूरौ होणौ—भाग्य का लिखा बुरा या अच्छा फल मिलना. ९ किस्मत में लिखियोड़ौ होणौ—होनहार का होना, जो लिखा है वही होगा।

कहा०—किस्मत रौ घाटौ—बुरे दिन आना, काम में सफलता न मिलना।

किस्मतवर-वि० [फा०] भाग्यवान।

किस्मती-वि०—१ भाग्यवान. २ किस्मत का, किस्मत संबंधी।

सं०स्त्री० देखो 'किस्मत'।

किस्यउ, किस्या-वि० (प्रा०रू०) १ कैसा (रू भे.) २ कौनसा।

क्रि०वि०—कैसे। उ०—सुखासण चाल्या, कंठालीया किस्या, भंडार भरीया।—कां.दे.प्र.

किस्याक, किस्यूं, किस्योक—देखो 'किस्या' (रू भे.) उ०—तव प्रधांन पूछ्यां चहूआंण, किस्यूं वचन कहा क्यूं सुरतांण।—कां दे.प्र.

किस्सौ-सं०पु० [अ० किस्सः] १ कहानी, कथा, आख्यान. २ वृतांत, समाचार, हाल. ३ कांड, झगड़ा, तकरार।

किहड़ौ-वि० (स्त्री० किहड़ी) कौनसा, कैसा। उ०—कुळवंति पतीवरता किहड़ी, उधरै पख च्यार जिसी इहड़ी।—वचनिका

किहां-क्रि०वि०—कहाँ, किधर। उ०—स्रावण दूभर हे सखी, किहां मुझ प्रांण आधार।—ढो.मा.

किहांण-सर्व०—किस। उ०—ताहरां कह्यौ राजपांणी मांहि किहांण नूं आऊं।—सयणी री वात

किहांणनूं-क्रि०वि० (प्रा०रू०) किसलिए।

किहाड़ौ-सं०पु०—घोड़े की एक जाति विशेष (कां.दे.प्र.)

उ०—पांणीपंथा नइ खुरसांणी, एक तुरकी तुरंग। सूडापंखा नइ किहाड़ा, एक नीलड़ा सुरंग।—कां.दे.प्र.

क्रि०वि०—कैसा।

किहिक-सर्व०—कोई।

वि०—१ कुछ, जरा। उ०—राखौ रे किहिक रजपूती, मरद हिंदू की मुस्सलमांण।—बां.दा. २ किस। उ०—कहि सूवा किम आवियउ, किहिक कारण कथ्थ।—ढो.मा.

किहि-सर्व०—१ किसी। उ०—१ किहि करगि कुमकुमौ कुंमकुम, किहि करि, किहि करि कुसुम कपूर करि।—वेलि. उ०—२ एकंत उचित क्रीड़ा चौ आरंभ दीठौ सुन किहि देव दूजी।—वेलि. २ कोई।

किहिकै—देखो 'किहिक' (रू.भे.)

किहीक—देखो 'किहिक' (रू.भे.)

कीं-वि०—किंचित्, जरा।

सर्व०—किस। उ०—तद असवार दोय हलकारा चढ़ सांम्हां आय बात कीवी, कीं रौ साथ छै हो ठाकुरां।—सूरे खींवे री वात

कहा०—कींकी रांड मरै अरै कींके सपनेउ आवै—किसकी स्त्री मरे और किसके स्वप्न में आवे। अनावश्यक कष्ट किसी को नहीं सहना चाहिए।

कींक-वि०—कुछ, जरा, किंचित।

कींकर-क्रि०वि०—कैसे, किस प्रकार। उ०—१ भीखम मात अभाव, मात गंग कींकर मनै। सो पखहीण सभाव, सेवट सिटग्या सांवरा।
—रांमनाथ कवियौ

उ०—२ जीण मेरी बाई ये! मुखड़ौ दिखाऊं (जद) कींकर जाय।
जामण की ये जायी! कांई बताऊं ये मायड़ बाप नै।
—लो.गी.

कींकू-सं०पु०—कुंमकुम।

कींकूपत्री-सं०स्त्री०यौ०—विवाह का निमंत्रण-पत्र, कुंमकुम-पत्रिका।

कींजरौ, कींझरौ-सं०पु०—१ कलंक, दोष. २ कुल-कलंक. ३ लांछन।

कींट-सं०पु०—१ बच्चा, शिशु. २ फल।

कींठे, कींठै, कींडै-क्रि०वि०—कहाँ से (क्षेत्रीय) उ०—कींठै आया छौ जावौ छौ कींठै।—ऊ.का.

कींदू, कींदूड़ौ—देखो 'किंदू' (रू.भे) (स्त्री०कींदूड़ी)

कींहीं-वि०—कुछ। उ०—दिनां नूं जावतां बेळा कींहीं नहीं लागै—डाढ़ाळा सूर री वात

की-सं०पु०—१ घोड़ा. २ हाथी. ३ सर्प. ४ वृषभ. ५ गुलाबी रंग. ६ व्यभिचारी पुरुष. ७ पुरुष. ८ बाँस. ९ कुल. १० क्रोध (एका०)

सं०स्त्री०—११ पृथ्वी १२ कमला. १३ चींटी. १४ जिह्वा. १५ कुबुद्धि (एका.) [अं०] १६ किसी ग्रंथ की कुंजी।

अव्यय—विभक्ति 'का' का स्त्री०।

क्रि०—'करणौ' क्रिया के भूतकालिक रूप 'कियौ' का स्त्री०।

अव्यय—या, अथवा।

सर्व०—क्या। उ०—केहरि छोटौ बहुत गुण, मोड़ै गयंदां मांण। लोहड़ बड़ाई की करै, नरां नखत परमांण।—हा.झा.

वि०—कौनमा, कौनसी।

कहा०—१ की जेठ सारू हीज बेटी जाई है—दूसरे के भरोसे कोई काम नहीं उठाया या रक्खा जाता. २ की डोकरियां कांम, राज कथा सूं राजिया—बुड्ढियों को राज्यकार्य से कौनसा मतलब, बिना मतलब किसी कार्य में हस्तक्षेप करने पर।

कीउं, कीऊं–क्रि०वि०—क्यों।

वि०—कुछ। उ०—नहचळ अत कठण रहण नारे ना, आदम काळ नदी आरे आ। खाट म दाट **कीऊं** खारे खा, गिर जळ म दिहाड़ा गारे गा।—ओपौ आढ़ौ।

कीऊंक, कीऊक–वि०—कुछ।

कीकट–सं०पु० [सं०] निर्धनता, कंगाली (डि.को.)

वि०—निर्धन, कंगाल।

कीकर–सं०पु० [सं० किंकिराट] बबूल का पेड़ (अल्पा. 'कीकरियौ')

क्रि०वि०—कैसे, किस प्रकार। उ०—बोळौ बगनौ हुयग्यौ **कीकर**, धरती हेलौ पाड़ै।—रेवतदांन

कीकरियौ–सं०पु०—१ देखो 'कीकर' (अल्पा.) २ अंग्रेजी बबूल का वृक्ष. ३ देखो 'कांकरियौ' (रू.भे.)

कीकस–सं०पु० [सं०] १ अस्थि, हड्डी (डि.को.) उ०—जहां अंब फळ अच्छ तहां नींब फळ न पांमस, जहां चीणी पकवांन तहां **कीकस** रय मांनस।—करमसी खींवौ आसियौ २ क्षुद्र कीट (डि.को.)

कीकौ–सं०पु० (स्त्री० कीकी) पुत्र, लड़का, शिशु।

कहा०—किण रा कीका रौ कणदोरौ ढीलौ हुवै है—किसी कार्य-विशेष में किसको गरज पड़ी है। किसका स्वार्थ है जो कार्य हो। अधिक स्वार्थ (गरज) के स्थान पर प्रयोग में आने वाली कहावत।

कीड़–सं०स्त्री० [सं० क्रीड़ा] केलि, क्रीड़ा। उ०—दादो ज सारंग देवरौ, पतखोर पंजर पीड़। मरजाद तज प्रथिराज मैहलां, करी जिण रित **कीड़**।—पा प्र.

कीड़ापरबत–सं०पु० [सं० कीट पर्वत] दीमक द्वारा बनाया मिट्टी का भीटा, बल्मीक (डि.को.)

कीड़ी–सं०स्त्री० [सं० कीटी] १ चिउँटी, चींटी, पीपिलिका।

उ०—जवन अतक तन क्रपण धन, अनकण **कीड़ी** आंण। धरती में ऊंडौ धरै, जांण भलौ निज जांण।—बां.दा.

मुहा०—कीड़ियां लागणी—जी उकताना, शरारत करना, शरारत करने की इच्छा होना, त्वरा करना।

कहा०—१ कीड़ी कैवै क मां गुड़ री भेली ल्यावूं, मा कैवै क बेटी थारी कमर ही कैवै है नी—अपनी शक्ति के बाहर कोई कार्य करने के प्रयत्न पर. २ कीड़ी नै कण, हाथी नै मण—ईश्वर सबको निर्वाह के योग्य भोजन देता है. ३ कीड़ी नै पंसेरी वावणी—देखो कहावत ४. ४ कीड़ी नै पंसेरी री मारणी—कमजोर पर अधिक बल प्रयोग अथवा व्यंग्य कसना अच्छा नहीं. ५ कीड़ी नै मूत रौ रेलौ ही भारी व्है है—कमजोर एवं सामर्थ्यहीन पुरुष को छोटा सा एवं साधारण संकट भी सहन करना कठिन होता है. ६ कीड़ी संचै तीतर खाय, पापी कौ धन परळै जाय—चींटियों का इकट्ठा किया हुआ तीतर खाते हैं और पापी का धन दूसरे ले जाते हैं; पाप का कमाया हुआ धन पापी के काम नहीं आता; पाप का धन बुरे कामों में नष्ट होता है. ७ हाथी वेग चढ़ै नै कीड़ी वेग ऊतरै—बुखार के लिए प्रयुक्त जो प्राय: तेजी से चढ़ता है किन्तु चींटी की चाल के समान धीरे-धीरे उतरता है।

२ ज्वार के पौधों में लगने वाला एक कीड़ा।

कीड़ीनगरौ–सं०पु० [सं० कीटी+नगरम्] १ भूमि में बना हुआ चींटियों के रहने का स्थान जिसे चींटियाँ स्वयं भूमि खोद कर एवं पोली करके बनाती हैं. २ चींटियों का झुंड. ३ अंगुलिपर्व या पैर की तली पर होने वाला एक प्रकार का शोथयुक्त दीर्घस्थायी रोग। इसकी सूजन में चिकनाहट एवं एक समानता होती है जो संपूर्ण हड्डी को प्रभावित करती है किन्तु पीब पड़ने के लक्षण नहीं दिखते। प्राय: उस स्थान में से काले-काले दाने निकलते हैं।

कीड़ी-री-खाल–सं०स्त्री०—१ कुलांचें खाकर खेला जाने वाला एक प्रकार का बच्चों का खेल विशेष. २ असंभव अथवा कठिन कार्य।

मुहा०—कीड़ी री खाल निकाळणी—कठिन कार्य करना।

कीड़ौ–सं०पु० [सं० कीट, प्रा० कीड] १ छोटा उड़ने या रेंगने वाला जंतु, कृमि।

मुहा०—१ किताब रौ कीड़ौ—हर घड़ी किताब लेकर पढ़ने वाला, केवल लिखी हुई बात जानने वाला. २ कीड़ा पड़णा—बुरा फल मिलना, सड़ जाना. ४ कीड़ौ काटणौ—जी उकताना, शरारत करना, शरारत करने की इच्छा होना।

कहा०—करम रा कीड़ा नै धरम रा घसीड़ा—जो केवल ऊपरी बनाव-ठनाव से साधु या सज्जन मालूम पड़े उसके लिए।

२ मकोड़ा. ३ गिरगिट. ४ साँप. ५ जूं. ६ खटमल ७ थोड़े दिन का बच्चा. ८ पशुओं का रक्त विकार का एक रोग जो पहले फुंसी के समान होकर धीरे-धीरे नासूर बन जाता है। दो तीन वर्ष बाद प्राय: वह मिट जाता है।

कीच–सं०पु० [सं०] १ पंक, कीचड़, दलदल। उ०—**कीच** निहारयां कनै, भैंस रौ चळणूं भारी। पैल बळद पग प्रगट, खिसै नह दीठां खारी।

—ऊ.का.

२ वह पानी जिसे मेथी को भिगो कर तैयार किया जाता है। इससे सोने के आभूषणों पर सोने के कण चिपकाए जाते हैं.

३ देखो 'कीचक'।

वि०—काला, श्याम* (डि.को.)

कीचक–सं०पु० [सं०] १ राजा विराट का साला और उसकी सेना का नायक जिसे भीम ने अज्ञातवास के समय मार डाला था.

२ कीचड़, पंक।

वि० [सं०] खोखला बांस। उ०—**कीचक** बांसां मांझ पवनियौ मीठौ जंपै, किन्नर भांमां कंठ जीत रा गीत पयंपै।—मेघ.

कीचक-मारण–सं०पु०—भीम (अ.मा., डिं.को.)

कीचकरी, कीचकार, कीचकारि–सं०पु० [सं० कीचक+अरि] कीचक को मारने वाले भीमसेन (ह.नां., अ.मा.)

कीचड़–सं०पु०—गीली मिट्टी, पंक, कीची, दल-दल (अल्पा. 'कीचड़ौ') उ०—चांपज्यौ मती वांरा चरण, कांप-कांप रौ **कीचड़ौ**। फांफ री दे'र मुख फेरज्यौ, खांप खांप रौ खीचड़ौ।—ऊ.का.
पर्याय०—करदम, कादौ, गारौ, चीखलौ, चीखिल्लक, जंबाळ, पंक।
मुहा०—कीचड़ में पड़णौ, कीचड़ में फसणौ—दुःख में पड़ना, गंदे मनुष्यों के व्यवहार में फँसना।

कीचल—देखो 'कीचड़' (रू.भे.)

कीट–सं०पु० [सं०] १ रेंगने या उड़ने वाला छोटा जंतु।
उ०—मकोड़ी **कीट** पतंग मुणाळ, भिखंग तुंही ज तुंही ज भुआळ।
—ह.र.
२ बच्चा. [सं० किट्ट] ३ लोह पर लगने वाला जंग (मि. 'काट') ४ तैल या घी के बर्तन के ऊपर या पैंदे में जमने वाला मैल, जमी हुई मैल।

कीटी–सं०स्त्री०—१ दूध के द्वारा बनाया जाने वाला खोवा।
उ०—भूरी **कीटी** रा आसी भव भटका, गुडळी छाछां रा सपने में गुटका।—ऊ.का. २ कीट-क्रीड़ा। उ०—दीपक वरत करै सो दीवौ, सो वरखा धण भरै सर। **कीटी** अंग करै सो मधुकर, धरपत सो दत दुरद घर।—अज्ञात

कीटौ—देखो 'कीट' (रू.भे.)
वि०—काला, श्याम।

कीठ–सं०पु०—१ लोहे का शिरस्त्राण. २ देखो 'कीटौ' (रू. भे.)
वि०—अत्यन्त काला या श्याम।

कीठे, कीठै–क्रि०वि०—कहाँ।

कीणौ–सं०पु० [सं० क्रयण] प्रायः देहात में शाक तरकारी आदि खरीदने के बदले दिया जाने वाला थोड़ा सा अनाज।

कीत–सं०स्त्री० [सं० कीर्ति] कीर्ति, यश।

कीतबर, कीतवर–वि०—उदार, यशस्वी। उ०—वसू साधार झोख लागै **कीतवर**, अभंग पारथ अत इळा राजौ 'अमर'।
—विसनदास बारहठ

कीतावत–सं०पु०—गहलोत वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति (नैणसी)

कुवेळा-सं०स्त्री०—१ कुसमय, अनुपयुक्त समय, असमय. २ संकट का समय, आपत्तिकाल। उ०—चिंता में बुध परखिये, टोटे परख त्रियांह। सगा **कुवेळा** परखिये, ठाकर गुन्हा कियांह।—अज्ञात

कुवौ-सं०पु० [सं० कवल] १ कौर, ग्रास (डिं.को.)

[सं० कूप] २ कुआ, कूप।

कुव्वत—देखो 'कुवत' (रू.भे.)

कुसंग, कुसंगत-सं०स्त्री० [सं० कुसंग] बुरे लोगों का साथ, बुरी सोहबत।

कुसंगी-वि०—कुसंग करने वाला बुरा, नीच। उ०—प्रथम विचार पाप कौ पापी, करमत करमत मीत **कुसंगी**।—ऊ.का.

कहा०—संगी सौ मिळजौ पण कुसंगी एक भी न मिळजौ—बुरी वस्तु की थोड़ी सी प्राप्ति भी बुरी है।

कुसंप-सं०पु०—द्वेष, परस्पर का वैमनस्य, अनबन, विरोध, शत्रुता (ह.नां.)

कुसंस्कार-सं०पु० [सं०] अंतःकरण में अयथार्थ वा निषिद्ध बात का प्रभाव जिससे बुद्धि ठीक निश्चय न कर सके वा मन अच्छे कामों की ओर न जाय, बुरा संस्कार।

कुस-सं०पु० [सं० कुश] १ काँस की तरह की एक घास जिसकी पत्तियाँ नुकीली, तीखी और कड़ी होती हैं। दाभ, डाभ, दर्भ (डिं.को.)

पर्याय०—कुथ, डाभ, दरभ।

२ जल. ३ सात द्वीपों में से एक द्वीप. ४ लोहे का लंबा व नुकीला कीला जिससे गड्ढे खोदे जाते हैं. ५ फाल, कुसिया, कुसी (हल की)

कुसकंडिका-सं०स्त्री० [सं० कुशकंडिका] वेदी पर वा कुंड में अग्नि-स्थापना करने की आनुष्ठानिक क्रिया जिसका विधान भिन्न-भिन्न है। इसमें होम करने वाला कुशासन पर बैठ कर दाहिने हाथ में कुश लेकर उसकी नोंक से वेदी पर रेखा खींचता जाता है।

कुसड़ौ-सं०पु०—कुये पर काम करने वाला (क्षेत्रीय)।

कुसताळु-सं०पु०—वह घोड़ा जिसके मस्तक की माँग में और सीने में श्याम रंग के चकत्ते हों और संपूर्ण शरीर किसी एक ही रंग का हो। (अशुभ—शा.हो.)

कुसती—देखो 'कुस्ती' (रू.भे.)

वि० [कु+सती] कुलटा, पतिता।

कुसतीबाज—देखो 'कुस्तीबाज' (रू.भे.)।

कुसदीप, कुसद्वीप-सं०पु० [सं० कुशद्वीप] सात द्वीपों में से एक जो चारों ओर घृत-समुद्र से घिरा है (पौराणिक)

कुसद्धज, कुसधुज, कुसध्वज-सं०पु० [सं० कुशध्वज] राजा जनक के

छोटे भाई सीरध्वज जिनकी कन्यायें भरत और शत्रुघ्न को ब्याही थीं। कुशध्वज (रांमरासौ)

कुसनेही–वि० [सं० कु+स्नेह+ई] कपटी, छली, झूठा मित्र।
उ०—ससनेही समदां परइ, वसत हिया मंझार। **कुसनेही** घर आंगणइ, जांण समदां पार।—ढो.मा.

कुसब–वि० [सं० कु+शुभ] अमांगलिक, अशुभ।

कुसम–सं०पु० [सं० कुसुम] १ फूल, पुष्प (अ.मा.) उ०—दिपि कनक तोरण द्वार, सम **कुसम** माळ सिंगार।—रा.रू.
२ एक प्रकार का लाल फूल. ३ रजोदर्शन. ४ आँख का एक रोग (मि० 'फूलौ' २,३) ५ प्रत्येक चरण में ८ मात्रा का मात्रिक छंद विशेष (ल.पिं.)

कुसमक—देखो 'कुसम' (रू.भे.) उ०—**कुसमक** तारां ब्रंद हुलास, हिय करै, दसतन धरिया काय सुधा घर दूज रै।—बां.दा.

कुसमद–सं०पु०—पेड़, वृक्ष (अ.मा., नां.मा.)

कुसमळप्रिय–सं०पु०—भौंरा, भ्रमर (नां.मा.)

कुसमसर–सं०पु० [सं० कुसुमशर] कामदेव। उ०—नाता समंद पखै अन नारी, सुलभ समौभ्रम **कुसमसर**। सुणियौ ज्यौ वेखियौ संपेखण, वेखियौ ज्यौ वांछियौ वर।—पदमां सांदू

कुसमांडा–सं०स्त्री० [सं० कुशमांडा] १ नौ दुर्गाओं में से एक।
उ०—त्रतीया तुही चंद्रघंटा तवीजै, चतुरथी तुही **कुसमांडा** चवीजै।
—मे.म.
२ शिव के अनुचर. ३ कुम्हड़ा।

कुसमांण–सं०पु० [सं० कुसुम] पुष्प, फूल। उ०—किनर असमांण **कुसमांण** बरखा करै, गंधरब गांण बाखांण गावै।—मे.म.

कुसमाक–सं०पु० [सं० कुसमाकर] वसंत (अ.मा.)

कुसमाद–सं०स्त्री०—१ फूल वाले वृक्ष या पौधे २ धूर्तता, चालाकी।

कुसमायुध–सं०पु० [सं० कुसुमायुध] कामदेव। उ०—**कुसमायुध** कहतां कांमदेव तें कै उदै करि केळि विलास।—वेलि टी.

कुसमाळय–सं०पु० [सं० कुसमालय] भौंरा, भ्रमर।

कुसमालिया–सं०स्त्री०—राठौड़ राव मल्लिनाथजी के पुत्र मांडण के वंशज राठौड़ों की एक उपशाखा।

कुसमावळत–सं०पु० [सं० कुसुमावर्त] वसंत (अ मा.)

कुसमावळी–सं०पु० [सं० कुसुमावलिट्] भ्रमर, भौंरा (अ.मा.)

कुसमाहिम–सं०पु०—चंपा (अ मा.)

कुसमित–वि०—प्रफुल्लित। उ०—**कुसमित** कहतां फूली, कुसमायुध कहतां कांमदेव तें कै उदै करि केळि विलास।—वेलि.

कुसमै–सं०पु० [सं०कु+समा, कु+समय] कुसमय, असमय। उ०—समै **कुसमै** सुर सारत सार, पुकारत आरत वंत पुकार।—ऊ.का.

कुसम्मौ–सं०पु० [सं० कु+समय] १ दुर्भिक्ष, दुष्काल. २ कुसमय, असमय।

कुसराणौ, कुसराबौ, कुसरावणौ, कुसरावबौ–क्रि०स० [सं० कु+श्लाघनम्] निंदा करना, अपयश देना। उ०—दरीखांना री बगत वडा इतमांम वणावै, करै निंदा पार की रीत पैलां **कुसरावै**।—अरजुनजी बारहठ

कुसरावियोड़ौ–भू०का०कृ०—अपयश दिया हुआ, निंदित।
(स्त्री० कुसरावियोड़ी)

कुसळ–वि० [सं० कुशल] १ चतुर, दक्ष, निपुण। उ०—कर वाच वाद अकबर **कुसळ**, 'वीद' हरे सभिया विडंग।—रा.रू. २ श्रेष्ठ, भला.
३ क्षेम, मंगल, खैरियत। उ०—मन सुद्धि जपंता रुखमिणि मंगळ, निधि संपति थाइ **कुसळ** नित।—वेलि.
पर्याय०—अघेय, अभय, खेम, भव्य, भव्यक, भावक, मंगळ, मद्र, ससउ, ससत, सिव, सुभ।
४ शिव का एक नाम।

कुसळखे, कुसळखेम–सं०पु०यौ० [सं० कुशलक्षेम] राजी-खुशी, खैरियत (ह.नां., अ.मा.)
उ०—मया करीनै मूकज्यौ, **कुसळखेम** ना लेख। लीलापति लखजौ, वळी समाचार।—ढो.मा.
पर्याय०—अभय, खेम, भद्रसेव, भवक, भव्य, भावक, मंगळ, सुभद्र, सुसत, सेव।

कुसळता–सं०स्त्री० [सं० कुशलता] १ चतुराई, निपुणता, दक्षता.
२ योग्यता. ३ खैरियत, कुशलक्षेम।

कुसळ-पांग–स०पु० [सं० शुक्लापांग] मयूर, मोर (ह.नां.)

कुसळसमाध–सं०स्त्री० [सं० कुशल+समाधि] कुशलक्षेम, कुशल-मंगल।
उ०—यूं कहि निछरावळ मेल, हजूर मांही बुलाय, मिळ हाथ फेर, **कुसळसमाध** पूछ सीख दीवी।—जलाल बूबना री वात

कुसळा, कुसळाई–सं०स्त्री० [सं० कुशल] कुशल-क्षेम, खैरियत।
उ०—आव नहीं आदर नहीं, नहिं भगति नहिं प्रेम। हंस **कुसळा** पूछै नहीं, खड़ा न रहिये खेम।—अज्ञात

कुसळात, कुसळाता, कुसळाती, कुसळायत—देखो 'कुसळता' (रू.भे.)
उ०—१ **कुसळात** पूछ इम हेत कीध, देबौ रसाळ जवाहर दीध।
—वि.सं.
उ०—२ सुख सूं बैठी सदन में, क्यूं पूछौ **कुसळात**।—बां.दा.
उ०—३ सांप्रत पूछी नह किणही **कुसळाता**, अंन-अंन करतोड़ी मरगी अंनदाता।—ऊ.का. उ०—४ बिजूं हस बोलतौ, (जदै) घणा दिनां सूं मिळतौ। **कुसळायत** पूछतौ, अमल रूपेटां गळतौ।
—अरजुणजी बारहठ

कुसळी–सं०स्त्री० [सं० शकुली] मछली (ह.नां., अ.मा.)

कुसवावळ–सं०स्त्री०[सं० कुसुमावलि] कुसुम, पुष्प, फूल (नां.मा., अ.मा.)

कुससथळी, कुसस्थळी–सं०स्त्री०—द्वारका का एक नाम।
उ०—**कुससथळी** हूंता कुंदणपुरि, किसन पधारचा लोक कंहति।
—वेलि.

कुसागड़ी–सं०पु० [सं० कु+शाकटिक] वह गाडीवान जो बैलों को हाँकने में निपुण न हो। उ०—कोयक सकट **कुसागड़ी**, भार विसेस भरंत।

धवळ वडप्पण आपरै, खांधै लै निबहंत ।—बां.दा.

कुसाग्र–वि० [सं० कुशाग्र] तीव्र, तेज, नुकीला, पैना । उ०—**कुसाग्र** तीव्र बुद्धि कौ समग्र व्यग्र तैं करी ।—ऊ.का. (यौ० कुसाग्रबुद्धि)

सं०पु०—कोरड़ा, चाबुक ।

कुसामद—देखो 'खुशामद' (रू.भे.) उ०—करै **कुसामद** कूर, करै कुसामद कूकरा । दुरस कुसामद दूर, पुरस अमोल प्रतापसी ।—दुरसौ आढ़ौ

कुसामदी—देखो 'खुशामदी' । उ०—काचै कूड़ **कुसामदी** जे वाचै नाराज । साचै जस 'परतापसी', मन राचै महाराज ।

—जैतदांन बारहठ

कुसावरत–सं०पु० [सं० कुशावर्त] हरिद्वार के पास एक तीर्थ का नाम ।

कुसासन–सं०पु० [सं० कुश+आसन] १ कुश नामक घास का बना आसन ।

[सं० कु+शासन] २ बुरा शासन ।

कुसिक–सं०पु० [सं० कुशिक] १ एक प्राचीन आर्य वंश. २ हल का फाल (डि.को.)

कुसियौ—देखो 'कुस' (३)

कुसी–सं०स्त्री०—१ घास काटने का एक औजार. २ वीणा ।

उ०—**कुसी** रिखराज करै झणकार, धजाबंध पत्र भरै रत्र धार ।

—मे.म.

[सं० कुशी] ३ हल का फाल. ४ देखो 'खुमी' (रू.भे.)

उ०—खाणा पीणा खरचणा, ऐस **कुसी** आरांम । करणा हौ सो कर लेवौ, काळा केसां कांम ।—अज्ञात

कुसीक–क्रि०वि०—खुशी से, प्रसन्नता से । उ०—लाधां पातां बेरड़ा रूपगां, नही लुभै सनातनां दीधा त्याग इरादा **कुसीक** । वास गैस नाग 'मधा' केड़ ग कुसाळ बापौ, लोपै नांज सोभाग अजादां मंत्रां लीक ।—कविराजा करणीदांन

कुसील, कुसीलौ–वि० [सं० कु+शील] दुराचारी, पतित, जो शीलवान न हो, बुरा । उ०—दोनां रै एक-एक थप्पड़ धर'र बोली–रांड्या कुधन अर **कुसीलौ**, भाई री बराबरी करसी, क्यौं ।—वरसगांठ

कुसुंम, कुसुंमी–वि० [सं० कुसुंम] कुसुम के रंग का, लाल ।

कुसुम—१ देखो 'कुसम' (डि.को.) २ छप्पय छंद का ६७ वाँ भेद जिसमें ४ गुरु और १४४ लघु से १४८ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं (र.ज.प्र.) ३ छंद शास्त्र में ठगण का छठा भेद जिसमें मात्रा का क्रम ।ऽ।। से चलता है (डि.को.)

वि०—१ लाल, रक्तवर्ण* (डि.को.) २ कोमल (डि.को.)

कुसुमायुध–सं०पु०यौ० [सं०] कामदेव । उ०—कुसुमति **कुसुमायुध** ओटि केलि क्रत, तिहि देखे थिउ खीण तन ।—वेलि.

कुसू–सं०पु०—केंचुआ (डि.को.)

कुसूमल—वि०—देखो 'कुसुमी' ।

कुसेसय–सं०पु० [सं० कुशेशय] कमल (ह.नां, अ.मा.)

कुस्तमकुस्ता–सं०पु०—गुत्थमगुत्था, लड़ाई, मुठभेड़ ।

कुस्ती–सं०स्त्री० [फा० कुश्ती] दो आदमियों का परस्पर एक दूसरे को बलपूर्वक पछाड़ने या पटकने के लिए लड़ना, मल्लयुद्ध ।

मुहा०—१ कुस्ती करणी—संभोग करना (बाजारू) २ कुस्ती लड़णी—मल्लयुद्ध करना ।

कुस्तीगीर–सं०पु०—मल्लयुद्ध करने वाला, पहलवान । उ०—**कुस्तीगीर** जेठी एक दिल्ली मांझ आयौ ।—शि.वं.

कुस्तीबाज–वि० [फा० कुश्तीबाज] कुश्ती लड़ने वाला, पहलवान ।

कुस्तौ–सं०पु० [फा० कुश्तो] वह भस्म जो धातुओं को रसायनिक क्रिया से फूंक कर बनाया जाय, भस्म ।

कुस्त्री–सं०स्त्री० [सं० कु+स्त्री] बुरी पत्नी, कलहप्रिय स्त्री ।

कुस्याळी–सं०स्त्री०—खुशहाली, प्रसन्नता, हर्ष । उ०—बागा बादिस्यांहां के कुस्याळी का नगारा, दोनूं दीन हाजरि चाकरी में आंण सारा ।

—शि.वं.

कुस्रती–सं०स्त्री० [सं० कुसृति] माया, धूर्तता, ठगाई, इंद्रजाल, बाजीगरी (डि.को.)

कुस्वारथ–वि०—अहित, बुरा । उ०—जाड़ेची नूं घणौ हठ कर बळती नूं राखी, पिण जाड़ेची कहे 'थे म्हारौ **कुस्वारथ** करौ छौ ।

—नैणसी

कुस्सम—देखो 'कुसम' (रू.भे.) उ०—प्रिय सूं अधिकउ प्रेम, रयणि दिवस रंगय रमइ । मोह्या मधूकर जेम, **कुस्सम** जांणि कतक-तणय ।

—ढो.मा.

कुह–सं०स्त्री० [सं० कुहू] १ मधुर स्वर, मधुर ध्वनि. २ कोयल की बोली. [सं० कुहू] ३ अमावस्या । उ०—छिपा **कुह** रात दिह अंधकार गैण छायौ ।—हुकमीचंद खिड़ियौ

सं०पु०—४ कुबेर (डि.को., ह.नां.)

कुहक–सं०पु० [सं०] १ माया, धोखा, इन्द्रजाल का खेल (डि.को.) २ धूर्तता, मक्कारी. ३ मेंढ़क. ४ नाग विशेष. ५ बारूद से चलने वाला एक अस्त्र (मि० कुहकबांण) उ०—अतत्र र से गोळा असमांणां, **कुहक** बांण झड़ तीर कबांणां ।—रा.रू.

६ मुर्गा (डि.को.) ७ देखो 'कुहक' (रू.भे.)

कुहकणी–सं०स्त्री०—कुहकने वाली, कोयल ।

कुहकणौ, कुहकबौ–क्रि०अ०—१ कोयल का बोलना. २ पक्षियों का कूजना । उ०—मोर **कुहकै** छै, डेडरा डहकै छै, भाखरां रा नाळा बोलनै रह्या छै ।—रा.सा.सं.

कुहकबांण–सं०पु०—१ एक प्रकार का बाण जो बाँस की पट्टियाँ जोड़ कर बनाया जाता है. २ अग्निबाण । उ०—हथनाळि हवाई **कुहकबांण** हुवि, होइ वीरहक गैगहण ।—वेलि.

३ एक प्रकार की तोप (रा.सा.सं.)

कुहक्क—१ देखो 'कुहक' (रू.भे.) २ ध्वनि विशेष । उ०—हरांमखोर चोर कौ **कुहक्क** दे हरावणी, कराळ कंठ कंकणीय डंकणी डरावणी ।—ऊ.का. ३ ताल के साठ भेदों में एक भेद (संगीत)

४ भय, डर।

कुहड़ि-सं०स्त्री० [सं० कुहा] देखो 'कूड़' (रू.भे.)

उ०—साल्ह चलंतइ परठिया, आंगण वीखड़यांह। कुहा केरी **कूड़** ज्यूं, हिवड़ े होय रहियाह।—ढो.मा.

कुहटाऊ-सं०पु०—हुक के समान एक उपकरण। उ०—तठा उपरांति करि नैं राजांन सिलामति अतरा मांहै तरकसां रा **कुहटाऊ** बीड़िया छै।—रा.सा.सं.

कुहणि-सं०स्त्री० [सं० कफोणी] कोहनी।

कुहन-वि० [सं०] ईर्ष्या करने वाला, मक्कार, धोखेबाज (डिं.को.)

सं०पु० [सं०] १ चूहा, मूसा (अ.मा.) २ मिट्टी का बर्तन (ह.नां.) ३ सांप।

कुहनी-उड़ान-सं०स्त्री०—कुश्ती का एक पेंच जिसमें फुर्ती से कुहनी के झटके से प्रतिद्वंदी के हाथों को पकड़ कर रद्दा दिया जाता है।

कुहर-सं०पु० [सं० कुहू] १ वह अमावस्या जिसमें चंद्रमा विल्कुल नहीं दिखाई दे. २ अमावस्या की अधिष्ठात्री देवी. ३ प्लक्ष द्वीप की एक नदी. ४ अंधेरा. [सं० कुं भूमिं हरति त्यजतीति कुहरं अधोभुवनम्] ५ पाताल (डिं.नां.मा.) ६ कुहरा. उ०—कळि मचंड असात उठै मेचक **कुहर** रण भैचक संक व्ही राव रांणै। वीथरती तेण दिन जाप 'सूजां' बिया जग दुंदिद तणै आताप जांणै।

७ कुआ। —उम्मेदसिंह सीसोदिया री गीत

कुहाडउ, कुहाड़ौ-सं०पु० [सं० कुठार] कुल्हाड़ा, फरसा।

उ०—**कुहाड़ां** मार जिहाज बटका करै।—द.दा.

वि०—१ विध्वंसक. २ विरुद्ध।

उ०—असमर साभि अजीम नूं, थयौ **कुहाड़ौ** साह।—रा.रू.

कुहींक-वि०—कुछ। उ०—लक्ष्मीजी भगवांन सूं अरज कीवी—देवीदास थांहरौ निज भगत है, इणनूं **कुहींक** दीजै।—पलक दरियाव री वात

कुही-सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का शिकारी पक्षी। यह प्रायः पक्षियों का शिकार करने के लिए पाला जाता है। उ०—तठा उपरांति करिनै राजांन सिलामति बाज **कुही** सिकरा, सींचांणा, जुररा तुमती हुसनाकां सार वांना रा हाथां ऊपर सूं सगगाट करता छूटै छै।—रा.सा.सं.

२ एक जाति विशेष का घोड़ा। उ०—काळवा **कुही** करड़ा कियाह, हांसला हरेवी नइ हलांह।—रा.ज सी.

कुहूक—देखो 'कुहक' (रू.भे.)

कूं-अव्यय—द्वितीया विभक्ति—को। उ०—आकां **कूं** रखवाळ कर कोई आंबा खावै।—केसोदास गाडण

वि०—१ कुछ. २ कोई।

कूंअर—देखो 'कुंअर' (रू.भे.)

कूंआरी—देखो 'कुंआरी' (रू.भे.)

कूंकड़ौ-सं०पु०—१ ऊंट के मस्तक का एक रोग. २ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.) ३ मुर्गा।

कूंकण—१ देखो 'कुंकण' (रू.भे.) २ पंवार वंश की एक शाखा अथवा इस शाखा का व्यक्ति।

कूंकणी-किवळौ-सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा विशेष (शा.हो.)

कूंकणौ, कूंकबौ-क्रि०अ०—देखो 'कूकणौ' (रू.भे.) उ०—ताहरां फूलमती विचारियौ जु हमै **कूंकां** तौ आपां रौ अठै कोई नहीं।—चौबोली

कूंकम—देखो 'कुंकुम' (रू.भे.) उ०—करै तिलक अत्यु का तिलक **कूंकम** वीसारै।—रा.रू.

कूंकावटी-सं०स्त्री० [सं० कुंकुम+पुटी] कुंकुम का पात्र।

उ०—हे कूंकू तौ भरी जच्चा रांणी रै **कूंकावटी**।—लो.गी.

कूंकूं-सं०पु० [सं० कुंकुम] देखो 'कुंकुम' (रू.भे.)

कूंकूंपत्री-सं०स्त्री०—विवाह का निमंत्रण-पत्र।

कूंख, कूंखि, कूंखी-सं०स्त्री० [सं० कुक्षि] १ कोख, गर्भाशय।

उ०—१ लालच लिखिया बहनड़ी, सांमहै हीयड़इ डावी **कूंखी**। —वी.दे.

उ०—२ हरियौ-हरियौ कांई करौ अे. हरी अे वन में तौ दूब। हरियौ सूरज जी रौ घोड़लौ, हरी बहू रेणादे री **कूंख**।—लो.गी.

कूंगचौ, कूंगसौ-सं०पु०—इमली का बीज, चिआं।

कूंगौ-सं०पु०—इमली का बीज, चिआं।

वि०—निर्धन, कंगाल। उ०—कोड़ी-कोड़ी ले कळियोड़ा **कूंगां**। —ऊ.का.

कूंच-सं०स्त्री०—१ कूच, रवानगी, प्रयाण। उ०—जोधपुर लेवण नूं मंडोवर सूं **कूंच** कियौ।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

२ एक प्रकार का वृक्ष. ३ देखो, कूच' (रू.भे.)

कूंच की फळी-सं०स्त्री०—कौंच की फली (अमरत)

कूंचला-सं०पु०—भोजन चबाने के दांत विशेष जो अगाड़ी के दांतों के और डाढ़ों के बीच में होते हैं (मि. कांणेठा)

कूंची-सं०स्त्री०—१ चाबी, ताली। उ०—कुलबै लगे गुरां री **कूंची**, खट ताळा खुल जावै।—ऊ.का. २ कटी हुई मूंज या बालों का गुच्छा जिससे चीजों का मैल साफ करते हैं अथवा उन पर रंग फेरते हैं। ३ चित्रकार की रंग भरने की कूंची. ४ ऊंट का चारजामा।

उ०— चुग-चुग करलां **कूंची** मांडौ, चुग-चुग घुड़लां जीण। --डूंगजी जवारजी री पड़

५ ऊंट का उपस्थ या शिश्न. ५ लोहे का वह टेढ़ा छड़ जिसको किवाड़ के छेद में डाल कर बाहर से भीतर की अर्गला या सिटकनी खोलते हैं। अंकुसी।

कूंचीकस-सं०स्त्री०—चाबियां लटकाने के लिए करधनी के साथ बंधा कड़ी व श्रृंखला लगा एक उपकरण।

कूंज-सं०पु०—१ क्रौंच पक्षी (रू.भे. 'कुंज') उ०—आयी आयी मा पीवरिये री ए **कूंज**, आय र बैठी मा नीमड़ीजी।—लो.गी.

२ एक प्रकार का मिट्टी का बर्तन। उ०—घट घड़कलिया माट, मंगळिया मटकी हांडा। झोवा **कूंज** कुंडाळ, कढ़ावणी ढकण खांडा। —दसदेव

३ देखो 'कुंज' (रू.भे.)

कूंजड़ा–सं०स्त्री०—सब्जी बोने व बेचने वाली एक जाति विशेष।

कूंजड़ि, कूंजड़ी–सं०स्त्री०—क्रौंच पक्षी। उ०—प्रतबंब गिरां सिखरां पडिग्रां, कळळै नभ मारग **कूंजड़ियां**।—पा.प्र. २ कुंजड़ा जाति की स्त्री। उ०—केधां बेचण बोर **कूंजड़ी**, दाखां छिब दरसाई।
—ऊ.का.

कूंजड़ौ–सं०पु० [कुंज+अट=कुंजट—शक.] कुंजड़ा जाति का व्यक्ति।

कूंजणौ, कूंजबौ—देखो 'कूजणौ'। उ०—कई जात रा तत्र पत्राळ **कूंजै**, गहक्कै सिवा साद सादूळ गूंजै।—मे.म.

कूंजा-बरदार–सं०पु०—पानी पिलाने वाला सेवक। उ०—चीणौ चाकर किसनसिंघ रौ **कूंजा-बरदार** कांम ग्रायौ।—बां.दा.ख्यात

कूंजौ—देखो 'कुंजौ' (रू.भे.)

कूंझ, कूंझड़ी–सं०स्त्री०—क्रौंच पक्षी। उ०—१ **कूंझां** एकरिए संगि, ताळि चरंती दिट्ठियां।—ढो.मा. उ०—२ **कूंझड़ियां** करळव कियउ, घरि पाछिले वर्णेहि। सूती साजण संभरया, द्रह भरिया नयणेहि।
—ढो.मा.

उ०—३ किणहीं अवगुण **कूंझड़ी**, कुरळी मांझिम रत्त।—ढो.मा.

कूंट–सं०स्त्री०—१ दिशा, कोना, कोण (डिं.को.) उ०—सावण तौ लहरचौ भादवे रे बरसे च्यारूं **कूंट**।—लो.गी.

उ०—२ जीण मेरी बाई एं! बैंठचौ बौ बादस्या चादर तांण।
मेरी मां की जाई! च्यार सुपारी ये **कूंटां** मेलदी।
—लो.गी.

सं०पु०—२ किनारा, छोर. ३ ऊँट के पैर का बंधन।

उ०—ढोलइ मनह विमासियउ, सांच कहइ छड एह। करह झेकि दोनूं चढ़चा, **कूंट** न संभाळेह।—ढो.मा.

कूंट-कूंटाळौ–वि०—१ चित्रित. २ कोनेदार।

कूंटणौ, कूंटबौ–क्रि०स०—१ ऊँट का एक पैर मोड़ कर बाँध देना जिससे वह चरता चरता अधिक दूर न जा सके। उ०—ऊमर साल्ह उतारियउ, मन खोटइ मनुहारि। पग सूं ही पग **कूंटियउ**, मुहरी झाली नारि।—ढो.मा.

कूंटियौ–वि०—एक पैर मोड़ कर बाँधा हुग्रा (ऊँट)

सं०पु०—१ लकड़ी ग्रादि छीलने व काटने का एक उपकरण.
२ 'कूंटौ' का ग्रल्पा०। देखो 'कूंटौ'।

कूंटौ–सं०पु० [सं० कुंठ] १ दरवाजे की चौखट में लगा हुग्रा कोंढ़ा जिसमें सांकल फँसाई जाती है ग्रौर ताला लगाया जाता है.
२ किवाड़ में लगी हुई साँकल जो किवाड़ को बंद करने के लिए कुंडे में फँसाई व डाली जाती है, कुंडी. ३ जंजीर की कड़ी।

कूंठ–सं०पु० [सं०कुंठ] देखो 'कुंट' (रू.भे.)

कूंठौ—देखो 'कूंठौ' (रू.भे.)

कूंड–सं०स्त्री० [सं० कुंड] १ सिर को बचाने के लिये लोहे की एक ऊँची टोपी जिसे लड़ाई के समय पहनते थे, खोद. २ कुंड, हौज।

कूंडळ–सं०पु०—१ ढोल पर लगाया जाने वाला गोल कड़ा।
२ देखो 'कुंडळ' (रू.भे.) उ०—**कूंडळां** झोक नग जड़त कूंडा, ग्रभंग कमंध तणौ गुमर उतारियौ।—ग्रज्ञात

कूंडळी–सं०स्त्री०—१ लोहे की पत्ती के ग्रंदर सुराख करते समय नीचे रखे जाने वाले ग्रौजार. २ देखो 'कुंडली' (रू.भे.)

कूंडळौ–सं०पु०—गोल घेरा, वृत्त। उ०—जैं तळे **कूंडळौ** मांडियौ, ए लूम्यां री डोरी।—लो.गी.

कूंडापंथ—देखो 'कुंडापंथ' (रू.भे.)

कूंडापंथी—देखो 'कुंडापंथी' (रू.भे.)

कूंडाळियौ— देखो 'कुंडाळियौ' (रू.भे.)

कूंडाळौ—देखो 'कुंडाळौ' (रू.भे.)

कूंडियौ–सं०पु० [सं० कुंड] १ वृत्ताकार गोल घेरा, वृत्त. २ सूर्य, चंद्रमा ग्रादि के चारों ग्रोर होने वाला चक्र. ३ मिट्टी का बना हुग्रा चौड़े मुँह का एक गहरा पात्र जिसमें पानी, ग्रनाज ग्रादि रखा जाता है. ४ घोड़े को वर्त्तुलाकार घुमाने की क्रिया. ५ इस प्रकार घूमने से होने वाला वर्त्तुलाकार चिन्ह।

कूंडी–सं०पु० [सं. कुंड] १ घोड़ा (डिं.को.)
स्त्री०—१ पत्थर वा मिट्टी का कटोरे के ग्राकार का बरतन जिसमें लोग दही, चटनी ग्रादि रखते हैं. ३ ग्रग्निहोत्र करने का स्थान.
४ जंजीर की कड़ी।

कूंडौ–सं०पु० [सं० कुंड] १ चौड़े मुँह का एक गहरा बर्तन जिसमें ग्रनाज ग्रादि रखा जाता है. २ गोल घेरा, वृत्त. ३ किसी वस्तु के चारों ग्रोर केवल मात्र ग्रपना ग्रधिकार रखने के लिये खींचा गया एक वृत्त।

कूंढ़ी–सं०स्त्री०—गोल घूमे हुए सींगों वाली भैंस।

कूंण–सर्व०—कौन (रू.भे. 'कुण')
सं०पु०—कोना, दिशा।

कूंणी–सं०स्त्री० [सं० कफोणी] कोहनी (देखो 'खूंणी') (क्षेत्रीय)

कूंत–सं०स्त्री० [सं० कुंती] १ पांडु-पत्नी, कुंती। उ०—सत छोडय सीताय **कूंत** सती, जिण वार टळै जुघ 'पाल' जती।—पा.प्र.
२ करामात, चमत्कार. ३ तंत्र. ४ ग्रनुमान, ग्रंदाज. ५ ग्रक्ल, बुद्धि. ६ भाला, बरछी (डिं.को.) उ०—धौळै दिन वागा धकै, तोलै **कूंत** खड़ग्ग। ग्राम्हां साम्हां ग्राहुड़ै, विडंग उपाड़ै वग्ग।—रा.रू.
७ इज्जत, प्रतिष्ठा। उ०—१ गल राखण निज, जड़ गमण, कुळ वधारण **कूंत**। पिड़ ग्रांगमण में पौढ़ियौ, तेवा पूत सपूत। पा.प्र.
उ०—२ ग्राघा जातां मुंडौ लेर पाछाई न ग्रावणौ छौ, करे सारां भेळा क्यूं गमावणौ छौ **कूंत**। ग्राबरू थावंतौ वटै पीवणौ सही छौ ग्राक, जीवणौ नहीं छौ धणी जावतां 'जसूंत'।
—दलजी म्हहडू

८ कीर्ति, यश (ग्रल्पा. 'कूंतड़ी')

कूंतड़ी—देखो 'कूंत' (अल्पा०) उ०—चीतै घण सैलांण कूंतड़ी इण विध आंणै, संख पदमरण बार पेखता मो घर जांणै।—मेघ.

कूंतणौ, कूंतबौ–क्रि०स०—अनुमान करना, अंदाजा करना, किसी वस्तु को बिना गिने, नापे या तौले उसकी संख्या, मूल्य या परिमाण आदि का अनुमान करना। उ०—कुन्नण पीतळ कूंत, एक रीत कर आदरै। हे उण ठाकर हूंत, भाखर सखरौ भैरिया।—राजा बळवंतसिंह

कूंतणहार, हारौ (हारी), कूंतणियौ—वि०।

कूंताणौ, कूंताबौ, कूंतावणौ, कूंतावबौ—क्रि०स०प्रे०रू०।

कूंतिग्रोड़ौ, कंतियोड़ौ, कूंत्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कूंतीजणौ, कूंतीजबौ—क्रि० कर्म वा०।

कूंतळ–सं०पु०—बाल, केश (डिं.को.)

कूंतहर–सं०पु०—भाला, बरछी। उ०—हणु तुमर केहर कूंतहर, कर करत दुय दसमुख चक्कर।—र.रू.

कूंता—देखो 'कुंती' (रू.भे.) उ०—गंधारी न जुड़ी थारी गति, जुड़ी न कूंता थारि जोड़ि।—गोरधन बोगसौ

कूंताई—देखो 'कूंतौ'।

कूंताणौ, कूंताबौ–क्रि०स० (प्रे०रू०)—अनुमान कराना, अंदाज लगवाना किसी वस्तु को बिना नापे-तौले उसकी संख्या, मूल्य या परिमाण आदि का अनुमान करवाना।

कूंताणहार, हारौ (हारी), कूंताणियौ—वि०।

कूतायोड़ौ—भू०का०कृ०।

देखो 'कूंतणौ' (स रू.)

कूंतायोड़ौ–भू०का०कृ०—अनुमान कराया हुआ, अंदाज लगवाया हुआ। (स्त्री० कूंतायोड़ी)

कूंति, कूंती–सं०स्त्री०–१ देखो 'कुंती' २ भाला बरछा। उ०—चउंडहार सांमी कूंति चाडि, ऊतरा सेन नांखिया उपाड़ि।—रा.ज.सी.

कूंतौ–सं०पु०—वस्तु को बिना गिने, नापे या तौले उसकी संख्या, मूल्य या परिमाण का अनुमान करने की क्रिया का कार्य।

मुहा०—करड़ा कूंता करणा—मेरा आप क्या बिगाड़ लेंगे। आपस में वैमनस्य होने पर विरोधी को कही जाती है।

कूंद–सं०स्त्री०—गोल लकड़ी के बने चक्र पर लबा पड़ा रहने वाला लट्ठा जिसके एक सिरे पर बैल जोते जाते हैं।

कूंदवौ–सं०पु०—१ घास का छोटा ढेर. २ देखो 'कंदूड़ौ' (रू भे.)

कूंन–सर्व०—कौन। देखो 'कुण' (रू.भे.)

कूंपळ–सं०पु० [सं० कुपल्लव] १ वृक्ष आदि की छोटी, नई और मुलायम पत्ती, अंकुर। उ०—सुणि ढोला करहउ कहइ, भौ मनि मोटी आस। कइरां कूंपळ नवि चरूं, लंघण पड़इ पचास।—ढो.मा. २ देखो 'कूंपळी' (२) उ०—अरियां उग्ररि बिचै घसि आधी, कूंपळे चरे कटारी।—नरसिंह आसियौ

कूंपळणौ, कूंपळबौ–क्रि०अ०—वृक्ष आदि की छोटी, नई और मुलायम पत्ती का अंकुरित होना। उ०—कूंपळतौ हूं देवदार चळवात पयांणै, सौरभ रस रंजाट धरा दिस दिखण आणै।—मेघ. (मि० 'पांगरणौ')

कूंपळी–सं०स्त्री०—१ कोंपल। उ०—पांन झड़ंता देख कर, हंसीज कूंपळियांह। मौ बीती तौ बीतसी, धीरी बापड़ियांह।—अज्ञात २ छाती के नीचे बीचोंबीच की वह छोटी हड्डी जिस पर सबसे नीचे की दोनों पसलियां मिलती हैं. ३ लकड़ी का बना कुप्पी के आकार का बहुत छोटा पात्र जिसमें स्त्रियां काजल रखती हैं। उ०—म्हें नै ढोलौ भूंबिया, म्हांनं आवी रीस। चोवा करै कूंपळै, ढोळी साहिब सीस।—ढो.मा.

कूंपळौ–सं०पु०—कोंपल।

कूंपलौ—देखो 'कूपलौ'

कूंपा–सं०स्त्री०—१ सीसोदिया वंश की एक शाखा. २ राठौड़ वंश की एक शाखा।

कूंपावत–सं०पु०—राठौड़ राव रिड़मल के पुत्र कूंपाजी के वंशज, राठौड़ों की एक उप-शाखा. २ इस शाखा का व्यक्ति।

कूंपी–सं०स्त्री०—कुप्पी। उ०—हेम की कूंपी मयण की मुंध सा धन समरई जीम मात गयंद।—वी.दे.

कूंपू–सं०पु०—सेना। उ०—लाहोर रौ राजा सिख रणजीतसिंह जिण रै दो कूंपू एक तिलंगांरौ।—बां.दा. ख्यात (मि० 'कंपू')

कूंबरी–वि०—कोमलांगी। उ०—सैज सूखासण कूंबरी, राजमती बीसलदे जोग।—वी.दे.

कूंभ—सं०पु०—१ मोर, मयूर. २ देखो 'कुंभ' (रू.भे.)

कूंभकळस–सं०पु०यौ०—विवाह आदि में बँधाने के काम आने वाला मांगलिक कलश। उ०—आंगणियां रौ चौक बौ कंवर तुम्हारौ जी राज, कूंभ-कळस थांरी कुळबहू राज।—लो.गी.

कूंभख—देखो 'कुंभक' (रू.भे.)

कूंभलौ–सं०पु०—रावण का भाई 'कुंभकर्ण'।

कूंभाथळ—देखो 'कुंभाथळ' (रू.भे.) उ०—कूंभाथळ मोताहळां, भरिया वप गिर भांत। चंद्रवरण गज रतन मैं बंगड़ बणिया दांत।

—बां दा.

कूंभार–सं०पु० —देखो 'कुंभार' (रू.भे.,डिं.को.)

कूंभावत–सं०पु —रामावत साधुओं की एक शाखा (मा.म.)

कूंभिला–सं०स्त्री०—एक देवी का नाम। उ०—कुंभिला पूजण लगौ कूंवर कुंभक्रण जागि।—सू प्र.

कूंभीपाक—देखो 'कुंभीपाक' (रू.भे.)

कूंभौ—देखो 'कुंभौ' (रू.भे., डिं.को.)

कूंम–सं०स्त्री०—कौम, जाति। उ०—सबै कूंम में यह नरूके बुरे हैं, जुरे जंग में यह कहूं ना मुरे हैं।—ला.रा.

कूंयरी—देखो 'कुंअरी (रू.भे.) उ०—कूंयरी भणइ तात अवधारि, हुंतउ कांन्ह देव अवतारि।—कां.दे.प्र.

कूंळ–सं०पु०—१ कमल। उ०—कळियां कूंळां री कादे में कळगी,

विखहर संगत सूं पीपळियां बळगी ।—ऊ.का. २ अधपका छोटा आम ।

कूंळौ—देखो 'कंवळौ' (रू.भे.)

कूंवर—देखो 'कुंवर' (रू.भे.)

कूंवरकलेवौ—देखो 'कुंवर-कलेवौ' (रू.भे.)

कूंवळी–वि०—कोमल । उ०—केळि गरभ जीसी **कूंवळी**, कूंकूं चंदन कीधां खोळी ।—वी.दे.

कूंस–वि०—दुष्ट । उ०—सगळी बात सुणी, पिण जोर कोई चालै नहीं । म्हेवा रै भाड़ां खेह लगाय नै **कूंस** ले गयौ ।

—जगमाल मालावत री वात

कू–सं०पु०—१ कुआ. २ राजा. ३ कुंभ. ४ कारण. ५ द्रव्य. ६ कार्य. ७ प्रकाश (एका०)

सं०स्त्री० [सं० कुः] ८ भूमि (एका.) ९ कूजने का शब्द.

वि०—१ गंभीर. २ मंद (एका.)

अव्यय—द्वितीयाविभक्ति चिन्ह—को । उ०—उदार मेरु शक्ति हेरु जोग के समाध कू ।—पा प्र.

कूग्रति–सं०स्त्री० [ग्र० कुग्रत] बुद्धि ।

कूईजणौ, कूईजबौ—देखो 'कुईजणौ' (रू.भे.)

कूईजियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'कुईजियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० कूईजियोड़ी)

कूग्रौ–सं०पु० [सं० कूप] कूप, कुआ (रू.भे. 'कूवौ')

कूक–सं०स्त्री० [सं० कूजन] १ लंबी सुरीली ध्वनि. २ पुकार ।

उ०—१ गई पुकारां जोधपुर, **कूक** गई अजमेर । सुणी इनायत असत खां, वणी जमात जु फेर ।—रा.रू.

उ०—२ चित जे मत व्है चळ विचळ । भज भज नहचळ भाय । **कूक** करै जिण दिन कुटंब, स्त्रीवर करै सहाय ।—र.ज प्र.

३ रुदन । उ०—**कूक** करूं तौ जग हंसै, चुपके लागै लाय । ऐसे कठण सनेह कौ, किण विध करूं उपाय ।—अज्ञात ४ कराह, चीख, त्राहि-त्राहि की आवाज । उ०—वाड़ करी रुखवाळ नै, वाड़ खेत नै खाय, राजा डंडै रैत नै, **कूक** किसे घर जाय ।—अज्ञात

५ मोर या कोयल की बोली. ६ हल्ला ।

उ०—**कूक** फजर कटकां करी, धरी न किलमूं धीर । सब दिन रोजे सम गयौ, बढ़ी विसम कळ पीर ।—ला.रा.

कूकड़–सं०पु० [सं० कुक्कुट] कुक्कुट, मुर्गा । उ०—चौथे प्रहरै रैण कै, **कूकड़** मेल्ही राळि । धण संभाळै कंचुवौ, प्री मूंछां रा बाळि ।—ढो.मा.

कूकड़कंध, कूकड़कंधौ–वि०—मुर्गे की गर्दन के समान आकृति वाला घोड़ा (रा.ज.सी., पे.रू.)

कूकड़ळी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का पौधा जिसके पत्तों का शाक बनता है ।

कूकड़लौ–सं०पु० [सं० कुक्कुट] १ मुर्गा. २ दामाद के लिए ससुराल में गाया जाने वाला एक गीत (रू.भे. 'कुकड़लौ')

कूकड़ियौ–सं०पु०—१ देखो 'कोकड़ी' । उ०—चोखौ वण्यौ दमड़कौ तेरौ, **कूकड़िये** री लार, चाल रे चरखला हाल, रे चरखला ।—लो.गी.

२ देखो 'कूकड़ीयौ' (रू.भे.) उ०—कंध धनु क्रम **कूकड़ियौ** निस दीह तता तुरगांण तता ।—किसनौ दधवाड़ियौ

कूकड़ौ–सं०स्त्री०— देखो 'कुकड़ी' (रू.भे.) उ०—मोहर-मोहर री कातूं भंवरजी **कूकड़ौ** जी, हां जी ढोला रोक रुपय्यिये रौ तार ।

—लो गी.

कूकड़ियौ–सं०पु०—१ देखो 'कोकड़ी'. २ मुर्गे. ३ मुर्गे की गरदन के समान गरदन वाला घोड़ा ।

कूकड़ू–सं०स्त्री०—परिहार राजपूत वंश की एक शाखा ।

कूकड़ेसर रौ कुंड–सं०पु०—चित्तौड़गढ़ के अंदर एक तीर्थस्थान (बां.दा.ख्यात)

कूकड़ौ–सं०पु० [सं. कुक्कुट]—१ पीतल का गोल गोला जिसमें पानी भर कर सोने-चाँदी को गलाया जाता है. २ मुर्गा ।

कहा०—१ कूकड़ा के तौ बखेरा में ही लाभ—मुर्गे को तो अन्न के बिखर जाने में ही फायदा है जिससे कुछ दाने चुगने को मिलें; चालाक व्यक्ति दूसरों की फूट में लाभ उठाते हैं. २ कूकड़ौ बोले जठैई परभात नहीं होवै—देखो कहावत ३. ३ कूकड़ौ व्है जठे ईज दन ऊगै—जब कोई व्यक्ति अनावश्यक अहंकार करता है तब यह कहावत कही जाती है । मुर्गे की बाँग प्रभात के होने की सूचक है; प्रभात का कारण नहीं है ।

३ गाय या ऊँट के होने वाला एक रोग जिसमें उनके कंठ में फफोला हो जाता है जिससे उसका श्वास रुक जाता है । यह रोग प्राय: असाध्य माना जाता हैं. ४ मटकी बजाते हुए दामाद को गाया जाने वाला एक राजस्थानी लोकगीत ।

(मि० 'कूकड़लौ')

ककणा–सं०स्त्री०—पँवार वंश की एक शाखा (बां.दा. ख्यात)

कूकणौ, कूकबौ–क्रि०अ०—१ शोर करना, हल्ला-गुल्ला करना. २ रुदन करना, विलाप करना । उ०—पूगौ 'पातळियाह', हातळिया जोड़त हुवा, **कूकै** काबलियाह । बाबलिया तैं बोविया ।—जुगतीदांन देथौ

३ चिल्लाना । उ०—दिली लखै दिगदाह, विगत हित साह विचारी । खर भूकै रव खेंग, स्वांन **कूकै** सुखहारी ।—रा.रू. ४ फरियाद करना । उ०—किण ढिग ढूकां म्हे किण ढिग **कूकां** ।—ऊ.का.

कूकणहार, हारौ (हारी) कूकणियौ—वि० ।

कूकाणौ, कूकाबौ—क्रि०स० ।

कूकिग्रोड़ौ, कूकियोड़ौ, कूक्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

कूकर–सं०पु० [सं० कुक्कुर] कुत्ता, श्वान (ह.नां.) उ०—बांका धीरज धरण सं., व्है नंहि कुंजर हांण । की घर-घर भटका करै, **कूकर** अधिक कमांण ।—बां.दा.

कूकरखांसी–सं०स्त्री०—प्राय: बच्चों को होने वाला सूखी खांसी का एक रोग (मि. 'खुलखुलियौ')

कूकरड़ौ-सं०पु० (स्त्री० कूकरड़ी) देखो 'कूकर' (अल्पा.)

कूकरभांगरौ-सं०पु०—बरसात की मौसम में उत्पन्न होने वाली जड़ी विशेष, ककरौंधा (अमरत)

कूकरियौ, कूकरौ-सं०पु०—कुत्ते का पिल्ला, कुत्ता (डिं.को.)
उ०—गह भरियौ गजराज, मद छकियौ चालै मतै। **कूकरिया** बेकाज, रोळ भुसै क्यूं राजिया।—किरपारांम

कूकवौ-सं०पु०—त्राहि-त्राहि की आवाज, दर्द या दुखभरी चिल्लाहट।
उ०—लुगड़िया हुतां त्यां ऊपर लोही रा छांटा नाखिया, पछै घर मांहे पैस **कूकवौ** कियौ।—नैणसी

कूकस-वि०—१ नीच, दुराचारी. २ बुरा, खराब। उ०—१ गुळ चावळ तंदुलिया दूध सींभति सहित सकराया, कण **कूकसां** सहेता राबड़िया नैव सचंति।—रामरासौ उ०—२ **कूकस** खावै नित धावै कण काढ़ै।—ऊ.का.

कूका-सं०स्त्री०—नानकशाही संप्रदाय की एक शाखा।

कूकाऊ-वि०—कष्ट मिटाने के लिये आर्तनाद व पुकार करने वाला।
उ०—वाजै महमद बेगड़ौ, पतसाहां पतसाह। कर आई **कूकाऊआं**, घोळै दिन री धाह।—वी.मा.

कूकाणौ, कूकाबौ-क्रि०स०—'कूकणौ' का स.रू.। देखो 'कूकणौ'।

कूकारोळ, कूकारोळौ-सं०पु०—१ देखो 'कूकवौ'. २ रुदन, विलाप।
उ०—दैपाळ निराठ दिलगीर हुवौ, **कूकारोळ** सूं कुळराइज गयौ।
—पलक दरियाव री वात

कूकियोड़ौ-भू०का०कृ०—रुदन या विलाप किया हुआ, चिल्लाया हुआ, शोर किया हुआ (स्त्री० कूकियोड़ी)

कूकियौ-सं०पु०—चीत्कार, चिल्लाहट, दर्दभरी पुकार।
उ०—सूरजमल दौड़नै पूरणमल नूं पाड़ियौ। उण **कूकया** किया, तरै रांणौ उण रा ऊपर नूं चले आयौ—नैणसी

कूकवि-वि० [सं० कुकवि] बुरा कवि, दुष्ट कवि।

कूकी-सं०स्त्री०—लड़की।

कूकीजणौ, कूकीजबौ-क्रि०भाव वा०—रुदन किया जाना, विलाप किया जाना। उ०—देखै तौ कांम आयोड़ां नूं दाग दिरीजै छै, घायल संभाळ बहीर किया था जे **कूकीजै** छै।—डाढ़ाळा सूर री वात

कूकुल-सं०पु०—बर्फ, तुषार।

कूकौ-सं०पु०—१ शिशु, लड़का. २ दर्दभरी पुकार, कूक।
उ०—तरै भैरूं बळहीण हुवौ नै भैरूं **कूका** किया, मनै छोडि। आज पछै इण महिल कदे नाऊं।—जगदेव पंवार री वात

कूख—देखो 'कूंख' (ह.नां., अ.मा.) उ०—देव कळा धन मात देवकी, **कूख** नीपना नंद कुमार।—ह.नां.

कूखजळी—देखो 'कोखजळी'।

कूखड़ली-सं०स्त्री० [सं० कुक्षि] कोख (अल्पा०) उ०—मा मोरी कुण्यां ये के आगे करूं पुकार, **कूखड़ली** वैरण हुई।—लो.गी.

कूखधारण-सं०स्त्री० [सं० कुक्षि-धरण] माता (अ.मा.)

कूखि-सं०स्त्री० [सं० कुक्षि] उदर, पेट (अमरत)

कूड़-सं०पु० [सं० कूट] १ झूठ, मिथ्या, असत्य।
पर्याय०—अठीक, अणाल, अनरथ, अनिरित, अलीक, असिति, आळ-पंपाळ, कूड़, खोटीकथ, झूठ, मिथा, विकळ, वितथ, व्रथा।
कहा०—१ कूड़ रा पग काचा व्है—झूठ के पैर कच्चे होते हैं। झूठ अधिक देर तक नहीं ठहर सकता. २ कूड़ रा पग तीन व्है—झूठ के तीन पैर हैं। झूठ लंगड़ा होता है। झूठ अधिक देर तक टिक नहीं सकता।
२ हाथ से पकड़ कर खाली किए जाने वाले मोट के कुए पर लाव की चकरी (भूंण) पर लगाया जाने वाला सीधा पत्थर जिस पर पैर रख कर मोट की लाव खींचते हैं. ३ रहँट के मध्य स्तंभ को स्थिर रखने के लिए मध्य चक्र के ऊपर लगाया हुआ काष्ट का लंबा डंडा. ४ कुबड़ापन. ५ ऊँट व बैल आदि के पीठ का ऊपर उभरा हुआ भाग। कूबर, ककुद. ६ ऊँट के चमड़े का बना घी, तेल आदि रखने का बड़ा पात्र. ७ कपट, छल (अ.मा.) उ०—१ तद बेलौ चढ़ियौ सो नापै नै सारुड़े आय पहुंचियौ। कही साबास छै। मोसूं तैं भलौ **कूड़** कियौ।—नापा सांखला री वारता
उ०—२ तठै दूत रूप राजा कहै छै। मारग ओहिज छै। मखरी छै। यूं कही तरै कवरी जांणियौ दूत मोसूं **कूड़** करचौ। दूत आप रै घरै जाय छै।—पंचदंडी री वारता

कूड़चौ-वि० (स्त्री० कूड़ची) मिथ्याभाषी, असत्यवादी।
उ०—काचड़ गारां ऊपरा, रांमतणी है रीस। काचड़गारा **कूड़चा**, बगड़ै बिसवाबीस।—बां.दा.

कूड़लौ-वि० (स्त्री० कूड़ली) मिथ्याभाषी, असत्यवादी।

कूड़ापण-सं०पु०—झूठापन, असत्यता, मिथ्यावादिता। उ०—आपरा अंगज रौ **कूड़ापण** दिखावण रै काज बेस बदलण नै म्हांरौ पण कूड़ापण ही प्रमांणौ।—वं.भा.

कूड़ाबोलौ-वि०पु० (स्त्री० कूड़ाबोली) असत्यवादी, मिथ्याभाषी।

कूड़ियौ-सं०पु०—१ मोट को कुये से बाहर निकालने के समय लाव से जो लकड़ी का गोल चक्कर (भूंण) घूमता है उसकी धुरी रखने की लकड़ी (मि० 'करिया') उ०—भूंण गिड़गिड़ी बंध्या **कूड़िया**, लाख चड़स भर लावै।—रेवतदांन [सं० कुतुप] २ ऊँट के चमड़े या लोहे का बना कुप्पा जिसमें तेल घी आदि रक्खा जाता है।

कूड़ौ-वि०पु० (स्त्री० कूड़ी] १ झूठा, मिथ्यावादी, निकम्मा।
उ०—२ रहणा इकरंगाह, कहणा नहिं **कूड़ा** कथन।—किरपारांम
२ शैतान, जबरदस्त। उ०—१ काबिली थाट भुय आसिया कड़खिया, कितौ **कूड़ौ** कटक जगत कहियौ।—अज्ञात
उ०—थारै मुलक में भक्ति नहीं छै, लोग बसै सब **कूड़ौ**।—मीरां
सं०पु०—१ कूड़ा-करकट कचरा। उ०—**कूड़ै** उतारै सुकवि, गाढ़ी महनत गीत। खाल उतारै खांत सूं, इसड़ौ कुकव अनीत।—बां.दा.

यौ०—कूड़ौ-कचरौ, कूड़ौ-करकट।

[सं० कुतू] २ ऊँट के चमड़े या लोहे का बना कुप्पा जिसमें तेल, घी आदि रक्खा जाता है। ३ बुरा समय. ४ कुआ (क्षेत्रीय)

कहा०—कूड़ा मांये उतारी नै नेज वाड दी—कुये में उतार कर रस्सी काट दी; विश्वासघात करने पर यह कहावत कही जाती है।

कूड़ौ-करकट—सं०पु०—घास-फूस, कचरा, कूड़ाकरकट।

कूच—सं०स्त्री० [तु०] १ प्रस्थान, रवानगी। उ०—मेळै सगह दळां पह मोटां, कीधौ **कूच** धणी नव कोटां।—रा.रू. २ ठुड्डी पर की नुकीली दाढ़ी। उ०—तेहे घोड़े किस्या किस्या खत्री चढ़िया। पंचवीस वरस ऊपहरा आकरणांत मूंछ नाभि प्रमांण **कूच**।—रा.सा.सं.

कूचबंदिया—सं०स्त्री०—एक पिछड़ी जाति विशेष।

कूचा—सं०पु० [फा०] छोटा रास्ता गली।

कूचील—वि०—गंदा मैला (अनेका.)

कूचीलौ—सं०पु० [सं० कच्चीर] दवा के काम में आने वाले विषैले बीजों का एक वृक्ष अथवा उसके बीज, कुचला।

कूचौ—सं०पु०—घास, भूसा। (यौ० कूचौ-पांणी)

कूजणौ, कूजबौ—क्रि०अ०—कोमल और मधुर शब्द करना, चहकना, कलरव करना। उ०—कठिण वेयणि कोकिल मिसि कूजति, वनसपती प्रसवती वसंति।—वेलि.

कूजा—सं०पु०—१ मोतिया या बेले का फूल। उ०—करणियर तरु करणि सेवंती **कूजा**, जाती सोवन गुलाब जत्र।—वेलि.

सं०स्त्री०—२ क्रौंच पक्षी (क्षेत्रीय)

कूजित—वि०—ध्वनित (डिं को.)

कूट—सं०पु० [सं०] १ अनाज आदि की राशि या ढेरी. २ हथौड़ा. ३ लकड़ी के म्यान में छिपा हुआ हथियार. ४ छल, फरेब, कपट (ह.नां., डिं.को.) ५ अगस्त्य मुनि का एक नाम. ६ गुप्त वैर. ७ नगर का द्वार. ८ गुप्त रहस्य. ९ वह हास्य या व्यंग्य जिसका अर्थ गूढ़ हो. १० आँखों के ऊपर का भाग. ११ नकल, चिढ़ाने का भाव। उ०—लोह चणां रै चावणै दांत बिहूणा थाय। इण घर भोळा आवणौ, जम री **कूट** कढ़ाय।—बी.स. १२ किनारा, छोर (रू.भे. 'कूंट') १३ शिखर। उ०—कटचा घण सज्जळ छज्जळ कांन, सिर गिर कज्जळ **कूट** समांन।—मे.म. १४ ऊँट के पैर का बंधन (रू.भे. 'कूंट') उ०—चारण ढोलइ नूं कहइ, किस गुण आया राज। ऊपर थे बिन्हे चढ़चा, करह **कूट** किण काज।—ढो.मा. १५ पहाड़ (नां.मा.)

यौ०—हेमकूट, चित्रकूट।

१६ वृक्ष (अ.मा.)

सं०स्त्री०—१७ कूट नाम की औषधि।

१८ काटने-कूटने या पीटने आदि की क्रिया. १९ कुटी, झोंपड़ी।

वि०—१ झूठा छलिया, कपटी. २ कृत्रिम बनावटी, नकली. ३ कुटिल, दुष्ट। उ०—रूठ असी दै रेस, ऊठ महाभड़ ऊठ अब। **कूट** गहै छै केस, दूठ व्रकोदर देख रे।—रांमनाथ कवियौ

कूटजुद्ध—सं०पु० [सं० कूट+युद्ध] कपट का युद्ध, छलयुद्ध। उ०—अर मारग मैं **कूटजुद्ध** करण रा स्थांन जांणिया जिके टळाइ दीधा।—वं.भा.

कूटणौ, कूटबौ—क्रि०स०—१ ऊपर से लगातार बलपूर्वक आघात पहुँचाना, मारना, पीटना।

मुहा०—१ कूट-कूट नै भरणौ—ठसाठस भरना, अच्छी तरह भरना. २ कूट-पीस नै पेट पाळणौ—किसी तरह कड़ी मेहनत करके जीवन-निर्वाह करना।

२ सिल, चक्की आदि में टाँकी से छोटे-छोटे गड्ढे करना या दाँत निकालना। (मि० टांचणौ)

कूटणहार, हारौ (हारौ) कूटणियौ—वि०।

कूटाणौ, कूटाबौ, कूटावणौ, कूटावबौ—प्रे०रू०।

कूटिओड़ौ, कूटियोड़ौ, कूटचोड़ौ—भू०का०कृ०।

कूटीजणौ, कूटीजबौ—क्रि०कर्म वा०।

कूटीजिओड़ौ, कूटीजियोड़ौ, कूटीज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कूटनीति—सं०स्त्री०यौ० [सं०] दाँव-पेंच की नीति या चाल।

कूटपाठ—सं०स्त्री० [सं०] मृदंग के चार वर्णों में से एक वर्ण (संगीत)

कूटळ, कूटळौ—सं०पु०—१ फूस, कचरा, कूड़ा-करकट। उ०—कोल काळज्यो थोथौ करै लगै न कारी कूड़ री। फूस **कूटळै** दरड़ा भरै, हांड हुवै ना धूड़ री।—दसदेव २ रद्दी कागजों या रद्दी कागजों की बनी लुगदी का ढेर। उ०—थांरै कनै काकैजी-रा कागज-पत्तर हांवैला? घणौ ही **कूटळौ** है।—वरसगांठ

कूटावणौ, कूटावबौ—क्रि०स० [प्रे०रू०] देखो 'कुटाणौ' (रू.भे.)

कूटि—सं०स्त्री०—ऊँट के पैर का बंधन। उ०—**कूटि** कंटाड़ी इणि करह, हिव नरवर नेड़ेह। ऊंमर सुणि मुझ वीनती, घोड़ा म मारेह।—ढो.मा.

कूटियउ—सं०पु०—पैर में बँधन डाला हुआ ऊँट। उ०—ऊंमर सुणि मुझ वीनती, दउड़ि म मार तुरंग। करिहउ लंघियउ **कूटियइ**, आडावळ बडवंग।—ढो.मा.

कूटियोड़ौ—भू०का०कृ०—कूटा हुआ। (स्त्री० कूटियोड़ी)

देखो 'कूटणौ' का भू०का०कृ०।

कूटियौ—देखो 'कूटियउ' (रू. भे.)

कूटौ—सं०पु०—१ कागज या चिथड़े या टाट के टुकड़ों आदि को पानी में भिगो कर सड़ा कर बनाई गई लुगदी. २ देखो 'कूंटौ'।

कूठोड़—१ देखो 'कुठोड़' (रू.भे.) २ कुमार्ग, कुपंथ, बुरा स्थान। उ०—आपां बिनां कदे एकलौ नहीं जातौ, नै अमलांचाक पोसाक कर आज अकेलौ ही मुळकतौ थकियौ चालियौ सो भलौ नहीं। **कूठोड़ां** जाय छै।—जलाल बूबना री वात

कूडौ—सं०पु०—खलिहान में पड़ा अनाज का ढेर। उ०—वणाक कहै आवै वसत, कै कूडै कै गूण। चेळै पड़ै सो होय मुध, सैमर पड़ै सो

लूण ।—बां.दा.

कूण—सर्व०—देखो 'कुण' (रू.भे.) उ०—बाबहिया मिळ पंखिया, बाढ़त दइ दइ लूण। पिउ मेरा मइं प्रीउ की, तूं प्रिय कहइ स **कूण**।—ढो.मा.

सं०स्त्री०—दिशा, कोना।

कूणन—सं०स्त्री० [सं० क्वरगन] शब्द, ध्वनि (ह.नां.)

कूणिका—सं०स्त्री० [सं०] वीणा, सितार, सारंगी वा चिकारा आदि तंत्री बाजों की तार बाँधने की खूंटी विशेष जिसे समय समय पर मरोड़ कर तार को ढीला या कड़ा किया करते हैं।

कूणी—सं०स्त्री० [सं० कफोणि, प्रा० कहोणि, अ० कोहणी, रा० कूणी, खूणी] हाथ और बाहु के जोड़ की हडडी, कुहनी।

कूणौ—सं०पु०—कोना। उ०—जळ सो प्यारौ जीव है, कण सी कोमळ काय। कुण से **कूणै** वादळी, राखी बीज छिपाय।—वादळी

कूत—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का छोटा मच्छर. २ एक प्रकार का घास विशेष।

कूतणौ, कूतबौ—देखो 'कूंतणौ' (रू.भे.)

कूतर—१ देखो 'कुतर' (रू.भे.) २ कुत्ता।

कूतरड़ा—देखो 'कुतर' (अल्पा०)

कूतरड़ौ—सं०पु० (स्त्री० कूतरड़ी) कुत्ता (अल्पा०)

कूतरियौ—सं०पु०—१ घास की महीन कुट्टी काटने वाला। उ०—करता मांचा दे लांचा **कूतरिया**, ऊतरता आसाढ़ां मूंढ़ा ऊतरिया।—ऊ.का. (स्त्री० कूतरी) २ कुत्ता (अल्पा०)

कूतरौ, कूथरौ—सं०पु० (स्त्री० कूतरी) कुत्ता (अल्पा०) उ०—चुगली उगली चीज है चुगली है चरकीन। काग हुवै कै **कूथरौ**, इण रै रस आधीन।—बां.दा.

वि०—नीच, दुष्ट।

कूदणी—सं०स्त्री०— बच्चों का एक खेल विशेष।

कूदणौ—वि०—कूदने वाला। उ०—फूटरिया हिरणी जणे, बोह **कूदणौ** घट्ट। ज्यांरा मांही बांकड़ौ, थांभै राखै थट्ट।—डाढ़ाळा सूर री वात

सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

कूदणौ, कूदबौ—क्रि०अ० [सं० कूर्दनं] १ उछलना, फाँदना, जान-बूझ कर ऊपर से नीचे की ओर गिरना, कूदना। उ०—अंबा सिर सूदत **कूदत** एम, तजै गिरि स्रंग प्लवंग तेम।—मे.म. २ अत्यन्त प्रसन्न होना. ३ किसी काम या बात के बीच में सहसा आ मिलना या दखल देना. ४ लाँघ जाना।

मुहा०—गाय कूदणी—गाय का दूध देना बंद करना।

कूदणहार,हारौ (हारी), कूदणियौ—वि०।

कूदाणौ, कूदाबौ, कूदावणौ, कूदावबौ—स०रू०।

कूदिओड़ौ, कूदियोड़ौ, कूदयोड़ौ—भू०का०कृ०।

कूदीजणौ, कूदीजबौ—भाव वा०।

कूदायण—सं०स्त्री०—कूदने या छलांग मारने का भाव।

कूदारण—सं०पु०—खोदने का एक प्रकार का औजार, कुदाली (डिं.को.)

कूध्रर—सं०पु० [सं० कुध्र] पर्वत (डिं.नां.मा.)

कून—सर्व०—देखो 'कुण' (रू.भे.)

कूप—सं०पु०—कुआ। देखो 'कूवौ' (रू.भे.) उ०—मित ज औगण मित का, अनत नहीं भाखंत। **कूप** छांह ज्यूं आपणी, हीये में ही राखत।—अज्ञात

कूपलौ—सं०पु०—देखो 'कूंपली' (३) उ०—१ हे काजळ तौ भरियौ ए जच्चा राणी रै **कूपलौ**।—लो.गी. उ०—२ **कूपलौ** किणरौ ढुळियौ आज गुदळती घण असमांनी ढाल।—सांझ

कूपार—सं०पु० [सं० कूपार] समुद्र (डिं.नां.मा.)

कूबड़—सं०स्त्री० [सं० कुब्ज] १ पीठ का टेढ़ापन, रोग के कारण पीठ का उभर कर टेढ़ा होने का भाव. २ किसी चीज का टेढ़ापन. ३ नाथ संप्रदाय का एक प्रसिद्ध संन्यासी। उ०—मैं हूं रे गोरख तूं भरड़ा लख, मैं नह औगड़ मैं नह **कूबड़**।—पा.प्र.

कूबड़ी—सं०स्त्री०—कुब्जा नामक दासी जो श्रीकृष्ण पर अत्यन्त प्रेम-भाव रखती थी।

कूबावत—सं०पु०—वैष्णव संप्रदाय की एक शाखा अथवा इस शाखा का व्यक्ति (बां.दा.ख्यात)

कूबियौ, कूबौ—वि० (स्त्री० कूबी) १ जिसका मुँह टेढ़ा या मुड़ा हुआ हो. २ कुबड़ा।

कूभटौ—सं०पु०—एक प्रकार का कंटीला वृक्ष विशेष जिसकी फली के बीजों का शाक बनाया जाता है। उ०—खोड़ै खील्हैरी रा चारिया-फुरणियां रै बैसणहार **कूभटै** कंकेड़ै रा सुरड़णहार, आयबे रा चरण-हार।—रा.सा.सं.

कूम—सं०स्त्री० [अ० कौम] जाति, वर्ण।

कूमेत—देखो 'कुमैत' (रू.भे.) (शा.हो.)

कूमेतकसमीरी—सं०पु०—एक प्रकार का शुभ रंग का घोड़ा, कुमेत-कश्मीरी (शा.हो.)

कूमेव—सं०पु०—एक प्रकार के शुभ रंग का घोड़ा (शा.हो.)

कूमोत—देखो 'कुमोत (रू.भे.) उ०—कहणे लाग्यौ जे मोनूं मारै ही तौ हाथ सूं मार, तरवार सूं मार पण **कूमोत** क्यूं कर मारै छै।—सूरे खींवे री वात

कूयां—सर्व०—कोई भी। उ०—म्हारा री गिरधर गोपाळ, दूसरां न **कूयां**। दूसरां नां कूयां साधा सकळ लोक जूयां।—मीरां

कूर—वि० [सं० क्रूर] १ निर्दयी, क्रूर, नीच। उ०—सम्मन संपत विपत में, जे झूरै ते **कूर**। मासा घटै न तिल वधै, जे विध लिख्या अंकूर।—सम्मन २ खोटा. उ०—दुजीह **कूर** मूरकौ प्रदूर दूरती दहैं: विधांन वक्र चक्र तें प्रचक्र चूरती वहैं।—ऊ.का. ३ कुमार्गी, बुरा, दुष्ट. ४ भयंकर, डरावना. ५ झूठा, असत्य। उ०—करै कुसामद **कूर**, करै कुसामद कूकरा। दुरस कुसामद दूर, पुरस अमोल प्रतापसी।—दुरसौ आढ़ौ

कूर-कपूर—सं०पु०—एक प्रकार का खाद्य-पदार्थ। उ०—खाजै खड़क

सालणै वडी कूर-कपूर तळी पापड़ी ।—कां.दे.प्र.

कूरड़ी–सं०स्त्री०—कूड़ा-करकट का ढेर (क्षेत्रीय) (रू.भे. अकूरड़ी, ऊकरड़ी)

कूरपर–सं०स्त्री०—कोहनी, कुहनी (डि.को.)

कूरम–सं०पु० [सं० कूर्म] १ कच्छप, कछुआ (रू.भे. 'कुरम'–ह.नां.) २ पृथ्वी. ३ प्रजापति का एक अवतार. ४ नाभिचक्र के पास की नाड़ी. ५ विष्णु का दूसरा अवतार. ६ एक राजपूत वंश, कछवाहा. उ०—हाडा कूरम राठवड़, गोखां जोख करंत । कहज्यौ खांनाखांन नै, वनचर हुआ फिरंत ।—महाराणा अमरसिंह ७ शरीरस्थ दस वायुओं में से १ जिसका निवास आँखों में है और जिसके प्रभाव से आँखें खुलती हैं और बंद होती हैं. ८ तन्त्र के अनुसार एक मुद्रा. ९ छप्पय का एक भेद जिसमें ५३ गुरु ४६ लघु कुल ९९ वर्ण व १५२ मात्राएँ होती हैं ।

कूरमचक्र–सं०पु० [सं० कर्मचक्र] तांत्रिक लोगों द्वारा बनाया जाने वाला एक प्रकार का चक्र जिससे शुभाशुभ का शकुन और फल जाना जाता है ।

कूरमद्वादशी–सं०स्त्री० [सं० कूर्मद्वादशी] कच्छपावतार होने की तिथि, पौष शुक्ला द्वादशी ।

कूरमपुरांण–सं०पु० [सं० कूर्मापुराण] अठारह पुराणों के अन्तर्गत एक पुराण ।

कूरमवंस–सं०पु०—कछवाहा वंश ।

कूरमा–सं०स्त्री० [सं० कूर्मा] एक प्रकार की वीणा ।

कूरमासण, कूरमासन–सं०पु०[सं. कूर्मासन] योग के चौरासी आसनों के अंतर्गत एक आसन । इसमें दोनों पावों की एडिओं से गुदा को दबा कर दोनों पावों के पंजों को थोड़ा पिछले पैर की तरफ रख कर बैठा जाता है । इससे अपान सहित वीर्य का उर्ध्वगमन होकर शारीरिक बल की वृद्धि होती है । इसका नाम गोमुखासन भी है, क्योंकि पीछे की तरफ गौ के मुख के सदृश आकृति बना कर बैठा जाता है ।

कूरम्म—देखो 'कूरम' (रू.भे.) उ०—नमौ मच्छ माधव कच्छ कूरम्म, पतित्त उधारण देव परम्म ।—ह.र.

कूरिम–सं०पु०—कछवाहा वंश का राजपूत । उ०—हिंदू तांम हकारिआ, सिंध जसौ जैसिंघ । किया विदा कूरिम कमंध ।—वचनिका

कूरि–सं०पु०—एक प्रकार का घास ।

कूरौ–सं०पु०—प्रायः मेवाड़ की तरफ होने वाला एक अनाज विशेष जिसके दानों की रोटियाँ गरीब लोग खाते हैं ।

कहा०—कूरा करसा खाय गेहूं जीमै वांणियां—जहाँ बनिये संपन्न हैं वहाँ किसान गरीब हैं ।

कूळ–सं०पु० [सं०कूल] १ किनारा, तट, तीर (डि.को.) २ सैना का पीछे का भाग. ३ बड़ा नाला. ४ तालाब ।

क्रि०वि०—समीप, पास ।

कूळातरौ–सं०पु०—१ होंठ का एक रोग विशेष जिसमें होंठ पर एक प्रकार का जहरीला फोड़ा हो जाता है. २ देखो 'कातरौ' (३).

कूलीर–सं०पु०—केंकड़ा ।

कूलौ—देखो 'कूल्हौ' (रू.भे.)

कूल्यस–सं०पु० [सं० कुलिश] वज्र (नां.मा.)

कूल्हणौ, कूल्हबौ–क्रि०स०—तिरछी निगाहों से देखना, एक आँख कुछ छोटी करके लक्ष्य की तरफ स्थिर नजरों से देखना । उ०—घोड़ां री पूठ तखतां ऊपर बैठा छै, आंख्यां आडी कूल्है छै ।—रा.सा.सं.

कूल्हर–सं०स्त्री०—घी में भुना हुआ आटा जिसमें शक्कर मिला कर खाते हैं । उ०—नणदल कूल्हर खाय, वारी ए लूम्यां री डोरी । —लो.गी.

कूल्ही–सं०स्त्री०—आँखों पर लगाई जाने वाली पट्टी विशेष (रा.सा.सं.)

कूल्हौ–सं०पु०—कोख के नीचे कमर में पेड़ू के दोनों ओर निकली हुई हड्डियाँ ।

कूवड़ी–सं०स्त्री०—छोटा व सँकरा कुआ (अल्पा०) उ०—काळै भाटै कूवड़ी, ओ रातै छै पिणिहार, झिलौ म्हारी चूनड़ी ए ।—लो.गी.

कूवाळी–वि०स्त्री०—कुये की, कुये सबंधी । उ०—ऊंटां रौ लादबौ छोड़दौ, मारूजी लेल्यौ कूवाळी चौथ ।—लो.गी.

कूवौ–सं०पु० [सं० कूप] पानी के लिये पृथ्वी में खोदा हुआ गहरा गड्ढा, कूप ।

मुहा०—१ कूवा में गिरणौ (पड़णौ)—कष्ट में फँसना. २ कूवा में फेंकणौ—जाने देना, बर्बाद करना, जन्म बेकार करना. ३ कूवे ही भांग पड़णी—सभी लोगों का नशे में चूर होना; सबका पागल या मूर्ख होना; सबकी बुद्धि मारी जाना. ४ कूवौ खोदणौ—कठिन परिश्रम करके जीवन-यापन करना; दूसरे को गिराने के लिये कुछ करना. ५ कूवौ चलाणौ—खेत को कुएँ के पानी से सींचना ।

कहा०—१ कूवा रौ डेडरियौ—कुये का मेंढक; संकुचित विचारों के आदमी के लिये. २ कूवौ-कूवौ नहीं मिळै पण आदमी-आदमी सौ वार मिळै-मिळै—एक मनुष्य दूसरे मनुष्य से कभी न कभी जरूर मिलता है; मनुष्य का काम मनुष्य से कभी न कभी अवश्य पड़ता है. ३ कूवै में हुवै तौ खेळी में आवै—भीतर कुछ तत्व ही तो बाहर आवे; पास में कुछ हो तो दें. ४ कूवै री छाया कूवै में रेवै—गंभीर आदमी अपने मन की बात मन में ही रखता है; उस आदमी के प्रति जिसकी संपत्ति या विद्या किसी दूसरे के काम न आवे ।

सर्व०—कौन ।

कूसमांड–सं०पु०—कुम्हड़ा (डि.को.)

कूह–सं०स्त्री० [सं० कुहू] १ देखो 'कुहर'

सं०पु०—२ कुबेर ।

केंकड़ौ–सं०पु० [सं० कर्कट, प्रा० ककट] एक प्रकार का जंतु, पानी का कीड़ा जिसके आठ टाँगें और दो पंजे होते हैं ।

केंडौ–सं०पु०—बढ़ई का एक औजार ।

केंद्र–सं०पु० [सं०] १ किसी वृत्त के ठीक बीच का बिंदु. २ ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के केंद्र. ३ फलित ज्योतिष के अनुसार कुंडली में पहला, चौथा, सातवाँ और दसवाँ स्थान. ४ बीच का स्थान ।

केंवच–सं०स्त्री०—एक प्रकार की लता व उसकी फली ।

के–सं०पु०—१ रत्न. २ खान. ३ मयूर. ४ प्राण (एका.)
वि०—कुछ । उ०—ढोलउ किम परचइ नहीं, सहु रहिया समझाइ । के पुळिया पूगळ दिसी, के कांही कजि काइ ।—ढो.मा.
सर्व०—कौन । उ०—सज्जणिया सांवरण हुया, धड़ि उलटी भंडार । विरह-महारस ऊमटइ, के ता कहूं संभार ।—ढो.मा.
वि०—कितने ही, कई । उ०—नारायण रा नांम री, मोड़ी पड़ी पिछांण । के दिन बाळापै गया, के दिन गया अजांण ।—ह.र.
प्रत्यय—संबंधकारक का विभक्ति चिन्ह 'का' का बहुवचन ।
उ०—पहिलइं पोहरे रैण के दिवला अंबर डूल । धण कसतूरी हुइ रही, प्रिव चंपा रौ फूल ।—ढो.मा.

केइक–वि०—कई, कितने ही । उ०—गुड़ा हेटै बाड़मेर हेटै केइक गांव ।
—बां. दा. ख्यात

केई–वि०—कई, कितने, अनेक । उ०—डहक्योड़ा डोलै केई, डोफा गाफल जनम गमावै ।—ऊ.का.
कहा०—केई बायां नौ कांकड़ियां नौ मैल खादौ है—कई स्त्रियों के कंकण का मैल खाया है; रोटी बनाते समय कंकण आटे से छूते हैं जिससे उनका मैल आटे में छूटता है; बहुत अनुभवी के लिए कही जाती है ।
सर्व०—किसी ।
कहा०—केई री जीभ चालै केई रा हाथ चालै—कोई गाली देता है कोई पीट डालता है; जो गाली देता है वह मार खाता है ।

केईक–वि०—१ कितने ही. २ कुछ । उ०—जैमलजी रा मांणस मिररी वावरै समेळ केईक दिन रह्या ।—बां.दा. ख्यात

केकंध–सं०पु० [सं० किष्किंध] १ मैसूर के आसपास के देश का प्राचीन नाम. [सं० किष्किंधा] २ किष्किंधा पर्वत-श्रेणी. ३ किष्किंधा पर्वत की गुफा ४ रामायण का एक कांड ।

केक–सं०पु० [सं० केकी] मयूर, मोर ।
सर्व०—किसी । उ०—दुरै दिखालै केक काळै अचळ पाळै ऊपरै । दीठा दयाळै तेण ताळै, बय बडाळै वीर ।—र.रू.
वि०—१ कुछ । उ०—उण परबत पर केक बिताया दिनड़ा दोरा, ढळियौ भुजबंद हाथ रूप रंग पड़िया फोरा ।—मेघ.
२ कितने ही, कई, बहुत । उ०—छत्री कुळ ध्रम छेक, कायर कर देत केक । टारत नहिं एक टेक, पाव कौ पुजाता ।—अज्ञात

केकय–सं०पु० [सं०] १ एक प्राचीन देश का नाम. २ दसरथ के ससुर और केकयी के पिता का नाम ।

केकयी–सं०स्त्री० [सं०] १ केकय देश की स्त्री. २ दशरथ की एक स्त्री जो कि भरत की माता थी ।

केकांण–सं०पु० (स्त्री० केकांणी) घोड़ा (ना.डि.को.) उ०—उत्तर आज स वज्जियउ, ऊकठियइ केकांण । कांमिण कांम कमेड़ि ज्यउं, हइ लागउ सींचांण ।—ढो.मा.

केका–सं०स्त्री०—मादा मोर, मयूरिनी । उ०—केकी केका तजि ठेका दे ठेरण ।—ऊ.का.

केकिंदा, केकिंधा—देखो 'केकंध' (रू.भे.)

केकी–सं०पु० [सं० केकिन्] १ मोर, मयूर (ह.नां.) उ०—सुटेर सुणै घनस्यांम री, हिवड़ै में है केकी समाय ।—गी.रां.
२ सुस्वर* (डिं.को.)

केगई—देखो 'केकयी' (रू.भे.)

केगर–सं०पु०—एक प्रकार का बड़ा वृक्ष । इसके तने का रंग श्याम होता है तथा इसकी लकड़ी मंदिर की ध्वजा के दंड के काम आती है ।

केगहि, केगही—देखो 'केकयी' (रू.भे.)

केड़–सं०पु०—१ वंश । उ०—सहर बसायौ तिण रा केड़ रा कपाळिया कहीजे छै ।—रा.वं.वि.
मुहा०—केड़ रौ होणौ—वंशज होना ।
२ पीछा । उ०—करस्यइ केड़ि मारैस्यइ हींदू अबैले फिरतार ।
—कां.दे.प्र.

केड़ै–क्रि०वि०—१ पीछे । उ०—हे पणिहारी बापड़ी, जहरी सूं वर जाय, केड़ै कटकां लूंबिया, लायक मरसी आय ।—हा.झा.
२ बाद में, पश्चात् । उ०—अर प्रभात हुवां केड़ै गरभवती पत्नी आप रा अनुगां नूं काठां चढ़ण रौ निदेस दे'र धणी रा अंचळ हूं अंचळ जोड़ियौ ।—वं.भा.

केड़ौ–सं०पु०—घास-फूस का समूह, घना घास (क्षेत्रीय)
क्रि०वि०—पीछा । उ०—कंथड़ा झालि किरमाळ केड़ौ करां, सारझण वरण सो सोक सेलां सरां ।—हा.झा.

केच–सं०पु०—एक देश का नाम । उ०—की इरां ऐराक की, किसूं केच मकरांण । खेत तुरंगा धाट जिम, बांका धाट बखांण ।
—बां.दा.

केचवाळ–सं०स्त्री०—परिहार राजपूत वंश की एक शाखा (बां.दा ख्यात)

केण–सर्व०—१ कौन. २ किस, किसने । उ०—महालत तूझ न जांणै माह, कियौ तुझ केण आयौ तू काह ।—ह.र.
क्रि०वि०—किस कारण, किसलिए । उ०—आज उमाहउ मौ घणउ, ना जांणूं किव केण । पुरख परावउ वीर वड, अहर फुरकई केण ।
—ढो.मा.

केणिका–सं०स्त्री०—खेमा (डिं.को.)

केत–सं०पु० [सं० केतु] १ केतु, नौ ग्रहों में से एक । उ०—करै चख नाहर राहर केत, नेत-अण भाळ डरै निसनेत ।—मे.म.
[सं०] २ घर. ३ जगह, स्थान. ४ केतु, ध्वजा (अ.मा.)
उ०—कड़ो बागतां बरम्मां पीठ पनागां ऊघड़ी केत ।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

केतक–सं०पु० [सं०] केतकी, केवड़ा (डिं.को.) ।
वि०—१ कितने. २ बहुत ।
क्रि०वि०—किस कदर ।

केतकी–सं०स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार का सुगंधित फूलों का छोटा झाड़ या पौधा (डिं.को.) २ यात्रा में साथ रखने का जल-पात्र. ३ केवड़ा ४ श्वेत सुगंधित पुष्प। उ०—केवड़ां कुसुम कुंद तरणा **केतकी** स्रम सीकर निरझर स्रवति।—वेलि.

केतन–सं०पु० [सं] १ निमंत्रण, आह्वान. २ ध्वजा (डिं.को.) ३ चिन्ह. ४ घर, स्थान।

केतमक्र–सं०पु० [सं० मक्र+केतु] कामदेव। उ०—लोभांणी नवोढ़ा नेह निसा एक चोळा लेती, भासै अंग अचोळा सचोळा लेती भाव। करां **केतमक्र** रै लचोळा लेती, तूजी कना नक्र रै मचोळा सूं हचोळा लेती नाव।—र. हमीर

केतलउ–वि०—कितना।

केतली–सं०स्त्री०—यात्रा में साथ रक्खा जाने वाला एक विशेष प्रकार का जलपात्र जो ऊपर से कपड़े द्वारा मढ़ा होता है।

सर्व०—कितना।

केतलौ–वि०—कितना। उ०—कुरण जांणै संगि हुआ **केतला**, देस-देस चा देसपति।—वेलि.

केतसाली–सं०स्त्री० [अ० कहतसाली] १ दुष्काल, अकाल. २ वह वर्ष जिसमें अकाल पड़ा हो।

केतां, केता–वि०—कितने, कितना। उ०—१ तूटै सिर धड़ तड़फड़ै, जळ तुच्छै मछ जांण। सेल दुसारां नीसरै **केतां** सह केकांण।
—किसोरदांन बारहठ

उ०—२ रांम भणंतां रे ह्रिदा, कह **केता** गुण होय।—ह.र.

केताई–वि०—कितने ही।

केतिय–वि०—कितने ही।

केती–वि०— कितनी। उ०—आडा डूंगर भुंइ घणी, सज्जण रहइ विदेस। मांगी-तांगी पंखुड़ी, **केती** वार लहेस।—ढो.मा.

क्रि०वि०—कहाँ तक।

केतु–सं०पु० [सं०] १ ध्वजा, पताका, निशान. २ दीप्ति, प्रकाश. ३ एक राक्षस का कबंध (पौराणिक) ४ एक प्रकार का तारा जिसके साथ प्रकाश की एक पूँछ दिखाई देती है। पुच्छल तारा. ५ नौ ग्रहों के अन्तर्गत एक ग्रह (अ.मा.)

केतुकुंडळी–सं०स्त्री० [सं० केतुकुंडली] फलित ज्योतिष के अनुसार बारह कोष्ठों का एक चक्र जिससे प्रत्येक वर्ष का स्वामी निकाला जाता है।

केतुमांन–वि० [सं० केतुमान्] तेजवान, तेजस्वी, बुद्धिमान।

सं०पु०—हरिवंश के अनुसार काशीराज दिवोदास के वंश का एक राजा।

केतुमाळ–सं०पु० [सं० केतुमाल] जंबू द्वीप के नौ खंडों में से एक खंड (पौराणिक)

केतुव्रक्ष–सं०पु० [सं० केतुवृक्ष] पुराणानुसार मेरु के चारों ओर के पर्वतों पर लगे वृक्षों के नाम।

केतुहळ–सं०पु० [सं० कुतूहल] कौतुक, कौतुहल।

केतू–सं०पु०—१ देखो 'केतु' (अ.मा.) २ झंडा, पताका (ह.नां.) ३ धड़। उ०—खड़ौ लांगड़ौ वीर वीराधि खेतु, करै रागड़ां छागड़ां राह केतू।—मे.म.

वि०—१ विनाशक. २ श्रेष्ठ।

केतूड़ौ—देखो 'केतु' (अल्पा०) उ०—ज्यूं बुध सह्र **केतूड़ै** री सूं करै रुखाळी चांदलै री।—लो.गी.

केतेऊ–वि० [सं० कियत्] कितना।

केतेक–वि०—कितने।

सं०पु०—केतकी, केवड़ा (डिं.को.)

केथ, केथि–क्रि०वि०—कहाँ, किधर। उ०—१ ते माटै ऊतावळा, राज पधारौ एथ। निजर दौलत निज सांम नी, पांमीजै कहौ केथ।—ढो.मा.
उ०—२ करहा पांणी खंच पिउ, त्रासा घणा सहेसि। छीलरियउ ढूकीसि नहि, भरिया **केथि** लहेसि।—ढो मा.

केथी, केथे–क्रि०वि०—१ देखो 'केथ' (रू.भे) उ०—चूक हुआं के नर चीतारै, वाहै कई पड़तां वाढ़। पोढ़िया रयण ज्यूंहो प्रतमाळी, **केथी** कोय न सकियौ काढ़।—अज्ञात २ कहीं। उ०—मोळौ पांणी लाज, साचण बीछड़ियां समी। जाइ ल्याऊं जसराज, कोई जौ **केथी** कहै।—जसराज ३ कहाँ। उ०—जाळंधर दसकंध जुरासंध जेहा, **केथी** गया न जांणौ कोय।—ओपौ आढ़ौ

केथौ–सं०पु०—एक प्रकार का कँटीला वृक्ष जिसके फल खट्टे होते हैं, कपित्थ।

क्रि०वि०—क्या।

केदार–सं०पु०—१ केदारनाथ नामक एक तीर्थ. २ मेघ राग का चौथा पुत्र (संगीत)

केदारनट–सं०पु०—षाडव जाति का एक संकर राग विशेष (संगीत)

केदारनाथ–सं०पु०—उत्तराखंड में हिमालय में स्थित एक तीर्थ-स्थान।

केदारि—देखो 'केदार' (रू.भे.) उ०—जे फळ पामइ गंगा द्वारि, जे फळ हुई भेटि **केदारि**।—कां.दे.प्र.

केदारी–सं०स्त्री०—१ दीपक राग की पाँचवीं रागिनी (संगीत) २ एक जाति विशेष।

केदारेस्वर–सं०पु०—काशी में स्थित शिव का एक मंदिर (बां.दा.ख्यात)

केद्वारौ–सं०पु०—एक राग विशेष (संगीत) (मि० 'केदारी')

केन–सं०पु० [सं०] एक प्रसिद्ध उपनिषद जिसका पहला मंत्र 'केनेषित केन' शब्द से आरंभ होता है।

केबत–सं०स्त्री०—कहावत, लोकोक्ति।

केबांण–सं०स्त्री० [सं० कृपाण] तलवार (डिं.को.)

केबी–सं०पु०—शत्रु, रिपु, वैरी। उ०—इळा नभ भाळ पाताळ खप उपावण, कंपावण काळ विकराळ **केबी**।—खेतसी बारहठ

केम–क्रि०वि० [सं० किम्] किस प्रकार, कैसे। उ०—ढोलइ मन चिंता हुई, चारण वचन सुणेह। हिव आव्यउ पाछउ वळइ, करहा **केम** करेह।
—ढो.मा.

केमद्रुम–सं०पु० [यू० केनोड्रोमस्] ज्योतिष में चंद्रमा का एक योग जो उस समय होता है जबकि चंद्रमा वाली राशि के आगे या पीछे वाली राशि पर कोई और ग्रह न हो।

केमर–सं०पु० [सं० कार्मुक] धनुष।

केमरी–सं०पु०—१ धनुष २ झाड़ीनुमा छोटा वृक्ष।

केमि–क्रि०वि० [स० किम्] कैसे। उ०—नाह महुंगा दियण भूंपड़ा निभै नर, जावसौ कड़तलां **केमि** जरसौ जहर।—हा झा.

क्रि०वि०—कहाँ।

केरकेयक–वि०—कई। उ०—मौत आय **केयक** मरै, केक करै अपघात।—पा.प्र.

केयुर, केयूर–सं०पु० [सं०] बांह में पहनने का एक आभूषण। (मि० 'भुजबंध') उ०—पुणाचा जड़त जड़ाउ पुणाची, कळ आजांन भुजा **केयूर**।—र.रू.

केरंटी–सं०पु० [सं० किरीटिन्] किरीटी, अर्जुन।

केरंठी–सं०पु० [सं० केरंठी[१ मकर, मत्स्य २ मछली। (यौ० केरंठीकुंडळ) उ०—मीर मुगट सिर जास कांत **केरंठी** कुंडळ, वसन पीत तन स्यांम गळै माळा गुंजाहळ।—जग्गौ खिड़ियौ

केर–अव्यय—सबंध-सूचक अव्यय—का, की, के। उ०—पहिर पूछै खोलणी, पेई भूखण **केर**। हेडवियां भाभी हंसी, नणद कनै नाळेर।—वी.स.

सं०पु०—१ एक कांटेदार वृक्ष तथा उसके बीज, करील। उ०—आवै तौ म्हारी निजर दूं धरती में गाड, ऊपर कांटा **केर** का सकै न कोई काड।—सगरांमदास

२ वंशज। उ०—आंखड़ियां रतनाळियां, मूंछ अवट्ठां फेर। जिण भय कांपै गज्जणौ, ओ गीदांणी **केर**।—नैणसी ३ नारियल (अ.मा.)

केरक–सं०पु० [सं०] हाथी।

केरकुमटियौ–सं०पु०—१ लड़कियों द्वारा गाया जाने वाला एक गीत. २ कैर व कुम्मट आदि वृक्ष अथवा उनके बीज।

केरड़–सं०पु०—मरुभूमि में होने वाला एक प्रकार का पत्तेविहीन कांटेदार वृक्ष व उसके फल, करील।

केरड़ियौ, केरड़ौ—१ देखो 'केरड़' (रू.भे.) (स्त्री० केरड़ी) २ गाय का छोटा बछड़ा। उ०—ढांढ़ा तांभाड़ै **केरड़िया** ढींकै।—ऊ.का.

केरपा–सं०स्त्री० [सं० कृपा] कृपा, मेहरबानी, दया (ह नां.)

केरल–सं०पु० [सं०] दक्षिण भारत का एक प्रांत (पा.प्र.)

केरली–सं०पु०—केरल देश का निवासी।

वि०—केरल का, केरल संबंधी।

केरव–सं०पु०—रहँट पर बैलों के घूमने के चक्र पर लगा हुआ पत्थर या पाट जिसके नीचे से लाट निकलती है।

केरांटी–सं०पु०—देखो 'केरंठी' (रू.भे.) उ०—कन्ह आगै पंच दीपक जळै, **केरांटी** कुंडळ झळमळै।—ईसरदास बारहठ

केरा–अव्यय—१ संबंधसूचक अव्यय–के। उ०—१ डूंगर-**केरा** वाहळा, ओछां नरां सनेह। वहता वहइ उतामळा, झटक दिखावइ छेह।—हा.झा. उ०—२ चंदण **केरा** नाग ज्यूं, लपटाई रहीजै हौ।—मीरां २ जैसा, समान। उ०—ज्यां आगै फेरजै, बड़ा लाखीक बछेरा। ज्यां दरगह नित दिपै, कोड़ सुख इंद्रह **केरा**।—जग्गौ खिड़ियौ

केरी–अव्यय—संबंधसूचक अव्यय—की। उ०—कागां **केरी** चांच ज्यूं, चुगलां केरी जीह। विसटा ज्यूं परची बुरी, चूंथै सबही दीह।—बां.दा.

वि०—समान, तुल्य, बराबर।

सं०स्त्री०—१ आम का कच्चा और छोटा नया फल. २ लकड़ी का एक बित्ता लंबा पतला छड़ जिसमें जुलाहे (बाना बुनने के लिए) रेशम लपेटते हैं. ३ एक लकड़ी जिस पर नेवार बुन कर लपेटी जाती है।

केरूं, केरू–सं०पु०—कौरव (महाभारत) उ०—१ घटि घटि रांवण लका द्वार, घटि घटि **केरूं** सेनि अपार।—ह.पु.वा.

उ०—२ **केरू** सकळ संहारिया, करम कंस रा फाड़।—सगरांमदास

केरे–अव्यय—१ संबंधसूचक अव्यय–के। उ०—प्रीतम वीछुडियां पछइ, मुई न कहि जइ काइ। चोळी **केरे** पान ज्यूं, दिन दिन पीळी थाइ।—ढो.मा.

केरौ–अव्यय—१ संबंधबोधक अव्यय—का। उ०—मतना मेरी माता ए, मतना कर जीवण **केरौ** सोच। मेरी रातादेई, जीवण री चिंत्या ए कुळ में हूं करूं।—लो.गी. २ तरह, भाँति, जैसे।

सर्व०—किसका।

केरोसिन–सं०पु० [अं०] मिट्टी का तेल।

केळ–सं०पु०—१ भाला. २ कामदेव (ह.नां.)

स०स्त्री० [सं० केलि] ३ केलि, क्रीड़ा। उ०—१ दरखतां ऊपर मोर कुहक रहया छै, सुवा **केळ** करै छै।—रा.सा सं.

उ०—२ जिम मधुकर नइ कमळणी, गंगासार वेळ। लुबधा ढालउ मारुती, कांम कतुहळ **केळ**।—ढो.मा. ४ मैथुन, संभोग, स्त्री-प्रसंग। उ०—भारथ मत कर भांमणी, मो भारथ नह मेळ। बापी कूप बताव विस, कै कर म्हांसूं **केळ**।—बां.दा.

[सं० कदली] ५ केला नामक फल व उसका वृक्ष (डि.को.)

उ०—**केळ** रहे नित कांपती, कायर जणै कपूर। सीहण रण सांकै नहीं, सीह जणै रण सूर।—बां.दा.

सं०स्त्री० [सं० कदली] ६ कोंपल। उ०—१ रांमजी चाल्या ए नंदजी कौ लाल, दांतण लाया जी काची **केळ** रा।—लो.गी.

उ०—२ वसंतपंचमी पछै, नीकळै काची **केळां**।—दसदेव

७ किसी वृक्ष की शाखा या डाली. ८ मांगलिक अवसरों पर घर के द्वार के दोनों ओर की दीवारों पर विभिन्न रंगों से बनाये हुए केले के चित्र। उ०—सपना में ओ मारूजी दीपक जो देख्यौ, कुंवळां री **केळ** रळावणी जी।—लो.गी.

केलड़ी–सं०स्त्री०—मिट्टी का बना तवा।

केलण–सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

केलणावटी–सं०स्त्री०—जैसलमेर राज्यान्तर्गत 'केलण' भाटियों के राज्य की भूमि।

केलणोत–सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

केलपुर–सं०पु०—१ सीसोदिया वंश का राजपूत. २ उदयपुर राज्य के अंतर्गत एक ग्राम।

केलपुरी–सं०स्त्री०—१ देखो 'केलपुर'. २ सीसोदिया वंश की कन्या।

केलपुरौ—देखो 'केलपुर' (रू.भे.) उ०—मेलै जोगिण पुरौ महादळ, **केलपुरौ** उखेळ करै।—महारांणा प्रताप रौ गीत

केळरसक्यारी–सं०स्त्री०—काम-क्रीड़ा का साधन, योनि (र. हमीर)

केळवणौ, केळवबौ–क्रि०स०—सुधार करना।

केळवर–सं०पु० [सं० कलेवर] शरीर, देह, ढाँचा।

केलवा–सं०स्त्री०—सीसोदिया वंश की एक शाखा।

केळवियोड़ौ–भू०का०कृ०—सुधार किया हुआ। (स्त्री० केळवियोड़ी)

केळा–सं०स्त्री० [सं० केलि] १ रस, क्रीड़ा, भोग, आनंद।
 उ०—भूखण आभूखण मनसा भरियोड़ी, वेळा मन वंछित **केळा** करियोड़ी।—ऊ.का.
 सं०पु०—२ एक प्रकार का घोड़ा विशेष (रा.सा.सं.)

केळास—देखो 'कैलास'।

केळि–सं०स्त्री० [सं० केलि] १ देखो 'केळ' (३, ४, ६, ७)
 उ०—१ **केळि** कहतां क्रीड़ा त्यें कौं घणौ सुख पायौ।—वेलि. टी.
 उ०—२ मांन सरोवर सकळ सुख तहां बैठा **केळि** करइ।—ह.पु.वा.

केळिग्रभ–सं०पु० [सं० कदली+गर्भ] कदली-गर्भ, केले का तना।
 उ०—गति गयंद, जंघ **केळिग्रभ**, केहरि जिम कटि लंक।—ढो.मा.

केळिग्रह–सं०पु०—क्रीडा-स्थल, रतिगृह, शयनागार। उ०—सखियां आगै जाय, **केळिग्रह** कहतां रहस्य मंदिर सयन मंदिर तिहिकौ आंगण मारजण कहतां संवारियौ।—वेलि. टी.

केळिनि, केळिनी–सं०स्त्री० [सं० कदली] कदली, केले का वृक्ष या फल।
 उ०—पंथी एक संदेसड़इ, लग ढोलइ पैहुच्यांइ। जंघा-**केळिनि** फळि गई, स्वात जु बरसउ आइ।—ढो.मा.

केळियौ–सं०पु०—अंकुर निकलता हुआ कोमल पौधा (क्षेत्रीय)

केळी—देखो 'केळि' (अमरत)

केलू, केलूड़ौ–सं०पु० (स्त्री० केलूड़ी) खपरैल।

केळूड़ौ—देखो केळ' (५) उ०—बीराजी **केळूड़ा** री कांम ए रेजा थांरी जांन में रे।—लो.गी.

केलोड–सं०पु०—तंवर वंश के क्षत्रियों की एक शाखा।

केळौ–सं०पु० [सं० कदल, प्रा० कयल] १ गज सवा गज लंबे पत्ते वाला एक कोमल पेड़ जिसके फल लंबे, गूदेदार व मीठे होते हैं। यह तने के ऊपर ही लगता है। कदली।
 पर्याय०—कजळी, कदली, केळ, गुच्छफळा, भांनुफळा, मोचा, रंभा।
 २ छोटा शमी वृक्ष। उ०—सूका **केळा** काट टाप घर गायां भैंसां। खेत झूंपड़ी लेत स्रमित आणंद संदेसां।—दसदेव

केवच—देखो 'कूंच'।

केवड़ौ–सं०पु० [सं० कविका] १ केतकी से कुछ बड़ा सफेद रंग का पौधा (डिं.को.) उ०—हाथ बसंती **केवड़ौ** जी कंई करे भंवर सूं हेत, बादळी बरसे क्यूंनी ए, बीजळी चमकै क्यूंनी ए।—लो.गी.
 २ इस पौधे का फूल. ३ इसके फूल से उतारा हुआ सुगंधित फूल का आसव (यौ० केवड़ा-जळ) ४ एक लोक गीत का नाम. ५ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.) ६ केवड़ा नामक वृक्ष।

केवट–सं०पु० [सं० कैवर्त्त, प्रा० केवट्ट] १ मल्लाह, पार लगाने वाला. २ एक वर्णसंकर जाति।

केवटणौ, केवटबौ–क्रि०स०—१ निभाना. २ बटोरना.
 उ०—हाट वसै भूखो हसै, हाथ धरै कण हांण। कमर कसै जर **केवटण**, नहतर सैंज सवांण।—बां.दा. ३ सुधारना.
 उ०—कतरण सीवण **केवटण**, लै दरजी चित चोर। रजधांनी तंबू रचै, ते नरनायक ओर।—अज्ञात
 ४ माँस को पकाने के योग्य कमा कर तैयार करना. ५ संभालना. ६ देखभाल करना, हिफाजत करना. ७ मितव्ययिता करना. (यौ० घर-केवटू) ८ कमाना।
 केवटणहार, हारौ (**हारी**), **केवटणियौ**—वि०।
 केवटाणौ, केवटाबौ, केवटावणौ, केवटावबौ—प्रे०रू०।
 केवटिओड़ौ, केवटियोड़ौ, केवटयोड़ौ—भू०का०कृ०।
 केवटीजणौ, केवटीजबौ—क्रि० कर्म वा०।
 केवटीजिओड़ौ, केवटीजियोड़ौ, केवटीज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

केवटियौ—देखो 'केवट' (अल्पा०)

केवटियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ निभाया हुआ. २ सुधारा हुआ. ३ संभाला हुआ. ४ हिफाजत किया हुआ. ५ कमाया हुआ. ६ बटोरा हुआ। (स्त्री० केवटियोड़ी)

केवटू–वि०—१ निभाने वाला. २ सुधारने वाला. ३ माँस को कमा कर पकाने योग्य बनाने वाला. ४ मितव्ययी. ५ बटोरने वाला।

केवत–सं०पु०—१ कहावत, किंवदंती. २ अपयश, कलंक।

केवळ–सं०पु०—१ विष्णु (ह.नां.) २ श्रीकृष्ण (अ.मा.) ३ कल्याण. ४ एक छंद विशेष जिसमें एक तगण, एक जगण, एक यगण और अंतिम दसवां वर्ण दीर्घ होता है (ल.पिं)
 वि०—१ मात्र, सिर्फ. २ एक मात्र। उ०—सुनाथ निपावण **केवळ** संत, चिताया ब्रह्मा हुंस चरित्त।—ह.र.
 ३ शुद्ध, पवित्र।

केवळगत–सं०स्त्री० [सं० कैवल्य गति] चार प्रकार की मुक्तियों में से एक मुक्ति (अ.मा.)

केवळग्यांन–सं०पु० [सं० कैवल्य ज्ञान] १ त्रिविध दुखों की अत्यन्त निवृत्ति (सांख्य) २ विशेषदर्शी आत्मभाव की भावना अर्थात्

अहंकार की निवृत्ति (योगशास्त्र) ३ अद्वितीय ब्रह्मभाव की प्राप्ति (वेदांत) ४ दुःख की अत्यंत मुक्ति (न्याय)

केवळी-वि०—ज्ञानी। उ०—चाठ घड़ोई बरतण भांडा, कोस मुसायब **केवळी**। नर सेवक देव कुवांरा, धुके विरंडौ देवळी।—दसदेव

केवळीविधिकळा-सं०स्त्री०—पुरुषों की बहत्तर कलाओं के अंतर्गत एक कला।

केवांण, केवांणी-सं०स्त्री० [सं० कृपाण] तलवार (ह.नां.) कृपाण, कटार। उ०—जगपत्ती उण जोस मैं, रत्ती आग समांण। वनसपत्ती खळ जाळवा, करतत्ती **केवांण**।—रा.रू.

केवा-सं०पु०—१ दुःख, कष्ट, आपत्ति। उ०—सदव्रत करतोड़ी वरणा-स्रम सेवा, काढ़ै मरतौड़ी रेवातट **केवा**।—ऊ.का. २ द्वेष, शत्रुता। उ०—सूरा बचन सुणेह, सांवण रा साचा सबद। दारण गोगादे, **केवा** काढ़ण कोपियौ।—गो.रू.

केवाड़-सं०पु०—कपाट। देखो 'किंवाड़' (रू.भे.)

केवाट-सं०पु० [सं० किंवृत्तम्] (बाहु०) वृतांत, समाचार, खबर, विवरण।

केविय, केवी-सं०पु०—१ शत्रु, रिपु। देखो 'केवी' (रू.भे) (ह.नां.) उ०—१ करै धर पार की आपणी जिके नर, **केवियां** सीस खगपांण करण कचर।—ह्वा.झा.

उ०—२ वेच धवळ आवतड़ी, कांनां लाग कहंत। जिकौ मित मत जांणजै, **केवी** जांणे कंत।—बां.दा.

उ०—३ कांमिणि कहि कांम काळ कहि **केवी**, नारायण कहि अवर नर।—वेलि.

क्रि०वि०—कैसा, कैसी।

केवौ-सं०पु०—१ प्रतीकार, बदला, वैर। उ०—मांगेह लेसी माय औ **केवा** उघरावसी।—पा.प्र. २ देखो 'केवा'।

केस-सं०पु० [सं० केश] १ सिर के बाल।

कहा०—१ केसां नै काटयां किसा मुड़दा हौळा हुवै—बाल काटने से कौन से मुर्दे हल्के हो जाते हैं; बड़ी एवं अधिकांश बुराइयों के रहते छोटी सी बुराई को दूर करने के यत्न बेकार हैं. २ नाई-नाई केस किता कै सांमै आय पड़ी—हे नाई! मेरे सिर पर कितने केश हैं। (नाई उत्तर देता है) जितने भी हैं वे सब कटने पर तुम्हारे सामने आ जायेंगे; अभी भेद खुल जायगा; उतावला न बन कर थोड़ी प्रतीक्षा करनी चाहिए तब तक भेद आप ही आप प्रगट हो जाता है।

२ शेर या घोड़े के गले पर के बाल। (यौ० काळाकेस)

३ विश्व. ४ सूर्य्य. ५ विष्णु. ६ केसी नामक दैत्य जिसे कृष्ण ने मारा था (पि.प्र.)

केसकाट-सं०पु०—नाई, नापित (डिं.को.)

केसकार-सं०पु०—१ बाल काटने वाला, नाई, हज्जाम. २ बालों को सँवारने वाला।

केसट-सं०पु० [सं० केशट] कामदेव के पाँच बाणों में से शोषण नामक बाण।

केसबंध-सं०पु० [सं० केशबंध] नृत्य में हाथों को घुमाने का एक ढंग या क्रिया विशेष जिसमें हाथों को कंधे पर से घुमाते हुए कमर पर लाते हैं और फिर ऊपर सिर की ओर ले जाते हैं।

केसबाळ, केसबाळी-सं०स्त्री० [सं० केश+आवलि] १ घोड़े की गर्दन के बालों की पंक्ति (डिं.को.) २ घोड़े की अयाल पर धारण कराने का जालीनुमा आभूषण। उ०—**केसबाळी** रंग रंग री गुंथीजै छै, अगाड़ी पछाड़ी खोलजे छै।—रा.सा.सं.

केसमारजन-सं०पु०—कंघा (डिं.को.)

केसमारजनकौसळ-सं०पु०—बालों का मलना और तेल लगाना जो चौसठ कलाओं के अंतर्गत मानी जाने वाली एक कला है।

केसर-सं०पु० [सं०] १ फूलों के अन्दर बीचोबीच बाल की तरह पतले-पतले सींके या सूत. [सं०] २ ठंडे देशों में होने वाला एक पौधा जिसका केसर स्थायी सुगंध के लिए प्रसिद्ध है, जाफरान।

पर्याय०—कसमीरज, काळेक काळेयक, कुंकम, कुंकुम, कुंकुमकाय, कूंकूं, केसर, गुड़वरण, गुड़वरणी, चंदण, दीपक, देववलभा, देव-वल्लभ, धीर, पिसुण, पीत, बाह्लीक, मंगळकरण, मंगळकरणी, रकत, रगत, लोहत, लोहित, वन्हिसिख, वाह्लीकजा, संकज, संकोच, सुगन्ध।

३ घोड़े, सिंह आदि जानवरों के गर्दन पर के बाल, अयाल.

४ नाग केसर. ५ बकुल. ६ मौलश्री. [सं०] ७ स्वर्ग. ८ देववृक्ष (अ.मा.)

वि०—लाल, रक्तवर्ण* (डिं को.)

केसरबाई-सं०स्त्री०—मेहा चारण की पुत्री एक देवी जो करणी देवी की बड़ी बहिन थी।

केसरि—देखो 'केसरी' (रू.भे.)

केसरिपूत-सं०पु०—केशरी के पुत्र, हनुमानजी।

केसरियाकंवर-सं०पु०—१ राजस्थान के एक लोक देवता जो गोगाजी के आत्मीय पुत्र माने जाते हैं। इनको नागरूप माना गया है। भाद्र-पद मास के शुक्ल पक्ष की नवमीं को इनका पूजन किया जाता है.

२ पति (प्रायः इस अर्थ में यह शब्द केवल लोक गीतों में प्रयुक्त होता है)

केसरियानाथ-सं०पु०—जैनियों का एक तीर्थ-स्थान (बां.दा.ख्यात)

केसरियौ-सं०पु०—१ अफीम. उ०—तिण भांत रौ **केसरियौ**, पोतां घोळियौ मनुहारां हुवै छै।—डाढ़ाळा सूर री वात २ रसिक नायक।

उ०—१ घूंघटड़ौ हट सूं घणौ, खोलंतां कर ख्यांत। **केसरिये** ली कबज में, भुवन मदन प्रिय भांत।—अज्ञात उ०—२ जीमण नै **केसरिया** बालमजी ओ सियाळे घरे पधार।—लो.गी.

वि०—केसरिया रंग का, केसरिया संबंधी।

मुहा०—केसरिया करणौ—युद्ध में मरने के लिए तैयार होना।

केसरी-सं०पु० [सं० केसरिन्] १ सिंह (अ.मा.) २ घोड़ा (डिं.को.) ३ नाग केसर. ४ पुन्नाग. ५ बिजौरा नींबू. ६ हनुमानजी के पिता का नाम. ७ एक प्रकार का बगुला।

वि०—केसरिया रंग का, लाल।

केसरीनंदन, केसरीनंदनि, केसरीपूत–सं०पु०—केसरी के पुत्र हनुमान। (डिं.को.)

केसरीसिंघोत सं०पु०—१ राठौड़ राव मालदेव के पौत्र केसरीसिंह के वंशज, राठौड़ों की एक उप शाखा. २ इस शाखा का व्यक्ति।

केसलुंच–सं०पु० [सं० केशलुंच] सिर के बाल नोंचने वाला, जैन यति।

केसव–सं०पु० [सं० केशव] १ विष्णु का एक नाम। उ०—केसव क्रस्ण किलांण कह, अलख अजोणी ईस।—ह.र. २ श्रीकृष्ण का एक नाम. उ०—तूं तणा अनै तूं तणी त्री, केसव कहि कुण सकै क्रम।—वेलि. ३ ब्रह्मा. ४ परमेश्वर. ५ विष्णु के चौबीस मूर्ति-भेदों में से एक।

केसवराइ–सं०पु० [सं० केशव+राट्] श्रीकृष्ण (नां.मा.)

केसवाळी—देखो 'केसबाळी' (रू.भे.) उ०—जीण मांडै छै। केसवाळी रंग रंग री गूंथीजै छै।—रा.सा.सं.

केसवौ–सं०पु० [सं० केशव] १ विष्णु की चौबीस मूर्तियों में से एक. २ श्रीकृष्ण. ३ विष्णु।

केससेखरापीड़-योजन–सं०पु०—शिर पर पुष्पों से अनेक प्रकार की कारीगरी करना। चौसठ कलाओं के अन्तर्गत एक कला।

केसिनी–सं०स्त्री० [सं० केशिनी] १ जटामासी. २ सुन्दर व बड़े बालों वाली स्त्री. ३ एक अप्सरा. ४ रावण की माता का एक नाम।

केसियौ–सं०पु०—शिर के आजू-बाजू बालों में लगाया जाने वाला फूल।
वि०—रसिक (मि० 'लाल केसियौ')

केसी–सं०पु० [सं० केशिन्] १ एक असुर जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था. २ घोड़ा. ३ सिंह. ४ एक यादव का नाम।
वि०—१ किरण वा प्रकाश वाला. २ अच्छे बालों वाला।

केसू–सं०पु०—१ पलाश का वृक्ष, टेसू। उ०—पुहप करणि करि केसू पहिरे वनसपती पीळा वसन।—वेलि. (केसूड़ौ–अल्पा०)

केसूल. केसूलौ–सं०पु०—१ ढाक के फूल, पलाश का पुष्प. २ देखो 'केसू' (रा.सा.सं.)

केहइ–वि०—१ कौनसा, किस। उ०—थळ मथ्थइ ऊजासड़उ, थे इण केहइ रंग। धण लीजइ प्री मारिजइ, छांडि विडांणउ संग।—ढो.मा.

केहड़ली–वि० —कैसी। उ०—भेक धारतां कीदी भूंडी, कुवधां केहड़ली। —ऊ.का.

केहड़ौ–वि० (स्त्री० केहड़ी) कैसा।

केहर–सं०पु० [सं० केसरी] १ सिंह, शेर। उ०—जिण मारग केहर बुवौ, रज लागी तिणांह। ते खड़ ऊभा सूकसी, नह चरसी हिरणांह। —बां.दा.
[सं० केसर] बाल, केश। उ०—भूखा केहरी रौ केहर, खीजिया नागराज रौ मणि माडांणी झाटकि लेण रौ बळ होय तौ म्हांरा प्रस्थांन रौ राह रोकण री सलाह छै।—वं.भा.

केहरि, केहरी–सं०स्त्री०—१ करणी देवी की बहिन केसर बाई। देखो 'केसरबाई'।
सं०पु०—२ देखो 'केसरी'। उ०—१ बढ़ावत केहरि केहरि बाग, नखायुध गाजत भाजत नाग।—मे.म. उ०—२ केहरी जेम रण करण काज, बेहरी मुक्ख मोड़ण सुबाज।—वि.सं.

केहवि–वि०—कैसी।

केहवौ–वि०—कौनसा। उ०—आकुळ थ्या लोक केहवौ अचिरज, वंछित छाया ए विहित।—वेलि.

केहा–वि०—कैसा।
क्रि०वि०—कैसे।

केहि, केही–सर्व०—१ किस। उ०—रंग है किण धण रौ कुण चीर, केहि पथ रंग रजवौ नित आय।—सांझ २ क्या।
वि०—१ कौनसा. २ कैसा, कैसी। उ०—१ तुम्ह जावउ घर आपणइ, म्हांरी केही वात। दीहे-दीहे उसारिस्यां, भरिस्यां मांझिम रात। —ढो.मा.
उ०—२ केहौ कीजे दुक्ख, केही आरति आंणियै। सिरज्यां पाखै सुक्ख, जिम तिम ही न मिळै जसा।—जसराज
३ कई, बहुत।

केहेक–सर्व०—कुछ। उ०—ताहरां सारा गोळ कर प्यादा मुंह आगै लेय असवार केहेक डावा, केहेक जीवणा लेय कही।
—डाढ़ाळा सूर री वात

केहौ–वि०—१ कैसा। उ०—वेद तणी बंसावळी, केहौ बाचण कांम। महा रोग जांमण मरण, निगम लिये तौ नाम।—ह.र.
२ कौनसा। उ०—हुवै बि तेजी ऐकठा, केहौ काढ़ै कांन। ए हिंदू आराहड़ौ, तू मुग्गळ असमांन।—रा.ज.रासौ
सर्व०—क्या।
क्रि०वि०—क्यों।

कैंकी–सर्व०—किसकी। कैंकी रोवै बैन-भांणजी, कैंकी रोवै माय। बंध में बैठचौ कहै डूंगजी, सुण रे लोटचा जाट।—डूंगजी जवारजी री पड़

कैंची–सं०स्त्री० [तु०] १ बाल, कपड़े आदि काटने या कतरने का उपकरण, कतरनी. २ कैंची की तरह एक दूसरे के ऊपर तिरछी रक्खी हुई दो सीधी तीलियाँ वा लकड़ियाँ. ३ वे दो तिरछी लकड़ियाँ जो सहारे के लिए धरन के बहुए में लगी हुई हों. ४ कुश्ती का एक पेंच. ५ मालखंभ की एक कसरत।

कैंडै–क्रि०वि०—कहाँ (क्षेत्रीय)

कैंत–सं०पु०—कपित्थ का वृक्ष (डिं.को.)

कैंपा–सं०पु०—इमली का बीज (क्षेत्रीय)

कैंवार–सं०स्त्री० [सं० कीर्ति+वार=ढेर] कीर्ति, यश। उ०—सूरति खंभाति तांई करै, करै कवि पात्र ताहरा कैंवार।—ल.पिं.

कै–सं०नपुं०—१ हिंजड़ा, क्लीव।
सं०पु०—२ मद (एका०) ३ पुरुष (एका०) ४ वायु।
सं०स्त्री०—५ सरस्वती. ६ वाणी. [अ० कै] ७ कै, वमन, उल्टी (एका०)

वि०—१ बलवान. २ पवित्र. ३ नम्र (एका०)
[सं० कति, प्रा० कइ] ४ कितने, कितना । उ०—कै मण घाल्या छै कोयला वौ ग्रांमेरा राज म्हेल में जी ।—लो.गी.
अव्यय [सं० किम्] या, अथवा । उ०—आपै ही जणावसी, भलौ ज होसी वग्गि । कै मांगिण दरसावियां, कै ऊछजियां खग्गि ।—हा.झा.
कहा०—१ कै घोड़ा घोड़ा में कै घोड़ा चोरां में—हानि-लाभ की परवाह न करके किसी काम में जुट जाने पर कही जाती है.
२ कै ते खाये मोट पणाये, कै खाये बैरपणाये । कै खाये मांनपणायें, तीन वाते चोड़ दिये ते वौ है देवपणाये मांये—मनुष्य बड़प्पन की भावनाओं से, दूसरों की शत्रुता से, और अभिमान की भावना से आलस्यवश ही दुःख पाता है एवं नीचे गिरता है, तीनों को छोड़ने पर वह देवस्वरूप होता है. ३ कै ते चोतौ हूनू करै कै करै सोनौ—या तो चूना सूनापन पैदा कर देता है या फिर सोने जेसा संपत्तिशाली; घर बनवाने का कार्य सोच-समझ कर प्रारंभ करना चाहिए. ४ कै ते धन धणी खाय, कै धन धणिये खाय—धन का स्वामी धन का उपयोग करता है नहीं तो फिर धन पड़ा रहने से वह स्वामी को खा जाता है. ५ कै ते भार मां झेलै नै कै जमी झेलै—या तौ भार मां ही उठाती है या जमीन ही; मां को पुत्र के लिए बहुत कष्ट उठाना पड़ता है. ६ कै तौ रोकै पांणी नै कै रोकै दांणी—मनुष्य को या तो नदी, वर्षा आदि के कारण रुकना पड़ता है या कहीं कर (जकात) देना पड़ता हो वहाँ रुकना पड़ता है। इन दोनों की स्वीकृति के बिना आगे नहीं जाया जा सकता.
७ कै हंसा मोती चुगै, कै निरणा रह (भूखां मर) जाय—महान् व्यक्ति अपना सिद्धान्त कभी नहीं छोड़ते; स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं नष्ट हो जाते हैं किन्तु अपना स्वाभिमान नहीं छोड़ते ।
सर्व०—किस । उ०—इसै तळाव आया, घोड़ा पाया । डेरौ दीठौ । कह्यौ रै औ कै रौ डेरौ छै ।—सयणी री वात

कंई-वि०—कई, कितने ही । उ०—करामात री बात साखात कंई, सता मात री चंद्र कृपादि सँई ।—मे.म.

कैक-वि०—कई, कितने ।

कैकळ-सं०स्त्री०—एक प्रकार का गारा । उ०—धोळख रूप सरूप धवळ माटी गाग्ळी, कैकळ काळै रंग, डागळां नाखण हाळी ।—दसदेव

कैड़ौ-वि० (स्त्री० कैड़ी) कैसा । उ०—कहो(नी) मारूजी थांरा मनड़ा री बात, कैड़ै नै उणियारे गोरी थांरी फूटरी ।— लो.गी.

कैटभ-सं०पु० [सं०] मधु नामक दैत्य का छोटा भाई जिसे विष्णु ने मारा था ।

कैटभकंदन, कैटभकदन, कैटभाजित-सं०पु० [सं०] कैटभ नामक दैत्य को मारने वाले, ईश्वर (नां.मा., अ.मा.)

कैण-सं०पु०—चमड़े की बनी छोटी रस्सी जो चरस के ऊपरी हिस्से में कसी जाती है ।

कैणा, कैणावत-सं०स्त्री०—१ कहावत. २ किंवदंती ।

कैं'णी-सं०स्त्री०—१ कहने का ढंग. २ कहने का भाव, कथनी ।
उ०—दाता गुण ग्याता दूखण न देणूं, रैणी कैं'णी सूं भू भूखण रैं'णूं ।—ऊ.का. ३ किंवदंती ४ कहावत ।

कैं'णौ, कैं'बौ-क्रि०स०—देखो 'कहणौ' (रू.भे.)

कैतन-सं०पु०—ध्वजा, झंडा (ह.नां.)

कैतव-सं०पु० [सं०] १ धोखा, कपट (अ.मा., ह.नां.) २ जुआ.
३ बहांना. ४ वैदूर्य्य मणि. ५ धतूरा. ६ मूँगा. ७ चिरायता ।

कैतवापनति-सं०स्त्री० [सं० कैतवापन्हुति] वह अर्थालंकार जिसमें उपमेय का निषेध कैतव, व्याज, मिस आदि शब्दों के अर्थ द्वारा किया जाय ।

कैतसाली-सं०स्त्री० [अ० कहत-साली] अकाल, दुष्काल । उ०—जेती भूमि भैरूं रावराजा की दुहाई, कीनूं राज जेतै कैतसाली भी न आई ।
—शि वं.

कैतूहळ-सं०पु० [सं० कौतूहल] देखो 'कौतूहळ' । उ०—मिटै रंग राग चहल, हासरांमत कैतूहळ ।—पहाड़खां आढ़ौ

कैथ-क्रि०वि०—कहाँ (क्षेत्रीय) उ०—नह बहमन नौसेरवां, अफरास्याब न ऐथ । फरेदून नमरूद फिर, कयूमरस गौ कैथ ।—बां.दा.
सं०स्त्री०—कपित्थ का वृक्ष (डिं.को.)

कैद-सं०स्त्री० [अ०] १ बंधन, अवरोध. २ कारावास, जेल ।
पर्याय०—अटक, जेर, बंध, रुकत, रोकण ।
३ किसी प्रकार की शर्त, अटक या प्रतिबंध ।

कैदखानौ-सं०पु० [फा० कैदखाना] वह स्थान जहाँ कैदी रक्खे जाते हों, बंदीगृह, जेलखाना ।

कैदतनहाई-सं०स्त्री०—वह कैद जिसमें कैदी को बहुत ही छोटी और तंग कोठरी में अकेले रखा जाय, कालकोठरी ।

कैदमहज-सं०स्त्री० [अ०] ऐसी कैद जिसमें कैदी को किसी प्रकार का परिश्रम या काम न करना पड़े, सादी कैद ।

कैदारी-सं०पु०—भाटों की एक शाखा । प्रातःकाल भीगे हुए कपड़े ओढ़ कर गाँवों में फेरी देने वाले भाट । इन्हें वासुदेवा भी कहते हैं ।
रू.भे.-'केदारी' (म.मा.)

कैदी-सं०पु० [अ०] जो कैद किया गया हो, बंदी ।
पर्याय०—उपग्रह, ग्रह, ग्रहक, प्रग्रह, बंदी ।

कैदीखांनौ—देखो 'कैदखांनौ' (रू.भे.)

कैधौं-अव्यय—१ या, अथवा. २ मानो ।

कैन-वि०—कौन, कौनसा ।

कैनूं, कैनै-सर्व०—किसको । उ०—साच कहौ थे कौण छौ, अर पाताळ कैनूं पासै, राख हर नमस्कार करौ छौ ।—चौबोली

कैप-सं०स्त्री० [अं०] टोपी ।

कैफ-सं०पु० [अ० कैफ] १ नशा, मद. २ अफीम (डिं.को.)

कैफियत-सं०स्त्री० [अ०] १ समाचार, हाल, वर्णन, विवरण, तफसील.

कैम-सं०पु०—एक वृक्ष विशेष ।

कैमखांनी–सं०पु०—एक जाति जो पहले राजपूत थी किन्तु अब मुसलमान है। इनके बहुत से रीति-रिवाज राजपूतों से मिलते-जुलते हैं। (बां.दा. ख्यात)

कैमर, कैमरी–सं०पु०—धनुष। उ०—१ **कैमरां** मार हिक वार कीध, दूसरां चिलै चाढ़ण न दीध।—वि.सं. उ०—२ जड़ जमदढ़ जीमणै, कमर जड़कै केवांणां। कियौ पूर **कैमरी**, भीड़ ऊपरा भाथारौ।
—बखतौ खिड़ियौ

कैमल–सं०पु० [सं० क्रमेलक] ऊंट।

कैयां–क्रि०वि०—किस प्रकार, कैसे।

कैर–सं०पु०—मरुभूमि में होने वाला एक प्रकार का पत्तेविहीन कांटेदार वृक्ष व उसके फल, करील।

कहा०—१ कैर आलौ भी बळै नै सासू सीधी ई लड़ै—कैर की लकड़ी गीली भी जल जाती है तथा सास अगर सीधी भी हो तोभी बहू से लड़ती है; सास कैसे भी अच्छे स्वभाव की क्यों न हो, वह बहू से अवश्य लड़ती है; सास की बुराई. २ कैर रौ कांटौ वढ़चौ साढ़ी सोळै हाथ—करील का कांटा बढ़ा साढ़े सोलह हाथ; बहुत गप्प कहने वाले पर. ३ थारै मूंडै नै कैर रौ कांटो—तेरे मुँह के लिए कैर का कांटा; जैसे कैर का कंटक चुभ कर कष्ट देता है वैसे ही तेरे शब्द लोगों को कष्ट देते हैं; बुरे वचन कहने वाले के लिये कि तेरी जीभ में कैर वृक्ष के कांटे लगें. ४ मौका री छाया कैर री ही भली, बिना मौके बड़लौ भी चोखौ नहीं—मौका पड़ने पर कैर वृक्ष की छिछली छाया भी अच्छी लगती है और बिना काम के वटवृक्ष की घनी छाया भी बेकार है; समय पर जो काम आ जाय वही ठीक है।

अल्पा०—'केरड़ियौ, कैरड़ौ'।

कैरड़ियौ—देखो 'कैर' (अल्पा०)

कैरव–सं०पु०—१ कौरव (महाभारत) उ०—व्यास बिगाड़चौ वंस, **कैरव** निपज्या जेण वंस। असली व्है ता अंस। सरम न लेता सांवरा। [सं०] २ कुमुद। —रांमनाथ कवियौ

कैरव-दळण–सं०पु०—भीम (ह.नां.)

कैरवि, कैरवी–सं०स्त्री० [सं० कैरविणी] १ कुमुदिनी।
सं०पु०—२ चंद्रमा।

कैरी–सं०स्त्री० [सं० केकरी] १ आम का कच्चा और छोटा नया फल। उ०—केळौ, **कैरी** कांमणी, पीव मित्र परधांन। इतरा तौ पाका भला, काचा ना'वै कांम।—अज्ञात

सं०पु०—२ वह बैल जिसकी एक आँख में वलय के आकार की कुंडली हो (अशुभ) ३ एक प्रकार का घोड़ा जिसकी एक आँख निर्मल हो तथा दूसरी आँख में चक्र हो (शा हो)

वि०—भूरे रंग की, ललाई मिले सफेद रंग की (आँख)

सर्व०—किसकी (पु० कैरौ)

कैरीकबूतर–सं०पु०—रंग विशेष का एक घोड़ा (शा.हो.)

कैरूंदौ–सं०पु०—एक प्रकार का खट्टे फलों वाला पेड़ व उसका फल।

कैरूड़ी–सं०स्त्री०—मिट्टी का छोटा सा पात्र जिसमें स्त्रियाँ व्रत आदि की कहानियाँ सुनाते समय गेहूँ या बाजरा भर देती हैं और पूजा कर स्त्रियों को भेंटस्वरूप अर्पित करती हैं।

कैरौ–सं०पु०—कौरव।

सर्व० (स्त्री० कैरी) किसका। उ०—अजैपाळ बोलियौ—रे तूं बाप **कैरौ**, कुणनै बेटौ कहै छै।—पलक दरियाव री वात

कहा०—१ कैरा जायोड़ा कैनै दुख दे—विदेशी अथवा अवांछित व्यक्तियों के प्रति. २ कैरी मां (सेर) सूंठ खाई है—किसी कार्य को करवाने के लिए लोगों को उकसाने की उक्ति।

कैलड़ी–सं०स्त्री०—मिट्टी का बना रोटी सेंकने का तवा।

कैलपुर, कैलपुरौ—देखो 'केलपुर' (रू.भे.) उ०—कळहणि सूं क्रीतियां **कैलपुरौ**, चाढ़ै साह नरौ वड चीत।
—नारायणदास सक्तावत

कैळास–सं०पु० [सं० कैलास] १ हिमालय की एक चोटी का नाम जो तिब्बत में है। यह शिवजी का निवास-स्थान माना जाता है (पौराणिक) २ स्वर्ग।

कैळासउथाळ–सं०पु०—रावण (अ.मा.)

कैळासनृप–सं०पु० [सं० कैलास+नृप] महादेव, कैलाशपति (डिं.को.)

कैळासपत, कैळासपति, कैळासपती–सं०पु० [सं० कैलास+पति] महादेव, शिव (डिं.को., अ.मा.)

कैळासपुरी—देखो 'कैळास' (रू.भे.)

कैळासी–सं०पु०—१ कैलास निवासी, महादेव. २ कुबेर।

कैळि—देखो 'केळ'। उ०—जंघस्थळ जिसौ करभ कहीजै, दूसरा द्रस्टांत जिसउ **कैळि** कौ पेड़ होय।—वेलि. टी.

कैलू–सं०पु०—खपरैल। उ०—१ जियै मारग आयौ हुतौ तीयै ही मारग अपूठौ उतरियौ। **कैलू** ज्यूं हुता त्यूंहीज दिया।—चौबोली
उ०—२ पड़वौ **कैल्हूयां** सु छायौ।—चौबोली

कैवच—देखो 'कैंवच' (रू.भे) (नां.मा.)

कैवणौ, कैवबौ—देखो 'कहणौ' (रू.भे.)

कैवणहार, हारौ (हारी), **कैवणियौ**—वि०।

कैवाणौ, कैवाबौ—स०रू० (प्रे०रू०)

कैवावणौ, कैवावबौ—(प्रे०रू०)

कैविग्रोड़ौ, कैवियोड़ौ, कैव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कैवीजणौ, कैवीजबौ—कर्म वा०।

कैवत–सं०स्त्री०—१ कहावत. २ किंवदंती।

कैवल्य–सं०पु० [सं०] १ शुद्धता. २ एकता. ३ त्रिविध दुःखों की अत्यंत निवृत्ति को कैवल्य माना जाता है और विवेक को उसका एक मात्र साधन बतलाया है (सांख्यशास्त्र) ४ योगशास्त्र में विशेषदर्शी आत्म-भाव की भावना अर्थात् अहंकार की निवृत्ति को कैवल्य बताया है।

कैवा–सं०पु० [सं० कथ] १ कसर, दोष, कमी. २ कलंक. ३ अवगुण।

कैवाणौ, कैवाबौ–क्रि०स० (प्रे०रू०)--कहलाना। उ०—दसकंधर भ्राता, बुध के दाता, वचन विधाता, **कैवाता**। सौ नाह सुहाता, परजळ गाता, उरले लाता, मुरझाता।—भगतमाळ

कैवायोड़ौ–भू०का०कृ०—कहलाया हुआ। (स्त्री० कैवायोड़ी)

कैवार–सं०पु०—१ डिंगल का वह गीत (छंद) विशेष जिसके विषम चरणों में १६ मात्रायें और सम पदों में ६ मात्रायें और तुकांत में गुरु हो. २ प्रत्येक चरण में २२ मात्रा का एक मात्रिक छंद विशेष (ल.पिं.)

सं०स्त्री० [सं० कीर्ति+वर] ३ स्तुति, यश, कीर्ति।

उ०—१ कापियां ज्यां कमळ कीरती कारण, खत्रियां आगै कहै खंगार। कळिजुग तणा संतोखी कवियण, करै गरथ दीने **कैवार**।—खंगार रायमलोत सींधल रौ गीत उ०—२ धवळ सरीखौ धवळ है, की कीजे **कैवार**। जेतौ भार भळावियै, तेतौ खंचणहार।—बां.दा.

कैवावणौ, कैवावबौ–क्रि०स० (प्रे०रू०)—कहलाना (रू.भे. 'कैवाणौ')

कैवीजणौ, कैवीजबौ–क्रि० कर्म वा०—कहा जाना।

कैवौ–सं०पु०—युद्ध, कलह, टंटा-बखेड़ा। उ०—पूजीजे धूहड़ प्रतक, प्रगट मांड लख पाळ। **कैवा** लेवण कड़खियौ, 'पाल' अनै रांयपाळ।
—पा.प्र.

कैसिकनिसाद–सं०पु० [सं० कैशिकनिषाद] संगीत में एक विकृत स्वर जो तीव्र नामक श्रुति से आरम्भ होता है और जिसमें तीन श्रुतियाँ लगती हैं।

कैसिकपंचम–सं०पु० [सं० कैसिकपंचम] संदीपनी नामक श्रुति से आरम्भ होने वाला संगीत में एक विकृत स्वर जिसमें चार श्रुतियाँ लगती हैं।

कैसिकी–सं०स्त्री० [सं० कैशिकी] नाटक की प्रमुख चार वृत्तियों में से एक। वि०वि०—यह वृत्ति ऐसे नाटकों में पाई जाती है जिसमें शृंगाररस की बाहुल्यता हो। अधिकांशतया ऐसे नाटकों में स्त्री पात्र होते हैं और गीत, नृत्य, भोग-विलास और वाद्य इत्यादि का अधिक प्रदर्शन किया जाता है।

कैसियर–सं०पु० [अं०] खंजाची।

कैसी'क–वि०—कैसी। उ०—तद डाढ़ाळै कही–जायगा **कैसी'**क बनाऊं जांणै दूसरौ सरग हीज छै।—डाढ़ाळा सूर री वात

कैसोहेक–वि०—कैसा। उ०—सोना रौ पिलंग कसणां कमियौ छै, सौ **कैसोहेक** सोभायमान दीसै छै।—रा सा.सं.

कैहलवौ–सं०पु०—खपरैल (मि० 'कैलू' रू.भे.)

कैहवत—देखो 'कैवत' (रू.भे.) उ०—**कैहवत** सारै ही कहै, है जाहर आहाल। कहूं जिकां री कोटड़ी, धणी जिकां रै पाल।—पा.प्र.

कैहौ–वि०—१ कैसा, कैसी। उ०—तांम धारै मगज धांम सुरतांणिया, कुसळ वाळा करां कीत **कैहौ**।—सुरतांणसिंह री गीत
२ कौनसी. ३ कई।

कोंकण–सं०स्त्री०—परशुराम की माता रेणुका का एक नाम।

कोंकणियार–सं०पु०—रहट पर समय निश्चित करने के लिये लकड़ी के चक्र के मध्य में खड़े स्तंभ पर डोरे व पतली रस्सी के गट्टे लगाने की लकड़ी की कीली।

कोंकणी–सं०स्त्री० [सं०] १ कोंकण देश की भाषा जो आर्य और द्राविड़ भाषा के मेल से बनी है. २ चांदी का एक प्रकार का हाथ का कंगन।

कोंकर–क्रि०वि०—१ क्योंकर. २ कैसे।

कोंचा–सं०पु० [सं० कच=बंधने] बहेलियों की चिड़िया फँसाने की लासा लगी हुई लंबी छड़।

कोंण–सर्व०—कौन। उ०—गिरधर रूसणां जी **कोंण** गुन्हां, कछु इक ओगुण काढ़ो म्हांमैं म्हे भी सुणां।—मीरां

को–सं०पु०—१ शोक. २ सोना. ३ चातक. ४ बालक. ५ क्रोध. ६ बाज पक्षी (एका.) ७ देखो 'कोपांन'. ८ मोट, चरस।

वि०—१ कोई। उ०—१ न **को** आवइ पूगळइ, सहु को नरवर जाइ। मारू-तणा संदेसड़ा, बगड़ बिचा हू खाय।—ढो.मा.

उ०—२ अकरम करम उपाय कर, जागविया तैं जीव। जगपत को जांणै नहीं, गत थारी हैग्रीव।—ह.र. २ कौन। उ०—एक गात एती वात, एक साथ एक हाथ। करबौ विख्यात ऐसौ, दूसरौ दिखात को।—जैतदांन बारहठ ३ कुछ। उ०—वीरसमद वडौ तळाव छै, तठै पातसाहजी **को** दिन रह्या।—नैणसी ४ कितना, कितने।

क्रि०वि०—कभी नहीं।

कहा०—मरौ मा जीवौ मासी को घी घालौ को गोडा हालै, माता मर जाय, मासी जीवती रहे—न मासी घी डालेगी और न चलने की स्फूर्ति होगी जो युद्ध में जा सकूं।

अव्यय—संबंधसूचक अव्यय—का। उ०—छोडत न छिपी निध छीन लेत मध्य छिपा, छाये छळ वंचक न खात हात हात को।
—जैतदांन बारहठ

कोइ, कोइक–सर्व०—कोई। उ०—ताळि चरंतइ कुंभड़ी, सर संधियउ गँमार। **कोइक** आखर मनि बस्यउ, ऊडी पंख संभार।—ढो.मा.

कोइट, कोइटौ—देखो 'कोयटौ' (रू.भे.)

कोइन–सं०स्त्री० [अं० क्वीन] रानी, सम्राज्ञी।

कोइयक–सर्व०—कोई।

कोइयन–सर्व०—कोई।

यौ०—कोई नहीं। उ०—ए मा हींडे हींडण गयी आज मैं **कोइयन** हींडै हिंडायी।—लो.गी.

कोइयौ–सं०पु०—सूत या ऊन आदि का लच्छा।

कोइल–सं०स्त्री० [सं० कोकिल] १ कोयल। उ०—आंबा की डाळि **कोइल** इक बोलै, मेरौ मरण अरु जग केरी हांसी।—मीरां
२ छप्पय छंद का ११ वाँ भेद जिसमें ५२ गुरु ४८ लघु कुल १०० वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं (र.ज.प्र.)

कोई–सर्व० [सं० कोपि, प्रा० कोवि] १ ऐसा एक (मनुष्य या पदार्थ) जो अज्ञात हो, न जाने कौन एक, ऐसा एक जो अनिर्दिष्ट हो.
२ बहुतों में से चाहे जो एक।
कहा०—१ कोई गावै होळी री, कोई गावै दिवाळी री—असंबद्ध वार्तालाप पर; जब कहने वाला कुछ कहे परन्तु दूसरा उसका कुछ दूसरा ही उत्तर दे तब कही जाती है. २ कोई चालै चाकरी ताज्यौ तुरक तयार—अयोग्य व्यक्ति के प्रत्येक काम करने को उद्धत रहने पर व्यंग्य. ३ कोई बाबौ आवै नै कोई ताळी बाजै—न तो बाबा आवे और न ताली बजे; साधन न होने के बहाने काम न करने पर.
४ कोई जीम'र राजी व्है कोई जीमा'र राजी व्है—कोई खा कर प्रसन्न होता है तो कोई खिला कर. ५ कोई पूछै न ताछै हूं लाडे री भूवा—बिना पूछे-ताछे किसी बात या कार्य के बीच में कूद पड़ने पर. ६ कोई फिरै डाळ डाळ, हूं फिरूं पात-पात—चतुर आदमी से गुप्त भेद या चालाकी छिपाई नहीं जा सकती।
क्रि०वि०—१ एक भी. २ लगभग, करीब-करीब।

कोईक–सर्व०—१ देखो 'कोई' (रू.भे.) उ०—उतारै कोईक सेवक इसी आं संतां री आरती।—ऊ.का. २ किस, किसी।
उ०—जरै उठा ही सूं पीठहव भुवा रौ भवन छोडी कोईक अतीतां री जमाति रै साथ बेड़ी रै बळ।—वं.भा.

कोईकौ–वि०—कोई सा।

कोईरौ–वि० [सं० कोथी, प्रा० कोही] १ तुच्छ विचार या सिद्धांत वाला व्यक्ति. २ मन ही मन कुढ़ने वाला, बुरा चाहने वाला।

कोईली—देखो 'कोयल' (रू.भे.) उ०—वनखंड काळी कोईली, बइसती अंब कइ चंप की डाळि।—बी.दे.

कोईलौ–सं०पु०— कोयला। उ०—ऊंडा तहखानां मांहै खैर कोईलां री मकालां जगाड़ीजी छै।—रा.सा.सं.

कोउ, कोऊ–सर्व०—कोई।
सं०स्त्री० [सं० कुपक] अग्निकुंड। देखो 'कउ' (१) (रू.भे.)

कोऊक–सर्व०—कोई।

कोक–सं०पु० [सं०] (स्त्री० कोकी) १ चकवा पक्षी (डिं.को.)
उ०—दिन सकुचीजै कोक नद, कोक न कोकी संग।—बां दा.
२ रति-शास्त्र का ज्ञाता एक पंडित. ३ काम-शास्त्र।
उ०—१ मळी तदि साध सुरमरा कोक मनि, रमरा कोक मनि साध रही।—वेलि. उ०—२ दंपति प्रवीन रति कोक विधि, दिन छिनदा संभोग रत।—ला.रा. ४ संगीत का छठा भेद जिसमें नायिका, नायक, रस, रसाभास, अलंकार, उद्दीपन, आलंबन, समाज और समाजादि का ज्ञान आवश्यक होता है।
सर्व०—कोई।

कोककळा–सं०स्त्री० [सं० कोककला] १ रति-विद्या, काम-कला, रति-शास्त्र। उ०—भोगे कोककळा बळे, गुराकळा चिंतामरगी साकळा।
२ संभोग, रति। —रा.सा.सं.

कोकड़–सं०पु० [सं० कौकुट] १ बाल-बच्चे. २ पीलू वृक्ष के सूखे फल।

कोकड़ियौ–सं०पु०—देखो 'कोकड़ी' (१, २) (अल्पा०)

कोकड़ी–सं०स्त्री० [सं० कुक्कुटी] १ कच्चे सूत का लपेटा हुआ लच्छा जो कात कर तकले पर से उतारा जाता है. २ इस उतारे हुए या इस प्रकार अन्य विधि से बनाए गए सूत की लच्छी. ३ मदार का डोडा या फल. ४ पीलू वृक्ष के सूखे फल जो पशुओं को खिलाए जाते हैं. ५ बंध, बंधन। उ०—लकड़ी रा कुंदा छै, रूपै री तारां रा, कोकड़ी सीरम, सपेतै रा बंध छै।—रा.सा.सं.

कोकणौ, कोकबौ–क्रि०स०—१ कच्ची सिलाई करना, कच्चा करना.
२ प्रहार हेतु शस्त्र उठाना. ३ बुलाना। उ०—कोकै पांडवौ अरी परधांन, दीधौ छै जब तिहां चउगुराउ मांन।—वी.दे.
३ भाले से छेदना, मारना। उ०—बांध चाळा चौ तरफां रोकियौ थाहरां बीच, चढ़े इंद्र अटा हूं विलोकियौ सचाळ। भीम नाद अग्रा-जतौ तोकियौ गैरगाग भुजा, लाग खेटै रायजादै कोकियौ लंकाळ।
—अज्ञात

कोकदेव–सं०पु०—कोकशास्त्र वा रतिशास्त्र का रचयिता एक काश्मीरी पंडित।

कोकन–सं०पु०—दक्षिरग भारत का एक प्रदेश (रू.भे.-'कोंकरग')

कोकनद–सं०पु० [सं०] १ लाल कमल। उ०—मकरंद तंबोळ कोकनद मुख मभि, दंत किजळक दुति दीपंति।—वेलि. २ कमल (ह.नां.)
३ श्वेत कमल जो चंद्रमा उदय होने पर खिलता है। उ०—कोकन सिर खड़िया कटक, तैं सिधराव अभंग। दिन सकुचीजै कोकनद, कोकन कोकी संग।—बां.दा.

कोकर–सं०पु०—कंकड़ (रू.भे.) उ०—रोड़ा पत्थर ईंट चिपावै माटी गारै, कोकर खोरा खड़ी वाटड़ी संचै सारै।—दसदेव

कोकरड़ी–सं०स्त्री०—१ वह बकरी जिसके कान छोटे होते हैं.
२ देखो 'कोकड़ी' (अल्पा०)

कोकरी–सं०स्त्री०—हल के जुए के मध्म में लगाई जाने वाली काष्ठ की कीली।

कोकरौ–सं०पु०—रहँट में बैलों को जोतने के जुए के मध्य में लगी हुई लोहे की कील।

कोकळ–सं०पु० [सं० कौकुट] बाल-बच्चों का परिवार (प्रायः अभावा-वस्था में अधिक संतान के लिए यह प्रयुक्त होता है)
उ०—छिन छिन खाती बिच चढ़ती निज छाती, मोकळ चाकळ में कोकळ नह माती।—ऊ.का.

कोकल–सं०स्त्री० [सं० कोकिल] कोयल। उ०—ग्रीवा मोरसी, बोली कोकल सी, अधर प्रवाळी, दांत दाड़मी कुळी।—रा.सा.सं.

कोकला–सं०स्त्री० [सं० कोकिला] १ कोयल. उ०—सुरं कलीप कोकला कनक कुंभ से स्थणं।—पा.प्र. २ बिना छिलका उतारी हुई सूखी ककड़ी के छोटे खंड।

कहा०—धूड़धांणी नै कोकलापांणी—निःसार कार्य या फल के लिए।

कोकव–सं०पु० [सं०] पूरबी बिलावल, केदारा, मारू और देवगिरी से मिला कर बनाया गया एक संकर राग (संगीत)

कोकसार, कोकसास्त्र–सं०पु० [सं० कोकशास्त्र] कोक कृत रतिशास्त्र, कामशास्त्र।

कोका–सं०पु० [अं०] १ दक्षिणी अमेरिका का एक वृक्ष जिसकी सुखाई हुई पत्तियाँ चाय या कहवे की भाँति शक्तिवर्द्धक समझी जाती हैं. (रा०) २ कंकड़।

कोकारी–सं०स्त्री०—१ चीत्कार. २ तेज आवाज।

कोकाह–सं०पु० [सं०] सफेद रंग का घोड़ा (डिं.को.)

कोकिल–सं०स्त्री० [सं०] १ कोयल (डिं.को.) २ छप्पय का १६ वाँ भेद जिसमें ५२ गुरु, ४८ लघु, अर्थात् १०० वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं. ३ जलता हुआ अंगारा. ४ बावन युद्ध-प्रिय वीरों में से एक (वं.भा.)

कोकिला–सं०स्त्री० [सं०] कोयल।

कोकिलासण, कोकिलासन–सं०पु०—चौरासी आसनों के अंतर्गत एक आसन जिसमें पद्मासन की तरह बैठ कर दाहिने पाँव के अंगूठे को दायें हाथ से तथा बांयें पांव के अंगूठे को बांयें हाथ से इस तरह पकड़ा जाता है कि पीछे ठेउनी पर बोझ पड़े। इसी चाल से शरीर को सामने झुका कर ठेउनिओं को पृथ्वी पर टिकाया जाता है।

कोकींद—देखो 'कोकीन' (रू.भे.)

कोकी–सं०स्त्री०—चकवी (देखो 'कोका' पु०) उ०—कोकन सिर खड़िया कटक, तें सिधराव अभंग। दिन सकुचीजै कोकनद, कोक न **कोकी** संग।—बां.दा.

कोकीन–सं०स्त्री० [अं० कोकेन] कोका नामक वृक्ष की पत्तियों से तैयार की हुई एक प्रकार की औषधि जो गंधहीन और सफेद रंग की होती है। यह कुछ अंगों को सुन्न करने के काम में आती है।

कोकौ–वि०—थोथा, खोखला, पोला।

कोख–सं०पु० [सं० कुक्षि, प्रा० कुक्खि] १ उदर, जठर, पेट. २ पसलियों के नीचे पेट के दोनों ओर बगल का स्थान. ३ गर्भाशय।

कोखजळी–सं०स्त्री० [सं० ज्वलित-कुक्षि] वह स्त्री जिसके संतान होकर मर जाती हो।

कोखबंद–सं०स्त्री०—बाँझ, बंध्या।

कोखयक–सं०स्त्री० [सं० कौक्षेयक] तलवार, कृपाण (ह.नां.)

कोखा–सं०पु०—खलिहान में गेहूँ साफ करते समय गेहूँ के साथ गिरने वाला वह मोटा भूसा जिसमें अनाज कुछ अंशों मे शेष रह जाता है।

कोखियक—देखो 'कोखयक' (रू.भे.) (अ.मा.)

कोगत–सं०स्त्री० [सं० कौतुक] हँसी-मजाक, दिल्लगी।

कोगति, कोगती–वि० [सं० कौतुहकी] दिल्लगी करने वाला, मसखरा।
सं०स्त्री०—बुरी गति, अधोगति।

कोड़–वि० [सं० कोटि] करोड़, कोटि। उ०—**कोड़** दरब दीधौ कमै, सवा कोड़ पह सींग। वीकांणै दाता वडा, उभै हुआ अरड़ींग।—बां.दा.
सं०पु० [सं० क्रोड़] १ दोनों बाँहों के बीच का भाग, वक्षःस्थल, गोद. [स. कोटि] २ करोड़ की संख्या।
कहा०—कुमांणसां कोड़ विघन है—बुरा व्यक्ति करोड़ों विघ्नों का कारण बन जाता है।
३ सूअर (नां.मा.)

कोड़पसाव–सं०पु० [सं० कोटि प्रसाद] करोड़ रुपयों के मूल्य का पुरस्कार। उ०—उर वधत हरख अमाप, सुण-सुण अवै **कोड़पसाव**।
—र.रू.

कोड़वरीस–सं०पु०—करोड़ रुपयों के मूल्य का पुरस्कार या दान देने वाला व्यक्ति। उ०—वसुधा **कोड़वरीस**, कुण थारी समवड़ करै।
—पा.प्र.

कोड़ि–वि० [सं० कोटि] १ करोड़। देखो 'कोड़'। उ०—साहिब रहउ न राखिया, **कोड़ि** प्रकार कियांह। का थां कांमिण मन वसी, का म्हां दूहवियाह।—ढो.मा. २ देखो 'कौड़' (रू.भे.)

कोडिक–सं०पु० [सं० कोटिक] कसाई (डिं.को.)

कोड़िटंकावळी–वि०—करोड़ रुपये के मूल्य का। उ०—राज कीज्यौ घरि आपणइ, रांणी नइ दीयौ **कोड़िटंकावळी** हार।—वी.दे.

कोड़ियौ—देखो 'कोडियौ' (रू.भे.)

कोड़ी–सं०पु० [सं० क्रोड़] १ सुअर (डिं.को.)
सं०स्त्री०—२ बीस की संख्या।
वि० [सं० कोटि] करोड़ रुपये का। उ०—कमाळा लदे स्रब्ब त्यां द्रब्ब **कोड़ी**, सकट्टां लठां भार ज्यौ टांस जोड़ी।—रा.रू.

कोड़ीआळ–सं०पु० [सं० क्रोडपाल] सूअर।

कोड़ीक, कोड़ीग–वि० [सं० कोटिक] १ करोड़, अगणित, बहुत. २ करोड़ रुपए का, अमूल्य। उ०—१ सिरदार सुतन अहरण समर, राज लाज राखे रह्यौ। **कोड़ीक** नग' सेरौ' कमंध, गांठ हूंत छूटै गयौ।
—पहाड़खां आढ़ौ
उ०—२ कियौ जुड़ै मूधड़ै कूरम, जड़ सार वप जुवो जुवौ। कीमत लाख फतावत कहतां, हमैं रतन **कोड़ीक** हुवौ।
—रांमौ आसियौ

कोड़ीडढ्ढौ–सं०पु० [सं० क्रोडदंत] १ सूअर. २ वराहवतार।

कोड़ीधज–सं०पु० [सं० कौटिध्वज] १ करोड़पति। उ०—**कोड़ीधज** व्यापारी रहै।—चौबोली २ एक घोड़ा विशेष (वी.दे.)
वि०—करोड़ के मूल्य का, मूल्यवान। उ०—सूंप्या वाग सावटू, **कोड़ीधज** केकांण। आंम्हा सांम्हा आपिया, प्रीत चढ़ै परिमांण।
—ढो.मा.

कोड़ू, कोड़ेक–वि०—१ करोड़. २ करोड़ के लगभग।
उ०—पड़िया करधारां जहर पाय, इंद्र रा वज्र **कोड़ेक** आय।
—वि.सं.

सं०स्त्री०—करोड़ की संख्या।

कोच–सं०पु० [अं०] १ एक प्रकार की चार पहियों की घोड़ागाड़ी. २ गद्देदार बढ़िया पलंग।

[सं० कवच] ३ कवच, बख्तर। उ०—सुण हेली ढीलै सहज, लेणौ पड़वै लोच। कंत सजंतां सौ गुणौ, कड़ी बजंतां **कोच**।
—वी.स.

कोचबकस, कोचबक्स, कोचबगस–सं०पु०यौ० [अं० कोच+बॉक्स] घोड़ा-गाड़ी में वह ऊँचा स्थान जिस पर हाँकने वाला बैठता है।

कोचर—१ देखो 'कोचरी'। उ०—भाय अमंगळ अंब भुकाई, **कोचर** कंठ कुसंप कुकाई।—ऊ.का.

सं०पु०—२ दांतों में होने वाला सुराख. ३ छेद, सुराख. ४ कोटर।

कोचरणौ, कोचरबौ–क्रि०स० [सं० कूर्चन] देखो 'कुचरणौ' (रू.भे.)

कोचरियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'कुचरियोड़ौ' (स्त्री० कोचरियोड़ी)

कोचरी–सं०स्त्री०—शमी के पोले हिस्से में निवास करने वाला एक मादा पक्षी जिसके बोलने पर लोग शकुनों पर विचार करते हैं। यह उल्लू की प्रकृति व आकृति की होती है किन्तु आकार में उससे छोटी होती है। दिन में यह देख नहीं सकती। उ०—सासूजी मनै बांवौ तीतर बोल्यौ, एक धांणी बोली **कोचरी**।—लो गी.

पर्याय०—देवी, भैरवी, भवांनी, चीबरी।

कोचवांन–सं०पु० [अ० कोचमैन] घोड़ा-गाड़ी हाँकने वाला।

कोची–सं०स्त्री०—सप्त पुरियों के अंतर्गत एक तीर्थ, कांची (अ.मा.)

कोचीन–सं०पु०—दक्षिण भारत की एक प्राचीन रियासत जिसका विलय केरल प्रांत में हो चुका है।

कोज–सर्व०—कोई। उ०—कुरांण पुरांण वचांण न **कोज**, हुतौ ज हुतौ ज हुतौ ज हुतौ ज।—ह.र.

कोजळिया–सं०पु०—बिना धोया हुआ कलप लगा लट्ठा (कपड़ा) जिसको ओढ़नी के काम में लेते हैं (पुष्करणा ब्राह्मण)

कोजौ–वि० [सं० कु+ओज] १ कुरूप, भद्दा, बदसूरत. २ बुरा, अनिष्टकर (यौ० कोजौ-कुररौ)

कोजौ-कुररौ–वि० [यौ०] बदसूरत, भद्दा, बेढंगा।

कोझौ–वि० (स्त्री० कोझी) देखो 'कोजौ' (रू.भे.) उ०—काळी कांणी **कोझी** कांमण, अपणी परणी आछी। अबछर आभ अवर अरधंगा, पदमण धरिये पाछी।—ऊ.का.

कोट–सं०पु० [सं० कोट्ट] १ दुर्ग, गढ़, किला। उ०—चाचरै गयण चक-चूर चोट, कांगरा अंबारथ भुरज कोट।—वि.सं.

कहा०—कोट रूंधै जकां रा—किले उन्हीं के पहले होते हैं जिनका उन पर पहले कब्जा होता है।

२ शहरपनाह, प्राचीर. ३ राजमंदिर। [सं० कोटि] ४ समूह, यूथ, जत्था। [सं० कोटि] ५ करोड़ की संख्या। उ०—महामत महण जसगाथ मुनि बालमीक, **कोट** सत चिरत रघु नाथ कीधौ।
—र.रू.

[अं०] ६ कमीज या कुरते के ऊपर पहना जाने वाला अंगरेजी ढंग का एक पहनावा जिसका सामना बटनदार होता है।

[सं० कोटर] ७ बिल।

[अं० कोर्ट] ८ ताश के खेल में एक साथ सात हाथ जीतने से हुई एक प्रकार की जीत जिसमें विपक्षी को एक भी हाथ बनाने का अवसर नहीं दिया जाता।

९ नगर, शहर।

यौ०—अमरकोट, स्याळकोट।

कोटक–सं०पु० [सं० कोटिक] कोटि, करोड़ (अनेका.)

वि०—करोड़। उ०—सोभन अवास सोभा सुमेर, **कोटक** भंडार समसर कुमेर।—सू.प्र.

कोटड़िया–सं०स्त्री०—राठौड़ राव मल्लिनाथजी के पुत्र जगमाल के वंशज राठौड़ों की एक उपशाखा।

कोटड़ी–सं०स्त्री० [सं० कोट्ट+रा०प्र०ड़ी] १ किसी छोटे जागीरदार का भवन या कचहरी। उ०—विना पोटळी वांणियौ, विना सींग रौ बैल। कदियक आवै **कोटड़ी**, छिपतौ-छिपतौ छैल।—बां.दा.

कहा०—मिंदर रै आगै सूं नै कोटड़ी रै लारै सूं बैणौ—मन्दिर के सामने से और राज-भवन या कचहरी के पीछे से निकलना चाहिये; राजभवन या छोटे जागीरदारों से दूर ही रहना अच्छा है।

२ छोटी जागीर। उ०—सू तिणां रै अवलाद री आंबेर री धरती मैं बारै **कोटड़ी** है।—द.दा. ३ महमानों के ठहरने का स्थान.

४ बैठक का स्थान। उ०—इतरै में भरमल ऊठ आपरी एक **कोटड़ी** खड़ी कीवी थी उणमें जा बैठी।—कुंवरसी सांखला री वारता

५ मर्दानी बैठक। उ०—बिजयसिंहजी बीकानेर पधार दरबार री **कोटड़ी** में बैठा रहिया।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

कोटड़ीक—देखो 'कोटड़ी'। उ०—जेसौ आंणि फळसा **कोटड़ीकां** नै बुलाया, हेलौ दे'र सारां कोटड़ीकां नै जगाया।—शि.वं.

कोटड़ीखरच–सं०पु०यौ०—जनता से जागीरदारों द्वारा वसूल किया जाने वाला एक प्रकार का कर।

कोटड़ीदावौ–सं०पु०यौ०—मेहमाँनवाजी, मेजबानी, आतिथ्य।

कोटड़ौ—देखो 'कोट' (अल्पा०)

कोटचक्र–सं०पु०यौ० [सं०] युद्ध से पहले अपने दुर्ग का शुभाशुभ परिणाम जानने के लिये प्रयोग में लाया जाने वाला एक प्रकार का तांत्रिक चक्र।

कोटपाळ–सं०पु०यौ० [सं० कोट्टपाल] दुर्गरक्षक, किलेदार।

कोटबबर–सं०पु०यौ०—युद्ध में कटे हुए वीरों के शिरों का ढेर।

उ०—जैसांणौ दुरजण तिलोक सज के समहर का, वरदातां सिर बोलिया छुण **कोटबबर** का।—दुरगादत्त बारहठ

कोटर–सं०पु० [सं०] १ पेड़ का खोखला भाग. २ दुर्ग के आस-पास का रक्षा के लिये लगाया जाने वाला कृत्रिम वन।

कोटरा–सं०स्त्री०—बाणासुर की माता का नाम।

कोटरी—देखो 'कोटड़ी' (४,५) (रू.भे.)

कोटवाळ–सं०पु० [सं० कोट्टपाल] १ दुर्गरक्षक, किलेदार. २ कोतवाल। कहा०—अपूठौ चोर कोटवाळ नै डंडै—उल्टा चोर कोतवाल को दंड देता है; अपराधी होते हुए भी दूसरों को फटकारने पर। ३ संन्यासियों का बड़ा चिमटा. ४ पींजारा जाति का एक गौत्र। (मा.म.)

कोटवाली—देखो 'कोतवाली' (रू.भे.)

कोटवा–सं०स्त्री०—राठोड़ों की एक उपशाखा (बां.दा. ख्यात)

कोटसलेम–सं०पु०—वह दुर्ग या स्थान जहाँ राजा, जागीरदार अथवा उसके बंधु कैद किये जाते हों, सलेमकोट। उ०—नेकूं पुत्र भतीज सम, जग अहि मंत्री जेम। पुर दिल्ली कीधा पकड़, दाखल **कोटसलेम**। —रा.रू.

कोटारियौ—देखो 'कोठारियौ' (रू.भे.)

कोटि–सं०स्त्री० [सं०] १ धनुष का सिरा. २ किसी अस्त्र की नोंक वा धार. ३ वर्ग, श्रेणी, दरजा. ४ उत्कृष्टता, उत्तमता. ५ समूह, जत्था।

सं०पु०—६ अग्र भाग। उ०—१ अर दैव रै परतंत्र प्रतापसिंघ अरिसिंघ दोही गयंदां रै बीच आया। उ०—२ एक तरफ तट दुरगम, एक तरफ द्रह अगाध, देखि दोही वीरां मूंछां रा अग्र भुंहारां री **कोटि** लिया अर अस्वमेध सत्र रा फळ देणहार दोही गजां रै सांम्है पेंड दिया।—वं भा.

७ जलाशय का वह स्थान जहां लोग जल-पात्र भरते हैं, घाट।

उ०—वपु नील मझि इम बखांण, जगमगत घटा मझ छटा जांण। त्रिय **कोटि** कोटि इम सरजु तीर, नग झटित भरत घट हेम नीर। —सू.प्र.

वि०—करोड़। उ०—नमौ लख कंद्रप **कोटि** लावन्न, नमौ हरि मारण रूप मदन्न।—ह.र.

कोटिक–वि० [सं० कोटि+क] १ करोड़. २ असंख्य, बहुत अधिक। सं०पु० [सं० कुट कौटिल्ये] १ माँस बेचने वाला, कसाई (डिं.को) २ खटीक।

कोटिज्या–सं०स्त्री० [सं०] ग्रहों की स्पष्टता के लिये बनाये हुए एक प्रकार के क्षेत्र का एक विशेष अंश।

कोटितीरथ–सं०पु०यौ० [सं० कोटि+तीर्थ] एक तीर्थ विशेष।

कोटिफळी–सं०स्त्री०यौ० [सं० कोटिफली] गोदावरी नदी के सागर संगम के निकट का एक प्रसिद्ध तीर्थ।

कोटिस–सं०पु०—ढेले तोड़ने का एक उपकरण हेंगा, पटेला (डिं.को.)

कोटी–सं०स्त्री०—१ कोना (डिं.को.) २ देखो 'कोटि' (रू.भे.) क्रि०वि०—भाँति, प्रकार।

कोटीक—देखो 'कोटिक' (रू.भे.) उ०—देवी सहस्त्रं लखं **कोटीक** सार्थं, देवी मंडणी जुध मैखास माथं।—देवि.

कोटीर–सं०पु० [सं०] मुकुट (डिं.को.)

कोटेचा–सं०स्त्री०—राठौड़ों की एक उपशाखा।

कोटेसर, कोटेस्वर–सं०पु० [सं० कोटीश्वर अथवा कोटेश्वर] शिव, महादेव का एक रूप (ह.नां.) उ०—उण ठौड़ **कोटेस्वर** महादेव छै, तठै बांभण विजयदत्त पुत्र अरथ सेवा करै छै।—नैणसी

कोट्ट—देखो 'कोट'।

कोट्टवी–सं०स्त्री० [सं०] १ बाणासुर की माता. २ नंगी स्त्री. ३ दुर्गा।

कोठ–सं०पु० [सं०] १ मंडलाकार होने वाला एक प्रकार का कोढ़। [सं० कोष्ठ] २ कोठा, खाना। उ०—कर सम बेबे **कोठ** अंत यक अंक भरीजै।—र.ज.प्र.

वि० [सं० कुठ] १ जिससे कोई वस्तु कूंची वा चबाई न जा सके. २ कुंठित।

कोठड़ी—देखो 'कोटड़ी' (रू.भे.)

कोठड़ै–क्रि०वि०—कहां। उ०—म्है हूंस वायी, म्हांरी गोरड़ी धण, थारै **कोठड़ै**स लागी, म्हारा राज।—लो.गी.

कोठलियौ–सं०पु०—१ मिट्टी की बनी हुई छोटी कोठी, बुखार। उ०—चूनौ सुरखी सरब, अरबगण बरतण भांडा। कोठी **कोठलिया**, चिणीजै चेजारां रा।—दसदेव

कोठाकुचाळ–सं०पु०—हाथियों की वह बिमारी जिनमें उनकी भूख मारी जाती है।

कोठार–सं०पु०—१ अन्न, धनादि रखने का स्थान या भंडारघर, कोष। उ०—१ ताहरां हरदांन फेर अरज कीवी, तौ म्हांरी थकी **कोठार** में राखजौ।—पलक दरियाव री वात उ०—२ अमिट भड़ां बळ अंग में, **कोठारां** सांमांन। सांमध्रमी ठाकुर सकौ, दिय रंग दुनियांन।—बां.दा.

सं०स्त्री० [सं० कुठार] २ कुल्हाड़ी।

कोठारियौ–सं०पु०—१ देखो 'कोठार' (रू.भे.) २ दीवार या किसी अन्य स्थान में बनाया हुआ कुछ रिक्त स्थान जो सामानादि रखने के काम आता है। उसके छोटे से मुँह का दरवाजा होता है. ३ रसोईघर का वह बंद कोठा जिसमें पकाया हुआ भोजन, घी या तेल आदि रक्खा जाता है।

कोठारी–सं०पु०—भंडार का प्रबंध एवं पदार्थों का संग्रह करने वाला अधिकारी, भंडारी।

कहा०—गायां चूंगै गांम री, सोच करै स्यारी। धांन धणी रौ ऊपड़ै, कळपै कोठारी—जब व्यय किसी का हो किन्तु फिक्र कोई अन्य करे।

कोठाळियौ—देखो 'कोठारियौ' (रू.भे.)

कोठी–सं०स्त्री०—बड़ा पक्का मकान, हवेली, बँगला. २ बड़ी दूकान जिसमें थोक की बिक्री होती हो. ३ अनाज रखने का कुठला, बखार, गंज।

कहा०—१ कोठी में घाल्यां ही को जीवै नी—कोठी में डालने पर भी नहीं जीते; अभागे व्यक्ति के लिये; आयु समाप्ति पर कही जाने वाली कहावत. २ कोठी में दांणा है जिते तौ कोई डर कोनी—

खाने को जब तक है तब तक कोई फिक्र नहीं; उम्र है तब तक तो कोई डर नहीं. ४ बंदूक में वह स्थान जहाँ बारूद ठहरती है ५ म्यान की साम. ६ मिट्टी या धातु का बना सामान आदि रखने का बड़ा पात्र. ७ कुआ, कूप. ८ कोल्हू में वह स्थान जहाँ पेरने के लिये तिल आदि डाले जाते हैं।

कोठीचल–सं०स्त्री०—एक प्रकार की बंदूक जिसके बारूद रहने के स्थान में कुछ खराबी होती है।

कोठीचाली–सं०स्त्री०—१ कोठी चलाने का काम. २ कोठीवाल अक्षर। देखो 'कोठीवाळ' (२)

कोठीवाळ–सं०पु०—१ वह जिसके यहाँ कोठी चलती हो, महाजन, साहूकार, बड़ा कारोबारी. २ बिना शीर्ष रेखायें और मात्राओं के महाजनी अक्षर।

कोठे, कोठेड़े–क्रि०वि०—कहाँ। उ०—१ ओ ए बांदी बंभा थांनै बात, कोठे म्हांरी जच्चा रांणी पोढ़ै जी राज।—लो.गी.

उ०—२ प्यारी धण पै नींबूड़ा कुण बाया म्हारा राज, म्हे हुंस बाया जी गोरी धण प्यारी, थांरै कोठेड़ै सी लागी म्हारा राज।
—लो.गी.

कोठेसर, कोठेस्वर–सं०पु०— महादेव, शिव (ह नां.)

कोठै– देखो 'कोठे' (रू.भे.) उ०—मारो चाहे छांडौ रांणा, नांहि रहूं मैं बरजी। सुगना साहिब सुमरतां रे, म्हें थांरै कोठै खटकी।—मीरां

कोठौ–सं०पु० [सं० कोष्टक] १ बड़ी कोठरी, चौड़ा कमरा. २ भंडार, कोष, बहुत सी वस्तुओं को संग्रह करने का स्थान. ३ मकान में छत वा पाटन के ऊपर का कमरा, अटारी।

मुहा०—कोठे माथै बैठणौ—रंडी बनना, वेश्या होना।

४ उदर, पेट, आमाशय। उ०—कोठौ राखै साफ, उदर रा रोग मिटावै। जठै नहीं है नीम, कोढ़णी कब्जी जावै।—दसदेव

मुहा०—१ कोठौ बिगड़णौ—बदहजमी होना. २ कोठौ साफ होणौ—मन में कुछ बुरा भाव न होना; पेट साफ होना।

कहा०—कोठै री बात होठै आयी रैवै—मन की बात कभी न कभी होंठों पर आ ही जाती है; कपट कभी न कभी प्रकट हो ही जाता है. २ कोठै सोइ होठै—जो पेट में होती है वह होंठों पर आती है; साफ दिल वाले व्यक्ति के लिये।

क्रि०प्र०—बिगड़णौ।

५ गर्भाशय।

६ खाना, घर (जैसे चौपड़ री कोठौ) (ल.पिं.) ७ किसी एक अंक का पहाड़ा जो एक खाने में लिखा [illegible] है. ८ शरीर वा मस्तिष्क का कोई भीतरी भाग जिसमें कोई विशेष शक्ति रहती है. ९ कुये के पास पानी निकाल कर भरने का हौज, कुंड। उ०—खाली खेळी में बाजै खणणाटा, भाजै धापड़ लै कोठा भणणाटा।—ऊ.का.

१० अनाज रखने का बखार।

कोठ्यार—देखो 'कोठार' (रू.भे.) उ०—आदमी डेढ़ सौ घायल डोळी घाल ल्याया था, सो पाटा चौपड़ खावण नूं सरकार रा कोठ्यार सुं पावै छै—डाढ़ाळा सूर री वात

कोडंड–सं०पु० [सं० कोदण्ड] १ धनुष, कमान (डिं.को.)

उ०—वळै भीमै अजन वगा रण वाट रा, सिहायक पाट रा जकां सायौ। जिण मही थाट रा भार कोडंड जको, अबै भुज खाट रा तणौ आयौ।—रावत दुलेसींग रौ गीत

कोडंड-धर–सं०पु०—धनुषधारी, योद्धा।

कोडंडी, कोडंडीस–सं०पु० [सं० कोदण्ड+ईश] १ अर्जुन का गांडीव धनुष। उ०—जोमंगी भंडीस ज्याग आयौ ज्यूं चंडीस जायौ, राज-पत्री आयौ थंडीस व्याळ रेस। ओडंडीस असीसतौ लागड़ौ कपीस आयौ, कोडंडीस कसीसतौ आयौ गुड़ाकेस।—हुकमीचन्द खिड़ियौ

२ बड़ा धनुष. ३ धनुष (डिं.को.)

कोड–सं०पु०—१ उत्साह. उ०—नरपति आयौ देस नूं, कुंवर उजागर कोड। 'मुहकम' बीकानेर नूं, गौ कूचेरौ छोड।—रा.रू.

२ हर्ष, उमंग. उ०—१ सात सहेली आपां हिळमिळ झूलां, म्हारे मन कोड ज छायो।—लो.गी. उ०—२ कमधज कछवाहां घरे, आयौ नृप अभसाह। कोड सलूणा कूरमे, उर दूणा ओछाह।
—रा.रू.

३ अभिलाषा, उत्कंठा चाह। उ०—१ आज तौ मन में पीहर कोड, याद उण सरवरियै री पाळ।—सांझ उ०—२ प्यारा आज्यो पावणां, प्यारी धण रै देस। साजन म्हांरा पिहर में, थांरा कोड हमेस।—अज्ञात [सं० कुड = बाल्ये+घञ] ४ लाड, प्यार, दुलार। उ०—लाडे कोडे लाडणौ, लाडी परण्यौ जेह। विसमय पांम्यौ अति घणौ, देखी कुंमरी तेह।—ढो.मा. ५ शौक.

[सं० क्रोड़] ६ सूअर, वराह. [सं० कोटि] ७ करोड़ की संख्या. [सं० कुष्ठ] ८ देखो 'कोढ़' (रू.भे.) [रा०] ८ सत्कार।

कोडयाळी जंवार–सं०स्त्री०—एक प्रकार की ज्वार। उ०—झूर निप-जायी ए मोठ'र बाजरी, जांणै कोडयाळी ज्वांर।—लो.गी.

(रू.भे. 'कोडयाळी जवार')

कोडाणौ–क्रि०स०— हर्ष करना, उमंग करना। उ०—काळा में कोडाय, चाहि खायौ कर चाळा। मोड़ा उघड्या मींत, चिरत थारा चिरताळा।
—ऊ.का.

कोडायतौ–वि०—१ सुखद मनोवेग वाला, उल्लासपूर्ण। उ०—चैत में कमनीय सांगरी, लोग लगै कोडायता। ओथण अचार ओलवै, रळै रंगीला रायता।—दसदेव २ जोशीला, उत्साह एवं प्रेमयुक्त।

कोडाळौ–वि० (स्त्री० कोडाळी) १ स्वागत करने वाला. २ प्यार करने वाला. ३ उमंगयुक्त। उ०—कुंयरि कोडाळी बेटड़ी वळी, मेळावउ कवण वळामणि।—कां.दे.प्र.

सं०पु०—१ एक प्रकार का धब्बेदार सर्प. २ ऊँट के गले में बाँधने का एक आभूषण. ३ छोटा शंख।

कोडि–सं०स्त्री०—१ किनारा, तट, कोर। उ०—बीजुळियां चहळावहळि,

ग्राभय ग्राभय कोडि । कदरे मिळउंली सज्जना, कस कंचुकी छोडि ।
२ देखो 'कोडी' (रू.भे.) —ढो.मा.

कोडिग्राळ-सं०पु० [सं० क्रोड़पाल] १ सूग्रर. २ वराह ग्रवतार ।
उ०—ग्रोढ़ी थह गयंदां भ्राफळतौ ग्रसहां नह पलतौ ग्रठेल । विसब रूक रद पांरा बहोड़ी कमधज कोडिग्राळ कळ ।—चांवडदांन दधवाड़ियौ

कोडियाळी-सं०स्त्री०—बैलों के गले में पहनाई जाने वाली कोडियों की माला विशेष ।

कोडियौ-सं०पु०—१ देखो 'कोढ़ियौ' (रू.भे.) २ कुम्हार का एक उपकरण ।
वि०वि०—यह एक चपटा पत्थर का टुकड़ा होता है जो मिट्टी के पात्र का ग्राकार बढ़ाने ग्रथवा सँवारने के काम ग्राता है। पात्र के भीतर की ग्रोर दाहिने हाथ में इस उपकरण को रख कर दूसरे हाथ में एक लंबोतरा लकड़ी के टुकड़े को लेकर मिट्टी के पात्र को हल्के-हल्के बाहर की ग्रोर से पीटते हैं जिससे मिट्टी दब कर कुछ ग्रधिक फैल जाती है एवं सँवरती है ।

कोडी-वि०—१ प्रसन्न, हर्षयुक्त । उ०—सींगरा कांइ न सिरजियां, प्रीतम हाथ करंत । काठी साहंत मूठि मां, कोडी कासी संत ।—ढो.मा.
२ श्वेत, सफेद* (डिं.को.) ३ ग्रभिलाषी, उमंगयुक्त ।
उ०—पड़वै नह पोढ़ी उर कोडी विलखै ग्रखां, चंवर वीच छोडी किम कर सोढ़ी कांमणी ।—रांमनाथ कवियौ
सं०स्त्री०—१ कौड़ी, कपर्दिका. २ ग्रांख का डेला । उ०—पीळी कोडी रा डोळा पळकाता ।—ऊ.का.

कोडीकौ, कोडीलौ-वि०—उमंगयुक्त, हर्षित । उ०—कागद मेहलां जंवाइयां थांनै, ग्रोठी व्हैने थे म्हांरै ग्रायजौ । ग्रो कोडीला जवाइयां दिन दस पावणा ।—लो.गी.

कोडे, कोडै-वि०—उत्साहयुक्त, जोशसहित ।
क्रि०वि०—उत्सुकता से । उ०—एक पोहर लड़ियौ बळ ग्रोडे, कमधां भोम विसावण कोडे ।—रा.रू. २ कहां. ३ पास, निकट ।
कहा०—कोडे जो कांम ग्रावै, सोना नी लंका छेटी है—पास हैं वही काम ग्राता है; सोने की लंका दूर है ।

कोडौ-सं०पु०—१ एक प्रकार का धब्बेदार सर्प. २ बड़ी कपर्दिका ।
मुहा०—कोडौ मेलणौ—काम बिगाड़ना ।
३ बच्चा, बालक. ४ मन ही मन की कुढ़न या जलन. ५ वर्षा की छोटी-छोटी बूंदें । (रू.भे. 'कोड़ौ'—क्षेत्रीय)

कोडयाळी-सं०स्त्री०—एक प्रकार की चिड़िया (क्षेत्रीय)

कोड्याळी ज्वार—देखो 'कोडयाळी जँवार', (रू.भे.)

कोढ़-सं०पु० [सं० कुष्ठ] एक प्रकार का संक्रामक ग्रौर पुरुषानुक्रमिक रक्त ग्रौर त्वचा संबंधी रोग । इसका रोगी घृणित एवं ग्रस्पृश्य समझा जाता है, कुष्ठ ।
कहा०—कोढ़ में पांव व्हेगी—एक दुख के साथ दूसरे दुख के ग्राने पर ।

कोढ़ण, कोढ़णी-सं०स्त्री०—कुष्ठ रोग से पीड़ित स्त्री ।
वि०—दुष्टा । उ०—कोठी राखै साफ, उदर रा रोग मिटावै । जठै नहीं है नीम, कोढ़णी कबजी जावै ।—दसदेव

कोढ़ा-सं०स्त्री०—सीसोदिया वंश के क्षत्रियों की एक शाखा ।

कोढ़ियौ, कोढ़ी-सं०पु० (स्त्री० कोढ़रा) कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति ।
वि०—दुष्ट ।
कहा०—१ कोढ़िये रौ टक्कौ ठाकुरदुवारै को चढ़ै नी—दुष्ट व्यक्ति की सेवा भगवान भी स्वीकार नहीं करते. २ कोढ़िये रौ सवासणी माथै मन चालै—दुष्ट व्यक्ति ग्रपनी बहन-बेटी पर भी कुदृष्टि डालने से नहीं चूकते. ३ कोढ़ियौ विसवद्दौ व्है है—दुष्ट ग्रादमी हमेशा जहर फैलाया करता है ।

कोण-सर्व०—१ किस । उ०—रिम ग्राभन छोडुग्रा फेर रसा, दुर जासिय जींदोय कोण दसा ।—पा.प्र. २ कौन । उ०—ग्राज सखी हम यूं सुण्यौ, पौ फाटत पिय गोण । पौ ग्रर हिवड़ै होड है, पहली फाटै कोण ।—ग्रज्ञात
सं०पु०—१ कोना (डिं.को.) २ एक बिंदु पर मिलती या कटती हुई दो रेखाग्रों के बीच का ग्रंतर (रेखा गणित) ३ दिशा (डिं.को.) ४ दो दिशाग्रों के बीच की दिशा-विदिशा ।
उ०—जैत कहियौ कोणप कोण में ग्रठा थी एक जोजन ग्रचळ री उपत्यका रै ग्राधार उपवसत ।—वं.भा.
५ हाथ की उंगुली के सिरे पर धारण करने की सितार बजाने की नखिया ।—वं.भा. (रू.भे. 'कोनन')

कोणदंड-सं०पु०—वह दंड नामक कसरत जो घर के कोने में दोनों ग्रोर की दीवारों पर हाथ रख कर की जाती है ।

कोणप-सं०पु० [सं० कोणप] १ राक्षस, ग्रसुर, दैत्य (डिं.को.)
२ शव, मुर्दा । उ०—दाणै सम ईरण जीरण छद दाटै. कोणप बित्थीरण संकीरण काटै । बाल्हा बन्ही बिन बाल्हां विसरावै, धर ग्रंतेस्टी कर परमेस्टी धावै ।—ऊ.का.

कोणपकोण-सं०पु०—नैर्ऋत्य । उ०—जैत कहियौ कोणपकोण मैं, ग्रठा थी एक जोजन ग्रचळ री उपत्यका रै ग्राधार उपवसथ ।
—वं.भा.

कोणलंग-सं०पु०—वह घोड़ा जो चलते हुए लंगड़ाता है (ग्रशुभ—शा.हो.)

कोणसंकु-सं०पु० [सं० कोणशंकु] सूर्य की वह स्थिति जबकि वह न तो कोणवृत्त में हो ग्रौर न उन्मंडल में हो ।

कोणस्त-सं०पु०—शनिश्चर (ग्र.मा.)

कोणाकोणी-ग्रव्यय [सं०] एक कोने से दूसरे कोने तक ।

कोणाघात-सं०पु० [सं०] एक लाख हुडुकों के ग्रौर दस हजार ढोलों के एक साथ बजने की ग्रावाज ।

कोत-सं०पु०—बंदूकों का जूड़ा, एक साथ खड़ी की गई बंदूकों का ढेर ।

कोतक-सं०पु० [सं० कौतुक] कौतुक, कुतूहल, खेल, तमाशा, क्रीड़ा, विनोद । उ०—१ निसा कोतक लगौ 'रैण' जुध निरखवा ऐण रथ रोक चंद्र गैण ऊभौ ।—रयणसिंह सीसोदिया रौ गीत

उ०—२ देस-देस सह कौ दियै, सूरां नूं स्याबास। ज्यांरौ **कोतक** देख जुध, हुवै मुनिंद्रां हास।—बां.दा.

कोतकी, कोतगी—वि० [सं० कौतुकी] कौतुक करने वाला, कौतुकी।
उ०—जटी ज्यूं **कोतगी** वीर नाच रौ लखैबा जंगां, खळां ग्रंगां भखेवा डाच रौ जव्वखेद।—हुकमीचंद खिड़ियौ

कोतणौ, कोतबौ—देखो 'कूंतणौ' (रू.भे) उ०—ग्रोठम जग बळवंत ग्रापरौ, प्रघळौ जस **कोतै** प्रथमाद।
—महाराजा बळवन्तसिंह रतलाम रौ गीत

कोतल—सं०पु० [फा०] १ सजा-सजाया घोड़ा जिस पर कोई सवार न हो, जलूसी घोड़ा। उ०—समाचार सांढ़िया ग्राय मालम कर जावै, हरवलां फेर **कोतल** हलै सजिया मुजरा जोत रा।—ग्ररजुणजी बारहठ
२ राजा की सवारी का घोड़ा. ३ वह घोड़ा जो ग्रावश्यकता के समय के लिए साथ रखा जाय। उ०—राव बीसलदे रै घोड़ौ बीजौं **कोतल** हाजर थौ, सो ग्रांण हाजर कियौ।—डाढ़ाळा सूर री वात
वि०—खाली सजा हुग्रा, बिना काम का।

कोतवाळ—सं०पु० [सं० कोट्टपाल] १ पुलिस का प्रधान ग्रधिकारी, नगर-रक्षक, पुलिस कप्तान।
[रा०] २ कुत्ता. ३ साधु का लम्बा चिमटा।

कोतवाळी—सं०स्त्री०—१ पुलिस के 'कोतवाल' का कार्यालय.
२ कोतवाल का पद।

कोता—वि० [फा० कोतह] १ छोटा। उ०—सिकल का बेदुरुस्त, सूरत का खराब, किसमत का **कोता**, दिन का महताब।—दुरगादत्त बारहठ
२ कम, ग्रल्प। उ०—नरां नागां सुरां नार, जूज जीत लीध जार। धपै न **कोता** बुधवार, है गिवार है गिवार।—र.रू.

कोताई—सं०स्त्री० [फा० कोताही] १ कमी, ग्रल्पता, खामी। उ०—हठ दुरुस्त ऊ छै। मतौ जिण कांम रौ करै तिण सूं किणी रै मनै कियां मनै न होय। उण कांम में काहली **कोताई** न करै।—नी.प्र.
२ छोटाई, भूल, गफलत।

कोताखांनी—सं०स्त्री०—एक प्रकार की विशेष बनावट वाली कटार।
उ०—ग्रोडा री ग्रढ़ाई, भोगळी री **कोताखांनी**, पाडाजीभी घणै सोनै में झकोळी थकी।—रा.सा.सं.

कोताड़ी—सं०स्त्री०—छोटे कानों की बकरी (क्षेत्रीय)

कोतिक, कोतिक्क—देखो 'कोतक' (रू.भे.) उ०—१ **कोतिक** लखे हुए विकराळ, दीरघ रद किया। सालुळ वणे चंड सरीर खावण कज सिया।—र.रू. उ०—२ इसा गज्ज घंटाळ घंटा ग्रपारं, त्रिण्हे लोक **कोतिक्क** देखंत त्यारं।—वचनिका

कोतिग—देखो 'कोतक' (रू.भे.) उ०—**कोतिग** ग्राव्या देवता, कोतिग ग्राव्या इंद्र विमांन।—वी.दे.

कोतिल—देखो 'कोतल' (रू.भे.) उ०—चपल **कोतिळ** कळळ चंचळ विहद मदगळ भ्रमर ग्रळवळ।—र.रू.

कोतुक—देखो 'कोतक' (रू.भे.) (डिं.को.)

कोतुहळ, कोतूहळ—सं०पु० [सं० कौतूहल] १ कौतुक, खेल (डिं.को.)
उ०—रिख कहै सुणि रांम जोग्रण, जोसी जनक जिग **कोतूहळ** कांम।—रांमरासौ २ उत्सुकता।

कोथळी—सं०स्त्री०—१ छोटी थैली (कोथलड़ी—ग्रल्पा०)
उ०—एक **कोथलड़ी** द्रब दिइयौ, विनायक लाडलै की माय नै।
—लो.गी.
२ संबंधियों, रिश्तेदारों या कन्या के ससुराल थैली में कुछ भर कर भेजना. ३ थैली भरी सामग्री। (मह० कोथळौ)

कोथळौ—सं०पु०—१ बड़ा थैला (ग्रल्पा० कोथळियौ)
उ०—सांम होई ताहरां बहियां नै संभाई **कोथळौ** ग्रुमास्ता रै हाथ दियौ।—पलक दरियाव री वात
२ विवाह में कन्या के पिता द्वारा ग्रपने सब भाई-सगों को बुला कर वर-वधू को गहना तथा १००) ग्रौर वर के भाई-बंदों के वेशभूषा कराने की एक प्रथा (जाट)

कोथी—सं०स्त्री०—(तलवार के) म्यान के सिरे पर लगा हुग्रा धातु का छल्ला या टुकड़ा, म्यान की साम।

कोदंड—सं०पु० [सं०] धनुष। उ०—हेर हियौ हरसायौ, बजर समांन कठिन **कोदंड** रौ।—गी.रां.

कोद—सं०स्त्री०—१ दिशा, कोना। उ०—हठी जूट तें मेरू के कूट हल्लै, चहु **कोद** सप्तोद के स्रोत चल्लै।—वं.भा. २ नोंक।
उ०—गहे **कोद** कट्टार कौ पार गोदै, खुरां बाजिके घुम्मिके भूम्मि खोदै।—वं.भा.
क्रि०वि०—ग्रोर, तरफ।

कोदाळ—सं०पु०—१ एक प्रकार का घोड़ा जो ग्रशुभ माना गया है।
२ कुदाली। (शा.हो.)

कोदाळी, कोदाळौ—देखो 'कुदाळी'। उ०—किरमर धार करग **कोदाळे**, खेत कळोधर रिण खिणियौ।—ग्रज्ञात

कोद्रू—सं०पु०—कौंदा नामक ग्रनाज विशेष जो हल्के दर्जे का माना जाता है।

कोनन—देखो 'कोण' (४) उ०—यौं राग न पाया प्रमुद यौं सिंधु न छाया, यौं **कोनन** लाया करन यौं मुट्ठि मिळाया।—वं.भा.

कोनी—क्रि०वि०—नहीं, कभी नहीं। उ०—जैपर मिळी जोधार मिळगी, मिळगी बीकानेर। दोय पगां नै जागां **कोनी**, भाई होग्या लैर।—डूंगजी जवारजी री पड़

कोनीयौ—सं०पु०—चौकोर चीज को मजबूत करने हेतु लगाई हुई लोहे या धातु की लंबी पत्ती।

कोन्यां—क्रि०वि०—देखो 'कोनी'। उ०—वनवारी हौ लाल, **कोन्यां** थारै सारै।—लो.गी.

कोप—सं०पु० [सं०] १ क्रोध, गुस्सा, रोष।
पर्याय०—ग्रमरख, कुप, क्रुध, क्रोध, छोह, जाजुळ, तायळ, ताव, धुव, धोम, मछर, रीस, रुट, रोस।

२ रूठने का भाव. ३ शृंगार रस में नायिका का नायक के प्रति बनावटी कोप।

कोपणौ, कोपबौ–क्रि०अ० [सं० कुप] कोप करना, क्रोध करना, नाराज होना। उ०—१ उठै सुण अंगद वयण, विग्रह कज रघुबीर। ओपै गज घड़ ऊपरां, **कोपै** जांण कंठीर।—र.रू. उ०—२ **कोपियै** छाकियै चहर भड़ अहर करि, फुरळतै पिसण घड़ फेरवी अफिर फिरि।—हा.भा.

कोपभवन–सं०पु० [सं०] वह स्थान जहाँ कोई मनुष्य क्रोध कर के या अपने घर के प्राणियों से रूठ कर रहे।

कोपर–सं०पु०—१ पत्थर का छोटा टुकड़ा (अल्पा० कोपरियौ) २ मकान के तोरण द्वार के दोनों ओर लगाये जाने वाले चपटे पत्थर।

सं०स्त्री० [सं० कूर्पर] ३ कोहनी। उ०—अवज्भड़ त्रिज्भड़ भड़ असंध, कटै कर **कोपर** काळिज कंध।—वचनिका ४ घुटना।

कोपरियौ—देखो 'कोपर' (१) (रू.भे.)

कोपरी—१ देखो 'कोपर' (३) (रू.भे.) उ०—दतकुळी अंगुळी करी **कोपरी** कपाळां, वीच खेत विस्थरी फरी विहरी किरमाळां।—रा.रू. २ लकड़ी की बनी वस्तुओं के किनारों की खूबसूरती बढ़ाने का ओजार।

कोपरौ—देखो 'खोपरौ' (रू.भे.)

कोपवाळ–सं०पु०—क्रोधी व्यक्ति; गुस्सैल।

कोपांन–सं०पु० [सं० कोशपान] अभियुक्त के न्याय-निर्णय की एक प्राचीन परिपाटी, इसमे अभियुक्त किसी देव विशेष को साक्षी कर समाज के सम्मुख देवकलश का जल-पान करता है। विश्वास के अनुसार अगर वह वास्तव में अभियुक्त है तो देव का कोप-भाजन बनेगा।

कोपाणौ, कोपाबौ–क्रि०स० [प्रे०रू०] १ क्रोध कराना, गुस्से के लिये प्रेरित करना. २ कोशपान कराना।

कोपानळि–स०स्त्री०—क्रोधाग्नि। उ०—आगइ रुद्र घणइ **कोपानळि**, दैत्य सवे तइं बाळया। तइं प्रथ्वी मांहि पुण्य वरताव्यां, देवलोकि भय टाळया।—कां दे.प्र.

कोपायत–वि०—क्रुद्ध। उ०—इसी खबर नगर रा लोगां राजा सूं की। तद राजा **कोपायत** होय दूत मेल्हिया।—पंचदंडी री वारता

कोपियोड़ौ–भू०का०कृ० [स० कुपितः] क्रोध किया हुआ। (स्त्री० कोपियोड़ी)

कोपि, कोपी–वि०—क्रोधी, गुस्सैल।

सं०पु०—संकीर्ण राग का एक भेद।

कोपीन–सं०स्त्री० [सं० कौपीन] ब्रह्मचारी या संन्यासियों आदि के पहनने की लंगोटी, चीर, काछा।

कोपीणौ—देखो 'कोपांन' (रू.भे.)

कोफळा–सं०पु०—१ बकरी, बकरा. २ सूखे हुए छोटे-छोटे ककड़ियों के टुकड़े।

कोफ्त–सं०पु० [फा०] १ लोहे पर सोने या चाँदी की पच्चीकारी. २ पके हुए मांस का विशिष्ट प्रकार का सालन।

सं०स्त्री०—३ रंज, दुःख, खेद, परेशानी, हैरानी।

कोफ्तगरी–सं०स्त्री० [फा०] लोहे के बरतनों या हथियारों पर सोने या चाँदी की पच्चीकारी करने का काम।

कोफ्तौ–सं०पु० [फा० कोफ्ता] कटे हुए माँस या बेसन व मसाले का जामुन के आकार का किन्तु उससे बड़ा एक प्रकार का चरपरा पदार्थ जिसके अन्दर अदरक, पुदीना, खसखस, भुना चने का आटा आदि भर देते हैं।

कोबिद—देखो 'कोविद' (रू.भे.) उ०—जिण समय रा **कोबिद** लोग अवंतीअधीस रा, दीधा अन्न आस्रय बिनां कुमारिकामंडळ में कवण रहै।—वं.भा.

कोबीदार–सं०पु० [सं० कोविदार] कचनार का वृक्ष (डिं.को.)

कोमंकी, कोमंखी-वि० [सं० कोपांकी, मा. कोवंकी, रा० कोमंकी, कोमंखी] १ क्रोध का चिन्ह वाला, क्रोधी। उ०—केवांणां **कोमंकी** वागौ आंटीलो कमंध।—हुकमीचंद खिड़ियौ २ क्रोधी स्वभाव वाला. ३ योद्धा। उ०—**कोमंखी** अतूठा क्रोध रूप जोध केवांणा सूं।

—अज्ञात

सं०पु०—तेजी से घोड़े उठाने की क्रिया (डिं.को.)

कोमंड–सं०पु० [सं० कोदंड] १ धनुष (अ.मा.) उ०—१ वीरम **कोमंड** पकड़ियौ, जम घालण बथ्थे।—वीरमायण उ०—२ जबर इसौ कुण जोमंड, मो ऊभां संकर चौ **कोमंड** तांण भीच कुण तोड़ै। २ भौंह।

—वी.मा.

कोमंत—देखो 'कुमति' (रू.भे.)

कोम–सं०पु० [सं० कूर्म, प्रा० कुम्म, रा० कौम] १ कछुआ. २ कूर्मावतार, कच्छपावतार। उ०—महा क्रोधंगी गनीमां हूंता, हुचकै नरींद 'माधौ'। भूचकै भूलोक बाधौ, चकै **कोम** भार।—हुकमीचंद खिड़ियौ

[अ० कौम] ४ जाति, वर्ण। उ०—मन अकबर मजबत, फूट हींदवां बेफिकर काफर। **कोम** कपूत, पकड़ूं रांण प्रतापसी।

[सं० कोदंड] ५ धनुष।

—दुरसौ आढ़ौ

कोमका–सं०स्त्री० [सं० कूर्म, प्रा० कुम्म] कछुआ, कच्छप।

कोमळ–वि० [सं० कोमल] १ मुलायम, मृदु। (यौ० कोमळचित) २ सुकुमार, नाजुक। उ०—पावस मास विदेस पिय, घरि तरुणी कुळ सुध्ध। सारंग सिखर निमद्द करि, मरइस **कोमळ** मुध्ध।

—ढो.मा.

३ कच्चा. ४ सुंदर, मनोहर. ५ संगीत में स्वर का एक भेद।

कोमळता–सं०स्त्री० [सं० कोमलता] १ मुलायम व कोमल होने का भाव. २ शोभा (अ.मा., नां.मा.)

कोमळा—देखो 'कोमळ' (रू.भे.)

कोमाच–सं०पु०—१ एक प्रकार का चमकीला काच. २ सफाई। उ०—काच हुलम **कोमाच**, नाच पातर नखराळी।—मे.म.

कोमारी–सं०स्त्री० [सं० कुमारी] १ कुमारी. २ अविवाहिता।

कोय–सर्व०—१ कोई। उ०—कर जीहा लोयरण स्रवण, बियौ न आपै **कोय**।—ह.र. २ किसी को। उ०—सादूळौ आपा समौ, बियौ न **कोय** गिरणंत। हाक बिडांणी किम सहै, घरण गाजियै मरंत।

—हा.भा.

वि०—कुछ। उ०—धोय धोय तन चख जळधारां, रोय रोय नर नारी। जोय जोय थाका जग जांमी, **कोय** न लागी कारी।—ऊ.का.

कोयक–सर्व०—कोई, कोई सा। उ०—**कोयक** सकट कुसागडी, भार विसेस भरंत। धवळ पइप्पण आपरै, कांधै लियां बहंत।—बां.दा.

कोयटौ–सं०पु० [सं० कूपोत्थर, प्रा० कुवट्ठा] वह कुआ जिस पर चरस द्वारा सिंचाई होती हो।

कोयण–सं०पु० [सं० कोचन] १ आँख का कोना। उ०—१ लोयण लागणिया तणिया लज वाळा। **कोयण** काजळिया रळिया रजवाळा।

—ऊ.का.

उ०—२ ओयण अडग नृपत 'राजड़' अंस। दोयण जोयण खगदहण। ललना जयौ भरहरै लोयण, **कोयण** धार अंगार कण।

—कविराजा करणीदांन

[सं० कोचन] २ आँख का डेला. ३ नेत्र, नयन। उ०—चठठा भैभीत रठा दुघटा **कोयणां** चोळ, ऊभै घटा जठा सक्र गाथ मैं अनूप। लंगरां रठठा बे पठठा आडी लीह, रांण वाळा भूठा फील जूटा असै रूप।—पहाड़खां आढ़ौ [सं० कोपन, मा. कोवण, रा० कोयण] ४ शत्रु। उ०—है थट सुभट हमल हालावै, **कोयण** कटक साबता केव। वरसंघ वाळ अजेपुर वळियौ, विक्रमादीत जैत हथ वेव।

—चांनण खिड़ियौ

कोयनी–अव्यय—नहीं। उ०—कठै नांव जाळोटिया है, कठेक पील प्रेम रा। सीबी सोणी किकर कोरू, कनै **कोयनी** कैमरा।—दसदेव

कोयन—देखो 'कोयण' (रू.भे) उ०—धखि लोयन **कोयन** खून भरै, दहुधां उन्मत्त मतंग अरै।—ला रा.

कोयनळ—देखो 'कोपानळ'। उ०—मुनीस महेस **कोयनळ** मंज, प्रसिद्ध महाबळ तेजस-पुंज।—ह.र.

कोयर–सं०पु० [सं० अकूपार, कूपार] कूप, कुआ।

कोयल–सं०स्त्री० [सं० कोकिल] काले रंग की एक चिड़िया जो कौवे से कुछ छोटी होती है और मैदानों में वसंत ऋतु के आरंभ से वर्षा ऋतु के अंत तक रहती है। मीठी बोली के लिए यह संसार में प्रसिद्ध है। कोकिला।

पर्याय०—कोकल, दुतसुर, परभ्रत, पिक, भरवत, रगत द्रग।

कहा०—१ कागा किसका लेत है, कोयल किसकूं देत। मीठी वांणी सुणाय कै, जग अपणा कर लेत—कौआ किसी का क्या लेता है और कोयल किसी को क्या देती हैं, फिर भी लोग कोयल से खुश रहते हैं; मीठी बोली से सब खुश रहते हैं. २ कोयल कागलौ एक रंग, बोल्यां खबर पड़ै—कोयल और कौवे का रंग एक ही होता है, बोलने से उनका भेद प्रकट होता है। (अल्पा० 'कोयलड़ी')

२ सफेद और नीले फूलों वाली एक लता जिसकी पत्तियां गुलाब की पत्तियों से मिलती-जुलती होती हैं; अपराजिता (रा.सा.सं.)

२ एक प्रकार का राजस्थानी लोक गीत जिसे लड़की को ससुराल के लिए विदा करते समय गाया करते हैं. ४ लड़कियों द्वारा रात्रि में गाया जाने वाला एक लोक गीत।

कोयलक–सं०पु० [सं० कौलकेय] कुत्ता, श्वान (ह नां.)

कोयलड़ी—देखो 'कोयल' (रू.भे.) उ०—वरज चढ़ौ ना ऐ वागां मांयली कोयल जी राज, **कोयलड़ी** वरजी न ऐ जाय, वारी घण वारी ओ हंजा।—लो.गी.

कोयलारांणी–सं०स्त्री०—१ लक्ष्मी। उ०—रिध सिध दियण **कोयलारांणी**, बाळा बीज-मंत्र ब्रह्मांणी।—ह.र. २ एक देवी विशेष।

कोयलिया—देखो 'कोयल' (अल्पा०) उ०—आंम की डाळ **कोयलिया** बोलै, बोलत सबद उदासी।—मीरां

कोयली–सं०स्त्री०—१ कोयल (रू.भे) उ०—अमरांणे में बोलै सूवा मोर. बागां में बोलै छै काळी **कोयली**।—लो.गी. २ बाहुमूल के नीचे पीठ में उठने वाली वात विकार की गाँठ. ३ लकड़ी का वह टुकड़ा जो रस्सी या रस्से के सिर पर अटकान या फँसान हेतु लगाया जाता है।

कोयलौ–सं०पु० [सं० कोकिल] १ धधकते हुए अंगारों को बुझाने पर अवशिष्ट अंश जिसे वापस जलाने के काम में लिया जाता है.

२ जलाने के काम में आने वाला एक प्रकार का खनिज पदार्थ।

मुहा०—कोयला माथै छाप लगांणी—मामूली खर्चों में कंजूसी करना।

कहा०—१ कोयला खावै जकां रौ काळौ मूंडौ व्है—बुरे काम करने वाले की बदनामी होती है. २ कोयला खासी जकै रौ काळौ मूंडौ होसी—देखो कहावत (१) ३ कोयलां री दलाली में काळा हाथ—बुरे काम में सहयोग देने वाले की बदनामी होती है; जब कुछ लाभ के बजाय कुछ हानि सहन करनी पड़े. ४ दूध में धोयां कोयला किसा धौळा व्है—दूध में धोने पर भी कोयले सफेद नहीं होते; उस बुरे व्यक्ति के प्रति जिस पर समझाने का कोई असर न हो. ५ रांम री गत हीरा रौ भाई कोयलौ है—असमान गुणों या रूपरंग वाले व्यक्तियों अथवा पदार्थों के एक साथ होने या रहने पर।

कोयी–सर्व० —कोई।

कोयौ–सं०पु० [सं० कोच] १ आँख का कोना (अमरत)

२ आँख की पुतली. [सं० कुच] ३ रस्सी या धागे का समेटा हुआ लच्छा।

कोरंभ–सं०पु० [सं० कूर्म] १ कछुआ. २ वराह अवतार।

उ०—कसमसै **कोरंभ** सेस नागिंद्र सळसळि।—वचनिका

३ कछवाहा क्षत्रिय।

कोर–सं०स्त्री० [सं० कोटि] १ किनारा, सिरा, छोर।
उ०—१ चळापळ ओगनियां री **कोर**, भोपणा किण भूलां रौ भार।—सांझ उ०—२ काजळ टीकी विण फीकी द्रग **कोरां**।
—ऊ.का.
मुहा०—काळजा री कोर—बहुत प्यारा।
कहा०—लाडू री कोर की खारी नै की मीठी—लड्डू के सब दाने मीठे होते हैं; खुद की सब संतान प्यारी लगती है; समान प्यार किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये।
[सं० कोटि] २ सीमा। उ०—जेठुए खेमे जोर, कुण तेण चंपै **कोर**। जिण पेख जवन सजोस, सुज गयौ तजि गढ़ सोस।—रा.रू.
[सं० कोटि] ३ पंक्ति, कतार। उ०—दुहुं ओर बनी चतुरंग अनी, दुहुं ओर करीन कि **कोर** बनी।—ला.रा. ४ दृष्टि. ५ कोना. ६ अंतराल।
[सं० कोटि] ७ हथियार की धार. ८ द्वेष, बैर, वैमनस्य. ९ दोष, ऐब, बुराई. १० सोने या चाँदी के महीन तारों के साथ बनी हुई पतली लंबी गोट जो स्त्रियाँ वस्त्रों पर लगाती हैं। उ०—१ विहद **कोर** गोटा बणौ, पातर रै पोसाक। परणी फाटा पूंगरण बैठी फाड़ै बाक।—ऊ.का. उ०—२ सरवर पांणीड़ै नै मैं गयी, ओलौ भीजै म्हारै साळूड़ै री **कोर**, वाला जो।—लो गी.

कोरकसर–सं०स्त्री०यौ०—दोष, त्रुटि, ऐब, कमी।

कोरगोटौ–सं०पु०यौ०—सुनहले या रूपहले बादले का बना हुआ पतला फीता। देखो 'कोर' (१०) उ०—बीखरै डाबर नैणां लाज, चमकै चोखो **कोरां-गोट**।—सांझ

कोरड़–सं०पु०—१ एक प्रकार का घास. २ देखो 'कोरड़ू'।

कोरड़ी–सं०स्त्री०—१ देखो 'कोटड़ी' (रू.भे.) २ एक प्रकार का घास (कां.दे.प्र.)

कोरड़ू–सं०पु०—मूंग, मोठ, ग्वार आदि वे अनाज या द्विदल जो कठोर माने जाते हैं और बाजरे के बाद बोए जाते हैं। उ०—थारै करलां नै **कोरड़** घलाय, एक बार आज्यौ, जवांईजी म्हारै घर पांवणा।
—लो.गी.

कोरड़ौ–सं०पु०—१ एक छोटा डंडा या दस्ता जिसमें चमड़ा या सूत आदि बट कर लगाया जाता है और जो मनुष्यों या जानवरों को मारने के काम में आता है, चाबुक, दुर्रा। उ०—ज्यां तौ गायां के ए खींची मारै **कोरड़ौ**।—लो.गी. २ उत्तेजक बात. ३ मर्मस्पर्शी बात.
४ कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी के दाहिने पैंतरे पर खड़े होने पर बायें हाथ की कोहनी से उसकी दाहिनी रान दबाते हैं और दाहिने हाथ की कलाई से उसका दाहिने पैर का गुट्टा उठा कर दोनों हाथों को मिला कर जोर कर के उसे चित्त गिरा देते हैं।
क्रि०वि०—केवल, मात्र, सिर्फ। उ०—पहली प्रतोळी मैं पैठतां ही मांहिला चोक में हाडां पड़िहारां रै अचांणक **कोरड़ौ** लोह बाजियौ।
—वं.भा.

कोरट–सं०पु० [अं० कोर्ट] १ अदालत, कचहरी।
[रा०] २ कटार (डिं.नां.मा.)

कोरट-ऑफ-वारड्स–सं०पु०यौ० [अं० कोर्ट ऑफ वार्ड्स] वह सरकारी विभाग जिसके द्वारा किसी अनाथ, विधवा या अयोग्य मनुष्य की सारी जायदाद का प्रबंध होता है।

कोरट इंसपेक्टर–सं०पु०यौ० [अं० कोर्ट इंसपेक्टर] पुलिस की ओर से फौजदारी अदालतों में मुकद्दमे की पैरवी करने वाला पुलिस का कर्मचारी।

कोरटपीस–सं०पु०यौ० [अं० कोर्टपीस] १ चार आदमियों में खेला जाने वाला एक प्रकार का ताश का खेल।

कोरटफीस–सं०स्त्री०यौ० [अं० कोर्ट+फी] अदालती रसूम, न्यायशुल्क।

कोरटमारसल–सं०पु०यौ० [अं० कोर्ट मार्शल] फौजी अदालत जिसमें सेना के नियमों का भंग करने वाले, सेना छोड़ कर भागने वाले तथा बागी सिपाहियों का विचार होता है।

कोरटसिप–सं०स्त्री०यौ० [अं० कोर्ट+शिप] एक पाश्चात्य प्रथा जिसके अनुसार पुरुष किसी स्त्री को अपने साथ विवाह करने के लिए उद्यत करता है तथा अपने अनुकूल करता है, कन्या-संवरण।

कोरण–सं०पु०—काले बादलों के किनारे श्वेत बादलों का भाग।
उ०—१ दूरा नयर कि **कोरण** दीसै, धवळागिरि किना धवळहर।
—वेलि.
उ०—२ **कोरण** सुभट घटा थट कटकै, अजड़ां हथ दांमणी तप। सूर तणौ घरहरै नरेसुर, वनपत यर खै करण वप।
—देवराज रतनू

कोरणावटी–सं०स्त्री०—मारवाड़ राज्यान्तर्गत एक प्रदेश।

कोरणी–सं०स्त्री० [सं० कोटनी, प्रा० कोडनी, रा० कोरणी] १ चित्रकारी. २ पत्थर पर खुदाई का काम, संगतराशी, नक्काशी.
३ एक प्रकार की सिर की हजामत विशेष।

कोरणीदार–वि०—चित्रयुक्त। उ०—छदन **कोरणीदार** फूटरा कूंट कुंटाळा। उत कोयल रैवास कागलां रा इत आळा।—दसदेव

कोरणौ, कोरबौ–क्रि०स० [सं० कोटनम्] १ चित्रकारी करना.
२ आड़ी-टेढ़ी रेखायें खींचना. ३ पत्थर पर खुदाई का कार्य करना।
कोरणहार, हारौ (हारी), कोरणियौ– वि०।
कोरवावणौ, कोरवावबौ—क्रि०स० प्रे०रू०।
कोराणौ, कोराबौ, कोरावणौ, कोरावबौ—क्रि०स०।
कोरिओड़ौ, कोरियोड़ौ, कोर्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कोरनी—देखो 'कोरणी' (रू.भे.)

कोरपांण, कोरपांणौ–सं०पु० [सं० कटे वर्षाऽऽवरणयोः, स्वार्थणिच् सर्व धातुभ्य इन्, काटि] मांड लगा, बिना धुला (कपड़ा)
सं०स्त्री० [सं० कोर पान] २ रबी की फसल में अनाज बोने के बाद प्रथम बार कुए आदि से खींच कर फसल को पिलाये जाने की क्रिया।

कोरम–सं०पु० [अं०] किसी सभा आदि के संचालन व कार्य-निर्वाह के लिए सदस्यों की आवश्यक उपस्थिति संख्या. [सं० कूर्म] कच्छपावतार। उ०—**कोरम** हुंदा रूप तूं मुरदेत मुरांणा।
—केसोदास गाडण

कोरमौ–सं०पु०—१ खलिहान में अनाज को साफ करते समय वह अवशिष्ट भाग जिसमें अनाज व भूसा रह जाता है. २ मूंग, मोठ और चने की दाल को साफ करने के पश्चात् बचा महीन व चूरे के समान भाग. [तु० कोरमा] ३ अधिक घी में भुना हुआ एक प्रकार का माँस जिसमें जल का अंश या शोरबा बिल्कुल नहीं होता।
वि०—चित्रित।

कोरव–सं०पु०—कौरव (रू.भे.)

कोरवांण—देखो 'कोरपांण' (२)

कोरस–सं०पु० [अं० कोर्स] १ पाठ्यक्रम. २ सामूहिक गायन।

कोराई–सं०स्त्री०—१ रूखापन, रुखाई. २ चित्रकारी करने का कार्य, नक्काशी. ३ चित्रकारी करने की मजदूरी।

कोराड़ौ–सं०पु०—आकाश से बादलों के हट जाने पर रूखा दृश्य।
उ०—असाढ़ **कोराड़ौ** ऊतरचौ, मैयल पतळचौ मेह। दळ नै ठाढ़क देह, जीवन लाभै जेठवा।

कोराणौ, कोराबौ–क्रि०स०—१ चित्रकारी कराना. २ नक्काशी कराना।

कोरायोड़ौ–भू०का०कृ०—चित्रकारी या नक्काशी कराया हुआ।
(स्त्री० कोरायोड़ी)

कोरावणौ, कोरावबौ–क्रि०स०—देखो कोराणौ' (रू.भे.)

कोरावियोड़ौ–भू०का०कृ०—देखो 'कोरायोड़ौ' (स्त्री० कोरावियोड़ी)

कोरियोड़ौ–भू०का०कृ०—चित्रकारी या नक्काशी किया हुआ।
(स्त्री० कोरियोड़ी)

कोरीजणौ, कोरीजबौ–क्रि० कर्म वा०—चित्रकारी या नक्काशी किया जाना।

कोरौ–वि० (स्त्री० कोरी) १ जो बरता न गया हो, जिसका व्यवहार न हुआ हो। उ०—मिस्त्री काळपी गंगा पार री मंगाय **कोरा** घड़ां में भिजोयजै छै।—रा.सा.सं. २ नया, अछूता।
यौ०—कोरौ-काचौ।
मुहा०—कोरौ जबाब—सूखा उत्तर।
३ जिससे जल स्पर्श न हुआ हो।
कहा०—कोरौ रियौ रे सींदड़ा सदा सोर के संग—तेल भरने के बर्तन को संबोधन कर के कहा गया है कि तुझ में बारूद भरने से तू कोरा का कोरा रह गया, अर्थात् तैंने सूखी वस्तु के साथ रहने से कोई लाभ नहीं उठाया।
४ जिस पर कुछ लिखा वा चित्रित न किया गया हो। ५ सादा, साफ, खाली।
कहा०—कोरै आभै बीजळी पड़णी—असंभाव्य या अनहोनी बात पर। ६ रहित, वंचित. ७ दोष से रहित, बेदाग, निष्कलंक। ८ शुष्क, रूखा, रूखे स्वभाव का।
यौ०—कोरौ-मोरौ।
९ उदासीन. १० अनपढ़, अशिक्षित, मूर्ख. ११ वह बच्चा जिस पर बच्चों के संक्रामक रोगों (शीतला, कुक्कुरखांसी आदि) का प्रभाव न पड़ा हो।

कोरौ-गोफियौ—एक प्रकार का शस्त्र विशेष।

कोरौ-मोरौ–वि०—बिल्कुल कोरा।

कोलंबक–सं०पु० [सं० कोलम्बक] वीणा का तूंबा और डंडा (डिं.को.)

कोल–सं०पु० [सं०] १ सूअर, वराह (अ.मा.) २ वराहावतार।
उ०—कंपै **कोल** तुंडा कासबांणी छायौ वाय कुंडा।
—हुकमीचंद खिड़ियौ
३ पुरु वंशी आक्रीड़ नामक राजा के पुत्र का नाम. ४ एक प्रदेश का प्राचीन नाम. ५ देखो 'कौल' (रू.भे.)
सं०स्त्री०—६ काली मिर्च (अ.मा.) ७ सेम की तरह की एक लता जिससे सेम सी ही पत्तियां, फूल और फलियां लगती हैं, कौंच (अ.मा.) ८ छोटी नाव (डिं.को.) ९ एक जंगली जाति।

कौलक–सं०पु० [सं०] १ अखरोट का पेड़. २ कालीमिर्च।
(डिं.को., अ.मा.)
[रा०] ३ एक प्रकार का छोटा लंबा औजार जिसकी सतह पर दाने होते हैं, इससे रेती और आरी तेज की जाती है
५ देखो 'कौल'।

कोळखेम–सं०स्त्री० [सं० कुशलक्षेम] कुशल-क्षेम, आनंद-मंगल।

कोळगिरी–सं०पु० [सं० कोलगिरि] दक्षिण भारत का कोलाचल नामक पर्वत, इसे आजकल कोलमलय कहते हैं।

कोळजोळियौ—देखो 'खोळजोळियौ' (रू.भे.)

कोलणौ, कोलबौ–क्रि०स०—खोदना, गहरा करना। उ०—ओदी उघरै मिनख खोदवै ख्यारां भारी, **कोलै** कंवळी रेत खांण री सुरंगां सारी।
—दसदेव

कोळमुखी–सं०स्त्री०—सूअर के समान मुख वाली तोप। उ०—मातंग भुजंग नाहर मगर, **कोलमुखी** बाहर कढ़ी।—मे.म.

कोळांण–सं०स्त्री०—एक प्रकार का छोटा वृक्ष जिसके फूल गुलाबी रंग के होते हैं। इसकी लकड़ी मजबूत होती है।

कोळांमण–सं०स्त्री०—भूरे रंग के बादल जो प्रायः वर्षा ऋतु में होते हैं। उस समय प्रायः ठंडी-ठंडी हवा चलती रहती है।

कोलात, कोलायत–सं०पु० [सं० कपिलपद] कपिल मुनि के आश्रम का स्थान जो बीकानेर के पास कोलायत नाम से प्रसिद्ध है।

कोळायत–सं०स्त्री०—कुशलक्षेम।

कोलाल, कोलालक–सं०पु० [सं० कुलाल] १ कुम्भकार, कुम्हार. २ ब्रह्मा।
उ०—त्रिविध संसार उपाविया **कोलालक** भंडा।—केसोदास गाडण

कोलाळी–सं०पु० [सं० कुलाल] १ ब्रह्मा (ह.नां.) २ उल्लू.

३ जंगली मुर्गा. ४ कुम्हार (डिं.को.) ५ एक प्रकार का पक्षी विशेष (डिं.को.)

कोलाहट-सं०पु० [सं०] नृत्य में प्रवीण वह मनुष्य जिसके अंग खूब टूटे हों, जो अंगों को खूब मोड़ सकता हो, जो तलवार की धार पर नाच सकता हो और जो मुँह से मोती पिरो सकता हो।

कोळाहळ-सं०पु० [सं० कोलाहल] बहुत से लोगों की अस्पष्ट चिल्लाहट, शोर, हल्ला, ध्वनि, आवाज। उ०—१ सु इहां पंखी बोलै छै सु जांणै बंदीजना कौ **कोळाहळ** होइ छै।—वेलि.

उ०—२ इक डंकियौ बाजतौ जावै, **कोळाहळ** होय रहियौ छै, पोड़ां सूं जमी बाजै छै।—कुंवरसी सांखला री वारता

कोलियौ-वि०—१ तिरछी निगाह से देखने वाला. २ छोटी आँख वाला।

कोळी-सं०स्त्री०—१ जंगली जातियों के अंतर्गत एक जाति विशेष।

उ०—'अंजन' कमोई ऊपरा, असहां जांण उतन्न। पुर होळी जिम घेरियौ, **कोळी** खीम करन्न।—रा.रू.

सं०स्त्री०—२ काठियावाड़ की एक शासक जाति या इस जाति का व्यक्ति (वि.सं.)

कोली-सं०स्त्री०—तिरछी निगाह।

कोळीकांदौ-सं०पु०—औषध के काम आने वाली गोभी या गरम गोभी नाम की घास।

कोळीवाड़-सं०स्त्री०—मकड़ी (अ.मा.)

कोळू-सं०स्त्री०—मारवाड़ राज्यान्तर्गत पश्चिम का एक स्थान जहाँ पर प्रतिज्ञा वीर पाबू राठौड़ का स्मारक स्थान है। यहाँ पर पाबूजी के भक्तों का वर्ष में एक बार बड़ा भारी मेला लगता है।

कोलेयक-सं०पु० [सं० कौलकेय] कुत्ता (ह.नां.)

कोंळै-वि०—कुशल, कुशलपूर्वक (यौ० कोळखेम)

कोळौ-सं०पु०—१ कुष्मांड, एक गोल फल जिसका शाक बनाया जाता है, कुम्हड़ा। [सं० कोल] २ सूअर (डिं.को.)

कोलौ-वि०—तिरछी आँख वाला।

कोल्हू-सं०पु०—१ तेल निकालने या ऊख पेरने का एक यंत्र जो कुछ-कुछ डमरू के आकार का और बहुत बड़ा होता है. २ खपरैल।

उ०—पड़वै चढ़ि नैं एकै वाती विचला **कोल्हू** उतारिया।—चौबोली

कोवंस-सं०पु० [सं० को-वंश्य] पितरों को बलि देते समय कौए को पुकारने का शब्द।

कोविद-सं०पु०—१ पंडित, विद्वान (डिं.को.) २ कवि (अ.मा.)

कोस-सं०पु० [सं० क्रोश] १ प्रायः दो मील की दूरी का एक नाप.

[सं० कोश (कोष)] २ पंचपात्र नामक पूजा का बरतन. ३ तलवार, कटार आदि का म्यान। उ०—अदतां केरी अथ ज्यूं, कायर री किरमाळ। कोड़ पुकारां कोस सूं, नह पावै निकाळ।—बां.दा. ४ वह ग्रंथ जिसमें अर्थ या पर्याय के शब्द इकट्ठे किये गये हों. ५ अंडकोष. ६ ज्योतिष में एक योग जो शनि और बृहस्पति के साथ किसी तीसरे ग्रह के आने से होता है. ७ खोली, आवरण। उ०—कनक **कोस** सींगां सजे, रजत खुरां अभिरांम। इम गोगण दीधौ अधिप, नियत उबारण नांम।—वं.भा.

[सं० कोष] ८ संचित धन, खजाना।

[रा०] १० कपट (ह.नां., अ.मा.) ११ मोट, चरस।

उ०—किरसांणां हळ छोडिया, लीन्हा लाव'र **कोस**। कूवां कूंडां बेरियां, पूगा जीव मसोस।—वादळी

[सं० कोश] १२ अंडा (डिं.को.)

कोसक-सं०पु० [सं० कौशिक] १ कौशिक, विश्वामित्र (डिं.को)

उ०—एकण दिहाड़े मुनिराज अजोध्या **कोसक** आवण कीधौ।
—र.रू.

२ एक राग विशेष (संगीत) ३ इन्द्र (नां.मा.)

कोसकार-सं०पु० [सं० कोशकार] १ म्यान बनाने वाला. २ शब्दकोश बनाने वाला।

कोसणौ, कोसबौ-क्रि०अ०स०—१ विलाप करना. २ छीनना, लूटना। कहा०—कोस्यां पाछै डूमड़ी भागी बारा कोस—लुट जाने के बाद ढोलन डर के मारे बारह कोस तक भागी; कमजोर हृदय वाले व्यक्ति को आवश्यकता से अधिक डर लगता है।

३ भला-बुरा कहना।

कोसणहार, (हारौ) हारी, कोसणियौ—वि०।

कोसाणौ, कोसाबौ—स०रू०।

कोसिओड़ौ, कोसियोड़ौ, कोस्योड़ौ—भू०का०कृ०।

कोसीजणौ, कोसीजबौ—भाव वा०।

कोसनायक-सं०पु० [सं० कोशनायक] कोषाध्यक्ष, खजांची।

कोसपति-सं०पु० [सं० कोशपति] कोषाध्यक्ष।

कोसळ-सं०पु० [सं० कौशल] १ अयोध्या का एक नाम।

सं०स्त्री०—२ देखो 'कौसल्या' (रू.भे.) उ०—जनमे **कोसळ** मात जदि रांमचंद्र अवतार।—सू.प्र. २ चतुरता, दक्षता।

कोसल्य—देखो 'कौसल्या' (रू.भे.) उ०—वधै मात **कोसल्य** आए बधाए।—सू.प्र.

कोसल्यानन्दण, कोसल्यानन्दन-सं०पु०—कौशल्या के पुत्र, श्री रामचंद्र।

कोसातकी-सं०स्त्री०—तोरई (डिं.को.)

कोसाध्यक्ष-सं०पु० [सं० कोषाध्यक्ष] कोष का अध्यक्ष, खजांची।

कोसिक-सं०स्त्री० [सं० कौशिक] १ मज्जा, गूदा (डिं.को.)

२ देखो 'कोसक' (रू.भे.)

कोसी-सं०स्त्री० [सं० कौशिकी] १ एक नदी जो नेपाल के पहाड़ों से निकल कर चंपारन के पास गंगा में मिलती है। इसका बहाव बहुत तेज है. २ एक राग विशेष (मीरां)

[सं० कोशी] ३ फली (डिं.को.)

कोसीटौ—देखो 'कोयटौ' रू.भे.। उ०—गांवां **कोसीटा** २०० हुवै, बीजा गांव सारा इकसाखिया।—नैणसी

कोसीद–सं०पु० [सं० कौसीद्यम्] आलस्य, सुस्ती (डि.को.)।

कोसीस–सं०पु० [सं० कपि-शीर्षक, प्रा० कविसीस, अप० कवसीस, रा० कोसीस] १ किला या गढ़ की दीवार में थोड़ी-थोड़ी दूर पर त्रिकोणाकार स्थान, कंगूरा। उ०—तिण गढ़ मांहे बावड़ी कूआ तळाव जळ बहळ धान घ्रित तेल लूण खड़ ईंधण अमल कपड़ौ घणौ अपार संचौ किअौ छै। कोट भुरजां रा **कोसीस** नै धमळहर धमळगिर पहाड़ ज्यौ बादळां रा किरण सरीखा उजळा सीकोट सो निजरि आवै छै।—रा.सा.सं. २ शिखर। उ०—कोट **कोसीसा** अंत न पार, देव-नयर छइ रूवड़उ।—वी.दे. ३ कोशिश, यत्न, परिश्रम।

कोसे'क–वि०—एक कोस के लगभग। उ०—पाव **कोसे'क** गया जद डाढ़ाळौ बोलियौ।—डाढ़ाळा सूर री वात

कोसेय–सं०पु० [सं० कौशेय] रेशम। उ०—सिरोरूह **कोसेय** काळा सरीखा, तियौ आंक भ्रू बांकड़ा नेत तीखा।—मे.म.

कोसौ–सं०पु०—१ कोल्हू में से खली को हटाने का लोह का बड़ा छड़. २ पत्थर हटाने का बड़ा लोह का छड़. ३ बादल का बरसने के बाद का शेष जल। उ०—विरखा काठी राखले, मत नां **कोसौ** झाड़। पाका पांनां मत करै, ओळां री बौछाड़।—बादळी

कोस्तब–सं०पु० [सं० कौस्तुभ] एक मणि का नाम।

कोह–सं०पु० [फा०] १ पर्वत, पहाड़।
[सं० कोशपान] २ किसी प्रकार के अपराध या दोष के कलंक की मुक्ति के हेतु देव विशेष का नाम लेकर पीया जाने वाला जल।
[सं० क्रोध] ३ क्रोध, गुस्सा। उ०—बिमोह मोह-मोह में, विद्रोह द्रोहिपें बढ़ै। क्रतांत भांत **कोह** में, कु कोह कोहिकौ कढ़ै।—ऊ.का.
सं०स्त्री० [रा०] ४ धूलि, रज। उ०—रांण दिस हालिया ठांण आरांण रुख, **कोह** असमांण चढ़ भांण-ढंका।—र.रू.
[सं० कुहू] देखो 'कुह' (३, ४) (रू.भे.)

कोहक–सं०स्त्री०—मोर की तेज आवाज।
उ०—भर फूल फळित अढ़ार भार, जुथ करत भ्रमर भणहण गुंजार। मिळि करत तंब छत्र **कोहक** मोर, सुक चात्रिग कोकिल करत सोर।—सू.प्र.

कोहकाफ–सं०पु० [फा० कोह+अ० काफ़] यूरोप और एशिया के मध्य का पहाड़।

कोहनूर–सं०पु० [फा० कोहे+अ० नूर] १ एक प्रसिद्ध हीरा जो आकार में साधारण हीरों से काफी बड़ा है। कहते हैं कि यह राजा कर्ण के पास था और पीछे मालवे के राजा वीर विक्रमादित्य के पास था। तत्पश्चात् इस हीरे को गोलकुंडा के बादशाह को सोलहवीं शताब्दी के प्रारंभ में ग्वालियर के राजा ने दिया। करनाल के युद्ध के पश्चात् सन् १७३९ में यह नादिरशाह के हाथ लगा और उसी के वंशज शाह सुजा से महाराजा रणजीतसिंहजी ने इस ही को प्राप्त किया। आखिर में ब्रिटिश साम्राज्य में यह हीरा अंग्रेजों के हाथ लगा और दूसरे ही वर्ष सन् १८५० में इंगलेंड की महारानी विक्टोरिया को अर्पित हुआ और आज भी यह अंग्रेजों के राजकोश में सुरक्षित है। प्रारम्भ में इस हीरे को संसार का सबसे बड़ा हीरा समझा जाता था और इसका वजन ३१९ रत्ती था किन्तु अब दुबारा जांच करने पर इसका वजन केवल १०२$\frac{1}{2}$ रत्ती ही रह गया है. २ मुसलमानों का एक तीर्थ-स्थान (बां.दा.ख्यात)

कोहमंड–सं०पु० [सं० कोदंड] धनुष।

कोहमा–सं०स्त्री०—रजकण, धूलि। उ०—**कोहमा** चढंका भांण, उडै रैण ग्रीध कंका। असंका आरांण बीच, छंडै जीव आस।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

कोहर–सं०पु० [सं० अकूपार] कूप, कुआ (क्षेत्रीय) उ०—सो 'नापौ' **कोहर** ऊपर खड़ौ छै। कोहर तेवायौ सो वारा आठ नौ नीसरिया। दसमौ वारौ खांचतां नाकौ खुस गयौ।—नापा सांखला री वारता

कोहा–सर्व०—कौन। नागहारी मोहा संच्चै वैताळ समोहा नच्चै महाकाळ होहा तच्चै **कोहा** मच्चै मीच।—हुकमीचंद खिड़ियौ

कोहिक–सर्व०—कोई। उ०—आ खबर मांनसिंघ दूदावत नु सीरोही था **कोहिक** आयौ हुतौ तिण कही हुंती।—नैणसी

कोहिर—देखो 'कोहर' (रू.भे.) उ०—पड़पण **कोहिर** पर **कोहिर** पड़ जावै।— ऊ.का.

कोहीरौ–वि० [सं० क्रोधीला या कोथी, प्रा० कोही] १ तुच्छ विचार या सिद्धांत वाला २ मन ही मन कुढ़ने वाला तथा बुरा चाहने वाला।

कोहेलुबानांन–सं०पु०—मुसलमानों का एक तीर्थ-स्थान (बां.दा.ख्यात)

कौंअर—देखो 'कुंअर' (रू.भे.) उ०—**कौंअर** भोज करंन, किआवरी पूर तपी परिपाळणौ। -ल.पिं.

कौंकुम–सं०पु० [सं०] तीन पूँछ वा चोटी वाले लाल रंग के पुच्छल तारे। बृहत् संहिता के अनुसार इनकी संख्या ६० मानी जाती है।

कौंच, कौंछ कौंछि–सं०स्त्री० [सं० कच्छु] एक प्रकार की लता विशेष, कौंच (अमरत)

कौंण–सर्व०—कौन। उ०—स्वामीजी ! मन कै **कौंण** राह, कौंण चाल कौंण मूळ कौंण डाळ।—ह पु वा.

कौंतयस–सं०पु० [सं० कौंतेय] कुंती पुत्र युधिष्ठिरादि (ह.नां.)

कौंपळ–सं०पु०—१ कोंपल। उ०—रहै उमा भुज वीटियौ, नव **कौंपळ** रै रंग। आदर पावै कंठ उण, सूर तणौ उतमंग।—बां.दा.

कौंभ–सं०पु० [सं०] सौ वर्ष का पुराना घी (वैद्यक)

कौंसलर–सं०पु० [अं०] परामर्शदाता, सलाह देने वाला।

कौंसिल–सं०स्त्री० [अं०] १ कुछ लोगों की वह बैठक जो किसी विषय पर विचार करने के लिए की गई हो. २ शासक को परामर्श देने के लिए बनाई गई कुछ लोगों की सभा।

कौ–सं०पु०—१ वृषभ. २ नर. ३ कामदेव. ४ यम. ५ यश. ६ कार्य (एका०)
वि०—धृष्ट।

सर्व०—कोई। उ०—तांम सूझै न कौ, ठांम धवळह तणा। घणा अन राइयां, रूख राखै घणा।—हा.झा.

अव्यय—संबंधसूचक अव्यय—का। उ०—आठम प्रहर संझा समै, धण ठव्वै सिणगार। पांन कजळ पाखर करै, फूलां कौ गळिहार।
—ढो.मा.

कौड़ि–वि० [सं० कोटि] करोड़। उ०—सुणत सुणत सुणि सुणि असुणि, कथत कथत गये कौड़ि।—ह.पु.वा.

कौड़ियाळौ–वि० (स्त्री० कौड़ियाळी) कौड़ी के रंग का, कर्पादिका से जड़ा हुआ।

सं०पु०—१ कोकई रंग. २ एक विषैला सर्प।

कौड़ियौ, कौड़ीयौ–सं०पु०—खंजरीट नामक एक प्रकार का पक्षी।

उ०—इसा जु खंजरीट कहतां कौड़ीया, सोई गतिकार हुआ।
—वेलि.

कौच–सं०पु० [सं० कवच] कवच, जिरह-बख्तर। उ०—हूं हेली अच-रज कहूं, घर में बाथ समाय। हाकी सुणतां हूलसै, मरणी कौच न माय।—वी.स.

कौचुमार–सं०स्त्री० [सं०] कुरूप को सुन्दर बनाने की विद्या, चौसठ कलाओं के अन्तर्गत एक कला।

कौडी–सं०स्त्री० [सं० कर्पादिका] १ घोंघे जैसा अस्थिकोश में रहने वाला समुद्री कीड़ा. २ इस कीड़े का अस्थिकोश जो सबसे कम मूल्य के सिक्के की भाँति उपयोग में लिया जाता था।

मुहा०—१ कौडी कांम रौ नहीं होणौ—बेकार, कुछ भी काम का नहीं. २ कौडी-कौडी चुकाणी—कर्ज का पैसा-पैसा चुका देना. ३ कौडी नी पूछणौ—एकदम बेकार समझना; मुफ्त में भी न लेना. ४ कौडी-कौडी नै तरसणौ—पास में रुपया-पैसा बिल्कुल न होना. ५ कौडी-कौडी लेणी—पूरा लेना; हिसाब में कौड़ी-कौड़ी तक ले लेना. ६ कौडी रौ—बेकार; बेइज्जत; गिरा हुआ. ७ कौडी रौ करणौ—बरबाद कर देना; इज्जत बिगाड़ डालना. ८ कौडी रौ तीन होणौ—कुछ कदर न होना; बहुत सस्ता होना।

कहा०—१ कौडी-कौडी करचां लंक लागै—थोड़ा-थोड़ा करके ही अधिक होता है. २ कौडी-कौडी नै कंजूस, रुपया रौ दातार—कौड़ी-कौड़ी के लिये कंजूस, पर रुपयों को उड़ाने वाला. ३ कौडी-कौडी संचता रुपियौ हुवै—थोड़ा-थोड़ा करने से बहुत हो जाता है. ४ कौडी साटै हाथी जावै—कम मूल्य की वस्तु के बदले अधिक मूल्य की वस्तु का आदान-प्रदान।

३ आँख का डेला. ४ वक्षस्थल के नीचे बीचोबीच का वह भाग जहाँ पसलियों की हड्डियां मिलती हैं।

कौण–सर्व०—देखो 'कौन'। उ०—देखै भीखम द्रोण, जेठ करण देखै जठै। को' हर वरजै कौण, लाज रुखाळा लाज लै।
—रामनाथ कवियौ

कौणे—किसने। उ०—प्रीतम कूं पतियां लिखूं, विसुर-विसूर। ये तुमको कौणे कही, या पर डारत धूर।—अज्ञात

कौतग—देखो 'कोतक' (रू.भे.)

कौतल—देखो 'कोतल' (रू.भे.) उ०—पदि भुलति कौतल पाय, जिण निरख नट नमि जाय।—रा.रू.

कौतिक, कौतिग कौतुक—देखो 'कोतक' (रू.भे.) उ०—१ तद अरक रथ थरक कौतिक, उदधि रण अथाह।—सू.प्र. उ०—२ व्रज मांही कौतिग भया, हरिजन खेलै फाग।—ह.पु.वा.

कौतूहळ–सं०पु० [सं० कौतूहल] १ कुतूहल, उत्सुकता. २ डिंगल के वेलिया सांणोर छंद का एक भेद जिसके प्रथम द्वाले में २२ लघु २१ गुरु कुल ६४ मात्रायें होती हैं (पिं.प्र.)

कौन–सर्व० [सं० किम्] व्यक्ति या वस्तु की जिज्ञासासूचक प्रश्नवाचक सर्वनाम।

कौनस–सं०पु०—बढ़ई का एक औजार।

कौफ–सं०पु० [फा० खौफ] आतंक, भय।

कौफरी–वि०—काफिर की, काफिर संबंधी। उ०—फरमांण कमरबुत कौफरी, रकम जवाहिर ऊंच रिध।—रा.रू.

कौम–सं०स्त्री० [अ० कौम] जाति, वर्ण।

कौमार–सं०पु० (स्त्री० कौमारी) देखो 'कुमार'। उ०—अजै नृपत उण वार, नूर कौमार परक्खे। एम धकै दशरत्थ, जेम स्रीरांम निरक्खे।—रा.रू.

कौमारी–स०स्त्री० [सं०] चौसठ योगिनियों में से छप्पनवीं योगिनी।

कौमियत–सं०स्त्री० [अ०] जातीयता, कौम का भाव।

क्रि०वि०—कौम के संबंध में।

कौमी–वि०—जातीय, कौम संबंधी।

कौरवदळण–सं०पु०—भीम (ह.नां.)

कौल–सं०पु०—१ वायदा, प्रण, वचन, कथन। उ०—१ किण वास्ते थारा जवांनी रा दिन छै, समय कांम रै जोर रौ नै कळंक लागण रौ छै। तूं कौल देय सो थारै आछा घरांणे री बेटी लाऊं।—नी.प्र.

उ०—२ जे कुंवरजी स्रावण री तीज रौ कौल कर आया छै सो उठै गयौ रहसी।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—३ प्रभू सूं कौल पाळियौ तौ प्रभू पण तुरत ही किरपा कीवी।
—नी.प्र.

क्रि०प्र०—करणौ, देणौ, लेणौ, होणौ।

मुहा०—१ कौल बांधणौ—वचन देना, प्रतिज्ञाबंध होना. २ कौल रौ धणी; कौल रौ पक्कौ; कौल रौ पूरौ—जो कहे उसे पूरा करने वाला. ३ कौल माथै जमणौ—कही हुई बात पर जमा या अड़ा रहना।

यौ०—कौल-करार।

कौळ—१ सूअर। उ०—तुंडां गज फेटां तुरी, डाढ़ां भड़ औछाड़। हेकण कौळै धूंदिया, फौजां पाथर पाड़।—वी.स. २ वराह अव-तार। उ०—जइतसी राउ जंगमां जोळ, कांपियउ सेस कूरम्म कौळ।
—रा.ज.सी.

३ बड़ा चूहा। उ०—किरड़ा कर रिमझोळ डोळ डाळ्यां रंग घालै, ऊंदरियां री ओळ कौळ बिल जड़ां टंटोळै।—दसदेव ४ विलाप, रुदन, अश्रुपात। उ०—ढोलौ चाल्यौ हे सखी, आंबा केरी झोळ। हिउ हेमजळ होइ रह्यौ, नयणै मंडी कौळ।—ढो.मा. ५ उत्तम कुल में उत्पन्न. ६ वाममार्गी।

वि०—१ काला, श्याम (डिं.को.) २ पैतृक [सं० कौल] ३ अच्छे कुल में उत्पन्न, कुलीन।

कौलका–सं०स्त्री० [सं० कोलक] काली मिर्च (अ.मा.)

कौळखेम–सं०स्त्री०यौ० [सं० कुशल क्षेम] आनन्द, कुशलता, प्रसन्नता, राजीखुशी।

कौलनामौ–सं०पु०यौ०—इकरारनामा। उ०—जोर दीधौ फिरंगी लिखायौ कौलनामौ जठै, आप-रंगी चूंडा तैं मेवाड़ राखी ओट।
—राघौदास सांदू

कौलयक–सं०पु० [सं० कौलेयक] कुत्ता (अ.मा.)

कौलव–सं०पु० [सं०] ज्योतिष के अंतर्गत ग्यारह करणों में से तीसरा करण। इस करण में जन्म लेने वाला विद्वान और गुणी होता है। इसके देवता मित्र हैं।

कौला–सं०स्त्री० [सं० कोला] पिप्पली (अ.मा.)

कौसक–सं०पु० [सं० कौशिक] इंद्र (ना.डिं.को.)

कौसक-बाहण सं०पु० [सं० कौशिक+वाहन] १ हाथी (ना.डिं.को.) २ ऐरावत।

कौसकी–सं०स्त्री० [सं० कौशिका] एक नदी का नाम। उ०—विसवा-मित्र विहम वड़ नदी कौसकी नाम।—रांमरासौ

कौसतब–सं०पु० [सं० कौस्तुभ] कौस्तुभ मणि।

कौसया–सं०स्त्री०—कुश की शय्या।

कौसलि, कौसल्या–सं०स्त्री० [सं० कौशल्या] राजा दशरथ की ज्येष्ठ रानी, कौशल्या (रांमकथा)

कौसांबी–सं०स्त्री० [सं० कौशांबी] एक बहुत प्राचीन नगर (ऐतिहासिक)

कौसिक–सं०पु० [सं० कौशिक] १ विश्वामित्र। उ०—कौसिक रिख जग काज रै, जाचिया स्री रघुराज रै।—र.ज.प्र. २ इन्द्र (ह.नां.)

कौसिकी–सं०स्त्री० [सं० कौशिक] १ एक रागिनी (संगीत) २ काव्य में एक वृत्ति—जहाँ करुणा, हास्य और शृंगार रस का वर्णन हो और सरल वर्ण आवे उसे कौशिकी वृत्ति कहते हैं (बां.दा.) [सं० कौषिकी] ३ एक देवी जिनकी उत्पत्ति काली के शरीर से उत्पन्न हुई थी. ४ चौंसठ योगिनियों में से त्रेपनवीं योगिनी।

कौसिलिया—देखो 'कौसल्या' (रू.भे.)

कौसीतकी–सं०स्त्री० [सं० कौषीतकी] १ अगरत्य की एक स्त्री का नाम. २ ऋग्वेद की एक शाखा।

कौसेय–वि० [सं० कौशेय] रेशम का, रेशमी।

कौसैया–वि०—देखो 'कौसेय'।

सं०पु० [सं० कु+शय्या] बुरी शय्या। उ०—लगे ना कौसैया मलिन सुभ सैया मन लगै। पटीरां पारादी नहिन चित चीरादिक पगै।
—ऊ.का.

कौस्तुभ–सं०पु० [सं०] १ समुद्र-मंथन के समय प्राप्त एक मणि जिसे भगवान विष्णु अपने वक्षस्थल पर धारण करते हैं. २ तंत्र के अनुसार एक प्रकार की मुद्रा।

क्यउ, क्यऊं–क्रि०वि०—१ क्यों. २ कैसे, किस प्रकार। उ०—चोर मन आळस करि रहइ, जाचक रहइ लुभाइ। राज्यंद जे नर क्यऊं रहइ, माल पराया खाइ।—ढो.मा.

क्यव–सं०पु० [सं० कवि] देखो 'कवि' (रू.भे.)

क्यवराज—देखो 'कविराज' (रू.भे., डिं.को.)

क्यां–क्रि०वि०—१ कैसे, किस प्रकार। उ०—एम सुजायत खांन नूं, लिखियौ अवरंग साह। झूठ सफी खां झालिया, सौ क्यां हुवै निबाह। २ क्यों। —रा.रू.

सर्व०—१ एक प्रश्नवाचक शब्द जो उपस्थित या अभिप्रेत वस्तु की जिज्ञासा करता है।

कहा०—१ क्या करै नर बांकड़ा, जद थैली का मुंह सांकड़ा—पैसे न हों तो मनुष्य क्या करे. २ क्यांरी कुपाळी है—बकवादी के प्रति। २ किस. ३ कौन।

क्यांमखांनी—देखो 'कैमखांनी' (रू.भे.)

क्यांमळकुळ—देखो 'कैमखांनी'। उ०—क्यांमळकुळ धूंकळ कियौ, किण पै निजरि करूर। आज फतैपुर ऊथपां, जैपुर किसी जरूर।—शि वं.

क्यांर–क्रि०वि०—कैसे। उ०—क्यांर बणावां बउ री जी पाळ, क्यांर सिंचावां हरिये रूंख नै।—लो.गी.

वि०—कैसा।

क्यांहरी–क्रि०वि०—१ कैसी. २ किस बात की। उ०—आर पहिलां मांहीज घोड़ी आंणी म्हां पहिल की थांनु वडाई क्यांह री।—चौबोली

क्यांहि–सर्व०—किस। उ०—कह्यौ ना जी यूं नहीं चार हेंसां करिस्यां, कह्यौ जी च्यारि क्यांहि रा।—चौबोली

क्यांहीक–वि०—कुछ (अमरत)

क्या—देखो 'क्यां'।

क्याड़ी—देखो 'किमाड़ी' (रू.भे.) उ०—कसी क्वाड़ गंडासी कसिया डांडा दांती दांतियां, ग्याता क्याड़ी गाड पंजाळी खेब खूब पड़ै खातियां।—दसदेव

क्याबर—देखो 'क्यावर' (रू.भे.)

क्याबरौ–वि०—देखो 'क्यावरौ' (रू.भे.)

क्यारा–सर्व०—किसके। उ०—क्यारा कागद होसी वे कांम मांमे फोड़ा क्यूं।—ढो.मा.

क्यारौ–सं०पु० [सं० केदार] (स्त्री० क्यारी) १ बगीचों में थोड़े-थोड़े अंतर पर पतली मेंढ़ों के बीच की भूमि जिसमें पौधे लगाए जाते हैं। उ०—तिण दिन तीजणियां निरखी तन त्यारी, कंचन बेली सी केसर री क्यारी।—ऊ.का. २ सिंचाई के लिए खेत में बनाए गए विभाग।

कहा०—क्यारा सुं क्यारौ पी गयौ—साथ रहने वाले सब बुरे व्यक्तियों के लिए।

३ नमक जमाने के लिए स्थान का छोटा विभाग।

क्यावर-सं०पु०—१ कार्य, काम, बडा उत्तम कार्य। उ०—मिटै दांन सुनमांन उरड़ रीझां आडंबर, मिटै लाड मांगणां करम धरम सत **क्यावर**।—पहाड़खां आढ़ौ २ दान (डिं.को.) उ०—१ पाछै तूंवर परणिया, स्त्री दूलह अभसाह। तनया जोरावर तणी, **क्यावर** गंग प्रवाह।—रा.रू. उ०—२ प्रांण गांठ जेते पुखत, इण तन मांझल एह। **क्यावर** ते ते नांम कर, दांम गांठ मत देह।—बां.दा. ३ अहसान. ४ उदारता, यश, गौरव। उ०—दत्त **क्यावर** दौढ़ा सदा, प्रथमी पर परमार। आ गादी अमरांण री, साबत रखै सुप्यार। —पा.प्र.

क्यावरि, क्यावरी, क्यावरौ—देखो 'क्यावर'। उ०—पह समराथ हाथ जग ऊपरि, **क्यावरि** करण करम रौ कोट।—ल.पिं.

वि०—१ अहसान करने वाला, अहसान रखने वाला.

२ यशस्वी. ३ दातार।

क्युं क्यु-सर्व०—कोई। उ०—हुं किसी भांति बोलूं, बात कहीस तौ हुंकारौ देतौ तौ सारीखौ बीजौ **क्युं** नहीं।—चौबोली

क्रि०वि०—क्यों।

क्युंइक, क्युंही-वि०—कुछ। उ०—रांणौ कुंभौ क्युं हीरौ **क्युंही** बोलै तद कुंभलमेर रहता सु गढ़ ऊपर ठौड़ मामा कुंडळ छै।—नैणसी

क्यूं-वि०—कुछ। उ०—१ असल रौ मजौ **क्यूं** और है, निकमूं आणंद नकल रौ।—ऊ.का. उ०—२ दूजे दिन बखतसिंहजी रौ सरीर **क्यूं** बेचैन हुवौ।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

क्रि०वि०—क्यों। उ०—नर नारी सूं **क्यूं** जळइ, नर सूं नारि जळंत।—ढो.मा. २ किसी व्यापार या घटना के कारण की जिज्ञासा करने का शब्द. ३ कैसे, किस कारण। उ०—जन मीठा बोला जिके **क्यूं** जग बस न करंत।—बां.दा.

कहा०—१ क्यूं आंधौ नूंतै'र क्यूं दो जिमावणा—ऐसा कार्य क्यों करना जिसमें हानि उठानी पड़े. २ क्यूं रांड कह अर निपूती सुणणी—जैसा कहोगे वैसा सुनोगे।

क्यूंई, क्यूंईएक, क्यूंक-वि०—कुछ। उ०—१ रिसीस्वर चालण रौ विचार कीयौ, तरै **क्यूंई** बापा नै देण रौ विचार कीयौ।—नैणसी उ०—२ उमर पिण जिके ब्रह्मा री पावै, तद **क्यूंक** कहणी में आवै।—र.रू.

क्रि०वि०—कैसे, किस प्रकार। उ०—१ ऊभां सीहां केस इक, कर लेणौ मुसकल्ल। पांण छतै **क्यूंकर** पड़ै, ऊभां सीहां खल्ल। —बां.दा.

उ०—२ चाहौ छौ पण जाळोर एक घड़ी मांही लेयस्यूं। राखसे **क्यूंकर**।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

क्यूंकि, क्यूंकै-क्रि०वि०—क्योंकि। उ०—हे सरस्वती म्है म्हारा हृदय में मन री जांणी उक्ती लायौ हूं **क्यूंकि** वीर पुरसां री कीरती गाय नै प्रगट करणा सारू।—वी.स.टी.

क्यूंही, क्यूंहीएक, क्यूंहीक, क्यूंहेक-वि०—कुछ, कुछ भी।

उ०—१ तद केसरीसिंह नकीब नूं तौ **क्यूंही** कही नहीं अर परभात नूं बकसी सलावत खां कन्है गयौ।—अमरसिंह री वात

उ०—२ कितरोइक ऊपर गहणौ, **क्यूंहीक** रोकड़ दियौ, तद बांमण डावड़ा नूं ले घर गयौ।—नैणसी

क्रि०वि०—कैसे भी।

क्योंकर, क्योंकरि-क्रि०वि०—कैसे, किस प्रकार, किस कारण।

उ०—१ कुंवर फुरमायौ आज **क्योंकर** मिळीजसी, महाराजा तौ बंधुगढ़ बिराजिया।—पलक दरियाव री वात

उ०—२ नी पत्र दियौ इण वारी, **क्योंकर** स्यांम म्हांने विसारी। —लो.गी.

क्योंहिक, क्योंही—देखो 'क्यूंही' (रू.भे.) उ०—१ उणरै ढिग कोई रहै आदमी, तौ **क्योंहिक** कसर कुमाई मैं।—ऊ.का.

उ०—२ जै साहूकार नै आदमी आयां री खबर हुई तौ कहीं परदेम मेल देसी; पछै **क्योंही** वटसी नहीं। —पलक दरियाव री वात

क्यौं—देखो 'क्यूं' (रू.भे.)

क्रंगवा-सं०स्त्री०—पँवार या पँवार वंश की एक शाखा।

क्रंझी-सं०स्त्री०—क्रौंच पक्षी (रू भे. क्रुंझी')

क्रंत—देखो 'कांति'। उ०—१ कंचण जवहर **क्रंत** विविध सिंगार बडाई।—बां.दा. उ०—२ कंचण खंभ मंडित कीन वरणण छबि कारां। झळहळ **क्रंत** पूर झळूस मुगता झालरा।—बां.दा.

क्रंदन-सं०पु० [सं०] १ रोना, विलाप। उ०—**क्रंदन** की कूक मूक नभ को विलोड़ रही अंधकार भासे हा ! संसार उन बिन है।

२ युद्ध-समय वीरों का आव्हान। —केसरीसिंह बारहठ

क्रंन-सं०पु० [सं० कर्ण) राजा कर्ण। उ०—रांमण नह सोनौ दियौ, लहि सोना री लंक। **क्रंन** दत सोनौ कापियौ, बिणही लंका बंक। —बां.दा.

क्रंम-सं०पु०—कार्य, कृत्य। उ०—दहियौ कांम कियौ **क्रंम** दारण। —अं.पु.

क्रकच-सं०पु० [सं०] १ ज्योतिष में एक अशुभ योग जबकि वार और तिथि की संख्या का जोड़ १३ होता है. २ करील का वृक्ष.

[सं०] ३ आरा, करवत (डिं.को.) उ०—करवाळ रूप **क्रकचां** मैं अंग रा फाचरा उडाइ सेलां रा सालां करि पाछौ जुड़ाई खेत पड़ियौ। ४ एक नरक। —वं.भा.

क्रकचच्छद-सं०पु०—केवड़ा, केतकी (डिं.को.)

क्रकवाकू-सं०पु० [सं० कृकुवाकुः] मुर्गा (डिं.को.)

क्रख-सं०स्त्री० [सं० कृषि] खेती, कृषि। उ०—सूकत **क्रख** जळहर सबद, लगां अगन रंग लाल।—पा.प्र.

क्रग–संस्त्री० [सं० करग] १ तलवार, खड्ग (डि.को.) २ हाथ, हस्त (रू.भे. 'करग')

क्रगलियू–संपु०—कवच। उ०—किय टोप रंगावळ क्रगलयू, सज हाथळ सींह सरक्कथि यूं।—पा.प्र.

क्रगल्ल–संपु०—कवच। उ०—कसै हाथळां टोप मोजा क्रगल्लं, जमद्दाढ़ वांमै जिकै खाग ढल्लं।—वचनिका

क्रग्ग–संपु० [सं० कराग्र] १ हाथ। उ०—कूंपावत कान्ह अजांन क्रग्ग, सुत एम मांम नृप छळ सुमग्ग।—रा.रू.
[सं० करग] २ तलवार। उ०—सुज सिंघ सही सुज सिंघ सत, एह न आरख आवरां। काय वात न मांनै पर किणी, क्रग्ग दीध जळतौ करां।—मालौ आसियौ

क्रण–संपु० [सं० कर्ण] दानवीर कर्ण जो कुन्ती के कुमारावस्था में ही गर्भ से उत्पन्न हुए थे (रू.भे.)

क्रतंत–संपु० [सं० कृतांत] १ अंत या समाप्त करने वाला. २ यमराज, काल (अ.मा., नां.मा.) ३ पूर्व जन्म कृत शुभाशुभ कर्मफल. ४ मृत्यु. ५ पाप. ६ देवता. ७ शनिवार. ८ भरणी नक्षत्र. ९ दो की संख्या*

क्रत–संपु० [सं० कृत्य] १ कृत्य, कार्य, काम। उ०—१ अरक दिखण मग अयन, मास अगहन गुण मंडत। क्रत मंगळ पख क्रस्न, उदय आणंद अखंडत।—रा.रू.
यौ०—क्रतगुण।
२ शुभ कार्य, अच्छा कार्य। उ०—गरढ़ी गंधारीह, जिणनै पूछौ जाय नै। सो कहसी सारीह, क्रत अक्रत री कैरवां।—रांमनाथ कवियौ
३ कर्त्तव्य. [सं० कृत्र = हिंसायाम्] ४ कपट, छल, धोखा।
उ०—ऐ बक मुनि ऊजळा, मीठा बोला मोर। पूछौ सफरी पनंग नूं, क्रत उघड़ै कठौर।—बां.दा.
[सं० कृतिन्, कृती] ५ कवि (अ.मा.) ६ पंडित, विद्वान व्यक्ति (ह.नां.) ७ देवता (अ.मा.) (मि० विबुध, सुमनस) ८ सतयुग. (यौ०—क्रतजुग)
संस्त्री० [सं० कीर्ति] ९ कीर्ति। उ०—मीठा कहे जांणियौ मींठां, कमधज धन ताहरी क्रत। बीकाहरा रैण विसतरियौ रे, अ्रत भोहण मांहै अ्रत।—अज्ञात

क्रतमाळा–संस्त्री० [सं० कृतमाला] दक्षिण देश की एक छोटी नदी का नाम (बां.दा.)
वि०—१ किया हुआ, संपादित. २ बनाया हुआ, रचित।

क्रतका–संपु० [सं० कृत्तिका] देखो 'क्रतिका' (नां.मा.)

क्रतकाकुमार–संपु०यौ० [सं० कृतिका+कुमार] स्वामी कार्तिकेय (अ.मा.)

क्रतकानंद–संपु०यौ० [सं० कृतिका+नंद] स्वामी कार्तिकेय (ह.नां., नां.मा.)

क्रतकासुत, क्रतकासूत–संपु०यौ० [सं० कृतिका+सुत] स्वामी कार्तिकेय (अ.मा., ह.नां.)

क्रतगुण–वि०—१ गुण करने वाला, भला करने वाला, उपकारक। [सं० कृतघ्न] २ कृतघ्न। उ०—राजा निकट मुकन तन रावत, क्रतगुण खीची 'सिवौ' कलावत।—रा.रू.

क्रतघण, क्रतघणी, क्रतघन, क्रतघनी, क्रतघ्नी–वि० [सं० कृतघ्न] दूसरे के उपकार को न मानने वाला, कृतघ्न। उ०—१ कीधोड़ौ उपगार नर, क्रतघण मांनै नहीं। लांणतियां ज्यां लार, रजी उडावौ राजिया।
—किरपारांम
उ०—२ दे धरणौ दातार सूं, मांगे हठ करमाल। कूड़ा बोलै क्रतघनी, कुकवि अनंत कुचाल।—बां.दा.

क्रतजुग–संपु० [सं० कृतयुग] सतयुग।

क्रतत्रुखार–संपु० [सं० तुषारकृत्] इंद्र (अ.मा.)

क्रतधंसी, क्रतधुंसी क्रतध्वंसी–संपु०—शिव, महादेव (अ.मा.)
उ०—क्रतध्वंसी विस्णूं कमळभव जिस्णू स्तुति करै, हिमासू उस्णासू पदम-पद पांसू सिर धरै।—मे.म.

क्रतपूर–वि०—कांतियुक्त, शोभायुक्त। उ०—कंचण खंभ मंडित कीन वरणण छबि करां, झळहळ क्रतपूर झळूस मुगता झालरां।—बां.दा.

क्रतब—देखो 'करतब'। उ०—लोभ कर धणी नै कपट कर संग लियौ, किसूं सारां मिळै क्रतब आछौ कियौ।—स्यांमजी बारहठ

क्रतभुज–संपु० [सं० क्रतु+भुज] देवता (ह.नां)

क्रतमुख–वि० [सं० कृत+मुख] १ कुशल. २ पुण्यात्मा (डि.को)

क्रतवरमा–संपु० [सं० कृतवर्मा] १ राजा कनक का पुत्र और कृतवीर्य्य का भाई. २ जैन मतानुसार वर्त्तमान अवसर्पिणी के तेरहवें अर्हत् के पिता।

क्रतवासा–संपु० [सं० कृतिवासस्] शिव, महादेव (क.कु.बो., नां.मा.)

क्रतवीरज क्रतवीरय–संपु० [सं० कृतवीर्य्य] राजा कनक का पुत्र और कृतवर्मा का भाई।

क्रतांत–संपु० [सं० कृतान्त] देखो 'क्रतंत' (डि.को.) उ०—दुस्सासेण माथ रौ क्रतांत रोध धायौ दूठ, जेठी पाराथ रौ किनां भाराथ रौ जोध।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

क्रतांन–संस्त्री० [सं० कृतवन्न] अग्नि (ह.नां.)

क्रताअंत–संपु० [सं० कृतान्त] १ यमराज (ह.नां.) २ नाश करने वाला. ३ पाप।

क्रतारथ–वि० [सं० कृतार्थ] १ जिसका कार्य सिद्ध हो चुका हो, कृतकार्य, कृतकृत्य, संतुष्ट, सफल। उ०—आपणा मन स्युं आलोच ब्राहमण आलोचै लागौ, जु रुखमणीजी क्रतारथ होस्यें, हौं तौ क्रतारथ हुऔ।
२ दक्ष, कुशल, होशियार। —वेलि.टी.

क्रति–संस्त्री० [सं० कृति] १ काम, कार्य (मि० क्रत, १) २ रचना। [सं० कृतिन्, कृती] ३ पंडित, विद्वान व्यक्ति (डि.को.) (मि० क्रत, ६) [सं० कृत्या] ४ जादू, टोना, उपचार। उ०—मिळी अंब साख प्रसाख रसमय अमिति मंजुर अंजुरे। रसहीन अनि तर सरब रेणा सीत छळ क्रति संचरे।—रा रू.

क्रतिका–सं०स्त्री० [सं० कृतिका] सत्ताइस नक्षत्रों के अंतर्गत तीसरा नक्षत्र।

क्रतिकासुत–सं०पु० [सं० कृत्तिका सुत] कृतिका नक्षत्र से उत्पन्न होने वाले शिव के ज्येष्ठ आत्मज जिन्हें चंद्र-पत्नी कृत्तिका ने अपने पय से पाला था। ये देवताओं के सेनापति थे। षड़ानन। (ह.नां., डिं.को.)

क्रती–वि० [सं० कृती] १ पंडित. २ कवि (ह.नां., अ.मा.)

क्रतु–सं०पु० [सं०] १ निश्चय, संकल्प. २ इच्छा, अभिलाषा. ३ विवेक, प्रज्ञा. ४ इंद्रिय जीव. ५ विष्णु. ६ आषाढ़. ७ पुण्य, धर्म. ८ ब्रह्मा के एक मानस पुत्र जो सप्त ऋषियों में से हैं. ९ सतयुग जो १७२८००० वर्ष का होता है. [सं० क्रतुः] १० यज्ञ (डिं को.)

क्रतुध्वंसी–सं०पु०यौ० [सं०] दक्ष प्रजापति का यज्ञ नष्ट करने वाले, शिव।

क्रतुपसु–सं०पु० [सं० क्रतुपशु] घोड़ा, अश्व।

क्रतुभखण–सं०पु०—देवता, सुर (डिं.को.)

क्रतू–सं०पु० [सं० कृतम्] १ सतयुग। उ०—अगहन मास क्रतू ग्यौ आखौ, पौ त्रेता जुग बीतौ पाखौ। द्वापुर माघ महीनौ दाखौ, रसा सिधायौ आ चित राखौ।—ऊ.का. [सं० क्रतु] २ होम, यज्ञ, हवन (डिं.को.) ३ देखो 'क्रतु' (रू.भे.) उ०—नरेंद्र के सुरेंद्र के धरा धरेंद्र के घ्रतू, अकारनीक आप नांहि कारनीक हौ क्रतू। —ऊ.का.

क्रतिकांजि–सं०पु० [सं०] वह शकटाकार तिलक जो अश्वमेध यज्ञ में घोड़े के लगाया जाता था।

क्रत्तिका–सं०स्त्री० [सं० कृत्तिका] देखो 'क्रतिका' (रू भे.)

क्रत्य–सं०स्त्री०—देखो 'क्रतिका' (रू.भे.) उ०—क्रत्यां रौ झूंबखौ पून्य रै चंद सो मुख, थाकौ हंस असील वंस।—रा.सा.सं.

क्रत्या–सं०स्त्री० [सं० कृत्या] एक देवी विशेष जो मारण कर्म के लिए विशेष रूप से पूजी जाती है. २ एक राक्षसी जिसे तांत्रिक लोग अपने अनुष्ठान द्वारा उत्पन्न किसी शत्रु के नाश या संहार करने के लिए भेजते हैं. ३ अभिचार. ४ दुष्टा व कर्कशा स्त्री।

क्रत्रिम-मणि-कर्म–सं०पु०—पुरुषों की बहत्तर कलाओं के अंतर्गत एक कला।

क्रन–सं०पु०—१ कर्त्ता, करने वाला. [सं० कर्ण] २ कुन्ती-पुत्र कर्ण। उ०—महाभारत रै विखै क्रन कहीजै, किना लंकापति कुंभेण कहीजै।—वचनिका ३ कान. ४ समकोण त्रिभुज में समकोण के सामने की भुजा (रेखागणित)

क्रनतात–सं०पु० [सं० कर्णतात] सूर्य्य (नां.मा.)

क्रनाळ–सं०स्त्री०—बंदूक। उ०—काळियां तणी बाजी क्रनाळ, तद चढ़ी सेन नह लगी ताळ।—पे.रू.

क्रन्न–देखो 'क्रन' (रू.भे.) उ०—पगां नित पूजै पांडव पंच, सेवै पग क्रन्न देखै सुख संच।—ह.र.

क्रन्ना–सं०स्त्री० [सं० कृष्णा] यमुना नदी। उ०—क्रना तट गोपी-किसन सरद निसा राकेस।—ह.नां.

क्रप–वि० [सं० कृप] दयालु।
सं०पु०—कृपाचार्य्य।

क्रपण–सं०पु० [सं० कृपण] १ कंजूस, सूम। उ०—क्रपणां जस भावै कठै, गुरु विमुखां नूं ग्यांन। असुरां दया न ऊपजै, चंचळ चित्तां ध्यांन।—बां.दा. २ कायर, डरपोक। उ०—अठी सतारौ आवगौ, दुभ्रुल अठी भड़ दोय। मंडियौ समहर मेड़तै, क्रपण न रहियौ कोय। ३ क्षुद्र, नीच। —महेसदास कूंपावत रौ गीत

क्रपणता–सं०स्त्री० [सं० कृपणता] कंजूसी।

क्रपणासय–सं०पु० [सं० कृपणाशय] कंजूसी। उ०—दुरभिख निकटासण किणनै नह दीधौ, नकटै नकटापण क्रपणासय कीधौ।—ऊ.का.

क्रपन–वि०—देखो 'क्रपण' (रू.भे.)

क्रपया–क्रि०वि० [सं० कृपया] कृपापूर्वक, अनुग्रहपूर्वक। उ०—गो तिमर गच्छ सूझंत स्वच्छ, दरसण दयाळ क्रपया क्रपाळ।—ऊ.का.

क्रपर, क्रपरदोस–सं०पु० [सं० कर्परी और कर्परदोस] शिव महादेव। उ०—क्रपरदोस क्रसांन रेता उरधलिंग उदार।—क.कु.बो.

क्रपांण–सं०पु० [सं० कृपाण] १ तलवार, कटार (ह.नां.) २ दंडक वृत्त का एक भेद।

क्रपांणक–सं०पु० [सं० कृपाणक] तलवार, कटार।

क्रपांणिका–सं०स्त्री [सं० कृपाणिका] छोटी तलवार, कटार।

क्रपांणी–सं०स्त्री० [सं० कृपाणी] १ कटार. २ कैंची (डिं.को)

क्रपा–सं०स्त्री० [सं० कृपा] १ बिना किसी प्रकार की आशा के अन्य की भलाई या हित करने की इच्छा वा वृत्ति, अनुग्रह, दया। उ०—यूं कही दीनता करी तौ कुबेर क्रपा करि कही। स्राप तौ मिटै नहीं, भोगियां हीज सरसी।—डाढ़ाळा सूर री वात २ क्षमा, माफी।

क्रपाचारय–सं०पु० [सं० कृपाचार्य] गौतम के पौत्र, शरद्वत के पुत्र और द्रोणाचार्य के साले एक ऋषि।

क्रपानिधान–सं०पु० [सं० कृपानिधान] १ कृपा करने वाला. २ ईश्वर। उ०—मनीसि गोन मांन है न होनहार हांन की। जहां न कोन जांन क्रपा क्रपानिधांन की।—ऊ.का.

क्रपानिधि–सं०पु० [सं० कृपानिधि] १ दयालु, मेहरबान. २ देखो 'क्रपानिधांन'।

क्रपापात्र–सं०पु० [सं० कृपापात्र] वह व्यक्ति जिस पर कृपा हो, कृपा का अधिकारी। उ०—ख्वास पासवांन क्रपापात्र भ्रत्य रास्ट्र भर, सुघर सुचाळ सम्य सबकौ सुहायौ तूं।—ऊ.का.

क्रपारांम–सं०पु० [सं० कृपाराम] खिड़िया गोत्र के प्रसिद्ध चारण कवि जिन्होंने अपने सेवक राजियै को संबोधित कर दोहे लिखे हैं। इनके लिखे 'राजियै के सोरठे' प्रसिद्ध हैं।

क्रपाळ–वि० [सं० कृपालु] दयालु, कृपालु, कृपा करने वाला।

उ०—क्रपाळ विसाळ सिंघाळ किसन्न, बडाळ भुजाळ उजाळ विसन्न ।
—ह.र.

क्रपाळता–सं०स्त्री० [सं० कृपालुता] मेहरबानी, दया का भाव ।
उ०—करी बुरी सु पायली, अबै बुरी करूं नहीं । क्रपाळ की **क्रपाळता**, सकाळ तै डरूं नहीं ।—ऊ.का.

क्रपाळी–सं०पु० [सं० कपाली] महादेव, शिव । उ०—सुनूर स्र संभके निसंभ से हंसे नचे, **क्रपाळि** काळिका अगें न बाळि बाळिका बचे ।
—ऊ.का.

क्रपासिंधु–सं०पु० [सं० कृपासिंधु] १ विष्णु. २ ईश्वर. ३ श्रीकृष्ण (अ.मा.)
वि०—कृपासागर, दयालु ।

क्रपी–सं०स्त्री० [सं० कृपी] १ अश्वत्थामा की माता और द्रोणाचार्य की पत्नी जो कृपाचार्य की बहिन थी ।

क्रपीट–सं०पु० [सं० कृपीटम्] नीर, जल (ह.नां.)

क्रम–सं०पु० [सं०] १ पैर रखने की क्रिया, चलने की क्रिया ।
उ०—**क्रम क्रम** ढोला पंथ कर, ढांरा म चूके ढाल । आ मारू बीजी महल, आखइ झूठ ऐवाळ ।—ढो.मा. २ वस्तु. ३ पद, चरण (डि.को.)
उ०—दूलह हुइ आगै पाछै दुलहरिए, दीन्हा **क्रम** सूराहर दिसि ।
—वेलि.
४ वस्तुओं या कार्यों के परस्पर आगे पीछे आदि होने के नियम. ५ नियम, शैली, प्रणाली. [सं० कर्म] ६ कार्य, लीला । उ०—तूं तरा अनै तूं तरणी तरा त्री, केसव कहि कुरा सके **क्रम** ।—वेलि. ७ सिलसिला, अनुक्रम. ८ किसी कार्य के एक अंग को पूरा करने के उपरांत दूसरे अंग को पूरा करने का नियम. ९ वैदिक विधान. १० कर्म, कार्य । उ०—एरिए कवरण सुभ **क्रम** आचरतां, जांरिएयै वेलि जपंति जगि ।—वेलि. [सं० कर्म] ११ ललाट, भाल. १२ हद. सीमा, मर्यादा । उ०—मेर डिगत सायर **क्रम** लोपत, अरक मिटत इळ तजत अहि ।—महेस कल्यांरामलोत
१३ प्रारब्ध । उ०—**क्रम** कमाई-भूगतिय, किस हुंदा सारा ।
—केसोदास गाडरा
[सं० क्रुव् हिंसायाम्] १४ पाप, दुष्कृत, कुकर्म. १५ दाह-संस्कार, मृतक-संस्कार. १६ गति, चाल, गमन । उ०—**क्रम** हंस गत म्रग-राज कट. रस उरज नरपा कपोळ रट । गह गंध धज चख एरा गुरा, अळ भ्रकुटयंदु अभाळ ।—क.कु.बो.

क्रम-क्रम–क्रि०वि०—१ धीरे-धीरे, शनैः-शनैः. २ क्रमशः ।
उ०—**क्रम क्रम** तीरथ कीध, धन ध्रम नेकी धाररा । लेटे लाहौ लीध, मिनख जमारै मोतिया ।—रायसिंह सांदू

क्रमगत–सं०स्त्री० [सं० कर्म+गति] प्रारब्ध, होनहार ।
उ०—**क्रमगत** पूछूं तौ कने, गोविंद हूं ज गिंवार ।—ह.र.

क्रमजा–सं०स्त्री०—लाख (डि.को.)

क्रमण–सं०पु०—१ पैर, पांव (डि.को.) २ पारे के अठारह संस्कारों में से एक. ३ कार्य, काम. ४ उल्लंघन. ५ गमन ।
उ०—कटक सजे कीधौ **क्रमण**, सो इम नृप समुझाइ ।—वं.भा.

क्रमणा–सं०पु० [सं० कर्मणा] कर्म्म । उ०—मनसा वाचा **क्रमणा** मांही, नरहर तौ बिए राखिस नांही ।—ह.र.

क्रमणौ, क्रमबौ–क्रि०अ० [सं० क्रम्] १ जाना । उ०—चौथे मंगळ रामचंद, सुरतरणी स्रीराम । आगै **क्रमि** आंरिए अनंति, सीतावांम सू अंगि ।—रांमरासौ २ चलना. उ०—सुरिए स्रवरिए वयरा मन मांहि थियौ सुख, **क्रमियौ** तासु प्रमांरा करि ।—वेलि.
३ वार करना । उ०—वरहास खिड़इ ऊलळी वग्ग, कळहिवां **क्रमइ** कम्मांरा क्रग्ग ।—रा.ज.सी.
क्रमणहार, हारौ (हारी), **क्रमणियौ**—वि० ।
क्रमिग्रोड़ौ, क्रमियोड़ौ, क्रम्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

क्रमनांसा–सं०स्त्री० [सं० कर्मनाशा] कर्मनाशा नाम की एक नदी ।

क्रमपाठ–सं०पु० [सं०] वेदों के पाठ का एक प्रकार जिसमें संहिता और पाद दोनों को मिला कर पाठ करते हैं ।

क्रमपासी–सं०पु० [सं० कर्म+पाशी] यमराज (ह.नां.)

क्रमबधण–सं०पु०—१ पाप. २ दुष्कर्मों का प्रतिफल ।

क्रमसंन्यास–सं०पु० [सं०] वह संन्यासी जो क्रम से ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ आश्रम में रह चुकने के बाद लिया जाय ।

क्रमसाखी–सं०पु० [सं० कर्मसाक्षिन्] १ सूर्य्य (नां.मा.) (क.कु.बो.)

क्रमसोत–सं०पु०—राठौड़ों की एक शाखा (रा.रू.) करमसींहोत ।

क्रमहीणौ–वि० [सं० कर्महीन] (स्त्री० क्रमहीणी) अभागा ।

क्रमांणक–सं०पु०—घोड़ा (डि.को.)

क्रमाळ–सं०स्त्री० [सं० करवाल] १ खड्ग, तलवार ।
[सं० करवाल] २ नख, नाखून ।

क्रमाळी–सं०स्त्री० [सं० क्रमेलक] मादा ऊँट, ऊँटनी ।

क्रमि–सं०पु० [सं० कृमि] १ कीड़ा, कृमि. २ पेट का एक रोग जिसमें आँतों में छोटे-छोटे सफ़ेद कीड़े पैदा हो जाते हैं ।

क्रमिक–क्रि०वि० [सं०] १ क्रमयुक्त, क्रमागत. २ परम्परागत ।

क्रमिक्रमि–क्रि०वि०—क्रमशः, धीरे-धीरे, क्रमानुसार । उ०—दिन जेही रिएी रिराई दरसरिए, **क्रमिक्रमि** लागा संकुडिरिए ।—वेलि.

क्रमिजा–सं०स्त्री० [सं० कृमिजा] लाह, लाख, लाक्षा (डि.को.)

क्रमी–सं०पु० [सं० कृमि] देखो 'क्रमि' । (रू.भे.)

क्रमुक–सं०पु० [सं०] १ सुपारी का पेड़ (डि.को.) २ नागरमोथा. ३ कपास का फल. ४ शहतूत का पेड़ ।

क्रमुक्रमि–सं०पु०—कदम, डग ।
क्रि०वि०—देखो 'क्रम-क्रम' (रू.भे.)

क्रमेल, क्रमेलक–सं०पु० [सं०] ऊँट, शुतुर (डि.को.)

क्रम्म—देखो 'क्रम' । उ०—देवी पुण्य रूपं देवी प्रम्भ रूपं, देवी **क्रम्म** रूपं देवी ध्रम्म रूपं ।—देवी.

क्रय–सं०पु० [सं०] मोल लेने की क्रिया, खरीदने का कार्य ।
उ०—दो ही तरफ रा बीरां आस्थांन रूप बाजार मैं प्राणां रा **क्रय** विक्रय रूप व्यापार मचायौ ।—वं.भा.

क्रव्य–सं०पु० [सं०] माँस, गोश्त (डिं.को.)

क्रव्याद–सं०पु० [सं०] १ माँसाहारी. २ चिता की आग. ३ राक्षस।
उ०—अर नीच **क्रव्याद** रा कुळ नूं दुहिता देण री किण मूढ़ कही छै ।—वं.भा.

क्रव्यादराक्षस–सं०पु०—ढूँढ़ नामक राक्षस ।

क्रस–वि० [सं० कृश] १ दुबला, पतला, कृश, क्षीण. २ अल्प (डिं.को.)
सं०स्त्री० [सं० कृषि] खेती, कृषि । उ०—ज्यौं **क्रस** भंजै तन गळै, घण गोळक तन लग्ग ।—रा.रू.

क्रसक–सं०पु० [सं० कृषक] १ कृषक, खेतिहर. २ हल का फाल ।

क्रसण–वि० [सं० कृष्ण] श्याम, काला (अ.मा.)
सं०पु० [सं० कृष्ण] १ यदुवंशी वसुदेव के पुत्र, श्रीकृष्ण. २ वेद-व्यास. ३ अर्जुन. ४ कोयल. ५ कृष्ण पक्ष, अँधेरा पक्ष. ६ कलियुग. ७ लोहा. ८ छप्पय छंद का एक भेद जिसमें २२ गुरु और १०८ लघु कुल १३० वर्ण या १५२ मात्रायें अथवा २२ गुरु १०४ लघु कुल १२६ वर्ण या १४८ मात्रायें होती हैं। रघुवरजस-प्रकाश के अनुसार ५१ वाँ भेद जिसमें २० गुरू और ११२ लघु से कुल १३२ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं ।

क्रसणद्वैपायन–सं०पु० [सं० कृष्णद्वैपायन] देखो 'क्रसनद्वैपायन' (रू.भे.)

क्रसणपक्ष, क्रसणपख–सं०पु० [सं० कृष्ण पक्ष] कृष्ण पक्ष, अँधेरा पक्ष ।

क्रसणवरण–वि० [सं० कृष्ण वर्ण] काला, श्याम (ह.नां.)

क्रसणसखा–सं०पु० [सं० कृष्ण+सखा] अर्जुन (ह.नां.)

क्रसणा—देखो 'क्रसना' (रू.भे.)

क्रसणाचळ–सं०पु० [सं० कृष्णाचल] १ रैवतक पर्वत (प्राचीन द्वारका इसी पर्वत पर थी) २ नीलगिरी पर्वत ।

क्रसणाभिसारिका–सं०स्त्री० [सं० कृष्णाभिसारिका] वह अभिसारिका नायिका जो अँधेरी रात में अपने प्रेमी के पास संकेत-स्थान में जाय ।

क्रसणास्टमी–सं०स्त्री० [सं० कृष्णाष्टमी] भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी, इस दिन श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था ।

क्रसन–सं०पु० [सं० कृष्ण] १ देखो 'क्रसण' (रू.भे)
२ भौंरा (अ.मा.)

क्रसनद्वैपायन–सं०पु० [सं० कृष्णद्वैपायन] पाराशर के पुत्र, वेदव्यास, पाराशर्य्य ।

क्रसनपक्ष, क्रसनपख—देखो 'क्रसण पक्ष'। उ०—मधु मास **क्रसनपख** द्वादसी, जुध प्रकास जग जांणियौ ।—रा.रू.

क्रसनवरण—देखो 'क्रसणवरण' (रू.भे.)

क्रसनसखा–सं०पु० [सं० कृष्णसखा] अर्जुन (अ.मा.)

क्रसना–सं०स्त्री० [सं० कृष्णा] १ द्रौपदी (अ.मा.) २ पीपल (अ.मा.) ३ यमुना (ह.नां.) ४ दक्षिण की एक नदी. ५ काली दाख. ६ काली देवी. ७ पार्वती (क.कु.बो.) ८ अग्नी की सात जिव्हाओं में से एक. ९ एक योगिनी ।

क्रसनापित–सं०पु० [सं० कृष्णापिता] सूर्य, भानु (क.कु.बो.)

क्रसनाफळा–सं०स्त्री० [सं० कृष्णफला] काली मिर्च (अ.मा.)

क्रसनी–सं०स्त्री० [सं० कर्षणी] बिजली (नां.मा.)

क्रसन्न—देखो 'क्रसण' (रू.भे.) उ०—अरोगे अघाये किया आचमन्न, कपूरी ग्रहे पांन बीड़ा **क्रसन्न** ।—ना द.

क्रसभाव–सं०पु० [सं० कृश+भाव] दुबलापन, कृशता । उ०—भाखै सहियां भाळ लियां **क्रसभाव** नै, चित पिय कोमळ ताय बधावै चाव नै ।—बां.दा.

क्रसांण, क्रसांन–सं०स्त्री० [सं० कृशानु] १ आग, अग्नि (नां.मा.)
उ०—थियौ सदय सुण निज थुई, टीटभ हूंत **क्रसांन** ।—बां.दा.
सं०पु० [सं० कृषक] २ किसान, हलधर। उ०—पड़ सीस विना लोटै पठांण, किर ज्वार सिरै ढूका **क्रसांण** ।—रा.रू.

क्रसांनद्रग, क्रसांनरेता–सं०पु० [सं० कृशानदृग, कृशानरेतस्] शिव, महादेव (अ.मा.) उ०—क्रपर दोस **क्रसांनरेता**, उरधलिंग उदार ।—क.कु.बो.

क्रसानु–सं०स्त्री० [सं० कृशानु] अग्नि, आग (डिं.को.)

क्रसिक–सं०स्त्री० [सं० कुशी] लोहे की वह कील जिससे हल चलते समय जमीन खुद कर पोली हो जाती है (डिं.को.)

क्रसी–सं०स्त्री० [सं० कृषि] खेती, काश्त, कृषि ।

क्रसीकारी–सं०पु०—काश्तकार ।

क्रस्ट, क्रस्टि, क्रस्टी–सं०पु० [सं० कृष्टि] पंडित, कवि (ह.नां., अ.मा.) (डिं.को.)

क्रस्ण–सं०पु० [सं० कृष्ण] १ श्रीकृष्ण। २ अर्जुन. ३ कृष्ण पक्ष.
सं०स्त्री० [सं० कृशानु] ४ अग्नि, आग (ह.नां.)

क्रस्णपिंगळा–सं०स्त्री० [सं० कृष्णपिंगला] चौंसठ योगनियों में से उन्नीसवी योगिनी ।

क्रस्णाग्रज–सं०पु० [सं० कृष्णाग्रज] बलभद्र, बलराम (अ.मा.)

कहा०—गांव गांव खेजड़ो नै गांव गांव गोगौ—गांव गांव में सर्प हैं तो उपचार हेतु गाँव गाँव में खेजड़ी भी उपलब्ध है। जहां दर्द है वहाँ दवा भी है।

खेट–सं०पु० [सं०] १ बारह ग्रह. २ घोड़ा. ३ ढाल. ४ चमड़ा. ५ एक प्रकार का अस्त्र. ६ युद्ध, संग्राम।

खेटक–सं०पु० [सं०] १ बलदेवजी की गदा. २ ढाल। उ०—आणां पोस नत्रीठ, पीठ **खेटक** खग पांणां।—मे.म. ३ योद्धा, वीर. ४ शक्तिशाली, समर्थ।

खेटकी–सं०स्त्री०—१ ढाल।

सं०पु०—२ योद्धा, वीर।

खेटणौ, खेटबौ–क्रि०स०—संहार करना, नाश करना। उ०—खित कारणै करै नित खल्वट, **खेटै** कटक तणा खुरसांण।

—प्रिथीराज राठौड़

खेटर, खेटरखल–सं०पु०—फटा हुआ या सूखा हुआ पुराना जूता।

उ०—**खेटर** खल मूंडा छिपियोड़ा छाती, गोडा गळियोड़ा छिपियोड़ी चाती।—ऊ.का.

खेटावणौ, खेटावबौ–क्रि०स० [सं० खेट] १ पराजित करना।

उ०—दिलीनाथ सहता दिली दळ, चार वार चढ़ आया। सातूं चौकी मार साह री, खंड़ेचै **खेटाया**।—महाराजा अजीतसिंह रौ गीत

२ क्रुद्ध करना।

खेटाणहार, हारौ (हारी), खेटाणियौ—वि०।

खेटायोड़ौ—भू०का०कृ०।

खेटाईजणौ, खेटाईजबौ—कर्म वा०।

खेटायत–वि० [सं० खिट] योद्धा, वीर।

खेटायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ पराजित. २ क्रोधित किया हुआ। (स्त्री० खेटायोड़ी)

खेटावणौ, खेटावबौ—देखो 'खेटाणौ' (रू.भे.)

खेटावणहार, हारौ (हारी), खेटावणियौ—वि०।

खेटाविओड़ौ, खेटावियोड़ौ, खेटाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

खेटावीजणौ, खेटावीजबौ—कर्म वा०।

खेटावियोड़ौ—देखो 'खेटायोड़ौ'। (स्त्री० खेटावियोड़ी)

खेटौ–सं०पु० [सं० खेट] १ युद्ध। उ०—१ सुअर वीर सूं उपजियौ छै, तींसूं थारा बाप सरीखौ होय और राव सूं **खेटौ** करे।

—डाढ़ाळा सूर री वात

उ०—२ बंधू कुंभ जेहौ अंनै मेघ **बेटौ**। खवां जोड़ि मोनूं करै कोणि **खेटौ**।—सू.प्र. २ द्वेष, ईर्ष्या।

खेड–सं०पु० [सं० खिट्, खेट] १ युद्ध, समर। उ०—वड़ वड़ वीच भड़ांन विचै दस्तांन झड़ंदै, सिर देदार मादार सिर हक **खेड** हुवंदै।

—पा.प्र.

२ तीर, बाण (डिं.नां.मा.)

खेडार–वि०—देहाती, ग्रामवासी।

खेडूर–वि०—जबरदस्त योद्धा, बहादुर।

खेडेच—देखो 'खेड़ेच'।

खेडौ–सं०पु०—खड़ग, तलवार (ना.डि.को.)

खेणौ, खेबौ–क्रि०स० [सं० खेवृ] १ नाव खेना, नाव चलाना.

२ कालक्षेप करना, समय बिताना. ३ पार करना. ४ देव-पूजन के लिए गंध द्रव्यों को जला कर धूपदान करना।
उ०—ज्यां तौ गायां के ग्रे चारण, तूं खेती गूगळ धूप।—लो.गी.

खेत—सं०पु० [सं० क्षेत्र] १ वह भूमि खंड जिसे उसमें जुताई कर अनाज आदि बोने व फसल उत्पन्न करने के योग्य बनाया गया हो। जुताई किया हुआ भू भाग। जोतने-बोने की जमीन।
क्रि०प्र०—खड़णौ, जोतणौ, बावणौ, बोवणौ।
मुहा०—खेत कमावणौ; खेत कमाणौ—खेत में खाद आदि डाल कर उसमें अच्छी जुताई करना। खेत को उपजाऊ करना।
२ खेत में खड़ी फसल।
मुहा०—खेत भिळणौ—खड़ी फसल में पशुओं का प्रवेश होना।
कहा०—१ खड़ै ज्यांरा खेत नै चढ़ै ज्यांरा घोड़ा—खेत उसी का जो उसकी जुताई करे और घोड़ा उसी का जो उस पर चढ़ाई करे, अर्थात् खेत जोतने वाले का और घोड़ा सवार का. २ खेत खळै नाडौ घरे आयां पछै किंवाड़ आडौ—किसानों से खेत या खलिहान से अनाज लेना सरल है परन्तु उनके घर पहुँचने के बाद वहाँ से निकलवाना कठिन है।
वि०वि०—भारतीय किसान की गरीब स्थिति होने के कारण वह प्राय: व्यापारी वर्ग से अनाज व रकम उधार लेकर ही अपनी खेती व जीविका चला पाता है। ये व्यापारी वर्ग के लोग अपनी रकम वसूली के लिये प्राय: खलिहान में अनाज तैयार होने पर रकम के स्थान पर अनाज लेने वहीं पहुँच जाते हैं, कारण कि वहाँ से वे सरलता-पूर्वक ला सकते हैं। इसी सम्बन्ध में यह उक्ति कही गई है। ३ खेत में पड़गी खाळी, धांन में पड़ग्यौ काग्यौ। बड़ा बंटा पै पड़ी बीजळी, तबलौ भंवरी खाग्यौ—खेत में पानी की नाली पड़ गई जिससे खाद व मिट्टी बह गई, खड़ी फसल के धान में काग्या (पौधे में अनाज का विकीर्ण होना) पड़ गया, बड़े लड़के पर बिजली गिर गई तथा काठ के बर्तन भंवरी खा गई; दुर्भाग्यशाली कृषक की दशा का वर्णन; बद-किस्मती से सब उलटा ही उलटा होता है. ४ खेत विगड़ै तौ खाद देवै पण औलाद विगड़ै तौ किसौ खाद देवै—खेत उपजाऊ न हो तो उसमें खाद आदि डाल कर उपजाऊ बनाया जा सकता है परन्तु सन्तान यदि बिगड़ जाय तो उसे सुधारने हेतु कौनसी खाद दी जा सकती है। अर्थात् बिगड़ी सन्तान का सुधारना अत्यन्त कठिन हो जाता है. ५ खेतां मांय हाल कराळ, घेर मांय रांड लड़ाक, खळां मांय तांण परांन—खेत में तिरछा लगने वाला हल, घर में झगड़ालू स्त्री और खलिहान में अनाज पर पड़ने वाली भूसी ये सब हाथ से ही सुधारनी पड़ती हैं. ६ बांध कुदाळी खुरपी हाथ, लाठी हंसुआ राखै साथ। काटै घास औ खेत निरावै, सो पूरा किसांन कहावै—जो कुदाली व खुरपी अपने हाथ में रखता हो, लाठी-हंसिया अपने साथ रखता हो और जो अपने हाथ से घास काटे और खेत में निराई करे वही पूरा किसान कहलाता है। अर्थात् किसान वही जो स्वयं हाथ से खेती करे. ७ लेनै बैठ गयौ जांणै बांदौ खेत बीज लेनै बैठौ—अउपजाऊ खेत बीज को अपने में ही लुप्त कर लेता है अर्थात् कोई पौधा उत्पन्न नहीं करता। यह कहावत ऐसे ही व्यक्ति के लिये व्यंगोक्ति है जो किसी वस्तु को लेकर हमेशा के लिये छुपा लेता है, उसके किसी प्रतिरूप को भी प्रकट नहीं करता. ८ हळ हळां खेत फाड़लां—अच्छे हाल वाले हल से ही जुताई अच्छी हो सकती है।
२ किसी चीज के, विशेषत: पशुओं आदि के उत्पन्न होने का स्थान या देश। उ०—दिखवण वाड़ी देस रा, काठचावाड़ी खास। खैराड़ी वड खेत रा, वैराड़ी बरहास।—पे.रू. ३ युद्ध-स्थल, रणक्षेत्र, समर भूमि। उ०—१ जसवंत बीडा झालिया, औरंगसाह ऊपर। आया खेत उजीण रै, दळ लियां भयंकर।—द.दा. उ०—२ पवै पंख वडूजा बोम वज्रपात, खळां थाट दूजै 'दलै' बभाड़िया खेत।
—हुकमीचंद खिड़ियौ
मुहा०—खेत हारणौ—युद्ध हारना।
४ श्मशान-भूमि. ५ वंश, खानदान. ६ तलवार की धार का वह मध्य का भाग जहाँ से उसका प्रहार होता है. ७ पृथ्वी (नां.मा.)

खेतगर—सं०पु०—१ योद्धा, वीर. २ किसान।

खेतड़ौ—सं०पु० [सं० क्षेत्र] १ देखो 'खेत' (अल्पा०) उ०—मेहां खोड़ खाळियां मिळै फबै खेतड़ौ फाड़ है।—दसदेव २ कुम्हारों की एक खेतड़ा शाखा का व्यक्ति (मा.म.)

खेतजीव—सं०पु०—किसान, कृषक (डिं.को.)

खेतपाळ—सं०पु० [सं० क्षेत्रपाल] १ राठौड राव धूहड़ के पुत्र खेतपाल के वंशज, राठोडों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति। २ देखो 'खेतरपाळ' (रू.भे.)

खेतर—देखो 'खेत' (रू.भे.) उ०—मैं'र तणी सीम में कहूं खेतर काळां रा, चरणा लगा धांन में विडंग जायल वाळां रा।—पा.प्र.

खेतरपाळ—सं०पु० [सं० क्षेत्रपाल] १ क्षेत्ररक्षक, खेत का रखवाला.
२ देवता विशेष जिनके ४९ भेद माने गए हैं। ये इस प्रकार हैं—
१ अंजन. २ अजर. ३ अम्बवार. ४ आपकुंन. ५ इंद्रस्तुति ६ ईड़ाचार. ७ उक्त. ८ उन्माद. ९ एकदस्टूक (एकदंष्ट्रक) १० ऐरावत. ११ ओदबंधु. १२ औखधीस (औषधीश) १३ काळ १४ खरुखानळ. १५ गामुल्य. १६ घंटाद (घण्टाद) १७ चंड-वारण (चण्डवारण) १८ छटाटोप. १९ जटाळ. २० झंगोव (झङ्गोव) २१ टंगपांणि (टङ्कपाणि) २२ ठांणबंध (ठाणबन्धु) २३ डांमर (डामर) २४ ढक्कारव. २५ तड़िद्देह. २६ दंतुर (दन्तुर) २७ धनद. २८ नतिक्कांत २९ नमण (क्रन्न) ३० नरस्चर (अरस्चर) ३१ प्रचंडक (प्रचण्डक) ३२ फटकार. ३३ भंग (भङ्ग) ३४ मंधासुर. ३५ युगांतक. ३६ रिमुक (ऋमुक) ३७ रिसिसूदन (ऋषिसूदन) ३८ रौद्रक. ३९ लंबोस्ठ (लम्बोष्ठ) ४० लवारवण (लवार्णव) ४१ लूपक (लूपक)

४२ लूप्तकेस (लूप्तकेश) ४३ वसुगरा. ४४ वीरसंख (वीरशङ्ख) ४५ सूकनंद (शूकनन्द) ४६ सड़ाल (षड़ाल) ४७ सुनामा (सुनामा) ४८ स्थिर. ४९ हुंत्रुक ।
(रू.भे.—क्षेत्रपाळ, खेतपाळ, खेतल, खेतलौ, खेत्तरपाळ)

खेतल–सं०पु० [सं० क्षेत्र+पाल] १ एक प्रकार का भैरव. २ द्वारपाल. ३ देखो 'खेतरपाळ' (रू.भे.) ४ किसी स्थान का प्रधान प्रबंधकर्त्ता ।

खेतलग्रस–सं०पु०—श्वान, कुत्ता (ग्र.मा.)

खेतरलथ, खेतलवाहण–सं०पु०—कुत्ता, श्वान (ह.नां.) उ०—**खेतलवाहण** खड़खड़ै, चुड़खै चांमरियाळ ।—नैणसी

खेतलोजी—देखो 'खेतरपाळ' (रू.भे.)

खेतसीयोत–सं०पु०—राठौड़ राव रिड़मलजी के पौत्र जगमाल के पुत्र खेतसी के वंशज ।

खेतिहर–सं०पु० [सं० क्षेत्रधर] खेती करने वाला, किसान, कृषक ।

खेती–सं०स्त्री० [सं० क्षेत्र] १ खेत में अनाज बो कर उत्पन्न करने का कार्य, कृषि, काश्तकारी ।

मुहा०— खेती हेती— खेती स्नेह और सहयोग के बल पर ही सफल होती है ।

कहा०—१ खेती कगायें नी पूगवा दियें—खेती किसी को नहीं पहुँचने देती अर्थात् अन्य धन्धों की अपेक्षा खेती करना ही सब से अधिक लाभप्रद समझा जाता है. २ खेती करै तौ राख गाडौ, राड़ करै तौ बोल आडौ- खेती करनी है तो पास में गाड़ी रख और लड़ाई करनी है तो टेढ़ा बोल; लड़ाई के लिए विरुद्ध बोलने की आवश्यकता रहती है उसी प्रकार खेती के लिए गाड़ी रखने की नितान्त आवश्यकता है. ३ खेती खसमां सेती, खेती धणियां सेती—खेती तो मालिक के हाथ से ही सुधरती है. ४ खेती नौ खाडौ खेती ईज भराय है—कृषि में रहने वाली कमी तो कृषि करने पर ही पूरी हो सकती है. ५ खेती बळदां की अर राज घोड़ां कौ—राज्य के लिए जिस प्रकार घुड़सवार सेना आवश्यक है उसी प्रकार खेती के लिए बैल आवश्यक है । बिना बैल के खेती सम्भव नहीं. ६ गम्योड़ी खेती अर कमायोड़ी चाकरी बराबर—बिगड़ी हुई खेती और सुधरी हुई नौकरी बराबर ही होती है । खेती की प्रशंसा । ८ बळदमार खेती नईं करणी चाईजै—ऐसी खेती से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता जिसमें बैलों से इतना काम लिया जाय कि वे काम देते देते मर जांय । सामर्थ्य या शक्ति से अधिक परिश्रम करना हानिकारक है ।

यौ०—खेतीबाड़ी, खेतीपाती ।

२ खेत में खड़ी फसल ।

खेतीगर–सं०पु०—१ कुम्हारों की एक जाति विशेष. २ इस जाति का कुम्हार. ३ खेती करने वाला, किसान ।

खेतीपाती–सं०स्त्री०यौ०—कृषि-कार्य, काश्तकारी ।

खेतीबळ–सं०पु० [सं० कृषिबल] किसान, खेतिहर (डिं.को.)

खेतीबाड़ी, खेतीवाड़ी–सं०स्त्री०यौ०—कृषि, काश्त, खेती का धंधा ।

खेतु–सं०पु० [सं० क्षेत्र] १ युद्धस्थल । उ०—वरणू वरणू के विलास, खेतु में कायम, आरसी से मंजुल ।—र.रू.
२ देखो 'खेत' (रू.भे.) ३ क्षेत्रपाल ।

खेतू–सं०पु० देखो 'खेतु' (रू.भे.) उ०—खड़ौ लांगड़ौ बीर वीराधी खेतू, करै रागड़ा झागड़ा राह केतू ।—मे.म.

खेत्तर—देखो 'खेत' (रू.भे.)

खेत्तरपाळ—देखो 'खेतरपाळ' (रू.भे.)

खेत्र–सं०पु० [सं० क्षेत्र] १ रण-क्षेत्र । उ०—पिंड़ि नीपनौ कि **खेत्र** प्रवाळी सिरा हंस नीसरै सति ।—वेलि. २ श्मशान, मरघट (डिं.को.) ३ देखो 'खेत' (रू.भे.)

खेत्रज–सं०स्त्री०—१ सोलंकी वंश की एक आराध्य देवी का नाम (बां.दा.ख्यात)
सं०पु०—२ क्षेत्रज-सन्तान ।

खेत्रपाळ—देखो 'खेतरपाळ' (रू.भे.) उ०—जिण रीति मुकुंद रा मंदिर नूं बिहाय **खेत्रपाळ** पूजण री स्रद्धा किसौ कापुरुष चित्त धरै ।—वं.भा.

खेत्राड़ौ—देखो 'खोत्राड़ौ' । उ०—भांजै भोमि गुढ़ौ भिलवाड़ौ, वांकिम माळ चरै वेडाय । पगां हेठ पोहकरण पूंगळ, **खेत्राड़ै** खगां बळ खाय ।—राव मल्लिनाथ रौ गीत

खेत्रि, खेत्री–सं०स्त्री० [सं० क्षेत्र] देखो 'खेत' (रू.भे.) उ०—१ जइ तूं ढोला नावियउ, कइ फागुण कइ चैत्रि । तउ म्हें घोड़ा बांधिस्यां, काती कुड़िया **खेत्रि** ।—ढो मा. उ०—२ अंबर कहतां आकास जाय लागी, **खेत्री** छै जु किसांण त्या खेत्री रौ उद्यम कियौ छै ।—वेलि.
२ रणक्षेत्र ।

खेद–सं०पु० [सं०] १ अप्रसन्नता, रंज, खिन्नता. २ कष्ट, पीड़ा ।
उ०—१ बुरहानपुर में राजा जैसिंघजी रांम कह्यौ, पक्षपात हुऔ हो, दोय महिना **खेद** रही ।—द.दा. उ०—२ बांका भोजन नह रुचैज्यांरै वप ज्वर **खेद** ।—बां.दा. ३ डाह, ईर्ष्या, द्वेष. ४ ग्लानि, घृणा. ५ थकान । उ०—रात रौ ओजगौ **खेद** थी सो दोनूं ही पोढ़ रहिया ।—कुंवरसी सांखला री वारता

खेदणौ, खेदबौ–क्रि०अ० [सं० खेट] १ भागना. २ शिकार के पीछे दौड़ना ।
क्रि०स०—३ भगाना, खदेड़ना । उ०—सुरहल रै तेरो **खेद्यां** जाय, वारी म्हारा 'गूगा' भल रही औ ।—लो.गी. ४ तंग करना, कष्ट पहुंचाना ।
खेदणहार, हारौ (हारी), खेदणियौ—वि० ।
खेदिग्रोडौ, खेदियोड़ौ, खेद्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
खेदीजणौ, खेदीजबौ – भाव वा०, कर्म वा० ।

खेदाई–सं०स्त्री०—१ खदेड़ने का कार्य या भाव, खदेड़ने की मजदूरी. २ वैमनस्य. ३ डाह, ईर्ष्या ।

खेदित–वि० [सं०] दुखित, खिन्न।

खेदियोड़ौ–भू०का०कृ०—भगाया हुआ, खदेड़ा हुआ, पीछा किया हुआ। (स्त्री० खेदियोड़ी)

खेदौ–सं०पु० [सं० खेद] १ डाह, ईर्ष्या, द्वेष। उ०—आयौ कांकांणी 'अजन', धर खेदौ कमधज्ज।—रा.रू. २ पीछा। उ०—साथे फोज कछवाहां री थी सो आणंदसंघजी रै साथे खेदौ कियौ।—रा.वं वि. ३ जिद्द, हठ. ४ किसी बनैले पशु को मारने या पकड़ने के लिये घेर कर उपयुक्त स्थान पर लाने का कार्य. ५ शिकार, आखेट।

खेध–सं०पु०—१ विरोध। उ०—१ 'रांण' अनै 'अमरेस' रै, वळै प्रगटयौ वेध। मन फाटौ खाटा चितां, खूटै दाध न खेध।—रा.रू. उ०—२ छके जोम सूं जाय जमरांण सा छेड़िया, लड़े अरि रेड़िया खेध लागा।—रा.रू. २ युद्ध, रण। उ०—वागां ऊपड़े विखमी वार धड़क्के आकास धर, खरौ खेध वाजी खरा वहसे दुवाह।—जगौ सांदू ३ क्रोध. ४ वाद-विवाद। ५ देखो 'खेद' (रू.भे.)

खेधाऊ–वि०—१ क्रोध करने वाला। उ०—कियौ आप सुं आप आलोच कांनै, रमै साप खेधाऊ सूधौ न मांनै। - ना.द. २ ईर्ष्या रखने वाला।

खेधी–सं०पु०—शत्रु, बैरी, दुश्मन (ह.नां., अ.मा.)

खेधौ—देखो 'खेदौ'। उ०—धूहड़ियौ बीजां ही धांखै, रस खेधै हुऔ राठौड़।—रावळ मल्लीनाथ रौ गीत

खेप–सं०स्त्री० [सं० क्षेप] १ आतंक, भय, डर. २ गाड़ी, नाव आदि की एक बार की यात्रा। मोटौ दाता मांगियौ, तोटौ भागै तेण। कीजै सायर खेप किल, जुड़ै जवाहर जेण।—बां.दा. ३ उतनी वस्तु जितनी एक बार में ले जाई जाय. ४ नर भेड़ों का समूह. ५ खजाना, माल-मिलकियत। उ०—विविध बांणी नर भाखै, खेप घरि आई खोवै।—ह.पु वा.

खेपणी–सं०स्त्री०—नाव चलाने की बल्ली, डांड (डि.को.)

खेब—देखो 'खेप' (रू.भे.)। उ०—ग्याता क्याड़ी गाड पंचाळी, खेब खूब पड़ै खातियां।—दसदेव

खेबट–सं०पु० [सं० क्षेपक] मल्लाह, नाविक। उ०—जसौ दधि खेबट हीण जिहाज।—रांमरासौ (रू०भे०-खेवट)

खेम–सं०पु० [सं० क्षेम] १ सुरक्षा, प्राप्त वस्तु की रक्षा. २ कुशलता, आनन्द-मंगल। उ०—अणघाव रह्या केई खेम अंग, रजपूत हुआ केई चोळ रंग।—पा.प्र.

खेमकरी, खेमकल्यांणी–सं०स्त्री० [सं० क्षेमकर+ई] श्वेत रंग की चील (चीलृ) जो परम मांगलिक और आदि शक्ति का रूप मानी जाती है।

खेमकुसळ–वि०यौ० [सं० क्षेम+कुशल] कुशल-क्षेम, राजी-खुशी, आनंद-मंगल। उ०—इण भांत सूं खेमकुसळ थी पीहरे गई, माइतां सूं मीळी।—रीसाळू री बात

खेमखाप–सं०पु०—एक भड़कीला सुनहला वस्त्र विशेष।

खेमटौ–सं०पु०—बारह मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक खाली होता है।

खेमा–सं०स्त्री० [सं० क्षमा] भूमि, पृथ्वी (ह नां.) [सं० क्षेत्र] खेत (ह.नां.)

खेमौ–सं०पु०—[अ. खेमा] तंबू, डेरा। उ०—पह चाळक धनवंतपुर, लांठै लूट लियाह। कांठै नदी कवेरजा, खेमा खड़ा कियाह। —बां.दा.

खेमाळ–सं०स्त्री० [सं० क्षेम+अल्] तलवार

खेयारा–सं०पु० [सं० खचार] नक्षत्र (नां.मा.)

खेजर–सं०स्त्री० [सं० खर्जूर] चाँदी (ह.नां.)

खेरण–वि० [सं० क्षरण] नाश करने वाला।
सं०पु०—१ बचा-कुचा चूरा सा अवशिष्ट पदार्थ. २ वार, प्रहार, चोट, दाव. ३ (आटा छानने की) चलनी. ४ सफेद तने का एक प्रकार का बड़ा वृक्ष।

खेरणिया–सं०पु०—हिन्दुओं के अंतर्गत लुहारों का एक भेद जिसके व्यक्ति प्रायः सिकलीगर का कार्य करते हैं।

खेरणियौ–सं०पु०—१ छोटी चलनी. २ 'खेरणिया' जाति का व्यक्ति। देखो 'खेरणिया' ३ अनाज को छान कर साफ करने का उपकरण।

खेरणी–सं०स्त्री०—१ सफेद रंग के तने का एक बड़ा वृक्ष जिसके पत्ते पीपल के पत्तों के समान होते हैं। इसके तने से दूध निकलता है, इसके फूल सफेद तथा फल फलीनुमा होते हैं। २ चलनी।

खेरणौ—देखो 'खेरणियौ' (रू.भे.)

खेरणौ, खेरबौ–क्रि०स० [सं० क्षरण] १ गिराना, टपकाना। उ०—जांणिक बाछरू है मेल्ही गाई, नयन ते आंसू खेरिया।
—वी.दे.
२ उखाड़ना, पटकना. ३ वृक्ष आदि को खूब हिलाना जिससे उसके पत्ते या पके फल आदि अपने आप नीचे गिर जाय. ४ किसी जमी हुई चीज को उखाड़ना। उ०—मेर मरजाद रणजीत आखाड़मल, खेर दीधा डसण जबर खेटै।—बां.दा. ५ संहार करना, मारना।
खेरणहार, हारौ (हारी), खेरणियौ—वि०।
खेराणौ, खेराबौ, खेरावणौ, खेरावबौ—प्रे०रू०।
खेरिओड़ौ, खेरियोड़ौ, खेरयोड़ौ—भू०का०कृ०।
खेरीजणौ, खेरीजबौ—कर्म वा०।

खेराणौ–क्रि०स०—१ गिरवाना. २ पकवाना. ३ उखाड़ना. ४ संहार करवाना. ५ पेड़ आदि को हिला कर पत्ते फल आदि गिरवाना।

खेरादा–सं०पु०—राठौडों की १३ प्रमुख शाखाओं में से एक शाखा। (रा.वं.वि.)

खेरायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ गिरवाया हुआ, टपकवाया हुआ, झड़वाया हुआ. २ संहार कराया हुआ। (स्त्री० खेरायोड़ी)

खेरावणौ, खेरावबौ—देखो 'खेराणौ'।
खेरावणहार, हारौ (हारी), खेरावणियौ—वि०।
खेराविग्रोड़ौ, खेरावियोड़ौ, खेराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
खेरावीजणौ, खेरावीजबौ—कर्म वा०।
खिरणौ—अक० रू०।

खेरावियोड़ौ—देखो 'खेरायोड़ौ'। (स्त्री० खेरावियोड़ी)

खेरी—१ देखो 'खेड़ी' २ एक प्रकार का पुष्प। उ०—इसकपेचो, खेरी, कोयल, मालती······, और ही अनेक भांत रा फूलां री माळा किलंगी छड़ी सेहरा गूंथिया छै।—रा.सा.सं.

खेरूं, खेरू—सं०पु०—१ नाश, ध्वंश। उ०—मेले सेन्या दैतां मारण, पांणी ऊपर बांधै पाजं। कीधौ खेरूं सीता कारण, रांणौ लंकपती चौ राजं।—पि.प्र. २ क्रोध। उ०—सगळा घूमरौ कियां ऊभा राव रौ डील संभाळै, सैं और डाढ़ाळौ निलोह थकियौ परळै पासै जाय ऊभो खेरूं करै छै।—डाढ़ाळा सूर री वात
वि०—विध्वस्त बरबाद, विकृत।

खेरौ—सं०पु० [सं० क्षरण] १ किसी वस्तु का टूटा हुआ सूक्ष्म भाग, अवशिष्ट कण।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

खेल—सं०पु० [सं०] वह साधारण मनोरंजक कृत्य जो स्वयं की इच्छा से, बिना किसी विवशता के, केवल चित्त की उमंग से दिल बहलाने या व्यायाम के लिए किया जाय। इसमें प्राय: हार-जीत भी होती है।
क्रि०प्र०—करणौ, खेलणौ, जीतणौ मांडणौ, बिखरणौ, हारणौ।
मुहा०—खेल बिगड़णौ —खेल खराब होना, रंग में भंग होना।
कहा०—१ खेल खतम पैसा हजम—खेल समाप्त हुआ अत: खेल देखने के लिए जो पैसा दिया वह हजम। कार्य-समाप्ति पर।
२ खेल खिलाड़ यां रा अर घोड़ा असवारां रा—खेल खिलाड़ियों का और घोड़ा सवार का। साहसी व अनुभवी पुरुष को ही सफलता मिलती है. ३ मांझी मरिया नै खेल वीखरिया—टोलीनायक के मरते ही खेल की समाप्ति हो जाती है। (मि०—खाळू पडियौ नै खेल वीखरियौ)
२ बहुत हल्का या तुच्छ कार्य।
कहा०—डावै हाथ रौ खेल है—बांये हाथ का खेल है; बहुत तुच्छ या स धारण कार्य के लिये।
३ काम-क्रीड़ा, केलि, विषय-विहार। उ०—खारी लागै खेल, बाळां नै बढ़ां तणी। मनां न होवै मेळ, जोड़ी विना रे जेठवा।
४ किसी प्रकार का अभिनय, तमाशा।
मुहा०—खेल करणौ—किसी काम को अनावश्यक समझ कर हँसी में उड़ाना, कौतुक करना, तमाशा करना, मजाक या दिल्लगी करना,
५ कोई अद्‌भुत कार्य, विचित्र लीला।

खेळ—१ देखो 'खेळी' (१) उ०—हिरणां झाली आखड़ी, ताकै कूवा खेळ। तिस मरता थिगता फिरै, छूटयौ हिरण्यां मेळ।
—वादळी
२ कुल-भेद। उ०—पणी पठांणां री बावन खेळ है।—बां.दा ख्यात

खेलकबूतरी—सं०स्त्री० [सं० खेलकपोत+रा०प्र०ई] कूलाचें खाने का एक खेल। यह खेल प्राय: नट किया करते हैं।

खेलड़ौ—सं०पु० [सं० क्ष्वेलू] देखो 'खेलरौ' (रू०भे०)

खेलण—सं०पु० [सं० खेल] खेल, क्रीड़ा, कौतुक।

खेलणौ—वि० [सं० खेल] खेलने में दक्ष, खिलाड़ी।

खेलणौ, खेलबौ—क्रि०अ० [सं० खेल] १ केवल चित्त की उमंग से अथवा मन बहलाने या व्यायाम के लिये इधर-उधर उछलना, कूदना, दौड़ना आदि।
मुहा०—खेलणौ-खाणौ—आनंद से दिन व्यतीत करना, निश्चित होकर चैन से दिन काटना।
२ काम-क्रीड़ा करना, समागम करना।
क्रि०स०—३ ऐसी क्रिया करना जो केवल मन-बहलाव या व्यायाम आदि के लिये की जाती है। इसमें कभी-कभी हारजीत का भी विचार किया जाता है।—ज्यूं दड़ी खेलणौ, चौपड़ खेलणौ। ४ किसी वस्तु को लेकर अपना जी बहलाना, उसे इधर-उधर हिलाना।
५ अभिनय करना, नाटक या स्वांग रचना।
यौ०—खेल-तमासौ।
खेलणहार, हारौ (हारी), खेलणियौ—वि०।
खेलाड़णौ, खेलाड़बौ, खेलाणौ, खेलाबौ, खेलावणौ, खेलावबौ—क्रि.स. ('खेलणौ' का प्रे०रू०)
खेलिग्रोड़ौ, खेलियोड़ौ, खेल्योड़ौ—भू०का०कृ०।
खेलीजणौ, खेलीजबौ—भाव वा०, कर्म वा०।

खेलतमासौ—सं०पु०यौ० [सं० खेल+अ० तमाशा] खेल व तमाशा, अभिनय।

खेलर, खेलरौ—सं०पु० [सं० क्ष्वेलू] प्राय: टिंडी, हिंदवानी, वरसाती ककड़ी (काचर) आदि को काट कर सुखाया हुआ टुकड़ा। यह सूख कर कड़ा एवं सिलवटें आदि धारण कर लेता है। रेगिस्तान के उन गांवों में जहां बारहों मास हरी सब्जी उपलब्ध नहीं होती है, वहां वर्षा की ऋतु में उपरोक्त सब्जियां आदि के टुकड़े काट कर सुखा लिया करते हैं। इनका साग वहां के लोग बड़े चाव से खाते हैं।
मुहा०—सूख नै खेलरौ होणौ—सूख कर अत्यन्त कृशकाय होने पर।

खेलवाड़—सं०पु० [सं० केलि] खेल, क्रीड़ा, तमाशा, मन-बहलाव का कार्य, दिल्लगी।

खेळा—सं०स्त्री० [सं० केलि] क्रीड़ा, खेल, कौतुक। उ०—पग रणमस्त पटैत भोज भाई करि भेळा, अण अवसर इम आइ खोलि दीधी डर खेळा।—वं.भा.

खेलाई—सं०स्त्री० [सं० खेल+रा०प्र० आई] खेलने का कार्य, खेलाने की मजदूरी।

खेलाड़—देखो 'खेलाड़ी' (रू.भे.)

खेलाड़णौ, खेलाड़बौ—क्रि०स० ('खेलणौ' का प्रे०रू०) देखो 'खेलाणौ' (रू.भे.)

उ०—तब बोली चंपावती, साल्हकुंवर री मात। रे बाजारण छोहरी, कांइ खेलाड़इ घात।—ढो.मा.

खेलाड़ी—वि० [सं० खेल+रा०प्र० आड़ी] १ खेलने वाला, क्रीड़ाशील, खेलने में दक्ष. २ विनोद. ३ खेल में सक्रिय भाग लेने वाला. ४ तमाशा करने वाला, अभिनय करने वाला. ५ ईश्वर। (मह०—खेलाड़)

खेलाणौ, खेलाबौ—क्रि०स० ('खेलणौ' का प्रे०रू०) किसी अन्य को खेल में लगाना, खेल में सम्मिलित करना, जी बहलाना।

खेलाणहार, हारौ (हारी), खेलाणियौ—वि०।

खेलायोड़ौ—भू०का०कृ०।

खेलाईजणौ, खेलाईजबौ—कर्म वा०।

खेलावणौ, खेलावबौ—रू०भे०।

खेलायोड़ौ—भू०का०कृ०—खेलाया हुआ।

खेलार—वि०—देखो 'खेलाड़ी' (रू.भे.) उ०—१ वस प्राणी सब करम रै, करम सु प्रेरणहार। नाच नचावै त्यां नचै, ज्यां पुतळी खेलार।—रा.रू. उ०—२ 'तिसौ खेलार अगंजी जैसिंघ तणौ, हाथ बळ चहोड़ै खळां सिरहार।—जयसिंघ आमेर रा धणी री वारता

खेलावणौ, खेलावबौ—क्रि०स०—देखो 'खेलाणौ' (रू.भे.) उ०—नाचै खेलावण मेलावण नांही, जोवण जोगी वा बेळा जग मांही।—ऊ.का.

खेलावणहार, हारौ (हारी), खेलावणियौ—वि०।

खेलाविओड़ौ, खेलावियोड़ौ, खेलाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

खेलावीजणौ, खेलावीजबौ—कर्म वा०।

खेळी—सं०स्त्री०—१ मवेशियों के लिए पानी पीने का बना हुआ कुंड। वि०वि०—यह प्राय: दो प्रकार की बनी होती है।—(१) कुए के पास आयताकार बनी हुई जो केवल पशुओं के पानी पीने के लिए होती है। उ०—देख अजे तक खाली पड़िया, कूंडी कोठा खेळी।
—रेवतदांन

(२) घरों के सामने या पास में रहने वाली वर्गाकार, आयातकार या गोळ बनी हुई जिसमें गृहणियां पानी एवं झूठा भोजन जानवरों के खाने-पीने या चाटने के लिए डाल देती हैं।
२ सहेली, सखी. ३ मस्त स्त्री।

खेलू—वि०—मुख्य, प्रधान।

खेलूर—वि० [सं० क्ष्वेलू=रा० खेलरौ=सूखा हुआ] अति वृद्ध।

खेळौ—सं०पु०—१ मूर्ख, नासमझ, पागल। २ मस्त।

खेल्ह- देखो 'खेल' (रू.भे.) उ०—अर छोटा छही सोदरां होळी रा हुळियार जिम खग्गां रौ खेल्ह मंडियौ जुवौ जुवौ।—वं.भा.

खेल्हणौ, खेल्हबौ—देखो 'खेलणौ' (रू.भे.)

खेव—देखो 'खेप'। उ०—भेटचा रुद्र न लाई खेव, नगर भगणी पधराव्या देव।—कां.दे.प्र.

खेवट—सं०पु० [सं० कैवर्त] १ नाव पार लगाने वाला, मल्लाह, मांझी। उ०—मिट आग तप मिट जाय, साकंप सीत सवाय। द्रढ़ पोत खेवट दांम, तट धरी गुदरी तांम।—रा.रू. २ परिश्रम, प्रयत्न। ३ नाव चलाने एवं मिट्टी खोदने का कार्य करने वाली एक जाति।

खेवटियौ—सं०पु० [सं० कैवर्त=रा० खेवट+रा० प्र० इयौ] नाव खेने वाला, नाव चलाने वाला। पार उतारने वाला। उ०—खेवटियौ बण नै खेड़ेचा अटकी नाव उतारी।—सिवसींघ ऊदावत रौ गीत
पर्याय०—ओरेभ, खारीवां, डालाअंग, दधभेदी, दधविधि, दूरतेरी, नाकवा, नावांहांकण।

खेवटणौ, खेवटबौ—क्रि०स०—नाव को खेना या पार लगाना।

खेवटणहार, हारौ (हारी), खेवटणियौ—वि०।

खेवटिओड़ौ, खेवटियोड़ौ, खेवटयोड़ौ—भू०का०कृ०।

खेवटीजणौ, खेवटीजबौ—कर्म वा०।

खेवण—देखो खीवण' (रू.भे)

खेवणी—सं०स्त्री०—नाव का डंडा, बल्ली (डिं.को.)

खेवणौ, खेवबौ—देखो 'खेणौ' (रू.भे.)

खेवणहार, हारौ (हारी), खेवणियौ—वि०।

खेवाड़णौ, खेवाड़बौ, खेवाणौ, खेवाबौ, खेवावणौ, खेवावबौ—प्रे०रू०

खेविओड़ौ, खेवियोड़ौ, खेव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

खेवीजणौ, खेवीजबौ—कर्म वा०।

खेवर—सं०स्त्री०—चौहान वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति.

खेवाई—सं०स्त्री० [सं० खेवृ+रा० प्र० आई] १ नाव खेने का कार्य या इस कार्य को करने की मजदूरी. २ देव-पूजन हेतु गंध द्रव्यों को जला कर धूप दान हेतु सुगंधित धुंआं करने का कार्य या उसका व्यय।

खेवाड़णौ, खेवाड़बौ—क्रि०स० ('खेणौ' क्रिया का प्रे०रू०) १ नाव चलाना. २ व्यतीत कराना. ३ पार कराना. ४ देव-पूजन के लिए गंध द्रव्यों को जला कर धूपदान कराना।

खेवाड़णहार, हारौ (हारी), खेवाड़णियौ—वि०।

खेवाड़िओड़ौ, खेवाड़ियोड़ौ खेवाड़योड़ौ—भू०का०कृ०।

खेवाड़ीजणौ, खेवाड़ीजबौ—कर्म वा०।

खेवाणौ, खेवाबौ—देखो 'खेवाड़णौ'।

खेवायोड़ौ—देखो 'खेवाड़ियोड़ौ'। (स्त्री० खेवायोड़ी)

खेवावणौ, खेवावबौ—देखो 'खेवाड़णौ' (रू.भे.)

खेवावणहार, हारौ (हारी), खेवावणियौ—वि०।

खेवाविओड़ौ, खेवावियोड़ौ, खेवाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

खेवावीजणौ, खेवावीजबौ—कर्म वा०।

खेवियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ नाव चलाया हुआ. २ धूपदान किया हुआ. ३ व्यतीत किया हुआ। (स्त्री० खेवियोड़ी)

खेवी—वि०—नाव चलाने वाला। उ०—सदा एक रांणी-व्रती धरम-सेवी, खरा जुद्ध सिंधू बिजै नाव खेवी।—वं.भा.

खेस–सं०पु० [फा० खेश] देखो 'खेसलौ'। उ०—ठावा नांमी महाजन जे था तिणां नूं **खेस** मेलिया।—कुंवरसी सांखला री वारता
वि० [रा०] नष्ट, ध्वंस। उ०—देख कहुँ सकौ देस, खत्री बीज गयौ **खेस**।—र.रू.

खेसणौ, खेसबौ–क्रि०स०—१ छीनना. २ पीछे हटाना. ३ धक्का देना. ४ नष्ट करना। उ०—सकल साचै मतै दळै दोखियां दळां, सूर रिण आहुड़ै **खेसै** खळां।—ह.पु.वा.
५ युद्ध करना। उ०—खेतळ रिणी **खेसइ** खुरासांण, जुध धसइ मत्त गइजूह जांण।—रा.ज.सी. ६ हराना, पराजित करना। उ०—खगे नगे खळां **खेसे**, पगे राखी पातसाही।
—दूदौ सुरतांणोत वीठू

खेसणहार, हारौ (हारी), **खेसणियौ**—वि०।
खेसिग्रोड़ौ, खेसियोड़ौ, खेसयोड़ौ—भू०का०कृ०।
खेसीजणौ, खेसीजबौ—कर्म वा०।

खेसलियौ, खेसलौ–सं०पु०—[फा० खेस] सूत, ऊन व दोनों का मिश्रित एक मोटा वस्त्र जो ओढ़ने के काम में लिया जाता है। इसकी बनावट एक विशेष प्रकार की होती है।

खेसवणौ, खेसविणौ—देखो 'खेसणौ' (रू.भे.)
उ०—१ धरां दस लाग पिया घेरै रै, **खेसवियां** अचळै खागै रै।
—अचळसिंह सक्तावत रौ गीत
उ०—२ **खेसि** ओरंग पहल बिखौ मेटे खत्री राखियौ देस दुई बार रांणै।—पतौ आसियौ

खेसियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ छीना हुआ. २ पीछे हटा हुआ. ३ युद्ध किया हुआ. ४ संहार किया हुआ। (स्त्री० खेसियोड़ी)

खेसोत–वि०—संहार करने वाला, नाश करने वाला।

खेसौ–सं०पु०—१ एक प्रकार का अशुभ घोड़ा (शा.हो.) २ बैर. ३ डाह, द्वेष (मि० 'खेदौ')

खेह–सं०स्त्री० [सं० ख+ईह=चाहना] १ धूल, रज, मिट्टी, गर्द (अ.मा.) उ०—ढोल वळाव्यउ हे सखी, भींणी ऊड़इ **खेह**।
—ढो.मा.
मुहा०—खेह करणौ—भाग जाना। उ०— कहर री दीठां कला, खळ दळ करसी **खेह**। लूंबा झड़ नह लग्गियां, लूओं न कांनौ लेह। बां.दा.
२ खाक, राख, भस्म। उ०—देह **खेह** होइ जाय जीव अपणी करि बूझै।—ह.पु.वा. ३ पंवार वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति. ४ देखो 'खे' (११) (रू.भे.)

खेहड़णौ, खेहड़बौ–क्रि०अ०—अपने कर्त्तव्य पर चलना, कर्त्तव्य निभाना। उ०—खटकै खत्रवेध सदा खेहड़तौ, दिन प्रत दाखंतौ खत्रदाव।
—पीथोजी आसियौ

खेहटियौ विनायक–सं०पु०यौ०—विवाह के मुहूर्त के अवसर पर लाई जाने वाली गणेश की मिट्टी की बनी मूर्ति। उ०—बीजै दिन वीरमती नै पीठी कराई **खेहटियौ विनायक** थाप्यौ।
—जगदेव पंवार री वात

खेहडंबर, खेहडंभर—देखो 'खेहाडंबर' (रू.भे.)

खेहडली–सं०स्त्री०—भस्म, राख (अल्पा०) उ०—मरियां सूं सूंनी मिळ जासी खूनी **खेहड़ली**।—ऊ.का.

खेहड़ौ—देखो 'खेह'।
उ०—वरवा धण घाट क्रमै वनड़ौ, खळ थाटां ये पीठ लियां **खेहड़ौ**।
—प.प्र.

खेहरी–सं०स्त्री० [सं० क्षार] १ धूलि, गर्द. २ राख. [सं० केसरी] ३ सिंह, शेर।

खेहाट–सं०स्त्री० [सं० ख+ईह+रा० प्र० आट] आकाश में उड़ कर चारों ओर छा जाने वाले धूलि-कण, गर्द, रंजी।

खेहाडंबर, खेहारव, खेहारवण–सं०पु० [सं० ख+ईह+आडंबर, ख+ईह+रव] १ तूफान, प्रचंड आँधी जिसमें आकाश धूल से आच्छादित हो जाय. २ गर्द। उ०—१ **खेहाडंबर** खर अंबर अरड़ावै, धरणी तळ धूणै गरदब गरड़ावै।—ऊ.का. उ०—२ धूंआ रव दव धोम, **खेहारव** डंबर खरा। क्रमते रोद्राइण किओ, वोम विचाळै वोम।
—वचनिका
उ०—३ सुतन कलियांण साहण दध सम चढ़ै उरभियां थाट **खेहारवण** ऊपड़ै।—द.दा.

खेंकार—देखो 'खेंखार' (रू.भे.)

खेंखाड़, खेंखाट–सं०स्त्री० [अनु०] झंझावात की ध्वनि। तेज हवा चलने से उत्पन्न ध्वनि।

खेंखार–सं०पु० [अनु०] १ खंखार, बलगम. २ खांसने पर होने वाली हलकी ध्वनि. उ०—खळ खार **खेंखार** न बोल खमै, नह कोय किणी पर टांक नमै।—पा प्र.
३ संहार, वध, नाश, विध्वंश।

खेंखारौ–सं०पु० [अनु०] देखो 'खेंखार'। उ०—वळै गढ़ मांहै **खेंखारौ** करनै पोढ़े।— वीरमदे सोनगरा री वात

खें-खें–सं०स्त्री० [अनु०] तेज वायु के चलने से उत्पन्न शब्द, झंझावात में वायु वेग का शब्द या ध्वनि। उ०—अंचळ उलटाती कुलटाकृति आवै, **खें-खें** करतोड़ी मरतोड़ा खावै।—ऊ.का.

खेंग–सं०पु० [फा० खिंग] (स्त्री० खेंगण) देखो 'खिंग'।
उ०—खर भूकै रव **खेंग**, स्वांन कूके सुख हारी।—रा.रू.

खेंगारौ—देखो 'खेंखार'।

खेंगाळ–सं०पु०—संहार, नाश, वध। उ०—जुध भारथ दसरथ सुत जीपण, खर दुखर असुरां **खेंगाळ**।—ह.नां.
वि०—नाश करने वाला, संहार करने वाला। उ०—नमौ कुंभेण तणा भुजकाळ, नमौ कुळ-राकस-बंस **खेंगाळ**।—ह.र.

खेंगाळौ–वि०—संहार करने वाला।

खेंच–क्रि०स०—खिंचाव, तनाव।

खेंचणौ, खेंचबौ–क्रि०स०—देखो 'खींचणौ'। उ०—बेध्यौ मछ जिण बार, मांण दुजोधन मेटियौ। **खेंचै** कच उण वार, थां पारथ बैठचा थकां।—रांमनाथ कवियौ

खेंचणहार, हारौ (हारी), खेंचणियौ—वि० ।

खेंचवाणौ, खेंचवाबौ, खेंचवावणौ, खेंचवावबौ—प्रे०रू० ।

खेंचाणौ, खेंचाबौ, खेंचावणौ, खेंचावबौ—प्रे०रू० ।

खेंचिग्रोड़ौ, खेंचियोड़ौ, खेंच्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

खेंचीजणौ, खेंचीजबौ—कर्म वा० ।

खींचणौ, खींचबौ—रू०भे० ।

खेचातांण, खेचातांणी—देखो 'खींचातांण' (रू.भे.) उ०—दस जूता दस जूतणा, दस पाखती वहंत । हेकण धवळा बायरा, **खेचातांण** करंत । —बां.दा.

खेचियोड़ौ-भू०का०कृ०—देखो 'खींचियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० खेंचियोड़ी)

खेंडूर-वि० [सं० खिट्] शक्तिशाली, बलवान, प्रचण्ड, योद्धा ।

खेंण-सं०पु०—१ क्षय नामक रोग. २ नाश, विनाश ।

खेंपांण-सं०पु०—१ मुसलमान. २ संहार, नाश । वि०—वृद्ध ।

खे-सं०पु०—१ शिव. २ नंदीगण. ३ भाई. ४ लड़का (एका०) [सं० क्षय] ५ नाश, संहार, क्षय । उ०—तोपां रणताळ रै सकज भूपाळ संवारी, **खे** अकाळ खाटणी काळ थाटणी करारी ।—मे.म.

खेकार-वि० [सं० क्षयकार] नाश, ध्वंस । उ०—कुळ जोइयां **खेकार**, जग 'गोगा दे' जनमियौ ।—गो.रू.

सं०पु०—१ नाश, संहार. २ आकाश (डिं.को.)

खेकारी-वि० [सं० क्षयकारी] विनाशक, संहार करने वाला ।

खेकाळ, खेखाळ-सं०पु० [सं० क्षय+अल] १ नाश, संहार । उ०—कुळ जोइयां **खेकाळ**, दीसै तू जायौ "दला" ।—गो.रू. २ युद्ध, संग्राम ।

वि०—संहार करने वाला ।

खेगमल-सं०पु०—घोड़ा (शा.हो.)

खेगरणौ-वि०—संहार करने वाला, नाश करने वाला । उ०—दळां **खेगरणौ** करणी नांम जगे दाखौ ।—ल.पिं.

खेगरणौ, खेगरबौ-क्रि०स०—संहार करना, मारना, ध्वंस करना ।

खेगाळ-वि०—संहार करने वाला, संहारक । उ०—सुपातां करैवा पाळ उजाळ तेरे ही सखां, मेछ दळां **खेगाळ** लंकाळ पळां मंड ।

—पहाड़ खां आढ़ौ

सं०पु०—संहार, ध्वंस ।

(रू०भे०-खोकाळ, खोगाळ)

खेगोल-सं०पु०—आसमान, गगन । उ०—भूगोळ करंते थाळ सतारौ उथेल भालां । **खेगोळ** लसंते हाथ दीधौ अड़ीखभ ।

—अजीतसिंघ चूंडावत रौ गीत

खेड़नरेस-सं०पु०—१ राठौड़ राजा. २ राठौड़ राजपूत की पदवी ।

खेड़ी—देखो 'खेड़ी' (रू.भे.)

खेड़ेच-सं०पु०—राठौड़ क्षत्री । उ०—**खेड़ेचे** खड़िया थाट खूर, सत्रवां काळ विकराळ सूर ।—वि.सं.

खेड़ौ-सं०पु० [सं० खेट] १ छोटा गाँव । उ०—ऊजड़ **खेड़ा** फिर वसै, निरधनियां धन होय । गया न जोबन बावड़ै, मुआ न जीवै कोय ।—अज्ञात २ गाँव के पास वाले खेत. ३ बर्र (ततैया) का छत्ता. ४ मृत्योपरांत किया जाने वाला एक प्रकार का भोज. ५ एक प्रकार का सरकारी कर ।

खेण—देखो 'खेंण' (रू.भे.)

खेपांणा, खेफांण—देखो 'खेंपांण' (रू.भे.)

खेबर-सं०पु०—भारत व अफगानिस्तान के बीच हिमालय पर्वत में पश्चिम की ओर एक दर्रा ।

खेमांन-सं०पु० [सं० क्षयवान्] नाश । उ०—भणै गुण तूफ तणा भगवांन, जावै खळि त्यांह तणा **खेमांन** ।—ह.नां.

खेयंग-सं०पु० [फा० खिंग] घोड़ा (रू.भे. 'खेंग')

खेर-सं०पु० [सं० खदिर] १ एक प्रकार का बबूल जाति का वृक्ष विशेष जो प्रायः बड़ा होता है ।

कहा०—खैर रौ खूंटौ होणौ—खैर वृक्ष की लकड़ी का खूंटा होना अर्थात् दृढ़ता धारण करना ।

२ इस वृक्ष की लकड़ियों के छोटे २ टुकड़ों को उबाल कर बनाया हुआ रस जो पान के साथ खाया जाता है, कत्था ।

[फा० खैर] ३ प्रसन्नता । उ०— बणिक खता रा कांम मैं, औ दरसावै **खेर** । नाई नूं दीधी मुहर, वाळण टाकर वैर ।—बां.दा.

४ दान । उ०—चहुं ओर इळा वध तौर चहुं चक, **खैर** दियै कव रोर खंडै ।—चिमनजी कवियौ ५ पुण्य । उ०—**खैर** कौ न चूंत खायौ, मैं'र कौ भरयौ उमायौ ।—ऊ.का. ६ कुशल, मंगल, क्षेम । उ०—खोसां मार मनावौ **खेर** ।—चिमनजी कवियौ

अव्यय—कुछ चिंता नहीं, अस्तु ।

खेरखाह-वि० [फा० खैरख्वाह] भलाई चाहने वाला ।

खेरखाही-सं०स्त्री० [फा० खैरख्वाही] शुभचिंतन, भलाई ।

खेरख्वा—देखो 'खैरखाह' (रू. भे.)

खेरसार-सं०पु०—खैर वृक्ष का रस, कत्था (अमरत)

खेरा-सं०पु०—पंवार या पंवार वंश की एक शाखा ।

खेराइत—देखो 'खैरात' (रू.भे.) उ०—सत धरम रा राखणहार **खेराइतां** रा करणहार चैन सूं वसै छै ।—रा.सा.सं.

खेराइती—देखो 'खैरायती' (रू.भे)

खेराड़ा-सं०स्त्री०—सोलंकी वंश की एक शाखा ।

खेरात-सं०स्त्री० [अ०] दान, पुण्य । उ०—जलाल दोय लाख रिपिया **खेरात** किया । बूबना निछरावळ मेली ।—जलाल बूबना री वात

खेराती-वि०—खैरात लेने वाला, दान-पुण्य लेने वाला ।

उ०—ज्यांरा मोटा भाग जग, मोटा किरतब मन्न । वां हूंदी आसा करै, **खेराती** खटव्रन्न ।—बां.दा.

सं०पु०—खराद का काम करने वाली एक जाति व उस जाति का व्यक्ति ।

२ खैरात करने वाला, खैरात संबंधी, दान का, पुण्य का।

खैराद–सं०पु० [फा० खर्राद] वह उपकरण जिसके द्वारा लकड़ी या धातु की वस्तुओं को उस पर चढ़ा कर चिकना किया जाता है, खर्राद।

खैरादी–सं०पु० [अ० खर्रात से, फा० खर्राद+रा०प्र०ई] १ शेख सैयद आदि से मिल कर बनी हुई एक मुसलमान जाति जो लकड़ी या दांत को खर्रात पर उतारने का कार्य करती है या इस जाति का व्यक्ति. २ बढ़ई।

वि०—दान-पुण्य करने वाला।

खैरायत, खैरायती—देखो 'खैरात' (रू.भे.)

वि०—खैरात लेने वाला, दान लेने वाला। उ०—राजहूंत कहियौ वड रिड़मल. **खैरायतां** हवै नहिं खेचल।—अज्ञात

खैरियत–सं०स्त्री० [फा०] कुशलता, आनन्दमयता, भलाई, कल्याण।

[फा० खैरात] दान-पुण्य। उ०—साह अजैपाळ घरै आय घणी **खैरियत** करी।—पलक दरियाव री वात

खैरी–सं०पु०—१ एक फूल विशेष (अ.मा.) २ एक वृक्ष विशेष जिसकी लकड़ी मजबूत समझी जाती है. ३ देखो 'खेड़ी'।

खैरी गूंद–सं०पु०यौ०– खैर वृक्ष का गोंद।

खैरूं—१ देखो 'खेरूं' (रू.भे.) २ गाय बैल आदि का मस्ती में खुर से धूल को पीछे की ओर उछालने का कार्य। उ०—खरसंडिया **खैरूं** करै, गोर दहूकै सांड। नाग गोधा वाछड़ा, मच-मच होवै टांड।
—वादळी

खैरौ–सं०पु०– क्रोध में देखने का भाव।

वि०—कुटिल, क्रोधीला।

मुहा०– खैरौ झलणौ –दुश्मनी कायम रखना।

खैसचार–सं०पु० [सं० ख+चर] आकाशचारी पक्षी।

खैसवणौ–क्रि०अ०– हराना, मारना। उ०—ग्रांमि संग्रांमि झूंझार माल्है गहड़ अरि घड़ा **खैसवै** आप न खिसै अनड़।—हा.झा.

खैह—देखो 'खेह' (रू भे.) उ०—भाल घांची फेरियौ **खैह** री हूंत छायौ भांण, बांघलौ केहरी 'चैन' घेरियौ बलाय।—सूरजमल मीसण

खोंखों–सं०पु० [अनु०] खांसने का शब्द, खांसने के समय होने वाली ध्वनि।

खोंगाह–सं०पु० [सं०] पीलापन लिये सफेद रंग का घोड़ा (डिं.को.)

खो–सं०पु०—१ खंजन. २ सूर्य. ३ पुण्य. ४ सम्मान. ५ भय. ६ नाश, संहार (एका०) ७ गर्त, गड्ढा।

कहा०—खो री माटी खो में रै'वै—गड्ढ़े की मिट्टी गड्ढ़े में ही रहती है। १ प्रत्येक वस्तु अपने स्थान पर ही उचित व भली प्रतीत होती है. २ वस्तु का एक तरफ या एकान्त में रहने के कारण उपयोग में नहीं आना।

८ 'खो' नामक देशी खेल जिसमें दो दल खेलते हैं। एक दल के खिलाड़ी पंक्ति बना कर कुछ-कुछ फासले से बैठते हैं जिसमें क्रम से एक को छोड़ दूसरे का मुख पहिले वाले से विपरीत दिशा में होता है। दूसरा दल इनके बीच के फासले में खड़ा रहता है तब बैठी हुई टोली का खिलाड़ी अन्य टोली के खिलाडियों को छूने की कोशिश करता है, इसी समय अवसर देख वह अपनी टोली के अन्य खिलाड़ी को पीछे से 'खो' शब्द कह कर विपरीत टोली के खिलाड़ियों को छूने के लिये भगाता है। इसी प्रकार खेलते-खेलते बैठी वाली टोली दूसरी टोली के सब खिलाड़ियों को छू लेती है तो खेल बदल जाता है।

खो'—देखो 'खोज'।

खोऔ–सं०पु०—दूध को औटा कर बनाया गया मावा, खोया।

खोकौ–सं०पु०—१ लकड़ी के तख्तों की पेटी जो खाली व पुरानी हो. २ शमी वृक्ष की सूखी फली।

खोखर–सं०पु०—१ राठौड़ राव छाडोजी के पुत्र खोखर के वंशज राठौड़ों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

२ जाटों की एक शाखा (गोत्र) या इस गोत्र का व्यक्ति।

खोखरियां–सं०स्त्री०—परिहार वंश की एक शाखा जो रैबारी (गडरिया) हो गये।

खोखलौ–वि०—खोखला, शून्य, पोला।

खोखाळणौ–क्रि०स०—खोखला करना, पोला करना।

खोखालणहार, हारौ (हारी), खोखालणियौ—वि०।

खोखाळिओड़ौ, खोखाळियोड़ौ, खोखाळयोड़ौ—भू०का०कृ०।

खोखाळियोड़ौ–भू०का०कृ०—खोखला किया हुआ।

(स्त्री० खोखाळियोड़ी)

खोखौ–सं०पु०—१ शमी वृक्ष की सूखी फली जो खाई भी जाती है।

कहा०—खोखा खा पांणी पी काली डोकरी रोवै की—पगली बुढ़िया! व्यर्थ में रोती क्यों है? शमी की फली खा कर ऊपर से पानी पी ले। जो कुछ प्राप्त होता है उसे ही खा-पी कर संतोष करना चाहिए, व्यर्थ में दुखित होने से क्या लाभ? २ एक प्रकार का देशी खेल। देखो 'खो' (८)

खोगळ–सं०स्त्री०—मांद, गुफा (क्षेत्रीय)

खोगसींगी–सं०पु०—वह अशुभ घोड़ा जिसके पैरों के तलुवों में भौंरी होती है। —शा. हो.

खोगाळ–सं०पु०—१ संहार, नाश।

कहा०—१ पाडा-पाडा लड़ै नै रूंखां रौ खोगाळ; २ सांड-सांड आथड़ै बांठां रौ खोगाळ—पाडों या सांडों का लड़ना और वृक्षों का नष्ट होना; बड़ों या सामर्थ्यशाली व्यक्तियों की लड़ाई में गरीबों की व्यर्थ में हानि होना।

२ खोखलापन. ३ गुफा, मांद, कंदरा।

खोगीड़, खोगीर–सं०पु० [फा० खोगीर] वह ऊनी कपड़ा जो घोड़े के चारजामे के नीचे लगाया जाता है। खुगीर। उ०—सक्तिसिंह सवार बाही सो पेमसिंह घोड़ौ फेरतै रै लागी। सो घोड़े रै **खोगीर** बढ़'र रोही री हाडी घोड़ै री बैठ गई।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

मुहा०—खोगीर री भरती में देणौ—समूची आय को किसी बड़े व्यय की पूर्ति के प्रयत्न में खर्च करना।

खोड़-सं०स्त्री०—१ ऐब, अवगुण, दोष। उ०—हाथां ठालौ हालणौ, जाभी संपत जोड़। मौत सरीखौ मिनख रै, खलक मही नहि खोड़। यौ०—खोड़खबाड़, खोड़खाड़। —बां.दा.

मुहा०—१ खोड़ भालणी—दोष ढूंढ़ना. २ खोड़ मेटणी—अवगुण हरना, गलती मिटाना।

कहा०—ऊंट री खोड़ ऊंट भुगतै—ऊँट को अपने ही दोष या अवगुण से उत्पन्न होने वाले कष्ट को स्वयं को ही भुगतना पड़ता है। अपने ही अवगुणों का दुष्फल स्वयं को ही भुगतना पड़ता है।

२ धूर्तता, चालाकी। उ०—पंसेरी इक पालड़ै, पुंगीफळ इक ओड़; ऊ तोलण सम कर उभै, आ चतुराई खोड़।—बां.दा.

३ न्यूनता, कमी, कसर। उ०—पीथळ धोळा टमंकिया, बहुली लागी खोड़। पूरे जोबन पदमणी, ऊभी मूंह मरोड़। —प्रथ्वीराज राठौड़

४ शरीर, तन (मि० 'खोळ' २) उ०—१ नींद आबा पावै न छै, म्हारी खोड़ तौ अठै छै, जीव नलवरगढ़ में छै, थे धीरज बंधाओ छौ।—ढो.मा. ५ कलंक। उ०—चौड़ै लीक छाप माथै वडां री न धारी चाल, खोटी सला विचारी लगाई कुळां खोड़।

खोड़उ—देखो 'खोड़ौ'। —दलजी महड़ू

खोड़की-वि०स्त्री०—लंगड़ी।

सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का बच्चों का खेल।

यौ०—खोड़की टांग।

२ एक प्रकार का बैलों को होने वाला रोग विशेष जिससे उनका एक पैर सूज जाता है। यह संक्रामक रोग होता है। इसमें मृत्यु शीघ्र होती है।

खोड़खबाड़, खोड़खाड़, खोड़खैबाड़-सं०स्त्री०यौ०—ऐब, अवगुण, दोष।

खोड़चौ-सं०पु०—वह काष्ठ का बड़ा मोटा टुकड़ा जिसके बीच में लोहे का चौड़ा व मोटा ठोस गुटका, जिस पर लुहार लोह कूटते हैं या सुनार स्वर्ण चांदी कूटते हैं, लगाया जाता है।

वि०—लंगड़ा।

खोड़ाणौ, खोड़ाबौ-क्रि०अ० [सं० खोलृ] लंगड़ाना।

मुहा०—खोड़ खोड़ाणौ—किसी के कार्य की नकल करना। देखादेखी कार्य करना।

खोड़ाणहार, हारौ (हारी), खोड़ाणियौ—वि०।

खोड़ायोड़ौ—भू०का०कृ०।

खोड़ाईजणौ, खोड़ाईजबौ—भाव वा०।

खोड़ावणौ, खोड़ावबौ—रू०भे०।

खोड़ायोड़ौ—भू०का०कृ०—लंगड़ाया हुआ. (स्त्री० खोड़ायोड़ी)

खोड़ावणौ, खोड़ावबौ—देखो 'खोड़ाणौ' (रू.भे.)

खोड़ावणहार, हारौ (हारी), खोड़ावणियौ—वि०।

खोड़ाविओड़ौ, खोड़ावियोड़ौ, खोड़ाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

खोड़ावीजणौ, खोड़ावीजबौ—भाव वा०।

खोड़ावियोड़ौ—देखो 'खोड़ायोड़ौ'। (स्त्री० खोड़ावियोड़ी)

खोड़ियाळ-सं०स्त्री०—चारण वंश में उत्पन्न एक देवी।

वि०—कार्य में बाधा डालने वाला, टंटा फसाने वाला।

खोड़ियौ-वि० [सं० खोलृ] लंगड़ा।

सं०पु०—१ हनुमान. २ कंधा।

कहा०—खोड़िया ढीला मेलौ अदर अदर फरय्ये कांम न चालै—कन्धे ढीले करो, केवल हलके २ घूमने से काम नहीं चलता।

खोड़ी-सं०स्त्री०—खेत की मेढ़ में आने-जाने हेतु बनाया जाने वाला संकरा मार्ग। यह इस प्रकार बनाया जाता है कि इसके द्वारा केवल मनुष्य ही आ जा सकता है, पशु खेत में प्रवेश नहीं कर सकता।

२ देखो 'खोड़ियाळ'। (रू. भे.—खोडी)

खोड़ीलाई-सं०स्त्री०—१ नाहक तंग करने, छेड़ने या बाधा डालने का भाव या कार्य, व्यर्थ का कष्ट. २ शैतानी, शरारत, दुष्टता।

खोड़ीलौ-वि०पु० (स्त्री० खोड़ीली) १ व्यर्थ में तंग करने वाला. २ चिड़चिड़े स्वभाव का. ३ व्यर्थ की बाधा डालने वाला.

४ वह जिसकी उपस्थिति या जन्म के कारण अनिष्ट होने की संभावना हो।

खोड़ू—देखो 'खोड़ौ'।

खोड़ौ-सं०पु० [सं० खोलृ] १ कैदी के पैरों में डाला जाने वाला एक काठ का उपकरण जिससे वह चल फिर नहीं सकता। उ०—धन लोड़ै तोड़ै धरम, विध विध जोड़ै वात। जड़ सनेह खोड़ै जड़ण, गिणका मोड़ै गात।—बां.दा. २ देखो 'खोड़चौ' (३)

वि० (स्त्री० खोड़ी) लंगड़ा।

कहा०—खोड़ी वऊ वायदौ करै अर सात जणां टांग जमावै—लंगड़ी बहु कूड़ा-करकट डालने का कार्य करती है तो सात आदमियों को उसका उपचार करना पडता है अर्थात् ऐसे व्यक्ति से कार्य कराना निष्फल सा होता है जिसके काम करने पर दूसरों को उसकी सहायता करना पड़ता है।

खोज-सं०स्त्री०—१ अनुसंधान, तलाश, शोध। उ०—देस बिगाड़चौ राव रौ, फेर विनासी फौज। डर बैठां कांसूं हुवै, राजा लाग्या खोज। — डाढ़ाळा सूर री वात

क्रि०प्र०—करणी, लागणी, होणी।

सं०पु०—२ पदचिन्ह।

उ०—परतख जंबक पेखियां, कोय न जावै भाग। सीहां केरा खोज सूं, मांनीजै डर माग।—बां.दा.

क्रि० प्र०—देखणौ, पड़णौ, मिळणौ।

कहा०—मैंगळ हूंदा खोज में, सब ही खोज समाय—हाथी के पद-चिन्ह में दूसरे सब पद-चिन्ह समा जाते हैं। कोई बड़ा कार्य या प्रभाव छोटे-मोटे कार्यों या प्रभावों को अपने में समा लेता है।

३ चिन्ह, निशान, पता।

मुहा०—खोज जाणौ—१ वंश निर्मूल होना, वंश या कुल काश

होना. २ खोज मिटाणी—नष्ट करना, नाश करना ।

खोजक–वि०—खोज करने वाला, अनुसंधानकर्ता ।

खोजणौ, खोजबौ–क्रि०स०—तलाश करना, पता लगाना, ढूंढ़ना ।

उ०—ढोलइ चढि पड़ताळिया, डूंगर दीन्हा पूठि । **खोजे** वावू हथ्थड़ा, धूड़ि भरेसी मूठि ।—ढो.मा.

खोजणहार, हारौ (हारी), खोजणियौ—वि० ।

खोजाड़णौ, खोजाड़बौ, खोजाणौ, खोजाबौ, खोजावणौ, खोजावबौ—स०रू० प्रे०रू० ।

खोजिओड़ौ, खोजियोड़ौ, खोज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

खोजीजणौ, खोजीजबौ— कर्म वा० ।

खोजाड़णौ, खोजाड़बौ, खोजाणौ, खोजाबौ–क्रि०स० ('खोजणौ' का प्रे०रू०) ढूंढ़ाना, तलाश करवाना, पता लगवाना ।

खोजायोड़ौ–भू०का०कृ०—ढूंढ़वाया हुआ, तलाश कराया हुआ । (स्त्री० खोजायोड़ी)

खोजावणौ, खोजावबौ—देखो 'खोजाणौ' ।

खोजावणहार, हारौ (हारी), खोजावणियौ— वि० ।

खोजाविओड़ौ, खोजावियोड़ौ, खोजाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

खोजावीजणौ, खोजावीजबौ—कर्म वा० ।

खोजावियोड़ौ—देखो 'खोजायोड़ौ' । (स्त्री० खोजावियोड़ी)

खोजी–सं०पु०—१ खोजने वाला, ढूंढ़ने वाला. २ पद-चिन्हों को पहिचानने वाला । पद-चिन्ह विशेषज्ञ. (मि० 'पागी') ३ वह ऊँट जिसके जन्म से ही अंडकोश की गोली न हो ।

खोजौ–सं०पु० [फा० ख्वाजा] १ वह नपुंसक व्यक्ति जो मुसलमानी हरमों में द्वार-रक्षक या सेवक की भांति रहता था. २ बकरी के बालों का बना हुआ मोटा कपड़ा जिसमें किसान लोग प्रायः घास, भूसी भर कर गाड़ी भरता है. ३ नपुंसक. ४ वह ऊँट जिसके जन्म से ही अंडकोश की गोली नहीं है ।

खोज्यौ–सं०पु०—एक प्रकार का छोटा थैला जिसे खेत बोते समय किसान अनाज से भर कर अपनी कमर में बांध कर आगे लटकाता है और हल चलाता हुआ मुट्ठी भर भर कर हल के चोंगा में बोने के लिए अनाज डालता है ।

खोटंगी–वि० [सं०खोट+अंगिन्] (स्त्री० खोटंगी) १ छली, कपटी, धूर्त. २ अंगहीन, अंगभंग ।

खोट–सं०स्त्री० [सं० क्षोट] १ भूल, अशुद्धि, गलती ।

मुहा०—१ खोट अणावणी—लिखने में भूल करवा देना. २ खोट अणीजणी- दृष्टिदोष आदि से लिखने में भूल हो जाना. ३ खोट आंणणी (आवणी)—लिखने में अशुद्धि हो जाना, भूल हो जाना. ४ खोट ओटणी—लिखने में आई हुई अशुद्धि को छुपाना, दबाना, भूल प्रकट न होने देना. ५ खोट ओळखणी—लिखी हुई भूल को जान लेना, भूल निकालना, ऐब को मालूम करना. ६ खोट उघाड़णी—किसी की भूल को प्रकाश में लाना. ७ खोट उतारणी—प्रतिलिपि करने में अशुद्ध लिखना. ८ खोट कबाड़—देखो 'खोट खबाड़'. ९ खोट करणी—लिखने में भूल करना, गलत लिखना. १० खोट काडणी—किसी के लिखे हुए में भूल निकालना, भूल पकड़ना, किसी के स्वभाव में दोष निकालना. ११ खोट कोरणी—अशुद्ध चित्रकारी करना, पत्थर व लकड़ी पर की जाने वाली चित्रकारी में अशुद्धि करना. १२ खोट खबाड़—भूलचूक, किसी वस्तु के निर्माण में भूल और टेढ़ापन. १३ खोट खोजणी—अशुद्धि खोजना, भूल खोज कर निकालना. १४ खोट गावणी—निंदा करना, किसी की भूल को बार-बार कहते रहना. १५ खोट घोखणी—अशुद्ध उच्चारण का अभ्यास करना, अशुद्ध रटना. १६ खोट चलाणी—भूल को किये जाना. १७ खोट चाढ़णी—बही आदि में रकम की संख्या भूल से गलत लिखना, गलत इंदराज करना. १८ खोट चाबणी (चावणी)—बातों ही बातों में या नजर बचा कर अपनी भूल को किसी के सामने नहीं आने देना, भूल को नजर-अंदाज करना. १९ खोट छापणी—अशुद्ध छापना, छपाई के कार्य में भूल करना २० खोट जपणी—अशुद्ध जप करना, मंत्र आदि का अशुद्ध उच्चारण करना. २१ खोट जांचणी—अशुद्धि की जांच करना, भूल जाँचना. २२ खोट जांणणी—भूल का अनुभव करना, भूल को समझना. २३ खोट जोवणी—भूल का पता लगाना, भूल तलाश करनी, अशुद्धि ढूंढ़ना, त्रुटि निकालना. २४ खोट झालणी—त्रुटि पकड़ना, भूल का पता लगाना. २५ खोट टाळणी—जान-बूझ कर त्रुटि को चलाना, भूल को आगे नहीं आने देना. २६ खोट टूकणी—अशुद्ध लिखना, अशुद्ध प्रतिलिपि करना. २७ खोट ताड़णी—भूल को समझ लेना. २८ खोट तांणणी—समझते हुए भी भूल को निरन्तर किये जाना. २९ खोट थोपणी—भूल स्वीकार करने के लिये वाध्य करना. ३० खोट दाझणी (दागणी)—जिस जगह से भूल हुई हो उसे वहीं से मिटा देना. ३१ खोट दाबणी—भूल को दबा देना, भूल को प्रकट नहीं होने देना. ३२ खोट धरणी—अशुद्ध लिखना, किसी अंक को गलत रखना. ३३ खोट धोवणी—निंदा करना, भूल सुधारना. ३४ खोट निकळणी—किसी लिखित कार्य में त्रुटि आना, भूल नजर आना. ३५ खोट निकाळणी—त्रुटि निकालनी, अशुद्धि निकालना, भूल बताना. ३६ खोट न्यांरणी—भूल के ऊपर विचार करना. ३७ खोट पकड़णी—त्रुटि को पहचानना, अशुद्धि पकड़ना, भूल बताना. ३८ खोट पारखी—भूल अथवा अशुद्धि की जांच करने वाला. ३९ खोट पोखणी—भूल को किये जाना, भूल को लिये चलना ४० खोट पोतणी—भूल को मिटा देना, अशुद्धि छिपाना. ४१ खोट बतावणी—लिखने आदि में की हुई भूल को निकाल कर बताना. ४२ खोट बाड़णी—व्यापार आदि में नासमझी से ऐसा अव्यवहारिक कार्य कर लेना जिससे हानि उठानी पड़े. ४३ खोट बोधणी—गलत उपदेश देना, गलत सलाह देना. ४४ खोट

बोलणी—अशुद्ध बोलना, अशुद्ध पढ़ना. ४५ खोट भरणी—स्त्रियों द्वारा आंगन में चित्रित किये जाने वाले साखिये (स्वस्तिक) में गलत चित्रण करना व उनमें गलत रंग भरना. ४६ खोट भांपणी—भूल को जान अथवा समझ लेना. ४७ खोट भाळणी—अशुद्धि ढूंढ़ना, त्रुटि देखना, भूल खोजना. ४८ खोट भोगणी—भूल का दंड भुगतना. ४९ खोट मंडावणी—अशुद्ध लिखवाना. ५० खोट मांडणी—अशुद्ध लिखना, अशुद्ध प्रतिलिपि करना. ५१ खोट मांनणी—भूल को स्वीकार करना, त्रुटि मानना. ५२ खोट रहणी—लिखने के कार्य में अशुद्धि रह जाना, भूल रह जाना. ५३ खोट राखणी—भूल रखना, अशुद्धि करना. ५४ खोट रै'णी—देखो 'खोट रहणी' (रू.भे.) ५५ खोट रौ म्यार काढ़णौ—भूल का पता लगाना कि वह किस प्रकार और कहाँ हो गई. ५६ खोट लाधणी—लिखने के कार्य या हिसाब आदि में भूल का पता लगाना. ५७ खोट लावणी—अशुद्धि करना, स्मृतिजन्य पाठ को गलत लिखना, लिखावट के कार्य में त्रुटि रखना. ५८ खोट लिखणी—लिखने के कार्य में अशुद्धि करना, प्रतिलिपि करने में अशुद्ध लिखना. ५९ खोट वाचणी—अशुद्ध पढ़ना. ६० खोट वारणी—भूल को सुधारना, भूल नहीं होने देना. ६१ खोट विचारणी—अशुद्ध सोचना, गलत सोचना. ६२ खोट सोचणी—अपनी भूल पर विचार करना, अशुद्धि को सोचना. ६३ खोट सोधणी—भूल को सुधारना अशुद्धि को ठीक करना, अशुद्धि ढूंढ़ कर निकालना. ६४ खोट हलाणी—जान या अनजान में की हुई भूल को (नहीं सुधारकर) उसी प्रकार चलाते रहना. ६५ खोट हालणी—अशुद्धि का चलना। ६६ खोट हूणी (होवणी)—लिखने के कार्य में भूल आदि हो जाना, अशुद्ध लिखा जाना।

यौ०—खोट-आळी, खोट-कबाड़, खोट-खबाड़, खोट-चूक, खोट-नि'आर, खोट-पारखी, खोट-पीणौ, खोट-माळौ, खोट-रखौ, खोटवाळौ, खोट-हाळौ।

२ वह निम्न कोटि की वस्तु जो किसी विशुद्ध या उच्च कोटि की वस्तु में अर्थ-लाभ की दृष्टि से मिलाई जाय अथवा इस प्रकार की मिलावट।

मुहा०—१ खोट घड़णी—गढ़ने के कार्य में विजातीय वस्तु मिला कर तैयार करना. २ खोट घालणी—विशुद्ध वस्तु में विजातीय या निम्न कोटि की वस्तु को मिलाना. ३ खोट नांखणी—देखो 'खोट घालणी' ४ खोट परखणी—मिलावट की जाँच करना, विशुद्धि का पता लगाना. ५ खोट बरतणी (बरताणी)—मिलावट की वस्तु का व्यवहार करना वस्तु में मिलावट करके बेचना. ६ खोट-बरतीजणी—मिलावट का आम प्रचार हो जाना, कृत्रिम वस्तुओं का अधिक व्यवहार में आना. ७ खोट भेळणी—विशुद्ध व उत्तम वस्तु में निम्नकोटि की वस्तु मिलाना. ८ खोट मेलणी—किसी विशुद्ध वस्तु के अंदर कृत्रिम वा निकृष्ट वस्तु को रख देना. ९ खोट मेळणी—देखो 'खोट-भेळणी' १० खोट राळणी—देखो 'खोट घालणी' (रू.भे.) ११ खोट वापरणी—देखो 'खोट बरतणी' (रू.भे.)

यौ०—खोट-परखौ, परखी, खोट-परखणियौ, खोट-पारखी।

३ कपट, छल। उ०—१ रांणौ मन में घणी खोट राखै छै।
—नैणसी

उ०—२ दरसावै जग नूं दया, पाप उठावै पोट। हित में चित में हाथ में, खत में मत में खोट।—बां.दा.

मुहा०—१ खोट आवणी—मन में कुटिलता व्यापना. २ खोट ओळखणी—किसी की धूर्तता या कपट को जान लेना. ३ खोट घड़णी—दगा करना, छल करना. ४ खोट ताड़णी—छल को समझ लेना, कपट जान जाना. ५ खोट तेवड़णी—दगा करने का विचार करना, कपट करने का निश्चय करना. ६ खोट धारणी—कपट धारण करना, छल विचारना. ७ खोट भांपणी—कपट को जान लेना, कुटिलाई समझ लेना. ८ खोट राखणी—कपट वृत्ति रखना. ९ खोट वांछणी—दगा देने की इच्छा करना या रखना। १० खोट वापरणौ—छल-कपट उत्पन्न होना, मन में कुटिलता व्यापना।

कहा०—रांम नांम तौ रटियौ नहीं, मन में राखी खोट। ऊनाळा रौ तावड़ौ, माथै मण री (मोटी) पोट—राम का नाम तो लिया नहीं, केवल छल-कपट का ही व्यवहार किया, तब मुक्ति कैसे प्राप्त हो। जिस प्रकार ग्रीष्म की कड़ी धूप में मन भर का बोझा हो उसी प्रकार मनुष्य जीवन में सद्कर्म के स्थान पर छल-कपट का व्यवहार कष्ट-दायक ही होता है।

४ पाप। उ०—अंतरि खोट तहां हरि नांही, ताते बूडा परळा मांही।—ह.पु.वा. ५ कमी, हानि।

मुहा०—१ खोट खमणी—हानि सहन करना. २ खोट खाणी (खावणी)—कसर भुगतना, हानि उठाना. ३ खोट खाटणी—हानि उठाना. ४ खोट जरणी—हानि को सहन करना. ५ खोट-जीरवणी—हानि से विचलित नहीं होना. ६ खोट नांखणी—घाटा डालना. ७ खोट पड़णी—(व्यक्ति) की कमी होना, हानि होना. ८ खोट पाड़णी—कमी डालना, हानि पहुँचाना. ९ खोट पूरी करणी—किसी कमी को पूरा करना, धन-हानि की पूर्ति करना. १० खोट भरणी—कमी की पूर्ति करना. ११ खोट भोगणी—हानि व कमी को सहन करना. १२ खोट मारणी—किसी वस्तु या व्यक्ति के अभाव से होने वाली हानि को भुगतना, कमी या घाटे को सहन करना. १३ खोट वारणी—कमी को दूर करना. १४ खोट वेठणी—कमी को सहन करना. १५ खोट सरणी—कमी का निभ जाना. १६ खोट साजणी—कमी या घाटे के समय किसी को सहायता देना।

यौ०—खोटअंगौ।

६ दोष, ऐब । उ०— १ लाजाळू गुळ चिमन में, खग कुळ माहि बकोट, मावड़िया मिनखां मंही, यां तीनां मांही खोट ।—बां.दा.
उ०—२ अपणा करम ही कौ खोट, दोस कांई दीजै री आली ।
—मीरां

मुहा०—१ खोट ओटणी—दोष छिपाना. २ खोट काडणी—किसी के स्वभाव में दोष निकालना. ३ खोट खोजणी—दोष ढूंढ़ना ४ खोट खोलणी—दोष प्रकट करना, भेद प्रकट करना. ५ खोट जोवणी—किसी में दोष ढूंढ़ना. ६ खोट डाटणी—किसी के दोषों को छिपाना.. ७ खोट ढाकणी—दोष छिपाना. ८ खोट ढाबणी—अपने में दोष बनाये रखना. ९ खोट ताकणी—दूसरे में दोष देखना, दूसरे के दोषों की खोज करना. १० खोट थोपणी—अपना दोष दूसरे पर डालना. ११ खोट दाटणी (दाबणी)—दोषों को छिपाना. १२ खोट रोपणी—दोष लगाना, दोषारोपण करना.

यौ०—खोटपाखौ, खोटकरमौ ।

७ अपराध ।

मुहा०—१ खोट खाटणी—अपकीर्ति प्राप्त करना. २ खोट ढूकणी—अपराध लागू होना. ३ खोट मांगणी—छल, कपट, व्यभिचार आदि कार्यों में रत रहना ।

८ कलंक ।

मुहा०—१ खोट पोतणी—कलंक को मिटाना, कलंक को साफ करना. २ खोट लगणी—कलंक लगना, लांछन लगना ।

९ काम से जी चुराने का भाव ।

मुहा०—खोट-खावणौ -कामचोर होना ।

यौ०—खोट-परांगौ, खोट-पीगौ ।

१० असत्य, झूठ । उ०—सुणतां इतरी बात कुमळ मौ भांमणा जांणै । खलक बकै जे खोट बैं'म उर कदे न आंणै ।—मेघ०

. वि०—१ लंगड़ा. २ झूठा, असत्य । उ०- संसार भगळ विद्या सकळ, खोट साच दीसै खरौ । जाये न किणी लिखियौ जगा, ऐसौ लेख अलक्ख रौ ।—ज. खि. ३ नाशवान ।

खोटग्रंगौ—वि०यौ० (स्त्री० खोटअंगी) १ छली, कपटी, धूर्त. २ अंगहीन ।

(रू०भे०—खोटंगौ, खोटींगौ)

खोटग्राळौ (स्त्री० खोटआळी) देखो 'खोटमाळौ' (रू भे)

खोटकबाड़—सं०स्त्री०यौ०—देखो 'खोटखबाड़' ।

खोटकरमी, खोटकरमौ—वि०यौ० [सं० क्षोट+कर्मिन] १ दूषित कर्म करने वाला, पापी. २ छली, कपटी. ३ व्यभिचारी ।

(स्त्री० खोटकरमी)

खोटखबाड़—सं०स्त्री०—१ भूल-चूक. २ किसी वस्तु के निर्माण में भूल और टेढ़ापन ।

खोटड़—वि०—बलवान, शक्तिशाली ।

खोटण—सं०स्त्री०—बाजरी या ज्वार की पकी हुई बालों को अनाज के दानों को पृथक करने के लिये पीटने का डंडा ।

खोटणौ—क्रि०स०—ठोकना, पीटना ।

खोटपखी, खोटपखौ, खोटपाखौ—वि० [सं० क्षोट+पक्षिन्] १ जिसका पक्ष खोटा हो, दूषित. २ कपटी ।

खोटपण—देखो 'खोटापण' ।

खोटमाळौ—वि० (स्त्री० खोटमाळी) वह वस्तु जिसकी कल (मशीन) बिगड़ गई हो ।

खोटमौ, खोटबौ—सं०पु०—१ गुप्तांग के बाल. २ शौच जाने का कार्य ।

मुहा०—खोटवां करणौ, खोटवां काढ़णौ—गुप्तांग के बाल साफ करना. २ खोटवा वाळणी जावणौ, खोटवा काढ़णौ—शौच जाना, प्रातःकाल नित्यकर्म से निपटना ।

खोट-रखौ—वि०—कपटी, धूर्त, छली ।

खोटहड़—सं०पु०—वीर, बहादुर । उ०—उभै चख मही रै अगन भटकै अजर, गाज घण जुही रै बाज धूसां गजर । खोटहड़ कही रै अदन ऊभौ खजर, नहीं रै जुहारण जिसौ आवै नजर ।—बद्रीदास खिड़ियौ

खोटहड़ियौ—वि०—१ विस्तृत. २ फूला हुआ । उ०—भाद्र बैरी गाज ज्यूं आवाज करतां, साठीका रै भमण ज्यूं चसळका करतां, भागै गाडै ज्यूं बठठाट करता, आगळै झाग नांखता खोटहड़िये रा गोअे रा झूठै कूप रा कळसिमा कपोळां रा ।—रा.सा सं.

खोटाई—सं०स्त्री०—१ बुराई, दुष्टता, क्षुद्रता. २ कपट, छल ।

खोटापण, खोटापणौ—सं०पु०—१ हीनता का भाव, क्षुद्रता. २ कपट, छल ।

खोटी—क्रि०वि०—इन्तजार में व्यर्थ समय गँवाना ।

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ ।

मुहा०—१ खोटी करणौ—विलम्ब कराना, प्रतीक्षा में खड़ा रखना. २ खोटी होणौ—इन्तजार करना, व्यर्थ समय गंवाना ।

खोटीकथ—सं०पु०यौ०—असत्य, झूठा कथन (ह.नां.)

खोटीपौ—सं०पु०—इन्तजार में व्यर्थ समय गँवाने का भाव, विलंब ।

खोटौ—वि० (स्त्री० खोटी) १ जिसमें कोई दोष अथवा ऐब हो ।

मुहा०—१ खोटौ कमाणौ—बुरे कार्यों से पैसा कमाना. २ खोटौ खाणौ—रूखा-सूखा खाना. ३ खोटौ रुपियौ—वह दोष-युक्त सिक्का जिसकी कीमत नहीं मिलती हो, अनुचित रूप से प्राप्त किया हुआ धन ।

यौ०—खोटौ-खरौ ।

२ बुरा,अनुचित । उ०—१ वेहा लिख खोटा वरण, रेहा हीण रहंत । पात अछेहा धन लहै, जेहा धन जहवंत ।—बां.दा.

उ०—२ दियै चहीलै चालतां, आर गाळ इक दोय । खाड़ेती खोटौ हुवै, धवळ न खोटौ होय ।—बां.दा.

मुहा०—खोटौ समौ—बुरा समय ।

कहा०—१ खोटा ना'खटका मसांणां माथै निकळै—बुरे व्यक्तियों से बदला श्मशान में लिया जाता है; बुरे व्यक्तियों की निंदा दाह-

क्रिया के समय शमशान में की जाती है. २ खोटा नूं खरूं करै जणां नौ नांम आदमी—खोटे को खरा कर दे अर्थात् बिगड़े हुए बुरे को सुधार कर भला बनावे वही वास्तविक मनुष्य है. ३ खोटी खरी वगत में कांम आवै—बुरा समझा जाने वाला व्यक्ति भी कभी-कभी कठिनाई पड़ने पर बहुत काम आता है. ४ खोटौ खाणौ नै खरौ कमाणौ—साधारण भोजन एवं ईमानदारी से व्यवसाय करना व धन कमाना—ये दोनों कार्य आदमी को ऊंचा उठाते हैं।

३ झूठा, असत्य।

कहा०—खोटे खत में साख कुण घालै—झूठी बात में गवाही कौन दे सकता है? झूठे दस्तावेजों में गवाही नहीं भरनी चाहिये; झूठी बात में हाँ में हाँ नहीं मिलानी चाहिये।

४ काम से जी चुराने वाला, अड़ियल। (मि. 'पैंल(२) माठौ'(२))

कहा०—खोटौ बळद बुचकारी सूं राजी—अड़ियल बैल पुचकारने से खुश रहता है; क्योंकि पुचकारना बैल के लिये कार्य बंद करने का संकेत है ठीक इसी तरह कामचोर व्यक्ति प्रसन्नदायक बात अथवा काम बंद करने के संकेत की प्रतीक्षा में रहता है।

५ विकट, भयंकर। उ०—देखौ सूरमां रौ सूरापणौ कितरौ खोटौ है सो वांरी स्त्रीयां रा अजब अनोखा चूड़ा ऊतरतां जेझ ही नहीं लागै।—वी.स.टी. ६ भाग्यहीन, अभागा।

खोटौखरौ-वि०यौ०—भलाबुरा, अच्छाबुरा।

खोटोड़ौ—देखो 'खोटौ' (अल्पा०)

खोड—१ देखो 'खौड' (२) २ नाश होने वाली वस्तु।

उ०—अध्रम खळ ओलंब, अक्रम कोटै आलू जिस। जम दड़्ढ़ा मझ पड़िस, खोड माया खोसाड़िस।—ज.खि.

३ जंगल। [सं० खोड] ४ शंख (ह.नां.) (अ.मा.)

५ शरीर। उ०—तद जोगी रांणै री देह पड़ी थी, उण रै कांन में फूंक मारी तौ उवा खोड ऊठ खड़ी हुई।—नापे सांखले री वारता

खोडस—देखो 'सोडस' (रू.भे.)

खोडसकळा—देखो 'सोडसकळा' (रू.भे.)

खोडसोपचार-सं०पु० [सं० षोडशोपचार] पूजा के सोलह अंग।

१ आवाहन, २ आसन, ३ अर्घ्यपाद्य, ४ आचमन, ५ मधुपर्क, ६ स्नान, ७ वस्त्राभरण, ८ यज्ञोपवीत, ९ गंध (चंदन) १० पुष्प, ११ धूप, १२ दीप, १३ नैवेद्य, १४ तांबूल, १५ परिक्रमा और १६ वंदना।

खोडि-सं०स्त्री०—कमी, न्यूनता।

खोडियौ—देखो 'खूंडियौ' (रू.भे.)

खोडौ-सं०पु०—१ फसल बोने के बाद खेत में सिंचाई के निमित्त बनाई जाने वाली क्यारी. २ खेतों या बगीचों में थोड़े थोड़े फासले पर पतली मेढ़ों की बीच की वह भूमि जिसमें पौधे लगाए जाते हैं.

३ नमक की क्यारी।

खोण, खोणि, खोणी-सं०स्त्री० [सं० क्षोणि] पृथ्वी, धरा (नां.मा.)

उ०—एको ही नांम अनंत रौ, पलै पाप प्रचंड। जव तिल जेतौ ज्वाळ नळ, खोणी दहै नव खंड।—ह.र.

खो'णौ, खो'बौ—देखो 'खोसणौ' (रू.भे.)

खोणौ, खोबौ-क्रि०स० [सं० क्षेपण] १ गंवाना, नष्ट करना।

वि०वि०—बचपन में गायें चराने के कारण ही श्रीकृष्ण को गोपाल, ग्वाल, आदि नाम से पुकारा जाने लगा था।

४ भूमि पर बना वह नियत गोल चक्र जिस पर रहँट को घुमाने वाले बैल चक्कर लगाते हैं।

सं०स्त्री०—५ रक्षा। उ०—जनमाळ धुराळ दुधाळ सिरज्जत, काळ में क्यों न **गवाळ** करै।—करुणासागर

गवाळणी–सं०स्त्री०—१ ग्वाले जाति की स्त्री, ग्वालिन. २ ढोर चराने वाली।

गवाळणौ, गवाळबौ–क्रि०स०—१ रक्षा करना, बचाना. २ गायें चराना।

गवाळियौ—देखो 'ग्वाळौ' (रू.भे.)

गवाळी–सं०स्त्री० [सं० गोपाल+रा० प्र० ई] १ रक्षा करने का कार्य, रक्षा. २ गायों को चराने का कार्य. ३ रक्षा करने या गायों को चराने के कार्य की मजदूरी।

गवास–सं०पु० [सं० गवाशन] गोनाशक, हत्यारा, कसाई।

गवाह–सं०पु० [फा० गवाह] वह जो किसी घटना के विषय में जानकारी रखता हो अथवा वह घटना देखी हो। साक्षी।

गवाही–सं०स्त्री० [फा०] किसी घटना को देखे हुए या जानकार व्यक्ति का उस घटना के संबंध में दिया गया बयान, साक्षी, प्रमाण।

क्रि०प्र०—देणी, भरणी, लिखाणी, लेणी।

(रू०भे०—गवाई)

गवीजणौ, गवीजबौ–क्रि० कर्म वा०—गाया जाना।

गवीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—गाया गया हुआ। (स्त्री० गवीजियोड़ी)

गवु–सं०स्त्री०—गाय (अमरत)

गवेसा–सं०स्त्री० [सं० गवेषणा] खोज, गवेषणा, अनुसंधान।

गवै–सं०पु० [सं० गवय] राम की सेना का एक वानर (रांमकथा)

गवैयौ–वि० —गायक, गाने वाला।

गव्य–वि०—जो गाय से प्राप्त हो, गौ से उत्पन्न।

सं०पु०—गाय का झुंड, गौ-समूह।

गस–सं०स्त्री० [अ० गशी, फा० गश] १ मूर्च्छा, बेहोशी. २ नेत्रों में होने वाली लाल रेखा। उ०—**गस** चखां चुरस री खळां भांजण गजौ, छटा रण चुरस री प्रथी उप्रवट छजौ। महाजस सुरसरी बेग अनमी मजौ, अणी कढ़ उरस री तेग रावत अजौ।

—बदरीदास खिड़ियौ

गसत—देखो 'गस्त' (रू.भे.)

गसती—देखो 'गस्ती' (रू.भे.) उ०—दूठ देव आहुंसी बाहादरेस भूप दीठौ, बीरांण नृसींग रूप धीटौ क्रोध बार। भूलगौ **गसती** भौम आगै व्है असती भागौ, मसती न लागौ फेर हसत्ती मलार।

—हुकमीचंद खिड़ियौ

गसा, गसी—देखो 'गस' (रू.भे.) उ०—आवै जद याद **गसा** तद आवै, देख दसा दुखियारी। रसा गयौ तूं राजेस्वर, छोड 'जसा' छत्रधारी।—ऊ.का.

गस्त–सं०स्त्री०—१ टहलना, घूमना, भ्रमण करना. २ दौरा, चक्कर. ३ पुलिस, चौकीदार आदि कर्मचारियों का पहरा देने के लिए चक्कर लगाना।

क्रि०प्र०—देणी, मारणी, लगाणी।

यौ०—गस्त-गिरदावरी।

४ एक प्रकार का नाच जिसमें नाचने वाली वेश्या बरात के आगे नाचती हुई चलती है।

गस्त सलांमी–सं०स्त्री०—वह भेंट या नजर जो पुराने समय में दौरे पर गये हुए हाकिमों को मिला करती थी।

गस्ती–वि० [फा० गश्ती] घूमने वाला, फिरने वाला, गश्त लगाने वाला।

सं०स्त्री०—व्यभिचारिणी, कुल्टा।

गह–सं०पु० [सं० गर्व] १ गर्व, अभिमान, घमंड। उ०—१ घेर सबै रथ पालखी, फेर तुरंगां वग्ग। भंग थयौ **गह** मीर रौ, संग भयौ जू मग्ग।—रा.रू. उ०—२ पै उलटचौ सांमंद वीकपुरा, छात बिया बहग्या **गह** छंड। मेघाडंबर मुकट सिर मंडे, रीझ धकै न सकै पग मंड।—दुरसौ आढ़ौ २ मस्ती, उन्माद। उ०—**गह** भरियौ गज-राज, मह हालै आपण मतै। कूकरिया बेकाज, रुगड़ भुसै किम राजिया।—किरपारांम

३ वीर, बहादुर व्यक्ति। उ०—काबल धणी पीड़ कछवाहां, गढ़ रोकै रोकिया **गह**। गिळवा नहीं राखिया गळहथ, साजा रायांसिघ सह।—द.दा.

४ ग्राह, घड़ियाल। उ०—गहे ग्रब सुद्रसण भांज सुरतांण **गह**, कीध नर सुरां सिहायतनि केही। आवियौ संकट गज सुपह ऊवेळियौ, जंगळ चै नाथ रुघनाथ जेही।—द.दा.

[सं० गृह] ५ घर, गृह। उ०—**गह** छंडइ गहिलउ हुअउ, पूछइ वळि पूछंत। मारू तणइ संदेसड़इ, ढोलउ नहु धापंत।—ढो.मा.

६ पारसियों द्वारा नमाज पढ़ने का समय (मा.म.)

सं०स्त्री० [अनु०] ७ ध्वनि, आवाज. ८ मान, प्रतिष्ठा।

उ०—नेवर पाखर रोळ नचती, संग सेरविलंद तणौ। सोभंती रोळी 'अजण' तणौ रंग रमणी, **गह** खोसाड़ गई गयगमणी।

—द्वारकादास दधवाड़ियौ

९ मकान का एक भाग या हिस्सा। उ०—पण दरवाजै मांही खंच करतां एक घड़ी लागी। सो दरवाजै रै एक **गह** में राजूखां री सवारी री घोड़ी खड़ी, सो चंवरढाळ ऊभी छै।—सूरे खींवे री वात

वि०—१ महान, जबरदस्त, भयंकर। उ०—दळ सभ्भत खळ दाह यभ बाज अणथाह, **गह** रचण गज गाह नरनाह रघुनाथ। सट-पटत भर सेस अति चकित अरेस, दिन धूंधळ दिनेस थरहरइ अर साथ।—र.ज.प्र. २ गहरा, गंभीर। उ०—अकबर मच्छ अयांण, पूंछ उछाळण बळ प्रबळ। गोहिलवत **गह** रांण, पाथोनिधि प्रतापसी।

—दुरसौ आढ़ौ

३ मस्त। उ०—चवदह बरसां अधिक चित, जोबन तणी जिहाज। जोवत अब टेढ़ी निजरि, **गह** चालत गजराज।

—बगसीरांम प्रोहित री वात

गहक–सं०पु० [सं०] कविता पढ़ने या गाने की ध्वनि, लय।

गहकणौ, गहकबौ–क्रि०अ०—१ इकट्ठा होना, एकत्रित होना. २ नगाड़े का बजना. ३ गाने की ध्वनि करना, गाना। उ०—गोम नेजा हलक राग सिंधु **गहक**, डहक डंडाहड़ां सीस डंका।—र.रू. ४ गर्व करना। उ०—हैदळ कळळ पायदळ हूंकळ, सीसोदै खड़तै संनढ़। **गहकै** हा बीजां गढ़पतियां, गजै अंगजी त्रिकुटगढ़।

—महारांणा लाखा रौ गीत

५ पक्षियों का ध्वनि करना। उ०—ऊपर कुरजां सारसां **गहकनै** रही छै।—रा.सा.स. ६ मंडराना. उ०—चिलते भिलंब आयुध चढ़ाय, असवार हुवौ गज पीठ आय। **गहकिया** ग्रीध टोळा गरूर, त्रहकिया त्रंब ऐराक तूर।—वि.सं. ७ जोशपूर्ण आवाज करना। उ०—छिल बहत धक-धक अछक छक, अंतराळ गरळक ढुळ इधक। फीफरड़ फरड़क नद फरक, हुय विढ़क हक-हक वीरहक, खित **गहक** सूर खतंग।—र.रू.

८ चाह से भरना, उमंग से भरना, लालसा पूर्ण होना।

गहकणहार, हारौ (हारी), गहकणियौ—वि०।

गहकवाणौ, गहकवाबौ—प्रे०रू०।

गहकाणौ, गहकाबौ, गहकाड़णौ, गहकाड़बौ, गहकावणौ, गहकावबौ—स०रू०।

गह्किग्रोड़ौ, गह्कियोड़ौ, गहक्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गह्कीजणौ, गह्कीजबौ—भाव वा० ।

गह्क्कणौ, गहक्कबौ—रू०भे० ।

गह्काणौ, गह्काबौ—'गह्कणौ' (रू.भे.)

उ०—गिद्धनि चिल्हनि गैन मैं गनके गह्काया । धूरि बिलग्गी भांनु के सब भानु छिपाया ।—वं.भा.

गह्काड़णौ, गह्काड़बौ, गह्कारणौ, गह्कारबौ, गह्कावणौ, गह्कावबौ—रू०भे० सक. ।

गह्कियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ एकत्रित. २ गाने की ध्वनि किया हुआ. ३ गर्व किया हुआ. ४ पक्षियों का ध्वनि किया हुआ. ५ मंडराया हुआ. ६ जोशपूर्ण आवाज किया हुआ. ७ चाह व लालसा से पूर्ण, उमंगित । (स्त्री० गह्कियोड़ी)

गह्कौ—सं०पु०—१ राग, तान, लय. २ चहक. ३ हर्ष ध्वनि ।

गह्क्कणौ, गह्क्कबौ—देखो 'गह्कणौ' (रू.भे.) उ०—गिरवर मोर गह्क्किया, तरुवर मूंक्या पात । धरिणयां घरण सालरण लगा, वूठै तौ बरसात ।—ढो.मा.

गह्क्कियोड़ौ—देखो 'गह्कियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० गह्क्कियोड़ी)

गह्गंध—सं०पु०—नासिका, नाक । उ०—क्रम हंस गत अग अगराज कट, रस उरज नरपा कपोळ रट । गह्गंध धज चख एण गुण, अल भ्रकुट चंदु अभाळ ।—क.कु.बो.

गहगह—वि०—प्रफुल्लित, प्रसन्नतापूर्ण, उल्लास से भरा हुआ ।

उ०—गहगह ग्रिवणी मंगळ गाइ, जोधा धर जीपण खापर जाइ । —रा.ज.सी.

क्रि०वि०—धमाधम, धूम के साथ (वाद्य-वादन आदि)

गहगहणौ, गहगहबौ, गहगहाणौ, गहगहाबौ—क्रि०अ०—१ प्रफुल्लित होना, आनंदित होना । उ०—मारुवणी तव चिति चळवळी, छांनी वातां सहि सांभळी । सांचे मन सउदागरि (कहि), मारुवणी हीयड़े गहगही ।—ढो.मा. २ वनस्पति आदि का घना होना ।

उ०—नदी महा पूरि आवइं, प्रथ्वी पीठ प्लावइं । नवा किसलय गहगहइं, वल्ली वितांन लहलहइं ।—वाग्विलास

३ महक फैलना, खुशबू देना । उ०—मेघवना उलच बांध्या छइ । परीयछ ढळी छइ । केतकी ना गंध गहगहीया छइ ।—कां.दे.प्र.

४ जोशपूर्ण होना । उ०—गहगहिय थाट बेकं गरीठ, राउउड़ि राउहि वाजियउ रीठ ।—रा.ज.सी. ५ उमंग में भरना.

उ०—रंभ सूरां नरख हरख भुख भुख रही, ग्रीध सवळा डळा भख लयण गहगही ।—जवांनजी आढ़ौ

गहगहौ—देखो 'गहगह' (रू.भे.)

गहगीर—वि०—१ योद्धा, वीर । उ०—देसोत वाडिम दाखणौ, धर राखणौ लख धीर । वर वीर वांनय धारणौ, गढ़ मारणौ गहगीर । —ल.पिं.

२ गंभीर । उ०—गहगीर तुरां गय करत गोड़ । रुड़ घोक डंड पैदल अरोड़ ।—करणीरूपक

गह्ग्गाह—सं०पु०—१ झुंड, समूह. २ पक्षियों का समूह ।

गहघट्ट—सं०पु०—१ जमवट, समूह ।

वि०—बहुत, अधिक, घना ।

उ०—छांडौ छांडौ पागड़ा, साम्हैं आवौ थट्ट । डाढ़ाळौ कह रावतां, जै माचै गहघट्ट ।—डाढ़ाळा सूर री वात

गहघूमणौ—क्रि०अ०—मंडराना । उ०—गहघूमी लूमी घटा, पावस उलट्या पूर । सांवण महिने सायबा, कदे न राखूं दूर ।—र.रा.

गहड़, गहड़ेर—वि०—१ गंभीर । उ०—१ माल्हंतौ घरि आंगणै, सखी सहेलो कांमि । जे जांणूं पिय माल्हणौ, जे मल्है संग्रांमि । ग्रांमि संग्रांमि झूंझार माल्है गहड़ । अरि घड़ा खेसवै आप न खिसै अनड़ । —हा.झा.

उ०—२ फेरा लेतै फिर अफिर, फेरी घड़ अणफेर । सीह तणी हरधवळ सुत, गहमाती गहड़ेर ।—हा.झा.

२ वीर, बहादुर । उ०—केहरि केस भमंग मणि, सरणाई सुड़ड़ांह, सती पयोहर कृपण धन, पड़सी हाथ मुवांह । मुवां हिज पड़सी हाथ तौ भमंग मणि, गहड़ सरणाइयां ताहरै गैड़सणि ।—हा.झा.

३ विकट । उ०—नाह नीठि पड़सि खेत मांझि निवड़, गयंद पड़सि गहर करड़ घड़ भड़ गहड़ ।—हा.झा.

गहझेर—देखो 'गहड़ेर' (रू.भे.)

गहट्ट—सं०पु०—१ नाश, संहार, विध्वंश. २ वैभव, ऐश्वर्य. ३ समूह ।

गहट्ठ—देखो 'गहट्ट' (रू.भे.) उ०—धरवट्ट पहट्ट गहट्ठ घड़ं । पिंड खंड विहंड पमंग पड़ं ।—पा.प्र.

गहडंबर, गहडंभर, गहडंमर—वि०—गहरा, घना, सघन । उ०—१ सूकै कांठ संजोइयौ, भुज माट मही भर । नीलोतर व्है नेहड़ी, बणियौ गहडंबर ।—ठाकुर जूंझारसिंह मेड़तियौ

उ०—२ परभाते गहडंमरां दोपारां तपंत । रात्यूं तारा निरमळा, चेला करौ गछंत ।—वर्षाविज्ञान

गहण, गहणि—वि०—देखो 'गहन' (रू.भे.)

सं०पु०—१ युद्ध, लड़ाई । उ०—महण वन दहण केसर गहण मंडियौ । तेण खग वहण घण सघण तणियौ ।—किसोरदांन बारहठ

२ सेना, फौज. ३ फेरा, चक्कर । उ०—गुरड़ गयण घाले गहण ।—अज्ञात ४ समूह । उ०—त्यांकी वीरहक होण लागी, गय हस्ती त्यांकी गहणि हुई । गहण कहतां भीड़ हुई ।—वेलि.

५ गंभीर । उ०—काळ वाधी जैतमल कळोधर, गज फौजां डोहण गहण । समहर भर ऊपरि नव सहसौ, ताइ ओडविजै भांण तण ।

—राठौड़ नरपाळ (नरहरदास भांणोत, चांपावत) री गीत

गहणौ—सं०पु०—गहना, आभूषण, अलंकार । उ०—मन मांणक गहणौ धरयौ, मित तुमारै पास । नेह ब्याज अती बढ्यौ, नहिं छूटण की आस ।—र.रा.

आज क काल करंतां 'ओपा', दीहड़ा गया स ताळी देह ।
—ओपौ आढ़ौ

२ अधिक, ज्यादा. ३ घोर, प्रचंड. ४ दृढ़, मजबूत.
५ भारी, कठिन ।

गहळ–सं०स्त्री० [सं० ग्रहल] नशा, खुमार, उन्माद । उ०—डाकी ठाकर रौ रिजक, ताखां रौ विख एक, **गहळ** मुवां ही ऊतरै, सुणिया सूर अनेक ।—वी.स.

गहला–सं०स्त्री०—पंवार वंश की एक शाखा ।

गहळीजणौ, गहळीजबौ–क्रि०अ० भाव वा०—१ किसी नशे के प्रभाव में होना, नशीला होना. २ चेहरे की रौनक कम होना । उ०—भरमल नूं आसा रही, महीने चार रौ गरभ हुवौ तींसूं डील सिथळ पड़णै लागौ, नेत्रां री तह **गहळीजण** लागी ।—कुंवरसी सांखला री वारता

गहलौत–सं०पु०—क्षत्रियों के ३६ वंशों में से एक वंश अथवा इस वंश का व्यक्ति ।

गहलौ–वि० [सं० ग्रहिल] पागल, बावला । उ०—१ ताहरां हरदांन कह्यौ—महाराज, म्हे **गहला** कोय नहीं, बात चौकस कहां छां ।
—पल्क दरियाव री वात

उ०—२ मांग्या लाभै जव चणा, मांगी लभै जवार । मांग्या साजन किम मिळै, **गहली** मूढ़ गिंवार ।—र.रा.

गहल्लौत—देखो 'गहलोत' (रू.भे.)

गहल्ल–सं०स्त्री०—आवड़ देवी की बहिन, एक देवी । उ०—गंजै दळ रेपळ लांग **गहल्ल** । मारै बोहो मीर अमीर मुगल्ल ।—मे.म.

गहवंत–वि०—१ गंभीर, गहरा । उ०—सबदी लग कोड़ मूजाद रायसिंघ, **गहवंत** रैणायर वड गात ।—दुरसौ आढ़ौ

२ वीर, बहादुर । उ०—आविया मीर तेजी उलाळि, वाराह विढेवा वाग वाळि । **गहवंत** जइत सांम्हउ मुग्गुल्ल, तढ़मल्ल राउ निहराइ तुल्ल ।—रा.ज.सी. ३ गर्वीला, अभिमानी । उ०—आद इता भड़ आठ सौ, गढ़ आया **गहवंत** । माप न कौ मांटी पणै, उर ज्यां ताप न अंत ।—रा.रू. ४ अटल, स्थिर । उ०—देवळे पड़इ वाजइ दुवारि, झालरी संख सुसबद झणारि । आदीत जिसा निरमळा अंग, **गहवंत** राउ धू जेम गंग ।—रा.ज.सी.

गहवग–सं०पु०—मल्लयुद्ध । उ०—**गहवगां** जण जण अगण गण, मुर भवण कंपण लगण मण, लंकाळ घूजिय लंक ।—र.रू.

गहवर–सं०पु०—घनापन, सघनता । उ०—सु मांनौ वसंत हुलराईजै छै । तरु कहतां जि व्रक्षां **गहवर** पाकड़्यौ छै ।—वेलि. टी.

गहवरणौ–सं०पु०—गर्व, अभिमान ।

गहवरणौ, गहवरबौ–क्रि०अ०—१ बहादुर होना, निडर होना.
२ घना होना, सघन होना । उ०—हुलरावणै फाग डुलराया, तरु **गहवरिया** थिया तरुण ।—वेलि.
क्रि०स०—३ उत्तेजित करना. ४ फुलाना ।

गहवरा–सं०स्त्री० [सं० गह्वरी] पृथ्वी, भूमि (अ.मा.)

गहवरी–सं०स्त्री०.[सं० गह्वरी] पृथ्वी, भूमि (ह.नां., नां.मा.)

गहवांन–वि०—१ जबरदस्त । उ०—नृप सुमेर पातल निडर, अर धर करण उद्यांन । तोयध तरळ तरंग तिर, गा लंदन **गहवांन** । गा लंदन गहवांन सुभट्टां सारखा । साहण लीधां साथ परक्खे पारखा ।
—किसोरदांन बारहठ

२ गर्वीला, अभिमानी ।

गहांणी–सं०पु०—वह वेलियो गीत जिसके प्रत्येक द्वाले के प्रथम गाथा हो (देखो 'वेलियौ', 'गाथा')

गहांणौ–क्रि०स०—१ संहार करना. २ ग्रहण कराना, पकड़ाना ।
उ०—दिल्ली रा जावण रा समय सूं तीजे बरस चहुवांण प्रतिहार नूं कुमार रा संबंध री बात स्मरण में **गहाई** ।—वं.भा.
३ धारण कराना ।
गहाणहार, हारौ (हारी), गहाणियौ—वि० ।
गहाओड़ौ, गहायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

गहणौ—अक रू० ।

गहायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ संहार किया हुआ. २ ग्रहण कराया हुआ, पकड़ाया हुआ (स्त्री० गहायोड़ी)

गहावणौ, गहावबौ—देखो 'गहाणौ' (रू.भे.) उ०—सिवरी कुळ भील कुचील सरीरी, चाखत बोर रसील संचै । **गहावत** ढील करी नह गोविंद, बीच अंगीर मंजार वंचै ।—भगतमाळ

गहि–सं०पु० [सं० गृही] १ कुत्ता, श्वान (अ.मा.) २ गृहस्थ ।

गहियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ संहार किया हुआ. २ ग्रहण किया हुआ, पकड़ा हुआ. ३ धारण किया हुआ (स्त्री० गहियोड़ी)

गहिर—देखो 'गहीर' (रू.भे.) उ०—१ बरणेव राजां बहिर **गहिर** तोपां घण गाजां ।—वं.भा. । उ०—२ गंधरब सेण सुत मन **गहिर** ।
—वं.भा.

गहिलउ–वि०—देखो 'गहलौ' (रू.भे.) उ०—गह छंडइ **गहिलउ** हुअउ, पूछइ वळि पूछंत । मारू तणइ संदेसड़इ, ढोलउ नह धापंत ।
—ढो.मा.

गहिलाणौ, गहिलाबौ–क्रि०अ०—बहना, प्रवाहित होना ।
उ०—पांखे पांणी थाहरइ, जळि काजळ **गहिळाइ** । स्यांगां तणां संदेसड़ा, मुख वचने कहिवाइ ।—ढो.मा.

गहिलोत– देखो 'गहलोत' (रू.भे.)

गहिलौ–वि० [सं० ग्रहिल] (स्त्री० गहिली) देखो 'गहलौ' (रू.भे.)
उ०—**गहिली** है, स्त्री तोहइ लागौ छइ वाय । असीय ले कोइ उलगि जाई ? गहिली मुंधउ तुं बावळी । चंद क्युं कूडइ ढांकाणउ जाई ?
—वी.दे.

गहीर–वि० [सं० गंभीर] १ गंभीर, गहरा, अथाह ।
उ०—१ भारांणी दुख भंजणौ, गुण रंजणौ **गहीर** । जास खजांने जगत रौ, साहिब राखै सीर ।—बां.दा.
उ०- -२ गुणपति गुणे गहीरं, गुण ग्राहग दांन गुण दिअणं । सिधि

रिधि सुबुधि सधीरं, सुंडाळा देव सुप्रसनं ।—वचनिका
२ घना, गहन, जटिल. ३ भारी. ४ सौम्य, शांत. ५ मधुर ।
उ०—कोयल सुर मिळ नायका, गावत गीत गहीर । हय ध्यावत धर थरहरत, बिबध खिलावत बीर ।
—बगसीरांम प्रोहित री वात
सं०पु०—१ महादेव, शिव (डिं.को.) २ हाथी (डिं.को.)

गहीलौ-वि० [सं० ग्रहिल] देखो 'गहलौ' (रू.भे.)

गहुं, गहूं—देखो 'गेहूं' (रू.भे.)
कहा०—गहुँ'र गोयला तौ भेळा ही नीपजै—गेहूँ और 'गोयला' नामक घास साथ ही पैदा होते हैं। संसार में भले-बुरे दोनों प्रकार के व्यक्ति होते हैं।

गहेठौ—देखो 'गाहटौ' (रू.भे.) उ०—झले भींच केता कढ़े खेंग झोला । टळै ऊछटै भू पड़ै भद्र टोळा । जिणी वार बूडा लगू पाथ जेठौ । घणूं घूंमरां पाड़ मातौ गहेठौ ।—पा.प्र.

गहेर—गंभीर ।

गहेलड़ौ—देखो 'गहलौ' (अल्पा०) उ०—सगुण सलूणा राउळ रूसणूं किस्यूं । हूं ता प्रेम गहेलड़ी, तूं सोनिगिरउ चहूआंण जी ।
—कां.दे.प्र.

गहेलू, गहेलौ-सं०पु०—१ मार्ग, रास्ता, पथ. २ देखो 'गहलौ' (रू.भे.)

गह्वर-सं०पु० [सं०] १ अंधकारमय स्थान, गुफा, कन्दरा. २ वह स्थान जिसमें छिपने से छिपने वाले का पता न चले, विषम स्थान. ३ भूमि में छोटा छिद्र. ४ कुंज, सघन झाड़ी ।

गह्वरौ-सं०पु०—जाति विशेष का घोड़ा (कां.दे.प्र.)

गांगड़ी-सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का टहनियोंदार पौधा, जिसमें काँटे नहीं होते तथा टहनियाँ पतली होती हैं। इसके फल छोटे-छोटे तथा पकने पर पीले रंग के होते हैं (बां.दा.ख्यात.) २ इस वृक्ष का फल. ३ डूंगरपुर की एक नदी का नाम (नैणसी)

गांगड़ौ-सं०पु०—हल और हाल को मजबूत करने के लिए दोनों के बीच में लगाया जाने वाला लकड़ी का गुटका ।

गांगण—देखो 'गांगड़ी' (रू.भे.)

गांगणिय, गांगणियौ-सं०पु०—'गांगड़ी' नामक वृक्ष का फल । देखो 'गांगड़ी' ।

गांगनौ-वि०—१ मूर्ख, विक्षिप्त. २ जिसका ध्यान एक स्थान पर स्थिर न रहे, गाफिल (मि० 'बांगौ')

गांगरत, गांगरौ-सं०स्त्री० [सं० गाङ्ग+कीर्ति, गूर्ण] किसी वस्तु, बात, झगड़ा, कलह या घटना बीत जाने पर भी उसी की राग अलापे जाने का कार्य या क्रिया ।
मुहा०—गांगरौ गाणौ—बीती हुई बात या कथन की बार-बार पुनरावृत्ति करना ।

गांगली-सं०स्त्री०—श्रावण या आषाढ़ मास में दक्षिण और पश्चिम के मध्य से चलने वाली वायु जो वर्षा का अवरोध करती है (क्षेत्रीय)
कहा०—गांगली कोई रोवण में रोईजै नै न कोई गीतां में गाईजै—उस व्यक्ति के प्रति जिसकी कहीं भी प्रतिष्ठा न हो ।

गांगांणी, गांगी, गांगुवण—देखो 'गांगड़ी' (रू.भे.) (रा.सा.सं.)

गांगेड़ौ-सं०पु०—१ बर्तनों के मुंह का गर्दन के ऊपर का भाग.
२ मृत्योपरान्त संबंधियों द्वारा गंगाजी जाकर लौटने के बाद किया गया वह भोज जो बहुत मामूली खर्च में ही पूरा कर लिया गया हो ।

गांगेय, गांगेय-सं०पु० [सं० गांगेय] १ भीष्म. २ कार्तिकेय. ३ सोना (ह.नां.)

गांगौ-स०पु०—१ बर्तनों के मुंह का वृत्ताकार गर्दननुमा भाग ।
कहा०—गीलै में हाथ नै गांगै में माथौ—हाथ गरिष्ठ भोजन में और शिर घी के पात्र में, अर्थात् खूब घृत के बने पकवान प्राप्त हो रहे हैं। अधिक मौज व आनंद के समय की उक्ति ।

गांछा-सं०स्त्री०—बाँस की डलिया आदि बनाने या बांस संबंधी व्यापार करने वाली एक जाति ।

गांछौ-सं०पु०—'गांछा' नामक जाति का व्यक्ति ।

गांज-वि०—नाश करने वाला ।

गांजणौ-वि०—तोड़ने वाला, नाश करने वाला । उ०—भारथि खळां दळ भांजणौ, गढ़ गांजणौ गहगीर ।—ल.पि.

गांजणौ, गांजबौ-क्रि०स०—१ तोड़णा, खंडित करना, गर्व मिटाना ।
उ०—गांज मगज पतसाह री, भांज मुदप्फर खांन । 'अभौ' त्रिवेणी आवियौ, जांणी वात जिहांन ।—रा.रू.
२ पराजित करना । उ०—जितै मो सीस खवा पर जांण, इतै कुण गांज सकै तो आंण ।—गो.रू.
गांजणहार, हारौ (हारी), गांजणियौ—वि० ।
गांजवाणौ, गांजवाबौ—प्रे०रू० ।
गांजिओड़ौ, गांजियोड़ौ, गांज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
गांजीजणौ, गांजीजबौ—कर्म वा० ।
गंजणौ, गंजबौ—रू०भे० ।

गांजर-सं०स्त्री०—बहुत से आदमियों द्वारा चरस खींचने की क्रिया ।
उ०—भाजै धाफड लै कोठा भणणाटा, गांजर खांचै लै पांजर गणणाटा ।—ऊ.का.
मुहा०—गांजर खांचणी—जीवनयापन करना ।

गांजवणौ, गांजवबौ—देखो 'गांजणौ' (रू.भे.) उ०—उठै थां मेलउ जैथ अपाल जठै नहि गांजव सकै जगमाल ।—गो.रू.

गांजागिर-सं०पु० १ राजा, नृप (डिं.नां.मा.)
२ भाग्यविधाता ।

गांजीजणौ, गांजीजबौ-क्रि०स० कर्म वा० १ तोड़ा जाना, खंडित किया जाना. २ पराजित किया जाना.

गांजीव-सं०पु० [सं० गांडीव] अर्जुन का धनुष, गांडीव ।
उ०—सज टोप बकत्तर सूर, किये कमध रूप करूर । हव लीध

सावळ हाथ, पुन सजे गांजीव पाथ ।—पे.रू.

गांजेड़ी-वि०—गांजा नामक मादक पदार्थ सेवन करने वाला, गंजेड़ी ।

गांजौ-सं०पु० [सं० गंजा] १ भांग की जाति का एक पौधा जिसमें भांग की तरह फूल नहीं लगते। इसकी पत्तियाँ मादक होती हैं, जिन्हें नशा करने वाले लोग नशे के लिये तम्बाकू के साथ मिला कर चिलम पर फूंकते हैं। औषधि में भी इसका प्रयोग होता है.

२ भाला, बरछा (ना.डिं.को., डिं.को.) उ०—नहुंग लग तोल बागां बिकट नगारां, मह अणी चगारां रगत मांजौ। कळोधर 'जगा' रा धाड़ थारा करां, गज खळां बगारा पार गांजौ ।

—जोधसिंह राठौड़ रौ गीत

गांट, गांठ-सं०स्त्री० [सं० ग्रंथि, अप० गंठि] १ रस्सी, डोरी, तागे आदि में पड़ी हुई उलझन जो खिंच कर कड़ी और दृढ़ हो जाती है, गिरह, ग्रंथि। उ०—खुलै कुण जांणै किण पुळ गांठ, हुवै सह धरती रंग-बिरंग ।—सांझ

क्रि०प्र०—खुलणी, खोलणी, देणी, पड़णी, बांधणी, लगाणी ।

मुहा०—१ गांठ खुलणी—समस्या का सुलझना या हल होना, मनमुटाव दूर होना. २ गांठ खोलणी—अड़चन दूर करना, उलझन मिटाना, कठिनाई मिटाना. ३ गांठ पड़णी—मनमुटाव होना, अनबन होना. ४ गांठ पर गांठ पड़णी—बहुत मनमुटाव हो जाना। मामला पेचीदा होते जाना. ५ गांठ राखणी—मन में डाह रखना ।

यौ०—गांठगंठीलौ, गांठ-गोबी, गांठदार ।

२ अंचल, चद्दर या किसी कपड़े की खूंट में कोई वस्तु लपेट कर लगाई हुई गांठ ।

मुहा०—१ गांठ कतरणी—जेब काटना, धोती के फेटे आदि को कतर कर रुपया ले लेना. २ गांठ करणी—बटोरना, इकट्ठा करना. ३ गांठ कर राखणी—याद रखना. ४ गांठ काटणी—देखो 'गांठ' कतरणी. ५ गांठ बांधणी—न भूलना, याद रखना, न भूलने के लिये धोती, रूमाल या अंगोछे में गाँठ बाँधना ६ गाँठ में बांधणी—सर्वदा याद रखना. ७ गांठ में राखणी—धनी होना, पास में पैसा रखना. ८ गांठ में होणी—पास में होना, अधिकार में होना. ९ गांठ रौ गमावणी—अपना रुपया बरबाद करना या खोना. १० गांठ रौ पूरौ—धनी, रुपये वाला ११ गांठ रौ पूरौ नै आंख रौ आंधौ—धनी परन्तु मूर्ख. १२ गांठ रौ पइसौ—अपने पास का धन. १३ गांठ सूं—अपने पास से. १४ गांठ सूं जांणौ—अपनी हानि होना ।

३ गठरी, गट्ठा ।

कहा०—गांठ रौ भरम क्यूं गमावणौ—खुद की गठरी का भेद किसी को क्यों देना ? अपने घर का भेद किसी को नहीं देना चाहिये ।

(मि०-पोट)

४ अंग का जोड़, बंद ।

मुहा०—गांठ उखड़णी—किसी अंग का अपने जोड़ पर से हट जाना, जोड़ उखड़ना ।

५ ईख, बांस आदि में गंडा या चिन्ह पड़ा होने का वह स्थान जिसमें से कनखे निकलते हैं। यह स्थान थोड़े-थोड़े अंतर पर कुछ उभरा हुआ एवं कड़ा होता है. ६ गांठ के आकार की जड़.

(अल्पा०-गांठियौ) ७ एक प्रकार का गहना. ८ समूह ।

उ०—इतरा में छूटा सो भेळा गांठ में जाय पड़िया, लोग सारौ गोळा सूं फूल गयौ ।—कुंवरसी सांखला री वारता

गांठ गोभी-सं०स्त्री—गोभी का एक भेद। इसकी जड़ से चार-पांच अंगुल पर एक गांठ पड़ती है। इसकी तरकारी बनाई जाती है।

गांठड़ी—देखो 'गांठ' (अल्पा०) उ०—बांधै गांठड़ियां बड़ियां चग-वाळै, राली गूदड़ ले कांधे पर राळै ।—ऊ.का.

गांठड़ौ—१ देखो 'गांठ' (३) (महत्व०) २ ऊँट के पेट में होने वाला एक रोग विशेष ।

गांठणौ, गांठबौ-क्रि०स० [सं० ग्रंथन, प्रा० गण्ठन] १ गांठ लगाना. २ फटी हुई चीज के टांका लगाना या मरम्मत करना ।

मुहा०—मतलब गांठणौ—काम निकालना, प्रयोजन सिद्ध करना ।

३ चमड़े की जूती आदि बनाना. ४ अपनी ओर मिलाना, अपने पक्ष में करना, वश में करना । उ०—परगह सिर लीधौ पलौ, रसिया में नंह रांम। ग्रह नव नाड़े गांठिया, भाड़े वाळी भांम ।

—बां.दा.

५ किसी स्त्री को संभोग के लिए मिलाना या राजी करना.

६ दबाना, दबोचना ।

मुहा०—सवारी गांठणी—सवार होना ।

७ सोचना, विचार करना ।

मुहा०—मनसूबौ गांठणौ—नई नई इच्छाओं की पूर्ति के लिए विचार करना ।

गांठणहार, हारौ (हारी), गांठणियौ—वि० ।

गांठाणौ, गांठाबौ, गांठावणौ, गांठावबौ—प्रे०रू० ।

गांठिओड़ौ, गांठियोड़ौ, गांठ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गांठीजणौ, गांठीजबौ—कर्म वा० ।

गांठदार-वि०—जिसमें बहुत गांठें हों, गांठ युक्त, ग्रंथिल, गंठीला ।

गांठांणी-सं०स्त्री०—कपड़ा बुनते समय सूत के धागों का ताना बनाते समय साधने का कार्य ।

गांठियोड़ौ-भू०का०कृ०—गांठा हुआ। (स्त्री० गांठियोड़ी)

गांठियौ-सं०पु०—१ गांठ के आकार की जड़। उ०—नारी गांठियौ सूंठ दूजी न खायौ, जनूनी तुंही हेकहेकौ ज जायौ ।—ना द.

कहा० —सैंदौ सांमी सूंठ रौ गांठियौ—अधिक परिचित से प्रायः सब कोई फायदा उठाना चाहते हैं ।

२ एक प्रकार का घास ।

गांठी-सं०स्त्री०—ग्रन्थि, गाँठ ।

वि०—बैर रखने वाला, अनबन रखने वाला ।

गांठौ–सं०पु०—गठरी विशेष जो केसर की होती है ।
उ०—किस्तूरी रा पुड़ा एक, एक केसर री **गांठौ**, एक बावने चंदरा री झाड़, एक मूंगियां री, तरवार, एक अमल, इतरी वसतां अनोखी अर दूजौ मेवौ. कपड़ौ भांत-भांत री नजर करनै बैठौ ।
—पलक दरियाव री वात

गांड–सं०स्त्री० [सं० गर्त, प्रा० गड्ड] मल-द्वार, गुदा, अपान ।
मुहा०—१ गांड उघाड़्यां फिरणौ—नंगा फिरना, बच्चों की तरह अनजान बना फिरना. २ गांड गरदन एक करणी—थका कर लथ-पथ करना; मार-मार कर बेसुध करना. ३ गांड गळा में आवणी—संकट में पड़ना, आफत में फँसना, तंग आना, हैरान होना. ४ गांड चाटणी—चापलूसी करना, खुशामद करना.
५ गांड छूटणी—दस्त आना, पेट चलना. ६ गांड तोड़णी—मार-मार कर भुस बनाना, खूब पीटना. ७ गांड धोवणी—खुशामद करना, सेवा करना. ८ गांड फाटणी—डर लगना, भय होना, घबराहट होना. ९ गांड बळणी—बुरा लगना, न सुहाना, ईर्ष्या होना. १० गांड मराणी—गुदा मैथुन कराना, प्रकृति-विरुद्ध मैथुन कराना हानि सहना, नुकसान उठाना, चापलूसी करना. ११ गांड मारणी—गुदा मैथुन करना, तंग करना, सताना, कठिन परिश्रम लेना. १२ गांड में आंगळी करणी—छेड़ना, तंग करना.
१३ गांड में गू होणौ—पास में पैसा होना. १४ गांड में घुसणौ—चापलूसी करना, खुशामद करना. १५ गांड में मिरचां लागणी—बुरा लगना, खलना, न सुहाना. १६ गांड रगड़णी—बहुत प्रयत्न करना, बहुत दौड़-धूप करना ।
कहा०—१ गांड झरै नै सराय में डेरा—दस्तें तो लग रही हैं और सराय में आवास चाहते हो । अयोग्य पुरुषों द्वारा योग्य और अच्छे स्थान में रहने की कामना पर व्यंग्य. २ गांड तपै जद सूत कतै—एक स्थान पर जम कर बैठने से सूत कतता है । जम कर कार्य करने से ही कार्य पूरा होता है । कार्य में सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है. ३ गांड में कीड़ौ हालणौ—लगातार कुछ अटपटा या बिगाड़ का काम करते रहने वाले के प्रति. ४ गांड री गड़ नै फळसे री लेणायत—गुदा का फोड़ा और द्वार के सामने का लेनदार दोनों ही महा दुखदायी होते हैं ।

गांडर–सं०स्त्री०—१ किसी वस्तु के नीचे का वह भाग जिसके बल पर वह खड़ी रह सके । पेंदी, तला. २ एक प्रकार की घास विशेष ।

गांडीव–सं०पु० [सं०] अर्जुन के धनुष का नाम ।

गांडीवी–सं०पु०—गांडीव को धारण करने वाला, अर्जुन ।

गांडू–वि०—१ जिसे गुदा-मैथुन कराने की लत हो. २ निकम्मा. ३ जिसमें हिम्मत न हो, डरपोक, कायर ।

गांण—देखो 'गांन' (रू.भे.) उ०—राळ पानड़ा कळस, कांमड़्यां गोघड़ मांडै । चूकै नगदी नेग, **गांण** ग्रह देव्यां मांडै ।—दसदेव

गांणपत–वि० [सं० गाणवत] गणपति सम्बन्धी ।
सं०पु०—एक संप्रदाय जो गणेश की उपासना करता है ।

गांणवर–सं०पु०—शिव (डि.नां.मा)

गांती—देखो 'गाती' ।

गांतौ—देखो 'गांथौ' (रू.भे.)

गांथणौ, गांथबौ–क्रि०स० [सं० ग्रंथन] १ गूंथना. २ मोटी सिलाई करना, गांठना. ३ दो (पशुओं) को एक साथ आपस में गले से बांधना ।
गांथणहार, हारौ (हारी), गांथणियौ—वि० ।
गांथाणौ, गांथाबौ, गांथावणौ, गांथावबौ—प्रे०रू० ।
गांथिग्रोड़ौ, गांथियोड़ौ, गांथ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
गांथीजणौ, गांथीजबौ—कर्म वा० ।

गांथियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ गूंथा हुआ. २ मोटी सिलाई किया हुआ, गांठा हुआ. ३ दो (पशुओं) को एक साथ आपस में गले से बांधा हुआ (स्त्री० गांथियोड़ी)

गांथौ–सं०पु० [सं० ग्रंथन] वह रस्सी या अन्य बंधन जिससे दो पशुओं को एक साथ उनके गले से बांधते हैं ।
मुहा०—गांथै जुतणौ—साथ लगना, मदद में जुतना ।
(मि०—सिलाड़)

गांदिनी–सं०स्त्री० [सं०] १ अक्रूर की माता जो काशीराज की कन्या तथा श्वफलक की भार्या थी. २ गंगा ।

गांधी—देखो 'गांधी' (रू.भे.)

गांधरव–वि० [सं० गांधर्व] गंधर्व संबंधी, गंधर्वदेशोत्पन्न ।
सं०पु०—१ घोड़ा. २ सामवेद का उपवेद, गंधर्ववेद. ३ गंधर्व.
४ आठ प्रकार के विवाहों में से एक जिसमें वर और कन्या परस्पर अपनी इच्छानुसार अनुरागपूर्वक पति-पत्नीवत् रहते हैं ।

गांधरव वेद–सं०पु०यौ० [सं० गांधर्व+वेद] सामवेद का उपवेद, संगीत-शास्त्र ।

गांधार–सं०पु० [सं०] १ सिंधु नदी के पश्चिम का पेशावर से कंधार तक माना जाने वाला एक देश. २ गांधार देश का निवासी.
३ संगीत के सात स्वरों में से तीसरा स्वर. ४ एक प्रकार का राग (संगीत)

गांधार पंचम–सं०पु० [सं०] एक षाडव राग (मांगलिक) (संगीत)

गांधार भैरव–सं०पु० [सं०] एक राग का नाम जो देवधार के मेल से बनता है (संगीत)

गांधारी–सं०स्त्री० [सं०] १ धृतराष्ट्र की स्त्री या कौरवों की माता ।
वि०वि०—यह गांधार देश के राजा सुबल की कन्या थी । शिव की आराधना के कारण इन्हें १०० पुत्र होने का वरदान मिला था । कुरुवंश में पुत्रों की कमी के कारण भीष्म आदि ने धृतराष्ट्र के लिये गांधारी को मांगा था, अतः इनका विवाह धृतराष्ट्र के साथ हो गया । पति के अंधे होने के कारण गांधारी ने अपनी आंखों पर भी सदा के लिये पट्टी बांधली । कालान्तर में इसके दुर्योधन आदि सौ पुत्र हुए ।

२ मेघ राग की पांचवीं रागिनी (संगीत) ३ तंत्र के अनुसार एक नाड़ी. ४ जैनों के एक शासन देवता ।

गांधी—सं०पु० १ वर्षाकाल में धान के खेतों में होने वाला एक कीड़ा. २ हींग. [सं० गांधिक] (स्त्री० गांधरण) ३ तेल व इत्र का व्यवसाय करने वाली एक जाति अथवा इस जाति का व्यक्ति.

४ आधुनिक भारत के एक प्रसिद्ध महात्मा ।

वि०वि०—इनका नाम मोहनदास था । श्री करमचंद गांधी के यहाँ गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान में इनका जन्म हुआ था । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ये मुख्य स्तंभ थे । भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता दिलवाने का श्रेय इन्हीं को प्राप्त है । इनका स्वर्गवास ३० जनवरी १९४८ को हुआ था । प्रति वर्ष दो अक्टूबर को इनकी जयन्ती मनाई जाती है ।

गांन—सं०पु०—१ गाने की क्रिया. २ गाना, गायन, गीत ।

उ०—अलियळ आज करंत नह, गयंद कपोळां **गांन** । सिंहनाद मद सूकियौ, औ कीजै अनुमांन ।—बां.दा.

३ संगीत ।

गांनगर—वि० [सं० गानकर] गायक, गाने वाला । उ०—दीजै तिहां डंक न दंड न दीजै, ग्रहणि मवरि तरु **गांनगर** । करग्राही परवरिया मधुकर, कुसुम गंध मकरंद कर ।—वेलि.

गांनवंत—वि० [सं० गानवत्] गायक, गवैया । उ०—मुखि **गांनवंत** वसंत मंगळ संत धांम सुहावही, किरि प्रति अबीर गुलाल केसर भूप लख सुख भावही । ।—रा.रू.

गांम—सं०पु० [सं०ग्राम] गाँव, देहात । उ०—ईदा ऊदा नयर, मास पख त्रास विमाळै । **गांम गांम** मेल्हांण, वहै आपांण संभाळै ।—रा.रू.

कहा०—१ गांम करै ज्यों गिवार भी करै—समूह या समाज के लोगों के देखादेखी कार्य करने वाले के प्रति. २ गांम खनै आयनै खोळा टांकणा—गांव के पास आकर कस कर तैयार होना । डरपोक व्यक्ति के लिए जो अपने गांव के पास आकर अपने को बहादुर बताता है. ३ गांम मांये घेर नी उजाड़ मांये खेत नी—न गांम में घर है न जंगल में खेत है । उस व्यक्ति के प्रति जिसके पास न रहने को घर है और न बोने को खेत है. ४ गांम रौ नांम खारी तौ मीठौ कांई—गाँव का नाम ही खारा है तो वहाँ मीठा क्या होगा? जैसा व्यक्ति होगा वैसे ही उसके गुण होंगे. ५ जिण गांम नहीं जांणौ उणरौ मारग ही क्यूं पूछणौ—जिस गांव को जाना ही नहीं है, फिर उसका रास्ता पूछने से क्या अभिप्राय । जिस कार्य को करना ही नहीं है, उसके संबंध में जानकारी करने से क्या लाभ ।

६ डूम रौ पांमणौ गांम नै भारी—ढोली के घर पर आया हुआ मेहमान गाँव वालों के लिए बोझा होता है । निर्धन व्यक्ति व्यय आदि के कारण उसके पड़ौसी एवं संबंधियों के लिए बोझा होता है.

७ रोवतौ फिरै गांम वांभी फिरै ज्यूं—अधिक इधर-उधर घूमने व चक्कर लगाने वाले के प्रति ।

यौ०—गांमखेर, गांम-गांमतरौ, गांम-गोचर ।

(अल्पा०—गांमड़ियौ, गांमड़ौ)

गांमखेर—सं०स्त्री०—ग्राम की गायों का समूह (मि०—गोमाळ)

गांम-गांमतरौ—देखो 'गांमतरौ' (रू.भे.)

गांम-गोचर—सं०पु०—किसी गांव के आधीन वहाँ के मवेशियों के चरने के उद्देश्य से छोड़ी गई भूमि, चरागाह ।

गांमड़ियौ—देखो 'गांम' (अल्पा०)

गांमड़ी—वि०—ग्रामीण, ग्राम-निवासी ।

गांमड़ौ—देखो 'गांम' (अल्पा०) उ०—सोना री ईंढ़ाणियां, आंणे जळ अबळाह । गांजण निबळा **गांमड़ां**, सगत नहीं सबळांह ।

—बां.दा.

गांमतरौ—सं०पु० [सं० ग्रामान्तर] एक गाँव से दूसरे गाँव को जाने की क्रिया, गांव-गांव की जाने वाली यात्रा ।

गांम-भांभी—सं०पु०—शासक की ओर से नियुक्त 'भांभी' जाति का वह व्यक्ति जो गाँव के व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार बुलाने का कार्य करता है ।

गांमाऊ—वि० [सं० ग्राम+रा० प्र० आऊ] गाँव का, गाँव संबंधी ।

गांमी—वि० [सं० गामिन्] (स्त्री० गांमणि, गांमणी) १ चलने वाला, गतिवान । उ०—उठा हूं नागणेच्यां भवण आविया, लाविया सरब रणवास लारै । गती गजराज हंसां गवण **गांमणी**, इंद्र पर कांमणी लवण वारै ।—मे.म.

यौ०—गरुड़-गांमी ।

२ संभोग करने वाला, रमण करने वाला ।

यौ०—वेश्यागांमी ।

सं०पु०—श्रीकृष्ण (डि.को.)

गांमेट—सं०पु०—वर्षा होने पर गांव के मोहल्लों का एकत्र होकर बहने वाला जल ।

गांमेती—वि०—ग्राम-निवासी, ग्रामीण । उ०—ओछी अंगरखियां दुपटी छिब देती । गोढ़ै बरड़ी जे पूरा **गांमेती** ।—ऊ.का.

सं०पु०—गांव का स्वामी ।

गांमोगांम—सं०पु०यौ०—प्रत्येक गाँव, हर गाँव ।

गांव—सं०पु० [सं० ग्राम] छोटी बस्ती, ग्राम, देहात ।

पर्याय०—खेड़ौ, निवसथ ।

कहा०—१ गांव करै ज्यूं गैली करै—देखो 'गांम करै ज्यां गिवार भी करै'. २ गांव कोटवाळी आप ही सिखाय दे—कोतवाली करना गाँव खुद ही सिखा देता है । कार्य करने एवं अनुभव से ही अधिक सीखा जाता है. ३ गांव गांव खेजड़ी नै गांव गांव गोगौ—प्रत्येक गाँव में साँप मिल जाया करता है, किन्तु उसके इलाजस्वरूप शमी वृक्ष भी प्रत्येक गाँव में मिल जाता है । जहाँ दुष्ट व्यक्ति होते हैं वहाँ दुष्टों का शमन करने वाला भी कोई न कोई मिल ही जाता है.

४ गांव गेलै ने को गिणै नी नै गेलौ गांव ने को गिणै नी—गाँव अर्थात् उसमें बसने वाले पागल को महत्व नहीं देते और पागल भी

गाँव वालों को कुछ भी महत्व नहीं देता। जैसे को तैसा व्यवहार के प्रति. ५ गांव गैल ढेढ़वाडौ सगळै है—जहाँ गाँव है वहाँ चमार-वाड़ा भी है। अच्छाई-बुराई, सफाई-गंदगी आदि कुछ न कुछ सब स्थानों पर मिलता ही है. ६ गांव जठै ढ़ेढवाडौ—देखो 'कहावत' ५ ७ गांव थारौ, नांम म्हारौ—कांम न करके भी उसका यश स्वयं प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले के प्रति. ८ गांव बिगाड़चौ गोरी, व्याह बिगाड़चौ मेह—विवाह को वर्षा एवं गाँव को चर-वाहा बिगाड़ देता है (विवाह के दिनों वर्षा हो जाय तो विवाह का आनन्द किरकिरा हो जाता है और चरवाहा अपने पशुओं को खेतों में चराने लगे तो सारे गाँव की हानि होती है। ९ गांव री गधी को पूछै नी—गाँव की गधी भी नहीं पूछती। अकिंचन के प्रति.

१० गांव री छब गोर में नै घर री छब पौळ में—जिस प्रकार गाँव की स्थिति उसका बाहरी भाग या चौहटा देखने से मालूम हो जाती है ठीक उसी प्रकार घर की स्थिति उसके प्रवेश-द्वार से मालूम हो जाती है. ११ गांव री छब गोर मां सूं ही नजर आवै—गाँव की स्थिति उसके बाहरी भाग से ही प्रतीत होती है (मि० कहा०—१०) १२ गांव री साख बाड़ा भरै—गाँव की शोभा या उसकी स्थिति उसके बाहरी बाड़ों से ही प्रतीत होती है १३ गांव लार गंडक लाधै—प्रत्येक गाँव में कुत्ते होते ही हैं। थोड़े-बहुत बदमाश व दुष्ट लोग प्रायः सभी जगह पर मिलते हैं।

(रू०भे०—गांम)

गांवखेर—सं०स्त्री०—गाँव की गायों का समूह।

गांवघाट—सं०स्त्री०—मृत्यु के उपरांत किया जाने वाला एक भोज जिसमें उसी गाँव के तथा केवल उसी जाति के व्यक्ति भोजन के लिये बुलाये जाते हैं (जाट) (रू०भे०—'गामघाट')

गांवड़ियौ, गांवड़ौ—देखो 'गांव' (अल्पा०) उ०—लीलोती चौबीस मांगै, गिणूं न छोटौ **गांवड़ौ**। जद नीम सगळां सूं पै'ली, थारौ ही सुभ नांवड़ौ।—दसदेव

गांवतरौ—देखो 'गांमतरौ' (रू.भे.)

गांवभांभी—देखो 'गांमभांभी' (रू.भे.)

गांवेती—देखो 'गांमेती' (रू.भे.)

गांस, गांसी—सं०स्त्री०—१ रोक-टोक, प्रतिरोध, बंधन. २ ईर्ष्या, द्वेष, वैमनस्य. ३ कपट। उ०—सो सगळी सुणी बातां दुरगादासजी नूं कही तिण पर बहोत राजी हुइया, कोई पेट में **गांस** थी सो पण सारी छोड़ दीवी।—भाटी सुंदरदास री वारता

४ नोक, नुकीला भाग। उ०—बरछियां रा फळ मांहे टूट रहिया। तीरां री सांठी टूटी, भालां री **गांस** मांही रही सो लोहां सूं पूर हुवौ थकौ पार होय जा बरड़ी ऊपर खड़ौ रहियौ।—डाढाळा सूर री वात

५ गाँठ, बंधन। उ०—अरज करै अबळा कर जोड़चां, स्यांम तुम्हारी दासी। मीरां के प्रभु गिरधर नागर करस्यां म्हारो **गांसी**।—मीरां

६ दुष्ट प्रकृति, दुष्ट स्वभाव।

गांसु—देखो 'गांस'। उ०—स्रवण सुणत मेरी सुध बुध बिसरी, लगी रहत तामें मन की **गांसु** री।—मीरां

गा—सं०स्त्री०—१ पार्वती. २ लक्ष्मी. ३ गंगा. ४ पृथ्वी. ५ सरस्वती. ६ नाभि. ७ शक्ति. ८ गाय।

सं०पु०—९ बुद्ध. १० ज्ञान. ११ धनी. १२ बुद्धिमान, पंडित (एका०)

गाअठौ—सं०पु०—१ किसी वस्तु, शरीर आदि को अधिक पीटने से होने वाली अवस्था, कचूमर. २ नाश, विध्वंश. ३ खलिहान में भूसे से अनाज पृथक करने की क्रिया या भाव। अनाज के सूखे डंठलों में से दाने निकालने के लिये उसे बैलों द्वारा अथवा बैलों से जुती गाड़ियों द्वारा रौंदने का कार्य।

(रू०भे०—गा'टौ, गा'ठौ, गायटौ, गाहटौ, गाहठौ।

गाअणौ, गाअबौ—देखो 'गाणौ'। उ०—अति उत्तिम दीजै उकति, सरसती हूँ सुप्रसंन। **गाअं** लखपत्ती गुणे, महिपत्ती वड मंन। —ल.पि.

गाइ—सं०स्त्री० [सं० गौ] गाय (ह.नां.) उ०—तो इह महा अजोग्य वात होसै। जैसे कपिळा **गाइ** दांन दीजै।—वेलि.

गाइड़मल—देखो 'गायड़मल' (रू.भे.) उ०—आज म्हारे **गाइड़मल** ने बावायेजी रै न्यू'त्यौ।—लो.गी.

गाइड—सं०पु० [अं०] पथ-प्रदर्शक।

गाइणी—वि०—गाने वाली। उ०—निरखंति अछर नीची निजर, गौ मद मच्छर **गाइणी**। इण वयण सची विलखी उवरि, इंद्र लखी इंद्रायणी।—रा.रू.

गाइब—देखो 'गायब' (रू.भे.)

गाइरूप—सं०स्त्री० [सं० गौ+रूपा] पृथ्वी (डि.नां.मा.)

गाई—सं०स्त्री० [सं० गौ] गाय (रू.भे.) उ०—गंडक गिणै न गिणै गधेड़ौ, गोधौ गिणै न **गाई** नै।—ऊ.का.

गाईजणौ, गाईजबौ—क्रि०स०, कर्म वा०—गाया जाना। उ०—मंगळ रूप **गाईजै** माहव, चार सूं ए ही मंगळ चार।—वेलि.

गाउन—सं०पु० [अं०] १ एक प्रकार का लंबा ढीला पहनावा जो प्रायः पश्चिमी देशों में पहना जाता है. २ एक तरह का चोगा जो कई आकार और प्रकार का होता है।

गागड़—सं०पु०—अपरिपक्व बेर।

गागड़दा—वि०—अधिक गाढ़ा या घना। उ०—वौ नित कागावासी मे भारिया अर दुपारै अर सिंज्या री **गागड़दा** छांणै। ऊपर जोईजै ठूंगार।—वरसगांठ

वि०वि०—प्रायः यह शब्द किसी द्रव पदार्थ के लिए विशेषण रूप में प्रयुक्त होता है।

गागणौ, गागबौ—क्रि०अ०—चिल्लाना, रोना, कुहराम मचाना, विलाप करना।

गागणहार, हारौ (हारी), गागणियौ—वि०।

गागिओड़ौ, गागियोड़ौ, गाग्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गागीजणौ, गागीजबौ—भाव वा० ।

गागर—सं०स्त्री० [सं० गर्गर] गगरी, घड़ा । उ०—**बैरा बैरागर सागर सम सोभा, रीती गागर ले नागर तिय रोभा ।**—ऊ.का.

मुहा०—गागर में सागर भरणौ—संक्षिप्त भाषा में तत्वरूप कहना । थोड़े शब्दों में बहुत कुछ व्यक्त कर देना ।

गागरौ—सं०पु०—लहँगा, घाघरा ।

गागियोड़ौ—भू०का०कृ०—रोया हुआ, चिल्लाया हुआ, विलाप किया हुआ । (स्त्री० गागियोड़ी)

गागोळिया—सं०स्त्री०—गुजराती नटों की एक शाखा (मा.म.)

गाघ—सं०स्त्री०—घाव, क्षत, चोट ।

गाघणौ, गाघबौ—क्रि०अ०—दुख या कष्ट से पीड़ित होकर दर्दभरी आवाज करना, कराहना ।

गाघणहार, हारौ (हारी), गाघणियौ—वि० ।

गाघिओड़ौ, गाघियोड़ौ, गाघ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गाघीजणौ, गाघीजबौ—भाव वा० ।

गाघरांणौ—सं०पु०—एक प्रकार का पुनर्विवाह । उ०—कोई ठावौ गांमेती, वासड़ियौ तथा घर रौ धणी रजपूत मरै, कै मोटियार कांम आवै, तो उणरी वायर (बैर) **गाघरांणौ** करै ।

—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

(मि०—नातौ)

गाघरियौ, गाघरौ—१ देखो 'गाघरांणौ' (रू.भे.) २ देखो 'घाघरौ' (अल्पा०)

गाछ—सं०पु०—बड़ा वृक्ष, दीर्घकाय पेड़ (क्षेत्रीय)

गाज—सं०पु० [सं० गर्जन, प्रा० गज्ज] १ गर्जन । उ०—१ अर तोपां रा **गाज** हूं सेस रा सीसां समेत मक्राक्रत मेखळा मही रै मचोळा लगाया ।—वं.भा. उ०—२ जंबक सबद नचीत कर, डर कर तूं मत भाज । सादूळौ खीजै सुणै, जळहर हुंदौ **गाज** ।—बां.दा.

२ बिजली, वज्र । उ०—लेवै अबळा लाज, सबळा हुय बैठा सकौ। गरढ़ सभा पर **गाज**, सुणतां राळौ सांवरा ।—रांमनाथ कवियौ

३ मस्ती में आए हुए ऊँट की आवाज । उ०—रांगड़ा थळी रा जूंगराज, गूंगला जोड़ रा करय गाज ।—पे.रू.

गाजणौ—वि० (स्त्री० गाजणी) १ गर्जन करने वाला, दहाड़ने वाला । उ०—१ मेरौ देवरियौ चरावै सांड, करला **गाजणा** ।—लो.गी. उ०—२ मेरौ परण्यौ चुंघावै टोडिया, मेरौ जेठजी दूवै भूरी झोट सांड्यां **गाजणी** ।—लो.गी.

२ बजने वाला, ध्वनि करने वाला । उ०—धणी रा **गाजणा** त्रंबाळ नगारा तौ आपरै हीज पांण बाजै है ।—वी.स.टी.

गाजणौ, गाजबौ—क्रि०अ०—१ गर्जना, कड़कना । उ०—कांपिया उर कायरां असुभ **गाजंते** नीसांणै गड़ड़ै ।—वेलि टी.

२ प्रसन्न होना. ३ दहाड़ना । उ०—नाहर जे **गाजिस** नहीं, ऐ गज बहता ईख । सर सर कमळ सुगंध री, भमर न मांगिस भीख ।

—बां.दा.

४ हुंकार भरना. ५ गायन करना । उ०—गोरी पणियारी तेजौ तन गाजै, लारै धोरी रै जणियारी गाजै ।—ऊ.का.

गाजणहार, हारौ (हारी), गाजणियौ—वि० ।

गाजिओड़ौ, गाजियोड़ौ, गाज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गाजीजणौ, गाजीजबौ—भाव वा० ।

गाजनमाता—सं०स्त्री०—बनजारा जाति की कुलदेवी ।

गाजर—सं०स्त्री०—एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियां प्रायः धनिए के पौधे की पत्तियों से मिलती-जुलती होती हैं. २ इस पौधे की जड़ जो एक खाद्य पदार्थ है । यह मूली की तरह ही होती है किन्तु मूली से मोटाई में कुछ अधिक तथा लंबाई में कुछ कम होती है ।

कहा०—१ गाजर आळी पीपळी—जिसके रहने से न लाभ हो और मिटने से न हानि हो. २ गाजर री पूंगी वाजी जिते बजाई नी वाजी तौ तोड़ खाई—गाजर की पूंगी जब तक बजी तब तक बजाने के काम में लेली और खराब होने पर तोड़ कर खाने के काम में ले ली। ऐसी वस्तु के प्रति जो अच्छी एवं बुरी दोनों अवस्था में प्रयुक्त हो सके ।

गाजरियौ—सं०पु०—१ गेहूँ की फसल में होने वाली घास. २ गाजर का बना खाद्य पदार्थ ।

गाजरूप—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गाजियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ गर्जना किया हुआ. २ गाया हुआ । (स्त्री० गाजियोड़ी)

गाजी, गाजीउ—सं०पु० [अ०] १ मुसलमानों में वह वीर पुरुष जो धर्म के लिये विधर्मियों से युद्ध करे । उ०—जग्गौ अवसांणे जोरवंत । सुत सांम खेत **गाजी** अरंत ।—रा.रू.

२ एक खास प्रकार का ऊँट । उ०—खाती री खातोड़ गूंजता जावै **गाजी** । लावै जो लोहार रांमजी मिळग्यौ राजी ।—ऊ.का.

३ घोड़ा (अ. मा.)

वि०—बहादुर, वीर पुरुष, श्रेष्ठ पुरुष । उ०—गुरं प्रोहित सुभट **गाजी**, तेड़ मंत्री अकल ताजी, सला कीध सधीर ।—र.रू.

गाजीमरद—सं०पु०—१ बहुत बड़ा वीर. २ घोड़ा ।

गाजी मियां—सं०पु० [अं०] सालार मसऊद गाजी नामक एक व्यक्ति जो महमूद गजनवी का भानजा था । वह हिंदुओं को काफिर समझ कर उनसे लड़ने के लिये अवध तक बढ़ आया था पर आरंभ ही में श्रावस्ती के जैन राजा के हाथों मारा गया था ।

गाट—सं०पु० [अं० गॉर्ड] १ रक्षा करने वाला, रक्षक. २ पहरा देने वाला ।

गाटक—सं०पु०—घूंट । उ०—दूधां रा स्वाद अम्रत सारिखा लागै छै। सु कढ़ी रा बड़ियां रा **गाटक** लीजै छै ।—रा.सा.सं.

गाटर—सं०पु० [अं० गर्टर] लोहे की लंबी, मोटी एवं अत्यन्त भारी धरन जिसे बड़ा कमरा बनाने के लिये दीवार पर डाल कर छत पाटी जाती है ।

गाटा—सं०पु०—बैलगाड़ी में मुख्य थाटे (चौड़े तख्ते) के नीचे मजबूती के लिये लगाये हुए लम्बे डंडे।

गा'टौ—देखो 'गाअठौ'। उ०—गायां-भैंस्यां रौ कर दीन्हौ **गा'टौ**, लज्जा कुमजा रौ ले लीनौ लाटौ।—ऊ.का.

गा'ठौ—देखो 'गाअठौ' (रू.भे.)

गाड—सं०पु० [सं० गर्त, प्रा० गड्ड] १ गर्त, गड्ढा।

स्त्री०—२ गाडी, बैलगाड़ी।

उ०—कसी, क्वाड़, गंडासी, कसिया, डांडा, दांती, दांतियां। ग्याता क्याड़ी, **गाड** पंजाळी, खेब खूब पड़ै खातियां।—दसदेव

गाडणौ, गाडबौ—क्रि०स० [सं० गर्तन] १ गड्ढा खोद कर किसी वस्तु को उसमें डाल कर ऊपर से मिट्टी आदि डाल कर दबा देना, गाड़ना, दफनाना। उ०—हूंडी सूं भूंडी हुवै, ऊंडी **गाडै** आथ। देवाळौ दर-साय दे, कर काठौ हिय हाथ।—बां.दा.

२ भूमि में खड्डा खोद कर किसी वस्तु के एक भाग को उसमें डाल मजबूती से खड़ा करना, जमाना. ३ किसी नुकीली वस्तु को उसकी नोंक के बल किसी चीज पर ठोक कर जमाना, धँसाना।

गाडणहार, हारौ (हारी), गाडणियौ—वि०।

गडवाणौ, गडवाबौ, गडवावणौ, गडावबबौ—प्रे०रू०।

गाडिओड़ौ, गाडियोड़ौ, गाड्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गाडीजणौ, गाडीजबौ—कर्म वा०।

गडणौ, गडबौ—अक रू०।

गाडर—सं०स्त्री०—भेड़। उ०—पहिरण-ओढ़ण कंबळा, साठे पुरिसे नीर। आपण लोक उभांखरा, **गाडर** छाळी खीर।—ढो.मा.

कहा०—१ गाडर आंणी ऊंन नै ऊबी चरै कपास—भेड़ को ऊन के लिये लाया गया परन्तु वह चरती-चरती कपास को चर गई। एक वस्तु के लाभ के बदले दूसरी वस्तु की हानि सहन करना। लाभ के लिये लाई गई वस्तु से हानि होने पर. २ गाडर रै माथै ऊंन कुण छोडै—भेड़ की ऊन कौन छोड़ता है? गरीबों से हर कोई लाभ उठाता है।

गाडरतांतियौ—सं०पु०—एक प्रकार की घास जो वर्षा ऋतु में उत्पन्न होती है।

गाडरियौ—सं०पु०—१ एक प्रकार की लता का फल।

वि०वि०—इसका स्वाद कड़ुआ होता है। इसके संबंध में यह प्रचलित है कि जो भैंस गर्भ धारण नहीं करती उसे अगर यह फल खिला दिया जाय तो उसमें गर्भ धारण करने की शक्ति आ जाती है।

२ श्वेत बादल।

गाडरौ—सं०पु० (स्त्री० गाडरी) नर भेड़।

गाडलिया—देखो 'गाडोलिया' (रू.भे.)

गाडलियौ—देखो 'गाडोलियौ' (रू.भे.)

गाडांसळ—सं०पु०—गाडियों, छकड़ों आदि पर रखा हुआ सामान।

उ०—बळदां **गाडांसळ** पाडां पर बोरा। छोटा डोरांतर रोरांकुर छोरा।—ऊ.का.

गाडियोड़ौ—भू०का०कृ०—गाड़ा हुआ (स्त्री० गाडियोड़ी)

गाडी—सं०स्त्री० [सं० शकटी] घोड़े, बैल आदि द्वारा खींचा जाने वाला लकड़ी व लोहे आदि का वह ढाँचा जो घूमने वाले पहियों के ऊपर ठहरा हुआ होता है। यह आदमियों के बैठने और असबाब आदि रखने के काम आता है। इस पर माल भी ढोया जाता है। यान, शकट।

क्रि०प्र०—खड़णी, जोतणी, वांगणी।

मुहा०—१ गाडी छूटणी—गाड़ी न पकड़ पाना. २ गाडी पकड़णी—ठीक वक्त पर स्टेशन पहुँच कर रेलगाड़ी पर चढ़ना. ३ गाडी भर—बहुत ज्यादा, ढ़ेर।

कहा०—१ गाडी कनै बळद आया रैंसी—गाड़ी के पास बैल अवश्य आवेंगे। उचित स्थान पर उपयुक्त वस्तु अवश्य आयेगी. २ गाडी तौ चीलां ही वैवै—गाडी तो अपने मार्ग पर ही चलती है। कार्य का ठीक रूप से चलते रहना या किसी का उचित मार्ग पर कार्य करते रहने के प्रति. ३ गाडी तौ वांगी ही चालै—गाडी तो उसके पहियों में तेल देने पर ही ठीक तरह चलती है। किसी को रिश्वत देने पर शीघ्र कार्य हो जाने के प्रति. ४ गाडी देख'र लाडी रा पग सूजै—साथ में सवारी की व्यवस्था होने पर पैदल चलना हर किसी को बुरा लगता है। किसी वस्तु को देख कर उसे प्राप्त करने की लालसा हो जाना. ५ गाडी नै लाडी वधावणी चोखी—गाड़ी और वधू का स्वागत करना अच्छा है क्योंकि वधु गृहस्थी का मूल आधार है और गाड़ी जीविका का. ६ गाडी नीचै कुत्तो वैवै जकौ जांणै गाडी म्हारै ही पांण चालै—गाड़ी के नीचे कुत्ता चलता है और समझता है कि गाड़ी मेरी ही शक्ति के कारण चल रही है। दूसरे द्वारा संपादित कार्य का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यश प्राप्त करने पर. ७ गाडी भर धांन री मूठी भर वांनगी—गाड़ी अनाज से भरी है परंतु एक मुट्ठी भर अनाज देखने से ही अनाज की किस्म एवं अच्छाई-बुराई का पता लग जाता है। थोड़े से नमूने से ही पूरी वस्तु की जानकारी की जा सकती है. ८ गाडी भरी नै बोयूं नै टोपी भरी नै लावूं—गाड़ी भर कर बोया और टोपी भर कर लाया। अकुशल व्यक्ति के प्रति. ९ गाडी में छाजळै रौ कांई भार—गाडी पर सूप का क्या भार? धनिक व्यक्ति को साधारण खर्च का बोझ मालूम नहीं पड़ता. १० गाडी रा धणी नै गो'र में भी रैंणौ पड़ै—गाड़ी के स्वामी को अवसर पड़ने पर गाड़ी की रक्षा हेतु गाँव के बाहर भी रहना पड़ता है। अपने कार्य के लिये कष्ट उठाना ही पड़ता है. ११ गाडी लीक जो गाडे लीक—जिस मार्ग से छोटी गाड़ी निकल जाती है उधर से बड़ी भी निकल सकती है। थोड़े से आरंभ के द्वारा बड़ा कार्य भी किया जा सकता है. १२ चालती गाडी मांये चाळनी नो सूं भार—चलती गाड़ी में चलनी का क्या भार? देखो 'कहावत सं० ९'। १३ चालती गाडी में फाचरौ देणौ—चलती हुई गाड़ी में रुकावट डालना। किसी पूरे होते हुए काम में रुकावट डालने पर।

यौ०—ऊँटगाडी, घोड़ागाडी, बळदगाडी, मोटरगाडी, रेलगाडी ।

अल्पा०—गाडूलौ ।

मह०—गाडौ ।

गाडीजणौ, गाडीजबौ—कर्म वा०—गाडा जाना, दफनाया जाना ।

गाडीजणहार, हारौ (हारी), गाडीजणियौ—वि० ।

गाडीजिग्रोड़ौ, गाडीजियोड़ौ, गाडीज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गाडीजियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ गाडा हुआ. २ दफनाया हुआ. (स्त्री० गाडीजियोड़ी)

गाडीणौ—सं०पु०—मिट्टी के बड़े-बड़े मटकों में पानी भर कर लाने ले जाने के उपयोग में आने वाली बैलगाड़ी (रेगिस्तानी)

उ०—नाडा भरियोड़ा नैड़ा निजराता, गाडा गुड़काता पैंड़ा रुड़ पाता। लाखं फूलांणी भीणीं सुर लेता, डीगा **गाडीणा** डब-डब धुनि देता ।—ऊ.का.

गाडीत, गाडीतौ—सं०पु०—१ देसवाली मुसलमानों का एक भेद. २ गाडोलिया ।

गाडीवांन—सं०पु०—गाडी चलाने या हाँकने वाला ।

गाडूलौ—सं०पु०—१ छोटी बैलगाड़ी, छकड़ा (अल्पा०) उ०—पीढ़े तौ बैठी मायड़ मन करचौ, मन कर मेल्यौ लो'ड़ौ वीर । कठै तौ पड़ियौ मायड़ **गाडूलौ**, कठै म्हारा धोळा रा जोत ।—लो.गी.

२ बच्चों के खेलने के लिये लकड़ी या लोहे का तीन पहियों वाला खिलौना जिसके सहारे से बच्चे चलना बहुत शीघ्र सीख लेते हैं ।

गाडेती—सं०पु०—१ देखो 'गाडोलियौ' (रू.भे.) २ गाडीवान ।

उ०—माळी हाळी बाळधी, **गाडेती** गवाळ । सात देव रक्षा करौ, पंखेरू पूंछाळ ।—अज्ञात

गाडेसर, गाडेहर—सं०पु०—मकान आदि का वह दरवाजा जिसमें से होकर गाड़ी आ-जा सके या आती हो ।

गाडोलिया—सं०स्त्री०—लुहारों की एक जाति विशेष । इसके व्यक्ति प्राय: अपना सब घरबार एक गाड़ी पर ही स्थापित कर एक स्थान से दूसरे स्थान को घूमते रहते हैं और एक स्थान पर टिक कर नहीं रहते ।

गाडोलियौ—सं०पु०—'गाडोलिया लुहार' नामक जाति का व्यक्ति ।

गाडोली—सं०स्त्री०—१ देखो 'गाडोलौ'. २ भूरे रंग की छोटे आकार की एक प्रकार की चिड़िया जो प्राय: जलाशयों के पास मिलती है ।

गाडोलौ—१ देखो 'गाडौ' (रू.भे.) २ देखो 'गाडूलौ' (रू.भे.)

गाडौ—सं०पु०—१ बड़ी गाड़ी (डिं.नां.मा.)

कहा०—गाडा पाडा ना सूं भरोसौ, वाटे रात राखै—गाड़ी और भैंस का विश्वास नहीं करना चाहिये क्योंकि इनके कारण कभी रास्ते में ही रात व्यतीत करनी पड़ती है ।

२ बीस मन का परिमाण ।

गाढ़—सं०पु०—१ शक्ति, बल । उ०—१ हुवौ जेम हरणंक यम साह अवरंग हुवौ, ग्रहे सुर नरां छोड़ दियौ **गाढ़** । अवन अणथाह जातां हुई अबरकै, दुरग री तेग वाराह री डाढ़ ।—भोजराज महियारियौ

उ०—२ दिकपाळां रा **गाढ़** समेत, दिग्गजां रा मद छूटि आठूं ही अनेकप चकितपण रा चीकार करण लागा ।—वं.भा.

क्रि०प्र०—पड़णौ, निकळणौ, राखणौ, होणौ ।

२ मान, प्रतिष्ठा । उ०—गोहिल कुळ धन **गाढ़**, लेवण अकबर लालची । कोडी दे नह काढ़, पणधर रांणा प्रतापसी ।—दुरसौ आढ़ौ

३ गर्व, अभिमान (अ.मा.) (मि०—गाढ़ रौ आंवळौ)

४ दृढ़ता, मजबूती. ५ धैर्य, धीरज । उ०—आवां मास असाढ़, प्रथम पख में पांवणा । महल रखौ मन **गाढ़**, अब मत लिखजो ओळभा ।—र.रा.

६ प्रेम । उ०—फरगट मारै फूटरा, कर सूं सरगट काढ़ । सठ दाखै भाळौ सरस, गिणका वाळो **गाढ़** ।—बां.दा. ७ वृद्धावस्था.

८ आग्रह । उ०—तिसै खवास नै **गाढ़** करि पूछियौ, साच बोली किण कंवर कै रांणी, प्रधांन महते उमराव दुसमण जिण दिरायो तिण रौ नांम ले ।—वीरमदे सोनगरा री वात ९ साहस, हिम्मत। उ०—तिणसूं सूराचंद रै गोखे चोताळै असैंधा असवार देखै छै, तरै पूछण रौ **गाढ़** घणौ करै तिण ऊपरां राज सूं पूछण रौ गाढ़ कियौ ।

—जैतसी ऊदावत री वात

१० गाढ़ापन, सघनता, कठोरता । उ०—नदी दीह वधे सर नीर घटे निमि, **गाढ़** धरा द्रव हेमगिरि । सुतरु छांह तदि दीध जगत सिरि, सूर राह किय जगत सिरि ।—वेलि. ११ कपट ।

उ०— जद बादसाह **गाढ़** छोड न्याय बोल्यौ ।—नी.प्र.

१२ कुत्ता, श्वान (अ.मा.)

वि०—१ अधिक, बहुत । उ०—कोकल परियां गांन घणकिया, ग्रीधां भमर भणकिया **गाढ़** ।—बां.दा. २ दृढ़, मजबूत ।

उ०—तठै गढ़ रौ घणौ **गाढ़** जाबतौ कियौ—वीरमदे सोनगरा री वात

३ घना, गाढ़ा. ४ विकट, कठिन, दुर्गम. ५ पूर्ण युक्त, परिपूर्ण।

उ०—प्रथम मारियौ सलावतखांन कितांई पछै, सांकड़ै सूर रूधै संबांही 'अमरसी' तखत पातसाह आगळी, वीर रस **गाढ़** जमदाढ़ वाही ।—माधोदास गाडण

गाढ़थंभ—वि०—वीर, योद्धा ।

गाढ़म—सं०स्त्री० [सं० गाढ़िमा] १ गर्व, गंभीरता. २ वीरता, बहादुरी। उ०—गाहणौ गज थट अघट **गाढ़म** प्रगट रजवट पेखजै ।—र.ज.प्र.

३ प्रतिष्ठा, मान. ४ बल, शक्ति । उ०—ऊपड़िया पतसाह, दळ वागी भेर निसांण । भाटी दोनौं भीम दे, तव **गाढ़म** प्रमांण ।

—आमरावं रतनू

गाढ़मल—देखो 'गायड़मल' (रू.भे.) उ०—गाढ़मळ खळां खागां झपट गाहणौ, भूप कल्यांण सुत सयण मन भावणौ ।—रौड़जी भादौ

गाढ़ रौ आंवळौ—सं०पु०—१ धैर्यवान, गंभीर, स्वाभिमानी ।

उ०—**गाढ़ रा आंवळा** इता सरग गया, चूंथियौ मुलक रौ माल चोरां ।—सुरतौ बोगसौ २ साहसी, सामर्थ्यवान ।

गाढ़वाळ—वि०—गंभीर, धैर्यवान ।

गाढ़ांगुर–वि०—१ अभिमानी, घमंडी. २ वीर, योद्धा।
उ०—**गाढ़ांगुर** देव तणौ गिर मेर, सत्रां सिर झाट दिये समसेर।
—सू.प्र.

गाढ़ाक–वि०—१ गहरा, गंभीर। देखो 'गाढ़ौ'. २ जबरदस्त, जोशीला, वीर। उ०—ग्रंबारा सूं भूठौ क्रोध **गाढ़ाक** गनीमा आगै। मार्झी धकै चाढ़ाक गनीमां मालकोट।—चावंडदांन महड़ू

गाढ़ामारू–सं०पु०—१ शौकीन, छैला. २ आर्यपुत्र। उ०—जठै नै जवाइया लसकर नीकळै। जठै नै **गाढ़ामारू** रौ लसकर नीकळै।
—लो.गी.

गाढ़िम–वि० [सं० गाढ़िम] गभीर, धैर्य्यवान। देखो 'गाढ़ौ'।
उ०—१ 'मालै' वीरम मंडळां, **गाढ़िम** गोत्र गंवाळ। तुड़ि तांगरा 'चांडै' तणी, राउ चा उर रखवाळ।—राजरासौ
उ०—२ गर्जासंघोत कमंध नर **गाढ़िम**, तत खिग माचवियौ रिगताळ। दुवयण वयण काढ़िये दुग्रासूं, प्रिसण परां काढ़ी प्रतमाळ।—केसोदास गाडण

गाढ़ीलौ, गाढ़ू, गाढ़ेराव, गाढ़ेल, गाढ़ैराव–वि०—धैर्यवान, गंभीर, देखो 'गाढ़ौ'। उ०—डाकी डाढ़ैराव गजां गनीमां भरंतौ डाचा, **गाढ़ेराव भूरौ** बाघ करंतौ गंजार।—हुकमीचंद खिड़ियौ

गाढ़ौ–वि० [सं० गाढ़] १ जो पानी की तरह तरल न हो, जो घनत्व लिये हुए हो, तरलता वाला. २ जिसके सूत परस्पर मिले हों, ठोस, मोटा. ३ घनिष्ट, गहरा, गूढ़। उ०—हरसा बीर मेरा रै, बैनड़ भाई रौ **गाढ़ौ** नेह। जलमी का रै जाया, पर धर की दूती रै आय तुड़ाइयौ।
—लो.गी.
४ बहुत, अधिक। उ०—१ **गाढ़ौ** प्रसन्न रहै जस गायां, बाधारै ईजत वरदायां।—र.ज.प्र. उ०—२ रांगा रा धिन रावतां **गाढ़ां** आदर गाढ़। पायौ अकबर पांनड़ै, चित्रकोट जळ चाढ़।—बां.दा.
५ गहरा, गंभीर, धैर्य्यवान। उ०—कियां अडप ठाडौ करता सूं, मांटीपणा तणौ सिर मोड। रण **गाढ़ौ** ठाढ़ौ रजपूती, ठांम-ठांम लाडौ राठौड़।—बलू गोपाळदासोत रौ गीत ६ दृढ़, मजबूत।
उ०—कमळ मुगट **गाढ़ौ** करै पीत पट बांध कर, भ्रात बळ हाथ दे लकुट भाळौ।—बां.दा.

गाणौ–सं०पु० [सं० गान] गाने की चीज, गायन, गीत।

गा'णौ–सं०पु०—खलिहान में भूसे से अनाज पृथक करने की क्रिया या भाव। अनाज के सूखे डंठलों में से दाने निकालने के लिये उसे बैलों द्वारा अथवा बैलों जुती गाड़ियों द्वारा रौंदने का कार्य।

गाणौ, गाबौ–क्रि०स०—१ ताल, शब्द के नियमानुसार शब्दोच्चारण करना. २ आलाप के साथ ध्वनि निकालना. ३ मधुर ध्वनि करना. ४ स्तुति करना. ५ वर्णन करना, विस्तारपूर्वक कहना।
उ०—प्रथम ब्रह्म मभ बेद, छंद मारग दरसायौ। खग अग पिंगळ नाग, नाग पिंगळ कर गायौ।—र.ज.प्र.

गाणहार, हारौ (हारी), **गाणियौ**—वि०।
गवाणौ, गवाबौ, गवाड़णौ, गवाड़बौ, गवावणौ, गवावबौ—प्रे०रू०।
गावणौ, गावबौ—रू०भे०।
गाग्रोड़ौ, गायोड़ौ—भू०का०कृ०।
गाईजणौ, गाईजबौ, गायीजणौ, गायीजबौ—कर्म वा०।

गात–सं०पु० [सं० गात्र, प्रा० गात्त] शरीर, अंग, वदन
उ०—सखी अमीणौ साहिबौ, मदन मनोहर **गात**। महाकाळ मूरत बणै, करण गयंदां घात।—बां.दा.

गातरियौ, गातरौ–सं०पु०(स्त्री०)१ शरीर पर वस्त्र लपेटने का एक प्रकार का ढंग जिसे प्रायः साधु लोग काम में लेते हैं। इसमें लपेटे जाने वाले वस्त्र के दोनों छोर एक-दूसरे पर आकर क्रास बनाते हुए पीठ की ओर गिर जाते हैं. २ वह वस्त्र जिसे इस प्रकार लपेटा जाय।

गातरौ–सं०पु०—१ कपाट में मजबूती के लिये बीच-बीच में लगाये गये डंडे. २ काष्ट या लोहे की बनी निश्रेणी के बीच बीच में लगे डंडे जिस पर पैर रख कर ऊपर चढ़ते हैं। उ०—बीजा बारै-बारै लड़ा कराया, बीच में रांढू रा **गातरा** कराइया सो हाथ तीन चौड़ा गातरा किया।
—ठाकुर जैतसी ऊदावत री वात

गाति—देखो 'गात' (रू.भे.) उ०—तठा उपरांति करिनै राजांन सिलांमति उवै चतुरंगी रायजादी क्रितीयां रौ भुंबिखौ मोतीग्रां री लड़ी हुवै तिणि भांति री ऊजळी गोरंगीग्रां ऊजळै **गाति** ऊजळै बावनै चंदण री खोळि कियां।—रा.सा.सं.

गातियौ—१ देखो 'गातरौ' (ग्रल्पा०) २ जबड़े की हड्डी।

गाती–सं०स्त्री० [सं० गात्रिका] देखो 'गातरी' (रू.भे.)
उ०—आधा भादवा री आधी रात गई छै ताहरां काळी कांबळ री **गाती** मारि टोपी माथै मेल्हि जांघीयौ पहिरि छुरौ काढि कड़ि बांधि अर महर मांहे चोरी नुं चालीयौ।—चौबोली
मुहा०—गाती मारणी—कमर के वस्त्र को कस कर लड़ने को उद्यत होना।

गातौ—१ देखो 'गातरौ' (रू.भे.) उ०—तद मूंज ऊंट दोयरी मंगायी नै जाडा-जाडा रांढू वटाया अरु बीच मैं हाथ रै आंतरै लकड़ी रा **गाता** दिया रसां बीच नै वरत री नीसरणी बणायी। गाता चोड़ै पेटै हाथ तीन कराया सु इण वात नूं गिवार लोक कांई जांणै कै कंवरजी हाथियां रौ तांगड़ करायौ है।—द.दा.

गात्र—देखो 'गात' (रू.भे.) उ०—१ पदमिणि रखपाळ पाइदळ पाइक, ह्रिळवळिया हलिया हसति। गमे-गमे मदगळित गुड़ंता, **गात्र** गिरोवर नाग गति।—वेलि. उ०—२ उत्तर आज स ऊजमी, पाळौ **पड़ै** विहांण। भाजै **गात्र** कुमारीग्रां, देखै मुगळ पठांण।—ढो.मा.

गात्रगुप्त–सं०पु० [सं०] लक्षणा के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण का एक पुत्र।

गात्रवरण–सं०पु० [सं० गात्रवर्ण] स्वर-साधन की वह प्रणाली जिसमें सातों स्वरों में से प्रत्येक का उच्चारण तीन-तीन बार करते हैं।

गात्रसैल–सं०पु०यौ० [सं० गात्र+शैल] हाथी (डिं.नां.मा.)

गाथ–सं०पु० [सं० गात्र] १ देखो 'गात' (रू.भे.) उ०—गळियोड़ौ सब गाथ गजब कांधौ गळियोड़ौ। अमल खांगा नै अजे बळै मूंडौ बळियोडौ—ऊ.का.

सं०स्त्री० [सं० गाथा] २ देखो 'गाथा'।

[सं० ग्रथ] ३ धन, दौलत।

[रा०] ४ यश (अ.मा.)

उ०—मही राखग गाथ रा अखियात रा गात मेर।—र.ज.प्र.

गाथा–सं०स्त्री० [सं०] १ वह श्लोक जिसमें स्वर का नियम न हो. २ स्तुति. ३ प्राचीन काल में होने वाली एक प्रकार की प्रसिद्ध रचना जिसमें लोगों के दान, यज्ञादि का वर्णन होता था। ४ कथा, वृतांत, हाल। उ०—रीधौ साथां रैगावां, जस गाथां जेहल्ल। भारांगी बाथां भरै, अथां दियै अपल्ल।—बां.दा.

५ पारसियों के धर्म ग्रंथ का एक भेद (मा.म.) ६ एक प्रकार का अर्द्ध-मात्रिक छंद जिसके पहले और तीसरे चरण में बारह-बारह तथा दूसरे और चौथे चरण में पन्द्रह-पन्द्रह मात्रायें होती हैं। इसके पहले, तीसरे, पाँचवें और सातवें गण में जगण नहीं होना चाहिये (चार मात्राओं के गण को समूह कहते हैं।) किन्तु छठे गण में जगण आवश्यक है. ७ यश (मि०—गाथ ४)

गाथौ—देखो गाथा' (६)

गाद–सं०पु०—वचन, शब्द। उ०—पाद तणौ परधांन गाद रौ सांप्रत गोटौ।—ऊ.का.

गुदगुदी-सं०स्त्री० [सं० गुद् क्रीडायाम्] १ कांख, तलुवे, पेट या शरीर के किसी कोमल व माँसल भाग पर अंगुली आदि के स्पर्श से उत्पन्न होने वाली मीठी खुजली, सुरसुराहट. २ उत्कंठा, शौक।

गुदड़ियौ-सं०पु०—१ गुदड़ी पहिनने या ओढ़ने वाला. २ फटे पुराने कपड़े आदि बेचने वाला. ३ खेमा, फर्श, बिछावन, दरी आदि किराए पर देने वाला. ४ गुदड़िया संप्रदाय का साधु।

गुदड़ी-सं०स्त्री० [सं० गुध=परिवेष्टने] १ फटे-पुराने कपड़ों की कई तहों को एक में जुटा या सी कर बनाया हुआ बिछावन या ओढ़ने का वस्त्र। उ०—ऐ तोकस तकिया थारै, थारी बरोबरि म्हे करां, स कोई फाटी **गुदड़ी** म्हारै।—लो.गी.

२ कपड़े के फटे पुराने टुकड़ों को जोड़ कर बनाया हुआ कपड़ा, कंथा। उ०—सुत परताप धणां भर सारां इळा उजीण दुकांन। काया अमर **गूदड़ी** कीधी, जगपत गोरखनाथ जिम।

—महाराणा अमरसिंह रौ गीत

३ देखो 'गुद्दी' (अल्पा०)

गुदड़ौ—१ देखो 'गुदड़ी' (रू.भे.) २ एक प्रकार का घोड़ा।

गुदभ्रंस-सं०पु० [सं० गुदभ्रंश] गुदाद्वार से कांच निकलने का एक रोग।

गुदरणौ, गुदरबौ—देखो 'गुजरणौ' (रू.भे.) उ०—दिन पांच-छः **गुदरियां** ताहरां एक दिन दोपहर री वरियां खींमौ रिगसतौ रिगसतौ आयौ।—चौबोली

गुदरांण, गुदरांन—देखो 'गुजरांण' (रू.भे.) उ०-दुणांरै माहोमाहे रा एका बिगर इळाज नहीं छै नै प्रकृति इणारी विरुद्ध छै जिणां बीच में रीत चाहीजे तिणसूं मांहोमाहे **गुदरांण** करै। किणां ऊपर अन्याय नी होय।—नी.प्र.

गुदराणौ, गुदराबौ-क्रि०स० [फा० गुजरान+रा० प्र० णौ] १ पेश करना, सामने रखना, उपस्थित करना। उ०—१ अमरावां हजूरियां

कांमदारां सागिरदपेसे सगळां आंरा मुजरौ कियौ। घोड़ा, हाथी, हवालदारां आंरा नजर **गुदराया**।—डाढ़ाळा सूर री वात

उ०—२ अरज अजीत हूंत **गुदराई**, सळक गयौ जैसिंघ सवाई।

—रा.रू.

२ निवेदन करना। उ०—ओठिए आंरा राजांन सूं मुजरा **गुदराया** छै।—रा.सा.सं. ३ हाल कहना।

गुदरायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ पेश किया हुआ, सामने रक्खा हुआ. २ निवेदन किया हुआ. ३ हाल कहा हुआ।
(स्त्री० गुदरायोड़ी)

गुदरावणौ—देखो 'गुदराणौ' (रू.भे.)

गुदरियोड़ौ—देखो 'गुजरियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० गुदरियोड़ी)

गुदरी—देखो 'गुदड़ी' (रू.भे.) उ०—मिट आग तप मिट जाय, साकंप सीत सवाय। द्रढ़ पोत खेवट दांम, तट धरौ **गुदरी** तांम।

—रा.रू.

गुदळणौ, गुदळबौ देखो 'गुदळणौ' (रू.भे.) उ०—चिळकै सोने रा चीलरिया, बंधगी बा रूपाळी पाळ। कूंपलौ किण रौ ढुळियौ आज, **गुदळती** घणाअरमांनी ढाळ।—सांझ

गुदळाणौ, गुदळाबौ, गुदळावणौ, गुदळावबौ—देखो गुडळाणौ' (रू.भे.)

गुदळियोड़ौ- देखो 'गुडळियोड़ौ' (स्त्री० गुदळियोड़ी)

गुदळियौ–वि०—१ धूलि से आच्छादित. २ गंदा, धूलभरा।
उ०—१ **गुदळियौ** जळगार, जींव न धापै जेठवा।
उ०—२ **गुदळियौ** तोइ गगजळ, सांकळियौ तोइ सीह।

—कहवार सरवहिया री वात

गुदळौ–वि०—देखो 'गुडळौ' (रू.भे.) उ०—दूध(ए) पकाऊं **गुदळी** खीर, धौळिया जीं ओ थं म्हांरै आयजौ धरमी पांवणा।—लो.गी.

गुदवावणौ, गुदवावबौ—देखो 'गुदाणौ' (रू.भे.)

गुदहळक–सं०स्त्री० [सं० गोधूलिक] गोधूलि, गोधूलिक।
उ०—इम करतां **गुदहळक** वेळा हुई। तारै कोहर ऊपर पधारिया।

—ढो.मा.

गुदा–सं०स्त्री० [सं०] मलद्वार।

गुदाणौ, गुदाबौ–क्रि०स० ('गुदणौ' का प्रे०रू०) १ गोदने की क्रिया कराना. २ चुभाना।
गुदाणहार, हारौ (हारी), गुदाणियौ—वि०।
गुदाड़णौ, गुदाड़बौ, गुदावणौ, गुदावबौ—रू०भे०।
गुदायोड़ौ—भू०का०कृ०।
गुदाईजणौ, गुदाईजबौ—कर्म वा०।

गवायोड़ौ–भू०का०कृ०—गोदने की क्रिया कराया हुआ।
(स्त्री० गुदायोड़ी)

गुदाळ–सं०पु०—मांस-पिंड (गो.रू.)

गुदाळक–वि०—मांसाहारी, मांसपिंड खाने वाला। उ०—**गुदाळक** जैं पंखाळ गजै, विकराळ बंबाळ अंबाळ बजै।—गो.रू.

गुदावणौ, गुदावबौ—देखो 'गुदाणौ' (रू.भे.)

गुदावियोड़ौ—देखो 'गुदायोड़ौ' (रू.भे.)

गुदियारौ–सं०पु०—एक प्रकार की घास।

गुदी–स०स्त्री०—१ पशुओं के चरने के बाद बचा हुआ घास-फूस का महीन अवशिष्ट भाग. २ देखो 'गुद्दी' (रू.भे.)

गुदीजणौ, गुदीजबौ–क्रि० भाव वा०—गूदा जाना, चुभा जाना।
गुदीजणहार, हारौ (हारी), गुदीजणियौ—वि०।
गुदीजिओड़ौ, गुदीजियोड़ौ, गुदीज्योड़ौ—भू०का०कृ०।
गुदणौ—अक० रू०।

गुद्दी, गुद्धी–सं स्त्री०—१ गूदा, सार, तत्व. २ गर्दन का पिछला भाग।
मुहा०—१ आंखियां गुद्दी में होणी—देख कर काम न करना, मूर्ख होना. २ गुद्दी नापणी—सिर के पीछे थप्पड़ मारना. ३ गांड-गुद्दी एक करणी—मार-मार कर अधमरा करना।
३ गर्दन के पिछले भाग के बाल. ४ हथेली का मांसल भाग।
अल्पा०—गुदड़ी, गुदड़ौ।

गुधळकियौ–वि०—गोधूलि समय संबंधी, गोधूलि समय का।

गुधळणौ—देखो 'गुडळणौ' (रू.भे.) उ०—नित **गुधळावण** नीर, कुंभी सम अकबर क्रमै। गोहिल रांण गंभीर, पण गुधळै न प्रतापसी।

—दुरसौ आढ़ौ

गुधळाणौ, गुधळाबौ, गुधळावणौ, गुधळावबौ—देखो 'गुडळाणौ' (रू.भे.)

गुधळावियोड़ौ—देखो 'गुडळावियोड़ौ' (रू.भे.)

गुधळिक—देखो 'गोधलूक' (रू.भे.)

गुधळौ—देखो 'गुडळौ' (रू.भे.)

गुनकली–सं०स्त्री०—एक राग विशेष।

गुनगुनौ–वि० [सं० कदुष्ण, प्रा० कउण्ह] आधा गरम या कुछ हल्का गरम (पानी), कुनकुना।
(रू०भे०—कुणकुणौ)

गुनहगार–वि० [फा०] १ अपराधी, दोषी. २ पापी।
(रू०भे०—गुनागार, गुनाहगार, गुनैगार, गुन्हगार, गुन्हैगार।

गुनहगारी, गुनहरी–सं०स्त्री० [फा०] १ दोष, अपराध, गुनाह।
२ किसी अपराध या दोष के लिए प्राप्त किया जाने वाला दंड।
उ०—सो तू मन मनाय अर **गुनहरी** पेसकस देय इतरा बरसां रौ परगना रौ हिसाब देय।—ठाकुर जैतसी री वारता
रू०भे०—गुनागारी, गुनाहगारी, गुनैगारी, गुन्हगारी, गुन्हैगारी।

गुनागार—देखो 'गुनहगार' (रू.भे.) उ०—हूं थां कन्है थां प्रभू कन्है **गुनागार** छौ।—नी.प्र.

गुनागारी—देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.)

गुनाडच—देखो 'गुणाढ़च' (रू.भे.) उ०—गुमड़ै गरिमादिक ग्यांन **गुनाडच**, रुड रुड त्रंबक ध्यांन धनाडच।—ऊ.का.

गुनाळी–सं०स्त्री०—यश, प्रशंसा, गुण। उ०—**गुनाळी** गाऊं मैं पुनि न पिछताऊं पथ परूं। कुपथ्यादि काटूं धरम पथ थाटूं गथ धरूं।

—ऊ.का.

गुनाह–सं०पु० [फा०] १ अपराध, दोष. २ पाप।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।
(रू०भे०—गुना, गुनौ, गुन्हौ)

गुनाहगार—देखो 'गुनहगार' (रू०भे०) उ०—तौ कही उवा छै के जिणसूं बेगुनह उणसूं निडर रहै अर **गुनाहगार** डरता रहै।
—नी.प्र.

गुनाहगारी –देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.) उ०—१ नै जावणौ दरवेसां री बंदगी दरगाह बादसाहां री में **गुनाहगारी** छै।—नी.प्र.
उ०—२ जिकौ सगळौ सलूकायौ उहां हिसाब दे दिराय राजी किया, **गुनहगारी** आप लीवी और सारै परगने रै सिर हवालौ ठहरायौ।— ठाकुर जैतसी री वारता

गुनाही–सं०पु० [फा०] अपराधी, दोषी, कसूरवार।

गुनूं—देखो 'गुनाह' (रू.भे.) उ०—सुणूं हरिरांम **गुनूं** किय साफ, महा-प्रभु मांगत आगत माफ।—ऊ.का.

गुनेगारी—देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.) उ०—**गुनेगारी** भारी बकस हितकारी मम गुणौ।—ऊ.का.

गुनैगार—देखो 'गुनहगार' (रू.भे.)

गुनैगारी—देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.)

गुनौ—देखो 'गुनाह' (रू.भे.) उ०—थे भी तौ थांरै भायलां-भपेलां में बैठ'र दुख-सुख री वातां किया करौ हौ। पछै ऐ पाड़ोसण कनै गया परा तौ कांई **गुनौ** करियौ?—वरसगांठ

गुन्नी—देखो 'गुणणी' (रू.भे.)

गुन्हगार—देखो 'गुनहगार' (रू.भे.)

गुन्हगारी—देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.) उ०—देवीदास कह्यौ—अन्न तौ दरसण करनै जीमसूं। साह कह्यौ—सवारै **गुन्हगारी** भेळी चाढ़ज्यौ, पण आज तौ जरूरी कांम छै।—पलक दरियाव री वात

गुन्हैगार—देखो 'गुनहगार' (रू.भे.) उ०—अमरसिंह गजसिंह के, करी अचळ राठौड़। कांन बाढ़ बूचौ कियौ, **गुन्हैगार** छै गौड़।
—अमरसिंह री वात

गुन्हैगारी—देखो 'गुनहगारी' (रू.भे.)

गुन्हौ—देखो 'गुनाह' (रू.भे.) उ०—ताहरां किंवाड़ री सेरियां हाथ घात कैवण लागौ, महाराज पइसौ लीजौ, म्हांमें तकसीर पड़ी, मों'ड़ौ आयौ **गुन्हौ** माफ कीजौ।—पलक दरियाव री वात

गुपचुप–क्रि०वि०—गुप्त रूप से, छुपा कर, चुपचाप।
सं०स्त्री०—गुप्तगू, गुपचुप की बात।

गुपत–वि० [सं० गुप्त] छुपा हुआ, गूढ़, पोशीदा (अ.मा.)
उ०—मावड़िया अंग मोलिया, नाजुक अंग निराट। **गुपत** रहै ऊमर गमै, खाय न निज बळ खाट।—बां.दा.
सं०पु०—१ एक प्राचीन राजवंश जिसने पहले मगध देश में राज्य स्थापित करके सारे उत्तरीय भारत में अपना राज्य फैलाया. २ एक प्रकार का शस्त्र जो ऊपर से केवल छड़ी के समान दिखता है किन्तु अन्दर किर्च लगी रहती है। (रू०भे०—गुप्त)

गुपतअंग–सं०पु० [सं० गुप्तांग] १ कछुआ, कमठ (अ.मा.) २ गुप्त अंग।

गुपतकासी–सं०स्त्री० [सं० गुप्तकाशी] हरिद्वार एवं बद्रीनाथ के मध्य स्थित एक तीर्थ।
(रू०भे०—गुप्तकासी)

गुपतचर–सं०पु० [सं० गुप्तचर] किसी बात का चुपचाप भेद लेने वाला, भेदिया, जासूस।
(रू०भे०—गुप्तचर)

गुपतदांन–सं०पु० [सं० गुप्तदान] वह दान जिसे देने वाले के सिवाय और कोई व्यक्ति दानदाता का नाम न जान सके।
उ०— हकीम सिकंदर नूं कहै **गुपतदांन** दै, असमांन सूं आवै जिका आफत गुपतदांन रा पुण्य प्रभावात मिटै।—बां.दा. ख्यात
कहा०—गुपतदांन महा पुन- गुप्तदान बड़ा पुण्य-कार्य है। गुप्त रीति से कार्य धीरे-धीरे करते रहने से सिद्धि प्राप्त होती है।
रू०भे०—गुप्तदांन।

गुपतमार–सं०स्त्री० [सं० गुप्त+मार] १ ऐसा प्रहार जिससे शरीर पर न तो कोई चिन्ह पड़े और न खून आदि निकले परन्तु शरीर के किसी भीतरी भाग में चोट पहुँचे. २ ऐसा अनिष्ट जो बहुत छिपा कर किया जाय। (रू०भे०—गुप्तमार)।

गुपता–सं०स्त्री० [सं० गुप्ता] १ वह नायिका जो सुरति छिपाने का उद्योग करती है. २ रखैल स्त्री।
रू०भे०—गुप्ता।

गुपतिपंचअंग–सं०पु०यौ० [सं० गुप्ताङ्ग+पंचांग] कछुआ (ह.नां.)

गुपती, गुपतिय, गुपत्ती– देखो 'गुपत' (३) उ०—१ **गुपतिय** खंजर धूप कटार।—ला.रा. उ०—२ **गुपत्ती** कत्ती संगि गद्दा गुरज्जं।
—वचनिका
क्रि०वि०—छिपे रूप में। उ०—कातिग मांसा जगा(ह) चलाई। कोरौ कागळ **गुपती** लीखाई।—वी.दे.
(रू०भे०—गुप्ती)

गुप्तगंगा–सं०स्त्री०– एक पौराणिक नदी।

गुप्त—देखो 'गुपत' (रू.भे.)

गुप्तकासी— देखो 'गुपतकासी' (रू.भे.)

गुप्तचर—देखो 'गुपतचर' (रू.भे.)

गुप्तदांन— देखो 'गुपतदांन' (रू.भे.)

गुप्तमार—देखो 'गुपतमार' (रू. .)

गुप्ता—देखो 'गुपता' (रू.भे.)

गुप्ती—देखो 'गुपती' (रू.भे.)

गुफ्फा—देखो 'गुफा' (रू.भे.)

गुफ्फागुद्ध, गुफागुध्ध— देखो 'गुफागुध्ध' (रू.भे.)

गुफा–सं०स्त्री० [सं० गुहा] वह गहरा अंधकारयुक्त गड्ढ़ा जो जमीन या पहाड़ के नीचे बहुत दूर तक चला गया हो।
पर्याय०—कंदरा, खोह, गुद, दरी।

(रू०भे०—गुहा)

गुप्तगू—सं०स्त्री० [फा०] १ बातचीत, वार्तालाप. २ गुप्त मन्त्रणा।

गुफ्फागुध्ध—क्रि०वि०—१ दृढ़ आलिंगनपूर्वक। उ०—दूजै पोहरे रयण कै, मिळियत **गुफ्फागुध्ध**। घण पाळी पिव पाखरचौ, विहू भला भड़ जुध्ध।—ढो.मा.

२ गुत्थमगुत्था।

गुबार—सं०पु० [अ०] १ गर्द, धूल. २ मन में दबाया हुआ क्रोध, दुख, द्वेष आदि।

गुब्बारौ—सं०पु०—१ गरम हवा या हवा से हल्की कोई गैस भर कर आकाश में उड़ाने की एक प्रकार की थैली अथवा इसके आकार की कोई अन्य वस्तु. २ इसी प्रकार का बना कागज का गुब्बारा। इसके नीचे जलता हुआ तेल से भीगा कपड़ा बांध देते हैं जिसके गरम धुयें से गुब्बारा उड़ने लगता है।

क्रि०प्र०— उडणौ, उडाणौ, छूटणौ, छोडणौ।

३ भेद, रहस्य।

गुम—सं०पु०—१ गर्व, घमंड. २ पता, ज्ञान। उ०—ताहरां डबी देखि सुजांण कह्यौ— बात सांची। डबी री **गुम** कुंवरजी बिना दूजै नै पण कोयनी।— पलक दरियाव री वात

वि०—१ गुप्त, अप्रकट, छिपा हुआ. २ अप्रसिद्ध. ३ खोया हुआ।

क्रि०प्र०—करणौ, जाणौ, होणौ।

यौ०—गुमनांम, गुमराह।

गुमड़ौ—सं०पु०—ग्रंथि, फोड़ा।

गुमटी—सं०स्त्री० [फा० गुंबद] १ इमारत के ऊपरी भाग में सीढ़ी या कमरों आदि की छत जो शेष भाग से अधिक ऊपर उठी हुई होती है। गुंबज. २ श्मशान भूमि में बनवाया जाने वाला स्मारक स्थान।

गुमनांम—वि० [फा० गुमनाम] अप्रसिद्ध, अज्ञात।

गुमनांम रौ खत—सं०पु०—वह ऋण-पत्र जिसमें ऋणदाता का नाम न लिखा हो।

गुमर—सं०पु०—१ अभिमान, घमंड (अ.मा.) उ०—१ अभंग कमंध तणौ **गुमर** उतारियौ, चमर बांध धारियौ **गुमर** चूंडा।

—रावत जसवंत रौ गीत

उ०—२ और रजपूतपणा रौ **गुमर** जिकां रै हिया में असर ही नहीं।—वी.स. टी.

२ मन में छिपाया हुआ क्रोध या दोष ३ धीरे-धीरे की बातचीत, कानाफूसी।

गुमराह—वि० [फा०] १ कुपथगामी, बुरे मार्ग पर चलने वाला, नीति-पथ से हटा हुआ. २ भटका हुआ।

गुमराही—सं०स्त्री० [फा०] १ भूल, भ्रम. २ कुपथ, कुमार्ग।

गुमसुम—वि०—अवाक, स्तब्ध। उ०—थोड़ी ताळ तांई तौ वै **गुमसुम** ऊभा रहिया, पछै हथाळी में सीप रा बटण ले'र बोल्या।

—वांणी. विजयदांन देथौ

गुमांन—सं०पु०—गर्व, अभिमान।

गुमांनगंजण—सं०पु०- -एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुमांनराव—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुमांनसार—स०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुमांनी—वि० (स्त्री० गुमांनण) १ अभिमानी, घमंडी, अहंकारी। उ०—१ हूं अबळा री जात, जूण नार री जोयले। पग में बेड़ी घात, गयौ **गुमांनी** जेठवौ। उ०—२ मन मुसकाय खेत के मांहीं, बोल्यौ मोटी बांनी। चंगी चाल चाह कर चूक्यौ, गढ़ नहं सज्यौ **गुमांनी**।—ऊ.का.

२ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुमाणौ, गुमाबौ—क्रि०स०—गुम करना, खोना, गायब करना।

गुमाणहार, हारौ (हारी), गुमाणियौ—वि०।

गुमाड़णौ, गुमाड़बौ, गुमावणौ, गुमावबौ—रू०भे०।

गुमायोड़ौ—भू०का०कृ०।

गुमाईजणौ, गुमाईजबौ—कर्म वा०।

गुमणौ—अक० रू०।

गुमायोड़ौ—भू०का०कृ०—गुम किया हुआ, खोया हुआ। (स्त्री० गुमायोड़ी)

गुमावणौ, गुमावबौ—देखो 'गुमाणौ' (रू.भे.)

गुमावणहार, हारौ (हारी), गुमावणियौ—वि०।

गुमाविओड़ौ, गुमावियोड़ौ, गुमाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गुमावीजणौ, गुमावीजबौ—कर्म वा०।

गुमणौ—अक० रू०।

गुमावियोड़ौ—देखो 'गुमायोड़ौ'। (स्त्री० गुमावियोड़ी)

गुमास्तागीरी—सं०स्त्री०यौ० [फा०] गुमाश्ते का कार्य, गुमाश्ते का पद।

गुमास्तौ—सं०पु० [फा० गुमाश्ता] किसी व्यापारी आदि की पेढ़ी पर हिसाब लिखने या क्रय-विक्रय के लिए नियुक्त किया गया कर्मचारी, मुनीम। उ०—तांहरै अजैपाळ साह कांम **गुमास्ता नै** सौंपि बेटा देवीदास नै साथ लेय घरै जीमण नै गयौ।—पलक दरियाव री वात

गुमी—सं०स्त्री०—एक प्रकार की वीणा (अ.मा.)

गुमेज—सं०पु०—गर्व, अभिमान। उ०—१ नाभि उंडाळी छीण कटि, चल मिरगा नैणी। विधना रूप **गुमेज**, सवारी पै'ल सैलांणी।

—मेघ.

उ०—२ वीरा ऊभी ओरिया रै बा'र, देवरजी मूंमा बोलिया। भावज करती वीरा रौ **गुमेज**, वीरौ बत्तीसी ले गयौ।

—लो.गी.

क्रि०प्र०—करणौ, खंडणौ, राखणौ, होणौ।

गुम्मज—देखो 'गुंबज' (रू.भे.)

गुम्मत—देखो 'गम्मत' (रू.भे.)

गुम्मर—देखो 'गुमर' (रू.भे.) उ०—१ धीरा-धीरा ठाकुरां, **गुम्मर** कियां म जाह। महुंगा देसी झूंपड़ा, जै घरि होसी नाह।—हा.झा.

उ०—२ गौ अजमेर मियां तज गुम्मर, आयौ दुरंग पजावे ऊपर ।
—रा.रू.

गुरंड–सं०पु०—अंग्रेज । उ०—हिंदू गुरंड खगां हूचकिया, वहिया वाहण सूझ विचाळ ।—दुरगादत्त बारहठ

गुर—देखो 'गुरु' (रू.भे.) उ०—१ गढ़ तूं जिसौ सिंघ रायां गुर । गढ़ सिरखौ रवि तौ यह गात ।—द.दा. उ०—२ खत्री गुर वासिया मोलि महूंगा खरा । अरि घड़ा भांजिसी भीच जसवंत रा ।
—हा.झा.

गुरगम, गुरगमि–सं०स्त्री०यौ०—१ गुरु-शिक्षा, उपदेश ।
उ०—मेर मरजाद रणजीत आखाड़मल, खेर दीधा डसण जबर खेटे । पुखत गुरगम मिळी सेन पण पांकियौ, भरतपुर फेर नह उसर भेटे ।—बां.दा.
२ तत्वज्ञान । उ०—जन हरिदास उदबुद कथा, परम गति गुरगमि लहिए । घर बन गिरि तर कंदरा, रांम राखै तहां रहिए ।—ह.पु.वा.

गुरगळ–सं०पु०—एक पक्षी विशेष ।

गुरगाबी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का जूता, मुड्डा जूता । उ०—पातसाह री हजूर अमराव मंमूसाह मीर गाभरू, मु हरम री खुटक नै गुरगाब्यां पगां उबांणा सो तीजै भाई नूं आपड़ियौ थौ सु आ घणी वात छै ।
—नैणसी

गुरड़—देखो 'गरुड़' (रू.भे.) उ०—जसवंत गुरड़ न उड्डहीं, ताळी अजड़ तणेह ।—हा.झा.

गुरड़गाह–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुरड़धज—देखो 'गरुड़ध्वज' (ह.नां.)

गुरड़पख–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुरड़ासण, गुरड़ासन–सं०पु०—१ गरुड़ पर सवारी करने वाला–ईश्वर, विष्णु (अ.मा., नां.मा.) २ देखो 'गरुड़ासन' (रू.भे.)

गुरड़ेस–सं०पु०—गरुड़ ।

गुरड़ौ–सं०पु०—१ गुरु. २ गुरु जाति का ब्राह्मण जो चमारों आदि के विवाह-संस्कार आदि कार्य सम्पन्न कराता हो. ३ घोड़े का एक प्रकार का विशेष रंग अथवा इस रंग का घोड़ा ।

गुरज–सं०पु० [फा० गुर्ज] १ गदा, सोटा (अ.मा.) उ०—हाथ में सोना री गुरज हुती सौ प्रोहितजी रा माथामें दीवी नैं कह्यौ—तुम्हारै सीरायंत मारधम हुवौ तौ वीर माहाराज रै वळै कोय नहीं ?
—रीसालू री वात
२ एक प्रकार की गदा जिसे मुसलमान अपनी भाषा में प्रायः गुर्ज कहा करते थे । यह इस्पात की बनी अत्यधिक भारी होती है और इसके ऊपरी भाग पर आठ अर्द्धचंद्राकार पत्तियाँ लगी होती हैं जिन पर तेज धार होती है । पत्तियों के मिलने वाले स्थान पर मुंगरी (मोगरा) लगी होती है । इसके नीचे के भाग पर सुंदर दस्ता या मूठ बनी होती है. ३ कोट या शहरपनाह (प्राचीर) की दीवार का वह स्थान जो कुछ गोलाकार उभरा हुआ होता है, बुर्ज ।

गुरजखांप–सं०स्त्री०—एक प्रकार का रंदा ।

गुरजणकुत्तौ–सं०पु० (स्त्री० गुरजणकुत्ती) एक जाति विशेष का कुत्ता ।

गुरजदार, गुरजबरदार–सं०पु०— १ गदाधारी. २ बादशाह व राजा का व्यक्तिगत सेवक । उ०—अत मिळतां आदर अरब, करै कमंध विशा-पार । सेव खड़ा गिणदेव सम, गुरजदार पड़दार ।—रा.रू.
३ हाथ में डंडा या गुर्ज नामक शस्त्र रखने वाला सिपाही ।
उ०—राव फील चराही न देवै और पण लाजमा रा सवाल जवाब न करै तो बादशाह फुरमाई—फील चराई लेवौ तद गुरजबरदार मेलियौ सो आंण कही ।—अंमरसिंह गजसिंहोत री वात

गुरजमार–सं०पु०—एक प्रकार के मुसलमान फकीर जो लोहे का गुर्ज साथ लिये फिरते हैं ।

गुरजर–सं०पु० [सं० गुर्जर] १ गुजरात. २ एक जाति या इस जाति का व्यक्ति ।

गुरजरी–सं०स्त्री० [सं० गुर्जरी] १ गुजरात देश की स्त्री. २ गुर्जर जाति की स्त्री, गूजरी. ३ भैरव राग की स्त्री (संगीत)

गुरज री टोडी–सं०स्त्री० संपूर्ण जाति का एक राग (संगीत)

गुरजी–वि० [फा० गुर्ज] जार्जिया नामक देश का एक कुत्ता ।

गुरज्ज—देखो 'गुरज' (रू.भे.) उ०—अधण तरुवर ऊपरै, फिर कोपै जगदीस । पवै भुरज्जां वज्र पर, पड़ी गुरज्जां सीस ।—रा.रू.

गुरडि—देखो 'गरुड़' (रू.भे.) उ०—गुरडि चढी हरी आव्या अनी, आवी सकति सिंह-वाहिनी । —कां.दे.प्र.

गुरडी–सं०स्त्री०—१ रस्सी की ऐंठन ।
क्रि०प्र०—पड़णी, लागणी ।
२ कपट ।
मुहा०—मन री गुरडी मेटणी मन में कपट न रखना ।

गुरड़ु—देखो 'गरुड़' (रू.भे.)

गुरणी—१ देखो 'गुरुणी' (रू.भे.) २ गुरु-पत्नी ।

गुरदवारौ–सं०पु० [सं० गुरुद्वारा] १ गुरु का निवास-स्थान. २ सिक्खों का देवालय ।

गुरभाई–सं०पु०—दो या दो से अधिक वे पुरुष जो एक ही गुरु के शिष्य रह चुके हों, गुरुभाई ।

गुरमुख—देखो 'गुरुमुख' (रू.भे.)

गुरमुखी—देखो 'गुरुमुखी' ।

गुरराणौ, गुररावौ–क्रि०अ० (अनु०) [सं० घुर] क्रोधवश गले से भारी आवाज निकालना, क्रोध या अभिमान के कारण भारी और कर्कश स्वर में बोलना, गुर्राना ।

गुररायोड़ौ–भू०का०कृ०—गुर्राया हुआ (स्त्री० गुररायोड़ी)

गुरवादित्य–सं०पु० [सं० गुर्वादित्य] सूर्य और बृहस्पति का एक राशि पर गमन (अशुभ)

गुरवार—देखो 'गुरुवार' (रू.भे.) उ०—मास मिगसर वार गुर, बीज उजाळी पाख ।—रा.रू.

गुरसा–सं०स्त्री०—श्यामा चिड़िया ।

गुरांजणी–सं०स्त्री० [सं० गडुअंजनी] आँख की पलक पर होने वाली फुन्सी ।

गुरांणी–सं०स्त्री०—१ गुरुपत्नी, गुरु की स्त्री. २ स्त्री-शिक्षक, शिक्षिका ।

गुरांसा–सं०पु०—१ गुरु के लिये सम्मानसूचक शब्द ।

२ जैन यति ।

कहा०—आप गुरांसा बैंगण खावै दूजां नै परमोद सुणावै—गुरुजी स्वयं तो बैंगन खाते हैं और दूसरों को उसे न खाने का उपदेश देते हैं; जिस बात पर स्वयं आचरण न करते हों उस बात पर दूसरों को आचरण करने की शिक्षा देने पर; कथनी व करनी में अंतर होने पर ।

गुराड़, गुराड़ौ–सं०पु०— अंग्रेज, गोरा । उ०—गंज गाडां जंबूरां जंजाळां दागी गोम गाज, दळां आटा अच्छरां अच्छरां लागी दीठ । जाडा भंडां ऊपरै जासेल आग जागी जठै, रोसेल गुराड़ां हाडां बागी खागां रीठ ।—दुरगादत्त बारहठ

गुराब, गुराबा–सं०स्त्री०—१ छोटी तोप । उ०—**गुराबां** अटक तट ऊतरै विकट गत, साहीपुर दुरंग थट अघट समाज ।

—रणसिंह सीसोदिया रौ गीत

२ घोड़े, ऊँट आदि से खींची जाने वाली तोप ।

गुरिज–सं०पु० [सं० गुरूर्ज] १ हाथी. २ एक प्रकार का शस्त्र, गदा ।

गुरु–सं०पु० [सं०] १ आचार्य, शिक्षक, उपदेशक । उ०—**गुरु** गेहि गयौ गुरु चूक जांणि, गुरु नांम लियौ दम धोख नर ।—वेलि.

कहा०—१ गुरु खनै तौ ग्यांन हीज लादै—गुरु के पास तो ज्ञान ही प्राप्त होता है. २ गुरु तौ गुड़ रैं'ग्या और चेला सक्कर हुं'ग्या—गुरु तो गुड़ ही रहे और चेले शक्कर हो गये; शिष्य गुरु से भी आगे बढ़ गये. ३ गुरु विना किसौ ग्यांन—गुरु के अभाव में ज्ञान कैसा अर्थात् ज्ञान तो गुरु से ही प्राप्त होता है.

४ घर रा तौ घट्टी चाटै नै गुरां नै आटौ भावै—घर के तो सब चक्की चाट रहे हैं और गुरुजी को आटे की इच्छा हो रही है। किसी व्यक्ति से सामर्थ्य से अधिक मांग करने पर ।

(रू०भे०–गरु, गरू, गुर, गुरू)

यौ०– गुरुकुंडळी, गुरुकुळ, गुरुघंटाळ, गुरुदक्षिणा, गुरुदत्त, गुरुदुवारौ, गुरुभाई, गुरुमंतर ।

२ देवताओं का आचार्य, बृहस्पति (अ.मा.) ३ बृहस्पति ग्रह । उ०—तैतिळ सोळह साठि भला कवि गुरु न अस्त भणि ।—वं.भा.

यौ०—गुरुवार ।

४ ग्रह (नां.मा.) ५ दो मात्राओं का अक्षर ऽ (छंदशास्त्र)

६ अपने-अपने गृह्य सूत्र के अनुसार यज्ञोपवीत आदि संस्कार कराने वाला जो कि गायत्री मंत्र का उपदेष्टा होता है. ७ वह साधन, प्रणाली या क्रिया जिसके प्रयोग करते ही कार्य तुरंत हल हो जाय, मूल-मन्त्र, सार. ८ ब्रह्मा. ९ विष्णु. १० शिव. ११ माता-पिता । उ०—**गुरु** गेहि गयौ, गुरु चूक जांणि । गुरु नांम लियौ, दमधोख नर ।

—वेलि.

१२ एक ब्राह्मण जाति जो चमारों आदि के यहाँ विवाह कार्यादि कराती है अथवा इस जाति का व्यक्ति. १३ तीन की संख्या* ।

वि०—१ भारी, वजनी । उ०—केवड़ा कुसुम कुंद तणा केतकी, स्रीय सीकर निरझर स्रवति । ग्रहियौ कंधै गंध भार **गुरु**, गंधवाह तिणि मंदगति ।—वेलि. २ लम्बेचौड़े आकार वाला, दीर्घाकार. ३ श्रेष्ठ, शिरोमणि. ४ महान, बड़ा ।

(रू०भे०–गुर)

गुरुकुंडळी–सं०स्त्री० [सं० गुरुकुंडली] फलित ज्योतिष में एक चक्र जिसके द्वारा जन्म नक्षत्र के अनुसार एक-एक वर्ष के अधिपति ग्रह का निश्चय किया जाता है ।

गुरुकुळ–सं०पु० [सं० गुरुकुल] गुरु, आचार्य या शिक्षक के रहने का वह स्थान जहाँ वह विद्यार्थियों को अपने साथ रख कर शिक्षा देता है ।

गुरुगंधरव–सं०पु० [सं० गुरुगंधर्व] इंद्रजाल के ६ भेदों में से एक (संगीत)

गुरुगम–सं०पु०यौ० [सं० गुरु+गम=ज्ञान] गुरु द्वारा प्राप्त ज्ञान, गुरु से समझा हुआ रहस्य । उ०—प्रीत घीन मेंदी पीठी तंत रौ तेल चढ़ायौ, समझ तलवार हाथ में लीन्ही **गुरगम** ढोल घुरायौ ।

—ऊ.का.

गुरुघंटाळ–वि०—१ महान धूर्त. २ निपट मूर्ख ।

गुरुघ्न–सं०पु० [सं०] गुरु-हत्या करने वाला, गुरु-हत्या का अपराधी ।

गुरुच–सं०स्त्री० [सं० गुडूची] गिलोय ।

गुरुजन–सं०पु०यौ० [सं०] बड़े लोग, माता-पिता, आचार्य आदि ।

गुरुडियउ–सं०पु०—रंग विशेष का घोड़ा (रा.ज.सी.)

गुरुता, गुरुताई–सं०स्त्री० [सं०] १ गुरुत्व, भारीपन. २ महत्व, बड़प्पन. ३ गुरु होने का भाव ।

गुरुदक्षिण, गुरुदखणा, गुरुदखिणा, गुरुदछणा–सं०स्त्री०—विद्या पढ़ने के पश्चात गुरु को दी जाने वाली दक्षिणा ।

गुरुदत्त–सं०पु०—दत्तात्रेय । उ०—नमौ अवधूत उदार अलक्ख, नमौ **गुरुदत्त** गियांन गोरक्ख ।—ह.र.

वि०—१ गुरु का दिया हुआ. २ गुरु को दिया हुआ ।

गुरुदवार, गरुदवारौ–सं०पु० [सं० गुरुद्वारा] देखो 'गुरदवारौ' ।

गुरुदैवत–सं०पु० [सं०] पुष्य नक्षत्र ।

गुरुद्वारौ—देखो 'गुरदवारौ' ।

गुरुपुस्य–सं०पु० [सं० गुरुपुष्य] बृहस्पति के दिन पुष्यनक्षत्र के पड़ने का योग ।

गुरुपूनम–सं०पु०यौ० [सं० गुरुपूर्णिमा] आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा । इस दिन गुरु का पूजन किया जाता है । व्यासपूर्णिमा ।

गुरुबलां–सं०स्त्री० [सं०] संकीर्ण राग का एक भेद (संगीत)

गुरुभ–सं०पु० [सं०] १ पुष्य नक्षत्र. २ मीन राशि. ३ धन राशि ।

गुरुभाई—देखो 'गुरभाई'।

गुरुमंतर–सं०पु० [सं० गुरुमंत्र] १ गुरु द्वारा दी जाने वाली शिक्षा।
क्रि०प्र०—देणौ, फूंकणौ।
२ गुरु का शिष्य को दीक्षित करने का कार्य।

गुरुमुख–वि०—कंठस्थ, जैसे गुरु से ज्ञान प्राप्त हो ठीक वैसा ही किया गया याद या कंठस्थ।

गुरुमुखी–सं०स्त्री०—१ गुरु नानक की चलाई हुई एक लिपि जो आज-कल पंजाबी भाषा की लिपि है. २ इस लिपि में लिखी जाने वाली भाषा, पंजाबी. ३ देखो 'गुरुमुख' (रू.भे.)

गुरुवार, गुरुवासर–सं०पु० [सं०] सप्ताह के सात दिनों में से एक, बृहस्पतिवार। उ०—संवत सत्तर छिनुग्रौ पुणां तस वरस पटंतर। तिथि उतिम सातिम वार उतिम **गुरुवासर**।—ल.पिं.

गुरुसंथा–सं०स्त्री०—गुरु द्वारा दी जाने वाली शिक्षा व दीक्षा।

गुरुड़ौ—देखो 'गुरड़ौ' (रू.भे.)

गुरू—देखो 'गुरु' (रू.भे.)

गुरूप–सं०पु० [अं० ग्रुप] दल, झुंड, समूह।

गुलंबर–सं०पु०—द्वार पर त्रिभुजाकार बना हुआ आंतरिक ताखा।

गुल–सं०पु० [फा०] १ गुलाब का पुष्प।
२ मनुष्य या पशु के शरीर पर गर्म की हुई धातु आदि के दागने से अंकित होने वाला चिन्ह, दाग।
क्रि०प्र०—दागणौ, देणौ।
मुहा०—गुल खाणौ—अपने शरीर पर गरम धातु से दगवाना।
३ पुष्प, फूल (अ.मा.) उ०—लाजाळू **गुल** चिमन में, खग कुळ मांहि बकोट। मावड़िया मिनखां मही, यां तीनां में खोट।—बां.दा.
मुहा०—१ गुल खिलणौ—विचित्र बात होना, अनहोनी बात सामने आना, हलचल होना, झंझट होना. २ गुल खिलाणौ—विचित्र घटना उपस्थित करना, ऐसी बात उपस्थित करना जिसका अनुमान पहले से ही लोगों को न हो, बखेड़ा खड़ा करना, उपद्रव मचाना।
यौ०—गुलजार, गुलदस्तौ, गुलदांन।
४ दीपक आदि में बत्ती का वह अंश जो बिल्कुल जल जाता है।
क्रि०प्र०—कतरणौ, काटणौ, पड़णौ।
मुहा०—(दियौ) गुल करणौ—(चिराग) बुझाना।
यौ०—गुलगीर।
५ चिलम पीने के बाद बच रहने वाला तम्बाकू का जला हुआ अंश.
६ किसी चीज पर बना हुआ भिन्न रंग का कोई गोल निशान।
क्रि०प्र०—पड़णौ।

गुळ–सं०पु० [सं० गुड] गुड़। देखो 'गुड़' (रू.भे.) उ०—दाता धन जेतौ दियै, जस तेतौ घर पीठ। जेतौ **गुळ** लै थाळियां, तेतौ जीमण मीठ।—बां.दा.
मुहा०—१ कुलड़ी में गुळ गाळणौ—गुप्त रीति से कोई कार्य करना, छिपे-छिपे कोई सलाह करना. २ गुळ डळियां घी आंगळियां—एक-एक डली कर के गुड़ और अंगुली-अंगुली कर के घी चट समाप्त हो जाता है; नित्य की थोड़े-थोड़े व्यय से बड़ी राशि भी समाप्त हो जाती है. ३ गुळ-खळ एकरा भाव अच्छे-बुरे अथवा योग्य-अयोग्य सब को एक समान समझना. ४ गुळ तौ इंधारै में ही मीठौ—गुड़ तो अंधेरे में भी मीठा ही लगता है; उपयुक्त वस्तु सब जगह ही ठीक होती है।
कहा०—१ गुळ नहीं गुळवांणी नहीं, गुळ सूं मीठी जीभ ही नहीं—गुड़ एवं गुड़ का पकवान तो दूर रहा, मुँह से मीठे वचन भी नहीं बोल सकते? भलाई या सहायता करना तो दूर, मीठी बोली बोलने से भी परहेज करने पर. २ गुळ लारै तमाखू बळै—गुड़ के साथ तम्बाकू भी जलती है; सामूहिक भोज में जहां भोजन में अधिक व्यय होता है वहाँ साथ में छोटे-मोटे अन्य खर्च भी करने पड़ते हैं।

गुलअनार–सं०पु०यौ०—एक प्रकार का पुष्प विशेष (शा.मा.सं.)

गुलअब्बास–सं०पु० [फा० गुल+अ० अब्बास] वर्षा ऋतु का एक पौधा जिसमें लाल या पीले रंग के फूल निकलते हैं।

गुलअब्बासी–वि०—गुल अब्बास के पुष्प के रंग का, हल्के नीले रंग की झांईयुक्त चमकते लाल रंग का।

गुलअसरफी–सं०पु० [फा० गुलअशर्फी] एक प्रकार के पीले रंग का फूल।

गुळकंद–सं०पु० [फा०गुल+सं० कंद] ठंडी तासीर की एक मीठी औषधि जो चीनी या मिश्री के रस में अमलतास या गुलाब के फूल की पंखुरियों को मिला कर धूप की गर्मी में पकाई जाती है।

गुलक—देखो 'गोलक' (रू.भे.)

गुलकागड़ी–सं०स्त्री०—एक प्रकार की बकरी विशेष जिसके शरीर पर सफेद, लाल और श्याम रंग के धब्बे होते हैं।

गुळकारस–सं०पु०—मोती (ह.नां.)

गुळकारस उदभव–सं०पु०—१ हीरा. २ मोती (ह.नां.)

गुलक्यारी–सं०स्त्री०यौ० [फा० गुल+सं० केदारिका] फूलों की क्यारी।

गुळगचियौ—देखो 'गुळगुचियौ' (रू.भे.)

गुलगलौ–सं०पु०—१ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.) २ एक प्रकार का व्यंजन।

गुळगांठ–सं०स्त्री० [सं० घुटित+ग्रंथि] ऐसी गांठ जो घुल जाती है और आसानी से नहीं खुल सकती।

गुलगीर–सं०पु० [फा०] चिराग का गुल काटने की कैंची, बत्ती काटने की कैंची।

गुळगुचियौ–सं०पु० १ प्राकृतिक रूप से बना हुआ छोटा चिकना गोल पत्थर या ऐसे पत्थर का टुकड़ा। उ० धृजता हाथां सूं पेटी ऊंधी करनै सगळी चीजां दरी माथै बिखेर दी—सिगरेटां रा चिळकता जळपू, भांत-भांत री छापां, भांत-भांत रा **गुळगुचिया**, काच रा केई टुकड़ा।—वांगी, विजयदांन देथौ
२ एक प्रकार का फैलने वाला कंटीला पौधा जिसके बीज कंकड़ के

समान कठोर व चिकने होते हैं. ३ देखो 'गुळगचियौ' (रू.भे.)

गुलगुली—देखो 'गिलगिली' (रू.भे.)

गुलगुलौ—सं०पु०—गुड़ के रस में खमीर, आटा या मैदा मिला घोल बना कर उबलते हुए घी या तैल में निकाले हुए छोटे-छोटे गोल पकोड़े। मीठा पकौड़ा।

गुलचसम—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा।

गुळचियौ—सं०पु०—पानी में डूबते समय खाई जाने वाली डुबकी, गोता।

गुळचोसन—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुळछररा—सं०पु०—वह भोग-विलास या ऐश जो बहुत स्वच्छंदतापूर्वक और अनुचित रीति से किया जाय। उ०—खसखसिया छांग'र मंडळी मस्त हो'र गुळछररा उडावण लागी।—वरसगांठ

गुलजार—सं०पु०—बाग, उद्यान, वाटिका।

वि०—१ हरा-भरा. २ आनन्द और शोभायुक्त. ३ चहल-पहल से परिपूर्ण।

गुलजारू—सं०पु०- फूल, पुष्प। उ०—गुलजारू की पंकत रोसी सरसावै, तिसकूं देखिये नंदन बन सहसा लखावै।—र.रू.

गुलतुररौ—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो)

गुलदस्तौ—सं०पु० [फा० गुलदस्त:] १ विशेष प्रकार से बँधा हुआ कई प्रकार के सुन्दर फूलों एवं पत्तियों का समूह, गुच्छा. २ एक प्रकार का घोड़ा जिसका अगला बायां पैर गांठ तक सफेद हो और दाहिने पैर का रंग पिछले दोनों पैरों के रंग के समान रंग का हो (शा.हो.)

गुलदांन—सं०पु० [फा० गुलदान] गुलदस्ता रखने का पात्र।

गुलदाउद—सं०पु०—एक प्रकार का रंग विशेष का घोड़ा (शा.हो.)

गुलदाउदी—सं०स्त्री० [फा०] १ एक प्रकार का छोटा पौधा जिसकी लम्बी कटावदार पत्तियों में भी उसके फूल की भाँति हल्की भीनी खुशबू होती है. २ इस पौधे का फूल। ३ देखो 'गुलदाउद'

गुलदार, गुलदारौ—सं०पु० [फा० गुलदार] १ एक रंग विशेष का घोड़ा (रा सा.सं.)

२ एक प्रकार का सफेद कबूतर।

गुलदुपहरिया—सं०पु०—एक प्रकार का पौधा जो लगभग ४-५ फुट ऊँचा होता है।

गुलनरगस, गुलनरगिस—सं०स्त्री०यौ० [फा० गुलनरगिस] एक प्रकार की लता, वल्लरी। उ०—वौ बादसाह नोसेरवां जिण घर रै आंगण में गुलनरगस होतौ उठै आपरी स्त्री सूं भोग विलास न करतौ।
—नी प्र.

गुलनार—सं०पु० [फा०] १ अनार का फूल। (रू०भे०—गुलअनार)

२ गहरा लाल रंग।

गुलफानूस—सं०पु० [फा०] केवल शोभा के लिये लगाया जाने वाला एक प्रकार का बड़ा वृक्ष।

गुलब—देखो 'गुलाब' (रू.भे.)

गुलबदन—सं०पु०—एक प्रकार का बहुमूल्य रेशमी कपड़ा जो प्रायः लहरियेदार या धारीदार होता है (रा.सा.सं.)

गुलबिदांम—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुलमंड—सं०पु०—एक पौधा तथा उसका फूल (अ.मा.)

गुलम—सं०पु० [सं० गुल्म] १ वह पौधा जो एक जड़ से कई होकर निकले तथा जिसमें कड़ी लकड़ी तथा डंठल न हो।

उ०—१ वन थाहर नाहर वसै, बाहर थाट विडार। तरवर गलम समीर विण, न को नमावणहार।—बां.दा.

उ०—२ मावट पोवट मध्य, गुलम गण कूंपळ काढ़ै। नेसावरिया डाग, घणेरा घुरड़ै वाढ़ै।—दसदेव

२ सोने चांदी के आभूषणों पर की जाने वाली खुदाई का नाम विशेष. ३ आभूषणों पर खुदाई करने का एक औजार विशेष।

गुळमट, गुळमटियौ—सं०पु०—घुटने मोड़ कर छाती के पास समेट कर सोने का ढंग।

वि०—गोलाकार, वृत्ताकार।

गुलमवाय—सं०स्त्री०—घोड़े का एक रोग विशेष जिसके कारण घोड़े के समस्त शरीर में ग्रंथियां होती हैं (शा. हो.)

गुलमेहंदी—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का पौधा जो आश्विन मास में फूलता है. २ इस पौधे का फूल।

गुलरंगदार—वि०—गुलाब के फूल के रंग का। उ०—चत्रवर बजार चित्र कांम चार। दुतिवंत वेलि गुलरंगदार।—सू.प्र.

गुलर—देखो 'गूलर' (रू.भे.)

गुळराब—सं०स्त्री०—सिके हुए आटे को गुड़ में मिला कर पानी में उबाल कर बनाया हुआ मीठा पेय पदार्थ (मि० 'गळवांणी')

गुलरि—देखो 'गूलर' (रू.भे.)

गुलरियौ—सं०पु०—गूलर का फल या गूलर के फल का जन्तु।

गुलरी—सं०पु०- गूलर का वृक्ष।

गुळरूप—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुळरोबाढ़—सं०पु०—शस्त्र का पैना भाग।

गुल्लंजा—सं०स्त्री० [फा० गुल+सं० रंजा] सुंदर स्त्री।

उ०—भाटा तूं सभागियौ, पीछोळा री टग्ग। गुललंजा पांणी भरै, ऊपर दे दे पग्ग।—महादांन महड़ू

गुललाल—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा।

गुळवाड़, गुळवाड़ि—सं०स्त्री०—१ गन्ने की खेती. २ गन्ना।

उ०—१ सू एकल किण भांत रौ छै। जैरौ बारहं आंगळ खग लीडीकट छै, कांधो-पूठ एक सारखौ छै। गुळवाड़ गोहूं जव चिणां रौ, जुवार रौ चरणहार छै।—रा.सा.सं.

उ०—२ सूअरे राते खून किओ छै। सूरे गुळवाड़ि विधांसिया छै।
—रा.सा.सं.

गुलसन—सं०पु० [फा० गुलशन] वाटिका, बाग, उद्यान, फुलवारी।

गुलसफा—सं०स्त्री० [फा० गुलशब्बो] लहसुन की तरह का एक छोटा पौधा जो रात में फूलता है।

गुलसरसक—सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुलहजारी–सं०पु० [फा०] १ एक प्रकार का पौधा विशेष या इस पौधे का फूल, गेंदा, गुल्लाला. २ एक प्रकार का घोड़ा ।

गुलहबास—देखो 'गुलअब्बास' (रू.भे.)

गुळांच, गुळांची–सं०स्त्री०—कलाबाजी, कुलांच । उ०—दो थप्पड़ बापड़ै छोरै रै लागा । लादाळी **गुळांची** खा'र पड़ियौ ।—वरसगांठ

क्रि०प्र०—खाणी, लगाणी ।

गुलांम–सं०पु० [अ० गुलाम] १ खरीदा हुआ, नौकर ।

मुहा०—१ गुलांम करणौ—एकदम अपने वश में करना.

२ गुलांम बणाणौ—देखो 'गुलांम करणौ'. ३ गुलांम होणौ—अधिकार में होना ।

२ साधारण सेवक, दास. ३ ताश का एक पत्ता जो दहले से बड़ा और बेगम से छोटा समझा जाता है ।

गुलांमी–सं०स्त्री० [अ० गुलाम+ई] १ दासत्व, सेवा, नौकरी ।

मुहा०—गुलांमी अख्तियार करणी—दासत्व स्वीकार करना ।

२ पराधीनता, परतंत्रता ।

गुलांमौ—देखो 'गुलांम' (रू.भे.)

गुलाब–सं०पु० [फा०] १ एक झाड़ या कंटीला पौधा जिस पर बहुत सुंदर एवं सुगन्धित फूल लगते हैं. २ गुलाबजल ।

गुलाबजळ–सं०पु०यौ०—भभके द्वारा गुलाब के पुष्पों का निकाला हुआ अर्क ।

गुलाबजांमु, गुलाबजांमुन–सं०पु०—खोवे और मैदा के योग से बनाई जाने वाली एक प्रकार की मिठाई ।

गुलाबताळू–सं०पु०—गुलाब के रंग के तालु वाला हाथी (शुभ)

गुलाबदांनी—देखो 'गुलाबपास' ।

गुलाबदासी–सं०स्त्री०—नानकशाही संप्रदाय की एक शाखा (मा.म.)

गुलाबपास–सं०पु० [फा० गुलाबपाश] प्रायः शुभ अवसरों पर गुलाबजल छिड़कने की एक प्रकार की झारी के आकार का लंबा पात्र जिसके मुँह पर हजारा लगा रहता है ।

गुलाबपासी–सं०स्त्री० [फा० गुलाबपाशी] गुलाबजल छिड़कने की एक क्रिया ।

गुलाबबाई–सं०स्त्री०—मेहा चारण की पुत्री एवं श्री करनी देवी की बड़ी बहिन जो देवी का अवतार मानी जाती है ।

गुलाबवेग–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुलाबी–वि० [फा०] १ गुलाब के रंग का, गुलाब संबंधी.

२ थोड़ा या कम, फीका, हल्का ।

यौ०—गुलाबी नसौ ।

सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुलाल–सं०स्त्री० [फा० गुल्लाला] १ एक प्रकार की लाल बुकनी या चूर्ण । प्रायः होली के दिनों में लोग इसे एक दूसरे के चेहरे पर मलते हैं । उ०—अतर **गुलाल** अबीर, सोभ जांनियां सरीकां । चम्रण केसर चरच, कियौ उच्छब मछरीकां ।—रा.रू.

क्रि०प्र०—उड़णी, नांखणी ।

२ महीन धूलि, धूलिकण । उ०—पंखिया परदेसी अजकाय, आगमै असमांनी असमांन । उडै कोइ आथूंणी **गुलाल**, आई सांझ धरा मिजमांन ।—सांझ

३ एक प्रकार का लाल पुष्प ।

गुलालरंग–सं०पु०—एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गुलाला–सं०स्त्री०—सोने-चाँदी के आभूषणों पर की जाने वाली खुदाई विशेष ।

गुलाली–वि०—गुलाल के रंग का, गुलाल संबंधी । उ०—आगला कंध पड़न्दी अलप, मलप **गुलाली** मूंठियां ।—मे.म.

सं०स्त्री०—लालिमा ।

गुलिक–सं०स्त्री०—गुटिका । देखो 'गुटकौ' । उ०—सिधि **गुलिक** वेग पर गति पाव, धजराज मुकुट खगराज धाव ।—रा.रू.

गुलियल्ल, गुली–सं०स्त्री०—१ एक पौधा विशेष जिससे गहरा आसमानी रंग प्राप्त करने के लिये उसकी खेती की जाती है, नील. २ जिस भेड़ के कान बड़े हों. ३ लहसुन का बीज (अमरत)

गुलीडंडौ–सं०पु०यौ० [सं० कीलदंड] गुल्ली और डंडे से खेला जाने वाला एक प्रकार का खेल । इसमें गुल्ली को डंडे से मार-मार कर खेल खेला जाता है ।

गुलीबंद–सं०पु० [सं० गलबंध या फा० गुलूबंद] १ गले में धारण करने का सोने का एक आभूषण जिसमें लहर पड़ी होती है.

२ सर्दियों में प्रायः ठंड से बचने के लिए सूती, ऊनी या रेशमी लंबी और कुछ चौड़ी पट्टी जो प्रायः गले या कानों पर लपेट ली जाती है । यह सिलाई या करघे पर बुनी हुई होती है । मफलर ।

गुलीबावळी–सं०स्त्री०—एक प्रकार का बबूल ।

गुळेचा–सं०स्त्री० १ कुलांच. २ डुबकी, गोता ।

उ०—जगत सारौ अजूं साख दे जिकण री, खोपरी **गुळेचा** भीम खाया ।—र.रू.

गुळेटौ–सं०पु०—कुलांच, कलाबाजी ।

गुळेडी–सं०स्त्री०—घी तेल आदि में तल कर शक्करपारे की भांति गोल बनाया हुआ खाद्य-पदार्थ ।

गुलेनार—देखो 'गुलनार' (रू.भे.)

गुलेल–सं०स्त्री० [फा० गिलूल] १ पक्षियों आदि को मारने के लिये गोलियां या पत्थर के टुकड़े फेंकने के उद्देश्य से बनाया हुआ कमान या धनुष । उ०—फरी पिसतोल **गुलेल** कुठार, थके नन हत्थ बके मुख मार ।—ला.रा.

सं०पु०—२ गहरा आसमानी रंग ।

गुलेलची–सं०पु० १ गुलेल नामक अस्त्र को चलाने वाला. २ गुलेल नामक अस्त्र को चलाने में दक्ष व्यक्ति ।

गुलेलौ–सं०पु० [फा० गुलूला] चिड़ियों का शिकार करने के लिये बनाई गई मिट्टी की गोली । यह गुलेल में फेंक कर मारी जाती है ।

गुल्या–सं०पु०—बीज (ग्रमरत)

गुल्लालौ–सं०पु० [फा० गुल्लाला] एक प्रकार का लाल फूल। इसका पौधा पोस्त के पौधे के समान होता है।

गुल्ली–सं०स्त्री०—लगभग ६ इंच लम्बा और १ इंच मोटा काष्ठ का गुटका जिसके दोनों छोर नुकीले होते हैं। इसे डंडे से मार कर बालक खेल खेलते हैं।

गुल्ली डंडौ—देखो 'गुली डंडौ' (रू.भे.)

गुल्लौ—१ देखो गुलेलौ' (रू.भे.) २ देखो 'गुलेल' (रू.भे.)
३ ताश का एक पत्ता, गुलाम. ४ मस्ती के समय ऊँट के मुँह से निकलने वाला गलसुग्रा (वि०वि०—देखो 'साळू' ६)

गुवाड़–सं०पु० [सं० गोवाट] १ गांव के मध्य का या गाँव के बाहर का खुला स्थान जहाँ गाँव भर की गायें एकत्रित होती हैं. २ मकान के ग्रंदर का या पास का वह ग्रहाता जहाँ गायें बांधी जाती हों ग्रथवा दुही जाती हों।

गुवाड़ी–सं०स्त्री० [सं० गोवाटी] मकान के ग्रंदर का या पास का वह ग्रहाता जहाँ गायें बांधी जाती हैं ग्रथवा दुही जाती हैं। उ०—स्याळा जाति गांवां की **गुवाड़्यां** में फिरावै।—शि.वं.

गुवार– देखो 'ग्वार'।
यौ० गुवारफळी।

गुवारवा–सं०पु०—ग्वार का खेत।

गुवाळ–सं०पु० [सं० गोपाल] १ गायों को चराने वाला, ग्वाला।
उ०—बूज्यौ सजना गायां रौ **गुवाळ**, सींव बताग्रो रे हाडे राव री।
—लो.गी.
२ रहँट चलाने वाले बैलों के चलने का गोल चक्र।

गुवाळियौ–सं०पु० [सं० गोपाल] गायों को चराने वाला, ग्वाला।
उ०—ग्रहो कांई जांणै **गुवाळियौ** बेदरदी पीड़ पराई। (जो) जनमत ही कुळ-त्याग न कीन्हौं, बन-बन धेनु चराई।—मीरां

गुवाळी–सं०स्त्री०—१ गायें चराने का कार्य या मजदूरी, ग्वाले की वृत्ति. २ रक्षा, हिफाजत। उ०—हक री तरै में ग्रन्याई नूं रैयत रै ऊपर ग्रमाल करणौ। इसौ होय छै ज्यूं **गुवाळी** छाळियां री ल्याळियां नूं देणी।—नी.प्र.

गुवावणौ, गुवावबौ–क्रि०स० [सं० गै] गाने का कार्य दूसरे से कराना।
उ०—प्रति दिन मंगळ गीत, देवतां तणा **गुवावै**। विघन विडारण काज, विनायक नूंत बुलावै।—दसदेव
गुवावणहार, हारौ (हारी), **गुवावणियौ**—वि०।
गुवाड़णौ, गुवाड़बौ, गुवाणौ, गुवाबौ—रू०भे०।
गुवाविग्रोड़ौ, गुवावियोड़ौ, गुवाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गुविंद, गुविंदौ–सं०पु० [सं० गोविंद] १ गोविन्द, श्रीकृष्ण. २ विष्णु।

गुसट–सं०स्त्री० [सं० गोष्ठी] १ सभा, गोष्ठी. २ गुप्त सलाह।
उ०—सुजस बिगड़ बिगड़ी सभा, ग्राहुट गई उमंग। गनका सूं राखै **गुसट**, रसिया तोनूं रंग।—बां.दा.
३ मित्रता, दोस्ती।

गुसळखांनौ–सं०पु०—नहाने के लिये बनाया गया स्थान, स्नानागार।

गुसांई–सं०पु० [सं० गोस्वामी] १ वैष्णव संप्रदाय की एक शाखा. २ दशनामी संन्यासी।

गुसैल–वि० [ग्र० गुस्सा+रा०प्र० एल] गुस्सा करने वाला, क्रोधी स्वभाव वाला।

गुसौ—देखो 'गुस्सौ'। उ०—ग्राबळी पढ़ै साफी इलम्म। काबली **गुसै** भरिया किलम्म।
क्रि०प्र०—ग्राणौ, उतरणौ, करणौ।

गुस्ट—देखो 'गुसट' (रू.भे.)

गुस्ताख–वि० [फा०] १ धृष्ट, ढीठ. २ ग्रशिष्ट, बेग्रदब।

गुस्ताखी–सं०स्त्री० [फा०] १ धृष्टता, ढिठाई. २ ग्रशिष्टता, बेग्रदबी।

गुस्ल–सं०पु० [ग्र०] स्नान।

गुस्लखांनौ—देखो 'गुसलखांनौ' (रू.भे.)

गुस्सांईं—देखो 'गुसांई' (रू.भे.)

गुस्सेल, गुस्सैल–वि०—गुस्सा करने वाला, क्रोधी स्वभाव वाला।

गुस्सौ–सं०पु० [ग्र० गुस्सा] क्रोध, कोप, गुस्सा।
क्रि०प्र०—ग्राणौ, उतरणौ, करणौ।

गुह–सं०पु० [सं०] १ कार्तिकेय (डि.को.) २ निषाद जाति का एक नायक जो राम का मित्र था एवं शृंगवेरपुर में रहता था (रामकथा) ३ गुफा, कंदरा. ४ कुबेर (नां.मा.)

गुहछठ–सं०स्त्री० [सं० गुहषष्ठी] ग्रगहन मास के शुक्ल पक्ष की छठी तिथि जो कार्तिकेय की जन्मतिथि मानी जाती है।

गुहराज–सं०पु०—निषादराज (रामकथा)

गुहांजणी–सं०स्त्री०—नेत्रों की पलक पर होने वाली फुन्सी (ग्रमरत)

गुहा–सं०स्त्री० [सं०] गुहा, कंदरा।

गुहाचर–सं०पु० [सं०] ब्रह्म।

गुहिक–सं०पु०—एक देव जाति, यक्ष (नां.मा.)

गुहियण—देखो 'गुणियण' (रू.भे.) उ०—बावीस नांम वांणी बोहत, जांणंग **गुहियण** लहै।—ना.डिं.को.

गुहिर–वि०—गंभीर, गहरा। उ०—१ वरसतै दड़ड़ नड़ ग्रनड़ वाजिया, सघण गाजियौ **गुहिर** सदि।—वेलि. उ०—२ ऊनमियउ उत्तर दिसइं, गाज्यउ **गुहिर** गंभीर। मारवणी प्रिय संभरचउ, नयणे बूठउ नीर।—ढो.मा.
सं०पु०—२४ मात्रा का मात्रिक छंद (ल.पिं.)

गुहिरइ–वि०—देखो 'गुहिर' (रू.भे.) उ०—ढाढ़ी गाया निसह भरि, राग मल्हार निवाज। च्यार पहर झड़ मंडियउ, घण **गुहिरइ** सुर गाज।—ढो.मा.

गुहिल, गुहिलोत—देखो 'गहलोत' (रू.भे.)

गुहीर—देखो 'गुहिर' (रू.भे.) उ०—बाजइ **गुहीर** निसांणौ घाव, दुरंग चीतोड़ पहुंतौ राई।—वी.दे.

गुह्यक–सं०पु० [सं०] कुबेर के खजाने की रक्षा करने वाले यक्ष, निधि-रक्षक, यक्ष।

गुह्यकेस्वर, गुह्यपति–सं०पु० [सं० गुह्यकेश्वर] कुबेर।

गूगट, गूंगटौ—देखो 'घूंघट' (रू भे.)

गूंगल–वि०—गूंगा, मूक।

गूंगलियौ–सं०पु०—एक छोटा आठ पदों वाला जन्तु जो प्रायः गोबर के आस-पास पाया जाता है। (मि०–जूंजळौ)

गूंगलौ–वि० (स्त्री० गूंगला, गूंगली) मूक, गूंगा। उ०—देवी वज्ज विमोहणी वोम वांणी, देवी तोतला **गूंगला** कत्तियांणी।—देवि.

सं०पु०—१ देखो 'गूंगलियौ'।

कहा०—१ गूंगली ही फण करै—गूंगी भी फन करती है अर्थात् अशक्त भी सामना करने के लिये तैयार होता है (व्यंग) २ गूंगलौ गळती करै जणै कांनां ऊपर हाथ दै—गूंगा जब त्रुटि करता है तो कानों पर हाथ रखता है।

२ सर्दी की ऋतु में मस्ती से भरा ऊँट। उ०—१ मद भरै करै आकारा मून, रिस भरै चरै ताते सु चून। **गूंगला** मरत बोलै दुगाळ, भूलता सखुन नखता सभाळ।—पे.रू. उ०—२ बजै हाक वाजता उरड़ ऊंठ **गूंगलां** अराबां, निजर चोळ धारतौ धकै मारतौ नबाबा।

—बगसौ खिड़ियौ

वि०वि०—मस्ती में गूंजते समय गुल्ला (गलसुआ) बाहर न निकालने वाले ऊँट को गूंगला कहते हैं. ३ गेहूं की फसल में होने वाला एक रोग।

गूंगा–सं०पु०—पँवार वंश की एक शाखा।

गूंगापण, गूंगापणौ–सं०पु०—मूकता, गूंगापन।

गूंगिका–सं०स्त्री०—एक देवी का नाम।

गूंगियौ—देखो 'गूंगौ' (अल्पा.)

गूंगी–सं०स्त्री०—१ एक छोटा जंतु. २ मूक स्त्री. ३ दो मुँहा साँप।

गूंगौ–वि० [फा० गुंग] (स्त्री० गूंगी) जो बोल न सके, मूक।

उ०—१ **गूंगा** राग अलाप कर, कोई राव रीझावै।—केसोदास गाडण

उ —२ नकटै बूचौ निरख अंग-अंग में उफणायौ, बोलै **गूंगौ** बोल सबद गुण इधक सुणायौ —ऊ.का.

कहा०—१ गूंगै नै समझावणौ गूंगै री गत आंण—गूंगे या मूक को समझाने के लिए गूंगे की भांति मूक बनना पड़ता है. २ गूंगै री पारसी में गूंगा री मा समझै—

३ मन री मन में रैय गई वा गूंगै आळी गल्ल—मूक की भांति स्पष्ट करने में असमर्थ होने के कारण कोई बात अव्यक्त ही रह गई। किसी को अपने मन की इच्छा व्यक्त करने में असमर्थ रहने पर।

सं०पु०—नाक के नथुने का मैल, गुजी, नकटी।

गूंघट, गूंघटौ—देखो 'घूंघट' (रू.भे.)

गूंछी–सं०स्त्री०—बैलों की आंतों में बल पड़ने से उत्पन्न होने वाला रोग विशेष।

गूंज–सं०स्त्री० [सं० गुंज] १ भौंरों के गूँजने का शब्द, गुँजार.

२ प्रतिध्वनि। उ०—डूंगर-मांहीं **गूंज** मेघ म्रदंग बजावै। तौ सिव रौ संगीत उणी पुळ पूर लगावै।—मेघ.

३ देर तक बना रहने वाला शब्द या ध्वनि. ४ अपने संबंधियों से गुप्त रूप में बनाया हुआ धन. ५ गुप्त बात, गुप्त मंत्रणा।

गूंजणौ, गूंजबौ–क्रि०अ०—१ भौंरों या मक्खियों का भिनभिनाना, गुंजार करना. २ गूंजना, प्रतिध्वनित होना, शब्द व्याप्त होना. ३ गरजना। उ०—खाती री खातोड़ **गूंजता** जावै गाजी, लधे जो लोहार रांमजी मिळिया राजी।—ऊ.का.

४ जोश में आना, शक्तिशाली होना।

गूंजणहार, हारौ (हारी), गूंजणियौ—वि०।

गूंजवाणौ, गूंजवाबौ—प्रे०रू०।

गूंजाड़णौ, गूंजाड़बौ, गूंजाणौ, गूंजाबौ, गूंजावणौ, गूंजावबौ—क्रि०स०।

गूंजिओड़ौ, गूंजियोड़ौ, गूंज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गूंजीजणौ, गूंजीजबौ—भाव वा०।

गूंजा–सं०स्त्री०—लकड़ी के दो तख्तों को जोड़ने के लिए उनके बीच में लगाई जाने वाली कील जो दोनों तरफ से नुकीली होती है।

गूंजाइस—देखो 'गुंजाइस' (रू.भे.)

गूंजाड़णौ, गूंजाड़बौ—देखो 'गूंजाणौ' (रू.भे.)

गूंजाड़णहार, हारौ (हारी), गूंजाड़णियौ—वि०।

गूंजाड़िओड़ौ, गूंजाड़ियोड़ौ, गूंजाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गूंजाड़णौ, गूंजाड़बौ—क०वा०।

गूंजणौ, गूंजबौ—अ०क्रि०।

गूंजाड़ियोड़ौ—देखो 'गूंजायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० गूंजाड़ियोड़ी)

गूंजाणौ, गूंजाबौ–क्रि०स०—गुंजाना, गुंजायमान करना।

गूंजाणहार, हारौ (हारी), गूंजाणियौ—वि०।

गूंजायोड़ौ—भू०का०कृ०।

गूंजणौ, गूंजबौ—अ०क्रि०।

गूंजायस—देखो 'गुंजाइस'।

गूंजायोड़ौ–भू०का०कृ०—गुंजायमान किया हुआ, गुंजाया हुआ।

(स्त्री० गूंजायोड़ी)

गूंजियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ भिनभिनाता हुआ, गुंजार किया हुआ. २ गूंजा हुआ, प्रतिध्वनित. ३ गरजा हुआ ४ जोश में आया हुआ। (स्त्री० गूंजियोड़ी)

गूंजियौ—देखो 'गूंजौ' (१)

गूंजी–सं०स्त्री० [सं० गुह्य + पुंज] १ अपने सम्बन्धियों से गुप्त रूप में बचाया हुआ धन, गुप्त द्रव्य। उ० थाया संपत थाट, भंवर कंवर सुख भोगवै। म्हूं की आळं माट, किरतब री **गूंजी** 'करन'।

—लक्ष्मीदांन बारहठ

२ एक प्रकार की मिठाई। उ०—होणी सो होई थिर नह थिर कांई, गिरजरण हारै फिर सिरजी सिर सोई। लूंजी लेतोड़ी **गूंजी** गुण गाती, पिछली पूंजी नै सिर धुणि पछताती।—ऊ.का.

गूंजौ–सं०पु०—१ जेब, गिरह, पाकिट।
(अल्पा०–गूंजियौ)
२ बादाम, किसमिस, काजू, पिश्ता आदि का मिश्रित मेवा.
३ एक प्रकार की खोवे की मिठाई।

गूंट—देखो 'घूंट' (रू.भे.) उ०— कीजै नींबरी **गूंट** ज्यूं पीजै प्यालौ काळकूट केम, मणां तोल तोलियां तुलीजै केम मेर।—बां.दा.

गूंठ–सं०पु०—मूलस्थान, आधारभत स्थान।

गूंठड़ौ १ अंगुष्ठ। उ०— सपनौ तौ आयौ सरब सुलखणौ जी म्हारी बैयां तळा कर एजी ए जाय, **गूंठड़ौ** तौ बीभै गोरी रै पांव कौ जी।
—लो.गी.

२. देखो 'घूंघट' (रू.भे)

गूंड–सं०पु० [सं० गूढ़] १ पेड़ के तने का वह निचला भाग जो सब से नीचे भूमि के ऊपर रहता है. २ जड़।

गूंडळणौ, गूंडळबौ–क्रि०अ०– देखो 'गुडळणौ' (रू.भे.)
उ०– **गूंडळिया** रज गैणा, हैकंप धर डेरां हुआं। सहिजादा दरकूच सूं, आया खड़े उजेण।—वचनिका

गूंडेल–सं०स्त्री०—लकड़ी का वह विशेष प्रकार का बना हुआ गुटका जो मूंज चमड़े आदि के रस्सी के सिरे पर लगाया जाता है।
(रू०भे०–गुंढेल)

गूंडौ १ देखो 'गुढौ' (रू.भे.) उ०—सूरे केहर सीह रै, माड़चै वड मन्न। देवळिय **गूंडौ** कियौ, धणा थयौ सुप्रसन्न।—रा.रू.
२ समूह, दल। उ०—बोम लब कमळ प्रतमाळ कर वाहतौ, गज घड़ां गाहतौ खळां **गूंडौ**। रण कटे गयौ बैकुंठ ध्रम राहतौ, चाहतौ मुकत सामीप चूंडौ।—रावत गुलाबसिंह चूंडावत रौ गीत
३ देखो 'गुंडौ' (रू.भे.)

गूंढ़--देखो 'गूंड' (रू.भे.)

गूंढ़ौ–सं०पु०—१ वृक्ष का मूल, जड़. २ मूल स्थान।

गूंण–सं०स्त्री० [सं० गोणी] १ बकरी के बालों से बना हुआ बोरा.
२ टाट, कंबल या चमड़े आदि की बनी हुई वह खुरजी जिसमें दोनों ओर अनाज आदि सामग्री भरने का स्थान होता है। गधे या बैल आदि की पीठ पर इसे रख कर एवं सामान भर कर एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाया जाता है। उ०—वणक कहै आवै वसत, कै कूड़ै कै **गूंण**। चेळै पड़ै सो होय सुध, सैंभर पड़ै सो लूंण।

गूंणौ–सं०पु०—मूंग, मोठ आदि के सूखे पौधों का ढेर।—बां.दा.

गूंत, गूंतौ–सं०पु०—१ गोमूत्र. २ प्रसव के बाद गाय या भैंस का पहली बार निकाला हुआ दूध जो गरम करने पर जम जाता है।

गूंथणौ, गूंथबौ–क्रि०स० [सं० ग्रंथि = कौटिल्ये] १ कई वस्तुओं को तागे आदि के द्वारा एक में बाँधना या फँसाना; कई वस्तुओं को एक गुच्छे या लड़ी में गूंथना। उ०—चंपा केरी पांखड़ी, **गूंथूं** नवसर हार। जउ गळ पहरूं पीव बिन, तउ लागै अंगार।—ढो.मा.
२ किसी वस्तु को दूसरी वस्तु में सुई धागे से अटकाना व टांके आदि के द्वारा दो वस्तुओं को परस्पर एक में जोड़ना. ३ कई धागों, रेशों आदि को एक दूसरे में किसी क्रम से फंसाते हुए कोई वस्तु बनाना, बुनना या संवारना। उ०—कुसळसिंह कही—लोग कहे था जे सांचा ठाकुर **गूंथणा** गूंथिया।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता
[सं० ग्रंथ संदर्भे या बंधने] ४ क्रमबद्ध कर के एक सूत्र में उपस्थित करना. ५ रचना, बनाना। उ०—सुकदेव व्यास जैदेव सारिखा, सुकवि अनेक ते एक संथ। त्रीवरणण पहिलौ कीजै तिणि, **गूंथियै** जेणि सिंगार ग्रंथ।—वेलि.
गूंथणहार, हारौ (हारी), गूंथणियौ—वि०।
गूंथाणौ, गूंथाबौ, गूंथावणौ, गूंथावबौ—प्रे०रू०।
गूंथिओड़ौ, गूंथियोड़ौ, गूंथ्योड़ौ—भू०का०कृ०।
गूंथीजणौ, गूंथीजबौ—कर्म वा०।
गुंथणौ—अक०रू०।

गूंथाणौ, गूंथाबौ–क्रि०स० ('गूंथणौ' का प्रे०रू०) गूंथने का कार्य अन्य से कराना।
गूंथाणहार, हारौ (हारी), गूंथाणियौ—वि०।
गूंथायोड़ौ—भू०का०कृ०।
गूंथाईजणौ, गूंथाईजबौ—कर्म वा०।

गूंथायोड़ौ–भू०का०कृ०—गूंथने का कार्य अन्य से कराया हुआ।
(स्त्री० गूंथायोड़ी)

गूंथाळ–सं०स्त्री०—गूंथने की क्रिया या भाव। उ०—गळ माळ रंभाळ **गूंथाळ** ग्रहै। करमाळ मुंछाळ भूताळ कहै।—पा.प्र.

गूंथावणौ, गूंथावबौ– देखो 'गूंथाणौ' (रू.भे.)
गूंथावणहार, हारौ (हारी), गूंथावणियौ—वि०।
गूंथाविओड़ौ, गूंथावियोड़ौ, गूंथाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
गूंथावीजणौ, गूंथावीजबौ—कर्म वा०।

गूंथावियोड़ौ—देखो 'गूंथायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० गूंथावियोड़ी)

गूंथियोड़ौ–भू०का०कृ०—गूंथा हुआ, बुना हुआ, रचा हुआ।
(स्त्री० गूंथियोड़ी)

गूंद–सं०पु० [सं० गूथ = वृक्षमल + उन्द = गीलापन] १ चिपचिपा या लसदार वृक्ष का वह पसेव जो सूखने पर कड़ा और चमकीला हो जाता है, वृक्षों की निर्यास. २ पड़िहारिया राजपूत वंश की एक शाखा. ३ मांस-पिंड। उ०—दीध तिह बर चंड पत्र पर, **गूंद** पळ-चर धपाड़ै रिण धीर।—प्रतापसिंह म्होकमसिंह री वात

गूंदगरी–सं०पु०—एक प्रकार का वृक्ष विशेष।

गूंदड़ौ—देखो 'गूदड़'। उ०—राली नहीं ओढ़ै **गूंदड़ौ** नहीं ओढ़ै, ए तौ ओढ़ै वांरा साळाजी रौ तिलक पिछोवड़ौ।—लो.गी.

गूंददांनी–सं०स्त्री०—लेसदार गोंद रखने का पात्र ।

गूंदरौ–क्रि०वि०—निकट, पास । उ०—पड़ै चखां गांगीह, जोर नहीं लागै जकौ । देवळ लूंटांगीह, गढवण कोळू **गूंदरै** ।—पा.प्र.
(रू.भे.–गूदरौ)

गूंदळणौ, गूंदळबौ—१ देखो 'गुदळणौ' (रू.भे.) उ०—खुरिसांण खइंग ऊडी खुरेह, रवि छायउ अंबर रजी रेह । चमराळां पाए ऊडी चींध, **गूंदळइ** त्रिक्ख सूझइ गईंध ।—रा.ज.सी.
२ मथना, मलना. ३ रौंदना ।

गूंदळियोड़ौ—१ देखो 'गुदळियोड़ौ' (रू.भे.) २ मथा हुआ, मला हुआ. ३ रौंदा हुआ । (स्त्री० गूंदळियोड़ी)

गूंदाळ–सं०पु०—मांस-पिंड । उ०—मांसाळ भूखाळ पंखाळ मिळै । गूंदाळ रसाळ गालाळ गळै ।—पा.प्र.

गूंदी–सं०स्त्री०—१ एक वृक्ष विशेष जिसकी जड़, छाल व पत्तियां औषध के काम आती हैं । इसके फल छोटे-छोटे हरे रंग के व पकने पर पीले रंग के होते हैं जो खाए जाते हैं. २ इस वृक्ष का फल ।

गूंदौ–सं०पु०—१ गूंदी वृक्ष का फल जो कच्ची अवस्था में हरे रंग का होता है एवं पकने पर पीले रंग का होता है । कच्चे फलों का शाक बनाया जाता है तथा पके फल ऐसे ही खाए जाते हैं. २ इस फल का वृक्ष. ३ देखो 'गूंदी' (१)

गूंधणौ, गूंधबौ–क्रि०स० [सं० गुध = क्रीड़ायाम्] पानी में सान कर हाथों से दबाना या मलना, मसलना ।
गूंधणहार, हारौ (हारी), गूंधणियौ—वि० ।
गूंधाड़णौ, गूंधाड़बौ, गूंधाणौ, गूंधाबौ, गूंधावणौ, गूंधावबौ—प्रे०रू० ।

गूंधिओड़ौ, गूंधियोड़ौ, गूंध्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
गूंधीजणौ, गूंधीजबौ—कर्म वा० ।

गूंधाणौ, गूंधाबौ–क्रि०स० ('गूंधणौ' का प्रे०रू०) गूंधने का कार्य कराना, गुंधाना ।
गूंधाणहार, हारौ (हारी), गूंधाणियौ—वि० ।
गूंधायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
गूंधाईजणौ, गूंधाईजबौ—कर्म वा० ।

गूंधायोड़ौ–भू०का०कृ०—गूंधाया हुआ, गूंधने का कार्य कराया हुआ । (स्त्री० गूंधायोड़ी)

गूंधावणौ, गूंधावबौ—देखो 'गूंधाणौ' (रू.भे.)
गूंधावणहार, हारौ (हारी), गूंधावणियौ—वि० ।
गूंधाविओड़ौ, गूंधावियोड़ौ, गूंधाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
गूंधावीजणौ, गूंधावीजबौ—कर्म वा० ।

गूंधावियोड़ौ—देखो 'गूंधायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० गूंधावियोड़ी)

गूंधियोड़ौ–भू०का०कृ०—गूंधा हुआ । (स्त्री० गूंधियोड़ी)

गूंधीजणौ, गूंधीजबौ–क्रि०स० ('गूंधणौ' का कर्म वा०) गूंधा जाना, मथा जाना ।
गूंधीजणहार, हारौ (हारी), गूंधीजणियौ—वि० ।
गूंधीजिओड़ौ, गूंधीजियोड़ौ, गूंधीज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

गूंधीजियोड़ौ–भू०का०कृ०—गूंधा गया हुआ ।
(स्त्री०—गूंधीजियोड़ी)

गूंबड़, गूंबड़ौ—देखो 'गूमड़ौ' । (स्त्री० गूंबड़ी)

गूंमर–सं०पु०—गर्व, अभिमान, अहंकार ।

गूंसाई—देखो 'गुसांई' (रू.भे.)

गू–सं०पु० [सं० गूथ, प्रा० गूह] मल, पाखाना, विष्टा ।
मुहा०—१ गू उछाळणौ—निंदा करना, बदनामी करना. २ गू उठाणौ—पाखाना साफ करना, तुच्छ से तुच्छ सेवा करना, नीच कार्य करना. ३ गू करणौ—गंदा और मैला करना. ४ गू खाणौ—बहुत अनुचित और भ्रष्ट कार्य करना. ५ गू मूत करणौ—मलमूत्र से निवृत्त होना, गंदा करना, मैला करना. ६ गू मूत धोवणौ—मल-मूत्र साफ करना, तुच्छ से तुच्छ सेवा करना. ७ गू में भाटौ फेंकणौ—बुरे आदमी से छेड़छाड़ करना. ८ गू री ओढणी—बदनामी का टोकरा, कलंक का भार ।
कहा०—गू री भाई पाद नै पाद रौ भाई गू—दो समान अयोग्य व्यक्तियों के प्रति. २ गू में गू धोयां ही धुपै—विष्टा से विष्टा थोड़े ही धुल सकता है । नीचता के बदले नीचता अपनाने से कोई लाभ नहीं ।

गूगक–सं०पु०—राठौड़ वंश की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।

गूगरमाळ–सं०स्त्री० [सं० घुघरू + माला] घुंघरुओं की बनी माला जो पशुओं के गले में प्रायः बांधी जाती है ।

गूगरियौ–सं०पु०—१ करील वृक्ष का छोटा पुष्प जो भूरे रंग का और ज्वार के दाने के समान होता है. २ छोटा घुंघरू ।

गूगरी–सं०स्त्री०—१ एक निश्चित लगान या कर जो अनाज के रूप में कृषक भूमि के मालिक को देता है । इसके अनुसार जितना धान भूमि में बोया जाता है उतना ही लगान के रूप में पुनः दिया जाता है. २ उबाले हुए गेहूं के दाने ।

गूगळ—देखो 'गुग्गुळ' (रू.भे.)

गूगळधूप—देखो 'गुग्गळधूप' (रू.भे.)

गूगळौ–वि०—१ धुंधला, अस्पष्ट, अस्वच्छ. २ मटमैला ।

गूगस, गूगसवाड़ौ–सं०पु०—१ गर्मी की ऋतु में ऐसा समय जब आकाश में बादल छाये हों एवं नन्ही-नन्ही बूंदें गिरती हों या गिरने वाली हों. २ बिना जल के बादल । (रू०भे०—गुमस)

गूगू, गूगूराजा–सं०पु० [सं० घूघर] उल्लू, उलूक पक्षी ।

गूघर—देखो 'घूघर' (रू.भे.) उ०—परमार से आंगी पगां, सेठी **गूघर** साथ । हंजा रौ सारौ हुकम, हुवौ रंगीली हाथ ।—बां.दा.

गूघरमाळा—देखो 'गूगरमाळ' (रू.भे.)

गूघरियूं, गूघरियौ—देखो 'गूगरियौ' (रू.भे.) उ०—धम बाजस पक्खर **गूघरियूं** । तित आगल खेत सुरंतरयूं ।—पा.प्र.

गूघरी—देखो 'गूगरी' (रू.भे.)

गूजड़—सं०पु०—राठौड़ वंश की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

गूजर—सं०पु० [सं० गुर्जर] १ अहीरों की एक जाति जो प्रायः पशु पालने का धंधा करती है. २ इस जाति का व्यक्ति. ३ तीसरे विवाह की स्त्री।
४ गुजरात का प्रदेश।
यौ०—गूजरखंड, गूजरधरा।

गूजरगौड़—सं०पु०—ब्राह्मणों का एक भेद विशेष जो अपने को गौतम ऋषि के वंशज मानते हैं (मा.म.)

गूजरपठांण—सं०पु०—मुसलमानों का एक भेद।

गूजरी—सं०स्त्री० [सं० गुर्जरी] १ गूजर जाति की स्त्री. २ ग्वालिन. ३ स्त्रियों के कलाई में धारण करने का एक आभूषण. ४ एक रागिनी (संगीत) ५ स्त्रियों के कंठ में धारण करने का आभूषण विशेष। उ०—सीसफूल सिर ऊपर सोहै, बिंदली सोभा न्यारी। गळै **गूजरी** कर मे कंकण, नेवर पहिरैं भारी।—मीरां

गूडण—वि०—१ लुढ़काने वाला, गिराने वाला. २ मारने वाला।
उ०—मोटा जळ चाढ़ण मंडोवरि, समहरि गज **गूडण** सनढ़। उदै खळ सो आफळते, गढ़पति होवै फतेगढ़।—राठौड़ प्रथीराज

गूडणौ, गूडबौ—क्रि०स०—१ गाड़ना. २ मारना, काटना।
उ०—रगि राउत वावरइ कटारी, लोह कटांकडि ऊडइ। तुरक तरणा पाखरीया तेजी, ते तरुआरे **गूडइ**।—कां.दे.प्र.

गूडर—सं०पु०—डेरा, खेमा।

गूडळ—सं०पु०—१ देखो 'गूंडल' (रू.भे.) २ माँस सहित हड्डी जो खाते समय चूसी जाती है।

गूडळियौ—वि०—१ गंदला. २ धूमिल।
सं०पु०—देखो 'गूडळ' (रू.भे.)

गूडळियोड़ौ—देखो 'गुडळियोड़ौ' (रू.भे.)

गूडी—देखो 'गुडी' (रू.भे.) उ०—सवि तळीयातोरण झळहळइ, नगर मांहि **गूडी** ऊछळइ।—कां.दे.प्र

गूढ़—सं०पु० [सं०] १ बड़ा छायादार वृक्ष २ स्मृति में पांच प्रकार के साक्षियों में से एक साक्षी जिसे अर्थी ने प्रत्यर्थी का वचन सुना दिया हो. ३ एक अलंकार सूक्ष्मालंकार.. ४ छिप कर रहने का स्थान. ५ गुफा।
वि०—१ गहन, गम्भीर. २ जिसका आशय स्पष्ट न हो, अबोधगम्य, रहस्ययुक्त. ३ गुप्त, छुपा हुआ (अ.मा.) उ०—केसव भजतां हरख कर, मत कर आळस मूढ़। जिण दीधौ मनखा जनम, गरभ कौल कर **गूढ़**।—र.ज.प्र.

गूढ़चर—सं०पु०—चोर (अ.मा.)

गूढ़पग, गूढ़पथ, गूढ़पद, गूढ़पाद—सं०पु०—१ सर्प, सांप (ह.नां., अ.मा.) २ मन (ह.नां.)

गूढ़व्यंग्य—सं०स्त्री० [सं०] काव्य में एक प्रकार की लक्षणा। इसमें ऐसा व्यंग्य रहता है जिसका अभिप्राय सर्व साधारण को जल्दी समझ में नहीं आ सकता।

गूढ़ा—सं०स्त्री०—पहेली। उ०—मारवणी इम वीनवइ, घनि आजूणी राति। गाहा **गूढ़ा** गीत गुण, कहि का नवली वात।—ढो.मा.

गूढ़ावाच—सं०पु०—मन्त्री (डि.नां.मा.)

गूढ़ोक्ति—सं०स्त्री० [सं०] एक अलंकार जिसमें कोई रहस्ययुक्त बात दूसरे के ऊपर छोड़ तीसरे के प्रति कही जाती है।

गूढ़ोत्तर—सं०पु० [सं०] वह काव्यालंकार जिसमें प्रश्न का उत्तर गूढ़ अभिप्राययुक्त दिया जाता है।

गूढ़ौ—सं०पु० [सं० गूढ़] १ वृक्ष का मूल, जड़. २ रक्षा का स्थान, गढ़। उ०—देवराज सुसरा सासू नू कह्यौ—'मोनूं लोक सकौ' 'हुरड़वनौ' कह वतळावै छै। हूं थांसूं जुदौ वसीस। तरै नदी रै पैलै कांठै जाय आपरौ **गूढ़ौ** कर रह्यौ।—नैणसी

गूण—देखो 'गूंण' (रू.भे.) उ०—१ खग इण साकरखोर के, संग न साकर **गूण**। सब दिन पूरै सांइयौं, चांच दई सो चूण।—बां.दा.
कहा०—गधै री गूण में कणां रौ फरक रै', मणां रौ को रै' नी—गधे के ऊपर लादे जाने वाले थैले में मामूली कमी हो सकती है, अधिक नहीं। थोड़े परिमाण की वस्तु में अधिक अन्तर नहीं होता।

गूणती—देखो 'गूंण'।
कहा०—गरीब ऊपर गूणती वत्ती न्हांकै—गरीब पर हर कोई अधिक बोझ लादता है। गरीब को सभी सताते हैं।

गूणियौ—सं०पु०—१ रहँट का वह गड्ढ़ा जिसमें बड़ा कंगूरेदार चक्र घूमता है. २ इस गड्ढे के दोनों किनारों पर लगाया जाने वाला पत्थर. ३ जल भरने के लिये पीतल का कलश. ४ दूध दुहने का पीतल का पात्र।

गूणी—सं०स्त्री०—कुए से चरस खींचने के लिये बनाया हुआ बैलों के चलने का स्थान।

गूणौ—सं०पु० [सं० गुण] १ जनाने वस्त्रों पर गोट के ऊपर लगाई जाने वाली बारीक किनार।
क्रि०प्र०—देणौ, लगाणौ।
२ देखो 'गूंण' (रू.भे.) ३ ग्वार, मूंग तथा मोंठ के पौधों के सूखे डंठल जो मवेशी बड़े चाव से खाते हैं। (रू०भे०—गूंणौ)

गूतौ—देखो 'गूंतौ' (रू.भे.)

गूथण—सं०पु०—गूँथने की क्रिया या भाव।

गूथणौ, गूथबौ—देखो 'गूंथणौ'।
गूथणहार, हारौ (हारी), गूथणियौ—वि०।
गूथिओड़ौ, गूथियोड़ौ, गूथ्योड़ौ—भू०का०कृ०।
गूथीजणौ, गूथीजबौ—कर्म वा०।

गूथाणौ—देखो 'गूंथाणौ' (रू.भे.)

गूथायोड़ौ—देखो 'गूंथायोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० गूथायोड़ी)

गूथावणौ, गूथावबौ—देखो 'गूंथाणौ' (रू.भे.)

गूथियोड़ौ— देखो 'गूंथियोड़ौ' (रू.भे.) (स्त्री० गूथियोड़ी)

गूद–सं०पु० [सं० गुप्त, प्रा० गुत्त] १ मांस का गूदा, मज्जा।

उ०—दोयण रै सोणित भद्रकाळी रौ खप्पर भराइ वीर बैताळ नूं **गूद** रा गाळा जीमाइ।—वं.भा. २ माँस।

उ०—कितेक गिद्धनी कौ घपाय **गूद** अप्पने, कितेक सुद्धि के विहीन मार-मार जप्पने।—ला.रा.

[सं० गर्त] ३ गड्ढा, गर्त. ४ संन्यासियों का एक भेद।
(मि० 'गूदड़ियौ' ३)

गूदड़–सं०पु०—१ चिथड़ा, फटा-पुराना वस्त्र. २ चिथड़ों से बना हुआ ओढ़ने अथवा बिछाने का कपड़ा। उ०—कांधे गांठड़ियां वड़ियां चग वाळै, राली **गूदड़** नैं कांधै पर राळै।—ऊ.का.

(अल्पा०—गूदड़ियौ, गूदड़ी)

गूदड़ियौ—१ देखो 'गूदड़' (अल्पा०) २ एक प्रकार का नीबू जिसका छिलका मोटा होता है. ३ संन्यासियों का एक भेद।

उ०—सुल्तांन संजर बड़ौ बादसाह कठी नूं जावै थौ, मारग में **गूदड़ियौ** फकीर उभौ थौ सो बादसाह नूं सलांम कीवी।—नी.प्र.

गूदड़ौ—देखो 'गूदड़' (रू.भे.) उ०—गरक घणौ जळ **गूदड़ा**, ले तन सूं लपटाय। अत्थ वत्थ भर काडजै, मंदिर जळतां मांय।—बां.दा.

कहा०—१ गूदड़ां रै पूर सूं गमावणौ—किसी काम का न रखना, बुरी तरह से नष्ट करना. २ गूदड़ी में किसा लाल कौ नीपजै नी—गुदड़ी में कौनसे लाल पैदा नहीं होते? गरीब के घर में भी महा-पुरुष उत्पन्न हो सकता है।
(अल्पा०—गूदड़ियौ)

गूदर, गूदरौ—१ देखो 'गूदड़' (रू.भे.) २ हाथ के मणिबंध के पास वाला हथेली का उभरा हुआ भाग. ३ देखो 'गूंदरौ' (रू.भे.)

गूदळणौ, गूदळबौ—देखो 'गुडळणौ' (रू.भे.) उ०—**गूदळे** व्योम ढंके गरद, रवि लुक्के धूंआं रवण। आलम्म पयांणौ एण पर, कोप तेण झल्ले कवण।—रा.रू.

गूदळौ–वि०—१ गन्दला. २ धुंधला।

गूदाळ–सं०पु०—माँस, माँस-पिंड (रू.भे.-गूंदाळ) उ०—ग्रीधाळ **गूदाळ** कजे गहकै, चहकै चोटीयाळ सीयाळ चकै।—गो.रू.

गूदौ–सं०पु०—१ किसी फल व बीज के अन्दर का वह भाग जो उसके छिलके के नीचे होता है. २ भेजा, मग्ज. ३ माँस.
४ देखो 'गूंदरौ' (२)

गूधळणौ, गूधळबौ—देखो 'गुडळणौ' (रू.भे.)

गूधळौ—देखो 'गूदळौ' (रू.भे.)

गूपत, गूपति–वि० [सं० गुप्त] १ गुप्त, छिपा हुआ। उ०—ईसा **गूपती** बचन ती बंचीया। नव जोबन नवरंगी नेह।—वी.दे.
२ देखो 'गुपत' (रू.भे.)

गूमड़, गूमड़ौ–सं०पु०—वह कड़ी और गोल सूजन जो किसी अंग पर चोट लगने से अथवा अपने आप हो जाती है। सूजन, फोड़ा, ग्रंथि।

उ०—गाळ न ऊठै **गूमड़ौ**, ऊठै झाळ अकत्थ। जिण नूं सज्जण बैण जळ, सांत करण समरत्थ।— बां.दा.

गूलर–सं०पु०- १ वट वृक्ष और पीपल की जाति का ही चौड़े पत्तों का एक वृक्ष जिसकी डाल या टहनी से एक प्रकार का दूध निकलता है. २ इस वृक्ष का फल।

पर्याय०—उदंबर, जन्तूफळ, मसकी।

गूलरकबाब–सं०पु०—उबले और पिसे हुए माँस के भीतर अदरक, पुदीना आदि भर कर भूनने से बनने वाला एक प्रकार का कबाब।

गूलरौ–सं०पु०--फल विशेष।

गूली–सं०स्त्री० —मामड़ की पुत्री आवड़ देवी की बहन एक देवी।

गूह—१ देखो 'गू' (रू.भे.) २ रामभक्त गुह नामक एक निषाद-राज (रामकथा)

वि०—गुप्त, छिपा हुआ।

गेंआळ–सं०पु०—वर्षा एवं भूमि की नमी के कारण बिना सिंचाई किए ही उत्पन्न होने वाले गेहूँ का खेत।

गेंडौ–सं०पु० [सं० गंडक] १ जंगलों में नदी के किनारे के दलदलों एवं कछारों में प्रायः रहने वाला भैंसे के आकार का एक बड़ा पशु। इसका चमड़ा बिना बाल का तथा अत्यन्त मोटा और ठोस होता है। इसके नाक की हड्डी पर एक पैना सींग होता है। क्रुद्ध होने पर यह इसीसे चोट करता है। यह बिना छेड़े किसी से नहीं बोलता। इसके चमड़े की ढालें बनती थीं (रू.भे.-गेंडी)

गेंती–सं०स्त्री०- कुदाली, खोदने का एक औजार।

गेंद–सं०स्त्री० [सं० गेंडुक, गेंडुग] कपड़े, रबड़ या चमड़े का बना हुआ छोटा गोला जिससे बालक खेलते हैं। उ०--उडै गति **गेंद** नरां उतमंग। गहै झट कंज करां जट गंग।-- मे.म.

गेंदवौ—देखो 'गींदवौ' (रू.भे.)

गेंवर–सं०पु०- १ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.) २ हाथी।

गेंवार--देखो 'गिवार' (रू.भे.)

सं०पु०—ग्वार।

गे–सं०पु० [सं० ग+ई=गे] १ सूर्य। उ० --सूर इंद्र सिव पनंग ससि, **गे** मह गयण दिपाय। सिवदांना तो जस सुरद, रज धर इता रहाय।—शि.सु.रू.

२ काम संबंधी, प्रेम. ३ यमकानुप्रास. ४ मूर्ख व्यक्ति.
५ पाप. ६ छंद. ७ गीत. ८ मल्हार राग. (एका.) ९ हाथी।

उ०—इंद्र **गे** आरूढ़ गिरबांण भूल सांमां आया। सारां हे वधाया कीधा झळूसा समाज।--चावंडदांन महड़

गेऊं–सं०पु० [सं० गो]

गेऊंआळ–सं०पु० [सं० गोधूम+रा०प्र० आळ] गेहूँ की फसल का खेत।

गेऊंड़ा–सं०पु० (बहु०)— देखो 'गेहूं' (अल्पा०)

गेगरियौ–सं०पु०—चने का कच्चा दाना जो खाया जाता है।

गेगरी–सं०स्त्री०—दानेयुक्त चने का फोकला जिसे फोड़ कर चना निकाला जाता है (मि० 'मरपट')

गेगरौ–सं०पु०—१ ज्वार की बाल (सिरटा). २ एक प्रकार की ज्वार जिसका डंठल मीठा होता है तथा सिरटा गहरा होता है ३ चने के पौधे पर लगा हुआ फफोलायुक्त चना।

गेघर—देखो 'गेगरौ' (३) उ०—फोग कैर कावर फळी, पापड़ **गेघर** पात। बड़ियां मेलै बांणियां, सांगरियां सोगात।—बां.दा.

गेड़–सं०पु०—१ घुमाव, चक्कर, फेरा। ज्यूं-दिनमांन रा गेड़ है भाई, रांमजी करी ज्यां होई। २ कारण. ३ बारी, पारी, अवसर. ४ समूह, झुंड. ५ परिभ्रमण।

गेड़णौ, गेड़बौ–क्रि०स०—१ गिराना। उ०—'पता' महाराज 'विजा' ऊपरा, गाज असमांन री तूं हीज **गेड़ै**। २ घेरना।

गेड़ौ–सं०पु०— फेरा, चक्कर।

गेड- देखो 'गेडियौ' (२)

वि०- आच्छादित।

गेडियौ–सं०पु०- १ गेंद का बल्ला। उ०—मांचां रा पागलिया लियां, लांमी लांम झड़ामड़ी। टाबरिया **गेडिया टाळै**, बूढ़ां ठेगण कांमड़ी। —दसदेव

२ डंडा, लाठी, सोंटा (मि० गेडी)

कहा०—धन तौ धणियां रौ, गुवाळ रै हाथ में गेडियौ—किसी वस्तु की रक्षा करने वाले का उस वस्तु पर स्वामित्व नहीं होता।

३ आगे से पकड़ने के हेतु मुड़ी हुई छड़ी।

गेडी–सं०स्त्री०—१ चक्र या पहिये की नेह या नाभि के दोनों ओर धुरी में डाली जाने वाली चमड़े की छोटी गेंडुरी. २ बकरी, भेड या ऊँट के कातने योग्य साफ किये हुए बालों का गोल घेरा, गेंडुरी. ३ रहँट पर समय के ज्ञान के लिये लपेटे जाने वाले धागे के नीचे लगाया जाने वाला काष्ठ का डंडा. ४ लाठी, लकड़ी, डंडा, सोटा। मुहा०—गेडियां रळाणी—लकड़ियां भिड़ाना, परस्पर लड़ाना। कहा०- साप ही मर जावै नै गेडी ई नहीं भागै—सांप भी मर जाय और लाठी भी न टूटे; बिना किसी हानि के किसी काम का सिद्ध हो जाना।

५ स्त्रियों के सिर पर धारण किये जाने वाले सुहाग-चिन्ह 'बोर' नामक आभूषण के पीछे उससे जुड़ी हुई एक खोखली लम्बी नली।

गेडीयौ–सं०पु०—२ देखो 'गेडियौ' (रू.भे.)

गेडौ–सं०पु०—१ एक प्रकार का काष्ठ का डंडा जिस पर जुलाहे लोग करघे की लम्बाई से बढ़े हुए ताने का सूत लपेट कर रखते हैं। ज्यों-ज्यों कपड़ा बुनते जाते हैं त्यों-त्यों उस पर से सूत खींचते जाते हैं. २ देखो 'गेडियौ' (महत्व०)

गेढ़ी—देखो 'गेडी' (२) उ०—मुखिया मन मोहण दोहण घर मेढ़ी, गोढ़ै ढेरौ है खूंणी में **गेढ़ी**।—ऊ.का.

गेम–सं०पु०—पाप, दुष्कर्म (मि० यौ० 'अणगेम')

गेमर—देखो 'गैमर' (रू.भे.)

गेमी–वि०—पापी, दुष्कर्मी, देशद्रोही। उ०—**गेमी** नांव धरावियौ, आसावत अणजांण। भाटी दीनों भीमदे, तव गढ़ भेद प्रमांण। —नैणसी

गेय–सं०पु०—गाने योग्य, गीत, गाना। उ०—महातम ध्येय रती नहिं गम्य, गती निगमागम **गेय** अगम्य।—ऊ.का.

वि०—जानने योग्य। उ०—धेय कौ विधांन साधि ध्यांन ना धरयौ। **गेय** कौ अग्यांन तैं प्रमांन ना परयौ।—ऊ.का.

गेर—देखो 'गेहर' (रू.भे.)

गेरक—देखो 'गैरक' (रू.भे.)

गेरकी–सं०स्त्री० [सं० गैरिक+रा०प्र० ई] सोने की गोल चकरी जो गले के आभूषण (आड या तिमणिया) के किनारे पर लगाई जाती है।

गेरणी–सं०स्त्री०—छोटी चलनी।

गेरणौ–सं०पु०—अनाज आदि को साफ करने का लोहे का एक उपकरण, बड़ी चलनी।

गेरणौ, गेरबौ–क्रि०स०—१ छोडना, निस्सरित करना। उ०—महाराजा जयसिंहजी निसासा **गेरणै** लाग गया। धीरां सी कही।—महाराजा आंमेर रा धणी री वारता

२ गिराना। उ०—किवाड़ नहीं खोलस्यौ तौ खुवाड़ियौ मंगाय तोड़ **गेरस्यां**।—कुंवरसी सांखला री वारता

३ संहार करना।

गेरणहार, हारौ (हारी), गेरणियौ—वि०।

गेड़णौ, गेड़बौ—रू०भे०।

गेरिओड़ौ, गेरियोड़ौ, गेरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

गेरीजणौ, गेरीजबौ—कर्म वा०।

गेरमोहल—देखो 'गैरमहल' (रू.भे.) उ०—सो तपस्या हीण पड़ गई, पाछौ दिल्ली आइयौ, **गेरमोहल** रहियौ। —ठाकुर जैतसी री वारता

गेरियौ—देखो 'गेहरियौ' (रू.भे.)

गेरी–सं०स्त्री०—१ एक प्रकार का पक्षी, फाख्ता. २ चमड़े की बनी गोल चकरी।

गेरुऔ, गेरुवौ–वि०—गेरु के रंग का, भगवा।

सं०पु०—गेहूँ की फसल में होने वाला एक रोग विशेष।

गेरू–सं०पु०—एक प्रकार का खनिज। यह कड़ी लाल मिट्टी होती है जो खानों से निकलती है।

वि०—गेरू के रंग का सा, गैरिक, भगवा (डिं.को.)

गेरौ–सं०पु०—एक प्रकार का पक्षी, कबूतर। (स्त्री०—गेरी)

गेल—देखो 'गेलौ' (रू.भे.) उ०—चरता सजळै देस फूलती कांदळ धोळी। सूंघै वन री गंध बतावण **गेल** नवेली।—मेघ.

गेलड़, गेलड़ौ–सं०पु०—१ एक प्रकार का लंबे पैरों वाला बड़ा जन्तु. २ किसी स्त्री के पहले पति का लड़का जिसे लेकर वह दूसरे पति के यहाँ जाय (मि०—आंगळीभल, लारवाळ)

वि०—पगला।

गेलोत–सं०पु०—१ क्षत्रियों के छत्तीस वंशों में से एक, सूर्यवंश. २ इस वंश का कोई व्यक्ति।

गेलौ, गेल्यौ–सं०पु०—मार्ग, राह, रास्ता। (अल्पा०—गैल्यौ)

मुहा०—१ गेलै घालणौ—ठीक रास्ते पर लाना, सदाचार-वृत्ति सिखाना. गेलै चालणौ—सुमार्ग पर चलना. ३ गेलौ छोडणौ—राह देना, रास्ता देना।

कहा०—गेलै हालतां कांई डर—सुमार्ग पर चलते हुए या सद्कर्म करते हुए किसी का कोई भय नहीं होता।

गेवाळियौ, गेवाळ्यौ–सं०पु०—गायें चराने वाला, ग्वाला।

गेह–सं०पु० [सं० गृह] १ मकान, घर। उ०—१ अभैसाह जैसाह रै **गेह** आयौ, वणै इंद्र सामंद्र हूंता सवायौ।—रा.रू.

उ०—२ जगदातार जनारदन, गिरधारी गुण **गेह**। व्रजपत रोटी बांटणौं, मोटां नींद म देह।—बां.दा. २ समूह।

गेहणी–सं०स्त्री० [सं० गृहिणी] घर वाली, गृहिणी, पत्नी।

गेहपति–सं०पु० [सं० गृहपति] गृहस्वामी, घर का मालिक।

गेहर–सं०पु०—फाल्गुन मास का एक लोक-नृत्य।

वि०वि०—देखो 'डंडिया गेर'।

गेहरियौ–सं०पु०—१ फाल्गुन मास के प्रसिद्ध लोक-नृत्य 'डंडिया गेर' में नाचने वाला व्यक्ति। उ०—दुगम जवन घड़ि कांमणि दोळी, हुय खेलूं **गेहरियां** होळी।—सू.प्र. २ वह जो होली पर दल बना कर गाता-बजाता हो. ३ एक प्रकार का घोड़ा (शा.हो.)

गेहरी—देखो 'गेहरियौ' (१)

गेहर्यौ—देखो 'गेहरियौ' (रू.भे.)

गेहलौ–वि०—पागल (देखो 'गैलौ') उ०—पण वीरमदे **गेहलौ** हुवौ सु मुख सूं बकै घणौ कै जोधपुर ओहीज है।—द.दा.

गेहा, गेहि—देखो 'गेह' (रू.भे.) उ०—गुरु **गेहि** गयौ गुरु चूक जांणि, गुरु नांम लियौ दमघोख नर।—वेलि.

गेहि–वि०—घर संबंधी, गेह संबंधी।

सं०पु० [सं० गृहस्थ] गृहस्थ।

गेहुंअन–सं०पु०—एक प्रकार का अत्यन्त विषधर सांप जो भूरे रंग का होता है।

गेहूं–सं०पु० [सं० गोधूम] एक अनाज जिसकी फसल विश्व के शीतोष्ण कटिबंध में बहुतायत से होती है। इसकी फसल भारत में अगहन मास में बोई जाती है और चैत्र में काटी जाती है। इसका पौधा तीन से चार फुट तक लम्बा होता है।

पर्याय०—गोधूम, सुमन।

रू०भे०—गऊं, गहूं, गेऊं।

अल्पा०—गेउंड़ी, गेहूंड़ी।

गेहूंआळ—देखो 'गेऊंआळ' (रू.भे.)

गेहूंड़ी—देखो 'गेहूं' (अल्पा०)

गैं–सं०पु० [सं० गज] हाथी। उ०—जन हरिदास कहिए सदा, रूप गैं ज्यूं मन धारै। काया बन में चरै डरै नहिं डहकिन हारै।

—ह.पु.वा.

गैंडौ—देखो 'गेंडौ' (रू.भे.)

गैंण, गैंणाग, गैंणायर—देखो 'गैणाग' (रू.भे.) उ०—१ जिके कांन रंध्रां हुवै नीसरै करेवा जंग। महा कूप हूंतां ज्यूं परेवा **गैंण** मांग।

—र.रू.

उ०—२ अवगति गति को लहै कोंण, **गैंणायर** मापै। कोण मेरु कूं तोलि थापना उलटी थापै।—ह.पु.वा.

गैंणौ–सं०पु०—गहणा, आभूषण। उ०—पड़ज्यो फूलगणियां बो'रां पर पटको। **गैंणे** गांठै री करिणा ठग गटको।—ऊ.का.

यौ०—गैंणौ-गांठौ।

गैंती—देखो 'गेंती' (रू.भे.)

गैंतूळ—देखो 'गंतूळ' (रू.भे.)

गैंद—१ देखो 'गेंद' (रू.भे.) २ हाथी (डि.को.) उ०—१ सुणं भूप ए बात ऊठे गतेजं। अखां पांण कोमंड झालै अजेजं। लतै रोस टिल्ला करै गैंद तेही। जु मस्तै न कोमंड धु ग्यांन जेही।—सू.प्र.

उ०—२ जिण बन भूल न जावता, **गैंद** गवय गिड़राज। तिण बन जंबुक ताखड़ा, ऊधम मंडै आज।—बी.स.

गैंदगड़ा–सं०पु०यौ० [सं० गज+द्वन्द्व+घटा] गजदल, हाथियों का समूह। उ०—गाजां वाजां अर **गैंदगड़ां**, जुड़ै न चांदो रौद-घड़ां। जे जुड़णी चांदो रौद घड़ां, गाज न वाज न **गैंदगड़ां**।

—चांदा वीरमदेयोत राठौड़ री गीत

गैंदा–सं०पु० [सं० गेंडुक] १ गेंद. २ एक प्रकार का फूल, हजारा।

गैंदाळ–वि० [सं० गेंडुक+रा०प्र० आळ] बड़ी तोंद वाला, तोंदल, पेटू।

गैंवर—देखो 'गेंवर' (रू.भे.) उ०—उदग री आसा करै, गहै नहीं घणराव। घात करै **गैंवर** घड़ा, सीहां जात सुभाव।—बां.दा.

गैंवार—देखो 'गिवार' (ह.नां.)

गै–सं०पु०—१ हाथी, गज (डि.को.) उ०—गढ़ गढ़ राजा **गै** गुड़ै, गढ़ गढ़ राज कुंवार। भुज जेहल नूं भेटियौ, श्री कोढ़क अवतार।

—बां.दा.

२ आकास, आसमान (डि.को.) उ०—हथनाळि हवाई कुहक बांण, हुवि होइ वीर हक **गै** गहण।—वेलि.

३ शिव. ४ सूर्य. ५ शोक. ६ पलास का वृक्ष (एका.) ७ गत, गति, चाल। उ०—डरै नहिं डहगिन हारै, चलै अपणी **गै** गोडे।

—ह.पु.वा.

८ शोभा, छटा. ९ गर्व, अभिमान. १० मंजिल. ११ मकान का हिस्सा (मि०-'गह' ६)

गैगमणि, गैगमणी— देखो 'गयगमरणी' (रू.भे.)

गैघटाळ, गैघट्ट-सं०पु० [सं० गज+घटा] १ हाथियों की सेना, गजदल. २ आनन्द, बहुलता।

गैघूंबणौ, गैघूंबबौ, गैघूंमणौ, गैघूंमबौ-क्रि०अ०—चारों ओर फैल जाना, उमड़ना, मंडराना। उ०—१ पूरण थयौ नयासियौ, वरण वरसात सरस्स। स्रावण घण गैघूंबियौ, चौरासियौ वरस्स।—रा.रू.

उ०—२ गैघूंमै आरांण घांण मथांण नीसांण घोक, सूकै डांण सूंडा-डंडां बीछुड़ै सीधांण।—पहाड़खां आढ़ौ

गैजूह, गैजूह-सं०पु० [सं० गज व्यूह] १ हाथियों का दल, गज-सेना।

उ०—१ भाड़ दियंदा राड़ कज, सफ किया धैधींगर। तळ लग्गा वरसाळ ज्यूं, गैजूह घटाघर।— लूणकरण कवियौ

उ०—२ हयं गत्थ गैजूह पायक्क हल्लै, दळा जांणि सांमंद्र साते उफल्लै। जिकै वार स्रीरांम री जांन जोई, कहै ओपमा पार पावै न कोई।— सू.प्र.

गैडंबर-सं०पु०—बिना जल के बादल। उ०— थोथा गैडंबर संबर बिण थाया। छपनै सूमां सा आडंबर छाया।— ऊ.का.

गैडसणि, गैडसणी-वि०—वीर, बहादुर।

उ०— केहरि केस भमंग मणि, सरणाई सुहड़ांह, सती पयोहर क्रपण धन, पड़सी हाथ मुवांह। मुवांहिज पड़सी हाथ तौ भमंग-मिण, गहड़ सरणाइयां ताहरै गैडसणि।— हा.भा.

गैण, गैणक-सं०पु० [सं० गगन] आकाश (नां.मा.) उ०—फतेसाह साह आग बांह गैण धारे, विजावत विजय रूक पराजय निवारे।

गैंणकियौ, गैंणकौ—देखो 'गैंणौ' (अल्पा०) —रा.रू.

गैण-गड्डू-वि० —लम्बा और पतला, लम्बोतरा। उ० – बांरै घर वाळा सगळा-रा सगळा ओछै खांमणै-रा ईंज है। कंवरजी-री दादी तो धधमा-री धधमा है पण दादोजी है गैणगड्डू दाई।—वरसगांठ

गैणबटी-सं०पु० [सं० गगन+वटी] सूर्य्य। उ०—जटी जोग पारावारां धावां सुभ्रतटी जेम, गैणबटी तावां ऊंच सुभावां गोवंद। चीलार पुरंद्र चावां चंद्र ज्यूं नखत्र चावां, नरां लोक दावां रारै 'किसनेस' नंद। —हुकमीचंद खिड़ियौ

गैणमगी-सं०पु०—आकाश मार्ग।

वि०—आकाश मार्ग से चलने वाला।

गैणमिण-सं०पु० [सं० गगनमणि] सूर्य (क.कु.बो.)

गैणांग, गैणांण, गैणाक, गैणाग, गैणागि-सं०पु० [सं० गगन] आकाश, आसमान। उ०—१ तिके वेर चाहीजै विछुट्टै हवाई तेम। गंध-ग्राही लूतां लेर हालियौ गैणांग।—रा.रू. उ०—२ चढ़ी गैणाक अणपार आमंख चर, अपछरां विमांण नभ बीच अड़िया अधर। —विसनदास बारहठ

उ०—३ छिलै गैघड़ां लड़ंगां तोपां झाळ रै गैणाग छायौ, कोपै लाठ आयौ बंधै काळ रै करूप।—चिमनजी चांपावत रौ गीत

गैणा-घड़-सं०पु०यौ०—आभूषण बनाने वाला, स्वर्णकार, सुनार।

गैणाण, गैणारव, गैणाळौ—देखो 'गैणाग' (रू.भे.) उ०—गजां उमंडे वादळां जूथ सकंजा कांठळा गढ़ां। वीज सोर झाळां धजा गैणाळा बहेम।—रावत रतनसिंहजी सीसोदिया रौ गीत

गैंणूं, गैंणौ-सं०पु०—जेवर, आभूषण, गहना।

यौ०—गैंणौ-गांठौ।

गैतूळ, गैतूळौ-सं०पु०—१ आंधी, झंझावात, वातचक्र, तूफान।

उ०—वीभरै करै गळबांह वीर, नीझरै रुधर जिम सघण नीर। रण फिरै चाक चैतूळ रंग, ऐराक छाक गैतूळ अंग।— वि.सं.

२ सेना, फौज (ह.नां., अ.मा.) उ०—सु सुरतांणि ईसरै समहरि, लोह छरा गैतूळां लाइ। भुजग पांणि उपाड़ै भारथि, ब्रहमंड सांम्हा चाढ़ै वाइ।—ईसरदास मेड़तिया रौ गीत

३ गर्द, धूलि. ४ समूह। उ०—ऊपड़ै बीड़ंगां वागां, गरद्दां गैतूळ उड्डै। वीर हाका गमा-गमा बाजै डाक वाह। —महाराजा बखतसिंहजी रौ गीत

[सं० गततौल्य] ४ वायु, हवा (अ.मा.)

गैदंत-सं०पु० [सं० गजदंत] १ हाथी का दांत. २ हाथी।

गैदंतड़ौ, गैदंतौ-सं०पु०—सूअर। उ०—गैदंतौ पाडा खुरौ, आरण अचळ अघट्ट। भूंडण जणै सो भू भलौ, थोभै अरियां थट्ट।—हा.झा.

गैब-सं०पु० [अ० गैब] वह जो सामने न हो, परोक्ष।

उ०—तिणि वेळा गैब री आवाज आकासवांणी कहिओ—महाराज रैणसाहि वधाई-वधाई।—वचनिका

क्रि०वि०— अचानक।

गैबकौ-क्रि०वि०—अचानक, एकदम।

गैबवांणी, गैबवांणी-सं०स्त्री०—आकाशवाणी। उ०—सो उण समय गैबवांणी हुई।—नी.प्र.

गैबांणी, गैबाऊ-वि०—१ गुप्त, जो सामने न हो, अप्रत्यक्ष. २ अचानक होने वाला, गुप्त रूप से होने वाला। उ०—वीखरै बैरियां चक्र न्हांखै गैबाऊ। रखी लाज रांणी री सरब जांणै आसाऊ।—ऊ.का.

गैबावळ-सं०पु०—गुप्त गोला।

गैबी-वि० [अ० गैब] १ गुप्त, छिपा हुआ. २ अज्ञात. ३ अबोधगम्य।

सं०पु०— अपराध करने वाला, अपराधी। उ०—कंस सिसपाळ पूतना काळी, भगवत दोखी सरब भयौ। पेमी ऊधव ली गत पाछै, गैबी मो'र सुथांन गयौ।—भगतमाळ

क्रि०वि०—अचानक। उ०—अनूंपसिंघ जूंझारसिंघ रौ, बुलाकी साह-जादौ गैबी ऊठियौ थौ पूरब में। उण कनै थोह में राजा जैसिंघ रै रै'वै।—नैणसी

गैमर-सं०पु० [सं० गजवर] हाथी (ह.नां.) उ०—हैमर गैमर पाय-दळ रिणतूर रुड़ंदा।—केसोदास गाडण

गैया-सं०स्त्री० [सं० गौ] गाय, गऊ।

गैर-वि० [अ० ग़ैर] १ अन्य, दूसरा, अपरिचित, अजनबी, अपने कुटुंब

या अपने समाज से बाहर का व्यक्ति । उ०—परणी नै परहरै, गैर सुत गोदी धारै ।—ऊ.का.

२ अनुपयुक्त, अनुचित । उ०—तरै नींबा सूं कहाव कियौ, तरै नींबै कह्यौ—म्हैं बहोत गैर की छै सु पंजुपायक रा बोल हुवै तौ हूं आऊं ।
—नैणसी

३ विरुद्ध, खिलाफ ।

सं०स्त्री०—१ देखो 'गेहर' (रू.भे.) २ निंदा । उ०—भड़ां वैर बढ़ियौ भलौ, बधियौ भलौ न वैर । रूक जेण नित कर रहै, गांठ हियै मुख गैर ।—बां.दा.

अव्यय—वगैरह, इत्यादि । उ०—बंधियौ अकबर बैर, रसत गैर रोकी रिपू । कंदमूळ फळ कैर, पावै रांण प्रतापसी ।—दुरसौ आढ़ौ

गैरइंतजांमी–सं०स्त्री०—अव्यवस्था, कुप्रबन्ध ।

गैरक–सं०पु० [सं० गैरिक] सोना (अ.मा.)

गैरचाल–सं०स्त्री०यौ०—कुमार्ग, व्यभिचार । उ०—परमेस्वर रा अवतार हा अरु पराक्रम करनै माहावीर हा, सु पराक्रमपणै री वा पोखता मिळी तिण वगेरै मा'राज री वातां घणी है अरु एक-दोय तौ गैरचाल हालणे वाळा ठावा अमीर मारिया ।—द.दा.

गैरजबांन–क्रि०वि०—अशिष्टतापूर्ण शब्दों का उच्चारण ।

उ०—तद इहां कहाई—जे हरांमखोर हजरत का भी न है, पाजी मुंह से हजूर में गैरजबांन बोलै सो केसे सहै ?
--राठौड़ अमरसिंह री वात

गैरत, गैरथ–सं०पु० [सं० गीरथ] १ आकाश, नभ ।

सं०स्त्री० [अ० ग़ैरत] २ लज्जा, शर्म । उ०—गैरत धरम री आ छै जे आज्ञा करणे योग्य कांमां री मांनै अर भूंडा कांमां री ताकीद करै । आपरा चाकरां नूं रैयत देस री नूं जप तप भजन री आग्या करै ।—नी.प्र.

३ स्वाभिमान । उ०—गैरत में सो गैरत योग्य अहंकार सूं राखणौ भलौ छै ।—नी.प्र.

गैरमनकूला–वि०—जो एक स्थान से उठा कर दूसरे स्थान को न ले जाया जा सके, स्थिर, अचल ।

गैरमहल–सं०पु०—१ रंगमहल, केलिगृह । उ०—कोई वीर पुरुस रा राज में राजा रा भुजबळ सूं सांती ही पण जिनांना गैरमहलां में रहणा सूं सत्रू देसमें निरभै रहणा लागणा है ।—बी.स.टी.

२ जनाना महल ।

गैरमामूली–वि० [अ०] असाधारण, नित्य-नियम के विरुद्ध ।

गैरमुमकिन–वि० [अ०] असंभव, न होने योग्य ।

गैरव–सं०पु० [सं० गजवर] हाथी, गज (रू.भे.–गैंवर)

गैरवाजिब–वि०—अयोग्य, अनुचित, बेजा ।

गैरसरकारी–वि०—जो राज्य या सरकार से संबंधित न हो ।

गैरसाली–वि०—कपटपूर्ण, कपटी । उ०—पीछै रायमल डेरै जावण लागौ तद भीतर सूं कहायौ कै रायमल नूं कहौ, मैं इणनूं थारी मांय कर दीठौ है सु इण धायभाई रौ वेसास मती करजे, इणरी निजर गैरसाली है ।—द.दा.

गैरहाजर, गैरहाजिर–वि०—अनुपस्थित, जो मौजूद न हो ।

गैरहाजिरी–सं०स्त्री०—गैरमौजूदगी, अनुपस्थिति ।

गैराई–सं०स्त्री०—गहरापन, थाह ।

गैरिक–सं०पु० [सं०] १ गेरू. २ सोना ।

गैरी–सं०पु०—१ शत्रु, दुश्मन । उ०—खग भट बैरी भेल गैरी किम कुसळे गयौ ।—पा.प्र.

२ दुष्ट व्यक्ति ।

गै'रीं–वि०—देखो 'गै'रौ' ।

गैरुक–सं०पु०—स्वर्ण, सोना (ह.नां.)

गै'रौ–वि०—गहरा, अथाह ।

मुहा०—१ गै'रौ आसांमी—अधिक देने वाला. २ गै'रौ पेट—बात हजम करने वाला आदमी, रुपए लेकर न देने वाला, कोई भी चीज लेकर न लौटाने वाला, बहुत खाने वाला. ३ गै'रौ रंग पकड़णौ—बात का और बढ़ता हो जाना. ४ गै'रौ हाथ पड़णौ—काफी धन मिलना. ५ गै'रौ हाथ मारणौ—कहीं से काफी धन या सामान उड़ा लेना ।

२ अधिक, काफी ।

गैल–सं०स्त्री०—१ मार्ग, राह, रास्ता । उ०—हवै गैल चौड़ा जठै गैल हूंता, हलै बैल जोटां घणां बैल हूंता ।—वं.भा.

२ पीछा । उ०—गायब बड़ा सिरदार, केता मुगल चाढ़ी कारै । हाथी गैल हजार, भुसै गिंडक रै भैंरिया ।—राजा बळवंतसिंह

क्रि०वि०—साथ-साथ । उ०—सुणी कीरती आप वाळै सवादी, विनां नारि हाल्है नथा कौल वादी । करी गैल तौ एक दांणी करेणूं, चळै डाक दारां गजौ लंब वेणूं ।—वं.भा.

गैळ–सं०स्त्री०—१ हलका नशा, मादकतापूर्ण बेहोशी । उ०—इसा डाकी ठाकर री अन अर ताम्रा सरप री विस बराबर है । उण जहर री गैळ ही मरियां उतरै नै इण अन रूपी जहर री गैळ अन री फरज जुद्ध में मरणा सूं हीज उतरै है ।—बी.स.टी.

२ गफलत ।

गैळक–वि०—भूलने वाला, गाफिल, बेखबर ।

गैलड़—देखो 'गेलड़' (रू.भे.) उ०—निज आधां रा गीगलै, थळवट अहियौ थांन । गादी मालक गैलड़ा, पेह गंगा परमांण ।—पा.प्र.

गैलणौ–वि०—पागल । उ०—ताजा जांमण त्यार प्रथम मद पीजियै, सारौ परगह संग अहोड़ी न दीजियै । सबळो हवै सिरदार क ठाकुर गैलणा, पना दै फिरतार फेर नह खालणा ।—अज्ञात

गैलाइत–सं०पु०—राही, राहगीर । उ०—आलम अपार उतार जस, गैलाइत तक्कं गळा । नीसार गार पूरति निपट, गौ जांणै पति आगळा ।—रा.रू.

गैलाई–सं०स्त्री०—पागलपन, नादानी ।

गैलागीर–सं०पु०—राही, राहगीर । उ०—कोई खोदवानै तौ मजूरी काज आता । गैलागीर आता सो ढकोळा नाखि जाता ।—शि.वं.

गैलियौ—देखो 'गैलौ' (अल्पा०) उ०—पर दार प्यार हुयग्यौ प्रमत, बिन सींगां रौ बैलियौ। भोग रै मांय भंमतौ भंवर, गयौ जनम सब **गैलियौ**।—ऊ.का.

गैळीजणौ, गैळीजबौ—क्रि०अ०—हल्के नशे या बेहोशी से ग्रसित या प्रभावित होना। उ०—बांडी काळा गोहिरा, सरळक अर संखचूड़। परवा में **गैळीजिया**, लिट लिट ठंडी धूळ।—बादळी

गैळीजणहार, हारौ (हारी), गैळीजणियौ—वि०।

गैळीजिग्रोड़ौ, गैळीजियोड़ौ, गैळीज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गैळीजियोड़ौ—भू०का०कृ०—हल्के नशे या बेहोशी से प्रभावित।

गैलेरी—सं०स्त्री० [अं०] १ चढ़ाव से उतार की ओर क्रमशः बैठने के लिए सीढ़ीनुमा बनाया स्थान जैसा प्रायः सरकस, थियेटरों आदि में होता है. २ व्यापारियों की दूकान पर चढ़ाव से उतार तक क्रमशः सीढ़ीनुमा स्थान जहां वस्तुएँ सजा कर रक्खी जाती हैं।

गैलौ—वि० (स्त्री० गैली) पागल, नासमझ।

कहा०- १ गैला कुत्ता हिरणां लारै दौड़ै— पागल कुत्ते हिरणों का पीछा करते हैं। जिस कार्य में सफलता संदिग्ध हो उस कार्य को करने वाले के प्रति. २ गैला-गैला गांव मती बाळजे कै भली चितारी—अरे पागल! गांव मत जला देना कि अच्छी याद दिलाई। उस व्यक्ति के प्रति जो वही कार्य करता है जिसके लिए कि उसे मना किया जाता है. ३ गैलां रै किसा घर व्है— पागल के कौनसा निश्चित घर होता है। पागल व्यक्ति के प्रति। आवारा व्यक्तियों के प्रति.

४ गैली सब सूं पैली— पागल हर काम में सब से आगे आते हैं चाहे उस कार्य को करने की उनमें सामर्थ्य न हो। विचारहीन एवं बिना सोचे-समझे हर कार्य में आगे रहने वाले के प्रति. ५ गैली सासरै गई नै नहीं गई—पगली का क्या, वह सासरे जा भी सकती है और नहीं भी। पागल से किसी विशेष प्रकार के निश्चित कार्य की आशा नहीं रखी जा सकती. ६ गैले आळी पांखड़ी बैठोड़ी है—पागलपन के कार्य करने वाले के प्रति. ७ गैलौ बेटौ बाप कै जितोई चोखौ—पगला लड़का बाप के घर पर ही है तभी तक ठीक है। पागल द्वारा की गई हानि घर में तो जैसे-तैसे सहन की जा सकती है परन्तु बाहर किसी अन्य के यहाँ यह हानि असह्य होती है. ८ दादू दुनियां बावळी सोच करै गैली, रोटी देसी रांमजी दिन ऊगां पैली—यह दुनिया पागल है जो व्यर्थ में सोच करती है, ईश्वर सबके लिए सूर्योदय के पहले ही रोटी की व्यवस्था कर देता है। आलसी व अकर्मण्य व्यक्ति द्वारा कही जाने वाली उक्ति।

यौ०—गैलौ-तुड, गैलौ-बीसी।

(अल्पा०—गैलड़ौ, गैहलड़ौ, गैल्यौ)

क्रि०वि०—पीछा।

मुहा०—गैल छोडणी—पीछा छोड़ना।

सं०पु०—मार्ग, रास्ता (डिं.को.) (रू.भे.—गैलौ)

गैव—देखो 'गैब' (रू.भे.) उ०—गैर कांम ही तैं **गैव** गूंज नूं गयौ। आपनी ही ऐब तैं अमूझ नूं दयौ।—ऊ.का.

गैवर—सं०पु० [सं० गजवर] १ श्रेष्ठ हाथी। उ०—दूठ हाथी छोड दीनौ, रयौ सैंभर रद्द। तौ गोविंद जी गोविंद, **गैवर टाळियौ गोविंद**।
—भगतमाळ

२ ऐरावत।

गैवरियौ—देखो 'गेरियौ' (रू.भे.) उ०—तूं तौ कांग्री, म्हारी होळी माता, गरभ री तूं तौ देख **गैवरियां** रौ ढाळौ रे, ढाळचा ढळ कर चाल्यौ ढेलणी।—लो.गी.

गैवरौ—सं०पु० [सं० गजवर] हाथी (डिं.नां.मा.)

गैस—सं०स्त्री० [अं०] १ वायु-मंडल में वायु के समान एक अत्यन्त, अगोचर और सूक्ष्म द्रव्य जिसके भिन्न-भिन्न रूपों के संयोग से जल-वायु आदि पदार्थ बनते हैं. २ गंदे स्थानों एवं कोयले आदि की गहरी खानों से उठने वाली एक प्रकार की तीव्र गंधयुक्त वायु।

गैंसोत—[अ० गैर+सं० श्रोत] दोगला, वर्णशंकर।

उ०—वासी नरकां रा विदर, ग्यासी रा **गैंसोत**। सत्यानासी रा सुगन, दासी रा दैसोत।—ऊ.का.

गैहणलियौ, गैहणौ—देखो 'गैणौ' (रू.भे.) उ०—घरोघर सत्रु वां री स्त्रियां रा चूड़ा **गैहणा** चीर ऊतरै छै सो मोनै दया आवै छै।
—वी.स.टी.

गैहलड़ा—सं०स्त्री०—पंवार या पंवार वंश की एक शाखा।

गैहलड़ौ—देखो 'गैलौ' (अल्पा०)

गैहवंत—सं०पु०—गृहस्थी।

गोंगरौ—१ देखो 'गांगड़ौ' (रू.भे.) २ देखो 'गांगरौ' (रू.भे.)

गोंगौ—सं०पु०—खिड़की पर लगा हुआ वह अर्द्धचन्द्राकार पत्थर जिसकी खुदाई एक पत्थर पर ही हुई हो।

गोंदल—देखो 'कंदळ' (रू.भे.)

गो—देखो 'गौ' (रू.भे.) उ०—मुगळ म जांणै **गो** दया, चुगळ न जांणै चोज।—बां.दा.

अव्यय [फा०] यद्यपि, अगरचे।

गो'—देखो 'गोह' (रू.भे.)

गोग्राळियौ—सं०पु० [सं० गोपाल] १ गायें चराने वाला, ग्वाला।

२ श्रीकृष्ण।

गोइंतरौ—सं०पु० [सं० गोधा] (स्त्री० गोइंतरी) १ छिपकली की जाति का एक जंतु. २ गाय का बछड़ा।

गोइंद—सं०पु० [सं० गो=पशु+इंद्र] १ श्रेष्ठ हाथी. २ ऐरावत।

गोइतरौ—सं०पु० [सं० गो+पुत्र] गाय का बछड़ा।

गोइ—सं०पु०—कपट, छल।

वि०—कपटी, छली।

गोइड़ौ—सं०पु०—१ विसखोपरा नामक जंतु।

कहा०—गोइड़ा रा पाप सूं पीपळी बळै—गोहरे के दोष से पीपल का वृक्ष भी नष्ट हो जाता है। दुष्ट के साथ रहने से निरपराध भी मारा जाता है।

२ पशुओं का खून चूसने वाला एक कीड़ा विशेष।

गोइयाळ–वि०—धूर्त, चालाक, कपटी।

गोइल–सं०पु०—एक राजपूत वंश, गोयल।

गोईतरी–सं०स्त्री०—गाय।

गोई–सं०स्त्री०—१ घुमाव, मोड़, चक्कर।

सं०पु०—२ कपट, धूर्तता, छल।

सं०पु०—३ कुए पर चरस को खाली करने वाला व्यक्ति।

(रू०भे०–गोही)

४ शत्रु। उ०—डूबी बात छै, कदाचित भूंठी होय जावै तौ पाखती रा सोई तथा **गोई** डूबी बात जांग कोई हंससी।

—पलक दरियाव री वात

गोईड़ौ—देखो 'गोइड़ौ' (रू.भे.)

गोईतरी–सं०स्त्री० [सं० गो+पुत्र+रा०प्र० ई] गाय।

गोईयाळ—देखो 'गोइयाळ' (रू.भे.)

गोऊं–सं०पु० [सं० गोधूम] गेहूँ।

गोग्रौ–सं०पु०—मस्ती में आने पर ऊंट के मुँह से निकलने वाली गलसुंडी। वि०वि०–देखो 'साळ' (६) उ०—साठी केरै भमरा ज्यूं चसळका करता, भागै गाडै ज्यूं बठठाठ करता, आगलै भाग झाग नांखता, खोटहड़ीग्रे रा **गोग्रे** रा झूठै कुग्रै रा कळसिमा कपोळां रा।

—रा.सा.सं.

गोकन्ह, गोकरण–सं०पु० [सं० गोकर्ण] १ टोडा रायसिंह के निकट बनास के तट पर स्थित एक पहाड़ी के शिखर पर बना हुआ महादेव का मंदिर, एक तीर्थ-स्थान (नैणसी) २ इस स्थान पर स्थापित शिव की मूर्ति का नाम. ३ एक स्थान विशेष जो मलाबार के पास है। यहाँ शिव की मूर्ति है। कहा जाता है कि रावण और कुम्भकर्ण ने यहाँ तपस्या की थी. ४ शिव के एक गण का नाम. ५ धुंधकारी के भाई का नाम जिससे भागवत सुन कर धुंधकारी तर गया था. ६ गाय का कान, गोकर्ण. ७ नृत्य में एक प्रकार का हस्तक।

गोकळ—देखो 'गोकुळ' (रू.भे.)

गोकळनाथ–सं०पु०—श्रीकृष्ण, ईश्वर (ह.नां.)

गोकळिया गुसांई–सं०पु०यौ०—वैष्णव संप्रदाय के संन्यासियों का एक भेद।

गोकळेस–सं०पु०यौ० [सं० गोकुल+ईश] श्रीकृष्ण (अ.मा., नां.मा.)

गोकुळ–सं०पु० [सं० गोकुल] वह गांव जहाँ श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था बिताई। यह गाँव मथुरा नगर से पूर्व-दक्षिण की ओर तीन कोस की दूरी पर यमुना के दूसरे किनारे पर बसा हुआ था। आजकल यहाँ जंगल बना हुआ है।

कहा०—गोकुळ गांव रौ पैंडौ ही न्यारौ—गोकुल गाँव की अपनी लीला ही निराली है। जिस गाँव में नित्य विशेष या असाधारण घटनायें घटती हैं उसके प्रति।

गोकुळचंद, गोकुळचंद्र, गोकुळनाथ–सं०पु०—१ ईश्वर. २ श्रीकृष्ण।

गोकुळस्थ–वि०—१ गोकुल गाँव में स्थित. २ गोकुल-निवासी।

गोकुळसरजी–सं०पु०यौ० [सं० गोकुल+ईश्वर रा० जी] १ ईश्वर. २ श्रीकृष्ण।

गोखंबर–सं०पु०—जालीदार कपड़ा।

गोख–सं०पु० [सं० गोक्ष, गवाक्ष] १ झरोखा, वातायन।

उ०—अनूप ताक **गोख** स्री विचित्र चित्र सूं अटा, घणूं उतंग अंग जांणि स्वंग मेघ ची घटा।—रा.रू.

२ आँख का वह भाग जो नाक के मूल में है। उ०—पछै आंख्यां रा **गोख**, कांनां रा मोर छांटिया, तीखा कुरळा कीया, घड़ी एक अमल नै पोढ़ाड़ियौ।—जैतसी ऊदावत री वात

३ कान का विवर। उ० तठै जाय घोड़ा सूं ऊतरिया, हथियार खोल्या, गंगाजळी बादळी जळ सूं भरि लाया। घोड़ां रा लालिया छांटचा। आप आंख्यां छांटी, कांनां रा **गोख** छांटचा। चावड़ी मुख धोयौ, ठंडाई कीवी।—जगदेव पंवार री वात

४ राजस्थानी का एक गीत (छंद) विशेष जिसके प्रत्येक पद में २० मात्राएँ होती हैं किन्तु प्रथम पद में २३ मात्राएँ होती हैं। चौथे चरण में पाँच मात्राओं वाला शब्द बार बार आता है। इस गीत को जंघखोड़ा भी कहते हैं।

सं०स्त्री०—५ सीमा, हद। उ० १ ते दिन पहर एक चढ़ता ढींगमर रै **गोखै** में सांढ़ियां रा गळा साम्हा आया सो घेर लै घेरिया।

सूरे खींवे कांधळोत री वात

उ० २ इतरै पण चार दिन पाछै आग **गोखै** उतर कुंवरजी गाठ करी। सारा साथ नूं केसरिया किया व गोगा बन्दबेहड़ा बगाइया, नजर नछरावळ कीवी।

कुंवरसी सांखला री वारता

गोखड़ौ–१ देखो 'गोख' (१) (अल्पा०) उ० ऊंचा रांणाजी रा **गोखड़ा** जी, नीची मीराबाई री साळ। रमतां नौ पायौ मीरां कांकरौ कोई सेवा साळिगरांम। मीरां

२ मकान की खुली 'साळ' (देखो 'साळ') के मुख्य द्वार के पार्श्व में लम्बी पट्टी लगा कर बनाया गया ताक।

गोखरू–सं०पु० [सं० गोक्षुर] १ वर्षा ऋतु में पनपने वाला एक पौधा जिसमें चने के फल के आकार के कड़े और कँटीले फल लगते हैं। ये फल औषध के काम में लिए जाते हैं और वैद्यक में इन्हें शीतल, मधुर, पुष्ट, रसायन, वाय, अर्श और व्रणनाशक कहा है. २ गोखरू फल के आकार के बने धातु के कँटीले टुकड़े जो हाथियों को पकड़ने के लिए उनके रास्ते में फैला दिए जाते हैं. ३ स्त्रियों की कलाई का एक आभूषण जो कड़े के आकार का होता है।

गोखरूकांटी–सं०स्त्री० १ जमीन पर छितराने वाला एक प्रकार का क्षुप जिसके फल 'गोखरू' के समान होते हैं (मि०—गोखरू)

२ इस क्षुप के फल।

गोखांनौ देखो 'गऊखांनौ' (रू.भे.)

गोखुर-सं०पु०—गाय का खुर, गौ का खुर।

गोखौ-सं०पु० [सं० गोक्ष, गवाक्ष] १ देखो 'गोख' (रू.भे.)
२ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जिसके हर द्वाले में आठ चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में १२ मात्रायें और अंत में गुरु लघु होता है।

गोग-सं०पु०—१ झाग, फेन। उ०—ऊगंते रौ माछळौ, आथमते री मौग। डंक कहै सुण भड्डळी, नदियां चढ़सी गोग।
२ सांप, सर्प। —भड्डळी पुराण

गोगघोड़ौ-सं०पु०—वर्षा ऋतु में घास में उत्पन्न होने वाला लम्बी टांगों का एक प्रकार का कीट जो प्रायः आक के वृक्ष पर बैठता है। रंग-भेद से यह तीन-चार प्रकार का होता है।

गोगण-सं०पु०यौ० [सं० गौ+गण] गायों का समूह। उ०—कनक कोस सींगां सजे, रजत खुरां अभिरांम। इम गोगण दीधौ अखिप, नियत उचारण नांम।—वं.भा.

गोगरा-सं०स्त्री०—गंगा की सहायक नदी, घाघरा।

गोगळी-सं०स्त्री०—भाटी वंश की एक शाखा।

गोगा-सं०स्त्री०—राठौड़ों की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

गोगाआंगळी-सं०स्त्री०यौ०—अनामिका और तर्जनी के बीच की एक अंगुली मध्यमिका।

गोगाजी री मासी-सं०स्त्री०—छिपकली जाति का एक जंगली जन्तु जो अधिकतर कंटीली झाड़ियों में रहता है।

गोगादे-सं०पु०—१ राठौड़ राव वीरम के पुत्र गोगादे के वंशज, राठौड़ों की एक उपशाखा. २ देखो 'गोगौ' (रू.भे.)

गोगानम-सं०स्त्री० भाद्रपद शुक्ला नवमी। इस दिन सर्पों की पूजा की जाती है।

गोगापीर—देखो 'गोगौ' (रू.भे.)

गोगामैड़ी-सं०स्त्री०—चौहान गोगादेव का जन्म-स्थान।

गोगाराखड़ी-सं०स्त्री० गोगापीर के नाम पर बांधा जाने वाला धागा जिसे किसान प्रायः वर्षा ऋतु में प्रथम बार हल चलाने के समय अपने हाथों में बांधते हैं (तांत्रिक)
वि०वि०—देखो 'गोगौ'।

गोगावत-सं०पु०—कछवाहा वंश की एक शाखा।

गोगी—१ देखो 'घुग्घी' (रू.भे.) २ मुंह पर आने वाले झाग।

गोगौ-सं०पु०—१ प्रसिद्ध गोगादेव चौहान।
वि०वि०—गोगादेव बीकानेर राज्य के रतनगढ़ के ददोड़ा गाँव के ठाकुर जेहंवर के पुत्र थे। इनका विवाह राठौड़ पाबूजी की भतीजी केलण दे के साथ हुआ था। इन्होंने तत्कालीन दिल्ली के बादशाह शामसुद्दीन अल्तमिश के पुत्र रुकनुद्दीन फिरोजशाह के साथ भारी युद्ध कर उसको परास्त किया था। उस युद्ध में इनके दो भाई मारे गये थे। युद्ध से लौटने पर इनकी माता ने भाइयों के मरने एवं इनके जीवित लौटने पर इनको धिक्कारा था अतः ये वापस लौट गये और जीवनपर्यन्त छिप कर रहे। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को समस्त राजस्थान में इनकी तिथि मनाई जाती है। कहा जाता है कि इस दिन ये एक युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए थे। इन्हें आज भी देवता के समान पूजा जाता है।
२ इन्हीं गोगादेव चौहान की प्रशंसा में गाया जाने वाला एक लोक-गीत।
कहा०—गोगौ गायौ गीतां रौ छेह आयौ—गोगा नामक गीत गाया और गीतों का अन्त आया। गोगा नामक गीत सब के अन्त में गाया जाता है।
३ सर्प, साँप, नाग।

गोगोचर-सं०पु० [सं०] १ ईश्वर (नां.मा.) २ श्रीकृष्ण।

गोग्रास-सं०पु० [सं० गौ ग्रास] भोजन प्रारम्भ करने के पूर्व परोसी हुई सामग्री में से थोड़ा सा गौ के लिये पृथक कर रख दिया जाने वाला भाग।

गोघड़-सं०स्त्री०—एक पुतली जो वैवाहिक रस्म के अनुसार बनाई जाती है।

गोघाट-सं०पु०यौ०—जलाशयों पर पशुओं के पानी पीने के निमित्त बना हुआ ढलुवाँ घाट।

गोघात-सं०स्त्री० [सं०] गौहत्या, गौवध।

गोघातक-सं०पु०—गौ-हिंसक, गौ-हत्यारा।

गोघी—१ देखो 'घुग्घी' (रू.भे.) २ देखो 'घुग्घी' (रू.भे.)

गोघोख-सं०पु०—गौशाला। उ०—संयोगिणि चीर रई कैरव स्त्री, घर हट ताळ भमर गोघोख। दिणियर ऊगि एतला दीधा, मोखियां बंध बंधियां मोख।—वेलि.

गोड़-सं०पु०—१ समूह, झुंड। उ०—गाजिया नगारा गयण गाज, भूमी एवासी गया भाज। गैमरां हैमरां थीय गोड़, तरवरां झंगरां दीह तोड़।—वि.सं.
२ नाश, संहार. ३ देखो 'गौड़' (रू.भे.)
सं०स्त्री०—४ ललकार, वीरहाक. ५ नदी में वेगपूर्ण प्रवाह की आवाज या ध्वनि. ६ मस्ती की अवस्था में हाथी द्वारा की जाने वाली ध्वनि। उ०—पैदल हैदल पूर सदाई संग चडै, नित नौबत नीसांण गढ़ां सिर गड़गड़ै। गोड़ करै गजराज खंभां नित खोलणा, एता दै किरतार फेर नहिं बोलणा।—अज्ञात

गोड़णौ, गौड़बौ-क्रि०अ०—१ हाथी का चिंग्घाड़ना। उ०—कळह गोड़िया गइंदां।—भगवानजी रतनू २ प्रहार करना।
उ०—विहद मचे धम गजर, किरमर अरि सिर गोड़े। केई-केई कर किलक, धजर अरि उवर धमोड़े।
—प्रतापसिंह म्होकमसिंह री वात

गोड़ांण-सं०स्त्री०—एक पक्षी विशेष जो कुछ लम्बे कद का होता है। इसका मांस खाने के काम में भी लिया जाता है।

गोड़ारव-सं०स्त्री०यौ०—समुद्र में लहरों के टकराने से उत्पन्न ध्वनि।

उ०—सायर **गोड़ारव** करै, जाका थाग न पाया।—केसोदास गाडण

गोड़ियाबाजी—देखो 'गौड़ियाबाजी' (रू.भे.)

गोड़ियौ—देखो 'गौड़ियौ' (रू.भे.)

गोड़ींदौ–सं०पु० [अ० गोइन्दः] १ मुखबिर. २ गुप्तचर, भेदिया।

गोड़ी–सं०स्त्री०—हाथी की चिंग्घाड़।

गोड़ीड़–वि०—हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताजा. २ विशालकाय, दीर्घकाय।

गोड़ीजी–सं०स्त्री०—एक देवी का नाम।

गोड़ीर–वि०—१ देखो 'गोड़ीड़'।

सं०पु०—२ देखो 'गोड़ीरव' (रू.भे.)

गोचणी–सं०स्त्री०—गेहूँ और चने का मिश्रण (क्षेत्रीय)

गोचर–सं०पु० [सं०] १ गौओं के चरने का स्थान, चरागाह. २ वह विषय जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा हो सके. ३ किसी मनुष्य के प्रसिद्ध नाम की राशि के अनुसार गणित करके निकाले हुए ग्रह जो जन्म-राशि के ग्रहों से कुछ भिन्न होते हैं और स्थूल माने जाते हैं (ज्योतिष)

यौ० —गोचर-ग्रह।

गोचरी–सं०स्त्री०—१ योग की एक मुद्रा विशेष. २ कपट से बचाया हुआ धन. ३ जैन यतियों या साधुओं द्वारा मांगी जाने वाली भिक्षा. ४ भिक्षावृत्ति।

क्रि०वि०—गुप्त रूप से।

गोचार—१ देखो 'गोचर'. २ ग्वाला, गोप।

गोजरौ–सं०पु०—गेहूँ और जौ का मिश्रण।

गोजारौ—देखो 'गुजारौ' (रू.भे.)

गोजीत–वि०—जिसने इंद्रियों को वश में कर लिया हो, जितेंद्रिय।

गोट–सं०स्त्री० [सं० गोष्ठ] १ किनार, किसी प्रकार का किनारा. २ वह फीता जो किसी वस्त्र के किनारे पर खूबसूरती के लिये लगाया जाता है। उ०—हंसै किण बनडी तणौ सुहाग, बादळी झीणी घूंघट ओट। बीखरै डाबर नैणां लाज, चमक्कै चोखी कोरां **गोट**।—सांझ

(यौ०—गोट-किनार)

३ काष्ठ की बनी वस्तु के किनारों की खूबसूरती हेतु लगाई जाने वाली अर्द्धगोलाकार लकड़ी।

[सं० गुटिका] ४ चौसर या किसी अन्य खेल का मोहरा, गोटी।

सं०पु० [रा०] ५ वातचक्र, तूफान, अंधड़। उ०—अळगा उडै खंख रा **गोट**, टोकरां टणमणाती टणकार। खुड़कै गायां हंदा लांठ, सुणीजै बंसी री झणकार।—सांझ ६ समूह। उ०—वोलां में ओछा विदर, मोलां में नह मोट। पोळां में परताप रै, गोलां वाळी **गोट**।

—ऊ.का.

गोटकौ–सं०पु०—१ वह सूखी कचरी (काचर) जिसका छिलका उतरा हुआ हो. २ पुस्तक का कोई छोटे आकार का संस्करण, गुटका. ३ एक मंत्र विशेष।

गोट-गूगरी—देखो 'गोठ-गूगरी' (रू.भे.)

गोटमगोट–वि०—अंधाधुंध, बेढंगा, अव्यवस्थित।

सं०पु०—बड़ी राशि, बड़ा समूह।

गोटाजाय–सं०पु०—एक पुष्प विशेष।

गोटाळौ–सं०पु०—घोटाला, गड़बड़।

गोटियौ–सं०पु०—मित्र, दोस्त।

गोटींबौ–सं०पु०—खरबूजा।

गोटी–सं०स्त्री० [सं० गुटिका] १ चौसर, शतरंज आदि खेलों का मोहरा. २ उपाय, तरकीब, युक्ति. ३ टिकिया, गोली।

उ०—१ माथै मैंगळ लाग, तैं बाही परतापसी। बांट किया बे भाग, **गोटी** साबू तांत गत।—सूरायचजी टापरची

उ०—२ तिण हीज वेळा आपरा कड़ा, मोती, सिरपाव दीधा नै अमल री **गोटी** एक, मिठाई री करंडियौ, दारू री बलक, पानां सूं भरनै पानदान दीधौ।—जैतसी ऊदावत री बात

सं०पु० [सं० गोष्ठी] ४ मित्र, साथी, सहपाठी।

कहा०—गोटीपणा मांयै गोडा रगड़वा पड़ै—मित्रता निभाने के लिए कठिन से कठिन कार्य भी करना पड़ता है।

गोटीजणौ, गोटीजबौ–क्रि०अ०—१ ऊंट के बदहजमी का रोग होना. २ दम घुटना, मूर्छित होना. ३ विशूचिका रोग से पीड़ित होना।

गोटीजणहार, हारौ (हारी), **गोटीजणियौ**—वि०।

गोटीजिओड़ौ, गोटीजियोड़ौ, गोटीज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

गोटेमिसुर–सं०पु०यौ०—सुनहले या रूपहले बादलों का बुना हुआ पतला फीता जो प्रायः सुन्दरता के लिए वस्त्रों के किनारे पर लगाया जाता है। उ० गोटेमिसूर री थांरी घणा मांग निंगी जी म्हारा राज।—लो.गी.

गोटौ—१ देखो 'गोट' १, २ (रू.भे.) उ०—विहद कोर **गोटै** वणी, पातर रै पोसाक। परणी फाटै पूंगरण, बैठी फाड़ै बाक।—बां.दा.

२ वात-चक्र, बवंडर, अंधड़। उ०—दुगमगां री छाती में होल खाडा पड़ण ढूक जावै बाडहोला (भै'रा **गोटा** ऊठै आंती में) निजर पड़तां ही अरसिया ही आंडी आंळा ताक ताक नै कहै। —बी.स. टी.

३ छिलका उतरा हुआ नारियल. ४ दम घुटने का भाव।

५ हैजा रोग. ७ उन्माद रोग, पागलपन।

मुहा०—गोटौ ऊठणौ—उन्माद में होना।

८ गड़बड़ी।

मुहा०—१ कांम रौ गोटौ करणौ—जल्दबाजी में अव्यवस्थित रूप में कार्य करना।

२ गोटौ वाळणौ—कार्य को बेढंग से पूर्ण करना, किसी कार्य में गड़बड़ी करना।

९ इन्द्रजाल। उ०—जांमणा मरणा मरण फिर जांमणा, जग नट **गोटौ** जांणै। सो दुख मेट अखै पद समपण, केसव नांम कहांणौ।—र.ज.प्र.

१० रस्सी, नेवार आदि को लपेट कर बनाया गया गोला।

गोठ–सं०स्त्री० [सं० गोष्ठी] १ मित्र-मंडली का वह सामूहिक भोजन

जो किसी बड़े व्यक्ति के सम्मान में, किसी सुअवसर पर या सुन्दर मौसम के समय किया जाता है। उ०—१ माता कहै आज साग घर रा तौ गोठ में गया।—बी.स.टी. उ०—२ रावळ आप नांन्हा बेटा रै कोड रै वासतै आयौ। पैंहलै दिन वीमाह हुवौ नै बीजै दिन गोठ की नै साथ सदोरौ हुवौ, तठै चूक करनै विजैराव नूं मांणस ७५० सूं मारियौ।—नैणसी

२ मेहमानदारी, मिहमानी। उ०—भोजन विविध चाव भूंजाई, सदा नवनवी गोठ सवाई। चावा सबद कहै नित चावां, अकमौ सिरै तणी उमरावां।—रा.रू.

३ टोली, दल, गोष्ठी। उ०—ठठोर सत्रु गोठ की जबांन गोठ लें जबें, बडी मठोठ में अहैं दु होठ दंत तें दबें।—ऊ.का.

४ समूह, झुंड दल. ५ छोटा गाँव, खेड़ा। उ०—नहीं तूं ठोड नहीं तूं ठांम, नहीं तूं गोठ नहीं तूं गांम।—ह र.

यौ०—गांव-गोठ।

[सं० गुटिका] ६ चौसर या किसी अन्य खेल की गोटी, मोहरा.

उ०—सालै बैहनोई रै घणी सुख छै सु एक दिन चोपड़ रमता छा सु राज रा हाथ सूं गोठ मारतां चिरफाट उछळी सु लाखै रै निलाड़ लागी।—नैणसी

[रा०] ७ पशुओं को रखने का अहाता। (क्षेत्रीय)

गोठ-गुघरी, गोठ-गूगरी देखो 'गोठ' (अ.मा.) उ०—आंमा-सांमा कुसळ पूछ्या। घणी मांन-मनवार हुई। असल आगराई रा फूल सभा मांहे फेरिया। बडी गोठ-गुघरियां हुई।—वात रीसालू री

गोठड़ी—देखो 'गोठ' (अल्पा०) उ०—म्हारै घर आवौ स्यांम, गोठड़ी कराइयै।—मीरां

गोठांण—सं०पु०—गायों को बांधने का स्थान। उ०—ऊंचौ सो पीपळ कोपल्यौ हो देव। वठै बैठी गाय गोठांण।—लो.गी.

गोठि—सं०स्त्री० [सं० गोष्ठी] गोष्ठी, सभा (ह.नां.)

गोठियौ—सं०पु० (स्त्री० गोठण, गोठणी) १ दोस्त, सखा, मित्र।

उ०—तरै आ बात पातसाहजी सांभळी सु पातसाह रै कपूरौ मरहठौ पंचहजारी उमराव थौ, तिण पातसाह नूं मालम कियौ 'मूळराज कमालदी सोगटै रमै छै। गोठिया हुवा रहै छै'। नैणसी

कहा०—गूगरियां रा गोठिया खाय पीय नै ऊठिया—गेहूँ के उबाले हुए (गूगरी) दानों के ही प्रेमी हैं, बस खाये और उठ गये। स्वार्थी मित्रों के प्रति। पति के अतिरिक्त अन्य प्रेमी, यार। उ०—ढोला, खील्योरी कहइ, सुणे कुढ़ंगा वैण। मारू म्हांजी गोठणी, सै मारूंदा सैण।—ढो.मा.

२ प्रेमी, प्रियतम.

गोठीपण, गोठीपणौ—सं०पु० [सं० गोष्ठी] १ मित्रता, दोस्ती.

२ प्रेम, प्यार।

गोड—सं०पु०—१ वृक्ष का तना. २ बाजीगर. ३ जड़, मूल।

उ०—बड़ला काय सूं बंधाऊं थारी पाळ, काय सूं सिंचाऊं थारौ गोड।—लो.गी.

४ एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ खाने के काम में लाई जाती है, मूली।

गोडणौ, गोडबौ—क्रि०स०—किसी भूमि को मिट्टी को कुछ गहराई तक खोद कर उलट-पुलट देना जिससे वह पोली और भुरभुरी हो जाय।

गोडवणौ, गोडवबौ—क्रि०स०—१ गिराना, पटकना। उ०—चांच पंखां करि गोडवियौ राखस गिरध।—रा.रा.

२ देखो 'गोडणौ, गोडबौ' (रू.भे.)

गोडवाड़—सं०स्त्री०—जोधपुर डिविजन के दक्षिणी-पूर्वी भाग का नाम जो पाली जिले में आया हुआ है। यहाँ पहले गौड़ वंशी क्षत्रियों का राज्य था।

गोडवाड़ी—सं०उ०लि—१ गोडवाड़ का निवासी.

सं०स्त्री०—२ गोडवाड़ की भाषा।

वि०—गोडवाड संबंधी, गोडवाड़ का।

गोडवाड़ौ—देखो 'गोडवाड़ी' (१)

गोडां—क्रि०वि०—पास, निकट। उ०—मिरजौ बिहूं फोजां विचाळा अर पातिसाह रा गोडां होइ नीसरियौ।—द.वि.

गोडाई—सं०स्त्री०—गोडने की क्रिया।

गोडाकूट—सं०पु०—वह ऊँट जो बैठने पर निरन्तर अपना घुटना भूमि पर पटकता रहता है (अशुभ)

गोडाटी—देखो 'गौड़ाटी' (रू.भे.)

गोडाणौ, गोडाबौ—क्रि०स० ('गोडणौ' का प्रे०रू०) गोड़ने का कार्य कराना।

गोडापाही—सं०स्त्री०—एक प्रकार का कठोर दंड।

वि०वि०—देखो 'गोडालकडी'।

गोडाफोड़—सं०पु०—ऊँट का कुलक्षण (मि०—गोडाकूट)

गोडाळ—सं०पु०—घुटनों पर झुकने का भाव। उ०—मछराळ खेंगाळ सुताळ मतौ। रोहराळ बंबाळ भालाळ रतौ। हाडाळ गोडाळ डालाळ हुआ। जांण साल जंभाळ जड़ाव जुवा।—पा.प्र.

गोडालकड़ी—सं०स्त्री०—एक प्रकार का कठोर दंड।

वि०वि०—इसमें दोनों हाथों को कलाई पर एवं दोनों पैरों को टखनों पर रस्सी से बांध दिया जाता है। घुटनों को समेट कर डंडा दोनों कुहनियों एवं घुटनों के बीच में से निकलता हुआ रक्खा जाता है। कभी-कभी डंडे के बीच में रस्सी बांध कर छत से लटका दिया जाता है।

क्रि०प्र०—करणी, देणी।

गोडाळियां, गोडाळियै—देखो 'गुडाळियां' (रू.भे.)

वि०वि०—छोटे बच्चे प्रायः पशुओं के समान दोनों पैर और दोनों हाथ जमीन पर लगा कर घुटनों के बल चला करते हैं।

गोडावण—सं०स्त्री०—एक पक्षी विशेष।

(मि०—'गोड़ांण')

गोडि–क्रि०वि०—पास, निकट। उ०—एक तौ सगाई की सनस मन मांहि आवै लागी और रुखमणीजी **गोडि** बैठा छै सु मारिवा कौ तौ मतौ छोडयौ।—वेलि. टी.

गोडिय–देखो 'गोडौ'। उ०—जभक्कयौ धड़ धूंणव खाय झकी। तद **गोडिय** भूम प्रझंक टकी।—पा.प्र.

गोडियौ–सं०पु०—१ उन दो डंडों में से एक डंडा जिसमें घूमने वाली चकरी की धुरी के दोनों छोर फंसाये हुए रहते हैं (कृषि) २ उन दो डंडों में से एक डंडा जिनमें रहँट को उलटा घूमने से रोक के लिये 'डूआ' (देखो 'डूआ') अटकाया हुआ रहता है.

३ देखो 'गोड' (अल्पा०) ४ घुटना (अल्पा०) ५ वह चमड़े की पट्टी जिस पर घुँघरु बँधे रहते हैं। यह पट्टी ऊँट के घुटने पर शृंगार एवं मधुर ध्वनि के लिये बाँधते हैं।

गोडी–सं०स्त्री०—१ ऊँट के किसी एक अगले पैर को घुटने के साथ बाँधने का ढंग या इस प्रकार बाँधने का बंधन (क्षेत्रीय) २ उद्दंड गाय या बैल के सींग और अगले पैर के एक घुटने को एक साथ एक रस्सी से बांधने का ढंग. ३ घुटना। उ०—१ झीणी-झीणी बेळूड़ी री रेत, म्हारै धवळै **गोडी** ढाळ दी।—लो गी.

उ०—२ मोडी **गोडी** दे पसवाड़ा मोड़ै, तड़क्कां वातोडी धड़क्कां तन तोड़ै।—ऊ.का. ४ सूत कातने या कपास ओटने की चरखी के चक्र के दोनों ओर लगाये जाने वाले दो डंडों में से एक।

५ सरदार (ढांणियों की सांकेतिक भाषा)

गोडीरव–सं०पु०—समुद्र (ह.नां.)

गोडूंबौ–सं०पु०—१ हिंदवानी. २ तरबूज।

गोडै–क्रि०वि०—पास, निकट सम्मुख। उ०—मेलै मांगा दुगांणी मांगै, सब ही आगै नमावै सीस। **गोडै** बैस डील गणावै, ऊंडै पैस भज्यौ नहि ईस।—ओपौ आढ़ौ

गोडोंण—देखो गोडांण' (रू.भे.)

गोडौ–सं०पु०—१ पैर और जंघा के बीच का जोड़, घुटना।

मुहा०—१ गोडा देणा—किसी को हानि पहुँचाना. २ गोडा रगड़णा—कष्ट उठाना, परिश्रम करना, नीचे घुटने के बल गिर पड़ना. ३ गोडा गाळणा—परिश्रम से आयु बिताना, मेहनत करना. ४ गोडा हालणा—परिश्रम करने की सामर्थ्य होना, स्वस्थ होना. ५ चाखै तौ चांदी नै रगड़ै तौ गोडा—उस स्थान के प्रति जहां कुछ भी हाथ न लगे।

कहा०—१ गोडा तौ पेट नै ही निवसी—घुटने तो पेट की ओर ही झुकेंगे। अपने ही आदमी को सब चाहते हैं. २ गोडा हालै जितरै कमाय खाओ—शरीर से परिश्रम होता है जब तक कमाय जाओ. ३ होडां-होड (होडा-होड) गाभा फोड़णा— देखा-देखी करना, व्यर्थ की नकल करना।

२ बैलगाड़ी के नीचे लगाया हुआ वह डंडा जिस पर गाड़ी का चौड़ा तख्ता (थाटा) स्थिर रहता है और जिसके एक सिरे में पहिये की धुरी रहती है. ३ देखो 'गोडी' (४)

गोडौवोळावण–सं०स्त्री०—मृत व्यक्ति के संबंधियों के स्थान पर जाकर समवेदना प्रकट करने की क्रिया। उ० उदेकरण कहायौ कै रावजी स्त्री लूणकरणजी कांम आया तिणसूं म्हे तौ **गोडौवोळावण** आया हां। (मि० 'मोंखांण') —द.दा.

गोढ़—देखो 'गोड' (रू.भे.)

गोढ़ल–क्रि०वि०—निकट, पास। उ०—दुरियौधर बोलक नांदरियौ, यम ही गिर **गोढ़ल** ऊतरियौ।—पा.प्र.

गोढ़ला–सं०स्त्री०—पड़िहार वंश की एक शाखा।

वि०—पास के, निकट के।

गोढ़वाड़, गोढ़ांण—देखो 'गोडवाड़' (रू.भे.)

गोढ़ां, गोढ़ा, गोढ़ि, गोढ़ी, गोढ़ै–क्रि०वि०—पास, निकट।

उ०—१ आंना अध आंना अरध, तुरत बिगाड़ै तांम। बदलै तुमरै वांणियौ, धूर **गोढ़ा** लै धांम।—बां.दा. उ०—२ राव रावत रावळ के राजा, रांणहरै राखियौ रिण। तूं हिंदवांण धणी 'पातल' तण, तो **गोढ़ां** मांगजे तिण।—दुरसौ आढ़ौ उ० ३ आंछी अंगरखियां दुपटी छिब देती, **गोढ़ै** बरड़ी जे पूरा गांमेती।—ऊ.का.

गोण–सं०पु० [सं० गम] १ गमन। उ० १ आज सखी हम यूं सुण्यौ, पौ फाटत पिव **गोण**। पौ अर पिव ड़ै होड है, पहलौ फाटै कोण।

अज्ञात

२ आसमान, आकाश। उ० गींधलउ मांहि भितसी मेर, भारी दुरंग गढ़ भट्टनेर। रउद्रमड फेरियउ चक्र राह, गाजिया **गोण** चउहू गमाह।—रा.ज.सी. ३ भूमि, पृथ्वी। उ० वाजिया ढांल दळ हाक वज्जि, गाजिया **गोण** गहगाग गज्जि।—रा.ज.सी.

गोणियौ—देखो 'गूणियौ' (रू.भे.)

गोणौ–सं०पु० [सं० गमन] विवाह के कुछ समय बाद की एक रस्म या प्रथा जिसमें वर अपने ससुराल जाना है और कुछ रीति-रस्म पूर्ण करके वधू को अपने साथ घर ले आना है। (मि० मुकलावौ)

गोत–सं०पु० [सं० गोत्र] १ कुल, वंश, खानदान। उ० गोनूं तौ इण धरती मांही क्यूंही चाहीजे नहीं तिणसूं हूं **गोत** री लोही कांहीं नूं ढोळूं।—ठाकुर जैतसी री वारता

कहा०—गोत री गाळ भैंस नै भी खारी लागै वंश की गाली या वंश के प्रति अपशब्द भैंस जैसे जानवर को भी बुरे लगते हैं अर्थात् कुल के प्रति कलंक की बात सबको असह्य है।

२ समूह, दल. ३ गायब या लुप्त होने का भाव।

मुहा०—गोत मनावणौ—काम से गायब रहना।

गोतकदम–सं०स्त्री०—वंश या गोत्र के व्यक्ति की हत्या का पाप।

उ०— पछै रावत मेघ हीज विचार कर दीठौ, घर एक छै, **गोतकदम** हुसी।—नैणसी

गोतण–सं०स्त्री०—गोत्र या कुल में जन्म लेने वाली स्त्री।

उ०— कै थारै रे वीरा, जलमी छै धीव, कै बड **गोतण** भावज वरजिया जं।—लो.गी.

गोतणौ—देखो 'गोथणौ' (रू.भे.)

गोतभाई–सं०पु०—एक ही गोत्र में उत्पन्न होने वाला व्यक्ति।

गोतम–सं०पु०—१ गोत्रप्रवर्तक ऋषि. २ एक मंत्रकार ऋषि. ३ देखो 'गौतम' (रू.भे.) ४ महात्मा बुद्ध. ५ गोतम ऋषि के वंशज. ६ एक क्षत्रिय वंश।

गोतमसुता–सं०स्त्री०—गौतम ऋषि की पुत्री, अंजना (र रू.)

गोतमी–सं०स्त्री०—१ गौतम ऋषि की स्त्री अहिल्या का एक नाम. २ गोदावरी नदी. ३ दुर्गा. ४ कृपाचार्य्य की स्त्री।

गोतम्म—देखो 'गोतम' (रू.भे., र.रू.)

गोतर—देखो 'गोत्र' (रू.भे.)

गोतराड़—देखो 'गोतार' (रू.भे.)

गोतहत्या–सं०पु० [सं० गोत्रहत्या] वंश या गोत्र के व्यक्ति की हत्या या इस प्रकार की हत्या का पाप। उ०—बीजे घणौ ही कह्यौ, सकतावत प्रवाड़ा वधसी। इण आगा कठैही फिर सकां नहीं। पिण मेघ कह्यौ—जांणे सु दुनी कहौ मोनूं तौ **गोतहत्या** नहीं हुवै।—नैणसी

गोताखोर, गोतामार–सं०पु० [अ०] डुबकी लगाने वाला, पानी में गोता लगाने वाला।

गोतार–सं०पु० [सं० गो+त्रि+रात्रि] एक व्रत विशेष जो भादों मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नवमी और दशमी को किया जाता है। दशमी के दिन गौर वर्ण की गाय को जलाशय पर लेजा कर उसकी पूजा करते हैं तथा बाद में फलाहार करते हैं।

गोतिमि—१ देखो 'गोतमी' (रू.भे.) २ देखो 'गोतम' (रू.भे.)
उ०—राघव तणी परसतां पद रज, इमि **गोतिमि** त्रिया हुऔ उधार।- ह.नां.

गोतियौ–वि० [सं० गोत्र+रा०प्र० इयौ] अपने गोत्र का, गोती।

गोती–वि० [सं० गोत्रीय] समान गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति।
उ०—सु जगमाल नूं राव सुरतांण मारियौ, तरै सगर जांणियौ म्हे तौ दीवांण रै ऐन छां, पिण दीवांण छोटा ही **गोती** रै ऊपर करै छै।—नैणसी
कहा०—एक गोती सौ जाती बराबर व्है—गोत्र या कुल का एक व्यक्ति जाति के सौ व्यक्तियों के बराबर है। अर्थात् गोत्र का व्यक्ति निकटतम सम्बन्धी होता है।

गोतीत–वि० [सं०] जो मानवीय ज्ञानेन्द्रियों के जानने से परे हो, अगोचर।
सं०पु०—ईश्वर, विष्णु।

गोतीरथक–सं०पु० [सं० गोतीर्थक] सुश्रुत के अनुसार फोड़ों आदि को चीरने की एक विधि, जिसके अनुसार अनेक छेद वाले फोड़े चीरे जाते हैं। शल्य चिकित्सा का एक प्रकार।

गोते–वि०—समान, सदृश, तुल्य।

गोतौ–सं०पु०—१ गहरे जल में डुबकी लगाने की क्रिया, डुबकी, गोता।
उ०—ताहरां साहिजादा नूं स्रीजी बांहां गरहि-गरहि अर पांणी मांहे **गोतौ** दियौ।—द.वि.
२ व्यर्थ का आना जाना, असफल यात्रा, चक्कर।
उ०—मूढ़ मन क्यूं घुड़दौड़ मचावै, खाली **गोता** खावै।—ऊ.का.
मुहा०—गोता खाणा—भ्रम में पड़ना, विपत्ति में पड़ना, हानि उठाना, चक्कर काटना।
३ धोखा।

गोत्त-गोवाळ–वि०—वंश-रक्षक, गोत्र-रक्षक। उ०—'मालौ' 'वीरम' मंडळी गाढ़िम **गोत्त-गोवाळ**।—रा.ज.रासौ

गोत्र–सं०पु० [सं०] १ वंश, कुल, खानदान (रू०भे०-गोत) २ कुल या वंश की संज्ञा जो उस कुल के किसी मूल पुरुष के अनुसार होती है. ३ पर्वत, पहाड़ (ह.नां) ४ पत्थर (ह.नां., अ.मा.) ५ संतति, संतान. ६ बंधु, भाई। ७ समूह, जत्था, झुंड।

गोत्र-गवाळ—देखो 'गोत्त-गवाळ'। उ०—दळपत्त छात्रपत मालदे, गढ़पत्त **गोत्र-गवाळ**। सत दत्त लूंणकरन्न समवड़ वडै विरद विसाळ।—नैणसी

गोत्रज–सं०पु०—१ एक ही गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति. २ शिलाजीत. ३ पत्थर।

गोत्रजण–सं०स्त्री०—पड़िहार वंश की आराध्य देवी (बां.दा.ख्यात)

गोत्रभिदी, गोत्रभेदी–सं०पु० [सं० गोत्रभेदिन्] १ इन्द्र (अ.मा., नां.मा.) २ वज्र (अ.मा.)

गोत्रसुता–सं०स्त्री० [सं०] पार्वती, गौरी।

गोत्रहर–सं०पु० [सं०] वज्र।

गोत्रहरी–सं०पु०—इन्द्र (अ.मा.)

गोत्रा–सं०स्त्री०—१ पृथ्वी (नां.मा., ह.नां.) २ गाय।

गोत्राड़—देखो 'गोतराड़' (रू.भे.)

गोत्राचार–सं०पु०—विवाह आदि अवसरों पर कुलपुरोहित द्वारा कराया जाने वाला गोत्र का उच्चारण।
वि०वि०—यह गोत्रोच्चारण कन्या और वर का पिता करता है।

गोत्री–वि० [सं०] समान गोत्र वाला, गोत्रज।

गोथणी–स०स्त्री० [सं० गोस्तनी] मुनक्का, दाख (डिं.को.)

गोथणौ–सं०पु० (बहु०-गोथणा) हरीसा के उस छोर पर लगने वाली काष्ठ की छोटी कील जहाँ जुंआ बांधा जाता है। ये गाय के स्तन के आकार की होती हैं।

गोथळी–सं०स्त्री० [सं० गुद = परिवेष्टने] थैली। उ०—निठ दो तीन सेर आटौ जिकौ बड़े जतन सूं **गोथळी** में घाल लियौ।—नैणसी (देखो 'कोतळी'—रू.भे.)

गोदंती–वि० [सं० गोदंत] १ कच्चा. २ श्वेत (हरताल)
सं०पु०—एक प्रकार की मणि या बहुमूल्य पत्थर।

गोद–सं०स्त्री०—१ बालकों को उठाने के लिये वक्षस्थल के पास एक या दोनों हाथों को मोड़ कर बनाया जाने वाला घेरा, उत्संग।
२ साड़ी आदि का वह भाग जो वक्षस्थल के पास रहता है, आँचल।

गोदड़–सं०पु०—हिन्दुओं का एक संप्रदाय विशेष या इस संप्रदाय का साधु जो गुदड़ी ही धारण किये रहता है (रा.सा.सं.)

गोदणी–सं०स्त्री०—वह सुई या नुकीला औजार जिससे गोदने का कार्य किया जाता है। चुभाने, गाड़ने या गोदने की कोई वस्तु।

गोदणौ, गोदबौ–क्रि०स०—१ किसी नुकीली चीज को चुभाना, गड़ाना. २ छेड़छाड़ करना।

गोदणहार, हारौ (हारी), गोदणियौ—वि०।

गोदाणौ, गोदाबौ, गोदावणौ, गोदावबौ—प्रे०रू०।

गोदिओड़ौ, गोदियोड़ौ, गोदयोड़ौ—भू०का०कृ०।

गोदीजणौ, गोदीजबौ—कर्म वा०।

गोदांन–सं०पु० [सं० गोदान] गाय का विधिवत् संकल्प करके ब्राह्मण को दान करने की क्रिया।

